॥ श्रीमदभिनवचन्द्रेश्वरो विजयतेतराम् ॥

श्रीकैलासविद्यालोकस्य पञ्चपञ्चाशततमः (५५) सोपानः

श्रीबादरायणविरचितम्

ब्रह्मसूत्रम्

सटिप्पणशाङ्करभाष्यरत्नप्रभाललिताव्याख्यायुतम्

समन्वयाध्यायः

(प्रथमो भागः)

गोविन्दप्रसादिनोटिप्पणीकारः

विद्यावाचस्पतिमहामण्डलेश्वरश्रीमत्स्वामी

विष्णुदेवानन्दगिरिजीमहाराजः

ललिताव्याख्याकारः

वेदान्तसर्वदर्शनाचार्यः श्रीकैलासदशमपीठाधीश्वरः

आचार्यमहामण्डलेश्वरः

श्रीमत्स्वामिविद्यानन्दगिरिजीमहाराजः

विद्वत्सम्पादकमण्डलेन सम्पादितम्

प्रकाशक:

श्रीकैलासविद्याप्रकाशनम् हृषीकेश: (उ०प्र०)

ब्रह्मविद्यापीठश्रीकैलासाश्रमस्य षष्ठपीठाचार्याणां विद्यावाचस्पतीनां महामण्डलेश्वराणां श्रीमत्स्वामिविष्णुदेवानन्दगिरिमहोदयानां, महामण्डलेश्वराणां श्रीमत्स्वामिचैतन्यगिरिमहोदयानां (शास्त्रिणाम्) च निर्वाणरजतमहोत्सवप्रसङ्गे प्रकाशितम् ।

अस्य ग्रन्थस्य सर्वाधिकार: प्रकाशकेन स्वायत्तीकृत:

प्रथम संस्करणम्	महाशिवरात्रि:	वि० सं० २०५३	मूल्यम्
१५००	शाङ्कराब्द: १२०६	सन् १९९७	३०० रूप्यकाणि

ग्रन्थप्राप्तिस्थानानि : **दूरभाष :**

श्री कैलास आश्रम:, कैलास गेट, हृषीकेश:—२४९२०१ — ४३०५९८

श्रीदशनाम संन्यासाश्रम:, भूपतवाला, हरिद्वार:—२४९४०१ — २७२०६

श्री कैलासाश्रम:, उत्तरकाशी—२४९१९३ — २३६१

श्री कैलास धाम:, कैलास धाम मार्ग:, नई भूमी—२२१५०६

श्री कैलास विद्यातीर्थ:, भाई वीरसिंह मार्ग:, नई दिल्ली—११०००१ — ३३४७४७५

श्री कैवल्यविद्याकान्तम् १०३-बी.एल.आई.जी. राजौरी गार्डन,
नई दिल्ली-११००२७ — ५४५१२४६

श्री कैलासाश्रम:, कैलास आश्रम मार्ग, मॉडल टाऊन, रोहतक—१२४००१

श्री कैलास विद्यातीर्थ:, राजगिर, जि० नालन्दा—८०३११६

श्री रामाश्रम:, समाना मण्डी, पटियाला—१४७१०१ — २०४५०

श्री नर्मदा सत्सङ्ग आश्रम, भिलाड़ियाघाट, होशंगाबाद

श्री कैलास विद्या धाम:, रूपनगर, सेक्टर-५ जम्मूतवी—१८०००१

मुद्रक :

श्री कैलास विद्या प्रेस, ब्रह्मानन्दाश्रम:

मुनिकीरेती, हृषीकेश:

KAILAS VIDYA PRAKASHANA SERIES–55

(SRI BADARAYANA'S)

BRAHMASUTRAM

Text With Samkarabhashya and Ratnaprabha Teeka

VOLUME ONE

Annotation–GOVINDAPRASADINEE

BY

Vidyavacaspati Mahamandaleswara Srimat
Swami Visnudevananda Giriji Maharaj

OVER

Hindi Discourses—LALITA

BY

Vedanta Sarvadarsanacharya
Sri Kailas Peetha Dheeswara Mahamandleswara
Srimat Swami Vidyananda Giriji Maharaj

Edited By
Editorial Panel of Sri Kailas Ashrama

Published by :
SRI KAILASH VIDYA PRAKASHANAM
RISHIKESH, U.P.

MEMORIALIS :
Nirvana Silver Jubilee of—
Vidyavacaspati Srimat Swami Visnudevananda Giriji Maharaj, Sixth Acharya Mahamandaleswara and Srimat Swami Chaitanya Giriji Maharaj (Shashtriji), Eighth Acharya Mahamandaleswara.

ALL RIGHTS RESERVED BY THE PUBLISHER.

First Impression	Holy Maha Shivaratri Shankarabda	Vikram Sambatsar 2053	Price
1500	1209	A. D. 1997	Rs. 300 only

The Book is available in India at:

	Telephone No.
Shri Kailas Ashram, Rishikesh—249 201	430598
Shri Brahmananda Ashram, Rishikesh—249 201	
Shri Kailas Ashram, Ujeili, Uttarkashi—249 193	2361
Shri Dashnama Sannyasa Ashram, Bhupatwala, Haridwar—249 401	27206
Shri Rama Ashram, Samana Mandi, (Distt. Patiala) Punjab—147 101	20450
Shri Kailas Ashram, Model Town, Rohatak (Hariyana) - 124 001	
Shri Kailas Dhama, Nai Jhusi, Allahabad—221 506	
Shri Kailas Vidya Tirtha (Adi Shankaracharya Smaraka) 6, Bhai Vir Singh Marg, New Delhi—110001	3347475
Shri Kailas Vidya Tirtha, Rajgir, (Distt. Nalanda) Bihar.	
Shri Kaivalya-Vidya-Kantam, Rajori Garden, New Delhi—110027	5451249
Shri Narmada Satsang Ashram, Bhiladiya Ghat, Distt. Hushangabad.	
Shri Kailas Vidya Dham, Rupnagar, Sector-5. Jammu Tawi—180001	

PRINTED AT
SRI KAILAS VIDYA PRESS, MUNI-KI-RETI, RISHIKESH-249 201

ॐ

॥ श्रीमच्छंकरभगवत्पादो विजयतेतराम् ॥

सम्पादकीयम्

वेदान्त दर्शन के सिद्धान्तों का प्रतिपादन करने वाले ग्रन्थों में ब्रह्मसूत्र एक अद्वितीय प्रामाणिक ग्रन्थ है। अनेकानेक सम्प्रदायविद् आचार्यों ने इस पर विभिन्न प्रकार के मत-मतान्तरों को प्रतिपादित करने वाले भाष्य लिखे हैं। पर उन सभी के मध्य में भगवान् श्री आद्य शङ्कराचार्य जी द्वारा लिखित अद्वैतसिद्धान्तप्रतिपादक भाष्य सर्वाधिक प्रामाणिक, न्याययुक्त तथा सर्वश्रेष्ठ माना जाता है जिसको प्रकाशित करते हुए हम अपार हर्ष का अनुभव कर रहे हैं क्योंकि इस अपूर्व संस्करण को प्रकाशित करने के तीन अत्यन्त पावन निमित्त हैं—१. वेदान्त श्रवण को अभीप्सा से कैलास आश्रम में स्वेच्छा से पधारे कैलास आश्रम के अधिष्ठातृदेव भगवान् श्री अभिनव चन्द्रेश्वर महादेव का प्रतिष्ठा शताब्दी महोत्सव। २. "श्रीगोविन्दप्रसादिनी टिप्पणी" के परिष्कर्ता षष्ठ कैलासपीठाधीश्वर विद्यावाचस्पति अनन्तश्री स्वामीविष्णुदेवानन्द गिरि जी महाराज का निर्वाण रजत महोत्सव और ३. अष्टम कैलास पीठाधीश्वर अनन्तश्री स्वामी चैतन्य गिरि जी (शास्त्री जी) महाराज का निर्वाण रजत महोत्सव। इन पावन प्रसङ्गों को लेकर ही अन्य संस्करणों से विशिष्ट यह संस्करण प्रकाशित किया जा रहा है।

प्रस्तुत संस्करण की विशेषता यह भी है कि इसमें श्रीमच्छाङ्करभाष्य रत्नप्रभा टीका, गोविन्द प्रसादिनी टिप्पणी तथा हिन्दी ललिता व्याख्या के सहित प्रकाशित किया गया है। इससे पूर्व ब्रह्मसूत्र शाङ्करभाष्य के सभी संस्करणों में या तो रत्नप्रभा, भामती एवं न्यायनिर्णय टीका दिए गये हैं अथवा भामती, कल्पतरु एवं परिमल के सहित छापे गये हैं। पर हमने भाष्यार्थ को सरलतया सर्वाधिक स्फुट करने वाली रत्नप्रभा टीका को ही इस संस्करण में दिया है। इसका एक अभिप्राय यह भी है कि तीनों टीकाओं के सहित शाङ्करभाष्य के अनेक प्रकाशनों में रत्नप्रभा को सर्वप्रथम रखा गया है, ऐसा करने वाले सम्पादक ने भी निःसन्देह इसका वैशिष्ट्य समझा होगा। अतः हमने भी प्रस्तुत संस्करण में रत्नप्रभा को ही रखा है। श्री गोविन्दप्रसादिनी टिप्पणियाँ श्रीकैलास आश्रम के पूर्व मनीषियों के गहन चिन्तन के परिणामस्वरूप उत्पन्न हुई हैं जिनके बिना उपनिषद्, ब्रह्मसूत्रादि जैसे कठिन अद्वैत सिद्धान्त प्रतिपादक ग्रन्थों का सम्प्रदायप्रतिपादन-परक समीचीन अर्थ जानना अत्यन्त दुष्कर ही है। यह कोई अतिशयोक्ति नहीं, प्रत्युतमनीषियों के स्वानुभव से ऐसा प्रत्यक्ष हो चुका है। इसी क्रम में श्री कैलास आश्रम ब्रह्मविद्यापीठ के दशम पीठाचार्य म० मं० अनन्तश्री स्वामी विद्यानन्द गिरिजी महाराज द्वारा लिखित 'ललिता व्याख्या' भी गहन मनन-चिन्तन का सुपरिणाम है। इस व्याख्या को जो 'ललिता' अभिधान दिया गया है उसके पीछे भी महाराजश्री का विशिष्टाभिप्राय प्रतिभासित होता है। यह व्याख्या ललित है, शोभन है, सुन्दर है; ललिता जगज्जननी भगवती दुर्गा का भी एक रूप है तथा महाराज श्री का पूर्वजीवन-वृतान्त देखने से भी ज्ञात होता है कि उनके पावन लोकविग्रह की जननी का नाम भी श्रीमती ललिता देवी है। इन्हीं कारणों से महाराजश्री ने व्याख्या का नाम ललिता रखा होगा, यही उनके मङ्गलाचरण से भी ज्ञात होता है।

यद्यपि इससे पूर्व भी हिन्दी भाषा में अनेक अनुवाद प्रकाशित हो चुके हैं किन्तु हमें अत्यन्त खेद के साथ कहना पड़ता है कि वे शाङ्करभाष्य के साथ न्याय नहीं कर पाये। अभी तक हिन्दी में शाङ्करभाष्य की कोई भी ऐसी व्याख्या उपलब्ध नहीं है जो उसका वास्तविक भाव स्फुटकर हिन्दी भाषाभाषी जिज्ञासुओं को सन्तुष्ट कर सके क्योंकि भाष्य की गूढ़ संस्कृत भाषा के तात्पर्यार्थ का प्रदर्शन हिन्दी भाषा में करना अत्यन्त कठिन कार्य था। पर प्रस्तुत ललिता व्याख्या में महाराजश्री ने भाष्य का गूढ़ तात्पर्यार्थ प्रकाशित करने का सफल प्रयत्न किया है तथा जहाँ भाष्य क्लिष्ट है, वहाँ महाराजश्री ने टीका का आश्रय लेकर भी भाष्योक्त वास्तविक तात्पर्य को स्फुट किया है। भाष्य से सम्बन्धित रत्नप्रभा तथा हिन्दी ललिता व्याख्या यथासम्भव उसी पृष्ठ में रखी गयी है इससे पाठकों को अनावश्यक बार-बार पृष्ठ उलटना नहीं पड़ेगा। निश्चय ही भाष्य में किये गये अध्यासनिरूपण को, सांख्य, मीमांसा, न्याय, चार्वाक, बौद्ध आदि दर्शनों के खण्डन को तथा श्रौत प्रमाणों और अनुमानादि प्रमाणों द्वारा सिद्ध किये गये केवलाद्वैत सिद्धान्त के निरूपण को संस्कृतभाषानभिज्ञों के सम्मुख हिन्दी भाषा में प्रस्तुत करना साधारण व्यक्ति योग्य कार्य नहीं था। इस कार्य को कोई बहुश्रुत, श्रोत्रिय, व्याकरणन्यायादि दर्शनों में पारङ्गत विद्वान् ही कर सकता है। महाराज श्री ने इससे पूर्व भी **चित्सुखी-छात्रतोषिणी, व्याप्तिपञ्चकम्-छात्रतोषिणी, वेदान्त परिभाषा-सुबोधिनी टीका, ब्रह्मसूत्र-विद्यानन्दवृत्ति** आदि अनेकानेक व्याख्यायें लिखकर न्याय एवं वेदान्त दर्शन के जिज्ञासुओं तथा छात्रों को समान रूप से अनुगृहीत किया है। जो सभी ग्रन्थ विद्यानुरागी पारङ्गत पण्डितों द्वारा भूरिशः प्रशंसित हैं।

इस संस्करण में द्वादशदर्शनकाननपञ्चानन आ० म० मं० अनन्त श्री स्वामी काशिकानन्द गिरि जी महाराज ने प्रस्तावना निबन्ध देकर इसका महत्त्व बढ़ाया है। देश-विदेश सर्वत्र आंग्लभाषा के माध्यम से आधुनिक जिज्ञासुओं को वेदान्त दर्शन के तात्पर्य से अवगत कराने के लिए जिनका प्रयास श्लाघनीय है, ऐसे समादरणीय श्रीमत्स्वामी दयानन्द सरस्वती जी महाराज ने अपनी सम्मति देकर उक्त जिज्ञासुओं को भी इस संस्करण के अध्ययन के लिए आकृष्ट किया है। डॉ० श्री विष्णुदत्तराकेश जी (एम. ए., पी. एच.डी., डी. लिट्)। हिन्दी विभागाध्यक्ष, गुरुकुल काङ्गड़ी विश्वविद्यालय, हरिद्वार ने भी मनोरम शैली में अपनी शुभसम्मति देकर हमें अनुगृहीत किया है। ललिता व्याख्याकार स्वयं महाराजश्री ने प्रासङ्गिकम् निबन्ध के माध्यम से इस ग्रन्थ के वृत्तवस्तु का स्पष्टीकरण किया है। एतदर्थ हम उक्त सभी महानुभावों के अधमर्ण हैं एवं सम्पादक मण्डल के हम सभी सदस्य उक्त महानुभावों के अनुग्रहपात्र हैं और रहेंगे।

प्रस्तुत संस्करण दो भागों में प्रकाशित हुआ है जिसमें यह वैशिष्ट्य भी है अक्षर अन्य संस्करणों की अपेक्षा बड़े टाइप में दिये गये हैं और शब्दों के मध्य में पर्याप्त दूरी भी रखी गयी है जिससे वृद्धजन भी सुविधापूर्वक इसे पढ़ सकेंगे। और भी पाठकों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए यथासम्भव उद्धरणों की संख्या; यथोचित स्थलों पर अर्धविराम, पूर्णविराम, प्रश्नवाचकचिह्न आदि भी इस संस्करण में दिये गये हैं। वैयासिक न्याय माला के श्लोकों के साथ उनके पञ्चावयवों को सरल भाषा में स्फुटीकरण भी अपना विशेष स्थान रखता है। सूत्रों के आगे और पीछे संख्योल्लेख भी पाठकों को सौविध्यप्रद होगा। इतने पर भी मानवीय कृति होने के कारण यदि अशुद्धियाँ एवं त्रुटियाँ रह गयी हों तो विद्वत्सुधी-जन हमें क्षमा करेंगे तथा हमारा ध्यान उस ओर आकर्षित करेंगे। इत्यों शम्।

मकरसंक्रान्तिः
वि० सं० २०५३

वयं निविविदिषवः भावत्काः
सम्पादकमण्डलसदस्याः

प्रस्तावना

भारतीय दार्शनिक वाङ्मय में ब्रह्मसूत्र का स्थान सर्वोपरि है। इसको उत्तरमीमांसा भी कहते हैं। पूर्वमीमांसा में वेदों के पूर्वभाग कर्मकाण्ड पर विचार है और उत्तरमीमांसा में वेदों के उत्तरभाग ज्ञानकाण्ड पर विशेष विचार है। ज्ञानसाधन उपासना का भी कुछ विचार इसमें सम्मिलित हुआ है।

ब्रह्मसूत्र के रचयिता के विषय में प्रायः मतैक्य होने पर भी विप्रतिपत्ति के लिए भी स्थान पर्याप्त है। भगवान वेदव्यास ब्रह्मसूत्र के रचयिता हैं ऐसी प्रसिद्धि सर्वत्र है। "**ब्रह्मसूत्रकृते तस्मै वेदव्यासाय वेधसे**" इस प्रकार भामतीकार ने मङ्गलाचरण में बताया है। "**श्रीशङ्करभाष्य कृतं प्रणम्य व्यासं हरिं सूत्रकृतम्**" ऐसा रत्नप्रभाकार भी कहते हैं "**श्रीमद्व्यासपयोनिधिः**" इत्यादि न्यायनिर्णय के मङ्गलाचरण की पंक्ति है। परन्तु भाष्यकार अन्तिम सूत्र की अवतरणिका में "**अत उत्तरं भगवान बादरायण आचार्यः पठति**" इस प्रकार ब्रह्मसूत्र के रचयिता का नाम बादरायण लिखते हैं। पञ्चपादिकाकार ने भी "**बादरायणसंज्ञाय मुनये शमवेश्मने**" कहते हुए बादरायण का ही नाम लिया है। पर वहीं विवरणकार "**तं व्यासं नमत जगत्यपूर्वभानुम्**" कहते हैं।

क्या व्यास और बादरायण एक ही व्यक्ति के दो नाम हैं या भिन्न-भिन्न दो ऋषि हैं। इस विषय में प्राचीन मनीषी वर्ग प्रथम पक्ष को ही स्वीकार करते हैं। किन्तु अर्वाचीन समीक्षक दो भिन्न व्यक्ति मानने के पक्षधर हैं। भाष्यकार स्वयं द्वापर और कलि की सन्धि में कृष्ण द्वैपायन के अवतार का उल्लेख करते हैं जो वेदव्यास नाम से प्रसिद्ध हैं। परन्तु जैन बौद्धादि मत निराकरण करते हुए तीन हजार वर्ष के अंदर ही बादरायण ऋषि अपना अस्तित्व सूचित करते हैं। व्यास चिरंजीवी होने के कारण आज भी विद्यमान हैं इत्यादि श्रद्धास्पद कल्पना आधुनिक मनीषी विचारकों के दिमाग में स्थान नहीं ले पाती। अस्तु इस विचार को हम यहीं रहने देते हैं। चाहे वे भिन्न व्यक्ति हों चाहे एक, हमारे लिए पूज्य हैं ही। दो हों तो दोनों पूज्य हैं, एक हों तो कोई बात ही नहीं।

ब्रह्मसूत्र पर अनेक आचार्यों की व्याख्या प्रसिद्ध हैं। अद्वैत, विशिष्टाद्वैत, द्वैताद्वैत, शुद्धाद्वैत एवं द्वैत सिद्धान्त के भाष्य एवं व्याख्या में तो हैं ही, इनमें भी वैष्णव शैवादि मतानुसार भाष्य तथा व्याख्या आदि विद्यमान हैं। वर्तमान में उपलब्ध भाष्यों में सर्वप्राचीन भाष्य शाङ्करभाष्य ही है। उसी के आधार पर ऊहापोह करते हुए अन्य भाष्य एवं व्याख्यायें चली हैं।

श्रीमद्रामानुजाचार्य अपने को इस ऋण से छुटकारा पाने के लिए बोधायनकृत वृत्ति के आधार पर मैं भाष्य लिखता हूँ, ऐसा बताया है। पण्डितप्रवर बलदेवोपाध्याय का कथन है, कि पूरी वृत्ति केवल एक ही व्यक्ति को मुखपाठ आता था और उसके बाद वह वृत्ति लुप्त हो गयी। उसी का मुखपाठ सुनकर रामानुजाचार्य ने भाष्य लिखा। यदि यह बात सत्य है, तो उस अमूल्यनिधि की रक्षा करने का किञ्चिन्मात्र भी प्रयत्न न करने वाले रामानुजाचार्य अक्षम्य अपराध के भागी होंगे।

अपना भाष्य वे लिपिबद्ध कर सकते थे, तो आधारस्तम्भ को उन्होंने लिपिबद्ध क्यों नहीं किया या कराया ? यह जटिल आक्षेप सामने आयेगा। क्या यह कल्पना भी कोई नहीं करेगा, कि उस वृत्ति के रहते अपने भाष्य का कोई मूल्य नहीं रहेगा। अतः स्वयं उन्होंने उसे नष्ट होने दिया ? बात इतनी ही हो सकती है कि श्री रामानुजाचार्य के पूर्वाचार्यों ने किंवदन्ती के रूप में जो सुन रखी थी और संक्षेप में लिख रखी थो उसका आधार रामानुजाचार्य ने लिया। अतएव रामानुज भाष्य बौधायनसम्मत ही है यह निश्चित करना सम्भव नहीं है। स्वयं रामानुजाचार्य इतना ही लिखते हैं—"**बोधायनकृतां विस्तीर्णां वृत्तिं पूर्वाचार्याः सञ्चिक्षिपुः**" उस संक्षेप के आधार पर उनका भाष्य है।

महाविद्वान् वैरागी सम्प्रदाय के आचार्य श्री भगवदाचार्य स्वयं कहते हैं कि श्रीरामानुजाचार्य श्रीशङ्कराचार्य के उद्धृत श्रुतियों से अतिरिक्त किसी भी श्रुति को ढूंढ़ने का लेशमात्र भी प्रयत्न नहीं किया। शङ्करोद्धृत श्रुतियों के ही अर्थ बदलकर व्याख्या करने का ही प्रयास किया। इससे स्पष्ट है कि श्रीरामानुजाचार्य शाङ्करभाष्य के ही अधमर्ण हैं। भले उन्होंने सिद्धान्तान्तर को प्रस्तुत किया हो।

हमने अपनी अद्वैत परिशुद्धि नाम के ग्रन्थ में यह स्पष्ट किया है कि शङ्कराचार्य पर अन्य वादियों का जो आक्षेप हुआ है वह सिद्धान्त की गहराई में न उतर पाने का ही परिणाम है। वस्तुतः केवलाद्वैत का किसी के साथ विवाद नहीं है और विरोध भी नहीं है। "**अविवादोऽविरुद्धश्च देशितस्तं नमाम्यहम्**" इस गौड़पादीय वचन पर गौर करना परम आवश्यक है। केवलाद्वैत में ब्रह्म को "**सत्यं ज्ञानमनन्तं**" आदि वाक्यों में सत्यादि पद लक्ष्यार्थ बतलाया, तब सत्यादिपदवाच्यार्थ क्या है ? वाच्यार्थ के बिना शक्यसम्बन्धरूप लक्षणा नहीं हो सकती। सत्यपदवाच्यार्थ यह जगत ही है, उसे पृथक् करके बताने के लिए व्यावहारिक पद जोड़कर हम बोलते हैं—व्यावहारिक सत्य। ब्रह्म को पारमार्थिक सत्य जो बोलते हैं वह समझाने का एक तरीका मात्र है। जब कि श्रुति "**यतो वाचो निवर्तन्ते**" कहती है तब पारमार्थिक सत्य शब्द की भी वहाँ शक्त्या प्रवृत्ति कैसे होगी। "**अतद्व्यावृत्त्यार्थं**" के अनुसार ये सब अतद्व्यावृत्त्यर्थ शब्दव्यवहार है। अतएव रामानुजादि का खण्डन-मण्डन शब्द भी उस ब्रह्म तक पहुँच नहीं पायेगा तो उसका खण्डन कैसे हो ? जो उनका सत्यपदवाच्यार्थ है उसको हम भी मानते हैं तो हमारा विरोध क्या है ? अतएव शाङ्करभाष्य किसी भी धूलिप्रक्षेप से धूसरित होने वाला नहीं है। अतः वह निर्मल एवं निर्दोष है।

शाङ्कर भाष्य की अनेकानेक व्याख्या, उपव्याख्यादि अभी तक हो चुके हैं जिनमें भामती प्रस्थान तथा विवरण प्रस्थान अत्यन्त प्रसिद्ध हैं। मुद्र्यमाण रत्नप्रभा विवरणप्रस्थानानुगामी है, जो महात्माओं के लिए अत्यन्त प्रिय हैं। चतुःसूत्री पर इनकी विद्वत्तापूर्ण व्याख्या है, जिसपर पूर्णानन्दीय व्याख्या अत्यन्त मनोरम है। आगे तो रत्नप्रभा आनन्दगिरीय न्यायनिर्णय का संक्षिप्त संस्करणमात्र है। फिर भी सरल होने के कारण महात्माओं की अध्ययन-अध्यापन परम्परा में रत्नप्रभा का प्रबल वर्चस्व रहा है। भोलेबाबा ने रत्नप्रभा का भी हिन्दी अनुवाद किया है, जो आज कल दुर्लभ हो गया है।

भाष्य तथा रत्नप्रभा पर विद्यावाचस्पति महामण्डलेश्वर स्वनामधन्य श्रीमत्स्वामी विष्णुदेवानन्द गिरि जी महाराज की गोविन्दप्रसादिनी टिप्पणी कैलास परम्परा में अत्यन्त प्रसिद्ध है, जो ग्रन्थग्रन्थियों को खोलने का अनितर साधारण सामर्थ्य रखती है। प्रस्तुत संस्करण में उसका भी निवेश हो जाने से ब्रह्मविद्योपजीवियों का महान उपकार होने जा रहा है। साम्प्रदायिकविद्यासंरक्षण

के लिए इसकी प्रतीक्षा उत्सुक दृष्टि से सन्त एवं सम्प्रदायानुरागी कर रहे थे, आज उसकी पूर्ति होने जा रही है।

विद्वद्धौरेय आचार्य महामण्डलेश्वर श्रीस्वामी विद्यानन्द गिरि जी महाराज ने प्रथम दश उपनिषदों का पूर्वोक्त गोविन्दप्रसादिनी टिप्पणी के साथ प्रकाशन कर बड़ा उपकार किया ही है, साथ ही भाष्यों का हिन्दी भाषानुवाद कर जिज्ञासुओं के लिए अमृत कलश सामने रख दिया। उसी क्रम में ब्रह्मसूत्र भाष्य का भी अनुवाद कुतूहलता के साथ प्रस्तुत होने की बाट पाठक जोह रहे थे वह भी साथ-साथ सम्पन्न हो रहा है।

इसे केवल एक अनुवाद मात्र नहीं कहा जा सकता किन्तु भाष्य विवरण कहना उचित होगा। रत्नप्रभा का प्रतिपद अनुवाद किये बिना ही भावार्थ को लेकर भाष्यविवरण प्रस्तुत किया गया है। और कहीं-कहीं रत्नप्रभा में अस्पष्ट भी अवश्यज्ञेय पदार्थों का स्पष्टीकरण जगह-जगह किया गया है। जैसे द्वितीय सूत्र **'जन्माद्यस्य यतः'** में अभिन्ननिमित्तोपादानरूप से ब्रह्म विवक्षित है केवल जन्म निमित्त कारणमात्र से सम्भव होने पर भी आदि पद ग्राह्य स्थिति एवं लय निमित्त में नहीं हो सकते। घट का लय कुम्भकार में नहीं होता, वह तो उपादान मृत्तिका में ही सम्भव है। यह बात **'प्रकृतिश्च प्रतिज्ञादृष्टान्तानुपरोधात्'** में स्पष्ट होगा। प्रकृति का उपादान कारण अर्थ है **'च'** कार से निमित्त कारण गृहीत है। रत्नप्रभाकार ने थोड़ा कह कर समाप्त किया। स्थिति-लय कारण यदि भिन्न हो तो जन्मकारणत्वमात्र से ब्रह्मत्व का बोध होना सम्भव नहीं है, क्योंकि भेदप्रतियोगित्वरूपी वस्तुपरिच्छेद उसमें आ जायेगा। यह एक उदाहरणमात्र हमने दिखलाया। इसी प्रकार स्थान-स्थान पर हिन्दी व्याख्या अपना वैशिष्ट्य रखती है।

उपनिषत् मुद्रणकाल से अभी तक चिरप्रतीक्षित ब्रह्मसूत्र का संस्करण पाठकों के हाथ में आ रहा है, अवश्य ही इससे विद्यार्थी समाज प्रसन्न होगा। साथ ही प्रौढ़ विद्वान् भी टिप्पणी सहित होने से लाभान्वित होंगे।

प्रस्तावक :

द्वादशदर्शनकाननपञ्चानन अनन्तश्री
आचार्य महामण्डलेश्वर श्रीमत्स्वामी
काशिकानन्द गिरि जी महाराज
आनन्द वन आश्रम, मुम्बई।

शरत् पौर्णमासी
वि. सं. २०५३
शाङ्कराब्दः १२०३
सन् १९९६ ई०

FOREWORD

The ancient Indian Sanskrit literature enjoys many unique features, the most significant among them beirg the wcrks in the form of sutras. The natural language like the classical Sanskrit is presented by Panini using metalanguage in his famous grammar sutras. So too, the Astanga yoga is unfolded through sutras by Patanjali. There are many other sutra works covering various topics like logic, ethics and liturgy. While these works are descriptive in nature, we have two analytical sutra works, namely, the Purvamimamsa of Jaimini and the Uttara-mimamsa of Bhagavan Vyasa. The Sutras of Jaimini analyse and present the Karma-Kand of the Vedas. The work of Bhagavan Vyasa analyses and presents the subject matter of jnana-kanda of the Veda, popularly known as Upanisadas. The work of Vyasa is an important part of the study of Vedanta. The vision of the Veda unfolded in the Upanisadas is analysed thoroughly by the sutras. Being an analytical work, it moves methodically through a binary method of purvapaksa, objectiond and siddhanta, the conclusion.

The tatparya of the Vedanta is arrived at answering all objections as identity between the individual and the Lord, the cause of the world. That this oneness is the vision of the Veda is proved by analysing the relevant sentences of the Upanisadas. Some of these sentences are unequivocal while some others are not. That even the equivocal sentences are of the same vision is proved by looking into the context, results etc.

In the second chapter, Vyasa discusses very thoroughly all possible objections with regard to the vision of oneness. It looks as though the various schools of

philosophy propounded by latter Buddhists like Nagarjuna and others were expected by Vyasa, for he had dealt with all of them. A thorough study of this work does not leave anything to be desired in arriving at the tatparya of the Upanisadas. All possible doubts also resolve for good.

The bhasya of Sankara is a blessing in as much as it gives a new lease to the tradition of teaching sampradaya. Following the style of patanjali, the author of Mahabhasya, Sankara is crisp and convincing. There are many people who annotated the commentary of Sankara, sentence by sentence; but for a seeker, the Ratnaprabha of Govindananda is a source of unfailing light. The foot notes, tippani, of the late revered Sri Swami Visnudevananda are also a great help in one's understanding of some crucial logical, grammatical and philosophical topics

Here is another blessing for those who have no easy access to Sanskrit in the Hindi translation of Mahamandalesvara Sri Swami Vidyananda Giri. Keeping the Ratnaprabha in view, he has ably translated the bhasya. In the tradition of the study of Brahmasutras, the first four sutras are studied very thoroughly in as much as the entire sastra is covered by these four. Keeping this in view, the Kailash Ashram has brought out a separate volume covering the first four sutras with the introduction of Sankara, popularly known as Adhyasa-bhasya. Mandalesvar's experience in teaching the Vedanta Sastra for years and his thorough knowledge of the various schools of Indian philosophy makes his translation lucid, authentic and thorough.

I invoke the grace of Lord Gangadharesvara with a prayer for this work to find its fulfilment by reaching the deserving jijnasus.

His Holiness Swami Dayananda Saraswathi
Founder Shruti Sewa Trust
Arsha Vidya Gurukulam, Anaikatti (P.O.)
Coimbatore - 641 108

ब्रह्मसूत्र-शाङ्करभाष्यम्
रत्नप्रभाललिताव्याख्या

श्री कैलासपीठाधीश्वर आचार्य महामण्डलेश्वर श्रीमत्स्वामि विद्यानन्दगिरि जी महाराज भारतीय वाङ्मय के तलस्पर्शी पण्डित हैं। उनका सम्पूर्ण जीवन ज्ञान वैराग्य से ओतप्रोत रहा है। भगवान् आद्य शङ्कराचार्य के सिद्धान्तों की अक्षुण्ण रक्षा करते हुए श्रीस्वामी जी महाराज ने उत्तरापथ में शाङ्करदिग्विजय का अध्यात्मरथ आगे बढ़ाया है। प्रस्थान त्रयी की कथाओं का सार्वजनिक उपक्रम उनके विलक्षण पाण्डित्य का सूचक है। श्रीमद्भागवत सप्ताह तथा श्रीरामचरितमानस नवाह की तरह प्रस्थानत्रयी का अष्टादशाह उन्होंने ही प्रारम्भ किया। आचार्य श्री शङ्कर के बाद पण्डित मण्डली से बाहर सामान्य जनता में गीता, उपनिषद् तथा ब्रह्मसूत्र की शाङ्करी व्याख्या को लोकप्रिय बनाने में जो उद्योग उन्होंने किया, उसके लिए भारत की पण्डित मण्डली सदैव उनकी ऋणी रहेगी। कैलास से ब्रह्मविद्यामन्दाकिनी का निरन्तर प्रवाहित होना उचित है। भगवान् सदाशिव श्रीनारद को निमित्त बना कर कैलास पर ही ब्रह्मविद्या का उपदेश करते हैं। श्रीमद्भागवत् इसका प्रमाण है—

उपविष्टं दर्भमय्यां बृस्यां ब्रह्म सनातनम्। नारदाय प्रवोचन्तं पृच्छते शृण्वतां सताम्॥

ब्रह्मसूत्र पर १९६९ में श्रीस्वामी जी ने 'विद्यानन्दवृत्ति' लिखकर अपनी विश्लेषणात्मक क्षमता का परिचय दिया था। एक कुशल विषय मर्मज्ञ अध्यापक के गुणों से भरपूर उनकी चिन्तनों का सुफल इस वृत्ति में प्रकट हुआ था। छात्रों के हित को ध्यान में रखते हुए इसमें चतुःसूत्री भामती सन्तरणी भी दे दी गयी थी। श्री सदाशिवेन्द्र सरस्वती तथा रामकिङ्कर पण्डित विरचित वृत्तियों के रहते हुए भी इस वृत्ति का प्रयोजन था—छात्र और जिज्ञासुओं को इस योग्य बना दिया जाए कि वे साधिकार शाङ्करभाष्य के अध्ययन में प्रवृत्त हों तथा सुगमता से भाष्य का तात्पर्य हृदयंगम कर लें।

प्रवेशमीहते कश्चिन्नरश्चेद्व्यासनिर्मिते। सूत्रे चाद्वैतराद्धान्ते शङ्कराचार्य भाषिते।
अवश्यं तेन दृश्येत, वृत्तिरेषा मुमुक्षुणा। अन्यथा भाष्यतात्पर्ये प्रवेशः स्यात्सुदुर्लभः॥

यही कारण है कि विद्यानन्दवृत्ति की प्रशंसा श्रद्धेय श्री करपात्री जी, श्री स्वामी अखण्डानन्द जी सरस्वती, महामण्डलेश्वर श्रीस्वामी काशिकानन्दगिरिजी तथा आचार्य पण्डित बद्रीनाथ शुक्ल जी जैसी दार्शनिक विभूतियों ने की थी। अब स्वामी विद्यानन्दगिरिजी ने सटिप्पण रत्नप्रभाललिताव्याख्या संवलित आचार्य भाष्य को प्रस्तुत कर एक बड़े अभाव की सर्वांग सुन्दर पूर्ति की है। विद्यावाचस्पति महामण्डलेश्वर श्री स्वामी विष्णुदेवानन्दगिरि जी की गोविन्दप्रसादिनी टिप्पणी तथा स्वामी विद्यानन्द गिरि जी की ललिता व्याख्या ने अत्यन्त निर्मल रूप में भाष्यकार के तात्पर्य को प्रकाशित कर दिया है। प्रत्येक अधिकरण की सङ्गति, विषय, संशय, पूर्वपक्ष एवं उत्तरपक्षात्मक पञ्चावयवी कसौटी का स्पष्ट तथा वैज्ञानिक शैली में प्रतिपादन-अनुगमन जहां ग्रन्थ को निर्दुष्ट सिद्ध करता है, वहाँ व्याख्याकार के प्रगाढ़ पाण्डित्य की भी सूचना देता है—

ब्रह्मसूत्र भगवान् बादरायण की रचना है। आचार्यप्रवर पण्डित गोपीनाथ कविराज जी ने ब्रह्मसूत्र को भिक्षुसूत्र मानने का प्रस्ताव किया था। पर पण्डित उदयवीर शास्त्री ने इस भ्रम का निराकरण

करते हुए स्पष्ट घोषणा की, कि पराशर गोत्र वाले कपिल के शिष्य भिक्षुपञ्चशिख की सांख्य विषयक रचना भिक्षुसूत्र है न कि ब्रह्मसूत्र। ब्रह्मसूत्रकार वे ही बादरायण व्यास हैं, जिन्होंने महाभारत तथा पुराणों की रचना की है। वायु पुराण इस का समर्थन करता है—

पराशरसुतो व्यासः कृत्वा पौराणिकं कथाम्। सर्ववेदार्थघटितां चिन्तयामास चेतसि।
जीवेश्वरब्रह्मभेदो निरस्तः सूत्रनिर्णये। निरूपितं परं ब्रह्म श्रुतियुक्तविचारतः॥

वायु पुराण प्रामाणिक रचना है तथा महाभारत के समकालीन रचना है। महाभारत में उस का नामोल्लेख मिलता है—

वायुप्रोक्तमनुस्मृत्य पुराणमृषिसंस्तुम्।

आचार्य श्री शङ्कर ने ब्रह्मसूत्र भाष्य में **'नामरूपे च भूतानाम्'** तथा **'ऋषीणां नामधेयानि याश्च वेदेषु दृष्टयः'** जैसे श्लोक वायुपुराण से उद्धृत किए हैं। यह भी सम्भवतः इसीलिए, कि वायुपुराण बादरायण व्यास का रचना है और सूत्रकार तथा पुराणकार के रूप में व्यास जी के कर्तृत्व को प्रमाणित करतो है। अतः यह भ्रान्त धारणा छोड़नी चाहिए कि ब्रह्मसूत्र का लेखक व्यास के अतिरिक्त कोई बादरायण नाम का व्यक्ति था, जिसने बुद्ध के बाद सूत्रों की रचना की। भामतीकार ने **'ब्रह्मसूत्रकृते तस्य वेदव्यासाय वेधसे'** कह कर कृष्णद्वैपायन व्यास और बादरायण को अभिन्न ही माना है।

भगवत्पाद आचार्य शङ्कर ने ब्रह्मसूत्र का भाष्य प्रस्तुत कर विशुद्ध अद्वैतवाद का प्रतिष्ठापन किया। आचार्य से पूर्व आचार्य बोधायन और आचार्य उपवर्ष जैसे आचार्य हो गए थे, जिन्होंने ब्रह्मसूत्र की विशद व्याख्या की थी। पाणिनि के गुरु वर्ष के भाई थे उपवर्ष। आचार्य शङ्कर ने ब्रह्मसूत्र के भाष्य में दो स्थलों पर उपवर्ष का स्मरण किया है। प्रपञ्चहृदयकार का कहना है कि विस्तृत बोधायनवृत्ति का संक्षेप उपवर्ष ने किया। आचार्य शङ्कर ने इन वृत्तियों को बहुत उपयुक्त नहीं माना। बोधायनवृत्ति को निजमतानुसार अर्थान्तर की ओर मोड़ दिए जाने को बात श्रीरामानुज ने भी श्री भाष्य में स्वीकार की है—**'भगवद्बोधायनकृतां विस्तीर्णां ब्रह्मसूत्रवृत्तिं पूर्वाचार्याः सञ्चिक्षिपुः, तन्मतानुसारेण सूत्राक्षराणि व्याख्यायन्ते।'** आचार्य शङ्कर ने ब्रह्मसूत्र की अनाविल व्याख्या विशुद्ध वेदान्तानुसार की। उन्होंने सूत्रों का क्रम निश्चित किया, सूत्रपदानुसारी भावना को समझा, स्वमत प्रतिपादन के लिए अधिकरणों की सङ्गति बैठाई तथा परमत निराकरण की उग्रखण्डनात्मक शैली का अनुवर्त्तन कर सिद्धान्त-निरूपण की ऐसी पद्धति विकसित की जिसने अद्वैतवाद को दर्शनों का मुकुटमणि बना दिया। उनके विरोधी वैष्णवाचार्य भी श्रीशङ्कर द्वारा बनाई गई पद्धति का विरोध न कर सके। कुछ साधारण परिवर्त्तनों के साथ उन्होंने भी उसी शैली का अनुगमन किया। आचार्य शङ्कर द्वारा निर्मित व्याख्या विधि को ही उन्होंने अपना आदर्श बनाया। पांचरात्र अथवा भागवत मत को छोड़ कर सांख्य, वैशेषिक, बौद्ध, जैनमतादि के खण्डन में बाद के आचार्यों ने श्री शङ्कर का ही अनुकरण किया। सूत्रकार से भी उग्र विरोधी तेवर आचार्य शङ्कर के खण्डन में दिखाई देते हैं। सांख्य पर तो आचार्य ऐसे टूटते हैं, जैसे वही उनका प्रधान विरोधी हो। वैष्णवाचार्यों ने भक्ति सिद्धान्त के मूलस्रोत पांचरात्रागमों का समर्थन करने में आचार्य द्वारा प्रस्तुत खण्डनात्मक उक्तियों के विरुद्ध मण्डनात्मक युक्तियां देने में ही अपनी शक्ति झोंक दी, यह स्वाभाविक भी था क्योंकि ऐसा न करने पर भक्तिवाद न टिक पाता और उनका प्रस्थान ही त्रुटित हो जाता। आचार्य शङ्कर के अद्वैतवाद के विरुद्ध आचार्य भास्कर जैसे प्रतिवादियों ने जो कुछ कहा-लिखा, उसका उतनी ही शक्ति से खण्डन आचार्य वाचस्पति मिश्र ने भामती में कर दिया। भामतीकार

ने आचार्य शङ्कर की महिमा को पुनः मण्डित किया। इसके बाद तो शङ्कर विरोधियों के मुख कीलित हो गए, उनके चेहरे निष्प्रभ हो गए, उनके अधरों पर शब्द सूख गए, तर्कों को पाला मार गया और धूल धूसरित खण्डनात्मक प्रयासों के लिए कोई स्थान हो न रह गया। अन्तरवर्त्ती व्याख्याकारों ने प्रत्यक्ष-परोक्ष आचार्य का लोहा मान लिया।

श्री स्वामी विद्यानन्दगिरि जी ने ललिता व्याख्या प्रस्तुत करते हुए इस सारी सामग्री को ध्यान में रखा है। उनकी 'विद्यानन्दवृत्ति' को पढ़ कर यदि शाङ्कर सिद्धान्त का मानचित्र समझ में आता है तो इस भाष्य को पढ़ कर उस मानचित्र की रङ्गयोजना और मणिकुट्टिम शृङ्गार की एक-एक बारीकी पकड़ में आ जाती है। उन्होंने प्रथमाध्याय को समन्वयाध्याय, द्वितीयाध्याय को विरोध परिहाराख्याध्याय, तृतीय अध्याय को साधनाख्याध्याय तथा चतुर्थ को फलाध्याय कह कर व्याख्या प्रस्तुत की है, जिससे सूत्रकार तथा भाष्यकार के मूल मन्तव्य का पता चल जाता है। यह क्रम भामतीकार के अनुसार ही है, बस द्वितीय अध्याय का नाम भामतीकार ने अविरोधाख्य रखा है और स्वामी विद्यानन्द जी ने उसे प्रासङ्गिकम् में विरोध परिहाराख्य कहा है। ललिता व्याख्या में स्वामी जी ने पहले आचार्य शङ्कर के सूत्र भाष्य का अर्थ प्रस्तुत किया है फिर रत्नप्रभा के सूत्रपोषक अर्थ की हिन्दी दी है। इसके बाद सारे विवेचन का सङ्गति, विषय, संशय, पूर्वपक्ष तथा सिद्धान्त शीर्षक से सार प्रस्तुत कर दिया है। इससे सिद्धान्त को हृदयंगम करने में पूर्ण सुविधा मिलेगी। उदाहरण के लिए **'शास्त्रयोनित्वाधिकरण'** को लें। इसका सारांश स्वामी जी ने इन शब्दों में व्यक्त किया है—

१. **सङ्गति**—निखिल जगत् का कारण होने से आपने ब्रह्म में सर्वज्ञत्व कहा, वह ठीक नहीं है क्योंकि जगदन्तःपाती वेद भी है और वह नित्य है, फिर तो निखिल जगत्कारणत्व ब्रह्म में कहना अयुक्त है, ऐसा आक्षेप होने पर शास्त्रयोनित्वाधिकरण प्रारम्भ करते हैं।

२. **विषय**—शास्त्रयोनित्वाधिकरण में वेद का कर्ता ब्रह्म का विचार किया गया है।

३. **संशय**—वेद का कर्ता ब्रह्म है या नहीं।

४. **पूर्वपक्ष**—**'वाचा विरूपनित्यया'** इस वेदवाक्य में वेद को नित्य कहा गया है, उसका कर्त्ता कोई नहीं हो सकता। अतः वेद का कर्ता ब्रह्म नहीं है।

५. **सिद्धान्त**—वेद का कर्ता ब्रह्म ही है क्योंकि वेद परमेश्वर का श्वास-निःश्वास है नित्यता तो समानता को लेकर कही गई है। अतः सबका प्रकाशक वेद का कर्ता होने से ब्रह्म सर्वज्ञ है।

स्वामी जी ने सूत्र के ठीक बाद वैयासिक न्यायमाला के श्लोक दिए हैं और उसी पृष्ठ में पञ्चावयवों का वर्णन भी है। पर कहीं-कहीं प्रकरण समाप्ति पर उन श्लोकों का सार उक्त पञ्चावयव के आधार पर हिन्दी में प्रस्तुत कर दिया है, उदाहरण के लिए उक्त सारांश के बोधक न्यायमाला के श्लोक लीजिए—

न कर्तृ ब्रह्म वेदस्य किं वा कर्तृ न कर्तृ तत्। विरूपनित्यया वाचेत्येवं नित्यत्वकीर्तनात्॥
कर्तृ निःश्वसिताद्युक्तेर्नित्यत्वं पूर्वसाम्यतः। सर्वावभासिवेदस्य कर्तृत्वात्सर्वविद्भवेत्॥

पाठक देखेंगे कि स्वामी जी को सम्पूर्ण भाष्य हस्तामलकवत् है, उनकी ललिता व्याख्या विषय का सांगोपांग रमणीय निरूपण करती है तथा भाष्यकार के सूत्रार्थ विचार की प्रामाणिकता युक्तियुक्त ढङ्ग से प्रतिपादित करती है। तृतीय अध्याय (साधनाख्य अध्याय) में स्वामी जी की

प्रतिभा तथा निपुणता का विशेष परिचय मिलता है। पूर्वमीमांसा शास्त्र के पूर्ण अध्ययन के बिना न तो इस अध्याय के भाष्य को समझा जा सकता है और न इसका पठन-पाठन किया या कराया जा सकता है। स्वामी जी का इस सम्बन्ध में यह कथन विद्वानों के लिए चुनौती है कि "वैदिक उपासनाओं के लिए इस पाद पर अनुसन्धान की परम आवश्यकता है। अनुसन्धान के बाद उपनिषदों में वर्णित परावर विद्या के अनुष्ठान के लिए एक तालिका बनाने की भी आवश्यकता है जिससे साधक उपनिषदों में वर्णित वैदिक उपासनाओं का सम्यक् प्रकार से अनुष्ठान कर समुचित फल प्राप्त कर सकें।" ब्राह्मण ग्रन्थों तथा उपनिषदों की प्रतीकात्मक शैली में कथित उपासना विधियाँ, उपास्यदेव तथा उपासना के फलों में दिखाई देने वाले विरोध का निरसन तभी सम्भव है जब मूल मन्त्र भाग के तात्पर्य से गहरा परिचय हो। मूल सूत्रकार का लक्ष्य समन्वय है। अतः भाष्यकार तथा टीकाकारों ने ऊपर से विरोधी दीखने वाली उपासनाओं में अन्तरवर्ती एकत्व दिखाया है। '**दर्शयति च**' सूत्र की व्याख्या में कह दिया गया है—'**अन्यत्रोपासनाविधानायोपादानात्प्रायेणोपासनानामस्यैकत्वं सर्वत्रेति सिद्धम्।**''

एक बात और। धर्मशास्त्र में प्रयुक्त होने वाले शब्दों के अर्थ को जानने के लिए पाठक को अन्यत्र न जाना पड़े, उसके सतत स्वाध्याय का आसन खण्डित न हो। अतः व्याख्याकार ने उनकी परिभाषाएँ यथास्थान दे दी हैं। जैसे इष्ट और पूर्त शब्दों की व्याख्या में प्रस्तुत निम्नाङ्कित श्लोक ध्यान आकृष्ट करते हैं—

अग्निहोत्रं तपः सत्यं वेदानां चानुपालनम्, आतिथ्यं वैश्वदेवं च इष्टमित्यभिधीयते।
वापी कूपतडागादि देवतायतनानि च, अन्नप्रदानमारामः पूर्तमित्यभिधीयते॥

इस प्रकार कहा जा सकता है कि प्रस्तुत ग्रन्थ शाङ्करभाष्य का एकमात्र ऐसा हिन्दी अनुवाद है जिसमें आचार्य के चिन्तन की विशिष्टता बताते हुए भाष्यगत सिद्धान्त का निर्मल प्रतिपादन किया गया है। इस ग्रन्थ द्वारा प्रबुद्ध पाठकों को सूत्रानुसार सम्पूर्ण विवेचन सामग्री एक ही स्थान पर प्राप्त हो सकेगी तथा अद्वैत विषयक समस्त परम्पराओं के समन्वयक सूत्र उपलब्ध हो सकेंगे। अद्वैत सम्प्रदाय की शास्त्र सम्मत पुष्टि तथा अवैदिक और अद्वैत-इतर सिद्धान्तों का निराकरण भाष्यकार का लक्ष्य रहा है। श्री स्वामी जी ने ललिता व्याख्या में सर्वत्र इसी सिद्धान्त की रक्षा की है। आचार्य शङ्कर के मूल सिद्धान्त के इस नाभिकेन्द्र में पाठकों को वैदिक सिद्धान्त का स्वच्छ, मनोरम और नित्य शतदल खिलता हुआ मिलेगा; वह शतदल जिस पर श्री वाचस्पति मिश्र, श्री मधुसूदन जी सरस्वती तथा कैलासपीठ के महामण्डलेश्वर वृन्द मधुकर बन कर अध्यात्म के मधुकण एकत्र करते रहे हैं। श्रीविद्यानन्दगिरि जी इसी मधुविद्या के निष्णात आचार्य हैं। वे हमारी अर्चना के योग्य प्रज्ञापुरुष हैं।

॥ ॐ शान्तिः शान्तिः शान्तिः ॥

भगवदीयः
डॉ० विष्णुदत्त राकेश
पी-एच-डी., डी. लिट्.
मानविकी सङ्कायाध्यक्ष
गुरुकुल काँगड़ी विश्वविद्यालय, हरिद्वार।

मकरसंक्रान्तिः
वि० सं० २०५३
शाङ्कराब्दः १२०९

॥ प्रासङ्गिकम् ॥

दिशन्तु शं मे गुरुपादपांसवः

अपौरुषेय वेद, कल्पवृक्ष के तुल्य है जिसमें धर्म, अर्थ, काम और मोक्ष रूप पुरुषार्थ के साधनों एवं अधिकारी आदि का निपुणतम वर्णन है। वेद में कर्म, उपासना और ज्ञान ऐसे तीन काण्ड हैं। इनमें कर्म और उपासना लौकिक तथा पारलौकिक दोनों ही फल के साधन हैं। सकाम भाव से कर्म और उपासना का अनुष्ठान करने पर केवल ऐहिक तथा आमुष्मिक सुख-साधन प्राप्त होते हैं, पर निष्काम भाव से अनुष्ठान किये जाने पर अन्तःशुद्धि एवं चित्तैकाग्र्य द्वारा परम्परया मोक्ष के भी साधन होते हैं। इससे भिन्न ज्ञान मोक्ष का साधन है जिसका निरूपण वेद के शिरोभाग उपनिषदों में किया गया है। यूँ तो उपनिषदों में धर्म, अर्थ एवं काम का भी निरूपण है किन्तु प्रधान रूप से मोक्ष के साधन ज्ञान का ही निरूपण किया गया है। मोक्ष परम पुरुषार्थ है जो ब्रह्मात्मैक्य दृढ़ अपरोक्ष ज्ञान से सद्यः प्राप्त होता है और अदृढ़ अपरोक्ष ज्ञान से परम्परया मोक्ष मिलता है। उपनिषदों के संदिग्ध वाक्यों का विचार उत्तर मीमांसा (ब्रह्मसूत्र) में किया गया है जिसके रचयिता भगवान् बादरायण हैं। भगवान् बादरायण के अभिप्राय को जगद्गुरु आदि शङ्कराचार्य भगवत्पाद ने ही ठीक-ठीक समझा है, क्योंकि इसके पूर्व ब्रह्मसूत्र पर भाष्य या वृत्ति लिखने वालों के पक्षों का निराकरण भी ब्रह्मसूत्र शाङ्करभाष्य में देखने को मिलता है। शाङ्करभाष्य के केवलाद्वैत सिद्धान्त पर धूलि प्रक्षेप करने का असफल प्रयत्न बाद के विद्वानों ने किया है, जिसकी चर्चा यहाँ पर अनावश्यक है। हम तो यहाँ पर ब्रह्मसूत्र और उसके प्राञ्जल, गम्भीर शाङ्करभाष्य पर ही कुछ विचार करना उचित समझते हैं।

ब्रह्मसूत्र चार अध्यायों में विभक्त है, जिसके प्रत्येक अध्याय में चार-चार पाद हैं। ब्रह्मसूत्र के प्रारम्भिक चार अधिकरण इतने अधिक महत्वपूर्ण हैं कि कुछ विद्वान् भगवत्पाद आदि शङ्कराचार्य के सिद्धान्त को समझने के लिए इन चार अधिकरणों का अध्ययन ही पर्याप्त मानते हैं। उनकी यह भी धारणा है कि शेष ब्रह्मसूत्र में इन्हीं चार अधिकरणस्थ चार सूत्रों के विषयों का पल्लवन किया गया है, फिर भी उसका अध्ययन-अध्यापन अनावश्यक नहीं है। ब्रह्मसूत्र के प्रथम जिज्ञासा अधिकरण में चार वर्णकों द्वारा भगवान् भाष्यकार ने इस अधिकरण के अभिप्राय को सुस्पष्ट किया है, १. अध्यास वर्णक २. अगतार्थ वर्णक ३. अधिकारी वर्णक तथा ४. ब्रह्म को आपात प्रसिद्धि वर्णक। इन चारों वर्णकों द्वारा जो भी भगवान् भाष्यकार ने इस अधिकरण के अभिप्राय को सुस्पष्ट किया है वह मनन करने योग्य है। विशेषतः समन्वयाधिकरण के दो वर्णकों में जो भाव व्यक्त किया है वह मनन करने योग्य है। विशेषतः समन्वयाधिकरण के दो वर्णकों में जो भाव व्यक्त किया है वह तो

देखने में ही बनता है। ऐसे ही आगे के अधिकरणों में भी अनुपम चिन्तन ब्रह्मजिज्ञासुओं को मिलता है। इसीलिए तो श्रीमधुसूदन सरस्वतीजी ने सिद्धान्त बिन्दु में लिखा है—

न नौमि तं व्यासमशेषमर्थं सम्यङ्न सूत्रैरपि यो बबन्ध:।
बिनाऽपि तै: संग्रथितमशेषं तं शङ्करं नौमि सुरेश्वरं च ॥

अर्थात् सूत्रों की रचना करने के बाद भी उपनिषदों के अभिप्राय को वेदव्यास जी नहीं बाँध सके क्योंकि वेदव्यास जी के सूत्रों की व्याख्या अन्यथाभी विद्वानों ने की है। पर बिना सूत्ररचना के ही आदि शङ्कराचार्य जी तथा सुरेश्वराचार्य जी ने जिस केवलाद्वैत श्रौतसिद्धान्त को सुस्पष्ट रूप से अभिव्यक्त किया है एतदर्थ वेदव्यास की अपेक्षा भी हम आदि शङ्कराचार्य एवं सुरेश्वराचार्य जी को अधिक वन्दनीय मानते हैं। ऐसा ही अभिप्राय संक्षेप शारीरकाचार्य श्री सर्वज्ञात्ममुनि ने भी व्यक्त किया है। उन्होंने कहा है कि

वक्तारमासाद्य यमेव नित्या सरस्वती स्वार्थसमन्विताभूत्।
निरस्तदुष्तर्ककलङ्कपङ्का नमामि तं शंकरमर्चिताङ्घ्रिम्।

(नित्य सरस्वती वेदवाणी जगद्गुरु आदि शङ्कराचार्य को प्राप्तकर अपने अर्थ से सम्पन्न हो गयी, जिस वेद वाणी में दुष्तर्क पङ्ककलङ्क का नाम तक भी नहीं है, ऐसे भगवत्पाद के चरणों में मैं नमस्कार करता हूँ।)

समन्वयाध्याय के प्रथम पाद में उन श्रुति वाक्यों का विचारकर अद्वय ब्रह्म में समन्वय बतलाया गया है जिनमें ब्रह्मलिङ्ग सुस्पष्ट भासते हैं। पर जिनमें ब्रह्मलिङ्ग सुस्पष्ट नहीं भासते और उपास्य ब्रह्म का प्रतिपादन करने वाले हैं ऐसे श्रुतिवाक्यों का विचारकर अद्वय ब्रह्म में समन्वय समन्वयाध्याय के द्वितीय पाद से किया गया है। ऐसे ही जिन श्रुतिवाक्यों में ब्रह्मलिङ्ग स्पष्ट तो नहीं है किन्तु प्रायश: वे ज्ञेय ब्रह्म को विषय करते हैं, ऐसे श्रुतिवाक्यों पर विचारकर अद्वय ब्रह्म में समन्वय प्रथमाध्याय के तृतीय पाद से किया गया है और श्रुतियों में जो अव्यक्त एवं अजादि पद आये हैं जिन्हें देखने पर सन्देह होता है कि सम्भवत: ये पद प्रधान, परमाणु या शून्य को तो विषय नहीं कर रहे हैं, ऐसे सन्दिग्ध पदों का विचारकर पूर्वोक्त अद्वयब्रह्म में ही इनका भी समन्वय दिखलाया गया है। इस प्रकार सम्पूर्ण श्रुतियों का अद्वय ब्रह्म में समन्वय निश्चित हो जाने पर विरोध परिहार के लिए द्वितीय अध्याय की रचना वेदव्यास जी ने की है।

विरोध परिहाराख्य द्वितीय अध्याय के चार पाद हैं—१. स्मृतिपाद २. तर्क पाद ३. वियत् पाद और ४. प्राण पाद। सांख्य, योग, काणादादि स्मृतियों और उनके तर्कों के साथ जब समन्वय में विरोध खड़ा हो गया, तो उस विरोध का परिहार द्वितीय अध्याय के प्रथम पाद से किया गया है। द्वितीय अध्याय के द्वितीय तर्क पाद द्वारा उन्हीं के तर्कों से उनके दर्शनों की समीक्षा की है जिससे सांख्य, काणाद, बौद्ध, जैन, पाशुपत एवं पाञ्चरात्र भागवत मत में दुष्टत्व बतलाया गया है। जब इनके तर्क इनके दर्शनों में ही पङ्गु हो रहे हैं तो भला इनके तर्कों द्वारा ब्रह्मसूत्र के प्रथमाध्याय से सुनिश्चित समन्वय में विरोध की आशा कैसे की जा सकती है। द्वितीय अध्याय के तृतीय पाद द्वारा महाभूत एवं जीवादि श्रुतियों के विरोध का परिहार किया गया है। उसका मूल कारण यह था कि जब तर्क पाद के अन्तिम अधिकरण में **'विप्रतिषेधाच्च'** इस सूत्र द्वारा भगवान् वेदव्यास ने यह कहा कि पाञ्चरात्र मत इसलिए भी असङ्गत है क्योंकि उसमें परस्पर विरोध दीखता है, इसी बात को लेकर वियदादि भूतों एवं जीव आदि के सम्बन्ध में जब श्रुतिविरोध दीखता है तब क्यों नहीं श्रुति

सिद्धान्त को असङ्गत मान लिया जाय; इस विरोध का परिहार द्वितीय अध्याय के तृतीय पाद से किया गया है। विरोध परिहाराख्य द्वितीय अध्याय के चतुर्थपाद द्वारा लिङ्ग शरीर सम्बन्धी श्रुतियों के विरोध का परिहार किया गया है। इन्द्रियाँ, मुख्यप्राण, इनके स्वरूप, परिमाण एवं संख्या आदि के विषय में जब श्रुतियों का मतैक्य नहीं है, तो क्यों नहीं परस्पर विरुद्ध बोलने वाली श्रुतियों की उपेक्षा की जाय; ऐसा विरोध आने पर भगवान् वेदव्यास ने उसका भी परिहार ब्रह्मसूत्र के द्वितीय अध्याय चतुर्थ पाद द्वारा कर दिया है। इस प्रकार सभी विरोधों के निरस्त हो जाने पर केवलाद्वैत सिद्धान्त में श्रुतियों का पूर्वोक्त समन्वय सुस्थिर हो जाता है। तत्पश्चात् मुमुक्षु साधक मोक्षसाधनों के अनुष्ठान में तत्पर होता है। उन्हीं साधनों का विचार ब्रह्मसूत्र के तृतीय अध्याय में किया गया है।

तृतीय अध्याय को साधनाख्य अध्याय भी कहते हैं, जिसमें मोक्ष के सभी साधनों पर विचार किया गया है, इसमें भी चार पाद हैं—१. वैराग्य पाद २. तत्त्वमपदार्थशोधन पाद ३. गुणोपसंहार पाद और ४. निर्गुणविद्या के अन्तरङ्ग-बहिरङ्ग साधन विचार पाद। इसके प्रथम वैराग्य पाद में जीव की परलोक गति और आगति का विस्तृत विचार किया गया है, जिससे साधक के मन में पुनर्जन्म से छूटने की तीव्र आकांक्षा उत्पन्न हो जाय और वह लोक-परलोक के समस्त भोगों से उपरत हो अध्यात्म साधना में तत्पर हो जाये। इसके द्वितीय तत्-त्वम् पदार्थशोधन पाद में महावाक्य के तत् एवं त्वम् पदार्थ का विचार किया गया है, जिसमें सभी आठ अधिकरण हैं। प्रारम्भिक चार अधिकरणों द्वारा त्वम् पदार्थ का विचार और तत्पश्चात् चार अधिकरणों द्वारा तत् पदार्थ का विचार किया गया है। पदार्थ ज्ञान वाक्यार्थ ज्ञान का हेतु है, इसे सभी विद्वान् मानते हैं। अतः वाक्यार्थ ज्ञान से पूर्व तत्-त्वम् पदार्थ का विचार अत्यावश्यक है। इस अध्याय के तृतीय पाद में परापर विद्या के गुणों का उपसंहार कहाँ और कैसे होना चाहिए, इसका निपुणतम विचार छत्तीस अधिकरणों में किया गया है। पूर्वमीमांसा से अनुप्राणित होने के कारण इसके अध्ययन-अध्यापन में विद्वान् कठिनाई का अनुभव करते हैं, किन्तु वैदिक उपासनाओं के लिए इस पाद पर अनुसन्धान की परम आवश्यकता है। अनुसन्धान के बाद उपनिषदों में वर्णित परापर विद्या के अनुष्ठान के लिए एक तालिका बनाने की भी आवश्यकता है, जिससे साधक उपनिषदों में वर्णित वैदिक उपासनाओं का सम्यक् प्रकार से अनुष्ठानकर समुचित फल प्राप्त कर सके। साधनाख्य तृतीय अध्याय के चतुर्थ पाद में निर्गुण ब्रह्मविद्या के अन्तरङ्ग एवं बहिरङ्ग साधनों का विशेष विचार किया गया है, जिसमें सभी सत्रह अधिकरण हैं। इस पाद के विषयों का सम्यक् विचार किये बिना निर्गुण ब्रह्मविद्या में साधकों की दाढ्र्य प्रवृत्ति नहीं हो सकती। प्रसङ्गवश इस पाद में भी सगुण विद्या का भी किञ्चित विचार है।

ब्रह्मसूत्र के चतुर्थ अध्याय का नाम फलाध्याय है जिसमें निर्गुण एवं सगुण ब्रह्मविद्या के फलविशेष का निर्णय किया गया है। इसके प्रथम पाद में जीवनमुक्ति एवं उसके साधनों का निरूपण है, द्वितीय पाद में विद्या के फलस्वरूप उपासक की उत्क्रान्ति एवं गति का विचार विस्तार से किया गया है। इस अध्याय के तृतीय पाद में सगुण ब्रह्मोपासक के मरने पर उत्तरायण मार्ग द्वारा ब्रह्मलोक की प्राप्ति कही गयी है, ब्रह्मलोक के मार्ग का वर्णन विस्तार से किया गया है। अन्तिम चतुर्थ पाद में निर्गुण ब्रह्मज्ञानियों को विदेहकैवल्य की प्राप्ति एव ब्रह्माविर्भाव भी बतलाया गया है और सगुण ब्रह्म उपासकों को ब्रह्मलोक के शासक के समान ऐश्वर्य की प्राप्ति बतलायी

गयी है; किन्तु उस लोक के शासन का अधिकार वहाँ के शासक ब्रह्मा के अधीन ही बतलाया गया है, भोगमात्र की समता कही गयी है। इस प्रकार संक्षेपतः इस ब्रह्मसूत्र के विषयों का विचार पूर्ण हो जाता है।

कुछ विद्वानों ने ब्रह्मसूत्र के **'जन्माद्यस्य यतः'** एवं **'अनावृत्ति शब्दात्'** इन दोनों सूत्रों को देखकर सगुण ब्रह्म के प्रतिपादन में ब्रह्मसूत्र का चरम तात्पर्य माना है जो आपात रमणीय है क्योंकि उपनिषदों में सगुण ब्रह्म की उपासना एवं उसके ज्ञान से ब्रह्मलोक के भोगों की प्राप्ति कही है, मोक्ष तो निर्गुण ब्रह्मज्ञान से ही मिलता है अन्यथा निर्गुण ब्रह्म की उपनिषदों में चर्चा एवं उसके ज्ञान का वैषिष्ट्य ही नहीं रह जायेगा।

प्रस्तुत संस्करण में प्रत्येक अधिकरणों के सङ्गति, विषय, संशय, पूर्वपक्ष एवं सिद्धान्त पक्ष इन पञ्चावयवों का सुस्पष्ट प्रतिपादन ललिता व्याख्या में किया गया है जो वैयासिक न्यायमाला के ऊपर आधारित है। प्रत्येक अधिकरण का नाम जहाँ दिया गया है, उसके नीचे वैयासिक न्यायमाला के श्लोक दिये गये हैं और उसी पृष्ठ में ललिता व्याख्या के साथ अधिकरणों के पञ्चावयवों को बतलाया है। सूत्र सदा शिरोभाग में दिये गये हैं और सूत्रारम्भ के पूर्व उपोद्घात भाष्य दिया गया है और तत्पश्चात् भाष्यकार द्वारा सूत्रार्थ विचार दिखलाया गया है। भाष्यसम्बन्धित रत्नप्रभा टीका एवं टिप्पणियों को यथासम्भव उसी पृष्ठ में रखने का प्रयास किया गया है और ललिता व्याख्या कभी आगे-पीछे भी हो गयी है। पाठकों की सुविधा के लिए इन सभी बातों का ध्यान रखकर सम्पादन किया गया है; उसी दृष्टि से इस ग्रन्थ में चतुःसूत्री (टीका, टिप्पणी एवं ललिता व्याख्या के सहित) पृथक भी एक भाग में सङ्कलन किया गया है और सम्पूर्ण ग्रन्थ दो भागों में उपलब्ध है। आशा है कि प्रस्तुत ग्रन्थ का सम्पादन पाठकों एवं जिज्ञासुओं के लिए इसके पूर्व प्रकाशनों की अपेक्षा अधिक उपादेय होगा। इसकी पाण्डुलिपि, टिप्पण सङ्कलन, शोध्यपत्रसंशोधन एवं सम्पादन में सम्पादक मण्डल के सदस्यों ने अत्यन्त मनोयोग दिया है, एतदर्थ ये सभी साधुवाद एवं भगवत्कृपा के पात्र हैं। अतः हम उन सबकी मङ्गल कामना करते हैं। इत्योंशम्।

वासन्ती नवरात्रि
शाङ्कराब्द १२०८
विक्रमाब्द २०५३
दिनाङ्क २६-३-९६

भगवत्पादीय:
आचार्य म. मं. स्वामी विद्यानन्द गिरि
श्री कैलास आश्रम
हृषीकेश पिन–२४९२०१

ब्रह्मसूत्रशांकरभाष्यस्थविषयानुक्रमणिका ।

प्रथमोऽध्यायः पृ० १–४४४

प्रथमः पादः पृ० १–१८१

	सू०	पृ०	पं०
मङ्गलाचरणम्		१	१
उपोद्घातः ।		५	१
अथ प्रथमवर्णकम्–पृ० ५–२७			
अनिर्वचनीयताख्यातिवादिमतेऽध्यासलक्षणम् ।		१५	१
अन्यथात्मख्यातिवादिमतेऽध्यासलक्षणम् ।		१५	१
अख्यातिवादिमतेऽध्यासलक्षणम् ।		१७	१
शून्यवादिमतेऽध्यासलक्षणम् ।		१७	२
अध्याससम्भावनाया आक्षेपपूर्वकमुपपादनम् ।		१८	३
अध्यासस्य प्रमाणसिद्धत्वम् ।		२०	४
शास्त्रस्य विषयप्रयोजनप्रदर्शनम् ।		२७	१
१ जिज्ञासाधिकरणम् । (पृ० ५–४३)			
अथ द्वितीयवर्णकम्–पृ० २८			
अथ तृतीयवर्णकम्–पृ० २९–३६ ।			
अथशब्दस्यानन्तर्यार्थकत्वव्यवस्थापनम् ।		२९	१
तच्चानन्तर्यं शाब्दबोधापेक्षं कर्मावबोधापेक्षं वेति संदिह्योभयनिरसनपूर्वकं नित्यानित्यवस्तुविवेकादिसाधनसम्पत्त्यानन्तर्यसाधनम् ।		३१	१
अतःशब्दघटकस्येदंशब्दस्याग्निहोत्रादीनां श्रेयःसाधनानामनित्यफलत्वार्थकत्वकथनम् ।		३५	४
ब्रह्मजिज्ञासापदस्य शेषषष्ठीसमासत्वनिराकरणपूर्वककर्मषष्ठीसमासत्वव्यवस्थापनम् ।		३६	४
अथ चतुर्थवर्णकम्–पृ० ३६–४३ ।			
ब्रह्मणो जिज्ञास्यत्वं विकल्पासहत्वेनाक्षिप्य सर्वजनीनेनात्मास्तित्वप्रत्ययेन प्रसिद्धिमुपपाद्य तत्त्वनिर्णयपरिपन्थिभूतानां बहुविधप्रतिपत्तीनां युक्तिवाक्यतदाभाससमुत्थितानां निरसनहेतुद्वारा वेदान्तवाक्यमीमांसाया निःश्रेयसप्रयोजनत्वप्रतिपादनम् ।		४०	१
२ जन्माद्यधिकरणम् । (पृ० ४३–५३)			
जन्मादिपदस्यार्थकथनम् ।	२	४४	१
अस्येतिपदस्यार्थकथनम् ।	,,	४५	३
यतःपदस्यार्थकथनम् ।	,,	४६	२
विपरिणामादीनां शेषभावविकाराणां जन्मादित्रिष्वन्तर्भावप्रतिपादनम् ।	,,	४६	३
उक्तस्य ब्रह्मलक्षणस्यातिव्याप्तत्वशङ्कानिरासाय जगतः कारणान्तरादसंभवप्रतिपादनम् ।	,,	४७	४
स्वभाववादिमतनिराकरणम् ।	,,	४७	५
प्रकृताधिकरणस्य विषयवाक्यप्रदर्शनं तद्गतयच्छब्दार्थनिर्णायकवाक्यप्रदर्शनमुत्तरसूत्रावतरणं च ।	,,	५३	२
३ शास्त्रयोनित्वाधिकरणम् । (पृ० ५४–५७)			
प्रथमवर्णकम् । (पृ० ५४–५५)			
ब्रह्मणो वेदकर्तृत्वप्रतिपादनेन जगद्योनित्वावगतनिरतिशयसर्वज्ञत्वदृढीकरणम् ।	३	५५	१
द्वितीयवर्णकम् । (पृ० ५६–५७)			
ब्रह्मणः शास्त्रप्रमाणकत्वप्रतिपादनम् । अस्मिन्कल्पे पूर्वसूत्रेणास्य सूत्रस्य गतार्थत्वाशङ्का तत्परिहारश्च ।	,,	५६	६
उत्तरसूत्रावतरणव्याजेन द्वितीयवर्णकाक्षेपपूर्वकोत्तरसूत्रनिवर्त्यपूर्वपक्षाभिधानम् ।	,,	५८	१

	सू०	पृ०	पं०
४ समन्वयाधिकरणम् । (पृ० ५८–१००)			
प्रथमं वर्णकम् । (६२-६७)			
सूत्रघटकपदानामर्थकथनम् ।	४	६२	५
वेदान्तानामेकान्तेन ब्रह्मप्रतिपादनपरत्वमाख्यातुं केषांचिद्वाक्यानामुपदर्शनम् ।	,,	६४	१
ब्रह्मण सिद्धत्वेन मानान्तरवेद्यत्वमित्यादीनां पूर्वपक्षबीजानां निराकरणम् ।	,,	६५	४
द्वितीयवर्णकम् । (पृ० ६७-१००)			
ब्रह्मण उपास्तिविधिशेषत्ववादिमतोपन्यासः ।	४	६७	३
कर्मज्ञानफलयोर्वैलक्षण्यप्रदर्शनम ।	,,	७१	५
ब्रह्मणस्तज्ज्ञानस्य च कार्यानुप्रवेशानर्हत्वम् ।	,,	७९	६
ब्रह्मण आप्यत्वनिरासः ।	,,	८१	३
ज्ञानस्य क्रियात्वमाशङ्क्य तत्परिहारः ।	,,	८४	४
ब्रह्मविषयकलिङादीनां विधित्वनिराकरणम् ।	,,	८५	९
ब्रह्मात्मावगतौ सर्वकर्तव्यताहान्यादेरिष्टत्वकथनम् ।	,,	८७	२
केवलवस्तुवादी वेदभागो नास्तीति प्रभाकरमतस्य निराकरणम् ।	,,	८७	८
आम्नायस्य क्रियार्थत्वादितिसूत्रे आनर्थक्यमतदर्थानामित्युक्तस्यानर्थक्यस्य पुरुषार्थानुपयोग्युपाख्यानादिभूतार्थवादविषयकत्वाभिधानम् ।	,,	९०	२
निषेधवाक्यवद्वेदान्तानां सिद्धेऽर्थे प्रामाण्यप्रतिपादनम् ।	,,	९१	६
न वेदान्तानां कर्तव्यविध्यनुप्रवेशमन्तरेण रज्जुस्वरूपकथनवदर्थवत्त्वं संभवति श्रुतब्रह्मणोऽपि यथापूर्वं संसारित्वदर्शनादित्याक्षेपस्य निराकरणम् । आत्मनः सशरीरत्वस्य शरीरात्माभिमानलक्षणमिथ्याज्ञानरूपत्वकथनम् ।	,,	९४	३
शरीरात्माभिमानस्य गौणत्वं वदतः प्राभाकरस्य खण्डनम् । विदुषः सर्वप्रवृत्त्यसंबन्धप्रदर्शनेनावगतब्रह्मात्मभावस्य यथापूर्वं संसारित्वाभावावधारणम् ।	,,	९६	६
वेदान्तानां प्रतिपत्तिविधिपरत्वनिराकरणम् ।	४	९९	७
अद्वैतात्मसाक्षात्कारेणाविद्यानिवृत्तौ प्रमातृत्वादिभावविरहात्प्रमाणादिव्यवहारबाधप्रतिपादनम् ।	,,	९९	८
उत्तरसूत्रावतरणम् ।	,,	१०१	१
५ ईक्षत्यधिकरणम् । (पृ० १०१–१२०)			
सूत्रगतपदानां योजना व्याख्यानं च ।	५	१०४	४
ईक्षितृत्वप्रतिपादकश्रुतिप्रदर्शनम् ।	,,	१०४	६
ईक्षतेरित्यस्य धात्वर्थनिर्देशत्वकथनं तत्प्रयोजनकथनं च ।	,,	१०५	३
सत्त्वधर्मेण ज्ञानेन सर्वज्ञं प्रधानं भविष्यतीति सांख्योक्तिखण्डनम् ।	,,	१०५	६
सेश्वरसांख्यमतखण्डनम् ।	,,	१०६	२
ब्रह्मणो न मुख्यं सर्वज्ञत्वमुपपद्यते इति पूर्वपक्षबीजस्य निरसनम् ।	,,	१०६	४
जीवस्येव ब्रह्मणोऽपि ज्ञाने शरीरसंबन्धाद्यपेक्षेत्याशङ्क्य तन्निराकरणम् ।	,,	१०८	१
यदुक्तं संसारिणः शरीराद्यपेक्षा ज्ञानोत्पत्तिर्नेश्वरस्येति तदयुक्तं ईश्वरादतिरिक्तस्य संसारिणोऽभावादित्याशङ्का तत्परिहारश्च । अचेतनेऽपि प्रधाने ईक्षितृत्वस्यौपचारिकत्वोपपादनेनोत्तरसूत्रावतरणम् ।	,,	१०९	२
सूत्रस्थात्मशब्दादितिपदेन जीवे सत आत्मशब्दप्रयोगादितिविवक्षया प्रधानस्येक्षितृत्वाभावप्रतिपादनम् ।	६	१११	४
विधान्तरेण हेतुव्याख्यानम् ।	,,	११२	१
आत्मशब्दस्य प्रधानेऽपि नानार्थत्वाद्गुणवृत्त्या वा संभवाभिधानेनोत्तरसूत्रावतरणम् ।	,,	११३	१
तन्निष्ठस्य (सत्यभेदज्ञानवतः) मोक्षोपदेशात् प्रधानस्यात्मशब्दालम्बनत्वाभावप्रतिपादनम् ।	७	११३	६
तत्त्वमसीत्युपदेशस्य प्रधानैक्यसंपदुपास्त्यर्थत्वनिराकरणम् । गौणत्वसाधारणत्वयोर्दृष्टान्तवैषम्यप्रदर्शनेन निराकरणम् ।	,,	११४	६

सू० पृ० पं०

स्वतन्त्रहेतुपरतया सूत्रव्याख्यानम् । ८ ११६ १

स्थूलारुन्धतीन्यायेन तत्त्वमसीत्यत्र प्रधानस्यैवात्मत्वोपदेश इत्याशङ्कानिराकरणम् । ,, ११६ ५

जगत्कारणं प्रकृत्य स्वपितीत्यस्य निर्वचनं कुर्वत्या श्रुत्या चेतनस्यैव जगत्कारणत्वप्रतिपादनाभिधानम् । ९ ११८ ३

सर्वेषु वेदान्तेषु जगत्कारणचैतन्यावगतेः- प्रधानस्य जगत्कारणत्वाभावप्रतिपादनम् । १० १२० २

सर्वज्ञस्य जगत्कारणत्वप्रतिपादकश्रुतिप्रदर्शनम् । ११ १२१ २

वृत्तसंकीर्तनपुरःसरमुत्तरसूत्रसंदर्भाक्षेपः । ,, १२१ ६

द्विरूपब्रह्मबोधकश्रुतिप्रदर्शनपूर्वकमुत्तरग्रन्थप्रयोजनकथनम् । ,, १२२ ३

६ आनन्दमयाधिकरणम् । (पृः १२१–१४१)

एकदेशिमतेन व्याख्यानम् । २२ १२६ १

विषयवाक्यप्रदर्शनपूर्वकं तद्गतेनानन्दमयशब्देन किं ब्रह्मोच्यतेऽर्थान्तरं वेति संदिह्य पूर्वपक्षसमर्थनम् । ,, १२६ ४

परस्मिन्नानन्दशब्दाभ्यासप्रदर्शनेन सिद्धान्त । ,, १२७ २

अमुख्यात्मप्रवाहपतितत्वरूपपूर्वपक्षबीजनि रसनम् । ,, १२८ ६

प्रियादीनां शिरस्त्वादिकल्पनानुपपत्तिरूपपूर्वपक्षबीजनिरसनम् । ,, १२८ ६

मयटो विकारे दर्शनाद्विकारविषयत्वमानन्दमयशब्दस्याशङ्क्य प्राचुर्येऽपि स्मरणात्तद्विषयत्वप्रतिपादनम् । १३ १२८ १०

ब्रह्मण आनन्दहेतुत्वव्यपदेशाद्धेतोर्मयटः प्राचुर्यार्थत्वप्रतिपादनम् । १४ १२९ ६

मान्त्रवर्णिकस्यैव परस्य ब्रह्मणो ब्राह्मणे आनन्मयशब्देन गानादानन्दमयः पर एवात्मेति प्रतिपादनम् । १५ १३० १

शरीराद्युत्पत्तेः प्रागभिध्यानाद्यसंभवाज्जीवस्यानन्दमयत्वाभावप्रतिपादनम् । १६ १३१ १

रसं ह्येवायं लब्ध्वानन्दी भवतीति भेदव्यपदेशादानन्दमयशब्देन न संसारिणो ग्रहणम् । लब्धुर्लभ्यत्वाभावे श्रुतिस्मृतिबाधमाशङ्क्य तत्परिहार । १७ १३१ ६

आनन्दमयाधिकारे कामयितृत्वनिर्देशात्प्रधानमानन्दमयत्वेन कारणत्वेन वाऽपेक्षितुं न शक्यत इति प्रतिपादनम् । १८ १३३ २

आनन्दमयविषयकप्रबोधवतो जीवस्य मुक्तिशासनादानन्दमयशब्दः प्रधाने जीवे वा न प्रवर्तत इति प्रतिपादनम् । १९ १३३ ५

स्वमतेनाधिकरणपरिग्रहार्थमेकदेशिमतदूषणम् । ,, १३४ ४

स्वसंमताधिकरणानुगुण्येन सूत्राणां व्याख्यानम् । ,, १३९ ८

७ अन्तरधिकरणम् । (पृ० १४१–२४६)

विषयवाक्यप्रदर्शनपूर्वकं विवक्षितोपाधिभेदं ब्रह्म उपास्यत्वेन श्रूयते उत विद्याकर्मातिशयलब्धोत्कर्षो जीव इति संदिह्य रूपवत्त्वश्रुतेराधारश्रवणादैश्वर्यमर्यादाश्रुतेश्च पूर्वपक्षसमर्थनम् । २० १४१ ४

तद्धर्मोपदेशादिति सूत्रावयवव्याख्यानेन सिद्धान्तप्रतिपादनम् । ,, १४४ १

रूपवत्त्वश्रुतिलक्षणपूर्वपक्षसमर्थकप्रथमहेतुनिराकरणम् । ,, १४५ ६

द्वितीयहेतुनिराकरणम् । ,, १४६ ३

तृतीयहेतुनिराकरणम् । ,, १४६ ५

आदित्यशरीराभिमानिभ्यो जीवेभ्योऽन्यस्यान्तर्यामिण ईश्वरस्य श्रुत्योपदेशाद्ब्रह्मण एवोपास्यत्वप्रतिपादनम् । २१ १४६ ७

८ आकाशाधिकरणम् । (पृ० १४७–१५२)

अस्य लोकस्येति छान्दोग्यवाक्ये आकाशपदं भूताकाशपरं ब्रह्मपरं वेति संदिह्य पूर्वपक्षसमर्थनम् । २२ १४७ ३

तल्लिङ्गदितिसूत्रस्थपदव्याख्यानेन सिद्धान्तप्रतिपादनम् । ,, १३४ ४

	सू०	पृ०	पं०
प्रसिद्धिबलेन शीघ्रं बुद्ध्यारोहादिति पूर्वपक्षसमर्थकहेतोर्निराकरणम् ।	२२	१५०	३
९ प्राणाधिकरणम् । (पृ० १५२–१५५)			
कतमा सा देवतेतिवाक्ये पूर्ववत्संशयनिर्णययोरतिदेशः ।	२३	१५२	५
वृत्तिकारकृतव्याख्यानखण्डनम् ।	,,	१५५	२
१० ज्योतिश्चरणाधिकरणम् । (पृ० १५६–१६८)			
अथ यदतः परो दिवो ज्योतिर्दीप्यते इति वाक्ये आदित्यादिज्योतिरभिधीयते किंवा परमात्मेति संदिह्य इह पूर्ववत्लिङ्गाभावात्प्रसिद्धेर्मर्यादाश्रुतेः (अत्र कार्यस्याऽपि मर्यादाऽयोगाशङ्का तत्परिहारः) आधारश्रुतेः परस्य ज्योतिषोऽध्यासात् अल्पफलश्रुतेः पूर्ववाक्ये ब्रह्मनिर्देशाभावात् दिव आधारत्वश्रवणेन प्रत्यभिज्ञानाभावाच्च पूर्वपक्षसमर्थनम् ।	२४	१५६	१
चरणाभिधानमिति सूत्रावयवव्याख्यानेन ब्रह्मनिर्देश इति समाधानम् ।	२४	१५९	१०
संदंशन्यायप्रदर्शनम् ।	,,	१६०	४
प्रसिद्धेरित्यस्य निरसनम् ।	,,	१६०	६
मर्यादाश्रुत्यादीनां निरसनम् ।	,,	१६१	८
एकदेशिमतेन सूत्रव्याख्यानम् । पूर्वस्मिन्वाक्ये ब्रह्मनिर्देशाभावादिति पूर्वपक्षसमर्थकहेतुपरिहारप्रतिज्ञा ।	२५	१६३	७
प्रश्नपूर्वकं हेतुप्रदर्शनम् ।	,,	१६३	९
तावानिति मन्त्रस्य ब्रह्मप्रकाशकत्वाभावप्रतिपादनम् ।	,,	१६४	१
यद्वै तद्ब्रह्मेतिमन्त्रगतब्रह्मशब्दस्य छन्दोविषयत्वप्रतिपादनम् ।	,,	१६४	४
तैत्तिरीय उपनिषद् में अन्नमय, प्राणमय, मनोमय और विज्ञानमय के क्रम में पढ़ा गया है कि 'विज्ञानमय के भीतर इससे भिन्न आत्मा आनन्दमय है।' उस पर संशय होता है कि यहाँ पर आनन्दमय शब्द से परब्रह्म कहा जाता है जो '**सत्यं ज्ञानमनन्तं ब्रह्म**' इस वाक्य से प्रकृत है अथवा अन्नमयादि की भाँति ब्रह्म से कोई भिन्न ही पदार्थ आनन्दमयपदवाच्य है? पूर्वपक्षी ब्रह्म से भिन्न अमुख्य आत्मा आनन्दमयपदवाच्य मानता है क्योंकि अन्नमयादि अमुख्य आत्मा के प्रसङ्ग में आनन्दमय आया है। सर्वान्तर होने के कारण भी आनन्दमय मुख्य आत्मा का ही वाचक है ऐसा सिद्धान्ती का मत है। पूर्वपक्ष कहता है कि जिस आनन्दमय के प्रिय आदि अवयव हैं और जिसमें शारीरत्व भी सुना गया है वह मुख्य आत्मा नहीं हो सकता। यदि आनन्दमय मुख्य आत्मा माना जायेगा तो उसका प्रियादि अवयव के साथ संस्पर्श नहीं कहा जा सकता किन्तु इस प्रसङ्ग में उस आनन्दमय का 'प्रिय वृत्ति ही शिर है' ऐसा सुना जाता है। साथ ही उसे 'उस पूर्वोक्त विज्ञानमय आत्मा का यही आनन्दमय आत्मा शारीर है' इस वाक्य द्वारा विज्ञानमय को शरीर कहा है और उस विज्ञानमय के भीतर रहने वाले का यही शारीर आत्मा है जो कि आनन्दमय है। शरीरधारी सदात्मा का

---

१. समष्टय इत्यर्थः। २. व्यष्टय इत्यर्थः।

संस्पर्शो वारयितुं शक्यः। तस्मात्संसार्येवानन्दमय आत्मेत्येवं प्राप्त इदमुच्यते—'आनन्दमयोऽभ्यासात्।' पर एवात्माऽऽनन्दमयो भवितुमर्हति। कुतः? अभ्यासात्। परस्मिन्नेव ह्यात्मन्यानन्दशब्दो बहुकृत्वोऽभ्यस्यते। आनन्दमयं प्रस्तुत्य 'रसो वै सः' इति तस्यैव रसत्वमुक्त्वोच्यते—'रसꣳ ह्येवायं लब्ध्वाऽऽनन्दी भवति' इति 'को ह्येवान्यात्कः प्राण्यात्। यदेष आकाश आनन्दो न स्यात्। एष ह्येवानन्दयाति' (तै० २-७) 'सैषानन्दस्य मीमाꣳसा भवति, एतमानन्दमयमात्मानमुपसंक्रामति'। 'आनन्दं ब्रह्मणो विद्वान् न बिभेति कुतश्चन' (तै० २-८,९) इति। 'आनन्दो ब्रह्मेति व्यजानात्' (तै० ३-६) इति च। श्रुत्यन्तरे च 'विज्ञानमानन्दं ब्रह्म' (बृ० ३-९-२८) इति ब्रह्मण्येवानन्दशब्दो दृष्टः। एवमानन्दशब्दस्य बहुकृत्वो ब्रह्मण्यभ्यासादानन्दमय आत्मा ब्रह्मेति गम्यते। यत्तूक्तम्–अन्नमयाद्यमुख्यात्मप्रवाहपतितत्वादानन्दमयस्याप्यमुख्यत्वमिति, नासौ दोषः।

जीवत्वं दुर्वारमित्यर्थः। नन्वानन्दपदाभ्यासेऽप्यानन्दमयस्य ब्रह्मत्वं कथमित्याशङ्क्य ज्योतिष्टोमाधिकारे ज्योतिष्पदस्य ज्योतिष्टोमपरत्ववदानन्दमयप्रकरणस्थानन्दपदस्यानन्दमयपरत्वात्तदभ्यासस्तस्य ब्रह्मत्वसाधक इत्यभिप्रेत्याह—आनन्दमयं प्रस्तुत्येति। रसः सारः आनन्द इत्यर्थः। अयं लोकः। यद्यदि एष आकाशः पूर्णः आनन्दः साक्षी प्रेरको न स्यात्तदा को वान्याच्चलेत्, को वा विशिष्य प्राण्याज्जीवेत्, तस्मादेष एवानन्दयाति, आनन्दयतीत्यर्थः। 'युवा स्यात्साधुयुवा' (तै. २-८-१) इत्यादिना वक्ष्यमाणमनुष्ययुवानन्दमारभ्य ब्रह्मानन्दावसाना एषा सन्निहिता आनन्दस्य तारतम्यमीमांसा भवति। उपसंक्रामति विद्वान्प्राप्नोतीत्येकदेशिनामर्थः। मुख्यसिद्धान्ते तूपसंक्रमणं विदुषः कोशानां प्रत्यङ्मात्रत्वेन विलापनमिति ज्ञेयम्। शिष्टमुक्तार्थम्। आनन्दशब्दाद्ब्रह्मावगतिः सर्वत्र समानेति गतिसामान्यार्थमाह—श्रुत्यन्तरे चेति। लिङ्गादमुख्यात्मसन्निधिं[1] बाध इति मत्वाह—नासाविति। सर्वान्तरत्वं न श्रुतमित्याशङ्क्य ततोऽन्यस्यानुक्तेस्तस्य सर्वान्तरत्वमिति विवृणोति—

प्रिय-अप्रिय संस्पर्श निषेध नहीं किया जा सकता क्योंकि शरीरधारी का इष्टानिष्ट के साथ सम्बन्ध होता ही है। अतः आनन्दमय आत्मा संसारी है। इस प्रकार पूर्वपक्ष प्राप्त होने पर सिद्धान्ती कहता है कि परमात्मा ही आनन्दमय हो सकता है, क्योंकि परमात्मा में ही अनेक बार आनन्द शब्द की आवृत्ति देखी जाती है। आनन्दमय का प्रसङ्ग प्रारम्भकर 'निःसन्देह वह रसरूप है' इस वाक्य द्वारा उसमें रसत्व बतलाने के बाद कहा है कि 'रस को प्राप्त कर यह जीव आनन्दित होता है' 'कौन भला स्वांस और निःस्वाँस भी ले सकता था यदि आनन्दरूप आकाश न होता' यही सबको आनन्द देता है। आनन्द की मीमांसा भी वही है। 'विद्वान् इसी आनन्दमय आत्मा का उपसंक्रमण करता है।' 'ब्रह्म के आनन्द को जानने वाला किसी से डरता नहीं।' 'आनन्दरूप ब्रह्म है, ऐसा भृगु ने जाना।' इन सभी श्रुतियों में आनन्द की आवृत्ति सुनी जाती है। अन्य श्रुति में भी 'ब्रह्म विज्ञान और आनन्दरूप है' इस वाक्य के द्वारा ब्रह्म में ही आनन्द शब्द का प्रयोग हुआ है। इस प्रकार आनन्द शब्द का ब्रह्म में अनेक बार अभ्यास होने के कारण प्रकृत आनन्दमय आत्मा ब्रह्म ही है, ऐसा जाना जाता है। और जो आप ने कहा था कि अन्नमयादि अमुख्य आत्मा के प्रवाहपाती

---

१. सन्निधेः स्थानरूपत्वात् लिङ्गस्य च स्थानापेक्षया प्रबलप्रमाणत्वादिति भावः।

(१३) विकारशब्दान्नेति चेन्न प्राचुर्यात् ॥१३॥

आनन्दमयस्य सर्वान्तरत्वात् । मुख्यमेव ह्यात्मानमुपदिदिक्षु शास्त्रं लोकबुद्धिमनुसरत्, अन्नमयं शरीरमनात्मानमत्यन्तमूढानामात्मत्वेन प्रसिद्धमनूद्य [1]मूषानिषिक्तद्रुतताम्रादिप्रतिमावत्ततोऽन्तरं ततोऽन्तरमित्येवं पूर्वेण पूर्वेण समानमुत्तरमुत्तरमनात्मानमात्मेति ग्राहयत्, प्रतिपत्तिसौकर्यापेक्षया सर्वान्तरं मुख्यमानन्दमयमात्मानमुपदिदेशेति श्लिष्टतरम् । यथाऽरुन्धतीनिदर्शने बह्वीष्वपि तारास्वमुख्यास्वरुन्धतीषु दर्शितासु यान्त्या प्रदर्श्यते सा मुख्यैवारुन्धती भवति, एवमिहाप्यानन्दमयस्य सर्वान्तरत्वान्मुख्यमात्मत्वम् । यत्तु ब्रूषे—प्रियादीनां शिरस्त्वादिकल्पनाऽनुपपन्ना मुख्यस्यात्मन इति—अतीतानन्तरोपाधिजनिता सा न स्वाभाविकीत्यदोषः । शारीरत्वमप्यानन्दमयस्यान्नमयादिशरीरपरम्परया प्रदर्श्यमानत्वात्, न पुनः साक्षादेव शारीरत्वं संसारिवत्, तस्मादानन्दमयः पर एवात्मा ॥१२॥

अत्राह—नानन्दमयः पर आत्मा भवितुमर्हति । कस्मात् ? विकारशब्दात् । [2]प्रकृतिवचनादयमन्यः शब्दो [3]विकारवचनः समधिगतः, आनन्दमय इति, मयटो विकारार्थत्वात् ।

मुख्यमिति । लोकबुद्धिमिति । **तस्याः स्थूलग्राहितामनुसरदित्यर्थः । ताम्रस्य मूषाकारत्ववत्प्राणस्य देहाकारत्वं देहेन सामान्यं, तथा मनः प्राणाकारं तेन सममित्याह**—पूर्वेणेति । **अतीतो योऽनन्तर उपाधिर्विज्ञानकोशस्तत्कृता सावयवत्वकल्पना, शरीरेण ज्ञेयत्वाच्छारीरत्वमिति लिङ्गद्वयं दुर्बलम् । अतः सहायाभावादभ्याससर्वान्तरत्वाभ्यां विकारसन्निधेर्बाध इति भावः ॥१२॥**

विकारार्थकमयट्श्रुति[4]सहाय इत्याशङ्क्य मयटः प्राचुर्येऽपि विधानान्मैवमित्याह—विकारेत्यादिना ।

होने से आनन्दमय में भी अमुख्य आत्मतत्त्व ही है, वह कोई दोष नहीं है क्योंकि यह आनन्दमय सर्वान्तर है । मुख्य आत्मा का उपदेश करने वाला शास्त्र लोकबुद्धि का अनुसरण करता हुआ जिस अन्नमय अनात्मा को अत्यन्त मूढ़पुरुषों ने आत्मा मान रखा है उस प्रसिद्ध अन्नमयादि आत्मा का अनुवाद कर साँचे में ढाले द्रुतताम्रादि प्रतिमा की भाँति पुनः उससे भीतर-उससे भीतर इस प्रकार पूर्व पूर्व के समान उत्तर उत्तर अनात्मा को भी आत्मारूप से ग्रहण कराता है । बोध सरलता की अपेक्षा से सर्वान्तर मुख्य आनन्दमय आत्मा का जो उपदेश किया है, वह युक्तियुक्त ही है । जैसे अनेक अमुख्य अरुन्धती तारा को दिखलाने के बाद अन्त में मुख्य अरुन्धती तारा का दर्शन अरुन्धती निदर्शन में कराया गया है ऐसे ही यहाँ भी आनन्दमय सर्वान्तर होने के कारण मुख्य आत्मा ही है । और जो आप ने कहा कि प्रिय, मोद, प्रमोदादि की शिरस्त्वादि की कल्पना आनन्दमय का मुख्य आत्मा अर्थ मानने पर असंगत हो जाती है, यह भी कोई दोष नहीं है क्योंकि यह तो इससे पूर्व कही गई विज्ञानमय उपाधि से उत्पन्न कल्पना है जो स्वाभाविक नहीं है । आनन्दमय में जो शारीरत्व कहा गया है वह भी आनन्दमयादि शरीर परम्परा से मानना चाहिए, न कि संसारी जीव की भाँति आनन्दमय आत्मा में साक्षात् शारीरत्व है । अतः आनन्दमय पद से परमात्मा ही कहा गया है ॥१२॥

---

१. स्थाता । २. स्वार्थिकमयटा ब्रह्मपरत्वं स्यादित्यत आह—प्रकृतिवचनादिति । ३. विकारवचनः कार्यवाचीत्यर्थः । ४. सहायः संनिधिरिति शेषः ।

(१४) तद्धेतुव्यपदेशाच्च ।।१४।।

तस्मादन्नमयादिशब्दवद्विकारविषय एवानन्दमयशब्द इति चेत्, न। प्राचुर्यार्थेऽपि मयटः स्मरणात्। 'तत्प्रकृतवचने मयट्' (पा० ५-४-२१) इति हि प्रचुरतायामपि मयट् स्मर्यते। यथा 'अन्नमयो यज्ञः' इत्यन्नप्रचुर उच्यते, एवमानन्दप्रचुरं ब्रह्मानन्दमय उच्यते। आनन्दप्रचुरत्वं च ब्रह्मणो मनुष्यत्वादारभ्योत्तरस्मिन्नुत्तरस्मिन्स्थाने शतगुण आनन्द इत्युक्त्वा ब्रह्मानन्दस्य निरतिशयत्वावधारणात्। तस्मात्प्राचुर्यार्थे मयट् ।।१३।।

इतश्च प्राचुर्यार्थे मयट्। यस्मादानन्दहेतुत्वं ब्रह्मणो व्यपदिशति श्रुतिः—'एष ह्येवानन्दयाति' इति। आनन्दयतीत्यर्थः। यो ह्यन्यानानन्दयति स प्रचुरानन्द इति प्रसिद्धं भवति। यथा लोके योऽन्येषां धनिकत्वमापादयति स प्रचुरधन इति गम्यते, तद्वत्। तस्मात्प्राचुर्यार्थेऽपि मयटः सम्भवादानन्दमयः पर एवात्मा ।।१४।।

तत्प्रकृतवचने मयडिति। **तदिति प्रथमासमर्थाच्छब्दात्प्राचुर्यविशिष्टस्य प्रस्तुतस्य वचनेऽभिधाने गम्यमाने मयट्प्रत्ययो भवतीति सूत्रार्थः। अत्र वचनग्रहणात्प्रकृतस्य प्राचुर्यवैशिष्ट्यसिद्धिः, तादृशस्य लोके मयटोऽभिधानात्, यथा 'अन्नमयो यज्ञः' इति। अत्र ह्यन्नं प्रचुरमस्मिन्नित्यन्नशब्दः प्रथमाविभक्तियुक्तस्तस्मान्मयट् यज्ञस्य प्रकृत्यर्थाऽन्नप्राचुर्यवाची दृश्यते, न शुद्धप्रकृतवचन इति ध्येयम् ।।१३।।**

सूत्रस्थचशब्दोऽनुक्तसमुच्चयार्थ इति मत्वा व्याचष्टे—इतश्चेति। **तच्चानुक्तं ब्रह्मानन्दस्य निरतिशयत्वावधारणं पूर्वमुक्तम् ।।१४।।**

विकारशब्दान्नेति चेन्न प्राचुर्यात् (ललिता)

इस पर पूर्वपक्षी कहता है कि आनन्दमय परमात्मा नहीं हो सकता, क्योंकि प्रकरणप्रतिपाद्य आनन्दवाचक शब्द से विकार अर्थ में मयट् प्रत्यय हुआ है। अतः जैसे अन्नादि शब्द में मयट् प्रत्यय विकारार्थक है वैसे ही आनन्द शब्द में भी मयट् प्रत्यय विकार अर्थ में ही हुआ है। ऐसा मानना भी ठीक नहीं क्योंकि प्राचुर्य अर्थ में भी मयट् प्रत्यय का '**तत्प्रकृतवचने मयट्**' इस पाणिनिसूत्र से विधान किया गया है। जब प्राचुर्य अर्थ में भी मयट् प्रत्यय का स्मरण होता है तो जिस प्रकार यह यज्ञ अन्नमय है अर्थात् अन्नप्राचुर्य यह यज्ञ है ऐसा कहा जाता है उसी प्रकार आनन्दबहुल ब्रह्म आनन्दमय पद से कहा गया है। मनुष्यानन्द से लेकर ब्रह्मलोकपर्यन्त उत्तरोत्तर आनन्द का पर्यवसान ब्रह्म में ही होता है इसलिए ब्रह्म में आनन्द का प्राचुर्य है। उस आनन्दमीमांसा प्रसंग में उत्तरोत्तर स्थान में सौ गुणा अधिक आनन्द बतलाकर ब्रह्मानन्द में निरतिशय आनन्द का निश्चय होता है। अतः प्राचुर्य अर्थ में ही मयट् प्रत्यय मानना उचित होगा ।।१३।।

तद्धेतुव्यपदेशाच्च (ललिता)

इसलिए भी प्राचुर्य अर्थ में ही मयट् प्रत्यय मानना चाहिये, क्योंकि श्रुति में ब्रह्म को आनन्द का हेतु कहा गया है। 'यही परमात्मा सबको आनन्द देता है।' जो दूसरे को आनन्द देता है वह निःसन्देह आनन्दप्रचुर है, ऐसी लोक में प्रसिद्धि देखी जाती है और जैसे लोक में जो दूसरों को धनिक बनाता है वह प्रचुर धनवाला है, ऐसा जाना जाता है। अतः प्राचुर्य अर्थ में भी जब मयट् प्रत्यय का होना सम्भव है तो आनन्दमय शब्द का अर्थ मुख्य आत्मा ही होगा ।।१४।।

(१५) मान्त्रवर्णिकमेव च गीयते ॥१५॥

इतश्चानन्दमयः पर एवात्मा। यस्मात् 'ब्रह्मविदाप्नोति परम्' इत्युपक्रम्य 'सत्यं ज्ञानमनन्तं ब्रह्म' (तै० २-१) इत्यस्मिन्मन्त्रे यत्प्रकृतं ब्रह्म सत्यज्ञानानन्तविशेषणैर्निर्धारितं, यस्मादाकाशादिक्रमेण स्थावरजङ्गमानि भूतान्यजायन्त, यच्च भूतानि सृष्ट्वा तान्यनुप्रविश्य गुहायामवस्थितं सर्वान्तरं, यस्य विज्ञानाय 'अन्योऽन्तर आत्मान्योऽन्तर आत्मा' इति प्रक्रान्तं तन्मान्त्रवर्णिकमेव ब्रह्मेह गीयते 'अन्योऽन्तर आत्मानन्दमयः' (तै० २-५) इति। मन्त्रब्राह्मणयोश्चैकार्थत्वं युक्तं, अविरोधात्। अन्यथा हि प्रकृतहानाप्रकृतप्रक्रिये स्याताम्। न चान्नमयादिभ्य इवानन्दमयादन्योऽन्तर आत्माभिधीयते। एतन्निष्ठैव च 'सैषा भार्गवी वारुणी विद्या' (तै० ३-६) तस्मादानन्दमयः पर एवात्मा ॥१५॥

आनन्दमयस्य **ब्रह्मत्वे लिङ्गमुक्त्वा प्रकरणमाह**—मान्त्रेति। **यस्मादेवं प्रकृतं तस्मात्तन्मान्त्रवर्णिकमेव ब्रह्मानन्दमय इति वाक्ये गीयत इति योजना। ननु मन्त्रोक्तमेवात्र ग्राह्यमिति को निर्बन्धः,** तत्राह—मन्त्रेति। **ब्राह्मणस्य [1]मन्त्रव्याख्यानत्वादुपायत्वमस्ति, मन्त्रस्तूपेयः, तदिदमुक्तम्**—अविरोधादिति। **तयोरुपायोपेयभावादित्यर्थः। तर्ह्यन्नमयादीनामपि मान्त्रवर्णिकब्रह्मत्वं स्यादित्यत आह**—न चेति। **किञ्च भृगवे प्रोक्ता, वरुणेनोपदिष्टा भृगुवल्ली [2]पञ्चमपर्यायस्थानन्दे प्रतिष्ठिता। तत्र [3]स्थानन्यायेन [4]तदेकार्थब्रह्मवल्लघा आनन्दमये निष्ठेत्याह**—एतन्निष्ठैवेति ॥१५॥

मान्त्रवर्णिकमेव च गीयते (ललिता)

इसलिए भी आनन्दमय शब्द मुख्य आत्मा का ही वाचक है क्योंकि 'ब्रह्मज्ञानी पर को प्राप्त कर लेता है' यहाँ से प्रसङ्ग प्रारम्भकर 'ब्रह्म सत्य, ज्ञान और अनन्तरूप है' इस मन्त्र में जो प्रकृत ब्रह्म सत्य, ज्ञान और अनन्त विशेषणों से निर्धारित है और जो आकाशादि क्रम से स्थावर, जङ्गम भूतों को उत्पन्न करता है एवं भूतों की सृष्टिकर उसमें प्रविष्ट हो बुद्धिरूप गुहा में अवस्थित सर्वान्तर तत्त्व है, जिसके विज्ञान के लिए 'दूसरा अन्तर आत्मा है दूसरा अन्तर आत्मा है' ऐसा प्रकरण से प्राप्त है, उसी मान्त्रवर्णिक ब्रह्म का गान अग्रिम **'अन्योऽन्तर आत्मानन्दमयः'** इस वाक्य से किया गया है। मन्त्र और ब्राह्मण में एकार्थता युक्तियुक्त ही है क्योंकि ऐकार्थ्य मानने पर विरोध नहीं रह जाता, अन्यथा प्रकृत की हानि और अप्रकृत की प्रक्रिया का प्रसंग आ जायेगा। और अन्नमयादि के भीतर उससे भिन्न तत्त्व का निरूपण जिस प्रकार पहले किया गया है वैसा आनन्दमय से भिन्न उसके भीतर किसी अन्य आत्मा का वर्णन नहीं है प्रत्युत उस आनन्दमय में ही निष्ठ यह **'भार्गवी वारुणी विद्या'** पूर्ण हो जाती है। भृगु ने इस विद्या को प्राप्त किया और वरुण ने उपदेश किया, इसलिए इसे भार्गवी वारुणी विद्या कहते हैं। अतः आनन्दमय शब्द का अर्थ परमात्मा ही है ॥१५॥

---

१. मन्त्रब्राह्मणयोः साध्यसाधनरूपत्वात्। २. पञ्चमपर्यायेति—अन्नं ब्रह्मेति व्यजानादित्यारभ्य आनन्दो ब्रह्मेति व्यजानादित्यादिपञ्चमपर्यायेत्यर्थः। ३. देशसामान्यं स्थानं तद्द्विविधं पाठसादेश्यमनुष्ठानसादेश्यं चेति। तत्र पाठसादेश्यमपि द्विविधं यथासंख्यपाठः संनिधिपाठश्चेति, तत्र यथासंख्यपाठात्मकं स्थानं दृष्टान्तयन्नाह—स्थानन्यायेनेति। ४. तथा भृगुवल्ल्यैकार्थो यस्येति।

(१६) नेतरोऽनुपपत्तेः ॥१६॥

(१७) भेदव्यपदेशाच्च ॥१७॥

इतश्चानन्दमयः पर एवात्मा नेतरः। इतर ईश्वरादन्यः संसारी जीव इत्यर्थः। न जीव आनन्दमयशब्देनाभिधीयते। कस्मात्? अनुपपत्तेः। आनन्दमयं हि प्रकृत्य श्रूयते—'सोऽकामयत। बहु स्यां प्रजायेयेति। स तपोऽतप्यत। स तपस्तप्त्वा। इदꣳ सर्वमसृजत। यदिदं किञ्च' (तै० २-६) इति। तत्र प्राक्शरीराद्युत्पत्तेरभिध्यानं, सृज्यमानानां च विकाराणां स्रष्टुरव्यतिरेकः, सर्वविकारसृष्टिश्च न परस्मादात्मनोऽन्यत्रोपपद्यते ॥१६॥

इतश्च नानन्दमयः संसारी। यस्मादानन्दमयाधिकारे—'रसो वै सः। रसꣳ ह्येवायं लब्ध्वाऽऽनन्दी भवति' (तै० २-७) इति जीवानन्दमयौ भेदेन व्यपदिशति। नहि लब्धैव लब्धव्यो भवति। कथं तर्हि 'आत्मान्वेष्टव्यः' (छा० ८-७-१) 'आत्मलाभान्न परं विद्यते' इति श्रुतिस्मृती, यावता न लब्धैव लब्धव्यो भवतीत्युक्तम्। बाढम्। तथाप्यात्मनो-

---

स ईश्वरः तपः सृष्ट्यालोचनमतप्यत कृतवानित्यर्थः। अभिध्यानं कामना। 'बहु स्याम्' इत्यव्यतिरेकः ॥१६॥

अधिकारे प्रकरणे। स आनन्दमयो रसः। ननु लब्धृलब्धव्यभावेऽप्यभेदः किं न स्यादत आह—नहि लब्धैवेति। ननु लब्धृलब्धव्ययोर्भेदस्यावश्यकत्वे श्रुतिस्मृत्योर्बाधः स्यादित्याशङ्कते—कथमिति। यावता यतस्त्वयेत्युक्तमतः श्रुतिस्मृती कथमित्यन्वयः। उक्तां 'शङ्कामङ्गीकरोति—बाढमिति। तर्ह्यात्मन एवात्मना लभ्यत्वोक्तिबाधः अभेदादित्याशङ्क्य कल्पितभेदान्न बाध इत्याह—तथापीति।

नेतरोऽनुपपत्तेः (ललिता)

और इस कारण से भी आनन्दमय परमात्मा ही है, अन्य नहीं है अर्थात् परमात्मा से भिन्न संसारी जीव आनन्दमय पदवाच्य नहीं है। आनन्दमय शब्द से जीव को क्यों नहीं कहा जाता, इसमें हेतु देते है कि ऐसा मानने पर उस प्रसंग की संगति नहीं बनती। आनन्दमय का प्रसंग प्रारम्भकर सुना जाता है कि 'उसने कामना की कि मैं बहुतरूप में और प्रजारूप में हो जाऊँ, तत्पश्चात् उसने तप किया और तप करने के बाद यह जो कुछ भी स्थावर-जङ्गम जगत् दीखता है, इन सबकी सृष्टि कर डाली।' वहाँ पर शरीरादि की उत्पत्ति से पूर्व अभिध्यान, सृज्यमान विकारों का स्रष्टा से अभेद और सम्पूर्ण विकारसृष्टि—ये सब के सब परमात्मा से भिन्न आनन्दमय को मानने पर असंगत हो जायेंगे ॥१६॥

भेदव्यपदेशाच्च (ललिता)

इसलिए भी आनन्दमयपदवाच्य संसारी जीव नहीं है, क्योंकि आनन्दमय के अधिकार में 'निःसन्देह वह परमात्मा रसस्वरूप है, उसी रस को प्राप्तकर यह जीव आनन्दित होता है' इस श्रुति में जीवात्मा और आनन्दमय को भिन्नरूप से बतलाया है। लब्धा और लब्धव्य एक नहीं होते। यदि कहो कि तब 'आत्मा का अन्वेषण करना चाहिए' 'आत्मलाभ से बड़ा दूसरा लाभ नहीं है'

---

१. अभेदशङ्काम्।

ऽप्रच्युतात्मभावस्यैव सततस्तत्त्वावबोधविविक्तो मिथ्यैव देहादिष्वनात्मस्वात्मत्वनिश्चयो लौकिको दृष्टः। तेन देहादिभूतस्यात्मनोऽप्यात्माऽनन्विष्टोऽन्वेष्टव्योऽलब्धो लब्धव्योऽश्रुतः श्रोतव्योऽमतो मन्तव्योऽविज्ञातो विज्ञातव्य इत्यादिभेदव्यपदेश उपपद्यते। प्रतिषिध्यत एव तु परमार्थतः सर्वज्ञात्परमेश्वरादन्यो द्रष्टा श्रोता वा, 'नान्योऽतोऽस्ति द्रष्टा' (बृ० ३-७-२३) इत्यादिना। परमेश्वरस्त्वविद्याकल्पिताच्छारीरात्कर्तुर्भोक्तुर्विज्ञानात्माख्यादन्यः। यथा मायाविनश्चर्मखड्गधरात्सूत्रेणाकाशमधिरोहतः स एव मायावी परमार्थरूपो भूमिष्ठोऽन्यः। यथा वा घटाकाशादुपाधिपरिच्छिन्नादनुपाधि(र)परिच्छिन्न आकाशोऽन्यः। ईदृशं च विज्ञानात्मपरमात्मभेदमाश्रित्य 'नेतरोऽनुपपत्तेः' 'भेदव्यपदेशाच्च' इत्युक्तम् ॥१७॥

अभेदेऽपीत्यर्थः। लौकिकः भ्रमः। आत्मनः स्वाज्ञानजभ्रमेण देहाद्यभिन्नस्य भेदभ्रान्त्या परमात्मनो ज्ञेयत्वाद्युक्तिरित्यर्थः। अन्वेष्टव्यो देहादिविविक्ततया ज्ञेयः, विवेकज्ञानेन लब्धव्यः साक्षात्कर्तव्यः, तदर्थं श्रोतव्यः, विज्ञानं निदिध्यासनं साक्षात्कारो वा, श्रुत्यन्तरस्थार्थानुवादादपौनरुक्त्यम्। ननु भेदः सत्य एवास्तु, तत्राह—प्रतिषिध्यत इति। अत ईश्वराद्द्रष्टा जीवोऽन्यो नास्तीति चेज्जीवाभेदादीश्वरस्यापि मिथ्यात्वं स्यादत आह—परमेश्वर इति। अविद्याप्रतिबिम्बत्वेन कल्पिताज्जीवाच्चिन्मात्र ईश्वरः पृथगस्तीति न मिथ्यात्वम्। कल्पितस्याधिष्ठानाभेदेऽप्यधिष्ठानस्य ततो भेद इत्यत्र दृष्टान्तमाह—यथेति। सूत्रारूढः स्वतोऽपि मिथ्या, न जीव इत्यरुच्या भेदमात्रमिथ्यात्वे दृष्टान्तान्तरमाह—यथा वेति। ननु सूत्रबलाद्भेदः सत्य इत्यत आह—ईदृशं चेति। कल्पितमेवेत्यर्थः। सूत्रे भेदः सत्य इति पदाभावात्, 'तदनन्यत्व–' (ब्र०सू० २-१-१४) इत्यादि[1]सूत्रणाच्छ्रु[2]त्यनुसाराच्चेति भावः ॥१७॥

यह श्रुति-स्मृति कैसे सुसंगत हो सकेगी यदि लब्धा लब्धव्य न हो तो? आप का यह कहना ठीक है। वहाँ पर जो आत्मा अपने स्वरूप से कभी प्रच्युत नहीं होता उस तत्व का बोध न होने के कारण देहादि अनात्मवस्तु में मिथ्या ही आत्मत्वनिश्चय लौकिकपुरुषों का देखा गया है। उस दृष्टि को लेकर देहादिरूप आत्मा में जो वस्तुतः अनुप्रविष्ट नहीं है, उसके अन्वेषण के लिए कहा गया है, जो मिथ्याज्ञान के कारण अप्राप्त हो गया है, अश्रुत है, अमत है, अविज्ञात है; उसकी प्राप्ति के लिए, श्रवण, मनन और विज्ञान के लिए श्रुतियों में भेद उपदेश किया गया है, क्योंकि परमार्थतः सर्वज्ञ परमात्मा से भिन्न द्रष्टा और श्रोता का निषेध 'नान्योऽतोऽस्ति द्रष्टा' इत्यादि वाक्यों से किया गया है। परमेश्वर तो अविद्याकल्पित शरीराभिमानी कर्ता-भोक्ता जीव से भिन्न ही है। जिस प्रकार ढाल और तलवार लिए हुए मायावी से निकलकर धागा आकाश की ओर जाता है और उसमें मायावी चढ़ा हुआ भी दीखता है किन्तु उस मायावी से परमार्थरूपमायावी भूमिस्थ भिन्न ही है। और जैसे घटादि उपाधिपरिच्छिन्न घटाकाश से निरुपाधिक अपरिच्छिन्न आकाश भिन्न ही होता है ऐसे ही जीव और परमात्मा में औपाधिक भेद मानकर पूर्वोक्त 'नेतरोऽनुपपत्तेः' और 'भेदव्यपदेशाच्च' ये दोनों सूत्र कहे गये हैं ॥१७॥

---

१. अस्मिन्नस्येत्यादि सूत्रणात्। २. नान्योऽतोऽस्ति द्रष्टेत्यादिश्रुतिः।

(१८) कामाच्च नानुमानापेक्षा ॥१८॥

(१९) अस्मिन्नस्य च तद्योगं शास्ति ॥१९॥

आनन्दमयाधिकारे च 'सोऽकामयत बहु स्यां प्रजायेय' (तै० २-६) इति कामयितृत्वनिर्देशान्नानुमानिकमपि सांख्यपरिकल्पितमचेतनं प्रधानमानन्दमयत्वेन कारणत्वेन वापेक्षितव्यम् । 'ईक्षतेर्नाशब्दम्' (ब्र.सू. १-१-५) इति निराकृतमपि प्रधानं पूर्वसूत्रोदाहृतां कामयितृत्वश्रुतिमाश्रित्य प्रसङ्गात्पुनर्निराक्रियते गतिसामान्यप्रपञ्चनाय ॥१८॥

इतश्च न प्रधाने जीवे वाऽऽनन्दमयशब्दः । यस्मादस्मिन्नानन्दमये । प्रकृत आत्मनि प्रतिबुद्धस्यास्य जीवस्य तद्योगं शास्ति । तदात्मना योगस्तद्योगः, तद्भावापत्तिः । मुक्तिरित्यर्थः । तद्योगं शास्ति शास्त्रम्—'यदा ह्येवैष एतस्मिन्नदृश्येऽनात्म्येऽनिरुक्तेऽनिलयनेऽभयं प्रतिष्ठां विन्दते । अथ सोऽभयं गतो भवति । यदा ह्येवैष एतस्मिन्नुदरमन्तरं कुरुते । अथ तस्य भयं भवति' (तै० २-७) इति । एतदुक्तं भवति—यदैतस्मिन्नानन्दमये-

---

नन्वानन्दात्मकसत्त्वप्रचुरं[1] प्रधानमानन्दमयमस्तु, तत्राह—कामाच्चेति । अनुमानगम्यमानुमानिकम् । पुनरुक्तिमाशङ्क्याह—ईक्षतेरिति ॥१८॥

अस्मिन्निति विषयसप्तमी । आनन्दमयविषयकप्रबोधवतो जीवस्य तद्योगं यस्माच्छास्ति तस्मान्न प्रधानमिति योजना । जीवस्य [2]'प्रधानयोगोऽप्यस्तीत्यत आह—तदात्मनेति । 'जीवस्य जीवाभेदोऽस्तीत्यत आह—मुक्तिरिति । अदृश्ये स्थूलप्रपञ्चशून्ये, आत्मसम्बन्धमात्म्यं लिङ्गशरीरं तद्रहिते, निरुक्तं शब्दशक्यं तद्भिन्ने, निःशेषलयस्थानं निलयनं माया तच्छून्ये ब्रह्मणि, अभयं यथा स्यात्तथा

कामाच्च नानुमानापेक्षा (ललिता)

आनन्दमय के अधिकार में 'उसने कामना की, मैं बहुत हो जाऊँ और प्रजारूप से उत्पन्न होऊँ' इस प्रकार कामयितृत्व का निर्देश होने के कारण अनुमानसिद्ध सांख्यपरिकल्पित अचेतन प्रधान भी आनन्दमयपदवाच्य नहीं हो सकता और न वह जगत्कारणरूप से ही अपेक्षित है । यद्यपि **'ईक्षतेर्नाशब्दम्'** इस सूत्र से प्रधान में जगत्कारणत्व का निषेध कर दिया गया है, अतः प्रधान-जगत्कारण निराकृत हो चुका है फिर भी गतिसामान्य के विस्तारार्थ पूर्वसूत्र में उदाहृत कामयितृत्वश्रुति का आश्रय लेकर प्रसंगवश पुनः प्रधानजगत्कारणता का निराकरण किया जाता है । अतः पुनरुक्ति की आशङ्का नहीं कर सकते ॥१८॥

अस्मिन्नस्य च तद्योगं शास्ति (ललिता)

इसलिए भी न प्रधान और न जीव ही आनन्दमयपदवाच्य हो सकता है, क्योंकि इस प्रकृत आनन्दमय आत्मा में प्रतिबुद्ध इस जीव का आनन्दमय के साथ सम्बन्ध का उपदेश है । तदात्मना योग को तद्योग कहते है जिसे तद्भावापत्ति और मुक्ति भी कहा गया है । ऐसा तद्योग का उपदेश 'जब यह मुमुक्षु इस स्थूलप्रपञ्चशून्य, लिङ्गशरीररहित, निर्वचन किये जाने से पृथक्, निःशेष

---

१. सत्वादिरूपत्वेन प्रधानस्येति शेषः । २. वृत्तिकारनये भेदस्य तात्त्विकत्वादाह—जीवस्येत्यादि । 'जीवस्य ब्रह्माभेदो नास्तीत्यत आह' इत्यपि पाठान्तरं क्वचिद्दृश्यते ।

ऽल्पमप्यन्तरमतादात्म्यरूपं पश्यति तदा संसारभयान्न निवर्तते। यदा त्वेतस्मिन्नानन्दमये निरन्तरं तादात्म्येन प्रतितिष्ठति तदा संसारभयान्निवर्तत इति। तच्च परमात्मपरिग्रहे घटते, न प्रधानपरिग्रहे जीवपरिग्रहे वा। तस्मादानन्दमयः परमात्मेति स्थितम्।

इदं त्विह वक्तव्यम्—'स वा एष पुरुषोऽन्नरसमयः'। 'तस्माद्वा एतस्मादन्नरसमयात्। अन्योऽन्तर आत्मा प्राणमयः' 'तस्मात् अन्योऽन्तर आत्मा मनोमयः' 'तस्मात् अन्योऽन्तर आत्मा विज्ञानमयः' (तै० २-१,२,३,४) इति च विकारार्थे मयट्प्रवाहे सत्यानन्दमय एवाकस्मादर्धजरतीयन्यायेन कथमिव मयटः प्राचुर्यार्थत्वं ब्रह्मविषयत्वं चाश्रीयत इति। मान्त्रवर्णिकब्रह्माधिकारादिति चेत्, न। अन्नमयादीनामपि तर्हि ब्रह्मत्वप्रसङ्गः। अत्राह—युक्तमन्नमयादीनामब्रह्मत्वं, तस्मात्तस्मादान्तरस्यान्तरस्यान्यस्यान्यस्यात्मन उच्यमानत्वात्, आनन्दमयात्तु न कश्चिदन्य आन्तर आत्मोच्यते, तेनानन्दमयस्य ब्रह्मत्वम्, अन्यथा प्रकृतहानाप्रकृतप्रक्रियाप्रसङ्गादिति। अत्रोच्यते—यद्यप्यन्नमयादिभ्य इवानन्द-

---

यदैव प्रतिष्ठां मनसः प्रकृष्टां वृत्तिमेव विद्वांल्लभते अथ तदैवाभयं ब्रह्म प्राप्नोतीत्यर्थः। उत् अपि अरमल्पमप्यन्तरं भेदं यदैवैष नरः पश्यति, अथ तदा तस्य भयमिति योजना इति।

वृत्तिकारमतं दूषयति—इदं त्विति। इह परव्याख्यायां, विकारार्थके मयटि बुद्धिस्थे सत्यकस्मात्कारणं विना एकप्रकरणस्थस्य मयटः पूर्वं विकारार्थकत्वं, अन्ते प्राचुर्यार्थकत्वमित्यर्धजरतीयं कथमिव केन दृष्टान्तेनाश्रीयत इतीदं वक्तव्यमित्यन्वयः। प्रश्नं मत्वाशङ्कते—मान्त्रेति। स्फुटमुत्तरम्। किमान्तर इति न श्रूयते, किं वा वस्तुतोऽप्यान्तरं ब्रह्म न श्रूयत इति विकल्प्य आद्यमङ्गीकरोति—अत्रोच्यते-यद्य-

---

विलयस्थान ब्रह्म में अभय प्राप्त कर लेता है, तभी मन की उत्कृष्ट प्रतिष्ठा को अर्थात् अभयब्रह्म को विद्वान् प्राप्त कर जाता है और जब यह साधक उसमें थोड़ा भी भेद देखता है, तब उसे भय होता है' इस शास्त्र ने किया है। तात्पर्य यह है कि जब इस आनन्दमय में थोड़ा भी भेद अर्थात् अतादात्म्यरूप को देखता है, तब संसारभय से नहीं छूटता और जिस समय इस आनन्दमय में भेदरहित तादात्म्यरूप से प्रतिष्ठा प्राप्त करता है, तब संसारभय से छूट जाता है। यह शास्त्रादेश आनन्दमय पद का अर्थ परमात्मा मानने पर ही घटता है, प्रधान या जीव अर्थ मानने पर नहीं। अतः आनन्दमय का अर्थ परमात्मा ही है, यह सिद्ध हुआ।

यहाँ यह कहना आवश्यक है कि 'वही यह पुरुष अन्नरसमय है' 'उसी इस अन्नरसमयपुरुष से भिन्न अन्तरात्मा प्राणमय है' 'उससे भिन्न आत्मा मनोमय है' 'उससे भिन्न अन्तरात्मा विज्ञानमय है' इन सभी पर्यायों में जब विकारार्थक मयट् प्रत्यय है, तो भला इस प्रवाह में पढ़ा गया आनन्दमय पद में पड़े हुए मयट् प्रत्यय का अकस्मात् अर्धजरतीय न्याय से प्राचुर्यार्थत्व और ब्रह्मविषयत्व का आश्रय कैसे ले सकोगे? यदि कहो कि मान्त्रवर्णिक में ब्रह्म का अधिकार होने से हम मयट् प्रत्यय का प्राचुर्य अर्थ करते हैं। तो ऐसा कहना ठीक नहीं, क्योंकि तब तो अन्नमयादि में भी ब्रह्मत्व का प्रसंग आ जायेगा। यदि कहो कि अन्नमयादि को ब्रह्म नहीं कहना युक्तियुक्त ही है क्योंकि उन सबके भीतर दूसरे दूसरे आत्मा का उपदेश किया गया है किन्तु आनन्दमय के भीतर कोई अन्य आत्मा नहीं कहा गया है। इसलिए आनन्दमय में ब्रह्मत्व है और कदाचित् ऐसा न माना जाय तो प्रकृतहान और अप्रकृतप्रक्रिया की प्रसक्ति होगी?

मयादन्योऽन्तर आत्मेति न श्रूयते तथापि नानन्दमयस्य ब्रह्मत्वं, यत आनन्दमयं प्रकृत्य श्रूयते—'तस्य प्रियमेव शिरः। मोदो दक्षिणः पक्षः। प्रमोद उत्तरः पक्षः। आनन्द आत्मा। ब्रह्म पुच्छं प्रतिष्ठा' (तै० २-५) इति। तत्र यद्ब्रह्म मन्त्रवर्णे प्रकृतम्—'सत्यं ज्ञानमनन्तं ब्रह्म' इति, तदिह 'ब्रह्म पुच्छं प्रतिष्ठा' इत्युच्यते। तद्विजिज्ञापयिषयैवान्नमयादय आनन्दमयपर्यन्ताः पञ्चकोशाः कल्प्यन्ते। तत्र कुतः प्रकृतहानाऽप्रकृतप्रक्रियाप्रसङ्गः। नन्वानन्दमयस्यावयवत्वेन 'ब्रह्म पुच्छं प्रतिष्ठा' इत्युच्यते, अन्नमयादीनामिव 'इदं पुच्छं प्रतिष्ठा' इत्यादि। तत्र कथं ब्रह्मणः स्वप्रधानत्वं शक्यं विज्ञातुम्? प्रकृतत्वादिति ब्रूमः। नन्वानन्दमयावयवत्वेनापि ब्रह्मणि विज्ञायमाने न प्रकृतत्वं हीयते, आनन्दमयस्य ब्रह्मत्वादिति। अत्रोच्यते—तथा सति तदेव ब्रह्मानन्दमय आत्मावयवी,

पीति। विकारप्रायपाठानुगृहीतमयट्श्रुतेः सावयवत्वलिङ्गाच्चेत्याह—तथापीति। इष्टार्थस्य दृष्ट्या जातं सुखं प्रियं, स्मृत्या मोदः, स चाभ्यासात्प्रकृष्टः प्रमोदः, आनन्दस्तु कारणं, बिम्बचैतन्यमात्मा, शिरःपुच्छयोर्मध्यकायः ब्रह्म शुद्धमिति श्रुत्यर्थः। द्वितीयं प्रत्याह—तत्र यदिति। यन्मन्त्रे प्रकृतं गुहानिहितत्वेन सर्वान्तरं ब्रह्म, तदिह पुच्छवाक्ये ब्रह्मशब्दात्प्रत्यभिज्ञायते। तस्यैव विज्ञापनेच्छया पञ्चकोशरूपा गुहा प्रपञ्चिता। तत्र तात्पर्यं नास्तीति वक्तुं कल्प्यन्त इत्युक्तम्। एवं पुच्छवाक्ये प्रकृत[1]स्वप्रधानब्रह्मपरे सति न प्रकृतहान्यादिदोष इत्यर्थः। ब्रह्मणः प्रधानत्वं पुच्छश्रुतिविरुद्धमिति शङ्कते—नन्विति। अत्र ब्रह्मशब्दात्प्रकृतस्वप्रधानब्रह्मप्रत्यभिज्ञाने सति पुच्छशब्दविरोधप्राप्तौ, एकस्मिन्वाक्ये प्रथमचरमश्रुतशब्दयोराद्यस्यानुपसंजातविरोधिनो बलीयस्त्वात्, पुच्छशब्देन प्राप्तगुणत्वस्य बाध इति मत्वाह—प्रकृतत्वादिति। प्रकरणस्यान्यथासिद्धिमाह—नन्विति। एकस्यैव गुणत्वं प्रधानत्वं च विरुद्धमित्याह—अत्रोच्यत इति। तत्र विरोधनिरासायान्यतरस्मिन्वाक्ये ब्रह्मस्वीकारे पुच्छवाक्ये

इस पर हम सिद्धान्ती का कहना है कि यद्यपि अन्नमयादि की भाँति आनन्दमय के भीतर उससे भिन्न आत्मा नहीं सुना जाता है फिर भी आनन्दमय में ब्रह्मत्व सिद्ध नहीं हो सकता क्योंकि आनन्दमय के प्रसंग में सुना जाता है कि 'प्रिय ही उसका शिर है, मोद दक्षिणपक्ष है, प्रमोद उत्तरपक्ष है और शुद्धब्रह्म पुच्छ है।' इस स्थिति में जो 'सत्यं ज्ञानमनन्तं ब्रह्म' इस वाक्य द्वारा मन्त्रवर्ण में प्रकृत था वही मान्त्रवर्णिक ब्रह्म यहाँ पर 'पुच्छं प्रतिष्ठा' पद से कहा गया है। उसी का विशेषरूप से बोध कराने के लिए अन्नमय से लेकर आनन्दमयपर्यन्त पञ्चकोशों की कल्पना की गयी है। ऐसी अवस्था में प्रकृतहान और अप्रकृतप्रक्रिया की प्रसक्ति का प्रसंग ही कहाँ आता है।

यह कहो कि आनन्दमय के अवयवरूप से 'ब्रह्म पुच्छं प्रतिष्ठा' कहा गया है, जैसे अन्नमयादि कोशों में पुच्छ और प्रतिष्ठा की चर्चा है, वैसे ही आनन्दमय में भी है; ऐसी स्थिति में ब्रह्म का उपदेश स्वप्रधानत्वरूप से कैसे समझा जाय? 'सत्यं ज्ञानमनन्तं ब्रह्म' इत्यादि प्रसंग ब्रह्म का है, इसलिए हम ब्रह्म का उपदेश स्वप्रधानत्वरूप से कहते हैं। यदि कहो कि आनन्दमय के अवयवरूप मे भी ब्रह्म को विज्ञात मानें तो भी प्रकृत की हानि तो होती नहीं क्योंकि आनन्दमय ही तो ब्रह्म है? इस पर हम सिद्धान्ती का कहना है कि ऐसा मानने पर वही ब्रह्म आनन्दमय आत्मा अवयवी

१. आनन्दमयनिष्ठावयवितानिरूपितावयवताश्रयत्वेन ब्रह्मण इत्यर्थः। २. दर्शनेन। ३. स्व च तत्प्रधानं च स्वप्रधानं तच्च तद्ब्रह्मेति विग्रहः।

तदेव च ब्रह्मपुच्छं प्रतिष्ठावयव इत्यसामञ्जस्यं स्यात् । अन्यतरपरिग्रहे तु युक्तं 'ब्रह्म पुच्छं प्रतिष्ठा' इत्यत्रैव ब्रह्मनिर्देश आश्रयितुं, ब्रह्मशब्दसंयोगात् । नानन्दमयवाक्ये ब्रह्मशब्दसंयोगाभावादिति । अपिच 'ब्रह्म पुच्छं प्रतिष्ठा' इत्युक्त्वेदमुच्यते—'तदप्येष श्लोको भवति । असन्नेव स भवति । असद्ब्रह्मेति वेद चेत् । अस्ति ब्रह्मेति चेद्वेद । सन्तमेनं ततो विदुः' (तै० २-६) इति । अस्मिंश्च श्लोकेऽननुकृष्यानन्दमयं, ब्रह्मण एव भावाभाववेदनयोर्गुणदोषाभिधानाद्गम्यते—'ब्रह्म पुच्छं प्रतिष्ठा' इत्यत्र ब्रह्मण एव स्वप्रधानत्वमिति । न चानन्दमयस्यात्मनो भावाभावशङ्का युक्ता, प्रियमोदादिविशेषस्यानन्दमयस्य सर्वलोकप्रसिद्धत्वात् । कथं पुनः स्वप्रधानं सद्ब्रह्म, आनन्दमयस्य पुच्छत्वेन निर्दिश्यते—'ब्रह्म पुच्छं प्रतिष्ठा' इति । नैष दोषः । पुच्छवत्पुच्छं, प्रतिष्ठा परायणमेकनीडं लौकिकस्यानन्दजातस्य ब्रह्मानन्द इत्येतदनेन विवक्ष्यते, नावयवत्वं, 'एतस्यैवानन्दस्यान्यानि भूतानि मात्रामुपजीवन्ति' (बृ० ४-३-३२) इति श्रुत्यन्तरात् । अपिच आनन्दमयस्य ब्रह्मत्वे प्रियाद्यवयवत्वेन सविशेषं ब्रह्माभ्युपगन्तव्यम् । निर्विशेषं

ब्रह्म स्वीकार्यमित्याह—अन्यतरेति । वाक्यशेषाच्चैवमित्याह—अपिचेति । तत्तत्र ब्रह्मणि श्लोकोऽपीत्यर्थः । पुच्छशब्दस्य गतिं पृच्छति—कथं पुनरिति । त्वयापि पुच्छशब्दस्य मुख्यार्थो वक्तुमशक्यः, ब्रह्मण आनन्दमयलाङ्गूलत्वाभावात् । पुच्छदृष्टिलक्षणायां चाधारलक्षणा युक्ता, प्रतिष्ठापदयोगात्, ब्रह्मशब्दस्य मुख्यार्थलाभाच्च । स्वपक्षे ब्रह्मपदस्याप्यवयवलक्षकत्वादित्याह—नैष दोष इति । पुच्छमित्याधारत्वमात्रमुक्तम् । प्रतिष्ठेत्येकनीडत्वम् । एकं मुख्यं नीडमधिष्ठानं सोपादानस्य जगत इत्यर्थः । ननु वृत्तिकारैरपि तैत्तिरीयवाक्यं ब्रह्मणि समन्वितमिष्टं, तत्र किमुदाहरणभेदेनेत्याशङ्क्याह—अपिचेति । यत्र सविशेषत्वं तत्र वाङ्मनसगोचरत्वमिति व्याप्तेरत्र व्यापकाभावोक्त्या निर्विशेषमुच्यत इत्याह—निर्विशेषमिति । निवर्तन्ते अशक्ता इत्यर्थः । सविशेषस्य मृषात्वादभयं चायुक्तम् ।

है और वही ब्रह्म पुच्छं प्रतिष्ठा रूप में अवयव भी है, यह सामञ्जस्य नहीं होगा । इन दोनों में से एक पक्ष स्वीकार करने पर तो 'ब्रह्म पुच्छ प्रतिष्ठा' इस वाक्य में ही ब्रह्मनिर्देश मानना उचित होगा क्योंकि आनन्दमय वाक्य में ब्रह्म शब्द का संयोग नहीं है और पुच्छ वाक्य में ब्रह्म शब्द का सम्बन्ध है । एक और भी बात है कि 'ब्रह्म पुच्छं प्रतिष्ठा' कहने के बाद यह भी कहा है कि 'इस अर्थ में ही यह मन्त्र है जो ब्रह्म को असत् जानता है वह असत् ही हो जाता है और जो ब्रह्म को सत् जानता है उसे सन्त समझना चाहिए ।' इस श्लोक में आनन्दमय का अनुकर्षण न कर ब्रह्म की सत्ता मानने पर गुण और सत्ता न मानने पर दोष का जो कथन है इससे यही जान पड़ता है कि 'ब्रह्म पुच्छं प्रतिष्ठा' इस वाक्य में ब्रह्म का ही स्वप्रधानत्व है और आनन्दमय आत्मा के भावाभाव की शङ्का भी नहीं होती है क्योंकि प्रियमोदादि विशेषयुक्त 'आनन्दमयः' लोकप्रसिद्ध है, उसे तो सभी जानते और सभी मानते हैं ।

स्वप्रधान होता हुआ ब्रह्म आनन्दमय के पुच्छ रूप में 'ब्रह्म पुच्छं प्रतिष्ठा' इस वाक्य द्वारा क्यों बतलाया गया ? यह कोई दोष नहीं है क्योंकि पुच्छ की भाँति आनन्दमय की पुच्छ प्रतिष्ठा अर्थात् परायण, एकमात्र लौकिक आनन्दसमुदाय का अधिष्ठान ब्रह्मानन्द ही तो है इस वाक्य के द्वारा ऐसा कहना अभीष्ट है न को अवयवरूप में बतलाना अभीष्ट है । 'इसी आनन्द की मात्रा को लेकर अन्य सभी भूत जीवित रहते हैं' इस बृहदारण्यक श्रुति में भी ऐसा ही कहा है । इसके अतिरिक्त

तु ब्रह्म वाक्यशेषे श्रूयते, वाङ्मनसयोरगोचरत्वाभिधानात्—'यतो वाचो निवर्तन्ते। अप्राप्य मनसा सह। आनन्दं ब्रह्मणो विद्वान्। न बिभेति कुतश्चनेति' (तै० २-९)। अपिच आनन्दप्रचुर इत्युक्ते दुःखास्तित्वमपि गम्यते प्राचुर्यस्य लोके प्रतियोग्यल्पत्वापेक्षत्वात्। तथाच सति, 'यत्र नान्यत्पश्यति नान्यच्छृणोति नान्यद्विजानाति स भूमा' (छा० ७-२४-१) इति भूम्नि ब्रह्मणि तद्व्यतिरिक्ताभावश्रुतिरुपरुध्येत। प्रतिशरीरं च प्रियादिभेदादानन्दमयस्यापि भिन्नत्वम्। ब्रह्म तु न प्रतिशरीरं भिद्यते, 'सत्यं ज्ञानमनन्तं ब्रह्म' (तै० २-१) इत्यानन्त्यश्रुतेः, 'एको देवः सर्वभूतेषु गूढः सर्वव्यापी सर्वभूतान्तरात्मा' (श्वे० ६-११) इति च श्रुत्यन्तरात्। न चानन्दमयस्याभ्यासः श्रूयते। प्रातिपदिकार्थमात्रमेव हि सर्वत्राभ्यस्यते—'रसो वै सः, रसꣳ ह्येवायं लब्ध्वाऽऽनन्दी भवति, को ह्येवान्यात्कः प्राण्यात्, यदेष आकाश आनन्दो न स्यात्' 'सैषानन्दस्य मीमाꣳसा भवति'। 'आनन्दं ब्रह्मणो विद्वान् न बिभेति कुतश्चनेति' (तै० २-७, ८, ९) 'आनन्दो

अतो निर्विशेषज्ञानार्थं पुच्छवाक्यमेवोदाहरणमिति भावः। प्राचुर्यार्थकमयटा सविशेषोक्तौ निर्विशेषश्रुतिबाध उक्तः। दोषान्तरमाह—अपिचेति। प्रत्ययार्थत्वेन प्रधानस्य प्राचुर्यस्य प्रकृत्यर्थो विशेषणं, विशेषणस्य यः प्रतियोगी विरोधीति तस्याल्पत्वमपेक्षते, यथा विप्रमयो ग्राम इति शूद्राल्पत्वम्। अस्तु को दोषः, तत्राह—तथाचेति। प्रकृत्यर्थप्राधान्ये त्वयं दोषो नास्ति, प्रचुरप्रकाशः सवितेत्यत्र तमसोऽल्पस्याप्यभानात्। परंत्वानन्दमयपदस्य प्रचुरानन्दलक्षणादोषः स्यादिति मन्तव्यम्। किञ्च भिन्नत्वाद्घटवन्न ब्रह्मतेत्याह—प्रतिशरीरमिति। नन्वभ्यस्यमानानन्दपदं लक्षणयानन्दमयपरमित्य-

---

आनन्दमय को ब्रह्म मानने पर प्रियादि वृत्ति को अवयवरूप से कहे जाने के कारण उस ब्रह्म को सविशेष मानना होगा। किन्तु वाक्यशेष में निर्विशेष ब्रह्म सुना जाता है जिसे 'यतो वाचो निवर्तन्ते अप्राप्य मनसा सह' इस वाक्य द्वारा मन और वाणी का अविषय कहा है और 'ब्रह्म के आनन्द को जानने वाला ज्ञानी किसी से भयभीत नहीं होता' इस वाक्य द्वारा ज्ञानी को भय से जो मुक्ति कही गयी है उससे भी निर्विशेष ब्रह्म ही इस प्रसंग का प्रतिपाद्य अर्थ सिद्ध होता है। और आनन्दमय पद का अर्थ आनन्दप्रचुर माना जाय, तो इससे दुःखाल्पत्व भी जाना जाता है क्योंकि लोक में जहाँ प्राचुर्य कहा जाता है वहाँ उसके विरोधीवस्तु के अल्पत्व की भी अपेक्षा बनी रहती है, तथा दुःखाल्पत्व मानने पर 'जहाँ दूसरे को देखता नहीं, दूसरे को सुनता नहीं और न दूसरे को जानता है वह भूमा है' इस श्रुति के द्वारा भूमा ब्रह्म में उससे भिन्न वस्तु का अभाव जो सुना गया है उस अभाव की बोधक श्रुति भी उपरुद्ध होने लग जायेगी। प्रियादि भेद से आनन्दमय का प्रतिशरीर में भेद भी है, किन्तु ब्रह्म प्रतिशरीर भिन्न नहीं है क्योंकि 'वह सत्य, ज्ञान और (देशकालवस्तु परिच्छेद से शून्य) अनन्त है' ऐसी आनन्त्यश्रुति भी है और 'सम्पूर्ण भूतों में छिपा हुआ, सर्वव्यापक, सर्वभूतान्तरात्मा देव एक ही है' इस अन्य श्रुति में भी कहा है। आनन्दमय शब्द की पुनरावृत्ति भी नहीं देखी जाती, क्योंकि सर्वत्र आनन्दमय के प्रातिपदिक जो आनन्द है, केवल उसी का अभ्यास सुना जाता है। 'निःसन्देह वह परमात्मा रसस्वरूप है और उसी रस को प्राप्तकर जीव आनन्दित होता है, भला कौन स्वाँस-निःस्वाँस भी ले सकता था, यदि यह अपरिछिन्न आनन्द नहीं होता, यह परमात्मा ही सबको आनन्द देता है' 'उस आनन्द की मीमांसा होती है' 'ब्रह्म के आनन्द को जानने वाला विद्वान्

ब्रह्मेति व्यजानात्' (तै० ३-६) इति च । यदि चानन्दमयशब्दस्य ब्रह्मविषयत्वं निश्चितं भवेत्, तत उत्तरेष्वानन्दमात्रप्रयोगेष्वप्यानन्दमयाभ्यासः कल्प्येत । न त्वानन्दमयस्य ब्रह्मत्वमस्ति, प्रियशिरस्त्वादिभिर्हेतुभिरित्यवोचाम । तस्माच्छ्रुत्यन्तरे 'विज्ञानमानन्दं ब्रह्म' (बृ० ३-९-२८) इत्यानन्दप्रातिपदिकस्य ब्रह्मणि प्रयोगदर्शनात्, 'यदेष आकाश आनन्दो न स्यात्' इत्यादिर्ब्रह्मविषयः प्रयोगो न त्वानन्दमयाभ्यास इत्यवगन्तव्यम् । यस्त्वयं मयडन्तस्यैवानन्दशब्दस्याभ्यासः—'एतमानन्दमयमात्मानमुपसंक्रामति' (तै० २-८) इति न तस्य ब्रह्मविषयत्वमस्ति, विकारात्मनामेवान्नमयादीनामनात्मनामुपसंक्रमितव्यानां प्रवाहे पठितत्वात् । नन्वानन्दमयस्योपसंक्रमितव्यस्यान्नमयादिवदब्रह्मत्वे सति नैव विदुषो ब्रह्मप्राप्तिफलं निर्दिष्टं भवेत् । नैष दोषः । आनन्दमयोपसंक्रमणनिर्देशेनैव पुच्छप्रतिष्ठाभूतब्रह्मप्राप्तेः फलस्य निर्दिष्टत्वात् । 'तदप्येष श्लोको भवति । यतो वाचो निवर्तन्ते' इत्यादिना च प्रपञ्च्यमानत्वात् । या त्वानन्दमयसन्निधाने 'सोऽकामयत बहु स्यां प्रजायेय' इति इयं श्रुतिरुदाहृता सा 'ब्रह्म पुच्छं प्रतिष्ठा' इत्यनेन सन्निहिततरेण ब्रह्मणा सम्बध्यमाना नानन्दमयस्य ब्रह्मतां प्रतिबोधयति । तदपेक्षत्वाच्चोत्तरस्य ग्रन्थस्य 'रसो

भ्याससिद्धिरित्यत आह—यदिचेति । आनन्दमयस्य ब्रह्मत्वे निर्णीते सत्यानन्दपदस्य तत्परत्वज्ञानादभ्याससिद्धिः, तत्सिद्धौ तन्निर्णय इति परस्पराश्रय इति भावः । अयमभ्यासः पुच्छब्रह्मण इत्याह—तस्मादिति । 'उपसंक्रमणं बाधः । ननु 'स य एवंवित्' इति ब्रह्मविदं प्रक्रम्योपसंक्रमणवाक्येन फलं निर्दिश्यते तत्तस्याब्रह्मत्वे न सिध्यतीति शङ्कते—नन्विति । उपसंक्रमणं प्राप्तिरित्यङ्गीकृत्य 'विशिष्टप्राप्त्युक्त्या 'विशेषणप्राप्तिः फलमुक्तमित्याह—नैष इति । ज्ञानेन कोशानां बाधस्तदिति सिद्धान्ते बाधावधिप्रत्यगानन्दलाभोऽर्थादुक्त उत्तरश्लोकेन स्फुटीकृत इत्याह—तदपीति । तदपेक्षत्वादिति ।

किसी से डरता नहीं' 'आनन्द ही ब्रह्म है ऐसा भृगु ने जाना' इत्यादि । यदि यहाँ पर आनन्दमय शब्द का अर्थ ब्रह्म निश्चित हो जाता, तो आगे भी जहाँ जहाँ आनन्द शब्द आया है उस अभ्यास में आनन्दमय की कल्पना कर सकते थे किन्तु आनन्दमय में ब्रह्मत्व का निश्चय होता ही नहीं क्योंकि उसके शिर और पंख आदि में प्रियत्वादि की कल्पना की गयी है, ऐसा हम पहले भी कह आये हैं । अतः श्रुत्यन्तर में 'ब्रह्म विज्ञान और आनन्दरूप है' इस वाक्य द्वारा ब्रह्म में आनन्द प्रातिपदिकमात्र का प्रयोग देखा जाता है । 'यदि यह निरवच्छिन्न आकाशसदृश आनन्द न होता' इत्यादि ब्रह्मविषयक प्रयोग है, न कि आनन्दमय का अभ्यास है, ऐसा समझना चाहिए । यदि कहो कि '**एतमानन्दमयमात्मानमुपसंक्रामति**' यह वाक्य मयट् प्रत्ययान्त आनन्द शब्द का अभ्यास करता है ? तो ऐसा कहना भी ठीक नहीं क्योंकि वह ब्रह्म को विषय नहीं करता अपितु आनन्दमयादि अनात्मा जो विकाररूप हैं वे ही उपसंक्रमितव्य हैं और उसी प्रसंग में '**एतमानन्दमयमात्मानमुपसंक्रामति**' यह वाक्य भी पढ़ा गया है । यदि कहो कि अन्नमयादि की भाँति उपसंक्रमितव्य आनन्दमय को ब्रह्म न मानने पर ब्रह्मज्ञानी को ब्रह्मप्राप्तिरूप फल निर्दिष्ट नहीं हो सकेगा ? तो यह कोई दोष नहीं है

---

१. नैवेति—निर्दिष्टं भवेदित्यन्वयः नैवमिति युक्तः पाठः । २. मुख्यसिद्धान्तपक्षे । ३. आनन्दमयः । ४. ब्रह्मभूतपुच्छम् । ५. प्रत्यङ्मात्रत्वेन कोशानां विलापनं बाधः । ६. तद्-उपसंक्रमणम् ।

वै सः' इत्यादेर्नानन्दमयविषयता। ननु 'सोऽकामयत' इति ब्रह्मणि पुंलिङ्गनिर्देशो नोपपद्यते। नायं दोषः। 'तस्माद्वा एतस्मादात्मन आकाशः संभूतः' इत्यत्र पुंलिङ्गेनाप्यात्मशब्देन ब्रह्मणः प्रकृतत्वात्। यत्तु भार्गवी वारुणी विद्या 'आनन्दो ब्रह्मेति व्यजानात्' इति, तस्यां मयड्श्रवणात्, प्रियशिरस्त्वाद्यश्रवणाच्च युक्तमानन्दस्य ब्रह्मत्वम्। तस्मादणुमात्रमपि विशेषमनाश्रित्य न स्वत एव प्रियशिरस्त्वादि ब्रह्मण उपपद्यते। न चेह सविशेषं ब्रह्म प्रतिपिपादयिषितं, वाङ्मनसगोचरातिक्रमश्रुतेः। तस्मादन्नमयादिष्विवानन्दमयेऽपि विकारार्थ एव मयट् विज्ञेयो न प्राचुर्यार्थः।

सूत्राणि त्वेवं व्याख्येयानि—'ब्रह्म पुच्छं प्रतिष्ठा' इत्यत्र किमानन्दमयस्यावयवत्वेन ब्रह्म

कामयितृपुच्छब्रह्मविषयत्वादित्यर्थः। यदुक्तं पञ्चमस्थानस्थत्वादानन्दमये ब्रह्मवल्ली समाप्ता, भृगुवल्लीवदिति, तत्राह—यत्त्विति। या त्वित्यर्थः। मयट्श्रुत्या सावयवत्वादिलिङ्गेन च स्थानं बाध्यमिति भावः। गोचरातिक्रमो गोचरत्वाभावः।

वेदसूत्रयोर्विरोधे '[1]गुणे त्वन्याय्यकल्पना' इति सूत्राण्यन्यथा नेतव्यानीत्याह—सूत्राणीति। पूर्वमीक्षतेः संशयाभावादिति युक्त्या गौणप्रायपाठो न निश्चायक इत्युक्तम्। तद्वत्र पुच्छपदस्याधारावयव-

---

क्योंकि आनन्दमय के उपसक्रमण निर्देश से ही विद्वान् में पुच्छप्रतिष्ठारूप ब्रह्मप्राप्ति फल का निर्देश भी तो सुना जाता है। इसी अर्थ में यह मन्त्र भी है कि 'जहाँ से वाणी लौट आती है' इत्यादि वाक्य से उसका विस्तार सुना जाता है। और जो कहा था कि आनन्दमय के सन्निकट में 'उसने कामना की कि मैं बहुतरूप हो जाऊँ और प्रजारूप से उत्पन्न होऊँ' यह श्रुति जो उद्धृत है वह **'ब्रह्म पुच्छं प्रतिष्ठा'** इस वाक्य द्वारा अत्यन्त सन्निहित ब्रह्म के साथ सम्बद्ध हुई आनन्दमय में ब्रह्मता का बोध नहीं कराती और अग्रिम ग्रन्थ को उसकी अपेक्षा भी है जिसमें परमात्मा को रसरूप कहा गया है, इसलिए वह आनन्दमय को विषय नहीं करती।

यदि कहो **'सोऽकामयत'** इस वाक्य में ब्रह्म के लिए पुंलिङ्ग का निर्देश जो किया गया है वह आप के पक्ष में युक्तियुक्त नहीं होता क्योंकि ब्रह्म शब्द नपुंसकलिङ्ग है, उसे **'सोऽकामयत'** इस वाक्य में पुंलिङ्ग से कैसे निर्देश कर सकेंगे? तो ऐसा कहना कोई दोष नहीं है क्योंकि **'तस्माद्वा एतस्मादात्मन आकाशः सम्भूतः'** इस वाक्य में भी पुंलिङ्ग आत्मशब्द से ब्रह्म का प्रसङ्ग प्रारम्भ हुआ है। और जो आप ने कहा था कि पञ्चम स्थान में स्थित होने से आनन्दमय में भृगुवल्ली की भाँति ब्रह्मवल्ली भी समाप्त हो गयी है। इस विद्या को भार्गवी और वारुणी विद्या भी कहते हैं जिसमें मयट् प्रत्यय का श्रवण नहीं होता और प्रियशिरस्त्वादि का भी श्रवण नहीं होता, अतः **'आनन्दो ब्रह्मेति व्यजानात्'** इस वाक्य द्वारा आनन्द को ब्रह्म कहना उचित ही है। अतएव अणुमात्र भी विशेष का आश्रय लिए बिना ब्रह्म में स्वतः ही प्रियशिरस्त्वादि सिद्ध नहीं होता? सविशेष ब्रह्म यहाँ पर बतलाना अभीष्ट भी नहीं है क्योंकि इस प्रकरण से प्रतिपाद्य ब्रह्म को मन और वाणी का अविषय श्रुति ने कहा है। तात्पर्य यह है कि अन्नमयादि पद में जिस प्रकार विकारार्थक मयट् प्रत्यय है वैसे ही आनन्दमय में भी विकारार्थक ही मयट् प्रत्यय समझना चाहिए, प्राचुर्यार्थक नहीं।

सूत्रों की व्याख्या इस प्रकार करनी चाहिए—**'ब्रह्म पुच्छं प्रतिष्ठा'** इस वाक्य में ब्रह्म को

---

१. गुण इत्यादि—अमुख्ये स्मृतिवाक्ये लक्षणाकल्पनेत्यर्थः।

विवक्ष्यत उत स्वप्रधानत्वेनेति । पुच्छशब्दादवयवत्वेनेति प्राप्त उच्यते—'आनन्दमयोऽभ्यासात्' । आनन्दमय आत्मेत्यत्र, 'ब्रह्म पुच्छं प्रतिष्ठा' इति स्वप्रधानमेव ब्रह्मोपदिश्यते, अभ्यासात् । 'असन्नेव स भवति' इत्यस्मिन्निगमनश्लोके ब्रह्मण एव केवलस्याभ्यस्यमानत्वात् । 'विकारशब्दान्नेति चेन्न प्राचुर्यात्' । विकारशब्देनावयवशब्दोऽभिप्रेतः । पुच्छमित्यवयवशब्दान्न स्वप्रधानत्वं ब्रह्मण इति यदुक्तं, तस्य परिहारो वक्तव्यः । अत्रोच्यते—नायं दोषः, प्राचुर्यादप्यवयवशब्दोपपत्तेः । प्राचुर्यं प्रायापत्तिः, अवयवप्राये वचनमित्यर्थः । अन्नमयादीनां हि शिरआदिषु पुच्छान्तेष्ववयवेषूक्तेष्वानन्दमयस्यापि शिरआदीन्यवयवान्तराण्युक्त्वावयवप्रायापत्त्या 'ब्रह्म पुच्छं प्रतिष्ठा' इत्याह, नावयवविवक्षया । यत्कारणमभ्यासादिति स्वप्रधानत्वं ब्रह्मणः समर्थितम् । 'तद्धेतुव्यपदेशाच्च' । सर्वस्य विकारजातस्य सानन्दमयस्य कारणत्वेन ब्रह्म व्यपदिश्यते—'इदꣳ सर्वमसृजत ।

योजना.साम्यात्संशयोऽस्तीत्यवयवप्रायपाठो निश्चायक इति पूर्वाधिकरणसिद्धान्तयुक्त्यभावेन पूर्वपक्षयति—पुच्छशब्दादिति । तथा च प्रत्युदाहरणसङ्गतिः । पूर्वपक्षे सगुणोपास्तिः, सिद्धान्ते निर्गुणप्रमितिः फलम् । वेदान्तवाक्यसमन्वयोक्तेः श्रुत्यादिसङ्गतयः स्फुटा एव । सूत्रस्थानन्दमयपदेन तद्वाक्यस्थं ब्रह्मपदं लक्ष्यते । विक्रियतेऽनेनेति विकारोऽवयवः । प्रायापत्तिरिति । अवयवस्य बुद्धौ प्राप्तिरित्यर्थः । अत्र हि प्रकृतस्य ब्रह्मणो ज्ञानार्थं कोशाः पक्षित्वेन कल्प्यन्ते, नात्र तात्पर्यमस्ति । तत्रानन्दमयस्यापि अवयवान्तरोक्त्यनन्तरं कस्मिंश्चित्पुच्छे वक्तव्ये प्रकृतं ब्रह्म पुच्छपदेनोक्तम् । तस्यानन्दमयाधारत्वेनावश्यं वक्तव्यत्वादित्यर्थः । 'तद्धेतुव्यपदेशाच्च' (सू० १४) । तस्य ब्रह्मणः सर्वकार्यहेतुत्वव्यपदेशात्, प्रियादिविशिष्टत्वाकारेणानन्दमयस्य जीवस्य कार्यत्वात्तं प्रति शेषत्वं ब्रह्मणो न युक्तमित्यर्थः । 'मान्त्रवर्णिकमेव च गीयते' (सू० १५) । 'ब्रह्मविदाप्नोति परम्' इति यस्य

आनन्दमय के अवयवरूप से बतलाना अभीष्ट है अथवा स्वप्रधानरूप में, ऐसा संशय होने पर पूर्वपक्ष कहता कि पुच्छ शब्द से आनन्दमय के अवयवरूप में ब्रह्म को बतलाना अभीष्ट है ? इस पर सिद्धान्ती कहता है कि 'आनन्दमय आत्मा' इस वाक्य में जो 'ब्रह्म पुच्छं प्रतिष्ठा' यह श्रुति है वह स्वप्रधान ही ब्रह्म को बतलाती है क्योंकि बार-बार उसका अभ्यास सुनाई पड़ता है । 'जो उसे असत् जानता है वह स्वयं ही असत् हो जाता है' इस निगमनश्लोक में केवल ब्रह्म का अभ्यास दीखता है (सूत्र १२) । 'विकारशब्दान्नेति चेन्न, प्राचुर्यात्' इस सूत्र में विकार शब्द से अवयव अर्थ अभिप्रेत है । अतः पुच्छ पद अवयव अर्थ का वाचक होने के कारण ब्रह्म का उपदेश स्वप्रधानत्वरूप में नहीं है ? तो आप के इस प्रश्न का उत्तर देना आवश्यक है अतः हम कहते हैं कि यह कोई दोष नहीं है । प्राचुर्य से भी अवयव शब्द की उपपत्ति हो जाती है क्योंकि प्रायापत्ति को प्राचुर्य कहते हैं जो अवयवप्राय का वाचक है । अन्नमयादि कोशों को शिर से लेकर पुच्छपर्यन्त अवयव बतला देने के बाद आनन्दमय में भी शिर आदि अवयवान्तर कहे गये हैं फिर तो अवयवप्राय में आने के कारण ब्रह्म को भी आनन्दमय की पुच्छ और प्रतिष्ठा कह दिया गया है, वह अवयव की विवक्षा से नहीं है (सू० १३) । 'आनन्दमयोऽभ्यासात्' इस सूत्र से ब्रह्म में स्वप्रधानत्व का समर्थन अभ्यासात् पद के आधार पर किया गया है, वैसे ही 'तद्धेतुव्यपदेशाच्च' इस सूत्र के द्वारा यह भी कहा गया है कि आनन्दमय के सहित सम्पूर्ण कार्यजगत् के कारणरूप से ब्रह्म का उपदेश है 'यह जो कुछ भी स्थावर-जङ्गम जगत् दीखता है,

७. अन्तरधिकरणम् (सू० २०-२१)

(२०) अन्तस्तद्धर्मोपदेशात् ॥२०॥

हिरण्मयो देवतात्मा किं वासी परमेश्वरः । मर्यादाधाररूपोक्तेर्देवतात्मैव नेश्वरः ।
सार्वात्म्यात्सर्वदुरितराहित्याच्चेश्वरो मतः । मर्यादाद्या उपास्त्यर्थमीशेऽपि स्युरुपाधिगाः ।।

यदिदं किञ्च' (तै० २-६) इति । न च कारणं सत् ब्रह्म स्वविकारस्यानन्दमयस्य मुख्यया वृत्त्याऽवयव उपपद्यते । अपराण्यपि सूत्राणि यथासम्भवं पुच्छवाक्यनिर्दिष्टस्यैव ब्रह्मण उपपादकानि द्रष्टव्यानि ॥१६॥

इदमाम्नायते—'अथ य एषोऽन्तरादित्ये हिरण्मयः पुरुषो दृश्यते हिरण्यश्मश्रुर्हिरण्य-

ज्ञानाम्मुक्तिरुक्ता, यत् 'सत्यं ज्ञानम्' इति मन्त्रोक्तं ब्रह्म, तदत्रैव पुच्छवाक्ये गीयते, ब्रह्मपदसंयोगात् । नानन्दमयवाक्य इत्यर्थः । 'नेतरोऽनुपपत्तेः' (सू० १६) । इतर आनन्दमयो जीवोऽत्र न प्रतिपाद्यः । सर्वस्रष्टृत्वाद्यनुपपत्तेरित्यर्थः । 'भेदव्यपदेशाच्च' (सू० १७) । अयमानन्दमयो ब्रह्मरसं लब्ध्वानन्दी भवतीति भेदोक्तेश्च तस्याप्रतिपाद्यतेत्यर्थः । आनन्दमयो ब्रह्म, तैत्तिरीयकपञ्चमस्थानस्थत्वात्, भृगुवल्लीस्थानन्दवदित्याशङ्क्याह—'कामाच्च नानुमानापेक्षा' (सू० १८) । काम्यत इति काम आनन्दः तस्य भृगुवल्ल्यां पञ्चमस्य ब्रह्मत्वदृष्टेरानन्दमयस्यापि ब्रह्मत्वानुमानापेक्षा न कार्या, विकारार्थक-मयड्विरोधादित्यर्थः । भेदव्यपदेशश्चेत्सगुणं ब्रह्मात्र वेद्यं स्यादित्याशङ्क्याह—'अस्मिन्नस्य च तद्योगं शास्ति' (सू० १९) । गुहानिहितत्वेन प्रतीचि "स एकः' इत्युपसंहृते पुच्छवाक्योक्ते ब्रह्मण्यहमेव परं ब्रह्मेति प्रबोधवत आनन्दमयस्य "यदा हि' इति शास्त्रं ब्रह्मभावं शास्ति, अतो निर्गुणब्रह्मैक्य-ज्ञानार्थं जीवभेदानुवाद इत्यभिप्रेत्याह—अपराण्यपीति ॥१६॥

अन्तस्तद्धर्मोपदेशात् । छान्दोग्यवाक्यमुदाहरति—अथ य इति । अथेत्युपास्तिप्रारम्भार्थः ।

उसे ब्रह्म ने बनाया' इस श्रुति में जिस ब्रह्म को जगत्कारण कहा है वह अपने विकार आनन्दमय का अवयव मुख्यवृत्ति से नहीं हो सकता (सू० १४) । इस अधिकरण के शेष सूत्रों को भी यथासम्भव पुच्छवाक्यनिर्दिष्ट ब्रह्म का ही उपपादक समझना चाहिए, यथा 'ब्रह्मविदाप्नोति परम्' इस वाक्य में जिस ब्रह्म के ज्ञान से मोक्ष कहा है और जिसका स्वरूप 'सत्यं ज्ञानमनन्तं ब्रह्म' इस मन्त्र से बतलाया गया है, उसी ब्रह्म का गान पुच्छवाक्य में किया गया है क्योंकि ब्रह्मपद का सम्बन्ध वहाँ दीखता है (सू० १५) । आनन्दमय जीव यहाँ पर प्रतिपाद्य नहीं है क्योंकि सर्वस्रष्टृत्व उसमें युक्तियुक्त सिद्ध नहीं हो सकता (सू० १६) । यह आनन्दमय ब्रह्मरस को प्राप्तकर आनन्दित हो जाता है ऐसे लब्धा-लब्धव्य भेद का कथन होने से भी आनन्दमय इस ग्रन्थ का प्रतिपाद्य नहीं है (सू० १७) । जिसकी कामना की जाय उस आनन्द (सुख) को काम कहते हैं, वही ब्रह्म हो सकता है । आनन्दमय में ब्रह्मत्व का अनुमान नहीं करना चाहिए क्योंकि उसमें मयट् प्रत्यय विकारार्थक है (सू० १८) । भेद व्यपदेश होने के कारण सगुण ब्रह्म यहाँ पर वेद्य है, ऐसी शङ्का होने पर अग्रिम सूत्र है कि गुहा में निहित होने से प्रत्यगात्मा और आदित्यमण्डलस्थपुरुष एक माना गया है । पुच्छ वाक्य में कहे गये ब्रह्म को 'मैं ब्रह्म हूँ' ऐसे ज्ञानवाले को ब्रह्म क प्राप्ति शास्त्र बतलाता है । अतः निर्गुण ब्रह्म के साथ अभेद ज्ञान कराने के लिए जीव और ब्रह्म का अनुवादमात्र है, वह प्रतिपाद्य नहीं है ।

१. 'स यश्चायं पुरुषे यश्चासावादित्ये स एकः' इति वाक्ये । २. यदा ह्येवैष एतस्मिन्नदृश्येऽनात्म्येऽनिरुक्तेऽनिलयनेऽभयं प्रतिष्ठां विन्दतेऽथ सोऽभयं गतो भवतीति शास्त्रम् ।

केश आप्रणखात्सर्व एव सुवर्णः' 'तस्य यथा कप्यासं पुण्डरीकमेवमक्षिणी तस्योदिति नाम स एष सर्वेभ्यः पाप्मभ्य उदित उदेति ह वै सर्वेभ्यः पाप्मभ्यो य एवं वेद' 'इत्यधिदैवतम्' (छा० १-६-६,७,८) 'अथाध्यात्मम्' 'अथ य एषोऽन्तरक्षिणि पुरुषो दृश्यते' (छा०१-७-१, ५) इत्यादि । तत्र संशयः—किं 'विद्याकर्मातिशयवशात्प्राप्तोत्कर्षः

हिरण्मयो ज्योतिर्विकारः, पुरुषः पूर्णोऽपि मूर्तिमानुपासकैर्दृश्यते । मूर्तिमाह—हिरण्येति । प्रणखो नखाग्रं तेन सहेत्यभिविधावाङ् । नेत्रयोर्विशेषमाह—तस्येति । कपेर्मर्कटस्य आसः पुच्छभागोऽत्यन्ततेजस्वी तत्तुल्यं पुण्डरीकं यथा दीप्तिमदेवं तस्य पुरुषस्याक्षिणी, सद्योविकसितरक्ताम्भोजनयन इत्यर्थः । उपासनार्थमादित्यमण्डलं स्थानं, रूपं चोक्त्वा नाम करोति—तस्योदिति । उन्नाम निर्वक्ति—स इति । उदित उद्गतः । सर्वपाप्मास्पृष्ट इत्यर्थः । उपासनार्थं नामज्ञानफलमाह—उदेति हेति । देवतास्थानमादित्यमधिकृत्योपास्त्युक्त्यनन्तरमात्मानं देहमधिकृत्यापि तदुक्तिरित्याह—अथेति । पूर्वत्र ब्रह्मपदमानन्दमयपदमानन्दपदाभ्यासश्चेति मुख्यत्रितयादिबहुप्रमाणवशान्निर्गुणनिर्णयवत्, रूपवत्त्वादिबहुप्रमाणवशाज्जीवो हिरण्मय इति पूर्वसिद्धान्तदृष्टान्तसङ्गत्या 'पूर्वमुत्सर्गतः सिद्धनिर्गुण-

७. अन्तरधिकरण

१. सङ्गति—पूर्व अधिकरण में ब्रह्मपद, आनन्दमय पद एवं आनन्दाभ्यास पद को देखकर अनेक प्रमाण होने के कारण जैसे निर्विशेष ब्रह्म का निर्णय किया गया था ऐसे ही पूर्वोक्त युक्ति से रूपवत्वादि अनेकों प्रमाणों को देखते हुए हिरण्मय पुरुष कोई संसारी है, ऐसा पूर्वपक्ष का उत्थान होता है; अतः पूर्वाधिकरण के साथ इस अधिकरण की दृष्टान्त सङ्गति है ।

२ विषय—'अथ य एषोऽन्तरादित्ये हिरण्मयः पुरुषो दृश्यते' (छा० १-६-६) यह छान्दोग्य श्रुतिवाक्य इस अधिकरण का विचारणीय विषय है ।

३. संशय—कर्म और उपासना के अनुष्ठान से उत्कर्ष को प्राप्त सूर्यमण्डल और नेत्र में उपास्य कोई देवता है अथवा परमेश्वर है ?

४. पूर्वपक्ष—मर्यादा, आधार एवं रूप का वर्णन होने से इन दोनों स्थानों में देवता ही उपास्य कहा गया है, ईश्वर नहीं ।

५. सिद्धान्त—सर्वात्मा तथा सम्पूर्ण पापों से रहित पुरुष का वर्णन उक्त दोनों स्थानों में किया गया है जो ईश्वर में ही सम्भव है । मायामहिमा से लोकानुग्रहार्थ उसमें रूपवत्ता उपासना के लिए सम्भव है । मर्यादा एवं आधार परमेश्वर में औपाधिक है । अतः आदित्यमण्डल एवं नेत्र में उपास्य हिरण्मय पुरुष परमात्मा ही है ।

अन्तस्तद्धर्मोपदेशात् (ललिता)

छान्दोग्य उपनिषद् में पाठ आता है कि 'जो यह आदित्यमण्डल के भीतर हिरण्यमय पुरुष दीखता है, 'जिसको दाढ़ी मूंछ भी सोने जैसी है, केश भी सुवर्णमय है नखाग्र से शिखपर्यन्त सभी अवयव सुन्दर हैं' 'उसकी आँखें कप्यास (बन्दर के पुच्छ भाग) जैसी रक्तवर्ण है उसका नाम उत् है क्योंकि वह सम्पूर्ण पापों से ऊपर उठा हुआ है, जो भी कोई इस रूप में उसकी उपासना करता है वह सम्पूर्ण पापों से मुक्त हो जाता है' इस प्रकार फल के सहित अधिदैवत उपासना बतलायी' 'अब अध्यात्म उपासना कहते हैं' 'जो यह नेत्र के भीतर पुरुष दिखायी पड़ता है' इत्यादि । यहाँ संशय

१. उपासना । २. पूर्वम्—समन्वयसूत्रे ।

कश्चित्संसारी सूर्यमण्डले चक्षुषि चोपास्यत्वेन श्रूयते किं वा नित्यसिद्धः परमेश्वर इति। किं तावत्प्राप्तम्? संसारीति। कुतः? रूपवत्त्वश्रवणात्। आदित्यपुरुषे तावत् 'हिरण्यश्मश्रुः' इत्यादि रूपमुदाहृतम्। अक्षिपुरुषेऽपि तदेवातिदेशेन प्राप्यते—'तस्यैतस्य तदेव रूपं यदमुष्य रूपम्' इति। नच परमेश्वरस्य रूपवत्त्वं युक्तम्, 'अशब्दमस्पर्शमरूपमव्ययम्' (का० १-३-१५) इति श्रुतेः। आधारश्रवणाच्च—'य एषोऽन्तरादित्ये' 'य एषोऽन्तरक्षिणि' इति। न ह्यनाधारस्य स्वमहिमप्रतिष्ठस्य सर्वव्यापिनः परमेश्वरस्याधार उपदिश्येत। 'स भगवः कस्मिन्प्रतिष्ठित इति स्वे महिम्नि' (छा० ७-२४-१) इति, 'आकाशवत्सर्वगतश्च नित्यः' इति च श्रुती भवतः। ऐश्वर्यमर्यादाश्रुतेश्च। 'स एष ये चामुष्मात्पराञ्चो लोकास्तेषां चेष्टे देवकामानां च' (छा०१-६-८) इत्यादित्यपुरुषस्यैश्वर्यमर्यादा। 'स एष ये चैतस्मादर्वाञ्चो लोकास्तेषां चेष्टे मनुष्यकामानां च'(छा० १-७-६) इत्यक्षिपुरुषस्य। नच परमेश्वरस्य मर्यादावदैश्वर्यं युक्तम्, 'एष सर्वेश्वर एष भूताधिपतिरेष भूतपाल एष सेतुर्विधरण एषां लोकानामसम्भेदाय' (बृ० ४-४-२२) इत्यविशेष-

---

समन्वयस्या[1]पवादार्थं पूर्वपक्षयति—संसारीति। अत्र पूर्वोत्तरपक्षयोर्जीवब्रह्मणोरुपास्तिः फलम्। अक्षिणीत्याधारश्रवणाच्च संसारीति सम्बन्धः। श्रुतिमाह—स एष इति। आदित्यस्थः पुरुषः, अमुष्मादादित्यादूर्ध्वगा ये केचन लोकास्तेषामीश्वरो देवभोगानां चेत्यर्थः। स एषोऽक्षिस्थः पुरुष एतस्मादक्ष्णोऽधस्तना ये लोकाः, ये च मनुष्यकामा भोगास्तेषामीश्वर इति मर्यादा श्रूयते। अतः श्रुतेश्च संसारीत्यर्थः। 'एष सर्वेश्वरः' इत्यविशेषश्रुतेरिति सम्बन्धः। भूताधिपतिर्यमः, भूतपाल

होता है कि क्या अतिशय उपासना और कर्म के अनुष्ठान से उत्कर्ष को प्राप्त कोई संसारी जीव सूर्यमण्डल और नेत्र में उपास्यरूप से सुना जाता है, अथवा नित्यसिद्ध परमात्मा वहाँ पर उपास्य है? ऐसा संशय होने पर पूर्वपक्षी कहता है कि संसारी पुरुष ही इन दोनों स्थलों में उपास्यरूप से बतलाया गया है क्योंकि उसका रूप सुना जाता है। आदित्यमण्डलस्थ पुरुष में जैसा 'हिरण्यश्मश्रुः' रूप कहा गया है उसी का अतिदेश नेत्रस्थ पुरुष में भी किया गया है—'इसका वही रूप है जो आदित्यमण्डलस्थ पुरुष का कहा गया है।' 'अशब्दमस्पर्शमरूपमव्ययम्' इस श्रुति से शब्द, स्पर्श, रूपादि का निषेध जब परमेश्वर में मिलता है तो उसमें रूपवत्व बतलाना युक्तिसंगत नहीं है। साथ ही 'जो आदित्य के भीतर' 'जो नेत्र के भीतर' इन श्रुतियों से आदित्य और नेत्र उसके आधाररूप में सुने गये हैं। परमेश्वर का कोई आधार नहीं है, वह सदा अपनी महिमा में प्रतिष्ठित है, सर्वव्यापक है, उसका आधार दूसरा हो ही नहीं सकता। 'हे भगवन्! वह परमात्मा किसमें प्रतिष्ठित है? उत्तर में ऋषि ने कहा कि वह अपनी महिमा में प्रतिष्ठित है।' 'वह परमात्मा आकाश की भाँति नित्य, निरवयव और सर्वव्यापक है।' ऐसी श्रुतियाँ हैं। तथा आदित्यमण्डलस्थ पुरुष के ऐश्वर्य की सीमा भी श्रुति कहती है 'जो उससे ऊपर के लोक हैं उन लोकों में देवताओं की कामनाओं का आदित्यमण्डलस्थ पुरुष अनुशासन करता है' और 'जो उससे नीचे के लोक हैं उनमें मनुष्यों की कामनाओं का अनुशासन नेत्रस्थ पुरुष करता है।' परमेश्वर का ऐश्वर्य सीमित कहना ठीक नहीं, क्योंकि 'यह सर्वेश्वर है यह भूताधिपति है यह भूतपाल है और यह इन सम्पूर्ण

---

१. अपवादार्थमिति—उपास्त्यर्थं सगुणसमन्वयस्यापि सिद्धान्तेऽभीष्टत्वादिति भावः।

श्रुतेः । तस्मान्नाक्ष्यादित्ययोरन्तः परमेश्वर इत्येवं प्राप्ते ब्रूमः—'अन्तस्तद्धर्मोपदेशात्' इति 'य एषोऽन्तरादित्ये', 'य एषोऽन्तरक्षिणि' इति च श्रूयमाणः पुरुषः परमेश्वर एव, न संसारी । कुतः ? तद्धर्मोपदेशात् । तस्य हि परमेश्वरस्य धर्मा इहोपदिष्टाः । तद्यथा —'तस्योदिति नाम' इति श्रावयित्वा अस्यादित्यपुरुषस्य नाम 'स एष सर्वेभ्यः पाप्मभ्य उदितः' इति सर्वपाप्मापगमेन निर्वक्ति । तदेव च कृतनिर्वचनं नामाक्षिपुरुषस्याप्यतिदिशति—'यन्नाम तन्नाम' (छा० १-७-५) इति । सर्वपाप्मापगमश्च परमात्मन एव श्रूयते—'य आत्माऽपहतपाप्मा' (छा० ८-७-१) इत्यादौ । तथा चाक्षुषे पुरुषे 'सैवर्क्तत्साम तदुक्थं तद्यजुस्तद्ब्रह्म' इत्यृक्सामाद्यात्मकतां निर्धारयति । सा च परमेश्वरस्योपपद्यते, सर्वकारणत्वात्सर्वात्मकत्वोपपत्तेः । पृथिव्यग्न्याद्यात्मके चाधिदैवतं ऋक्सामे, वाक्प्राणाद्यात्मके

इन्द्रादिश्च एष एव । किञ्च जलानामसङ्कराय लोके विधारको यथा सेतुः, एवमेषां लोकानां वर्णाश्रमादीनां मर्यादाहेतुत्वात्सेतुरेष एव । अतः सर्वेश्वर इत्यर्थः । सूत्रं व्याचष्टे—य एष इति । यद्यप्येकस्मिन्वाक्ये प्रथमश्रुतानुसारेण चरमं नेयं, तथाप्यत्र प्रथमं श्रुतं रूपवत्त्वं [1]निष्फलं, ध्यानार्थमीश्वरे नेतुं शक्यं च । सर्वपापासङ्गित्वं सर्वात्मकत्वं तु सफलं, जीवे नेतुमशक्यं चेति प्रबलम् । नच 'न ह वै देवान्पापं गच्छति' (बृ० १-५-२०) इति श्रुतेरादित्यजीवस्यापि पाप्मास्पर्शित्वमिति वाच्यम् । श्रुतेरधुना कर्मानधिकारिणां देवानां क्रियमाणपाप्मासम्बन्धे तत्फलास्पर्शे वा तात्पर्यात्, तेषां सञ्चितपापाभावे 'क्षीणे पुण्ये मर्त्यलोकं विशन्ति' (भ० गी० ९-२१) इत्ययोगादित्यभिप्रेत्याह—सर्वपाप्मापगमश्च परमात्मन एवेति । सार्वात्म्यमाह—तथेति । अत्र तच्छब्दैश्चाक्षुषः पुरुष उच्यते । ऋगाद्यपेक्षया लिङ्गव्यत्ययः । उक्थं शस्त्रविशेषः, तत्साहचर्यात्साम स्तोत्रम्, उक्थादन्यच्छस्त्रमृगुच्यते, यजुर्वेदो यजुः, ब्रह्म त्रयो वेदा इत्यर्थः । पृथिव्यग्न्याद्यात्मक इति । आधिदैवतमृक् पृथिव्यन्तरिक्षद्युनक्षत्रादित्यगतशुक्लभारूपा पञ्चविधा श्रुत्युक्ता, साम चाग्निवाय्वादित्यचन्द्रादित्यगतातिकृष्णरूपमुक्तं पञ्चविधम् । अध्यात्मं तु ऋक्, वाक्चक्षुःश्रोत्राक्षिस्थशुक्लभारूपा चतुर्विधा, साम च प्राण-

---

वर्णाश्रमादि लोकों की मर्यादा का विधारक है' ऐसी अविशेष श्रुति है । अतः नेत्र और आदित्य के भीतर स्थित पुरुष परमेश्वर नहीं है ?

ऐसा पूर्वपक्ष प्राप्त होने पर हम सिद्धान्ती अग्रिम सूत्र से कहते हैं कि 'जो आदित्य के भीतर यह पुरुष' और 'जो नेत्र के भीतर पुरुष है' इन श्रुतियों में सुना गया पुरुष परमेश्वर ही है, संसारी जीव नहीं क्योंकि परमेश्वर के धर्मों का उपदेश यहाँ दिखाई पड़ता है । जैसे 'उसका उत् नाम है' ऐसा कहने के बाद इस आदित्यपुरुष के नाम का निर्वचन भी श्रुति करती है 'वह सम्पूर्ण पापों से उदित है, इसलिए उसका उत् नाम है ।' वही निर्वाचित नाम अक्षपुरुष में भी 'यन्नाम तन्नाम' इस अतिदेश द्वारा बतलाते हैं । 'जो यह आत्मा पापरहित है' इस श्रुति द्वारा सर्व पाप का अभाव परमात्मा में ही सुना जाता है । इसके अतिरिक्त चाक्षुषपुरुष में 'जो ऋक् है वह साम है, वह यजुः है और वह ब्रह्म है' इस श्रुति से ऋक्सामादिरूपता का निश्चय होता है । सम्पूर्ण जगत् का कारण होने से वह परमात्मा सर्वात्मक है, इसलिए उसी में ऐसा निश्चय सम्भव है । पृथ्वी, अग्न्यादिरूप अधिदैवत ऋक्, साम और वाक्, प्राणादिरूप अध्यात्म ऋक् साम का प्रारम्भ कर कहा

---

१. निष्फलमिति—नामवद्रूपस्य तत्र फलाश्रवणादिति भावः ।

चाध्यात्ममनुक्रम्याह—'तस्यर्क्च साम च गेष्णौ' इत्यधिदैवतम् । तथाध्यात्ममपि—'यावमुष्य गेष्णौ तौ गेष्णौ' इति । तच्च सर्वात्मकत्वे सत्येवोपपद्यते । 'तद्य इमे वीणायां गायन्त्येतं ते गायन्ति तस्मात्ते धनसनयः'(छा० १-७-६) इति च लौकिकेष्वपि गानेष्वस्यैव गीयमानत्वं दर्शयति । तच्च परमेश्वरपरिग्रहे घटते, 'यद्यद्विभूतिमत्सत्त्वं श्रीमदूर्जितमेव वा । तत्तदेवावगच्छ त्वं मम तेजोंऽशसम्भवम्' (गी० १०-४१) इति भगवद्गीतादर्शनात् । लोककामेशितृत्वमपि निरङ्कुशं श्रूयमाणं परमेश्वरं गमयति । यत्तूक्तं—हिरण्यश्मश्रुरित्यादिरूपश्रवणं परमेश्वरे नोपपद्यत इति, अत्र ब्रूमः—स्यात्परमेश्वरस्यापीच्छावशान्मायामयं रूपं साधकानुग्रहार्थम् । 'माया ह्येषा मया सृष्टा यन्मां पश्यसि नारद । सर्वभूतगुणैर्युक्तं मैवं मां ज्ञातुमर्हसि' इति स्मरणात् । अपि च यत्र तु निरस्तसर्वविशेषं पारमेश्वरं रूपमुपदिश्यते, भवति तत्र शास्त्रम्—'अशब्दमस्पर्शमरूपमव्ययम्'

'छायात्ममनोऽक्षिगतातिनीलरूपं चतुर्विधमुक्तम् । एवं क्रमेण ऋक्सामे अनुक्रम्याह श्रुतिः—तस्येति । यौ सर्वात्मकक्सामात्मकौ गेष्णावमुष्यादित्यस्थस्य, तावेवाक्षिस्थस्य गेष्णौ 'पर्वणीत्यर्थः । तच्चेति । ऋक्सामगेष्णत्वमित्यर्थः । सर्वगानगेयत्वं लिङ्गान्तरमाह—तद्य इति । तत्तत्र लोके, धनस्य सनिर्लाभो येषां ते धनसनयः विभूतिमन्त इत्यर्थः । ननु लोके राजानो गीयन्ते नेश्वर इत्यत आह—यद्यदिति । पशुवित्तादिर्विभूतिः, श्रीः कान्तिः, ऊर्जितत्वं बलं, तद्युक्तं सत्त्वं राजादिकं मदंश एवेति तद्गानमीश्वरस्यैवेत्यर्थः । निरङ्कुशमनन्याधीनम् । एषा विचित्ररूपा मूर्तिर्मायाविकृतित्वान्माया मया सृष्टेत्यर्थः । यदुक्तम्—'अशब्दम्' इत्यादिवाक्यं तज्ज्ञेयपरमित्याह—अपिचेति । तर्हि रूपं कुतः ?

है—'उस परमेश्वर के ऋक् और साम पर्व हैं' यह अधिदैवत है। ऐसे ही अध्यात्म में भी कहा है कि 'जो अधिदेव के पर्व हैं वे ही अध्यात्म के हैं।' यह सभी निर्देश सर्वात्मक परमात्मा में ही सिद्ध होता है। 'इसलिए जो यह पुरुष वीणा में गान करते हैं, वे परमेश्वर के ही गुणों का गान करते हैं, इसीलिए वे धनसम्पन्न हो जाते हैं' ऐसे लौकिक गान में भी वह परमात्मा ही गीयमान है। इस प्रकार ऋक्, साम गेष्णत्व अर्थ परमेश्वर अर्थ ग्रहण करने में ही घटता है। लोक में राजा की भी स्तुति लोग करते हैं क्योंकि उसमें परमेश्वर की विभूति का ही अवतरण हुआ है। इसीलिए भगवान् श्रीकृष्ण गीता में कहते हैं कि 'पशुवित्तादि विभूतियुक्त, कान्तियुक्त अथवा बलयुक्त जो भी कोई प्राणी दीखता हो उसे मेरे ही तेज के अंश से उत्पन्न हुआ समझो।' लोक की समस्त कामनाओं के निरङ्कुश शासन का श्रवण भी परमेश्वर अर्थ का ही बोध कराता है।

और जो आपने कहा कि हिरण्यश्मश्रु इत्यादि रूप का श्रवण निरूप परमेश्वर में नहीं घटता तो इस पर हम कहते हैं कि स्वेच्छा से साधकों पर अनुग्रह करने के लिए मायामय रूप परमेश्वर का भी है इसीलिए स्मृति में कहा है कि 'हे नारद! यह जो सम्पूर्ण जगत मेरे द्वारा ही रचा गया है उसे मेरा मायिक रूप समझो, इस प्रकार सम्पूर्ण भूतगुणों से युक्त मुझे तुम न समझो और न देखो क्योंकि परमार्थतः मैं सम्पूर्ण गुणों से मुक्त हूँ।' और जहाँ भी समस्त उपाधियों का निरासकर, परमेश्वर का रूप बतलाया गया है वहाँ शास्त्र कहता है कि 'वह शब्द, स्पर्श, रूप से रहित है और

---

१. अंगुष्ठपर्वणी । २. द्रष्टुमिति पाठान्तरम् । ३. चक्षुर्गोलके दृश्या छाया । ४. पर्वणी—सन्धिदेशौ ।

(२१) भेदव्यपदेशाच्चान्यः ॥२१॥

इत्यादि । सर्वकारणत्वात्तु विकारधर्मैरपि कैश्चिद्विशिष्टः परमेश्वर उपास्यत्वेन निर्दिश्यते—'सर्वकर्मा सर्वकामः सर्वगन्धः सर्वरसः' (छा० ३-१४-२) इत्यादिना । तथा हिरण्यश्मश्रुत्वादिनिर्देशोऽपि भविष्यति । यदप्याधारश्रवणान्न परमेश्वर इति, अत्रोच्यते—स्वमहिमप्रतिष्ठस्याप्याधारविशेषोपदेश उपासनार्थो भविष्यति, सर्वगतत्वाद्ब्रह्मणो व्योमवत्सर्वान्तरत्वोपपत्तेः । ऐश्वर्यमर्यादाश्रवणमप्यध्यात्माधिदैवतविभागापेक्षमुपासनार्थमेव । तस्मात्परमेश्वर एवाक्ष्यादित्ययोरन्तरुपदिश्यते ॥२०॥

अस्ति चादित्यादिशरीराभिमानिभ्यो जीवेभ्योऽन्य ईश्वरोऽन्तर्यामी, 'य आदित्ये तिष्ठन्नादित्यादन्तरो यमादित्यो न वेद यस्यादित्यः शरीरं य आदित्यमन्तरो यमयत्येष त आत्मान्तर्याम्यमृतः' (बृ० ३-७-९) इति श्रुत्यन्तरे भेदव्यपदेशात् । तत्र हि 'आदित्यादन्तरो यमादित्यो न वेद' इति वेदितुरादित्याद्विज्ञानात्मनोऽन्योऽन्तर्यामी स्पष्टं

तत्राह—सर्वेति । यत्र तूपास्यत्वेनोच्यते तत्रेत्यध्याहृत्य सर्वकारणत्वात्प्राप्तरूपवत्त्वं 'सर्वकर्मा' इत्यादिश्रुत्या निर्दिश्यत इति योजना । मर्यादावदैश्वर्यमीश्वरस्य नेत्युक्तं निराकरोति—ऐश्वर्येति । अध्यात्माधिदैवतध्यानयोर्विभागः पृथक्प्रयोगस्तदपेक्षमेव, नत्वैश्वर्यस्य परिच्छेदार्थमित्यर्थः ॥२०॥

ननु उपास्योद्देशेनोपास्तिविधेर्विधेयक्रियाकर्मणोर्व्रीह्यादिवद[१]न्यतः सिद्धिर्वाच्येत्याशङ्क्याह—भेदेति । आदित्यजीवादीश्वरस्य भेदोक्तेः श्रुत्यन्तरे जीवादन्य ईश्वरः सिद्ध इति सूत्रार्थमाह—अस्तीति । आदित्ये स्थितरश्मिनिरासार्थमादित्यादन्तर इति, जीवं निरस्यति—यमिति । अशरीरस्य कथं नियन्तृत्वं, तत्राह—यस्येति । अन्तर्यामिपदार्थमाह—य इति । तस्यानात्मत्वनिरासायाह—एष त इति । ते तव स्वरूपमित्यर्थः । आदित्यान्तरत्वश्रुतेः समानत्वादित्यर्थः[२] । तस्मात्पर एवादित्या-

---

उसका कभी नाश नहीं होता' किन्तु सबका कारण होने से किन्हीं-किन्हीं विकारधर्मों से विशिष्ट परमेश्वर 'सर्वकर्मा सर्वगन्धः' इत्यादि वाक्य द्वारा उपासना के लिए भी कहा गया है । ठीक वैसे ही हिरण्यश्मश्रुत्वादि निर्देश भी उपासना के लिए ही माना जायेगा । और जो आप ने कहा था कि आदित्य एवं नेत्र आधार रूप में सुने जाते हैं, इसलिए उनके भीतर उपास्य पदार्थ परमेश्वर नहीं है; इस पर हमारा कहना है कि परमात्मा स्वयं अपनी प्रतिष्ठा में है उसी अपनी महिमा में प्रतिष्ठित परमात्मा के आधार विशेष का भी उपदेश उपासना के लिए हो जायेगा । आकाश की भाँति सर्वव्यापक परमात्मा में सर्वान्तरत्व भी युक्तियुक्त है । ऐश्वर्यमर्यादा का श्रवण भी अध्यात्म एवं अधिदैव विभाग की अपेक्षा कर उपासना के लिए ही है, वस्तुतः नहीं । अतः नेत्र और आदित्य के भीतर परमेश्वर का ही उपदेश किया गया है ॥२०॥

भेदव्यपदेशाच्चान्यः (ललिता)

आदित्यशरीराभिमानी जीव से अन्तर्यामी ईश्वर भिन्न ही है ऐसा 'जो आदित्य में स्थित है, आदित्य जिसका शरीर है जो भीतर रहकर आदित्य का नियमन करता है यह तेरी आत्मा अन्तर्यामी अमृतस्वरूप है' ऐसा श्रुत्यन्तर में भेद व्यपदेश भी देखा जाता है । वहाँ पर 'जो आदित्य के भीतर है जिसे आदित्य जानता नहीं' इस वाक्य के द्वारा वेदिता आदित्य एवं विज्ञानात्मा से अन्तर्यामी को

---

१. प्रत्यक्षादिना । २. श्रुतिसामान्यादिति ।

८. आकाशाधिकरणम् (सू० २२)

(२२) आकाशस्तल्लिङ्गात् ॥२२॥

आकाश इति होवाचेत्यत्र च ब्रह्म वाऽत्र खम् । शब्दस्य तत्र रूढत्वाद्वाय्वादेः सर्जनादपि ॥
साकाशजगदुत्पत्तिहेतुत्वाच्छ्रौतरूढितः । एवकारादिना चात्र ब्रह्म वाकाशशब्दितम् ॥

निर्दिश्यते । स एवेहाभ्यन्तरादित्ये पुरुषो भवितुमर्हति, श्रुतिसामान्यात् । तस्मात्परमेश्वर एवेहोपदिश्यत इति सिद्धम् ॥२१॥

इदमामनन्ति—'अस्य लोकस्य का गतिरित्याकाश इति होवाच सर्वाणि ह वा

विस्थानक 'उद्गीथे उपास्य इति सिद्धम् ॥२१॥

भवतु रूपवत्त्वादिदुर्बललिङ्गानां पापास्पर्शित्वाद्यव्यभिचारिब्रह्मलिङ्गैरन्यथानयनम् । इह त्वाकाशपदश्रुतिर्लिङ्गाद्बलीयसीति प्रत्युदाहरणेन प्राप्ते प्रत्याह—आकाशस्तल्लिङ्गादिति । **छान्दोग्य-वाक्यमुदाहरति**—इदमिति । **शालावत्यो ब्राह्मणो जैवलिं राजानं पृच्छति—'अस्य पृथ्वीलोकस्या'न्यस्य**

भिन्नरूप में सुस्पष्ट निर्देश किया गया है। वही यहाँ पर भी आदित्यमण्डलस्थ पुरुष शब्द से कहा गया है, क्योंकि दोनों ही श्रुति हैं। अतः आदित्यमण्डल एवं नेत्र के भीतर उपास्यरूप से उपदिष्ट तत्त्व परमेश्वर ही है, यह अर्थ सिद्ध हुआ ॥२१॥

८. आकाशाधिकरण

१. **सङ्गति**—पूर्वाधिकरण में सर्वपापराहित्यादि ब्रह्मलिङ्ग के आधार पर रूपवत्वादि का जिस प्रकार अन्यथा अर्थ किया गया था वैसा यहाँ पर लिङ्गप्रमाण के आधार पर आकाशश्रुति का अन्यथानयन नहीं हो सकता, क्योंकि लिङ्गप्रमाण से श्रुतिप्रमाण बलवान होता है। अतः पूर्व अधिकरण के साथ इसकी प्रत्युदाहरण सङ्गति है।

२. **विषय**—'**अस्य लोकस्य का गतिरित्याकाश इति होवाच**' (छा० १-९-१) इत्यादि वाक्य इस अधिकरण में विचार का विषय है।

३. **संशय**—आकाश शब्द से परब्रह्म का उपदेश है अथवा भूताकाश का ?

४. **पूर्वपक्ष**—लोकप्रसिद्धि को देखते हुए आकाश शब्द का अर्थ भूताकाश ही होना चाहिए, ब्रह्म में तो सादृश्य को लेकर आकाश शब्द का प्रयोग कहीं कहीं पर किया गया है। वायु आदि क्रम से आकाश भी जगत का स्रष्टा हो जाता है।

५. **सिद्धान्त**—आकाश के सहित सम्पूर्ण जगत की उत्पत्ति का हेतु होने से, लौकिकरूढ़ की अपेक्षा श्रौतरूढ़ बलवान होने से एवं एवकार आदि शब्द का प्रयोग देखते हुए भी यहाँ पर आकाश शब्द का ब्रह्म ही अर्थ सुनिश्चित है, अन्य नहीं।

आकाशस्तल्लिङ्गात् (ललिता)

आदित्य पुरुष एवं नेत्रस्थ पुरुष में रूपवत्वादि जो कहे गये थे वे जीव के लिङ्ग हैं एवं पाप अस्पर्शत्वादि अव्यभिचरित लिङ्ग ब्रह्म के बतलाये गये थे। उस प्रबल ब्रह्मलिङ्ग के आधार पर दुर्बल रूपवत्वादि लिङ्ग का नयन अन्यथा हो सकता है किन्तु इस आकाशाधिकरण में '**आकाश**' पद श्रुति है जो लिङ्ग से बलवती है। अतः प्रत्युदाहरण सङ्गति के कारण इस आकाशाधिकरण को कहते हैं।

---

१. उद्गीथे उद्गीथभक्त्यवयव ओङ्कारे । २. अन्तरिक्षादेः ।

इमानि भूतान्याकाशादेव समुत्पद्यन्त आकाशं प्रत्यस्तं यन्त्याकाशो ह्येवैभ्यो ज्यायानाकाशः परायणम्' (छा० १-९-१) इति। तत्र संशयः—किमाकाशशब्देन परं ब्रह्माभिधीयत उत भूताकाशमिति। कुतः संशयः? उभयत्र प्रयोगदर्शनात्। भूतविशेषे तावत्सुप्रसिद्धो लोकवेदयोराकाशशब्दः। ब्रह्मण्यपि क्वचित्प्रयुज्यमानो दृश्यते। यत्र वाक्यशेषवशादसाधारणगुणश्रवणाद्वा निर्धारितं ब्रह्म भवति, यथा—'यदेष आकाश आनन्दो न स्यात्' (तै० २-७) इति। 'आकाशो वै नाम नामरूपयोर्निर्वहिता ते यदन्तरा तद्ब्रह्म' (छा० ८-१४-१)इति चैवमादौ। अतः संशयः। किं पुनरत्र युक्तम्? भूताकाशमिति। कुतः? तद्धि प्रसिद्धतरेण प्रयोगेण शीघ्रं बुद्धिमारोहति। न चायमाकाशशब्द उभयोः साधारणः शक्यो विज्ञातुं, अनेकार्थत्वप्रसङ्गात्। तस्माद्ब्रह्मणि गौण आकाशशब्दो भवितुमर्हति। विभुत्वादिभिर्हि बहुभिर्धर्मैः सदृशमाकाशेन ब्रह्म भवति। नच मुख्यसम्भवे गौणोऽर्थो ग्रहणमर्हति। सम्भवति चेह मुख्यस्यैवाकाशस्य ग्रहणम्। ननु भूताकाशपरिग्रहे वाक्य-

---

च क आधारः' इति। राजा ब्रूते—'आकाश इति ह' इति। 'यदेष आकाशः' इत्यानन्दत्वस्यासाधारणस्य श्रवणादाकाशो ब्रह्मेत्यवधारितम्। 'आकाशो वै नाम' इत्यत्र 'तद्ब्रह्म' इति वाक्यशेषादिति विभागः। निर्वहिता। उत्पत्तिस्थितिहेतुः। ते नामरूपे, यदन्तरा यस्माद्भिन्ने। यत्र कल्पितत्वेन मध्ये स्त इति वार्थः। अत्र पूर्वपक्षे भूताकाशात्मनोद्गीथोपास्तिः, सिद्धान्ते ब्रह्मात्मना इति फलम्। उपास्ये स्पष्ट-

---

छान्दोग्य उपनिषद् में शालावत्य ब्राह्मण जैवलि राजा से पूछता है कि 'इस पृथ्वीलोक और अन्तरिक्षलोक का आधार क्या है ? राजा ने कहा—'आकाश उनका आधार है' और साथ ही यह भी कहा कि 'सभी भूत आकाश से ही उत्पन्न होते हैं और आकाश में ही लीन होते है, आकाश इन सबसे बड़ा है एवं आकाश उत्कृष्ट आधार है' इत्यादि। वहाँ पर संशय होता है कि आकाश शब्द से परब्रह्म अर्थ को बतलाया गया है अथवा भूताकाश को ? यदि कोई कहे कि संशय ही क्यों होता है तो उसका उत्तर यह है कि दोनों ही अर्थों में आकाश शब्द का प्रयोग देखा जाता है। भूतविशेष में, लोक और वेद में आकाश शब्द का प्रयोग प्रसिद्ध ही है, ब्रह्म अर्थ में भी कहीं कहीं पर आकाश शब्द का प्रयोग दिखायी पड़ता है। जहाँ वाक्यशेष के कारण अथवा असाधारण गुण सुने जाने के कारण आकाश शब्द का ब्रह्म अर्थ माना गया है, यथा 'यदि यह अपरिच्छिन्न आनन्दरूप आकाश नहीं होता', 'नामरूप का निर्वाहक आकाश ही है, वे ही नामरूप जिसके भीतर हैं, वह ब्रह्म है' इन स्थलों में आकाश शब्द का प्रयोग ब्रह्म में भी किया गया है, इसीलिए संशय होता है। तो फिर क्या मानना उचित होगा ? आकाश शब्द का भूताकाश अर्थ लेना ही उचित होगा क्योंकि प्रसिद्धतर प्रयोग के कारण भूताकाश शीघ्र बुद्धि में आरूढ़ होता है। यदि कहो कि तब तो दोनों ही अर्थ में आकाश शब्द का प्रयोग मान लेना चाहिए ? तो ऐसा कहना ठीक नहीं क्योंकि अनेकार्थत्व का प्रसंग आ जायेगा। अतः ब्रह्म अर्थ में आकाश शब्द का गौण प्रयोग होता है और विभुत्वादि अनेक धर्मों का आकाश के साथ सादृश्य होने के कारण ब्रह्म अर्थ में आकाश शब्द का गौण प्रयोग किया गया है। मुख्यार्थ सम्भव हो तो गौण अर्थ नहीं लेना चाहिए। यहां पर आकाश शब्द का

शेषो नोपपद्यते—'सर्वाणि ह वा इमानि भूतान्याकाशादेव समुत्पद्यन्ते' इत्यादिः । नैष दोषः । भूताकाशस्यापि वाय्वादिक्रमेण कारणत्वोपपत्तेः । विज्ञायते हि—'तस्माद्वा एतस्मादात्मन आकाशः सम्भूतः । आकाशाद्वायुः । वायोरग्निः' (तै० २-१) इत्यादि । ज्यायस्त्वपरायणत्वे अपि भूतान्तरापेक्षयोपपद्येते भूताकाशस्यापि । तस्मादाकाशशब्देन भूताकाशस्य ग्रहणमित्येवं प्राप्ते ब्रूमः—'आकाशस्तल्लिङ्गात्' । आकाशशब्देन ब्रह्मणो ग्रहणं युक्तम् । कुतः ? तल्लिङ्गात् । परस्य हि ब्रह्मण इदं लिङ्गम्—'सर्वाणि ह वा इमानि भूतान्याकाशादेव समुत्पद्यन्ते' इति । परस्माद्धि ब्रह्मणो भूतानामुत्पत्तिरिति वेदान्तेषु मर्यादा । ननु भूताकाशस्यापि वाय्वादिक्रमेण कारणत्वं दर्शितम् । सत्यं, दर्शितम् । तथापि मूलकारणस्य ब्रह्मणोऽपरिग्रहादाकाशादेवेत्यवधारणं, सर्वाणीति च भूतविशेषणं नानुकूलं स्यात् । तथा 'आकाशं प्रत्यस्तं यन्ति' इति ब्रह्मलिङ्गं 'आकाशो ह्येवैभ्यो ज्यायानाकाशः परायणम्' इति च ज्यायस्त्वपरायणत्वे । ज्यायस्त्वं ह्यनापेक्षिकं परमात्मन्येवैकस्मिन्नाम्नातम्—'ज्यायान्पृथिव्या ज्यायानन्तरिक्षाज्ज्यायान्दिवो ज्यायानेभ्यो लोकेभ्यः' (छा० ३-१४-३) इति । तथा परायणत्वमपि परमकारणत्वात्परमात्मन्येवोपपन्नतरम् । श्रुतिश्च भवति—'विज्ञानमानन्दं ब्रह्म रातेर्दातुः परायणम्' (बृ० ३-९-२८) इति । अपि चान्तवत्त्वदोषेण शालावत्यस्य पक्षं निन्दित्वा, अनन्तं

ब्रह्मलिङ्गवाक्यसमन्वयोक्तेरापादं श्रुत्यादिसङ्गतयः । स्पष्टमत्र भाष्यम् । तेजःप्रभृतिषु वाय्वादेरपि कारणत्वादेवकारश्रुतिबाधः, सर्वश्रुतेश्चाकाशातिरिक्तविषयत्वेन सङ्कोचः स्यादित्याह—सत्यं दर्शितमिति । ब्रह्मणस्तु सर्वात्मकत्वात् 'तस्मादेव सर्वम्' इति श्रुतिर्युक्तेति भावः । तथा सर्वलयाधारत्वं, निरतिशयमहत्त्वं, स्थितावपि परमाश्रयत्वमित्येतानि स्पष्टानि ब्रह्मलिङ्गानीत्याह—तथा आकाशमित्यादिना । रातेर्धनस्य दातुः । रातिरिति पाठे बन्धुरित्यर्थः । लिङ्गान्तरमाह—अपि चेति ।

मुख्यार्थ भूताकाश अर्थ लेना जब सम्भव है, तब गौण ब्रह्म अर्थ क्यों करना ? यदि कहो 'निःसन्देह ये सभी भूत आकाश से ही उत्पन्न होते हैं' इत्यादि वाक्यशेष भूताकाश अर्थ मानने पर युक्तियुक्त नहीं होंगे, तो यह कोई दोष नहीं है क्योंकि वायु आदि क्रम से भूताकाश भी तो जगत् का कारण सिद्ध होता ही है। ऐसा ही 'उस आत्मा से आकाश उत्पन्न हुआ, आकाश से वायु, वायु से अग्नि' इत्यादि वाक्यों में जाना जाता है। अन्य भूतों की अपेक्षा आकाश श्रेष्ठ है और उसका उत्कृष्ट स्थान भी युक्तियुक्त है। अतः आकाश शब्द से भूताकाश अर्थ ग्रहण करना उचित होगा।

ऐसा पूर्वपक्ष प्राप्त होने पर हम सिद्धान्ती कहते हैं कि आकाश शब्द से यहाँ पर ब्रह्म अर्थ का ग्रहण करना युक्तियुक्त है क्योंकि 'ये सभी भूत आकाश से ही उत्पन्न होते हैं' यह परब्रह्म का ही ज्ञापक लिङ्ग है। परब्रह्म से ही भूतों की उत्पत्ति होती है, यह वेदान्त का सिद्धान्त है। यदि कहो कि भूताकाश भी वायु आदि क्रम से जगत् का कारण हम बतला आये हैं ? सचमुच में आप ने बतलाया तो है किन्तु मूलकारण ब्रह्म अर्थ माने बिना 'आकाशादेव' यह अवधारणार्थक 'एव' शब्द और 'सर्वाणि' यह भूतविशेषण अनुकूल नहीं पड़ता। ऐसा ही 'ये सभी आकाश में लीन होते हैं' यह ब्रह्मलिङ्ग है। 'आकाश इन सबसे बड़ा है, आकाश इनका उत्कृष्ट स्थान है' इन वाक्यों में

किञ्चिद्वक्तुकामेन जैवलिना आकाशः परिगृहीतः, तं चाकाशमुद्गीथे सम्पाद्योपसंहरति—'स एष परोवरीयानुद्गीथः स एषोऽनन्तः'(छा० १-९-२) इति । तच्चानन्त्यं ब्रह्मलिङ्गम् । यत्पुनरुक्तम्—भूताकाशं प्रसिद्धिबलेन प्रथमतरं प्रतीयत इति । अत्र ब्रूमः—प्रथमतरं प्रतीतमपि सत् वाक्यशेषगतान्ब्रह्मगुणान्दृष्ट्वा न परिगृह्यते । दर्शितश्च ब्रह्मण्यप्याकाशशब्दः—'आकाशो वै नाम नामरूपयोर्निर्वहिता' इत्यादौ । तथाऽऽकाशपर्यायवाचिनामपि ब्रह्मणि प्रयोगो दृश्यते—'ऋचो अक्षरे परमे व्योमन्यस्मिन्देवा अधि विश्वे निषेदुः' (ऋ०सं० १-१६४-३९) 'सैषा भार्गवी वारुणी विद्या परमे व्योमन्प्रतिष्ठिता' (तै० ३-६)

दाल्भ्यशालावत्यौ ब्राह्मणौ राजा चेति त्रय उद्गीथविद्याकुशला विचारयामासुः—किमुद्गीथस्य परायणमिति । तत्र स्वर्गादागताभिरद्भिर्जीवितेन प्राणेन क्रियमाणोद्गीथस्य स्वर्ग एव परायणमिति दाल्भ्यपक्षमप्रतिष्ठादोषेण शालावत्यो निन्दित्वा स्वर्गस्यापि कर्मद्वारा हेतुरयं लोकः प्रतिष्ठेत्युवाच । तं शालावत्यस्य पक्षं 'अन्तवद्वै किल ते शालावत्य साम' (छा० १-८-८) इति राजा निन्दित्वाऽनन्तमेवाकाशं वक्ति । भूताकाशोक्तावन्तवत्त्वदोषतादवस्थ्यादित्यर्थः । नन्वाकाशोऽनन्त इति न श्रुतमित्याशङ्क्याह—तं चेति । उद्गीथ आकाश एवेति सम्पादनादुद्गीथस्यानन्तत्वादिकं न स्वत इति भावः । स उद्गीथावयव ॐकारः, एष आकाशात्मकः, परः रसतमत्वादिगुणैरुत्कृष्टः । अतोऽक्षरान्तरेभ्यो वरीयान् श्रेष्ठ इत्यर्थः । पर इत्यव्ययं सकारान्तं वा, परः कृत्स्नमिति प्रयोगात् । परश्चासौ वरेभ्योऽतिशयेन वरः । परोवरीयानित्यर्थः । 'प्राथम्यात्, 'श्रुतत्वाच्चाकाशशब्दो बलीयानित्युक्तं स्मारयति—यत्पुनरिति । एवकारसर्वशब्दानुगृहीतानन्त्यादिबहुलिङ्गानामनुग्रहाय 'त्यजेदेकं कुलस्यार्थे' इति न्यायेनैकस्याः श्रुतेर्बाधो युक्त इत्याह—अत्र ब्रूम इति । आकाशपदाद् भूतस्यैव प्रथमप्रतीतिरिति नियमो नास्तीत्यपिशब्देन द्योतितम् । तत्र युक्तिमाह—दर्शितश्चेति । आकाशपदाद्गौणार्थस्य ब्रह्मणोऽपि प्रथमप्रतीतिरस्ति, तस्य तत्पर्यायाणां च ब्रह्मणि प्रयोगप्राचुर्यादिति

ज्यायस्त्व और परायणत्व भी सुने गये हैं । निरपेक्ष ज्यायस्त्व केवल परमात्मा में ही कहा गया है 'वह परमात्मा पृथ्वी से बड़ा है, आकाश से बड़ा है, द्युलोक से बड़ा है और इन सभी लोकों से बड़ा है ।' वैसे ही परायणत्व भी परम कारण होने से परमात्मा में ही ठीक ठीक घटता है । 'ब्रह्म चेतन और आनन्दस्वरूप है वह सबको उचित फल देता है इसलिए वह परायण है' ऐसी श्रुति भी है । इसके अतिरिक्त अन्य लोकों में अन्तवत्व दोष के कारण शालावत्य के पक्ष की निन्दा कर कुछ अनन्त तत्त्व को बतलाने की इच्छा से राजा जैवलि ने आकाश शब्द को ग्रहण किया है । उद्गीथ मे आकाश दृष्टि सम्पादनकर उपसंहार भी देखा जाता है । 'वह उद्गीथ सबसे श्रेष्ठ है, वह अन्तरहित है' इस वाक्य द्वारा अनन्ततारूप ब्रह्मलिङ्ग का प्रदर्शन किया है ।

और जो आपने कहा था कि प्रसिद्धि के बल से सर्वप्रथम भूताकाश ही प्रतीत होता है? इस पर हम कहते हैं कि सर्वप्रथम भूताकाश की प्रतीति होने पर भी वाक्यशेषगत ब्रह्मगुणों को देखकर वह अर्थ नहीं लिया जायेगा और ब्रह्म अर्थ में भी आकाश शब्द का प्रयोग "निःसन्देह, नाम-रूप का निर्वाहक आकाश ही तो है' इन वाक्यों में दिखलाया हो गया है । इसके अतिरिक्त 'व्यापक, नित्य, कूटस्थ आकाश में वेद प्रमाणरूप से रहते हैं, जिस अक्षर में सम्पूर्ण विश्व अधिष्ठित है' 'वह भृगु से

---

१. आकाशपर्यायवाचिनामिति—आकाशपर्यायाणां वाचकानामित्यर्थः । २. सारः । ३. प्राथम्यात्—प्रथमोपस्थितत्वात् । ४. आकाश इति श्रुतेः ।

९. प्राणाधिकरणम् (सू० २३)

(२३) अत एव प्राणः ॥२३॥

मुखस्थो वायुरीशो वा प्राणः प्रस्तावदेवता। वायुर्भवेत्तत्र सुप्तौ भूतसारेन्द्रियक्षयात् ॥
सङ्कोचोऽक्षपरत्वे स्यात्सर्वभूतलयश्रुतेः। आकाशशब्दवत्प्राणशब्दस्तेनेशवाचकः॥

'ॐ कं ब्रह्म खं ब्रह्म' (छा० ४-१०-५) 'खं पुराणम्'(बृ० ५-१) इति चैवमादौ। वाक्योपक्रमेऽपि वर्तमानस्याकाशशब्दस्य वाक्यशेषवशाद्युक्ता ब्रह्मविषयत्वावधारणा। 'अग्निरधीतेऽनुवाकम्' इति हि वाक्योपक्रमगतोऽप्यग्निशब्दो माणवकविषयो दृश्यते। तस्मादाकाशशब्दं ब्रह्मेति सिद्धम् ॥२२॥

उद्गीथे—'प्रस्तोतर्या देवता प्रस्तावमन्वायत्ता' इत्युपक्रम्य श्रूयते—'कतमा सा

भावः। अक्षरे कूटस्थे, व्योमन् व्योम्नि, ऋचो वेदाः सन्ति। प्रमाणत्वेन यस्मिन्नक्षरे विश्वे देवा अधिष्ठिता इत्यर्थः। ॐकारः कं सुखं ब्रह्म खं व्यापकमित्युपासीत। श्रुत्यन्तरप्रयोगमाह—खं पुराणमिति। व्याप्यनादि ब्रह्मेत्यर्थः। 'कं ब्रह्म खं ब्रह्म' इति छान्दोग्यम्, 'ॐ खं ब्रह्म खं पुराणम्' इति बृहदारण्यकमिति भेदः। किञ्च तत्रैव प्रथमानुसारेणोत्तरं नेयं, यत्र तन्नेतुं शक्यम्। यत्र त्वशक्यं तत्रोत्तरानुसारेण प्रथमं नेयमित्याह—वाक्येति। तस्मादुपास्ये ब्रह्मणि वाक्यं समन्वितमित्युपसंहरति—तस्मादिति ॥२२॥

आकाशवाक्योक्तन्यायं तदुत्तरवाक्येऽतिदिशति—अत एव प्राणः। उद्गीथप्रकरणमिति ज्ञापनार्थमुद्गीथ इति भाष्यपदम्। उद्गीथप्रकरणे श्रूयत इत्यन्वयः। कश्चिदृषिश्चाक्रायणः प्रस्तोतारमुवाच, हे प्रस्तोतः, या देवता प्रस्तावं सामभक्तिमनुगता ध्यानार्थं, तां चेदज्ञात्वा मम विदुषो

गृहीत, वरुण से उपदिष्ट विद्या परमाकाश में प्रतिष्ठित है' 'ब्रह्म सुखस्वरूप है और वह अपरिच्छिन्न आकाशरूप है' 'वही आकाश पहले भी नूतन ही था' इन सभी श्रुतियों में आकाश के पर्याय व्योम और खं शब्द का प्रयोग भी ब्रह्म में देखा जाता है। अतः वाक्यारम्भ में भी पढ़ा गया आकाश शब्द वाक्यशेष को देखते हुए ब्रह्मविषयक निश्चय करना ही उचित होगा। 'अग्नि अनुवाक पढ़ता है' इस वाक्यारम्भ में भी अग्नि शब्द बालक अर्थ में प्रयुक्त देखा जाता है। अत एव आकाश का अर्थ ब्रह्म है, यह सिद्ध हुआ ॥२२॥

९. प्राणाधिकरण

१. सङ्गति—अतिदेश होने के कारण यहाँ पर भी पूर्वोक्त प्रत्युदाहरण सङ्गति ही लेनी चाहिए।

२. विषय—'कतमा सा देवतेति प्राण इति होवाच' (छा० १-११-४) यह छान्दोग्य श्रुति ही यहाँ पर विचारणीय विषय है।

३. संशय—क्या यहाँ पर प्राण शब्द से ब्रह्म का उपदेश किया गया है अथवा मुखस्थ वायु का?

४. पूर्वपक्ष—प्रस्ताव देवता के रूप में वायु का उपदेश ही यहाँ पर मानना उचित होगा क्योंकि सुषुप्ति में भूतों का सार इन्द्रियों का प्रलय प्रत्यक्षसिद्ध है और प्राण को, व्यापारयुक्त होने के कारण, जागृति प्रसिद्ध है।

५. सिद्धान्त—यदि वायु का अर्थ प्राण करोगे तो सर्वभूतलयश्रुति का सङ्कोच हो जायेगा।

देवतेति प्राण इति होवाच सर्वाणि ह वा इमानि भूतानि प्राणमेवाभिसंविशन्ति प्राणमभ्युज्जिहते सैषा देवता प्रस्तावमन्वायत्ता' (छा० १-११-४, ५) इति । तत्र संशयनिर्णयौ पूर्ववदेव द्रष्टव्यौ । 'प्राणबन्धनं हि सोम्य मनः' (छा० ६-८-२) 'प्राणस्य प्राणम्' (बृ० ४-४-१८) इति चैवमादौ ब्रह्मविषयः प्राणशब्दो दृश्यते, वायुविकारे तु प्रसिद्धतरो लोकवेदयोः, अत इह प्राणशब्देन कतरस्योपादानं युक्तमिति भवति संशयः । किं पुनरत्र युक्तम् ? वायुविकारस्य पञ्चवृत्तेः प्राणस्योपादानं युक्तम् । तत्र हि प्रसिद्धतरः प्राणशब्द इत्यवोचाम । ननु पूर्ववदिहापि तल्लिङ्गाद्ब्रह्मण एव ग्रहणं युक्तम् । इहापि वाक्यशेषे भूतानां संवेशनोद्गमनं पारमेश्वरं कर्म प्रतीयते । न । मुख्येऽपि प्राणे भूतसंवेशनोद्गमनस्य दर्शनात् । एवं ह्याम्नायते—'यदा वै पुरुषः स्वपिति प्राणं तर्हि

निकटे प्रस्तोष्यसि मूर्धा ते पतिष्यतीति । ततो भीतः सन् पप्रच्छ, कतमा सा देवतेति । उत्तरम्, प्राण इति । प्राणमभिलक्ष्य सम्यग्विशन्ति लीयन्ते, तमभिलक्ष्योज्जिहते उत्पद्यन्त इत्यर्थः । अतिदेशत्वात्पूर्ववत्संशयादि द्रष्टव्यमित्युक्तं विवृणोति—प्राणेति । मनउपाधिको जीवः प्राणेन ब्रह्मणा बध्यते सुषुप्तावेकीभवति । प्राणस्य वायोः प्राणं प्रेरकं तस्य सत्तास्फूर्तिप्रदमात्मानं ये विदुस्ते ब्रह्मविद इत्यर्थः । पूर्वेण गतार्थत्वात्पृथक्सूत्रं व्यर्थमिति शङ्कते—ननु पूर्ववदिति । अधिकाशङ्कानिरासार्थमतिदेशसूत्रमिति मत्वा शङ्कामाह—न । मुख्येऽपीति । तर्हि तदा चक्षुरप्येतीत्येवंप्रकारेण

अतः सम्पूर्ण जगत् की उत्पत्ति, स्थिति, लय कारण होने से जैसे पूर्व अधिकरण में आकाश शब्द का अर्थ ब्रह्म किया गया था, वैसे ही यहाँ पर भी सर्वभूतलयश्रुति को देखते हुए प्राण शब्द परमात्मा अर्थ का ही वाचक होगा।

अत एव प्राणः (ललिता)

छान्दोग्य उपनिषद् की उद्गीथ विद्या में कहा है 'हे प्रस्तोता ! जो देवता प्रस्ताव में अनुगत हैं' यहाँ से प्रसङ्ग प्रारम्भ कर 'वह कौन सा देवता है ?' इस प्रश्न के उत्तर में उषस्ति चाक्रायण ने कहा है कि 'वह देवता प्राण है, प्राण में ही सभी भूत प्रवेश करते हैं, और प्राण से ही निकलते हैं, बस यही देवता प्रस्ताव में अनुगत है' ऐसा सुना जाता है। वहाँ पर संशय और निर्णय पूर्व अधिकरण की भाँति ही समझना चाहिए, क्योंकि 'हे सोम्य ! निःसन्देह, मन प्राणबन्धनवाला है और उसे प्राण का भी प्राण जानो' इन श्रुतियों में प्राण शब्द ब्रह्मविषयक देखा गया है। किन्तु आध्यात्मिक वायु में भी लोक तथा वेद में प्राण शब्द अत्यन्त प्रसिद्ध है। अतः यहाँ पर प्राण शब्द से किसका ग्रहण करना उचित है ? ऐसा संशय होता है। तो फिर यहाँ क्या ग्रहण करना उचित होगा ? ऐसा एक तटस्थ पक्ष के पूछने पर पूर्वपक्ष का कहना है कि शरीर के भीतर वायु का जो पञ्चधा कार्य है उसी प्राण का ग्रहण करना यहाँ उचित होगा क्योंकि प्राण शब्द उसी अर्थ में सर्वाधिक प्रसिद्ध है ऐसा हम कह आये हैं।

यदि कहो कि पूर्वाधिकरण की भाँति यहाँ भी ब्रह्मलिङ्ग होने के कारण ब्रह्म अर्थ का ग्रहण करना ही उचित है क्योंकि यहाँ पर भी वाक्यशेष में भूतों का प्रवेश और उद्गमन पारमेश्वर कर्म प्रतीत होता ही है ? तो ऐसा कहना ठीक नहीं क्योंकि मुख्य प्राण में भी भूतों का प्रवेश और उद्गमन देखा ही जाता है। इस प्रकार पाठ मिलता है "निःसन्देह, जब पुरुष सोता है तब प्राण में ही वाणी

वागप्येति प्राणं चक्षुः प्राणं श्रोत्रं प्राणं मनः स यदा प्रबुध्यते प्राणादेवाधि पुनर्जायन्ते' (शत० ब्रा० १०-३-३-६) इति। प्रत्यक्षं चैतत्स्वापकाले प्राणवृत्तावपरिलुप्यमानाया-मिन्द्रियवृत्तयः परिलुप्यन्ते, प्रबोधकाले च प्रादुर्भवन्तीति। इन्द्रियसारत्वाच्च भूतानाम-विरुद्धो मुख्ये प्राणेऽपि भूतसंवेशनोद्गमनवादी वाक्यशेषः। अपि चादित्योऽन्नं चोद्गीथ-प्रतिहारयोर्देवते प्रस्तावदेवतायाः प्राणस्यानन्तरं निर्दिश्येते। नच तयोर्ब्रह्मत्वमस्ति, तत्सामान्याच्च प्राणस्यापि न ब्रह्मत्वमित्येवं प्राप्ते सूत्रकार आह—'अत एव प्राणः' इति। 'तल्लिङ्गात्' इति पूर्वसूत्रे निर्दिष्टम्। अत एव तल्लिङ्गात्प्राणशब्दमपि परं ब्रह्म भवितुमर्हति। प्राणस्यापि हि ब्रह्मलिङ्गसम्बन्धः श्रूयते—'सर्वाणि ह वा इमानि भूतानि प्राणमेवाभिसंविशन्ति प्राणमभ्युज्जिहते' (छा० १-११-५) इति। प्राणनिमित्तौ सर्वेषां भूतानामुत्पत्तिप्रलयावुच्यमानौ प्राणस्य ब्रह्मतां गमयतः। ननूक्तं मुख्यप्राणपरिग्रहेऽपि संवेशनोद्गमनदर्शनमविरुद्धं, स्वापप्रबोधयोर्दर्शनादिति। अत्रोच्यते—स्वापप्रबोधयो-

---

सर्वत्र सम्बन्धः। नन्वत्रेन्द्रियाणां प्राणे लयोदयौ श्रूयेते, तावता महाभूतलयादिप्रतिपादकवाक्यशेषोप-पत्तिः कथमित्यत आह—इन्द्रियसारत्वादिति। ''स्यस्य ह्येष रसः' (बृ० २-३-५) इति श्रुतेः। इन्द्रियाणि लिङ्गात्मरूपाणि अपञ्चीकृतभूतानां साराणि तेषां लयाद्युक्त्या भूतानामपि प्राणे लयादिसिद्धेः वाक्य-शेषोपपत्तिरित्यर्थः। अब्रह्मसहपाठाच्च प्राणो न ब्रह्मेत्याह—अपि चेति। उद्गातृप्रतिहर्तृ स्यामुद्गीथे प्रतिहारे च का देवतेति पृष्टेन चाक्रायणेनादित्योऽन्नं च निर्दिश्येते। 'आदित्य इति होवाच' 'अन्न-मिति होवाच' इति श्रुतावित्यर्थः। सामान्यं सन्निधानम्। सन्निध्यनुगृहीतप्रथमश्रुतप्राणश्रुत्या मुख्य-

---

लीन हो जाती है, प्राण में ही चक्षु, श्रोत्र और मन भी लीन होते हैं और जब पुरुष जागता है तब प्राण से ही पुनः ये उत्पन्न होते हैं।' यह प्रत्यक्ष भी है कि निद्रावस्था में प्राण का व्यापार लुप्त न होने पर इन्द्रियों के व्यापार लुप्त हो जाते हैं और जागते ही पुनः इन्द्रियव्यापार होने लगते हैं। भूतों का सार इन्द्रियाँ हैं। अतः मुख्यप्राण अर्थ में भी भूतसंवेशन और उद्गमन बतलाने वाला वाक्यशेष विरुद्ध नहीं जाता। साथ ही, उद्गीथ का देवता आदित्य और प्रतिहार का देवता अन्न को बतलाने के बाद प्रस्ताव के देवता का निर्देश मिलता है, जिसे प्राण कहा गया है। जब उद्गीथ का देवता आदित्य और प्रतिहार का देवता अन्न ब्रह्म नहीं है तो उसके समान ही प्राण में भी ब्रह्मत्व नहीं है, ऐसा मानना ही उचित होगा ?

इस प्रकार पूर्वपक्ष प्राप्त होने पर सूत्रकार भगवान् बादरायण ने कहा है **'अत एव प्राणः'** इति। पूर्वसूत्र में **'तल्लिङ्गात्'** यह पद निर्दिष्ट है, उसी का संकेत **'अत एव'** पद से किया गया है अर्थात् ब्रह्मलिङ्ग को देखते हुए प्राण शब्द को भी परब्रह्म अर्थ का ही बोधक मानना चाहिए, क्योंकि भूत उत्पत्ति और विलय ब्रह्मलिङ्ग है, जिसका सम्बन्ध प्राण में भी सुना जाता है। 'निःसन्देह, ये सभी भूत प्राण में ही प्रवेश करते हैं और प्राण से ही उत्पन्न होते हैं' इस प्रकार सभी भूतों की उत्पत्ति और विलय प्राण के निमित्त से कहे गये हैं, ये लिङ्ग प्राण में ब्रह्मता का बोध कराते हैं। और जो आपने कहा था कि मुख्यप्राण अर्थ लेने पर भी भूतों का संवेशन और उद्गमन दर्शन विरुद्ध नहीं है क्योंकि

---

१. अमूर्तस्य।

रिन्द्रियाणामेव केवलानां प्राणाश्रयं संवेशनोद्गमनं दृश्यते, न सर्वेषां भूतानाम् । इह तु सेन्द्रियाणां सशरीराणां च जीवाविष्टानां भूतानाम्, 'सर्वाणि ह वा इमानि भूतानि' इति श्रुतेः । यदापि भूतश्रुतिर्महाभूतविषया परिगृह्यते तदापि ब्रह्मलिङ्गत्वमविरुद्धम् । ननु सहापि विषयैरिन्द्रियाणां स्वापप्रबोधयोः प्राणेऽप्ययं प्राणाच्च प्रभवं शृणुमः—'यदा सुप्तः स्वप्नं न कञ्चन पश्यत्यथास्मिन्प्राण एवैकधा भवति तदैनं वाक्सर्वैर्नामभिः सहाप्येति' (कौ० ३-३) इति । तत्रापि तल्लिङ्गात्प्राणशब्दं ब्रह्मैव । यत्पुनरन्नादित्यसंनिधानात्प्राणस्याब्रह्मत्वमिति, तदयुक्तम् । वाक्यशेषबलेन प्राणशब्दस्य ब्रह्मविषयतायां प्रतीयमानायां संनिधानस्याकिंचित्करत्वात् । यत्पुनः प्राणशब्दस्य पञ्चवृत्तौ प्रसिद्धतरत्वम्,

---

प्राणनिर्णये तद्दृष्ट्या प्रस्तावोपास्तिरिति पूर्वपक्षफलं, सिद्धान्ते ब्रह्मदृष्टिरूपोपास्तिः । अस्याधिकरणस्यातिदेशत्वमेव पूर्वेण सङ्गतिरिति विभागः । भवन्तीति भूतानीति व्युत्पत्त्या यत्किञ्चिद्भवनधर्मकं कार्यमात्रं, तस्य लयोदयौ वायुविकारे प्राणे न युक्तावित्युक्त्वा भूतशब्दस्य रूढार्थग्रहेऽपि लयादेर्ब्रह्मनिर्णायकत्वमित्याह—यदापीति । **भौतिकप्राणस्य भूतयोनित्वायोगादित्यर्थः । तस्य तद्योनित्वं श्रुत्या शङ्कते**—नन्विति । **अथ यदा सुषुप्तो जीवः प्राणे ब्रह्मण्येकीभवति तदा एनं प्राणं सविषयवागादयोऽपियन्तीत्यर्थः । अत्र 'जीवाभिन्नत्वे सर्वलयाधारत्वलिङ्गान्न मुख्यः प्राण इत्याह**—तत्रापीति । **वाक्यान्तरसन्निध्यपेक्षया स्ववाक्यगतं लिङ्गं बलीय इत्याह**—तदयुक्तमिति । **एकवाक्यत्वं वाक्यशेषः, तस्य बलं तद्गतं लिङ्गं तेनेत्यर्थः । प्राणमेवेत्यवधारणेन सर्वभूतप्रकृतित्वलिङ्गेन च**

निद्रा और जागरण में वैसा ही देखा गया है, तो इसका उत्तर सुन लीजिए कि निद्रा और जागरण में केवल इन्द्रियों का ही प्राण में प्रवेश और उद्गमन देखा जाता है न कि सभी भूतों का । यहां पर तो इन्द्रिय और शरीर के सहित जीव में आविष्ट भूतों का संवेशन-उद्गमन सुना जाता है । यथा **'सर्वाणि ह वा इमानि भूतानि'** ऐसी श्रुति है । कदाचित् भूत शब्द का अर्थ महाभूत लिया जाय तो भी ब्रह्मलिङ्गत्व विरुद्ध नहीं पड़ता, क्योंकि आकाशादि सभी भूतों का उद्भव ब्रह्म से होता है और विलय भी ब्रह्म में होता है । पूर्वपक्ष—नहीं-नहीं, विषयों के सहित इन्द्रियों का भी निद्रावस्था में प्राण में विलय और जाग्रदवस्था में प्राण से ही उत्पत्ति हम सुनते ही हैं—'जब सोया हुआ पुरुष किसी स्वप्न को नहीं देखता, तब इस प्राण में ही अभिन्न हो जाता है, इस समय सभी वाचक नाम के साथ वाणी प्राण में लीन हो जाती है ।' सिद्धान्त—वहाँ पर भी ब्रह्मलिङ्ग ही समझना चाहिए जिससे प्राण शब्द ब्रह्म अर्थ का ही बोधक है । और जो आपने कहा था कि अन्न एवं आदित्य के सन्निधान से प्राण शब्द ब्रह्म अर्थ का बोधक नहीं है, तो ऐसा कहना असङ्गत है क्योंकि वाक्यशेष के बल से प्राण शब्द में जब ब्रह्मविषयता प्रतीत होती है तो सन्निधान उसकी अपेक्षा दुर्बल प्रमाण है, वह अकिञ्चित्कर है । और जो आप ने शरीर के भीतर प्राणापानादि पञ्चधा व्यापार में प्राण शब्द को प्रसिद्ध कहा, उसका समाधान तो आकाश शब्द की भाँति ही कर लेना चाहिए । अर्थात् जिस प्रकार आकाश शब्द भूताकाश अर्थ में प्रसिद्ध रहने पर भी भूतों की उत्पत्ति और विलयरूप लिङ्ग को देखते हुए आकाश का अर्थ ब्रह्म किया गया था वैसे ही ब्रह्मलिङ्ग को देखते हुए प्राण शब्द का

---

१. जीवाभिन्नत्व इति—जीवाभिन्नत्वे ब्रह्मलिङ्गे विद्यमाने तत्सहितात्सर्वलयाधारत्वलिङ्गाद्ब्रह्मैव न मुख्यः प्राण इत्यर्थः । जीवस्याभिन्नत्वं ब्रह्मणाऽभेदो जीवाभिन्नत्वम् ।

तदाकाशशब्दस्येव प्रतिविधेयम् । तस्मात्सिद्धं प्रस्तावदेवतायाः प्राणस्य ब्रह्मत्वम् ।

अत्र केचिदुदाहरन्ति—'प्राणस्य प्राणम्' 'प्राणबन्धनं हि सोम्य मनः' इति च । तदयुक्तम् । शब्दभेदात्प्रकरणाच्च संशयानुपपत्तेः । यथा पितुः पितेति प्रयोगेऽन्यः पिता षष्ठीनिर्दिष्टोऽन्यः प्रथमानिर्दिष्टः 'पितुः पितेति गम्यते, तद्वत् 'प्राणस्य प्राणम्' इति शब्दभेदात्प्रसिद्धात्प्राणादन्यः प्राणस्य प्राण इति निश्चीयते । नहि स एव तस्येति भेदनिर्देशार्हो भवति । यस्य च प्रकरणे यो निर्दिश्यते नामान्तरेणापि स एव तत्र प्रकरणी निर्दिष्ट इति गम्यते । यथा ज्योतिष्टोमाधिकारे—'वसन्ते वसन्ते ज्योतिषा यजेत' इत्यत्र ज्योतिःशब्दो ज्योतिष्टोमविषयो भवति, तथा परस्य ब्रह्मणः प्रकरणे 'प्राणबन्धनं हि सोम्य मनः' इति श्रुतः प्राणशब्दो वायुविकारमात्रं कथमवगमयेत् । अतः संशयाविषयत्वान्नैतदुदाहरणं युक्तम् । प्रस्तावदेवतायां तु प्राणे संशयपूर्वपक्षनिर्णया उपपादिताः ॥२३॥

प्राणपदेन तत्कारणं ब्रह्म लक्ष्यमित्याह—तदाकाशशब्दस्येवेति ।

वृत्तिकृतामुदाहरणं संशयाभावेनायुक्तमित्याह–अत्रेत्यादिना । **शब्दभेदमुक्त्वा प्रकरणं प्रपञ्चयति** —यस्य चेति ॥२३॥

अर्थ भी ब्रह्म ही लेना चाहिए, प्राणापानादि व्यापारवाला आध्यात्मिक वायु अर्थ नहीं लेना चाहिए। अतः यह सिद्ध हो गया कि प्रस्ताव का देवता प्राण ब्रह्म ही है।

यहाँ पर कुछ वृत्तिकार ने उदाहरण दिया है कि इस अधिकरण का विषय **'प्राणस्य प्राणम्' 'प्राणबन्धनं हि सोम्य मनः'** यह श्रुति होनी चाहिए किन्तु संशयाभाव होने के कारण और प्रकरण को देखते हुए भी वृत्तिकार का कथन असंगत जान पड़ता है। एक प्राण शब्द षष्ठयन्त है और दूसरा द्वितीयान्त है। षष्ठयन्त प्राण शब्द आध्यात्मिक वायु अर्थ का वाचक है और द्वितीयान्त प्राण शब्द ब्रह्म अर्थ का वाचक है। जिस प्रकार **'पितुः, पिता'** इस प्रयोग में षष्ठीनिर्दिष्ट पितृ शब्द से प्रथमानिर्दिष्ट पितृ शब्द पृथक् है, वैसे ही षष्ठयन्त प्राण शब्द से द्वितीयान्त प्राण शब्द भिन्न है। प्रसिद्ध शब्दभेद को देखते हुए प्रसिद्ध प्राण से भिन्न प्राण शब्द ब्रह्म अर्थ का ही बोधक है, यह निश्चय होता है क्योंकि भेद और सम्बन्ध दो में हुआ करता है, एक में नहीं। साथ ही, जिसके प्रकरण में जो नामान्तर से भी निर्दिष्ट हो, तो वहाँ प्रकरणागत अर्थ ही निर्दिष्ट समझना चाहिए। ब्रह्म का प्रकरण था, उस प्रकरण में यदि प्राण शब्द से निर्देश किया गया हो तो ब्रह्म अर्थ ही समझना युक्तियुक्त है। जैसे ज्योतिष्टोम याग के अधिकार में 'वसन्त वसन्त में ज्योति के द्वारा इष्ट की भावना करे' इस वाक्य में ज्योति शब्द ज्योतिष्टोम याग अर्थ का बोधक होता है, वैसे ही परब्रह्म के प्रकरण में **'प्राणबन्धनं हि सोम्य मनः'** इस श्रुति से प्राण शब्द द्वारा ब्रह्म अर्थ का बोध होगा, वायुविकारमात्र का बोध कैसे हो सकता है। अतः वृत्तिकार द्वारा उदाहृत श्रुतिवाक्य जब संशय का ही विषय नहीं है, तब इस अधिकरण का विचारणीय विषय कहना युक्तियुक्त नहीं है। तथा प्रस्तावदेवता प्राण में संशय होता है, तत्पश्चात् पूर्वपक्ष और निर्णय जो युक्तिसंगत

---

१. पितुरितिषष्ठीनिर्दिष्टः पितेतिप्रथमानिर्दिष्ट इत्यन्वयः ।

१०. ज्योतिश्चरणाधिकरणम् (सू० २४-२७)

(२४) ज्योतिश्चरणाभिधानात् ॥२४॥

कार्यं ज्योतिरुत ब्रह्म ज्योतिर्दीप्यत इत्यदः। ब्रह्मणोऽसन्निधेः कार्यं तेजो लिङ्गबलादपि ॥
चतुष्पात्प्रकृतं ब्रह्म यच्छब्देनानुवर्त्यते। ज्योतिः स्याद्भासकं ब्रह्म लिङ्गन्तूपाधियोगतः ॥

इदमामनन्ति—'अथ यदतः परो दिवो ज्योतिर्दीप्यते विश्वतः पृष्ठेषु सर्वतः पृष्ठेष्वनुत्तमेषूत्तमेषु लोकेष्विदं वाव तद्यदिदमस्मिन्नन्तः पुरुषे ज्योतिः' (छा० ३-१३-७) इति। तत्र संशयः—किमिह ज्योतिःशब्देनादित्यादि ज्योतिरभिधीयते किंवा परमात्मेति।

ज्योतिश्चरणाभिधानात्। **छान्दोग्यमेवोदाहरति**—इदमिति। **गायत्र्युपाधिकब्रह्मोपास्त्यानन्तर्यार्थोऽथशब्दः। अतो दिवो द्युलोकात्परः परस्ताद्यज्ज्योतिर्दीप्यते तद्यदिदमिति जाठराग्नावध्यस्यते। कुत्र दीप्यते ? तत्राह**—विश्वत इति। **विश्वस्मात्प्राणिवर्गादुपरि सर्वस्माद् भूरादिलोकादुपरि ये लोकास्तेषूत्तमेषु न विद्यन्ते उत्तमा येभ्य इत्यनुत्तमेषु सर्वसंसारमण्डलातीतं परं ज्योतिरिदमेव, यद्देहस्थ-**

थे, उन सभी का उपपादन कर दिया गया है। इसलिए वह छान्दोग्य श्रुति ही इस अधिकरण का विचारणीय विषय है, वृत्तिकार को अभिमत श्रुति विचारणीय विषय नहीं है ॥२३॥

१०. ज्योतिश्चरणाधिकरण

१. संगति—पूर्व अधिकरण में ब्रह्मलिङ्ग के सद्भाव से जैसे प्राण शब्द का अर्थ ब्रह्म किया था, वैसा यहाँ पर ब्रह्मलिङ्ग नहीं है जिससे कि ज्योति शब्द का अर्थ ब्रह्म कर सकें, ऐसी प्रत्युदाहरण संगति है।

२. विषय—**'अथ यदतः परो दिवो ज्योतिर्दीप्यते, विश्वतः पृष्ठेषु'** (छा० ३।१३।७) इत्यादि वाक्य यहाँ पर विचारणीय विषय है।

३. संशय—क्या ज्योति शब्द आदित्यादि का वाचक है अथवा ब्रह्मपरक है ?

४ पूर्वपक्ष—ब्रह्म की सन्निधि न होने के कारण कार्यरूप तेज ही ज्योति शब्द का अथ यहाँ पर करना चाहिए। वाक्यप्रमाण से लिङ्गप्रमाण बलवान होता है, इसलिए भी ज्योति शब्द का अर्थ कार्यज्योति करना उचित है।

५. सिद्धान्त—ज्योति शब्द का अर्थ परब्रह्म लेना उचित है क्योंकि इस वाक्य में उसके चार पाद कहे गये हैं। प्रकाशक को बहुधा ज्योति शब्द से सम्बोधित भी करते हैं, इसलिए चतुष्पात्-प्रकरणागत ब्रह्म के लिए ही **'यत्'** शब्द का प्रयोग हुआ है। प्रदेशविशेष ब्रह्म में औपाधिक हो ही सकता है, अधिकरण निर्देश भी उपासना के लिए उचित ही है। अतः **'ज्योतिर्दीप्यते'** इस वाक्य में भी ब्रह्म का सुस्पष्ट उल्लेख किया गया है।

ज्योतिश्चरणाभिधानात् (ललिता)

छान्दोग्य उपनिषद् में ऐसा कहते हैं कि 'जो इस द्युलोक से परे ज्योति है, सम्पूर्ण विश्व के पृष्ठभाग में देदीप्यमान हो रहा है जिन लोकों से उत्तम कोई दूसरा लोक नहीं है ऐसे सभी लोकों में है और जो यह पुरुष के भीतर है' इत्यादि। वहाँ संशय होता है कि इस श्रुति में **'ज्योतिः'** शब्द से आदित्यादि ज्योति कही जाती है अथवा परमात्मा कहा जाता है ? इस प्रकरण को पूर्व अधिकरण

अर्थान्तरविषयस्यापि शब्दस्य तल्लिङ्गाद्ब्रह्मविषयत्वमुक्तम् । इह तु तल्लिङ्गमेवास्ति नास्तीति विचार्यते । किं तावत्प्राप्तम् ? आदित्यादिकमेव ज्योतिःशब्देन परिगृह्यत इति । कुतः ? प्रसिद्धेः । तमो ज्योतिरिति हीमौ शब्दौ परस्परप्रतिद्वन्द्विविषयौ प्रसिद्धौ । चक्षुर्वृत्तेर्निरोधकं शार्वरादिकं तम उच्यते । तस्या एवानुग्राहकमादित्यादिकं ज्योतिः । तथा 'दीप्यते' इतीयमपि श्रुतिरादित्यादिविषया प्रसिद्धा । नहि रूपादिहीनं ब्रह्म 'दीप्यते' इति मुख्यां [1]श्रुतिमर्हति । द्युमर्यादत्वश्रुतेश्च । नहि चराचरबीजस्य ब्रह्मणः सर्वात्मकस्य द्यौर्मर्यादा युक्ता । कार्यस्य तु ज्योतिषः परिच्छिन्नस्य द्यौर्मर्यादा स्यात् । 'परो दिवो ज्योतिः' इति च ब्राह्मणम् । ननु कार्यस्यापि ज्योतिषः सर्वत्र गम्यमानत्वाद्द्युमर्यादावत्त्वमसमञ्जसम् । अस्तु तर्हि त्रिवृत्कृतं तेजः प्रथमजम् । न, अत्रिवृत्कृतस्य तेजसः

मित्यर्थः । अस्य पूर्वेणागतार्थत्वं वदन्प्रत्युदाहरणसङ्गतिमाह— अर्थान्तरेति । **अत्र स्ववाक्ये स्पष्टब्रह्म-लिङ्गाभावेऽपि 'पादोऽस्य' इति पूर्ववाक्ये भूतपादत्वं लिङ्गमस्तीति पादसङ्गतिः । पूर्वोत्तरपक्षयोर्जड-ब्रह्मज्योतिषोरुपास्तिः फलमिति भेदः। नन्वज्ञानतमोविरोधित्वाद् ब्रह्मापि ज्योतिःपदशक्यतया प्रसिद्ध-**मस्ति, नेत्याह—चक्षुरिति । **शर्वर्यां रात्रौ भवं शार्वरं नीलमिति यावत् । अनेनावरकत्वाद्रूपवत्त्वाच्च कुड्यवद्भावरूपं तम इत्यर्थादुक्तं भवति ।** ज्योतिःश्रुतेरनुग्राहकलिङ्गान्याह—तथेत्यादिना । **भास्वर-रूपात्मिका दीप्तिस्तेजस एव लिङ्गमित्याह**—न हीति । **मास्तु मर्यादेत्याशङ्क्य श्रुतत्वान्मैवमित्याह** —परो दिव इति । **मर्यादां ब्रूत इति शेषः । ब्रह्मवत् कार्यस्यापि मर्यादाऽयोगान्निरर्थकं ब्राह्मणमिति कश्चिदाक्षिपति**—नन्विति । [2]**एकदेशी ब्रूते**—अस्त्विति । **सर्गादौ जातं किञ्चिदतीन्द्रियं तेजो दिवः परस्तादस्ति, श्रुतिप्रामाण्यादित्यर्थः । अध्ययनविध्युपात्तश्रुतेर्निष्फलं वस्तु नार्थ इत्याक्षिप्य ब्रूते—नेति ।**

से गतार्थ नहीं कह सकते क्योंकि अर्थान्तरविषयक शब्द भी, ब्रह्मलिङ्ग को देखकर, ब्रह्मवाचक माना गया था । पर यहाँ ब्रह्मलिङ्ग है या नहीं है, इसी का विचार करना है । अतः पूर्व अधिकरण से इस अधिकरण के विषय को गतार्थ नहीं कह सकते ।

अच्छा तो फिर आप क्या मानते हैं ? इस पर पूर्वपक्षी ने कहा कि ज्योतिः शब्द से आदित्यादि ज्योति का ही ग्रहण होता है क्योंकि इसी अर्थ में ज्योतिः शब्द को प्रसिद्धि है । तम और ज्योति ऐसे दोनों शब्द परस्पर विरुद्धविषय में प्रसिद्ध हैं । नेत्रवृत्ति का निरोधक, रात्रि के समय सुस्पष्टरूप से भासनेवाला तम कहा जाता है और जो चक्षुवृत्ति के ही अनुग्राहक आदित्यादि हैं उन्हें ज्योति शब्द से कहा जाता है । इतना ही नहीं, प्रत्युत **'दीप्यते'** यह श्रुति भी आदित्यादि विषय में ही प्रसिद्ध है, रूपादि से रहित नीरूप ब्रह्म को **'दीप्यते'** यह शब्द शक्तिवृत्ति से नहीं बतला सकता । साथ ही, द्युलोक की सीमा भी कही गयी है । चराचर जगत् के मूलकारण सर्वात्मक ब्रह्म को द्युलोक से परे बतलाना युक्ति-संगत नहीं है किन्तु कार्यज्योति जो परिच्छिन्न है उसके लिए तो द्युलोक से परे की सीमा कही ही जा सकती है, इसीलिए तो **'परो दिवो ज्योतिः'** ऐसा ब्राह्मण वचन है ।

पूर्वपक्षी का एकदेशी कहता है कि कार्यज्योति भी तो सर्वत्र दिखायी पड़ती है, उसे भी द्युलोक से परे की सीमा बतलाना असङ्गत ही है । पूर्वपक्षी—तब तो अत्रिवृत्कृत् प्रथम उत्पन्न हुआ तेज

---

१. शक्तिम् । २. पूर्वपक्षिण एकदेशीत्यर्थः ।

प्रयोजनाभावादिति । 'इदमेव प्रयोजनं यदुपास्यत्वमिति चेत् । न, प्रयोजनान्तरप्रयुक्तस्यैवादित्यादेरुपास्यत्वदर्शनात् । "तासां त्रिवृतं त्रिवृतमेकैकां करवाणि' (छा० ६-३-३) इति चाविशेषश्रुतेः । न चात्रिवृत्कृतस्यापि तेजसो द्युमर्यादत्वं प्रसिद्धम् । अस्तु तर्हि त्रिवृत्कृतमेव तत्तेजो ज्योतिःशब्दम् । ननूक्तमर्वागपि दिवोऽवगम्यतेऽग्न्यादिकं ज्योतिरिति । नैष दोषः । सर्वत्रापि गम्यमानस्य ज्योतिषः 'परो दिवः' इत्युपासनार्थः प्रदेशविशेषपरिग्रहो न विरुध्यते । नतु निष्प्रदेशस्यापि ब्रह्मणः प्रदेशविशेषकल्पना भागिनी । 'सर्वतः पृष्ठेष्वनुत्तमेषूत्तमेषु लोकेषु' इति चाधारबहुत्वश्रुतिः कार्ये ज्योतिष्युपपद्यतेतराम् । 'इदं वाव तद्यदिदमस्मिन्नन्तःपुरुषे ज्योतिः' (छा० ३-१३-७) इति च कौक्षेये ज्योतिषि परं ज्योतिरध्यस्यमानं दृश्यते । सारूप्यनिमित्ताश्चाध्यासा भवन्ति । यथा— 'तस्य भूरिति

ध्यानं फलमित्याशङ्क्य निष्फलस्य क्वापि ध्यानं नास्तीत्याह—इदमेवेत्यादिना । **प्रयोजनान्तरं तमोनाशादिकम् । अत्रिवृत्कृतं तेजोऽङ्गीकृत्याफलत्वमुक्त्वा तदेव नास्तीत्याह**—तासामिति । **तेजोऽबन्नानां देवतानामेकैकं द्विधा विभज्य पुनश्चैकैकं भागं द्वेधा कृत्वा स्वभागादितरभागयोर्निक्षिप्य तन्त्रिगुणरज्जुवत्त्रिवृतं करवाणीत्यविशेषोक्तेर्नास्त्यत्रिवृत्कृतं किञ्चिदित्यर्थः । किञ्चात्र 'यदतः परः' इति यच्छब्देना'न्यतः प्रसिद्धं द्युमर्यादत्वं ध्यानायानूद्यते । न चात्रिवृत्कृतस्य तस्य तत्त्वविन्प्रसिद्धमित्याह**—न चेति । **एकदेशिमते निरस्ते साक्षात्पूर्वपक्षी ब्रूते**—अस्तु तर्हीति । **प्रदेशविशेषः दिवः परस्ताद्दीप्यमानः सूर्यादितेजोऽवयवविशेषः, तस्य परिग्रह उपासनार्थो न विरुध्यत इत्यन्वयः । स एव कौक्षेये ज्योतिषि उपास्यते । तस्यापि तेजस्त्वादिति भावः । ब्रह्मणोऽपि ध्यानार्थं प्रदेशस्थत्वं कल्प्यतां, नेत्याह**—नत्विति । **निष्प्रदेशस्य निरवयवस्य विशेषेऽपि दिवः परस्ताद्दीप्यमानब्रह्मावयवकल्पना भागिनी युक्ता न त्वित्यन्वयः । अप्रामाणिकगौरवापातादिति भावः । ततः किं, तत्राह**— सारूप्येति । **यथा एकत्वसाम्याद् भूरितिव्याहृतौ 'प्रजापतेः शिरोदृष्टिः श्रुता, तथा जाठराग्नावब्रह्मत्वं**

ही ज्योतिपदवाच्य मानना चाहिए । एकदेशी—ऐसा कहना ठीक नहीं, क्योंकि अत्रिवृत्कृत् तेज का कोई प्रयोजन नहीं है । दूसरा एकदेशी कहता है कि अत्रिवृत्कृत् तेज का यही प्रयोजन है कि वह उपास्य माना जाय । पूर्वपक्षी—ऐसा कहना भी ठीक नहीं । प्रयोजनान्तर के लिए प्रयोग किये गये आदित्यादि में भी उपास्यत्व देखा जाता है और सभी भूतों का त्रिवृत्करण 'तेज, जल और पृथ्वी इन तीनों में से एक एक का भी त्रिवृत्करण मैं करूँ' ऐसा अविशेषरूप से सुना जाता है । साथ ही, अत्रिवृत्कृत् तेज को भी द्युलोक की सीमा बतलाना प्रसिद्ध नहीं है ।

एकदेशी मत का खण्डन हो जाने पर साक्षात् पूर्वपक्षी कहता है कि तब तो त्रिवृत्कृत् तेज को ही ज्योतिशब्दवाच्य मानना चाहिए । यह कहना ठीक नहीं क्योंकि कहा जा चुका है कि द्युलोक से नीचे भी त्रिवृत्कृत् अग्न्यादि ज्योति हैं ही । पूर्वपक्षी—यह कोई दोष नहीं है । सर्वत्र जाने गये ज्योति का भी 'द्युलोक से परे' उपासना के लिए प्रदेशविशेष का ग्रहण करना कोई विरुद्ध नहीं है, किन्तु प्रदेशरहित ब्रह्म को प्रदेश-विशेष की कल्पना मानना ठीक नहीं । सभी के पृष्ठभाग में और अति उत्तम लोक में' इस वाक्य द्वारा अनेक आधार श्रुति बतला रही है, जो कार्यज्योति में ही युक्तिसङ्गत है । 'इस पुरुष के भीतर वही ज्योति है' इस वाक्य के द्वारा कुक्षि में विद्यमान ज्योति में परज्योति का

---

१. एकदेशी आक्षेप्ता । २. आक्षेप्तैवाह । ३. श्रुत्यन्तरात् । ४. विराजः ।

शिर एकं शिर एकमेतदक्षरम्' (बृ०५-५-३) इति। कौक्षेयस्य तु ज्योतिषः प्रसिद्धमब्रह्मत्वम्। 'तस्यैषा दृष्टिः' (छा०३-१३-७) 'तस्यैषा श्रुतिः' (छा० ३-१३-८) इति चौष्ण्यघोषविशिष्टत्वस्य श्रवणात्। 'तदेतद्दृष्टं च श्रुतं चेत्युपासीत' (छा० ३-१३-८) इति च श्रुतेः। 'चक्षुष्यः श्रुतो भवति य एवं वेद' (छा० ३-१३-८) इति चाल्पफलश्रवणादब्रह्मत्वं, महते हि फलाय ब्रह्मोपासनमिष्यते। न चान्यदपि किञ्चित्स्ववाक्ये प्राणाकाशवज्ज्योतिषोऽस्ति ब्रह्मलिङ्गम्। नच पूर्वस्मिन्नपि वाक्ये ब्रह्म निर्दिष्टमस्ति, 'गायत्री वा इदँ सर्वं भूतम्' (छा०३-१२-१) इति छन्दोनिर्देशात्। अथापि कथंचित्पूर्वस्मिन्वाक्ये ब्रह्म निर्दिष्टं स्यादेवमपि न तस्येह प्रत्यभिज्ञानमस्ति। तत्र हि 'त्रिपादस्यामृतं दिवि' (छा०३-१२-६) इति द्यौरधिकरणत्वेन श्रूयते। अत्र पुनः 'परो दिवो ज्योतिः' इति द्यौर्मर्यादात्वेन। तस्मात्प्राकृतं ज्योतिरिह ग्राह्यमित्येवं प्राप्ते ब्रूमः—ज्योतिरिह ब्रह्म ग्राह्यम्। कुतः? चरणाभिधानात्, पादाभिधानादित्यर्थः। पूर्वस्मिन्हि वाक्ये चतुष्पाद्-

---

घोषादिश्रुत्या प्रसिद्धमिति जडज्योतिष्ट्वं साम्यं वाच्यमित्यर्थः। यद्देहस्पर्शनेनौष्ण्यज्ञानं प्रसिद्धं सैषा तस्य जाठराग्नेर्दृष्टिः, यत्कर्णपिधानेन घोषश्रवणं, सैषा तस्य श्रुतिरित्यर्थः। ज्योतिषो जडत्वे लिङ्गान्तरमाह—तदेतदिति। ज्योतिरित्यर्थः। चक्षुष्यश्चक्षुर्हितः सुन्दरः, श्रुतो विख्यातः। न चान्यदपीति। ब्रह्मलिङ्गमपि किञ्चिदन्यन्नास्तीत्यन्वयः। ननु 'त्रिपादस्यामृतं दिवि' इति पूर्ववाक्योक्तं ब्रह्मात्र ज्योतिःपदेन गृह्यतामित्याशङ्क्याह—न चेति। ननु सर्वात्मकत्वामृतत्वाभ्यां ब्रह्मोक्तमित्यत आह—अथापीति। कथंचिच्छन्दोद्वारेत्यर्थः। दिवि दिवः इति विभक्तिभेदान्न प्रत्यभिज्ञेत्यर्थः। प्रकृतेर्जातं प्राकृतं, कार्यमित्यर्थः। आचारं निरस्यति—पादेति। 'गायत्री वा

ध्यानार्थ अध्यास देखा गया है क्योंकि अध्यास के लिए आधार और अध्यस्यमान में समानरूपता का होना अभीष्ट है। जैसे 'उस विराट् का भूः यह व्याहृति शिर है, शिर एक होता है और यह अक्षर भी एक है।' किन्तु कौक्षेय ज्योति में अब्रह्मत्व प्रसिद्ध है अर्थात् वह व्यापक नहीं है, 'उसकी यह दृष्टि और उसकी यह श्रुति है' इस वाक्य के द्वारा औष्ण्य एवं घोषविशिष्टत्व सुना जाता है। कान में उंगली डालकर कौक्षेयज्योति का घोष सुना जाता है और हाथ से जीवित व्यक्ति के शरीर का स्पर्श करने पर उसमें औष्ण्य देखा जाता है। 'उस तेज की उपासना **दृष्टम्** और **श्रुतम्** रूप से करे' ऐसी श्रुति है, जिस उपासना का फल है 'उपासक अत्यन्त सुन्दर और विश्वविख्यात हो जाता है, जो इसकी उपासना इस रूप में करता है।' इस प्रकार परिच्छिन्न फल सुने जाने के कारण कौक्षेयज्योति में ब्रह्मत्व प्रसिद्ध नहीं है क्योंकि ब्रह्म उपासना का फल तो महान होता है। इसके अतिरिक्त ज्योति वाक्य में प्राण और आकाश की भाँति ज्योति शब्द के अर्थनिर्णय के लिए अन्य कोई भी ब्रह्मलिङ्ग नहीं दिखायी पड़ता और इससे पूर्ववाक्य में भी ब्रह्म का निर्देश नहीं है, वहाँ पर तो 'यह सम्पूर्ण भूत गायत्र स्वरूप है' ऐसा गायत्री छन्द का निर्देश है, ब्रह्म का नहीं। कथंचित् छन्द द्वारा पूर्ववाक्य में ब्रह्म का निर्देश मान भी लिया जाय फिर भी उसकी यहाँ प्रत्यभिज्ञा नहीं होती क्योंकि **'त्रिपादस्यामृतं दिवि'** इस वाक्य द्वारा द्युलोक को अधिकरण कहा गया है और यहाँ पर **'परो दिवो ज्योतिः'** द्युलोक को मर्यादारूप में बतलाया है। अतः प्राकृत ज्योति का ही इस प्रसङ्ग में ग्रहण करना उचित होगा।

ब्रह्म निर्दिष्टम्—'तावानस्य महिमा ततो ज्यायाँश्च पूरुषः। पादोऽस्य सर्वा भूतानि त्रिपादस्यामृतं दिवि' (छा० ३-१२-६) इत्यनेन मन्त्रेण। तत्र यच्चतुष्पदो ब्रह्मणस्त्रिपादमृतं द्युसम्बन्धिरूपं निर्दिष्टं तदेवेह द्युसम्बन्धान्निर्दिष्टमिति प्रत्यभिज्ञायते। तत्परित्यज्य प्राकृतं ज्योतिः कल्पयतः प्रकृतहानाप्रकृतप्रक्रिये प्रसज्येयाताम्। न केवलं ज्योतिर्वाक्य एव ब्रह्मानुवृत्तिः, परस्यामपि शाण्डिल्यविद्यायामनुवर्तिष्यते ब्रह्म। तस्मादिह ज्योतिरिति ब्रह्म प्रतिपत्तव्यम्। यत्तूक्तम्—'ज्योतिर्दीप्यते' इति चैतौ शब्दौ कार्ये ज्योतिषि प्रसिद्धाविति। नायं दोषः। प्रकरणाद्ब्रह्मावगमे सत्यनयोः शब्दयोरविशेषकत्वात्। दीप्यमान-

---

इदं सर्वं भूतम्' 'वाग्वै गायत्री' (छा० ३-१२-१) 'येयं पृथिवी' (छा० ३-१२-२) 'यदिदं शरीरम्' (छा० ३-१२-३) 'यदस्मिन्पुरुषे हृदयम्' 'इमे प्राणाः' (छा० ३-१२-४) इति भूतवाक्पृथिवीशरीर-हृदयप्राणात्मिका षड्विधा '[1]षड्भिरक्षरैश्चतुष्पदा गायत्रीति यदुक्तं तावान् तत्परिमाणः सर्वः प्रपञ्चोऽस्य गायत्र्यनुगतस्य ब्रह्मणो महिमा विभूतिः, पुरुषस्तु पूर्णब्रह्मरूपः, अतः प्रपञ्चाज्ज्यायानधिकः। आधिक्यमेवाह—पाद इति। सर्वं जगदेकः पादोंऽशः 'विष्टभ्याहमिदं कृत्स्नमेकांशेन स्थितो जगत्' (भ० गी० १०-४२) इति स्मृतेः। अस्य पुरुषस्य दिवि स्वप्रकाशस्वरूपे त्रिपादमृतं रूपमस्ति, दिवि सूर्यमण्डले वा ध्यानार्थमस्ति, कल्पिताज्जगतो ब्रह्मस्वरूपमनन्तमस्तीत्यर्थः। यथा लोके पादात्पादत्रयमधिकं तथेदमधिकमिति बोधनार्थं त्रिपादमृतमित्युक्तं, न त्रिपात्त्वं विवक्षितमिति मन्तव्यम्। 'यदतः परः' इति यच्छब्दस्य प्रसिद्धार्थवाचित्वात्पूर्ववाक्यप्रसिद्धं ब्रह्म ग्राह्यमित्याह—तत्रेति। ननु 'यदाग्नेयोऽष्टाकपालः' इत्यत्र यत्पदस्याप्रकृतार्थकत्वं दृष्टमित्यत आह—तत्परित्यज्येति। तत्र यागस्यान्यतः प्रसिद्धेरभावेनापूर्वत्वादगत्या यदोऽप्रसिद्धार्थत्वमाश्रितम्। इह तु पूर्ववाक्यप्रसिद्धस्य ब्रह्मणो द्युसम्बन्धेन प्रत्यभिज्ञातस्य यदर्थत्वनिश्चयात्तत्पदैकार्थकज्योतिःपदस्यापि स एवार्थ इत्यर्थः। संदंशन्यायादप्येवमित्याह—न केवलमिति। 'सर्वं खल्विदं ब्रह्म' (छा० ३-१४-१) इत्युत्तरत्र ब्रह्मानुवृत्तेर्मध्यस्थं ज्योतिर्वाक्यं ब्रह्मपरमित्यर्थः। प्रकरणादिति। प्रकृतापेक्षयत्पदश्रुत्या द्युसम्बन्धभूतपादत्वादिलिङ्गैश्चेत्यर्थः। अतः प्रकरणाज्ज्योतिःश्रुतिबाधो न युक्त इति निरस्तम्। अविशेषकत्वादिति। ब्रह्मव्यावर्तकत्वाभावादित्यर्थः। येन तेजसा चैतन्येनेद्धः प्रकाशितः सूर्यस्तपति

ऐसा पूर्वपक्ष होने पर हम सिद्धान्ती कहते हैं—यहाँ पर ज्योति शब्द का ब्रह्म अर्थ लेना चाहिए क्योंकि पूर्ववाक्य में 'उतनी तो इस पुरुष की महिमा है, वह पुरुष तो इससे भी बड़ा है, इसके एक पाद में सभी भूत हैं और इसके तीन पाद द्युलोक में अमृतस्वरूप हैं' इस मन्त्र द्वारा चतुष्पाद् ब्रह्म का निर्देश किया गया है। इनमें से चतुष्पाद् ब्रह्म के त्रिपाद् द्युलोक से सम्बन्धित अविनाशी बतलाये गये हैं, वही यहाँ पर भी द्युलोक के सम्बन्ध से निर्दिष्ट है, ऐसी प्रत्यभिज्ञा होती है। उस अर्थ को छोड़कर प्राकृत ज्योति की कल्पना करने वाले के पक्ष में प्रकृत की हानि और अप्रकृत की प्रक्रिया का प्रसंग आने लग जायेगा। केवल पूर्ववाक्य से ज्योतिर्वाक्य में ही ब्रह्म की अनुवृत्ति नहीं होती है, अपितु आगे बतलायी गयी शाण्डिल्यविद्या में भी ब्रह्म का अनुवर्तन होगा। अतः यहां पर ज्योति शब्द से ब्रह्म अर्थ को ही समझना चाहिए।

और जो आप ने कहा था कि **'ज्योतिर्दीप्यते'** ये दोनों **'ज्योतिः'** और **'दीप्यते'** शब्द कार्यज्योति अर्थ में ही प्रसिद्ध हैं, ब्रह्म अर्थ में नहीं? समाधान—यह कोई दोष नहीं है क्योंकि प्रकरण

---

१. षड्भिरक्षरैश्चतुष्पदेति—षडक्षरपादासती चतुष्पादा भवति गायत्रीत्यर्थः।

कार्यज्योतिरुपलक्षिते ब्रह्मण्यपि 'प्रयोगसम्भवात् । 'येन सूर्यस्तपति तेजसेद्धः' (तै० ब्रा० ३-१२-९-७) इति च मन्त्रवर्णात् । यद्वा नायं ज्योतिःशब्दश्चक्षुर्वृत्तेरेवानुग्राहके तेजसि वर्तते, अन्यत्रापि प्रयोगदर्शनात्—'वाचैवायं ज्योतिषास्ते' (बृ० ४-३-५) 'मनो ज्योतिर्जुषताम्' (तै० ब्रा० १-६-३-३) इति च । तस्माद्यद्यत्कस्यचिदवभासकं तत्तज्ज्योतिःशब्देनाभिधीयते । तथा सति ब्रह्मणोऽपि चैतन्यरूपस्य समस्तजगदवभासहेतुत्वादुपपन्नो ज्योतिःशब्दः । 'तमेव भान्तमनुभाति सर्वं तस्य भासा सर्वमिदं विभाति' (का० २-५-१५) 'तद्देवा ज्योतिषां ज्योतिरायुर्होपासतेऽमृतम्' (बृ० ४-४-१६) इत्यादिश्रुतिभ्यश्च । यदप्युक्तम्—द्युमर्यादत्वं सर्वगतस्य ब्रह्मणो नोपपद्यत इति । अत्रोच्यते—सर्वगतस्यापि ब्रह्मण उपासनार्थः प्रदेशविशेषपरिग्रहो न विरुध्यते । ननूक्तम्—निष्प्र-

---

प्रकाशयति तं बृहन्तमवेदवित्र मनुत इत्यर्थः । ज्योतिःशब्दस्य कार्यज्योतिष्येव शक्तिरित्यङ्गीकृत्य कारणब्रह्मलक्षकत्वमुक्त्वा ब्रह्मण्यपि शक्तिमाह—यद्वेति । गाढान्धकारे वाचैव ज्योतिषा लोक आसनादिव्यवहारं करोतीत्यर्थः । आज्यं जुषतां पिबतां मनो ज्योतिः प्रकाशकं भवतीत्याज्यस्तुतिः । यथा गच्छन्तमनुगच्छतः स्वस्यापि गतिरस्ति तथा सर्वस्य स्वनिष्ठं भानं स्यादित्यत आह—तस्य भासेति । तत् कालानवच्छिन्नं ब्रह्म सूर्यादिज्योतिषां साक्षिभूतमायुरमृतमिति च देवा उपासत इत्यर्थः । योषितोऽग्नित्ववद् द्युमर्यादत्वादिकं ध्यानार्थं कल्पितं ब्रह्मणो युक्तमित्याह—अत्रोच्यते

ब्रह्म का चल रहा है। प्रकरण को देखते हुए ब्रह्म अर्थ का बोध कराने में दोनों समान हैं। दीप्यमान कार्यज्योति से उपलक्षित ब्रह्म अर्थ में भी उक्त दोनों शब्दों का प्रयोग सम्भव ही है। 'जिस चैतन्य तेज से प्रकाशित हो सूर्य प्रकाश करता है, उस महान परमेश्वर को अवेदवित् पुरुष नहीं जानता' इस मन्त्रवर्ण से भी ज्योति शब्द से ब्रह्म अर्थ सिद्ध होता है। कार्यज्योति अर्थ में ही ज्योतिः शब्द की शक्ति है, ऐसा मानकर लक्षणावृत्ति से ज्योतिः शब्द का प्रयोग ब्रह्म में किया गया था, अब शक्तिवृत्ति से भी ज्योतिः शब्द ब्रह्म अर्थ में प्रयुक्त होता है, इसलिए **'यद्वा'** कल्प से कहते हैं कि यह ज्योतिः शब्द नेत्रवृत्ति के अनुग्राहक तेज में ही प्रयुक्त होता है, ऐसी बात नहीं है; अन्यत्र भी इसकी शक्ति देखी जाती है। 'गहन अन्धकार में वाणीरूप ज्योति से पुरुष चलना-फिरना व्यवहार करता है' और 'मनरूप ज्योति के सेवन करने वाले' इन वाक्यों में वाणी और मन अर्थ में भी ज्योति शब्द का प्रयोग देखा जाता है। अतः जो जो वस्तु किसी का प्रकाशक हो, वह सभी वस्तु ज्योति शब्द का वाच्य (अभिधेय) मानी जाती है। ऐसे ही, चैतन्यरूप ब्रह्म को भी समस्त जगत् का प्रकाशक होने से ज्योतिशब्दवाच्य कहना युक्तिसंगत है, और ऐसी ही 'उसके प्रकाशित होने के पीछे सूर्यादि प्रकाशित होते हैं एवं उस ब्रह्म के प्रकाश से यह सब कुछ प्रकाशित हैं' 'देवताओं ने आदित्यादि ज्योतियों की अमरज्योति को आयु मानकर उपासना की है' इत्यादि श्रुति है।

और जो आप ने कहा था, कि सर्वव्यापक ब्रह्म को द्युलोक की मर्यादा में बाँधना ठीक नहीं है, क्योंकि वह द्युलोक से ऊपर ही नहीं, अपितु सर्वत्र है ? इस पर हमारा कहना है कि सर्वव्यापक ब्रह्म का प्रदेशविशेष उपासना के लिए बतलाना कोई विरुद्ध नहीं है। पूर्वपक्षी—हमने भी तो कहा था

---

१. लक्षणयेति भावः । २. न जानाति ।

देशस्य ब्रह्मणः प्रदेशविशेषकल्पना नोपपद्यत इति । नायं दोषः । निष्प्रदेशस्यापि ब्रह्मण उपाधिविशेषसम्बन्धात्प्रदेशविशेषकल्पनोपपत्तेः । तथाहि— आदित्ये, चक्षुषि, हृदय इति प्रदेशविशेषसम्बन्धीनि ब्रह्मण उपासनानि श्रूयन्ते । एतेन 'विश्वतः पृष्ठेषु' (छा० ३-१३-७) इत्याधारबहुत्वमुपपादितम् । यदप्येतदुक्तम्—औष्ण्यघोषाभ्यामनुमिते कौक्षेये कार्ये ज्योतिष्यध्यस्यमानत्वात्परमपि दिवः कार्यंज्योतिरेवेति । तदप्ययुक्तम् । परस्यापि ब्रह्मणो नामादिप्रतीकत्ववत्कौक्षेयज्योतिःप्रतीकत्वोपपत्तेः । 'दृष्टं च श्रुतं चेत्युपासीत' (छा० ३-१३-८) इति तु प्रतीकद्वारकं दृष्टत्वं श्रुतत्वं च भविष्यति । यदप्यल्पफलश्रवणान्न ब्रह्मेति, तदप्यनुपपन्नम् । न हीयते फलाय ब्रह्माश्रयणीयं, इयते नेति नियमहेतुरस्ति । यत्र हि निरस्तसर्वविशेषसम्बन्धं परं ब्रह्मात्मत्वेनोपदिश्यते, तत्रैकरूपमेव फलं मोक्ष इत्यवगम्यते । यत्र तु गुणविशेषसम्बन्धं प्रतीकविशेषसम्बन्धं वा ब्रह्मोपदिश्यते, तत्र संसारगोचराण्येवोच्चावचानि फलानि दृश्यन्ते—'अन्नादो वसुदानो विन्दते वसु य एवं वेद' (बृ०४-४-२४) इत्याद्यासु श्रुतिषु । यद्यपि न स्ववाक्ये किञ्चि-

---

इत्यादिना । **दिवः परमपीत्यन्वयः । आरोप्यस्य ध्येयस्यालम्बनस्य च सादृश्यनियमो नास्तीत्याह—** परस्यापीति । **भविष्यति ब्रह्मज्योतिष इति शेषः । 'तं यथा यथोपासते तथा तथा फलं भवति' (मुद्गलो० ३-३) इति श्रुतेरित्याह—** न हीयत इति । **ज्ञानफलवदुपास्तिफलमेकरूपं किं न स्यादत आह—** यत्र हीति । **ज्ञेयैकत्वादित्यर्थः । ध्येयं तु नानेत्याह—**यत्र त्विति । **ईश्वरो जीवरूपेणान्नमत्तीत्यन्नादः, अन्नस्याऽऽसमन्ताद्दाता वा । वसु हिरण्यं ददातीति वसुदान इति गुणविशेषसम्बन्धं यो**

कि ब्रह्म निष्प्रदेश है, उसमें प्रदेशविशेष की कल्पना उचित नहीं है ! समाधान—यह कोई दोष नहीं है । निष्प्रदेश ब्रह्म का भी उपाधिविशेष से सम्बन्ध हो जाने पर प्रदेशविशेष की कल्पना ठीक ही है, क्योंकि आदित्य, चक्षु और हृदय में ब्रह्म की उपासनायें प्रदेशविशेष से सम्बद्ध ही तो सुनी जाती हैं। इस प्रकार उपासना के लिए निष्प्रदेश ब्रह्म में प्रदेश की कल्पना जब युक्तिसिद्ध है तो इससे **'विश्वतः पृष्ठेषु'** इत्यादि वाक्यों द्वारा आधारबहुत्व का उपपादन भी उचित ही है ।

और जो आप ने कहा था कि उष्णता और घोष के आधार पर अनुमित कुक्षिगत ज्योति में अध्यस्त होने के कारण द्युलोक से पर भी कार्यज्योति ही है ? ऐसा कहना ठीक नहीं है, क्योंकि नाम आदि प्रतीकों की भाँति कौक्षेयज्योति भी परब्रह्म का प्रतीक हो सकता है । **'दृष्टं च श्रुतं च'** अर्थात् 'दृष्ट और श्रुतरूप में उसकी उपासना करे' इस प्रतीक द्वारा उपासित कौक्षेयज्योति दृष्ट और श्रुत हो जायेगा, ऐसा फल बतलाया गया है। और जो आप ने कहा था कि अल्पफल सुना गया है, इसलिए वह ब्रह्म उपासना नहीं है ! ऐसा कहना भी असंगत है क्योंकि इतने फल के लिए ब्रह्म उपासना करनी चाहिए और इतने के लिए नहीं करनी चाहिए, ऐसा नियम करने में कोई हेतु नहीं है। जहाँ पर समस्त विशेषसम्बन्ध से रहित परब्रह्म को आत्मरूप से बतलाया गया है वहाँ पर एकरूप ही फल मोक्ष दीखता है किन्तु जहाँ गुणविशेष से अथवा प्रतीकविशेष से सम्बद्ध ब्रह्म उपासना बतलायी गयी है, वहाँ पर संसारविषयक न्यूनाधिक फल भी देखे जाते हैं। जीवरूप से ब्रह्म अन्न खाता है, इसलिए उसे अन्नाद कहते हैं अथवा सभी ओर से सबको अन्न देता है इसलिए वह अन्नाद है, वह वसु (धन) देता है इसलिए वसुदान कहा जाता है । ऐसे गुणविशेषसम्बद्ध परमेश्वर की

(२५) छन्दोऽभिधानान्नेति चेन्न तथा चेतोऽर्पणनिगदात्तथा हि दर्शनम् ॥२५॥

ज्ज्योतिषो ब्रह्मलिङ्गमस्ति तथापि पूर्वस्मिन्वाक्ये दृश्यमानं ग्रहीतव्यं भवति । तदुक्तं सूत्रकारेण—'ज्योतिश्चरणाभिधानात्' इति । कथं पुनर्वाक्यान्तरगतेन ब्रह्मसंनिधानेन ज्योतिःश्रुतिः स्वविषयाच्छक्या प्रच्यावयितुम् । नैष दोषः । 'यदतः परो दिवो ज्योतिः' (छा० ३-१३-७) इति प्रथमतरपठितेन यच्छब्देन सर्वनाम्ना द्युसम्बन्धात्प्रत्यभिज्ञायमाने पूर्ववाक्यनिर्दिष्टे ब्रह्मणि स्वसामर्थ्येन परामृष्टे सत्यर्थाज्ज्योतिःशब्दस्यापि ब्रह्मविषयत्वोपपत्तेः । तस्मादिह ज्योतिरिति ब्रह्म प्रतिपत्तव्यम् ॥२४॥

अथ यदुक्तम्—'पूर्वस्मिन्नपि वाक्ये न ब्रह्माभिहितमस्ति, 'गायत्री वा इदं सर्वं भूतं यदिदं किञ्च' (छा० ३-१२-१) इति गायत्र्याख्यस्य छन्दसोऽभिहितत्वादिति, तत्परिहर्तव्यम् । कथं पुनश्छन्दोऽभिधानान्न ब्रह्माभिहितमिति शक्यते वक्तुं, यावता 'तावानस्य महिमा' इत्ये-

---

वेद स धनं विन्दते, दीप्ताग्निश्च भवति । 'नाम्नो वागुत्तमा, मनो वा प्रतीकं वाचो भूयः' इति प्रतीकविशेषध्यानश्रुतिसंग्रहार्थमाद्यपदम् । सन्निधेः श्रुतिर्बलीयसीति शङ्कते—कथं पुनरिति । [2]अथ प्रथमश्रुत्यनुसारेण चरमश्रुतिर्नीयत इत्याह—नैष इति । सर्वनाम्ना स्वसामर्थ्येन स्वस्य सर्वनाम्नः सामर्थ्यं सन्निहितवाचित्वं तद्बलेन परामृष्टे सतीति योजना । अर्थाद्यत्पदसामानाधिकरण्यादित्यर्थः ॥२४॥

छन्दोऽभिधानाद्ब्रह्म प्रकृतं नास्तीति शङ्कामेकदेशी दूषयति—कथमिति । शङ्कां साधयति—

जो उपासना करता है वह धन को प्राप्त करता है और वह प्रदीप्ताग्नि हो जाता है' इन श्रुतियों में उपासना के अनुरूप फल बतलाया गया है ।

यद्यपि ज्योतिर्वाक्य में ज्योति शब्द का ब्रह्मार्थबोधक कोई लिङ्ग नहीं है, फिर भी इससे पूर्ववाक्य में देखे गये ब्रह्मलिङ्ग का ग्रहण यहाँ भी कर लेना चाहिए, ऐसा ही **'ज्योतिश्चरणाभिधानात्'** इस वाक्य का अर्थ सूत्रकार ने माना है । वाक्यान्तर्गत ब्रह्मसंनिधान के बल पर ज्योतिः श्रुति को अपने विषय से पृथक् कैसे कर सकते हो, अर्थात् सन्निधि से श्रुति बलवती होती है ? यह कोई दोष नहीं है क्योंकि प्रथमश्रुति के अनुसार चरमश्रुति का अर्थ मानना कोई अनुचित नहीं है । **'यदतः परो दिवो ज्योतिः'** इस वाक्य में जो सर्वप्रथम सर्वनाम **'यत्'** शब्द से सम्बन्धित द्युलोक को कहा गया है, पूर्ववाक्य में निर्दिष्ट प्रत्यभिज्ञायमान ब्रह्म में जब शक्तिवृत्ति से उसी **'यत्'** शब्द का परामर्श हो रहा है, तो अर्थतः ज्योतिः शब्द को भी ब्रह्मपरक मानना युक्तियुक्त है । अतः **'यत्'** और **'ज्योतिः'** का सामानाधिकरण्य होने के कारण यहाँ पर ज्योतिः शब्द का अर्थ ब्रह्म ही समझना चाहिए ॥२४॥

छन्दोऽभिधानान्नेति चेन्न तथा चेतोऽर्पणनिगदात्तथा हि दर्शनम् (ललिता)

पूर्वपक्षी ने कहा था कि **'यदतः परो दिवो ज्योतिर्दीप्यते'** इस वाक्य की अपेक्षा पूर्व **'गायत्री**

---

१. यदतः परो दिवो ज्योतिरित्येतदपेक्षया अस्मिन्पादोऽस्येत्यत्रेत्यर्थः । २. अथेति—उक्तशङ्कानन्तरमिति नेयम्, तत्रेति वा पाठयम् ।

तस्यामृचि चतुष्पाद्ब्रह्म दर्शितम् । नैतदस्ति । 'गायत्री वा इदँ सर्वम्' इति गायत्रीमुपक्रम्य तामेव भूतपृथिवीशरीरहृदयवाक्प्राणप्रभेदैर्व्याख्याय 'सैषा चतुष्पदा षड्विधा गायत्री' तदेतदृचाभ्यनूक्तं 'तावानस्य महिमा' इति तस्यामेव व्याख्यातरूपायां गायत्र्यामुदाहृतो मन्त्रः कथमकस्माद्ब्रह्म चतुष्पादमभिदध्यात् । योऽपि तत्र 'यद्वै तद्ब्रह्म' (छा० ३-१२-७) इति ब्रह्मशब्दः, सोऽपि छन्दसः प्रकृतत्वाच्छन्दोविषय एव । 'य एतामेवं ब्रह्मोपनिषदं वेद' (छा० ३-११-३) इत्यत्र हि वेदोपनिषदमिति व्याचक्षते, तस्माच्छन्दोऽभिधानान्न ब्रह्मणः प्रकृतत्वमिति चेत् । नैष दोषः । 'तथा चेतोऽर्पणनिगदात्' तथा गायत्र्याख्यच्छन्दोद्वारेण तदनुगते ब्रह्मणि चेतसोऽर्पणं चित्तसमाधानमनेन ब्राह्मणवाक्येन निगद्यते—'गायत्री वा इदं सर्वम्' इति । न ह्यक्षरसंनिवेशमात्राया गायत्र्याः सर्वात्मकत्वं सम्भवति । तस्माद्यद्गायत्र्याख्य[1] विकारेऽनुगतं जगत्कारणं ब्रह्म निर्दिष्टम्, तदिह सर्वमित्युच्यते । यथा 'सर्वं खल्विदं ब्रह्म' (छा० ३-१४-१) इति । कार्यं च कारणादव्यतिरिक्तमिति वक्ष्यामः—'तदनन्यत्व-

नैतदित्यादिना । **चतुष्पदत्वादिकं पूर्वमेव व्याख्यातम्** । य एतामेवमिति । **वेदरहस्यभूतां मधुविद्यामेवमुक्तरीत्या यः कश्चिद्वेद तस्योदयास्तमयरहितब्रह्मप्राप्तिर्भवतीत्यर्थः । तथाच वेदत्वाद् गायत्र्यां ब्रह्मशब्दो युक्त इति भावः । गायत्रीशब्देन तदुपादानत्वेनानुगतब्रह्मलक्षणायां बीजमनुपपत्तिमाह**— न ह्यक्षरेति । **ब्रह्मणोऽपि कथं सर्वात्मकत्वं, तत्राह**—कार्यं चेति । **नच गायत्र्या ध्यानार्थं सर्वात्मकत्वारोप इति वाच्यं, स्वतः सर्वात्मनो ध्यानसम्भवेनासदारोपायोगादिति भावः । 'तथाहि दर्शनम्'**

वा इदं सर्वं भूतं यदिदं किञ्च' इस वाक्य में गायत्री नामक छन्द का विधान होने से ब्रह्म अभिहित नहीं है ! इस शङ्का का परिहार करना है, इसलिए कहते हैं कि छन्द का विधान होने से ब्रह्म अभिहित नहीं है' यह कैसे कह सकते हो, क्योंकि **'तावानस्य महिमा'** इस मन्त्र में चतुष्पाद् ब्रह्म बतलाया गया है । पूर्वपक्ष—ऐसा कहना ठीक नहीं । **'गायत्री वा इदं सर्वम्'** इस मन्त्र द्वारा गायत्री का प्रसंग प्रारम्भकर उसी गायत्री को भूत, पृथ्वी, शरीर, हृदय, वाणी और प्राण के भेद से व्याख्याकार **'सैषा चतुष्पदा षड्विधा गायत्री'** इस ऋचा द्वारा कहा गया है, फिर तो **'तावानस्य महिमा'** इस वाक्य से उस व्याख्यात गायत्री में ही सभी मन्त्र उदाहरण के रूप में आये हैं । ऐसी स्थिति में वे मन्त्र अकस्मात् चतुष्पाद् ब्रह्म का वर्णन कैसे करेंगे ? और जो भी वहाँ पर **'यद्व तद्ब्रह्म'** इस वाक्य में ब्रह्म शब्द आया है वह भी छन्द के प्रसंग में छन्द को ही कहता है। 'जो इस प्रकार इस ब्रह्म की उपनिषद् को जानता है' इस वाक्य में वेदोपनिषद् की व्याख्या करते हैं । अतः पूर्ववाक्य में छन्द का विधान होने से ब्रह्म का प्रसङ्ग ही नहीं है ।

सिद्धान्ती—पूर्वपक्षी का यह कहना कोई दोष नहीं है, क्योंकि गायत्रीनामक छन्द द्वारा उसमें अनुगत ब्रह्म में चित्त को समाधान करने के लिए यह ब्राह्मणवाक्य **'गायत्री वा इदं सर्वम्'** ऐसा कहता है । अक्षरों के सन्निवेशमात्र गायत्री में सर्वात्मकत्व सम्भव भी नहीं है । अतः गायत्री छन्द नामक कार्य में जो जगत्कारण ब्रह्म अनुगतरूप से निर्दिष्ट है, उसी को यहाँ पर **'सर्वम्'** इस पद से कहा गया है । जैसा कि **'सर्वं खल्विदं ब्रह्म'** इस वाक्य में अनुगत ब्रह्म का प्रतिपादन है, वैसा ही

१. कार्ये ।

मारम्भणशब्दादिभ्यः' (ब्र० सू० २-१-१४) इत्यत्र । तथान्यत्रापि 'विकारद्वारेण ब्रह्मण उपासनं दृश्यते—'एतं ह्येव बह्वृचा महत्युक्थे मीमांसन्तः, एतमग्नावध्वर्यवः, एतं महाव्रते छन्दोगाः' (ऐ० आ० ३-२-३-१२) इति। तस्मादस्ति छन्दोभिधानेऽपि पूर्वस्मिन्वाक्ये चतुष्पाद्ब्रह्म निर्दिष्टम् । तदेव ज्योतिर्वाक्येऽपि परामृश्यत उपासनान्तरविधानाय। अपर आह—साक्षादेव गायत्रीशब्देन ब्रह्म प्रतिपाद्यते, संख्यासामान्यात् । यथा गायत्री चतुष्पदा षडक्षरैः पादैस्तथा ब्रह्म चतुष्पात् । तथान्यत्रापि छन्दोभिधायी शब्दोऽर्थान्तरे

इति सूत्रशेषं व्याचष्टे—तथान्यत्रेति। दृश्यत इति दर्शनं दृष्टमित्यर्थः । एतं परमात्मानं बह्वृचा ऋग्वेदिनो महत्युक्थे शस्त्रे तदनुगतमुपासते । एतमेवाग्निरहस्ये 'तमेतमग्निरित्यध्वर्यव उपासते' इति श्रुतेः, यजुर्वेदिनोऽग्नौ उपासते । एतमेव छन्दोगाः सामवेदिनो महाव्रते क्रतौ उपासत इत्यैतरेयारण्यके दृष्टमित्यर्थः । गायत्रीशब्दो ब्रह्मलक्षक इति व्याख्याय गौण इत्याह—अपर इति। साक्षादेव वाच्यार्थग्रहणं विनैवेति यावत्। पूर्वं तूपास्यतया गायत्रीपदेनाजहल्लक्षणया गायत्री-ब्रह्मणी द्वे अपि लक्षिते । नच गायत्री सर्वमित्यन्वयासम्भवः, घटो रूपीति पदार्थैकदेशे व्यक्तौ रूपान्वयवत्, गायत्रीपदार्थैकदेशे गायत्र्यनुगते ब्रह्मणि प्रधाने सर्वात्मकत्वान्वयसम्भवादिति भावः। तथाच सूत्रं सिद्धान्तभागस्यायमर्थः—तथा गायत्रीवच्चतुष्पात्त्वगुणसामान्यात्, चेतो ब्रह्मणि समर्प्यते येन स चेतोऽर्पणो गायत्रीशब्दस्तेन ब्रह्मण एव निगदादभिधानात्, छन्दोभिधानमसिद्धमिति । अधुना 'तथाहि दर्शनम्' इति शेषं व्याचष्टे—तथेति। संवर्गविद्यायामधिदैवमग्निसूर्यचन्द्राम्भांसि वायौ

गायत्रीवाक्य में भी समझना चाहिए। इसी को हम 'तदनन्यत्वमारम्भणशब्दादिभ्यः' इस सूत्र में कारण से कार्य को अभिन्न बतलायेंगे । ऐसे ही अन्यत्र भी कार्य द्वारा ब्रह्म की उपासना देखी जाती है। 'ऋग्वेदीय ऋत्विग् शस्त्र में अनुगत इस परमात्मा की उपासना करते हैं, अग्निरहस्य में इसी परमात्मा की उपासना यजुर्वेदीय ऋत्विग् करते हैं और सामवेदीय ऋत्विग् महाव्रतरूप क्रतु में इसकी उपासना करते हैं' ऐसा ऐतरेय आरण्यक में देखा जाता है । अतः पूर्ववाक्य में छन्द का अभिधान होने पर भी चतुष्पाद् ब्रह्म निर्दिष्ट है, उसी का परामर्श ज्योतिर्वाक्य में भी उपासनान्तर विधान के लिए किया गया है ।

गायत्री शब्द ब्रह्मलक्षक है ऐसी व्याख्या करने पर ब्रह्म गौण प्रतीत होता है, अतः साक्षात् ही गायत्री शब्द से संख्या की समानता को देखते हुए ब्रह्म का प्रतिपादन बन जाता है, ऐसा 'अपरः' ने कहा। जिस प्रकार छः अक्षरों के पाद होते हैं और ऐसे चार पाद वाला गायत्री मन्त्र होता है, वैसे ही ब्रह्म भी चतुष्पाद् है, यही गायत्री के साथ ब्रह्म का संख्याप्रयुक्त सादृश्य है। वैसे ही अन्यत्र भी संख्या की समानता के कारण छन्दवाचक शब्द अर्थान्तर में प्रयुक्त होता देखा जाता है, जैसे संवर्गविद्या में कहा है कि 'ये पाँच पाँच दूसरे दूसरे हैं' दोनों को मिलाकर दस संख्या हो जाती है और दश संख्या वाले पाशा को कृत कहते हैं अर्थात् द्यूतक्रीड़ा के लिए जो पाशा होता है उसमें क्रमशः १, २, ३ और ४ अङ्क लिखे रहते हैं, सभी मिलाकर दश माने जाते हैं और क्रमशः इनका नाम कलि, द्वापर, त्रेता एवं कृतयुग पड़ता है। कृत की दश संख्या होती है, ४ में ३ का अन्तर्भाव, ३ में २ का और २ में १ का अन्तर्भाव हो जाने के कारण वह कृत नामक द्यूत दशात्मक कहा

१. कार्यद्वारेण । २. गायत्र्यनुगतब्रह्मोपास्त्यपेक्षया कौक्षेयज्योतिषि ब्रह्मोपासनस्य भिन्नत्वादुपासनान्तरत्व स्पष्टमेव ।

(२६) भूतादिपादव्यपदेशोपपत्तेश्चैवम् ॥२६॥

संख्यासामान्यात्प्रयुज्यमानो दृश्यते। तद्यथा—'ते वा एते पञ्चान्ये पञ्चान्ये दश सन्तस्तत्कृतम्' इत्युपक्रम्याह 'सैषा विराडन्नादी' (छा० ४-३-८) इति। अस्मिन्पक्षे ब्रह्मैवाभिहितमिति न छन्दोभिधानम्। सर्वथाप्यस्ति पूर्वस्मिन्वाक्ये प्रकृतं ब्रह्म ॥२५॥

इतश्चैवमभ्युपगन्तव्यमस्ति, पूर्वस्मिन्वाक्ये प्रकृतं ब्रह्मेति। यतो भूतादीन्पादान्व्यपदिशति। भूतपृथिवीशरीरहृदयानि हि निर्दिश्याह—'सैषा चतुष्पदा षड्विधा गायत्री'

लीयन्ते, अध्यात्मं वाक्चक्षुःश्रोत्रमनांसि प्राणमपियन्तीत्युक्तम्। ते वा एते पञ्चान्ये आधिदैविकाः, पञ्चान्ये आध्यात्मिकास्ते मिलित्वा दशसंख्याकाः सन्तः कृतमित्युच्यन्ते। सन्ति हि कृतत्रेताद्वापरकलिसंज्ञकानि चत्वारि द्यूतानि क्रमेण चतुरङ्कत्र्यङ्कद्व्यङ्कैकाङ्कानि। तत्र कृतं दशात्मकं भवति, [१]'चतुर्ष्वङ्केषु त्रयाणां त्रिषु द्वयोर्द्वयोरेकस्य चान्तर्भावात्। तथाच दशत्वगुणेन वाय्वादयः कृतशब्देनोच्यन्ते। एवं कृतत्वं वाय्वादीनामुपक्रम्याह—सैषेति। [२]विधेयापेक्षया स्त्रीलिङ्गनिर्देशः। विराट्पदं छन्दोवाचकं, 'दशाक्षरा विराट्' इति श्रुतेः। दशत्वसाम्येन वाय्वादयो विराडित्युच्यन्ते। एवञ्च दशत्वद्वारा वाय्वादिषु कृतत्वं विराट्त्वं च ध्येयम्। तत्र विराट्त्वध्यानात्सर्वमस्यान्नं भवति, 'अन्नं विराट्' इति श्रुतेः। कृतत्वध्यानादन्नादो भवति, कृतद्यूतस्यान्नादत्वात्। कृतं हि स्वीयचतुरङ्केषु त्र्यङ्कादिकमन्तर्भावयदन्नमत्तीव लक्ष्यते। अत एव कृतजयादितरद्यूतजयः श्रुत्युक्तः—'कृतायविजितायाधरेयाः संयन्ति' इति। अयो द्यूतं, कृतसंज्ञोऽयः कृतायः स विजितो येन तस्मै, अधरेयास्त्र्यङ्कादयः अयाः संयन्ति उपनमन्ते, तेन जिता भवन्तीत्यर्थः। एवञ्च सा वाय्वादिदशात्मिका एषा कृतशब्दिता विराडन्नं, कृतत्वादन्नादिनीत्यर्थः। सर्वथापीति। गायत्रीतिपदस्य लक्षकत्वे गौणत्वेऽपि चेत्यर्थः। अत्रापर आहेत्यपरपदेन गौणत्वे स्वमतं नेति द्योतयति। अजहल्लक्षणापक्षे हि 'वाग्वै गायत्री' इति वागात्मत्वं गायति च त्रायते चेति निरुक्तनामकत्वं च गायत्र्या उपाधित्वेनोपास्यत्वादुपपन्नतरम्। गौणपक्षे गायत्रीत्यागात्तदुभयं सर्वात्मकत्वमात्रेणोपपादनीयम्। एवं गायत्रीपदस्य स्वार्थत्यागः। अप्रसिद्धचतुष्पात्त्वगुणद्वारा विप्रकृष्टलक्षणा चेति बह्वसमञ्जसम् ॥२५॥

ननु 'गायत्री वा इदं सर्वम्' इति प्रथमगायत्रीश्रुतेः कथं लक्षणेत्याशङ्क्य वाक्यशेषगतसर्वात्मकत्वाद्यनेकबलवत्प्रमाणसंवादेन ब्रह्मणि तात्पर्यावगमादित्याह—भूतादिपादेति। चैवंपदार्थमाह—इतश्चेति। सूत्रस्थादिपदार्थं दर्शयति—भूतपृथिवीति। अत्र सूत्रभाष्यकारयोर्भूतादिभिश्चतुष्पदा

जाता है, ऐसे ही दशत्व गुण होने से वायु आदि भी कृत शब्द से कहे जाते हैं। इस प्रकार वायु आदि में कृतत्व का प्रसंग प्रारम्भ कर 'सैषा विराडन्नादी' ऐसा कहकर वायु आदि में कृतत्व एवं विराट्त्व को ध्येय बतलाया गया है। विराट् के ध्यान से सभी उसके अन्न हो जाते हैं, कृतत्व के ध्यान से वह अन्नाद बन जाता है क्योंकि उसमें सभी का अन्तर्भाव हो जाता है। जिसके पक्ष में कृतनामक द्यूत आ जाता है, वह विजयी होता है और सभी उसके अधीन हो जाते हैं। इस प्रकार इस पक्ष में ब्रह्म ही अभिहित है, छन्द नहीं। सभी प्रकार से पूर्ववाक्य में ब्रह्म का ही प्रसंग मानना चाहिए, दूसरे का नहीं ॥२५॥

१. न्यूनमधिकेऽन्तर्भवतीत्याशयेनाह—चतुर्ष्वङ्केषु त्रयाणामन्तर्भावादित्यादि। २. विधेयमत्र विराट्त्वम्।

(२७) उपदेशभेदान्नेति चेन्नोभयस्मिन्नप्यविरोधात् ॥२७॥

इति। नहि ब्रह्मानाश्रयणे केवलस्य छन्दसो भूतादयः पादा उपपद्यन्ते। अपिच ब्रह्मानाश्रयणे नेयमृक् संबध्येत—'तावानस्य महिमा' इति। अनया हि ऋचा स्वरसेन ब्रह्मैवाभिधीयते, 'पादोऽस्य सर्वा भूतानि त्रिपादस्यामृतं दिवि' (छा० ३-१२-५) इति सर्वात्मत्वोपपत्तेः। पुरुषसूक्तेऽपीयमृग्ब्रह्मपरतयैव समाम्नायते। स्मृतिश्च ब्रह्मण एवंरूपतां दर्शयति—'विष्टभ्याहमिदं कृत्स्नमेकांशेन स्थितो जगत्' (भ० गी० १०-४२) इति। 'यद्वै तद्ब्रह्म' (छा० ३-१२-७) इति च निर्देश एवं सति मुख्यार्थ उपपद्यते। 'ते वा एते पञ्च ब्रह्मपुरुषाः' (छा० ३-१३-६) इति च हृदयसुषिषु ब्रह्मपुरुषश्रुतिर्ब्रह्मसम्बन्धितायां विवक्षितायां सम्भवति। तस्मादस्ति पूर्वस्मिन्वाक्ये ब्रह्म प्रकृतम्। तदेव ब्रह्म ज्योतिर्वाक्ये द्युसम्बन्धात्प्रत्यभिज्ञायमानं परामृश्यत इति स्थितम् ॥२६॥

यदप्येतदुक्तं पूर्वत्र—'त्रिपादस्यामृतं दिवि' इति सप्तम्या द्यौराधारत्वेनोपदिष्टा, इह

गायत्रीति सम्मतम्, षडक्षरंश्चतुष्पात्त्वं वृत्तिकारोक्तमप्रसिद्धम्। चकारसूचितं युक्त्यन्तरमाह—अपिचेति। ब्रह्मपरसूक्तोत्पन्नत्वाच्च तस्यास्तत्परत्वमित्याह—पुरुषेति। ब्रह्मपदस्य छन्दोवाचित्वमुक्तं निरस्यति—यद्वै तद्ब्रह्मेति। 'पूर्वस्यामृचि ब्रह्मोक्ताविस्यर्थः। हृदयस्य चतुर्दिक्षूर्ध्वं च पञ्च सुषयः सन्ति। तेषु ब्रह्मस्थानहृन्नगरस्य प्रागादिद्वारेषु क्रमेण प्राणव्यानापानसमानोदानाः पञ्च द्वारपाला इति ध्यानार्थं श्रुत्या कल्पितम्। तत्र हृदयच्छिद्रस्थप्राणेषु ब्रह्मपुरुषत्वश्रुतिर्हृदि गायत्र्याख्यब्रह्मण उपासनासम्बन्धितायां ब्रह्मणो द्वारपालत्वाद्ब्रह्मपुरुषा इति सम्भवतीत्याह—पञ्च ब्रह्मेति ॥२६॥

भूतादिपादव्यपदेशोपपत्तेश्चैवम् (ललिता)

पूर्ववाक्य में ब्रह्म का प्रसङ्ग इसलिए भी मानना चाहिए, क्योंकि उसमें पाद का व्यपदेश है। अर्थात् भूत, पृथ्वी, शरीर, हृदय का निर्देश कर कहा है कि षड्विध गायत्री चार पादवाली है। यदि ब्रह्म का आश्रयण न करोगे, तो केवल छन्दरूप गायत्री में भूतादि पाद युक्तियुक्त नहीं सिद्ध हो सकेंगे। इतना ही नहीं, ब्रह्म का आश्रय न लेने पर '**तावानस्य महिमा**' इस ऋचा की संगति भी नहीं बैठेगी, क्योंकि इस ऋचा से तो स्वरसतः ब्रह्म का ही अभिधान है। '**पादोऽस्य सर्वा भूतानि त्रिपादस्यामृतं दिवि**' इस वाक्य से उसे सर्वात्मा भी तो कहा है। पुरुष सूक्त में भी यह ऋक् ब्रह्मपरक ही पढ़ी गयी है। 'सम्पूर्ण विश्व को एक अंश से ग्रहणकर स्थित हूं' यह गीता स्मृतिवाक्य भी ब्रह्म की एवंरूपता को दिखलाता है। साथ ही '**यद्वै तद् ब्रह्म**' यह निर्देश मुख्यार्थ ग्रहण करने पर ही युक्तिसंगत होगा। हृदय के चारों दिशाओं में चार छिद्र और एक ऊपर की ओर गया हुआ छिद्र है, जिनमें पञ्चप्राणादि रहते हैं, 'पाँच ब्रह्मपुरुष हैं' अर्थात् ब्रह्मस्थान हृदयनगर के द्वारपाल 'हृदयछिद्रों में पञ्च ब्रह्मपुरुष रहते हैं' यह श्रुति भी ब्रह्मसम्बन्ध स्वीकार करने पर ही युक्तिसंगत होती है। अतः पूर्ववाक्य में ब्रह्म का ही प्रसंग है। वही ब्रह्म ज्योतिर्वाक्य में द्युलोक के सम्बन्ध से प्रत्यभिज्ञायमान होता है, यह वस्तुस्थिति है ॥२६॥

उपदेशभेदान्नेति चेन्नोभयस्मिन्नप्यविरोधात् (ललिता)

और जो आप ने पहले कहा था '**त्रिपादस्यामृतं दिवि**' इस मन्त्र में सप्तमी विभक्ति द्वारा

---

१. एवंसतीत्यस्यार्थमाह—पूर्वस्यामित्यादिना।

११. प्रतर्दनाधिकरणम् (सू० २८-३१)

प्राणोऽस्मीत्यत्र वाग्विन्द्रजीवब्रह्मसु संशयः । चतुर्णां लिङ्गसद्भावात्पूर्वपक्षस्त्वनिर्णयः ॥
ब्रह्मणोऽनेकलिङ्गानि तानि सिद्धान्यनन्यथा । अन्येषामन्यथासिद्धेर्व्युत्पाद्यं ब्रह्म नेतरत् ॥

पुनः 'अथ यदतः परो दिवः' इति पञ्चम्या मर्यादात्वेन, तस्मादुपदेशभेदान्न तस्येह प्रत्यभिज्ञानमस्तीति, तत्परिहर्तव्यम् । अत्रोच्यते—नायं दोषः, उभयस्मिन्नप्यविरोधात् । उभयस्मिन्नपि सप्तम्यन्ते पञ्चम्यन्ते चोपदेशे न प्रत्यभिज्ञानं विरुध्यते । यथा लोके वृक्षाग्रसम्बद्धोऽपि श्येन उभयथोपदिश्यमानो दृश्यते, 'वृक्षाग्रे श्येनो, वृक्षाग्रात्परतः श्येनः' इति च । एवं दिव्येव सद्ब्रह्म दिवः परमित्युपदिश्यते । अपर आह—यथा लोके वृक्षाग्रेणासम्बद्धोऽपि श्येन उभयथोपदिश्यमानो दृश्यते, वृक्षाग्रे श्येनो वृक्षाग्रात्परतः श्येन इति च । एवं दिवः परमपि सद्ब्रह्म दिवीत्युपदिश्यते । तस्मादस्ति पूर्वनिर्दिष्टस्य ब्रह्मण इह प्रत्यभिज्ञानम् । अतः परमेव ब्रह्म ज्योतिःशब्दमिति सिद्धम् ॥२७॥

'दिवि' 'दिवः' इति विभक्तिभेदात्प्रकृतप्रत्यभिज्ञा नास्तीत्युक्तं नोपेक्षणीयमित्याह—तत्परिहर्तव्यमिति । परिहारं प्रतिजानीते—अत्रेति । सूत्रे नञर्थं वदन्परिहारमाह—नायमिति । एवं सर्वत्र व्याख्येयम् । प्रधानप्रातिपदिकार्थद्युसम्बन्धेन प्रत्यभिज्ञाया विभक्त्यर्थभेदो न प्रतिबन्धकः, कथंचिदाधारस्यापि मर्यादात्वसम्भवात् । यथा वृक्षाग्रं स्वलग्नभागावच्छिन्नश्येनस्याधारः सन्नेव स्वालग्नभागावच्छिन्नस्य तस्यैव मर्यादा भवति, एवं दिवि सूर्ये हार्दाकाशे वा [1]मुख्ये आधारे सद्ब्रह्म दिवो मर्यादात्वं तदलग्नाकाशावच्छिन्नं ब्रह्म प्रति कल्पयित्वा दिवः परमित्युच्यत इत्यर्थः । यद्वाकाशेन अनवच्छिन्नं ब्रह्म गृहीत्वा पञ्चम्या दिवो मर्यादात्वमेव मुख्यं तदा गङ्गायां घोष इतिवत्सप्तम्या सामीप्यलक्षणयाऽऽधारत्वं व्याख्येयमित्याह—अपर इति । सम्बद्धं प्रत्याधारत्वं मुख्यं पूर्वमुक्तं दिव्येव सदिति । असम्बद्धं प्रति मर्यादात्वं मुख्यमधुनोच्यते, दिवः परमपीति भेदः । तस्माज्ज्योतिर्वाक्यमुपास्ये ब्रह्मणि समन्वितमिति सिद्धम् ॥२७॥

द्युलोक को आधार कहा गया है, पर यहाँ **'यदतः परो दिवः'** इस मन्त्र में पञ्चमी विभक्ति से मर्यादा बतलाई गयी है, अतः उपदेश के भेद से पूर्वोक्त ब्रह्म की यहाँ पर प्रत्यभिज्ञा नहीं मानी जा सकती ? इसका उत्तर सुन लीजिए, कि यह कोई दोष नहीं है, अर्थात् सप्तम्यन्त और पञ्चम्यन्त उभय उपदेश में भी ब्रह्म का प्रत्यभिज्ञान होना विरुद्ध नहीं है। जैसे लोक में 'वृक्ष के अग्र में श्येन पक्षी है' 'वृक्ष के अग्रभाग से ऊपर श्येन पक्षी है' ऐसा वृक्षाग्र से सम्बद्ध श्येन के लिए उभयथा प्रयोग देखा जाता है। दूसरों ने कहा कि जैसे लोक में वृक्षाग्र से असम्बद्ध भी श्येन पक्षी **'वृक्षाग्रे श्येनः' 'वृक्षाग्रात् परतः श्येनः'** ऐसा दोनों ही प्रकार से उपदिष्ट होता है, ऐसे ही द्युलोक से पर रहता हुआ भी ब्रह्म द्युलोक में कहा जाता है। अतः पूर्वनिर्दिष्ट ब्रह्म का ज्योतिर्वाक्य में प्रत्यभिज्ञान होता ही है। अत एव ज्योतिःशब्दवाच्य परब्रह्म ही है, अन्य अर्थ नहीं है ॥२७॥

११. प्रतर्दनाधिकरण

१. संगति—पूर्वाधिकरण में प्रकरणागत त्रिपाद ब्रह्म के परामर्शक **'यत्'** शब्द के साथ

१. मुख्य आधार इति—अनेनाधारत्वमेव दिवो मुख्यं मर्यादात्वं गौणमिति सूचयतीत्यवधेयम् ।

(२८) प्राणस्तथानुगमात् ॥२८॥

अस्ति कौषीतकिब्राह्मणोपनिषदीन्द्रप्रतर्दनाख्यायिका–'प्रतर्दनो ह वै दैवोदासिरिन्द्रस्य प्रियं धामोपजगाम युद्धेन च पौरुषेण च' इत्यारभ्याम्नाता। तस्यां श्रूयते—'स होवाच प्राणोऽस्मि प्रज्ञात्मा तं मामायुरमृतमित्युपास्स्व' इति। तथोत्तरत्रापि 'अथ खलु प्राण एव प्रज्ञात्मेदं शरीरं परिगृह्योत्थापयति' (कौ० ३-१,२,३) इति। तथा 'न वाचं विजिज्ञासीत वक्तारं विद्यात्' इत्यादि। अन्ते च 'स एष प्राण एव प्रज्ञात्मानन्दोऽजरो-

---

प्राणस्तथानुगमात्। दिवोदासस्यापत्यं दैवोदासिः प्रतर्दनो नाम राजा युद्धेन पुरुषकारेण च कारणेनेन्द्रस्य प्रेमास्पदं गृहं जगाम। तं ह इन्द्र उवाच—प्रतर्दन वरं ते ददानीति। स होवाच प्रतर्दनः—यं त्वं मर्त्याय हिततमं मन्यसे तं वरं त्वमेवालोच्य मह्यं देहीति। तत इन्द्र इदमाह—'प्राणोऽस्मि' इत्यादि। मुख्यं प्राणं निरसितुं प्रज्ञात्मत्वमुक्तम्। निर्विशेषचिन्मात्रं निरस्यति—तं मामिति। इदं प्राणस्येन्द्रदेवतात्वे लिङ्गम्। मुख्यप्राणत्वे लिङ्गमाह—अथेति। वागादीनां देहधारणशक्त्यभावनिश्चयानन्तरमित्यर्थः। प्राणस्य देहधारकत्वमुत्थापकत्वं च प्रसिद्धमिति वक्तुं खल्वित्युक्तम्। प्राणस्य जीवत्वे वक्तृत्वं लिङ्गमाह—न वाचमिति। आनन्दत्वादिकं ब्रह्मलिङ्गमाह—अन्ते चेति। अनेकेषु लिङ्गेषु दृश्यमानेषु बलाबलनिर्णयार्थमिदमधिकरणमित्यगतार्थमाह—

सामानाधिकरण्य होने के कारण 'ज्योतिः' शब्द का अर्थ भले ही ब्रह्म कर लिया गया हो किन्तु इस अधिकरण में 'प्राणोऽस्मि प्रज्ञात्मा' (कौ० ३-२) यहाँ पर असाधारण ब्रह्मलिङ्ग न होने से प्राण शब्द ब्रह्मपरक नहीं हो सकता, ऐसी प्रत्युदाहरण संगति के कारण प्रतर्दनाधिकरण कहा गया है।

२. **विषय**—'स होवाच प्राणोऽस्मि प्रज्ञात्मा तं मामायुरमृतमित्युपास्स्व' यह कौषीतकि श्रुति यहाँ पर विचारणीय है।

३. **संशय**—क्या प्राण शब्द से वायु, इन्द्र देवता, जीव या परब्रह्म का उपदेश किया गया है?

४. **पूर्वपक्ष**—जब चारों अर्थों के बोधक लिङ्ग विद्यमान हैं तो किसी एक अर्थ का निर्णय करना उचित नहीं होगा।

५. **सिद्धान्त**—प्राण शब्द का अर्थ ब्रह्म ही लेना चाहिए क्योंकि वे अनेक लिङ्ग ब्रह्म में ही अव्यभिचरितरूप में सिद्ध हैं, ब्रह्मभिन्न अर्थ में तो वे लिङ्ग अन्यथासिद्ध हैं। अतः प्राण शब्द का अर्थ ब्रह्म ही लेना चाहिए, अन्य नहीं।

प्राणस्तथानुगमात् (ललिता)

कौषीतकि ब्राह्मणोपनिषद् में इन्द्र तथा प्रतर्दन राजा की आख्यायिका है 'दिवोदास का पुत्र राजा प्रतर्दन युद्ध एवं अपने पौरुष के कारण इन्द्र के प्रेमास्पद धाम में पहुँच गया' यहाँ से प्रसंग प्रारम्भकर वहाँ पर कहा गया है कि 'इन्द्र ने राजा से कहा—प्रतर्दन! तेरे साहस को देखकर मैं तुझे वरदान दूँगा, जो भी माँगना चाहो, माँग लो। उस पर प्रतर्दन ने कहा कि जिसे आप मनुष्य के लिए सर्वाधिक हितकारक समझते हैं वह वरदान मुझे दे दें।' इसके बाद इन्द्र ने कहा कि 'मैं प्राण प्रज्ञात्मा हूँ, इस प्रकार मेरी आयु और अमृतरूप से उपासना कर।' वैसा ही आगे भी कहा है 'निःसन्देह, प्राण ही प्रज्ञात्मा है क्योंकि इस शरीर को पकड़कर वही उठाता है।' यह प्राणलिङ्ग है। वैसे ही 'वाणी को जानने की इच्छा न करो, वक्ता को जानो' इत्यादि कहने के बाद अन्त में

ऽमृतः' (कौ० ३-८) इत्यादि । तत्र संशयः—किमिह प्राणशब्देन वायुमात्रमभिधीयत उत देवतात्मोत जीवोऽथवा परं ब्रह्मेति । ननु 'अत एव प्राणः' इत्यत्र वर्णितं प्राणशब्दस्य ब्रह्मपरत्वम् । इहापि च ब्रह्मलिङ्गमस्ति—'आनन्दोऽजरोऽमृतः' इत्यादि । कथमिह पुनः संशयः सम्भवति । अनेकलिङ्गदर्शनादिति ब्रूमः । न केवलमिह ब्रह्मलिङ्गमेवोपलभ्यते । सन्ति हीतरलिङ्गान्यपि । 'मामेव विजानीहि' (कौ०३-१) इतीन्द्रस्य वचनं देवतात्मलिङ्गम् । इदं शरीरं परिगृह्योत्थापयतीति प्राणलिङ्गम् । 'न वाचं विजिज्ञासीत वक्तारं विद्यात्' इत्यादि जीवलिङ्गम् । अत उपपन्नः संशयः । तत्र प्रसिद्धेर्वायुः प्राण इति प्राप्त उच्यते—प्राणशब्दं ब्रह्म विज्ञेयम् । कुतः ? तथानुगमात् । तथाहि—पौर्वापर्येण पर्यालोच्यमाने वाक्ये पदार्थानां समन्वयो ब्रह्मप्रतिपादनपर उपलभ्यते । उपक्रमे तावत् 'वरं वृणीष्व' इतीन्द्रेणोक्तः प्रतर्दनः परमं पुरुषार्थं वरमुपचिक्षेप[1]—'त्वमेव मे वृणीष्व यं त्वं मनुष्याय हिततमं मन्यसे' इति । तस्मै हिततमत्वेनोपदिश्यमानः प्राणः

अनेकलिङ्गेति । पूर्वत्र प्रकृतब्रह्मवाचकयच्छब्दबलाज्ज्योतिःश्रुतिः ब्रह्मपरेत्युक्तं, न तथेह प्राणश्रुतिभङ्गे किञ्चिद्बलमस्ति, मिथो विरुद्धानेकलिङ्गानामनिश्चायकत्वादिति प्रत्युदाहरणसङ्गत्या पूर्वपक्षयति—तत्रेति । पूर्वं प्रधानप्रातिपदिकार्थबलाद् विभक्त्यर्थबाधवद्वाक्यार्थज्ञानं प्रति हेतुत्वेन प्रधानानेकपदार्थबलादेकवाक्यताभङ्ग इति दृष्टान्तसङ्गतिर्वाऽस्तु । पूर्वपक्षे प्राणाद्यनेकोपास्तिः, सिद्धान्ते प्रत्यग्ब्रह्मधीरिति विवेकः । तथा ब्रह्मपरत्वेन पदानामन्वयावगमादिति हेत्वर्थमाह—तथा हीति । हिततमत्वकर्मक्षयादिपदार्थानां सम्बन्धो ब्रह्मणि तात्पर्यनिश्चायक उपलभ्यत इत्युक्तं विवृणोति—उपक्रम इत्यादिना । यं मन्यसे तं वरं त्वमेव प्रयच्छेत्यर्थः । स यः कश्चिन्मां ब्रह्मरूपं[2] वेद साक्षादनु-

---

कहा कि 'वह प्राण ही प्रज्ञात्मा है, वह आनन्द, अजर और अमृतस्वरूप है' ऐसा ब्रह्मलिङ्ग भी दिखायी पड़ता है। इसीलिए यहाँ पर संशय होता है कि प्राण शब्द से वायुमात्र कहा जाता है अथवा देवतात्मा या जीव अथवा परब्रह्म कहा जाता है।

प्राण का अर्थ परमात्मा होता है, यह बात प्राणाधिकरण में निश्चित हो चुकी है। यहाँ भी प्राणशब्द ब्रह्मपरक ही मानना उचित होगा क्योंकि **'आनन्दोऽजरोऽमृतः'** इत्यादि ब्रह्मलिङ्ग सुस्पष्ट है, फिर भला यहाँ संशय कैसे हो सकता है ? अनेक लिङ्ग देखे जाते हैं इसलिए हम संशय का होना मानते हैं। यहाँ पर केवल ब्रह्मलिङ्ग ही नहीं है अन्य लिङ्ग भी है **'मामेव विजानीहि'** ऐसा इन्द्र का वचन देवतात्मा लिङ्ग है, **'इदं शरीरं परिगृह्योत्थापयति'** यह प्राणलिङ्ग है, **'न वाचं विजिज्ञासीत'** इत्यादि जीवलिङ्ग भी है, अतः संशय होना स्वाभाविक है।

वहाँ पर प्रसिद्धि के कारण वायु ही प्राण है ऐसा पूर्वपक्ष प्राप्त होने पर सूत्र द्वारा सिद्धान्ती कहता है कि प्राणशब्दवाच्य अर्थ को ब्रह्म समझना चाहिए, क्योंकि उसी अर्थ में शेष श्रुतियों का अनुगम होता है। पूर्वापर वाक्य की पर्यालोचना करने पर वाक्यगत पदार्थों का समन्वय ब्रह्मप्रतिपादनपरक जान पड़ता है। प्रारम्भ में जब इन्द्र ने **'वरं वृणीष्व'** ऐसा प्रतर्दन से कहा तब प्रतर्दन ने परम पुरुषार्थ वरदान को माँगा। उसने कहा कि 'आप जिसे मनुष्य के लिए सर्वाधिक हितकारक समझते हैं वही

---

१. प्रार्थयामासेत्यर्थः । २. द्योरूपम् ।

(२९) न वक्तुरात्मोपदेशादिति चेदध्यात्मसम्बन्धभूमा ह्यस्मिन् ॥२९॥

कथं परमात्मा न स्यात् । न ह्यन्यत्र परमात्मज्ञानाद्धिततमप्राप्तिरस्ति । 'तमेव विदित्वाऽतिमृत्युमेति नान्यः पन्था विद्यतेऽयनाय' (श्वे० ३-८) इत्यादिश्रुतिभ्यः । तथा 'स यो मां वेद न ह वै तस्य केनचन कर्मणा लोको मीयते न स्तेयेन न भ्रूणहत्यया'(कौ० ३-१) इत्यादि च ब्रह्मपरिग्रहे घटते । ब्रह्मविज्ञानेन हि सर्वकर्मक्षयः प्रसिद्धः—'क्षीयन्ते चास्य कर्माणि तस्मिन्दृष्टे परावरे' (मु० २-२-८) इत्याद्यासु श्रुतिषु । प्रज्ञात्मत्वं च ब्रह्मपक्ष एवोपपद्यते । न ह्यचेतनस्य वायोः प्रज्ञात्मत्वं सम्भवति । तथोपसंहारेऽपि—'आनन्दोऽजरोऽमृतः' इत्यानन्दत्वादीनि न ब्रह्मणोऽन्यत्र सम्यक् सम्भवन्ति । 'स न साधुना कर्मणा भूयान्भवति नो एवासाधुना कर्मणा कनीयानेष ह्येव साधु कर्म कारयति तं यमेभ्यो लोकेभ्य उन्निनीषते । एष उ एवासाधु कर्म कारयति तं यमेभ्यो लोकेभ्योऽधो निनीषते' इति 'एष लोकपाल एष लोकाधिपतिरेष सर्वेश्वरः' (कौ० ३-८) इति च । सर्वमेतत्परस्मिन्ब्रह्मण्याश्रीयमाणेऽनुगन्तुं शक्यते न मुख्ये प्राणे । तस्मात्प्राणो ब्रह्म ॥ २८॥

यदुक्तं प्राणो ब्रह्मेति, तदाक्षिप्यते । न परं ब्रह्म प्राणशब्दम् । कस्मात् ? वक्तुरात्मोपदेशात् । वक्ता हीन्द्रो नाम कश्चिद्विग्रहवान्देवताविशेषः स्वमात्मानं प्रतर्दनायाचचक्षे—

भवति, तस्य विदुषो लोको मोक्षो महताऽपि पातकेन न ह मीयते नैव हिंस्यते न प्रतिबध्यते ज्ञानाग्निना कर्मतूलराशेर्दग्धत्वादित्याह—स य इति । साध्वसाधुनी पुण्यपापे, ताभ्यामस्पृष्टत्वं, तत्कारयितृत्वं, निरङ्कुशैश्वर्यं च सर्वमेतदित्यर्थः ॥२८॥

अहङ्कारवादेन स्वात्मवाचकशब्दैराचचक्षे, उक्तवानित्यर्थः । वाक्यस्य इन्द्रोपासनापरत्वे

वरदान मुझे दें ।' इस स्थिति में प्रतर्दन के लिए हिततमत्वेन उपदिश्यमान प्राण क्यों नहीं परमात्मा माना जा सकेगा, क्योंकि परमात्मा को छोड़कर अन्य किसी वस्तु के ज्ञान से हिततम की प्राप्ति नहीं होती है, इसीलिए तो 'उस परमेश्वर को जानकरके ही जीव मृत्यु का अतिक्रमण करता है, मोक्ष के लिए ब्रह्मज्ञान को छोड़करके और कोई दूसरा मार्ग नहीं है' इत्यादि श्रुतियाँ भी कहती हैं। वैसे ही यहाँ पर भी कहा है 'जो मुझे जानता है उसका मोक्षरूप लोक चोरी, भ्रूणहत्या इत्यादि किसी भी नीच कर्म से नष्ट नहीं होता' ये सभी अर्थ ब्रह्मपरिग्रह करने पर ही घटते हैं क्योंकि ब्रह्मज्ञान होने पर सभी कर्मों का क्षय होना प्रसिद्ध ही है जैसा कि 'उस ज्ञानी के सभी कर्म ब्रह्म का अपरोक्ष ज्ञान हो जाने के कारण नष्ट हो जाते हैं' इत्यादि श्रुतियों में कहा गया है । प्रज्ञात्मत्व लिङ्ग भी ब्रह्म-पक्ष में ही घटता है, वह प्रज्ञात्मत्व जड़ वायु-पक्ष में सम्भव नहीं है । वैसे ही, अन्त में भी 'आनन्दोऽजरोऽमृतः' इत्यादि वाक्य द्वारा कहे गये आनन्दत्वादि भी ब्रह्म से भिन्न वस्तु में सम्यक् प्रकार से घटते नहीं हैं । 'वह प्राण न साधुकर्म से बढ़ता है और न असाधु कर्म से घटता है, यही परमात्मा साधुकर्म कराता है जिसे इन लोकों से ऊपर उठाना चाहता है और यही परमात्मा उस व्यक्ति से असाधुकर्म कराता है जिसे इन लोकों से नीचे ढकेलना चाहता है' तथा 'यह लोकपाल है, यह लोकाधिपति है, यह लोकेश भी है' ये सारे के सारे अर्थ परब्रह्म स्वीकार करने पर ही घटते हैं, मुख्यप्राण अर्थ लेने पर नहीं । अतः प्राणशब्द का अर्थ ब्रह्म ही है ॥२८॥

---

१. भ्रूणः कुक्षिस्थः प्राणी, गर्भो भ्रूण इतौ समावित्यमरः ।

'मामेव विजानीहि' इत्युपक्रम्य 'प्राणोऽस्मि प्रज्ञात्मा' इत्यहङ्कारवादेन। स एष वक्तुरात्मत्वेनोपदिश्यमानः प्राणः कथं ब्रह्म स्यात्। नहि ब्रह्मणो वक्तृत्वं सम्भवति, 'अवागमनाः'(१) (बृ० ३-८-८) इत्यादिश्रुतिभ्यः। तथा विग्रहसम्बन्धिभिरेव ब्रह्मण्यसम्भवद्भिर्धर्मैरात्मानं तुष्टाव—'त्रिशीर्षाणं त्वाष्ट्रमहनमरुन्मुखान्यतीन्'शालावृकेभ्यः प्रायच्छम्'इत्येवमादिभिः। प्राणत्वं चेन्द्रस्य बलवत्वादुपपद्यते। 'प्राणो वै बलम्' इति हि विज्ञायते। बलस्य चेन्द्रो देवता प्रसिद्धा। या च काचिद्बलकृतिरिन्द्रकर्मैव तदिति हि वदन्ति। प्रज्ञात्मत्वमप्यप्रतिहतज्ञानत्वाद्देवतात्मनः सम्भवति। अप्रतिहतज्ञाना देवता इति हि वदन्ति। निश्चिते चैवं देवतात्मोपदेशे हिततमत्वादिवचनानि यथासम्भवं तद्विषयाण्येव योजयितव्यानि। तस्माद्वक्तुरिन्द्रस्यात्मोपदेशान्न प्राणो ब्रह्मेत्याक्षिप्य प्रतिसमाधीयते—'अध्यात्मसम्बन्धभूमा ह्यस्मिन्' इति। अध्यात्मसम्बन्धः प्रत्यगात्मसम्बन्धस्तस्य भूमा बाहुल्यमस्मिन्नध्याय

लिङ्गान्तरमाह—तथा विग्रहेति। त्रीणि शीर्षाणि यस्येति त्रिशीर्षा त्वष्टुः पुत्रो विश्वरूपो नाम ब्राह्मणः तं हतवानस्मि। रौति यथार्थं शब्दयतीति रुद् वेदान्तवाक्यं, तन्मुखे येषां ते रुन्मुखास्तेभ्योऽन्यान्वेदान्तबहिर्मुखान् यतीनरण्यश्वभ्यो दत्तवानस्मीत्यर्थः। **इन्द्रे प्राणशब्दोपपत्तिमाह**—प्राणत्वं चेति। **वदन्ति लौकिका अपीत्यर्थः। बलवाचिना प्राणशब्देन बलदेवता लक्ष्यत इति भावः। इन्द्रो हितप्रदातृत्वाद्धिततमः, कर्मानधिकारावपाप इत्येवं व्याख्येयानीत्याह**—निश्चिते चेति। **किमिन्द्रपदेन विग्रहोपलक्षितं चिन्मात्रमुच्यते उत विग्रहः। आद्ये वाक्यस्य ब्रह्मपरत्वं सिद्धम्। न द्वितीय इत्याह**—अध्यात्मेति। **आत्मनि देहेऽधिगत इत्यध्यात्मं प्रत्यगात्मा, स सम्बध्यते यैः शरीरस्थत्वादिभि-**

न वक्तुरात्मोपदेशादिति चेदध्यात्मसम्बन्धभूमा ह्यस्मिन् (ललिता)

सिद्धान्ती ने जो कहा कि प्राण शब्द का अर्थ ब्रह्म है, उस पर पूर्वपक्षी आक्षेप करता है कि परब्रह्म प्राणशब्दवाच्य नहीं है क्योंकि वक्ता की आत्मा का उपदेश यहाँ पर जान पड़ता है। इन्द्रनामक शरीरधारी देवताविशेष वक्ता है, उसी ने अपनी आत्मा का उपदेश प्रतर्दन के लिए किया है। उसने **'मामेव विजानीहि'** यहाँ से प्रसंग प्रारम्भकर **'प्राणोऽस्मि प्रज्ञात्मा'** इस अहंकारवाद द्वारा वक्ता के आत्मरूप से उपदेश किया है। भला इस प्रकार उपदिश्यमान प्राण ब्रह्म कैसे हो सकेगा क्योंकि **'अवागमनाः'** इत्यादि श्रुतियों से ब्रह्म में वक्तृत्व सम्भव नहीं है। वैसे ही, ब्रह्म में विग्रहसम्बन्धी असम्भव धर्म द्वारा आत्मा की स्तुति की है। वहाँ पर इन्द्र ने 'त्वष्टा के तीन शिरवाले पुत्र विश्वरूप को मैंने मार डाला, वेदान्तश्रवण से विमुख संन्यासियों को मारकर भेड़ियों के पास फेंक दिया' ऐसे वाक्यों द्वारा आत्मा की एवं उसके ज्ञान की स्तुति की है। इन्द्र बलाभिमानी देवता है, **'प्राणो वै बलम्'** ऐसा जाना जाता है। अतः इन्द्र के लिए प्राणत्व कथन उचित ही है। जहाँ कहीं बल का कार्य दिखायी पड़ता हो, वह इन्द्र का ही है, ऐसा भी कहते हैं। देवतात्मा इन्द्र में अप्रतिहत ज्ञान होने के कारण प्रज्ञात्मत्व भी सम्भव है क्योंकि देवता का ज्ञान अप्रतिहत होता है, उनके ज्ञान का प्रतिघात कहीं भी नहीं होता, वे भूत, भविष्यत्, वर्तमान को भी जानते हैं। जब इस प्रकार देवतात्मा उपदेश निश्चित हो गया तब हिततमत्वादि वचनों की योजना

---

१. शालावृकाः कपिक्रोष्टुश्वान इत्यमरः।

उपलभ्यते। 'यावद्ध्यस्मिञ्छरीरे प्राणो वसति तावदायुः' इति प्राणस्यैव प्रज्ञात्मनः प्रत्यग्भूतस्यायुष्प्रदानोपसंहारयोः स्वातन्त्र्यं दर्शयति, न देवताविशेषस्य [1]पराचीनस्य। तथास्तित्वे च प्राणानां [2]निःश्रेयसमित्यध्यात्ममेवेन्द्रियाश्रयं प्राणं दर्शयति। तथा 'प्राण एव प्रज्ञात्मेदं शरीरं परिगृह्योत्थापयति' (कौ० ३-३) इति, 'न वाचं विजिज्ञासीत वक्तारं विद्यात्' इति चोपक्रम्य 'तद्यथा रथस्यारेषु नेमिरर्पिता नाभावरा अर्पिता एवमेवैता भूतमात्राः प्रज्ञामात्रास्वर्पिताः प्रज्ञामात्राः प्राणेऽर्पिताः स एष प्राण एव प्रज्ञात्मानन्दोऽजरोऽमृतः' (कौ० ३-८) इति विषयेन्द्रियव्यवहारानभिभूतं प्रत्यगात्मानमेवोपसंहरति। 'स म आत्मेति विद्यात्' इति चोपसंहारः प्रत्यगात्मपरिग्रहे साधुर्न

रिन्द्रतनावसम्भावितधर्मैस्ते अध्यात्मसम्बन्धास्तेषां भूमेत्यर्थः। आयुरत्र देहे प्राणवायुसञ्चारः। अस्तित्वे प्राणस्थितौ प्राणानामिन्द्रियाणां स्थितिरित्यर्थतः श्रुतिमाह—अस्तित्व इति। 'अथातो निःश्रेयसादानम्' इत्याद्या श्रुतिः। इन्द्रियस्थापकत्ववद्देहोत्थापकत्वमाह—तथेति। वक्तृत्वमुक्त्वा सर्वाधिष्ठानत्वं दर्शितमित्याह—इति चोपक्रम्येति। तत्र नानाप्रपञ्चस्यात्मनि कल्पनायां यथा दृष्टान्तः, लोके प्रसिद्धस्य रथस्यारेषु नेमिनाभ्योर्मध्यस्थशलाकासु चक्रोपान्तरूपा नेमिरर्पिता, नाभौ चक्रपिण्डिकायामरा अर्पिताः, एवं भूतानि पञ्च [3]पृथिव्यादीनि, मीयन्त इति मात्राः भोग्याः [4]शब्दादयः पञ्चेति दश भूतमात्राः [5]प्रज्ञामात्रासु दशस्वर्पिताः। इन्द्रियजाः पञ्च शब्दादिविषय[6]प्रज्ञाः मीयन्ते आभिरिति मात्राः पञ्च धीन्द्रियाणि। नेमिवद्ग्राह्यं ग्राहकेषु अरेषु कल्पितमित्युक्त्वा नाभिस्थानीये प्राणे सर्वं कल्पितमित्याह—प्राणेऽर्पिता इति। स प्राणो मम स्वरूपमित्याह—स म इति। तर्हि

यथासम्भव इन्द्र के विषय में कर लेनी चाहिए।

अतः वक्ता इन्द्र को आत्मा का उपदेश होने से प्राणशब्द का अर्थ ब्रह्म नहीं है, ऐसा आक्षेप होने पर समाधान करते हैं, कि इस प्रसंग में अध्यात्मसम्बन्ध अधिक दिखायी पड़ता है। इस अध्याय में प्रत्यगात्मा के सम्बन्ध का बाहुल्य जान पड़ता है। 'जब तक शरीर में प्राण रहता है तब तक आयु है' इस वाक्य द्वारा अन्तरात्मस्वरूप प्रज्ञात्मा प्राण को ही आयु प्रदान करने और उपसंहार में स्वातन्त्र्य दिखलाते हैं, जो आत्मभूत देवताविशेष में सम्भव नहीं है। वैसे ही 'प्राण के रहने पर निःश्रेयस की प्राप्ति इन्द्रियों के आश्रयभूत अध्यात्म में ही देखा जाता है और प्राण ही प्रज्ञात्मा है जो इस शरीर को पकड़कर उठाता है' 'वाणी को जानने की इच्छा मत करो, वक्ता को जानो' यहां से प्रसंग प्रारम्भकर 'जैसे रथ के अरे में नेमि जुड़ी रहती है और अरे नाभि में जुड़े रहते हैं, ऐसे ही ये सभी भूत प्रज्ञामात्र में जुड़े हुए हैं और प्रज्ञामात्र प्राण में जुड़े हुए हैं। वह प्राण ही प्रज्ञात्मा है, आनन्द, अजर और अमृतस्वरूप है' इन वाक्यों से विषय, इन्द्रिय और व्यवहार के द्वारा अभिभूत न होने वाले प्रत्यगात्मा में ही प्रसंग का उपसंहार होता है। 'वह प्राण मेरी आत्मा है ऐसा समझ' यह उपसंहार प्रत्यगात्मा अर्थ मानने पर ही सुसंगत होगा, उससे भिन्न अनात्मपदार्थ ग्रहण करने पर उपसंहार की संगति नहीं बैठेगी। 'यह आत्मा ब्रह्म है जो सबका

१. अनात्मभूतस्य। २. निःश्रेयसमिति स्थितिरित्यर्थः। ३. ग्राह्यानि। ४. ग्राह्याः। ५. ग्राहिकासु। ६. ज्ञानानि।

(३०) शास्त्रदृष्ट्या तूपदेशो वामदेववत् ॥३०॥

'पराचीनपरिग्रहे । 'अयमात्मा ब्रह्म सर्वानुभूः' (बृ० २-५-१९) इति च श्रुत्यन्तरम् । तस्मादध्यात्मसम्बन्धबाहुल्याद्ब्रह्मोपदेश एवायं न देवतात्मोपदेशः ॥२९॥

कथं तर्हि वक्तुरात्मोपदेशः—

इन्द्रो नाम देवतात्मा स्वमात्मानं परमात्मत्वेनाहमेव परं ब्रह्मेत्यार्षेण दर्शनेन यथाशास्त्रं पश्यन्नुपदिशति स्म—'मामेव विजानीहि' इति । यथा 'तद्धैतत्पश्यन्नृषिर्वामदेवः प्रतिपेदेऽहं मनुरभवं सूर्यश्च' इति तद्वत् । 'तद्यो यो देवानां प्रत्यबुध्यत स एव तदभवत्' (बृ० १-४-१०) इति श्रुतेः । यत्पुनरुक्तं 'मामेव विजानीहि' इत्युक्त्वा विग्रहधर्मैरिन्द्र आत्मानं तुष्टाव त्वाष्ट्रवधादिभिरिति, तत्परिहर्तव्यम् । अत्रोच्यते—न त्वाष्ट्रवधादीनां विज्ञेयेन्द्रस्तुत्यर्थत्वेनोपन्यासः—यस्मादेवंकर्माहं तस्मान्मां विजानीहीति । कथं तर्हि ? विज्ञानस्तुत्यर्थत्वेन । 'यत्कारणं त्वाष्ट्रवधादीनि साहसान्युपन्यस्य परेण विज्ञानस्तुतिमनुसन्दधाति—'तस्य मे तत्र लोम च न मीयते स यो मां वेद न ह वै तस्य केन च कर्मणा लोको मीयते' इत्यादिना । एतदुक्तं भवति—यस्मादीदृशान्यपि क्रूराणि कर्माणि

प्रत्यगात्मनि समन्वयो न तु ब्रह्मणि, तत्राह—अयमिति ॥२९॥

अहङ्कारवादस्य गतिं पृच्छति—कथमिति । सूत्रमुत्तरम् । तद्व्याख्याति—इन्द्र इति । जन्मान्तरकृतश्रवणादिना अस्मिञ्जन्मनि स्वतःसिद्धं दर्शनमार्षम् । विज्ञेयेन्द्रस्तुत्यर्थं उपन्यासो न चेत्कथं तर्हि स इति पृच्छति—कथमिति । ब्रह्मज्ञानस्तुत्यर्थः स इत्याह—विज्ञानेति । नियामकं ब्रूते—यदिति । परेण । 'तस्य मे' इत्यादिना वाक्येनेत्यन्वयः । स्तुतिमाह—एतदुक्तमिति । तस्माज्ज्ञानं

प्रकाशक है' ऐसी दूसरी श्रुति भी है। अतः अध्यात्मसम्बन्धबाहुल्य को देखते हुए ब्रह्म उपदेश ही मानना उचित होगा, देवता का उपदेश यह नहीं है ॥२९॥

शास्त्रदृष्ट्या तूपदेशो वामदेववत् (ललिता)

तो फिर वक्ता की आत्मा का ही उपदेश क्यों किया गया ? ऐसा अहंकार की गति के सम्बन्ध में प्रश्न होता है। उसका उत्तर अग्रिम सूत्र से दिया गया है कि जिस प्रकार किसी समय ऋषि वामदेव ने उपदेश किया था कि मैं ही सृष्टि के आरम्भ में मनु और सूर्य था वैसे ही शास्त्रदृष्टि से इन्द्र ने भी अपनी आत्मा का उपदेश किया। जन्मान्तरीय श्रवणादि से इस जन्म में स्वतः सिद्ध दर्शन को आर्ष दृष्टि कहते हैं। इन्द्र नामक देवता अपनी आत्मा को परमात्मस्वरूप से जानकर 'मैं ही परब्रह्म हूँ' ऐसी आर्ष दृष्टि से शास्त्रानुसार देखा और तब कहा 'मुझे ही जानो।' जिस प्रकार शास्त्रदृष्टि से वामदेव ऋषि ने '**अहं मनुरभवं सूर्यश्च**' इस रूप में अपने को जाना था, वैसे ही देवताओं में भी जिस जिस ने ऐसा जाना वह ब्रह्मभाव को प्राप्त कर गया' ऐसी श्रुति है।

और जो आप ने कहा था कि 'मुझे ही जानो' ऐसा कहकर विग्रहधर्म-त्वाष्ट्रवधादि द्वारा इन्द्र ने अपनी स्तुति की थी, इस आक्षेप का परिहार सुन लीजिए कि त्वाष्ट्रवधादि विज्ञेय इन्द्र की स्तुति

---

१. अनात्मा । २. यस्मात्कारणात् ।

(३१) जीवमुख्यप्राणलिङ्गान्नेति चेन्नोपासात्रैविध्यादाश्रितत्वादिह तद्योगात् ॥३१॥

कृतवतो मम ब्रह्मभूतस्य लोमापि न हिंस्यते, स योऽन्योऽपि मां वेद न तस्य केनचिदपि कर्मणा लोको हिंस्यत इति। विज्ञेयं तु ब्रह्मैव 'प्राणोऽस्मि प्रज्ञात्मा' इति वक्ष्यमाणम्। तस्माद्ब्रह्मवाक्यमेतत् ॥३०॥

यद्यप्यध्यात्मसम्बन्धभूमदर्शनान्न पराचीनस्य देवतात्मन उपदेशः, तथापि न ब्रह्मवाक्यं भवितुमर्हति। कुतः? जीवलिङ्गान्मुख्यप्राणलिङ्गाच्च। जीवस्य तावदस्मिन्वाक्ये विस्पष्टं लिङ्गमुपलभ्यते 'न वाचं विजिज्ञासीत वक्तारं विद्यात्' इत्यादि। अत्र हि वागादिभिः करणैर्व्यापृतस्य कार्यकरणाध्यक्षस्य जीवस्य विज्ञेयत्वमभिधीयते। तथा मुख्यप्राणलिङ्गमपि—'अथ खलु प्राण एव प्रज्ञात्मेदं शरीरं परिगृह्योत्थापयति' इति।

श्रेष्ठमिति शेषः। स्तुतज्ञानविषय इन्द्र 'इत्यत आह—विज्ञेयं त्विति ॥३०॥

देहोत्थापनं जीवलिङ्गं किं न स्यात्, तत्राह—शरीरधारणं चेति। 'सर्वे वागादयः प्राणा अहमहं श्रेष्ठ इति विवदमानाः प्रजापतिमुपजग्मुः। स च तानुवाच, यस्मिन्नुत्क्रान्ते शरीरं पापिष्ठतरं पतिष्यति स वः श्रेष्ठ इति। तथा क्रमेण वागादिषूत्क्रान्तेष्वपि मूकादिभावेन शरीरं स्वस्थमस्थात्। मुख्यप्राणस्य तु उच्चिक्रमिषायां सर्वेषां व्याकुलत्वाप्तौ तान्वागादीन्वरिष्ठः प्राण उवाच, यूयं मोहं

के लिए नहीं कहे गये हैं कि मैं ऐसा पराक्रमी हूँ, इसलिए मुझे जानो। फिर किसके लिए कहे गये हैं? वह तो ब्रह्मज्ञान की स्तुति के लिए कहे गये हैं क्योंकि त्वाष्ट्रवधादि साहसकर्म का उपन्यास-कर ब्रह्मज्ञान की स्तुति का अनुसन्धान अग्रिम वाक्य से इन्द्र करता है। ऐसा साहसपूर्ण कर्म करने पर मेरा एक लोम भी नष्ट नहीं हुआ, ऐसा मेरे स्वरूप को जो जानता है उसका भी किसी असाधु कर्म से कुछ बिगड़ता नहीं' इत्यादि वाक्य द्वारा आत्मविज्ञान की स्तुति की गयी है। तात्पर्य यह है कि इस प्रकार क्रूर कर्म करने वाले मुझ ब्रह्मज्ञानी का लोम भी नष्ट नहीं हुआ उस मेरे स्वरूप को जो कोई दूसरा भी जानता है, उसका भी किसी कर्म से मोक्षरूप लोक हिंसित नहीं होगा। विज्ञेय तो ब्रह्म ही है, जिसे 'मैं प्राण हूँ, प्रज्ञात्मा हूँ' इस वाक्य द्वारा भी कहा जायेगा। अतः यह ब्रह्मवाक्य ही है ॥३०॥

जीवमुख्यप्राणलिङ्गान्नेति चेन्नोपासात्रैविध्यादाश्रितत्वादिह तद्योगात् (ललिता)

यद्यपि अध्यात्मसम्बन्धबाहुल्य को देखते हुए अनात्मरूप देवतात्मा का उपदेश यहाँ नहीं है, फिर भी यह वाक्य ब्रह्मबोधक नहीं हो सकता, क्योंकि इस प्रसङ्ग में जीवलिङ्ग और मुख्यप्राणलिङ्ग देखे जाते हैं। उनमें '**न वाचं विजिज्ञासीत, वक्तारं विद्यात्**' इस वाक्य में जीवलिङ्ग विस्पष्ट दीखता है, क्योंकि वागादि इन्द्रियों से व्यापार करने वाला कार्य-करण का अध्यक्ष जीव है, उसी को यहाँ पर विज्ञेय कहा गया है। वैसे ही मुख्यप्राणलिङ्ग भी है '**अथ खलु प्राण एव प्रज्ञात्मेदं**

---

१. इत्यत आहेति—नेत्याहेत्यर्थः। २. छान्दोग्यबृहदारण्यकयोः पञ्चमषष्ठाध्याययोः प्रश्नादौ च पठितस्य प्राणसंवादस्य सर्वस्यैकवाक्यतामाश्रित्याह— सर्वे वागादय इत्यादि।

शरीरधारणं च मुख्यप्राणस्य धर्मः। प्राणसंवादे 'वागादीन्प्राणान्प्रकृत्य—'तान्वरिष्ठः प्राण उवाच मा मोहमापद्यथाहमेवैतत्पञ्चधात्मानं प्रविभज्यैतद्बाणमवष्टभ्य विधारयामि' (प्र० २-३) इति श्रवणात्। ये तु 'इमं शरीरं परिगृह्य' इति पठन्ति तेषामिमं जीवमिन्द्रियग्रामं वा परिगृह्य शरीरमुत्थापयतीति व्याख्येयम्। प्रज्ञात्मत्वमपि जीवे तावच्चेतनत्वादुपपन्नम्। मुख्येऽपि प्राणे प्रज्ञासाधनप्राणान्तराश्रयत्वादुपपन्नमेव। जीवमुख्यप्राणपरिग्रहे च प्राणप्रज्ञात्मनोः सहवृत्तित्वेनाभेदनिर्देशः स्वरूपेण च भेदनिर्देश इत्युभयथा निर्देश उपपद्यते—'यो वै प्राणः सा प्रज्ञा या वै प्रज्ञा स प्राणः सह ह्येतावस्मिञ्शरीरे वसतः सहोत्क्रामतः' इति। ब्रह्मपरिग्रहे तु किं कस्माद्भिद्येत। तस्मादिह जीवमुख्यप्राणयोरन्यतर उभौ वा प्रतीयेयातां न ब्रह्मेति चेत्। नैतदेवं, उपासात्रैविध्यात्। एवं सति त्रिविधमुपासनं प्रसज्येत, जीवोपासनं मुख्यप्राणोपासनं ब्रह्मोपासनं चेति। नचैतदेकस्मिन्वाक्येऽभ्युपगन्तुं युक्तम्। उपक्रमोपसंहाराभ्यां हि वाक्यैकत्वमवगम्यते।

माऽऽपद्यथ यतोऽहमेवैतत्करोमि। किं तत्? पञ्चधा प्राणापानादिभावेनात्मानं विभज्य एतद्बाति गच्छतीति बानं तदेव बाणमस्थिरं शरीरमवष्टभ्याश्रित्य धारयामीत्यर्थः। द्विवचनसहवासोत्क्रान्तिश्रुतेश्च न ब्रह्म ग्राह्यमित्याह—जीवमुख्येति। अभेदनिर्देशमाह—यो वा इति। भेदमाह—सहेति। यदि जीवमुख्यप्राणयोर्लिङ्गादुपास्यत्वं तर्हि ब्रह्मणोऽपि लिङ्गानामुक्तत्वादुपासनं स्यात्। न चेष्टापत्तिः। उपक्रमादिना निश्चितैकवाक्यताभङ्गप्रसङ्गादित्याह—नैतदेवमित्यादिना। नच स्वतन्त्रपदार्थभेदाद्वाक्यभेदः किं न स्यादिति वाच्यं, जीवमुख्यप्राणयोरुक्तलिङ्गानां ब्रह्मणि नेतुं शक्यतया

शरीरं परिगृह्योत्थापयति।' शरीर धारण करना मुख्यप्राण का धर्म है क्योंकि प्राणसंवाद में वागादि इन्द्रियों के प्रकरण से प्रसङ्ग प्रारम्भकर कहा है 'उन इन्द्रियों से वरिष्ठ प्राण ने कहा—तुम लोग मूर्खता मत करो, मैं ही अपने को पाँच भागों में विभक्तकर इस नश्वर-शरीर को पकड़कर धारण कर रहा हूँ' इत्यादि। जो लोग '**इमं शरीरं परिगृह्य**' ऐसा पाठ मानते हैं उनके मतानुसार इस जीव अथवा इन्द्रियसमुदाय को लेकर जो इस शरीर को उठाता है, वह प्राण है, ऐसी व्याख्या कर लेनी चाहिए। प्रज्ञात्मत्व भी, चेतन होने के कारण, जीव में घटता ही है। मुख्यप्राण में भी ज्ञान के साधन इन्द्रियों का आश्रय होने से प्रज्ञात्मत्व युक्तियुक्त ही है। जीव और मुख्यप्राण अर्थ लेने पर प्राण तथा प्रज्ञात्मा में सहवृत्तित्व होने से अभेद रूप में निर्देश किया गया है और स्वरूपतः उनके भेद का निर्देश भी है। '**यो वै प्राणः सा प्रज्ञा या वै प्रज्ञा स प्राणः सह ह्येतावस्मिन् शरीरे वसतः सहोत्क्रामतः**' ऐसा उभयथा निर्देश युक्तियुक्त है। प्राण शब्द का अर्थ ब्रह्म मानोगे तो किससे किसका भेद कहा जायेगा? अतः इस प्रसङ्ग में जीव और मुख्यप्राण में से किसी एक का अथवा दोनों का प्राण शब्द से ग्रहण करना चाहिए, ब्रह्म का नहीं?

ऐसा कहना ठीक नहीं है क्योंकि ऐसा मानने पर तीन प्रकार की उपासनाओं का प्रसङ्ग आ जायेगा—जीवोपासना, मुख्यप्राणोपासना और ब्रह्मोपासना। पर एक वाक्य में त्रिधा उपासना मानना उचित नहीं है, क्योंकि उपक्रम-उपसंहार से एकवाक्यत्व प्रतीत होता है। यथा—'**मामेव**

---

१. इन्द्रियान्।

'मामेव विजानीहि' इत्युपक्रम्य **'प्राणोऽस्मि प्रज्ञात्मा तं मामायुरमृतमित्युपास्स्व'** इत्युक्त्वान्ते **'स एष प्राण एव प्रज्ञात्माऽऽनन्दोऽजरोऽमृतः'** इत्येकरूपावुपक्रमोपसंहारौ दृश्येते। तत्रार्थैकत्वं युक्तमाश्रयितुम्। नच ब्रह्मलिङ्गमन्यपरत्वेन परिणेतुं शक्यम्। दशानां भूतमात्राणां प्रज्ञामात्राणां च ब्रह्मणोऽन्यत्रार्पणानुपपत्तेः। आश्रितत्वाच्चान्यत्रापि ब्रह्मलिङ्गवशात्प्राणशब्दस्य ब्रह्मणि वृत्तेः।[1]इहापि च हिततमोपन्यासादिब्रह्मलिङ्गयोगाद्ब्रह्मोपदेश एवायमिति गम्यते। यत्तु मुख्यप्राणलिङ्गं दर्शितम्—'इदं शरीरं परिगृह्योत्थापयति' इति। तदसत्। प्राणव्यापारस्यापि परमात्मायत्तत्वात्परमात्मन्युपचरितुं शक्यत्वात्। **'न प्राणेन नापानेन मर्त्यो जीवति कश्चन। इतरेण तु जीवन्ति यस्मिन्नेतावुपाश्रितौ'** (का० २-२-५) इति श्रुतेः। यदपि **'न वाचं विजिज्ञासीत वक्तारं विद्यात्'** इत्यादि

स्वातन्त्र्यासिद्धेः, अफलपदार्थस्य फलवद्वाक्यार्थशेषत्वेन प्रधानवाक्यार्थानुसारेण तल्लिङ्गनयनस्योचितत्वाच्च। नहि प्रधानवाक्यार्थब्रह्मलिङ्गमन्यथा नेतुं शक्यं, न वा तदुचितमित्याह—नच ब्रह्मलिङ्गमिति। सूत्रशेषं व्याचष्टे—आश्रितत्वाच्चेति। अन्यत्र 'अत एव प्राणः' (ब्र० सू० १-१-१३) इत्यादौ [2]वृत्तेराश्रितत्वादि[3]हापि तस्य ब्रह्मलिङ्गस्य योगाद्ब्रह्मपर एव प्राणशब्द इत्यर्थः। प्राणादिलिङ्गानि सर्वात्मके ब्रह्मण्यनायासेन नेतुं शक्यानीत्याह—यत्त्वित्यादिना। यस्मिन्नेतौ प्रेर्यत्वेन

विजानीहि' यहाँ से प्रारम्भ करके **'प्राणोऽस्मि प्रज्ञात्मा तं मामायुरमृतमित्युपास्स्व'** ऐसा कहकर अन्त में **'स एष प्राण एव प्रज्ञात्माऽऽनन्दोऽजरोऽमृतः'** ऐसा कहा है, अतः उपक्रम-उपसंहार एक जैसे दीखते हैं। ऐसी स्थिति में अर्थ एकत्व मानना ही युक्तिसंगत है। यदि कहो कि ब्रह्मलिङ्ग अन्य अर्थपरक मान लिया जाय? तो ऐसा कहना ठीक नहीं, क्योंकि दश भूतमात्र एवं प्रज्ञामात्रा (पाँच विषय और उनके ज्ञान) ये ब्रह्म को छोड़कर अन्यत्र सिद्ध नहीं हो सकते।

सूत्र के शेष भाग की व्याख्या करते हैं कि ब्रह्मलिङ्ग के कारण **'अत एव प्राणः'** इस सूत्र में प्राणशब्द की प्रवृत्ति लक्षणावृत्ति से ब्रह्म में मानी गयी है। यहाँ भी हिततम उपन्यास आदि ब्रह्मलिङ्ग का सम्बन्ध होने से यह भी ब्रह्म-उपदेश ही है ऐसा समझा जाता है। प्राणादि लिङ्गों को सर्वात्मक ब्रह्म में अनायास ही लगा सकते हैं जिसे भाष्यकार अग्रिमवाक्य से दिखलाते हैं कि जो आपने **'इदं शरीरं परिगृह्योत्थापयति'** इस वाक्य से मुख्यप्राणलिङ्ग दिखलाया था, जिसके आधार पर प्राणशब्द का वायुविकार अर्थ मान रहे थे, वह सर्वथा असत् है क्योंकि प्राणव्यापार भी सर्वथा परमात्मा के अधीन है, इसलिए परमात्मा में प्राणव्यापार का औपचारिक प्रयोग होता है। अन्य श्रुति ने कहा है कि 'कोई भी प्राण और अपान से जीवित नहीं रहता, किन्तु जिसके आश्रित ये दोनों हैं, उससे जीवित रहता है।' अतः प्राण का व्यापार परमेश्वराधीन होने के कारण वस्तुतः परमेश्वर के ही हैं। और जो आप ने 'वाणी को जानने की इच्छा न करो, वक्ता को जानो' इत्यादि वाक्य से

---

१. इह तद्योगादिति व्याख्याति—इहापीत्यादिना। २. लक्षणावृत्तेः। ३. अव्यक्तं भाष्योक्तं व्यनक्ति—इहापीत्यादिना।

जीवलिङ्गं दर्शितं, तदपि न ब्रह्मपक्षं निवारयति । नहि जीवो नामात्यन्तभिन्नो ब्रह्मणः, 'तत्त्वमसि' 'अहं ब्रह्मास्मि' इत्यादिश्रुतिभ्यः । बुद्ध्याद्युपाधिकृतं तु विशेषमाश्रित्य ब्रह्मैव सञ्जीवः कर्ता भोक्ता चेत्युच्यते । तस्योपाधिकृतविशेषपरित्यागेन स्वरूपं ब्रह्म दर्शयितुं 'न वाचं विजिज्ञासीत वक्तारं विद्यात्' इत्यादिना प्रत्यगात्माभिमुखीकरणार्थमुपदेशो न विरुध्यते । 'यद्वाचानभ्युदितं येन वागभ्युद्यते । तदेव ब्रह्म त्वं विद्धि नेदं यदिदमुपासते' (के० १·४) इत्यादि च श्रुत्यन्तरं वचनादिक्रियाव्यापृतस्यैवात्मनो ब्रह्मत्वं दर्शयति । यत्पुनरेतदुक्तम्—'सह ह्येतावस्मिञ्छरीरे वसतः सहोत्क्रामतः' इति प्राणप्रज्ञात्मनोर्भेददर्शनं ब्रह्मवादे नोपपद्यत इति । नैष दोषः । ज्ञानक्रियाशक्तिद्वयाश्रययोर्बुद्धिप्राणयोः प्रत्यगात्मोपाधिभूतयोर्भेदनिर्देशोपपत्तेः । उपाधिद्वयोपहितस्य तु प्रत्यगात्मनः स्वरूपेणाभेद इत्यतः प्राण एव प्रज्ञात्मेत्येकीकरणमविरुद्धम् ।

अथवा 'नोपासात्रैविध्यादाश्रितत्वादिह तद्योगात्' इत्यस्यायमन्योऽर्थः । न ब्रह्म-

---

स्थितो तेनेतरेण ब्रह्मणा सर्वे प्राणादिव्यापारं कुर्वन्तीत्यर्थः । विशेषं परिच्छेदाभिमानमित्यर्थः । 'वक्तारं विद्यात्' इति न वक्तुर्ज्ञेयत्वमुच्यते, तस्य लोकसिद्धत्वात्, किन्तु तस्य ब्रह्मत्वं बोध्यते । तद्बोधाभिमुख्याय लिङ्गादय इत्यत्र श्रुत्यन्तरमाह—यद्वाचेति । येन चैतन्येन वागभ्युद्यते स्वकार्याभिमुख्येन प्रेर्यते तदेव वागादेरगम्यं ब्रह्मेत्यर्थः । तत्त्वम्पदवाच्ययोः स्वरूपतो भेदस्ताभ्यामुपलक्ष्यात्मस्वरूपाभेदादेकत्वं निर्दिश्यत इत्याह—नैष दोष इति ।

स्वमतेन सूत्रं व्याख्याय वृत्तिकृन्मतेन व्याचष्टे—अथवेति । उपासनात्रित्वप्रसङ्गादिति पूर्व-

---

जीवलिङ्ग दिखलाया था वह भी ब्रह्म पक्ष का व्यावर्तक नहीं है, क्योंकि **'तत्त्वमसि' 'अहं ब्रह्मास्मि'** इन श्रुतियों को देखते हुए जीव ब्रह्म से अत्यन्त भिन्न नहीं माना जा सकता । बुद्धि आदि उपाधि के कारण परिच्छेदविशेष का आश्रय करने पर ब्रह्म ही जीव कहलाता है और वही कर्ता-भोक्ता भी कहा जाता है । जब उसके उपाधिकृत विशेष का परित्याग कर देते हैं, तब वह ब्रह्मस्वरूप ही रह जाता है । इसी बात को बतलाने के लिए **'न वाचं विजिज्ञासीत, वक्तारं विद्यात्'** इत्यादि वाक्य द्वारा आत्माभिमुख करने के लिए उपदेश किया जाना विरुद्ध नहीं है । 'जो वाणी से प्रकाशित नहीं होता किन्तु जिससे वाणी प्रकाशित होती है, उसी को तू ब्रह्म जान, जिस परिच्छिन्न वस्तु की लोग उपासना करते हैं वह ब्रह्म नहीं है' इत्यादि श्रुत्यन्तर भी वचनादि क्रियाव्यापार न करने वाले आत्मा में ब्रह्मत्व का उपदेश करती है । और जो आप ने कहा था कि 'प्राण और प्रज्ञा इस शरीर में एक साथ रहते हैं और एक साथ उत्क्रमण करते हैं' इस वाक्य में प्राण और प्रज्ञात्मा में जो भेद कहा गया है वह ब्रह्मवादियों के यहाँ युक्तियुक्त सिद्ध नहीं होता ? यह कोई दोष नहीं है । ज्ञानशक्ति का आश्रय बुद्धि है और क्रियाशक्ति का आश्रय प्राण है, ये दोनों ही प्रत्यगात्मा की उपाधि हैं । इन उपाधियों में व्यावहारिक दृष्टि से भेद कहना उचित ही है पर दोनों उपाधियों से उपहित आत्मा के स्वरूप में भेद नहीं है । अतः प्राण ही प्रज्ञात्मा है, ऐसा एकीकरण भी अविरुद्ध है ।

स्वमतानुसार सूत्र की व्याख्याकर वृत्तिकार मतानुसार **'अथवा'** इत्यादि ग्रन्थ से व्याख्या

वाक्येऽपि जीवमुख्यप्राणलिङ्गं विरुध्यते। कथम्? उपासात्रैविध्यात्। त्रिविधमिह ब्रह्मोपासनं विवक्षितं, प्राणधर्मेण प्रज्ञाधर्मेण स्वधर्मेण च। तत्र 'आयुरमृतमुपास्स्वायुः प्राणः' इति, 'इदं शरीरं परिगृह्योत्थापयति' इति, 'तस्मादेतदेवोक्थमुपासीत' इति च प्राणधर्मः। 'अथ यथास्यै प्रज्ञायै सर्वाणि भूतान्येकीभवन्ति तद्व्याख्यास्यामः' इत्युपक्रम्य 'वागेवास्या एकमङ्गमदूदुहत्तस्य नाम परस्तात्प्रतिविहिता भूतमात्रा प्रज्ञया वाचं

अक्षरमम्बरान्तधृतेः । बृहदारण्यकं पठति—कस्मिन्न्विति । **यद्भूतं भवच्च भविष्यच्च तत्सर्वं कस्मिन्नोतमिति गार्ग्या पृष्टेन मुनिना याज्ञवल्क्येनाऽव्याकृताकाशः कार्यमात्राश्रय उक्तः । आकाशः**

का ही बोध कराता है । विकार में आपेक्षिक अमृतत्व है, निरपेक्ष नहीं 'इससे भिन्न सब तुच्छ है, नश्वर है' ऐसी दूसरी श्रुति भी है । इसके अतिरिक्त सत्यत्व, स्वमहिमप्रतिष्ठितत्त्व सर्वगतत्व और सर्वातमत्व इत्यादि सुने गये धर्म भी परमात्मा में ही घटते हैं, अन्यत्र नहीं । अतः भूमा शब्द का अर्थ परमात्मा ही है यह सिद्ध हुआ ॥९॥

३. अक्षराधिकरण

१. जिस प्रकार पिछले अधिकरण में ब्रह्म में सत्य शब्द रूढ़ होने के कारण भूमा का अर्थ ब्रह्म माना था वैसे ही यहाँ भी अक्षर शब्द वर्ण अर्थ में रूढ़ होने के कारण वर्ण ही अक्षर हो सकता है, इस प्रकार दृष्टान्त संगति के कारण यह अधिकरण प्रारम्भ होता है ।

२. "**स होवाचैतद्वै तदक्षरं गार्गि ? ब्राह्मणा अभिवदन्त्यस्थूलम्**" (बृ० ३।८।८) यह वाक्य यहाँ पर विचारणीय है ।

३. अक्षर शब्द से वर्ण अर्थ को कहा गया है अथवा परमात्मा ? ऐसा संशय होता है ।

४. अक्षर नाम वर्ण में प्रसिद्ध है, अतः यहाँ पर उपासना के लिए अक्षर का अर्थ प्रणवाक्षर करना चाहिए ।

५. पृथ्वी से लेकर अव्याकृतपर्यन्त समस्त जगत् का आधार होने से, सम्पूर्ण धर्मों का निषेध होने से, शासनकर्ता और द्रष्टृत्वादि चैतन्यधर्म को देखने से भी ब्रह्म ही अक्षर शब्द का अर्थ मानना ठीक है ।

---

१. प्राणे प्रदर्शितममृतत्वं वारयति—विकाराणामिति । २. इतश्च न प्राणस्य मुख्यममृतत्वमित्याह—अत इति । ३. प्रकृतोपयुक्तानि धर्मान्तराण्याह—तथा चेति । ४. श्रुतिलिङ्गप्रकरणेभ्यः ।

वदन्त्यस्थूलमनणु' (बृ० ३-८-७,८) इत्यादि श्रूयते। तत्र संशयः—किमक्षरशब्देन वर्ण उच्यते किंवा परमेश्वर इति। तत्राक्षरसमाम्नाय इत्यादावक्षरशब्दस्य वर्णे प्रसिद्धत्वात् प्रसिद्धयतिक्रमस्य चायुक्तत्वात्, 'ॐकार एवेदं सर्वम्'(छा० २-२३-३)इत्यादौ च श्रुत्यन्तरे वर्णस्याप्युपास्यत्वेन सर्वात्मकत्वावधारणात्, वर्ण एवाक्षरशब्द इति, एवं प्राप्त उच्यते—पर एवात्माक्षरशब्दवाच्यः। कस्मात् ? अम्बरान्तधृतेः पृथिव्यादेराकाशान्तस्य विकारजातस्य धारणात्। [1]तत्र हि पृथिव्यादेः समस्तविकारजातस्य कालत्रयविभक्तस्य 'आकाश एव तदोतं च प्रोतं च' इत्याकाशे प्रतिष्ठितत्वमुक्त्वा 'कस्मिन्नु खल्वाकाश ओतश्च प्रोतश्च' इत्यनेन प्रश्नेनेदमक्षरमवतारितम्। तथाचोपसंहृतम्—'एतस्मिन्नु खल्वक्षरे गार्ग्याकाश ओतश्च प्रोतश्च' इति। नचेयमम्बरान्तधृतिर्ब्रह्मणोऽन्यत्र सम्भवति। [2]यदपि 'ॐकार एवेदं सर्वम्' इति, तदपि ब्रह्मप्रतिपत्तिसाधनत्वात्स्तुत्यर्थं द्रष्टव्यम्।

कस्मिन्नोत इति द्वितीयप्रश्ने स मुनिरुवाच। तदव्याकृतस्याधिकरणमेतदक्षरमस्थूलादिरूपमित्यर्थः। [3]उभयत्राक्षरशब्दप्रयोगात्संशयः। यथा सत्यशब्दो ब्रह्मणि रूढ इति ब्रह्म भूमेत्युक्तं, तथाक्षरशब्दो वर्णे रूढ इति दृष्टान्तेन पूर्वपक्षः। [4]तत्र ॐकारोपास्तिः फलं, सिद्धान्ते निर्गुणब्रह्मधीरिति विवेकः। ननु न क्षरतीत्यचलत्वानाशित्वयोगाद्ब्रह्मण्यप्यक्षरशब्दो मुख्य इत्यत आह—प्रसिद्धयतिक्रमस्येति। 'रूढिर्योगमपहरति' इति न्यायादित्यर्थः। वर्णस्य ॐकारस्य सर्वाश्रयत्वं कथमित्याशङ्क्य ध्यानार्थमिदं यथा श्रुत्यन्तरे सर्वात्मत्वमित्याह—ॐकार इति। प्रश्नप्रतिवचनाभ्यामकाशान्तजगदाधारत्वे तात्पर्यनिश्चयान्न ध्यानार्थता, अतस्तल्लिङ्गबलाद्रूढिं बाधित्वा योगवृत्तिर्ग्राह्येति सिद्धान्तयति—एवमित्यादिना ॥१०॥

अक्षरमम्बरान्तधृतेः (ललिता)

बृहदारण्यक उपनिषद् में गार्गी ने याज्ञवल्क्य जी से पूछा कि 'आकाश किसमें ओत-प्रोत है' महर्षि याज्ञवल्क्य ने कहा कि हे गार्गि ! अक्षर में ओत-प्रोत है।' इस अक्षर को वेदवित् ब्राह्मणों ने '**अस्थूलम्, अनणु**' ऐसा कहा है। वहाँ पर संशय होता है कि क्या अक्षर शब्द से वर्ण कहा गया है अथवा परमात्मा। इस पर पूर्वपक्षी ने कहा कि "**अक्षर समाम्नायः**" इस व्यवहार को देखते हुए वर्ण अर्थ में ही अक्षर शब्द प्रसिद्ध है और प्रसिद्ध का त्याग उचित नहीं है। 'यह सब कुछ ॐकार ही है' इत्यादि श्रुत्यन्तर में भी सर्वात्मारूप से निश्चय होने के कारण उपास्यरूप से वर्ण ही अक्षर शब्द वाच्य है, अर्थात् उपासना के लिए ॐकार वर्ण को भी अक्षर कहा गया है ? ऐसा पूर्वपक्ष प्राप्त होने पर सिद्धान्ती कहते हैं कि अक्षर-शब्द-वाच्य परमात्मा ही है। क्योंकि पृथ्वी से लेकर आकाश पर्यन्त तीनों कालों में विभक्त सम्पूर्ण कार्य-जगत् का धारण करना उसी का कार्य है। वैसा ही कालत्रय में विभक्त पृथिव्यादि समस्त कार्य को ओत-प्रोत रूप से आकाश में प्रतिष्ठित हो जाने के बाद यह भी कहा है कि 'वह आकाश किसमें ओत-प्रोत है ?' इस प्रश्न द्वारा अक्षर का प्रसङ्ग प्रारम्भ हुआ है और 'हे गार्गि ! इसी अक्षर में आकाश ओत-प्रोत है।' इस वाक्य द्वारा उपसंहार किया गया है। अम्बरान्त जगत् का धारण करना ब्रह्म से भिन्न में सम्भव नहीं है। और जो आपने

---

१. आकाशस्यैव प्रश्ने श्रवणात्तदधिकरणं पृष्टं न पृथिव्यादेरित्याशङ्क्याह—तत्र हीति। २. ओंकारस्य सर्वात्मत्वश्रुतेस्तत्र सम्भवति लिङ्गमित्याशङ्क्याह—यदपीति। ३. वर्णे परमात्मनि चेत्यर्थः। ४. पूर्वपक्षे।

(७४) सा च प्रशासनात् ॥११॥

(७५) [1]अन्यभावव्यावृत्तेश्च ॥१२॥

[2]तस्मान्न क्षरत्यश्नुते चेति नित्यत्वव्यापित्वाभ्यामक्षरं परमेव ब्रह्म ॥१०॥

स्यादेतत् । कार्यस्य चेत्कारणाधीनत्वमम्बरान्तधृतिरभ्युपगम्यते, प्रधानकारणवादिनोऽपीयमुपपद्यते । कथमम्बरान्तधृतेर्ब्रह्मत्वप्रतिपत्तिरिति । अतः उत्तरं पठति—

सा चाम्बरान्तधृतिः परमेश्वरस्यैव कर्म । कस्मात् ? प्रशासनात् । प्रशासनं हीह श्रूयते—'एतस्य वा अक्षरस्य प्रशासने गार्गि सूर्याचन्द्रमसौ विधृतौ तिष्ठतः' (बृ० ३-८-९) इत्यादि । [3]प्रशासनं च पारमेश्वरं कर्म । नाचेतनस्य प्रधानस्य प्रशासनं भवति । [4]न ह्यचेतनानां घटादिकारणानां मृदादीनां घटादिविषयं प्रशासनमस्ति ॥११॥

अन्यभावव्यावृत्तेश्च कारणाद्ब्रह्मैवाक्षरशब्दवाच्यम् । तस्यैवाम्बरान्तधृतिः कर्म नान्यस्य कस्यचित् । किमिदमन्यभावव्यावृत्तेरि[5]ति । अन्यस्य भावोऽन्यभावस्तस्माद्व्यावृत्ति-

---

[6]आकाशं भूतं कृत्वा शङ्कते—स्यादेतदिति । चेतनकर्तृकशिक्षाया अत्र श्रुतेर्मैवमित्याह—सा चेति । सूत्रं व्याचष्टे—सा चेति । चकार आकाशस्य भूतत्वनिरासार्थः । भूताकाशस्य कार्यान्तःपातिनः श्रुतसर्वकार्याश्रयत्वायोगादव्याकृतमज्ञानमेवाकाशः प्रधानशब्दित इति तदाश्रयत्वाच्चाक्षरं न प्रधानमित्यर्थः । विधृतौ विषयत्वेन धृतौ ॥११॥

प्रश्नपूर्वकं सूत्रं व्याकरोति—किमिदमिति । घटत्वाद्व्यावृत्तिरिति भ्रान्तिं निरस्यति—

कहा कि यह सब ॐकार ही है । इस वाक्य द्वारा ॐकार को सर्वात्मा कहा गया है इसलिए ॐकार भी अक्षर हो सकता है ? यह भी ब्रह्म प्राप्ति का साधन होने से ॐकार की स्तुति के लिए कहा है । अतः न क्षरति इस व्युत्पत्ति के अनुसार क्षर धातु से बना हुआ अक्षर शब्द नित्यत्व अर्थ का बोधक होने से एवं "अश्नुते इति अक्षरम्" इस व्युत्पत्ति के अनुसार अश् धातु से बना हुआ शब्द व्यापकत्ववाचक होने से अक्षर तत्त्व परमात्मा ही है ॥१०॥

सा च प्रशासनात् (ललिता)

प्रश्न—यदि कार्य को कारणाधीन होने के कारण अम्बरान्तधृति प्रधानवादियों के यहाँ प्रधान में भी घट सकती है फिर भला अम्बरान्तधृति हेतु से अक्षर शब्द का अर्थ ब्रह्म कैसे मान सकोगे ? इसका उत्तर कहते हैं—वह अम्बरान्तधृति जैसा दुष्करकर्म परमात्मा का ही हो सकता है क्योंकि यहाँ पर प्रशासन सुना जाता है 'हे गार्गि ! इस अक्षर के प्रशासन में सूर्य, चन्द्र सब विषय रूप से धारण किये हुए' इत्यादि प्रशासन सर्वज्ञ चेतन परमात्मा में ही सम्भव है, अचेतन प्रधान में नहीं क्योंकि घटादि के कारण अचेतन मृदादि में घटादि विषयक प्रशासन नहीं देखा जाता ॥११॥

---

१. ओंकारादि निरासेन ब्रह्मादाने हेत्वन्तरमाह—अन्यभावेति । २. उपक्रमोपसंहारयोरैक्यरूप्यतात्पर्याम्बरान्तधृतिलिङ्गाभ्यामनुगृहीताया योगवृत्तेर्बलीयस्त्वे फलितमाह–तस्मादिति । ३. अक्षरस्य सूर्यादौ प्रशासने श्रुतेऽपि कथमीश्वरत्वं तत्राह—प्रशासनं चेति । ४. प्रधानस्यापि स्वकार्ये प्रशासनं सिद्ध्यति, नेत्याह—न हीति । तथा चाऽऽज्ञाख्यप्रशासनलिङ्गान्न प्रधानमक्षरमित्यर्थः । ५. इति हेतोः किमभिधेयमित्यर्थः । ६. आकाशान्तजगदाधारत्वलिङ्गबलात् । ७. प्रकृते रूढे ।

रन्यभावव्यावृत्तिरिति । एतदुक्तं भवति—यदन्यद्ब्रह्मणोऽक्षरशब्दवाच्यमिहाशङ्क्यते तद्भावादिदमम्बरान्तविधारणमक्षरं व्यावर्तयति श्रुतिः 'तद्वा एतदक्षरं गार्ग्यदृष्टं द्रष्टृ अश्रुतं श्रोत्रमतं मन्त्रविज्ञातं विज्ञातृ' (बृ० ३-८-११) इति । तत्रादृष्टत्वादिव्यपदेशः प्रधानस्यापि सम्भवति । द्रष्टृत्वादिव्यपदेशस्तु न तस्य संभवत्यचेतनत्वात् । तथा 'नान्यदतोऽस्ति द्रष्टृ नान्यदतोऽस्ति श्रोतृ नान्यदतोऽस्ति मन्तृ नान्यदतोऽस्ति विज्ञातृ' इत्यात्मभेदप्रतिषेधात्, न शारीरस्याप्युपाधिमतोऽक्षरशब्दवाच्यत्वम् । 'अचक्षुष्कमश्रोत्रमवागमनः' (बृ० ३-८-८) इति चोपाधिमत्ताप्रतिषेधात् । नहि निरूपाधिकः शारीरो नाम भवति । तस्मात्परमेव ब्रह्माक्षरमिति निश्चयः ॥१२॥

एतदिति । अम्बरान्तस्याधारमक्षरं श्रुतिरचेतनत्वाद्व्यावर्तयतीत्यर्थः । जीवनिरासपरत्वेनापि सूत्रं योजयति—तथेति । अन्यभावो भेदस्तन्निषेधादिति सूत्रार्थः । तर्हि शोधितो जीव एवाक्षरं न पर इत्यत आह—नहीति । शोधिते जीवत्वं नास्तीत्यर्थः । तस्माद् गार्गिब्राह्मणं निर्गुणाक्षरे समन्वितमिति सिद्धम् ॥१२॥

अन्यभावव्यावृत्तेश्च (ललिता)

अन्य भाव व्यावृत्ति रूप हेतु से भी अक्षर शब्द वाच्य परमात्मा ही सिद्ध होता है क्योंकि अम्बरान्तधृति उसी का कर्म है किसी अन्य का नहीं। यह अन्य भाव व्यावृत्ति क्या वस्तु है, इसका अर्थ बतलाते हैं कि यदि ब्रह्म से भिन्न किसी वस्तु को अक्षरशब्दवाच्य मानते हो तो इस शङ्का को इस (आकाश पर्यन्त) धारणरूप कर्म को अक्षर में श्रुति व्यावृत्त करती है। 'हे गार्गि ! यह देखा नहीं जाता किन्तु सबका द्रष्टा है, सुना नहीं जाता किन्तु सबका श्रोता है, मनन नहीं किया जाता किन्तु सबका मन्ता है और जाना नहीं जाता किन्तु सबका विज्ञाता है।' यह श्रुति अम्बरान्त जगत् धारण ब्रह्म से भिन्न वस्तु में व्यावृत्त करती है। उनमें अदृष्टत्वादि व्यवहार प्रधान में भी सम्भव है किन्तु द्रष्टृत्वादि व्यवहार अचेतन होने के कारण प्रधान में सम्भव नहीं है। वैसे ही 'इससे भिन्न कोई द्रष्टा नहीं, इससे भिन्न श्रोता नहीं, इससे भिन्न मन्ता नहीं और इससे भिन्न विज्ञाता नहीं' इस वाक्य द्वारा आत्मभेद का निषेध हो जाने से 'सोपाधिक जीव भी अक्षरशब्दवाच्य नहीं हो सकता क्योंकि जीवात्मा के वास्तविकस्वरूप में उसमें चक्षु नहीं श्रोत्र नहीं और मन नहीं है' इस वाक्य द्वारा उपाधि का निषेध कर दिया गया है। निरुपाधिक जीव नहीं होता, अतः परब्रह्म ही अक्षरशब्दवाच्य है, यह निश्चित हुआ ॥१२॥

---

१. वर्णा वा प्रधानं वाऽव्याकृतं वा। २. प्रकृतोदाहरणे। ३. प्रधानस्यापि रूपादिराहित्याददृष्टत्वादियोगादुक्तश्रुतौ कुतोऽक्षरस्य ततो व्यावृत्तिस्तत्राह—तत्रेति। ४. अक्षरात्। ५. इतश्च न जीवस्याक्षरशब्दतेत्याह—अचक्षुष्कमिति। ६. तस्मादिति—अनन्यथासिद्धलिङ्गसङ्गियोगवृत्तेरित्यर्थः। ७. गार्गिब्राह्मणमिति—'ङ्यापोः संज्ञा छन्दसोर्बहुलम्' (पा० ६-३-६३) इति ह्रस्वः।

४. ईक्षतिकर्मव्यपदेशाधिकरणम् (सू० १३)

(७६) ईक्षतिकर्मव्यपदेशात्सः ॥१३॥

त्रिमात्रप्रणवे ध्येयमपरं ब्रह्म वा परम्। ब्रह्मलोकफलोक्त्यादेरपरं ब्रह्म गम्यते।
ईक्षितव्यो जीवघनात्परस्तत्प्रत्यभिज्ञया। भवेद्ध्येयं परं ब्रह्म क्रममुक्तिः फलिष्यति॥

'एतद्वै सत्यकाम परं चापरं च ब्रह्म यदोङ्कारस्तस्माद्विद्वानेतेनैवायतनेनैकतरमन्वेति' इति प्रकृत्य श्रूयते—[1]'यः पुनरेतं त्रिमात्रेणोमित्येतेनैवाक्षरेण परं पुरुषमभिध्यायीत'

ईक्षतिकर्मव्यपदेशात्सः। **प्रश्नोपनिषदमुदाहरति**—एतदिति। **पिप्पलादो गुरुः सत्यकामेन पृष्टो ब्रूते—हे सत्यकाम, परं निर्गुणमपरं सगुणं च ब्रह्मैतदेव योऽयं ॐकारः। स हि प्रतिमेव विष्णोस्तस्य प्रतीकः। तस्मात्प्रणवं ब्रह्मात्मना विद्वानेतेनैव ॐकारध्यानेनायतनेन प्राप्तिसाधनेन यथाध्यानं परमपरं चान्वेति प्राप्नोतीति प्रकृत्य मध्ये एकमात्रद्विमात्रोङ्कारयोर्ध्यानमुक्त्वा ब्रवीति**—यः पुनरिति। **इत्थंभावे 'तृतीया, ब्रह्मोङ्कारयोर[2]भेदोपक्रमात्। यो ह्यकारादिमात्रात्रये एकस्या मात्राया**

४. ईक्षतिकर्मव्यपदेशाधिकरण

१. पिछले अधिकरण में वर्ण अर्थ में रूढ़ अक्षर शब्द का भी अर्थ ब्रह्म इसलिए किया गया क्योंकि अम्बरान्त जगत् का धारण करना रूप लिङ्ग और **'न क्षरति अश्नुते वा'** ऐसी व्युत्पत्ति भी मिलती है, ठीक वैसे ही यहाँ पर भी देशपरिच्छिन्नफलश्रुतिलिङ्ग को देखते हुए पर शब्द आपेक्षिकपरत्वविशिष्ट हिरण्यगर्भपरक लेना चाहिए; ऐसी दृष्टान्त संगति के कारण यह अधिकरण प्रारम्भ होता है।

२. **"यः पुनरेतं त्रिमात्रेणोमित्येतेनैवाक्षरेण परं पुरुषमभिध्यायीत"** (प्र० ५।५) यह वाक्य यहाँ पर विचारणीय है।

३. इस श्रुति में परब्रह्म ध्येय है अथवा अपरब्रह्म ? ऐसा संशय होता है।

४. **"स सामभिरुन्नीयते ब्रह्मलोकम्"** (प्र० ५।५) ऐसे देशपरिच्छिन्नफल का कथन होने से अपरब्रह्म ही ध्येय मानना चाहिए।

५. ध्यातव्यरूप से परब्रह्म का ही यहाँ पर उपदेश है जो जीवघन से पर है, साथ ही ध्यान का कर्म अतथा-भूत-पदार्थ भी हो सकता है; किन्तु सम्यग्दर्शन का विषयभूत कर्म ब्रह्म ही है। 'पुरुष' और 'पर' शब्द से उसी ध्येय की प्रत्यभिज्ञा भी होती है; परिच्छिन्न फल तो क्रममुक्ति के अभिप्राय से कहा गया है जो विरुद्ध नहीं है।

ईक्षतिकर्मव्यपदेशात्सः (ललिता)

प्रश्नोपनिषद् में सत्यकाम के पूछने पर आचार्य पिप्पलाद जी ने कहा है कि 'हे सत्यकाम ! निःसन्देह यह पर और अपरब्रह्म जो कहा गया है वह ओंकार ही है; इसलिए जो भी विद्वान् इस ॐकार रूप आयतन के ध्यान से सगुण और निर्गुण ब्रह्म का चिन्तन करता है वह उनमें से एक को प्राप्त कर लेता है' यहाँ से प्रसङ्ग प्रारम्भ कर 'जो तीन मात्रा वाले इस ॐकार अक्षर के माध्यम से

१. त्रिमात्रेणेति तृतीया।

२. प्रश्नोपनिषदि पञ्चमप्रश्ने 'एतद्वै सत्यकाम परं चापरं च ब्रह्म यदोंकारः' इत्येवमभेदोपक्रम इति ध्येयम्।

(प्र० ५-२, ५) इति। किमस्मिन्वाक्ये परं ब्रह्माभिध्यातव्यमुपदिश्यत आहोस्विदपरमिति। एतेनैवायतनेन परमपरं चैकतरमन्वेतीति प्रकृतत्वात्संशयः। तत्रापरमिदं ब्रह्मेति प्राप्तम्। कस्मात्? 'स तेजसि सूर्ये सम्पन्नः' 'स सामभिरुन्नीयते ब्रह्मलोकम्' इति च तद्विदो देशपरिच्छिन्नस्य फलस्योच्यमानत्वात्। नहि परब्रह्मविद्देशपरिच्छिन्नं फलमश्नुवीतेति युक्तम्, सर्वगतत्वात्परस्य ब्रह्मणः। नन्वपरब्रह्मपरिग्रहे परं पुरुषमिति विशेषणं नोपपद्यते। नैष दोषः। पिण्डापेक्षया प्राणस्य परत्वोपपत्तेः। इत्येवं प्राप्तेऽभिधीयते—

अकारस्य 'ऋग्व्यादिकं जाग्रदादिविभूतिं च जानाति, 'तेन सम्यग्ज्ञाता एका मात्रा यस्योङ्कारस्य स एकमात्रः। एवं मात्राद्वयस्य सम्यग्विभूतिज्ञाने द्विमात्रस्तथा त्रिमात्रः। तमोङ्कारं पुरुषं योऽभिध्यायीत, स ॐकारविभूतित्वेन ध्यातः सामभिः सूर्यद्वारा ब्रह्मलोकं गत्वा परमात्मानं पुरुषमीक्षत इत्यर्थः। संशयं तद्बीजं चाह—किमित्यादिना। अस्मिन् त्रिमात्रवाक्य इत्यर्थः। पूर्वत्र पूर्वपक्षत्वेनोक्ते ॐकारे बुद्धिस्थं ध्यातव्यं निश्चीयत इति प्रसङ्गसङ्गतिः। यद्वा पूर्वत्र वर्णे रूढस्याक्षरशब्दस्य 'लिङ्गाद्ब्रह्मणि वृत्तिरुक्ता, तद्वदत्रापि ब्रह्मलोकप्राप्तिलिङ्गात्परशब्दस्य हिरण्यगर्भे वृत्तिरिति दृष्टान्तेन पूर्वपक्षयति—तत्रापरमिति। 'कार्यपरब्रह्मणोरुपास्तिरुभयत्र फलम्। स उपासकः। सूर्ये सम्पन्नः प्रविष्टः। ननु वसुदान ईश्वर इति ध्यानात् 'विन्दते वसु' (बृ० ४-४-२४) इत्यल्पमपि फलं ब्रह्मोपासकस्य श्रुतमित्यत आह—नहीति। अन्यत्र तथात्वेऽपि अत्र परवित्परमपरविदपरमन्वेतीत्युपक्रमात्परविदोऽपरप्राप्तिरयुक्ता, उपक्रमविरोधात्। न चात्र परप्राप्तिरेवोक्तेति वाच्यं, परस्य सर्वगतत्वादत्रैव प्राप्तिसम्भवेन सूर्यद्वारा गतिवैयर्थ्यात्। तस्मादुपक्रमानुगृहीतादपरप्राप्तिरूपाल्लिङ्गात्परं पुरुषमिति परश्रुतिर्बाध्येत्यर्थः। परश्रुतेर्गतिं 'पृच्छति—नन्विति। पिण्डः स्थूलो

पर-पुरुष का ध्यान करता है' इत्यादि कहा गया है। इस श्रुति में **'त्रिमात्रेण'** इस पद में इत्थंभाव अर्थ में तृतीया विभक्ति है अर्थात् ब्रह्म और ॐकार को अभिन्न मानकर प्रसङ्ग प्रारम्भ हुआ है। इस वाक्य में अभिध्यातव्यरूप से परब्रह्म का उपदेश है अथवा अपर-ब्रह्म का? **'एतेनैव आयतनेन परमपरं चैकतरमन्वेति'** अर्थात् 'इस आयतन के द्वारा ही पर और अपर ब्रह्म में से एक को प्राप्त कर लेता है' यहाँ से प्रसङ्ग प्रारम्भ होने के कारण संशय होता है। इस पर पूर्वपक्ष का कहना है कि अपर ब्रह्म का ध्यान उक्त मन्त्र से बतलाया गया है क्योंकि 'वह उपासक सूर्यरूप तेज में प्रविष्ट हो साममन्त्रों के द्वारा ब्रह्मलोक में ले जाया जाता है' इस वाक्य के द्वारा उस उपासक के लिए देशपरिच्छिन्न फल बतलाया गया है। परब्रह्म के उपासक को देशपरिच्छिन्न फल की प्राप्ति कहना युक्तिसङ्गत नहीं है क्योंकि परब्रह्म सर्वव्यापक है। इस पर सिद्धान्ती का एकदेशी पूछता है कि अपरब्रह्म को ध्येय मानने पर **'परं पुरुषम्'** यह विशेषण युक्तिसङ्गत नहीं है। पूर्वपक्षी इसका उत्तर देता है कि ऐसा कहना कोई दोष नहीं है क्योंकि स्थूल शरीर की अपेक्षा प्राण और विराट की अपेक्षा सूत्रात्मा को पर माना गया

---

१. उत् ऊर्ध्वं ब्रह्मलोकं नीयते प्राप्यत इत्यर्थः। २. ऋग्व्यादिकमिति—तथाहि अकार उकारो मकार इति तिस्रोमात्रास्तासामग्निवायुसूर्या ऋषयः। ब्रह्मविष्णुमहेश्वरा देवताः अधिदैवतम्। भूर्भुवःस्वःस्थानानि। अध्यात्मं जाग्रत्स्वप्नसुषुप्त्याख्यानि। ऋग्यजुः सामानि वेदा इति। ३. ज्ञात्रा। ४. अम्बरान्तधृतिरूपात्। ५. कार्यब्रह्मणो हिरण्यगर्भस्योपास्तिः पूर्वपक्षे फलं, परब्रह्मण उपास्तिः सिद्धान्ते फलमिति विवेकः। ६. सिद्धान्त्यनुयायी।

परमेव ब्रह्मेहाभिध्यातव्यमुपदिश्यते । कस्मात् ? ईक्षतिकर्मव्यपदेशात् । ईक्षतिर्दर्शनम् । दर्शनव्याप्यमीक्षतिकर्म । ईक्षतिकर्मत्वेनास्याभिध्यातव्यस्य पुरुषस्य वाक्यशेषे व्यपदेशो भवति—'स एतस्माज्जीवघनात्परात्परं पुरिशयं पुरुषमीक्षते' इति । तत्राभिध्यायतेरतथाभूतमपि वस्तु कर्म भवति । मनोरथकल्पितस्याप्यभिध्यायतिकर्मत्वात् । ईक्षतेस्तु तथाभूतमेव वस्तु लोके कर्म दृष्टमित्यतः परमात्मैवायं सम्यग्दर्शनविषयभूत ईक्षतिकर्मत्वेन व्यपदिष्ट इति गम्यते । स एव चेह परपुरुषशब्दाभ्यामभिध्यातव्यः प्रत्यभिज्ञायते । नन्वभिध्याने परः पुरुष उक्तः, ईक्षणे तु परात्परः, कथमितर इतरत्र प्रत्यभिज्ञायत इति । अत्रोच्यते—परपुरुषशब्दौ तावदुभयत्र साधारणौ । नचात्र जीवघनशब्देन प्रकृतोऽ-

---

विराट्, तदपेक्षया सूत्रस्य परत्वमिति समाध्यर्थः । सूत्रे सशब्द ईश्वरपर इति प्रतिज्ञातत्वेन तं व्याचष्टे—परमेवेति । स उपासक एतस्माद्धिरण्यगर्भात्परं पुरुषं ब्रह्माहमितीक्षत इत्यर्थः । नन्वीक्षणविषयोऽप्यपरोऽस्तु, तत्राह—तत्राभिध्यायतेरिति । नन्वीक्षणं प्रमात्वाद्विषयसत्यतामपेक्षत इति भवतु सत्यः पर ईक्षणीयः । ध्यातव्यस्त्वसत्योऽपरः किं न स्यादित्यत आह—स एवेति । श्रुतिभ्यां प्रत्यभिज्ञानात्स एवायमिति सौत्रः सशब्दो व्याख्यातः । अत्रैवं सूत्रयोजना—ओंकारे यो ध्येयः सः पर एवात्मा, वाक्यशेषे ईक्षणीयत्वोक्तेः । अत्र च श्रुतिप्रत्यभिज्ञानात्स एवायमिति । ननु शब्दभेदान्न प्रत्यभिज्ञेति शङ्कते—नन्विति । परात्पर इति शब्दभेदमङ्गीकृत्य श्रुतिभ्यामुक्तप्रत्यभिज्ञाया अविरोधमाह—अत्रेति । ननु 'एतस्माज्जीवघनात्परात्' इत्येतत्पदेनोपक्रान्तध्यातव्यपरामर्शादीक्षणीयः परात्मा ध्येयादन्य इत्यत आह—न चात्रेति । ध्यानस्य तत्फलेक्षणस्य च लोके समानविषयत्वादुच्य य एवेक्षणीयः । एवं चोपक्रमोपसंहारयोरेकवाक्यता भवतीति भावः । 'स सामभिरुन्नीयते ब्रह्मलोकं

है ऐसा पूर्वपक्ष होने पर सिद्धान्ती कहता है कि इस श्रुति में परब्रह्म ही अभिध्यातव्यरूप से उपदिष्ट है क्योंकि ईक्षति कर्म का व्यपदेश किया गया है। ईक्षति शब्द का अर्थ होता है दर्शन जो ईक्षति का कर्म हो वही पुरुष वाक्यशेष में अभिध्यातव्य बतलाया गया है 'वह उपासक इस जीवघनरूप हिरण्यगर्भ से श्रेष्ठ ब्रह्माण्डपुरी में पूजन करने वाले पुरुष को देखता है' वहाँ पर ध्यान का विषय तो अतथा भूतवस्तु भी कर्म हो सकता है, क्योंकि वह उपासक के मनःकल्पित रूप भी ध्यान का कर्म बन सकता है। किन्तु दर्शन का कर्म तो लोक में सत्यरूप ही देखा गया है, अतथा भूतरूप नहीं। अतः यह परमात्मा है सम्यक्दर्शन का विषयभूत, ईक्षतिकर्म से व्यपदिष्ट है ऐसा जाना जाता है। इसलिए वही यहाँ पर "परः" और 'पुरुषः' शब्द के बल से अभिध्यातव्य प्रत्यभिज्ञात होता है, अर्थात् पर और पुरुष शब्द के बल से उसी की प्रत्यभिज्ञा होती है।

पूर्वपक्ष—अभिध्यान में पर पुरुष अभिध्यातव्य कहा गया है इसे मान भी लिया जाय किन्तु ईक्षण मन्त्र में "परात्परः" ऐसा श्रवण होने से भला अन्य को अन्य प्रसङ्ग में प्रत्यभिज्ञा कैसे हो सकती है ? सिद्धान्ती—इस पर सिद्धान्ती कहता है कि पर और पुरुष शब्द का प्रयोग निर्गुण और

---

१. सम्यक्ज्ञानम् । उक्तज्ञानेन ज्ञेयमित्यर्थः । २. ईक्षतिध्यायत्योर्मध्ये । ३. अनृतरूपम् । ४. सत्यरूपमेव । ५. रजतादिदृष्टेराभासत्वात्तथाभूतमेवेत्यवध्रियतेऽत एव दर्शनविशेषणम्—सम्यगिति । ६. तत्समानाधिकरणैतच्छब्देन । ७. प्रत्यभिज्ञातत्वेनापि तं व्याख्यास्यतीत्याशयेनाह—प्रतिज्ञातत्वेनेति । ८. व्याख्यातः प्रत्यभिज्ञातत्वेनेति भावः । ९. एवं चेति— उपक्रमे यो ध्यातव्यस्स एवोपसंहारेऽपीक्षणगोचर इत्येवमभ्युपगमे च ।

भिध्यातव्यः परः पुरुषः परामृश्यते, येन तस्मात्परात्परोऽयमीक्षितव्यः पुरुषोऽन्यः स्यात् । कस्तर्हि जीवघन इति, उच्यते—घनो मूर्तिः । जीवलक्षणो घनो जीवघनः । [1]सैन्धवखिल्यवद्यः परमात्मनो जीवरूपः खिल्यभाव [2]उपाधिकृतः [3]परश्च विषयेन्द्रियेभ्यः, सोऽत्र जीवघन इति । अपर आह—'स सामभिरुन्नीयते ब्रह्मलोकम्' इत्यतीतानन्तरवाक्यनिर्दिष्टो यो ब्रह्मलोकः परश्च लोकान्तरेभ्यः सोऽत्र जीवघन इत्युच्यते । जीवानां हि सर्वेषां करणपरिवृतानां सर्वकरणात्मनि हिरण्यगर्भे ब्रह्मलोकनिवासिनि संघातोपपत्तेर्भवति ब्रह्मलोको जीवघनः । तस्मात्परो यः परमात्मेक्षणकर्मभूतः [4]स एवाभिध्यानेऽपि कर्मभूत इति गम्यते । परं पुरुषमिति च विशेषणं परमात्मपरिग्रह एवावकल्पते ।

स एतस्माज्जीवघनात्' (प्र० ५-५) इत्येतत्पदेन [5]सन्निहिततरो ब्रह्मलोकस्वामी परामृश्यत इति प्रश्नपूर्वकं व्याचष्टे—कस्तर्हीत्यादिना । 'मूर्तौ घनः' (पा० ३-३-७७) इति सूत्रादिति भावः । सैन्धवखिल्यो लवणपिण्डः । खिल्यवदल्पो भावः परिच्छेदो यस्य सः खिल्यभावः । एतत्पदेन ब्रह्मलोको वा परामृश्यत इत्याह—अपर इति । जीवघनशब्दस्य ब्रह्मलोके लक्षणां दर्शयति—जीवानां हीति । व्यष्टिकरणाभिमानिनां जीवानां घनः संघातो यस्मिन्सर्वकरणाभिमानिनि स जीवघनः तत्स्वामिकत्वात्परम्परासम्बन्धेन लोको लक्ष्य इत्यर्थः । तस्मात्परः सर्वलोकातीतः शुद्ध इत्यर्थः । परपुरुषशब्दस्य परमात्मनि मुख्यत्वाच्च स एव ध्येय इत्याह–परमिति । 'यस्मात्परं [6] नापरमस्ति किञ्चित् स एव मुख्यः परः, न तु पिण्डात्परः सूत्रात्मेत्यर्थः । किञ्च परशब्देनोपक्रमे निश्चितं परं ब्रह्मैवात्र वाक्य-

---

सगुण दोनों के लिए साधारणतः किया गया है । इस प्रसङ्ग में जीवघन शब्द से जो प्रकृत है वह अभिध्यातव्य नहीं है । "परः पुरुषः" ऐसा स्मरण तो होता है किन्तु उस पर-से-पर अन्यपुरुष ईक्षण का विषय होगा । प्रश्न—तो फिर जीवघन शब्द का अर्थ क्या है ? उत्तर—घन शब्द का अर्थ मूर्ति है वह जीव रूप है इसलिए नमक की डली के समान परमात्मा का अंश जीवघन है, अर्थात् परमात्मा ही उपाधि के कारण खिल्यभाव को प्राप्त हो गया है । वह जीव भी विषयों की अपेक्षा पर है इसलिए उसको परजीवघन कहा गया है ।

दूसरे ने कहा कि 'वह साममन्त्रों के द्वारा ऊपर के ब्रह्मलोक में जाता है' इस अत्यन्त सन्निहित वाक्य द्वारा निर्दिष्ट जो ब्रह्मलोक है वह अन्य लोकों की अपेक्षा पर है और उसी को यहाँ पर जीवघनरूप से कहा गया है । व्यष्टिकरणाभिमानी जीवात्मा का जिस सर्वकर्माभिमानी समष्टि में संघात होता है वह जीवघन है अर्थात् हिरण्यगर्भ । वह हिरण्यगर्भ जिस लोक का स्वामी है उस ब्रह्मलोक को भी जीवघन शब्द से लक्षणा द्वारा कहा गया है । उससे पर सर्वलोकातीत शुद्धचैतन्य परमात्मा ईक्षण का कर्म है । वही अभिध्यान में भी कर्म माना गया है ऐसा जान पड़ता है क्योंकि पर पुरुष शब्द परमात्मा में ही मुख्य रूप से प्रयुक्त होता है, वही ध्येय है । यह सब अर्थ

---

१. उक्तमर्थं दृष्टान्तेन स्पष्टयति—सैन्धवेति । २. कथमनवच्छिन्नस्य परस्याल्पत्वं तत्राह—उपाधीति । ३. तत्र पञ्चम्यन्तपरशब्दोपपत्तिमाह—परश्चेति । ४. ईक्षणध्यानयोः कार्यकारणभावादेकविषयतेत्याह—स एवेति । ५. ध्यातव्यपुरुष एतच्छब्दसन्निहितस्ततोऽपि सन्निहिततरो हिरण्यगर्भः । ६. पुरुषात् । ७. उत्कृष्टम् । ८ निकृष्टम् ।

५. दहराधिकरणम् (सू० १४-२१)

(७७) दहर उत्तरेभ्यः ॥१४॥

दहरः को वियज्जीवो ब्रह्म वाऽऽकाशशब्दतः । वियत्स्यादथवाल्पत्वश्रुतेर्जीवो भविष्यति ।
बाह्याकाशोपमानेन द्युभूम्यादिसमाहितेः । आत्मापहतपाप्मत्वात्सेतुत्वाच्च परेश्वरः ॥

[1]परो हि पुरुषः परमात्मैव भवति यस्मात्परं किञ्चिदन्यन्नास्ति, [2]'पुरुषान्न परं किञ्चित्सा काष्ठा सा परा गतिः' इति च श्रुत्यन्तरात् । [3]'परं चापरं च ब्रह्म यदोङ्कारः' इति च विभज्यानन्तरमोङ्कारेण परं पुरुषमभिध्यातव्यं ब्रुवन्परमेव ब्रह्म परं पुरुषं गमयति । 'यथा पादोदरस्त्वचा विनिर्मुच्यत एवं ह वै स पाप्मना विनिर्मुच्यते' इति पाप्मविनिर्मोकफलवचनं परमात्मानमिहाभिध्यातव्यं सूचयति । [4]अथ यदुक्तम्—परमात्माभिध्यायिनो न देशपरिच्छिन्नं फलं युज्यत इति । अत्रोच्यते—त्रिमात्रेणोङ्कारेणालम्बनेन परमात्मानमभिध्यायतः फलं [5]ब्रह्मलोकप्राप्तिः [6]क्रमेण च सम्यग्दर्शनोत्पत्तिरिति क्रममुक्त्यभिप्रायमेतद्भविष्यतीत्य[7]दोषः ॥१३॥

'अथ यदिदमस्मिन्ब्रह्मपुरे दहरं पुण्डरीकं वेश्म दहरोऽस्मिन्नन्तराकाशस्तस्मिन्यदन्तस्त-

---

शेषे ध्यातव्यमित्याह—परं चापरं चेति । पापनिवृत्तिलिङ्गाच्चेत्याह—यथेति । पादोदरः सर्पः । ॐकारे परब्रह्मोपासनया सूर्यद्वारा ब्रह्मलोकं गत्वा परब्रह्मेक्षित्वा तदेव शान्तमभयं परं प्राप्नोतीत्यविरोधमाह—अत्रोच्यत इति । एवमेकवाक्यतासमर्थनप्रकरणानुगृहीतपरपुरुषश्रुतिभ्यां परब्रह्मप्रत्यभिज्ञया ब्रह्मलोकप्राप्तिलिङ्गं बाधित्वा वाक्यं प्रणवध्येये ब्रह्मणि समन्वितमिति सिद्धम् ॥१३॥

दहर उत्तरेभ्यः । छान्दोग्यमुदाहरति—अथेति । भूमविद्यानन्तरं दहरविद्याप्रारम्भार्थोऽथशब्दः ।

परमात्मा मानने पर ही घटता है, अतः परपुरुष परमात्मा ही है जिससे पर कुछ भी नहीं है ऐसी 'पुरुष से पर कुछ नहीं; वही अन्तिम परागति है' अन्य श्रुति भी है । और पर शब्द से प्रसंग प्रारम्भ किया गया है; अतः इस वाक्यशेष में निःसन्देह ब्रह्म ही ध्यातव्य है । यह बात पर और अपर ब्रह्म ॐकार रूप ही है ऐसा विभाग कर देने के बाद ॐकार रूप से पर पुरुष का ध्यान बतलाते हुए उस परब्रह्म का ही बोध श्रुति कराती है । 'जैसे साँप केंचुली से छूट जाता है वैसे ही वह उपासक पाप से सर्वथा मुक्त हो जाता है ।' यह वाक्य पापविनिर्मोकरूप फल बतलाकर यहाँ पर परमात्मा को ही ध्येय कह रहा है । और जो आपने कहा था कि परमात्मा को ध्येय मानने पर देश परिच्छिन्न फल बतलाना युक्तिसंगत नहीं है, इसका उत्तर सुन लीजिए कि तीन मात्रा वाले ॐकार का आलम्बन लेकर परमात्मा का ध्यान करने वाले को ब्रह्मलोक प्राप्तिरूप जो फल मिलता है वह क्रमशः सम्यक् दर्शन उत्पत्ति का कारण है अर्थात् देशपरिच्छिन्न फल क्रममुक्ति अभिप्राय से बतलाया गया है ऐसा मानने में कोई दोष नहीं है ॥१३॥

---

१. विराडपेक्षया परत्वं सूत्रेऽप्युक्तमित्याशङ्क्य मुख्यं परत्वमुत्सर्गतो ब्रह्मण्येवेत्याह—परो हीति । २. ईश्वरस्य परमपुरुषार्थत्वे मानमाह—पुरुषादिति । ३. परापरे ब्रह्मणी प्रकृत्य परशब्देनापरस्य व्यावर्तनादपि परमेव ब्रह्म ध्यातव्यमित्याह—परं चेति । ४ पूर्वपक्षबीजमनूद्य दूषति—अथेति । ५ ब्रह्मलोकप्राप्तिरिति— परिशुद्धब्रह्मैक्यविज्ञाने देशपरिच्छिन्नं फलमयुक्तं ओंकारोपाधिब्रह्मोपास्तो तदविरुद्धमिति भावः । ६. कथं तर्हि पुरुषमीक्षत इति तत्राह—क्रमेणेति । ७. अदोष इत्यन्तरमिति शब्दो द्रष्टव्य उच्यत इत्यन्वयार्थम् ।

दन्वेष्टव्यं तद्वाव विजिज्ञासितव्यम्' (छा० ८-१-१) इत्यादिवाक्यं समाम्नायते। 'तत्र योऽयं दहरे हृदयपुण्डरीके दहर आकाशः श्रुतः 'स किं भूताकाशोऽथवा विज्ञानात्माऽथवा परमात्मेति संशय्यते। कुतः संशयः? आकाशब्रह्मपुरशब्दाभ्याम्। आकाशशब्दो ह्ययं भूताकाशे परस्मिंश्च ब्रह्मणि प्रयुज्यमानो दृश्यते। तत्र किं भूताकाश एव दहरः स्यात्किंवा पर इति संशयः। तथा ब्रह्मपुरमिति किं जीवोऽत्र ब्रह्मनामा, तस्येदं पुरं शरीरं ब्रह्मपुरमथवा

ब्रह्मणोऽभिव्यक्तिस्थानत्वाद्ब्रह्मपुरं शरीरम्। अस्मिन् यत्प्रसिद्धं दहरमल्पं हृत्पद्मं 'तस्मिन्हृदये यदन्तराकाशशब्दितं ब्रह्म तदन्वेष्टव्यं विचार्य ज्ञेयमित्यर्थः। अत्राकाशो जिज्ञास्यः, तदन्तःस्थं वेति प्रथमं संशयः कल्प्यः। तत्र यद्याकाशस्तदा संशयद्वयम्। तत्राकाशशब्दादेकं संशयमुक्त्वा ब्रह्मपुर-शब्दात्संशयान्तरमाह—तथा ब्रह्मपुरमितीति। 'अत्र शब्दे जीवस्य ब्रह्मणो वा पुरमिति संशयः।

५. दहराधिकरण

१. पिछले अधिकरण में परपुरुष शब्द ब्रह्म अर्थ में रूढ़ होने के कारण ब्रह्म ही उपास्य कहा गया था; वैसे ही यहाँ पर आकाश शब्द भूताकाश में रूढ़ होने के कारण उसी को उपास्य क्यों न माना जाय? ऐसी आक्षेप संगति होने पर यह अधिकरण प्रारम्भ किया जाता है।

२. "अथ यदिदमस्मिन्ब्रह्मपुरे दहरं पुण्डरीकं वेश्म दहरोऽस्मिन्नन्तराकाशस्तस्मिन्यदन्तस्तद-न्वेष्टव्यं तद्वाव विजिज्ञासितव्यम्" (छा० ८-१-१) यह वाक्य यहाँ पर विचारणीय विषय है।

३. दहरपुण्डरीक में कहा गया दहराकाश क्या भूताकाश है; जीव है अथवा परमात्मा है? ऐसा संशय होता है।

४. भूताकाश में रूढ़ होने के कारण भूताकाश ही दहरपदवाच्य मानना चाहिए, अथवा उपाधिपरिच्छिन्न होने के कारण जीव भी दहरपदवाच्य माना जा सकता है।

५. बाह्याकाश की उपमा दहराकाश के लिए दी गयी है और जो द्युलोक, भूलोक का आधार भी है। अपहतपाप्मत्व एवं सेतुत्व विशेषण को भी देखते हुए दहराकाश का सुनिश्चित अर्थ परमात्मा ही है।

दहर उत्तरेभ्यः (ललिता)

छान्दोग्य उपनिषद् में भूमविद्या के बाद दहरविद्या का प्रसङ्ग आता है, इसलिए इस विचार-णीय श्रुति में 'अथ' शब्द का प्रयोग किया गया है 'इस ब्रह्मपुर में जो छोटा सा हृदय कमल है उसमें छोटा आकाश है; उस आकाश के भीतर जो तत्त्व है उसका अन्वेषण करना चाहिए और उसी को विशेष रूप से जानना चाहिए' इत्यादि वाक्य पढ़ा गया है। इस श्रुति में मानव शरीर को ब्रह्मपुर इसलिए कहा गया है क्योंकि यह ब्रह्म की अभिव्यक्ति का स्थान है। इस वाक्य में दहर हृदय पुण्डरीक के भीतर जो दहर आकाश सुना गया है क्या वह भूताकाश है, जीवात्मा है अथवा परमात्मा है? ऐसा संशय होता है। संशय का कारण यह है कि आकाश और ब्रह्मपुर शब्द यहाँ पर सुने जाते हैं। इनमें से आकाश शब्द का प्रयोग भूताकाश और परमात्मा में देखा जाता है; अतः भूता-

१. तस्मिन्निति सप्तम्या हृदयोक्तेस्तदन्तस्थं दहराकाशमन्वेष्यं जिज्ञास्यं च किं वा सप्तम्याः सन्निहिततरदहरा-काशार्थत्वात्तदन्तस्थं किञ्चिदन्विष्य ज्ञेयमिति संशयं सूचयति—तत्रेति। २. यदाकाशोऽन्विष्य ज्ञेयस्तदा प्राप्तं संशयमाह—स इति। ३. व्यवहितमपि हृदयं योग्यत्वात्तच्छब्देनोक्ता तदन्तराकाशस्य विचार्यतां ज्ञेयतां च श्रुतिर्दर्शयतीति भावः। ४. किञ्चित्। ५. ब्रह्मशब्देन ब्रह्म प्राणो जीवो वेति ब्रह्मशब्दार्थे संशयः।

परस्यैव ब्रह्मणः पुरं ब्रह्मपुरमिति । [1]तत्र जीवस्य परस्य वान्यतरस्य पुरस्वामिनो दहराकाशत्वे संशयः । तत्राकाशशब्दस्य भूताकाशे रूढत्वाद्भूताकाश एव दहरशब्द इति प्राप्तम् । तस्य च दहरायतनापेक्षया [2]दहरत्वम् । 'यावान्वा अयमाकाशस्तावानेषोऽन्तर्हृदय आकाशः' इति च बाह्याभ्यन्तरभावकृतभेदस्योपमानोपमेयभावः द्यावापृथिव्यादि च तस्मिन्नन्तः समाहितं,अवकाशात्मनाकाशस्यैकत्वात् । अथवा जीवो दहर इति प्राप्तम्,ब्रह्मपुरशब्दात् । [3]जीवस्य हीदं पुरं सच्छरीरं ब्रह्मपुरमित्युच्यते । [4]तस्य स्वकर्मणोपार्जितत्वात् [5]भक्त्या च तस्य ब्रह्मशब्दवाच्यत्वम् । नहि परस्य ब्रह्मणः शरीरेण स्वस्वामिभावः सम्बन्धोऽस्ति ।

तत्र तस्मिन्संशये सतीति योजना । परपुरुषशब्दस्य ब्रह्मणि मुख्यत्वाद्ब्रह्म ध्येयमित्युक्तम् । तथेहाप्याकाशपदस्य भूताकाशे रूढत्वाद्भूताकाशो ध्येय इति दृष्टान्तेन पूर्वपक्षयति—तत्राकाशेत्यादिना । [6]दहरवाक्यस्यानन्तरं प्रजापतिवाक्यस्य च सगुणे निर्गुणे च समन्वयोक्तेः श्रुत्याविसङ्गतयः । पूर्वपक्षे भूताकाशाद्युपास्तिः, सिद्धान्ते सगुणब्रह्मोपास्त्या निर्गुणधीरिति फलभेदः । नच 'आकाशस्तल्लिङ्गात्' (ब्र० सू० १-१-२२) इत्यनेनास्य पुनरुक्तता शङ्कनीया । अत्र 'तस्मिन् यदन्तस्तदन्वेष्टव्यम्' (छा० ८-१-१) इत्या[8]काशान्तःस्थस्यान्वेष्टव्यत्वादिलिङ्गान्वयेन दहराकाशस्य ब्रह्मत्वे स्पष्टलिङ्गाभावात् । ननु [9]भूताकाशस्याल्पत्वं कथम् ? एकस्यो[10]पमानत्वमुपमेयत्वं च कथम् ? 'उभे अस्मिन् द्यावापृथिवी अन्तरेव समाहिते । उभावग्निश्च वायुश्च' (छा० ८-१-३) इत्यादिना श्रुतसर्वाश्रयत्वं च [11]कथम् ? इत्याशङ्क्य क्रमेण परिहरति—तस्येत्यादिना । हृदयापेक्षया अल्पत्वं, ध्यानार्थं कल्पितभेदात्सादृश्यं,स्वत एकत्वात्सर्वाश्रयत्वमि[12]त्यर्थः। ननु 'एष आत्मा' इत्यात्मशब्दो भूते न युक्त इत्यरुचेराह—अथवेति । भक्त्येति । चैतन्यगुणयोगेनेत्यर्थः । [13]मुख्यं ब्रह्म गृह्यतामित्यत आह—न हीति । अस्तु

काश ही दहरपदवाच्य है अथवा परमात्मा ? ऐसा संशय होता है । वैसे ही ब्रह्मपुर शब्द को देखकर भी संशय होता है कि इस श्रुति में ब्रह्मनामा जीव जो कहा गया है अथवा परब्रह्म की उपलब्धि का स्थान होने के कारण इसे ब्रह्मपुर कहते हैं । उनमें जीव या परमात्मा किसी एक को पुर का स्वामी कहने पर दहराकाश के सम्बन्ध में संशय होना स्वाभाविक है । इस पर पूर्वपक्षी का कहना है कि आकाश शब्द भूताकाश में रूढ़ होने के कारण भूताकाश ही दहरपदवाच्य है । उस भूताकाश को हृदय कमल रूप छोटे आयतन की अपेक्षा से दहर कह दिया गया है 'जितना बड़ा यह बाह्यकाश है उतना बड़ा ही इस हृदय के भीतर भी आकाश है' इस श्रुतिवाक्य में बाह्याभ्यन्तरभाव की अपेक्षा से भेद मानकर उपमान-उपमेयभाव बन जाता है । द्युलोक, पृथ्वीलोक आदि

---

१. नन्वयमन्यः संशयो न प्रकृतस्तस्यान्यादृशत्वादिति तत्राह—तत्रेति । २. तद्ध्यानेनापि वाक्यशेषस्थं फलं संपद्यते वाक्यादिति भावः । ३. ब्रह्मशब्दस्य जीवेऽमुख्यत्वात्तच्छब्दात्परस्मिन् झटिति बुद्धिस्थे कुतो जीवोक्तिरित्याशङ्क्य पुरसम्बन्धस्य तत्रैव सम्भवादित्याह—जीवस्येति । ४. तस्यापि पुरेण कः सम्बन्धस्तत्राह—तस्येति । शरीरस्य जीवेन स्वकर्मणेत्यादि । ५. तथापि तस्मिन्नोपाधिके कथं ब्रह्मपद तत्राह—भक्त्येति । ६. पूर्वाधिकरणे । ७. दहरवाक्यस्य सोपाधिकब्रह्मणि समन्वयोक्तौ तत्र प्रवृत्तस्य निरुपाधिकं बुभुत्समानस्य तस्मिन्प्राजापत्यवाक्यस्य समन्वयोक्तेरित्यर्थः । ८. तत्र वाक्यशेषस्थलिङ्गानामाकाशविषयत्वात् प्रकृते तेषां तदन्तस्थविषयत्वेन तदविषयत्वादिति भाव । ९. उपास्त्यर्थं ब्रह्मोऽल्पत्वेऽपीति शेषः । १०. सति भेदे सादृश्ये चोपमानोपमेयभावादेकत्र तदसिद्धिः । ११. ब्रह्मणि तेषामन्तःसमाधानं कारणत्वात्तदभावान्नाकाशे । १२. अपहतपाप्मत्वादि सत्यकामत्वादि तत्र ध्यानार्थमध्यस्तमिति बोध्यम् । १३. गौणमुख्यन्यायेन ।

तत्र पुरस्वामिनः पुरैकदेशेऽवस्थानं दृष्टं यथा राज्ञः। मनउपाधिकश्च जीवः, [1]मनश्च प्रायेण हृदये प्रतिष्ठितमित्यतो जीवस्यैवेदं हृदयेऽन्तरवस्थानं स्यात्। [2]दहरत्वमपि तस्यैव [3]आराग्रोपमितत्वादवकल्पते। आकाशोपमितत्वादि च ब्रह्माभेदविवक्षया भविष्यति। नचात्र दहरस्याकाशस्या[4]न्वेष्यत्वं विजिज्ञासितव्यत्वं च श्रूयते, 'तस्मिन्यदन्तः' इति परविशेषणत्वेनोपादानादिति।

अत उत्तरं ब्रूमः—परमेश्वर एवात्र दहराकाशो भवितुमर्हति न भूताकाशो जीवो वा।

पुरस्वामी जीवः, हृदयस्थाकाशस्तु [5]ब्रह्मेत्यत आह—तत्रेति। पुरस्वामिन एव तदन्तःस्थत्वसम्भवान्ना[6]न्यापेक्षेत्यर्थः। व्यापिनोऽन्तःस्थत्वं कथमित्यत आह—मन इति। [7]आकाशपदेन '[8]दहरमनुकृष्योक्तोपमादिकं ब्रह्माभेदविवक्षया भविष्यतीत्याह—आकाशेति। ननु जीवस्याकाशपदार्थत्वमयुक्तमित्याशङ्क्य तर्हि [9]भूताकाश एव दहरोऽस्तु तस्मिन्नन्तःस्थं किञ्चिद्ध्येयमिति पक्षान्तरमाह—न चात्रेति। परमन्तःस्थं वस्तु, तद्विशेषणत्वेनाधारत्वेन दहराकाशस्य [11]तच्छब्देनोपादानादित्यर्थः। यद्वा अन्वेष्यत्वादिलिङ्गाद्दहरस्य ब्रह्मत्वनिश्चयात् 'आकाशस्तल्लिङ्गात्' इत्यनेन गतार्थत्वमिति शङ्कात्र निरसनीया। अन्वेष्यत्वादेः परविशेषणत्वेन ग्रहणाद्दहरस्य ब्रह्मत्वे लिङ्गं नास्तीत्यर्थः।

अपहतपाप्मत्वादिलिङ्गोपेतात्मकश्रुत्या केवलाकाशश्रुतिर्बाध्येति सिद्धान्तयति—परमेश्वर

उसके भीतर समाहित है क्योंकि अवकाशरूप से आकाश एक ही तो है। अथवा दहरपदवाच्य जीवात्मा है, उसका निवास स्थान होने के कारण इस शरीर को ब्रह्मपुर कहा है। जीवात्मा का ही यह पुर है इसीलिए इसे ब्रह्मपुर कहा गया है। जीव ने अपने शुभाशुभ—कर्म द्वारा इस शरीर का उपार्जन किया है। उस जीव को गौणदृष्टि से ब्रह्मशब्दवाच्य कहा है क्योंकि परब्रह्म का शरीर के साथ स्व-स्वामी भाव सम्बन्ध नहीं बनता; उसे इस शरीर का स्वामी इसलिए कहा गया है क्योंकि शरीररूप पुर के एकदेश हृदय में वह वैसा ही अवस्थित देखा गया है जैसे राष्ट्र का स्वामी होता हुआ राष्ट्रपति अपने राष्ट्र के किसी एकदेश में रहता है। मनरूप उपाधिवाला जीव है और मन प्रायशः हृदय में ही रहता है इसलिए जीव का ही इस हृदय के भीतर अवस्थान है। उसमें दहरत्व भी सम्भव है क्योंकि आराग्र की उपमा उसी में घटती है और जो जीवात्मा को आकाश की उपमा दी गयी है वह तो ब्रह्म के साथ अभेद बतलाने के लिए मानी जाती है किन्तु यहाँ पर दहर का अर्थ भूताकाश माना जाय तो भी कोई आपत्ति नहीं है क्योंकि इस श्रुति में अन्वेषणीय पदार्थ और जिज्ञासितव्य पदार्थ आकाश नहीं सुना जाता किन्तु जो उसके भीतर है वह अन्वेषणीय है जिसमें **'पर'** विशेषण भी लगाया गया है।

इस पर हम सिद्धान्ती कहते हैं कि दहराकाश पदार्थ परमेश्वर ही है; भूताकाश अथवा जीव

---

१. तथापि तस्य चञ्चलत्वान्न हृदयेनासाधारण्यं तत्राह—मनश्चेति। २. तथापि सर्वगतस्य तस्य कुतो दहरत्वं तत्राह—दहरत्वमिति। ३. आरा चर्मप्रभेदिकेत्यमरादावपि चर्मखण्डनार्थे शस्त्रविशेषे वर्तते। ४. अन्वेष्टव्यत्वमिति पाठान्तरम्। ५. राजपुरे मंत्रसद्मवत्। ६. वेश्मनः खल्वाधारस्याधेयापेक्षायां पुरस्वामिनाऽऽधेयेन सम्बन्धान्नान्यापेक्षेति भावः। ७. दहरत्वादेव तर्हि नाकाशोपमितत्वादीत्याशङ्क्याह—आकाशपदेनेति। ८. अथ यदिदमस्मिन्नित्यादिश्रुतावग्निमाकाशपदेन पूर्वत्र पठितदहरपदमनुकृष्य यावान्वाऽयमाकाश इत्यादिना यदुपमादिकमुक्तमित्यर्थः। ९. आकाशपदस्य भूताकाशमात्रे रूढत्वादिति शेषः। १०. दहरत्व तु तस्मिन्नुपपादितं पूर्वमेव। ११. तस्मिन्निति।

कस्मात् ? उत्तरेभ्यो वाक्यशेषगतेभ्यो हेतुभ्यः। तथाहि—अन्वेष्टव्यतयाऽ[1]भिहितस्य दहरस्याकाशस्य 'तं चेद्ब्रूयुः' इत्यु[2]पक्रम्य 'किं तदत्र विद्यते यदन्वेष्टव्यं यद्वाव विजिज्ञासितव्यम्' इत्येवमाक्षेपपूर्वकं प्रतिसमाधानवचनं भवति। 'स ब्रूयाद्यावान्वा अयमाकाशस्तावानेषोऽन्तर्हृदय आकाश उभे अस्मिन्द्यावापृथिवी अन्तरेव समाहिते' (छा० ८-१-३) इत्या[4]दि। तत्र पुण्डरीकदहरत्वेन प्राप्तदहरत्वस्याकाशस्य प्रसिद्धाकाशौपम्येन दहरत्वं निवर्तयन्भूताकाशत्वं दहरस्याकाशस्य निवर्तयतीति गम्यते। यद्यप्याकाशशब्दो भूताकाशे रूढस्तथापि तेनैव तस्योपमा नोपपद्यत इति भूताकाशशङ्का निवर्तिता भवति। नन्वेकस्याप्याकाशस्य बाह्याभ्यन्तरत्वकल्पितेन भेदेनोपमानोपमेयभावः सम्भवतीत्युक्तम्। नैवं

इत्यादिना। आकाशस्याक्षेपपूर्वकमिति सम्बन्धः। तमाचार्यं प्रति यदि ब्रूयुः, हृदयमेव तावदल्पं तत्रस्थाकाशोऽल्पतरः किं तदत्राल्पे विद्यते, यद्विचार्यं ज्ञेयमिति, तदा स आचार्यो ब्रूयादाकाशस्याल्पतानिवृत्तिमित्यर्थः। वाक्यस्य तात्पर्यमाह—तत्रेति। निवर्तयति आचार्य इति शेषः। नन्वाकाशशब्देन रूढ्या भूताकाशस्य भानात्कथं तन्निवृत्तिरित्याशङ्क्याह—यद्यपीति। ननु 'रामरावणयोर्युद्धं रामरावणयोरिव' इत्यभेदेऽप्युपमा दृष्टेति चेत्। न, अभेदे सादृश्यस्यानन्वयेन युद्धस्य निरुपमत्वे तात्पर्यादयमनन्वयालङ्कार इति काव्यविदः। पूर्वोक्तमनूद्य निरस्यति—नन्वित्यादिना। 'सीताऽऽश्लिष्ट इवाऽऽभाति कोदण्डप्रभया युतः' इत्यादौ प्रभायोगसीताऽऽश्लेषरूपविशेषणभेदाद्भेदाश्रयणमेकस्यैव श्रीरामस्योपमानोपमेयभावसिद्ध्यर्थमगत्या कृतमित्यनुदाहरणं द्रष्टव्यम्। नैवमत्राश्रयणं युक्तम्। वाक्यस्याल्पत्वनिवृत्तिपरत्वेन गतिसद्भावात्। किञ्च हार्दाकाशस्याऽऽन्तरत्वात्यागे अल्पत्वेन व्यापक-

---

दहरपदवाच्य नहीं है। क्यों? आगामी वाक्यशेषगत हेतुओं से ऐसा ही सिद्ध होता है। जो अन्वेषणीय रूप से अभिहितदहराकाश है 'उसके सम्बन्ध में यदि कोई पूछे' यहाँ से प्रसङ्ग प्रारम्भ कर कहा है कि 'यहाँ पर कौन सी वस्तु है जिसका अन्वेषण एवं जिसकी जिज्ञासा करनी चाहिए' इस श्रुतिवाक्य द्वारा आक्षेपपूर्वक प्रत्युत्तर मिलता है। पूर्वोक्तरीति से शिष्य के पूछने पर आचार्य बोले कि 'जितना बड़ा यह बाह्याकाश है उतना ही बड़ा हृदय के भीतर भी आकाश है, इसी हृदयाकाश में द्युलोक और पृथ्वी समाहित है' इत्यादि। वहाँ पर हृदयकमल के दहरत्व से हृदयाकाश में जो दहरत्व प्राप्त है उस दहरत्व की निवृत्ति प्रसिद्ध आकाश की उपमा देकर उस दहरपदवाच्य पदार्थ में भूताकाशत्व की भी निवृत्ति हो जाती है ऐसा जान पड़ता है। यद्यपि आकाश शब्द भूताकाश अर्थ में रूढ़ है फिर भी भूताकाश को उपमा भूताकाश से देना युक्तिसङ्गत नहीं है, अतः दहरशब्द का अर्थ भूताकाश होने की शङ्का रहती ही नहीं। प्रश्न—एक आकाश में भी बाह्याभ्यन्तर भाव की कल्पना कर भेद मानेंगे और उस भेद के कारण उस एक आकाश में भी उपमान-उपमेयभाव बन जायेगा, ऐसा कहा जा चुका है, अर्थात् आकाश एक ही है और उसमें बाह्य तथा आभ्यन्तर का भेद है, इनमें से बाह्य आकाश उपमान है और आभ्यन्तर आकाश उपमेय है?

---

१. तदन्वेष्टव्यमित्यादिना। २. इत्याक्षेपमवतार्येति योजना। ३. आक्षेपप्रकारमाह—किं तदिति। ४. हार्दाकाशे। ५. उभावग्निश्च सूर्यश्चेत्यादिसंग्रहार्थमादिपदम्। ६. धनुः। ७. सादृश्ये सत्येवोपमानोपमेयत्वं दृष्टमिति शेषः।

सम्भवति । [1]अगतिका हीयं गतिः, यत्काल्पनिकभेदाश्रयणम् । अपि च कल्पयित्वापि भेदमुपमानोपमेयभावं वर्णयतः परिच्छिन्नत्वादाभ्यन्तराकाशस्य न बाह्याकाशपरिमाणत्वमुपपद्येत । [2]ननु परमेश्वरस्यापि 'ज्यायानाकाशात्' (शत० ब्रा० १०-६-३-२) इति श्रुत्यन्तरान्नैवाकाशपरिमाणत्वमुपपद्यते । [3]नैष दोषः । पुण्डरीकवेष्टनप्राप्तदहरत्वनिवृत्तिपरत्वाद्वाक्यस्य न [4]तावत्त्वप्रतिपादनपरत्वम् । उभयप्रतिपादने हि वाक्यं [5]भिद्येत । नच कल्पितभेदे पुण्डरीकवेष्टित [6]आकाशैकदेशे द्यावापृथिव्यादीनामन्तःसमाधानमुपपद्यते । 'एष आत्मापहतपाप्मा विजरो विमृत्युर्विशोको विजिघत्सोऽपिपासः सत्यकामः सत्यसङ्कल्पः' इति [7]चा[8]त्मत्वापहतपाप्मत्वादयश्च गुणा न [9]भूताकाशे सम्भवति । (४)
[10]यद्यप्यात्मशब्दो जीवे सम्भवति तथापीतरेभ्यः कारणेभ्यो जीवाशङ्कापि निर्वर्तिता भवति ।

बाह्याकाशसादृश्यं न युक्तमित्याह—अपिचेति । आन्तरत्वत्यागे तु अत्यन्ताभेदान्न सादृश्यमिति भावः । ननु हार्दाकाशस्याल्पत्वनिवृत्तौ [11]तावत्त्वे च तात्पर्यं किं न स्यादित्यत आह—उभयेति । अतोऽल्पत्वनिवृत्तावेव तात्पर्यमिति भावः । एवमाकाशोपमितत्वाद्दहराकाशो न भूतमित्युक्तम् । सर्वाश्रयत्वादिलिङ्गेभ्यश्च तथेत्याह—नचेत्यादिना । विगता जिघत्सा [12]जग्धुमिच्छा यस्य सोऽयं

ऐसा नहीं हो सकता क्योंकि काल्पनिक भेद का आश्रय लेकर एक में उपमान-उपमेय की कल्पना तो अगतिकगति है। और भेद की कल्पना कर एक ही में उपमान-उपमेयभाव बतलाने वाले के यहाँ आभ्यन्तर आकाश परिच्छन्न होने के कारण बाह्याकाश के बराबर सिद्ध नहीं हो सकेगा। पूर्वपक्ष—'परमेश्वर आकाश से भी बड़ा है' ऐसा श्रुत्यन्तर में कहा गया है, ऐसी स्थिति में परमेश्वर में भी आकाश परिमाणत्व सिद्ध नहीं होता ? यह दोष देना ठीक नहीं है क्योंकि यह वाक्य हृदयकमलरूप वेष्टन के कारण जो व्यापक परमात्मा में दहरत्व आगया था उसकी निवृत्ति मात्र का बतला रहा है। वस्तुतः यह वाक्य आकाश परिमाणत्व का प्रतिपादन ब्रह्म में नहीं करता। यदि दहरपदवाच्य ब्रह्म में दहरत्व की निवृत्ति और आकाश परिमाणत्व की प्राप्ति दोनों ही इस वाक्य द्वारा माने तो वाक्यभेद होने लग जायेगा। हृदयकमल से परिवेष्टित आकाश के एकदेश में कल्पितभेद मानकर उसमें द्युलोकादि का अन्तःसमाधान भी मानना युक्तिसङ्गत नहीं है क्योंकि 'यह आत्मा पापरहित, जरामृत्युरहित, शोकशून्य, क्षुधापिपासा से मुक्त, सत्यकाम एवं सत्यसङ्कल्प है' इस वाक्य द्वारा कहे गये आत्मत्व, अपहतपाप्मत्वादि गुण भूताकाश में सम्भव नहीं है।

---

१. अगतिकानामिति युक्तः पाठः। २. तर्हि परमेश्वरस्यापि भूताकाशो नोपमानमतुल्यपरिमाणत्वादिति शङ्कते—नन्विति । ३. नेदं वाक्यं भूताकाशतुल्यत्वविषयं किन्तु शङ्कितात्पत्वव्यावृत्तिपरमित्याह—नैषेति । ४. आकाशपरिमाणत्वम् । ५. भिद्येतेति—न च सम्भवत्येकवाक्यत्वे तद्भेदो युक्तः । न च तावत्त्वमेव प्रतिपाद्यमफलत्वात् । न च शङ्कितदहरत्वनिवृत्तिरेव फल तत्रैववाक्यतात्पर्यप्रसङ्गात् । न च साक्षादेव तत्सिद्धावार्थकत्वकल्पना युक्तेति भावः । ६. भूताकाशैकदेशे । ७. इति च सर्वमाकाशैकदेशेनोपपद्यते इति सम्बन्धः । ८. तदेव स्पष्टयति—आत्मत्वेति । ६ अचेतनत्वादात्मत्वमसम्भवि । न चापहतपाप्मत्वादेर्नित्यानुवादत्व नापि सत्यकामत्वादेर्ध्यानार्थमारोपितत्वमगतिकगतित्वात् । उपक्रमस्थाकाशश्रुतेश्चोपसंहारस्थात्मश्रुतिरुक्तलिङ्गसङ्गता बलीयसी प्रत्ययसंवादादित्याकाशशब्द ब्रह्मवेति भावः। १०. उक्तहेतुभ्यो भूताकाशं निरस्य तद्बलादेव जीवमपि निरस्यति—यद्यपीति । ११. आकाशपरिमाणत्वे च । १२. जग्धुमिति—अत्तुमिति युक्तं वक्तुम् ।

[1]न ह्युपाधिपरिच्छिन्नस्याराग्रोपमितस्य जीवस्य पुण्डरीकवेष्टनकृतं दहरत्वं शक्यं निवर्तयितुम्। [2]ब्रह्माभेदविवक्षया जीवस्य सर्वगतत्वादि विवक्ष्येतेति चेत्। [4]यदात्मतया जीवस्य सर्वगतत्वादि विवक्ष्येत तस्यैव ब्रह्मणः साक्षात्सर्वगतत्वादि विवक्ष्यतामिति युक्तम्। यदप्युक्तम्—ब्रह्मपुरमिति जीवेन पुरस्यो[5]पलक्षितत्वात्राज्ञ इव जीवस्यैवेदं पुरस्वामिनः पुरैकदेशवर्तित्वमस्त्विति। अत्र ब्रूमः—परस्यैवेदं ब्रह्मणः पुरं सच्छरीरं ब्रह्मपुरमित्युच्यते, ब्रह्मशब्दस्य [6]तस्मिन्मुख्यत्वात्। तस्याप्यस्ति पुरेणानेन सम्बन्धः, उपलब्ध्यधिष्ठानत्वात्। 'स एतस्माज्जीवघनात्परात्परं पुरिशयं पुरुषमीक्षते' (प्र० ५-५) 'स वा अयं पुरुषः सर्वासु पूर्षु पुरिशयः' (बृ० २-५-१८) इत्या[7]दिश्रुतिभ्यः। अथवा जीवपुर

विजिघत्सः, बुभुक्षाशून्य इत्यर्थः। 'प्रथमश्रुत[8]ब्रह्मशब्देन तत्सापेक्षचरमश्रुतषष्ठीविभक्त्यर्थः सम्बन्धो नेयः, न तु ब्रह्मणः पुरमिति षष्ठ्यर्थः स्वस्वामिभावो ग्राह्यः, 'निरपेक्षेण तत्सापेक्षं बाध्यम्' इति न्यायादित्याह—अत्र ब्रूम इति। शरीरस्य ब्रह्मणा तदुपलब्धिस्थानत्वरूपे सम्बन्धे मानमाह—स इति। पूर्षु शरीरेषु, पुरि हृदये शय इति पुरुष इत्यन्वयः। ननु ब्रह्मशब्दस्य जीवेऽप्यन्नादिना शरीरवृद्धिहेतौ [10]मुख्यत्वान्न षष्ठ्यर्थः कथञ्चिन्नेय इत्यत आह—अथवेति। [11]'बृंहयति देहमिति ब्रह्म जीवः

यद्यपि जीव में आत्मशब्द का प्रयोग सम्भव है फिर भी अपहतपाप्मत्वादि अन्य गुणों के सम्भव न होने पर जीव-शङ्का भी निवृत्त हो जाती है। उपाधि से परिच्छिन्न आराग्र उपमा वाले जीव में पुण्डरीकवेष्टन के कारण जो दहरत्व आया है उसकी निवृत्ति के लिए ब्रह्म के साथ अभेद विवक्षा से जीव में सर्वव्यापकत्वादि वैसा मानना भी ठीक नहीं क्योंकि ब्रह्म के साथ अभिन्न होने के कारण जीव में सर्वव्यापकत्व मानने की अपेक्षा साक्षात् उस ब्रह्म में ही सर्वव्यापकत्व की विवक्षा मानी जाय तो अधिक युक्तिसङ्गत होगा। अतः दहरपदवाच्य ब्रह्म में आत्मत्व, अपहतपाप्मत्व, सर्वव्यापकत्वादि गुण स्वभावतः सिद्ध है, वही ब्रह्म इस श्रुति में दहरपद से बतलाना अभीष्ट है। और जो आपने कहा था कि जैसे पुर का स्वामी राजपुर के एकदेश राजभवन में रहता है वैसे ही जीव शब्द से पुर उपलक्षित है उस देहस्वामी जीव का ही यह शरीररूप पुर है जिसके एकदेश हृदय में जीव रहता है, इसलिए इस शरीर को ब्रह्मपुर कहते हैं। इसपर हम कहते हैं कि परब्रह्म परमात्मा का ही यह शरीर पुर है इसीलिए इसे ब्रह्मपुर कहा गया है क्योंकि परब्रह्म परमात्मा में ही ब्रह्म शब्द मुख्य रूप से प्रयुक्त होता है। उसकी उपलब्धि का स्थान यह शरीर है इसीलिए उस ब्रह्म का भी इस शरीररूप पुर के साथ सम्बन्ध है। ऐसे सम्बन्ध के विषय में अग्रिम श्रुतियाँ प्रमाण हैं जहाँ पर कहा है कि 'इस जीवघनरूप हिरण्यगर्भ से पर ब्रह्माण्डरूपपुर में शयन करने

१. ननु कथमाकाशोपमितत्व जीवशङ्कानिवर्तकं जीवस्यापि तदुपमितत्वेन शङ्कितदहरत्वनिवृत्त्योपमानपर्यवसानात्तत्राह—न हीति। २. तादात्म्येन शङ्कते—ब्रह्मेति। ३. सर्वाधारत्वादिसंग्रहार्थमादिपदम्। ४. लाघवेन प्रत्याह—यदिति। ५ उपलक्षितत्वादिति—उपार्जितत्वादित्यर्थः, स्वकर्मणेति शेषः। ६. परात्मनि। ७. यो वेद निहितं गुहायामित्यादिसंग्रहायादि पदम्। ८. प्रथमश्रुतब्रह्मशब्देन साकं ब्रह्मसापेक्षचरमश्रुतस्य पुरस्य यत्किञ्चित्षष्ठ्यर्थसम्बन्धो वाच्यो न तु स्वस्वामिभाव एवेत्याग्रह इति पङ्क्त्यर्थः। स च सम्बन्धस्तु उपलम्भनोपलब्ध्यात्मक इव वक्ष्यते भाष्यकार उपलब्ध्यधिष्ठानत्वादित्यनेनेति। ९ ब्रह्मशब्देनेति—तन्मुख्यार्थानुरोधेनेति यावत्। १०. मुख्यत्वादिति—जीवस्य च स्वकर्मार्जितत्वाद साधारणं शरीरं तथा च प्रत्ययार्थोऽपि जीवे मुख्य एवेत्यपि बोध्यम्। ११. अन्नपानाभ्यवहरणेन।

एवास्मिन्ब्रह्म सन्निहितमुपलक्ष्यते । [1]यथा शालग्रामे विष्णुः सन्निहित इति तद्वत् । 'तद्यथेह कर्मचितो लोकः क्षीयत एवमेवामुत्र पुण्यचितो लोकः क्षीयते' (छा० ८-१-६)इति च कर्मणामन्तवत्फलत्वमुक्त्वा 'अथ य इहात्मानमनुविद्य व्रजन्त्येतांश्च सत्यान्कामांस्तेषां सर्वेषु लोकेषु कामचारो भवति' इति [2]प्रकृतदहराकाशविज्ञानस्यानन्तफलत्वं [6]वदन्परमात्मत्वमस्य सूचयति । यदप्येतदुक्तम्—न दहरस्याकाशस्यान्वेष्टव्यत्वं विजिज्ञासितव्यत्वं च श्रुतं, [4]परविशेषणत्वेनोपादानादिति । [5]अत्र ब्रूमः—यद्याकाशो नान्वेष्टव्यत्वेनोक्तः स्यात् 'यावान्वा अयमाकाशस्तावानेषोऽन्तर्हृदय आकाशः' इत्याद्याकाशस्वरूपप्रदर्शनं नोपयुज्येत।

तत्स्वामिके पुरे, हृदयं [3]ब्रह्मवेश्म भवतु, राजपुरे मंत्रसद्मवदित्यर्थः । अनन्तफललिङ्गादपि दहरः परमात्मेत्याह—तद्यथेति । **अथ कर्मफलाद्वैराग्यानन्तरमिह जीवद्दशायामात्मानं दहरं तदाश्रितांश्च सत्यकामादिगुणानाचार्योपदेशमनुविद्य ध्यानेनानुभूय ये परलोकं गच्छन्ति तेषां सर्वलोकेष्वनन्तमैश्वर्यं स्वेच्छया सञ्चलनादिकं भवतीत्यर्थः । दहरे उक्तलिङ्गान्यन्यथासिद्धानि तेषां तदन्तःस्थगुणत्वादित्युक्तं स्मारयित्वा दूषयति**—यदपीत्यादिना । **उत्तरत्राकाशस्वरूपप्रतिपादनान्यथानुप-**

के कारण इसे पुरुष कहते हैं जो इस पुरुष को देखता है वह सम्पूर्ण बन्धनों से मुक्त हो जाता है' 'निःसन्देह यह पुरुष सभी शरीरों में शयन करता है' इत्यादि ।

अन्नादि के द्वारा शरीर वृद्धि का कारण जीव ही है, इसीलिए उसमें भी मुख्यरूप से ब्रह्मशब्द का प्रयोग हो सकता है । अतः षष्ठ्यर्थ किसी भी प्रकार से नहीं लगाया जा सकता है । इसे **'अथवा'** ग्रन्थ से पूर्वपक्षी कहता है कि इस जीवपुर शरीर में ही ब्रह्मसन्निहित उपलक्षित होता है; जिसप्रकार व्यापक होता हुआ भी विष्णु शालग्राम में सन्निहित माना जाता है ठीक इसी प्रकार इस जीवपुर में ब्रह्म भी सन्निहित है । इस उपासना का फल अनन्त बतलाया गया है । ऐसे अनन्तर फलरूप लिङ्ग से भी दहरपद का अर्थ परमात्मा ही हो सकता है । 'जैसे यहाँ पर कर्म से उपार्जित शस्यादिलोक कालपाकर नष्ट हो जाते हैं ऐसे ही वहाँ पर पुण्यों से उपार्जित स्वर्गादि लोक कालपाकर नष्ट हो जाते हैं ।' कर्मफल से वैराग्य हो जाने के बाद जीवित दशा में ही दहररूप आत्मा और उसके आश्रित सम्पूर्ण भोगों को आचार्य उपदेशानुसार ध्यान द्वारा अनुभव कर जो परलोक जाते हैं उन्हें सभी लोकों में अनन्त ऐश्वर्य प्राप्त होता है; वे स्वेच्छा से सर्वत्र संचरण करते हैं । 'जो यहाँ पर आत्मा को जानकर गमन करते हैं और सत्यकाम को भी जानते हैं उनका सभी लोकों में यथेच्छ विचरण होता है' इस श्रुति के द्वारा भी प्रकृत दहराकाश के विज्ञान का फल अनन्त बतलाते हुए इसे परमात्मस्वरूप ही सूचित करते हैं । और जो आपने कहा था कि इस छान्दोग्य श्रुति में दहराकाश अन्वेषणीय और विजिज्ञासितव्य नहीं सुना गया है क्योंकि उसमें "पर" विशेषण भी लगाया है; इसपर हम कहते हैं कि यदि आकाश अन्वेषणीयरूप से नहीं कहा गया होता तो 'जितना बड़ा यह आकाश है उतना ही बड़ा हृदय के भीतर भी आकाश है' इस वाक्य से आकाश

१. अभिव्यक्तिस्थानत्वेन सांनिध्यमादाय दृष्टान्तमाह—यथेति । २. श्रुतितात्पर्यमाह—प्रकृतेति । ३. आचार्यो वेदो वा । ४. परमन्तर्स्थं वस्तु तद्विशेषणत्वेनाधारत्वेन दहराकाशस्य तस्मिन्निति तच्छब्देनोपादानादित्यर्थः । ५. उत्तरत्राकाशस्वरूपप्रतिपादनानुपपत्त्या तस्यान्तःसमाहितैः सह ज्ञेयत्वमिष्टमित्याह—अत्र ब्रूम इति । ६. परमात्मा ।

नन्वेतदप्यन्तर्वर्तिवस्तुसद्भावप्रदर्शनायैव प्रदर्श्यते । "तं चेद्ब्रूयुर्यदिदमस्मिन्ब्रह्मपुरे दहरं पुण्डरीकं वेश्म दहरोऽस्मिन्नन्तराकाशः किं तदत्र विद्यते यदन्वेष्टव्यं यद्वाव विजिज्ञासितव्यम्' इत्याक्षिप्य परिहारावसर आकाशौपम्योपक्रमेण द्यावापृथिव्यादीनामन्तःसमाहितत्वदर्शनात् । नैतदेवम् । एवं हि सति यदन्तःसमाहितं द्यावापृथिव्यादि तदन्वेष्टव्यं विजिज्ञासितव्यं चोक्तं स्यात् । तत्र वाक्यशेषो नोपपद्येत । 'अस्मिन्कामाः समाहिताः' 'एष आत्माऽपहतपाप्मा' इति हि प्रकृतं द्यावापृथिव्यादिसमाधानाधारमाकाशमाकृष्य 'अथ य इहात्मानमनुविद्य व्रजन्त्येतांश्च सत्यान्कामान्' इति समुच्चयार्थेन चशब्देनात्मानं कामाधारमाश्रितांश्च कामान्विज्ञेयान्वाक्यशेषो दर्शयति । तस्माद्वाक्योपक्रमेऽपि दहर एवाकाशो हृदयपुण्डरीकाधिष्ठानः सहान्तःस्थैः समाहितैः पृथिव्यादिभिः सत्यैश्च कामैर्विज्ञेय उक्त इति गम्यते । स चोक्तेभ्यो हेतुभ्यः परमेश्वर इति ॥१४॥

पत्त्या पूर्वं तस्यान्वेष्यत्वादिकमित्यत्रान्यथोपपत्तिं शङ्कते—नन्विति । एतत् आकाशस्वरूपम् । 'आक्षेपबीजमाकाशस्याल्पत्वमु'पमया निरस्या'न्तःस्थवस्तूक्तेस्तदन्तःस्थमेव ध्येयमित्यर्थः । तर्हि जगदेव ध्येयं स्यादित्याह—नैतदेवमिति । अस्तु को दोषः, तत्राह—तत्रेति । 'सर्वनामभ्यां दहराकाशमाकृष्यात्मत्वादिगुणानुक्त्वा गुणैः सह तस्यैव ध्येयत्वं वाक्यशेषो ब्रूते, तद्विरोध इत्यर्थः । "तस्मिन् यदन्तः' (छा० ८-१-१) इति तत्पदेन व्यवहितम'पि हृदयं योग्यतया 'ग्राह्यमित्याह—तस्मादिति । यद्वा आकाशस्तस्मिन् यदन्तस्तदुभयमन्वेष्टव्यमिति योजनां सूचयति—सहान्तःस्थैरिति ॥१४॥

के स्वरूप का प्रदर्शन उपयुक्त नहीं होता ।

शङ्का—दहराकाश के अन्वेष्यत्व आदि की अन्यथानुपपत्ति की शङ्का करते हैं कि यदि अन्तर्वर्ती वस्तु का सद्भाव बतलाने के लिए ही यह प्रसङ्ग है कि उसके सम्बन्ध में कोई पूछे जो इस ब्रह्मपुर में छोटा सा कमल है उसके भीतर आकाश है उस आकाश में कौन सी वस्तु है जिसका अन्वेषण करना चाहिए और जिसकी जिज्ञासा करनी चाहिए ऐसा आक्षेपकर परिहार करते समय आकाश की उपमा देकर द्युलोक, पृथ्वीलोक आदि का अन्तःसमाहितत्व दिखलाया गया है । समाधान—ऐसा नहीं कह सकते क्योंकि तब तो जगत ही ध्येय हो जायेगा ऐसा 'नैतदेवम्' ग्रन्थ से कहते हैं । इस प्रकार जो इसके भीतर द्यावापृथिव्यादि समाहित है उसका अन्वेषण करना चाहिए और उसकी जिज्ञासा करनी चाहिए, यह सङ्गत नहीं होगा । 'इसमें सभी इच्छायें समाहित हैं; यह आत्मा अपहतपाप्मा है' ऐसा प्रसङ्ग चल रहा है जो द्युलोक, पृथ्वीलोकादि के समाधान का आधार आकाश है; उस प्रसङ्ग को लेकर ही 'जो इस लोक में आत्मा को जानकर जाता है और इन सत्य भोगों को जानता है' इस वाक्य से समुच्चयार्थक शब्द द्वारा आत्मा को, कामनाओं के आधार को और विज्ञेय भोगों को वाक्यशेष बतलाता है । जब वाक्यशेष में ऐसा कहा गया है तो वाक्यारम्भ

---

१. कथमेतदवगम्यते तत्राह—तमिति । २. ननु सत्यकामवेदनस्यैवैतत्फलं तदानन्तर्यान्न दहराकाशबुद्धेरित्याशङ्क्याह—समुच्चयार्थेनेति । ३. किं तदत्रेत्याक्षेपः । ४. यावान्वेत्युपमया । ५. उभेऽस्मिन्नित्यादिना । ६. सर्वनामभ्यामिति—प्रकृतदहराकाशस्य द्यावापृथिवीभ्यां व्यवधानेऽपि अस्मिन्नेष इति चैकवचनान्ताभ्यां सर्वनामभ्यां तस्यैव परामर्शयोग्यत्वात्तद्वेदनस्य फलवत्त्वश्रुतेश्चेति भावः । ७. उपक्रमे । ८. अपिनाऽनन्तरमप्याकाशमुल्लंघ्य । ९. ग्राह्यमिति—संदिग्धस्य वाक्यशेषान्निर्णय इति न्यायादिति भावः ।

(७८) गतिशब्दाभ्यां तथाहि दृष्टं लिङ्गं च ॥१५॥

दहरः परमेश्वर उत्तरेभ्यो हेतुभ्य इत्युक्तम्। त एवोत्तरे हेतव इदानीं प्रपञ्च्यन्ते। इतश्च परमेश्वर एव दहरः, 'यस्माद्दहरवाक्यशेषे परमेश्वरस्यैव प्रतिपादकौ गतिशब्दौ भवतः— 'इमाः सर्वाः प्रजा अहरहर्गच्छन्त्य एतं ब्रह्मलोकं न विन्दन्ति' (छा० ८-३-२) इति। 'तत्र प्रकृतं दहरं ब्रह्मलोकशब्देनाभिधाय तद्विषया गतिः प्रजाशब्दवाच्यानां जीवानामभिधीयमाना दहरस्य ब्रह्मतां गमयति। तथा ह्यहरहर्जीवानां सुषुप्तावस्थायां ब्रह्मविषयं गमनं दृष्टं 'श्रुत्यन्तरे—'सता सोम्य तदा सम्पन्नो भवति' (छा० ६-८-१) इत्येवमादौ। लोकेऽपि किल गाढं सुषुप्तमाचक्षते 'ब्रह्मीभूतो ब्रह्मतां गतः' इति। 'तथा ब्रह्मलोकशब्दोऽपि प्रकृते दहरे प्रयुज्यमानो जीवभूताकाशशङ्कां निवर्तयन्ब्रह्मतामस्य गमयति।

दहराकाशस्य ब्रह्मत्वे हेत्वन्तरमाह—गतीति। प्रजा जीवा एतं हृदयस्थं दहरं ब्रह्मस्वरूपं लोकमहरहः प्रत्यहं स्वापे गच्छन्त्यस्तदात्मना स्थिता अप्यनृतज्ञानेनावृतास्तं न जानन्ति। अतः पुनरुत्तिष्ठन्तीत्यर्थः। नन्वेतत्पदपरामृष्टदहरस्य स्वापे जीवगम्यत्वेऽपि ब्रह्मत्वे किमायातमित्याशङ्क्य 'तथा हि दृष्टम्' इति व्याचष्टे—तथा हीति। लोकेऽपि दृष्टमित्यर्थान्तरमाह—लोकेऽपीति। 'गतिलिङ्गं व्याख्याय शब्दं व्याचष्टे—तथेति। जीवभूताकाशयोर्ब्रह्मलोकशब्दस्याप्रसिद्धेरिति भावः।

में भी दहरशब्द का अर्थ आकाश है जिसका स्थान हृदय पुण्डरीक है, जिसके भीतर पृथिव्यादि एवं सत्यकामनाओं के सहित दहराकाश को विज्ञेय कहा है ऐसा सुस्पष्ट भासता है। अतः इन हेतुओं से दहरपदवाच्य परमेश्वर ही सिद्ध होता है ॥१४॥

गतिशब्दाभ्यां तथाहि दृष्टं लिङ्गं च (ललिता)

दहराकाश के ब्रह्म होने में हेत्वन्तर भी अग्रिम सूत्र से बतलाते हैं कि उक्त हेतुओं से दहर का अर्थ परमेश्वर जो बतलाया गया वे हेतु कौन-कौन से हैं। अब उन हेतुओं का ही विस्तार बतलाते हैं। इसलिए भी दहरपदवाच्य परमेश्वर ही माना जायेगा क्योंकि दहरवाक्यशेष में परमेश्वर के ही प्रतिपादक गति और शब्द विद्यमान है 'ये सभी प्रजा प्रतिदिन इस ब्रह्मलोक में जाते हुए भी इसे प्राप्त नहीं कर पाती है' इस वाक्य द्वारा प्रकृत दहर पदार्थ को ब्रह्मलोक शब्द से कहकर तद्विषयक गति प्रजाशब्दवाच्य जीवों की बतलायी गयी है। यह गति दहर पदार्थ को ब्रह्मस्वरूप बतला रही हैं। वैसे ही प्रतिदिन निद्रावस्था में सभी जीवों का ब्रह्म के प्रति गमन श्रुत्यन्तर में देखा गया है 'हे सोम्य ! उस निद्रावस्था में जीव ब्रह्म के साथ सम्पन्न हो जाता है।' इन वाक्यों में ब्रह्मविषयक गमन देखा जाता है। लोक में भी ऐसा ही देखते हैं। किसी गाढ़ निद्रा में सोये हुए पुरुष को लोक में कहते हैं कि यह ब्रह्मीभूत हो ब्रह्मता को प्राप्त कर गया था। गति की भांति ब्रह्मलोक शब्द भी प्रकृत दहरपदार्थ में प्रयोग किया गया है जो जीव और भूताकाश की शङ्का को मिटाते हुए दहरपदार्थ में ब्रह्मता का बोध कराता है।

---

शूद्र शब्द को यौगिक मानने में यह भी एक लिङ्ग है जिसे अग्रिम सूत्र से कहते हैं कि राजा जानश्रुति इसलिए भी जाति से शूद्र नहीं था, क्योंकि जब हम इस प्रकरण का निरूपण करते हैं, तो उसमें क्षत्रियत्व का बोध होता है। इस आख्यायिका के अग्रिम प्रसंग में प्रसिद्ध चैत्ररथ अभिप्रतारि के साथ जानश्रुति का समभिव्याहार देखा जाता है जो उसके क्षत्रिय होने में लिङ्गप्रमाण है। आगे संवर्गविद्या के वाक्यशेष में चैत्ररथ अभिप्रतारी को क्षत्रिय कहा गया है—'सुनक का पुत्र कपि गोत्र में उत्पन्न पुरोहित और अभिप्रतारीनामक राजा जो कक्षसेन का पुत्र था, उन दोनों को जब सूद (भोजन पाचक) भोजन परोस रहा था और वे दोनों भोजन के लिये बैठे थे, उस

१. सूपकारेण । २. व्याप्तत्वात् इत्यर्थः । ३. एवं तावत्तदा द्रवणादिति पञ्चम्यन्तेन शुग्जानश्रुती रैक्वो वा गृह्यते इति भावः । ४. सूपकारेण ।

(६६) संस्कारपरामर्शात्तदभावाभिलापाच्च ॥३६॥

प्रतारिणः कापेययोगादवगन्तव्यम्, कापेययोगो हि चित्ररथस्यावगतः 'एतेन वै चित्ररथं कापेया 'अयाजयन्' (ताण्डय ब्रा० २०-१२-५)इति। समानान्वयानां च प्रायेण समानान्वया याजका भवन्ति । 'तस्माच्चैत्ररथिर्नामैकः क्षत्रपतिरजायत' इति च क्षत्रपतित्वावगमात्क्षत्रियत्वमस्यावगन्तव्यम् । तेन क्षत्रियेणाभिप्रतारिणा सह समानायां विद्यायां सङ्कीर्तनं जानश्रुतेरपि क्षत्रियत्वं सूचयति । समानानामेव हि प्रायेण समभिव्याहारा भवन्ति । क्षत्तृप्रेषणाद्यैश्वर्ययोगाच्च जानश्रुतेः,क्षत्रियत्वावगतिः। अतो न जातिशूद्रस्याधिकारः ॥३५॥

इतश्च न शूद्रस्याधिकारः, यद्विद्याप्रदेशेशूपनयनादयः संस्काराः परामृश्यन्ते—

एतेन द्विरात्रेणेति छान्दोग्यश्रुत्यैव पूर्वं चित्ररथस्य कापेययोग उक्तः । अभिप्रतारिणोऽपि तद्योगाच्चित्ररथवंश्यत्वं निश्चीयते । राजवंश्यानां हि प्रायेण पुरोहितवंश्या याजका भवन्तीत्यर्थः । नन्वस्त्वभिप्रतारिणश्चैत्ररथित्वं तावता कथं क्षत्रियत्वं, तत्राह—तस्मादिति । चित्ररथादित्यर्थः । क्षत्ता सूतस्तस्य रैक्वान्वेषणाय प्रेषणम्, अन्नगोदानादिकं च जानश्रुतेः क्षत्रियत्वे लिङ्गम् ॥३५॥

अत्र शूद्रशब्दो यौगिक एवेति न शूद्रस्याधिकार इति स्थितम् । तत्र लिङ्गान्तरमाह—संस्कारेति । उपनयनं वेदग्रहणाङ्गं शूद्रस्य नास्तीति पूर्वमुक्तम् । इह विद्याग्रहणाङ्गस्योपनयनसंस्कारस्य सर्वत्र परामर्शाच्छूद्रस्य तदभावान्न विद्याधिकारः इत्युच्यते । भाष्ये आदिपदेनाध्ययन-

---

समय एक ब्रह्मचारी ने भिक्षा माँगी।' इस आख्यान से कापेय के साथ सम्बन्ध होने के कारण अभिप्रतारी में चैत्ररथित्व जानना चाहिए क्योंकि चित्ररथ का कापेय के साथ सम्बन्ध अवगत होता है। राजवंशियों के पुरोहित प्रायशः समान गोत्र वाले हुआ करते थे। छान्दोग्य श्रुति के द्वारा यह कहा गया है 'द्विरात्र याग से कापेयों ने चैत्ररथ को यजन करवाया।' समान वंशवालों में ही प्रायशः समान गोत्र वाले याजक हुआ करते हैं। 'अतः चैत्ररथनामक एक क्षत्रपति राजा था जिससे एक क्षत्रपति राजा उत्पन्न हुआ था' इससे उसमें क्षत्रपतित्व भी जाना जाता है। अतः जानश्रुति में क्षत्रियत्व समझना चाहिए। उस क्षत्रिय अभिप्रतारी के साथ समान विद्या में जो जानश्रुति का संकीर्तन है वह भी जानश्रुति के क्षत्रियत्व को सूचित करता है क्योंकि समान जाति, कुलादि में प्रायशः समभिव्याहार होते हैं। जानश्रुति ने क्षत्ता-सूत को रैक्व के अन्वेषण के लिए भेजा तथा जो अन्न-गोदान आदि दिया, ये सब के सब उसके क्षत्रिय होने में परिचायक हैं। अतः जन्म से शूद्र का अधिकार इस प्रसंग द्वारा सिद्ध नहीं होता ॥३५॥

संस्कारपरामर्शात्तदभावाभिलापाच्च (ललिता)

यहाँ पर शूद्र शब्द यौगिक ही है, अतः शूद्र जाति का वेदविद्या में अधिकार नहीं है। इसी बात को बतलाने के लिए एक अन्य लिङ्ग भी देते हैं। विद्याप्रदेश में उपनयनादि संस्कार का परामर्श होता है, वह भी शूद्र के वेदाध्ययन में अनधिकार का परिचायक है। उपनयन वेदाध्ययन का अंग है, वह शूद्र में देखा नहीं जाता। 'समीप में आया हुआ उस शिष्य का उपनयन आचार्य ने किया'

---

१. छांदोग्यांतर्गतताण्डि ब्रा० ।

(१००) तदभावनिर्धारणे च प्रवृत्तेः ॥३७॥

'तं होपनिन्ये' (श० ब्रा० ११-५-३-१३)। 'अधीहि भगव इति होपससाद' (छा० ७-१-१) 'ब्रह्मपरा ब्रह्मनिष्ठाः परं ब्रह्मान्वेषमाणा एष ह वै तत्सर्वं वक्ष्यतीति' 'ते ह समित्पाणयो भगवन्तं पिप्पलादमुपसन्नाः' (प्र० १-१) इति च, 'तान्हानुपनीयैव' (छा० ५-११-७) इत्यपि प्रदर्शितैवोपनयनप्राप्तिर्भवति। शूद्रस्य च संस्काराभावोऽभिलप्यते, 'शूद्रश्चतुर्थो वर्ण एकजातिः' (मनु० १०-४) इत्येकजातित्वस्मरणात्। 'न शूद्रे पातकं किंचिन्न च संस्कारमर्हति' (मनु० १०-१२-६) इत्यादिभिश्च ॥३६॥

इतश्च न शूद्रस्याधिकारः। यत्सत्यवचनेन शूद्रत्वाभावे निर्धारिते जाबालं गौतम

गुरुशुश्रूषादयो गृह्यन्ते। तं शिष्यमाचार्य उपनीतवानित्यर्थः। नारदोऽपि विद्यार्थी मन्त्रमुच्चारयन्सनत्कुमारमुपगत इत्याह—अधीति। उपदिशेति यावत्। ब्रह्मपरा वेदपारगाः, सगुणब्रह्मनिष्ठाः, परं निर्गुणं ब्रह्मान्वेषमाणाः, एषः पिप्पलादः तज्जिज्ञासितं सर्वं वक्ष्यतीति निश्चित्य ते भरद्वाजादयः षड् ऋषयस्तमुपगता इत्यर्थः। ननु वैश्वानरविद्यायामृषीन्राजाऽनुपनीयैव विद्यामुवाचेति श्रुतेरनुपनीतस्याप्यस्ति विद्याधिकार इत्यत आह—तान्हेति। 'ते ह समित्पाणयः पूर्वाह्णे प्रतिचक्रमिरे' (छा० ५-११-७) इति पूर्ववाक्ये ब्राह्मणा उपनयनार्थमागता इति उपनयनप्राप्तिं दर्शयित्वा निषिध्यते। हीनवर्णेनोत्तमवर्णाऽनुपनीयैवोपदेष्टव्या इत्याचारज्ञापनार्थमित्यर्थः। एकजातिरनुपनीतः। पातकमभक्ष्यभक्षणकृतम् ॥३६॥

सत्यकामः किल मृतपितृको जबालां मातरमपृच्छत्, किङ्गोत्रोऽहमिति। तं मातोवाच भर्तृसेवाव्यग्रतयाहमपि तव पितुर्गोत्रं न जानामि, जबाला तु नामाहमस्मि सत्यकामो नाम त्वमसीति

'नारद भी विद्यार्थी थे, वेदमन्त्र का उच्चारण करते हुए सनत्कुमार के पास गये और उनसे कहा कि भगवन् ! मुझे उपदेश कीजिए' सगुणब्रह्म में निष्ठा रखने वाले वेदपारंगत ऋषिगण निर्गुण परब्रह्म के अन्वेषण में समित्पाणि होकर महर्षि पिप्पलाद के पास गये कि ये पिप्पलाद हमें परब्रह्म का उपदेश करेंगे ऐसा निश्चयकर वे भारद्वाजादि छः ऋषि जब पिप्पलाद के पास गये तब उन छः ऋषियों का महर्षि पिप्पलाद ने उपनयन किया। इससे भी विद्याग्रहण के लिए उपनयन को अनिवार्य अङ्ग बतलाते हैं। वैश्वानर विद्या का उपदेश आगत ऋषियों को राजा ने उनका उपनयन संस्कार किये बिना ही कर दिया इससे उनमें उपनयन की प्राप्ति तो सिद्ध ही हो जाती है किन्तु क्षत्रिय होने के कारण ब्राह्मणों के उपनयन करने का अधिकार क्षत्रियों को नहीं है। शूद्र के लिए संस्कार का अभाव सुना जाता है। शूद्र एक चतुर्थ वर्ण है उसका एक ही जन्म होता है अर्थात् उसका वैदिक संस्कार नहीं होता इससे उसमें एकजातित्व सिद्ध हुआ। 'शूद्र को अभक्ष्य भक्षणादि के कारण कोई पातक नहीं लगता और उसका कोई संस्कार नहीं होता' इससे भी शूद्र का वेदविद्या में अधिकाराभाव सिद्ध होता है ॥३६॥

तदभावनिर्धारणे च प्रवृत्तेः (ललिता)

इसलिए भी शूद्र का वेदविद्या में अधिकार नहीं है, क्योंकि जब सत्यकाम के सत्यभाषण से उसमें अशूद्रत्व का निश्चय हो गया, तब उस जबालापुत्र सत्यकाम जाबाल का हारिद्रुमत गौतम उपनयन करने एवं वेद का उपदेश करने के लिए प्रवृत्त हुए। 'ब्राह्मण से भिन्न ऐसा स्पष्टवादी दूसरा नहीं हो सकता। इसलिए गौतम ने सत्यकाम से कहा, हे सोम्य ! समिधा लाओ, मैं तुम्हारा

(१०१) श्रवणाध्ययनार्थप्रतिषेधात्स्मृतेश्च ॥३८॥

उपनेतुमनुशासितुं च प्रववृते । 'नैतदब्राह्मणो विवक्तुमर्हति समिधं सोम्याहरोप त्वा नेष्ये न सत्यादगाः' (छा० ४-४-५) इति श्रुतिलिङ्गात् ॥३७॥

इतश्च न शूद्रस्याधिकारः । यदस्य स्मृतेः श्रवणाध्ययनार्थप्रतिषेधो भवति वेदश्रवणप्रतिषेधो वेदाध्ययनप्रतिषेधस्तदर्थज्ञानानुष्ठानयोश्च प्रतिषेधः शूद्रस्य स्मर्यते । श्रवणप्रतिषेधस्तावत् 'अथास्य वेदमुपशृण्वतस्त्रपुजतुभ्यां श्रोत्रप्रतिपूरणम्' इति । 'पद्यु ह वा एतच्छ्मशानं यच्छूद्रस्तस्माच्छूद्रसमीपे नाध्येतव्यम्' इति च । अत एवाध्ययनप्रतिषेधः । यस्य हि समीपेऽपि नाध्येतव्यं भवति स कथमश्रुतमधीयीत । भवति च वेदोच्चारणे जिह्वाच्छेदो धारणे शरीरभेद इति । अतएव चार्थादर्थज्ञानानुष्ठानयोः प्रतिषेधो भवति 'न शूद्राय मतिं दद्यात्' इति, द्विजातीनामध्ययनमिज्या दानम्' इति च । येषां पुनः पूर्वकृतसंस्कारवशाद्विदुरधर्मव्याध-

---

एतावज्जानामीति । ततः स जाबालो गौतममागत्य तेन किङ्गोत्रोऽसीति पृष्ट उवाच, नाहं गोत्रं वेद्मि न माता वेत्ति परन्तु मे मात्रा कथितं, उपनयनार्थमाचार्यं गत्वा सत्यकामो जाबालोऽस्मीति ब्रूहीति । अनेन सत्यवचनेन तस्य शूद्रत्वाभावो निर्धारितः । अब्राह्मण एतत्सत्यं विविच्य वक्तुं नार्हतीति निर्धार्य, हे सोम्य, सत्यात्त्वं नागाः सत्यं न त्यक्तवानसि, अतस्त्वामुपनेष्ये, तदर्थं समिधमाहरेति गौतमस्य प्रवृत्तेश्च लिङ्गान्न शूद्रस्याधिकार इत्याह—तदभावेति ॥३७॥

स्मृत्या श्रवणादिनिषेधाच्च नाधिकार इत्याह—श्रवणेति । अस्य शूद्रस्य द्विजैः पठ्यमानं वेदं प्रमादाच्छृण्वतः सीसलाक्षाभ्यां तप्ताभ्यां श्रोत्रद्वयपूरणं प्रायश्चित्तं कार्यमित्यर्थः । पद्यु पादयुक्तम्, सञ्चरिष्णुरूपमिति यावत् । भवति च । स्मृतिरिति शेषः । मतिर्वेदार्थज्ञानम् दानं नित्यं निषिध्यते शूद्रस्य । नैमित्तिकं तु दानमस्त्येव । यदुक्तं विदुरादीनां ज्ञानित्वं दृष्टमिति, तत्राह—येषामिति ।

उपनयन करूँगा क्योंकि तुमने सत्य का त्याग नहीं किया' श्रुतिलिङ्ग से भी शूद्र का वेदाध्ययन में अधिकाराभाव निश्चत होता है ॥३७॥

श्रवणाध्ययनार्थप्रतिषेधात्स्मृतेश्च (ललिता)

स्मृति ने शूद्र के लिए वेदश्रवण एवं अध्ययन का निषेध किया है, अतः शूद्र का वैदिकविद्या में अधिकार नहीं है । वेदश्रवण का निषेध, वेदाध्ययन का निषेध, वेदार्थ ज्ञान का और उसके अनुष्ठान का निषेध स्मृति में शूद्र के लिए किया गया है । श्रवण का निषेध करते हुए कहा है कि 'यदि शूद्र वेद सुन लेता हो तो उसके श्रोत्र को तप्त सीसे और लाक्ष से भर देना ही प्रायश्चित्त है ।' शूद्र के समीप वेदाध्ययन नहीं करना चाहिए क्योंकि शूद्र चलता-फिरता श्मशान है। इसलिए भी शूद्र के अध्ययन को प्रतिषिद्ध किया गया है क्योंकि जिसके समीप में भी अध्ययन नहीं करना चाहिए वह भला सुने हुए वेद का अध्ययन कैसे करेगा । वेदमन्त्र का उच्चारण करने पर जीभ को काट लेनी चाहिए एवं वेदार्थ धारण करने पर शरीर का भेदन कर देना चाहिए इसलिए वेदार्थ ज्ञान और उसके अनुष्ठान का प्रतिषेध सुतरां सिद्ध हो जाता है । 'शूद्र को वैदिक ज्ञान न देवें' और 'त्रैवर्णिक संस्कारसम्पन्न द्विजाति को ही अध्ययन, यज्ञ एवं दान करना चाहिए ।' किन्तु जिन विदुर, धर्म, व्याध इत्यादि को पूर्व अभ्यासजनित संस्कार के कारण वेदविज्ञान उत्पन्न हो गया हो

१०. कम्पनाधिकरणम् (सू० ३९)

(१०२) कम्पनात् ॥३९॥

जगत्कम्पनकृत्प्राणोऽशनिर्वायुरुतेश्वरः । अशनिर्भयहेतुत्वाद्वायुर्वा देहचालनात् ॥
वेदनादमृतत्वोक्तेरीशोऽन्तर्यामिरूपतः । भयहेतुश्चालन तु सर्वशक्तियुतत्वतः ॥

प्रभृतीनां ज्ञानोत्पत्तिस्तेषां न शक्यते फलप्राप्तिः प्रतिषेद्धुं, ज्ञानस्यैकान्तिकफलत्वात् । 'श्रावयेच्चतुरो वर्णान्' इति चेतिहासपुराणाधिगमे चातुर्वर्ण्यस्याधिकारस्मरणात् । वेदपूर्वकस्तु नास्त्यधिकारः शूद्राणामिति स्थितम् ॥३८॥

अवसितः प्रासङ्गिकोऽधिकारविचारः । प्रकृतामेवेदानीं वाक्यार्थविचारणां प्रवर्त-

---

सिद्धानां सिद्धेर्दुरपह्नवत्वेऽपि साधकैः शूद्रैः कथं ज्ञानं लब्धव्यमित्यत आह—श्रावयेदिति ॥३८॥

कम्पनात् । अस्यापि प्रासङ्गिकत्वमाशङ्क्याह—अवसित इति । समाप्त इत्यर्थः । काठकं

उसके फलप्राप्ति का निषेध उनके लिए नहीं किया जा सकता क्योंकि ज्ञान का फल अवश्यम्भावी है। हाँ, पुराण-इतिहास के श्रवण में चारों वर्णों का अधिकार है क्योंकि महाभारत में कहा है कि 'चारों वर्णों को इतिहास-पुराण सुनावें।' केवल वेदाध्ययनपूर्वक शूद्रों का वैदिक ज्ञान में अधिकार नहीं है, यह सिद्ध हुआ ॥३८॥

१०. कम्पनाधिकरण

१—प्रमिताधिकरण में जैसे ब्रह्मज्ञान के लिए जीव का अनुवाद कहा गया है वैसा यहाँ पर "यदिदं किञ्च जगत्सर्वम्" इस कठ श्रुतिवाक्य में प्राणानुवाद मानना युक्तिसंगत नहीं क्योंकि वह कल्पित है इसीलिए उसका स्वरूपतः ब्रह्म के साथ अभेद नहीं हो सकता ऐसी प्रत्युदाहरण संगति के कारण यह अधिकरण प्रारम्भ किया जाता है।

२—"यदिदं किञ्च जगत्सर्वं प्राण एजति निःसृतम्" (क० २।६।२) यह श्रुतिवाक्य इस अधिकरण का विचारणीय विषय है।

३—जगत् को कँपाने वाला क्या प्राणपदवाच्य वायु है, विद्युत है अथवा ईश्वर है? ऐसा संशय होता है।

४—भय का कारण होने से विद्युत अथवा देहका चालक होने से वायु प्राणपदवाच्य माना जा सकता है।

५—जिसके ज्ञान से अमरत्व की प्राप्ति कही जाती है, अन्तर्यामीरूप से सबका नियामक होने के कारण भय का हेतु है और सर्वशक्ति से युक्त होने के कारण सबका प्रेरक है; ऐसा ईश्वर ही प्राण शब्द का सुनिश्चित अर्थ है, विद्युत या वायुविकार नहीं।

कम्पनात् (ललिता)

प्रासङ्गिक अधिकार का विचार पूर्ण हुआ। अब हम प्रकृत वाक्यार्थ विचारों को ही आगे

---

१. अव्यभिचारि ।

यिष्यामः । 'यदिदं किञ्च जगत्सर्वं प्राण एजति निःसृतम् । महद्भयं वज्रमुद्यतं य एतद्विदुरमृतास्ते भवन्ति' (का० २-६-२) इति । एतद्वाक्यं 'एजृ कम्पने' इति धात्वर्थानुगमाल्लक्षितम् । अस्मिन्वाक्ये सर्वमिदं जगत्प्राणाश्रयं स्पन्दते, महच्चात्र किञ्चिद्भयकारणं वज्रशब्दितमुद्यतं, तद्विज्ञानाच्चामृतत्वप्राप्तिरिति श्रूयते । तत्र कोऽसौ प्राणः, किञ्च तद्भयानकं वज्रमित्यप्रतिपत्तेर्विचारे क्रियमाणे प्राप्तं तावत्प्रसिद्धेः पञ्चवृत्तिर्वायुः प्राण इति । प्रसिद्धेरेव चाशनिर्वज्रं स्यात् । वायोश्चेदं माहात्म्यं सङ्कीर्त्यते । कथम् ? सर्वमिदं जगत्पञ्चवृत्तौ वायौ प्राणशब्दिते प्रतिष्ठायैजति । वायुनिमित्तमेव च महद्भयानकं वज्रमुद्यम्यते । वायौ हि पर्जन्यभावेन विवर्तमाने विद्युत्स्तनयित्नुवृष्ट्यशनयो विवर्तन्त इत्या-

पठति—यदिदमिति । सर्वं जगत्प्राणान्निःसृतं उत्पन्नं प्राणे चिदात्मनि प्रेरके सति एजति चेष्टते, तच्च प्राणाख्यं कारणं महद्ब्रह्म बिभेत्यस्मादिति भयम् । तस्मिन् भयहेतुत्वे दृष्टान्तमाह— वज्रमिति । यथोद्यतं वज्रं भयं तथेत्यर्थः । य एतत्प्राणाख्यं ब्रह्म निर्विशेषं विदुस्ते मुक्ता भवन्तीत्याह—य इति । नन्वस्मिन्सूत्रे कथमिदं वाक्यमुदाहृतमित्यत आह—एतदिति । एजत्यर्थस्य कम्पनस्य 'सूत्रितत्वादेजतिपदयुक्तं वाक्यमुदाहृतमित्यर्थः । प्रासङ्गिकाधिकारचिन्तयास्य सङ्गतिनपेक्षितेति 'शब्दादेव प्रमितः' (ब्र० सू० १-३-२४) इत्यनेनोच्यते । तत्राङ्गुष्ठवाक्ये जीवानुवादो ब्रह्मैक्यज्ञानार्थ इत्युक्तं, न तथेह प्राणानुवाद ऐक्यज्ञानार्थः सम्भवति, प्राणस्य स्वरूपेण कल्पितस्यैक्यायोगात् । अतः प्राणोपास्तिपरं वाक्यमिति प्रत्युदाहरणेन पूर्वपक्षयति—प्रसिद्धेः पञ्चवृत्तिरिति । ननु 'अत एव प्राणः' (ब्र० सू० १-१-२३) इत्यादौ ब्रह्मणि लिङ्गात्प्राणश्रुतिर्नीता, अत्रापि सर्वचेष्टाभयहेतुत्वं ब्रह्मलिङ्गमस्तीति नास्ति पूर्वपक्षावसरो गतार्थत्वादिति, अत आह—वायोश्चेति । प्रतिष्ठाय स्थितिं लब्ध्वा प्राणे वायौ निमित्ते जगच्चलतीति प्रसिद्धम् । अतः स्पष्टं ब्रह्मलिङ्गं नास्तीति भावः । वज्रलिङ्गाच्च

प्रवृत्त करेंगे । 'यह जो कुछ भी जगत् प्राण से उत्पन्न हुआ है वह प्रेरक चिदात्मा प्राण के रहने पर ही चेष्टा करता है, उस प्राणाख्य जगत्कारण परब्रह्म से सम्पूर्ण विश्व भयभीत होता है, जिस प्रकार उठाये हुए वज्र को देखकर किसी भी व्यक्ति को भय होता है । उस प्राणाख्य निर्विशेष ब्रह्म को जो जानते हैं वे मुक्त हो जाते हैं' यह कठश्रुतिवाक्य 'एजृ कम्पने' इस धातु अर्थ के अनुगम से लक्षित होता है । इस वाक्य में सम्पूर्ण जगत् प्राणाश्रित होकर व्यापार करता है, वह महान् भय का कारण वज्रशब्दवाच्य उद्यत कोई पदार्थ है जिसके विज्ञान से अमरत्व की प्राप्ति सुनी जाती है । वहाँ यह संशय होता है कि वह प्राण क्या है जो वज्र की भाँति जगत् के लिए भयानक है । निश्चय न हो पाने के कारण संशय होता है और इसके निर्णय के लिए विचार करना पड़ता है । इस पर पूर्वपक्ष का कहना है कि प्रसिद्धि को देखते हुए पञ्चधाव्यापारवाला वायु ही प्राण है । प्रसिद्धि से भी वही निश्चय होता है कि यह विद्युतवज्ररूप है जो वायु के इस माहात्म्य का गान करता है । कैसे ? पाँच प्रकार के व्यापार वाले प्राणशब्दवाच्य वायु के अधीन यह सम्पूर्ण जगत् है, उसी के आश्रित यह जगत् चलता है । वायु के निमित्त से ही महान् भयानक वज्र उत्पन्न होता है और जब पर्जन्यभाव से वायु विकृत होता है तभी बिजली चमकती है, बादल गरजता है, वर्षा होती

१. वाक्ये प्रातीतिकमर्थं संक्षिप्याह अस्मिन्निति । २. तच्च प्राणाख्यं कारणम् । ३. अशनिर्वज्रम् । ४. सूचितत्वात् ।

चक्षते । वायुविज्ञानादेव चेदममृतत्वम् । तथाहि श्रुत्यन्तरम्—'वायुरेव व्यष्टिर्वायुः समष्टिरप पुनर्मृत्युं जयति य एवं वेद' इति । तस्माद्वायुरयमिह प्रतिपत्तव्य इति ।

एवं प्राप्ते ब्रूमः—ब्रह्मैवेदमिह प्रतिपत्तव्यम् । कुतः? पूर्वोत्तरालोचनात् । पूर्वोत्तरयोर्हि ग्रन्थभागयोर्ब्रह्मैव निर्दिश्यमानमुपलभामहे । इहैव कथमकस्मादन्तराले वायुं निर्दिश्यमानं प्रतिपद्येमहि । पूर्वत्र तावत् 'तदेव शुक्रं तद्ब्रह्म तदेवामृतमुच्यते । तस्मिँल्लोकाः श्रिताः सर्वे तदु नात्येति कश्चन' (का० २-६-१) इति ब्रह्म निर्दिष्टं, तदेवेहापि सन्निधानात् जगत्सर्वं प्राण एजतीति च लोकाश्रयत्वप्रत्यभिज्ञानान्निर्दिष्टमिति गम्यते । 'प्राणशब्दोऽप्ययं परमात्मन्येव प्रयुक्तः, 'प्राणस्य प्राणम्' (बृ० ४-४-१८) इति दर्शनात् । एजयितृत्वमपीदं परमात्मन एवोपपद्यते न वायुमात्रस्य । तथाचोक्तम्—'न प्राणेन नापानेन मर्त्यो जीवति कश्चन । इतरेण तु जीवन्ति यस्मिन्नेतावुपाश्रितौ ॥' (का० २-५-५) इति । उत्तरत्रापि 'भयादस्याग्निस्तपति भयात्तपति सूर्यः । भयादिन्द्रश्च वायुश्च मृत्युर्धावति पञ्चमः ॥'

वायुरित्याह—वाय्विति । व्यष्टिर्विशेषः । समष्टिः सामान्यम् ।

सूत्राद्बहिरेव सिद्धान्तं प्रतिजानीते—ब्रह्मैवेति । पूर्वोत्तरवाक्यैकवाक्यतानुगृहीतं सर्वाश्रयत्वं लिङ्गं वाक्यभेदकप्राणश्रुतेर्बाधकमित्याह—पूर्वत्रत्यादिना । शुक्रं स्वप्रकाशम् । तदु नात्येति ब्रह्मानाश्रितः कोऽपि लोको नास्त्येवेत्युकारार्थः । सौत्रंलिङ्गं व्याचष्टे—एजयितृत्वमिति । सवायुकस्य सर्वस्य

है और विद्युत्पात भी होता है ऐसा लोक में सुना जाता है । वायु के विज्ञान से ही अमृतत्व मिलता है । इसलिए दूसरी श्रुति ने भी 'वायु ही व्यष्टि है, वायु ही समष्टि है, जो इसको जानता है वह उपासक अपमृत्यु को जीत लेता है' ऐसा कहा है । अतः इस कठश्रुति में वायु ही जानने योग्य है ? ऐसा पूर्वपक्ष प्राप्त होने पर हम सिद्धान्ती कहते हैं कि इस कठश्रुति में ब्रह्म ही जानने योग्य पदार्थ कहा गया है क्योंकि पूर्वोत्तर की आलोचना से ऐसा ही सिद्ध होता है । पूर्वोत्तर ग्रन्थभाग में हम निर्दिश्यमान ब्रह्म को ही देखते हैं, फिर भला बीच में अकस्मात् यहाँ पर निर्दिश्यमान् वायु को कैसे मान सकते हैं ? 'वही (संसारवृक्ष का मूल कारण चैतन्य आत्म स्वभाव) विशुद्ध ज्योतिस्वरूप है, वही ब्रह्म है, वही अमृत कहा गया है । उसी ब्रह्म में ये सभी लोक (शुक्ति रजत की भाँति) आश्रित हैं और उसका अतिक्रमण कोई कर नहीं सकता' पहले इस मन्त्र में जो ब्रह्म बतलाया गया था वही यहाँ पर भी सन्निधिप्रमाण से माना जायेगा और 'यह सम्पूर्ण जगत् गतिशील प्राणरूप ब्रह्म से प्रकट होकर चेष्टा कर रहा है' इस प्रकार लोकाश्रयत्व की प्रत्यभिज्ञा होने से उस ब्रह्म का ही निर्देश है ऐसा जाना जाता है । यह प्राण शब्द भी परमात्मा में ही प्रयुक्त हुआ है क्योंकि श्रुति ने उसे 'प्राणों का प्राण' बतलाया है । जगत् की गतिशीलता भी परमात्मा से ही सिद्ध होती है, वायुमात्र से नहीं । इसीलिए कहा है—'कोई भी मरणधर्मा प्राणी न प्राण से और न अपान से ही जीवित है किन्तु किसी अन्य नियन्ता के अधीन जीवित है जिसमें ये दोनों प्राण और अपान भी आश्रित हैं ।' आगे चलकर भी कहा है—'इसके भय से अग्नि तपती है, इसके भय से सूर्य तपता है तथा इन्द्र, वायु और पाँचवाँ मृत्यु भी इसके भय से निरन्तर स्वकर्तव्य

---

१. प्राणश्रुत्या मुख्यप्राणे सिद्धे कथं प्रकरणादिना अर्थान्तरधीरित्याशङ्क्याह प्राणशब्दोऽपीति ।

(का० २-६-३) इति ब्रह्मैव निर्देक्ष्यते न वायुः। सवायुकस्य जगतो भयहेतुत्वाभिधानात्। तदेवेहापि सन्निधानान्महद्भयं, वज्रमुद्यतमिति च भयहेतुत्वप्रत्यभिज्ञानान्निर्दिष्टमिति गम्यते। वज्रशब्दोऽप्ययं भयहेतुत्वसामान्यात्प्रयुक्तः, यथा हि वज्रमुद्यतं ममैव शिरसि निपतेद्यद्यहमस्य शासनं न कुर्यामित्यनेन भयेन जनो नियमेन राजादिशासने प्रवर्तत एवमिदमग्निवायुसूर्यादिकं जगदस्मादेव ब्रह्मणो बिभ्यन्नियमेन स्वव्यापारे प्रवर्तत इति भयानकं वज्रोपमितं ब्रह्म। तथाच ब्रह्मविषयं श्रुत्यन्तरम्—'भीषास्माद्वातः पवते। भीषोदेति सूर्यः। भीषास्मादग्निश्चेन्द्रश्च। मृत्युर्धावति पञ्चमः'(तै० २।८।१)इति। अमृतत्वफलश्रवणादपि ब्रह्मैवेदमिति गम्यते। ब्रह्मज्ञानाद्ध्यमृतत्वप्राप्तिः। 'तमेव विदित्वाति-मृत्युमेति नान्यः पन्था विद्यतेऽयनाय' (श्वे० ६।१५) इति मन्त्रवर्णात्। यत्तु वायु-विज्ञानात्क्वचिदमृतत्वमभिहितं, तदापेक्षिकम्। तत्रैव प्रकरणान्तरकरणेन परमात्मा-नमभिधाय 'अतोऽन्यदार्तम्' (बृ० ३।४) इति वाय्वादेरार्तत्वाभिधानात्। प्रकरणादप्यत्र

कम्पनश्रवणादपि प्राणः परमात्मैवेत्यर्थः। ब्रह्मणि वज्रशब्दः कथमित्याशङ्क्य गौण इत्याह—वज्रशब्द इति। बृहदारण्यके 'वायुरेव व्यष्टिः' (बृ० ३-३-२) इत्यत्र 'अपपुनर्मृत्युम्' (बृ० ३-३-२) इत्यपमृत्यु-जयरूपमापेक्षिकममृतत्वमुच्यते न मुख्यामृतत्वम्, तत्रैव वायूपास्तिप्रकरणं समाप्य 'अथ हैनमुषस्तश्चा-क्रायणः पप्रच्छ' (बृ० ३-४-१) इति ज्ञेयात्मानमुक्त्वा वाय्वादेर्नाशित्वोक्तेरित्याह–यत्तु वाय्वित्यादिना।

परायण रहते हैं।' इसलिए ब्रह्म का ही निर्देश किया जायेगा, वायु का नहीं, क्योंकि वायु के सहित सम्पूर्ण जगत् के भय का कारण उस तत्त्व को बतलाया है। वही ब्रह्म इस वाक्य में भी सन्निधान से महान् भयावह और उद्यत वज्र के तुल्य कहा गया है। भय हेतुत्व की प्रत्यभिज्ञा होने के कारण इस वाक्य में पूर्वोक्त ब्रह्म ही निर्दिष्ट जाना जाता है। परमात्मा अर्थ में वज्र शब्द का प्रयोग इसलिए किया गया है क्योंकि वज्र के समान परमात्मा भी भय का कारण है। जिस प्रकार यदि मैं इसकी आज्ञा का पालन नहीं करूँगा तो यह उद्यत वज्र मेरे ही सिर पर पड़ेगा, इस भय के कारण मनुष्य नियमपूर्वक राजादि के शासन में चलता है; ऐसे ही यह अग्नि, वायु, सूर्यादि सम्पूर्ण जगत् इस ब्रह्म से ही भयभीत हो नियमपूर्वक अपने व्यापार में प्रवृत्त होते हैं। इसलिए भयानक वज्र की उपमा उस ब्रह्म के लिए दी गयी है। ऐसी ही ब्रह्मविषयक अन्य श्रुति भी है, तैत्तिरीय उपनिषद् में कहा है कि 'इस परमात्मा के भय से वायु चलता है, इसके भय से सूर्य उदय होता है, इसके भय से अग्नि, इन्द्र और पाँचवाँ मृत्यु भी अपने-अपने व्यापार में प्रवृत्त होते हैं।' इस प्रकार अपमृत्युविजयरूप आपेक्षिक अमृतत्व सुना गया है, इससे भी ब्रह्म ही इस प्रसङ्ग में ज्ञातव्य वस्तु जाना जाता है क्योंकि ब्रह्म के ज्ञान से ही अमृतत्व की प्राप्ति होती है। इस विषय में 'उसी (परमात्मा) को जानकर साधक मृत्यु को पार कर जाता है, मोक्ष के लिए इससे भिन्न कोई मार्ग नहीं है' यह मन्त्रवर्ण है।

और जो वायु के विज्ञान से कहीं-कहीं पर अमृतत्व की प्राप्ति कही गयी है वह आपेक्षिक अमृतत्व है, क्योंकि वहाँ पर प्रकरणान्तर द्वारा परमात्मा को बतलाने के बाद 'अतोऽन्यदार्तम्' इस वाक्य द्वारा वायु आदि में आर्तत्व का कथन है। प्रकरण प्रमाण से भी इस कठश्रुति में

११. ज्योतिरधिकरणम् (सू० ४०)

(१०३) ज्योतिर्दर्शनात् ॥४०॥

परं ज्योतिस्तु सूर्यस्य मण्डलं ब्रह्म वा भवेत् । समुत्थायोपसम्पद्येत्युक्त्या स्याद्रविमण्डलम् ।
समुत्थानं त्वम्पदार्थशुद्धिर्वाक्यार्थबोधनम् । सम्पत्तिरुत्तमत्वोक्तेर्ब्रह्म स्यादक्षिसाक्षितः ॥

परमात्मनिश्चयः । 'अन्यत्र धर्मादन्यत्राधर्मादन्यत्रास्मात्कृताकृतात् । अन्यत्र भूताच्च भव्याच्च यत्तत्पश्यसि तद्वद ॥' (का० १।२।१४) इति परमात्मनः पृष्टत्वात् ॥३९॥

'एष सम्प्रसादोऽस्माच्छरीरात्समुत्थाय परं ज्योतिरुपसम्पद्य स्वेन रूपेणाभिनिष्पद्यते' (छा० ८।१२।३) इति श्रूयते । तत्र संशय्यते, किं ज्योतिःशब्दं चक्षुर्विषयतमोपहं तेजः

तस्मात्काठकवाक्यं ज्ञेये ब्रह्मणि समन्वितमिति सिद्धम् ॥३९॥

ज्योतिर्दर्शनात्—छान्दोग्ये प्रजापतिविद्यावाक्यमाह—एष इति । परंज्योतिः श्रुतिभ्यां संशयमाह—तत्रेति । घटादिविषयावरकतमोनाशकं सौरमित्यर्थः । पूर्वत्र ब्रह्मप्रकरणस्यानुग्राहकः 'सर्वशब्द-

---

परमात्मा का ही निश्चय होता है क्योंकि नचिकेता ने 'जो धर्म से भिन्न है, अधर्म से भिन्न है, इस कार्य एवं कारण से भिन्न है तथा जो भूत, भविष्यत् और वर्तमान काल से भिन्न है ऐसा आप जिसे देखते हैं वही मुझे बतलायें' इस वाक्य द्वारा परमात्मा के सम्बन्ध में ही पूछा था। इस प्रकार परमात्मा के प्रकरण में प्राण शब्द से समस्त जगत् का नियामक ब्रह्म को ही बतलाया गया है, उसी ब्रह्म में काठकवाक्य समन्वित होता है ॥३९॥

११. ज्योतिरधिकरण

१. **सङ्गति**—पिछले अधिकरण में सर्वशब्दश्रुति का संकोच असंगत होने के कारण प्रकरण को देखते हुए जैसे प्राण शब्द का अर्थ ब्रह्म किया था वैसा सम्प्रसादवाक्य में प्रकरणानुग्राहक कोई प्रमाण नहीं है जिससे ज्योतिशब्दवाच्य ब्रह्म को माना जाय, ऐसी प्रत्युदाहरण संगति यहाँ पर मानी गयी है ।

२. **विषय**—'एष सम्प्रसादोऽस्माच्छरीरात् समुत्थाय परं ज्योतिरुपसम्पद्य' इत्यादि वाक्य इस अधिकरण का विचारणीय विषय है ।

३. **संशय**—क्या इस वाक्य में ज्योतिशब्दवाच्य आदित्यादि तेज है अथवा परब्रह्म है ? ऐसा संशय होता है ।

४. **पूर्वपक्ष**—रूढ़ होने के कारण आदित्यादि तेज को ही ज्योति शब्दवाच्य मानना चाहिए । साथ ही **'समुत्थाय उपसम्पद्य'** ऐसी उक्ति होने से सूर्यमण्डल ही ज्योति शब्द का अर्थ है ।

५. **सिद्धान्त**—त्वम् पदार्थ की शुद्ध समुत्थान पद का अर्थ है और वाक्यार्थबोध सम्पत्ति पद का अर्थ है। अतः यहाँ पर ज्योति पद का सुनिश्चित अर्थ ब्रह्म है क्योंकि वही उत्तम पुरुष है और वही नेत्र का साक्षी भी है ।

ज्योतिर्दर्शनात् (ललिता)

छान्दोग्य उपनिषद् में प्रजापतिविद्यावाक्य है 'यह जीव इस शरीर से ऊपर उठकर परज्योति को प्राप्त कर लेने के बाद अपने रूप से निष्पन्न होता है।' वहाँ पर ऐसा श्रवण होने से संशय होता है कि नेत्र के विषय अंधकारनाशक तेज को ज्योतिः शब्द से कहा है अथवा परब्रह्म को कहा है ? इस

---

१. सर्वजगच्चेष्टाहेतुत्वादियोगोऽस्तीति पाठान्तरम् ।

किंवा परं ब्रह्मेति। किं तावत्प्राप्तम्। प्रसिद्धमेव तेजो ज्योतिःशब्दमिति। कुतः? तत्र ज्योतिःशब्दस्य रूढत्वात्। 'ज्योतिश्चरणाभिधानात्' (ब्र० सू० १।१।२४) इत्यत्र हि प्रकरणाज्ज्योतिःशब्दः स्वार्थं परित्यज्य ब्रह्मणि वर्तते। न चेह तद्वत्किंचित्स्वार्थपरित्यागे कारणं दृश्यते। तथा च नाडीखण्डे—'अथ यत्रैतदस्माच्छरीरादुत्क्रामत्यथैतैरेव रश्मिभिरूर्ध्वमाक्रमते' (छा० ८।६।५) इति मुमुक्षोरादित्यप्राप्तिरभिहिता। तस्मात्प्रसिद्धमेव तेजो ज्योतिःशब्दमिति। एवं प्राप्ते ब्रूमः—परमेव ब्रह्म ज्योतिःशब्दम्। कस्मात्? दर्शनात्। तस्य हीह प्रकरणे वक्तव्यत्वेनानुवृत्तिर्दृश्यते, 'य आत्माऽपहतपाप्मा' (छा० ८-७-१) इत्यपहतपाप्मत्वादिगुणकस्यात्मनः प्रकरणादावन्वेष्टव्यत्वेन विजिज्ञासि-

---

सङ्कोचाद्ययोगोऽस्तीति प्राणश्रुतिर्ब्रह्मणि नीता। न तथात्र 'य आत्माप[ह]तपाप्मा' (छा० ८-७-१) इति प्रकरणस्यानुग्राहकं पश्याम इति प्रत्युदाहरणेन पूर्वपक्षमाह—प्रसिद्धमेवेत्यादिना। पूर्वपक्षे सूर्योपास्तिः, सिद्धान्ते ब्रह्मज्ञानान्मुक्तिरिति फलम्। ननु ज्योतिरधिकरणे ज्योतिःशब्दस्य ब्रह्मणि वृत्तेरुक्तत्वात्कथं पूर्वपक्ष इत्यत आह—ज्योतिरिति। 'तत्र गायत्रीवाक्ये प्रकृतब्रह्मपरामर्शकयच्छब्द-सामानाधिकरण्याज्ज्योतिःशब्दस्य स्वार्थत्यागः कृतः, तथात्र स्वार्थत्यागे हेत्वदर्शनात्पूर्वपक्ष इत्यर्थः। ज्योतिः श्रुतेरनुग्राहकत्वेनार्चिरादिमार्गस्थत्वं लिङ्गमाह—तथा चेति। 'ता वा एता हृदयस्य नाड्यः' (छा० ८-६-१) इति कण्डिकया नाडीनां रश्मीनां च मिथः संश्लेषमुक्त्वा अथ 'संज्ञालोपानन्तरं यत्र काले एतन्मरणं यथा स्यात्तथोत्क्रामति अथ तदा एतैर्नाडीसंश्लिष्टरश्मिभिरूर्ध्वः सन्नुपरि गच्छति, गत्वादित्यं ब्रह्मलोकद्वारभूतं गच्छतीत्यभिहितं, तथैवात्रापि शरीरात्समुत्थाय मृत्वा परं ज्योतिरादित्याख्यमुपसम्पद्य तद्द्वारा ब्रह्मलोकं गत्वा स्वस्वरूपेणाभिनिष्पद्यते इति वक्तव्यम्। समुत्थायोपसम्पद्येति क्त्वाश्रुतिभ्यां ज्योतिषोऽर्चिरादिमार्गस्थत्वभानादित्यर्थः।

अतो मार्गस्थसूर्योपास्त्या क्रममुक्तिपरं वाक्यमिति प्राप्ते सिद्धान्तयति—एवमिति। व्याख्येय-

---

पर पूर्वपक्षी ने कहा कि प्रसिद्ध तेज को ही ज्योतिः शब्द से बतलाना अभीष्ट है क्योंकि उसी अर्थ में ज्योतिः शब्द रूढ़ है। यदि कहो कि 'ज्योतिश्चरणाभिधानात्' इस सूत्र द्वारा ज्योतिश्चरणाधिकरण में ज्योतिः शब्द ब्रह्म अर्थ में प्रवृत्त हुआ है जब पहले कह चुके हैं तो पुनः इस प्रसङ्ग को क्यों उठाते हैं तो हम कहेंगे कि वहाँ पर 'ज्योतिश्चरणाभिधानात्' सूत्र द्वारा प्रकरण प्रमाण के बल से ज्योतिः शब्द स्वार्थ का परित्याग कर ब्रह्म अर्थ में प्रवृत्त होता है किन्तु यहाँ पर वैसा कोई स्वार्थ परित्याग में कारण नहीं दीखता है। ऐसा ही नाड़ीखण्ड में 'जब इस देह से जीव निकलता है तो इन्हीं सूर्य रश्मियों द्वारा ऊपर उठता है' इस वाक्य द्वारा मुमुक्षु के लिए आदित्य की प्राप्ति कही गयी है। अतः प्रसिद्ध तेज ही ज्योतिःशब्दवाच्य है। ऐसा पूर्वपक्ष प्राप्त होने पर हम सिद्धान्ती कहते हैं कि परब्रह्म ही ज्योतिःशब्द का अर्थ है क्योंकि इस प्रकरण में वक्तव्यरूप से उसी की अनुवृत्ति देखी जाती है। 'जो आत्मा अपहतपाप्मा है' इस वाक्य द्वारा अपहतपाप्मत्वादि गुणयुक्त परमात्मा का प्रकरण प्रारम्भकर अन्वेष्टव्य और विजिज्ञासितव्यरूप से उसी की प्रतिज्ञा

---

१. अथ यदतः परोदिवो ज्योतिर्दीप्यते इत्यत्र यच्छब्दसमानाधिकरणः। २. विशेषविज्ञानोपरमानन्तरमारब्ध-कर्मावसानकाले।

१२. अर्थान्तरत्वव्यपदेशाधिकरणम् (सू० ४१)

वियद्वा ब्रह्म वाकाशो वै नामेति श्रुतं वियत्। अवकाशप्रदानेन सर्वनिर्वाहकत्वतः।
निर्वोढृत्वं नियन्तृत्वं चैतन्यस्यैव तत्त्वतः। ब्रह्म स्याद्वाक्यशेषे च ब्रह्मात्मेत्यादिशब्दतः॥

तव्यत्वेन च प्रतिज्ञानात्। 'एतं त्वेव ते भूयोऽनुव्याख्यास्यामि' (छा० ८-९-३) इति चानुसन्धानात्। ''अशरीरं वाव सन्तं न 'प्रियाप्रिये स्पृशतः' (छा० ८-१२-१) इति चाशरीरतायै ज्योतिः सम्पत्तेरस्याभिधानात्। ब्रह्मभावाच्चान्यत्राशरीरतानुपपत्तेः 'परं ज्योतिः' 'स उत्तमः पुरुषः' (छा० ८-१२-३) इति च विशेषणात्। यत्तूक्तं—मुमुक्षोरादित्यप्राप्तिरभिहितेति। नासावात्यन्तिको मोक्षो गत्युत्क्रान्तिसम्बन्धात्। न ह्यात्यन्तिके मोक्षे गत्युत्क्रान्ती स्त इति वक्ष्यामः॥४०॥

त्वेनोपक्रान्तः आत्मैवात्र ज्योतिश्शब्देन व्याख्येय इति ज्योतिर्वाक्येन'कवाक्यताप्रयोजकप्रकरणानुगृहीतोत्तमपुरुषश्रुत्या वाक्यभेदकज्योतिःश्रुतिर्बाध्येति भावः। अशरीरत्वफललिङ्गाच्च ब्रह्मैव ज्योतिर्न सूर्य इत्याह—अशरीरमिति। नच सूर्यप्राप्त्या क्रमेणाशरीरत्वं स्यादिति वाच्यं, परत्वेन विशेषितस्य ज्योतिष एव 'स उत्तमः' (छा० ८-१२-३) इति परामर्शेनाशरीरत्वनिश्चयादित्याह—परमिति। पूर्वोक्तलिङ्गं दूषयति—यत्त्विति। नाडीखण्डे दहरोपासकस्य या सूर्यप्राप्तिरुक्ता स न मोक्ष इति युक्ता सूर्योक्तिः, अत्र तु प्रजापतिवाक्ये निर्गुणविद्यायामर्चिरादिगतिस्थसूर्यस्यानन्वयादनर्थकत्वात् श्रुतिव्यत्यासेन स्वरूपं साक्षात्कृत्य परं ज्योतिस्तदेवोपसम्पद्यत इति व्याख्येयमिति भावः॥४०॥

की गई है तथा 'मैं तुझे पुनः उसी आत्मा का उपदेश करूँगा' ऐसा प्रकृत आत्मा का ही अनुसन्धान देखा जाता है। 'शरीराभिमानशून्य उस तुरीय आत्मा को सुखदुःखफलजनक पुण्यापुण्य स्पर्श नहीं करते' इस वाक्य द्वारा अशरीरता के लिए पहले जीव को ज्योति की प्राप्ति कही गयी है। ब्रह्मभावाप्ति के बिना अशरीरता सिद्ध नहीं होती है। इसलिए जो 'परमज्योति है' 'वही उत्तम पुरुष है' ऐसा विशेषण देखा जाता है। तथा मुमुक्षु के लिए आदित्य की प्राप्ति बतलाई गयी है ऐसा जो आपने कहा था वह आत्यन्तिक मोक्ष नहीं है क्योंकि आदित्य की प्राप्ति के लिए गति और उत्क्रान्ति का होना आवश्यक है, पर आत्यन्तिक मोक्ष के लिए गति और उत्क्रान्ति आवश्यक नहीं है, ऐसा हम कहेंगे॥४०॥

१२. अर्थान्तरत्वव्यपदेशाधिकरण

१. सङ्गति—पूर्व अधिकरण में उपक्रमादि को देखते हुए अर्थान्तर में प्रसिद्ध ज्योतिःशब्द का भी ब्रह्म अर्थ किया गया था वैसे ही आकाश उपक्रमादि को देखते हुए ब्रह्मादि शब्द भी स्वार्थ से भिन्नपरक माना जायेगा, ऐसी दृष्टान्त संगति के कारण इस अधिकरण का उत्थापन हुआ है।

२. विषय—'आकाशो वै नाम नामरूपयोर्निर्वहिता ते यदन्तरा तद्ब्रह्म तदमृतं स आत्मा' यह वाक्य इस अधिकरण का विचारणीय विषय है।

३. संशय—क्या यहाँ पर आकाश शब्द का अर्थ भूताकाश है अथवा परब्रह्म है? ऐसा संशय होता है।

---

१. तुरीयम्। २. सुख-दुःखफलजनको धर्माधर्मौ। ३. एकवाक्यतेति य आत्माऽपहतपाप्मेति वाक्यस्येति शेषः।

(१०४) आकाशोऽर्थान्तरत्वादिव्यपदेशात् ॥४१॥

'आकाशो वै नाम नामरूपयोर्निर्वहिता ते यदन्तरा तद्ब्रह्म तदमृतं स आत्मा' (छा० ८-१४-१) इति श्रूयते। तत्किमाकाशशब्दं परं ब्रह्म किं वा प्रसिद्धमेव भूताकाशमिति विचारे भूतपरिग्रहो युक्तः, आकाशशब्दस्य तस्मिन्रूढत्वात्, नामरूपनिर्वहणस्य चावकाशदानद्वारेण तस्मिन्योजयितुं शक्यत्वात्, स्रष्टृत्वादेश्च स्पष्टस्य ब्रह्मलिङ्गस्याश्रवणादिति।

एवं प्राप्त इदमुच्यते—परमेव ब्रह्मेहाकाशशब्दं भवितुमर्हति। कस्मात्? अर्थान्तरत्वादिव्यपदेशात्। 'ते यदन्तरा तद्ब्रह्म' इति हि नामरूपाभ्यामर्थान्तरभूतमाकाशं व्यपदिशति। न च ब्रह्मणोऽन्यन्नामरूपाभ्यामर्थान्तरं सम्भवति, सर्वस्य विकारजातस्य

आकाशो व्यपदेशात्। छान्दोग्यमुदाहरति—आकाश इति। **यथोपक्रमबलाज्ज्योतिःश्रुतिबाधस्तथाऽऽकाशोपक्रमाद्ब्रह्मादिशब्दबाध इति दृष्टान्तेन पूर्वपक्षयति—भूतेति। श्रुतैर्गुणैराकाशोपास्तिर्निर्गुणब्रह्मज्ञानं चेत्युभयत्र फलम्। 'आकाशस्तल्लिङ्गात्' इत्यनेन पौनरुक्त्यमाशङ्क्य तद्वदत्र स्पष्टलिङ्गाश्रवणादिति** परिहरति—स्रष्टृत्वादेश्चेति। 'वै नाम' (छा० ८-१४-१) **इति प्रसिद्धिलिङ्गस्याकाशश्रुतेश्च वाक्यशेषगताभ्यां ब्रह्मात्मश्रुतिभ्यामनेकलिङ्गोपेताभ्यां बाधो युक्तः। यत्र बहुप्रमाणसम्वादस्तत्र वाक्यस्य** तात्पर्यमिति निर्णयादिति सिद्धान्तयति—परमेवेत्यादिना। **नामरूपे शब्दार्थौ**

---

४. **पूर्वपक्ष**—अवकाश देकर सम्पूर्ण जगत् का निर्वाहक होने से भूताकाश ही आकाश पद का अर्थ मानना चाहिए।

५. **सिद्धान्त**—निर्वाहकत्व और नियामकत्व चैतन्य में ही हो सकते हैं, साथ ही वाक्यशेष में 'ब्रह्मात्मा' ऐसा शब्द भी मिलता है। इन सभी कारणों से यहाँ पर आकाश शब्द का सुनिश्चित अर्थ ब्रह्म ही होगा।

आकाशोऽर्थान्तरत्वादिव्यपदेशात् (ललिता)

छान्दोग्य उपनिषद् में 'निःसन्देह नाम-रूप का निर्वाहक आकाश प्रसिद्ध है। वे नाम-रूप जिसके भीतर हैं वह ब्रह्म है, वह अमृत है, वही आत्मा है' ऐसा सुना जाता है। अतः क्या आकाश शब्द परब्रह्म अर्थ का वाचक है अथवा प्रसिद्ध भूताकाश अर्थ का वाचक है, ऐसा विचार प्रारम्भ होने पर पूर्वपक्षी कहता है कि आकाश शब्द से भूताकाश का ग्रहण ही युक्तिसङ्गत है क्योंकि आकाश शब्द उसी अर्थ में रूढ़ है। आकाश ही सम्पूर्ण जगत् को अवकाश देकर समस्त नाम-रूप का निर्वाहक हो सकता है, अतः नाम-रूप निर्वहन की योजना आकाश में ही सिद्ध होती है। स्रष्टृत्वादि स्पष्ट ब्रह्मलिङ्ग वहाँ पर सुनाई नहीं पड़ता है? इस प्रकार का पूर्वपक्ष प्राप्त होने पर सिद्धान्ती की ओर से यह कहा जाता है कि इस सन्दर्भ में परब्रह्म ही आकाशशब्दवाच्य माना गया है क्योंकि अर्थान्तरत्वादि व्यपदेश ब्रह्म में ही सम्भव है। 'ये नाम-रूप जिसमें हैं वह ब्रह्म है' इस श्रुतिवाक्य द्वारा नाम-रूप से भिन्नवस्तुभूत आकाश का व्यपदेश देखा जाता है और ब्रह्म से भिन्न नाम-रूप का अर्थान्तर ब्रह्म को छोड़कर अन्यत्र सम्भव नहीं है क्योंकि सम्पूर्ण विकारसमुदाय

१३. सुषुप्त्युत्क्रान्त्यधिकरणम् (सू० ४२-४३)

स्याद्विज्ञानमयो जीवो ब्रह्म वा जीव इष्यते । आदिमध्यावसानेषु संसारप्रतिपादनात् ।
विविच्य लोकसंसिद्धं जीवं प्राणाद्युपाधितः । ब्रह्मत्वमन्यतोऽप्राप्तं बोध्यते ब्रह्म नेतरत् ।।

नामरूपाभ्यामेव व्याकृतत्वात् । नामरूपयोरपि निर्वहणं निरङ्कुशं न ब्रह्मणोऽन्यत्र सम्भवति । 'अनेन जीवेनात्मनानुप्रविश्य नामरूपे व्याकरवाणि' (छा० ६-३-२) इत्यादि-ब्रह्मकर्तृकत्वश्रवणात् । ननु जीवस्यापि प्रत्यक्षं नामरूपविषयं निर्वोढृत्वमस्ति । बाढमस्ति, अभेदस्त्विह विवक्षितः । नामरूपनिर्वहणाभिधानादेव च स्रष्टृत्वादि ब्रह्मलिङ्गमभिहितं भवति । 'तद्ब्रह्म तदमृतं स आत्मा' (छा० ८-१४) इति च ब्रह्मवादस्य लिङ्गानि । 'आकाशस्तल्लिङ्गात्' (ब्र० १-१-२२) इत्यस्यैवायं प्रपञ्चः ।।४१।।

'तदन्तःपातिनस्तद्भिन्नत्वं तत्कर्तृत्वं चायुक्तमित्यर्थः । नामादिकर्तृत्वं न ब्रह्मलिङ्गं, जीवस्थत्वादिति शङ्कते—नन्विति । 'अनेन जीवेन' इत्यत्र जीवस्य ब्रह्माभेदेन तत्कर्तृत्वमुच्यते साक्षादयोगादिति परिहरति—बाढमिति । यच्चोक्तं स्पष्टं लिङ्गं नास्तीति, तत्राह—नामेति । तर्हि पुनरुक्तिः, तत्राह—आकाशेति । तस्यैव साधकोऽयं विचारः । अत्राकाशशब्दस्य ब्रह्मणि वृत्तिं सिद्धवत्कृत्य तत्र संशयादिप्रवृत्तेरुक्तत्वादिति न पौनरुक्त्यमिति भावः ।।४१।।

नाम और रूप द्वारा ही तो व्याकृत है । इसलिए नाम-रूप का भी निरङ्कुश निर्वहन ब्रह्म को छोड़कर अन्यत्र सम्भव नहीं है और 'इस जीवात्मारूप से अनुप्रवेश कर नाम-रूप का व्याकरण करूँ' इस वाक्य द्वारा नाम-रूप का कर्ता ब्रह्म ही सुना जाता है । नाम-रूप का कर्तृत्व ब्रह्मलिङ्ग नहीं है, क्योंकि वह जीव में स्थित है । अतः नाम-रूप का निर्वहनकर्तृत्व जीव में भी प्रत्यक्ष सिद्ध है ? ब्रह्म के साथ अभेद होने के कारण जीव में नाम-रूप कर्तृत्व कहा गया है, साक्षात् नहीं । अतः यहाँ पर जीव-ब्रह्म का अभेद बतलाना अभीष्ट है इसलिए नाम-रूप निर्वहन के कारण ही स्रष्टृत्वादि ब्रह्मलिङ्ग कहा गया है । 'वह ब्रह्म अमृत है, वही आत्मा भी है' इस वाक्य द्वारा ब्रह्मवाद चिह्न दिखाई पड़ता है । '**आकाशाधिकरण**' में जब ऐसा विचार आ चुका है तो पुनः आकाश के सम्बन्ध में क्यों विचार उपस्थित किया, इससे तो पुनरुक्ति प्रतीत होती है ? यह अधिकरण उसी का साधक है । यहाँ पर आकाश शब्द को ब्रह्म में प्रवृत्ति सिद्ध की भाँति मानकर की है किन्तु वहाँ पर संशय आदि प्रवृत्ति के कारण कहे जाने से पौनरुक्ति नहीं है । अतः पूर्व अधिकरण का ही विस्तार इस अधिकरण में किया गया है ।।४१।।

१३. सुषुप्त्युत्क्रान्त्यधिकरण

१. **सङ्गति**—पिछले अधिकरण में नाम-रूप से भिन्नत्व का कथन होने से आकाश शब्द भूताकाश नहीं माना था किन्तु प्राज्ञ आत्मा के साथ जीव का सम्परिष्वक्त होना कहा गया है जिससे अभिन्न होने पर भी औपचारिक भेद माना जा सकता है, ऐसा आक्षेप उठाकर इस अधिकरण में समाधान किया गया है । अतः पूर्व के साथ इसकी आक्षेप सङ्गति है ।

२. **विषय—'योऽयं विज्ञानमयः प्राणेषु हृद्यन्तर्ज्योतिः पुरुषः'** इत्यादि वाक्य इस अधिकरण का विचारणीय विषय है ।

१. ब्रह्मणा । २. नामरूपान्तःपातिन आकाशस्यनामरूपभिन्नत्वं नामरूपकर्तृत्वं चायुक्तमित्यर्थः ।

(१०५) सुषुप्त्युत्क्रान्त्योर्भेदेन ॥४२॥

व्यपदेशादित्यनुवर्तते । बृहदारण्यके षष्ठे प्रपाठके 'कतम आत्मेति, योऽयं विज्ञानमयः प्राणेषु हृद्यन्तर्ज्योतिः पुरुषः' (बृ० ४-३-७) इत्युपक्रम्य भूयानात्मविषयः प्रपञ्चः कृतः। तत्किं संसारिस्वरूपमात्रान्वाख्यानपरं वाक्यमुतासंसारिस्वरूपप्रतिपादनपरमिति संशयः। किं तावत्प्राप्तम् ? संसारिस्वरूपमात्रविषयमेवेति । कुतः ? उपक्रमोपसंहाराभ्याम्। उपक्रमे 'योऽयं विज्ञानमयः प्राणेषु' इति शारीरलिङ्गात्, उपसंहारे च 'स वा एष महानज आत्मा योऽयं विज्ञानमयः प्राणेषु' (बृ० ४-४-२२) इति तदपरित्यागात्, मध्येऽपि 'बुद्धान्ताद्यवस्थोपन्यासेन तस्यैव प्रपञ्चनादिति । एवं प्राप्ते ब्रूमः—परमेश्वरोप-

---

सुषुप्त्युत्क्रान्त्योर्भेदेन । अहंधीगम्येषु कतम आत्मेति जनकप्रश्ने याज्ञवल्क्य आह—योऽयमिति। विज्ञानं बुद्धिस्तन्मयस्तत्प्रायः। सप्तमी व्यतिरेकार्था। प्राणबुद्धिभ्यां भिन्न इत्यर्थः। वृत्तेरज्ञानाच्च भेदमाह—अन्तर्ज्योतिरिति । पुरुषः पूर्ण इत्यर्थः। उभयलिङ्गानां दर्शनात्संशयमाह—तत्किमिति। पूर्वत्र नामरूपाभ्यां भेदोक्तेराकाशो ब्रह्मेत्युक्तम्, तदयुक्तम्, 'प्राज्ञेनात्मना सम्परिष्वक्तः' (बृ० ४ ३-२१) इत्यभिन्नेऽपि जीवात्मनि भेदोक्तिवदौपचारिकभेदोक्तिसम्भवादित्याक्षेपसङ्गतिः। पूर्वपक्षे कर्मकर्तृ-जीवस्तुतिः, सिद्धान्ते जीवानुवादेन 'ततः कल्पितभेदभिन्नस्य प्राज्ञस्य परमात्मनः स्वरूपैक्यप्रमितिरिति फलम्। बुद्धान्तो जाग्रदवस्था । आदिमध्यावसानेषु जीवोक्तेर्जीवस्तावकमिदं वाक्यमिति प्राप्ते सिद्धान्तयति—परमेश्वरेत्यादिना । वाक्यस्य जीवस्तावकत्वे जीवाद्भेदेन प्राज्ञस्याज्ञातस्योक्तिर-

---

३. संशय—क्या यह वाक्य जीवानुवादपरक है अथवा जीवानुवाद कर संसारधर्मातीत ब्रह्म-स्वरूप का प्रतिपादक है ? ऐसा संशय होता है ।

४. पूर्वपक्ष—उपक्रम-उपसंहार को देखते हुए संसारीजीव अर्थ का बोधक ही विज्ञानमय शब्द माना जा सकता है ।

५. सिद्धान्त—प्राणादि उपाधिवाला जीवात्मा जो लोकतः सिद्ध है उससे पृथक्कर ब्रह्म का प्रतिपादन इस श्रुति में किया गया है । जो श्रुतिभिन्न किसी प्रमाण से प्राप्त नहीं है ऐसा ब्रह्म ही विज्ञानमय पद का सुनिश्चित अर्थ है, अन्य नहीं ।

सुषुप्त्युत्क्रान्त्योर्भेदेन (ललिता)

पूर्वसूत्र से 'व्यपदेशात्' इस पद की अनुवृत्ति ले आइये । बृहदारण्यक के षष्ठाध्याय में 'आत्मा कौन है ? जो यह प्राणों में हृदय के भीतर ज्योतिःस्वरूप विज्ञानमय पुरुष है' यहाँ से प्रसङ्ग प्रारम्भकर बार-बार आत्मा का उपदेश विस्तार से किया गया है। इस पर संशय होता है कि इस श्रुति में संसारीस्वरूपमात्र का वर्णन है अथवा यह वाक्य असंसारीप्रतिपादक है । ऐसा संशय होने पर पूर्वपक्ष होता है कि संसारीस्वरूपमात्रबोधक यह वाक्य है क्योंकि उसी से उपक्रम और उसी से उपसंहार देखा जाता है। प्रारम्भ में 'जो यह प्राणों के मध्य विज्ञानमय है' जीव का लिङ्ग दिखता है और उपसंहार में 'वही यह महान् अजन्मा आत्मा है जो यह विज्ञानमय पुरुष प्राणों के मध्य में है' इस वाक्य द्वारा प्रकरणागत पदार्थ का निराकरण नहीं किया है और मध्य में भी जाग्रतादि अवस्थाओं के उपन्यास से उसी का विस्तार जान पड़ता है। ऐसा पूर्वपक्ष होने पर हम

---

१. जाग्रदादि । २. जाग्रत्स्वप्नयोस्तत्प्रधानः । ३. जीवाद् ।

देशपरमेवेदं वाक्यं न शारीरमात्रान्वाख्यानपरम् । कस्मात् ? सुषुप्तावुत्क्रान्तौ च शारीराद्भेदेन परमेश्वरस्य व्यपदेशात् । सुषुप्तौ तावत् 'अयं पुरुषः प्राज्ञेनात्मना सम्परिष्वक्तो न बाह्यं किञ्चन वेद नान्तरम्' (बृ० ४-३-२१) इति शारीराद्भेदेन परमेश्वरं व्यपदिशति । तत्र पुरुषः शारीरः स्यात्तस्य वेदितृत्वात् ? बाह्याभ्यन्तरवेदनप्रसङ्गे सति तत्प्रतिषेधसम्भवात् । प्राज्ञः परमेश्वरः, सर्वज्ञत्वलक्षणया प्रज्ञया नित्यमवियोगात् । तथोत्क्रान्तावपि 'अयं शारीर आत्मा प्राज्ञेनात्मनान्वारूढ उत्सर्जन्याति' (बृ०४-३-३५) इति जीवाद्भेदेन परमेश्वरं व्यपदिशति । तत्रापि 'शारीरो जीवः स्याच्छरीरस्वामित्वात् । 'प्राज्ञस्तु स एव परमेश्वरः । तस्मात्सुषुप्त्युत्क्रान्त्योर्भेदेन व्यपदेशात्परमेश्वर एवात्र विवक्षित इति गम्यते । यदुक्तमाद्यन्तमध्येषु शारीरलिङ्गात्तत्परत्वमस्य वाक्यस्येति । अत्र ब्रूमः—उपक्रमे तावत् 'योऽयं विज्ञानमयः प्राणेषु' इति न संसारिस्वरूपं विवक्षितं, किं तर्हि ? अनूद्य संसारिस्वरूपं परेण ब्रह्मणास्यैकतां विवक्षति । यतो 'ध्यायतीव

सङ्गता स्यात्, अतो ज्ञाताज्ञातसन्निपाते ज्ञातानुवादेनाज्ञातं प्रतिपादनीयं, 'अपूर्वे वाक्यतात्पर्यम्' इति न्यायादिति सिद्धान्ततात्पर्यम् । पुरुषः शारीरं प्राज्ञो जीव इति भ्रान्तिं वारयति—तत्र पुरुष इत्यादिना । देहस्य वेदनाप्रसक्तेर्निषेधायोगात्पुरुषो जीव एव, प्राज्ञस्तु रूढ्या पर एवेत्यर्थः । अन्वारूढोऽधिष्ठितः । उत्सर्जन् घोराञ्छब्दान्मुञ्चन् । बुद्धौ ध्यायन्त्यां ध्यायतीव चलन्त्यां चलतीव । वस्तुतः सर्वविक्रियाशून्य इत्युक्तेर्न संसारिणि तात्पर्यमित्याह—यत इति । उपक्रमवदुपसंहारवाक्येऽप्यैक्यं विवक्षित-

---

सिद्धान्ती कहते हैं कि परमेश्वरोपदेशपरक ही यह वाक्य है, शारीरमात्र बतलाने में इस वाक्य का तात्पर्य नहीं है क्योंकि सुषुप्ति और उत्क्रान्ति प्रसङ्ग में जीव से भिन्न परमात्मा का उपदेश सुना जाता है। उनमें पहले सुषुप्ति सन्दर्भ में 'यह पुरुष प्राज्ञ आत्मा के साथ जब जुड़ जाता है तब वह न किसी बाह्य वस्तु को और न अन्तर वस्तु को जानता है' इस वाक्य द्वारा जीव से पृथक् परमेश्वर को कहा है। वहाँ पर जो शारीर पुरुष है उसी में वेदितृत्व है अत: बाह्याभ्यन्तरवेदनप्रसङ्ग आने पर उसका प्रतिषेध सम्भव हो जाता है। किन्तु प्राज्ञतत्त्व तो परमेश्वर ही है क्योंकि उसमें सर्वज्ञत्वरूपा प्रज्ञा का कभी भी वियोग नहीं होता है। वैसे ही उत्क्रान्ति प्रसङ्ग में भी 'यह जीवात्मा जब प्राज्ञ आत्मा के साथ अन्वारूढ़ हो शरीर को छोड़कर जाता है' इस वाक्य द्वारा जीवात्मा से पृथक् परमेश्वर का उपदेश दीखता है। वहाँ भी शारीर जीव कहा जायेगा क्योंकि वह शरीर का स्वामी है किन्तु प्राज्ञतत्त्व तो वह परमेश्वर ही है। अत: सुषुप्ति और उत्क्रान्ति सन्दर्भ में जीव से पृथक् ही परमेश्वर को बतलाना अभीष्ट है ऐसा जान पड़ता है।

और जो आप ने आदि, मध्य और अन्त में जीवलिङ्ग को देख कर जीवपरक इस वाक्य को माना था, इस पर हमारा कहना है कि प्रारम्भ में "जो यह प्राणों के मध्य विज्ञानमय पुरुष" कहा गया है यह वाक्य संसारीस्वरूप को नहीं बतलाना किन्तु लोकत: सिद्ध संसारीस्वरूप का अनुवादकर परब्रह्म के साथ इसकी एकता बतलाना चाहता है। इसी लिए तो "बुद्धि ध्यान करती है तो उसके साथ तादात्म्य हुआ चेतन आत्मा ध्यान करता सा प्रतीत होता है और बुद्धि के चञ्चल होने पर

---

१. न तु प्रज्ञातिशयवान् यः कश्चित् । २. न तु शरीर संबंधि यत्किञ्चित् ।

लेलायतीव' इत्येवमाद्युत्तरग्रन्थप्रवृत्तिः संसारिधर्मनिराकरणपरा लक्ष्यते । तथोपसंहारेऽपि यथोपक्रममेवोपसंहरति—'स वा एष महानज आत्मा योऽयं विज्ञानमयः प्राणेषु' इति । योऽयं विज्ञानमयः प्राणेषु संसारी लक्ष्यते, स वा एष महानज आत्मा परमेश्वर एवास्माभिः प्रतिपादित इत्यर्थः । यस्तु मध्ये बुद्धान्ताद्यवस्थोपन्यासात्संसारिस्वरूपविवक्षां मन्यते, स प्राचीमपि दिशं प्रस्थापितः प्रतीचीमपि दिशं प्रतिष्ठेत । यतो न बुद्धान्ताद्यवस्थोपन्यासेनावस्थावत्त्वं संसारित्वं वा विवक्षति, किं तर्ह्यवस्थारहितत्वमसंसारित्वं च विवक्षति । कथमेतदवगम्यते? यत् 'अत ऊर्ध्वं विमोक्षायैव ब्रूहि' इति पदे पदे पृच्छति । यच्च 'अनन्वागतस्तेन भवत्यसङ्गो ह्ययं पुरुषः' (बृ० ४-३-१४, १५) इति पदे पदे प्रतिवक्ति । 'अनन्वागतं पुण्येनानन्वागतं पापेन तीर्णो हि तदा सर्वाञ्शोकान्हृदयस्य भवति' (बृ० ४-३-२२) इति च । तस्मादसंसारिस्वरूपप्रतिपादनपरमेवैतद्वाक्यमित्यवगन्तव्यम् ।।४२।।

मित्याह—तथेति । व्याचष्टे—योऽयमिति । अवस्थोपन्यासस्य त्वमर्थशुद्धिद्वारैक्यपरत्वान्न जीवलिङ्गत्वमित्याह—यतो न बुद्धान्तेति । प्रश्नोत्तराभ्यामसंसारित्वं गम्यत इत्याह—यदत ऊर्ध्वमिति । कामादिविवेकानन्तरमित्यर्थः । भवतीति चेति । यद्यस्माद्वक्ति तस्मादवगम्यत इति योजना । तेनावस्थाधर्मेण अनन्वागतोऽस्पृष्टो भवति, असङ्गत्वात् । सुषुप्तावप्यात्मतत्त्वं पुण्यपापाभ्यामस्पृष्टं भवति । हि यस्मादात्मा सुषुप्तौ सर्वशोकातीतः, तस्माद्धृदयस्यैव सर्वे शोका इति श्रुत्यर्थः ।।४२।।

उसके साथ तादात्म्य हुआ चिदात्मा चञ्चल सा जान पड़ता है" इत्यादि वाक्य द्वारा उत्तरग्रन्थ की प्रवृत्ति संसारी के धर्म से शून्य परतत्त्व को लक्षित कर रही है। वैसे ही उपसंहार में भी उपक्रमानुरूप ही वाक्य देखा जाता है "प्रकृत यह आत्मा महान् अजन्मा है जो प्राणों के मध्य में विज्ञानमय है" अर्थात् जो यह विज्ञानमय प्राणमध्यवर्ती जीवात्मा लक्षित होता है निःसन्देह वह महान् अजन्मा परमात्मस्वरूप ही है ऐसा हमने कहा है। और मध्य में जाग्रदवस्था उपन्यास से संसारीस्वरूप बतलाने की बात जो मानता है वह तो पूर्व दिशा में जाने वाले व्यक्ति को पश्चिम दिशा की ओर भेजना चाहता है। अतः जाग्रदादि अवस्था के वर्णन से श्रुति अवस्थावान् संसारी को नहीं बतलाना चाहती है, किन्तु अवस्था से रहित असंसारी को ही श्रुति बतलाना चाहती है। यह कैसे ज्ञात हुआ? इस प्रश्न का उत्तर आगे देते हैं। महर्षि याज्ञवल्क्य से महाराजा जनक ने कहा "भगवन्! इसके आगे मोक्ष के लिए आप हमें उपदेश करें" ऐसा प्रश्न अनेक बार जनक ने किया है, प्रत्युत्तर देते समय पद-पद पर याज्ञवल्क्य ने कहा है 'परमात्मा से अभिन्न यह आत्मा जाग्रदादि अवस्थाओं के धर्मों का अनुगमन नहीं करता है, इससे यह पुरुष असङ्ग सिद्ध होता है।' "यह प्रकृत आत्मा न पुण्य का अनुगमन करता है, और न पाप का ही अनुगमन करता है क्योंकि यह पुण्य और पाप से ऊपर उठा हुआ है, सुषुप्ति और तुरीय अवस्था में यह आत्मा हृदय के सम्पूर्ण शोकों को पार कर जाता है" ऐसा भी कहा है। अतः संसारधर्मातीत स्वरूपप्रतिपादनपरक ही यह वाक्य है, ऐसा समझना चाहिए।।४२।।

यह बृहदारण्यक श्रुतिवाक्य ब्रह्म और आत्मा की एकता बतला रहा है, इस अर्थ को सिद्ध करने के लिए भगवान् बादरायण अग्रिम सूत्र से अन्य हेतु भी देते हैं—

(१०६) पत्यादिशब्देभ्यः ॥४३॥

इतश्चासंसारिस्वरूपप्रतिपादनपरमेवैतद्वाक्यमित्यवगन्तव्यम् । यदस्मिन्वाक्ये पत्यादयः शब्दा असंसारिस्वरूपप्रतिपादनपराः संसारिस्वभावप्रतिषेधनाश्च भवन्ति । 'सर्वस्य वशी सर्वस्येशानः सर्वस्याधिपतिः' इत्येवंजातीयका असंसारिस्वभावप्रतिपादनपराः । 'स न साधुना कर्मणा भूयान्नो एवासाधुना कनीयान्' इत्येवंजातीयकाः संसारिस्वभावप्रतिषेधनाः । तस्मादसंसारी परमेश्वर इहोक्त इत्यवगम्यते ॥४३॥

इति श्रीमच्छङ्करभगवत्पादकृतौ शारीरकमीमांसाभाष्ये
प्रथमाध्यायस्य तृतीयः पादः ॥३॥

वाक्यस्य ब्रह्मात्मैक्यपरत्वे हेत्वन्तरमाह—पत्यादीति । सूत्रं व्याचष्टे—इतश्चेति । वशी स्वतन्त्रः । अपराधीन इति यावत् । ईशानो नियमनशक्तिमान् । शक्तेः कार्यमाधिपत्यमिति भेदः । तस्माच्छोधिततत्त्वमर्थैक्ये षष्ठाध्यायसमन्वय इति सिद्धम् ॥४३॥

इति श्रीमत्परमहंसपरिव्राजकाचार्यश्रीगोविन्दानन्दभगवत्पादकृतौ
श्रीमच्छारीरकमीमांसाव्याख्यायां भाष्यरत्नप्रभायां
प्रथमाध्यायस्य तृतीयः पादः ॥३॥

पत्यादिशब्देभ्यः (ललिता)

इसलिए भी संसारधर्मातीत स्वरूपप्रतिपादनपरक इस वाक्य को समझना चाहिए क्योंकि इस वाक्य में पति आदि शब्द असंसारी स्वरूपप्रतिपादक हैं एवं संसारी स्वभाव के प्रतिषेधक भी हैं। "सबको अपने अधीन रखने वाला, सबका शासक, सबका अधिपति यह तत्त्व अपराधीन अर्थात् स्वतन्त्र है" इस वाक्य के द्वारा असंसारी स्वभावप्रतिपादन किया गया है। 'यह आत्मा न पुण्यकर्म से बढ़ता है और न पापकर्म से घटता ही है" ऐसे श्रुतिवाक्य संसारीस्वभाव का निषेध कर रहे हैं। अतः शोधित तत्त्वम् पदार्थ एकता असंसारी परमेश्वर स्वरूप बतलाने में ही इस बृहदारण्यक श्रुति का समन्वय होता है जो यहाँ पर बतलाया गया है, बस यही अर्थ यहाँ पर जान पड़ता है ॥४३॥

प्रथमाध्याय तृतीय पाद समाप्तः
इस प्रकार ब्रह्मसूत्र शाङ्करभाष्य प्रथमाध्याय तृतीय पाद की
श्री कैलासपीठाधीश्वर आचार्य महामण्डलेश्वर
श्री स्वामी विद्यानन्द गिरिजी महाराज
द्वारा रचित ललिता व्याख्या
सम्पूर्ण हुई।

* * *

प्रथमाध्याये चतुर्थः पादः

१. आनुमानिकाधिकरणम् (सू० १-७)

(१०७) आनुमानिकमप्येकेषामिति चेन्न शरीररूपकविन्यस्त-गृहीतेर्दर्शयति च ॥१॥

महतः परमव्यक्तं प्रधानमथवा वपुः। प्रधानं सांख्यशास्त्रोक्ततत्त्वानां प्रत्यभिज्ञया।
श्रुतार्थप्रत्यभिज्ञानात्परिशेषाच्च तद्वपुः। सूक्ष्मत्वात्कारणावस्थमव्यक्ताख्यां तदर्हति॥

ब्रह्मजिज्ञासां प्रतिज्ञाय ब्रह्मणो लक्षणमुक्तम्—'जन्माद्यस्य यतः' (ब्र० १-१-२) इति। तल्लक्षणं प्रधानस्यापि समानमित्याशङ्क्य तदशब्दत्वेन निराकृतम्—'ईक्षतेर्नाशब्दम्'

अव्यक्तेशमजं पञ्चजनाधारं च कारणम्।
वेदितव्यं प्रियंवन्दे प्रकृतिं पुरुषं परम्॥१॥

अस्मिन्पादे'ऽधिकरणत्रयस्येक्षत्यधिकरणेन सङ्गतिं वक्तुं वृत्तमनुवदति—ब्रह्मेति। तदशब्दत्वेन—प्रधानस्य वैदिकशब्दशून्यत्वेनेत्यर्थः। ईक्षत्यधिकरणे गतिसामान्यमशब्दत्वं च प्रतिज्ञातम्, 'तत्र

प्रथम अध्याय चतुर्थः पाद

इस चतुर्थ पाद में प्रधानादिविषयत्वेन सन्दिग्ध अव्यक्तादिपदों का विचार किया गया है।

१. आनुमानिकाधिकरण

१. **सङ्गति**—पूर्व अधिकरण में प्रसिद्ध जीववाचक शब्द का अप्रसिद्ध ब्रह्म अर्थ किया गया था। ऐसे ही, श्रुति में अप्रसिद्ध प्रधान को ही **'महतः परमव्यक्तमव्यक्तात्पुरुषः परः'** (कठो० १-३-११) इत्यादि से कठ वाक्य बतलायेगा। अतः पूर्व अधिकरण के साथ इस अधिकरण की दृष्टान्त सङ्गति है।

२. **विषय—महतः परमव्यक्तमव्यक्तात्पुरुषः परः'** यह कठ वाक्य इस अधिकरण का विचारणीय विषय है।

३. **संशय**—**'अव्यक्त'** पद से क्या प्रधान बतलाया गया है अथवा शरीर? ऐसा संशय होता है।

४. **पूर्वपक्ष**—सांख्यस्मृति में महत्, अव्यक्त और पुरुष ऐसा जो नाम और क्रम प्रसिद्ध है उन्हीं की प्रत्यभिज्ञा यहाँ कठ श्रुति में होती है। अतः अव्यक्त पद का अर्थ प्रधान ही मानना चाहिए।

५. **सिद्धान्त**—इससे पूर्व अव्यक्तादि पद के जो जो अर्थ सुने गये हैं उन सबकी अपने अपने नाम से कथन होने के कारण प्रत्यभिज्ञा होती है, किन्तु जिसे पहले शरीर शब्द से कहा गया था उसी को परिशेषतः अव्यक्त पद से कहा जायेगा। यद्यपि स्थूल शरीर अव्यक्तपदवाच्य नहीं हो सकता, किन्तु इसका आरम्भक भूतसूक्ष्म होने के कारण उस कारणावस्था को अव्यक्त कहा गया है। जिस प्रकार अन्यत्र **'गोभिः श्रीणीत मत्सरम्'** (ऋ० सं० ६-४६-४) इत्यादि वेदवाक्य में गोविकार दध्यादि को गो शब्द से कहा गया है ऐसे ही सूक्ष्मभूत के कार्य देह को अव्यक्त पद से कहना कोई विरुद्ध नहीं है।

आनुमानिकमप्येकेषामिति चेन्न शरीररूपकविन्यस्तगृहीतेर्दर्शयति च (ललिता)

ब्रह्म-जिज्ञासा को प्रतिज्ञा कर **'जन्माद्यस्य यतः'** इस सूत्र द्वारा ब्रह्म का लक्षण किया गया था, वह लक्षण प्रधान का भी समान ही है; अतः प्रधान ही जिज्ञास्य है? ऐसी आशङ्का होने के बाद उस प्रधान को वैदिकशब्दबाह्य कह कर **'ईक्षतेर्नाशब्दम्'** इस सूत्र द्वारा निराकृत किया।

---

१. वक्ष्यमाणेति शेषः। २. उभयोर्मध्ये।

(ब्र० १-१-५) इति । गतिसामान्यं च वेदान्तवाक्यानां ब्रह्मकारणवादं प्रति विद्यते न प्रधानकारणवादं प्रतीति प्रपञ्चितं गतेन ग्रन्थेन । इदं त्विदानीमवशिष्टमाशङ्क्यते—यदुक्तं प्रधानस्याशब्दत्वं तदसिद्धं, कासुचिच्छाखासु प्रधानसमर्पणाभासानां शब्दानां श्रूयमाणत्वात् । अतः प्रधानस्य कारणत्वं वेदसिद्धमेव महद्भिः परमर्षिभिः कपिलप्रभृतिभिः परिगृहीतमिति प्रसज्यते । तद्यावत्तेषां शब्दानाम[१]न्यपरत्वं न प्रतिपाद्यते तावत्सर्वज्ञं ब्रह्म जगतः कारणमिति प्रतिपादितमप्याकुलीभवेत् । अतस्तेषामन्यपरत्वं दर्शयितुं परः सन्दर्भः प्रवर्तते । आनुमानिकमप्यनुमाननिरूपितमपि प्रधानमेकेषां शाखिनां शब्दवदुपलभ्यते । काठके हि पठ्यते—'महतः परमव्यक्तमव्यक्तात्पुरुषः परः' (१-३-११) इति । तत्र य एव यन्नामानो यत्क्रमाश्च महदव्यक्तपुरुषाः [२]स्मृतिप्रसिद्धास्त [३]एवेह प्रत्यभिज्ञायन्ते । तत्राव्यक्तमिति स्मृतिप्रसिद्धेः, शब्दादिहीनत्वाच्च न व्यक्तमव्यक्तमिति व्युत्पत्तिसम्भवात् स्मृतिप्रसिद्धं

ब्रह्मणि वेदान्तानां गतिसामान्यं [४]प्रपञ्चितम्, अधुना प्रधानस्याशब्दत्वमसिद्धमित्याशङ्क्य निरूप्यत इत्याक्षेपसङ्गतिः । तेनाशब्दत्वनिरूपणेन ब्रह्मणि वेदान्तानां समन्वयो दृढीकृतो भवतीत्यध्यायसङ्गतिरप्यधिकरणत्रयस्य ज्ञेया । अत्राव्यक्तपदं विषयः । तत्किं प्रधानपरं [५]पूर्वोक्तशरीरपरं वेति स्मृतिप्रकरणाभ्यां संशये पूर्वमप्रसिद्धब्रह्मपरत्वं यथा षष्ठाध्यायस्य दर्शितं तद्वदव्यक्तपदमप्रसिद्धप्रधानपरमिति पूर्वपक्षयति—आनुमानिकमपीति । अपिशब्दाद्ब्रह्माङ्गीकारेणायमशब्दत्वाक्षेप इति सूचयति । तथा च ब्रह्मप्रधानयोर्विकल्पेन कारणत्वात् ब्रह्मण्येव वेदान्तानां समन्वय इति नियमासिद्धिः फलं, सिद्धान्ते नियमसिद्धिरिति विवेकः । पदविचारत्वादधिकरणानामेतत्पादसङ्गतिर्बोध्या । स्मार्तक्रमरूढिभ्यामव्यक्तशब्दः प्रधानपरः, शब्दस्पर्शादिशून्यत्वेन योगसम्भवाच्चेत्याह—शब्दादीति । प्रधानस्य

साथ ही, वेदान्तवाक्यों का ब्रह्मकारणवाद के प्रति गतिसामान्य देखा जाता है, प्रधानकारणवाद के प्रति नहीं; इस बात को पिछले तीन पादों द्वारा विस्तार से कहा । इस समय अवशिष्ट बातों पर शङ्का की जाती है कि जो आप ने प्रधान को अशब्द कहा था वह ठीक नहीं है क्योंकि कुछ शाखाओं में प्रधानसमर्थक शब्द सुने जाते हैं, अतः प्रधान मे जगत्कारणत्व श्रुतिसिद्ध ही है । इसी का परिग्रह महान परमर्षि कपिलादि ने किया है ? ऐसा प्रसङ्ग आने पर सिद्धान्तपक्ष से कहा जाता है कि जब तक उन शब्दों को प्रधान से भिन्न ब्रह्म अर्थ का बोधक न बतलाया जाय, तब तक सर्वज्ञ ब्रह्म जगत् का कारण है यह प्रतिपादित सिद्धान्त सुस्थिर नहीं होगा । अतः उन संदिग्ध पदों को अन्यार्थपरक दिखलाने के लिए आगे का संदर्भ प्रवृत्त होता है ।

अनुमानप्रमाणप्रतिपादित प्रधान भी किसी-किसी शाखा में शब्दप्रमाणगम्य सिद्ध होता है क्योंकि कठोपनिषद् में कहा है—'महत् से पर अव्यक्त और अव्यक्त से पर पुरुष है ।' इस वाक्य में महत्, अव्यक्त और पुरुष के जो नाम और क्रम सांख्यस्मृति में प्रसिद्ध हैं वे ही नाम और क्रम इस कठश्रुति में भी प्रत्यभिज्ञायमान हो रहे हैं । उनमें अव्यक्त, इस नाम से स्मृतिप्रसिद्ध एवं शब्दादिहीन होने के कारण तथा न व्यक्तं-अव्यक्तं ऐसी व्युत्पत्ति से भी अव्यक्त शब्द का अर्थ प्रधान ही है ।

---

१. प्रधानादन्यद्ब्रह्म तत्परत्वम् । २. सांख्यस्मृतिः । ३. श्रुतौ । ४. पादत्रयेण । ५. शरीरं रथमेव तु इत्यत्रोक्तम् ।

प्रधानमभिधीयते। अतः तस्य शब्दवत्त्वादशब्दत्वमनुपपन्नम्। तदेव च जगतः कारणं श्रुतिस्मृतिन्यायप्रसिद्धिभ्य इति चेत्।

नैतदेवम्। नह्येतत्काठकं वाक्यं स्मृतिप्रसिद्धयोर्महदव्यक्तयोरस्तित्वपरम्। नह्यत्र 'यादृशं स्मृतिप्रसिद्धं स्वतन्त्रं कारणं त्रिगुणं प्रधानं तादृशं प्रत्यभिज्ञायते, शब्दमात्रं ह्यत्राव्यक्तमिति प्रत्यभिज्ञायते। स च शब्दो न व्यक्तमव्यक्तमिति यौगिकत्वादन्यस्मिन्नपि सूक्ष्मे सुदुर्लक्ष्ये च प्रयुज्यते, न चायं कस्मिंश्चिद्रूढः। या तु प्रधानवादिनां रूढिः सा तेषामेव पारिभाषिकी सती न वेदार्थनिरूपणे कारणभावं प्रतिपद्यते। न च क्रममात्रसामान्यात्समानार्थप्रतिपत्तिर्भवत्यसति तद्रूपप्रत्यभिज्ञाने। नह्यश्वस्थाने गां पश्यन्नश्वोऽय-

वैदिकशब्दवाच्यत्वे का क्षतिरित्यत आह—तदेवेति। 'अजामेकाम्' (श्वेता० ४-५) इत्याद्या श्रुतिः। 'हेतुः प्रकृतिरुच्यते' इत्याद्या स्मृतिः। 'यदल्पं तज्जडप्रकृतिकम्' इति न्यायः। ततो ब्रह्मैव कारणमिति मतक्षतिरिति भावः।

सूत्रे नञर्थं वदन्सिद्धान्तयति—नेतदिति। प्रधानं वैदिकं ने'त्यत्र तात्पर्याभावं हेतुमाह—नहीति। ननु प्रधानस्यात्र प्रत्यभिज्ञानाद्वैदिकत्वमित्यत आह—न ह्यत्रेति। ननु शब्दप्रत्यभिज्ञायामर्थोऽपि प्रत्यभिज्ञायत इत्याशङ्क्य यौगिकाच्छब्दादसति नियामके नार्थविशेषधीरित्याह—स चेति। रूढ्या तद्धीरित्याशङ्क्य रूढिः किं लौकिकी स्मार्ता वा। नाद्य इत्याह—न चेति। द्वितीयं प्रत्याह—या त्विति। पुरुषसङ्केतो नानादिवेदार्थनिर्णयहेतुः, पुंमतेर्विचित्रत्वादित्यर्थः। यत्तु स्मार्तक्रमप्रत्यभिज्ञया क्रमिकार्थः स्मार्त एवेति, तत्राह—न च क्रमेति। स्थानात्तद्रूपप्रत्यभिज्ञानशङ्कायामसतीत्यनन्वयान्नञो व्यत्यासेनातद्रूपस्य तद्रूपविरुद्धस्य प्रत्यभिज्ञाने सतीत्यर्थः। पूर्वज्ञातरूपार्थस्य स्थाने तद्विरुद्धार्थज्ञाने सति तस्य धीर्नास्तीत्यत्र दृष्टान्तमाह—न हीति। प्रकृते नास्ति विरुद्धज्ञानमित्याशङ्क्य प्रकरणा-

अतः सांख्यस्मृति प्रसिद्ध प्रधान ही अव्यक्तपदवाच्य है इसलिए प्रधान में शब्दवत्त्व का निश्चय हो जाने के बाद उसे अशब्दत्व कहना असङ्गत है। पूर्वोक्त लक्षणवाला वही प्रधान जो प्रत्यभिज्ञात हो रहा है वह जगत्कारण है; यह अर्थ श्रुति, स्मृति, न्याय एवं प्रसिद्धि से निश्चित होता है ?

ऐसा कहना ठीक नहीं क्योंकि यह काठकवाक्य सांख्यस्मृतिप्रसिद्ध महतत्त्व और अव्यक्त के अस्तित्व को नहीं बतलाता। सांख्यशास्त्र में त्रिगुणात्मक प्रधान को महदादि जगत् का स्वतन्त्रकारण कहा गया है वैसा यहाँ पर अव्यक्त को स्वतन्त्रकारण नहीं कहा गया है, केवल 'अव्यक्त' इस शब्दमात्र की प्रत्यभिज्ञा होती है। वह शब्द न व्यक्तं-अव्यक्तं इस यौगिकबल से अन्य सूक्ष्म एवं दुर्लक्ष्य पदार्थ में भी प्रयुक्त होता है और यह किसी अर्थ में रूढ़ नहीं है, किन्तु प्रधानवादियों के यहाँ जो रूढ़ि है वह तो उन्हीं का पारिभाषिक शब्द है, वह वेदार्थनिरूपण में कारण नहीं बन सकता। हाँ, कर्ममात्र यहाँ श्रुति तथा सांख्यस्मृति में समानरूप से देखा जाता है किन्तु रूपप्रत्यभिज्ञा के बिना कर्ममात्र साम्य के कारण समानार्थ का बोध नहीं होता। क्या किसी स्थान में पहले घोड़े को देखा था, अब उस स्थान में गौ को देखने वाला कोई बुद्धिमान व्यक्ति, यह अश्व है, ऐसा निश्चय कर सकता है अर्थात् नहीं;

१. यादृशमित्यस्य व्याख्या स्वतन्त्रमित्यादि। २. तत्र वेदांतिन इति शेषः। ३. प्रधानं न वैदिकं श्रुतितात्पर्याभावात्।

मित्यमूढोऽध्यवस्यति। प्रकरणनिरूपणायां चात्र न परपरिकल्पितं प्रधानं प्रतीयते। शरीररूपकविन्यस्तगृहीतेः। शरीरं ह्यत्र रथरूपकविन्यस्तमव्यक्तशब्देन परिगृह्यते। कुतः? प्रकरणात्परिशेषाच्च तथाह्यनन्तरातीतो ग्रन्थ आत्मशरीरादीनां रथिरथादिरूपकक्लृप्तिं दर्शयति—'आत्मानं रथिनं विद्धि शरीरं रथमेव तु। बुद्धिं तु सारथिं विद्धि मनः प्रग्रहमेव च। इन्द्रियाणि हयानाहुर्विषयांस्तेषु [1]गोचरान्। आत्मेन्द्रियमनोयुक्तं भोक्तेत्याहुर्मनीषिणः॥' (का० १-३-३,४) इति। तैश्चेन्द्रियादिभिर[2]संयतैः संसारमधिगच्छति। संयतैस्त्वध्वनः पारं तद्विष्णोः परमं पदमाप्नोतीति दर्शयित्वा, किं तदध्वनः पारं विष्णोः परमं पदमित्यस्यामाकाङ्क्षायां, तेभ्य एव प्रकृतेभ्य इन्द्रियादिभ्यः परत्वेन परमात्मानमध्वनः पारं विष्णोः परमं पदं दर्शयति—'इन्द्रियेभ्यः परा ह्यर्था अर्थेभ्यश्च परं मनः। मनसस्तु परा बुद्धिर्बुद्धेरात्मा महान्परः। महतः परमव्यक्तमव्यक्तात्पुरुषः परः। पुरुषान्न परं किञ्चित्सा काष्ठा सा

च्छरीरज्ञानमस्तीत्याह—प्रकरणेति। शरीरमेव रूपकेण रथसादृश्येन विन्यस्तं शरीररूपकविन्यस्तम्, तस्य पूर्ववाक्ये आत्मबुद्ध्योर्मध्यस्थानपतितस्यात्रापि मध्यस्थेनाव्यक्तशब्देन ग्रहणान्न प्रधानस्य वैदिकत्वमिति सूत्रार्थः। स्मार्तक्रमः किमिति त्यक्तव्य इत्याशङ्क्य श्रौतक्रमस्य प्रकरणाद्यनुग्रहेण बलवत्त्वादित्याह—कुत इत्यादिना। तदुभयं विवृणोति—तथा हीति। रूपकक्लृप्तिः सादृश्यकल्पना। प्रग्रहोऽश्वरशना। यदा बुद्धिसारथिर्विवेकी तदा मनसेन्द्रियहयान्विषमविषयमार्गादाकर्षति। यद्यविवेकी तदा मनोरशनाबद्धांस्तान् प्रवर्तयतीति मनसः प्रग्रहत्वं युक्तम्। तेषु हयेषु। गोचरान् मार्गान्। ननु स्वतश्चिदात्मनो भोगसम्भवात् किं रथादिनेत्यत आह—आत्मेति। आत्मा देहः, देहादिसङ्कल्पनया भोक्तृत्वं न स्वतोऽसङ्गत्वादित्यर्थः। अधुना रथादिभिर्गन्तव्यं वदन्नाकाङ्क्षापूर्वकमुत्तरवाक्यमाह—तैश्चेत्यादिना। शरीरस्य प्रकृतत्वेऽप्यव्यक्तपदेन प्रधानं गृह्यतामित्यत आह—

और साथ ही, प्रकरण को देखते हुए यहाँ पर सांख्यपरिकल्पित-प्रधान अर्थ प्रतीत नहीं होता। शरीर रूपक विन्यास को देखने के बाद यहाँ अव्यक्त शब्द से शरीर का ही परिग्रह होता है, क्योंकि उसी का प्रकरण है। प्रकरणागत सभी तत्त्वों का पुनः वर्णन करने के बाद केवल शरीर को बतलाना शेष रह गया था, जिसे अव्यक्त पद से कहा है। ऐसा ही अव्यवहित पूर्व काठक ग्रन्थ आत्मा, शरीरादि को रथी—रथादि रूपक कल्पना बतलाता है। वहाँ कहा है कि आत्मा को रथी जानो और शरीर को रथ समझो, बुद्धि को सारथी एवं मन को लगाम जानो, इन्द्रियों को घोड़े एवं उनके विषयों को मार्ग समझो तथा इन्द्रिय एवं मन से युक्त आत्मा को मनीषियों ने भोक्ता कहा है। वहाँ पर उन असंयत इन्द्रियादि के कारण उस रथ पर बैठने वाला साधक-जीव संसार में गिर जाता है और संयत इन्द्रियादि के कारण संसार से पार विष्णु के उस परमपद को प्राप्त करता है। ऐसा कहने के पश्चात्, संसार से पार विष्णु का परमपद क्या वस्तु है? ऐसी आकांक्षा होने पर उन प्रसङ्गागत इन्द्रियादियों से परे परमात्मा को संसार के उस पार में विष्णु का जो परमपद है उसे श्रुति बतलाती है—'इन्द्रियों से पर विषय है, विषयों से पर मन है, मन से पर बुद्धि है, बुद्धि से पर महान आत्मा है, महत् से पर अव्यक्त और अव्यक्त से पर पुरुष है किन्तु पुरुष से पर कुछ नहीं है; वही अन्तिम परागति है।' वहाँ पर पहले के रथरूपक-

---

१. मार्गान्। २ अवशवर्तिभिः।

परा गतिः॥' (का० १-३-१०,११) इति। तत्र य एवेन्द्रियादयः पूर्वस्यां रथरूपककल्पनायामश्वादिभावेन प्रकृतास्त एवेह परिगृह्यन्ते प्रकृतहानाप्रकृतप्रक्रियापरिहाराय। तत्रेन्द्रियमनोबुद्धयस्तावत्पूर्वत्रेह च समानशब्दा एव। अर्थास्तु ये शब्दादयो विषया इन्द्रियहयगोचरत्वेन निर्दिष्टास्तेषां चेन्द्रियेभ्यः परत्वम्। 'इन्द्रियाणां ग्रहत्वं, विषयाणामतिग्रहत्वम्' (बृ० ३-२) इति श्रुतिप्रसिद्धेः। विषयेभ्यश्च मनसः परत्वं, मनोमूलत्वाद्विषयेन्द्रियव्यवहारस्य। मनसस्तु परा बुद्धिः। बुद्धिं ह्यारुह्य भोग्यजातं भोक्तारमुपसर्पति। बुद्धेरात्मा महान्परः, यः स 'आत्मानं रथिनं विद्धि' इति रथित्वेनोपक्षिप्तः। कुतः? आत्मशब्दात्। भोक्तुश्च भोगोपकरणात्परत्वोपपत्तेः। महत्त्वं चास्य स्वामित्वादुपपन्नम्। अथवा—'मनो महान्मतिर्ब्रह्मा पूर्बुद्धिः ख्यातिरीश्वरः। प्रज्ञा संविच्चितिश्चैव स्मृतिश्च

तत्र य एवेति। एवं प्रकरणं शोधयित्वा शरीरस्य परिशेषतामानयति-तत्रेन्द्रियेत्यादिना। अर्थानां पूर्वमनुक्तिशङ्कां वारयन् परत्वमुपपादयति—अर्था इति। गृह्णन्ति पुरुषपशुं बध्नन्तीति ग्रहा इन्द्रियाणि। तेषां ग्रहत्वं विषयाधीनम्। असति विषये तेषामकिञ्चित्करत्वात्। ततो ग्रहेभ्यः श्रेष्ठा अतिग्रहाः 'विषयाः' इति बृहदारण्यके श्रवणात्। परत्वं श्रेष्ठ्याभिप्रायम्, न स्वान्तरत्वेनेति भावः। सविकल्पकं ज्ञानं मनः, निर्विकल्पकं निश्चयात्मिका बुद्धिः, आत्मशब्दात् स एव बुद्धेः परः, प्रत्यभिज्ञायत इति शेषः। हिरण्यगर्भाभेदेन ब्रह्मादिपदवेद्या समष्टिबुद्धिर्महानित्याह—अथवेति। 'मननशक्तिः, व्यापिनी, भाविनिश्चयः, ब्रह्मा आत्मा, भोग्यवर्गाश्रय, तात्कालिकनिश्चयः, कीर्तिशक्तिः, नियमनशक्तिः, त्रैकालनिश्चयः, सम्विदभिव्यञ्जिका चिदध्यस्ताऽतीतसर्वार्थग्राहिणी, समष्टिबुद्धिरित्यर्थः। हिरण्यगर्भस्येयं

कल्पना—प्रसङ्ग में जो इन्द्रियादि अश्वादिरूप से कहे गये थे, वे ही यहाँ पर परिगृहीत होते हैं; इससे प्रकृत हान और अप्रकृत प्रक्रिया का परिहार हो जाता है। इनमें से इन्द्रिय, मन एवं बुद्धि पहले भी कहे गये थे और यहाँ भी कहे जा रहे हैं, इनके लिए समान शब्द ही उभयत्र प्रयुक्त हैं, किन्तु जो शब्दादि विषय-अर्थपदवाच्य हैं और इन्द्रियरूप घोड़े के मार्गरूप से निर्दिष्ट हैं उन्हें इन्द्रियों से पर कहा है क्योंकि इन्द्रियों में ग्रहत्व और विषयों में अति ग्रहत्व यह बृहदारण्यक श्रुति से सिद्ध है। विषयों से पर मन को कहा है, क्योंकि विषय-इन्द्रिय व्यवहार मनोमूलक है मन से पर बुद्धि को इसलिए कहा है क्योंकि बुद्धि में आरूढ़ भोग्यवस्तु भोक्ता के पास पहुँचती है, बुद्धि से परे जो महान आत्मा है वह रथीरूप से कहा गया है, क्योंकि उसमें आत्मशब्द का प्रयोग है और भोगोपकरण होने से भोक्ता को पर कहना युक्तियुक्त है। समस्त भोग्यवस्तु का स्वामी होने के कारण उसे महान कहना भी ठीक ही है अथवा उस आत्मा को मन, महान, मति, ब्रह्मा, पूः, बुद्धि, ख्याति, ईश्वर, प्रज्ञा, सम्वित्, चिति और स्मृति नामों से भी स्मृतियों में सुना जाता है। आत्मा को मन इसलिए कहते हैं क्योंकि वह मनन करने में समर्थ है, व्यापक होने के कारण उसे महान कहते हैं, भावी निश्चय का नाम मति है, ब्रह्मा शब्द का अर्थ आत्मा है, भोग्यवर्ग का आश्रय होने से उसे पुर कहते हैं, तात्कालिक निश्चय को बुद्धि, कीर्तिशक्ति को ख्याति, नियमनशक्ति को ईश्वर, त्रैकालिक निश्चय को प्रज्ञा, अभिव्यञ्जिका को सम्वित्, चेतन में अध्यस्त अतीत सर्वार्थग्राहिणी को चिति कहते हैं और समष्टिबुद्धि को स्मृति कहते हैं। यह बुद्धि हिरण्यगर्भ की है इस

१. स्मृतिघटकमन आदि पदार्थानाह मननशक्तीत्यादिना।

परिपठ्यते ॥' इति स्मृतेः, 'यो ब्रह्माणं विदधाति पूर्वं यो वै वेदांश्च प्रहिणोति तस्मै ।' (श्वे० ६-१८) इति च श्रुतेर्या प्रथमजस्य हिरण्यगर्भस्य बुद्धिः सा सर्वासां बुद्धीनां परमा प्रतिष्ठा । सेह महानात्मेत्युच्यते । सा च पूर्वत्र बुद्धिग्रहणेनैव गृहीता सती हिरुगिहोपदिश्यते । तस्या अप्यस्मदीयाभ्यो बुद्धिभ्यः परत्वोपपत्तेः, एतस्मिंस्तु पक्षे परमात्मविषयेणैव परेण पुरुषग्रहणेन रथिन आत्मनो ग्रहणं द्रष्टव्यम् । परमार्थतः परमात्मविज्ञानात्मनोर्भेदाभावात् । तदेवं शरीरमेवैकं परिशिष्यते तेषु । इतराणीन्द्रियादीनि प्रकृतान्येव परमपदविदर्शयिषया समनुक्रामन्परिशिष्यमाणेनेहान्त्येनाव्यक्तशब्देन परिशिष्यमाणं प्रकृतं शरीरं दर्शयतीति गम्यते । शरीरेन्द्रियमनोबुद्धिविषयवेदनासंयुक्तस्य ह्यविद्यावतो भोक्तुः शरीरादीनां रथादिरूपककल्पनया संसारमोक्षगतिनिरूपणेन प्रत्यगात्मब्रह्मावगतिरिह विवक्षिता । तथा च—'एष सर्वेषु भूतेषु गूढोत्मा न प्रकाशते । दृश्यते त्वग्र्यया बुद्ध्या सूक्ष्मया सूक्ष्मदर्शिभिः ॥'' (का० १-३-१२) इति वैष्णवस्य परमपदस्य दुरवगमत्वमुक्त्वा तदवगमार्थं-

---

बुद्धिरस्तीत्यत्र श्रुतिमाह—य इति । नन्वप्रकृता सा कथमुच्यते, तदुक्तौ च प्रधानेन किमपराद्धमित्यत आह—सा चेति । हिरुक्पृथक् । पूर्वं व्यष्टिबुद्ध्यभेदेनोक्ताऽत्र ततो भेदेन परत्वमुच्यत इत्यर्थः । तर्हि रथरथिनौ द्वौ परिशिष्टौ स्यातां, नेत्याह—एतस्मिंस्त्विति । अतो रथ एव परिशिष्ट इत्याह—तदेवमिति । तेषु पूर्वोक्तेषु षट्सर्थेष्वित्यर्थः । परिशेषस्य फलमाह—इतराणीति । वेदोऽयमिति शेषः । दर्शयति चेति सूत्रभागो व्याख्यातः । किञ्च ब्रह्मात्मैकत्वपरत्वे ग्रन्थे भेदवादिनां प्रधानस्यावकाशो नास्तीत्याह—शरीरेत्यादिना । भोगो वेदना । काठकग्रन्थस्यैक्यतात्पर्ये गूढत्वज्ञेयत्वज्ञानहेतुयोगविधयो लिङ्गानि सन्तीत्याह—तथा चैष इत्यादिना । अग्र्या समाधिपरिपाकजा ।

विषय में श्रुति कहती है कि 'जिस परमेश्वर ने सर्गारम्भ में पहले ब्रह्मा को बनाया और उसे वेद पढ़ाया, उसी की शरण में हम मुमुक्षु आये हुए हैं ।' इस श्रुति में प्रथमज हिरण्यगर्भ की बुद्धि सभी बुद्धियों से उत्कृष्ट है, उसी को यहाँ पर महान आत्मा पद से कहा गया है वह पहले बुद्धि शब्द से गृहीत है उसी का पृथक् उपदेश यहाँ पर किया गया है, जो हम सब की बुद्धियों से पर है । इस पक्ष में परमात्मविषयक परपुरुष शब्द द्वारा रथी आत्मा का ग्रहण समझना चाहिए, क्योंकि परमात्मा और जीवात्मा में परमार्थतः भेद नहीं है । यह सब कुछ कह देने के बाद केवल शरीर को बतलाना शेष रह गया था । प्रसङ्गागत इतर इन्द्रियादि को इसलिए कहा गया था क्योंकि परमपद को दिखलाना अभीष्ट है । अब यहाँ पर परिशेष अव्यक्त शब्द से परिशिष्ट प्रसङ्गागत शरीर को ही श्रुति बतलाती है ऐसा निश्चय होता है । शरीर, इन्द्रियाँ, मन बुद्धि, विषय एवं वेदनारूप भोग से संयुक्त अज्ञानी भोक्ता जीव को शरीरादि के रथादिरूपक कल्पना द्वारा संसारगति और मोक्षगति का निरूपण किया गया है । इससे इस प्रसङ्ग में प्रत्यगात्मा और ब्रह्म का अभेद साक्षात्कार बतलाना अभीष्ट सिद्ध होता है । वैसा ही 'सम्पूर्ण भूतों में यह आत्मा गूढ़ है, जो सामान्यतः प्रकाशित नहीं होता, किन्तु सूक्ष्मदर्शी पुरुषों से समाधिपरिपाकजन्य अतिसूक्ष्म अग्र्या बुद्धि द्वारा देखा जाता है ।' इस काठकग्रन्थ में ब्रह्मात्मैक्य तात्पर्यबोधक गूढ़त्व, ज्ञेयत्व और ज्ञान हेतु योगविधि लिङ्ग कहे गये हैं । इस प्रकार विष्णु के परमपद को दुरवगम बतलाकर उसके बोध के लिए योग का वर्णन करते हैं,

---

१. इहान्त्येनेति पाठांतरम् । २ भोग ।

(१०८) सूक्ष्मं तु तदर्हत्वात् ।।२।।

योगं दर्शयति—'यच्छेद्वाङ्मनसी प्राज्ञस्तद्यच्छेज्ज्ञान आत्मनि । ज्ञानमात्मनि महति नियच्छेत्तद्यच्छेच्छान्त आत्मनि ।।" (का० २-३-१३) इति । एतदुक्तं भवति—वाचं मनसि संयच्छेत्, वागादिबाह्येन्द्रियव्यापारमुत्सृज्य मनोमात्रेणावतिष्ठेत । मनोऽपि विषयविकल्पाभिमुखं विकल्पदोषदर्शनेन ज्ञानशब्दोदितायां बुद्धावध्यवसायस्वभावायां धारयेत् । तामपि बुद्धिं महत्यात्मनि भोक्तर्य[1]ग्रयायां वा बुद्धौ सूक्ष्मतापादनेन नियच्छेत् । महान्तं त्वात्मानं शान्त आत्मनि प्रकरणवति परस्मिन्पुरुषे परस्यां काष्ठायां प्रतिष्ठापयेदिति । तदेव पूर्वापरालोचनायां नास्त्यत्र परपरिकल्पितस्य प्रधानस्यावकाशः ।।१।।

उक्तमेतत्प्रकरणपरिशेषाभ्यां शरीरमव्यक्तशब्दं न प्रधानमिति । इदमिदानीमाशङ्क्यते—कथमव्यक्तशब्दार्हत्वं शरीरस्य, यावता स्थूलत्वात्स्पष्टतरमिदं शरीरं व्यक्तशब्दार्हम-स्पष्टवचनस्त्वव्यक्तशब्द इति ।

अत उत्तरमुच्यते—सूक्ष्मं त्विह कारणात्मना शरीरं विवक्ष्यते सूक्ष्मस्याव्यक्तशब्दा-

---

वागित्यत्र द्वितीयालोपश्छान्दसः, मनसीति दैर्घ्यं च ।।१।।

सूक्ष्मं त्विति । शङ्कोत्तरत्वेन सूत्रं व्याचष्टे—उक्तमेतदित्यादिना । कार्यकारणयोरभेदान्मूलप्रकृतिवाचकाव्यक्तशब्देन विकारो लक्ष्यत इत्यर्थः ।

'वागिन्द्रिय उपलक्षित' सभी बाह्य इन्द्रियों को मन के अधीन विवेकी पुरुष करे, उस मन को ज्ञानात्मारूप बुद्धि के अधीन करे, ज्ञानात्मा को महानात्मा में नियन्त्रित करे और उस महान आत्मा को शान्त आत्मा में समाहित करे । वाग् शब्द में द्वितीया का लोप छान्दस हुआ है और 'मनसी' इस पद में दैर्घ्य भी छान्दस ही है । इस श्रुतिवाक्य का तात्पर्य यह है कि वाणी को मन में लगाये अर्थात् वागादि बाह्य इन्द्रिय व्यापार को छोड़कर पहले मनोमात्र व्यापार वाला बने । सङ्कल्प-विकल्पाभिमुख मन को भी विकल्प में दोष दिखलाकर ज्ञान-पदवाच्य निश्चयात्मिका बुद्धि में लगावे, उस बुद्धि को भोक्तास्वरूप महान आत्मा में अथवा समष्टि बुद्धि के अधीन सूक्ष्मता आपादान द्वारा बनावे; पुनः महान आत्मा को शान्त आत्मा में लगायें जिसका प्रकरण चल रहा था उस पर पुरुष में महान आत्मा को लीन करे और अन्त में उसी में प्रतिष्ठित हो जाय । इस प्रकार पूर्वापर की आलोचना करने पर वादीपरिकल्पित प्रधान के ग्रहण का तो यहाँ पर अवकाश ही नहीं रह जाता ।।१।।

सूक्ष्म तु तदर्हत्वात् (लज्जिता)

प्रकरण और परिशेषन्याय द्वारा अव्यक्तपदवाच्य शरीर ही कहा गया है, प्रधान नहीं; यह अब तक बतलाया गया । इस पर यह शङ्का होती है कि जब यह स्थूल शरीर अत्यन्त स्पष्ट व्यक्त शब्द से कहने योग्य है तो भला अव्यक्त शब्द का प्रयोग इसके लिए क्यों किया गया, क्योंकि अव्यक्त शब्द का अर्थ होता है अस्पष्ट वचन अर्थात् जिसे शब्द द्वारा नहीं कहा जा सकता उसे अव्यक्त कहते हैं ?

इसका उत्तर कहा जाता है कि यहां पर कारणरूपसे शरीर को बतलाना अभीष्ट है, वह शरीर के कारण भूत सूक्ष्मतत्त्व अव्यक्त शब्द से कहने योग्य है । यद्यपि यह स्थूल शरीर स्वयं अव्यक्त शब्दवाच्य

---

१. द्वितीयव्याख्याभिप्रायेणाह अग्रयायां वेति ।

(१०९) तदधीनत्वादर्थवत् ॥३॥

र्हत्वात् । यद्यपि स्थूलमिदं शरीरं न स्वयमव्यक्तशब्दमर्हति, तथापि तस्य त्वारम्भकं भूतसूक्ष्ममव्यक्तशब्दमर्हति । प्रकृतिशब्दश्च विकारे दृष्टः । यथा 'गोभिः श्रीणीत मत्सरम्' (ऋ० सं० ९-४६-४) इति । श्रुतिश्च—'तद्धेदं तर्ह्यव्याकृतमासीत्' (बृ० १-४-७) इतीदमेव व्याकृतनामरूपविभिन्नं जगत्प्रागवस्थायां परित्यक्तव्याकृतनामरूपं बीजशक्त्यवस्थमव्यक्तशब्दयोग्यं दर्शयति ॥२॥

अत्राह—यदि जगदिदमनभिव्यक्तनामरूपं बीजात्मकं प्रागवस्थमव्यक्तशब्दार्हमभ्युपगम्येत, तदात्मना च शरीरस्याप्यव्यक्तशब्दार्हत्वं प्रतिज्ञायेत, स एव तर्हि प्रधानकारणवाद एवं सत्यापद्येत । अस्यैव जगतः प्रागवस्थायाः प्रधानत्वेनाभ्युपगमादिति ।

अत्रोच्यते—यदि वयं स्वतन्त्रां काञ्चित्प्रागवस्थां जगतः कारणत्वेनाभ्युपगच्छेम, प्रसञ्जयेम तदा प्रधानकारणवादम् । परमेश्वराधीना त्वियमस्माभिः प्रागवस्था जगतोऽभ्यु-

---

गोभिर्गोविकारैः पयोभिर्मत्सरं सोमं श्रीणीत मिश्रितं कुर्यादिति यावत् । 'श्रीञ् पाके' इति धातोर्लोटि मध्यमपुरुषबहुवचनमेतत् । अव्यक्तात्मना कार्यस्याव्यक्तशब्दयोग्यत्वे मानमाह—श्रुतिश्चेति । तर्हि प्रागवस्थायामिदं जगदव्याकृतमासीत्, ह किलेत्यर्थः । बीजरूपा शक्तिः संस्कारस्तदवस्थम् ॥२॥

तदिति । अपसिद्धान्तशङ्कोत्तरत्वेन सूत्रं व्याचष्टे-अत्राहेत्यादिना । तर्हि तदा । एवं सति सूक्ष्मशब्दितप्रागवस्थाभ्युपगमे सति ।

ईश्वरे कल्पिता तन्नियम्येत्यङ्गीकारान्नापसिद्धान्त इत्याह—अत्रोच्यत इत्यादिना । कूटस्थब्रह्मणः

नहीं है फिर भी उसका आरम्भक भूतसूक्ष्म अव्यक्त शब्द से कहा जा सकता है ऐसा प्रकृतिवाचक शब्द विकार अर्थ में प्रयुक्त होते देखा गया है । यथा 'गोविकार दुग्धादि के साथ सोम को मिश्रित करो' यहाँ कारणवाचक गो शब्द का प्रयोग गोविकार दध्यादि अर्थ में किया गया है । श्रुति ने भी कहा है—'सृष्टि से पूर्व आज दीख पड़ने वाला जगत् अव्याकृत था ।' यही नाम-रूप में विभक्त व्याकृत जगत् उत्पत्ति से पूर्वावस्था में नाम-रूप का परित्याग कर बीजशक्ति अवस्था वाला अव्यक्त शब्द योग्य था जिसे उक्त श्रुति ने दिखलाया है । बीजरूपा शक्ति संस्कार है और उस रूप में ही आज दीखने वाला जगत् पहले था ॥२॥

तदधीनत्वादर्थवत् (ललिता)

अपसिद्धान्त-शङ्का के उत्तररूप में अग्रिम सूत्र की व्याख्या भाष्यकार करते हैं कि यदि यह जगत् अनभिव्यक्त नामरूप-बीजात्मक प्रागवस्थ अव्यक्त शब्द से कहने योग्य था ऐसा मानोगे, तब तो उस रूप से शरीर को भी अव्यक्त शब्द से कहने योग्य माना जा सकता है, ऐसी स्थिति में तब वही प्रधानकारणवाद आ जायेगा क्योंकि सांख्यों ने भी इस जगत् को सृष्टि से पूर्व प्रधानरूप में स्वीकार किया ही है ? इस पर सिद्धान्ती कहते हैं कि यदि हम स्वतन्त्र प्रागवस्थ किसी पदार्थ को जगत् का कारण मानते, तो निःसन्देह प्रधान कारणवाद का प्रसङ्ग आ सकता था, किन्तु इस

---

१. प्रकृतश्रुतौ । २. अमुक्तम् ।

पगम्यते न स्वतन्त्रा। [1]सा चावश्याभ्युपगन्तव्या। अर्थवती हि सा। नहि तया विना परमेश्वरस्य स्रष्टृत्वं सिद्ध्यति। शक्तिरहितस्य तस्य प्रवृत्त्यनुपपत्तेः। मुक्तानां च पुनरनुत्पत्तिः। कुतः? विद्यया तस्या बीजशक्तेर्दाहात्। अविद्यात्मिका हि बीजशक्तिरव्यक्तशब्दनिर्देश्या परमेश्वराश्रया मायामयी महासुषुप्तिः, यस्यां स्वरूपप्रतिबोधरहिताः शेरते संसारिणो जीवाः। तदेतदव्यक्तं क्वचिदाकाशशब्दनिर्दिष्टम्—'एतस्मिन्नु खल्वक्षरे गार्ग्याकाश ओतश्च प्रोतश्च' (बृ० ३-८-११) इति श्रुतेः। क्वचिदक्षरशब्दोदितम्—'अक्षरात्परतः परः' (मु० २-१-२) इति श्रुतेः। क्वचिन्मायेति सूचितम्—'मायां तु प्रकृतिं विद्यान्मायिनं तु महेश्वरम्' (श्वे० ४-१०) इति मन्त्रवर्णात्। अव्यक्ता हि सा माया, तत्त्वान्यत्वनिरूपणस्याशक्यत्वात्। [2]तदिदं 'महतः परमव्यक्तम्' इत्युक्तमव्यक्तप्रभवत्वान्महतः, यदा हैरण्यगर्भी बुद्धिर्महान्। यदा तु जीवो महांस्तदाप्यव्यक्ताधीनत्वाज्जीवभावस्य महतः

स्रष्टृत्वसिद्ध्यर्थमविद्या स्वीकार्येत्युक्तम्। बन्धमुक्तिव्यवस्थार्थमपि सा स्वीकार्येत्याह—मुक्तानामिति। यन्नाशान्मुक्तिः सा स्वीकार्या, तां विनैव सृष्टौ मुक्तानां पुनर्बन्धापत्तेरित्यर्थः। तस्याः परपरिकल्पितसत्यस्वतन्त्रप्रधानाद्वैलक्षण्यमाह—अविद्येत्यादिना। मायामयी प्रसिद्धमायोपमिता। लोके मायाविनो मायावत्परतन्त्रेत्यर्थः। जीवभेदोपाधित्वेनापि सा स्वीकार्येत्याह—महासुषुप्तिरिति। बुद्ध्याद्युपाधिभेदाज्जीवा इति बहूक्तिः। अविद्यायां श्रुतिमप्याह–तदेतदिति। आकाशहेतुत्वादाकाशः। ज्ञानं विनाऽन्ताभावादक्षरम्। विचित्रकारित्वान्मायेति भेदः। इदानीमविद्याया ब्रह्माभेदान्यत्वाभ्यामनिर्वाच्यत्वेनाव्यक्तशब्दार्हत्वमाह—अव्यक्तेति। तस्य महतः परत्वं कथमित्यत आह—तदिदमिति। यदा बुद्धिर्महांस्तदा तद्धेतुत्वात्परत्वमित्युक्तमित्यन्वयः। प्रतिबिम्बस्योपाधिपरतन्त्रत्वादुपाधेः प्रतिबिम्बात्परत्वमाह—यदा त्विति। [3]हेतुं स्फुटयति—अविद्येति। अव्यक्तस्य परत्वेऽपि शरीरस्य किं

जगत् की प्रागवस्था को भी हमने परमेश्वराधीन ही माना है, स्वतन्त्र नहीं; और उस अविद्या को अवश्य मानना ही चाहिए, उसका मानना सार्थक है क्योंकि उसके बिना परमेश्वर में सृष्टिकर्तृत्व सिद्ध नहीं होता। शक्ति रहित उस परमेश्वर में प्रवृत्ति सिद्ध नहीं होती है और मुक्त पुरुषों की पुनः अनुत्पत्ति भी अविद्या के नष्ट हो जाने पर ही सिद्ध होती है क्योंकि ब्रह्मविद्या द्वारा उस बीजशक्ति अविद्या का दाह हो जाता है। वह अविद्या ही बीजशक्तिरूपा है, उसी का निर्देश **'अव्यक्त'** शब्द से किया गया है। वह अविद्या परमेश्वराश्रित है, मायामयी है, महासुषुप्तिरूपा है; उसी अविद्या में आत्मज्ञानशून्य संसारी सोते रहते हैं। इस अव्यक्त को कहीं पर आकाश शब्द से कहा गया है, यथा 'हे गार्गि! इस अक्षर में आकाश ओत-प्रोत है' ऐसी श्रुति है। अक्षर शब्द से भी उस परमेश्वर को कहा है, यथा 'परमात्मा माया से अत्यन्त पर है' ऐसी श्रुति भी है। कहीं माया शब्द से भी उसे सूचित किया है—'माया को जगत् की प्रकृति जानो और मायावी को महेश्वर समझो' ऐसा मन्त्रवर्ण है। वह माया अव्यक्त इसलिए कही जाती है, क्योंकि उसे तत्त्व और तद्भिन्नत्वरूप में निरूपित नहीं किया जा सकता। इसीलिए उसे महत् से पर कहा है। महतत्त्व का प्रभव भी अव्यक्त से ही होता है और जब हिरण्यगर्भ की बुद्धि को महान कहते हैं, तो उससे पर अव्यक्तपदवाच्य परमात्मा है किन्तु जब जीव को महान कहते हैं तब जीवभाव अव्यक्ताधीन होने के कारण 'महतः

---

१. अविद्या। २. तदेत्यर्थः। ३. अव्यक्ताधीनत्वादिति हेतुम्।

परमव्यक्तमित्युक्तम् । अविद्या ह्यव्यक्तम् । अविद्यावत्त्वेनैव जीवस्य सर्वः संव्यवहारः सन्ततो वर्तते । तच्चाव्यक्तगतं महतः परत्वमभेदोपचारात्तद्विकारे शरीरे परिकल्प्यते । सत्यपि शरीरवदिन्द्रियादीनां तद्विकारत्वाविशेषे शरीरस्यैवाभेदोपचारादव्यक्तशब्देन ग्रहणम्, इन्द्रियादीनां स्वशब्दैरेव गृहीतत्वात्परिशिष्टत्वाच्च शरीरस्य ।

अन्ये तु वर्णयन्ति—द्विविधं हि शरीरं स्थूलं सूक्ष्मं च । स्थूलं यदिदमुपलभ्यते । सूक्ष्मं यदुत्तरत्र वक्ष्यते—'तदन्तरप्रतिपत्तौ रंहति संपरिष्वक्तः प्रश्ननिरूपणाभ्याम्' (ब्र० ३-१-१) इति । तच्चोभयमपि शरीरमविशेषात्पूर्वत्र रथत्वेन सङ्कीर्तितम् । इह तु सूक्ष्ममव्यक्तशब्देन परिगृह्यते सूक्ष्मस्याव्यक्तशब्दार्हत्वात् । तदधीनत्वाच्च बन्धमोक्षव्यवहारस्य जीवात्तस्य परत्वम् । यथाऽर्थाधीनत्वादिन्द्रियव्यापारस्येन्द्रियेभ्यः परत्वमर्थानामिति ।

तैस्त्वेतद्वक्तव्यं, अविशेषेण शरीरद्वयस्य पूर्वत्र रथत्वेन सङ्कीर्तितत्वात्समानयोः प्रकृतत्वपरिशिष्टत्वयोः कथं सूक्ष्ममेव शरीरमिह गृह्यते न पुनः स्थूलमपीति ।

जातं, तदाह—तच्चेति । नन्विन्द्रियादीनामप्यव्यक्ताभेदादव्यक्तत्वं परत्वं च किमिति नोच्यते, तत्राह—सत्यपीति ।

सूत्रद्वयस्य वृत्तिकृद्व्याख्यानमुत्थापयति—अन्ये त्विति । पञ्चीकृतभूतानां सूक्ष्मा अवयवाः स्थूलदेहारम्भकाः । सूक्ष्मशरीरं प्रति[1]जीवं लिङ्गस्याश्रयत्वेन नियतमस्तीति वक्ष्यते । देहान्तरप्राप्तौ [2]तेन युक्तो गच्छति परलोकमित्यर्थः । कथं तस्य महतो जीवात्परत्वमित्याशङ्क्य द्वितीयसूत्रं व्याचष्टे—तदधीनत्वाच्चेति । अर्थवदिति । सूत्रस्यदृष्टान्तमाह—यथेति ।

तद्व्याख्यानं दूषयति—तैरिति । अव्यक्तपदबलात् प्रकृतमपि स्थूलं त्यज्यत इति शङ्कते—

परमव्यक्तम्' अर्थात् महत्तत्व से पर अव्यक्त को कहा है । अविद्या ही अव्यक्त है, क्योंकि उसी अविद्या के कारण जीव का सभी व्यवहार सदा चलता रहता है । अभेददृष्टि से अव्यक्तगत अवस्था महत्तत्व से पर मानी गयी है, उसके कार्यगत शरीर में उसका परिकल्पना करते हैं । शरीर की भाँति इन्द्रियाँ भी माया का विकार सामान्यतः हैं ही, फिर भी शरीर को ही '**अव्यक्त**' शब्द से ग्रहण करना चाहिए क्योंकि इन्द्रियादि को '**स्व**' शब्द से ही ग्रहण किया जा चुका है और परिशेषन्याय भी शरीर में ही लगता है ।

दूसरे वृत्तिकार इन दोनों सूत्रों की ऐसी व्याख्या करते हैं कि स्थूल और सूक्ष्म दो प्रकार का शरीर है । जो दिखाई पड़ता है वह स्थूल शरीर है और जिसका वर्णन '**तदन्तरप्रतिपत्तौ रंहति संपरिष्वक्तः प्रश्ननिरूपणाभ्याम्**' (३-१-१) इस सूत्र द्वारा करेंगे वह सूक्ष्म शरीर है । इन दोनों शरीरों को सामान्यतः रथरूप से पहले कहा है, किन्तु यहाँ पर अव्यक्त शब्द से सूक्ष्म शरीर का वर्णन होता है क्योंकि सूक्ष्म पदार्थ अव्यक्तशब्दव्यवहारयोग्य माना जाता है और बन्ध-मोक्ष व्यवहार भी उसके अधीन ही होता है । इसलिए उस शरीर को जीव से पर कहना उचित ही है जैसे इन्द्रिय व्यापार अर्थाधीन होने के कारण इन्द्रियों से पर अर्थ को कहा गया है ?

अब वृत्तिकार की इस व्याख्या का खण्डन करते हैं कि उन वृत्तिकारों को यह बतलाना पड़ेगा कि जब पहले दोनों शरीरों को समानतः रथरूप से बतलाया, ऐसी स्थिति में दोनों का प्रसङ्ग है और परिशेष भी दोनों का ही है; फिर सूक्ष्म शरीर का ही यहाँ पर ग्रहण क्यों होता है, स्थूल का भी

---

१. प्रतिजीव सूक्ष्मशरीरं नियतमस्तीत्यन्वयः । २. लिङ्गेन ।

'आम्नायस्यार्थं प्रतिपत्तुं प्रभवामो नाम्नातं पर्यनुयोक्तुम्। आम्नातं चाव्यक्तपदं सूक्ष्ममेव प्रतिपादयितुं शक्नोति नेतरद्व्यक्तत्वात्तस्येति चेत्। न। एकवाक्यताधीनत्वादर्थप्रतिपत्तेः। नहीमे ²पूर्वोत्तरे आम्नाते एकवाक्यतामनापद्य कञ्चिदर्थं प्रतिपादयतः, प्रकृतहानाप्रकृतप्रक्रियाप्रसङ्गात्। न चाकाङ्क्षामन्तरेणैकवाक्यताप्रतिपत्तिरस्ति। तत्राविशिष्टायां शरीरद्वयस्य ग्राह्यत्वाकाङ्क्षायां यथाकाङ्क्षं सम्बन्धेऽनभ्युपगम्यमान एकवाक्यतैव बाधिता भवति, कुत आम्नातस्यार्थस्य प्रतिपत्तिः। न चैवं मन्तव्यं दुःशोधत्वात्सूक्ष्मस्यैव शरीरस्येह ग्रहणं, स्थूलस्य तु दृष्टबीभत्सतया सुशोधत्वादग्रहणमिति। यतो नैवेह शोधनं कस्यचिद्विवक्ष्यते। नह्यत्र शोधनविधायि किञ्चिदाख्यातमस्ति। अनन्तरनिर्दिष्टत्वात्तु किं तद्विष्णोः परमं पदमितीदमिह विवक्ष्यते। तथाहीदमस्मात्परमिदमस्मात्पर-

आम्नातस्येति। 'एकार्थबोधकानां शब्दानां मिथ 'आकाङ्क्षयकस्यां बुद्धावारूढत्वमेकवाक्यता। तव मते तस्या अभावात्कुतोऽर्थबोध इति समाधत्ते—नेति। तां विनाप्यर्थधीः किं न स्यादित्यत आह—नहीति। शरीरशब्देन रूढ्या स्थूलं प्रकृतं, तस्य हानिरप्रकृतस्य भूतसूक्ष्मस्याव्यक्तपदेन ग्रहणमन्यथा स्यादित्यर्थः। अस्त्वेकवाक्यतेत्यत आह—न चेति। ततः किं, तत्राह—तत्रेति। आकाङ्क्षया वाक्यैकवाक्यत्वे सति प्रकृतं शरीरद्वयमव्यक्तपदेन ग्राह्यम्। आकाङ्क्षायास्तुल्यत्वादिति भावः। 'अनात्मनिश्चयः 'शुद्धिः, तदर्थं सूक्ष्ममेवाकाङ्क्षितं ग्राह्यम्; तस्य सूक्ष्मत्वेनात्माभेदेन गृहीतस्य दुःशोधत्वात्। स्थूलस्य दृष्टदौर्गन्ध्यादिना लशुनादिवदनात्मत्वधीर्वैराग्ययोः सुलभत्वादिति शङ्कते—न चेति। दृष्टा बीभत्सा घृणा यस्मिन् तस्य भावस्तयेत्यर्थः। दूषयति—यत इति। वैराग्याय शुद्धिरत्र न विवक्षिता, विध्यभावात्, किन्तु वैष्णवं परमं पदं विवक्षितमिति तद्दर्शनार्थं प्रकृतं स्थूलमेवाव्यक्तपदेन ग्राह्यमिति भावः। किञ्च सूक्ष्मस्य लिङ्गान्तःपातिन इन्द्रियादिग्रहणेनैव ग्रहणान्न

क्यों नहीं। पूर्वपक्ष में पढ़े हुए पद का अर्थबोध हम कराते हैं, उस पर प्रश्न नहीं करते। पठित अव्यक्त पद है जो सूक्ष्म अर्थ का ही बोध कराता है, स्थूल का नहीं, क्योंकि वह तो व्यक्त है? सिद्धान्ती—ऐसा कहना ठीक नहीं। अर्थबोध एकवाक्यता के अधीन है। पहले शरीर और यहाँ अव्यक्त पद, इन दोनों की एकवाक्यता न मानने पर ये दोनों किसी निश्चित अर्थ को नहीं बतला सकते, अन्यथा प्रकृत हान और अप्रकृत प्रक्रिया का प्रसङ्ग आ जायेगा। आकांक्षा के बिना एकवाक्यता का बोध भी नहीं होता है। आकांक्षा के द्वारा एकवाक्यता होने पर दोनों शरीरों का ग्रहण जब सम्भव है, तो आकांक्षा के अनुरूप सम्बन्ध न मानने पर एकवाक्यता ही बाधित होने लग जायेगी, फिर भला पठित पद के अर्थ का बोध कैसे होगा। यदि वृत्तिकार कहते हों कि दुःशोध होने के कारण सूक्ष्म शरीर का ही यहाँ पर अव्यक्त पद से ग्रहण करना उचित है, स्थूल शरीर तो बीभत्स दीखता है उसका शोधन करना सरल है। अतः उसका ग्रहण (ज्ञान) भी सहज में हो जाता है? तो ऐसा कहना ठीक नहीं, क्योंकि इस प्रसङ्ग में किसी का शोधन बतलाना अभीष्ट नहीं, शोधनविधायक कोई पद भी नहीं है। एक के बाद दूसरे का निर्देश होने के कारण विष्णु का वह परमपद क्या है? बस यही बतलाना यहाँ पर अभीष्ट है,

१. पठितस्य पदस्य। २ शरीराव्यक्ते। ३. प्रकृते तु अव्यक्तशरीरावेकार्थकौ। ४ प्रकृते तु ग्राह्यग्राहकाकाङ्क्षा तत्र ग्राह्यं शरीरम् ग्राहकमव्यक्तम्। ५. अध्यस्तप्रपञ्चस्यानात्मत्वेन निश्चय इत्यर्थः। ६. तत्त्वपदार्थयोः शुद्धिरित्यर्थः।

(११०) ज्ञेयत्वावचनाच्च ।।४।।

मित्युक्त्वा 'पुरुषान्न परं किञ्चित्' इत्याह । सर्वथापि त्वानुमानिकनिराकरणोपपत्तेस्तथा-नामास्तु, न नः किञ्चिच्छिद्यते ।।३।।

ज्ञेयत्वेन च सांख्यैः प्रधानं स्मर्यते गुणपुरुषान्तरज्ञानात्कैवल्यमिति वदद्भिः । नहि गुणस्वरूपमज्ञात्वा गुणेभ्यः पुरुषस्यान्तरं शक्यं ज्ञातुमिति । क्वचिच्च विभूतिविशेषप्राप्तये प्रधानं ज्ञेयमिति स्मरन्ति । न चेदमिहाव्यक्तं ज्ञेयत्वेनोच्यते, पदमात्रं ह्यव्यक्तशब्दः, नेहाव्यक्तं ज्ञातव्यमुपासितव्यं चेति वाक्यमस्ति । न चानुपदिष्टं पदार्थज्ञानं पुरुषार्थमिति शक्यं प्रतिपत्तुम् । तस्मादपि नाव्यक्तशब्देन प्रधानमभिधीयते । अस्माकं तु रथरूपक-क्लृप्तशरीराद्यनुसरणेन विष्णोरेव परमं पदं दर्शयितुमयमुपन्यास इत्यनवद्यम् ।।४।।

पृथगव्यक्तशरीरपदाभ्यां ग्रहः । अभ्युपेत्याऽऽह—सर्वथेति । स्थूलस्य सूक्ष्मस्य वा ग्रहेऽपीत्यर्थः । तथा नामेति । सूक्ष्ममेवाव्यक्तमस्त्वित्यर्थः ।।३।।

अत्राव्यक्तं प्रधानं नेत्यत्र हेत्वन्तरार्थं सूत्रम्—ज्ञेयत्वेति । सत्त्वादिगुणरूपात्प्रधानात् पुरुष-स्यान्तरं भेदस्तज्ज्ञानादित्यर्थः । 'नहि शक्यमिति' च वदद्भिः प्रधानं ज्ञेयत्वेन स्मर्यत इति सम्बन्धः । न केवलं भेदप्रतियोगित्वेन प्रधानस्य ज्ञेयत्वं तैरिष्टं, किन्तु तस्योपासनयाऽणिमादिप्राप्तयेऽपीत्याह—क्वचिच्चेति । ज्ञानविध्यभावेऽप्यव्यक्तपदजन्यज्ञानगम्यत्वमार्थिकं ज्ञेयत्वमस्तीत्यत आह—न चानु-पदिष्टमिति । उपदिष्टं हि ज्ञानं फलवदिति ज्ञातुं शक्यं निष्फलस्योपदेशायोगादव्यक्तस्य च ज्ञाना-नुपदेशात्सफलज्ञानगम्यत्वासिद्धिरित्यर्थः । फलितमाह—तस्मादिति । सांख्येष्टसफलज्ञानगम्यत्वा-वचनाच्चेत्यर्थः । ननु शरीरस्यापि ज्ञेयत्वानुक्तेः कथमिह ग्रहणं, तत्राह—अस्माकं त्विति । अस्मन्मते विष्ण्वाख्यपदस्यैकस्यैव ज्ञेयत्वात्तद्दर्शनार्थमव्यक्तपदेन शरीरोपन्यासो युक्त इत्यर्थः । साधारणशब्द-मात्रान्न प्रधानस्य प्रत्यभिज्ञा स्मार्तलिङ्गस्यानुक्त्या नियामकाभावादिति तात्पर्यम् ।।४।।

इसीलिए तो यह इससे परे है, यह इससे परे है; ऐसा कहने के बाद 'पुरुष से परे कुछ भी नहीं है' ऐसा श्रुति ने कहा है । वृत्तिकार एवं सिद्धान्तपक्ष दोनों में से किसी को भी स्वीकार करें, फिर भी अनुमान प्रमाण से सिद्ध सांख्यशास्त्रपरिकल्पित प्रधान का निराकरण तो हो ही जाता है । वृत्तिकार के अव्यक्त शब्द का अर्थ सूक्ष्म शरीर कर भी लिया जाय, तो हमारा कुछ नहीं बिगड़ता ।।३।।

ज्ञेयत्वावचनाच्च (ललिता)

गुण एवं पुरुष के भेदज्ञान से मोक्ष बतलाने वाले सांख्यों ने प्रधान को भी ज्ञेयत्वेन कहा है क्योंकि गुण के स्वरूप को न जानकर कोई भी साधक गुणों और पुरुष के भेद को समझ भी नहीं सकता । कहीं-कहीं पर विभूतिविशेष की प्राप्ति के लिए सांख्यों ने प्रधान को ज्ञेय कहा है किन्तु कठोपनिषद् में पठित अव्यक्त पद के अर्थ को श्रुति ने ज्ञेय नहीं बतलाया है । हाँ, अव्यक्त पदमात्र अवश्य पढ़ा गया है, फिर भी यहाँ अव्यक्त न ज्ञेय है, न उपास्य है और जो पदार्थज्ञान उपदिष्ट ही नहीं है वह पुरुषार्थ का बोधक कैसे हो सकेगा । अतः अव्यक्त शब्द से प्रधान नहीं कहा गया है; किन्तु हमारे मत में रथरूपक की कल्पना करते हुए शरीरादि का अनुसरणकर विष्णु के परमपद को ही दिखलाया गया है, ऐसा मानने में कोई दोष नहीं है ।।४।।

---

१. काठके .

(१११) वदतीति चेन्न प्राज्ञो हि प्रकरणात् ॥५॥

अत्राह सांख्यः—'ज्ञेयत्वावचनात्' इत्यसिद्धम् ? कथम् ? श्रूयते ह्युत्तरत्राव्यक्तशब्दोदितस्य प्रधानस्य ज्ञेयत्ववचनम्—'अशब्दमस्पर्शमरूपमव्ययं तथाऽरसं नित्यमगन्धवच्च यत् । अनाद्यनन्तं महतः परं ध्रुवं निचाय्य तं मृत्युमुखात्प्रमुच्यते ॥' (का० २-३-१५) इति । अत्र हि यादृशं शब्दादिहीनं प्रधानं महतः परं स्मृतौ निरूपितं तादृशमेव निचाय्यत्वेन निर्दिष्टं, तस्मात्प्रधानमेवेदं, तदेव चाव्यक्तशब्दनिर्दिष्टमिति । अत्र ब्रूमः—नेह प्रधानं निचाय्यत्वेन निर्दिष्टम्, प्राज्ञो हीह परमात्मा निचाय्यत्वेन निर्दिष्ट इति गम्यते । कुतः ? प्रकरणात् । प्राज्ञस्य हि प्रकरणं विततं वर्तते, 'पुरुषान्न परं किञ्चित्सा काष्ठा सा परा गतिः' इत्यादिनिर्देशात्, 'एष सर्वेषु भूतेषु गूढोत्मा न प्रकाशते' इति च दुर्ज्ञानत्ववचनेन तस्यैव ज्ञेयत्वाकाङ्क्षणात् । 'यच्छेद्वाङ्मनसी प्राज्ञः' इति च तज्ज्ञानायैव वागादिसंयमस्य विहितत्वात् । मृत्युमुखप्रमोक्षणफलत्वाच्च । नहि प्रधानमात्रं निचाय्य मृत्युमुखात्प्रमुच्यत इति सांख्यैरिष्यते । चेतनात्मविज्ञानाद्धि मृत्युमुखात्प्रमुच्यत इति तेषामभ्युपगमः । सर्वेषु वेदान्तेषु प्राज्ञस्यैवात्मनोऽशब्दादिधर्मत्वमभि-

---

लिङ्गोक्तिमाशङ्क्य निषेधति—वदतीति चेदिति । अत्र हि तादृशमेव निर्दिष्टमित्यन्वयः ।

वदतीति चेन्न प्राज्ञो हि प्रकरणात् (ललिता)

इस पर सांख्यों का कहना है, कि पिछले सूत्र से अव्यक्त में ज्ञेयत्व का अवचन कहना असिद्ध है । कसे ? क्योंकि आगे इसी श्रुति में अव्यक्तपदवाच्य प्रधान को ज्ञेय कहा गया है । वहाँ पर कहा है—'शब्द-स्पर्श-रूप-रस एवं गन्ध से रहित, नित्य अविनाशी, अनादि, अनन्त, महत् से पर उस ध्रुव पदार्थ को जानकर साधक मृत्यु के मुख से छूट जाता है ।' इस वाक्य में महतत्व से पर-तत्त्व वैसा ही द्रष्टव्य कहा है जैसा सांख्यस्मृति में महत् से पर शब्दादिहीन तत्त्व बतलाया गया है । अतः यह प्रधान ही इस श्रुति में अव्यक्त शब्द से निर्दिष्ट है ? इसपर हम सिद्धान्ती कहते हैं, कि इस कठ श्रुति में द्रष्टव्यत्वेन निर्दिष्ट पदार्थ प्रधान नहीं है किन्तु परमात्मा है, क्योंकि यह विस्तृत प्रकरण परमात्मा का ही चल रहा है, उसी के लिए 'पुरुष से परे कुछ नहीं है, वही पराकाष्ठा है और वही परागति है' इत्यादि निर्देश भी मिलता है । सभी भूतों में यह आत्मा गूढ़ है, जो प्रकाशित नहीं होता' इस वाक्य द्वारा दुर्ज्ञानत्व का कथन होने के कारण जब उसमें ज्ञेयत्व की आकांक्षा उत्पन्न होती है तब 'विवेकी पुरुष को चाहिए कि वह वागादि इन्द्रियों को मन के अधीन करे' इस वाक्य द्वारा उस तत्त्व के ज्ञान के लिए वागादि संयम का विधान किया गया है, मृत्यु के मुख से छूटनारूप फल भी इसी अर्थ का सङ्केत करता है कि वह ज्ञातव्य पदार्थ परमात्मा ही है । साथ ही, सांख्यों ने प्रधानमात्र को जानकर मृत्यु के मुख से छूटता है ऐसा कहीं भी नहीं माना है, किन्तु चेतन आत्मा के साक्षात्कार से मृत्यु के मुख से ज्ञानी पुरुष छूट जाता है, ऐसा उनका सिद्धान्त है । सभी उपनिषदों में चेतन ब्रह्म को ही शब्दादि धर्म से

(११२) त्रयाणामेव चैवमुपन्यासः प्रश्नश्च ॥६॥

लभ्यते । तस्मान्न प्रधानस्यात्र ज्ञेयत्वमव्यक्तशब्दनिर्दिष्टत्वं वा ॥५॥

इतश्च न प्रधानस्याव्यक्तशब्दवाच्यत्वं ज्ञेयत्वं वा । यस्मात्त्रयाणामेव पदार्थानामग्निजीवपरमात्मनामस्मिन्ग्रन्थे कठवल्लीषु वरप्रदानसामर्थ्याद्वक्तव्यतयोपन्यासो दृश्यते, तद्विषय एव च प्रश्नः नातोऽन्यस्य प्रश्न उपन्यासो वास्ति । तत्र तावत्—'स त्वमग्निं स्वर्ग्यमध्येषि मृत्यो प्रब्रूहि तं श्रद्दधानाय मह्यम्' (का० १-१-१३) इत्यग्निविषय प्रश्नः । 'येयं प्रेते विचिकित्सा मनुष्येऽस्तीत्येके नायमस्तीति चैके । एतद्विद्यामनुशिष्टस्त्वयाहं वराणामेव वरस्तृतीयः ॥' (का० १-१-२०) इति जीवविषयः प्रश्नः । 'अन्यत्र धर्मादन्यत्राधर्मादन्यत्रास्मात्कृताकृतात् । अन्यत्र भूताच्च भव्याच्च यत्तत्पश्यसि तद्वद ॥' (का० १-२-१४) इति परमात्मविषयः । प्रतिवचनमपि—लोकादिमग्निं तमुवाच तस्मै या इष्टका यावतीर्वा यथा वा ।' (का० १-१-१५) इत्यग्निविषयम् । 'हन्त त इदं प्रवक्ष्यामिगुह्यं यथा च मरणं प्राप्य आत्मा भवति गौतम ।योनिमन्ये प्रपद्यन्ते शरीरत्वाय

स्पष्टमन्यत् ॥५॥

किञ्चात्र कठवल्लयां प्रधानस्य प्रश्नोत्तरयोरसत्त्वान्न ग्रहणमित्याह—त्रयाणामिति । मृत्युना नचिकेतसम्प्रति त्रीन्वरान्वृणीष्वेत्युक्तेः त्रयाणामेव प्रश्नो नचिकेतसा कृतः । उपन्यासश्च मृत्युना कृतः । नान्यस्येत्यर्थः । प्रश्नत्रयं क्रमेण पठति—तत्र तावदिति । हे मृत्यो, स मह्यं दत्तवरस्त्वं स्वर्गहेतुमग्निं स्मरसि । प्रेते मृते । देहादन्योऽस्ति न वेति संशयोऽस्ति । अतः एतदात्मतत्त्वं सन्दिग्धं

शून्य कहा है । अतः इस कठोपनिषद् में न प्रधान ज्ञेय है और न अव्यक्त शब्द से निर्दिष्ट ही है ॥५॥

त्रयाणामेव चैवमुपन्यासः प्रश्नश्च (ललिता)

इसलिए भी प्रधान न अव्यक्तशब्दवाच्य है और न ज्ञेय है क्योंकि इस कठोपनिषद् ग्रन्थ में अग्नि, जीव और परमात्मा ऐसे तीन पदार्थ का ही परप्रदान के सामर्थ्य से वक्तव्यरूप में उपन्यास देखा जाता है और उन्हीं तीनों के विषय में प्रश्न भी है । उससे भिन्न का न प्रश्न है और न उत्तर ही है । 'स्वर्ग के साधन अग्निविज्ञान को आप जानते हैं इसलिए हे आचार्य ! मुझ श्रद्धालु को उसी का उपदेश करें ।' इस वाक्य द्वारा अग्निविषयक प्रश्न है । 'मनुष्य के मर जाने पर यह संशय होता है कि कुछ लोग देह से भिन्न जीवात्मा का अस्तित्व मानते हैं और कुछ लोग नहीं मानते; इस रहस्यमय तत्त्व को आप से उपदेश प्राप्तकर मैं जान सकूँ, बस यही आप के दिये हुए वरदानों में से तीसरा वरदान है ।' इस वाक्य द्वारा जीवविषयक प्रश्न है । 'जो धर्म से भिन्न, अधर्म से भिन्न, कार्य-कारण से भिन्न, भूत-भविष्यत् तथा वर्तमान काल से भी भिन्न है उसे आप जानते हैं, अतः उसी को बतलायें ।' इस वाक्य द्वारा परमात्मविषयक प्रश्न है । प्रत्युत्तर भी ऐसा ही देखा जाता है । 'लोक के मूल उस अग्नि का उपदेश नचिकेता को यमाचार्य ने कर दिया, जितनी ईंटें हैं और जिस प्रकार उनका चयन होता है वह रहस्य बतला दिया' इस वाक्य द्वारा अग्निविषयक उत्तर है । अब मैं सनातन, अतिगोपनीय इस ब्रह्म का उपदेश करूँगा । हे गौतम ! जिस प्रकार मरकर भी यह आत्मा विद्यमान रहता है; कुछ जीव शरीर धारण करने के लिए किसी योनि में चले जाते हैं, कुछ स्थावर शरीर

देहिनः। स्थाणुमन्येऽनुसंयन्ति यथाकर्म यथाश्रुतम्।' (का० २-५-६,७) इति। व्यवहितं जीवविषयम्। 'न जायते म्रियते वा विपश्चित्'(का० १-२-१८)इत्यादि बहुप्रपञ्चं परमात्मविषयम्। नैवं प्रधानविषयः प्रश्नोऽस्ति अपृष्टत्वाच्चानुपन्यसनीयत्वं तस्येति।

अत्राह—योऽयमात्मविषयः प्रश्नो 'येयं प्रेते विचिकित्सा मनुष्येऽस्ती'ति, किं स एवायम् 'अन्यत्र धर्मादन्यत्राधर्मात्' इति पुनरनुकृष्यते, किंवा ततोऽन्योऽयमपूर्वः प्रश्न उत्थाप्यत इति। किञ्चातः? स एवायं प्रश्नः पुनरनुकृष्यत इति यद्युच्येत, तदा द्वयोरात्मविषययोः प्रश्नयोरेकतापत्तेरग्निविषय आत्मविषयश्च द्वावेव प्रश्नावित्यतो न वक्तव्यं त्रयाणां प्रश्नोपन्यासाविति। अथान्योऽयमपूर्वः प्रश्न उत्थाप्यत इत्युच्यते, ततो यथैव वरप्रदानव्यतिरेकेण प्रश्नकल्पनायामदोषः, एवं प्रश्नव्यतिरेकेणापि प्रधानोपन्यासकल्पनायामदोषः स्यादिति।

जानीयामित्यर्थः। क्रमेणोत्तरत्रयमाह—प्रतिवचनमपीति। लोकहेतुविराडात्मनोपास्यत्वाल्लोकादिश्चित्योऽग्निस्तं मृत्युरुवाच नचिकेतसे, याः स्वरूपतो यावतीः संख्यातो यथा वा क्रमेणाग्निश्चीयते तत्सर्वमुवाचेत्यर्थः। हन्तेदानीं ब्रह्म वक्ष्यामीति 'ब्रह्मवाक्येन जीवप्रश्नाद्व्यवहितमपि 'यथा च मरणं प्राप्य' इत्यादि वाक्यं जीवविषयमुत्तरं, योग्यत्वादित्यर्थः। वाक्यार्थस्तु आत्मा मरणं प्राप्य यथा भवति तथा वक्ष्यामीति। प्रतिज्ञातमाह—योनिमिति। चराचरदेहप्राप्तौ निमित्तमाह—यथेति। श्रुतमुपासनम्। सूत्रे आद्यश्चकारो यत इत्यर्थे। एवं च 'त्रयाणामेवोपन्यासः प्रश्नश्च' यतः, अतो न प्रधानमव्यक्तमिति योजना।

उक्तार्थे सूत्रमाक्षिपति—अत्राहेति। एकः प्रश्नः द्वौ प्रश्नौ वेति पक्षद्वये फलितं पृच्छति—किञ्चात इति। सप्तम्यर्थे तसिः। अत्र च पक्षद्वयेऽपि किमित्यर्थः। प्रश्नैक्ये सूत्रासङ्गतिः, भेदे प्रधानस्य श्रौतत्वसिद्धिरिति पूर्ववाद्याह—स एवेत्यादिना।

को प्राप्त करते हैं। जिनका जैसा कर्म और जैसी उपासना होती है उसके अनुसार उनको गति होती है।' इस वाक्य द्वारा जीवविषयक उत्तर है। 'वह चेतन ब्रह्म न जन्मता है, न मरता है' इत्यादि वाक्य द्वारा अतिविस्तारपूर्वक परमात्मविषयक उत्तर दिया गया है। इसके अतिरिक्त प्रधान के विषय में प्रश्न नहीं है और बिना पूछे उत्तर देने का प्रसङ्ग ही नहीं आता।

इस पर पूर्वपक्ष कहता है कि 'येयं प्रेते विचिकित्सा मनुष्येऽस्ति' इस वाक्य द्वारा जो आत्मविषयक प्रश्न है इसी का अनुकर्षण 'अन्यत्र धर्मादन्यत्राधर्मात्' इस वाक्य से किया गया है अथवा उससे भिन्न अपूर्व प्रश्न का उत्थापन किया है। यदि पूर्वप्रश्न का ही अनुकर्षण माना जाय, तो आत्मा के विषय में दोनों प्रश्नों को एक ही मानना पड़ेगा और दूसरा अग्निविषयक प्रश्न होगा। इस प्रकार आत्मा और अग्नि के सम्बन्ध में प्रश्न होने के कारण दो ही प्रश्न किये गये हैं, फिर तो तीन के विषय में प्रश्न एवं उत्तर वक्तव्य ही नहीं है और यदि यह अपूर्व प्रश्न का उत्थापन माना जाय, तो जैसे वरप्रदान से भिन्न प्रश्नकल्पना करने पर कोई दोष नहीं है ऐसे ही प्रश्न से भिन्नरूप में प्रधानविषयक उत्तरकल्पना में भी कोई दोष नहीं माना जायेगा?

---

१. परमात्मप्रतिवचनवाक्येन।

अत्रोच्यते—नैवं वयमिह वरप्रदानव्यतिरेकेण प्रश्नं कंचित्कल्पयामः, वाक्योपक्रमसामर्थ्यात्। वरप्रदानोपक्रमा हि मृत्युनचिकेतःसंवादरूपा वाक्यप्रवृत्तिरासमाप्तेः कठवल्लीनां लक्ष्यते। मृत्युः किल नचिकेतसे पित्रा प्रहिताय त्रीन्वरान्प्रददौ, नचिकेताः किल तेषां प्रथमेन वरेण पितुः सौमनस्यं वव्रे, द्वितीयेनाग्निविद्याम्, तृतीयेनात्मविद्याम्, 'येयं प्रेते' इति 'वराणामेष वरस्तृतीयः' (का० १-१-२०) इति लिङ्गात्। तत्र 'यद्यन्यत्र धर्मा'दित्यन्योऽयमपूर्वः प्रश्न उत्थाप्येत, ततो वरप्रदानव्यतिरेकेणापि प्रश्नकल्पनाद्वाक्यं बाध्येत। ननु प्रष्टव्यभेदादपूर्वोऽयं प्रश्नो भवितुमर्हति, पूर्वो हि प्रश्नो जीवविषयः 'येयं प्रेते विचिकित्सा मनुष्येऽस्ति नास्ती'ति विचिकित्साभिधानात्, जीवश्च धर्मादिगोचरत्वान्नान्यत्र धर्मादिति प्रश्नमर्हति। प्राज्ञस्तु धर्माद्यतीतत्वादन्यत्र धर्मादिति प्रश्नमर्हतीति। प्रश्नच्छाया[1] च न समाना लक्ष्यते, पूर्वस्यास्तित्वनास्तित्वविषयत्वादुत्तरस्य धर्माद्यतीतवस्तुविषयत्वात्, तस्मात्प्रत्यभिज्ञानाभावात्प्रश्नभेदः, न पूर्वस्यैवोत्तरत्रानु-

प्रश्नैक्यपक्षमादाय सिद्धान्त्याह—अत्रोच्यत इति। येन प्रधानसिद्धिः स्यादिति शेषः। चतुर्थप्रश्नकल्पने वरत्रित्वोपक्रमविरोधः स्यादिति विवृणोति—वरेत्यादिना। वरप्रदानमुपक्रमो यस्याः सा। प्रहिताय यमलोकं प्रति प्रेषिताय। इतः पुनः मर्त्यलोकं प्राप्तस्य मम पिता यथापूर्वं सुमनाः स्यादिति प्रथमं वव्रे। ननु द्वितीयवरो जीवविद्या तृतीयो ब्रह्मविद्येति प्रश्नभेदः किं न स्यादित्यत आह—येयमिति। 'प्रेते' इत्युपक्रम्य तृतीयत्वोक्तिलिङ्गाज्जीवात्मविद्यैव तृतीयो वर इत्यर्थः। एवं वाक्योपक्रमे सति प्रश्नान्तरं न युक्तमित्याह—तत्रेति। मरणधर्माद्यस्पर्शलिङ्गाभ्यां प्रष्टव्ययोर्जीवेश्वरयोर्भेदात् प्रश्नभेदसिद्धेर्वाक्यबाधो युक्त इति शङ्कते—नन्वित्यादिना। गोचरत्वादाश्रयत्वात्। न केवलं प्रष्टव्यभेदात् प्रश्नभेदः किन्तु प्रश्नवाक्ययोः सादृश्याभावादपीत्याह—प्रश्नच्छायेति। प्रष्टव्यभेदो-

इस पर सिद्धान्तीका कहना है कि हम वरदान से भिन्नरूप में किसी प्रश्न की कल्पना नहीं करते, इसमें वाक्यारम्भ की शक्ति देखनी पड़ेगी। यमाचार्य एवं नचिकेता के संवादरूप में वरप्रदान का प्रयोग प्रारम्भ हुआ है और ऐसे संवादरूप वाक्य की प्रवृत्ति कठोपनिषद् की समाप्तिपर्यन्त चली है। पिता के द्वारा यमलोक में प्रेषित नचिकेता को यमाचार्य ने तीन वरदान दिये; उनमें से प्रथम वर द्वारा नचिकेता ने पिता का सौमनस्य माँगा, द्वितीय वरदान से अग्निविद्या माँगी और तृतीय वरदान से आत्मविज्ञान माँगा। ऐसी स्थिति में यदि वहाँ पर **'अन्यत्र धर्मात्'** इत्यादि वाक्य द्वारा उनसे भिन्न किसी अपूर्व प्रश्न का उत्थापन माना जाय तो वरप्रदान से भिन्नरूप में प्रश्नकल्पना करने पर वाक्य बाधित होने लग जायेगा। शङ्का—प्रष्टव्यभेद से यह प्रश्न अपूर्व हो सकता है, क्योंकि पहले **'येयं प्रेते विचिकित्सा मनुष्येऽस्ति नास्ति इति'** इस वाक्य द्वारा जीव के विषय में संशय का कथन है। जीव धर्मादि का आश्रय होता है। अतः उसे 'अन्यत्र धर्मात्' इत्यादि वाक्य से नहीं कह सकते हैं, किन्तु परमात्मा धर्मादि से अतीत होने के कारण उसी को 'अन्यत्र धर्मात्' इत्यादि वाक्य से पूछ सकते हैं। प्रश्न का आकार भी एक जैसा नहीं है, पहले अस्तित्वनास्तित्वविषयक प्रश्न है और बाद में धर्माधर्म से अतीत-वस्तुविषयक प्रश्न है। अतः प्रत्यभिज्ञा न होने के कारण प्रश्न का भेद

१. प्रश्नाऽऽकारश्चेत्यर्थः।

कर्षणमिति चेत् । न । जीवप्राज्ञयोरेकत्वाभ्युपगमात् । भवेत्प्रष्टव्यभेदात्प्रश्नभेदो यद्यन्यो जीवः प्राज्ञात्स्यात्, न त्वन्यत्वमस्ति । 'तत्त्वमसी'त्यादिश्रुत्यन्तरेभ्यः । इह च 'अन्यत्र धर्मात्' इत्यस्य प्रश्नस्य प्रतिवचनं 'न जायते म्रियते वा विपश्चित्' इति जन्ममरणप्रतिषेधेन प्रतिपाद्यमानं शारीरपरमेश्वरयोरभेदं दर्शयति । सति हि प्रसङ्गे प्रतिषेधो भागी भवति । प्रसङ्गश्च जन्ममरणयोः शरीरसंस्पर्शाच्छारीरस्य भवति न परमेश्वरस्य । तथा—'स्वप्नान्तं जागरितान्तं चोभौ येनानुपश्यति । महान्तं विभुमात्मानं मत्वा धीरो न शोचति ॥' (का० २-४-४) इति स्वप्नजागरितदृशो जीवस्यैव महत्त्वविभुत्वविशेषणस्य मननेन शोकविच्छेदं दर्शयन्न प्राज्ञादन्यो जीव इति दर्शयति । प्राज्ञविज्ञानाद्धि शोकविच्छेद इति वेदान्तसिद्धान्तः । तथाग्रे—'यदेवेह तदमुत्र यदमुत्र तदन्विह । मृत्योः स मृत्युमाप्नोति य इह नानेव पश्यति ॥' (का० २-४-१०) इति जीवप्राज्ञभेद-

ऽसिद्ध इति परिहरति—नेत्यादिना । किञ्च ब्रह्मप्रश्ने जन्मादिनिषेधेन जीवस्वरूपं वदन्यमस्तयोरैक्यं सूचयतीत्याह—इह चान्यत्रेति । तन्निषेधवाक्ये जीवोक्तिरसिद्धेत्यत आह—सतीति । भागी युक्तः । तस्मादविद्यया जीवस्य प्राप्तजन्मादिनिषेधेन स्वरूपमुक्तमित्यर्थः । किञ्च जीवो ब्रह्माभिन्नः, मोक्षहेतुज्ञानविषयत्वात्, ब्रह्मवदित्याह—तथा-स्वप्नेति । अन्तोऽवस्था । येन साक्षिणा प्रमाता पश्यति तमात्मानमिति सम्बन्धः । हेतोर[1]प्रयोजकत्वमाशङ्क्य 'तमेव विदित्वा' इत्यादि श्रुतिविरोधमाह प्राज्ञेति । किञ्चाभेदमुक्त्वा भेदस्य निन्दितत्वादभेद एव सत्य इत्याह—तथेति । इह देहे यच्चैतन्यं तदेवामुत्र सूर्यादौ, एवमिहाखण्डैकरसे ब्रह्मणि यो नानेव मिथ्या भेदं पश्यति सः भेददर्शी मरणान्मरणं

सम्भव है, पूर्व प्रश्न का यहाँ पर अनुकर्षण नहीं है ? समाधान—ऐसा कहना ठीक नहीं क्योंकि जीव और ब्रह्म को एक माना गया है । प्रष्टव्य भेद से प्रश्न का भेद हो सकता था यदि जीव ब्रह्म से भिन्न होता तो, किन्तु 'तत्त्वमसि' इत्यादि श्रुतियों के आधार पर जीव-ब्रह्म में अभेद निश्चित् होता है, भेद नहीं । यहाँ पर भी 'अन्यत्र धर्मात्' इस प्रश्न का उत्तर देते हुए यमाचार्य ने कहा है कि 'चेतन आत्मा जन्मता नहीं, न मरता ही है ।' इस वाक्य द्वारा जन्म-मरण का प्रतिषेध करते हुए आत्मा-परमात्मा में अभेद प्रतिपादन किया गया है । किसी का प्रसङ्ग सम्भव हो तो उसका प्रतिषेध किया जाता है, निष्प्रतियोगित प्रतिषेध नहीं होता । शरीरसम्बन्ध के कारण जीवात्मा मे जन्म-मरण का प्रसङ्ग उपस्थित होता है, परमेश्वर में नहीं । 'स्वप्न और जाग्रत दोनों को जिस साक्षी से प्रमाता देखता है उस महान व्यापक आत्मा को जानकर धीर पुरुष शोक नहीं करता ।' इस वाक्य द्वारा स्वप्न और जाग्रत के द्रष्टा जीव को ही महत्व एवं विभुत्व विशेषण दिया गया है जिसके साक्षात्कार से शोकनाश को बतलाते हुए श्रुति परमात्मा से जीव को अभिन्न दिखलाती है क्योंकि परमात्मा के ज्ञान से ही शोकनाश होता है, यह वेदान्त का सिद्धान्त है । ऐसे ही, इसके आगे 'जो व्यष्टि में है वही समष्टि में है और जो समष्टि में है वही व्यष्टि शरीर में है । इन दोनों में जो भेद देखता है वह भेददर्शी बार-बार मरता है, वह संसारभय से कभी भी मुक्त

१. मोक्षहेतुज्ञानविषयत्वं हेतुः पक्षेऽस्थित्वापि स्वसाध्य साधयितुं न शक्नोति, मतांतरे भेदज्ञान—स्यैव मोक्षहेतुत्वात्तद्विषयत्वं च जीवस्य तैरभ्युपगमादित्यभिप्रेयाह—हेतोरप्रयोजकत्वमिति ।

ष्टिमपवदति । तथा जीवविषयस्यास्तित्वनास्तित्वप्रश्नस्यानन्तरम् 'अन्यं वरं नचिकेतो वृणीष्व' इत्यारभ्य मृत्युना तैस्तैः कामैः प्रलोभ्यमानोऽपि नचिकेता यदा न चचाल, तदैनं मृत्युरभ्युदयनिःश्रेयसविभागप्रदर्शनेन विद्याविद्याविभागप्रदर्शनेन च 'विद्याभीप्सिनं नचिकेतसं मन्ये न त्वा कामा बहवोऽलोलुपन्त' (का० १-२-४) इति प्रशस्य प्रश्नमपि तदीयं प्रशंसन्यदुवाच—तं दुर्दर्शं गूढमनुप्रविष्टं गुहाहितं गह्वरेष्ठं पुराणम् । अध्यात्मयोगाधिगमेन देवं मत्वा धीरो हर्षशोकौ जहाति ।' (का० १-२-१२) इति, तेनापि जीवप्राज्ञयोरभेद एवेह विवक्षित इति गम्यते । यत्प्रश्ननिमित्तां च प्रशंसां महतीं मृत्योः प्रत्यपद्यत नचिकेता यदि तं विहाय प्रशंसानन्तरमन्यमेव प्रश्नमुपक्षिपेदस्थान एव सा सर्वा प्रशंसा प्रसारिता स्यात्, तस्मात् 'येयं प्रेते' इत्यस्यैव प्रश्नस्यैतदनुकर्षणम् 'अन्यत्र धर्मात्' इति ।

प्राप्नोति संसारभयान्न मुच्यत इत्यर्थः । किञ्च जीवप्रश्नानन्तरं 'तं दुर्दर्शम्' इति यदुत्तरमुवाच तेनाप्युत्तरेणाभेदो गम्यत इति सम्बन्धः । प्रष्टृप्रश्नयोः प्रशंसयापि लिङ्गेन पृष्टस्य दौर्लभ्यत्वद्योतनाद्-ब्रह्मत्वसिद्धिरित्याह—अन्यं वरमित्यादिना । पुत्रादिकं वृणीष्वेत्युक्तेऽपि विषयांस्तुच्छीकृत्यात्मज्ञानान्न चचाल 'नान्यं तस्मान्नचिकेता वृणीते' इति श्रवणात् । तदा सन्तुष्टो यमः 'अन्यच्छ्रेयोऽन्यदुतैव प्रेयः' इति भोगापवर्गयोर्वैलक्षण्यं प्रतिज्ञाय 'दूरमेते विपरीते विषूची अविद्या या च विद्या' इति दर्शितवानित्यर्थः । प्रेयः प्रियतमं स्वर्गादिकम्, विषूची विरुद्धफले, अविद्या कर्म, विद्या तत्त्वधीः । विद्याभीप्सिनं विद्यार्थिनं त्वामहं मन्ये, यतः त्वा त्वां बहवोऽपि कामाः पुत्रादयो मया दीयमाना दुर्लभा अपि नालोलुपन्त लोभवन्तं न कृतवन्त इति प्रष्टारं स्तुत्वा प्रश्नमपि 'त्वादृङ्नो भूयान्नचिकेतः प्रष्टा' इति स्तुवन्नित्यक्षरार्थः । इयं प्रशंसा प्रश्नभेदपक्षे न घटत इत्याह—यत्प्रश्नेनेति । यत्प्रश्नेन स्तुतिं लब्धवांस्तं प्रश्नं विहाय यद्यन्यदेवोत्थापयेत् तर्ह्यनवसरे स्तुतिः कृता स्यादित्यर्थः । तस्मादिति ।

नहीं होता ।' इस वाक्य द्वारा जीव और ब्रह्म के भेददृष्टि की निन्दा की गयी है । जीव के अस्तित्व-नास्तित्व प्रश्न के बाद जब यमाचार्य ने कहा—'हे नचिकेता ! इसे छोड़कर कोई दूसरा वरदान माँग लो' यहाँ से प्रारम्भ कर यमाचार्य ने उन-उन भोगों द्वारा जब नचिकेता को प्रलोभन दिया, उस स्थिति में नचिकेता जब विचलित नहीं हुआ तब उस नचिकेता को यमाचार्य ने भोग और मोक्ष का विभाग बतलाते हुए एवं विद्या और अविद्या का विभाग दिखलाते हुए कहा—'नचिकेता ! मैं तुझे विद्याभिलाषी मानता हूँ क्योंकि बहुत से भोगों का प्रलोभन भी तुझे भोगलोलुप नहीं कर सका ।' इस वाक्य द्वारा प्रशंसा कर नचिकेता के प्रश्न का भी प्रशंसा करते हुए यमाचार्य ने कहा—'अत्यन्त कठिनाई से दीख पड़ने वाला, गूढ़, अतिसूक्ष्म स्थान में अनुप्रविष्ट, बुद्धिरूप गुहा में स्थित, विषम स्थान में रहने वाले उस पुराण देवता को अध्यात्म योगाधिगम द्वारा जानकर धीर पुरुष हर्ष-शोक दोनों को छोड़ बैठता है, इससे भी जीव-ब्रह्म का अभेद ही बतलाना यहाँ पर अभीष्ट है, ऐसा प्रतीत होता है । जिस प्रश्ननिमित्त को लेकर नचिकेता ने यमराज की अत्यन्त प्रसन्नता प्राप्त की है यदि उसे छोड़कर प्रशंसा के बाद किसी अन्य प्रश्न का उपस्थापन करेगा, तो पूर्वोक्त वह सारी प्रशंसा उचित स्थान से तिरष्कृत मानी जायेगी । अतः **'येयं प्रेते'** इस वाक्य द्वारा किये गये प्रश्न का अनुकर्षण **'अन्यत्र धर्मात्'** इस स्थल में भी किया गया है ।

---

१. जीवस्य इति शेषः ।

यत्तु प्रश्नच्छायावैलक्षण्यमुक्तम् तददूषणम् । तदीयस्यैव विशेषस्य पुनः पृच्छ्यमानत्वात् । पूर्वत्र हि देहादिव्यतिरिक्तस्य आत्मनोऽस्तित्वं पृष्टमुत्तरत्र तु तस्यैवासंसारित्वं पृच्छ्यत इति । यावद्ध्यविद्या न निवर्तते तावद्धर्मादिगोचरत्वं जीवस्य जीवत्वं च न निवर्तते । तन्निवृत्तौ तु प्राज्ञ एव 'तत्त्वमसी'ति श्रुत्या प्रत्याय्यते । न चाविद्यावत्त्वे तदपगमे च वस्तुनः कश्चिद्विशेषोऽस्ति । यथा कश्चित्सन्तमसे पतितां काञ्चिद्रज्जुमहिं मन्यमानस्ततो भीतो वेपमानः पलायते, तं चापरो ब्रूयान्मा भैषीर्नायमही रज्जुरेवेति । स च तदुपश्रुत्याहिकृतं भयमुत्सृजेद्वेपथुं पलायनं च । न त्वहिबुद्धिकाले तदपगमकाले च वस्तुनः कश्चिद्विशेषः स्यात् । तथैवैतदपि द्रष्टव्यम् । ततश्च 'न जायते म्रियते वा' इत्येवमाद्यपि भवत्यस्तित्वप्रश्नस्य प्रतिवचनम् । सूत्रं त्वविद्याकल्पितजीवप्राज्ञभेदापेक्षया योजयितव्यम् । एकत्वेऽपि ह्यात्म-

---

प्रष्टव्यभेदाभावादित्यर्थः । प्रश्नवाक्यव्यक्त्योः सादृश्याभावात् प्रश्नभेद इत्युक्तं निरस्यति—यत्त्वित्यादिना । धर्माद्याश्रयस्य जीवस्य ब्रह्मत्वं कथमित्यत आह—यावदिति । अविद्यानाशानन्तरं ब्रह्मत्वं चेदागन्तुकमनित्यं च स्यादित्यत आह—न चाविद्यावत्त्व इति । जीवस्य ब्रह्मत्वे स्वाभाविके सति ब्रह्मप्रश्नस्य यदुत्तरं तज्जीवप्रश्नस्यापि भवतीति लाभं दर्शयति—ततश्च न जायत इति । जीवब्रह्मैक्ये 'त्रयाणाम्–' इति सूत्रं कथमित्यत आह—सूत्र त्विति । कल्पितभेदात्प्रश्नभेदकल्पनेत्याह—

और जो आप ने कहा था कि दोनों स्थल पर प्रश्न का भेद जान पड़ता है ? यह कोई दोष नहीं है। प्रथम प्रश्न में ही कुछ विशेष बात पूछने की इच्छा से पूरक प्रश्न के रूप में नचिकेता ने पूछा है। पहले देह से भिन्न आत्मा के अस्तित्वसम्बन्ध में पूछा और तत्पश्चात् उसी देहभिन्न आत्मा में असंसारित्व पूछा है। वास्तव में जब तक अविद्या नहीं मिटती है तब तक जीव में धर्माधर्मविषयत्व बना रहता है और जीवत्व मिटता नहीं। उसकी निवृत्ति से ही 'तत्त्वमसि' वाक्य द्वारा श्रुति ने जीव-ब्रह्म का अभेददर्शन कराया है। अविद्या के रहने और मिट जाने पर वस्तुतत्त्व में कोई भेद नहीं आता है जैसे मन्द अन्धकार में पड़ी किसी रस्सी को सर्प मानने वाला कोई पुरुष उससे भयभीत होकर काँपता है और वहाँ से भाग जाता है, उसी को जब दूसरा कोई व्यक्ति कहेगा—डरो मत, यह सर्प नहीं है किन्तु रज्जु है तो वह पहले से भयभीत पुरुष उस वाक्य को सुनकर सर्प के कारण से होने वाले भय को छोड़ बैठता है। साथ ही, कम्पन और पलायन का भी परित्याग कर डालता है; किन्तु सर्प ज्ञान के समय और उस ज्ञान के अभावकाल में वस्तु में कोई भेद नहीं आता। ऐसे ही, अज्ञान से आत्मा में जन्म-मरणादि संसार भासता हो और ज्ञान से संसारधर्म नहीं भासता हो तो दोनों दशा में आत्मतत्त्व में कोई भेद नहीं आता, ऐसा समझना चाहिए। इसीलिए पहले जिसके अस्तित्व के विषय में प्रश्न किया था उसी प्रश्न का उत्तर **"न जायते म्रियते वा विपश्चित्"** इस वाक्य से भी दिया गया है, किन्तु अविद्याकल्पित जीव और ब्रह्म के भेद की अपेक्षाकर सूत्र की योजना कर लेनी चाहिए। जीव-ब्रह्म का एकत्व नित्यसिद्ध होने पर भी आत्मविषयक प्रश्न की

(११३) महद्वच्च ॥७॥

विषयस्य प्रश्नस्य प्रायणावस्थायां देहव्यतिरिक्तास्तित्वमात्रविचिकित्सनात्कर्तृत्वादिसंसारस्वभावानपोहनाच्च पूर्वस्य पर्यायस्य जीवविषयत्वमुत्प्रेक्ष्यते । उत्तरस्य तु धर्माद्यत्ययसङ्कीर्तनात्प्राज्ञविषयत्वमिति । ततश्च युक्ताग्निजीवपरमात्मकल्पना । प्रधानकल्पनायां तु न वरप्रदानं न प्रश्नो न प्रतिवचनमिति वैषम्यम् ॥६॥

यथा महच्छब्दः सांख्यैः सत्तामात्रेऽपि प्रथमजे प्रयुक्तो न तमेव वैदिकेऽपि प्रयोगेऽभिधत्ते । 'बुद्धेरात्मा महान्परः' (का० १-३-१०), 'महान्तं विभुमात्मानम्' (का० १-२-२२), वेदाहमेतं पुरुषं महान्तम्' (श्वे० ३-८) इत्येवमादावात्मशब्दप्रयोगादिभ्यो हेतुभ्यः । तथाव्यक्तशब्दोऽपि न वैदिके प्रयोगे प्रधानमभिधातुमर्हति । अतश्च नास्त्यानुमानिकस्य शब्दवत्त्वम् ॥७॥

ततश्चेति । **परमात्मनः सकाशात्प्रधानस्य वैषम्यमनात्मत्वेन तृतीयवरान्तर्भावायोगादिति भावः ॥६॥**

श्रौतोऽव्यक्तशब्दो न सांख्यासाधारणतत्त्वगोचरः, वैदिकशब्दत्वात्, महच्छब्दवदित्याह—महद्वच्चेति । **सूत्रं व्याचष्टे**—यथेत्यादिना । **न चाकाशादिशब्दे 'व्यभिचारः, आकाशादेर्मतान्तरसाधारणत्वेन सांख्यासाधारणत्वासिद्धेः साध्यस्यापि सत्त्वादिति मन्तव्यम्**—सत्तामात्रे । **सत्त्वप्रधानप्रकृतेराद्यपरिणामे, निर्विकल्पकबुद्धावित्यर्थः । 'आत्मा महानि'त्यात्मशब्दप्रयोगात्, तं मत्वा न शोचति, 'तमसः परस्तादि'त्यादिना शोकात्ययतमःपरत्वादिभ्यश्च महच्छब्दः सांख्यतत्त्वं नाभिधत्त इति सम्बन्धः । अधिकरणार्थमुपसंहरति**—अतश्चेति ॥७॥

मरणोपरान्त देह से भिन्न अस्तित्वमात्र की विचिकित्सा होती है कर्तृत्व आदि संसार-स्वभाव की कल्पना उस समय नहीं होती । इसीलिए पूर्व पर्याय में जीवविषयत्व की उत्प्रेक्षा होती है किन्तु उत्तरपर्याय में धर्मादि अत्यय का संकीर्तन किया है जो विशुद्ध परमात्मचैतन्य को ही बतलाता है । अतः अग्नि, जीव एवं परमात्मविषयक प्रश्नोत्तर की कल्पना उचित ही है किन्तु प्रधान की कल्पना करने पर न वरप्रदान का, न प्रश्न का और न उत्तर का ही प्रसङ्ग उपस्थित होता है, बस आप के और हमारे मत में इसी कारण से वैषम्य है ॥६॥

महद्वच्च (ललिता)

जैसे सांख्यों ने प्रकृति से प्रथम उत्पन्न सत्तामात्र में महत् शब्द का प्रयोग किया है किन्तु उसी को वैदिक प्रयोग में नहीं मानते हैं । 'बुद्धि से पर महान् आत्मा है ।' 'महान् व्यापक आत्मा को जानकर' 'इस महान् पुरुष को मैं जानता हूँ ।' इन सभी वाक्यों में आत्म शब्द का प्रयोग देखा जाता है । अतः जैसे महान् का अर्थ सांख्यों का महतत्व नहीं है; वैसे ही अव्यक्त शब्द भी वैदिक प्रयोग में प्रधान को नहीं बतलाता है । इसीलिए अनुमानप्रमाणसिद्ध सांख्यशास्त्रपरिकल्पित प्रधान को कोई वैदिक शब्द से सिद्ध नहीं कर सकता । वह तो वेदबाह्य ही है, यह निश्चित हुआ ॥७॥

---

१. व्यभिचार इति साध्यवदन्यस्मिन्नाकाशादौ हेतोर्वृत्तित्वात्साधारणानैकान्तिको हेतुरित्यर्थः

२. चमसाधिकरणम् (सू० ८-१०)

(११४) चमसवदविशेषात् ॥८॥

अजा हि सांख्यप्रकृतिस्तेजोवन्नात्मिकाथवा । रजआदौ लोहितादिलक्ष्येऽसौ सांख्यशास्त्रगा ।
लोहितादिप्रत्यभिज्ञा तेजोवन्नादिलक्षणाम् । प्रकृतिं गमयेच्छ्रौतीमजाक्लृप्तिर्मधुन्ववत् ॥

पुनरपि प्रधानवाद्यशब्दत्वं प्रधानस्यासिद्धमित्याह । कस्मात् ? मन्त्रवर्णात्—'अजामेकां लोहितशुक्लकृष्णां बह्वीः प्रजाः सृजमानां सरूपाः । अजो ह्येको जुषमाणोऽनुशेते जहात्येनां भुक्तभोगामजोऽन्यः' (श्वे० ४-५) इति । अत्र हि मन्त्रे लोहितशुक्लकृष्णशब्दै रजःसत्त्वतमांस्यभिधीयन्ते । लोहितं रजो रञ्जनात्मकत्वात् । शुक्लं सत्त्वं

चमसवदविशेषात् । अत्राऽजापदं विषयः, तत्किं प्रधानपरं मायापरं वेति रूढ्यर्थासम्भवात्संशये पूर्वत्राव्यक्तशब्दमात्रेण प्रधानस्याप्रत्यभिज्ञायामप्यत्र त्रिगुणत्वादिलिङ्गोपेतादजापदात्प्रत्यभिज्ञास्तीति प्रत्युदाहरणेन पूर्वपक्षयति—पुनरपीति । फलं पूर्वपक्षे ब्रह्मणि समन्वयासिद्धिः, सिद्धान्ते तत्सिद्धिरिति पूर्ववद्द्रष्टव्यम् । रागहेतुत्वादिगुणयोगात् रोहितादिशब्दै रजआदिगुणलाभेऽपि कथं प्रधानलाभः,

२. चमसाधिकरण

१: **संगति**—पिछले अधिकरण में '**अव्यक्त**' शब्दमात्र होने के कारण प्रधान की प्रत्यभिज्ञा न भी मानी जाय किन्तु यहाँ पर श्वेताश्वेतर श्रुति में त्रिगुणत्वादि लिङ्ग से युक्त '**अजा**' शब्द के कारण प्रधान की प्रत्यभिज्ञा मानी जा सकती है। ऐसी प्रत्युदाहरण संगति के कारण यह अधिकरण प्रारम्भ किया जाता है।

२. **विषय**—'**अजामेकां लोहितशुक्लकृष्णाम्**' (श्वेता० ४-५) इत्यादि वाक्य इस अधिकरण का विचारणीय विषय है।

३. **संशय**—क्या '**अजा**' शब्द प्रधान अर्थ का वाचक है अथवा अग्नि, जल एवं पृथ्वीरूप अवान्तर प्रकृति का वाचक है ?

४. **पूर्वपक्ष**—लोहितादि शब्द के लक्ष्यार्थ रजोगुण आदि होते हैं, उन्हीं को सांख्यशास्त्रप्रतिपादित '**अजा**' शब्द विषय करता है। अतः अजा शब्द का अर्थ प्रकृति है।

५. **सिद्धान्त**—लोहितादि की प्रत्यभिज्ञा अग्नि, जल एवं पृथ्वीरूप अवान्तर प्रकृति का बोध कराती है। जैसे मधुविद्या में मधु से भिन्न आदित्य को मधु कहा गया है, ऐसे ही अग्न्यादि अवान्तर श्रौती प्रकृति को अजा शब्द से कहा गया है।

चमसवदविशेशात् (ललिता)

प्रधानवादी सांख्य प्रधान में फिर भी अशब्दत्व को असिद्ध करने का दावा करता है। उसने श्वेताश्वेतर श्रुति को सामने रखकर कहा है, कि 'लाल, सफ़ेद एवं काले रंग की एक अजा ने अपने समान स्वभाव एवं रूपवाली अनेक प्रजाओं को बनाया, उनमें से एक अज उसका सेवन करता ही रहा और दूसरे ने उस भुक्तभोगा अज का परित्याग कर डाला, इत्यादि। इस मन्त्र में रोहित, शुक्ल एवं कृष्ण शब्द द्वारा रजोगुण, सत्वगुण और तमोगुण को बतलाया गया है। रञ्जनात्मक होने के कारण रजोगुण लाल है, प्रकाशरूप होने के कारण सत्त्वगुण शुक्ल है और आवरणात्मक होने

प्रकाशात्मकत्वात् । कृष्णं तम आवरणात्मकत्वात् । तेषां साम्यावस्थाऽवयवधर्मैर्व्यपदिश्यते लोहितशुक्लकृष्णेति । न जायत इति चाजा स्यात्, 'मूलप्रकृतिरविकृतिः' इत्यभ्युपगमात् । नन्वजाशब्दश्छागायां रूढः । बाढम् । सा तु रूढिरिह नाश्रयितुं शक्या, विद्याप्रकरणात् । सा च बह्वीः प्रजास्त्रैगुण्यान्विता जनयति । तां प्रकृतिमज एकः पुरुषो जुषमाणः प्रीयमाणः सेवमानो वानुऽशेते । तामेवाविद्ययात्मत्वेनोपगम्य सुखी दुःखी मूढोऽहमित्यविवेकितया संसरति । अन्यः पुनरजः पुरुष उत्पन्नविवेकज्ञानो विरक्तो जहात्येनां प्रकृतिं भुक्तभोगां कृतभोगापवर्गां परित्यजति । मुच्यत इत्यर्थः । तस्माच्छ्रुतिमूलैव प्रधानादिकल्पना कापिलानामिति ।

एवं प्राप्ते ब्रूमः——नानेन मन्त्रेण श्रुतिमत्त्वं सांख्यवादस्य शक्यमाश्रयितुम् । न ह्ययं मन्त्रः स्वातन्त्र्येण कञ्चिदपि वादं समर्थयितुमुत्सहते । सर्वत्रापि यया कयाचित्कल्पनयाऽजात्वादिसम्पादनोपपत्तेः, सांख्यवाद एवेहाभिप्रेत इति विशेषावधारणकारणाभावात् ।

तत्राह—तेषां साम्येति । अवयवाः प्रधानस्य रजआदयस्तेषां धर्मा रञ्जकत्वादयः तन्निमित्तैर्लोहितादिशब्दैः प्रधानमुच्यत इत्यर्थः । गुणाभेदात्प्रधानलाभ इति भावः । तत्राजाशब्दं योजयति—नेति । 'रूढिर्योगमपहरति' इति न्यायेन शङ्कते—नन्विति । रूढ्यसम्भवाद्योग आश्रयणीय इत्याह—बाढमिति । अजाशब्दवत्'प्रकृतिस्व'पुरुषभेदलिङ्गाभ्यामपि प्रधानप्रत्यभिज्ञेत्याह—सा चेत्यादिना । प्रजायन्त इति प्रजाः महदादयः । त्रैगुण्यं सुखदुःखमोहाः । अनुशयनं विवृणोति—तामेवाविद्ययेति । अविवेकेनेत्यर्थः । विषयधीर्भोगः, गुणभिन्नात्मख्यातिरपवर्गः ।

सिद्धान्तयति—एवं प्राप्त इति । मायादावपि साधारणान्मन्त्राद्विशेषार्थग्रहो न युक्तः, विशेष-

---

के कारण तमोगुण कृष्ण है । उन्हीं के साम्यावस्थारूप अवयवधर्म के द्वारा रोहित, शुक्ल एवं कृष्ण का व्यपदेश किया गया है । जो उत्पन्न नहीं होता उसे अजा कहते हैं, हम सांख्यों ने मूलप्रकृति को अविकृति कह कर उसे अजा स्वीकार किया ही है । यदि कोई कहे कि अजा शब्द छाग (बकरी) अर्थ में रूढ़ है ? तो ऐसा मानना ठीक नहीं, क्योंकि यहाँ पर विद्या का प्रकरण होने से रूढ़ि का आश्रय नहीं किया जा सकता । उस अजा ने तीनों गुणों से युक्त अनेक प्रजाओं को उत्पन्न किया, उनमें एक पुरुष उस प्रकृति का उपभोग करता रहता है अर्थात् उसी को अविद्या से आत्मा मानकर, मैं सुखी हूँ, दुःखी हूँ एवं मूढ़ हूँ, ऐसे अविवेक के कारण संसार में चक्कर काटता रहता है । दूसरा जिसे विवेकज्ञान उत्पन्न हो चुका है वह विरक्त अज पुरुष इस भुक्तभोगा प्रकृति को छोड़ देता है अर्थात् वह मुक्त हो जाता है । इस प्रकार विचार करने पर कापिलों की प्रधानादि कल्पना श्रुतिमूलक ही सिद्ध होती है ?

ऐसा पूर्वपक्ष होने पर हम सिद्धान्ती कहते हैं कि इस मन्त्र द्वारा सांख्यसिद्धान्त को श्रुतिसम्मत नहीं मान सकते, क्योंकि यह मन्त्र स्वतन्त्ररूप से किसी वाद का समर्थन नहीं कर सकता है । जिस किसी कल्पना से तो सवत्र गिरि-गुहादि में भी अजात्वादि का सम्पादन सिद्ध हो जायेगा । ऐसी स्थिति में यहाँ पर सांख्यवाद ही अभिप्रेत है, ऐसा विशेषनिश्चय का कारण वैसा ही नहीं

---

१. कारणात्व । २. बद्धमुक्तादिपुरुषभेदव्यवस्थान्यथानुपपत्यापि अजा शब्देन प्रधानं ग्राह्यमित्यपिना सूचयति ।

(११५) ज्योतिरुपक्रमा तु तथा ह्यधीयत एके ॥६॥

चमसवत् । यथा हि 'अर्वाग्बिलश्चमस ऊर्ध्वबुध्नः' (बृ० २-२-३) इत्यस्मिन्मन्त्रे स्वातन्त्र्येणायं नामासौ चमसोऽभिप्रेत इति न शक्यते निरूपयितुम् । सर्वत्रापि यथाकथंचिदर्वाग्बिलत्वादिकल्पनोपपत्तेः । एवमिहाप्यविशेषोऽजामेकामित्यस्य मन्त्रस्य । नास्मिन्मन्त्रे प्रधानमेवाजाभिप्रेतेति शक्यते नियन्तुम् ॥८॥

तत्र तु 'इदं तच्छिर एष ह्यर्वाग्बिलश्चमस ऊर्ध्वबुध्नः' इति वाक्यशेषाच्चमसविशेषप्रतिपत्तिर्भवति । इह पुनः केयमजा प्रतिपत्तव्येति, अत्र ब्रूमः—

परमेश्वरादुत्पन्ना ज्योतिःप्रमुखा तेजोबन्नलक्षणा चतुर्विधस्य भूतग्रामस्य प्रकृतिभूतेयमजा प्रतिपत्तव्या । तुशब्दोऽवधारणार्थः । भूतत्रयलक्षणैवेयमजा विज्ञेया न गुणत्रयलक्षणा । कस्मात् ? तथा ह्येके शाखिनस्तेजोबन्नानां परमेश्वरादुत्पत्तिमाम्नाय तेषामेव रोहितादि-

---

ग्रहहेतोः प्रकरणादेरभावादिति हेतुं व्याख्याय दृष्टान्तं व्याचष्टे—चमसवदिति । सर्वत्रेति गिरिगुहादावपि ॥८॥

उत्तरसूत्रव्यावर्त्यांशङ्कामाह—तत्र त्विदमिति । ज्योतिः ! चतुर्विधस्येति । जरायुजाण्डजस्वेदजोद्भिज्जस्वरूपस्येत्यर्थः । स्मृत्युक्ता कुतो न ग्राह्येति शङ्कयते—कस्मादिति । श्रुतेः श्रुत्यन्तरादर्थग्रहो युक्तः । साजात्यान्मूलानपेक्षत्वाच्चेत्याह–तथा हीति । शाखिनश्छान्दोगाः । किञ्च लोहितादिशब्दैरपि

दीखता जैसे चमस शब्द के अर्थ का सहसा निर्णय नहीं किया जा सकता । 'जिसके अधोभाग में मुख है और ऊपर का भाग उठा हुआ है' इस मन्त्र में स्वतन्त्ररूप से यह निश्चय नहीं किया जा सकता कि इस नाम वाला पदार्थ चमस अभिप्रेत है । ऐसी अर्वाग्बिलत्वादि की कल्पना गिरि, गुहादि में भी सर्वत्र ही की जा सकती है । इसी प्रकार 'अजामेकाम्' यह मन्त्र अविशेष होने के कारण इस मन्त्र में प्रधान ही 'अजा' पद से अभिप्रेत है ऐसा नियम नहीं कर सकते ॥८॥

ज्योतिरुपक्रमा तु तथा ह्यधीयत एके (ललिता)

अग्रिम सूत्र से व्यावर्तनीय शङ्का का उत्थापन करते हैं कि उस मन्त्र में मस्तक को ही 'अर्वाग्बिलश्चमस ऊर्ध्वबुध्नः' इस वाक्यशेष से कहा गया है । इस प्रकार चमसविशेष का वहाँ पर बोध होता है, किन्तु यह अजा क्या वस्तु है, इसे समझना है? इस पर हम सिद्धान्ती कहते हैं कि जरायुज, अण्डज, स्वेदज और उद्भिज्ज ऐसे चतुर्विध भूत-समुदाय की प्रकृति को अजा शब्द का अर्थ समझना चाहिए । जिन भूतों में परमेश्वर से प्रथम ज्योतिः उत्पन्न हुई ऐसी अग्नि, जल और पृथ्वीरूपा अवान्तर प्रकृति ही अजा पद का अर्थ है । सूत्र में आया हुआ 'तु' शब्द अवधारणार्थक है अर्थात् भूतत्रयरूपा ही यह अजा समझनी चाहिए, गुणत्रयरूपा नहीं, क्योंकि एक छान्दोग्यशाखावाले परमेश्वर से अग्नि, जल एवं पृथ्वी की उत्पत्ति बतलाकर उन्हीं का रोहितादि रूप भी बतलाते हैं; यथा 'अग्नि

---

१. अर्वाग्बिलेति अधोमुखमित्यर्थः । इहापि दार्ष्टान्तिकेऽपि अजामेकामित्यादि मन्त्रस्याविशेषः । ३ सांख्यवाद एव श्रुत्यभिप्रेत इति विशेषावधारणो करणात्वाभाव इत्यर्थस्तदा नास्मिन्नित्यादिना । ४. तस्य शिरस इव शिरो यस्येति तच्छिरः ।

रूपतामामनन्ति—'यदग्ने रोहितं रूपं तेजसस्तद्रूपं यच्छुक्लं तदपां यत्कृष्णं तदन्नस्य' इति। तान्येवेह तेजोबन्नानि प्रत्यभिज्ञायन्ते, रोहितादिशब्दसामान्यात्। रोहितादीनां च शब्दानां रूपविशेषेषु मुख्यत्वाद्भाक्तत्वाच्च गुणविषयत्वस्य। असंदिग्धेन च संदिग्धस्य निगमनं न्याय्यं मन्यन्ते। तथेहापि 'ब्रह्मवादिनो वदन्ति। किंकारणं ब्रह्म' (श्वे० १-१) इत्युपक्रम्य 'ते ध्यानयोगानुगता अपश्यन्देवात्मशक्तिं स्वगुणैर्निगूढाम्' (श्वे० १-३) इति पारमेश्वर्याः शक्तेः समस्तजगद्विधायिन्या वाक्योपक्रमेऽवगमात्। वाक्यशेषेऽपि 'मायां तु प्रकृतिं विद्यान्मायिनं तु महेश्वरम्' इति, 'यो योनिं योनिमधितिष्ठत्येकः (श्वे० ४-१०,११) इति च तस्या एवावगमान्न स्वतन्त्रा काचित्प्रकृतिः प्रधानं नामाजामन्त्रेणाम्नायत इति शक्यते वक्तुम्। प्रकरणात्तु सैव देवी शक्तिरव्याकृतनामरूपा नामरूपयोः प्रागवस्था-नेनापि मन्त्रेणाम्नायत इत्युच्यते। तस्याश्च स्वविकारविषयेण त्रैरूप्येण त्रैरूप्य-मुक्तम् ॥९॥

द्रव्यलक्षणा व्याख्या अव्यवधानात्, न तु रञ्जनीयत्वादिगुणव्यवहिता सत्त्वादिगुणलक्षणेत्याह—रोहितादीनां चेति। ननु शाखान्तरेण शाखान्तरस्थमन्त्रस्य निर्णयः कथमित्यत आह—असन्दिग्धेनेति। सर्वशाखाप्रत्ययन्यायादिति भावः। यथा शाखान्तरवाक्यान्न प्रधानग्रहस्तथेहापि श्वेताश्वतरोपनिषदि मायाप्रकरणान्न तद्ग्रह इत्याह—तथेति। सृष्ट्यादौ किं सहायं ब्रह्मेति विमृश्यते। ब्रह्मवादिनो ध्यानाख्ययोगेन परमात्मानमनुप्रविष्टाः सन्तः तत्रैव देवस्यात्मभूतामैक्येनाध्यस्तां शक्तिं परतन्त्रां मायां सत्त्वादिगुणवतीं ब्रह्मणः सहायमपश्यन्नित्यन्वयः। मायाया एकत्वेऽपि तदंशानां जीवोपाधीनां तत्तत्संघातयोनीनामविद्याख्यानां भेदाद्वीप्सा। अव्याकृते अनभिव्यक्ते नामरूपे यस्यां सा। अनेन 'तद्धेदं तर्ह्यव्याकृतमासीत्' इति श्रुत्यन्तरप्रसिद्धिरुक्ता। तस्यां शक्तौ 'व्यक्ताव्यक्तकार्यलिङ्गकानुमानं सूचयति—नामेति। मायाया रोहितादिरूपवत्त्वं कथमित्यत आह—तस्या इति। विषयः आश्रयः ॥९॥

में जो लालरूप है वह तेज का है, जो शुक्लरूप है वह जल का है और जो कृष्ण रूप है वह पृथ्वी का है।' उन्हीं अग्नि, जल एवं पृथ्वी रूप की प्रत्यभिज्ञा इस श्वेताश्वेतर श्रुति में भी होती है क्योंकि यहाँ भी रोहितादि शब्द समान ही हैं। रोहितादि शब्द मुख्य रूप से रूपविशेष में प्रयुक्त होते हैं, गुण में गौणरूप से। असंदिग्ध वाक्य के द्वारा संदिग्ध वाक्य का निर्णय उचित मानते हैं। यहां पर श्वेताश्वेतर उपनिषद् में भी 'ब्रह्मवादीलोग कहते हैं कि जगत्कारण ब्रह्म क्या चीज है' यहां से प्रसङ्ग प्रारम्भकर 'ध्यानयोग में संलग्न उन ऋषियों ने अपने ही गुणों से निगूढ़ देवात्मशक्ति को देखा' इस वाक्य द्वारा समस्त जगत् विधायिनी पारमेश्वरीय शक्ति का बोध वाक्यारम्भ में होता है। वैसे ही, वाक्यशेष में भी कहा है कि 'माया को जगत् की प्रकृति जानो और मायापति को महेश्वर समझो', 'जो अकेला जीवोपाधिरूप प्रत्येक योनि में बैठा है' इन वाक्यों से उस योनि का ही बोध होता है, स्वतन्त्र कोई प्रकृति प्रधान नामवाली 'अजा' मन्त्र से कही जाती हो ऐसा नहीं कह सकते। प्रकरण प्रमाण से परमेश्वर की शक्ति अव्याकृत नाम-रूपवाली है जो नाम-रूप के प्रागवस्था से युक्त होती है उसी को पूर्वोक्त मन्त्र से बतलाते हैं। वह अपने विकार के विषय त्रैरूप्य के कारण तीन-रूपवाली कही गयी है ॥९॥

---

१. योनेः। २. करणानाम्। ३. स्थूल सूक्ष्म।

(११६) कल्पनोपदेशाच्च मध्वादिवदविरोधः ॥१०॥

कथ पुनस्तेजोबन्नानां त्रैरूप्येण त्रिरूपाजा प्रतिपत्तुं शक्यते। यावता न तावत्ते जोऽबन्नेष्वजाकृतिरस्ति। नच तेजोऽबन्नानां जातिश्रवणादजातिनिमित्तोऽप्यजाशब्दः सम्भवतीति। अत उत्तरं पठति--

नायमजाकृतिनिमित्तोऽजाशब्दः नापि यौगिकः, किं तर्हि? कल्पनोपदेशोऽयम्। अजारूपकक्लृप्तिस्तेजोऽबन्नलक्षणायाश्चराचरयोनेरुपदिश्यते। यथा हि लोके यदृच्छया काचिदजा रोहितशुक्लकृष्णवर्णा स्याद्बहुबर्करा सरूपबर्करा च, तां कश्चिदजो जुषमाणोऽनुशयीत, कश्चिच्चैनां भुक्तभोगां जह्यात्, एवमियमपि तेजोऽबन्नलक्षणा भूतप्रकृतिस्त्रिवर्णा बहु सरूपं चराचरलक्षणं विकारजातं जनयति, अविदुषा च क्षेत्रज्ञेनोपभुज्यते विदुषा च परित्यज्यत इति। न चेदमाशङ्कितव्यमेकः क्षेत्रज्ञोऽनुशेतेऽन्यो जहातीत्यतः क्षेत्रज्ञभेदः

एवं प्रकरणबलान्मायैवाऽजेति भाष्यकृन्मतम्। छान्दोग्यश्रुत्या तेजोऽबन्नलक्षणाऽवान्तरप्रकृतिरजेति सूत्रकृन्मतेनोत्तरसूत्रव्याख्यां शङ्कते—कथमिति। किं तेजोऽबन्नेष्वजाशब्दो रूढो, न जायत इति यौगिको वा? नाद्यः, तेष्वजात्वजातेरसत्त्वादित्याह—यावतेति। यत इत्यर्थः। अतो न रूढ इति शेषः। न द्वितीयः इत्याह—न चेति। जातिर्जन्म। अजातिर्जन्म। लौकिकाऽजाशब्दसादृश्यकल्पनया तेजोऽबन्नानामजात्वोपदेशाद्गौणोऽयं शब्द इति परिहरति—कल्पनेति। अनियमो यदृच्छा। बर्करो बालपशुः। [1]यदुक्तं जीवभेदेन प्रधानवादप्रत्यभिज्ञेति, तन्नेत्याह—न चेदमिति। व्यवस्थार्थो भेदो-

---

कल्पनोपदेशाच्च मध्वादिवदविरोधः (ललिता)

तेज, जल एवं पृथ्वी में त्रैरूप्य होने के कारण वे ही तीनरूपवाला अजा कैसे समझी जाय जबकि उनमें अजा की आकृति नहीं है जिससे कि रूढ्या अजा पद से उनका बोध हो और 'न जायते' इति यौगिकवृत्ति से उन तीनों का अजा पद से बोध सम्भव है क्योंकि अग्नि, जल एवं पृथ्वी का जन्म सुना जाता है? इस प्रश्न का उत्तर अग्रिम सूत्र से देते हैं कि न रूढ़ि से अजावृत्ति के कारण अजा शब्द का प्रयोग तेज, जल एवं पृथ्वी इन तीनों में होता है और न यौगिक प्रयोग ही इन तीनों में अजा शब्द का है किन्तु कल्पना उपदेश के कारण उक्त तीनों को अजा कहा गया है। चर-अचर सभी के कारण अग्नि, जल और पृथ्वी जो भूतत्रय हैं ऐसा श्रुति में उपदेश किया गया है। जिस प्रकार लोक में बिना नियम के कोई अजा लाल, सफेद एवं काले रंगवाली होती है जिसके यदृच्छया बहुत से बच्चे होते हैं, उनमें से कोई अज उस जन्म देनेवाली अजा का उपभोग करते हुए उसी में पड़ा रहता है और कोई-कोई बकरा उस भुक्तभोगा बकरी को छोड़ भी देता है; ऐसे ही यह अजा अग्नि-जल, पृथ्वीरूपा, सभी भूतों की प्रकृति तीन वर्ण वाली है जो अपने समान चराचर जगत् को उत्पन्न करती है। उन उत्पन्न हुए जीवों में से अज्ञानी क्षेत्रज्ञ उसका उपभोग करता ही रहता है और ज्ञानी जीव उसका परित्याग कर डालता है। एक जीव उपभोग करता है, दूसरा उसे छोड़ देता है इस बात को सुनकर यह शङ्का मत उठायें कि वेदान्तियों को भी जीवभेद

---

१. अजो ह्येका जुषमाण इत्यादिना।

३. संख्योपसंग्रहाधिकरणम् (सू० ११-१३)

पञ्च पञ्चजनाः सांख्यतत्त्वान्याहो श्रुतिरिताः । प्राणाद्याः सांख्यतत्त्वानि पञ्चविंशतिभासनात् ।
न पञ्चविंशतेर्भानमात्माकाशातिरेकतः । संज्ञा पञ्चजनेत्येषा प्राणाद्याः सञ्ज्ञिनः श्रुताः ।।

पारमार्थिकः परेषामिष्टः प्राप्नोतीति । न ह्ययं[1] क्षेत्रज्ञभेदप्रतिपिपादयिषा[2] किन्तु बन्धमोक्षव्यवस्थाप्रतिपिपादयिषा त्वेषा । प्रसिद्धं तु भेदमनूद्य बन्धमोक्षव्यवस्था प्रतिपाद्यते । भेदस्तूपाधिनिमित्तो मिथ्याज्ञानकल्पितो न पारमार्थिकः । 'एको देवः सर्वभूतेषु गूढः सर्वव्यापी सर्वभूतान्तरात्मा' इत्यादिश्रुतिभ्यः । मध्वादिवत् । यथा 'आदित्यस्यामधुनो मधुत्वम्' (छा० ३-१), 'वाचश्चाधेनोर्धेनुत्वम्' (बृ० ५-८), द्युलोकादीनां चानग्नीनामग्नित्वम्' (बृ० ८-२-९) इत्येवंजातीयकं कल्प्यते, एवमिदमनजाया अजात्वं कल्प्यत इत्यर्थः, तस्मादविरोधस्तेजोऽबन्नेष्वजाशब्दप्रयोगस्य ।।१०।।

ऽप्यर्थात्प्रतिपाद्यत इत्याह—प्रसिद्धं त्विति । सत्य एव प्रसिद्ध इत्यत आह—भेदस्त्विति । कल्पनोपदेशे दृष्टान्तं व्याचष्टे—मध्विति । न च योगस्य मुख्यवृत्तित्वात्तेन प्रधानग्रहो न्याय्य इति वाच्यम्, रूढ्यर्थानपेक्षाद्योगात्तदाश्रितगुणलक्षणाया बलीयस्त्वात् । गुणवृत्तौ हि रूढिराश्रिता भवति । तथाच रोहितादिशब्दसमभिव्याहारानुगृहीतया रूढ्या[3]श्रितया गुणवृत्त्या प्रधाने योगं बाधित्वाऽवान्तरप्रकृतिरजाशब्देन ग्राह्या, यथा मध्वादिशब्दैः प्रसिद्धमध्वाद्याश्रित[4]गुणलक्षणया आदित्यादयो गृह्यन्ते, तद्वत् । तस्मादशब्दं प्रधानमिति सिद्धम् ।।१०।।

पारमार्थिक इष्ट है क्योंकि यह अजा श्रुति जीवभेद प्रतिपादन के लिए प्रवृत्त नहीं हुई है किन्तु बन्ध-मोक्ष व्यवस्था बतलाने के लिए ही प्रवृत्त हुई है । भेद तो लोकतः प्रसिद्ध है जो औपाधिक है, मिथ्याज्ञानकल्पित है, पारमार्थिक नहीं है; उसी प्रसिद्ध भेद का अनुवाद कर बन्ध-मोक्ष व्यवस्था बतलाने के लिए अजा श्रुति प्रवृत्त हुई है—'सम्पूर्ण भूतों में छिपा हुआ परमात्मा एक ही है, वह सर्वव्यापी है और सर्व भूतों की अन्तरात्मा है' इत्यादि श्रुति से पूर्वोक्त बात ही कही गयी है । जैसे आदित्य मधु नहीं है फिर भी उसमें मधुत्व की कल्पना की गयी है और जिस प्रकार वाणी धेनु नहीं है फिर भी उसमें धेनुत्व की कल्पना तथा जिस प्रकार द्युलोकादि अग्नि नहीं है फिर भी उसमें अग्नित्व की कल्पना उपासना के लिए की गयी है, ऐसे ही तत्त्वबोध के लिए अनजारूपा तेज, जल एवं पृथ्वी में भी अजात्व की कल्पना की गयी है । अतः तेज, जल और पृथ्वी में अजा शब्द का प्रयोग करने में विरोध नहीं है । इस प्रकार सांख्यशास्त्रपरिकल्पित प्रधान अशब्द सिद्ध हुआ ।।१०।।

३. संख्योपसंग्रहाधिकरण

१. संगति—पूर्व अधिकरण में आध्यात्मिक अधिकार होने से अजा शब्द का प्रसिद्ध छाग अर्थ न कर अग्न्यादिरूप अवान्तर प्रकृति अर्थ किया था, वैसे ही 'यस्मिन् पञ्च पञ्चजनाः' इस मन्त्र में पञ्च पञ्चजन शब्द से मनुष्यादि का ग्रहण उचित न होने के कारण सांख्यशास्त्राभिमत पचीस तत्त्व ग्रहण करना ही उचित होगा; ऐसी दृष्टान्त संगति के कारण यह अधिकरण प्रारम्भ किया गया है ।

१. अजाश्रुतिः । २. प्रवृत्तेति शेषः । ३. रूढ्यार्थाश्रित । ४. मोदनादि गुण ।

(११७) न संख्योपसंग्रहादपि नानाभावादतिरेकाच्च ॥११॥

एवं परिहृतेऽप्यजामन्त्रे पुनरन्यस्मान्मन्त्रात्सांख्यः प्रत्यवतिष्ठते । 'यस्मिन्पञ्च पञ्चजना आकाशश्च प्रतिष्ठितः । तमेव मन्य आत्मानं विद्वान्ब्रह्मामृतोऽमृतम् ।(बृ० ४-४-१७)इति । अस्मिन्मन्त्रे पञ्च पञ्चजना इति पञ्चसंख्याविषयाऽपरा पञ्चसंख्या श्रूयते, पञ्चशब्दद्वयदर्शनात् । त एते पञ्चपञ्चकाः पञ्चविंशतिः सम्पद्यन्ते । तया पञ्चविंशतिसंख्यया यावन्तः संख्येया आकाङ्क्ष्यन्ते तावन्त्येव च तत्त्वानि सांख्यैः संख्यायन्ते—'मूलप्रकृतिरविकृति-

---

न संख्योपसंग्रहात् । **पञ्चजनशब्दः सांख्यतत्त्वपरोऽन्यपरो वेति योगरूढ्योरनिश्चयात् संशये यथा तत्त्वविद्याधिकारे छागायां तात्पर्याभावादजापदे रूढित्यागस्तथा पञ्चमनुष्येषु तात्पर्याभावात्[1]पञ्चजनशब्देन रूढिं त्यक्त्वा तत्त्वानि ग्राह्याणीति दृष्टान्तसङ्गतिं सूचयन् मन्त्रमुदाहृत्य पूर्वपक्षयति** एवमित्यादिना । **फलं पूर्ववत् । प्राणचक्षुश्श्रोत्रान्नमनांसि वाक्यशेषस्थाः पञ्चजनाः पञ्च । तत्र चत्वारः [2]सूत्रम्, अन्नं विराट्, तयोः कारणमव्याकृतमाकाशश्च यस्मिन्नध्यस्तास्तमेवात्मानममृतं ब्रह्म मन्ये । तस्माज्मननात् विद्वानमृतोऽस्मीति मन्त्रदृशो वचनम् । नन्वस्तु पञ्चत्वविशिष्टेषु पञ्चजनेषु पुनः पञ्चत्वान्वयात् पञ्चविंशतिसंख्याप्रतीतिः, तावता कथं सांख्यतत्त्वग्रह इत्याशङ्क्य संख्याया धर्म्याकाङ्क्षायां तत्त्वानि ग्राह्याणीत्याह**—तयेति । **जगतो मूलभूता प्रकृतिस्त्रिगुणात्मकं**

---

२. **विषय**—**'यस्मिन् पञ्च पञ्चजना आकाशश्च प्रतिष्ठितः । तमेव मन्य आत्मानं विद्वान्ब्रह्मामृतोऽमृतम् ॥'** (बृ० ४।४।१७) इत्यादि वाक्य इस अधिकरण का विचारणीय विषय है ।

३. **संशय**—पञ्च पञ्चजन शब्द से सांख्यशास्त्र में प्रसिद्ध मूलप्रकृत्यादि पच्चीस तत्त्व कहे गये हैं अथवा श्रुतिवाक्यशेष में बतलाये गये प्राणादि कहे गये हैं ? ऐसा संशय होता है ।

४. **पूर्वपक्ष**—पञ्चजन शब्द दो बार पढ़े जाने के कारण सांख्यशास्त्रप्रसिद्ध पच्चीस तत्त्व ही 'पञ्च पञ्चजन' शब्द से ग्रहण करने योग्य है ।

५. **सिद्धान्त**—उक्त श्रुति में आत्मा और आकाश अतिरिक्त भी सुने जाते हैं, पच्चीस ही नहीं । ऐसी स्थिति में पञ्चजन शब्द प्राणादि पाँच के वाचक हैं अर्थात् प्राण, चक्षु, श्रोत्र, अन्न और मन—इन्हीं को पञ्चजन शब्द से ग्रहण करना चाहिए क्योंकि सन्निहित वाक्यशेष में उन्हीं का नाम सुना जाता है ।

न संख्योपसंग्रहादपि नानाभावादतिरेकाच्च (ललिता)

इस प्रकार अजा मन्त्र में आशंकित प्रधानवाद का परिहार कर देने पर भी पुनः अन्य मन्त्र से सांख्यवाद का उत्थापन करते हैं । 'जिसमें पञ्च पञ्चजन और आकाश प्रतिष्ठित हैं उसी आत्मा को ब्रह्म समझने वाला विद्वान जीते जी अमृत होता हुआ विदेहकैवल्यरूप अमरत्व को प्राप्त करता है ।' इस मन्त्र में "**पञ्च पञ्चजनाः**" इस शब्द से पञ्चसंख्याविषयक दूसरी पञ्च संख्या ही सुनी जाती है। ऐसे पञ्च शब्द दो बार होने के कारण ये पञ्च पञ्चक से गुणा करने पर पच्चीस संख्या पूर्ण होती है । उसी पच्चीस संख्या के द्वारा जब संख्येय की आकांक्षा होती है तब सांख्यशास्त्र के रहस्य जानने वाले विद्वानों ने उन्हीं पच्चीस तत्त्वों को इसमें गिना

---

१. पञ्चजनाः पञ्च पुरुषाः पञ्चजन शब्दो मनुष्ये रूढः मनुष्या मानुषा मर्त्यामनुजामानवाराः । स्युः पुमांसाः पूरुषा नराः इत्यमरः । २. हिरण्यगर्भः ।

महदाद्याः प्रकृतिविकृतयः सप्त । षोडशकश्च विकारो न प्रकृतिर्न विकृतिः पुरुषः' सांख्यका० ३) इति । तया श्रुतिप्रसिद्धया पञ्चविंशतिसंख्यया तेषां स्मृतिप्रसिद्धानां पञ्चविंशतितत्त्वानामुपसंग्रहात्प्राप्तं पुनः श्रुतिमत्त्वमेव प्रधानादीनाम् । ततो ब्रूमः—न संख्योपसंग्रहादपि प्रधानादीनां श्रुतिमत्त्वं प्रत्याशा कर्तव्या । कस्मात् ? नानाभावात् नाना ह्येतानि पञ्चविंशतिस्तत्त्वानि । नैषां पञ्चशः पञ्चशः साधारणो धर्मोऽस्ति, येन पञ्चविंशतेरन्तराले पराः पञ्च पञ्चसंख्या निविशेरन् । न ह्येकनिबन्धनमन्तरेण नानाभूतेषु

प्रधानमनादित्वादविकृतिः । कस्यचित्कार्यं न भवतीत्यर्थः । महदहङ्कारपञ्चतन्मात्राणीति सप्त प्रकृतयो विकृतयश्च, तत्र महान्प्रधानस्य विकृतिरहङ्कारस्य प्रकृतिः, अहङ्कारस्तामसः पञ्चतन्मात्राणां शब्दादीनां प्रकृतिः, सात्त्विकः 'एकादशेन्द्रियाणाम्, पञ्च तन्मात्राश्च पञ्चानां स्थूलभूतानामाकाशादीनां प्रकृतयः पञ्च स्थूलभूतान्येकादशेन्द्रियाणि चेति षोडशसंख्याको गणो विकार एव न प्रकृतिः, तत्त्वान्तरोपादानत्वाभावात् । पुरुषस्तूदासीन इति सांख्यकारिकार्थः । संख्यया तत्त्वानामुपसंग्रहात् शब्दवत्त्वमिति प्राप्ते सिद्धान्तयति—नेति । नानात्वमिष्टमित्यत आह—नैषामिति । पञ्चसु पञ्चसु साधारणस्येतरपञ्चकाद्व्यावृत्तस्य धर्मस्याभावोऽत्रनानात्वं विवक्षितमित्यर्थः । यद्यपि ज्ञानकर्मेन्द्रियेषु दशसु ज्ञानकरणत्वं कर्मकरणत्वं च पञ्चकद्वयेऽस्ति, पञ्चतन्मात्रासु पञ्चसु स्थूलप्रकृतित्वं च, तथापि यस्मिन्नित्यात्मन आकाशस्य च पृथगुक्तेः सत्त्वरजस्तमोमहदहङ्काराः पञ्च कर्तव्याः, मनश्चत्वारि भूतानि च पञ्च । अस्मिन् पञ्चकद्वये मिथोऽनुवृत्तेतरपञ्चकव्यावृत्तधर्मो नास्तीत्यभिप्रायः । मास्त्वित्यत आह—येनेति । धर्मेणेत्यर्थः । तदेव स्फुटयति—नहीति । महासंख्यायामवान्तरसंख्याः प्रविशन्ति, यथा द्वावश्विनौ सप्तर्षयोऽष्टौ वसवश्चेति सप्तदशेत्यत्राश्वित्वादिकमादाय द्वित्वादयः प्रविशन्ति, नान्यथेत्यर्थः ।

दिया । 'मूलप्रकृति किसी का विकार नहीं है वह तो केवल प्रकृति ही है, किन्तु महदादि सात प्रकृति एवं विकृतिरूप भी हैं । प्रकृति से महत् उत्पन्न हुआ इसलिए प्रकृति का कार्य है, वह अहंकार को उत्पन्न करता है इसलिए अहंकार की प्रकृति है । ऐसे ही महतत्व की विकृति और तन्मात्राओं की प्रकृति होने से अहंकार भी उभयरूप है । इसी प्रकार शब्दादि पञ्चतन्मात्रायें भी एकादश इन्द्रियों एवं पञ्चस्थूलभूतों की प्रकृति तथा अहंकार की विकृति हैं । अतः ये भी उभयरूप हैं । एकादश इन्द्रियाँ और पञ्च स्थूलभूत केवल विकृति हैं, प्रकृति नहीं; किन्तु पुरुष आत्मा प्रकृति-विकृतिभाव से रहित है; वह असङ्ग, उदासीन है ।' उसी श्रुतिप्रसिद्ध पच्चीस संख्या के द्वारा सांख्य-स्मृतिप्रसिद्ध पच्चीस तत्त्व का संग्रह हो जाने के कारण सांख्यशास्त्रपरिकल्पित प्रधानादि में श्रुतिमत्व सिद्ध होता है ? ऐसा पूर्वपक्ष होने पर हम सिद्धान्ती कहते हैं कि संख्या के उपसंग्रह से भी प्रधानादि को श्रुतिसम्मत सिद्ध नहीं कर सकते, क्योंकि इसमें नानात्व भासता है । ये पच्चीस तत्त्व भिन्न-भिन्न प्रकार के हैं, एक स्वभाववाले नहीं हैं । न इनके अन्तःपाती पाँच-पाँच तत्त्वों में इतरव्यावर्तक कोई साधारण धर्म ही है, जिससे कि पच्चीस तत्त्वों के मध्य में दूसरी पाँच-पाँच संख्या का निवेश हो सके । एक निबन्ध के बिना भिन्न-भिन्न भूतों में द्वित्वादि संख्या प्रविष्ट नहीं हो सकती । यद्यपि पाँच ज्ञाने-

---

१. एकादशेन्द्रियाणामिति प्रकृतिरिति पूर्वेणान्वयः इदत्त्ववधेयम् राजसप्राणान्तर्भूतपञ्चकर्मेन्द्रियाणां सात्त्विकस्तु-अवशिष्टानामिति ।

द्वित्वादिकाः संख्या निविशन्ते । अथोच्येत पञ्चविंशतिसंख्यैवेयमवयवद्वारेण लक्ष्यते, यथा 'पञ्च सप्त च वर्षाणि न ववर्ष शतक्रतुः' इति द्वादशवार्षिकीमनावृष्टिं कथयन्ति, तद्वदिति । तदपि नोपपद्यते । अयमेवास्मिन्पक्षे दोषो यल्लक्षणाश्रयणीया स्यात् । परश्चात्र पञ्चशब्दो जनशब्देन समस्तः पञ्चजना इति, पारिभाषिकेण स्वरेणैकपदत्वनिश्चयात् ।

पञ्चशब्दद्वयेन स्ववाच्यन्यूनसंख्याद्वारेण तद्व्याप्या महासंख्यैव लक्ष्यत इति सदृष्टान्तं शङ्कते —अथेति । मुख्यार्थस्य वक्ष्यमाणत्वाल्लक्षणा न युक्तेति परिहरति—तदपि नेति । पञ्चजनशब्दयोरसमासमङ्गीकृत्य पञ्चविंशतिसंख्याप्रतीतिर्निरस्ता, सम्प्रति समासनिश्चयान्न तत्प्रतीतिरित्याह —परश्चेति । समासे हेतुमाह—पारिभाषिकेणेति । अयमर्थः—अस्मिन्मन्त्रे प्रथमः पञ्चशब्दः [1]आद्युदात्तः । द्वितीयः सर्वानुदात्तः । जनशब्दश्चान्तोदात्तः । तथा च न द्वितीयपञ्चशब्दजनशब्दयोः समासं विनान्त्यस्याकारस्योदात्तत्वं पूर्वेषामनुदात्तत्वं च घटते ''समासस्य' [2] इति सूत्रेण समासस्यान्तोदात्तविधानात् । ''अनुदात्तं पदमेकवर्जम्' [3] इति च सूत्रेण यस्मिन्पदे उदात्तः स्वरितो वा यस्य वर्णस्य विधीयते तमेकं वर्जयित्वावशिष्टं तत्पदमनुदात्तात्कं भवतीति विधानादेव मान्त्रिकान्तोदात्तस्वरेणैकपदत्वनिश्चयः । भाषिकाख्ये तु शतपथब्राह्मणस्वरविधायकग्रन्थे 'स्वरितोऽनुदात्तो वा' इति सूत्रेण यो मन्त्रदशायामनुदात्तः स्वरितो वा स ब्राह्मणदशायामुदात्तो भवतीत्यपवाद आश्रितः, तथा चान्त्यादाकारात्पूर्वेषामनुदात्तानामुदात्तत्वं ब्राह्मणावस्थायां प्राप्तम्, 'उदात्तमनुदात्तमनन्त्यम्' इति सूत्रेण मन्त्रदशायामुदात्तस्यानन्त्यस्य परलग्नतयोच्चार्यमाणस्यानुदात्तत्वं विहितं, तथा चात्र नकारादुपरितनः आकारः आकाशश्चेत्यनेन श्लिष्टतया पठ्यमानोऽनुदात्तो भवति, अयमन्तानुदात्तस्वरः पारिभाषिकस्तेन ब्राह्मणस्वरेणैकपदत्वं निश्चीयत इति । 'प्रकटार्थकारैस्तु पाठकप्रसिद्धोऽन्तोदात्तस्वरः पारिभाषिक इति व्याख्यातम्, तद्व्याख्यानं कल्पतरुकारैर्दूषितम् । अन्तानुदात्तं हि समाम्नातारः पञ्चजनशब्दमधीयत इति पाठकप्रसिद्धिरसिद्धेति । तथा च 'पञ्च पञ्चजना' इति मान्त्रिकान्तोदात्तः स्वरः, 'यस्मिन् पञ्च पञ्चजना' इत्यन्तानुदात्तो ब्राह्मणस्वरः इति विभागः । उभयथाप्येकपद्यात्

न्द्रियों में ज्ञानकरणत्व, पांच कर्मेन्द्रियों में कर्मकरणत्व एवं पञ्चतन्मात्राओं में स्थूलभूतप्रकृतित्वरूप साधारण धर्म तो हैं फिर भी 'यस्मिन्' इत्यादि मन्त्र में आत्मा और आकाश का पृथक् उपदेश भी मिलता है । सत्त्वादि तीनों गुण, महतत्त्व एवं अहंकार–ये पाँचों भी कार्य हैं । चतुर्धा मनोवृत्ति, पाँच भूत–इन सब में परस्पर व्यावर्तक कोई धर्म नहीं है, जिससे कि सांख्यसम्मत पच्चीस तत्त्व माने जा सकें । यदि कहो कि यह पच्चीस संख्या ही अवयव द्वारा लक्षित होती हैं जैसे द्वादशवार्षिकी अनावृष्टि को–'पांच-सात वर्ष तक इन्द्र ने वर्षा नहीं की' इस वाक्य के द्वारा बतलाते हैं, वैसे ही स्ववाच्य न्यूनसंख्या पञ्चशब्दद्वय से तद्व्याप्य महासंख्या लक्षित होती है ? तो ऐसा कहना भी ठीक नहीं है क्योंकि मुख्यार्थ संभव हो तो लक्षणा का आश्रय करना असंगत है । इस पक्ष में लक्षणा का आश्रय करना ही एक बड़ा भारी दोष है । अब तक पञ्चजन शब्द में समास न मानकर कहा गया था, अब समास मानने के बाद जो दोष आता है उसे उद्घाटित करते हैं कि इस मन्त्र में 'पञ्चजनाः' यह दूसरा पञ्च शब्द जन शब्द के साथ समस्त है, पारिभाषिक स्वर के द्वारा उसमें एकपदत्व का निश्चय

---

१. आद्युदात्त इति पचिधातोर्बाहुलकात्कनिन्प्रत्यये ञ्नित्यादेरित्यनेनेत्यर्थः । २. पाणि सू० ६।१।२२३।
३. पाणि सू० ६।१।१५८ ।४.आनन्द गिरिभिः ।

प्रयोगान्तरे च 'पञ्चानां त्वा पञ्चजनानाम्' (तै० १-६-२-२) इत्यैकपद्यैकस्वर्यैकविभक्तिकत्वावगमात्। समस्तत्वाच्च न वीप्सा पञ्च पञ्चेति। नच पञ्चकद्वयग्रहणं पञ्च पञ्चेति। नच पञ्चसंख्याया एकस्याः पञ्चसंख्यया परया विशेषणं पञ्च पञ्चका इति। उपसर्जनत्वस्य विशेषणेनासंयोगात् नन्वापन्नपञ्चसंख्याका जना एव पुनः पञ्चसंख्यया विशेष्यमाणाः पञ्चविंशतिः प्रत्येष्यन्ते। यथा पञ्च पञ्चपूल्य इति पञ्चविंशतिः पूलाः प्रतीयन्ते तद्वत्। नेति ब्रूमः। युक्तं यत्पञ्चपूलीशब्दस्य समाहाराभिप्रायत्वात्कतीति सत्यां भेदाकाङ्क्षायां पञ्च पञ्चपूल्य इति विशेषणम्। इह तु पञ्चजना इत्यादित एव भेदोपादानात्कतीत्यसत्यां भेदाकाङ्क्षायां न पञ्च पञ्चजना इति विशेषणं भवेत्।

समाससिद्धिरिति। तैत्तिरीयकप्रयोगादप्येकपदत्वमित्याह—प्रयोगान्तरे चेति। आज्य, त्वा त्वां पञ्चानां पञ्चजनानां देवविशेषाणां यन्त्राय धर्त्राय गृह्णामि इत्याज्यग्रहणमन्त्रशेषः। देवतानां कर्मणि यन्त्रवदवस्थितं शरीरं तदेव धर्त्रं इहामुत्रभोगाधारं, तस्मै तस्यावैकल्यार्थमिति यजमानोक्तिः। अस्तु समासस्ततः किमित्यत आह—समस्तत्वाच्चेति। आवृत्तिर्वीप्सा तदभावे पञ्चकद्वयाग्रहणात्पञ्चविंशतिसंख्याप्रतीतिरसिद्धेति भावः। जनपञ्चकमेकं पञ्चकानां पञ्चकं द्वितीयमिति पञ्चकद्वयं तस्य पञ्चपञ्चेति ग्रहणं नेत्यक्षरार्थः। किञ्चाऽसमस्तपक्षेऽपि किं पञ्चशब्दद्वयोक्तयोः पञ्चत्वयोः परस्परान्वयः, किं वा तयोः शुद्धजनैरन्वयः, अथवा पञ्चत्वविशिष्टैर्जनैरपरस्यपञ्चत्वस्यान्वयः। नाद्यः इत्याह—नच पञ्चसंख्याया इति। विशेषणमन्वयः। अनन्वये हेतुमाह—उपसर्जनस्येति। अप्रधानानां सर्वेषां प्रधानेन विशेष्येणैवान्वयो वाच्यः, गुणानां परस्परान्वये वाक्यभेदापातादित्यर्थः। द्वितीये दशसंख्याप्रतीतिः स्यान्न पञ्चविंशतिसंख्याप्रतीतिः। तृतीयमुत्थापयति—नन्विति। पञ्चत्वविशिष्टेषु पञ्चत्वान्तरान्वये विशेषणीभूतपञ्चत्वेऽपि पञ्चत्वान्वयात् पञ्चविंशतित्वप्रतीतिरित्यर्थः। दृष्टान्तवैषम्येण परिहरति—नेति ब्रूम इति। पञ्चानां पूलानां समाहार इत्यत्र 'संख्यापूर्वो द्विगुः' इति समासो विहितः। ततो 'द्विगोः' इति सूत्रेण ङीपो विधानात् समाहारप्रतीतौ समाहाराः कतीत्याकाङ्क्षायां सत्यां पञ्चेतिपदान्तरान्वयो युक्तः। पञ्चजना इत्यत्र तु ङीबन्तत्वाभावेन समाहारस्याप्रतीतेः जनानां चादित एव पञ्चत्वोपादानात्संख्याकाङ्क्षाया असत्त्वात्पञ्चेति पदान्तरं नान्वेति आकाङ्क्षाधीनत्वादन्वयस्येत्यर्थः भेदो विशेषणम्। ननु जनानां निराकाङ्क्षत्वेऽपि तद्विशेषणीभूत-

---

होता है। तैत्तिरीय प्रयोग 'आज्य! त्वा-त्वाम् **पञ्चानां पञ्चजनानां देवविशेषाणाम् यन्त्राय धर्त्राय गृह्णामि**' इस स्थल में ऐकपद्य, ऐकस्वर्य, ऐकविभक्तित्व का बोध होता है। ऐसी स्थिति में समस्त हो जाने के कारण पञ्च पञ्च की वीप्सा (दुरावृत्ति) नहीं मानी जा सकती, न पञ्च पञ्च शब्द से दो पञ्चक ही ग्रहण किया जा सकता है क्योंकि एक पञ्च संख्या का विशेषण दूसरी पञ्च संख्या नहीं हो सकती। पञ्च जन, इस समस्त पद में पञ्च शब्द उपसर्जन है तो भला वह किसी दूसरे पञ्चपद के साथ कैसे जुड़ सकता है। यदि कहो कि पञ्चसंख्यावाला जन शब्द पहले सिद्ध हो जायेगा जो पञ्च संख्या का बोधक होगा फिर वही पञ्च संख्या से विशेषित हो पच्चीस संख्या का बोधक हो जायेगा जैसे पञ्च पञ्चपुल्यः इस वाक्य में पच्चीस पूले प्रतीत होते हैं, वैसे ही **'पञ्च पञ्चजनाः'** इस वाक्य में भी पच्चीस तत्त्व जाने जायेंगे ही? ऐसा कहना हम ठीक नहीं मानते, क्योंकि पञ्च पूली शब्द ङीबन्त होने के कारण समाहार अर्थ का बोधक होता है। वह कितनो है ? ऐसे भेद की आकांक्षा होने पर '**पञ्च पञ्चपुल्यः**' यह विशेषण लगाया गया है। किन्तु यहाँ पर '**पञ्चजनाः**' इस वाक्य में

भवदपीदं विशेषणं पञ्चसंख्याया एव भवेत्, तत्र चोक्तो दोषः। तस्मात्पञ्च पञ्चजना इति न पञ्चविंशतितत्त्वाभिप्रायम्। अतिरेकाच्च न पञ्चविंशतितत्त्वाभिप्रायम्। अतिरेको हि भवत्यात्माकाशाभ्यां पञ्चविंशतिसंख्यायाः। आत्मा तावदिह प्रतिष्ठां प्रत्याधारत्वेन निर्दिष्टः। यस्मिन्निति-सप्तमीसूचितस्य 'तमेव मन्य आत्मानम्' इत्यात्मत्वेनानुकर्षणात्। आत्मा च चेतनः पुरुषः। स च पञ्चविंशतावन्तर्गत एवेति न तस्यैवाधारत्वमाधेयत्वं च युज्यते। अर्थान्तरपरिग्रहे च तत्त्वसंख्यातिरेकः सिद्धान्तविरुद्धः प्रसज्येत। तथा 'आकाशश्च प्रतिष्ठितः' इत्याकाशस्यापि पञ्चविंशतावन्तर्गतस्य न पृथगुपादानं न्याय्यम्। अर्थान्तर-परिग्रहे चोक्तं दूषणम्। कथं च संख्यामात्रश्रवणे सत्यश्रुतानां पञ्चविंशतितत्त्वाना-मुपसंग्रहः प्रतीयेत, जनशब्दस्य तत्त्वेष्वरूढत्वात्, [1]अर्थान्तरोपसंग्रहेऽपि संख्योपपत्तेः।

पञ्चत्वानि कतीत्याकाङ्क्षायां पञ्चत्वान्तरं विशेषणं भवत्वित्याशङ्कते—भवदपीति। **नोपसर्जनस्योपसर्जनान्तरेणान्वयः किन्तु प्रधानेनैवेति नोपसर्जनन्यायविरोध उक्त इति परिहरति**—तत्र चेति। **एवं नानाभावादिति व्याख्यायातिरेकाच्चेति व्याचष्टे**—अतिरेकाच्चेत्यादिना। **अतिरेकः आधिक्यम्। जनशब्दितपञ्चविंशतितत्त्वेषु आत्मान्तर्भूतो न वा। नाद्य इत्युक्त्वा द्वितीये दोषमाह**—अर्थान्तरेति। **तथाकाशं विकल्प्य दूषयति**—तथेति। **उक्तो दोषः संख्याधिक्यम्। पञ्चविंशतिजना आत्माकाशौ चेति सप्तविंशतिसंख्या स्यादित्यर्थः। नच सत्त्वरजस्तमसां पृथग्गणनया सेष्टेति वाच्यम्, आकाशस्य पृथगुक्तिवैयर्थ्यात्, यस्मिन्नित्यात्मनि तत्त्वानां प्रतिष्ठोक्तिविरोधात्तव मते स्वतन्त्रप्रधानस्यैवाना-धारत्वात्, 'नेह नानास्ति' इति वाक्यशेषविरोधाच्च तव सत्यद्वैतवादित्वात्। किं च पञ्चविंशति-संख्याप्रतीतावपि न सांख्यतत्त्वानां ग्रहणमित्याह**—कथं चेति। **किं जनशब्दात्तत्त्वग्रहः उत संख्ययेति कथंशब्दार्थः। नाद्य इत्याह**—जनेति। **न द्वितीय इत्याह**—अर्थान्तरेति। **किं तदर्थान्तरं यदर्थकमिदं**

प्रारम्भ से ही भेद का ग्रहण होता है, वहाँ पर कति, ऐसी भेदाकांक्षा होती ही नहीं, इसीलिए **'पञ्च पञ्चजनाः'** यह विशेषण भी नहीं बनेगा। यदि पञ्चसंख्या का हो यह विशेषण बन भी जाय तो भी **'नानाभावात् अतिरेकाच्च'** यह पच्चीस तत्त्व को सिद्ध नहीं करता है क्योंकि आत्मा और आकाश भी पृथक् से पढ़े गये हैं। उनमें से आत्मा तो सबके आधाररूप में कहा गया है। **'यस्मिन्'** इस सप्तमी से सूचित का 'मैं उसी को आत्मा मानता हूँ' इस वाक्य द्वारा आत्मत्वेन अनुकर्षण किया है। आत्मा चेतन पुरुष कहा गया है, वह पच्चीस संख्या के अन्तर्गत ही रहेगा, उसमे ही आधारत्व एवं आधेयत्व विरुद्धधर्म का कथन उचित नहीं है और यदि पच्चीस से पृथक इन्हें माना जाय तो तत्त्वसंख्या के अतिरिक्त हो जाने पर सिद्धान्त विरोध होने लग जायेगा। साथ ही **'आकाशश्च प्रतिष्ठितः'** इस वाक्य में पच्चीस के अन्तर्भुत हुए आकाश को पृथक् ग्रहण करना उचित नहीं है और अर्थान्तर ग्रहण करने पर पहले कहा हुआ संख्याधिक्यदोष आयेगा ही। संख्यामात्र के श्रवण से अश्रुत पच्चीस तत्त्व का संग्रह कैसे समझा जायेगा क्योंकि जन शब्द तत्त्व अर्थ में रूढ़ तो है नहीं, सांख्यशास्त्र के अन-भिमत पदार्थ का संग्रह मानने पर भी संख्या की संगति तो बन ही जाती है।

---

१. उक्ततत्त्वापेक्षयाऽर्थान्तरेत्यर्थः।

(११८) प्राणादयो वाक्यशेषात् ॥१२॥

कथं तर्हि पञ्च पञ्चजना इति । उच्यते—'दिक्संख्ये संज्ञायाम्' (पा० सू० २-१-५०) इति विशेषस्मरणात्संज्ञायामेव पञ्चशब्दस्य जनशब्देन समासः ततश्च रूढत्वाभिप्रायेणैव केचित्पञ्चजना नाम विवक्ष्यन्ते न सांख्यतत्त्वाभिप्रायेण । ते कतीत्यस्यामाकाङ्क्षायां पुनः पञ्चेति प्रयुज्यते । पञ्चजना नाम ये केचित्ते च पञ्चैवेत्यर्थः । सप्तर्षयः सप्तेति यथा ॥११॥

के पुनस्ते पञ्चजना नामेति, तदुच्यते—

'यस्मिन्पञ्च पञ्चजनाः' इत्यत उत्तरस्मिन्मन्त्रे ब्रह्मस्वरूपनिरूपणाय प्राणादयः पञ्च निर्दिष्टाः—प्राणस्य प्राणमुत चक्षुषश्चक्षुरुत श्रोत्रस्य श्रोत्रमन्नस्यान्नं मनसो ये मनो विदुः इति । तेऽत्र वाक्यशेषगताः सन्निधानात्पञ्चजना विवक्ष्यन्ते । कथं पुनः प्राणादिषु जनशब्दप्रयोगः ? तत्त्वेषु वा कथं जनशब्दप्रयोगः । समाने तु प्रसिद्ध्यतिक्रमे वाक्यशेष-

---

वाक्यमिति पृच्छति—कथमिति । पञ्च च ते जनाश्चेति कर्मधारयादिसमासान्तरात्संज्ञासमासस्याप्तोक्त्या बलवत्त्वं तावदाह—उच्यत इति । दिग्वाचिनः सख्यावाचिनश्च शब्दाः संज्ञायां गम्यमानायां सुबन्तेनोत्तरपदेन समस्यन्ते । यथा दक्षिणाग्निः, सप्तर्षय इत्यादि । अयं च समासस्तत्पुरुषभेदः ॥११॥

पञ्चजनशब्दस्य संज्ञात्वमुक्त्वा संज्ञिकथनार्थं सूत्रं गृह्णाति–के पुनस्त इति । श्रुतौ उतशब्दोऽप्यर्थः । ये प्राणादिप्रेरकं तत्साक्षिणमात्मानं विदुस्ते ब्रह्मविद इत्यर्थः । पञ्चजनशब्दस्य प्राणादिषु कया वृत्त्या प्रयोग इति शङ्कते—कथं पुनरिति । यथा तव तत्त्वेषु जनशब्दस्य लक्षणया प्रयोगस्तथा मम प्राणादिषु पञ्चजनशब्दस्य लक्षणयेत्याह—तत्त्वेष्विति । तर्हि रूढ्यतिक्रमसाम्यात्तत्त्वान्येव ग्राह्याणीत्यत आह —समाने त्विति । सन्निहितसजातीयानपेक्षश्रुतिस्था एव ग्राह्याः । न तु व्यवहितविजातीयसापेक्ष-

---

वह अर्थान्तर क्या है जिसके लिए 'पञ्च पञ्चजनाः' शब्द का प्रयोग किया गया है ? 'पञ्च च ते जनाश्च' ऐसे कर्मधारय समास से भिन्न संज्ञा समास बलवान होने के कारण 'दिक्संख्ये संज्ञायाम्' इस पाणिनीय सूत्र द्वारा विशेष स्मरण होने से संख्या अर्थ में ही पञ्च शब्द का जन शब्द के साथ समास होता है। इसीलिए कुछ लोग रूढत्वाभिप्राय से ही पञ्चजन शब्द का प्रयोग मानते हैं, सांख्यों के तत्त्व बतलाने के लिए नहीं। वे पञ्चजन कितने हैं ? ऐसी आकांक्षा होने पर पुनः पञ्च शब्द का प्रयोग किया गया है अर्थात् जो कोई पञ्चजन हैं वे सब पाँच ही हैं, जैसे सप्तर्षि सात हैं ॥११॥

प्राणादयो वाक्यशेषात् (ललिता)

वे पञ्चजन कौन-कौन हैं ? इस प्रश्न का उत्तर अग्रिम सूत्र से देते हैं। 'जिसमें पाँच पञ्चजन हैं' इसके आगे के मन्त्र में ब्रह्मस्वरूप बतलाने के लिए प्राणादि पाँच का निर्देश किया गया है—प्राणों के भी प्राण, चक्षु के भी चक्षु, श्रोत्र के श्रोत्र, अन्न के अन्न और मन के मन को जो जानते हैं वे ब्रह्मज्ञानी हैं। वे प्राणों के प्रेरक साक्षी वाक्यशेषगत सन्निधानप्रमाण के बल पर पञ्चजन शब्द के अभिप्रेत अर्थ माने जायेंगे। यदि कहो कि प्राणादि में जन शब्द का प्रयोग कैसे किया गया ?

वशात्प्राणादय एव ग्रहीतव्या भवन्ति । जनसम्बन्धाश्च प्राणादयो जनशब्दभाजो भवन्ति । जनवचनश्च पुरुषशब्दः प्राणेषु प्रयुक्तः 'ते वा एते पञ्च ब्रह्मपुरुषाः' (छा० ३-१३-६) इत्यत्र । 'प्राणो ह पिता प्राणो ह माता' (छा० ७-१५-१) इत्यादि च ब्राह्मणम् । समासबलाच्च समुदायस्य रूढत्वमविरुद्धम् । कथं पुनरसति प्रथमप्रयोगे रूढिः शक्याश्रयितुम् । शक्योद्भिदादिवदित्याह । प्रसिद्धार्थसन्निधाने ह्यप्रसिद्धार्थः शब्द प्रयुज्यमानः समभिव्याहारात्तद्विषयो नियम्यते, यथा 'उद्भिदा यजेत' 'यूपं छिनत्ति' वेदिं करोति इति ।

स्मृतिस्था इत्यर्थ । लक्षणाबाजं सम्बन्धमाह—जनेति । जनः पञ्चजन इति पर्यायः । पुरुषपित्रादिशब्दवच्च पञ्चजनशब्दस्य प्राणादिलक्षकत्वं युक्तमित्याह—जनवचनश्चेति । ननु जायन्त इति जनाः महदादयः, जनकत्वाज्जनः प्रधानमिति योगसम्भवे किमिति रूढिमाश्रित्य लक्षणाप्रयास इत्यत आह—समासेति । यथा अश्वकर्णशब्दस्य वर्णसमुदायस्य वृक्षे रूढिरेवं पञ्चजनशब्दस्य रूढिरेव नावयवशक्त्यात्मको योग इत्यर्थः । पूर्वकालिकप्रयोगाभावान्न रूढिरित्याक्षिपति—कथमिति । स्युः पुमांसः पञ्चजनाः इत्यमरकोशादौ प्रयोगोऽस्त्येव, तदभावमङ्गीकृत्याप्याह—शक्येति । जनसम्बन्धाच्चेति पूर्वभाष्ये नरेषु पञ्चजनशब्दस्य रूढिमाश्रित्य प्राणादिषु लक्षणोक्ता । इह तु प्रौढिवादेन प्राणादिषु रूढिरुच्यत इति मन्तव्यम् । सगृहीतं विवृणोति—प्रसिद्धेत्यादिना । 'उद्भिदा यजेत पशुकामः' इत्यत्रोद्भित्पदं विधेयगुणार्थकं कर्मनामधेयं वेति संशये खनित्रादावुद्भित्पदस्य प्रसिद्धेर्यागनामत्वे प्रसिद्धिविरोधाज्ज्योतिष्टोमे गुणविधिरिति प्राप्ते राद्धान्तः । यजेत यागेनेष्टं भावयेदित्यर्थः । ततश्चोद्भिदेत्यप्रसिद्धस्य तृतीयान्तस्य यागेनेत्यनेन प्रसिद्धार्थकेन सामानाधिकरण्येन तन्नामत्वं निश्चीयते, उद्भिनत्ति पशून्साधयतीति प्रसिद्धेरविरोधादप्रकृतज्योतिष्टोमे गुणविध्ययोगात्, 'तद्विधौ चोद्भिदाख्यगुणवता यागेनेति मत्वर्थसम्बन्धलक्षणाप्रसङ्गाच्चेति कर्मनामैवोद्भित्पदम् । तथा छिनत्तीति प्रसिद्धार्थच्छेदनयोग्यार्थकशब्दसमभिव्याहाराद्दारुविशेषो यूपशब्दार्थः । करोतीति समभिव्याहाराद्वेदिशब्दार्थः संस्कारयोग्यस्थण्डिलविशेष इति गम्यते । तथा प्रसिद्धार्थकप्राणादिशब्दसमभिव्याहारात् पञ्चजन-

---

तो हम पूछेंगे कि तत्त्व अर्थ में जन शब्द का प्रयोग कैसे किया गया । प्रसिद्धि का अतिक्रमण तो दोनों पक्ष में समान है फिर भी वाक्यशेष के बल से प्राणादि ही **पञ्च पञ्चजनाः** का अभिप्रेत अर्थ लेना चाहिए । तथा मनुष्य के साथ सम्बन्ध होने से भी प्राणादि जन शब्द से कहे जाते हैं । साथ ही, जन शब्द पुरुष अर्थ का वाचक है जिसका प्रयोग प्राणों में किया गया है । 'वे ब्रह्मपुरुष पाँच हैं' इस श्रुतिवाक्य में 'निःसन्देह प्राण ही पिता है, प्राण ही माता है' इत्यादि ब्राह्मणवाक्य है । वर्णसमुदाय का वाचक अश्वकर्ण शब्द जैसे वृक्ष अर्थ में रूढ़ है, ऐसे ही पञ्चजन शब्द भी प्राणादि अर्थ में रूढ़ है, यौगिक नहीं है । यदि कहो कि जब इससे पूर्व प्राणादि अर्थ में पञ्चजन शब्द का प्रयोग ही नहीं हुआ फिर रूढ़ि कैसे कह सकोगे ? तो ऐसा कहना ठीक नहीं क्योंकि उद्भित् शब्द जैसे यागविशेषअर्थ में रूढ़ है ऐसे ही पञ्चजन शब्द भी प्राणादि अर्थ में रूढ़ है । प्रसिद्ध अर्थ के सन्निधान से अप्रसिद्धार्थक शब्द का प्रयोग समभिव्याहार के बल से किया जाता है, इससे उस शब्द का अर्थ भी निश्चित् हो जाता है । जैसे '**उद्भिदा यजेत**' इस वाक्य में उद्भिन्नामक याग से पशुकाम इष्ट की भावना करे, '**यूपं छिनत्ति**' इस वाक्य में काष्ठविशेष का नाम यूप है और '**वेदिं करोति**'

---

१. गुण । २. प्रसिद्धार्थाभिन्नं यच्छेदनं तद्योग्योऽर्थो यस्येत्यर्थः ।

(११९) ज्योतिषैकेषामसत्यन्ने ॥१३॥

तथायमपि पञ्चजनशब्दः समासान्वाख्यानादवगतसंज्ञाभावः संज्ञ्याकाङ्क्षी वाक्यशेषसमभिव्याहृतेषु प्राणादिषु वर्तिष्यते । कैश्चित्तु देवाः पितरो गन्धर्वा असुरा रक्षांसि च पञ्च पञ्चजना व्याख्याताः । अन्यैश्च चत्वारो वर्णा निषादपञ्चमाः परिगृहीताः । क्वचिच्च 'यत्पाञ्चजन्यया विशेति' (ऋ० सं० ८-५३-७) प्रजापरः प्रयोगः पञ्चजनशब्दस्य दृश्यते । तत्परिग्रहेऽपीह न कश्चिद्विरोधः । आचार्यास्तु न पञ्चविंशतेस्तत्त्वानामिह प्रतीतिरस्तीत्येवंपरतया 'प्राणादयो वाक्यशेषात्' इति जगाद ॥१२॥

भवेयुस्तावत्प्राणादयः पञ्चजना माध्यंदिनानां येऽन्नं प्राणादिष्वामनन्ति । काण्वानां तु कथं प्राणादयः पञ्चजना भवेयुर्येऽन्नं प्राणादिषु नामनन्तीति । अतः उत्तरं पठति—

शब्दः प्राणाद्यर्थक इति निश्चीयत इत्यर्थः । एकदेशिनां मतद्वयमाह—कैश्चिदित्यादिना । शूद्रायां ब्राह्मणाज्जातो निषादः । श्रुत्या पञ्चजनशब्दस्यार्थान्तरमाह—क्वचिच्चेति । पाञ्चजन्यया प्रजया विशतीति विट् तया विशा पुरुषरूपयेन्द्रस्याह्वानार्थं 'घोषाः सृष्टा इति यतस्तदुक्तं, घोषातिरेकेणेन्द्राह्वानायोगादिति श्रुत्यनुसारेण प्रजामात्रग्रहेऽपि न विरोध इत्यर्थः । सूत्रविरोधमाशङ्क्याह—आचार्यस्त्विति । अतः सांख्यतत्त्वातिरिक्तयत्किञ्चित्परतया पञ्चजनशब्दव्याख्यायामविरोध इति भावः ॥१२॥

शङ्कोत्तरत्वेन सूत्रं गृह्णाति—भवेयुरिति । ज्योतिषां सूर्यादीनां ज्योतिस्तद्ब्रह्म देवा उपासत

इस वाक्य में संस्कारयोग्यस्थण्डिलविशेष को वेदी कहा गया है; वैसे ही, प्रसिद्धार्थक प्राणादि शब्द के समभिव्याहार से पञ्चजन शब्द का अर्थ भी प्राणादि माना जायेगा, यह निश्चित हो जाता है। समास के बल से जब यह सिद्ध हो जाता है कि पञ्चजन शब्द किसी का नाम है तब नामी की आकांक्षा होने पर वाक्यशेष में पढ़े गये प्राणादि में पञ्चजन शब्द का प्रयोग निश्चित हो जायेगा। कुछ लोग देवता, पितर, गन्धर्व, असुर और राक्षस इन पाँचों को पञ्चजन शब्द से कहा गया मानते हैं। दूसरे लोग ब्राह्मणादि चार वर्ण और पाँचवें निषाद इन पाँचों को पञ्चजन शब्द से ग्रहण करते हैं। कहीं-कहीं पर श्रुति के बल से पञ्चजन शब्द का अर्थान्तर भी माना गया है। **'विशति इति विट्'** उस पाञ्चजन्य प्रजा के द्वारा पुरुषरूप से इन्द्र के आह्वान के लिए मन्त्र बनाये गये, जिसे परमेश्वर ने बनाया क्योंकि इन्द्र का आह्वान घोष से हो सम्भव है। इस श्रुति के अनुसार पञ्चजन शब्द का अर्थ प्रजामात्र मान लें तो भी कोई विरोध नहीं है। आचार्य ने तो **'प्राणादयो वाक्यशेषात्'** इस सूत्र से यही बतलाया है कि सांख्यों के पच्चीस तत्त्व का बोध इस श्रुतिवाक्य से नहीं होता है ऐसा अर्थ करना चाहिए, चाहे पूर्वोक्त विकल्पों में से कोई भी विकल्प मान लिया जाय, पर सांख्यपरिकल्पित पच्चीस तत्त्व श्रुति को अभिप्रेत नहीं है ॥१२॥

ज्योतिषैकेषामसत्यन्ने (ललिता)

माध्यन्दिन शाखा के अनुसार पञ्चजन प्राणादि मान भी लिये जाँय तो कोई आपत्ति नहीं है क्योंकि माध्यन्दिन शाखा वालों ने प्राणादि के मध्य अन्न शब्द का भी पाठ किया है, किन्तु काण्व शाखा के अनुसार प्राणादि पञ्चजन शब्द से कैसे कहे जायेंगे, क्योंकि काण्व शाखा वालों ने प्राणादि के मध्य

---

१. घोषा इन्द्राह्वानार्थका मन्त्राः ।

असत्यपि काण्वानामन्ने ज्योतिषा तेषां पञ्चसंख्या पूर्येत । तेऽपि हि 'यस्मिन्पञ्च पञ्चजनाः' इत्यतः पूर्वस्मिन्मन्त्रे ब्रह्मस्वरूपनिरूपणायैव ज्योतिरधीयते—'तद्देवा ज्योतिषां ज्योतिः' इति । कथं पुनरुभयेषामपि तुल्यवदिदं ज्योतिः पठ्यमानं समानमन्त्रगतया पञ्चसंख्यया केषांचिद्गृह्यते केषांचिन्नेति । अपेक्षाभेदादित्याह । माध्यंदिनानां हि समानमन्त्रपठितप्राणादिपञ्चजनलाभान्नास्मिन्मन्त्रान्तरपठिते ज्योतिष्यपेक्षा भवति । तदलाभात्तु काण्वानां भवत्यपेक्षा, अपेक्षाभेदाच्च समानेऽपि मन्त्रे ज्योतिषो ग्रहणाग्रहणे, यथा समानेऽप्यतिरात्रे वचनभेदात्षोडशिनो ग्रहणाग्रहणे, तद्वत् । तदेवं न तावच्छ्रुतिप्रसिद्धिः काचित्प्रधानविषयास्ति, स्मृतिन्यायप्रसिद्धी तु परिहरिष्येते ।।१३।।

इत्यर्थः । नन्विदं षष्ठ्यन्तज्योतिःपदोक्तं सूर्यादिकं ज्योतिः शाखाद्वयेऽप्यस्ति, तत्काण्वानां पञ्चत्वपूरणाय गृह्यते नान्येषामिति विकल्पो न युक्त इति शङ्कते—कथं पुनरिति । आकाङ्क्षाविशेषाद्विकल्पो युक्त इत्याह सिद्धान्ती—अपेक्षेति । यथा अतिरात्रे षोडशिनं गृह्णाति न गृह्णाति इति वाक्यभेदाद्विकल्पस्तद्वच्छाखाभेदेनान्नपाठापाठाभ्यां ज्योतिषो विकल्प इत्यर्थः । ननु क्रियायां विकल्पो युक्तो न 'वस्तुनीति चेत् । सत्यम् । अत्रापि शाखाभेदेन साम्ना ज्योतिःसहिता वा पञ्च प्राणादयो यत्र प्रतिष्ठितास्तन्मनसानुद्रष्टव्यमिति ध्यानक्रियायां विकल्पोपपत्तिरित्यनवद्यम् । उक्तं प्रधानस्याशब्दत्वमुपसंहरति—तदेवमिति । तथापि स्मृतियुक्तिभ्यां प्रधानमेव जगत्कारणमित्यत आह—स्मृतीति ।।१३।।

अन्न शब्द का पाठ ही नहीं किया है ? बस इसी प्रश्न का उत्तर अग्रिम सूत्र से भगवान् वेदव्यास ने दिया है ।

जहाँ अन्न शब्द का पाठ नहीं है वहाँ ज्योति को लेकर उनकी पञ्च संख्या पूर्ण कर लेनी चाहिए, क्योंकि उन्होंने **'यस्मिन् पञ्च पञ्चजनाः'** इससे पूर्व मन्त्र में ब्रह्मस्वरूप का बोध कराने के लिए **'तद्देवा ज्योतिषां ज्योतिः'** इस वाक्य के द्वारा **ज्योतिः** शब्द का पाठ किया गया है । प्रश्न—जब दोनों ही शाखाओं में समानरूप से **'ज्योतिः'** शब्द का पाठ किया गया है तब समानमन्त्रगत पञ्चसंख्या के द्वारा किसी शाखा में **ज्योतिः** शब्द का ग्रहण किया जाता है और किसी में नहीं, ऐसा क्यों होता है ? उत्तर—अपेक्षाभेद से ऐसा करना उचित ही है, क्योंकि माध्यन्दिन शाखावालों में समानमन्त्रपठित प्राणादि पाँचों मिल जाते हैं, इसलिए वहाँ पर **ज्योतिः** शब्द का ग्रहण अपेक्षित नहीं है क्योंकि **'ज्योतिः'** शब्द दूसरे मन्त्र में पढ़ा गया है। जब माध्यन्दिन शाखानुसार अन्न शब्द से ही पञ्च संख्या की पूर्ति हो गयी, तो भला मन्त्रान्तर में पठित **'ज्योतिः'** शब्द की अपेक्षा क्यों होने लगे । किन्तु काण्व शाखा में अन्न शब्द का पाठ न होने के कारण मन्त्रान्तर में पठित **ज्योतिः** शब्द की अपेक्षा होती है, अपेक्षाभेद के कारण ही दोनों ही शाखाओं के समानमन्त्र में **'ज्योतिः'** शब्द का पाठ रहने पर एकत्र ग्रहण होता है और अन्यत्र ज्योति का ग्रहण नहीं होता । जैसे अतिरात्र याग के विधायक समान मन्त्र में भी वचनभेद के कारण एक स्थान पर षोडशी पात्र का ग्रहण होता है, दूसरे स्थान पर षोडशी पात्र का ग्रहण नहीं होता । ठीक ऐसे ही, समान मन्त्र में पढ़े गये **'ज्योतिः'** शब्द के ग्रहण और अग्रहण के सम्बन्ध में समझ लेना चाहिए । इस प्रकार कोई भी श्रुतिप्रसिद्धि प्रधानविषयक नहीं है । स्मृति और न्याय से जो प्रधान को जगत्कारण सिद्ध करते हैं उनकी स्मृति और न्यायप्रसिद्धि का खण्डन विरोधपरिहाराख्य द्वितीय अध्याय में किया जायेगा ।।१३।।

---

१. सिद्धेः ।

४. कारणत्वाधिकरणम् (सू० १४-१५)

(१२०) कारणत्वेन चाकाशादिषु यथाव्यपदिष्टोक्तेः ॥१४॥

समन्वयो जगद्योनौ न युक्तो युज्यतेऽथवा । न युक्तो वेदवाक्येषु परस्परविरोधतः ।
सगक्रमविवादेऽपि नासौ स्रष्टरि विद्यते । अव्याकृतमसत्प्रोक्ते मुक्तोऽसौ कारणे ततः ॥

प्रतिपादितं ब्रह्मणो लक्षणम् । प्रतिपादितं च ब्रह्मविषयं गतिसामान्यं वेदान्तवाक्यानाम् । प्रतिपादितं च प्रधानस्याशब्दत्वम् । तत्रेदमपरमाशङ्कते— न जन्मादिकारणत्वं ब्रह्मणो ब्रह्मविषयं वा गतिसामान्यं वेदान्तवाक्यानां प्रतिपत्तुं शक्यम् । कस्मात् ?

कारणत्वेन चाकाशादिषु यथाव्यपदिष्टोक्तेः । **पूर्वग्रन्थेनास्य सङ्गतिं वक्तुं वृत्तमनुवदत**— प्रतिपादितमिति । **अधिकरणत्रयेण** प्रधानस्याश्रौतत्वोक्त्या **जगत्कारणत्वलक्षणेन ब्रह्मण एव बुद्धिस्थता, तस्मिन्नेव बुद्धिस्थे निर्विशेष ब्रह्मणि** वेदान्तानां **समन्वय इति साधितं पूर्वसूत्रसन्दर्भेण । तत्र लक्षणसमन्वययोरसिद्धिरेव, श्रुतीनां विरोधदर्शनादित्याक्षिपन्पूर्वं तेनास्य सङ्गतिमाह**—तत्रेति । **न चाविरोधचिन्ताया द्वितीयाध्याये सङ्गतिर्नास्मिन्नध्याय इति वाच्यम् सिद्धे समन्वये स्मृत्यादिमानान्तरविरोधनिरासस्य द्वितीयाध्यायार्थत्वात्, तत्पदवाच्यजगत्कारणवादिश्रुतीनां मिथो विरोधाद्वाच्यार्था-**

४ कारणत्वाधिकरण

१. **संगति**—पिछले तीन अधिकरणों से प्रधान में अशब्दत्व बतलाकर वेदान्तवाक्यों का ब्रह्म में समन्वय कहा गया था । अब वेदान्तवाक्यों का परस्परविरुद्धअर्थप्रतिपादक होने से कुछ भी निर्णय लेना शक्य नहीं है । अतः सांख्यशास्त्राभिमत प्रधानपरक ही समन्वय मानना चाहिए; ऐसी आक्षेप सङ्गति होने के कारण यह अधिकरण प्रारम्भ किया जाता है ।

२. **विषय**—इस अधिकरण का विचारणीय विषय समन्वय है ।

३. **संशय**—जगज्जन्मादिकारणत्ववाचक वेदान्तवाक्य ब्रह्म में प्रमाण हैं या नहीं ? ऐसा संशय होता है ।

४. **पूर्वपक्ष**—वेदान्तवाक्यों में परस्पर विरोध होने के कारण ब्रह्म में श्रुतियों का समन्वय मानना ठीक नहीं ।

५. **सिद्धान्त**—सृष्टि के क्रम में विवाद होने पर भी स्रष्टा में कोई विवाद नहीं है । अतः जगत् स्रष्टा कारण ब्रह्म में अव्याकृत एवं असत् शब्द का प्रयोग समुचित ही है । कारणविषयक श्रुतिविरोध का परिहार सूत्रकार वियद पाद में करेंगे । अतः जगत्कारणत्ववादी वेदान्तवाक्यों का ब्रह्म में समन्वय मानने पर कोई विरोध नहीं है ।

कारणत्वेन चाकाशादिषु यथाव्यपदिष्टोक्तेः (ललिता)

ब्रह्म का लक्षण कहा गया, ब्रह्मविषयक वेदान्त का गतिसामान्य भी कह दिया गया और प्रधान में अशब्दत्व भी सिद्ध कर दिया । इतने पर भी पूर्वपक्षी पुनः दूसरी शङ्का करता है कि ब्रह्म के जगज्जन्मादिकारणत्व और वेदान्तवाक्यों में ब्रह्मविषयक गतिसामान्य का प्रतिपादन आप नहीं कर सकते अर्थात् ब्रह्म जगज्जन्मादि का कारण है और निखिल वेदान्तवाक्यों का समन्वय अद्वयब्रह्म में होता है ऐसा कहने का दावा आप नहीं कर सकते हैं क्योंकि इस सन्दर्भ में विरोध भी

१. आदिनान्यायो ग्राह्यः ।

[1]विगानदर्शनात् । प्रतिवेदान्तं ह्यन्यान्या सृष्टिरुपलभ्यते क्रमादिवैचित्र्यात् । तथाहि—क्वचित् 'आत्मन आकाशः सम्भूतः (तै० २-१) इत्याकाशादिका सृष्टिराम्नायते । क्वचित्तेजआदिका—'तत्तेजोऽसृजत' (छा० ६-२-३) इति । क्वचित्प्राणादिका—'स प्राणमसृजत प्राणाच्छ्रद्धाम्' (प्र० ६-४) इति क्वचिदक्रमेणैव लोकानामुत्पत्तिराम्नायते—स इमाँल्लोकानसृजत अम्भो मरीचर्मरमापः' (ऐ० उ० ४-१-२) इति तथा क्वचिदसत्पूर्विका सृष्टिः पठ्यते—'असद्वा इदमग्र आसीत्ततो वै सदजायत' (तै० २-७)

निर्णयेन लक्ष्ये समन्वयासिद्धौ प्राप्तायां तत्साधकाविरोधचिन्ताया अत्रैव सङ्गतत्वात् । न चैवं सृष्टिश्रुतीनामप्यविरोधोऽत्रैव चिन्तनीय इति वाच्यम्, स्वप्नवत्कल्पितसृष्टौ विरोधस्यैवाभावात् । किमर्थं तर्हि द्वितीये तच्चिन्तनं, स्थूलबुद्धिसमाधानार्थमिति ब्रूमः । इह तु सूक्ष्मदृशां वाक्यार्थसमन्वयज्ञानस्य तत्पदार्थश्रुतिविरोधः परिह्रियते । यद्यपि त्वंपदार्थश्रुतिविरोधोऽत्र परिहर्तव्यः तथापि प्रथमसूत्रेण बन्धमिथ्यात्वसूचनादविरोधः सिद्धः । प्रपञ्चस्तु स्थूलबुद्धिसमाधानप्रसङ्गेन भविष्यतीति मन्यते सूत्रकारः । अतः जगत्कारणश्रुतयो [2]विषयः । ताः किं ब्रह्मणि मानं न वेति संशयेऽसज्ज्योतिषोः संख्यादृष्टिक्रियायां विकल्पेऽपि कारणे वस्तुन्यसद्वा सद्वा कारणमित्यादिविकल्पासम्भवादप्रामाण्यमिति प्रत्युदाहरणेन पूर्वपक्षयन्नुक्ताक्षेपं विवृणोति—प्रतिवेदान्तमित्यादिना । वेदान्तानां समन्वयसाधनाच्छ्रुत्यध्यायसङ्गतिः । असदादिपदानां सत्कारणे समन्वयोक्तेः पादसङ्गतिः । पूर्वपक्षे समन्वयासिद्धिः फलं, सिद्धान्ते तत्सिद्धिरिति विवेकः । क्रमाक्रमाभ्यां सृष्टिविरोधं तावद्दर्शयति—तथाहि क्वचिदित्यादिना । स परमात्मा लोकानसृजत । अम्भशरीरप्रचुरस्वर्गलोकोऽम्भः शब्दार्थः । सूर्यरश्मिव्याप्तोऽन्तरिक्षलोको मरीचयः । मरो मर्त्यलोकः । अब्बहुलाः पाताललोका आप इति श्रुत्यर्थः । सृष्टिविरोधमुक्त्वा कारणविरोधमाह—तथेति । असदनभिव्यक्तनामरूपात्मकं कारणं,

देखा जाता है। सृष्टि बतलाने वाली श्रुति प्रतिवेदान्त भिन्न-भिन्न प्रकार की उपलब्ध होती है क्योंकि सृष्टि के क्रम में वैचित्र्य दिखलायी पड़ता है। कहीं पर 'सर्वप्रथम आत्मा से आकाश उत्पन्न हुआ' इस वाक्य द्वारा पहले आकाश की सृष्टि कही गयी है। 'उसने तेज की सृष्टि की' इस वाक्य द्वारा सर्वप्रथम तेज को सृष्टि बतलायी गयी है। 'उसने प्राण की सृष्टि की, प्राण के बाद श्रद्धा की सृष्टि की' इस वाक्य के द्वारा सर्वप्रथम प्राण की सृष्टि बतलायी गयी। कहीं पर लोकों की उत्पत्ति का वर्णन बिना क्रम के ही किया है 'उस परमेश्वर ने इन सभी लोकों का सृजन किया जो अम्भ, मरीचि, मर और आप नाम से कहे जाते हैं। स्वर्गलोक को अम्भ शब्द से कहा गया है क्योंकि वहाँ के निवासियों का शरीर अम्भमय (जलबहुल) होता है। अन्तरिक्ष लोक में सूर्य की रश्मियाँ व्याप्त होती हैं इसीलिए अन्तरिक्ष को 'मरीचि' शब्द से कहा है। मर्त्यलोक में सभी मरते हैं और उस मरे हुए की अन्त्येष्टि करनी पड़ती है इसलिए मर्त्यलोक को 'मर' शब्द से कहा गया है। किन्तु पाताललोक जलबहुल होता है अतः उसे "आपः" शब्द से कहा है। इन सभी लोकों की उत्पत्ति बिना क्रम के ही इस श्रुति ने बतलायी है। वैसे ही, कहीं पर असत् से सृष्टि कही गयी है 'सृष्टि से पहले यह सम्पूर्ण जगत् असत् ही था, निःसन्देह उसी असत् से सत् उत्पन्न हुआ।' इस श्रुति में असत् से सृष्टि बतलायी गयी है। 'यह सम्पूर्ण जगत् सृष्टि से पहले असत्

१. विरोध । २. विषयास्ता इति पाठान्तरम् ।

इति। 'असदेवेमग्र आसीत्तत्सदासीत्तत्समभवत्' (छा० ३-१९-१) इति च क्वचिद-सद्वादनिराकरणेन सत्पूर्विका प्रक्रिया प्रतिज्ञायते—'तद्धैक आहुरसदेवेदमग्र आसीत्' इत्युपक्रम्य 'कुतस्तु खलु सोम्यैवं स्यादिति होवाच कथमसतः सज्जायेतेति सदेव सौम्येदमग्र आसीत्' (छा० ६-२-१, २) इति क्वचित्स्वयंकर्तृकैव व्याक्रिया जगतो निगद्यते—'तद्धेदं तर्ह्यव्याकृतमासीत्तन्नामरूपाभ्यामेव व्याक्रियत' (बृ १-४-७) इति। एवमनेकधा विप्रतिपत्तेर्वस्तुनि च विकल्पस्यानुपपत्तेर्न वेदान्तवाक्यानां जगत्कारणाव-धारणपरता न्याय्या। स्मृतिन्यायप्रसिद्धिभ्यां तु कारणान्तरपरिग्रहो न्याय्य इति।

एवं प्राप्ते ब्रूमः—सत्यपि प्रतिवेदान्तं सृज्यमानेष्वाकाशादिषु क्रमादिद्वारके विगाने न स्रष्टरि किञ्चिद्विगानमस्ति। कुतः? यथाव्यपदिष्टोक्तेः। यथाभूतो ह्येकस्मिन्वेदान्ते सर्वज्ञः सर्वेश्वरः सर्वात्मैकोऽद्वितीयः कारणत्वेन व्यपदिष्टस्तथाभूत एव वेदान्तान्तरेष्वपि

ततः कारणात्सदभिव्यक्तम्। एतत्तुल्यार्थं छान्दोग्यवाक्यमाह—असदेवेति। किं शून्यमेव, नेत्याह—तत्सदिति। अबाधितं ब्रह्मैवासीदित्यर्थः। तद्ब्रह्मात्मना स्थितं जगत्सृष्टिकाले सम्यगभिव्यक्तम-भवत्। प्रक्रिया सृष्टिः। तत्तत्र कारणे। एके बाह्याः। तेषां मतं श्रुतिरेव दूषयति—कुत इति। कुतएवंपदयोरर्थमाह—कथमिति। स्वमतमाह—सदिति। तदिदं जगद्ध किल तर्हि प्राक्कालेऽव्याकृतं कारणात्मकमासीत्। श्रुतीनां विरोधमुपसंहरति—एवमिति। किमत्र न्याय्यमित्याशङ्क्य मानान्तर-सिद्धप्रधानलक्षकत्वं वेदान्तानां न्याय्यमित्याह—स्मृतीति।

तत्र सृष्टौ विरोधमङ्गीकृत्य स्रष्टरि विरोधं परिहरति—सत्यपीति। आकाशादिषु ब्रह्मणः कारणत्वे विरोधो नैवास्तीति प्रतिज्ञायां हेतुमाह—कुत इति। यथाभूतत्वमेवाह—सर्वज्ञ इति।

ही था, वह अबाधित ब्रह्मरूप था, उसी से सत्य जगत् उत्पन्न हुआ है।' कहीं पर असत्वाद का खण्डन करते हुए सत्पूर्वक जगदुत्पत्ति प्रक्रिया मानी गयी है 'वहाँ पर कुछ लोगों ने उत्पत्ति से पूर्व यह सम्पूर्ण जगत् असत् ही था' यहाँ से प्रसङ्ग प्रारम्भकर आगे प्रश्न उठाया कि 'हे सौम्य! यह भला कैसे हो सकता है अर्थात् असत् से सत् की उत्पत्ति कैसे हो सकेगी?' सिद्धान्तपक्ष से कहते हुए श्रुति बतलाती है 'हे सौम्य! यह दृश्यमान जगत् उत्पत्ति से पूर्व ब्रह्मस्वरूप ही था।' कहीं पर स्वयं कर्ता ही जगद्रूप से बन गया ऐसा बतलाया गया है 'यह दृश्यमान जगत् सृष्टि से पूर्व अव्याकृत था, वही नाम-रूप से व्याकृत हो गया।' इस प्रकार अनेकों विप्रतिपत्तियाँ होने के कारण और वस्तु में विकल्प का होना अयुक्त होने के कारण वेदान्तवाक्यों को जगत्कारणनिश्चायक मानना उचित नहीं है। अतः सांख्य, स्मृति एवं तर्क की प्रसिद्धि द्वारा जगत्कारणान्तर स्वीकार करना ही उचित है, ब्रह्म में जगत्कारणत्व सिद्ध करना उचित नहीं है?

कार्यस्य कारणमिष्येतासत्तर्हि कार्यं प्रागुत्पत्तेरिति प्रसज्येत । अनिष्टं चैतत्सत्कार्यवादिनस्तवेति चेत् । नैष दोषः । प्रतिषेधमात्रत्वात् । प्रतिषेधमात्रं हीदं नास्य प्रतिषेधस्य प्रतिषेध्यमस्ति । न ह्ययं प्रतिषेधः प्रागुत्पत्तेः सत्त्वं कार्यस्य प्रतिषेद्धुं शक्नोति । कथम् ? यथैव हीदानीमपीदं कार्यं कारणात्मना सदेवं प्रागुत्पत्तेरपीति गम्यते । न हीदानीमपीदं कार्यं कारणात्मानमन्तरेण स्वतन्त्रमेवास्ति । 'सर्वं तं परादाद्योऽन्यत्रात्मनः सर्वं वेद' (बृ० २-४-६) इत्यादिश्रवणात् । कारणात्मना तु सत्त्वं कार्यस्य प्रागुत्पत्तेरविशिष्टम् । ननु शब्दादिहीनं ब्रह्म जगतः कारणम् । बाढम् । नतु शब्दादिमत्कार्यं कारणात्मना हीनं प्रागुत्पत्तेरिदानीं वास्ति । तेन न शक्यते वक्तुं प्रागुत्पत्तेरसत्कार्यमिति । विस्तरेण चैतत्कार्यकारणानन्यत्ववादे वक्ष्यामः ॥७॥

अत्राह—यदि स्थौल्यसावयवत्वाचेतनत्वपरिच्छिन्नत्वाशुद्ध्यादि धर्मकं कार्यं ब्रह्म-

---

सर्वं तमिति । **मिथ्यात्वमजानतः शङ्कामनूद्य परिहरति**—नन्वित्यादिना । विस्तरेण चैतदिति । **मिथ्यात्वमित्यर्थः ॥७॥**

सत्कार्यवादसिद्ध्यर्थं कार्याभेदे कारणस्यापि कार्यवदशुद्ध्यादिप्रसङ्ग इतिशङ्कासूत्रं व्याचष्टे-अत्रा

का कारण माना जायेगा तो उत्पत्ति से पूर्व कार्य असत् होने लग जायेगा और सत्कार्यवादी आप वेदान्ती के लिए यह बड़ा भारी अनिष्ट होगा ? यह दोष देना ठीक नहीं केवल '**असत्स्यात्**' ऐसा प्रतिषेधमात्र आप कर रहे हैं पर जिसका कोई प्रतिषेध्य नहीं किन्तु आपका यह प्रतिषेध उत्पत्ति से पूर्व कार्य की सत्ता का निषेध नहीं कर सकता। जैसे स्थितिकाल में कार्यको कारणरूप से सत् वेदान्त मानता है। ऐसे ही उत्पत्ति से पूर्व भी कारणरूप से ही कार्य को सत् हम मानते हैं नकि कार्यरूप से। इस समय स्थितिकाल में भी कार्यकारण के बिना स्वतन्त्र नहीं रह सकता, कारण से पृथक् कार्य का अस्तित्व न स्थितिकाल में न प्रलयकाल में ही हम मानते हैं। हम तो स्थितिकाल में कार्य को मिथ्या मानते हैं, कल्पित मानते हैं किन्तु कारण को स्थितिकाल में भी पारमार्थिक अबाधित सत्य मानते हैं, जो उत्पत्ति से पूर्व भी था और प्रलय के बाद भी रहेगा। जो लोग कारण से पृथक कार्य की सत्ता मानते हैं उनके लिये श्रुति ने "उसे भी पराजित कर डालते हैं जो आत्मा से भिन्न सभी पदार्थों को सत्य मानता है' इस वाक्य द्वारा कार्य को मिथ्या और अधिष्ठानरूप से उसे सत्य माना है। कारणरूप से कार्य की सत्ता उत्पत्ति से पूर्व एवं वर्तमानकाल में भी समान ही है। शङ्का—तो क्या शब्दादिहीन ब्रह्म को जगत् का कारण आप मानते हैं ? समाधान—निःसन्देह ब्रह्म ही जगत् का अभिन्ननिमित्तोपादानकारण है क्योंकि ब्रह्मरूप कारण के बिना शब्दादियुक्त कार्य न उत्पत्ति से पूर्व और न अभी सृष्टिकाल में ही टिक सकता है, अतः उत्पत्ति से पूर्व कार्य असत् हो जायेगा ऐसा आप मुझ वेदान्ती पर आक्षेप नहीं कर सकते। कार्य स्वरूपतः असत् और अपने अधिष्ठानरूप से सत् एवं कार्य से अभिन्न इस सिद्धान्त को विस्तार से हम कार्यकारणअभिन्नत्वप्रतिपादक अधिकरण में कहेंगे ॥७॥

अपीतौ तद्वत्प्रसङ्गादसमञ्जसम् (ललिता)

पूर्वपक्ष—यदि स्थूलता, सावयवत्व, अचेतनत्व, परिच्छिन्नत्व एवं अशुद्धि आदि धर्मवाला कार्य-

कारणमभ्युपगम्येत तदपीतौ प्रलये प्रतिसंसृज्यमानं कार्यं कारणाविभागमापद्यमानं कारणमात्मीयेन धर्मेण दूषयेदित्यपीतौ कारणस्यापि ब्रह्मणः कार्यस्येवाशुद्ध्यादिरूपप्रसङ्गात्सर्वज्ञं ब्रह्म जगत्कारणमित्यसमञ्जसमिदमौपनिषदं दर्शनम् । अपिच समस्तस्य विभागस्याविभागप्राप्तेः पुनरुत्पत्तौ नियमकारणाभावाद्भोक्तृभोग्यादिविभागेनोत्पत्तिर्न प्राप्नोतीत्यसमञ्जसम् । अपिच भोक्तृणां परेण ब्रह्मणाऽविभागं गतानां कर्मादिनिमित्तप्रलयेऽपि पुनरुत्पत्तावभ्युपगम्यमानायां मुक्तानामपि पुनरुत्पत्तिप्रसङ्गादसमञ्जसम् । अथेदं जगदपीतावपि विभक्तमेव परेण ब्रह्मणावतिष्ठेत, एवमप्यपीतिश्च न सम्भवति, कारणाव्यतिरिक्तं च कार्यं न सम्भवतीत्यसमञ्जसमेवेति ।।८।। अत्रोच्यते—

हेति । प्रतिसंसृज्यमानपदस्य व्याख्या—कारणेति । यथा जले लीयमानं लवणद्रव्यं जलं दूषयति तद्वदित्यर्थः । सूत्रस्य योजनान्तरमाह—अपिचेति । सर्वस्य कार्यस्यापीतौ कारणवदेकरूपत्वप्रसङ्ग इत्यर्थः । अर्थान्तरमाह—अपिचेति । कर्मादीनामुत्पत्तिनिमित्तानां प्रलयेऽपि भोक्तॄणामुत्पत्तौ तद्वदेव मुक्तानामप्युत्पत्तिप्रसङ्गादित्यर्थः । शङ्कापूर्वकं व्याख्यान्तरमाह—अथेति । यदि लयकालेऽपि कार्यं कारणाद्विभक्तं तर्हि स्थितिकालवल्लयाभावप्रसङ्गात्कार्येण द्वैतापत्तेश्चासमञ्जसमिदं दर्शनमित्यर्थः ।।८।

ब्रह्म उपादानक माना जायेगा, तब तो प्रलयकाल में जब कार्य कारण से अविभक्त होगा, तब वह प्रलीयमान कार्य अपने धर्म से कारण ब्रह्म को भी दूषित कर डालेगा अर्थात् जैसे कार्यप्रपञ्च अशुद्धयादि धर्मवाला है वैसा ही इसका कारण ब्रह्म भी होने लग जायेगा जिस ब्रह्म को जगत् का कारण आपने माना था वह ब्रह्म प्रपञ्च के धर्म से दूषित हो जाने के कारण औपनिषद् दर्शन असंगत होने लग जायेगा । जैसे जल में लीन होने वाला लवणद्रव्य जल को दूषित कर डालता है, ऐसे ही स्थूलतादि धर्म से युक्त जगत् ब्रह्म में लीन होगा, तो उसे भी अपने दोष से दूषित कर डालेगा, जिस प्रकार जल में लीन होने वाली नमक की डली जल को दूषित कर डालती है, वैसे ही अनेक दोषों से युक्त जगत् जब ब्रह्म में लीन होगा तो अपने दोषों से उस अद्वितीय ब्रह्म को भी दूषित कर डालेगा । इसके अतिरिक्त समस्त विभाग का जब ब्रह्म के साथ प्रलयकाल में अविभाग हो जायेगा, तब पुनः उत्पत्ति के समय नियामककारण के अभाव में भोक्ता-भोग्यादि का विभाग नही सिद्ध हो सकेगा अर्थात् जीव भोक्ता है और शब्दादियुक्त प्रपञ्च भोग्य है यह विभाग उत्पत्ति के समय सिद्ध नहीं हो सकेगा । यह दूसरी असङ्गति वेदान्तमत में आती है । इतना ही नहीं प्रत्युत परब्रह्म के साथ जब भोक्ता अविभक्त हो जायेंगे तब विभाग के निमित्तकारण कर्मादि का भी प्रलय हो जायेगा । उस दशा में पुनरुत्पत्ति मानने पर मुक्त पुरुषों के भी पुनः पुनर्जन्म का प्रसङ्ग आ जायेगा, यह भी असङ्गति आपके पक्ष में आयेगी । और यदि कहो कि प्रलयकाल में ब्रह्म के साथ यह जगत् विभक्त ही रहेगा तो भला प्रलय ही क्या हुआ अर्थात् प्रलयकाल में भी कार्य कारण से विभक्त ही रहा तो स्थितिकाल की भाँति लय भी माना जायेगा और इस स्थिति में कार्य को लेकर द्वैतापत्ति का प्रसङ्ग आ जाने के कारण आपका सिद्धान्त असङ्गत हो जायेगा ।।८।।

(१४३) न तु दृष्टान्तभावात् ॥९॥

नैवास्मदीये दर्शने किञ्चिदसामञ्जस्यमस्ति। यत्तावदभिहितं कारणमपिगच्छत्कार्यं कारणमात्मीयेन धर्मेण दूषयेदिति, तददूषणम्। कस्मात्? दृष्टान्तभावात्। सन्ति हि दृष्टान्ता यथा कारणमपिगच्छत्कार्यं कारणमात्मीयेन धर्मेण न दूषयति। तद्यथा शरावादयो मृत्प्रकृतिका विकारा विभागावस्थायामुच्चावचमध्यमप्रभेदाः सन्तः पुनः प्रकृतिमपिगच्छन्तो न तामात्मीयेन धर्मेण संसृजन्ति। रुचकादयश्च सुवर्णविकारा अपीतौ न सुवर्णमात्मीयेन धर्मेण संसृजन्ति। पृथिवीविकारश्चतुर्विधो भूतग्रामो न पृथिवीमपीतावात्मीयेन धर्मेण संसृजति। त्वत्पक्षस्य तु न कश्चिद्दृष्टान्तोऽस्ति। अपीतिरेव हि न सम्भवेद्यदि कारणे कार्यं स्वधर्मेणैवावतिष्ठेत। अनन्यत्वेऽपि कार्यकारणयोः कार्यस्य कारणात्मत्वं न तु कारणस्य कार्यात्मत्वं 'आरम्भणशब्दादिभ्यः' इति वक्ष्यामः (ब्र० सू० २-१-१४)। अत्यल्पं चेदमुच्यते कार्यमपीतावात्मीयेन धर्मेण

अपीतौ जगत् स्वकारणं न दूषयति, कारणे लीनत्वात्, मृदादिषु लीनघटादिवदिति सिद्धान्तसूत्रं व्याचष्टे—नैवेत्यादिना। अपिगच्छल्लीयमानम्। विभागावस्था स्थितिकालः। त्वत्पक्षस्येति। मधुरजलं लवणस्याकारणमित्यदृष्टान्तः। किंच दूषकत्वे कार्यस्य स्थितिः स्याल्लवणवदित्याह—अपीतिरेवेति। असति कार्ये तद्धर्मेण कारणस्य योगो न संभवति। धर्म्यसत्त्वे धर्माणामप्यसत्त्वादिति भावः। ननु सत्कार्यवादे लयेऽपि कार्यस्य कारणाभेदेन सत्त्वाद्दूषकत्वं स्यादित्यत आह—अनन्यत्वेऽपीति। कल्पितस्याधिष्ठानधर्मवत्त्वमभेदान्न त्वधिष्ठानस्य कल्पितकार्यधर्मवत्त्वं तस्य कार्यात्पृथक्सत्त्वादित्यर्थः। किंचापीताविति विशेषणं व्यर्थमिति प्रतिबन्द्या समाधत्ते—अत्यल्प चेति। परिणामदृष्टान्तं व्याख्याय

न तु दृष्टान्तभावात् (ललिता)

इस पर सिद्धान्ती कहते हैं कि हमारे दर्शन में असङ्गति नहीं है। यह जो आपने कहा था कि कारण में जब कार्य लीन होगा तब कारण को भी अपने धर्म से दूषित कर डालेगा, ऐसा दोष ठीक नहीं है क्योंकि ऐसे अनेकों दृष्टान्त हैं जो यह सिद्ध करते हैं कि कारण में कार्य के लीन होने पर भी कार्य अपने धर्म से कारण को दूषित नहीं करते। जैसे मिट्टी के बने घट, कसोरे आदि विकार स्थितिकाल में छोटे, बड़े, मध्यम आकार के होते हुए भी जब वे मिट्टी में लीन होते हैं तब घटादि अपने छोटे-बड़े धर्म से मिट्टी को अपने जैसा नहीं बना देते हैं, स्वर्ण के विकार रुचकादि आभूषण जब अपने कारण स्वर्ण में लीन होते हैं तब वे भी अपने धर्म से स्वर्ण को दूषित नहीं करते हैं। पृथ्वी के चतुर्विध अण्डजादि कार्य जब पृथ्वी में लीन होते हैं तब वे भी अपने धर्म से पृथ्वी को युक्त नहीं करते हैं। हमारे पक्ष में इतने दृष्टान्त हैं किन्तु आपके पक्ष का पोषक कोई दृष्टान्त नहीं है और सबसे बड़ी बात तो यह है कि यदि कारण में लीन कार्य धर्म से ही बना रहे तब तो कार्य का लय ही नहीं हुआ, उस स्थिति में कार्य बना ही रहा। यह सर्वथा सत्य है कि कार्य-कारण का हम अभेद मानते हैं फिर भी कार्य कारणरूप है, न कि कारण कार्यरूप है, इस बात को '**आरम्भणशब्दादिभ्यः**' इस सूत्र से हम कहेंगे। लीन होने पर कार्य अपने धर्म से कारण को दूषित कर डालेगा यह तो आप बहुत

कारणं संसृजेदिति । स्थितावपि समानोऽयं प्रसङ्गः, कार्यकारणयोरनन्यत्वाभ्युपगमात् । 'इदं सर्वं यदयमात्मा' (बृ० २-४-६), 'आत्मैवेदं सर्वम्' (छा० ७-२५-२), 'ब्रह्मैवेदममृतं पुरस्तात्' (मु० २-२-११), 'सर्वं खल्विदं ब्रह्म' (छा० ३-१४-१) इत्येवमाद्याभिर्हि श्रुतिभिरविशेषेण त्रिष्वपि कालेषु कार्यस्य कारणानन्यत्वं श्राव्यते । तत्र यः परिहारः कार्यस्य तद्धर्माणां चाविद्याध्यारोपितत्वान्न तैः कारणं संसृज्यत इति, अपीतावपि स समानः । अस्ति चायमपरो दृष्टान्तो यथा स्वयं प्रसारितया मायया मायावी त्रिष्वपि कालेषु न संस्पृश्यते, अवस्तुत्वात् एवं परमात्मापि संसारमायया न संस्पृश्यत इति । यथा च स्वप्नदृगेकः स्वप्नदर्शनमायया न संस्पृश्यत इति । प्रबोधसम्प्रसादयोरनन्वागतत्वात् । एवमवस्थात्रयसाक्ष्येकोऽव्यभिचार्यवस्थात्रयेण व्यभिचारिणा न संस्पृश्यते । मायामात्रं ह्येतद्यत्परमात्मनोऽवस्थात्रयात्मनावभासनं रज्ज्वा इव सर्पादिभावेनेति । अत्रोक्तं वेदान्तार्थसम्प्रदायविद्भिराचार्यैः—'अनादिमायया सुप्तो यदा जीवः प्रबुध्यते ।

विवर्तदृष्टान्तं व्याचष्टे—अस्ति चेति । मायाव्यनुपादानमित्यरुच्या दृष्टान्तान्तरमाह—यथेति । अस्त्येव स्वप्नकाले दृष्टः संसर्ग इत्यत आह–प्रबोधेति । जाग्रत्सुषुप्त्योः स्वप्नेनात्मनोऽस्पर्शात् तत्काले-ऽप्यस्पर्श इत्यर्थः । यद्यज्ञस्य जीवस्यावस्थाभिरसंसर्गस्तदा सर्वज्ञस्य किं वाच्यमिति दार्ष्टान्तिकमाह——एवमिति । यद्वा जगज्जन्मस्थितिलया ईश्वरस्यावस्थात्रयम् । तदसङ्गित्वे वृद्धसंमतिमाह अत्रोक्तमिति। यदा तत्त्वमसीत्युपदेशकाले प्रबुध्यते मायानिद्रां त्यजति तदा जन्मलयस्थित्यवस्था-

---

थोड़ा कह रहे हैं, आपको तो यह भी कहना चाहिए कि स्थितिकाल में भी कार्य कारण को अपने धर्म से दूषित कर डालेगा, क्योंकि वेदान्ती कार्य-कारण को अभिन्न मानते हैं । इस विषय में 'यह सब कुछ जो भी है आत्मा ही है' 'निःसन्देह यह सम्पूर्ण जगत् ब्रह्म है' इन सभी श्रुतियों में सामान्यतः तीनों काल में कार्य का कारण से अभेद सुना जाता है । यदि इसका समाधान आप यह कह देंगे कि कार्य एवं उसके धर्म अविद्या से कल्पित हैं, इसीलिए उनसे कारण का कोई संसर्ग नहीं होता । जैसे रज्जु में कल्पित सर्प का विष रज्जु को नहीं छूता है और जैसे मृगतृष्णिका का जल मरुस्थल को गीला नहीं कर सकता, ऐसे अनेकों दृष्टान्त हैं, जिससे कल्पित वस्तु का संसर्ग अधिष्ठान के साथ नहीं होता यह सिद्ध होता है । जिस प्रकार मायावी स्वयं ही अपनी प्रसारित माया से तीनों काल में संस्पृष्ट नहीं होता, क्योंकि वह कुछ वस्तु ही नहीं है, ठीक इसी प्रकार परमात्मा भी संसार माया से संस्पृष्ट नहीं होता । जिस प्रकार एकाकी स्वप्नद्रष्टा स्वप्नदर्शनरूप माया से संस्पृष्ट नहीं होता है क्योंकि वे स्वप्नदर्शन जाग्रत् और सुषुप्ति में नहीं दिखायी देते । इस प्रकार जाग्रत, स्वप्न, सुषुप्ति इन तीनों अवस्थायें व्यभिचारी हैं । अतः इन अवस्थाओं के साथ अवस्थात्रय के साक्षी का कोई सम्बन्ध नहीं होता है, ये दो मायामात्र हैं जो परमात्मा में अवस्थात्रयरूप से वैसे ही भासते हैं जैसे रज्जु का सर्पादि-रूप से अविद्या के कारण अन्यथा भान होता है । कोई भ्रान्तपुरुष उस रज्जु को सर्प समझता है, कोई दण्ड, कोई जलधारा और कोई भूखण्ड । इस सम्बन्ध में वेदान्त सम्प्रदाय के विद्वान् आचार्यों ने

---

१. असंस्पृष्टत्वात् । २. तत्रस्थितिजागरितम् जन्मस्वप्नम् लयः सुषुप्तिरितिविवेकः

अजमनिद्रमस्वप्नमद्वैतं बुध्यते तदा' (गौडपा० कारि० १-१६) इति ॥

तत्र यदुक्तमपीतौ कारणस्यापि कार्यस्येव स्थौल्यादिदोषप्रसङ्ग इत्येतदयुक्तम् । यत्पुनरेतदुक्तम् समस्तस्य विभागस्याविभागप्राप्तेः पुनर्विभागेनोत्पत्तौ नियमकारणं नोपपद्यत इति । अयमप्यदोषः दृष्टान्तभावादेव । यथा हि सुषुप्तिसमाध्यादावपि सत्यां स्वाभाविक्यामविभागप्राप्तौ मिथ्याज्ञानस्यानपोदितत्वात्पूर्ववत्पुनः प्रबोधे विभागो भवत्येवमिहापि भविष्यति । श्रुतिश्चात्र भवति—'इमाः सर्वाः प्रजाः सति सम्पद्य न विदुः सति सम्पद्यामह इति त इह व्याघ्रो वा सिंहो वा वृको वा वराहो वा कीटो वा पतङ्गो वा दंशो वा मशको वा यद्यद्भवन्ति तदा भवन्ति' (छा० ६-९-२, ३) इति । यथा ह्यविभागेऽपि परमात्मनि मिथ्याज्ञानप्रतिबद्धो विभागव्यवहारः स्वप्नवदव्याहतः स्थितो दृश्यते' एवमपी-

शून्यमद्वैतमीश्वरमात्मत्वेनानुभवतीत्यर्थः ।

फलितमाह—तत्रेति । द्वितीयमसामञ्जस्यमनूद्य तेनैव सूत्रेण परिहरति—यत्पुनरिति । सुषुप्तावज्ञानसत्त्वे पुनर्विभागोत्पत्तौ च मानमाह—श्रुतिश्चेति । सति ब्रह्मण्येकी भूय न विदुरित्यज्ञानोक्तिः । इह सुषुप्तेः प्राक् प्रबोधे येन जात्यादिना विभक्ता भवन्ति तदा पुनरुत्थानकाले तथैव भवन्तीति विभागोक्तिः । ननु सुषुप्तौ पुनर्विभागशक्त्यज्ञानसत्त्वेऽपि सर्वप्रलये तत्सत्त्वं कुत इत्यत आह—यथा होति । यथा सुषुप्तौ परमात्मनि सर्वकार्याणामविभागेऽपि पुनर्विभागहेत्वज्ञानशक्तिरस्ति एवमपीतौ महाप्रलयेऽपिमिथ्याभूताज्ञानसंबन्धात्पुनः सृष्टिविभागशक्तिरनुमास्यते । यतः स्थिताविदानीं मिथ्याज्ञानकार्यो विभागव्यवहारस्तत्त्वबोधाभावात् स्वप्नवद'बाधितो दृश्यते, अतः कार्यदर्शनात्कारणसत्त्व-

कहा है कि "जिस समय अनादि माया से सोया हुआ जीव अपने स्वरूप में जग जाता है उस समय अजन्मा, निद्रारहित, स्वप्नरहित अद्वैत को जानता है"।

और जो इस सम्बन्ध में आपने कहा था कि प्रलयकाल में कार्य की भाँति कारण में भी स्थूलतादि दोष आ जायेंगे, वह पूर्वोक्त विचार से निरस्त हो गया। फिर जो आप ने कहा था कि समस्त कार्यवर्ग जब प्रलयकाल में अविभक्त हो जायेंगे तो पुनः विभागपूर्वक उत्पत्ति के लिए कोई नियामक कारण नहीं रह जायेगा ऐसी दशा में भोक्ता भोग्य होने लग जायेगा ? यह भी कोई दोष नहीं है क्योंकि इस दोष के वारण के लिए भी दृष्टन्त विद्यमान है। जैसे सुषुप्ति और जड़समाधि स्वाभाविकरूप से होते हैं उसमें कारण के साथ कार्य का अविभाग हो जाता है किन्तु मिथ्याज्ञान का नाश न होने के कारण जगने पर पुनः पूर्व की भाँति विभाग दिखाई पड़ता है, ऐसे ही प्रलय के बाद पुनः सृष्टि होने पर पूववत हो जायेगा इस सम्बन्ध में श्रुति कहती है कि "सुषुप्ति काल में सारी प्रजा ब्रह्म के साथ अभिन्न होकर भी यह जान नहीं पाती कि हम सद्ब्रह्म में सम्पन्न हो गये थे वे तो जगने पर पूर्व की भाँति व्याघ्र अपने को व्याघ्र, सिंह अपने को सिंह, भेड़िया अपने को भेड़िया, सूकर अपने को सूकर, कीट-पतंग, मच्छर, डंश ये सब पूर्व की भाँति ही सोकर उठने के बाद अपने को अनुभव करते हैं।' जिस प्रकार सुषुप्तावस्था में परमात्मा में लीन हो जाने पर भी मिथ्याज्ञान के कारण उनकी स्वरूप स्थिति प्रतिबद्ध रहती है, उसी प्रतिबन्ध के कारण पुनः जाग्रत में विभाग व्यवहार होता है, ठीक वैसे ही स्थितिकाल में स्वप्न की भाँति विभाग

१. यथा स्वप्नः स्वकालेऽबाधितो भवति तद्वदित्यर्थः ।

(१४४) स्वपक्षदोषाच्च ॥१०॥

तावपि मिथ्याज्ञानप्रतिबद्धेव विभागशक्तिरनुमास्यते । एतेन मुक्तानां पुनरुत्पत्तिप्रसङ्गः प्रत्युक्तः । सम्यग्ज्ञानेन मिथ्याज्ञानस्यापोदितत्वात् । यः पुनरयमन्तेऽपरो विकल्प उत्प्रेक्षितोऽथेदं जगदपीतावपि विभक्तमेव परेण ब्रह्मणावतिष्ठेतेति, सोऽप्यनभ्युपगमादेव प्रतिषिद्धः । तस्मात्समञ्जसमिदमौपनिषदं दर्शनम् ॥९॥

स्वपक्षे चैते प्रतिवादिनः साधारणा दोषाः प्रादुःष्युः । कथमित्युच्यते । यत्तावदभिहितं विलक्षणत्वान्नेदं जगद्ब्रह्मप्रकृतिकमिति, प्रधानप्रकृतिकतायामपि समानमेतत्, शब्दाविहीनात्प्रधानाच्छब्दादिमतो जगत उत्पत्त्यभ्युपगमात् । अत एव च विलक्षणकार्योत्पत्त्यभ्युपगमात्समानः प्रागुत्पत्तेरसत्कार्यवादप्रसङ्गः तथाऽपीतौ कार्यस्य कारणाविभागाभ्युपगमात्तद्वत्प्रसङ्गोऽपि समानः । तथा मृदितसर्वविशेषेषु विकारेष्वपीतावविभागात्मतां गतेष्विदमस्य

सिद्धिरित्यर्थः । अज्ञानां जीवानां महाप्रलयेऽप्यज्ञानशक्तिनियमात्पुनर्जन्मनियम इति भावः । एतेनेति । जन्मकारणाज्ञानशक्त्यभावेनेत्यर्थः ॥९॥

वैलक्षण्यादीनां सांख्यपक्षेऽपि दोषत्वान्नास्माभिस्तन्निरासप्रयासः कार्य इत्याह—स्वपक्षेति । सूत्र व्याचष्टे—स्वेति । प्रादुःष्युः प्रादुर्भवेयुः । अत एवेति । सत्यकार्यस्य स्वविरुद्धकारणात्मना सत्त्वायोगात् सांख्यस्यैवायं दोषो न कार्यमिथ्यात्ववादिन इति मन्तव्यम् । 'अपीतौ' इति सूत्रोक्तदोषचतुष्टयमाह—तथाऽपीताविति । कार्यवत्प्रधानस्य रूपादिमत्त्वप्रसङ्गः । इदं कर्मादिकमस्योपादानं भोग्य-

---

व्यवहार अव्याहत दिखायी पड़ता है । ऐसे ही प्रलयकाल में मिथ्याज्ञान से विभागशक्ति प्रतिबद्ध रहती है, ऐसा अनुमान लगाया जा सकता है । इससे मुक्तों को पुनरुत्पत्ति का प्रसंग भी निरस्त हो गया, क्योंकि मुक्तात्मा में सम्यग्ज्ञान से मिथ्याज्ञान का नाश हो चुका है । और जो अन्त में आपने एक विकल्प खड़ा किया था प्रलयकाल में भी जगत् विभक्त होकर ही परब्रह्म में रहता है इसे तो हम मानते ही नहीं, इसलिए यह विकल्प निरस्त हो गया । अतः औपनिषद् दर्शन सर्वथा सुसंगत है, इसमें असंगति की गन्ध भी नहीं है ॥९॥

स्वपक्षदोषाच्च (ललिता)

वैलक्षण्यादि दोष जब सांख्यपक्ष में भी समान ही हैं तो भला हम सांख्योक्त दोष का निराकरण क्यों करने लग जांय । जिन दोषों का उद्भावन सांख्यों ने वेदान्त के ऊपर किया है वे दोष तो सांख्य पक्ष में भी समान ही है । कैसे ? आपने पहले कहा था कि जगत् और ब्रह्म में वैलक्षण्य होने के कारण जब यह जगत् ब्रह्म का कार्य नहीं है, तब तो प्रधान के कार्य जगत् को मानने वाले सांख्यों के पक्ष में भी यह दोष समान रूप से आता है क्योंकि शब्दादिहीन प्रधान से शब्दादिमान जगत् की उत्पत्ति सांख्यों ने मानी है ।

१. विलक्षणकार्य उत्पत्ति मानने के कारण ही उत्पत्ति से पूर्व सांख्यमत में भी असत्कार्यवाद का प्रसंग आयेगा ही ।

२. प्रलय हो जाने पर कार्य का कारण के साथ अविभाग होना सांख्य भी मानते ही हैं वैसी स्थिति में जगत् कार्य की भाँति प्रधान में भी रूपादि आने लग जायेंगे ।

३. सभी कार्य नष्ट हो जाने पर जब अविभक्त हो जायेंगे, उसके बाद पुनरुत्पत्ति के समय इस

(१४५) तर्काप्रतिष्ठानादप्यन्यथानुमेयमितिचेदेवमप्यविमोक्षप्रसङ्गः ॥११॥

पुरुषस्योपादानमिदमस्येति प्राक्प्रलयात्प्रतिपुरुषं ये नियता भेदा न ते तथैव पुनरुत्पत्तौ नियन्तुं शक्यन्ते कारणाभावात् । विनैव कारणेन नियमेऽभ्युपगम्यमाने कारणाभावसाम्यान्मुक्तानामपि पुनर्बन्धप्रसङ्गः ।

अथ केचिद्भेदा अपीतावविभागमापद्यन्ते । केचिन्नेति चेत् । ये नापद्यन्ते तेषां प्रधानकार्यत्वं न प्राप्नोतीत्येवमेते दोषाः साधारणत्वान्नान्यतरस्मिन्पक्षे चोदयितव्या भवन्तीत्यदोषतामेवैषां [1]द्रढयति । [2]अवश्याश्रयितव्यत्वात् ॥१०॥

इतश्च नागमगम्येऽर्थे केवलेन तर्केण प्रत्यवस्थातव्यम् । यस्मान्निरागमाः पुरुषोत्प्रेक्षामात्रनिबन्धनास्तर्का अप्रतिष्ठिता भवन्ति । उत्प्रेक्षाया निरङ्कुशत्वात् । तथा हि

भस्य नेत्यनियमः । बद्धमुक्तव्यवस्था च ।

यदि व्यवस्थार्थं मुक्तानां भेदाः संघातविशेषाः प्रधाने लीयन्ते बद्धानां भेदास्तु न लीयन्त इत्युच्येत तर्ह्यलीनानां पुरुषवत्कार्यत्वव्याघात इत्यर्थः ॥१०॥

किंच तर्कस्य संभावितदोषत्वात्तेन निर्दोषवेदान्तसमन्वयो न बाध्य इत्याह—तर्काप्रतिष्ठानादपीति ।

पुरुष का उपादान यह है ऐसा नियामक कोई रहेगा नहीं, उस दशा में भोक्ता भोग्य होने लग जायेगा और भोग्य भोक्ता होने लग जायेगा यह दोष सांख्य पक्ष में भी आता ही है ।

४. कारण के बिना ही उत्पत्तिकाल में नियम मानने पर मुक्तों के भी पुनर्जन्म का प्रसंग आ जायेगा क्योंकि कारण का अभाव भी सब किसी के लिए समान ही है ।

यदि कुछ कहो कि कुछ भेद प्रलय के समय अविभक्त हो जाते हैं और कुछ भेद बने रहते हैं वे प्रधान के कार्य नहीं माने जा सकते, यह दोष सांख्यपक्ष में भी आता ही है । जब वेदान्त और सांख्य दोनों के ऊपर निरुक्त दोषचतुष्टय समान रूप से आ रहे हैं तो किसी एक पक्ष में दोषोद्भावन ठीक नहीं है । इस स्थिति में आप के द्वारा दिये गये दोष वस्तुतः दोष नहीं हैं ऐसा मानना ही उचित होगा ॥१०॥

तर्काप्रतिष्ठानादप्यन्यथानुमेयमितिचेदेवमप्यविमोक्षप्रसङ्गः (ललिता)

जब तर्क सम्भावित दोष से युक्त है तो ऐसे तर्क द्वारा निर्दोष वेदान्तसमन्वय को नहीं बाधना चाहिए, यह बात अग्रिम सूत्र से कहने जा रहे हैं—

आगमगम्य अर्थ में इसलिए भी केवल तर्क से दोष का उत्त्थापन ठीक नहीं है क्योंकि आगमहीन पुरुष की कल्पना पर आधारित तर्कों की प्रतिष्ठा नहीं है । पुरुषकल्पना निरंकुश होती है । किसी विद्वान ने बड़े यत्न के साथ कुछ तर्कों का उत्त्थापन किया तो दूसरे विद्वान उन्हें तर्काभासरूप में

१. त्वदीय पक्ष इति शेषः । २. उक्तदोषाणामिति शेषः ।

कैश्चिदभियुक्तैर्यत्नेनोत्प्रेक्षितास्तर्का अभियुक्ततरैरन्यैराभास्यमाना दृश्यन्ते । तैरप्युत्प्रेक्षिताः सन्तस्ततोऽन्यैराभास्यन्त इति न प्रतिष्ठितत्वं तर्काणां शक्यमाश्रयितुं, पुरुषमतिवैरूप्यात् ।

अथ कस्यचित्प्रसिद्धमाहात्म्यस्य कपिलस्य चान्यस्य वा सम्मतस्तर्कः प्रतिष्ठित इत्याश्रीयेत । एवमप्यप्रतिष्ठितत्वमेव । प्रसिद्धमाहात्म्यानुमतानामपि तीर्थकराणां कपिलकणभुक्प्रभृतीनां परस्परविप्रतिपत्तिदर्शनात् ।

अथोच्येतान्यथा वयमनुमास्यामहे यथा नाप्रतिष्ठादोषो भविष्यति । नहि प्रतिष्ठितस्तर्क एव नास्तीति शक्यते वक्तुम् । एतदपि हि तर्काणामप्रतिष्ठितत्वं तर्केणैव प्रतिष्ठाप्यते । केषांचित्तर्काणामप्रतिष्ठितत्वदर्शनेनान्येषामपि तज्जातीयकानां तर्काणामप्रतिष्ठितत्वप्रकल्पनात् । सर्वतर्काप्रतिष्ठायां च लोकव्यवहारोच्छेदप्रसङ्गः । अतीतवर्तमानाध्वसाम्येन ह्यनागतेऽप्यध्वनि सुखदुःखप्राप्तिपरिहाराय प्रवर्तमानो लोको

पुरुषमतीनां विचित्रत्वेऽपि कपिलस्य सर्वज्ञत्वात्तदीयतर्के विश्वास इति शङ्कते —अथेति । 'कपिलो यदि सर्वज्ञः कणादो नेति का प्रमा' इति न्यायेन परिहरति—एवमपीति ।

सूत्रमध्यस्थशङ्काभागं व्याचष्टे—अथोच्येतेति । विलक्षणत्वादितर्काणामप्रतिष्ठितत्वेऽपि व्याप्तिपक्षधर्मतासंपन्नः कश्चित्तर्कः प्रतिष्ठितो भविष्यति तेन प्रधानमनुमेयमित्यर्थः । ननु सोऽप्यप्रतिष्ठितः तर्कजातीयत्वात् विलक्षणत्वादिवदित्यत आह—नहीति । तर्कजातीयत्वादिति तर्कः प्रतिष्ठितो न वा । आद्येऽत्रैवाप्रतिष्ठितत्वसाध्याभावाद्व्यभिचारः । द्वितीयेऽपि न सर्वतर्काणामप्रतिष्ठितत्वं हेत्वभावादित्यभिसंधिमानाह—एतदपीति । किंचानागतपाक इष्टसाधनं, पाकत्वात्, अतीतपाकवदित्यादीष्टानिष्टसाधनानुमानात्मकतर्कस्य प्रवृत्तिनिवृत्तिव्यवहारहेतुत्वान्नाप्रतिष्ठेत्याह—सर्वतर्केति ।

देखने लग जाते हैं, उसके बाद कुछ अन्य विद्वान् जब उत्प्रेक्षा करते है तो उसे अन्य तार्किक खण्डित कर डालते हैं । इस प्रकार पुरुषबुद्धि विचित्र होने के कारण तर्कों में प्रतिष्ठितत्व सिद्ध नहीं कर सकते ।

यदि कहो कि कपिल का माहात्म्य प्रसिद्ध है इसलिए उनके तर्क को आदर देना चाहिए ? तो दूसरा कहेगा कि प्रसिद्धमाहात्म्य कणाद के तर्क को आदर देना चाहिए क्योंकि कपिल सर्वज्ञ थे और कणाद सर्वज्ञ नहीं थे इस बात को कौन सिद्ध कर सकेगा । इस प्रकार तो प्रसिद्धमाहात्म्य अभिमत कपिल, कणाद आदि सभी शास्त्रनिर्माताओं में परस्पर विरोध देखे जाने के कारण सभी के तर्कों में अप्रतिष्ठितत्व ही है, किसी का भी तर्क सर्वमान्य नहीं है ।

यदि कहो कि जिस प्रकार अप्रतिष्ठादोष नहीं आ सकेगा, हम ऐसा अनुमान करेंगे क्योंकि प्रतिष्ठित तर्क ही नहीं है ऐसा कहना उचित नहीं होगा ? तर्कों में अप्रतिष्ठितत्व भी तर्क से ही सिद्ध किया जायेगा, ऐसी स्थिति में कुछ तर्कों में अप्रतिष्ठितत्व देखकर अन्य समान जाति वाले तर्कों में भी अप्रतिष्ठितत्व की कल्पना कर लेंगे । अनुमान का आकार ऐसा होगा **सर्वतर्काः अप्रतिष्ठिताः, तर्कत्वात्, त्वदीयाभिमताप्रतिष्ठित तर्कवत्** इस प्रकार कपिल, कणाद एवं अन्य विद्वानों के अभिमत तर्क में भी अप्रतिष्ठितत्व ही सिद्ध होगा । पूर्वपक्ष—सभी तर्कों को अप्रतिष्ठित मानने पर सर्वलोकव्यवहार का उच्छेद होने लग जायेगा । अतीत एवं वर्तमान पाक भोजनादि एवं विषभक्षणादि में इष्टानिष्ट देखे जाने के कारण अनागत भोजनादि में सुखदुःखप्राप्ति परिहार के लिए प्रवृत्त होता

दृश्यते । श्रुत्यर्थविप्रतिपत्तौ चार्थाभासनिराकरणेन सम्यगर्थनिर्धारणं तर्केणैव वाक्यवृत्तिनिरूपणरूपेण क्रियते । मनुरपि चैवं मन्यते—'प्रत्यक्षमनुमानं च शास्त्रं च विविधागमम् । त्रयं सुविदितं कार्यं धर्मशुद्धिमभीप्सता ॥' इति । 'आर्षं धर्मोपदेशं च वेदशास्त्राविरोधिना । यस्तर्केणानुसंधत्ते स धर्मं वेद नेतरः ॥' (१२।१०५,१०६) इति च ब्रुवन् । अयमेव तर्कस्यालंकारो यदप्रतिष्ठितत्वं नाम । एवं हि सावद्यतर्कपरित्यागेन निरवद्यस्तर्कः प्रतिपत्तव्यो भवति । नहि पूर्वजो मूढ आसीदित्यात्मनापि मूढेन भवितव्यमिति किञ्चिदस्ति प्रमाणम् । तस्मान्न तर्काप्रतिष्ठानं दोष इति चेत् एवमप्यविमोक्षप्रसङ्गः । यद्यपि क्वचिद्विषये तर्कस्य प्रतिष्ठितत्वमुपलक्ष्यते तथापि प्रकृते तावद्विषये प्रसज्यत एवाप्रतिष्ठितत्वदोषादनिर्मोक्षस्तर्कस्य । नहीदमतिगम्भीरं भावयाथात्म्यं मुक्तिनिबन्धनमाग-

अथवा विषयः पाकभोजनादिर्विषभक्षणादिश्च, तत्सामान्येन पाकत्वादिनानागतविषये पाकादौ सुखदुःखहेतुत्वानुमित्या प्रवृत्त्यादिरित्यर्थः । किंच पूर्वोत्तरमीमांसयोस्तर्केणैव वाक्यतात्पर्यनिर्णयस्य क्रियमाणत्वात्तर्कः प्रतिष्ठित इत्याह—श्रुत्यर्थेति । मनुरपि केषांचित्तर्काणां प्रतिष्ठां मन्यत इत्याह—मनुरिति । धर्मस्य शुद्धिरधर्माद्भेदनिर्णयः । कस्यचित्तर्कस्याप्रतिष्ठितत्वमङ्गीकरोति—अयमेवेति । सर्वतर्काणां प्रतिष्ठायां पूर्वपक्ष एव न स्यादिति भावः । पूर्वपक्षतर्कवत्सिद्धान्ततर्कोऽप्यप्रतिष्ठितः, तर्कत्वाविशेषादिति वदन्तमुपहसति—नहीति । क्वचित्तर्कस्य प्रतिष्ठायामपि जगत्कारणविशेषे तर्कस्य स्वातन्त्र्यं नास्तीति सूत्रशेषं व्याचष्टे—यद्यपीत्यादिना । अतिगम्भीरत्वं ब्रह्मणो वेदान्यमानागम्यत्वम् । भावस्य जगत्कारणस्य यथात्म्यमद्वयत्वम् । मुक्तिनिबन्धनं मुक्त्यालम्बनम् । ब्रह्मणो वेदान्य-

हुआ लोक दिखाई पड़ता है । इतना ही नहीं, पूर्वोत्तर मीमांसा में भी श्रुत्यर्थ में विप्रतिपत्ति होने पर अर्थाभास का निराकरण करके यथार्थ का निर्धारण वाक्यप्रवृत्तिनिरूपणरूप तर्क से ही किया जाता है । मनु ने भी कुछ तर्कों की प्रतिष्ठा मानी है । इसलिए उन्होंने कहा है कि 'प्रत्यक्ष, अनुमान और विविध आगमरूपशास्त्र इन तीनों से जाना हुआ पदार्थ धर्मशुद्धि चाहने वालों के लिए सुविदित माना जाता है' 'जो भी व्यक्ति वेदशास्त्र विरोधी तर्क से आर्षवाक्य एवं धर्म उपदेश का अनुसन्धान करता है वही धर्म को समझता है, दूसरा नहीं ।' ऐसा कहने वाले मनु जी ने भी तर्क को आदर दिया है । इस प्रकार कुछ तर्कों को आदर देने वाले मनु ने भी कुछ तर्कों को अप्रतिष्ठित माना ही है जो तर्कों का भूषण है, दूषण नहीं । इसलिए दुष्ट तर्क का परित्याग कर निर्दुष्ट तर्क मानना चाहिए । हमारे पूर्वज मूर्ख थे, अतः हमको भी मूर्ख ही होना चाहिए ऐसा मानना प्रमाण नहीं है । अतः तर्काप्रतिष्ठानदोष को दोष मानना उचित नहीं है ? सिद्धान्त-ऐसा कहने पर भी अविमोक्षप्रसंग बना ही रहेगा । यह ठीक है किसी-किसी विषय में तर्क की प्रतिष्ठा उपलक्षित होती है किन्तु जगत्कारण के विषय में अप्रतिष्ठितत्व दोष बने रहने के कारण उक्त दोष से शून्य नहीं मान सकते । जगत्कारण का निर्णय अतिगम्भीर है, क्योंकि जगत्कारण ब्रह्म का ज्ञान वेद को छोड़कर अन्य किसी प्रमाण से नहीं हो सकता, यह ज्ञान मुक्ति का साधन है । इसे आगम के बिना कल्पना से कोई भी प्राप्त नहीं कर सकता । रूप, रसादि ब्रह्म

१. अप्रतिष्ठात्वदोषेण बद्धा एव न तर्क इति भावः ।

ममन्तरेणोत्प्रेक्षितुमपि शक्यम् । रूपाद्यभावाद्धि नायमर्थः प्रत्यक्षगोचरः, लिङ्गाद्यभावाच्च नानुमानादीनामिति चावोचाम । अपिच सम्यग्ज्ञानान्मोक्ष इति सर्वेषां मोक्षवादिनामभ्युपगमः । तच्च सम्यग्ज्ञानमेकरूपं वस्तुतन्त्रत्वात् । एकरूपेण ह्यवस्थितो योऽर्थः स परमार्थः । लोके तद्विषयं ज्ञानं सम्यग्ज्ञानमित्युच्यते यथाग्निरुष्ण इति । तत्रैवं सति सम्यग्ज्ञाने पुरुषाणां विप्रतिपत्तिरनुपपन्ना । तर्कज्ञानानां त्वन्योन्यविरोधात्प्रसिद्धा विप्रतिपत्तिः । यद्धि केनचित्तार्किकेणेदमेव सम्यग्ज्ञानमिति प्रतिपादितं तदपरेण व्युत्थाप्यते, तेनापि प्रतिष्ठापितं ततोऽपरेण व्युत्थाप्यत इति प्रसिद्धं लोके । कथमेकरूपानवस्थितविषयं तर्कप्रभवं सम्यग्ज्ञानं भवेत् । नच प्रधानवादी तर्कविदामुत्तम इति सर्वैस्तार्किकैः परिगृहीतो येन तदीयं मतं सम्यग्ज्ञानमिति प्रतिपद्येमहि । नच शक्यन्तेऽतीतानागतवर्तमानास्तार्किका एकस्मिन्देशे काले च समाहर्तुं येन तन्मतिरेकरूपैकार्थविषया सम्यङ्मतिरिति स्यात् । वेदस्य तु नित्यत्वे विज्ञानोत्पत्तिहेतुत्वे च सति व्यवस्थितार्थविषयत्वोपपत्तेः । तज्जनितस्य ज्ञानस्य सम्यक्त्वमतीतानागतवर्तमानैः सर्वैरपि तार्किकैरपह्नोतुम-

---

मानागम्यत्वं दर्शयति—रूपादीति । अविमोक्षो मुक्त्यभाव इत्यर्थान्तरमाह—अपिचेत्यादिना । एकरूपवस्तुज्ञानस्य सम्यग्ज्ञानत्वेऽपि तर्कजन्यत्वं किं न स्यादित्यत आह—तत्रैवं सतीति । तर्कोत्थज्ञानानां मिथो विप्रतिपत्तेर्न सम्यग्ज्ञानत्वम् । सम्यग्ज्ञाने विप्रतिपत्त्ययोगादित्यर्थः । एकरूपेणानवस्थितो विषयो यस्य तत्तर्कप्रभवं कथं सम्यग्ज्ञानं भवेदिति योजना । ननु सांख्यस्य श्रेष्ठत्वात्तज्ज्ञानं सम्यगित्याशङ्क्य हेत्वसिद्धिमाह—नच प्रधानेति । ननु सर्वतार्किकैर्मिलित्वा निश्चिततर्कोत्था मतिर्मुक्तिहेतुरित्यत आह—नच शक्यन्त इति । तस्मात् तर्कोत्थज्ञानान्मुक्त्ययोगात् तर्केण वेदान्तसमन्वयबाधो न युक्तः,

---

में नहीं है अतः यह प्रत्यक्ष प्रमाण का विषय नहीं है, लिङ्गादि न रहने के कारण अनुमानादि का भी विषय नहीं है, ऐसा हम कह आये हैं । इसके अतिरिक्त तत्त्वज्ञान से मोक्ष मिलता है, इसे सभी मोक्षवादियों ने स्वीकारा है, वह तत्त्वज्ञान वस्तुतन्त्र होने के कारण एकरूप ही है । जो पदार्थ एकरूप से सदा स्थित रहता है, वह लोक में परमार्थ माना गया है और उसके ज्ञान को सम्यग्ज्ञान कहते हैं, जैसे अग्नि ऊष्ण है तो वह सदा ऊष्ण ही रहेगी और ऐसा समझना ही अग्नि का तत्त्वबोध है, इस तत्त्वज्ञान में पुरुषों का विवाद नहीं हो सकता किन्तु तर्कज्ञान तो परस्पर विरोधी होने के कारण उनमें विवाद प्रसिद्ध ही है । यदि किसी तार्किक ने **इदमेव सम्यग्ज्ञानम्** ऐसा बतलाया तो दूसरा तार्किक उसे उखाड़ फेंकता है और दूसरे ने किसी को प्रतिष्ठापित किया तो उसे तीसरा उखाड़ फेंकता है ऐसा लोक में प्रसिद्ध है । ऐसी स्थिति में जो विषय एकरूप से स्थित नहीं रहता उस विषय का तर्क से होने वाला ज्ञान सम्यग्ज्ञान कैसे कहा जा सकता है । प्रधानवादी सांख्य सभी तार्किकों में मुख्य है ऐसा भी तो सभी तार्किकों ने स्वीकार नहीं किया, जिससे कि उनके मत को सम्यग्ज्ञान हम मान सकें और सभी तार्किकों में से किसी एक को मुख्य मानना यह सम्भव भी नहीं है, क्योंकि अतीत, अनागत और वर्तमानकाल में जितने तार्किक हैं सभी को एक देश और एक काल में कोई एकत्रित भी नहीं कर सकता, जिससे कि उनकी बुद्धि एक विषय में एकरूप सिद्ध हो सके, जो सम्यग्ज्ञान कहलाये । इससे विपरीत वेद के नित्य होने से और विज्ञान उत्पत्ति का कारण होने से वेद व्यवस्थित अर्थ को

४. शिष्टापरिग्रहाधिकरणम् । (सू० १२)

(१४६) एतेन शिष्टापरिग्रहा अपि व्याख्याताः ॥१२॥

बाधोऽस्ति परमाण्वादिमतैर्नो वा यतः पटः ॥ न्यूनतन्तुभिरारब्धो दृष्टोऽतो बाध्यते मतैः ॥
शिष्टेष्टापि स्मृतिस्त्यक्ता शिष्टत्यक्तमतं किमु ॥ नातो बाधो विवर्ते तु न्यूनत्वनियमो नहि ॥

शक्यम् । अतः सिद्धमस्यैवौपनिषदस्य ज्ञानस्य सम्यग्ज्ञानत्वम् । अतोऽन्यत्र सम्यग्ज्ञानत्वानुपपत्तेः संसाराविमोक्ष एव प्रसज्येत । अत आगमवशेनागमानुसारितर्कवशेन च चेतनं ब्रह्म जगतः कारणं प्रकृतिश्चेति स्थितम् ॥११॥

वैदिकस्य दर्शनस्य प्रत्यासन्नत्वाद्गुरुतरतर्कबलोपेतत्वाद्वेदानुसारिभिश्च कैश्चिच्छिष्टैः केनचिदंशेन परिगृहीतत्वात्प्रधानकारणवादं तावद्व्यपाश्रित्य यस्तर्कनिमित्त आक्षेपो

तद्बाधे सम्यग्ज्ञानालाभेनानिर्मोक्षप्रसङ्गादिति सूत्रांशार्थमुपसंहरति—अतोऽन्यत्रेति । **समन्वयस्य तर्केणाविरोधे फलितमधिकरणार्थमुपसंहरति**—अत आगमेति ॥११॥

ब्रह्म जगदुपादानमिति ब्रुवन् वेदान्तसमन्वयो विषयः । स किं यद्विभु तन्न द्रव्योपादानमिति वैशे-

---

बतलाता है, उस वेद वाक्य से उत्पन्न ज्ञान सम्यग्ज्ञान कहलायेगा, जिसका अपलाप अतीत, अनागत एवं वतमान सभी तार्किक कर नहीं सकते। अतः इस औपनिषद् ज्ञान में यथार्थज्ञानत्व सिद्ध हुआ और इससे भिन्न तर्कजन्यज्ञान में सम्यग्ज्ञानत्व सिद्ध न होने के कारण संसाराविमोक्षदोष आयेगा ही अर्थात् तर्कज्ञान से मोक्ष नहीं मिल सकता। अतः आगमप्रमाण के बल से और आगमानुसारी तर्क के बल से भी चेतन ब्रह्म जगत् का निमित्त एवं उपादानकारण है, यह सिद्ध हुआ ॥११॥

४. शिष्टापरिग्रहाधिकरण

१. सङ्गति—यहाँ पर प्रधानमल्लनिवर्हणन्याय से पूर्वोक्त न्याय का ही अतिदेश हुआ है। अतः पृथक् सङ्गति की अपेक्षा नहीं है।

२. विषय—यहां भी समन्वयविरोध ही विचारणीय विषय है।

३. संशय—ब्रह्म को जगत् का उपादान बतलाने वाला समन्वय वैशेषिकादिसम्मत तर्कों के कारण विरुद्ध पड़ता है या नहीं?

४. पूर्वपक्ष— पटादि कार्य अपने से न्यूनतन्तुओं के द्वारा उत्पन्न होते देखा गया है। अतः वैशेषिकों के तर्कों के साथ ब्रह्मकारणवाद का विरोध है ही।

५. सिद्धान्त—किसी अंश में मन्वादि शिष्टों ने जिस स्मृति को माना था वह जब बाधित हो गयी तो भला सभी अंशों में शिष्टों से परित्यक्त वैशेषिकमत क्यों नहीं बाधित होगा। अतः ब्रह्मकारणवाद का वैशेषिक तर्क से बाध नहीं होता। आरम्भवाद में कारण की अपेक्षा कार्य का परिमाण महान् होता है और उसकी अपेक्षा कारण अल्पपरिमाण होता है, किन्तु विवर्तवाद में उक्त नियम लागू नहीं होता। अतः समन्वय वैशेषिक तर्कों से अविरुद्ध है।

एतेन शिष्टापरिग्रहा अपि व्याख्याताः (ललिता)

इससे पूर्व अधिकरणों में सांख्यों का ही खण्डन इसलिए किया गया, क्योंकि वह वैदिक दर्शन के समीपवर्ती है, गुरुतर तर्कबल से युक्त है और उनके प्रधानकारणवाद को वेदानुसारी कुछ शिष्ट-

वेदान्तवाक्येषूद्भावितः स परिहृतः। इदानीमण्वादिवादव्यपाश्रयेणापि कैश्चिन्मन्दमतिभिर्वेदान्तवाक्येषु पुनस्तर्कनिमित्त आक्षेप आशङ्क्यत इत्यतः प्रधानमल्लनिबर्हणन्यायेनातिदिशति। परिगृह्यन्त इति परिग्रहाः न परिग्रहा अपरिग्रहाः शिष्टानामपरिग्रहाः शिष्टापरिग्रहाः। येतेन प्रकृतेन प्रधानकारणवादनिराकरणकारणेन शिष्टैर्मनुव्यासप्रभृतिभिः केनचिदंशेनापरिगृहीता येऽण्वादि कारणवादास्तेऽपि प्रतिसिद्धतया व्याख्याता निराकृता द्रष्टव्याः। तुल्यत्वान्निराकरणकारणस्य नात्र पुनराशङ्कितव्यं किंचिदस्ति। तुल्यमत्रापि परमगम्भीरस्य जगत्कारणस्य तर्कानवगाह्यत्वं तर्कस्याप्रतिष्ठितत्वमन्यथानुमानेऽप्यविमोक्ष आगमविरोधश्चेत्येवंजातीयकं निराकरणकारणम् ॥१२॥

विकादिन्यायेन विरुध्यते न वेति संदेहे सांख्यवृद्धानां तर्काकुशलमतित्वेऽपि वैशेषिकादीनां तर्कमतिकुशलत्वप्रसिद्धेस्तदीयन्यायस्याबाधितत्वाद्विरुध्यत इति प्रत्युदाहरणेन [1]प्राप्तेऽतिदिशति—एतेनेति। फलं पूर्ववत्। ननु सांख्यमतस्योपदेशस्तार्किकमतस्यातिदेशः किमिति कुतो वैपरीत्यस्यापि संभवादित्याशङ्क्य पूर्वोत्तराधिकरणयोरुपदेशातिदेशभावे कारणमाह—वैदिकस्येति। सत्कार्यत्वात्मासङ्गत्वस्वप्रकाशत्वाद्यंशैर्वेदान्तशास्त्रस्य प्रत्यासन्नः प्रधानवादः शिष्टैर्देवलादिभिः सत्कार्यत्वांशेन स्वीकृत इति प्रबलत्वादुपदेशः। अण्वादिवादानां निर्मूलत्वेन दुर्बलत्वादतिदेश इति भावः। किं निराकरणकारणमिति प्रष्टव्यं नास्तीत्याह—तुल्यत्वादिति। कारणमेवाह—तुल्यमिति। यदुक्तं विभुत्वान्न द्रव्योपादानं ब्रह्मेति, तत्र पक्षसाधकत्वेन श्रुतेरुपजीव्यत्वात्तया बाधः। महापरिमाणवत्त्वस्य सर्वसंयोगिकत्वरूपविभुत्वस्य निर्गुणे ब्रह्मण्यसिद्धेश्चेति द्रष्टव्यम्। अतः समन्वयस्य तार्किकन्यायेन न विरोध इति सिद्धम् ॥१२॥

पुरुषों ने भी किसी-किसी अंश में स्वीकारा है, इसीलिए प्रधानकारणवाद का आश्रयकर वेदान्तवाक्यों के ऊपर सांख्यों ने जो तर्कनिमित्तक आक्षेप उठाया था, उसका परिहार कर दिया गया। अब परमाण्वादिवाद का आश्रय लेकर कुछ मन्दबुद्धि तथाकथित दार्शनिकों ने जो वेदान्तवाक्यों के ऊपर तर्कनिमित्तक आक्षेप किया है उसका परिहार भी प्रधानमल्लनिबर्हणन्याय से हो गया मानना चाहिए। जो पदार्थ बड़े-बड़े ऋषियों ने स्वीकार नहीं किया है वे पदार्थ शिष्टापरिग्रह माने जाते हैं। परमाणुकारणवाद एवं असत्कार्यवादादि को देवलादि शिष्टों ने किसी भी अंश में स्वीकारा नहीं था, इसलिए वे शिष्टापरिग्रहीत पदार्थ प्रधानकारणवाद के निराकरण से भी निराकृत मानना चाहिए। मनु, व्यास आदि शिष्टों ने किसी भी अंश में परमाण्वादि कारणवाद को स्वीकारा नहीं है, जबकि प्रधानकारणवाद को किसी अंश में स्वीकारा था। जब सांख्यों के प्रधानकारणवाद का ही निराकरण हो गया तब मनु, व्यासादि के द्वारा किसी भी अंश में न स्वीकार किये गये परमाण्वादिवाद के निराकरण में तो कहना ही क्या है। अर्थात् इनके निराकरणकारण के सम्बन्ध में कोई शङ्का नहीं करनी चाहिए क्योंकि निराकरण के हेतु समान ही हैं। परमाण्वादि कारणवाद में भी परमगम्भीर जगत्कारण तो तर्कानवग्राह्य है, तर्क की अवधि भी नहीं है अन्यथा अनुमान करने पर मोक्ष से हाथ धोना पड़ेगा और आगमविरोध भी आयेगा। ये सभी कारण परमाण्वादिकारणवाद निराकरण के लिए पर्याप्त हैं। अतः निराकरणकारण के समान होने से ही सांख्यों के प्रधानकारणवाद की भाँति उनसे भिन्न परमाण्वादिकारणवाद भी निराकृत मानना चाहिए ॥ १२ ॥

१. पूर्वं पक्ष इति शेषः।

५. भोक्त्रापत्त्यधिकरणम् । (सू० १३)

(१४७) भोक्त्रापत्तेरविभागश्चेत्स्याल्लोकवत् ॥१३॥

अद्वैतं बाध्यते नो वा भोक्तृभोग्यविभेदतः ॥ प्रत्यक्षादिप्रमासिद्धो भेदोऽसावन्यबाधकः ॥
तरङ्गफेनभेदेऽपि समुद्रेऽभेद इष्यते ॥ भोक्तृभोग्यविभेदेऽपि ब्रह्माद्वैत तथास्तु तत् ॥

अन्यथा पुनर्ब्रह्मकारणवादस्तर्कबलेनैवाक्षिप्यते । यद्यपि श्रुतिः प्रमाणं स्वविषये भवति तथापि प्रमाणान्तरेण विषयापहारेऽन्यपरा भवितुमर्हति । यथा मन्त्रार्थवादौ । तर्कोऽपि

अद्वितीयाद्ब्रह्मणो जगत्सर्गाविवादी वेदान्तसमन्वयो विषयः । स किं यन्मिथो भिन्नं तन्नाद्वितीयकारणाभिन्नं यथा मृत्तन्तुजौ घटपटाविति तर्कसहितभेदप्रत्यक्षादिना विरुध्यते न वेति सदेहे ब्रह्मणि तर्कस्याप्रतिष्ठितत्वेऽपि जगद्भेदे प्रतिष्ठितत्वाद्विरुध्यत इति पूर्वपक्षयति—भोक्त्रापत्तेरिति । विरोधाबद्वैतासिद्धिः पूर्वपक्षफलं, सिद्धान्ते तत्सिद्धिरिति भेदः । अनपेक्षश्रुत्या स्वार्थनिर्णयात्तर्केणाक्षेपो न युक्त इत्युक्तमिति शङ्कते—यद्यपीति । मानान्तरायोग्य[1]श्रुत्यर्थे भवत्यनाक्षेपः । यस्त्वद्वितीयब्रह्माभेदाद्भूजलादीनामभेदो ब्रह्मोपादानकत्वश्रुतिविषयः स 'आदित्यो यूपः' इत्यर्थवादार्थवन्मानान्तरयोग्य एवेति द्वैतप्रमाणैरपह्नियत इति समाधत्ते—तथापीति । अन्यपरत्वं गौणार्थकत्वम् । [2]स्वविषये जगद्भेदे तर्कस्य प्रतिष्ठितत्वात्तेनाक्षेप इत्याह—तर्कोऽपीति । तर्कादिद्वैते प्रामाण्येऽपि ततः समन्वयविरोधे

---

५. भोक्त्रापत्त्यधिकरणम्

१. **संगति**—मान लिया कि ब्रह्म के विषय में तर्क की प्रतिष्ठा नहीं है फिर भी भोक्ता–भोग्य आदि जगत् के सम्बन्ध में प्रत्यक्षप्रमाण प्रतिष्ठित होने के कारण प्रथमाध्यायोक्त समन्वय विरुद्ध पड़ रहा है, ऐसा प्रत्युदाहरण संगति के कारण यह अधिकरण प्रारम्भ किया गया है ।

२. **विषय**—समन्वय में प्रत्यक्षविरोध इस अधिकरण का विचारणीय विषय है ।

३. **संशय**—अद्वयब्रह्म से जगत्सृष्टि बतलाने वाला समन्वय विरुद्ध पड़ता है, या नहीं ?

४. **पूर्वपक्ष**—अद्वितीय ब्रह्म को जगत् का उपादानकारण मानने पर भोक्ता-भोग्य आदि प्रपञ्च ब्रह्म से अभिन्न हो जायंगे, फिर तो भोक्ता, भोग्य और भोग्यविषय भोक्ता होने लग जायेगा तथा प्रत्यक्ष सिद्ध परस्पर विभाग अस्त-व्यस्त हो जायेगा ।

५. **सिद्धान्त**—अद्वितीय ब्रह्म को जगत् का उपादानकारण मानने पर भी प्रत्यक्षप्रमाण से सिद्ध भोक्ता-भोग्यादि विभाग व्यवस्थित रहेगा । जिस प्रकार समुद्र के विकार वीचि, तरंगादि का समुद्ररूप से अभेद है और वीचि इत्यादि रूप से देखने पर परस्पर भेद है, वैसा ही भोक्ता, भोग्यादि प्रपञ्च में कल्पित भेद मानने पर भी अद्वयब्रह्मरूप से अद्वैतसिद्धान्त में बाधा नहीं आयेगी ।

भोक्त्रापत्तेरविभागश्चेत्स्याल्लोकवत् (ललिता)

ब्रह्मकारणवाद पर तर्क द्वारा पुनः आक्षेप उठाते हैं । पूर्वपक्ष का कहना है कि यद्यपि केवलाद्वैत ब्रह्मतत्त्व का बोध कराने में श्रुति प्रमाण है फिर भी प्रत्यक्ष एव तर्क आदि प्रमाण से जब श्रुति के विषय अद्वैत का अपहार हो जाता है तो ऐसी स्थिति में आपाततः अद्वैतबोधक श्रुति को अन्यपरक मानना पड़ेगा । जैसे मन्त्र और अर्थवादवाक्यों का तात्पर्य स्वार्थबाधन में नहीं है, वैसे ही अद्वैतश्रुति का तात्पर्य भी स्वार्थ में नहीं है । तर्क का विषय जगद्भेद है, भले ही उसके बतलाने में तर्क की प्रतिष्ठा

---

१. ब्रह्मणि । २. तस्मिन विषये ।

स्वविषयादन्यत्राप्रतिष्ठितः स्यात् । यथा धर्माधर्मयोः । किमतो यद्येवम् । अत इदमयुक्तं यत्प्रमाणान्तरप्रसिद्धार्थबाधनं श्रुतेः । कथं पुनः प्रमाणान्तरप्रसिद्धोऽर्थः श्रुत्या बाध्यत इति । अत्रोच्यते—प्रसिद्धो ह्ययं भोक्तृभोग्यविभागो लोके भोक्ता चेतनः शारीरो भोग्याः शब्दादयो विषया इति । यथा भोक्ता देवदत्तो भोज्य ओदन इति । तस्य च विभागस्याभावः प्रसज्येत यदि भोक्ता भोग्यभावमापद्येत । भोग्यं वा भोक्तृभावमापद्येत । तयोश्चेतरेतरभावापत्तिः परम कारणाद्ब्रह्मणोऽनन्यत्वात्प्रसज्येत । न चास्य प्रसिद्धस्य विभागस्य बाधनं युक्तम् । यथा त्वद्यत्वे भोक्तृभोग्ययोर्विभागो दृष्टस्तथातीतानागतयोरपि कल्पयितव्यः । तस्मात्प्रसिद्धस्यास्य भोक्तृभोग्यविभागस्याभावप्रसङ्गादयुक्तमिदं ब्रह्मकारणतावधारणमिति चेत्कश्चिच्चोदयेत्तं प्रतिब्रूयात्—स्याल्लोकवदिति । उपपद्यत एवायमस्मत्पक्षेऽपि विभागः । एवं लोके दृष्टत्वात् । तथाहि—समुद्रादुदकात्मनोऽनन्यत्वेऽपि तद्विकाराणां फेनवीचीतरङ्गबुद्बुदादीनामितरेतरविभाग इतरेतरसंश्लेषादिलक्षणश्च व्यवहार उपलभ्यते ।

किमायातमिति शङ्कते—किमत इति । पूर्वपक्षी समाधत्ते—अत इति । तर्कादेः प्रामाण्यात् द्वैतबाधकत्वं श्रुतेरयुक्तमित्यद्वैतसमन्वयबाधो युक्त इत्यर्थः । इममर्थं शङ्कापूर्वकं स्फुटयति—कथमित्यादिना । ननु भोक्तृभोग्ययोर्मिथ एकत्वं केनोक्तमित्याशङ्क्य श्रुतार्थापत्त्येत्याह—तयोश्चेति । [१]तयोरेकब्रह्माभेदश्रवणादेकत्वं कल्प्यते, [२]'एकस्मादभिन्नयो'र्भेदे एकस्यापि भेदापत्तेः । ततश्च भेदो बाध्येतेत्यर्थः । इष्टापत्तिं वारयति । न चास्येति । श्रुतेर्गौणार्थत्वेन सावकाशत्वान्निरवकाशद्वैतमानबाधो न युक्त इत्यर्थः । ननु विभागस्याधुनिकत्वादनाद्यद्वैतश्रुत्या बाध इत्यत आह—यथेति । अतीतानागतकालौ भोक्त्रादिविभागाश्रयौ, कालत्वात्, वर्तमानकालवदित्यनुमानाद्विभागोऽनाद्यनन्त इत्यर्थः । एवं प्राप्ते परिणामदृष्टान्तेनापाततः सिद्धान्तमाह—स्याल्लोकवदिति ।

है किन्तु उससे भिन्न धर्म और अधर्म के सम्बन्ध मे तर्कों की गति नहीं है । इससे द्वैतवादी सांख्य के कथन का तात्पर्य यह है कि जो भेद प्रमाणान्तर से प्रसिद्ध है उसे श्रुति कैसे बाध सकती है । लोक में चेतन जीवात्मा भोक्ता और शब्दादि विषय भोग्य प्रसिद्ध हैं, जैसे देवदत्त भोक्ता है और ओदन भोज्य है यह प्रत्यक्ष से सिद्ध है । इस स्थिति में यदि अद्वैत को माना जाय तो इस प्रसिद्ध भेद का अभाव होने लग जायेगा । यदि भोक्ता भोग्यभाव को प्राप्त कर जाय और भोग्य भोक्ता बन जाय तो उन दोनों भोग्य और भोक्ता में इतरेतरभाव की प्राप्ति होने लग जायेगी क्योंकि वेदान्ती ने परमकारण ब्रह्म से इन सबको अभिन्न माना है । किन्तु प्रत्यक्षादि प्रमाण से सिद्ध इस विभाग का बाध करना उचित नहीं है और जैसे आज भोक्ता एवं भोग्य में विभाग देखा जाता है, वैसे ही अतीत में भी इनका विभाग था और अनागत में भी रहेगा, ऐसी कल्पना करनी चाहिए । अतः इस प्रसिद्ध भोक्ता एवं भोग्य के विभाग का अभाव होने लग जायेगा इसीलिए ब्रह्मकारणता का अवधारण असंगत है ? ऐसी शङ्का जब पूर्वपक्ष से उठायी गयी, तो उसका प्रत्युत्तर सिद्धान्त की ओर से दिया जाता है कि हमारे वेदान्तपक्ष में भी विभाग बना रहेगा इसमें कोई आपत्ति की बात नहीं है । समुद्र के विकार वीचि, तरंग बुदबुद, फेनादि का जलरूप समुद्र के साथ अभेद रहने पर भी उनका परस्पर विभाग रहता ही है और फेन आदि का परस्पर संश्लेषादिरूप व्यवहार भी दिखायी पड़ता है ।

---

१. तवमते इतिशेषः । २. भोक्तृभोग्ययोरेकत्वं कल्प्यत इति सम्बन्धः परस्परमिति शेषः । ३. कारणात् । ४. परस्परम् ।

६. आरम्भणाधिकरणम् । (सू० १४–२०)

भेदाभेदौ तात्त्विकौ स्तो यदि वा व्यावहारिकौ ।। समुद्रादाविव तयोर्बाधाभावेन तात्त्विकौ ।।
बाधितौ श्रुतियुक्तिभ्यां तावेतौ व्यावहारिकौ । कार्यस्य कारणाभेदादद्वैतं ब्रह्म तात्त्विकम् ।।

नच समुद्रादुदकात्मनोऽनन्यत्वेऽपि तद्विकाराणां फेनतरङ्गादीनामितरेतरभावापत्तिर्भवति । नच तेषामितरेतरभावानापत्तावपि समुद्रात्मनोऽनन्यत्वं भवति । एवमिहापि नच भोक्तृभोग्ययोरितरेतरभावापत्तिः, नच परस्माद्ब्रह्मणोऽन्यत्वं भविष्यति । यद्यपि भोक्ता न ब्रह्मणो विकारः 'तत्सृष्ट्वा तदेवानुप्राविशत्' (तै० २-६) इति स्रष्टुरेवाविकृतस्य कार्यानुप्रवेशेन भोक्तृत्वश्रवणात्, तथापि कार्यमनुप्रविष्टस्यास्त्युपाधिनिमित्तो विभाग आकाशस्येव घटाद्युपाधिनिमित्त इत्यतः परमकारणाद्ब्रह्मणोऽनन्यत्वेऽप्युपपद्यते भोक्तृभोग्यलक्षणो विभागः समुद्रतरङ्गादिन्यायेनेत्युक्तम् ।।१३।।

दृष्टान्तेऽपि कथमेकसमुद्राभिन्नानां परिणामानां मिथो भेदः, कथं वा तेषां भेदे सत्येकस्मादभिन्नत्वमित्याशङ्क्य न हि दृष्टेऽनुपपत्तिरिति न्यायेनाह—नचेति । एवं भोक्तृभोग्ययोर्मिथो भेदो ब्रह्माभेदश्चेत्याह—एवमिहेति । जीवस्य ब्रह्मविकारत्वाभावाद्दृष्टान्तवैषम्यमिति शङ्कते—यद्यपीति । औपाधिकं जन्मास्तीति तरङ्गादिसाम्यमाह—तथापीति । विभागो जन्म । यद्वा तथापीतिशब्देनोक्तः परिहारः । ननु भोक्तुः प्रतिदेहं विभागः कथमित्यत आह—कार्यमनुप्रविष्टस्येति । औपाधिकविभागे फलितमुपसंहरति—इत्यत इति । एकब्रह्माभिन्नत्वेऽपि भोक्त्रादेस्तरङ्गादिवद्भेदाङ्गीकारान्न द्वैतमानेनाद्वैतसमन्वयस्य विरोध इत्यर्थः ।।१३।।

जलात्मक समुद्र से उनके विकार फेन, तरंग आदि का अभेद रहने पर भी उनमें परस्पर अभेद नहीं होता है, वैसे ही फेन, तरंगादि का इतरेतरभाव न होने पर भी समुद्र से उनका भिन्नत्व सिद्ध नहीं होता है । ठीक इसी प्रकार भोक्ता और भोग्य में भी इतरेतरभावापत्ति नहीं होगी। परब्रह्म से भिन्न न भोक्ता है और न भोग्य ही है । यद्यपि भोक्ता जीव ब्रह्म का कार्य नहीं है क्योंकि 'जगत् की रचनाकर वह ब्रह्म ही उसमें प्रविष्ट हो गया' इस वाक्य द्वारा अविकृत स्रष्टा का ही कार्य में प्रवेशकर भोक्तृत्व सुना जाता है तथापि कार्यानुप्रविष्ट चेतन में कार्य उपाधि के कारण विभाग तो मानना ही पड़ेगा । जैसे महाकाश एक है किन्तु घटादि उपाधि के कारण घटाकाश, महाकाश में भेद माना जाता है । अतः परमकारण ब्रह्म से अभिन्न होता हुआ भी भोक्ता एवं भोग्यरूप विभाग वैसे ही बना रहेगा, जैसे समुद्र के साथ फेन, तरंगादि का अभेद होते हुए भी उनका परस्पर विभाग रहता ही है और ऐसा मानने में आपत्ति नहीं है । इसीलिए द्वैतबोधक प्रमाण के साथ अद्वैत समन्वय का कोई विरोध नहीं है, यह अर्थ निश्चित हुआ ।।१३।।

६. आरम्भणाधिकरण

१. **संगति**—पिछले अधिकरण में परिणामवाद का आश्रय लेकर 'स्याल्लोकवत्' ( ) इस वाक्य द्वारा अवान्तर समाधान दिया गया था, अब विवर्तवाद के आश्रित मुख्यसमाधान दिया जाता है । अतः पूर्व के साथ इस अधिकरण की एकफलकत्व संगति है ।

२. **विषय**—इस अधिकरण का भी समन्वय में प्रत्यक्ष विरोध ही विचारणीय विषय है ।

तदनन्यत्वमारम्भणशब्दादिभ्यः ॥१४॥

अभ्युपगम्य चेमं व्यावहारिकं भोक्तृभोग्यलक्षणं विभागं स्याल्लोकवदिति परिहारोऽभिहितः। न त्वयं विभागः परमार्थतोऽस्ति यस्मात्तयोः कार्यकारणयोरनन्यत्वमवगम्यते । कार्यमाकाशादिकं बहुप्रपञ्चं जगत्, कारणं परंब्रह्म, तस्मात्कारणात्परमार्थतोऽनन्यत्वं व्यतिरेकेणाभावः कार्यस्यावगम्यते । कुतः ? आरम्भणशब्दादिभ्यः । आरम्भणशब्दस्तावत् एकविज्ञानेन सर्वविज्ञानं प्रतिज्ञाय दृष्टान्तापेक्षायामुच्यते—'तथा सोम्यैकेन मृत्पिण्डेन सर्वं मृन्मयं विज्ञातं स्याद्वाचारम्भणं विकारो नामधेयं मृत्तिकेत्येव सत्यम्' (छा० ६-१-१) इति । एतदुक्तं भवति—एकेन मृत्पिण्डेन

पूर्वस्मिन्नेव पूर्वपक्षे विवर्तवादेन मुख्यं समाधानमाह—तदनन्यत्वमिति । समानविषयत्वं संगतिवदनुभयोः परिहारयोः परिणामविवर्ताश्रयत्वेनार्थभेदमाह—अभ्युपगम्येति । प्रत्यक्षादीनामौत्सर्गिकप्रामाण्यमङ्गीकृत्य स्थूलबुद्धिसमाधानार्थं परिणामदृष्टान्तेन भेदाभेदावुक्तौ, संप्रत्यङ्गीकृतं प्रामाण्यं तत्त्वावेदकत्वात्प्रच्याव्य व्यावहारिकत्वे स्थाप्यते, तथाच मिथ्याद्वैतग्राहिप्रमाणैरद्वैतश्रुतेर्न बाधः, बकस्यां रज्ज्वां दण्डस्रगादिद्वैतदर्शनादित्ययं मुख्यः परिहार इति भावः । एवमद्वैतसमन्वयस्याविरोधार्थं द्वैतस्य मिथ्यात्वं साधयति—यस्मात्तयोरिति । स्वरूपैक्ये कार्यकारणत्वव्याघात इत्यत आह—व्यतिरेकेणेति । कारणात्पृथक्सत्त्वशून्यत्वं कार्यस्य साध्यते नैक्यमित्यर्थः । वागारम्भं नाममात्रं विकारो न कारणात्पृथगस्तीत्येवकारार्थ इति श्रुतिं योजयति—एतदुक्तमिति । आरम्भणशब्दार्था-

---

३ संशय—अद्वैत ब्रह्म बतलाने वाला समन्वय भेदग्राहीप्रत्यक्ष से विरुद्ध पड़ता है या नहीं, अर्थात् भेदाभेद तात्त्विक है अथवा व्यावहारिक है ?

४ पूर्वपक्ष—जिस प्रकार समुद्रादि में तात्त्विक भेदाभेद मानने पर कोई बाधा नहीं है वैसे ही अद्वय ब्रह्म में भी तात्त्विक भेद मानना चाहिए ।

५. सिद्धान्त—श्रुति एवं युक्ति से भेद बाधित हो जाने के कारण व्यावहारिक मानना चाहिए, किन्तु कार्यजगत् का अपने कारण ब्रह्म के साथ अभेद मानने पर अद्वयब्रह्म तात्त्विक सिद्ध होता है । अतः व्यवहारिक भेद और तात्विक अभेद मानने पर कोई विरोध नहीं है ।

तदनन्यत्वमारम्भशब्दादिभ्य (ललिता)

निखिल जगत् का उपादानकारण ब्रह्म को मानने पर भोक्ता और भोग्य में अभिन्नत्व आने लग जायेगा, इस शङ्का का समाधान परिणामवाद के आधार पर किया गया था । अब मुख्य समाधान विवर्तवाद के आधार पर इस अधिकरण द्वारा किया जाता है । इस भोक्ता-भोग्यरूप विभाग को व्यावहारिक मानकर पिछले सूत्र के '**स्याल्लोकवत्**' इस अंश से परिहार किया गया था किन्तु यह विभाग परमार्थतः नहीं है क्योंकि कार्य एवं कारण का अनन्यत्व जान पड़ता है । आकाशादि विस्तृत जगत्कार्य है जिसका कारण परब्रह्म है, यह कार्य अपने कारण ब्रह्म से परमार्थतः अभिन्न है । कारण से कार्य को पृथक् करके नहीं देखा जा सकता इसमें '**आरम्भण शब्दादिभ्यः**' इत्यादि श्रुति प्रमाण है । एक विज्ञान से सर्वविज्ञान की प्रतिज्ञाकर दृष्टान्त की अपेक्षा होने पर वहाँ कहा गया है 'हे सोम्य! जैसे एक मृत्पिण्ड को जान लेने से मृत्तिका के समस्त कार्य विज्ञात हो जाते हैं क्योंकि कार्य नाममात्र वाणी से कहने योग्य है, सत्य तो मिट्टी ही है । तात्पर्य यह है कि परमार्थतः मृत्तिकारूप एक पिण्ड

परमार्थतो मृदात्मना विज्ञातेन सर्वं मृन्मयं घटशरावोदञ्चनादिकं मृदात्मकत्वाविशेषाद्विज्ञातं भवेत्। यतो वाचारम्भणं विकारो नामधेयं वाचैव केवलमस्तीत्यारभ्यते। विकारो घटः शराव उदञ्चनं चेति। न तु वस्तुवृत्तेन विकारो नाम कश्चिदस्ति। नामधेयमात्रं ह्येतदनृतं मृत्तिकेत्येव सत्यमिति। एष ब्रह्मणो दृष्टान्त आम्नातः। तत्र श्रुताद्वाचारम्भणशब्दाद्दार्ष्टान्तिकेऽपि ब्रह्मव्यतिरेकेण कार्यजातस्याभाव इति गम्यते। पुनश्च तेजोबन्नानां ब्रह्मकार्यतामुक्त्वा तेजोबन्नकार्याणां तेजोबन्नव्यतिरेकेणाभावं ब्रवीति—'अपागादग्नेरग्नित्वं वाचारम्भणं विकारो नामधेयं त्रीणि रूपाणीत्येव सत्यम्' (छा० ६-४-१) इत्यादिना। आरम्भणशब्दादिभ्य इत्यादिशब्दात् 'ऐतदात्म्यमिदं सर्वं तत्सत्यं स आत्मा, तत्त्वमसि' (छा० ६-८-७), 'इदं सर्वं यदयमात्मा' (बृ० २-४-६), 'ब्रह्मैवेदं सर्वम्' (मु० २-२-११), 'आत्मैवेदं सर्वम्' (छा० ७-२५-२), 'नेह नानास्ति किञ्चन' (बृ०४-४-१९) इत्येवमाद्यप्यात्मैकत्वप्रतिपादनपरं वचनजातमुदाहर्तव्यम्। न चान्यथैकविज्ञानेन सर्वविज्ञानं सम्पद्यते। तस्माद्यथा घटकरकाद्याकाशानां महाकाशानन्यत्वं, यथा च मृगतृष्णिकोदकादीनामूषरादिभ्योऽनन्यत्वं दृष्टनष्टस्वरूपत्वात्स्वरूपेणानुपाख्यत्वात्, एव-

---

पुनश्चेति। **अपागादग्नित्वमपगतं कारणमात्रत्वात्। त्रीणि तेजोऽबन्नानां रूपाणि रूपतन्मात्रात्मकानि सत्यम्। तेषामपि सन्मात्रत्वात्सदेवशिष्यत इत्यभिप्रायः। जीवजगतोर्ब्रह्मान्यत्वे प्रतिज्ञाबाध इत्याह—** न चान्यथेति। **तयोरनन्यत्वे क्रमेण दृष्टान्तावाह—**तस्माद्यथेति। **प्रतिज्ञाबलादित्यर्थः।** दृष्टं **प्रातीतिकं**

जान लेने से घट, कसोरा और छोटे-छोटे जलाहरण के लिए मृत्पात्र जो मिट्टी के कार्य हैं सब में मृदात्मत्व तो समान ही है, इसीलिए वे विज्ञात हो जाते हैं, क्योंकि कार्य वाणी से कहनेमात्र के लिए है कि यह घट है, यह कसोरा है, यह छोटा जलपात्र है। नामधेयमात्र का अर्थ होता है मिथ्या, वहाँ पर सत्य केवल मिट्टी ही है। जगत् के उपादानकारण अद्वयब्रह्म को बतलाने के लिए श्रुति ने यह दृष्टान्त दिया है। इस वाचारम्भण सुने गये शब्द से दार्ष्टान्तिक में ब्रह्म से भिन्न कार्यजगत का अभाव ही समझा जाता है। ऐसी प्रतिज्ञा के बाद तेज, जल और पृथ्वी को ब्रह्म का कार्य कहा है, ये कार्य भी अपनी तन्मात्रा से पृथक् अस्तित्व नहीं रखते हैं। इन्हें अपनी तन्मात्राओं से पृथक् कर देखने पर सत्ताशून्य हो जायेंगे, इसीलिए 'अग्नि का अग्नित्व समाप्त हो जाता है यदि तन्मात्रा से उसे पृथक्कर देखा जाय तो। ये तीनों भूत अपनी मात्रास्वरूप ही तो हैं, जो कार्य की अपेक्षा सत्य हैं।' इत्यादि श्रुतिवाक्य से कहा गया है। सूत्र में आये हुए **आरम्भण शब्दादिभ्यः**' इस वाक्य में जो 'आदि' शब्द है उससे 'यह सब आत्मा से अभिन्न है' 'वह सत्य है वह आत्मा है वह तू है' 'यह सब जो भी है सब आत्मा ही है' 'इस ब्रह्म में नाना कुछ नहीं है' इत्यादि श्रुतियों को ग्रहण कर लेना चाहिए। ये सब श्रुतियाँ भी आत्मैकत्वबोधक हैं। अतः इन्हें भी उदाहरण के रूप में यहाँ पर रखना चाहिए। जीव और जगत् को ब्रह्म से भिन्न मानने पर एकविज्ञान से सर्वविज्ञान की प्रतिज्ञा पूर्ण नहीं हो सकेगी। अतः जैसे घटाकाश, करकाकाशादि महाकाश से अभिन्न है और जैसे मृगजल ऊसर आदि से अभिन्न है, क्योंकि देखते-देखते नष्ट हो जाता है स्वरूपतः सत्ता-स्फूर्तिशून्य है, ठीक ऐसे ही इस

मस्य भोग्यभोक्त्रादिप्रपञ्चजातस्य ब्रह्मव्यतिरेकेणाभाव इति द्रष्टव्यम् ।

नन्वनेकात्मकं ब्रह्म, यथा वृक्षोऽनेकशाख एवमनेकशक्तिप्रवृत्तियुक्तं ब्रह्म । अत एकत्वं नानात्वं चोभयमपि सत्यमेव । यथा वृक्ष इत्येकत्वं शाखा इति नानात्वम् । यथा च समुद्रात्मनैकत्वं फेनतरङ्गाद्यात्मना नानात्वम् । यथा च मृदात्मनैकत्वं घटशरावाद्यात्मना नानात्वम् । तत्रैकत्वांशेन ज्ञानान्मोक्षव्यवहारः सेत्स्यति । नानात्वांशेन तु कर्मकाण्डाश्रयौ लौकिकवैदिकव्यवहारौ सेत्स्यत इति । एवं च मृदादिदृष्टान्ता अनुरूपा भविष्यन्तीति । नैवं स्यात् । 'मृत्तिकेत्येव सत्यम्' इति प्रकृतिमात्रस्य दृष्टान्ते सत्यत्वावधारणात् । वाचारम्भणशब्देन च विकारजातस्यानृतत्वाभिधानात् । दार्ष्टान्तिकेऽपि 'ऐतदात्म्यमिदं सर्वं तत्सत्यम्' इति च परमकारणस्यैवैकस्य सत्यत्वावधारणात् । 'स आत्मा तत्त्वमसि श्वेतकेतो' इति च शारीरस्य ब्रह्मभावोपदेशात् । स्वयं प्रसिद्धं ह्येतच्छारीरस्य ब्रह्मात्मत्वमुपदिश्यते न यत्नान्तरप्रसाध्यम् । अतश्चेदं शास्त्रीयं

नष्टमनित्यं यत्स्वरूपं तद्रूपेणानुपाख्यत्वात्सत्तास्फूर्तिशून्यत्वादनन्यत्वमिति सम्बन्धः ।

शुद्धाद्वैतं स्वमतमुक्त्वा भेदाभेदमतमुत्थापयति—नन्विति । अनेकाभिः शक्तिभिस्तदधीनप्रवृत्तिभिः परिणामैर्युक्तमित्यर्थः । भेदाभेदमते सर्वव्यवस्थासिद्धिरत्यन्ताभेदे द्वैतमानबाध इत्यभिमन्यमानो दूषयति—नैवं स्यादिति । एवकारवाचारम्भणशब्दाभ्यां विकारसत्तानिषेधात्परिणामवादः श्रुतिबाह्य इत्यर्थः । किंच संसारस्य सत्यत्वे तद्विशिष्टस्य जीवस्य ब्रह्मैक्योपदेशो न स्याद्विरोधादित्याह—स आत्मेति । एकत्वं ज्ञानकर्मसमुच्चयसाध्यमित्युपदेशार्थमित्याशङ्क्य असीति पदविरोधान्मैवमित्याह—स्वयमिति । अतस्तत्त्वज्ञानबाध्यत्वात्संसारित्वं मिथ्येत्याह—अतश्चेति । स्वतः सिद्धोपदेशादित्यर्थः ।

भोग्य-भोक्त्रादि प्रपञ्च का भी ब्रह्म से पृथक् करने पर अभाव ही दीख पड़ेगा अर्थात् उनमें सत्ता-स्फूर्तिशून्यत्व आ जायेगा ।

शङ्का—जैसे वृक्ष अनेक शाखावाला माना जाता है ऐसे ही ब्रह्म भी अनेकात्मक है, वह अनेक-शक्ति, तदधीन प्रवृत्ति, परिणामादि से युक्त है । अतः ब्रह्म में एकत्व और नानात्व दोनों ही धर्म पारमार्थिक हैं । जैसे वृक्ष अपनी दृष्टि से एक है किन्तु शाखा की दृष्टि से नाना है, जैसे समुद्र जलरूप से एक है किन्तु फेन तरंगादिरूप से नाना है और जैसे मृत्तिकारूप से मिट्टी एक किन्तु घटादिरूप से नाना मानी जाती है, ऐसे ही ब्रह्म को भी भेदाभेद दृष्टि से एकत्व तथा नानात्व उभयधर्मवाला मानना चाहिए । इनमें एकत्वांश के ज्ञान से मोक्षव्यवहार सिद्ध होता है और नानत्व अंश से कर्मकाण्ड के आश्रित लौकिक, वैदिक समस्त व्यवहार सिद्ध होते हैं । इस प्रकार भेदाभेद मानने पर मृदादि दृष्टान्त भी अनुकूल हो जायेंगे । अत्यन्त अभेद मानने पर द्वैत प्रमाण का बाध होने लग जायेगा ? समाधान—ऐसा कहना ठीक नहीं "मृत्तिका ही सत्य है" इस वाक्य के द्वारा दृष्टान्त में प्रकृति मात्र को सत्य बतलाया है और वाचारम्भ शब्द से विकारसमुदाय को अनृत कहा है, ऐसी स्थिति में दार्ष्टान्तिक में भी इस चेतन के साथ तादात्म्य हुआ यह सम्पूर्ण जगत् है, वह कारण ब्रह्म सत्य है' इन वाक्यों के द्वारा केवल परमकारण ब्रह्म को ही सत्य कहा गया है । 'हे श्वेनकेतु ! वह आत्मा है, वह तू है' इस वाक्य के द्वारा शारीर जीव में ही ब्रह्मत्व का उपदेश है क्योंकि ब्रह्मात्मत्व यत्न साध्य नहीं है अतः स्वतःसिद्ध उपदेश महावाक्य से किया है, वह ब्रह्मात्मत्व यत्नसाध्य नहीं है ।

ब्रह्मात्मत्वमवगम्यमानं स्वाभाविकस्य शारीरात्मत्वस्य बाधकं सम्पद्यते, रज्ज्वादिबुद्धय इव सर्पादिबुद्धीनाम् । बाधिते च शारीरात्मत्वे तदाश्रयः समस्तः स्वाभाविको व्यवहारो बाधितो भवति यत्प्रसिद्धये नानात्वांशोऽपरो ब्रह्मणः कल्प्येत । दर्शयति च—'यत्र त्वस्य सर्वमात्मैवाभूत्तत्केन कं पश्येत्' (बृ० ४-५-१५) इत्यादिना ब्रह्मात्मत्वदर्शिनं प्रति समस्तस्य क्रियाकारकफललक्षणस्य व्यवहारस्याभावम् । न चायं व्यवहाराभावोऽवस्थाविशेषनिबद्धोऽभिधीयत इति युक्तं वक्तुम्, 'तत्त्वमसि' इति ब्रह्मात्मभावस्यानवस्थाविशेषनिबन्धनत्वात् । तस्करदृष्टान्तेन चानृताभिसन्धस्यबन्धनं सत्याभिसन्धस्य च मोक्षं दर्शयन्नेकत्वमेवैकं पारमार्थिकं दर्शयति (छा० ६-१६) । मिथ्याज्ञानविजृम्भितं च नानात्वम् । उभयसत्यतायां हि कथं व्यवहारगोचरोऽपि जन्तुरनृताभिसन्ध इत्युच्यते । 'मृत्योः स मृत्युमाप्नोति य इह नानेव पश्यति' (बृ० ४।४।१९) इति च

यदुक्तं व्यवहारार्थं नानात्वं सत्यमिति, तत्किं ज्ञानादूर्ध्वं व्यवहारार्थं प्राग्वा । नाद्य इत्याह—बाधिते चेति । स्वभावोऽत्राविद्या तया कृतः स्वाभाविकः । ज्ञानादूर्ध्वं प्रमातृत्वादिव्यवहारस्याभावान्नानात्वं न कल्प्यमित्यर्थः न द्वितीयः, ज्ञानात्प्राक्कल्पितनानात्वेन व्यवहारोपपत्तौ नानात्वस्य सत्यत्वासिद्धेः । यत्तु प्रमातृत्वादिव्यवहारः सत्य एव मोक्षावस्थायां निवर्तत इति, तत्रेत्याह—न चायमिति । संसारसत्यत्वे तदवस्थायां जीवस्य ब्रह्मत्वं न स्यात्, भेदाभेदयोरेकदैकत्र विरोधात् । अतोऽसंसारिब्रह्माभेदस्य सदातनत्वावगमात्संसारोऽपि मिथ्यैवेत्यर्थः । किंच यथा लोके कश्चित् तस्करबुद्ध्या भटगृहीतोऽनृतवादी चेत्तप्तपरशुं गृह्णाति सदह्यते बध्यते च, तथा नानात्ववादी दह्यते सत्यवादी चेन्न दह्यते मुच्यते च । तथैतदात्म्यमिदं सर्वमित्येकत्वदर्शी मुच्यत इति श्रुतदृष्टान्तेनैकत्वं सत्यं, नानात्वं मिथ्येत्याह—तस्करेति । व्यवहारगोचरो नानात्वव्यवहाराश्रयः । नानात्वनिन्दयाप्येकत्वमेव सत्यमित्याह—मृत्योरिति । किंचास्मिन्भेदाभेदमते जीवस्य ब्रह्माभेदज्ञानाद्भेदज्ञानानिवृत्तेर्मुक्तिरिष्टा

अतः स्वतःसिद्ध उपदेश के कारण शास्त्रैकगम्य ब्रह्मात्मत्व जो जीव माना है वह आविद्यक शरीरात्मत्व का बाधक है, जैसे इयं रज्जुः इत्यादि अधिष्ठानज्ञान सर्पादि बुद्धि का बाधक है, ऐसे ही 'अहं ब्रह्मास्मि' यह ब्रह्मैक्यज्ञान अविद्याजनित आध्यासिक जीवभाव का बाधक है । शरीरात्मत्व के बाधित हो जाने पर तदाश्रित आविद्यक समस्त व्यवहार भी बाधित हो जाता है, जिसकी प्रसिद्धि के लिए ब्रह्म के दूसरे नानत्व अंश की कल्पना आप करना चाहते हैं । श्रुति ने भी 'जिस विद्यादशा में इस ज्ञानी का सब कुछ आत्मा ही हो गया उस समय कौन किससे किसको देखेगा' इत्यादि वाक्य के द्वारा ब्रह्मात्मतत्त्वदर्शी के लिए क्रिया, कारक एवं फलरूप समस्त व्यवहार का अभाव ही बतलाया है । यदि कहो कि यह व्यवहाराभाव अवस्थाविशेष से सम्बद्ध ही कहा गया है जो सदा सम्भव नहीं है, तो ऐसा कहना ठीक नहीं है क्योंकि 'तत्त्वमसि' इस वाक्य से ब्रह्मात्मभाव का उपदेश किसी अवस्थाविशेष के लिए नहीं बतलाया गया है, वह तो जीव का पारमार्थिक स्वरूप है । तस्कर के दृष्टान्त से अनृताभिसन्धि को बन्धन और सत्याभिसन्धि को मोक्ष बतलाते हुए केवल एकत्व को ही पारमार्थिक कहा है, नानात्व तो मिथ्याज्ञान विजृम्भित है, क्योंकि दोनों को सत्य मानने पर व्यवहारविषय जीव अनृताभिसन्ध कैसे कहा जा सकता है अर्थात् जब एकत्व और नानत्व दोनों ही सत्य हैं तो व्यवहारदशा में द्वैत मानने वाले को अनृताभिसन्ध नहीं कह सकते । 'जो इस ब्रह्म में भेद जैसा देखता है वह मृत्यु से मृत्यु को प्राप्त करता है' इस

भेददृष्टिमपवदन्नेवं तद्दर्शयति । न चास्मिन्दर्शने ज्ञानान्मोक्ष इत्युपपद्यते, सम्यग्ज्ञानापनोद्यस्य कस्यचिन्मिथ्याज्ञानस्य संसारकारणत्वेनानभ्युपगमात् । उभयसत्यतायां हि कथमेकत्वज्ञानेन नानात्वज्ञानमपनुद्यत इत्युच्यते ।

नन्वेकत्वैकान्ताभ्युपगमे नानात्वाभावात्प्रत्यक्षादीनि लौकिकानि प्रमाणानि व्याहन्येरन्निर्विषयत्वात्, स्थाण्वादिष्विव पुरुषादिज्ञानानि । तथा विधिप्रतिषेधशास्त्रमपि भेदापेक्षत्वात्तदभावे व्याहन्येत, मोक्षशास्त्रस्यापि शिष्यशासित्रादिभेदापेक्षत्वात्तदभावे

सा न युक्ता, भेदज्ञानस्य भ्रमत्वानभ्युपगमात्, प्रमायाः प्रमान्तराबाध्यत्वादित्याह—न चास्मिन्निति । वैपरीत्यस्यापि सम्भवादिति भावः ।

इदानीं प्रत्यक्षादिप्रामाण्यान्यथानुपपत्त्या नानात्वस्य सत्यत्वमिति पूर्वपक्षबीजमुद्घाटयति —नन्वित्यादिना । एकत्वस्यैकान्तः कैवल्यम् । व्याहन्येरन्नप्रमाणानि स्युः । उपजीव्यप्रत्यक्षादिप्रामा-

---

वाक्य के द्वारा भेददृष्टि की निन्दा करते हुए एकत्व को सत्य और नानत्व को मिथ्या ही तो कहा है । इसके अतिरिक्त इस भेदाभेद मत में ज्ञान से मोक्ष नहीं बतलाया गया है, क्योंकि समग्ज्ञान से नष्ट होने वाले किसी मिथ्याज्ञान को संसार का कारण भेदवादी ने स्वीकार नहीं किया है । भेद और अभेद दोनों को सत्य मानने पर एकत्वज्ञान से नानत्व ज्ञान का नाश भी कैसे कहा जा सकता है ।

शङ्का— सर्वथा अभेद मानने पर नानत्व का अभाव हो जाने के कारण भेदग्राहक लौकिक प्रत्यक्षादिप्रमाण व्याहत हो जायेंगे । जैसे यह स्थाणु है ऐसा ज्ञान होने पर विषयशून्य हो जाने के कारण पुरुषादि ज्ञान व्याहत हो जाते हैं, वेसे ही द्वैत के अभाव में भेदग्राहक प्रत्यक्षादि लौकिकप्रमाण भी व्याहत हो जायेंगे । इसके अतिरिक्त '**अहरहः सन्ध्यामुपासीत**' यह विधिशास्त्र और 'सुरा न पया' यह निषेधशास्त्र भी भेद की अपेक्षा करके ही सार्थक होते हैं । द्वैत न रहने पर विधि-प्रतिषेधशास्त्र भी व्याहत होने लग जायेंगे । इतना ही नहीं, गुरु-शिष्यादि भेद को अपेक्षा रखने वाला मोक्षशास्त्र भी द्वैताभाव दशा में व्याहत हो जायेगा । केवलाद्वैतवाद की दृष्टि में मोक्षशास्त्र अनृत है, ऐसे अनृतमोक्षशास्त्र के द्वारा प्रतिपादित आत्मैकत्व किस प्रकार सत्य सिद्ध हो सकेगा । धूलि को देख उसे धूम समझकर अग्नि का अनुमान करने वाले व्यक्ति को क्या अग्नि मिल सकती है, अर्थात् नहीं । ठीक वैसे ही मोक्षशास्त्र जब स्वयं ही अनृत है, तो आमकत्वरूप सत्यत्व का प्रतिपादन कैसे कर सकेगा ? समाधान—यह कोई दोष नहीं है । सत्यत्व का अर्थ बाधाभाव होता है मिथ्यात्वनिश्चय को बाध कहते हैं । ब्रह्मात्मैक्य साक्षात्कार से पूर्व सभी व्यवहार में सत्यत्व माना गया है । जिस प्रकार जगने से पूर्व स्वप्नव्यवहार सत्य माना जाता है, ठीक वैसे ही सत्यब्रह्मस्वरूप आत्मा का जब तक अभेद साक्षात्कार नहीं हो जाता, तब तक प्रमाण प्रमेयफलरूप विकार में मिथ्यात्वबुद्धि किसी को भी नहीं होती है । अविद्या के कारण समस्त कार्यजगत् को मैं और मेरा ऐसे आत्मीयभाव से सभी जन्तु स्वाभाविक ब्रह्मरूपता को छोड़कर समझते रहते हैं । अतः ब्रह्मात्मैक्यबोध से पूर्व समस्त लौकिक-वैदिक व्यवहार सिद्ध होता है । जैसे प्राकृत पुरुष जब तक सोया रहता है तब तक स्वप्न में ऊंचे-नीचे पदार्थ को देखता है और उसे जगने से पूर्व तक निश्चित प्रत्यक्षाभिमत विज्ञान भी होता

---

१. एकत्व सत्यत्वं भेदमिथ्यात्वं चेत्यर्थः ।

व्याघातः स्यात् ।

कथं चानृतेन मोक्षशास्त्रेण प्रतिपादितस्यात्मैकत्वस्य सत्यत्वमुपपद्येतेति । अत्रोच्यते—नैष दोषः । सर्वव्यवहाराणामेव प्राग्ब्रह्मात्मताविज्ञानात्सत्यत्वोपपत्तेः । स्वप्नव्यवहारस्येव प्राक्प्रबोधात् । यावद्धि न सत्यात्मैकत्वप्रतिपत्तिस्तावत्प्रमाणप्रमेयफललक्षणेषु विकारेष्वनृतत्वबुद्धिर्न कस्यचिदुत्पद्यते । विकारानेव त्वहं ममेत्यविद्ययात्मात्मीयेन भावेन सर्वो जन्तुः प्रतिपद्यते स्वाभाविकीं ब्रह्मात्मतां हित्वा । तस्मात्प्राग्ब्रह्मात्मताप्रतिबोधादुपपन्नः सर्वो लौकिको वैदिकश्च व्यवहारः । यथा सुप्तस्य प्राकृतस्य जनस्य स्वप्ने उच्चावचान्भावान्पश्यतो निश्चितमेव प्रत्यक्षाभिमतं विज्ञानं भवति प्राक्प्रबोधात्, नच प्रत्यक्षाभासाभिप्रायस्तत्काले भवति, तद्वत् । कथं त्वसत्येन वेदान्तवाक्येन सत्यस्य ब्रह्मात्मत्वस्य प्रतिपत्तिरुपपद्येत । नहि रज्जुसर्पेण दंष्टो म्रियते । नापि मृगतृष्णिकाम्भसा पानावगाह-

---

ण्याय वेदान्तानां भेदाभेदपरत्वमुचितमिति भावः ।

ननु कर्मकारकाणां यजमानादीनां विद्याकारकाणां शिष्यादीनां च कल्पितभेदमाश्रित्य कर्मज्ञानकाण्डयोः प्रवृत्तेः [1]स्वप्रमेयस्य [2]धर्मादेरबाधात्प्रामाण्यमव्याहतमित्याशङ्क्याह—कथं चानृतेनेति । धूलिकल्पितधूमेनानुमितस्य वह्नेरिव प्रमेयबाधापत्तेरिति भावः । तत्र द्वैतविषये प्रत्यक्षादीनां [3]यावद्बाधं व्यावहारिकं प्रामाण्यमुपपद्यत इत्याह—अत्रोच्यत इत्यादिना । सत्यत्वं बाधाभावः । बाधो मिथ्यात्वनिश्चयः । वस्तुतो मिथ्यात्वेऽपि विकारेषु तन्निश्चयाभावेन प्रत्यक्षादिव्यवहारोपपत्तावुक्तदृष्टान्तं विवृणोति—यथा सुप्तस्य प्राकृतस्येति । एवं द्वैतप्रमाणानां व्यवहारकाले बाधशून्यार्थबोधकत्वं व्यावहारिकं प्रामाण्यमुपपाद्याद्वैतप्रमाणानां वेदान्तानां सर्वकालेषु बाधशून्यब्रह्मबोधकत्वं तात्त्विकं प्रामाण्यमुपपादयितुमुक्तशङ्कामनुवदति—कथं त्वसत्येनेति । किमसत्यात्सत्यं न जायते, किमुत सत्यस्य ज्ञानं न । आद्य इष्ट एव । नहि वयं वाक्योत्थज्ञानं सत्यमित्यङ्गीकुर्मः । अङ्गीकृत्यापि दृष्टान्त-

---

है । स्वप्नकाल में उसे प्रत्यक्षाभास प्रतीत नहीं होता वैसे ही ब्रह्मात्मैक्य बोध से पूर्व प्रपञ्च में भी प्रत्यक्षाभास नहीं प्रतीत होता ।

शङ्का—असत्य वेदान्तवाक्य से सत् ब्रह्मात्मैकत्व का बोध कैसे हो सकेगा । जैसे रज्जु में कल्पित सर्प द्वारा डसा हुआ व्यक्ति मरता नहीं और मृगतृष्णिका जल से पान और अवगाहन आदि प्रयोजन सिद्ध नहीं होता, वैसे ही असत्य वेदान्तवाक्य से ब्रह्मात्मैक्य बोध नहीं हो सकेगा ? समाधान—यह कोई दोष नहीं है । विषादि शङ्का के कारण भी मरणादि कार्य देखा जाता है और स्वप्नदर्शनकाल में सर्पदंशन एवं उदकस्नानादि कार्य भी देखे जाते हैं । अतः असत्य से सत्य उत्पन्न नहीं होता, इस नियम में उक्त दोनों व्यभिचार देखे जाते हैं । पूर्वपक्ष—उक्त रीति से मरणकार्य तथा सर्पदंशन, उदकस्नानादि कार्य भी अनृत ही होते हैं ? ऐसा यदि कहोगे तो इस पर हम सिद्धान्ती कहते हैं, कि यद्यपि स्वप्नदर्शनकाल में स्वप्नद्रष्टा का सर्पदंशन एवं उदकस्ननादि कार्य अनृत हैं, तथापि उनका ज्ञान तो सत्य ही है, क्योंकि फल (ज्ञान) जगे हुए व्यक्ति को अबाधित ही दीखता है । स्वप्न से जगा हुआ व्यक्ति स्वप्न में दीखे हुए सर्पदर्शन और उदकस्नानादि कार्य को मिथ्या मानता हुआ भी

---

१. स्वप्नकाले । २. कर्मज्ञानकाण्डम् । ३. आदिना ज्ञानम् । ४. तं मर्यादीकृत्य ।

नादिप्रयोजनं क्रियत इति। नैष दोषः। शङ्काविषादिनिमित्तमरणादिकार्योपलब्धेः। स्वप्नदर्शनावस्थस्य च सर्पदंशनोदकस्नानादिकार्यदर्शनात्। तत्कार्यमप्यनृतमेवेति चेद्ब्रूयात्। तत्र ब्रूमः—यद्यपि स्वप्नदर्शनावस्थस्य सर्पदंशनोदकस्नानादिकार्यमनृतं तथापि तदवगतिः सत्यमेव फलं, प्रतिबुद्धस्याप्यबाध्यमानत्वात्। नहि स्वप्नादुत्थितः स्वप्नदृष्टं सर्पदंशनोदकस्नानादिकार्यं मिथ्येति मन्यमानस्तदवगतिमपि मिथ्येति मन्यते कश्चित्। एतेन स्वप्नदृशोऽवगत्यबाधनेन देहमात्रात्मवादो दूषितो वेदितव्यः। तथाच श्रुतिः—'यदा कर्मसु काम्येषु स्त्रियं स्वप्नेषु पश्यति। समृद्धिं तत्र जानीयात्तस्मिन्स्वप्ननिदर्शने॥' (छा० ५-२-९) इत्यसत्येन स्वप्नदर्शनेन सत्यायाः समृद्धेः प्रतिपत्तिं दर्शयति। तथा प्रत्यक्षदर्शनेषु केषुचिदरिष्टेषु[1] जातेषु 'न चिरमिव जीविष्यतीति विद्यात्' इत्युक्त्वा 'अथ स्वप्नाः पुरुषं कृष्णं कृष्णदन्तं पश्यति स एनं हन्ति' इत्यादिना तेन तेनासत्येनैव स्वप्नदर्शनेन सत्यं मरणं सूच्यत इति दर्शयति। प्रसिद्धं चेदं लोकेऽन्वयव्यतिरेककुशलानामीदृशेन स्वप्नदर्शनेन साध्वागमः सूच्यत ईदृशेनासाध्वागम इति। तथाकारादिसत्याक्षरप्रतिपत्तिर्दृष्टा रेखानृताक्षरप्रतिपत्तेः। अपिचान्त्यमिदं प्रमाणमात्मै-

माह—नैष दोष इति। सर्पेणादष्टस्यापि दष्टत्वभ्रान्तिकल्पितविषात्सत्यमरणमूर्च्छादिदर्शनादसत्यात् सत्यं न जायत इत्यनियम इत्यर्थः। दृष्टान्तान्तरमाह—स्वप्नेति। असत्यात्सर्पोदकादेः सत्यस्य दंशनस्नानादिज्ञानस्य कार्यस्य दर्शनाद्व्यभिचार इत्यर्थः। यथाश्रुतमादाय शङ्कते—तत्कार्यमपीति। उक्तमर्थं प्रकटयति—तत्र ब्रूम इत्यादिना। अवगतिर्वृत्तिः घटादिवत्सत्यापि प्रातिभासिकस्वप्नदृष्टवस्तुनः फलं चैतन्यं वा वृत्त्यभिव्यक्तमवगतिशब्दार्थः। प्रसङ्गाद्देहात्मवादोऽपि निरस्त इत्याह—एतेनेति। स्वप्नस्थावगतेः स्वप्नदेहधर्मत्वे उत्थितस्य मया तादृशः स्वप्नोऽवगत इत्यबाधितावगतिप्रतिसंधानं न स्यात्। अतो देहभेदेऽप्यनुसंधानदर्शनाद्देहान्योऽनुसंधातेत्यर्थः। असत्यात्सत्यस्य ज्ञानं न जायत इति द्वितीयनियमस्य श्रुत्या व्यभिचारमाह—तथाच श्रुतिरिति। नच स्त्रियो मिथ्यात्वेऽपि तद्दर्शनात्सत्यादेव सत्यायाः समृद्धेर्ज्ञानमिति वाच्यम्, विषयविशिष्टत्वेन दर्शनस्यापि मिथ्यात्वात्प्रकृतेऽपि सत्ये ब्रह्मणि मिथ्यावेदानुगतचैतन्याज्ज्ञानसंभवाच्चेति भावः। असत्यात्सत्यस्येष्टस्य ज्ञानमुक्त्वानिष्टस्य ज्ञानमाह—तथेति। असत्यात्सत्यस्य ज्ञाने दृष्टान्तान्तरमाह—तथाकारादीति। रेखास्वकारत्वादि-

उनके ज्ञान को मिथ्या नहीं मानता। इतना कहने से स्वप्नदृष्टा का ज्ञान अबाधित बतल देने के कारण देहमात्र को आत्मा कहने वाले का पक्ष निरस्त मानना चाहिए। यदि देह ही आत्मा होता तो स्वप्नवाला शरीर जाग्रत में रहा नहीं फिर उसका अनुसन्धान कौन करता। अतः देह से भिन्न स्वप्न का स्मरण करने वाला अन्य ही कोई है, ऐसा मानना पड़ता है। वैसे ही श्रुति भी 'सकामकर्मों के अनुष्ठान के दिनों यदि अनुष्ठाता स्वप्नावस्था में किसी सौभाग्यवती स्त्री को देखता हो तो उस स्वप्नदर्शन के फलस्वरूप उसका वह अनुष्ठान सफल मानना चाहिए' ऐसे असत्य स्वप्नदर्शन से समृद्धिरूप सत्यफल की प्राप्ति बतलाती है। वैसे ही कोई अनिष्ट प्रत्यक्ष दीख जाय तो उसका दर्शन अपशकुन माना जाता है जिसका फल यह होगा कि अब वह अधिक समय तक नहीं जी सकेगा। इसे भी श्रुति ने कहा है कि 'जब कोई व्यक्ति स्वप्न में काले दांत वाले पुरुष को देखता है तो वह

१ अरिष्टेषु अशुभम।

कत्वस्य प्रतिपादकं नातः परं किंचिदाकाङ्क्ष्यमस्ति। यथा हि लोके यजेतेत्युक्ते किं केन कथमित्याकाङ्क्ष्यते नैवं 'तत्त्वमसि' 'अहं ब्रह्मास्मि' इत्युक्ते किंचिदन्यदाकाङ्क्ष्यमस्ति, सर्वात्मैकत्वविषयत्वावगतेः। सति ह्यन्यस्मिन्नवशिष्यमाणेऽर्थे आकाङ्क्षा स्यात्। नत्वात्मैकत्वव्यतिरेकेणावशिष्यमाणोऽन्योऽर्थोऽस्ति य आकाङ्क्ष्येत। न चेयमवगतिर्नोत्पद्यत इति शक्यं वक्तुम्, 'तद्धास्य विजज्ञौ' (छा० ६-१६-३) इत्यादिश्रुतिभ्यः। अवगतिसाधनानां च श्रवणादीनां वेदानुवचनादीनां च विधानात्। न चेयमवगतिरनर्थिका भ्रान्तिर्वेति शक्यं वक्तुम्। अविद्यानिवृत्तिफलदर्शनात्, बाधकज्ञानान्तराभावाच्च। प्राक्चा-

---

भ्रान्त्या सत्या अकारादयो ज्ञायन्त इति प्रसिद्धमित्यर्थः। एवमसत्यात्सत्यस्य जन्मोक्त्या यदर्थक्रियाकारि तत्सत्यमिति नियमो भग्नः, अनृतात्सत्यस्य ज्ञानोक्त्या यदनृतकरणगम्यं तद्बाध्यं कूटलिङ्गानुमितवह्निवदिति व्याप्तिर्भग्ना। तथा च कल्पितानामपि वेदान्तानां सत्यब्रह्मबोधकत्वं सम्भवतीति तात्त्विकं प्रामाण्यमिति भावः। यदुक्तं एकत्वनानात्वव्यवहारसिद्धये उभयं सत्यमिति, तन्न। भेदस्य लोकसिद्धस्यापूर्वफलवदभेदविरोधेन सत्यत्वकल्पनायोगात्। किंच यद्युभयोरेकदा व्यवहारः स्यात् तदा स्यादपि सत्यत्वम्। नैवमस्ति। एकत्वज्ञानेन चरमेणानपेक्षेण नानात्वस्य निःशेषं बाधात्, शुक्तिज्ञानेनेव रजतस्येत्याह—अपि चान्त्यमिति। ननूपजीव्यद्वैतप्रमाणविरोधादेकत्वावगतिर्नोत्पद्यत इत्यत आह—न चेयमिति। तत् किलात्मतत्त्वमस्य पितुर्वाक्यात् श्वेतकेतुर्विज्ञातवानिति ज्ञानोत्पत्तेः श्रुतत्वात्सामग्रीसत्त्वाच्चेत्यर्थः। व्यावहारिकगुरुशिष्यादिभेदमुपजीव्य ज्ञायमानवाक्यार्थावगतेः प्रत्यक्षादिगतं व्यावहारिकं प्रामाण्यमुपजीव्यं, तच्च पारमार्थिकैकत्वावगत्या न विरुध्यते। किंतु तया विरोधादनुपजीव्यं प्रत्यक्षादेस्तात्त्विकं प्रामाण्यं बाध्यत इति भावः। किंचैकत्वावगतेः फलवत्प्रमात्वान्निष्फलो द्वैतभ्रमो बाध्य इत्याह—न चेयमिति। ननु सर्वस्य द्वैतस्य मिथ्यात्वे स्वप्नो मिथ्या जाग्रत्

उस व्यक्ति को मार डालता है'। अतः असत्यस्वप्नदर्शन से सत्यमरण को उक्त श्रुति सूचित करती है। इस शकुन-अपशकुन के रहस्य को जानने वाले पुरुषों का यह निर्णय लोक में प्रसिद्ध है कि अमुक स्वप्नदर्शन से शुभ की सूचना और अमुक स्वप्नदर्शन से अशुभ की सूचना होती है। विभिन्न प्रकार की लिपियों में लिखे गये अक्षर रेखा अनृत होते हैं, लेकिन उस अनृत रेखा अक्षर के ज्ञान से भी अकारादि सत्य अक्षर का बोध होते देखा गया है। विश्व की विभिन्न लिपियों में लिखे गये रेखांकित अक्षर भिन्न-भिन्न होते हैं किन्तु उसके पढ़ने वाले जब शब्द उच्चारण करते हैं तब उच्चारित शब्द एक सा ही सुना जाता है। विभिन्न लिपियों में लिखा गया राम शब्द भले हो अलग अलग दिखाई पड़ता हो, किन्तु उसका उच्चारण एक सा ही होगा। वेदान्तवाक्य से एकत्वज्ञान अन्तिम है, उससे नानात्व का निःशेष बाध वैसे ही हो जाता है, जैसे शुक्तिज्ञान से रजत का पूर्णतया बाध हो जाता है। आत्मैकत्वबोधक यह श्रुतिप्रमाण अन्तिम है, इससे पर तो कुछ है ही नहीं, जिसकी आकांक्षा होती। जैसे 'यजेत' ऐसा कहने पर लोक में किंभाव, केन और कथंभाव की आकांक्षा होती है, वैसा 'तत्त्वमसि' 'अहं ब्रह्मास्मि' इन महावाक्यों के कहने पर कुछ भी अन्य वस्तु आकांक्षा के योग्य नहीं रह जाती है, क्योंकि महावाक्य से उत्पन्न यह ज्ञान सर्वत्र एक ही आत्मा को विषय करता है। अन्य अर्थ के शेष रहने पर आकांक्षा हो सकती है, किन्तु आत्मा से भिन्न जब अन्य अर्थ ही नहीं है, तो फिर किसकी आकांक्षा होने लग जाय। यदि कहो कि ऐसा ज्ञान तो हो ही नहीं सकता, तो ऐसा कहना ठीक नहीं है क्योंकि

त्मैकत्वावगतेरव्याहतः सर्वः सत्यानृतव्यवहारो लौकिको वैदिकश्चेत्यवोचाम । तस्मादन्त्येन प्रमाणेन प्रतिपादित आत्मैकत्वे समस्तस्य प्राचीनस्य भेदव्यवहारस्य बाधितत्वान्नानेकात्मकब्रह्मकल्पनावकाशोऽस्ति । ननु मृदादिदृष्टान्तप्रणयनात्परिणामवद्ब्रह्म शास्त्रस्याभिमतमिति गम्यते, परिणामिनो हि मृदादयोऽर्था लोके समधिगता इति । नेत्युच्यते । 'स वा एष महानज आत्माऽजरोऽमरोऽमृतोऽभयो ब्रह्म' (बृ० ४-४-२५), 'स एष नेति नेत्यात्मा' (बृ० ३-६-२६), 'अस्थूलमनणु' (बृ० ३-८-८) इत्याद्याभ्यः सर्वविक्रियाप्रतिषेधश्रुतिभ्यो ब्रह्मणः कूटस्थत्वावगमात् । न ह्येकस्य ब्रह्मणः परिणामधर्मत्वं तद्रहितत्वं च शक्यं प्रतिपत्तुम् । स्थितिगतिवत्स्यादिति चेत् । न । कूटस्थस्येति विशेषणात् ।

सत्यमित्यादिलौकिको व्यवहारः, सत्यं चानृतं च सत्यमभवदिति वैदिकश्च कथमित्याशङ्क्य यथा स्वप्ने इदं सत्यमिदमनृतमिति तात्कालिकबाधाबाधाभ्यां व्यवहारस्तथा दीर्घस्वप्नेऽपीत्युक्तस्वप्नदृष्टान्तं स्मारयति—प्राक्चेति । व्यवहारार्थं नानात्वं सत्यमिति कल्पनमसंगतमित्युपसंहरति—तस्मादिति । नेदं कल्पितं, किंतु श्रुतमिति शङ्कते—नन्विति । कार्यकारणयोरनन्यत्वांशेऽयं दृष्टान्तः, न परिणामित्वे, ब्रह्मणः कूटस्थत्वश्रुतिविरोधादिति परिहरति—नेत्युच्यत इति । सृष्टौ परिणामित्वं प्रलये तद्राहित्यं च क्रमेणाविरुद्धमिति दृष्टान्तेन शङ्कते—स्थितीति । कूटस्थस्य कदाचिदपि विक्रिया न युक्ता कूटस्थत्वव्याघातादित्याह—नेति । कूटस्थत्वासिद्धिमाशङ्क्याह—कूटस्थस्येति । कूटस्थस्य

'पिता के वाक्य से श्वेतकेतु को आत्मैकत्व का ज्ञान हो गया और उससे वह कृतकृत्य हो गया' इन श्रुतियों से आत्मैकत्व का बोध होना सिद्ध हो जाता है । ज्ञान के साधन श्रवणादि का और वेदानुवचनादि का विधान देखते हुए भी आत्मैकत्वज्ञान महावाक्यजन्य होता ही है, इसे कोई नकार नहीं सकता । प्रमा होने से एकत्वज्ञान का फल है किन्तु द्वैतभ्रम निष्फल तथा बाध के योग्य है । इसलिए इस अद्वैतज्ञान को अनर्थक या भ्रम नहीं कह सकते क्योंकि इस ज्ञान से अविद्यानिवृत्तिरूप फल देखा गया है और उसका बाधक कोई दूसरा ज्ञान भी नहीं है । अतः आत्मैकत्व ज्ञान से पूर्व सत्यानृतव्यवहार लौकिक एवं वैदिक अव्याहत ही रहते हैं, ऐसा हम पहले भी कह आये हैं । इस प्रकार सर्वश्रेष्ठ श्रुतिप्रमाण से आत्मैकत्व का साक्षात्कार हो जाने पर इससे पूर्व होने वाले समस्त भेदव्यवहार बाधित हो जाते हैं, इस स्थिति में ब्रह्म अनेकात्मक है ऐसा कल्पना का तो अवकाश ही नहीं रह जाता ।

प्रश्न—मृदादि दृष्टान्त को देखते हुए शास्त्र को ब्रह्म भी परिणामी ही अभिमत प्रतीत होता है, क्योंकि जब लोक में मृदादि परिणामी देखे गये हैं तो दार्ष्टान्त में ब्रह्म भी परिणामी ही होना चाहिए ? उत्तर–ऐसा नहीं कह सकते 'वह आत्मा महान् और अजन्मा है' 'आत्मा जरामरणरहित अमृत एवं अभयस्वरूप ब्रह्म ही है' 'वह आत्मा नेति-नेति शब्दों से प्रतिपाद्य है' 'वह स्थूल नहीं, अणु नहीं' इत्यादि सर्वप्रक्रियाप्रतिषेधक श्रुतियों से ब्रह्म में कूटथत्व जान पड़ता है । एक ही ब्रह्म में परिणामधर्मत्व और तद्रहितत्व और तद्रहितत्व कहना ठीक नहीं है ।

प्रश्न—एक ही देवदत्त में कभी स्थिति और कभी गति कालभेद से जिस प्रकार रहती है, वैसे ही कालभेद से ब्रह्म में कूटस्थत्व एवं विक्रियावत्व रह जायेगा, इसमें क्या आपत्ति है ? उत्तर—ऐसा

नहि कूटस्थस्य ब्रह्मणः स्थितिगतिवदनेकधर्माश्रयत्वं सम्भवति । कूटस्थं च नित्यं ब्रह्म सर्वविक्रियाप्रतिषेधादित्यवोचाम ।

नच यथा ब्रह्मण आत्मैकत्वदर्शनं मोक्षसाधनमेवं जगदाकारपरिणामित्वदर्शनमपि स्वतन्त्रमेव कस्मैचित्फलायाभिप्रेयते । प्रमाणाभावात् । कूटस्थब्रह्मात्मत्वविज्ञानादेव हि फलं दर्शयति शास्त्रम्——'स एष नेति नेत्यात्मा' इत्युपक्रम्य 'अभयं वै जनक प्राप्तोऽसि' (बृ० ४-२-४) इत्येवंजातीयकम् । तत्रैतत्सिद्धं भवति——ब्रह्मप्रकरणे सर्वधर्मविशेषरहितब्रह्मदर्शनादेव फलसिद्धौ सत्यां यत्तत्राफलं श्रूयते ब्रह्मणो जगदाकारपरिणामित्वादि तद्ब्रह्मदर्शनोपायत्वेनैव विनियुज्यते, फलवत्संनिधावफलं तदङ्गमितिवत् । नतु स्वतन्त्रं फलाय कल्प्यत इति । नहि परिणामवत्त्वविज्ञानात्परिणामवत्त्वमात्मनः फलं स्यादिति वक्तुं युक्तं, कूटस्थनित्यत्वान्मोक्षस्य ।

निरवयवस्य पूर्वरूपत्यागेनावस्थान्तरात्मकपरिणामायोगाच्छुक्तिरजतवद्विवर्त एव प्रपञ्च इति भावः ।
किंच निष्फलस्य जगतः फलवन्निष्प्रपञ्चब्रह्मधीशेषत्वेनानुवादाच्च सत्यतेत्याह—नच यथेत्यादिना । 'तं यथा यथोपास्ते तदेव भवति' इति श्रुतेर्ब्रह्मणः परिणामित्वविज्ञानात्तत्प्राप्तिर्विदुषः फलमित्याशङ्क्याह—नाह परिणामवत्त्वेति । 'ब्रह्मविदाप्नोति परम्' इति श्रुतकूटस्थनित्यमोक्षफलसंभवे दुःखानित्यपरिणामित्वफलकल्पनायोगादिति भावः ।

कहना ठीक नहीं । ब्रह्म में कूटस्थत्व विशेषण असङ्गत हो जायेगा । अतः कूटस्थ ब्रह्म में स्थिति एवं गति की भाँति अनेक धर्माश्रयत्व सम्भव नहीं है । ब्रह्म सभी विकारों से रहित होने के कारण नित्य-कूटस्थ है, ऐसा हम पहले कह आये हैं ।

इसके अतिरिक्त ब्रह्म में आत्मैकत्वज्ञान जैसे मोक्ष का साधन माना है, इस प्रकार उसमें जगदाकार परिणामित्वज्ञान भी स्वतन्त्र ही किसी फल को नहीं देता क्योंकि वैसा मानने में कोई प्रमाण नहीं है । कूटस्थ ब्रह्मात्मत्व ज्ञान से ही मोक्षफल शास्त्र बतलाता है । 'वह आत्मा नेति-नेति ऐसे निषिद्धवाक्य से जाना जाता है' यहाँ से प्रसङ्ग प्रारम्भ कर 'हे जनक ! अब तुम निःसन्देह अभयतत्त्व को प्राप्त कर चुके हो' ये सब शास्त्रवचन ब्रह्मात्मैक्य विज्ञान से ही फल बतलाते हैं । इससे यहाँ पर यह अर्थ सिद्ध हुआ, कि ब्रह्म प्रकरण में सर्वधर्मविशेषरहित ब्रह्म-दर्शन से ही जब मोक्षफल सिद्ध हो गया तो ब्रह्म में जगदाकार परिणामित्वबोधक अफलवाक्य ब्रह्म-दर्शन के साधनरूप में विनियुक्त होता है क्योंकि शास्त्र में फलवद्वाक्य के समीप में पढ़ा गया अफलवाक्य उसका अङ्ग माना गया है । ठीक इसी प्रकार अद्वैतज्ञान फलवाला है, तो उसके समीप में पढ़ा गया द्वैतबोधक वाक्य उसका अङ्ग माना जाता है, उसमें स्वतन्त्र फल की कल्पना नहीं कर सकते । ब्रह्म में परिणामवत्त्व विज्ञान से आत्मा में परिणामवत्त्व फल प्राप्त होगा ऐसा कहना भी ठीक नहीं है क्योंकि मोक्ष कूटस्थनित्य है और वह मोक्षफल ही सबको अभिष्ट है, आत्मा का विकारी होना किसी को भी अभिष्ट नहीं है ।

---

१. परिणामिब्रह्म ।

कूटस्थब्रह्मात्मवादिन एकत्वैकान्त्यादीशित्रीशितव्याभाव ईश्वरकारणप्रतिज्ञाविरोध इति चेत् । न । अविद्यात्मकनामरूपबीजव्याकरणापेक्षत्वात्सर्वज्ञत्वस्य । 'तस्माद्वा एतस्मादात्मन आकाशः संभूतः' (तै० २-१) इत्यादिवाक्येभ्यो नित्यशुद्धबुद्धमुक्तस्वरूपात्सर्वज्ञात्सर्वशक्तेरीश्वराज्जगज्जनिस्थितिप्रलया नाचेतनात्प्रधानादन्यस्माद्वेत्येषोऽर्थः प्रतिज्ञातः 'जन्माद्यस्य यतः' (ब्र० सू० १-१-४) इति । सा प्रतिज्ञा तदवस्थैव न तद्विरुद्धोऽर्थः पुनरिहोच्यते ।

कथं नोच्यतेऽत्यन्तमात्मन एकत्वमद्वितीयत्वं च ब्रुवता । शृणु यथा नोच्यते । सर्वज्ञस्येश्वरस्यात्मभूत इवाविद्याकल्पिते नामरूपे तत्त्वान्यत्वाभ्यामनिर्वचनीये संसारप्रपञ्चबीजभूते सर्वज्ञस्येश्वरस्य मायाशक्तिः प्रकृतिरिति च श्रुतिस्मृत्योरभिलप्यते । ताभ्यामन्यः सर्वज्ञ ईश्वरः, 'आकाशो वै नामरूपयोर्निर्वहिता ते यदन्तरा तद्ब्रह्म'

ननु पूर्वं 'जन्माद्यस्य यतः' इति ईश्वरकारणप्रतिज्ञा कृता । अधुना तदनन्यत्वमित्यत्यन्ताभेदप्रतिपादने ईशित्रीशितव्यभेदाभावात्तद्विरोधः स्यादिति शङ्कते— कूटस्थेति । कल्पितद्वैतमपेक्ष्येश्वरत्वादिकं परमार्थतोऽनन्यत्वमित्यविरोधमाह—नेत्यादिना । अविद्यात्मके चिदात्मनि लीने नामरूपे एव बीजं तस्य व्याकरणं स्थूलात्मना सृष्टिस्तदपेक्षत्वादीश्वरत्वादेर्न विरोध इत्यर्थः । संग्रहीतार्थं विवृणोति— तस्मादित्यादिना ।

तत्त्वान्यत्वाभ्यामिति । नामरूपयोरीश्वरत्वं वक्तुमशक्यं जडत्वात् । नापीश्वरादन्यत्वं कल्पितस्य पृथक्सत्तास्फूर्त्योरभावादित्यर्थः । संस्कारात्मकनामरूपयोरविद्यैक्यविवक्षया ब्रूते—मायेति । नामरूपे चेदीश्वरस्यात्मभूते तर्हीश्वरो जड इत्यत आह—ताभ्यामन्य इति । अन्यत्वे व्याकरणे च श्रुतिमाह—आकाश इत्यादिना । अविद्याद्युपाधिना कल्पितभेदेन बिम्बस्थानस्येश्वरत्वं, प्रतिबिम्ब-

---

प्रश्न—कूटस्थब्रह्मात्मवादी के मत में सर्वथा एकत्व मानने पर ईशितृत्व और ईशितव्यत्व का अभाव हो जायेगा, फिर तो 'जन्माद्यस्य यतः' इस वाक्य द्वारा ईश्वर को जगत्कारण बतलानेवाली प्रतिज्ञा का विरोध होने लग जायेगा ? उत्तर—ऐसा कहना ठीक नहीं है । अविद्यात्मक नाम-रूप जब चिदात्मा में लीन हो जाते हैं, तो उस बीज की पुनः स्थूलरूप से सृष्टि करने के कारण ही उस ईश्वर में सर्वज्ञत्व और सर्वसृष्टिकर्तृत्व सिद्ध होता है इसे 'उस आत्मा से सर्वप्रथम आकाश उत्पन्न हुआ' इत्यादि वाक्यों द्वारा नित्यशुद्धबुद्धमुक्तस्वरूप, सर्वज्ञ, सर्वशक्तिमान ईश्वर से जगत् की उत्पत्ति, स्थिति और लय बतलाने वाली श्रुतियाँ हैं । यह उत्पत्यादि किसी अचेतन प्रधान से या अन्य से हो नहीं सकता । इसीलिए 'जन्माद्यस्य यतः' इस सूत्र से प्रतिज्ञा की गयी है, वह प्रतिज्ञा तदवस्थ ही है, यहाँ पर उसके विरुद्ध अर्थ नहीं कहा गया है ।

प्रश्न—आत्मा में आत्यन्तिक एकत्व एवं अद्वितीयत्व कहने वाले वादी ने पूर्वोक्त प्रतिज्ञा के विरुद्ध क्यों नहीं कहा है अर्थात् कहा ही है ? उत्तर—जिस प्रकार नहीं कहा उसे मैं समझाता हूँ, आप सुनें । ये अविद्याकल्पित नाम-रूप जो तत्त्व एवं अन्यत्व से विलक्षण अनिर्वचनीय है एवं संसारप्रपञ्च के बीजभूत हैं । ये सब सर्वज्ञ ईश्वर के आत्मस्वरूप ही तो हैं क्योंकि सर्वज्ञ ईश्वर की मायाशक्ति को श्रुति-स्मृति में जगत् की प्रकृति कहा है, उन नाम-रूपों से सर्वज्ञ ईश्वर भिन्न ही है । 'निःसन्देह नाम-रूप का निर्वाहकर्ता आकाश कहा गया है, जिसके भीतर ये नाम-रूप हैं वह ब्रह्म है' इस श्रुति से तथा

(छा० ८-१४-१) इति श्रुतेः । 'नामरूपे व्याकरवाणि' (छा० ६-३-२), 'सर्वाणि रूपाणि विचित्य धीरो नामानि कृत्वाऽभिवदन्यदास्ते' (तै० आ० ३-१२-७), 'एकं बीजं बहुधा यः करोति' (श्वे० ६-१२) इत्यादि श्रुतिभ्यश्च । एवमविद्याकृतनामरूपोपाध्यनुरोधीश्वरो भवति, व्योमेव घटकरकाद्युपाध्यनुरोधि । स च स्वात्मभूतानेव घटाकाशस्थानीयानविद्याप्रत्युपस्थापितनामरूपकृतकार्यकरणसङ्घातानुरोधिनो जीवाख्यान्विज्ञानात्मनः प्रतीष्टे व्यवहारविषये । तदेवमविद्यात्मकोपाधिपरिच्छेदापेक्षमेवेश्वरस्येश्वरत्व सर्वज्ञत्वं सर्वशक्तित्वं च न परमार्थतो विद्ययापास्तसर्वोपाधिस्वरूप आत्मनोशित्रीशितव्यसर्वज्ञत्वादिव्यवहार उपपद्यते । तथाचोक्तम्—'यत्र नान्यत्पश्यति नान्यच्छृणोति नान्यद्विजानाति स भूमा' (छा० ७-२४-१) इति । 'यत्र त्वस्य सर्वमात्मैवाभूत्तत्केन कं पश्येत्' (बृ० ४-५-१५) इत्यादिना च । एवं परमार्थावस्थायां सर्वव्यवहाराभावं वदन्ति वेदान्ताः सर्वे । तथेश्वरगीतास्वपि—'न कर्तृत्व न कर्माणि लोकस्य सृजति प्रभुः । न कर्मफलसंयोगं स्वभावस्तु प्रवर्तते ॥ नादत्ते कस्यचित्पापं न चैव सुकृतं विभुः । अज्ञानेनावृतं ज्ञानं तेन मुह्यन्ति जन्तवः' ॥ (गी० ५-१४-१५) इति परमार्थावस्थायामीशित्रीशितव्यादिव्यव-

---

भूतानां जीवानां नियम्यत्वमित्याह—स च स्वात्मभूतानिति । न चात्र नानाजीवा भाष्योक्ता इति भ्रमितव्यं, बुद्ध्यादिसंघातभेदेन भेदोक्तेः । अविद्याप्रतिबिम्बस्त्वेक एव जीव इत्युक्तम् । परमार्थत ईश्वरत्वादिद्वैताभावे श्रुतिमाह—तथा चेति । कथं तर्हि कर्तृत्वादिकमित्यत आह—स्वभावस्त्विति । अनाद्यविद्यैव कर्तृत्वादिरूपेण प्रवर्तत इत्यर्थः । भक्ताभक्तयोः पापसुकृतनाशकत्वादीश्वरस्य वास्तवमीश्वरत्वमित्यत आह—नादत्त इति । न संहरतीत्यर्थः । तेन स्वरूपज्ञानावरणेन कर्ताहमीश्वरो मे

'मैं नाम-रूप को बनाऊँगा' 'धीरपुरुष नाम-रूप का विचारकर उन्हें नाम समझकर जब बैठ जाता है' 'जो परमेश्वर एक ही बीज को अनेक कर डालता है' इत्यादि श्रुतियों से भी उक्त अर्थ सिद्ध होता है। जैसे घटादि उपाधि के अनुरोध से शुद्ध आकाश ही घटाकाश नाम से व्यवहृत होता है, वैसे ही अविद्यादि उपाधि के कारण एक ही परमात्मा अनेक बन जाता है । वह परमात्मा घटाकाशस्थानीय अविद्याप्रत्युपस्थापित नाम रूप के कारण कार्यकरणसंघात के अनुरोधी स्वात्मभूत विज्ञानात्मा जीव को ही व्यवहारदशा में प्रेरणा देता है। इस प्रकार अविद्यात्मक उपाधिपरिच्छेद की अपेक्षा से ही ईश्वर में ईश्वरत्व, सर्वज्ञत्व और सर्वशक्तित्व सिद्ध होता है। परमार्थदृष्टि से विद्या द्वारा जब सभी उपाधियों का निषेध हो जाता है, तब सम्पूर्ण उपाधि से विनिर्मुक्त आत्मा में ईशितृ-ईशितव्यभाव एवं सवज्ञत्वादि व्यवहार सिद्ध नहीं होता । ऐसा ही 'जहाँ दूसरे को देखता नहीं, दूसरे को सुनता नहीं, दूसरे को जानता नहीं वह भूमा है' 'जहां पर इस ज्ञानी को सब कुछ आत्मा ही भासता है वहाँ कौन किसको किससे देखे' इत्यादि श्रुतिवाक्यों से कहा गया है । इस प्रकार परमार्थ अवस्था में सभी वेदान्त ने सर्वव्यवहार का अभाव कहा है। ऐसा ही भगवद्गीता में भी 'परमेश्वर लोक के न कर्तृत्व की ओर न कर्मों की ही सृष्टि करता है एवं कर्मफलसंयोग को भी नहीं रचता, यह काम तो स्वभाव करता रहता है। व्यापक परमात्मा किसी के पुण्य और पाप को ग्रहण नहीं करता। अज्ञान से ज्ञान आवृत है इसीलिए सभी जीव उससे मोहित हो रहे हैं' इन वाक्यों से कहा गया है। अर्थात् परमार्थ-

(१४९) भावे चोपलब्धेः ॥१५॥

हाराभावः प्रदर्श्यते । व्यवहारावस्थायां तूक्तः श्रुतावपीश्वरादिव्यवहारः 'एष सर्वेश्वर एष भूताधिपतिरेष भूतपाल एष सेतुर्विधरण एषां लोकानामसंभेदाय' (बृ० ४-४-२२) इति । तथाचेश्वरगीतास्वपि—'ईश्वरः सर्वभूतानां हृद्देशेऽर्जुन तिष्ठति । भ्रामयन्सर्वभूतानि यन्त्रारूढानि मायया ॥' (गी० १८-६१) इति । सूत्रकारोऽपि परमार्थाभिप्रायेण तदनन्यत्वमित्याह । व्यवहाराभिप्रायेण तु स्याल्लोकवदिति महासमुद्रस्थानीयतां ब्रह्मणः कथयति । अप्रत्याख्यायैव कार्यप्रपञ्चं परिणामप्रक्रियां चाश्रयति सगुणेषूपासनेषूपयोक्ष्यत इति ॥१४॥

इतश्च कारणादनन्यत्वं कार्यस्य, यत्कारणं भाव एव कारणस्य कार्यमुपलभ्यते नाभावे । तद्यथा सत्यां मृदि घट उपलभ्यते, सत्सु च तन्तुषु पटः । नच नियमेनान्यभावे-

---

नियन्तेत्येवं प्रमाणित । उक्तार्थः सूत्रकारसम्मत इत्याह—सूत्रकारोऽपीति । न केवलं लौकिकव्यवहारार्थं परिणामप्रक्रियाश्रयणं किन्तूपासनार्थं चेत्याह—परिणामप्रक्रियां चेति । तदुक्तम्—'कृपणधीः परिणाममुदीक्षते क्षयितकल्मषधीस्तु विवर्ततान्' इति ॥१४॥

एवं तदनन्यत्वे प्रत्यक्षादिविरोधं परिहृत्यानुमानमाह—भावे चेति । कारणस्य भावे सत्त्वे उपलब्धौ च कार्यस्य सत्त्वादुपलब्धेश्चानन्यत्वमिति सूत्रार्थः । घटो मृदनन्यः, मृत्सत्त्वोपलब्धिक्षणनियतसत्त्वोपलब्धिमत्त्वात्, मृद्वत्अन्यत्वेऽप्ययं हेतुः किं न स्यादित्यप्रयोजकत्वमाशङ्क्य निरस्यति—नचेति । मृद्घटयो-

---

दशा में ईशिता एवं ईशितव्यादि व्यवहार का अभाव दिखलाया गया है केवल व्यवहारदशा में ही श्रुति ने भी ईश्वरादि व्यवहार कहा है, यह प्राज्ञ आत्मा सर्वेश्वर है, यह भूतों का अधिपति है, यह भूतों का पालक है ये सभी लोक आपस में मिल-जुल न जाँय इसके लिए परमेश्वर मेड़ का काम करता है अर्थात् नियामक है । भगवद्गीता में भी कहा है कि 'हे अर्जुन ! सम्पूर्ण भूतों के हृदयदेश में ईश्वर बैठा है और उन शरीरों में आत्माभिनिवेश करने वाले सम्पूर्ण भूतों को माया से नचाता रहता है ।' सूत्रकार भगवान् बादरायण ने भी परमार्थनिरूपणाभिप्राय से जगत् को ब्रह्म से अभिन्न कहा और व्यवहाराभिप्राय से 'स्याल्लोकवत्' कहा है, इसमें कार्यप्रपञ्च का प्रत्याख्यान न करके ही परिणाम प्रक्रिया का आश्रय लेते हैं जिसका उपयोग सगुण उपासनाओं में होता है ॥१४॥

भावे चोपलब्धेः (ललिता)

अग्रिम सूत्र का उपयोग अनुमान तथा प्रत्यक्षप्रमाण के रूप में किया गया है । इससे पूर्व कारण से कार्य का अनन्यत्व बतलाने पर प्रत्यक्षादि प्रमाणों से जो विरोध आ रहा था उसका परिहार किया गया, अब कार्य-कारण के अनन्यत्व में अनुमान प्रमाण दे रहे हैं ।

सूत्र का अर्थ यह है कि कारण के रहने और उसकी उपलब्धि होने पर कार्य की सत्ता देखी जाती है और कार्य की उपलब्धि भी होती है, इसलिए कार्य कारण से अभिन्न है । अनुमान का आकार यह है कि घट मृत्तिका से अभिन्न है क्योंकि मृत्तिका की सत्ताउपलब्धि क्षण में ही घट की नियतसत्ता एवं उपलब्धि होती है जैसे मृत्तिका अर्थात् मृत्तिका जैसे मृत्तिका से अभिन्न है उसमें उक्त

---

१. उपयुज्यत इति पाठान्तरम् । २. भिन्नस्य सत्वे ।

ऽन्यस्योपलब्धिर्दृष्टा । नह्यश्वो गोरन्यः सन् गोर्भाव एवोपलभ्यते । 'नच कुलालभाव एव घट उपलभ्यते । सत्यपि निमित्तनैमित्तिकभावेऽन्यत्वात् ।

नन्वन्यस्य भावेऽप्यन्यस्योपलब्धिर्नियता दृश्यते, यथाग्निभावे एव धूमस्येति। नेत्युच्यते । उद्वापितेऽप्यग्नौ गोपालघुटिकादिधारितस्य धूमस्य दृश्यमानत्वात् । अथ धूमं कयाचिद-

---

रन्यत्वे गवाश्वयोरिव हेतूच्छित्तिः स्यादित्यर्थः । गवाश्वयोर्निमित्तनैमित्तिकत्वाभावाद्धेत्वभावः । अतो मृद्घटयोस्तेन 'हेतुना निमित्तादिभावः सिध्यति नानन्यत्वमित्यर्थान्तरतामाशङ्क्याह—नच कुलालेति । न चोपादानोपादेयभावेनार्थान्तरता. मृद्दृष्टान्ते 'तद्भावाभावेऽपि हेतुसत्त्वादन्यत्वे गवाश्ववत्तद्भावायोगाच्चेति भावः । कुलालघटयोर्निमित्तादिभावे सत्यप्यन्यत्वात् कुलालसत्त्वनियतोपलब्धिघटस्य नैवेत्यक्षरार्थः ।

यथाश्रुतसूत्रस्थहेतोर्व्यभिचारं शङ्कते—नन्विति । अग्निभाव एव धूमोपलब्धिरिति नियमात्मको हेतुस्तत्र नास्तीत्याह—नेति । अविच्छिन्नमूलदीर्घरेखावस्थधूमे नियमोऽस्तीति व्यभिचार इत्याशङ्कते—अथेति । तद्भावनियतभावत्वे सति 'तद्बुद्ध्य'नुरक्तबुद्धि'विषयत्वस्य हेतोर्विवक्षितत्वान्न व्यभिचार

हेतु और साध्य का साहचर्य दिखायो पड़ता है ऐसे ही घटपक्ष में उक्त हेतु को देखने के बाद उसका अभेद मृत्तिका से सिद्ध हो जाता है। भाष्यकार कहते हैं कि कारण से कार्य इसलिए भी अभिन्न है क्योंकि कारण के रहने पर कार्य उपलब्ध होता है और कारण के न रहने पर कार्य उपलब्ध नहीं होता। जैसे मिट्टी के रहते-रहते ही घट दीखता है, और तन्तु के रहते-रहते ही पट दीखता है ऐसे ही ब्रह्म की सत्ता से जगत् भासता है। यदि नियम से कारण-कार्य का भेद होता तो उक्त प्रकार से उपलब्धि नहीं दीख पड़ती। जिस प्रकार गौ से अश्व भिन्न है, तो गौ के रहते-रहते ही अश्व दीखता है ऐसी बात नहीं है, अपितु गौ के अभाव में भी अश्व दिखाई पड़ता है, क्योंकि वे दोनों भिन्न वस्तु हैं। जगत् का उपादानकारण ब्रह्म वैसे ही है जैसे घट का उपादानकारण मृत्तिका है। पर घट का निमित्तकारण कुम्भकार है और वह घट से भिन्न है। अतएव कुम्भकार के रहने पर ही घट की सत्ता रहेगी और वह घट दीखेगा भी क्योंकि घट और कुम्भकार में निमित्त-नैमित्तिकभाव है, उपादान-उपादेयभाव नहीं है।

प्रश्न—अन्य वस्तु के रहने पर भी नियम से तद्भिन्नवस्तु की उपलब्धि देखी जाती है जैसे अग्नि और धूम भिन्न है फिर भी अग्नि के रहने पर ही धूम दीखता है, अग्नि के न रहने पर धूम नहीं दीखता। अतः जैसे अग्नि को धूम से अभिन्न नहीं मानते हैं ऐसे हो जगत् भी ब्रह्म से अभिन्न नहीं माना जायेगा? उत्तर—उक्त दृष्टान्त ठीक नहीं है क्योंकि अग्नि के बुझ जाने पर भी गोपालक की झोपड़ी में रहा हुआ धूम देर तक दीखता रहता है।

प्रश्न—किसी अवस्थाविशेष से विशिष्ट धूम को हम अग्नि के अभाव में नहीं देख सकते हैं अर्थात् अविच्छिन्नमूल दीर्घरेखा वाला धूम अग्नि के अभाव में नहीं दीखता है, वह तो अग्नि के रहते-

---

१. भिन्नः । २. सत्वे । ३. न च कुलालेत्यादिभाष्य ग्रन्थस्य तात्पर्यमाह न चेत्यादिना। उपादानोपादेयभावेनेति तत्सत्वोपलब्धिक्षण नियत सत्वोपलब्धिमत्वेतेत्यर्थः । ४. मृत्सत्वोपलब्धीत्युक्त हेतुना । ५. अर्थान्तरतेति निमित्तादिभावेनेत्यर्थः । तथा च मृद्घटौ निमित्तनैमित्तिकौ मृत्सत्वोपलब्धिक्षण नियतसत्वोपलब्धिमत्वाद्भूद्रदिति पूर्वपक्षः । हेतोः साध्यवदन्यवृत्तित्वेनानैकान्तिकतामाह । मृद्दृष्टान्त इतितद्भावाभावेपीति निमित्तनैमित्तिकभावाभावेपीत्यर्थः । तयोर्निमित्तादिभावेबाधकमप्याहान्यत्व इत्यादिना । ६. निमित्तादिभावेत्यर्थः । ७. मृत् । ८. सहकृतबुद्धि । ९. ग्राह्यत्वस्य ।

वस्थया विशिष्यादीदृशो धूमो नासत्याग्नौ भवतीति । नैवमपि कश्चिद्दोषः । तद्भावानुरक्तां हि बुद्धिं कार्यकारणयोरनन्यत्वे हेतुं वयं वदामः, न चासावग्निधूमयोर्विद्यते । भावाच्चोपलब्धेरिति वा सूत्रम् ।

न केवलं शब्दादेव कार्यकारणयोरनन्यत्वं । प्रत्यक्षोपलब्धिभावाच्च तयोरनन्यत्वमित्यर्थः । भवति हि प्रत्यक्षोपलब्धिः कार्यकारणयोरनन्यत्वे । तद्यथा—तन्तुसंस्थाने पटे तन्तुव्यतिरेकेण पटो नाम कार्यं नैवोपलभ्यते केवलास्तु तन्तव आतानवितानवन्तः प्रत्यक्षमुपलभ्यन्ते, तथा तन्तुष्वंशवोऽंशुषु तदवयवाः अनया प्रत्यक्षोपलब्ध्याः लोहितशुक्लकृष्णानि त्रीणि रूपाणि ततो वायुमात्रमाकाशमात्रं चेत्यनुमेयम् । (छा० ६-४) ततः परं ब्रह्मैकमेवाद्वितीयं तत्र सर्वप्रमाणानां निष्ठामवोचाम ।।१५।।

इत्याह—नैवमिति । आलोकबुद्ध्यनुरक्तबुद्धिग्राह्ये रूपे व्यभिचारनिरासाय सत्यन्तम् । आलोकाभावेऽपि घटादिरूपसत्त्वान्न व्यभिचारः । उक्तधूमविशेषस्याग्निबुद्धिं विनाप्युपलम्भान्न तत्र व्यभिचार इत्यर्थः । तथा च तयोः कार्यकारण, योर्भावेन सत्तयानुरक्तां सहकृतामिति भाष्यार्थः । यद्वा । तद्भावः सामानाधिकरण्यं तद्विषयकबुद्धिग्राह्यत्वं हेतुं वदामः । मृद्घट इति सामानाधिकरण्यबुद्धिदर्शनादग्निर्धूम इत्यदर्शनादित्यर्थः । अनुमानार्थत्वेन सूत्रं व्याख्याय पाठान्तरेण प्रत्यक्षपरतया व्याचष्टे—भावाच्चेति ।

पूर्वसूत्रोक्तारम्भणशब्दसमुच्चयार्थश्चकारः । न चैकः पट इति प्रत्यक्षं पटस्य तन्तुभ्यः पृथक्सत्त्वे प्रमाणं, अपृथक्सत्ताकमिथ्याकार्यविषयत्वेनाप्युपपत्तेः । अत आतानवितानसंयोगवन्तस्तन्तव एव पट इति प्रत्यक्षोपलब्धेः सत्त्वादनन्यत्वमित्यर्थः । पटन्यायं तन्त्वादावतिदिशति—तथेत्यादिना । प्रत्यक्षोपलब्ध्या ततत्कार्यं कारणमात्रं परिशिष्यत इत्यर्थः । यत्र प्रत्यक्षं नास्ति तत्र कार्यं विमतकारणादभिन्नं कार्यत्वात्, पटवदित्यनुमेयमित्याह—अनयेति । कारणपरिशेषे प्रधानादिकं परिशिष्यतां, न ब्रह्मेत्यत आह—तत्र सर्वेति । ब्रह्मणि वेदान्तानां सर्वेषां तात्पर्यस्योक्तत्वात्तदेवाद्वितीयं परिशिष्यते न कारणान्तरमप्रामाणिकत्वादिति भावः ।।१५।।

रहते ही दीखता है ? उत्तर—यह भी कोई दोष नहीं है । तदभावानुरक्तबुद्धि को ही कार्य-कारण के अनन्यत्व में हम हेतु कहते हैं अर्थात् उन दोनों का अस्तित्व भी नियत हो और वैसी ही बुद्धि भी हो रही हो तब उन दोनों का अभेद हम मानते हैं। तात्पर्य यह है कि मृत्तिका और घट दोनों वस्तु एक है और मृद्घटः ऐसी बुद्धि भी होती है किन्तु अग्नि और धूम में नियतसत्ता रहने पर भी तदनुरक्त बुद्धि नहीं है, इसलिए इन दोनों का अभिन्नत्व नहीं मान सकते ।

अनुमानरूप में इस सूत्र की व्याख्या के बाद प्रत्यक्षरूप से इसकी व्याख्या करते हैं । इसमें **'भावाच्चोपलब्धेः'** ऐसा पाठ माना गया है इस सूत्र में चकार पूर्वसूत्रोक्त 'आरम्भण' शब्द के समुच्चय के लिए है । केवल शब्द से ही कार्य-कारण का अभिन्नत्व सिद्ध नहीं होता, किन्तु प्रत्यक्ष उपलब्धि से भी कार्य-कारण का अभिन्नत्व माना गया है । कार्य-कारण के अभिन्नत्व में प्रत्यक्षप्रमाण भी है, क्योंकि तन्तु का संस्थानविशेष ही तो पट है जो तन्तु से पृथक् उपलब्ध नहीं होता । तन्तुओं का आतान-वितान प्रत्यक्ष से पट में दिखाई पड़ते हैं जिसे लोक में पट कहा जाता है । जैसे पट अपने कारण तन्तु से अभिन्न है ऐसे ही तन्तु के अवयव अंशु से तन्तु अभिन्न है । इस प्रकार इस प्रत्यक्ष उपलब्धि के द्वारा पृथ्वी, जल एवं तेज को लोहित, शुक्ल और कृष्णरूप ही मानते हैं । ऐसे ही वायु स्पर्शतन्मात्रारूप है और आकाश अपने कारण शब्दतन्मात्रारूप है ऐसा भी अनुमान कर लेना चाहिए । इससे एक ही अद्वय परब्रह्म सिद्ध होता है और उसी में सभी प्रमाणों का पर्यवशान हमने कहा है ।।१५।।

(१५०) सत्त्वाच्चावरस्य ॥१६॥

इतश्च कारणात्कार्यस्यानन्यत्वं, यत्कारणं प्रागुत्पत्तेः कारणात्मनैव कारणे सत्त्वमवरकालीनस्य कार्यस्य श्रूयते। 'सदेव सोम्येदमग्र आसीत्' (छा० ६-२-१), 'आत्मा वा इदमेक एवाग्र आसीत्' (ऐ० आ० २-४-१-१) इत्यादाविदंशब्दगृहीतस्य कार्यस्य कारणेन सामानाधिकरण्यात्। यच्च यदात्मना यत्र न वर्तते न तत्तत उत्पद्यते, यथा सिकताभ्यस्तैलम्। तस्मात्प्रागुत्पत्तेरनन्यत्वादुत्पन्नमप्यनन्यदेव कारणात्कार्यमित्यवगम्यते। यथा च कारणं ब्रह्म त्रिषु कालेषु सत्त्वं न व्यभिचरत्येवं कार्यमपि जगत्त्रिषु कालेषु सत्त्वं न व्यभिचरति। एकं च पुनः सत्त्वमतोऽप्यनन्यत्वं कारणात्कार्यस्य ॥१६॥

इद जगत् सदात्मैवेति सामानाधिकरण्यश्रुत्या सृष्टेः प्राक्कार्यस्य कारणात्मना सत्त्वं श्रुतं, तदन्यथानुपपत्त्योत्पन्नस्यापि जगतः कारणादनन्यत्वमित्याह सूत्रकारः—सत्त्वाच्चेति। श्रुत्यर्थे युक्तिमप्याह—यच्च यदात्मनेति। घटादिकं प्राग् मृदाद्यात्मना वर्तते तत उत्पद्यमानत्वात् सामान्यतो व्यतिरेकेण सिकताभ्यस्तैलवदित्यर्थः। कारणवत्कार्यस्यापि सत्त्वात् सत्त्वभेदे मानाभवात् कार्यस्य कारणादभिन्नसत्ताकत्वमिति सूत्रस्यार्थान्तरमाह—यथा चेति। इदानीं सतः कार्यस्य प्रागुत्तरकालयोरसत्त्वायोगात् सत्त्वाव्यभिचारः। तच्च सत्त्वं सर्वानुस्यूतचिन्मात्रमेकम्। तदभेदेन सती मृत् सन् घट इति भासमानयोः कार्यकारणयोरनन्यत्वमित्यर्थः।

न चैवं घटपटयोरप्येकसत्त्वाभेदादनन्यत्वं स्यादिति वाच्यं, वस्तुत एकसत्त्वात्मनानन्यत्वस्येष्टत्वात्। तर्हि मृद्घटयोः को विशेषः। तादात्म्यमिति ब्रूमः। वस्तुतः सर्वत्र सत्तैक्येऽपि घटपटयोर्भेदेन सत्ताया भिन्नत्वान्न तादात्म्यं कार्यकारणयोर्भेदस्य सत्ताभेदकत्वाभावादभिन्नसत्ताकत्वं तादात्म्यमिति विशेषः ॥१६॥

सत्त्वाच्चावरस्य। (ललिता)

कारण से कार्य अभिन्न इसलिए भी है क्योंकि उत्पत्ति से पूर्व अवरकालीन कार्य का कारण में कारणरूप से सत्व सुना जाता है। 'हे सोम्य! यह आज दीखने वाला जगत् उत्पत्ति से पूर्व सत् ही था' 'यह सामने दीखने वाला जगत् उत्पत्ति से पूर्व एक आत्मा ही था' इन श्रुतियों में '**इदम्**' शब्द से कार्य का ग्रहण होता है, जिसका कारण के साथ सामानाधिकरण्य सुना जाता है। जो वस्तु जिस रूप में जहाँ रहती है, वह वस्तु वहाँ से उसी रूप में उत्पन्न होती है और जो वस्तु जिसमें जिस रूप से नहीं रहती है वह वहाँ से उस रूप में उत्पन्न भी नहीं होती है, जैसे रेत में तैल नहीं है तो रेत से तैल कभी भी उत्पन्न नहीं होता। इससे उत्पत्ति से पूर्व जब कार्य का कारण के साथ अनन्यत्व सुना गया है तो उत्पन्न हुआ कार्य भी कारण से अभिन्न हो जाना जाता है। जिस प्रकार ब्रह्म तीनों काल में अपना सत्व नहीं छोड़ता वैसे ही कार्य भी तीनों काल में अपना सत्व नहीं छोड़ता और सत्व तो एक ही है। इसलिए भी कार्य को कारण से अभिन्न मानना चाहिए ॥१६॥

(१५१) असद्व्यपदेशान्नेति चेन्न धर्मान्तरेण वाक्यशेषात् ॥१७॥

ननु क्वचिदसत्त्वमपि प्रागुत्पत्तेः । कार्यस्य व्यपदिशति श्रुतिः—'असदेवेदमग्र आसीत्' (छा० ३-१९-१) इति, 'असद्वा इदमग्र आसीत्' (तै० २-७-१) इति च । तस्मादसद्व्यपदेशान्न प्रागुत्पत्तेः कार्यस्य सत्त्वमिति चेत् । नेति ब्रूमः । नह्ययमत्यन्तासत्त्वाभिप्रायेण प्रागुत्पत्तेः कार्यस्यासद्व्यपदेशः, किं तर्हि ? व्याकृतनामरूपत्वाद्धर्मादव्याकृतनामरूपत्वं धर्मान्तरं तेन धर्मान्तरेणायमसद्व्यपदेशः प्रागुत्पत्तेः सत एव कार्यस्य कारणरूपेणानन्यस्य । कथमेतदवगम्यते ? वाक्यशेषात् । यदुपक्रमे संदिग्धार्थं वाक्यं तच्छेषान्निश्चीयते । इह च तावत् 'असदेवेदमग्र आसीत्' इत्यसच्छब्देनोपक्रमे निर्दिष्टं यत्तदेव पुनस्तच्छब्देन परामृश्य सदिति विशिनष्टि 'तत्सदासीत्' इति । असतश्च पूर्वापरकालासम्बन्धादासीच्छब्दानुपपत्तेश्च । 'असद्वा इदमग्र आसीत्' इत्यत्रापि 'तदात्मानं स्वयमकुरुत' इति वाक्यशेषे विशेषणान्नात्यन्तासत्त्वम् । तस्माद्धर्मान्तरेणैवायमसद्व्यपदेशः प्रागुत्पत्तेः कार्यस्य ।

उक्तं कार्यस्य प्राक् कारणात्मना सत्त्वमसिद्धमित्याशङ्क्य समाधत्ते—असदिति । 'अक्ताः शर्करा उपदध्यात्' इत्युपक्रमे केनाक्ता इति संदेहे 'तेजो वै घृतम्' इति वाक्यशेषाद्घृतेनेति यथा निश्चयः, एवमत्रापि 'तत्सत्' इति वाक्यशेषात्सन्निश्चय इत्यर्थः । आसीदित्यतीतकालसम्बन्धोक्तेश्चासदव्याकृतमेव न शून्यमित्याह—असतश्च पूर्वापरेति । उक्तन्यायं वाक्यान्तरेऽतिदिशति—असद्वेति । क्रियमाणत्व-

---

असद्व्यपदेशान्नेति चेन्न धर्मान्तरेण वाक्यशेषात् (ललिता)

प्रश्न–कहीं-कहीं पर श्रुति उत्पत्ति से पूर्व कार्य को असत् भी कहती है 'यह जगत् उत्पत्ति से पूर्व असत् हो था' 'निःसन्देह वतमान समय में दीखने वाला जगत् उत्पत्ति से पूर्व असत् था' इन श्रुतियों में जब उत्पत्ति से पूर्व कार्य को असत् कहा गया, तो फिर उसे सत्य कैसे माना जायेगा ? उत्तर—ऐसा कहना ठीक नहीं है । हम आपको समझाते हैं, श्रुति ने उत्पत्ति से पूर्व कार्य को अत्यन्त असत्व के अभिप्राय से असत् नहीं कहा है । हाँ, उत्पत्ति से पूर्व जगत् का नाम-रूप नहीं था, उस समय यह अव्याकृत नाम-रूपवाला धर्मान्तर से युक्त था । जगत् में दो धर्म हैं एक व्याकृत नाम-रूप और दूसरा अव्याकृत नाम-रूप, इनमें से सृष्टि के बाद जगत् के नाम-रूप व्याकृत रहते हैं । और सृष्टि पूर्व इस जगत् के नाम-रूप अव्याकृत रहते हैं । लोक में व्याकृत नाम-रूप को सत् और अव्याकृत नाम-रूप को असत् कहा जाता है । इसी धर्मान्तर अव्याकृत नाम-रूप के कारण उत्पत्ति से पूर्व जगत् को श्रुति ने असत् कहा है ।

प्रश्न—यह आप को कैसे ज्ञात हुआ ? उत्तर—वाक्यशेष से ऐसा प्रतीत होता है । प्रारम्भ में जो अर्थवादवाक्य संदिग्धार्थक है उसके अर्थ का निश्चय वाक्यशेष से होता है । तदनुसार यहाँ पर **'असदेव इदमग्रआसीत'** इस श्रुति में असत् शब्द से निर्देश जिस जगत् का हुआ था उसी को पुनः सत् शब्द से स्मरण कर 'तत्सदासीत' ऐसा सत् विशेषण दिया गया है । असत् वस्तु का पूर्वकाल और अपरकाल के साथ सम्बन्ध नहीं होता है । यदि असत् शब्द का अर्थ आपके कथनानुसार अत्यन्त असत् अर्थात् तुच्छ माना जाय तो **'आसीत्'** यह शब्द असङ्गत होने लग जायेगा । निःसन्देह, आज दीखने वाला जगत् सृष्टि से पूर्व असत् था' इस प्रसङ्ग में भी वाक्यशेष में कहा गया है, कि उसने

(१५२) युक्तेः शब्दान्तराच्च ॥१८॥

नामरूपव्याकृतं हि वस्तु सच्छब्दार्हं लोके प्रसिद्धम् । अतः प्राङ्नामरूपव्याकरणादसदिवासीदित्युपचर्यते ॥१७॥

युक्तेश्च प्रागुत्पत्तेः कार्यस्य सत्त्वमनन्यत्वं च कारणादवगम्यते, शब्दान्तराच्च । युक्तिस्तावद्वर्ण्यते—दधिघटरुचकाद्यर्थिभिः प्रतिनियतानि कारणानि क्षीरमृत्तिकासुवर्णादीन्युपादीयमानानि लोके दृश्यन्ते । नहि दध्यर्थिभिर्मृत्तिकोपादीयते न घटार्थिभिः क्षीरं तदसत्कार्यवादे नोपपद्येत । अविशिष्टे हि प्रागुत्पत्तेः सर्वस्य सर्वत्रासत्त्वे कस्मात्क्षीरादेव दध्युत्पद्यते न मृत्तिकायाः, मृत्तिकाया एव च घट उत्पद्यते न क्षीरात् । अथाविशिष्टेऽपि प्रागसत्त्वे क्षीर एव दध्नः कश्चिदतिशयो न मृत्तिकायां, मृत्तिकायामेव च घटस्य

विशेषणं शून्यस्यासंभवीति भावः ॥१७॥

सत्त्वानन्यत्वयोर्हेत्वन्तरमाह सूत्रकारः—युक्तेरिति । दध्याद्यर्थिनां क्षीरादौ प्रवृत्त्यन्यथानुपपत्तिर्युक्तिस्तया कार्यस्य प्राक्कारणानन्यत्वेन सत्त्वं सिध्यतीत्यर्थः । असतोऽपि कार्यस्य तस्मादुत्पत्तेः कारणत्वधिया तत्र प्रवृत्तिरित्यन्यथोपपत्तिमाशङ्क्याह—अविशिष्टे हीति । असत उत्पत्त्यभावादुत्पत्तौ वा सर्वस्मात्सर्वोत्पत्तिप्रसङ्गात्तत्तदुपादानविशेषे प्रवृत्तिर्न स्यादित्यर्थः । तदुक्तं सांख्यवृद्धैः—

'असदकरणादुपादानग्रहणात्सर्वसंभवाभावात् ।
शक्तस्य शक्यकरणात्कारणभावाच्च सत्कार्यम्' इति ।

शक्तस्य कारणस्य शक्यकार्यकारित्वाच्छक्तिविषयस्य कार्यस्य सत्त्वमसतोऽशक्यत्वात् । किंच सत्कारणाभेदात्कार्यं सदित्युत्तरार्धार्थः । कार्यस्यासत्त्वेऽपि कुतश्चिदतिशयात्प्रवृत्तिनियमोपपत्तिरिति शङ्कते—अथेति । अतिशयः कार्यधर्मः कारणधर्मो वा । आद्ये धर्मित्वात्प्रागवस्थारूपस्य

स्वयं ही अपने को बनाया ऐसा विशेषण के कारण असत् शब्द का अर्थ अत्यन्त असत् नहीं कह सकते । अतः धर्मान्तर से ही उत्पत्ति से पूर्व कार्य को असत् कहा है, क्योंकि नाम-रूपव्याकृतवस्तु लोक में सत् शब्द से कहे जाते हैं । इसलिए नाम-रूप बनने से पूर्व यह जगत् असत् की भाँति था, ऐसा औपचारिक प्रयोग होता है ॥१७॥

युक्तेः शब्दान्तराच्च (ललिता)

युक्ति के आधार पर भी उत्पत्ति से पूर्व कार्य की सत्ता और कारण के साथ इसकी अभिन्नता जान पड़ती है । ऐसे ही शब्दान्तर से भी प्रतीत होता है, इनमें से पहले युक्ति दी जा रही है । दधि, घट एवं रूचकादि आभूषण चाहने वाले लोग नियम से उनके कारण दूध, मिट्टी और स्वर्ण को ग्रहण करते लोक में देखे जाते हैं । दध्यर्थी मृत्तिका का उपादान नहीं करता और न घटार्थी दुग्ध का उपादान करते हैं । यह नियमतः प्रवृत्ति असत्कार्यवाद पक्ष में सम्भव नहीं होगी, क्योंकि उत्पत्ति से पूर्व सभी वस्तुओं का असत्त्व तो सर्वत्र समान ही है । फिर दूध से दधि क्यों बनता है, मृत्तिका से क्यों नहीं बनता और मृत्तिका से ही घट बनता है, दूध से नहीं । यह नियम असत्कार्यवादपक्ष में सुसंगत नहीं होता । पूर्वपक्ष—यह ठीक है कि उत्पत्ति से पूर्व कार्य सर्वत्र असत् है किन्तु दधि का कुछ अतिशय (वैशिष्ट्य) दूध में ही है, मृत्तिका में नहीं, और घट का कुछ अतिशय मिट्टी में ही है,

कश्चिदतिशयो न क्षीर इत्युच्येत, तर्ह्यतिशयवत्त्वात्प्रागवस्थाया असत्कार्यवादहानिः सत्कार्यवादसिद्धिश्च। शक्तिश्च कारणस्य कार्यनियमार्था कल्प्यमाना नान्याऽसती वा कार्यं नियच्छेत्। असत्त्वाविशेषादन्यत्वाविशेषाच्च। तस्मात्कारणस्यात्मभूता शक्तिः शक्तेश्चात्मभूतं कार्यम्। अपिच कार्यकारणयोर्द्रव्यगुणादीनां चाश्वमहिषवद्भेदबुद्ध्यभावात्तादात्म्यमभ्युपगन्तव्यम्। समवायकल्पनायामपि समवायस्य समवायिभिः सम्बन्धेऽभ्युपगम्यमाने तस्य तस्यान्योन्यः सम्बन्धः कल्पयितव्य इत्यनवस्थाप्रसङ्गः। अनभ्युपगम्यमाने च विच्छेदप्रसङ्गः। अथ समवायः स्वयं सम्बन्धरूपत्वादनपेक्ष्यैवापरं सम्बन्धं सम्बध्यते,

---

कार्यस्य सत्त्वं दुर्वारमित्याह—तर्ह्यतिशयवत्त्वादिति। द्वितीयेऽपि कार्यसत्त्वमायातीत्याह—शक्तिश्चेति। कार्यकारणाभ्यामन्या कार्यवदसती वा शक्तिर्न कार्यनियामिका, यस्य कस्यचिदन्यस्य नरशृङ्गस्य वा नियामकत्वप्रसङ्गादन्यत्वासत्त्वयोः शक्तावन्यत्र चाविशेषात्। तस्मात् कारणात्मना लीनं कार्यमेवाभिव्यक्तिनियामकतया शक्तिरित्येष्टव्यं, ततः सत्कार्यसिद्धिरित्यर्थः। किंच कार्यकारणयोरन्यत्वे मृद्घटौ भिन्नौ सन्ताविति भेदबुद्धिः स्यादित्याह—अपिचेति। तयोरन्यत्वेऽपि समवायवशा[1]त्तथा बुद्धिर्नोदेतीत्याशङ्क्य समवायं दूषयति—समवायेति। समवायः समवायिभिः संबद्धो न वा? आद्ये स संबन्धः किं समवायः उत स्वरूपम्। आद्ये समवायानवस्था। द्वितीये मृद्घटयोरपि स्वरूपसंबन्धादेवोपपत्तेः समवायासिद्धिः। असंबद्ध इति पक्षे दोषमाह—अनभ्युपगम्यमान इति। द्रव्यगुणादीनां विशिष्टधीविरहप्रसङ्गः। असंबद्धस्य विशिष्टधीनियामकत्वायोगादित्यर्थः। विशिष्टधीनियामको हि संबन्धः, न तस्य नियामकान्तरापेक्षा, अनवस्थानात्, अतः स्वपरनिर्वाहकः समवाय इति शङ्कते—अथेति। संबध्यते स्वस्य स्वसंबन्धिनश्च विशिष्ट-

---

दूध में नहीं, ऐसा हम कहेंगे। सिद्धान्त— तब तो अतिशय रह जाने के कारण उत्पत्ति से पूर्व कारण में कार्य को असत् कहने वालों का पक्ष निरस्त हो जाता है और सत्कार्यवाद की सिद्धि होती है। कारण की शक्ति की कार्य के नियामकरूप में कल्पना करोगे तो कारण से भिन्न शक्ति अथवा असत्-शक्ति कार्य का नियमन नहीं कर सकेगी क्योंकि असत्व और अन्यत्व तो सर्वत्र ही एक जैसे हैं। अतः शक्ति कारण की आत्मभूता है और शक्ति का आत्मभूत कार्य है अर्थात् कार्य शक्तिरूप है और शक्ति कारणरूप है। इसके अतिरिक्त कार्य-कारण में और द्रव्य, गुणादि में अश्व-महिष की भाँति भेदबुद्धि नहीं रहती। वहाँ पर तो कार्य-कारण का तादात्म्य और द्रव्य, गुणादि का तादात्म्य मानना पड़ता है। यदि कार्य-कारण में एवं द्रव्य, गुणादि में समवाय सम्बन्ध की कल्पना करोगे तो समवाय के लिए भी समवायी के साथ सम्बन्धान्तर मानना पड़ेगा और ऐसी स्थिति में उत्तरोत्तर भिन्न-भिन्न सम्बन्ध की कल्पना करने पर अनवस्था का प्रसंग आ जायेगा अथवा समवायी के साथ समवाय का सम्बन्ध न मानने पर द्रव्य, गुणादि में विशिष्ट बुद्धि का उच्छेद होने लग जायेगा। प्रश्न—समवाय स्वयं सम्बन्धरूप होने के कारण वह दूसरे सम्बन्ध की अपेक्षा न कर अपने सम्बन्धी के साथ सम्बद्ध हो जायेगा? उत्तर—तब तो संयोग भी स्वयं सम्बन्धरूप होने के कारण

---

१. भेद।

संयोगोऽपि तर्हि स्वयं सम्बन्धरूपत्वादनपेक्ष्यैव समवायं सम्बध्येत । तादात्म्यप्रतीतेश्च द्रव्यगुणादीनां समवायकल्पनानर्थक्यम् । कथं च कार्यमवयविद्रव्यं कारणेष्ववयवद्रव्येषु वर्तमानं वर्तेत । किं समस्तेष्ववयवेषु वर्तेतोत प्रत्यवयवम् । यदि तावत्समस्तेषु वर्तेत ततोऽवयव्यनुपलब्धिः प्रसज्येत, समस्तावयवसन्निकर्षस्याशक्यत्वात् । नहि बहुत्वं समस्तेष्वाश्रयेषु वर्तमानं व्यस्ताश्रयग्रहणेन गृह्यते । अथावयवशः समस्तेषु वर्तेत तदाप्यारम्भकावयवव्यतिरेकेणावयविनोऽवयवाः कल्प्येरन् यैरारम्भकेष्ववयवेष्ववयवशोऽवयवी वर्तेत । कोशावयवव्यतिरिक्तैर्ह्यवयवैरसिः कोशं व्याप्नोति । अनवस्था चैवं प्रसज्येत । तेषु तेष्ववयवेषु

धियं करोतीत्यर्थः । प्रतिबन्द्या दूषयति—संयोगोऽपीति । यत्तु गुणत्वात्संयोगस्य समवायापेक्षा न संबन्धत्वादिति, तन्न, धर्मत्वात् समवायस्यापि संबन्धान्तरापत्तेरसंबद्धस्याश्वत्वस्य गोधर्मत्वादर्शनात् । किंच 'निष्पापत्वादयो गुणाः' इति श्रुतिस्मृत्यादिषु 'व्यवहारादिष्टधर्मो गुणः' इति [1]परिभाषया समवायस्यापि गुणत्वाच्च । 'जातिविशेषो गुणत्वम्' इति [2]परिभाषा तु समवायसिद्ध्युत्तरकालीना, नित्यानेकसमवेता जातिरिति ज्ञानस्य समवायज्ञानाधीनत्वात् अतः समवायसिद्धेः प्राक् संयोगस्य गुणत्वमसिद्धमिति दिक् । किंच प्रतीत्यनुसारेण वस्तु स्वीकार्यमन्यथा गोप्रतीतेरश्व आलम्बनमित्यस्यापि सुवचत्वात् । तथा च मृद्घट इत्यभेदप्रतीतेरभेद एव स्वीकार्यः, [3]ताभ्यामत्यन्तभिन्नस्य समवायस्य तन्नियामकत्वासंभवादित्याह—तादात्म्येति । एवं प्रतीत्यनुसारेण कार्यस्य कारणात्मना सत्त्वं, स्वरूपेण तु मिथ्यात्वमित्युक्तम् । वृत्त्यनिरूपणाच्च [4]तस्य मिथ्यात्वमित्याह—कथं चेति । तत्राद्यमनूद्यावयविनः पटादेस्तन्त्वादिष्ववयवेषु त्रित्वादिवत्स्वरूपेण वृत्तिरुत [5]अवयवश इति विकल्प्याद्यं दूषयति—यदीत्यादिना । व्यासज्यवृत्तिवस्तुप्रत्यक्षस्य [6]यावदाश्रयप्रत्यक्षजन्यत्वात् संवृतपटादेर्यावदवयवानामप्रत्यक्षत्वादप्रत्यक्षत्वं प्रसज्येतेत्यर्थः । द्वितीयं शङ्कते—अथेति । यथा हस्ते कोशे चावयवशः खड्गो वर्तमानो हस्तमात्रग्रहेऽपि गृह्यते, एवं यत्किंचिदवयवग्रहेणावयविनो ग्रहसंभवेऽप्यवयवानामनवस्था स्यादिति दूषयति—तदापीति । आद्य-

समवाय की अपेक्षा न करके ही अपने आश्रय के साथ जुड़ जायेगा । साथ ही, द्रव्य, गुणादि का तादात्म्यबोध होने के कारण समवाय की कल्पना भी अनर्थक ही है । प्रश्न—अवयवी कार्यद्रव्य अपने कारण अवयवद्रव्य में रहता है, वह किस प्रकार रहता है, क्या समस्त अवयवों में रहता है अथवा प्रत्येक अवयव में रहता है ? उत्तर—प्रथम पक्ष मानने पर अवयवी का प्रत्यक्ष नहीं हो सकेगा क्योंकि समस्त अवयवों के साथ में इन्द्रियसन्निकर्ष हो नहीं सकता । समस्त आश्रयों में रहने वाला बहुत्व व्यस्तआश्रय के ज्ञान से ज्ञात नहीं होता । अतः प्रथम पक्ष में अवयवी का प्रत्यक्ष नहीं हो सकेगा । यदि कहो कि समस्त अवयवों में अवयवशः अवयवी रह जायेगा तो इस स्थिति में आरम्भक अवयव से भिन्न अवयवी के कुछ अवयवों की कल्पना करनी पड़ेगी जिन अवयवों के कारण वे अवयवी अपने आरम्भक अवयवों में अवयवशः रह सकेंगे म्यान के अवयव से भिन्न तलवार के अवयव होते हैं, इसीलिए अपने अवयवों से युक्त तलवार कोश को व्याप्त करके रहती है, ऐसा कहने पर भी अनवस्था रहेगी क्योंकि उन उन अवयवों में अवयवी के रहने के लिए दूसरे-दूसरे अवयवों की कल्पना करनी पड़ेगी । दूसरे पक्ष में यह दोष आयेगा कि यदि अवयवी प्रत्येक अवयव में रहता है तो एक में व्यापार होने पर अन्य अवयव में किसी प्रकार व्यापार नहीं होगा, जैसे स्त्रुघ्न में रहने

१. मन्वादिदिष्ट परिभाषया । २. तार्किकादि परिभाषा । ३. मृद्घटाभ्याम् । ४. कार्यस्य ।
५. किंचिदवयवेन । ६. साकल्यस्य ।

वर्तयितुमन्येषामन्येषामवयवानां कल्पनीयत्वात् । अथ प्रत्यवयवं वर्तेत तदैकत्र व्यापारेऽन्यत्राव्यापारः स्यात् । नहि देवदत्तः स्रुघ्ने संनिधीयमानस्तदहरेव पाटलिपुत्रेऽपि संनिधीयते । युगपदनेकत्र वृत्तावनेकत्वप्रसङ्गः स्यात् । देवदत्तयज्ञदत्तयोरिव स्रुघ्नपाटलिपुत्रनिवासिनोः गोत्वादित्वत्प्रत्येकं परिसमाप्तेर्न दोष इति चेत् न, तथा प्रतीत्यभावात् ।

यदि गोत्वादिवत्प्रत्येकं परिसमाप्तोऽवयवीस्याद्यथा गोत्वं प्रतिव्यक्ति प्रत्यक्षं गृह्यत एवमवयव्यपि प्रत्यवयवं प्रत्यक्षं गृह्येत । न चैवं नियतं गृह्यते । प्रत्येकपरिसमाप्तौ चावयविनः कार्येणाधिकारात्तस्य चैकत्वाच्छृङ्गेणापि स्तनकार्यं कुर्यादुरसा च पृष्ठकार्यम् । न चैवं दृश्यते । प्रागुत्पत्तेश्च कार्यस्यासत्त्व उत्पत्तिरकर्तृका निरात्मिका च स्यात् । उत्पत्तिश्च नाम क्रिया, सा सकर्तृकैव भवितुमर्हति गत्यादिवत्, क्रिया च

द्वितीयमुद्भाव्य दूषयति—अथ प्रत्यवयवमित्यादिना । एकस्मिंस्तन्तौ, पटवृत्तिकाले तन्त्वन्तरे वृत्तिर्न स्यात्, वृत्तावनेकत्वापत्तेरित्यर्थः । यथा युगपदनेकव्यक्तिषु वृत्तावपि जातेरनेकत्वदोषो नास्ति तथावयविन इत्याशङ्क्ते—गोत्वेति । जातिवदवयविनो वृत्तिरसिद्धा अनुभवाभावादिति परिहरति—न तथेति ।

दोषान्तरमाह—प्रत्येकेति । अधिकारात्संबन्धात् । यथा देवदत्तः स्वकार्यमध्ययनं ग्रामेऽरण्ये वा करोति, तथा गोरवयवी स्वकार्यं क्षीरादिकं शृङ्गपुच्छादावपि कुर्यादित्यर्थं । एवं वृत्त्यनिरूपणादनिर्वाच्यत्वं कार्यस्य दर्शितम् । संप्रत्यसत्कार्यवादे दोषान्तरमाह—प्रागिति । यथा घटश्चलतीत्युक्ते चलनक्रियां प्रत्याश्रयत्वरूपं कर्तृत्वं घटस्य भाति तथा पटो जायत इति जनिक्रियाकर्तृत्वमनुभूयते । अतो जनिकर्तुः जनेः प्राक्सत्त्वं वाच्यम् । कर्तुरसत्त्वे क्रियाया अप्यसत्त्वापत्तेरित्यर्थः । जनेरनुभवसिद्धेऽपि सकर्तृकत्वे क्रियात्वेनानुमानमाह—उत्पत्तिश्चेति । असतो घटस्योत्पत्तौ कर्तृत्वासंभवेऽपि कुलालादेः

वाला देवदत्त उसी दिन पाटलिपुत्र में नहीं रहता है । और यदि एक साथ सर्वत्र अवयवी का रहना मानोगे, तो अवयवी में अनेकत्व प्रसंग आ जायेगा । जैसे स्रुघ्न में देवदत्त रहता है तो पाटलिपुत्र में यज्ञदत्त रहता है भिन्न व्यक्ति होने के कारण एक साथ भिन्न देश में रह जाता है, किन्तु दृष्टान्त में अवयवी भिन्न-भिन्न नहीं है, जो अवयवशः सर्वत्र रहने लग जाय ।

प्रश्न—गोत्व प्रत्येक गौ में परिसमाप्त है जब कि सभी गायों में एक ही गोत्व रहता है, ऐसा मानने में कोई दोष नहीं है, ऐसे हो अवयवी भी युगपद् अनेक अवयव में रहते हुए भी प्रति अवयव उसकी पर्याप्ति मानने में कोई दोष नहीं है ? उत्तर—जाति की भाँति अवयवी की वृत्ति अनुभवसिद्ध नहीं है क्योंकि वैसी प्रतीति नहीं होती है । गोत्व समस्त गायों में रहते हुए भी प्रत्येक में परिसमाप्त है, गोत्व की भाँति अवयवी भी प्रत्येक व्यक्ति में परिसमाप्त होता, तो एक गौ में जैसे गोत्व का प्रत्यक्ष होता है, ऐसे ही प्रत्येक अवयव में अवयवी का प्रत्यक्ष होना चाहिए था किन्तु नियम से ऐसा होता नहीं है । साथ ही अवयवी को प्रत्येक अवयव में परिसमाप्त मानोगे तो प्रत्येक अवयव से अवयवी का कार्य होना चाहिए क्योंकि अवयवी एक है जो सभी अवयवों में रहता है । इस स्थिति मे स्तन से दुग्ध निकलने की भाँति शृङ्ग से भी दुग्ध निकलना चाहिए पीठ से भार वहन करने की भाँति छाती से भी भार वहन करने का प्रसङ्ग आ जायेगा, किन्तु ऐसा देखा नहीं जाता । असत्कार्यवाद पक्ष में एक और दोष भी आता है कि उत्पत्ति से पूर्व कार्य को असत् मानने पर उत्पत्ति बिना कर्ता के निरात्मक होने लग जायेगी । उत्पत्ति एक क्रिया है, जो उत्पत्ति क्रिया सकर्तृक ही होती है, जैसे

नाम स्यादकर्तृका चेति विप्रतिषिध्येत । घटस्य चोत्पत्तिरुच्यमाना न घटकर्तृका किं तर्ह्यन्यकर्तृकेति कल्प्या स्यात् । तथा कपालादीनामप्युत्पत्तिरुच्यमानाऽन्यकर्तृकैव कल्प्येत । तथाच सति घट उत्पद्यत इत्युक्ते कुलालादीनि कारणान्युत्पद्यन्त इत्युक्तं स्यात् । नच लोके घटोत्पत्तिरित्युक्ते कुलालादीनामप्युत्पद्यमानता प्रतीयते । [1]उत्पन्नताप्रतीतेश्च । अथ [2]स्वकारणसत्तासम्बन्ध एवोत्पत्तिरात्मलाभश्च कार्यस्येति चेत्, कथमलब्धात्मकं सम्बध्येतेति वक्तव्यम् । सतोर्हि द्वयोः सम्बन्धः सम्भवति न सदसतोरसतोर्वा । अभावस्य च [4]निरुपाख्यत्वात्प्रागुत्पत्तेरिति मर्यादाकरणमनुपपन्नम् । सतां हि लोके क्षेत्रगृहादीनां मर्यादा दृष्टा नाभावस्य । नहि वन्ध्यापुत्रो राजा बभूव प्राक्पूर्णवर्मणोऽभिषेकादित्येवंजातीयकेन मर्यादाकरणेन [5]निरुपाख्यो वन्ध्यापुत्रो राजा बभूव भवति भविष्यतीति वा विशेष्यते । यदि च वन्ध्यापुत्रोऽपि कारकव्यापारादूर्ध्वमभविष्यत्तत

सत्त्वात्कर्तृत्वमित्याशङ्क्याह—घटस्य चेति । घटोत्पत्तिवदसत्कपालाद्युत्पत्तिरित्यतिदिशति—तथेति । शङ्कामनूद्य दोषमाह—तथाचेति । अनुभवविरोध इत्यर्थः । उत्पत्तिर्भावस्याद्या विक्रियेति स्वमतेन कार्यसत्त्वमानीतं, संप्रति कार्यस्योत्पत्तिर्नाम स्वकारणे समवायः स्वस्मिन् सत्तासमवायो वेति तार्किकमतमाशङ्कते—अथेति । तन्मतेनापि कार्यस्य सत्त्वमावश्यकं, असतः संबन्धित्वायोगादित्याह—कथमिति । असतोर्वेति दृष्टान्तोक्तिः । ननु नरशृङ्गादिवत्कार्यं सर्वदा सर्वत्रासन्न भवति किंतूत्पत्तेः प्राक् ध्वंसानन्तरं चासत् मध्ये तु सदेवेति वैषम्यात्संबन्धित्वोपपत्तिरित्याशङ्क्य—अभावस्येति । अत्राभावशब्दा असच्छब्दापरपर्याया व्याख्येयाः । असतः कालेनासंबन्धात्प्राक्त्वं न युक्तमित्यर्थः । ननु कारकव्यापारादूर्ध्वभाविनः कार्यस्य वन्ध्यापुत्रतुल्यत्वं कथमित्यत आह—यदि चेति । कार्याभावोऽसत्कार्यमित्यर्थः

देवदत्तो गच्छति कहने पर गति क्रिया का कर्ता उस समय विद्यमान होता है ऐसे ही 'घट उत्पद्यते' इस वाक्य में उत्पत्ति क्रिया का कर्ता घट को क्रियाक्षण में विद्यमान ही होना चाहिए । क्रिया है तो सही किन्तु कोई उसका कर्ता नहीं है, ऐसा कहना परस्पर विरुद्ध है, घट की उत्पत्ति तो है किन्तु उसका कर्ता घट नहीं है, तब तो किसी अन्य कर्ता की कल्पना करनी पड़ेगी । ऐसे ही कपालादि की उत्पत्ति मानने पर उसका कर्ता कोई भिन्न ही मानना पड़ेगा । ऐसी स्थिति में घट उत्पद्यते ऐसा कहने पर घटादि की उत्पत्ति तो प्रतीत होती है पर कुलालादि की उत्पत्ति प्रतीत भी नहीं होती । प्रश्न—अपने कारण सत्ता के साथ सम्बन्ध होना ही कार्य की उत्पत्ति एवं स्वरूपलाभ है ? उत्तर—फिर भी जिसका स्वरूप अभी बना हो नहीं वह अलब्धात्मक कार्य कारण के साथ कैसे सम्बद्ध होगा, यह आपको बतलाना पड़ेगा क्योंकि दो सद्वस्तु का ही सम्बन्ध सम्भव है, एक सत् और दूसरा असत् हो अथवा दोनों ही असत् हों तो इस स्थिति में सम्बन्ध का होना सम्भव नहीं है । जब अभाव का निरूपण ही नहीं होता, तो उत्पत्ति से पूर्व उसकी मर्यादा भी नहीं बनती । लोक में घर क्षेत्रादि सद्वस्तु की मर्यादा देखी गयी है किन्तु निरुपाख्य अभाव की मर्यादा कहीं भी नहीं देखी गयी है । पूर्णवर्मा के अभिषेक से पूर्व वन्ध्यापुत्र राजा हुआ था इस प्रकार मर्यादाकरण से निरुपाख्य वन्ध्यापुत्र राजा न था, न है और न होगा । यदि वन्ध्यापुत्र भी कारक व्यापार के अस्तित्व धारण कर सके, तो

१. उत्पद्यत इति पाठांतरम् । २. घटादीनामिति शेषः । ३. स्वकारण संबंधः स्वस्मिन्सत्ता संबंधश्चेत्यर्थः । ४. अनिरूप्यत्वात् । ५. निरुपयितुमशक्यः ।

इदमप्युपापत्स्यत कार्याभावोऽपि कारकव्यापारादूर्ध्वं भविष्यतीति । वयं तु पश्यामो वन्ध्यापुत्रस्य कार्याभावस्य चाभावत्वाविशेषाद्यथा वन्ध्यापुत्रः कारकव्यापारादूर्ध्वं न भविष्यत्येवं कार्याभावोऽपि कारकव्यापारादूर्ध्वं न भविष्यतीति ।

नन्वेवं सति कारकव्यापारोऽनर्थकः प्रसज्येत । यथैव हि प्राक्सिद्धत्वात्कारणस्वरूपसिद्धये न कश्चिद्व्याप्रियते । एवं प्राक्सिद्धत्वात्तदनन्यत्वाच्च कार्यस्य स्वरूपसिद्धयेऽपि न कश्चिद्व्याप्रियेत । व्याप्रियते च । अतः कारकव्यापारार्थवत्त्वाय मन्यामहे प्रागुत्पत्तेरभावः कार्यस्येति । नैष दोषः । यतः कार्याकारेण कारणं व्यवस्थापयतः कारकव्यापारस्यार्थवत्त्वमुपपद्यते । कार्याकारोऽपि कारणस्यात्मभूत एवानात्मभूतस्यानारभ्यत्वादित्यभाणि । नच विशेषदर्शनमात्रेण वस्त्वन्यत्वं भवति । नहि देवदत्तः संकोचितहस्तपादः प्रसारितहस्तपादश्च विशेषेण दृश्यमानोऽपि वस्त्वन्यत्वं गच्छति, स एवेति प्रत्यभिज्ञानात् ।

इत्युपापत्स्यत उपपन्नमभविष्यदित्यन्वयः कस्तर्हि निर्णयः, तत्राह—वयं त्विति । 'नासतो विद्यते भावः' इति स्मृतेरिति भावः ।

सत्कार्यवादे कारकवैयर्थ्यं शङ्कते—नन्विति । सिद्धकारणानन्यत्वाच्च कार्यस्य सिद्धत्वमित्याह—तदनन्यत्वाच्चेति । अनिर्वाच्यकार्यात्मना कारणस्याभिव्यक्त्यर्थः कारकव्यापार इत्याह—नैष दोष इति । कार्यसत्यत्वमिच्छतां सांख्यानां सत्कार्यवादे कारकवैयर्थ्यं दोष आपतति, अभिव्यक्तेरपि सत्त्वात् । अद्वैतवादिनां त्वघटितघटनावभासनचतुरमायामहिम्ना स्वप्नवद्यथादर्शनं सर्वमुपपन्नम् । विचार्यमाणे सर्वमयुक्तं, युक्तत्वे द्वैतापत्तेरिति मुख्यं समाधानं समाधानान्तराभावात् । ननु कारणाद्भिन्नमसदेवोत्पद्यत इति समाधानं किं न स्यादित्याशङ्क्यासत्पक्षस्य दूषणमुक्तं स्मरेत्याह—कार्याकारोऽपीति । अतः कारणाद्भेदाभेदाभ्यां दुर्निरूपस्य 'सदसद्विलक्षणस्यानिर्वाच्याभिव्यक्तिरनिर्वाच्यकारकव्यापाराणां फलमिति पक्ष एव श्रेयानिति भावः । ननु मृद्यदृष्टः पृथुबुध्नत्वाद्यवस्थाविशेषो घटे दृश्यते । तथाच घटो मृद्भिन्नः, तद्विरुद्धविशेषवत्त्वात्, वृक्षवदित्यत आह—नचेति ।

असत् कार्य भी व्यापार के पश्चात् अस्तित्व धारण कर सकेगा किन्तु यह दोनों ही असम्भव हैं । हम तो देखते हैं कि वन्ध्यापुत्र एवं असत्कार्य दोनों ही में अभावत्व एक जैसा है । इसलिए जिस प्रकार कारक व्यापार के पश्चात बन्ध्यापुत्र अस्तित्व धारण नहीं करता ऐसे ही कारक व्यापार के अनन्तर असत्कार्य भी सत्ता को प्राप्त नहीं कर सकेगा ।

प्रश्न—जैसे वेदान्ती ने असत्कार्यपक्ष में कारक व्यापार को अनर्थक सिद्ध किया, ऐसे ही सत्कार्यवादपक्ष में भी कारकव्यापार अनर्थक ही सिद्ध होगा । जिस प्रकार पूर्वसिद्ध होने के कारण मृत्तिकादि कारण की स्वरूपसिद्धि के लिए कोई व्यापार नहीं किया जाता है ऐसे ही कारणात्मना कार्य जब उत्पत्ति से पूर्व सिद्ध ही है और वह अपने कारण से अभिन्न भी है, तो ऐसी स्थिति में सत्कार्य के स्वरूपसिद्धि के लिए भी कोई व्यापार आवश्यक नहीं है, किन्तु व्यापार करते देखा जाता है । अतः कारक व्यापार की सार्थकता के लिए हम असत्कार्यवाद मानते हैं कि उत्पत्ति से पूर्व कार्य का अभाव है ? उत्तर—यह कोई दोष नहीं, क्योंकि कार्याकाररूप से कारण की व्यवस्था मानने वाले हम वेदान्तियों के यहाँ कारकव्यापार की सार्थकता सिद्ध होती ही है । घटादि कार्याकार भी मृत्तिका कारण का अपना स्वरूप ही है । यदि स्वरूप नहीं होता तो उस कारण से कार्य का निर्माण ही कैसे होता, ऐसा हम पहले कह आये हैं । वस्तु में विशेष देखनेमात्र से वह भिन्न नहीं हो जाती

---

१. कार्यस्य ।

तथा प्रत्यभिज्ञानात् । तथा प्रतिदिनमनेकसंस्थानानामपि पित्रादीनां न वस्त्वन्यत्वं भवति, मम पिता मम भ्राता मम पुत्र इति प्रत्यभिज्ञानात् । जन्मोच्छेदानन्तरितत्वात्तत्र युक्तं नान्यत्रेति चेत् । न । क्षीरादीनामपि दध्याद्याकारसंस्थानस्य प्रत्यक्षत्वात् । अदृश्यमानानामपि वटधानादीनां समानजातीयावयवान्तरोपचितानामङ्कुरादिभावेन दर्शनगोचरतापत्तौ जन्मसंज्ञा । तेषामेवावयवानामपचयवशाददर्शनापत्तावुच्छेदसंज्ञा । तत्रेदृग्जन्मोच्छेदान्तरितत्वाच्चेदसतः सत्त्वापत्तिः सतश्चासत्त्वापत्तिस्तथा सति गर्भवासिन उत्तानशायिनश्च भेदप्रसङ्गः । तथा च बाल्ययौवनस्थाविरेष्वपि भेदप्रसङ्गः, पित्रादिव्यवहारलोपप्रसङ्गश्च । एतेन क्षणभङ्गवादः प्रतिवेदितव्यः । यस्य पुनः प्रागुत्पत्तेरसत्कार्यं तस्य निर्विषयः

वस्तुतोऽन्यत्वं सत्यो भेदः । हेतोर्व्यभिचारस्थलान्तरमाह—तथा प्रतिदिनमिति । प्रत्यहं पित्रादिदेहस्यावस्थाभेदेऽपि जन्मनाशयोरभावादभेदो युक्तः । दार्ष्टान्तिके तु मृदादिनाशे सति घटादिकं जायत इति जन्मविनाशरूपविरुद्धधर्मवत्त्वात्कार्यकारणयोरभेदो न युक्त इति शङ्कते—जन्मेति । कारणस्य नाशाभावाद्धेतुरसिद्धिरिति परिहरति—नेति । दधिघटादिकार्यान्वितत्वेन क्षीरमृदादीनां प्रत्यक्षत्वान्नाशासिद्धिरित्यर्थः । ननु यत्रान्वयो दृश्यते तत्र हेतुरसिद्धावपि यत्राङ्कुरादौ वटबीजादीनामन्वयो न दृश्यते तत्र हेतुसत्त्वाद्वस्त्वन्यत्वं स्यादित्यत आह—अदृश्येति । तत्राप्यङ्कुरादौ बीजाद्यवयवानामन्वयान्न सत एव जन्मविनाशौ किन्त्ववयवान्तरोपचयापचयाभ्यां तद्व्यवहार इत्यर्थः । अस्तूपचयापचयलिङ्गेन वस्तुभेदानुमानं ततोऽसत उत्पत्तिः सतो नाश इत्याशङ्क्य व्यभिचारमाह—तत्रेदृगिति । पितृदेहेऽपि भेदसत्त्वान्न व्यभिचार इत्यत्र बाधकमाह—पित्रादीनि । एतेनेति । कारणस्य सर्वकार्येष्वन्वयकथनेनेत्यर्थः । स्वपक्षे दोषं परिहृत्य परपक्षे प्रसञ्जयति—यस्य पुनरिति । असतः कार्यस्य

देवदत्तनामक व्यक्ति जब हस्त-पाद संकुचितकर रखता है और जब उसे फैला देता है, तब इस विशेष के दिखाई पड़ने पर भी देवदत्त व्यक्ति भिन्न नहीं हो जाता, क्योंकि वही देवदत्त है ऐसी प्रत्यभिज्ञा होती रहती है । पितादि के शरीर में प्रतिदिन अनेक अवस्थायें होता रहती हैं फिर भी वे भिन्न नहीं हो जाते, क्योंकि संस्थान के परिवर्तन होने पर भी मेरे पिता, मेरी माता, मेरा पुत्र ऐसी प्रतिभिज्ञा होती रहती है । प्रश्न—जन्म और उच्छेद के अनन्तर होने वाली विकृति में ही उक्त परिवतत से भेद माना गया है, अन्यत्र नहीं ? उत्तर—ऐसा कहना भी ठीक नहीं है । दुग्धादि में भी दध्यादि आकारसंस्थान का प्रत्यक्ष होता ही है । अदृश्यमान वट के अतिसूक्ष्म बीज में भी समान जातिवान मिट्टी तथा जल के संयोग से उपचित हुए में अंकुरादि रूप से प्रत्यक्ष विषयता आ जाने पर जन्म संज्ञा और उनके अवयवों के घट जाने पर, (अदर्शन होने पर) उच्छेद संज्ञा कही जाती है । इस प्रकार उसमें उपचय–अपचयरूप जन्म और उच्छेद के होने से न असत् की सत्वापत्ति होती है और न सत् असत् ही होता है । यदि उक्त रीति से सत् असत् और असत् सत् होने लग जाय, तो गर्भावस्था में और जन्म लेने के बाद वाले बालक में भेद का प्रसंग आ जायेगा । इतना ही नहीं, प्रत्युत बाल्य, यौवन और वृद्धावस्था के भी अवयव के उपचय-अपचय के कारण भेद का प्रसंग आ जायेगा, फिर तो पित्रादि व्यवहार के लोप का प्रसंग आने लग जायेगा । इस प्रकार सभी कार्यों के कारण का अन्वय सिद्ध कर देने से क्षणभङ्गवाद भी निरस्त हुआ समझना चाहिए । जिसके मत में उत्पत्ति से

१. पार्थिवत्वेन समानजातीयपृथिवी जलाद्यवयवैरुपचितानामुच्छिसितानाम् । २. उपचयापचयरूपम् ।
३. निरस्त इति ज्ञातव्यः ।

कारकव्यापारः स्यात् । अभावस्य विषयत्वानुपपत्तेराकाशहननप्रयोजनखड्गाद्यनेकायुधप्रयुक्तिवत् । समवायिकारणविषयः कारकव्यापारः स्यादिति चेत् । न । अन्यविषयेण कारकव्यापारेणान्यनिष्पत्तेरति[1]प्रसङ्गात् । समवायिकारणस्यैवात्मातिशयः कार्यमिति चेत् । न । सत्कार्यतापत्तेः । तस्मात्क्षीरादीन्येव द्रव्याणि दध्यादिभावेनावतिष्ठमानानि कार्याख्यां लभन्त इति न कारणादन्यत्कार्यं वर्षशतेनापि शक्यं [2]निश्चेतुम् । तथा मूलकारणमेवा[3]न्त्यात्कार्यात्तेन तेन कार्याकारेण नटवत्सर्वव्यवहारास्पदत्वं प्रतिपद्यते । एवं युक्तेः कार्यस्य प्रागुत्पत्तेः सत्त्वमनन्यत्वं च कारणादवगम्यते ।

शब्दान्तराच्चैतदवगम्यते । पूर्वसूत्रेऽसद्व्यपदेशिनः शब्दस्योदाहृतत्वात्ततोऽन्यः सद्व्यपदेशी शब्दः शब्दान्तरम्—'सदेव सोम्येदमग्र आसीदेकमेवाद्वितीयम्' इत्यादि । 'तद्धैक आहुरसदेवेदमग्र आसीत्' इति चासत्पक्षमुपक्षिप्य 'कथमसतः सज्जायेत' इत्याक्षिप्य 'सदेव सोम्येदमग्र आसीत् (छा० ६-२-१) इत्यवधारयति । तत्रेदंशब्दवाच्यस्य कार्यस्य

कारकव्यापाराहितातिशयाश्रयत्वायोगादविषयत्वेऽपि मृदादेर्विषयत्वं स्यादिति शङ्कते—समवायीति । समवायिकारणात्कार्यं भिन्नमभिन्नं वेति विकल्प्याद्यं निरस्यति—नेत्यादिना । द्वितीयमाशङ्क्येष्टापत्तिमाह—समवायीति । कार्याणामवान्तरकारणानन्यत्वमुपसंहरति—तस्मादिति । परमकारणानन्यत्वं फलितमाह—तथा मूलेति ।

पूर्व कार्य असत् माना गया है, उसके मत में कारक व्यापार निर्विषय होने लग जायेगा, क्योंकि अभाव में विषयत्व युक्तिसिद्ध नहीं है । जैसे हनन प्रयोजन के लिए खड्गादि अनेक आयुधों का प्रयोग आकाश के ऊपर नहीं होता अर्थात् शस्त्र से आकाश छिन्न-भिन्न नहीं होता वैसे ही अभाव भी कारक व्यापार का विषय नहीं बन सकता । प्रश्न—हम असत्कार्यवादी कारक व्यापार का विषय समवायीकारण को मानते हैं ? उत्तर—ऐसा कहना ठीक नहीं । दूसरे के व्यापार से दूसरे की निष्पत्ति मानने पर अतिप्रसंग होने लग जायेगा और समवायीकारण का ही स्वरूपविशेष कार्य है ऐसा यदि कहोगे तो सत्कार्यवाद को प्रसक्ति हो जायेगी, जो आप को अभीष्ट नहीं है । अतः दुग्धादि द्रव्य ही दध्यादिरूप से अवस्थित हो जाने पर कार्य संज्ञा को प्राप्त कर जाते हैं, उस कार्य को कारण से भिन्न सौ वर्ष में भी कोई सिद्ध नहीं कर सकता । इस प्रकार परमकारण ब्रह्म ही भूत-भौतिक अन्तिमकार्यपर्यन्त विभिन्न कार्याकार के रूप में नट की भांति सभी व्यवहारों का आश्रय बन जाता है अर्थात् जैसे एक ही नट आवश्यकतानुसार अनेक प्रकार का अभिनय करता है, तदनुरूप समय-समय पर वेष-भूषा भी बदलता रहता है, वैसे ही मूलकारण ब्रह्म ही अन्तिमघटादिकार्यपर्यन्त भूत-भौतिक मध्यवर्ती कार्यरूप में भी सभी व्यवहार का आश्रय बन जाता है । इस प्रकार युक्ति से उत्पत्ति से पूर्व कार्य का सत्व और कारण से अभिन्नत्व निश्चित होता है ।

शब्दान्तर से भी ऐसा ही जाना जाता है । पूर्वसूत्र में असत् कार्य को बतलाने वाला असत् शब्द का उदाहरण दिया गया था, उससे भिन्न सत् को बतलाने वाला शब्द शब्दान्तर माना जाता है । 'हे सौम्य ! उत्पत्ति से पूर्व यह सम्पूर्ण जगत् सत् ही था' 'सजातीय-विजातीय-स्वगतभेदशून्य अद्वय

---

१. मृदादेःपटाद्युत्पत्तिरिति प्रसङ्गशब्दार्थः । २. कल्पयितुं इति पाठान्तरम् । ३. कार्यानुपादानमन्त्यकार्यं यथा घटादिः । ४. उत्पन्न ।

(१५३) पटवच्च ॥१९॥

प्रागुत्पत्तेः सच्छब्दवाच्येन कारणेन सामानाधिकरणस्य श्रूयमाणत्वात्सत्त्वानन्यत्वे प्रसिध्यतः। यदि तु प्रागुत्पत्तेरसत्कार्यं स्यात्पश्चाच्चोत्पद्यमानं कारणे समवेयात्तदान्यत्कारणात्स्यात् । तत्र 'येनाश्रुतं श्रुतं भवति' (छा० ६-१-३) इतीयं प्रतिज्ञा पीड्येत सत्त्वानन्यत्वावगतेस्त्वियं प्रतिज्ञा समर्थ्यते ॥१८॥

यथा च संवेष्टितः पटो न व्यक्तं गृह्यते किमयं पटः किं वान्यद्द्रव्यमिति । स एव प्रसारितो यत्संवेष्टितं द्रव्यं तत्पट एवेति प्रसारणेनाभिव्यक्तो गृह्यते । यथा च संवेष्टनसमये पट इति गृह्यमाणोऽपि न विशिष्टायामविस्तारो गृह्यते स एव प्रसारणसमये विशिष्टायामविस्तारो गृह्यते न संवेष्टितरूपादन्योऽयं भिन्नः पट इति । एवं तन्त्वादिकारणावस्थं

असत्कार्यवादे प्रतिज्ञाबाधः स्यादित्याह—यदि तु प्रागुत्पत्तेरिति ॥१८॥

कार्यमुपादानाद्भिन्नं 'तदुपलब्धावप्यनुपलभ्यमानत्वात् ततोऽधिकपरिमाणत्वाच्च मशकादिव शशक इत्यत्र व्यभिचारार्थं सूत्रम्—पटवच्चेति । द्वितीयहेतोर्व्यभिचारं स्फुटयति—यथा च संवेष्टनेति ।

ब्रह्म था इत्यादि जगत् को सद्रूप बतलाने वाले शब्दान्तर श्रुति में देखे जाते हैं। इसके अतिरिक्त 'कुछ लोगों ने उत्पत्ति से पूर्व इस सम्पूर्ण जगत् को असत् ही कहा था' इस वाक्य के द्वारा असत् पक्ष का उत्थापनकर 'असत् से सत् कैसे उत्पन्न हो सकता है' इस वाक्य द्वारा असत् पक्ष पर आक्षेप उठा कर 'हे सोम्य ! यह जगत् सृष्टि से पहले सत् ही था' इस वाक्य के द्वारा सत्कार्यवाद का निश्चय कराते हैं। यहाँ पर 'इदम' पदवाच्य कार्य का उत्पत्ति से पूर्व सच्छब्दवाच्य कारण के साथ सामानाधिकरण्य जो सुना जाता है, उससे भी कारण में कार्य का सत्व और अनन्यत्व सिद्ध हो जाता है। किन्तु यदि उत्पत्ति से पूर्व कार्य असत् होता और बाद में उत्पन्न होकर कारण के साथ समवाय सम्बन्ध से जुड़ता, तब कारण से कार्य को भिन्न कहा जा सकता था। ऐसी स्थिति में वहाँ पर 'जिसके सुन लेने पर अश्रुत भी श्रुत हो जाता है' यह प्रत्यभिज्ञा पीड़ित होने लग जायेगी, क्योंकि यह प्रतिज्ञा कारण में कार्य के सत्व और अनन्यत्वबोध से ही समर्थित होती है ॥१८॥

पटवच्च (ललिता)

अपने उपादानकारण से कार्य भिन्न है क्योंकि उत्पत्ति से पूर्व कारण की उपलब्धि होने पर भी कार्य उपलब्ध नहीं होता तथा कारण की अपेक्षा कार्य का परिमाण अधिक होता है जैसे मच्छर से खरगोश बड़ा होता है। इस अनुमान में अग्रिम सूत्र से व्यभिचार दिखलाते हैं—

जैसे लपेटा हुआ वस्त्र यह पट है या कोई अन्य द्रव्य, ऐसा स्पष्ट नहीं होता और जब वह पट फैला दिया जाता है तब फैलाने से वही पट अभिव्यक्त हो जाता है कि जो द्रव्य पहले संवेष्टित था वही यह पट है। इसके अतिरिक्त सवेष्टन के समय यह पट है ऐसा गृहीत होने पर भी उसकी विशिष्ट लम्बाई-चौड़ाई गृहीत नहीं होती है और जब उसे फैला देते हैं, तब उस पट का विशिष्ट आयामविस्तार भी गृहीत होता है। इतने मात्र से संवेष्टितरूप से यह प्रसारित पट भिन्न नहीं हो जाता, ऐसे ही तन्त्वादि कारणावस्था में अवस्थित जो पटादि कार्य स्पष्ट नहीं होता, वही कार्य तुरी,

---

१. कारण ।

७. इतरव्यपदेशाधिकरणम् सू० (२१-२३)

(१५४) यथा च प्राणादि ॥२०॥

हिताक्रियादि स्यान्नो वा जीवाभेद प्रपश्यत: । जीवाहितक्रिया स्वार्था स्यादेषा नहि युज्यते ।।
अवस्तु जीवससारस्तेन नास्ति मम क्षति: । इति पश्यत ईशस्य न हिताहितभागिता ।।

पटादिकार्यमस्पष्टं सत् तुरीवेमकुविन्दादिकारकव्यापारादिभिर्व्यक्तं स्पष्टं गृह्यते । अतः संवेष्टितप्रसारितपटन्यायेनैवानन्यत्कारणात्कार्यमित्यर्थः ॥१९॥

यथा च लोके प्राणापानादिषु प्राणभेदेषु प्राणायामेन निरुद्धेषु कारणमात्रेण रूपेण वर्तमानेषु जीवनमात्रं कार्यं निर्वर्त्यते नाकुञ्चनप्रसारणादिकं कार्यान्तरम् । तेष्वेव प्राणभेदेषु पुनः प्रवृत्तेषु जीवनादधिकमाकुञ्चनप्रसारणादिकमपि कार्यान्तरं निर्वर्त्यते । नच प्राणभेदानां प्रभेदवतः प्राणादन्यत्वं, समीरणस्वभावाविशेषात् । एवं कार्यस्य कारणादनन्यत्वम् । अतश्च कृत्स्नस्य जगतो ब्रह्मकार्यत्वात्तदनन्यत्वाच्च सिद्धैषा श्रौती प्रतिज्ञा 'येनाश्रुतं श्रुतं भवत्यमतं मतमविज्ञातं विज्ञातम्' (छा० ६.१-१) इति ॥२०॥

आयामो दैर्घ्यम् ॥१९॥

तत्रैव 'विलक्षणकार्यकारित्वं कार्यमुपादानाद्भिन्नं, भिन्नकार्यकरत्वात्, संमतवत् इति हेतुमाशङ्क्य व्यभिचारमाह सूत्रकार:—यथा च प्राणादीति । **एवं जीवजगतोर्ब्रह्मानन्यत्वात्प्रतिज्ञासिद्धिरित्यधिकरणार्थमुपसंहरति**—अतश्च कृत्स्नस्येति ॥२०॥

वेन, कुबिन्दादि जो पटनिर्मापक यन्त्र हैं उन कारकव्यापारों से व्यक्त हो स्पष्ट गृहीत होता है। अत: संवेष्टित पट एव प्रसारित पट को ध्यान में रखकर इसी रीति से कार्य कारण से अभिन्न सिद्ध होता है ॥१९॥

यथा च प्राणादि (ललिता)

तथा लोक में जब प्राणायाम के द्वारा प्राणभेद प्राण, अपानादि निरुद्ध हो जाते हैं उस दशा में कारणमात्ररूप से वे वर्तमान रहते हैं तब जीवनमात्र कार्य सम्पन्न कराते हैं । प्राणनिरुद्धावस्था में आकुञ्चन, प्रसारणादि कार्यान्तर नहीं होते । उन प्राणादि विशेष के पुन: प्रयुक्त होने पर जीवन से अधिक आकुञ्चन, प्रसारणादि कार्यान्तर भी होते हैं । किन्तु इन दोनों दशाओं में सामान्य प्राण एवं विशेष प्राणापानादि में भिन्नत्व नहीं आता, क्योंकि समीरण स्वभाव दोनों का एक जैसा है । इस प्रकार कारण से कार्य का अभिन्नत्व सिद्ध हो जाता है । अतएव सम्पूर्ण जगत् ब्रह्म का कार्य है तथा ब्रह्म से अभिन्न भी है, इससे **'येनाश्रुतं श्रुतं भवति अमतं मतं अविज्ञातं विज्ञातम्'** यह श्रौतीप्रतिज्ञा सिद्ध हो जाती है ॥२०॥

७. इतरव्यपदेशाधिकरण

१. संगति—पहले एकविज्ञान से सर्वविज्ञानप्रतिज्ञा की सिद्धि के लिए जिस युक्ति से कार्य-कारण का अनन्यत्व सिद्ध किया था, उसी युक्ति से जीव-ब्रह्म का अभेद मान लेने पर हित अकरणादि जीव-धर्म ब्रह्म में आने लग जायेंगे, इस प्रकार आक्षेप होने पर यह अधिकरण प्रारम्भ

---

१. मृदपेक्षयाघटादेर्विलक्षणजलानयनादि कार्यकारित्वम् ।

(१५५) इतरव्यपदेशाद्धिताकरणादिदोषप्रसक्तिः ॥२१॥

अन्यथा पुनश्चेतनकारणवाद आक्षिप्यते। चेतनाद्धि जगत्प्रक्रियायामाश्रीयमाणायां हिताकरणादयो दोषाः प्रसज्यन्ते। कुतः? इतरव्यपदेशात्। इतरस्य शारीरस्य ब्रह्मात्मत्वं व्यपदिशति श्रुतिः—'स आत्मा तत्त्वमसि श्वेतकेतो' (छा० ६-८-७) इति प्रतिबोधनात्। यद्वा। इतरस्य च ब्रह्मणः शारीरात्मत्वं व्यपदिशति 'तत्सृष्ट्वा तदेवानुप्राविशत्' (तै २-६) इति स्रष्टुरेवाविकृतस्य ब्रह्मणः कार्यानुप्रवेशेन शारीरात्मत्वप्रदर्शनात्। 'अनेन जीवेनात्मनानुप्रविश्य नामरूपे व्याकरवाणि' (छा० ६-३-२) इति च परा देवता जीवमात्मशब्देन व्यपदिशन्ती न ब्रह्मणो भिन्नः शारीर इति दर्शयति। तस्मायद्ब्रह्मणः स्रष्टृत्वं तच्छारीरस्यैवेति। अतः स स्वतन्त्रः कर्ता सन् हितमेवात्मनः सौमनस्यकरं कुर्यान्नाहितं जन्ममरणजरारोगाद्यनेकानर्थजालम्। नहि कश्चिदपरतन्त्रो बन्धनागार-

---

जीवाभिन्नं ब्रह्म जगत्कारणमितिवदन्वेदान्तसमन्वयो विषयः। स यदि 'तादृग्ब्रह्म जगज्जनयेत्तर्हि स्वानिष्टं नरकादिकं न जनयेत् स्वतन्त्रचेतनत्वादिति न्यायेन विरुध्यते न वेति संदेहे पूर्वोक्तजीवानन्यत्वमुपजीव्य जीवदोषा ब्रह्मणि प्रसज्येरन्निति पूर्वपक्षसूत्रं गृहीत्वा व्याचष्टे—इतरव्यपदेशादित्यादिना।

किया जाता है।

२. विषय—जगज्जन्मादिकारण ब्रह्म का विचार इस अधिकरण का विचारणीय विषय है।

३. संशय—जीव से अभिन्न ब्रह्म का जगत्कारण मानने पर हिताकरणादिदोष ब्रह्म में आयेगा या नहीं?

४. पूर्वपक्ष—जीव से अभिन्न ब्रह्म को जगत्स्रष्टा तथा नियन्ता मानने पर जीव का अहितकरणादि अपना ही माना जायेगा जो उचित नहीं है। अतः विरोध सुस्पष्ट है।

५. सिद्धान्त—जीव में ससार कल्पित है, वास्तविक नहीं है, ऐसा तत्त्वदृष्टि से जाननेवाले को ब्रह्म में अहितकरणादि दोष नहीं आता, क्योंकि स्वयंप्रकाश ब्रह्मतत्त्व में जीवगतकल्पित हिताकरणादि का सम्बन्ध नहीं होता है।

इतरव्यपदेशाद्धिताकरणादिदोषप्रसक्तिः (ललिता

जीव से अभिन्न ब्रह्म सम्पूर्ण जगत् का कारण है, यह वेदान्त समन्वय ही इस अधिकरण का विषय है। चेतनकारणवाद पर पुनः अन्य प्रकार से आक्षेप करते हैं कि चेतन ब्रह्म से जगत् की उत्पत्ति मानने पर ब्रह्म में हिताकरणादि दोष आ जायेंगे क्योंकि 'हे श्वेतकेतु! वह चेतन आत्मा है और वही तू है' इस श्रुति ने जीव को ब्रह्मरूप बतलाया है अथवा 'ब्रह्म सृष्टि करने के बाद स्वय ही उसमें प्रविष्ट हो गया' इस वाक्य द्वारा श्रुति ने निर्विकार स्रष्टा ब्रह्म को ही शरीर में प्रवेश करने के बाद जीवात्मा कहा है। इसके अतिरिक्त 'जीवात्मारूप से प्रवेशकर मैं नाम-रूप को बनाऊं' इस वाक्य द्वारा श्रुति परमात्मा को ही जीवात्मा शब्द कहती हुई उसे ब्रह्म से अभिन्न कहा है। इससे यह जाना जाता है कि ब्रह्म का स्रष्टृत्व जो पहले कहा गया वह जीवात्मा का ही है। ऐसी स्थिति में सृष्टिकर्ता जीव स्वतन्त्र होता हुआ अपने सुखद साधन को ही बनायेगा, जन्म-मरण, बुढ़ापा, रोगादि अनेक

---

१. जीवाभिन्नम्।

(१५६) अधिकं तु भेदनिर्देशात् ॥२२॥

मात्मनः कृत्वानुप्रविशति । नच स्वयमत्यन्तनिर्मलः सन्नत्यन्तमलिनं देहमात्मत्वेनोपेयात् । कृतमपि कथंचिद्दुःखकरं तदिच्छया जह्यात् । सुखकरं चोपाददीत । स्मरेच्च मयेदं जगद्बिम्बं विचित्रं विरचितमिति । सर्वो हि लोकः स्पष्टं कार्यं कृत्वा स्मरति मयेदं कृतमिति । यथा च मायावी स्वयं प्रसारितां मायामिच्छयानायासेनैवोपसंहरति, एवं शारीरोऽपीमां सृष्टिमुपसंहरेत् । स्वकीयमपि तावच्छरीरं शारीरो न शक्नोत्यनायासेनोपसंहर्तुम् । एवं हितक्रियाद्यदर्शनादन्याय्या चेतनाज्जगत्प्रक्रियेति गम्यते ॥२१॥

तुशब्दः पक्षं व्यावर्तयति । यत्सर्वज्ञं सर्वशक्ति ब्रह्म नित्यशुद्धबुद्धमुक्तस्वभावं शारीरादधिकमन्यत्,तद्वयं जगतः स्रष्टृ ब्रूमः । न तस्मिन्हिताकरणादयो दोषाः प्रसज्यन्ते । नहि तस्य

पूर्वपक्षे जीवाभिन्ने समन्वयासिद्धिः, सिद्धान्ते तत्सिद्धिरिति फलम् । हिताकरणेत्यत्र नञ्व्यत्यासेनाहितकरणं दोषो व्याख्यातः । आदिपदोक्तं भ्रान्त्यादिकमापादयति— नच स्वयमित्यादिना ॥२१॥

जीवेशयोरभेदाज्जीवगतदोषा ब्रह्मणि स्युः ब्रह्मगताश्च सृष्टिसंहारशक्तिसर्वज्ञत्वसमर्तृत्वादयो गुणा जीवे स्युः । न चेष्टापत्तिः । जीवस्य स्वशरीरेऽपि संहारसामर्थ्या दर्शनादिति प्राप्ते सिद्धान्तसूत्रं व्याचष्टे— तुशब्द इत्यादिना ।

अनर्थजालरूप अहितकारक साधनों को नहीं बनायेगा क्योंकि कोई भी स्वतन्त्र बुद्धिमान व्यक्ति अपने लिए कारागार बनाकर उसमें प्रवेश नहीं करता । साथ ही, स्वयं अत्यन्त निर्मल होता हुआ अत्यन्त मलिन देह को कभी भी आत्मा नहीं मान सकता । कदाचित् मान भी ले तो स्वेच्छा से उसे दुःखद समझकर छोड़ देगा और सुखद साधनों को ही अपनायेगा । उसे बाद में स्मरण भी होना चाहिए कि इस विचित्र जगत्कार्य को मैंने बनाया है क्योंकि सभी लोग स्पष्टकार्य करने के बाद कालान्तर में उसे स्मरण भी करते हैं कि मैंने इसे बनाया था और मायावी जब माया को फ़ैलाता है तो स्वयं उसे अनायास ही स्वेच्छया समेट भी लेता है । ऐसे ही, यह जीवात्मा भी इस दुःखद सृष्टि का उपसंहार कर सकता था किन्तु जब यह जीवात्मा अपने शरीर को भी अनायास नहीं समेट सकता है तो सम्पूर्ण जगत् उपसंहार करने की बात दूर ही रह गयी । इस प्रकार हितक्रियादि जब नहीं देखे जाते हैं तो ऐसी स्थिति में चेतन से जगत्सृष्टि बतलाने वाली प्रक्रिया न्यायविरुद्ध है ऐसा वेदान्ती से भिन्न दार्शनिक मानते हैं ॥२१॥

अधिकं तु भेदनिर्देशात् (ललिता)

जीव और ईश्वर को अभिन्न मानने पर जीवगत दोष ब्रह्म में आने लग जायेंगे एवं सृष्टि, संहारशक्ति इत्यादि ब्रह्म के गुण जीव में आने लग जायेंगे, ऐसा पूर्वपक्ष सूत्र होने पर अग्रिम सिद्धान्त सूत्र कहते हैं—

सूत्र में 'तु' शब्द पूर्वसूत्रोक्त पूर्वपक्ष की व्यावृत्ति करता है । जो सर्वज्ञ, सर्वशक्तिमान ब्रह्म नित्यशुद्धबुद्धमुक्तस्वभाव वाला है, जीवात्मा से अधिक एवं भिन्न है उसी को हम जगत्स्रष्टा कहते हैं, उसमें हिताकरणादि दोष नहीं आते हैं क्योंकि उसके लिए न कोई हितकारक करने योग्य है और न

---

१. कार्यम् । २. मन्यते इति पाठान्तरम् । वादिन इति शेषः ।

हितं किंचित्कर्तव्यमस्त्यहितं वा परिहर्तव्यं, नित्यमुक्तस्वभावत्वात्। नच तस्य ज्ञानप्रतिबन्धः शक्तिप्रतिबन्धो वा क्वचिदप्यस्ति, सर्वज्ञत्वात्सर्वशक्तित्वाच्च। शारीरस्त्वनेवंविधस्तस्मिन्प्रसज्यन्ते हिताकरणादयो दोषाः। नतु तं वयं जगतः स्रष्टारं ब्रूमः। कुत एतत्? भेदनिर्देशात्। 'आत्मा वा अरे द्रष्टव्यः श्रोतव्यो मन्तव्यो निदिध्यासितव्यः' (बृ० २-४-५), 'सोऽन्वेष्टव्यः स विजिज्ञासितव्यः' (छा० ८-७-१), 'सता सोम्य तदा संपन्नो भवति' (छा० ६-८-१), 'शारीर आत्मा प्राज्ञेनात्मनान्वारूढः' (बृ० ४-३-३५) इत्येवंजातीयकः कर्तृकर्मादिभेदनिर्देशो जीवादधिकं ब्रह्म दर्शयति।

नन्वभेदनिर्देशोऽपि दर्शितः 'तत्त्वमसि' इत्येवंजातीयकः। कथं भेदाभेदौ विरुद्धौ संभवेयाताम्। नैष दोषः। आकाशघटाकाशन्यायेनोभयसंभवस्य तत्र तत्र प्रतिष्ठापितत्वात्। अपिच यदा तत्त्वमसीत्येवंजातीयकेनाभेदनिर्देशेनाभेदः प्रतिबोधितो भवत्यपगतं भवति तदा जीवस्य संसारित्वं ब्रह्मणश्च स्रष्टृत्वं, समस्तस्य मिथ्याज्ञानविजृम्भितस्य भेदव्यवहारस्य सम्यग्ज्ञानेन बाधितत्वात्। तत्र कुत एव सृष्टिः कुतो वा हिताकरणादयो दोषाः? अविद्याप्रत्युपस्थापितनामरूपकृतकार्यकरणसंघातोपाध्यविवेककृता हि भ्रान्ति-

---

जीवेश्वरयोर्लोके बिम्बप्रतिबिम्बयोरिव कल्पितभेदाङ्गीकाराद्धर्मव्यवस्थेति सिद्धान्तग्रन्थार्थः। यदि वयं जीवं स्रष्टारं ब्रूमस्तदा दोषाः प्रसज्यन्ते नतु तं ब्रूम इत्यन्वयः। किंवाभेदज्ञानादूर्ध्वं वा दोषा आपाद्यन्ते, पूर्वं वा। नाद्य इत्याह—अपिचेति। उक्तं मिथ्याज्ञानविजृम्भितत्वं स्फुटयति—अविद्येति।

कुछ अहितकारक छोड़नेयोग्य है, वह तो नित्यमुक्तस्वभाव है। वह परमेश्वर सर्वज्ञ एवं सर्वशक्तिमान है इसीलिए उसके ज्ञान का और उसकी शक्ति का कहीं भी प्रतिबन्ध नहीं होता। किन्तु जीवात्मा ऐसा नहीं है, इसमें हिताकरणादि दोष आ सकते हैं। पर हम उसे जगत्स्रष्टा नहीं कहते क्योंकि जीव और ईश में भेद कहा गया है 'अरे मैत्रेयी! आत्मा ही दर्शन, श्रवण, मनन एवं निदिध्यासन करने योग्य है, उसी का अन्वेषण करना चाहिए और उसी की विशेष जिज्ञासा करना चाहिए', 'हे सोम्य! निद्रा एवं समाधि अवस्था में यह जीव ब्रह्म के साथ सम्पन्न हो जाता है', 'देह त्यागते समय यह जीवात्मा परमात्मा के साथ तादात्म्य होकर लोकान्तर में जाता है' इस प्रकार का कर्तृ-कर्मादि भेद को बतलाने वाला श्रुतिवाक्य जीव से पृथक् एवं श्रेष्ठ ब्रह्म को बतलाता है।

प्रश्न—**'तत्त्वमसि'** इत्यादि अभेदनिर्देशक वाक्य भी तो देखा गया है, ऐसी स्थिति में भेदाभेद विरुद्धधर्म एक में कैसे सम्भव हो सकेगा? उत्तर—यह दोष नहीं है। आकाश और घटाकाश की भाँति एक में उभयधर्म सम्भव हो जाते हैं जिसे हम पहले अनेक बार कह आये हैं। साथ ही, जब **'तत्त्वमसि'** अभेदबोधकश्रुतिवाक्य द्वारा जीव-ब्रह्म का अभेद जान लिया जाता है तब जीव का संसारित्व और ब्रह्म का स्रष्टृत्व दूर हो जाता है क्योंकि ये सब मिथ्याज्ञानविजृम्भित भेदव्यवहार होते हैं जो सम्यग्ज्ञान से बाधित हो चुके हैं, उस दशा में सृष्टि कहाँ अथवा हिताकरणादि दोष कहाँ रह जाते हैं ये सब तो अविद्याप्रत्युपस्थापित नामरूप के बनाये हुए कार्यकारणसंघात उपाधि के अविवेक से

(१५७) अश्मादिवच्च तदनुपपत्तिः ॥२३॥

हिताकरणाविलक्षणः संसारो नतु परमार्थतोऽस्तीत्यसकृदवोचाम । जन्ममरणच्छेदनभेदनवेदनाद्यभिमानवत् । अबाधिते तु भेदव्यवहारे 'सोऽन्वेष्टव्यः स विजिज्ञासितव्यः' इत्येवंजातीयकेन भेदनिर्देशेनावगम्यमानं ब्रह्मणोऽधिकत्वं हिताकरणादिदोषप्रसक्तिं निरुणद्धि ॥२३॥

यथा च लोके पृथिवीत्वसामान्यान्वितानामप्यश्मनां केचिन्महार्हा मणयो वज्रवैडूर्यादयोऽन्ये मध्यमवीर्याः सूर्यकान्तादयोऽन्ये प्रहीणाः श्ववायसप्रक्षेपणार्हाः पाषाणा इत्यनेकविधं वैचित्र्यं दृश्यते । यथा चैकपृथिवीव्यपाश्रयाणामपि बीजानां बहुविधं पत्रपुष्पफलगन्धरसादिवैचित्र्यं चन्दनकिंपाकादिषूपलक्ष्यते । यथा चैकस्याप्यन्नरसस्य लोहितादीनि केशलोमादीनि च विचित्राणि कार्याणि भवन्ति । एवमेकस्यापि ब्रह्मणो जीवप्राज्ञपृथक्त्वं कार्यवैचित्र्यं चोपपद्यत इत्यतस्तदनुपपत्तिः । परपरिकल्पितदोषानुपपत्तिरित्यर्थः । श्रुतेश्च

कर्तृत्वादिबुद्धिधर्माध्यासे देहधर्माध्यासं दृष्टान्तयति—जन्मेति । द्वितीयं प्रत्याह—अबाधिते त्विति । ज्ञानादूर्ध्वं स्रष्टृत्वादिधर्माणां बाधात् पूर्वं च कल्पितभेदेन व्यवस्थोपपत्तेर्न किञ्चिदवद्यमित्यर्थः ॥२२॥

नन्वखण्डैकरूपे ब्रह्मणि कथं जीवेश्वरवैचित्र्यं, कथं च तत्कार्यवैचित्र्यमित्यनुपपत्तिं दृष्टान्तैः परिहरति सूत्रकारः—अश्मादिवच्चेति । किंपाको महातालफलम् ? तत्तत्कार्यसंस्काररूपानादिशक्तिभेदाद्वैचित्र्यमिति भावः । सूत्रस्थचकारार्थमाह—श्रुतेश्चेति । ब्रह्म जीवगतदोषवत्, जीवाभिन्नत्वात्,

---

भ्रममात्र थे । हिताहित-करणादिरूप संसार परमार्थतः नहीं है, इस बात को हम अनेक बार कह आये हैं । जन्म-मरण, छेदन-भेदन, वेदनादि अभिमान की भांति आत्मा में पूर्वोक्त धर्म कल्पित है, जब तक भेदव्यवहार बाधित नहीं हो जाता तभी तक **'सोऽन्वेष्टव्यः स विजिज्ञासितव्यः'** ऐसे भेदनिर्देशकवाक्य द्वारा ब्रह्म में श्रेष्ठत्व का बोध होता है जो हिताकरणादि दोषप्रसक्ति को निरुद्ध कर डालता है । अतः ज्ञान के बाद स्रष्टृत्वादि धर्म का बाध हो जाने से उससे पूर्व कल्पितभेद को लेकर सब व्यवस्था बन जाती है और कोई दोष नहीं रह जाता ॥२२॥

अश्मादिवच्च तदनुपपत्तिः (ललिता)

अखण्डैकरूप ब्रह्म में जीव-ईश्वर वैचित्र्य और ब्रह्मकार्य जगत् में वैचित्र कैसे हो सकेगा, इस आशङ्का का समाधान अग्रिम सूत्र द्वारा दृष्टान्त से सूत्रकार देते हैं—

जैसे लोक में पृथ्वित्वरूप धर्म से सभी पत्थर युक्त हैं फिर भी उनमें कुछ बहुमूल्य वज्रवैडूर्य आदि मणि देखे जाते हैं, कुछ मध्यममूल्यवाले सूर्यकान्त आदि तथा कुछ मूल्यशून्य कौए-कुत्ते पर फेंके जाने वाले पत्थर देखे जाते है, जब एक ही पृथ्वी के ऐसे अनेकविध वैचित्र्य देखे जाते हैं तो एक ब्रह्म से विचित्र कार्य उत्पत्ति में क्या आपत्ति कह सकते हैं और जैसे एक पृथ्वी में डाले गये बीज के चन्दन, महातालफलादि में पत्ते पुष्प, फल, गन्ध, रस आदि अनेकविधवैचित्र्य कार्य देखे जाते हैं एवं जैसे खाये हुए अन्न-रस का ही शरीर में रक्तादि और केश, लोमादि विचित्रकार्य उत्पन्न हो जाते हैं ऐसे ही एक ही ब्रह्म से जीव-ईश्वर-वैचित्र्य और जगत्कार्यवैचित्र्य भी युक्तिसंगत ही है । अतः वादियों के परिकल्पित दोष ब्रह्मकारणवाद में नहीं आते हैं । सूत्रस्थ **'च'** को लेकर भाष्यकार ने कहा कि श्रुति में प्रामाण्य होने के कारण प्रामाणिक श्रुति से कार्यजगत् को वाचारम्भणमात्र मानना चाहिए,

८. उपसंहारदर्शनाधिकरणम् (सू० २४–२५)

न सम्भवेत्सम्भवेद्वा सृष्टिरेकाद्वितीयतः । नानाजातीयकार्याणां क्रमाज्जन्म न सम्भवि ॥
अद्वैतं तत्त्वतो ब्रह्म तच्चाविद्यासहायवत् । नानाकार्यकरं कार्यक्रमोऽविद्यास्थशक्तिभिः ॥

(१५८) उपसंहारदर्शनान्नेति चेन्न क्षीरवद्धि ॥२४॥

प्रामाण्याद्विकारस्य च वाचारम्भणमात्रत्वात्स्वप्नदृश्यभाववैचित्र्यवच्चेत्यभ्युच्चयः ॥२३॥

चेतनं ब्रह्मैकमद्वितीयं जगतः कारणमिति यदुक्तं तन्नोपपद्यते । कस्मात् ? उपसंहार-

---

जीववदित्याद्यनुमानं स्वतःप्रमाणनिरवद्यत्वादिश्रुतिबाधितम् । किञ्च कर्तृत्वभोक्तृत्वादिविकारस्य मिथ्यात्वाज्जीवस्यैव तावद्दोषो नास्ति कुतो बिम्बस्थानीयस्याशेषविशेषदर्शिनः परमेश्वरस्य दोषप्रसक्तिः । यत्तु ब्रह्म न विचित्रकार्यप्रकृति, एकरूपत्वात्, व्यतिरेकेण मृतन्त्वादिवदिति । तन्न । एकरूपे स्वप्नदृशीव विचित्रदृश्यवस्तुवैचित्र्यदर्शनेन व्यभिचारादित्यर्थः । तस्मात् प्रत्यगभिन्ने ब्रह्मणि समन्वयस्याविरोध इति सिद्धम् ॥२३॥

उपसंहारदर्शनात् । असहायाद्ब्रह्मणो जगत्सर्गं ब्रुवन् समन्वयो विषयः । स किं यदसहायं तन्न कारणमिति लौकिकन्यायेन विरुध्यते न वेति सन्देहे पूर्वमौपाधिकजीवभेदाद्ब्रह्मणि जीवदोषा न प्रसज्यन्त इत्युक्तम्, संप्रति 'उपाधितोऽपि[1] विभक्तं ब्रह्मणः प्रेरकादिकं सहकारि नास्ति ईशनानात्वाभावादिति प्रत्युदाहरणेन पूर्वपक्षसूत्रांशं व्याचष्टे—चेतनमित्यादिना । फलं पूर्ववत् । कारकाणामुप-

---

उस अद्वय ब्रह्म में स्वप्नदृश्यवस्तु की वैचित्र्य की भाँति जगद्वैचित्र्य सम्भव हो जाता है इन सभी तर्कों को यहाँ पर जोड़ लेना चाहिए ॥२३॥

८. उपसंहारदर्शनाधिकरण

१. **संगति**—पिछले अधिकरण में जीव-ब्रह्म के औपाधिक भेद को लेकर ब्रह्म को जगत्स्रष्टा मानने पर भी उसमें हिताकरणादि दोष नहीं है यह कहा गया था, अब ब्रह्म में औपाधिक भी करणादि मानना ठीक नहीं है क्योंकि ब्रह्म नाना नहीं है ऐसी प्रत्युदारण संगति के कारण इस अधिकरण को प्रारम्भ करते हैं।

२. **विषय**—जगत् के अभिन्ननिमित्तोपादानकारण असहाय चेतन ब्रह्म पर इस अधिकरण में में विचार किया गया है।

३. **संशय**—क्या असहाय ब्रह्म से जगत् की सृष्टि हो सकती है, अथवा नहीं ?

४. **पूर्वपक्ष**—घटादि का कर्ता कुम्भकार अनेक साधनों के सहकार से घट को बनाता है ऐसा देखा गया है। एकाकी ब्रह्म नाना प्रकार के कार्य को किसी की सहायता के बिना क्रमशः उत्पन्न नहीं कर सकता।

५. **सिद्धान्त**—तात्त्विक दृष्टि से ब्रह्म अद्वैत है, उसकी सहकारिणी अविद्या है। अतः अविद्या शक्ति के द्वारा अद्वय ब्रह्म विचित्र कार्य को क्रमशः उत्पन्न कर सकता है। लोक में दुग्ध स्वयं ही दधिरूप में परिणत हो जाता है और देवादि बिना किसी सहायता के नाना शरीर बना लेते हैं, ऐसे ही अविद्या-सहकृत अद्वयब्रह्म अन्य साधनों की अपेक्षा के बिना ही जगत्सृष्टि करेगा, इसमें कोई दोष नहीं है।

उपसंहारदर्शनान्नेति चेन्न क्षीरवद्धि (ललिता)

प्रश्न—आपने जो चेतन अद्वयब्रह्म को जगत् का कारण कहा था, वह युक्तियुक्त नहीं है। क्यों ?

---

१. अचेतनाया उपाधेः प्रेरकत्वाभावं मन्यमान आह उपाधितोऽपीति । विभक्तं भिन्नम् ।

दर्शनात् । इह हि लोके कुलालादयो घटपटादीनां कर्तारो मृद्दण्डचक्रसूत्राद्यनेककारकोपसंहारेण संगृहीतसाधनाः सन्तस्तत्तत्कार्यं कुर्वाणा दृश्यन्ते । ब्रह्म चासहायं तवाभिप्रेतं तस्य साधनान्तरानुपसंग्रहे सति कथं स्रष्टृत्वमुपपद्येत । तस्मान्न ब्रह्म जगत्कारणमिति चेत् । नैष दोषः । यतः क्षीरवद्द्रव्यस्वभावविशेषादुपपद्यते । यथा हि लोके क्षीरं जलं वा स्वयमेव दधिहिमभावेन परिणमतेऽनपेक्ष्य बाह्यं साधनं तथेहापि भविष्यति । ननु क्षीराद्यपि दध्यादिभावेन परिणममानमपेक्षत एव बाह्यं साधनमौष्ण्यादिकं कथमुच्यते क्षीरवद्धीति । नैष दोषः । स्वयमपि हि क्षीरं यां च यावतीं च परिणाममात्रामनुभवति तावत्येव त्वार्यते त्वौष्ण्यादिना दधिभावाय । यदि च स्वयं दधिभावशीलता न स्यान्नैवौष्ण्यादिनापि बलाद्दधिभावमापद्येत । नहि वायुराकाशो वौष्ण्यादिना बलाद्दधिभावमापद्यते । साधनसामग्र्या च तस्य पूर्णता संपाद्यते । परिपूर्णशक्तिकं तु ब्रह्म । न तस्या-

संहारो मेलनम् । उक्तन्यायस्य क्षीरादौ व्यभिचार इति सिद्धान्तयति—नैष दोष इति । शुद्धस्य ब्रह्मणोऽकारणत्वमिष्टमेव । विशिष्टस्येश्वरस्य तु मायैव सहाय इति भावेनाह—बाह्यमिति । क्षीरस्यापातञ्चनादिसहायोऽस्तीत्यसहायत्वहेतोर्न व्यभिचार इत्याशङ्क्य सहायाभावेऽपि यस्य कस्यचित्परिणामस्य क्षीरे दर्शनाद्व्यभिचारतादवस्थ्यमित्याह—नन्वित्यादिना । तर्हि सहायो व्यर्थ, तत्राह—त्वार्यत इति । ननु त्वार्यते क्षीरं दधिभावाय शीघ्रं कार्यत इति किमर्थं कल्प्यते, स्वतोऽशक्तं क्षीरं सहायेन शक्तं क्रियत इति किं न स्यात्, तत्राह—यदि चेति । शक्तस्य सहायसंपदा किं कार्यमित्यत्राह—साधनेति । सहायविशेषाभावे कश्चिद्विकारः क्षीरस्य भवति, तत्र आतञ्चनप्रक्षेपौष्ण्याभ्यां तूत्तमदधिभावसामर्थ्यं व्यज्यत इत्यर्थः । तर्हि शक्तिव्यञ्जकोऽपि सहायो ब्रह्मणो वाच्यः, तत्राह—परिपूर्णेति । निरपेक्षमा-

लोक में कुम्भकारादि घट-पटादि बनाने वाले जब मृत्तिका, दण्ड, चक्र, सूत्र आदि अनेक कारकों का उपसंहार करके साधनसम्पन्न हो जाते हैं, तभी घट-पटादि कार्य करते देखे जाते हैं, किन्तु ब्रह्म तो आप के सिद्धान्त में असहाय माना गया है, उसमें साधनान्तर को जोड़े विना स्रष्टृत्व कैसे आयेगा । अतः ब्रह्म विचित्रजगत् का कारण नहीं हो सकता ? उत्तर—यह कोई दोष नहीं है क्योंकि लोक में दुग्ध द्रव्य स्वभावविशेष के कारण बाह्यसाधनों की अपेक्षा किए बिना ही दधिरूप से परिणत होता है और जल बाह्यसाधन की अपेक्षा न कर स्वयं ही हिमभाव से परिणत होता देखा जाता है, वैसे ही यहाँ भी हो जायेगा । प्रश्न—दध्यादिरूप से परिणत होने वाले दुग्धादि को भी औष्ण्यादि बाह्यसाधनों की अपेक्षा होती है, अतः 'क्षीरवद्धि' यह दृष्टान्त विषम प्रतीत होता है । उत्तर—यह दोष देना भी ठीक नहीं है, क्योंकि दुग्ध जैसा और जितना दध्यादि परिणाम का अनुभव करता ही है अर्थात् उसमें दधि बनने की शक्ति विद्यमान है, ऊष्णता और जामन आदि डालने से अच्छा और शीघ्र दही बनता है । यदि स्वयं दूध में दधि बनाने की शक्ति नहीं होती, तो औष्ण्यादि के द्वारा भी बलात् दही नहीं बना सकते, क्या वायु और आकाश को औष्ण्यादि के द्वारा बलात् दधिभाव को प्राप्त कराया जा सकता है ? अर्थात् नहीं । साधन सामग्री से तो उसमें पूर्णता आती है, किन्तु ब्रह्म परिपूर्ण शक्तिवाला है, उसमें किसी दूसरे से पूर्णता लाने की भी आवश्यकता नहीं है । श्रुति

(१५६) देवादिवदपि लोके ॥२५॥

न्येन केनचित्पूर्णता सम्पादयितव्या । श्रुतिश्च भवति—'न तस्य कार्यं करणं च विद्यते न तत्समश्चाभ्यधिकश्च दृश्यते । परास्य शक्तिर्विविधैव श्रूयते स्वाभाविकी ज्ञानबलक्रिया च ॥' (श्वे० ६·८) इति । तस्मादेकस्यापि ब्रह्मणो विचित्रशक्तियोगात्क्षीरादिवद्विचित्र-परिणाम उपपद्यते ॥२४॥

स्यादेतत् । उपपद्यते क्षीरादीनामचेतनानामनपेक्ष्यापि बाह्यं साधनं दध्यादिभावः, दृष्टत्वात् । चेतनाः पुनः कुलालादयः साधनसामग्रीमपेक्ष्यैव तस्मै तस्मै कार्याय प्रवर्तमाना दृश्यन्ते । कथं ब्रह्म चेतनं सदसहायं प्रवर्तेतेति । देवादिवदिति ब्रूमः । यथा लोके देवाः पितर ऋषय इत्येवमादयो महाप्रभावाश्चेतना अपि सन्तोऽनपेक्ष्यैव किंचिद्बाह्यं साधनमैश्वर्यविशेषयोगादभिध्यानमात्रेण स्वत एव बहूनि नानासंस्थानानि शरीराणि प्रासादादीनि च रथादीनि च निर्मिमाणा उपलभ्यन्ते मन्त्रार्थवादेतिहासपुराणप्रामाण्यात् । तन्तुनाभश्च स्वत एव तन्तून्सृजति । बलाका चान्तरेणैव शुक्रं गर्भं धत्ते । पद्मिनी

याशक्तिकमित्यर्थः । तादृशशक्तौ मानमाह—श्रुतिश्चेति ॥२४॥

ननु ब्रह्म न कारणं चेतनत्वे सत्यसहायत्वान्मृदादिशून्यकुलालादिवदिति न क्षीरादौ [1]व्यभिचार इति सूत्रव्यावर्त्यां शङ्कामाह—स्यादेतदिति । तस्यापि हेतोर्देवादौ व्यभिचार इत्याह—देवादिवदिति । लोक्यते ज्ञायतेऽर्थोऽनेनेति लोको मन्त्रार्थवादादिशास्त्रं वृद्धव्यवहारश्च । अभिध्यानं संकल्पः । ननु देवादूर्णनाभान्तदृष्टान्तेषु शरीरेषु चेतनत्वं नास्ति, बलाकापद्मिनीचेतनयोर्गर्भप्रस्थानकर्तृत्वे मेघशब्दः

भी कहती है—'उस परमेश्वर का न शरीर है, न इन्द्रियाँ हैं, उसके समान या उससे श्रेष्ठ लोक में नहीं देखा जाता । परमेश्वर में अनेक प्रकार की पराशक्ति सुनी जाती है जो ज्ञान, बल एवं क्रिया वाली स्वाभाविक शक्ति है ।' अतः असहाय ब्रह्म में विचित्र जगत् उत्पादनशक्ति विद्यमान होने के कारण दुग्धादि की भाँति उसके विचित्र परिणाम जगत् का होना युक्तियुक्त ही है ॥२४॥

देवादिवदपि लोके (ललिता)

शङ्का—क्षीर आदि अचेतन हैं इसलिए उनका बाह्यसाधनों की अपेक्षा न करके भी दध्यादि-रूप से परिणाम होना देखा गया है किन्तु चेतन कुम्भकारादि साधन-सामग्री का अपेक्षा करके ही घटादि कार्य के लिए प्रवृत्त होते देखे जाते हैं । अचेतन, असहाय ब्रह्म भला कैसे विचित्र जगन्निर्माण के लिए प्रवृत्त होगा ? समाधान—जैसे लोक में देवता, पितर, ऋषि इत्यादि महाप्रभावशाली चेतन होते हुए भी बाह्यसाधन की अपेक्षा न कर ऐश्वर्यविशेष से युक्त होने के कारण संकल्पमात्र से स्वतः ही अभूतपूर्व अनेक आकार वाले शरीर, प्रासाद, रथादि साधनों को बनाते देखे जाते हैं, इसमें मन्त्र, अर्थवाद, इतिहास एवं पुराण प्रमाण हैं । मकड़ी स्वतः ही जाले बनाती है, बलाका (मयूरी) बादल का गर्जन सुनकर बिना शुक्र के ही गर्भ धारण कर लेती है, कमलिनी किसी दूसरे प्रस्थानसाधन की अपेक्षा न कर एक तालाब से दूसरे तालाब में चली जाती है; ऐसे ही चेतन ब्रह्म भी बाह्य साधनों

१. न व्यभिचार इति क्षीरादावसहायत्वं सत्वेपि चेतनत्वस्यासत्वेन विशिष्टाभावस्य सुलभत्वात् ।

चानपेक्ष्य किंचित्प्रस्थानसाधनं सरोन्तरात्सरोन्तरं प्रतिष्ठते। एवं चेतनमपि ब्रह्मानपेक्ष्य बाह्यं साधनं स्वत एव जगत्स्रक्ष्यति। स यदि ब्रूयाद्य एते देवादयो ब्रह्मणो दृष्टान्ता उपात्तास्ते दार्ष्टान्तिकेन ब्रह्मणा न समाना भवन्ति। शरीरमेव ह्यचेतनं देवादीनां शरीरान्तरादिविभूत्युत्पादन उपादानं नतु चेतन आत्मा। तन्तुनाभस्य च क्षुद्रतरजन्तुभक्षणाल्लाला कठिनतामापद्यमाना तन्तुर्भवति। बलाका च स्तनयित्नुरवश्रवणाद्गर्भं धत्ते। पद्मिनी च चेतनप्रयुक्ता सत्यचेतनेनैव शरीरेण सरोन्तरात्सरोन्तरमुपसर्पति, वल्लीव वृक्षं, न तु स्वयमेवाचेतना सरोन्तरोपसर्पणे व्याप्रियते। तस्मान्नैते ब्रह्मणो दृष्टान्ता इति। तं प्रति ब्रूयान्नाय दोषः। कुलालादिदृष्टान्तवैलक्षण्यमात्रस्य विवक्षितत्वादिति। यथा हि कुलालादीनां देवादीनां च समाने चेतनत्वे कुलालादयः कार्यारम्भे बाह्यं साधनमपेक्षन्ते न देवादयः, तथा ब्रह्म चेतनमपि न बाह्यं साधनमपेक्षिष्यत इत्येतावद्वयं देवाद्युदाहरणेन विवक्ष्यामः। तस्माद्यथैकस्य सामर्थ्यं दृष्टं तथा सर्वेषामेव भवितुमर्ह-

---

शरीरं च सहायोऽस्ति, अतो विशिष्टहेतोर्न व्यभिचार इति शङ्कते—स यदि ब्रूयादित्यादिना। व्यभिचारोऽस्तीति परिहरति—तं प्रति ब्रूयादिति। अयं दोषः दृष्टान्तवैषम्याख्यः। अत्र हि हेतौ चेतनत्वमहंधीविषयत्वरूप विवक्षात्स्यापश्चदेहसाधारणं ग्राह्यं न तु मुख्यात्मत्वं, [1]तव कुलालदृष्टान्ते [2]साधनसंकल्पापत्तेः। असहायत्वं च [3]चेतनस्य स्वातिरिक्तहेतुशून्यत्वं, तदुभयं देवादिष्वस्तीति व्यभिचारः, देहस्य स्वान्तःपातित्वेन स्वातिरिक्तत्वाभावात्। तथा च कुलालवैलक्षण्यं देवादीनां घटादिकार्यस्वातिरिक्तानपेक्षत्वात्। देववैलक्षण्यं ब्रह्मणः देहस्याप्यनपेक्षणात्। नरदेवादीनां कार्यारम्भे नास्त्येकरूपा सामग्री। श्रूयते हि महाभारते श्रीकृष्णस्य संकल्पमात्रेण द्रौपद्याः पटपरंपरोत्पत्तिः। अतः

की अपेक्षा न कर स्वतः ही जगत् को बना डालेगा। इस पर यदि आप कहें कि ये सब देवादि जो ब्रह्म के लिए दृष्टान्त दिये गये हैं वे दार्ष्टान्तिक ब्रह्म के समान स्वभाव वाले नहीं हैं क्योंकि देवादियों का अचेतन शरीर ही शरीरान्तरादि विभूति उत्पादन के कारण उपादान माना गया है, उनकी चेतन आत्मा शरीरान्तरविभूति उत्पादन का कारण नहीं है। मकड़ी अति क्षुद्रजन्तुओं को खाती है उससे उसके मुख में उत्पन्न लाला कठिन होकर जाला बन जाता है मयूरी बादल के गर्जन सुनकर गर्भधारण करती है, पद्मिनी चेतनप्रयुक्त हो अचेतन शरीर के द्वारा ही एक तालाब से दूसरे तालाब में वल्लरी (लता) की भाँति चली जाती है, वह स्वयं अचेतन होती हुई एक तालाब से दूसरे तालाब में जाने के लिए व्यापार नहीं करती। अतः ये सब ब्रह्म के लिए समान दृष्टान्त नहीं है? ऐसा कहने वाले को उत्तर देना चाहिए कि यह कोई दोष नहीं है। हम तो इन दृष्टान्तों से कुलालादि दृष्टान्तवैलक्षण्यमात्र बतलाना अभीष्ट है अर्थात् कुलालादि और देवादि चेतनसमान हैं किन्तु कुलालादि को घटादि कार्यनिर्माण के लिए बाह्य साधन की अपेक्षा होती है और देवादि को कार्यनिर्माण के लिए बाह्यसाधन को अपेक्षा नहीं होती, ऐसे ही चेतन ब्रह्म भी जगत्कार्य निर्माण के लिए बाह्यसाधन की अपेक्षा नहीं रखता है. बस देवादि उदाहरणों के द्वारा हम इतना ही कहना चाहते हैं। अतः कार्य करने के लिए बाह्यसाधनों की अपेक्षा करके जैसे कुलालादि में सामर्थ्य देखा गया है, वैसे ही सभी चेतन कर्ता को कार्य करने के लिए बाह्यसाधनों की अपेक्षा होती ही है यह नियम नहीं है, हमारा कहने का

---

१. कुलालादेः। २. तवेति अन्यथेत्यादौ शेषः। ३. कुलालशरीरावच्छिन्न चेतनातिरिक्त कुलालशरीरस्य सहायत्वात्। ४. उक्तचेतनस्य साधनं हेतुः।

९. कृत्स्नप्रसक्त्यधिकरणम् (सू० २६–२९)

(१६०) कृत्स्नप्रसक्तिर्निरवयवत्वशब्दकोपो वा ॥२६॥

न युक्तो युज्यते वास्य परिणामो न युज्यते । कात्स्न्याद्ब्रह्मानित्यताप्तेरंशात्सावयवं भवेत् ॥
मायाभिर्बहुरूपत्व न कात्स्न्यन्नापि भागतः । युक्तोऽनवयवस्यापि परिणामोऽत्र मायिकः ॥

तीति नास्त्येकान्त इत्यभिप्रायः ॥२५॥

चेतनमेकमद्वितीयं ब्रह्म क्षीरादिवद्देवादिवच्चानपेक्ष्य बाह्यसाधनं स्वयं परिणममानं जगतः कारणमिति स्थितम् । शास्त्रार्थपरिशुद्धये तु पुनराक्षिपति । कृत्स्नप्रसक्तिः कृत्स्नस्य ब्रह्मणः कार्यरूपेण परिणामः प्राप्नोति, निरवयवत्वात् । यदि ब्रह्म पृथिव्यादिवत्सा-

---

सिद्धमसहायस्यापि ब्रह्मणः कारणत्वम् ॥२५॥

कृत्स्नप्रसक्तिः । **क्षीरदृष्टान्तेन ब्रह्म परिणामीति भ्रमोत्पत्त्या पूर्वपक्षे प्राप्ते शास्त्रार्थो विवर्तो न परिणाम इति निर्णयार्थमिदमधिकरणमिति पूर्वाधिकरणेनोत्तराधिकरणस्य [1]कार्यत्वं सगतिमाह**—चेतनमिति । **निरवयवाद्ब्रह्मणो जगत्सर्गं वदन् समन्वयो विषयः । स किं यन्निरवयवं तन्न परिणामीति न्यायेन विरुध्यते न वेति संदेहे विरुध्यत इति पूर्वपक्षसूत्रं व्याचष्टे**—कृत्स्नेति । **ब्रह्म परिणामीति वदता वक्तव्यं ब्रह्म निरवयवं सावयवं वा । आद्ये सर्वस्य ब्रह्मणः** परिणामात्मना स्थितिः स्यादित्युक्तं **व्यतिरेकदृष्टान्तेन विवृणोति**—यदि ब्रह्मेत्यादिना । **पर्यणंस्यत् परिणतोऽभविष्यत् । एकदेशश्चावा-**

यह अभिप्राय है ॥२५॥

९. कृत्स्नप्रसक्त्यधिकरण

१. **सङ्गति**—पूर्व अधिकरण में भ्रमउत्पादकत्वरूप कारण और इस अधिकरण में कार्य का विचार होने से दोनों की कार्य-कारण सङ्गति है ।

२. **विषय**—निरवयव ब्रह्म से जगत्सृष्टि बतलाने वाला समन्वय इस अधिकरण का विचारणीय विषय है ।

३. **संशय**—निराकार ब्रह्म का परिणाम यह जगत् हो सकता है, या नहीं ?

४. **पूर्वपक्ष**—निराकार ब्रह्म से जगत्सृष्टि मानने पर पूर्णरूप से ब्रह्म जगत् बन गया तो उसमें नित्यत्व नहीं रह जायेगा और यदि अंशतः जगत् ब्रह्म का परिणाम है, तो ब्रह्म में सावयवत्व आ जायेगा, ऐसी स्थिति में ब्रह्म से जगत्सृष्टि बतलाने वाला समन्वय विरुद्ध है ।

५. **सिद्धान्त**–माया से ब्रह्म अनेक रूप धारण कर लेता है । अतः उसमें कृत्स्नप्रसक्तिदोष नहीं है और सावयव तो हम मानते ही नहीं कि ब्रह्म का अंशतः परिणाम माना जाय । निरवयव ब्रह्म का जगत् विवर्त है, परिणाम नहीं । जैसे स्वप्नद्रष्टा में स्वप्नदृश्य कल्पित है ऐसे ही अद्वयब्रह्म में जगत कल्पित है । अतः स्वरूप उपमदन के बिना ही ब्रह्म में जगत् भासता है ।

कृत्स्नप्रसक्तिर्निरवयवत्वशब्दकोपो वा (ललिता)

जैसे दुग्धादि और देवादि बाह्यसाधनों की अपेक्षा न कर दध्यादि रूप से परिणत होते हैं, ऐसे ही चेतन, एक, अद्वितीय ब्रह्म भी अन्य किसी की अपेक्षा न कर जगद्रूप से परिणत होता है इसीलिए ब्रह्म को जगत्कारण कहा गया है । इस शास्त्रतात्पर्य को परिशुद्ध करने के लिए पूर्वपक्षी उस पर आक्षेप करता है कि निरवयव होने से सम्पूर्ण ब्रह्म का कार्यरूप से परिणाम हो जायेगा क्योंकि ब्रह्म

---

१. नियमः । २. हेतुहेतुमद्भावः ।

(१६१) श्रुतेस्तु शब्दमूलत्वात् ॥२७॥

वयवमभविष्यत्ततोऽस्यैकदेशः पर्यणंस्यदेकदेशश्चावास्थास्यत । निरवयवं तु ब्रह्म श्रुतिभ्योऽवगम्यते—'निष्कलं निष्क्रियं शान्तं निरवद्यं निरञ्जनम्' (श्वे० ६-१९), 'दिव्यो ह्यमूर्तः पुरुषः सबाह्याभ्यन्तरो ह्यजः' (मु० २-१-२), 'इदं महद्भूतमनन्तमपारं विज्ञानघन एव' (बृ० २-४-१२), 'स एष नेति नेत्यात्मा' (बृ० ३-९-२६), 'अस्थूलमनणु' (बृ० ३-८-८) इत्याद्याभ्यः सर्वविशेषप्रतिषेधिनीभ्यः । ततश्चैकदेशपरिणामासंभवात्कृत्स्नपरिणामप्रसक्तौ सत्यां मूलोच्छेदः प्रसज्येत । द्रष्टव्यतोपदेशानर्थक्यं चापन्नमयत्नदृष्टत्वात्कार्यस्य, तद्व्यतिरिक्तस्य च ब्रह्मणोऽसंभवात् । अजत्वादिशब्दकोपश्च । अथैतद्दोषपरिजिहीर्षया सावयवमेव ब्रह्माभ्युपगम्येत तथापि ये निरवयवत्वस्य प्रतिपादकाः शब्दा उदाहृतास्ते प्रकुप्येयुः । सावयवत्वे चानित्यत्वप्रसङ्ग इति । सर्वथायं पक्षो न घटयितुं शक्यत इत्याक्षिपति ॥२६॥

तुशब्देनाक्षेपं परिहरति । न खल्वस्मत्पक्षे कश्चिदपि दोषोऽस्ति । न तावत्कृत्स्नप्रसक्ति-

---

स्थास्यदपरिणतोऽभविष्यत् । उक्तश्रुतिभ्यो निरवयवत्वसिद्धेः फलितं दोषमाह—ततश्चेति । यदा परिणामव्यतिरेकेण मूलब्रह्मात्मना नास्ति तदात्मा द्रष्टव्य इत्युपदेशोऽर्थशून्यः स्यादिति दोषान्तरमाह—द्रष्टव्यतेति । ब्रह्मणः परिणामात्मना जन्मनाशाङ्गीकारे 'अजोऽमरः' इति श्रुतिविरोधश्चेत्याह—अजत्वादीति । सावयवत्वपक्षमाशङ्क्य सूत्रशेषेण परिहरति—अथेत्यादिना ॥२६॥

परिणामपक्षो दुर्घट इति यदुक्तं तदस्मदिष्टमेवेति विवर्तवादेन सिद्धान्तयति—श्रुतेरिति । स्वपक्षे पूर्वोक्तदोषद्वयं नास्तीति सूत्रयोजनया वर्णयति—तुशब्देनेत्यादिना । ईक्षितृत्वेन व्याकर्तृत्वेन—चेक्षणी-

---

यदि पृथिव्यादि के समान सावयव होता तो उसका एकदेश परिणाम होता और एकदेश पूर्व की भाँति अवस्थित रहता, किन्तु 'कलारहित, क्रियारहित, शान्त, निर्दोष, दिव्य, निराकार, अजन्मा वह पुरुष बाहर-भीतर सर्वत्र विद्यमान है'; 'यह महद्भूत ब्रह्म अनन्त अपार, विज्ञानघन ही तो है', जिसे नेति-नेति शब्द से निषेधकर अवशेष रखते हैं'; 'वह न स्थूल है न अणु है' इत्यादि सभी विशेष का निषेध करने वाली श्रुतियों से ब्रह्म निरवयव जाना गया है। ऐसी स्थिति में उसके एकदेश का परिणाम कहना सम्भव नहीं है। निरवयव ब्रह्म के पूर्ण परिणाम हो जाने पर मूल का ही उच्छेद हो गया, तो फिर द्रष्टव्यत्वेन उसका उपदेश अनर्थक हो जायेगा और ब्रह्म का परिणामरूप जगत्कार्य तो बिना श्रवणादि यत्न के दीख रहा है, इसके लिए भी श्रवणादी का विधान व्यर्थ ही माना जायेगा । इन दोनों के अतिरिक्त ब्रह्म का तीसरा स्वरूप तो सम्भव ही नहीं है। इस पक्ष में अजत्वादि शब्द का व्याकोपदोष भी आयेगा अर्थात् ब्रह्म का परिणाम जब जगत् है तो फिर वह अजन्मा कैसे रहा। इस दोष परिहार की इच्छा से यदि ब्रह्म को सावयव माना जाय, तो ब्रह्म के प्रतिपादक निरवयव श्रुतिवाक्यों का जो उदाहरण आप ने दिया, उनका सावयवपक्ष में व्याकोप होने लग जायेगा। सावयव मानने पर अनित्यत्वदोष भी आ जायेगा । अतः जगत् का कारण ब्रह्म है, यह पक्ष किसी भी प्रकार से घटता नहीं है ? ऐसा आक्षेप होने पर अग्रिम सूत्र से समाधान दिया जाता है ॥२६॥

श्रुतेस्तु शब्दमूलत्वात् (ललिता)

पूर्वपक्षी ने परिणामपक्ष दुर्घट बतलाया, वह तो हमें भी इष्ट ही है। हम तो जगत् को ब्रह्म

---

१. षोडशकलाशून्यं निरवयवमिति यावत् ।

रस्ति । कुतः ? श्रुतेः । यथैव हि ब्रह्मणो जगदुत्पत्तिः श्रूयत एवं विकारव्यतिरेकेणापि ब्रह्मणोऽवस्थानं श्रूयते, प्रकृतिविकारयोर्भेदेन व्यपदेशात् 'सेयं देवतैक्षत हन्ताहमिमास्तिस्रो देवता अनेन जीवेनात्मनानुप्रविश्य नामरूपे व्याकरवाणि' (छा० ६-३-२) इति, 'तावानस्य महिमा ततो ज्यायांश्च पूरुषः । पादोऽस्य सर्वा भूतानि त्रिपादस्यामृतं दिवि' (छा० ३-१२-६) इति चैवंजातीयकात् । तथा हृदयायतनत्ववचनात्सत्सम्पत्तिवचनाच्च । यदि च कृत्स्नं ब्रह्म कार्यभावेनोपयुक्तं स्यात् 'सता सोम्य तदा सम्पन्नो भवति' (छा० ६-८-१) इति सुषुप्तिगतं विशेषणमनुपपन्नं स्यात् । विकृतेन ब्रह्मणा नित्यसम्पन्नत्वादविकृतस्य च ब्रह्मणोऽभावात् । तथेन्द्रियगोचरत्वप्रतिषेधाद्ब्रह्मणो विकारस्य चेन्द्रियगोचरत्वोपपत्तेः । तस्मादस्त्यविकृतं ब्रह्म । नच निरवयत्वशब्दकोपोऽस्ति, श्रूयमाणत्वा-

---

यव्याकर्तव्यप्रपञ्चात् पृथगीश्वरसत्त्वश्रुतेर्न कृत्स्नप्रसक्तिरित्याह—सेयं देवतेति । न्यूनाधिकभावेनापि पृथक्सत्त्वं श्रुतमित्याह—तावानिति । इतश्चास्त्यविकृतं ब्रह्मेत्याह—तथेति । 'स वा एष आत्मा हृदि' इति श्रुतेरस्ति दृश्यातिरिक्तं ब्रह्म । 'तदा' इति सुषुप्तिकालरूपविशेषणाच्चेत्यर्थः । लिङ्गान्तरमाह—तथेन्द्रियेति । भूम्यादेर्विकारस्येन्द्रियगोचरत्वात् 'न चक्षुषा गृह्यते' इत्यादिश्रुत्या ब्रह्मणस्तत्प्रतिषेधादवाङ्मनसगोचरत्वश्रुतेश्चास्ति कूटस्थं ब्रह्मेत्यर्थः । कृत्स्नप्रसक्तिदोषो नास्तीत्युक्त्वा द्वितीयदोषोऽपि नास्तीत्याह—नचेति । ननु ब्रह्म कार्यात्मनाप्यस्ति, पृथगप्यस्ति चेत् सावयवत्वं दुर्वारं, निरवयवस्यैकस्य द्विधा सत्त्वायोगात्, अतो यद्द्विधाभूतं तत्सावयवमिति तर्कविरुद्धं ब्रह्मणो निरवयवत्वमिति

का विवर्त मानते हैं, परिणाम नहीं। पूर्ववादी के आक्षेप को दूर करने के लिए सूत्र में 'तु' शब्द आया है कि हमारे पक्ष में कोई दोष नहीं है। (क्यों कोई दोष नहीं है ?) सर्वप्रथम आप ने कृत्स्नप्रसक्तिदोष जो दिया था वह इसलिए नहीं है, क्योंकि जैसे ब्रह्म से जगत् की उत्पत्ति सुनी जाती है, ऐसे ही विकार से भिन्नरूप में ब्रह्म का अवस्थान भी सुना जाता है। प्रकृतिविकार का पृथक् व्यपदेश भी मिलता है 'उस देवता ने संकल्प किया, कि मैं इन तेज आदि तीनों देवताओं में इस जीवात्मारूप से अनुप्रवेशकर इनके नाम-रूप को बनाऊंगा', 'यह सृष्टि तो इस परमात्मा की महिमा है, वह पुरुष तो इससे भी बड़ा है, उसके एक पाद में सम्पूर्ण सृष्टि है और उसके तीन पाद द्युलोक में विशुद्ध हैं।' 'यह आत्मा हृदय में रहता है' इस श्रुति से हृदय में उसका आयतन बतलाया गया है। सुषुप्तिकाल में जीवात्मा का ब्रह्म के साथ सम्पन्न होना भी कहा गया है। इन सभी श्रुतिवाक्यों से जगद्रूप से बने ब्रह्म का निर्विकार भिन्नरूप भी प्रतीत होता है। यदि सम्पूर्ण ब्रह्म जगद्रूप से परिणत हो गया होता, तो **'सता सोम्य तदा सम्पन्नो भवति'** सुषुप्त आत्मा के लिए सद्ब्रह्म के साथ सम्पन्नता विशेषण असंगत हो जाता, क्योंकि विकृत ब्रह्म के साथ तो यह सदा सम्पन्न ही है और निर्विकार ब्रह्म रह नहीं गया, तो फिर सुषुप्ति में किसके साथ जीव सम्पन्न होगा। इसके अतिरिक्त ब्रह्म का विकार जगत् इन्द्रियों का विषय है ही और इससे भिन्न निर्विकार ब्रह्म है नहीं जिसके लिए इन्द्रियगोचरत्व का निषेध किया जाय। अतः इस निषेध के बल से भी निर्विकार ब्रह्म का अस्तित्व मानना पड़ेगा। हमारे इस पक्ष में निरवयवत्व शब्द का व्याकोप भी नहीं है, क्योंकि ब्रह्म का कार्य जगत् है ऐसा कहने के बाद श्रुति ने ब्रह्म को निरवयव माना ही है। ब्रह्म शब्दप्रमाणगम्य है केवल इन्द्रियादि-

देव निरवयवत्वस्याप्यभ्युपगम्यमानत्वात् । 'शब्दमूलं च ब्रह्म शब्दप्रमाणकं नेन्द्रियादिप्रमाणकं 'तद्यथाशब्दमभ्युपगन्तव्यम् । शब्दश्चोभयमपि ब्रह्मणः प्रतिपादयत्यकृत्स्नप्रसक्तिं निरवयत्वं च । लौकिकानामपि मणिमन्त्रौषधिप्रभृतीनां देशकालनिमित्तवैचित्र्यवशाच्छक्तयो विरुद्धानेककार्यविषया दृश्यन्ते । ता अपि तावन्नोपदेशमन्तरेण केवलेन तर्केणावगन्तुं शक्यन्तेऽस्य वस्तुन एतावत्य एतत्सहाया एतद्विषया एतत्प्रयोजनाश्च शक्तय इति किमुताचिन्त्यस्वभावस्य ब्रह्मणो रूपं विना शब्देन न निरूप्येत । तथाचाहुः पौराणिकाः —'अचिन्त्याः खलु ये भावा न तांस्तर्केण योजयेत् । प्रकृतिभ्यः परं यच्च तदचिन्त्यस्य लक्षणम् ।।" इति । तस्माच्छब्दमूल एवातीन्द्रियार्थयाथात्म्याधिगमः ।

ननु शब्देनापि न शक्यते विरुद्धोऽर्थः प्रत्याययितुं निरवयवं च ब्रह्म परिणमते नच कृत्स्नमिति । यदि निरवयवं ब्रह्म स्यान्नैव परिणमेत । कृत्स्नमेव वा परिणमेत । अथ केनचिद्रूपेण परिणमेत केनचिच्चावतिष्ठेतेति रूपभेदकल्पनात्सावयवमेव प्रसज्येत । क्रिया-

---

विवर्तमजानतः शङ्कां गूढाशय एव परिहरति—शब्द मूल चेति । यदा लौकिकानां प्रत्यक्षदृष्टानामपि शक्तिरचिन्त्या तदा शब्दैकसमधिगम्यस्य ब्रह्मणः किमु वक्तव्यम् । अतो ब्रह्मणो निरवयवत्वं द्विधाभावश्चेत्युभयं यथाशब्दमभ्युपगन्तव्यम् । न तर्केण बाधनीयमित्यर्थः । प्रकृतिभ्यः प्रत्यक्षदृष्टवस्तुस्वभावेभ्यो यत्परं विलक्षणं केवलोपदेशगम्यं तदचिन्त्यस्वरूपमिति स्मृत्यर्थः । 'आशयानवबोधेन शङ्कते—ननु शब्देनापीति ।

यद्वा ब्रह्म परिणामीत्येकदेशिनामियं सिद्धान्तसूत्रव्याख्या दर्शिता तामाक्षिपति—नन्विति । शब्दस्य योग्यताज्ञानसापेक्षत्वादित्यर्थः । ननु ब्रह्म सावयवं निरवयवं वेति विकल्पाश्रयणे सर्वश्रुतिसमाधानं स्यादित्यत आह—क्रियेति । निरवयवत्वे ब्रह्मणः प्रकृतित्वश्रुतिविरोधः, सावयवत्वे निरवयवत्व-

---

प्रमाणगम्य नहीं है। इसलिए उसके सम्बन्ध में शब्द जैसा कहता है वैसा ही मानना चाहिए। शब्द ब्रह्म के उभयरूप का प्रतिपादन करता है कि सम्पूर्ण ब्रह्म की प्रसक्ति भी नहीं है और ब्रह्म निरवयव भी है। मणि, मन्त्र, औषधादि लौकिक वस्तुओं में भी देश, काल, निमित्त की विचित्रता से अनेक कार्य करने वाली विरुद्ध शक्तियाँ देखी जाती हैं, उन्हें भी उपदेश के बिना केवल तर्क से नहीं समझ सकते, कि इस वस्तु में इतनी शक्तियाँ हैं और उनके विषय ये हैं, एवं उनसे ये प्रयोजन सिद्ध होते हैं तो भला अचिन्त्यप्रभाव वाले ब्रह्म का रूप श्रुतिवाक्य के बिना कैसे निरूपित किया जा सकता है। ऐसा ही पौराणिकों ने भी कहा है कि 'जो पदार्थ अचिन्त्य हैं उन्हें तर्क से नहीं मापा जा सकता। जो प्रकृति से अर्थात् प्रत्यक्षदृष्टवस्तुस्वभाव से विलक्षण, केवल उपदेशगम्य हो, उसे अचिन्त्यरूप कहते हैं।' इसलिए अतीन्द्रिय पदार्थ का यथार्थ बोध केवल शब्दप्रमाण से ही हो सकता है, अन्य प्रकार से नहीं।

प्रश्न—शब्द से भी विरुद्ध अर्थ का बोध कैसे कराया जा सकेगा, कि ब्रह्म निरवयव है। किन्तु उसका सम्पूर्ण परिणाम नहीं होता। यदि ब्रह्म निरवयव है, तो उसका या तो परिणाम नहीं होगा या होगा तो पूर्णरूप से ही होगा और यदि किसी रूप से परिणाम हो एवं किसी रूप से यथावत् बना रहे

---

१. शब्दमूलमित्यस्यैव विवरण शब्दप्रमाणकम् । २. ब्रह्म । ३. शब्दप्रमाणक एव । ४. विवर्तम् ।

विषये हि 'अतिरात्रे 'षोडशिनं गृह्णाति', 'नातिरात्रे षोडशिनं गृह्णाति' इत्येवंजातीयकायां विरोधप्रतीतावपि विकल्पाश्रयणं विरोधपरिहारकारणं भवति पुरुषतन्त्रत्वाच्चानुष्ठानस्य। इह तु विकल्पाश्रयणेनापि न विरोधपरिहारः सम्भवत्यपुरुषतन्त्रत्वाद्वस्तुनः। तस्माद्दुर्घटमेतदिति। नैष दोषः। अविद्याकल्पितरूपभेदाभ्युपगमात्। न ह्यविद्याकल्पितेन रूपभेदेन सावयवं वस्तु सम्पद्यते। नहि तिमिरोपहतनयनेनानेक इव चन्द्रमा दृश्यमानोऽनेक एव भवति। अविद्याकल्पितेन च नामरूपलक्षणेन रूपभेदेन व्याकृताव्याकृतात्मकेन तत्त्वान्यत्वाभ्यामनिर्वचनीयेन ब्रह्म परिणामादिसर्वव्यवहारास्पदत्वं प्रतिपद्यते। पारमार्थिकेन च रूपेण सर्वव्यवहारातीतमपरिणतमवतिष्ठते। वाचारम्भणमात्रत्वाच्चाविद्याकल्पितस्य नामरूपभेदस्येति न निरवयवत्वं ब्रह्मणः कुप्यति। न चेयं परिणामश्रुतिः परिणामप्रतिपादनार्था, तत्प्रतिपत्तौ फलानवगमात्। सर्वव्यवहारहीनब्रह्मात्मभावप्रतिपादनार्था त्वेषा, तत्प्रति-

---

शब्दविरोधः, विकल्पश्च वस्तुन्ययुक्तः, अतः प्रकारान्तरानुपलम्भात् श्रुतीनां प्रामाण्यं दुर्घटमिति प्राप्ते स्वाशयमुद्घाटयति— नैष दोष इति। निरवयवस्य वस्तुनः कूटस्थस्याप्यविद्यया कल्पितनामरूपविकाराङ्गीकाराद्दुर्घटत्वदोषो नास्ति। वास्तवकौटस्थ्यस्य कल्पितविकारप्रकृतित्वेनाविरोधादित्यर्थः। रूपभेदाङ्गीकारे सावयवत्वं स्यादित्याशङ्क्योक्तं विवृणोति—नहीत्यादिना। कृत्स्नप्रसक्तिं निरस्य दोषान्तरं निरस्यति—वाचारम्भणेति। ननु श्रुतिप्रतिपाद्यस्य परिणामस्य कथं मिथ्यात्मत्वं, तत्राह— न चेयमिति। निष्प्रपञ्चब्रह्मधीशेषत्वेन सृष्टिरनूद्यते न प्रतिपाद्यत इत्यसकृदावेदितम्, अतो विवर्तवादे

ऐसा माना जायेगा तो रूपभेदकल्पना करने पर ब्रह्म सावयव ही होने लग जायेगा। 'अतिरात्र याग में षोडशीपात्र का ग्रहण करें' और अतिरात्र याग में षोडशीपात्र का ग्रहण न करें' ऐसी विरुद्ध प्रतीति होने पर भी क्रिया के विषय में विकल्प का आश्रय विरोधपरिहार का कारण हो सकता है क्योंकि अनुष्ठान पुरुषाधीन होता है, वह उक्तश्रुति की आज्ञाका पालन विकल्प से कर सकता है, किन्तु इस सिद्ध ब्रह्मवस्तु में विकल्प का आश्रय लेकर भी विरोध परिहार करना सम्भव नहीं होगा, क्योंकि वस्तु पुरुषतन्त्र नहीं होती। अतः इसका समाधान कठिन जान पड़ता है ? उत्तर— यह दोष नहीं है। अविद्याकल्पित रूपभेद ब्रह्म में माना गया है पर अविद्याकल्पित रूपभेद के कारण ब्रह्म सावयव नहीं होता। तिमिर रोग से उपहित नेत्रवाले पुरुष से अनेक चन्द्रमा देखे जाने पर भी चन्द्र अनेक नहीं हो जाता। अविद्याकल्पित व्याकृत तथा अव्याकृत नाम-रूपभेद के कारण ब्रह्म परिणाम आदि सभी व्यवहार का आश्रय बन रहा है, जो नाम-रूप सत् और असत् से विलक्षण है। परमार्थतः तो ब्रह्म सभी व्यवहारों का अविषय परिणामरहित शुद्ध ही रहता है। अविद्याकल्पित नामरूपभेद तो वाणी से कहने मात्र के लिए है, इससे ब्रह्म में निरवयवत्व का व्यापको नहीं होता और ब्रह्म के परिणाम को बतलाने वाली श्रुति परिणाम का प्रतिपादन भी नहीं कर रही है क्योंकि ऐसा जान लेने पर कोई फल नहीं मिलता। यह श्रुति तो सम्पूर्ण व्यवहार से शून्य ब्रह्मात्मभावप्रतिपादन के लिए है क्योंकि ऐसा जान लेने पर फल सुना जाता है। 'यह प्रकृत आत्मा नेति-नेति शब्द द्वारा बतलाया जाता है' यहाँ से प्रसंग

१, सोमपात्रविशेषः षोडशी।

(१६२) आत्मनि चैवं विचित्राश्च हि ॥२८॥

पत्तौ फलावगमात् । 'स एष नेति नेत्यात्मा' इत्युपक्रम्याह—'अभयं वै जनक प्राप्तोऽसि' (बृ० ४-२-४) इति । तस्मादस्मत्पक्षे न कश्चिदपि दोषप्रसङ्गोऽस्ति ॥२७॥

अपि च नैवात्र विवदितव्यं कथमेकस्मिन्ब्रह्मणि स्वरूपानुपमर्देनैवानेकाकारा सृष्टिः स्यादिति । यत आत्मन्यप्येकस्मिन्स्वप्नदृशि स्वरूपानुपमर्देनैवानेकाकारा सृष्टिः पठ्यते—'न तत्र रथा न रथयोगा न पन्थानो भवन्त्यथ रथान्रथयोगान्पथः सृजते' (बृ० ४-३-१०) इत्यादिना । लोकेऽपि देवादिषु मायाव्यादिषु च स्वरूपानुपमर्देनैव विचित्रा हस्त्यश्वादिसृष्टयो दृश्यन्ते । तथैकस्मिन्नपि ब्रह्मणि स्वरूपानुपमर्देनैवानेकाकारा सृष्टिर्भविष्यतीति ॥२८॥

न कश्चिद्दोष इत्युपसंहरति—तस्मादिति ॥२७॥

पूर्वावस्थानाशेनावस्थान्तरं परिणामः, यथा दुग्धस्य दधिभावः । पूर्वरूपानुपमर्दनावस्थान्तरं विवर्तः, यथा शुक्तेः रजतभावः । तत्र ब्रह्मणो विवर्तोपादानत्वं स्वप्नसाक्षिदृष्टान्तेन द्रढयन्मायावादं स्फुटयति सूत्रकारः—आत्मनि चेति । रथयोगाः अश्वाः ॥२८॥

प्रारम्भकर 'हे जनक ! निःसन्देह अब तुम अभयपद को प्राप्त कर चुके हो' इन श्रुति वाक्यों द्वारा प्रपञ्चातीत ब्रह्म के यथार्थ ज्ञान से अभयपद की प्राप्तिरूप फल कहा गया है । अतः हम विवर्तवादी वेदान्तो के पक्ष में दोष का कोई प्रसंग नहीं आता ॥२७॥

आत्मनि चैवं विचित्राश्च हि (ललिता)

पूर्व अवस्था के नाश से अवस्थान्तरप्राप्ति को परिणाम कहते हैं जैसे दुग्ध का परिणाम दधि है और पूर्वरूप के नाश के विना ही अवस्थान्तरप्राप्ति को विवर्त कहते हैं जैसे शुक्ति का रजतभाव । उनमें से स्वप्नसाक्षी दृष्टान्त द्वारा ब्रह्म में विवर्तउपादानत्व को दृढ़ करते हुए अग्रिम सूत्र से मायावाद को स्फुट करते हैं, कि,

इस प्रसंग में विवाद नहीं करना चाहिए कि एक ब्रह्म में स्वरूपनाश के बिना ही अनेकाकार सृष्टि कैसे हो सकेगी । जब एक ही स्वप्नद्रष्टा में स्वरूपनाश के विना ही अनेकाकार सृष्टि होती हैं, क्योंकि स्वप्न में न रथ होते हैं, न रथ के घोड़े, न मार्ग ही होते हैं किन्तु रथ, उसके घोड़े और उसके मार्ग को स्वप्नद्रष्टा स्वयं ही बना लेता है' इस वाक्य द्वारा श्रुति ने स्वरूपनाश के बिना ही एक ही स्वप्नद्रष्टा में अनेकाकार सृष्टि बतला रखी है । लोक में भी देवादि और मायावी आदि में स्वरूपनाश के बिना ही विचित्र हस्ति, अश्वादि की सृष्टि देखी जाती है । ऐसे ही एक ब्रह्म में भी स्वरूपनाश के विना ही अनेकाकार सृष्टि हो जायेगी । अतः इस विषय में विवाद करने का अवकाश ही कहाँ है ॥२८॥

(१६३) स्वपक्षदोषाच्च ॥२९॥

परेषामप्येष समानः स्वपक्षे दोषः । प्रधानवादिनोऽपि हि निरवयवमपरिच्छिन्नं शब्दादिहीनं प्रधानं सावयवस्य परिच्छिन्नस्य शब्दादिमतः कार्यस्य कारणमिति स्वपक्षः । तत्रापि कृत्स्नप्रसक्तिर्निरवयवत्वात्प्रधानस्य प्राप्नोति निरवयवत्वाभ्युपगमकोपो वा ।

ननु नैव तैर्निरवयवं प्रधानमभ्युपगम्यते, सत्त्वरजस्तमांसि त्रयोगुणा नित्यास्तेषां साम्यावस्था प्रधानं तैरेवावयवैस्तत्सावयवमिति । नैवंजातीयकेन सावयवत्वेन प्रकृतो दोषः परिहर्तुं पार्यते । यतः सत्त्वरजस्तमसामप्येकैकस्य समानं निरवयवत्वम् । एकैकमेव चेतरद्वयानुगृहीतं सजातीयस्य प्रपञ्चस्योपादानमिति समानत्वात्स्वपक्षदोष-

---

किंच कृत्स्नप्रसक्त्यादीनां सांख्यादिपक्षेऽपि दोषत्वान्नास्मान् प्रत्युद्भावनीयत्वं, 'यश्चोभयोः समो दोषः' इति न्यायादित्याह सूत्रकारः—स्वपक्षेति ।

प्रधानस्य निरवयवत्वे कृत्स्नप्रसक्तिः सावयवत्वे च निरवयवत्वाभ्युपगमविरोध इत्यत्र शङ्कते—नन्विति । किं साम्यावस्था गुणानां विकारः, समुदायो वा । आद्ये तस्या न मूलप्रकृतित्वं, 'विकारत्वात्[1] । द्वितीये प्रपञ्चाभावः, समुदायस्यावस्तुत्वेन मूलाभावात् । अथ निरवयवा गुणा एव विविधपरिणामानां प्रकृतिरिति चेत्, तर्हि कृत्स्नप्रसक्तेर्मूलोच्छेदो दुर्वार इत्यभिप्रेत्य परिहरति—नैवमित्यादिना । इति यतोऽतः समानत्वान्न वयं पर्यनुयोज्या इत्यन्वयः । प्रत्येकं सत्त्वादिकमितरगुणद्वयसचिवं निरवयवं यद्युपादानं तर्हि कृत्स्नस्योपादानस्य कार्यरूपत्वप्रसक्तेर्मूलोच्छेद इत्युक्ते निरवयवत्वसाधकतर्कस्याभासत्वाद्गुणानां सावयवत्वमेव परिणामित्वेन मृदादिवदतो न कृत्स्नप्रसक्तिरेकदेशपरिणामसंभवादिति शङ्कते—तर्केति । एतद्दोषाभावेऽपि दोषान्तरं स्यादिति परिहरति—एवमपीति ।

स्वपक्षदोषाच्च (ललिता)

सांख्यों के पक्ष में भी यह दोष समानरूप से आता ही है क्योंकि उन्होंने भी निरवयव, शब्दादिहीन, अपरिच्छिन्न प्रधान को सावयव, शब्दादिमान, परिच्छिन्न, महदादि कार्य का कारण कहा है, यह उनका पक्ष है । इस पक्ष में भी प्रधान को निरवयव मानने के कारण कृत्स्नप्रसक्तिदोष आयेगा ही । सावयव कहोगे, तो निरवयवत्व सिद्धान्त का व्याकोप होगा ।

प्रश्न—सांख्य प्रधान को निरवयव नहीं मानते हैं क्योंकि सत्त्व, रज और तम ये तीन गुण हैं । इन तीनों गुणों की साम्यावस्था को ही प्रधान कहते हैं और इन तीनों गुणरूप अवयव के कारण ही प्रधान सावयव माना जाता है ? उत्तर—इस प्रकार सावयव मानकर भी प्रकृत दोष का परिहार वे नहीं कर पायेंगे, क्योंकि सत्त्वादि गुणों में भी एक-एक में निरवयवत्व समान ही है । सत्त्वादि एक एक गुण अन्य दो गुणों से अनुगृहीत होकर सजातीय प्रपञ्च का उपादानकारण माना गया है, इसलिए सांख्य के अपने पक्ष में पूर्वोक्त दोष का प्रसंग आयेगा ही । पूर्वपक्ष—तर्कों की सीमा न होने के कारण हम गुणों में सावयवत्व ही मानते हैं । सिद्धान्त—इस

---

१. मूलप्रकृतिरविकृतिरिति प्रतिज्ञानात् ।

प्रसङ्गस्य । तर्काप्रतिष्ठानात्सावयवत्वमेवेति चेत् । एवमप्यनित्यत्वादिदोषप्रसङ्गः । अथ शक्तय एव कार्यवैचित्र्यसूचिता अवयवा इत्यभिप्रायः । तास्तु ब्रह्मवादिनोऽप्यविशिष्टाः । तथाणुवादिनोऽप्यणुरण्वन्तरेण संयुज्यमानो निरवयवत्वाद्यदि कार्त्स्न्येन संयुज्येत ततः प्रथिमानुपपत्तेरणुमात्रत्वप्रसङ्गः । अथैकदेशेन संयुज्येत तथापि निरवयवत्वाभ्युपगमकोप इति स्वपक्षेऽपि समान एष दोषः । समानत्वाच्च नान्यतरस्मिन्नेव पक्ष उपक्षेप्तव्यो भवति । परिहृतस्तु ब्रह्मवादिना स्वपक्षे दोषः ॥२६॥

ननु गुणानामवयवास्तन्तुवदारम्भका न भवन्ति किंतु कार्यवैचित्र्यानुमितास्तद्गताः शक्तय इत्याशङ्क्य मायिकशक्तिभिर्ब्रह्मणोऽपि सावयवत्वं तुल्यमित्याह—अथेत्यादिना । अणुवादेऽपि दोषसाम्यमाह—तथेति । सांख्यवद्दोषः समान इति संबन्धः । निरवयवयोः परमाण्वोः संयोगो व्याप्यवृत्तिरव्याप्यवृत्तिर्वा । आद्ये तत्कार्यस्य द्व्यणुकस्यैकपरमाणुमात्रत्वापत्तिः, प्रथिम्नोऽधिकपरिमाणस्यानुपपत्तेः । न ह्यणोरण्वन्तरेणोपर्यधः पार्श्वतश्च व्याप्तौ ततोऽधिकद्रव्यं संभवति । द्वितीये परमाण्वोः सावयवत्वापत्तिरित्यर्थः । ननु त्वं चोर इत्युक्ते त्वमपि चोर इतिवद्दोषसाम्योक्तिरयुक्तेत्यत आह—परिहृतस्त्विति । उक्तं हि मायावादे स्वप्नवत्सर्वं सामञ्जस्यम्, अतो निरवयवे ब्रह्मणि समन्वयस्याविरोध इति सिद्धम् ॥२६॥

प्रकार मानने पर भी सत्त्वादि गुणों और उनके साम्यावस्थारूप प्रधान में भी अनित्यत्वादि दोष आयेंगे ही, क्योंकि सावयव वस्तु सर्वत्र अनित्य ही देखी गयी है। यदि सत्त्वादि गुणों को और उनके साम्यावस्थारूप प्रधान को सावयव मानोगे, तो उनमें अनित्यत्व दोष आयेगा ही। पूर्वपक्ष—कार्यवैचित्र्य से सूचित शक्ति ही प्रधान के अवयव हैं, ऐसा हमारा अभिप्राय है ? सिद्धान्त— तब तो ब्रह्मवादियों के यहाँ भी ऐसा ही माना गया है। अतः दोनों में कोई भेद नहीं रह गया। ऐसे ही परमाणुवादी वैशेषिकों के पक्ष में भी निरवयव एक परमाणु का दूसरे परमाणु से मिलकर द्व्यणुकादि क्रम से जगत् की रचना मानी जाती है, ऐसी स्थिति में निरवयव दो परमाणुओं के मिलने पर महत्व परिमाण न सिद्ध होने के कारण अणुमात्र ही रह जायेगा। अतः उनके पक्ष में भी यह दोष समान ही है। जब वादी-प्रतिवादी सभी के पक्ष में यह दोष रहता ही है, तो किसी एक पक्ष में ऐसे दोष का उद्भावन ठीक नहीं है।

'यश्चोभयोः समो दोषः परिहारोऽपि तत्समः ।
नैकस्तत्र नियोक्तव्यस्तादृगर्थविचारणे ॥'

इस अभियुक्त वचन के अनुसार ऐसे प्रसंग पर चुप रह जाना ही अच्छा है। एक ने दूसरे को चोर कहा, तो दूसरे ने पहले वाले को चोर कह दिया, यह कथन कोई समाधान नहीं है। इसलिए सिद्धान्त पक्ष से भाष्यकार ने कहा कि ब्रह्मवादियों ने मायावाद के आधार पर स्वप्न के समान अपने पक्ष में पूर्वोक्त दोष का परिहार कर दिया। अतः निरवयव ब्रह्म में श्रुति का समन्वय निर्विरोध सिद्ध रह गया है ॥२६॥

१०. सर्वोपेताधिकरणम् (सू० ३०-३१)

नाशरीरस्य मायास्ति यदि वास्ति न विद्यते । ये हि मायाविनो लोके ते सर्वेऽपि शरीरिणः ॥
बाह्यहेतुमृते यद्वन्मायया कार्यकारिता । ऋतेऽपि देहं मायैवं ब्रह्मण्यस्तु प्रमाणतः ॥

(१६४) सर्वोपेता च तद्दर्शनात् ॥३०॥

एकस्यापि ब्रह्मणो विचित्रशक्तियोगादुपपद्यते विचित्रो विकारप्रपञ्च इत्युक्तम् । तत्पुनः कथमवगम्यते विचित्रशक्तियुक्तं परं ब्रह्मेति । तदुच्यते । सर्वोपेता च तद्दर्शनात् । सर्वशक्तियुक्ता च परा देवतेत्यभ्युपगन्तव्यम् । कुतः ? तद्दर्शनात् । तथाहि दर्शयति श्रुतिः सर्वशक्तियोगं परस्या देवतायाः—'सर्वकर्मा 'सर्वकामः सर्वगन्धः सर्वरसः सर्वमिदमभ्यात्तोऽवाक्यनादरः' (छा० ३-१४-४), 'सत्यकामः सत्यसङ्कल्पः' (छा० ८-७-१), 'यः सर्वज्ञः सर्ववित्' (मु० १-१-९), 'एतस्य वा अक्षरस्य प्रशासने गार्गि सूर्याचन्द्रमसौ विधृतौ तिष्ठतः' (बृ० ३-८-९) इत्येवंजातीयका ॥३०॥

सर्वोपेता । मायाशक्तिमतो ब्रह्मणो जगत्सर्गं वदतः समन्वयस्याशरीरस्य न मायेति न्यायेन विरोधोऽस्ति न वेति संदेहे न्यायस्याभासत्वादस्तीति पूर्वपक्षे पूर्वोक्तशक्तिमत्त्वसमर्थनादेकविषयत्वं संगतिं वदन् सिद्धान्तसूत्रं व्याचष्टे–एकस्येत्यादिना । पूर्वोत्तरपक्षयोर्विरोधाविरोधौ फलमित्युक्तमेवापादसमाप्तेरवगन्तव्यम् । अभ्यात्तः अभितो व्याप्तः । अवाकी वागिन्द्रियशून्यः । अनादरो निष्कामः ॥३०॥

---

१०. सर्वोपेताधिकरण

१. **संगति**—पिछले अधिकरण द्वारा ब्रह्म में विचित्र शक्ति का योग बतलाया गया, जिसका समर्थन इस अधिकरण द्वारा किया जायेगा, अतः दोनों की विषय-विषयिभाव संगति है।

२. **विषय**—ब्रह्म में मायायुक्तत्व का विचार इस अधिकरण द्वारा किया गया है।

३. **संशय**—निराकार ब्रह्म के आश्रित माया रह सकती है, या नहीं ? इस प्रकार संशय होता है।

४. **पूर्वपक्ष**—लोक में सभी मायावी शरीरधारी देखे गये हैं। अतः अशरीर ब्रह्म में माया नहीं रह सकती।

५. **सिद्धान्त**—बाह्यकारण के बिना ही माया के द्वारा जैसे ब्रह्म जगत का कर्ता है, पिछले अधिकरण में ब्रह्म को जगत्कर्ता सिद्ध किया गया था। ऐसे ही शरीर के बिना भी ब्रह्म में माया रह सकती है, ऐसा श्रुति के बल से सिद्ध होता है।

सर्वोपेता च तद्दर्शनात् (ललिता)

विचित्र शक्तियुक्त अद्वय ब्रह्म से भी विचित्र कार्यप्रपञ्च की रचना सम्भव है, ऐसा पिछले प्रसंग में कहा गया था। इस पर प्रश्न होता है, कि परमात्मा विचित्र शक्तियुक्त है, यह आपको कैसे ज्ञात हुआ ? इसी प्रश्न का उत्तर अग्रिम सूत्र से दिया गया है कि—

'परमात्मा सर्वशक्तियुक्त है ऐसा समझना चाहिए, क्योंकि वह परमात्मा समस्त कर्म, समस्त काम, समस्त गन्ध, समस्त रस से युक्त है और उसने सम्पूर्ण जगत् को सभी ओर से व्याप्त कर रखा है, वह वागिन्द्रिय रहित है और निष्काम है', 'वह सत्यकाम एवं सत्यसंकल्प है', 'हे गार्गी! इसी अक्षर के प्रशासन में सूर्य और चन्द्र सदा खड़े रहते हैं' ये सब श्रुतियाँ परमेश्वर को सर्वशक्तियुक्त बतलाती हैं ॥३०॥

(१६५) विकरणत्वान्नेति चेत्तदुक्तम् ॥३१॥

स्यादेतत् । विकरणां परां देवतां शास्ति शास्त्रम्—'अचक्षुष्कमश्रोत्रमवागमनः' (बृ० ३-८-८) इत्येवंजातीयकम् । कथं सा सर्वशक्तियुक्तापि सती कार्याय प्रभवेत् । देवादयो हि चेतनाः सर्वशक्तियुक्ता अपि सन्त आध्यात्मिककार्यकरणसम्पन्ना एव तस्मै तस्मै कार्याय प्रभवन्तो विज्ञायन्ते । कथं च 'नेति नेति' (बृ० ३-९-२६) इति प्रतिषिद्धसर्वविशेषाया देवतायाः सर्वशक्तियोगः सम्भवेदिति चेत् । यदत्र वक्तव्यं तत्[1] पुरस्तादेवोक्तम् । श्रुत्यवगाह्यमेवेदमतिगम्भीरं ब्रह्म न तर्कावगाह्यम्[2] । नच यथैकस्य सामर्थ्यं दृष्टं तथान्यस्यापि सामर्थ्येन भवितव्यमिति नियमोऽस्तीति । प्रतिषिद्धसर्वविशेषस्यापि ब्रह्मणः सर्वशक्तियोगः सम्भवतीत्येतदप्यविद्याकल्पितरूपभेदोपन्यासेनोक्तमेव । तथाच शास्त्रम्—'अपाणिपादो जवनो ग्रहीता पश्यत्यचक्षुः स शृणोत्यकर्णः' (श्वे० ३-१९) इत्यकरणस्यापि ब्रह्मणः सर्वसामर्थ्ययोगं दर्शयति ॥३१॥

पूर्वपक्षन्यायमनूद्य दूषयति—विकरणत्वादिति । देवादिचेतनानां शक्तानामपि देहाभिमाने सत्येव कर्तृत्वं दृष्टं तदभावे सुषुप्ते तन्न दृष्टं, अतो ब्रह्मणः शक्तत्वेऽप्यदेहत्वान्न कर्तृत्वम् । नाप्यदेहस्य शक्तिः संभवतीति शङ्कार्थः । विकरणस्य जीवस्य कर्तृत्वासंभवेऽपीश्वरस्य संभवतीति, 'देवादिवदपि लोके' इत्यत्रोक्तम् । तत्र शरीरस्य कल्पितस्य मायाश्रयत्वायोगान्निर्विशेषचिन्मात्रस्यैव मायाधिष्ठानत्वं युक्तमिति समाधानार्थः ॥३१॥

विकरणत्वान्नेति चेत्तदुक्तम् (ललिता)

पूर्वपक्ष—'वह परमात्मा नेत्र, श्रोत्र, वाणी और मन से रहित है' यह श्रुति परमेश्वर को इन्द्रियों से रहित बतलाती है । ऐसी स्थिति में वह परमात्मा सर्वशक्तियुक्त होता हुआ भी जगत् रचना में कैसे समर्थ हो सकेगा ? क्योंकि सर्वशक्तिसम्पन्न हुए ही चेतन देवादि आध्यात्मिक शरीर एवं इन्द्रियों से युक्त होने पर ही तत्तद् कार्य करने में समर्थ जाने जाते हैं, फिर भला 'नेति-नेति' शब्द से जिस परमेश्वर में सभी विषयों का प्रतिषेध कर दिया गया है, ऐसे परमात्मा में सर्वशक्ति का योग कैसे सम्भव हो सकेगा ? सिद्धान्त—इसका जो उत्तर कहा जा सकता है, उसे हम 'देवादिवदपि लोके' इस सूत्र के भाष्य में कह आये हैं । अतिगम्भीर यह ब्रह्मतत्व श्रुति से जानने योग्य है, केवल तर्क से नहीं । इसके अतिरिक्त एक वस्तु में जो सामर्थ्य देखा गया है, वैसा ही सामर्थ्य दूसरे में भी होना चाहिए ऐसा नियम नहीं है । जिस ब्रह्म में सभी विशेषों का प्रतिषेध कर दिया गया है, उसमें सभी शक्तियों का सम्बन्ध सम्भव है, यह भी हमने अविद्याकल्पित रूपभेद के उपन्यास से ही कहा है, क्योंकि 'परमेश्वर हाथ के बिना भी सबको ग्रहण करता है, पैर के बिना भी सबसे अधिक तीव्र गति से भागता है, नेत्र के बिना भी देखता है और श्रोत्र के बिना भी सुनता है' यह शास्त्रवचन कार्य-कारण रहित ब्रह्म में भी सर्वसामर्थ्य का सम्बन्ध बतलाता है ॥३१॥

---

१. देवादिवदपि लोक इत्यत्रेत्यर्थः ।

२. श्रुतेस्तु शब्दमूलत्वादित्यत्र ।

११. न प्रयोजनवत्त्वाधिकरणम् (सू० ३२-३३)

तृप्तोऽस्रष्टाथवा स्रष्टा न स्रष्टा फलवाञ्छने। अतृप्तः स्यदवाञ्छायामुन्मत्तनरतुल्यता।
लीलाश्वासवृथाचेष्टा अनुद्दिश्य फलं यतः। अनुन्मत्तैर्विरच्यन्ते तस्मात्तृप्तस्तथा सृजेत्॥

(१६६) न प्रयोजनवत्त्वात् ॥३२॥

अन्यथा पुनश्चेतनकर्तृत्वं जगत आक्षिपति। न खलु चेतनः परमात्मेदं जगद्बिम्बं विरचयितुमर्हति। कुतः? प्रयोजनवत्त्वात्प्रवृत्तीनाम्। चेतनो हि लोके बुद्धिपूर्वकारी पुरुषः प्रवर्तमानो न मन्दोपक्रमामपि तावत्प्रवृत्तिमात्मप्रयोजनानुपयोगिनीमारभमाणो दृष्टः। किमुत गुरुतरसंरम्भाम्। भवति च लोकप्रसिद्ध्यनुवादिनी श्रुतिः—' न वा अरे सर्वस्य

न प्रयोजनवत्त्वात्। परितृप्ताद्ब्रह्मणो जगत्सर्गं वदन् समन्वयो विषयः। स किमभ्रान्तश्चेतनो यः स निष्फलं वस्तु न रचयतीति न्यायेन विरुध्यते न वेति संदेहे पूर्वमदेहस्यापि श्रुतिबलात् शक्तत्वोक्त्या कर्तृत्वमुक्तं तदाक्षेपसंगत्या पूर्वपक्षसूत्रं व्याचष्टे—अन्यथेत्यादिना। ईश्वरस्य फलाभावेऽपि परप्रयोजनाय सृष्टौ प्रवृत्तिरस्त्वित्याशङ्क्य श्रुतिमाह—भवति चेति। या प्रेक्षावत्प्रवृत्तिः सा

---

११. न प्रयोजनवत्त्वाधिकरण

१. **संगति**—पिछले अधिकरण द्वारा श्रुति के आधार पर सर्वशक्तिविशिष्ट परमेश्वर को जगत्कर्ता सिद्ध किया गया। अब उस पर आक्षेप करके समाधान देने के लिए यह अधिकरण प्रारम्भ किया जाता है। अतः पूर्व के साथ इसका आक्षेप संगति है।

२. **विषय**—तृप्तब्रह्म को जगत्स्रष्टा मानने पर समन्वयविरोध इस अधिकरण का विचारणीय विषय है।

३. **संशय**—आप्तकाम ब्रह्म जगत्स्रष्टा हो सकता है, या नहीं?

४. **पूर्वपक्ष**—फलाकांक्षा रहने पर ब्रह्म अतृप्त माना जायेगा और बिना इच्छा के उसे जगत्कर्ता मानने पर उसकी प्रवृत्ति उन्मत्तपुरुष के समान हो जायेगी। अतः आप्तकाम ब्रह्म को जगत्स्रष्टा मानना ठीक नहीं।

५. **सिद्धान्त**—बिना किसी उद्देश्य के लीला में और श्वास की चेष्टा में स्वस्थ व्यक्ति की भी प्रवृत्ति देखी जाती है। अतः आप्तकाम परमेश्वर भी बिना किसी प्रयोजन के लीलादि प्रवृत्ति की भाँति जगद्रचनारूप प्रवृत्ति कर लेगा, इसमें कोई आपत्ति नहीं है।

न प्रयोजनवत्त्वात् (ललिता)

जगत् का कर्ता चेतन ब्रह्म है, इस पर पुनः आक्षेप करते हैं, कि चेतन ब्रह्म इस जगत् बिम्ब की रचना नहीं कर सकता क्योंकि प्रवृत्ति स्वकीय प्रयोजन के लिए हुआ करती है। लोक में बुद्धिपूर्वक प्रवृत्त होने वाला चेतन पुरुष छोटी सी छोटी प्रवृत्ति भी अपने प्रयोजन के बिना करता हुआ नहीं देखा गया है फिर भला गुरुतरआयाससिद्ध जगद् की रचना जैसी प्रवृत्ति ईश्वर स्वकीय प्रयोजन के बिना कैसे कर सकेगा। लोकप्रसिद्ध प्रवृत्ति का अनुवाद करने वाली श्रुति भी है 'अरे मैत्रेयि! सब की

(१६७) लोकवत्तु लीलाकैवल्यम् ॥३३॥

कामाय सर्वं प्रियं भवत्यात्मनस्तुकामाय सर्वं प्रियं भवति' बृ० २-४-५) इति । गुरुतर-संरम्भा चेयं प्रवृत्तिर्यदुच्चावचप्रपञ्चं जगद्बिम्बं विरचयितव्यम् । यदीयमपि प्रवृत्तिश्चेतनस्य परमात्मन आत्मप्रयोजनोपयोगिनो परिकल्प्येत परितृप्तत्वं परमात्मनः श्रूयमाणं बाध्येत । प्रयोजनाभावो वा प्रवृत्त्यभावोऽपि स्यात् । अथ चेतनोऽपि सन्नुन्मत्तो बुद्ध्यपराधादन्तरेणैवात्मप्रयोजनं प्रवर्तमानो दृष्टस्ततः परमात्मापि प्रवर्तिष्यत इत्युच्येत । तथा सति सर्वज्ञत्वं परमात्मनः श्रूयमाणं बाध्येत । तस्मादश्लिष्टा चेतनात्सृष्टिरिति ॥३२॥

तुशब्देनाक्षेपं परिहरति । यथा लोके कस्यचिदाप्तैषणस्य राज्ञो राजामात्यस्य वा व्यतिरिक्तं किंचित्प्रयोजनमनभिसंधाय केवलं लीलारूपाः प्रवृत्तयः क्रीडाविहारेषु भवन्ति, यथा चोच्छ्वासप्रश्वासादयोऽनभिसंधाय बाह्यं किञ्चित्प्रयोजनं स्वभावादेव सम्भवन्ति, एवमीश्वरस्याप्यनपेक्ष्य किञ्चित्प्रयोजनान्तरं स्वभावादेव केवलं लीलारूपा

स्वफलार्थेति लोकप्रसिद्धिः । नच दयालुप्रवृत्तौ व्यभिचारः, तस्यापि परदुःखासहनप्रयुक्तस्वचित्तव्याकुलतानिवृत्त्यर्थित्वादिति भावः । किंच गुरुतरायासस्य फलं वाच्यमित्याह—गुरुतरेति । तर्ह्यस्तीश्वरस्यापि प्रवृत्तिः स्वार्थेत्यत आह—यदीयमपीति । अस्वार्थत्वे प्रवृत्त्यभावः पूर्वोक्तः स्यादित्यर्थः । ईश्वरः प्रेक्षावान्न भवतीत्याशङ्क्य श्रुतिविरोधमाह—अथेत्यादिना । बुद्धेरपराधो विवेकाभावः ॥३२॥

उक्तन्यायस्य राज्ञां लीलायां व्यभिचार इति सिद्धान्तसूत्रं व्याचष्टे—तुशब्देनेति । व्यतिरिक्तं । लीलातिरिक्तम् । क्रीडारूपा विहारा येषु रम्यदेशेषु तेष्वित्यर्थः । कदाचिद्राजादीनां लीलाया अपि किंचित् फलं सुखोल्लासादिकं संभाव्येत, तथापि निःश्वासादौ प्रेक्षावत्प्रवृत्तित्वमस्ति न तु स्वस्य तत्रोद्देश्यं फलं किंचिदस्तीति व्यभिचारस्थलान्तरमाह—यथा चेति । प्राणस्य स्वभावश्चलत्वं प्रारब्धं

स्वार्थसिद्धि के लिए सब प्रिय नहीं होते हैं किन्तु अपनी स्वार्थसिद्धि के लिए सब प्रिय होते हैं ।' यह जगद् रचनारूप प्रवृत्ति अत्यन्त आयाससाध्य है, क्योंकि यह जगद् रचना बहुत ऊँचा-नीचा स्वभाववाला है। यदि चेतन परमेश्वर की यह प्रवृत्ति अपनी स्वार्थसिद्धि के लिये होती है, ऐसी कल्पना करोगे तो परमात्मा में जो पूर्णतृप्तत्व सुना गया है वह बाधित होने लग जायेगा अथवा प्रयोजन के न रहने पर प्रवृत्ति का अभाव भी हो जायेगा । यदि कहो कि चेतन उन्मत्तपुरुष भी बुद्धिदोष के कारण अपने प्रयोजन के बिना ही कर्म करता देखा गया है, वैसे ही परमात्मा भी स्वप्रयोजन के बिना ही जगद् रचना कर लेगा, तब तो उसमें सर्वज्ञत्व जो सुना गया था, उसका बाध होने लग जायेगा। अतः चेतन ब्रह्म से जगत्सृष्टि बतलाना असंगत है ॥३२॥

लोकवत्तु लीलाकैवल्यम् (ललिता)

सूत्रोक्त आक्षेप का परिहार अग्रिम सूत्र से किया गया है—

'तु' शब्द से आक्षेप का परिहार करते हैं। लोक में किसी आप्तकाम राजा अथवा उसके मन्त्री की प्रयोजन चिन्तन किये बिना ही क्रीडा-विहारादि में जैसे लीलारूप प्रवृत्तियाँ देखी जाती हैं और जैसे श्वास-प्रश्वास आदि किञ्चिद् बाह्यप्रयोजन सोचे बिना स्वभाव से होते रहते हैं, ऐसे ही किसी प्रयोजनान्तर की अपेक्षा न कर स्वभाव से ही लीलारूपा प्रवृत्ति ईश्वर की भी हो जायेगी । बहुत

१२. वैषम्यनैर्घृण्याधिकरणम् (सू० ३४–३६)

वैषम्याद्यापतेन्नो वा सुखदुःखे नृभेदतः । सृजन्विषम ईशः स्यान्निर्घृणश्चोपसंहरन् ॥
प्राण्यनुष्ठितधर्मादिमपेक्ष्येशः प्रवर्तते । नातो वैषम्यनैर्घृण्ये संसारस्तु न चादिमान् ॥

प्रवृत्तिर्भविष्यति । न हीश्वरस्य प्रयोजनान्तरं निरूप्यमाणं न्यायतः श्रुतितो वा सम्भवति । नच स्वभावः पर्यनुयोक्तुं शक्यते यद्यप्यस्माकमियं जगद्बिम्बविरचना गुरतसंरम्भेवाभाति तथापि परमेश्वरस्य लीलैव केवलेयं, अपरिमितशक्तित्वात् । यदि नाम लोके लीलास्वपि किञ्चित्सूक्ष्मं प्रयोजनमुपत्प्रेक्ष्येत तथापि नैवात्र किञ्चित्प्रयोजनमुत्प्रेक्षितुं शक्यते, आप्तकामश्रुतेः । नाप्यप्रवृत्तिरुन्मत्तप्रवृत्तिर्वा, सृष्टिश्रुतेः, सर्वज्ञश्रुतेश्च । न चेयं परमार्थविषया सृष्टिश्रुतिः, अविद्याकल्पितनामरूपव्यवहारगोचरत्वात् ब्रह्मात्मभावप्रतिपादनपरत्वाच्चेत्येतदपि नैव विस्मर्तव्यम् ॥३३॥

उच्छ्वासादिहेतुः, ईश्वरस्य स्वभावः कालकर्मसहितमाया । नन्वीश्वरस्य जगद्रचनायाः केवललीलात्वं किमित्युच्यते, फलमेव किंचित् कल्प्यतां, तत्राह—नहीति । आप्तकामत्वव्याघातादित्यर्थः । नन्वीश्वरस्तूष्णीं किमिति न तिष्ठति, किमिति स्वस्याफलां परेषां दुःखावहां सृष्टिं करोति, तत्राह—नच स्वभाव इति । कालधर्मादिसामग्र्यां सत्यां सृष्टेरपरिहार्यत्वादित्यर्थः । यदुक्तं गुरुतरायासत्वात् फलं वाच्यमिति, तत्र हेत्वसिद्धिमाह—यद्यपीत्यादिना । अल्पप्रवृत्तेरपि फलं वाच्यं लोके तथादर्शनादित्याद्वितर्कस्यागमबाधमाह—यदि नामेति । सृष्टिश्रुतेरप्रवृत्तिर्नास्ति, सर्वज्ञत्वश्रुतेरुन्मत्तता नास्तीति विभागः । स्वप्नसृष्टिवदस्याः सृष्टेर्मायामात्रत्वान्न फलापेक्षेत्याह—न चेयमिति । नच निष्फलसृष्टिश्रुतीनामानर्थक्यं, सफलब्रह्मबोधशेषत्वेनार्थवत्त्वादित्युक्तं न विस्मर्तव्यमित्यर्थः ॥३३॥

विचार करने पर भी युक्ति से जगद् रचना के लिए ईश्वर में कोई प्रयोजन नहीं दिखाई पड़ता और न श्रुति ही ऐसा कहती है । किसी के स्वभाव पर प्रश्न नहीं कर सकते हैं, कि ऐसा इसका स्वभाव क्यों हुआ । यद्यपि जगद्बिम्बरचना हम सब के लिए गुरुतर आयासवाली जान पड़ती है फिर भी परमेश्वर की यह केवल लीला ही है, क्योंकि उसमें अपरिमित शक्ति है । यदि लोक में कुछ सूक्ष्म प्रयोजन की कल्पना लीलाओं में भी कर सकते हैं, फिर भी ईश्वर में कुछ प्रयोजन की कल्पना नहीं कर सकते, क्योंकि श्रुति उसे आप्तकाम बतलाती है । ऐसे ही प्रवृत्ति का अभाव अथवा उन्मत्त प्रवृत्ति भी ईश्वर में नहीं कह सकते, क्योंकि सृष्टिबोधक श्रुति है और ईश्वर में सर्वज्ञत्वप्रतिपादक श्रुति भी है । यह सृष्टि श्रुति परमार्थतत्त्वविषयक तो है नहीं क्योंकि यह अविद्याकल्पित नाम-रूप व्यवहार को बतलाती है, इसका मुख्य तात्पर्य ब्रह्मात्मभावप्रतिपादन में है, इस बात को कभी भूलना नहीं चाहिए अर्थात् सृष्टि श्रुति का तात्पर्य सृष्टिमात्रबोधन में नहीं है और न सृष्टि को परमार्थ बतलाने में है किन्तु ब्रह्म और आत्मा के अभेदप्रतिपादन में महावाक्य की भांति सृष्टिश्रुति का भी तात्पर्य है, इसे सदा स्मरण बनाये रखना चाहिए ॥३३॥

१२. वैषम्यनैर्घृण्याधिकरण

१. **संगति**—पिछले अधिकरण द्वारा मायाशक्तियुक्त ब्रह्म को लीला से जगत्स्रष्टा कहा गया, उस पर आक्षेप करके समाधान देने के लिए इस अधिकरण को प्रारम्भ करते हैं । अतः पूर्व के साथ इस अधिकरण की आक्षेप संगति है ।

(१६८) वैषम्यनैर्घृण्ये न सापेक्षत्वात्तथाहि दर्शयति ॥३४॥

पुनश्च जगज्जन्मादिहेतुत्वमीश्वरस्याक्षिप्यते स्थूणानिखननन्यायेन प्रतिज्ञातस्यार्थस्य दृढीकरणाय । नेश्वरो जगतः कारणमुपपद्यते । कुतः ? वैषम्यनैर्घृण्यप्रसङ्गात् । कांश्चि-दत्यन्तसुखभाजः करोति देवादीन्, कांश्चिदत्यन्तदुःखभाजः पश्वादीन्, कांश्चिन्मध्यमभोगभाजो मनुष्यादीनित्येवं विषमां सृष्टिं निर्मिमाणस्येश्वरस्य पृथग्जनस्येव रागद्वेषोपपत्तेः । श्रुतिस्मृत्यवधारितस्वच्छत्वादीश्वरस्वभावविलोपः प्रसज्येत । तथा खलजनैरपि जुगुप्सितं निर्घृणत्वमतिक्रूरत्वं दुःखयोगविधानात्सर्वप्रजोपसंहाराच्च प्रसज्येत । तस्माद्वैषम्य-

---

वैषम्यनैर्घृण्ये न । निर्दोषाद्ब्रह्मणो जगत्सर्गं ब्रुवन् समन्वयो विषयः । स किं यो विषमकारी स दोषवानिति न्यायेन विरुध्यते न वेति संदेहे पूर्वत्र लीलया यत्स्रष्टृत्वमुक्तं तदेव कर्मादिसापेक्षस्य न युक्तमनीश्वरत्वापत्तेः, निरपेक्षत्वे रागादिदोषापत्तेरित्याक्षेपसंगत्या पूर्वपक्षयति—पुनश्चेत्यादिना । ब्रह्मैव जगत्कारणमिति जन्मादिसूत्रे प्रतिज्ञातोऽर्थः । पृथग्जनः पामरः, 'निरवद्यं निरञ्जनम्' इति श्रुतिः, 'न मे द्वेष्योऽस्ति न प्रियः' इति स्मृतिः । स्वच्छत्वादीत्यादिपदेन कूटस्थत्वग्रहः, स्वच्छत्वा-दिश्चासावीश्वरस्वभावश्चेति विग्रहः । निमित्तमनपेक्ष्य विषमकारित्वे वैषम्यादिदोषः स्यात्, न त्वन-

---

२. **विषय**—निर्दोषब्रह्म से जगत्सृष्टि बतलाने वाला समन्वय इस अधिकरण का विचारणीय विषय है ।

३. **संशय**—समब्रह्म से जगत्सृष्टि मानने पर परमेश्वर में वैषम्य दोष आता है, या नहीं ?

४. **पूर्वपक्ष**—सभी प्राणियों के लिए सुख-दुःख का विधान करने वाला ईश्वर विषम माना जायेगा । साथ ही दुःख का विधान एवं सभी प्रजाओं का संहार जैसा दुःखद काम करने वाले परमात्मा में नैर्घृण्यदोष भी आ जायेगा जो समन्वय का विरोधी है ।

५. **सिद्धान्त**—सृज्यमान प्राणियों के धर्मादि की अपेक्षाकर परमेश्वर जगत्सृष्टि, स्थिति और संहार जैसे कार्य में प्रवृत्त होता है । अतः उसमें वैषम्यनैर्घृण्यदोष नहीं है और संसार प्रवाहरूप से भी अनादि भी है, जिसमें श्रुति एवं स्मृतिप्रमाण विद्यमान है ।

वैषम्यनैर्घृण्ये न सापेक्षत्वात्तथाहि दर्शयति (ललिता)

'**जन्माद्यस्य यतः**' इस सूत्र से ईश्वर को जगज्जन्मादि का कारण होने की प्रतिज्ञा की गयी थी उसी प्रतिज्ञात अर्थ को दृढ़ करने के लिए स्थूणानिखननन्याय से पुनः ईश्वर के जगज्जन्मादिकारणता पर शङ्का करते हैं कि ईश्वर जगत् का कारण सिद्ध नहीं होता है क्योंकि ऐसा मानने पर उसमें वैषम्यनैर्घृण्यदोष आने लग जायेगा, देवादि कुछ प्राणियों को अत्यन्त सुख का भागी, पश्वादि कुछ प्राणियों को अत्यन्त दुःख का और मनुष्यादि कुछ प्राणियों को मध्यम भोग का अधिकारी बना रखा है । ऐसी विषमसृष्टि करने वाले ईश्वर में पामरों की भाँति राग-द्वेष आने लग जायेंगे । ऐसी स्थिति में श्रुति-स्मृति ने जो ईश्वर को अत्यन्त स्वच्छ स्वभाव बतलाया था, उस निर्धारित स्वच्छत्वादि ईश्वर स्वभाव का लोप होने लग जायेगा एवं दुःखसम्बन्ध के विधान तथा सर्वप्रजाउप-संहरण के कारण ईश्वर में अतिक्रूरत्व का प्रसंग भी आने लग जायेगा, जिस अतिक्रूरत्व की निन्दा

नैर्घृण्यप्रसङ्गान्नेश्वरः कारणमित्येवं प्राप्ते ब्रूमः—वैषम्यनैर्घृण्ये नेश्वरस्य प्रसज्येते। कस्मात्? सापेक्षत्वात्। यदि हि निरपेक्षः केवल ईश्वरो विषमां सृष्टिं निर्मिमीते स्यातामेतौ दोषौ वैषम्यं नैर्घृण्यं च। नतु निरपेक्षस्य निर्मातृत्वमस्ति। सापेक्षो हीश्वरो विषमां सृष्टिं निर्मिमीते। किमपेक्षत इति चेत्। धर्माधर्मावक्षेपत इति वदामः। अतः सृज्यमानप्राणिधर्माधर्मापेक्षा विषमा सृष्टिरिति नायमीश्वरस्यापराधः। ईश्वरस्तु पर्जन्यवद्द्रष्टव्यः। हि यथा पर्जन्यो व्रीहियवादिसृष्टौ साधारणं कारणं भवति, व्रीहियवादिवैषम्ये तु तत्तद्बीजगतान्येवासाधारणानि सामर्थ्यानि कारणानि भवन्ति, एवमीश्वरो देवमनुष्यादिसृष्टौ साधारणं कारणं भवति। देवमनुष्यादिवैषम्ये तु तत्तज्जीवगतान्येवासाधारणानि कर्माणि कारणानि भवन्त्येवमीश्वरः सापेक्षत्वान्न वैषम्यनैर्घृण्याभ्यां दुष्यति। कथं पुनरवगम्यते सापेक्ष ईश्वरो नीचमध्यमोत्तमं संसारं निर्मिमीत इति। तथाहि दर्शयति श्रुतिः—'एष ह्येव साधु कर्म कारयति तं यमेभ्यो लोकेभ्य उन्निनीषत एष उ एवासाधु

पेक्षत्वमीश्वरस्यास्तीति सिद्धान्तयति—एवं प्राप्त इत्यादिना। न च सापेक्षत्वे अनीश्वरत्वं, सेवामपेक्ष्य फलदातरि राज्ञीश्वरत्वानपायात्। ननु तर्हि धर्माधर्माभ्यामेव विचित्रा सृष्टिरस्तु किमीश्वरेणेत्यत आह—ईश्वरस्तु पर्जन्यवदिति। साधारणहेतुसहितस्यैवासाधारणहेतोः कार्यकारित्वान्नेश्वरवैयर्थ्यं, अन्यथा पर्जन्यवैयर्थ्यप्रसङ्गादिति भावः। यं जनमुन्निनीषते ऊर्ध्वं नेतुमिच्छति तं साधु कारयत्येष ईश्वर इत्यन्वयः। नच किंचज्जनं साधु कंचिदसाधु कर्म कारयतो वैषम्यं तदवस्थमिति वाच्यं, अनादि-

---

दुष्टजनों ने भी की है। अतः वैषम्य एवं नैर्घृण्य दोष की प्रसक्ति ईश्वर में होने लग जायेगी। इसीलिए ईश्वर जगत्कारण नहीं है? ऐसा पूर्वपक्ष प्राप्त होने पर हम सिद्धान्ती कहते हैं, कि ईश्वर में आप के द्वारा आक्षिप्त वैषम्यनैर्घृण्यदोष नहीं आयेंगे, क्योंकि ईश्वर प्राणियों के शुभाशुभ कर्मों की अपेक्षाकर सृष्टि करता है। यदि प्राणियों के शुभाशुभ कर्म की अपेक्षा के बिना ही स्वतन्त्र ईश्वर विषमसृष्टि का निर्माणकर्ता माना जाता, तो वैषम्य और नैर्घृण्य ये दोनों दोष उसमें आ सकते थे किन्तु कर्मनिरपेक्ष ईश्वर में जगन्निर्मातृत्व हम नहीं मानते अपितु कर्मसापेक्ष ही ईश्वर विषमसृष्टि का निर्माण करता है। ईश्वर विषमसृष्टि के निर्माण में किसकी अपेक्षा रखता है, ऐसा यदि पूछो, तो हम कहेंगे कि धर्माधर्म कर्मों की अपेक्षा रखता है। अतः सृज्यमान प्राणी के धर्माधर्म की अपेक्षा से विषमसृष्टि का निर्माण जब ईश्वर करता है, तो यह ईश्वर का अपराध नहीं है। ईश्वर को बादल की भाँति जगत् का साधारण कारण समझना चाहिए। जैसे व्रीहियवादि की उत्पत्ति में बादल साधारण कारण है, उनके वैषम्य में तो व्रीहियवादि के बीजगत असाधारण शक्ति ही कारण है। इस प्रकार ईश्वर, देव, मनुष्यादि की सृष्टि में साधारण कारण है, उनकी विषमसृष्टि में उन जीवों के अन्दर रहने वाले असाधारण कर्म ही कारण होते हैं। इस रीति से धर्माधर्म को अपेक्षाकर सृष्टि का निर्माता ईश्वर वैषम्यनैर्घृण्यदोष से दूषित नहीं होता है। आप को यह कैसे ज्ञात हुआ कि निम्न, मध्यम एवं उत्तम संसार की रचना ईश्वर कर्मसापेक्ष होकर करता है? क्योंकि श्रुति वैसा ही कहती है 'यह ईश्वर ही उस व्यक्ति से साधुकर्म करवाता है, जिसे इस लोक में ऊपर उठाना चाहता है और

(१६९) न कर्माविभागादिति चेन्नानादित्वात् ॥३५॥

कर्म कारयति तं यमधो निनीषते' (कौ० ब्रा० ३-८) इति । 'पुण्यो वै पुण्येन कर्मणा भवति पापः पापेन' (बृ० ३-२-१३) इति च । स्मृतिरपि प्राणिकर्मविशेषापेक्षमेवेश्वरस्यानुग्रहीतृत्वं निग्रहीतृत्वं च दर्शयति—'ये यथा मां प्रपद्यन्ते तांस्तथैव भजाम्यहम्' (भ० गी० ४-११) इत्येवंजातीयका ॥३४॥

'सदेव सोम्येदमग्र आसीदेकमेवाद्वितीयम्' (छा० ६-२-१) इति प्राक्सृष्टेरविभागावधारणान्नास्ति कर्म यदपेक्ष्य विषमा सृष्टिः स्यात् । सृष्ट्युत्तरकालं हि शरीरादिविभागापेक्षं कर्म, कर्मापेक्षश्च शरीरादिविभाग इतीतरेतराश्रयत्वं प्रसज्येत, अतो विभागादूर्ध्वं कर्मापेक्ष ईश्वरः प्रवर्ततां नाम । प्राग्विभागाद्वैचित्र्यनिमित्तस्य कर्मणोऽभावात्तुल्यैवाद्या सृष्टिः प्राप्नोतीति चेत् । नैष दोषः । अनादित्वात्संसारस्य । भवेदेष दोषो यद्यादिमान्संसारः स्यात् । अनादौ तु संसारे बीजाङ्कुरवद्धेतुहेतुमद्भावेन कर्मणः सर्गवैषम्यस्य च प्रवृत्तिर्न विरुध्यते ॥३५॥

पूर्वार्जितसाध्वसाधुवासनया स्वभावेन जनस्य तत्तत्कर्मसु प्रवृत्तावीश्वरस्य साधारणहेतुत्वात् । अतोऽनवद्य ईश्वर इति भावः ॥३४॥

प्रथमसर्गस्य वैषम्यहेतुकर्माभावादेकरूपत्वं स्यात्, तथा तथा तदुत्तरकल्पानामपीत्याक्षिप्य समाधत्ते सूत्रकारः—न कर्मेति । प्रथमसृष्टेः पश्चाद्भाविकर्मकृतं वैषम्यमित्याशङ्क्याऽन्योन्याश्रयमाह—सृष्ट्युत्तरेति । आद्या सृष्टिरित्युपलक्षणम् । आदावेकरूपत्वे मध्ये विषमकर्मोत्पत्तौ हेत्वभावेनोत्तरसृष्टीनामपि तुल्यत्वस्य दुर्वारत्वादिति द्रष्टव्यम् । परिहारः सुगमः ॥३५॥

वही ईश्वर उस व्यक्ति से असाधुकर्म करवाता है जिसे इन लोकों से नीचे ढकेलना चाहता है 'पुण्यकर्म से पुण्यात्मा होता है और पापकर्म से पापी हो जाता है' ऐसा ही 'जो मुझे जिस प्रकार भजते है मैं भी उन्हें उसी प्रकार भजता हूँ' यह स्मृति भी प्राणीकर्मविशेष को अपेक्षा करके ही ईश्वर को अनुग्रह एवं निग्रह का कर्ता बतलाती है ॥३४॥

प्रश्न—'हे सौम्य ! यह दृश्यमान जगत् सृष्टि से पहले सजातीय-विजातीय-स्वगतभेदशून्य अद्वितीय सत् ही था' इस वाक्य द्वारा सृष्टि से पूव अविभाग का निश्चय होता है, ऐसी स्थिति में वह कर्म ही नहीं है, जिसको अपेक्षाकर विषमसृष्टि का निर्माण ईश्वर कर सके । सृष्टि के बाद ही शरीरादि विभाग की अपेक्षाकर कर्म होता है और कर्म की अपेक्षाकर शरीरादि विभाग होता है, ऐसा मानने पर अन्योन्याश्रयदोष भी आ जायेगा। अत: शरीरादि विभाग के पश्चात् कर्म की अपेक्षाकर भले ही ईश्वर सृष्टि करने में प्रवृत्त हो जाय किन्तु विभाग से पूर्व वैचित्र्य के निमित्त कर्म का अभाव होने से आदिसृष्टि समान ही प्राप्त होती है, विषम नहीं ? उत्तर—संसार को अनादि मान लेने के कारण यह दोष भी नहीं आता । आप के द्वारा उत्थापित यह दोष आ सकता था, यदि संसार आदिमान् होता । बीजाङ्कुर की भाँति हेतुहेतुमद्भाव से अनादि संसार में कर्म एवं सर्गवैषम्य की प्रवृत्ति विरुद्ध नहीं है ॥३५॥

(१७०) उपपद्यते चाप्युपलभ्यते च ॥३६॥

कथं पुनरवगम्यतेऽनादिरेष संसार इति । अत उत्तरं पठति—

उपपद्यते च संसारस्यानादित्वम् । आदिमत्त्वे हि संसारस्याकस्मादुद्भूतेर्मुक्तानामपि पुनः संसारोद्भूतिप्रसङ्गः । अकृताभ्यागमप्रसङ्गश्च, सुखदुःखादिवैषम्यस्य निर्निमित्तत्वात् । न चेश्वरो वैषम्यहेतुरित्युक्तम् । न चाविद्या केवला वैषम्यस्य कारणं, एकरूपत्वात् । रागादिक्लेशवासनाक्षिप्तकर्मापेक्षा त्वविद्या वैषम्यकरी स्यात् । न च कर्मान्तरेण शरीरं सम्भवति, न च शरीरमन्तरेण कर्म सम्भवतीतीतरेतराश्रयत्वप्रसङ्गः । अनादित्वे तु बीजाङ्कुरन्यायेनोपपत्तेर्न कश्चिद्दोषो भवति । उपलभ्यते च संसारस्यानादित्वं श्रुतिस्मृत्योः । श्रुतौ तावत् 'अनेन जीवेनात्मना' (छा० ६-३-२) इति सर्गप्रमुखे शारीरमात्मानं जीवशब्देन प्राणधारणनिमित्तेनाभिलपन्ननादिः संसार इति दर्शयति । आदिमत्त्वे

प्रथमः सर्गः कश्चिन्नास्तीत्यत्र प्रमाणं पृच्छति—कथं पुनरिति । उपपत्तिसहितश्रुत्यादिकं प्रमाणमिति सूत्रव्याख्यया दर्शयति—उपपद्यत इति । हेतुं विनैव सर्गाङ्गीकारे ज्ञानकर्मकाण्डवैयर्थ्यं स्यादित्यर्थः । ननु सुखादिवैषम्ये ईश्वरोऽविद्या वा हेतुरस्त्वित्याशङ्क्य क्रमेण दूषयति—न चेश्वर इत्यादिना । कस्तर्हि हेतुः, तत्राह—रागादीति । रागद्वेषमोहाः क्लेशास्तेषां वासनाभिराक्षिप्तानि कर्माणि धर्माधर्मव्यामिश्ररूपाणि, तदपेक्षा त्वविद्या सुखादिसर्गवैचित्र्यहेतुः । तस्मादविद्यासहकारित्वेन क्लेशकर्मणामनादिप्रवाहोऽङ्गीकर्तव्य इति भावः । किंच सृष्टेः सादित्वे प्रथमशरीरस्योत्पत्तिर्न संभवति, हेत्वभावात् । नच कर्म हेतुः, शरीरात्प्राक्कर्मासंभवात् । तस्मात् कर्मशरीरयोरन्योन्याश्रयपरिहाराय सर्वैरेव वादिभिः संसारस्यानादित्वमङ्गीकार्यमित्याह—न चेति । सर्गप्रमुखे सृष्ट्यादौ प्रागनवधारितप्राणोऽपि

आप को कैसे ज्ञात हुआ कि यह संसार अनादि है ? बस इसी प्रश्न का उत्तर अग्रिम सूत्र से देते हैं कि—

संसार का अनादित्व युक्ति से सिद्ध होता है एवं श्रुति-स्मृति में भी ऐसा ही उपलब्ध होता है, क्योंकि संसार को आदिमान् मानने पर अकस्मात् अकारण हो सृष्टि मानने पर मुक्त आत्मा का भी पुनः संसार में जन्मग्रहण का प्रसंग आ जायेगा और उसमें अकृताभ्यागमदोष भी आने लगेगा । जब पहले कर्म था नहीं, तो बिना कर्म के ही अकस्मात् जीव में कर्मफल मानने पर अकृताभ्यागमदोष आ जायेगा, क्योंकि सुखःदुखादि वैषम्य का निमित्त उस आदिसृष्टि में कुछ है नहीं । ईश्वर और केवल अविद्या को वैषम्य का कारण नहीं कह सकते, क्योंकि ये दानों सभी के लिए समान है । रागादि क्लेश और उनकी वासनाओं से अक्षिप्त त्रिविधकर्म की अपेक्षाकर अविद्या विषम संसार का कारण बन सकती है, अन्यथा नहीं । कर्म के बिना शरीर का होना सम्भव नहीं है और शरीर के बिना कर्म का होना सम्भव नहीं है, इस प्रकार सृष्टि को आदिमान् मानने पर अन्योन्याश्रयत्वदोष आ जायेगा, किन्तु संसार को अनादि मानने पर बीजाङ्कुरन्याय से कर्म तथा शरीर की व्यवस्था हो जाने के कारण कोई दोष नहीं आता । श्रुति एवं स्मृति में संसार का अनादित्व उपलब्ध भी होता है 'इस जीवात्मारूप से शरीर में प्रविष्ट हो मैं नाम-रूप को बनाऊँ' इस वाक्य द्वारा सर्गारम्भ में प्राणधारणनिमित्तक जीव शब्द से शारीर आत्मा का वर्णन करते हुए श्रुति संसार को अनादि बतलाती है । पर संसार को आदिमान् मानने पर उससे पूर्व जब प्राणधारण करने वाला कोई प्राण हो नहीं है तब प्राण-

१३. सर्वधर्मोपपत्त्यधिकरणम् ।

नास्ति प्रकृतिता यद्वा निर्गुणस्यास्ति नास्ति सा ।। मृदादेः सगुणस्यैव प्रकृतित्वोपलम्भनात् ।।
भ्रमाधिष्ठानतास्माभिः प्रकृतित्वमुपेयते ।। निर्गुणेऽप्यस्ति जात्यादौ सा ब्रह्म प्रकृतिस्ततः ।।

तु प्रागनवधारितप्राणः सन् कथं प्राणधारणनिमित्तेन जीवशब्देन सर्गप्रमुखेऽभिलप्येत । नच धारयिष्यतीत्यतोऽभिलप्येत । अनागताद्धि सम्बन्धादतीतः सम्बन्धो बलवान्भवति, अभिनिष्पन्नत्वात् । 'सूर्याचन्द्रमसौ धाता यथापूर्वमकल्पयत्' (ऋ० सं० १०-१९०३) इति च मन्त्रवर्णः पूर्वकल्पसद्भावं दर्शयति । स्मृतावप्यनादित्वं संसारस्योपलभ्यते— 'न रूपमस्येह तथोपलभ्यते नान्तो न चादिर्न च सम्प्रतिष्ठा' (गी० १५-३) इति । पुराणे चातीतानागतानां कल्पानां न परिमाणमस्तीति स्थापितम् ।।३६।।

सन् प्रत्यगात्मा भाविधारणनिमित्तेन जीवशब्देनोच्यतामित्यत्राह—नच धारयिष्यतीति । 'गृहस्थः सदृशीं भार्यामुपेयात्' इत्यादावगत्या भाविवृत्त्याश्रयणमिति भावः । अस्य संसारवृक्षस्य स्वरूपं सत्यं मिथ्या वेत्युपदेशं बिना नोपलभ्यते । ज्ञानं विनान्तोऽपि नास्ति । नाप्यादिरुपलभ्यते, असत्त्वादेव । न च संप्रतिष्ठा मध्ये स्थितिः, दृष्टनष्टस्वरूपत्वादिति गीतावाक्यार्थः । संसारस्यानादित्वेऽपि मिथ्यात्वात् 'एकमेवाद्वितीयम्' इत्यवधारणमुपपन्नम् । तस्मान्निरवद्ये ब्रह्मणि समन्वयाविरोध इति सिद्धम् ।।३६।।

धारणनिमित्तक जीव शब्द से सर्गारम्भ में कथन कैसे कर सकेंगे । यदि कहो कि भविष्य में प्राणधारण करेगा इसलिए भविष्यत्वृत्ति से ऐसा कहा गया है तो अनागत सम्बन्ध की अपेक्षा अतीत सम्बन्ध बलवान होता है, क्योंकि वह पूर्व से सिद्ध है । 'परमेश्वर ने इस सर्ग में सूर्य-चन्द्र को वैसे ही बनाया, जैसे पहले था' यह मन्त्रवर्ण पूर्वकल्प का सद्भाव बतलाता है । 'इस संसार का रूप वैसा नहीं दीखता जैसा शास्त्रों में कहा गया है, न इसका अन्त है, न आदि है और न मध्य है' इस वाक्य द्वारा स्मृति में भी संसार को अनादि कहा है । पुराण में अतीत तथा अनागत कल्पों को अपरिमित माना गया है । अतः निर्दोष ब्रह्म में श्रुतियों का समन्वय निर्विरोध सिद्ध हुआ ।।३६।।

१३. सर्वधर्मोपपत्त्यधिकरण

१. **सङ्गति**—यद्यपि पूर्व अधिकरण में ब्रह्म को जगत् का निमित्तकारण सिद्ध किया गया फिर भी उपादानत्वप्रयोजकगुण जब उसमें हैं नहीं, तो ऐसी स्थिति में ब्रह्म जगत् का उपादानकारण नहीं हो सकता । ऐसी प्रत्युदाहरण संगति के कारण यह अधिकरण प्रारम्भ हुआ है ।

२. **विषय**—इस अधिकरण द्वारा ब्रह्म में जगदुपादानत्व का विचार किया गया है ।

३. **संशय**—निर्गुण ब्रह्म में जगदुपादानत्व सम्भव है, या नहीं ?

४. **पूर्वपक्ष**—सगुण मृदादि में ही उपादानत्व देखा गया है जो निर्गुण ब्रह्म में कथमपि सम्भव नहीं है ।

५. **सिद्धान्त**—जगत्कारणत्व के प्रयोजक सभी सर्वज्ञत्वादि कारणधर्म ब्रह्म में विद्यमान हैं । अतः निर्गुण ब्रह्म ही सम्पूर्ण जगत् का उपादानकारण है, किन्तु परिणामी उपादान नहीं अपितु विवर्त उपादानकारण है ।

(१७१) सर्वधर्मोपपत्तेश्च ।।३७।।

चेतनं ब्रह्म जगतः कारणं प्रकृतिश्चेत्यस्मिन्नवधारिते वेदार्थे परैरुपक्षिप्तान्विलक्षणत्वादीन्दोषान्पर्यहार्षीदाचार्यः । इदानीं परपक्षप्रतिषेधप्रधानं प्रकरणं प्रारिप्समाणः स्वपक्षपरिग्रहप्रधानं प्रकरणमुपसंहरति । यस्मादस्मिन्ब्रह्मणि कारणे परिगृह्यमाणे प्रदर्शितेन प्रकारेण सर्वे कारणधर्मा उपपद्यन्ते 'सर्वज्ञं सर्वशक्ति महामायं च ब्रह्म' इति, तस्मादनतिशङ्कनीयमिदमौपनिषदं दर्शनमिति ।।३७।।

इति श्रीमच्छङ्करभगवत्पादकृतौ शारीरकमीमांसाभाष्ये

द्वितीयाध्यायस्य प्रथमः पादः ।।१।।

सर्वधर्मोपपत्तेश्च । **निर्गुणस्य ब्रह्मणो जगदुपादानत्ववादिवेदान्तसमन्वयो विषयः स किं यन्निर्गुणं तन्नोपादनं यथा रूपमिति न्यायेन विरुध्यते न वेति संदेहे, भवत्वीश्वरस्य विषमसृष्टिनिमित्तत्वं तत्प्रयोजकस्य कर्मणः सत्त्वात्, नतूपादानत्वं तद्व्यापकस्य सगुणत्वस्याभावादिति प्रत्युदाहरणेन प्राप्ते सिद्धान्तसूत्रतात्पर्यमाह**—चेतनमिति । **विवर्तोपादानत्वं निर्गुणस्याप्यविरुद्धं, अज्ञातत्वस्य भ्रमाधिष्ठानत्वप्रयोजकस्य सत्त्वात्, सगुणत्वं त्वव्यापकं शब्दादिगुणेषु नित्यत्वादिभ्रमदर्शनादिति भावः । यद्यपि सर्वज्ञत्वं सर्वशक्तित्वं च लोके कारणधर्मत्वेनाप्रसिद्धं तथापि यो यस्य कर्ता स तस्य सर्वस्य ज्ञाता शक्तश्चेति प्रसिद्धम्, ईश्वरस्यापि सर्वकर्तृत्वश्रवणात्प्रसिद्ध्यनुसारेणार्थान्निरतिशयसर्वज्ञत्वं सर्वशक्तित्वं च सिध्यतीत्यभिसंधायाह**—सर्वज्ञं सर्वशक्तीति । महामायमिति । **कर्तृत्वोपादानत्वकथने सर्वशङ्कापङ्कक्षालनायोक्तम् । तस्मादौपनिषदसिद्धान्ते न कश्चिद्दोष इति सिद्धम् ।।३७।।**

इति श्रीमत्परमहंसपरिव्राजकाचार्यश्रीगोविन्दानन्दभगवत्पादकृतौ

श्रीमच्छारीरकमीमांसाव्याख्यायां भाष्यरत्नप्रभायां

द्वितीयाध्यायस्य प्रथमपादः ।।१।।

चेतन ब्रह्म जगत् का निमित्त तथा उपादानकारण है, इस सुनिश्चित वेदार्थ में प्रतिवादियों के द्वारा उत्थापित विलक्षणत्वादि दोषों का परिहार आचार्यों ने किया। अब परपक्षप्रतिषेधप्रधान-प्रकरण प्रारम्भ की इच्छा से आचार्य बादरायण स्वपक्षपरिग्रहप्रधान प्रकरण का उपसंहार करते हैं अर्थात् द्वितीय अध्याय प्रथम पाद में स्वपक्ष का परिग्रह प्रधानरूप से किया गया था जिसका उपसंहार इसलिए कर रहे हैं क्योंकि द्वितीय पाद में प्रधानरूप से परपक्ष का खण्डन किया जायेगा। जब इस ब्रह्मकारणवाद का परिग्रह किया तो उसमें प्रदर्शित प्रकार से सभी कारणधर्म सिद्ध हो जाते हैं। 'ब्रह्म सर्वज्ञ है, सर्वशक्तिमान् और महामाया से युक्त है' इसलिए औपनिषद् दर्शन पर शङ्का सर्वथा नहीं करनी चाहिए। सर्वज्ञ, सर्वशक्तिमान और महामाया से युक्त ब्रह्म को कर्ता तथा उपादान-कारण मानने में अब कोई शङ्का नहीं रह जाती, यह सिद्ध हुआ ।।३७।।

श्रीमत्परमहंसपरिव्राजकाचार्य यतीन्द्रकुलतिलक कैलासपीठाधीश्वर

दशमाचार्य महामण्डलेश्वर श्रीमत्स्वामी विद्यानन्द गिरि

द्वारा विरचित ब्रह्मसूत्रशाङ्करभाष्य द्वितीयाध्याय

प्रथमपाद की ललिता व्याख्या समाप्त।

द्वितीयाध्याये द्वितीयः पादः

१. रचनानुपपत्त्यधिकरणम् (सू. १-१०)

प्रधानं जगतो हेतुर्न वा सर्वे घटादयः ।। अन्विताः सुखदुःखाद्यैर्यतो हेतुरतो भवेत ।।
न हेतुर्योग्यरचनाप्रवृत्त्यादेरसम्भवात् ।। सुखाद्या आन्तरा बाह्या घटाद्यास्तु कुतोऽन्वयः ।।

(१७२) रचनानुपपत्तेश्च नानुमानम् ।।१।।

यद्यपीदं वेदान्तवाक्यानामैदंपर्यं निरूपयितुं शास्त्रं प्रवृत्तं न तर्कशास्त्रवत्केवला-

---

सांख्यतार्किकबौद्धाश्च जैनाः पाशुपतादयः ।
यस्य तत्त्वं न जानन्ति तं वन्दे रघुपुङ्गवम् ।।

ब्रह्मणि सर्वधर्मोपपत्तिवत् प्रधानेऽपि तदुपपत्तिमाशङ्क्य निराचष्टे—रचनानुपपत्तेश्च नानुमानम् । ननु मुमुक्षूणां वाक्यार्थनिर्णय[1]प्रतिबन्धनिरासाय वेदान्तानां तात्पर्यं निश्चेतुमिदं शास्त्रमारब्धं[2]तच्च निर्दोषतया निश्चितं, ततः परपक्षनिरासात्मकोऽयं पादोऽस्मिन् शास्त्रे न संगतः, तन्निरासस्य मुमुक्ष्वनपेक्षितत्वादित्याक्षिपति—यद्यपीति । परपक्षनिराकरणं विना स्वपक्षस्थैर्यायोगात्तत्कर्तव्य-

---

द्वितीय अध्याय—द्वितीय पाद

इस पाद में सांख्यादि मतों में दुष्टत्व दिखलाया गया है। इस प्रकार वेदान्तसमन्वय में प्रतिवादियों के द्वारा जो विरोध खड़े किये गये थे, उनका खण्डन करके स्वपक्षस्थापन करने वाले प्रथम पाद के साथ इस परमतनिराकरणप्रधान द्वितीय पाद की उपजीव्य-उपजीवकभाव सङ्गति है।

१. रचनानुपपत्त्यधिकरण

१. **सङ्गति**—पिछले अधिकरण द्वारा ब्रह्म में जगत्कारणत्व, सर्वज्ञत्वादि धर्म की जो उपपत्ति कही गयी थी, उन धर्मों की सङ्गति प्रधान में ही क्यों न मान ली जाय, ऐसा अक्षेप उठाकर इस अधिकरण के द्वारा समाधान दिया गया है; इसलिए पूर्व के साथ इसकी आक्षेप सङ्गति मानी गयी है।

२. **विषय**—सांख्य सिद्धान्त इस अधिकरण का विचारणीय विषय है।

३. **संशय**—क्या सांख्य सिद्धान्त प्रमाणमूलक है अथवा भ्रान्तिमूलक है? अर्थात् जगत् का कारण प्रधान हो सकता है या नहीं?

४. **पूर्वपक्ष**—घटादि सम्पूर्ण जगत् सुख-दुःख एवं मोह से अन्वित देखे जाते हैं, अतः इनका कारण सुखदुःखमोहात्मक त्रिगुण प्रधान ही हो सकता है।

५. **सिद्धान्त**—सांख्यदर्शनोक्त अनुमानसिद्धप्रधान जगत्कारण नहीं हो सकता क्योंकि स्रष्ट-व्यज्ञान से शून्य, अचेतन प्रधान से अनेकविध विचित्र रचना सम्भव नहीं है। सुखादि आन्तरपदार्थ हैं, वे घटादि विषय में कैसे रह सकेंगे।

रचनानुपपत्तेश्च नानुमानम् (ललिता)

पिछले अधिकरण में जैसे ब्रह्म में सभी कारणधर्म बतलाये गये थे, वैसे ही प्रधान में भी वे सब विद्यमान हैं, अतः प्रधान को ही जगत्कारण मानना चाहिए; ऐसी शङ्का होने पर उसके निराकरण के लिए अग्रिम प्रसङ्ग प्रारम्भ करते हैं। यद्यपि, वेदान्तवाक्यों का यही तात्पर्य है, ऐसा बतलाने के

---

१. प्रतिबन्धकं तु असंभावनादिकं परमते श्रद्धादिकं च। २. तात्पर्यम्।

भिर्युक्तिभिः कंचित्सिद्धान्तं साधयितुं दूषयितुं वा प्रवृत्तम्, तथापि वेदान्तवाक्यानि [1]व्याचक्षाणैः सम्यग्दर्शनप्रतिपक्षभूतानि सांख्यादिदर्शनानि निराकरणीयानीति तदर्थः परः पादः प्रवर्तते। वेदान्तार्थनिर्णयस्य च सम्यग्दर्शनार्थत्वात्तन्निर्णयेन स्वपक्षस्थापनं प्रथमं कृतं, तद्धयभ्यर्हितं परपक्षप्रत्याख्यानादिति। ननु मुमुक्षूणां मोक्षसाधनत्वेन सम्यग्दर्शन-निरूपणाय स्वपक्षस्थापनमेव केवलं कर्तुं युक्तं किं परपक्षनिराकरणेन परद्वेषकरेण। बाढमेवम्, तथापि [2]महाजनपरिगृहीतानि महान्ति सांख्यादितन्त्राणि सम्यग्दर्शनापदेशेन प्रवृत्तान्युपलभ्य भवेत्केषांचिन्मन्दमतीनामेतान्यपि सम्यग्दर्शनायोपादेयानीत्यपेक्षा। तथा युक्तिगाढत्वसम्भवेन [3]सर्वज्ञभाषितत्वाच्च श्रद्धा च तेषु। इत्यतस्तदसारतोपपादनाय प्रयत्यते। ननु 'ईक्षतेर्नाशब्दम्' (ब्र० सू० १-१-५), 'कामाच्च नानुमानापेक्षा' (ब्र० सू० १-

मित्याह—तथापीति। तर्हि स्वपक्षस्थापनात्प्रागेव परपक्षप्रत्याख्यानं कार्यमित्यत आह—वेदान्तार्थेति। वेदान्ततात्पर्यनिर्णयस्य [4]फलवज्ज्ञानकरणान्तर्भावादभ्यर्हितत्वम्। ननु रागद्वेषकरणत्वात् परमतनिराकरणं न कार्यमिति शङ्कते—नन्विति। तत्त्वनिर्णयप्रधाना खल्वियं कथारब्धा, तत्त्वनिर्णयश्च परमतेष्वश्रद्धां विना न सिध्यति, सा च तेषु भ्रान्तिमूलत्वनिश्चयं विना न सिध्यति, स च इमं पादं विना नेति स्वसिद्धान्तसंरक्षणार्थत्वात्प्रधानसिद्ध्यर्थत्वादयं पादोऽस्मिन् शास्त्रे संगतः, संगतत्वा[5]द्वीतरागेणापि कर्तव्य इत्यभिसंधायोक्ताङ्गीकारेण समाधत्ते—बाढमित्यादिना। अपदेशेन व्याजेन, मन्दमतीनां तेषु श्रद्धानिमित्तानि बहूनि सन्तीति तन्निरासाय यत्नः क्रियत इत्यर्थः। स्वमतश्रद्धापरमतद्वेषौ तु प्रधान-सिद्ध्यर्थत्वादङ्गीकृतौ। नाप्ययं द्वेषः। परपक्षत्वबुद्ध्या हि निरासो द्वेषमावहति न तु तत्त्वनिर्णये-च्छया कृत इति मन्तव्यम्। पौनरुक्त्यं शङ्कते—नन्वीक्षतेरिति। पूर्वं सांख्यादीनां श्रुत्यर्थानुग्राहकतर्क-

लिए यह शास्त्र प्रवृत्त हुआ था, तर्कशास्त्र की भाँति केवल युक्तियों से किसी सिद्धान्त को सिद्ध करने अथवा विरुद्ध पक्ष को दूषित करने के लिए प्रवृत्त नहीं हुआ था। फिर भी वेदान्तवाक्य की व्याख्या करने वाले वेदव्यासादि आचार्य, सम्यग्दर्शन के विरोधी सांख्यादि दर्शनों का खण्डन करना ही चाहिए, ऐसा मानकर अग्रिम पाद प्रारम्भ करते हैं। वेदान्तार्थ का निर्णय सम्यग्ज्ञान के लिए है, उसके निर्णय से प्रथम स्वपक्ष का स्थापन किया गया है क्योंकि परपक्षखण्डन की अपेक्षा स्वपक्ष स्थापन अधिक महत्व रखता है। प्रश्न—मुमुक्षूओं को मोक्ष के साधनरूप से सम्यग्ज्ञान के लिए केवल स्वपक्ष का स्थापन करना ही उचित था, दूसरे के साथ द्वेष करने वाले परपक्ष के निराकरण से क्या लेना है, यह तो विक्षेप का कारण है? उत्तर—ऐसा आप का कथन ठीक ही है, फिर भी देवलादि महापुरुषों से परिगृहीत सांख्यादि दर्शन महान हैं, ये भी सम्यग्दर्शनव्याज से प्रवृत्त हुए हैं; ऐसा मानकर कुछ मन्दबुद्धि लोगों को यह अपेक्षा हो सकती है कि सांख्यादि दर्शन भी तत्त्वज्ञान के लिए उपादेय हैं। उन दर्शनों में प्रगाढ़ युक्ति के सम्भव होने से और सर्वज्ञ कपिलादि ऋषियों से निर्मित होने के कारण उनमें उन मन्दबुद्धि पुरुषों की श्रद्धा भी हो सकती है। अतः उन सांख्यादि दर्शनों में असारता बतलाने के लिए यह प्रयत्न किया जाता है। प्रश्न—सांख्य आदि दर्शनों का खण्डन इससे पूर्व 'ईक्षतेर्ना-

१. वेदव्यासादिभिराचार्यैरित्यर्थः। २. देवलादि। ३. कपिल। ४. मोक्षरूपफलवत्सम्यग्ज्ञानकरणं वेदान्तशास्त्र तदंतर्भावत्वं तत्तात्पर्यनिर्णयस्य स्पष्टमेव। ५. व्यासाचार्येण।

१-१८), एतेन सर्वे व्याख्याता व्याख्याताः' (ब्र० सू० १-४-२८) इति च पूर्वत्रापि सांख्यादिपक्षप्रतिक्षेपः कृतः, किं पुनः कृतकरणेनेति । तदुच्यते—सांख्यादयः स्वपक्षस्थापनाय वेदान्तवाक्यान्यप्युदाहृत्य स्वपक्षानुगुण्येनैव योजयन्तो व्याचक्षते, तेषां यद्व्याख्यानं तद्व्याख्यानाभासं न सम्यग्व्याख्यानमित्येतावत्पूर्वं कृतम् । इह तु वाक्यनिरपेक्षः स्वतन्त्रस्तद्युक्तिप्रतिषेधः क्रियत इत्येष विशेषः ।

तत्र सांख्या मन्यन्ते—यथा घटशरावादयो भेदा मृदात्मनान्वीयमाना मृदात्मकसामान्यपूर्वका लोके दृष्टाः, तथा सर्व एव बाह्याध्यात्मिका भेदाः सुखदुःखमोहात्मतयान्वीयमानाः सुखदुःखमोहात्मकसामान्यपूर्वका भवितुमर्हन्ति । यत्तत्सुखदुःखमोहात्मकं सामान्यं तत्त्रिगुणं प्रधानं मृद्वदचेतनं चेतनस्य पुरुषस्यार्थं साधयितुं स्वभावेनैव विचित्रेण

निरासादश्रौतत्वमुक्तम्, सम्प्रति श्रुत्यनपेक्षास्तदीयाः स्वतन्त्रा युक्तयो निरस्यन्त इत्यर्थभेदान्न पुनरुक्तिरित्याह—तदुच्यत इति ।

प्रधानमचेतनं जगदुपादानमिति सांख्यसिद्धान्तोऽत्र विषयः, स किं प्रमाणमूलो भ्रान्तिमूलो वेति संदेहे 'सर्वधर्मोपपत्तेश्च' इत्युक्तधर्माणां प्रधाने संभवात्तदेवोपादानमित्याक्षेपसंगत्या प्रमाणमूलत्वं दर्शयन् पूर्वपक्षमाह—तत्र सांख्या इति । स्वसिद्धान्तज्ञानस्य परमतनिरासं प्रत्युपजीव्यत्वात् पादयोः संगतिः । परमतनिरासात्मकत्वात्सर्वेषामधिकरणानामेतत्पादसंगतिः । पूर्वपक्षे प्रमाणमूलमतविरोधादुक्तश्रुत्यर्थसमन्वयासिद्धिः फलं, सिद्धान्ते तत्सिद्धिरित्यापादं द्रष्टव्यम् । मूलश्रौतसमन्वयदार्ढ्यार्थत्वादस्य पादस्य श्रुतिसंगतिरिति विवेकः । भिद्यन्त इति भेदाः विकाराः, ये विकारा येनान्वितास्ते तत्प्रकृतिका इति व्याप्तिमाह—यथेति । सर्वं कार्यं सुखदुःखमोहात्मकवस्तुप्रकृतिकं, तदन्वितत्वात्, घटादिवदित्यनुमानमाह—तथेति । किमर्थं प्रधानं परिणमते, तत्राह—चेतनस्येति । अर्थो भोगापवर्गरूपः, तदर्थं स्वभावत एव प्रवर्तते न तु केनचिच्चेतनेन प्रेर्यत इत्यर्थः । तदुक्तम्—'पुरुषार्थ एव हेतुर्न

शब्दम्' 'कामाच्च नानुमानापेक्षा' 'एतेन व्याख्याता सर्वे व्याख्याताः' इत्यादि सूत्रों के द्वारा किया जा चुका है । अतः निरस्त पक्ष के पुनः निराकरण से क्या लाभ है, ऐसा करने पर पुनरुक्ति ही तो होगी । उत्तर— सांख्यादि दार्शनिकों ने स्वपक्ष स्थापन के लिए वेदान्तवाक्यों का उदाहरण देकर स्वपक्षानुकूल ही योजना करते हुए व्याख्या की है । उनका जो व्याख्यान है, वह व्याख्यानाभास है, यथार्थ व्याख्यान नहीं है ऐसा पिछले प्रसङ्ग में कहा गया है । किन्तु अब यहाँ पर वेदान्तवाक्यनिरपेक्ष, स्वतन्त्र उन्हीं की युक्तियों से उनके पक्ष के निराकरण के लिए प्रयत्न किया जाता है, इतना पूर्व के साथ इसका भेद है ।

वहाँ पर सांख्य मानते हैं कि जिन घटादि मृत्पात्रविशेष में मृत्तिका अन्वित हो रही है वे तो मृदात्मक (मिट्टीरूप) ही संसार में देखे गये हैं, वैसे ही ये बाह्य और आध्यात्मिक सभी सांसारिक पदार्थ सुख-दुःख एव मोह से अन्वित हैं; अतः इनका कारण सुख-दुःख-मोहात्मक ही होना चाहिए और जो सुख-दुःख-मोहात्मक सामान्य है, वह त्रिगुणात्मक प्रधान है, मृत्तिका की भाँति अचेतन है जो चेतन पुरुष के भोग एवं अपवर्ग के लिए स्वभाव से ही विचित्र कार्यरूप से प्रवृत्त होता है । वैसे ही

---

१. सांख्यमत ।

विकारात्मना विवर्तत इति। तथा [1]परिमाणादिभिरपि लिङ्गैस्तदेव प्रधानमनुमिमते। तत्र वदामः—यदि दृष्टान्तबलेनैवैतन्निरूप्येत, नाचेतनं लोके चेतनानधिष्ठितं स्वतन्त्रं किञ्चिद्विशिष्टपुरुषार्थनिर्वर्तनसमर्थान्विकारान्विरचयद्दृष्टम्। गेहप्रासादशयनासनविहार-

अत्र सांख्यः शङ्कते—तप्येति। 'सत्त्वं पुरुषो वा तप्यशक्तिः, तापकशक्तिस्तु रजः, निमित्तमविवेकात्मकमदर्शनं तमस्तेन सहितः सनिमित्तः संयोगः पुरुषस्य गुणस्वामित्वरूपस्तदपेक्षत्वादित्यर्थः। मोक्षस्तप्त्यभावः। निमित्तस्य निवृत्त्यभावान्न मोक्ष इति सिद्धान्ती परिहरति—नेति। तमसो निवृत्त्यभावेऽपि विवेकेनोपरमान्मोक्ष इत्यत आह—गुणानां चेति। 'चलं गुणवृत्तम्' इत्यङ्गीकारादिति भावः। परपक्षे बन्धमोक्षानुपपत्तिमुक्त्वा स्वपक्षमुपसंहरति—औपनिषदस्य त्विति। वस्तुत एकत्वेन बन्धाभावान्न मुक्त्यभावशङ्कावसरः। व्यवहारस्तु भेदाङ्गीकारात्तप्यतापकभावो बन्धः तत्त्वज्ञानात्तन्निवृत्तिश्चोपपन्नत इति न चोद्यावसर इत्यर्थः ॥१०॥

सांख्य—तप्य और तापकशक्ति को नित्य मानने पर भी ताप तो अविवेक के कारण संयोग की अपेक्षा रखता है। तप्य और तापक के संयोग का निमित्त है अविवेक, उस अविवेक के निवृत्त होने पर तप्य और तापक के संयोग की सर्वथा निवृत्ति हो जायेगी, उसके बाद आत्यन्तिक मोक्ष सिद्ध हो जायेगा। सिद्धान्ती—ऐसा कहना भी ठीक नहीं। अदर्शन तमोगुणरूप है जिसे आप ने नित्य स्वीकार किया है, नित्य तमोगुणरूप अदर्शन (अज्ञान) की निवृत्ति तो हो ही नहीं सकती। तीनों गुणों का उद्भव और अभिभव अनियत होने के कारण संयोगनिमित्तक उपरम भी अनियत ही रहेगा। इस स्थिति में संयोग के निमित्त अदर्शन का वियोग भी अनियत होने से सांख्य के पक्ष में ही अनिर्मोक्षापत्तिरूप दोष का परिहार असम्भव हो जायेगा। वेदान्त पक्ष में आत्मा एक माना गया है, उस एक आत्मा में विषय-विषयीभाव बनता नहीं है। विकार जगत् वाणी से कहने मात्र के लिए है। ऐसी स्थिति में आत्मा नित्यमुक्त है फिर तो वेदान्त पक्ष में अनिर्मोक्ष की शङ्का स्वप्न में भी उत्पन्न नहीं होती। व्यवहार में भेद मानते हैं, उस दशा में जहाँ जिस प्रकार तप्य-तापकभाव दीखता हो वहाँ पर वैसा ही मान लेना चाहिए, न शङ्का करनी चाहिए और न उसका समाधान ही करना चाहिए। वेदान्त पक्ष में शङ्का-समाधान का अवसर ही नहीं है ॥१०॥

२. महद्दीर्घाधिकरण

१. सङ्गति—चेतनत्वादि ब्रह्म के गुण प्रपञ्च में न दीखने के कारण प्रधान की भाँति ब्रह्म भी

---

१. सत्वप्रतिबिम्बितः पुरुषः।

प्रधानकारणवादो निराकृतः । परमाणुकारणवाद इदानीं निराकर्तव्यः । तत्रादौ तावद्योऽणु[1]वादिना ब्रह्मवादिनि दोष उत्प्रेक्ष्यते, स प्रतिसमाधीयते । तत्रायं वैशेषिकाणामभ्युपगमः—कारणद्रव्यसमवायिनो गुणाः कार्यद्रव्ये समानजातीयं गुणान्तरमारभन्ते, शुक्लेभ्यस्तन्तुभ्यः शुक्लस्य पटस्य प्रसवदर्शनात्तद्विपर्ययादर्शनाच्च । तस्माच्चेतनस्य ब्रह्मणो जगत्कारणत्वेऽभ्युपगम्यमाने कार्येऽपि जगति चैतन्यं समवेयात् । तददर्शनात्तु न चेतनं ब्रह्म जगत्कारणं भवितुमर्हतीति । इममभ्युपगमं तदीययैव प्रक्रियया व्यभिचारयति—

वृत्तानुवादेन 'महद्दीर्घवत्' इति स्वमतस्थापनात्मकाधिकरणस्य संगतिमाह—प्रधानेति । **यद्यपि**

जगत् का उपादान कारण नहीं हो सकता, ऐसी दृष्टान्त सङ्गति के कारण यह अधिकरण प्रारम्भ किया जाता है ।

२. **विषय**—चेतन ब्रह्म से जगत्सृष्टि कहने पर जो समन्वय में विरोध आता है, वह इस अधिकरण का विचारणीय विषय है ।

३. **संशय**—शुक्ल तन्तु से जैसे शुक्ल पट उत्पन्न होता देखा गया है, विपरीत नहीं । अतः चेतन ब्रह्म को जगत्कारण मानने पर उसके कार्य जगत् में भी चैतन्य दीखना चाहिए, इसलिए चेतन ब्रह्म जगत्कारण नहीं हो सकता, इस तर्क के साथ समन्वय का विरोध है या नहीं ।

४. **पूर्वपक्ष**—शुक्ल तन्तु से शुक्ल पट ही उत्पन्न होता है अतः कारण से भिन्न प्रकार के कार्य उत्पन्न होने में कोई दृष्टान्त न मिलने के कारण पूर्वोक्त विरोध है ही ।

५. **सिद्धान्त**—पारिमाण्डल्य परिमाण से युक्त परमाणु जिस प्रकार अणुत्वपरिमाणयुक्त द्व्यणुक का कारण है और अणुत्वपरिमाण से युक्त द्व्यणुक जैसे दीर्घत्वपरिमाणयुक्त त्र्यणुक का कारण है, वहाँ कार्य-कारण में समानपरिमाणरूप धर्म नहीं है; ऐसे ही चेतन ब्रह्म से अचेतन जगत् की उत्पत्ति मानने पर समन्वय का कोई विरोध नहीं है क्योंकि दृष्टान्त विद्यमान है ।

पूर्वाधिकरण में प्रधानकारणवाद का निराकरण किया गया, अब परमाणुकारणवाद का निराकरण करना है । उसमें भी सर्वप्रथम परमाणुकारणवादी वैशेषिकों ने ब्रह्मवादी वेदान्ती के ऊपर दोषारोपण किया है उसका समाधान दिया जाता है। वहाँ वैशेषिकों की यह मान्यता है कि कार्य के समवायी, असमवायी और निमित्त भेद से तीन कारण होते हैं । उनमें समवायी कारण द्रव्य ही होता है जिससे कार्य बनता है और उस समवायी कारण-द्रव्य में रहने वाले गुण कार्य-द्रव्य में समान जातिवाले गुणान्तर को उत्पन्न करते हैं । ऐसा ही लोक में देखा जाता है कि शुक्ल तन्तुओं से शुक्ल पट उत्पन्न होता है, नील पट उत्पन्न नहीं होता । यहाँ पर तन्तुओं से पट बना, इसलिए तन्तु पट का समवायी कारण है और तन्तुओं का संयोग पट का असमवायी कारण है, किन्तु पट रूप का समवायी कारण पट है और असमवायी कारण तन्तु रूप है । इसीलिए शुक्ल तन्तु से शुक्ल पट ही उत्पन्न होते देखा गया है, नील पट उत्पन्न होते नहीं देखा गया है । जब लोक में सर्वत्र ऐसा नियम है तो चेतन ब्रह्म को जगत्कारण मानने पर कार्यजगत् में चैतन्य का ही सम्बन्ध होना चाहिए किन्तु जगत् में चैतन्य नहीं अपितु जाड्य देखते हैं अतः चेतन ब्रह्म जगत् काउपादान कारण नहीं हो सकता । वैशेषिकों की इस मान्यता में इन्हीं की प्रक्रिया से अग्रिम सूत्र द्वारा व्यभिचार दिखलाते हैं ।

---

१. अणुकारणवादिना इति पाठान्तरम् ।

(१८२) ¹महद्दीर्घवद्वा ह्रस्वपरिमण्डलाभ्याम् ॥११॥

एषा तेषां प्रक्रिया-परमाणवः किल कंचित्कालमनारब्धकार्या यथायोगं रूपादिमन्तः पारिमाण्डल्यपरिमाणाश्च तिष्ठन्ति । ते च पश्चाददृष्टादिपुरःसराः संयोगस²चिवाश्च सन्तो द्व्यणुकादिक्रमेण कृत्स्नं कार्यजातमारभन्ते । कारणगुणाश्च कार्ये गुणान्तरम् । यदा द्वौ परमाणू द्व्यणुकमारभेते तदा परमाणुगता रूपादिगुणविशेषाः शुक्लादयो द्व्यणुके शुक्लादीनपरानारभन्ते । परमाणुगुणविशेषस्तु पारिमाण्डल्यं न द्व्यणुके पारिमाण्डल्यमपरमारभते, द्व्यणुकस्य परिमाणान्तरयोगाभ्युपगमात् । ³अणुत्वह्रस्वत्वे हि द्व्यणु-

सांख्यमतनिरासानन्तरं परमाणुवादो निराकर्तव्यः स्वमतस्थापनस्य स्मृतिपादे संगतत्वात्, तथापि पूर्वत्र प्रधानगुणानां सुखादीनां जगत्यनन्वयात्प्रधानस्यानुपादानत्वमुक्तं, तथा ब्रह्मगुणचैतन्यानन्वयाद्ब्रह्मणोऽपि नोपादानत्वमिति दोषो दृष्टान्तसंगतिलाभादत्र समाधीयत इत्यर्थः । चेतनाद्ब्रह्मणो जगत्सर्गवादी वेदान्तसमन्वयो विषयः । स किं 'यः समवायिकारणगुणः स कार्यद्रव्ये स्वसमानजातीयगुणारम्भकस्तन्तुशौक्ल्यवदिति' न्यायेन विरुध्यते न वेति संदेहे न्यायस्याव्यभिचाराद्विरुध्यत इति प्राप्ते व्यभिचारान्न तद्विरोध इति सिद्धान्तसूत्रं व्याचष्टे–एषेत्यादिना । यद्यपि 'न विलक्षणत्वात्' (ब्र.२-१-४) इत्यत्र चेतनादचेतनसर्गः साधितस्तथापि वैशेषिकन्यायस्य तदीयप्रक्रियया व्यभिचारोक्त्यर्थत्वादस्य सूत्रस्य न गतार्थता । प्रलयकाले परमाणवो निश्चला असंयुक्तास्तिष्ठन्ति सर्गकाले चादृष्टवदात्मसंयोगात्तेषु ⁴कर्म भवति, ⁵तेन संयोगाद्द्रव्यान्तरसृष्टिर्भवति, कारणगुणाः कार्ये गुणान्तरमारभन्त इति सामान्येन प्रक्रियामुक्त्वा विशेषतस्तामाह—यदा द्वाविति । परमाणुः परिमण्डलः, तद्गतं परिमाणं पारिमाण्डल्यमित्युच्यते, तच्च स्वसमानजातीयगुणारम्भकं न भवतीत्युक्तन्यायस्य व्यभिचार इति भावः ।

महद्दीर्घवद्वा ह्रस्वपरिमण्डलाभ्याम् (ललिता)

वैशेषिकों की यह भी प्रक्रिया है कि चतुर्विध परमाणु कुछ काल तक अपना कार्य प्रारम्भ नहीं करते, किन्तु यथायोग्य रूपादि से युक्त हो स्थित रहते हैं । उन परमाणुओं का परिमाण पारिमाण्डल्य माना गया है अर्थात् पारिमाण्डल्य परिमाण से युक्त रूपादिमान परमाणु स्थित रहते हैं । वे ही परमाणु सर्गारम्भ में अदृष्टादि से प्रेरित हो, संयोग से सहकृत हो द्व्यणुकादि क्रमेण सम्पूर्ण जगत् को बनाते हैं और समवायी कारण परमाणुओं के गुण अपने कार्य द्व्यणुक में गुणान्तर के आरम्भक होते हैं । जब दो परमाणु द्व्यणुक को बनाते हैं तब परमाणुगत रूप, रस, गन्ध, स्पर्शादि विशेष गुण अपने कार्य द्व्यणुक में शुक्लादि रूप को उत्पन्न करते हैं । किन्तु परमाणुओं का गुणविशेष पारिमाण्डल्य भी है, वह द्व्यणुक कार्य में दूसरे पारिमाण्डल्य को उत्पन्न नहीं करता क्योंकि द्व्यणुक में परिमाणान्तर का सम्बन्ध माना गया है अर्थात् द्व्यणुक में अणुत्व और ह्रस्वत्व परिमाण वैशेषिक

१. वा शब्दोऽनुक्तसमुच्चयार्थः, तथा च यथा ह्रस्वादद्व्यणुकान्महद्दीर्घत्र्यणुक यथा च परिमण्डलात् परमह्रस्वात्परमाणोरणु ह्रस्व द्व्यणुकं जायते तथा चेतनाद्ब्रह्मण अचेतन जगज्जायत इति सूत्रार्थः । २. सहकारिणः । ३. परिमाणान्तरमेवाहाणुत्वेत्यादिना । ४. क्रिया जायते ५. कर्मणा ।

कवर्तिनो परिमाणे वर्णयन्ति । यदापि द्वे द्व्यणुके चतुरणुकमारभेते तदापि समानं द्व्यणुकसमवायिनां शुक्लादीनामारम्भकत्वम् । अणुत्वह्रस्वत्वे तु द्व्यणुकसमवायिनी अपि नैवारभेते, चतुरणुकस्य महत्त्वदीर्घत्वपरिमाणयोगाभ्युपगमात् । यदापि बहवः परमाणवो बहूनि वा द्व्यणुकानि द्व्यणुकसहितो वा परमाणुः कार्यमारभते तदापि समानैषा योजना । तदेवं यथा परमाणोः परिमण्डलात्सतोऽणु ह्रस्वं च द्व्यणुकं जायते महद्दीर्घं च त्र्यणुकादि न परिमण्डलम्, यथा वा द्व्यणुकादणोर्ह्रस्वाच्च सतो महद्दीर्घं च त्र्यणुकं जायते नाणु नो ह्रस्वम्, एवं चेतनाद्ब्रह्मणोऽचेतनं जगज्जनिष्यत इत्यभ्युपगमे किं तव च्छिन्नम् ।

व्यभिचारस्थलान्तरमाह— यदापि द्वे इति । द्वे द्वे इति शब्दद्वयं पठितव्यम्, एवं सति चतुर्भिद्व्यणुकैश्चतुरणुकारम्भ उपपद्यते, यथाश्रुते तु द्वाभ्यां द्व्यणुकाभ्यां महतश्चतुरणुकस्यारम्भो न युज्यते, कारणगतं महत्त्वं बहुत्वं वा बिना कार्ये महत्त्वायोगादिति मन्तव्यम् । प्रकटार्थकारास्तु यद्द्वाभ्यां द्व्यणुकाभ्यामारब्धं कार्यं महत्त्व दृश्यते तस्य हेतुः [1]प्रचयो नाम प्रशिथिलावयवसंयोग इति रावणप्रणीते भाष्ये दृश्यत इति चिरन्तनवैशेषिकदृष्टद्येदं भाष्यमित्याहुः । सर्वथापि द्व्यणुकगतह्रस्वत्वाणुत्वपरिमाणयोरनारम्भकत्वाद्व्यभिचारः । यद्यपि तार्किका द्वाभ्यामेव परमाणुभ्यां द्व्यणुकं त्रिभिर्द्व्यणुकैस्त्र्यणुकमिति कल्पयन्ति, तथापि तर्कस्याप्रतिष्ठानान्न नियम इति मत्वा ब्रूते—यदापि बहव इति । कारणगुणाः शुक्लादयः समानजातीयगुणारम्भकाः, कार्यद्रव्यपरिमाणं तु न कारणपरिमाणारभ्यं किंतु कारणगतसंख्यारभ्यमिति प्रक्रिया तुल्येत्यर्थः । एवं प्रक्रियां दर्शयित्वा सूत्रं योजयन् व्यभिचारमाह—तदेवमिति । परमाणुभ्य एव महद्दीर्घं चेत्यनियतप्रक्रियामाश्रित्योक्तम् । नियतप्रक्रियामाश्रित्य व्यभिचारमाह—यथावेति । अणुह्रस्वेभ्यो द्व्यणुकेभ्योऽणुद्रव्यं न जायते ह्रस्वमपि न जायत इति व्यभिचार इत्यर्थः । सूत्रे वाशब्दश्चार्थोऽनुक्ताणुसमुच्चयार्थः । तथा च ह्रस्वपरिमण्डलाभ्यां द्व्यणुकपरमाणुभ्यां महद्दीर्घागुवच्चेतनादचेतनं जायत इति सूत्रयोजना । तत्र ह्रस्वान्महद्दीर्घं त्र्यणुकं परिमण्डलादणु द्व्यणुकमिति विभागः ।

बतलाते हैं और जब द्व्यणुक मिलकर चतुरणुक को बनाते हैं तब भी समवायी कारण द्व्यणुक के शुक्लादि रूप तो चतुरणुक में दूसरे शुक्लादि रूप को अवश्य बनाते हैं किन्तु द्व्यणुक में समवाय सम्बन्ध से रहने वाले अणुत्व और ह्रस्वत्व चतुरणुक कार्य में अपने समान जातिवाले परिमाण को उत्पन्न नहीं करते क्योंकि वैशेषिकों ने चतुरणुक में महत्त्व-दीर्घत्व परिमाण का सम्बन्ध स्वीकार किया है। और जब बहुत से परमाणु अथवा बहुत से द्व्यणुक या द्व्यणुकसहित परमाणु कार्य उत्पन्न करते हैं, तब भी यह योजना तुल्य ही रहती है। यहाँ पर जैसे पारिमाण्डल्य परिमाण से युक्त परमाणुओं से बना हुआ द्व्यणुक अणुत्व-ह्रस्वत्व परिमाणवाला उत्पन्न होता है, वैसे ही त्र्यणुकादि महत्त्व एवं दीर्घत्व परिमाण से युक्त हो जाता है वे द्व्यणुक और त्र्यणुक पारिमाण्डल्य परिमाण से युक्त नहीं होते। और जैसे अणुत्व-ह्रस्वत्व परिमाणयुक्त द्व्यणुक से उत्पन्न होने वाला त्र्यणुक अणु एवं ह्रस्व नहीं होता, किन्तु उसमें महत्व एवं दीर्घत्व परिमाण की उत्पत्ति वैशेषिक मानते हैं। ऐसे ही चेतन ब्रह्म से अचेतन जगत् उत्पन्न हो जायेगा, ऐसा सिद्धान्त मानने में तुम वैशेषिकों को क्या क्षति हो रही है जिसकी तुम पूर्ति करना चाहते हो।

---

१. प्रचय इति शेषः ।

अथ मन्यसे विरोधिना परिमाणान्तरेणाक्रान्तं कार्यद्रव्यं द्व्यणुकादीत्यतो नारम्भकाणि कारणगतानि पारिमाण्डल्यादीनीत्यभ्युपगच्छामि, नतु चेतनाविरोधिना गुणान्तरेण जगत आक्रान्तत्वमस्ति, येन कारणगता चेतना कार्ये चेतनान्तरं नारभेत। न ह्यचेतना नाम चेतनाविरोधी कश्चिद्गुणोऽस्ति, चेतनाप्रतिषेधमात्रत्वात् 'तस्मात्पारिमाण्डल्यादिवैषम्यात्प्राप्नोति चेतनाया आरम्भकत्वमिति। मैवं मंस्थाः। यथा कारणे विद्यमानानामपि पारिमाण्डल्यादीनामनारम्भकत्वमेवं चैतन्यस्यापीत्यस्यांशस्य समानत्वात्। नच परिमाणान्तराक्रान्तत्वं पारिमाण्डल्यादीनामनारम्भकत्वे कारणं, प्राक्परिमाणान्तरारम्भात्पारिमाण्डल्यादीनामारम्भकत्वोपपत्तेः। आरब्धमपि कार्यद्रव्यं प्राग्गुणारम्भात्क्षणमात्रमगुणं तिष्ठतीत्यभ्युपगमात्। नच परिमाणान्तरारम्भे [1]व्यग्राणि पारिमाण्डल्यादीनीत्यतः स्वसमानजातीयं परिमाणान्तरं नारभन्ते परिमाणान्तरस्यान्यहेतुत्वाभ्युपगमात्। 'कारण-

---

दृष्टान्तवैषम्यं शङ्कते—अथ मन्यस इति। अचेतनैव विरोधिगुण इत्यत आह—न ह्यचेतनेति। कार्यद्रव्यस्य परिमाणान्तराक्रान्तत्वमङ्गीकृत्य विवक्षितांशसाम्यमाह—मैवमिति। अङ्गीकारं त्यजति—नचेति। उत्पन्नं हि परिमाणान्तरं विरोधि भवति, तदुत्पत्तेः प्राग्विरोध्यभावात् द्व्यणुके पारिमाण्डल्यारम्भः किं न स्यादित्यर्थः। ननु विरोधिपरिमाणेन सहैव द्रव्यं जायत इत्यत आह—आरब्धमपीति। सहोत्पत्तावपसिद्धान्तः। अतो विरोध्यभावः सिद्ध इति भावः। अणुत्वाद्यारम्भे व्यग्रत्वात् पारिमाण्डल्यादेः स्वसमानगुणानारम्भकत्वमित्याशङ्क्य निषेधति—नचेति। [2]व्यग्रत्वमन्यथासिद्धम्। तत्र हेतु—परिमाणान्तरस्येति। अन्यहेतुकत्वे सूत्राण्युदाहरति—कारणेति। कारणानां द्व्यणुकानां बहुत्वात् त्र्यणुके

वैशेषिक – यदि मानें कि पारिमाण्डल्य परिमाण के विरोधी ह्रस्वत्व-अणुत्व परिमाण से द्व्यणुकादि कार्य आक्रान्त हैं, इसीलिए परमाणुकारणगत पारिमाण्डल्यादि द्व्यणुक में समान जातिवाले परिमाण के आरम्भक नहीं है, ऐसा मैं वैशेषिक मानता हूँ किन्तु चेतन के विरोधी किसी दूसरे गुण से जगत् आक्रान्त नहीं है जिससे कारणब्रह्मगत चेतना कार्यजगत् में चेतनान्तर का आरम्भक न बने क्योंकि अचेतनात्मक कोई चेतनाविरोधी गुण लोक या शास्त्र में प्रसिद्ध नहीं है, अचेतना पद से केवल चेतना का प्रतिषेधमात्र हो होता है। अतः पारिमाण्डल्यादि की अपेक्षा ब्रह्मगत चेतना में वैषम्य होने के कारण आरम्भकत्व रहेगा ही। वेदान्ती—ऐसा नहीं मान सकते हो। जैसे कारण परमाणु में रहते हुए भी पारिमाण्डल्यादि से द्व्यणुकगत परिमाण का आरम्भक नहीं होता, ऐसे ही ब्रह्मगत चैतन्य भी कार्यजगत् में चैतन्य का आरम्भक नहीं होगा; इस अंश में दृष्टान्त एवं दार्ष्टान्त में समानता है ही। परमाणुगत पारिमाण्डल्यादि द्व्यणुकादि में समानजातिवाले पारिमाण्डल्यान्तर को उत्पन्न नहीं करते इसमें परिमाणान्तराक्रान्तत्व कारण नहीं है क्योंकि द्व्यणुक परिमाणान्तर आरम्भ से पूर्व परमाणुगत पारिमाण्डल्यादि अपने समानजातिवाले गुण का आरम्भक हो ही सकता था। उत्पन्न हुआ कार्यद्रव्य भी गुणारम्भ से पूर्व एक क्षण निर्गुण ही रहता है, ऐसा आप ने मान ही रखा है। द्व्यणुक में परिमाणान्तर आरम्भ के लिए तद्गत पारिमाण्डल्यादि व्यग्र नहीं है जिससे कि अपने समानजातिवाले परिमाणान्तर के आरम्भक न हों। द्व्यणुकगत परिमाणान्तर का कारण कुछ दूसरा ही आप ने माना

---

१. व्यग्रो व्यासक्त आकुले इत्यमरः। व्यासक्ते द्विधाऽव्यापृते आकुलेऽनेकार्थे न्यस्तचित्ते व्यग्र इति तदर्थः।
२. स्वसमानगुणानारम्भकत्वे व्यग्रत्वरूपं यत्कारणमुक्तं तदन्यथासिद्धमित्यर्थः।

बहुत्वात्कारणमहत्त्वात्प्रचयविशेषाच्च महत्' (वै० सू० ७-१-९), 'तद्विपरीतमणु' (७-१-१०), 'एतेन दीर्घत्वह्रस्वत्वे व्याख्याते' (७-१-१७) इति हि काणभुजानि सूत्राणि। न च संनिधानविशेषात्कुतश्चित्कारणबहुत्वादीन्येवारभन्ते, न पारिमाण्डल्यादीनीत्युच्येत, द्रव्यान्तरे गुणान्तरे वारभ्यमाणे सर्वेषामेव कारणगुणानां स्वाश्रयसमवायाविशेषात्। तस्मात्स्वभावादेव पारिमाण्डल्यादीनामनारम्भकत्वं, तथा चेतनाया अपीति द्रष्टव्यम्।

महत्त्वं, मृदो महत्त्वाद्घटे महत्त्वं, द्वित्रुतूलपिण्डारब्धेऽतिस्थूलतूलपिण्डे प्रचयादवयवसंयोगविशेषान्महत्त्वमित्यर्थः। महत्त्वविरुद्धमणुत्वं परमाणुगतद्वित्वसंख्यया द्व्यणुके भवतीत्याह—तदिति। यन्महत्त्वस्यासमवायिकारणं तदेव महत्त्वसमानाधिकरणस्य दीर्घत्वस्य, यच्चाणुत्वस्यासमवायिकारणं, तदेवाणुत्वाविनाभूतह्रस्वत्वस्यासमवायिकारणमित्यतिदिशति—एतेनेति। अतो महत्त्वादावहेतुत्वात्पारिमाण्डल्यादीनां व्यस्तत्वमसिद्धमिति भावः। तेषां संनिधिविशेषाभावान्न समानगुणारम्भकत्वमित्यपि न वाच्यमित्याह—नचेति। पारिमाण्डल्यादीनामपि बहुत्वादिवत्समवायिकारणगतत्वाविशेषादित्यर्थः। तेषामनारम्भकत्वे कार्यद्रव्यस्य विरोधिगुणाक्रान्तत्वं व्यस्तत्वमसंनिधिर्वा न हेतुरित्युक्तिफलमाह—तस्मादिति। यत्तु कारणगुणः स्वसमानगुणारम्भक इति व्याप्तेः सामान्यगुणेषु पारिमाण्डल्यादिषु व्यभिचारेऽपि यो द्रव्यसमवायिकारणगतो विशेषगुणः स स्वसमानजातीयगुणारम्भक इति व्याप्तेश्चैतन्यस्य विशेषगुणत्वादारम्भकत्वं दुर्वारमिति, तन्मन्दं, चित्रपटहेतुतन्तुगतेषु नीलादिरूपेषु विजातीयचित्ररूपहेतुषु व्यभिचाराच्चैतन्यस्यात्मत्वेन गुणत्वाभावाच्चेति मन्तव्यम्। तस्माच्चेतनाद्विजातीया-

---

है, कार्यद्रव्य त्र्यणुकादि में महत्त्व परिमाण आरम्भ का कारण भिन्न ही आप ने माना है; वह है 'कारण बहुत्व, कारण महत्व और प्रचयविशेष' अर्थात् त्र्यणुक में महत्त्वारम्भ का कारण है परमाणुगत बहुत्व, घटादि कार्यगत महत्त्वारम्भ का हेतु है मृत्तिकागत महत्त्व और स्थूल रुई की ढेर में महत्त्वारम्भ का कारण है और उसके पिण्ड में भी अवयवसंयोगविशेष का शैथिल्य। 'महत्त्व के विरुद्ध अणुत्व जो द्व्यणुक में उत्पन्न हुआ है उसका हेतु है परमाणुगत द्वित्व संख्या', 'जो बहुत्व संख्या महत्व का असमवायी कारण है वही महत्व के सामानाधिकारण्य दीर्घत्व का भी कारण है।' इससे दीर्घत्व और ह्रस्वत्व की उत्पत्ति प्रसंग का भी उत्तर हो गया। क्योंकि जहाँ महत्त्व है वहीं दीर्घत्व है, इन दोनों की उत्पत्ति में हेतु है कारणगत बहुत्व; और जहाँ अणुत्व है वहीं ह्रस्वत्व भी है, इसकी उत्पत्ति में हेतु है परमाणुगत द्वित्व। अतः ऐसे प्रसङ्ग पर कणाद के तीन सूत्रों को उद्धृत करना आवश्यक समझा। समवायी कारण परमाणु के साथ किसी सन्निधानविशेष के कारण उनमें रहने वाली बहुत्व आदि संख्या ही अपने कार्य द्व्यणुकादि में परिमाणान्तर को उत्पन्न करेगी, पारिमाण्डल्यादि द्व्यणुकादि कार्य में परिमाणान्तर को उत्पन्न नहीं करेंगे, ऐसा कहना ठीक नहीं क्योंकि द्रव्यान्तर और गुणान्तर के निर्माण में सभी कार्यगुणों का अपने आश्रय के साथ समवायसम्बन्ध तुल्य ही है। ऐसी स्थिति में परमाणुगत संख्या द्व्यणुकादि में परिमाणान्तर को उत्पन्न करे और पारिमाण्डल्यादि न करे, इसमें कोई विनिगमक नहीं है। अतः पारिमाण्डल्यादि में परिमाणान्तर का अनारम्भकत्व स्वभाव से ही है। वैसे ही हम वेदान्ती के मत में ब्रह्मगत चेतना भी कार्यजगत् में अपने समान चैतन्य गुण को उत्पन्न नहीं करती, ऐसा समझना चाहिए। इसके अतिरिक्त भी वैशेषिक पक्ष में एक दोष है कि संयोग गुण

संयोगाच्च द्रव्यादीनां विलक्षणानामुत्पत्तिदर्शनात्समानजातीयोत्पत्तिव्यभिचारः।

द्रव्ये प्रकृते गुणोदाहरणमयुक्तमिति चेत् । न । दृष्टान्तेन विलक्षणारम्भमात्रस्य विवक्षितत्वात् । न च द्रव्यस्य द्रव्यमेवोदाहर्तव्यं गुणस्य वा गुण एवेति कश्चिन्नियमे हेतुरस्ति। सूत्रकारोऽपि भवतां द्रव्यस्य गुणमुदाजहार—'प्रत्यक्षाप्रत्यक्षाणामप्रत्यक्षत्वात्संयोगस्य पञ्चात्मकं न विद्यते' (वै० सू० ४-२-२) इति । यथा प्रत्यक्षाप्रत्यक्षयोर्भूम्याकाशयोः समवयन्संयोगोऽप्रत्यक्षः, एवं प्रत्यक्षाप्रत्यक्षेषु पञ्चसु भूतेषु समवयच्छरीरमप्रत्यक्षं स्यात् । प्रत्यक्षं हि शरीरम् । तस्मान्न पाञ्चभौतिकमिति । एतदुक्तं भवति—गुणश्च संयोगो द्रव्यं शरीरम् । 'दृश्यते तु' (ब्र० सू० २-१-६) इति चात्रापि विलक्षणोत्पत्तिः प्रपञ्चिता । नन्वेवं सति तेनैवैतद्गतम् । नेति ब्रूमः । तत्सांख्यं प्रत्युक्तम्, एतत्तु वैशेषिकं प्रति । नन्वतिदेशोऽपि समानन्यायतया कृतः 'एतेन शिष्टापरिग्रहा अपि व्याख्याताः' (ब्र० सू०

रम्भो युक्त इति स्थितम् । तत्रोदाहरणान्तरमाह— संयोगाच्चेति ।

ननु चेतनं ब्रह्म कार्योपादानत्वाद्द्रव्यं, तत्र विलक्षणस्योपादानमिति प्रकृते किंचिद्द्रव्यमेव विलक्षणकार्यकरमुदाहर्तव्यं, न संयोगस्य गुणस्योदाहरणमिति शङ्कते—द्रव्य इति । गुणात् द्रव्यवच्चेतनादचेतनारम्भ इति विलक्षणारम्भकत्वांशेऽयं दृष्टान्त इति परिहरति—नेति । अनियमः कणादसंमत इत्याह—सूत्रकारोऽपीति । एतावता कथमनियमः ? तत्राह—एतदुक्तमिति । न विलक्षणत्वन्यायेनपुनरुक्त्यभावेऽतिदेशाधिकरणेन पुनरुक्तिरिति शङ्कते—नन्वतिदेश इति । समानगुणारम्भनियमस्य पारि-

---

से विलक्षण द्रव्यादि की उत्पत्ति मानी गयी है अर्थात् कपालद्वय के संयोग से घट उत्पन्न होता है और तन्तुओं के संयोग से पट उत्पन्न होता है, पर संयोग गुण है और घट एवं पट द्रव्य हैं, दोनों में समानजातीयता नहीं है । ऐसे ही चेतन ब्रह्म से विजातीय जगत् की उत्पत्ति भी मानी जा सकती है ।

वैशेषिक—द्रव्य के प्रसङ्ग में गुण का उदाहरण देना ठीक नहीं है, ऐसा यदि वैशेषिक कहता हो तो उनका यह कथन ठीक नहीं है क्योंकि इस दृष्टान्त से विलक्षण आरम्भमात्र बतलाना ही हमें अभीष्ट है द्रव्यारम्भ के लिए द्रव्य का ही उदाहरण देना चाहिए, ऐसा नियम मानने में कोई हेतु नहीं है । आप के सूत्रकार कणाद ने भी द्रव्य के प्रसङ्ग में गुण का उदाहरण दिया है पृथ्वी का प्रत्यक्ष होता है, किन्तु आकाश का प्रत्यक्ष नहीं होता; तो दोनों में समवाय सम्बन्ध से रहने वाले संयोग का जैसे प्रत्यक्ष नहीं होता है, ऐसे ही पृथ्वी, जल, तेज का प्रत्यक्ष होता है किन्तु वायु और आकाश का प्रत्यक्ष नहीं होता। इन पञ्चभूतों से बने हुए शरीर का भी प्रत्यक्ष नहीं होना चाहिए किन्तु शरीर का प्रत्यक्ष होना सर्वानुभवसिद्ध है। अतः यह शरीर पाञ्चभौतिक नहीं है किन्तु पार्थिव है। अभिप्राय यह है कि संयोग गुण है और शरीर द्रव्य है, द्रव्य के लिए गुण का उदाहरण वैशेषिक दर्शन में भी आया है। ऐसे ही द्रव्य प्रसङ्ग में गुण का उदाहरण देना हमारा असङ्गत नहीं है। 'दृश्यते तु' इस सूत्र में भी कारण से विलक्षण कार्य की उत्पत्ति बतलायी जा चुकी है। पूर्वपक्ष—इस प्रकार तो उसी सूत्र से वैशेषिक पक्ष का निराकरण हो चुका था, यहाँ पर पुनः निराकरण की आवश्यकता नहीं है। वेदान्ती—ऐसा कहना ठीक नहीं। वहाँ पर सांख्य पक्ष का निराकरण किया गया था किन्तु यहाँ वैशेषिक पक्ष का निराकरण किया गया है । पूर्वपक्ष—समान न्याय से 'एतेन शिष्टापरिग्रहाअपि व्याख्याताः' इस सूत्र से अतिदेश द्वारा वैशेषिक पक्ष का निराकरण हो चुका है। सिद्धान्ती—आप

३. परमाणुजगदकारणत्वाधिकरणम् (सू. १२-१७)

(१८३) उभयथापि न कर्मातस्तदभावः ॥१२॥

जनयन्ति जगन्नो वा संयुक्ताः परमाणवः ॥ आद्यकर्मजसंयोगाद्द्व्यणुकादिक्रमाज्जनिः ॥
सनिमित्तानिमित्तादिकल्पेष्वाद्यकर्मणः ॥ असम्भवादसंयोगे जनयन्ति न ते जगत् ॥

२-१-१२) इति। सत्यमेतत्। तस्यैव त्वयं वैशेषिकप्रक्रियारम्भे तत्प्रक्रियानुगतेन निदर्शनेन प्रपञ्चः कृतः ॥११॥

इदानीं परमाणुकारणवादं निराकरोति। स च वाद इत्थं समुत्तिष्ठते—पटादीनि हि लोके सावयवानि द्रव्याणि स्वानुगतैरेव संयोगसचिवैस्तन्त्वादिभिर्द्रव्यैरारभ्यमाणानि

माण्डल्यादिदृष्टान्तेन भङ्ग्यार्थमस्यारम्भ इत्याह—सत्यमिति। तस्यैवातिदेशस्येत्यर्थः ॥११॥

वैशेषिकमतपरीक्षामारभते—उभयथापि न कर्मातस्तदभावः। नास्य प्रासङ्गिकेन पूर्वाधिकरणेन संगतिरपेक्षितेति मन्वानः प्रधानस्येश्वरानधिष्ठितस्याकारणत्वेऽपि परमाणूनां तदधिष्ठितानां कारणत्वमस्त्विति प्रत्युदाहरणसंगत्या सांख्याधिकरणानन्तर्यमस्य वदंस्तात्पर्यमाह—इदानीमिति। द्व्यणुकादिक्रमेण परमाणुभिर्जगदारभ्यत इति वैशेषिकराद्धान्तोऽत्र विषयः। स किं मानमूलो भ्रान्तिमूलो वेति संदेहे पूर्वपक्षयति—स चेति। तैः पटादिभिः सामान्यं क्षित्यादेः कार्यद्रव्यत्वं तेनेत्यर्थः। विमतं सावयवं क्षित्यादिकं स्वन्यूनपरिमाणसंयोगसचिवानेकद्रव्यारब्धं, कार्यद्रव्यत्वात्, पटादिवदिति प्रयोगः। स्वेष्ट-

---

का यह कथन सत्य ही है। उसी निराकृत पक्ष का यहाँ पर वैशेषिक परीक्षारम्भ प्रसङ्ग में उनकी प्रक्रिया में अनुगत दृष्टान्त से विस्तार किया गया है अर्थात् अतिदेश द्वारा वैशेषिक पक्ष का निराकरण किया गया था, उसी का उनकी प्रक्रिया में अनुगत दृष्टान्त द्वारा पुनः विस्तार से निराकरण किया जा रहा है, अतः पुनरुक्ति की आशङ्का नहीं होनी चाहिए ॥११॥

३. परमाणुजगदकारणत्वाधिकरण

१. **सङ्गति**—अचेतन प्रधान जगत् का कारण भले ही न हो पर नित्यज्ञानादि गुणयुक्त ईश्वर से अधिष्ठित परमाणु तो जगत् का कारण हो ही सकता है ऐसी प्रत्युदाहरण सङ्गति के कारण यह अधिकरण प्रारम्भ किया जाता है।

२. **विषय**—परमाणुकारणवाद वैशेषिक सिद्धान्त इस अधिकरण का विचारणीय विषय है।

३. **संशय**—संयुक्त परमाणु जगत उत्पन्न कर सकते हैं या नहीं ?

४. **पूर्वपक्ष**—सर्गारम्भ में परमाणुओं में क्रिया उत्पत्ति का कारण अदृष्ट है, उससे दो परमाणुओं में संयोग होता है और द्व्यणुकादि क्रम से जगत् की उत्पत्ति होती है।

५. **सिद्धान्त**—सर्गारम्भ में क्रिया उत्पत्ति का निमित्त मानो या न मानो, दोनों ही दशा में परमाणु जगत् को उत्पन्न नहीं कर सकते। अतः वैशेषिक सिद्धान्त से वेदान्त समन्वय में कोई विरोध नहीं आता है।

उभयथापि न कर्मातस्तदभावः (ललिता)

अब भगवान् बादरायण परमाणुकारणवाद का निराकरण करते हैं। वह वाद इस प्रकार खड़ा होता है कि लोक में सावयव पटादि स्वानुगत संयोग से सहकृत हो तन्तु आदि द्रव्यों से बनते देखे गये हैं,

दृष्टानि । तत्सामान्येन यावत्किंचित्सावयवं तत्सर्वं स्वानुगतैरेव संयोगसचिवैस्तैस्तैर्द्रव्यै-रारब्धमिति गम्यते । स चायमवयवावयविविभागो यतो निवर्तते, सोऽपकर्षपर्यन्तगतः परमाणुः । सर्वं चेदं जगद्गिरिसमुद्रादिकं सावयवं, सावयवत्वाच्चाद्यन्तवत् । न चाकारणेन कार्येण भवितव्यमित्यतः परमाणवो जगतः कारणमिति कणभुगभिप्रायः । तानीमानि चत्वारि भूतानि भूम्युदकतेजःपवनाख्यानि सावयवान्युपलभ्य चतुर्विधाः परमाणवः परिकल्प्यन्ते । तेषां चापकर्षपर्यन्तगतत्वेन परतो विभागासम्भवाद्विनश्यतां पृथिव्यादीनां परमाणुपर्यन्तो विभागो भवति, स प्रलयकालः । ततः सर्गकाले च वायवीयेष्वणुष्वदृष्टापेक्षं कर्मोत्पद्यते, तत्कर्म स्वाश्रयमणुमण्वन्तरेण संयुनक्ति, ततो द्व्यणुकादिक्रमेण वायुरुत्पद्यते । एवमग्निरेवमाप एवं पृथिवी । एवमेव शरीरं सेन्द्रियमिति । एवं सर्वमिदं जगदणुभ्यः सम्भवति । अणुगतेभ्यश्च रूपादिभ्यो द्व्यणुकादिगतानि रूपादीनि सम्भवन्ति तन्तुपट-

---

परमाणुसिद्ध्यर्थानि साध्यविशेषणानि । नन्वेतावता कथं परमाणुसिद्धिः? तत्राह—स चायमिति । विमतं सावयवत्वं पक्षतावच्छेदकं यतो निवर्तते, स न्यूनपरिमाणस्यापकर्षस्य पर्यन्तत्वेनावसानभूमित्वेनावगतः परमाणुरित्यर्थः । यावत्सावयवमनुमानप्रवृत्तेः द्व्यणुकन्यूनद्रव्यं निरवयवं सिध्यतीति भावः । जगन्नित्यत्ववादात् कार्यद्रव्यत्वहेत्वसिद्धिरिति [२]वदन्तं प्रत्याह—सर्वं चेति । विमतमाद्यन्तवत्, सावयवत्वात्, पटवदित्यर्थः । हेतोरसिद्धिं निरस्याप्रयोजकत्वं निरस्यति—नचेति । ते कतिविधा इत्याकाङ्क्षायामाह—तानीति । प्रलये चैषामपि नाशाज्ञ जगत्कारणत्वमित्याशङ्क्याह—तेषां चेति । अवयवानां विभागान्नाशाद्वावयविनो नाशः । परमाणूनां निरवयवत्वेनावयवविभागादेर्नाशहेतोरसंभवान्न नाश इत्यर्थः । तेषां नित्यत्वे फलितं सृष्टिक्रममाह—तत इति । एवं काणादमतस्य मानमूलत्वात्तेन वेदान्त-

---

इस दृष्टान्त से यह सिद्ध होता है कि सावयव जो कुछ भी जगत् है वह संयोग से सहकृत हो कारण-द्रव्य द्वारा बनता है । यहाँ पर एक अनुमान किया जाता है कि सावयव पृथिव्यादि संयोगसहकृत अपने न्यून परिमाणवाले अनेक द्रव्यों से उत्पन्न होता है, कार्यद्रव्य होने के कारण, पटादि की भाँति । यह अवयवावयवीविभाग जहाँ पर समाप्त हो जाता है ऐसे अत्यन्त निम्न द्रव्य को परमाणु कहते हैं । यह सम्पूर्ण गिरि, समुद्रादि जगत् सावयव है और सावयव होने के कारण आदि-अन्तवाला भी है । कोई भी कार्य कारण के बिना नहीं बनता; अतः जगत् का कारण परमाणु ही है ऐसा कणाद ऋषि का अभिप्राय है । पृथ्वी, जल, तेज और वायु इन चारों द्रव्यों को सावयव देखकर इनके चतुर्विध परमाणुओं की कल्पना करनी पड़ती है । इनके अपकर्षपर्यन्त जाने से जिसके बाद विभाग होना सम्भव नहीं है वहाँ नाशवान पृथिव्यादि के परमाणुपर्यन्त विभाग को प्रलय कहते हैं । प्रलय के बाद सर्गारम्भ में वायवीय परमाणुओं में जीवों के अदृष्ट की अपेक्षाकर कर्म उत्पन्न होता है, वही कर्म अपने आश्रय परमाणु को अन्य परमाणुओं के साथ जोड़ता है, उससे क्रमशः द्व्यणुकादि वायु उत्पन्न होते हैं । यही क्रम अग्नि, जल और पृथ्वी की उत्पत्ति में भी है । इन्द्रियों के सहित यह शरीर इसी क्रम से उत्पन्न होता है । इस प्रकार सम्पूर्ण जगत् परमाणुओं से उत्पन्न होता है और परमाणुगत रूपादि गुणों से द्व्यणुकादि में रूप उत्पन्न होते हैं, जैसे तन्तुओं से पट बनता है और तन्तुगत रूप से पटरूप बनता है । ऐसी

---

२. सांख्यमिति शेषः ।

न्यायेनेति काणादा मन्यन्ते ।

तत्रेदमभिधीयते—विभागावस्थानां तावदणूनां संयोगः कर्मापेक्षोऽभ्युपगन्तव्यः, कर्मवतां तन्त्वादीनां संयोगदर्शनात् । कर्मणश्च कार्यत्वान्निमित्तं किमप्यभ्युपगन्तव्यम् । अनभ्युपगमे निमित्ताभावान्नाणुष्वाद्यं कर्म स्यात् । अभ्युपगमेऽपि यदि प्रयत्नोऽभिघातादिर्वा (अथा) यथादृष्टं किमपि कर्मणो निमित्तमभ्युपगम्येत, तस्यासंभवान्नैवाणुष्वाद्यं कर्म स्यात् । नहि 'तस्यामवस्थायामात्मगुणः प्रयत्नः संभवति, शरीराभावात् । शरीरप्रतिष्ठे हि मनस्यात्मनः संयोगे सत्यात्मगुणः प्रयत्नो जायते । एतेनाभिघाताद्यपि दृष्टं निमित्तं प्रत्याख्यातव्यम् । सर्गोत्तरकालं हि तत्सर्वं नाद्यस्य कर्मणो निमित्तं संभवति ।

समन्वयस्य विरोधावसिद्धिरिति पूर्वपक्षे फलम् ।

तस्य भ्रान्तिमूलत्वादविरोध इति सिद्धान्तयति—तत्रेदमिति । प्रलये विभक्तानां परमाणूनामन्यतरकर्मणोभयकर्मणा वा संयोगो वाच्यः, कर्मणश्च निमित्तं प्रयत्नादिकं दृष्टं, यथा प्रयत्नवदात्मसंयोगाद्देहचेष्टा, वाय्वाद्यभिघाताद्वृक्षादिचलनं, हस्तनोदनादिष्वादिगमनं, तद्वदणुकर्मणो दृष्टं निमित्तमभ्युपगम्यते न वा । द्वितीये कर्मानुत्पत्तिः । नाद्यः, प्रयत्नादेः सृष्ट्युत्तरकालीनत्वादित्युभयथापि न कर्म संभवति । अतः कर्मासंभवात्तस्य संयोगपूर्वकद्व्यणुकादिसर्गस्याभाव इति सूत्रार्थः । स्थिरस्य वेगवद्द्रव्यसंयोगविशेषोऽभिघातः, स एव चलस्य नोदनमिति भेदः ।

स्थिति में पट का समवायी कारण तन्तु है और तन्तुओं का संयोग पट का असमवायी कारण है। पटरूप का समवायी कारण पट है और असमवायी कारण तन्तुरूप है, ऐसा वैशेषिक मानते हैं।

सिद्धान्ती—इस पर हमें यह कहना है कि प्रलयकाल में विभागावस्था को प्राप्त अणुओं का संयोग कर्म की अपेक्षा करके ही हो सकेगा क्योंकि कर्मयुक्त तन्तुओं के संयोग से पटकार्य उत्पन्न होते देखा गया है । कर्म भी एक कार्य है, उसकी उत्पत्ति के लिए भी कोई निमित्त मानना ही पड़ेगा। निमित्त न मानने पर परमाणुओं में आद्यकर्म उत्पन्न नहीं हो सकेगा और उस आद्यकर्म की उत्पत्ति के लिए निमित्त मानने पर भी यह प्रश्न होगा कि उस कर्म का निमित्त प्रयत्न है अथवा अभिघातादि है। जैसे लोक में कर्म के निमित्त प्रयत्न और अभिघात देखे गये हैं वैसा ही सर्गारम्भ में भी मानना पड़ेगा। इनमें से प्रयत्न को परमाणुओं के आद्यकर्म का निमित्त नहीं कह सकते क्योंकि उसका होना उस समय सम्भव नहीं है। सृष्टि से पूर्वावस्था में जब शरीर ही नहीं है तब आत्मा का गुण, प्रयत्न उस दशा में कैसे हो सकेगा। शरीर में जब मन प्रतिष्ठित होता है तब आत्मा और मन का संयोग होने पर आत्मा में प्रयत्नरूप गुण उत्पन्न होता है जिसका शरीर के बिना होना सम्भव नहीं है। किसी स्थिर वस्तु का जब वेगवान द्रव्य के साथ विलक्षण संयोग होता है जिससे शब्द उत्पन्न हो जाता है उसी संयोगविशेष को अभिघात कहते हैं और वह संयोगविशेष जब चल पदार्थ में होता है तब उसे नोदन कहते हैं। जब परमाणुओं में आद्यकर्म का निमित प्रयत्न सिद्ध न हो सका तब इसी से अभिघातादि दृष्ट निमित्त भी निरस्त हो गये क्योंकि सृष्टि के बाद होने वाले ये सब पदार्थ आद्यकर्म के निमित्त नहीं हो सकते ।

---

१ सृष्टेः प्रागवस्थायाम् ।

अथादृष्टमाद्यस्य कर्मणो निमित्तमित्युच्येत । तत्पुनरात्मसमवायि वा स्यादणुसमवायि वा। उभयथापि नादृष्टनिमित्तमणुषु कर्मावकल्पेतादृष्टस्याचेतनत्वात् । न ह्यचेतनं चेतनेनानधिष्ठितं स्वतन्त्रं प्रवर्तते, प्रवर्तयति वेति सांख्यप्रक्रियायामभिहितम् । आत्मनश्चानुत्पन्नचैतन्यस्य तस्यामवस्थायामचेतनत्वात् । आत्मसमवायित्वाभ्युपगमाच्च नादृष्टमणुषु कर्मणो निमित्तं स्यादसम्बन्धात् ।

अदृष्टवता पुरुषेणास्त्यणूनां सम्बन्ध इति चेत्, सम्बन्धसातत्यात्प्रवृत्तिसातत्यप्रसङ्गो नियामकान्तराभावात् । तदेवं नियतस्य कस्यचित्कर्मनिमित्तस्याभावान्नाणुष्वाद्यं कर्म स्यात् । कर्माभावात्तन्निबन्धनः संयोगो न स्यात् । संयोगाभावाच्च तन्निबन्धनं द्व्यणुकादि कार्यजातं न स्यात् । संयोगश्चाणोरण्वन्तरेण सर्वात्मना वा स्यादेकदेशेन वा । सर्वात्मना चेदुपचया-

---

दृष्टनिमित्ताभावेऽप्यदृष्टवदात्मसंयोगादणुषु कर्मेति शङ्कते—अथादृष्टमिति । विकल्पपुरःसरं दूषयति—तत्पुनरिति । जडात्मवदणोराश्रयत्वं किं न स्यादितिमत्वा विकल्पः कृत इति मन्तव्यम् । अत्रापि सूत्रं योजयति—उभयथेति । जीवाधिष्ठितमदृष्टं निमित्तमस्त्वित्यत आह—आत्मनश्चेति । अचेतनत्वान्नाधिष्ठातृत्वमिति शेषः । भिन्नेश्वरस्याधिष्ठातृत्वमग्रे निराकरिष्यते । अचेतनत्वमदृष्टस्य कर्मनिमित्तत्वाभावे हेतुरुक्तः । हेत्वन्तरमाह—आत्मसमवायित्वेति ।

गुरुत्ववददृष्टमपि स्वाश्रयसंयुक्ते क्रियाहेतुरिति शङ्कते—अदृष्टवतेति । विभुसंयोगस्याणुषु सदा सत्त्वात् क्रियासातत्ये प्रलयाभावः स्यादिति दूषयति—सम्बन्धेति । कादाचित्कप्रवृत्तेरदृष्टनियम्यत्वायोगेऽपीश्वरान्नियम इत्यत आह—नियामकान्तरेति । यज्ज्ञानं तच्छरीरजन्यमिति व्याप्तिविरोधेन नित्यज्ञानासिद्धेस्तद्गुण ईश्वरो नास्ति, अस्तित्वेऽपि सदा सत्त्वान्न नियामकत्वमिति भावः । सूत्रार्थं निगमयति—तदेवमिति । संयोगस्य हेतुत्वं खण्डयित्वा स्वरूपं खण्डयति—संयोगश्चाणोरिति । संयोगस्य व्याप्य-

---

और यदि आद्यकर्म का निमित्त अदृष्ट को मानोगे तो प्रश्न होगा कि वह अदृष्ट आत्मा में समवेत है अथवा परमाणुओं में समवेत है। दोनों ही प्रकार से वह अदृष्ट परमाणुओं में कर्म उत्पत्ति के प्रति निमित्त नहीं हो सकता क्योंकि अदृष्ट स्वयं अचेतन है वह अचेतन अदृष्ट चेतन से अधिष्ठित हुए बिना स्वतन्त्ररूप से न प्रवृत्त हो सकता है और न दूसरे को प्रवृत्त कर सकता है, ऐसा हम सांख्यों की परीक्षा में कह चुके हैं। उस अवस्था में आत्मा में चैतन्य गुण न उत्पन्न होने के कारण आत्मा भी अचेतन ही है, ऐसे आत्मा में समवाय सम्बन्ध से रहने वाला अदृष्ट परमाणुओं में आद्यकर्म का निमित्त हो ही नहीं सकता क्योंकि परमाणुओं के साथ उस अदृष्ट का कोई सम्बन्ध ही नहीं है। यदि अदृष्टविशिष्ट आत्मा के साथ परमाणुओं का सम्बन्ध मानो तो वह सम्बन्ध सदा से है वैसी स्थिति में सदा प्रवृत्ति होने लग जायेगी। कभी प्रवृत्ति होगी और कभी नहीं होगी, इसका कोई नियामक नहीं है। इस प्रकार कर्म का कोई नियत निमित्त न होने के कारण सर्गारम्भ में परमाणुओं में आद्यकर्म नहीं हो सकते और कर्म न होने पर तन्निमित्तक संयोग नहीं हो सकता, संयोग न होने पर संयोगनिमित्तक द्व्यणुकादि कार्य नहीं हो सकते।

एक और प्रश्न यहाँ सामने आता है कि परमाणु का दूसरे परमाणु के साथ सर्वात्मना संयोग होगा अथवा एकदेशेन संयोग होगा। सर्वात्मना संयोग मानने पर द्व्यणुक में वृद्धि नहीं हो सकेगी, फिर तो दो परमाणु से उत्पन्न होने वाला द्व्यणुक अणुमात्र ही रह जायेगा। साथ ही संयोग को

नुपपत्तेरणुमात्रत्वप्रसङ्गो दृष्टविपर्ययप्रसङ्गश्च । प्रदेशवतो द्रव्यस्य प्रदेशवता द्रव्यान्तरेण संयोगस्य दृष्टत्वात् । एकदेशेन चेत्सावयवत्वप्रसङ्गः । परमाणूनां कल्पिताः प्रदेशाः स्युरिति चेत् । कल्पितानामवस्तुत्वादवस्त्वेव संयोग इति वस्तुनः कार्यस्यासमवायिकारणं न स्यात् । असति चासमवायिकारणे द्व्यणुकादिकार्यद्रव्यं नोत्पद्येत । यथा चादिसर्गे निमित्ताभावात्संयोगोत्पत्त्यर्थं कर्म नाणूनां सम्भवत्येवं महाप्रलयेऽपि विभागोत्पत्त्यर्थं कर्म नैवाणूनां सम्भवेत् । नहि तत्रापि किंचिन्नियतं तन्निमित्तं दृष्टमस्ति अदृष्टमपि भोगप्रसिद्धयर्थं न प्रलयप्रसिद्धयर्थमित्यतो निमित्ताभावान्न स्यादणूनां संयोगोत्पत्त्यर्थं विभागोत्पत्त्यर्थं वा कर्म । अतश्च संयोग विभागाभावात्तदायत्तयोः सर्गप्रलययोरभावः प्रसज्येत । तस्मादनुपपन्नोऽयं परमाणुकारणवादः ।।१२।।

वृत्तित्वे एकस्मिन्नितरस्यान्तर्भावात्कार्यस्य पृथुत्वायोगात् सर्वं कार्यं परमाणुमात्रं स्यादित्यर्थः । किंच सांशद्रव्ये संयोगस्यैकांशवृत्तित्वं दृष्टं, तद्विरोधाद्व्याप्यवृत्तित्वं न कल्प्यमित्याह—दृष्टेति । परमाणोः संयोग एकदेशेन चेदिति सम्बन्धः । दिग्भेदेन कल्पितप्रदेशस्थसंयोगस्यापि कल्पितत्वात्ततः कार्यं नोत्पद्येत, उत्पन्नं वा मिथ्या स्यादित्यपसिद्धान्त इत्यर्थः । काणादानां सर्गप्रत्युक्तौ सूत्रं योजयित्वा प्रलयनिरासेऽपि सूत्रं योजयति—यथा चेति । परमाणूनां कर्मणा संयोगात्सर्गः, विभागात्प्रलय इति प्रक्रिया न युक्ता, युगपदनन्तपरमाणूनां विभागे नियतस्याभिघातादेर्दृष्टस्य निमित्तस्यासत्त्वात्, धर्माधर्मरूपादृष्टस्य सुखदुःखार्थत्वेन सुखदुःखशून्यप्रलयप्रयोजकत्वायोगान्नादृष्टनिमित्तेन कर्मणा विभागः संभवति । तथा च दृष्टादृष्टनिमित्तयोरसत्त्वादुभयथापि संयोगार्थत्वेन विभागार्थत्वेन च कर्म नास्ति, अतः कर्माभावात्तयोः संयोगविभागपूर्वकयोः सर्गप्रलययोरभाव इति सूत्रयोजना ।।१२।।

व्याप्यवृत्ति मानने पर दृष्टविरोधप्रसङ्ग भी आयेगा क्योंकि संयोग सावयव द्रव्य का सावयव द्रव्य के साथ देखा गया है । यदि परमाणु का संयोग एकदेशेन कहोगे तो उनमें सावयवत्व का प्रसङ्ग आ जायेगा । और यदि परमाणुओं में प्रदेश कल्पित माने जाँय तो कल्पित में वस्तुत्व नहीं होता, उससे उत्पन्न संयोग भी अवस्तु ही माना जायेगा । वह अवस्तुरूप संयोग किसी का असमवायी कारण नहीं हो सकता, ऐसी स्थिति में असमवायी कारण संयोग के न रहने पर द्व्यणुकादि कार्य उत्पन्न नहीं हो सकते । और जैसे सर्गारम्भ में निमित्ताभाव के कारण संयोग उत्पत्ति के लिए परमाणुओं में कर्म का होना सम्भव नहीं है । ऐसे ही महाप्रलय में भी विभाग उत्पत्ति के लिए परमाणुओं में कर्म का होना सम्भव नहीं है क्योंकि वहाँ पर कोई निश्चित विभागजनक कर्म का निमित्त नहीं दीखता है । जीव का अदृष्ट भी उसके सुख-दुःखादि भोगसिद्धि के लिए माना गया है, प्रलय की प्रसिद्धि के लिए नहीं । अतः निमित्ताभाव होने के कारण न संयोग उत्पत्ति के लिए कर्म और न विभाग उत्पत्ति के लिए ही कर्म हो सकेगा, संयोग-विभाग को अभावदशा में उस सर्ग और प्रलय का भी अभाव होने जायेगा । अतः यह परमाणुकारणवाद असङ्गत ही है ।।१२।।

(१८४) समवायाभ्युपगमाच्च साम्यादनवस्थितेः ॥१३॥

समवायाभ्युपगमाच्च तदभाव इति प्रकृतेनाणुवादनिराकरणेन सम्बध्यते । द्वाभ्यां चाणुभ्यां द्व्यणुकमुत्पद्यमानमत्यन्तभिन्नमणुभ्यामणोः समवैतीत्यभ्युपगम्यते भवता । न चैवमभ्युपगच्छता शक्यतेऽणुकारणता समर्थयितुम् । कुतः ? साम्यादनवस्थितेः । यथैव ह्यणुभ्यामत्यन्तभिन्नं सद्द्व्यणुकं समवायलक्षणेन सम्बन्धेन ताभ्यां सम्बध्यते, एवं समवायोऽपि समवायिभ्योऽत्यन्तभिन्नः सन्समवायलक्षणेनान्येनैव सम्बन्धेन समवायिभिः सम्बध्येतात्यन्तभेदसाम्यात् । ततश्च तस्य तस्यान्योन्यः सम्बन्धः कल्पयितव्य इत्यनवस्थैव प्रसज्येत ।

नन्विह प्रत्ययग्राह्यः समवायो नित्यसम्बद्ध एव समवायिभिर्गृह्यते नासंबद्धः सम्बन्धान्तरापेक्षो वा । ततश्च न तस्यान्यः सम्बन्धः कल्पयितव्यो येनानवस्था प्रसज्येतेति ।

समवायाभ्युपगमाच्च तदभावः । अणुवादासम्भव इति योग्यतया सम्बध्यते, द्व्यणुकसमवाययोः परमाणुभिन्नत्वसाम्यात् द्व्यणुकवत् समवायस्यापि समवायान्तरमित्यनवस्थितिरित्यर्थः ।

नन्विह तन्तुषु पट इत्यादिविशिष्टधीनियामकः समवायो न सम्बन्धान्तरमपेक्षते, स्वरूपेणैव नित्यसम्बद्धत्वादिति शङ्कते—नन्विहेति । संयोगस्यापि स्वरूपसम्बन्धोपपत्तेः समवायो न स्यादिति

समवायाभ्युपगमाच्च साम्यादनवस्थितेः (ललिता)

पिछले सूत्र में परमाणुकारणवाद का निराकरण किया गया था, उस सूत्र में जो 'तदभाव' पद है उसकी अनुवृत्ति यहाँ आती है जिसका अर्थ होता है कि वैशेषिकों ने समवाय को माना है इसीलिए सृष्टि सिद्ध नहीं होती है। वैशेषिकों ने माना है कि दो परमाणुओं से उत्पन्न होने वाला द्व्यणुक अत्यन्त भिन्न है और वह द्व्यणुक समवाय सम्बन्ध से परमाणु में रहता है अर्थात् दो परमाणु कारण हैं जिसका कार्य द्व्यणुक परमाणु से अत्यन्त भिन्न है। किन्तु द्व्यणुक कार्य समवाय सम्बन्ध से परमाणुओं में रहता है, ऐसा मानने वाले वैशेषिक परमाणुकारणवाद का समर्थन नहीं कर सकते क्योंकि जैसे परमाणु से अत्यन्त भिन्न द्व्यणुक परमाणु में समवाय सम्बन्ध से रहता है ऐसे ही समवाय भी अपने समवायी से अत्यन्त भिन्न है, उस समवाय को अपने समवायी में रहने के लिए किसी अन्य समवाय सम्बन्ध की कल्पना करनी पड़ेगी क्योंकि द्व्यणुक की भाँति समवाय भी अपने समवायी से अत्यन्त भिन्न तो है ही । इस प्रकार द्व्यणुक को परमाणु में रहने के लिए समवाय सम्बन्ध माना है और समवाय के अपने समवायी में रहने के लिए किसी अन्य सम्बन्ध की कल्पना करोगे तो उत्तरोत्तर सम्बन्धान्तर की कल्पना करने पर अनवस्था दोष आयेगा ही।

वैशेषिक—इन तन्तुओं में पट है, इस प्रतीति में जो समवाय सम्बन्ध भासता है वह अपने समवायी के साथ नित्यसम्बद्ध ही गृहीत होता है, असम्बद्ध गृहीत नहीं होता और न वहाँ पर सम्बन्धान्तर की अपेक्षा ही होती है । अतः उत्तरोत्तर भिन्नसम्बन्ध की कल्पना ही नहीं करेंगे

(१८५) नित्यमेव च भावात् ॥१४॥

नेत्युच्यते-संयोगोऽप्येवं सति संयोगिभिर्नित्यसम्बद्ध एवेति समवायवन्नान्यं सम्बन्धमपेक्षेत। अथार्थान्तरत्वात्संयोगः सम्बन्धान्तरमपेक्षेत, समवायोऽपि तर्ह्यर्थान्तरत्वात्सम्बन्धान्तरमपेक्षेत। नच गुणत्वात्संयोगः सम्बन्धान्तरमपेक्षते, न समवायोऽगुणत्वादिति युज्यते वक्तुम्। अपेक्षाकारणस्य तुल्यत्वात्। गुणपरिभाषायाश्चातन्त्रत्वात्। तस्मादर्थान्तरं समवायमभ्युपगच्छतः प्रसज्येतैवानवस्था। प्रसज्यमानायां चानवस्थायामेकासिद्धौ सर्वासिद्धेर्द्वाभ्यामणुभ्यां द्व्यणुकं नैवोत्पद्येत। तस्मादप्यनुपपन्नः परमाणुकारणवादः ॥१३॥

अपि चाणवः प्रवृत्तिस्वभावा वा निवृत्तिस्वभावा वोभयस्वभावा वाऽनुभयस्वभावा वाभ्युपगम्यन्ते, गत्यन्तराभावात्। चतुर्धापि नोपपद्यते। प्रवृत्तिस्वभावत्वे नित्यमेव प्रवृत्तेर्भावात्प्रलयाभावप्रसङ्गः। निवृत्तिस्वभावत्वेऽपि नित्यमेव निवृत्तेर्भावात्सर्गाभाव-

---

दूषयति—नेति। सम्बन्धिभिन्नत्वाच्चेदपेक्षा समवायस्यापि तुल्या। गुणपरिभाषायाश्चेति। गुणत्वाभावेऽपि कर्मसामान्यादीनां समवायाङ्गीकाराद् गुणत्वं समवायित्वे न व्यापकम्। नापि व्याप्यं, गुणस्यापि समवायवत्स्वरूपसम्बन्धसम्भवेन व्याप्त्यनुकूलतर्काभावात् तस्मात्। सम्बन्धिभिन्नत्वमेव सम्बन्धान्तरापेक्षायां कारणं, तस्य समवायेऽपि तुल्यत्वादनवस्था दुर्वारा। सा च मूलक्षयकरी। तया समवायासिद्धौ समवेतद्व्यणुकासिद्धिरित्यर्थः ॥१३॥

सूत्रं व्याचष्टे—अपिचेति। अनुभयस्वभावत्वे नैमित्तिकीप्रवृत्तिर्वाच्या, निमित्तं च कालादृष्टा-

---

जिससे कि अनवस्था दोष का प्रसङ्ग आवे। वेदान्ती—ऐसा कहना ठीक नहीं है। इस प्रकार तो संयोग भी अपने आधार संयोगी के साथ नित्यसम्बद्ध ही माना जायेगा। ऐसी स्थिति में जैसे समवाय अन्य सम्बन्ध की अपेक्षा नहीं रखता है वैसे ही संयोग भी अन्य सम्बन्ध की अपेक्षा नहीं रखेगा। और यदि कहो कि संयोग एक स्वतन्त्र पदार्थ है इसीलिए अपने आधार के साथ जुड़ने के लिए समवायरूप सम्बन्धान्तर की अपेक्षा करेगा तो समवाय भी स्वतन्त्र पदार्थ होने के कारण सम्बन्धान्तर की अपेक्षा करेगा ही। यदि कहो कि संयोग गुण होने के कारण समवायरूप सम्बन्धान्तर की अपेक्षा रखेगा, किन्तु गुण न होने के कारण समवाय सम्बन्धान्तर की अपेक्षा नहीं रखेगा तो ऐसा कहना भी ठीक नहीं है क्योंकि अपेक्षाकारण दोनों के लिए समान है। सम्बन्धी से भिन्न होने के कारण संयोग को यदि सम्बन्ध की अपेक्षा है तो समवाय को भी सम्बन्ध की अपेक्षा होनी ही चाहिए। संयोग गुण है और समवाय गुण नहीं है, यह परिभाषा सर्वतन्त्रसिद्ध नहीं है। अतः समवाय को स्वतन्त्र पदार्थ मानने वाले वादी के पक्ष में अनवस्था आयेगी ही। अनवस्था आने पर कहीं एक की असिद्धि हुई तो सभी की असिद्धि हो जायेगी, वैसी स्थिति में दो परमाणुओं से द्व्यणुक की उत्पत्ति नहीं हो सकती। इसलिए भी परमाणुकारणवाद असङ्गत ही है ॥१३॥

नित्यमेव च भावात् (ललिता)

परमाणु प्रवृत्तिस्वभाव है या निवृत्तिस्वभाव है अथवा उभयस्वभाव है या अनुभयस्वभाव है। इनसे भिन्न कोई गति है नहीं और इन चार विकल्पों में भी समाधान नहीं होता क्योंकि प्रवृत्तिस्वभाव मानने पर सदा प्रवृत्ति होते रहने से प्रलयाभाव का प्रसङ्ग आ जायेगा, निवृत्तिस्वभाव मानने

(१८६) रूपादिमत्त्वाच्च विपर्ययो दर्शनात् ।।१५।।

प्रसङ्गः । उभयस्वभावत्वं च विरोधादसमञ्जसम् । अनुभयस्वभावत्वे तु निमित्तवशात्प्रवृत्तिनिवृत्त्योरभ्युपगम्यमानयोरदृष्टादेर्निमित्तस्य नित्यसन्निधानान्नित्यप्रवृत्तिप्रसङ्गात् । अतन्त्रत्वेऽप्यदृष्टादेर्नित्याप्रवृत्तिप्रसङ्गात् । तस्मादप्यनुपपन्नः परमाणुकारणवादः ।।१४।।

सावयवानां द्रव्याणामवयवशो विभज्यमानानां यतः परो विभागो न सम्भवति, ते चतुर्विधा रूपादिमन्तः परमाणवश्चतुर्विधस्य रूपादिमतो भूतभौतिकस्यारम्भका नित्याश्चेति यद्वैशेषिका अभ्युपगच्छन्ति, स तेषामभ्युपगमो निरालम्बन एव । यतो रूपादिमत्त्वात्परमाणूनामणुत्वनित्यत्वविपर्ययः प्रसज्येत । परमकारणापेक्षया स्थूलत्वमनित्यत्वं च तेषामभिप्रेतविपरीतमापद्येतेत्यर्थः । कुतः ? एवं लोके दृष्टत्वात् । यद्धि लोके रूपादिमद्वस्तु तत्स्वकारणापेक्षया स्थूलमनित्यं च दृष्टम् । तद्यथा पटस्तन्तूनपेक्ष्य स्थूलोऽनित्यश्च भवति, तन्त-

---

दिकं नित्यसन्निहितमिति नित्यमेव प्रवृत्तिप्रसङ्गः, तस्यानिमित्तत्वे प्रवृत्त्यभाव इत्यर्थः ।।१४।।

किञ्च परमाणवः समवायिकारणवन्तः कारणापेक्षया स्थूला अनित्याश्च, रूपवत्त्वात् रसवत्त्वाद्गन्धवत्त्वात् स्पर्शवत्त्वात्, घटवदिति सूत्रं योजयितुं परप्रक्रियामाह—सावयवानामित्यादिना । नन्वत्र परमाणुत्वं पक्षतावच्छेदकं तद्विरुद्धं स्थूलत्वं [1]कथं साध्यत इति चेत् । न । वायुत्वतेजस्त्वादेः [2]पृथगवच्छेदकत्वात् । न चाप्रयोजकता, कारणशून्यत्वे नित्यत्वे चात्मवद्रूपादिमत्त्वायोगात् । न च तर्हि वायुः कारणवानिति पृथक्साधने रूपादिहेतूनां भागासिद्ध्यभावेऽपि सिद्धसाधनता स्यादिति वाच्यं, यत्र

पर नित्यनिवृत्ति होने के कारण सर्गाभाव का प्रसङ्ग आ जायेगा । परस्परविरुद्ध होने के कारण उभयस्वभाव तो असङ्गत ही है; किन्तु अनुभय स्वभाव मानने पर प्रवृत्ति-निवृत्ति के लिए कोई निमित्त मानना पड़ेगा, उस स्थिति में अदृष्टादि को निमित्त मानोगे तो उसका नित्यसन्निधान होने से नित्यप्रवृत्ति का प्रसङ्ग आ जायेगा । और अदृष्टादि को प्रयोजक न मानने पर भी नित्याप्रवृत्तिप्रसङ्ग आयेगा ही । इसलिए भी परमाणुकारणवाद असंगत ही है ।।१४।।

रूपादिमत्त्वाच्च विपर्ययो दर्शनात् (ललिता)

सावयव द्रव्य का अवयवशः विभाग होने पर जिसके आगे विभाग होना सम्भव नहीं है वे चतुर्विध रूपादिमान परमाणु चतुर्विध रूपादिमान भूत-भौतिक पदार्थ के आरम्भक माने जाते हैं और वे नित्य भी हैं, ऐसा वैशेषिक कहते हैं । उनका वह मत निरालम्बन ही हो जायेगा क्योंकि रूपादिमान होने के कारण परमाणुओं में अणुत्व और नित्यत्व के विरुद्ध परमकारण ब्रह्म की अपेक्षा उनमें स्थूलत्व और अनित्यत्व आ जायेगा जो उन्हें अभिप्रेत नहीं है क्योंकि लोक में ऐसा ही देखा जाता है । लोक में जो रूपादिमान वस्तुएँ होती हैं वे अपने कारण की अपेक्षा से स्थूल और अनित्य देखी जाती हैं, जैसे तन्तु की अपेक्षा पट स्थूल और अनित्य है तथा तन्तु भी अपने अवयव अंशु की अपेक्षा स्थूल एवं अनित्य है।

---

१. कथमिति । बाधस्य जागरूकत्वादिति भावः । २. पृथगवच्छेदकत्वादिति । न चैवमपि भागासिद्धिः, रूपवत्त्वादिचतुष्टयमध्ये कस्यचिद्धेतोः पक्षे सत्यपि उक्तचतुष्टयस्य तत्राभावादितिवाच्यम् । चतुष्टयहेतुमध्ये यथासम्भवमेव हेतुताया विवक्षितत्वादिति बोध्यम् ।

वश्वांऽशूनपेक्ष्य स्थूला अनित्याश्च भवन्ति, तथा चामी परमाणवो रूपादिमन्तस्तैरभ्युपगम्यन्ते, तस्मात्तेऽपि कारणवन्तस्तदपेक्षया स्थूला अनित्याश्च प्राप्नुवन्ति ।

यच्च नित्यत्वे कारणं तैरुक्तम्—'सदकारणवन्नित्यम्' (वै० सू० ४-१-१) इति । तदप्येवं सत्यणुषु न सम्भवति । उक्तेन प्रकारेणाणूनामपि कारणवत्त्वोपपत्तेः । यदपि नित्यत्वे द्वितीयं कारणमुक्तम्—'अनित्यमिति च विशेषतः प्रतिषेधाभावः' (वै० ४-१-४) इति । तदपि नावश्यं परमाणूनां नित्यत्वं साधयति । असति हि यस्मिन्कस्मिंश्चिन्नित्ये वस्तुनि नित्यशब्देन नञः समासो नोपपद्यते । न पुनः परमाणुनित्यत्वमेवापेक्ष्यते । तच्चास्त्येव नित्यं परमकारणं ब्रह्म । न च शब्दार्थव्यवहारमात्रेण कस्यचिदर्थस्य प्रसिद्धिर्भवति, प्रमाणान्तरसिद्धयोः शब्दार्थयोर्व्यवहारावतारात् । यदपि नित्यत्वे तृतीयं कारणमुक्तम्—

स्पर्शस्तत्सकारणं, यत्र रूपं तत्सकारणमिति व्याप्तिग्रहकाले वायुत्वाद्यवच्छेदेन साध्यसिद्ध्यभावादितिभावः ।

परमाणवो नित्याः, सत्त्वे सत्यकारणवत्त्वात् । आत्मवदिति सत्प्रतिपक्षमुत्थाप्य विशेष्यासिद्ध्या दूषयति—यच्च नित्यत्व इति । सत्त्वं भावत्वं प्रागभावनिरासार्थम् । नित्यत्वप्रतिषेधः सप्रतियोगिकः, अभावत्वात्, घटाभाववदिति नित्यत्वस्य क्वचित्सिद्धौ कार्यमनित्यमिति विशेषतः कार्ये नित्यत्वप्रतिषेधात् कारणभूतपरमाणुषु नित्यत्वं सिध्यति, अन्यथा प्रतियोग्यभाव प्रतिषेधानुपपत्तेरिति कणादोक्तमनूद्यान्यथासिद्ध्या दूषयति—यदपीति । कार्ये नित्यत्वप्रतिषेधव्यवहारमङ्गीकृत्य ब्रह्मणि प्रतियोगिप्रसिद्धिरुक्ता । वस्तुतस्तु विशेषव्यवहार एवासिद्धः, कारणनित्यत्वस्य प्रमाणान्तरेण ज्ञानं विना कार्यमनित्यमिति व्यवहारायोगादित्याह—न च शब्देति । यदि प्रमाणान्तरं कारणनित्यत्वे स्यात्तदायं व्यवहारः समूलो भवति, ततो मूलज्ञानात्प्राग्व्यवहारमात्रान्न वस्तुसिद्धिः, वटे यक्षव्यवहारादपि तत्सिद्धिप्रसङ्गात्, मूलज्ञाने तु तेनैवाशेषसिद्धेर्व्यवहारोपन्यासवैयर्थ्यमिति भावः । एवं परमाणुनित्यत्वे काणादसूत्रद्वयं निरस्य तृतीयं निरस्यति—यदपीति । सतामणूनां दृश्यमानस्थूलकार्याणां प्रत्यक्षेण

वैसे ही इन सभी परमाणुओं को जब वैशेषिक रूपादिमान मानते हैं तो वे भी कारणवाले होंगे ही और उस कारण की अपेक्षा परमाणु स्थूल एवं अनित्य सिद्ध हो जायेंगे ।

वैशेषिकों ने नित्यत्व में कारण जो कहा था कि 'जो वस्तु कारणवाली नहीं है और सत् है वह नित्य है' इस प्रकार यह लक्षण भी परमाणुओं में नहीं घटता क्योंकि पूर्वोक्त रीति से परमाणुओं में कारणवत्त्व सिद्ध हो जाता है । और जो वैशेषिकों ने नित्यत्व की सिद्धि में दूसरा कारण कहा था कि 'कोई भी निषेध निष्प्रतियोगिक नहीं होता । अनित्यम् यह निषेध जो किया गया है उसका प्रतियोगी नित्य होना ही चाहिए और वह नित्य परमाणु ही है ।' यह कथन भी परमाणुओं में नित्यत्व अवश्य सिद्ध नहीं करता, परमाणुओं से भिन्न जिस किसी नित्यवस्तु के मान लेने पर भी नित्य शब्द के साथ नञ् समास का होना कोई असङ्गत नहीं है । ऐसी स्थिति में अनित्यम् यह प्रयोग परमाणु में नित्यत्वसिद्धि की अपेक्षा नहीं रखता है । कोई नित्य होगा तो उसकी अपेक्षाकर अनित्य शब्द का प्रयोग सम्भव हो सकता है, ऐसा जो आपका आग्रह है वह तो नित्य परमकारण नित्यब्रह्म की अपेक्षाकर ही सङ्गत हो जायेगा, इसके लिए परमाणु में नित्यत्वसिद्धि का आग्रह अनावश्यक है । शब्दार्थव्यवहारमात्र से किसी अर्थ की प्रसिद्धि नहीं होती है किन्तु प्रमाणान्तर से शब्द और अर्थ सिद्ध होता

'अविद्या च' (वै० ४-१-५) इति, तद्यद्येवं विवक्ष्येत सतां परिदृश्यमानकार्याणां कारणानां प्रत्यक्षेणाग्रहणमविद्येति, ततो द्व्यणुकनित्यताऽप्यापद्येत। अथाद्रव्यत्वे सतीति विशेष्येत, तथाप्यकारणवत्त्वमेव नित्यतानिमित्तमापद्येत। तस्य च प्रागेवोक्तत्वात्। 'अविद्या च' इति पुनरुक्तं स्यात्। अथापि कारणविभागात्कारणविनाशाच्चान्यस्य तृतीयस्य विनाशहेतोरसम्भवोऽविद्या सा परमाणूनां नित्यत्वं ख्यापयतीति व्याख्यायेत, नावश्यं विनश्यद्वस्तु द्वाभ्यामेव हेतुभ्यां विनष्टुमर्हतीति नियमोऽस्ति। संयोगसचिवे ह्यनेकस्मिंश्च द्रव्ये द्रव्यान्तरस्यारम्भकेऽभ्युपगम्यमान एतदेवं स्यात्। यदा त्वपास्तविशेषं सामान्यात्मकं कारणं विशेषवदव-

---

कारणाज्ञानमविद्येति यदि सूत्रार्थः, तर्ह्यप्रत्यक्षकारणत्वं नित्यत्वे हेतुः स्यात्। तन्न, द्व्यणुके व्यभिचारादित्यर्थः। यद्यारम्भकद्रव्यशून्यत्वं हेतुविशेषणं, तदा विशेष्यवैयर्थ्यमापद्येत, पुनरुक्तिश्चेत्याह—अथेत्यादिना। परमाणवो नित्याः, नाशकानुपलम्भात्, आत्मवदिति सूत्रार्थमाशङ्कते—अथापीति। तन्त्वाद्यवयवानां विभागान्नाशाद्वा पटादिनाशो दृष्टः, तच्च द्वयं निरवयवाणूनां नास्तीति नित्यत्वमित्यर्थः। परिणामवादमाश्रित्याणूनां नाशकं किंचित्संभवतीति परिहरति—नेति। अवयवानां संयोगेन द्रव्यान्तरोत्पत्तिरारम्भ इति यदि मतं स्यात्, तदा द्रव्यविनाशो द्वाभ्यामेवेति नियमः स्यात्। नारम्भे मानमस्ति, संयुक्ततन्त्वन्यपटादर्शनात्। अतः कारणमेव स्वतो निर्विशेषं विशेषवदवस्थात्मना कार्यमित्यनुभवबलादास्थेयम्। तथा चाणूनामप्यविद्यापरिणामरूपाणां प्रलयनिमित्तेन कालादिना पिण्डात्मकस्वरूपतिरोभावेन कारणभावापत्तिर्विनाश उपपद्यते। यथाग्निसंपर्काद्घृतकाठिन्यमवयवसंयोगस्या-

---

है, वहाँ पर व्यवहार का अवतरण होता है जो शब्द और अर्थ प्रमाणान्तर से सिद्ध न हो वहाँ पर व्यवहार का अवतरण होता ही नहीं। वैशेषिकों ने '**अविद्या च**' इस सूत्र द्वारा परमाणु के नित्यत्व में तृतीय कारण कहा था अर्थात दृश्यमान स्थूल कार्य में परमाणु रहते हुए भी प्रत्यक्ष से नहीं जाना जाता है, इसे अविद्या कहते हैं और यह परमाणु के नित्यत्व में कारण है। वैशेषिकों का यह कथन भी ठीक नहीं है, तब तो द्व्यणुक में भी नित्यत्व आने लग जायेगा क्योंकि उसका भी प्रत्यक्ष नहीं होता है। यदि कहो कि अद्रव्यवत्त्वविशिष्ट अप्रत्यक्षत्व नित्यत्व का प्रयोजक मानेंगे तो अन्ततः अकारणवत्त्व ही नित्यत्व का प्रयोजक सिद्ध होगा जिसका निराकरण पहले कर आये हैं फिर '**अविद्या च**' सूत्र से उसी बात को कहोगे तो पुनरुक्ति होने लग जायेगी। और यदि कारण के विभाग से, कारण के नाश से कार्य का नाश होता है; इन दोनों के अतिरिक्त कार्यनाश का तीसरा कोई हेतु सम्भव नहीं है इसी को अविद्या कहते हैं और वह अविद्या परमाणु में नित्यत्व बतलाती है, ऐसी व्याख्या आप '**अविद्या च**' इस सूत्र की करोगे तो यह भी ठीक नहीं है क्योंकि नाश होने वाली वस्तु दो कारणों से नष्ट होती है, ऐसा नियम नहीं है। आरम्भवाद का आश्रय लेकर आप ने उक्त नियम बनाये, पर परिणामवाद का आश्रय लेने पर परमाणुओं का नाशक कुछ और भी हो सकता है। अनेक द्रव्यसंयोग सहकृत रहने पर द्रव्यान्तर का आरम्भक माना जाय अर्थात् अनेक परमाणुओं के संयोग से द्व्यणुकादि कार्य उत्पन्न होते हैं, ऐसा माना जाय तो आप के द्वारा बनाया गया नियम लागू हो सकता था। जब कोई विशेष नहीं रहता तब वह सामान्यात्मक कारण विशेष अवस्था को प्राप्तकर आरम्भक माना जाता है, उस समय घृत का

(१८७) उभयथा च दोषात् ॥१६॥

स्थान्तरमापद्यमानमारम्भकमभ्युपगम्यते, तदा घृतकाठिन्यविलयनवन्मूर्त्यवस्थाविलयनेनापि विनाश उपपद्यते । तस्माद्रूपादिमत्त्वात्स्यादभिप्रेतविपर्ययः परमाणूनाम् । तस्मादप्यनुपपन्नः परमाणुकारणवादः ॥१५॥

गन्धरसरूपस्पर्शगुणा स्थूला पृथिवी, रूपरसस्पर्शगुणाः सूक्ष्मा आपः, रूपस्पर्शगुणं सूक्ष्मतरं तेजः, स्पर्शगुणः सूक्ष्मतमो वायुरित्येवमेतानि चत्वारि भूतान्युपचितापचितगुणानि स्थूलसूक्ष्मसूक्ष्मतरसूक्ष्मतमतारतम्योपेतानि च लोके लक्ष्यन्ते । तद्वत्परमाणवोऽप्युपचितापचितगुणाः कल्प्येरन्न वा ? उभयथापि च दोषानुषङ्गोऽपरिहार्य एव स्यात् । कल्प्यमाने तावदुपचितापचितगुणत्व उपचितगुणानां मूर्त्युपचयादपरमाणुत्वप्रसङ्गः । न चान्तरेणापि

वयवानां च नाशं विनैव लीयते, तद्वत् । नच काठिन्यस्य संयोगविशेषत्वेन गुणत्वाद्द्रव्यनाशेऽनुदाहरणत्वमिति शङ्क्यं, गुणवद्द्रव्यस्यापि कुतश्चिद्विनाश इत्यंशेनोदाहरणात्, गुणपरिभाषायाश्चातन्त्रत्वात् । वस्तुतस्तु घृतं कठिनं द्रवमित्यनुस्यूतघृतपरिणामविशेषो द्रव्यमेव काठिन्यम् । नच द्रव्यत्वेऽप्यवयवविभागादेव [1]तस्य नाश इति वाच्यं, घृतस्य परिणामिन एकत्वेन विभागासम्भवात्, परमाणुकाठिन्यनाशे तदसम्भवाच्चेति भावः । किंच प्रलये [2]नासीद्रजो नान्यत् किंचनेत्यणूनां नाशसिद्धिः । तस्मान्न तेषां परमकारणत्वमित्युपसंहरति—तस्मादिति ॥१५॥

यद्यस्मादधिकगुणवत्तत्तस्मात्स्थूलमिति व्याप्तिमुक्त्वा विकल्पयति—तद्वदिति । पार्थिवः परमाणुरधिकगुणस्तत एकैकन्यूनगुणा जलादिपरमाणव इति कल्प्यते, न वा । आद्ये दोषमाह—कल्प्यमान इति । मूर्त्युपचयात् स्थौल्यादित्यर्थः । पार्थिवोऽणुराप्यात् स्थूलः, अधिकगुणत्वात्, घटवदित्येवं प्रयोक्तव्यः । अप्रयोजकत्वं निरस्यति—न चान्तरेणेति । दृष्टविरोधः स्यादिति भावः । नेति पक्षे सर्व-

---

काठिन्य जैसे नष्ट हो जाता है वैसे ही मूर्त अवस्था के विलय से भी कार्य का विनाश हो जाता है । घृतावयव बने हुए है, उनका संयोग भी बना हुआ है फिर भी अग्निसम्पर्क से काठिन्य नष्ट हो जाता है; ऐसे ही परमाणुओं की मूर्तावस्था के विलय से भी उनका नाश हो सकता है । अतः पार्थिवादि परमाणुओं को वैशेषिकों ने रूपादि माना है इसीलिए उनके अभिप्राय के विरुद्ध, परमाणु में वैशेषिकों को अभिमत नित्यत्व के विरुद्ध अनित्यत्व सिद्ध हो जायेगा; इसलिए भी परमाणुकारणवाद असङ्गत है ॥१५॥

उभयथा च दोषात् (ललिता)

गन्ध, रस, रूप, स्पर्श गुणवाली पृथ्वी स्थूल है; उसकी अपेक्षा गन्धरहित, रूप, रस, स्पर्श गुणवाला जल सूक्ष्म है; उसकी अपेक्षा से रूप, स्पर्श गुणवाला तेज सूक्ष्मतर है और उससे भी स्पर्श गुणवाला वायु सूक्ष्मतम है । ऐसे चारों भूत अधिक एवं न्यून गुणवाले स्थूल, सूक्ष्म, सूक्ष्मतर एवं सूक्ष्मतम लोक में देखे जाते हैं; वैसे ही उपचित-अपचित गुणवाले इनके परमाणुओं की भी कल्पना करेंगे या नहीं । दोनों ही प्रकार से दोष आयेगा जिसका परिहार नहीं कर सकते अर्थात् इनके परमाणुओं को अधिक गुणवाले मानने पर वे स्थूल हो जायेंगे, वैसी स्थिति में उनमें परमाणुत्व नहीं रह जायेगा । और यदि कहो कि स्थूलता के बिना भी गुणों का उपचय हम मानेंगे तो ऐसा मानना

---

१. कार्यस्य । २. श्रुतौ रजःशब्दोऽणुपरः ।

(१८८) अपरिग्रहाच्चात्यन्तमनपेक्षा ॥१७॥

मूर्त्युपचयं गुणोपचयो भवतीत्युच्यते, कार्येषु भूतेषु गुणोपचये मूर्त्युपचयदर्शनात् । अकल्प्यमाने तूपचितापचितगुणत्वे परमाणुत्वसाम्यप्रसिद्धये यदि तावत्सर्वे एकैकगुणा एव कल्प्येरंस्ततस्तेजसि स्पर्शस्योपलब्धिर्न स्यात्, अप्सु रूपस्पर्शयोः, पृथिव्यां च रसरूपस्पर्शानां, कारणगुणपूर्वकत्वात्कार्यगुणानाम् । अथ सर्वे चतुर्गुणा एव कल्प्येरन्, ततोऽप्स्वपि गन्धस्योपलब्धिः स्यात्, तेजसि गन्धरसयोः, वायौ गन्धरूपरसानाम् । न चैवं दृश्यते । तस्मादप्यनुपपन्नः परमाणुकारणवादः ॥१६॥

को विषय करता है। प्रवाहविषयक निरोध मानना सम्भव नहीं है, क्योंकि सभी सन्तानों में सन्तानी का अविच्छिन्न-हेतुफल भावरूप से विद्यमान रहने के कारण सन्तान का विच्छेद कहना असम्भव है। वैसे ही सन्तानी में भी पूर्वोक्त निरोधद्वय सम्भव नहीं है, क्योंकि भावपदार्थ का निरन्वय, निरुपाख्य विनाश होता ही नहीं, केवल अवस्थान्तर की प्राप्ति होती है। इसीलिए सभी अवस्थाओं में सेयं जलधारा, सेयं दीपज्वाला की भांति सन्तानी का प्रत्यभिज्ञान होने से विच्छेदाभाव ही देखा गया है। पिण्ड, कपाल एवं घटादि अवस्थाओं के बदलने पर भी सेयं मृत्तिका, ऐसी प्रत्यभिज्ञा देखी जाती है फिर भला भाव पदार्थ का बुद्धिपूर्वक और अबुद्धिपूर्वक विनाश कैसे कह सकते हैं। बीज से उत्पन्न वृक्ष में यद्यपि स्पष्ट प्रत्यभिज्ञा नहीं दीखती फिर भी जहाँ देखी गयी है उससे अस्पष्ट प्रत्यभिज्ञान अवस्थाओं में भी सन्तानी के अविच्छेद होने का अनुमान कर लेना चाहिए। तात्पर्य यह कि घटादि में मृत्तिका की प्रत्यभिज्ञा होती है और वृक्षादि में बीज की प्रत्यभिज्ञा स्पष्ट नहीं होती है अतः दृष्ट प्रत्यभिज्ञा के बल से अदृष्ट प्रत्यभिज्ञान स्थल में भी सन्तानी का अविच्छिन्नरूप से रहना अनुमानसिद्ध है। इसलिए बौद्धपरिकल्पित निरोधद्वय की सिद्धि युक्तिसङ्गत नहीं ॥२२॥

उभयथा च दोषात् (ललिता)

प्रतिसंख्यानिरोध और अप्रतिसंख्यानिरोध के अन्तःपाती जिस अविद्यादिनिरोध की कल्पना बौद्धों ने की है उस पर विकल्प होता है कि यम, नियमादि सहकारी साधनों के सहित सम्यग्ज्ञान से अविद्यादि का निरोध होता है अथवा स्वयं ही हो जाता है। प्रथम कल्प में निर्हेतुकविनाशस्वीकारपक्ष की हानि होने लग जायेगी और द्वितीय कल्प में सर्वं क्षणिकं ऐसा मार्गोपदेश अनर्थक होने लग जायेगा। अतः उभयप्रकार से दोष का प्रसङ्ग आ जाने के कारण बौद्धों का यह दर्शन असङ्गत ही है। ॥२३॥

(१६५) आकाशे चाविशेषात् ॥२४॥

यच्च तेषामेवाभिप्रेतं निरोधद्वयमाकाशं च निरुपाख्यमिति, तत्र निरोधद्वयस्य निरुपाख्यत्वं पुरस्तान्निराकृतम् । आकाशस्येदानीं निराक्रियते । आकाशे चायुक्तो निरुपाख्यत्वाभ्युपगमः । प्रतिसंख्याऽप्रतिसंख्यानिरोधयोरिव वस्तुत्वप्रतिपत्तेरविशेषात् । आगमप्रामाण्यात्तावत् 'आत्मन आकाशः संभूतः' (तै० २।१) इत्यादिश्रुतिभ्य आकाशस्य च वस्तुत्वप्रसिद्धिः । विप्रतिपन्नान्प्रति तु शब्दगुणानुमेयत्वं वक्तव्यं, गन्धादीनां गुणानां पृथिव्यादिवस्त्वाश्रयत्वदर्शनात् । अपि चावरणाभावमात्रमाकाशमिच्छतामेकस्मिन्सुपर्णे पतत्यावरणस्य विद्यमानत्वात्सुपर्णान्तरस्योत्पित्सतोऽनवकाशत्वप्रसङ्गः । यत्रावरणाभावस्तत्र पतिष्यतीति चेत् । येनावरणाभावो विशेष्यते तर्हि वस्तुभूतमेवाकाशं स्यात्, नावरणा-

आगमप्रामाण्यादिति । तत्राकाशस्य कार्यत्वोक्त्या घटादिवद्वस्तुत्वं प्रसिध्यतीत्यर्थः । नन्वागमप्रामाण्ये [1]विप्रतिपन्नान्सुगतान्प्रत्याकाशस्य वस्तुत्वं कथं सिध्यति? इत्यत आह—विप्रतिपन्नानिति । शब्दो वस्तुनिष्ठः, गुणत्वात् गन्धादिवदित्यनुमानादाकाशस्य वस्तुत्वं सिध्यति । पृथिव्याद्यष्टद्रव्याणां श्रोत्रग्राह्यगुणाश्रयत्वायोगादित्यर्थः । आकाशस्य भावत्वं प्रसाध्याभावत्वं दूषयति—अपि चेति । यथैक घटसत्त्वेऽपि घटसामान्याभावो नास्ति, तथैकपक्षिसत्त्वेऽपि मूर्तद्रव्यसामान्याभावात्मकाकाशो नास्त्येवेति पक्ष्यन्तरसंचारो न स्यादित्यर्थः । देशविशेषावच्छेदेनावरणाभावोऽस्तीत्याशङ्क्याभावावच्छेदकदेशविशेष एवाकाशोः, नाभाव इत्याह—यत्रेत्यादिना । पतिष्यति । पक्षी संचरिष्यतीत्यर्थः । आकाशस्या-

आकाशे चाविशेषात् (ललिता)

बौद्धों को निरोधद्वय और आकाश निरुपाख्य जो अभिमत था; उनमें से निरोधद्वय में निरुपाख्यत्व का निराकरण पहले किया जा चुका है, अब आकाश में निरुपाख्यत्व का निराकरण करते हैं। जिस प्रकार प्रतिसंख्यानिरोध और अप्रतिसंख्यानिरोध में वस्तुत्व का बोध कराया गया, वैसे ही आकाश मे भी वस्तुत्वबोध सम्भव होने के कारण उसे निरुपाख्य कहना असङ्गत ही है। सर्वप्रथम 'आत्मा से आकाश उत्पन्न हुआ' इत्यादि श्रुतियों के बल से आकाश में वस्तुत्व की प्रसिद्धि हो जाती है। अतः आगम प्रमाण से आकाश में वस्तुत्व प्रसिद्ध हो जाने के कारण निरुपाख्यत्व नहीं है, पर जो लोग आगम प्रामाण्य नहीं मानते ऐसे विप्रतिपन्न नास्तिकों के सामने हम अनुमान प्रमाण से आकाश में वस्तुत्व सिद्ध करेंगे–शब्दो वस्तुनिष्ठः, गुणत्वात्, गन्धादिवत्। पृथिव्यादि अष्टद्रव्यों में श्रोत्रग्राह्य गुणाश्रयत्व का होना असम्भव होने के कारण परिशेषतः शब्द गुण का आश्रय आकाश को ही मानना पड़ेगा। इसके अतिरिक्त आवरणाभावमात्र को आकाश कहने वाले आप के पक्ष में यह भी दोष आयेगा कि एक पक्षी के उड़ने पर आवरण विद्यमान होने के कारण उड़ने की इच्छावाले दूसरे पक्षी को अवकाश ही नहीं मिलेगा क्योंकि एक पक्षी का उड़नारूप आवरण वहाँ पर बना हुआ है, उस स्थिति में दूसरा पक्षी कैसे उड़ सकेगा। यदि कहो कि जहाँ आवरण नहीं है वहाँ उड़ेगा तो यह कथन भी ठीक नहीं है क्योंकि आवरणाभाव का विशेषण जो होगा वहाँ पर वह वस्तुरूप ही होगा जिसे आकाश कहेगे, फिर भला आवरणाभावमात्र को आकाश आप कैसे कह सकंगे। इसके अतिरिक्त आवरणा-

१. विवाद कुर्वतः।

(१९६) अनुस्मृतेश्च ॥२५॥

भावमात्रम्। अपि चावरणाभावमात्रमाकाशं मन्यमानस्य सौगतस्य स्वाभ्युपगमविरोधः प्रसज्येत। सौगते हि समये 'पृथिवी भगवन् किंसंनिश्रया' इत्यस्मिन्प्रश्नप्रतिवचनप्रवाहे पृथिव्यादीनामन्ते 'वायुः किंसंनिश्रयः' इत्यस्य प्रश्नस्य प्रतिवचनं भवति 'वायुराकाशसंनिश्रयः' इति।[1] तदाकाशस्यावस्तुत्वे न समञ्जसं स्यात्। तस्मादप्ययुक्तमाकाशस्यावस्तुत्वम्। अपि च निरोधद्वयमाकाशं च त्रयमप्येतन्निरुपाख्यमवस्तु नित्यं चेति विप्रतिषिद्धम्। नह्यवस्तुनो नित्यत्वमनित्यत्वं वा संभवति, वस्त्वाश्रयत्वाद्धर्मधर्मिव्यवहारस्य। धर्मधर्मिभावे हि घटादिवद्वस्तुत्वमेव स्यान्न निरुपाख्यत्वम् ॥२४॥

अपि च वैनाशिकः सर्वस्य वस्तुनः क्षणिकतामभ्युपयन्नुपलब्धुरपि क्षणिकतामभ्युपेयात्। न च सा संभवति। अनुस्मृतेः। अनुभवमुपलब्धिमनूत्पद्यमानं स्मरणमेवानुस्मृतिः। सा चोपलब्ध्येककर्तृका सती संभवति। पुरुषान्तरोपलब्धिविषये पुरुषान्तरस्य स्मृत्यदर्श-

---

वस्तुत्वं स्वग्रन्थविरुद्धं चेत्याह—अपि चेति। कः सम्यक् निश्चय आश्रयोऽस्या इति किंसंनिश्रया? अवस्तुनः शशविषाणस्याश्रयत्वादर्शनादिति भावः। व्याघातान्तरमाह—अपि चेति। ध्वंसाप्रतियोगिताख्यो धर्मो नित्यत्वं नास्ति संभवति। धर्मिणोऽसत्त्वव्याघातादित्यर्थः ॥२४॥

आत्मनः क्षणिकत्वं दूषयति—अनुस्मृतेरिति। अनुभवजन्या स्मृतिरनुस्मृतिस्तस्याअनुभवसमाना-

---

भावमात्र को आकाश मानने वाले बौद्धों के पक्ष में सिद्धान्तविरोध दोष भी आयेगा। बौद्ध दर्शन में गुरु-शिष्य के प्रश्नोत्तर प्रसङ्ग पर ऐसा देखा जाता है कि जब शिष्य ने पूछा कि 'भगवन्! पृथ्वी किसके आश्रित है?' गुरु ने कहा—जल के आश्रित है। इस क्रम से प्रश्नोत्तर चलते-चलते अन्त में जब शिष्य ने कहा—'भगवन्! वायु किसके आश्रित है?' तो इस प्रश्न का उत्तर गुरु ने दिया कि 'वायु आकाश के आश्रित है।' इस प्रतिवचन से आकाश में वस्तुत्व सिद्ध होता है। यदि आकाश अवस्तु होता तो वह वायु का आश्रय कभी भी नहीं होता। जो स्वयं अवस्तु है वह किसी का आश्रय होता हुआ लोक में नही देखा जाता है। बौद्धग्रन्थों में इस प्रकार प्रश्नोत्तर से भी आकाश में अवस्तुत्व बतलाना असङ्गत ही है। साथ ही, निरोधद्वय और आकाश ये तीनों ही निरुपाख्य हैं, अवस्तु हैं तथा नित्य हैं, बौद्धों का ऐसा कथन भी परस्पर विरुद्ध ही है क्योंकि अवस्तु में नित्यत्व अथवा अनित्यत्व कहना सम्भव ही नहीं है। धर्म-धर्मी व्यवहार तो वस्तु में होता है, अवस्तु में नहीं होता। घट धर्मी है और घटत्व धर्म है, ऐसा व्यवहार वस्तुत्व को सिद्ध करता है। ठीक इसी प्रकार उक्त तीनों में नित्यत्व का प्रतिपादन उनमें वस्तुत्वः सिद्ध कर रहा है, अतः उनमें निरुपाख्यत्व कहना सर्वथा असङ्गत ही है ॥२४॥

अनुस्मृतेश्च (ललिता)

बौद्धों ने सभी वस्तुओं में क्षणिकत्व को मानते हुए उपलब्धा आत्मा में भी सर्वंक्षणिकं कहते हुए क्षणिकत्व स्वीकार किया ही होगा, पर आत्मा में क्षणिकत्व सम्भव नहीं है क्योंकि अनुभव के पश्चात् स्मरण होते देखा जाता है जो अनुभव और स्मरण दोनों अभिन्न कर्ता को सिद्ध करते हैं। दूसरे के द्वारा अनुभूत विषय का स्मरण दूसरे पुरुष को होते नहीं देखा गया है। यदि अनुभव और

---

१. प्रश्नप्रतिवचनम्।

नात् । कथं ह्यहमदोऽद्राक्षमिदं पश्यामीति च पूर्वोत्तरदर्शिन्येकस्मिन्नसति प्रत्ययः स्यात् । अपिच दर्शनस्मरणयोः कर्तर्येकस्मिन्प्रत्यक्षः प्रत्यभिज्ञाप्रत्ययः सर्वस्य लोकस्य प्रसिद्धोऽहमदोऽद्राक्षमिदं पश्यामीति । यदि हि तयोर्भिन्नः कर्ता स्यात्ततोऽहं स्मराम्यद्राक्षीदन्य इति प्रतीयात् । न त्वेवं प्रत्येति कश्चित् । यत्रैवं प्रत्ययस्तत्र दर्शनस्मरणयोर्भिन्नमेव कर्तारं सर्वलोकोऽवगच्छति, स्मराम्यहमसावदोऽद्राक्षीदिति । इह त्वहमदोऽद्राक्षमिति दर्शनस्मरणयोर्वैनाशिकोऽप्यात्मानमेवैकं कर्तारमवगच्छति । न नाहमित्यात्मनो दर्शनं [1]निर्वृत्तं निह्नुते यथाग्निरनुष्णोऽप्रकाश इति वा । तत्रैवं सत्येकस्य दर्शनस्मरणलक्षणक्षणद्वयसंबन्धे क्षणिकत्वाभ्युपगमहानिरपरिहार्या वैनाशिकस्य स्यात् । तथाऽनन्तरामनन्तरामात्मन एव

श्रयत्वात्तदुभयाश्रयात्मनः स्थायित्वमित्यर्थः । क्षणिकत्वे ज्ञानद्वयानुसंधानं च न स्यादित्याह—कथं ह्यहमिति । पूर्वदर्शनकर्तुरद्राक्षमिति स्मरणकर्त्रैक्यप्रत्यभिज्ञानाच्चात्मनः स्थायित्वमित्याह—अपि चेति । योऽहमदः पूर्वमद्राक्षं स एवाहमद्य तत्स्मरामीति प्रत्यभिज्ञानाकारो द्रष्टव्यः । इदं पश्यामीति । ज्ञानान्तरसंबन्धकथनं, योऽहमद्राक्ष सोऽहं पश्यामीति प्रत्यभिज्ञानान्तरद्योतनार्थम् । विपक्षे बाधकमाह—यदि हीति । द्रष्टृस्मर्त्रोर्भेदेऽहं स्मरामि अन्योऽद्राक्षीदिति प्रतीतिः स्यादित्यत्र दृष्टान्तमाह—यत्रैवमिति । प्रत्ययमाह—स्मरामीति । स्मराम्यहमन्योऽद्राक्षीदिति प्रत्ययो यत्र तत्र भिन्नमेव कर्तारं लोकोऽवगच्छतीत्यविवादमित्यर्थः । प्रकृतप्रत्यभिज्ञायां तादृशभेदप्रत्ययस्य [2]बाधकस्यादर्शनादात्मस्थायित्वं दुर्वारमित्याह—इह त्वहमद इति । यथाग्नेरौष्ण्यादिकं न बाधते कश्चित्तथा नाहमद्राक्षमिति पूर्वदर्शनं न निह्नुत इत्यनेन बाधाभावात् प्रत्यभिज्ञा प्रमेत्युक्तं भवति । तथा च द्रष्टृस्मर्त्रोरैक्ये सति स्थायित्वं फलितमित्याह—तत्रैव सतीति । क्षणद्वयसंबन्धेऽप्यात्मनस्तृतीयक्षणे भङ्गोऽस्त्विति वदन्तं प्रत्याह—तथेति । वर्तमानदशामारभ्योत्तमादुच्छ्वासादामरणादनन्तरामनन्तरां स्वस्यैव प्रतिपत्तिमात्मैककर्तृकां

स्मरण का कर्ता एक नहीं मानोगे तो उसे मैंने देखा था, अब इसे देखता हूँ, ऐसा बोध कैसे हो सकेगा। दर्शन और स्मरण का कर्ता एक होने पर यह प्रत्यभिज्ञारूप प्रत्यय सार्वजनीन प्रत्यक्षसिद्ध है कि मैंने पहले उसे देखा था, वही मैं आज इसे देखता हूँ। यदि उस अनुभव और स्मरण का कर्ता भिन्न होता तो मैं स्मरण करता हूँ, उसने देखा था, ऐसा बोध होना चाहिए; किन्तु ऐसा बोध किसी को होता नहीं है और जहाँ मैं स्मरण करता हूँ; उसने देखा था, ऐसा बोध होता है वहाँ पर दर्शन और स्मरण के कर्ता को पृथक्-पृथक् ही सब मानते हैं कि मैं स्मरण करता हूँ और उसने देखा था। किन्तु यहाँ पर उसके विपरीत उसे मैंने देखा था, वही मैं आज स्मरण कर रहा हूँ, ऐसा बोध होता है और ऐसी प्रतीति में बौद्धों ने भी एक ही दर्शन और स्मरण के कर्ता आत्मा को माना है। मैं हूँ, इस सिद्ध आत्मदर्शन का अपलाप कोई वैसे ही नहीं कर सकता जैसे कोई अग्नि को अनुष्ण और अप्रकाश नहीं कह सकता क्योंकि अग्नि में उष्णत्व और प्रकाशत्व सार्वजनीन अनुभवसिद्ध है। इस प्रकार वहाँ दर्शन और स्मरण दो क्षणों के साथ सम्बन्ध रखने वाले एक में क्षणिकत्व स्वीकार की हानि का परिहार वैनाशिक कर नहीं सकते अर्थात् उनके सिद्धान्त में उक्त रीति से आत्मा में स्थायित्व सिद्ध हो जाने पर उन्हें क्षणिकत्व का आग्रह छोड़ना ही पड़ेगा। जो लोग दो क्षण तक आत्मा को स्थायी मानकर तृतीय क्षण में उसका ध्वंस मानते हैं उन्हें भी यह स्मरण रखना चाहिए

---

१. निष्पन्नं सिद्धमिति यावत् । २. प्रत्यभिज्ञायामिति शेषः ।

प्रतिपत्ति प्रत्यभिजानन्नेककर्तृकामोत्तमादुच्छ्वासादतीताश्च प्रतिपत्तीरा जन्मन आत्मैककर्तृकाः प्रतिसंदधानः कथं क्षणभङ्गवादी वैनाशिको नापत्रपेत ।

स यदि ब्रूयात्[1]साहश्यादेतत्संपत्स्यत इति । तं प्रतिब्रूयात् । तेनेदं सदृशमिति द्वयायत्तत्वात्साहश्यस्य, क्षणभङ्गवादिनः सदृशयोर्द्वयोर्वस्तुनोर्ग्रहीतुरेकस्याभावात्, सादृश्यनिमित्तं प्रतिसन्धानमिति मिथ्याप्रलाप एव स्यात् । स्याच्चेत्पूर्वोत्तरयोः क्षणयोः सादृश्यस्य ग्रहीतैकः, तथासत्येकस्य क्षणद्वयावस्थानात्क्षणिकत्वप्रतिज्ञा पीडयेत । तेनेदं सदृशमिति प्रत्ययान्तरमेवेदं न पूर्वोत्तर[2]क्षणद्वय[3]ग्रहणनिमित्तमिति चेत् । न । तेनेदमिति भिन्नपदार्थोपादा-

---

प्रत्यभिजानन्ना जन्मनश्च वर्तमानदशापर्यन्तमतीताः प्रतिपत्तीः स्वकर्तृकाः प्रतिसंदधानः सन्निति योजना ।

दीपज्वालास्विवात्मनि प्रत्यभिज्ञानं सादृश्यदोषादिति शङ्कते—स इति । सादृश्यज्ञानस्य धर्मिप्रतियोगिज्ञानाधीनत्वात् स्थिरस्य ज्ञातुरसत्त्वान्न सादृश्यज्ञानं संभवति, सत्त्वे वाऽपसिद्धान्तः स्यादिति परिहरति—तमित्यादिना । स्यादेतत् । न सादृश्यप्रत्ययः पूर्वोत्तरवस्तुद्वयज्ञानजन्यस्तद्द्वयसादृश्यावगाही, किं तर्हि? कश्चि[4]देष विकल्पः [5]स्वाकारमेव बाह्यत्वेन विषयीकुर्वाणः [6]क्षणान्तरास्पर्शी, अतो न स्थिरद्रष्टृपेक्षेति शङ्कते—तेनेदमिति । अत्र वक्तव्यं सादृश्यप्रत्यये तेन, इदं, सदृशं इति वस्तुत्रय भासते न वेति ? नेति वदतः स्वानुभवविरोधः । किंचार्थभेदाभावात् पदत्रयप्रयोगो न स्यात् । तस्मात् पदत्रयेण मिथःसंसृष्टभिन्नार्थभानादभानमसिद्धमिति परिहरति—न तेनेति । अथ भासते वस्तुत्रयं तच्च प्रत्ययाभिन्नमेव न

कि जन्म से लेकर मरणपर्यन्त और अन्तिम श्वास से पूर्व का जो अहम्-अहम् यह प्रत्यय होता है वह प्रत्यय जीवनपर्यन्त आत्मा में एकत्व सिद्ध कर रहा हैं । आत्मा एक ही है, क्षणिक नहीं है ऐसा प्रतिसन्धान करता हुआ भी क्षणभङ्गवादी बौद्ध क्यों नहीं लज्जित होता, यह एक महान् प्रश्न और आक्रोश भी है ।

प्रश्न—यदि वैनाशिक कहता हो कि उक्त रीति से आत्मा में प्रत्यभिज्ञा सादृश्य के कारण बन जायेगी, जिस प्रकार जलधारा एवं दीपज्वाला प्रतिक्षण भिन्न होती हुई भी सादृश्य के कारण सेयं जलधारा—सेयं दीपज्वाला, ऐसी प्रत्यभिज्ञा होती है वैसे ही प्रतिक्षण उत्पत्तिविनाशशील आत्मा में भी सादृश्य के कारण 'सोऽहं' ऐसी प्रत्यभिज्ञा हो जायेगी ? उत्तर—ऐसा कहने वाले वैनाशिक से पूछना चाहिए कि उसके समान यह है, ऐसा सादृश्यज्ञान अनुयोगी-प्रतियोगी ज्ञान के अधीन है किन्तु क्षणभङ्गवादी बौद्धों के यहाँ दो सदृशवस्तु का ग्रहण करने वाला एक आत्मा जब है नहीं तब सादृश्य के कारण प्रतिसन्धान होता है, ऐसा कहना मिथ्याप्रलाप ही माना जायेगा । और यदि पूर्वोत्तर क्षणों के एवं तत्रस्थ पदार्थों के सादृश्य को जानने वाला एक है ऐसा वे मानेंगे तो एक के दो क्षणों में रह जाने के कारण उनकी क्षणिकत्वप्रतिज्ञा ही नष्ट हो जायेगी । यदि क्षणभङ्गवादी कहता हो कि उसके सदृश यह है, यह तो भिन्न ही प्रत्यय है जो पूर्वोत्तर क्षण में रहने वाली दो वस्तु ग्रहण के कारण नहीं है अपितु यह भिन्न ज्ञान है, तो ऐसा कहना ठीक नहीं है क्योंकि उसके सदृश यह है, इस प्रतीति में अनुयोगी, प्रतियोगी और सादृश्य ऐसे भिन्न-भिन्न तीन पदार्थ प्रतीत होते हैं । यदि सादृश्य-

---

१. आत्मनि प्रत्यभिज्ञानम् । २. ज्ञान । ३. सादृश्य ज्ञानाख्यः । ४. सादृश्याख्यं स्वकीयमाकार विशेषमेव ।
५. स्वप्नवत् । ६. विज्ञान ।

नात् । प्रत्ययान्तरमेव चेत्सादृश्यविषयं स्यात्तेनेदं सदृशमिति वाक्यप्रयोगोऽनर्थकः स्यात् । सादृश्यमित्येव प्रयोगः प्राप्नुयात् । यदा हि लोकप्रसिद्धः पदार्थः परीक्षकैर्न परिगृह्यते तदा स्वपक्षसिद्धिः परपक्षदोषो वोभयमप्युच्यमानं परीक्षकाणामात्मनश्च यथार्थत्वेन न बुद्धि-सन्तानमारोहति । एवमेवैषोऽर्थ इति निश्चितं यत्तदेव वक्तव्यम् । ततोऽन्यदुच्यमानं बहु-[१]प्रलापित्वमात्मनः केवलं प्रख्यापयेत् । न चायं सादृश्यात्संव्यवहारो युक्तः । तद्भावाव-

बाह्यमिति चेत् । न । त्रयाणामेकप्रत्ययाभेदे मिथोऽप्यभेदापत्तेः । इष्टापत्तिरिति ब्रुवाणं विज्ञानवादिनं प्रत्याह—यदा हीति । वस्तुत्रयं ज्ञेयं सादृश्यप्रत्ययाद्भिन्नं सर्वलोकप्रसिद्धं । तच्चेन्नाङ्गीक्रियते स्थायिद्रष्टृ-प्रसङ्गभयेन, तर्हि तत्तदाकाराणां क्षणिकविज्ञानानां मिथो वार्तानभिज्ञत्वादेकस्मिन् धर्मिणि विरुद्धाने-कपक्षस्फुरणात्मक[२]विप्रतिपत्त्यसंभवात् स्वपक्षसाधनादिव्यवहारो लुप्येत, अतो यथानुभवं ज्ञानज्ञेय-भेदोऽङ्गीकार्यः । तथा च तेनेदं सदृशमिति [३]बाह्यार्थयोर्ज्ञानपूर्वकं सादृश्यं [४]जानत आत्मनः स्थायित्वं दुर्वारमित्यर्थः। ननु सन्त्येव बाह्यार्थाः क्षणिकस्[५]वलक्षणा [६]निर्विकल्पकग्राह्याः, सविकल्प[७]ाध्यवसेयास्तु स्थायित्वसादृश्यादयो बाह्याः कल्पिता अवभासन्ते, अतो विप्रतिपत्त्यादिव्यवहार इति बाह्यार्थवादमा-शङ्क्य निरस्यति—एवमेवेति । यत् प्रमाणसिद्धं तदेव वक्तव्यम् । नहि क्षणिकत्वे किंचित् प्रमाणमस्ति । न चेदानीं घट इति प्रत्यक्षमवर्तमानकालासत्त्वं घटस्य गोचरयद्वर्तमानक्षणमात्रसत्त्वरूपे क्षणिकत्वे मानमिति वाच्यम्, तस्य वर्तमानत्वमात्रगोचरत्वेन कालान्तरासत्त्वासिद्धेः । नच यत्सत् तत्क्षणिकमिति व्याप्तिरस्ति, विद्युदादेरपि द्वित्रिक्षणस्थायित्वेन दृष्टान्ताभावात् । नच स्थायिनमनुमातारमन्तरेणानु मानं संभवति । तस्मादनुमानसिद्धार्थवक्ता तथागतोऽश्रद्धेयवचन इत्यर्थः । किंच सादृश्यं प्रत्यभिज्ञायां दोषतया निमित्तं विषयतया वा ? आद्येऽपि स्वरूपसत्, ज्ञातं वा । नाद्यः, मन्दान्धकारे शुक्तिमात्रग्रहे रजतस्याज्ञानेऽपि रूप्याभेदभ्रमापत्तेः । न द्वितीयः, स्थायिज्ञातारं विना तज्ज्ञानासंभवस्योक्तत्वात् । नापि विषयतया निमित्तमित्याह—न चेति । सोऽहमित्युल्लेखात्तेनाहं सदृश इत्यनुल्लेखादित्यर्थः । सोऽहमिति

विषयक यह प्रत्यय भिन्न ही है, उनके सादृश्य को ग्रहण नहीं करता है तो उसके सदृश्य यह है, ऐसा वाक्यप्रयोग अनर्थक हो जायेगा। उस स्थिति में सादृश्यम् केवल ऐसा ही प्रयोग होने लगेगा क्योंकि यहाँ तीन पदार्थ उन्हें मान्य नहीं है। पर स्मरण रहे कि जब लोकप्रसिद्ध पदार्थ का ग्रहण परीक्षक लोग नहीं करेंगे तो स्वपक्ष की सिद्धि, परपक्ष का दोष कहते समय परीक्षकों और अपने में यथार्थ बोध का निर्णय नहीं कर पायेंगे। अन्य परीक्षकों और अपने में यथार्थता का निश्चय भी आत्मा में स्थायित्व बतलाता है जो क्षणभङ्गवाद का विरोधी है। जो प्रमाण-सिद्ध होता है, उसी का कहना चाहिए, सभी वस्तु को क्षणिक मानने पर कोई भी पदार्थ प्रमाण से सिद्ध नहीं होगा, अतः प्रमाणसिद्ध वस्तु को बोलने वाला केवल अपने में बहुप्रलापित्व का ही ख्यापन करेगा। सादृश्य को लेकर व्यवहार भी सिद्ध नहीं होगा क्योंकि सभी लोग यह वही घट है, वही मैं हूँ इस रूप में बाह्य घटादि और आभ्यन्तर आत्मा को जानते हैं उसके सदृश वह घट है, कल के सदृश आज मैं हूँ ऐसा ज्ञान किसी को नहीं होता है। सोऽहं ऐसा उल्लेख आत्मा में होता है, सदृशोऽहं ऐसा

१. बकबन्धनत्वम् । २. विवादं । ३. धर्मिप्रतियोगिनोः । ४. तव वैनाशिकस्य । ५. स्वरूपः ।
६. निर्विकल्पकेन ज्ञानेन । ७. ग्राह्याः ।

(१९७) नासतोऽदृष्टत्वात् ॥२६॥

गमात्तत्सदृशभावानवगमाच्च । भवेदपि कदाचिद्वाह्यवस्तुनि विप्रलम्भसम्भवात्तदेवेदं स्यात्तत्सदृशं वेति संदेहः। उपलब्धरि तु संदेहोऽपि न कदाचिद्भवति—स एवाहं स्यां तत्सदृशो वेति । य एवाहं पूर्वेद्युरद्राक्षं स एवाहमद्य स्मरामीति निश्चितात्तद्भावोपलम्भात् । तस्मादप्यनुपपन्नो वैनाशिकसमयः ॥२५॥

इतश्चानुपपन्नो वैनाशिकसमयः, यतः स्थिर[1]मनुयायिकारणमनभ्युपगच्छतामभावाद्भावोत्पत्तिरित्येतदापद्यते । दर्शयन्ति चाभावाद्भावोत्पत्तिम्—'नानुपमृद्य प्रादुर्भावात्' इति । विनष्टाद्धि किल बीजादङ्कुर उत्पद्यते, तथा विनष्टात्क्षीराद्दधि, मृत्पिण्डाच्च घटः । कूटस्थाच्चेत्कारणात्कार्यमुत्पद्येताविशेषात्सर्वं सर्वत उत्पद्येत । तस्मादभावग्रस्तेभ्यो

प्रत्यभिज्ञाया भ्रमत्वंनिरस्य संशयत्वं निरस्यति—भवेदिति । जडार्थ प्रत्यभिज्ञातेऽपि बाधसंभावनया संशयः कदाचित् स्यान्नात्मनीत्यर्थः । असन्दिग्धाविपर्यस्तप्रत्यभिज्ञाविरोधादात्मक्षणिकत्वमतमत्यन्तासङ्गतमित्युपसंहरति—तस्मादिति ॥२५॥

'अभावः शशविषाणवदत्यन्तासन्नित्यङ्गीकृत्य मृदादिनाशादसतो घटादिकं जायते' इति सुगता वदन्ति, तद्दूषयति—नासत इति । न केवलं बलादापाद्यते किंतु स्वयं दर्शयन्ति च । द्वौ नञौ प्रकृतार्थं गमयतः । मृदादिकमुपमृद्य घटादेः प्रादुर्भावादितीममर्थमाह—विनष्टादिति । कारणविनाशात् कार्यजन्मेत्यत्र युक्तिमाह—कूटस्थादिति । विनाशशून्यात् । नित्यादित्यर्थः । नित्यस्य निरतिशयस्य कार्यशक्तत्वे तत्कार्याणि सर्वाण्येकस्मिन्नेव क्षणे स्युः, तथा चोत्तरक्षणे कार्याभावाद[2]सत्त्वापत्तिः । नच सहकारिकृतातिशयक्रमात्कार्यक्रम इति युक्तम् । अतिशयस्यातिशयान्तरापेक्षायामनवस्थानात् । अनपेक्षायां कार्यस्याप्यतिशयानपेक्षत्वेन सहकारिवैयर्थ्यात् ।तस्मान्न स्थायिभावात् कार्यजन्मेत्यर्थः। क्षणिकभावस्य

उल्लेख नहीं होता । अतः इस प्रत्यभिज्ञा में भ्रमत्व मानना उचित नहीं है। कदाचित् बाह्यवस्तु में विप्रलम्भ होने के कारण वही यह है अथवा उसके सदृश यह है, ऐसा सन्देह हो भी सकता है, किन्तु उपलब्ध आत्मा में कभी भी किसी को मैं वही हूँ या मैं उसके सदृश हूँ, ऐसा सन्देह नहीं होता । इसके विपरीत जो मैं पहले दिन देखा था वही मैं आज स्मरण करता हूँ, ऐसा निश्चय स्थायी बोध होने के कारण भी बौद्धों का सिद्धान्त युक्तिहीन है ॥२५॥

नासतोऽदृष्टत्वात् (ललिता)

इसलिए भी बौद्ध मत असङ्गत है क्योंकि बौद्धों ने स्थिर अनुयायी कारण को स्वीकार नहीं किया है, उन्होंने कारण के ध्वंस से कार्य की उत्पत्ति मानते हुए अभाव से भाव का जन्म माना है। वे कहते हैं कि बीज के नाश हुए बिना अङ्कुर उत्पन्न नहीं होता, 'नानुपमृद्य प्रादुर्भावात्' ऐसा सूत्र भी उनका है। ध्वस्त बीज से अङ्कुर उत्पन्न होता है, ध्वस्त दुग्ध से दधि उत्पन्न होता है और ध्वस्त मृत्पिण्ड से घट उत्पन्न होता है। विनाशशून्य कूटस्थ कारण से कार्य की उत्पत्ति मानोगे तो सभी पदार्थ से सब कुछ उत्पन्न होने लग जायेगा, फिर तो विशेष कार्यकारणभाव का नियम ही नहीं रह जायेगा। अतः अभावग्रस्त बीजादिकों से ही अङ्कुर आदि की उत्पत्ति देखे जाने के कारण वे

---

१. अन्वयि । २. कारणस्येतिशेषः ।

बीजादिभ्योऽङ्कुरादीनामुत्पद्यमानत्वादभावाद्भावोत्पत्तिरिति मन्यते । तत्रेदमुच्यते—'नासतोऽदृष्टत्वात्' इति । नाभावाद्भाव उत्पद्यते । यद्यभावाद्भाव उत्पद्येताभावत्वाविशेषात्कारणविशेषाभ्युपगमोऽनर्थकः स्यात् । नहि बीजादीनामुपमृदितानां योऽभावस्तस्याभावस्य शशविषाणादीनां च निःस्वभावत्वाविशेषादभावत्वे कश्चिद्विशेषोऽस्ति, येन बीजादेवाङ्कुरो जायते क्षीरादेव दधीत्येवंजातीयकः कारणविशेषाभ्युपगमोऽर्थवान्स्यात् । निर्विशेषस्य त्वभावस्य कारणत्वाभ्युपगमे शशविषाणादिभ्योऽप्यङ्कुरादयो जायेरन् । न चैवं दृश्यते । यदि पुनरभावस्यापि विशेषोऽभ्युपगम्येतोत्पलादीनामिव नीलत्वादिस्ततो विशेषवत्त्वादेवाभावस्य भावत्वमुत्पलादिवत्प्रसज्येत । नाप्यभावः कस्यचिदुत्पत्तिहेतुः स्यात्, अभावत्वादेव, शशविषाणादिवत् । अभावाच्च भावोत्पत्तावभावान्वितमेव सर्वं कार्यं स्यात् । न चैवं दृश्यते । सर्वस्य च वस्तुनः स्वेन स्वेन रूपेण

हेतुत्वम् "उत्तरोत्पादे च"[1] इत्यत्र निरस्तम् । अभावस्य हेतुत्वनिरासार्थं सूत्रं व्याचष्टे—तत्रेदमिति । यदि बीजाभावस्याभावान्तराद्विशेषः स्यात्, तदा विशेषवदभावद्वारा बीजादेवाङ्कुर इति लौकायतिकानामभ्युपगमोऽर्थवान्स्यात्, न सोऽस्तीत्याह—येनेति । सूत्रं योजयति—निर्विशेषस्येति । शशविषाणादेः कार्यकारित्वस्यादृष्टत्वान्नाभावस्यासतो हेतुत्वमित्यर्थः । अस्त्वभावस्यापि विशेष इत्यत आह—यदीति । अभावस्य हेतुत्वेतिप्रसङ्ग इति तकमुक्त्वानुमानमाह—नापीति । अभावो न हेतुः, असत्त्वात् । संमतवदित्यर्थः । अभावो न प्रकृतिः, कार्यानन्वितत्वात्, यथा शरावाद्यनन्वितस्तन्तुर्न शरावादिप्रकृतिरिति

वैनाशिक अभाव से भाव की उत्पत्ति मानते हैं । इस पर सिद्धान्ती कहते हैं कि अभाव से भाव उत्पन्न नहीं होता । यदि अभाव से भाव की उत्पत्ति मानोगे तो अभावत्व सर्वत्र समान है, घटादि कार्य के लिए मृदादि कारणविशेष को स्वीकार करना व्यर्थ हो जायेगा क्योंकि नष्ट बीजादि का जो अभाव है उस अभाव का शशविषाणादि के निःस्वभावत्व के साथ कोई अन्तर नहीं है, दोनों में अभावत्व तो समान ही है; भेद है ही नहीं जिससे कि बीज से ही अङ्कुर उत्पन्न होता है, दूध से ही दधि उत्पन्न होता है ऐसा कारणविशेष मानना सार्थक हो सके । निर्विशेष अभाव में कारणत्व मानने पर ध्वस्त बीज से जैसे अङ्कुर की उत्पत्ति होती है ऐसे ही शशविषाणादि से भी अङ्कुरादि की उत्पत्ति होने लग जायेगी, पर ऐसा देखा नहीं जाता है । यदि उत्पलादि में नीलत्वादि विशेष की भाँति अभाव में भी विशेष मानोगे तो उस विशेष के कारण ही उत्पलादि की भाँति अभाव में भी भावत्व आ जायेगा, फिर तो वह अभाव ही नहीं रह गया जिससे कि ध्वस्त बीज से अङ्कुर की उत्पत्ति मानी जा सके । साथ ही, किसी भी पदार्थ की उत्पत्ति का कारण अभाव नहीं हो सकता, जिस प्रकार शशशृङ्गादि किसी की उत्पत्ति का कारण नहीं क्योंकि उनमें अभावत्व है । ऐसे ही आप के अभिमत अभाव में भी अभावत्व है, उससे भी भावजगत् की उत्पत्ति नहीं मान सकते हैं । अभाव से भाव की उत्पत्ति मानोगे तो सभी कार्य अभावान्वित होने चाहिए अर्थात् घटो अस्ति की भाँति घटो नास्ति, ऐसा अभाव का अन्वय सभी घटादि कार्य में होना चाहिए, पर ऐसा देखा नहीं जाता है । सभी पदार्थ अपने-अपने भावरूप से ही अन्वित देखे जाते हैं, अभावरूप से नहीं । मृत्तिका से अन्वित शरावादि

---

१. ब्र. सू. २-२-२० ।

भावात्मनैवोपलभ्यमानत्वात् । नच मृदन्विताः शरावादयो भावास्तन्त्वादिविकाराः केनचिदभ्युपगम्यन्ते । मृद्विकारानेव तु मृदन्वितान्भावाँल्लोकः प्रत्येति ।

यत्तूक्तं—स्वरूपोपमर्दमन्तरेण कस्यचित्कूटस्थस्य वस्तुनः कारणत्वानुपपत्तेरभावाद्भावोत्पत्तिर्भवितुमर्हतीति तद्दुरुक्तम् । स्थिरस्वभावानामेव सुवर्णादीनां प्रत्यभिज्ञायमानानां रुचकादिकार्यकारणभावदर्शनात् । येष्वपि बीजादिषु स्वरूपोपमर्दो [1]लक्ष्यते तेष्वपि नाऽसावुपमृद्यमाना पूर्वावस्थोत्तरावस्थायाः कारणमभ्युपगम्यते, अनुपमृद्यमानानामेवानुयायिनां बीजाद्यवयवानामङ्कुरादिकारणभावाभ्युपगमात् । तस्मादसद्भ्यः शशविषाणादिभ्यः सदुत्पत्त्यदर्शनात्सद्भ्यश्च सुवर्णादिभ्यः सदुत्पत्तिदर्शनादनुपपन्नोऽयमभावाद्भावोत्पत्त्यभ्युपगमः । अपिच [2]चतुर्भ्यश्चित्तचैत्ता उत्पद्यन्ते परमाणुभ्यश्च भूतभौतिकलक्षणः

तर्कपूर्वं क्रमाह—अभावच्चेति । अतोऽन्वितत्वान्मृदादिर्भाव एव प्रकृतिरित्याह—मृदिति ।

स्थायिनः कारणत्वायोगमुक्तमनूद्य दूषयति—यत्तूक्तमित्यादिना । अनुभवबलात्स्थिरस्वभावानामेव सहकारिसन्निधिक्रमेण कार्यक्रमहेतुत्वमङ्गीकार्यम् । नच शक्तस्य सहकार्यपेक्षा न युक्तेति वाच्यं, यतोऽशक्तस्यापि नापेक्षेत्यसहकारि विश्वं स्यात् । ततः स्वर्णादौ स्वतोऽतिशयशून्येऽग्नितापादिसहकारिकृतातिशयक्रमाद्रुचकादिकार्यक्रमः । न चातिशयस्यातिशयान्तरानपेक्षत्वे कार्यस्याप्यनपेक्षेति वाच्यं, पटस्य मृदनपेक्षत्वे कार्यत्वाविशेषाद्घटस्यापि मृदनपेक्षाप्रसङ्गादन्वयव्यतिरेकाभ्यामपेक्षा सहकारिष्वपि [3]तुल्या । यदुक्तं कार्याभावदशायां कारणस्यासत्त्वापत्तिरिति । तन्न । अकारणस्यापि बाधाभावेन सत्त्वोपपत्तेः । न ह्यर्थक्रियाकारित्वमेव सत्त्वम्, असतस्तदयोगेन सत्त्वस्य ततो भेदात् । सतो ह्यर्थक्रियाकारित्वं नासतः । अतः कारणतावच्छेदकमबाधितस्वरूपात्मकं सत्त्वं [4]कारणत्वाद्भिन्नमेव । तस्मादनुस्यूतस्थिरभावानां हेतुत्वमुपपन्नमिति भावः । पूर्वापरविरोधमप्याह—अपि चेति । २८॥

(कसोरादि पात्रविशेष) पदार्थ को तन्तु आदि के कार्य किसी ने भी नहीं माना है, किन्तु मृत्तिका से अन्वित भावात्मक मृद्विकार को ही लोग जानते हैं कि ये मृत्तिका के कार्य हैं, तन्तु के नहीं।

और जो आपने कहा था कि स्वरूपनाश हुए बिना किसी भी कूटस्थ वस्तु में कारणत्व सिद्ध नहीं होता, जैसे बीज के उपमर्दन हुए बिना अङ्कुर की उत्पत्ति नहीं होती है। अतः अभाव से ही भाव की उत्पत्ति माननी चाहिए। यह आप का कथन दुरुक्त है क्योंकि प्रत्यभिज्ञान के विषय स्थिरस्वभाव स्वर्णादि के ही रुचकादि भावरूप कार्य देखे जाते हैं। स्वर्ण के नाश होने पर रुचकादि कार्य उत्पन्न नहीं होते किन्तु स्वर्णादि के रहते-रहते ही रुचकादि कार्य देखे जाते हैं। और जिन बीजादियों में अङ्कुरादि उत्पत्ति के लिए स्वरूप का ध्वंस देखा जाता है उनमें भी नाश होने वाली पूर्वावस्था उत्तरावस्था का कारण नहीं मानी जाती है किन्तु जो अंश नष्ट नहीं होते और कार्य में भी अनुगत रहते हैं ऐसे बीजादि अवयव को ही अङ्कुरादि का कारण माना गया है। अतः असत् शशविषाणादि से सत् की उत्पत्ति नहीं देखी जाती है, इनके विपरीत सत् स्वर्णादि से ही सत् रुचकादि की उत्पत्ति देखी जाती है। इस अन्वय-व्यतिरेक के आधार पर अभाव से भाव की उत्पत्ति माननारूप यह पक्ष असङ्गत है। इसके अतिरिक्त विषय, करण, सहकारी और संस्कार; इन चारों से विज्ञानरूप चित्त

---

१. दृश्यते । २. विषयकरणसहकारिसंस्कारेभ्यश्चतुर्भ्यः चित्तहृदिविज्ञानं चैताश्चित्तात्मकः सुखादयः ।
३. अतो न सहकारिवैयर्थ्यम् । ४. कारणत्वसकाशात् ।

५. अभावाधिकरणम् (सू. २८-२३)

(१६८) उदासीनानामपि चैवं सिद्धिः ॥२७॥

विज्ञानस्कन्धमात्रत्व युज्यते वा न युज्यते ॥ युज्यते स्वप्नदृष्टान्ताद्बुद्धयैव व्यवहारतः ॥
अबाधात्स्वप्नवैषम्यं बाह्यार्थस्तूपलभ्यते ॥ बहिर्वदिति तेऽप्युक्तिर्नातो धीरर्थरूपभाक् ॥

समुदाय उत्पद्यत इत्यभ्युपगम्य पुनरभावाद्भावोत्पत्तिं कल्पयद्भिरभ्युपगतमपह्नुवानैर्वैनाशिकैः सर्वो लोक आकुलीक्रियते । २६॥

यदि चाभावाद्भावोत्पत्तिरभ्युपगम्येत, एवंसत्युदासीनानामनीहमानानामपि जनानामभिमतसिद्धिः स्यात् । अभावस्य सुलभत्वात् । कृषीवलस्य क्षेत्रकर्मण्यप्रयतमानस्यापि सस्यनिष्पत्तिः स्यात् । कुलालस्य च मृत्संस्क्रियायामप्रयतमानस्याप्यमत्रोत्पत्तिः । तन्तुवायस्यापि तन्तूनतन्वानस्यापि तन्वानस्येव वस्त्रलाभः । स्वर्गापवर्गयोश्च न कश्चित्कथंचित्समीहेत । न चैतद्युज्यतेऽभ्युपगम्यते वा केनचित् । तस्मादप्यनुपपन्नोऽयमभावाद्भावोत्पत्त्यभ्युपगमः ॥२७॥

अभावादुत्पत्तौ शशिविषाणादप्युत्पत्तिः स्यादित्युक्तम् । अतिप्रसङ्गान्तरमाह— उदासीनानामिति । अनीहमानानां प्रयत्नशून्यानाम् । अमत्रं घटादिपात्रम् । तन्वानस्य व्यापारयतः । तस्माद्भ्रान्तिमूलेन क्षणिकबाह्यार्थवादेन कूटस्थनित्यब्रह्म समन्वयस्य न विरोध इति सिद्धम् ॥२७॥

एव सुखादिरूप चैत्य उत्पन्न होते हैं तथा परमाणुओं से भूतभौतिकरूप समुदाय उत्पन्न होता है, ऐसा मानने के बाद पुनः अभाव से भाव की उत्पत्तिकल्पना करने वाले और अपनी ही मान्यता का अपलाप करने वाले वैनाशिक बौद्ध सम्पूर्ण लोक को अस्त-व्यस्त कर रहे हैं जो पूर्वापर विरुद्ध होने से सर्वथा उपेक्ष्य है ॥२६॥

उदासीनानामपि चैवं सिद्धि (ललिता)

यदि अभाव से भाव की उत्पत्ति मानोगे तो घटादि की उत्पत्ति के लिए प्रयत्न न करने वाले उदासीन पुरुषों का भी अभिमत सिद्ध हो जायेगा क्योंकि अभाव सर्वत्र सुलभ है। फलतः कृषिकर्म में प्रयत्न न करने वाले किसान की भी खेती लहलहा उठेगी, मृत्तिकासंस्कार के लिए प्रयत्न न करने वाले कुम्भकार के भी घटादि मृत्पात्र उत्पन्न हो जायेंगे, तन्तुओं में वस्त्र उत्पत्ति के लिए व्यापार न करने वाले तन्तुवाय के भी तदर्थ व्यापारशील तन्तुवाय के समान ही वस्त्रलाभ हो जायेगा और स्वर्ग और मोक्ष के लिए कोई भी चेष्टा नहीं करेगा, आप के मतानुसार बिना चेष्टा के ही स्वर्ग और मोक्ष प्राप्त हो जायेंगे। पर न तो ऐसा युक्ति से सिद्ध होता है और न किसी ने ऐसा माना ही है। अतः अभाव से भाव की उत्पत्ति मानने वाला सिद्धान्त असङ्गत ही है ॥२७॥

५. अभावाधिकरण

१. सङ्गति—बाह्यार्थवादी का मत इससे पूर्व निराकृत कर दिया गया, अब उसी को उपजीव्य बनाकर क्षणिकविज्ञानवादी योगाचार का मत उपस्थित होता है। अतः पूर्व अधिकरण के साथ इस अधिकरण की उपजीव्य-उपजीवकभाव सङ्गति है।

(१९९) नाभाव उपलब्धेः ॥२८॥

एवं बाह्यार्थवादमाश्रित्य समुदाया[1]प्राप्त्यादिषु दूषणेषूद्भावितेषु विज्ञानवादी बौद्ध इदानीं प्रत्यवतिष्ठते । केषांचित्किल विनेयानां बाह्ये वस्तुन्यभिनिवेशमालक्ष्य तदनुरोधेन बाह्यार्थवादप्रक्रियेयं विरचिता । नासौ सुगताभिप्रायः, तस्य तु विज्ञानैकस्कन्धवाद एवाभिप्रेतः । तस्मिंश्च विज्ञानवादे बुद्ध्यारूढेन रूपेणान्तःस्थ एव प्रमाणप्रमेयफलव्यवहारः सर्व उपपद्यते । सत्यपि बाह्येऽर्थे बुद्ध्यारोहमन्तरेण प्रमाणादिव्यवहारानवतारात् । कथं

नाभाव उपलब्धेः । अखण्डनिर्विशेषं ब्रह्म विज्ञानं बाह्यार्थोपादानं वदतां [2]वेदान्तानां भिन्नं साकारं क्षणिकं विज्ञानं न ततोऽन्योऽर्थोऽस्तीति योगाचारमतेन विरुध्यते न वेति तन्मतस्य मानभ्रान्तिमूलत्वाभ्यां संशये पूर्वोक्तबाह्यार्थवादनिरासमुपजीव्य पूर्वपक्षमाह—एवमित्यादिना । पूर्वोत्तरपक्षयोर्विरोधाविरोधौ फलम् । नन्वेकस्य सुगतागमस्य कथं बाह्यार्थसत्त्वासत्त्वयोस्तात्पर्यं विरोधादित्याशङ्क्याधिकारिभेदादविरोध इति वदन् विज्ञानवादिनः सुगताभिप्रायज्ञत्वेन मन्दाधिकारिभ्यो बाह्यार्थवादिभ्यः श्रैष्ठ्यमाह—केषांचिदिति । उक्तं च धर्मकीर्तिना—'देशना लोकनाथानां सत्त्वाशयवशानुगाः' इति । सुगतानामुपदेशाः शिष्यमत्यनुसारिण इत्यर्थः । नन्वसति बाह्यार्थे मानमेयव्यवहारः कथं, तत्राह—तस्मिन्निति । विज्ञानमेव कल्पितनीलाद्याकारत्वेन प्रमेयम्, [3]अवभासात्मना मानफलं, [4]शक्त्यात्मना मानं, शक्त्याश्रयत्वाकारेण प्रमातेति भेदकल्पनया व्यवहार इत्यर्थः । मुख्य एव भेदः किं न स्यादत आह—सत्यपीति । नहि बुद्ध्यनारूढस्य नीलादेः प्रमेयत्वव्यवहारोऽस्ति । अतो बुद्ध्यारूढाकार एव प्रमेयं न बाह्यमित्यर्थः । बाह्यार्थासत्त्वे प्रश्नपूर्वकं युक्तीरुपन्यस्यति—कथमित्यादिना । ज्ञेयं

२. **विषय**—विज्ञानवादी योगाचार का सिद्धान्त इस अधिकरण का विचारणीय विषय है ।

३. **संशय**—बाह्यपदार्थ का अस्तित्व न मानने पर विज्ञानस्कन्धमात्र जगत् को मानना युक्तिसङ्गत है या नहीं ?

४. **पूर्वपक्ष**—स्वप्न दृष्टान्त को देखते हुए विज्ञानवाद युक्तिसङ्गत सिद्ध होता है । क्षणिक बुद्धि ही व्यवहारदृष्टि से स्वप्न की भाँति बाहर प्रतीत होती है ।

५. **सिद्धान्त**—स्वप्न दृष्टान्त में वैषम्य है क्योंकि बाह्य अर्थ उपलब्ध होता है, उसका बाध नहीं होता; इसलिए '**बहिर्वदवभासते**' यह युक्ति ठीक नहीं है । अतः बुद्धि ही घट-पटादि बाह्य जगत् के रूप में प्रतीत होती है, योगाचार का यह मत भ्रान्तिमूलक है ।

नाभाव उपलब्धेः (ललिता)

इस प्रकार बाह्यार्थवाद का आश्रय लेकर संघात की सिद्धि नहीं होती है इत्यादि उद्भावित दोषों पर क्षणिकविज्ञानवादी बौद्ध अब अपना पक्ष सामने खड़ा करता है । उनका कहना है कि तथागत के अनेक शिष्यों में से कुछ शिष्यों का बाह्यवस्तु में अभिनिवेश था, उसे देखकर तदनुरूप उन्होंने इस बाह्यार्थवाद प्रक्रिया की रचना कर दी थी; किन्तु वह उनका अभिप्राय नहीं था, उन्हें तो विज्ञानैकस्कन्धवाद ही अभिप्रेत था । उस क्षणिकविज्ञानवाद में बुद्धि में आरूढ़ वस्तु से ही अन्तःस्थ प्रमाण, प्रमेय, फलव्यवहार सब कुछ सिद्ध हो जाता है क्योंकि बाह्य अर्थ मानने पर भी उसे

१. आदिना प्रतिसंख्याऽप्रतिसंख्या निरोधाप्राप्तिक्षणिकभावहेतुत्वाप्राप्त्यभावहेतुत्वाप्राप्त्यादयो गृह्यन्ते ।

२. वेदान्तानामित्यनन्तरं समन्वय इति शेषः । ३. अनुभवात्मना । ४. वृत्यात्मना ।

पुनरवगम्यतेऽन्तःस्थ एवायं सर्वव्यवहारो न विज्ञानव्यतिरिक्तो बाह्योऽर्थोऽस्तीति तदसम्भवादित्याह। स हि बाह्योऽर्थोऽभ्युपगम्यमानः परमाणवो वा स्युस्तत्समूहा वा स्तम्भादयः स्युः। तत्र न तावत्परमाणवः स्तम्भादिप्रत्ययपरिच्छेद्या भवितुमर्हन्ति परमाण्वाभासज्ञानानुपपत्तेः ? नापि तत्समूहाः स्तम्भादयः, तेषां परमाणुभ्योऽन्यत्वानन्यत्वाभ्यां निरूपयितुमशक्यत्वात्। एवं जात्यादीनपि प्रत्याचक्षीत। अपिचानुभवमात्रेण साधारणात्मनो ज्ञानस्य जायमानस्य योऽयं प्रतिविषयं पक्षपातः स्तम्भज्ञानं कुड्यज्ञानं घटज्ञानं पटज्ञानमिति, नासौ ज्ञानगतविशेषमन्तरेणोपपद्यत इत्यवश्यं विषयसारूप्यं ज्ञानस्याङ्गीकर्तव्यम्। अङ्गीकृते च तस्मिन्विषयाकारस्य ज्ञानेनैवावरुद्धत्वाद-

ज्ञानातिरेकेणासत्, तदतिरेकेणासंभवात्, नरशृङ्गवदित्याह—तदसंभवादिति। असंभवं विवृणोति—स हीति। परमाणवश्चेदेकस्थूलस्तम्भ इति ज्ञानं न स्यात्। समूहस्त्वसन्नित्यर्थः। अवयव्यभावेऽपि जात्यादयो बाह्यार्थाः स्युः, तत्राह—एवमिति। जातिगुणकर्मणां धर्मिणः सकाशादभेदेऽत्यन्तभेदे वा धर्मिवद्धर्म्यन्तरवच्च न धर्मधर्मिभावः। भेदाभेदौ च विरुद्धाविति न सन्ति जात्याद्यर्था इत्यर्थः। किंच ज्ञानस्य [1]ज्ञेयसारूप्यरूपविशेषसंबन्धाभावे सर्वविषयत्वापत्तेर्विशेषोऽङ्गीकार्यः, तथाच ज्ञानगतविशेषस्यैव ज्ञानेन विषयीकरणान्न बाह्यार्थसिद्धिर्मानाभावाद्गौरवाच्चेत्याह—अपिचेति। पक्षपातो

बुद्धि में आरूढ़ हुए विना प्रमाण, प्रमेय, फलव्यवहार जब होता नहीं है तो फिर बाह्य अर्थ कल्पना की आवश्यकता क्या है। प्रश्न—विज्ञान से भिन्न बाह्य अर्थ नहीं है एवं अन्तःस्थ ही यह सब कुछ व्यवहार होता रहता है, यह कैसे ज्ञात हुआ ? उत्तर—बाह्य अर्थ का होना सम्भव नहीं है, ऐसा विज्ञानवादियों ने कहा है। बाह्य अर्थ मानने वाले विज्ञानवादियों के समकक्ष हम विकल्प रखते हैं कि बाह्य स्तम्भादि पदार्थ परमाणुरूप हैं अथवा उनके समूहरूप हैं। इनमें प्रथम पक्ष का आश्रय लेकर बाह्य स्तम्भादि को परमाणुरूप नहीं कह सकते क्योंकि स्तम्भादि प्रतीति के विषय परमाणु नहीं हो सकते, परमाण्वाभास ज्ञान भी नहीं हो सकता। द्वितीय पक्ष का आलम्बन लेकर उन स्तम्भादि को परमाणुसमूह मानना भी ठीक नहीं है क्योंकि उन्हें परमाणुओं से भिन्न और अभिन्नरूप में आप बतला नहीं सकते। इसी प्रकार अवयवी के अभाव में जाति, गुण और कर्म की सिद्धि भी नहीं हो पाती है क्योंकि जात्यादि का भी धर्मी से भिन्न और अभिन्न का विकल्प होने पर कोई समुचित उत्तर नहीं आता है, अतः जात्यादि का भी खण्डन कर लेना चाहिए। और जो अनुभवमात्र के आधार पर उत्पद्यमान साधारण ज्ञान का पक्षपात—यह स्तम्भज्ञान है, यह कुड्य (भित्ति) ज्ञान है, घट ज्ञान है, पट ज्ञान है—ऐसा प्रत्येक विषय में भासता है, वह ज्ञानगत विशेष को माने विना सिद्ध नहीं होता। अतः ज्ञान में विषयसारूप्य अवश्य मानना पड़ेगा और ज्ञान में विषयसारूप्य मान लेने पर विषय का आकार ज्ञान से ही अवरुद्ध हो जायेगा, ऐसी स्थिति में बाह्यार्थ की सत्ताकल्पना निरर्थक हो जायेगी। इसके अतिरिक्त विषय और ज्ञान का एक

१. विषयाकाररूपा।

पार्थिका बाह्यार्थसद्भावकल्पना । अपिच सहोपलम्भनियमादभेदो विषयविज्ञानयोरापतति । नह्यनयोरेकस्यानुपलम्भेऽन्यस्योपलम्भोऽस्ति । न [1]चैतत्स्वभावविवेके युक्तं, [2]प्रतिबन्धकारणाभावात् । तस्मादप्यर्थाभावः । स्वप्नादिवच्चेदं द्रष्टव्यम् । यथाहि स्वप्नमायामरीच्युदकगन्धर्वनगरादिप्रत्यया विनैव बाह्येनार्थेन ग्राह्यग्राहकाकारा भवन्ति, एवं जागरितगोचरा अपि स्तम्भादिप्रत्यया भवितुमर्हन्तीत्यवगम्यते । प्रत्ययत्वाविशेषात् ।

कथं पुनरसति बाह्यार्थे प्रत्ययवैचित्र्यमुपपद्यते । वासनावैचित्र्यादित्याह । अनादौ हि संसारे बीजाङ्कुरवद्विज्ञानानां वासनानां चान्योन्यनिमित्तनैमित्तिकभावेन वैचित्र्यं न विप्रतिषिध्यते । अपिचान्वयव्यतिरेकाभ्यां वासनानिमित्तमेव ज्ञानवैचित्र्यमित्यवगम्यते ।

विषयविशेषवैशिष्ट्यव्यवहारः । किंच ज्ञेयं ज्ञानाभिन्नं, ज्ञातोपलम्भक्षणनियतोपलम्भग्राह्यत्वात्, ज्ञानवदित्याह—अपि चेति । ज्ञानार्थयोर्वास्तवभेदेऽपि सहोपलम्भनं स्यात्, ग्राह्यग्राहकभावादित्यत आह—न चैतदिति । क्षणिकज्ञानस्यार्थेन संबन्धहेत्वभावान्न ग्राह्यग्राहकभाव इत्यर्थः । किंच जाग्रद्विज्ञानं न बाह्यालम्बनं, विज्ञानत्वात्, स्वप्नादिज्ञानवदित्याह—स्वप्नेति ।

विज्ञानानां वैचित्र्यानुपपत्ति[3]बाधितमनुमानमिति शङ्कते—कथमिति । अन्यथोपपत्त्या परिहरति—वासनेति । अनादिसंतानान्तर्गतपूर्वज्ञानमेव वासना, तद्वशादनेकक्षणव्यवधानेऽपि नीलाद्याकारज्ञानवैचित्र्यं भवति, यथा बीजवासनया कार्पासरक्तत्वं तद्वदित्यर्थः । [4]उभयवादिसमतत्वाच्च वासना एव ज्ञानवैचित्र्यहेतवो न बाह्यार्था इत्याह—अपिचेति ।

साथ अनुभव भी विषय एवं विज्ञान को अभिन्न बतलाता है क्योंकि इन दोनों में से एक के अनुपलम्भ से दूसरे की उपलब्धि नहीं होती है। यह सहोपलम्भनियम विषय तथा ज्ञान को भिन्न मानने पर युक्तियुक्त सिद्ध नहीं होता क्योंकि ज्ञान और विषय के सम्बन्ध का कोई कारण नहीं है, अतः स्वप्नादि की भाँति ही बाह्य अर्थ का अभाव ही मानना चाहिए। जैसे स्वप्न, माया मरीचि उदक और गन्धर्वनगर आदि प्रतीति बाह्य अर्थ के बिना ही ग्राह्यग्राहकरूप में भासते हैं, ऐसे ही जाग्रदवस्था की विषयविषयक स्तम्भादि प्रतीति भी हो जायेगी, ऐसा जान पड़ता है क्योंकि बाह्य एवं आभ्यन्तर प्रत्यय में प्रत्ययत्व तो समान ही है।

पूर्वपक्ष—बाह्य विषय के न रहने पर ज्ञान में वचित्र्य कैसे सिद्ध होगा क्योंकि घट ज्ञान, पट ज्ञान, मठ ज्ञान, इन सभी ज्ञानों में विचित्रता के कारण तो बाह्य अर्थ ही हैं। उत्तरपक्ष-वासना की विचित्रता से ज्ञान में वैचित्र्य आना सम्भव है, ऐसा हम कहते हैं क्योंकि अनादि संसार में बीज-अङ्कुर की भाँति विज्ञान एवं वासना में परस्पर निमित्त नैमित्तिकभाव के कारण विचित्रता मानना परस्पर प्रतिषिद्ध नहीं है। जैसे बीज से अङ्कुर और अङ्कुर से बीज होता है ऐसे ही इस अनादि संसार में विचित्र विज्ञान से विचित्र वासना होती है और विचित्र वासना से विचित्र विज्ञान होता है, ऐसा मानना असङ्गत नहीं है। इसके अतिरिक्त ज्ञानवैचित्र्य के हेतु वासना को आप और हम उभयवादी मानते हैं; बाह्य अर्थ को ज्ञानवैचित्र्य का प्रयोजक केवल आप मानते हैं, हम नहीं। अन्वय एवं व्यतिरेक के आधार पर ज्ञान में वैचित्र्य का निमित्त वासना इसलिए जान पड़ती है क्योंकि

---

१. ग्राह्यग्राहकभावत्वम् । २. सत्र । ३. र क्षस्य साध्यशून्यत्वाद् बाधितत्वम् । ४. बाह्यार्थक्षणिकविज्ञानवादि ।

स्वप्नादिष्वन्तरेणाप्यर्थं वासनानिमित्तस्य ज्ञानवैचित्र्यस्योभाभ्यामप्यावाभ्यामभ्युपगम्यमानत्वात् । अन्तरेण तु वासनामर्थनिमित्तस्य ज्ञानवैचित्र्यस्य मयानभ्युपगम्यमानत्वात् । तस्मादप्यभावो बाह्यार्थस्येति ।

एवं प्राप्ते ब्रूमः—'नाभाव उपलब्धेः' इति न खल्वभावो बाह्यस्यार्थस्याध्यवसातुं शक्यते । कस्मात् ? उपलब्धेः । उपलभ्यते हि [1]प्रतिप्रत्ययं बाह्योर्थः स्तम्भः कुड्यं घटः पट इति । नचोपलभ्यमानस्यैवाभावो भवितुमर्हति । यथा हि कश्चिद्भुञ्जानो भुजिसाध्यायां तृप्तौ स्वयमनुभूयमानायामेवं ब्रूयान्नाहं भुञ्जे न वा तृप्यामीति, तद्वदिन्द्रियसंनिकर्षेण [2]स्वयमुपलभमान एव बाह्यमर्थं नाहमुपलभे न च सोऽस्तीति ब्रुवन्कथमुपादेयवचनः स्यात् ।

ननु नाहमेवं ब्रवोमि न कंचिदर्थमुपलभ इति किं तूपलब्धिव्यतिरिक्तं नोपलभ इति ब्रवीमि । बाढमेवं ब्रवीषि निरङ्कुशत्वात्ते तुण्डस्य । नतु युक्त्युपेतं ब्रवीषि । यत [3]उपलब्धिव्यतिरेकोऽपि बलादर्थस्याभ्युपगन्तव्य उपलब्धेरेव । नहि कश्चिदुपलब्धिमेव स्तम्भः

क्षणिकविज्ञानमात्रवादस्य मानमूलत्वात्तेन नित्यविज्ञानवादो विरुध्यत इति प्राप्ते सिद्धान्तसूत्रं व्याचष्टे—नाभाव इत्यादिना । किं बाह्यार्थस्यानुपलब्धेरभाव उत ज्ञानाद्भेदेनानुपलब्धेः । नाद्य इत्युक्तमुपलब्धेरिति ।

द्वितीयं शङ्कते—ननु नाहमिति । ज्ञानज्ञेययोर्विषयिविषयभावेन भेदस्य साक्षिप्रत्यक्षसिद्धत्वात्प्रत्यक्षविरुद्धमभेदाभिधानमित्याह—बाढमित्यादिना । स्ववचनादपि जनो बाह्यार्थं ज्ञानाद्भेदेनैवोपलभत

स्वप्नादि में बाह्य अर्थ कुछ भी नहीं होते, केवल वासना होती है जिस वासना में विचित्रता हम और आप दोनों ही मानते हैं, वह वासना ही ज्ञानगत विचित्रता का निमित्त है। वासना के बिना ज्ञान में वैचित्र्य का निमित्त बाह्य अर्थ हम नहीं मानते हैं; इस लिए यह पक्ष उभयवादीसम्मत नहीं है। अतः बाह्य अर्थ का अभाव मानना ही उचित है।

विज्ञानवादी का ऐसा पक्ष प्राप्त होने पर हम सिद्धान्ती कहते हैं कि बाह्य अर्थ का अभाव मानना ठीक नहीं है क्योंकि इसकी उपलब्धि होती है। प्रत्येक ज्ञान के साथ यह स्तम्भ है, भित्ति है, घट है और पट है, ऐसा बाह्य अर्थ भासता है, उस उपलभ्यमान बाह्य अर्थ का ही अभाव कहना उचित नहीं होगा। यह तो वैसा ही कहना होगा जैसे कोई खाने वाला, भुज् क्रिया से उत्पन्न तृप्ति को स्वयं अनुभव करने वाला बोले कि मैं नहीं खाता हूँ और न तृप्त होता हूँ। ठीक वैसे ही इन्द्रियसन्निकर्ष से स्वयं बाह्य अर्थ का अनुभव करने वाला ही बोले कि मैं बाह्य अर्थ को नहीं देखता और न बाह्य अर्थ है ही, तो ऐसा बोलने पर उसकी बात में कौन श्रद्धा करेगा।

विज्ञानवादी—मैं ऐसा नहीं कह रहा हूँ कि किसी विषय को मैं नहीं देखता, मैं तो कहता हूँ कि ज्ञान से भिन्न किसी वस्तु को मैं नहीं देखता। सिद्धान्ती—निःसन्देह ऐसा आप इसलिए बोलते हैं क्योंकि आप का वाणी पर कोई नियन्त्रण नहीं है, किन्तु आप युक्तियुक्त नहीं बोल रहे हैं। उपलब्धि के आधार पर ही बलात् उपलब्धि से भिन्न बाह्य अर्थ को मानना ही पड़ता है क्योंकि कोई भी

१. प्रतिज्ञानम् । २. विज्ञानवादी । ३. उपलब्धेः सकाशाद् भेदोपीत्यर्थः ।

कुड्यं चेत्युपलभते। उपलब्धिविषयत्वेनैव तु स्तम्भकुड्यादीन्सर्वे लौकिका उपलभन्ते। अतश्चैवमेव सर्वे लौकिका उपलभन्ते यत्[1]प्रत्याचक्षाणा अपि बाह्यार्थमेव व्याचक्षते यदन्तर्ज्ञेयरूपं तद्बहिर्वदवभासत इति। तेऽपि सर्वलोकप्रसिद्धां बहिरवभासमानां संविदं प्रतिलभमानाः प्रत्याख्यातुकामाश्च बाह्यमर्थं बहिर्वदिति वत्कारं कुर्वन्ति। इतरथा हि कस्माद्बहिर्वदिति ब्रूयुः। नहि विष्णुमित्रो वन्ध्यापुत्रवदवभासत इति कश्चिदाचक्षीत। तस्माद्यथानुभवं तत्त्वमभ्युपगच्छद्भिर्बहिरेवावभासत इति युक्तमभ्युपगन्तुं न तु बहिर्वदवभासत इति। ननु बाह्यस्यार्थस्यासम्भवाद्बहिर्वदवभासत इत्यध्यवसितम्। नायं साधुरध्यवसायो यतः प्रमाणप्रवृत्त्यप्रवृत्तिपूर्वकौ सम्भवासम्भवाववधार्येते न पुनः सम्भवासम्भवपूर्विके प्रमाणप्रवृत्त्यप्रवृत्ती। यद्धि प्रत्यक्षादीनामन्यतमेनापि प्रमाणेनोपलभ्यते तत्सम्भवति।

इत्याह—अतश्चेति। बाह्यार्थस्यात्यन्तासत्त्वे प्रत्यक्षोपलम्भायोगात्, दृष्टान्तत्वासंभवाच्च बहिर्वच्छब्दो न स्यादित्याह—इतरथेति। अबाधितभेदानुभवादेवकारो युक्तो न वत्कार इत्याह—तस्मादिति। ज्ञेयार्थो ज्ञानातिरेकेणासन्नसंभवादित्युक्तबाधादुद्धरणमिति शङ्कते—नन्विति। कोऽसावसंभवः असत्त्वं वा असत्त्वनिश्चयो वा अयुक्तत्वं वा उत्कटकोटिकसंशयात्मकसंभवस्याभावो वा। नाद्यः, साध्याभेदात्। न द्वितीयः, स्थूलो घटस्तम्भाविति समूहालम्बने स्थूलत्वद्वित्वघटत्वस्तम्भत्वरूपविरुद्धधर्मवतोरर्थयोरस्थूलादेकस्माद्द्वयावगाहिविज्ञानाद्भेदसत्त्वनिश्चये नासंभवासिद्धिरित्याह—नायं साधुरिति। संभवः सत्तानिश्चयः प्रमाणाधीनः। असंभवोऽसत्त्वनिश्चयः प्रमाणाभावाधीनो न वैपरीत्यमिति व्यवस्थामेव स्फुटयति—यद्धीति। उक्तव्यवस्थायाः फलं बाह्यार्थस्य प्रत्यक्षादिभिः संभवं वदन्नेव तृतीयं दूषयति—इहेति। प्रमाणनिश्चितबाह्यार्थस्य स्तम्भादेः परमाणुभ्यो भेदाभेदविकल्पैरयुक्तत्वमात्रेणासत्त्व-

उपलब्धा ज्ञान को ही स्तम्भ और भित्ति नहीं जानता है, सभी लोग स्तम्भादि को ज्ञान के विषयरूप में ही जानते हैं। सभी लोग जब ऐसे ही अनुभव करते हैं इसीलिए तो बाह्य अर्थ का खण्डन करने वाले और न मानने वाले विज्ञानवादी भी बाह्य विषय को ऐसा ही कहते हैं कि जो भीतर ज्ञेयरूप वस्तु है वह बाहर को भाँति भासती है। ऐसे विज्ञानवादी भी सर्वलोकप्रसिद्ध बाहर प्रतीत होने वाले ज्ञान के विषय बाह्य अर्थ के प्रत्याख्यान की इच्छा से 'बहिर्वत्' ऐसे 'वत्' कार शब्द का प्रयोग करते हैं, यदि बाह्य अर्थ नहीं होता तो वे बहिर्वत् ऐसा शब्द कैसे बोलते। क्या विष्णुमित्र बन्ध्यापुत्र की भाँति दिखाई पड़ता है, ऐसा विष्णुमित्र का प्रत्याख्यान कोई करेगा अर्थात् नहीं। इसलिए अनुभवानुसार तत्त्व को मानने वाले यथार्थदर्शी व्यक्ति को वस्तु बाहर ही है, ऐसा कहना चाहिए और मानना चाहिए, न कि बाहर की भाँति भासता है ऐसा कहना उचित होगा। विज्ञानवादी—बाह्य अर्थ का होना असम्भव होने के कारण बहिर्वदवभासते, ऐसा निश्चय किया गया है। सिद्धान्ती—आप का यह निश्चय ठीक नहीं है क्योंकि किसी वस्तु का होना प्रमाणप्रवृत्ति के अधीन है, और न होना प्रमाण की अप्रवृत्ति के अधीन है, ऐसा निश्चय करते हैं अर्थात् सत्तानिश्चय प्रमाणाधीन है और असत्तानिश्चय प्रमाणाभावाधीन है। इसके विपरीत सम्भव एवं असम्भवपूर्वक प्रमाण की प्रवृत्ति और अप्रवृत्ति का निश्चय नहीं करना चाहिए क्योंकि प्रत्यक्षादि प्रमाणों में से किसी एक प्रमाण से भी जो उपलब्ध होता है उसकी सत्ता मानी जाती है

१. विज्ञानवादिनः।

यत्तु न केनचिदपि प्रमाणेनोपलभ्यते तन्न सम्भवति। इह तु यथास्वं सर्वैरेव प्रमाणैर्बाह्योऽर्थ उपलभ्यमानः कथं व्यतिरेकाव्यतिरेकादिविकल्पैर्न सम्भवतीत्युच्येतोपलब्धेरेव। नच ज्ञानस्य विषयसारूप्याद्विषयनाशो भवति, असति विषये विषयसारूप्यानुपपत्तेः, बहिरुपलब्धेश्च विषयस्य। अतएव सहोपलम्भनियमोऽपि प्रत्ययविषययोरुपायोपेयभावहेतुको नाभेदहेतुक इत्यभ्युपगन्तव्यम्।

अपिच घटज्ञानं पटज्ञानमिति विशेषणयोरेव घटपटयोर्भेदो न विशेष्यस्य ज्ञानस्य। यथा शुक्लो गौः कृष्णो गौरिति शौक्ल्यकार्ष्ण्ययोरेव भेदो न गोत्वस्य। द्वाभ्यां च भेद एकस्य

निश्चयो न युक्तः, स्वपक्षेऽप्ययुक्तत्वस्य तुल्यत्वात्। न ह्यस्थूलस्यैकस्य विज्ञानस्य स्थूलानेकसमूहालम्बनस्य विषयाभेदो युक्तः, स्थूलत्वानेकत्वप्रसङ्गात्। न चेष्टापत्तिः, समूहालम्बनोच्छेदे विज्ञानानां मिथो वार्तानभिज्ञतया विषयद्वित्वादिव्यवहारलोपापत्तेः। तस्मादयुक्तत्वेऽपि यथानुभवं व्यवहारयोग्योऽर्थः स्वीकार्यः। न चतुर्थः, निश्चिते [1]तादृशसंभवस्यानुपयोगात्। [2]तस्य क्वचित् प्रमाणप्रवृत्तेः पूर्वाङ्गत्वादिति भावः। यच्चोक्तं ज्ञानगतार्थसारूप्यस्यैव ज्ञानालम्बनत्वोपपत्तेर्बहिरर्थाभाव इति, तत्राह— नचेति। यत्तु गौरवमुक्तं, तन्न दूषणं, प्रामाणिकत्वादित्याह—बहिरिति। यत एव ज्ञानार्थयोर्भेदः सर्वलोके साक्ष्यनुभवसिद्धः, अत एव सहोपलम्भनियमोऽपि नाभेदसाधक इत्याह—अत एवेति। यथा चाक्षुषद्रव्यरूपस्यालोकोपलम्भनियतोपलब्धिकत्वेऽपि नालोकाभेदः, तथार्थस्य न ज्ञानाभेदः, भेदेऽपि ग्राह्यग्राहकभावेन नियमोपपत्तेः। नच ज्ञानस्य क्षणिकत्वात् स्वभिन्नग्राह्यसंबन्धायोगः, स्थायित्वादिति भावः।

विज्ञानमनेकार्थेभ्यो भिन्नम्, एकत्वात्, गोत्ववदिति सत्प्रतिपक्षमाह—अपिचेति। नच हेत्वसिद्धिः, ज्ञानं ज्ञानमित्येकाकारप्रतीतेर्ज्ञानैक्यनिश्चयात्। नच सा जातिविषया, व्यक्तिभेदानिश्चयादित्याह—

और जो किसी भी प्रमाण से उपलब्ध नहीं होता उसकी सत्ता नहीं मानी जाती है यहाँ तो वस्तु के अनुरूप सभी प्रमाणों से बाह्य अर्थ उपलब्ध होते हैं, फिर भला व्यतिरेक एवं अव्यतिरेक आदि विकल्पों के द्वारा ज्ञान के रहते-रहते वस्तु को असत्ता कैसे कह सकते हो। यदि कहो कि ज्ञान और विषय सदृश होने के कारण हम विषय को नहीं मानते, तो ऐसा कहना ठीक नहीं क्योंकि विषय के न रहने पर ज्ञान में विषयसारूप्य भी सिद्ध नहीं हो सकता; और विषय बाहर है, इसे सभी मानते ही हैं। इसीलिए सहोपलम्भनियम भी ज्ञान और विषय के उपाय और उपेय रूप में कारण स्वीकार किया गया है, अभेद के कारण स्वीकार नहीं किया है अर्थात् विषय और ज्ञान जो एक साथ उपलब्ध होता है उसका कारण है उपाय-उपेयभाव, न कि अभेद। यदि ज्ञान और विषय में अभेद होता तो सहोपलम्भनियम बतलाना भी व्यर्थ ही माना जाता। चाक्षुष द्रव्य का रूप आलोक उपलम्भ नियत होने पर भी आलोक और रूप में अभेद नहीं है, वैसे ही अर्थ और ज्ञान का भी अभेद नहीं है; दोनों में भेद रहने पर भी ग्राह्यग्राहकभाव से नियम की सिद्धि हो जाती है।

घट ज्ञान, पट ज्ञान इनमें घट और पटरूप विशेषण का ही भेद है, विशेष्य ज्ञान में भेद नहीं है; जिस प्रकार शुक्ल गौ, कृष्ण गौ इन दोनों अनुभवों में गोत्व का भेद नहीं है किन्तु गौ के विशेषण

---

१. उत्कटकोटिकसंशयात्मक। २. तादृशसम्भवस्य।

सिद्धो भवत्येकस्माच्च द्वयोः । तस्मादर्थज्ञानयोर्भेदः । तथा घटदर्शनं घटस्मरणमित्यत्रापि प्रतिपत्तव्यम् । अत्रापि हि विशेष्ययोरेव दर्शनस्मरणयोर्भेदो न विशेषणस्य घटस्य । यथा क्षीरगन्धः क्षीररस इति विशेष्ययोरेव गन्धरसयोर्भेदो न विशेषणस्य क्षीरस्य तद्वत् । अपिच द्वयोर्विज्ञानयोः पूर्वोत्तरकालयोः [1]स्वसंवेदनेनैवोपक्षीणयोरितरेतरग्राह्यग्राहकत्वानुपपत्तिः । ततश्च विज्ञानभेदप्रतिज्ञा क्षणिकत्वादिधर्मप्रतिज्ञा स्वलक्षणसामान्यलक्षणवास्यवासकत्वाविद्योपप्लवसदसद्धर्मबन्धमोक्षादिप्रतिज्ञाश्च स्वशास्त्रगतास्ता हीयेरन् । किंचान्यत् ? विज्ञानं विज्ञानमित्यभ्युपगच्छता बाह्योऽर्थः स्तम्भः

न विशेष्यस्येति । घटादेश्चैतन्याद्भेदं मुक्त्वा वृत्तिज्ञानाद्भेदमाह—तथेति । घटो द्वाभ्यां भिन्नः एकत्वात्, क्षीरवदित्यर्थः । ज्ञानभिन्नार्थानङ्गीकारे स्वशास्त्रव्यवहारलोपं बाधकमाह—अपिचेति । क्रमिकयोः स्वप्रकाशयोः क्षणिकज्ञानयोर्मिथो ग्राह्यग्राहकत्वमयुक्तमनभ्युपगतं च । तथाच तयोर्भेदप्रतिज्ञा न युक्ता, धर्मिप्रतियोगिनोर्मिथः परेण चाग्रहेण भेदग्रहायोगात् । तथाच तयोर्भेदग्राहकः स्थाय्यात्मा तद्भिन्न एवेष्टव्यः । एवं पक्षसाध्यहेतुदृष्टान्तभेदाभावे इदं क्षणिकमसदिति प्रतिज्ञा न युक्ता । सर्वतो व्यावृत्तं व्यक्तिमात्रत्वं [3]स्वलक्षणम्, अनेकानुगतं सामान्यमत[4]द्व्यावृत्तिरूपमिति प्रतिज्ञा न युक्ता, सर्वानेकार्थानां ज्ञानमात्रत्वे मिथः परेण वा दुर्ज्ञानत्वात् । उत्तरनीलज्ञानं वास्यं पूर्वनीलज्ञानं वासकमिति प्रतिज्ञा न युक्ता, तयोर्भिन्नस्य ज्ञातुरभावात् । किंचाविद्योपप्लवोऽविद्यासंसर्गः, तेन नीलमिति सद्धर्मः, नरविषाणमित्यसद्धर्मः, अमूर्तमिति सदसद्धर्मः, सतो विज्ञानस्यासतो नरविषाणस्य वामूर्तत्वादितिप्रतिज्ञा दुर्लभा, अनेकार्थज्ञानसाध्यत्वात् । अज्ञानेनास्य बन्धो ज्ञानेनास्य मोक्ष इति च प्रतिज्ञा बह्वर्थज्ञानसाध्या । आदिपदेन सामान्यत इष्टं ग्राह्यमनिष्टं त्याज्यमिति शिष्यहितोपदेशोऽनेकज्ञानसाध्यो गृहीतः । तस्मात् प्रतिज्ञादिव्यवहाराय ग्राह्यग्राहकभेदोऽङ्गीकार्य इत्यर्थः । ज्ञानार्थयोर्भेदे युक्त्यन्तरमस्तीत्याह—किंचान्यदिति । ज्ञानवदर्थस्याप्यनुभवाविशेषात्स्वीकारो युक्त इत्यर्थः । [5]स्वविषयत्वाद्वि-

शुक्लत्व और कृष्णत्व का ही भेद है। कहीं-कहीं पर दो विशेषणों के कारण एक विशेष्य में भेद भासता है और कहीं-कहीं पर एक विशेष्य के कारण दो विशेषणों में भेद सिद्ध होता है। घट का दर्शन और घट का स्मरण, इन दोनों ज्ञानों में घट विशेषण एक ही है, उसमें भेद नहीं है; किन्तु उसके विशेष्य दर्शन और स्मरण में केवल भेद है। जैसे दूध की गन्ध और दूध का रस, इन दोनों ज्ञानों में विशेषण दूध तो एक ही है, उसमें भेद नहीं है; किन्तु विशेष्य रस और गन्धमात्र में भेद है। इसके अतिरिक्त क्रमशः उत्पन्न होने वाले स्वप्रकाश ज्ञानद्वय में ग्राह्य-ग्राहकभाव सिद्ध नहीं होता और न किसी ने स्वीकार ही किया है। फिर इन दोनों विज्ञानों में भेद की प्रतिज्ञा, इनमें क्षणिकत्वादि धर्म की प्रतिज्ञा, बाह्यार्थस्वरूप स्वलक्षण और अनेकानुगत सामान्य लक्षण की प्रतिज्ञा, वास्य-वासक भाव की प्रतिज्ञा, अविद्या कार्य एवं अविद्या से सम्बद्ध होने के कारण नीलरूप यह सद्धर्म है ऐसी प्रतिज्ञा एवं नरविषाण असद्धर्म है ऐसी प्रतिज्ञा, अज्ञान से बन्ध एवं ज्ञान से मोक्ष की प्रतिज्ञा जो आप के शास्त्र में की गयी है उन सबका त्याग करना पड़ेगा क्योंकि ये सभी प्रतिज्ञा अनेकार्थक ज्ञान से साध्य है। अतः प्रतिज्ञादि की सिद्धि के लिए ग्राह्यग्राहकभेद को स्वीकार करना पड़ेगा। इसके अतिरिक्त यह भी एक प्रश्न यहाँ पर होता है कि विज्ञानं विज्ञानम् ऐसा विज्ञान में भेद मानने वाले आप स्तम्भ और भित्ति आदि को

१. स्वात्मप्रकाशनेनैव। २. केनापि वादिनेति शेषः। ३. बाह्यार्थस्वरूपम्। ४. इतरव्यावृत्ति। ५. विज्ञान।

कुड्यमित्येवंजातीयकः कस्मान्नाभ्युपगम्यत इति वक्तव्यम् । विज्ञानमनुभूयत इति चेत् । बाह्योऽप्यर्थोनुभूयत एवेति युक्तमभ्युपगन्तुम् । अथ विज्ञानं प्रकाशात्मकत्वात्प्रदीपवत्स्वयमेवानुभूयते न तथा बाह्योऽप्यर्थ इति चेत् । अत्यन्तविरुद्धां स्वात्मनि क्रियामभ्युपगच्छस्यग्निरात्मानं दहतीतिवत्, अविरुद्धं तु लोकप्रसिद्धं [1]स्वात्मव्यतिरिक्तेन विज्ञानेन बाह्योऽर्थोऽनुभूयत इति नेच्छस्यहो पाण्डित्यं महद्दर्शितम् । न चार्थाव्यतिरिक्तमपि विज्ञानं स्वयमेवानुभूयते, स्वात्मनि क्रियाविरोधादेव ।

ननु विज्ञानस्य स्वरूपव्यतिरिक्तग्राह्यत्वे तदप्यन्येन ग्राह्यं [2] तदप्यन्येनेत्यनवस्था प्राप्नोति । अपिच प्रदीपवदवभासात्मकत्वाज्ज्ञानस्य ज्ञानान्तरं कल्पयतः समत्वादवभास्यावभासकभावानुपपत्तेः कल्पनानर्थक्यमिति । तदुभयमप्यसत् । [3]विज्ञानग्रहणमात्र एव विज्ञानसाक्षिग्र

ज्ञानं स्वीक्रियते नार्थः 'परग्राह्यत्वादिति शङ्कते—अथ विज्ञानमिति । विरुद्धं स्वीकृत्याविरुद्धं त्यजता बौद्धतनयेन मौढ्यं दर्शितमित्याह—अत्यन्तेति । ज्ञानं स्ववेद्यमित्यङ्गीकृत्य मौढ्यमापादितं, वस्तुतः स्ववेद्यत्वमयुक्तमित्याह—नचेति । कर्तरि क्रियां प्रति गुणभूते प्रधानत्वाख्यकर्मत्वायोगात्स्वकर्तृकवेदनकर्मत्वमसदित्यर्थः ।

न च स्वविषयत्वमात्रं स्ववेद्यत्वमिति वाच्यम्, अभेदे विषयविषयित्वस्याप्यसंभवादिति भावः । ज्ञानस्य स्ववेद्यत्वाभावे दोषद्वयं स्यादिति शङ्कते—नन्विति । अनवस्था च साम्यं चेति दोषद्वयं परिहरति—तदुभयमपीति । अनित्यज्ञानस्य जन्मादिमत्त्वेन घटवज्जडस्य स्वेन स्वीयजन्मादिग्रहायोगा-

---

बाह्य अर्थ क्यों नहीं मानते । यदि अनुभव के आधार पर विज्ञान को मानते हैं तो अनुभव के आधार पर बाह्य अर्थ को भी मानना पड़ेगा । यदि कहो कि प्रदीप की भाँति प्रकाशात्मक होने से विज्ञान स्वयं ही अनुभूत हो रहा है, पर बाह्य अर्थ वैसा नहीं है, तो ऐसा कहना ठीक नहीं है क्योंकि अपने आप में अत्यन्त विरुद्ध क्रिया यदि आप स्वीकार करोगे तो वह अग्नि अपने को जलाती है, इस विरुद्ध अनुभव की भाँति विज्ञान विज्ञान को जानता है, यह अनुभव भी विरुद्ध ही होगा । इसके विपरीत लोकप्रसिद्ध अविरुद्ध बाह्य अर्थ को विज्ञान से जाना जाता है, इसे आप स्वीकार नहीं करते हो तो आप के इस महापाण्डित्य को धन्यवाद है इस प्रकार भाष्यकार ने बौद्धों के ऊपर व्यंग कसा है । बाह्य अर्थ से भिन्न विज्ञान भी स्वयं ही अनुभव में आता है ऐसा कहने पर अपने में कर्तृ, कर्म का विरोध आने के कारण किसी को भी मान्य नहीं होगा ।

पूर्वपक्ष—ज्ञान में स्वसंवेद्यत्व न मानने पर दो दोष की आशङ्का होती है । प्रथम विज्ञान को स्व से भिन्न विज्ञानग्राह्य मानने पर द्वितीय, तृतीय आदि विज्ञान को भी ऐसा ही मानना पड़ेगा, ऐसी स्थिति में अनवस्था आ जायेगी । दूसरा विज्ञान से भिन्न दूसरे विज्ञान को प्रथम विज्ञान का अवभासक कहोगे तो प्रथम विज्ञान और द्वितीय विज्ञान में कोई अन्तर नहीं होगा, फिर तो अवभास्य-अवभासक भाव ही सिद्ध नहीं होगा; ऐसी स्थिति में विज्ञान के प्रकाशक दूसरे विज्ञान की कल्पना निरर्थक हो जायेगी । इन दोनों दोषों के कारण से हम विज्ञानवादी विज्ञान को स्वयंप्रकाश मानते हैं । सिद्धान्ती— अनवस्था एवं साम्य दोष विज्ञान के प्रकाशक नित्य साक्षी-चैतन्य को मानने पर

---

१. बाह्यार्थस्वरूप । २. ग्राहकाकांक्षेति शेषः । ३. विज्ञान ।

ग्रहणाकाङ्क्षानुत्पादादनवस्थाशङ्कानुपपत्तेः। साक्षिप्रत्यययोश्च स्वभाववैषम्यादुपलब्ध्युपलभ्यभावोपपत्तेः। स्वयंसिद्धस्य च साक्षिणोऽप्रत्याख्येयत्वात्। किंचान्यत्। प्रदीपवद्विज्ञानमवभासकान्तरनिरपेक्षं स्वयमेव [1]प्रथत इति ब्रुवताऽप्रमाणगम्यं विज्ञानमनवगन्तृकमित्युक्तं स्यात्। शिलाघनमध्यस्थप्रदीपसहस्रप्रथनवत्।

बाढमेवम्, अनुभवरूपत्वात्तु विज्ञानस्येष्टो नः पक्षस्त्वयाऽनुज्ञायत इति चेत्। न। अन्यस्यावगन्तुश्चक्षुरादिसाधनस्य प्रदीपादिप्रथनदर्शनात्। अतो विज्ञानस्याप्यवभास्य-

---

इदं पदोत्तरं सूत्रम् । स्यादेतत् । कथं पुनरेकस्य सम्भूतशब्दस्य 'तस्माद्वा एतस्मादात्मन आकाशः सम्भूतः' (तै० २-१) इत्यस्मिन्नधिकारे परेषु तेजःप्रभृतिष्वनुवर्तमानस्य मुख्यत्वं सम्भवत्याकाशे च गौणत्वमिति । अत उत्तरमुच्यते—स्याच्चैकस्यापि सम्भूतशब्दस्य विषयविशेषवशाद्गौणो मुख्यश्च प्रयोगो ब्रह्मशब्दवत् । यथैकस्यापि ब्रह्मशब्दस्य 'तपसा ब्रह्म विजिज्ञासस्व, तपो ब्रह्म' (तै० ३-२) इत्यस्मिन्नधिकारेऽन्नादिषु गौणः प्रयोग आनन्दे च मुख्यः । यथा च तपसि ब्रह्मविज्ञानसाधने ब्रह्मशब्दो भक्त्या प्रयुज्यतेऽञ्जसा तु विज्ञेये ब्रह्मणि तद्वत् । कथं पुनरनुत्पत्तौ नभसः 'एकमेवाद्वितीयम्' (छा० ६-२-१) इतीयं प्रतिज्ञा समर्थ्यते । ननु नभसा द्वितीयेन सद्वितीयं ब्रह्म प्राप्नोति । कथं च ब्रह्मणि विदिते सर्वं विदितं स्यादिति । तदुच्यते—एकमेवेति तावत्स्वकार्यापेक्षयोपपद्यते । यथा लोके कश्चित्कुम्भकारकुले पूर्वेद्युर्मृद्दण्डचक्रादीनि चोपलभ्यापरेद्युश्च नानाविधान्यमत्राणि प्रसारितान्युपलभ्य ब्रूयान्मृदेवैकाकिनी पूर्वेद्युरासीदिति स च तयावधारणया मृत्कार्य-

---

पदोत्तरमिति । शङ्कोत्तरमिति यावत् । तान्येव शङ्कापदानि पठति—स्यादेतदिति । अधिकारे प्रकरणे । यथैकस्मिन्ब्रह्मप्रकरणे 'अन्नं ब्रह्म', 'आनन्दो ब्रह्म' इति वाक्ययोर्ब्रह्मशब्दस्यान्ने गौणत्वमानन्दे मुख्यता तथैकवाक्यस्थस्यैकस्यापि संभूतशब्दस्य गुणमुख्यार्थभेदो योग्यताबलादित्याह—स्याच्चेति । उदाहरणान्तरमाह—यथा चेति । अभेदोपचारो भक्तिः । मुख्यसिद्धान्त्याक्षिपति—कथं पुनरिति । स एवाक्षेपद्वयं स्पष्टयति—नन्विति । अद्वितीयत्वश्रुतिबाधः सर्वविज्ञानप्रतिज्ञाबाधश्चेत्यर्थः । प्रथमाक्षेपं दृष्टान्तेन परिहरति—एकमेवेति । कार्यरूपद्वितीयशून्यत्वं प्रागवस्थायामवधारणं श्रुत्यर्थ इत्यर्थः । कुले गृहे ।

स्याच्चैकस्य ब्रह्मशब्दवत् (ललिता)

एक ही सम्भूत शब्द 'तस्माद्वा एतस्मादात्मन आकाशः सम्भूतः' इस अधिकार में आगे कहे जाने वाले तेज आदि में अनुवृत्त होकर मुख्यार्थ कैसे हो जायेगा, और वही सम्भूत शब्द आकाश में गौणार्थक कैसे हो सकेगा, इस शङ्का के उत्तररूप में अग्रिम सूत्र कहते हैं कि—

एक भी सम्भूत शब्द विषयविशेष के कारण कहीं गौण और कहीं मुख्यभाव से प्रयुक्त हो सकता है। जैसे 'तप से ब्रह्म को जानने की इच्छा करो, तप ब्रह्म है, इस अधिकार में अन्नादि अर्थ में ब्रह्म शब्द का गौण प्रयोग हुआ है और आनन्द अर्थ में ब्रह्म शब्द का मुख्य प्रयोग हुआ है। जिस प्रकार ब्रह्मज्ञान के साधन तप में ब्रह्म शब्द का प्रयोग गौणीवृत्ति से होता है किन्तु विज्ञेय ब्रह्म में ब्रह्म शब्द का प्रयोग मुख्यवृत्ति से होता है, ऐसे ही सम्भूत शब्द भी आकाश में गौणार्थक है और तेज आदि में मुख्यार्थक है। शङ्का—आकाश की उत्पत्ति न मानने पर 'एकमेवाद्वितीयम्' इस प्रतिज्ञा का समर्थन कैसे होगा, उस समय आकाश रूप दूसरी वस्तु के कारण ब्रह्म सद्वितीय माना जायेगा, अद्वितीय नहीं कहा जा सकता। उस स्थिति में ब्रह्म के ज्ञात हो जाने पर सब कुछ विदित भी कैसे कहा जा सकता है। समाधान—अपने कार्य की अपेक्षा से 'एकमेवाद्वितीयम्' यह प्रतिज्ञा की गयी है। जिस प्रकार लोक में कुम्भकार के घर में किसी ने पहले दिन मृत्तिका, दण्ड और चक्रादि को देखकर दूसरे दिन चारों ओर फैले हुए मृत्तिका के अनेक पात्रों को देखकर कहता है की पहले दिन केवल मिट्टी ही थी; वह अपनी इस अवधारणा से

जातमेव पूर्वेद्युर्नासीदित्यभिप्रेयान्न दण्डचक्रादि, तद्वदद्वितीयश्रुतिरधिष्ठात्रन्तरं वारयति। यथा मृदोऽमत्रप्रकृतेः कुम्भकारोऽधिष्ठाता दृश्यते नैवं ब्रह्मणो जगत्प्रकृतेरन्योऽधिष्ठातास्तीति। नच नभसापि द्वितीयेन सद्वितीयं ब्रह्म प्रसज्यते। लक्षणान्यत्वनिमित्तं हि नानात्वम्। नच प्रागुत्पत्तेर्ब्रह्मनभसोर्लक्षणान्यत्वमस्ति क्षीरोदकयोरिव संसृष्टयोर्व्यापित्वामूर्तत्वादिधर्मसामान्यात्। सर्गकाले तु ब्रह्म जगदुत्पादयितुं यतते स्तिमितमितरत्तिष्ठति। तेनान्यत्वमवसीयते। तथाच 'आकाशशरीरं ब्रह्म' (तै० १-६-२) इत्यादिश्रुतिभ्योऽपि ब्रह्माकाशयोरभेदोपचारसिद्धिः। अत एव च ब्रह्मविज्ञानेन सर्वविज्ञानसिद्धिः। अपिच सर्वं कार्यमुत्पद्यमानमाकाशेनाव्यतिरिक्तदेशकालमेवोत्पद्यते, ब्रह्मणा चाव्यतिरिक्तदेशकालमेवाकाशं भवतीति, अतो ब्रह्मणा तत्कार्येण च विज्ञातेन सहविज्ञातमेवाकाशं भवति। यथा क्षीरपूर्णे घटे कतिचिदब्बिन्दवः प्रक्षिप्ताः सन्तः क्षीरग्रहणेनैव गृहीता भवन्ति, नहि क्षीरग्रहणादब्बिन्दुग्रहणं परिशिष्यते, एवं ब्रह्मणा तत्कार्यैश्चाव्यतिरिक्तदेशकालत्वाद्गृहीतमेव ब्रह्मग्रहणेन नभो भवति। तस्माद्भाक्तं नभसः सम्भवश्रवणमिति ॥५॥

अमत्राणि घटादीनि पात्राणि। एकमेवेत्यवधारणव्यावर्त्यं कार्यमिति व्याख्यायाद्वितीयपदव्यावर्त्यमाह—अद्वितीयश्रुतिरिति। आकाशस्य द्वितीयत्वमङ्गीकृत्याद्वितीयादिपदसंकोचः कृतः, तदपि नास्तीत्याह—नच नभसापीति। धर्मसाम्ये ब्रह्मनभसोः कथं भेदः, तत्राह—सर्गकाले त्विति। धर्मसाम्याद्द्वितीयत्वोपचार इत्यर्थे श्रुतिमाह—तथा चाकाशेति। द्वितीयमाक्षेपं परिहरति—अत एवेति। अभेदोपचारादेवेत्यर्थः। नभसो ब्रह्मतत्कार्याभ्यामभिन्नदेशकालत्वाच्च तज्ज्ञानेज्ञानमित्याह—अपिचेति ॥५॥

पहले दिन मृत्कार्य नहीं थे इस अभिप्राय से बोलता है, न कि दण्डादि भी नहीं थे इस अभिप्राय से। वैसे ही, सृष्टि से पूर्व जगत्कार्य की अपेक्षा से 'एकमेव' यह श्रुतिवाक्य है, इससे आकाशोत्पत्ति का निषेध नहीं होती है। अद्वितीय श्रुति भी दूसरे अधिष्ठाता का ही निषेध करती है जैसे बर्तन का उपादान कारण मृत्तिका अधिष्ठाता कुम्भकार देखा जाता है वैसा जगत् की प्रकृति ब्रह्म का अधिष्ठाता दूसरा कोई नहीं है, किन्तु ब्रह्म ही है। अर्थात् ब्रह्म जगत् का निमित्त एवं उपादान उभयकारण है। और आकाश ब्रह्म से भिन्न है, इस द्वैत के कारण ब्रह्म सद्वितीय नहीं हो सकता क्योंकि लक्षणभेद को लेकर भेद होता है, किन्तु उत्पत्ति से पूर्व ब्रह्म और आकाश में लक्षणभेद है नहीं। दूध और जल की भाँति संश्लिष्ट दोनों पदार्थों में व्यापित्व और अमूर्तत्वादि धर्म एक जैसे हो हैं किन्तु सर्गारम्भ में ब्रह्म जगत् की उत्पत्ति के लिए यत्न करता है पर दूसरा आकाश यत्न न करते हुए स्थित रहता है। इसीलिए इन दोनों में भेद निश्चित होता है। अतः 'आकाश शरीरं ब्रह्म' इत्यादि श्रुतियों से भी ब्रह्म एवं आकाश में अभेद व्यवहार की सिद्धि होती है। इसीलिए उत्पद्यमान सभी वस्तु आकाश के साथ अभिन्न देशकाल में रहता है। अतएव ब्रह्म एवं उसके कार्य विज्ञात हो जाने के साथ-साथ आकाश भी विज्ञात हो जाता है। जैसे दूध से भरे घड़े में कुछ जल के छींटे पड़ जांय, तो वे दूध के ग्रहण से ही गृहीत हो जाते है, दूध के ग्रहण से जलविन्दु का ग्रहण शेष नहीं रह जाता। इस प्रकार ब्रह्म और उसके कार्य से देश-काल अभिन्न हैं। इसीलिए ब्रह्म के ज्ञान से आकाश भी ज्ञात हो जाता है। तात्पर्य यह है, कि आकाश की उत्पत्तिश्रुति गोण है ॥५॥

(२२२) प्रतिज्ञाऽहानिरव्यतिरेकाच्छब्देभ्यः ॥६॥

एवं प्राप्त इदमाह—

'येनाश्रुतं श्रुतं भवत्यमतं मतमविज्ञातं विज्ञातम्' (छा० ६-१-१) इति, 'आत्मनि खल्वरे दृष्टे श्रुते मते विज्ञात इदं सर्वं विदितम्' (बृ० ४-५-६) इति, 'कस्मिन्नु भगवो विज्ञाते सर्वमिदं विज्ञातं भवति' (मुण्ड० १-१-३) इति, 'न काचन मद्बहिर्धा विद्याऽस्ति' इति चैवंरूपा प्रतिवेदान्तं प्रतिज्ञा विज्ञायते । तस्याः प्रतिज्ञाया एवमहानि-रनुपरोधः स्यात्, यद्यव्यतिरेकः कृत्स्नस्य वस्तुजातस्य विज्ञेयाद्ब्रह्मणः स्यात् । व्यतिरेके हि सत्येकविज्ञानेन सर्वं विज्ञायत इतीयं प्रतिज्ञा हीयेत । स चाव्यतिरेक एवमुपपद्यते यदि कृत्स्नं वस्तुजातमेकस्माद्ब्रह्मण उत्पद्येत । शब्देभ्यश्च प्रकृतिविकाराव्यतिरेकन्यायेनैव प्रतिज्ञासिद्धिरवगम्यते । तथाहि—'येनाश्रुतं श्रुतं भवति' इति प्रतिज्ञाय मृदादिदृष्टान्तैः

एवमाकाशस्यानुत्पत्तौ सर्वश्रुतीनामविरोध इत्येकदेशिसिद्धान्तः प्राप्तस्तं मुख्यसिद्धान्ती दूषयति—प्रतिज्ञेति । अहानिरबाधः[1] । सामयजुराथर्वणशाखाभेदज्ञापनार्था इति शब्दाः । न काचनेति । आत्मभिन्नं ज्ञेयं नास्तीत्यर्थः । ननु सर्वस्य ब्रह्माव्यतिरेकात्प्रतिज्ञाया अहानिरित्यस्तु, तथापि जीववदि-बदनुत्पन्नस्यापि नभसो ब्रह्मणि कल्पितत्वेनाव्यतिरेकात्प्रतिज्ञासिद्धिः किं न स्यात्, किमुत्पत्त्येत्यत आह—शब्देभ्यश्चेति । अव्यतिरेक एव न्यायस्तेनेत्यर्थः[2] । अयं भावः—जीवस्य तावदात्मत्वाद्ब्रह्मा-व्यतिरेकः । अज्ञानतत्संबन्धयोः कल्पितत्वेनाव्यतिरेकः । 'स्वतन्त्राज्ञानायोगादज्ञानान्यजडद्रव्यस्य तु कार्यत्वेनैवाव्यतिरेकसिद्धिः, तस्याकार्यत्वे प्रधानवत्स्वातन्त्र्यादव्यतिरेकायोगात्[3] । तथाहुर्न्यायविदः—'नित्यद्रव्याणि स्वतन्त्राणि भिन्नान्यनाश्रितानि' इति । तस्मात्प्रतिज्ञासिद्धये आकाशस्य कार्यत्वेनैवाव्य-तिरेको वाच्य इति दृष्टान्तसृष्टिसार्वात्म्यशब्दानाह—तथा हीति । तेन तेन दृष्टान्तेनेति । 'यजुषि

प्रतिज्ञाऽहानिरव्यतिरेकाच्छब्देभ्यः (ललिता)

इस प्रकार एकदेशी सिद्धान्त आने पर मुख्य सिद्धान्ती उसका खण्डन करते हुए अग्रिम सूत्र से स्वपक्ष का स्थापना करता है—

'जिससे अश्रुत श्रुत हो जाता है, अमत मत और अविज्ञात विज्ञात हो जाता है', 'अरे आत्मा के देखने, सुनने, मनन करने और जान लेने पर यह सब कुछ विदित हो जाता है', 'हे भगवन् ! किसके जानने पर यह सम्पूर्ण जगत् विज्ञात होता है', साम, यजु एवं आथर्वण शाखाभेदज्ञान को बतलाने के लिए इन उदा-हृत तीन श्रुतियों के अन्त में भाष्यकार ने 'इति' शब्द का प्रयोग किया है । आत्मभिन्न कोई वस्तु ज्ञेय नहीं है ऐसी प्रतिज्ञा सभी वेदान्तों में जानी जाती है । यदि विज्ञेय ब्रह्म से सम्पूर्ण जगत् को अभिन्न माना जायेगा तो उक्त प्रतिज्ञा का बाध नहीं होगा और भिन्न मानने पर एक के विज्ञान से सभी विज्ञात हो जाता है यह प्रतिज्ञा बाधित हो जायेगी । सम्पूर्ण जगत् का ब्रह्म से अभेद तभी सिद्ध हो सकता है जब सम्पूर्ण जगत् का एक ब्रह्म से उत्पन्न होना माना जाय । श्रुतिवाक्यों के द्वारा भी कार्य-कारण का अभेदन्याय से ही प्रतिज्ञा की सिद्धि होती है । 'येनाश्रुतं श्रुत भवति' ऐसी प्रतिज्ञा करके कार्य-कारण के

---

१. अबाधः । २. कार्यकारणयो र्योऽव्योतिरेकास्योन्यायस्तेनेत्यर्थ ।

३. कल्पितत्वे बीजमाह स्वतन्त्रेति । ४. तदन्तर्गत बृहदारण्यक मैत्रेयी ब्राह्मणे ।

कार्यकारणाभेदप्रतिपादनपरैः प्रतिज्ञैषा समर्थ्यते । तत्साधनायैव चोत्तरे शब्दाः 'सदेव सोम्येदमग्र आसीदेकमेवाद्वितीयम्' (छा० ६-२-१), 'तदैक्षत', 'तत्तेजोऽसृजत' (छा० ६-२-३) इत्येवं कार्यजातं ब्रह्मणः प्रदर्श्याव्यतिरेकं प्रदर्शयन्ति—'ऐतदात्म्यमिदं सर्वम्' (छा० ६-८-७) इत्यारभ्याप्रपाठकपरिसमाप्तेः । तद्यद्याकाशं न ब्रह्मकार्यं स्यान्न ब्रह्मणि विज्ञात आकाशं विज्ञायेत, ततश्च प्रतिज्ञाहानिः स्यात् । नच प्रतिज्ञाहान्या वेदस्याप्रामाण्यं युक्तं कर्तुम् । तथाहि—प्रतिवेदान्तं ते ते शब्दास्तेन तेन दृष्टान्तेन तामेव प्रतिज्ञां स्थापयन्ति 'इदं सर्वं यदयमात्मा' (बृ० २-४-६), 'ब्रह्मैवेदममृतं पुरस्तात्' (मुण्ड० २-२-११), इत्येवमादयः । तस्माज्ज्वलनादिवदेव गगनमप्युत्पद्यते । यदुक्तमश्रुतेर्न वियदुत्पद्यत इति, तदयुक्तं, वियदुत्पत्तिविषयश्रुत्यन्तरस्य दर्शितत्वात् 'तस्माद्वा एतस्मादात्मन आकाशः सम्भूतः' (तै० २-१) इति सत्यं दर्शितम् । विरुद्धं तु 'तत्तेजोऽसृजत' इत्यनेन श्रुत्यन्तरेण । न । एकवाक्यत्वात्सर्वश्रुतीनाम् । भवत्वेकवाक्यत्वमविरुद्धानाम् । इह तु विरोध उक्तः, सकृच्छ्रुतस्य स्रष्टुः

दुन्दुभ्यादिदृष्टान्तेनाथर्वणे ऊर्णनाभ्यादिदृष्टान्तेनेत्यर्थः । यजुषि प्रतिज्ञासाधका 'इदं सर्वम्' इतिशब्दाः, आथर्वणे 'ब्रह्मैवेदम्' इति शब्दा इति भावः । एवमाकाशोत्पत्तिकथनादेकदेशिमते दूषिते श्रुत्यप्रामाण्यवादी स्वोक्तं स्मारयति—सत्यं दर्शितमिति । मुख्यसिद्धान्त्याह—न । एकेति । 'तत्तेजोऽसृजत' इति सकृच्छ्रुतस्य स्रष्टुराकाशतेजोभ्यां युगपत्संबन्धे तित्तिरिक्रमबाधात्, क्रमेणाकाशं सृष्ट्वा तेजोऽसृजतेति संबन्धे तेजःप्राथम्यभङ्गप्रसङ्गात्, वस्तुनि विकल्पासंभवेन तयोः शाखाभेदेन प्राथम्यव्य-

---

अभेदप्रतिपादनपरक मृदादि दृष्टान्तों द्वारा इस प्रतिज्ञा का समर्थन भी किया गया है । इस प्रतिज्ञा के समर्थन के लिए ही 'सदेव सोम्येदमग्रासीत एकमेवाद्वितीयम, तदैक्षत, तत्तेजोऽसृजत' ये आगे के शब्द हैं । इस प्रकार ब्रह्मकार्य को दिखलाकर ब्रह्म के साथ उसका अभेद 'ऐतदात्म्यमिदं सर्वम्' यहाँ से प्रारम्भकर षष्ठाध्यायसमाप्तिपर्यन्त वाक्यों से दिखलाते हैं । ऐसी स्थिति में यदि आकाश को ब्रह्म का कार्य न मानोगे, तो ब्रह्म के विज्ञात होने पर आकाश विज्ञात नहीं हो सकता, तब तो प्रतिज्ञा का बाध हो जायेगा । प्रतिज्ञा की अहानि से वेद में अप्रामाण्य मानना उचित नहीं है । इसीलिए प्रत्येक वेदान्त में आये हुए वे शब्द उन-उन दृष्टान्तों से उसी प्रतिज्ञा की स्थापना करते हैं 'यह सब जो भी है आत्मा ही है', 'यह नित्यब्रह्म ही आगे-पीछे सर्वत्र है' इत्यादि । अतः अग्न्यादि की भाँति गगन भी उत्पन्न होता ही है । और जो आप ने कहा था कि छान्दोग्य उपनिषद् में आकाश की उत्पत्ति का श्रवण न होने के कारण आकाश उत्पन्न नहीं होता? ऐसा कहना ठीक नहीं, क्योंकि आकाश की उत्पत्ति के विषय में 'तस्माद्वा एतस्मादात्मन आकाशः सम्भूतः' यह श्रुति हम दिखला चुके हैं । शङ्का—ठीक हैं, तैत्तिरीय श्रुति के आधार पर आकाश की उत्पत्ति आप ने कही है किन्तु वह 'तत्तेजोऽसृजत' इस दूसरी श्रुति के साथ विरुद्ध पड़ती है । सभी श्रुतियों की एकवाक्यता को देखते हुए वह पक्ष ठीक नहीं है । अविरुद्ध श्रुतियों की एकवाक्यता हो भी जाय किन्तु यहाँ पर तो उनका विरोध ही कहा गया है । एक बार सुने गये

---

१. प्रतिज्ञासमर्थनायैव । २. षष्ठप्रपाठकसमाप्तिपर्यन्तम् । ३. तदंतरगतप्रथममुण्डकप्रथमखंडे ।

स्रष्टव्यद्वयसम्बन्धासम्भवाद्द्वयोश्च प्रथमजत्वासम्भवाद्विकल्पासम्भवाच्चेति । नैष दोषः । तेजःसर्गस्य तैत्तिरीयके तृतीयत्वश्रवणात् 'तस्माद्वा एतस्मादात्मन आकाशः सम्भूतः । आकाशाद्वायुः । वायोरग्निः' (तै० २·१) इति अशक्या हीयं श्रुतिरन्यथा परिणेतुम् । शक्या तु परिणेतुं छान्दोग्यश्रुतिस्तदाकाशं वायुं च सृष्ट्वा 'तत्तेजोऽसृजत' इति । न हीयं श्रुतिस्तेजोजनिप्रधाना सती श्रुत्यन्तरप्रसिद्धामाकाशस्योत्पत्तिं वारयितुं शक्नोति । एकस्य वाक्यस्य व्यापारद्वयासम्भवात् । स्रष्टा त्वेकोऽपि क्रमेणानेकं स्रष्टव्यं सृजेत् । इत्येकवाक्यत्वकल्पनायां सम्भवन्त्यां न विरुद्धार्थत्वेन श्रुतिर्हातव्या । न चास्माभिः सकृच्छ्रुतस्य

वस्थाया अयोगात्, नैकवाक्यतेति प्राप्ते मुख्य एव दूषयति—नैष दोष इति । अप्रामाण्यकल्पनाद्वरमपौरुषेयश्रुतीनामेकवाक्यत्वेन प्रामाण्यकल्पनं, तच्चैकवाक्यत्वं बलवच्छ्रुत्या दुर्बलश्रुतेः कल्प्यं, बलवती च तित्तिरिश्रुतिः, प्रकृतिपञ्चम्या पौर्वापर्याख्यक्रमस्य श्रुतत्वात् । छान्दोग्यश्रुतिस्तु दुर्बला, तेजःप्राथम्यश्रुत्यभावात् । तेजःसर्गमात्रं तु श्रुतं तृतीयत्वेन परिणेयमित्येकवाक्यतेत्यर्थः । यदुक्तमेकदेशिना छान्दोग्यश्रुत्याकाशोत्पत्तिर्वार्यत इति तन्निरस्तम् । किंच सा श्रुतिः किं तेजोजन्मपरा, उत तेजोजन्म वियदनुत्पत्तिश्चेत्युभयपरा । आद्ये न तद्वारणमित्याह—नहीति । अविरोधादित्यर्थः । न द्वितीयः, श्रुत्यन्तरविरोधेनोभयपरत्वकल्पनायोगाद्वाक्यभेदापत्तेश्चेत्याह—एकस्येति । नन्वेकस्य स्रष्टुरनेकार्थसंबन्धवद्वाक्यस्याप्यनेकार्थता किं न स्यादित्यत आह- स्रष्टा त्विति । एकस्य कर्तुरनेकार्थसंबन्धो दृष्टः । न त्वेकस्य वाक्यस्य नानार्थत्वं दृष्टम् । नानार्थकप्रयोगे तु पय आनयेत्यादावावृत्त्या वाक्यभेद एव । आनयनस्य जलक्षीराभ्यां पृथक्संबन्धादित्यर्थः । फलितमाह—इत्येकेति । एकस्य शब्दस्यावृत्तिं विनानेकार्थत्वं नास्ति चेद'सृजतेति शब्दस्य छान्दोग्य उपसंहृताकाशा'दिसंबन्धार्थमावृत्तिदोषः स्यादित्यत आह—नचेति । छान्दोग्यस्थतेजोजन्म आकाशादिजन्मपूर्वकं, तेजोजन्मत्वात्, तित्तिरिस्थतेजोजन्मवदित्याकाशा'दिजन्मोपसंहारे 'तदाकाशमसृजत' इति वाक्यान्तरस्यैव कल्पनात्प्रा-

---

स्रष्टा का दो स्रष्टव्य के साथ सम्बन्ध होना असम्भव है, दोनों में प्रथमजत्व भी असम्भव है और वस्तु में विकल्प होना सर्वथा सम्भव नहीं है । समाधान-यह कोई दोष नहीं है । तैत्तिरीयक में तेजसर्ग का 'वायोरग्निः' इस वाक्य द्वारा तृतीयत्व सुना गया है, इस श्रुति का व्याख्यान अन्यथा नहीं कर सकते; किन्तु छान्दोग्य श्रुति का व्याख्यान अन्य प्रकार से भी हो सकता है 'उस ब्रह्म ने आकाश और वायु की सृष्टिकर तेज को बनाया ।' तेज की उत्पत्ति बतलाने में छान्दोग्य श्रुति प्रधान है फिर भी वह तैत्तिरीय श्रुति के अनुसार प्रसिद्ध आकाश की उत्पत्ति का निषेध नहीं कर सकती अर्थात् उस ब्रह्म ने तेज की सृष्टि की और आकाश की सृष्टि नहीं की, ऐसी व्याख्या नहीं कर सकते, क्योंकि एक वाक्य में दो व्यापार का होना संभव नहीं है किन्तु एक स्रष्टा क्रमशः अनेक स्रष्टव्य वस्तु की सृष्टि कर सकता है । इस प्रकार एकवाक्यत्व कल्पना सम्भव हो जाने पर विरुद्धार्थक मानकर श्रुति का त्याग करना उचित नहीं है । एक बार सुने गये स्रष्टा का दो स्रष्टव्य के साथ सम्बन्ध बतलाना हमें अभिप्रेत नहीं है, हम तो दूसरी श्रुति के बल

---

१. श्रुतावप्रामाण्यनिश्चयो न कर्तव्यः । २. उपादानगत पञ्चमी विभक्ति श्रुत्यां । ३. शब्देभ्य इति सूत्रशेषेणेति शेषः । ४. इत्येतच्छन्द वाच्य स्रष्टुरित्यर्थः । ५. आदिनावायोर्ग्रहः । ६. आदिना वायुः ।

स्रष्टुः स्रष्टव्यद्वयसम्बन्धोऽभिप्रेयते [1]श्रुत्यन्तरवशेन [2]स्रष्टव्यान्तरोपसंग्रहात् । यथाच "सर्वं खल्विदं ब्रह्म तज्जलान्' (छा० ३-१४-१) इत्यत्र साक्षादेव सर्वस्य वस्तुजातस्य ब्रह्मजत्वं श्रूयमाणं न [3]प्रदेशान्तरविहितं तेजःप्रमुखमुत्पत्तिक्रमं [4]वारयति, एवं तेजसोऽपि ब्रह्मजत्वं श्रूयमाणं न [5]श्रुत्यन्तरविहितं नभःप्रमुखमुत्पत्तिक्रमं वारयितुमर्हति ।

ननु शमविधानार्थमेतद्वाक्यम्, 'तज्जलानिति शान्त उपासीत' इति श्रुतेः, नैतत्सृष्टिवाक्यं, तस्मादेतन्न प्रदेशान्तरप्रसिद्धं क्रममुपरोद्धुमर्हतीति । 'तत्तेजोऽसृजत' इत्येतत्सृष्टिवाक्यम् । तस्मादत्र यथा श्रुतिक्रमो ग्रहीतव्य इति । नेत्युच्यते । नहि तेजःप्राथम्यानुरोधेन श्रुत्यन्तरप्रसिद्धो [9]वियत्पदार्थः परित्यक्तव्यो भवति, पदार्थधर्मत्वात्क्रमस्य । अपिच 'तत्तेजोऽसृजत' इति नात्र क्रमस्य वाचकः कश्चिच्छब्दोऽस्ति । अर्थात् क्रमोऽवगम्यते ।

वृत्तिदोष इत्यर्थः । श्रुत्यन्तरस्थः क्रमः श्रुत्यन्तरे ग्राह्य इत्यत्र दृष्टान्तमाह—यथाचेति ।

सृष्टौ तात्पर्यातात्पर्याभ्यां दृष्टान्तश्रुतिवैषम्यं शङ्कते—नन्वित्यादिना । तेजःप्राथम्यस्वीकारे आकाशसर्गो धर्मी तद्धर्मः प्राथम्यं चेति द्वयं श्रुतं बाधनीयमिति गौरवम्, आकाशप्राथम्ये त्वार्थिकतेजःसर्गप्राथम्यमात्रबाध इति लाघवमिति मत्वाह—नेत्युच्यत इति । किंच प्रधानधर्मित्यागाद्वरं गुणभूतस्य तेजःप्राथम्यस्य धर्मस्य त्याग इत्याह—नहीति । किंच किं सृष्टिपरश्रुतिसिद्धत्वात्तेजःप्राथम्यं गृह्यत उत प्रथमस्थाने तेजसः सर्गश्रुत्यार्थात्प्राथम्यभानात् । नाद्य इत्याह—अपिचेति । द्वितीयमनूद्य दूषयति—अर्थात्त्विति । यदुक्तं वस्तुनि विकल्पासंभवादुभयोः प्राथम्यं शाखाभेदेन व्यवस्थितं न भवति,

---

अन्य स्रष्टव्य का संग्रह करना चाहते हैं, वह श्रुति तैत्तिरीय है । जैसे 'सर्वं खल्विदं ब्रह्म तज्जलान्' इस श्रुति में सभी वस्तुसमुदाय साक्षात् ब्रह्मजन्य सुना गया है फिर भी वह प्रदेशान्तरविहित तेजप्रमुख उत्पत्तिक्रम का निषेध नहीं करता है । ऐसे ही तेज में ब्रह्मजत्व सुना भी गया है फिर भी तैत्तिरीयश्रुतिविहित आकाशप्रमुख उत्पत्तिक्रम का वारण यह नहीं कर सकती ।

शङ्का—'तज्जलान् इति शान्त उपासीत' यह श्रुतिवाक्य समविधानार्थ है, सृष्टिबोधक वाक्य यह नहीं है । अतः इसके आधार पर प्रदेशान्तरप्रसिद्ध क्रम का अवरोध नहीं कर सकते । 'तत्तेजोऽसृजत' यह वाक्य तो सृष्टिबोधक है । अतः यहाँ पर जैसा क्रम सुना गया है वैसा ही ग्रहण करना चाहिए । समाधान—लाघव गौरव को देखते हुए आप का कथन मान्य नहीं है । छान्दोग्य श्रुति को तेजनिष्ठ प्राथम्यक्रमबोधक मानोगे तो उसके आधार पर श्रुत्यन्तरप्रसिद्ध वियद् सर्ग पदार्थ का परित्याग करना पड़ेगा, क्रम पदार्थ धर्म है और वियद् धर्मी है । तेज में प्राथम्यक्रमलाभ के लिए तैत्तिरीयश्रुतिप्रसिद्ध वियद् पदार्थ धर्मी और तन्निष्ठ प्राथम्यरूप धर्म का परित्याग करना उचित नहीं होगा क्योंकि ऐसा मानने पर गौरव होगा । इसके अतिरिक्त 'तत्तेजोऽसृजत' इस श्रुतिवाक्य में क्रम का बाधक कोई शब्द

---

१. तित्तिरिश्रुतिसानुकूल्येन । २. स्रष्टव्यान्तरावाकाशवायू ३. । छान्दोग्य श्रुतौ । ४. छान्दोग्य तृतीय-प्रपाठक-चतुर्दश-खण्डे इदं वचनम् । ५. षष्ठ प्रपाठके । ६. अपितु त क्रममाश्रयतीति शेषः । ७. तित्तिरि । ८ अपितु त क्रममाश्रयितुमर्हनीति शेषः । ९. वियत्सर्गपदार्थः ।

'स च 'वायोरग्निः' इत्यनेन श्रुत्यन्तर[1]प्रसिद्धेन क्रमेण निवार्यते। विकल्पसमुच्चयौ तु वियत्तेजसोः प्रथमजत्वविषयावसम्भवानभ्युपगमाभ्यां निवारितौ। तस्मान्नास्ति श्रुत्योर्विप्रतिषेधः।

अपिच छान्दोग्ये 'येनाश्रुतं श्रुतं भवति' इत्येतां प्रतिज्ञां वाक्योपक्रमे श्रुतां समर्थयितुमसमाम्नातमपि वियदुत्पत्तावुपसंख्यातव्यं, किमङ्ग पुनस्तैत्तिरीयके समाम्नातं नभो न संगृह्यते। यच्चोक्तमाकाशस्य सर्वेणानन्यदेशकालत्वाद्ब्रह्मणा तत्कार्यैश्च सह विदितमेव तद्भवत्यतो न प्रतिज्ञा हीयते, नच 'एकमेवाद्वितीयम्' इतिश्रुतिकोपो भवति, क्षीरोदकवद्ब्रह्मनभसोरव्यतिरेकोपपत्तेरिति। अत्रोच्यते। न क्षीरोदकन्यायेनेदमेकविज्ञानेन सर्वविज्ञानं नेतव्यम्। मृदादिदृष्टान्तप्रणयनाद्धि प्रकृतिविकारन्यायेनैवेदं सर्वविज्ञानं नेतव्यमिति गम्यते। क्षीरोदकन्यायेन च सर्वविज्ञानं कल्प्यमानं न सम्यग्विज्ञानं स्यात्। नहि

नाप्युभयोर्द्विदलाङ्कुरवत्समुच्चित्योत्पत्त्या प्राथम्यं वायोरग्निरिति क्रमबाधापातादिति, तदिष्टमेवेत्याह—विकल्पेति।

न केवलं श्रुतिद्वयोरविरोधः सौहार्दं चास्तीत्याह—अपिचेति। वियदुपसंग्राह्यमित्यन्वयः। वियदनुत्पत्तिवादिनोक्तमनूद्य 'प्रतिज्ञाया 'अद्वितीयश्रुतेश्च मुख्यार्थतात्पर्यावगमान्न गौणार्थतेति दूषयति—यच्चोक्तमित्यादिना। प्रकृतिविकारन्यायस्तदनन्यत्वन्यायः। उदकं क्षीरस्थमपि क्षीरज्ञानान्न

नहीं है, यहां पर अर्थतः क्रम की कल्पना करते हैं वह 'वायोरग्निः' इस श्रुत्यन्तरप्रसिद्ध क्रम से बाधित हो जायेगा। आकाश और तेज में प्रथमजत्वविषयक विकल्प और समुच्चय तो उचित ही नहीं है, क्योंकि वस्तु में विकल्प सम्भव नहीं हैं और समुच्चय का स्वीकार ही नहीं किया है। अतः छान्दोग्य एवं तैत्तिरीय श्रुति में विप्रतिषेध नहीं हैं।

इसके अतिरिक्त छान्दोग्य में 'येनाश्रुतं श्रुतं भवति' इस वाक्यारम्भ में सुनी गयी इस प्रतिज्ञा के समर्थन के लिए वियदुत्पत्ति वहां पर नहीं कही गयी है फिर भी हे सोम्य! तैत्तिरीय में पढ़े गये आकाश का ही संग्रह क्यों न कर लिया जाय, क्योंकि ऐसा करने पर उस प्रतिज्ञा का समर्थन हो जाता है और अद्वितीय में श्रुति मुख्यार्थता भी आ जाती है। और जो आप ने कहा था, कि सभी वस्तुओं के साथ आकाश का देश-काल अभिन्न है। इसलिए ब्रह्म एवं उसके कार्य के साथ आकाश भी विदित ही है। अतः प्रतिज्ञा का त्याग नहीं होता है एवं 'एकमेवाद्वितीयम्' इस श्रुति का व्याकोप भी नहीं होगा, क्योंकि क्षीर-उदक की भांति ब्रह्म और आकाश का अभेद युक्तिसिद्ध है; इस पर हमारा कहना है कि क्षीरोदकन्याय से एक विज्ञान द्वारा सर्वविज्ञान का आग्रह नहीं करना चाहिए अपितु मृदादि दृष्टान्त को देखते हुए कार्यकारणन्याय से ही इस सर्वविज्ञानपक्ष का आश्रय लेना चाहिए, ऐसा जाना जाता है। क्षीरोदकन्याय से सर्वविज्ञान की कल्पना करने पर सम्यग्ज्ञान नहीं कहला सकेगा क्योंकि क्षीरबुद्धि का विषय उदक को मानना सम्यग्ज्ञान नहीं कहलाता है, वह तो भ्रमज्ञान माना जायेगा। जैसे पुरुष

---

१. आर्थक्रमः। २. श्रुतेरर्थः। ३. ब्रह्मणि विदिते सर्वं विदितं स्यादिति सर्वविज्ञानप्रतिज्ञायाः।
४. एकमेवाद्वितीयमिति श्रुतेश्च।

क्षीरज्ञानगृहीतस्योदकस्य सम्यग्विज्ञानगृहीतत्वमस्ति । नच वेदस्य पुरुषाणामिव मायालीकवञ्चनादिभिरर्थावधारणमुपपद्यते । सावधारणा चेयम् 'एकमेवाद्वितीयम्' इति श्रुतिः क्षीरोदकन्यायेन नीयमाना पीड्येत । नच स्वकार्यापेक्षयेदं [1]वस्त्वेकदेशविषयं सर्वविज्ञानमेकमेवाद्वितीयतावधारणं चेति न्याय्यं, मृदादिष्वपि हि [2]तत्सम्भवान्न तदपूर्ववदुपन्यसितव्यं भवति । 'श्वेतकेतो यन्नु सोम्येदं महामना [3]अनूचानमानी स्तब्धोऽस्युत तमादेशमप्राक्ष्यो येनाश्रुतं श्रुतं भवति' (छा० ६-१-१) इत्यादिना । तस्मादशेषवस्तुविषयमेवेदं सर्वं विज्ञानं सर्वस्य ब्रह्मकार्यतापेक्षयोपन्यस्यत इति द्रष्टव्यम् ॥६॥

यत्पुनरेतदुक्तमसम्भवाद्गौणी गगनस्योत्पत्तिश्रुतिरिति । अत्र ब्रूमः—

गृह्यते मेवादिति भावः। मास्तु सम्यग्ज्ञानं श्रुतेर्भ्रान्तिमूलत्वसंभवादित्याशङ्क्यापौरुषेयत्वान्मैवमित्याह-नच वेदस्येति । माया भ्रान्तिस्तयाऽलीकं मिथ्याभाषणं तेन वञ्चनमयथार्थबोधनम् । आदिपदाद्विप्रलिप्साप्रमादकरणापाटवानि गृह्यन्ते । प्रतिज्ञामुख्यत्वमभिधायाऽद्वितीयश्रुतिमुख्यतामाह—सावधारणेति । सर्वद्वैतनिषेधपरेत्यर्थः । उभयगौणत्वेऽद्भुतवदुपन्यासो मृदादिदृष्टान्तैःस्तत्साधनं च न स्यादिति दोषान्तरमाह—नचेत्यादिना ॥६॥

में भ्रान्ति, मिथ्याभाषण आदि के कारण अप्रामाण्य देखा गया है वैसा वेद में मानना उचित नहीं होगा। 'एकमेवाद्वितीयम्' यह श्रुति अवधारण युक्त है, यदि इस श्रुति का अर्थ क्षीरोदकन्याय से करोगे, तो वह पीड़ित हो जायेगी अपने कार्य की अपेक्षा से वस्तु के एकदेशविषयक सर्वविज्ञान और एकाद्वितीयत्वावधारण भी उचित नहीं है अर्थात् अपने कार्य की अपेक्षा से वस्तु के एकदेश को जानने पर सर्वविज्ञान हो जाता है। स्थालीपुलाकन्याय से तन्दुल के एकदेश को पका देखकर उस पात्र में पड़े हुए सभी तन्दुलों को पक गया मान लेते हैं, ऐसे ही अपने कार्य की अपेक्षा से अद्वितीयता का अवधारण भी मानना युक्तिसंगत नहीं है, क्योंकि ऐसा मानने पर मृदादि में भी अपने कार्यविषयक सर्वज्ञत्व मानना पड़ेगा। उस स्थिति में अपूर्वता भी नहीं रह जायेगी, जो कि उद्दालक ऋषि ने कहा था कि 'हे सोम्य ! जो तू अपने को बड़ा विद्वान् और प्रवक्ता मानकर स्तब्ध हो गया हो, क्या तूने उस आदेश को पूछा है कि जिसके सुनने पर अश्रुत भी श्रुत हो जाता है' इत्यादि। अतः अशेषवस्तुविषयक यह सर्वविज्ञान तभी सम्भव हो सकेगा जब सम्पूर्ण जगत् को ब्रह्म का कार्य मानोगे, तभी कारणब्रह्म के ज्ञान से उसका कार्य सम्पूर्ण जगत् विज्ञात माना जायेगा। ऐसा निश्चय करना चाहिए ॥ ६ ॥

और जो आप ने कहा था कि असम्भव होने के कारण आकाश की उत्पत्तिश्रुति गौणी है अर्थात् आकाश उत्पन्न नहीं होता है, सामग्रीशून्य होने के कारण, यथा आत्मा; इस पर हमारा कहना है कि—

---

१. वस्तुन एकदेशः स्वकार्यरूपस्तद्विषयम् । २. स्वकार्यापेक्षया सर्वज्ञत्वाद्वितीयत्वयोर्मृदादिष्वपि सम्भवादित्यन्वयः । ३. अनूचानः प्रवचने सांगेऽधीति गुरोस्तु यः ।

(२२३) यावद्विकारं तु विभागो लोकवत् ॥७॥

तुशब्दोऽसम्भवाशङ्काव्यावृत्त्यर्थः । न खल्वाकाशोत्पत्तावसम्भवाशङ्का कर्तव्या । यतो यावत्किंचिद्विकारजातं दृश्यते घटघटिकोदञ्चनादि वा कटककेयूर[१]कुण्डलादि वा सूचीनारा[२]चनिस्त्रिंश[३]ादि वा तावानेव विभागो लोके लक्ष्यते । न त्वविकृतं किंचित्कुतश्चिद्विभक्तमुपलभ्यते । विभागश्चाकाशस्य पृथिव्यादिभ्योऽवगम्यते । तस्मात्सोऽपि विकारो भवितुमर्हति । एतेन दिक्कालमनःपरमाण्वादीनां कार्यत्वं व्याख्यातम् । नन्वात्माप्याकाशादिभ्यो विभक्त इति तस्यापि कार्यत्वं घटादिवत्प्राप्नोति । न 'आत्मन आकाशः सम्भूतः (तै० २-१)

'कार्यमेव वस्त्वेकदेश[४] आकाशो नोत्पद्यते सामग्रीशून्यत्वादित्यत्र आकाशो विकारः विभक्तत्वात् घटादिवदिति सत्प्रतिपक्षमाह—यत्पुनरित्यादिना । यो विभक्तः स विकार इत्यन्वयमुक्त्वा यस्त्वविकारः स न विभक्तो यथात्मेति व्यतिरेकव्याप्तिमाह—न त्वविकृतमिति । दिगादिषु 'व्यभिचारमाशङ्क्य पक्षसमत्वान्मैवमित्याह—एतेनेति । विभक्तत्वेनेत्यर्थः । आत्मनि 'व्यभिचारं शङ्कते—नन्विति । 'धर्मिसमानसत्ताकविभागस्य हेतुत्वात्परमार्थात्मनि विभागस्य कल्पितत्वेन भिन्नसत्ताकत्वान्न व्यभिचार इत्याह—नेति । अत्र चाज्ञानान्यद्रव्यत्वं विशेषणम्, अतो नाज्ञानतत्संबन्धादौ 'व्यभिचारः । नन्वात्मा कार्यः, विभक्तत्वात्, "वस्तुत्वाद्वा, घटवदित्याभासतुल्य"मिदं अनुमानमित्याशङ्क्यात्मनः परमकारणत्वेन च तस्य कार्यत्वे शून्यताप्रसङ्ग इति बाधकसत्त्वा"त्तस्याभावत्वं, "नात्र किंचिद्बाधकमस्ति प्रत्युत आकाशस्याकार्यत्वे "नित्यानेकद्रव्यकल्पना श्रौतप्रतिज्ञाहान्यादयो बाधकाः सन्तीति "नाभासतुल्यतेत्याह-आत्मन

आकाश कार्य है, विभक्त होने के कारण, घटादि की भाँति । ऐसा सत्प्रतिपक्ष आप के पूर्वोक्त अनुमान में आता है । इसीलिए इस सूत्र में 'तु' अव्यय आया है, ओ आकाश उत्पत्ति असम्भव शङ्का की व्यावृत्ति के लिए है क्योंकि जो कुछ भी विकारसमुदाय घट, घटिका, अन्य मृत्पात्रादि, कटक, बाजूबन्द, कुण्डलादि अथवा सूची, लौह निर्मित बाण और खड्गादि दिखाई पड़ते हैं वे सभी विभाग लोक में लक्षित होते हैं । अविकृत कोई भी वस्तु किसी से विभक्त नहीं देखी जाती है । पृथिव्यादि से आकाश का विभाग दीखता हैं । अतः वह आकाश भी कार्य हो सकता है । इससे दिशा, काल, मन और परमाणु आदि में भी कार्यत्व व्याख्यात हो गया, क्योंकि ये भी विभक्त हैं इसीलिए कार्य हैं, नित्य नहीं हैं । शङ्का—तब तो आकाशादि से आत्मा भी विभक्त है, ऐसी स्थिति में घटादि की भाँति उसमें भी कार्यत्व आ जायेगा । समाधान—'आत्मन आकाशः सम्भूत.' ऐसी श्रुति है । यदि आत्मा को भी कार्य मानोगे, तो उससे भिन्न

---

१. केयूर इति बाजुबन्द इति ख्यातम् । २. नाराचो लोहमयो बाणः । ३. निस्त्रिंशः खड्गः । ४. वस्त्वेकदेशः कार्यमेव सर्वविज्ञानविषय इत्यर्थः । ५. आत्मवत् । ६. प्राथमिकमन्वयव्यभिचारम् । ७. द्वितीयव्यतिरेकव्यभिचारम् । ८. धर्मोविभागस्तद्धर्मिणोदिगादयः तेषां सत्ताव्यावहारिकी तादृशसत्ताको यमाकाशविभागः तद्वत्त्वमस्ति आकाशे । ९. नोभयव्यभिचारः । १०. द्रव्यत्वादित्यर्थः । ११. इदमिति आत्म ऽकार्यः धर्मिसमानसत्ता भिन्नसत्ताकत्वात् व्यतिरेके घटादिवदित्यनुमानम् । १२. आत्मनः कार्यत्वसाधकत्वदनुमानस्येत्यर्थः । १३. मदीयानुमाने । १४. नित्यत्वं, आकाशवद्दिगादि स्वीकारेऽनेकत्वं चैतत् सर्वकल्पना । १५. मदनुमानस्य ।

इति श्रुतेः । यदि ह्यात्मापि विकारः स्यात्तस्मात्[1]परमन्यन्न श्रुतमित्याकाशादि सर्वं कार्यं निरात्मकमात्मनः कार्यत्वे स्यात् । तथाच शून्यवादः प्रसज्जेत । [2]आत्मत्वादेवात्मनो निराकरणशङ्कानुपपत्तिः । नह्यात्मागन्तुकः कस्यचित्, स्वयंसिद्धत्वात् । नह्यात्मात्मनः प्रमाणमपेक्ष्य सिध्यति । [3]तस्य हि प्रत्यक्षादीनि प्रमाणान्यप्रसिद्ध[4]प्रमेयसिद्धय उपादीयन्ते । न हि आकाशादयः पदार्थाः प्रमाणनिरपेक्षाः स्वयंसिद्धाः केनचिदभ्युपगम्यन्ते । आत्मा तु प्रमाणादिव्यवहाराश्रयत्वात्प्रागेव प्रमाणादिव्यवहारात्सिध्यति । नचेदृशस्य निराकरणं सम्भवति । आगन्तुकं हि वस्तु निराक्रियते, न स्वरूपम् । य एव हि निराकर्ता तदेव तस्य स्वरूपम् । न ह्यग्नेरौष्ण्यमग्निना

इति । [5]इष्टप्रसङ्ग इति वदन्तं प्रत्याह—आत्मत्वादिति । आत्माभावः केनचिज्ज्ञायते न वा । आद्ये यो ज्ञाता स परिशिष्यत इति न शून्यता । द्वितीयेऽपि न शून्यता मानाभावादित्यर्थः । किंच यद्धि कार्यं सत्तास्फूर्त्योरन्यापेक्षं तन्निराकार्यम्, आत्मा स्वकार्यो निरपेक्षत्वान्न बाधयोग्य इत्याह—नह्यात्मेत्यादिना । कस्यचित्कारणस्यागन्तुकः कार्यो न हि । सत्तास्फूर्त्योः सिद्धयोरनन्यायत्तत्वादित्यक्षरार्थः । तत्र स्फूर्तेरनन्यायत्तत्वं विवृणोति—नहीति । यदुक्तं सुरेश्वराचार्यैः—'प्रमाता च प्रमाणं च प्रमेयं प्रमितिस्तथा । यस्य प्रसादात्सिध्यन्ति तत्सिद्धौ किमपेक्ष्यते ॥' इति । तथा श्रुतिराह—'पुरुषः स्वयं ज्योतिः', 'तस्य भासा सर्वमिदं विभाति' इति च । नन्वात्मनः स्वतःसिद्धौ 'प्रमाणवैयर्थ्यं, तत्राह—तस्येति । ननु प्रमेयस्यापि स्वप्रकाशत्वं किं न स्यादित्यत आह—नहीति । अतो न प्रमाणवैयर्थ्यमिति भावः । आत्माऽपि मानाधीनसिद्धिकः किं न स्यादित्यत आह—आत्मा त्विति । अयमर्थः—निश्चितसत्ताकं हि,[7]ज्ञानं प्रमेयसत्तानिश्चायकं. गेहे घटो दृष्टो न वेति ज्ञानसंशये न दृष्ट इति व्यतिरेकनिश्चये चार्थस्वरूपानिश्चयात् । ज्ञानसत्तानिश्चयश्च न स्वतः, कार्यस्य स्वप्रकाशत्वायोगात् । नापि ज्ञानान्तरात्, अनवस्थानात् । अतः साक्षिणैव ज्ञानसत्तानिश्चयो वाच्यः । तत्र साक्षिणश्चेज्ज्ञानाधीनसत्तानिश्चयः, अन्योन्याश्रयः स्यात् । अतः सर्वसाधकत्वादात्मा स्वतःसिद्ध इति । स्वप्रकाशस्यापि बाधः किं न स्यादित्यत आह—नचेति । जडं हि परायत्तप्रकाशत्वाद[8]ागन्तुकं बाधयोग्यं न स्वप्रकाशात्मस्वरूपं, तस्य सर्वबाधसाक्षिस्वरूपस्य निराकर्त्रन्तराभावात्, स्वस्य च स्वनिराकर्तृत्वायोगात् । नहि सुनिपुणेनापि

कारण तो सुना नहीं जाता, जिससे आत्मा की उत्पत्ति मानी जा सके । इस स्थिति में आत्मा को कार्य मानने पर आकाशादि सभी कार्य निरात्मक हो जायेंगे, फिर तो शून्यवाद का प्रसंग आ जायेगा और स्वरूप का निराकरण सम्भव न होने के कारण आत्मा के अभाव की शङ्का बनती नहीं है, क्योंकि स्वयंसिद्ध होने के कारण किसी की आत्मा आगन्तुक नहीं है । आत्मा अपनी सिद्धि के लिए प्रमाण की अपेक्षा नहीं रखता है, अतः आत्मसिद्धि प्रमाणसापेक्ष नहीं है, वह तो स्वतःसिद्ध है । घटादि प्रमेय की सिद्धि के लिए प्रमाता आत्मा प्रत्यक्षादि प्रमाणों का उपादान करता है, क्योंकि आकाशादि पदार्थ प्रमाणनिरपेक्ष स्वयंसिद्ध किसी के द्वारा माने नहीं जाते हैं किन्तु आत्मा प्रमाणादि व्यवहार का आश्रय होने से प्रमाणादि व्यवहार से पूर्व ही सिद्ध रहता है, ऐसे आत्मा का निराकरण सम्भव नहीं है । अत्यन्त कुशल व्यक्ति भी अपना अभाव देख नहीं सकता, आगन्तुक कार्यवस्तु का ही निराकरण होता है, स्वरूप का नहीं, क्योंकि जो निराकरण करता है उसका वही स्वरूप है फिर भला वह अपने स्वरूप

---

१. कारणमिति शेषः । २. सस्वरूपनिराकरणमसम्भवात । ३. आत्मनः । ४. घटादि । ५. शून्यवादप्रसंग इष्टः । ६. प्रत्यक्षादि । ७. वृत्तिज्ञानम् । ८. कार्यम् ।

निराक्रियते । तथाहमेवेदानीं जानामि वर्तमानं वस्त्वहमेवातीतमतीततरं चाज्ञासिष-महमेवानागतमनागततरं च ज्ञास्यामीत्यतीतानागतवर्तमानभावेनाऽन्यथा भवत्यपि ज्ञातव्ये न ज्ञातुरन्यथाभावोऽस्ति, सर्वदा [1]वर्तमानस्वभावत्वात् । तथा भस्मीभवत्यपि देहे नात्मन उच्छेदो [2]वर्तमानस्वभावादन्यथास्वभावत्वं वा न सम्भावयितुं शक्यम् । एवमप्रत्याख्येयस्वभावत्वादेवाकार्यत्वमात्मनः कार्यत्वं चाकाशस्य ।

यत्तूक्तं समानजातीयमनेकं कारणद्रव्यं [3]व्योम्नो नास्तीति, तत्प्रत्युच्यते—न तावत्समानजातीयमेवारभते न भिन्नजातीयमिति नियमोऽस्ति । नहि तन्तूनां तत्संयोगानां च समानजातीयत्वमस्ति, द्रव्यगुणत्वाभ्युपगमात् । न च निमित्तकारणानामपि तुरीवेमादीनां समानजातीयत्वनियमोऽस्ति । स्यादेतत् । समवायिकारणविषय एव समानजातीयत्वाभ्यु-

---

स्वाभावो द्रष्टुं शक्यत इत्यर्थः । एवं स्वतःस्फूर्तित्वादात्मा न बाध्य इत्युक्त्वा स्वतःसत्ताकत्वाच्च न बाध्य इत्याह—तथाहमेवेति । [4]ज्ञानज्ञेययोः सत्ताव्यभिचारेऽपि [5]ज्ञातुः सर्वकल्पत्वान्न सत्ताव्यभिचार इत्यर्थः । मास्तु जीवतो ज्ञातुरन्यथास्वभावः, मृतस्य तु स्यादित्यत आह—तथेति । उच्छेदो विनाशः । अन्यथास्वभावत्वं मिथ्यात्वं वा संभावयितुमपि न शक्यम्, अहमस्मीत्यनुभवसिद्धसत्स्वभावस्य बाधकाभावादित्यर्थः । एवमात्मनः शून्यत्वनिरासेन शून्यताप्रसङ्गस्यानिष्टत्वमुक्तं, ततश्चात्मनः कार्यत्वानुमानमाभास इत्याह— एवमिति । अकार्यात्मनः सिद्धो [6]तस्याविद्यासहितस्योपादानस्यादृष्टादिनिमित्तस्य च सत्त्वादाकाशानुत्पत्तिहेतोः सामग्रीशून्यत्वस्य स्वरूपासिद्धेरुक्तसत्प्रतिपक्षबाधाच्चाकाशस्य कार्यत्वं निरवद्यमित्याह—कार्यत्वं चेति ।

आत्माविद्ययोर्विजातीयत्वान्नाकाशारम्भकत्वमित्युक्तमनूद्य निरस्यति—यत्त्वित्यादिना । किं कारणमात्रस्य साजात्यनियमः उत समवायिनः । तत्राद्यं निरस्य द्वितीयं शङ्कते—स्यादेतदिति । किं

का निराकरण कैसे कर सकेगा ? अग्नि की उष्णता का निराकरण अग्नि नहीं कर सकती, वैसे ही मैं ही इस समय वर्तमान वस्तु को जानता हूँ, मैंने ही अतीत एवं अतीततर वस्तु का जाना था, मैं ही अनागत एवं अनागततर वस्तु को जानूंगा । इस प्रकार अतीत, अनागत एवं वतमान भाव से ज्ञातव्य वस्तु में भेद रहने पर भी ज्ञाता में भेद नहीं आता है, वह तो सदा विद्यमानस्वभाव ही है । देह के भस्म हो जाने पर भी आत्मा का नाश नहीं होता है । अतः वर्तमानस्वभाव होने के कारण आत्मा में अन्यथा स्वभावत्व (मिथ्यात्व) की सम्भावना नहीं कर सकते । ऐसे ही, अप्रत्याख्येय स्वभाव होने के कारण ही आत्मा में कार्यत्व नहीं है किन्तु आकाश में कार्यत्व है ।

शङ्का—आप ने जो कहा था कि समान जाति वाले अनेक कारणद्रव्य आकाश के आरम्भक नहीं हैं? । समाधान—इसका समाधान सुन लीजिए । क्या समानजातीय कारण ही कार्य को प्रारम्भ करता है, भिन्नजातीय नहीं, ऐसा नियम है क्या । लोक में तन्तु और तन्तुओं का संयोग समान जातिवाले नहीं हैं, तन्तु द्रव्य है और उनका संयोग गुण है, फिर भी दोनों मिलकर पट कार्य को उत्पन्न करते हैं। इसलिए कारण में समानजातीयता का नियम नहीं है । तुरी, वेमादि निमित्तकारणों में भी समानजातीयता का नियम नही है । शङ्का—समवायीकारण में ही समानजातीयता मानी गयी है, कारणान्तर में

---

१. विद्यमान । २. तदापीति शेषः । ३. आरम्भकमिति शेषः । ४. वृत्तिज्ञान । ५. साक्षिणः । ६. आत्मनः ।

पगमो न कारणान्तरविषय इति । तदप्यनैकान्तिकम् । सूत्रगोवालैर्ह्यनेकजातीयैरेका रज्जुः सृज्यमाना दृश्यते । तथा सूत्रैरूर्णादिभिश्च विचित्रान्कम्बलान्वितन्वते । सत्त्वद्रव्यत्वाद्यपेक्षया वा समानजातीयत्वे कल्प्यमाने नियमानर्थक्यं, सर्वस्य सर्वेण समानजातीयकत्वात् । नाप्यनेकमेवारभते नैकमिति नियमोऽस्ति । अणुमनसोराद्यकर्मारम्भाभ्युपगमात् । एकैको हि परमाणुर्मनश्चाद्यं स्वकर्मारभते न द्रव्यान्तरैः संहत्येत्यभ्युपगम्यते ।

द्रव्यारम्भ एवानेकारम्भकत्वनियम इति चेत् । न । परिणामाभ्युपगमात् । भवेदेष नियमो यदि संयोगसचिवं द्रव्यं द्रव्यान्तरस्यारम्भकमभ्युपगम्येत । तदेव तु द्रव्यं विशेष-

---

समवायितावच्छेदकधर्मेण साजात्यमुत सत्त्वादिना ? नाद्यः इत्याह—तदपीति । नच रज्ज्वादि न द्रव्यान्तरमिति वाच्यं, पटादेरपि तथात्वापातात् । द्वितीयोऽस्मदिष्टः, आत्माऽविद्ययोर्वस्तुत्वेन साजात्यादित्याह—सत्त्वेति । उपादानस्य साजात्यनियमं निरस्य संयुक्तानेकत्वनियमसद्वितीयस्याऽसङ्गस्याप्यात्मन उपादानत्वसिद्धये निरस्यति—नापीत्यादिना । किमारम्भकमात्रस्यायं नियमः उत द्रव्यारम्भकस्य ? नाद्य इत्याह—अण्विति । द्व्यणुकस्य ज्ञानस्य चासमवायिकारणसंयोगजनकमाद्यं कर्म । यद्यप्यदृष्टवदात्मसंयुक्ते अणुमनसी आद्यकर्मारम्भके, तथापि कर्मसमवायिन एकत्वादनेकत्वनियमभङ्ग इत्याह—एकैको हीति । द्रव्यान्तरैः समवायिभिरित्यर्थः ।

द्वितीयमुत्थाप्यारम्भवादानङ्गीकारेण दूषयति—द्रव्येत्यादिना । न त्वभ्युपगम्यते तस्मान्नैष नियम इति शेषः । यत्तु क्षीरपरमाणुषु रसान्तरोत्पत्तौ तैरेव दध्यारम्भ इति । तन्न । क्षीरनाशे माना-

---

नहीं । समाधान–यह भी अव्यभिचरित[1] नहीं है, क्योंकि भिन्न जातिवाले सूत्र एवं गो के बालों से एक रज्जु बनते देखी जाती है, वैसे ही सूत्र एवं ऊन आदि से विचित्र कम्बल लोक में बनाते हैं । सत्ता एवं द्रव्यत्व आदि की अपेक्षा से समानजातीयता की कल्पना करने पर नियम का मानना व्यर्थ हो जायेगा, क्योंकि उस स्थिति में सभी का सभी के साथ समानजातीयत्व है ही और अनेक द्रव्य मिलकर एक कार्य को करते हैं, एक द्रव्य नहीं, ऐसा नियम भी नहीं माना जा सकता । एक परमाणु और मन में भी आद्यकर्म का आरम्भ होना माना गया है अर्थात् द्व्यणुकनिर्माण के लिए एक एक परमाणुओं में पहले क्रिया होती है, उससे परमाणुद्वय का संयोग होने के बाद द्व्यणुक बनता है, वैसे ही ज्ञान के लिए आत्ममनः संयोग की आवश्यकता है, वहाँ पर व्यापक आत्मा में कोई क्रिया नहीं होती, पर अकेले मन में आद्यक्रिया होती है, वह क्रिया द्रव्यान्तर के साथ जुड़कर नहीं मानी गयी है । अतःएक एक परमाणु में और मन में भी कर्म होता ही है ।

शङ्का—द्रव्य कार्यनिर्माण के लिए अनेक द्रव्यों में आरम्भकत्व का नियम माना गया है, द्रव्य से भिन्न कर्मादि निर्माण के लिए उक्तनियम नहीं है । समाधान—ऐसा कहना भी ठीक नहीं है क्योंकि हम परिणामवाद को स्वीकार करते हैं, आरम्भवाद को नहीं । आप का कहा हुआ नियम हो सकता था यदि संयोगसहकृत द्रव्य द्रव्यान्तर का आरम्भक माना जाता किन्तु वही क्षीरादि द्रव्य विशेषावस्था

---

१. व्यभिचरितम् । २. द्रव्यमेव गुणादिसंख्यामापद्यते न तु गुणादि वस्त्वन्तरमिति भावः । ३. परमाणोः मनसश्च । ४. क्षीरारम्भक ।

वदवस्थान्तरमापद्यमानं कार्यं नामाभ्युपगम्यते । तच्च क्वचिदनेकं परिणमते मृद्बिजाद्यङ्कुरादिभावेन । क्वचिदेकं परिणमते क्षीरादि दध्यादिभावेन । नेश्वरशासनमस्त्यनेकमेव कारणं कार्यं जनयतीति । अतः श्रुतिप्रामाण्यादेकस्माद्ब्रह्मण आकाशादिमहाभूतोत्पत्तिक्रमेण जगज्जातमिति निश्चीयते । तथाचोक्तम्—'उपसंहारदर्शनान्नेति चेन्न क्षीरवद्धि' (ब्र० सू० २-१-२४) इति ।

यच्चोक्तमाकाशस्योत्पत्तौ न पूर्वोत्तरकालयोर्विशेषः संभावयितुं शक्यत इति । तदयुक्तम् । येनैव हि विशेषेण पृथिव्यादिभ्यो व्यतिरिच्यमानं नभः 'स्वरूपवदिदानीमध्यवसीयते स एव विशेषः प्रागुत्पत्तेर्नासीदिति गम्यते । यथा च ब्रह्म न स्थूलादिभिः पृथिव्यादिस्वभावैः स्वभाववत्, 'अस्थूलमनणु' (बृ० ३-८-८) इत्यादिश्रुतिभ्यः, एवमाकाशस्वभावेनापि न स्वभाववदनाकाशमिति श्रुतेरवगम्यते । तस्मात्प्रागुत्पत्तेरनाकाशमिति

भावात्, रसवद्घ्नोऽप्येकद्रव्यारम्भत्वसंभवाच्च, द्रव्यगुणसंकेतस्य पौरुषेयस्य श्रुत्यर्थनिर्णयाहेतुत्वादिति भावः । लोके कर्तुः सहायदर्शनादसहायाद्ब्रह्मणः कथं सर्ग इति, तत्राह—तथा चोक्तमिति ।

प्रागभावशून्यत्वंहेतुरप्यसिद्ध इत्याह—यच्चोक्तमित्यादिना । शब्दाश्रयत्वं विशेषः । शब्दादिमानाकाशः प्रलये नास्ति, 'नासीद्रजो नो व्योम' इति श्रुतेः । नन्वाकाशाभावे काठिन्यं स्यादिति चेत् । सुशिक्षितोऽयं नैयायिकतनयः । न ह्याकाशाभावस्तद्धर्मो वा काठिन्यं किंतु मूर्तद्रव्यविशेषस्तत्संयोगविशेषो वा काठिन्यं, तच्च प्रलये नास्तीति भावः । 'आकाशशरीरं ब्रह्म' इति श्रुतेरन्योन्यव्रब्रह्मस्वभावस्याऽऽकाशस्य सति ब्रह्मणि कथमभावः, तत्राह—यथाचेति । विभुत्वादाकाशसमं

को प्राप्तकर दध्यादि कार्य के रूप में माना गया है । अतः कहीं पर मृत् बीजादि को अंकुर आदि के रूप में परिणत होने के लिए अनेक कारण माने गये हैं और कहीं क्षीरादि दध्यादि रूप से एक ही परिणत होता है । यह कोई ईश्वरीय शासन नहीं है कि अनेक कारण ही कार्य को उत्पन्न करे । अतः श्रुति-प्रमाण के आधार पर एक ही ब्रह्म से आकाशादि महाभूतों की उत्पत्तिक्रम से जगत् उत्पन्न हुआ है। ऐसा निश्चय होता है । ऐसा ही भगवान् बादरायण ने 'उपसंहारदर्शनान्नेति चेन्न, क्षीरवद्धि' इस सूत्र द्वारा कहा भी है अर्थात् कार्य की उत्पत्ति के लिए अनेक सहायक की आवश्यकता होती है, एकाकी ब्रह्म से जगत् उत्पन्न नहीं हो सकता, पूर्वपक्षी की यह शङ्का ठीक नहीं है क्योंकि अकेला ही दूध दधि बनते देखा गया है, वैसे ही एकाकी ब्रह्म से जगद् रचना हो सकती है ।

शङ्का—आप ने कहा था कि आकाश की उत्पत्ति मानने पर उत्पत्ति से पूर्व और उत्पत्ति के बाद इन पूर्वोत्तर कालों में कोई भेद नहीं दिखलाया जा सकता । अतः आकाश की उत्पत्ति मानना आवश्यक नहीं है ।समाधान—ऐसा कहना ठीक नहीं है । शब्दाश्रयत्व–विशेष प्रलयकाल में नहीं रहता, इसी विशेष के कारण पृथिव्यादि से भिन्न आकाश का स्वरूप आज भी निश्चित किया जाता है । यह शब्दाश्रयत्वरूप विशेष उत्पत्ति से पूर्व प्रलयकाल में नहीं था, ऐसा निश्चित होता है । जैसे ब्रह्म पृथिव्यादि के स्थूलादि स्वभाव से युक्त नहीं है ऐसा 'अस्थूलमनणु' इत्यादि श्रुति से जाना जाता है,ऐसी ही स्वभावतः आकाश के स्वभाव से भी वह युक्त नहीं है यह बात 'अनाकाशम्' इस श्रुति से जानी जाती

१. अवकाशात्मकस्वकीय स्वरूपवत् ।

स्यितम् । यदप्युक्तं पृथिव्यादिवैधर्म्यादाकाशस्याजत्वमिति । तदप्यसत् । श्रुतिविरोधे सत्युत्पत्त्यसम्भवानुमानस्याभासत्वोपपत्तेः । उत्पत्त्यनुमानस्य च [1]दर्शितत्वात् । अनित्यमाकाशमनित्यगुणाश्रयत्वाद्घटादिवदित्यादिप्रयोगसम्भवाच्च । [2]आत्मन्यनेकान्तिकमिति चेत् । न । [3]तस्यौ[4]पनिषदं प्रत्यनित्यगुणाश्रयत्वासिद्धेः । विभुत्वादिनां चाकाशस्योत्पत्तिवादिनं प्रत्यसिद्धत्वात् । यच्चोक्तमेतच्छब्दाच्चेति, तत्रामृतत्वश्रुतिस्तावद्वियत्यमृता दिवौकस इतिवद्द्रष्टव्या । उत्पत्तिप्रलययोरुपपादितत्वात् । 'आकाशवत्सर्वगतश्च नित्यः' इत्यपि

ब्रह्मेति श्रुत्यर्थः । विभुत्वास्पर्शद्रव्यत्वनिरवयवद्रव्यत्वलिङ्गानां विभक्तत्वादिलिङ्गसहितागमबाधमाह—यदपीत्यादिना । धर्मिविकाराभावे गुणनाशो न स्यादिति तर्कार्थमनित्यपदम् । गुणाश्रयत्वमेव हेतुः । तच्च स्वसमानसत्ताकगुणवत्त्वम्, अतो [5]निर्गुणात्मनि न [6]व्यभिचारः । भूतत्वमादिशब्दार्थः । स्वरूपासिद्धिमप्याह—विभुत्वादीनां चेति । सर्वमूर्तद्रव्यसंयोगः [7]परिमाणविशेषो वा विभुत्वं निर्गुणात्मनि दृष्टान्ते नास्ति । संयोगस्य सावयवत्वनियतस्याजत्वसाध्यविरुद्धता च । स्वरूपोपचयरूपं तु विभुत्वमात्माकाशयोर्न समं, 'ज्यायानाकाशात्' इति श्रुतेः । क्वचिदाकाशसाम्यं तु ब्रह्मणो [8]यत्किंचिद्धर्मसंबन्धेन व्यपदिश्यते । असक्तत्वेन वा । पञ्चीकरणादस्पर्शत्वमसिद्धं, कार्यद्रव्यत्वा-

---

है । अतः उत्पत्ति से पूर्व आकाशरहित केवल ब्रह्म था । शङ्का—और जो आप ने कहा था कि पृथिव्यादि की अपेक्षा विभुत्व, अस्पर्शद्रव्यत्व, निरवयवत्व एवं द्रव्यत्वरूप वैधर्म्य के कारण आकाश में अजत्व है अर्थात् **आकाशं नोत्पद्यते, विभुत्वात्, अस्पर्शद्रव्यत्वात् निरवयवत्वात् द्रव्यत्वात्च, आत्मवत्**; इस प्रकार पृथिव्यादि वैधर्म्य के कारण आकाश में अजत्व सिद्ध हो जाता है । समाधान—ऐसा कहना भी ठीक नहीं है क्योंकि श्रुतिविरोध रहने पर उत्पत्त्यसंभव साधक अनुमान में आभासत्व आ जाता है, जो अनुमान इस सूत्र के प्रारम्भ में दिखलाया जा चुका है । वहाँ कहा गया था कि आकाशो नोत्पद्यते, सामग्र शून्यत्वात्, आत्मवत्; इस अनुमान में सूत्रकार ने सत्प्रतिपक्ष दिया था, कि आकाशो विकारः, विभक्तत्वात्, घटादिवत् । साथ ही तैत्तिरीय श्रुति आकाश की उत्पत्ति मानती है, इसलिए भी पूर्वपक्षी के अनुमान में आभासत्व सिद्ध होना है । आकाशं अनित्यं, अनित्यगुणाश्रयत्वात्, घटादिवत् ऐसा प्रतिप्रयोग (विरुद्धप्रयोग) भी देखा जाता है । यदि कहो कि अनित्यत्व साध्य आत्मा में नहीं है किन्तु उसमें अनित्यगुणाश्रयत्वरूप हेतु है, अतः आप के अनुमान में अनेकान्तिकता है अर्थात् साध्याभावाधिकरणनिरूपितवृत्तित्व हेतु में विद्यमान है? तो ऐसा कहना ठीक नहीं है, क्योंकि वेदान्तियों के सामने आत्मा में अनित्यगुणाश्रयत्व सिद्ध नहीं कर सकते, निर्गुण आत्मा में गुण कल्पित हैं । सोपाधिक आत्मा में ही गुण हैं । अतः निर्गुण आत्मा में अनित्यगुणाश्रयत्व नहीं दिखला सकते । साथ ही विभुत्वादि हेतु आकाश की उत्पत्ति मानने वाले वेदान्ती के पक्ष में हैं नहीं । अतः उन हेतुओं में स्वरूपासिद्धि दोष भी है । शङ्का—और जो आप ने कहा था, कि आकाश में अमृतत्व सुना गया है, अतः आकाश उत्पन्न नहीं होता । समाधान—यह आकाश में अमृतत्व बोधक शब्द '**अमृता दिवौकसः**' इस वाक्य की भाँति सापेक्षिक समझना चाहिए । आकाश की उत्पत्ति आकाश का प्रलय तो पहले दिखलाया जा चुका है । '**आकाशवत्सर्वगतश्च नित्यः**' यह उपमान भी परकीय पक्ष में प्रसिद्ध आकाश के

---

१. प्रकृतसूत्रोपक्रमे । २. साध्याभाववदात्मनि हेतोः सत्त्वात् । ३. आत्मनः । ४. वेदान्तिन प्रति । ५. कल्पितगुणवद आत्मनि । ६. परमार्थात्मनि गुणानां कल्पितत्वेन भिन्नसत्ताकत्वादिति भावः । ७. परममहत् । ८. आविद्यकतादात्म्यरूप ।

२. मातरिश्वाधिकरणम् (सू. ८)

वायुर्नित्यो जायते वा छान्दोग्येऽजन्मकीर्तनात ।। सैषाऽनस्तमिता देवतेत्युक्तेर्न च जायते ।।
श्रुत्यन्तरोपसंहारादगौण्यनस्तमयश्रुतिः ।। वियद्वज्जायते वायुः स्वरूपं ब्रह्म कारणम् ।।

'प्रसिद्धमहत्त्वेनाकाशेनोपमानं क्रियते, निरतिशयमहत्त्वाय नाकाशसमत्वाय । यथेषुरिव सविता धावतीति क्षिप्रगतित्वायोच्यते नेषुतुल्यगतित्वाय तद्वत् । एतेनानन्तत्वोपमानश्रुतिर्व्याख्याता । 'ज्यायानाकाशात्' इत्यादिश्रुतिभ्यश्च ब्रह्मण आकाशस्योनपरिमाणत्वसिद्धिः । 'न तस्य प्रतिमास्ति' (श्वे० ४-१९) इति च ब्रह्मणोऽनुपमानत्वं दर्शयति । ''अतोऽन्यदार्तम्' (बृ० ३-४-२) इति च ब्रह्मणोऽन्येषामाकाशादीनामार्तत्वं दर्शयति । तपसि ब्रह्मशब्दवदाकाशस्य जन्मश्रुतेगौणत्वमित्येतदाकाशसम्भवश्रुत्यनुमानाभ्यां परिहृतम् । तस्माद्ब्रह्मकार्यं वियदिति सिद्धम् ।।७।।

निरवयवत्वमप्यसिद्धं, द्रव्यत्वजातिश्चात्मन्यसिद्धेत्यर्थः । नित्य इत्यंशेन साम्यं न विवक्षितम् । ननु 'स यथाऽनन्तोऽयमाकाशः एवमनन्त आत्मा' इति श्रुतिर्नित्यत्वेनैव साम्यं ब्रूते, नेत्याह—एतेनेति । आकाशस्य कार्यत्वेनानित्यत्वादित्यर्थः । श्रुतिस्त्वापेक्षिकाऽऽनन्त्यद्वारा मुख्याऽऽनन्त्यं बोधयतीति भावः । न्यूनत्वाच्चाकाशस्य न मुख्योपमानत्वमित्याह—ज्यायानिति । मुख्योपमानाऽसत्त्वे श्रुतिः—'न तस्य' इति । तस्मादाकाशस्योपमानत्वमात्रेण नित्यत्वं नास्तीति भावः । अनित्यत्वेनासत्त्वे श्रुतिमाह—अतोऽन्यदिति । यत्त्वेकस्यैव संभूतशब्दस्य गौणत्वं मुख्यत्वं चेति । तत्र । आकाशेऽपि तस्य मुख्यत्वसंभवादित्याह—तपसीति । बलवत्तित्तिरिश्रुत्या छान्दोग्यश्रुतेर्नयनादेकवाक्यतया स्रष्टरि ब्रह्मात्मनि समन्वय इत्युपसंहरति—तस्मादिति ।।७।।

महत्त्व को लेकर ही दिया गया है, जो महत्त्व आकाश में आपेक्षिक है, निरपेक्ष महत्त्व आकाश में नहीं है । ब्रह्म में निरतिशय महत्त्व बतलाने के लिए यह उपमा है, न कि आकाश की समता बतलाने के लिए । जैसे 'सविता बाण की भाँति दौड़ता है' यह उपमा शीघ्रगतित्व के लिए दी गयी है, न कि बाणतुल्यगतित्व बतलाने के लिए; वैसे ही ब्रह्म में निरतिशय महत्त्वसिद्धि के लिए आकाश की उपमा दी गयी है । इससे आकाश में अनन्तत्व और आकाश की उपमा बतलाने वाली श्रुति भी व्याख्यात हो गयी अर्थात् आकाश में अनन्तत्वादि भी सापेक्ष ही है । '**ज्यायान् आकाशात्**' इत्यादि श्रुतियों से ब्रह्म की अपेक्षा आकाश का परिमाण न्यून माना गया है । '**न तस्य प्रतिमाऽस्ति**' इस वाक्य से ब्रह्म में अनुपमानत्व दिखलाया गया है और '**अतो अन्यदार्तम्**' यह वाक्य ब्रह्म से भिन्न आकाशादि को विनाशग्रस्त बतलाता है । तप में जैसे ब्रह्म शब्द का प्रयोग गौण है, ऐसे ही आकाश की जन्मश्रुति भी गौण है, इस आक्षेप का भी परिहार आकाश की उत्पत्ति बतलाने वाली बलवती तैत्तिरीय श्रुति और अनुमान से किया जा चुका है । अतः आकाश ब्रह्म का कार्य है, यह सिद्ध हुआ ।। ७ ।।

२. मातरिश्वाधिकरण

१. संगति—पूर्वोक्त न्याय का अतिदेश इस अधिकरण में होने के कारण पूर्व अधिकरण के साथ इसकी अतिदेश संगति है ।

१. परप्रसिद्ध । २. विनाशग्रस्तम् ।

(२२४) एतेन मातरिश्वा व्याख्यातः ॥८॥

अतिदेशोऽयम् । एतेन वियद्व्याख्यानेन मातरिश्वापि वियदाश्रयो वायुर्व्याख्यातः । तत्राप्येते यथायोगं पक्षा रचयितव्याः । न वायुरुत्पद्यते छान्दोगानामुत्पत्तिप्रकरणेऽनाम्नानादित्येकः पक्षः । अस्ति तु तैत्तिरीयाणामुत्पत्तिप्रकरण आम्नानम् 'आकाशाद्वायुः' (तै० २-१) इति पक्षान्तरम् । ततश्च श्रुत्योर्विप्रतिषेधे सति गौणी वायोरुत्पत्तिश्रुतिरसंभवादित्यपरोऽभिप्रायः । असंभवश्च 'संषाऽनस्तमिता देवता यद्वायुः' (बृ० १-५-२२)

एतेन मातरिश्वा व्याख्यातः । **अतिदेशत्वान्न पृथक्संगत्याद्यपेक्षा । 'तत्तेजोऽसृजत' इति श्रुतेः 'आकाशाद्वायुः' इति श्रुत्या विरोधोऽस्ति न वेति एकवाक्यत्वभावाभावाभ्यां संशये गौणपक्षपूर्वपक्षसिद्धान्तपक्षानतिदिशति**—तत्रापीत्यादिना । **पूर्वत्र ह्याकाशानन्तर्यं तेजसः स्थापितं, तत्र वायुतेजसोस्तुल्यवदानन्तर्ये 'वायोरग्निः' इति क्रमश्रुतिबाधात्पौर्वापर्ये तेजःप्राथम्यभङ्गान्नैकवाक्यतेति पूर्वपक्षे गौणवाद्यभिप्रायमाह**—ततश्चेति । **अस्तमयप्रतिषेधो मुख्योत्पत्त्यसंभवे लिङ्गम् । 'वायुश्चान्तरिक्षं चैतद-**

---

२. **विषय**—वायु उत्पत्ति श्रुति इस अधिकरण का विचारणीय विषय है ।

३. **संशय**—वायु उत्पन्न होता है अथवा नित्य है ?

४. **पूर्वपक्ष**—छान्दोग्य में वायु की उत्पत्ति न होने के कारण वायु नित्य है । साथ ही "**संषाऽनस्तमिता देवता यद्वायुः**" (बृ० १-५-२२) इस बृहदारण्यक श्रुति में वायु के अस्तमय का प्रतिषेध किया गया है, इसलिए भी वायु नित्य है ।

५. **सिद्धान्त**—तैत्तिरीय श्रुति का उपसंहार देखते हुए अनस्तमय श्रुति को गौणी मानना चाहिए । अतः आकाश की भाँति वायु भी उत्पन्न होता है, जिसका कारण आकाश उपाहित ब्रह्मचैतन्य है ।

एतेन मातरिश्वा व्याख्यातः (ललिता)

अतिदेश होने के कारण इस अधिकरण की पृथक् संगति नहीं है । आकाश के व्याख्यान से आकाशाश्रित वायु भी व्याख्यात हो गया । यहाँ पर भी यथासम्भव पूर्वपक्ष और सिद्धान्तपक्ष की रचना कर लेनी चाहिए । पूर्वपक्ष—छान्दोग्य के उत्पत्ति प्रकरण में वायु का पाठ न होने के कारण वायु उत्पन्न नहीं होता है । सिद्धान्त—तैत्तिरीय उपनिषद् के उत्पत्ति प्रकरण में 'आकाशाद्वायुः' ऐसा पाठ मिलता है, ऐसी स्थिति में दोनों श्रुतियों में परस्पर विरोध आने के कारण वायु की उत्पत्ति श्रुति गौणी है क्योंकि उसकी उत्पत्ति सम्भव नहीं है, ऐसा एक पक्ष है । असम्भवत्व बतलाया जा चुका है, साथ ही '**संषाऽनस्तमिता देवता यद्वायुः**' (यह देवता अस्तमय से रहित है, जो वायु है) इस वाक्य द्वारा वायु के

---

१. छांदोग्ये आकाशमुपसंहृत्याकाशं सृष्ट्वा तेजोऽसृजतेति आकाशानन्तर्यं तेजसस्स्थापितं, तैत्तिरीयके चाकाशाद्वायुरिति । आकाशानन्तर्यं वायोः श्रुतमिति तयोस्तुल्यमानंतर्यं वक्तकरणेन सिद्धान्तदृष्ट्या तौल्यं नास्तीति सूचयति ।

इत्यस्तमयप्रतिषेधात्, अमृतत्वादिश्रवणाच्च । प्रतिज्ञा[१]नुपरोधाद्यावद्विकारं च विभागाभ्युपगमादुत्पद्यते वायुरिति सिद्धान्तः । अस्तमयप्रतिषेधोऽपरविद्याविषय आपेक्षिकः । अग्न्यादीनामिव वायोरस्तमयाभावात् । कृतप्रतिविधानं चामृतत्वादिश्रवणम् ।

ननु वायोराकाशस्य च तुल्ययोरुत्पत्तिप्रकरणे श्रवणाश्रवणयोरेकमेवाधिकरणमुभयविषयमस्तु किमतिदेशेनासति विशेष इति । उच्यते—सत्यमेवमेतत् । तथापि मन्दधियां शब्दमात्रकृताशङ्कानिवृत्त्यर्थोऽयमतिदेशः क्रियते । संवर्गविद्यादिषु ह्युपास्यतया वायोर्महा[२]भागत्वश्रवणात्, अस्तमयप्रतिषेधादिभ्यश्च भवति नित्यत्वाशङ्का कस्यचिदिति ॥८॥

मृतम्' इति तस्यैव लिङ्गस्याभ्यासः । 'वायुरेव व्यष्टिः समष्टिश्च' इति सर्वात्मत्वलिङ्गान्तरमादिपदार्थः । तथा संवर्गविद्यायां 'वायुर्ह्येवैतान्सर्वानग्न्यादीन्संहरति' इति शब्दमात्रेणेश्वर्यश्रवणं लिङ्गान्तरं ग्राह्यम् । एतैर्लिङ्गैर्वायुरनाद्यनन्त इति प्रतीतेरुत्पत्तिगौणीत्यविरोधः श्रुत्योरिति प्राप्ते प्रतिपिपादयिषित[३]प्रतिज्ञाश्रुतेर्बलीयस्त्वात्त[४]त्साधकानां तत्र तत्र वायूत्पत्तिवाक्यानां भूयस्त्वाद्युक्तविभक्तत्वादिलिङ्गानुग्रहाच्च मुख्यैव वायोरुत्पत्तिः, तथा चाकाशं वायुं च सृष्ट्वा तेजोऽसृजतेति श्रुत्योरेकवाक्यतया ब्रह्मणि समन्वयः । लिङ्गानि तूपास्यवायुस्तावकत्वादापेक्षिकतया व्याख्येयानीति मुख्यसिद्धान्तमाह—प्रतिज्ञेत्यादिना । कृतं प्रतिविधानमापेक्षिकत्वेन समाधानं यस्य तत्तथा ।

अधिकरणारम्भमाक्षिप्यो[५]क्तामधिकाशङ्कामाह—नन्वित्यादिना । 'वायुर्ह्येवैतान्सर्वान्संवृङ्क्ते' इत्यादिशब्दमात्रं शङ्कामूलं नार्थ इति द्योतनार्थं मात्रपदम् । तामेव शङ्कामाह—संवर्गेति । व्यष्टिसमष्ट्युपास्तिः 'वायुं दिशां वत्सं वेद' इत्युपास्तिरवादिशब्दार्थः ॥८॥

नाश का प्रतिषेध किया गया है। इसके विपरीत वायु में अमृतत्व भी सुना जाता है। इस पर मुख्य सिद्धान्ती कहता है कि एक के विज्ञान से सर्वविज्ञान की प्रतिज्ञा का बाध न हो और विकार को विभक्त माना गया है, इन दोनों कारणों से वायु की उत्पत्ति मानी गयी है। अस्तमय का प्रतिषेध अपरविद्याविषयक है, जो आपेक्षिक है क्योंकि अग्न्यादि की भाँति वायु का अस्तमय नहीं देखा गया है और अमृतत्वादि श्रवण का समाधान आपेक्षिकत्वेन कर दिया गया है।

पूर्वपक्ष—जब वायु और आकाश की उत्पत्ति प्रकरण में श्रवण और अश्रवण एक जैसा ही है तो ऐसी स्थिति में दोनों के लिए एक ही अधिकरण बनाना चाहिए था, जब दोनों में भेद नहीं है तो अतिदेश से क्या लाभ है? सिद्धान्त—आप का ऐसा कहना ठीक ही है फिर भी मन्दबुद्धि वाले लोगों को शब्दमात्र सुनकर शङ्का हो सकती थी, जिसकी निवृत्ति के लिए यह अतिदेश किया गया है। संवर्गविद्यादि में उपास्यरूप से वायु को महाऐश्वर्यसम्पन्न सुना गया है और अस्तमयप्रतिषेध भी सुना जाता है, इनसे वायु में नित्यत्व की आशङ्का किसी को हो सकती थी, जिसे दूर करने के लिए पृथक् अधिकरण की रचना आवश्यक हो गयी ॥ ८ ॥

---

१. अबाधात् । २. महैश्वर्यं श्रवणात् । ३. एकविज्ञानेन सर्वविज्ञानरूपा । ४. तदिति—प्रतिज्ञाबलीयस्त्वं वा ।
५. उक्ताधिकामिति पाठः साधुः ।

३. असंभवाधिकरणम् (सू० ९)

(२२५) असंभवस्तु सतोऽनुपपत्तेः ॥९॥

सद्ब्रह्म जायते नो वा कारणत्वेन जायते। यत्कारणं जायते तद्वियद्वाय्वादयो यथा॥
असतोऽकारणत्वेन खादीनां सत उद्भवात्। व्याप्तेरजादिवाक्येन बाधात्सन्नैव जायते॥

वियत्पवनयोरसंभाव्यमानजन्मनोरप्युत्पत्तिमुपश्रुत्य ब्रह्मणोऽपि भवेत्कुतश्चिदुत्पत्तिरिति स्यात्कस्यचिन्मतिः। तथा विकारेभ्य एवाकाशादिभ्य उत्तरेषां विकाराणामुत्पत्तिमुपश्रुत्याकाशस्यापि विकारादेव ब्रह्मण उत्पत्तिरिति कश्चिन्मन्येत। तामाशङ्कामपनेतुमिदं सूत्रम्—'असंभवस्तु' इति।

असंभवस्तु सतोऽनुपपत्तेः। 'अनाद्यनन्तं महतः परं ध्रुवम्', 'न चास्य कश्चिज्जनिता' इत्यादिब्रह्मानादित्वश्रुतीनां 'त्वं जातो भवसि विश्वतोमुखः' इत्युत्पत्तिश्रुत्या विरोधोऽस्ति न वेत्येकवाक्यत्वभावाभावाभ्यां संदेहेऽस्ति विरोध इति पूर्वपक्षे यथा वाय्वादेरमृतत्वादिकमुत्पत्तिश्रुतिबलादापेक्षिकं तथा ब्रह्मानादित्वमापेक्षिकमिति दृष्टान्तसंगत्या एकदेशिपक्षं प्रापयति—वियदिति। ब्रह्म कुतश्चिज्जायते, कारणत्वात्, आकाशवदित्यनुमानानुग्रहाज्जन्मश्रुतिर्बलीयसीत्याह—तथेति। न चानादिकारणाभावेनानवस्था बीजाङ्कुरवदनादित्वोपपत्तेः। तथाच दीपाद्दीपवद्ब्रह्मान्तराद्ब्रह्मान्तरोत्पत्तिः, उत्पत्तिश्रुत्या चानादित्वश्रुतिर्नेयेत्यनाद्यनन्तब्रह्मसमन्वयासिद्धिरिति प्राप्ते मुख्यसिद्धान्तमाह—तामिति। ब्रह्म न जायते, कारणशून्यत्वात्, नरविषाणवत्, व्यतिरेकेण घटवच्चेत्यनुमानानुग्रहाद्विपक्षे चाकारणककार्यवादप्रसङ्गाद्ब्रह्मानादित्वश्रुतयो बलीयस्य इति कारणत्वलिङ्गबाधाज्जन्मश्रुतिः 'कार्यमिदेन' व्याख्येयेत्यनाद्यनन्तब्रह्मसमन्वयसिद्धिरिति सिद्धान्तफलम्। न च हेत्वसिद्धिः, कारणस्यानिरूपणात्।

---

३. असम्भवाधिकरण

१. **संगति**—आकाश और वायु की उत्पत्ति असम्भव होने पर भी उत्पत्ति श्रुति के आधार पर पिछले अधिकरणों में उनकी उत्पत्ति का समर्थन किया गया। वैसे ही श्रुति के बल से अन्य ब्रह्म से अन्य ब्रह्म की उत्पत्ति माननी चाहिए, ऐसी दृष्टान्त संगति के कारण यह अधिकरण प्रारम्भ किया गया है।

२ **विषय**—ब्रह्मोत्पत्तिश्रुति इस अधिकरण का विचारणीय विषय है।

३. **संशय**—सद्ब्रह्म उत्पन्न होता है अथवा नित्य है?

४. **पूर्वपक्ष**—कारण होने से ब्रह्म उत्पन्न होता है क्योंकि जो कारण होता है वह उत्पन्न होते देखा गया है जैसे कि आकाश और वायु।

५. **सिद्धान्त**—ब्रह्म का कोई कारण नहीं, क्योंकि ब्रह्म से भिन्न सत् और असत् ऐसे दो पदार्थ कल्पित हैं। उनमें से असत् तो किसी का उपादान कारण हो ही नहीं सकता और सत् से आकाशादि की उत्पत्ति सुनी जाती हैं। साथ ही ब्रह्म को अज, नित्य, शाश्वत् आदि कहे जाने के कारण '**यद्यत्कारणं तत्तद् उत्पत्तिशीलं**' इस व्याप्ति का बाध हो जाता है। अतः सद्ब्रह्म उत्पन्न नहीं होता।

असंभवस्तु सतोऽनुपपत्तेः (ललिता)

आकाश और वायु की उत्पत्ति असम्भव थी, फिर भी उसकी उत्पत्ति जब आप ने मान ली, तो किसी न किसी से ब्रह्म की भी उत्पत्ति माननी चाहिए, ऐसी धारणा किसी की हो सकती है; क्योंकि आकाशादि विकारों से ही उत्तर पवनादि विकारों की उत्पत्ति सुनकर आकाश की भी किसी विकारात्मक ब्रह्म से उत्पत्ति हो सकती है, ऐसा कोई मान सकता है; उसकी इस शङ्का को दूर करने के लिए अग्रिम सूत्र है—

---

१. अनभिव्यक्त नामरूप कार्याभिन्नः सन्नभिव्यक्त नामरूपत्वेन जन्म लभते।

न खलु ब्रह्मणः सदात्मकस्य कुतश्चिदन्यतः संभव उत्पत्तिराशङ्कितव्या । कस्मात् ? अनुपपत्तेः । सन्मात्रं हि ब्रह्म । न तस्य सन्मात्रादेवोत्पत्तिः संभवति, असत्यतिशये प्रकृतिविकारभावानुपपत्तेः । नापि सद्विशेषाद्दृष्टविपर्ययात् । सामान्याद्धि विशेषा उत्पद्यमाना दृश्यन्ते मृदादेर्घटादयो, न तु विशेषेभ्यः सामान्यम् । नाप्यसतो निरात्मकत्वात् । 'कथमसतः सज्जायेत' (छा० ८-७-१) इति चाक्षेपश्रवणात् । 'स कारणं करणाधिपाधिपो न चास्य कश्चिज्जनिता न चाधिपः' (श्वे० ६।९) इति च ब्रह्मणो जनयितारं वारयति । वियत्पवनयोः पुनरुत्पत्तिः प्रदर्शिता न तु ब्रह्मणः सास्तीति वैषम्यम् ।

नच विकारेभ्यो विकारान्तरोत्पत्तिदर्शनाद्ब्रह्मणोऽपि विकारत्वं भवितुमर्हतीति मूलप्रकृत्यनभ्युपगमेऽनवस्थाप्रसङ्गात् । या मूलप्रकृतिरभ्युपगम्यते तदेव च नो ब्रह्मेत्यविरोधः ॥९॥

तथाहि—किं सन्मात्रस्य ब्रह्मणः सन्मात्रमेव सामान्यं कारणं सद्विशेषो वा असद्वा । न त्रेधापीत्याह—सन्मात्रं हीत्यादिना । बीजस्तु दीपान्तरे निमित्तमिदमनुदाहरणम् । वियत्पवनयोर्ब्रह्मणश्च विभक्तत्वाविभक्तत्वाभ्यां कारणभावाभ्यां च वैषम्यम् । कारणत्वलिङ्गास्याप्रामाणिकानवस्था ।

तर्कमपि बाधमाह—नच विकारेभ्य इत्यादिना । कारणस्यानभ्युपगमे 'यदृच्छावादप्रसङ्गः, अनादिकारणानभ्युपगमेऽनवस्थाप्रसङ्गः तदभ्युपगमे ब्रह्मत्वप्रसङ्गः, कारणान्तरस्य प्रधानादेर्निरासादिति भावः ॥९॥

सदात्मक ब्रह्म की उत्पत्ति की आशङ्का किसी अन्य से नहीं करनी चाहिए, क्योंकि ब्रह्म सन्मात्र है, उस ब्रह्म की सन्मात्र से ही उत्पत्ति सम्भव नहीं है । कार्य-कारण में वैशिष्ट्य माने बिना प्रकृति भावविकार सिद्ध नहीं होता । अतः सन्मात्र से सन्मात्र ब्रह्म की उत्पत्ति सम्भव नहीं है और न सद्विशेष से सन्मात्र ब्रह्म की उत्पत्ति हो सकती है, क्योंकि ऐसा मानने पर दृष्टविपर्यय हो जायेगा । मृत्तिकादि सामान्य से घटादि विशेष उत्पन्न होते हुए देखे जाते हैं, न कि घटादि विशेष से मृदादि सामान्य उत्पन्न होते हैं और न असत् कारण से सद्ब्रह्म की उत्पत्ति सम्भव है क्योंकि ऐसा मानने पर निरात्मक शून्यवाद का प्रसंग आ जायेगा । 'असत् से सत् कैसे उत्पन्न हो सकता है' ऐसा आक्षेप भी सुना जाता है, साथ ही 'वह ब्रह्म सबका कारण है, करणाधिपति जीव का भी वह अधिपति है, न तो इस ब्रह्म का कोई जनक है और न अधिपति ही है' इस वाक्य द्वारा ब्रह्म की जनयिता का निषेध करते हैं । आकाश और पवन की उत्पत्ति तो श्रुति में दिखलायी जा चुकी है किन्तु ब्रह्म की उत्पत्ति बतलाने वाली कोई श्रुति नहीं है । अतः पूर्वपक्षी के दृष्टान्त एवं दार्ष्टान्त में वैषम्य है ।

शङ्का—जब आकाशादि विकारों से विकारान्तर की उत्पत्ति देखी गयी, तो ब्रह्म में भी विकारत्व मान लेना चाहिए? समाधान—ऐसा कहना ठीक नहीं क्योंकि मूल प्रकृति को न मानने पर अनवस्था का प्रसंग आ जायेगा, जिसे मूल प्रकृति मानते हैं वही तो हमारा ब्रह्म है । इस प्रकार विरोध का का परिहार हो जाता है ।

१. दृष्टविपर्यासमेवाह सामान्यमिति । २. कारणसत्वासत्वाभ्यामित्यर्थः । ३. आकस्मिकोत्पत्तिः ।

४. तेजोधिकरणम् (सू. १०)

(२२६) तेजोऽतस्तथाह्याह ॥१०॥

ब्रह्मणो जायते वह्निर्वायोर्वा ब्रह्मसयुतात् । तत्तेजोऽसृजतेत्युक्तेर्ब्रह्मणो जायतेऽनलः ॥
वायोरग्निरिति श्रुत्या पूर्वश्रुत्येकवाक्यतः । ब्रह्मणो वायुरूपत्वमापन्नादग्निसम्भवः ॥

छान्दोग्ये सन्मूलत्वं तेजसः श्रावितं, तैत्तिरीयके तु वायुमूलत्वं, तत्र तेजोयोनिं प्रति श्रुतिविप्रतिपत्तौ सत्यां प्राप्तं तावद्ब्रह्मयोनिकं तेज इति। कुतः? 'सदेव' इत्युपक्रम्य 'तत्तेजोऽसृजत' इत्युपदेशात्। सर्वविज्ञानप्रतिज्ञायाश्च ब्रह्मप्रभवत्वे सर्वस्य संभवात्। 'तज्जलान्' (छा० ८-७-१) इति [1]चाविशेषश्रुतेः 'एतस्माज्जायते प्राणः' (मुण्ड० २-१-३) इति चोपक्रम्य [2]श्रुत्यन्तरे सर्वस्याविशेषेण ब्रह्मजत्वोपदेशात्। तैत्तिरीयके च 'स तपस्तप्त्वा

तेजोऽतस्तथाह्याह। 'तत्तेजोऽसृजत' इति 'वायोरग्निः' इति च श्रुत्योर्विरोधोऽस्ति न वेति संदेहे सामान्यात्सामान्योत्पत्त्यसंभवेऽपि ब्रह्मवाय्वोः सामान्ययोस्तेजोरूपविशेषोपादानत्वसंभवात्तुल्यबलतयास्ति विरोध इति [3]प्रत्युदाहरणेन पूर्वपक्षः। सर्वत्राध्यायसमाप्तेरेकवाक्यत्वसंभवसंभवौ संशयबीजम्। पूर्वपक्षे श्रुतीनां विरोधादप्रामाण्यं फलं, सिद्धान्ते प्रामाण्यमित्युक्तं न विस्मर्तव्यम्। एवं पूर्वपक्षे कार्यमात्रस्य विवर्तत्वात्कल्पितस्य वायोस्तेजःकल्पनाधिष्ठानत्वायोगाद्ब्रह्मैव तेजस उपादानं सर्वकार्याणां ब्रह्मैवोपादानमित्यर्थे श्रुतीनां भूयस्त्वाच्च तदनुरोधाद्वायोरिति क्रमार्था पञ्चमीत्यविरोध इत्येकदेशिसिद्धान्तं प्रापयति—प्राप्तं तावद्ब्रह्मयोनिकं तेज इत्यादिना। श्रुतीनां विरोधमात्रोपन्यासेन

४. तेजोऽधिकरण

१. **संगति**—सामान्य से सामान्य की उत्पत्ति चाहे न भी मानी जाय, फिर भी सामान्य ब्रह्म से विशेष तेज की उत्पत्ति तो मान ही सकते हैं, इस प्रकार पूर्व अधिकरण के साथ इसकी प्रत्युदाहरण संगति है।

२. **विषय**—तेज उत्पत्ति श्रुति इस अधिकरण का विचारणीय विषय है।

३. **संशय**—क्या ब्रह्म से वह्नि उत्पन्न होता है अथवा वायुरूपापन्न ब्रह्म से?

४. **पूर्वपक्ष**—'**तत्तेजोऽसृजत**' (छा० ६-२-३) इस श्रुति के आधार पर ब्रह्म से ही वह्नि की उत्पत्ति माननी चाहिए।

५. **सिद्धान्त**—'**वायोरग्निः**' (तै० ३-२) इस तैत्तिरीय श्रुति के साथ छान्दोग्य श्रुति की एकवाक्यता मान लेने पर वायुरूपापन्न ब्रह्म से अग्नि की उत्पत्ति माननी चाहिए, केवल ब्रह्म से नहीं।

तेजोऽतस्तथाह्याह (ललिता)

छान्दोग्य में तेज को सन्मूलक कहा और तैत्तिरीय में तेज को वायुमूलक कहा है, ऐसी स्थिति में तेज के कारण के प्रति श्रुतियों का परस्पर विरोध आने पर ब्रह्म को ही तेज का कारण मानना चाहिए क्योंकि '**सदेव**' यहाँ से प्रसंग प्रारम्भकर 'उस सत् ने तेज की उत्पत्ति की' ऐसा उपदेश है। इस उपदेश से और सर्वविज्ञान की प्रतिज्ञा के आधार पर सम्पूर्ण जगत् को ब्रह्म से उत्पन्न माना जाना चाहिए। '**तज्जलान्**' इस वाक्य में सभी की उत्पत्ति सामान्यरूप से सुनी जाती है और '**एतस्माज्जायते प्राणः**' यहाँ से प्रसंग प्रारम्भकर प्रश्नोपनिषद् में सभी का सामान्यतः ब्रह्म से ही उत्पन्न होना माना गया

१. कार्यमात्रस्य सत एव श्रवणात्। २. मुण्डके। ३. व्यतिरेकिदृष्टान्तेन।

इदं सर्वमसृजत । यदिदं किंच' (तै० ३-६-१) इत्यविशेषश्रवणात् । तस्मात् 'वायोरग्निः' इति क्रमोपदेशो द्रष्टव्यः । वायोरनन्तरमग्निः सम्भूत इति । एवं प्राप्त उच्यते—तेजोऽतो मातरिश्वनो जायत इति । कस्मात् ? तथाह्याह—वायोरग्निः' इति । 'अव्यवहिते हि तेजसो ब्रह्मजत्वे सत्यसति वायुजत्वे वायोरग्निरितीयं श्रुतिः कदर्थिता स्यात् । ननु क्रमार्थैषा भविष्यतीत्युक्तम् । नेति ब्रूमः—'तस्माद्वा एतस्मादात्मन आकाशः संभूतः' (तै० २-१-१) इति पुरस्तात् संभवत्यपादानस्यात्मनः 'पञ्चमीनिर्देशात्, तस्यैव च संभवतेरिहाधिकारात्, परस्तादपि च तदधिकारे 'पृथिव्या ओषधयः' (तै० २-१-१) इत्यपादानपञ्चमीदर्शनाद्वायोरग्निरित्यपादानपञ्चम्येवैषेति गम्यते । अपिच वायोरूर्ध्वमग्निः संभूत इति कल्प्य उपपदार्थयोगः क्लृप्तस्तु कारकार्थयोगो वायोरग्निः संभूत इति ।

पूर्वपक्षः, 'अपसिद्धान्तेनाविरोधात्तावदेकदेशिपक्ष इति ज्ञेयम् । तदुभयमपि मुख्यसिद्धान्तापेक्षया पूर्वपक्षत्वेन व्यवह्रियते । सिद्धान्तयति—एवं प्राप्त इति । कदर्थिता बाधितार्थेति यावत् । वायोस्तेजःप्रकृतित्वं पञ्चमीश्रुत्या निर्धारितं, नच कल्पितस्योपादानत्वासंभवः, अधिष्ठानत्वासंभवेऽपि मृदादिवत्परिणामित्वसंभवात्, सतस्तु ब्रह्मणश्छान्दोग्ये स्रष्टृत्वमात्रं श्रुतं नोपादानत्वम् । नच 'बहु स्याम्' इति कार्याभेदेक्षणलिङ्गादुपादानत्वसिद्धिः, लिङ्गात् श्रुतेर्बलीयस्त्वेन श्रुत्यविरोधेन लिङ्गस्य नेयत्वात् । नदनं चेत्थं वायोर्ब्रह्मानन्यत्वाद्वायुजस्यापि तेजसो ब्रह्मप्रकृतिकत्वमविरुद्धमिति सिद्धान्तग्रन्थाशयः । इहाधिकारादिति । वायोरग्निः संभूत इति वाक्ये संबन्धादित्यर्थः । तदधिकारे संभूत्यधिकारे । निरपेक्षकारकविभक्तेरुपपदसापेक्षविभक्त्यपेक्षया प्रबलत्वाच्च न क्रमार्था पञ्चमीत्याह—अपिचेति । ऊर्ध्वमनन्तरमिति वोपपदं विना पञ्चमीमात्रात्क्रमो न भातीति कल्प्य उपपदार्थप्रयोगः । प्रकृत्याख्यापादानकारकं तु निरपेक्षपञ्चम्या भाति । विशेषताऽत्र । प्रकरणादपादानार्थत्वं पञ्चम्याः क्लृप्तं

है । तैत्तिरीय में भी 'उस परमेश्वर ने तप करके इस सम्पूर्ण जगत् को बनाया, जो कुछ भी संसार दीखता है' यहां पर अविशेष रूप से उत्पत्ति सुनी गयी है । अतः परमेश्वर से ही वायु और अग्नि की उत्पत्ति मानी गयी है । 'वायोरग्निः' इसमें तो केवल क्रम ही समझना चाहिए अर्थात् उस परमेश्वर से वायु के बाद अग्नि उत्पन्न हुई, ऐसा अर्थ करना चाहिए ? ऐसा पूर्वपक्ष होने पर सिद्धान्ती कहते हैं कि वायु से तेज उत्पन्न होता है क्योंकि श्रुति में 'वायोरग्निः' ऐसा कहा है । साक्षात् ब्रह्म से तेज की उत्पत्ति मानने पर एवं वायु से तेज की उत्पत्ति न मानने पर 'वायोरग्निः' यह श्रुति कदर्थित हो जायेगी । शङ्का—यह श्रुति क्रममात्रबोधक है, ऐसा हम कह आये हैं ? समाधान—आप का ऐसा कहना हम ठीक नहीं मानते, क्योंकि 'तस्माद्वा एतस्मादात्मन आकाशस्सम्भूतः' इस पूर्ववाक्य में अपादान आत्मा से सम्भव अर्थ में पञ्चमी विभक्ति का निर्देश है, उसी सम्भव का अधिकार आगे भी चलता है । उस अधिकार में 'पृथिव्या ओषधयः' इस वाक्य में अपादानार्थक पञ्चमी देखी जाती है । अतः 'वायोरग्निः' इस वाक्य में भी अपादानार्थक पञ्चमी ही है, ऐसा निश्चित होता है । इसके अतिरिक्त आपके कथनानुसार वायोरूर्ध्वम् अग्निः सम्भूतः ऐसे उपपदार्थ सम्बन्ध की कल्पना करनी पड़ेगी, परन्तु कारकार्थ सम्बन्ध तो 'वायोरग्निः सम्भूतः' इस वाक्य में पूर्व से क्लृप्त (सिद्ध) है, कल्पनीय नहीं है ।

१. साक्षादित्यर्थः । २ संभवनं संभवतिस्तस्यापादन तस्येत्यर्थः । ३. अपादानपंचमी । ४. एकदेशिसिद्धान्तेन । ५. द्रष्टव्येति शेषः ।

तस्मादेषा [1]श्रुतिर्वायुयोनित्वं तेजसोऽवगमयति ।

नन्वितरापि श्रुतिर्ब्रह्मयोनित्वं तेजसोऽवगमयति 'तत्तेजोऽसृजत' इति । न । तस्याः पारम्पर्यजत्वेऽप्यविरोधात् । यदापि ह्याकाशं वायुं च सृष्ट्वा वायुभावापन्नं ब्रह्म तेजोऽसृजतेति कल्प्यते, तदापि ब्रह्मजत्वं तेजसो न विरुध्यते । यथा तस्याः शृतं तस्या दधि तस्या आमिक्षेत्यादि । दर्शयति च ब्रह्मणो विकारात्मनावस्थानं 'तदात्मानं स्वयमकुरुत' (तै० २-७-१) इति । तथा चेश्वरस्मरणं भवति—'बुद्धिर्ज्ञानमसंमोहः' (भ० गी० १०-४) इत्याद्यनुक्रम्य 'भवन्ति भावा भूतानां मत्त एव पृथग्विधाः' (भ० गी० १०-५) इति । यद्यपि बुद्ध्यादयः स्वकारणेभ्यः प्रत्यक्षं भवन्तो दृश्यन्ते तथापि सर्वस्य भावजातस्य साक्षात्प्रणाड्या [2]वेश्वरवंश्यत्वात् । एतेना[3]क्रमवत्सृष्टिवादिन्यः श्रुतयो व्याख्याताः । 'तासां

क्लृप्तेन च कल्प्यं सति विरोधे बाध्यमिति स्थितिरित्यर्थः ।

पारम्पर्यजत्वमेवाह—यदापीति । तस्या धेनोः शृतं तप्तं क्षीरं साक्षात्कार्यं, दध्यादिकं तु पारम्पर्यजमित्यर्थः । दधिसंसृष्टं कठिनक्षीरमामिक्षा । ब्रह्मणो वायुभावे मानमाह—दर्शयतीति । पारम्पर्यजस्यापि तज्जत्वव्यपदेशे स्मृतिमाह—तथा चेति । [5]अन्तःकरणादिभ्यो जायमानबुद्ध्यादीनां मत्त एवेत्यवधारणं कथमित्याशङ्क्याह—यद्यपीत्यादिना । प्रणाड्या परंपरयेश्वरवंश्यत्वात्तज्जत्वात्परमकारणान्तरनिरासार्थमवधारणं युक्तमिति शेषः । एतत्पदार्थमाह—तासामिति ।

कल्पनीय से क्लृप्त बलवान् होता है । अतः यह पञ्चमी श्रुति वायुयोनित्व तेज को बतलाती है ।

शङ्का—'तत्तेजोऽसृजत' यह दूसरी श्रुति भी तेज में ब्रह्मयोनित्व का बोध कराती ही है, फिर इसका निषेध कैसे कर सकोगे । समाधान—ऐसा कहना ठीक नहीं है, क्योंकि उस श्रुति में परम्परया ब्रह्मजन्यत्व मानने पर भी विरोध का परिहार हो जाता है, क्योंकि आकाश और वायु की सृष्टिकर वायुभावापन्न ब्रह्म ने तेज की सृष्टि की, ऐसी कल्पना भी कर सकते हैं, इससे तेज में ब्रह्मजन्यत्व का कोई विरोध नहीं आता है । जैसे गौ का धारोष्ण दूध, गौ की दधि और गौ की आमिक्षा इत्यादि वाक्य में धारोष्ण दूध गो से साक्षात् निकलता है किन्तु दधि और आमिक्षा (पनीर) गौ का साक्षात् विकार नहीं है, वह तो परम्परया गो विकार है । 'तदात्मानं स्वयमकुरुत' यह श्रुति विकाररूप से ब्रह्म का अवस्थान बतलाती ही है । 'बुद्धि, ज्ञान और असम्मोह' यहाँ से प्रसंग प्रारम्भकर 'ये भूतों के भाव मुझसे ही पृथक्-पृथक् उत्पन्न होते हैं' ऐसा ही भगवद्गीता वाक्य भी है । यद्यपि बुद्ध्यादि अपने कारणों पञ्चभूतों से साक्षात् उत्पन्न होते देखे जाते हैं, फिर भी सभी पदार्थसमुदाय साक्षात् या परम्परया ईश्वर से उत्पन्न होते हैं । इस प्रकार व्याख्यान कर देने पर बिना क्रम के सृष्टि बतलाने वाली श्रुतियाँ भी व्याख्यात हो जाती हैं, क्योंकि उनकी युक्तियुक्तता क्रमबद्ध सृष्टि बतलाने वाली श्रुति के अनुसार मानने में कोई आपत्ति नहीं है, किन्तु क्रमबद्ध सृष्टि बतलाने वाली श्रुतियों का व्याख्यान अन्य प्रकार

---

१. पञ्चमी श्रुतिः । २. साक्षात्परम्परया वा ब्रह्मजत्वकथनेन । ३. अक्रमश्रुतीनाम् । ४. उपपदनिरपेक्षपञ्चमी मात्रात् । ५. समष्टिभूतसत्त्वात् कार्यान्तःकरणस्यैव शाखा बुद्ध्यादयः ।

५. अबधिकरणम् (सू. ११)

(२२७) आपः ॥११॥

ब्रह्मणोऽपां जन्म किं वा वह्नेनग्निर्जलोद्भवः । विरुद्धत्वान्नीरजन्म ब्रह्मणः सर्वकारणात् ।
अग्नेराप इति श्रुत्या ब्रह्मणो वह्न्युपाधिकात् । अपां जनिर्विरोधस्तु सूक्ष्मयोर्नाग्निनीरयोः ॥

सर्वथोपपत्तेः । क्रमवत्सृष्टिवादिनीनां त्वन्यथानुपपत्तेः । प्रतिज्ञापि [1]सद्वंश्यत्वमात्रमपेक्षते नाव्यवहितजन्यत्वमित्यविरोधः ॥१०॥

'अतस्तथाह्याह' इत्यनुवर्तते । आपोऽतस्तेजसो जायन्ते । कस्मात् ? तथाह्याह— [2]'तदपो-

---

'तज्जलान्' इत्याद्युक्तश्रुतीनां साक्षात्प्रणाड्या वा ब्रह्मजत्वमात्रेणोपपत्तेरित्यर्थः । अक्रमश्रुतीनां बलवत्क्रमश्रुत्यनुसारेणैकवाक्यत्वाद्वियद्वायुद्वारा तेजःकारणे ब्रह्मणि समन्वय इति सिद्धम् ॥१०॥

आपः । अतिदेशोऽयम् । तथा ह्याथर्वणे मुण्डकग्रन्थे 'एतस्माज्जायते प्राणो मनः सर्वेन्द्रियाणि च । खं वायुर्ज्योतिरापः पृथिवी विश्वस्य धारिणी' इति मन्त्रेऽपां ब्रह्मजत्वं श्रुतम् । 'अग्नेरापः' इति श्रुत्या तस्य विरोधोऽस्ति न वेति संदेहे तुल्यत्वादस्ति विरोध इति पूर्वपक्षे अपामग्निबाह्यत्वेन विरोधादग्निजत्वासंभवात्क्रमार्था पञ्चमीत्यविरोध इत्यधिकाशङ्कायामुक्ततेजोन्यायमतिदिश्य व्याचष्टे—अत

से नहीं कर सकते । एक के विज्ञान से सर्वविज्ञान की प्रतिज्ञा भी ब्रह्मजत्वमात्र की अपेक्षा रखती है, न कि साक्षात् ब्रह्मजन्यत्व की । अतः तेज को साक्षात् ब्रह्मजन्य न मानकर वायुभावापन्न ब्रह्मजन्य मानने में कोई विरोध नहीं है । इस प्रकार तेज के कारण ब्रह्म में उक्त श्रुतियों का समन्वय निर्विवाद सिद्ध हुआ ॥१०॥

५. अबधिकरण

१. **संगति**—वायु से तेज उत्पन्न हुआ, ऐसा कहने के बाद अब जल एवं पृथ्वी बुद्धिस्थ हैं । अतः बुद्धिसन्निधानरूप संगति के कारण आगे के दो अधिकरण प्रारम्भ किये जाते हैं ।

२. **विषय**—जल की उत्पत्ति श्रुति इस अधिकरण का विचारणीय विषय है ।

३. **संशय**—ब्रह्म से जल की उत्पत्ति होती है अथवा अग्नि से?

४. **पूर्वपक्ष**—जल और अग्नि का परस्पर विरोध होने के कारण उनका कार्य-कारणभाव मानना उचित नहीं है । अतः सर्वकारण ब्रह्म से ही जल की उत्पत्ति माननी चाहिए । **'अग्नेरापः'** (तै० ३·२) इस श्रुति से वह्नि उपाधि वाले ब्रह्मचैतन्य से ही जल की उत्पत्ति माननी चाहिए ।

५. **सिद्धान्त**—स्थूल वह्नि और जल का विरोध है, सूक्ष्म का नहीं । अतः सूक्ष्म वह्नि से जल की उत्पत्ति मानने में कोई विरोध नहीं है ।

आपः (ललिता)

'अतस्तथा ह्याह' इतने की अनुवृत्ति पूर्वसूत्र से लाते हैं । तेज से जल उत्पन्न होता है क्योंकि 'उस तेज ने जल की सृष्टि की' 'अग्नि से जल उत्पन्न हुआ' इन दोनों श्रुतियों ने तेज से जल की उत्पत्ति कही है । इस अर्थ के बोधक वचन रहने पर इस सम्बन्ध में संशय का कोई स्थान नहीं रह जाता । त्रिवृत्कृत तेज एवं जल का विरोध होने पर भी **'अग्नेरापः'** इस

---

१. सज्जत्वमात्रम् । २. तेजोभावापन्नं ब्रह्म ।

६. पृथिव्यधिकरणम् (सू.–१२)

(२२८) पृथिव्यधिकाररूपशब्दान्तरेभ्यः ॥१२॥

ता अन्नमसृजन्तेति श्रुतमन्नं यवादिकम् । पृथिवी वा यवाद्येव लोकेऽन्नत्वप्रसिद्धितः ॥
भूताधिकारात् कृष्णस्य रूपस्य श्रवणादपि । तथाऽद्भ्यः पृथिवीत्युक्तेरन्नं पृथ्व्यन्नहेतुतः ॥

ऽसृजत' इति 'अग्नेरापः' इति च । सति वचने नास्ति संशयः । तेजसस्तु सृष्टिं व्याख्याय पृथिव्या व्याख्यास्यन्नपोऽन्तरियामीत्याप इति सूत्रयांबभूव ॥११॥

'ता आप ऐक्षन्त बह्व्यः स्याम प्रजायेमहीति ता अन्नमसृजन्त' (छा० ६-२-४) इति श्रूयते । तत्र संशयः–किमनेनान्नशब्देन व्रीहियवाद्यभ्यवहार्यं चोदनाद्युच्यते किं वा

इति । प्रत्यक्षविरोधे कथमपामग्निजत्वनिर्णयः, तत्राह—सति वचन इति । त्रिवृत्कृतयोरप्तेजसोर्विरोधेऽप्यग्नेराप इति वचनादतीन्द्रिययोस्तयोर्नास्ति विरोध इति निर्णीयत इत्यर्थः । न केवलं श्रुत्यविरोधज्ञानायायमतिदेशः किंतु पञ्चभूतोत्पत्तिक्रमनिर्णयार्थं चेत्याह—तेजसस्त्विति । तस्मात्तेजोभावापन्ने ब्रह्मणि श्रुतिसमन्वय इति सिद्धम् ॥११॥

पृथिव्यधिकाररूपशब्दान्तरेभ्यः । विषयमुक्त्वान्नशब्दमहाभूतप्रकरणाभ्यां संशयमाह—ता इति ।

श्रुतिवाक्य के आधार पर अतीन्द्रिय (अत्रिवृत्) जल और तेज में विरोध नहीं है, यह निश्चित हो जाता है । इस सूत्र में अतिदेश केवल श्रुतिविरोधपरिहारार्थ नहीं है, किन्तु पञ्चभूतोत्पत्तिक्रमनिर्णयार्थ भी है । इसीलिए तेज की सृष्टि बतलाकर पृथ्वी की सृष्टि बतलाने के लिए मध्य में जल की सृष्टि की चिन्ता सूत्रकार ने की है एतदर्थ 'आपः' इस सूत्र को बनाया है । अपो अन्तरं करोमि आचष्टे वा, इस विग्रह में अन्तर शब्द से णिच् प्रत्यय किया गया है और उस णिजन्त धातु से लट् लकार उत्तम पुरुष एक वचन में अन्तरियामि यह शब्द निष्पन्न होता है ॥ ११ ॥

६. पृथिव्यधिकरण

१. **संगति**—पूर्व अधिकरण द्वारा निरूपित है ।

२. **विषय**—पृथ्वी उत्पत्ति श्रुति इस अधिकरण का विचारणीय विषय है ।

३. **संशय**—'**ता अन्नमसृजन्त**' (छा० ६-२-४) इस श्रुति में यवादि अन्न की उत्पत्ति बतलायी गयी है अथवा पृथ्वी की?

४. **पूर्वपक्ष**—लोक में अन्न शब्द की प्रसिद्धि यवादि अर्थ में ही है, इसलिए जल से यवादि की ही उत्पत्ति माननी चाहिए, पृथ्वी की नहीं ।

५. **सिद्धान्त**—भूत उत्पत्ति का प्रसंग होने से और कृष्णरूप श्रवण होने से भी जल से पृथ्वी की उत्पत्ति माननी चाहिए । अन्न का कारण होने से पृथ्वी को भी अन्न शब्द से कहा गया है । अतः '**अद्भ्यः पृथिवी**' (जलसे पृथिवी) तथा '**ता अन्नमसृजन्त**' ये दोनों श्रुतियाँ समानार्थक हैं, इन दोनों की एकवाक्यता होने के कारण इनका विरोध नहीं है ।

पृथिव्यधिकाररूपशब्दान्तरेभ्यः (ललिता)

उस जल ने ईक्षण किया, कि हम बहुतरूप हो जायें, प्रजारूप से उत्पन्न हों ऐसा संकल्पकर उसने अन्न की सृष्टि की, ऐसा सुना जाता है । अन्न शब्द और महाभूत का प्रकरण होने के कारण वहाँ पर संशय होता है, कि इस अन्न शब्द से व्रीहियवादि का और ओदनादि भक्ष्य का ग्रहण करना चाहिए

पृथिवीति । तत्र प्राप्तं तावद्व्रीहियवाद्योदनादि वा परिग्रहीतव्यमिति । तत्र ह्यन्नशब्दः प्रसिद्धो लोके, वाक्यशेषोऽप्येतमर्थमुपोद्बलयति । 'तस्माद्यत्र क्वच वर्षति तदेव भूयिष्ठमन्नं भवतीति' । व्रीहियवाद्येव हि सति वर्षणे बहु भवति न पृथिवीति । एवं प्राप्ते ब्रूमः— पृथिव्येवेयमन्नशब्देनाद्भ्यो जायमाना विवक्ष्यत इति । कस्मात् ? अधिकाराद्रूपाच्छब्दान्तराच्च । अधिकारस्तावत् 'तत्तेजोऽसृजत', 'तदपोऽसृजत' इति महाभूतविषयो वर्तते । तत्र क्रमप्राप्तां पृथिवीं महाभूतं सृष्टिं विलङ्घ्य नाकस्माद्व्रीह्यादिपरिग्रहो न्याय्यः । तथा रूपमपि वाक्यशेषे पृथिव्यनुगुणं दृश्यते 'यत्कृष्णं तदन्नस्य' इति । न ह्योदनादेरभ्यवहार्यस्य कृष्णत्वनियमोऽस्ति । नापि व्रीह्यादीनाम् ।

ननु पृथिव्या अपि नैव कृष्णत्वनियमोऽस्ति पयःपाण्डुरस्याङ्गाररोहितस्य च क्षेत्रस्य दर्शनात् । नायं दोषः । बाहुल्यापेक्षत्वात् । भूयिष्ठं हि पृथिव्याः कृष्णं रूपं न तथा

अभ्यवहार्यं भक्ष्यम् । अत्र श्रुतौ यद्यन्नमोदनादिकं तदा 'अद्भ्यः पृथिवी' इति श्रुत्या विरोधः, यदि पृथिवी तदा न विरोध इति फलं बोध्यम् । अप्पृथिव्योः कार्यकारणभावादधिकरणसंगतिः । अन्नश्रुतिवृष्टिप्रभवत्वलिङ्गाभ्यां पूर्वपक्षः । तदेव तत्रैवेति श्रुत्यर्थः । तथाच क्वचिदन्नं क्वचिदद्भ्यः पृथिवी ततोऽन्नमिति विरोधान्नैकवाक्यतेति प्राप्ते सिद्धान्तयति—एवं प्राप्त इति । अधिकारः प्रकरणम् । रूपं लिङ्गम् ।

पयः क्षीरं तद्वत्पाण्डुरं श्वेतम्, अङ्गारवद्रोहितं रक्तम् । शब्दान्तरशब्दितं स्थानं व्याचष्टे—

अथवा पृथ्वी अर्थ लेना चाहिए। उस पर पूर्वपक्ष का कहना है, कि व्रीहियवादि अथवा ओदनादि अर्थ लेना ठीक रहेगा, क्योंकि लोक में उन्हीं अर्थों में अन्न शब्द प्रसिद्ध है और यह प्रसिद्ध अन्न शब्द वाक्यशेष से उक्त अर्थ का दृढ़ता से स्थापक भी है। इसलिए जहाँ कहीं वर्षा होती है, वहीं पर प्रभूत व्रीहियवादि अन्न उत्पन्न होते हैं। पृथ्वी के रहने पर व्रीहियवादि अन्न नहीं होता किन्तु पृथ्वी पर जल बरसने से होता है? ऐसा पूर्वपक्ष होने पर हम सिद्धान्ती कहते हैं कि जल से उत्पन्न होने वाली अन्नशब्दवाच्य पृथ्वी को ही बतलाना अभीष्ट है, क्योंकि भूतोत्पत्ति के प्रकरणरूप और शब्दान्तर स्थान प्रमाण मिलते हैं। सर्वप्रथम अधिकार (प्रकरण) को देखिये 'उसने तेज की सृष्टि की, उसने जल की सृष्टि की' यह महाभूत को विषय कर रहा है। वहाँ पर तेज एवं जल के बाद महाभूत सृष्टि क्रमशः पृथ्वी की होनी चाहिए, उस क्रम का उल्लंघनकर अकस्मात् व्रीहियवादि अर्थ मानना न्याय नहीं होगा। वैसे ही वाक्यशेष में रूप भी उसी अर्थ का निर्णायक लिङ्ग है। पृथ्वी के ही अनुरूप रूप भी वाक्यशेष में दीखता है 'जो यह काला रूप है वह अन्न का है' ओदनादि भक्ष्य वस्तु में कृष्णत्व का नियम नहीं है और न व्रीह्यादि में ही नियम से कृष्णत्व देखा जाता है। अतः पृथ्वी अर्थ के परिचायक रूपात्मक लिङ्ग को देखते हुए अन्न शब्द का अर्थ पृथ्वी करना ही उचित होगा।

शङ्का—पृथ्वी का भी नियमतः काला रूप नहीं होता, क्योंकि दूध के समान सफेद और अंगारे के समान लाल भूमि भी देखी जाती है। समाधान—यह कोई दोष नहीं है। पृथ्वी में काला

१. व्रीहियवादी। २. दृढं स्थापयति। ३. महाभूतानामपां

श्वेतरोहिते । पौराणिका अपि पृथिवीच्छायां शर्वरीमुपदिशन्ति । [1]सा च कृष्णाभासेत्यतः कृष्णं रूपं पृथिव्या इति श्लिष्यते । श्रुत्यन्तरमपि समानाधिकारमद्भ्यः पृथिवीति भवति । 'तद्यदपां शर आसीत्तत्समहन्यत सा पृथिव्यभवत्'—(बृ० १-२-२) इति च । पृथिव्यास्तु व्रीह्यादेरुत्पत्तिं दर्शयति—'पृथिव्या ओषधयः, ओषधीभ्योऽन्नम्' इति च । एवमधिकारा[2]दिषु पृथिव्याः प्रतिपादकेषु सत्सु कुतो व्रीह्यादिप्रतिपत्तिः । [3]प्रसिद्धिरप्यधिकारादिभिरेव बाध्यते । वाक्यशेषोऽपि पार्थिवत्वादन्नाद्यस्य [4]तद्द्वारेण पृथिव्या एवाद्भ्यः प्रभवत्वं सूचयतीति द्रष्टव्यम् । तस्मात्पृथिवीयमन्नशब्देति ॥१२॥

श्रुत्यन्तरमपीति । अबानन्तर्यं पृथिव्याः स्थानं श्रुत्यन्तरसिद्धं तेनाप्यन्नस्य पृथिवीत्वमित्यर्थः । तत्तत्र सृष्टिकाले यदपांशरःयो मण्डवद्घनीभाव आसीत्स एव समहन्यत कठिनः संघातोऽभूत् साऽपां कठिना परिणतिः पृथिव्यभवदिति श्रुत्यर्थः । व्रीह्याद्यन्नसर्गः कस्मिन्स्थान इति विवक्षायामाह—पृथिव्यास्त्विति । पञ्चमीयम् । वृष्टिप्रभवत्वलिङ्गसहितान्नश्रुतेः कथं प्रकरणलिङ्गस्थानैर्बाध इत्याशङ्क्याह—वाक्यशेषोऽपीति । प्रबलदुर्बलप्रमाणसंनिपाते बहूनां दुर्बलानामत्यन्तबाधाद्वरं प्रबलप्रमाणस्याल्पबाधेन कथंचिन्नयनमिति न्यायेन श्रुतिलिङ्गयोरन्नमात्रनिष्ठत्वं बाधित्वान्नात्मकपृथिवीनिष्ठत्वं नीयते । ताभ्यामन्नमात्रग्रहे प्रकरणादीनां पृथिवीमात्रविषयाणामत्यन्तबाधापत्तेरिति भावः । अन्नस्य वृष्टिजत्वोक्तिद्वारा पृथिव्या अब्जन्यत्वं सूच्यते । पृथिव्यब्जा, पृथिवीत्वात्, अन्नवदित्यनुमानादित्यक्षरार्थः । एवं तित्तिरिश्रुत्यनुसारेण छन्दोगश्रुतेर्नयनादविरुद्धो भूसृष्टिश्रुतीनां ब्रह्मणि समन्वय इति सिद्धम् ॥१२॥

रूप अधिक होने के कारण वैसा कहा गया है, क्योंकि पृथ्वी में जैसा काला रूप अधिक दीखता है, वैसा श्वेत और लोहित रूप नहीं दीखता । पौराणिकों ने भी रात्रि को पृथ्वी की ही छाया कहा है, कि 'वह रात्रि काले रंगवाली है ।' अतः पृथ्वी का काला रंग मानना युक्तियुक्त है । समान प्रकरण में श्रुति भी ऐसी ही मिलती है 'जल से पृथ्वी उत्पन्न होती है' 'जल में जो घनाभाव था वह संघात बन गया और उसी का परिणाम पृथ्वी बन गयी । व्रीह्यादि अन्न की उत्पत्ति तो 'पृथिव्या ओषधयः औषधिभ्यो अन्नम्' इस वाक्य द्वारा पृथ्वी से बतलाती है । इस प्रकार प्रकरण, लिङ्ग और शब्दान्तररूप पृथ्वी अर्थ के प्रतिपादक प्रमाणों के रहते-रहते अन्न शब्द से व्रीह्यादि अर्थ का बोध कैसे हो सकता है। लोकप्रसिद्धि भी पूर्वोक्त प्रकरणादि प्रमाणों से ही बाधित हो जाती है, वाक्यशेष भी अन्नाद्य भक्ष्य वस्तु पार्थिव होने के कारण अन्न द्वारा जल से पृथ्वी की ही उत्पत्ति को सूचित करता है, ऐसा अर्थ समझना चाहिए । अतः अन्न शब्द से यहाँ पृथ्वी अर्थ ही ग्रहण करना निश्चित होता है । इस प्रकार तैत्तिरीय श्रुति के अनुसार छान्दोग्य श्रुति का अर्थ करने पर भूतसृष्टि श्रुति का विरोधाभाव हो जाता है और उनका ब्रह्म में ही समन्वय सिद्ध होता है ॥ १२ ॥

१. शर्वरी । २. प्रकरण । ३. लोकप्रसिद्धिः । ४. अन्न । ५. सर्गकालीना ।

७. तदभिध्यानाधिकरणम् (सू. १३)

(२२६) तदभिध्यानादेव तु तल्लिङ्गात्सः ॥१३॥

व्योमाद्याः कार्यकर्तारो ब्रह्म वा तदुपाधिकम् ॥ व्योम्नो वायुर्वायुतोऽग्निरित्युक्तेः खादिकर्तृता ॥
ईश्वरोऽन्तर्यमयत्युक्तेर्व्योमाद्युपाधिकम् ॥ ब्रह्म वाय्वादिहेतुः स्यात्तेजआदीक्षणादपि ॥

किमिमानि वियदादीनि भूतानि स्वयमेव स्वविकारान्सृजन्त्याहोस्वित्परमेश्वर एव तेन तेनात्मनावतिष्ठमानोऽभिध्यायंस्तं तं विकारं सृजतीति सन्देहे सति प्राप्तं तावत्स्वयमेव सृजन्तीति । कुतः ? 'आकाशाद्वायुर्वायोरग्निः' इत्यादि स्वातन्त्र्यश्रवणात् ।

नन्वचेतनानां स्वतन्त्राणां प्रवृत्तिः प्रतिषिद्धा । नैष दोषः । 'तत्तेज ऐक्षत ता आप

संप्रति तानि भूतान्याश्रित्याश्रयाश्रयिभावसंगत्या तेषां स्वातन्त्र्यमाशङ्क्य निषेधति—तदभिध्यानादेव तु तल्लिङ्गात्सः । उक्तभूतान्याश्रित्य संशयपूर्वपक्षौ दर्शयति—किमिमानीत्यादिना । संशयबीजानुक्तौ पूर्वोत्तरपक्षयुक्त्यो बीजमिति ज्ञेयम् ।

नन्वत्र भूतानां किं स्वातन्त्र्येणोपादानत्वमाशङ्क्यते कर्तृत्वं वा । नाद्यः, 'रचनानुपपत्तेः' इत्यादिन्यायविरोधादिति शङ्कते—नन्विति । न द्वितीयः, अचेतनत्वादिति भावः । यथा मनुष्यादिशब्दैस्तत्तद्देहाभिमानिनो जीवा उच्यन्ते तथा 'आकाशाद्वायुः' इत्यादिश्रुतावाकाशादिशब्दैस्तत्तद्भूताभिमानिदेवता उच्यन्ते, तासां स्वकार्ये वाय्वादौ कर्तृत्वसंभवान्निरपेक्षनिमित्तत्वं पञ्चम्यर्थः । एवं 'तदात्मानं स्व-

---

७. तदभिध्यानाधिकरण

१. संगति—पूर्व अधिकरणों में महाभूतोत्पत्ति श्रुति का विरोध दूर किया गया, अब उन्हीं भूतों का आश्रय लेकर कुछ अन्य बात का भी विचार करना है । अतः पूर्व अधिकरण के साथ इसकी आश्रयाश्रयिभाव संगति है ।

२. विषय—भूतोत्पत्ति श्रुति का पुनर्विचार इस अधिकरण का विचारणीय विषय है ।

३. संशय—क्या वायु आदि भूतों की उत्पत्ति तत्तत् पूर्व उत्पन्न भूतोपहित ब्रह्म से होती है अथवा केवल भूत से?

४. पूर्वपक्ष—'आकाशाद्वायुः' इत्यादि श्रुतियों के अनुसार पूर्व-पूर्व भूत से उत्तर-उत्तर भूत की उत्पत्ति माननी चाहिए, ब्रह्म से नहीं ।

५. सिद्धान्त—'ईश्वर सबके भीतर रहकर नियमन करता है' इस श्रुति के आधार पर आकाशादि उपाधि से उपहित ब्रह्मचैतन्य अन्य भूतोत्पत्ति का कारण है । 'तत्तेज ऐक्षत' ऐसा तेज में ईक्षण सुना गया है, जो तेज का नहीं है अपितु तेज उपहित ब्रह्मचैतन्य का है ।

तदभिध्यानादेव तु तल्लिङ्गात्सः (ललिता)

क्या आकाशादि भूत स्वयं ही अपने कार्य रूप वायु आदि को बनाते हैं अथवा परमेश्वर ही उन-उन रूपों में अवस्थित रहकर परवर्ती भूतों का चिन्तन और उनकी सृष्टि करता है, ऐसा संशय होने पर पूर्वपक्षी कहता है, कि आकाशादि भूत स्वयं ही परवर्ती वायु आदि कार्यों की रचना करते हैं क्योंकि 'आकाशाद्वायुः वायोरग्निः' इन वाक्यों से परवर्ती कार्यरचना में उनकी स्वतन्त्रता देखी जाती है ।

शङ्का—अचेतन में स्वतन्त्ररूप से प्रवृत्ति का प्रतिषेध पहले कर दिया गया है । समाधान—यह

ऐक्षन्त' (छा० ६-२-४) इति च भूतानामपि चेतनत्वश्रवणादिति । एवं प्राप्तेऽभिधीयते —स एव परमेश्वरस्तेन तेनात्मनावतिष्ठमानोऽभिध्यायंस्तं तं विकारं सृजतीति । कुतः? तल्लिङ्गात् । तथा हि शास्त्रम्—'यः पृथिव्यां तिष्ठन् यः पृथिव्या अन्तरो यं पृथिवी न वेद यस्य पृथिवी शरीरं यः पृथिवीमन्तरो यमयति' (बृ० ३-७-३) इत्येवंजातीयकं साध्यक्षाणामेव भूतानां प्रवृत्तिं दर्शयति । तथा 'सोऽकामयत बहु स्यां प्रजायेय' इति प्रस्तुत्य 'सच्च त्यच्चाभवत् । तदात्मानं स्वयमकुरुत' (तै० २-६-१) इति तस्यैव च सर्वात्मभावं दर्शयति । यत्त्वीक्षणश्रवणमप्तेजसोस्तत्परमेश्वरावेशवशादेव द्रष्टव्यम् 'नान्योऽतोऽस्ति

यमकुरुत' इति श्रुतौ स्वयमिति विशेषणाद्ब्रह्मणोऽन्यानपेक्षसर्वकर्तृत्वसंभवान्निरपेक्षनिमित्तत्वं श्रुतम् । तथाच मिथोनिरपेक्षेश्वरभूतकर्तृश्रुत्योर्विरोधान्न ब्रह्मणि समन्वय इति सफलं पूर्वपक्षमाह—नैष दोष इति । **भूतानां** तदभिमानिदेवतानामित्यर्थः । यथा आकाशादिभावापन्नब्रह्मणः सर्वोपादानत्वं तथा तदभिमानिदेवताजीवभावमापन्नब्रह्मणः कर्तृत्वमिति परम्परया ईश्वरकर्तृत्वश्रुत्यविरोधः । **स्वयमिति** विशेषणमीश्वरान्तरनिरासार्थं न जोवभावापेक्षानिरासार्थमित्येकदेशिसिद्धान्त ऊहनीयः । मुख्यसिद्धान्तमाह—**एवं प्राप्त** इति । आकाशादिशब्दैर्न देवतालक्षणा मुख्यार्थे बाधकाभावात् पञ्चम्यश्च प्रकृतित्वार्थास्तत्र रूढतरत्वात्, तथा चाचेतनानां भूतानां कर्तृत्वमेव नास्ति, कुत ईश्वरानपेक्षकर्तृत्वम् । यद्यपि देवतानां कर्तृत्वं सम्भवति तथापीश्वरनियम्यत्वश्रवणाच्चेतनानामपि न स्वातन्त्र्यं, किमु वाच्यमचेतनानां भूतानां न स्वातन्त्र्यमिति मत्वोक्तम्—**तल्लिङ्गा**दिति । तत्तदचेतनात्मनावस्थितस्य ब्रह्मण उपादानत्वेऽपि जोवव्यावृत्तेश्वरत्वाकारेणैव साक्षात्सर्वकर्तृत्वं न जोवत्वद्वारा तस्य सर्वनियन्तृत्वाल्लिङ्गादित्यर्थः । प्रकरणाच्च साक्षात्सर्वकर्तृत्वमित्याह—**तथे**ति । पूर्वोक्तमनूद्य निरस्यति—**यत्त्वि**ति । परमेश्वरस्यान्तर्यामिभावेनावेशः संबन्धस्तद्वशाद्भूतेष्वीक्षणश्रवणं नैतावता तेषां चेतनत्वं स्वातन्त्र्यं वेत्यर्थः । अनेन 'तदभिध्यानात्' इति पदं व्याख्यातम् । इत्थं सूत्रयोजना—स ईश्वरस्तत्तदात्मना स्थितोऽपि साक्षादेव सर्वकर्ता तस्यान्तर्यामित्वलिङ्गात् । जीवत्वद्वारा कर्तृत्वं नाम जीवस्यैव कर्तृत्वमित्यन्तर्यामिणः कर्तृत्वासिद्धेरन्तर्यामित्वायोगात्तदभिध्यानादीश्वरेक्षणादेव भूतेषु श्रुतेक्षणोपपत्तेश्चेति । तत्तेज ऐक्षतेति श्रुत ईक्षिता परमात्मैवेत्यत्र श्रुत्यन्तरं प्रकरणं चाह—**नान्य**

कोई दोष नहीं है क्योंकि '**तत्तेज ऐक्षत**', '**ता आप ऐक्षन्त**' इन वाक्यों द्वारा भूतों में भी चेतनत्व सुना जाता है । ऐसा प्राप्त होने पर मुख्य सिद्धान्त पक्ष से कहा जाता है कि स्वयं परमेश्वर ही उन आकाशादि रूपों में स्थित होता हुआ परवर्ती भूतों का ध्यानपूर्वक सृष्टि करता है क्योंकि सर्वत्र नियामक रूप से परमेश्वर की स्थितिबोधक लिङ्ग देखे जाते हैं । 'जो पृथ्वी में स्थित है, पृथ्वी के भीतर है, जिसे पृथ्वी जानती नहीं, पृथ्वी जिसका शरीर है और जो पृथ्वी के भीतर रहकर पृथ्वी का नियमन करता है' इस प्रकार का शास्त्रवचन अध्यक्ष के सहित भूतों की ही प्रवृत्ति को दिखलाता है । वैसे ही 'उसने कामना की, मैं बहुत रूप में और प्रजारूप में हो जाऊँ' ऐसा प्रसंग प्रारम्भकर 'उसने पृथिव्यादि सद्रूप एवं वायु, आकाशादि त्यद् रूप से स्वयं अपने को ही बनाया' इस वाक्य द्वारा उसी ब्रह्म में सर्वात्मभाव श्रुति दिखलाती है । और जो आप ने जल एवं तेज में ईक्षणश्रवण कहा था, उसे तो परमेश्वरावेश के कारण ही समझना चाहिए, क्योंकि '**नान्योऽतोऽस्ति द्रष्टा**' इस वाक्य द्वारा परमेश्वर से भिन्न ईश्वर

---

१. सस्वामिकानाम् ।

८. विपर्ययाधिकरणम् (सू. १४)

(२३०) विपर्ययेण तु क्रमोऽत उपपद्यते च ॥१४॥

सृष्टिक्रमो लये ज्ञेयो विपरीतक्रमोऽथ वा । क्लृप्त कल्प्याद्वरं तेन लये सृष्टिक्रमो भवेत् ॥
हेतावसति कार्यस्य न सत्त्वं युज्यते ततः । पृथिव्यप्स्वित‍ि चोक्तत्वाद्विपरीतक्रमो लये ॥

द्रष्टा' (बृ० ३-७-२३) इतीक्षित्रन्तरप्रतिषेधात् । प्रकृतत्वाच्च सत ईक्षितुः 'तदैक्षत बहु स्यां प्रजायेय' इत्यत्र ॥१३॥

भूतानामुत्पत्तिक्रमश्चिन्तितः । अथेदानीमप्ययक्रमश्चिन्त्यते । किमनियतेन क्रमेणाप्यय उतोत्पत्तिक्रमेणाथ वा तद्विपरीतेनेति । त्रयोऽपि चोत्पत्तिस्थितिप्रलया भूतानां ब्रह्मायत्ताः

इति । **तस्मादीश्वरपदार्थलोपप्रसङ्गेनेश्वरादन्यस्य स्वातन्त्र्याभावान्नेश्वरकर्तृत्वश्रुतेर्भूतश्रुत्या** विरोध **इति सिद्धम् ॥१३॥**

विपर्ययेण तु । **यद्यप्यत्र श्रुतिविरोधो न परिह्रियत इत्यसंगतिस्तथाप्युत्पत्तिक्रमे निरूपिते** लयक्रमो बुद्धिस्थो विचार्यत इति प्रासङ्गिक्यावेव पादाऽवान्तरसंगती इति मत्वाह—भूतानामिति । **अत्रोत्पत्तिक्रमाद्विपरीतक्रमनिर्णयात्सिद्धान्ते भूतानां प्रातिलोम्येन लयध्यानपूर्वकं प्रत्यग्ब्रह्मणि मनः-समाधानं फलं, पूर्वपक्षे तु कारणनाशे सति कार्यनाश इति सर्वलयाधारब्रह्मासिद्धेरुक्तसमाध्यसिद्धिरिति** भेदः । **सति महाभूतानां लये क्रमचिन्ता स एव नास्तीति केचित्तान्प्रत्याह**—त्रयोऽपीति । अनियम

कर्ता का निषेध कर दिया गया है । **'तदैक्षत बहुस्यां प्रजायेय'** यह प्रकरण भी ईक्षणकर्ता सत्स्वरूप ब्रह्म को ही कहता है, उससे भिन्न किसी भी अचेतन जल एवं तेज में स्वतन्त्र ईक्षणकर्तृत्व सम्भव नहीं है । अतः ईश्वरकर्तृत्वश्रुति का भूतश्रुति के साथ कोई विरोध नहीं है यह सिद्ध हुआ ॥१३॥

८. विपर्ययाधिकरण

१. **संगति**—भूतों की उत्पत्ति का विचार अब तक किया गया था, अब बुद्धिस्थ विलय-क्रम का विचार करना है । इसलिए पूर्व के साथ इस अधिकरण की प्रसंग संगति है ।

२. **विषय**—भूतों का लय-क्रम इस अधिकरण का विचारणीय विषय है ।

३. **संशय**—जिस क्रम से भूतों की उत्पत्ति हुई है उसी क्रम से इनका विलय होता है अथवा विपरीत क्रम से?

४. **पूर्वपक्ष**—उभयवादी सम्मत होने के कारण निर्विवाद उत्पत्ति-क्रम से ही भूतों का विलय मानना चाहिए, विपरीत क्रम तो कल्प्यमान होने के कारण विवादास्पद है ।

५. **सिद्धान्त**—उपादान कारण के न रहने पर कार्य की स्थिति क्षण भर भी नहीं रह सकती । साथ ही 'हे देवर्षि नारद ! सम्पूर्ण जगत् की प्रतिष्ठा यह पृथ्वी प्रलयकाल में अपने कारण जल में लीन होती है' ऐसा सुना गया है । अतः उत्पत्तिक्रम की अपेक्षा विपरीत क्रम से भूतों का विलय मानना चाहिए ।

विपर्ययेण तु क्रमोऽत उपपद्यते च (ललिता)

वियदादि भूतों की उत्पत्तिक्रम का विचार किया गया, अब उनके प्रलय के समय विलय क्रम का विचार किया जाता है, कि क्या अनियत क्रम से इनका विलय होता है या उत्पत्ति क्रम से अथवा उत्पत्ति क्रम के विपरीत क्रम से इनका विलय होता है । भूतों की उत्पत्ति, स्थिति एवं प्रलय परमात्माधीन

श्रूयन्ते—'यतो वा इमानि भूतानि जायन्ते । येन जातानि जीवन्ति । यत्प्रयन्त्यभिसंविशन्ति' (तै० ३-१-१) इति । तत्रानियमोऽविशेषादिति प्राप्तम् । अथवोत्पत्तेः क्रमस्य श्रुतत्वात्प्रलयस्यापि क्रमाकाङ्क्षिणः स एव क्रमः स्यादिति । एवं प्राप्तं ततो ब्रूमः—विपर्ययेण तु प्रलयक्रमोऽत उत्पत्तिक्रमाद्भवितुमर्हति । तथाहि लोके दृश्यते येन क्रमेण सोपानमारूढस्ततो विपरीतेन क्रमेणावरोहतीति । अपि च दृश्यते मृदो जातं घटशरावाद्यप्ययकाले मृद्भावमप्येत्यद्भ्यश्च जातं हिमकरकाद्यब्भावमप्येतीति । अतश्चोपपद्यत एतत् । यत्पृथिव्यद्भ्यो जाता सती स्थितिकालव्यतिक्रान्तावपोऽपीयादापश्च तेजसो जाताः सत्यस्तेजोऽपीयुः । एवं क्रमेण सूक्ष्मं सूक्ष्मतरं चानन्तरमनन्तरतरं कारणमपीत्य सर्वं कार्यजातं परमकारणं परमसूक्ष्मं च ब्रह्माप्येतीति वेदितव्यम् । नहि स्वकारणव्यतिक्रमेण कारणकारणे कार्याप्ययो न्याय्यः । स्मृतावप्युत्पत्तिक्रमविपर्ययेणैवाप्ययक्रमस्तत्र तत्र दर्शितः—'जगत्प्रतिष्ठा देवर्षे पृथिव्यप्सु

इत्यनास्थयोक्तं श्रौतस्य प्रलयस्य क्रमाकाङ्क्षायां श्रौत उत्पत्तिक्रम एव ग्राह्यः, श्रौतत्वेनान्तरङ्गत्वादित्येवं पूर्वपक्षः । 'सति कारणे कार्यं नश्यतीति लोके दृश्यते । तथाच श्रौतोऽप्युत्पत्तिक्रमो लये न गृह्यते किंतु लौकिकक्रम एव गृह्यते श्रुतेर्लोकदृष्टपदार्थबोधाधीनत्वेन श्रौतादपि लौकिकस्यान्तरङ्गत्वाद्योग्यत्वाच्च । कारणमेव हि कार्यस्य स्वरूपमिति तदनन्यत्वन्यायेन स्थापितम् । न हि स्वरूपनाशे कार्यस्य क्षणमपि स्थितिर्युक्ता तस्मादयोग्य उत्पत्तिक्रमो लयस्य न ग्राह्यः लौकिकक्रमावरोधेन निराकाङ्क्षत्वादिति सिद्धान्तयति—ततोब्रूम इत्यादिना । क्रमेण परम्परया सर्वकार्यलयाधारत्वं ब्रह्मणः किमित्याश्रीयते, साक्षादेव तत्किं न स्यादित्यत आह—नहि स्वकारणव्यतिक्रमेणेति । घटनाशे मृदनुपलब्धि-

---

सुने जाते हैं । 'जिससे सभी भूत उत्पन्न होते हैं, उत्पन्न होकर जिससे जीवित रहते हैं और जिसमें सभी लीन होते हैं' यहाँ पर क्रम का कोई नियम नहीं । इसीलिए सामान्यतः क्रमनिर्धारण करना ठीक नहीं है । अथवा उत्पत्ति का क्रम श्रुति में निश्चित है तो उसी श्रौतक्रम से लय क्रम की आकांक्षा होने पर प्रलय को भी मान लेना चाहिए । ऐसा पूर्वपक्ष होने पर हम सिद्धान्ती कहते हैं, कि उत्पत्ति क्रम से विपरीत क्रम द्वारा वियदादि भूतों का प्रलय मानना उचित होगा, क्योंकि लोक में जिस क्रम से सोपान पर आरूढ़ होता है उसके ठीक विपरीत क्रम से अवरोह करता देखा गया है । यह भी देखा गया है, कि मृत्तिका से उत्पन्न घट, शरावादि मृत्पात्र विलयकाल में मृद्भाव को ही प्राप्त करते हैं और जल से उत्पन्न हिम, ओले आदि जलरूप को ही प्राप्त करते हैं । इसीलिए यह युक्तिसंगत भी है कि जल से उत्पन्न हुई पृथ्वी प्रलयकाल में जल में ही लीन होती है । वैसे ही, तेज से उत्पन्न हुआ जल विलयकाल में तेज में ही लीन होगा । इस प्रकार क्रमशः सूक्ष्म, सूक्ष्मतर और अनन्तर एवं अनन्तरतर कारण में लीन होकर सभी कार्य परम कारण, परम सूक्ष्म ब्रह्म में ही लीन होते हैं, ऐसा समझना चाहिए । अपने कारण के विपरीत क्रम से कारण के कारण में कार्य का विलय मानना उचित नहीं होगा अन्यथा घट के नष्ट होने पर मृत्तिका की अनुपलब्धि का प्रसंग आ जायेगा । स्मृति में भी उत्पत्ति क्रम के विपरीत क्रम से ही स्थल-स्थल पर वियदादि भूतों का प्रलय देखा गया है । 'हे देवर्षि नारद ! इस सम्पूर्ण विश्व

---

१. अनन्तर व्यवहितताव्यवहितसाधारणम्, अव्यवहितमेवत्वनंतरतरमिति भेदः । २. विद्यमाने कारणे ।

६. अन्तराविज्ञानाधिकरणम् (सू. १५)

किमुक्तक्रमभङ्गोऽस्ति प्राणाद्यैर्नास्ति वास्ति हि । प्राणाक्षमनसां ब्रह्मवियतोर्मध्य ईरणात् ॥
प्राणाद्या भौतिका भूतेष्वन्तर्भूताः पृथक् क्रमम् । नेच्छन्त्यतो न भङ्गोऽस्ति प्राणादौ न क्रमः श्रुतः ॥

प्रलीयते । ज्योतिष्यापः प्रलीयन्ते ज्योतिर्वायौ प्रलीयते' इत्येवमादौ । उत्पत्तिक्रमस्तूत्पत्तावेव श्रुतत्वान्नाप्यये भवितुमर्हति । न चासावयोग्यत्वादप्ययेनाकाङ्क्ष्यते । नहि कार्ये ध्रियमाणे कारणस्याप्ययो युक्तः कारणाप्यये कार्यस्यावस्थानानुपपत्तेः । कार्याप्यये तु कारणस्यावस्थानं युक्तं मृदादिष्वेवं दृष्टत्वात् ॥१४॥

प्रसङ्गाविस्यर्थः । 'वायुश्च लीयते व्योम्नि तच्चाव्यक्ते प्रलीयते' इति स्मृतिशेष आदिपदार्थः । 'योग्यताधीनः संबन्धः' इति न्यायादयोग्यक्रमबाध इति सिद्धम् ॥१४॥

की प्रतिष्ठा पृथ्वी प्रलय के समय जल में लीन होती है, जल तेज में लीन होता है, तेज वायु में लीन होता है, वायु आकाश में लीन होता है और आकाश अव्यक्त में लीन होता है' इत्यादि स्थलों में विपरीत क्रम से ही वियदादि भूतों का विलय होता देखा गया है। उत्पत्ति क्रम तो उत्पत्ति में ही सुने जाने के कारण वह प्रलय में नहीं लगाया जा सकता। सम्बन्ध सदा योग्यताधीन हुआ करता है, इस युक्ति से अयोग्य क्रम का बाध भी हो जाता है। अतः उत्पत्ति क्रम प्रलय के लिये अयोग्य होने के कारण उसको आकांक्षा विलय को नहीं हुआ करती है। कार्य बना रहे और कारण का नाश हो जाय, यह युक्तिसंगत भी नहीं है, क्योंकि कारण के नष्ट हो जाने पर कार्य का बना रहना युक्तिविरुद्ध है। हाँ, कार्य के नाश होने पर कारण का बने रह जाना तो युक्तियुक्त है। घटादि के नाश होने पर मृत्तिकादि में ऐसा ही देखा गया है। अतः उत्पत्ति क्रम के विपरीत क्रमानुसार ही विलय मानना श्रुति, स्मृति एवं न्याय से सिद्ध है ॥१४॥

६. अन्तराविज्ञानाधिकरण

१. **संगति**—भूतोत्पत्ति एवं लय-क्रम विचार का जो प्रयोजन लयचिन्तन बतलाया गया है वही प्रयोजन करणों की उत्पत्ति एवं विलय क्रम विचारकामी हैं। अतः एकप्रयोजनकत्व संगति के कारण इस अधिकरण को प्रारम्भ करते हैं।

२. **विषय**—**'करणोत्पत्तिश्रुतिविरोध'** इस अधिकरण का विचारणीय विषय है।

३. **संशय**—पूर्वोक्त भूतोत्पत्ति-क्रम करणोत्पत्ति-क्रम से विरुद्ध पड़ता है या नहीं ?

४. **पूर्वपक्ष**—ब्रह्म और आकाश के मध्य में प्राण, इन्द्रियों और मन की उत्पत्ति कही गयी है। अतः प्राणादि उत्पत्ति के कारण भूतोत्पत्ति-क्रम का विरोध सुस्पष्ट भासता है।

५. **सिद्धान्त**—मन और बुद्धि भौतिक होने के कारण प्राणादि भौतिक सभी पदार्थ पञ्चभूतों के अन्तर्गत ही आ जाते हैं। अतः भौतिक प्राणादि उत्पत्ति का क्रम पृथक् नहीं है। साथ ही, आथर्वण श्रुति ने सम्पूर्ण भूत और भौतिक सभी पदार्थों की उत्पत्तिमात्र को कहा है, क्रम को नहीं। अतः भूतोत्पत्ति-क्रम के भङ्ग का कोई प्रसंग ही नहीं आता है।

(२३१) अन्तरा विज्ञानमनसी क्रमेण तल्लिङ्गादिति चेन्नाविशेषात् ॥१५॥

भूतानामुत्पत्तिप्रलयावनुलोमप्रतिलोमक्रमाभ्यां भवत इत्युक्तम् । आत्मादिरुत्पत्तिः प्रलयश्चात्मान्त इत्यप्युक्तम् । सेन्द्रियस्य तु मनसो बुद्धेश्च सद्भावः प्रसिद्धः श्रुतिस्मृत्योः । 'बुद्धिं तु सारथिं विद्धि मनः प्रग्रहमेव च । इन्द्रियाणि हयानाहुः' (कठ० ३-३) इत्यादिलिङ्गेभ्यः । तयोरपि कस्मिंश्चिदन्तराले क्रमेणोत्पत्तिप्रलयावुपसंग्राह्यौ, सर्वस्य वस्तुजातस्य ब्रह्मजत्वाभ्युपगमात् । अपि चाथर्वण उत्पत्तिप्रकरणे भूतानामात्मनश्चान्तराले करणान्यनुक्रम्यन्ते । 'एतस्माज्जायते प्राणो मनः सर्वेन्द्रियाणि च । खं वायुर्ज्योतिरापः पृथिवी विश्वस्य धारिणी' (मुण्ड० २-१-३) इति । तस्मात्पूर्वोक्तोत्पत्तिप्रलयक्रमभङ्गप्रसङ्गो भूतानामिति चेत् ।

अन्तराऽविशेषात् । उक्तभूतोत्पत्तिलयक्रममुपजीव्य स किं करणोत्पत्तिक्रमेण विरुध्यते न वेति करणानामभौतिकत्वभौतिकत्वाभ्यां संदेहे वृत्तानुवादपूर्वकं पूर्वपक्षमाह—भूतानामित्यादिना । करणानि तु सन्तीति वदन्तं प्रत्याह—सेन्द्रियस्येति । 'मनसस्तु परा बुद्धिर्यो बुद्धेः परतस्तु सः', 'श्रोत्रादीन्येव न सन्तीति वदन्तं प्रत्याह—सेन्द्रियस्येति । 'मनसस्तु परा बुद्धिर्यो बुद्धेः परतस्तु सः', 'श्रोत्रादीनीन्द्रियाण्यन्ये' इति स्मृतिर्द्रष्टव्या । अन्यपराः शब्दाः लिङ्गानीत्युच्यन्ते । करणानां क्रमाकाङ्क्षामाह—तयोरिति । आकाङ्क्षायां श्रुतिसिद्धः क्रमो ग्राह्य इत्याह—अपिचेति । विज्ञायतेऽनेनेति विज्ञानं सेन्द्रिया बुद्धिः । आत्मनो भूतानां चान्तरा मध्ये तल्लिङ्गात्सृष्टिवाक्यात् 'एतस्माज्जायते प्राणो मनः' इत्यादिरूपाद्विज्ञानमनसी अनुक्रम्येते । तथाच करणक्रमेण पूर्वोक्तक्रमभङ्ग इति शङ्कासूत्रांशार्थः । नच करणानां भौतिकत्वाद्भूतानन्तर्यमिति वाच्यं, तेषां भौतिकत्वे मानाभावात् । तथा चात्मनः प्रथममाकाशस्य जन्म पश्चाद्वायोरित्युपक्रमस्यात्मनः करणानि ततो भूतानीति क्रमेण विरोध इति तित्तिर्याथर्वणश्रुत्योर्विरोधान्न ब्रह्मणि समन्वय इति पूर्वपक्षफलम् ।

अन्तरा विज्ञानमनसी क्रमेण तल्लिङ्गादिति चेन्नाविशेषात् (ललिता)

पूर्वपक्ष—अनुलोम क्रम से भूतों की उत्पत्ति और प्रतिलोम क्रम से भूतों का प्रलय होना बतलाया गया । उत्पत्ति के आदि में आत्मा था और प्रलय के अन्त में भी आत्मा ही रहेगा, यह भी बतला दिया गया । किन्तु इन्द्रियों के सहित मन और बुद्धि का अस्तित्व श्रुति एवं स्मृति में प्रसिद्ध ही है 'बुद्धि को सारथी समझो, मन को लगाम और इन्द्रियों को घोड़ जानो' ये अन्यार्थबोधक शब्द भी उनके अस्तित्वबोध कराने वाले लिङ्ग हैं । अतः इन्द्रियों के सहित मन और बुद्धि का भी किसी के मध्य में क्रमशः उत्पत्ति और प्रलय मानना चाहिए, क्योंकि सभी वस्तु ब्रह्मजन्य मानी गयी है । सूत्र में आया हुआ विज्ञान पद विज्ञायते अनेन इस व्युत्पत्ति के आधार पर इन्द्रियों के सहित बुद्धि अर्थ का बोधक है । मुण्डकोपनिषद् के उत्पत्तिप्रकरण में वियदादि भूतों और आत्मा के मध्य इन्द्रियों का पाठ है । 'इस आत्मा से प्राण, मन, सभी इन्द्रियाँ, आकाश, वायु, अग्नि, जल एवं सम्पूर्ण विश्व को धारण करने वाली पृथ्वी उत्पन्न हुई' इस वाक्य द्वारा सुना गया है । ऐसी स्थिति में भूतों की उत्पत्ति एवं विलय का क्रम जो सिद्धान्ती ने निश्चित किया था उसके भङ्ग का प्रसंग आ जाता है ।

---

१. आत्मान्तः पर्यवसानभूमिर्यस्य । २. करणग्रामसहितयोर्बुद्धिमनसोः । ३. मध्ये । ४. मुण्डके । ५. उदिदश्य ।

न। अविशेषात्। यदि तावद्भौतिकानि करणानि ततो भूतोत्पत्तिप्रलयाभ्यामेवैषामुत्पत्तिप्रलयौ भवत इति नैतयोः क्रमान्तरं मृग्यम्। भवति च भौतिकत्वे लिङ्ग[1] करणानाम्। 'अन्नमयं हि सोम्य मन आपोमयः प्राण[2]स्तेजोमयी वाक्' (छा० ६-५-४) इत्येवंजातीयकम्। व्यपदेशोऽपि क्वचिद्भूतानां करणानां च ब्राह्मणपरिव्राजकन्यायेन नेतव्यः। अथ त्वभौतिकानि करणानि तथापि भूतोत्पत्तिक्रमो न करणैर्विशेष्यते प्रथमं करणान्युत्पद्यन्ते चरमं भूतानि प्रथमं वा भूतान्युत्पद्यन्ते चरमं वा करणानीति। आथर्वणे तु [3]समाम्नायक्रममात्रं करणानां भूतानां च। न तत्रोत्पत्तिक्रम उच्यते। तथान्यत्रापि पृथगेव भूतक्रमात्करणक्रम

सिद्धान्तयति—नेति। 'आत्मन आकाशः' इत्यादि तित्तिरिश्रुतौ पञ्चम्याः कार्यकारणभावेनार्थतः क्रमो भाति। न तस्याथर्वणपाठेन बाधः अर्थक्रमविरोधिक्रमविशेषस्याश्रुतेः पाठमात्रस्यार्थक्रमधीशेषस्य [4]शेषिबाधकत्वायोगादतः श्रुत्यर्थक्रमाविरोधेन पाठस्य नेयत्वाद्भूतानन्तर्यं करणानामित्यर्थः। किञ्च भौतिकत्वात्तेषां तदानन्तर्यमित्याह—यदीति। नच [5]प्राणस्याब्विकारत्वायोगादन्नमयमित्यादिमयटो न विकारार्थतेति वाच्यं, करणानां विभक्तत्वेन कार्यतया कारणाकाङ्क्षायामन्नमयमित्यादिश्रुतेराकाङ्क्षितोक्त्यर्थमसति बाधके मयटो विकारार्थताया युक्तत्वात्। प्राचुर्यार्थत्वे त्वनाकाङ्क्षितोक्तिरसङ्गाच्छ्रुत्यैव तेजोबन्नप्राशने वाक्प्राणमनसां वृद्धिस्तदभावे तन्नाश इति विकारत्वस्य दर्शितत्वान्न विवादावसरः। यद्वा स्थूलभूताधीना तेषां वृद्धिर्विकारो मयडर्थः श्रूयमाणो भौतिकत्वे लिङ्गं प्राणेन्द्रियमनांसि भौतिकानि भूताधीनवृद्धिमत्त्वाद्देहवदिति भावः। ननु तेषां भौतिकत्वे कथमाथर्वणे पृथक् जन्मकथनं भूतजन्मोक्त्यैव तज्जन्मसिद्धेरित्यत आह—व्यपदेशोऽपीति। प्रौढवादेन तेषामभौतिकत्वमुपेत्यापि श्रुत्यविरोधमाह—अथ त्विति। करणानां भूतानां च पूर्वापरत्वे मानाभावान्नोक्तभूतक्रमभङ्गः। न चाथर्वणवाक्यं मानं पाठमात्रत्वादित्यर्थः। तर्हि कथं क्रमनिर्णयः, तत्राह—तथेति। इदं स्थूलमुत्पत्तेः प्राक् प्रजापतिः सूत्रात्मासीत्। अत्र सूक्ष्मभूतात्मकप्रजापतिसर्गः

सिद्धान्त—ऐसा कहना ठीक नहीं, क्योंकि मुण्डकोपनिषद् में क्रमबोधक कोई शब्द नहीं है, वहाँ तो सामान्यतः आत्मा से सबकी उत्पत्तिमात्र कही गयी है और तैत्तिरीय उपनिषद् में क्रमबोधक पञ्चमी विभक्ति है उससे पाठ क्रममात्र का बाध हो जाता है। इसके अतिरिक्त यदि इन्द्रियाँ भौतिक हैं तो भूत उत्पत्ति-प्रलय क्रम से ही इन्द्रियों की उत्पत्ति और प्रलय हो जायँगे, इनके लिए पृथक् क्रम अन्वेषण की आवश्यकता नहीं है। 'हे सोम्य! मन अन्न का विकार है, प्राण जल का और घृतादि तेज का विकार वाणी है' इस प्रकार का शास्त्रवचन इन्द्रियों के भौतिक होने में लिङ्ग है। कहीं-कहीं पर भूत और इन्द्रियों का पृथक् जन्म जो बतलाया गया है, उनका तो ब्राह्मणपरिव्राजकन्याय से अर्थ कर लेने पर श्रुतिविरोध का परिहार हो जाता है। और यदि इन्द्रियों को भौतिक न माना जाय, तो भी भूतोत्पत्ति क्रम को इन्द्रियों से विशेषित नहीं किया जा सकता चाहे पहले करण उत्पन्न हुए, तत्पश्चात् भूत उत्पन्न हुए हैं अथवा प्रथम भूत और तत्पश्चात् करण उत्पन्न हुए, कैसा भी माना जाय, इसमें विरोध का कोई प्रसंग नहीं है, क्योंकि मुण्डकोपनिषद् में इन्द्रियों एवं भूतों का पाठ क्रममात्र के लिए है, वहाँ पर उससे उत्पत्ति क्रम का बोध नहीं कराया गया है। ऐसे ही अन्यत्र भी भूतक्रम से इन्द्रियों का क्रम

---

१. मनआदीनां समष्टिभूतसत्त्वाद्यंशकार्यत्वप्रसिद्धेऽपि तेषां स्थित्यंशेऽपि भौतिकत्वं वक्तुमाहान्नमयमित्यादिना।
२. तेजो वैघृतम्। ३. समाम्नायः पाठः। ४. अर्थक्रमधीरूपः। ५. सकरणस्य प्राणस्य प्रकरणाभावादित्यर्थः।

१०. चराचरव्यपाश्रयाधिकरणम् (सू. १६)

(२३२) चराचरव्यपाश्रयस्तु स्यात्तद्व्यपदेशो भाक्तस्तद्भावभावित्वात् ॥१६॥

जीवस्य जन्ममरणे वपुषो वात्मनो हि ते। जातो मे पुत्र इत्युक्तेर्जातकर्मादितस्तथा ॥
मुख्ये ते वपुषो भाक्ते जीवस्यैते अपेक्ष्य हि। जातकर्म च लोकोक्तिर्जीवापेतेति शास्त्रत: ॥

आम्नायते—'प्रजापतिर्वा इदमग्र आसीत्स आत्मानमैक्षत स मनोऽसृजत तन्मन एवासीत्तदात्मानमैक्षत तद्वाचमसृजत' इत्यादिना। तस्मान्नास्ति भूतोत्पत्तिक्रमस्य भङ्गः॥१५॥

स्तो जीवस्याप्युत्पत्तिप्रलयौ, जातो देवदत्तो मृतो देवदत्त इत्येवंजातीयकाल्लौकिकव्य-

---

प्रथमस्ततो मनआदिसर्गः इति क्रमो भातीति भावः। एवंच भूतकरणोत्पत्तिश्रुत्योरविरोधाद्ब्रह्मणि समन्वयसिद्धिरिति सिद्धान्तफलं निगमयति—तस्मादिति ॥१५॥

चराचरभावित्वात्। एवं तावत्तत्पदवाच्यकारणनिर्णयाय भूतश्रुतीनां विरोधो निरस्तः। इदानीमा पादसमाप्तेस्त्वंपदार्थशुद्ध्यर्थं जीवश्रुतीनां विरोधो निरस्यते। इह जीवो 'न जायते म्रियते' इत्यादिश्रुतेर्जातेष्टिश्राद्धशास्त्रेण विरोधोऽस्ति न वेति संदेहे विरोधोऽस्तीति प्राप्ते लौकिकजन्मादिव्यपदेशसहायाज्जातेष्ट्यादिशास्त्रेण जीवाजत्वादिश्रुतिर्बाध्यत इति पूर्वपक्षयति—स्त इति। तथाच

पृथक् ही पढ़ा गया है 'इस जगदुत्पत्ति से पूर्व प्रजापति ही था, उसने अपने को देखा, तत्पश्चात् मन को बनाया, वह मन शरीर में ही था। फिर उसने अपने को देखा और तत्पश्चात् वाणी को बनाया' इत्यादि वाक्यों में केवल सृष्टि सुनी जाती है, इसके आधार पर क्रम निश्चित नहीं किया जा सकता। अतः भूत और इन्द्रियों की उत्पत्ति बतलाने वाली श्रुतियों में कोई विरोध नहीं है। इसीलिए भूतोत्पत्ति क्रम का भङ्ग नहीं होता और ब्रह्म में श्रुतियों का समन्वय सिद्ध हो जाता है ॥१५॥

१०. चराचरव्यपाश्रयाधिकरण

१. संगति—पञ्चभूत एवं भौतिक प्राणादि में कार्यकारणभाव होने के कारण इनकी उत्पत्ति-श्रुतिविरोध का परिहार किया गया, पर जीव तो किसी का कार्य नहीं है, उसकी उत्पत्तिबोधक शास्त्र के साथ विरोध तो रहेगा ही; ऐसी प्रत्युदाहरण संगति के कारण यह अधिकरण प्रारम्भ किया गया।

२. विषय—जीवोत्पत्तिश्रुति इस अधिकरण का विचारणीय विषय है।

३. संशय—क्या जीव के जन्म-मरण होते हैं अथवा शरीर के ?

४. पूर्वपक्ष—'मेरा पुत्र उत्पन्न हुआ' इस कथन से तथा जातकर्मादि के विधान से जीवात्मा का ही जन्म-मरण मानना चाहिए।

५. सिद्धान्त—शरीर के ही मुख्य रूप से जन्म-मरण होते हैं, जीवात्मा में इनका गौणप्रयोग होता है, इन्हीं की अपेक्षा करके जातकर्मादि संस्कार का विधान किया गया है। **'जीवोपेत:'** (जीव-रहित शरीर मरता है) इस शास्त्र के आधार पर भी देहादि का जन्म और आत्मा का नित्यत्व मानना ही उचित होगा।

चराचरव्यपाश्रयस्तु स्यात्तद्व्यपदेशो भाक्तस्तद्भावभावित्वात् (ललिता)

इस प्रकार तत्पदवाच्य जगत्कारण का निश्चय कराने के लिए भूत उत्पत्ति श्रुतियों के विरोध का निरास किया गया। अब यहाँ से इस पाद की समाप्तिपर्यन्त त्वं पदार्थशोधन के लिए जीवबोधक श्रुतियों का विरोधपरिहार किया जाता है। 'जीव न जन्मता है, न मरता है' इस श्रुति का जातेष्टि

पदेशात् जातकर्मादिसंस्कारविधानाच्चेति स्यात्कस्यचिद्भ्रान्तिस्तामपनुदामः। न जीवस्योत्पत्तिप्रलयौ स्तः, शास्त्रफलसम्बन्धोपपत्तेः। शरीरानुविनाशिनि हि जीवे शरीरान्तरगतेष्टानिष्टाप्राप्तिपरिहारार्थौ विधिप्रतिषेधावनर्थकौ स्याताम्। श्रूयते च—'जीवापेतं वाव किलेदं म्रियते न जीवो म्रियते' (छा० ६-११-३) इति।

ननु लौकिको जन्ममरणव्यपदेशो जीवस्य दर्शितः। सत्यं दर्शितः। भाक्तस्त्वेष जीवस्य जन्ममरणव्यपदेशः। किमाश्रयः पुनरयं मुख्यो यदपेक्षया भाक्त इति। उच्यते—चराचरव्यपाश्रयः। स्थावरजङ्गमशरीरविषयौ जन्ममरणशब्दौ। स्थावरजङ्गमानि हि भूतानि जायन्ते च म्रियन्ते चातस्तद्विषयौ जन्ममरणशब्दौ मुख्यौ सन्तौ तत्स्थे जीवात्मन्युपचर्येते, तद्भावभावित्वात्। शरीरप्रादुर्भावतिरोभावयोर्हि सतोर्जन्ममरणशब्दौ भवतो नासतोः।

करणोत्पत्तिक्रमेण भूतक्रमस्य बाधाभावेऽपि जीवोत्पत्तिक्रमेण बाधः स्यादिति प्रत्युदाहरणसंगतिः। पूर्वपक्षे जीवब्रह्मैक्यासिद्धिः, सिद्धान्ते तत्सिद्धिरिति भेदः। चेतनजन्माद्युद्देशेन चेतनस्य तस्य जन्मान्तरीयफलसाधनं जातकर्मादिसंस्कारो विधीयते। तथा चोद्देश्यविधेययोर्मिथोविरोधे सति 'विधेयाविरोधेनोद्देश्यं नेयम्' इति न्यायाज्जन्मादिकं देहोपाधिकं न स्वत इति सिद्धान्तयति—तामित्यादिना। जीवापेतं जीवेन त्यक्तमिदं शरीरम्। जन्मादिव्यपदेशश्चराचरदेहविषयो मुख्यः। जीवे तु भाक्तो गौणः औपाधिकजन्मादिविषयः स्यादुपाधिजन्मभावे भावादसत्यभावादिति सूत्रार्थः।

और श्राद्धबोधक शास्त्र के साथ विरोध है या नहीं, ऐसा सन्देह होने पर पूर्वपक्ष में विरोध माना गया है क्योंकि जातो देवदत्तः मृतो देवदत्तः, ऐसे लौकिक शब्द व्यवहार से और जातकर्मादि संस्कार के विधान से भी जीव की उत्पत्ति एवं प्रलय सम्भावित हो जाते हैं। ऐसा भ्रम किसी को हो सकता है, उसका निवारण हम सिद्धान्ती करते हैं कि जीव की उत्पत्ति और उसके प्रलय नहीं होते, क्योंकि शास्त्र द्वारा जन्मान्तरीय फल के साथ जीव का सम्बन्ध बतलाया गया है। यदि शरीर के साथ-साथ जीव को मरने वाला माना जायेगा, तो शरीरान्तर में होने वाले इष्ट प्राप्ति और अनिष्ट परिहार के लिए जो विधि तथा प्रतिषेध शास्त्र हैं वे अनर्थक हो जायेंगे। श्रुति में सुना गया है कि 'निःसन्देह जीवरहित केवल शरीर ही मरता है, जीव नहीं मरता' इस से भी जीव में नित्यत्व सिद्ध हो जाता है।

शङ्का—जातो देवदत्तः मृतो देवदत्तः, ऐसा जीव के जन्म एवं मरण बतलाने वाला लौकिक शब्द व्यवहार दिखलाया जा चुका है। समाधान—ठीक है, दिखलाया तो है किन्तु यह जन्म-मरण व्यपदेश जीव के लिए गौण है। शङ्का—फिर यह जिसकी अपेक्षाकर जीवाश्रित जन्म-मरण व्यपदेश गौण है, तो वह मुख्य कौन है? समाधान—चर एवं अचर देह ही मुख्यरूप से जन्म एवं मरणरूप व्यवहार का आश्रय है। अर्थात् स्थावर एवं जङ्गम शरीर के विषय में ही जन्म-मरण शब्द व्यवहार होता है, क्योंकि स्थावर एवं जङ्गम भूत उत्पन्न होते और मरते हैं। अतः उसी में जन्म-मरण शब्द मुख्यरूप से प्रयुक्त होते हैं और उस संघात में रहने वाले जीवात्मा में उसका गौणप्रयोग होता है, क्योंकि शरीर के प्रादुर्भाव एवं तिरोभाव को लेकर ही जन्म एवं मरण शब्द का प्रयोग होता है, न कि असत् के प्रादुर्भाव

---

१. तथा च कृतनाशादि दोषः स्यात्। २. जातो देवदत्त इत्यादिः। ३. संघातस्थे। ४. तदन्वयव्यतिरेकानुविधायित्वात्। ५. व्यतिरेकिदृष्टान्तसंगतिः।

११. आत्माधिकरणम् (सू. १७)

कल्पादौ ब्रह्मणो जीवो वियद्वज्जायते न वा । सृष्टेः प्रागद्वयत्वोक्तेर्जायते विस्फुलिङ्गवत ।।
ब्रह्माद्वयं जातबुद्धौ जीवत्वेन विशेत्स्वयम् । औपाधिकं जीवजन्म नित्यत्व वस्तुतः श्रुतम् ।।

नहि शरीरसम्बन्धादन्यत्र जीवो जातो मृतो वा केनचिल्लक्ष्यते । 'स वा अयं पुरुषो जायमानः शरीरमभिसम्पद्यमानः स उत्क्रामन् म्रियमाणः' (बृ० ४-३-८) इति च शरीरसंयोगवियोगनिमित्तावेव जन्ममरणशब्दौ दर्शयति । जातकर्मादिविधानमपि देहप्रादुर्भावापेक्षमेव द्रष्टव्यम् । अभावाज्जीवप्रादुर्भावस्य । जीवस्य परस्मादात्मन उत्पत्तिर्वियदादीनामिवास्ति नास्ति वेत्येतदुत्तरेण सूत्रेण वक्ष्यति । देहाश्रयौ तावज्जीवस्य स्थूलावुत्पत्तिप्रलयौ न स्त इत्येतदनेन सूत्रेणावोचत् ।।१६।।

जीवस्यौपाधिकजन्ममृत्यो श्रुतिमप्याह—स वा इति । **जायमानपदार्थमाह**—शरीरमिति । **म्रियमाणत्वं व्याचष्टे**—उत्क्रामन्निति । **ननूत्तरत्र जीवस्य जन्मादि निरस्यते, अत्रापि तन्निरासे पुनरुक्तिरित्याशङ्क्याह**—जीवस्येति । **तदेवं जातेष्ट्यादिशास्त्रस्यौपाधिकजन्मादिविषयत्वान्न जीवानाद्यनन्तत्वश्रुतिविरोध इति सिद्धम् ।।१६।।**

और तिरोभाव को लेकर । शरीर सम्बन्ध से भिन्न अर्थ में जीवो जातः जीवो मृतः ऐसा प्रयोग किसी ने भी नहीं किया 'वही यह पुरुष उत्पन्न होने पर शरीरयुक्त हो जाता है और शरीर से उत्क्रमण करने पर मर गया' ऐसा जन्म-मरण शब्द शरीर संयोग एवं वियोग निमित्त को लेकर ही प्रयुक्त होता है । जातकर्मादि का विधान भी देह प्रादुर्भाव की अपेक्षा करके ही समझना चाहिए, क्योंकि जीव का प्रादुर्भाव तो होता ही नहीं । जैसे परमेश्वर से आकाशादि की उत्पत्ति सुनी जाती है, वैसा परमात्मा से जीव का जन्म नहीं सुना जाता, ऐसा अग्रिम सूत्र से कहा जायेगा । इस सूत्र से तो देहाश्रित स्थूल उत्पत्ति एवं प्रलय जीव के नहीं होते, यही अर्थ बतलाया गया है । इस प्रकार जातेष्टि, श्राद्ध आदि शास्त्र औपाधिक जन्म को बतलाता है । अतः जीवादि को अनादि एवं अनन्त बतलाने वाली श्रुतियों के साथ जातेष्टि-श्राद्धादिबोधक शास्त्र का विरोध नहीं है ।। १६ ।।

११. आत्माधिकरण

१. **संगति**—प्रतिदेह उत्पत्ति और नाश से चाहे जीव के उत्पत्ति एवं नाश न भी माने जायँ, फिर भी कल्प के आदि-अन्त में जीव के जन्म एवं नाश क्यों न मान लिए जायँ, ऐसी प्रत्युदाहरण संगति के कारण यह अधिकरण प्रारम्भ किया जाता है ।

२. **विषय**—आत्मा का नित्यत्वानित्यत्व इस अधिकरण का विचारणीय विषय है ।

३. **संशय**—कल्प के आदि में आकाशादि की भाँति जीव ब्रह्म से उत्पन्न होता है या नहीं ?

४. **पूर्वपक्ष**—सृष्टि से पूर्व अद्वयत्व कथन के कारण अग्नि से विस्फुलिङ्गादि की भाँति जीव भी ब्रह्म से उत्पन्न होता है ।

५. **सिद्धान्त**—अन्तःकरण के उत्पन्न हो जाने पर स्वयं अद्वय ब्रह्म जीवरूप से उसमें प्रवेश करता है । अतः जीव का जन्म औपाधिक है । **'अजो नित्यः शाश्वतोऽयं पुराणः'** (क० २-१८) इत्यादि श्रुति से जीव के नित्यत्व का बोध होता है ।

(२३३) नात्माऽश्रुतेर्नित्यत्वाच्च ताभ्यः ॥१७॥

अस्त्यात्मा जीवाख्यः शरीरेन्द्रियपञ्जराध्यक्षः कर्मफलसम्बन्धी । स किं व्योमादिवदुत्पद्यते ब्रह्मण आहोस्विद्ब्रह्मवदेव नोत्पद्यत इति श्रुतिविप्रतिपत्तेर्विशयः । कासुचिच्छ्रुतिष्वग्निविस्फुलिङ्गादिनि[1]दर्शनैर्जीवात्मनः परस्माद्ब्रह्मण उत्पत्तिराम्नायते, कासुचित्त्वविकृतस्यैव परस्य ब्रह्मणः कार्यप्रवेशेन जीवभावो विज्ञायते नचोत्पत्तिराम्नायत इति । तत्र प्राप्तं तावदुत्पद्यते जीव इति । कुतः ? प्रतिज्ञानुपरोधादेव ।

'एकस्मिन्विदिते सर्वमिदं विदितम्' इतीयं प्रतिज्ञा सर्वस्य वस्तुजातस्य ब्रह्मप्रभवत्वे सति नोपरुध्येत । तत्त्वान्तरत्वे[2] तु जीवस्य प्रतिज्ञेयमुपरुध्येत । नचाविकृतः परमात्मैव जीव इति शक्यते विज्ञातुं, लक्षणभेदात् । अपहतपाप्मत्वादिधर्मको हि परमात्मा, तद्विपरीतो हि जीवः । विभागाच्चास्य विकारत्वसिद्धिः । यावान्ह्याकाशादिः प्रविभक्तः

नात्माऽश्रुतेर्नित्यत्वाच्च ताभ्यः । 'अग्नेर्विस्फुलिङ्गवदेतस्मात्परमात्मनः सर्वे जीवात्मानो व्युच्चरन्ति' इत्यादिजीवोत्पत्तिश्रुतीनां 'स एष इह प्रविष्ट आनखाग्रेभ्यः' 'अज आत्मा' इत्याद्यनुत्पत्तिश्रुतीनां च मिथोविरोधात्संशये मा भूतां देहजन्मनाशयोर्जीवजन्मनाशौ, देहान्तरभोग्यस्वर्गादिहेतुविध्याद्यसंभवात्, कल्पाद्यन्तयोर्नभस इव जीवस्य तौ किं न स्यातां, तत्संभवादिति प्रत्युदाहरणेन पूर्वपक्षमाह—तत्र प्राप्तं तावदिति । फलं पूर्ववत् । उपरोधो बाधः ।

नन्वविकृतं ब्रह्मैवात्र प्रविष्टं जीवो न तत्त्वान्तरमिति प्रतिज्ञासिद्धिः, तत्राह—नचेति । जीवः परस्माद्भिन्नः, विरुद्धधर्मवत्त्वाद्भिन्नस्याविकारत्वे प्रतिज्ञाबाध इति तर्कोपेतविभक्तत्वलिङ्गानुगृहीतोत्पत्तिश्रुतेर्बलीयस्त्वात्प्रवेशश्रुतिर्जीवरूपविकारात्मना प्रविष्ट ईश्वर इति व्याख्येयेति समुदायार्थः ।

शरीर, इन्द्रियाँ, रूपपञ्जर के अध्यक्ष जीवात्मा का अस्तित्व तो प्रसिद्ध ही है, वह जीव जैसे ब्रह्म से आकाश उत्पन्न होता है, वैसे ही ब्रह्म से उत्पन्न होता है अथवा ब्रह्म के समान ही वह अजन्मा है, क्योंकि किन्हीं किन्हीं श्रुतियों में अग्नि से विस्फुलिङ्ग की भाँति परमात्मा से जीवात्मा की उत्पत्ति कही गयी है और किन्हीं-किन्हीं श्रुतियों में वह परमात्मा इस देह में नख से शिख तक प्रविष्ट हो गया, ऐसी अनुत्पत्ति भी बतलायी गयी है । इस प्रकार अग्नि विस्फुलिङ्गादि दृष्टान्त से परमात्मा से जीवात्मा की उत्पत्ति कही गयी और कहीं पर निर्विकार परब्रह्म के ही देह में प्रवेश हो जाने के कारण जीव भाव बतलाया गया है, उसकी उत्पत्ति नहीं कही है । अतः श्रुतियों में परस्पर विरोध आने के कारण संशय होता है ।

इस पर पूर्वपक्ष का कहना है कि एक के विज्ञान से सर्वविज्ञान की प्रतिज्ञा का बाध न हो, इसके लिए जीव की उत्पत्ति माननी चाहिए, यह प्रतिज्ञा सभी वस्तुओं की ब्रह्म से उत्पत्ति मानने पर ही पूर्ण हो सकेगी, जीव को वस्त्वन्तर मानने पर तो यह प्रतिज्ञा बाधित होने लग जायेगी । इसके अतिरिक्त निर्विकार परमात्मा ही जीव है, ऐसा कह नहीं सकते, क्योंकि जीव और ब्रह्म के लक्षणों में भेद है । पाप-पुण्य से रहित निर्धर्मक परमात्मा है, पर जीव उससे विपरीत पुण्य-पाप का कर्ता और उसके फल सुख-दुःख का भोक्ता है । विभाग होने के कारण भी इस जीव में विकारत्व की सिद्धि होती है,

---

१. दृष्टान्तैः । २. वस्त्वन्तरत्वे ।

स सर्वो विकारस्तस्य चाकाशादेरुत्पत्तिः समधिगता। जीवात्मापि पुण्यापुण्यकर्मा सुखदुःखभावप्रतिशरीरं प्रविभक्त इति तस्यापि प्रपञ्चोत्पत्त्यवसर उत्पत्तिर्भवितुमर्हति। अपि च 'यथाऽग्नेः क्षुद्रा विस्फुलिङ्गा व्युच्चरन्त्येवमेवास्मादात्मनः सर्वे प्राणाः' (बृ० २-१-२०) इति प्राणादेर्भोग्यजातस्य सृष्टिं शिष्ट्वा 'सर्व एत आत्मानो व्युच्चरन्ति' इति भोक्तृणामात्मनां पृथक्सृष्टिं शास्ति। 'यथा सुदीप्तात्पावकाद्विस्फुलिङ्गाः सहस्रशः प्रभवन्ते सरूपाः। तथाऽक्षराद्विविधाः सोम्य भावाः प्रजायन्ते तत्र चैवापियन्ति' (मुण्ड० २-१-१) इति च जीवात्मनामुत्पत्तिप्रलयावुच्येते। सरूपवचनात्, जीवात्मानो हि परमात्मना सरूपा भवन्ति चैतन्ययोगात्। न च क्वचिदश्रवणमन्यत्र श्रुतं वारयितुमर्हति। श्रुत्यन्तरगतस्याप्यविरुद्धस्याधिकस्यार्थस्य सर्वत्रोपसंहर्तव्यत्वात्। प्रवेशश्रुतिरप्येवं सति विकारभावापत्त्यैव व्याख्यातव्या, 'तदात्मानं स्वयमकुरुत' इत्यादिवत्। तस्मादुत्पद्यते जीव इति।

एवं प्राप्ते ब्रूमः—नात्मा जीव उत्पद्यत इति। कस्मात्? अश्रुतेः। न ह्यस्योत्पत्ति-

---

सरूपेति। दृष्टान्तश्रुतेर्भावा जीवा इति निश्चीयते। ननु 'आत्मन आकाशः संभूतः' इत्यादौ जीवस्योत्पत्त्यश्रवणादनुत्पत्तिः, तत्राह—न चेति। एवं विकारत्वे सति विकारप्रपञ्चात्मना स्वात्मानमकुरुतेतिवद्विकारजीवात्मना प्रवेश इत्यर्थः।

अजत्वादिश्रुतिः कल्पमध्ये जीवस्यानुत्पत्त्यादिविषया, तत्त्वमसीति श्रुतिश्च मृद्घट इत्यभेदवाक्यवद्व्याख्येयेति प्राप्ते सिद्धान्तयति—एवमिति।

क्योंकि जो भी आकाशादि प्रविभक्त हैं वे सब के सब विकार हैं, उस विकाररूप आकाशादि की उत्पत्ति मानी गयी है। वैसे ही पुण्य-पाप कर्म का कर्ता एवं उसके फल सुख-दुःख का भोक्ता जीवात्मा भी प्रतिशरीर विभक्त है। अतः प्रपञ्च उत्पत्ति के समय इस जीव की भी उत्पत्ति सम्भव हो जाती है। इसके अतिरिक्त 'जैसे प्रदीप्त अग्नि से क्षुद्र चिनगारियाँ निकलती हैं ऐसे ही इस आत्मा से सभी प्राण उत्पन्न होते हैं' इस श्रुतिवाक्य द्वारा प्राणादि भोग्य वस्तु की सृष्टि बतलाने के बाद 'उस परमात्मा से ये सभी जीवात्मा उत्पन्न होते हैं' इस वाक्य के द्वारा भोक्ता जीव की सृष्टि श्रुति पृथक् कहती है। 'जैसे सुदीप्त अग्नि में से समान धर्मवाले हजारों विस्फुलिङ्ग उत्पन्न होते हैं, हे सोम्य! वैसे ही अक्षर परमात्मा से नाना पदार्थ उत्पन्न होते हैं और उसी में लीन होते हैं' इस स्वरूपबोधक वाक्य द्वारा जीवात्मा की उत्पत्ति और प्रलय भी कहे जाते हैं, क्योंकि चैतन्य सम्बन्ध के कारण जीवात्मा एवं परमात्मा समान रूपवाले हैं। कहीं पर जीवात्मा का जन्म नहीं सुना गया, इतने मात्र से अन्यत्र श्रुत जन्म का निषेध नहीं कर सकते, क्योंकि अन्य श्रुति में आये हुए अविरुद्ध अधिक अर्थ का संग्रह सर्वत्र देखा जाता है। इस प्रकार प्रवेशश्रुति भी विकाररूप में ही परमेश्वर का प्रवेश मानकर व्याख्या करने योग्य है। 'उस परमेश्वर ने अपने को स्वयं ही बनाया' इत्यादि श्रुतिवाक्य की भाँति उस परमेश्वर से जीव उत्पन्न होता है, ऐसा मानना उचित होगा।

इस प्रकार पूर्वपक्ष होने पर हम सिद्धान्ती कहते हैं कि जीवात्मा उत्पन्न नहीं होता, क्योंकि उत्पत्ति

---

१. उपदिश्य।

प्रकरणे श्रवणमस्ति भूयःसु प्रदेशेषु । ननु क्वचिदश्रवणमन्यत्र श्रुतं न वारयतीत्युक्तम् । सत्यमुक्तम् । उत्पत्तिरेव त्वस्य न सम्भवतीति वदामः । कस्मात् ? नित्यत्वाच्च ताभ्यः । चशब्दादजत्वादिभ्यश्च । नित्यत्वं ह्यस्य श्रुतिभ्योऽवगम्यते तथाजत्वमविकारित्वमविकृतस्यैव ब्रह्मणो जीवात्मनावस्थानं ब्रह्मात्मना चेति । न चैवंरूपस्योत्पत्तिरुपपद्यते । ताः काः श्रुतयः । 'न जीवो [1]म्रियते' (छा० ६-११-३), 'स वा एष महानज आत्माऽजरोऽमरोऽमृतोऽभयो ब्रह्म' (बृ० ४-४-२५), 'न जायते म्रियते वा विपश्चित्' (कठ०२-१८), 'अजो नित्यः शाश्वतोऽयं पुराणः' (कठ० २-१८), 'तत्सृष्ट्वा तदेवानुप्राविशत्' (तै० २-६-१), 'अनेन जीवेनात्मनानुप्रविश्य नामरूपे व्याकरवाणि' (छा० ६-३-२), 'स एष इह प्रविष्ट आ नखाग्रेभ्यः' (बृ० १-४-७), 'तत्त्वमसि' (छा० ६-८-७), 'अहं ब्रह्मास्मि' (बृ० १-४-१०), 'अयमात्मा ब्रह्म सर्वानुभूः' (बृ० २५-१९), इत्येवमाद्या नित्यत्ववादिन्यः सत्यो जीवस्योत्पत्तिं प्रतिबध्नन्ति ।

ननु प्रविभक्तत्वाद्विकारो विकारत्वाच्चोत्पद्यत इत्युक्तम् । अत्रोच्यते—नास्य प्रविभागः स्वतोऽस्ति । 'एको देवः सर्वभूतेषु गूढः सर्वव्यापी-सर्वभूतान्तरात्मा' (श्वे० ६-११)

[1]धर्मिवत्सत्यो विभागो हेतुरौपाधिको वा ? नाद्यः, असिद्धेरित्याह—अत्रोच्यते नास्येति । द्वितीये जीव-

प्रकरण में अनेक स्थलों पर जीव का जन्म नहीं सुना गया है । शङ्का—कहीं जीव का जन्म नहीं सुना गया, इतने मात्र से जहाँ सुना गया है उसका निषेध नहीं कर सकते, ऐसा हम पहले कह आये हैं । समाधान—आप ने कहा तो ठीक है, पर जीव की उत्पत्ति सम्भव ही नहीं है, ऐसा हम भी कह आये हैं क्योंकि उन्हीं श्रुतियों में जीव का नित्यत्व सुना गया है और 'च' कार से अजत्वादि भी सुना गया है । श्रुति से इस जीव में नित्यत्व जाना जाता है और अविकृत ब्रह्म का ही जीवरूप से अवस्थान होने के कारण इसमें अजत्व एवं ब्रह्मरूपता भी जानी जाती है । ऐसे नित्य, निर्विकार, ब्रह्मस्वरूप जीव की उत्पत्ति बतलाना अशक्य है । वे श्रुतियाँ कौन-कौन सी हैं ? इस प्रश्न के उत्तर में अनेक श्रुतियों को भाष्यकार उद्धृत करते हैं—'निर्जीव शरीर ही मरता है, जीव नहीं मरता', 'वह महान् अजन्मा आत्मा अजर, अमर, अमृत और अभयब्रह्मस्वरूप ही है'; 'चेतन आत्मा न जन्मता है और न मरता ही है'; 'यह जीव अजन्मा, नित्य, शाश्वत एवं पुराण है', 'वह परमेश्वर जगत् की सृष्टिकर वही इसमें प्रविष्ट हो गया', 'इस जीवात्मारूप से देह में प्रवेशकर मैं नाम-रूप को बनाऊंगा', 'वह परमात्मा इस शरीर में नख से शिख तक प्रविष्ट हो गया', 'हे सोम्य ! वह ब्रह्म तू ही है', 'मैं ब्रह्म हूँ', 'यह आत्मा सब का प्रकाशक ब्रह्मस्वरूप है' ऐसी जीव को नित्य बतलाने वाली श्रुतियाँ जीव की उत्पत्ति का निषेध करती हैं ।

शङ्का—विभक्त होने के कारण जीव विकार है और विकार होने के कारण उत्पन्न होता है, ऐसा हम भी तो कह आये हैं । समाधान—इस सम्बन्ध में हमारा कहना है कि चेतन आत्मा में स्वतः विभाग नहीं है, क्योंकि 'सभी भूतों में सर्वव्यापक, सम्पूर्ण भूतों को अन्तरात्मा एक परमेश्वर ही छिपा

१. जीवापेतं वा व किलेदं म्रियते इति श्रुतिशेषः । २. जीवात्मकपक्षवत् ।

इति श्रुतेः। बुद्ध्याद्युपाधिनिमित्तं त्वस्य प्रविभागप्रतिभानमाकाशस्येव घटादिसंबन्धनिमित्तम्। तथा च शास्त्रम्—'स वा अयमात्मा ब्रह्म विज्ञानमयो मनोमयः प्राणमयश्चक्षुर्मयः श्रोत्रमयः' (बृ० ४-४-५) इत्येवमादि ब्रह्मण एवाविकृतस्य सतोऽस्यैकस्यानेकबुद्ध्यादिमयत्वं दर्शयति। तन्मयत्वं चास्य विविक्तस्वरूपानभिव्यक्तया तदुपरक्तस्वरूपत्वं स्त्रीमयो जाल्म इत्यादिवद्द्रष्टव्यम्। यदपि क्वचिदस्योत्पत्तिप्रलयश्रवणं तदप्यत एवोपाधिसंबन्धान्नेतव्यम्। उपाध्युत्पत्त्यास्योत्पत्तिस्तत्प्रलयेन च प्रलय इति। तथा च दर्शयति—'प्रज्ञानघन एवैतेभ्यो भूतेभ्यः समुत्थाय तान्येवानु विनश्यति न प्रेत्य संज्ञाऽस्ति' (बृ० ४-५-१३) इति। तथोपाधिप्रलय एवायं नात्मविलय इत्येतदप्यत्रैव, 'मा भगवान्मोहान्तमापीपदन्न वा अहमिमं विजानामि न प्रेत्य संज्ञास्ति' इति प्रश्नपूर्वकं प्रतिपादयति—

स्य न स्वतो विकारत्वसिद्धिः, अप्रयोजकत्वादित्याह–बुद्ध्यादीति। औपाधिकभेदे मानमाह–तथा चेति। मयटो विकारार्थत्वमाशङ्क्याह–तन्मयत्वं चेति। जाल्मः कामजडः स्त्रीपरतन्त्रः स्त्रीमयः इतिवज्जीवस्य स्वरूपाज्ञानाद्बुद्ध्यादिपरतन्त्रत्वेन भेदकर्तृत्वादिभाक्त्वात्प्राचुर्यार्थे मयट्प्रयोग इत्यर्थः। 'लिङ्गं निरस्य तदनुग्राह्य श्रुतेर्गतिमाह–यदपीति। जीवस्यौपाधिकजन्मनाशयोः श्रुतिमाह–तथेति। एतेभ्यो देहात्मना परिणतेभ्यो भूतेभ्यः समुत्थाय साम्येनोत्थाय जनित्वा तान्येव लीयमानान्यनु पश्चाद्विनश्यति। प्रेत्यौपाधिकमरणानन्तरं संज्ञा नास्तीत्यर्थः। ननु प्रज्ञानघनः, संज्ञा नास्तीति च विरुद्धमित्यत आह–तथेति। उपाधिलयाद्विशेषज्ञानाभाव एव संज्ञाऽभावो नात्मस्वरूपविज्ञानाभाव इत्युत्तरं प्रतिपादयति श्रुतिरित्यन्वयः। अत्रैवात्मनि विज्ञानघने प्रेत्य संज्ञा नास्तीत्युक्त्या मा मोहान्तं मोहमध्यं भ्रान्तिमापीपदद्‌आपादितवा-

हुआ है' ऐसी श्रुति है। इस जीव का विभाग अन्तःकरणादि उपाधि के कारण प्रतिभासित होता है जो घटादि सम्बन्धनिमित्त को लेकर घटाकाश, मठाकाश की भाँति औपाधिक है। ऐसा ही शास्त्र है 'निःसन्देह वह आत्मा ब्रह्मरूप है, वह विज्ञानमय, मनोमय, प्राणमय, चक्षुर्मय एवं श्रोत्रमय है' इस वाक्य के द्वारा शास्त्र निर्विकार, सत्स्वरूप इस एक ब्रह्म का ही अनेक बुद्ध्यादि उपाधियों के साथ तन्मयता के कारण उक्त नाम से व्यवहार बतलाती है। इस चेतन ब्रह्म को विज्ञानमयत्वादि भी इसीलिए कह दिया गया है, क्योंकि उन उपाधियों से पृथक् स्वरूप की अभिव्यक्ति उसे नहीं है। इसीलिए उन उपाधियों के साथ चेतन तन्मय हो गया है। जैसे काम जड़, स्त्रीपरतन्त्र किसी दुष्ट व्यक्ति को स्त्रीमय कह दिया जाता है, ऐसे ही स्वरूप का अज्ञान रहने से जीव को बुद्ध्यादि उपाधि के अधीन होने से तन्मयता बतलायी गयी है। कहीं-कहीं पर जीव की उत्पत्ति और उसका प्रलय जो सुना गया है, वह भी उस उपाधिसम्बन्ध के कारण ही मानना चाहिए। उपाधि की उत्पत्ति होने पर जीव की उत्पत्ति और उपाधि के प्रलय होने पर जीव का प्रलय कहा गया है। ऐसा ही श्रुति दिखलाती है 'प्रज्ञानघन आत्मा इन पञ्चभूतों से उत्पन्न होकर इन भूतों के नष्ट होते ही वह भी नष्ट हो जाता है, उपाधि के नष्ट होने पर संज्ञा (विशेषज्ञान) नहीं रह जाती है।' वैसे ही उपाधि का ही विलय होता है, आत्मा का विलय नहीं होता, यह भी उस प्रसंग में ही कहा गया है। 'मैत्रेयी ने कहा कि आप ऐसा कहकर मुझे मोह में डाल रहे हैं, अतः मैं इस तत्त्व को नहीं समझ रही हूँ कि मर जाने पर संज्ञा नहीं रहती' ऐसा प्रश्न उत्थापनपूर्वक श्रुति

१. विभक्तत्वाख्यम्। २. आत्मानो व्युच्चरन्ति अक्षराद्विविधाभावा जायन्त इत्याद्युत्पत्तिश्रुतिरित्यर्थः।

१२. ज्ञाधिकरणम् (सू. १८)

अचिद्रूपोऽथ चिद्रूपो जीवोऽचिद्रूप इष्यते । चिदभावात्सुषुप्त्यादौ जाग्रच्चिन्मनसा कृता ।।
ब्रह्मत्वादेव चिद्रूपश्चित्सुषुप्तौ न लुप्यते । द्वैताद्दृष्टिर्द्वैतलोपान्न हि द्रष्टुरिति श्रुतेः ।।

'न वा अरेऽहं मोहं ब्रवीम्यविनाशी वा अरेऽयमात्माऽनुच्छित्तिधर्मा मात्राऽसंसर्गस्त्वस्य भवति' (बृ० ४-५-१४) इति । प्रतिज्ञानुपरोधोऽप्यविकृतस्यैव ब्रह्मणो जीवभावाभ्युपगमात् । लक्षणभेदोऽप्यनयोरुपाधिनिमित्त एव । 'अत ऊर्ध्वं विमोक्षायैव ब्रूहि' (बृ० ४-३-१५) इति च प्रकृतस्यैव विज्ञानमयस्यात्मनः सर्वसंसारधर्मप्रत्याख्यानेन परमात्मभावप्रतिपादनात् । तस्मान्नैवात्मोत्पद्यते प्रविलीयते चेति ।।१७।।

निममर्थं न जानामि ब्रूहि त्वदुक्तेरर्थमिति मैत्रेयीप्रश्नार्थः । मुनिराह—न वा इति । **मोहं मोहकरं वाक्यमुच्छित्तिः पूर्वावस्थानाशो धर्मोऽस्येत्युच्छित्तिधर्मा परिणामी स नेत्यनुच्छित्तिधर्माऽपरिणामी, तस्मादविनाशीत्यर्थः ।** तर्हि न प्रेत्य संज्ञेति **कथमुक्तं,** तत्राह—मात्रेति । **मात्राभिर्विषयैरसंसर्गात्तथोक्तमित्यर्थः । बिम्बप्रतिबिम्बयोरिव विरुद्धधर्मभेदोऽध्यस्त इत्यत्र हेतुमाह**—अत ऊर्ध्वमिति । **जीवस्य विकारित्वे मुक्त्ययोगात्तत्त्वमसीति वाक्यमखण्डार्थमिति च वक्तव्यं, तथाच 'फलवत्प्रधानवाक्यापेक्षितजीवनित्यत्वश्रुतीनां बलवत्त्वादुत्पत्त्यादिकमध्यस्तमनुवदन्त्युत्पत्त्यादिश्रुतय इत्यविरोध इति सिद्धम् ।।१७।।**

कहती है कि 'अरी मैत्रेयी! मैं तो मोह में नहीं डाल रहा हूँ, यह आत्मा अनुच्छित्ति धर्मवाला है अर्थात् इसकी पूर्व अवस्था का नाशरूप उच्छेद नहीं होता। अतः यह अविनाशी है, उपाधि के अभाव में उस व्यापक, असंग चैतन्य का विषय के साथ संसर्ग नहीं होता है, यही मेरे कहने का अभिप्राय है।' निर्विकार ब्रह्म का ही जीवभाव मानने पर एक विज्ञान से सर्वविज्ञान की प्रतिज्ञा का बाध भी नहीं होता है। जीवात्मा–परमात्मा में जो लक्षण का भेद कहा गया है वह केवल उपाधिनिमित्त को लेकर ही कहा गया है। बिम्ब–प्रतिबिम्ब की भांति विरुद्ध धर्मभेद अध्यस्त है, इस विषय में भाष्यकार हेतु देते हैं कि जब मैत्रेयी ने मुनि से प्रार्थना की कि 'आप इसके आगे मोक्ष के लिए ही मुझे उपदेश करें' तो इसका उत्तर महर्षि याज्ञवल्क्य ने प्रकृत विज्ञानमय आत्मा के सर्व संसारधर्म का निराकरण करते हुए परमात्मभाव का ही प्रतिपादन किया है। अतः आत्मा न उत्पन्न होता है और न लीन ही होता है, यह अर्थ सिद्ध हुआ ।।१७।।

१२. ज्ञाधिकरण

१. संगति—पिछले अधिकरण में जीव की अनुत्पत्ति बतलायी गयी, उसी जीव में चेतनत्वाचेतनत्व का विचार करना है। इसलिए पूर्व अधिकरण के साथ इसकी हेतुहेतुमद्भाव संगति है।

२. विषय—जीवाश्रित चेतनत्व-अचेतनत्व इस अधिकरण का विचारणीय विषय है।

३. संशय—जीवात्मा चेतन है अथवा अचेतन ?

४. पूर्वपक्ष—सुषुप्त्यादि में चेतनता का अभाव होने के कारण जीवात्मा चिद्रूप नहीं है।

५. सिद्धान्ती—ब्रह्म होने के कारण जीवात्मा चिद्रूप है, जो सुषुप्ति में लुप्त नहीं होता। उस सुषुप्तावस्था में द्वैत का लोप हो जाने के कारण द्वैत दर्शन नहीं होता। **"नहि द्रष्टुर्दृष्टेर्विपरिलोपो विद्यतेऽविनाशित्वात्"** इस श्रुति से भी उक्त अर्थ सिद्ध होता है।

---

१. मोक्ष । २. तत्त्वमस्यादि ।

(२३४) ज्ञोऽत एव ॥१८॥

स किं काणभुजानामिवागन्तुकचैतन्यः स्वतोऽचेतन आहोस्वित्सांख्यानामिव नित्यचैतन्यस्वरूप एवेति वादिविप्रतिपत्तेः संशयः। किं तावत्प्राप्तम्? आगन्तुकमात्मनश्चैतन्यमात्ममनःसंयोगजमग्निघटसंयोगजरोहितादिगुणवदिति प्राप्तम्। नित्यचैतन्यत्वे हि सुप्तमूर्च्छितग्रहाविष्टानामपि चैतन्यं स्यात्। ते पृष्टाः सन्तो न किंचिद्वयम[१]चेतयामहीति जल्पन्ति स्वस्थाश्च [२]चेतयमाना दृश्यन्ते। अतः कादाचित्कचैतन्यत्वादागन्तुकचैतन्य आत्मेति।

एवं प्राप्तेऽभिधीयते—ज्ञो नित्यचैतन्योऽयमात्मात एव, यस्मादेव नोत्पद्यते परमेव

ज्ञोऽत एव। 'आत्मैवास्य ज्योतिः' इत्याद्यात्मस्वप्रकाशत्वश्रुतीनां 'पश्यंश्चक्षुः शृण्वञ्छ्रोत्रम्' इत्यनित्यज्ञानत्वश्रुतिभिर्विरोधोऽत्र निरस्यते। 'अस्य लोकस्य चक्षुर्द्रष्टा श्रोत्रं श्रोतेत्यर्थः। प्रागुक्तजीवानुत्पत्तिहेतुमादाय स्वप्रकाशत्वसाधनाद्धेतुसाध्यभावः संगतिः। अनुत्पत्तौ हि स्वप्रकाश ब्रह्मावोपहितं जीव इति जीवस्य स्वप्रकाशता सिध्यति। न चैवं गतार्थता, अनुत्पन्नस्यापि जीवस्य स्वप्रकाशत्वे ज्ञानसाधनवैयर्थ्यमिति तर्कसहितानित्यज्ञानश्रुतिबलेन स्वप्रकाशत्वश्रुतेर्बाध्यतया ब्रह्मान्यत्वशङ्कायां तदैक्ययोग्यतार्थं स्वप्रकाशत्वस्यात्र साधनात्। तथाच पूर्वपक्षे जीवस्य ब्रह्मैक्यायोग्यता सिद्धान्ते तदैक्ययोग्यतेत्यापादसमाप्तेः फलमवगन्तव्यम्। इष्टापत्तिं निराचष्टे—ते पृष्टा इति। साधनाधीनज्ञानत्वान्न स्वप्रकाशो जीवो व्यतिरेकेणेश्वरवदित्याह—अतः कादाचित्केति। यथाश्रुते भाष्ये हेतोः साध्याविशेष इति मन्तव्यम्।

अतो जीवस्य स्वप्रकाशत्वश्रुतिर्बाध्येति प्राप्ते सिद्धान्तयति—एवमिति। चेच्छब्दो निश्चयार्थः।

ज्ञोऽत एव (ललिता)

काणादों की भाँति आगन्तुक चैतन्य जीवात्मा है, स्वतः अचेतन है अथवा सांख्यों की भाँति नित्य चैतन्यस्वरूप ही जीवात्मा है; वादियों की ऐसी विप्रतिपत्ति होने के कारण जीवात्मा के चैतन्य होने में संशय होता है। इस पर पूर्वपक्ष का कहना है, कि जैसे अग्नि के साथ घट का संयोग होने पर घट में लालरूप उत्पन्न हो जाता है, ठीक इसी प्रकार आत्मा और मन के संयोग से आत्मा में आगन्तुक ज्ञान उत्पन्न होता है। अतः आत्मा ज्ञानस्वरूप नहीं है और न उसमें नित्यचैतन्य ही है, क्योंकि नित्यचैतन्य गुण आत्मा में मानने पर सुषुप्त, मूर्च्छाग्रस्त और ग्रहाविष्ट जीव में भी नित्यचैतन्य होना चाहिए, पर सुषुप्त, मूर्च्छित एवं ग्रहाविष्ट पुरुष के स्वस्थावस्था में जब पूछते हैं तब वे कहते हैं कि हम उस समय चेतनाशून्य कुछ भी नहीं जानते थे और वे स्वस्थ अवस्था में चेतनायुक्त दिखाई पड़ते हैं। अतः कादाचित्य चैतन्य दीखने के कारण जीवात्मा आगन्तुक ज्ञान वाला है, नित्य ज्ञानवाला नहीं है? ऐसा पूर्वपक्ष होने पर सिद्धान्ती की ओर से भगवान् वेदव्यास ने इस सूत्र की रचना की है कि—यह आत्मा नित्य चैतन्यरूप है। जैसा कि पूर्व अधिकरण में कहा गया था, कि निर्विकार परब्रह्म

१. अवेदयामः। २. चेतनावन्तः। ३. कस्यात्माज्योतिरित्याशंक्याहास्येति।

ब्रह्माविकृतमुपाधिसम्पर्काज्जीवभावेनावतिष्ठते । परस्य हि ब्रह्मणश्चैतन्यस्वरूपत्वमाम्नातम्—'विज्ञानमानन्दं ब्रह्म' (बृ० ३-६-२८), 'सत्यं ज्ञानमनन्तं ब्रह्म' (तै० २-१-१), 'अनन्तरोऽबाह्यः कृत्स्नः प्रज्ञानघन एव' (बृ० ४-५-१३) इत्यादिषु श्रुतिषु । तदेव चेत्परं ब्रह्म जीवस्तस्माज्जीवस्यापि नित्यचैतन्यस्वरूपत्वमग्न्यौष्ण्यप्रकाशवदिति गम्यते । विज्ञानमयप्रक्रियायां च श्रुतयो भवन्ति—'असुप्तः सुप्तानभिचाकशीति' (बृ० ४-३-११) 'अत्रायं पुरुषः स्वयंज्योतिर्भवति' (बृ० ४-३-६) इति, 'नहि विज्ञातुर्विज्ञातेर्विपरिलोपो विद्यते' (बृ० ४-३-३०) इत्येवंरूपाः । 'अथ यो वेदेदं जिघ्राणीति स आत्मा' (छा० ८-१२-४) इति च सर्वैः करणद्वारैरिदं वेदेदं वेदेति विज्ञानेनानुसंधाना[3]त्तद्रूपत्वसिद्धिः ।

नित्यस्वरूपचैतन्यत्वे घ्राणाद्यानर्थक्यमिति चेत् । न । गन्धादिविषयविशेषपरिच्छेदार्थ-

---

न केवलं स्वप्रकाशब्रह्माभेदाज्जीवस्य स्वप्रकाशता किंतु श्रुतितोऽपीत्याह—विज्ञानमयेति । योऽयं विज्ञानमय इति प्रकरण इत्यर्थः । असुप्तः स्वयं भासमान एवात्मा सुप्तांल्लुप्तव्यापारान्वागादीनभिलक्ष्य चाकशीति । सुप्तार्थान्पश्यतीति यावत् । अत्र स्वप्ने विज्ञातुर्बुद्धिसत्त्वस्य साक्षिणो विज्ञातेर्विनाशो नास्तीत्यर्थः । घ्राणादिजन्यगन्धादिज्ञानानुसंधानसिद्धये आत्मनो ज्ञानरूपत्वं वाच्यमिति श्रुत्यन्तरेणाह—अथेति ।

आत्मनो नित्यचिद्रूपत्वेऽपि स्वतोऽसङ्गतया गन्धाद्यसंबन्धात्तत्संबन्धघटनात्मकवृत्त्यर्थानि ज्ञानसाधनानीति न तेषां वैयर्थ्यमित्याह—न गन्धेति । परिच्छेदो वृत्तिः । गन्धाय तद्गोचरान्तःकरणवृत्तये इत्यर्थः ।

ही उपाधि के सम्पर्क से जीव भाव में आ गया है । यह जीव ब्रह्म से भिन्न पदार्थ नहीं है । 'ब्रह्म ज्ञान तथा आनन्दरूप है', 'ब्रह्म सत्य, ज्ञान एवं देशकालवस्तुपरिच्छेदशून्य है', 'वह कार्य-कारण भाव से रहित है, चैतन्यघनरूप ही है' इन श्रुतियों में परब्रह्म का नित्यचैतन्यरूप कहा है । निःसन्देह, वही परब्रह्म उपाधिसम्पर्क से जीवरूप में भासता है । अतः जीव में भी नित्यचैतन्यस्वरूपत्व वैसे ही है जैसे अग्नि में औष्ण्य और प्रकाश, ऐसा निश्चित रूप से जाना जाता है । साथ ही विज्ञानमय प्रकरण में ये श्रुतियाँ भी हैं कि 'वह आत्मा सोता नहीं पर व्यापारशून्य सोये हुए बुद्ध्यादि उपकरणों को प्रकाशित करता रहता है ।' इस प्रसंग में यह भी कहा है कि 'यह पुरुष स्वयंज्योति है', 'विज्ञाता आत्मा की चैतन्यरूपता का लोप नहीं होता है' इत्यादि । 'जो जानता है कि मैं इसे सूंघू वह आत्मा है' इस प्रकार सभी इन्द्रियों द्वारा इसे जानूं इसे जानूं, ऐसे ज्ञानपूर्वक अनुसन्धान करने के कारण उस आत्मा में ज्ञानरूपत्व सिद्ध हो जाता है ।

शङ्का—आत्मा को नित्यचैतन्यस्वरूप मानने पर गन्धादि बाह्यविषयों को जानने के लिए घ्राणादि इन्द्रियों का आश्रय लेना अनर्थक हो जायेगा, क्योंकि चैतन्यस्वरूप होने के कारण वह स्वयं ही सभी विषयों को प्रकाशित करता रहेगा, उसे विषयप्रकाश के लिए इन्द्रियों के आश्रय की क्या आवश्यकता है ? समाधान—ऐसा कहना ठीक नहीं है, क्योंकि गन्धादि बाह्यविषयविशेष को जानने के लिए उस नित्यचैतन्यरूप आत्मा को घ्राणादि इन्द्रियों की आवश्यकता होती है । इसीलिए तो श्रुति कहती

---

१. अकारणम् । २. अकार्यम् । ३. ज्ञान ।

त्वात् । तथाहि दर्शयति--'गन्धाय घ्राणम्' इत्यादि ।

यत्तु सुप्तादयो न चेतयन्त इति तस्य श्रुत्यैव परिहारोऽभिहितः । सुषुप्तं प्रकृत्य 'यद्वै तन्न पश्यति पश्यन्वै तन्न पश्यति—नहि द्रष्टुर्दृष्टेर्विपरिलोपो विद्यतेऽविनाशित्वान्न तु तद्द्वितीयमस्ति ततोऽन्यद्विभक्तं यत्पश्येत्' (बृ० ४-३-२३) इत्यादिना । एतदुक्तं भवति—विषयाभावादियमचेतयमानता न चैतन्याभावादिति । यथा वियदाश्रयस्य प्रकाशस्य प्रकाश्याभावादनभिव्यक्तिर्न स्वरूपाभावात्तद्वत् । वैशेषिकादितर्कश्च श्रुतिविरोध आभासीभवति । तस्मान्नित्यचैतन्यस्वरूप एवात्मेति निश्चिनुमः ॥१८॥

सुप्ताद्यवस्थास्वात्मसत्त्वेऽपि चैतन्याभावान्नात्मा चिद्रूप इत्युक्तं दूषयति—यत्त्विति । तत्तदा सुषुप्तो न पश्यतीति यत्तत्पश्यन्नेवालुप्तज्ञान एव सन्न पश्यतीत्यत्र हेतुः—नहीति । नाशायोग्यत्वादित्यर्थः । किमिति न पश्यतीत्यत आह— न त्विति । वृत्तेः साधनाधीनत्वोक्त्या स्वरूपज्ञानस्यासाधनाधीनत्वं हेतुरसिद्ध इत्युक्तम् । साधनवैयर्थ्यतर्कोऽपि निरस्तः । शृण्वन्नित्याद्यनित्यज्ञानश्रुतीनां वृत्तिविषयत्वं व्याख्यातम् । आत्मा न ज्ञानं, द्रव्यत्वात्, इत्यादितर्काश्चागमबाधिताः । फलवत्प्रधानवाक्यापेक्षितस्वप्रकाशत्वागमस्य बलवत्त्वात् । किंच निरवयवात्मनो मनःसंयोगायोगान्नानित्यज्ञानगुणता समवायाभावाच्च न स्वसमवेतज्ञानवेद्यता कर्मकर्तृत्वविरोधाच्च । किंच ज्ञानत्वस्यैकवृत्तित्वे लाघवादात्मैव ज्ञानं वृत्तेश्च मनःपरिणामत्वश्रुत्या 'कामः संकल्पः' इत्याद्यया जडत्वान्नास्माकं ज्ञानद्वैविध्यगौरवमित्यनवद्यमात्मनः स्वप्रकाशत्वमिति सिद्धम् ॥१८॥

है कि गन्धाकार वृत्ति के लिए घ्राण इन्द्रिय की आवश्यकता है । विषयों के प्रकाश के लिए विषयाकार वृत्ति की आवश्यकता है, तभी आत्मा उसे विशेषरूप से प्रकाशित करता है । सामान्यतः चैतन्य से सभी विषय प्रकाशित हैं, किन्तु विशेष प्रकाश के लिए तदाकार वृत्ति की आवश्यकता होती ही है ।

और जो आप ने कहा था कि सुषुप्त आदि पुरुष अपने में चेतनता का अनुभव नहीं करते हैं इत्यादि, इस आक्षेप का परिहार श्रुति द्वारा ही हो चुका है, क्योंकि सुषुप्त पुरुष के प्रसंग में कहा है कि 'सोया हुआ पुरुष जो नहीं देखता है, वह देखता हुआ भी नहीं देखता है, क्योंकि निद्रावस्था में विषय और विषयाकार वृत्ति नहीं रह जाती, अविनाशी होने के कारण द्रष्टा की दृष्टि का लोप तो होता ही नहीं, उस अवस्था में उससे भिन्न द्वैत नहीं है, इसीलिए वह उसे देखता नहीं । तात्पर्य यह है कि विषयाभाव के कारण वह अचेतन सा जान पड़ता है, न कि चैतन्याभाव के कारण । जैसे आकाशाश्रित प्रकाश प्रकाश्य वस्तु के अभाव से अभिव्यक्त नहीं होता, किन्तु स्वरूपतः उसका अभाव नहीं होता है, वह प्रकाश आकाश के साथ तादात्म्य होकर रह रहा है, प्रकाश्य विषय के आते ही वह अभिव्यक्त हो जाता है । वैसे ही जाग्रदवस्था में विषय एवं विषयाकार वृत्ति होने पर वह नित्यचैतन्यरूप आत्मा विशेषरूप से अभिव्यक्त होता है । वैशेषिक आदि के तर्क का उक्त श्रुति के साथ विरोध आने के कारण उनमें तर्काभासता आ जाती है । अतः नित्यचैतन्यरूप ही आत्मा है ऐसा हम निश्चय करते हैं ॥१८॥

१. सुप्तमूर्छादिः ।

१३. उत्क्रान्तिगत्यधिकरणम् (सू. १९-३२)

(२३५) उत्क्रान्तिगत्यागतीनाम् ॥१९॥

जीवोऽणुः सर्वगो वा स्यादेषोऽणुरिति वाक्यतः । उत्क्रान्तिगत्यागमनश्रवणाच्चाणुरेव सः ॥
साभासबुद्ध्याणुत्वेन तदुपाधित्वतोऽणुता । जीवस्य सर्वगत्वं तु स्वतो ब्रह्मत्वतः श्रुतम् ॥

इदानीं तु किंपरिमाणो जीव इति चिन्त्यते । किमणुपरिमाण उत मध्यमपरिमाण आहोस्विन्महापरिमाण इति । ननु च नात्मोत्पद्यते नित्यचैतन्यश्चायमित्युक्तम् । अतश्च पर एवात्मा जीव इत्यापतति । परस्य चात्मनोऽनन्तत्वमाम्नातं, तत्र कुतो जीवस्य परिमाणचिन्तावतार इति । उच्यते—सत्यमेतत् । उत्क्रान्तिगत्यागतिश्रवणानि तु जीवस्य परिच्छेदं प्रापयन्ति । स्वशब्देन चास्य क्वचिदणुपरिमाणत्वमाम्नायते । तस्य सर्वस्याना-

---

स्वप्रकाशत्वादात्मस्वरूपादीषद्[1] हिष्ठं परिमाणमेवा[2] श्रिताश्रयत्वेनान्तर्बहिर्भावेन वा संगत्या विचारयति—उत्क्रान्तिगत्यागतीनाम् । विषयसंशयौ दर्शयति—इदानीमिति । नात्माश्रुतेरित्यादिना गतार्थत्वमस्याशङ्क्यात्माणुत्वश्रुतीनां महत्त्वश्रुतीनां चाविरोधकथनार्थमस्याधिकरणस्यारम्भ इत्याह—नन्वित्यादिना । न केवलं श्रुतोत्क्रान्त्याद्यनुपपत्त्यात्मनोऽणुत्वं किन्त्वेषोऽणुरात्मेति श्रुत्यापीत्याह—स्वशब्देनेति । पूर्वपक्षे जीवस्याणुत्वाद् ब्रह्मैक्यासिद्धिः, सिद्धान्ते तत्सिद्धिरिति मत्वा सूत्रं व्याख्याति—

---

१३. उत्क्रान्तिगत्यधिकरण

१. **संगति**—ब्रह्म के साथ अभेद सम्पादन के लिए जिस प्रकार जीवात्मा में स्वयंज्योतिष्ट्व और नित्यत्व इससे पूर्व के अधिकरणों में सिद्ध किया गया, ऐसे ही इस अधिकरण में जीवाणुत्वनिरासपूर्वक विभुत्व सिद्ध करने के लिए आन्तरबहिर्भाव संगति के कारण यह अधिकरण प्रारम्भ किया जाता है ।

२. **विषय**—जीव परिमाण इस अधिकरण का विचारणीय विषय है ।

३. **संशय**—जीवात्मा अणु परिमाण है अथवा विभु परिमाण है ?

४. **पूर्वपक्ष**—'एषोऽणुरात्मा' (मु० ३-१-९) इस श्रुति से जीव में अणुत्व सिद्ध होता है । साथ ही उत्क्रान्ति, गमनागमन का श्रवण होने से भी जीवात्मा में अणुत्व मानना ही उचित है ।

५. **सिद्धान्त**—साभास बुद्धि अणुपरिमाण वाली है, ऐसी उपाधि के कारण ही जीवात्मा में श्रुति ने अणुत्व कहा है, स्वतः तो जीवात्मा में विभुत्व ही है, क्योंकि वह ब्रह्म से अभिन्न कहा गया है ।

उत्क्रान्तिगत्यागतीनाम् (ललिता)

अब इस अधिकरण में जीव किस परिमाणवाला है, इस पर विचार किया जाता है । क्या जीवात्मा अणु परिमाण है, मध्यम परिमाण है अथवा विभु परिमाण है, ऐसा संशय होता है । मध्यस्थ—यह आत्मा नित्य चैतन्य है, अतः उत्पन्न नहीं होता, ऐसा आप पहले कह चुके हैं, इससे यह सिद्ध होता है, कि परमात्मा ही जीव है । परमात्मा में अपरिच्छिन्नत्वरूप अनन्तत्व कहा जा चुका है । ऐसी स्थिति में परमात्मस्वरूप उस जीव में परिमाण चिन्ता का प्रसंग ही कैसे उपस्थित हुआ ! तटस्थ—आप का यह कहना सत्य है, किन्तु उत्क्रान्ति, गति और आगति के श्रवण जीवात्मा को परिच्छिन्न बतलाते हैं । इतना ही नहीं, श्रुति ने अपने कण्ठ से कहीं-कहीं पर इस जीवात्मा को अणु परिमाण बत-

---

१. अपकृष्टम् । २. स्वप्रकाशात्मनि आश्रयत्वमाश्रितत्वं तु परिमाणे ।

(२३६) स्वात्मना चोत्तरयोः ॥२०॥

'कुलत्वोपपादनायायमारम्भः। तत्र प्राप्तं तावदुत्क्रान्तिगत्यागतीनां श्रवणात्परिच्छिन्नोऽणुपरिमाणो जीव इति। उत्क्रान्तिस्तावत्—'स यदास्माच्छरीरादुत्क्रामति सहैवैतैः सर्वैरुत्क्रामति' (कौषीत० ३-३) इति। गतिरपि 'ये वै के चास्माल्लोकात्प्रयन्ति चन्द्रमसमेव ते सर्वे गच्छन्ति' (कौषीत० १-२) इति। आगतिरपि 'तस्माल्लोकात्पुनरेत्यस्मै लोकाय कर्मणे' (बृ० ४-४-६) इति। आसामुत्क्रान्तिगत्यागतीनां श्रवणात्परिच्छिन्नस्तावज्जीव इति प्राप्नोति। नहि विभोश्चलनमवकल्पत इति। सति च परिच्छेदे शरीरपरिमाणत्वस्यार्हतपरीक्षायां निरस्तत्वादणुरात्मेति गम्यते ॥१९॥

उत्क्रान्तिः कदाचिदचलतोऽपि ग्रामस्वाम्यनिवृत्तिवद्देहस्वाम्यनिवृत्त्या कर्मक्षयेणावकल्पेत। 'उत्तरे तु गत्यागती नाचलतः संभवतः। स्वात्मना हि तयोः संबन्धो भवति,

---

कुर्वन्पूर्वपक्षमाह—तत्र प्राप्तमित्यादिना। श्रुतेरणुरिति उत्तरसूत्रादाकृष्य सूत्रं पूरितम्। उत्क्रान्तिः श्रूयत इति शेषः। स 'मुमूर्षुः जीव एतैर्बुद्ध्यादिभिस्तस्माच्चन्द्रलोकादिमं लोकं प्रति कर्म कर्तुमायातीत्यर्थः ॥१९॥

उत्क्रान्तिरात्मनो देहान्निर्गमो न भवति येनाणुत्वं स्यात् किंतु स्वामित्वनिवृत्तिरिति केचित्। तदङ्गीकृत्याप्यणुत्वमावश्यकमित्याह—स्वात्मनेति। उत्क्रान्तेरुत्तरयोर्गत्यागत्योः स्वात्मना कर्त्रा संबन्धादणुत्वमिति सूत्रयोजना। पाकानाश्रयस्य पक्तृत्ववद्गत्यनाश्रयस्यापि गन्तृत्वोक्तिः किं न स्या-

---

लाया है। ऐसी स्थिति में सभी श्रुतिवाक्यों में प्रतिरोधत्वरूप अनाकुलत्व बतलाने के लिए जीव परिमाण का विचार प्रारम्भ किया गया है। पूर्वपक्ष—इस पर पूर्वपक्षी का कहना है, कि उत्क्रान्ति, गति और आगति के श्रवण से जीव अणु परिमाण सिद्ध होता है। 'जब जीव इस शरीर से निकलता है तब मुमूर्षु जीव इन बुद्ध्यादि इन्द्रियों के साथ इस देह से उत्क्रमण करता है' इस वाक्य द्वारा जीव की उत्क्रान्ति कही है। 'जो कोई भी जीव इस लोक से प्रस्थान करते हैं वे सब के सब चन्द्रलोक में ही जाते हैं' इस वाक्य द्वारा गति और 'उस लोक से पुनः कर्म करने के लिए इस लोक में जीव आ जाता है' इस वाक्य द्वारा जीवात्मा की आगति भी कही है। इन उत्क्रान्ति, गति और आगति को सुनने से यह सिद्ध होता है कि जीवात्मा परिच्छिन्न परिमाणवाला है, क्योंकि विभु में चलन नहीं होता। परिच्छेद पक्ष मानने पर शरीर परिमाणरूप मध्यमपरिमाणत्व का खण्डन आर्हत परीक्षा प्रसंग में कर आये हैं। अतः परिशेषतः अणु परिमाण जीव है, यही अर्थ निश्चित होता है ॥१९॥

स्वात्मना चोत्तरयोः (ललिता)

ग्रामस्वामित्व की निवृत्ति गाँव में रहते हुए भी हो जाती है। वैसे ही कदाचित् न चलने वाले जीवात्मा की भी देहस्वामित्व की निवृत्ति से कर्मक्षीण होते ही उत्क्रान्ति मानी जा सकती है, किन्तु इसके आगे गति और आगतिरूप लिङ्ग अचल पदार्थ में सम्भव नहीं है, इन दोनों का सम्बन्ध तो कर्ता के

---

१. अविरोधत्वम्। २. स्वाम्यनिवृत्यात्मोत्क्रान्त्युत्तरभाविनी। ३. मरणोन्मुखः।

(२३७) नाणुरतच्छ्रुतेरिति चेन्नेतराधिकारात् ॥२१॥

गमेः कर्तृस्थक्रियात्वात् । अमध्यमपरिमाणस्य च गत्यागती अणुत्व एव संभवतः । सत्योश्च गत्यागत्योरुत्क्रान्तिरप्यपसृप्तिरेव देहादिति प्रतीयते । न ह्यनपसृप्तस्य देहाद्गत्यागती स्याताम् । देहप्रदेशानां चोत्क्रान्तावपादानत्ववचनात् । 'चक्षुष्टो वा मूर्ध्नो वान्येभ्यो वा शरीरदेशेभ्यः' (बृ० ४-४-२) इति । 'स एतास्तेजोमात्राः समभ्याददानो हृदयमेवान्ववक्रामति' (बृ० ४-४-१), 'शुक्रमादाय पुनरेति स्थानम्' (बृ० ४-३-११) इति चान्तरेऽपि शरीरे शारीरस्य गत्यागती भवतः । तस्मादप्यस्याणुत्वसिद्धिः ॥२०॥

'अथापि स्यान्नाणुरयमात्मा । कस्मात् ? अतच्छ्रुतेः । अणुत्वविपरीतपरिमाणश्रवणादित्यर्थः । 'स वा एष महानज आत्मा योऽयं विज्ञानमयः प्राणेषु' (बृ० ४-४-२२), 'आकाशवत्सर्वगतश्च नित्यः', 'सत्यं ज्ञानमनन्तं ब्रह्म' (तै० २-१-१) इत्येवंजातीयका हि

वित्यत आह—गमेरिति । गमनस्य कर्तरि संयोगविभागरूपातिशयहेतुत्वात्कर्त्राश्रितत्वं लोकसिद्धमित्यर्थः । जीवोऽणुरमध्यमपरिमाणत्वे सति गतिमत्त्वात्परमाणुवदित्याह—अमध्यमेति । अङ्गीकारं त्यजति—सत्योश्चेति । न स्वाम्यनिवृत्तिमात्रमुत्क्रान्तिरित्यर्थः । देहान्निर्गम एवोत्क्रान्तिरित्यत्र लिङ्गान्तरमाह—देहप्रदेशानामिति । अपादानत्वमवधित्वम् । अन्येभ्यो वा मुखादिभ्य एष आत्मा निष्क्रामतीति शेषः । किंच देहमध्येऽपि जीवस्य गत्यागतिश्रुतेरणुत्वमित्याह—स इति । इन्द्रियाणि गृह्णन्स्वापादौ हृदयं स जीवो गच्छति शुक्रं प्रकाशकमिन्द्रियग्राममादाय पुनर्जागरितस्थानमागच्छतीत्यर्थः ॥२०॥

साथ ही रहता है क्योंकि गम् धातु कर्तृस्थ क्रियास्वरूप है । इसी गम् धातु से गति और आगति शब्द निष्पन्न होते हैं । मध्यमपरिमाण से भिन्न जीवात्मा में अणु परिमाण मानने पर ही गति और आगति क्रिया सम्भव हो जाती है । जब गति और आगति जीवाणुत्व के साधक मान लिए गये, तो उत्क्रान्तिरूप अपसृति ही देह से जीव की होती है, ऐसा अर्थ निश्चित होता है, क्योंकि देह से बाहर न निकलने पर गति और आगति हो नहीं सकते । 'उत्क्रान्ति के लिए देह के अवयवविशेष में चक्षु से, मूर्धा से अथवा देह के मुखादि अन्य द्वारों से भी जीव निकलता है' इस वाक्य द्वारा अपादानत्व कहा गया है । इतना ही नहीं, देह के मध्य में भी जीवात्मा की गत्यागति का श्रवण होने से उसमें अणुत्व सिद्ध होता है । 'यह जीव स्वापादि अवस्था में इन्द्रियों के व्यापार को समेटकर हृदयदेश में आ जाता है और पुनः विषयों के प्रकाशक इन्द्रिय समुदाय को लेकर जाग्रदवस्था में आ जाता है' इस श्रुतिवाक्य द्वारा शरीर के भीतर में भी जब जीवात्मा की गति और आगति होती है, इससे भी उसमें अणुपरिमाणत्व सिद्ध होता है । ॥२०॥

नाणुरतच्छ्रुतेरिति चेन्नेतराधिकारात् (ललिता)

शङ्का—फिर भी जीवात्मा अणुपरिमाण नहीं है, क्योंकि अणुत्व के विपरीत परिमाण भी सुना जाता है 'यह जीवात्मा महान् और अजन्मा है जो यह इन्द्रियों के मध्य में चेतन है', 'वह आकाश की भाँति व्यापक और नित्य है', 'ब्रह्म सत्य, ज्ञान एवं अनन्तस्वरूप है' ये सभी श्रुतियाँ आत्मा को अणु

---

१. यद्यपि ।

(२३८) स्वशब्दोन्मानाभ्यां च ॥२२॥

श्रुतिरात्मनोऽणुत्वे विप्रतिषिध्येतेति चेत् । नैष दोषः । कस्मात् ? इतराधिकारात् । परस्य ह्यात्मनः 'प्रक्रियायामेषा 'परिमाणान्तरश्रुतिः । परस्यैवात्मनः प्राधान्येन वेदान्तेषु वेदितव्यत्वेन प्रकृतत्वात् । विरजः पर 'आकाशादित्येवंविधाच्च परस्यैवात्मनस्तत्र तत्र विशेषाधिकारात् । ननु 'योऽयं विज्ञानमयः प्राणेषु' (बृ० ४-४-२२) इति शारीर एव महत्त्वसंबन्धित्वेन प्रतिनिर्दिश्यते । शास्त्रदृष्ट्या त्वेष निर्देशो वामदेववद्द्रष्टव्यः । तस्मात्प्राज्ञविषयत्वात्परिमाणान्तरश्रवणस्य न जीवस्याणुत्वं विरुध्यते ॥२१॥

इतश्चाणुरात्मा यतः साक्षादेवास्याणुत्ववाची शब्दः श्रूयते—'एषोऽणुरात्मा चेतसा वेदितव्यो यस्मिन्प्राणः पञ्चधा संविवेश' (मुण्ड० ३-१-९) इति प्राणसंबन्धाच्च जीव एवायमणुरभिहित इति गम्यते । तथोन्मानमपि जीवस्याणिमानं गमयति—'बालाग्रशत-

---

इतराधिकारात् । ब्रह्मप्रकरणात् । ननु महत्त्वश्रुतेः कथं परप्रकरणस्थत्वमित्यत आह—परस्येति । या वेदान्तश्रुतिः सा परप्रकरणस्थेत्युत्सर्गात्तस्यास्तत्स्थत्वं ब्रह्मारम्भाधीतत्वाच्चेत्याह–विरज इति । निर्दोष इत्यर्थः । विज्ञानमयश्रुत्या प्रकरणं बाध्यमिति शङ्कते—नन्विति । अणोर्जीवस्य ब्रह्मणा भेदाभेदाङ्गीकाराच्छास्त्रीयाभेददृष्ट्या महत्त्वोक्तिः, यथा वामदेवस्याहं मनुरिति सर्वात्मत्वोक्तिरित्यविरोधमाह—शास्त्रेति ॥२१॥

एवमुत्क्रान्त्याविश्रुत्याणुत्वमनुमितं, तत्र श्रुतिमप्याह–स्वशब्देति । बालाग्रादुद्धृतः शततमो भाग-

---

परिमाण मानने पर विप्रतिषिद्ध होने लग जायेंगी । पूर्वपक्ष—ऐसा दोष देना ठीक नहीं है, क्योंकि वह जीवात्मा से भिन्न परमात्मा के अधिकार में कहा गया है । परमात्म प्रकरण में ही यह परिमाणान्तर श्रुति पढ़ी गयी है, क्योंकि प्रधानरूप से वेदान्तशास्त्र द्वारा परमात्मा ही वेदितव्य कहा गया है । 'जो निर्दोष है और आकाश से भी पर है' ऐसा स्थल-स्थल पर परमात्मा का ही विशेषाधिकार सुना जाता है । अतः महत्त्व परिमाण परमात्मा में है, न कि जीवात्मा में । ऐसा निश्चय करना चाहिए । शङ्का—'इन्द्रियों के मध्य में जो यह विज्ञानमय पुरुष है' इस वाक्य द्वारा महत्त्व परिमाण से सम्बन्धित जीव ही बतलाया जाता है । समाधान—यह निर्देश 'अहं मनुरभवं सूर्यश्च' इत्यादि वाक्य में जैसे शास्त्रदृष्टि से वामदेव ने कहा था, वैसे ही जीवात्मा में भी यह निर्देश समझ लेना चाहिए । अतः विभुत्व श्रुति ब्रह्मविषयक है, वह परिमाणान्तर श्रवण जीव के अणुत्व परिमाण की विरोधी नहीं है ॥२१॥

स्वशब्दोन्मानाभ्यां च (ललिता)

इसलिए भी जीव अणु परिमाण है, क्योंकि 'यह अणु परिमाणवाला जीव शुद्ध मन से जानने योग्य है जिसमें पाँच भेदवाला प्राण जुड़ा हुआ है' इस वाक्य द्वारा साक्षात् अणु परिमाणत्व सुना गया है, और प्राण के साथ सम्बन्ध भी सुना गया है । इसीलिए यह जीव ही अणु परिमाण कहा गया

---

१. प्रकरणे । २. अणुविपरीतपरिमाण । ३. अव्यक्ताकाशात् । ४. एवंप्रकाराद्वेदान्तादिति शेषः । ५. ब्रह्म । ६. प्राणापानादि । ७. श्वेताश्वतर ।

(२३९) अविरोधश्चन्दनवत् ॥२३॥

भागस्य शतधा कल्पितस्य च । भागो जीवः स विज्ञेयः' (श्वे० ५-८) इति । 'आराग्रमात्रो 'ह्यवरोऽपि दृष्टः' (श्वे० ५-८) इति चोन्मानान्तरम् ॥२२॥

नन्वणुत्वे सत्येकदेशस्थस्य सकलदेहगतोपलब्धिर्विरुध्यते । दृश्यते च जाह्नवीह्रदनिमग्नानां सर्वाङ्गशैत्योपलब्धिर्निदाघसमये च सकलशरीरपरितापोपलब्धिरिति । अत उत्तरं पठति—

यथा हि हरि²चन्दनबिन्दुः शरीरैकदेशसंबद्धोऽपि सन्सकलदेहव्यापिनमाह्लादं करोत्येवमात्मापि देहैकदेशस्थः सकलदेहव्यापिनीमुपलब्धिं करिष्यति । त्वक्संबन्धनाच्चास्य सकलशरीरगता ³वेदना न विरुध्यते । त्वगात्मनोर्हि संबन्धः कृत्स्नायां त्वचि वर्तते त्वक्च कृत्स्नशरीरव्यापिनीति ॥२३॥

तस्मादप्युद्धृतः शततमो भागो जीव इति, उद्धृत्य मानमुन्मानमत्यन्ताल्पत्वमित्यर्थः । बालः केशः, ⁴तोत्रप्रोतायःशलाकाग्रमाराग्रम् । तस्मादुद्धृता मात्रा मानं यस्य स जीवस्तथा ॥२२॥

आत्मसंयुक्तायास्त्वचो देहव्यापिस्पर्शोपलब्धिकरणस्य महिम्नात्मनो व्यापिकार्यकारित्वमविरुद्धम् । त्वगात्मनोरिति । संबन्धस्य त्वगवयविनिष्ठत्वादवयविनश्चैकत्वादात्मसंयोगस्य कृत्स्नत्वङ्निष्ठतेत्यर्थः ॥२३॥

है । साथ ही 'केश के अग्रभाग के सौ-सौ बार विभाग करने पर जो अंश बनता है वैसा जीव को समझना चाहिए' अरे के अग्रभाग की भाँति छोटा जीव को जाना गया है' इन वाक्यों द्वारा जीव में अल्प परिमाणत्व भी सुना गया है । अत्यन्त अल्प परिमाण को उन्मान कहते हैं अणुत्ववाचक शब्द एवं अल्पपरिमाणबोधक शब्द से जीवात्मा में अणुत्व सिद्ध होता है ॥२२॥

अविरोधश्चन्दनवत् (ललिता)

शङ्का—जीवात्मा को अणु मानने पर वह देह के एकदेश में ही स्थित रहेगा । ऐसी स्थिति में सम्पूर्ण देहगत उपलब्धि विरुद्ध पड़ जायेगी अर्थात् एकदेश में स्थित अणु परिमाण जीवात्मा देहव्यापी उपलब्धि कैसे कर सकेगा । पर देखा जाता है कि गंगा जी में गोता लगाने पर सर्वाङ्ग शीतलता का अनुभव और ग्रीष्मकाल में सकलशरीर परिताप का अनुभव भी होता है । इसका उत्तर अग्रिम सूत्र द्वारा पूर्वपक्षी देता है कि—

जैसे देवतरु चन्दनबिन्दु शरीर के एकदेश से सम्बद्ध होता हुआ भी सकलदेहव्यापी आह्लाद देता है, ऐसे ही देह के एकदेश में स्थित हुआ भी आत्मा सम्पूर्णदेहव्यापी उपलब्धि कर लेगा क्योंकि त्वचा सकलदेहव्यापी है और उस त्वचा के साथ जीवात्मा का सम्बन्ध है । अतः सकलदेहवर्ती ज्ञान का होना अणु परिमाण जीवात्मा में विरुद्ध नहीं है । सकलदेहव्यापी त्वचा का सम्बन्ध आत्मा के साथ है इसलिए अणु परिमाण आत्मा में सकलशरीरव्यापी ज्ञान का होना विरुद्ध नहीं है ॥२३॥

---

१. अपकृष्टः । २. देवतरुः । ३. ज्ञानम् । ४. प्राजनं तोदनं तोत्रमित्यमरः । चाबुकव्यानस्य त्रीणि ।

(२४०) अवस्थितिवैशेष्यादिति चेन्नाभ्युपगमाद् हृदि हि ॥२४॥

'अत्राह यदुक्तमविरोधश्चन्दनवदिति, तदयुक्तं दृष्टान्तदार्ष्टान्तिकयोरतुल्यत्वात् । सिद्धे ह्यात्मनो देहैकदेशस्थत्वे चन्दनदृष्टान्तो भवति । प्रत्यक्षं तु चन्दनस्यावस्थितिवैशेष्यमेकदेशस्थत्वं सकलदेहाह्लादनं च । आत्मनः पुनः सकलदेहोपलब्धिमात्रं प्रत्यक्षं नैकदेशवर्तित्वम् । अनुमेयं तु तदिति यदप्युच्येत । न चात्रानुमानं संभवति । किमात्मनः सकलशरीरगता वेदना त्वगिन्द्रियस्येव सकलदेहव्यापिनः सतः किंवा विभोर्नभस इवाहोस्विच्चन्दनबिन्दोरिवाणोरेकदेशस्थस्येति संशयानिवृत्तेरिति । अत्रोच्यते—नायं दोषः । कस्मात् ? अभ्युपगमात् । अभ्युपगम्यते ह्यात्मनोऽपि चन्दनस्येव देहैकदेशवृत्तित्वमवस्थितिवैशेष्यम् । कथमित्युच्यते । 'हृदि ह्येष आत्मा पठ्यते वेदान्तेषु 'हृदि ह्येष आत्मा' (प्रश्न० ३-६),

---

सिद्धे हीति । नतु सिद्धमित्यतुल्यतेत्यर्थः । विशेष एव वैशेष्यम् । चन्दनबिन्दोरल्पत्वस्य प्रत्यक्षत्वात्त्वग्व्याप्त्या व्यापिकार्यकारित्वकल्पना युक्ता, जीवस्य त्वणुत्वे संदेहाद्व्यापिकार्यदृष्ट्या व्यापित्वकल्पनमेव युक्तम् । व्यापिकार्याश्रयो व्यापीत्युत्सर्गादिति सूत्रशङ्काभागार्थः । आत्माल्पः, व्यापिकार्यकारित्वात्, चन्दनबिन्दुवदित्यनुमानमयुक्तं, त्वगादौ व्यभिचारादित्याह—न चात्रानुमानमिति । पूर्वोक्तश्रुतिभिर्जीवस्याणुत्वनिश्चयाद्धृदिस्थत्वश्रुतिभिरेकदेशस्थत्वनिश्चयाच्च न दृष्टान्तवैषम्यमिति । परिहारभागार्थमाह—अत्रोच्यत इति ॥२४॥

अवस्थितिवैशेष्यादिति चेन्नाभ्युपगमाद् हृदि हि (ललिता)

पूर्वपक्षी के इस निर्णय पर शङ्का करते हैं कि आप ने जो पूर्वसूत्र द्वारा जीवाणुत्व का समर्थन किया है, इसके लिए चन्दन का दृष्टान्त दिया, वह ठीक नहीं है क्योंकि दृष्टान्त और दार्ष्टान्त में समानता नहीं है । यदि आत्मा का देह के एकदेश में स्थित होना सिद्ध हो गया होता, तो चन्दन दृष्टान्त सुसंगत माना जाता, पर वही विचाराधीन है । इधर दृष्टान्त में चन्दन की स्थिति देह के एकदेश में प्रत्यक्ष प्रमाण से सिद्ध है और सकलदेहव्यापी आह्लाद भी प्रत्यक्ष प्रमाण से अनुभूत है किन्तु दार्ष्टान्त में आत्मा का शरीर के एकदेश में स्थित होना अभी तक प्रत्यक्ष सिद्ध हुआ नहीं, केवल सकलदेहगत उपलब्धि मात्र प्रत्यक्ष प्रमाण से सिद्ध है । आत्मा का एकदेश में स्थित होना अनुमेय है किन्तु यहां पर अनुमान की प्रवृत्ति भी सम्भव नहीं है । क्या जैसे त्वगिन्द्रियाँ सकलदेहव्यापी हैं ऐसे ही आत्मा की उपलब्धि भी सकलदेहव्यापी है अथवा व्यापक आकाश की भाँति आत्मा की उपलब्धि भी सकलदेहव्यापी है या चन्दनबिन्दु की भाँति एकदेश में स्थित अणुपरिमाण जीवात्मा का शरीरव्यापी कार्य है ? इन सभी विकल्पों से संशय मिटता नहीं, प्रत्युत बना ही रहता है । पूर्वपक्ष—यह दोष नहीं है क्योंकि चन्दन की भाँति आत्मा का देह के एकदेश में स्थित होना माना गया है । कैसे? तो सुन लीजिए—'यह आत्मा हृदय में रहता है', 'निःसन्देह यह प्रकृत आत्मा हृदय में रहता है ।'

---

१. अनणुवादी । २. उपलब्धिः । ३. अथर्वान्तर्गतप्रश्नः ।

(२४१) गुणाद्वा लोकवत् ॥२५॥

'स वा एष आत्मा हृदि' (छा० ८-३-३), 'कतम आत्मेति योऽयं विज्ञानमयः 'प्राणेषु हृद्यन्तर्ज्योतिः पुरुषः' (बृ० ४-३-७) इत्याद्युपदेशेभ्यः। तस्माद्दृष्टान्तदार्ष्टान्तिकयोरवैषम्याद्युक्तमेवैतदविरोधश्चन्दनवदिति ॥२४॥

चैतन्यगुणव्याप्तेर्वाऽणोरपि सतो जीवस्य सकलदेहव्यापि कार्यं न विरुध्यते। यथा लोके मणिप्रदीपप्रभृतीनामपवरकैकदेशवर्तिनामपि प्रभाऽपवरकव्यापिनी सती कृत्स्नेऽपवरके कार्यं करोति तद्वत्। स्यात्कदाचिच्चन्दनस्य सावयवत्वात्सूक्ष्मावयवविसर्पणेनापि सकलदेह आह्लादयितृत्वं न त्वणोर्जीवस्यावयवाः सन्ति यैरयं सकलदेहं विप्रसर्पेदित्याशङ्क्य गुणाद्वा लोकवदित्युक्तम् ॥२५॥

कथं पुनर्गुणो गुणिव्यतिरेकेणान्यत्र वर्तेत। नहि पटस्य शुक्लो गुणः पटव्यतिरेकेणान्यत्र वर्तमानो दृश्यते। प्रदीपप्रभावद्भवेदिति चेत्। न। तस्या अपि

आत्मवत्तद्धर्मज्ञानस्याप्यणुत्वं स्वतः, कादाचित्कं तु देहपरिमाणत्वमित्युक्त्वा स्वत एव व्यापित्वमिति मतान्तरमाह— गुणाद्वेति। वाशब्देन चन्दनदृष्टान्तापरितोषः सूचितस्तमाह—स्यादिति ॥२५॥

उत्तरसूत्रव्यावर्त्यं शङ्कते—कथमिति। ज्ञानं न गुणिव्यतिरिक्तदेशव्यापि, गुणत्वात्, रूपवत्, नच

आत्मा कौन है? ऐसा प्रश्न होने पर कहा है कि 'जो कार्य-कारण संघात[1] में हृदय के भीतर ज्योतिस्वरूप विज्ञानमय पुरुष है' इत्यादि। इन उपदेशों के द्वारा श्रुतियों में जीवात्मा का हृदयदेश में रहना माना गया है। अतः दृष्टान्त-दार्ष्टान्त में वैषम्य नहीं है। इसीलिए 'अविरोधश्चन्दनवत्' इस सूत्र द्वारा जीवाणुत्व का समर्थन युक्तिसिद्ध है ॥२४॥

गुणाद्वा लोकवत् (ललिता)

अणु परिमाण होता हुआ भी जीवात्मा का चैतन्य गुण सम्पूर्ण शरीर में व्याप्त है। इसलिए सकलदेहव्यापी कार्य का होना विरुद्ध नहीं है। जैसे लोक में गृह[2] के भीतर मणि, प्रदीपादि रहते हैं और उनकी प्रभा गृहव्यापी होती है जो सम्पूर्ण गृह में प्रकाश कार्य करती रहती है, वैसे ही जीव भी शरीरैकदेश हृदय में रहता है किन्तु उसका चैतन्य गुण सम्पूर्ण शरीर में व्याप्त रहता है। शङ्का—सावयव होने के कारण चन्दन का सूक्ष्म अवयव फैलकर कदाचित् सकलदेह में आह्लाद उत्पन्न कर सकता है किन्तु अणु परिमाण जीवात्मा के तो अवयव नहीं हैं जिनके द्वारा यह जीव सम्पूर्ण शरीर में फैल सके। पूर्वपक्ष —'गुणाद्वा लोकवत्' इस सूत्र से समाधान दिया जा चुका है। सूत्र में आये हुए 'वा' शब्द द्वारा यह सूचित कर रहे हैं कि चन्दन दृष्टान्त सन्तोषजनक नहीं है ॥२५॥

शङ्का—गुण अपने आश्रय को छोड़कर अन्यत्र कैसे रहेगा? क्योंकि पट का शुक्ल गुण पट को छोड़कर अन्यत्र रहने वाला नहीं देखा जाता है। प्रदीप को छोड़कर जैसे उसकी प्रभा अन्यत्र रहते देखी गयी है एसे ही गुण भी अपने आश्रय को छोड़कर अन्यत्र रह जायेगा, ऐसा कहना ठीक नहीं है

१. कार्यकरणसंघातेषु। २. आवरणकर्तृको गृहादिरपवरकपदार्थः।

(२४२) व्यतिरेको गन्धवत् ॥२६॥

द्रव्यत्वाभ्युपगमात् । [1]निबिडावयवं हि तेजोद्रव्यं प्रदीपः । [2]प्रविरलावयवं तु तेजोद्रव्यमेव प्रभेति । अत उत्तरं पठति—

यथा गुणस्यापि सतो गन्धस्य गन्धवद्द्रव्यव्यतिरेकेण वृत्तिर्भवति । अप्राप्तेष्वपि कुसुमादिषु गन्धवत्सु कुसुमगन्धोपलब्धेः । एवमणोरपि सतो जीवस्य चैतन्यगुणव्यतिरेको भविष्यति । [3]अतश्चानैकान्तिकमेतद्[4]गुणत्वाद्रूपादिवदाश्रयविश्लेषानुपपत्तिरिति । गुणस्यैव सतो गन्धस्याश्रयविश्लेषदर्शनात्, गन्धस्यापि सहैवाश्रयेण विश्लेष इति चेत् । न । यस्मान्मूलद्रव्याद्विश्लेषस्तस्य क्षयप्रसङ्गात् । अक्षीयमाणमपि तत्पूर्वावस्थातो गम्यते । अन्यथा तत्पूर्वावस्थैर्गुरुत्वादिभिर्हीयेत । स्यादेतत् । गन्धाश्रयाणां विश्लिष्टानामवयवानामल्पत्वात्सन्नपि विशेषो नोपलक्ष्यते । सूक्ष्मा हि गन्धपरमाणवः सर्वतो विप्रसृता गन्धबुद्धिमुत्पाद-

---

प्रभायां व्यभिचारस्तस्या अपि द्रव्यत्वादिति प्राप्ते गन्धे व्यभिचारमाह—अत उत्तरमिति ।

गुणस्य द्रव्यव्यतिरेक आश्रयविश्लेषः । ननु विश्लिष्टावयवानामल्पत्वाद्द्रव्यक्षयो न भातीत्यत आह—अक्षीयमाणमपीति । अपिरवधारणे, पूर्वावस्थालिङ्गेनाक्षीयमाणमेव तद्द्रव्यमनुमीयत इत्यर्थः । [5]विमतमविश्लिष्टावयवं, पूर्वावस्थातो गुरुत्वाद्यपचयहीनत्वात्, संमतवदिति भावः । [6]शङ्कते—स्यादेतदिति । विश्लिष्टानामल्पत्वादित्युपलक्षणं, [7]अवयवान्तराणां प्रवेशादित्यपि द्रष्टव्यम् । विशेषोऽवयवानां विश्लेषप्रवेशरूपः सन्नपि न ज्ञायते, तथाच गुरुत्वापचयो न भवतीति हेतोरन्यथासिद्धिरिति शङ्कार्थः । आगच्छन्तो-

---

क्योंकि प्रभा को भी द्रव्य ही माना है । घनीभूत अवयव वाले तेजोमय द्रव्य को प्रदीप कहते हैं किन्तु विरल अवयव वाले तेजोद्रव्य को प्रभा कहते हैं । इसका उत्तर अग्रिम सूत्र से देते हैं कि—

व्यतिरेको गन्धवत् (ललिता)

जैसे गन्धाश्रय द्रव्य को छोड़कर केवल गन्ध गुण की अन्यत्र वृत्ति देखी जाती है । गन्धवाले पुष्प को न प्राप्तकर भी दूरदेशस्थ पुरुष गन्ध को उपलब्धि करता रहता है, ऐसे ही अणु परिमाण वाले जीव का भी चैतन्य गुण शरीर में व्याप्त होकर रह जायेगा । अतः रूपादि की भाँति गन्ध में गुणत्व देखकर उसके अपने आश्रय से भिन्न न होने का अनुमान अनैकान्तिक है, आश्रय से विश्लेष असंगत है । केवल गुण का ही अपने आश्रय से विभाग होता है, गन्धाश्रय द्रव्य का नहीं । शङ्का—आश्रय के सहित गन्ध का भी विश्लेष (विभाग) अनुभवसिद्ध है । समाधान—ऐसा कहना ठीक नहीं है क्योंकि गन्धाश्रय मूल द्रव्य से उसके अवयव का विभाग मानने पर उसके नाश का प्रसंग आ जायेगा । गन्धाश्रय कुसुम आदि द्रव्य पूर्वावस्था से अक्षीयमाण ही देखा जाता है । यदि द्रव्यावयव का विश्लेष वहाँ होता, तो पूर्व अवस्था वाले गुरुत्वादि बाद में घट जाने चाहिए था । पर ऐसा होता नहीं है, इसलिए गन्धाश्रय द्रव्य के अवयव का विभाग नहीं होता है, किन्तु केवल गन्ध गुण का ही विभाग होता है । शङ्का—विभक्त गन्धाश्रय अवयव अल्प होने के कारण मूलद्रव्य से उसका विभाग होता हुआ भी अनुभव में नहीं आता है, क्योंकि गन्ध के आश्रय परमाणु अति सूक्ष्म हैं जो सभी ओर

---

१. घनं निरन्तरं सांद्रं पेलवं विरलं तनु । २. प्रथमं त्रिकं निबिडस्य द्वितीयं तु विरलस्य । ३. वक्ष्यमाणहेतोः । ४. किमेतदित्यपेक्षायामाह गुणत्वादित्यादिना अतः शब्दद्योत्य हेतुमाह गुणस्यैवेत्यादिना । ५. गुणवद्द्रव्यम् । ६. अनणुवादी । ७. भोक्तृदृष्टवशेन ।

(२४३) तथाच दर्शयति ॥२७॥

यन्ति नासिकापुटमनुप्रविशन्त इति चेत् । न । अतीन्द्रियत्वात्परमाणूनां स्फुटगन्धोपलब्धेश्च नागकेसरादिषु । नच लोके प्रतीतिर्गन्धवद्द्रव्यमाघ्रातमिति । गन्ध एवाघ्रात इति तु लौकिकाः प्रतियन्ति । रूपादिष्वाश्रयव्यतिरेकानुपलब्धेर्गन्धस्याप्ययुक्त आश्रयव्यतिरेक इति चेत् । न । प्रत्यक्षत्वादनुमानाप्रवृत्तेः । तस्माद्यद्यथा लोके दृष्टं तत्तथैवानुमन्तव्यं निरूपकैर्नान्यथा । नहि रसो गुणो जिह्वयोपलभ्यत इत्यतो रूपादयोऽपि गुणा जिह्वयैवोपलभ्येरन्निति नियन्तुं शक्यते ॥२६॥

हृदयायतनत्वमणुपरिमाणत्वं चात्मनोऽभिधाय तस्यैव 'आ लोमभ्य आ नखाग्रेभ्यः' (छा० ८-८-१) इति चैतन्येन गुणेन समस्तशरीरव्यापित्वं दर्शयति ॥२७॥

ऽवयवाः परमाणवस्त्रसरेणवो वा, नाद्यः, तदगतरूपवद्गन्धस्याप्यनुपलब्धिप्रसङ्गादिति परिहरति—नेति। द्वितीयं प्रत्याह—स्फुटेति। 'त्रसरेणुगन्धश्चेत्स्फुटो न स्यादित्यर्थः। अतो गन्धस्य पुष्पादिस्थस्यैव गुणव्यतिरेको वाच्य इति भावः। गन्धो न गुणिविश्लिष्टः, गुणत्वात्, रूपवदिति शङ्कते—रूपेति। विश्लेषस्य प्रत्यक्षत्वाद्बाध इत्याह—नेति ॥२६॥

आत्मनश्चैतन्यगुणेनैव देहव्याप्तिरित्यत्र श्रुतिमाह सूत्रकारः—तथाच दर्शयतीति। तद्व्याचष्टे—हृदयेति ॥२७॥

फैल गये हैं, वे ही नासिका पुट में प्रवेश करते हुए गन्ध ज्ञान को उत्पन्न करते हैं। पूर्वपक्ष—ऐसा कहना ठीक नहीं है क्योंकि परमाणु अतीन्द्रिय है। पर नाग-केशरादि वाले गन्ध का अनुभव तो स्पष्ट होता है। लोक में किसी को भी गन्धाश्रित द्रव्य को मैंने सूंघा, ऐसी प्रतीति नहीं होती है किन्तु सभी लौकिक पुरुष गन्ध को ही मैंने सूंघा, ऐसा जानते और कहते हैं। शङ्का—जब अपने आश्रय को छोड़कर शुक्ल रूपादि केवल नहीं देखे जाते, तो गन्ध को आश्रयभिन्न मानना असंगत है। पूर्वपक्षी—जब अपने आश्रय से विभक्त गन्ध का प्रत्यक्ष हो रहा है और रूप का नहीं होता, तो ऐसी स्थिति में यहाँ पर अनुमान प्रवृत्ति नहीं होता है। इसीलिए लोक में जो वस्तु जैसी देखी गयी है, बुद्धिमान पुरुष उसका वैसा ही अनुमान करता है, अन्यथा नहीं करता। रस गुण जिह्वा से उपलब्ध होता है। अतः रूपादि गुण भी जिह्वा से ही जान लिये जायगे, ऐसा नियम नहीं किया जा सकता है ॥२६॥

तथाच दर्शयति (ललिता)

आत्मा चैतन्य गुण के कारण ही देहव्यापी है, इस बात को श्रुति के आधार पर सूत्रकार अग्रिम सूत्र से दिखलाते हैं—

आत्मा का आयतन हृदय है और वह आत्मा अणु परिमाण है, ऐसा कहकर उसी को 'लोम से नख तक व्याप्त है' इस वाक्य द्वारा चैतन्य गुण के कारण ही श्रुति समस्तशरीरव्यापी बतलाती है ॥२७॥

---

१. त्रसरेणोरूपमेव स्फुटं भवति न रसादय इत्यनुभवसिद्धम्।

(२४४) पृथगुपदेशात् ॥२८॥

(२४५) तद्गुणसारत्वात्तु तद्व्यपदेशः प्राज्ञवत् ॥२९॥

'प्रज्ञया शरीरं समारुह्य' (कौषी० ३-६) इति चात्मप्रज्ञयोः कर्तृकरणभावेन पृथगुपदेशाच्चैतन्यगुणेनैवास्य शरीरव्यापिता गम्यते । 'तदेषां प्राणानां विज्ञानेन विज्ञानमादाय' (बृ० २-१-१७) इति च कर्तुः शरीरात्पृथग्विज्ञानस्योपदेश एतमेवाभिप्रायमुपोद्बलयति । तस्मादणुरात्मेति ॥२८॥

एवं प्राप्ते ब्रूमः—

तुशब्दः पक्षं व्यावर्तयति । नैतदस्त्यणुरात्मेति । उत्पत्त्यश्रवणाद्धि परस्यैव तु ब्रह्मणः प्रवेशश्रवणात् तादात्म्योपदेशाच्च परमेव ब्रह्म जीव इत्युक्तम् । परमेव चेद्ब्रह्म जीवस्तस्माद्यावत्परं ब्रह्म तावानेव जीवो भवितुमर्हति । परस्य च ब्रह्मणो विभुत्वमाम्नातम् । तस्माद्विभुर्जीवः । तथाच 'स वा एष महाजन आत्मा योऽयं विज्ञानमयः प्राणेषु' (बृ० ४-४-२२)

तत्रैव श्रुत्यन्तरार्थं सूत्रम्—पृथगिति । विज्ञानमिन्द्रियाणां ज्ञानशक्तिं विज्ञानेन चैतन्यगुणेनादाय शेत इत्यर्थः । एतं चैतन्यगुणाव्याप्तिगोचरमभिप्रायम् ॥२८॥

तत्रात्माणुत्वविभुत्वश्रुतीनां विरोधादप्रामाण्यप्राप्तावणुत्वं जीवस्य विभुत्वमीश्वरस्येत्यविरोध इत्येकदेशिपक्षो दर्शितः । तं दूषयन्सिद्धान्तसूत्रं व्याचष्टे—तुशब्द इत्यादिना । तस्माद्ब्रह्माभिन्नत्वाद्विभुर्जीवः ब्रह्मवदित्यनुमानानुगृहीते श्रुतिस्मृती आह—तथाच स वा एष इति । नित्यः सर्वगतः

पृथगुपदेशात् (ललिता)

'प्रज्ञा के द्वारा शरीर में आरूढ़ होकर' इस वाक्य से आत्मा कर्ता एवं प्रज्ञा करण रूप में दोनों ही पृथक्-पृथक् उपदिष्ट हैं, इससे चैतन्य गुण के कारण ही इस आत्मा की शरीरव्यापिता सिद्ध होती है । 'इन इन्द्रियों की चेतना को बुद्धि के द्वारा ग्रहणकर सुषुप्त पुरुष रहता है' इस वाक्य के द्वारा शरीर कर्ता से पृथक् विज्ञान का जो उपदेश किया गया है वह भी इस अभिप्राय का ही सिद्ध करता है । अतः आत्मा अणु परिमाण है ॥२८॥

तद्गुणसारत्वात्तु तद्व्यपदेशः प्राज्ञवत् (ललिता)

ऐसा पूर्वपक्ष प्राप्त होने पर हम सिद्धान्ती कहते हैं—

सूत्र में आया हुआ 'तु' शब्द पूर्वोक्त एकदेशी पक्ष की व्यावृत्ति करता है, कि यह आत्मा अणु परिमाण नहीं है क्योंकि इसकी उत्पत्ति नहीं सुनी जाती है, अपितु परब्रह्म का ही इस देह में प्रवेश सुना जाता है और उसके तादात्म्य का उपदेश भी है, इससे परब्रह्म ही जीव है यह बात कही जा चुकी है । जब परब्रह्म ही जीव है तो जो ब्रह्म का परिमाण है वैसा ही परिमाण जीव का भी होना चाहिए । ब्रह्म में विभुत्व कहा गया है, इसलिए जीव भी विभु परिमाण है । इसीलिए 'यह जीव महान्, अजन्मा और कार्यकरणसंघातरूप प्राणों के मध्य विज्ञानमय है' ऐसी श्रुति और 'नित्य, सर्वव्या-

---

१. य एषोऽन्तर्हृदय आकाशस्तस्मिञ्छेत इति श्रुतिशेषभागः । २. एकदेशिपक्षम् । ३. अनेन जीवेनात्मनाऽनुप्रविश्येत्यादिना । ४. निश्चयावद्योती चेच्छब्दः । ५. बुद्धिप्रधान । ६. कार्यकरणसंघातेषु । ७. चैतन्यगुणेनात्मनो या देहव्याप्तिः सैव गोचरो यस्य तमभिप्रायमुपबर्हयतीति शेषः ।

इत्येवंजातीयका जीवविषया विभुत्ववादाः श्रौताः स्मार्ताश्च समर्थिता भवन्ति । न चाणोर्जीवस्य सकलशरीरगता वेदनोपपद्यते । त्वक्सम्बन्धात्स्यादिति चेत् । न । कण्टकतोदनेऽपि सकलशरीरगतैव वेदना प्रसज्येत । त्वक्कण्टकयोर्हि संयोगः कृत्स्नायां त्वचि वर्तते त्वक्च कृत्स्नशरीरव्यापिनीति । पादतल एव तु कण्टकनुन्नो[1] वेदनां प्रति लभते । न चाणोर्गुणव्याप्तिरुपपद्यते, गुणस्य गुणिदेशत्वात् । गुणत्वमेव हि गुणिनमनाश्रित्य गुणस्य हीयेत[2] । प्रदीपप्रभायाश्च द्रव्यान्तरत्वं व्याख्यातम् । गन्धोऽपि गुणत्वाभ्युपगमात्साश्रय एव संचरितुमर्हति । अन्यथा गुणत्वहानिप्रसङ्गात् । तथाचोक्तं भगवता द्वैपायनेन । 'उपलभ्याप्सु

स्थाणुरित्याद्याः स्मार्तवादाः । 'एतेन[3] जीवस्य ब्रह्माभेदज्ञानेऽणुत्वाभावधीस्तस्यां तदित्यन्योन्याश्रय इति निरस्तम् । 'प्रधानमहावाक्यानुगुणश्रुतिस्मृतिभिरणुत्वाभावनिश्चयानन्तरमभेदज्ञानात्प्रधानवाक्य-विरोधे गुणभूताणुत्वश्रुतीनामौपाधिकाणुत्वविषयत्वकल्पनात् । 'गुणे त्व'न्याय्यकल्पना'[4][5] इति न्याया-दिति भावः । किञ्च सर्वदेहव्यापिशैत्यानुभवान्यथानुपपत्त्याऽणुत्वश्रुतयोऽप्यस्ताणुत्वविषयत्वेन कथं-चिदर्थवादा नेयाः । लौकिकन्यायादपि तेषां दुर्बलत्वादिति मत्वाह—न चाणोरिति । शङ्कते—त्वगिति । यद्यप्यात्मसंबन्धस्य त्वग्व्याप्त्या देहव्यापिनी वेदना स्यात्तर्ह्यतिप्रसङ्ग इति दूषयति—नेति । प्रसङ्ग-स्येष्टत्वं निरस्यति—पादतल एवेति । तस्मादल्पमहतोः संयोगो न महद्व्यापी, कण्टकसंयोगस्य देह-व्याप्त्यदर्शनात्, तथाचाण्वात्मसंयोगस्त्वगेकदेशस्थ एवेति देहव्यापिवेदनानुपपत्तिः । नच सिद्धान्ते त्वगात्मसंबन्धस्य व्यापित्वात्कण्टकसंबन्धे देहव्यापिवेदनाप्रसङ्ग इति वाच्यम् । यावती विषयसंबद्धा त्वक् तावद्व्याप्त्यात्मसंबन्धस्तावद्व्यापिवेदनाहेतुरिति नियमात् । न चैवं विषयत्वक्संबन्ध एव तद्धे-तुरस्तु किमात्मव्याप्त्येति वाच्यम् । वेदना हि सुखं दुःखं तदनुभवश्च, न चैषां व्यापकानां कार्याणा-मल्पमुपादानं संभवति कार्यस्योपादानाद्विश्लेषानुपपत्तेः । न चैषां व्यापकत्वमसिद्धं, सूर्यतप्तस्य गङ्गा-निमग्नस्य सर्वाङ्गव्यापिदुःखसुखानुभवस्य दुरपह्नवत्वात् । यदुक्तं गुणस्यापि गुणिविश्लेषो गन्धवदिति, तन्नेत्याह—न चाणोरिति । गन्धो नाश्रयाद्विश्लिष्टः, गुणत्वात्, रूपवदित्यत्रागममाह—तथा चोक्त-

---

पक, निर्विकार आत्मा है' ऐसी स्मृति भी जीव को विभु बतलाने वाली समर्थित होती है । अणु परिमाण जीव को सकलशरीरव्यापी वेदना का अनुभव नहीं हो सकता । शङ्का—त्वचा के साथ सम्बन्ध होने के कारण शरीरव्यापी वेदना का अनुभव अणु परिमाण जीव को भी हो जायेगा । सिद्धान्ती—ऐसा कहना ठीक नहीं । त्वचा में काँटे के चुभने पर सकलशरीरव्यापी वेदना का प्रसंग आ जायेगा, क्योंकि त्वचा सकलशरीरव्यापी है, उस त्वचा के साथ काँटे का संयोग हुआ है, ऐसी स्थिति में सम्पूर्ण शरीर में वेदना का अनुभव होना चाहिए, किन्तु पैर में काँटा चुभने पर वे कण्टकविद्ध पुरुष केवल पाद में ही वेदना का अनुभव करते हैं, सम्पूर्ण शरीर में नहीं । गुण सदा गुणी के देश में रहता है । अतः अणु परिमाण जीव का ज्ञान गुण शरीरव्यापी नहीं हो सकता, गुणी रूप के आश्रय के छोड़ देने पर गुण में गुणत्व ही नष्ट हो जाता है । प्रदीप प्रभा में द्रव्यान्तरत्व बतलाया जा चुका है । गन्ध भी गुण है, वह अपने आश्रय में ही रहकर संचरण कर सकता है, नहीं तो गुणत्व की हानि होने लग जायेगी ।

---

१. कण्टकेन व्यथिताः प्राणिनः । २. द्रव्याश्रितत्वं हि गुणत्वम् । ३. उक्तश्रुतिस्मृतिभ्यामणुत्वाभावनिश्चयेन । ४. प्रधानानि च तानि महान्ति बहूनि वाक्यानि तदनुगुणेत्यादि । ५. अन्याय्यालक्षणा तस्याः कल्पनमित्यर्थः ।

चेद्गन्धं केचिद्ब्रूयुरनैपुणाः । पृथिव्यामेव तं विद्यादपो वायुं च संश्रितम्' इति । यदि च चैतन्यं जीवस्य समस्तं शरीरं व्याप्नुयान्नाणुर्जीवः स्यात् । चैतन्यमेव ह्यस्य स्वरूपमग्नेरिवौष्ण्यप्रकाशौ । नात्र गुणगुणिविभागो विद्यत इति । शरीरपरिमाणत्वं च प्रत्याख्यातम् । परिशेषाद्विभुर्जीवः ।

इस प्रकार उक्त पूर्वपक्ष होने पर हम सिद्धान्ती कहते हैं कि 'हस्तौ वै ग्रहः' इत्यादि श्रुति के आधार पर सात से अतिरिक्त हस्तादि इन्द्रियाँ भी प्रतीत होती हैं। इनमें बन्धनभाव ही ग्रहत्व है, क्योंकि इसी ग्रहनामक बन्धन से क्षेत्रज्ञ जीव बँध जाता है। वह क्षेत्रज्ञ एक ही शरीर में नहीं बँधता अपितु समानरूप से शरीरान्तर में भी इसे बँधते देखा गया है। इसीलिए शरीरान्तरसञ्चारी ग्रहनामक बन्धन अर्थतः उक्त हो जाता है। ऐसे ही स्मृति भी 'प्राणादि पञ्चक, भूतसूक्ष्मपञ्चक, ज्ञानेन्द्रिय पञ्चक, कर्मेन्द्रियपञ्चक, अन्तःकरण चतुष्टय, अविद्या, काम और कर्म; इन पुर्यष्टक लिङ्ग से जीव युक्त होता है, उससे बँधे हुए का बन्धन रहता है और उससे मुक्त हुए को मोक्ष मिल जाता है' मोक्ष से पहले इस ग्रहनामक बन्धन से अवियोग बतलाती है। अथर्ववेद में विषय एवं इन्द्रियों के अनुक्रमण प्रसङ्ग पर 'चक्षु और द्रष्टव्य रूप' इत्यादि वाक्य द्वारा विषय के सहित हस्तादि इन्द्रियों का भी अनुक्रमण बतलाते हैं, वहाँ पर 'हाथ और ग्रहण करने योग्य वस्तु, उपस्थ और आनन्दप्रद वस्तु, पायु एवं विसर्जनीय वस्तु, पाद और गन्तव्य मार्ग' इन वाक्यों द्वारा विषयसहित हस्तादि इन्द्रियों का अनुक्रमण बतलाया गया है। वैसे ही 'पुरुष के शरीर में दश इन्द्रियाँ और ग्यारहवाँ मन, ये जब इस मर्त्यशरीर से उत्क्रमण करते हैं तब परिवारजनों को रुलाते हैं' इस वाक्य द्वारा श्रुति एकादश इन्द्रियों की उत्क्रान्ति बतलाती है। प्राण शब्द से सम्बद्ध सर्व शब्द भी अशेष प्राणों को कहता है, न कि प्रकरण के बल से सात में ही उसकी व्यवस्था दिखला सकते हैं क्योंकि प्रकरण से सर्वशब्द-

१. बंधनत्वम् । २. तस्य बंधनस्य सहगमनमाह नैकेति । ३. सर्वश्रुतेः ।

३. प्राणाणुत्वाधिकरणम् (सू० ७)

(२७६) अणवश्च ॥७॥

व्यापीन्यणूनि वाऽक्षाणि सांख्या व्यापित्वमूचिरे। वृत्तिलाभस्तत्र तत्र देहे कर्मवशाद्भवेत् ॥
देहस्थवृत्तिमद्भागेष्वेवाक्षत्वं समाप्यताम्। उत्क्रान्त्यादिश्रुतेस्तानि ह्यणूनि स्युरदर्शनात् ॥

भोजयितव्या इत्यत्रापि सर्वेषामेवावनिवर्तिनां ब्राह्मणानां ग्रहणं न्याय्यं, सर्वशब्द-सामर्थ्यात्। सर्वभोजनासम्भवात्तु तत्र निमन्त्रितमात्रविषया सर्वशब्दस्य वृत्तिराश्रिता। इह तु न किंचित्सर्वशब्दार्थसंकोचने कारणमस्ति। तस्मात्सर्वशब्देनात्र शेषाणां प्राणानां परिग्रहः। [1]प्रदर्शनार्थं च सप्तानामनुक्रमणमित्यनवद्यम्। तस्मादेकादशैव प्राणाः शब्दतः कार्यतश्चेति सिद्धम् ॥६॥

अधुना प्राणानामेव स्वभावान्तरमभ्युच्चिनोति। अणवश्चैते प्रकृताः प्राणाः [2]प्रतिप-

---

अणवश्च। 'प्राणाः सर्वेऽनन्ताः' इति श्रुतेरिन्द्रियाणां विभुत्वात्तेषामुत्क्रान्तिरसिद्धा किंतु तत्तद्देहे [4]तेषामभिव्यक्तिरूपाः [5]प्रादेशिक्यो वृत्तयः सन्ति न तासामुत्क्रान्त्यादिरिति सांख्यानामाक्षेपः, तत्संगत्या प्राणाः किंपरिमाणा इति संदेहे सिद्धान्तयति—अधुनेत्यादिना। उत्पत्तिसंख्यानिर्णयानन्तरं

श्रुति बलवान मानी जाती है। सभी ब्राह्मणों को भोजन कराना चाहिए, यहाँ पर भी पृथ्वी के सभी ब्राह्मणों को सर्वशब्दसामर्थ्य से ग्रहण करना उचित होगा किन्तु सब का भोजन सम्भव न होने पर निमन्त्रितमात्र को सर्व शब्द से ग्रहण किया जाता है। पर यहाँ तो सर्व शब्द के अर्थसंकोच में कोई कारण नहीं दीखता है। अतः सर्व शब्द से यहाँ पर शेष सभी इन्द्रियों का परिग्रह समझना चाहिए। सात का अनुक्रमण तो उपलक्षणार्थ है यही पक्ष निर्दोष है। इसलिए शब्दतः और कार्यतः इन्द्रियाँ एकादश ही हैं, यह सिद्ध हुआ ॥६॥

३. प्राणाणुत्वाधिकरण

१. **सङ्गति**—अपरिच्छिन्न अहंकारजन्य होने के कारण इन्द्रियाँ भी अपरिच्छिन्न (विभु) हैं फिर भला उनका शरीर से उत्क्रमण किस प्रकार हो सकता है, ऐसी आक्षेपसङ्गति के कारण इस अधिकरण की रचना हुई है।

२. **विषय**—इस अधिकरण में इन्द्रियों के परिमाण का विचार किया गया है।

३. **संशय**—इन्द्रियाँ अणुपरिमाण हैं अथवा व्यापक हैं ?

४. **पूर्वपक्ष**—सांख्यों ने इन्द्रियों को व्यापक माना है। तत्तद देह में पूर्वकर्मानुसार इन्द्रियों का व्यापार होता रहता है। अतः इन्द्रियाँ विभु हैं।

५. **सिद्धान्त**—देह में होने वाले व्यापारविशिष्ट भागों में ही इन्द्रियाँ परिच्छिन्न रहती हैं। अतः इन्द्रियाँ विभु नहीं हैं। साथ ही, मृत शरीर से इन्द्रियों का उत्क्रमण भी सुना और देखा जाता है। अतिसूक्ष्म होने के कारण वे इन्द्रियाँ देखी नहीं जाती। अतः परिच्छिन्न ही हैं, विभु नहीं।

अणवश्च (ललिता)

अब इन्द्रियों के ही अन्य स्वभाव का विचार करते हैं। जिन इन्द्रियों का प्रसङ्ग चल रहा था

---

१. उपलक्षणार्थम्। २. निश्चेतव्याः। ३. अपरिच्छिन्ना व्यापका इति यावत्। ४. यथा नित्यत्वादिविशिष्टं सामान्यं तत्तद्व्यक्त्युत्पत्तावाविर्भवति तद्वत्। ५. श्रोत्रादितत्तत्प्रदेशस्था इत्यर्थः।

४. प्राणश्रैष्ठ्याधिकरणम् (सू० ८)

मुख्यः प्राणः स्यादनादिर्जायते वा न जायते । आनीदिति प्राणचेष्टा प्राक्सृष्टेः श्रूयते यतः ।।
आनीदिति ब्रह्मसत्त्वं प्रोक्तं वातनिषेधनात् । एतस्माज्जायते प्राण इत्युक्तेरेष जायते ।।

तव्याः । अणुत्वं चैषां सौक्ष्म्यपरिच्छेदौ न परमाणुतुल्यत्वं कृत्स्नदेहव्यापिकार्यानुपपत्तिप्रसङ्गात् । सूक्ष्मा एते प्राणाः स्थूलाश्चेत्स्युर्मरणकाले शरीरान्निर्गच्छन्तो बिलादहिरिवोपलभ्येरन्म्रियमाणस्य पार्श्वस्थैः । परिच्छिन्नाश्चैते प्राणाः सर्वगताश्चेत्स्युरुत्क्रान्तिगत्यागतिश्रुतिव्याकोपः स्यात् । तद्गुणसारत्वं च जीवस्य न सिध्येत् । सर्वगतानामपि वृत्तिलाभः शरीरदेशे स्यादिति चेत् । न । वृत्तिमात्रस्य करणत्वोपपत्तेः । यदेव ह्युपलब्धिसाधनं वृत्तिरन्यद्वा तस्यैव नः करणत्वं, संज्ञामात्रे विवाद इति करणानां व्यापित्वकल्पना निरर्थिका । तस्मात्सूक्ष्माः परिच्छिन्नाश्चैते प्राणा इत्यध्यवस्यामः ।।७।।

परिमाणं निरूप्यत इत्यर्थः । अनुद्भूतरूपस्पर्शत्वं सूक्ष्मत्वम् । परिच्छेदोऽल्पत्वम् । बुद्ध्यादीनां विभुत्वे तदुपाधिकमात्मनोऽणुत्वादिकं न सिध्येदित्युक्तन्यायविरोधमाह—तद्गुणसारत्वमिति । उक्ताक्षेपमनूद्य निरस्यति—सर्वगतानामिति । आनन्त्यश्रुतेरुपासनार्थत्वान्नोत्क्रान्त्यादिश्रुतीनां तया विरोध इति सिद्धम् ।।७।।

इन प्रकृत इन्द्रियों को अणुपरिमाणवाला समझना चाहिए। इनके अणुत्व का तात्पर्य सूक्ष्मत्व और परिच्छिन्नत्व है, न कि परमाणुतुल्यत्व। यदि इन्हें परमाणुतुल्य माना जायेगा तो सम्पूर्ण-शरीरव्यापी कार्य की सिद्धि नहीं हो सकेगी, इसलिए ये प्राण सूक्ष्म हैं। यदि इन्हें स्थूल माना जाय तो मरणकाल में शरीर से निकलते हुए इन इन्द्रियों को मरणासन्न व्यक्ति के निकट बैठे लोग वैसे ही देख सकेंगे जैसे बिल से निकलते हुए सर्प को देखते हैं। इन परिच्छिन्न प्राणों को व्यापक माना जाय, तो उत्क्रान्ति, गति और आगति श्रुति का व्याकोप होने लग जायेगा। साथ ही, जीव में तदगुणसारत्व भी सिद्ध न हो सकेगा। पूर्वपक्ष—सर्वव्यापक में भी व्यापारलाभ शरीरप्रदेश में ही माना जाय तो आप की शङ्का का समाधान हो जायेगा। सिद्धान्ती—ऐसा कहना ठीक नहीं, व्यापारमात्र को ही तो करण कहते हैं अर्थात् जो उपलब्धिसाधन व्यापार है अथवा अन्य कुछ है, उसी को हमारे सिद्धान्त में करण कहा गया है। अतः करण कहो या व्यापार कहो, इससे नाममात्र में विवाद माना जायेगा। ऐसी स्थिति में इन्द्रियों में व्यापित्व की कल्पना निरर्थक ही मानी जायेगी। इसलिए ये इन्द्रियाँ सूक्ष्म और परिच्छिन्न हैं, ऐसा हम निश्चय करते हैं।।७।।

४ प्राणश्रैष्ठ्याधिकरण

१. **सङ्गति**—पिछले अधिकरणों में इन्द्रियों की सृष्ट्यादि का प्रतिपादन किया गया, अब मुख्य प्राण में भी प्रथमाधिकरणन्याय का अतिदेश करते हैं। अतः पूर्व अधिकरण के साथ इसकी अतिदेश सङ्गति है।

२. **विषय**—मुख्य प्राण की उत्पत्ति का विचार इस अधिकरण का विषय है।

३. **संशय**—मुख्य प्राण अनादि है अथवा उत्पन्न होता है ?

४. **पूर्वपक्ष**—सृष्टि से पूर्व प्राण की चेष्टा 'आनीदवातं स्वधया तदेकम्' (ऋ० सं० ८-७-१७) इस श्रुति में सुनी गई है। अतः मुख्य प्राण अनादि है।

(२७७) श्रेष्ठश्च ॥८॥

मुख्यश्च प्राणःइतरप्राणवद्ब्रह्मविकार इत्यतिदिशति । तच्चाविशेषेणैव सर्वप्राणानां ब्रह्मविकारत्वमाख्यातम् । 'एतस्माज्जायते प्राणो मनः सर्वेन्द्रियाणि च' (मु० २-१-३) इति सेन्द्रियमनोव्यतिरेकेणापि प्राणस्योत्पत्तिश्रवणात् । 'स प्राणमसृजत' (प्र० ६-४) इत्यादिश्रवणेभ्यश्च । किमर्थः पुनरतिदेशः । अधिकाशङ्कापाकरणार्थः । [1]नासदासीये हि ब्रह्मप्रधाने सूक्ते मन्त्रवर्णो भवति 'न मृत्युरासीदमृतं न तर्हि न रात्र्या अह्न आसीत्प्रकेतः । आनीदवातं स्वधया तदेकं तस्माद्धान्यन्न परः किंचनास' (ऋ० सं० ८-७-१७) इति । आनीदिति प्राणकर्मोपादानात्प्रागुत्पत्तेः सन्तमिव प्राणं सूचयति । तस्मादजः प्राण इति जायते

श्रेष्ठश्च । अतिदेशत्वान्न संगत्याद्यपेक्षा । 'तथा प्राणाः' इत्युक्तन्यायोऽत्रातिदिश्यते । ननु प्राणो जायते न वेति संशयाभावादतिदेशो न युक्त इत्याक्षिपति—किमर्थ इति । निश्चितमहाप्रलये प्राणसद्भावश्रुत्याऽधिकां शङ्कामाह—नासदासीये हीति । 'नासदासीत्' इत्यारभ्याधीत इत्यर्थः । तर्हि तदा प्रलयकाले मृत्युर्मारको मृत्युमत्कार्यं वा नासीत्, अमृतं च देवभोग्यं नासीत्, रात्र्याः प्रकेतश्चिह्नरूपश्चन्द्रः अह्नः प्रकेतः सूर्यश्च नास्तां, स्वधया सहेत्यन्वयः । पितृभ्यो देयमन्नं स्वधा ।

५. सिद्धान्त—'एतस्माज्जायते प्राणः' (मु० २-१-३) इस मुण्डक श्रुति के आधार पर इतर प्राणों की भाँति मुख्य प्राण की भी उत्पत्ति सुनी जाती है । अतः 'आनीत्' शब्द उत्पत्ति से पूर्व प्राण के सद्भाव का सूचक नहीं है क्योंकि वहाँ पर 'अवातम्' ऐसा भी विशेषण है । उस श्रुति का मूलप्रकृति में प्राणादि समस्त विशेष का अभाव दिखलाना अभीष्ट है । अतः उस श्रुति के साथ प्राण उत्पत्ति श्रुति का कोई विरोध नहीं है ।

श्रेष्ठश्च (ललिता)

इतर प्राण के समान श्वास-निःश्वासरूप मुख्य प्राण भी ब्रह्म का कार्य है, ऐसा अग्रिम सूत्र से अतिदेश करते हैं । शङ्का—तब तो अविशेषरूप से ही सभी प्राणों को ब्रह्म का विकार 'इस परमात्मा से प्राण उत्पन्न हुआ, सभी इद्रियों के सहित मन उत्पन्न हुआ' इस वाक्य द्वारा, इन्द्रियों के सहित मन से भिन्न मुख्य प्राण की उत्पत्ति सुने जाने के कारण, व्याख्यात हो चुका है । वैसे ही 'उस परमेश्वर ने प्राण की सृष्टि की' इत्यादि श्रुति से भी ऐसा ही सिद्ध हो चुका है । फिर भला अतिदेश सूत्र का प्रयोजन क्या है ? समाधान—अधिक आशङ्का की निवृत्ति के लिए अतिदेश सूत्र की रचना आवश्यक है, क्योंकि ब्रह्मप्रधान जो नासदाय सूत्र है उसमें मन्त्रवर्ण है कि 'सृष्टि से पूर्व न मृत्यु था, न अमृत ही था, उस समय रात्रि का परिचायक चन्द्र और दिन का परिचायक सूर्य भी नहीं था । उस समय तो स्वधा के सहित एकमात्र अवातरूप ब्रह्म ही था, उससे भिन्न कुछ भी नहीं था ।' इस मन्त्र में '**आनीत्**' इस पद में प्राण व्यापार का उपादान होने से उत्पत्ति से पूर्व कर्म की सत्ता को मन्त्रवर्ण

१. एतन्नामधेये ।

कस्यचिन्मतिः । तामतिदेशेनापनुदति । आनीच्छब्दोऽपि न प्रागुत्पत्तेः प्राणसद्भावं सूचयति । अवातमिति विशेषणात् । 'अप्राणो ह्यमनाः शुभ्रः' इति च मूलप्रकृतेः प्राणादिसमस्तविशेषरहितत्वस्य दर्शितत्वात् । तस्मात्कारणसद्भावप्रदर्शनार्थ एवायमानीच्छब्द इति ।

श्रेष्ठ इति च मुख्यं प्राणमभिदधाति–'प्राणो वाव ज्येष्ठश्च श्रेष्ठश्च' (छा० ५-१-१) इति श्रुतिनिर्देशात् । ज्येष्ठश्च प्राणः शुक्रनिषेककालादारभ्य तस्य वृत्तिलाभात् । न चेत्तस्य तदानीं वृत्तिलाभः स्याद्योनौ निषिक्तं शुक्रं पूयेत । न संभवेद्वा । श्रोत्रादीनां तु कर्णशष्कुल्यादिस्थानविभागनिष्पत्तौ वृत्तिलाभान्न ज्येष्ठत्वम् । श्रेष्ठश्च प्राणो गुणाधिक्यात्, 'न वै शक्ष्यामस्त्वदृते जीवितुम्' (बृ० ६-१-१३) इति श्रुतेः ॥८॥

यद्वा स्वेन धृता माया स्वधा तया सह तदेकं ब्रह्मानीदासीदिति परमार्थः । अत्रानीदिति 'तच्चेष्टां[1] कृतवदिति पूर्वपक्षार्थः । तस्माद्ब्रह्मणः परः परमुत्कृष्टमन्यच्च किमपि न बभूवेत्यर्थः । परिहारः सुबोधः ।

ननु श्रेष्ठशब्दस्य प्राणे प्रसिद्ध्यभावात्कथं सूत्रमिति, तत्राह—श्रेष्ठ इति चेति । श्रुतिं व्याचष्टे—ज्येष्ठश्च प्राण इत्यादिना । पूयेत पूयं भवेत् । न संभवेत्तद्गर्भो न भवेदित्यर्थः । वागादिजीवनहेतुत्वं प्राणस्य गुणः । एवमानीच्छ्रुत्यविरोधात्प्राणोत्पत्तिश्रुतीनां ब्रह्मणि समन्वय इति सिद्धम् ॥८॥

सूचित करता सा जान पड़ता है । अतः किसी की यह धारणा बन सकती है कि प्राण अजन्मा है उस धारणा का अपनोदन (निवृत्ति) अतिदेश सूत्र से करते हैं कि 'आनीत्' शब्द भी उत्पत्ति से पूर्व प्राण के सद्भाव को सूचित नही करता, क्योंकि 'अवात' विशेषण दिया गया है । साथ ही 'वह परमात्मा प्राण से रहित और मन से रहित शुद्ध था' इस वाक्य द्वारा मूलप्रकृति में प्राणादि समस्त विशेष का अभाव दिखलाया गया है । अतः कारणसद्भाव बतलाने के लिए ही उक्त मन्त्र में 'आनीत्' शब्द आया है ।

'निःसन्देह प्राण आयु में ज्येष्ठ और गुणों में श्रेष्ठ है' इस श्रुतिनिर्देश के कारण सूत्रस्थ श्रेष्ठ शब्द मुख्य प्राण को बतला रहा है । अन्य इन्द्रियों की अपेक्षा प्राण इसलिए ज्येष्ठ है क्योंकि गर्भाधान काल से ही उसका व्यापार होने लग जाता है । यदि गर्भाधान काल में उसका व्यापार न हो तो स्त्री की योनि में सिञ्चित शुक्र सड़ जायेगा या उसकी वृद्धि नहीं होगी । किन्तु श्रोत्रादि इन्द्रियों का व्यापार तो करणगोलकादि स्थानविशेष के बन जाने पर होता है । अतः श्रोत्रादि इन्द्रियों की अपेक्षा मुख्य प्राण में ज्येष्ठत्व है । वैसे ही गुणों की अधिकता के कारण प्राण श्रेष्ठ है क्योंकि वागादि इन्द्रियों के पराजित हो जाने पर सभी ने मुख्य प्राण से कहा कि 'इस देह से आप के निकल जाने पर हम 'जीवित नहीं रह सकेंगे' ऐसी श्रुति है । अतः 'आनीत्' श्रुति के साथ विरोध न होने के कारण मुख्य प्राण उत्पत्ति श्रुति का समन्वय ब्रह्म में सिद्ध हो जाता है ॥८॥

---

१. ब्रह्मचेष्टा च प्राणधर्म अतः प्राणसहितं तदासीदिति निश्चीयते ।

५. न वायुक्रियाधिकरणम् (सू० ६-१२)

(२७८) न वायुक्रिये पृथगुपदेशात् ॥६॥

वायुर्वाऽक्षक्रिया वाऽन्यो वा प्राणः श्रुतितोऽनिलः । सामान्येन्द्रियवृत्तिर्वा सांख्यैरेवमुदीरणात् ॥
भाति प्राणो वायुनेति भेदोक्तेरेकताश्रुतिः । वायुजत्वेन सामान्यवृत्तिर्नाक्षिष्वतोऽन्यता ॥

स पुनर्मुख्यः प्राणः किंस्वरूप इतीदानीं जिज्ञास्यते । तत्र प्राप्तं तावच्छ्रुतेर्वायुः प्राण इति । एवं हि श्रूयते—'यः प्राणः स वायुः स एष वायुः पञ्चविधः प्राणोऽपानो व्यान उदानः समानः' इति । अथवा तन्त्रान्तरीयाभिप्रायात्समस्तकरण[1]वृत्तिः प्राण इति प्राप्तम् । एवं हि तन्त्रान्तरीया आचक्षते— सामान्या करणवृत्तिः प्राणाद्या वायवः पञ्चेति । अत्रोच्यते—

इन्द्रियाणि विचार्य तद्व्यापारात्प्राणं पृथक्कर्तुमुत्पत्तिरतिदिष्टा । संप्रत्युत्पन्नप्राणस्वरूपं पृथक्करोति—न वायुक्रिये पृथगुपदेशात् । मुख्यः प्राणः किं वायुमात्रमुत करणानां साधारणव्यापार आहोस्वित्तत्त्व[3]ान्तरमिति वायुप्राणयोर्भेदाभेदश्रुतीनां मिथोविरोधात्संशये पूर्वपक्षमाह—तत्रेति । द्वितीयं सांख्यपूर्वपक्षमाह–अथवेति । सिद्धान्तत्वेन सूत्रमादत्ते–अत्रोच्यत इति । मनोरूपब्रह्मणो वाक्प्राणचक्षुःश्रोत्रैश्चतुष्पात्त्वं श्रुतावुक्तं, तत्र प्राणो वायुनाधिदैविकेन भात्यभिव्यज्यते अभिव्यक्तः संस्तपति

५. न वायुक्रियाधिकरण

१. सङ्गति—इस प्रकार प्राण उत्पत्ति का विचारकर अब उसका स्वरूप बतलाने के लिए प्रसङ्ग सङ्गति कारण यह अधिकरण कहते हैं ।

२: विषय—मुख्य प्राण का स्वरूप इस अधिकरण का विचारणीय विषय है ।

३. संशय—मुख्य प्राण क्या वायु है, इन्द्रियों का व्यापार है अथवा वायुविशेष है ?

४. पूर्वपक्ष—श्रुति के आधार पर वायु ही प्राण है अथवा इन्द्रियों के सामान्य व्यापार को प्राण मानना चाहिए क्योंकि ऐसा ही सांख्यों ने प्राण को माना है ।

५. सिद्धान्त—'बाह्यवायु से प्राण प्रवृत्त होता है' इस श्रुति द्वारा प्राण और बाह्यवायु में भेद बतलाया गया है, एकताश्रुति ने तो तत्त्वदृष्टि से अभेद बतलायी है । मन की भाँति इन्द्रिय-व्यापार का सामान्यरूप से प्रेरक प्राण भी है, जो इन्द्रियों से पृथक् है ।

न वायुक्रिये पृथगुपदेशात् (ललिता)

इन्द्रियों का विचारकर उनके व्यापार से मुख्य प्राण को पृथक् करने के लिए उसमें उत्पत्ति का अतिदेश किया गया है । अब उत्पन्न प्राण का स्वरूप पृथक् बतलाते हैं कि वह मुख्य प्राण किस रूप-वाला है, ऐसी जिज्ञासा यहाँ पर होती है । पूर्वपक्ष—वहाँ पर 'जो प्राण है वह वायु है, वह वायु पाँच प्रकार का है जो प्राण, अपान, व्यान, उदान और समान नामवाला है' इस श्रुति के आधार पर प्राण और वायु एक ही वस्तु जान पड़ती है अथवा अन्य तन्त्र के अभिप्राय से समस्त इन्द्रियव्यापार ही प्राण है । ऐसा ही 'जो सामान्य करणव्यापार है वह प्राणादि पाँच भेदवाला वायु ही है' इस वाक्य द्वारा अन्य तन्त्र मानने वाले लोग समस्त करणव्यापार को प्राण कहते हैं । सिद्धान्ती—प्राण न वायु है और

१. व्यापारः । २. श्रोत्रादीनां श्रवणादिरसाधारणो व्यापारः समष्टिश्रोत्रादिकरणानां साधारणो व्यापारस्तु प्राण इत्यर्थः । ३. वस्त्वन्तरम् ।

न वायुः प्राणो नापि करणव्यापारः। कुतः ? पृथगुपदेशात्। वायोस्तावत्प्राणस्य पृथगुपदेशो भवति—'प्राण एव ब्रह्मणश्चतुर्थः पादः स वायुना ज्योतिषा भाति च तपति च' (छा० ३-१८-४) इति। नहि वायुरेव सन् वायोः पृथगुपदिश्येत। तथा करणवृत्तेरपि पृथगुपदेशो भवति, वागादीनि करणान्यनुक्रम्य तत्र तत्र पृथक्प्राणस्यानुक्रमणात्। वृत्तिवृत्तिमतोश्चाभेदान्नहि करणव्यापार एव सन् करणेभ्यः पृथगुपदिश्येत। तथा 'एतस्माज्जायते प्राणो मनः सर्वेन्द्रियाणि च। खं वायुः' (मु० २-१-३) इत्येवमादयोऽपि वायोः करणेभ्यश्च प्राणस्य पृथगुपदेशा अनुसर्तव्याः। नच समस्तानां करणानामेका वृत्तिः संभवति, प्रत्येकमेकैकवृत्तित्वात्समुदायस्य चाकारकत्वात्।

ननु पञ्जरचालनन्यायेनैतद्भविष्यति यथैकपञ्जरवर्तिन एकादश पक्षिणः प्रत्येकं प्रतिनियतव्यापाराः सन्तः संभूयैकं पञ्जरं चालयन्ति, एवमेकशरीरवर्तिनः एकादश प्राणाः प्रत्येकं प्रतिनियतवृत्तयः सन्तः संभूयैकां प्राणाख्यां वृत्तिं प्रतिलप्स्यन्त इति। नेत्युच्यते।

कार्यक्षमो भवतीत्यर्थः। श्रुतिषु तत्र तत्र प्राणस्य वागादीनां च मिथः संवादलिङ्गेन पृथगुत्पत्तिलिङ्गेन चेन्द्रियतदभिन्नव्यापारेभ्योऽपि भिन्नत्वमित्याह—तथेति। प्राणस्येन्द्रियवृत्तित्वं श्रुत्या निरस्य युक्त्यापि निरस्यति—नच समस्तानामिति। या चक्षुःसाध्या वृत्तिः सैव न श्रोत्रादिसाध्या, करणानां प्रत्येकमेकैकरूपग्रहादिवृत्तावेव हेतुत्वात्।

नच समुदायस्य वृत्तिः संभवति तस्या[1]सत्त्वादित्यर्थः। प्रमाणाभावादिति। श्रोत्रादीनामेकप्राणना यवृत्त्यनुकूलपरिस्पन्देषु मानाभावात्, श्रवणादीनामपरिस्पन्दत्वेन विजातीयानां, परिस्पन्दरूप-

---

न करण व्यापार ही हैं क्योंकि इन दोनों से पृथक् प्राण का उपदेश मिलता है। 'ब्रह्म का चतुर्थ पाद प्राण ही है, वह वायुरूप ज्योति से भासित होता है और तपता है' इस वाक्य में वायु से ही वायु को पृथक् कहा गया है, ऐसा नहीं मान सकते। वैसे ही, करणव्यापार का भी पृथक् उपदेश मिलता है। वागादि करणों को बतला देने के बाद उन स्थलों में प्राण का प्रसङ्ग पृथक् आता है। व्यापार और व्यापारवाले का सदा अभेद ही माना जाता है, तदनुसार करणव्यापार का करणों से पृथक् उपदेश नहीं कह सकते। इसी प्रकार 'उस परमेश्वर से प्राण उत्पन्न हुआ, सभी इन्द्रियों के सहित मन उत्पन्न हुआ, आकाश और वायु उत्पन्न हुए' यह श्रुतिवाक्य भी वायु और करण से पृथक् प्राण का उपदेश कर रहे हैं, ऐसा समझना चाहिए। समस्त इन्द्रियों की एक वृत्ति हो भी नहीं सकती है। प्रत्येक इन्द्रियाँ एक-एक व्यापार करती हैं, मिलकर व्यापार करता नहीं देखो जाती हैं और न ऐसा करना सम्भव ही है।

पूर्वपक्ष—जैसे एक पिंजरे में रहने वाले एकादश पक्षी में से प्रत्येक नियत व्यापार करते हुए मिलकर एक पिंजरे (जाल) को चलाते हैं, वैसे ही एक शरीरवर्ती इन्द्रियों में से प्रत्येक इन्द्रिय नियत व्यापार करती हुई मिलकर एक प्राणाख्य व्यापार कर लेगी। इस प्रकार पञ्जरचालन न्याय से समस्त इन्द्रियों का एक व्यापार हो जायेगा। सिद्धान्त—ऐसा कहना ठीक नहीं। क्योंकि वहाँ पर प्रत्येक पक्ष में

---

१. समुदाय्यतिरिक्तसमुदायासत्त्वात्।

युक्तं तत्र प्रत्येकवर्तिभिरवान्तरव्यापारैः पञ्जरचालनानुरूपैरेवोपेताः पक्षिणः संभूयैकं पञ्जरं चालयेयुरिति । तथा दृष्टत्वात् । इह तु श्रवणाद्यवान्तरव्यापारोपेताः प्राणा न संभूय प्राण्युरिति युक्तम्, प्रमाणाभावात् । अत्यन्तविजातीयत्वाच्च श्रवणादिभ्यः प्राणनस्य । तथा प्राणस्य श्रेष्ठताद्युद्घोषणं गुणभावोपगमश्च तं प्रति वागादीनां, न करणवृत्तिमात्रे प्राणेऽवकल्पते । तस्मादन्यो वायुक्रियाभ्यां प्राणः । कथं तर्हीयं श्रुतिः 'यः प्राणः स वायुः' इति । उच्यते—वायुरेवायमध्यात्ममापन्नः पञ्चव्यूहो विशेषात्मनाऽवतिष्ठमानः प्राणो नाम भण्यते न तत्त्वान्तरं नापि वायुमात्रम् । अतश्चोभे अपि भेदाभेदश्रुती न विरुध्येते ॥९॥

स्यादेतत् । प्राणोऽपि तर्हि जीववदस्मिञ्शरीरे स्वातन्त्र्यं प्राप्नोति । श्रेष्ठत्वाद्गुणभावोपगमाच्च तं प्रति वागादीनामिन्द्रियाणाम् । तथा ह्यनेकविधा विभूतिः प्राणस्य श्राव्यते—'सुप्तेषु वागादिषु प्राण एकोहि जागर्ति प्राण एको मृत्युनाऽनाप्तः प्राणः

प्राणनानुकूलत्वादवान्तरव्यापाराभावान्न समस्तकरणवृत्तिः प्राण इत्यर्थः । किंच प्राणस्य वृत्तित्वे वागादीनामेव प्राधान्यं वाच्यं, नैतदस्तीत्याह—तथा प्राणस्येति । यथा मृदो घटो न वस्त्वन्तरं[1] नापि मृण्मात्रं तद्विकारत्वात्, तथा वायोर्विकारः प्राण इत्यभेदश्रुतेर्गतिमाह—उच्यत इति । देहं प्राप्तः पञ्चावस्थो विकारात्मना स्थितो वायुरेव प्राण इत्यर्थः ॥९॥

प्राणस्य करणवृत्तित्वाभावे जीववद्भोक्तृत्वं स्यादिति शङ्कते—स्यादेतदिति ।

पञ्जरचालनानुकूल जब अवान्तर व्यापार होते हैं तब वैसे व्यापार से युक्त पक्षी मिलकर एक पञ्जर को चला पाते हैं, ऐसा देखा गया है । किन्तु यहाँ पर श्रवणादि अवान्तर व्यापार से युक्त वागादि प्राण मिलकर प्राणन नहीं करते । अतः प्रमाणाभाव के कारण आप का कथन ठीक नहीं है । साथ ही, शब्दश्रवणादि की अपेक्षा श्वास निःश्वासरूप प्राणनव्यापार अत्यन्त विलक्षण देखा जाता है । इसके अतिरिक्त मुख्य प्राण में श्रेष्ठत्व आदि का उद्घोष और उसके प्रति इन्द्रियों का गुणभाव होकर जाना, इन कारणों से वागादि इन्द्रियों में करणव्यापारमात्र प्राण की कल्पना नहीं कर सकते । अतः वायु और इन्द्रियों की क्रिया से प्राणतत्त्व भिन्न है । पूर्वपक्ष—तो फिर 'जो प्राण है वह वायु है' ऐसा यह श्रुति क्यों कह रही है ? सिद्धान्त—यह वायु ही अध्यात्मभावापन्न हो पाँच आकार धारणकर विशेषरूप से जब अवस्थित होता है तब वह प्राण नाम से कहा जाता है । वह तत्त्वान्तर नहीं है और न आधिभौतिक वायुमात्र है । अतः दोनों ही भेद और अभेद बतलाने वाली श्रुति उक्त रीति से विरुद्ध नहीं है ॥९॥

तब तो प्राण भी जीवात्मा की भाँति इस शरीर में श्रेष्ठ होने के कारण स्वतन्त्र हो जायेगा और वागादि इन्द्रियाँ प्राण के लिए गौण हो जायेंगी । प्राण की विभूतियाँ अनेक प्रकार से सुनी जाती है—'वागादि के सो जाने पर केवल प्राण ही जगता रहता है अकेला प्राण ही मृत्युग्रस्त नहीं हुआ संवर्गरूप प्राण अन्य वागादि प्राणों की वैसे ही रक्षा करता है जैसे माता पुत्रों की रक्षा करती

---

१. वस्त्वन्तरम् ।

(२७९) चक्षुरादिवत्तु तत्सहशिष्ट्यादिभ्यः ॥१०॥

संवर्गो वागादीन्संवृङ्क्ते प्राण इतरान्प्राणान्रक्षति मातेव पुत्रान्' इति। तस्मात्प्राणस्यापि जीववत्स्वातन्त्र्यप्रसङ्गः, तं परिहरति——

तुशब्दः प्राणस्य जीववत्स्वातन्त्र्यं व्यावर्तयति। यथा चक्षुरादीनि राज[1]प्रकृतिवज्जीवस्य कर्तृत्वं भोक्तृत्वं च प्रत्युपकरणानि न स्वतन्त्राणि। तथा मुख्योऽपि प्राणो राजमन्त्रिवज्जीवस्य सर्वार्थकरत्वेनोपकरणभूतो न स्वतन्त्रः। कुतः? तत्सहशिष्ट्यादिभ्यः। तैश्चक्षुरादिभिः सहैव प्राणः [2]शिष्यते प्राणसंवादादिषु। समानधर्मणां च सहशासनं युक्तं बृहद्रथंतरादिवत्। आदिशब्देन संहतत्वाचेतनत्वादीन्प्राणस्य स्वातन्त्र्यनिराकरणहेतून्दर्शयति ॥१०॥

स्यादेतत्। यदि चक्षुरादिवत्प्राणस्य जीवं प्रति करणभावोऽभ्युपगम्येत, [3]विषयान्तरं रूपादिवत्प्रसज्येत। रूपाद्यालोचनादिभिर्वृत्तिभिर्यथास्वं चक्षुरादीनां जीवं प्रनि करण-

---

प्राणो न भोक्ता, भोगोपकरणत्वात्, चक्षुरादिवदिति सूत्रार्थमाह—तुशब्द इत्यादिना। **यथा बृहद्रथन्तरयोः सर्वत्र सहप्रयुज्यमानत्वेन सामत्वेन वा साम्यात्सहपाठस्तथा करणैः सहोपकरणत्वेन साम्यात्प्राणस्य पाठ इति न हेत्वसिद्धिरित्यर्थः। किंच प्राणो न भोक्ता, सावयवत्वात् जडत्वाद्भौतिकत्वाच्च, देहवत् ॥१०॥**

ननु [4]यद्भोगोपकरणं तत्सविषयं दृष्टं यथा चक्षुरादिकं, प्राणस्य तु निर्विषयत्वादसाधारणकार्याभावाच्च नोपकरणत्वमिति शङ्कते—स्यादेतदिति।

है।' अतः जीव की भाँति प्राण में भी स्वतन्त्रता आ जायेगी। इस आक्षेप का परिहार अग्रिम सूत्र से करते हैं—

चक्षुरादिवत्तु तत्सहसिष्ट्यादिभ्यः (ललिता)

इस सूत्र में 'तु' शब्द जीवात्मा की भाँति प्राण में स्वातन्त्र्य का वारण करता है। जैसे राजा की सेवा उसके भृत्य और प्रजा करते हैं वैसे ही चक्षुरादि इन्द्रियाँ जीवात्मा के कर्तृत्व एवं भोक्तृत्व के प्रति उपकरण हैं, ये स्वतन्त्र नहीं हैं। और जिस प्रकार मन्त्री राजा के समस्त कार्यभार को संभालता है वैसे ही मुख्य प्राण भी जीवात्मा का सर्वार्थसाधक होने से उपकरण रूप है, यह स्वतन्त्र नहीं है क्योंकि चक्षुरादि इन्द्रियों के साथ प्राणसंवादादि प्रसङ्ग में प्राण का भी उपदेश सुना जाता है। बृहत्, रथन्तरादि साम की भाँति एक साथ चक्षुरादि प्राण और मुख्य प्राण का उपदेश सुना जाता है अर्थात् सर्वत्र बृहत् एवं रथन्तर साम का प्रयोग एक साथ देखा जाता है वैसे ही करणों के साथ प्राण का भी उपकरणत्वेन पाठ सुना जाता है। सूत्र में आये हुए 'आदि' शब्द से प्राण की स्वतन्त्रता का निराकरण करने वाले संहतत्व और अचेतत्व को दिखलाते हैं। अर्थात् प्राण भोक्ता नहीं है; सावयव, जड़, एवं भौतिक होने के कारण; स्थूल शरीर की भाँति ॥१०॥

यदि चक्षुरादि की भाँति प्राण को भी जीव का करण मानोगे तो इसका भी कोई स्वतन्त्र विषय मानना पड़ेगा। जैसे चक्षु करण है तो रूप उसका विषय है, ऐसे ही प्राण को जीव का करण मानने

---

१. सुहृत्कोश राष्ट्रदुर्गबलादीनि प्रकृतिपदवाच्यानि। २. उपदिश्यते। ३. शब्दाद्येकादशभ्योऽन्यं प्राणस्य विषयनिश्चयं। ४. प्राणो न भोगोपकरणं निर्विषयत्वाद साधारणकार्याभावाच्च व्यतिरेके चक्षुरादिवत्।

(२८०) अकरणत्वाच्च न दोषस्तथाहि दर्शयति ॥११॥

भावो भवति । अपि चैकादशैव कार्यजातानि रूपालोचनादीनि परिगणितानि यदर्थमेकादश प्राणाः संगृहीताः न तु द्वादशमपरं कार्यजातमधिगम्यते यदर्थमयं द्वादशः प्राणः प्रतिज्ञायेतेति । अत उत्तरं पठति—

न तावद्विषयान्तरप्रसङ्गो दोषः । अकरणत्वात्प्राणस्य । नहि चक्षुरादिवत्प्राणस्य विषयपरिच्छेदेन करणत्वमभ्युपगम्यते । न चास्यैतावता कार्याभाव एव । कस्मात् ? तथाहि श्रुतिः [१]प्राणान्तरेष्वसंभाव्यमानं मुख्यप्राणस्य वैशेषिकं कार्यं दर्शयति प्राणसंवादादिषु—'अथ ह प्राणा अहम् श्रेयसि व्यूदिरे' इत्युपक्रम्य 'यस्मिन्व उत्क्रान्ते शरीरं पापिष्ठतरमिव दृश्यते स वः श्रेष्ठः' (छा० ५-१-६,७) इति चोपन्यस्य प्रत्येक वागाद्युत्क्रमणेन तद्वृत्तिमात्रहीनं यथापूर्वं जीवनं मुख्यप्राणस्य वैशेषिकं कार्यं दर्शयित्वा प्राणोच्चिक्रमिषायां वागादिशैथिल्यापत्तिं शरीरपातप्रसङ्गं च दर्शयन्ती श्रुतिः प्राणनिमित्तां शरीरेन्द्रियस्थितिं

उत्क्रान्त्याप्तेः शरीरे व्यभिचाराद्देहेन्द्रियधारणोत्क्रान्त्याद्यसाधारणकार्यवत्त्वाच्च निर्विषयस्यापि प्राणस्य शरीरवद्भोगोपकरणत्वमक्षतं न तु चक्षुरादिवज्ज्ञानकर्मकरणत्वमस्ति येन सविषयत्वं स्यादिति परिहरति—न तावदित्यादिना । अहंश्रेयसि स्वस्य श्रेष्ठतानिमित्तम् । व्यूदिरे विवादं चक्रिरे—

पर उसका कोई स्वतन्त्र विषय होना चाहिए । अब तक रूपदर्शनादि परिगणित एकादश कार्य देखे गये हैं जिसके लिए पाँच ज्ञानेन्द्रियाँ, पाँच कर्मेन्द्रियाँ और एक मन, इस प्रकार एकादश प्राण संग्रहीत हैं । किन्तु बारहवाँ तो कोई कार्य ही नहीं है, जिसके लिए बारह प्राण होने की प्रतिज्ञा की जाय । इस प्रश्न का उत्तर अग्रिम सूत्र से दिया गया है कि—

अकरणत्वाच्च न दोषस्तथाहि दर्शयति (ललिता)

विषयान्तर की प्राप्तिरूप दोष नहीं है क्योंकि हम प्राण को करण नहीं मानते हैं अर्थात् चक्षुरादि की भाँति विषयपरिच्छेदकरूप में हमने प्राण में करणत्व नहीं माना है और न इतने मात्र से प्राण के कार्य का अभाव ही सिद्ध होता है, क्योंकि चक्षुरादि प्राणों में जिस कार्य का होना सम्भव नहीं है ऐसा कार्य मुख्य प्राण का होना दिखलाया गया है । प्राणसंवादादि प्रसङ्ग में कहा है, कि एक बार 'अपनी श्रेष्ठता के लिए इन्द्रियों में विवाद छिड़ गया' यहाँ से प्रसङ्ग प्रारम्भकर और प्रजापति के 'तुममें से जिसके निकलने पर यह शरीर अत्यन्त अपवित्र हो जायेगा वही तुममें श्रेष्ठ है' इस आदेश का उपन्यास करके कहा है कि प्रत्येक वागादि इन्द्रियों ने देह से क्रमशः उत्क्रमण किया, जिससे केवल उस इन्द्रिय का ही व्यापार बन्द हुआ, जीवन तो पूर्व की भाँति बना ही रहा । यह जीवन ही मुख्य प्राण का विशेष कार्य है । इस कार्य को दिखलाने के बाद जब प्राण ने देह से उत्क्रमण करना चाहा तब वागादि इन्द्रियों में शैथिल्यापत्ति और शरीरपात का प्रसङ्ग बतलाती हुई श्रुति प्राणनिमित्तक शरीर-इन्द्रियस्थिति दिखलाती है । 'उन चक्षुरादि प्राणों से वरिष्ठ प्राण ने कहा था कि तुम सब मोह

---

१. निर्विषयत्वेन । २. चक्षुरादिषु ।

(२८१) पञ्चवृत्तिर्मनोवद्व्यपदिश्यते ॥१२॥

दर्शयति । 'तान्वरिष्ठः प्राण उवाच मा मोहमापद्यथाहमेवैतत्पञ्चधात्मानं प्रविभज्यैतद्बाणमवष्टभ्य विधारयामि' इति चैतमेवार्थं श्रुतिराह—'प्राणेन रक्षन्नवरं कुलायम्' (बृ० ४-३-१२) इति च सुप्तेषु चक्षुरादिषु प्राणनिमित्तां शरीररक्षां दर्शयति। 'यस्मात्कस्माच्चाङ्गात्प्राण उत्क्रामति तदेव तच्छुष्यति' (बृ० १-३-१६)। 'तेन यदश्नाति यत्पिबति तेनेतरान्प्राणानवति' इति च प्राणनिमित्तां शरीरेन्द्रियपुष्टिं दर्शयति। "कस्मिन्न्वहमुत्क्रान्त उत्क्रान्तो भविष्यामि कस्मिन्वा प्रतिष्ठिते प्रतिष्ठास्यामि' इति, "स प्राणमसृजत' इति च प्राणनिमित्ते जीवस्योत्क्रान्तिप्रतिष्ठे दर्शयति ॥११॥

इतश्चास्ति मुख्यस्य प्राणस्य वैशेषिकं कार्यं, यत्कारणं पञ्चवृत्तिरयं व्यपदिश्यते श्रुतिषु "प्राणोऽपानो व्यान उदानः समानः' (बृ० १-५-३) इति। वृत्तिभेदश्चायं कार्यभेदापेक्षः। प्राणः प्राग्वृत्तिरुच्छ्वासादिकर्मा। अपानोऽवाग्वृत्तिर्निश्वासादिकर्मा। व्यानस्तयोः संधौ वर्तमानो वीर्यवत्कर्महेतुः। उदान ऊर्ध्ववृत्तिरुत्क्रान्त्यादिहेतुः। समानः समं सर्वेष्वङ्गेषु

तद्वृत्तिमात्रहीनमिति। मूकादिभावेन स्थितमित्यर्थः। अवरं नीचं, कुलायं देहाख्यं गृहं, प्राणेन रक्षञ्जीवः स्वपितीत्यर्थः। तदेव तदानीमेव। तेन प्राणेन यदश्नाति जीवस्तेन प्राणकृताशनेनेति यावत्। एवंश्रुतेः प्राणस्यासाधारणं कार्यमस्तीत्युक्तम् ॥११॥

तत्रैव हेत्वन्तरार्थं सूत्रं व्याचष्टे—इतश्चेत्यादिना। वृत्तिरवस्था। अग्निमन्थनादिकं वीर्य-

---

को प्राप्त मत होओ, मैं ही अपने को पाँच भागों में विभक्तकर इस शरीर को आश्रय देकर धारण करता हूँ' यह श्रुति भी इसी अर्थ को कहती है। 'इस नीच शरीरगृह की निद्रादि अवस्था में प्राण के द्वारा रक्षा करता है' इन वाक्य द्वारा चक्षुरादि इन्द्रियों के निर्व्यापार हो जाने पर श्रुति शरीर की रक्षा प्राणनिमित्तक बतलाती है। 'जिस किसी अङ्ग से प्राण जब निकलता है तब वह अङ्ग सूख जाता है' इस वाक्य द्वारा शरीर और इन्द्रियों की पुष्टि प्राण के कारण से ही श्रुति बतलाती है। 'किसके उत्क्रमण करने पर मैं उत्क्रान्त हो जाऊँगा और किसके प्रतिष्ठित होने पर मैं प्रतिष्ठित होऊँगा', "उस परमेश्वर ने प्राण की सृष्टि की' इन वाक्यों द्वारा जीव की उत्क्रान्ति और प्रतिष्ठा प्राण के कारण से ही श्रुति बतलाती है ॥११॥

पञ्चवृत्तिर्मनोवद्व्यपदिश्यते (ललिता)

इसलिए भी मुख्य प्राण का विशेष कार्य है जिसका कारण अग्रिम सूत्र से दिखलाया जाता है। श्रुतियों में प्राण, अपान, व्यान, उदान और समान; ऐसा पाँच व्यापार प्राण का सुना जाता है। यह व्यापारभेद कार्यभेद की अपेक्षा से है। प्राण सदा श्वास-उच्छ्वास कर्म करता हुआ नाभिप्रदेश से नासिकादि द्वारा व्यापारगत दीखता है। अपान निःश्वासादि कर्म करता हुआ अधोव्यापारवाला है। इन दोनों की सन्धि में वर्तमान शक्तिशाली कर्म का निमित्त व्यान है। ऊर्ध्ववृत्ति उत्क्रान्ति आदि का कारण उदान है तथा सभी अङ्गों में जो अन्नरस को समानरूप से पहुँचाता है

६. श्रेष्ठाणुत्वाधिकरणम् (सू० १३)

प्राणोऽयं विभुरल्पो वा विभुः स्यात्प्लुष्युपक्रमे । हिरण्यगर्भपर्यन्ते सर्वदेहे समोक्तितः ।।
समष्टिव्यष्टिरूपेण विभुरेवाधिदैवकः । आध्यात्मिकोऽल्पः प्राणः स्यादहश्यश्च यथेन्द्रियम् ।।

योऽन्नरसान्नयतीति । एवं पञ्चवृत्तिः प्राणो मनोवत् । यथा मनसः पञ्चवृत्तयः एवं प्राणस्यापीत्यर्थः । श्रोत्रादिनिमित्ताः शब्दादिविषया मनसः पञ्च वृत्तयः प्रसिद्धाः । न तु कामः सङ्कल्प इत्याद्याः परिपठिताः परिगृह्येरन् । पञ्चसंख्यातिरेकात् । नन्वत्रापि श्रोत्रादिनिरपेक्षा भूतभविष्यदादिविषयाऽपरा मनसो वृत्तिरस्तीति समानः पञ्चसंख्यातिरेकः । एवं तर्हि 'परमतमप्रतिषिद्धमनुमतं भवति' इति न्यायादिहापि योगशास्त्रप्रसिद्धा मनसः पञ्चवृत्तयः परिगृह्यन्ते 'प्रमाणविपर्ययविकल्पनिद्रास्मृतयः' (पा० यो० सू० १-१-६) नाम । बहुवृत्तित्वमात्रेण वा मनः प्राणस्य निदर्शनमिति द्रष्टव्यम् । जीवोपकरणत्वमपि प्राणस्य पञ्चवृत्तित्वान्मनोवदिति योजयितव्यम् ।।१२।।

वत्कर्म । कामादिवृत्तिवज्ज्ञानेऽपि पञ्चत्वनियमो नास्तीत्यरुचि स्वयमेवोद्भाव्य पक्षान्तरं गृह्णाति—नन्वत्रापीत्यादिना । प्रमाणं प्रमितिः, विपर्ययो भ्रमः । शशविषाणादिज्ञानं विकल्पः । तामसी वृत्तिर्निद्रा । स्मृतिः प्रसिद्धा । भ्रमनिद्रयोरविद्यावृत्तित्वान्न मनोवृत्तित्वमित्यरुच्या स्वमतमाह—बहिवति । सूत्रस्यार्थान्तरमाह—जीवेति । तदेवं प्राणवायोर्भेदाभेदश्रुत्योरविरोध इति सिद्धम् ।।१२।।

वह समान है । इस प्रकार प्राण वैसे ही पाँच व्यापारवाला है, जैसे मन की पाँच वृत्तियाँ हैं । जो श्रोत्रादि के कारण से शब्दादि विषयों को ग्रहण करने वाली मन की पाँच वृत्तियाँ प्रसिद्ध हैं उन्हीं का ग्रहण यहाँ पर करना चाहिए, काम-संकल्पादि जो मन की वृत्तियाँ कही गयी हैं उनका परिग्रह यहाँ नहीं करना चाहिए, क्योंकि वे पञ्च संख्या से अतिरिक्त भी हैं । शङ्का—यहाँ पर श्रोत्रादि-निरपेक्ष भूत, भविष्यादि विषयों को ग्रहण करने वाली मन की अन्य वृत्तियाँ भी जान पड़ती हैं । अतः यहाँ भी पञ्च संख्या से अतिरिक्त संख्या दीखती है । समाधान—तब तो पातञ्जल मतानुसार 'उनसे अनुमत और अप्रतिसिद्ध विषय भी हैं जो युक्ति से सिद्ध है ।' यहाँ भी योगशास्त्रप्रसिद्ध 'प्रमाण, विपर्यय, विकल्प, निद्रा और स्मृतिरूप' मन की पाँच वृत्तियों का परिग्रह कर लेना चाहिए । इस पक्ष में अरुचि के कारण भाष्यकार स्वमतानुसार बतलाते हैं कि अथवा बहुवृत्तित्वमात्र के कारण प्राण के लिए मन का दृष्टान्त समझना चाहिए । मन की भाँति पाँच प्रकार के व्यापारवाला होने से प्राण भी जीव का उपकरण है, ऐसी योजना कर लेनी चाहिए ।।१२।।

६. श्रेष्ठाणुत्वाधिकरण

१. **सङ्गति**—प्राण की उत्पत्ति और स्वरूप पिछले दो अधिकरणों में बतलाये गये, अब उसका परिमाण बतलाने के लिए अतिदेश सङ्गति से यह अधिकरण प्रारम्भ होता है ।

२. **विषय**—प्राण के परिमाण का विचार इस अधिकरण में किया गया है ।

३. **संशय**—क्या प्राण विभु है अथवा परिच्छिन्न है ?

४. **पूर्वपक्ष**—क्षुद्र जन्तु से लेकर हिरण्यगर्भपर्यन्त सभी देह में समानरूप से रहने के कारण प्राण को विभु मानना ही उचित होगा ।

(२८२) अणुश्च ॥१३॥

अणुश्चायं मुख्यः प्राणः प्रत्येतव्य इतरप्राणवत् । अणुत्वं चेहापि सौक्ष्म्यपरिच्छेदौ न परमाणुतुल्यत्वम् । पञ्चभिर्वृत्तिभिः कृत्स्नशरीरव्यापित्वात् । सूक्ष्मः प्राण उत्क्रान्तौ पार्श्वस्थेनानुपलभ्यमानत्वात् । परिच्छिन्नश्चोत्क्रान्तिगत्यागतिश्रुतिभ्यः । ननु विभुत्वमपि प्राणस्य समाम्नायते—'समः प्लुषिणा समो मशकेन समो नागेन सम एभिस्त्रिभिर्लोकैः समोऽनेन सर्वेण' (बृ० १-३-२२) इत्येवमादिप्रदेशेषु तदुच्यते—आधिदैविकेन समष्टिव्यष्टिरूपेण हैरण्यगर्भेण प्राणात्मनैवैतद्विभुत्वमाम्नायते । नाध्यात्मिकेन । अपिच समः प्लुषिणेत्यादिना साम्यवचनेन प्रतिप्राणिवर्तिनः प्राणस्य परिच्छेद एव प्रदर्श्यते तस्माददोषः ॥१३॥

एवं मुख्यप्राणस्योत्पत्तिं स्वरूपं चोक्त्वा परिमाणसन्देहेऽणुत्वमुपदिशति—अणुश्चेति । अधिकाशङ्कामाह—ननु विभुत्वमपीति । प्लुषिर्मशकादपि सूक्ष्मो जन्तुः पुत्तिकेत्युच्यते । नागो हस्ती । प्राण उत्क्रामतीति श्रुत्याल्पत्वं प्राणस्य भाति, समोऽनेन सर्वेणेति, श्रुत्या विभुत्वमिति विरोधे आध्यात्मिकप्राणस्याल्पत्वमाधिदैविकस्य विभुत्वमिति विषयभेदाच्छ्रुत्योरविरोध इति समाधत्ते—तदुच्यत इति । किंचोत्क्रमे प्राणस्य प्लुष्यादिसमत्वेनाल्पत्वोक्तेः सम एभिस्त्रिभिर्लोकैरिति विराड्देहसाम्यम् । समोऽनेनेति सूत्रात्मत्वमिति विषयव्यवस्था सुस्थेत्याह—अपिचेति । अणवश्चेत्यत्र सर्वेऽनन्ता इति इन्द्रियानन्त्यमुपासनार्थमिति समाहितम्, अत्र तु प्राणविभुत्वमाधिदैविकमिति समाधानान्तरोक्तेरपौनरुक्त्यम् । अन्ये तु प्रसङ्गात्तत्र सांख्याक्षेपो निरस्तः, अत्र तु श्रुतिविरोधो निरस्त इत्यपौनरुक्त्यमाहुः ॥१३॥

---

५. **सिद्धान्त**—समष्टिरूप से आधिदैविक वायु विभु है और व्यष्टिरूप से आध्यात्मिक वायु परिच्छिन्न है । इन्द्रियों की भाँति प्राण भी अतीन्द्रिय है ।

अणुश्च (ललिता)

चक्षुरादि प्राणों की भाँति मुख्य प्राण को भी अणु परिमाण मानना चाहिए । यहाँ भी अणुत्व शब्द का अर्थ सूक्ष्मत्व और परिच्छिन्नत्व ही है, न कि परमाणुतुल्यत्व । क्योंकि पाँच प्रकार के व्यापार द्वारा यह मुख्य प्राण सम्पूर्ण शरीर में व्याप्त रहता है । इसे हम सूक्ष्म इसीलिए कहते हैं क्योंकि निकटवर्ती लोग शरीर से प्राण के निकलते समय देख नहीं पाते हैं । यदि यह प्राण स्थूल होता, तो बिल से निकलते हुए सर्पदर्शन की भाँति शरीर से निकलते हुए प्राण को भी लोग देख पाते । वैसे ही उत्क्रान्ति, गति और आगति श्रुति के आधार पर प्राण को परिच्छिन्नपरिमाण मानना पड़ता है क्योंकि विभुपरिमाणवाले में उत्क्रान्त्यादि सम्भव नहीं है । शङ्का—'यह प्राण मच्छर से भी छोटा है, अर्थात् 'पुत्तिका के समान, मशक के समान, हाथी के समान और इन तीनों लोकों के समान है, सभी के तुल्य है' इन श्रुतियों में प्राण में विभुपरिमाणत्व भी सुना जाता है । समाधान—आधिदैविक समष्टि-व्यष्टिरूप से हिरण्यगर्भात्मक प्राणरूप में इसे विभु कहा गया है, आध्यात्मिक प्राणरूप में नहीं । इसके अतिरिक्त 'समः प्लुषिणा' इत्यादि वाक्य द्वारा साम्यवचन से प्रतिप्राणी में रहने वाले प्राण का परिच्छेद ही दीखता है, अतः विभुत्व की शङ्का दोषावह नहीं है ॥१३॥

७. ज्योतिराद्यधिकरणम् (सू० १४-१६)

(२८३) ज्योतिराद्यधिष्ठानं तु तदामननात् ॥१४॥

स्वतन्त्रा देवतन्त्रा वा वागाद्याः स्युः स्वतन्त्रता । नो चेद्वागादिजो भोगो देवानां स्यान्न चात्मनः ॥
युतमग्न्यादितन्त्रत्वं भोगोऽग्न्यादेस्तु नोचितः । देवदेहेषु सिद्धत्वाज्जीवो भुङ्क्ते स्वकर्मणा ॥

ते पुनः प्रकृताः प्राणाः किं स्वमहिम्नैव स्वस्मै स्वस्मै कार्याय प्रभवन्त्याहोस्विद्देवताधिष्ठिताः प्रभवन्तीति विचार्यते—तत्र प्राप्तं तावद्यथा स्वकार्यशक्तियोगात्स्वमहिम्नैव प्राणाः प्रवर्तेरन्निति । अपिच देवताधिष्ठितानां प्राणानां प्रवृत्तावभ्युपगम्यमानायां तासामेवा-

---

पूर्वं प्राणस्याध्यात्मिकाधिदैविकविभागेनाप्यणुत्वविभुत्वव्यवस्थोक्ता, तत्प्रसङ्गेनाध्यात्मिकानां प्राणानामाधिदैविकाधीनत्वमाह—ज्योतिराद्यधिष्ठानं तु तदामननात् । 'वाचा हि नामान्यभिवदति चक्षुषा रूपाणि पश्यति' इति तृतीयाश्रुत्याऽन्वयव्यतिरेकवत्या वागादीनां निरपेक्षसाधनत्वोक्तिविरोधात्, 'अग्निर्वाग्भूत्वा' इत्यादिश्रुतिस्तेषामचेतनानाग्न्याद्युपादानकत्वपरा न तु तेषामधिष्ठातृदेवतापरा । नच स्वकार्ये शक्तानामपि वागादीनामचेतनत्वादधिष्ठात्रपेक्षा न विरुध्यत इति वाच्यं, जीवस्याधिष्ठातृत्वात् । किंच देवतानामधिष्ठातृत्वे जीववद्भोक्तृत्वमस्मिन् देहे स्यात्, तथा चैकत्रानेकभोक्तृणां विरोधाद्दुर्बलस्य जीवस्य भोक्तृत्वं न स्यादिति पूर्वपक्षार्थः ।

---

७. ज्योतिराद्यधिकरण

१. **सङ्गति**—पिछले अधिकरण में मुख्य प्राण को अध्यात्मदृष्टि से परिच्छिन्न और अधिदैवदृष्टि से विभु बतलाया गया, अब इस अधिकरण में प्राणप्रसङ्ग के कारण अधिदैवकादि से अधिष्ठित इन्द्रियों की चेष्टा बतलाना अभीष्ट है । अतः पूर्व अधिकरण के साथ इसकी प्रसङ्ग सङ्गति है ।

२. **विषय**—चक्षुरादि इन्द्रियों की प्रवृत्ति का विचार इस अधिकरण में किया गया है ।

३. **संशय**—क्या चक्षुरादि इन्द्रियों की प्रवृत्ति देवाधीन है अथवा देवनिरपेक्ष, स्वतन्त्र है ?

४. **पूर्वपक्ष**—इन्द्रियों की प्रवृत्ति स्वतन्त्र ही है, देवाधीन नहीं क्योंकि देवाधीन मानने पर देवताओं का ही भोग माना जायेगा, आत्मा का नहीं ।

५. **सिद्धान्त**—वागादि इन्द्रियों की प्रवृत्ति देवाधीन मानने पर भी भोग देवताओं का मानना उचित नहीं है क्योंकि देवताओं का भोग तो देवशरीर में ही सिद्ध होता है, अन्य शरीरों में तो अपने कर्मानुसार जीव ही भोक्ता माना गया है जो उचित ही है ।

पहले आध्यात्मिक प्राण को अणु और आधिदैविक प्राण को विभु बतलाकर व्यवस्था दी गयी थी । उसी प्रसङ्ग में आध्यात्मिक प्राण को आधिदैविक प्राण के आधीन बतलाने के लिए यह अधिकरण प्रारम्भ होता है ।

ज्योतिराद्यधिष्ठानं तु तदामननात् (ललिता)

क्या वे वागादि प्राण अपनी महिमा से ही अपने-अपने कार्य करने में समर्थ होते हैं या वे देवता से अधिष्ठित हो कार्य करते हैं ऐसा विचार यहाँ पर प्रारम्भ होता है । पूर्वपक्ष—अपने कार्यशक्तिसम्बन्ध से अपनी महिमा के कारण ही प्राण प्रवृत्त होते हैं । यदि देवता से अधिष्ठित

धिष्ठात्रीणां देवतानां भोक्तृत्वप्रसङ्गाच्छारीरस्य भोक्तृत्वं प्रलीयेत । अतः स्वमहिम्नैवैषां प्रवृत्तिरिति ।

एवं प्राप्त इदमुच्यते—'ज्योतिराद्यधिष्ठानं तु' इति । तुशब्देन पूर्वपक्षो व्यावर्त्यते । ज्योतिरादिभिरग्न्याद्यभिमानिनीभिर्देवताभिरधिष्ठितं वागादि करणजातं स्वकार्येषु प्रवर्तत इति प्रतिजानीते । हेतुं व्याचष्टे—तदामननादिति । तथाह्यामनन्ति—'अग्निर्वाग्भूत्वा मुखं प्राविशत्' (ऐ० २-४) इत्यादि । अग्नेश्चायं वाग्भावो मुखप्रवेशश्च देवतात्मनाऽधिष्ठातृत्वमङ्गीकृत्योच्यते । नहि देवतासंबन्धं प्रत्याख्यायाग्नेर्वाचि मुखे वा कश्चिद्विशेषसंबन्धो दृश्यते । तथा 'वायुः प्राणो भूत्वा नासिके प्राविशत्' (ऐ० २-४) इत्येवमाद्यपि योजयितव्यम् । तथान्यत्रापि 'वागेव ब्रह्मणश्चतुर्थः पादः 'सोऽग्निना[1] ज्योतिषा भाति च तपति च' (छा० ३-१८-३) इत्येवमादिना वागादीनामग्न्यादिज्योतिष्ट्वादिवचनेनैतमेवार्थं द्रढयति । 'स वै वाचमेव प्रथमामत्यवहत्सा यदा मृत्युमत्यमुच्यत सोऽग्निरभवत्' (बृ० १-३-१२) इति चैवमादिना वागादीनामग्न्यादिभावापत्तिवचनेनैतमेवार्थं द्योतयति ।

सिद्धान्तयति—एवं प्राप्त इत्यादिना । अग्निर्वाग्भूत्वादित्यश्चक्षुर्भूत्वेति च तद्भावोऽत्राग्न्यादिदेवताधिष्ठेयत्वरूप एव संबन्धो न तदुपादानकत्वरूपो दूरस्थादित्यमण्डलादेर्मुखस्थचक्षुराद्युपादानत्वासंभवादित्याह—अग्नेश्चायमिति । वायुः प्राणाधिष्ठाता भूत्वा नासापुटे प्राविशदिति व्याख्येयमित्याह—तथेति । भाति दीप्यते, तपति स्वकार्यं करोतीत्यर्थः । एतस्मिन्नधिष्ठात्रधिष्ठेयत्वरूपार्थे लिङ्गान्तरमाह—स वै वाचमिति । स प्राणो वाचं प्रथमामुद्गीथकर्मणि प्रधानामनृतादिपाप्मरूपं मृत्युमतीत्यावहन्मृत्युना मुक्तां कृत्वा अग्निदेवतात्मत्वं प्रापितवानित्यर्थः । किंच मृतस्याग्नि

प्राण की प्रवृत्ति मानोगे तो उन अधिष्ठातृ देवता में ही भोक्तृत्व का प्रसङ्ग आ जायेगा, जीवात्मा का भोक्तृत्व समाप्त हो जायेगा । अतः अपनी महिमा से ही इन इन्द्रियों की प्रवृत्ति होती है ।

ऐसा पूर्वपक्ष होने पर अग्रिम सिद्धान्त सूत्र कहते हैं । सूत्रस्थ 'तु' शब्द से पूर्वपक्ष की व्यावृत्ति हो जाती है । अग्न्यादि अभिमानी देवता से अधिष्ठित वागादि इन्द्रियसमुदाय अपने कार्य में प्रवृत्त होता है, ऐसी प्रतिज्ञा सूत्र द्वारा की जाती है । उस प्रतिज्ञा में 'तदामननात्' इस वाक्य द्वारा हेतु बतलाते हैं । वहाँ पर कहते है कि 'अग्नि वाणी होकर मुख में प्रवेश कर गयी' इत्यादि । अग्नि का वाणीरूप से होना और मुख में प्रवेश होना देवात्मरूप से अधिष्ठातृत्व को मानकर ही कहा गया है, देवतासम्बन्ध न मानने पर अग्नि का वाणी और मुख में कोई विशेष सम्बन्ध दीखता नहीं । वैसे ही 'वायु प्राण बनकर घ्राण में प्रविष्ट हो गया' इत्यादि वाक्यों की भी योजना कर लेनी चाहिए । उसी प्रकार 'ब्रह्म का चतुर्थ पाद वाणी ही है जो अधिदैव अग्निरूप ज्योति से दीप्त होता है और अपना कार्य करता है' इत्यादि वाक्यों द्वारा अन्यत्र भी वागादि को अग्न्यादि ज्योतिरूप कथन से इसी अर्थ को दृढ़ करते हैं । 'उस मुख्य प्राण ने सर्वप्रथम वाणी का अतिवहन किया, वह वाणी जब मृत्यु को पार कर गयी तब वह अग्निरूप हो गयी' इत्यादि वाक्य द्वारा वागादि के अग्न्यादिभावापत्तिकथन से

---

१. वागात्मकः पादः । मनोरूपब्रह्मणो वाक्प्राणचक्षुः श्रोत्रैश्च तुष्पादत्वं श्रुतावुक्तम् । २. अधिदैवेन ।

(२८४) प्राणवता शब्दात् ॥१५॥

सर्वत्र चाध्यात्माधिदैवतविभागेन वागाद्यग्न्याद्यनुक्रमणमनयैव प्रत्यासत्त्या भवति। स्मृतावपि—'वागध्यात्ममिति प्राहुर्ब्राह्मणास्तत्त्वदर्शिनः। वक्तव्यमधिभूतं तु वह्निस्तत्राधिदैवतम्।' इत्यादिना वागादीनामग्न्यादिदेवताधिष्ठितत्वं सप्रपञ्चं दर्शितम्। यदुक्तं स्वकार्यशक्तियोगात्स्वमहिम्नैव प्राणाः प्रवर्तेरन्निति। तदयुक्तम्। शक्तानामपि शकटादीनमनडुहाद्यधिष्ठितानां प्रवृत्तिदर्शनात्। उभयथोपपत्तौ चागमाद्देवताधिष्ठितत्वमेव निश्चीयते ॥१४॥

यदप्युक्तं देवतानामेवाधिष्ठात्रीणां भोक्तृत्वप्रसङ्गो न शारीरस्येति तत्परिह्रियते—

सतीष्वपि प्राणानामधिष्ठात्रीषु देवतासु प्राणवता कार्यकरणसंघातस्वामिना शारीरेणैवैषां प्राणानां सम्बन्धः श्रुतेरवगम्यते। तथाहि श्रुतिः—'अथ यत्रैतदाकाशमनुविषण्णं

वागप्येति वातं प्राणः, चक्षुरादित्यमित्यादिश्रुतिरप्यधिष्ठात्रधिष्ठेयत्वसंबन्धं द्योतयतीत्याह—सर्वत्रेति। ननु शकटादीनां बलीवर्दादिप्रेरितानां प्रवृत्तिर्दृष्टा, क्षीरादीनां त्वनधिष्ठितानामपि दध्यादिप्रवृत्तिर्दृश्यते, तथा चोभयथासंभवे कथं निश्चयः, तत्राह—उभयथोपपत्तौ चेति ॥१४॥

उक्तदोषान्तरनिरासाय सूत्रमवतारयति—यदपीति। शारीरेणैवेति। भोक्त्रेति शेषः। संबन्धो भोक्तृभोग्यभावः। अथ देहे प्राणप्रवेशानन्तरं यत्र गोलके एतच्छिद्रमनुप्रविष्टं चक्षुरिन्द्रियं तत्र 'चक्षुष्यभिमानी स आत्मा चाक्षुषः 'तस्य रूपदर्शनाय 'चक्षुः। यद्यप्यात्मा करणान्यपेक्षते तथापि

इसी अर्थ को द्योतित करते हैं। सभी स्थलों में अध्यात्म और अधिदैव विभाग से वागादि के अग्न्यादि का अनुक्रमण इस प्रत्यासत्ति (सम्बन्ध) से ही सिद्ध हो जाता है। स्मृति में भी 'तत्त्वदर्शी ब्राह्मणों ने वाणी को अध्यात्म, वक्तव्य को अधिभूत और वह्नि को वहाँ पर अधिदैव कहा है' ऐसे वाक्यों द्वारा विस्तारपूर्वक उक्त विभाग का प्रदर्शन किया गया है। और जो आप ने कहा था कि स्वकार्यशक्तियोग से अपनी महिमा के कारण ही इन्द्रियाँ अपने कार्य में प्रवृत्त हो जायेंगी, अधिष्ठातृ देव की क्या आवश्यकता है? ऐसा कहना असङ्गत है क्योंकि बोझ उठाने एवं खींचने में समर्थ भी शकटादि को बलिवर्द से अधिष्ठित होने पर ही प्रवृत्ति देखी जाती है। यद्यपि रथादि की प्रवृत्ति बैलों के कारण और दुग्धादि की प्रवृत्ति दध्यादिरूप में अधिष्ठान के बिना ही देखी जाती है। इस प्रकार उभयथा प्रवृत्ति देखने पर आगम के बल से वागादि को अग्न्यादि देवता से अधिष्ठित मानने का ही निश्चय करना चाहिए ॥१४॥

और जो आप ने अधिष्ठातृ देवता में ही भोक्तृत्व का प्रसङ्ग आ जायेगा, जीवात्मा में भोक्तृत्व नहीं रह जायेगा? ऐसा आक्षेप किया था उसका परिहार अग्रिम सूत्र से करते हैं कि—

प्राणवता शब्दात् (ललिता)

इन्द्रियों के अधिष्ठातृ देवता मान लेने के बाद भी कार्यकरणसंघात स्वामी प्राणवाले जीवात्मा के साथ ही इन प्राणों (इन्द्रियों) का सम्बन्ध श्रुति से जाना जाता है। 'इसके बाद जहाँ पर आकाश के

---

१. विश्वसंज्ञकः। २. जीवात्मनः। ३. अपेक्षते इति शेषः।

(२८५) तस्य च नित्यत्वात् ।।१६।।

चक्षुः स चाक्षुषः पुरुषो दर्शनाय चक्षुरथ यो वेदेदं जिघ्राणीति स आत्मा गन्धाय 'घ्राणम्' (छा० ८-१२-४) इत्येवंजातीयका शारीरेणैव प्राणानां सम्बन्धं श्रावयति । अपिचानेकधंत्वात्प्रतिकरणमधिष्ठात्रीणां देवतानां न भोक्तृत्वमस्मिञ्शरीरेऽवकल्पते । एको ह्येवमस्मिञ्शरीरे शारीरो भोक्ता प्रतिसन्धानादिसम्भवादवगम्यते ।।१५।।

तस्य च शारीरस्यास्मिञ्शरीरे भोक्तृत्वेन नित्यत्वं पुण्यपापोपलेपसम्भवात्सुखदुःखोपभोगसम्भवाच्च न देवतानाम् । ता हि परस्मिन्नैश्वर्ये पदेऽवतिष्ठमाना न हीनेऽस्मिञ्शरीरे भोक्तृत्वं प्रतिलब्धुमर्हन्ति । श्रुतिश्च भवति—'पुण्यमेवामुं गच्छति न ह वै देवान्पापं गच्छति' (बृ० १-५-३) इति शारीरेणैव च नित्यः प्राणानां सम्बन्ध उत्क्रान्त्यादिषु तदनुवृत्तिदर्शनात् । 'तमुत्क्रामन्तं प्राणोऽनूत्क्रामति प्राणमनूत्क्रामन्तं सर्वे प्राणा अनूत्क्रा-

---

ज्ञयज्ञानतदाश्रयाहंकारान्यो वेद स आत्मा चिद्रूप एव, करणानि तु गन्धादिप्रवृत्तयेऽपेक्ष्यन्ते न चैतन्यार्थ्यत्यर्थः । किंच योऽहं रूपमद्राक्षं स एवाहं शृणोमीति प्रतिसंधानादेकः शारीर एव भोक्ता न बहवो देवा इत्याह—अपिचेति ।।१५।।

कदाचिद्देवानामत्रभोक्तृत्वं कदाचिज्जीवस्येत्यनियमोऽस्त्वित्याशङ्क्य स्वकर्मार्जिते देहे जीवस्य भोक्तृत्वनियमान्मैवमित्याह सूत्रकारः—तस्य चेति । उत्क्रमणादिषु जीवस्य प्राणाव्यभिचारात्तस्यैव प्राणस्वामित्वं, देवतानां तु परस्वामिकरथसारथिवदधिष्ठातृत्वमात्रमिति व्याख्यान्तरमाह—शारीरेणैव च नित्य इति । यथा प्रदीपादिः करणोपकारकतया करणपक्षस्यान्तर्गतस्तथा देवाः करणोपकारिण

पीछे चक्षु अनुगत होता है तब वह चाक्षुष पुरुष रूप देखने के लिए चक्षु की सहायता लेता है और मैं गन्ध को सूंघू, ऐसी आकांक्षा करता है तब वह जीव गन्धग्रहण के लिए घ्राण की अपेक्षा करता है' इस प्रकार की श्रुतियाँ जीवात्मा के साथ ही इन्द्रियों का सम्बन्ध बतलाती हैं। साथ ही प्रत्येक इन्द्रियों के अधिष्ठातृ देवता अनेक हैं, अतः इस शरीर में देवताओं को भोक्ता कहोगे तो अनेक भोक्ता होने लग जायेंगे । किन्तु इस शरीर में शारीर (जीवात्मा) भोक्ता एक है । **'योऽहं आदर्श सोऽहं अद्य स्पृशामि'** इससे दर्शन एवं स्पर्श का कर्ता एक ही सिद्ध होता है । अतः प्रतिसन्धानादि सम्भव होने के कारण इस शरीर में भोक्ता जीव एक ही सिद्ध होता है, अनेक नहीं ।।१५।।

तस्य च नित्यत्वात् (ललिता)

इस शरीर में उस जीवात्मा का भोक्तृत्व होने से नित्यत्व एवं पुण्य-पाप का सम्बन्ध होने से सुख-दुःख उपभोग का होना भी सम्भव हो जाता है जो देवताओं में सम्भव नहीं है। उत्कृष्ट, समृद्ध पद पर बैठे हुए देवता भला इस क्षुद्र शरीर में भोक्ता क्यों बनने लग जायें । श्रुति कहती भी है कि 'देवताओं को पुण्य ही मिलता है, निःसन्देह देवताओं को पाप नहीं लगता' इत्यादि । तथा जीवात्मा के साथ ही इन्द्रियों का नित्य सम्बन्ध बतलाया गया है क्योंकि उत्क्रान्त्यादि में जीवात्मा के साथ प्राण का अनुवर्तन देखा जाता है । 'उस जीवात्मा के देह से निकलने के पीछे मुख्य प्राण निकलता है

---

१. अपेक्षते इति शेषः ।

८. इन्द्रियाधिकरणम् (सू० १७-१९)

(२८६) त इन्द्रियाणि 'तद्व्यपदेशादन्यत्र श्रेष्ठात् ॥१७॥

प्राणस्य वृत्तयोऽक्षाणि प्राणात्तत्त्वान्तराणि वा । तद्रूपत्वश्रुतेः प्राणनाम्नोक्तत्वाच्च वृत्तयः ॥
श्रमाश्रमादिभेदोक्तेर्गौणे तद्रूपनामनी । आलोचकत्वेनान्यानि प्राणो नेताक्षदेहयोः ।

मन्ति' (बृ०४-४-२) इत्यादिश्रुतिभ्यः । तस्मात्सतोष्वपि करणानां नियन्त्रीषु देवतासु न शारीरस्य भोक्तृत्वमपगच्छति । करणपक्षस्यैव हि देवता न भोक्तृपक्षस्येति ॥१६॥

मुख्यश्चैक इतरे चैकादश प्राणा अनुक्रान्ताः । तत्रेदमपरं संदिह्यते । किं मुख्यस्यैव

एव न भोक्तार इत्यर्थः । जीवस्यादृष्टद्वारा करणाधिष्ठातृत्वाद्रथस्वामिवद्भोक्तृत्वं, देवानां तु करणोपकाराभिज्ञतया सारथिवदधिष्ठातृत्वमिति न जीवेन'न्यथासिद्धिः । देवानामधिष्ठातृत्वेनास्मिन्देहे 'भोक्तृत्वानुमानं तु 'न ह वै देवान् पापं गच्छति' इत्युक्तश्रुतिबाधितम् । तस्मात् 'चक्षुषा हि रूपाणि पश्यति' इति श्रुतेः साधनत्वमात्रबोधित्वादग्निर्वाग्भूत्वेत्याद्यधिष्ठातृदेवतापेक्षाबोधकश्रुतिभिरविरोध इति सिद्धम् ॥१६॥

सत्स्विन्द्रियेषु तदधिष्ठातृदेवताचिन्ता, तान्येव प्राणवृत्तिव्यतिरेकेण न सन्तीत्याक्षेपं प्रत्याह—त इन्द्रियाणि तद्व्यपदेशादन्यत्र श्रेष्ठात् । प्राणादिन्द्रियाणां भेदाभेदश्रुतिभ्यां संशयं वदन् पूर्वपक्षयति—

और प्राण के पीछे सभी इन्द्रियाँ निकल जाती हैं' इत्यादि श्रुतियों से इन्द्रियों का सम्बन्ध जीवात्मा के साथ ही नित्य माना गया है । अतः इन्द्रियों के नियामक देवता के रहते हुए भी उनमें भोक्तृत्व नहीं आता है और जीवात्मा से भोक्तृत्व हटता भी नहीं है क्योंकि देवता करण के ही पक्षपाती होते हैं, भोक्तृत्व के नहीं ॥१६॥

८. इन्द्रियाधिकरण

१ सङ्गति—मुख्य प्राण से भिन्न जब इन्द्रियों की सत्ता ही नहीं है फिर उसके अधिष्ठातृदेव की चिन्ता ही क्यों की जाय, इस प्रकार आक्षेप होने पर यह अधिकरण प्रारम्भ किया गया है । अतः पूर्व अधिकरण के साथ इसकी आक्षेप सङ्गति है ।

२. विषय—इन्द्रियों के अस्तित्व का विचार इस अधिकरण में किया गया है ।

३. संशय—क्या इन्द्रियाँ प्राण के ही व्यापारविशेष हैं अथवा प्राण से भिन्न इन्द्रियाँ तत्त्वान्तर हैं ?

४. पूर्वपक्ष—वागादि इन्द्रियों में प्राणरूपत्व सुना गया है, प्राण नाम से ही वागादि इन्द्रियों को कहा जाता है । अतः प्राण के ही व्यापारविशेष वागादि इन्द्रियाँ हैं, वे स्वतन्त्र नहीं हैं ।

५. सिद्धान्त—वागादि इन्द्रियों का श्रान्त होना कहा गया है, किन्तु मुख्य प्राण का नहीं । अतः इन्द्रियों के वागादि रूप और प्राण नाम गौण हैं, आलोचक होने के कारण अन्य इन्द्रियाँ प्राण नाम से कही गयी हैं । अतः प्राण देह और इन्द्रियों का नेता है ।

त इन्द्रियाणि तद्व्यपदेशादन्यत्र श्रेष्ठात् (ललिता)

प्राण से इन्द्रियों का भेद और अभेद बतलाने वाली श्रुतियाँ कहती हैं कि एक मुख्य प्राण और दूसरे

---

१. अन्यत्व । २. ज्योतिरादीति सूत्रभाष्यटीकायामुद्भाविता याऽन्यथासिद्धिः सा नेत्यर्थः । ३. देवा भोक्तारोऽधिष्ठातृत्वे जीववदित्यनुमानं तु ।

प्राणस्य वृत्तिभेदा इतरे प्राणा आहोस्वित् 'तत्त्वान्तराणीति । किं तावत्प्राप्तं मुख्यस्यैवेतरे वृत्तिभेदा इति । कुतः ? श्रुतेः । तथाहि श्रुतिर्मुख्यमितरांश्च प्राणान्सन्निधाप्य मुख्यात्मतामितरेषां ख्यापयति—'हन्तास्यैव सर्वे रूपमसामेति त एतस्यैव सर्वे रूपमभवन्' (बृ० १-५-२१) इति । प्राणैकशब्दत्वाच्चैकत्वाध्यवसायः इतरथा ह्यन्याय्यमनेकार्थत्वं प्राणशब्दस्य प्रसज्येत । एकत्र वा मुख्यत्वमितरत्र वा लाक्षणिकत्वमापद्येत । तस्माद्यथैकस्यैव प्राणस्य प्राणाद्याः पञ्चवृत्तय एवं वागाद्या अप्येकादशेति ।

एवं प्राप्ते ब्रूमः—तत्त्वान्तराण्येव प्राणाद्वागादीनीति । कुतः ? व्यपदेशभेदात् । कोऽयं व्यपदेशभेदः । ते प्रकृताः प्राणाः ²श्रेष्ठं वर्जयित्वावशिष्टा एकादशेन्द्रियाणीत्युच्यन्ते । श्रुतावेवं व्यपदेशदर्शनात् । 'एतस्माज्जायते प्राणो मनः सर्वेन्द्रियाणि च' (मु० २-१-३) इति ह्येवंजातीयकेषु प्रदेशेषु पृथक्प्राणो व्यपदिश्यते पृथक्चेन्द्रियाणि । ननु मनसोऽप्येवं

मुख्यश्चेत्यादिना । हन्त इदानीमस्यैव मुख्यप्राणस्य सर्वे वयं स्वरूपं भवामेति संकल्प्य ते वागादयस्तथाभवन्नित्यभेदश्रुत्यर्थः । ते प्राणादभिन्नाः, प्राणपदवाच्यत्वात्, प्राणवदित्याह—प्राणेति ।

ते प्राणाः श्रेष्ठादन्यत्र अन्ये इति प्रतिज्ञार्थत्वेन पदत्रयं व्याचष्टे—तत्त्वान्तराण्येवेति । तद्व्यपदेशादित्यत्र तच्छब्दः प्रतिज्ञातान्यत्वं परामृशति । प्राणा इन्द्रियाणीत्यपर्यायशब्दाभ्यामन्यत्वोक्तेरिति हेतूपपादनार्थत्वेन पुनस्तानि सूत्रपदानि योजयति—क इत्यादिना । सूत्रस्य विश्वतोमुखत्वादुभयार्थत्वमलंकार एव न दूषणम् । एतेन प्रतिज्ञाध्याहारः तच्छब्दस्याप्रकृतभेदपरामर्शित्वं चेति दोषद्वयमपास्तम् । शब्दभेदाद्वस्तुभेदसाधनेऽतिप्रसङ्गं शङ्कते—नन्विति । प्राणवन्मनसोऽपि इन्द्रियेभ्यो भेदः

एकादश प्राण सभी जीवात्मा के पीछे उत्क्रमण करते हैं । वहाँ यह सन्देह होता है कि इन्द्रियाँ मुख्य प्राण के ही व्यापारविशेष हैं अथवा वे तत्त्वान्तर हैं । पूर्वपक्ष—मुख्य प्राण के ही व्यापारविशेष इतर प्राण हैं क्योंकि श्रुति ऐसा ही कहती है । मुख्य प्राण एवं इतर प्राण दोनों को अपनी सन्निधि में करके श्रुति अन्यों की अपेक्षा एक में मुख्यता बतलाती है । वहाँ पर कहा है कि 'प्रसन्नता की बात है, इस मुख्य प्राण के ही रूप वागादि सभी हो जाते हैं ।' इसके अतिरिक्त एक प्राण शब्द का प्रयोग दोनों के ही लिए होने से दोनों में एकत्व का निश्चय होता है अन्यथा प्राण शब्द का अनेकार्थ मानना अन्याय हो जायेगा अथवा एक में मुख्यत्व और दूसरे में लाक्षणिकत्व आने लग जायेगा । अतः जिस प्रकार एक ही प्राण के प्राण, अपान, समान, उदान और व्यान; ये पाँच व्यापार होते हैं ऐसे ही वागादि एकादश व्यापार भी इस मुख्य प्राण के ही माने जायेंगे ।

सिद्धान्ती—ऐसा पूर्वपक्ष होने पर हम सिद्धान्ती कहते हैं कि वागादि इन्द्रियाँ मुख्य प्राण से भिन्न तत्त्व हैं क्योंकि व्यपदेश भिन्न देखे जाते हैं । यह व्यपदेश भेद क्या है ? वे प्रसङ्गागत प्राण, मुख्य प्राण को छोड़कर शेष एकादश इन्द्रियाँ इस नाम से कहे जाते हैं, श्रुति में इसी प्रकार का व्यपदेशभेद देखा जाता है । 'इस परमात्मा से प्राण उत्पन्न हुआ, मन और इन्द्रियाँ उत्पन्न हुईं' ऐसे स्थलों में प्राण और इन्द्रियों का व्यपदेश पृथक्-पृथक् सुना जाता है । पूर्वपक्ष—तब तो इस प्रकार मन को भी पृथक्

---

१. वस्त्वन्तराणि २. मुख्यं प्राणम् ।

(२८७) भेदश्रुतेः ॥१८॥

सति वर्जनमिन्द्रियत्वेन प्राणवत्स्यात्, 'मनः सर्वेन्द्रियाणि च' इति पृथग्व्यपदेशदर्शनात् । सत्यमेतत् । स्मृतौ त्वेकादशेन्द्रियाणीति मनोऽपीन्द्रियत्वेन श्रोत्रादिवत्संगृह्यते । प्राणस्य त्विन्द्रियत्वं न श्रुतौ स्मृतौ वा प्रसिद्धमस्ति । व्यपदेशभेदश्चायं 'तत्त्वभेदपक्षे उपपद्यते । तत्त्वैकत्वे तु 'स एवैकः सन्प्राण इन्द्रियव्यपदेशं लभते न लभते च' इति विप्रतिषिद्धम् । तस्मात्तत्त्वान्तरभूता मुख्यादितरे ॥१७॥

कुतश्च तत्त्वान्तरभूताः—

भेदेन वागादिभ्यः प्राणः सर्वत्र श्रूयते—'ते ह वाचमूचुः' (बृ० १-३-२) इत्युपक्रम्य

स्यादित्यर्थः । अपर्यायसंज्ञाभेदात्स्वतन्त्रसंज्ञिवस्तुभेद इत्युत्सर्गः । 'स च 'मनःषष्ठानीन्द्रियाणि' इत्यादिस्मृतिबाधान्मनस्य'पोद्यते, प्राणे तु बाधकाभावादुत्सर्गसिद्धिरिति समाधत्ते—सत्यमित्यादिना । 'मन इन्द्रियाणि चेति भेदोक्तिर्गोबलीवर्दन्यायेन नेया । सिद्धान्ते मनसः प्रमोपादानत्वादात्मवदनिन्द्रियत्वमिष्टं ततो नोत्सर्गबाध इति केचित् । किञ्च 'एतस्माज्जायते प्राणो मनः सर्वेन्द्रियाणि च' इति पृथग्जन्मव्यपदेशात्स्वतन्त्रवस्तुभेद इत्याह—व्यपदेशभेदश्चायमिति । एकस्मिन् वाक्ये प्राण इन्द्रियशब्दमेवाल्लभते पुनरुक्तिभयान्न लभते चेति व्याघात इत्यर्थः ॥१७॥

एवं 'भेदेनापर्यायसंज्ञाभ्यामुक्तेः पृथग्जन्मोक्तेश्चेति तद्व्यपदेशाविति हेतुर्व्याख्यातः । भेदश्रुतेरिति सूत्रेण प्रकरणभेदो हेतुरुक्त इति न पौनरुक्त्यम् । ते ह देवाः शास्त्रीयेन्द्रियमनोवृत्तिरूपा असुराणां पापवृत्तिरूपाणां जयार्थमुद्गीथकर्मणि प्रथम व्यापृतां वाचमूचुस्तत्र उद्गायासुरनाशार्थमिति तथास्त्वित्यङ्गीकृत्योद्गायन्तीं वाचमनृतादिदोषेण विध्वंसितवन्तोऽसुरा इत्येवं क्रमेण सर्वेष्विन्द्रियेषु पापग्रस्तेषु पश्चादथेति प्रकरणं विच्छिद्य प्रसिद्धमास्ये भवमासन्यं मुख्यं प्राणमूचुस्तत्र उद्गायेति तेन प्राणेनोद्गात्रा निर्विषयतया सङ्गदोषशून्येनासुरा नष्टा इत्यसुराणां विध्वंसिनो मुख्यप्राणस्योक्तेर्भेदसिद्धिरित्याह—ते हेति । तानि त्रीण्यन्यान्यात्मने स्वार्थं प्रजापतिः कृतवानित्यर्थः ॥१८॥

मानना पड़ेगा, इन्द्रियत्वेन, प्राण की भाँति, क्योंकि 'मनः सर्वेन्द्रियाणि च' इस वाक्य द्वारा पृथक् व्यपदेश देखा जाता है अर्थात् इन्द्रियों से भिन्न जैसे प्राण है ऐसे ही मन को मानना पड़ेगा । सिद्धान्त—ठीक है, किन्तु स्मृति 'एकादश इन्द्रियाँ' इस वाक्य से श्रोत्रादि की भाँति मन को भी इन्द्रियरूप से संग्रह किया गया है, पर प्राण में इन्द्रियत्व श्रुति अथवा स्मृति में कहीं भी प्रसिद्ध नहीं है । यह व्यपदेशभेद तत्त्वभेद पक्ष में युक्तियुक्त सिद्ध होता है । तत्त्व को एक मानने पर 'वही एक प्राण होता हुआ इन्द्रियव्यपदेश का भागी होता है और नहीं भी होता है' ऐसा विरोध आने लग जायेगा । इसलिए मुख्य प्राण से इतर प्राण भिन्न तत्त्व हैं ॥१७॥

मुख्य प्राण से इतर प्राण तत्त्वान्तर कैसे माने जायें, इसका उत्तर अग्रिम सूत्र से देते हैं—

भेदश्रुतेः (ललिता)

वागादि से प्राण सर्वत्र भिन्न ही सुना जाता है—'उन चक्षुरादि प्राणों ने वाणी से कहा' यहाँ

---

१. वस्तु । २. उत्सर्गः । ३. त्यज्यते । ४. श्रुताविति शेषः । ५. प्राणा इन्द्रियाणीत्यपर्यायशब्दाभ्यामन्यत्वोक्तेरित्यर्थः ।

(२८८) वैलक्षण्याच्च ॥१९॥

वागादीनसुरपाप्मविध्वस्तानुपन्यस्योपसंहृत्य वागादिप्रकरणम्, 'अथ हेममासन्यं प्राणमूचुः' इत्यसुरविध्वंसिनो मुख्यस्य प्राणस्य पृथगुपक्रमात् । तथा 'मनो वाचं प्राणं तान्यात्मनेऽकुरुत' इत्येवमाद्या अपि भेदश्रुतय उदाहर्तव्याः । तस्मादपि तत्त्वान्तरभूता मुख्यादितरे ॥१८॥

कुतश्च तत्त्वान्तरभूताः—

वैलक्षण्यं च भवति मुख्यप्राणस्येतरेषां च सुप्तेषु वागादिषु मुख्य एको जागर्ति स एव चैको मृत्युनाऽनाप्तः आप्तास्त्वितरे। तस्यैव प्राणस्यावस्थित्युत्क्रान्तिभ्यां देहधारणपतनहेतुत्वं नेन्द्रियाणाम् । विषयालोचनहेतुत्वं चेन्द्रियाणां न प्राणस्येत्येवंजातीयको भूयाँल्लक्षणभेदः प्राणेन्द्रियाणाम् । तस्मादप्येषां तत्त्वान्तरभावसिद्धिः । यदुक्तम्—'त एतस्यैव सर्वे रूपमभवन्' (बृ० १-५-२१) इति श्रुतेः प्राण एवेन्द्रियाणीति, तदयुक्तम् । तत्रापि पौर्वापर्यालोचनाद्भेदप्रतीतेः । तथाहि—'वदिष्याम्येवाहमिति वाग्दध्रे' (बृ० १-५-२१) इति

विरुद्धधर्मवत्त्वाच्च भेद इत्याह—वैलक्षण्याच्चेति । मृत्युरासङ्गदोषःवाग्दध्रे व्रतं धृतवतीत्यर्थः । बहुभिर्भेदलिङ्गैर्विरोधाद्वागादीनां प्राणरूपभवनं प्राणाधीनस्थितिकत्वरूपं व्याख्येयम् । एतदेव प्राणशब्दस्येन्द्रियेषु लक्षणाबीजं श्रुतौ 'तस्मादेत एतेनाख्यायन्त' इति परामृष्टम्, इति न भेदाभेदश्रुत्योर्विरोध इति सिद्धम् ॥१९॥

से प्रसङ्ग प्रारम्भकर वागादि को असुरों के पाप से विद्ध बतलाकर वागादि प्रकरण को समाप्तकर 'इस मुखान्तरवर्ती प्राण से सभी इन्द्रियों ने कहा' इस वाक्य द्वारा असुरविध्वंसक मुख्य प्राण का पृथक् प्रकरण कहा गया है । वैसे ही 'मन, वाणी और प्राण ये तीनों अन्न आत्मा के लिए बनाया' इस प्रकार भेदबोधक अन्य श्रुतियों का उदाहरण भी समझ लेना चाहिए । इससे भी मुख्य प्राण से इतर वागादि प्राण भिन्न तत्त्व सिद्ध होते हैं ॥१८॥

मुख्य प्राण से इतर प्राण तत्त्वान्तर क्यों है, इसका उत्तर अग्रिम सूत्र से दिया गया है—

वैलक्षण्याच्च (ललिता)

वागादि प्राण के सो जाने पर अकेला मुख्य प्राण जागता रहता है और वह मृत्यु से ग्रस्त नहीं होता, ऐसा भेद मुख्य प्राण और वागादि में बतलाया गया है; पर वागादि प्राण तो मृत्यु से ग्रस्त हो जाते हैं । देह में मुख्य प्राण के रहने पर देहधारण और उत्क्रान्ति करने पर देह के पतन होता है, पर इन्द्रियाँ देहधारण एवं पतन की हेतु नहीं है । उन इन्द्रियों में विषयानुभवहेतुत्व तो है जो प्राण का काम नहीं है, ऐसे अनेकों लक्षणों में भेद प्राण इन्द्रियों और मुख्य प्राण के देखे जाते हैं । इससे भी वागादि में तत्त्वान्तर की सिद्धि होती है । और जो आप ने कहा था कि 'इस मुख्य प्राण के ही वागादि सभी रूप हैं' इस श्रुति के बल से वागादि इन्द्रियाँ प्राणस्वरूप ही हैं ? ऐसा कहना ठीक नहीं है क्योंकि वहाँ भी पूर्वापर की आलोचना करने पर भेद ही सिद्ध होता है । 'जब वाणी ने व्रत लिया कि मैं

९. संज्ञामूर्तिक्लृप्त्यधिकरणम् (सू० २०-२२)

नामरूपव्याकरणे जीवः कर्ताथवेश्वरः । अनेन जीवेनेत्युक्तेर्व्याकर्ता जीव इष्यते ॥
जीवान्वयः प्रवेशेन सन्निधेः सर्वसर्जने । जीवोऽशक्तः शक्त ईश उत्तमोक्तिस्तथेक्षितुः ॥

वागादीनीन्द्रियाण्यनुक्रम्य 'तानि मृत्युः श्रमो भूत्वोपयेमे तस्माच्छ्राम्यत्येव वाक्' इति च श्रमरूपेण मृत्युना ग्रस्तत्वं वागादीनामभिधाय 'अथेममेव नाप्नोद्योऽयं मध्यमः प्राणः' (बृ० १-५-२१) इति पृथक्प्राणं मृत्युनानभिभूतमनुक्रामति । 'अयं वै नः श्रेष्ठः' (बृ० १-५-२१) इति च श्रेष्ठतामस्यावधारयति । तस्मात्तदविरोधेन वागादिषु परिस्पन्दलाभस्य प्राणायत्तत्वं तद्रूपभवनं वागादीनामिति मन्तव्यं न तु तादात्म्यम् । अत एव च प्राणशब्दस्येन्द्रियेषु लाक्षणिकत्वसिद्धिः । तथाच श्रुतिः—'त एतस्यैव सर्वे रूपमभवन् । तस्मादेत एतेनाख्यायन्ते प्राणाः' (बृ० १-५-२१) इति मुख्यप्राणविषयस्यैव प्राणशब्दस्येन्द्रियेषु लाक्षणिकीं वृत्तिं दर्शयति । तस्मात्तत्त्वान्तराणि प्राणाद्वागादीन्द्रियाणीति ॥१९॥

बोलती ही रहूंगी' इस वाक्य द्वारा वागादि इन्द्रिय का प्रसङ्ग प्रारम्भकर 'उन्हें मृत्यु ने श्रम बनकर घेर लिया' इत्यादि वाक्य से वाणी का श्रान्त होना कहा है अर्थात् श्रमरूप मृत्यु से वागादि का ग्रस्त होना बतलाया है । 'केवल इस प्राण को ही मृत्यु व्याप्त न कर सका जो यह शरीरमध्यवर्ती है' इस वाक्य द्वारा मृत्यु से अनभिभूत प्राण को पृथक् बतलाया है । और 'निःसन्देह यह प्राण ही हम सब में श्रेष्ठ है' इस वाक्य द्वारा प्राण की श्रेष्ठता का निश्चय होता है । अतः इन सभी श्रुतियों के अविरोध को देखते हुए वागादि में चेष्टा प्राणाधीन है, इसीलिए वागादि को प्राणरूप कहा गया है, ऐसा समझना चाहिए । पर उनमें अभेद नहीं है, इसीलिए प्राण शब्द का प्रयोग इन्द्रियों में लाक्षणिक सिद्ध होता है । ऐसा ही श्रुति भी कहती है कि 'वे वागादि सभी प्राण के ही रूप हैं, इसीलिए वागादि इन्द्रियां प्राण शब्द से कही जाती है ।' इस प्रकार प्राण शब्द मुख्य प्राण को शक्तिवृत्ति से और इन्द्रियों को लक्षणा से बतलाता है; इसीलिए वागादि मुख्य प्राण से भिन्न तत्त्व माने जाते हैं ॥१९॥

९. संज्ञामूर्तिक्लृप्त्यधिकरण

१. **सङ्गति**—पिछले अधिकरण में नाम-रूप के भेद से प्राण और इन्द्रियों में भेद कहा गया था, अब प्रसङ्गवशात् नाम-रूपव्याकरणहेतु दिखलाने के लिए यह अधिकरण प्रारम्भ होता है । अतः पूर्व अधिकरण के साथ इसकी प्रसङ्ग सङ्गति है ।

२. **विषय**—नाम-रूप के कर्ता का विचार इस अधिकरण में किया गया है ।

३. **संशय**—नाम-रूप का व्याकरणकर्ता जीव है अथवा ईश्वर है ?

४. **पूर्वपक्ष**—सृष्टि के बाद जीवरूप से परमेश्वर का प्रवेश कहा गया है, अतः नाम-रूप का कर्ता जीव ही है ।

५. **सिद्धान्त**—नाम-रूप व्याकरण का कर्ता परमेश्वर को ही मानना चाहिए जो सम्पूर्ण सृष्टि में प्रवेशकर सन्निधिमात्र से सबके साथ जुड़ा हुआ है । सम्पूर्ण जगत् की रचना में जीव असमर्थ है, ईश्वर ही समर्थ है । 'नामरूपे व्यकरवाणि' (छा० ६-३-२) इस श्रुति द्वारा उत्तम पुरुष का कथन तो आवेक्षणमात्र ही है, अन्य कुछ भी नहीं है ।

(२८६) संज्ञामूर्तिक्लृप्तिस्तु त्रिवृत्कुर्वत उपदेशात् ॥२०॥

सत्प्रक्रियायां तेजोऽबन्नानां सृष्टिमभिधायोपदिश्यते—'सेयं देवतैक्षत हन्ताहमिमास्तिस्रो देवता अनेन जीवेनात्मनानु प्रविश्य नामरूपे व्याकरवाणीति । तासां त्रिवृतं त्रिवृतमेकैकां करवाणीति' (छा० ६-३-२) । तत्र संशयः—किं जीवकर्तृकमिदं नामरूपव्याकरणमाहोस्वित्परमेश्वरकर्तृकमिति । तत्र प्राप्तं तावज्जीवकर्तृकमेवेदं नामरूपव्याकरणमिति । कुतः ? 'अनेन जीवेनात्मना' इति विशेषणात् । यथा लोके चारेणाहं परसैन्यमनुप्रविश्य संकलयानीत्येवंजातीयके प्रयोगे चारकर्तृकमेव सत्सैन्यसंकलनं हेतुकर्तृत्वाद्राजात्मन्यध्यारोपयति संकलयानीत्युत्तमपुरुषप्रयोगेण, एवं जीवकर्तृकमेव सन्नाम-

---

उत्पत्तिरुत्पादनेति च कार्यकर्त्रोर्व्यापारौ प्रसिद्धौ तत्र जगदुत्पत्तिश्रुतिविरोधः अतीतेन पादद्वयेन निरस्तः, संप्रत्युत्पादनश्रुतिविरोधो निरस्यते । तत्रापि सूक्ष्मभूतोत्पादनं पारमेश्वरमेवेति श्रुतिष्वविप्रतिपन्नं, स्थूलभूतोत्पादने त्वस्ति श्रुतिविप्रतिपत्तिरिति तन्निरासार्थमाह—संज्ञामूर्तिक्लृप्तिस्तु त्रिवृत्कुर्वत उपदेशात् । नामरूपभेदात्करणभिन्नः प्राण इत्युक्तं, तत्प्रसङ्गेन स्थूलनामरूपक्लृप्तिः किंकर्तृकेति चिन्त्यत इत्यवान्तरसंगतिः । प्रक्रिया प्रकरणं । ईक्षणमेवाह—हन्तेत्यादिना । हन्त इदानीं देवताः सूक्ष्मा अनुप्रविश्येति संबन्धः । तासां तिसृणां देवतानामेकैकां देवतां तेजोबन्नात्मना त्र्यात्मिकां करिष्यामीति श्रुतिः पञ्चीकरणोपलक्षणार्था । छान्दोग्येऽप्याकाशवाय्वोरुपसंहारस्योक्तत्वात् । एवं स्थूलीकृतेषु भूतेषु प्राणिनां व्यवहारः सेत्स्यतीति परदेवतायास्तात्पर्यम् । जीवेनेतिपदस्य व्याकरवाणीत्यनेन संबन्धसंभवासंभवाभ्यां संशयमाह—तत्रेति । पूर्वपक्षे जीवस्यैव भौतिकस्रष्टृत्वाद्ब्रह्मणः सर्वस्रष्टृत्वासिद्धिः सिद्धान्ते तत्सिद्धिरिति फलम् । जीवेनेत्यस्य व्याकरवाणीतिप्रधानक्रियापदेन संबन्ध इति पूर्वपक्षमाह—तत्र प्राप्तमिति । परदेवताया अकर्तृत्वे कथमुत्तमपुरुषप्रयोग इत्याशङ्क्य प्रयोजकत्वात्कर्तृत्वोपचार इत्याह—यथा लोक इति ।

संज्ञामूर्तिक्लृप्तिस्तु त्रिवृत्कुर्वत उपदेशात् (ललिता)

कार्य की उत्पत्ति होती है और कर्ता उसका उत्पादनकर्ता है, यह लोक में प्रसिद्ध है । उनमें से पिछले दो पादों द्वारा जगदुत्पत्तिश्रुतिविरोध का परिहार कर दिया गया है, अब उत्पादनश्रुतिविरोध का परिहार किया जाता है । उनमें भी सूक्ष्मभूत उत्पादन परमेश्वर का निर्विवाद कर्म है किन्तु स्थूलभूत उत्पादन में श्रुतियों का विरोध दीखता है जिसका परिहार करने के लिए यह अधिकरण प्रारम्भ किया जाता है ।

सत् प्रकरण में तेज, जल और पृथ्वी की सृष्टि बतलाने के बाद कहा है कि 'उस देवता ने ईक्षण किया कि अब मैं इन अग्न्यादि तीनों देवताओं में जीवात्मरूप से प्रवेशकर नाम-रूप को बनाऊँ (ऐसा संकल्प करने के बाद), उनमें से एक-एक को त्रिवृत्-त्रिवृत् करूँ ।' वहाँ पर यह संशय होता है कि यह नामरूपव्याकरण जीवकर्तृक है या परमेश्वरकर्तृक है । इस पर पूर्वपक्ष में कहा गया है कि इस नाम-रूप का व्याकर्ता जीव ही है क्योंकि 'अनेन जीवेनात्मना' ऐसा विशेषण व्याकर्ता के लिए दिया गया है । जैसे लोक में गुप्तचर के माध्यम से शत्रुसैन्य में प्रवेशकर मैं उसके बल की थाह लगाऊँ,

रूपव्याकरणं हेतुकर्तृकत्वाद्देवतात्मन्यध्यारोपयति व्याकरवाणीत्युत्तमपुरुषप्रयोगेण। अपिच डित्थडवित्थादिषु नामसु घटशरावादिषु च रूपेषु जीवस्यैव व्याकर्तृत्वं दृष्टम् । तस्माज्जीवकर्तृकमेवेदं नामरूपव्याकरणमित्येवं प्राप्तेऽभिधत्ते—'संज्ञामूर्तिक्लृप्तिस्तु' त्रिवृत्कुर्वत इति ।

तुशब्देन पक्षं व्यावर्तयति । संज्ञामूर्तिक्लृप्तिरिति नामरूपव्याक्रियेत्येतत् । त्रिवृत्कुर्वत इति परमेश्वरं लक्षयति, त्रिवृत्करणे तस्य निरपवादकर्तृत्वनिर्देशात् । येयं संज्ञाक्लृप्तिर्मूर्तिक्लृप्तिश्चाग्निरादित्यश्चन्द्रमा विद्युदिति, तथा कुशकाशपलाशादिषु पशुमृगमनुष्यादिषु च प्रत्याकृति प्रतिव्यक्ति चानेकप्रकारा, सा खलु परमेश्वरस्यैव तेजोबन्नानां निर्मातुः कृतिर्भवितुमर्हति । कुतः ? उपदेशात् । तथाहि–'सेयं देवतैक्षत' इत्युपक्रम्य 'व्याकरवाणि' इत्युत्तमपुरुषप्रयोगेण परस्यैव ब्रह्मणो व्याकर्तृत्वमिहोपदिश्यते ।

ननु जीवेनेति विशेषणाज्जीवकर्तृकत्वं व्याकरणस्याध्यवसितम् । नैतदेवम् जीवेनेत्येतदनुप्रविश्येत्यनेन संबध्यते आनन्तर्यात्, न व्याकरवाणीत्यनेन । तेन हि संबन्धे व्याकर-

---

सिद्धान्तयति—तुशब्देनेत्यादिना । प्रत्याकृति प्रतिजातीत्यर्थः । अनेन स्थूलसर्वसर्गे जीवस्यासामर्थ्यं द्योतितम् । तथा च पदान्वयस्य पदार्थयोग्यताधीनत्वाज्जीवरूपेण प्रविश्याहमेव व्याकरवाणीत्यन्वयः । न तु जीवेन व्याकरवाणीति ।

ननु तर्हि प्रवेशक्रिया जीवकर्तृका व्याकरणमीश्वरकर्तृकमिति कर्तृभेदात् क्त्वाप्रत्ययो न स्यादित्यत आह–नच जीवो नामेति। वस्तुतस्तु सूर्यो जले प्रविष्ट इति प्रतिबिम्बभावाख्यप्रवेशे सूर्यस्येव

ऐसे प्रयोग में गुप्तचर के द्वारा किये गये शत्रुसैन्यसङ्कलन को उसका प्रेरक राजा अपने में आरोप करता है कि उत्तम पुरुष प्रयोग के माध्यम से मैं सङ्कलन करूँ; ऐसे ही जीवकर्तृक नामरूपव्याकरण को प्रेरक होने के कारण परमेश्वर अपने में आरोप करता है, इसीलिए 'व्याकरवाणि' इस क्रिया पद में उत्तम पुरुष का प्रयोग किया गया है । इसके अतिरिक्त लौकिक डित्थ, डवित्थादि नाम और घट, शरावादि रूप में व्याकर्तृत्व जीव का ही देखा जाता है । अतः जगत् में स्थूल नामरूपव्याकरण का कर्ता जीव ही है । ऐसा पूर्वपक्ष प्राप्त होने पर सिद्धान्ती अग्रिम सूत्र से कहता है—

सूत्रस्थ 'तु' शब्द से पूर्वपक्ष की व्यावृत्ति करते है । नामरूपव्याक्रिया त्रिवृत् के कर्ता परमेश्वर को ही लक्षित कर रही है, त्रिवृत्करण में परमेश्वर का कर्तृत्व निर्विवाद है । जो यह अग्नि, आदित्य, चन्द्रमा, विद्युत ऐसे नाम हैं एवं कुश, काश, पलाशादि तथा पशु, मृग, मनुष्यादि में प्रत्येक की आकृति भिन्न-भिन्न दिखाई पड़ती है जो अनेक प्रकार की है; वह तेज, जल एवं पृथ्वी के निर्माता परमेश्वर की ही कृति हो सकती है क्योंकि ऐसा ही उपदेश मिलता है । वहाँ पर 'सेयं देवता' इस वाक्य द्वारा प्रसङ्ग प्रारम्भकर 'व्याकरवाणि' इसमें उत्तम पुरुष का प्रयोग होने के कारण व्याकरणकर्तृत्व परब्रह्म का ही बतलाया गया है, अन्य का नहीं ।

पूर्वपक्षी—'जीवेन' ऐसा विशेषण होने के कारण व्याकरण का कर्ता जीव ही निश्चित हुआ है । सिद्धान्ती—ऐसा कहना ठीक नहीं है क्योंकि 'जीवेन' इस पद का 'अनुप्रविश्य' के साथ सम्बन्ध होता है, पश्चाद्भावी 'व्याकरवाणि' क्रिया के साथ 'जीवेन' पद का सम्बन्ध नहीं होता । जीव के साथ

वाणीत्यनेन । तेन हि संबन्धे व्याकरवाणीत्ययं देवताविषय उत्तमपुरुष औपचारिकः कल्प्येत । न च गिरिनदीसमुद्रादिषु नानाविधेषु नामरूपेष्वनीश्वरस्य जीवस्य व्याकरणसामर्थ्यमस्ति । येष्वपि चास्ति सामर्थ्यं तेष्वपि परमेश्वरायत्तमेव तत् । नच जीवो नाम परमेश्वरादत्यन्तभिन्नश्चार इव राज्ञः, आत्मनेति विशेषणात् । उपाधिमात्रनिबन्धनत्वाच्च जीवभावस्य । तेन तत्कृतमपि नामरूपव्याकरणं परमेश्वरकृतमेव भवति । परमेश्वर एव च नामरूपयोर्व्याकर्तेति सर्वोपनिषत्सिद्धान्तः । 'आकाशो ह वै नाम नामरूपयोर्निर्वहिता' (छा० ८-१४-१) इत्यादिश्रुतिभ्यः । तस्मात्परमेश्वरस्यैव त्रिवृत्कुर्वतः कर्म नामरूपयोर्व्याकरणम् । त्रिवृत्करणपूर्वकमेवेदमिह नामरूपव्याकरण विवक्ष्यते, प्रत्येकं नामरूपव्याकरणस्य तेजोबन्नोत्पत्तिवचनेनैवोक्तत्वात् । तच्च त्रिवृत्करणमग्न्यादित्यचन्द्रविद्युत्सु श्रुतिर्दर्शयति— 'यदग्नेरोहितं रूपं तेजसस्तद्रूपं यच्छुक्लं तदपां यत्कृष्णं तदन्नस्य' (छा० ६-४-१) इत्यादिना । तत्राग्निरितीदं रूपं व्याक्रियते । सति च रूपव्याकरणे विषयप्रतिलम्भादग्निरितीदं नाम

कर्तृत्वप्रयोगाज्जीवात्मना प्रवेशेऽपीश्वर एव कर्तेति वत्वाश्रुतिर्युक्तेति बोध्यम् । नन्वभेदश्चेज्जीव एव व्याकर्ता किं न स्यादित्याशङ्क्य कल्पनया भिन्नस्य तस्याशक्तत्वाच्छ्रुतिविरोधाच्च मैवमित्याह —परमेश्वर इति । प्रत्येकं महाभूतसर्गस्य प्रागुक्तत्वादिह व्याकरणवाक्ये यत्तत्पूर्वकं स्थूलभौतिकसर्ग उच्यत इति पाठव्यत्ययेन सूत्रसूचितं श्रुत्यर्थमाह—त्रिवृत्करणपूर्वकमिति । ईश्वरकृतं त्र्यात्मत्वमिति क्व दृष्टमित्यत आह—तच्चेति । इदानीं नामरूपव्याकरणे क्रममाह—तत्राग्निरिति । यद्यपि 'अतः प्रभवात्' इत्यत्र वेदशब्दपूर्विकार्थसृष्टिरुक्ता तथाप्यव्यक्तात्स्मृताच्छब्दादर्थसृष्टौ सत्यां स्फुटनामसंबन्धाभिव्यक्तिरत्रोक्तेत्यविरोधः । नन्वग्न्यादीनां तेजसानामेव श्रुतावुदाहरणाद्भूजलयोस्त्र्यात्म-

---

सम्बन्ध मानने पर 'व्याकरवाणि' इस देवताविषयक उत्तम पुरुष में औपचारिकता की कल्पना करनी पड़ेगी । इसके अतिरिक्त पर्वत, नदी, समुद्रादि नाना प्रकार के नाम-रूप का कर्ता अनीश्वर जीव हो भी नहीं सकता क्योंकि ऐसा करने में उसकी शक्ति नहीं है और जिन कार्यों के करने में जीव का सामर्थ्य है वहाँ भी वह सामर्थ्य परमेश्वराधीन ही है । राजा से सर्वथा भिन्न उसका गुप्तचर होता है, वैसा परमेश्वर से सर्वथा भिन्न जीव नहीं है; इसीलिए तो 'आत्मना' यह विशेषण दिया गया है । परमेश्वर के जीवभावप्राप्ति में उपाधिमात्र कारण है । अतः जीवकर्तृक नामरूपव्याकरण परमेश्वर का किया हुआ ही माना जाता है और इसीलिए नाम-रूप का व्याकर्ता परमेश्वर ही सभी उपनिषदों में प्रसिद्ध है । 'सभी नाम-रूप का निर्वहनकर्ता वह प्रसिद्ध चिदाकाश ही है' इन श्रुतियों से उक्त अर्थ सिद्ध होता है । अतः त्रिवृत्कर्ता परमेश्वर का ही कर्म नामरूपव्याकरण भी है । इस श्रुति में त्रिवृत्करणपूर्वक ही नामरूपव्याकरण बतलाना अभीष्ट है क्योंकि प्रत्येक नाम-रूप का व्याकरण अग्नि, जल एवं पृथ्वी की उत्पत्तिक्रम से ही कह दिया गया है । अग्नि, आदित्य, चन्द्रमा और विद्युत में उस त्रिवृत्करण को श्रुति बतलाती है कि 'जो अग्नि में लालरूप है वह तेज का है, जो शुक्ल रूप है वह जल का है और जो कृष्ण रूप है वह पृथ्वी का है ।' इस वाक्य से 'अग्नि' पद द्वारा रूप का व्याकरण और तत्पश्चात् 'अग्नि' ऐसे नाम का व्याकरण भी कहा जाता है । नाम का व्याकरण रूप बन जाने के बाद ही होता है,

(२६०) मांसादि भौमं यथाशब्दमितरयोश्च ॥२१॥

व्याक्रियते। एवमेवादित्य चन्द्रविद्युत्स्वपि द्रष्टव्यम्। अनेन चाग्न्याद्युदाहरणेन भौमाम्मसतैजसेषु त्रिष्वपि द्रव्येष्वविशेषेण त्रिवृत्करणमुक्तं भवति। उपक्रमोपसंहारयोः साधारणत्वात्। तथाह्यविशेषेणैवोपक्रमः—'इमास्तिस्रो देवतास्त्रिवृत्त्रिवृदेकैका भवति' (छा० ६-३-४) इति। अविशेषेणैव चोपसंहारः—'यदु रोहितमिवाभूदिति तेजसस्तद्रूपम्' इत्येवमादिः, 'यदविज्ञातमिवाभूदित्येतासामेव देवतानां समास इति' (छा० ६-४-६, ७) एवमन्तः ॥२०॥

तासां तिसृणां देवतानां बहिस्त्रिवृत्कृतानां सतीनामध्यात्ममपरं त्रिवृत्करणमुक्तम्—इमास्तिस्रो देवताः पुरुषं प्राप्य त्रिवृत्त्रिवृदेकैका भवति' (छा० ६-४-७) इति। तदिदानीमाचार्यो यथाश्रुत्यैवोपदर्शयत्याशङ्कितं कंचिद्दोषं परिहरिष्यन्—

भूमेस्त्रिवृत्कृतायाः पुरुषेणोपभुज्यमानाया मांसादि कार्यं यथाशब्दं निष्पद्यते। तथा हि श्रुतिः—'अन्नमशितं त्रेधा विधीयते तस्य यः स्थविष्ठो धातुस्तत्पुरीषं भवति यो मध्यमस्तन्मांसं योऽणिष्ठस्तन्मनः' (छा० ६-५-१) इति। त्रिवृत्कृता भूमिरेवैषा व्रीहियवाद्यन्न-

---

कत्वं न विवक्षितमित्यत आह—अनेन चेति। उपक्रमे तासां मध्य इति शेषः। यत्कपोतरूपादिकं कृष्णत्वादिविशेषाकारेण विज्ञातमिव भवति तद्देवतानां समुदायरूपमित्यर्थः ॥२०॥

बाह्यं त्रिवृत्करणमुक्त्वाध्यात्मिकमपरं पूर्वोक्तविलक्षणं वदन्नुत्तरसूत्रमवतारयति—तासामित्यादिना। पुरुषशरीरं प्राप्यैकैका त्रिवृद्भवति कार्यत्रयात्मना भवतीत्यर्थः। उत्तरसूत्रेणाशङ्कितं दोषं निरसितुमादौ शङ्काविषयमाध्यात्मिकत्रिवृत्करणं दर्शयतीति भाष्यार्थः।

नन्वन्नमयं मांसादि कथं भौममित्यत आह—त्रिवृत्कृता भूमिरेवेति। प्राणस्य वायोरत्कार्यत्वमौपचारिकं द्रष्टव्यम् ॥२१॥

ऐसा लोक में प्रसिद्ध है। ऐसा ही आदित्य, चन्द्र और विद्युत में भी समझना चाहिए। इस अग्न्यादि उदाहरण द्वारा भौम (पार्थिव), जलीय एवं तैजस इस त्रिविध द्रव्य में समानरूप से त्रिवृत्करण उक्त हो जाता है। क्योंकि उपक्रम सामान्यरूप से कहा गया है। उपक्रम में 'ये तीनों देवता प्रत्येक त्रिवृत्-त्रिवृत् हैं' ऐसा अविशेषरूप से कहा गया है और उपसंहार में भी 'जो यह लाल रूप जैसा था वह तेज का है' ऐसा आदि में और 'जो अविज्ञात के जैसा था वह इन तीनों देवताओं का समासरूप है' ऐसा अन्त में अविशेषरूप से ही कहा गया है। ऐसे सभी उदाहरणों से उक्त अर्थ सिद्ध होता है ॥२०॥

देह से बहिर्भूत त्रिवृत्कृत उन तेज आदि तीनों देवताओं का स्वरूप बतला देने के बाद अध्यात्मपरक दूसरा त्रिवृत्करण भी श्रुति में कहा गया है कि 'ये पृथिव्यादि तीनों देवता पुरुष को प्राप्तकर प्रत्येक देवता तीन-तीन भाग में विभक्त हो जाते हैं' इत्यादि। आचार्य भगवान् बादरायण उसी को, कुछ आशङ्कित दोषों का परिहार करते हुए, श्रुति के आधार पर ही बतलाते हैं—

त्रिवृत्कृत भूमि का उपयोग अन्नादि रूप में जब पुरुष करता है तब उसका मांसादि कार्य यथाशास्त्र निष्पन्न होता है। ऐसा ही श्रुति ने कहा है खाया हुआ अन्न तीन भागों में विभक्त हो जाता है; उसका जो स्थूलतम भाग है वह पुरीष हो जाता है, जो मध्यम भाग है वह मांस को पुष्ट करता है और जो अतिसूक्ष्म भाग है वह मन को पुष्ट करता है' अर्थात् त्रिवृत्कृत भूमि ही जब व्रीहियवादि

(२९१) वैशेष्यात्तु तद्वादस्तद्वादः ॥२२॥

रूपेणाद्यत इत्यभिप्रायः। तस्याश्च स्थविष्ठं रूपं पुरोषभावेन बहिर्निर्गच्छति। मध्यममध्यात्मं मांसं वर्धयति। अणिष्ठं तु मनः। एवमितरयोरप्तेजसोर्यथाशब्दं कार्यमवगन्तव्यम्। एवं मूत्रं लोहितं प्राणश्चापां कार्यम्। अस्थि मज्जा वाक्तेजस इति ॥२१॥

अत्राह— यदि सर्वमेव त्रिवृत्कृतं भूतभौतिकमविशेषश्रुतेः 'तासां त्रिवृतं त्रिवृतमेकैकामकरोत्' इति। किं कृतस्तर्ह्ययं विशेषव्यपदेशः 'इदं तेज इमा आप इदमन्नम्' इति। तथा 'अध्यात्ममिदमन्नस्याशितस्य कार्यं मांसादि। इदमपां पीतानां कार्यं लोहितादि। इदं तेजसोऽशितस्य कार्यमस्थ्यादि' इति। अत्रोच्यते—

तुशब्देन चोदितं दोषमपनुदति। विशेषस्य भावो वैशेष्यम्। भूयस्त्वमिति यावत्। सत्यपि त्रिवृत्करणे क्वचित्कस्यचिद्भूतधातोर्भूयस्त्वमुपलभ्यते 'अग्नेस्तेजोभूयस्त्वमुदकस्याब्भूयस्त्वं पृथिव्या अन्नभूयस्त्वम्' इति। व्यवहारप्रसिद्ध्यर्थं चेदं त्रिवृत्करणम्। व्यवहारश्च त्रिवृत्कृतरज्जुवदेकत्वापत्तौ सत्यां, न भेदेन भूतत्रयगोचरो लोकस्य प्रसिध्येत्।

एवं विषयमुक्त्वा दोषं शङ्कते—अत्राहेति।

तदुत्तरत्वेन सूत्रं व्याचष्टे—तुशब्देनेति। स्वभावाधिक्यं वैशेष्यं किमर्थंकृतमित्यत आह—व्यवहार-

---

अन्नरूप से पुरुष द्वारा खायी जाती है तब उसका स्थूलतम भाग पुरीष बनकर शरीर से बाहर निकल जाता है, मध्यम भाग अध्यात्म मांस को बढ़ाता है, किन्तु सूक्ष्मतम भाग मन को पुष्ट करता है। ऐसे ही जल के तीन भाग मूत्र, रक्त और प्राण एवं तेज के तीन भाग अस्थि, मज्जा और वाक् इस देह में दीखते हैं। इस प्रकार तेज और जल का कार्य भी श्रुति के अनुसार इस शरीर में समझ लेना चाहिए ॥२१॥

इस पर पूर्वपक्षी कहता है कि 'इन सभी भूतों में से एक-एक का परमेश्वर ने त्रिवृत्करण किया' इस अविशेषश्रुति के आधार पर यदि सभी भूत-भौतिक पदार्थ त्रिवृत्कृत ही हैं तो भला 'यह तेज है, यह जल है, यह अन्न है' ऐसा विशेष व्यपदेश किस कारण से होता है। वैसे ही अध्यात्म में भी 'यह अन्न है जिसके खाने पर मांसादि कार्य निष्पन्न होते हैं, पिये हुए जल के लोहितादि कार्य और खाये हुए तेज के अस्थ्यादि कार्य हैं' ऐसा किस आधार पर विभक्त किया जायेगा अर्थात् सभी भूत में सभी भूत मिलित हैं तो फिर यह तेज है, यह जल है, यह पृथ्वी है; ऐसा व्यवहार किस आधार पर हो सकेगा ? इस पर सिद्धान्ती अग्रिम सूत्र कहता है—

वैशेष्यात्तु तद्वादस्तद्वादः (ललिता)

सूत्रस्थ 'तु' शब्द से पूर्वोक्त शङ्का का परिहार करते हैं। विशेष के भाव को वैशिष्य कहते हैं अर्थात् भूयस्त्व। सभी पदार्थ त्रिवृत्कृत होने पर भी किसी भूत में किसी का अंश अधिक दीखता है—'अग्नि में तेज का भाग अधिक है, उदक में जल का भाग अधिक है और पृथ्वी में अन्नभूयस्त्व है।' जिसमें जो भाग अधिक होता है उसे उसी नाम से व्यवहार करते हैं, व्यवहार की प्रसिद्धि के लिए ही यह त्रिवृत्करण है। जैसे त्रिवृत्कृत रज्जु में एकत्व प्राप्त हो जाने पर इयं रज्जुः, ऐसा व्यवहार होता है, वहाँ भेद नहीं भासता; वैसे ही भूतत्रय का विषय लोक में भिन्नरूप से प्रसिद्ध नहीं होता।

तस्मात्सत्यपि त्रिवृत्करणे वैशेष्यादेव तजोऽबन्नविशेषवादो भूतभौतिकविषय उपपद्यते । तद्वादस्तद्वाद इति पदाभ्यासोऽध्यायपरिसमाप्तिं द्योतयति ॥२२॥

इति श्रीमच्छारीरकमीमांसासूत्रभाष्ये श्रीशङ्करभगवत्पादकृतौ
द्वितीयाध्यायस्य चतुर्थः पादः ॥४॥
इति विरोधाख्योऽध्यायः ॥२॥

प्रसिद्ध्यर्थ मिति । एवं स्मृतिन्यायमतान्तरश्रुतिभिरविरोधो ब्रह्मणि वेदान्ततात्पर्यस्येति सिद्धम् ॥२२॥

इति श्रीमत्परमहंसपरिव्राजकाचार्यश्रीगोविन्दानन्दभगवत्पादकृतौ
श्रीमच्छारीरिकमीमांसाव्याख्यायां भाष्यरत्नप्रभायां
द्वितीयाध्यायस्य चतुर्थ पादः ॥४॥

अतः सर्वत्र त्रिवृत्करण रहने पर भी अधिकता को लेकर ही यह तेज है, यह जल है और यह पृथ्वी है ऐसा भूत-भौतिक विशेष व्यवहार सिद्ध होता है । 'तद्वादस्तद्वादः' यह पदाभ्यास अध्यायसमाप्ति का द्योतक है । इस प्रकार स्मृति, न्याय, मतान्तर और श्रुति से उपस्थापित विरोध का परिहार कर देने पर ब्रह्म में वेदान्त का तात्पर्य सुस्थिर हो जाता है ॥२२॥

इस प्रकार ब्रह्मसूत्रशाङ्करभाष्य विरोधाख्यद्वितीयाध्याय चतुर्थपाद को
कैलासपीठाधीश्वर आचार्य महामण्डलेश्वर
श्रीमत्स्वामी विद्यानन्द गिरि जी महाराज
द्वारा रचित ललिता
व्याख्या पूर्ण हुई ।

॥ श्री शङ्करः प्रीयताम् ॥

॥ श्री मदभिनवचन्द्रेश्वरो विजयतेतराम् ॥

॥ श्रीबादरायणविरचितम् ॥

॥ ब्रह्मसूत्रम् ॥

॥ सटिप्पणशाङ्करभाष्यरत्नप्रभाललिताव्याख्यायुतम् ॥

* * *

अथ तृतीयोऽध्यायः

॥ प्रथमः पादः ॥

१. तदन्तरप्रतिपत्त्यधिकरणम् (सू० १-७)

अवेष्टितो वेष्टितो वा भूतसूक्ष्मैः पुमान् व्रजेत् । भूतानां सुलभत्वेन यात्यवेष्टित एव सः ।
बीजानां दुर्लभत्वेन निराधारेन्द्रियागतेः । पञ्चमाहुतियुक्तेश्च जीवस्तैर्याति वेष्टितः ॥

भाष्यरत्नप्रभा

यं हि वैराग्यसंपन्नास्तत्त्वमर्थविवेकिनः ।
लभन्ते साधनैर्दान्तास्तं सीतानायकं भजे ॥

॥ दिशन्तु शं मे गुरुपादपांसवः ॥

॥ तृतीयोऽध्यायः प्रथमः पादः ॥

ललिताख्या व्याख्या

साधनाख्य तृतीय अध्याय में सभी साधनों का विचार किया जायेगा इसके प्रथम पाद में जीव के परलोक गमनागमन की चिन्ता वैराग्य सम्पादनार्थ की जायेगी ।

प्रथमाध्याय के द्वारा ब्रह्म में जो श्रुतियों का समन्वय बतलाया गया था; उस समन्वय का स्मृति, न्याय एवं श्रुति के साथ जब परस्पर विरोध आया तब उस विरोध का द्वितीय अध्याय में निराकरण-कर अनिश्चयात्मक, अप्रामाण्य का निषेध कर दिया गया । अब तृतीय अध्याय में साधनों का विचार करना है इसीलिए पूर्व अध्याय के साथ इसकी हेतु-हेतुमद्भावसङ्गति है ।

१. तदन्तरप्रतिपत्त्यधिकरण

१. सङ्गति—इससे पूर्व अधिकरण में जीव की उपाधियों का विचार किया गया, अब इस अधिकरण में तदुपजीव्य इस उपाधि से उपहित जीवात्मा में वैराग्यसम्पादनार्थ विचार करना है; इसलिए पूर्व अधिकरण के साथ इस अधिकरण की उपजीव्य-उपजीवकभाव सङ्गति है ।

(२९२) तदन्तरप्रतिपत्तौ रंहति संपरिष्वक्तः प्रश्ननिरूपणाभ्याम् ॥१॥

द्वितीयेऽध्याये [1]स्मृतिन्यायविरोधो वेदान्तविहिते ब्रह्मदर्शने परिहृतः। [2]परपक्षाणां चानपेक्षत्वं प्रपञ्चितम्। [3]श्रुतिविप्रतिषेधश्च परिहृतः। तत्र च जीवव्यतिरिक्तानि तत्त्वानि जीवोपकरणानि ब्रह्मणो जायन्त इत्युक्तम्। अथेदानीमुपकरणोपहितस्य जीवस्य संसारगतिप्रकारस्तदवस्था[4]न्तराणि ब्रह्मसतत्त्वं विद्याभेदाभेदौ गुणोपसंहारानुपसंहारौ सम्यग्दर्शना-

तदन्तरप्रतिपत्तौ रंहति संपरिष्वक्तः प्रश्ननिरूपणाभ्याम्। वृत्तमनूद्य तृतीयाध्यायार्थमाह—द्वितीय इत्यादिना। अविरुद्धे वेदान्तार्थे तज्ज्ञान[5]साधनचिन्तावसर इत्यनयोर्हेतुहेतुमद्भावः। लिङ्गोपाधिसिद्धौ तदुपहितजीवसंसारचिन्तेति पादयोरपि तद्भावसङ्गतिः। अत्र प्रथमपादे वैराग्यम्। द्वितीये स्वप्नाद्यवस्थोक्त्या त्वंपदार्थो ब्रह्मतत्त्वं चोच्यते। तृतीये वाक्यार्थस्तदर्थमुपासनाश्च विचार्यन्ते।

२. विषय—सोपाधिक जीव की गत्यागति का विचार इस अधिकरण का विषय है।

३. संशय—क्या भूतसूक्ष्म से अपरिवेष्टित जीव परलोक में जाता है अथवा परिवेष्टित जाता है?

४. पूर्वपक्ष—जीवात्मा के साथ इन्द्रियों का जाना जैसा सुना गया है, वैसा भूतों का जाना नहीं सुना गया है क्योंकि पञ्चभूत तो सर्वत्र सुलभ हैं। अतः भूत से अपरिवेष्टित हो जीव परलोक में जाता है।

५. सिद्धान्त—जीवात्मा के शरीरारम्भक बीज दुर्लभ होने से भूतसूक्ष्म के साथ ही जीवात्मा का शरीरान्तर ग्रहण के लिए गमन होता है। भूतसूक्ष्म का आधार लिए बिना जीवात्मा एवं उसके इन्द्रियों की गति हो भी नहीं सकती और पञ्चम आहुति की पूर्ति के लिए भी जीवात्मा भूतों से परिवेष्टित ही शरीरान्तर ग्रहण के लिए जाता है, ऐसा मानना उचित होगा।

१. तदन्तरप्रतिपत्तौ रंहति संपरिष्वक्तः प्रश्ननिरूपणाभ्याम् (ललिता)

वेदान्तार्थ में विरोधपरिहार कर देने पर उसके ज्ञान के साधन वैराग्य आदि का विचार करना समीचीन होता है। अतः द्वितीय अध्याय के साथ इस तृतीय अध्याय की हेतुहेतुमद्भाव सङ्गति है। वैसे ही लिङ्ग उपाधि की सिद्धि हो जाने पर उससे उपहित जीव के संसार की चिन्ता का प्रसङ्ग उपस्थित होता है, इस प्रकार पूर्वपाद के साथ इस पाद की भी हेतुहेतुमद्भाव सङ्गति है। द्वितीय अध्याय में वेदान्तप्रतिपादित ब्रह्मदर्शन में जो वादियों की ओर से स्मृति और न्याय का विरोध खड़ा किया गया था, उसका परिहार किया गया। साथ ही द्वितीय पाद में परपक्ष का अनपेक्षत्व भी विस्तार से बतलाया गया, तत्पश्चात् तृतीय एवं चतुर्थ पाद द्वारा श्रुतियों के परस्पर विरोध का परिहार किया गया। वहाँ पर यह भी कहा गया था कि जीव के उपकरण प्राणादि (जो जीव से भिन्न तत्त्व हैं, वे) ब्रह्म से उत्पन्न होते हैं। अब उन प्राणादि उपकरणों से उपहित जीव की संसारगति का प्रकार तृतीय अध्याय के प्रथम पाद से बतलायगे। द्वितीय पाद से उसके अवस्थान्तर एवं तत्त्व के सहित ब्रह्म का निरूपण होगा। तृतीय पाद द्वारा उपासना के भेदाभेद का एवं गुणोपसंहार का निरूपण किया

१. प्रथमपादे। २. द्वितीयपादे। ३. तृतीयचतुर्थयोः पादयोः। ४. स्वप्नादीनि। ५. वैराग्यादि।

त्पुरुषार्थसिद्धिः सम्यग्दर्शनोपायविधिप्रभेदो मुक्तिफलानियमश्चेत्येतदर्थजातं तृतीयेऽध्याये निरूपयिष्यते प्रसङ्गागतं च किमप्यन्यत् ।

तत्र प्रथमे तावत्पादे पञ्चाग्निविद्यामाश्रित्य संसारगतिप्रभेदः प्रदर्श्यते, वैराग्यहेतोः । 'तस्माज्जुगुप्सेत' इति चान्ते श्रवणात् । जीवो मुख्यप्राणसचिवः सेन्द्रियः समनस्कोऽविद्याकर्मपूर्वप्रज्ञापरिग्रहः पूर्वदेहं विहाय देहान्तरं प्रतिपद्यत इत्येतदवगतम् । 'अथैनमेते प्राणा अभिसमायन्ति' इत्येवमादेः 'अन्यन्नवतरं कल्याणतरं रूपं कुरुते' (बृ० ४-४-१,४) इत्येवमन्तात्संसारप्रकरणस्थाच्छब्दात्, धर्माधर्मफलोपभोगसंभवाच्च । 'स किं देहबीजैर्भूतसूक्ष्मैरसंपरिष्वक्तो गच्छत्याहोस्वित्संपरिष्वक्त इति चिन्त्यते । किं तावत्प्राप्तम् असंपरिष्वक्त इति । कुतः ? करणोपादानवद्भूतोपादानस्याश्रुतत्वात् । 'स एतास्तेजोमात्राः समभ्याददानः' (बृ० ४-४-१) इति ह्यत्र तेजोमात्राशब्देन करणानामुपादानं संकीर्त-

चतुर्थपादार्थमाह—सम्यग्दर्शनादिति । दर्शनोपायाः संन्यासादयः । मुक्तिरूपफलस्य स्वर्गवत्तारतम्यनियमाभावः एकरूपत्वमिति यावत् । प्रसङ्गागत देहात्मदूषणम् ।

पञ्चसु द्युपर्जन्यपृथिवीपुरुषयोषित्स्वग्नित्वध्यानं पञ्चाग्निविद्या । यस्मात् कर्मणा गत्यागतिरूपोऽनर्थस्तस्मात् कर्मफले जुगुप्सां घृणां विरक्तिं कुर्वीतेति पञ्चाग्निविद्योपसंहारे श्रवणाद्वैराग्यार्थं प्रदर्श्यते इत्यन्वयः । शास्त्रादिसूत्रे नित्यानित्यविवेककृतं वैराग्यमुक्तम्, इह तद्दार्ढ्याय गत्यागतिक्लेशभावनाकृतं तदुच्यत इत्यपौनरुक्त्यम् । अधिकरणविषयमाह—जीव इति । अविद्या प्रसिद्धा । विद्येति पाठे उपासना ग्राह्या । कर्म धर्माधर्माख्यं, पूर्वप्रज्ञा जन्मान्तरसंस्कारः । अथ मरणकाले प्राणा हृदये जीवेनैकीभवन्तीत्यर्थः । रूपं शरीरं, पञ्चीकृतभूतभागाः उत्तरदेहपरिणामिनो भूतसूक्ष्माः ।

जायेगा और चतुर्थ पाद द्वारा सम्यग्ज्ञान से पुरुषार्थ की सिद्धि, तत्त्वज्ञान के उपायविधि का प्रभेद, मुक्तिफल का अनियम; ये सभी बातें तृतीय अध्याय में बतलायी जायेंगी और प्रसङ्गवश देहात्मवाद का खण्डन भी किया जायेगा ।

उनमें से प्रथम पाद में पञ्चाग्नि विद्या का आश्रय लेकर जीव की संसारगति का भेद-प्रभेद वैराग्य उत्पादनार्थ दिखलाया जाता है क्योंकि 'इसलिए संसार से घृणा करे' ऐसा उसके अन्त में सुना जाता है । मुख्य प्राण जीव का सचिव है, इन्द्रियाँ और मन भी साथ ही रहते हैं, विद्या, धर्माधर्माख्य कर्म, जन्मान्तरीय संस्कार; इन सभी को लेकर जीव पूर्व शरीर का परित्यागकर शरीरान्तर में जाता है । यह बात 'ये सभी इन्द्रियाँ जीवात्मा के पास सभी ओर से आ जाती हैं' इस श्रुति से जानी जाती है । 'वर्तमान देह को छोड़कर दूसरा नूतन, सुन्दर शरीर धारण करता है' संसारप्रकरणस्थ इस वाक्य से भी उक्त बात जानी जाती है । साथ ही, धर्माधर्म के फल का उपभोग भी सम्भव होता है । वहाँ पर यह सन्देह होता है कि देहान्तर आरम्भक भूतसूक्ष्म से असम्परिष्वक्त हो जीवात्मा देहान्तर में जाता है अथवा सम्परिष्वक्त होकर जाता है । इस पर पूर्वपक्ष का कहना है कि जीवात्मा देहान्तर आरम्भक भूतों असम्परिष्वक्त ही जाता है, क्योंकि इन्द्रियों का ग्रहण जैसे बतलाया गया है, वैसे भूत का ग्रहण नहीं सुना जाता है । 'वह जीव इन तेजोमात्रा को लेकर जाता है' इस वाक्य में तेजोमात्रा शब्द से करणों का ही ग्रहण होता है, क्योंकि वाक्यशेष में पश्यति, जिघ्रति इन शब्दों से

१. उक्तविशेषणो जीवः । २. गमने स्वीकारवत् ।

यति । वाक्यशेषे चक्षुरादिसंकीर्तनात् । नैवं भूतमात्रोपादानसंकीर्तनमस्ति । सुलभाश्च सर्वत्र भूतमात्राः । यत्रैव देह आरब्धव्यस्तत्रैव सन्ति ततश्च तासां नयनं निष्प्रयोजनम् । तस्मादसंपरिष्वक्तो यातीति ।

एवं प्राप्ते पठत्याचार्यः— तदन्तरप्रतिपत्तौ रंहति संपरिष्वक्त इति । तदन्तरप्रतिपत्तौ देहाद् देहान्तरप्रतिपत्तौ देहबीजैर्भूतसूक्ष्मैः संपरिष्वक्तो रंहति गच्छतीत्यवगन्तव्यम् । कुतः ? प्रश्ननिरूपणाभ्याम् । तथाहि प्रश्नः—'वेत्थ यथा पञ्चम्यामाहुतावापः पुरुषवचसो भवन्ति' (छा० ५-३-३) इति । निरूपणं च प्रतिवचनं द्युपर्जन्यपृथिवीपुरुषयोषित्सु पञ्चस्वग्निषु श्रद्धासोमवृष्ट्यन्नरेतोरूपाः पञ्चाहुतीर्दर्शयित्वा 'इति तु पञ्चम्यामाहुतावापः पुरुषवचसो भवन्ति' (छा० ५-९-१) इति । तस्मादद्भिः परिवेष्टितो जीवो रंहति व्रजतीति गम्यते ।

वेदान्तार्थज्ञानसाधनविचारत्वात् सर्वाधिकरणानां, श्रुतिशास्त्राध्यायसङ्गतयः, वैराग्यफलकत्वादेतत्पादसङ्गतिः । पूर्वाधिकरणे व्यवहारार्थं पञ्चीकरणमुक्तं स व्यवहारोऽत्र निरूप्यत इति फलफलिभावोऽवान्तरसङ्गतिः ।

अत्र पूर्वपक्षे निराश्रय[1]प्राणगत्यभावात् न वैराग्यं, सिद्धान्ते भूताश्रयप्राणगतेर्वैराग्यमिति फलभेदः । तेजोमात्राश्चक्षुरादयः, पश्यति जिघ्रतीति वाक्यशेषात् । आपः पञ्चस्वग्निषु हुताः पञ्चम्यामाहुतौ हुतायां यथा पुरुषशब्दवाच्याः पुरुषात्मना परिणमन्ते तथा किं त्वं वेत्थेति श्वेतकेतुं[2] प्रति राज्ञः प्रवाहणस्य प्रश्नः, [5]तस्य चोत्तराज्ञाने तत्पितरं प्रति राजोवाच (छा० १-४-१) "[3]असौ वाव लोको गौतमाग्निस्तत्र श्रद्धाख्या आपः आहुतिः पर्जन्याग्नौ सोमरूपा, '[4]इह खल्वग्निहोत्रे श्रद्धया हुता, दध्यादिरूपा आपो यजमानसंलग्नाः स्वर्गलोकं प्राप्य सोमाख्यदिव्यदेहात्मना स्थिताः, कर्मान्ते द्रुताः पर्जन्ये हूयन्ते ततो वृष्टिरूपाः पृथिव्यामन्नरूपाः पुरुषे रेतोरूपाः योषिति हुताः आपः पुरुषशब्दवाच्याः पुमात्मका भवन्ति' इति निरूपणं कृतम् ।

चक्षुरादि का संकीर्तन देखा जाता है । इस प्रकार भूतमात्रा का उपादान नहीं किया गया है और भूतमात्रा सर्वत्र सुलभ भी हैं, जहाँ भी शरीर बनेगा वहाँ पर पृथिव्यादि सभी भूत प्राप्त हैं । इसलिए देहान्तर निर्माण के लिए उनका वहाँ पर साथ ले जाना निष्प्रयोजन है । अतः जीवात्मा देहान्तरारम्भक भूतों से असम्परिष्वक्त होकर जाता है ।

ऐसा पूर्वपक्ष होने पर आचार्य बादरायण यह सूत्र पढ़ते हैं । वर्तमान देह से देहान्तरप्राप्ति के समय उसके आरम्भक सूक्ष्मभूत से सम्परिष्वक्त ही जीव जाता है, ऐसा समझना चाहिए, क्योंकि 'पञ्चम आहुति में यह जल पुरुष संज्ञा को प्राप्त हो जाता है, इसे जानते हो ?' ऐसा राजा का प्रश्न है और उत्तर में द्युलोक में श्रद्धा, पर्जन्य में सोम, पृथ्वी में वर्षा पुरुष में अन्न और स्त्री में रेतरूप आहुति को दिखाकर अन्त में कहा है पाँचवी आहुति में जल पुरुष संज्ञा को प्राप्त हो जाता है । इससे यह जाना जाता है, कि जल से परिवेष्टित जीव देहान्तर में जाता है ।

---

१. प्राणशब्देन लिंगाख्यं पुर्यष्टकम् । २. श्वेतकेतोः । ३. स्वर्गः । ४. अत्र लोके । ५. राज्ञेति शेषः ।

नन्वन्या श्रुतिर्जलूकावत्पूर्वदेहं न मुञ्चति यावन्न देहान्तरमाक्रमतीति दर्शयति इति—'तद्यथा तृणजलायुका' (बृ० ४-४-३) इति। तत्राप्यपरिवेष्टितस्यैव जीवस्य कर्मोपस्थापितप्रतिपत्तव्यदेहविषयभावनादीर्घीभावमात्रं जलूकयोपमीयत इत्यविरोधः। एवं श्रुत्युक्ते देहान्तरप्रतिपत्तिप्रकारे सति याः पुरुषमतिप्रभवाः प्रकल्पनाः व्यापिनां करणानामात्मनश्च देहान्तरप्रतिपत्तौ कर्मवशाद् वृत्तिलाभस्तत्र भवति। केवलस्यैव वात्मनो वृत्तिलाभस्तत्र भवति। इन्द्रियाणि तु देहवदभिनवान्येव तत्र तत्र भोगस्थान उत्पद्यन्ते। मन एव वा केवलं भोगस्थानमभिप्रतिष्ठेत। जीव एवोत्प्लुत्य देहाद्देहान्तरं प्रतिपद्यते शुक इव वृक्षाद्वृक्षान्तरम्। इत्येवमाद्याः सर्वा एवानादर्तव्याः श्रुतिविरोधात् ॥१॥

नन्वेतद्देहं त्यक्त्वाऽद्भिः सह गतस्य पश्चाद्देहान्तरप्राप्तिरित्ययुक्तम्। यथा तृणजलायुका तृणान्तरं गृहीत्वा पूर्वतृणं त्यजति तथा जीवो देहान्तरं गृहीत्वा पूर्वदेहं त्यजतीति श्रुतिविरोधादिति शङ्कते—नन्वन्येति। इहैव कर्मायत्तभाविदेहं देवोऽहमित्यादिभावनया गृहीत्वा पूर्वदेहं त्यजतीति श्रुत्यर्थः, अतो न विरोध इति समाधत्ते—तत्रापीति। भावनाया दीर्घीभावो भाविदेहविषयत्वम्। घटाकाशवदुपहितो जीवः सूक्ष्मोपाधिगत्या लोकान्तरं गच्छतीति पञ्चाग्निश्रुत्युक्तः प्रकारस्तद्विरोधादन्याः कल्पनाः सर्वा अनादर्तव्या इत्यन्वयः। साङ्ख्यकल्पनामाह—व्यापिनामिति। सुगतकल्पनामाह—केवलस्येति। निर्विकल्पकज्ञानसन्तानरूपस्यात्मनो देहान्तरे शब्दादिसविकल्पकज्ञानाख्यवृत्तिलाभो भवतीत्यर्थः। काणादकल्पनामाह—मन इति। देहान्तरं प्रति मनोमात्रं गच्छति, इन्द्रियाणि तु नूतनान्येवारभ्यन्ते। दिगम्बरकल्पनामाह—जीव इति ॥१॥

पूर्वपक्ष—दूसरी श्रुति 'तृणजलूका की भाँति जीवात्मा जब तक देहान्तर को प्राप्त नहीं करता तब तक पूर्वशरीर को नहीं छोड़ता' ऐसा कहती है। सिद्धान्ती—'तद्यथा तृणजलायुका' इस वाक्य में भी जल से असम्परिवेष्टित जीवात्मा का ही कर्मों से उपस्थापित भावीशरीरविषयक भावना को को लम्बायमानमात्र जलायुका की उपमा से बतलाया गया है, अतः कोई विरोध नहीं है। इस प्रकार देहान्तरप्राप्ति का प्रकार श्रुति से सिद्ध हो जाने पर जो भिन्न-भिन्न प्रकार से अपनी बुद्धि के अनुसार लोगों ने कल्पना की है कि इन्द्रियाँ और आत्मा दोनों व्यापक हैं इसलिए देहान्तर की प्राप्ति में कर्मवशात् वृत्तिलाभ ही वहाँ पर होता है, कुछ लोग केवल आत्मा में वृत्तिलाभ बतलाते हैं, इन्द्रियाँ तो देह की भाँति अभिनव उत्पन्न होती हैं जहाँ जीवात्मा का भोग के लिए शरीर उत्पन्न होता है। कुछ लोग भोगस्थान में केवल मन ही जाता है और कुछ लोग जिस प्रकार शुक पक्षी एक वृक्ष से उड़कर दूसरे वृक्ष पर चला जाता है वैसे ही जीवात्मा वर्तमान देह से उड़कर देहान्तर में जाता है; ऐसी अनेकधा कल्पनायें वादियों ने कर रखी हैं, वे सब की सब श्रुतिविरुद्ध होने के कारण आदरणीय नहीं ॥१॥

---

१. वर्तमानदेहे। २. अद्भिः। ३. स्वरूपलाभः गोत्वादिजातिवत्। ४. तत्रापि विज्ञानवादी। ५. आलयविज्ञान।

(२६३) त्र्यात्मकत्वात्तु भूयस्त्वात् ॥२॥

ननूदाहृताभ्यां प्रश्नप्रतिवचनाभ्यां केवलाभिरद्भिः संपरिष्वक्तो रंहतीति । अप्शब्दश्रवणसामर्थ्यात् । तत्र कथं सामान्येन प्रतिज्ञायते सर्वैरेव भूतसूक्ष्मैः संपरिष्वक्तो रंहतीति । अत उत्तरं पठति—

तुशब्देन चोदितामाशङ्कामुच्छिनत्ति । त्र्यात्मिका ह्यापस्त्रिवृत्करणश्रुतेः । तास्वारम्भिकास्वभ्युपगतास्वितरदपि भूतद्वयमवश्यमभ्युपगन्तव्यं भवति । त्र्यात्मकश्च देहस्त्रयाणामपि तेजोबन्नानां तस्मिन्कार्योपलब्धेः पुनश्च त्र्यात्मकस्त्रिधातुत्वात्त्रिभिर्वातपित्तश्लेष्मभिः । न स भूतान्तराणि प्रत्याख्याय केवलाभिरद्भिरारब्धुं शक्यते । तस्माद्भूयस्त्वापेक्षोऽयमापः पुरुषवचस इति । प्रश्नप्रतिवचनयोरप्शब्दो न कैवल्यापेक्षः । सर्वदेहेषु हि रसलोहितादिद्रवद्रव्यभूयस्त्वं दृश्यते । ननु पार्थिवो धातुर्भूयिष्ठो देहेषूपलक्ष्यते । नैष दोषः । इतरापेक्षयाप्यपां बाहुल्यं भविष्यति । दृश्यते च शुक्रशोणितलक्षणेऽपि

ननु पाकस्वेदगन्धरूपकार्यत्रयोपलब्धेस्त्र्यात्मको देह इत्ययुक्तम् ।

प्राणावकाशयोरप्युपलब्ध्या देहस्य पञ्चभूतात्मत्वादित्यरुच्या व्याख्यान्तरमाह—पुनश्चेति । देहधारकत्वाद्वातादीनां तेषां त्रिधातुकत्वात्त्र्यात्मक इत्यन्वयः । देहस्य केवलाब्जत्वे वातं पित्तं च वायव्यं

पिछले सूत्र में प्रश्न एवं प्रतिवचन का उदाहरण जो दिया गया था, उससे तो केवल जल से सम्परिष्वक्त जीव देहान्तर के लिया जाता है, बस इतना ही सिद्ध होता है, क्योंकि 'आपः पुरुषवचसो भवन्ति' इस वाक्य में अप् शब्द सुना गया है, वहाँ पर सामान्यतः सभी सूक्ष्म भूतों से सम्परिष्वक्त जीव जाता है, ऐसा आप कैसे कह रहे हैं ? इसका उत्तर अग्रिम सूत्र द्वारा सिद्धान्त पक्ष से सूत्रकार देते हैं—

त्र्यात्मकत्वात्तु भूयस्त्वात् (ललिता)

सूत्रस्थ 'तु' शब्द से उत्थापित शङ्का का उच्छेद करते हैं। त्रिवृत्करण श्रुति से जल त्र्यात्मक ही सिद्ध होता है। देहान्तर आरम्भक जिस जल को स्वीकार किया गया है, उसमें पृथ्वी एवं तेज इन दो भूतों को अवश्य स्वीकार करना पड़ेगा। देह त्र्यात्मक है, क्योंकि उसमें तेज, जल तथा पृथ्वी इन तीनों भूतों के कार्य दीखते हैं। शङ्का—देह पञ्चभूतात्मक है क्योंकि इसमें पाक, स्वेद, गन्ध, प्राण और अवकाश भी उपलब्ध होते हैं। समाधान—इस अरुचि के कारण दूसरी व्याख्या भाष्यकार करते हैं कि वात, पित्त और श्लेष्मा–ये तीन धातु देह को धारक हैं, इसीलिए देह त्र्यात्मक कहा जाता है। अन्य भूतों को छोड़कर केवल जल से शरीर नहीं बन सकता। अतः 'आपः पुरुषवचसो भवन्ति' इस वाक्य में जल की अधिकता के कारण प्रश्न और प्रतिवचन में अप् शब्द आया है। केवल जल की अपेक्षा करके अप् शब्द का प्रयोग नहीं किया गया है, क्योंकि सभी शरीरों में रस, रक्तादि द्रव का आधिक्य दीखता है। पूर्वपक्ष—शरीरों से पार्थिव धातु भी अधिक दिखाई पड़ता है। सिद्धान्त—यह कोई दोष नहीं है। आप को भूतों की अपेक्षा जल का बाहुल्य शरीर में मानना ही पड़ेगा

---

१. आपः पुरुषवचसोभवन्तीत्यादिप्रश्नप्रतिवचनयोः। २. देहान्तरम्। ३. देहः।

(२९४) प्राणगतेश्च ॥३॥

(२९५) अग्न्यादिगतिश्रुतेरिति चेन्न भाक्तत्वात् ॥४॥

देहबीजे द्रवबाहुल्यम् । कर्म च निमित्तकारणं देहान्तरारम्भे । कर्माणि चाग्निहोत्रादीनि सोमाज्यपयःप्रभृतिद्रवद्रव्यव्यपाश्रयाणि 'कर्मसमवायिन्यश्चापः श्रद्धाशब्दोदिताः सह कर्मभिर्द्युलोकाख्येऽग्नौ हूयन्त इति वक्ष्यति । तस्मादप्यपां बाहुल्यप्रसिद्धिः । बाहुल्याच्चाप्शब्देन सर्वेषामेव देहबीजानां भूतसूक्ष्माणामुपादानमिति निरवद्यम् ॥२॥

प्राणानां च देहान्तरप्रतिपत्तौ गतिः श्राव्यते–'तमुत्क्रामन्तं प्राणोऽनूत्क्रामति प्राणोऽनूत्क्रामन्तं सर्वे प्राणा अनूत्क्रामन्ति' (बृ० ४-४-२) इत्यादिश्रुतिभिः । सा च प्राणानां गतिर्नाश्रयमन्तरेण संभवतीत्यतः २प्राणगतिप्रयुक्ता तदाश्रयभूतानामपामपि भूतान्तरोपसृष्टानां गतिरवगम्यते । नहि निराश्रयाः प्राणाः क्वचिद्गच्छन्ति तिष्ठन्ति वा जीवतोऽदर्शनात् ॥३॥

स्यादेतत् । नैव प्राणा देहान्तरप्रतिपत्तौ सह जीवेन गच्छन्ति अग्न्यादिगतिश्रुतेः ।

तैजसं न स्यात्तामिति भावः । पृथिवीतरभूतापेक्षयापां बाहुल्यम् । किंच देहनिमित्तानां कर्मणामब्बाहुल्यात्ताभिर्भूतान्तराण्युपलक्ष्यन्त इत्याह—कर्म चेत्यादिना ॥२॥

उत्क्रान्तौ प्राणा देहबीजपञ्चभूताश्रयाः प्राणत्वाज्जीवद्देहस्थप्राणवदित्याह—प्राणगतेश्चेति ॥३॥

प्राणानां गतिरसिद्धेत्याशङ्क्य निषेधति—अग्न्यादीति । अदर्शनादोषधिवनस्पतिगमनस्येति

क्योंकि देह से बीजभूत शुक्र एवं शोणित में द्रवबाहुल्य दीखता है। देह का निमित्त कारण कर्म है, अतः देहान्तरारम्भक निमित्त अग्निहोत्रादि कर्म सोम, घृत, दुग्धादि द्रव द्रव्य के आश्रित हैं और इन्हीं से निष्पन्न होते हैं। कर्म के निष्पादक जल को श्रद्धा शब्द से कहा गया है, वह श्रद्धापदवाच्य जल कर्म के साथ द्युलोकनामक अग्नि में हवन किया जाता है, ऐसा आगे आचार्य कहेंगे, इसलिए भी जल के बाहुल्य की प्रसिद्धि है। बाहुल्य के कारण अप् शब्द से देह के बीजरूप सभी भूतसूक्ष्म का ग्रहण किया गया है, जो सर्वथा निर्दोष है ॥२॥

प्राणगतेश्च (ललिता)

देहान्तर की प्राप्ति में प्राणों की गति 'उस जीव के उत्क्रमण के पीछे प्राण निकलता है और प्राण के पीछे सभी प्राण निकलते हैं' इत्यादि श्रुतियों से सुनी जाती है। प्राणों की वह गति आश्रय के बिना सम्भव नहीं है। अतः प्राणगतिप्रयोजक उसके आश्रयभूत भूतान्तर से युक्त जल की भी गति जानी जाती है क्योंकि निराश्रित प्राण कहीं जाते नहीं और न कहीं ठहरते हैं, जीवित शरीर में कहीं भी ऐसा नहीं देखा गया है ॥३॥

अग्न्यादिगतिश्रुतेरिति चेन्न भाक्तत्वात् (ललिता)

पूर्वपक्ष—देहान्तर की प्राप्ति में प्राण जीवात्मा के साथ नहीं जाते हैं क्योंकि मरणकाल में वागादि प्राण अग्न्यादि देवता में मिल जाते हैं, ऐसा अग्न्यादि उपकारक देवताओं में वागादि का

---

१. तन्निर्वर्तिकाः । २. प्रयोजकानाम् ।

(२६६) प्रथमेऽश्रवणादिति चेन्न ता एव ह्युपपत्तेः ॥५॥

तथाहि श्रुतिर्मरणकाले वागादयः प्राणा अग्न्यादीन्देवान्गच्छन्तीति दर्शयति—'यत्रास्य पुरुषस्य मृतस्याग्निं वागप्येति वातं प्राणः' (बृ० ३-२-१३) इत्यादिनेति चेत्। न, भाक्तत्वात्। वागादीनामग्न्यादिगतिश्रुतिर्गौणी लोमसु केशेषु चादर्शनात्। 'ओषधीर्लोमानि वनस्पतीन्केशाः' (बृ० ३-२-१३) इति हि तत्राम्नायते। नहि लोमानि केशाश्चोत्प्लुत्यौषधीर्वनस्पतींश्च गच्छन्तीति संभवति। नच जीवस्य प्राणोपाधिप्रत्याख्याने गमनमवकल्प्यते। नापि प्राणैर्विना देहान्तर उपभोग उपपद्यते। विस्पष्टं च प्राणानां सह जीवेन गमनमन्यत्र श्रावितम्। अतो वागाद्यधिष्ठात्रीणामग्न्यादिदेवतानां वागाद्युपकारिणीनां मरणकाल उपकारनिवृत्तिमात्रमपेक्ष्य वागादयोऽग्न्यादीन्गच्छन्तीत्युपचर्यते ॥४॥

स्यादेतत्। कथं पुनः 'पञ्चम्यामाहुतावापः पुरुषवचसो भवन्ति' (छा० ५-३-३) इत्येतन्निर्धारयितुं पार्यते। यावता नैव प्रथमेऽग्नावपां श्रवणमस्ति। इह हि द्युलोकप्रभृतयः पञ्चाग्नयः पञ्चानामाहुतीनामाधारत्वेनाधीताः तेषां च 'प्रमुखे 'असौ वाव लोको गौतमाग्निः'

शेषः। लोमान्यपि यन्तीत्यर्थः। प्राणानामग्न्यादिषु लयस्य मुख्यत्वे जीवस्य गतिभोगयोगयोरयोगात् 'सर्वे प्राणा अनूत्क्रामन्ति' इति विस्पष्टश्रुतेर्लोमादिगौणलयपाठाच्च गौणत्वमित्यर्थः ॥४॥

भूतान्तरयुक्तानामपां गतिमुक्त्वा पुरुषवचस्त्वं तासामाक्षिप्य समाधत्ते—प्रथम इति। ननु प्रथमपदं

मिलना श्रुति बतलाती है। 'उस मरे हुए पुरुष की वाणी अग्नि में मिल जाती है और प्राण वायु में मिल जाता है' ऐसी श्रुति है। अतः देहान्तरप्राप्ति में जीवात्मा के साथ प्राण को गति सिद्ध नहीं होती। सिद्धान्ती—ऐसा कहना ठीक नहीं क्योंकि 'ओषधि में लोम और वनस्पति में केश मिल जाते हैं' इन श्रुतियों में जिस प्रकार लोम और केश का ओषधि तथा वनस्पति में लीन होना गौण है, वैसे ही वागादि का अग्न्यादि देवता में लीन होना बतलाने वाली श्रुति भी गौण है। मृत शरीर से उछलकर लोम ओषधि में नहीं जाते और न केश वनस्पति में ही जाते हैं, क्योंकि ऐसा होना सम्भव नहीं है। साथ ही, प्राणोपाधि का निराश कर देने पर जीव का गमन नहीं होता और न इन्द्रियों के बिना देहान्तर में जीव का उपभोग ही हो सकता है। इसके अतिरिक्त जीव के साथ प्राणों का गमन अन्यत्र बतलाया जा चुका है। अतः वागादि के अधिष्ठातृ अग्न्यादि देवता जो वागादि प्राणों के उपकारक हैं उनका उपकार मरणकाल में निवृत्त हो जाता है। इसीलिए वागादि प्राण अग्न्यादि में चले जाते हैं, ऐसा औपचारिक दृष्टि से कहा गया है ॥४॥

प्रथमेऽश्रवणादिति चेन्न ता एव ह्युपपत्तेः (ललिता)

पूर्वपक्ष—जब प्रथम द्युलोकात्मक अग्नि में ही जल का श्रवण नहीं हो रहा है तो भला पञ्चम आहुति में जल पुरुष संज्ञा को प्राप्त हो जाता है, यह निर्णय कैसे कर पायेंगे। इस श्रुति में द्युलोकादि पांच अग्नियां पांच आहुतियों के आधाररूप से बतलायी गयी हैं, उन पांचों में सर्वप्रथम 'हे गौतम!

१. आदौ।

(छा० ५-४-१) इत्युपन्यस्य 'तस्मिन्नेतस्मिन्नग्नौ देवाः श्रद्धां जुह्वति' (छा० ५-४-२) इति श्रद्धा होम्यद्रव्यत्वेनावेदिता । न तत्रापो होम्यद्रव्यतया श्रुताः । यदि नाम पर्जन्यादिषूत्तरेषु चतुर्ष्वग्निष्वपां होम्यद्रव्यता परिकल्प्येत परिकल्प्यतां नाम, तेषु होतव्यतयोपात्तानां सोमादीनामब्बहुलत्वोपपत्तेः । प्रथमे त्वग्नौ श्रुतां श्रद्धां परित्यज्याश्रुता आपः परिकल्प्यन्त इति साहसमेतत् । श्रद्धा च नाम प्रत्ययविशेषः प्रसिद्धिसामर्थ्यात् । तस्मादयुक्तः पञ्चम्यामाहुतावपां पुरुषभाव इति चेत् ।

नैष दोषः । यतस्तत्रापि प्रथमेऽग्नौ ता एवापः श्रद्धाशब्देनाभिप्रेयन्ते । कुतः—उपपत्तेः । एवं ह्यादिमध्यावसानसंगानादनाकुलमेतदेकवाक्यमुपपद्यते । इतरथा पुनः पञ्चम्यामाहुतावपां पुरुषवचस्त्वप्रकारे पृष्टे प्रतिवचनावसरे प्रथमाहुतिस्थाने यद्यनपो होम्यद्रव्यं श्रद्धां नामावतारयेत्ततोऽन्यथा प्रश्नोऽन्यथा प्रतिवचनमित्येकवाक्यता न स्यात् । 'इति तु पञ्चम्यामाहुतावापः पुरुषवचसो भवन्ति' इति चोपसंहरन्नेतदेव दर्शयति ।

व्यर्थमुत्तराग्निष्वप्पामश्रवणादित्याशङ्क्य सोमवृष्ट्यन्नरेतसामबूपत्वादुत्तरत्रतासां श्रवणमस्ति, न प्रथम इत्याह—यदि नामेति । पञ्चाग्निष्वपामाहुतित्वे सिद्धे [1]तासां पञ्चम्यमाहुतौ पुरुषवचस्त्वं भवेन्न तत्सिद्धं प्रथमाग्नौ [2]तासामनाहुतित्वादिति शङ्कार्थः ।

एवं हि श्रद्धाशब्देनापां ग्रहे सति प्रश्नोत्तरोपसंहाराणां संगानादेकार्थत्वादेकवाक्यतोपपद्यते, अग्रहे तु चतुर्ष्वग्निष्वेवापामाहुतित्वाच्चतुर्थ्यामाहुताविति वाच्यं, अतः प्रश्नोपसंहारयोः पञ्चम्यामिति श्रवणात्, प्रथमाग्नावप्याप एव ग्राह्या इति समाधानार्थः । अनपः अद्भ्योऽन्यतः । एतदेवेति । श्रद्धा-

---

वह द्युलोक अग्नि है' ऐसा कहने के बाद 'उस अग्नि में देवता श्रद्धा की आहुति करते हैं' इस वाक्य द्वारा होम्यद्रव्यरूप से श्रद्धा बतलायी गयी है, वहाँ पर होम्यद्रव्यरूप से जल नहीं सुना जाता है। ऐसी स्थिति में यदि पर्जन्य आदि बाद की चार अग्नियों में जल की होम्यद्रव्यता की कल्पना करें तो कीजिए क्योंकि वहाँ पर होतव्यरूप से गृहीत सोमादि में जल की बहुलता है, किन्तु प्रथम अग्नि में होम्यरूप से सुनी गयी श्रद्धा का परित्यागकर अश्रुत जल की कल्पना करते हैं तो यह साहसमात्र ही माना जायेगा। प्रसिद्धि के बल से श्रद्धा अन्तःकरण की एक वृत्तिविशेष है। अतः पञ्चम आहुति में जल का पुरुषभाव हो जाना जो कहा जाता है वह असङ्गत है?

सिद्धान्ती—यह कोई दोष नहीं है क्योंकि वहाँ पर प्रथम अग्नि में भी श्रद्धा शब्द से जल को ही बतलाना अभीष्ट है, साथ ही श्रद्धा शब्द से जल को बतलाना युक्तिसङ्गत भी है। इस प्रकार आदि, मध्य और अन्त में सङ्गति बैठ जाने के कारण यह वाक्य निर्विरोध सिद्ध होता है, अन्यथा पञ्चम आहुति में जल में पुरुषवचस्त्वप्रकार राजा के द्वारा पूछे जाने पर उत्तर देते समय प्रथम आहुतिस्थान में जल से भिन्न होम्यद्रव्य को श्रद्धा नाम से कहा जाय तो प्रश्न कुछ और प्रतिवचन कुछ ही होने लग जायेगा, इनकी एकवाक्यता सिद्ध न हो सकेगी। इसीलिए पञ्चम आहुति में जल पुरुष संज्ञा को प्राप्त हो जाता है, ऐसा उपसंहार करते हुए श्रुति कहती हैं। श्रद्धा का कार्य सोम, वृष्ट्यादि

---

१. राज्ञा । २. स्वयं राजा । ३. अपाम् । ४. अपाम् ।

(२९७) अश्रुतत्वादिति चेन्नेष्टादिकारिणां प्रतीतेः ।।६।।

श्रद्धाकार्यं च सोमवृष्ट्यादि स्थूलीभवद[1]बहुलं [2]लक्ष्यते । [3]सा च श्रद्धाया अप्त्वे युक्तिः । कारणानुरूपं हि कार्यं भवति । नच श्रद्धाख्यः प्रत्ययो मनसो जीवस्य वा धर्मः सन्धर्मिणो निष्कृष्य होमायोपादातुं शक्यते पश्वादिभ्य इव हृदयादीनीत्याप एव [4]श्रद्धाशब्दा भवेयुः । श्रद्धाशब्दश्चाप्सूपपद्यते, वैदिकप्रयोगदर्शनात् 'श्रद्धा वा आपः' इति । तनुत्वं श्रद्धासारूप्यं गच्छन्त्य आपो देहबीजभूता इत्यतः श्रद्धाशब्दाः स्युः । यथा सिंहपराक्रमो नरः [5]सिंहशब्दो भवति । श्रद्धापूर्वककर्मसमवायाच्चाप्सु श्रद्धाशब्द उपपद्यते । मञ्चशब्द इव पुरुषेषु । श्रद्धाहेतुत्वाच्च श्रद्धाशब्दोपपत्तिः 'आपो हास्मै श्रद्धां संनमन्ते पुण्याय कर्मणे' इति श्रुतेः ।।५।।

[7]अथापि स्यात्प्रश्नप्रतिवचनाभ्यां नामापः श्रद्धादिक्रमेण पञ्चम्याहुतौ पुरुषाकारं प्रति-

---

शब्दस्यानर्थकत्वं दर्शयतीत्यर्थः । उपपत्तेरित्यस्यार्थान्तरमाह—श्रद्धाकार्यमिति । तस्याः श्रद्धाहुतेः सोमः संभवतीत्यादिना 'श्रद्धासोमादीनां पूर्वपूर्वपरिणामत्वं श्रुतं ततो [9]द्रवपरिणामत्वात् श्रद्धाया अप्त्वं प्रत्ययात्मक मुख्यश्रद्धाया आहुतित्वायोगाच्चेत्यर्थः । श्रद्धाशब्दस्याप्सु सूक्ष्मत्वगुणेन वृत्तिमुक्त्वा लक्षणां वक्तुं [10]श्रद्धाया अद्भिरेककर्मयोगित्वं हेतुत्वं वा सबन्धमाह—श्रद्धापूर्वकेति । अस्मै यजमानाय स्नानाद्यर्थमापः श्रद्धां संनमन्ते जनयन्तीति श्रुत्यर्थः ।।५।।

अपां [11]गतिमुपेत्याद्भिः सह जीवानां गतिमाक्षिप्य समाधत्ते—अथापीत्यादिना । द्युलोकाग्नौ

स्थूल होते हुए जलबहुल उपलक्षित होते हैं। श्रद्धा का जल होने में यही तर्क है क्योंकि कार्य सदा कारणा-नुरूप ही होता है । साथ ही श्रद्धानामक अन्तःकरणपरिणाम को चाहे मन का धर्म मानें अथवा जीव का धर्म मानें, दोनों ही विकल्प में धर्मी से पृथक् करके होम के रूप में उसका उपादान नहीं कर सकते । जैसे पशु आदि के हृदयादि अवयवों को उखाड़कर आहुति डालते हैं वैसा मनोधर्म या जीव के धर्म श्रद्धानामक प्रत्यय का उपादान नहीं कर सकते । जल ही जब श्रद्धाशब्दवाच्य होगा तब श्रद्धा शब्द में भी जल प्रयुक्त किया जा सकता है क्योंकि 'निःसन्देह श्रद्धा जलरूप ही है' ऐसा वैदिकप्रयोग देखा जाता है । श्रद्धा के समान सूक्ष्मता को जब देह के बीजभूत जल प्राप्त करते हैं, तब उस जल को श्रद्धा शब्द से कहा जाता है । जैसे सिंह के पराक्रम वाला मनुष्य सिंहशब्दवाच्य होता है, वैसे ही श्रद्धापूर्वक कर्म होने के कारण जल में श्रद्धा शब्द का प्रयोग "मञ्चाः क्रोशन्ति" इस वाक्य की भाँति पुरुष में युक्ति-युक्त है । श्रद्धा का कारण होने से भी जल में श्रद्धा शब्द का प्रयोग करना युक्तिसङ्गत है, क्योंकि 'यजमान के लिए स्नानादि कार्यसिद्धि हेतु जल पुण्यकर्म के निमित्त श्रद्धा का रूप धारण कर लेता है' ऐसी श्रुति है अर्थात् स्नानादि कार्य के लिए इस यजमान के पास जल श्रद्धा बनकर जाता है ।।५।।

अश्रुतत्वादिति चेन्नेष्टादिकारिणां प्रतीतेः (ललिता)

पूर्वपक्षी—यदि प्रश्न और प्रतिवचन द्वारा पाँचवी आहुति में जल पुरुष संज्ञा को प्राप्त कर

---

१ आपो बहुला यस्मिन् । २. ज्ञायतेऽनुमीयते इति यावत् । ३. सा चेति अनुमितिरित्यर्थः तथाहि श्रद्धाऽब्बहुला तत्कार्यं सोमवृष्ट्यादौ तद्बाहुल्य दर्शनात् मृद्घटादिवत् । ४. तद्वाच्याः । ५. तद्वाच्यो भवति । ६. निष्पादनात् । ७. यद्यपि । ८. मध्ये । ९. द्रव्यं सोमादि परिणामो यस्याः । १०. यथापां कर्माङ्गत्वं तथा श्रद्धाया अपीति भावः । ११. स्वीकृत्य ।

पद्येरन् । न तु तत्संपरिष्वक्ता जीवा रंहेयुः । अश्रुतत्वात् । न ह्यत्रापामिव जीवानां श्रावयिता कश्चिच्छब्दोऽस्ति । तस्माद्रंहति संपरिष्वक्त इत्ययुक्तमिति चेत् । नैष दोषः । कुतः ? इष्टादिकारिणां प्रतीतेः । 'अथ य इमे ग्राम इष्टापूर्ते दत्तमित्युपासते ते धूममभिसंभवन्ति' (छा० ५-१०-६) इत्युपक्रम्येष्टादिकारिणां धूमादिना पितृयाणेन पथा चन्द्रप्राप्तिं कथयति—'आकाशाच्चन्द्रमसमेष सोमो राजा'(छा० ५-१०-४) इति । त एवेहापि प्रतीयन्ते 'तस्मिन्नेतस्मिन्नग्नौ देवाः श्रद्धां जुह्वति तस्या आहुतेः सोमो राजा संभवति' (छा० ५-४-२) इति श्रुतिसामान्यात् । तेषां चाग्निहोत्रदर्शपूर्णमासादिकर्मसाधनभूता दधिपयःप्रभृतयो द्रवद्रव्यभूयस्त्वात्प्रत्यक्षमेवापः सन्ति । ता आहवनीये हुताः सूक्ष्मा आहुत्योऽपूर्वरूपाः सत्यस्तानिष्टादिकारिण आश्रयन्ति । तेषां च शरीरं नैधनेन विधानेनान्त्येऽग्नावृत्विजो जुह्वति 'असौ स्वर्गाय लोकाय स्वाहा' इति । ततस्ताः श्रद्धापूर्वककर्मसमवायिन्य आहुतिमय्य आपोऽपूर्वरूपाः सत्यस्तानिष्टादिकारिणो जीवान्परिवेष्ट्यामुं लोकं फलदानाय नयन्तीति यत्तदत्र जुहोतिनाभिधीयते—'श्रद्धां जुह्वति'

श्रद्धाहुतेः सोमो राजा संभवतीत्युक्त्वा वाक्यशेषे धूमादिमार्गेण आकाशाच्चन्द्रमसं प्राप्ता इष्टादिकारिणएव सोमो राजेत्युक्ताः, अतः सोमराजशब्दसामान्यादिष्टादिकारिणां जीवानां श्रद्धाशब्दिताद्भिः सह गतिरिह श्रद्धाहुतिवाक्ये प्रतीयत इत्यर्थः । तेषां सूक्ष्माभिर्द्रव्यापूर्वरूपाभिः पञ्चीकृताभिरद्भिः सम्बन्धं वदन् सहगतिं विवृणोति—तेषां चाग्निहोत्रेति । निधनं मरणं तन्निमित्तकमन्त्येष्टि-

---

जायेगे, ऐसा मान भी लिया जाय, पर उस जल से सम्परिष्वक्त जीव देहान्तरप्राप्ति के लिए जाता है, यह नहीं मान सकते, क्योंकि यहाँ पर जल की भाँति जीव का गमन बतलाने वाला कोई शब्द नहीं है। अतः जल से सम्परिष्वक्त हो जीव देहान्तरप्राप्ति के लिए जाता है, यह कथन असङ्गत है ? सिद्धान्ती—यह दोष नहीं है क्योंकि 'जो ग्राम में रहकर इष्टापूर्त एवं दत्त का अनुष्ठान करते हैं वे सभी धूममार्ग को प्राप्त करते हैं' यहाँ से प्रसङ्ग प्रारम्भकर इष्टादि कर्म करने वाले को धूमादि पितृयान मार्ग से चन्द्रलोक की प्राप्ति बतलाने वाला श्रुतिवाक्य है—'आकाश से चन्द्रमा को प्राप्त करता है, वहाँ यह सोम राजा बन जाता है।' वे ही यहाँ पर भी प्रतीत होते हैं क्योंकि 'उसी अग्नि में देवता श्रद्धा की आहुति करते हैं और उस आहुति से सोम राजा उत्पन्न होते हैं' ऐसी सामान्य श्रुति है। उन इष्टादि कर्म करने वाले के पास अग्निहोत्र, दर्शपूर्णमासादि कर्म के साधनभूत दधि, दुग्धादि द्रवद्रव्य अधिक होने के कारण प्रत्यक्षतः जल हैं, वे ही जल आहवनीय अग्नि में आहुति दे दिये जाने पर सूक्ष्म आहुतियाँ अपूर्वरूप बनकर उन इष्टादि कर्म करने वाले के आश्रित हो जाती हैं। उनके शरीर को अन्त्येष्टि क्रिया द्वारा श्मशानाग्नि में ऋत्विज् लोग **'असौ स्वर्गाय लोकाय स्वाहा'** इस मन्त्र से जला डालते हैं। उसके बाद श्रद्धापूर्वक कर्म से सम्बद्ध आहुतिमय वह जल उन इष्टादि कर्म करने वाले जीवों को परिवेष्टितकर फल देने के लिए द्युलोक में ले जाते हैं, इसीलिए यहाँ पर **'जुहोति'** नहीं कहा जाता है अपितु 'श्रद्धा की आहुति करते हैं' ऐसा कहा जाता है। हुतद्रव्यरूप जल के गमन में अन्य

---

१. इष्टादिकारिणाम् । २. श्मशानाग्नौ । ३. निर्वर्त्याः । ४. द्युलोकम् । ५. इष्टादिकारिणाम् ।

(बृ० ६-२-६) इति । तथाचाग्निहोत्रे षट्प्रश्नीनिर्वचनरूपेण वाक्यशेषेण 'ते वा एते आहुती हुते उत्क्रामत:' इत्येवमाविनाग्निहोत्राहुत्योः फलारम्भाय लोकान्तरप्राप्तिः प्रदर्शिता । तस्मादाहुतिमयीभिरद्भिः संपरिष्वक्ता जीवा रंहन्ति स्वकर्मफलोपभोगायेति श्लिष्यते ।।६।।

क्योंकि यह श्रौत अर्थ नहीं है । ठीक है, लौटने के कारण भी वह लोक नहीं भरता है ऐसी युक्ति दी जा सकती है किन्तु श्रुति ने तो 'यह तीसरा स्थान है, इसीलिए वह लोक नहीं भरता' इस वाक्य के द्वारा तृतीय स्थान कह करके ही लोक को असम्पूर्ण बतलाया है । इसलिए चन्द्रलोक के न भरने का कारण है–पापियों का अनारोह, यह पक्ष ही युक्तियुक्त है तथा अवरोह तो इष्टादिकारियों में भी समान ही है । एसी स्थिति में तृतीय स्थान का कथन अनर्थक होने लग जायेगा । सूत्रस्थ 'तु' शब्द कौषीतकि शाखीय वाक्यजनित सभी प्राणियों के चन्द्रलोकगमन की आशङ्का का उच्छेद करता है । इस प्रकार अधिकारी की अपेक्षाकर कौषीतकि शाखा में सर्व शब्द का प्रयोग किया गया है कि 'जो कोई भी अधिकारी इस लोक से प्रस्थान करते हैं वे सभी कर्मी चन्द्रलोक में ही जाते हैं ।' यह वाक्य उस मार्ग के अधिकारियों की अपेक्षा करके ही कहा गया है ॥१७॥

और जो पूर्वपक्षी ने कहा था कि देहप्राप्ति के लिए सभी चन्द्रलोक जायेंगे ही, क्योंकि **'पञ्चम्यामाहुतौ'** इस वाक्य द्वारा आहुति संख्या का नियम सुना जाता है, इसका प्रत्युत्तर अग्रिम सूत्र से देते हैं–

न तृतीये तथोपलब्धेः (ललिता)

तृतीय स्थान में देहाप्राप्ति के लिए आहुति की पञ्च संख्या का नियम आदरणीय नहीं है क्योंकि ऐसा ही देखा जाता है । आहुति संख्या नियम के बिना ही वहाँ बतलाये गये प्रकार से **'जायस्व-**

---

१. कौषीतकीय । २. कौषीतकीये सर्वे गच्छन्तीत्यविशेषश्रुतेः ।

(३१०) स्मर्यतेऽपि च लोके ॥१९॥

म्रियस्वेत्येतत्तृतीयं स्थानम्' (छा० ५-१०-८) इति । अपि च 'पञ्चम्यामाहुतावापः पुरुषवचसो भवन्ति' (छा० ५-३-३) इति मनुष्यशरीरहेतुत्वेनाहुतिसंख्या संकीर्त्यते न कीटपतङ्गादिशरीरहेतुत्वेन पुरुषशब्दस्य मनुष्यजातिवचनत्वात् । अपि च पञ्चम्यामाहुतावपां पुरुषवचस्त्वमुपदिश्यते नापञ्चम्यामाहुतौ पुरुषवचस्त्वं प्रतिषिध्यते वाक्यस्य द्व्यर्थतादोषात् तत्र येषामारोहावरोहौ सम्भवतस्तेषां पञ्चम्यामाहुतौ देह उद्भविष्यति । अन्येषां तु विनैवाहुतिसंख्यया भूतान्तरोपसृष्टाभिरद्भिर्देह आरप्स्यते ॥१८॥

अपि च स्मर्यते लोके । द्रोणधृष्टद्युम्नप्रभृतीनां सीताद्रौपदीप्रभृतीनां चायोनिजत्वम् । तत्र द्रोणादीनां योषिद्विषयैकाहुतिर्नास्ति । धृष्टद्युम्नादीनां तु योषित्पुरुषविषये द्वे अप्याहुती न स्तः । यथा च तत्राहुतिसंख्यानादरो भवत्येवमन्यत्रापि भविष्यति । बलाकाप्यन्तरेणैव रेतः सेकं गर्भं धत्त इति लोकरूढिः ॥१९॥

पुरुषशब्दाच्चैवमित्याह—अपिचेति । मनुष्यदेहस्यापि नाहुतिसङ्ख्यानियम इत्याह—अपिचेत्यादिना । विधिनिषेधरूपार्थद्वये वाक्यभेदः स्यादित्यर्थः ॥१८॥

अनियमे स्मृतिसंवादार्थं सूत्रम्—स्मर्यतेऽपीति । लोक्यतेऽनेनेति लोको भारतादिरुक्तः । मुख्यार्थमप्याह—बलाकेति ॥१९॥

म्रियस्व' यह तीसरा स्थान प्राप्त होते देखा जाता है । यह भी स्मरण रहे कि 'पाँचवीं आहुति में जल पुरुष संज्ञा को प्राप्त हो जाता है' इस वाक्य द्वारा मनुष्यशरीरप्राप्ति के लिए आहुति संख्या बतलायी गयी है, कीटपतंगादि शरीरप्राप्ति के लिए नहीं । पुरुष शब्द मनुष्य जाति का वाचक है । इसके अतिरिक्ति पञ्चम आहुति में जल को पुरुष संज्ञा की प्राप्ति का उपदेश श्रुति करती है, इससे पञ्च संख्या के बिना मनुष्यशरीर प्राप्त नहीं होता ऐसा निषेध तो नहीं है । और यदि इस वाक्य का अर्थ ऐसा किया जायेगा कि पञ्चम आहुति में जल पुरुष संज्ञा को प्राप्त कर जाता है एवं पञ्चम आहुति के बिना जल पुरुष संज्ञा को प्राप्त नहीं करता, इस प्रकार एक वाक्य से दो अर्थ मानने पर वाक्यभेद होने लग जायेगा । अतः वहाँ पर जिनका आरोह और अवरोह सम्भव है उन्हीं का पञ्चमी आहुति हो जाने पर देह उत्पन्न होगा, किन्तु दूसरे का आहुतिसंख्या के बिना ही भूतान्तर उपसृष्ट जल से शरीर बन जाता है, ऐसा मानना उचित होगा ॥१८॥

अनियम पक्ष में स्मृतिसंवादार्थ अग्रिम सूत्र कहते हैं—

स्मर्यतेऽपि च लोके (ललिता)

महाभारतादि लोक में द्रोण, धृष्टद्युम्न, सीता और द्रौपदी इत्यादि के जन्म अयोनिज बतलाते हैं । इनमें द्रोणादि का योषितविषयिका एक आहुति नहीं सुनी जाती है, किन्तु धृष्टद्युम्न आदि के तो योषित और पुरुषविषयक दोनों ही आहुति नहीं सुनी जाती है । अतः जैसे उनके जन्म में आहुतिसंख्या का आदर नहीं है, ऐसा ही अन्यत्र भी हो जायेगा । बलाका (मयूरी) भी रेतसेक के बिना ही गर्भ धारण करती है, ऐसी लोक में प्रसिद्धि है ॥१९॥

---

१. अनिष्टादिकारिविषयोऽयमर्थः ।

(३११) दर्शनाच्च ॥२०॥

(३१२) तृतीयशब्दावरोधः संशोकजस्य ॥२१॥

अपिच चतुर्विधे भूतग्रामे जरायुजाण्डजस्वेदजोद्भिज्जलक्षणे स्वेदजोद्भिज्जयोरन्तरेणैव ग्राम्यधर्ममुत्पत्तिदर्शनादाहुतिसंख्यानादरो भवति। एवमन्यत्रापि भविष्यति ॥२०॥

ननु तेषां खल्वेषां भूतानां त्रीण्येव बीजानि भवन्ति 'अण्डजं जीवजमुद्भिज्जम्' (छा० ६-३-१) इति। अत्र त्रिविध एव भूतग्रामः श्रूयते कथं चतुर्विधत्वं भूतग्रामस्य प्रतिज्ञातमिति अत्रोच्यते—

'अण्डजं जीवजमुद्भिज्जम्' (छा० ६-३-१) इत्यत्र तृतीयेनोद्भिज्जशब्देनैव स्वेदजोपसंग्रहः कृतः प्रत्येतव्यः। उभयोरपि स्वेदजोद्भिज्जयोर्भूम्युदकोद्भेदप्रभवत्वस्य तुल्यत्वात्। स्थावरोद्भेदात्तु विलक्षणो जङ्गमोद्भेद इत्यन्यत्र स्वेदजोद्भिज्जयोर्भेदवाद इत्यविरोधः ॥२१॥

'अण्डजानि च जरायुजानि च स्वेदजानि चोद्भिज्जानि च' इतिश्रुत्यवष्टम्भेन सूत्रं व्याचष्टे—अपि चेति। अन्यत्राप्यनिष्टादिकारिष्वित्यर्थः ॥२०॥

अनया श्रुत्या चातुर्विध्यं कथमुक्तं श्रुत्यन्तरे त्रीण्येवेत्यवधारणविरोधादिति शङ्कोत्तरत्वेन सूत्रमादत्ते—नन्वित्यादिना।

जीवजं जरायुजं मनुष्यादि, भूमिमुद्भिद्य जायते वृक्षादिकं, उदकं भित्त्वा जायते यूकादि जङ्गममिति भेदः। संशोकः स्वेदः ॥२१॥

दर्शनाच्च (ललिता)

जरायुज, अण्डज, स्वेदज और उद्भिज्जरूप चतुर्विध भूतसमुदाय लोक में दिखाई पड़ता है। उनमें से पसीना फोड़कर और भूमि फोड़कर उत्पन्न होने वाले स्वेदज और उद्भभिज्ज का ग्राम्यधर्म (मैथुन) के बिना ही जन्म देखा जाता है। अतः सभी देहाधारी के लिए आहुतिसंख्या आदरणीय नहीं है। ऐसे ही अन्यत्र भी आहुतिसंख्या का नियम आदरणीय नहीं होगा ॥२०॥

पूर्वपक्ष—'सभी भूतों की उत्पत्ति के तीन ही कारण हैं—'**आण्डज, जीवज और उद्भिज्ज**' इस श्रुति में भूतसमुदाय तीन प्रकार का ही सुना जाता है, फिर भला आप ने भूतसमुदाय में चतुर्विधत्व की प्रतिज्ञा कैसे की है? इसका उत्तर अग्रिम सूत्र से दिया जाता है—

तृतीयशब्दावरोधः संशोकजस्य (ललिता)

'**आण्डज, जीवज और उद्भिज्ज**' इस श्रुतिवाक्य में तृतीय उद्भिज्ज शब्द से ही स्वेदज का उपसंग्रह समझ लेना चाहिए क्योंकि इन दोनों में एक जल को फोड़कर और दूसरा भूमि को फोड़कर उत्पन्न होता है, ऐसा सादृश्य देखा गया है। स्थावर उद्भेद से जङ्गमोद्भेद विलक्षण है। इसीलिए अन्यत्र स्वेदज और उर्द्भिज्ज को भिन्न-भिन्न माना है। अतः त्रिविधत्व और चतुर्विधत्व बतलाने वाली श्रुतियों का परस्पर विरोध नहीं है ॥२१॥

४. साभाव्यापत्त्यधिकरणम् (सू० २२)

(३१३) साभाव्यापत्तिरुपपत्तेः ॥२२॥

वियदादिस्वरूपत्वं तत्साम्यं वावरोहिणः । वायुर्भूत्वेत्यभिवाक्यात् तत्तद्भावं प्रपद्यते ॥
खवत्सूक्ष्मो वायुवशो युक्तो धूमादिभिर्भवेत् । अन्यस्यान्यस्वरूपत्वं न मुख्यमुपपद्यते ॥

इष्टादिकारिणश्चन्द्रमसमारुह्य 'तस्मिन्यावत्संपातमुषित्वा ततः सानुशया अवरोहन्तीत्युक्तम्' । अथावरोहप्रकारः परीक्ष्यते । तत्रेयमवरोहश्रुतिर्भवति 'अथैतमेवाध्वानं पुनर्निवर्तन्ते यथेतमाकाशाद्वायुं वायुर्भूत्वा धूमो भवति धूमो भूत्वाऽभ्रं भवत्यभ्रं भूत्वा मेघो भवति मेघो भूत्वा प्रवर्षति' (छा० ५-१०-५) इति । तत्र संशयः— किमाकाशादिस्वरूपमेवावरोहन्तः प्रतिपद्यन्ते किंवाकाशादिसाम्यमिति । तत्र प्राप्तं

एवं पापिनां गत्यागती विचार्य संप्रतीष्टादिकारिणामवरोहे विशेषमाह—साभाव्यापत्तिरुपपत्तेः । यथेतमनेवं चेत्युक्तरीत्या यथागतं धूमाद्यध्वानं पुनर्निवर्तन्ते, निवृत्ताश्चानुशयिनः कर्मान्ते द्रुतदेहाः आकाशं गताः आकाशसदृशा भवन्ति । आकाशसादृश्यानन्तरं पिण्डीकृता अतिसूक्ष्मलिङ्गोपहिताः वायुनेतस्ततश्च नीयमाना वायुसमा भवन्ति । सोऽनुशयी संघो वायुसमो भूत्वा धूमसंगतस्तत्समो भवति, धूमसमो भूत्वाऽभ्रसमो भवति । अपो बिभर्तीत्यभ्रं, मेहति सिञ्चतीति वृष्टिकर्ता मेघस्तत्समो

---

४. साभाव्यापत्त्यधिकरण

१. सङ्गति—इस प्रकार मार्गद्वय के वर्णनसामर्थ्य से 'तृतीयं स्थानम्' इस श्रुति में आया हुआ स्थान शब्द मार्ग का उपलक्षक है, वैसा यहाँ पर 'तद्य इह' इस श्रुति में सादृश्य का उपलक्षक कुछ भी नहीं है और इस सम्बन्ध में कोई प्रमाण भी नहीं मिलता है; ऐसी प्रत्युदाहरण सङ्गति के कारण यह अधिकरण प्रारम्भ किया गया है ।

२. विषय—श्रुति के मुख्यार्थ-गौणार्थ का विचार इस अधिकरण में किया गया है ।

३. संशय—स्वर्ग से लौटने वाले जीवात्मा को आकाशादिस्वरूपत्व की प्राप्ति होती है अथवा साम्य की ?

४. पूर्वपक्ष—स्वर्ग से लौटने वाला जीवात्मा 'वायुर्भूत्वा' इत्यादि वाक्य से तत्तद्भाव को प्राप्त करता है ।

५. सिद्धान्त— आकाशादि के समान सूक्ष्मरूप वायु के वशीभूत धूमादि से युक्त जीव रहता है, मुख्यरूप से नहीं, क्योंकि अन्य अन्य का मुख्य नहीं हो सकता, वह तो गौण ही रहता है ।

इस प्रकार पापियों की गति और आगति का विचारकर अब इष्टादिकारियों के अवरोह में कुछ वैशिष्ट्य बतलाने के लिए अग्रिम सूत्र कहते हैं—

साभाव्यापत्तिरुपपत्तेः (ललिता)

इष्टादिकारी चन्द्रलोक जाकर वहाँ पर पुण्यकर्मफलभोग तक निवास करने के बाद वहाँ से सानुशय (संस्कारयुक्त) जीव लौटते हैं, ऐसा सिद्धान्ती ने पहले कहा था । अब अवरोहप्रकार की परीक्षा की जाती है । वहाँ पर 'जिस मार्ग से पुण्यात्मा पुरुष स्वर्ग जाते हैं उसी मार्ग से पुनः लौटते हैं । चन्द्रलोक से लौटते समय आकाश के सदृश हो जाते हैं, तत्पश्चात् वायु के सदृश, वायु के बाद धूम के सदृश, तत्पश्चात् अभ्र होकर मेघ और मेघ होकर बरसते हैं' यह श्रुति देखी जाती है । इसमें संशय होता

तावदाकाशादिस्वरूपमेव प्रतिपद्यन्त इति। कुतः? एवं हि श्रुति[1]र्भवति। इतरथा लक्षणा स्यात्। श्रुतिलक्षणाविशये च श्रुतिर्न्याय्या न लक्षणा। तथाच वायुर्भूत्वा धूमो भवतीत्येवमादीन्यक्षराणि तत्तत्स्वरूपोपपत्तावाञ्जस्येनावकल्पन्ते। तस्मादाकाशादिस्वरूपप्रतिपत्तिरिति।

एवं प्राप्ते ब्रूमः—आकाशादिसाम्यं प्रतिपद्यन्त इति। चन्द्रमण्डले यदम्मयं शरीरमुपभोगार्थमारब्धं तदुपभोगक्षये सति प्रविलीयमानं सूक्ष्ममाकाशसमं भवति ततो वायोर्वशमेति ततो धूमादिभिः संपृच्यत इति। तदेतदुच्यते—'यथेतमाकाशमाकाशाद्वायुम्' (छा०५-१०-५) इत्येवमादिना। कुतः एतत्? उपपत्तेः। एवं ह्येतदुपपद्यते। न ह्यन्यस्यान्यभावो मुख्य उपपद्यते। आकाशस्वरूपप्रतिपत्तौ च वाय्वादिक्रमेणावरोहो नोपपद्यते। [2]विभुत्वाच्चाकाशेन [3]नित्यसंबन्धवत्त्वान्न तत्सादृश्यापत्तेरन्यस्तत्संबन्धो घटते। श्रुत्यसंभवे च

भूत्वा वर्षधाराद्वारा पृथिवीं प्रविश्य व्रीहियवादिरूपो भवतीति सिद्धान्तगत्या श्रुत्यर्थः। पूर्वोत्तरयुक्तिद्वयं संशयबीजं मन्तव्यं, पूर्वत्र मार्गद्वयमुक्त्वा तृतीयस्वोक्तेर्युक्तं स्थानशब्दस्य मार्गलक्षकत्वमिह तु दुग्धं दधि भवतीत्यादिप्रयोगे भवति श्रुतेर्विकारस्वरूपापत्तौ मुख्यत्वात् सादृश्यापत्तिलक्षणाबीजं नास्तीति प्रत्युदाहरणसङ्गतिः। श्रुतिमुख्यत्वं फलमिति पूर्वपक्षः।

अनुशयिनां पूर्वसिद्धाकाशादिस्वरूपापत्त्ययोगाल्लक्षणेति सिद्धान्तयति—एवमित्यादिना। समानो भावो धर्मो यस्य तद्भावः साभाव्यं साम्यमिति सूत्रपदार्थः। एवं ह्येतदिति। एतद्भवनमेवंसादृश्यरूपमेवोपपद्यत इत्यर्थः। अनुशयिनामाकाशादिभ्यो निर्गमनान्यथानुपपत्त्यापि सादृश्यलक्षणेत्याह—आकाशस्वरूपेति। संयोगलक्षणामाशङ्क्याह—विभुत्वादिति। भवति श्रुत्या संयोगलक्षणायामनुवादः

है कि वहाँ से लौटने वाले पुण्यात्मापुरुष क्या आकाशादि के स्वरूप बन जाते हैं अथवा उसके सदृश बनते हैं? इस पर पूर्वपक्षी का कहना है कि चन्द्रलोक से लौटने वाले जीव आकाशादि के स्वरूप ही बन जाते हैं, क्योंकि ऐसा मानने पर श्रौतार्थ होता है, अन्यथा लक्षणा करनी पड़ेगी। श्रौतार्थ या लक्ष्यार्थग्रहण के विषय में संशय हो तो श्रौतार्थग्रहण ही उचित है, लक्षणा उचित नहीं है। ऐसी स्थिति में 'वायु होकर धूम होता है' इत्यादि वचन वायु आदि स्वरूपप्राप्ति में ही युक्तियुक्त सिद्ध होते हैं। अतः आकाशादि स्वरूप की प्राप्ति होती है।

ऐसा पूर्वपक्ष प्राप्त होने पर हम सिद्धान्ती कहते हैं कि चन्द्रलोक से लौटने वाले सानुशय जीव आकाशादि के सदृश होते हैं। चन्द्रलोक में जो उनका अम्मय शरीर वहाँ के उपभोग के लिए बना था, वह शरीर वहाँ के भोग समाप्त होते ही लीन हो जाता है और वह आकाश के समान सूक्ष्म हो जाता है। उसके बाद वह वायु की अधीनता को प्राप्त करता है, तत्पश्चात् उसका धूमादियों के साथ सम्पर्क होता है। इसी को वहाँ पर 'जिस मार्ग से गया था उसी मार्ग से जीव लौटता है। पहले आकाश के सादृश्य को, तत्पश्चात् वायुसादृश्य को प्राप्त करता है।' इत्यादि वाक्य द्वारा कहा गया है क्योंकि ऐसा मानना युक्तियुक्त है। अन्य वस्तु का अन्य रूप प्रधानतः बन जाना युक्तिसङ्गत नहीं है और कदाचित् आकाशस्वरूप की प्राप्ति मान लें, तो फिर वायु आदि क्रम से उनका अवरोह कहना भी तर्कसङ्गत नहीं है। विभु होने के कारण आकाश के साथ वायु का नित्यसम्बन्ध है, ऐसी स्थिति में वायुसादृश्यापत्ति से भिन्न

१. भवतिश्रुतेर्मुख्यत्वं सिध्यति। २. चो हेतौ। ३. वायोरिति शेषः। ४. भवतिश्रुतेरिति शेषः।

५. नातिचिराधिकरणम् (सू० २३)

(३१४) नातिचिरेण विशेषात् ॥२३॥

व्रीह्यादेः प्राग्विलम्बेन त्वरया वाऽवरोहति । तत्रानियम एव स्यान्नियामकविवर्जनात् ।
दुःखं व्रीह्यादिनिर्माणमिति तत्र विशेषितः । विलम्बस्तेन पूर्वत्र त्वरार्थादवसीयते ॥

लक्षणाश्रयणं न्याय्यमेव । अत आकाशादितुल्यतापत्तिरेवात्राकाशादिभाव इत्युपचर्यते ॥२२॥

तत्राकाशादिप्रतिपत्तौ प्राग्व्रीह्यादिप्रतिपत्तेर्भवति [1]विशय: । किं दीर्घं दीर्घं कालं पूर्वपूर्वसादृश्येनावस्थायोत्तरोत्तरसादृश्यं गच्छन्त्युतात्पमल्पमिति । तत्रानियमो नियमकारिणः

स्यादित्यर्थः । विविधभूतसाम्यमवरोहे भवतीत्यनुसंधानाद्वैराग्यमुपसंहरति—अत इति ॥२२॥

नातिचिरेण । उक्तं सादृश्यमुपजीव्य लोके गन्तॄणां चिराचिरगतिदर्शनात्संशयं वदन् पूर्वपक्षयति—तत्रेत्यादिना । अनियमात् कदाचिद्विलम्बेन योन्यापत्तिरिति पूर्वपक्षफलं, सिद्धान्ते तु व्रीहियवादि-

---

कोई सम्बन्ध वहाँ घटता नहीं है । और जहाँ श्रौतार्थ सम्भव न हो वहाँ लक्षणा का आश्रय लेना उचित ही है । अतः औपचारिक दृष्टि से आकाशादि भावापत्ति का अर्थ आकाशादितुल्यतापत्ति ही करना चाहिए ॥२२॥

५. नातिचिराधिकरण

१. सङ्गति—इस प्रकार पूर्वाधिकरण में स्वर्ग से लौटने वाले जीवात्मा की सादृश्यापत्ति बतलायी गयी थी, अब उसी को उपजीव्य बनाकर अन्य बातों का भी विचार करना है । अतः पूर्व अधिकरण के साथ इसकी उपजीव्योपजीवकभावसङ्गति है ।

२. विषय—आकाशसादृश्यापत्तिकाल का विचार इस अधिकरण में किया गया है ।

३. संशय—व्रीहि आदि भावप्राप्ति से पूर्व विलम्ब से अवरोहण होता है अथवा त्वरित गति से ?

४. पूर्वपक्ष—नियामक शास्त्र के अभाव में आकाशादि के साथ सादृश्यापत्ति विलम्ब अथवा अविलम्ब के सम्बन्ध में कोई नियम नहीं किया जा सकता ।

५. सिद्धान्त—व्रीह्यादि में प्रविष्ट हो जाने के बाद वहाँ से निष्क्रमण कष्टकारक है, ऐसा विशेषण दिया गया है । अतः उससे पूर्व आकाशादि के साथ सादृश्यापत्ति शीघ्रता से होती है, ऐसा निश्चय करना चाहिए, क्योंकि व्रीहि आदि के बाद विलम्ब से निष्क्रमण कहा गया है ।

उक्त सादृश्य को उपजीव्य बनाकर लोक में गमन करने वालों की अल्प एवं दीर्घकाल गति देखी जाती है जिसे देखकर संशय होता है । इसी के समाधान के लिए अग्रिम सूत्र है—

नातिचिरेण विशेषात् (ललिता)

वहाँ पर आकाशादि की प्राप्ति से लेकर व्रीहि-यवादिप्राप्ति से पूर्व तक की स्थिति के विषय में संशय होता है, कि चन्द्रमण्डल से लौटने वाले जीव दीर्घकाल तक पूर्व-पूर्व के सादृश्यरूप से स्थित रहने के बाद उत्तरोत्तर सादृश्य को प्राप्त करते हैं अथवा अल्प-अल्प काल ? ऐसा संशय होने पर

---

१. संशयः ।

६. अन्याधिष्ठिताधिकरणम् (सू० २४-२७)

व्रीह्यादौ जन्म तेषां स्यात्संश्लेषो वा जनिर्भवेत् । जायन्त इति मुख्यत्वात्पशुहिंसादिपापतः ।
वैधान्न पापसंश्लेषः कर्मव्यापृत्यनुक्तितः । श्वविप्रादौ मुख्यजनौ चरणव्यापृतिः श्रुता ॥

शास्त्रस्याभावादिति । एवं प्राप्त इदमाह—नातिचिरेणेति । अल्पमल्पं कालमाकाशादिभावेनावस्थाय वर्षधाराभिः सहेमां भुवमापतन्ति । कुत एतत् । विशेषदर्शनात् । तथाहि व्रीह्यादिभावापत्तेरनन्तरं विशिनष्टि—'अतो वै खलु दुर्निष्प्रपतरम्' (छा० ५-१०-६) इति । तकार एकश्छान्दस्यां प्रक्रियायां लुप्तो मन्तव्यः । दुर्निष्प्रपततरं दुर्निष्क्रमतरं दुःखतरमस्माद्व्रीह्यादिभावान्निःसरण भवतीत्यर्थः । तदत्र दुःखं निष्प्रपतनं प्रदर्शयन्पूर्वेषु सुखं निष्प्रपतनं दर्शयति । सुखदुःखताविशेषश्चायं निष्प्रपतनस्य कालाल्पत्वदीर्घत्वनिमित्तः । [1]तस्मिन्नवधौ शरीरानिष्पत्तेरुपभोगासंभवात् । तस्माद्व्रीह्यादिभावापत्तेः प्रागल्पेनैव कालेनावरोहः स्यादिति ॥२३॥

भावादनुशयिनां विलम्बेन निर्गमनमिति विशेषादाकाशादिभावाच्छीघ्रं निर्गम इत्यविलम्बेन योन्यापत्तिरित्यनुसंधानाद्वैराग्यदार्ढ्यमिति विवेकः । नन्वाकाशादिष्वनुशयिनां सुखं व्रीहियवादिषु दुःखमिति दुःशब्दाद्भाति न चिराचिरनिर्गमनमित्यत आह—सुखदुःखताविशेषश्चायमिति । अवधिः कालः ॥२३॥

पूर्वपक्ष का कहना है कि वहाँ पर नियामक शास्त्र के अभाव में अनियम है ? इस प्रकार पूर्वपक्ष प्राप्त होने पर सिद्धान्ती समाधान देते हैं कि अल्प-अल्पकाल आकाशादि रूप से रहकर वर्षाधारादि के साथ इस पृथ्वी में स्वर्गावरोही आ जाते हैं, क्योंकि ऐसा ही व्रीह्यादिभावप्राप्ति के बाद विशेष देखा जाता है—'इसके के बाद निःसरण दुष्कर होता है।' इस वाक्य में छान्दस प्रक्रिया के कारण एक तकार का लोप माना गया है 'दुर्निष्प्रपतरम्' का अर्थ दुर्निष्क्रमतरम् है अर्थात् निःसरण दुःखतरम् होता है। उस व्रीह्यादिभाव के बाद वहाँ से जीवात्मा का निःसरण कष्टकारक है इस प्रकार यहाँ पर निष्प्रपतन को दुःखकारक बतलाते हुए इससे पूर्व स्थिति में सुखद कहा गया है। सुख और दुःखताविशेष जो कहा गया है उसका कारण काल का अल्पत्व और दीर्घत्व ही है क्योंकि कि वहाँ तक उस अवधि में स्वर्गावरोही का स्थूल शरीर बना नहीं है। अतः वस्तुतः सुख-दुःख भोग का होना सम्भव नहीं है। इसलिए व्रीह्यादि भावापत्ति से पूर्व अल्पकाल में ही अवरोह मानना उचित है ॥२३॥

६. अन्याधिष्ठिताधिकरण

१. **सङ्गति**—यद्यपि 'दुर्निष्प्रपतरम्' शब्द से व्रीह्यादि में चिरकाल तक रहना लक्षित होता है, फिर भी प्रकृत में तिलमाषादिभाव से जो जीवात्मा का जन्म होता है, वह जीव का जन्म मुख्य नहीं कहा जा सकता; ऐसी प्रत्युदाहरण सङ्गति के कारण यह अधिकरण प्रारम्भ किया जाता है।

२. **विषय**—स्वर्ग से लौटने वाले जीवात्मा की व्रीह्यादि जन्मप्राप्ति इस अधिकरण का विचारणीय विषय है।

३. **संशय**—स्वर्गावरोही जीव का व्रीह्यादि में जन्म संश्लेषमात्र है अथवा मुख्यरूप है ?

---

१. न तु तस्मिन्काले मुख्या सुखदुःखता तत्र हेतुमाह तस्मिन्नवधाविति ।

(३१५) अन्याधिष्ठितेषु पूर्ववदभिलापात् ॥२४॥

तस्मिन्नेवावरोहे प्रवर्षणानन्तरं पठ्यते—'त इह व्रीहियवा ओषधिवनस्पतयस्तिलमाषा इति जायन्ते' (छा० ५-१०-६) इति । तत्र संशयः—किमस्मिन्नवधौ स्थावरजात्यापन्नाः स्थावरसुखदुःखभाजोऽनुशयिनो भवन्त्याहोस्वित्क्षेत्रज्ञान्तराधिष्ठितेषु स्थावरशरीरेषु संश्लेषमात्रं गच्छन्तीति । किं तावत्प्राप्तम् । स्थावरजात्यापन्नास्तत्सुखदुःखभाजोऽनुशयिनो भवन्तीति । कुत एतत् ? जनेर्मुख्यार्थत्वोपपत्तेः स्थावरभावस्य च श्रुतिस्मृत्योरुपभोगस्थानत्वप्रसिद्धेः । पशुहिंसादियोगाच्चेष्टादेः कर्मजातस्यानिष्टफलत्वोपपत्तेः ।

अन्याभिलापात् । श्रुतिक्रमात् अर्थक्रमाच्चाधिकरणानां क्रमो बोध्यः । इह भूमौ वर्षधाराद्वारा पतितास्तेऽनुशयिनो व्रीह्यादिसाम्येन जायन्त इति श्रुत्यर्थः । अत्र जायन्त इति श्रुतेः पूर्वत्राकाशादिवर्षान्तसादृश्योक्तेश्च संशयमाह—तत्रेति । अस्मिन्नवधौ वर्षसादृश्यानन्तरमित्यर्थः । दुर्निष्प्रपतरशब्देन चिरनिर्गमनलक्षणोक्ता न युक्ता, दुःखेन निर्गमनमिति मुख्यसंभवादित्याक्षेपसङ्गत्या पूर्वपक्षयति—किं तावदित्यादिना । अत्र पूर्वपक्षे स्थावरत्वनिवृत्तयेऽधिकारिणां यत्नगौरवं, सिद्धान्ते व्रीह्यादिसंश्लेषमात्रं परिहर्तुं यत्नलाघवम् वैषम्यं चेति विवेकः । ननु देहोत्पत्त्या जीवानां जन्म स्यान्न स्वतः, व्रीह्यादेस्तु न देहत्वमित्यत आह—स्थावरभावस्येति । 'स्थाणुमन्येऽनुसंयन्ति' इत्याद्या श्रुतिः । 'शरीरजैः कर्मदोषैर्याति स्थावरतां नरः' इत्याद्या स्मृतिः । ननु स्वर्गिणां पापाभावात्कथं स्थावरत्वं, तत्राह—पश्विति । सोमाद्युच्छिष्टभक्षणसुराग्रहादिशब्दार्थः । क्रत्वर्थहिंसादेरपि हिंसात्वादिसामान्येन प्रवृत्तेन हिंस्यादित्यादिशास्त्रनिषिद्धत्वाकारेण दुरितापूर्वकारित्वमविरुद्धमिति साङ्ख्या आहुः ।

४. पूर्वपक्ष—'जायन्ते' इस श्रुति के आधार पर उसका व्रीह्यादि योनि में मुख्य जन्म ही मानना चाहिए; क्योंकि स्वर्गप्राप्ति के लिए यागादि का अनुष्ठान करते समय पशुहिंसादि पाप हो जाने के कारण उनके भोग के लिए स्वर्गारोही जीव का व्रीह्यादि योनियों में जन्म लेना मुख्य ही है ।

५. सिद्धान्त—विहित कर्म से पाप नहीं लगता और व्रीह्यादि योनिप्राप्ति बतलाते समय किसी कर्मव्यापार का कथन नहीं है । हाँ, उसके बाद कुत्ते, ब्राह्मणादि योनियों में जो जन्म होता है, उसमें चरणव्यापार का उल्लेख 'रमणीयचरणा' 'कपूयचरणाः' इन वाक्यों द्वारा किया गया है । अतः वे जन्म मुख्य माने जाते हैं; किन्तु व्रीह्यादि के साथ तो स्वर्गावरोही का संश्लेषमात्र ही होता है ।

अन्याधिष्ठितेषु पूर्ववदभिलापात् (ललिता)

उसी अवरोहक्रम में वर्षा के बाद पाठ मिलता है—'वे स्वर्गावरोही सानुशयी जीव इस भूमि में व्रीहि, जौ, ओषधि, वनस्पति, तिल, उड़द रूप में उत्पन्न होते हैं ।' इस पर संशय होता है, कि इस अवधि में स्थावर योनि में गये सानुशयी जीव स्थावर शरीर से होने वाले सुख-दुःख के भागी होते हैं अथवा दूसरे जीव में अधिष्ठित स्थावर शरीरों में वे संश्लेषमात्र को प्राप्त करते हैं । इस पर पूर्वपक्षी कहता है कि स्वर्गावरोही सानुशयी जीव व्रीह्यादि स्थावर योनि प्राप्तकर वहाँ के सुख-दुःखादि के भागी हो जाते हैं, क्योंकि 'जायन्ते' इस क्रिया में जन् धातु का प्रयोग हुआ है जिसका मुख्यार्थ उक्त रीति से घट जाता है । श्रुति-स्मृति में स्थावर शरीर उपभोगस्थान प्रसिद्ध ही है । इष्टादि कर्मसमुदाय में पशुहिंसा का सम्बन्ध रहने के कारण अनिष्ट फल स्थावर योनि मानना युक्तिसङ्गत ही है । इसीलिए

१. स्थावरजात्यात्मकवैधर्म्याभावाच्च तेषामित्यर्थः ।

तस्मान्मुख्यमेवेदमनुशयिनां व्रीह्यादिजन्म । श्वादिजन्मवत् । यथा श्वयोनिं वा सूकरयोनिं वा चण्डालयोनिं वेति मुख्यमेवानुशयिनां श्वादिजन्म तत्सुखदुःखान्वितं भवति । एवं व्रीह्यादिजन्मापोति ।

एवं प्राप्ते ब्रूमः—अन्यैर्जीवैरधिष्ठितेषु व्रीह्यादिषु संसर्गमात्रमनुशयिनः प्रतिपद्यन्ते न तत्सुखदुःखभाजो भवन्ति । पूर्ववत् । यथा वायुधूमादिभावोऽनुशयिनां तत्संश्लेषमात्रम् । एवं व्रीह्यादिभावोऽपि जातिस्थावरैः संश्लेषमात्रम् । कुत एतत् ? तद्वदेवेहाप्यभिलापात् । कोऽभिलापस्य तद्भावः । कर्मव्यापारमन्तरेण संकीर्तनम् । यथाकाशादिषु प्रवर्षणान्तेषु न कंचित्कर्मव्यापारं परामृशत्येवं व्रीह्यादिजन्मन्यपि । तस्मान्नास्त्यत्र सुखदुःखभाक्त्वमनुशयिनाम् । यत्र तु सुखदुःखभाक्त्वमभिप्रैति परामृशति तत्र कर्मव्यापारं रमणीयचरणाः कपूयचरणाः इति च ।

अत्रोऽत्र व्रीह्यादिभावोऽनुशयिनां न जन्मरूपः कर्मविशेषपरामर्शं विनात्रोक्तत्वात्, पूर्वोक्ताकाशादिभाववदिति सिद्धान्तयति—एवं प्राप्त इत्यादिना । पूर्ववदिति पदं दृष्टान्तत्वेन हेत्वंशत्वेन च व्याख्यातं, यदत्र प्रकरणे कर्मविशेषपरामर्शपूर्वकमुच्यते तज्जन्मेति व्यतिरेकदृष्टान्तमप्याह—यत्र त्विति ।

श्वादिजन्म जैसे भोग के लिए है, ऐसे ही स्वर्गावरोही सानुशयी जीवों का व्रीह्यादिभावापत्ति मुख्य जन्म ही है । जिस प्रकार श्रुति ने 'श्वयोनिं वा शूकरयोनिं वा चाण्डालयोनिं वा' इन वाक्यों द्वारा सानुशयी जीव का श्वादिजन्म मुख्य ही है और वह सुख-दुःखादि से युक्त भी है, ऐसे ही व्रीह्यादिजन्म उनका मुख्य है एवं सुख-दुःख से युक्त है ।

इस प्रकार पूर्वपक्ष प्राप्त होने पर हम सिद्धान्ती कहते हैं, कि अन्य जीवों से अधिष्ठित व्रीह्यादि में चन्द्रलोकावरोही सानुशयी जीव संसर्गमात्र प्राप्त करते हैं, वहाँ पर उन्हे पूर्व की भाँति सुख-दुःखादि का भोग नहीं होता । जैसे वायु-धूमादिभाव उन अनुशयी जीवों का वहां पर उनके साथ संश्लेषमात्र माना गया है, ऐसे ही व्रीह्यादिभाव भी स्थावर जाति के साथ संश्लेषमात्र ही मानना चाहिए, क्योंकि वहाँ पर वैसा ही कथन देखा जाता है । उस कथन का ऐसा अभिप्राय कैसे मानते हैं ? (तो) जिस प्रकार आकाशादि से वर्षापर्यन्त स्थलों में रमणीय-कपूय कर्मव्यापार के बिना ही तद्भावापत्ति का वर्णन है, वैसे ही व्रीह्यादिजन्म में भी किसी कर्मव्यापार का परामर्श नहीं है । इसीलिए यहाँ पर उन स्वर्गावरोही अनुशयी का सुख-दुःखभोग नहीं होता । इसके विपरीत जहाँ पर सुख-दुःख का होना अभिप्रेत है वहाँ पर 'रमणीयचरणाः' 'कपूयचरणाः' इन वाक्यों द्वारा कर्मव्यापार का भी परामर्श होता है ।

---

१. पूर्ववत्पदं हेत्वंशत्वेनापि व्याचष्टे तद्वदित्यादिना । २. रमणीयकपूयकर्मणोर्व्यापारं विनैव तद्भावसंकीर्तनम् । ३. व्रीह्यादिषु अनुशयिनो न मुख्यजन्मवन्तः कर्मव्यापारापरामर्शाद्वायुधूमादिवद् व्यतिरेके रमणीयादियोनिवदिति बोध्यम् ।

(३१६) अशुद्धमिति चेन्न शब्दात् ॥२५॥

अपिच मुख्येऽनुशयिनां व्रीह्यादिजन्मनि व्रीह्यादिषु लूयमानेषु कण्डयमानेषु पच्यमानेषु भज्यमानेषु भक्ष्यमाणेषु च तदभिमानिनोऽनुशयिनः प्रवसेयुः[1]। योहि जीवो यच्छरीरमभिमन्यते स तस्मिन्पीड्यमाने प्रवसतीति प्रसिद्धम्। तत्र व्रीह्यादिभावाद्रेतःसिग्भावोऽनुशयिनां नाभिलप्येत[2]। अतः संसर्गमात्रमनुशयिनामन्याधिष्ठितेषु व्रीह्यादिषु भवति। एतेन[3] जनेर्मुख्यार्थत्वं प्रतिब्रूयादुपभोगस्थानत्वं च स्थावरभावस्य। नच वयमुपभोगस्थानत्वं स्थावरभावस्यावजानीमहे। भवत्वन्येषां जन्तूनामपुण्यसामर्थ्येन स्थावरभावमुपगतानामेतदुपभोगस्थानम्। चन्द्रमसस्त्ववरोहन्तोऽनुशयिनो न स्थावरभावमुपभुञ्जत इत्याचक्ष्महे ॥२४॥

यत्पुनरुक्तं पशुहिंसादियोगादशुद्धमाध्वरिकं कर्म तस्यानिष्टमपि फलमवकल्पत इत्यतो मुख्यमेवानुशयिनां व्रीह्यादिजन्मास्तु तत्र गौणी कल्पनाऽनर्थिकेति तत्परिह्रियते।

अपिच 'यो यो ह्यन्नमत्ति यो रेतः सिञ्चति तद्भूय एव भवति' इति वाक्यशेषे व्रीह्यादिषु प्रविष्टस्यानुशयिसंघस्यान्नद्वारा रेतःसिक्पुरुषयोगः श्रुतस्तदन्यथानुपपत्त्यापि जन्मश्रुतिर्न मुख्येत्याह—अपिचेत्यादिना। व्रीह्यादिरूपदेहनाशे देहिनामुत्क्रान्तेरवश्यंभावाद्रेतःसिग्योगो न स्यादित्यर्थः। एतेनेति। उक्तानुमानार्थापत्तिभ्याम्। जायत इति श्रुतेर्मुख्यार्थत्वमनुशयिभोगायतनत्वं च व्रीह्यादेः प्रतिब्रूयादित्यर्थः। ननु व्रीह्यादेर्भोगायतनत्वानङ्गीकारे पूर्वोक्तश्रुतिस्मृतिप्रसिद्धिबाध इत्यत आह—नचेति ॥२४॥

इसके अतिरिक्त स्वर्गावरोही अनुशयी का व्रीह्यादि जन्म मुख्य मानने पर व्रीह्यादि के काटने, मलने, भूनने, पकाने और भक्षण के समय उनमें अहं अभिमान रखने वाले अनुशयी भी दुःख के भागी होने लग जायेंगे, क्योंकि जो जीव जिस शरीर में अभिमान करता है, वह जीव उस शरीर के पीड़ित होने पर दुःखी होता है, ऐसी प्रसिद्धि है, फिर तो वाक्यशेष में व्रीह्यादिभाव के पश्चात् उन अनुशयी जीवों का रेतःसिग्भाव अन्यरेतसेक्ता के साथ नहीं बतलाते। अतः अन्य जीवों से अधिष्ठित व्रीह्यादि में उन स्वर्गावरोही अनुशयी जीवों का संसर्गमात्र ही होता है, मुख्य जन्म नहीं होता। उक्त अनुमान और अर्थापत्ति के आधार पर जन् धातु के मुख्यार्थत्व का और स्थावर शरीर में भोगस्थानत्व का प्रत्याख्यान हो गया। हम स्थावर शरीर को भोगस्थान नहीं मानते हैं, ऐसी बात नहीं है। किन्तु वह अन्य जीवों के पापसामर्थ्य से प्राप्त स्थावर शरीर उन्हीं का भोगस्थान है, चन्द्रलोक से लौटने वाले जीव उस स्थावर शरीर में सुख-दुःख का भोग नहीं करते, ऐसा हम कहते हैं ॥२४॥

अशुद्धमिति चेन्न शब्दात् (ललिता)

और जो आप ने कहा था कि यागादि कर्म पशुहिंसादि से युक्त होने के कारण अशुद्ध है, उसका अनिष्ट फल भी माना जाता है। अतः इस लोक में अनुशयी जीव का व्रीह्यादिजन्म मुख्य ही माना

---

१. प्रवासं कुर्युर्गच्छेयुरिति यावत्। २. अभिलपति वेदयतः पूर्वत्र शेषः। ३. अर्थापत्तेरित्यर्थः।

न, शास्त्रहेतुत्वाद्धर्माधर्मविज्ञानस्य । अयं धर्मोऽयमधर्म इति शास्त्रमेव विज्ञाने कारणम् । अतीन्द्रियत्वात्तयोः अनियतदेशकालनिमित्तत्वाच्च । यस्मिन्देशे काले निमित्ते च यो धर्मोऽनुष्ठीयते स एव देशकालनिमित्तान्तरेष्वधर्मो भवति । तेन शास्त्रादृते धर्माधर्मविषयं विज्ञानं न कस्यचिदस्ति । [1]शास्त्राच्च हिंसानुग्रहाद्यात्मको ज्योतिष्टोमो धर्म इत्यवधारितः स कथमशुद्ध इति शक्यते वक्तुम् ।

ननु 'न हिंस्यात्सर्वा भूतानि' इति शास्त्रमेव भूतविषयां हिंसामधर्म इत्यवगमयति । बाढम् । उत्सर्गस्तु सः । अपवादः 'अग्नीषोमीयं पशुमालभेत' इति । उत्सर्गापवादयोश्च व्यवस्थितविषयत्वम् । तस्माद्विशुद्धं कर्मवैदिकं, [2]शिष्टैरनुष्ठीयमानत्वादनिन्द्यमानत्वाच्च ।

वैदिकं कर्माशुद्धं न भवति शास्त्र[3]विहितत्वादिति सूत्रार्थं प्रपञ्चयति—अयं धर्म इत्यादिना । शुचौ देशे प्रातःसायंकाले जीवनादिनिमित्ते कृतमग्निहोत्रं धर्मो भवति स एवाशुचिदेशे मध्यरात्रे मरणादिनिमित्ते कृतः सन्नधर्मो भवतीति निर्णयः शास्त्रैकसाध्य इत्यर्थः । ततः किं तत्राह—शास्त्राच्चेति ।

ननु या हिंसा सोऽधर्म इत्युत्सर्गस्य विशेषविधिना बाधोऽत्र न युक्तः । नाभिचरेदिति निषिद्धश्येनस्य पुरुषार्थत्ववत् निषिद्धहिंसादेरपि क्रतूपकारकत्वाविरोधादिति, तत्राह—उत्सर्गापवादयोरिति । अयमर्थः—काम्ये कर्मणि सर्वत्र करणांशे रागतः प्रवृत्तिः, अङ्गेषु विधित इति स्थितिः । तथाच श्येनाख्ये कर्मणि निषेधेऽपि रागप्राबल्यात् प्रवृत्तिः स्यात् क्रत्वङ्गहिंसादौ तु विधित एव प्रवृत्तिर्वाच्या । [4]स च विधिर्यद्युत्सर्गप्राप्तमनर्थहेतुत्वं न बाधेत तर्हि प्रवर्तको न स्यात्, प्रवर्तकत्वे वा विधिरनर्थाय स्यात्, अतो निरवकाशो विधिः सावकाशमुत्सर्गमविहितहिंसादिषु स्थापयतीति । इदं च निषेधशास्त्रस्य हिंसात्वादिसामान्येन प्रवृत्तिमङ्गीकृत्योक्तम् । [5]वस्तुतस्तस्य रागप्राप्तहिंसाविषयत्वाद्वैध-

---

जायेगा ? वहाँ पर गौणी कल्पना अनर्थक है ? उसका प्रति-उत्तर दिया जाता है कि धर्माधर्म का विज्ञान शास्त्र से होता है । यह धर्म है और यह अधर्म है, ऐसे अतीन्द्रिय अर्थ के विज्ञान में शास्त्र ही प्रमाण है । इसमें अपनी कल्पना काम नहीं करेगी क्योंकि यह निर्णय शास्त्रैक्यसाध्य है । धर्माधर्म नियत देश काल और निमित्त को लेकर होते हैं; जिस देश, काल और निमित्त में जो धर्म अनुष्ठित होता हैं वही अनुष्ठीयमान धर्म अन्य देश, काल, निमित आने पर अधर्म हो जाता है । अतः शास्त्र के बिना धर्माधर्मविषयक विज्ञान किसी को नहीं होता । ज्योतिष्टोमादि हिंसा एवं अनुग्रहाद्यात्मक धर्म है, इसे शास्त्र से निश्चय किया गया है, वह अशुद्ध कैसे कहा जा सकता है ।

पूर्वपक्षी—'न हिंस्यात् सर्वा भूतानि' यह शास्त्र ही भूतविषयक हिंसा को अधर्म बतलाता है । सिद्धान्ती—ठीक है किन्तु वह शास्त्र उत्सर्ग है और 'अग्निषोमीयं पशुमालभेत' यह अपवाद है । एक उत्सर्गरूप और दूसरा अपवादरूप है, इस प्रकार उन दोनों में व्यवस्थितविषयत्व है । अतः शिष्टपुरुषों से अनुष्ठीयमान एवं अनिन्द्यमान होने के कारण वैदिक यज्ञादि कर्म शुद्ध हैं । उस वैदिक कर्म से

---

१. पश्वादेर्हिंसा इन्द्रादिदेवोपरि हविरादिदानेनानुग्रहः । २. जपयज्ञादिवत् । ३. जप यज्ञवत् । ४. प्रकृते न हिंस्यादित्युत्सर्गप्राप्तं हिंसाया अनर्थहेतुत्वमिति ज्ञेयम् । ५. निषेधस्य ।

तृतीयोऽध्याये द्वितीयः पादः

१. सन्ध्याधिकरणम् (सू० १-६)

(३१९) सन्ध्ये सृष्टिराह हि ॥१॥

सत्या मिथ्याथवा स्वप्नसृष्टिः सत्या श्रुतीरणात । जाग्रद्देशा विशिष्टत्वादीश्वरणैव निर्मिता ॥
देशकालाद्यनौचित्याद्बाधितत्वाच्च सा मृषा । अभावोक्तेर्द्वैतमात्रसाम्याज्जीवानुवादतः ॥

अतिक्रान्ते पादे पञ्चाग्निविद्यामुदाहृत्य जीवस्य संसारगतिप्रभेदः प्रपञ्चितः, इदानीं तु तस्यैव[1] अवस्थाभेदः[2] प्रपञ्च्यते । इदमामनन्ति—'स यत्र प्रस्वपिति' (बृ० ४-३-९)

सन्ध्ये सृष्टिराह हि। **उक्तवैराग्यसाध्यस्तत्त्वंपदार्थविवेको वाक्यार्थज्ञानसाधनमस्मिन् पादे निरूप्यत इति पादयोर्हेतुसाध्यभावसंगतिमाह**—अतिक्रान्त इति । **साधनविचारत्वादेवास्य पादस्या-**

तृतीय अध्याय द्वितीय पाद

इस पाद के पूर्वभाग में 'त्वम्' पदार्थ का और उत्तरभाग में 'तत्' पदार्थ का शोधन बतलाया गया है ।

पिछले पाद में पञ्चाग्नि विद्या का उदाहरण देकर जीव की गति-आगति का विचार किया गया था । अब इस द्वितीय पाद में कर्मफल से विरक्त मुमुक्षु को महावाक्यार्थज्ञान कराने के लिए **'तत्त्वम्'** पदार्थ का शोधन बतलाया जाता है । अतः पूर्वपाद के साथ इस पाद की हेतुहेतुमद्भाव सङ्गति है ।

१. सन्ध्याधिकरण

१. **सङ्गति**—भिन्न पाद होने के कारण पूर्व अधिकरण के साथ इस अधिकरण की सङ्गति बतलाना आवश्यक नहीं ।

२. **विषय**—स्वप्नसृष्टि सत्य है अथवा मिथ्या ? जीव का स्वरूप इस अधिकरण का विचारणीय विषय है ।

३. **संशय**—स्वप्नसृष्टि सत्य है अथवा मिथ्या ?

४. **पूर्वपक्ष**—**'न तत्र रथा न रथयोगा न पन्थानो भवन्त्यथ रथानरथयोगान्पथः सृजते'** इस प्रमाणभूत श्रुति के आधार पर स्वप्नसृष्टि को सत्य ही मानना चाहिए । जाग्रद् देश के समान ही स्वप्न भी ईश्वर द्वारा निर्मित होने से सत्य ही है ।

५. **सिद्धान्त**—शरीर के भीतर सूक्ष्म नाड़ियों में दीखने वाले स्वप्नदृश्य का होना उचित नहीं जान पड़ता और जगने पर स्वप्नदृश्य का बाध भी हो जाता है । साथ ही **'न तत्र रथाः'** इस श्रुति से स्वप्न में रथादि का अभाव भी बतलाया गया है । द्वैतमात्र की समानता को लेकर जीव का अनुवाद किया गया है अतः स्वप्न का स्रष्टा ईश्वर नहीं है, वह तो वासनामय जीव के द्वारा कल्पित है ।

सन्ध्ये सृष्टिराह हि (ललिता)

तत्त्व पदार्थ का विवेक वैराग्यसाध्य है, इसीलिए पिछले पाद में पञ्चाग्नि विद्या का उदाहरण देकर जीव की संसारगति के भेद-प्रभेद का विस्तार से वर्णन किया गया है । अब उसी जीव के

---

१. जीवस्यैवेत्यर्थः । २. स्वप्नादि ।

इत्युपक्रम्य 'न तत्र रथा न रथयोगा न पन्थानो भवन्त्यथ रथान्रथयोगान्पथः सृजते' (बृ० ४-३-१०) इत्यादि । तत्र संशयः—किं प्रबोध इव स्वप्नेऽपि [1]पारमार्थिकी सृष्टिराहोस्विन्मायामयीति । तत्र तावत्प्रतिपद्यते संध्ये तथ्यरूपा सृष्टिरिति । संध्यमिति स्वप्नस्थानमाचष्टे वेदे प्रयोगदर्शनात् 'संध्यं तृतीयं स्वप्नस्थानम्' (बृ० ४-३-९) इति । द्वयोर्लोकस्थानयोः प्रबोधसंप्रसादस्थानयोर्वा संधौ भवतीति संध्यम् । तस्मिन्संध्ये स्थाने

स्मिन्नध्याये संगतिः । [2]अस्मिन् पादे 'न स्थानतोऽपि' इत्यतः [3]प्रागुद्देश्यत्वेन प्रथमं जिज्ञासितत्वंपदार्थो-[4]ऽवस्थाद्वारा विविच्यते, तदारभ्यापादसमाप्तेर्विधेयतत्पदार्थविवेकः, तत्र पूर्वं गत्यागतिचिन्तया जाग्रदवस्था निरूपिता तदनन्तरभाविनीं स्वप्नावस्थां श्रुत्युक्तां विषयीकृत्य तत्र स्वप्ने रथादिसृष्टयुक्तेस्तदभावोक्तेश्च संशयं वदन् पूर्वपक्षसूत्रं योजयति—तत्र संशय इत्यादिना । स्वप्नरथादयो जाग्रद्रथादिवत् व्यावहारिकसत्ताका उत शुक्तिरजतवत् प्रातीतिका इति संशयार्थः । आरम्भणाधिकरणे प्रपञ्चस्य पारमार्थिकत्वनिषेधादिति मन्तव्यम् । अत्र पूर्वपक्षे जाग्रद्वत् स्वप्नाज्जीवस्य विवेकासिद्धिः। सिद्धान्ते प्रातीतिकदृश्यसाक्षितया विवेकात् स्वयंज्योतिष्ट्वसिद्धिरिति फलम् । [5]मुमूर्षोः सर्वेन्द्रियोपसंहारादेतल्लोकाननुभवे सति वासनामात्रेण इमं लोकं स्मरतः कर्मबलाद्धृदये मानसपरलोकस्फूर्तिरूपः स्वप्नो भवति, सोऽयं लोकद्वयसन्धौ भवतीति संध्यः स्वप्नः । तथाच श्रुतिः—'तस्मिन् संध्ये स्थाने तिष्ठन्नेते उभे स्थाने पश्यति इदं च परलोकस्थानं च' इति । अयं स्वप्नः कादाचित्क इत्यरुच्या नित्यस्वप्नस्य प्रबोधसंप्रसादसंधिभवत्वमुक्तम् । अन्ये तु मर्त्यचक्षुराद्यजन्यरूपादिसाक्षात्कारवत्त्वं परलोकलक्षणं, दैवचक्षुराद्यजन्यतद्वत्त्वं मर्त्यलोकलक्षणं च स्वप्नेऽस्तीति लक्षणतो लोकद्वयस्पर्शित्वात्

स्वप्नादि अवस्थाविशेष का विस्तार से वर्णन किया जाता है । तत्त्वं पदार्थ का विवेक वाक्यार्थज्ञान का कारण है जिसका निरूपण इस पाद में किया जाता है, अतः पिछले पाद के साथ इस पाद की साध्य-साधनभाव सङ्गति है । इस पाद में 'न स्थानतोऽपि' इस सूत्र से पूर्व उद्देश्यरूप से पहले जिज्ञासित त्वम् पदार्थ का विचार किया जाता है जो चार अधिकरणों में विभक्त है, तत्पश्चात् पादसमाप्तिपर्यन्त तत् पदार्थ का विवेक कराया जायेगा । स्वप्न अवस्था के प्रसङ्ग में यह मन्त्र है 'वह जीव जहाँ सोता है' यहाँ से प्रसङ्ग प्रारम्भकर 'स्वप्न में न रथ होते हैं, न रथ के घोड़े होते हैं और न मार्ग ही होता है किन्तु रथ, रथ के घोड़ों और मार्गों की सृष्टि कर लेता है' इत्यादि वाक्य कहे गये हैं । वहाँ पर संशय होता है कि जैसे जाग्रदवस्था में व्यावहारिकी सृष्टि है वैसे ही स्वप्न में भी व्यावहारिकी सृष्टि है अथवा मायामयी है ? ऐसा संशय होने पर पूर्वपक्ष सूत्र में कहा जाता है कि स्वप्नावस्था में सृष्टि तथ्यरूपा है । स्वप्नस्थान को सन्ध्य शब्द से कहा जाता है क्योंकि 'तृतीय स्वप्नस्थान सन्ध्य है' ऐसा वेद में प्रयोग देखा जाता है । दो लोक के अथवा जाग्रत् एवं सुषुप्ति दो स्थान के मध्य में जो होता है, उस स्वप्न को सन्ध्य कहते हैं । उस स्वप्नावस्था में होने वाली सृष्टि को व्यावहारिकी ही माननी

१. व्यावहारिकीत्यर्थः । २ ब्र.सू. ३-२-११ । ३. तत्त्वमसीत्यत्र त्वंपदार्थमुद्दिश्य तत्पदार्थो विधीयत इत्यस्त्येव त्वंपदार्थस्योद्देश्यत्वम् । ४. स्वप्नादि । ५. मरणोन्मुखस्य ।

(३२०) निर्मातारं चैके पुत्रादयश्च ॥२॥

तथ्यरूपैव सृष्टिर्भवितुमर्हति । कुतः ? यतः प्रमाणभूता श्रुतिरेवमाह 'अथ रथान्रथयोगान्पथः सृजते' (बृ० ४-३-१०) इत्यादि। स हि कर्तेति चोपसंहारादेवमेवावगम्यते ॥१॥

अपि चैके शाखिनोऽस्मिन्नेव संध्ये स्थाने कामानां निर्मातारमात्मानमामनन्ति—'य एष सुप्तेषु जागर्ति कामं कामं पुरुषो निर्मिमाणः' (क० ५-८) इति । पुत्रादयश्च तत्र कामा अभिप्रेयन्ते काम्यन्त इति । ननु कामशब्देनेच्छाविशेषा एवोच्येरन् । न । 'शतायुषः पुत्रपौत्रान्वृणीष्व' (क० १-२३) इति प्रकृत्यान्ते 'कामानां त्वा कामभाजं करोमि' (क० १-२४) इति प्रकृतेषु तत्र तत्र पुत्रादिषु कामशब्दस्य प्रयुक्तत्वात् । प्राज्ञं चैनं निर्मातारं प्रकरणवाक्यशेषाभ्यां प्रतीमः । प्राज्ञस्य हीदं प्रकरणम् 'अन्यत्र धर्मादन्यत्राधर्मात्' (क० २-१४) इत्यादि । तद्विषय एव च वाक्यशेषोऽपि—'तदेव शुक्रं तद्ब्रह्म तदेवामृतमुच्यते । तस्मिँल्लोकाः श्रिताः सर्वे तदु नात्येति कश्चन' (क० ५-८) इति । प्राज्ञकर्तृका च सृष्टि-

---

नित्यस्वप्नस्यैव लोकद्वयसंध्यत्वं ग्रामद्वयस्पर्शिमार्गस्य तत्संध्यत्ववदिति व्याचक्षते । न केवलं श्रुत्या स्वप्नार्थानां व्यावहारिकसत्यत्वं किंतु 'सकर्तृकत्वादपीत्याह—स हि कर्तेति ॥१॥

किंच स्वप्नार्थाः सत्याः, 'प्राज्ञनिर्मितत्वात्, आकाशादिवदिति सूत्रार्थमाह—अपि चेत्यादिना । रूढिमाशङ्क्य प्रकरणान्निरस्यति—नन्वित्यादिना । यः सुप्तेषु निर्व्यापारेषु करणेषु जागर्ति तदेव शुक्रं

चाहिए क्योंकि प्रमाणभूत श्रुति ने 'रथ, रथ के घोड़ों और मार्गों की सृष्टि कर लेता है' इस वाक्य द्वारा कहा है । साथ ही उपसंहार में यह भी कहा है कि 'उसका कर्ता वही है' अतः उपसंहार को देखते हुए भी स्वप्नसृष्टि व्यावहारिकी जान पड़ती है ॥१॥

निर्मातारं चैके पुत्रादयश्च (ललिता)

इसके अतिरिक्त एक शाखावाले इसी स्वप्नावस्था में प्रतीत होने वाले भोगों का निर्माता आत्मा को ही कहा है—'जो चक्षुरादि इन्द्रियों के सो जाने पर जगता रहता है वह पुरुष भोगों का निर्माता है ।' इस श्रुति में **काम्यन्ते इति कामाः** इस व्युत्पत्ति के आधार पर जो इच्छा के विषय पुत्रादि हैं उन्हीं को काम पद से बतलाना अभीष्ट है । शङ्का—काम शब्द से दाम्पत्यसुखाभिलाषाविशेष को ही कहा गया है न कि पुत्रादि भोग्यवस्तु को । समाधान (पूर्वपक्ष)—ऐसा कहना ठीक नहीं क्योंकि कठ श्रुति में 'सौ सौ वर्ष की आयुवाले पुत्र एवं पौत्रों को माँग ले' यहाँ से प्रसङ्ग प्रारम्भकर 'इन भोगों के मध्य में मैं तुझे यथेष्ट भोगनेवाला बना देता हूँ' इस प्रकृतवाक्य में वहाँ पर पुत्रादि अर्थ में काम शब्द का प्रयोग किया गया है । अतः प्रकरण एवं वाक्यशेष के आधार पर हम स्वप्नभोग्य के निर्माता ईश्वर को मानते हैं क्योंकि नचिकेता ने कहा है—'जो धर्म और अधर्म से भिन्न है उसे आप हमें बतलायें' यह प्रकरण परमेश्वर का ही है, उसी के सम्बन्ध में 'वही शुद्ध है वह ब्रह्म है और वही अमृत कहा गया है । उसी में सब भूरादि लोक आश्रित हैं, उसका अतिक्रमण कोई कर नहीं सकता' यह वाक्यशेष भी है । इससे यह सिद्ध होता है कि ईश्वर की बनाई हुई सृष्टि तथ्यरूपा है, जैसे जाग्रत्

---

१. घटादिवत् । २. प्राज्ञः परः सर्वेश्वरः ।

(३२१) मायामात्रं तु कात्स्न्येनानभिव्यक्तस्वरूपत्वात् ॥३॥

स्तथ्यरूपा समधिगता जागरिताश्रया तथा स्वप्नाश्रयापि सृष्टिर्भवितुमर्हति । तथाच श्रुतिः–'अथो खल्वाहुर्जागरितदेश एवास्यैष इति यानि ह्येव जाग्रत्पश्यति तानि सुप्तः' (बृ० ४-३-१४) इति स्वप्नजागरितयोः समानन्यायतां श्रावयति । तस्मात्तथ्यरूपैव संध्ये सृष्टिरिति ॥२॥

एवं प्राप्ते प्रत्याह—

तुशब्दः पक्षं व्यावर्तयति । नैतदस्ति यदुक्तं संध्ये सृष्टिः पारमार्थिकीति । मायैव संध्ये सृष्टिर्न परमार्थगन्धोऽप्यस्ति । कुतः ? कात्स्न्र्येनानभिव्यक्तस्वरूपत्वात् । नहि कात्स्न्र्येन परमार्थवस्तुधर्मेणाभिव्यक्तस्वरूपः स्वप्नः । किं पुनरत्र कात्स्न्र्यमभिप्रेतं देशकालनिमित्तसंपत्तिरबाधश्च । नहि परमार्थवस्तुविषयाणि देशकालनिमित्तान्यबाधश्च स्वप्ने

स्वप्रकाशं ब्रह्मेत्यर्थः । स्वप्नस्य जाग्रदर्थैः समानदेशत्वश्रुतेरभेदश्रुतेश्च सत्यत्वे तात्पर्यमित्याह—अथो खल्वाहुरिति ॥२॥

स्वप्नरथादयः प्रातीतिका जाग्रद्रथादौ क्लृप्तसामग्रीं विना दृष्टत्वाच्छुक्तिरूप्यादिवदिति सिद्धान्तयति—तुशब्द इत्यादिना । चिन्मात्रनिष्ठाऽविद्या चित्त्वावच्छेदेन जीवेऽपि स्थिता रथाद्याकारा मायेति सूत्रभाष्ययोरुक्तमायाविद्ययोरभेदज्ञापनाय मात्रपदेन तु सति प्रमातर्यबाध्यत्वरूपस्य व्यावहारिकसत्यत्वस्य निरास उक्तः । कात्स्न्र्यमत्र जाग्रति या क्लृप्तसामग्री, तज्जन्यत्वं परमार्थवस्तुनो

सृष्टि तथ्यरूपा है वैसे ही स्वप्नाश्रितसृष्टि व्यावहारिकी और तथ्यरूपा है । ऐसी ही अन्य श्रुति भी है 'इस स्वप्नपुरुष का देश जाग्रद् देश ही है, ऐसा अनुभवी पुरुषों ने कहा है क्योंकि जिन वस्तुओं को जाग्रत में यह जीव देखता है उन्हीं को स्वप्न में भी पुनः देखता है' इस वाक्य द्वारा स्वप्न एवं जाग्रदवस्था में समानता सुनी जाती है । अतः स्वप्नावस्था में दीखने वाली सृष्टि तथ्यरूपा ही है ॥२॥

मायामात्रं तु कात्स्न्यनानभिव्यक्तस्वरूपतत्वात् (ललिता)

स्वप्नरथादि प्रातिभासिक है क्योंकि जाग्रत्‌रथादि के लिए क्लृप्त सामग्री के बिना ही वे देखे जाते हैं, शुक्तिरजत की भांति इस अनुमान के द्वारा पूर्वपक्षी के दिए हुए अनुमान को बांधने के लिए सिद्धान्ती ने प्रत्युत्तर सूत्र बनाया जिसमें 'तु' शब्द पूर्वपक्ष का व्यावर्तक है अर्थात् आप ने स्वप्न की सृष्टि जो पारमार्थिकी कही थी, ऐसा कहना ठीक नहीं है क्योंकि स्वप्न की सृष्टि मायामयी ही है, उसमें परमार्थ की गन्ध भी नहीं है । जाग्रत् में रथादिनिर्माण के लिए जो देश, काल, निमित्त एवं सामग्री अभीष्ट है; उनमें से एक भी स्वप्न के रथादिनिर्माण में सहकारीरूप से नहीं देखे जाते हैं । सम्पूर्ण व्यावहारिकी वस्तुनिर्माणसामग्री से स्वप्न की सृष्टि अभिव्यक्त नहीं होती, इस सूत्र में कात्स्न्र्य पद से कौन सा अर्थ अभिप्रेत है, ऐसा प्रश्न होने पर भाष्य में कहा गया है कि देश, काल एवं निमित्त की प्राप्ति तथा बाधाभाव, ये सब पारमार्थवस्तुनिर्माण के लिए सर्वसम्मत सामग्री माने गये हैं किन्तु व्यावहारिकी वस्तु के साधन देश, काल, निमित और अबाध स्वप्न में सम्भव नहीं है । सर्वप्रथम

---

१. स्वप्नस्य । २. व्यावहारिकीत्यर्थः ।

संभाव्यन्ते । न तावत्स्वप्ने रथादीनामुचितो देशः संभवति । नहि संवृते देहदेशे रथादयोऽवकाशं लभेरन् ।

स्यादेतत् । बहिर्देहात्स्वप्नं द्रक्ष्यति देशान्तरितद्रव्यग्रहणात् । दर्शयति च श्रुतिर्बहिर्देहात्स्वप्नम्—'बहि१ कुलायाद२ मृतश्चरित्वा । स 'ईयतेऽमृतो यत्र३ 'कामम्४' (बृ० ४-३-१२) इति स्थितिगतिप्रत्ययभेदश्च नानिष्क्रान्ते जन्तौ सामञ्जस्यमश्नुवीतेति । नेत्युच्यते । नहि सुप्तस्य जन्तोः क्षणमात्रेण योजनशतान्तरितं देशं पर्येतुं विपर्येतुं च ततः सामर्थ्यं संभाव्यते । क्वचिच्च प्रत्यागमनवर्जितं स्वप्नं श्रावयति कुरुष्वहमद्य शयानो निद्रयाऽभिप्लुतः स्वप्ने पञ्चालानभिगतश्चास्मिन्प्रतिबुद्धश्चेति । देहाच्चेदपेयात्पञ्चालेषु प्रतिबुध्येत तानसावभिगत इति कुरुष्वेव तु प्रतिबुध्यते । येन चायं देहेन देशान्तरमश्नुवानो मन्यते तमन्ये पार्श्वस्थाः शयनदेश एव पश्यन्ति । यथाभूतानि चायं देशान्तराणि स्वप्ने पश्यति न तानि तथाभूतान्येव भवन्ति । परिधावंश्चेत्पश्येज्जाग्रद्वद्वस्तुभूतमर्थमाकलयेत् । दर्शयति च

जाग्रदर्थस्य कार्यस्य धर्मः । सत्यत्वव्यापकः तदभावं स्वप्ने विवृणोति—न तावदित्यादिना । संवृते सङ्कीर्णे ।

पर्येतुं गन्तुं, विपर्येतुमागन्तुं, श्रावयति प्रबुद्धो जनः, पार्श्वस्थान्प्रतीति शेषः । एतत्स्वप्नं यथा

रथादि के लिए जो उचित देश चाहिए वह स्वप्न में नहीं है, सङ्कीर्ण देह की सूक्ष्म नाड़ि में रथादि अवकाश प्राप्त नहीं कर सकते ।

पूर्वपक्ष—ऐसा मान लिया जाय कि देह से बाहर निकलकर देशान्तरित द्रव्य का ग्रहण होने से जीवात्मा उस देश में जाकर स्वप्न देखेगा । श्रुति भी देह से बाहर जाकर स्वप्न देखने को बात कहती है—'देह से बाहर निकलकर अविनाशी आत्मा जहाँ-कहीं भी घूमकर पुनः अपने स्थान पर लौट आता है ।' स्थित और गति की प्रतीतिविशेष शरीर से निकले बिना जीव में घटता नहीं है, इसलिए देह से बाहर निकलकर जीवात्मा स्वप्न देखता है, ऐसा मानना उचित होगा । सिद्धान्ती—ऐसा कहना ठीक नहीं है क्योंकि सोया हुआ जीव क्षणमात्र में सैकड़ों जोजन दूर देश में जाता है और वहाँ से लौट आता है, ऐसा सामर्थ्य उस सुषुप्त पुरुष में सम्भव नहीं है । और कहीं-कहीं पर प्रत्यागमन-रहित स्वप्न को लोक बतलाता है—'कुरुदेश में मैं सोया हुआ निद्रा से व्याप्त था उस समय स्वप्न में पञ्चाल देश में गया हुआ था, पर जगने पर कुरुदेश में ही अपने को पाया ।' यदि देह से निकलकर पञ्चाल में गया होता तो पञ्चाल में ही उस व्यक्ति को जगना चाहिए था किन्तु वह पूर्व के शयन-स्थान कुरु देश में ही जगता है और जिस देह से वह देशान्तर का अनुभव करता हुआ मानता है उस देह को निकटवर्ती लोक शयनदेश में ही देखते हैं । साथ ही यह सुषुप्त पुरुष उस स्वप्नावस्था में देशान्तर को जिस रूप में देखता है वह देशान्तर वस्तुतः वैसा नहीं है । और यदि वह दौड़ता हुआ देशान्तर में पदार्थों को देखेगा जैसा कि जाग्रदवस्था में देशान्तरीय वस्तु को देखता है, तब तो वहाँ के वास्तविक व्यावहारिक वस्तु को ही देखेगा । किन्तु विचार करने पर यह अर्थ सिद्ध नहीं होता ।

---

१. देहात् । २. आत्मा । ३. विहरतीत्यर्थः । ४. यथेष्टम् ।

श्रुतिरन्तरेव देहे स्वप्नम्—'स यत्रैतत्स्वप्नया चरति' इत्युपक्रम्य 'स्वे शरीरे यथाकामं परिवर्तते' (बृ० २-१-१८) इति । अतश्च श्रुत्युपपत्तिविरोधाद्बहिष्कुलायश्रुतिर्गौणी व्याख्यातव्या बहिरिव कुलायादमृतश्चरित्वेति । यो हि वसन्नपि शरीरे न तेन प्रयोजनं करोति स बहिरिव शरीराद्भवतीति । स्थितिगतिप्रत्ययभेदोऽप्येवं सति विप्रलम्भ एवाभ्युपगन्तव्यः । कालविसंवादोऽपि च स्वप्ने भवति रजन्यां सुप्तो वासरं भारते वर्षे मन्यते । तथा मुहूर्तमात्रप्रवर्तिनि स्वप्ने कदाचिद्बहून्वर्षपूगानतिवाहयति । निमित्तान्यपि च स्वप्ने न बुद्धये कर्मणे वोचितानि विद्यन्ते । करणोपसंहाराद्धि नास्य रथादिग्रहणाय चक्षुरादीनि सन्ति । रथादिनिर्वर्तनेऽपि कुतोऽस्य निमेषमात्रेण सामर्थ्यं दारूणि वा, बाध्यन्ते चैते रथादयः स्वप्नदृष्टाः प्रबोधे । स्वप्न एव चैते सुलभबाधा भवन्ति । आद्यन्तयोर्व्यभिचारदर्शनात् । रथोऽयमिति हि कदाचित्स्वप्ने निर्धारितः क्षणेन मनुष्यः

स्यात्तथा यत्र काले स्वप्नयया वृत्त्या चरति तदा स्वशरीरे यथेष्टं चरतीत्यर्थः । बहिरिवेति । कुलायाद्देहात् बहिरिवामृत आत्मा चरित्वा यत्र कामं यथेष्टमीयते विहरतीत्यर्थः । गुणमाह—यो हीति । देहाभिमानहीनत्वगुणेन बहिष्ठवद्देहस्थोऽपि बहिरित्युक्त इत्यर्थः । एवं सति श्रुतियुक्तिभ्यां अन्तरेव स्वप्ने सतीत्यर्थः । विप्रलम्भो विभ्रमः । योग्यदेशाभावमुक्त्वा कालाभावमाह—कालेति । अत्र रात्रिसमयेऽपि केतुमालादिवर्षान्तरे वासरो भवति इति भारत इत्युक्तम् । पूर्वपक्षानुमानानां जाग्रदर्थ-दृष्टान्ते क्लृप्तसामग्रीजन्यत्वमबाध्ययोग्यत्वं चोपाधिरिति सूत्रतात्पर्यम् ॥३॥

इसके अतिरिक्त श्रुति शरीर के भीतर ही स्वप्न को बतलाती है—'जिस समय स्वप्नवृत्ति से वह स्वप्नद्रष्टा विचरण करता है, वह अपने शरीर के भीतर ही यथेष्ट विचरण करता है' यहाँ से प्रसङ्ग प्रारम्भ करके 'अपने शरीर में ही उस समय स्वप्नपुरुष यथेष्ट घूमता है' इस वाक्य द्वारा भी शरीर के भीतर ही विहरण बतलाया गया है । अतः श्रुति और युक्ति से विरोध होने के कारण '**बहिष्कुलाय**' यह श्रुति गौणी समझनी चाहिए जिसका तात्पर्य है कि अमर जीव शरीर से बाहर निकलकर विचरण करता सा प्रतीत होता है । जो शरीर में रहता हुआ भी उस शरीर से कोई प्रयोजन सिद्ध नहीं करता है वह शरीर से बाहर गया सा माना जाता है । स्थिति-गति-प्रतीतिविशेष भी इस प्रकार भ्रम ही समझना चाहिए । स्वप्नावस्था में देश की भाँति काल का भी विसंवाद देखा जाता है भारत वर्ष में रात्रि में सोया हुआ पुरुष भारतवर्ष में ही दिन मानता है, वैसे ही मुहूर्त-मुहूर्तमात्र में होने वाले स्वप्न को अनेक वर्ष बीता जैसा अनुभव करता है । स्वप्न में ज्ञान तथा कर्म के लिए उचित निमित्त भी नहीं दीखते हैं क्योंकि सभी इन्द्रियों का सुषुप्त पुरुष में उपसंहार हो जाता है, उस समय रथादि को देखने के लिए चक्षुरादि इन्द्रियाँ नहीं होतीं और रथादिनिर्माण के लिए क्षणमात्र में इतनी शक्ति उसमें कहाँ से आ गयी, काष्ठादि सामग्री भी तो उसके पास नहीं है । स्वप्न में देखे गये रथादि जागते ही बाधित भी तो हो जाते हैं । इतना ही नहीं, स्वप्न में ही वे बाधित देखे जाते हैं क्योंकि आदि और अन्त में उनका व्यभिचार दिखाई पड़ता है अर्थात् यह रथ है ऐसा कभी निश्चय किया पर क्षणमात्र में वही रथ मनुष्य बन जाता है अथवा यह मनुष्य है ऐसा निश्चय किया तो क्षणमात्र

---

१. ज्ञानाय । २. वर्षे ।

(३२२) सूचकश्च हि श्रुतेराचक्षते च तद्विदः ॥४॥

सम्पद्यते मनुष्योऽयमिति वा निर्धारितः क्षणेन वृक्षः। स्पष्टं चाभावं रथादीनां स्वप्ने श्रावयति शास्त्रम्—'न तत्र रथा न रथयोगा न पन्थानो भवन्ति' (बृ० ४-३-१०) इत्यादि। तस्मान्मायामात्रं स्वप्नदर्शनम् ॥३॥

मायामात्रत्वात्तर्हि न कश्चित्स्वप्ने परमार्थगन्धोऽस्तीति। नेत्युच्यते। सूचकश्च हि स्वप्नो भवति भविष्यतोः साध्वसाधुनोः। तथाहि श्रूयते—'यदा कर्मसु काम्येषु स्त्रियं स्वप्नेषु पश्यति। समृद्धिं तत्र जानीयात्तस्मिन्स्वप्ननिदर्शने' इति (छा० ५-२-६)। तथा 'पुरुषं कृष्णं कृष्णदन्तं पश्यति स एनं हन्ति' इत्येवमादिभिः स्वप्नैरचिरजीवित्वमावेद्यत इति श्रावयति। आचक्षते च स्वप्नाध्यायविदः—'कुञ्जरारोहणादीनि स्वप्ने धन्यानि खरयानादीन्यधन्यानि' इति। मन्त्रदेवताद्रव्यविशेषनिमित्ताश्च केचित्स्वप्नाः 'सत्यार्थगन्धिनो भवन्तीति मन्यन्ते। तत्रापि भवतु नाम सूच्यमानस्य वस्तुनः सत्यत्वं, सूचकस्य तु स्त्रीदर्शनादेर्भवत्येव वैतथ्यं बाध्यमानत्वादित्यभिप्रायः। तस्मादुपपन्नं स्वप्नस्य मायामात्रत्वम्।

स्वप्नस्य भ्रान्तिमात्रत्वे तत्सूचितोऽप्यर्थः सत्यो न स्यादिति शङ्कोत्तरत्वेन सूत्रान्तरं व्याचष्टे—मायेत्यादिना। मन्त्रेण देवतानुग्रहेणौषधिसेवया वा स्वप्नाः सत्यसूचकाश्चेत् सत्याः स्युरित्यत आह—तत्रापि भवतु नामेति। सत्यहर्षहेतोरपि शुक्तिरूप्यस्य सत्यत्वादर्शनादिति भावः।

में वही वृक्षरूप में दीखने लग जाता है। इसके अतिरिक्त स्वप्न में 'न वहाँ रथ हैं, न घोड़े हैं और न मार्ग ही है' यह शास्त्र स्वप्नावस्था में रथादि का अभाव भी बतलाता है। अतः स्वप्नदर्शन मायामात्र है ॥३॥

सूचकश्च हि श्रुतेराक्षते च तद्विदः (ललिता)

स्वप्न को भ्रममात्र मानोगे तो उसमें सूचित अर्थ भी सत्य नहीं हो सकेगा, इस शङ्का के उत्तररूप में अग्रिम सूत्र कहते हैं कि सिद्धान्ती ने स्वप्न को मायामात्र कहा था, तब तो स्वप्न में परमार्थ की कुछ गन्ध भी नहीं है। यह शङ्का ठीक नहीं है क्योंकि स्वप्न को हम भावी भले-बुरे अर्थ का सूचक मानते हैं। उसी प्रकार 'जब सकाम कर्म करते समय स्वप्न में वह यजमान सौभाग्यवती स्त्री को देखता है तो वह अपने कर्म को समृद्ध समझे, उस स्वप्न दर्शन में अपने कर्म को सफल समझे' ऐसी श्रुति भी है और 'जब स्वप्न में काले दाँत वाले पुरुष को देखता है तो वह इसको मार डालता है' इन स्वप्नबोधक वाक्यों द्वारा अचिरजीवत्व का बोध भी शास्त्र कराता है। स्वप्नशास्त्र के तत्ववेत्ता लोग कहते हैं कि 'स्वप्न में हस्ति पर आरोहणादि मंगलप्रद है और गर्दभारोहण आदि अमंगलसूचक है।' ऐसे ही कुछ स्वप्न मन्त्रजाप, देवता अनुग्रह एवं द्रव्यविशेष के निमित्त से भी होते हैं। वे सत्यार्थगन्धी होते हैं, ऐसा भी स्वप्नाध्यायी विद्वान् मानते हैं। वहाँ भी सूच्यमान वस्तु में सत्यत्व मान भी लिया जाय, किन्तु सूचक स्त्रीदर्शनादि में तो मिथ्यात्व ही है क्योंकि उनका बाध देखा जाता है। अतः स्वप्न में मायामात्रत्व सिद्ध हुआ।

---

१. सूचकाः।

यदुक्तम् 'आह हि' इति तदेवं सति भाक्तं व्याख्यातव्यम् । यथा लाङ्गलं गवादीनुद्वहतीति निमित्तमात्रत्वादेवमुच्यते न तु प्रत्यक्षमेव लाङ्गलं गवादीनुद्वहति । एवं निमित्तमात्रत्वात्सुप्तो रथादीन्सृजते स हि कर्तेति चोच्यते । न तु प्रत्यक्षमेव सुप्तो रथादीन्सृजति । निमित्तत्वं त्वस्य रथादिप्रतिभाननिमित्तमोदत्रासदर्शनात्तन्निमित्तभूतयोः सुकृतदुष्कृतयोः कर्तृत्वेनेति वक्तव्यम् । अपिच जागरिते विषयेन्द्रियसंयोगादादित्यादिज्योतिर्व्यतिकराच्चात्मनः स्वयंज्योतिष्ट्वं द्रष्टुर्दुर्विवेचनमिति तद्विवेचनाय स्वप्न उपन्यस्तः । तत्र यदि रथादिसृष्टिवचनं श्रुत्या नीयेत तदा स्वयंज्योतिष्ट्वं न निर्णीतं स्यात् । तस्माद्रथाद्यभाववचनश्रुत्या रथादिसृष्टिवचनं तु भक्त्येति व्याख्येयम् । एतेन निर्माणश्रवणं व्याख्यातम् ।

यदप्युक्तम्—'प्राज्ञमेनं निर्मातारमामनन्ति' इति । तदप्यसत् । श्रुत्यन्तरे 'स्वयं विहृत्य

यथा कृषिद्वारा लाङ्गलस्य गवादिजीवननिमित्तत्वं तथा स्वप्नभोक्तुरदृष्टद्वारा स्वप्नसृष्टिनिमित्तत्वं न तु कुम्भं प्रति कुम्भकारस्येव साक्षात् स्वप्नकर्तृत्वं सामग्र्यभावबाधयोरुक्तत्वादित्याह—यदुक्तमित्यादिना । तथा च स्वप्नस्य सकर्तृकत्वं मुख्यं नास्तीति हेत्वसिद्धिरिति भावः । श्रुतितात्पर्यविरोधाच्च न स्वप्नसत्यतेत्याह—अपिचेति । व्यतिकरः संकरः, श्रुत्या तत्परतयेत्यर्थः । जागरिताद्विशेषादिति भावः । फलितमाह—तस्मादिति । एतेनेति । भाक्तत्वेनेत्यर्थः ।

द्वितीयसूत्रोक्तप्राज्ञकर्तृकत्वहेतुरपि स्वप्नस्य किं श्रुतिसिद्धः उत प्राज्ञस्य सर्वेश्वरत्वात् सिद्धः, नाद्य इत्याह—यदप्युक्तमित्यादिना । स्वयं विहृत्य जाग्रद्देहं निश्चेष्टं कृत्वा, स्वयं वासनया देहं निर्माय,

और जो आप ने इस पाद के प्रथम सूत्रस्थ 'आह हि' इस वाक्यांश द्वारा कहा था तो इस प्रकार उसे भी गौण मान लेना चाहिए। जैसे हल गवादि का निर्वाहक है, इस वाक्य में गवादि के जीवन का निमित्तमात्र हलादि को कहते हैं, न कि प्रत्यक्ष से हल गवादि का जीवन होता दीखता है अर्थात् हल से कृषि द्वारा अन्न और चारे उत्पन्न होते हैं जिनसे गवादि का जीवन चलता है। इस प्रकार गवादि के लिए हल में निर्वाहकत्व गौण माना गया है। ऐसे ही निमित्तमात्र होने के कारण सुप्तपुरुष रथादि की रचना करता है, वह बनाने वाला है ऐसा कहा जाता है। किन्तु प्रत्यक्ष प्रमाण से सोया हुआ पुरुष रथादि की रचना करते नहीं देखा जाता है; हाँ, स्वप्नरथादि के निर्माण में वह स्वाप्नपुरुष निमित्त अवश्य है। रथादि का बोध होने पर हर्ष और भय देखे जाते हैं, इसलिए उसके निमित्तकारण पुण्य और पाप के कर्तारूप में स्वप्नद्रष्टा को निमित्त कहना चाहिए। इसके अतिरिक्त जाग्रदवस्था में विषय, इन्द्रियाँ और उनके संयोग से आदित्यादि ज्योतियों का आत्मज्योति के साथ सांकर्य हो जाता है, अतः आत्मा का स्वयंज्योतिष्ट्व को दिखलाना कठिन है; इसीलिए आत्मा के स्वयंज्योतिष्ट्व का बोध कराने हेतु स्वप्न का वर्णन किया गया है। वहाँ पर यदि रथादिसृष्टिवाचक शब्द का श्रौतार्थ लोगे तो आत्मा के स्वयंज्योनिष्ट्व का निर्णय नहीं हो सकेगा। अतः 'न तत्र रथाः' इस रथादि के अभाववाचक श्रुति के बल से रथादि-सृष्टिकथन गौण है, ऐसा व्याख्यान कर लेना चाहिए। रथादिनिर्माणश्रुति को पूर्वोक्त भाक्तत्व के कारण गौण ही कहा गया है।

'इस चेतन परमात्मा को जगत् का निर्माता कहते हैं' इस श्रुति के बल से जो पूर्वपक्षी ने

१. निर्वहतीत्यर्थः। २. मोदादिनिमित्त। ३. सर्जनश्रवणम्।

स्वयं निर्माय स्वेन भासा स्वेन ज्योतिषा प्रस्वपिति' (बृ० ४-३-९) इति जीवव्यापारश्रवणात् । इहापि 'य एष सुप्तेषु जागर्ति' (क० ५-८) इति प्रसिद्धानुवादाज्जीव एवात्र कामानां निर्माता संकीर्त्यते । [1]तस्य तु वाक्यशेषेण तदेव शुक्रं तद्ब्रह्मेति जीवभावं व्यावर्त्य ब्रह्मभाव उपदिश्यते---'तत्त्वमसि' (छा० ६-८-४) इत्यादिववदिति न ब्रह्मप्रकरणं विरुध्यते । न चास्माभिः स्वप्नेऽपि प्राज्ञव्यवहारः प्रतिषिध्यते, तस्य सर्वेश्वरत्वात्सर्वास्वप्यवस्थास्वधिष्ठातृत्वोपपत्तेः [2]पारमार्थिकस्तु नायं संध्याश्रयः सर्गो [3]वियदादिसर्गवदित्येतावत्प्रतिपाद्यते । नच वियदादिसर्गस्याप्यात्यन्तिकं सत्यत्वमस्ति । प्रतिपादितं हि 'तदनन्यत्वमारम्भणशब्दादिभ्यः' (ब्र० सू० २-१-१४) इत्यत्र समस्तस्य प्रपञ्चस्य मायामात्रत्वम् । प्राक्तु ब्रह्मात्मत्वदर्शनाद्वियदादिप्रपञ्चो व्यवस्थितरूपो भवति । संध्याश्रयस्तु प्रपञ्चः प्रतिदिनं बाध्यत इति । अतो वैशेषिकमिदं संध्यस्य मायामात्रत्वमुदितम् ॥४॥

स्वेन भासा स्वीयबुद्धिवृत्त्या स्वेन ज्योतिषा स्वरूपचैतन्येन च स्वप्नमनुभवतीत्यर्थः । न केवल बृहदारण्यके जीवस्य स्वप्नकर्तृत्वं श्रुतं किंतु काठकेऽपीत्याह—इहापीति । जीवोक्तौ ब्रह्मप्रकरणविरोध इत्यत आह—तस्य त्विति । एवं हेतोः श्रुतिसिद्धत्वं निरस्य द्वितीयमङ्गीकरोति—न चास्माभिरिति । तर्हि हेतुसिद्धेः स्वप्नस्य सत्यत्वमित्याशङ्क्य सत्यत्वं व्यावहारिकं पारमार्थिकं वेति विकल्प्य व्यवहारकाले बाधदर्शनात्, नाद्य इत्याह—पारमार्थिकस्त्विति । द्वितीये दृष्टान्तस्य साध्यवैकल्यमित्याह—नचेति । कस्तर्हि स्वप्नस्य जाग्रतो विशेषोऽत्र कथ्यत इत्याशङ्क्य प्रातिभासिकत्वमित्याह—प्रागिति ॥४॥

परमेश्वर को स्वप्न का स्रष्टा कहा था वह भी ठीक नहीं है क्योंकि अन्य श्रुति में 'जीव इस शरीर को निश्चेष्टकर अपनी वासना से देह का निर्माणकर अपनी ही बुद्धिवृत्ति द्वारा स्वयंज्योति आत्मा स्वप्न का अनुभव करता है' इस वाक्य द्वारा स्वप्नसृष्टि का कर्ता जीव सुना जाता है । कठ श्रुति में भी 'करणों के सो जाने पर यह जीव जागता रहता है' इस लोकसिद्ध अवस्था का अनुवादकर जीव को ही स्वप्नभोगों का निर्माता कहा गया है, किन्तु उसी जीव का उपदेश 'वह शुद्ध है, वह ब्रह्म है' इस वाक्य द्वारा जीवभाव को व्यावृत्तिकर ब्रह्मभाव का उपदेश किया गया है । जैसे 'तत्त्वमसि' इस वाक्य में जीव-ब्रह्म का अभेदप्रतिपादन किया गया है वैसे ही इस कठ श्रुति में भी किया गया है, अतः ब्रह्मप्रकरणत्व का भी विरोध नहीं है । हम सिद्धान्ती स्वप्नसृष्टि में भी ईश्वरव्यापार का निषेध नहीं करते हैं, उसमें सर्वेश्वरत्व होने के कारण सभी अवस्थाओं में अधिष्ठातृत्व युक्तियुक्त सिद्ध है । किन्तु जैसे वियदादि सृष्टि व्यावहारिक है वैसी स्वप्नसृष्टि नहीं है, मेरे कहने का यह तात्पर्य है । वियदादिसृष्टि में भी आत्यन्तिक सत्यत्व (पारमार्थिकत्व) नहीं है, ऐसा हम 'तदनन्यत्वमारम्भणशब्दादिभ्यः' इस सूत्र के भाष्य में कह आये हैं, वहाँ पर सम्पूर्ण प्रपञ्च को मायामात्र बतलाया गया है । स्वप्न और जाग्रत में अन्तर इतना ही है कि ब्रह्मात्मदर्शन से पूर्व वियदादि प्रपञ्च व्यवस्थितरूप रहता है, किन्तु स्वाप्नप्रपञ्च प्रतिदिन बाधित होता रहता है, अतः स्वप्नसृष्टि में यही मायामात्रत्वरूप विशेष बतलाया गया है ॥४॥

---

१. जीवस्य । २. व्यावहारिकास्त्वेत्यर्थः । ३. व्यतिरेकेऽयं दृष्टांतः ।

(३२३) पराभिध्यानात्तु तिरोहितं ततो ह्यस्य बन्धविपर्ययौ ॥५॥

[1]अथापि स्यात्परस्यैव तावदात्मनोंऽशो जीवोऽग्नेरिव विस्फुलिङ्गः । तत्रैवं सति यथाग्निविस्फुलिङ्गयोः समाने दहनप्रकाशनशक्ती भवत एवं जीवेश्वरयोरपि ज्ञानैश्वर्यशक्ती, ततश्च जीवस्य ज्ञानैश्वर्यवशात्सांकल्पिकी स्वप्ने रथादिसृष्टिर्भविष्यतीति । अत्रोच्यते—सत्यपि जीवेश्वरयोरंशांशिभावे प्रत्यक्षमेव जीवस्येश्वरविपरीतधर्मत्वम् । किं पुनर्जीवस्येश्वरसमानधर्मत्वं नास्त्येव ? न नास्त्येव । विद्यमानमपि तत्तिरोहितमविद्यादिव्यवधानात् । तत्पुनस्तिरोहितं सत्परमेश्वरमभिध्यायतो यतमानस्य जन्तोर्विधूतध्वान्तस्य तिमिरतिरस्कृतेव दृक्शक्तिरौषधवीर्यादीश्वरप्रसादात्संसिद्धस्य कस्यचिदेवाविर्भवति न स्वभावत एव सर्वेषां जन्तूनाम् । कुतः? —ततो हीश्वराद्धेतोरस्य जीवस्य बन्धमोक्षौ

पूर्वं क्लृप्तसामग्र्यभावात् स्वप्नो मायेत्युक्तमयुक्तं सत्यसङ्कल्पमात्रेणापि सत्यसृष्टिसंभवादिति शङ्कां कृत्वा परिहरन् सूत्रं व्याचष्टे—अथापि स्यादित्यादिना । सत्यसंकल्पस्य हि संकल्पात्सृष्टिः सत्या भवति जीवस्य त्वसत्यसंकल्पत्वं प्रत्यक्षमिति परिहारार्थः । तर्हि विरुद्धधर्मवत्त्वाज्जीवस्येश्वरत्वं नास्त्येवेति शङ्कते—किमिति । नास्तीति न किंत्वावृतमस्ति [2]तत्पुनरीश्वरप्रसादात्कस्यचिद् व्यज्यत इत्याह—न नास्तीति । विधूतध्वान्तस्य निष्पापस्य संसिद्धस्याणिमादिविशिष्टस्येत्यर्थः । ब्रह्मैवाहमिति देवं ज्ञात्वा साक्षात्कृत्य सर्वपाशानामविद्यादिक्लेशानामपहानिरपक्षयस्तद्रूपो भवति । क्षीणैश्च क्लेशै-

---

पराभिध्यानात्तु तिरोहितं ततो ह्यस्य बन्धविपर्ययौ (ललिता)

यद्यपि जीव परमात्मा का ही अंश है जैसे अग्नि का अंश विस्फुलिङ्ग है । वहाँ पर अग्निविस्फुलिङ्ग में दहन एवं प्रकाशन शक्ति समान है, ऐसे ही जीव और ईश्वर में भी ज्ञान एवं ऐश्वर्य शक्ति समान ही है । ऐसी स्थिति में ऐश्वर्य के बल से जीव को साङ्कल्पिकी स्वप्नवाली रथादिसृष्टि सत्य मानी जायेगी ? इस पर हम सिद्धान्ती का कहना है कि जीव और ईश्वर में अंशांशिभाव रहने पर भी ईश्वर से विपरीत धर्मत्व जीव में प्रत्यक्ष दीखता है । पूर्वपक्ष—तो क्या जीव में ईश्वरसमान धर्मत्व नहीं ही है ? सिद्धान्ती—हम ऐसा नहीं कहते किन्तु ईश्वर के समान धर्मत्व जीव में होता हुआ भी अविद्या के कारण तिरोहित है, वह तिरोहित ऐश्वर्य भी परमेश्वर का ध्यान करने वाले यत्नशील किसी-किसी निष्पाप जीव में प्रकट होता है । जैसे तिमिर दोष के कारण से दृक्शक्ति तिरस्कृत होती हुई भी औषधि के बल एवं परमेश्वर की कृपा से प्रकट हो जाती है ऐसे ही संसिद्ध किसी किसी साधक में ही ईश्वराराधना के कारण ऐश्वर्य प्रकट होता है, सभी जन्तुओं में स्वभावतः प्रकट नहीं होता । अतः ईश्वराराधना के कारण से जीव को मोक्ष मिलता है, उसके अभाव में बन्धन बना रहता है अर्थात् ईश्वर को आत्मरूप से साक्षात् न करने के कारण बन्धन और आत्मरूप से साक्षात् कर लेने पर मोक्ष मिलता है । ऐसे ही 'परमेश्वर को आत्मभाव से जानकर सम्पूर्ण बन्धनों का क्षय हो जाता है, अविद्यादि

---

१. यद्यपि क्लृप्तसामग्र्यभावात्स्वप्नो मायेत्युक्तं तथापि इत्यर्थः । २. ईश्वरत्वम् ।

(३२४) देहयोगाद्वा सोऽपि ॥६॥

भवतः । ईश्वरस्वरूपापरिज्ञानाद्बन्धस्तत्स्वरूपपरिज्ञानात्तु मोक्षः । तथाच श्रुतिः—'ज्ञात्वा देवं सर्वपाशापहानिः क्षीणैः क्लेशैर्जन्ममृत्युप्रहाणिः । तस्याभिध्यानात्तृतीयं देहभेदे विश्वैश्वर्यं केवल आप्तकामः' (श्वे० १-११) इत्येवमाद्या ॥५॥

कस्मात्पुनर्जीवः परमात्मांश एव संस्तिरस्कृतज्ञानैश्वर्यो भवति । युक्तं तु ज्ञानैश्वर्ययोरतिरस्कृतत्वं विस्फुलिङ्गस्येव दहनप्रकाशनयोरिति । उच्यते । सत्यमेवैतत् । सोऽपि तु जीवस्य ज्ञानैश्वर्यतिरोभावो देहयोगाद्देहेन्द्रियमनोबुद्धिविषयवेदनादियोगाद्भवति । अस्ति चात्रोपमा यथाग्नेर्दहनप्रकाशनसंपन्नस्याप्यरणिगतस्य दहनप्रकाशने तिरोहिते भवतो यथा वा भस्मच्छन्नस्य । एवमविद्याप्रत्युपस्थापितनामरूपकृतदेहाद्युपाधियोगात्तदविवेकभ्रमकृतो जीवस्य ज्ञानैश्वर्यतिरोभावः । वाशब्दो जीवेश्वरयोरन्यत्वाशङ्काव्यावृत्त्यर्थः ।

नन्वन्य एव जीव ईश्वरादस्तु तिरस्कृतज्ञानैश्वर्यत्वात्किं देहयोगकल्पनया । नेत्युच्यते ।

एतत्कार्यजन्ममरणात्मकबन्धध्वंस इति निर्गुणविद्याफलमुक्तम् । सगुणविद्याफलमाह—तस्येति । परस्याभिमुख्येनाहंग्रहेण ध्यानाद्बन्धमोक्षापेक्षया मन्त्रोक्तहानिद्वयापेक्षया वा तृतीयं विश्वैश्वर्यमणिमादिरूपं मर्त्यदेहपाते सति सिद्धदेहे भवति तद्भोगानन्तरमात्मज्ञानात्केवलो द्वैतशून्य आप्तकामः प्राप्तस्वयंज्योतिरानन्दो भवतीति क्रममुक्तिरित्यर्थः ॥५॥

उक्तैश्वर्यतिरोभावे देहाभिमानो हेतुरिति कथनार्थं सूत्रं, तन्निरस्याशङ्कामाह—कस्मादिति । सत्यावरणं नास्तीत्यङ्गीकृत्य कल्पितावरणं साधयति—उच्यत इत्यादिना ।

जीवस्येश्वरत्वमङ्गीकृत्यावरणकल्पनातो वरमन्यत्वकल्पनेत्याशङ्कामुद्भाव्य श्रुत्या निरस्यति—नन्वित्यादिना । स्वप्नेऽप्यालोकादेः सत्यत्वे जाग्रतीवात्मनः स्वप्रकाशत्वमस्फुटं स्यात्, प्रातिभासिकत्वे

क्लेश के क्षीण होते ही जन्म-मृत्यु का भी सर्वथा नाश हो जाता है । परमेश्वर के ध्यान से बन्धन एवं मोक्ष की अपेक्षा तृतीय अणिमादि सम्पूर्ण ऐश्वर्य को भी मर्त्यदेह के गिरने पर और सिद्ध देह के प्राप्त हो जाने पर जीव प्राप्त कर लेता है फिर तो वह द्वैतशून्य, आप्तकाम, स्वयंज्योति, आनन्दस्वरूप हो जाता है ।' अन्य श्रुति में क्रममुक्ति बतलायी गयी है ॥५॥

देहयोगाद्वा सोऽपि (ललिता)

पूर्वपक्ष—परमात्मा का अंश होता हुआ भी जीव तिरस्कृत ज्ञान-ऐश्वर्य वाला क्यों हो जाता है, उसमें तो चिंगारी में दहन-प्रकाशन सामर्थ्य जैसे अतिरस्कृत रहता है ऐसे ही ज्ञान-ऐश्वर्य अतिरस्कृत रहना चाहिए । सिद्धान्ती—आप का यह कथन सत्य ही है किन्तु जीव में ज्ञान-ऐश्वर्य का तिरोभाव देह, इन्द्रियाँ, मन, बुद्धि एवं विषयवेदन आदि के साथ सम्बन्ध होने के कारण रहता है । इस विषय में यहाँ पर उदाहरण भी प्रत्यक्ष दीखता है—जैसे काष्ठागत दहन-प्रकाशन में समर्थ अग्नि में भी दहन-प्रकाशनसामर्थ्य तिरोहित रहता है अथवा भस्माच्छन्न अग्नि का दहन-प्रकाशनसामर्थ्य तिरोहित रहता है ऐसे ही अविद्याप्रत्युपस्थापित नामरूपकृत देहादि उपाधि के साथ सम्बन्ध रहने के कारण अज्ञान से उत्पन्न भ्रम का किया हुआ ज्ञान-ऐश्वर्य का तिरोभाव जीव में रहता है । सूत्रस्थ 'वा' शब्द जीव-ईश्वर में भेदशङ्कानिवर्तक है ।

पूर्वपक्ष—ईश्वर से जीव भिन्न ही है क्योंकि उसमें ज्ञान-ऐश्वर्य तिरस्कृत है ऐसा मानना चाहिए,

२. तदभावाधिकरणम् (सू० ७-८)

नाडीपुरीतद्ब्रह्माणि विकल्प्यन्ते सुषुप्तये । समुच्चितानि वैकार्थ्याद्विकल्प्यन्ते यवादिवत् ।।
समुच्चितानि नाडीभिरुपसृप्य पुरीतति । हृत्स्थे ब्रह्मणि यात्यैकत्र विकल्पे स्वष्टदोषता ।।

न ह्यन्यत्वं जीवस्येश्वरादुपपद्यते 'सेयं देवतैक्षत' (छा० ६-३-२) इत्युपक्रम्य 'अनेन जीवेनात्मनाऽनुप्रविश्य' (छा० ६-३-२) इत्यात्मशब्देन जीवस्य परामर्शात् । 'तत्सत्यं स आत्मा तत्त्वमसि श्वेतकेतो' (छा० ६-६-४) इति च जीवायोपदिशतीश्वरात्मत्वम् । अतोऽनन्य एवेश्वराज्जीवः सन्देहयोगात्तिरोहितज्ञानैश्वर्यो भवति । अतश्च न सांकल्पिकी जीवस्य स्वप्ने रथादिसृष्टिर्घटते । यदि च सांकल्पिकी स्वप्ने रथादिसृष्टिः स्यान्नैवानिष्टं कश्चित्स्वप्नं पश्येत् । नहि कश्चिदनिष्टं संकल्पयते ।

यत्पुनरुक्तं जागरितदेशश्रुतिः स्वप्नस्य सत्यत्वं ख्यापयतीति न तत्साम्यवचनं सत्यत्वाभिप्रायं स्वयंज्योतिष्ट्वविरोधात् । श्रुत्यैव च स्वप्ने रथाद्यभावस्य दर्शितत्वात् । जागरितप्रभववासनानिर्मितत्वात्तु स्वप्नस्य तत्तुल्यनिर्भासत्वाभिप्रायं तत् । तस्मादुपपन्नं स्वप्नस्य मायामात्रत्वम् ।।६।।

स्वालोकेन्द्रियाद्यसत्त्वेऽप्यर्थापरोक्ष्यमात्मज्योतिष एवेति स्फुटं सिध्यति । तस्माद्देशादिसाम्यवचनं स्वप्नस्य जाग्रत्तुल्यभानाभिप्रायमित्यर्थः ।।६।।

देहसम्बन्धकल्पना से क्या लाभ है । सिद्धान्ती—ऐसा कहना ठीक नहीं है क्योंकि ईश्वर से जीव का भिन्नत्व सिद्ध नहीं होता है । 'उस देवता ने संकल्प किया' यहाँ से प्रसंग प्रारम्भकर 'इस जीवात्मरूप से देह में प्रवेशकर' इस वाक्य द्वारा आत्म शब्द से जीव का ही बोध कराया गया है । 'वह सत्य है, वह आत्मा है और हे श्वेतकेतु ! वही तू है' इस वाक्य द्वारा भी जीव के ईश्वरात्मत्व का उपदेश श्रुति करती है । अतः जीव ईश्वर से अभिन्न ही है किन्तु देह के साथ सम्बन्ध हो जाने के कारण उसका ज्ञान एवं ऐश्वर्य तिरोहित हो गया है, इसीलिए स्वप्न में जीव की रथादिसृष्टि विवेकपूर्वक साङ्कल्पिक नहीं घटती । यदि स्वप्नसृष्टि को सांकल्पिक माना जाय तो कोई भी स्वाप्न पुरुष अनिष्ट स्वप्न को नहीं देखे क्योंकि कोई अपना अनिष्ट संकल्प तो करता ही नहीं है ।

और जो पूर्वपक्षी ने कहा था कि जाग्रतदेशश्रुति स्वप्न में सत्यत्व बतलाती है वह सत्यत्व वचन साम्य अर्थ का वाचक नहीं है क्योंकि ऐसा मानने पर स्वयंज्योतिष्ट्व का विरोध होने लग जायेगा और स्वप्न में रथादि के अभाव को श्रुति ने ही बतला दिया है । वह साम्यवचन, जाग्रत् अवस्था में उत्पन्न वासना के निमित्त से स्वप्नसृष्टि होने के कारण जाग्रत् के सदृश स्वप्न भासता है, इस अभिप्राय से कहा गया है । अतः स्वप्न में मायामात्रत्व सिद्ध हुआ ।।६।।

२. तदभावाधिकरण

१. सङ्गति—जीव को स्वयंप्रकाश बतलाने के लिए स्वप्न को मिथ्या कहा गया है; अब ब्रह्म के साथ अभिन्न होने योग्य सुषुप्त पुरुष कहाँ रहता है, इस बात पर विचार इस अधिकरण में किया जायेगा । अतः पूर्व अधिकरण के साथ इसकी एकाधिकारत्व सङ्गति है ।

---

१. साम्यवचनम् ।

(३२५) तदभावो नाडीषु तच्छ्रुतेरात्मनि च ॥७॥

स्वप्नावस्था परीक्षिता सुषुप्तावस्थेदानीं परीक्ष्यते । तत्रैताः सुषुप्तिविषयाः श्रुतयो भवन्ति । क्वचिच्छ्रूयते —'तद्यत्रैतत्सुप्तः समस्तः सम्प्रसन्नः स्वप्नं न विजानात्यासु तदा नाडीषु सृप्तो भवति' (छा० ८-६-३) इति । अन्यत्र तु नाडीरेवानुक्रम्य श्रूयते—'ताभिः प्रत्यवसृप्य पुरीतति शेते' (बृ० २-१-१९) इति । तथान्यत्र नाडीरेवानुक्रम्य 'तासु तदा भवति यदा सुप्तः स्वप्नं न कंचन पश्यत्यथास्मिन्प्राण एवैकधा भवति' (कौषी० ४-१९) इति । तथान्यत्र 'य एषोऽन्तर्हृदय आकाशस्तस्मिञ्छेते' (बृ० २-१-१७) इति । तथान्यत्र

एवं बाह्यकरणोपरमे सति मनोवासनोद्दीपिताविद्याविलासात्मकं स्वप्नमात्मनः साक्षिणः स्वयंज्योतिष्ट्वार्थं विचार्य प्रतियोग्यनुयोगिभावसङ्गत्या स्वप्नावस्थमनोलयात्मिकां सुषुप्तिं विचारयति—तदभावो नाडीषु तच्छ्रुतेरात्मनि च । तदेतत्स्वप्नं यथा स्यात्तथा, यत्र काले सुप्तः सुषुप्तः समस्तो निरस्तबाह्यकरणो मनोलयात्सम्यक्प्रसन्न इत्यर्थः । स्वापे नाडीस्थानमुक्त्वा नाडीपुरीततोर्नाडीपरमात्मनोश्च समुच्चयश्रुती आह—अन्यत्रेति । परमात्ममात्रश्रुतीराह—तथान्यत्रेत्यादिना । नाडीपुरीतद्-

---

२. **विषय**—छान्दोग्य एवं बृहदारण्यक उपनिषद् में जीव का सुषुप्ति स्थान भिन्न-भिन्न बतलाया गया है, इस अधिकरण का यही विचारणीय विषय है ।

३. **संशय**—क्या नाड़ियों में, पुरीतत् में एवं ब्रह्म में जीव की सुषुप्ति विकल्प से होती है अथवा इन स्थानों का समुच्चय है ।

४. **पूर्वपक्ष**—उक्त अनेक प्रमाणभूत श्रुतियों को आधार मानकर इन स्थानों में जीव की सुषुप्ति विकल्प से माननी चाहिए । जिस प्रकार 'व्रीहिभिर्यजेत' 'यवैर्वायजेत' इन दोनों श्रुतियों के आधार पर याग का अनुष्ठान व्रीहि और जौ विकल्पपूर्वक ही होता है वैसे ही अनेक स्थानों में से जीव स्वेच्छा से कहीं भी शयन कर सकता है ।

५. **सिद्धान्त**—नाड़ियों से निकलकर पुरीतत् में और वहाँ से निकलकर हृदयस्थ ब्रह्म में जीव का शयन समुच्चयपूर्वक ही होता है । ब्रह्म में प्रवेश के लिये नाड़ियाँ एवं पुरीतत् तो द्वारमात्र हैं, सुषुप्ति स्थान तो एक ब्रह्म ही है । विकल्प मानने पर आठ दोष भी आते हैं ।

तदभावो नाडीषु तच्छ्रुतेरात्मनि च (ललिता)

स्वप्नवास्था की परीक्षा की गयी, अब सुषुप्तावस्था की परीक्षा करते हैं । सुषुप्त के विषय में ये सब श्रुतियाँ हैं—कहीं पर सुना जाता है कि 'जिस समय यह सोया हुआ पुरुष बाह्य करणों के निरस्त हो जाने से समस्त और मनोलय हो जाने के कारण सम्प्रसन्न हो स्वप्न को नहीं जानता है उस समय वह नाड़ियों में प्रविष्ट हो जाता है ।' किन्तु अन्यत्र 'उन नाड़ियों से निकलकर पुरीतत् में सोता है' इस वाक्य द्वारा नाड़ियों का अनुक्रमणकर पुरीतत् में जीव का शयन बतलाया गया है । वैसे ही अन्यत्र भी नाड़ियों का ही अनुक्रमणकर 'तब उस समय नाड़ियों में जीव होता है जब सोया हुआ वह किसी स्वप्न को नहीं देखता, इसीलिए प्राणरूप परमात्मा में अभिन्न हो जाता है' इस वाक्य द्वारा प्राण में जीव का शयन बतलाया गया है । उसी प्रकार अन्यत्र भी 'जो यह हृदय के भीतर आकाश है

---

१. नाडीषु । २. परमात्मनि ।

'सता सोम्य तदा सम्पन्नो भवति 'स्वमपीतो भवति' (छा० ६-८-१) इति । तथा 'प्राज्ञेनात्मना संपरिष्वक्तो न बाह्यं किंचन वेद नान्तरम्' (बृ० ४-३-२१) इति च । तत्र संशयः— किमेतानि नाड्यादीनि परस्परनिरपेक्षाणि भिन्नानि सुषुप्तिस्थानान्याहोस्वित्परस्परापेक्षयैकं सुषुप्तिस्थानमिति ।

किं तावत्प्राप्तं भिन्नानीति । कुतः ? एकार्थत्वात् । नह्येकार्थानां क्वचित्परस्परापेक्षत्वं दृश्यते व्रीहियवादीनाम् । नाड्यादीनां त्वेकार्थता सुषुप्तौ दृश्यते—'नाडीषु सृप्तो भवति' (छा० ८-६-३), 'पुरीतति शेते' (बृ० २-१-१९) इति च तत्र तत्र सप्तमीनिर्देशस्य तुल्यत्वात् । ननु नैवं सति सप्तमीनिर्देशो दृश्यते—'सता सोम्य तदा संपन्नो भवति' (छा० ६-८-१) इति । नैष दोषः । तत्रापि सप्तम्यर्थस्य गम्यमानत्वात् । वाक्यशेषो हि 'तत्रायतनैषी जीवः सदुपसर्पति' इत्याह—'अन्यत्रायतनमलब्ध्वा प्राणमेवोपश्रयते'

ब्रह्मसु सप्तमीश्रुतेः समुच्चयश्रुतेश्च संशयमाह—तत्रेति ।

पूर्वपक्षे स्थानविकल्पाज्जीवस्य ब्रह्मैक्यानिर्णयः, सिद्धान्ते नाडीभिः पुरीततं गत्वा तर्हि ब्रह्मण्येव शेत इति समुच्चयात् तन्निर्णय इति विवेकः । एकपुरोडाशार्थत्वं व्रीहियवयोर्दृष्टं नाड्यादीनामेकस्मिन् स्वापरूपार्थे निरपेक्षस्थानत्वं तु कुत इत्यत आह—नाड्यादीनां चेति । सति ब्रह्मणि तृतीयाश्रुतेर्न सप्तमीति शङ्कार्थः । आयतनशब्दात्सप्तम्यर्थः आधारत्वं गम्यत इत्याह–नैष दोष इति । अन्यत्रावस्थाद्वये श्रान्तो जीवो विश्रान्तिस्थानं प्राणाख्यं सद्ब्रह्मोपसर्पति सुषुप्तावित्यर्थः । सप्तमीश्रुत्या निरपेक्षाधारत्वभानाद्विकल्प आस्थेयः । कदाचित्समुच्चित्यापि नाड्यादीनां स्थानत्वमिति न समुच्चयश्रुतिविरोध इति पूर्वपक्षार्थः ।

उसमें जीव सोता है' इस वाक्य द्वारा तथा 'हे सोम्य ! उस समय सत् के साथ जीव सम्पन्न हो जाता है और आत्मस्वरूपापन्न हो जाता है' एवं 'चेतन परमात्मा के साथ अभिन्न होता हुआ जीव न बाह्य किसी वस्तु को जानता है, न आन्तर वस्तु को जानता है' इन वाक्यों द्वारा भी परमात्मा में ही जीव का शयन सुना जाता है इसलिए वहाँ पर यह संशय होता है कि ये नाड्यादि परस्पर भिन्न सुषुप्ति स्थान हैं अथवा परस्पर की अपेक्षा से एक सुषुप्ति स्थान है।

इस पर पूर्वपक्षी का कहना है कि ये सभी स्थान परस्पर निरपेक्ष एवं भिन्न हैं क्योंकि सभी का प्रयोजन एक ही है, '**व्रीहिभिर्यजेत**', '**यवैर्वा यजेत**' एक प्रयोजन वाले व्रीहि और यव में कहीं भी परस्परापेक्षत्व नहीं दीखता है । नाड़ी आदि भी सुषुप्तिरूप एक प्रयोजन के लिए ही देखे जाते हैं इसीलिए '**नाड़ीषु सृप्तो भवति**', '**पुरीतति शेते**' इन सभी श्रुतियों में सप्तमी विभक्ति का निर्देश एक जैसा दीखता है । शङ्का—नहीं-नहीं, सर्वत्र सप्तमी निर्देश नहीं दीखता है । '**सता सोम्य तदा सम्पन्नो भवति**' इस श्रुति में सप्तमी का निर्देश नहीं है । समाधान (पूर्वपक्ष)—यह दोष नहीं है, वहाँ पर भी सप्तमी विभक्ति का अर्थ प्रतीत होता है क्योंकि वाक्यशेष में वहाँ पर 'आयतन चाहने वाला जीव सत् में प्रविष्ट हो जाता है' ऐसा कहा गया है । 'अन्यत्र

१. आत्मस्वरूपमापन्नो भवतीत्यर्थः ।

(छा० ६-८-२) इति प्राणशब्देन तत्र प्रकृतस्य सत उपादानात् । आयतनं च सप्तम्यर्थः । सप्तमीनिर्देशोऽपि तत्र वाक्यशेषे दृश्यते—'सति संपद्य न विदुः सति संपद्यामहे इति' (छा० ६-९-२) । सर्वत्र च विशेषविज्ञानोपरमलक्षणं सुषुप्तं न विशिष्यते । तस्मादेकार्थत्वान्नाड्यादीनां विकल्पेन कदाचित्किंचित्स्थानं स्वापायो[1]पसर्पतीति ।

एवं प्राप्ते प्रतिपाद्यते—तदभावो नाडीष्वात्मनि चेति । तदभाव इति तस्य प्रकृतस्य स्वप्नदर्शनस्याभावः सुषुप्तमित्यर्थः । नाडीष्वात्मनि चेति समुच्चयेनैतानि नाड्यादीनि स्वापायो[2]ऽपैति न विकल्पेनेत्यर्थः । कुतः ? तच्छ्रुतेः । तथाहि—सर्वेषामेव नाड्यादीनां तत्र तत्र सुषुप्तिस्थानत्वं श्रूयते तच्च समुच्चये संगृहीतं भवति । विकल्पे ह्येषां पक्षे बाधः स्यात् ।

नन्वेकार्थत्वाद्विकल्पो नाड्यादीनां व्रीहियवादिवदित्युक्तम् । नेत्युच्यते । न ह्येकविभक्तिनिर्देशमात्रेणैकार्थत्वं विकल्पश्चापतति । नानार्थत्वसमुच्चययोरप्येकविभक्तिनिर्देशदर्शनात्-

---

सिद्धान्तयति—एवं प्राप्त इति । सूत्रे चकारः पुरीतत्समुच्चयार्थः । यदा नाड्यः सुषुप्तिस्थानं तदा पुरीतत्स्थानं न भवतीति श्रुतस्थानत्वस्य पक्षे बाधः स्यात्, स न युक्त इत्याह—विकल्पे ह्येषामिति ।

व्रीहियवयोस्त्वगत्या विकल्प इति भावः । यत्तु सप्तमीश्रुत्या नाड्यादीनामेकफलकत्वमिति, तन्नेत्याह—न ह्येकेति । प्रासादस्य पर्यङ्कधारणमर्थः पर्यङ्कस्य तु शयनमिति फलभेदेऽप्येकविभक्तिर्दृश्यते,

---

आयतन न देखकर प्राण का ही आश्रय जीव लेता है' इस श्रुति में प्राण शब्द से प्रकृत सत् तत्व का ही ग्रहण होता है और आयतन शब्द भी सप्तमी के अर्थ में ही है । इसके अतिरिक्त वहां वाक्यशेष में 'सत् को प्राप्तकर ये जीव नहीं जानते कि हम सत् में सम्पन्न हुए हैं' ऐसा सप्तमीनिर्देश दीखता है । तात्पर्य यह कि विशेषविज्ञान-उपरमरूप सुषुप्त सर्वत्र एक जैसा है । अतः नाड्यादि एक प्रयोजनवाले होने के कारण विकल्प से कदाचित् किसी स्थान में जीव शयन के लिए जाता है, ऐसा विकल्प मानना उचित ही है ।

इस प्रकार पूर्वपक्ष प्राप्त होने पर सिद्धान्ती कहते हैं कि स्वप्न का अभावरूप सुषुप्ति नाड़ियों और आत्मा में समुच्चयपूर्वक ही है । प्रकृत स्वप्नदर्शनाभावरूप सुषुप्ति को सूत्रस्थ 'तदभाव' पद से कहा गया है । नाड़ियों तथा आत्मा में समुच्चयपूर्वक इन नाड्यादि स्थानों में शयन के लिए जीव जाता है, विकल्प से नहीं जाता । ऐसी ही श्रुति भी है कि सभी नाड्यादि सुषुप्तिस्थान जहां कहीं भी सुने जाते हैं वे सभी समुच्चय पक्ष में संगृहीत हो जाते हैं, इनके विकल्प मानने पर एक पक्ष में बाध होने लग जायेगा अर्थात् नाड़ी सुषुप्तिस्थान मानने पर पुरीतत् एवं परमात्म अर्थ का बाध होगा, पुरीतत् को शयनस्थान मानने पर नाड़ी एवं परमात्म अर्थ का बाध होगा और परमात्मा को सुषुप्तिस्थान मानने पर नाड़ी तथा पुरीतत् का बाध होने लग जायेगा जो उचित नहीं है ।

पूर्वपक्ष—'व्रीहिभिर्यजेत, यवैर्वा यजेत' इस स्थान में एक प्रयोजन के लिए ही दोनों होने के कारण जैसे विकल्प होता है ऐसे ही एक प्रयोजन के लिए कहे गये नाड्यादि का भी विकल्प मानना

---

१. जीवः । २. जीवः ।

प्रासादे शेते पर्यङ्के शेत इत्येवमादिषु । तथेहापि नाडीषु पुरीतति ब्रह्मणि च स्वपितीत्येतदुपपद्यते समुच्चयः । तथाच श्रुतिः—'तासु तदा भवति यदा सुप्तः स्वप्नं न कंचन पश्यत्यथास्मिन्प्राण एवैकधा भवति' (कौषी० ४-१९) इति समुच्चयं नाडीनां प्राणस्य च सुषुप्तौ श्रावयत्येकवाक्योपादानात् । प्राणस्य च ब्रह्मत्वं समधिगतम्—'प्राणस्तथानुगमात्' (ब्र० सू० १-१-२८) इत्यत्र । यत्रापि निरपेक्षा इव नाडीः सुप्तिस्थानत्वेन श्रावयति—'आसु तदा नाडीषु सृप्तो भवति' (छा० ८-६-३) इति । तत्रापि प्रदेशान्तरप्रसिद्धस्य ब्रह्मणोऽप्रतिषेधान्नाडीद्वारेणैव ब्रह्मण्येवावतिष्ठत इति प्रतीयते । नचैवमपि नाडीषु सप्तमी विरुध्यते, नाडीद्वारापि ब्रह्मोपसर्पन्सृप्त एव नाडीषु भवति । यो हि गङ्गया सागरं गच्छति गत एव स गङ्गायां भवति । अपि चात्र रश्मिनाडीद्वारात्मकस्य ब्रह्मलोकमार्गस्य विवक्षितत्वान्नाडीस्तुत्यर्थं सृप्तिसंकीर्तनम् । 'नाडीषु सृप्तो भवति' (छा० ८-६-३) इत्युक्त्वा 'तं न कश्चन पाप्मा स्पृशति' (छा० ८-६-३) इति ब्रुवन्नाडीः प्रशंसति । ब्रवीति च पाप्मस्पर्शाभावे हेतुम्—'तेजसा हि तदा संपन्नो भवति' (छा० ८-६-३) इति । तेजसा

व्यवधानाव्यवधानाभ्यां शयनसाधनत्वात् समुच्चयश्च, तथेहापि नाडीपुरीततोर्जीवस्य संचारद्वारा ब्रह्मण्येव सुप्तिरिति समुच्चय इत्यर्थः । नाडीनां प्राणस्य च एकेन वाक्येनोपादानान्मिथः समुच्चय इत्याह—एकवाक्येति । आधारत्वमात्रं सप्तम्यर्थो न निरपेक्षत्वमतो न समुच्चयस्य सप्तम्या बाध इत्याह—न चैवमपीति । समुच्चयेऽपीत्यर्थः । अत्र नाडीश्रुतौ नाडीषु भोक्तुः सुप्तिर्न विवक्षिता रश्मिसंबन्धनाडीरूपमार्गस्तुत्यर्थत्वादित्याह—अपिचेति । पित्तेन विषयेक्षणाभावे सुखदुःखयोरभावात् तद्धेतुधर्माधर्मात्मकपाप्मास्पर्श इत्यर्थः ।

चाहिए, ऐसा हम कह आये हैं । सिद्धान्ती—आप का यह कथन ठीक नहीं है । एक विभक्ति के निर्देशमात्र से एकार्थत्व और विकल्प नहीं आ जाता है नाना प्रयोजन एवं समुच्चय स्थल में भी एक विभक्ति का निर्देश देखा गया है । प्रासाद में सोता है, प्रकोष्ट में सोता है और पलङ्ग में सोता है; ऐसे प्रयोगों में उक्त न्याय देखा गया है । वैसे ही यहाँ पर भी नाड़ियों में, पुरीतत् में और ब्रह्म में सोता है; यह कथन समुच्चय पक्ष में उपपन्न हो जाता है । वैसा ही 'तब जीव नाड़ियों में होता है जब सोया हुआ किसी स्वप्न को नहीं देखता, उस समय परमात्मा में ही एकीभूत हो जाता है' यह श्रुति नाड़ियों एवं परमात्मा का सुषुप्ति में समुच्चय बतलाती है । साथ ही 'उस समय उन नाड़ियों में प्रविष्ट रहता है' इस श्रुति में प्रदेशान्तर में प्रसिद्ध ब्रह्म का प्रतिषेध न करने के कारण नाड़ी द्वारा ब्रह्म में ही स्थित रहता है, यह अर्थ प्रतीत होता है । इस प्रकार भी नाड़ी पद में सप्तमी विभक्ति का निर्देश विरुद्ध नहीं है क्योंकि नाड़ी द्वारा भी ब्रह्म में प्रविष्ट होता हुआ नाड़ियों में प्रविष्ट होता ही है । जो गंगा के मार्ग से सागर जाता है वह गंगा मे भी गया हुआ माना जाता है । इसके अतिरिक्त यहाँ पर रश्मि एवं नाड़ीद्वारात्मक ब्रह्मलोक मार्ग का बतलाना अभीष्ट होने के कारण नाड़ी की स्तुति के लिए नाड़ियों में प्रवेश कहा गया है । 'नाड़ियों में प्रविष्ट होता है' ऐसा कहने के बाद यह भी कहा गया है कि 'उस नाड़ी में प्रविष्ट पुरुष को कोई पाप स्पर्श नहीं करता' ऐसा कहती हुई श्रुति नाड़ी की प्रशंसा करती है । 'उस समय जीव तेज से सम्पन्न हो जाता है' यह श्रुति पापस्पर्शाभवा में हेतु बतलाती है

नाडीगतेन पित्ताख्येनाभिव्याप्तकरणो न बाह्यान्विषयानीक्षत इत्यर्थः ।

अथवा तेजसा इति ब्रह्मण एवायं निर्देशः श्रुत्यन्तरे—'ब्रह्मैव तेज एव' (बृ० ४-४-७) इति तेजःशब्दस्य ब्रह्मणि प्रयुक्तत्वात् । ब्रह्मणा हि तदा संपन्नो भवति नाडीद्वारेणातस्तं न कश्चन पाप्मा स्पृशतीत्यर्थः । ब्रह्मसंपत्तिश्च पाप्मस्पर्शाभावे हेतुः समधिगतः—'सर्वे पाप्मानोऽतो निवर्तन्तेऽपहतपाप्मा ह्येष ब्रह्मलोकः' (छा० ८-४-२) इत्यादिश्रुतिभ्यः । एवं च सति प्रदेशान्तरप्रसिद्धेन ब्रह्मणा सुषुप्तिस्थानेनानुगतो नाडीनां समुच्चयः समधिगतो भवति । तथा पुरीततोऽपि ब्रह्मप्रक्रियायां संकीर्तनात्तदनुगुणमेव सुप्तिस्थानत्वं विज्ञायते—'य एषोऽन्तर्हृदय आकाशस्तस्मिञ्छेते' (बृ० २-१-१७) इति हृदयाकाशे सुप्तिस्थाने प्रकृत इदमुच्यते 'पुरीतति शेते' (बृ० २-१-१९) इति । पुरीतदिति हृदयपरिवेष्टनमुच्यते । तदन्तर्वर्तिन्यपि हृदयाकाशे शयानः शक्यते पुरीतति शेत इति वक्तुम् । प्राकारपरिक्षिप्तेऽपि पुरे वर्तमानः प्राकारे वर्तत इत्युच्यते । हृदयाकाशस्य च ब्रह्मत्वं समधिगतम्—'दहर उत्तरेभ्यः' (ब्र० सू० १-३-१४) इत्यत्र । तथा नाडीपुरीततसमुच्च-

---

अपहतपाप्मब्रह्मसपत्त्या वा पाप्मास्पर्श इत्याह—अथवेति । अस्मिन् व्याख्याने लाभमाह—एवं च सतीति । 'तासु तदा भवत्यथास्मिन् प्राण एवैकधा भवति' इति श्रुतेः समुच्चय आश्रितो भवतीत्यर्थः । नाडीब्रह्मणोर्गुणप्रधानभावेन सुप्तौ समुच्चयवत्पुरीतद्ब्रह्मणोरपीत्याह—तथेत्यादिना । आकाशे ब्रह्मणि शेत इत्युपक्रम्य ताभिः प्रत्यवसृप्य पुरीतति शेत इत्युक्तं, तथाच नाडीद्वारा पुरीततं गत्वा ब्रह्मणि शेत इति समुच्चयः सिद्ध इत्याह—तथा नाडीति । सता संपन्नो भवति प्राज्ञेन संपरि-

---

कि नाड़ीगत पित्तनामक तेज से इन्द्रियों के अभिव्याप्त होने से जीव बाह्यविषयों को नहीं देखता है, यह उक्त श्रुति का अर्थ है । ऐसी स्थिति में उस सुपुप्त पुरुष को पाप कैसे स्पर्श करेगा ।

अथवा 'तेजसः' इस पद से ब्रह्म का ही निर्देश श्रुत्यन्तर में किया गया है । **'ब्रह्मैव तेज एव'** इस वाक्य में तेज शब्द ब्रह्म अर्थ में ही प्रयुक्त हुआ है क्योंकि सुषुप्त पुरुष सुषुप्तावस्था में ब्रह्म के साथ नाड़ी द्वारा सम्पन्न हो जाता है, इसीलिए उसको पाप स्पर्श नहीं करता । इस प्रकार पापस्पर्शाभाव में ब्रह्मसम्पत्ति हेतु सिद्ध होता है । 'इस ब्रह्मनिष्ठा के पास से सभी पाप दूर हट जाते हैं क्योंकि यह ब्रह्मलोक पुण्य-पाप से रहित है' इत्यादि श्रुतियों से भी यही अर्थ प्रतीत होता है । इस प्रकार प्रदेशान्तरप्रसिद्ध सुषुप्तिस्थान ब्रह्म के साथ नाड़ी का अनुगत समुच्चय सिद्ध हो जाता है । वैसे ही ब्रह्मप्रकरण में पुरीतत् का भी वर्णन होने से पुरीतत् द्वारा ही ब्रह्म में सुषुप्तिस्थानत्व जाना जाता है । 'जो यह हृदय के भीतर आकाश है उसमें जीव सोता है' इस श्रुतिवाक्य से सुषुप्तिस्थान प्रकृत हृदयाकाश में **'पुरीतति शेते'** यह श्रुति शयन बतलाती है । हृदयपरिवेष्टन को पुरीतत् शब्द से कहा जाता है, उसके अन्तवर्ती आकाश में भी सोता है, इस शयन को **'पुरीतति शेते'** ऐसा कहा जा सकता है । जैसे परकोटा से घिरे नगर में रहने वाले को परकोटे में रहता है, ऐसा कहा जाता है; ऐसे ही पुरीतत् नाड़ीवर्ती हृदयाकाश में सोने वाले को 'पुरीतत् में सोता है' ऐसा कहना भी उचित ही है । **'दहर उत्तरेभ्यः'** इस सूत्र से हृदयाकाश में ब्रह्मत्व सिद्ध ही है । ऐसे ही 'नाड़ियों से निकलकर

---

१. पुरीतद्द्वारैव । २. ब्रह्मण इति शेषः । ३. परिवेष्टिते ।

योऽपि—'ताभिः प्रत्यवसृप्य पुरीतति शेते' (बृ० २-१-१९) इत्येकवाक्योपादानादव-गम्यते। सत्प्राज्ञयोश्च प्रसिद्धमेव ब्रह्मत्वम्। एवमेतासु श्रुतिषु त्रीण्येव सुषुप्तिस्थानानि संकीर्तितानि नाड्यः पुरीतद्ब्रह्म चेति। तत्रापि द्वारमात्रंनाड्यः पुरीतच्च ब्रह्मैव त्वेकं सुषुप्तिस्थानम्।

अपिच नाड्यः पुरीतद्वा जीवस्योपाध्याधार एव भवति तत्रास्य करणानि वर्तन्त इति। नह्युपाधिसंबन्धमन्तरेण स्वत एव जीवस्याधारः कश्चित्संभवति, ब्रह्माव्यतिरेकेण स्वमहिमप्रतिष्ठितत्वात्। ब्रह्माधारत्वमप्यस्य सुषुप्ते नैवाधाराधेयभेदाभिप्रायेणोच्यते कथं तर्हि, तादात्म्याभिप्रायेण। यत आह—'सता सोम्य तदा संपन्नो भवती स्वमपीतो भवति' (छा० ६-८-१) इति। स्वशब्देनात्माभिलप्यते स्वरूपमापन्नः सुप्तो भवतीत्यर्थः। अपिच न कदाचिज्जीवस्य ब्रह्मणा संपत्तिर्नास्ति स्वरूपस्यानपायित्वात्। स्वप्नजागरितयोस्तूपाधि-

---

ष्वक्त इति सत्प्राज्ञयोः श्रुतेः पञ्च सुप्तिस्थानानीत्यत आह—सत्प्राज्ञयोरिति।

किंच प्रकृतदर्शादिसाधनैकपुरोडाशनिष्पत्तौ मिथोऽनपेक्षतया समर्थत्वाद्युक्तो व्रीहियवयोर्विकल्पः, नाड्यादीनां तु ब्रह्मनिरपेक्षतया सुषुप्तजीवाधारत्वासामर्थ्यान्न विकल्प इत्याह—अपिच नाड्य इति। उपाधिलिङ्गाश्रयनाडीपुरीततोरुपहितजीवाश्रयत्वं परम्परया वाच्यं, तदपि सुषुप्तौ न संभवति, उपाधिलयादित्यर्थः। ननु ब्रह्मापि जीवस्य न मुख्यं स्थानं अभेदादित्यत आह—ब्रह्माधारत्वमिति। जीवस्य ब्रह्मण्यभेदेनावस्थानं नाडीपुरीततोस्तु लीनोपाधेर्जीवस्य स्थितिरेव न संभवतीत्येकार्थसामर्थ्या-भावान्न विकल्प इत्यर्थः। सुषुप्तौ जीवस्य भेदकोपाधिलयाच्चौत्सर्गिकब्रह्माभेदस्य विकल्पो न युक्त इत्याह—अपिचेति।

पुरीतत् में सोता है' इस एक वाक्य में गृहीत होने के कारण नाड़ी और पुरीतत् का समुच्चय भी अवगत हो जाता है। 'सता सम्पन्नो भवति', प्राज्ञेन सम्परिष्वक्तः' इन श्रुतियों में सत् और प्राज्ञ का श्रवण होने से सुषुप्तिस्थान पाँच जान पड़ते हैं, इस प्रश्न का उत्तर देते हुए कहते हैं कि सत् और प्राज्ञ में ब्रह्मत्व प्रसिद्ध ही है ऐसी स्थिति में इन श्रुतियों में सुषुप्तिस्थान तीन ही कहे गये हैं—नाड़ी, पुरीतत् और ब्रह्म। ये तीन ही स्थान विचारणीय हैं। उनमें भी नाड़ी और पुरीतत् ब्रह्म तक पहुँचने के लिए द्वारमात्र हैं, सुषुप्तिस्थान तो स्थिर एकमात्र ब्रह्म ही है।

इसके अतिरिक्त नाड़ी अथवा पुरीतत् जीव की उपाधि लिङ्ग शरीर का ही आधार है क्योंकि वहाँ पर इस जीव के बाह्याभ्यन्तर करण रहते हैं। उपाधिसम्बन्ध के बिना स्वतः ही जीव का कोई आधार नहीं हो सकता क्योंकि ब्रह्म से अभिन्न होने के कारण जीव अपनी महिमा में प्रतिष्ठित है। सुषुप्ति के समय इस जीव का आधार जो ब्रह्म को कहा गया है वह आधार-आधेय के अभिप्राय से नहीं कहा गया है किन्तु तादात्म्यअभिप्राय से 'हे सोम्य! उस समय जीव सत् के साथ सम्पन्न हो जाता है, अपने स्वरूप में लीन हो जाता है' इस वाक्य द्वारा कहा गया है। श्रुति में स्व शब्द से आत्मा को कहते हैं अर्थात् सुषुप्त पुरुष स्वरूपापन्न हो जाता है। सत्य पूछो तो जीव ब्रह्म के साथ कभी सम्पन्न नहीं होता है, ऐसी बात नहीं है क्योंकि अपना रूप होने के कारण ब्रह्म जीव से कभी दूर रहता ही नहीं

---

१. स्थाने।

संपर्कवशात्पर[1]रूपापत्तिमिवापेक्ष्य [2]तदुपशमात्सुषुप्ते स्वरूपापत्तिर्वक्ष्यते । अतश्च सुप्तावस्थायां कदाचित्सता संपद्यते कदाचिन्न सम्पद्यत इत्ययुक्तम् ।

अपिच स्थानविकल्पाभ्युपगमेऽपि विशेषविज्ञानोपशमलक्षणं तावत्सुषुप्तं न क्वचिद्विशिष्यते । तत्र सति सम्पन्नस्तावत्तदेकत्वान्न विजानातीति युक्तम् 'तत्केन कं विजानीयात्' (बृ० २-४-१४) इति श्रुतेः । नाडीषु पुरीतति च शयानस्य न किञ्चिदविज्ञाने कारणं शक्यं विज्ञातुं, [3]भेदविषयत्वात् 'यत्र वा अन्यदिव स्यात्तत्रान्योऽन्यत्पश्येत्' (बृ० ४-३-३१) इति श्रुतेः । ननु भेदविषयस्याप्यतिदूरा[4]दिकारणमविज्ञाने स्यात् । बाढम् । एवं स्याद्यदि जीवः स्वतःपरिच्छिन्नोऽभ्युपगम्येत यथा विष्णुमित्रः प्रवासी स्वगृहं न पश्यति । न तु जीवस्योपाधिव्यतिरेकेण परिच्छेदो विद्यते । उपाधिगतमेवातिदूरादिकारणमविज्ञान इति यद्युच्येत तथाप्युपाधेरुपशान्तत्वात्सत्येव सम्पन्नो न विजानातीति युक्तम् । नच वयमिह

किंच 'नाड्यादीनामन्यतमस्थाने क्वचित्सुप्तिवादिनापि सुषुप्तं न विशिष्यत इति वक्तव्यं, तच्च वक्तुं न शक्यत इत्याह—अपिच स्थानेति । भेदाभावो हि भेदज्ञानाभावे हेतुः, नाडीपुरीतद्गतस्य तु जीवस्य भेदावस्थात्वाद्भेदाविज्ञाने कारणं नास्तीत्यर्थः । द्वैतावस्थस्यापि द्वैताज्ञाने हेतुं शङ्कते—ननु भेदेति । द्रष्टुर्दृश्याद्दूरस्थत्वं स्वाभाविकमौपाधिकं वा । तत्राद्यं सदृष्टान्तमनूद्य प्रत्याह–बाढमित्यादिना । द्वितीयमनूद्य दूषयति—उपाधिगतमेवेति । उपाधिसंभिन्नस्यैव नाड्यादौ स्वापे कतिपयसंनिकृष्टार्थज्ञानप्रसङ्गात् सुषुप्तिव्याघातः स्यात् । उपाधिलये त्वग्यत्र जीवस्य स्थित्ययोगाद्ब्रह्मण्येव स्वाप आस्थेय इत्यर्थः । एवं विकल्पं निरस्य नाडीपुरीततोर्ब्रह्मणा सह तुल्यवत्समुच्चयमफलत्वेन दूषयन् गुणप्रधानत्वेन समुच्चयमुपसंहरति—नच वयमित्यादिना ।।७।।

है । किन्तु स्वप्न और जाग्रत में उपाधि के साथ सम्पर्क होने के कारण उपाधिरूपापत्ति सी प्रतीत होती है, उस उपाधि के उपशम हो जाने से सुषुप्तावस्था में जीव की स्वरूपापत्ति 'स्वमपीतो भवति' इस वाक्य से बतलाना अभीष्ट है । अतः सुषुप्तवस्था में कभी सत् के साथ सम्पन्न होता है, कभी नहीं होता है; यह पूर्वपक्षी का कथन असङ्गत है ।

इसके अतिरिक्त स्थान का विकल्प मानने पर भी विशेषविज्ञान-उपशमरूप सुषुप्ति कहीं पर विशेष नहीं है, वहाँ पर सत् में सम्पन्न हो जाता है; इसीलिए अभिन्न हो जाने के कारण 'वहाँ कौन किसको किससे जानेगा' इस श्रुतिवाक्य द्वारा जीव-ब्रह्म का अभेद हो जाने से वहाँ जानता नहीं है, ऐसा कहना उचित ही है । नाड़ियों और पुरीतत् में शयन करने वाले के अविज्ञान में कोई कारण नहीं बतला सकते क्योंकि उस समय जीव भेद को विषय कर रहा है, ऐसा 'जहाँ पर भेद जैसा होगा वहाँ दूसरा दूसरे को देखेगा' इस श्रुति से जाना जाता है । शङ्का—भेदविषय भी अतिदूरादि कारणों से अविज्ञात रह जाता है । समाधान—आप का कहना ठीक है यदि जीव स्वतः परिच्छिन्न माना जाय तो जैसे प्रवासी विष्णुमित्र अपना घर नहीं देखता, यह प्रयोग अपने घर से दूरस्थ प्रवासी विष्णुमित्र के लिये किया जाता है; किन्तु उपाधि के बिना जीव में परिच्छेद तो है ही नहीं । यदि कहो कि उपाधिगत अतिदूरादि अविज्ञान में कारण है, तब तो उपाधि के शान्त होते ही सत् में सम्पन्न हुआ वह जीव बाह्यवस्तु को नहीं जानता, यह कहना युक्त ही है । और हम यहाँ ब्रह्म के साथ समानरूप

१. उपाधि । २. उपाधि । ३. जीवस्य । ४. भेदाविज्ञाने । ५. मध्ये ।

(३२६) अतः प्रबोधोऽस्मात् ॥८॥

तुल्यवन्नाड्यादिसमुच्चयं प्रतिपादयामः । नहि नाड्यः सुप्तिस्थानं पुरीतद्वेत्यनेन विज्ञानेन किंचत्प्रयोजनमस्ति । न ह्येतद्विज्ञानप्रतिबद्धं किंचित्फलं श्रूयते । नाप्येतद्विज्ञानं फलवतः कस्यचिदङ्गमुपदिश्यते[1] । ब्रह्म त्वनपायि सुप्तिस्थानमित्येतत्प्रतिपादयामः । तेन तु विज्ञानेन प्रयोजनमस्ति, जीवस्य ब्रह्मात्मत्वावधारणं स्वप्नजागरितव्यवहारविमुक्तत्वावधारणं च । तस्मादात्मैव सुप्तिस्थानम् ॥७॥

यस्माच्चात्मैव सुप्तिस्थानमत एव च कारणान्नित्यवदेवास्मादात्मनः प्रबोधः स्वापाधिकारे शिष्यते—'कुत एतदागात्' (बृ० २-१-१६) इत्यस्य प्रश्नस्य प्रतिवचनावसरे 'यथाग्नेः क्षुद्रा विस्फुलिङ्गा व्युच्चरन्त्येवमेवैतस्मादात्मनः सर्वे प्राणाः' (बृ० २-१-२०) इत्यादिना । 'सत आगम्य न विदुः सत आगच्छामहे' (छा० ६-१०-२) इति च विकल्प्यमानेषु तु सुषुप्तिस्थानेषु कदाचिन्नाडीभ्यः प्रतिबुध्यते कदाचित्पुरीततः कदाचिदात्मन इत्यशासिष्यत् । तस्मादप्यात्मैव सुप्तिस्थानमिति ॥८॥

किंच ब्रह्मणः सकाशाज्जीवस्योत्थानश्रुतेर्ब्रह्मैव सुषुप्तिस्थानमित्याह सूत्रकारः—अतः प्रबोध इति । नाडीपुरीततोः स्वाप्युत्थानापादानत्वाश्रवणान्न सुषुप्तिस्थानत्वमित्यर्थः, तस्मादुपाधिलये जीवस्य ब्रह्माभेदादौपाधिक एव भेद इति विवेकाद्वाक्यार्थभेदसिद्धिरिति स्थितम् ॥८॥

में नाड्यादि समुच्चय नहीं बतलाते हैं क्योंकि सुषुप्तिस्थान नाड़ी और पुरीतत् है, ऐसा जानने से कोई प्रयोजन सिद्ध नहीं होता है और न इस विज्ञान से सम्बद्ध कोई फल ही सुना जाता है तथा यह विज्ञान किसी फलवत् का अङ्ग भी नहीं बतलाया गया है । पर हम तो ब्रह्म का स्थायी सुषुप्तिस्थान बतलाते हैं इस विज्ञान से प्रयोजन भी है, वह है जीव में ब्रह्मात्मत्वावधारण और स्वप्न-जाग्रत व्यवहार से विमुक्तत्वावधारण अर्थात् जीव ब्रह्मस्वरूप है और वह जाग्रत् तथा स्वप्न व्यवहार से सर्वथा दूर है, ऐसा निश्चय हो जाना उक्त विज्ञान का प्रयोजन है । अतः सुषुप्तिस्थान परमात्मा ही है ॥७॥

अतः प्रबोधोऽस्मात् (ललिता)

जब कि आत्मा ही सुषुप्तिस्थान है इसीलिए सदा आत्मा से ही जीव का जागरण होता है, ऐसा 'सुषुप्त पुरुष कहाँ से जगा है' इस प्रश्न का उत्तर देते समय 'जैसे अग्नि से छोटी-छोटी चिंगारियाँ निकलती हैं ऐसे ही इस आत्मा से सभी प्राण निकलते हैं', 'प्रतिदिन जाग्रदवस्था में सत् से आकर भी ये जीव नहीं जान पाते कि इस सद्ब्रह्म से सुषुप्तावस्था में तादात्म्यभावापन्न होकर जाग्रत् में आये हैं' इन सभी श्रुतिवाक्यों द्वारा परमात्मा में ही जीव का शयन और उसी से जागरण बतलाया गया है । सुषुप्तिस्थान के विकल्प मानने पर कदाचित् नाड़ियों से, कदाचित् पुरीतत् से और कदाचित् परमात्मा से जीव का जागरण बतलाते; किन्तु ऐसा उपदेश नहीं है । इसलिए भी आत्मा ही सुषुप्तिस्थान है, यह निश्चित हुआ ॥८॥

---

१. उपदिश्यते ।

३. कर्मानुस्मृतिशब्दविध्यधिकरणम् (सू० ९)

(३२७) स एव तु कर्मानुस्मृतिशब्दविधिभ्यः ॥९॥

यः कोऽप्यनियमेनात्र बुध्यते सुप्त एव वा । उदबिन्दुरिवाशक्तेर्नियन्तुं कोऽपि बुध्यते ।
कर्मविद्यापरिच्छेदादुदबिन्दुविलक्षणः । स एव बुध्यते शास्त्रात्तदुपाधेः पुनर्भवात् ।

तस्याः पुनः सत्संपत्तेः प्रतिबुध्यमानः किं य एव सत्सम्पन्नः स एव प्रतिबुध्यत उत स वाऽन्यो वेति चिन्त्यते । तत्र प्राप्तं तावदनियम इति । कुतः ?—यदा हि जलराशौ कश्चिज्जलबिन्दुः प्रक्षिप्यते जलराशिरेव स तदा भवति पुनरुद्धरणे च स एव जलबिन्दुर्भवतीति दुःसम्पादम् । तद्वत्सुप्तः परेणैकत्वमापन्नः संप्रसीदतीति न स एव पुनरुत्थातु-

---

स एव तु कर्मानुस्मृतिशब्दविधिभ्यः । सुषुप्तौ उपाधिनाशात् कर्मानुस्मृत्यादेर्दर्शनाच्च संशये सत्यस्माद्ब्रह्मणो जीवस्योत्थानश्रुतेर्ब्रह्मैव सुषुप्तिस्थानमित्युक्तमयुक्तम् । सुप्तादन्यस्याप्युत्थानसंभवेन सुषुप्तस्य नाड्यादिस्थानत्वसम्भवादित्याक्षेपसंगत्या नियामकाभावादनियम इति पूर्वपक्षमाह—तस्याः पुनरित्यादिना । पूर्वपक्षे ज्ञानवैयर्थ्यं सुषुप्त्यैवापुनरावृत्तिरूपमुक्तिसिद्धेः, सिद्धान्ते तु अज्ञातब्रह्मात्मना स्थितस्याज्ञानबलेन पुनस्तस्यैवोत्थानावश्यंभावादज्ञाननाशाय ज्ञानापेक्षेति फलम् । ईश्वरो वेत्यनियमवादर्थायोक्तम् । स वान्यो वेत्येव पूर्वपक्षः । ज्ञानं विना बुद्ध्याद्युपाधेरत्यन्तनाशाभावाद्यया बुद्ध्यो-

---

३. कर्मानुस्मृतिशब्दविध्यधिकरण

१. **सङ्गति**—पिछले अधिकरण में ब्रह्म को जीव का स्वापस्थान बतलाया था, वह ठीक नहीं है । ऐसा मानने पर सोने वाला जीव दूसरा और जागने वाला दूसरा हो जायेगा । अतः ब्रह्म से भिन्न भी जीव का स्वापस्थान सम्भव है, ऐसी आक्षेप सङ्गति पूर्व के साथ इस अधिकरण की है ।

२. **विषय**—सोने वाले एवं जागने वाले जीव का विचार इस अधिकरण में किया गया है ।

३. **संशय**—क्या पहले दिन सोया हुआ जीव ही दूसरे दिन नियमतः जागता है अथवा कोई अन्य जीव ?

४. **पूर्वपक्ष**—जलाशय में डाला हुआ जल ही फिर से घट में नियमतः नहीं आता, ऐसे ही सुषुप्तावस्था में ब्रह्म को प्राप्त हुआ जीव ही जगता है ऐसा कोई नियामक नहीं है ।

५. **सिद्धान्त**—सोया हुआ जीव ही जगता है यह बात कर्म, प्रत्यभिज्ञा, स्मृति, शब्द तथा विधिशास्त्र से सिद्ध होता है । जिस प्रकार जल से परिपूर्ण घट को जलाशय में रख दिया जाय, उल्टा न जाय तो पहले का रखा हुआ जल ही उस घट में आता है; ऐसे ही अविद्यादि उपाधि से उपहित हो जीव सुषुप्ति में ब्रह्म के साथ तादात्म्य प्राप्त करता है, इसलिए जगने पर अपने व्याघ्रादि स्वभाव से युक्त ही जगता है ।

स एव तु कर्मानुस्मृतिशब्दविधिभ्यः (ललिता)

उस परमात्मप्राप्ति के बाद जगने वाला जीव कौन है ? जो सोया था वही जगता है (अथवा वह या अन्य भी) अथवा अन्य कोई जगता है ? पूर्वपक्ष—वहाँ पर पूर्वपक्ष में कोई नियम नहीं कहा गया है क्योंकि जब जलागार सरोवर में कोई जलबिन्दु छोड़ दिया जाता है तब वह जलबिन्दु जलराशि ही हो जाता है, पुनः जलपात्र में जल को लेने पर वही जलबिन्दु आता है ऐसा कहना कठिन है । वैसे ही सोया हुआ पुरुष परमात्मा के साथ एकत्व प्राप्तकर जब सम्प्रसन्न हो जाता है तो पुनः

मर्हति । तस्मात्स एवेश्वरो वाऽन्यो वा जीवः प्रतिबुध्यत इत्येवं प्राप्त इदमाह—स एव जीवः सुप्तः स्वास्थ्यं गतः पुनरुत्तिष्ठति नान्यः । कस्मात् ? कर्मानुस्मृतिशब्दविधिभ्यः । विभज्य हेतुं दर्शयिष्यामि ।

कर्मशेषानुष्ठानदर्शनात्तावत्स एवोत्थातुमर्हति नान्यः । तथाहि—पूर्वेद्युरनुष्ठितस्य कर्मणोऽपरेद्युः शेषमनुतिष्ठन्दृश्यते । न चान्येन सामिकृतस्य कर्मणोऽन्यः शेषक्रियायां प्रवर्तितुमर्हति । अतिप्रङ्गात् । तस्मादेक एव पूर्वेद्युपरेद्युश्चैकस्य कर्मणः कर्तेति गम्यते ।

इतश्च स एवोत्तिष्ठति यत्कारणमतीतेऽहन्यहमदोऽद्राक्षमिति पूर्वानुभूतस्य पश्चात्स्मरणमन्यस्योत्थाने नोपपद्यते । न ह्यन्यदृष्टमन्योऽनुस्मर्तुमर्हति । सोऽहमस्मीति चात्मानुस्मरणमात्मान्तरोत्थाने नावकल्पते ।

शब्देभ्यश्च तस्यैवोत्थानमवगम्यते । तथाहि—'पुनः प्रतिन्यायं प्रतियोन्याद्रवति बुद्धान्तायैव' (बृ० ४·३·१६) 'सर्वाः प्रजा अहरहर्गच्छन्त्य एतं ब्रह्मलोकं न विन्दन्ति'

पहितो जीवः सुषुप्तौ कारणात्मना स्थितस्तयैव नानाकर्मानुभवसंस्कारवत्योपहित उत्तिष्ठतीति सिद्धान्तयति—स एव त्वित्यादिना । सामिकृतस्यार्धकृतस्य एकस्यैव ज्योतिष्टोमादेरनेकयजमानकत्वापातोऽतिप्रसङ्गः ।

स्मृतिमुक्त्वानुशब्दसूचितां प्रत्यभिज्ञामाह—सोऽहमिति । अयनं गमनं आयः ।

योनिः तत्तदिन्द्रियस्थानम् । प्रतिनियतं गमनं यथा भवति तथा प्रतियोन्यागच्छति जागरणायेति

जाग्रत में वही नहीं उठता । अतः वही जगता है, ईश्वर जगता है अथवा कोई अन्य जीव जगता है । सिद्धान्ती—ऐसा पूर्वपक्ष होने पर सिद्धान्ती कहता है कि वही सुषुप्त पुरुष पुनः उठता है, दूसरा नहीं; इसमें कर्म, अनुस्मृति, शब्द और विधि–ये चार कारण हैं जिन हेतुओं को विभागकर हम दिखलायेंगे ।

॥ **प्रथम** ॥ कर्मशेषानुष्ठान देखते हुए वही जीव उठता है, दूसरा नहीं अथात् पहले दिन जिस कर्म का अनुष्ठान किया था, दूसरे दिन सोकर उठा हुआ व्यक्ति उसी कर्म के शेष का अनुष्ठान करते देखा जाता है । यदि दूसरे दिन अन्य कोई उठा हो तो किसी दूसरे के द्वारा अनुष्ठित आधे कर्म की शेष क्रिया में दूसरा प्रवृत्त नहीं हो सकता और ऐसा मानने पर अतिप्रसंग भी आ जायेगा । अतः एक कर्म का कर्ता पहले और दूसरे दिन एक ही है, ऐसा निश्चित हो जाता है ।

॥ **द्वितीय** ॥ इसलिए भी वही जीव उठता है क्योंकि पहले दिन जिसे देखा था उस पूर्वानुभूत व्यक्ति का दूसरे दिन स्मरणकर कहता है कि कल मैंने इसे देखा था । उठने वाले को भिन्न माना जाय तो यह अनुस्मरण सम्भव नहीं होगा क्योंकि दूसरे के द्वारा देखी गयी वस्तु का दूसरे को स्मरण नहीं होता । साथ ही वही मैं हूँ, ऐसी आत्मप्रत्यभिज्ञा अन्य आत्मा का उत्थान मानने पर सिद्ध नहीं हो सकेगी ।

॥ **तृतीय** ॥ शब्दों से भी उसी सोये हुए पुरुष का उत्थान निश्चित होता है तथा 'प्रतिदिन नियतरूप से गमन और आगमन जो होता है अर्थात् सोकर ये जीव जगते हैं दूसरा नहीं', 'ये सभी जीव प्रतिदिन इस ब्रह्मलोक में जाते हैं किन्तु अज्ञान से आवृत होने के कारण उसे प्राप्त नहीं करते'

(छा० ८-३-२) 'त इह व्याघ्रो वा सिंहो वा वृको वावराहो वा कीटो वा पतङ्गो वा दंशो वामशको वा यद्यद्भवन्ति तत्तदाभवन्ति' (छा० ६-६-३) इत्येवमादयः शब्दाः स्वापप्रबोधाधिकारे पठिता नात्मान्तरोत्थाने सामञ्जस्यमीयुः ।

कर्मविद्याविधिभ्यश्चैवमेवावगम्यते । अन्यथा हि कर्मविद्याविधयोऽनर्थकाः स्युः । अन्योत्थानपक्षे हि सुप्तमात्रो मुच्यत इत्यापद्येत । एवं चेत्स्याद्वद किं कालान्तरफलेन कर्मणा विद्यया वा कृतं स्यात् । अपिचान्योत्थानपक्षे यदि तावच्छरीरान्तरे व्यवहरमाणो जीव उत्तिष्ठेत्तत्रत्यव्यवहारलोपप्रसङ्गः स्यात् । अथ तत्र सुप्त उत्तिष्ठेत्कल्पनानर्थक्यं स्यात् । यो हि यस्मिञ्शरीरे सुप्तः स तस्मिन्नोत्तिष्ठत्यन्यस्मिञ्शरीरे सुप्तोऽन्यस्मिन्नुत्तिष्ठतीति कोऽस्यां कल्पनायां लाभः स्यात् । अथ मुक्त उत्तिष्ठेदन्तवान्मोक्ष आपद्येत । निवृत्ताविद्यस्य च पुनरुत्थानमनुपपन्नम् । एतेनेश्वरस्योत्थानं प्रत्युक्तम् । नित्यनिवृत्ताविद्यत्वात् । अकृताभ्यागमकृतविप्रणाशौ च दुर्निवारावन्योत्थानपक्षे स्याताम् । तस्मात्स एवोत्तिष्ठति नान्य इति ।

श्रुत्यर्थः । न विन्दन्तीत्यज्ञानसत्त्वात्सुप्तस्योत्थाननियम उक्तः । इह पूर्वप्रबोधे ये भवन्ति त एव तदोत्तरप्रबोधे भवन्तीत्यर्थः ।

विधिं व्याचष्टे—कर्मेति । स एवोत्तिष्ठतीति निश्चीयते इत्यर्थः । अत्रैवोत्सूत्रं युक्त्यन्तरमाह—अपिचेत्यादिना । अन्योत्थाने सुखादेर्न पूर्वकर्मकार्यतेत्यकृतसुखाद्यागमः पूर्वसुप्तजीवकृतकर्मनाशश्चेत्यर्थः ।

'जगने पर वे व्याघ्र, सिंह, भेड़िया, सूकर, कीट, पतङ्ग, दंश और मसक पहले की भाँति ही अपने को समझते हैं' ये सभी शब्द जो स्वाप एवं प्रबोधाधिकार में पढ़े गये हैं वे अन्य आत्मा का उत्थान मानने पर सुसंगत नहीं हो सकेंगे ।

॥ चतुर्थ ॥ कर्मविधि और उपासना विधि से भी ऐसी ही निश्चित होता है अन्यथा कर्म और उपासना का विधान अनर्थक हो जायेगा। अन्य जीव का उत्थान मानने पर शयनमात्र से जीव मुक्त हो जायेगा। यदि ऐसा मान लिया जाय तो कालान्तरभावी कर्म और उपासना से क्या प्रयोजन सिद्ध होगा। इसके अतिरिक्त अन्य का उत्थान यदि माना जाय तो शरीरान्तरवर्ती जीव शरीरान्तर में उठकर व्यवहार करेगा, ऐसी स्थिति में व्यवहार का लोप होने लग जायेगा। यदि कहो कि दूसरे शरीर के भीतर सोकर अन्य शरीर में उठता है तो यह कल्पना भी अनर्थक ही होगी। जो जिस शरीर में सोता है वह उसी में उठता है, दूसरे शरीर में सोया हुआ जीव दूसरे शरीर में उठता है ऐसी कल्पना करने में लाभ भी क्या होगा। यदि कहो कि मुक्त पुरुष जगता है, तब तो मोक्ष अनित्य होने लग जायेगा। जिसकी अविद्या नष्ट हो चुकी है उसका पुनरुत्थान कहना भी असंगत है। इससे ईश्वर-उत्थान पक्ष भी निरस्त हो गया क्योंकि ईश्वर की अविद्या सदा से निवृत्त होने के कारण वह नित्य-मुक्त है। अन्य जीव का उत्थान मानने पर अकृताभ्यागम एवं कृतविप्रणाश दोष का वारण भी कठिन हो जायेगा। अतः वही जीव जगता है, दूसरा नहीं, यह सिद्ध हो गया।

४. मुग्धेऽर्धसंपत्त्यधिकरणम् (सू० १०)

किं मूर्च्छैका जाग्रदादौ किं वाऽवस्थान्तरं भवेत् । अन्यावस्था न प्रसिद्धा तेनैका जाग्रदादिषु ।
न जाग्रत्स्वप्नयोरेका द्वैताभानान्न सुप्तता । मुखादिविकृतेस्तेनावस्थाऽन्या लोकसंमता ।

यत्पुनरुक्तं यथा जलराशौ प्रक्षिप्तो जलबिन्दुर्नोद्धर्तुं शक्यत एवं सति संपन्नो जीवो नोत्पतितुमर्हतीति । तत्परिह्रियते । युक्तं तत्र विवेककारणाभावाज्जलबिन्दोरनुद्धरणम् । इह तु विद्यते विवेककारणं कर्म चाविद्या चेति वैषम्यम् । दृश्यते च दुर्विवेचयोरप्यस्मज्जातीयैः क्षीरोदकयोः संसृष्टयोर्हंसेन विवेचनम् । अपिच न जीवो नाम कश्चित्परस्मादन्यो विद्यते यो जलबिन्दुरिव जलराशेः सतो विविच्येत । सदेव तूपाधिसंपर्काज्जीव इत्युपचर्यत इत्यसकृत्प्रपञ्चितम् । एवं सति यावदेकोपाधिगता बन्धानुवृत्तिस्तावदेकजीवव्यवहारः । उपाध्यन्तरगतायां तु बन्धानुवृत्तौ जीवान्तरव्यवहारः । स एवायमुपाधिः स्वापप्रबोधयोर्बीजाङ्कुरन्यायेनेत्यतः स एव जीवः प्रतिबुध्यत इति युक्तम् ॥९॥

पूर्वपक्षयुक्तं दृष्टान्तं वैषम्येण दूषयति—यत्पुनरित्यादिना । अस्मदाद्यशक्यमपि विवेचनं प्राप्यदृष्टापेक्ष ईश्वरः करोतीति मत्वा दृष्टान्तमाह—दृश्यते चेति । ब्रह्माभेदाच्च जीवस्य जलबिन्दुवैषम्यमित्याह—अपिचेति । अभेदे 'स वान्यो वोत्तिष्ठति' इति चिन्तानवकाश इत्याशङ्क्य बुद्धिभेदेन जीवभेदाच्चिन्तेत्याह—एवं सतीति । सुषुप्तौ बुद्धिनाशेन प्रत्यहं बुद्ध्युपाधिभेदादेकजीवस्य व्यवहारो न स्यादित्यत आह—स एवायमिति । स्थूलसूक्ष्मात्मना तिष्ठत्येकोपाधिरित्यर्थः ॥९॥

और जो पूर्वपक्षी ने कहा था कि सरोवर में जलबिन्दु को छोड़ देने पर पुनः जलपात्र से उसका उद्धार नहीं हो सकता, इस प्रकार सोया हुआ जीव नहीं उठता है ? इस आक्षेप का भी परिहार किया जाता है कि सरोवर में डाले हुए जलबिन्दु का पुनरुद्धार नहीं होता है, वहाँ पर विवेक का कारण नहीं है; किन्तु यहाँ पर भेद का कारण विद्यमान है—वह है कर्म और अविद्या । अतः दृष्टान्त और दार्ष्टान्त में वैषम्य है । लोक में देखा जाता है कि मिले हुए दूध और पानी को हम लोग पृथक् नहीं कर सकते हैं, पर हंस पृथक् कर देता है; वह दूध पी जाता है और जल छोड़ देता है । इसके अतिरिक्त यह भी एक रहस्य की बात है कि परमात्मा से जीव कोई भिन्न पदार्थ नहीं है, वह सद्ब्रह्म से पृथक् नहीं है जैसे जलराशि से जलबिन्दु पृथक् हो; किन्तु सद्ब्रह्म ही उपाधिसम्पर्क से जीवभाव में भासता है ऐसा उपचार होता है, इसे हम अनेक बार विस्तार से कह आये हैं । इस प्रकार जब तक उपाधिगत बन्धन भासता रहेगा तब तक एक जीव व्यवहार होता है, दूसरी उपाधि में बन्ध की अनुवृत्ति न होने पर जीवान्तर का व्यवहार होता है । वही अन्तःकरणादि उपाधि निद्रावस्था में बीज की भाँति और जाग्रत् अङ्कुर की भाँति रहती है । अतः स्थूल और सूक्ष्मरूप से उपाधि के विद्यमान होने के कारण वही सोया हुआ जीव जगता है, यह निश्चित हो गया है ॥९॥

४. मुग्धेऽर्धसम्पत्त्यधिकरण

१. सङ्गति—पूर्व अधिकरण में कर्मादि पाँच हेतुओं से सोने वाले और जागने वाले जीव में ऐक्य बतलाया गया था, वैसे ही सुषुप्ति और मूर्च्छा में भी प्रत्यभिज्ञा के बल से ऐक्य मानना चाहिए । अतः पूर्व के साथ इस अधिकरण की दृष्टान्त सङ्गति है ।

(३२८) मुग्धेऽर्धसंपत्तिः परिशेषात् ॥१०॥

अस्ति मुग्धो नाम यं मूर्च्छित इति लौकिकाः कथयन्ति । स तु किमवस्थ इति परीक्षायामुच्यते । तिस्रस्तावदवस्थाः शरीरस्थस्य जीवस्य प्रसिद्धा जागरितं स्वप्नः सुषुप्तमिति । चतुर्थी शरीरादपसृप्तिः[1] । न तु पञ्चमी काचिदवस्था जीवस्य श्रुतौ स्मृतौ वा प्रसिद्धास्ति । तस्माच्चतसृणामेवावस्थानामन्यतमावस्था मूर्च्छेत्येवं प्राप्ते ब्रूमः—न तावन्मुग्धो जागरितावस्थो भवितुमर्हति । न ह्ययमिन्द्रियैर्विषयानीक्षते । स्यादेतत् । इषुकारन्यायेन मुग्धो भविष्यति । यथेषुकारो जाग्रदपीष्वासक्तमनस्तया नान्यान्विषयानीक्षत एवं मुग्धो मुसलसंपातादिजनितदुःखानुभवव्यग्रमनस्तया जाग्रदपि नान्यान्विषयानीक्षत

अवस्थात्रयादात्मानं विविच्य मूर्छातो विवेचयति—मुग्धेऽर्धसंपत्तिः परिशेषात् । मूर्छा प्रसिद्धावस्थान्तर्गता वा पञ्चमावस्था वेति । अवस्थाचतुष्टयसिद्धेर्मुग्धस्य तद्वैलक्षण्याच्च संशये सोऽहमिति प्रत्यभिज्ञयोत्थितस्य सुप्ताभेदवद्विशेषज्ञानाभावाविशेषेण लिङ्गेन सुषुप्तिरेव मूर्छेति प्रत्यभिज्ञानात्सुषुप्त्यन्तर्गता मूर्छेति दृष्टान्तसंगत्या पूर्वपक्षमाह—तिस्रस्तावदिति । पूर्वपक्षे प्रसिद्धावस्थातः पृथगात्मनो मूर्छातो विवेकार्थं यत्नासिद्धिः फलं, सिद्धान्ते पृथग्यत्नध्रौव्यमिति भेदः । परिशेषं दर्शयन् सिद्धान्तयति—न तावदित्यादिना । जाग्रदपि जागरावस्थोऽपीत्यर्थः । ऐन्द्रियकमर्थज्ञानं देहधारणं च

२. विषय—स्वाप एवं मूर्च्छा में जीवाभिन्नत्व इस अधिकरण का विचारणीय विषय है।

३. संशय—क्या सुषुप्ति ही मूर्च्छा है अथवा मूर्च्छा सुषुप्ति से भिन्न अवस्था है।

४. पूर्वपक्ष—मूर्च्छा को सुषुप्ति के अन्तर्गत ही मानना चाहिए क्योंकि बाह्यविषयों की संज्ञा का अभाव दोनों अवस्थाओं में तुल्य ही है।

५. सिद्धान्त—जाग्रदादि चार अवस्थाओं में से स्वप्न एवं जाग्रत् में मूर्च्छा का अन्तर्भाव नहीं कह सकते क्योंकि मूर्च्छा में संज्ञा नहीं रहती। मूर्च्छाग्रस्त व्यक्ति को मरा हुआ भी नहीं मान सकते क्योंकि उसके शरीर में प्राण एवं ऊष्मा विद्यमान रहती है। सुषुप्ति में भी मूर्च्छा का अन्तर्भाव नहीं कर सकते क्योंकि मूर्च्छाग्रस्त व्यक्ति के शरीर में कम्पन, उसकी मुखाकृति भयानक एवं नेत्र विस्फारित (फटे हुए) दिखाई देते हैं। परिशेषतः मूर्च्छा को अर्धसुषुप्ति मानना चाहिए।

मुग्धेऽर्धसम्पत्तिः परिशेषात् (ललिता)

जिसे लोक मूर्छित कहते हैं उस मूर्छाग्रस्त को मुग्ध कहा गया है, वह मुग्ध पुरुष किस अवस्था वाला है ऐसी परीक्षा होने पर कहते हैं कि शरीरस्थ जीव की तीन अवस्थायें प्रसिद्ध हैं—जाग्रत्, स्वप्न और सुषुप्ति। इन तीनों से भिन्न चतुर्थी मरणावस्था भी है, किन्तु जीव की श्रुति अथवा स्मृति में कहीं भी पञ्चमावस्था प्रसिद्ध नहीं है। अतः इन्हीं चारों अवस्थाओं में कोई एक अवस्था मूर्छा है। ऐसा पूर्वपक्ष होने पर हम सिद्धान्ती कहते हैं कि मूर्छित व्यक्ति को जाग्रत् अवस्था वाला नहीं कह सकते क्योंकि उस समय यह जीव इन्द्रियों के द्वारा विषयों को नहीं देखता है। पूर्वपक्ष—जैसे बाण बनाने वाला जगा हुआ रहने पर भी बाण में आसक्तमन होने के कारण उस समय दूसरे विषयों को नहीं देखता, ऐसे ही मूर्छाग्रस्त व्यक्ति दण्डप्रहारादि से दुःखानुभवग्रस्त

१. मरणम्।

इति । न, अचेतयमानत्वात् । इषुकारो हि व्यापृतमना ब्रवीतीषुमेवाहमेतावन्तं कालमुपलभमानोऽभूवमिति । मुग्धस्तु लब्धसंज्ञो ब्रवीत्यन्धे तमस्यहमेतावन्तं कालं प्रक्षिप्तोऽभूवं न किंचिन्मया चेतितमिति । जाग्रतश्चैकविषयविषक्तचेतसोऽपि देहो विध्रियते । मुग्धस्य तु देहो धरण्यां पतति । तस्मान्न जागर्ति नापि स्वप्नान्पश्यति निःसंज्ञकत्वात् । नापि मृतः प्राणोष्मणोर्भावात् । मुग्धे हि जन्तौ मृतोऽयं स्यान्न वा मृत इति संशयाना ऊष्मास्ति नास्तीति हृदयदेशमालभन्ते निश्चयार्थं प्राणोऽस्ति नास्तीति च नासिकादेशम् । यदि प्राणोष्मणोरस्तित्वं नावगच्छन्ति ततो मृतोऽयमित्यध्यवसाय दहनायारण्यं नयन्ति । अथ तु प्राणमूष्माणं वा प्रतिपद्यन्ते ततो नायं मृत इत्यध्यवसाय संज्ञालाभाय भिषज्यन्ति । पुनरुत्थानाच्च न दिष्टं गतः । नहि यमराष्ट्रात्प्रत्यागच्छति ।

अस्तु तर्हि सुषुप्तो निःसंज्ञानत्वादमृतत्वाच्च । न, वैलक्षण्यात् । मुग्धः कदाचिच्चिर-

---

तस्याऽस्ति न मुग्धस्येति वैधर्म्योक्त्या दूषयति—नेत्यादिना । मूर्छाया जागराद्भेदमुक्त्वा स्वप्नमृतिभ्यां भेदमाह—नापीत्यादिना । आलभन्ते स्पृशन्ति । दिष्टं मरणम् ।

सुषुप्तिमूर्च्छयोः किंचित्सारूप्येऽपि बहुवैलक्षण्याद्भेद इत्याह—नेति । लक्षणभेदमुक्त्वा निमित्त-

---

होने के कारण जगा हुआ भी अन्य विषयों को नहीं देखता है । सिद्धान्ती—ऐसा कहना ठीक नहीं क्योंकि मूर्छाग्रस्त व्यक्ति चेतनाशून्य है । वाण बनाने वाला व्यापार में संलग्न रहने के कारण बोलता है कि इतनी देर तक मैं केवल वाण का ही अनुभव करता रहा, किन्तु मूर्छित व्यक्ति संज्ञा प्राप्त करने के बाद कहता है कि इतनी देर तक मैं घोर तम में पड़ा हुआ था इसीलिए मुझे कुछ भी चेतना नहीं रही । जगे हुए व्यक्ति का किसी एक विषय में जब चित्त संलग्न रहता है तब उसका शरीर एक रूप में सीधा रहता है, किन्तु मूर्छाग्रस्त व्यक्ति का शरीर पृथ्वी पर पड़ जाता है इसीलिए मूर्छित व्यक्ति न जागता है और न स्वप्न ही देखता है क्योंकि उस समय उसे विशेष संज्ञा नहीं होती । उसके शरीर में प्राण और ऊष्मा के विद्यमान होने के कारण उसे मरा हुआ भी नहीं कह सकते । मूर्छित व्यक्ति के विषय में यह मर गया या नहीं मरा है, ऐसा संशय होने पर उसके शरीर में ऊष्मा है या नहीं, इसके लिए उसके हृदयदेश को स्पर्श करते हैं जिससे उसकी वास्तविकता का निश्चय हो जाय । वैसे ही प्राण है या नहीं, इस बात के निश्चय के लिए उस मूर्छित व्यक्ति के नासिकपुट को देखते है । यदि प्राण और ऊष्मा का अस्तित्व नहीं पाते तो यह मर गया, ऐसा निश्चयकर जलाने के लिए श्मशान में ले जाते हैं । किन्तु जब प्राण और ऊष्मा को विद्यमान देखते हैं तो यह मरा नहीं है, ऐसा मानकर उसे होश में लाने के लिए औषधादि का उपचार करते हैं । मूर्छित व्यक्ति पुनः उठता है इसलिए मरा नहीं है और न यमालय से लौटा है क्योंकि यम को प्राप्तकर कोई लौटता नहीं है । अतः मूर्छा का मरण में अन्तर्भाव नहीं कर सकते ।

पूर्वपक्ष—तो फिर मूर्छित पुरुष संज्ञाहीन और अमृत होने के कारण सोया हुआ है, ऐसा मानना चाहिए । सिद्धान्ती—ऐसा कहना भी ठीक नहीं है क्योंकि मूर्छा और निद्रा में वैलक्षण्य सुस्पष्ट भासता

---

१. विशेषज्ञानाभावात् ।

मपि नोच्छ्वसिति सवेपथुरस्य देहो भवति भयानकं च वदनं विस्फारिते नेत्रे सुषुप्तस्तु प्रसन्नवदनस्तुल्यकालं पुनः पुनरुच्छ्वसिति निमीलिते अस्य नेत्रे भवतः । न चास्य देहो वेपते । पाणिपेषणमात्रेण च सुषुप्तमुत्थापयन्ति न तु मुग्धं मुद्गरघातेनापि । निमित्त-भेदश्च भवति मोहस्वापयोः मुसलसंपातादिनिमित्तत्वान्मोहस्य श्रमादिनिमित्तत्वाच्च स्वापस्य । नच लोकेऽस्ति प्रसिद्धिर्मुग्धः सुप्त इति । परिशेषादर्धसंपत्तिर्मुग्धतेत्यवगच्छामः । निःसंज्ञत्वात्संपन्न इतरस्मा[1]द्वैलक्षण्यादसंपन्न इति । कथं पुनरर्धसंपत्तिर्मुग्धतेति शक्यते वक्तुम् । यावता सुप्तं प्रति तावदुक्तं श्रुत्या—'सता सोम्य तदा संपन्नो भवति' (छा० ६-८-१) इति । अत्र 'स्तेनोऽस्तेनो भवति' (बृ० ४-३-२२), 'नैतं सेतुमहोरात्रे तरतो न जरा न मृत्युर्न शोको न सुकृतं न दुष्कृतम्' (छा० ८-४-१) इत्यादि । जीवे हि सुकृत-दुष्कृतयोः प्राप्तिः सुखित्वदुःखित्वप्रत्ययोत्पादनेन भवति । नच सुखित्वप्रत्ययो दुःखित्व-प्रत्ययो वा सुषुप्ते विद्यते मुग्धेऽपि तौ प्रत्ययौ नैव विद्येते । तस्मादुपाध्युपशमात्सुषुप्त-

---

भेदमाह—निमित्तेति । [2]प्रत्यभिज्ञाप्यसिद्धेत्याह—नचेति । उक्तसारूप्यवैरूप्याभ्यामर्धसंपत्तिः सर्वैः सुषुप्तिधर्मैरसंपन्नो मुग्धः सुषुप्तो न भवति, सर्वैर्मरणावस्थाधर्मैरसंपत्तेर्मृतोऽपि न किंतु अवस्था-न्तरं गत इति सूत्रार्थः । अत्र सूत्रे जीवस्य ब्रह्मणार्धसंपत्तिरुक्तेति भ्रान्तः शङ्कते—कथमिति । यत्सुप्तं प्रति सत्संपन्नत्वं श्रुतं तदुपाध्यभावाभिप्रायम् । उपाध्यभावश्च मुग्धस्यापि सम इति यतस्त-स्मात् कृत्स्नसंपत्तिरेवेत्यर्थः । सुषुप्तिकाले कर्मासंबन्धे पुनरुत्थानं कथमित्याशङ्क्य तत्कार्याभावात्त-दसंबन्धोक्तिरित्याह—जीवे हीति । ब्रह्मणा कृत्स्नसंपत्तिमङ्गीकृत्य परिहरति—न ब्रूम इति । मुग्धत्वं

है । मूर्छाग्रस्त व्यक्ति कभी-कभी देर तक उच्छ्वास नहीं लेता, उसका शरीर कम्पनयुक्त रहता है, मुख भयानक प्रतीत होता है और आँखें फटी दीखती हैं । इसके विपरीत सोये हुए पुरुष का मुख प्रसन्न दीखता है, नियमितरूप से बार-बार श्वास लेता है, उसकी आँखें बन्द रहती हैं और उसका शरीर काँपता नहीं है । हाथ के स्पर्शमात्र से सोये हुए को उठा देते हैं किन्तु मूर्छित व्यक्ति को दण्डप्रहार से भी नहीं जगा सकते । इसके अतिरिक्त मूर्छा एवं सुषुप्ति के निमित्त भी भिन्न हैं, दण्डप्रहारादि के कारण व्यक्ति मूर्छित हो जाता है और परिश्रम के कारण व्यक्ति सो जाता है । लोक में मूर्छित को, सो गया, ऐसा कहते भी नहीं हैं । परिशेषात् मूर्छा अर्धसुषुप्ति है, ऐसा हम मानते हैं अर्थात् संज्ञाहीन होने के कारण सम्पन्न है और मरण से विलक्षण होने के कारण असम्पन्न है । पूर्वपक्ष—मूर्छा को अर्धसुषुप्ति कैसे कहते हो क्योंकि सोये हुए के विषय में 'हे सोम्य ! उस समय जीव सत् के साथ सम्पन्न हो जाता है', 'यहाँ पर चोर अचोर हो जाता है', 'इस सेतु (मर्यादा) का दिन-रात अतिक्रमण नहीं कर सकते, न जरा, न मृत्यु, न शोक, न पुण्य और न पाप ही इसे स्पर्श कर सकते हैं' इन वाक्यों द्वारा श्रुति ऐसा कहती है । जीव में सुख-दुःखप्रतीति कराने के कारण पुण्य-पाप की प्राप्ति मानते है, किन्तु सुषुप्त पुरुष में सुख अथवा दुःख की प्रतीति नहीं होती है । वैसे ही मूर्छित व्यक्ति में भी सुख-दुःख का भान नहीं होता है । अतः उपाधि के उपशम हो जाने के कारण सुषुप्त पुरुष की भाँति

---

१. मरणात् । २. अत्र प्रत्यभिज्ञा लोकप्रसिद्धिः ।

५. उभयलिंगाधिकरम् (सू० ११-२१)

ब्रह्म किं रूपि चारूपि भवेन्नीरूपमेव वा। द्विविधश्रुतिसद्भावाद्ब्रह्म स्यादुभयात्मकम्.
नीरूपमेव वेदान्तैः प्रतिपाद्यमपूर्वतः। रूपं त्वनूद्यते भ्रान्तमुभयत्वं विरुध्यते

न्मुग्धेऽपि कृत्स्नसंपत्तिरेव भवितुमर्हति नार्धसंपत्तिरिति। अत्रोच्यते—न ब्रूमो मुग्धेऽर्धसंपत्तिर्जीवस्य ब्रह्मणा भवतीति। किं तर्ह्यर्धेन सुषुप्तपक्षस्य भवति मुग्धत्वमर्धेनावस्थान्तरपक्षस्येति ब्रूमः। दर्शिते च मोहस्य स्वापेन साम्यवैषम्ये। द्वारं [1]चैतन्मरणस्य। यदास्य सावशेषं कर्म भवति तदा वाङ्मनसे प्रत्यागच्छतः। यदा तु निरवशेषं कर्म भवति तदा प्राणोष्माणावपगच्छतः। तस्मादर्धसंपत्तिं ब्रह्मविद इच्छन्ति। यत्तूक्तं न पञ्चमी काचिदवस्था प्रसिद्धास्तीति। नैष दोषः। कादाचित्कीयमवस्थेति न प्रसिद्धा स्यात्। प्रसिद्धा चैषा लोकायुर्वेदयोः। अर्धसंपत्त्यभ्युपगमाच्च न पञ्चमी गण्यत इत्यनवद्यम् ॥१०॥

हि सुषुप्तस्यार्धेन निःसंज्ञत्वादिधर्मेण साम्येन संपन्नं भवति, मरणस्यार्धेन कम्पादिना संपन्नमित्यर्धसंपत्तिरित्यर्थः। इतोऽपि सुषुप्तिवैषम्यमित्याह—द्वारं चेति। अप्रसिद्धिमङ्गीकृत्योक्तं प्रसिद्धिरप्यस्तीत्याह—प्रसिद्धा चेति। आयुर्वेदो वैद्यशास्त्रम्। प्रसिद्धौ कथं विवाद इत्याशङ्क्य पञ्चमत्वेनाप्रसिद्धेरित्याह—अर्धेति। सुषुप्तिमृतिधर्मार्धसंपत्त्या तदन्तर्भावबुद्धिर्लोकानामित्यर्थः ॥१०॥

मूर्छाग्रस्त व्यक्ति में भी सम्पूर्णरूप से ब्रह्मसम्पत्ति कह सकते हैं, अर्धसम्पत्ति मानना ठीक नहीं। सिद्धान्ती—इस पर हम कहते हैं कि जीव की ब्रह्म के साथ मूर्छावस्था में अर्धसम्पत्ति ही होती है अर्थात् उस समय अर्धभाग से सुषुप्त पक्ष का समर्थन और अर्धभाग से अवस्थान्तर का समर्थन होता है। मूर्छा का स्वाप के साथ साम्य और वैषम्य हम दिखला चुके हैं। यह तो मरण का द्वार है। जब उस मूर्छित व्यक्ति का कर्म सावशेष रहता है तब मन और वाणी लौट आते हैं और जब कर्म निरवशेष हो जाता है तब प्राण और ऊष्मा भी नहीं रह जाते, इसीलिए ब्रह्मवित् पुरुष इस मूर्छा को अर्धसम्पत्ति ही मानते हैं। और जो आप ने कहा था कि पञ्चम अवस्था कोई प्रसिद्ध नहीं है, तो यह कोई दोष नहीं है। यह मूर्छा कभी-कभी और किसी-किसी को होती है इसीलिए यह प्रसिद्ध नहीं है और सत्य पूछो तो लोक और आयुर्वेद में मूर्छा को भी प्रसिद्धि है अर्थात् मूर्छा को अर्धसम्पत्ति मानने के कारण पञ्चम अवस्था नहीं मानी जाती है, यह पक्ष सर्वथा निर्दुष्ट है ॥१०॥

५. उभयलिङ्गाधिकरण

१. **सङ्गति**—इस प्रकार तत्-त्वम् पदार्थ में से पहले त्वम् पदार्थ का विचार किया गया जो उद्देश्य है। वह स्वप्रकाश, चिद्रूप एवं सभी अवस्थाओं से अतीत है। ऐसा बतला देने के बाद अब विधेय तत् पदार्थ प्रतिपादन का प्रसङ्ग उपस्थित होता है। अतः पूर्व अधिकरण के साथ इस अधिकरण की अवसर सङ्गति है।

२. **विषय**—ब्रह्म के स्वरूप का अवधारण इस अधिकरण का विचारणीय विषय है।

---

१. सुषुप्त पुनर्द्वारं जीवनस्य।

(३२९) न [1]स्थानतोऽपि परस्योभयलिङ्गं सर्वत्र हि ॥११॥

येन ब्रह्मणा सुषुप्त्यादिषु जीव उपाध्युपशमात्सम्पद्यते तस्येदानीं स्वरूपं श्रुतिवशेन निर्धार्यते। सन्त्युभयलिङ्गाः श्रुतयो ब्रह्मविषयाः 'सर्वकर्मा सर्वकामः सर्वगन्धः सर्वरसः' (छा० ३-१४-२) इत्येवमाद्याः सविशेषलिङ्गाः। 'अस्थूलमनण्वह्रस्वमदीर्घम्' (बृ० ३-८-८) इत्येवमाद्याश्च निर्विशेषलिङ्गाः। किमासु श्रुतिषूभयलिङ्गम् ब्रह्म प्रतिपत्तव्यमुतान्यतरलिङ्गम्। यदाप्यन्यतरलिङ्गं तदापि किं सविशेषमुत निर्विशेषमिति मीमांस्यते।

सर्वाभिरवस्थाभिरलिप्तस्त्वमर्थ इति विचार्यापादसमाप्तेस्तत्पदार्थं निरूपयितुकामः प्रथमं तस्य निर्विशेषत्वमाह—न स्थानतोऽपि परस्योभयलिङ्गं सर्वत्र हि। उद्देश्यत्वम्पदार्थजिज्ञासोपरमानन्तरं तत्स्वरूपब्रह्मविचारस्यावसरसंगतिमाह—येनेति। निर्विशेषत्वं सविशेषत्वं चेत्युभयं लिङ्ग्यते ज्ञाप्यते याभिस्ता उभयलिङ्गाः श्रुतयः संशयबीजत्वेन सन्तीत्यर्थः। यथा विरुद्धसुषुप्तिमरणोभयरूपं मुग्धत्वं तथा श्रुतिप्रामाण्यादुभयरूपं ब्रह्म ध्येयमिति दृष्टान्तेन पूर्वपक्षः।

३: संशय—ब्रह्म रूपवान है अथवा निरूप है? उभय प्रकार की श्रुतियों के कारण ऐसा संशय होता है।

४. पूर्वपक्ष—'तदेतच्चतुष्पाद ब्रह्म' इस श्रुति ने ब्रह्म को रूपवान कहा है तथा 'अस्थूलमनणु' इस श्रुति ने ब्रह्म को निरूप कहा है। प्रमाणभूत ऐसी दो श्रुतियों के कारण ब्रह्म को उभयात्मक मानना चाहिए।

५. सिद्धान्त—वेदान्तशास्त्रप्रतिपाद्य ब्रह्म निरूप ही है क्योंकि यह मानान्तर से सिद्ध न होने के कारण अपूर्व है। जगत्कर्तृत्वादि धर्म से युक्त ब्रह्म का क्षित्यादिकं सकर्तृकम् कार्यत्वात् इस अनुमान से भी जाना जाता है। अतः उपासना के लिए सविशेष ब्रह्म का अनुवाद किया गया है, उसमें श्रुति का तात्पर्य नहीं है। उभयरूप मानना परस्पर विरुद्ध होने के कारण भ्रान्त है, वस्तुतः ब्रह्म निरूप ही है।

न स्थानतोऽपि परस्योभयलिङ्गं सर्वत्र हि (ललिता)

सभी अवस्थाओं में त्वम् पदार्थ अलिप्त है, ऐसा निर्णय हो जाने के बाद अब इस पाद की समाप्तिपर्यन्त तत् पदार्थ बतलाने के लिए पहले उसका निर्विशेष स्वरूप कहते हैं कि परमात्मा की उभयरूपता न स्वतः है और न उपाधिकृत है क्योंकि ब्रह्मस्वरूपप्रतिपादक सभी वाक्यों में ब्रह्म को समस्त विशेषों से रहित ही बतलाया गया है। सुषुप्त्यादि अवस्थाओं में उपाधि के उपशम हो जाने पर जिस ब्रह्म के साथ जीव अभिन्न हो जाता है उस ब्रह्म का स्वरूप अब श्रुति के बल से निश्चित करते हैं। ब्रह्मविषयक श्रुतियाँ दोनों प्रकार की हैं, उनमें से 'सभी कर्म, सभी कामना, सभी गन्ध और सभी रस से युक्त परमात्मा है' ये सब सविशेष ब्रह्म के बोधक हैं और 'वह ब्रह्म स्थूल नहीं, अणु नहीं, ह्रस्व नहीं और न दीर्घ ही है' ये सब श्रुतियाँ निर्विशेष ब्रह्म को बोधक हैं। वहाँ पर संशय होता है कि उक्त श्रुतियों में ब्रह्म को उभयलिङ्गात्मक मानना चाहिए अथवा अन्यतर लिङ्गवाला? अन्यतर लिङ्गवाला मानने पर भी यह प्रश्न होगा कि ब्रह्म सविशेष है अथवा निर्विशेष है, इस प्रकार ब्रह्म के विषय में मीमांसा होती है।

१. उपाधितोपि।

(३३०) न भेदादिति चेन्न प्रत्येकमतद्वचनात् ॥१२॥

तत्रोभयलिङ्गश्रुत्यनुग्रहादुभयलिङ्गमेव ब्रह्मेत्येवं प्राप्ते ब्रूमः—न तावत्स्वत एव परस्य ब्रह्मण उभयलिङ्गत्वमुपपद्यते। न ह्येकं वस्तु स्वत एव रूपादिविशेषोपेतं तद्विपरीतं चेत्यवधारयितुं शक्यं विरोधात्। अस्तु तर्हि स्थानतः पृथिव्याद्युपाधियोगादिति। तदपि नोपपद्यते। नह्युपाधियोगादप्यन्यादृशस्य वस्तुनोऽन्यादृशः स्वभावः संभवति। नहि स्वच्छः सन्स्फटिकोऽलक्तकाद्युपाधियोगादस्वच्छो भवति, भ्रममात्रत्वादस्वच्छताभिनिवेशस्य। उपाधीनां चाविद्याप्रत्युपस्थापितत्वात्। अतश्चान्यतरलिङ्गपरिग्रहेऽपि समस्तविशेषरहितं निर्विकल्पकमेव ब्रह्म प्रतिपत्तव्यं न तद्विपरीतम्। सर्वत्र हि ब्रह्मस्वरूपप्रतिपादनपरेषु वाक्येषु 'अशब्दमस्पर्शमरूपमव्ययम्' (क० ३।१५ मुक्तिको० २।७२) इत्येवमादिष्वपास्तसमस्तविशेषमेव ब्रह्मोपदिश्यते ॥११॥

अथापि स्याद्युक्तं [1]निर्विकल्पकमेकलिङ्गमेव ब्रह्म नास्य स्वतः, [2]स्थानतो

निर्विशेषमेकरूपमेव ज्ञयमिति सिद्धान्तयति—एवमिति। किमुभयरूपत्वं स्वतः, उत स्वतो निर्गुणस्य सर्वगन्धत्वादिविशेष उपाधितः सत्यः, आहोस्वित्स्वतः सविशेषमेव ब्रह्मेति। तत्राद्यं निरस्य द्वितीयमनूद्य दूषयति—अस्तु तर्हीति। स्थानमुपाधिः। ब्रह्मणि विशेषः कल्पितः, औपाधिकत्वात्स्फटिकलौहित्यवदित्यर्थः। उपाधेः सत्यत्वेऽपि तत्कृतं मिथ्येति दृष्टं ब्रह्मणि तूपाधीनां मिथ्यात्वात्तत्कृतो विशेषो मिथ्येति किमु वाच्यमित्याह—उपाधीनामिति। तृतीयं निरस्यति—अतश्चेति। सर्वस्य विशेषस्य कल्पितत्वादेवेत्यर्थः। निषेधश्रुतेश्चैवमित्याह—सर्वत्र हीति ॥११॥

भिद्यत इति भेदो विशेषः, निर्विशेषत्वश्रुतावपि विशेषस्यापि श्रुतेरुभयरूपत्वं स्यादिति शङ्कां व्याचष्टे—अथापि स्यादिति। पूर्वोक्तं विरोधं स्मारयति—ननूक्तमिति। भेदश्रुतिप्रामाण्यार्थमौपाधिक-

---

वहाँ पर उभयलिङ्गश्रुति को देखते हुए उभयलिङ्ग ही ब्रह्म को मानना चाहिए, ऐसा पूर्वपक्ष होने पर हम सिद्धान्ती कहते हैं कि परब्रह्म का उभयरूप स्वतः ही होना युक्तियुक्त नहीं है क्योंकि एक ही वस्तु स्वतः रूपादिविशेष से युक्त हो और उससे रहित भी हो, ऐसा विराध होने के कारण स्वीकार करना शक्य नहीं है। यदि कहो कि पृथिव्यादि उपाधि के सम्बन्ध से ब्रह्म को उभयरूपवाला माना जा सकता है, तो ऐसा मानना भी युक्तियुक्त नहीं है क्योंकि उपाधि के कारण से अन्य प्रकार की वस्तु अन्य स्वभाववाली नहीं हो सकती। स्फटिक स्वच्छ होता है, वह जपाकुसुम के सम्बन्ध से अस्वच्छ नहीं हो जाता, अस्वच्छता की प्रतीति तो भ्रममात्र है और उपाधियाँ अविद्या से उपस्थापित हैं। अतः अन्यतर लिङ्ग स्वीकार करने पर भी समस्त विशेष से रहित निर्विकल्पक ही ब्रह्म को समझना चाहिए, उससे विपरीत नहीं समझना चाहिए क्योंकि 'वह अव्यय ब्रह्म शब्द, स्पर्श, रूप, रस, गन्ध से रहित है' इन ब्रह्मस्वरूपप्रतिपादक सभी श्रुतिवाक्यों में समस्तविशेष से रहित ही ब्रह्म का उपदेश किया गया है ॥११॥

न भेदादिति चेन्न प्रत्येकमतद्वचनात् (ललिता)

पूर्वपक्ष—निर्विकल्पक एकलिङ्गवाला ही ब्रह्म है, ऐसा जो आप ने कहा था और स्वतः या

---

१. तत्कृतः सर्वगन्धत्वादिविशेषो मिथ्यैव न सत्यः। २. सविशेषमित्यर्थः। । १. निष्प्रपंचम्। २. उपाधितः।

(३३१) अपि चैवमेके ॥१३॥

वोभयलिङ्गत्वमस्तीति । तन्नोपपद्यते । कस्मात् ? भेदात् । भिन्ना हि 'प्रतिविद्यं ब्रह्मण आकारा उपदिश्यन्ते । 'चतुष्पाद्ब्रह्म षोडशकलं ब्रह्म' 'वामनीत्वादिलक्षणं ब्रह्म त्रैलोक्य-शरीरवैश्वानरशब्दोदितं ब्रह्म' इत्येवंजातीयकाः । तस्मात्सविशेषत्वमपि ब्रह्मणोऽभ्युपगन्तव्यम् । ननूक्तं नोभयलिङ्गत्वं ब्रह्मणः सम्भवतीति । अयमप्यविरोधः उपाधिकृतत्वादाकारभेदस्य । अन्यथा हि निर्विषयमेव भेदशास्त्रं प्रसज्येतेति चेत् । नेति ब्रूमः । कस्मात् ? प्रत्येकमतद्वचनात् । प्रत्युपाधिभेदं ह्यभेदमेव ब्रह्मणः श्रावयति शास्त्रम्— 'यश्चायमस्यां पृथिव्यां तेजोमयोऽमृतमयः पुरुषो यश्चायमध्यात्मं शारीरस्तेजोमयोऽमृतमयः पुरुषोऽयमेव स योऽयमात्मा' (बृ० २-५-१) इत्यादि । अतश्च न 'भिन्नाकारयोगो ब्रह्मणः शास्त्रीय इति शक्यते वक्तुम् । भेदस्योपासनार्थत्वादभेदे तात्पर्यात् ॥१२॥

अपिचैवं भेददर्शननिन्दापूर्वकमभेददर्शनमेवैके शाखिनः समामनन्ति—'मनसैवेदमाप्तव्यं

रूपभेदस्वीकारादविरोध इति समाध्यर्थः । किमुपाधिगत एव रूपभेदो ब्रह्मण्युपचर्यते ध्यानार्थमुतोपाधियोगात्सत्यविरुद्धरूपवत्तया ब्रह्मणो भेदो भवतीति । आद्येऽस्मदिष्टसिद्धिः, द्वितीयमभेदश्रुत्या दूषयति—नेति ब्रूम इति ॥१२॥

द्वैतनिन्दापूर्वकमद्वैतोक्तेश्च निर्विशेषं तत्त्वमिति सूत्रार्थमाह—अपिचेति । भोक्ता जीवो भोग्यं शब्दादि तयोः प्रेरितारमीश्वरं च मत्वा विचार्य मे मम प्रोक्तं तत्सर्वं त्रिविधं ब्रह्मैवेति जानीयादित्यर्थः ॥१३॥

उपाधितः उभयरूप ब्रह्म नहीं हो सकता, ऐसा भी कहा था, ऐसा कहना ठीक नहीं है क्योंकि ब्रह्म के आकार प्रतिविद्या में भिन्न-भिन्न बतलाये गये हैं । चतुष्पाद् ब्रह्म, षोडशकलावाला ब्रह्म, वामनीत्वादिरूप ब्रह्म और त्रैलोक्यशरीर वैश्वानरशब्दवाच्य ब्रह्म, ऐसे अर्थ के बोधक श्रुतिवाक्य भिन्न-भिन्न हैं इसीलिए ब्रह्म में सविशेषत्व भी मानना चाहिए । सिद्धान्ती—ब्रह्म में उभयलिङ्गत्व सम्भव नहीं है, ऐसा हम कह आये हैं । पूर्वपक्ष—यह विरोध भी नहीं है क्योंकि आकार उपाधि के कारण से है अन्यथा भेदशास्त्र निर्विषय होने लग जायेगा । सिद्धान्ती—आप का यह कहना ठीक नहीं है क्योंकि उपाधिभेद रहने पर भी शास्त्रों ने ब्रह्म को अभिन्न ही बतलाया है । 'जो यह पृथ्वी में तेजोमय अमृतमय पुरुष है और जो अध्यात्म में शारीर तेजोमय अमृतमय पुरुष है, यही वह आत्मा है' इत्यादि शास्त्र प्रत्येक उपाधि में ब्रह्म को अभिन्न बतलाते हैं । अतः ब्रह्म में भिन्न आकार का सम्बन्ध शास्त्रीय नहीं कह सकते । शास्त्रों में उपासना के लिए भेद कहा गया है, शास्त्र का तात्पर्य तो अभेदबोधन में ही है ॥१२॥

अपि चैवमेके (ललिता)

दोनों प्रकार की श्रुतियों के रहने पर भी ब्रह्म के निर्विशेषत्व का नियामक अग्रिम सूत्र से बतलाते हैं कि एक शाखावाले भेददर्शन की निन्दा करते हुए अभेददर्शन ही बतलाते हैं—'यह ब्रह्म मन

---

१. प्रत्युपासनम् । २. विद्या कर्म फलं वामवामं नयतीति वामनी । ३. यद्यप्युपाधिकृतस्तथापि सत्य इत्यभिप्रायः । ४. भिन्नाकारैः संबंधः ।

(३३२) अरूपवदेव हि तत्प्रधानत्वात् ॥ १४ ॥

नेह नानास्ति किञ्चन । मृत्योः स मृत्युमाप्नोति य इह नानेव पश्यति' (क० ४-११) इति । तथान्येऽपि 'भोक्ता भोग्यं प्रेरितारं च मत्वा सर्वं प्रोक्तं त्रिविधं ब्रह्म मेतत्' (श्वे० १-१२) इति समस्तस्य भोग्यभोक्तृनियन्तृलक्षणस्य प्रपञ्चस्य ब्रह्मैकस्वभावतामधीयते ॥१३॥

कथं पुनराकारवदुपदेशिनीष्वनाकारोपदेशिनीषु च ब्रह्मविषयासु श्रुतिषु सतीष्वनाकारमेव ब्रह्मावधार्यते न पुनर्विपरीतमिति । अत उत्तरं पठति—

रूपाद्याकाररहितमेव हि ब्रह्मावधारयितव्यं न रूपादिमत् । कस्मात् ? तत्प्रधानत्वात् । 'अस्थूलमनण्वह्रस्वमदीर्घम्'(बृ० ३-८-८), 'अशब्दमस्पर्शमरूपमव्ययम्' (क० ३-१५-मुक्ति० २-७२), 'आकाशो वै नाम नामरूपयोर्निर्वहिता ते यदन्तरा तद्ब्रह्म' (छा०८-१४-१) । 'दिव्यो ह्यमूर्तः पुरुषः स बाह्याभ्यन्तरो ह्यजः' (मु० २-१-२), 'तदेतद्ब्रह्मापूर्वमनपरमनन्तरमबाह्ममयमात्मा ब्रह्म सर्वानुभूः' (बृ० २-५-१९) इत्येवमादीनि हि वाक्यानि निष्प्रपञ्चब्रह्मात्मतत्त्वप्रधानानि नार्थान्तरप्रधानानीत्येतत्प्रतिष्ठापितं 'तत्तु समन्वयात्' (ब्र० सू० १-१-४) इत्यत्र । तस्मादेवंजातीयकेषु वाक्येषु यथाश्रुतं निराकारमेव ब्रह्मावधारयितव्यम् । इतराणि त्वाकारवद्ब्रह्मविषयाणि वाक्यानि न तत्प्रधानानि । उपासना-

---

द्विविधश्रुतिषु सतीषु निर्विशेषत्वे किं नियामकमिति शङ्कते—कथं पुनरिति । तत्परातत्परविरोधे तत्परं बलवदिति न्यायो नियामक इत्याह—अरूपवदेवेति । उपासनापरवाक्येषु

से प्राप्त करने योग्य है, यहाँ पर कुछ भी भेद नहीं है और जो इसमें भेद देखता है वह मृत्यु से मृत्यु को प्राप्त करता है अर्थात् बार-बार मरता है ।' ऐसे ही अन्य शाखावाले भी 'भोक्ता, भोग्य और प्रेरयिता को जानकर ये तीनों ब्रह्म ही हैं, ऐसा निश्चय कर लेता है' इस प्रकार समस्त भोग्य, भोक्ता एवं नियन्तारूप प्रपञ्च को एकब्रह्मस्वभाव बतलाते हैं ॥१३॥

अरूपवदेव हि तत्प्रधानत्वात् (ललिता)

शङ्का—साकार एवं निराकार ब्रह्मबोधक श्रुतियों के रहते-रहते ब्रह्म निराकार ही है, साकार नहीं है, ऐसा निश्चय कैसे कर सकते हैं ? इसका समाधान अग्रिम सूत्र से देते हैं कि—

रूपादि आकाररहित ही ब्रह्म है, ऐसा निश्चय करना चाहिए । ब्रह्म रूपादियुक्त नहीं है क्योंकि निर्विशेषब्रह्मबोधक श्रुति प्रधान है—'ब्रह्म स्थूल नहीं, सूक्ष्म नहीं, ह्रस्व एवं दीर्घ नहीं है'; 'शब्द, स्पर्श, रूपादि से रहित ब्रह्म अव्यय है'; 'समस्त नाम-रूप का निर्वाहक निःसन्देह आकाश ही है, वे नाम-रूप जिसके भीतर हैं वह ब्रह्म है'; 'वह परमात्म पुरुष दिव्य, अमूर्त, अजन्मा, बाह्याभ्यन्तर सर्वत्र है'; 'वह ब्रह्म कार्यकारणभाव से रहित, बाह्याभ्यन्तरभावशून्य आत्मस्वरूप सभी का प्रकाशक है' ऐसे सभी निष्प्रपञ्चब्रह्मात्मतत्त्वबोधक श्रुतिवाक्य प्रधान हैं, ये अर्थान्तरप्रधान नहीं हैं ऐसा हम **'तत्तु समन्वयात्'** इस सूत्र की व्याख्या में बतला आये हैं । अतः ऐसे ही वाक्यों में यथाश्रुत निराकार ब्रह्म का ही निश्चय करना चाहिए । इनसे भिन्न साकारब्रह्मबोधक वाक्य प्रधान नहीं हैं, वे तो उपासना

(३३३) प्रकाशवच्चावैयर्थ्यम् ॥१५॥

विधिप्रधानानि हि तानि, तेष्वसति विरोधे यथाश्रुतमाश्रयितव्यम् । सति तु विरोधे तत्प्रधानान्यतत्प्रधानेभ्यो बलीयांसि भवन्तीति । एष विनिगमनायां हेतुः । येनोभयोष्वपि श्रुतिषु सतोष्वनाकारमेव ब्रह्मावधार्यते न पुनर्विपरीतमिति ॥१४॥

का तर्ह्याकारवद्विषयाणां श्रुतीनां गतिरित्यत आह—

यथा प्रकाशः सौरश्चान्द्रमसो वा वियद्व्याप्यावतिष्ठमानोऽङ्गुल्याद्युपाधिसंबन्धात्तेष्वृजुवक्रादिभावं प्रतिपद्यमानेषु तद्भावमिव प्रतिपद्यते, एवं ब्रह्मापि पृथिव्याद्युपाधिसंबन्धात्तदाकारतामिव प्रतिपद्यते [1]तदालम्बनो ब्रह्मण आकारविशेषोपदेश उपासनार्थो न विरुध्यते । एवमवैयर्थ्यमाकारवद्ब्रह्मविषयाणामपि वाक्यानां भविष्यति । न हि वेदवाक्यानां कस्यचिदर्थवत्त्वं कस्यचिदनर्थवत्त्वमिति युक्तं प्रतिपत्तुं प्रमाणत्वाविशेषात् ।

आकारे तात्पर्याभावेऽपि देवताविग्रहादिवदाकारसिद्धिमाशङ्क्य निष्प्रपञ्चपरश्रुतिविरोधान्मैवमित्याह—तेष्वसतीति ॥१४॥

कल्पितद्वैते सावकाशत्वाच्च सप्रपञ्चत्वश्रुतयो दुर्बला इत्याह—प्रकाशवच्चेति । नन्वाकारवाक्यानामुपाधिकल्पितसर्वगन्धत्वादिनार्थवत्त्वं किमिति वर्ण्यते वैयर्थ्यमेवोच्यताम्, तत्राह—नहि वेदवाक्यानामिति ।

विधिप्रधान हैं । उनमें विरोध न रहने पर यथाश्रुत का आश्रय लेना ही उचित है, किन्तु विरोध होने पर अतत्प्रधान श्रुतियों की अपेक्षा तत्प्रधान श्रुतियाँ बलवान मानी जाती हैं । बस विनिगमना में वे ही कारण हैं जिससे कि उभयबोधक श्रुतियों के रहते हुए भी निराकार ब्रह्म का निश्चय होता है, उससे विपरीत का निश्चय नहीं होता ॥१४॥

कल्पित द्वैत में सप्रपञ्चत्व श्रुतियाँ सावकाश होने के कारण दुर्बल हैं, ऐसा अग्रिम सूत्र से कहते हैं—

प्रकाशवच्चावैयर्थ्यम् (ललिता)

यदि निष्प्रपञ्च ब्रह्मबोधक श्रुति प्रबल है तो साकारब्रह्मविषयक श्रुतियों की क्या गति होगी, ऐसा प्रश्न होने पर अग्रिम सूत्र से कहते हैं कि जैसे सूर्य अथवा चन्द्र का प्रकाश आकाश को व्याप्तकर स्थित रहता है और अँगुली इत्यादि उपाधियों के सम्बन्ध से वे ऋजुवक्रादिकभाव को प्राप्त होते हैं तब तद्भावापन्न प्रकाश भी ऋजु-वक्रादि दीखता है, ऐसे ही पृथिव्यादि उपाधि सम्बन्ध से निराकार ब्रह्म भी तदाकारता को प्राप्त जैसा भासता है । उक्त रीति से पृथिव्यादि आकार का आलम्बन करने वाले ब्रह्म में आकारविशेष का उपदेश उपासना के लिए किया गया है, अतः विरुद्ध नहीं है । इस प्रकार साकारब्रह्मविषयक श्रुतिवाक्यों में भी अवैयर्थ्य सिद्ध हो जायेगा । सभी श्रुतियों में प्रमाणत्व समान है, अतः किन्हीं वेदवाक्यों को सार्थक और किन्हीं को निरर्थक कहना उचित नहीं होगा ।

---

१. उपाधि ।

(३३४) आह च तन्मात्रम् ॥१६॥

नन्वेवमपि यत्पुरस्तात्प्रतिज्ञातं नोपाधियोगादप्युभयलिङ्गत्वं ब्रह्मणोऽस्तीति तद्विरुध्यते। नेति ब्रूमः। उपाधिनिमित्तस्य वस्तुधर्मत्वानुपपत्तेः। उपाधीनां चाविद्याप्रत्युपस्थापितत्वात्। सत्यामेव च [1]नैसर्गिक्यामविद्यायां लोकवेदव्यवहारावतार इति तत्र तत्रावोचाम ॥१५॥

आह च श्रुतिश्चैतन्यमात्रं विलक्षणरूपान्तररहितं निर्विशेषं ब्रह्म—'स यथा सैन्धवघनोऽनन्तरोऽबाह्यः कृत्स्नो रसघन एवैवं वा अरेऽयमात्माऽनन्तरोऽबाह्यः कृत्स्नः प्रज्ञानघन एव' (बृ० ४-५-१३) इति। एतदुक्तं भवति न तस्यात्मनोऽन्तर्बहिर्वा चैतन्यादन्यद्रूपमस्ति, चैतन्यमेव तु निरन्तरमस्य स्वरूपम्। यथा सैन्धवघनस्यान्तर्बहिश्च लवणरस एव निरन्तरो भवति न रसान्तरं तथैवेति ॥१६॥

नन्वेवमपीति। उक्तरीत्योभयरूपत्वाङ्गीकारेण श्रुतीनां व्यवस्थितत्वेऽपीत्यर्थः। उपाधीनां कल्पितत्वादौपाधिकस्य सत्यत्वानुपपत्तेर्न सत्यमुभयरूपत्वमिति पूर्वमुक्तं, संप्रति सत्यं निर्विशेषत्वं मिथ्या सविशेषत्वमित्युच्यत इत्युभयरूपत्वाङ्गीकारेऽपि न पूर्वापरविरोध इत्याह—नेति ब्रूम इति। द्वैतस्य मिथ्यात्वे ज्ञानेन बाधादुपासनादिव्यवहारो न स्यादित्याशङ्क्य बाधात्प्रागेव स इत्याह—सत्यामिति ॥१५॥

यतः श्रुतिश्चिन्मात्रमाहातश्च विशेषो मिथ्येति सूत्रार्थमाह—आह चेति। सैन्धवघनो लवणपिण्डः ॥१६॥

पूर्वपक्षी—ऐसा कहने पर पूर्वप्रतिज्ञा का विरोध होने लग जायेगा क्यों पहले आप ने कहा था कि उपाधिसम्बन्ध से भी ब्रह्म में उभयलिङ्गत्व नहीं माना जा सकता। सिद्धान्ती—हमारा कहना ऐसा नहीं है जैसा आप समझ रहे हैं। उपाधिनिमित्तक धर्म वास्तविक नहीं होता क्योंकि उपाधि अविद्याप्रत्युपस्थापित होती है। नैसर्गिक अविद्या के रहने पर हो लोक एवं वेद व्यवहार होता है जो बाध से पूर्व ही होता है, ऐसा हम स्थल-स्थल पर कह आये हैं ॥१५॥

आह च तन्मात्रम् (ललिता)

श्रुति ने विलक्षण, रूपान्तररहित, निर्विशेष, चिन्मात्र ब्रह्म को कहा है—'जैसे लवणपिण्ड बाहर-भीतर सभी ओर से सर्वथा रसघन ही होता है, ऐसे ही यह आत्मा बाहर-भीतर सभी ओर से चैतन्यघन ही है।' इसका तात्पर्य यह है कि इस चैतन्य आत्मा के बाहर और भीतर उससे भिन्न रूप नहीं है, बाह्याभ्यन्तरभाव से रहित चैतन्य ही इसका रूप है। जैसे लवणपिण्ड बाहर-भीतर सभी ओर से लवणरस ही है, अन्य रस नही है; वैसे ही यह आत्मा भी सभी ओर से चिन्मात्र ही है ॥१६॥

---

१. स्वाभाविक्याम्।

(३३५) दर्शयति चाथो अपि स्मर्यते ॥१७॥

दर्शयति च श्रुतिः 'पररूपप्रतिषेधेनैव ब्रह्म निर्विशेषत्वात्—'अथात आदेशो नेति नेति' (बृ० २-३-६) इति, 'अन्यदेव तद्विदितादथो अविदितादधि' (के० १-३)', 'यतो वाचो निवर्तन्ते अप्राप्य मनसा सह' (तै० २-४-१) इत्येवमाद्या। बाष्कलिना च बाध्वः पृष्टः सन्नवचनेनैव ब्रह्म प्रोवाचेति श्रूयते—'स होवाचाधीहि भगवो ब्रह्मेति स तूष्णीं बभूव तं ह द्वितीये वा तृतीये वा वचन उवाच ब्रूमः खलु त्वं तु न विजानासि। उपशान्तोऽयमात्मा' इति। तथा स्मृतिष्वपि परप्रतिषेधेनैवोपदिश्यते—'ज्ञेयं यत्तत्प्रवक्ष्यामि यज्ज्ञात्वाऽमृतमश्नुते। अनादिमत्परं ब्रह्म न सत्तन्नासदुच्यते' (भ० गी० १३-१२) इत्येवमाद्यासु। तथा विश्वरूपधरो नारायणो नारदमुवाचेति स्मर्यते—'माया ह्येषा मया सृष्टा यन्मां पश्यसि नारद। सर्वभूतगुणैर्युक्तं नैव मां ज्ञातुमर्हसि' (म० भा० शा० १२-३३६) इति ॥१७॥

किञ्च श्रुतिस्मृत्योः [1]परनिषेधेन ब्रह्मोपदेशान्निष्प्रपञ्चं ब्रह्मेत्याह—दर्शयति चेति। अथ द्वैतोक्त्यनन्तरं ज्ञानहेतुत्वान्नेति नेति उपदेशः क्रियत इत्यर्थः। अधि अन्यत् पुनः पुनरधीहि भो इति निर्बन्धकारिणं तं द्वितीये तृतीये च प्रश्ने तूष्णींभावं त्यक्त्वोवाच। उपशान्तो निरस्तद्वैतः। अतस्तस्य तूष्णींभाव एवोत्तरमिति सौत्रश्च अथोशब्दस्तथार्थकः। आदिमत्कार्यं तन्न भवतीत्यनादिमत्। सत् इन्द्रियवेद्यम्। असत् परोक्षं च न स्वप्रकाशत्वादित्यर्थः। सर्वभूतगुणैर्दिव्यगन्धादिभिर्युक्तं मां मूर्तिमन्तं पश्यसीति यत्सा माया, अत एव सद्वैतो भगवानिति मां द्रष्टुं नार्हसि, वस्तुतो द्वैतातीतत्वादित्यर्थः ॥१७॥

दर्शयति चाथो अपि स्मर्यते (ललिता)

पररूपप्रतिषेधपूर्वक निष्प्रपञ्च ब्रह्म का उपदेश श्रुति एवं स्मृति में किया गया है, इसे अग्रिम सूत्र से दिखलाते है—'ब्रह्म के दो रूप बतलाने के बाद नेति-नेति वाक्य द्वारा श्रुति ने सर्वोत्कृष्ट उपदेश किया है', 'वह ब्रह्मचैतन्य विदित वस्तु से भिन्न ही है और अविदित से भी भिन्न है', 'जहाँ से मन के सहित वाणी बिना प्राप्त किये ही लौट आती है' ये सभी श्रुतियाँ द्वैतनिषेधपूर्वक निर्विशेष ब्रह्म को बतलाती हैं। बाष्कलि के द्वारा पूछे जाने पर बाध्व ऋषि ने तूष्णीभाव से ही ब्रह्म का उपदेश किया है—'बाष्कलि ने जब कहा कि हे भगवन्! आप मुझे ब्रह्म का उपदेश करें, तब वह बाध्व चुप्पी साध लेते हैं; पुनः दूसरी तीसरी बार पूछने पर उसका उत्तर दिया है कि हम इतनी देर तक तुम्हारे प्रश्न का ही उत्तर दे रहे थे, तुम उसे समझ नहीं पाये हो अर्थात् यह आत्मा उपशान्त-स्वरूप है जिसमें द्वैत है ही नहीं, फिर भला उसका निर्वचन वाणी से कैसे हो सकता है।' वैसे ही 'जो ज्ञातव्य वस्तु है उसे मैं अच्छी प्रकार से कहूँगा जिसे जानकर ज्ञानी अमरत्व प्राप्त कर लेता है, वह परब्रह्म कार्य नहीं है और न सत् एवं असत् शब्द से ही कहा जा सकता है' इन स्मृतियों में भी द्वैत-प्रतिषेधपूर्वक ही ब्रह्म का उपदेश किया गया है। इसी प्रकार विश्वरूपधारी नारायण ने नारद से कहा है कि 'हे नारद! जिस साकार रूप को तुम देखते हो यह मेरी माया है जिसकी सृष्टि मैंने की है जो सभी दिव्यगन्धादि भूतगुणों से युक्त है, पर मुझे ऐसा न समझो क्योंकि मैं द्वैत से परे हूँ। द्वैत तो मायिक है और मैं माया से सर्वथा असम्बद्ध हूँ ॥१७॥

१. प्रपंच। २. अध्यस्त।

(३३६) अत एव चोपमा सूर्यकादिवत् ॥१८॥

(३३७) अम्बुवदग्रहणात्तु न तथात्वम् ॥१९॥

यत एवं चायमात्मा चैतन्यरूपो निर्विशेषो वाङ्मनसातीतः परप्रतिषेधेनोपदेश्योऽत एव चास्योपाधिनिमित्तामपारमार्थिकीं विशेषवत्तामभिप्रेत्य जलसूर्यकादिवदित्युपमोपादीयते मोक्षशास्त्रेषु—'यथा ह्ययं ज्योतिरात्मा विवस्वानपो भिन्ना बहुधैकोऽनुगच्छन् । उपाधिना क्रियते भेदरूपो देवः क्षेत्रेष्वेवमजोऽयमात्मा' इति । 'एक एव हि भूतात्मा भूते भूते व्यवस्थितः । एकधा बहुधा चैव दृश्यते जलचन्द्रवत्' (ब्र० बि० १२) इत्येवमादिषु ॥१८॥

अत्र प्रत्यवस्थीयते—

न जलसूर्यकादितुल्यत्वमिहोपपद्यते, तद्वदग्रहणात् । सूर्यादिभ्यो हि मूर्तेभ्यः पृथग्भूतं

किञ्च यथा जलाद्युपाधिकल्पितः सूर्यचन्द्रादेर्भेदचलनादिर्धर्म एवमात्मन इति दृष्टान्तात् श्रुतेश्च निर्विशेषं तत्त्वमित्याह—अत एव चोपमेति । जलस्थप्रतिबिम्बत्वाकारेण सूर्यस्याभासत्वद्योतनाय सूर्यकेति कप्रत्ययः । यथायं ज्योतिर्मयो विवस्वान्स्वत एकोऽपि घटभेदेन भिन्नाः अपोऽनुगच्छन् बहुधा क्रियते एवमजोऽयमात्मा देवः स्वप्रकाश एकोऽप्युपाधिना मायया क्षेत्रेष्वनुगच्छन् भेदरूपः क्रियत इति योजना ॥१८॥

इहात्मन्युक्तदृष्टान्तवैषम्यशङ्कासूत्रम्—अम्बुवदिति । आत्मनो नीरूपत्वाद्दूरस्थोपाध्यभावाच्च मायया बुद्ध्यादिषु प्रतिबिम्बभेदो न युक्त इत्यर्थः ॥१९॥

सूर्य-चन्द्रादि का भेद और चलनादि धर्म जैसे जलादि उपाधि के कारण से भासते हैं, ऐसे ही आत्मा में सभी संसारधर्म उपाधि से भासते है; वह आत्मा वस्तुतः निर्विशेष है, इसे अग्रिम सूत्र से कहते हैं—

अत एव चोपमा सूर्यकादिवत् (ललिता)

क्योंकि यह आत्मा चैतन्यस्वरूप, निर्विशेष, मन-वाणी से अतीत, द्वैतप्रतिषेधपूर्वक उपदेश के योग्य है इसीलिए इसमें भासने वाली विशेषवत्ता उपाधि के कारण अपारमार्थिक है, इसी अभिप्राय से मोक्षशास्त्र में जलसूर्यकादि की भाँति बतलाकर उपमा दी गयी है—'जैसे ज्योतिस्वरूप सूर्य एक होता हुआ भी जल के भेद से अनेक भासता है, ऐसे ही इन देवशरीरों में यह अजन्मा आत्मा उपाधि के कारण भिन्न-भिन्न प्रतीत होता है', 'सभी भूतों में व्यवस्थित अन्तरात्मा एक ही है, वह एक ही आत्मा जलचन्द्र की भाँति बहुधा दीखता है' इन सभी मोक्षशास्त्रों में जलसूर्यकादि दृष्टान्त द्वारा भेद को मिथ्या और अभेद को पारमार्थिक कहा गया है ॥१८॥

पूर्वपक्षी पूर्वोक्त दृष्टान्त में वैषम्य की आशङ्का करता है कि—

अम्बुवदग्रहणात्तु न तथात्वम् (ललिता)

जलसूर्यादि की समानता इस आत्मा में कहना ठीक नहीं है। क्योंकि जल की भाँति आत्मा का ग्रहण नहीं होता। सूर्यादि मूर्त पदार्थों से दूरस्थ पृथक् मूर्त वस्तु जल गृहीत होता है, उसमें सूर्यादि के

(३३८) वृद्धिह्रासभाक्त्वमन्तर्भावादुभयसामञ्जस्यादेवम् ॥२०॥

विप्रकृष्टदेशं मूर्तं जलं गृह्यते तत्र युक्तः सूर्यादिप्रतिबिम्बोदयः। न त्वात्माऽमूर्तो न [1]चास्मात्पृथग्भूता विप्रकृष्टदेशाश्चोपाधयः, सर्वगतत्वात्सर्वानन्यत्वाच्च। तस्मादयुक्तोऽयं दृष्टान्त इति ॥१९॥

अत्र प्रतिविधीयते—

युक्त एव त्वयं दृष्टान्तो विवक्षितांशसंभवात्। नहि दृष्टान्तदार्ष्टान्तिकयोः क्वचित्-किञ्चिद्विवक्षितांशं मुक्त्वा सर्वसारूप्यं केनचिद्दर्शयितुं शक्यते, सर्वसारूप्ये हि दृष्टान्तदार्ष्टान्तिकभावोच्छेद एव स्यात्। नचेदं स्वमनीषया जलसूर्यकादिदृष्टान्तप्रणयनम्। शास्त्रप्रणीतस्य त्वस्य प्रयोजनमात्रमुपन्यस्यते। किं पुनरत्र विवक्षितं सारूप्यमिति। तदुच्यते—वृद्धिह्रासभाक्त्वमिति। जलगतं हि सूर्यप्रतिबिम्बं जलवृद्धौ वर्धते जलह्रासे ह्रसति जलचलने चलति जलभेदे भिद्यत इत्येवं जलधर्मानुयायि भवति, न तु परमार्थतः सूर्यस्य तथात्वमस्ति। एवं परमार्थतोऽविकृतमेकरूपमपि सद्ब्रह्म देहाद्युपाध्यन्तर्भावाद्भजत

उपाध्यन्तर्भावेन [2]तत्कल्पितधर्मवत्त्वमत्र विवक्षितांशस्तेन साम्येन समाधानसूत्रम्—वृद्धिह्रासेति। दृष्टान्तसाम्येऽपि नीरूपात्मनः प्रतिबिम्बः स्वबुद्ध्या कथं कल्प्यत इत्यत आह—न चेदमिति। श्रूयते न कल्प्यत इत्यर्थः। श्रुतदृष्टान्तस्य 'सूर्यकादिवत्, इत्युपन्यासेन किं फलमित्यत आह—शास्त्रेति। आत्मनो निर्विशेषत्वं फलमित्यर्थः। अविरोध इति न वैषम्यमित्यर्थः। आत्मा प्रतिबिम्बशून्यः, नीरूपद्रव्यत्वात्, वायुवदित्यनुमाने आकाशे व्यभिचारः। अल्पजलेऽविदूराकाशप्रतिबिम्बदर्शनादुपाधिदूरस्थत्वमपि क्वचिदनपेक्षितमिति भावः ॥२०॥

प्रतिबिम्ब का उदय बतलाना युक्तिसङ्गत है; किन्तु आत्मा मूर्त नहीं है और न उससे पृथक् दूरदेशस्थ उपाधियाँ हैं क्योंकि आत्मा सर्वव्यापक है और सबसे अभिन्न भी है। अतः पूर्वसूत्रोक्त दृष्टान्त असङ्गत है ॥१९॥

इस पर सिद्धान्ती समाधान देता है कि यह दृष्टान्त युक्त ही है क्योंकि—

वृद्धिह्रासभाक्त्वमन्तर्भावादुभयसामञ्जस्यादेवम् (ललिता)

विवक्षित अंश का ग्रहण करना सम्भव है। कहीं भी दृष्टान्त एवं दार्ष्टान्त में कुछ विवक्षित अंश को छोड़कर सर्वथा सारूप्य कोई भी दिखला नहीं सकता और यदि दृष्टान्त-दार्ष्टान्त में सर्वथा सारूप्य हो जाय तो दृष्टान्तदार्ष्टान्तिकभाव का उच्छेद होने लग जायेगा। हमने अपनी बुद्धि से इस जलसूर्यकादि दृष्टान्त को खड़ा नहीं किया है, हमने तो शास्त्रोक्त इस दृष्टान्त का प्रयोजनमात्र ही कहा है। यहाँ पर विवक्षित सारूप्य क्या है, इसे अग्रिम सूत्र से कहते हैं—

जल की वृद्धि होने पर जलगत प्रतिबिम्ब बढ़ा हुआ भासता है और जल के ह्रास से प्रतिबिम्ब ह्रस्व भासता है, जल के चलने से प्रतिबिम्ब चलता सा और जल के भेद से प्रतिबिम्ब भिन्न सा जलधर्मानुगामी दीखता है; किन्तु सूर्य में परमार्थतः वैसा नहीं है। वैसे ही परमार्थतः निर्विकार एकरूप ब्रह्म, देहादि उपाधि के अन्तर्भूत होने के कारण वृद्धि-ह्रास आदि उपाधि धर्मों को धारण करता

१. संग्रहवाक्य विवृणोति न चास्मादिति। २. उपाधि।

(३३९) दर्शनाच्च ॥२१॥

इवोपाधिधर्मान्वृद्धिह्रासादीन् । एवमुभयोर्दृष्टान्तदार्ष्टान्तिकयोः सामञ्जस्यादविरोधः ॥२०॥

दर्शयति च श्रुतिः परस्यैव ब्रह्मणो देहादिषूपाधिष्वन्तरनुप्रवेशम्—'पुरश्चक्रे द्विपदः पुरश्चक्रे चतुष्पदः'। पुरः स पक्षी भूत्वा पुरः पुरुष आविशत्' (बृ० २-५-१८) इति। 'अनेन जीवेनात्मनानुप्रविश्य' (छा० ६-३-२) इति च। तस्माद्युक्तमेतत्—'अत एव चोपमा सूर्यकादिवत्' (ब्र० सू० ३-२-१८) इति। तस्मान्निर्विकल्पकैकलिङ्गमेव ब्रह्म नोभयलिङ्गं विपरीतलिङ्गं चेति सिद्धम्।

अत्र केचित्द्वे अधिकरणे कल्पयन्ति। प्रथमं तावत्—किं प्रत्यस्तमिताशेषप्रपञ्चमेकाकारं ब्रह्मोत प्रपञ्चवदनेकाकारोपेतमिति। द्वितीयं तु—स्थिते प्रत्यस्तमितप्रपञ्चत्वे

प्रवेशश्रुतेश्चोक्तानुमानबाध इत्याह सूत्रकारः—दर्शनाच्चेति। द्विपदः पुरो मनुष्यादिदेहांश्चक्रे चतुष्पदः पुरः पशून्कृत्वा पुरश्चक्षुराद्यभिव्यक्तेः पुरस्तात् स ईश्वरः पक्षी लिङ्गशरीरी भूत्वा पुर उक्तानि शरीराण्याविशत्, स च प्रविष्टोऽपि पुरुषः पूर्ण एवेत्यर्थः। तैत्तिरीयके लिङ्गस्य पक्ष्याद्युक्तेः पक्षित्वं मन्तव्यम्। एवं प्रतिबिम्बभावेन भेदादेः कल्पितत्वात् निर्विशेषं ब्रह्मेति स्वमतमुपसंहरति—तस्मादिति।

एकदेशिव्याख्यामुत्थापयति—अत्रेति। न स्थानतोऽपीत्याद्येकमधिकरणं, तत्र ब्रह्मणो निष्प्रपञ्चत्वे स्थिते किंलक्षणं ब्रह्मेति सदेहे प्रकाशवच्चेत्यादिद्वितीयमधिकरणं प्रवृत्तं, न सद्रूपमेव ब्रह्म किंतु प्रकाशवच्च चिद्रूपं च। कुतः? अवैयर्थ्यात्। सत्यं ज्ञानं सदेव सोम्येत्युभयश्रुतेर्द्विरूपे ब्रह्मण्यर्थवत्वादिति पूर्वपक्षे सिद्धान्तः—आह च तन्मात्रम्। सन्मात्रं ब्रह्म श्रुतिराह, । 'ज्ञानस्य सत्तानतिरेकात्'

सा जान पड़ता है। इस प्रकार इन दोनों दृष्टान्त-दार्ष्टान्त में सामञ्जस्य हो जाने के कारण कोई विरोध नहीं है ॥२०॥

दर्शनाच्च (ललिता)

आत्मा प्रतिबिम्बशून्य है, नीरूप द्रव्य होने के कारण, वायु की भांति इस अनुमान में व्यभिचार दिखता है क्योंकि अल्प जल में विदूर आकाशप्रतिबिम्ब दिखाई पड़ता है। साथ ही प्रवेशश्रुति से इस अनुमान का बाध भी हो जाता है जिसे अग्रिम सूत्र से बतलाते हैं मनुष्यादि दो पैर वालों को परमेश्वर ने बनाया, पुनः चार पैर वाले पशुओं को बनाया और इनमें चक्षुरादि अभिव्यक्ति से पूर्व ईश्वर लिङ्गशरीरवाला बनकर प्रवेश कर गया वह प्रविष्ट पुरूष भी पूर्ण ही है' जगत् रचना के बाद इस जीवरूप से उसमें प्रवेशकर निखिल नाम-रूप सृष्टि का संकल्प परमेश्वर ने किया' यह श्रुति देहादि उपाधियों में परब्रह्म का ही अन्तरनुप्रवेश बतलाती है इसलिए 'अतएव चोपमा सूर्यकादिवत्' इस सूत्र द्वारा जो कुछ भी कहा गया है वह युक्तियुक्त है। अतः निर्विकल्पक एकलिङ्ग ही ब्रह्म है, उभयालिङ्ग नहीं है और न सप्रपञ्च ही है, यह सिद्ध हुआ।

एकदेशी मत का उत्थापन 'अत्र केचित्' ग्रन्थ से भाष्यकार करते हैं कि कुछ लोग पिछले ग्यारह सूत्रों में दो अधिकरणों की कल्पना करते हैं। प्रथम अधिकरण में अशेषप्रपञ्चरहित एकाकार ब्रह्म है अथवा प्रपञ्चयुक्त अनेकाकार है, इसका विचार किया गया है। द्वितीय अधिकरण में

१. निष्प्रपंच। २. पूर्वपक्षमाह न सदिति।

किं सल्लक्षणं ब्रह्मोत बोधलक्षणमुतोभयलक्षणमिति । अत्र वयं वदामः—सर्वथाप्यानर्थक्यमधिकरणान्तरारम्भस्येति । यदि तावदनेकलिङ्गत्वं परस्य ब्रह्मणो निराकर्तव्यमित्ययं प्रयासस्तत्पूर्वेणैव 'न स्थानतोऽपि' इत्यनेनाधिकरणेन निराकृतमित्युत्तरमधिकरणं 'प्रकाशवच्च' एतद्व्यर्थमेव भवेत् । नच सल्लक्षणमेव ब्रह्म न बोधलक्षणमिति शक्यं वक्तुम् । विज्ञानघन एवेत्यादिश्रुतिवैयर्थ्यप्रसङ्गात् । कथं वा निरस्तचैतन्यं ब्रह्म चेतनस्य जीवस्यात्मत्वेनोपदिश्येत । नापि बोधलक्षणमेव ब्रह्म न सल्लक्षणमिति शक्यं वक्तुम्, 'अस्तीत्येवोपलब्धव्यः' (क० ६-१३) इत्यादिश्रुतिवैयर्थ्यप्रसङ्गात् । कथं वा निरस्तसत्ताको बोधोऽभ्युपगम्येत । नाप्युभयलक्षणमेव ब्रह्मेति शक्यं वक्तुम् । पूर्वाभ्युपगमविरोधप्रसङ्गात् । सत्ताव्यावृत्तेन च बोधेन बोधव्यावृत्तया च सत्तयोपेतं ब्रह्म प्रतिजानानस्य तदेव पूर्वाधिकरणप्रतिषिद्धं सप्रपञ्चत्वं ब्रह्मणः प्रसज्येत ।

इति । इदं द्वितीयाधिकरणं दूषयति—अत्र वयमिति । द्वितीयाधिकरणस्य किं ब्रह्मणोऽनेकरूपत्वनिरासः फलम्, उत बोधरूपत्वनिरास आहोस्वित्सत्तानिरास इति विकल्प्य सर्वथाप्यानर्थक्यं प्रपञ्चयन्नाद्ये गतार्थतामाह—यदि तावदिति । नहि द्वितीय इत्याह—नचेति । ब्रह्मणो बोधरूपत्वनिरासे जडत्वाज्जीवाभेदश्रुतिबाधश्च स्यादित्याह—कथं वेति । न तृतीय इत्याह—नापीति । सत्तानिरासे बोधस्य तुच्छत्वं च स्यादित्याह—कथमिति । नच बोधस्य सत्तानतिरेकान्न तुच्छतेति वाच्यम् । सद्बोधपदयोर्व्याख्यानातिरेके पर्यायत्वप्रसङ्गात् । एवं सिद्धान्तं फलाभावेन दूषयित्वा पूर्वपक्षं दूषयति—नापीति । प्रसङ्गमेवाह—सत्तेति । व्यावृत्तत्वं भिन्नत्वम् । निष्प्रपञ्चैकरूपत्वसिद्धान्तविरोधात् भिन्नोभयरूपत्वपूर्वपक्षानुत्थानमित्यर्थः ।

पूर्व अधिकरण द्वारा निष्प्रपञ्च ब्रह्म का निश्चय हो जाने पर संशय किया गया है कि क्या ब्रह्म सद्रूप है अथवा चिद्रूप है या उभयरूप है । इस एकदेशी मत के ऊपर हम सिद्धान्ती कहते हैं कि अधिकरणान्तर का आरम्भ करना सर्वथा निरर्थक ही है । द्वितीय अधिकरण द्वारा ब्रह्म में अनेकरूपत्व का निरास करना आप को अभीष्ट है अथवा बोधरूपत्व का निरास करना या सत्तारूपत्व का निरास करना अभीष्ट है । प्रथम कल्प में प्रयास व्यर्थ होगा क्योंकि '**न स्थानतोऽपि**' इत्यादि सूत्र द्वारा प्रथम अधिकरण से ही उस प्रश्न का उत्तर हो चुका है । ऐसी स्थिति में '**प्रकाशवच्च वैयर्थ्यात**' यह उत्तराधिकरण व्यर्थ ही हो जायेगा । वैसे ही सद्रूप ही ब्रह्म है, बोधरूप नहीं है ऐसी द्वितीय कल्पना कहना भी ठीक नहीं है क्योंकि '**विज्ञानघन एव**' इत्यादि श्रुति में वैयर्थ्यप्रसंग आ जायेगा । साथ ही चेतनाशून्य सन्मात्ररूप ब्रह्म चेतन जीव का आत्मा भी कैसे कहा जा सकेगा । तृतीय कल्प में चिद्रूप ही ब्रह्म है, सद्रूप नहीं है ऐसा कहना भी ठीक नहीं है क्योंकि इस कल्प में '**अस्तीत्येव उपलब्धः**' इत्यादि श्रुति में वैयर्थ्यप्रसंग आ जायेगा । सत्ताहीन तत्त्व को बोधरूप भी कैसे मान सकोगे । इस प्रकार द्वितीय अधिकरण में कोई फल न होने के कारण उसकी रचना निरर्थक ही है । उभयरूप भी ब्रह्म को नहीं कह सकते हो क्योंकि पूर्वाधिकरण से सिद्ध अर्थ का विरोध होने लग जायेगा । सत्ताहीन, चिन्मात्र और बोधरहित सन्मात्र ब्रह्म की प्रतिज्ञा का पूर्वाधिकरण से प्रतिषेध हो जाने पर ब्रह्म में सप्रपञ्चत्व भी आ जायेगा । अतः पूर्वपक्ष का उत्थापन असंगत प्रतीत होता है ।

श्रुतत्वाददोष इति चेत् । न, एकस्यानेकस्वभावत्वानुपपत्तेः । अथ सत्तैव बोधो बोध एव च सत्ता नानयोः परस्परव्यावृत्तिरस्तीति यद्युच्येत तथापि किं सल्लक्षणं ब्रह्मोत बोधलक्षणमुतोभयलक्षणमित्ययं विकल्पो निरालम्बन एव स्यात् । सूत्राणि त्वेकाधिकरणत्वेनैवास्माभिर्नीतानि । अपिच ब्रह्मविषयासु श्रुतिष्वाकारवदनाकारप्रतिपादनेन विप्रतिपन्नास्वनाकारे ब्रह्मणि परिगृहीतेऽवश्यं वक्तव्येतरासां श्रुतीनां गतिः । 'तादर्थ्येन प्रकाशवच्चेत्यादीनि सूत्राण्यर्थवत्तराणि संपद्यन्ते । यदप्याहुराकारवादिन्योऽपि श्रुतयः प्रपञ्चप्रविलयमुखेनानाकारप्रतिपत्त्यर्था एव न पृथगर्था इति तदपि न समीचिनमिव लक्ष्यते । कथम् ? ये हि परविद्याधिकारे केचित्²प्रपञ्चा उच्यन्ते यथा—'युक्ता ह्यस्य हरयः शता दशेत्ययं वै

उभयश्रुतिबलादुत्थानमिति शङ्कते—श्रुतत्वादिति । मेरुविन्ध्यवत्परस्परं भिन्नसत्ताबोधयोरेकब्रह्माभेदशङ्का श्रुतिशतेनापि न युक्तेत्याह—नेति । सद्बोधयोर्भेदोऽस्ति न वा । आद्ये श्रुतेरपि विरुद्धार्थत्वानुपपत्तेर्न पूर्वपक्षोत्थानमित्युक्तम् । सम्प्रति द्वितीयं शङ्कते—अथ सत्तैवेति । सद्बोधपदयोर्वाच्यभेदेऽपि लक्ष्यैक्योपपत्तिरखण्डार्थस्वीकारादित्यर्थः । ³अखण्डार्थस्य पूर्वपक्षत्वं न स्यात्सिद्धान्तत्वात् । किंचात्र संशयोऽप्ययुक्त इत्याह—तथापीति । एकाधिकरणपक्षे सूत्राणि कथं नेयानीत्यत आह—सूत्राणीति । स्वपक्षे सूत्रसामञ्जस्यं चेत्याह—अपिचेति । अवश्यापेक्षितगत्यर्थत्वेनोत्तरसूत्राणां पूर्वैकवाक्यत्वान्नाधिकरणभेद इति भावः । आकारश्रुतीनां कल्पिताकारो गतिरिति स्वमतमुक्तं, प्रपञ्चविलयवादिनस्तु 'मनोमयः प्राणशरीरः सत्यकामः' इत्याद्याकारश्रुतीनां तदितराकारप्रविलयो गतिरित्याहुः । मनोमय इति कोऽर्थः, मनोऽतिरिक्तोपाधिशून्य इत्यर्थः । एवं प्राणशरीरपदेन प्राणातिरिक्तोपाधिनिषेधान्मनसोऽप्यभावसिद्धिः, एवं सर्व शब्दा अनाकारब्रह्मपरा एवेति तन्मतमनूद्य दूषयति —यदपीत्यादिना । किं ज्ञेयब्रह्मप्रकरणस्थानामाकारशब्दानां निषेधपरत्वमुतोपासनाप्रकरणस्थानामपि तत्राद्यमङ्गीकरोति—ये हीति । अस्य जीवभावं प्राप्तस्येश्वरस्य दश हरयो विषया हरणाद्दशे-

पूर्वपक्ष—उभयश्रुति के बल से ब्रह्म का उभयरूप मानना कोई दोष नहीं है। सिद्धान्त—ऐसा कहना भी ठीक नहीं। एक ब्रह्म को अनेक स्वभाववाला कहना युक्तियुक्त नहीं है। यदि कहो कि सत्ता ही बोध है और बोध ही सत्ता है, इन दोनों में परस्पर भेद नहीं तो इस पर हम पूछेंगे कि ब्रह्म सद्रूप है, बोधरूप है अथवा उभयरूप है ऐसा विकल्प निराधार ही हो जायेगा। हमने इस अधिकरण के सभी सूत्रों को एकाधिकरण में ही लगाया है और ऐसा मानने पर सूत्रों का सामञ्जस्य भी होता है। साकार और निराकार प्रतिपादन द्वारा जब श्रुतियां प्रतिपन्न दीखती हैं तो उस स्थिति में ब्रह्म को निराकार मान लेने पर साकारबोधक श्रुतियों की गति अवश्य बतलानी ही पड़ेगी जो कल्पित आकार को बतलाती हैं और इस प्रकार 'प्रकाशवच्च' इत्यादि सूत्र अत्यन्त सार्थक हो जाता है। इनमें निष्प्रपञ्चब्रह्मबोधक प्रकरण में आयी हुई साकारब्रह्मबोधक श्रुतियाँ आकारप्रविलय द्वारा निराकार को बतलाती हैं और उपासना प्रकरण में साकारब्रह्मबोधक श्रुतियाँ विभिन्न प्रयोजन वाली मानी गयी हैं। अतः जो आप ने कहा था कि आकारबोधक सभी श्रुतियाँ प्रपञ्चप्रविलय द्वारा निराकार बोध के लिए ही है पृथक् उनका कोई प्रयोजन नहीं है, ऐसा कहना भी ठीक नहीं है क्योंकि साकारबोधक कुछ श्रुतियाँ परविद्या प्रकरण में हैं। 'जीवभाव को प्राप्त ईश्वर की इन्द्रियाँ प्राणीभेद से सौ एवं दश है, ऐसे ही सहस्र तथा अनन्त भी है' ये सब

१. तासां गत्यर्थत्वेन । २. आकारविस्ताराः । ३. सिद्धोतो दूषयति अखण्डेति ।

हरयोऽयं वै दश च शतानि सहस्राणि बहूनि चानन्तानि च' (बृ० २-५-१९) इत्येवमादयस्ते भवन्ति प्रविलयार्थाः 'तदेतद्ब्रह्मापूर्वमनपरमनन्तरमबाह्यम्' (बृ० २-५-१९) इत्युपसंहारात् । ये पुनरुपासनाविधानाधिकारे प्रपञ्चा उच्यन्ते 'यथा मनोमयः प्राणशरीरो भारूपः' (छा० ३-१४-२) इत्येवमादयो न तेषां प्रविलयार्थत्वं न्याय्यम् । 'स क्रतुं कुर्वीत' (छा० ३-१४-१) इत्येवंजातीयकेन प्रकृतेनैवोपासनविधिना तेषां सम्बन्धात् । श्रुत्या चैवंजातीयकानां गुणानामुपासनार्थत्वेऽवकल्प्यमाने न लक्षणया प्रविलयार्थत्वमवकल्पते । सर्वेषां च साधारणे प्रविलयार्थत्वे सति 'अरूपवदेव हि तत्प्रधानत्वात्' (ब्र० सू० ३-२-१४) इति विनिगमनकारणवचनमनवकाशं स्यात् । फलमप्येषां यथोपदेशं क्वचिद्दुरितक्षयः क्वचिदैश्वर्यप्राप्तिः क्वचित्क्रममुक्तिरित्यवगम्यत एवेत्यतः पार्थगर्थ्यमेवोपासनावाक्यानां ब्रह्मवाक्यानां च न्याय्यं नैकवाक्यत्वम् ।

कथं चैषामेकवाक्यतोत्प्रेक्ष्यत इति वक्तव्यम् । एकनियोगप्रतीतेः प्रयाजदर्शपूर्णमास-

---

न्द्रियाणि प्राणिभेदापेक्षया शतानि सहस्राणि च तेषामीश्वराद्भेदमाशङ्क्याह—अयमिति । ईश्वर एव हरय इत्यर्थः । द्वितीयं दूषयति—ये पुनरिति । मनोमयादिशब्दानां मुख्यवृत्त्या गुणपरत्वसंभवे निषेधलक्षणापि न युक्तेत्याह—श्रुत्या चेति । किं साकारानाकारश्रुतिद्वैविध्ये सति ब्रह्मानाकारमेवेत्यत्र किं विनिगमकमिति शङ्कोत्थानादस्थूलादिश्रुतीनां निराकारतात्पर्यं नियामकमिति कथनार्थमिदं सूत्रमर्थवद्भवति । सर्वश्रुतीनां निषेधार्थत्वे तु शङ्कानुत्थानान्नियामकसूत्रं व्यर्थं स्यादित्याह—सर्वेषां चेति । ननूपासनाऽर्थवाक्यानां स्वार्थे फलाभावात् सफलनिषेधवाक्यशेषत्वमित्याशङ्क्य फलस्य श्रुतत्वान्नान्यशेषतेत्याह—फलमपीति ।

अर्थैक्याभावाच्च नैकवाक्यतेत्याह—कथं चेति । अर्थैक्यं शङ्कते—एकेति । यथा फलवत्परमा-

---

आकारबोधक वाक्य प्रविलय के लिए माने जायेंगे क्योंकि 'वह ब्रह्म कार्यकारणभाव से रहित बाह्याभ्यन्तरभावशून्य है' इस वाक्य द्वारा निष्प्रपञ्च ब्रह्म में उनका उपसंहार देखा जाता है । पर उपासनाप्रसङ्ग में जो प्रपञ्च कहे जाते हैं, जैसे 'मनोमय प्राणशरीर भारूप' इत्यादि, उन्हें प्रविलयार्थ मानना उचित नहीं है क्योंकि 'साधक उसकी उपासना करे' इस प्रसंगागत उपासनाविधि के साथ उन प्रपञ्चबोधक श्रुतिवाक्यों का सम्बन्ध है, श्रुति ने ऐसे गुणों का निरूपण उपासना के लिए किया है । ऐसी स्थिति में लक्षणा द्वारा उनका प्रविलय मानना उचित नहीं और सभी साकारबोधक श्रुतियों को सामान्यतः प्रविलयार्थ ही मानोगे तो 'अरूपवदेव तत्प्रधानत्वात्' इस सूत्र द्वारा विनिगमनकारणकथन निरवकाश हो जायेगा । उपासना प्रकरण में कही गयी इन श्रुतियों का फल भी प्रसंगानुसार कहीं पर पापक्षय है, कहीं ऐश्वर्यप्राप्ति है और कहीं पर क्रममुक्ति भी जान पड़ती है । अतः उपासना प्रकरण में आये हुए साकारब्रह्मबोधक वाक्यों का एवं परविद्या प्रसङ्ग में आये हुए साकारब्रह्मबोधक श्रुतिवाक्यों का पृथक् प्रयोजन बतलाना ही उचित है, इन दोनों की एकवाक्यता नहीं होती है ।

इनमें एकवाक्यता की कल्पना भी कैसे करोगे, इसे बतलाना होगा । पूर्वपक्ष—जैसे प्रयाज एवं

---

१. कारणशून्यं कार्यशून्यं जातिशून्यं विशेषशून्यम् । २. शङ्क्या । ३. अरूपवदेव हीति सूत्रम् ।

वाक्यवदिति चेत् । न, ब्रह्मवाक्येषु नियोगाभावात् । वस्तुमात्रपर्यवसायीनि हि ब्रह्मवाक्यानि न नियोगोपदेशीनीत्येतद्विस्तरेण प्रतिष्ठापितम् 'तत्तु समन्वयात्' (ब्र० सू० १-१-४) इत्यत्र । किंविषयश्चात्र नियोगोऽभिप्रेयत इति वक्तव्यम् । पुरुषो हि नियुज्यमानः कुर्विति स्वव्यापारे कस्मिंश्चिन्नियुज्यते । ननु द्वैतप्रपञ्चप्रविलयो नियोगविषयो भविष्यति । अप्रविलापिते हि द्वैतप्रपञ्चे ब्रह्मतत्त्वावबोधो न भवत्यतो ब्रह्मतत्त्वावबोधप्रत्यनीकभूतो द्वैतप्रपञ्चः प्रविलाप्यः । यथा स्वर्गकामस्य यागोऽनुष्ठातव्य उपदिश्यत एवमपवर्गकामस्य प्रपञ्चप्रविलयः । यथा च तमसि व्यवस्थितं घटादि[1]तत्त्वमवबुभुत्समानेन तत्प्रत्यनीकभूतं तमः प्रविलाप्यत एवं ब्रह्मतत्त्वमवबुभुत्समानेन तत्प्रत्यनीकभूतः प्रपञ्चः प्रविलाप-

---

पूर्वाख्यनियोगैक्यादङ्गप्रधानवाक्यानामेकवाक्यता तथा तत्त्वावबोधकामस्य प्रपञ्चप्रविलयविषयक एको नियोगरूपोऽर्थोऽस्तीत्याकारानाकारवाक्यानां सर्वेषामेकवाक्यतेत्यर्थः । नियोगासिद्ध्या दूषयति —नेति । विषयं शङ्कते—ननु द्वैतेति । प्रत्यनीकं प्रतिबन्धकम् । ननु प्रपञ्चविलये ब्रह्मलयः स्याद-

---

दर्शपूर्णमास वाक्य की एकवाक्यता फलवत् परमापूर्वनामक नियोग के कारण हो जाती है ऐसे ही तत्त्वबोध के लिए प्रपञ्चप्रविलयविषयक एकनियोगरूप अर्थ इन श्रुतिवाक्यों में भी मान लेना चाहिए अर्थात् दर्शपूर्णमास के छः प्रधान यागों से पूर्व प्रत्येक प्रधान याग अनुष्ठान के लिए पहले पञ्चप्रयाज का अनुष्ठान करना पड़ता है, उससे उत्पन्न अङ्गापूर्व प्रधानयागानुष्ठान से उत्पन्न होने वाले प्रधानापूर्व की उत्पत्ति में सहायक होता है। दर्श के तीन यागों से उक्तरीत्या तीन प्रधानापूर्व बनते हैं और पूर्णमास के तीन प्रधान यागों द्वारा भी तीन प्रधानापूर्व बनते हैं। इस प्रकार तीन-तीन प्रधानापूर्व के दो समुदाय बन जाते हैं, उन दोनों समुदायों से पुनः स्वर्गादिफलजनक एक परमापूर्व उत्पन्न होता है जिसे यहाँ पर नियोग कहा गया है। इसी नियोग में पूर्वोक्त अङ्ग एवं प्रधान वाक्य की एकवाक्यता मानी जाती है। वैसे ही ब्रह्मतत्त्वावबोध चाहने वाले व्यक्ति को प्रपञ्चप्रविलय करना पड़ेगा जिससे एक नियोग उत्पन्न होगा, इसी नियोग में सभी प्रपञ्चबोधक श्रुतिवाक्यों की एकवाक्यता माननी चाहिए, ऐसा अर्थ प्रतीत होता है। सिद्धान्त—इस प्रकार एक नियोग की कल्पना भी ठीक नहीं है क्योंकि ब्रह्मवाक्य में नियोग है ही नहीं, वे तो वस्तुमात्रपर्यवसायी होते हैं, नियोग को नहीं बतलाते, यह बात हम 'तत्तु समन्वयात्' इस सूत्र के भाष्य में विस्तारपूर्वक कह आये हैं। साथ ही यह भी आप को बतलाना पड़ेगा कि आप को नियोग पद से क्या अर्थ अभिप्रेत है क्योंकि नियुज्यमान पुरुष-करो-ऐसा सुनकर किसी अपने व्यापार में नियुक्त होता है जो ब्रह्मवाक्य में सम्भव नहीं है। पूर्वपक्ष—द्वैतप्रपञ्च का प्रविलय नियोग का विषय हो जायेगा क्योंकि द्वैतप्रपञ्च का विलय न करने पर ब्रह्मतत्त्व का बोध हो नहीं होता है। अतः ब्रह्मतत्त्वावबोध के प्रतिबन्धक द्वैतप्रपञ्च का प्रविलय करना ही पड़ेगा। जैसे स्वर्गकाम पुरुष को यागानुष्ठान का उपदेश किया जाता है, ऐसे ही अपवर्गकाम पुरुष को प्रपञ्चविलय का उपदेश किया जाता है। और जैसे अँधेरे में रखे हुए घटादि स्वरूप की जानने की इच्छावाला उसके विरोधी तम को पहले नष्ट करता है, ऐसे ही ब्रह्मतत्त्व के जिज्ञासुओं को ब्रह्मतत्त्वबोध के प्रतिबन्धक द्वैतप्रपञ्च का प्रविलाप करना ही चाहिए। ऐसा करने पर

---

१. वस्तु ।

यितव्यः। ब्रह्मस्वभावो हि प्रपञ्चो न प्रपञ्चस्वभावं ब्रह्म तेन नामरूपप्रपञ्चप्रविलापनेन ब्रह्मतत्त्वावबोधो भवतीति।

अत्र वयं पृच्छामः—कोऽयं प्रपञ्चप्रविलयो नाम। किमग्निप्रतापसंपर्काद्घृतकाठिन्यप्रविलय इव प्रपञ्चप्रविलयः कर्तव्य आहोस्विदेकस्मिंश्चन्द्रे तिमिरकृतानेकचन्द्रप्रपञ्चवदविद्याकृतो ब्रह्मणि नामरूपप्रपञ्चो विद्यया प्रविलापयितव्य इति। तत्र यदि तावद्विद्यमानोऽयं प्रपञ्चो देहादिलक्षण आध्यात्मिको बाह्यश्च पृथिव्यादिलक्षणः प्रविलापयितव्य इत्युच्येत स पुरुषमात्रेणाशक्यः प्रविलापयितुमिति तत्प्रविलयोपदेशोऽशक्यविषय एव स्यात्। एकेन चादिमुक्तेन पृथिव्यादिप्रविलयः कृत इतीदानीं पृथिव्यादिशून्यं जगदभविष्यत्। अथाविद्याध्यस्तो ब्रह्मण्येकस्मिन्नयं प्रपञ्चो विद्यया प्रविलाप्यत इति ब्रूयात्, ततो ब्रह्मैवाविद्याध्यस्तप्रपञ्चप्रत्याख्यानेनावेदयितव्यम्[1]। 'एकमेवाद्वितीयं ब्रह्म,' 'तत्सत्यं स आत्मा तत्त्वमसि' (छा० ६-८-७) इति तस्मिन्नावेदिते[2] विद्या स्वयमेवोत्पद्यते तया

भेदादित्यत आह—ब्रह्मस्वभावो हि प्रपञ्च इति। कारणं हि कार्यस्य स्वरूपमतः कार्यनाशेऽपि कारणस्य न लयः, घटनाशेऽपि मृद्दर्शनादित्यर्थः।

प्रपञ्चस्य सत्यस्य कल्पितस्य वा लये विधिरिति विकल्प्याद्यं दूषयति—तत्र यदि तावदिति। सत्यस्य ज्ञानादध्वस्तेः मुसलादिना च कृत्स्नद्वैतध्वंसायोगात् नभोग्रसनविधिवदशक्यविषयोऽयं विधिः, किंच शुकादिमुक्त्या सर्वमुक्तिः स्यादित्यर्थः। द्वितीयमनूद्य दूषयति—अथेत्यादिना। उपदेशजन्यज्ञाना-

ब्रह्म का विलय नहीं होता है क्योंकि ब्रह्म में कल्पित होने के कारण प्रपञ्च ब्रह्मस्वरूप है, परन्तु ब्रह्म पारमार्थिक सत्य होने के कारण प्रपञ्चस्वरूप नहीं है इसीलिए उस नाम-रूप प्रपञ्च के प्रविलय द्वारा ब्रह्मतत्त्व का बोध होता है।

सिद्धान्त—यहां पर हम सिद्धान्ती आप से पूछते हैं कि प्रपञ्चविलय पदार्थ क्या है जिसके लिये आप विधान करना चाहते हैं। क्या अग्नि के तापसम्पर्क से घृतकाठिन्य का जैसे प्रविलय होता है वैसे ही प्रपञ्च का प्रविलय करना चाहते हैं अथवा एक चन्द्र में तिमिरदोष के कारण अनेक चन्द्र दीखने लग जाता है, चन्द्रैक्यबोध द्वारा उसके अनेक चन्द्रप्रतीति का एवं अनेक चन्द्र का प्रविलय होता है, ऐसे ही ब्रह्म में अविद्या के कारण नाम-रूप प्रपञ्च भासते हैं जिसे विद्या द्वारा प्रविलय करने का आग्रह आप रखते हैं इनमें से प्रथम पक्ष मानने पर यदि विद्यमान यह देहात्मरूप आध्यात्मिक प्रपञ्च एवं पृथिव्यादिरूप बाह्यप्रपञ्च के प्रविलय का आग्रह आप रखते हों तो यह कार्य पुरुषमात्र से होना सम्भव नहीं है ऐसी स्थिति में प्रलय का उपदेश अर्थात् विधान निर्विषय ही हो जायेगा। साथ ही किसी शुकदेव आदि एक पुरुष के मुक्त होने पर पृथिव्यादि प्रपञ्च का प्रलय हो गया होता तो आज यह जगत् पृथिव्यादिशून्य हो जाता। द्वितीय कल्प में यदि आप यह मानते हों कि एक ब्रह्म में यह अविद्या से अध्यस्त द्वैतप्रपञ्च विद्या के द्वारा प्रविलीन कर दिया जाय, इसका तात्पर्य यह है कि अविद्या से कल्पित द्वैतप्रपञ्च के प्रत्याख्यान द्वारा आप ब्रह्म का ही बोध कराना चाहते हैं' यही बात, एकमेवाद्वितीयं ब्रह्म, तत्सत्यं स आत्मा तत्त्वमसि' इत्यादि वाक्य द्वारा बतलाना आप को अभीष्ट है। इस प्रकार उस ब्रह्म का प्रति-

१. प्रतिपादयितव्यम्। २. उपदिष्टे।

चाविद्या बाध्यते ततश्चाविद्याऽध्यस्तः सकलोऽयं नामरूपप्रपञ्चः स्वप्नप्रपञ्चवत्प्रविलीयते। [1]अनावेदिते तु ब्रह्मणि ब्रह्मविज्ञानं कुरु प्रपञ्चप्रविलयं चेति शतकृत्वोऽप्युक्ते न ब्रह्मविज्ञानं प्रपञ्चप्रविलयो वा जायते।

नन्वावेदिते ब्रह्मणि तद्विज्ञानविषयः प्रपञ्चविलयविषयो वा नियोगः स्यात्। न। निष्प्रपञ्चब्रह्मात्मतत्त्वावेदनेनैवोभयसिद्धेः। रज्जुस्वरूपप्रकाशनेनैव हि तत्स्वरूपविज्ञानमविद्याध्यस्तसर्पादिप्रपञ्चप्रविलयश्च भवति। नच कृतमेव पुनः क्रियते।

नियोज्योऽपि च प्रपञ्चावस्थायां योऽवगम्यते जीवो नाम स प्रपञ्चपक्षस्यैव वा स्याद्ब्रह्मपक्षस्यैव वा। प्रथमे विकल्पे निष्प्रपञ्चब्रह्मतत्त्वप्रतिपादनेन पृथिव्यादिवज्जीवस्यापि प्रविलापितत्वात्कस्य प्रपञ्चविलये नियोग उच्येत कस्य वा नियोगनिष्ठतया मोक्षोऽवाप्तव्य उच्येत। द्वितीयेऽपि ब्रह्मत्वानियोज्यस्वभावं जीवस्य स्वरूपं जीवत्वं

देवाविद्यातज्जन्यप्रपञ्चलयसिद्धेर्नियोगो वृथैवेत्यर्थः। किंच ब्रह्मज्ञानादौ विधिः किं ब्रह्मण्यज्ञाते ज्ञाते वा। नाद्यः, अशक्यत्वादित्याह—अनावेदिते त्विति।

द्वितीयं शङ्कते—नन्विति। उपदेशादेव ज्ञाते ब्रह्मणि साक्षात्कारद्वैतबाधयोः सिद्धेर्विधिवैयर्थ्यं सिद्धस्य विधिना कर्तुमयोगादित्याह—नेति।

एवं विषयाभावान्नियोगाभावमुक्त्वा नियोज्याभावात्तदभावमाह—नियोज्योऽपि चेति। प्रपञ्चान्तर्भूतो ब्रह्म वेत्यर्थः। आद्ये जीवनाशाद्विध्ययोगः, द्वितीये नियोज्यासिद्धिः, तर्हि ज्ञाने विधि-

---

पादन करने पर विद्या स्वयं ही उत्पन्न होगी उससे अविद्या बाधित हो जायेगी तत्पश्चात् स्वप्न से जगे हुए व्यक्ति को जैसे स्वप्नप्रपञ्च नहीं भासता है वैसे ही अविद्या से अध्यस्त यह सम्पूर्ण नाम-रूप प्रपञ्च बाधित हो जायेगा। उस तत्त्ववित् पुरुष को ये प्रपञ्च सत्य नहीं भासेंगे किन्तु उक्त रीति से ब्रह्म का प्रतिपादन न करने पर ब्रह्मविज्ञान करो और प्रपञ्च का प्रविलय करो ऐसा सौ बार कहने पर भी न ब्रह्म का विज्ञान होगा और न प्रपञ्च का विलय ही होगा।

पूर्वपक्ष–ब्रह्म का प्रतिपादन करने पर ब्रह्मविज्ञानविषयक और प्रपञ्चविलयविषयक नियोग उत्पन्न होगा। सिद्धान्त–ऐसा कहना भी ठीक नहीं क्योंकि निष्प्रपञ्च ब्रह्मात्मतत्व के बोध से दोनों ही कार्य हो जायेंगे जैसे रज्जुस्वरूप के बोध से ही रज्जुस्वरूप का विज्ञान और अविद्या से अध्यस्त सर्पादि प्रपञ्च का प्रविलय होता है वैसे ही निष्प्रपञ्चब्रह्म के बोध से ही ब्रह्म के ज्ञात होने पर साक्षात्कार एवं द्वैतप्रपञ्च का बाध दोनों ही हो जायेंगे, फिर तो विधान व्यर्थ ही हो जायेगा। तत्त्वबोध से जो काम हो गया वही कार्य पुनः विधि के द्वारा करना उचित नहीं है।

इस प्रकार विषयाभाव के कारण नियोग का अभाव बतलाने के बाद नियोज्याभाव के कारण भी नियोग का अभाव ही मानना उचित होगा। प्रपञ्चावस्था में जो भी जीव नियोज्यरूप से भासता है वह प्रपञ्च के अन्तःपाती है अथवा ब्रह्म के अन्तर्गत है। प्रथम पक्ष में निष्प्रपञ्च ब्रह्मतत्त्वप्रतिपादन द्वारा ही जैसे पृथिव्यादि का प्रविलय हो जाता है वैसे ही प्रपञ्चान्तःपाती जीव का भी प्रविलय हो जायेगा, फिर भला प्रपञ्च के विलय होने में नियोग किसके आश्रित रहेगा और नियोग के कारण मोक्ष भी किसे प्राप्त कराना आप को अभीष्ट है, यह बतलाना पड़ेगा। द्वितीय कल्प में भी जीव का

---

१. अज्ञाते।

त्वविद्याकृतमेवेते प्रतिपादिते ब्रह्मणि नियोज्याभावान्नियोगाभाव एव । द्रष्टव्यादिशब्दा अपि परविद्याधिकारपठितास्तत्त्वाभिमुखीकरणप्रधाना न तत्त्वावबोधविधिप्रधाना भवन्ति । लोकेऽपीदं पश्येदमाकर्णयेति चैवंजातीयकेषु निर्देशेषु प्रणिधानमात्रं कुर्वित्युच्यते न साक्षाज्ज्ञानमेव कुर्विति । ज्ञेयाभिमुखस्यापि ज्ञानं कदाचिज्जायते कदाचिन्न जायते तस्मात्तं प्रति ज्ञानविषय एव दर्शयितव्यो ज्ञापयितुकामेन । तस्मिन्दर्शिते स्वयमेव यथा-विषयं यथा-प्रमाणं च ज्ञानमुत्पद्यते । नच प्रमाणान्तरेणान्यथाप्रसिद्धेऽर्थेऽन्यथाज्ञानं नियुक्तस्याप्युपपद्यते । यदि पुनर्नियुक्तोऽहमित्यन्यथाज्ञानं कुर्यान्न तु तज्ज्ञानं किं तर्हि मानसी सा क्रिया । 'स्वयमेव चेदन्यथोत्पद्येत भ्रान्तिरेव स्यात् । ज्ञानं तु प्रमाणजन्यं यथाभूतविषयं च न तन्नियोगशतेनापि कारयितुं शक्यते । नच प्रतिषेधशतेनापि वारयितुं शक्यते । नहि तत्पुरुषतन्त्रं वस्तुतन्त्रमेव हि तत् । अतोऽपि नियोगाभावः । किंचान्यन्नियोगनिष्ठतयैव पर्यवस्यत्या-

प्रत्ययानां का गतिरित्यत आह—द्रष्टव्यादिशब्दा इति । ननु श्रुतं ज्ञानं तद्वरवा तत्साधनव्यापारविधि किमिति कल्प्यत इत्याशङ्क्य ज्ञानस्य पुरुषकृत्यसाध्यत्वादित्याह—ज्ञेयाभिमुखस्यापीति । किंच ज्ञान-विधिवादिना ज्ञेयं ब्रह्मावश्यं वेदान्तैर्ज्ञापनीयं विषयानवबोधे विधिबोधायोगात् । तथाच वेदान्तैरेव ज्ञानोत्पत्तेर्विध्यानर्थक्यमित्याह—तस्मादिति । तं ज्ञानार्थिनं प्रतीत्यर्थः ननूत्पन्नं ज्ञानमन्यथाकर्तुं विधिरर्थवानिति, नेत्याह—नचेति । नन्वनग्निर्योषिदिति प्रत्यक्षप्रमाणादुत्पन्नमपि ज्ञानं तामग्निं ध्यायेदिति विधिनान्यथाकृतं दृश्यत इत्यत आह—यदीति । अन्यथाधीः कृतिसाध्या चेत् क्रियैव, कृतिं विनैव चेद्भ्रान्तिरेवातो मानं विना विधितो ज्ञानासिद्धेर्मानवस्तुतन्त्रे ज्ञाने विधिर्न वेत्यर्थः । वेदान्तेषु विधिवादिनोऽन्यच्च दूषणमस्तीत्याह—किंचान्यदिति । ब्रह्मात्मैक्ये नियोगे च वेदान्तवाक्यस्य

स्वरूप अनियोज्य ब्रह्म ही तो है, जीवत्व तो केवल अविद्या के कारण है । ऐसा प्रतिपादन करने पर ब्रह्म में नियोज्य न रहने के कारण नियोगाभाव ही सिद्ध होगा 'द्रष्टव्यः श्रोतव्यो मन्तव्यो निदिध्यासितव्यः' ये शब्द जो परविद्या अधिकार में पढ़ गये हैं उनका तात्पर्य तत्त्वाभिमुखी करने में है, वे तव्यत् प्रत्यय तत्त्वावबोधविधिप्रधान नहीं हैं । लोक में भी जब कोई कहता है—यह देखो, यह सुनो, तो इस प्रकार के निर्देश में प्रणिधानमात्र करो अर्थात् सावधान हो जाओ, ऐसा बतलाने में ही उसका तात्पर्य है । साक्षात् ज्ञान कराने में ही उसका तात्पर्य नहीं है क्योंकि ज्ञान पुरुषकृतिसाध्य नहीं है । ज्ञेयाभिमुख पुरुष का भी कदाचित् ज्ञान होता है और कदाचित् नहीं होता है, अतः उसके लिए बोध कराने की इच्छा से ज्ञान के विषय को उपदेशक बतलाना चाहता है । उस ज्ञान के विषय को बतला देने पर विषयानुरूप और प्रमाणानुरूप ज्ञान स्वयं ही उत्पन्न होता है । प्रमाणान्तर से अन्यथाप्रसिद्ध वस्तु में अन्यथाज्ञान नियुक्त पुरुष का भी नहीं होता है । यदि मैं नियुक्त हूँ, ऐसा मानकर वह विपरीत ज्ञान करने लग जाय, उस स्थिति में वह ज्ञान नहीं रह जायेगा किन्तु वह मानसिक क्रिया हो जायेगी । और यदि प्रयत्न के बिना ही स्वतः अन्यथाज्ञान उत्पन्न होता हो तो वह भ्रम ही माना जायेगा क्योंकि ज्ञान तो प्रमाणजन्य और विषयानुरूप ही होता है; वह ज्ञान सौ नियोग से भी नहीं कराया जा सकता और न शतप्रतिषेध से उसे हटाया जा सकता है क्योंकि ज्ञान पुरुषतन्त्र नहीं है, वह तो वस्तुतन्त्र ही है । इसलिए वहाँ पर नियोग का अभाव सिद्ध होता है । वेदान्त में विधिवादियों के ऊपर एक अन्य दोष

१. कृतिमंतरेणैव । २. द्रष्टव्य इत्यादौ प्रकृत्यर्थभूतं प्रकृत्या श्रूयमाणम् ।

म्नाये यदभ्युपगतमनियोज्यब्रह्मात्मत्वं जीवस्य तदप्रमाणकमेव स्यात् । अथ शास्त्रमेवा-नियोज्यब्रह्मात्मत्वमप्याचक्षीत तदवबोधे च पुरुषं नियुञ्जीत ? ततो ब्रह्मशास्त्रस्यैकस्य द्व्यर्थपरता विरुद्धार्थपरता च प्रसज्येयाताम् । नियोगपरतायां च श्रुतहानिरश्रुतकल्पना कर्मफलवन्मोक्षस्यादृष्टफलत्वमनित्यत्वं चेत्येवमादयो दोषा न केनचित्परिहर्तुं शक्याः । तस्मादवगतिनिष्ठान्येव ब्रह्मवाक्यानि न नियोगनिष्ठानि । अतश्चैकनियोगप्रतीतेरेक-वाक्यतेत्ययुक्तम् ।

अभ्युपगम्यमानेऽपि च ब्रह्मवाक्येषु नियोगसद्भावे तदेकत्वं निष्प्रपञ्चोपदेशेषु सप्रप-ञ्चोपदेशेषु चासिद्धम् । नहि शब्दान्तरादिभिः प्रमाणैर्नियोगभेदेऽवगम्यमाने सर्वत्रैको नियोग इति शक्यमाश्रयितुम् । प्रयाजदर्शपूर्णमासवाक्येषु त्वधिकारांशेनाभेदाद्युक्तमेकत्वम् । न त्विह सगुणनिर्गुणचोदनासु कश्चिदेकत्वाधिकारांशोऽस्ति । नहि भारूपत्वादयो गुणाः

प्रामाण्यमाशङ्क्यार्थभेदाद्वाक्यभेदो विरुद्धार्थत्वादप्रामाण्यं चेति दूषयति—अथेत्यादिना । किंच श्रुतं ब्रह्म न श्रुतो विधिर्वेदान्तेषु तत्कल्पने च कर्मजन्यत्वान्मोक्षस्यानित्यत्वसातिशयत्वादिप्रसङ्ग इत्याह—नियोगपरतायां चेति । फलितमाह—अतश्चेति ।

इदानीं प्रौढवादेन नियोगमङ्गीकृत्य तदेकत्वं खण्डयति—अभ्युपगम्यमानेऽपीति । भिन्नक्रिया-वाचिशब्दः शब्दान्तरं यथा यजति ददातीति तथेहापि वेदोपासीतेति शब्दभेदः । निर्गुणसगुणरूपभेदः प्रकरणभेदः मुक्त्यभ्युदयफलभेद इत्येतैः प्रमाणैर्निर्गुणज्ञानसगुणोपासनाविषयकनियोगभेद इत्यर्थः । कथं तर्ह्यङ्गाङ्गिवाक्येषु नियोगैक्यं, तत्राह—प्रयाजेति । एकस्यैव स्वर्गकामस्य साङ्गप्रधानाधिकारा-त्तत्साध्यफलापूर्वैक्यादेकवाक्यतेत्यर्थः । इहापि निर्गुणसगुणविद्ययोरेकाधिकारात् नियोगैक्यमस्तु, नेत्याह—न त्विहेति । मुक्त्यभ्युदयार्थिभेदान्मिथो विरुद्धार्थविद्ययोरङ्गाङ्गित्वायोगाच्च न नियोगैक्यम् ।

भी आता है, वेद में नियोगनिष्ठा ही केवल मानी जाय तो जीव का सर्वसम्मत अनियोज्यब्रह्मात्मत्व सिद्धान्त अप्रामाणिक हो जायेगा। यदि कहो कि शास्त्र ही अनियोज्य ब्रह्मात्मत्व को भी कहता है और उस ब्रह्म के बोध में पुरुष का नियुक्त भी करता है, तो ऐसी स्थिति में एक ब्रह्मशास्त्र द्व्यर्थपरक और विरुद्धार्थपरक होने लग जायेगा। नियोगपरक मानने पर श्रुतहानि एवं अश्रुतकल्पना भी होने लग जायेगी। साथ ही कर्मफल की भाँति मोक्षफल में भी दृष्टफलत्व एवं अनित्यत्व इत्यादि दोष आने लग जायगे जिनका परिहार कोई कर नहीं सकता। अतः ब्रह्मबोधक वाक्य ज्ञाननिष्ठ ही है, नियोगनिष्ठ नहीं है इसलिए एक नियोगप्रतीति के आधार पर सम्पूर्ण वेदान्तवाक्य में एकवाक्यता का आग्रह असंगत ही है।

ब्रह्मबोधक वाक्य में नियोग का सद्भाव मान लेने पर भी निष्प्रपञ्च उपदेश अथवा सप्रपञ्च उपदेश में आप के कथनानुसार एकत्व सिद्ध नहीं ही होगा क्योंकि यजति, ददादि, जुहोति की भाँति वेद, उपासीत इत्यादि शब्दान्तरादि प्रमाणों से नियोगभेद जान लेने पर सर्वत्र एक ही नियोग है ऐसा नहीं मान सकते। प्रयाज एवं दर्शपूर्णमास वाक्य में जो एक नियोग माना गया है उसका कारण तो अधि-कारी का अभेद है अर्थात् एक ही स्वर्गकाम पुरुष प्रयाजादि अङ्गों का तथा दर्श आदि प्रधान याग का अनुष्ठाता है, इसीलिए वहाँ पर एक नियोग माना गया है जिसे परमापूर्व कहते हैं और वही स्वर्गादि फल का जनक है, किन्तु यहाँ पर सगुण तथा निर्गुण श्रुतिवाक्य में कोई एक अधिकारी

१. नियोगैकत्वम् ।

६. प्रकृतैतावत्त्वाधिकरणम् (सू० २२-३०)

ब्रह्मापि नेति नेतीति निषिद्धमथवा नहि । द्विरुक्त्या ब्रह्मजगती निषिध्येते उभे अपि ।।
वीप्सेयमितिशब्दोक्ता सर्वदृश्यनिषिद्धये । अनिदं सत्यसत्यं च ब्रह्मैक शिष्यतेऽवधिः ।।

प्रपञ्चप्रविलयोपकारिणः । नापि प्रपञ्चविलयो भारूपत्वादिगुणोपकारी परस्परविरोधित्वात् । नहि कृत्स्नप्रपञ्चप्रविलापनं प्रपञ्चैकदेशापेक्षणं चैकस्मिन्धर्मिणि युक्तं समावेशयितुम् । तस्मादस्मदुक्त एव विभाग आकारवदनाकारोपदेशानां युक्ततर इति ।। २१ ।।

ननु निर्गुणविद्यानियोग एक एव सगुणविद्यानङ्गीकारादिति वाच्यम् । अहो विपरीतं पाण्डित्यमायुष्मतः, विध्ययोग्यविद्यायां विधिर्विधियोग्यायामविधिरिति, तस्मात्साकारवाक्यानामाकारलयद्वारा निर्गुणवाक्यैकवाक्यतागतिरसद्गतिरेव, किंतु तेषां कल्पिताकारो गतिस्तदुपासनयाभ्युदयसिद्धेः, निर्गुणवाक्यानां तु परमार्थालम्बनत्वमित्यस्मदुक्त एव विभागः साधीयानित्युपसंहरति—तस्मादिति ।।२१।।

नहीं है जिससे कि एक नियोग माना जाय। भारूपत्वादि गुण प्रपञ्चप्रविलय के उपकारक नहीं हैं और न प्रपञ्चविलय भारूपत्वादि गुणों के उपकारक हैं, ये दोनों ही परस्पर विरोधी हैं। एक धर्मी में सम्पूर्ण प्रपञ्च का प्रविलापन और प्रपञ्च के एकदेश की अपेक्षा का समावेश नहीं कर सकते। अतः साकारबोधक वाक्यों का आकारप्रलय द्वारा निर्गुणवाक्य के साथ एकवाक्यता का आग्रह दुराग्रह ही है। साकारवाक्य का फल प्रकरणानुसार भिन्न-भिन्न अभ्युदय की सिद्धि है किन्तु निर्गुण वाक्यों का परमार्थावलम्बन ही फल है, यह जो हम पहले विभाग कर आये हैं वही युक्तियुक्त है, इसके विपरीत कल्पना विवेकियों को मान्य नहीं होगी ।।२१।।

६. प्रकृतैतावत्त्वाधिकरण

१. सङ्गति—निषेधश्रुति के बल से जैसे ब्रह्म में निर्विशेषत्व कहा गया है वैसे ही निषेधश्रुति के बल से ही ब्रह्म का निषेध क्यों न मान लिया जाय, ऐसा आक्षेप होने के कारण यह अधिकरण प्रारम्भ किया गया है।

२. विषय—ब्रह्म का अस्तित्वावधारण इस अधिकरण का विचारणीय विषय है।

३. संशय—'द्वे वाव ब्रह्मणो रूपे मूर्तं चैवामूर्तं च' यहाँ से प्रसंग प्रारम्भकर 'अथात आदेशो नेति नेति' इस श्रुति से प्रपञ्च एवं ब्रह्म दोनों का निषेध किया गया है अथवा एक का ?

४. पूर्वपक्ष—अन्यतरनिषेध में विनिगमक नहीं दीखता, अतः एक 'नेति' से प्रपञ्च का निषेध और दूसरे 'नेति' शब्द से ब्रह्म का निषेध किया गया है।

५. सिद्धान्त—प्रपञ्च एवं ब्रह्म दोनों का निषेध कहना ठीक नहीं क्योंकि ऐसा मानने पर शून्यवाद का प्रसंग आ जायेगा। रज्जुसर्पादि का निषेध लोक में निरवधिक नहीं देखा गया है। 'इति' शब्द से उक्त निषेधवाचक नकार सर्वदृश्यनिषेध के लिए वीप्सा (व्यापक) अर्थ में कहा गया है। जो सत्य का भी सत्य है, जिसका निर्देश इदम् शब्द से हो नहीं सकता उस ब्रह्म का निषेध सम्भव नहीं। अतः निषेध की अवधि में वही शेष रहता है, केवल मूर्त एवं अमूर्त प्रपञ्चरूप का ही 'नेति नेति' शब्द से निषेध किया गया है।

(३४०) प्रकृतैतावत्त्वं हि प्रतिषेधति ततो ब्रवीति च भूयः ॥२२॥

'द्वे वाव ब्रह्मणो रूपे मूर्तं चैवामूर्तं च' (बृ० २।३।१) इत्युपक्रम्य पञ्चमहाभूतानि द्वैराश्येन प्रविभज्यामूर्तरसस्य च पुरुषशब्दोदितस्य माहारजनादीनि रूपाणि दर्शयित्वा पुनः पठ्यते—'अथात आदेशो नेति नेति न ह्येतस्मादिति नेत्यन्यत्परमस्ति' (बृ० २-३-६) इति। तत्र कोऽस्य प्रतिषेधस्य विषय इति जिज्ञासामहे। न ह्यत्रेदं तदिति विशेषितं किंचित्प्रतिषेध्यमुपलभ्यते। इतिशब्देन त्वत्र प्रतिषेध्यं किमपि समर्प्यते नेति नेतीतिशब्दपरत्वान्नञ्प्रयोगस्य। इतिशब्दश्चायं सन्निहितालम्बन एवंशब्दसमानवृत्तिः प्रयुज्यमानो दृश्यते 'इति ह स्मोपाध्यायः कथयति' इत्येवमादिषु। सन्निहितं चात्र प्रकरणसामर्थ्या-

ब्रह्मणो निर्विशेषचिन्मात्रत्वमुक्त्वा सर्वनिषेधावधित्वेन सद्रूपत्वमाह—प्रकृतैतावत्त्वं हि प्रतिषेधति ततो ब्रवीति च भूय इति। पृथिव्यप्तेजोभूतत्रयं मूर्तं वाय्वाकाशद्वयममूर्तमिति राशिद्वयमुक्त्वा भूतद्वयस्यामूर्तस्य सारः 'करणात्मा हिरण्यगर्भो य एष एतस्मिन् सूर्यमण्डले पुरुषो यश्चायं दक्षिणेऽक्षिणि पुरुषः' इत्युक्तः, तस्य वासनामयानि स्वप्नरूपाणि 'तद्यथा माहारजनं वासो यथा पाण्ड्वाविकं यथेन्द्रगोपः' इत्युपमाभिरुक्तानि विचित्राणि, तत्र महारजनं हरिद्रा तया लिप्तं वस्त्रं माहारजनं, पाण्ड्वाविकमिति धवलं कम्बलादि। केचित्तु श्रुतिमुपलक्षणं कृत्वा सूक्ष्मपञ्चभूतान्यमूर्तानि पञ्चीकृतानि मूर्तानि ततश्चामूर्तरसत्वोक्त्या करणानां पाञ्चभौतिकत्वसिद्धिरिति व्याचक्षते। अथ 'सत्यदात्मकप्रपञ्चोक्त्यनन्तरं, अत उक्तारोपस्य निषेधार्थत्वान्नेति नेतीति निषेधेनोपदेशः क्रियत इत्यर्थः। नेतिशब्दार्थमाह—नहीति। एतस्मादात्मनोऽन्यन्नास्तीति नेतीत्युच्यत इत्यर्थः। शून्यतानिरासार्थं परं ब्रह्मास्तीत्युक्तमिति सिद्धान्तरीत्या श्रुत्यर्थः। अत्र निषेध्यविशेषानुपलम्भात्संशयमाह—तत्र कोऽस्येत्यादिना। नञ्प्रयोगस्य नकारस्येतिशब्दोपस्थापितवस्तुनिषेधकत्वा-

प्रकृतैतावत्त्वं हि प्रतिषेधति ततो ब्रवीति च भूयः (ललिता)

पिछले अधिकरण द्वारा ब्रह्म के निर्विशेष, चिन्मात्र स्वरूप को बतला देने के बाद अब इस अधिकरण से सर्वनिषेधावधि होने के कारण ब्रह्म का सद्रूपत्व बतलाते हैं। बृहदारण्यक उपनिषद् में 'निःसन्देह ब्रह्म के दो रूप हैं—मूर्त और अमूर्त। मूर्तरूप मर्त्य है, स्थिर और सत् है एवं अमूर्त अमृत, गतिशील और त्यत्' यहाँ से प्रसंग प्रारम्भकर पञ्चमहाभूतों को दो राशि में विभक्तकर अमूर्तसार पुरुषशब्दवाच्य वस्तु को माहारजनादि रूप दिखलाने के बाद पुनः पाठ करते हैं–'सत् पदात्मक प्रपञ्च-कथनानन्तर उक्त आरोप के निषेध के लिए नेति नेति शब्द से आदेश सर्वोत्तम उपदेश किया जाता है, इस आत्मा से भिन्न और श्रेष्ठ कुछ भी नहीं है।' वहाँ पर हमें जिज्ञासा होती है कि इस निषेध का विषय क्या है क्योंकि यहाँ पर निषेध्य वस्तु का इदं–तत् इत्यादि रूप से भान नहीं होता है। हाँ, यहाँ पर इति शब्द से कुछ प्रतिषेध्य अवश्य प्रतीत होता है क्योंकि 'न' शब्द के आगे 'इति' शब्द जुड़ा हुआ है, यह इति शब्द सन्निहित पदार्थ का आलम्बन करता है। 'ऐसा उपाध्याय ने कहा था' इत्यादि प्रयोगों में एवं शब्द के समानार्थक इति शब्द देखा गया है। प्रसंग को देखते हुए यहाँ पर प्रपञ्च के सहित ब्रह्म के दो रूप सन्निहित हैं अर्थात् ब्रह्म वह है जिसके मूर्त एवं अमूर्त ये दोनों रूप हैं। वहाँ

१. स्थूलसूक्ष्म।

रूपद्वयं सप्रपञ्चं ब्रह्मणस्तच्च ब्रह्म, यस्यैते द्वे रूपे। तत्र नः संशय उपजायते—किमयं प्रतिषेधो रूपे रूपवच्चोभयमपि प्रतिषेधति आहोस्विदेकतरम्। यदाप्येकतरं तदापि किं ब्रह्म प्रतिषेधति रूपे परिशिनष्ट्याहोस्विद्रूपे प्रतिषेधति ब्रह्म परिशिनष्टीति। तत्र प्रकृतत्वाविशेषादुभयमपि प्रतिषेधतीत्याशङ्कामहे द्वौ चैतौ प्रतिषेधौ द्विर्नेतिशब्दप्रयोगात्। तयोरेकेन सप्रपञ्चं ब्रह्मणो रूपं प्रतिषिध्यतेऽपरेण रूपवद्ब्रह्मेति भवति मतिः। अथवा ब्रह्मैव रूपवत्प्रतिषिध्यते, तद्धि वाङ्मनसातीतत्वादसंभाव्यमानसद्भावं प्रतिषेधार्हम् न तु रूपप्रपञ्चः प्रत्यक्षादिगोचरत्वात्प्रतिषेधार्हः। अभ्यासस्त्वादरार्थ इति।

एवं प्राप्ते ब्रूमः—न तावदुभयप्रतिषेध उपपद्यते शून्यवादप्रसङ्गात्। किंचिद्धि परमार्थमालम्ब्यापरमार्थः प्रतिषिध्यते यथा रज्ज्वादिषु सर्पादयः। तच्च परिशिष्यमाणे कस्मि-

---

न्नित्यर्थः। इतिशब्दान्निषेध्यसामान्यसमर्पणे विशेषाकाङ्क्षायां प्रकरणाद्रूपद्वयस्य रूपिब्रह्मणश्च निषेध्यत्वभानात्संशयमुक्त्वा पूर्वोक्तं निर्विशेषं ब्रह्म नास्तीत्याक्षेपसङ्गत्या पूर्वपक्षयति—तत्र प्रकृतत्वेति। पूर्वपक्षे तत्पदार्थाभावाद्वाक्यार्थमिथ्यासिद्धिः, सिद्धान्ते तत्सिद्धिरिति फलम्। निरधिष्ठाननिषेधादर्शनात्सर्वनिषेधो न युक्त इत्यरुच्या प्रपञ्चे ब्रह्मनिषेध इत्याह—अथवेति। एकब्रह्मण एव निषेधे नकारद्वयस्य पौनरुक्त्यमित्यत आह—अभ्यासस्त्विति।

उत्सूत्रमेव तावत्सिद्धान्तमुपक्रमते—एवमिति। शून्यप्रसङ्ग इष्ट इति वदन्तं प्रत्याह-किंचिद्धीति। तच्चेति प्रतिषेधनमित्यर्थः। अधिष्ठानानवशेषे तत्प्रमारूपहेत्वभावात् निषेधवाक्यार्थः प्रमा न स्यात्, 'इदमत्र नास्ति' इति लोके निषेधस्य साधिष्ठानस्यैव प्रमितिदर्शनादित्यर्थः[1]। किंच यद्भाति तत्सदित्युत्सर्गस्य भानार्थाभावाधिष्ठानप्रमितिरपवादस्तया पूर्वभानस्य भ्रमत्वनिश्चयेनार्थसत्त्वापलापात्।

पर हमें यह संशय होता है कि क्या यह उन दोनों रूपों का एवं रूपवाले उभयपदार्थ का निषेध करता है अथवा किसी एक का निषेध करता है। दोनों में से किसी एक पक्ष में भी यह संशय होता है कि यह प्रतिषेध ब्रह्म का निषेध करता है और दोनों रूपों को परिशेष रख लेता है अथवा उक्त दोनों रूपों का निषेध करता है और ब्रह्म को परिशेष रख लेता है। वहाँ प्रकरण दोनों का एक जैसा है, अतः दोनों का ही निषेध करता है ऐसा हमें सन्देह होता है क्योंकि निषेधार्थक 'नेति' शब्द का दो बार प्रयोग हुआ है। इसलिए उन दोनों में से एक 'नेति' शब्द द्वारा सप्रपञ्चब्रह्मरूप का निषेध होना है और दूसरे 'नेति' शब्द द्वारा रूपवान ब्रह्म का निषेध होता है, ऐसा जान पड़ता है। अथवा रूपवान ब्रह्म का ही निषेध उक्त वाक्य से किया गया है क्योंकि मन-वाणी से अतीत होने के कारण उसका अस्तित्व असम्भव है इसीलिए वह ब्रह्म निषेध के योग्य है, किन्तु प्रत्यक्षादि प्रमाण का विषय होने के कारण रूपप्रपञ्च प्रतिषेध के योग्य नहीं है। 'नेति' शब्द का दो बार उच्चारण आदरार्थ किया गया है।

ऐसा पूर्वपक्ष होने पर हम सिद्धान्ती कहते हैं कि रूप तथा रूपवान, दोनों का प्रतिषेध मानना युक्तियुक्त नहीं है क्योंकि ऐसा मानने पर शून्यवाद का प्रसङ्ग आ जायेगा। किसी परमार्थ का आलम्बनकर अपरमार्थ का प्रतिषेध देखा जाता है, जैसे रज्जु आदि में सर्पादि का प्रतिषेध होता है। ऐसा प्रतिषेध किसी भाववस्तु को परिशेष रख लेने पर ही होता है, सभी का प्रतिषेध करने पर दूसरा

---

१. अधिष्ठानज्ञानंहि निषेधवाक्यार्थज्ञाने कारणमित्यत्र लोकप्रसिद्धिमाह इदमत्रेति।

श्चिद्भावेऽवकल्प्यते । कृत्स्नप्रतिषेधे हि कोऽन्यो भावः परिशिष्येत, अपरिशिष्यमाणे चान्यस्मिन्य इतरः प्रतिषेद्धुमारभ्यते तस्य प्रतिषेद्धुमशक्यत्वात्तस्यैव परमार्थत्वापत्तेः प्रतिषेधानुपपत्तिः । नापि ब्रह्मप्रतिषेध उपपद्यते 'ब्रह्म ते ब्रवाणि' (बृ० २-१-१) इत्याद्युपक्रमविरोधात् । 'असन्नेव स भवति । असद्ब्रह्मेति वेद चेत्' (तै० २-६-१) इत्यादिनिन्दाविरोधात् । 'अस्तीत्येवोपलब्धव्यः' (क० ६-१३) इत्यवधारणविरोधात् । सर्ववेदान्तव्याकोपप्रसङ्गाच्च । वाङ्मनसातीतत्वमपि ब्रह्मणो नाभावाभिप्रायेणाभिधीयते । नहि महता परिकरबन्धेन 'ब्रह्मविदाप्नोति परम्' (तै० २-१-१) 'सत्यं ज्ञानमनन्तं ब्रह्म' (तै० २-१-१) इत्येवमादिना वेदान्तेषु ब्रह्म प्रतिपाद्य तस्यैव पुनरभावोऽभिलप्येत । 'प्रक्षालनाद्धि पङ्कस्य दूरादस्पर्शनं वरम्' इति हि न्यायः । प्रतिपादनप्रक्रिया त्वेषा 'यतो वाचो निवर्तन्ते । अप्राप्य मनसा सह' (तै० २-४-१) इति । एतदुक्तं भवति—वाङ्मनसातीतमविषयान्तःपाति प्रत्यगात्मभूतं नित्यशुद्धबुद्धमुक्तस्वभावं ब्रह्मेति । तस्माद्ब्रह्मणो रूपं

अपवादानङ्गीकारे तूत्सर्गतः प्रपञ्चस्य सत्यत्वापत्तेर्निषेधानुपपत्तिरित्याह—अपरिशिष्यमाणे चेति । अधिष्ठानसत्त्वं विना भ्रान्तिनिषेधयोरयोगाच्छून्यवादो न युक्त इत्युक्त्वा पूर्ववादिनः पक्षान्तरं दूषयति—नापीति । देहात्माभिमानवल्लौकिकमानप्राप्तद्वैतस्य निषेधो युक्तो न वेदान्तप्रमितब्रह्मण इति भावः । यदुक्तं वाङ्मनसातीतत्वात् निषेधार्हं ब्रह्म इति तत्राह—वाङ्मनसेति । ब्रह्मणो वागाद्यतीतत्वं न चेत् किमर्थं निषेधार्थं तदुक्तिरित्यत आह—प्रतिपादनेति । उक्तार्थे सूत्रं योजयति—तदेतदित्यादिना । 'द्वे वाव ब्रह्मणो रूपे' इति रूपद्वयस्यैव प्राधान्येन प्रकृतत्वान्नेतीति निषेध इत्यर्थः ।

कौन सा भावपदार्थ शेष रह जाता है । किसी अन्य परिशेष को न मानने पर जो तद्भिन्न पदार्थ का प्रतिषेध होता है वह तो सम्भव ही नहीं है । ऐसी स्थिति में जो निषेध की अवधिरूप से शेष रह जाता है वह परमार्थ वस्तु है, उसका प्रतिषेध हो ही नहीं सकता । साथ ही ब्रह्म का प्रतिषेध तो असंगत ही है क्योंकि बालाकि ने अजातशत्रु से जो कहा है कि 'तुझे मैं ब्रह्म का उपदेश करूं' इस उपक्रमवाक्य के साथ विरोध आने लग जायेगा । 'यदि, ब्रह्म असत् है, ऐसा कोई समझता हो तो वह स्वयं ही असत् हो जाता है' इत्यादि निन्दावाक्य के साथ विरोध आने के कारण भी ब्रह्म का प्रतिषेध कहना युक्तियुक्त नहीं है । 'परमात्मा है, ऐसा मानकर उसकी प्राप्ति के लिए प्रयत्न करना चाहिए' इस अवधारणवाक्य के साथ भी विरोध आयेगा । इतना ही नहीं, अपितु सम्पूर्ण वेदान्त का व्याकोपप्रसंग भी आ जायेगा । मन-वाणी से अतीत जो ब्रह्म को कहा गया है वह अभावाभिप्राय से नहीं क्योंकि 'ब्रह्मज्ञानी पर को प्राप्त कर लेता है', 'ब्रह्म सत्य, ज्ञान एवं अपरिच्छिन्न है इत्यादि वाक्य द्वारा वेदान्तग्रन्थों में महान् प्रयत्नपूर्वक ब्रह्म का प्रतिपादनकर पुनः उसी का निषेध करने लग जांय तो 'प्रक्षालनाद्धि पङ्कस्य दूरादस्पर्शनं वरम्' (कीचड़ में फंसकर धोने की अपेक्षा उससे दूर रहना ही अच्छा है) यह न्याय आ खड़ा होता है । ब्रह्मप्रतिपादनप्रक्रिया तो ऐसी है कि 'मन के सहित वाणी जहाँ लौट आती है वह ब्रह्म है' अर्थात् मन-वाणी से अतीत विषयों के अन्तःपाती प्रत्यगात्मभूत ब्रह्म नहीं है, वह तो नित्यशुद्धबुद्धमुक्तस्वभाव है । इसलिए 'नेति' वाक्य ब्रह्म के

प्रपञ्चं प्रतिषेधति परिशिनष्टि ब्रह्मेत्यभ्युपगन्तव्यम् । तदेतदुच्यते प्रकृतैतावत्त्वं हि प्रतिषेधतीति ।

प्रकृतं यदेतावदियत्तापरिच्छिन्नं मूर्तामूर्तलक्षणं ब्रह्मणो रूपं 'तदेष शब्दः प्रतिषेधति । तद्धि प्रकृतं प्रपञ्चितं च पूर्वस्मिन्ग्रन्थेऽधिदैवतमध्यात्मं च तज्जनितमेव च वासनालक्षणमपरं रूपममूर्तरस भूतं पुरुषशब्दोदितं लिङ्गात्मव्यपाश्रयं महारजनाद्युपमाभिर्दर्शितम् । अमूर्तरसस्य पुरुषस्य चक्षुर्ग्राह्यरूपयोगित्वानुपपत्तेः । तदेतत्सप्रपञ्चं ब्रह्मणो रूपं संनिहितालम्बनेनेति करणेन प्रतिषेधकं नञ् प्रत्युपनीयत इति गम्यते । ब्रह्म तु रूपविशेषणत्वेन षष्ठ्या निर्दिष्टं पूर्वस्मिन्ग्रन्थे न स्वप्रधानत्वेन । प्रपञ्चिते च तदीये रूपद्वये रूपवतः स्वरूपजिज्ञासायामिदमुपक्रान्तम् 'अथात आदेशो नेति नेति' (बृ० २।३।६) इति । 'तत्र कल्पितरूपप्रत्याख्यानेन ब्रह्मणः स्वरूपावेदनमिदमिति निर्णीयते । तदास्पदं हीदं समस्तं कार्यं नेति नेतीति प्रतिषिद्धम् । युक्तं च कार्यस्य वाचारम्भणशब्दादिभ्योऽसत्त्वमिति नेति

ननु 'आदित्यमण्डले पुरुष' इति 'ब्रह्माप्यत्र प्राधान्येनोक्तमित्याशङ्क्य पुरुषो लिङ्गात्मा अमूर्तरसत्वश्रुत्या मूतजनितत्वभानात् स्वप्नरूपवत्त्वश्रुतेश्चेत्याह—तज्जनितमेवेति । रूपरूपिणोरभेद उक्तः । ननु वासनामयं रूपमेव किमित्युपमीयते प्रसिद्धरूपमेव किं न स्यादित्यत आह—अमूर्तरसस्येति । रूपद्वयस्यैव प्राधान्येन प्रकृतत्वे फलितमाह—तदिति । प्रतियोगित्वेन समर्प्यत इत्यर्थः । न चार्थतः प्राधान्याद् ब्रह्मणो निषेधः, राज्ञो भृत्यो नास्तीत्यत्र राजनिषेधप्रसङ्गादिति भावः । किंचात्र ब्रह्मणः प्रतिपाद्यत्वात् न निषेध इत्याह—प्रपञ्चिते चेति । ननु ब्रह्मणि निषिद्धस्याप्यन्यत्र स्थितिसंभवात् कथं कल्पितत्वमित्यत आह—तदास्पदमिति । उपादाने निषिद्धस्यान्यत्र न स्थितिरित्यर्थः । यत्तु द्वैतनिषेधे प्रत्यक्षादिविरोध इति, तत्राह—युक्त चेति । स्थापितं हि आरम्भ-

के प्रपञ्चरूप का प्रतिषेध करता है, ब्रह्म को परिशेष रख लेता है, ऐसा समझना चाहिए। इसी को अग्रिम सूत्र से सूत्रकार कहते हैं—

इयत्तापरिच्छिन्न, मूर्तामूर्तरूप ब्रह्म का प्रसङ्ग है, उसी का निषेध 'नेति' शब्द करता है क्योंकि निषेध से पूर्वग्रन्थ में अधिदैव, अध्यात्म एव तज्जनित वासना अपररूप प्रपञ्च का प्रसंग था जो अमूर्त, रसरूप पुरुषशब्दवाच्य लिङ्गात्मा के आश्रित था जिसे महारजनादि उपमा से दिखलाया गया था। अमूर्तरस पुरुष में चक्षुर्ग्राह्य रूपयोगित्व सिद्ध नहीं होता, ब्रह्म का वही रूप सप्रपञ्च यहाँ पर सन्निहित है, उसी का आलम्बन 'इति' शब्द के द्वारा करते हुए प्रतिषेधक नञ् के प्रति उपस्थापित किया है, ऐसा जान पड़ता है। रूप के विशेषणभाव से षष्ठी विभक्ति द्वारा पूर्वग्रन्थ में स्वप्रधानरूप से ब्रह्म का निर्देश किया जा चुका है, उन्हीं दोनों रूपों के आधारभूत रूपवान ब्रह्म को जानने की जिज्ञासा होने पर 'अथात आदेशो नेति नेति' वाक्य द्वारा प्रसंग प्रारम्भ किया गया है। अतः इस निषेधवाक्य द्वारा कल्पित रूप का प्रत्याख्यानकर ब्रह्म के स्वरूप का बोध कराया गया है, ऐसा निर्णय होता है। उसी के आश्रित यह सम्पूर्ण कार्यजगत् है जिसका निषेध 'नेति नेति' पद से किया गया है। वाचारम्भण शब्दादि के द्वारा कार्य में असत्त्व बतलाना उचित ही है जिसे 'नेति नेति' शब्द से भी कहा

१. नेति नेतीति शब्दः। २. कार्यरूपम्। ३. सूक्ष्मभूतसाररूपम्। ४. ब्रह्मणि। ५. कार्यब्रह्मापि।

नेतीति प्रतिषेधनम् । नतु ब्रह्मणः सर्वकल्पनामूलत्वात् । न चात्रेयमाशङ्का कर्तव्या । कथं हि शास्त्रं स्वयमेव ब्रह्मणो रूपद्वयं दर्शयित्वा स्वयमेव पुनः प्रतिषेधति—'प्रक्षालनाद्धि पङ्कस्य दूरादस्पर्शनं वरम्' इति । यतो नेदं शास्त्रं प्रतिपाद्यत्वेन ब्रह्मणो रूपद्वयं निर्दिशति । लोकप्रसिद्धं त्विदं रूपद्वयं । ब्रह्मणि कल्पितं परामृशति प्रतिषेध्यत्वाय शुद्धब्रह्मस्वरूपप्रतिपादनाय चेति निरवद्यम् । द्वौ चैतौ प्रतिषेधौ यथासंख्यन्यायेन द्वे अपि मूर्तामूर्ते प्रतिषेधतः । यद्वा पूर्वः प्रतिषेधो भूतराशिं प्रतिषेधत्युत्तरो वासनाराशिम् । अथवा 'नेति नेति' (बृ० २-३-६) इति वीप्सेयमितीति यावत्किंचिदुत्प्रेक्ष्यते तत्सर्वं न भवतीत्यर्थः । परिगणितप्रतिषेधे हि क्रियमाणे यदि नैतद्ब्रह्म किमन्यद्ब्रह्म भवेदिति जिज्ञासा स्यात् । वीप्सायां तु सत्यां समस्तस्य विषयजातस्य प्रतिषेधादविषयः प्रत्यगात्मा ब्रह्मेति जिज्ञासा निवर्तते । तस्मात्-प्रपञ्चमेव ब्रह्मणि कल्पितं प्रतिषेधति परिशिनष्टि ब्रह्मेति निर्णयः । इतश्चैष एव निर्णयः ।

णाधिकरणे प्रत्यक्षादेर्व्यावहारिकं प्रामाण्यं न 'तत्त्वावेदकमिति, अतस्तत्त्वतो निषेधान्न विरोध इति भावः । ननु वस्तुत्वाद्द्वैतवद्ब्रह्मणोऽपि निषेधोऽस्तु, नेत्याह—न त्विति । द्वैतभावाभावसाक्षित्वावधयो निषेध इत्यर्थः । न चेत्यादि स्पष्टार्थम् । यच्चोक्तं निषेधाभ्यां रूप रूपि ब्रह्म च निषिध्यत इति, तत्राह—द्वौ चैताविति । उद्देश्यविधेयार्थानां संख्यासाम्ये यथाक्रमं सम्बन्ध इतिन्यायः । 'यथासङ्ख्यमनुदेशः समानाम्' इति पाणिनिसूत्रसिद्धस्तेनात्र रूपद्वयोद्देशेन निषेधद्वयविधिरित्यर्थः । वीप्सापक्षे सर्वदृश्यनिषेधाज्जिज्ञासाशान्तिरिति विशेषमाह—परिगणितेति । मूर्तं नामूर्तं नेत्येवं विशिष्यनिषेधे जिज्ञासा न शाम्यतीत्यर्थः । सूत्रशेषं व्याचष्टे—इतश्चेति । प्रतिषेधानुपपत्त्या ब्रह्मास्तीत्यवगतं, भूयः पुनः, परमस्तीति श्रुतिः साक्षादपि ब्रवीतीत्यर्थः ।

है, किन्तु ब्रह्म का निषेध करना उचित नहीं है क्योंकि वह ब्रह्म सम्पूर्ण कल्पनाओं का अधिष्ठान है । यहाँ पर यह शङ्का तो कर ही नहीं सकते कि स्वयं ही शास्त्र ब्रह्म के रूपद्वय को बतलाकर पुनः उसका निषेध कैसे करता है, ऐसा करना तो कीचड़ में फँसकर उसे धोने के समान माना जायेगा, किन्तु कीचड़ में फँसकर धोने की अपेक्षा उससे दूर रहना अच्छा माना जाता है ।' उक्त शङ्का इसलिए उचित नहीं है क्योंकि यह शास्त्र ब्रह्म के दोनों रूपों को प्रतिपाद्यरूप से नहीं बतलाता, ये दोनों रूप तो लोकप्रसिद्ध हैं जो ब्रह्म में कल्पित हैं, उसका परामर्श यहाँ पर प्रतिषेध्य के लिए किया गया है और साथ ही शुद्ध ब्रह्मस्वरूपबोध कराने के लिए किया गया है, यह निर्दुष्ट पक्ष है । 'नेति नेति' ये दोनों प्रतिषेध यथासंख्यन्याय से मूर्तामूर्त दोनों ही रूप का करते हैं । अथवा पूर्व 'नेति' शब्द भूतराशि का प्रतिषेध करता है और दूसरा 'नेति' शब्द वासनाराशि का प्रतिषेध करता है । अथवा 'नेति नेति' शब्द वीप्सा के लिए है जिसका तात्पर्य है कि जो कुछ भी देखते हो वह सब वस्तुतः नहीं है। परिगणित दो बार प्रतिषेध किये जाने पर यहाँ पर यह प्रश्न हो सकता है कि यदि ये दोनों रूप ब्रह्म नहीं है तो कुछ अन्य पदार्थ ब्रह्म होगा; किन्तु वीप्सा अर्थ में द्वित्व मानने पर सम्पूर्ण विषयसमुदाय का प्रतिषेध हो जाने के कारण प्रत्यगात्मा अविषय ब्रह्मस्वरूप है, ऐसा मानने पर उक्त जिज्ञासा शान्त हो जाती है । इसलिए उक्त 'नेति' वाक्य से ब्रह्म में कल्पित प्रपञ्च का ही निषेध किया गया है, ब्रह्म परिशिष्ट रह जाता है, यही निर्णय होता है ।

---

१. न तु पारमार्थिकं प्रामाण्यम् । २. न तु व्यवहारतः ।

(३४१) तदव्यक्तमाह हि ॥२३॥

यतस्ततः प्रतिषेधाद्भूयो ब्रवीति 'अन्यत्परमस्ति' (बृ० २-३-६) इति । अभावावसाने हि प्रतिषेधे क्रियमाणे किमन्यत्परमतस्तीति ब्रूयात् । तत्रैषाक्षरयोजना—नेति नेतीति ब्रह्मादिश्य तमेवादेशं पुनर्निर्वक्ति । नेति नेतीत्यस्य कोऽर्थः ? न ह्येतस्माद्ब्रह्मणो व्यतिरिक्तमस्तीत्यतो नेति नेतीत्युच्यते न पुनः स्वयमेव नास्तीत्यर्थः । तच्च दर्शयत्यन्यत्परमप्रतिषिद्धं ब्रह्मास्तीति। यदा पुनरेवमक्षराणि योज्यन्ते न ह्येतस्मादिति नेति नेति । नहि प्रपञ्चप्रतिषेधरूपादादेशनादन्यत्परमादेशनं ब्रह्मणोऽस्तीति । तदा 'ततो ब्रवीति च भूय' इत्येतन्नामधेयविषयं योजयितव्यम् । अथ नामधेयम्—'सत्यस्य सत्यमिति प्राणा वै सत्यं तेषामेष सत्यम्' (बृ० २-१-२०) इति हि ब्रवीतीति। तच्च ब्रह्मावसाने प्रतिषेधे समञ्जसं भवति । अभावावसाने तु प्रतिषेधे किं सत्यस्य सत्यमित्युच्येत । तस्माद्ब्रह्मावसानोऽयं प्रतिषेधो नाभावावसान इत्यध्यवस्यामः ॥२२॥

यत्प्रतिषिद्धात्प्रपञ्चजातादन्यत्परं ब्रह्म तदस्ति चेत्कस्मान्न गृह्यत इति । उच्यते—

तच्चेति । अवशिष्टं ब्रह्मेत्यर्थः । स्पष्टमन्यत् ॥२२॥

नन्वग्राह्यत्वाद्ब्रह्म नास्तीति शङ्कानिरासार्थं सूत्रं व्याचष्टे—यत्प्रतिषिद्धादिति । रूपाद्यभावादव्यक्तमिन्द्रियाग्राह्यं न त्वसत्त्वादित्यर्थः । अन्यैर्देवैरिन्द्रियान्तरैर्न गृह्यतइत्यन्वयः ॥२३॥

इसलिए भी यह निर्णय मानना उचित है क्योंकि उस प्रतिषेध के बाद पुनः श्रुति कहती है कि 'अन्य वस्तु परमात्मा ही है ।' अभावान्त प्रतिषेध किये जाने पर अन्य वस्तु परमात्मा क्या है, ऐसा कहना चाहिए था । वहाँ पर अक्षरों की योजना इस प्रकार करनी चाहिए कि 'नेति नेति' शब्द द्वारा ब्रह्म का आदेश कर उस आदेश का पुनः निर्वचन जब 'नेति-नेति' शब्द से श्रुति करती है तब इसका तात्पर्य क्या है क्योंकि इस ब्रह्म से भिन्न तो कुछ है ही नहीं जिसे 'नेति-नेति' शब्द से कहा जाता है । स्वयं ब्रह्म ही नहीं है' ऐसा इसका अर्थ कभी भी नहीं करना चाहिए क्योंकि 'अन्य वस्तु से पृथक् अप्रतिषिद्ध ब्रह्म है, उसे श्रुति पुनः बतलाती है । जब इस प्रकार अक्षरों को योजना करते हैं कि इस ब्रह्म से भिन्न वस्तु का निषेध 'नेति-नेति' शब्द से कर दिया गया है, तब इस प्रपञ्चप्रतिषेधरूप उपदेश से भिन्न श्रेष्ठ ब्रह्मोपदेश नहीं है । ब्रह्म का निर्वचन पुनः श्रुति करती है इसीलिए 'ततो ब्रवीति च भूयः' इस नामधेयविषय ब्रह्म की योजना आगे की गयी है, उसका नाम है, सत्यस्य सत्यम्, निःसन्देह ये प्राण सत्य है—उनमें सत्यत्व का प्रयोजक यह परमात्मा सत्य है' ऐसा श्रुति कहती है । इस प्रतिषेध के अन्त में ब्रह्म को शेष रखने पर निषेध सुसंगत हो जायेगा, अभावान्त निषेध करने पर तो सत्य का सत्य क्या है, यह आकांक्षा बनी रहेगी । अतः यह प्रतिषेध ब्रह्म में पूर्ण होता है, अभाव में नहीं, ऐसा हम निश्चय करते हैं ॥२२॥

तदव्यक्तमाह हि (ललिता)

प्रतिषिद्ध प्रपञ्चसमुदाय से भिन्न जो है वही परब्रह्म है, ऐसा यदि मानो तो फिर उस ब्रह्म का ग्रहण क्यों नहीं होता ? इस प्रश्न का उत्तर अग्रिम सूत्र से दिया गया है कि सम्पूर्ण दृश्य का साक्षी होने

(३४२) अपि च संराधने प्रत्यक्षानुमानाभ्याम्॥२४॥

तदव्यक्तमनिन्द्रियग्राह्यं सर्वदृश्यसाक्षित्वात् । आह ह्येवं श्रुतिः 'न चक्षुषा गृह्यते नापि वाचा नान्यैर्देवैस्तपसा कर्मणा वा' (मु० ३-१-८), 'स एष नेति नेत्यात्माऽगृह्यो नहि गृह्यते' (बृ० ३-९-२६), 'यत्तदद्रेश्यमग्राह्यम्' (मु० १-१-६), 'यदा ह्येवैष एतस्मिन्नदृश्येऽनात्म्येऽनिरुक्तेऽनिलयने' (तै० २-७-१) इत्याद्या । स्मृतिरपि—'अव्यक्तोऽयमचिन्त्योऽयमविकार्योऽयमुच्यते' (गी० २-२५) इत्याद्या ॥२३॥

अपिचैनमात्मानं निरस्तसमस्तप्रपञ्चमव्यक्तं संराधनकाले पश्यन्ति योगिनः । संराधनं च भक्तिध्यानप्रणिधानाद्यनुष्ठानम् । कथं पुनरवगम्यते संराधनकाले पश्यन्तीति । प्रत्यक्षानुमानाभ्यां श्रुतिस्मृतिभ्यामित्यर्थः । तथाहि श्रुतिः पराञ्चि खानि व्यतृणत्स्वयंभूस्तस्मात्पराङ्पश्यति नान्तरात्मन् । कश्चिद्धीरः प्रत्यगात्मानमैक्षदावृत्तचक्षुरमृतत्वमिच्छन्' (क० ४-१) इति । 'ज्ञानप्रसादेन विशुद्धसत्त्वस्ततस्तु तं पश्यते निष्कलं ध्यायमानः'

तर्हि कदा ग्राह्यमिति शङ्कोत्तरं सूत्रं व्याख्याति—अपि चैनमिति । चस्त्वर्थः । इन्द्रियैर्न गृह्यते अपि तु संराधनेन शास्त्रसंस्कृतमनसेत्यर्थः । भक्तिध्यानाभ्यां प्रत्यगात्मनश्चित्ते प्रकर्षेण निधानं स्थापनं प्रणिधानं । जपनमस्कारादिरादिशब्दार्थः । स्वयंभूरीश्वरः । खानीन्द्रियाणि । पराञ्च्यनात्मग्राहकाणि कृत्वा व्यतृणत् नाशितवान् । स हि तेषां नाशो यदसमर्थग्राहितया[1] सर्जनं तस्मात्तेषां 'तथा सृष्टत्वात्, सर्वो लोकः परागर्थमेव पश्यति नान्तरात्मानम् । कश्चित्तु धीरो धीमानावृत्तचक्षुर्निरुद्धेन्द्रियः शुद्धे चेतसि प्रत्यगात्मनं शास्त्रेण पश्यति मोक्षार्थीत्यर्थः । ततः कर्मणा विशुद्धचित्तो ज्ञाना-

---

के कारण ब्रह्म इन्द्रियों से ग्राह्य नहीं है, ऐसा 'न चक्षु से वह गृहीत होता है, न वाणी से, न अन्य इन्द्रियों से, न तप से और न कर्म से ही वह ब्रह्म जाना जाता है', 'वह ब्रह्मस्वरूप आत्मा नेति नेति शब्द द्वारा प्रपञ्च का निषेध करके ही जाना जाता है', 'वह ग्रहणयोग्य नहीं इसीलिए ग्रहण नहीं किया जाता', 'जब इस अदृश्य, अनात्म्य, अनिरुक्त एवं अनिलय ब्रह्म में यह साधक प्रतिष्ठा प्राप्त करता है', ये सब श्रुतियाँ ब्रह्म को इन्द्रियों द्वारा अग्राह्य बतलाती हैं । 'यह आत्मा अव्यक्त, अचिन्त्य और अविकार्य कहा जाता है' ऐसी स्मृति भी है ॥२३॥

अपि च संराधने प्रत्यक्षानुमानाभ्याम् (ललिता)

फिर भला वह ब्रह्म कब ग्राह्य होता है, इस प्रश्न का उत्तर अग्रिम सूत्र से देते हैं कि जिसमें सम्पूर्ण प्रपञ्च निरस्त हो गया है इस अव्यक्त आत्मा को योगी लोग संराधन काल में देखते हैं। भक्ति,ध्यान द्वारा प्रत्यगात्मा को विशेषरूप से स्थापित करने को संराधन कहते है । संराधन काल में योगी लोग परमात्मा को देखते है, यह कैसे आप समझा ? श्रुति एवं स्मृति के द्वारा हमने ऐसा समझा है क्योंकि 'परमात्मा ने इन्द्रियों को बहिर्मुख बनाकर जीव को हिंसित कर डाला इसीलिए यह जीव बाहर देखता है, अन्तरात्मा को नहीं । अमरत्व की इच्छावाला कोई धीर पुरुष हो इन्द्रियों को बहिर्मुखता को रोककर प्रत्यगात्मा को देखता है', 'ज्ञान की निर्मलता से विशुद्ध अन्तःकरण वाला पुरुष ध्यान करता हुआ अवयवभेद से रहित आत्मा को देखता है' इत्यादि श्रुतियाँ ऐसा ही कहती हैं । ऐसे ही

---

१. असमर्थग्राहितया ।

(३४३) प्रकाशादिवच्चावैशेष्यं प्रकाशश्च कर्मण्यभ्यासात् ॥२५॥

(३४४) अतोऽनन्तेन तथाहि लिङ्गम् ॥२६॥

(मु० ३-१-८) इति चैवमाद्या । स्मृतिरपि—'यं विनिद्रा जितश्वासाः सन्तुष्टाः संयतेन्द्रियाः । ज्योतिः पश्यन्ति युञ्जानास्तस्मै योगात्मने नमः ॥ योगिनस्तं प्रपश्यन्ति भगवन्तं सनातनम्' इति चैवमाद्या ॥२४॥

ननु संराध्यसंराधकभावाभ्युपगमात्परेतरात्मनोरन्यत्वं स्यादिति । नेत्युच्यते—

यथा प्रकाशाकाशसवितृप्रभृतयोऽङ्गुलिकरकोदकप्रभृतिषु कर्मसूपाधिभूतेषु सविशेषा इवावभासन्ते नच स्वाभाविकीमविशेषात्मतां जहति । एवमुपाधिनिमित्त एवायमात्मभेदः स्वतस्त्वैकात्म्यमेव । तथाहि—वेदान्तेष्वभ्यासेनासकृज्जीवप्राज्ञयोरभेदः प्रतिपाद्यते ॥२५॥

अतश्च स्वाभाविकत्वादभेदस्याविद्याकृतत्वाच्च भेदस्य विद्ययाऽविद्यां विधूय जीवः

ध्यसस्वोत्कर्षेण संध्यायस्तं 'निष्कलं पश्यतीत्यर्थः । विनिद्राः वितमस्काः, तत्र हेतुर्जितश्वासत्वं प्राणायामनिष्ठत्वं, युञ्जाना ध्यायिनः । योगलभ्यः आत्मा योगात्मा ॥२४॥

यथा प्रकाशादय उपाधिषु भिद्यन्ते न स्वतः, एवं प्रकाशश्चिदात्मापि ध्यानादिकर्मण्युपाधौ भिद्यते स्वतस्तस्यावैशेष्यमेकरसत्वमेव तत्त्वमसीत्यभ्यासादिति सूत्रयोजना ॥२५॥

जीवस्य ब्रह्मात्मत्वफलश्रुतिरूपलिङ्गादपि भेद औपाधिक एवेत्याह सूत्रकारः—अतोऽनन्तेनेति । ॥२६॥

'निद्रा और श्वास-निःश्वास पर विजय प्राप्त करने वाले, सर्वथा सन्तुष्ट, संयत इन्द्रिय, युञ्जान पुरुष जिस ज्योति को देखते हैं उस योगात्मा को नमस्कार है', 'उस सनातन भगवान् को योगी लोग देखते है' स्मृतियां भी कहती हैं ॥२४॥

शङ्का—पूर्वसूत्रोक्त कथनानुसार जीव एवं ईश्वर में संराध्यसंराधकभाव मानने पर भेद सिद्ध हो जायेगा । समाधान—ऐसा कहना ठीक नहीं क्योंकि—

प्रकाशादिवच्चावैशेष्यं प्रकाशश्च कर्मण्यभ्यासात्(ललिता)

जैसे प्रकाश,आकाश और सवितादि उपाधिरूप कर्म में भिन्न की भाँति भासते हुए भी वस्तुतः एक ही है; वैसे ही ध्यानादि उपाधिनिमित्त को लेकर आत्मभेद भासता है, वस्तुतः उस ब्रह्म में एकरूपत्व ही है, भेद नहीं है । अंगुली, कमण्डलु, उदकादि कमरूप उपाधियों में प्रकाश, आकाश और सूर्यादि सविशेष भासते हैं फिर भी वे अपनी स्वाभाविक अविशेषता को नहीं छोड़ते; ऐसे ही उपाधिनिमित्तक ही यह आत्मभेद है, वास्तव में अभेद ही है इसलिए वेदान्त में जीव और ब्रह्म का पुनः पुनः अनेक बार अभेदप्रतिपादन किया जाता है ॥२५॥

अतोऽनन्तेन तथा हि लिङ्गम् (ललिता)

अभेद स्वाभाविक है और भेद अविद्याकृत है, उस भेद का, विद्या के द्वारा अविद्या का विधूननकर

---

२. निरवयवम् ।

(३४५) उभयव्यपदेशात्त्वहिकुण्डलवत् ॥२७॥

परेणानन्तेन प्राज्ञेनात्मनैकतां गच्छति। तथाहि लिङ्गम्—'स यो ह वै तत्परमं ब्रह्म वेद ब्रह्मैव भवति' (मु० ३-२-९), 'ब्रह्मैव सन्ब्रह्माप्येति' (बृ० ४-४-६) इत्यादि ॥२६॥

तस्मिन्नेव संराध्यसंराधकभावे मतान्तरमुपन्यस्यति स्वमतविशुद्धये। क्वचिज्जीवप्राज्ञयोर्भेदो व्यपदिश्यते 'ततस्तु तं पश्यते निष्कलं ध्यायमानः (मु० ३-१-८) इति ध्यातृध्यातव्यत्वेन द्रष्टृद्रष्टव्यत्वेन च। 'परात्परं पुरुषमुपैति दिव्यम्' (मु० ३-२-८) इति गन्तृगन्तव्यत्वेन। 'यः सर्वाणि भूतान्यन्तरो यमयति' इति नियन्तृनियन्तव्यत्वेन। क्वचित्तु तयोरेवाभेदो व्यपदिश्यते 'तत्त्वमसि' (छा० ६-८-७), 'अहं ब्रह्मास्मि' (बृ० १-४-१०), 'एष त आत्मा सर्वान्तरः' (बृ० ३-४-१),एष त आत्मान्तर्याम्यमृतः' (बृ० ३-७-३) इति। तत्रैवमुभयव्यपदेशे सति यद्यभेद एवैकान्ततो गृह्यते भेदव्यपदेशो निरालम्बन एव स्यात्। अत उभयव्यपदेशदर्शनादहिकुण्डलवदत्र तत्त्वं भवितुमर्हति। यथाहिरित्यभेदः कुण्डलाभोगप्रांशुत्वादीनीति तु भेद एवमिहापीति ॥२७॥

भेदाभेदपूर्वपक्षसूत्रद्वयस्य सङ्गतिमाह—तस्मिन्नेवेति। यथाऽहित्वेनाभेदः। कुण्डलाख्यस्य सर्पावस्थाविशेषस्य कुण्डलत्वेन भेदः। तथा जीवस्य ब्रह्मत्वेनाभेदो जीवत्वेन भेदः। यद्वा सूर्यप्रकाशयोरेकतेजस्त्वधर्मावच्छेदेन भेदाभेदवज्जीवपरयोरपि एकेनैवात्मत्वधर्मेण भेदाभेदौ श्रुतिबलात्स्वीकार्याविति सूत्रद्वयार्थः। कुण्डलत्वं वलयाकारत्वं, आभोगत्वं वक्राकारत्वं, प्रांशुत्वं दीर्घदण्डाकारत्वं उद्गतमुखत्वमादिशब्दार्थः ॥ २७ ॥ २८ ॥

जीव परमात्मा के साथ एकता प्राप्त कर लेता है। क्योंकि 'निःसन्देह जो भी मुमुक्षु परब्रह्म को जानता है वह ब्रह्म ही हो जाता है', 'ब्रह्म होता हुआ ही वह प्रारब्धक्षय के बाद निर्विशेष ब्रह्मभाव को प्राप्त कर लेता है' इत्यादि श्रुतिरूप लिङ्गप्रमाण से भी भेद औपाधिक ही सिद्ध होता है ॥२६॥

उभयव्यपदेशात्त्वहिकुण्डलवत् (ललिता)

भेदाभेदपूर्वपक्षरूप सूत्रद्वय की संगति अग्रिम सूत्र के भाष्य से भाष्यकार कहते हैं। उसी संराध्य परमात्मा और संराधक जीवात्मा के विषय में अपने मत की विशुद्धि के लिए मतान्तर का उपन्यास करते हैं। कहीं पर जीव-ब्रह्म का भेद भी कहा गया है—'निष्कल ब्रह्म का ध्यान करने वाला साधक अन्त में उसका साक्षात्कार कर लेता है' इस वाक्य द्वारा ध्याता-ध्येयरूप से और द्रष्टा-द्रष्टव्यरूप से एवं 'हिरण्यगर्भादि परदेवता से भी श्रेष्ठ दिव्य पुरुष को मुमुक्षु प्राप्त करता है' इस वाक्य द्वारा गन्ता-गन्तव्य रूप से और 'जो सभी प्राणियों के भीतर रहकर सबका नियामक है' इस वाक्य द्वारा नियन्ता-नियम्यरूप से भेद कहा गया है। किन्तु कहीं 'तुम ब्रह्म हो', 'मैं ब्रह्म हूँ', 'यह तेरी आत्मा सर्वान्तर है', 'यह तेरी आत्मा अन्तर्यामी और अमृत है' इन वाक्यों द्वारा जीव-ब्रह्म का अभेद भी बतलाया गया है। इस प्रकार श्रुति में भेद और अभेद उभयप्रकार से उपदेश रहने पर यदि सर्वथा अभेद ही माना जाय तो भेद उपदेश निरालम्ब हो जायेगा। अतः उभयव्यपदेश देखते हुए अहि-कुण्डल की भाँति दोनों ही मानना उचित होगा। जैसे वलयाकार सर्प में कुण्डलत्व, वक्राकार सर्प में आभोगत्व, दीर्घदण्डाकार में प्रांशुत्व और फन फैलाये हुए सर्प में उद्गतमुखत्व के कारण भेद भासता है किन्तु सर्पत्वेन सभी में अभेद है; वैसे ही जीव और ब्रह्म में औपाधिक भेद है, वास्तव में अभेद ही है ॥२७॥

(३४६) प्रकाशाश्रयवद्वा तेजस्त्वात् ॥२८॥

(३४७) पूर्ववद्वा ॥२९॥

अथ वा प्रकाशाश्रयवदेतत्प्रतिपत्तव्यम् । यथा प्रकाशः सावित्रस्तदाश्रयश्च सविता नात्यन्तभिन्नावुभयोरपि तेजस्त्वाविशेषात् । अथ च भेदव्यपदेशभाजौ भवत एवमिहापीति ॥२८॥

यथा वा पूर्वमुपन्यस्तं प्रकाशादिवच्चावैशेष्यमिति तथैव तद्भवितुमर्हति । तथा ह्यविद्याकृतत्वाद्बन्धस्य विद्यया मोक्ष उपपद्यते। यदि पुनः परमार्थत एव बद्धः कश्चिदात्माऽहिकुण्डलन्यायेन वा परस्यात्मनः संस्थानभूतः प्रकाशाश्रयन्यायेन चैकदेशभूतोऽभ्युपगम्येत ततः पारमार्थिकस्य बन्धस्य तिरस्कर्तुमशक्यत्वान्मोक्षशास्त्रवैयर्थ्यं प्रसज्येत, न चात्रोभावपि भेदाभेदौ श्रुतिस्तुल्यवद्व्यपदिशति । अभेदमेव हि, प्रतिपाद्यत्वेन निर्दिशति श्रुतिः, भेदं तु पूर्वप्रसिद्धमेवानुवदत्यर्थान्तरविवक्षया। तस्मात्प्रकाशादिवच्चावैशेष्यमित्येष एव सिद्धान्तः ॥२९॥

सिद्धान्तसूत्रम्—पूर्ववद्वेति । धर्मभेदेनैकधर्मेण वा भेदाभेदस्वीकारे भेदस्य सत्यत्वादभेदवन्निवृत्तिः स्यात्। एकत्रैव भेदाभेदस्वीकारे लोके विरोधकथोच्छेद इत्यपि द्रष्टव्यं, तस्मात् निष्प्रपञ्चं चिदेकरसं ब्रह्म तत्पदलक्ष्यमस्तीति सिद्धम् ॥ २९ ॥ ३० ॥

प्रकाशाश्रयवद्वा तेजस्त्वात् (ललिता)

अथवा प्रकाश और आश्रय की भाँति जीव और ब्रह्म में भेदाभेद समझना चाहिए। जैसे सूर्य का प्रकाश और उसका आश्रय सूर्य दोनों में अत्यन्त भेद नहीं है क्योंकि तेजस्त्व दोनों में समान ही है फिर भी भेदव्यवहार होता है, ऐसे ही जीव और ब्रह्म में भी भेद एवं अभेद मानना चाहिए ॥२८॥

पूर्ववद्वा (ललिता)

धर्मभेद से और एक धर्म के कारण भेदाभेद मानोगे तो भेद में सत्यत्व आ जायेगा, फिर तो अभेद की भाँति उस भेद की भी निवृत्ति नहीं हो सकेगी। अतः '**प्रकाशादिवच्चावैशेष्यम्**' इस सूत्र के द्वारा जैसी व्यवस्था पहले दी गयी है वैसी ही व्यवस्था माननी चाहिए कि बन्धन अविद्या के कारण है और विद्या से मोक्ष मिलता है। यदि परमार्थतः ही कोई आत्मा बद्ध है अथवा परमात्मा का ही संस्थानविशेष प्रकाशाश्रयन्याय से एकदेशरूप जीव है, ऐसा मानोगे तो पारमार्थिक बन्धन की निवृत्ति नहीं हो सकेगी। उस स्थिति में मोक्षशास्त्र व्यर्थ होने लग जायेगा। साथ ही, यहाँ पर भेदाभेद दोनों का उपदेश श्रुति समान रूप से नहीं करती है क्योंकि प्रतिपाद्यरूप से श्रुति अभेद को ही बतलाती है। इसी अभेद प्रतिपादन की विवक्षा से पूर्वसिद्ध भेद का अनुवाद श्रुति करती है, इसलिए '**प्रकाशादिवच्चावैशेष्यम्**' सूत्र से जो सिद्धान्त किया गया है वही ठीक है ॥ २९ ॥

---

१. अभेद विवक्षया। २. ब्रह्मत्वजीवत्वरूपेण। ३. आत्मत्वेन।

७. पराधिकरणम् (सू० ३१-३७)

(३४८) प्रतिषेधाच्च ॥३०॥

अस्त्यन्यद्ब्रह्मणो नो वा विद्यते ब्रह्मणोऽधिकम् । सेतुत्वोन्मानवत्त्वाच्च सम्बन्धाद्भेदवत्त्वतः ।
धारणात्सेतुतोन्मानमुपास्त्यै भेदसङ्गती । उपाध्युद्भवनाशाभ्यां नान्यदन्यनिषेधतः ॥

इतश्चैष एव सिद्धान्तः । यत्कारणं परस्मादात्मनोऽन्यं चेतनं प्रतिषेधति शास्त्रम्–'नान्योऽतोऽस्ति द्रष्टा' (बृ० ३-७-२३) इत्येवमादि । 'अथात आदेशो नेति नेति' (बृ० २-३-६), 'तदेतद्ब्रह्मापूर्वमनपरमनन्तरमबाह्यम्' (बृ० २-५-१९) इति च ब्रह्मव्यतिरिक्तप्रपञ्चनिराकरणाद्ब्रह्ममात्रपरिशेषाच्चैष एव सिद्धान्त इति गम्यते ॥३०॥

प्रतिषेधाच्च (ललिता)

इसलिए भी यही सिद्धान्त मानना उचित होगा क्योंकि 'इस परमात्मा से भिन्न कोई द्रष्टा नहीं है' इत्यादि शास्त्र परमात्मा से भिन्न चेतन का निषेध करता है । 'अब इसके बाद सर्वोत्कृष्ट उपदेश यह है कि यह प्रपञ्च कुछ भी नहीं है', 'ब्रह्म कार्यकारणभाव से रहित बाह्याभ्यन्तरभावशून्य है' इन सभी शास्त्रवचनों द्वारा ब्रह्मभिन्न प्रपञ्च का निषेध करने के कारण एवं ब्रह्ममात्र को परिशेष रखने के कारण यही सिद्धान्त सुनिश्चित जान पड़ता है । अतः निष्प्रपञ्च चिन्मात्ररूप ब्रह्म 'तत्' पद का लक्ष्य है, यह सिद्ध हुआ ॥ ३० ॥

७. पराधिकरण

१. **सङ्गति**—पिछले अधिकरण में **'नेति नेति'** शब्द द्वारा प्रपञ्च का निषेधकर ब्रह्म को शेष में रखा, यह ठीक नहीं है क्योंकि सेतुत्व, उन्मानादि का व्यपदेश होने से वस्त्वन्तर की सत्ता भी जान पड़ती है; ऐसा आक्षेप होने पर इस अधिकरण को प्रारम्भ किया गया है, अतः पूर्व के साथ इसकी आक्षेप सङ्गति है ।

२. **विषय**—ब्रह्मभिन्न प्रपञ्च का निषेधकर ब्रह्म में अद्वितीयत्व का निर्धारण इस अधिकरण का विचारणीय विषय है ।

३. **संशय**—सेतु, उन्मानादि श्रुति एवं अद्वैत श्रुति के कारण संशय होता है कि ब्रह्म से भिन्न तात्त्विक वस्तु है या नहीं ?

४. **पूर्वपक्ष**—ब्रह्म से भिन्न भी तात्त्विक वस्तु है क्योंकि उसमें सेतुत्व, उन्मानादि का व्यपदेश देखा जाता है । सम्बन्ध भेद में ही हुआ करता है, अतः ब्रह्म सद्वितीय सिद्ध होता है ।

५. **सिद्धान्त**—ब्रह्म में सेतुत्व मुख्य नहीं है, ब्रह्म को मुख्य सेतु मानने पर उसमें मृत्-दारुमयत्व का भी प्रसंग आने लगेगा । विधारकत्वमात्र बतलाना अभीष्ट है, सद्वितीयत्व नहीं और वह भी उपासना के लिए । भेद व्यपदेश औपाधिक है, पारमार्थिक नहीं है । ब्रह्म से भिन्न सभी उत्पत्तिविनाशशील होने के कारण पारमार्थिक नहीं है, उन सबका निषेधकर अद्वैत निश्चय कराने में ही श्रुति का तात्पर्य है ।

(३४९) परमतः सेतून्मानसम्बन्धभेदव्यपदेशेभ्यः ॥३१॥

यदेतन्निरस्तसमस्तप्रपञ्चं ब्रह्म निर्धारितमस्मात्परमन्यत्तत्त्वमस्ति नास्तीति श्रुतिविप्रतिपत्तेः संशयः, कानिचिद्धि वाक्यान्यापातेनैव प्रतिभासमानानि ब्रह्मणोऽपि परमन्यत्तत्त्वं प्रतिपादयन्तीव । तेषां हि परिहारमभिधातुमयमुपक्रमः क्रियते । परमतो ब्रह्मणोऽन्यत्तत्त्वं भवितुमर्हति । कुतः ? सेतुव्यपदेशाद् 'उन्मानव्यपदेशात्सम्बन्धव्यपदेशाद्भेदव्यपदेशाच्चेति । सेतुव्यपदेशस्तावत्—'अथ य आत्मा स सेतुर्विधृतिः' (छा० ८-४-१) इत्यात्मशब्दाभिहितस्य ब्रह्मणः सेतुत्वं सङ्कीर्तयति । सेतुशब्दश्च हि लोके जलसन्तानविच्छेदकारके मृद्दार्वादिप्रचये प्रसिद्धः । इह तु सेतुशब्दः आत्मनि प्रयुक्त इति लौकिकसेतोरिवात्मसेतोरन्यस्य वस्तुनोऽस्तित्वं गमयति । 'सेतुं तीर्त्वा' (छा० ८-४-२) इति च तरतिशब्दप्रयोगात् । यथा लौकिकं सेतुं तीर्त्वा जाङ्गलमसेतुं प्राप्नोत्येवमात्मानं सेतुं तीर्त्वाऽनात्मानमसेतुं प्राप्नोतीति गम्यते । उन्मानव्यपदेशश्च भवति 'तदेतद्' ब्रह्म चतुष्पादष्टाशफं

यदुक्तं नेति नेतीत्यादिश्रुतिभिः ब्रह्मातिरिक्तं वस्तु निषिध्यत इति, तदयुक्तम् । सेत्वादिश्रुतिभिर्वस्त्वन्तरास्तित्वभानादित्याक्षिपति—परमत इति । यद्यपि द्युभ्वाद्यधिकरणे सेतुशब्दो विधारकत्वेन गौणो व्याख्यातस्तथाप्युन्मानादिश्रुतीनां गतिमजानतोऽयं पूर्वपक्षः, तत्रोन्मानादिश्रुतीनां मुख्यत्वात्, सद्वयं ब्रह्मेति फलं, सिद्धान्ते तूक्ताद्वितीयतत्त्वलक्ष्यसिद्धिरिति विवेकः । ब्रह्म सद्वयं, सेतुत्वात्, लौकिकसेतुवत् । तीर्णत्वश्रुतेश्चेत्याह—सेतुं तीर्त्वेति । जाङ्गलं वातभूयिष्ठमिति वैद्योक्तेः वातप्रचुरो देशो जाङ्गलं, इह तु देशमात्रं ग्राह्यम् । दिशश्चतस्रः कलाः प्रकाशवान्नाम पादः, पृथिव्यन्तरिक्षं द्यौः समुद्र इत्यनन्तवान्नाम पादः, अग्निः सूर्यश्चन्द्रो विद्युदिति ज्योतिष्मान्नाम पादः चक्षुः श्रोत्रं वाङ्मन इत्यायतनवान्नाम पाद इति चतुष्पाद्ब्रह्मेति पादानामर्धानि अष्टौ शफा अस्येत्यष्टाशफं, पादेषु चतुर्षु प्रत्येकं चतस्रः

परमतः सेतून्मानसम्बन्धभेदव्यपदेशेभ्यः (ललिता)

सिद्धान्ती ने 'नेति नेति' इत्यादि श्रुतियों से ब्रह्मभिन्न वस्तु का निषेध किया था वह युक्त नहीं है, ऐसा अग्रिम सूत्र से कहते हैं कि आपने जो निष्प्रपञ्च ब्रह्म का निश्चय कराया था उस पर, इससे भिन्न तत्त्व है या नहीं, ऐसा संशय इसलिए होता है क्योंकि दोनों प्रकार की श्रुतियाँ मिलती हैं अर्थात् आपाततः प्रकाशक कुछ वाक्य ब्रह्म से भिन्न तत्त्व का भी प्रतिपादन करते हुए से जान पड़ते हैं । उनका परिहार बतलाने के लिए यह प्रसंग प्रारम्भ होता है कि ब्रह्म से भिन्न तत्त्व भी हो सकता है क्योंकि सेतु, उन्मान, सम्बन्ध और भेद का व्यपदेश देखा जाता है । इनमें से प्रथम सेतु व्यपदेश हम बतला रहे हैं—'यह जो आत्मा है वह सेतुविधृति है' यह श्रुतिवाक्य आत्म शब्द से कहे गये ब्रह्म में सेतुत्व बतलाता है । लोक में जलप्रवाह के विच्छेदक मृत्तिका, काष्ठादि से बने अर्थ में सेतु शब्द प्रसिद्ध है । इस श्रुति में सेतु शब्द का प्रयोग आत्मा अर्थ में हुआ है । ऐसी स्थिति में लौकिक सेतु से भिन्न वस्तु का अस्तित्व जैसे प्रसिद्ध है वैसे ही आत्मसेतु से भिन्न वस्तु के अस्तित्व का बोध होता है । 'सेतुं तीर्त्वा' इस वाक्य में तरति शब्द का प्रयोग भी देखा जाता है । जैसे लौकिक सेतु को पारकर वायुप्रधान देश असेतु को प्राप्त करता है ऐसे ही आत्मसेतु को पारकर असेतु अनात्मा को जीव प्राप्त करता है, ऐसा अर्थ जान पड़ता है । 'वह ब्रह्म चतुष्पाद् अष्ट शफ और षोडश कलावाला है' इस

१. उपक्रमोपसंहाराद्य विवेकेनैवेत्यर्थः । २. उन्मानत्वं परिच्छिन्नत्वम् ।

षोडशकलमिति। यच्च लोक उन्मितमेतावदिदमिति परिच्छिन्नं कार्षापणादि ततोऽन्यद्वस्त्वस्तीति प्रसिद्धम्। तथा ब्रह्मणोऽप्युन्मानात्ततोऽन्येन वस्तुना भवितव्यमिति गम्यते।

तथा सम्बन्धव्यपदेशोऽपि भवति—'सता सोम्य तदा संपन्नो भवति' (छा० ६-८-१) इति 'शारीर आत्मा' (तै० २-३-१), प्राज्ञेनात्मना संपरिष्वक्तः' (बृ० ४-३-२१) इति च। 'अमितानां च [1]मितेन सम्बन्धो दृष्टो यथा नराणां नगरेण। जीवानां च ब्रह्मणा सम्बन्धं व्यपदिशति सुषुप्तौ। अतस्ततः परमन्यदमितमस्तीति गम्यते। भेदव्यपदेशश्चैतमेवार्थं गमयति, तथाहि—'अथ य एषोऽन्तरादित्ये हिरण्मयः। पुरुषो दृश्यते' (छा०१-६-६) इत्यादित्याधारमीश्वरं व्यपदिश्य ततो भेदेनाक्ष्याधारमीश्वरं व्यपदिशति—'अथ य एषोऽन्तरक्षिणि पुरुषो दृश्यते' (छा० १-७-५) इति। अतिदेशं चास्यामुना रूपादिषु करोति

कला इति षोडशकलमित्यर्थः। षोडशपणपरिमितं ताम्रं कार्षापणसंज्ञं भवति तद्वत्सद्वयं ब्रह्म, परिमितत्वादित्यर्थः।

संबन्धित्वाच्च नगरवदित्याह—तथा संबन्धेति। अन्यदमितमिति असङ्ख्यातमित्यर्थः। अन्यस्पर्शे अल्पत्वेन मितत्वनियमादिति मन्तव्यम्। भेदेनोक्तत्वाच्च घटवदित्याह—भेदव्यपदेशश्चेति।

वाक्य द्वारा उन्मान का व्यपदेश भी मिलता है। लोक में यह इतना है, ऐसा मापा हुआ पदार्थ कार्षापणादि परिच्छिन्न होता है, उससे भिन्न वस्तु का अस्तित्व भी प्रसिद्ध है। वैसे ही ब्रह्म में भी उन्मान आदि का व्यपदेश होने के कारण उससे भिन्न वस्तु भी होनी चाहिए, ऐसा जान पड़ता है। चार दिशारूपी कलावाला प्रकाशवान् नामक एक पाद; पृथ्वी, अन्तरिक्ष, द्युलोक और समुद्र ऐसे चार कलावाला अनन्तवान् नामक दूसरा पाद; अग्नि, सूर्य, चन्द्र और विद्युत ऐसे चार कलावाला ज्योतिष्मान् नामक तृतीय पाद और चक्षु, श्रोत्र, वाणी और मन ऐसे चार कलावाला आयतनवान् नामक चतुर्थ पाद ब्रह्म के हैं। पाद के आधे भाग को शफ कहते हैं, इस प्रकार चार पाद के आठ शफ हैं और चारों पादों में से प्रत्येक की चार-चार कलाओं के मिलाने पर षोडश कलायें होती हैं, इसीलिए ब्रह्म को षोडशकल कहा गया है।

वैसे ही 'हे सोम्य ! सुषुप्तावस्था में यह जीव ब्रह्म के साथ सम्पन्न हो जाता है', 'यह जीवात्मा शरीर के भीतर है', 'निद्रावस्था में यह जीव परमात्मा के साथ जुड़ जाता है' इन सभी श्रुतियों में सम्बन्ध का व्यपदेश देखा जाता है। जैसे अमित नरों का मित नगर के साथ सम्बन्ध देखा गया है वैसे ही असंख्य अपरिमित जीवों का ब्रह्म के साथ सम्बन्ध भी सुषुप्तावस्था मे श्रुति बतलाती है। अतः उस ब्रह्म से भिन्न असंख्य जीव और जगत् का अस्तित्व जान पड़ता है। उसी प्रकार भेदव्यपदेश भी इसी अर्थ का बोधक है—'जो यह आदित्य के भीतर हिरण्यमय पुरुष दिखाई पड़ता है' इस वाक्य द्वारा आदित्य आधारवाले पुरुष का उपदेश करने के पश्चात् 'जो नेत्र के भीतर पुरुष दीखता है' इस वाक्य द्वारा नेत्रस्थ ईश्वर का पृथक् उपदेश देखा जाता है। शरीरस्थ पुरुष का आदित्यमण्डलस्थ

---

१. असंख्यतानाम्। २. वस्तु परिच्छेदेवता सद्वयेनेति यावत्। ३. ब्रह्मणः।

(३५०) सामान्यात्तु ॥३२॥

'तस्यैतस्य तदेव रूपं यदमुष्य रूपं 'यावमुष्य गेष्णौ तौ यन्नाम तन्नाम' (छा० १-७-५) इति । सावधिकं चेश्वरत्वमुभयोर्व्यपदिशति—'ये चामुष्मात्पराञ्चो लोकास्तेषां चेष्टे देवकामानां च' (छा० १-६-८) इत्येकस्य । 'ये चैतस्मादर्वाञ्चो लोकास्तेषां चेष्टे मनुष्यकामानां च' (छा०१-७-६) इत्येकस्य । यथेदं मागधस्य राज्यमिदं वैदेहस्येति ॥३१॥

एवमेतेभ्यः सेत्वादिव्यपदेशेभ्यो ब्रह्मणः परमस्तीत्येवं प्राप्ते प्रतिपाद्यते—

तुशब्देन प्रदर्शितां प्राप्तिं निरुणद्धि । न ब्रह्मणोऽन्यत्किंचिद्भवितुमर्हति प्रमाणाभावात् । न ह्यन्यस्यास्तित्वे किंचित्प्रमाणमुपलभामहे । सर्वस्य हि जनिमतो वस्तुजातस्य जन्मादि ब्रह्मणो भवतीति निर्धारितम् । अनन्यत्वं च कारणात्कार्यस्य । नच ब्रह्मव्यतिरिक्तं किंचिदजं संभवति 'सदेव सोम्येदमग्र आसीदेकमेवाद्वितीयम्' (छा० ६-२-१)

अस्याक्षिस्थस्यामुनादित्यस्थेन सहेति यावत् । आधारतोऽतिदेशतश्च भेदमुक्त्वावधितोऽपि तमाह—सावधिकं चेति ॥ ३१ ॥

सिद्धान्तसूत्रं व्याचष्टे—तुशब्देनेत्यादिना । यदन्यत्तत्किं साद्यनादि वा, नाद्यः मानाभावात्, कार्यस्य ब्रह्मानन्यत्वनिर्णयाच्चेत्युक्त्वा न द्वितीयः प्रागुत्पत्तेरद्वयत्वावधारणादित्याह—नच ब्रह्मव्यतिरिक्तमिति । उक्तानुमानानामागमबाध इति भावः ।

पुरुष के साथ श्रुति रूपादि में अतिदेश भी करती है, वहाँ छान्दोग्य में कहा है कि 'नेत्रस्थ पुरुष का वही रूप है जो आदित्यमण्डलस्थ पुरुष का रूप है और जो उसके पर्व[1] हैं वे ही नेत्रस्थ पुरुष के भी हैं, दोनों का नाम भी समान ही है।' इसके अतिरिक्त अध्यात्म और अधिदेव दोनों स्थानों में सावधिक ईश्वरत्व बतलाया गया है, वहाँ पर 'उस आदित्यमण्डल से ऊपर जो लोक हैं वहाँ पर देवत्व प्राप्त करने की इच्छावालों का शासन चलता है' ऐसा एक के विषय में कहा गया हैं और दूसरे के विषय में कहा गया है कि 'इससे नीचे के जो भी लोक हैं, उनमें मनुष्यकाम पुरुष का शासन चलता है।' जिस प्रकार मागध राजा का यह राज्य है और वैदेह राजा का यह राज्य है, ऐसा लोक में प्रयोग देखा जाता है वैसे ही शास्त्र में भी प्रयोग देखा जाता है। अतः पूर्वोक्त सेतुत्वादि चतुर्धा व्यपदेश को देखते हुए ब्रह्मभिन्न वस्तु का अस्तित्व सिद्ध होता है ॥३१॥

सामान्यात्तु (ललिता)

इस प्रकार पूर्वसूत्रोक्त इन सेत्वादि व्यपदेश के कारण ब्रह्म से भिन्न वस्तु है, ऐसा पूर्वपक्ष होने पर अग्रिम सूत्र से सिद्धान्ती कहते हैं।

इस सूत्र में आये हुए 'तु' शब्द के द्वारा पूर्वसूत्रोक्त शङ्का का निषेध किया जाता है कि प्रमाण न होने के कारण ब्रह्म से भिन्न किसी वस्तु का अस्तित्व नहीं मान सकते क्योंकि अन्य वस्तु का अस्तित्व मानने में कोई प्रमाण हम नहीं देखते हैं। उत्पत्तिशील सभी वस्तुओं के जन्मादि ब्रह्म से ही होते हैं, ऐसा निश्चय पूर्वग्रन्थों में कराया गया है। कार्य कारण से अभिन्न होता है, यह निश्चित हो चुका है। ब्रह्म से भिन्न कोई अजन्मा पदार्थ सम्भव नहीं है क्योंकि हे सोम्य ! सजातीय-विजातीय-स्वगतभेदशून्य एक अद्वैत वस्तु ही सृष्टि से पूर्व थी' ऐसा निश्चय कराया गया है। साथ ही, एक के

---

१. अगुष्ट पर्वणी ।

इत्यवधारणात् । एकविज्ञानेन च सर्वविज्ञानप्रतिज्ञानाच्च च ब्रह्मव्यतिरिक्तं वस्त्वस्तित्वमवकल्पते ।

ननु सेत्वादिव्यपदेशाः ब्रह्मव्यतिरिक्तं सत्त्वं सूचयन्तीत्युक्तम् । नेत्युच्यते । सेतुव्यपदेशस्तावन्न ब्रह्मणो बाह्यस्य सद्भावं प्रतिपादयितुं क्षमते । 'सेतुरात्मेति ह्याह न पुनस्ततः परमस्ति' इति । तत्र परस्मिन्नसति सेतुत्वं नावकल्पत इति परं किमपि कल्प्येत । न चैतन्न्याय्यं हठो ह्यप्रसिद्धकल्पना । अपिच सेतुव्यपदेशादात्मनो लौकिकसेतुनिदर्शनेन सेतुबाह्यवस्तुतां प्रसञ्जयता मृद्दारुमयतापि प्रासङ्क्ष्यत । न चैतन्न्याय्यम् । अजत्वादिश्रुतिविरोधात् । सेतुसामान्यात्तु सेतुशब्द आत्मनि प्रयुक्त इति श्लिष्यते । जगतस्तन्मर्यादानां च विधारकत्वं सेतुसामान्यमात्मनः । अतः सेतुरिव सेतुरिति प्रकृत आत्मा स्तूयते । सेतुं तीर्त्वेत्यपि तरतेरतिक्रमासंभवात्प्राप्नोत्यर्थ एव वर्तते । यथा व्याकरणं तीर्ण इति प्राप्त इत्युच्यते नातिक्रान्तस्तद्वत् ॥३२॥

उक्तं स्मारयित्वा हेतूनामसिद्धिमाह—ननु सेत्वित्यादिना । किं सेतुश्रुत्या परसिद्धिरर्थाद्वा, नाद्य इत्युक्त्वा द्वितीयं शङ्कते—तत्र परस्मिन्निति । सेतुत्वलिङ्गेनाद्वितीयत्वश्रुतिबाधनमन्याय्यमित्याह—नचेति । लिङ्गं चासिद्धमित्याह—अपिचेति । विधारकत्वं तु कल्पितद्वितीयापेक्षयापि युज्यत इति भावः । तीर्णत्वहेतुरप्यसिद्ध इत्याह—सेतुं तीर्त्वेति ॥ ३२ ॥

विज्ञान से सर्वविज्ञान की प्रतिज्ञा भी की गयी है, इससे भी ब्रह्मभिन्न वस्तु का अस्तित्व सिद्ध नहीं हो सकता ।

पूर्वपक्ष—सेत्वादि व्यपदेश ब्रह्मभिन्न वस्तु को सूचित कर रहे हैं, ऐसा हम पहले कह आये हैं । सिद्धान्ती—यह शङ्का ठीक नहीं । सर्वप्रथम सेतु व्यपदेश ब्रह्म से भिन्न वस्तु का सद्भाव बतला नहीं सकता क्योंकि 'आत्मा सेतु है' ऐसा आचार्य ने कहा और फिर कहा कि 'इससे भिन्न वस्तु नहीं है । शङ्का—भिन्न वस्तु के न रहने पर ब्रह्म में सेतुत्व की कल्पना नहीं कर सकते, अतः ब्रह्मभिन्न वस्तु की कल्पना ही करनी चाहिए । सिद्धान्त—यह अप्रसिद्ध कल्पना आप को हठपूर्वक है जो उचित नहीं है । लिङ्ग असिद्ध है क्योंकि सेतु व्यपदेश के आधार पर आत्मा में लौकिक सेतु के दृष्टान्त द्वारा सेतु से बाह्य वस्तु की सत्ता मानोगे तो आत्मा में मृत्तिका तथा काष्ठरूपता भी आ जायेगी जो अजत्वादि श्रुति के साथ विरोध आने के कारण युक्तियुक्त नहीं होगा । किन्तु सेतु के सदृश होने के कारण आत्मा में सेतु शब्द का प्रयोग हुआ है, ऐसा मानना युक्तियुक्त जान पड़ता है । जगत् एवं उसकी मर्यादाओं का विधारक परमात्मा है इसलिए उसे सेतु कहा गया है । अतः सेतु की भाँति आत्मा भी सेतु है, ऐसा कहने पर प्रकृत आत्मा की स्तुति हो जाती है । 'सेतुं तीर्त्वा' इस वाक्य में भी तॄधातु का अर्थ अतिक्रमण करना उचित नहीं है, इसलिए आत्मसेतु को यह जीव प्राप्त करता है, ऐसा अर्थ मानना चाहिए । जैसे यह विद्यार्थी व्याकरण पार कर गया; इस वाक्य का अर्थ, व्याकरण को प्राप्त कर गया, करना पड़ता है, न कि अतिक्रमण कर गया, ऐसा अर्थ किया जाता है । वैसे ही मुमुक्षु आत्मसेतु को पार करता है, ऐसा अर्थ करना चाहिए, न कि अतिक्रमण कर जाता है ऐसा अर्थ करना चाहिए ॥३२॥

(३५१) बुद्ध्यर्थः पादवत् ॥३३॥

यदप्युक्तमुन्मानव्यपदेशादस्ति परमिति । तत्राभिधीयते—उन्मानव्यपदेशोऽपि न ब्रह्मव्यतिरिक्तवस्त्वस्तित्वप्रतिपत्त्यर्थः । किमर्थस्तर्हि बुद्ध्यर्थः, उपासनार्थ इति यावत् । चतुष्पादष्टाशफं षोडशकलमित्येवंरूपा बुद्धिः । कथं नु नाम ब्रह्मणि स्थिरा स्यादिति विकारद्वारेण ब्रह्मण उन्मानकल्पनैव क्रियते । न ह्यविकारेऽनन्ते ब्रह्मणि सर्वैः पुंभिः शक्या बुद्धिः स्थापयितुं, मन्दमध्योत्तमबुद्धित्वात्पुंसामिति पादवत् । यथा मनआकाशयोरध्यात्ममधिदैवतं च ब्रह्मप्रतीकयोराम्नातयोश्चत्वारो वागादयो मनःसंबन्धिनः पादाः कल्प्यन्ते, चत्वारश्चाग्न्यादय आकाशसंबन्धिन आध्यानाय तद्वत् । अथवा पादवदिति यथा कार्षापणे पादविभागो व्यवहारप्राचुर्याय कल्प्यते । नहि सकलेनैव कार्षापणेन सर्वदा सर्वे जना व्यवहर्तुमीशते क्रयविक्रयपरिमाणानियमात्तद्वदित्यर्थः ॥३३॥

परिमितत्वमप्यसिद्धमित्याह—बुद्ध्यर्थ इति । वाक्प्राणचक्षुःश्रोत्राणि मनसः पादा अग्निवाय्वादित्यदिश आकाशस्य पादा ध्यानार्थं कल्पितास्तद्वद्ब्रह्मण उन्मानमित्यर्थः । लौकिकं दृष्टान्तमाह—अथवेति । पादकल्पनां विनापि व्यवहारः किं न स्यादित्यत आह—नहीति । कार्षापणस्य व्यवहाराय पादकल्पनावत् मन्दधियां ध्यानव्यवहाराय ब्रह्मण उन्मानकल्पनेत्यर्थः ॥ ३३ ॥

बुद्ध्यर्थः पादवत् (ललिता)

और जो पूर्वपक्षी ने उन्मान व्यपदेश के कारण ब्रह्म से भिन्न पदार्थ का अस्तित्व माना था, उस पर हमें यह कहना है कि उन्मान व्यपदेश भी ब्रह्म से भिन्न वस्तु के अस्तित्वबोध कराने के लिए नहीं कहा गया है, किन्तु उपासना के लिए कहा गया है। वाणी, प्राण, चक्षु और श्रोत्र ये चारों मन के पाद हैं एवं अग्नि, वायु, आदित्य और दिशायें ये आकाश के पाद हैं, इन्हीं में आठ शफ और षोडश कलायें अन्तर्भूत हैं—ऐसी बुद्धि ब्रह्म में किस प्रकार स्थिर हो, एतदर्थ विकार द्वारा ब्रह्म में उन्मान की कल्पना करते हैं क्योंकि निर्विकार अपरिच्छिन्न ब्रह्मतत्त्व में सभी पुरुष बुद्धि स्थिर नहीं कर सकते; पुरुष तो मन्द, मध्यम और उत्तम बुद्धिवाले भी होते हैं। इस प्रकार अध्यात्म में मन और अधिदैव में आकाश ब्रह्म उपासना के लिए प्रतीक कहे गये हैं; उनमें मनसम्बन्धी पूर्वोक्त वागादि चार पाद की कल्पना की जाती है और आकाशसम्बन्धी अग्न्यादि चार पाद की कल्पना की जाती है, ये सब ध्यान के लिए है, वैसे ही उपासना के लिए ब्रह्म में उन्मान की कल्पना है। 'अथवा' इत्यादि ग्रन्थ से लौकिक दृष्टान्त द्वारा भी इसे समझाते हैं कि जैसे व्यवहारप्राचुर्य के लिए मापविशेष कार्षापण में पादविभाग की कल्पना की जाती है; वैसे ही मन्दबुद्धि साधक के ध्यानव्यवहार के लिए ब्रह्म में उन्मान की कल्पना की जाती है क्योंकि सभी मनुष्य सदा सम्पूर्ण कार्षापण से व्यवहार नहीं करते, कारण कि क्रय-विक्रय में परिमाण का नियम नहीं है। वैसे ही मन्दबुद्धि पुरुष ब्रह्म का ध्यान सरलता से नहीं कर सकता, उस ध्यानव्यवहार की सिद्धि के लिए ब्रह्म में उन्मान की कल्पना की गयी है ॥३३॥

(३५२) स्थानविशेषात्प्रकाशादिवत् ॥३४॥
(३५३) उपपत्तेश्च ॥३५॥

इह सूत्रे द्वयोरपि संबन्धभेदव्यपदेशयोः परिहारोऽविधीयते। यदप्युक्तं संबन्धव्यपदेशाद्-भेदव्यपदेशाच्च परमतः स्यादिति तदप्यसत्। यत एकस्यऽपि 'स्थानविशेषापेक्षयैतौ व्यपदेशावुपपद्येते। संबन्धव्यपदेशे तावदयमर्थः। बुद्ध्याद्युपाधिस्थानविशेषयोगादुद्[२]भूतस्य विशेषविज्ञानस्योपाध्यु[३]पशमे य उपशमः स परमात्मना सम्बन्ध इत्युपाध्यपेक्षयैवोपचर्यते न परिमितत्वापेक्षया। तथा भेदव्यपदेशोऽपि ब्रह्मण उपाधिभेदापेक्षयैवोपचर्यते न स्वरूपभेदापेक्षया। प्रकाशादिवदित्युपमोपादानम्। यथैकस्य प्रकाशस्य सौर्यस्य चान्द्रमसस्य वोपाधियोगादुपजातविशेषस्योपाध्युपशमात्संबन्धव्यपदेशो भवत्युपाधिभेदाच्च भेदव्यपदेशः। यथा वा सूचीपाशाकाशादिषूपाध्यपेक्षयैवैतौ संबन्धभेदव्यपदेशौ भवतस्तद्वत् ॥३४॥

उपपद्यते 'चात्रेदृश एव संबन्धो नान्यादृशः। यथा "स्वमपीतो भवति"(छा० ६-८-१)इति

सम्बन्धभेदौ कल्पितौ न सत्यद्वितीयसाधकावित्याह—स्थानेति। स्थानमुपाधिर्बुद्ध्यादिः। एकस्यैवोपाधिना भिन्नस्योपाधिशान्तौ सत्यां संबन्ध उपचर्यते। यथा सौरालोकादेरङ्गुल्याद्युपाधिना भिन्नस्योपाधिवियोगे महालोकाद्यात्मना संबन्धोपचारस्तद्वत् तथावित्यचक्षुषोः स्थानयोर्भेदाद्धिरण्मयपुरुषभेदकल्पनेत्यर्थः ॥ ३४ ॥

मुख्यावेव संबन्धभेदौ किं न स्यातामित्यत्र सूत्रम्—उपपत्तेश्चेति ॥ ३५ ॥

स्थानविशेषात्प्रकाशादिवत् (ललिता)

कल्पित सम्बन्ध और भेद भी सत्य द्वैत के साधक नहीं हो सकते, इसी बात को इस सूत्र से बतलाते हैं अर्थात् सम्बन्ध व्यपदेश और भेद व्यपदेश दोनों ही आक्षेपों का परिहार इस सूत्र में किया गया है। सम्बन्धव्यपदेश और भेदव्यपदेश के कारण ब्रह्म से भिन्न वस्तु का अस्तित्व भी जो पूर्वपक्षी ने माना था वह भी ठीक नहीं है क्योंकि एक वस्तु में भी स्थानविशेष की अपेक्षा से ये दोनों व्यपदेश कहे जा सकते हैं। उनमें से सम्बन्धव्यपदेश में यह अर्थ सिद्ध होता है कि बुद्ध्यादि उपाधिविशेष के योग से जो विशेषविज्ञान उद्बुद्ध हुआ था उस विशेषविज्ञान का उपाधि के उपशम होते ही जो उपशम हो जाता है वही परमात्मा के साथ जीवात्मा का सम्बन्ध है जो उपाधि को अपेक्षा से औपचारिक रूप में कहा गया है, परिमितत्व की अपेक्षा से नहीं कहा गया है। वैसे ही उपाधिभेद की अपेक्षा से ही ब्रह्म में भेदव्यपदेश भी औपचारिक ही है, स्वरूपभेद की अपेक्षा से भेद नहीं है। इस अर्थ की सिद्धि के लिए 'प्रकाशवत्' इस सूत्रांश द्वारा उपमा दी गयी है अर्थात् जिस प्रकार एक ही सौर अथवा चान्द्रप्रकाश का उपाधियोग से उत्पन्न विशेष का उपाधि शान्त होते ही सम्बन्धव्यपदेश होता है और उपाधि के भेद से भेदव्यपदेश होता है अथवा जैसे सूची और पाश उपाधि के कारण सूच्याकाश और पाशाकाश व्यवहार होता है, वैसे ही बुद्ध्यादि उपाधि के कारण भेद भासता है और औपचारिक दृष्टि से सम्बन्ध भी भासता है ॥३४॥

उपपत्तेश्च (ललिता)

यहाँ पर ऐसा ही सम्बन्ध युक्तियुक्त सिद्ध होता है, अन्य प्रकार का नहीं। जैसे 'स्वमपीतो

१. उपाधि। २. जाग्रदादौ। ३. सुषुप्तौ। ४. गौणः। ५. मुख्यः। ६. स्वमात्म स्वरूपमापन्नः सुषुप्तो भवतीत्यर्थः।

(३५४) तथान्यप्रतिषेधात् ॥३६॥

हि स्वरूपसंबन्धमेनमामनन्ति । स्वरूपस्य चानपायित्वात् । न नरनगरन्यायेन संबन्धो घटते । उपाधिकृतस्वरूपतिरोभावात्—"स्वमपीतो भवति' (छा० ६-८-१) इत्युपपद्यते । तथा भेदोऽपि नान्यादृशः संभवति । बहुतरश्रुतिप्रसिद्धैकेश्वरत्वविरोधात् । तथाच श्रुतिरेकस्याप्याकाशस्य स्थानकृतं भेदव्यपदेशमुपपादयति—'योऽयं बहिर्द्धा पुरुषादाकाशः' (छा० ३-१२-७), 'योऽयमन्तः पुरुष आकाशः' (छा० ३-१२-८), 'योऽयमन्तर्हृदय आकाशः' (छा० ३-१२-९), इति च ॥३५॥

एवं सेत्वादिव्यपदेशान्परपक्षहेतूनुन्मथ्य सम्प्रति स्वपक्षं हेत्वन्तरेणोपसंहरति । तथान्यप्रतिषेधादपि न ब्रह्मणः परं वस्त्वन्तरमस्तीति गम्यते । तथाहि—'स एवाधस्तात्' (छा० ७-२५-१), 'अहमेवाधस्तात्' (छा० ७-२५-१), 'आत्मैवाधस्तात्' (छा० ७-२५-२), 'सर्वं तं परादाद्योऽन्यत्रात्मनः सर्वं वेद' (बृ० २-४-६), 'ब्रह्मैवेदं सर्वम्', 'आत्मैवेदं सर्वम्', (छा० ७-२५-२), 'नेह नानास्ति किंचन' (बृ० ४-४-१९), 'यस्मात्परं नापरमस्ति किंचित्' (श्वे० ३-९), 'तदेतद्ब्रह्मापूर्वमनपरमनन्तरमबाह्यम्' (बृ० २-५-१९)

स्वरूपेण ब्रह्मणा जीवस्य संबन्धो भेदनिवृत्तिरूपो युज्यते न मुख्यः संयोगादिः वस्तुद्वयासत्त्वात्, तथा भेदोऽपि न स्वत एकत्वश्रुतेरित्यर्थः ॥३६॥

पूर्वं चोदनाद्यविशेषादुत्सर्गतो विद्यैक्यमुक्तं तस्यापवादं वक्तुमाह—अन्यथात्वमिति । अत्र वाजिना-मुद्गीथब्राह्मणं छन्दोगानमुद्गीथाध्यायं च विषयमाह—वाजेत्यादिना । ²ते ह देवाः सात्त्विकवृत्तयः प्राणा अन्योन्यमुचुर्हन्तेदानीम³स्मिन्यज्ञे 'उद्गीथेनौद्गात्रेण कर्मणा रजस्तमोवृत्तिरूपानसुरानतीत्य देवत्वं गच्छामः' इति ते चैवं निर्दोषमुद्गीथकर्तारमुपास्यं निर्धारयितुं कृतसंवादाः प्रथमं वाच्यं परीक्षितवन्तस्त्वमौद्गात्रं नोऽस्माकं कुर्विति तया त्वनृतं कृतं तथा घ्राणचक्षुःश्रोत्रमनांस्यपि ⁵कामेनासुरपाप्मना ग्रस्तानीति निन्दित्वा आसन्यमास्ये ⁶भवं मुखमध्यस्थं प्राणमुपास्यं निर्धारितवन्त इत्यर्थः । ⁷तत्त्रान्योन्याभिभवात्मके युद्धे प्रवृत्ते देवाः पूर्ववदुद्गीथमाहृतवन्तः, अनेनोग्दीथेन⁸नानसुराञ्जयेमेत्यर्थः । भेदाभेदमा-

२. विषय—उद्गीथविद्या के भेदाभेद का विचार इस अधिकरण में किया गया है।

३. संशय—छान्दोग्य तथा बृहादारण्यक में आयी हुई उद्गीथविद्या भिन्न है अथवा अभिन्न है ?

४. पूर्वपक्ष—उद्गीथ नाम एवं देवासुर संग्रामादि आख्यान की समानता को देखते हुए दोनों शाखाओं को उद्गीथविद्या एक ही माननी चाहिए ।

५ सिद्धान्त—छान्दोग्य में उद्गीथावयव ॐकार की प्राणदृष्टि से उपासना कही गयी है, किन्तु बृहदारण्यक में सम्पूर्ण उद्गीथ भक्ति की उपासना बतलायी गयी है; अतः वेद्य के भेद से उपासना भिन्न है। संग्रामादि की समानता उपासना के अभेद का प्रयोजक नहीं है क्योंकि वह अर्थवाद है; अतः दोनों शाखाओं में उदगीथविद्या भिन्न ही है, एक नहीं है।

अन्यथात्वं शब्दादिति चेन्नाविशेषात्

'चोदनाद्यविशेषात्' इस सूत्र से उत्सर्गतः उपासना में ऐक्य पहले कहा गया था, उसी का अपवाद अग्रिम सूत्र से बतलाते हैं। सात्त्विकवृत्तियाँरूप उन देवताओं ने कहा कि इस यज्ञ में औद्गात्र कर्मरूप उद्गीथ के द्वारा हम रजस्तमोवृत्तिरूप असुरों को जीतकर देवत्व प्राप्त कर लेंगे' ऐसा निश्चय करके 'उन देवताओं ने वाणी से कहा कि तू हमारे लिए उद्गान कर, वाणी ने स्वीकार कर लिया' इस वाक्य द्वारा वाजसनेयक में प्रसङ्ग प्रारम्भकर वागादि इन्द्रियों को आसुरपापविद्ध बतलाकर उनकी निन्दा करते हुए मुख्य प्राण का परिग्रह पढ़ा गया है, वहाँ पर कहा है कि 'वागादि इन्द्रियों के असुरों से परास्त होने के बाद इस मुख के भीतर चलने वाले मुख्य प्राण से उन देवताओं ने कहा कि तू हमारे लिए उद्गान कर, मुख्य प्राण ने उनके आवेदन को स्वीकार कर लिया और उसने उन इन्द्रियों की विजय के लिए उद्गान किया था ।' वैसे ही छान्दोग्य में भी 'इन्द्रियाँरूप देवताओं ने उद्गीथ का

१. वागादीनामनुपास्यत्वनिश्चयानन्तरम् । २. प्रकृता वागादयः प्राणाः । ३. अभिचारिके । ४. उद्गीथाख्यभक्तिलक्षणेन । ५. स्वस्वविषयेण । ६. मुखान्तर्बिलस्थं मुख्यप्राणाभिमानि नींदेवतामिति यावत् । ७. छांन्दोग्यवाक्यं व्याचष्टे तद्धेति । ८. उद्गीथं तल्लक्षितं कर्म एनान्स्वाभाविकेन्द्रियवृत्तिलक्षणानित्यर्थः ।

माजह्रुरनेनैनानभिभविष्यामः' (छा० १-२-१) इति प्रक्रम्येतरान्प्राणानासुरपाप्मविद्धत्वेन निन्दित्वा तथैव मुख्यप्राणपरिग्रहः पठ्यते—'अथ ह य एवायं मुख्यः प्राणस्तमुद्गीथमुपासाञ्चक्रिरे' (छा० १-२-७) इति । उभयत्रापि च प्राणप्रशंसया प्राणविद्याविधिरध्यवसीयते । तत्र संशयः—किमत्र विद्याभेदः स्यादाहोस्विद्विद्यैकत्वमिति ।

किं तावत्प्राप्तं पूर्वेण न्यायेन विद्यैकत्वमिति । ननु न युक्तं विद्यैकत्वं प्रक्रमभेदात् । 'अन्यथा हि प्रक्रमन्ते वाजसनेयिनोऽन्यथा छन्दोगाः 'त्वं न उद्गाय' (बृ० १-३-२) इति वाजसनेयिन 'उद्गीथस्य कर्तृत्वेन प्राणमामनन्ति । छन्दोगास्तू'द्गीथत्वेन 'तमुद्गीथमुपासाञ्चक्रिरे' (छा० १-२-७) इति । तत्कथं विद्यैकत्वं स्यादिति चेत् । नैष दोषः । न ह्ये'ता-

नाम्यां संशयमाह—तत्रेति । अत्र पूर्वाधिकरणसिद्धान्तन्यायेनोद्गीथविद्येति संज्ञैक्येन विद्यैक्यमिति पूर्वपक्षे मिथोगुणोपसंहारः फलं, सिद्धान्ते संज्ञैक्येऽपि विद्यैक्यापवादादनुपसंहार इति ।

एवं यत्र पूर्वन्यायेन पूर्वपक्षः तत्रापवादिकी संगतिरिति मन्तव्यम् । सूत्रस्थसिद्धान्तिशङ्काभागं व्याचष्टे—ननु न युक्तमिति । संपूर्णोद्गीथकर्मकर्ता प्राणो वाजिनामुपास्यः, उद्गायेति कर्तृशब्दाच्छन्दोगानां तूद्गीथावयव ॐकारः प्राणदृष्टचोपास्यः, ॐमित्येतदक्षरमुद्गीथमित्युपक्रम्य "प्राणमुद्गीथमिति कर्मरूपत्वशब्दात् तथा च कर्तृकर्मणोरुपास्ययोर्भेदाद्विद्ययोरन्यथात्वं भेद इति शङ्कार्थः । उद्गीथत्वेनेति ॐकारत्वेनेत्यर्थः । अल्परूपभेदो न विद्यैक्यविरोधीत्युक्तन्यायेन पूर्वपक्षी परिहरति—नैष इति । असुरात्ययाभिप्रायः असुरजयार्थं संवादः, यथाश्मानं प्राप्य लोष्टो विध्वंसते तथा प्राणं हन्तुमागता असुरास्तस्य वीर्येण स्वयमेव ध्वस्ता इति श्रुतमुभयत्रेत्यर्थः । अल्परूपभेदमङ्गीकृत्यापि

आयोजन किया कि हम इसके द्वारा अपने इन शत्रुओं को पराभूत कर डालेंगे' इस वाक्य द्वारा प्रसङ्ग प्रारम्भकर वागादि इतरप्राण का आसुरपापविद्धत्व बतलाकर निन्दा करते हुए वाजसनेयक की भाँति ही 'तत्पश्चात् जो यह मुख्य प्राण है, उद्गीथ मानकर उसी की उपासना सभी ने की' इस वाक्य द्वारा मुख्य प्राण का परिग्रह कहा है । दोनों ही स्थल में मुख्य प्राण की प्रशंसा से यह निश्चित हो जाता है कि यहाँ पर प्राण उपासना का विधान है । वहाँ पर संशय होता है कि इन दोनों स्थलों में उपासना भिन्न है अथवा अभिन्न है ।

इस पर पूर्वपक्षी का कहना है कि पूर्वोक्त न्याय से दोनों ही स्थलों में उपासना अभिन्न जान पड़ती है । शङ्का—प्रक्रमभेद के कारण उक्त स्थलों में उपासना अभिन्न मानना ठीक नहीं क्योंकि वाजसनेय शाखावाले अन्य प्रकार से प्रसङ्ग प्रारम्भ करते हैं तथा छान्दोग्य शाखावाले और प्रकार से प्रसङ्ग प्रारम्भ करते हैं । उनमें से वाजसनेय शाखावालों ने 'तू हमारे लिए उद्गान कर' इस वाक्य से उद्गीथ के कर्तारूप में प्राण को बतलाते हैं, किन्तु छान्दोग्य शाखावाले 'उस उद्गीथ की उपासना की' इस वाक्य द्वारा उद्गीथत्वेन प्राण को बतलाते हैं । ऐसी स्थिति में दोनों को एक उपासना कैसे कह सकोगे । समाधान (पूर्वपक्ष)—यह कोई दोष नहीं है क्योंकि इतना भेद रहने

१. तद्भेदमेव प्रदर्शयति अन्यथेति । २. प्रक्रमान्यथात्वमेव स्फोरयति त्वमिति । ३. सर्वस्याः भक्तेः । ४. उद्गीथावयवो योऽयमोकारस्तथात्वेन । ५. अविशेषादिति हेतुभागं व्याचष्टे न हीति । ६. एतावतेति क्वचित्कर्मत्वेनोपास्यत्वमन्यत्र कर्तृत्वेनेत्येतावन्मात्रेण । ७. तमुद्गीममुपासाभित्यत्र तमिति प्राणा परामर्शादाह प्राणेति ।

(३६६) न वा प्रकरणभेदात्परोवरीयस्त्वादिवत् ॥७॥

वता विशेषेण विद्यैकत्वमपगच्छति । अविशेषस्यापि बहुतरस्य प्रतीयमानत्वात् । 'तथाहि—देवासुरसंग्रामोपक्रमत्वमसुरात्ययाभिप्राय उद्गीथोपन्यासो वागादिसंकीर्तनं तन्निन्दया मुख्यप्राणव्यपाश्रयस्तद्वीर्याच्चासुरविध्वंसनमश्ममृल्लोष्टनिदर्शनेनेत्येवं बहवोऽर्था उभयत्राप्यविशिष्टाः प्रतीयन्ते । वाजसनेयकेऽपि चोद्गीथसामानाधिकरण्यं प्राणस्य श्रुतम्—'[२]एष उ वा उद्गीथः' (बृ० १-३-२३) इति । [३]तस्माच्छान्दोग्येऽपि कर्तृत्वं [४]लक्षयितव्यम् । [५]तस्माच्च विद्यैकत्वमिति ॥६॥

[६]न वा विद्यैकत्वम[७]त्र न्याय्यं विद्याभेद एवात्र न्याय्यः । कस्मात् ? प्रकरणभेदादिति । प्रक्रमभेदादित्यर्थः । '[८]तथाहि—[९]इह प्रक्रमभेदो दृश्यते । छान्दोग्ये तावत्—'ओमित्येतदक्षरमुद्गीथमुपासीत' (छा० १-१-१) इत्येवमुद्गीथावयवस्योंकारस्योपास्यत्वं प्रस्तुत्य रसतमा-

विद्यैक्यमुक्तं [१०]सोऽपि नास्तीत्याह—वाजेति । उद्गीथकर्तृरूपत्वेन प्राणस्योभयत्र श्रुतत्वादेकत्र श्रुतं कर्तृत्वमप्युभयत्र द्रष्टव्यमित्यर्थः ॥६॥

बहुविरुद्धरूपभेदात् न विद्यैक्यमिति सिद्धान्तयति—न वेति । अक्षरं विशिनष्टि—उद्गीथमिति । [११]तदवयवमित्यर्थः । [१२]पृथिव्यादिरसानां रसतम ॐकारः, आप्तिः समृद्धिरिति गुणानुक्त्वा गुणवत्यो-

मात्र से उपासना का एकत्व दूर नहीं होता, अनेकों विशेषण दोनों ही स्थल में समान प्रतीत होते हैं । देवासुर संग्राम से प्रसङ्ग प्रारम्भ करना, असुरों का पराभूत करने का अभिप्राय, उद्गीथ का वर्णन, वागादि का संकीर्तन, उनकी निन्दापूर्वक मुख्य प्राण का आश्रय लेना और मुख्य प्राण की शक्ति से असुरों का विध्वंस होना, एतदर्थ पत्थर और ढेले का उदाहरण; ऐसे अनेकों अर्थ दोनों स्थल में समान प्रतीत होते हैं । इसके अतिरिक्त 'निःसन्देह यही प्राण उद्गीथ है' इस वाक्य द्वारा वाजसनेय में भी प्राण का उद्गीथ के साथ सामानाधिकरण्य कहा गया है । अतः छान्दोग्य में भी प्राण में कर्तृत्व की लक्षणा कर लेनी चाहिए । इसलिए दोनों ही स्थलों में उपासना का एकत्व सिद्ध होता है ॥६॥

न वा प्रकरणभेदात्परोवरीयस्त्वादिवत्

पूर्वोक्त पूर्वपक्ष पर सिद्धान्ती अग्रिम सूत्र से कहता है कि यहाँ पर उपासनैकत्व मानना ठीक नहीं प्रत्युत उपासना में भेद मानना ही उचित होगा क्योंकि प्रक्रम का भेद दीखता है । छान्दोग्य में 'ॐ इस उद्गीथावयवरूप अक्षर की उपासना करे' इस वाक्य द्वारा प्रसङ्ग प्रारम्भ किया गया है

१. बहुतरां विशेषप्रतीतिमेव स्पष्टयति तथा हीति । २. प्राणः बृ० १-३-१३ । ३. उद्गीथत्वेन श्रुतेरुभयत्राविशेषाद्यदेकत्र कर्तृत्वं तदितरत्रापि लक्ष्यं तथा च प्राणस्य कर्तृत्वेन कर्मत्वेन च ध्यानं शास्त्रात् । ४. उपसंहर्तव्यम् । ५. उभयत्रापि वेद्यरूपाविशेषात् । ६. वा शब्दस्यावधारणार्थत्वमुपेत्य प्रतिज्ञां विभजते न वेति । ७. अत्र प्रकृत शाखाद्वये । ८. शाखाद्वये प्रक्रमभेद दर्शयति तथा हि । ९. शाखाद्वये । १०. अल्परूप भेदोपीत्यर्थः । ११. ॐकार मति यावत् । १२. पृथिव्यादिति भूतपृथिव्योषधि पुरुषं वागृक्सासामानां पूर्वस्य पूर्वस्योत्तरमुत्तरं सारतयोक्त्वा तेषामोङ्कारं सारतमत्वे नोपदिश्यतमेव पुनराप्ति समृद्ध्यादि गुणकत्वेनोपदिश्य ध्येयमाव्यापिकया निर्धायोद्गीथोपास्ति खतारितेति भावः ।

विगुणो[1]पव्याख्यानं च तत्र कृत्वा 'अथ [2]खल्वेतस्यैवाक्षरस्योपव्याख्यानं भवति' (छा० १-१-१०) इति पुनरपि तमेवोद्गीथावयवम् ॐकारमनुवर्त्य देवासुराख्यायिकाद्वारेण "[3]तम् प्राणमुद्गीथमुपासाञ्चक्रिरे' (छा० १-२-२) इत्याह । [4]तत्र यद्युद्गीथशब्देन सकला सामभक्ति[5]रभिप्रेयेत [6]तस्याश्च [7]कर्तोद्गात[7]त्विक्तत उपक्रम[8]श्चोपरुध्येत, लक्षणा च प्रसज्येत । उपक्रमानुरोधेन चैकस्मिन्वाक्ये उपसंहारेण भवितव्यम् । [9]तस्माद[10]त्र तावदुद्गीथावयवे ॐकारे प्राणदृष्टिरुपदिश्यते' वाजसनेयके तु उद्गीथशब्देनावयवग्रहणे [11]कारणाभावात्सकलैव भक्तिरावेद्यते ।

ङ्कारे प्राणदृष्टिविधानायाख्यायिका प्रस्तुतेत्याह—रसतमेति । ननु वाजिवाक्यैकवाक्यत्वार्थं छान्दोग्योपक्रमस्थमुद्गीथपदं संपूर्णसामभक्तिपरमस्तु, प्राणमुद्गीथमित्यत्राप्युद्गीथकर्ता प्राण उपास्य इति व्याख्यायतामित्यत आह—तत्र यद्युद्गीथेति । ॐकारोपास्त्युपक्रमभङ्ग उद्गीथपदे कर्तृलक्षणा चेति दोषद्वयं स्यादित्यर्थः। ननु सिद्धान्तेऽपि "तत्पदेऽवयवलक्षणा स्वीकार्या ततो वरं कर्तृलक्षणा "श्रुत्यन्तरानुग्रहात्तथा चोपसंहारे कर्तृप्राणोपास्तिनिश्चयादुपक्रमेऽपि तन्निश्चय इत्यत आह—उपक्रमेति । संदिग्धोपक्रमो हि वाक्यशेषान्निश्चीयते । यथा 'अक्ताः शर्कराः' इत्यत्राञ्जनद्रव्यसंदेहे 'तेजो घृतम्' इति शेषान्निश्चयः । इह तूपक्रमेऽक्षरस्योपास्यत्वं निश्चितं, तत्समानाधिकरणोद्गीथपदस्यावयवलक्षणा च विनिश्चितेति प्राणमुद्गीथमित्युपसंहारस्तदेकार्थतया नेय इत्यर्थः। एवं छान्दोग्ये ॐकार उपास्य उक्त इतरत्र तु प्राण इत्युपास्यभेदाद्विद्याभेद इत्याह—वाजेति । यदुक्तं वाजिश्रुतावपि प्राणस्योद्गीथरू-

---

ओर उद्गीथावयव ॐकार को उपास्य बतलाकर रसतमादि गुणोपव्याख्यान के बाद कहा है कि 'इस अक्षर ॐकार का ही उपव्याख्यान किया जाता है।' तत्पश्चात उसी उद्गीथावयव ॐकार का अनुवर्तनकर देवासुर आख्यायिका द्वारा कहा है कि 'उस प्राण उद्गीथ की उपासना सभी देवताओं ने की।' वहाँ पर यदि उद्गीथ शब्द से सकल सामभक्ति ग्रहण करना अभिप्रेत होता तो उसका कर्ता उद्गाता ऋत्विक् प्राण माना जाता, उससे उपक्रम का उपरोध भी हो जाता एवं लक्षणा का प्रसङ्ग भी उपस्थित हो सकता था। एक वाक्य में उपक्रमानुरोध से उपसंहार की सङ्गति लगायी जाती है। अतः यहाँ पर उद्गीथावयव ॐकार में प्राणदृष्टि का उपदेश किया है, किन्तु वाजसनेयक में उद्गीथ शब्द

---

१. उपास्योपकारकाणां रसतमत्वादिगुणानां विस्पष्टमाख्यानं चोक्तोपास्ये कृत्वेत्यर्थः । २. इत्येवं खलूपासनोपयुक्तरसतमत्वादिगुणविशिष्टस्यैवाक्षरस्य विस्पष्ट व्याख्यानम्भवतीत्यर्थः । ३. ते देवाः तं प्राणम् । नासिकाभिमानिनं देवमुद्गीथम् तदवयवमोङ्कारं नासिक्यप्राणदृष्ट्योपासितवन्त इत्यर्थः । ४. तत्रेति छान्दोग्योपक्रमवाक्य इत्यर्थः । ५. भक्तेः । ६. गानकर्ता । ७. उदगातृकर्मकर्तोदगाथाख्यः प्राण ऋत्विक् उच्येतेति शेषः । ८. वक्ष्यमाणदोषसमुच्चयार्थश्चकारः । ९. तस्मादिति उपसंहारस्योपक्रमाधीनत्वात् । १०. अत्र ओमित्येतदक्षरमुदगीथमुपासीतेत्यत्र । ११. कारणाभावादिति ओमित्येतदक्षरमित्युपक्रमस्यावयवार्थत्वात्तमुदगीथमुपासामित्यत्रोदगीथशब्देनावयवो गृहीतः, उद्गीथेनात्ययामेतीत्यत्र तु तथा हेत्वदृष्टत्वात्सकलविभक्तिविषयत्वमेव तस्येत्यर्थः । १२. उद्गीथ । १३. एष उ वा उद्गीथ इत्युक्तं श्रुत्यन्तरम् ।

'[1]त्वं न उद्गाय' (बृ० १-३-२) इत्यपि तस्याः कर्तोद्गातर्त्विक्प्राणत्वेन निरूप्यत इति [2]प्रस्थानान्तरम् । यद्यपि [3]तत्रोद्गीथसामानाधिकरण्यं प्राणस्य तदप्युद्गातृत्वेनैव दिदर्शयिषितस्य सर्वात्मत्वप्रतिपादनार्थमिति न विद्यैकत्वमावहति सकलभक्तिविषय एव च [4]तत्रा[5]प्युद्गीथशब्द इति [6]वैषम्यम् । नच प्राणस्योद्गातृत्वमसंभवेन हेतुना परित्यज्यत उद्गीथभाववदुद्गातृभावस्याप्युपासनार्थत्वेनोपदिश्यमानत्वात् [7]प्राणवीर्येणैव चोद्गातौद्गात्रं कर्म करोतीति नास्त्यसम्भवः । [8]तथाच तत्रै[9]व श्रावितम्–'[10]वाचा च ह्येव स [11]प्राणेन [12]चोदगायत्' (बृ० १-३-२४) इति । नच [13]विवक्षितार्थभेदेऽवगम्यमाने वाक्यच्छाया[14]नुकारमात्रेण समानार्थत्वमध्यवसातुं युक्तम् । तथाह्य[15]भ्युदयवाक्ये [16]पशुकामवाक्ये च–'त्रेधा

पत्यश्रुतेरुपास्यैक्यमिति तद्दूषयति—यदपीत्यादिना । तत्रोद्गीथ उपास्यतया नोक्तः, किन्तु प्राणस्योपास्यस्य गुणतयेत्यर्थः । किंचोद्गीथ ॐकारश्छान्दोग्येऽत्र तु भक्तिरित्युपास्यभेद इत्याह–सकलेति । प्राणस्य जडत्वान्नोद्गातृत्वं किंतूद्गीथत्वमेव वाजिभिरपि ग्राह्यमित्यैक्यमाशङ्क्याह—नचेति । स उद्गाता वाग्विशिष्टप्राणेनौद्गात्रं कृतवानिति श्रुतेरसंभवोऽपि नेत्यर्थः । यदुक्तं बहुतरार्थाविशेषाद्विद्यैक्यमिति, तत्राह—नचेति । [17]एकत्रोद्[18]गाता प्राण उपास्योऽ[19]न्यत्रोङ्कार इत्यन्तरङ्गोपास्यरूपभेदे स्पष्टे सति बहिरङ्गार्थवादसाम्यमात्रेण नोपासनैक्यं युक्तमित्यर्थः । वाक्यसाम्यमात्रेणार्थैक्यं नास्तीत्यत्र दृष्टान्तमाह—तथाहीति । 'वि वा एत प्रजया पशुभिरर्धयति

से उद्गीथावयव ग्रहण करने में कोई कारण नहीं दीखता है, इसीलिए सम्पूर्ण सामभक्ति उद्गीथ अर्थ का ही बोध होता है । 'तू हमारे लिए उद्गान कर' इस वाक्य द्वारा उस सामभक्ति उद्गीथ का कर्ता उद्गाता ऋत्विक् प्राणरूप से बतलाया गया है । वहाँ पर भी प्राण में उद्गीथसामानाधिकरण्य जो कहा गया है वह भी उद्गाता के रूप में ही प्राण को बतलाने के लिए है क्योंकि प्राण को सर्वात्मा बतलाना श्रुति को अभीष्ट है । अतः दोनों ही स्थलों में श्रुति उपासनैकत्व नहीं कहती और उस समानाधिकरण में भी सम्पूर्ण सामभक्ति को ही उद्गीथ शब्द विषय करता है, अतः दोनों स्थलों में साम्य नहीं है । असम्भव होने के कारण जड़ प्राण में उद्गातृत्व का परित्याग नहीं कर सकते, उस जड प्राण में जैसे उद्गीथभाव उपासना के लिए कहा गया है वैसे ही उद्गातृत्व भी उपासना के लिए ही कहा गया है । आखिर उद्गाता औद्गात्र कर्म प्राण की शक्ति से ही तो करता है, अतः जड प्राण में उद्गातृत्व असम्भव नहीं है । इसीलिए श्रुति ने वहाँ पर ही सुनाया कि 'वाणी और प्राण के द्वारा उसने उद्गान किया ।' और इस प्रकार जब विवक्षितार्थभेद अवगत हो रहा है तो वाक्यछाया अनुकरणमात्र से बृहदारण्यक और छान्दोग्य में समानार्थत्व का निश्चय करना उचित नहीं है, इसलिए तो

१. यदुक्तमिहापि नोद्गातुरास्त धीरिति तत्राह त्वमिति । २. तत्त्वं चोभयत्र विद्यानानात्वम । ३. तत्र वाजसनेयके । ४. एष उ वा उद्गीथ इत्यत्र । ५. उद्गीथेनात्ययामेति वाक्यदृष्टान्तार्थोऽपिशब्दः । ६. वैषम्यमुभयत्र विद्यानानात्वम् । ७. असम्भवमुपेत्य वाचनिक मुद्गातृत्वमित्युक्तमिदानीमसम्भवोपि नास्तीत्याह प्राणेति । ८. औद्गात्रमुदगाता प्राणवीर्येण करोतीत्येतदेवं कथं तत्राह तथा चेति । ९. उद्गीथप्रकरण एव । १०. प्राणप्रधानया वाचा । ११. आत्मभूतेन प्राणेन । १२. औद्गात्रं कृतवान् । वाग्विशिष्टप्राणेनौद्गात्रं कर्म कृतवानिति श्रुतेरसम्भवोऽपिनेत्यर्थः । १३. विवक्षितार्थस्यान्तरङ्गोपास्य स्वरूपस्य भेदेऽवगम्यमाने इत्यर्थः । १४. सादृश्यमात्रेण । १५. अभ्युदयवाक्य इति चन्द्रमाः पश्चादभ्युदेतीति पदघटितवाक्ये । १६. पशुकामेति पशुकामस्येष्टिविधायके वाक्य इत्यर्थः । १७. वाजसनेयके । १८. तत्कर्म कर्ता । १९. छान्दोग्ये ।

तण्डुलान्विभजेद् 'ये मध्यमाः स्युस्तानग्नये दात्रे पुरोडाशमष्टाकपालं कुर्यात्' इत्यादिनिर्देशसाम्येऽप्युपक्रमभेदादभ्युदयवाक्ये देवतापनयोऽध्यवसितः, पशुकामवाक्ये तु यागविधिः । तथेहाप्युपक्रमभेदाद्विद्याभेदः । परोवरीयस्त्वादिवत् । यथा परमात्मदृष्ट्य[१]ध्याससाम्येऽपि 'आकाशो ह्येवैभ्यो ज्यायानाकाशः परायणम्' (छा० १-९-१) 'स एष परोवरीयानुद्गीथः

वर्धयत्यस्य भ्रातृव्यं यस्य हविर्निरुप्तं पुरस्ताच्चन्द्रमा अभ्युदेति' 'त्रेधा तण्डुलान्विभजेद्ये मध्यमाः स्युस्तानग्नये दात्रे पुरोडाशमष्टाकपालं कुर्याद्ये स्थविष्ठास्तानिन्द्राय प्रदात्रे दधंश्चरुं [२]'येऽणिष्ठास्तान्विष्णवे शिपिविष्टाय शृते चरुम्' इत्यभ्युदयवाक्यम् । अस्यार्थः—यस्य यजमानस्य चतुर्दश्यामेवामावास्याभ्रान्त्या दर्शकर्मार्थं प्रवृत्तस्य पुरस्तात्पूर्वं हविस्तण्डुलदधिपयोरूपं निरुप्तं दर्शदेवताभ्योऽग्न्यादिभ्यः सङ्कल्पितं चन्द्रमाश्च पश्चाद[३]भ्युदेति तमेतं यजमानं कालव्यत्ययापराधात्तदेव निरुप्तं हविः प्रजादिनाऽवर्धयति वियोजयति शत्रुं चास्य वर्धयति यस्मात्कालभ्रान्तिमान्[४]यजमानः, ये मध्यमादिभावेन त्रेधा भूतास्तण्डुला दध्यादिसहिता निरुप्तास्तान्विभजेद[५]ग्न्यादिभ्यो वियोजयेद्वियोज्य च दातृत्वादिगुणकाग्न्यादिभ्यो दर्शदेवभिन्नेभ्यो निर्वपेदिति दधन् वधानि स्थविष्ठतण्डुलचरुं शृते दुग्धेऽणिष्ठचरुमित्यर्थः । अत्र [६]कालापराधे [७]देवान्तरयुक्तं [८]प्रायश्चित्तरूपं दर्शाद्भिन्नं कर्म विधीयत इति प्राप्ते तण्डुलत्रेधात्वाद्यनुवादेन विभजेदिति हविषः प्रकृतदेववियोगेन तस्मिन्नेव दर्शकर्मणि देवतान्तरसंबन्धमात्रविधानं न कर्मान्तरमिति सिद्धान्तितम् । एवमभ्युदयवाक्ये कालापराधेनोपक्रमाद्दर्शकर्मण्येव हविषः पूर्वदेवताभ्योऽपनयो वियोगोऽध्यवसितः, पशुकामवाक्ये तु यद्यपि ये स्थविष्ठास्तानग्नये सनिमतेऽष्टाकपालं निर्वपेद्ये मध्यमास्तान् विष्णवे शिपिविष्टाय शृते चरुं ये क्षोदिष्ठास्तानिन्द्राय प्रदात्रे दधंश्चरुमिति निर्देशोऽभ्युदयवाक्येन समोऽस्ति, तथापि यः पशुकामः स्यात्सोऽमावास्यामिष्ट्वा वत्सानपाकुर्यादिति नित्यं दर्शकर्म समाप्य पुनर्दोहार्थं वत्सापाकरणविध्युपक्रमात्पशुकामस्य यागान्तरविधिरेव नाभ्युदयवाक्येनार्थैक्यमिति तथा प्रकृतेऽपि निर्देशसाम्यं न विद्यैक्यप्रयोजकमित्यर्थः । वत्सानपकुर्यान्मातृदेशाद्देशान्तरं नयेदित्यर्थः । सूत्रोक्तं दृष्टान्तं व्याचष्टे—परोवरीयस्त्वादिवदिति । पर इति सकारान्तं परस्मात् परश्चासौ वराच्च वरतर इति परोवरीयानित्येकं पदम् । अनन्तश्च आकाशाख्यः परमात्मा तद्दृष्ट्यालम्बनत्वादुद्गीथस्तथोक्त

अभ्युदय वाक्य और पशुकाम वाक्य में 'तीन भागों में तण्डुल का विभाग करे उनमें जो मध्यम भाग है उसे फलदाता अग्नि देवता के लिए अष्टकपाल पुरोडाश बनाव' इत्यादि निर्दश समान रहने पर भी उपक्रमभेद रहने के कारण अभ्युदयवाक्य में देवता का अपमनय (वियोग) निश्चित किया गया है किन्तु पशुकामवाक्य में याग का विधान है, देवतावियोग नहीं है । वैसे ही छान्दोग्य एवं बृहदारण्यक में उपक्रम के भेद से उद्गीथ उपासना में भेद ही मानना चाहिए । इस सिद्धान्त पक्ष को समझाने के लिए परोवरीयस्त्वादि दृष्टान्त दिया गया है अर्थात् जिस प्रकार 'इन सभी पदार्थों से आकाश श्रेष्ठ है, वही सबका अन्तिम विलयस्थान है' और 'वह सवश्रेष्ठ उद्गीथ है, वह अनन्त है' इन वाक्यों द्वारा

---

१. अध्याससाम्येऽपीति आकाशे आदित्यादौ च परमात्मदृष्टेरारोपादुद्गीथोपास्तिसाम्येपि अक्ष्यादित्यगतहिरण्यश्मश्रुत्वादिगुणविशिष्टोद्गीथोपासनतः परोवरीयस्त्वादिगुणविशिष्टोद्गीथोपासनं भिन्नं तथेहापीत्यर्थः । २. ये क्षोदिष्टातानिति पाठान्तरम् । ३. आभिमुख्येनोदेति । ४. यजमान इत्यनन्तरं तथा चासौ भ्रान्त इतिशेषः । ५. दर्शदेवताभ्यः । ६. अभ्युदयवाक्ये । ७. कालातिक्रमाप । ८. दर्शे प्रकृता येऽग्न्यादयो देवास्तेभ्योऽन्यदेवयुक्तमित्यर्थः ।

(३६७) संज्ञातश्चेत्तदुक्तमस्ति तु तदपि ॥८॥

स एषोऽनन्तः' (छा० १-९-२) इति परोवरीयस्त्वगुणविशिष्टमुद्गीथो[1]पासनमक्ष्यादित्यादिगतहिरण्यश्मश्रुत्वादिगुणशिष्टोद्गीथोपासनाद्भिन्नम् । [2]न चेतरेतरगुणोपसंहार [3]एकस्यामपि शाखायां तद्वच्छाखान्तरस्थेष्वप्येवंजातीयकेषूपासनेष्विति ॥७॥

अथोच्येत संज्ञैकत्वाद्विद्यैकत्वम[4]त्र न्याय्यमुद्गीथविद्येति ह्यु[5]भयत्राप्येका संज्ञेति[6]तदपि नोपपद्यते। [7]उक्तं ह्येतत्—न वा प्रकरणभेदात्परोवरीयस्त्वादिवत्' (ब्र० सू० ३-३-७)इति । [8]तदे[9]वात्र न्याय्यतरं श्रुत्यक्षरा[10]नुगतं हि [11]तत्संज्ञैकत्वं तु श्रुत्यक्षराबाह्यमु[12]द्गीथशब्दमात्रप्रयोगाल्लौकिकैर्व्यवहर्तृभिरुप[13]चर्यते। [14]अस्ति चैतत्संज्ञैकत्वं प्रसिद्धभेदेष्वपि परोवरीयस्त्वाद्युपासनेषूद्गीथविद्येति। [14]तथा प्रसिद्धभेदानामप्यग्निहोत्रदर्शपूर्णमासादीनां काठकैकग्रन्थपरि-

---

इत्यर्थः । आकाशात्मना हिरण्यश्मश्रुपुरुषात्मना चोद्गीथोपासितसाम्येऽपि विद्याभेदवदिहापि भेद इत्यर्थः ॥७॥

संज्ञैक्यं पूर्वपक्षबीजमुद्भाव्य दूषयति—संज्ञात इति । उपास्यरूपभेदाद्विद्यानानात्वं यदुक्तं तच्छ्रुत्यक्षरानुगतं बलवत् संज्ञा तु पौरुषेयी दुर्बलेत्यर्थः। संज्ञैक्यं कर्मैक्यव्यभिचारि चेत्याह—अस्ति

आकाशपदवाच्य परमात्मदृष्टि का आरोपकथन समान रहने पर भी परोवरीयस्त्वादि गुणविशिष्ट उद्गीथ उपासना नेत्र तथा आदित्यगत हिरण्यश्मश्रुत्वादि गुणविशिष्ट उद्गीथ उपासना से भिन्न ही है । इसीलिए एक शाखा होने पर भी इन दोनों में परस्पर गुणों का उपसंहार नहीं होता वैसे ही शाखान्तरस्थ ऐसी उपासनाओं में भी भेद मानना ही उचित है ॥७॥

संज्ञातश्चेत्तदुक्तमस्ति तु तदपि (ललिता)

नाम का एकत्व जो पूर्वपक्ष उत्थापन का बीज है उसका उद्भावनकर अग्रिम सूत्र से खण्डन करते हैं । यदि कहो कि वाजसनेयक और छान्दोग्य उभयत्र उद्गीथविद्या एक ही नाम है, अतः नाम के एकत्व से यहाँ पर कही गयी विद्या में एकत्व मानना उचित है, तो यह कथन भी ठीक नहीं है। इसका उत्तर 'न वा परोवरीयस्त्वात्' इस सूत्र से दे आये हैं । अतः वही विद्याभेद पक्ष लेना यहाँ पर उचित होगा क्योंकि उसी में श्रुतिवाक्य अनुगत होता है, नाम का एकत्व तो श्रुत्यक्षर से बाह्य है । लौकिक व्यवहार करने वाले पुरुष उद्गीथ शब्दमात्र प्रयोग द्वारा उपचार मानते हैं । परोवरीयस्त्वादि उपासनाओं में भेद प्रसिद्ध है, फिर भी उनमें संज्ञैकत्व देखा जाता है । वैसे ही कठ शाखा-

---

१. उद्गीथे आत्मन उपासनम् । २. दृष्टान्तेऽपि अधिकगुणानामन्योन्यत्रोपसंहाराद्विद्यैक्यमित्याशङ्क्याह न चेति । ३. पुनरुक्तया विद्याभेदख्यातिस्पष्टत्वं हेतुं मत्वोक्तमेकस्यामिति । ४. शाखाद्वये । ५. पूर्वसूत्रस्थ नञ्पदं तच्छेषं संयोज्य परिहरति तदपीति । ६. पूर्वसूत्रोक्तपरिहारस्य बाधकत्वाच्चोद्याभासोऽयमित्याह उक्तं हीति । ७. समाख्याविशेषादभेदो गम्यते रूप भेदाच्च भेदस्तथा सति किमत्रन्याय्य तत्राह तदेवेति । ८. प्रक्रमादिभेदाद्विद्याभिन्नत्वम् । ९. अनुरूपम् । १०. विद्याभिन्नत्वम् । ११. कथं संज्ञैक्य श्रुत्याक्षर बाह्य तत्राह उद्गीथशब्दमात्रेति । १२. व्यवह्रियते । १३. अस्तीत्यादि व्याकरोति अस्ति चेति । १४. अपि शब्दोपात्तमुदाहरणान्तरमाह तथेति ।

४. व्याप्त्यधिकरणम् (सू० ६)

किमध्यासोऽथवा बाध ऐक्यं वाथ विशेष्यता। अक्षरस्यात्र नास्त्यैक्यं नियतं हेत्वभावतः ।।
वेदेषु व्याप्त ओंकार उद्गीथेन विशिष्यते। अध्यासादौ फलं कल्प्यं संनिकृष्टांशलक्षणा ।।

पठितानां काठकसंज्ञकत्वं दृश्यते [1]तथेहापि भविष्यति । [2]यत्र तु नास्ति कश्चिदेवंजातीयको [3]भेदहेतुस्तत्र भवतु संज्ञैकत्वाद्विद्यैकत्वं [4]यथा संवर्गविद्यादिषु ।।८।।

चेति। **किं संज्ञैक्यं सर्वत्राप्रमाणमेव नेत्याह—यत्र** त्विति। **असति बाधके संज्ञैक्यमपि मानं यथा संवर्गविद्येति संज्ञैक्यात्सर्वशाखासु तद्विद्यैक्यं, तथा** पञ्चाग्न्यादि[5]**विद्यैक्यमित्याद्यसूत्रे दर्शितमित्यर्थः ।।८।।**

ग्रन्थ में पढ़े गये प्रसिद्ध भेदवाले अग्निहोत्र, दर्श, पूर्णमास आदि सभी कर्मों का एक ही काठक नाम देखा जाता है। ठीक उसी प्रकार उद्गीथावयव ॐकार की उपासना और समग्र उद्गीथ उपासना को यहाँ भी उद्गीथ नाम से कहा जायेगा। जहाँ पर इस प्रकार भेद बतलाने वाला कोई कारण नहीं है ऐसे संवर्गविद्या, पञ्चाग्निविद्या आदि स्थलों में नाम की एकता से उपासना में एकत्वमानना निर्विवाद है ।।८।।

४. व्याप्त्यधिकरण

१. **सङ्गति—'ओमित्येतदक्षरमुद्गीथमुपासीत्** (छा० १-१-१) इस वाक्य में ॐकार तथा उद्गीथ में विशेषणविशेष्यभाव मानकर प्रक्रम के भेद से उपासना में भेद कहा गया था, वह ठीक नहीं है; ऐसी आक्षेप सङ्गति पूर्व अधिकरण के साथ इसकी है।

२. **विषय**—इस अधिकरण में ॐकार तथा उद्गीथ में सामानाधिकरण्य विचारणीय विषय है।

३. **संशय**—क्या नाम ब्रह्म की भाँति ॐकार तथा उद्गीथ में सामानाधिकरण्य अध्यासार्थ है अथवा अपवादरूप है या द्विजोत्तमो ब्राह्मणो भूसुरः की भाँति मुख्यार्थक है अथवा नीलं उत्पलं की भाँति विशेषण-विशेष्य को बतलाता है ?

४. **पूर्वपक्ष**—ॐकार तथा उद्गीथ में अभेद नियत नहीं है क्योंकि उसका कोई कारण नहीं दीखता, अतः उक्त चारों पक्षों में से किसी भी एक पक्ष का निर्धारण नहीं किया जा सकता।

५. **सिद्धान्त**—सम्पूर्ण वेद में ॐकार व्याप्त है जिसमें उद्गीथ विशेषण लगा दिया गया है, अतः ॐकार एवं उद्गीथ में विशेषणविशेष्यभावरूप सामानाधिकरण्य मानना ही उचित है। अध्यास पक्ष में लक्षणा करनी पड़ेगी, अपवाद पक्ष में फलान्तरकल्पना का प्रसङ्ग आयेगा और अभेद पक्ष में शब्दद्वय का उच्चारण व्यर्थ हो जायेगा। परिशेषतः विशेषणविशेष्यभाव पक्ष ही श्रेष्ठ है। जब सभी वेदों में ॐकार व्याप्त है तो हम किस ॐकार की उपासना करें, ऐसा संशय होने पर **'ओमित्येतदक्षरमुद्गीथमुपासीत'** इस श्रुतिवाक्य द्वारा सामभक्ति उद्गीथ के अवयवरूप से ॐकार को विशेषित किया गया है। अतः ॐकार विशेष्य है और उद्गीथ उसका विशेषण है अर्थात् उद्गीथावयवरूप ॐकार की ही उपासना करनी चाहिए, ऐसा विशेषणविशेष्यभाव ॐकार एवं उद्गीथ में मानना उचित होगा।

१. संज्ञैक्येपि न चेत्तत्रैक्यं तर्हि संज्ञैक्यमुदगीथज्ञानेप्य प्रयोजकमित्याह तथेहेति । २. संज्ञैक्यस्य व्यभिचारित्व प्रथमसूत्रैतस्यैक्ये हेतुत्वं कथमुक्तमित्याशङ्क्य तुशब्दसूचितमर्थमाह यत्रेति । ३. प्रक्रमभेदादिकल्पोविद्या भेदहेतुः । ४. असति बलवति बाधके संज्ञैक्यमपि साधकमित्यत्र दृष्टान्तमाह यथेति । ५. वैश्वानरविद्यादिकमादि पदेन गृह्यते ।

(३६८) व्याप्तेश्च समञ्जसम् ॥९॥

'ओमित्येतदक्षरमुद्गीथमुपासीत' (छा० १-१-१) इत्यत्राक्षरोद्गीथशब्दयोः सामानाधिकरण्ये श्रूयमाणेऽध्यासापवादैकत्वविशेषणपक्षाणां प्रतिभासनात्कतमोऽत्र पक्षो न्याय्यः स्यादिति विचारः।

तत्राध्यासो नाम द्वयोर्वस्तुनोरनिर्वर्तितायामेवान्यतरबुद्धावन्यतरबुद्धिरध्यस्यते यस्मिन्नितरबुद्धिरध्यस्यतेऽनुवर्तत एव तस्मिंस्तद्बुद्धिरध्यस्तेतरबुद्धावपि। यथा नाम्नि ब्रह्मबुद्धावध्यस्यमानायामप्यनुवर्वत एव नामबुद्धिर्न ब्रह्मबुद्ध्या निवर्तते। यथा वा प्रतिमादिषु विष्ण्वादिबुद्ध्यध्यासः। एवमिहाप्यक्षर उद्गीथबुद्धिः अध्यस्यते उद्गीथे वाक्षरबुद्धिरिति।

अपवादो नाम यत्र कस्मिंश्चिद्वस्तुनि पूर्वनिविष्टायां मिथ्याबुद्धौ निश्चितायां पश्चादुपजायमाना यथार्था बुद्धिः पूर्वनिविष्टाया मिथ्याबुद्धेर्निवर्तिका भवति। यथा देहेन्द्रियसंघात आत्मबुद्धिरात्मन्येवात्मबुद्ध्या पश्चाद्भाविन्या 'तत्त्वमसि' (छा० ६-८-७) इत्यनया यथार्थबुद्ध्या निवर्त्यते। यथा वा दिग्भ्रान्तिबुद्धिर्दिग्याथात्म्यबुद्ध्या निवर्त्यते।

व्याप्तेश्च समञ्जसम्। सामानाधिकरण्यं विषयीकृत्य संशयमाह—ओमित्येतदिति।

अध्यासादिपदार्थान्व्याचष्टे—तत्राध्यास इत्यादिना। बुद्धिपूर्वकाभेदारोपोऽध्यासः, बाधोऽपवादः, एकत्वं वास्तवाभेदः विशेषणं व्यावर्तकमिति विवेकः।

व्याप्तेश्च समञ्जसम् (ललिता)

'ओमित्येतदक्षरमुद्गीथमुपासीत' इस वाक्य में अक्षर और उद्गीथ दोनों ही पद में समान विभक्ति होने के कारण सामानाधिकरण्य सुना जाता है जिससे अध्यास, अपवाद, एकत्व और विशेषण ऐसे चार पक्ष प्रतीत होते हैं अर्थात् यह सामानाधिकरण्य अध्यास अर्थ में है, अपवाद, एकत्व या विशेषण अर्थ में है। इनमें से कौन सा पक्ष ग्रहण करना चाहिए, ऐसा विचार करना आवश्यक हो जाता है।

॥ **प्रथम** ॥ दो वस्तुओं में से एक वस्तु अनिर्वर्तित बुद्धिवाली है, उसमें अन्यतर बुद्धि का आरोप होता है अर्थात् बुद्धिपूर्वक अभेद आरोप को अध्यास कहते हैं। जिसमें जो बुद्धि अध्यस्त होती है उस अध्यास का आधारभूत पदार्थ दीखता रहता है फिर भी उसमें अन्य बुद्धि का आरोप किया जाता है। जैसे इतरबुद्धिविषय नाम में ब्रह्मदृष्टि करने पर भी नामबुद्धि बनी रहती है, वह नामबुद्धि ब्रह्मबुद्धि से निवृत्त नहीं होती और जैसे प्रतिमादि में विष्णु आदि दृष्टि का अध्यास करने पर भी प्रतिमादि दीखते ही रहते है, वे निवृत्त नहीं हो जाते; क्या ऐसे ही यहाँ पर भी ॐकार अक्षर में उद्गीथदृष्टि करनी चाहिए अथवा सामभक्ति उदगीथ में ॐकार दृष्टि करनी चाहिए।

॥ **द्वितीय** ॥ जहाँ किसी वस्तु में पहले से मिथ्याबुद्धि बनी हो वहाँ पश्चाद्भावी यथार्थबुद्धि पूर्वनिविष्ट मिथ्याबुद्धि को निवृत्त कर डालती है, जिस प्रकार देह-इन्द्रिय संघात में सर्वसामान्य की नैसर्गिक आत्मबुद्धि बनी हुई है वह '**तत्त्वमसि**' इत्यादि महावाक्य द्वारा आत्मा में ही होने वाली यथार्थ आत्मबुद्धि से निवृत्त हो जाती है अथवा जिस प्रकार दिग्भ्रान्तबुद्धि दिग्याथार्थबुद्धि से मिट जाती है, ऐसे ही यहाँ भी अक्षरबुद्धि से उद्गीथबुद्धि निवृत्त हो जायेगी या उद्गीथबुद्धि से अक्षरबुद्धि निवृत्त हो जायेगी।

एवमिहाप्यक्षरबुद्ध्योद्गीथबुद्धिर्निवर्त्येत उद्गीथबुद्ध्या वाक्षरबुद्धिरिति । एकत्वं[1] त्वक्षरोद्गीथशब्दयोरनतिरिक्तार्थवृत्तित्वम् । यथा द्विजोत्तमो ब्राह्मणो भूमिदेव इति ।

विशेषणं पुनः सर्ववेदव्यापिन ओमित्येतस्याक्षरस्य ग्रहणप्रसङ्गे औद्गात्र[1]विशेषस्य समर्पणम् । यथा नीलं यदुत्पलं तदानयेति । एवमिहाप्युद्गीथो य ॐकारस्तमुपासीतेति ।

एवमेतस्मिन्सामानाधिकरण्यवाक्ये विमृश्यमान एते पक्षाः प्रतिभान्ति तत्रान्यतमनिर्धारणकारणाभावादनिर्धारणप्राप्ताविदमुच्यते—व्याप्तेश्च समञ्जसमिति । चशब्दोऽयं तुशब्दस्थाननिवेशी पक्षत्रयव्यावर्तनप्रयोजनः । तदिह त्रयः पक्षाः [2]सावद्या इति पर्युदस्यन्ते । विशेषणपक्ष एवैको [3]निरवद्य इत्युपादीयते । तत्राध्यासे तावद्या बुद्धिरितरत्राध्यस्यते तच्छब्दस्य लक्षणावृत्तित्वं प्रसज्येत तत्फलं च कल्प्येत । श्रूयत एव फलम्

पूर्वमुद्गातृकर्मात्मकोद्गीथावयवत्वमोङ्कारस्य ध्येयस्य विशेषणं सिद्धवत्कृत्य ध्येयभेदाद्विद्याभेदः सिद्धान्तितः स न युक्त इत्याक्षेपसंगत्या पूर्वपक्षयति—तत्रेति । अत्र पूर्वपक्षे पूर्वोक्तसिद्धान्तासिद्धिः फलं सिद्धान्ते तत्सिद्धिरिति मत्वा सिद्धान्तसूत्रं व्याचष्टे—चशब्द इत्यादिना । पक्षत्रयस्य दुष्टत्वं प्रतिज्ञायाध्यासपक्षे दोषमाह—तत्राध्यास इति । यस्योद्गीथस्य बुद्धिरोङ्कारेऽध्यस्यते [4]तद्वाचकोद्गीथशब्दस्योङ्कारे लक्षणा स्या[5]त्तद्बुद्धि[6]विषयत्वगुणपरात्पात्तथा संबन्धोऽप्यसिद्धः कल्पनीयः, प्रतीकोपास्तेः फलं च कल्प्यमिति गौरवं स्यादित्यर्थः । फलं न कल्प्यमिति शङ्कते—श्रूयत इति । आप्त्यादिति ।

॥ तृतीय ॥ अक्षर और उद्गीथ शब्द समानार्थक होने पर पर्याय माने जायेंगे तो वहाँ पर एकत्व बतलाना अभीष्ट होता; जैसे द्विजोत्तम, ब्राह्मण और भूदेव ये तीनों ही शब्द समानार्थक होने के कारण एक ही अर्थ के बोधक हैं ।

॥ चतुर्थ ॥ सर्ववेदव्यापी ॐ इस अक्षर के ग्रहण का प्रसङ्ग आने पर उद्गीथ विशेषण औद्गात्रविषयक ॐकार का समर्पक होता है अर्थात् सामवेद में कहे गये ॐकार की ही उपासना करो। जैसे नील जो कमल है उसे लाओ, यहाँ पर नील और उत्पल में विशेषणविशेष्यभाव है; ऐसे ही यहाँ भी सामवेदीय जो ॐकार है जिसे उद्गीथावयव भी कहते हैं उसकी उपासना करो।

इस प्रकार इस सामानाधिकरण्य वाक्य का विचार करने पर इतने पक्ष यहाँ पर उपस्थित होते हैं। उनमें किसी एक पक्ष के निर्धारण में कारण नहीं दीखता है। अतः अनिश्चय दशा में 'व्याप्तेश्च समञ्जसम्' यह सिद्धान्त सूत्र निर्णय के लिए कहा गया है। इसमें 'च' शब्द तु शब्द के अर्थ में आया है जो पूर्वोक्त तीन पक्षों का व्यावर्तक है, वे तीनों ही पक्ष दोषयुक्त हैं इसलिए उनका परित्याग करें। केवल निर्दुष्ट विशेषण पक्ष का उपादान करे। इनमें प्रथम अध्यास पक्ष में यह दोष है कि जो बुद्धि अन्यत्र अध्यस्त है तद्वाचक शब्द में लक्षणा का प्रसङ्ग आ जायेगा और फल की कल्पना भी करनी पड़ेगी अर्थात् ॐकार में उद्गीथ का अध्यास जब करेंगे तब उद्गीथ शब्द की ओंकार में लक्षणा करनी पड़ेगी और इस प्रतीक उपासना के फल की कल्पना करने पर गौरव भी होगा। यदि कहो कि 'वह उपासक सम्पूर्ण कामनाओं को प्राप्त कराने वाला हो जाता है' ऐसा फल सुना ही जाता है अतः फलकल्पना की आवश्यकता नहीं है, तो ऐसा कहना ठीक नहीं है क्योंकि उसका फल तो अन्य ही है।

१. ॐमित्येतस्येत्यनेनान्वयः । २. सदोषाः । ३. निर्दोषः । ४. स्वार्थ । ५. यथोद्गीथबुद्धिग्राह्यत्वगुणः सकलोद्गीथे वर्तते तथा तदवयवे ओंकारेऽपि वर्तत एवेति तद्बुद्धिविषयत्वगुणपरत्वं स्पष्टमेव । ६. ग्राह्यत्व ।

'आपयिता ह वै कामानां भवति' (छा० १-१-७) इत्यादीति चेत् । न, तस्यान्यफलत्वात् । आप्त्यादिदृष्टिफलं हि तन्नोद्गीथाध्यासफलम् । अपवादेऽपि समानः फलाभावः । मिथ्याज्ञाननिवृत्तिः फलमिति चेत् । न, पुरुषार्थोपयोगानवगमात् । नच कदाचिदप्योंकारादोंकारबुद्धिर्निवर्तत उद्गीथाद्वोद्गीथबुद्धिः । न चेदं वाक्यं वस्तुतत्त्वप्रतिपादनपरम् । उपासनाविधिपरत्वात् । नाप्येकत्वपक्षः संगच्छते । निष्प्रयोजनं हि तदा शब्दद्वयोच्चारणं स्यात् । एकेनैव विवक्षितार्थसमर्पणात् । नच हौत्रविषये वाऽऽध्वर्यवविषये वाऽक्षर ओंकारशब्दवाच्य उद्गीथशब्दप्रसिद्धिरस्ति । नापि सकलायां साम्नो द्वितीयायां भक्तावुद्गीथशब्दवाच्यायामोंकारशब्दप्रसिद्धिर्येनानतिरिक्तार्थता स्यात् । परिशेषाद्विशेषणपक्षः परिगृह्यते । व्याप्तेः सर्ववेदसाधारण्यात् । सर्वव्याप्त्यक्षरमिह मा प्रसञ्जीत्यत उद्गीथशब्देनाक्षरं विशेष्यते । कथं नामोद्गीथावयवभूत ओंकारो गृह्येतेति । नन्वस्मिन्नपि

'ओङ्कार आप्तिः समृद्धिरिति', 'य उपास्ते स कामानाप्नोति' इति श्रुतं फलं नाध्यासस्येत्यर्थः । उद्गीथोङ्कारयोरन्यतरबुद्ध्यान्यतरबुद्ध्यपवादमङ्गीकृत्यान्यतरमिथ्याबुद्धिनिवृत्तिर्वैफल्यमुक्तं संप्रत्यन्यतरबुद्धेरभ्रान्तित्वान्नापवाद इत्याह—नच कदाचिदपीति । भ्रान्तिश्चेत् निवर्तेत न तु निवर्तत इत्यभ्रान्तिरित्यर्थः । किञ्च तत्त्वबोधकाद्वाक्याद्भ्रान्त्यपवादो भवति नेदं वाक्यं तत्त्वपरमित्याह—नचेति । घटकुम्भशब्दयोरिवोङ्कारोद्गीथशब्दयोः पर्यायत्वपक्षं दूषयति—नापीति । पर्यायत्वमपि नास्तीत्याह–नचेति । परिशिष्टविशेषणपक्षे सूत्रं योजयति–व्याप्तेरिति । ओमित्यक्षरमुपासीत' इत्युक्ते सर्ववेदव्याप्योङ्कार इहोपास्तौ प्रसज्येत तन्निरासार्थमुद्गीथावयवत्वं विशेषणं समञ्जसमित्यर्थः । अध्यासपक्षे तद्बुद्धिविषयत्वगुणयोगरूपः संबन्धः कल्प्य इति विप्रकृष्टा लक्षणा, अवयवलक्षणा तु संनिकृष्टा अवयवावयविसंबन्धस्य क्लृप्तत्वात्, पटावयवे दग्धे पटो दग्ध इति लोके प्रयोगाच्च ।

---

१. आप्ति आदि दृष्टि का फल है न कि वह ओंकार में उद्गीथ दृष्टि अध्यास का फल है । २. फलाभाव अपवाद पक्ष में भी पहले के जैसा ही है । यदि कहो कि मिथ्याज्ञाननिवृत्ति अपवाद का फल है, तो ऐसा कहना ठीक नहीं क्योंकि यहाँ पर पुरुषार्थ में कोई उपयोग नहीं दीखता । कभी भी ओंकार से ओंकारबुद्धि निवृत्त नहीं होती और न उद्गीथ से उद्गीथबुद्धि निवृत्त होती है । साथ ही यह वाक्य उपासनाविधायक होने के कारण वस्तुतत्त्वप्रतिपादक नहीं है । ३. एकत्व पक्ष भी असंगत है क्योंकि उसमें शब्दद्वय का उच्चारण निरर्थक हो जायेगा । एक ही शब्द से विवक्षित अर्थ का बोध हो जाने पर उसके पर्याय शब्द का उच्चारण निष्प्रयोजन माना जाता है । तथा ऋग्वेदीय अथवा यजुर्वेदीय ओंकारशब्दवाच्य अक्षर में उद्गीथ की प्रसिद्धि भी नहीं है और न साम शब्द से कही गयी उद्गीथ शब्दवाच्य सम्पूर्ण द्वितीय भक्ति में ही ओंकारशब्द की प्रसिद्धि है जिससे कि ओंकार और उद्गीथ शब्द को समानार्थक माना जाय । ४. परिशेषतः सर्ववेदसाधारण होने के कारण विशेषण पक्ष ग्रहण करना ही उचित है । सर्ववेदव्यापी अक्षर की उपासना का प्रसङ्ग न आ जाये अतः ओंकार अक्षर को उद्गीथ शब्द से विशेषित किया गया है अर्थात् उद्गीथावयवभूत ओंकार को साधक कैसे ग्रहण करे एतदर्थ यह सामानाधिकरण्य माना गया है । शङ्का—इस विशेषण पक्ष में भी लक्षणा तो समान

५. सर्वाभेदाधिकरणम् (सू० १०)

वसिष्ठत्वाद्यनाहार्यमाहार्यं वैवमित्यतः । उक्तस्यैव परामर्शादनाहार्यमनुक्तितः ।
प्राणद्वारेण बुद्धिस्थं वसिष्ठात्वादि नेतरत् । एवंशब्दपरामर्शयोग्यमाहार्यमिष्यते ।

पक्षे समाना लक्षणा । उद्गीथशब्दस्यावयवलक्षणार्थत्वात् । सत्यमेवमेतत् । लक्षणायामपि तु संनिकर्षविप्रकर्षौ भवत एव । अध्यासपक्षे ह्यर्थान्तरबुद्धिरर्थान्तरे निक्षिप्यत इति विप्रकृष्टा लक्षणा विशेषणपक्षे त्ववयविवचनेन शब्देनावयवः समर्प्यत इति संनिकृष्टा । समुदायेषु हि प्रवृत्ताः शब्दा अवयवेष्वपि प्रवर्तमाना दृष्टाः पटग्रामादिषु । अतश्च व्याप्तेर्हेतोरोमित्येतदक्षरमित्येतस्योद्गीथमित्येतद्विशेषणम् इति समञ्जसमेतन्निरवद्यमित्यर्थः ॥९॥

नामादौ ब्रह्मशब्दस्य त्वगत्या ब्रह्मबुद्धिग्राह्यत्वगुणलक्षणाश्रिता तत्र प्रतीकोपास्तेर्विवक्षितत्वात् । इह तु प्रतीकोपास्तिविधिकल्पने आप्त्यादिगुणकोङ्कारे प्राणदृष्टिविधाने च वाक्यभेदः स्यादतः सर्ववेदव्याप्योङ्कारनिरासेनोङ्कारे प्राणदृष्टिविधानार्थं विशेषणमेव समञ्जसं कल्पनालाघवादिति सिद्धम् ॥९॥

ही माननी पडेगी, उद्गीथ शब्द का उद्गीथवयव अर्थ लक्षणा से ही कर सकोगे । समाधान—ऐसा कहना ठीक ही है किन्तु लक्षणा में भी सन्निकर्ष और विप्रकर्ष तो आ हो जाता है । अध्यास पक्ष में अन्य वस्तु में अन्य बुद्धि करने पर विप्रकृष्ट लक्षणा मानी जयेगी,किन्तु विशेषण पक्ष में अवयवी उद्गीथवाचक शब्द से उसके अवयव ॐकार को जब बतलाते हैं तब सन्निकृष्ट लक्षणा मानी जाती है । समुदाय में प्रवृत्त शब्द पट, ग्रामादि अवयव अर्थ में भी प्रयुक्त होते देखे गये हैं अर्थात् तन्तुसमुदाय को पट कहते हैं और गृहसमुदाय को ग्राम कहते हैं । अतः व्याप्तिरूप हेतु के कारण ॐ इस अक्षर' को 'उद्गीथ' ऐसे विशेषण से विशेषित करना युक्तियुक्त और निर्दुष्ट है ॥९॥

५. सर्वाभेदाधिकरण

१. **सङ्गति**—पूर्व अधिकरण की भांति **'एवं विद्वान्'** इस वाक्य द्वारा प्रकृत गुणमात्रग्राहक **'एवम्'** शब्द से शाखान्तरीय गुणों की व्यावृत्ति हो जाती है, अतः पूर्व के साथ इस अधिकरण की दृष्टान्त सङ्गति है ।

२. **विषय**—वाजसनेयक तथा छान्दोग्य में आयी हुई प्राण उपासना के भेदाभेद पर यहाँ विचार किया है ।

३. **संशय**—क्या प्राण उपासना के वसिष्ठत्वादि गुणों का उक्त दोनों शाखागत प्राण उपासना में उपसंहार करना चाहिए या नहीं ?

४. **पूर्वपक्ष**—**'य एवं वेद'** इस वाक्य में **'एवं'** शब्द से स्वशाखागत गुणों का ही परामर्श होता है, अतः प्राण उपासना में तत्तद्शाखीय गुणों का ही चिन्तन करना चाहिए ।

५. **सिद्धान्त**—प्राण द्वारा बुद्धिस्थ वसिष्ठत्वादि सर्वशाखीय गुणों का **'एवम्'** शब्द से परामर्श होता है क्योंकि उसमें ऐसी शक्ति है । अतः **'एवम्'** शब्द से परामर्शयोग्य समस्त गुणों का उपसंहार प्राणोपासना में उभयशाखा के अनुसार करना चाहिए ।

(३६९) सर्वाभेदादन्यत्रेमे ॥१०॥

वाजिनां छन्दोगानां च प्राणसंवादे श्रैष्ठ्यगुणान्वितस्य प्राणस्योपास्यत्वमुक्तम् । वागादयोऽपि हि तत्र वसिष्ठत्वादिगुणान्विता उक्ताः । ते च गुणाः प्राणे पुनः प्रत्यर्पिताः—'यद्वा अहं वसिष्ठाऽस्मि त्वं तद्वसिष्ठोऽसि' (बृ० ६-१-१४) इत्यादिना । अन्येषामपि तु शाखिनां कौषीतकिप्रभृतीनां प्राणसंवादेषु 'अथातो निःश्रेयसादानम्', 'एता ह वै देवता अहंश्रेयसे विवदमानाः' (कौ० २-१४) इत्येवंजातीयकेषु प्राणस्य श्रैष्ठ्यमुक्तं न त्विमे वसिष्ठत्वादयोऽपि गुणा उक्ताः । तत्र संशयः—किमिमे वसिष्ठत्वादयो गुणाः क्वचिदुक्ता अन्यत्राप्यस्येरन्नुत नास्येरन्निति । तत्र प्राप्तं तावन्नास्येरन्निति । कुतः ? एवंशब्दसंयोगात् । 'अथो य एवं विद्वान्प्राणे निःश्रेयसं विदित्वा' इति तत्र तत्रैवंशब्देन वेद्यं वस्तु निवेद्यते । एवंशब्दश्च संनिहितावलम्बनो न शाखान्तरपठितमेवंजातीयकं गुणजातं शक्नोति निवेदयितुम् । तस्मात्स्वप्रकरणस्थैरेव गुणैर्निराकाङ्क्षत्वमिति ।

सर्वाभेदादन्यत्रेमे । विषयं वक्तुं संमतमर्थमाह—वाजिनामिति । वाचो 'वसिष्ठत्वं गुणो वाग्मिनः सुखवासदर्शनात् । चक्षुषः प्रतिष्ठा गुणः चक्षुष्मतः पादप्रतिष्ठादर्शनात् । श्रोत्रं संपद्गुणकं श्रवणात्सर्वार्थसंपत्तेः । मन आयतनत्वगुणं तस्य वृत्तिद्वारा सर्वभोग्याश्रयत्वात् । ते च गुणाः प्राणस्य श्रैष्ठ्यं निश्चित्य वागादिभिस्तस्मिन्नर्पिता इति शाखाद्वयसंमतोऽर्थः । विषयमाह—अन्येषामित्यादिना । निःश्रेयसस्य श्रैष्ठ्यस्यादानं निर्धारणं प्रस्तूयत इत्यर्थः । देवता वागादयोऽहंश्रेयसे स्वश्रैष्ठ्यायेत्यर्थः एवंशब्दाच्छ्रैष्ठ्यगुणकप्राणप्रत्यभिज्ञानाच्च संशयमाह—तत्रेति । गुणानामनुपसंहारोपसंहारावेव पूर्वोत्तरपक्षयोः फलम् । उद्गीथत्वविशेषणादोङ्कारस्य सर्ववेदव्याप्तिव्यावृत्तिवत्प्रकृतगुणमात्रग्राहकैवंशब्दाच्छाखान्तरगुणव्यावृत्तिरिति दृष्टान्तेन पूर्वपक्षयति—तत्र प्राप्तमिति । यथा वागादिभ्यः प्राणश्रैष्ठ्यं सिद्धमथो तथा य एवं श्रैष्ठ्यगुणं विद्वानुपास्ते स प्राणे श्रैष्ठ्यं विदित्वा श्रेष्ठो भवतीति श्रुत्यर्थः ।

सर्वभेदादन्यत्रेमे (ललिता)

वाजसनेय और छान्दोग्य शाखावालों के प्राणसंवाद में श्रेष्ठत्वादि गुणयुक्त प्राण को उपास्य कहा है और वहाँ पर यह भी कहा है कि वसिष्ठत्वादि गुण जो वागादि में कहे गये हैं वे गुण 'जो मैं वसिष्ठ हूँ अब तो उस गुण से युक्त आप ही माने जायेंगे' इत्यादि वाक्य द्वारा प्राण में अर्पित किये गये हैं । किन्तु कौषीतकि आदि अन्य शाखाओं में प्राणसंवाद में 'निःश्रेयस आदान के लिए सभी इन्द्रियाँरूप देवता श्रेष्ठत्व के लिए विवाद कर बैठे ।' ऐसे वाक्यों में प्राण का श्रेष्ठत्व तो कहा है किन्तु वहाँ पर वसिष्ठत्वादि गुण नहीं कहे हैं । अतः ऐसे प्रसङ्ग पर संशय होता है कि ये वसिष्ठत्वादि गुण जो कहीं बतलाये गये हैं उनका अन्यत्र भी उपसंहार होना चाहिए या नहीं । इस पर पूर्वपक्षी ने कहा है कि अनुक्त स्थल में उन गुणों का उपसंहार नहीं करना चाहिए क्योंकि 'जो भी ऐसा उपासक प्राण में निःश्रेयस को जानकर उपासना करता है' इस वाक्य में 'एवं' शब्द का प्रयोग किये जाने से स्थल-स्थल पर 'एवं' शब्द से निवेदित गुणों का ही चिन्तन वहाँ होना चाहिए । सन्निहितावलम्वी 'एवं' शब्द शाखान्तरपठित ऐसे गुणसमुदाय को ग्रहण नहीं कर सकता, अतः स्वप्रकरणस्थ गुणों से ही वहाँ की उपासना का विधान निराकांक्ष हो जाता है ।

---

१. प्रशस्तवाक्त्वम् ।

एवं प्राप्ते प्रत्याह—अस्येरन्निमे गुणाः क्वचिदुक्ता वसिष्ठत्वादयोऽन्यत्रापि । कुतः? सर्वाभेदात् । सर्वत्रैव हि तदेवैकं प्राणविज्ञानमभिन्नं प्रत्यभिज्ञायते । प्राणसम्वादादिसारूप्यात् । अभेदे च विज्ञानस्य कथमिमे गुणाः क्वचिदुक्ता अन्यत्र नास्येरन् । नन्वेवंशब्दस्तत्र तत्र भेदेनैवंजातीयकं गुणजातं वेद्यत्वाय समर्पयतीत्युक्तम् । अत्रोच्यते—यद्यपि कौषीतकिब्राह्मणगतेनैवंशब्देन वाजसनेयिब्राह्मणगतं गुणजातमसंशब्दितमसंनिहितत्वात्तथापि तस्मिन्नेव विज्ञाने वाजसनेयिब्राह्मणगतेनैवंशब्देन [1]तत्संशब्दितमिति न [2]परशाखागतमप्यभिन्नविज्ञानावरुद्धं गुणजातं [3]स्वशाखागताद्विशिष्यते । न चैवं सति श्रुतहानिरश्रुतकल्पना वा भवति । एकस्यामपि हि शाखायां श्रुता गुणाः श्रुता एव सर्वत्र भवन्ति गुणवतो भेदाभावात् । नहि देवदत्तः शौर्यादिगुणत्वेन स्वदेशे प्रसिद्धो देशान्तरं गतस्तद्देश्यैरविभावितशौर्यादिगुणोऽप्यतद्गुणो भवति । यथाच तत्र परिचयविशेषाद्देशान्तरेऽपि देवदत्तगुणा

एवंजातीयकविद्यैक्यात्प्राप्तमार्थिकं वसिष्ठत्वादिगुणजातमेवंशब्दो न गृह्णाति श्रुतावलम्बित्वादिति प्राप्ते सिद्धान्तयति—अस्येरन्निति । वाजसनेयिब्राह्मणे तावदेवंशब्देन वसिष्ठत्वादिगुणजातस्य प्राणविद्यासंबन्धः सिद्धः सैव विद्या कौषीतकिश्रुतौ प्रत्यभिज्ञायते, तथा च गुणानां गुण्यविनाभावेनार्थतः प्राप्तानामपि श्रुतगुणैरविरोधात्सहैव श्रुतमार्थं च गुणजातं श्रुत्यर्थाभ्यां संनिहितत्वाविशेषात्कौषीतकिगतेनैवंशब्देन परामृश्यत इत्याह—तथापीति । कौषीतकिश्रुतिस्थः प्राणो वसिष्ठत्वादिगुणकः, [4]श्रेष्ठप्राणत्वात्, वाजिश्रुतिस्थप्राणवदित्यश्रुतगुणानुमाने सति श्रुतहानिर्नास्ति, अविरोधादित्युक्तं स्पष्टयति—न चैवं सतीति । अपरिगणिता अपि गुणाः श्रुता एवेत्यत्र दृष्टान्तमाह—नहीति ।

ऐसा पूर्वपक्ष होने पर सिद्धान्ती प्रत्युत्तर देता है कि कहीं कहे गये वसिष्ठत्वादि गुणों का उपसंहार अन्यत्र अनुक्त स्थल में भी होना चाहिए क्योंकि वही एक प्राणोपासना अभिन्न है ऐसी प्रत्यभिज्ञा सर्वत्र हो रही है। प्राणसंवादादि का सारूप्य होने के कारण प्राण उपासना में अभिन्नत्व निश्चित होने पर कहीं पढ़े गये इन वसिष्ठत्वादि गुणों का अन्यत्र उपसंहार क्यों नहीं होगा। शङ्का—स्थल-स्थल पर 'एवं' शब्द का प्रयोग हुआ है जो भेदपुरस्सर ऐसे गुणसमुदाय को उपास्य में समर्पण के लिए बतलाता है, ऐसा हम कह आये हैं। समाधान—ठीक है। यद्यपि कौषीतकि ब्राह्मण में एवं शब्द से वाजसनेय ब्राह्मणगत गुणसमुदाय गृहीत नहीं होता है क्योंकि वे असन्निहित हैं फिर भी उसी उपासना में वाजसनेय ब्राह्मणगत एवं शब्द से उसका वर्णन हो जायेगा। परशाखीय अभिन्न उपासना से सम्बद्ध गुणसमुदाय स्वशाखीय उपासनोक्त गुण से विशेषित (भिन्न) नहीं होता है; ऐसा होने पर श्रुतहानि और अश्रुत की कल्पना भी नहीं कही जा सकती क्योंकि एक शाखा में भी सुने गये गुण वसी उपासना में श्रुत ही माने जाते हैं, गुणी का भेद वहाँ नहीं माना जाता। शूरतादि गुणों के कारण देवदत्त अपने देश में प्रसिद्ध है तो वह अन्य देश में जाने पर तद्देशस्थ गुणों से अविभावित शौर्यादि गुणवाला देवदत्त पूर्वोक्त गुणों से हीन नहीं हो जाता। जैसे परिचयविशेष के कारण देशान्तर में भी देवदत्त अपने शूरतादि गुणों से युक्त ही रहता है, ऐसे ही अभियोगविशेष के कारण शाखान्तर में भी वे उपास्य गुण उपसंहृत किये

---

१. गुणजातम् । २. वाजस॰ । ३. कौषित॰ । ४. प्राणश्रैष्ठ्यात्मक ।

६. आनन्दाद्यधिकरणम् (सू० १३)

नाहार्या उत बाह्यार्या । आनन्दाद्या अनाहृतिः । वामनीसत्यकामादेरिवैतेषां व्यवस्थितेः ॥
विधीयमानधर्माणां व्यवस्था स्याद्यथाविधि । प्रतिपत्तिफलानां तु सर्वशाखासु संहृतिः ॥

(३७०) आनन्दादयः प्रधानस्य ॥११॥

विभाव्यन्ते । एवमभियोग[1]विशेषाच्छाखान्तरेऽप्युपास्या गुणाः शाखान्तरेऽप्यस्येरन् । तस्मादेकप्रधानसंबद्धा धर्मा एकत्राप्युच्यमानाः सर्वत्रैवोपसंहर्तव्या इति ॥१०॥

ब्रह्मस्वरूपप्रतिपादनपरासु श्रुतिष्वानन्दरूपत्वं विज्ञानघनत्वं सर्वगतत्वं सर्वात्मत्वमित्येवंजातीयका ब्रह्मणो धर्माः क्वचित्केचिच्छ्रूयन्ते । तेषु संशयः—किमानन्दादयो

फलितमाह—तस्मादिति ॥१०॥

आनन्दादयः प्रधानस्य । **ब्रह्मणो ज्ञेयस्यैक्यान्निर्विशेषत्वाच्च संशयमाह**—तेषु संशय इति ।

जायेंगे ही । अतः एक प्रधान उपास्य के साथ सम्बन्ध रखने वाले धर्म एकत्र पढ़े जाने पर भी सर्वत्र उपसंहार के योग्य माने हो जाते हैं, इसमें कोई आपत्ति नहीं है ॥१०॥

६· आनन्दाद्यधिकरण

१. **सङ्गति**—सविशेष प्राण की उपासना में शाखान्तरीय वसिष्ठत्वादि गुणों का उपसंहार भले ही कर लें किन्तु निर्विशेष ब्रह्म के स्वशाखागत धर्म से ही प्रमाज्ञान हो जाने के कारण शाखान्तरीय आनन्दादि गुणों का उपसंहार करना उचित नहीं है, ऐसो प्रत्युदाहरण संगति के कारण इस अधिकरण का आरम्भ हुआ है ।

२. **विषय**—निर्विशेष ब्रह्म के आनन्दादि गुणों के उपसंहार-अनुपसंहार का विचार इस अधिकरण में किया गया है ।

३. **संशय**—निर्गुणब्रह्मप्रतिपादक श्रुतियों में कहीं आनन्दरूपत्व, कहीं विज्ञानघनत्व, कहीं सर्वव्यापकत्व और कहीं सर्वात्मकत्व धर्म सुने जाते हैं । वे धर्म जहाँ जितने सुने गये हैं उतने का हो चिन्तन तत्शाखागत निर्गुण उपासना में करना चाहिए अथवा शाखान्तरीय गुणों का भी चिन्तन करना चाहिए ?

४. **पूर्वपक्ष**—वामनित्व, सत्यकामत्वादि की भांति स्वशाखागत आनन्दरूपत्वादि गुणों के चिन्तन से ही निर्गुण उपासना पूर्ण हो जाती है, अतः शाखान्तरीय धर्म का चिन्तन अनावश्यक है ।

५. **सिद्धान्त**—वामनित्वादि धर्म ध्येयरूप से विधान किये गये हैं, उनका चिन्तन भले ही स्वशाखीय गुणों से पूर्ण हो जाता है पर आनन्दरूपत्वादि धर्म का प्रतिपादन ब्रह्मबोध के लिए किया गया है, उपासना के लिए नहीं । अतः व्यवस्थापक विधि के अभाव में सर्वत्र निर्गुण उपासनाओं में शाखान्तरीय आनन्दरूपत्वादि समस्त गुणों का चिन्तन करना हो चाहिए ।

आनन्दादयः प्रधानस्य

ब्रह्मस्वरूपप्रतिपादक श्रुतियों में आनन्दरूपत्व, विज्ञानघनत्व, सर्वगतत्व, सर्वात्मकत्व इत्यादि ब्रह्म के कुछ धर्म कहीं-कहीं पर सुने जाते हैं । वहाँ संशय होता है कि आनन्दादि ब्रह्मधर्म

---

१. उपासकस्योपास्येन सह परिचयविशेषात् ।

ब्रह्मधर्मा यत्र यावन्तः श्रूयन्ते तावन्त एव तत्र प्रतिपत्तव्याः किंवा सर्वे सर्वत्रेति । तत्र यथाश्रुतिविभागं धर्मप्रतिपत्तौ प्राप्तायामिदमुच्यते—आनन्दादयः प्रधानस्य ब्रह्मणो धर्माः सर्वे सर्वत्र प्रतिपत्तव्याः । कस्मात् ? सर्वाभेदादेव । सर्वत्र हि तदेवैकं प्रधानं विशेष्यं ब्रह्म न भिद्यते । तस्मात्सार्वत्रिकत्वं ब्रह्मधर्माणां तेनैव पूर्वाधिकरणोदितेन देवदत्तशौर्यादिनिदर्शनेन ॥११॥

नन्वेवं सति प्रियशिरस्त्वादयोऽपि धर्माः सर्वे सर्वत्र संक्रोयेरन् । तथाहि—तैत्तिरीयक आनन्दमयमात्मानं प्रक्रम्याम्नायते—'तस्य प्रियमेव शिरः । मोदो दक्षिणः पक्षः । प्रमोद उत्तरः पक्षः । आनन्द आत्मा । ब्रह्म पुच्छं प्रतिष्ठा' (तै० २-५) इति ।

पूर्वपक्षे सत्यादिपदानुपसंहाराद्वाक्यार्थानवधारण, सिद्धान्ते त्ववधारणमिति फलम् । प्राणस्य सविशेषत्वाद्युक्तः शाखान्तरीयवसिष्ठत्वाद्युपसंहारः, ब्रह्मणस्तु निर्विशेषत्वात्स्वशाखागतपदैरेव प्रमितिसिद्धेर्व्यर्थः पदान्तरोपसंहार इति प्रत्युदाहरणेन पूर्वपक्षः । सिद्धान्तमाह—इदमिति । आनन्दत्वसत्यत्वज्ञानत्वादि[1]सामान्यानि ब्रह्मणि कल्पिता धर्मास्तेषां[2] सर्वशाखासूपसंहारो नाम [3]तद्वाचकानन्दादिपदानामेकवाक्यतयोच्चारणं आनन्दः सत्यं ज्ञानमनन्तं ब्रह्म शुद्धमद्वयमात्मेति । तानि च समानाधिकरणानि पदानि विरुद्धधर्मत्यागेन सर्वाधिष्ठानभूतामेकामखण्डव्यक्तिं लक्षयन्ति । न चकेनैव पदेन लक्ष्यसिद्धेः पदान्तरं व्यर्थमिति वाच्यं, एकस्मिन्पदे विरोधाभावेन लक्षणानवतारात् । यद्यपि पदद्वयेऽपि लक्षणावतरति तथाप्यानन्दो ब्रह्मत्युक्ते दुःखत्वाल्पत्वभ्रान्तिनिरासेऽप्यसत्त्वजडत्वादिभ्रमो भवेदतस्तन्निरासार्थं सत्यज्ञानादिपदानि प्रयोक्तव्यानि । नच भ्रमस्यानवधित्वाद्वाक्यमपर्यवसितं स्यादिति वाच्यम् । सच्चिदानन्दात्मकं सर्वधर्मशून्यमद्वयमविकल्पं ब्रह्माहमिति विशेषदर्शने सर्वभ्रमनिरासात् । तच्च विशेषदर्शनं यावद्भिः पदैर्भवति तावन्ति पदान्युपसंहर्तव्यानोति भावः ॥११॥

जितने जहाँ पर सुने जाते हैं उतने का ही वहाँ चिन्तन करना चाहिए या सभी धर्मों का सर्वत्र चिन्तन करना चाहिए इस पर पूर्वपक्ष का कहना है कि धर्मप्रतिपत्ति श्रुतियों के विभागानुसार ही होना चाहिए अर्थात् जिस श्रुति में ब्रह्म के जितने धर्म पढ़े गये हैं उस शाखा के अनुसार ब्रह्म उपासना करने वाले को उतने ही गुणों का चिन्तन करना चाहिए । इस पर वहाँ यह सिद्धान्त किया गया है कि आनन्दादि प्रधान ब्रह्म के धर्म हैं, उनका चिन्तन सर्वशाखीय ब्रह्मोपासना में होना चाहिए क्योंकि वही एक प्रधान विशेष्य ब्रह्म है, भिन्न नहीं है । ऐसा अभेद ही भासता है । इसलिए ब्रह्मधर्म सार्वत्रिक है, यह बात पूर्वाधिकरणोक्त देवदत्त के शौर्यादि दृष्टान्त से ही सुस्पष्ट हो जाती है ॥११॥

शङ्का—तब तो प्रियशिरस्त्वादि सभी धर्म सर्वत्र ब्रह्मोपासना में उपासनीय हो जायेंगे क्योंकि तैत्तिरीय उपनिषद् में आनन्दमय आत्मा का प्रसङ्ग प्रारम्भकर 'उसका प्रिय वृत्ति ही शिर है, मोद दक्षिण पक्ष है, प्रमोद उत्तर पक्ष है, आनन्द धड़ है और ब्रह्म पुच्छ प्रतिष्ठा है' इस वाक्य द्वारा ब्रह्म के धर्म प्रियशिरस्त्वादि कहे गये हैं । पुत्रदर्शन से जो सुख होता है उसे प्रिय कहते है, उसके साथ वार्तादि से होने वाले सुख को मोद कहते हैं, उसमें विद्यादि के अतिशय जानने पर उत्पन्न सुख को प्रमोद कहते हैं; ये सभी धर्म जब ब्रह्म के कहे गये हैं तो उनका भी चिन्तन ब्रह्म उपासना में होना चाहिए ।

---

१. जातयः । २. धर्माणाम् । ३. आनन्दत्वादिधर्मं ।

(३७१) प्रियशिरस्त्वाद्यप्राप्तिरुपचयापचयौ हि भेदे ॥१२॥

अतः उत्तरं पठति—

प्रियशिरस्त्वादीनां धर्माणां तैत्तिरीयक आम्नातानां नास्त्यन्यत्र प्राप्तिः। यत्कारणं प्रियं मोदः प्रमोद आनन्द इत्येते परस्परापेक्षया भोक्त्रन्तरापेक्षया चोपचितापचितरूपा उपलभ्यन्ते। उपचयापचयौ च सति भेदे सम्भवतः। निर्भेदं तु ब्रह्म 'एकमेवाद्वितीयम्' (छा० ६-२-१) इत्यादिश्रुतिभ्यः। न चैते प्रियशिरस्त्वादयो ब्रह्मधर्माः[1] कोशधर्मास्त्वेत इत्युपदिष्टमस्माभिः 'आनन्दमयोऽभ्यासात्' (ब्र० सू० १-१-१२) इत्यत्र। अपिच परस्मिन्ब्रह्मणि चित्तावतारोपायमात्रत्वेनैते परिकल्प्यन्ते न द्रष्टव्यत्वेन। एवमपि सुतरामन्यत्राप्राप्तिः प्रियशिरस्त्वादीनाम्। ब्रह्मधर्मांस्त्वेतान्[2]कृत्वा[3] न्यायमात्रमिदमाचार्येण प्रदर्शितं प्रियशिरस्त्वाद्यप्राप्तिरिति। स च न्यायोऽन्येषु निश्चितेषु [4]ब्रह्मधर्मेषूपासनायोपदिश्यमानेषु नेतव्यः संयद्वामादिषु सत्यकामादिषु च। तेषु हि सत्यप्युपास्यस्य ब्रह्मण एकत्वे प्रक्रम-

ब्रह्मैक्याच्चेदानन्दत्वादिधर्माणां सर्वत्र प्राप्तिस्तर्हि सगुणब्रह्मविद्यागतधर्मप्राप्तिरपि स्यादिति शङ्कानिरासार्थं सूत्रं व्याचष्टे—प्रियेति। पुत्रदर्शनसुखं प्रियं तद्वार्तादिना मोदस्तस्य विद्याद्यतिशये प्रमोद इत्येवं तारतम्यवन्तो धर्मास्त्वद्वये ज्ञेये न प्राप्नुवन्ति तेषामब्रह्मस्वरूपाणां ब्रह्मज्ञानानुपयोगादिति भावः। तेषां ब्रह्मधर्मत्वं चासिद्धमित्याह—न चैत इति। ब्रह्मणि चित्तावतारोपायत्वेऽपि तेषां प्राप्तिः स्यादित्याशङ्क्याह—एवमपीति। अज्ञेयत्वादेषां न ज्ञेये ब्रह्मणि प्राप्तिरित्यर्थः। किमर्थं [5]तर्हि सूत्रमित्यत आह—ब्रह्मधर्मानिति। कृत्वाचिन्ताफलमाह—स चेति। ज्ञेये ब्रह्मधर्माणामनुपयोगादप्राप्तिरिति न्यायात्संयद्वामत्वादीनामप्राप्तिरिति सूत्रं व्याख्येयमित्यर्थः। ज्ञानानुपयोगेऽपि ध्याने तेषां धर्माणामुपयोगादुपास्यब्रह्मैक्यात्प्राप्तिरन्योन्यविद्यासु स्यादित्याशङ्क्याह—तेषु हीति। ध्यानविधिपरतन्त्राणां धर्माणां यथाविधि व्यवस्थेत्यर्थः ॥१२॥

प्रियशिरस्त्वाद्यप्राप्तिरुपचयापचयौ हि भेदे (ललिता)

समाधान—उक्त शङ्का का उत्तर अग्रिम सूत्र से सिद्धान्ती देता है कि तैत्तिरीय उपनिषद् में पढ़े गये प्रियशिरस्त्वादि धर्मों की अन्यत्र प्राप्ति नहीं है क्योंकि प्रिय, मोद, प्रमोद और आनन्द ये एक दूसरे की अपेक्षा से भी न्यूनाधिक देखे जाते हैं। भेद रहने पर ही न्यूनाधिकभाव सम्भव होता है, पर **'एकमेवाद्वितीयम्'** इत्यादि श्रुतियों से ब्रह्म तो निर्भेद ही भासता है। और प्रियशिरस्त्वादि ब्रह्म के धर्म भी नहीं हैं, ये तो आनन्दमयकोश के धर्म हैं, ऐसा हम 'आनन्दमयोऽभ्यासात्' इस सूत्र में कह आये हैं। यह भी स्मरण रखें कि परब्रह्म में चित्त लगाने के लिए उपायरूप से उनकी कल्पना की गयी है। ये धर्म द्रष्टव्य नहीं हैं, इसलिए भी प्रियशिरस्त्वादि धर्मों की अन्यत्र ब्रह्मोपसना में प्राप्ति नहीं है। आचार्य वेदव्यास जी ने इन्हें आपाततः ब्रह्मधर्म मानकर प्रियशिरस्त्वादि की अप्राप्ति न्यायमात्र कहा है। इस न्याय को उपासना के लिए उपदिश्यमान् निश्चित अन्य ब्रह्मधर्म भी लगाना चाहिए। जैसे संयद्वामत्व और सत्यकामत्वादि धर्म हैं जो केवल उपासना के लिए कहे गये हैं, वे धर्म

---

१. कार्यब्रह्मधर्मा अप्येते न सन्ति। २. कार्यब्रह्म। ३. अभ्युपेत्य। ४. कार्य। ५. यद्येषां कार्यब्रह्मधर्मतापि नास्ति तर्हीत्यर्थः।

७. आध्यानाधिकरणम् (१४-१५)

(३७२) इतरे त्वर्थसामान्यात् ॥१३॥

सर्वा परम्पराक्षादेर्ज्ञेया पुरुष एव वा । ज्ञेया सर्वा श्रुतत्वेन वाक्यानि स्युर्बहूनि हि ॥
पुमर्थः पुरुषज्ञानं तत्र यत्नः श्रुतोमहान् । तद्बोधाय श्रुतोक्षादिर्वेद्य एकः पुमांस्ततः ॥

भेदादुपासनाभेदे सति नान्योन्यधर्माणामन्योन्यत्र प्राप्तिः । यथा च द्वे नार्यावेकं नृपतिमुपासाते छत्रेणैका चामरेणान्या तत्रोपास्यैकत्वेऽप्युपासनाभेदो धर्मव्यवस्था च भवत्येवमिहापीति । उपचितापचितगुणत्वं हि सति भेदव्यवहारे सगुणे ब्रह्मण्युपपद्यते न निर्गुणे परस्मिन्ब्रह्मणि, अतो न सत्यकामत्वादीनां धर्माणां क्वचिच्छ्रुतानां सर्वत्र प्राप्तिरित्यर्थः ॥१२॥

इतरे त्वानन्दादयो धर्माः ब्रह्मस्वरूपप्रतिपादनायैवोच्यमाना अर्थसामान्यात्प्रतिपाद्यस्य ब्रह्मणो धर्मिण एकत्वात्सर्वे सर्वत्र प्रतीयेरन्निति वैषम्यं, प्रतीपत्तिमात्रप्रयोजना हि त इति ॥१३॥

संयद्वामत्वादिधर्मेभ्य आनन्दादीनां वैषम्यं ज्ञानोपयोगित्वादित्याह—इतरे त्विति । सत्यज्ञानानन्दात्मब्रह्मशब्दाः पञ्च सर्वत्रोपसंहर्तव्या इति सिद्धम् ॥१३॥

भी उपास्य ब्रह्म के एक निश्चित हो जाने पर भी प्रक्रम के भेद से उपासना में भेद निश्चित होने पर एक स्थान में पढ़े गये गुणों का अन्यत्र ब्रह्म उपासना में भेद निश्चित होने से एक स्थान में पढ़े गये गुणों का अन्यत्र ब्रह्म उपासना में उपसंहार नहीं करना चाहिए । जैसे एक राजा की दो पत्नियाँ एक चँवर से और दूसरी छत्र से उपासना करती है, वहाँ उपास्य एक रहने पर भी उपासनप्रकार में भेद हो जाने के कारण धर्म की व्यवस्था होती है ऐसे ही यहाँ भी समझना चाहिए । सगुण ब्रह्म में भेदव्यवहार होने पर न्यूनाधिक गुण हो सकते हैं, किन्तु निर्गुण परब्रह्म में पूर्वोक्त न्यूनाधिकभाव नहीं है । अतः किसी स्थल में सत्यकामत्वादि सुने गये धर्मों की सर्वत्र प्राप्ति नहीं होती है, यह सिद्ध हुआ ॥१२॥

इतरे त्वर्थसामान्यात् (ललिता)

किन्तु आनन्दादि इतर धर्म ब्रह्मस्वरूपबोध के लिए कहे गये हैं, उनके प्रतिपाद्य ब्रह्म धर्मी के अभिन्न होने से सभी आनन्दादि धर्म सर्वत्र उपसंहरणीय हैं । अतः सत्य, ज्ञान, आनन्द, आत्मा और ब्रह्म शब्द ये पाँचों सर्वत्र उपसंहार के योग्य हैं । इसीलिए प्रियशिरस्त्वादि एवं आनन्दादि धर्मों में वैषम्य है । ये तो ब्रह्मस्वरूपमात्र के बोध के लिए कहे गये हैं, इनका प्रयोजन अन्य कुछ भी नहीं है ॥१३॥

७. आध्यानाधिकरण

१. **सङ्गति**—आनन्दादि धर्म ब्रह्मस्वरूप होने के कारण उपसंहार के योग्य थे क्योंकि वे ब्रह्मज्ञान के उपाय हैं, किन्तु जो ब्रह्मस्वरूप होते हुए भी उपसंहार के योग्य नहीं है ऐसा अर्थादिपरत्वरूप आत्मधर्म भी आत्मज्ञान का उपाय है । अतः पूर्व अधिकरण के साथ इसकी एकफलत्व सङ्गति है ।

(३७३) आध्यानाय प्रयोजनाभावात् ॥१४॥

काठके हि पठ्यते—'इन्द्रियेभ्यः परा ह्यर्था अर्थेभ्यश्च परं मनः । मनसस्तु परा बुद्धिः' (क० ३-१०) इत्यारभ्य 'पुरुषान्न परं किंचित्सा काष्ठा सा परा गतिः' (क० ३-११) इति । तत्र संशयः—किमिमे सर्वे एवार्थादयस्ततस्ततः परत्वेन प्रतिपाद्यन्त उत पुरुष एवैभ्यः सर्वेभ्यः परः प्रतिपाद्यत इति । तत्र तावत्सर्वेषामेवैषां परत्वेन प्रतिपादनमिति भवति मतिः । तथाहि श्रूयते—'इदमस्मात्परमिदमस्मात्परम्' । इति । ननु बहुष्वर्थेषु परत्वेन प्रतिपिपादयिषितेषु वाक्यभेदः स्यात् । नैष दोषः, वाक्यबहुत्वोपपत्तेः । बहून्येव ह्येतानि वाक्यानि प्रभवन्ति बहूनर्थान्परत्वोपेतान्प्रतिपादयितुम् । तस्मात्प्रत्येकमेषां परत्वप्रतिपादनमिति ।

एवं प्राप्ते ब्रूमः—पुरुष एव ह्येभ्यः सर्वेभ्यः परः प्रतिपाद्य इति युक्तं, न प्रत्येकमेषां परत्व-

---

आध्यानाय वाक्यभेदाभेदानवधारणात्संशयमाह—तत्रेति । पूर्वपक्षे वाक्यभेदाद्विद्याभेदः, सिद्धान्ते वाक्यैक्याद्विद्यैक्यमिति फलम् । पूर्वत्र ब्रह्मस्वभावानामानन्दादीनामुपसंहार्याणां ब्रह्मज्ञानफलोपायत्वमुक्तम्, अत्र त्वब्रह्मस्वभावस्यार्थादिपरत्वस्यानुपसंहार्यस्य तदुपायत्वमुच्यत इत्येकफलकत्वं संगतिः । तत्तत्परत्वविशिष्टत्वेनार्थादीनामपूर्वतया प्रतिपाद्यानां भेदाद्वाक्यभेदो न दोष इति पूर्वपक्षः ।

उत्सूत्रसिद्धान्तं प्रतिज्ञाय सौत्रं हेतुं व्याचष्टे—पुरुष एवेति । फलवत्त्वे सत्यपूर्वत्वात्पुरुषस्यैव

---

२. विषय—काठकोपनिषद् के 'इन्द्रियेभ्यः परा ह्यर्था' इत्यादि वाक्य में पढ़े गये परत्व का विचार इस अधिकरण में किया गया है ।

३. संशय—क्या ये वाक्य भिन्न-भिन्न हैं अथवा आत्मपरक होने के कारण एक ही वाक्य है ?

४. पूर्वपक्ष—प्रत्येक वाक्य में परत्व का प्रतिपादन होने के कारण ये वाक्य भिन्न-भिन्न ही हैं ।

५. सिद्धान्त—सम्यग्ज्ञान के लिए अर्थादि सभी से परे आत्मा का प्रतिपादन किया है, वहाँ पर प्रत्येक अर्थादि परत्वेन प्रतिपाद्य नहीं है क्योंकि उसमें कोई फल नहीं है । 'निचाय्य तन्मृत्युमुखात्प्रमुच्यते' इस वाक्य द्वारा इन्द्रियादियों से परे आत्मज्ञान होने पर केवल मोक्षसिद्धि प्रयोजन सुना जाता है । अतः प्रतिपाद्य के ऐक्य से इन वाक्यों का अभेद मानना ही उचित है ।

आध्यानाय प्रयोजनाभावात् (ललिता)

कठोपनिषद् में 'इन्द्रियों से परे अर्थ, अर्थ से परे मन' यहाँ से प्रसङ्ग प्रारम्भकर 'पुरुष से परे कुछ नहीं है, वह पुरूष अन्तिम है और परागति है' ऐसा पाठ मिलता है । वहाँ पर संशय होता है कि क्या ये अर्थादि सभी परत्वेन प्रतिपाद्य हैं अथवा इन सभी से पर पुरुषमात्र प्रतिपाद्य है । इस पर पूर्वपक्ष का कहना है कि वहाँ पर इन सभी को परत्वेन पृथक-पृथक प्रतिपादन करना अभीष्ट है क्योंकि यह इससे पर है,यह इससे पर है ऐसा वहां पर सुना जाता है । शङ्का-परत्वेन अनेक अर्थप्रतिपादन इष्ट होने पर वाक्यभेद होने लग जायेगा । समाधान(पूर्वपक्षी)—वाक्यबहुत्व का होना कोई दोष नहीं है क्योंकि यहाँ पर अनेकों वाक्य परत्वयुक्त अनेक अर्थ को बतलाने में सक्षम है इसीलिए इनमें से प्रत्येक में परत्व प्रतिपादन करना इष्ट ही है ।

ऐसा पूर्वपक्ष होने पर हम सिद्धान्ती कहते हैं कि इन सभी से पुरुष को ही पर श्रुति बतलाती है, यह मानना ही युक्तिसंगत होगा । इनमें से प्रत्येक में परत्व बतलाना युक्तियुक्त नहीं है क्योंकि उसमें

(३७४) आत्मशब्दाच्च ॥१५॥

प्रतिपादनम् । कस्मात् ? प्रयोजनाभावात् । नहीतरेषु परत्वेन प्रतिपन्नेषु किञ्चित्प्रयोजनं दृश्यते श्रूयते वा । पुरुषे त्विन्द्रियादिभ्यः परस्मिन्सर्वानर्थव्रातातीते प्रतिपन्ने दृश्यते प्रयोजनं मोक्षसिद्धिः । तथाच श्रुतिः—'निचाय्य तन्मृत्युमुखात्प्रमुच्यते' (क० ३-१५) इति । अपिच परप्रतिषेधेन काष्ठाशब्देन च पुरुषविषयमादरं दर्शयन्पुरुषप्रतिपत्त्यर्थैव पूर्वापरप्रवाहोक्तिरिति दर्शयति—आध्यानायेति । आध्यानपूर्वकाय सम्यग्दर्शनायेत्यर्थः । सम्यग्दर्शनार्थमेव हीहाध्यानमुपदिश्यते न त्वाध्यानमेव स्वप्रधानम् ॥१४॥

इतश्च पुरुषप्रतिपत्त्यर्थैवेयमिन्द्रियादिप्रवाहोक्तिः । यत्कारणम् 'एष सर्वेषु भूतेषु गूढोत्मा न प्रकाशते । दृश्यते त्वग्र्यया बुद्ध्या सूक्ष्मया सूक्ष्मदर्शिभिः' (क० ३-१२) इति प्रकृतं पुरुषमात्मेत्याह । अतश्चानात्मत्वमितरेषां विवक्षितमिति गम्यते, तस्यैव च दुर्विज्ञानतां सुसंस्कृतमतिगम्यतां च दर्शयति । तद्विज्ञानायैव च 'यच्छेद्वाङ्मनसी प्राज्ञः' (क० ३-१३) इत्याध्यानं विदधाति । तद्व्याख्यातम् 'आनुमानिकमप्येकेषाम्' (ब्र० सू० १-४-१) इत्यत्र । एवम-

---

प्राधान्येन प्रतिपाद्यत्वमफलार्थादीनां परत्वं तु तच्छेषत्वेनोच्यत इत्यर्थः । किंच 'पुरुषान्न परं किंचित्सा काष्ठा' इति वेदः परनिषेधलिङ्गेन सर्वबाधावधित्वलिङ्गेन च पुरुषे तात्पर्यं दर्शयन्पूर्वस्मादपरस्यापरस्य परत्वोक्तिस्तदर्थेति दर्शयतीत्याह—अपिचेति । अर्थादीनामत्रोक्तिराध्यानाय तत्तत्परत्वध्यानपूर्वकं पुरुषदर्शनायैव स्वतः प्रयोजनाभावादिति सूत्रं योजयति—आध्यानायेति ॥१४॥

आत्मत्वादिलिङ्गैश्च पुरुष एव प्रतिपाद्य इत्याह—आत्मशब्दाच्चेति । किंच 'तद्विष्णोः परमं पदं,

---

कोई प्रयोजन नहीं दीखता है । अन्य वस्तुओं को परत्वेन जान लेने पर भी वहाँ पर न कोई फल दीखता है और न सुना जाता है । किन्तु इन्द्रियादियों से पर सभी अनर्थसमुदाय से अतीत पुरूष को जान लेने पर मोक्षप्राप्तिरूप प्रयोजन सिद्ध होता है, ऐसा ही 'उस आत्मा का साक्षात्कारकर तत्त्वज्ञानी मृत्यु के मुख से छूट जाता है' इस वाक्य से श्रुति कहती है । साथ ही 'परप्रतिषेध' और 'काष्ठा' आदि शब्द से पुरूषविषयक ज्ञान को आदर देते हुए पुरूषबोध के लिए पूर्वापरप्रवाह का कथन हैं ऐसा भी श्रुति कहती है । वहाँ पर आध्यानपूर्वक यथार्थबोध के लिए यह प्रसंग है । अतः सम्यग्दर्शन ही प्रधान है, एतदर्थ ही यहाँ पर आध्यान का उपदेश है किन्तु आध्यान स्वप्रधान नहीं है ॥१४॥

आत्मशब्दाच्च (ललिता)

इन्द्रियादिप्रवाहपरत्व का कथन इसलिए भी पुरूषबोधार्थ ही है क्योंकि 'इन सभी भूतों में यह आत्मा छिपा हुआ है इसलिए सर्वसामान्य को प्रकाशित नहीं होता, किन्तु सूक्ष्मदर्शियों द्वारा पैनी की हुई सूक्ष्मबुद्धि से यह देखा जाता है' इस वाक्य द्वारा प्रकृत पुरूष को श्रुति ने आत्मा कहा है । इससे तत्रस्थ इतर पदार्थों में अनात्मत्व बतलाना भी अभीष्ट जान पड़ता है । उसी आत्मा की दुर्विज्ञानता और विशुद्धबुद्धिगम्यता को श्रुति बतलाती है एवं उसके बोध के लिए ही 'विवेकी साधक वागादि इन्द्रियों को मन में समाहित करे' इस वाक्य द्वारा आध्यान का विधान करती है जिसका व्याख्यान 'आनुमानिकमप्येकेषाम्' इस सूत्र में किया जा चुका है । इस प्रकार श्रुति के अनेकों आशयातिशय हैं जो पुरूष में

---

१. पुरुषस्वरूपज्ञानार्था ।

८. आत्मगृहीत्यधिकरणम् (सू० १६-१७)

आत्मा वा इदमित्यत्र विराट् स्यादथवेश्वरः । भूतासृष्टेर्नेश्वरः स्याद्गवाद्यानयनाद्विराट् ॥
भूतोपसंहृतेरीशः स्यादद्वैतावधारणात् । अर्थवादो गवाद्युक्तिर्ब्रह्मात्मत्वं विवक्षितम् ॥

नेकप्रकार आशयातिशयः श्रुतेः पुरुषे लक्ष्यते नेतरेषु । अपिच 'सोऽध्वनः पारमाप्नोति तद्विष्णोः परमं पदम्' (क० ३·९) इत्युक्ते किं तदध्वनः पारं विष्णोः परमं पदमित्यस्यामाकाङ्क्षायामिन्द्रियाद्यनुक्रमणात्परमपदप्रतिपत्त्यर्थ एवायमायास इत्यवसीयते ॥१५॥

पुरुषान्न परं किंचित्' इत्युपक्रमोपसंहारयोरेकरूप्यात्क्लृप्तफलवदेकपुरुषपरत्वेनैकवाक्यत्वनिश्चये सति वाक्यभेदफलभेदकल्पना न युक्ता गौरवादित्याह—अपिचेति ॥१५॥

ही लक्षित होते हैं, इतर पदार्थ में नहीं। इसके अतिरिक्त 'संसार के अन्तिम छोर पर जो विष्णु का परम पद है उसे साधक जान लेता है' इस वाक्य से प्रतिपादन करने पर यह आकांक्षा होती है कि संसारमार्ग से पर विष्णु का परम पद क्या वस्तु है; इसी कौतूहल को शान्त करने के लिए इन्द्रियादि के अनुक्रमण से परम पद-बोध के लिए ही श्रुति का यह आयास है, यह निश्चित हो जाता है ॥१५॥

८. आत्मगृहीत्यधिकरण

(प्रथम वर्णक)

१. **सङ्गति**—पूर्व अधिकरण में वाक्य भेद के भय से अर्थादि प्रत्येक में पृथक् प्रतिपाद्यत्व नहीं है ऐसा माना गया था। वैसे ही ऐतरेय के पूर्ववाक्य में हिरण्यगर्भ का प्रसङ्ग होने के कारण वाक्यभेद के भय से उसी का आत्म शब्द से अभिधान मानना उचित होगा, ऐसी दृष्टान्त सङ्गति पिछले अधिकरण के साथ इसकी है।

२. **विषय**—**'आत्मा वा इदमेक एवाग्र आसीन्नान्यत्किञ्चन मिषत्'** (ऐत० १-१) इस वाक्य में आये हुए आत्म शब्द का विचार इस अधिकरण में किया गया है।

२. **संशय**—क्या यहाँ पर आत्म शब्द से हिरण्यगर्भ को कहा है अथवा परमात्मा को ?

४. **पूर्वपक्ष**—**आत्मैवेदमग्र आसीत्पुरुषविधः** (बृ०१-४-१) इस श्रुति और **'स वै शरीरी प्रथमः'** इस स्मृति के अनुसार परमेश्वराधीन किसी दूसरे पुरुष के द्वारा लोकसृष्टि का अवधारण होता है। **'स ईक्षत लोकान्नु सृजा'** (ऐ० १-१) इस वाक्य में लोकस्रष्टा हिरण्यगर्भ सुना गया है, भूतसृष्टि नहीं सुनी गयी है। गवादि का आनयन भी सुना जाता है। अतः हिरण्यगर्भ ही आत्म शब्द का अर्थ है।

५. **सिद्धान्त**—इस सृष्टिवाक्य में आत्मशब्द से परमात्मा को ही कहा गया है। जैसे—**'तस्माद्वा एतस्मादात्मन आकाशः सम्भूतः'** (तै० २-११) इन अन्य सृष्टिवाक्यों में परमात्मा का ही ग्रहण आत्म शब्द से होता है ऐसे ही यहाँ पर भी मानना चाहिए। भूतसृष्टि का यहाँ पर उपसंहार कर लेने पर परमात्मा का ही ग्रहण उचित होता। गवादि आनयन तो अर्थवाद है, आत्मत्व का प्रतिपादन करना ही शास्त्र को अभीष्ट है।

(३७५) आत्मगृहीतिरितरवदुत्तरात् ॥१६॥

द्वयोर्वस्त्वन्यदेकं वा काण्वच्छान्दोग्यषष्ठयोः । उभयत्र पृथग्वस्तु सदात्मभ्यामुपक्रमात् ॥
साधारणोऽयं सच्छब्दः स आत्मा तत्त्वमित्यतः । वाक्यशेषादात्मवाची तस्माद्वस्त्वेकमेतयोः ॥

ऐतरेयके श्रूयते—'आत्मा वा इदमेक एवाग्र आसीन्नान्यत्किंचन मिषत्स ईक्षत लोकान्नु सृजा इति' (ऐ० १-१), 'स इमाँल्लोकानसृजताम्भो मरीचीर्मरमापः' (ऐ० १-२) इत्यादि । तत्र संशयः—किं पर एवात्मेहात्मशब्देनाभिलप्यत उतान्यः कश्चिदिति । किं तावत्प्राप्तं

आत्मगृहीतिः । मिषत्[1] चलत् । लोकानाह—अम्भ इति । अम्भः स्वर्गः, मरीचयोऽन्तरिक्षलोकः, मरो मर्त्यलोकः, आपः पाताललोक इत्यर्थः । आत्मशब्दस्य ब्रह्मणि सूत्रात्मनि च प्रयोगात्संशयमाह—तत्रेति । अत्र पूर्वपक्षे वाक्यस्य सूत्रोपास्तिपरत्वात्परब्रह्मधर्माणामानन्दादीनामैतरेयकेऽनुपसंहारः, सिद्धान्ते ब्रह्मपरत्वादुपसंहार इति फलम् । पुरुषवाक्याद्भेदप्रसङ्गादर्थादिवाक्यानां नार्थादिप्रतिपादकत्वमित्युक्तं तद्वदिहापि प्रजापते[2]रेतो देवा इति पूर्वस्मात्प्रजापतिवाक्याद्भेदप्रसङ्गादात्मा वा इत्यादि

(द्वितीय वर्णक)

१. **सङ्गति**—वाक्य की एकवाक्यता के बल से केवल आत्मा में अर्थादिपरत्व मानकर आप ने पूर्व अधिकरण में विद्यैकत्व कहा था, किन्तु वाजसनेय और छान्दोग्य में उपक्रम के भेद से वाक्यभेद होने के कारण दोनों स्थल पर एक विद्या मानना उचित नहीं है; ऐसी प्रत्युदाहरण सङ्गति पूर्व अधिकरण के साथ इसकी है ।

२. **विषय**—वाजसनेय तथा छान्दोग्य में आये 'आत्म' एवं 'सत्' शब्द का विचार इस अधिकरण में किया गया है ।

३. **संशय**—'**कतम आत्मा**' (बृ० ४-३-७) इस श्रुति के द्वारा बृहदारण्यक में 'आत्म' शब्द से जिसे कहा गया है क्या उसी को छान्दोग्य में '**सदेव सोम्येदमग्र आसीत्**' (छा० ६-२-१) इस उपक्रमस्थ सद्वस्तु से कहा है अथवा भिन्न वस्तु से ?

४. **पूर्वपक्ष**—'सत्' शब्द और 'आत्म' शब्द लोक में समानार्थक नहीं देखे गये हैं, अतः दोनों के अर्थ में भेद होने से वस्तु भिन्न है ।

५. **सिद्धान्त**—सच्छब्द आत्मा एवं अनात्मा दोनों अर्थ में प्रयुक्त होता है । अतः उपक्रमवाक्य में जब सत् शब्द के अर्थ में सन्देह हुआ तो '**स आत्मा तत्त्वमसि**' इस वाक्यशेष में सुना गया आत्मवाची शब्द ही शब्दार्थ अर्थात् सदर्थ का वाचक है, दोनों में भेद नहीं है ।

आत्मगृहीतिरितरवदुत्तरात् (ललिता)

ऐतरेयक में 'निःसन्देह सृष्टि से पहले केवल एक आत्मा ही था, उससे भिन्न गतिशील पदार्थ दूसरा कुछ भी नहीं था । उसने संकल्प किया कि मैं लोकों की सृष्टि करूँ और तत्पश्चात् अम्भ, मरीची, मर और आप इन लोकों को सृष्टि कर डालो ।' इत्यादि सुना जाता है । वहाँ पर यह संशय होता है कि इस श्रुति में आत्म शब्द से परमात्मा ही कहा जाता है या अन्य कोई पदार्थ । पूर्वपक्ष—

---

१. स्वतन्त्रव्यापारवत् । २. रेतः कार्यमिति यावत् ।

न परमात्मेहात्मशब्दाभिलप्यो भवितुमर्हतीति । कस्मात् ? वाक्यान्वयदर्शनात् । ननु वाक्यान्वयः सुतरां परमात्मविषयो दृश्यते प्रागुत्पत्तेरात्मैकत्वावधारणात् । ईक्षणपूर्वकस्रष्टृत्ववचनाच्च । नेत्युच्यते । लोकसृष्टिवचनात् । परमात्मनि हि स्रष्टरि परिगृह्यमाणे महाभूतसृष्टिरादौ वक्तव्या लोकसृष्टिस्त्विहादावुच्यते । लोकाश्च महाभूतसंनिवेशविशेषाः तथाचाम्भःप्रभृतींल्लोकत्वेनैव निर्ब्रवीति—'अदोऽम्भः परेण दिवम्' (ऐ० १२)इत्यादिना । लोकसृष्टिश्च परमेश्वराधिष्ठितेनापरेण केनचिदीश्वरेण क्रियत इति श्रुतिस्मृत्योरुपलभ्यते । तथाहि श्रुतिर्भवति—'आत्मैवेदमग्र आसीत्पुरुषविधः' (बृ० १-४-१)इत्याद्या । स्मृतिरपि 'स वै शरीरी प्रथमः स वै पुरुष उच्यते । आदिकर्ता स भूतानां ब्रह्माग्रे समवर्तत' इति । ऐतरेयिणोऽपि 'अथातो रेतसः सृष्टिः प्रजापते रेतो देवाः' इत्यत्र पूर्वस्मिन्प्रकरणे प्रजापतिकर्तृकां

वाक्यस्य न ब्रह्मपरत्वमिति दृष्टान्तेन पूर्वपक्षयति—न परमात्मेत्यादिना । 'वाक्यस्य प्रजापतौ तात्पर्यदर्शनादित्यर्थः । पूर्वपक्षमाक्षिप्य लोकस्रष्टृत्वलिङ्गात्प्रजापतौ वाक्यान्वय इत्याह—नन्वित्यादिना । लोका एव महाभूतानीत्यत आह—लोकाश्चेति । लोकशब्दस्य महाभूतेष्वरूढत्वाद्भौतिका एव लोकाः । निर्वचनाच्चेत्याह-तथाचेति । अम्भो मरीचीर्मरमाप इति सूत्रयित्वा स्वयमेव श्रुतिर्व्याचष्टे-परेण दिवं, दिवः परस्तादिति प्रतिष्ठितश्चन्द्रोऽम्भसा व्याप्तो यो लोकः तदम्भः, अन्तरिक्षं मरीचयः, पृथिवी मरः, या अधस्तात्ता आप इति । ननु लोकसृष्टिरपीश्वरादेवास्तु नेत्याह—लोकेति । पुरुषविधो नराकारः । आत्मा हिरण्यगर्भः, आपिपीलिकाभ्यः सर्वमसृजतेत्यर्थः । भूतानां लोकानामित्यर्थः। प्रकरणादपि लोकस्रष्टा प्रजापतिरित्याह—ऐतरेयिणोऽपीति । रेतः कार्यमिति यावत् । ब्रह्मलिङ्गानि प्रजापतौ

इस श्रुति में आत्मशब्दवाच्य परमात्मा को बतलाना अभीष्ट नहीं है क्योंकि तत्रस्थ वाक्यों का अन्वय ऐसा ही देखा जाता है । शङ्का—उत्पत्ति से पूर्व आत्मैकत्व का अवधारण और ईक्षणपूर्वक स्रष्टृत्व का कथन, इन दोनों से परमात्मा अर्थ में तत्रस्थ वाक्यों का अन्वय सुस्पष्ट भासता है । समाधान (पूर्वपक्षी)--लोकसृष्टि का वचन होने से ऐसा मानना ठीक नहीं है क्योंकि परमात्मा को स्रष्टा मानने पर पहले महाभूतों की सृष्टि कहनी चाहिए, वैसा न कहकर यहाँ पर सर्वप्रथम लोकसृष्टि कही गयी है। महाभूतों के सन्निवेशविशेष को लोक कहते हैं। ऐसा ही 'द्युलोक से परे वह अम्भपदवाच्य स्वर्गलोक है' इन वाक्यों द्वारा श्रुति ने अम्भ आदि का लोक शब्द से निर्वचन किया है। लोकसृष्टि परमेश्वराधीन किसी अन्य अधिकारी ईश्वर के द्वारा होती है, ऐसा श्रुति और स्मृति में उपलब्ध होता है। वैसा ही 'लोकसृष्टि से पूर्व पुरुषाकार यह आत्मा ही था' ऐसा श्रुति कहती है और 'वही हिरण्यगर्भ प्रथम शरीरधारी था, वही पुरुष शब्द से कहा जाता है। वह भूतों का आदिकर्ता है, उसे ब्रह्मा कहते हैं और वही सर्वप्रथम उत्पन्न हुआ था।' ऐसी स्मृति भी है। प्रकरण को देखते हुए भी लोकस्रष्टा प्रजापति ही जान पड़ता है। ऐतरेय आरण्यकवाले भी 'अब इससे आगे रेत की सृष्टि कही जायेगी, ये देवता प्रजापति के ही कार्य हैं।' इत्यादि पूर्वप्रकरण में विचित्र सृष्टि का

---

१. आत्मा वा इदमेकेति वाक्यस्य ।

विचित्रां सृष्टिमामनन्ति । आत्मशब्दोऽपि तस्मिन्प्रयुज्यमानो दृश्यते—'आत्मैवेदमग्र आसीत्पुरुषविधः' (बृ० १-४-१) इत्यत्र । एकत्वावधारणमपि प्रागुत्पत्तेः स्वविकारापेक्षमुपपद्यते। ईक्षणमपि तस्य चेतनत्वाभ्युपगमादुपपन्नम् । अपिच ताभ्यो गामानयत्ताभ्योऽश्वमानयत्ताभ्यः पुरुषमानयत् ताभ्योऽब्रुवन्नित्येवंजातीयको भूयान्व्यापारविशेषो लौकिकेषु विशेषवत्स्वात्मसु प्रसिद्ध इहाप्यनुगम्यते । तस्माद्विशेषवानेव कश्चिदिहात्मा स्यादिति ।

एवं प्राप्ते ब्रूमः—पर एवात्मेहात्मशब्देन गृह्यत इतरवत् । यथेतरेषु सृष्टिश्रवणेषु 'तस्माद्वा एतस्मादात्मन आकाशः सम्भूतः' (तै० २-१-१) इत्येवमादिषु परस्यात्मनो ग्रहणम् । यथा चेतरस्मिंल्लौकिकात्मशब्दप्रयोगे प्रत्यगात्मैव मुख्य आत्मशब्देन गृह्यते तथेहापि भवितुमर्हति । यत्र तु 'आत्मैवेदमग्र आसीत्' (बृ० १-४-१) इत्येवमादौ 'पुरुषविधः' (बृ० १-४-१) इत्येवमादि विशेषणान्तरं श्रूयते भवेत्तत्र विशेषवत आत्मनो ग्रहणम् । अत्र पुनः परमात्मग्रहणानुगुणमेव विशेषणमप्युत्तरमुपलभ्यते 'स ईक्षत लोकान्नु सृजा

योजयति—आत्मशब्दोऽपीत्यादिना । किंच प्रजाः सृष्ट्वा ताः प्रति भोगार्थं गामानयल्लोकस्रष्टा तथाऽश्वमानयत् । तास्तु गवाश्वप्राप्त्या न तृप्तास्ततः पुरुषशरीरे आनीते ता अब्रुवंस्तृप्ताः स्म इति । अयं च व्यवहारो लोकस्रष्टुः प्रजापतित्वे लिङ्गमित्याह—अपिचेति ।

आत्मशब्दस्य चिदात्मनि मुख्यत्वान्मुख्यग्रहे बाधकाभावादुत्तरस्येक्षणादेरनुकूलत्वात्परमात्मग्रहणमिति सिद्धान्तयति—एवं प्राप्त इति । महाभूतसृष्टिपूर्वकं लोकानसृजतेति श्रुतिर्व्याख्येयेति भावः ॥१६॥

कर्ता प्रजापति को ही कहते हैं। 'सृष्टि से पहले नराकृतिवाला एकमात्र आत्मा ही था' इस वाक्य से प्रजापति अर्थ में आत्म शब्द का प्रयोग भी देखा जाता है। एवकार अव्यय से एकत्वावधारण भी उत्पत्ति से पूर्व अपने विकार की अपेक्षाकर युक्तियुक्त ही है। हिरण्यगर्भ को चेतन माना गया है इसलिए ईक्षण भी उसमें हो ही सकता है। इसके अतिरिक्त 'प्रजासृष्टि के बाद उनके लिए स्रष्टा गौ लाया, अश्व लाया और पुरुष आकृति को लाया' इन सभी बातों को कहते हुए इस प्रकार के अनेक व्यापार वैसे ही अनुगत होते हैं जैसे लौकिक विशेषव्यापारवाले संसार में अपने परिवारजनों के लिए गवानयन आदि देखा जाता है। अतः इस ऐतरेय श्रुति में विशेषवान ही कोई आत्मा लोकस्रष्टा जान पड़ता है।

ऐसा पूर्वपक्ष प्राप्त होने पर हम सिद्धान्ती कहते हैं कि इस ऐतरेय उपनिषदारम्भ में आत्म शब्द से परमात्मा अर्थ ही लिया जाता है। जैसे 'उसी प्रकृत आत्मा से सर्वप्रथम आकाश उत्पन्न हुआ' इत्यादि अन्य सृष्टिश्रवणस्थलों में आत्म शब्द से परमात्मा अर्थ का ग्रहण होता है और जैसे अन्य लौकिक आत्म शब्दप्रयोग में आत्म शब्द से मुख्य आत्मा का ही ग्रहण होता है, वैसे ही इस ऐतरेय उपनिषद् में भी आत्म शब्द से परमात्मा अर्थ का ही ग्रहण होगा, अन्य अर्थ का नहीं। किन्तु 'आत्मैवेदमग्र आसीत् पुरुषविधः' इत्यादि वाक्यों में जहाँ पर 'पुरुषविधः' ऐसा विशेषणान्तर सुना जाता है वहाँ ऐसे विशेषण से विशिष्ट आत्मा का ग्रहण हो सकता है। यहाँ पर तो परमात्मग्रहणानुकूल ही विशेषण आगे ग्रन्थ में भी उपलब्ध होता है—'उसने ईक्षण किया कि मैं लोकों की

(३७६) अन्वयादिति चेत्स्यादवधारणात् ॥१७॥

इति' (ऐ० १-१)', 'स इमाँल्लोकानसृजत' (ऐ० १-२) इत्येवमादि। तस्मात्तस्यैव ग्रहणमिति न्याय्यम् ॥१६॥

'वाक्यान्वयदर्शनान्न परमात्मग्रहणमिति पुनर्यदुक्तं तत्परिहर्तव्यमिति। अत्रोच्यते—स्यादवधारणादिति। भवेदुपपन्नं परमात्मनो ग्रहणम्। कस्मात्? अवधारणात्। परमात्मग्रहणे हि प्रागुत्पत्तेरात्मैकत्वावधारणमाञ्जसमवकल्पते। अन्यथा ह्यनाञ्जसं तत्परिकल्पेत। लोकसृष्टिवचनं तु ³श्रुत्यन्तरप्रसिद्धमहाभूतसृष्ट्यनन्तरमिति योजयिष्यामि। यथा 'तत्तेजोऽसृजत' (छा० ६-२-३) इत्येतच्छ्रुत्यन्तरप्रसिद्धवियद्वायुसृष्ट्यनन्तरमित्ययूयुजमेवमिहापि। श्रुत्यन्तरप्रसिद्धो हि समानविषयो विशेषः श्रुत्यन्तरेषूपसंहर्तव्यो भवति। योऽप्ययं व्यापारविशेषानुगमस्ताभ्यो गामानयदित्येवमादिः सोऽपि विवक्षितार्थावधारणानुगुण्येनैव

पूर्वपक्षबीजमनूद्य दूषयति—अन्वयादिति। 'आत्मा वा इदमेक एवाग्र आसीत्' इति 'प्रज्ञानं ब्रह्म' इति चोपक्रमोपसंहारस्थात्मब्रह्मश्रुतिभ्यामेकत्वावधारणात्प्रवेशादिलिङ्गैश्च लोकस्रष्टृत्वादिलिङ्गबाधेन प्रत्यग्ब्रह्म ग्राह्यमिति भावः। स परमेश्वरः। एतमेव सीमानं मूर्ध्नः केशविभागावसानं विदार्य छिद्रं कृत्वा एतया ब्रह्मरन्ध्राख्यया द्वारा लिङ्गविशिष्टः प्रविष्टवानित्यर्थः। मां विना यदि वागादिभिः स्वस्वव्यापारः कृतः, अथ तदाहं क इति त्वंपदार्थं विचार्य स्वप्रमेतमेव शोधितमात्मानं ब्रह्म ततमं व्याप्ततममपश्यत्। तकारलोपश्छान्दसः। प्रज्ञा चिदात्मा नेत्र नीयतेऽनेनेति नियामकं यस्य तत् प्रज्ञानेत्रं चिदात्मनियम्यमित्यर्थः।

सृष्टि करूँ', 'तत्पश्चात् उसने इन लोकों की सृष्टि कर डाली' इत्यादि। अतः इस स्थल पर आत्म शब्द से परमात्म अर्थ का ही ग्रहण करना उचित है ॥१६॥

अन्वयादिति चेत्स्यादवधारणात् (ललिता)

प्रथम वर्णक—और जो आप ने कहा था कि तत्रस्थ वाक्यों का अन्वय हिरण्यगर्भ में दीखता है, अतः आत्म शब्द से परमात्म अर्थ का ग्रहण करना उचित नहीं है, इस शङ्का का समाधान करने के लिए **'स्यादवधारणात्'** यह सूत्रांश है कि यहाँ पर परमात्मा का ग्रहण करना ही युक्तियुक्त है क्योंकि उपक्रम-उपसंहार से आत्मा और ब्रह्म का एकत्व निश्चित होता है। परमात्मा अर्थ ग्रहण करने पर ही उत्पत्ति से पूर्व आत्मैकत्व का अवधारण सरल जान पड़ता है, अन्यथा द्राविण प्राणायाम की कल्पना करनी पड़ेगी। अन्य श्रुतियों में प्रसिद्ध महाभूतसृष्टि के बाद लोकों की सृष्टि उस परमेश्वर ने की, ऐसा योजना मैं करूँगा। जैसे तैत्तिरीय श्रुति में आकाश और वायु की सृष्टि प्रसिद्ध है, उस प्रसिद्ध सृष्टि को लेकर छान्दोग्य श्रुति में **'तत्तेजोऽसृजत'** इस वाक्य द्वारा तेज की सृष्टि कही है। ऐसे ही श्रुत्यन्तर में प्रसिद्ध भूतसृष्टि को लेकर मैं यहाँ अन्वय करूँगा कि भूत-भौतिक सृष्टि के बाद परमेश्वर ने लोकों की सृष्टि की। समानविषयक विशेष जो श्रुत्यन्तर में प्रसिद्ध है उसका उपसंहार श्रुत्यन्तर में करना चाहिए, यह एक सामान्य नियम है। और जो उन देवताओं के लिए गवानयन इत्यादि व्यापारविशेष का अनुगम होता है, वह भी विवक्षितार्थनिर्णय के अनुरूप ही समझना चाहिए क्योंकि

---

१. आत्मा वा इदमेकेति वाक्यस्य प्रजापतौ तात्पर्यदर्शनात्। २. तात्त्विकम् तत्त्वे त्वद्धाऽञ्जसा द्वयमित्यमरः। ३. तस्माद्वा एतस्मादित्यादि श्रुत्यन्तरम्।

ग्रहीतव्यः। न ह्ययं सकलः कथाप्रबन्धो विवक्षित इति शक्यते वक्तुं तत्प्रतिपत्तौ पुरुषार्थाभावात्। ब्रह्मात्मत्वं त्विह विवक्षितम्। तथा ह्यम्भःप्रभृतीनां लोकानां लोकपालानां चाग्न्यादीनां सृष्टिं शिष्ट्वा करणानि करणायतनं च शरीरमुपदिश्य स एव स्रष्टा 'कथं न्विदं मदृते स्यात्' (ऐ० ३-११) इति वीक्ष्येदं शरीरं प्रविवेशेति दर्शयति— 'स एतमेव सीमानं विदार्यैतया द्वारा प्रापद्यत' (ऐ० ३-१२) इति। पुनश्च 'यदि वाचाभिव्याहृतं यदि प्राणेनाभिप्राणितम्' (ऐ० ३-११) इत्येवमादिना करणव्यापारविवेचनपूर्वकम् 'अथ कोऽहम्' (ऐ० ३-११) इति वीक्ष्य 'स एतमेव पुरुषं ब्रह्म ततममपश्यत्' (ऐ० ३-१३) इति ब्रह्मात्मत्वदर्शनमवधारयति। तथोपरिष्टात् 'एष ब्रह्मैष इन्द्रः' (ऐ० ५३) इत्यादिना समस्तभेदजातं सह महाभूतैरनुक्रम्य 'सर्वं तत्प्रज्ञानेत्रं प्रज्ञाने प्रतिष्ठितं प्रज्ञानेत्रो लोकः प्रज्ञा प्रतिष्ठा प्रज्ञानं ब्रह्म' (ऐ० ५-३) इति ब्रह्मात्मत्वदर्शनमेवावधारयति तस्मादिहात्मगृहीतिरित्यनपवादम्।

अपरा योजना—आत्मगृहीतिरितरवदुत्तरात्। वाजसनेयके 'कतम आत्मेति योऽयं विज्ञानमयः प्राणेषु हृद्यन्तर्ज्योतिः पुरुषः' (बृ० ४-३-७) इत्यात्मशब्देनोपक्रम्य तस्यैव सर्वसङ्गविनिर्मुक्तत्वप्रतिपादनेन ब्रह्मात्मतामवधारयति। तथा ह्युपसंहरति—'स वा एष

उक्तव्याख्याने गुणोपसंहारस्यास्फुटत्वान्न पादसंगतिरिति मत्वैव व्याख्यान्तरमाह—अपरेति।

वहाँ की विस्तृत कथा विवक्षित है, ऐसा नहीं कह सकते। उसे जान लेने पर कोई पुरुषार्थ सिद्ध नहीं होता है। यहाँ तो ब्रह्मात्मत्व बतलाना अभीष्ट है इसीलिए अम्भ आदि लोकों और अग्न्यादि लोकपालों की सृष्टि करने के बाद इन्द्रियों और उनके आयतन गोलक शरीर का उपदेशकर वही स्रष्टा यह सोचने लग गया कि 'ये सब मेरे बिना कैसे जीवित रह सकेंगे' और ऐसा विचारकर इस शरीर में वह प्रवेश कर गया, इसीलिए 'मस्तकस्थ इस सीमा को ही चीरकर उसके द्वारा जगत्स्रष्टा परमात्मा देह में प्रवेश कर गया' ऐसा श्रुति बतलाती है। फिर वहाँ 'यदि वाणी से भाषण व्यापार होता और यदि प्राण से अभिप्राणन होता' इत्यादि वाक्य द्वारा करणव्यापारपूर्वक विवेचनकर तत्पश्चात् 'मैं कौन हूँ' ऐसा विचारकर 'उस स्रष्टा परमेश्वर ने इसी व्यापक ब्रह्मपुरुष को आत्मरूप से जाना' इस वाक्य द्वारा श्रुति ब्रह्मात्मत्व दर्शन का अवधारण बतलाती है। तत्पश्चात् 'यह ब्रह्मा हैं, यह इन्द्र है' इत्यादि वाक्य द्वारा महाभूतों के सहित सम्पूर्ण द्वैत को बतलाकर 'वह सम्पूर्ण जगत् प्रज्ञा से नियन्त्रित है और प्रज्ञान में ही प्रतिष्ठित है, अतः लोक प्रज्ञानेत्र है, प्रज्ञा सबकी प्रतिष्ठा है और वह प्रज्ञान ब्रह्मस्वरूप ही है' इस वाक्य द्वारा श्रुति ब्रह्मात्मत्व दर्शन का ही अवधारण श्रुति कराती है। अतः इस स्थल में आत्म शब्द से परमात्मा अर्थ का ग्रहण करना निर्दुष्ट है।

द्वितीय वर्णक—अब दूसरी योजना 'आत्मगृहीतिरितरवदुत्तरात्' इस सूत्र की बतलाते हैं। वाजसनेयक में 'आत्मा कौन है?' इस प्रश्न के उत्तर में कहा है कि 'जो यह प्राणों के मध्य हृदय के भीतर विज्ञानमय अन्तर्ज्योति पुरुष है।' इस वाक्य में आत्म शब्द से प्रसङ्ग प्रारम्भकर उसी को सर्वसङ्ग से विनिर्मुक्त बतलाते हुए ब्रह्मात्मता का निश्चय श्रुति कराती है। 'वह यह महान् आत्मा

महाजन आत्माऽजरोऽमरोऽमृतोऽभयो ब्रह्म' (बृ० ४-४-२५) इति । छान्दोग्ये तु 'सदेव सोम्येदमग्र आसीदेकमेवाद्वितीयम्' (छा० ६-२-१) इत्यन्तरेणैवात्मशब्दमुपक्रम्योदर्के 'स आत्मा तत्त्वमसि' (छा० ६-८-७) इति तादात्म्यमुपदिशति । तत्र संशयः––तुल्यार्थत्वं किमनयोर[1]म्नानयोः स्यादतुल्यार्थत्वं वेति । अतुल्यार्थत्वमिति तावत्प्राप्तमतुल्यत्वादाम्नानयोः । नह्याम्नानवैषम्ये सत्यर्थसाम्यं युक्तं प्रतिपत्तुमाम्नानतन्त्रत्वादर्थपरिग्रहस्य । वाजसनेयके चात्मशब्दोपक्रमादात्मतत्त्वोपदेश इति गम्यते । छान्दोग्ये तूपक्रमविपर्ययादुपदेशविपर्ययः । ननु छन्दोगानामप्यस्त्युदर्के तादात्म्योपदेश इत्युक्तम् । सत्यमुक्तम् । उपक्रमतन्त्रत्वादुपसंहारस्य [2]तादात्म्यसम्पत्तिः सेति मन्यते ।

तथा प्राप्तेऽभिधीयते––आत्मगृहीतिः 'सदेव सोम्येदमग्र आसीत्' (छा० ६-२-१)

उदर्क उपसंहारः । [3]सच्छब्दस्यात्मानात्मसाधारण्यात्संशयमाह–तत्रेति । पूर्वपक्षे सत्तासामान्ये ब्रह्मात्मत्वसंपदुपास्तिश्छान्दोग्ये, वाजश्रुतौ निर्गुणविद्येति भेदान्मिथोगुणानुपसंहारः । सिद्धान्ते तूभयत्र निर्गुणविद्यैक्यादुपसंहार इति फलभेदः । पदानां जातौ शक्तिग्रहात्सच्छब्दोऽपि सत्ताजातिवाचीत्युपक्रमस्य निश्चितार्थत्वादसंजातविरोध्युपक्रमबलेन तादात्म्योपदेशः संपत्तिपरतया नेय इति पूर्वपक्षनिष्कर्षः । पूर्वत्र वाक्यैक्यादर्थादिपरत्वं त्यक्त्वा विद्यैक्यमुक्तमिह तु सदात्मशब्दाभ्यां जात्यात्मवाचिभ्यामुपक्रमभेदाद्वाक्यभेदे सति विद्याभेद इति प्रत्युदाहरणसंगतिः । न चात्मशब्दो जातिवाचकः, आत्मव्यक्त्यैक्याज्जात्यभावात्किंतु सर्वान्तरवस्तुवाचकः । कल्पितजातिवाचित्वेऽप्युपक्रमभेदः स्फुट एव सत्तात्मत्वयोर्भेदादिति मन्तव्यम् ।

सिद्धान्तयति—तथेत्यादिना । उपक्रमान्वयादिति । उपक्रमाधीनत्वादुपसंहारस्येत्यर्थः । तच्चाव-

---

अजन्मा, जरामरणरहित, अमृत और अभय ब्रह्मस्वरूप ही है' इस वाक्य द्वारा उक्त प्रसङ्ग का उपसंहार करती है। किन्तु छान्दोग्य में 'हे सौम्य ! सृष्टि से पूर्व सजातीय–विजातीय–स्वगतभेदशून्य सत् ही था' इस वाक्य द्वारा आत्म शब्द के बिना ही प्रसङ्ग प्रारम्भकर उपसंहार में 'वह आत्मा है और वही तू है' इस वाक्य द्वारा श्रुति आत्मतादात्म्य का उपदेश करती है। इसलिए वहाँ पर संशय होता है कि ये दोनों ही पाठ तुल्यार्थक हैं अथवा अतुल्यार्थक हैं। इस पर पूर्वपक्ष का कहना है कि इन दोनों में अतुल्यार्थता ही है। पाठ के वैषम्य रहने पर अर्थ की समानता मानना उचित नहीं है, पाठ के अनुरूप ही अर्थ ग्रहण किया जाता है। वाजसनेयक में आत्म शब्द से प्रसङ्ग प्रारम्भकर आत्मतत्त्व का उपदेश किया है, ऐसा जान पड़ता है; किन्तु छान्दोग्य में प्रारम्भिक प्रसङ्ग उससे विपरीत जान पड़ता है, अतः अर्थ भी विपरीत ही है। शङ्का—छन्दोग शाखावालों के यहाँ भी उपसंहार में तादात्म्य उपदेश है ही, ऐसा कहा जा चुका है। समाधान—ठीक कहा है किन्तु उपसंहार का अर्थ उपक्रम के अनुसार किया जाता है, तदनुरूप ही वह तादात्म्यसम्पत्ति मानी जायेगी।

ऐसा पूर्वपक्ष प्राप्त होने पर सिद्धान्ती कहता है कि 'सदेव सोम्येदमग्र आसीत्' इस वाक्य में

---

१. पुरुषयोः । २. न तु तादात्म्यप्रतिपत्तिः संपदुपासना सेत्यर्थः । ३. अनात्मनि सामान्येपि प्रसिद्धः सच्छब्दः तार्किकसमये ।

इत्यत्र छन्दोगानामपि भवितुमर्हतीतरवत् । यथा 'कतम आत्मा' (बृ० ४-३-७) इत्यत्र वाजसनेयिनामात्मगृहीतिस्तथैव । कस्मात् ? उत्तरात्तादात्म्योपदेशात् । अन्वयादिति चेत्स्यादवधारणात् । यदुक्तमुपक्रमान्वयादुपक्रमे चात्मशब्दश्रवणाभावान्नात्मगृहीतिरिति तस्य कः परिहार इति चेत्सोऽभिधीयते स्यादवधारणादिति । भवेदुपपन्नेहात्मगृहीतिः, अवधारणात् । तथाहि—'येनाश्रुतं श्रुतं भवत्यमतं मतमविज्ञातं विज्ञातम्'(छा० ६-१-३) इत्येकविज्ञानेन सर्वविज्ञानमवधार्य तत्संपिपादयिषया 'सदेव—'—इत्याह । तच्चात्मगृहीतौ सत्यां सम्पद्यते । अन्यथा हि योऽयं मुख्य आत्मा स न विज्ञात इति नैव सर्वविज्ञानं सम्पद्येते । तथा प्रागुत्पत्तेरेकत्वावधारणं जीवस्य चात्मशब्देन परामर्शः स्वापावस्थायां च तत्स्वभावसंपत्तिकथनं परिचोदनापूर्वकं च पुनःपुनः 'तत्त्वमसि' (छा० ६-८-७) इत्यवधारणमिति च सर्वमेतत्तादात्म्यप्रतिपादनायामेवावकल्पते न तादात्म्यसम्पादनायाम् । न चात्रोपक्रमतन्त्रत्वोपन्यासो न्याय्यः । न ह्युपक्रमेः आत्मत्वसंकीर्तनमनात्मत्व संकीर्तनं वास्ति । सामान्योपक्रमश्च न वाक्यशेषगतेन विशेषेण

धारणं सत्पदेनात्मगृहीतौ सत्यां युज्यत इत्याह—तच्चेति । सदेकमेवेत्यवधारणं, अनेन जीवेनात्मनेति सद्देवताकर्तृको जीवस्यात्मशब्देन परामर्शः, सुप्तौ जीवः सता संपन्नो भवतीति कथनं । भूय एव मा भगवान् विज्ञापयत्विति परिचोदना । सदितिपदेन सत्ताश्रय उच्यते न जातिमात्रं, कर्तृवाचिशतृप्रत्ययान्तत्वात् । तथा चोपक्रमे सत्ताश्रयसामान्योक्तौ क आश्रय इत्याकाङ्क्षायां वाक्यशेषादात्मेति निश्चीयत इत्याह—नचेति । सच्छब्दस्यात्मानात्मसाधारण्यमुपेत्योक्त तदपि नास्ति 'आत्मपदवत्सत्-

---

छन्दोग शाखावालों ने भी आत्मा को ही बतलाया है । जैसे वाजसनेयियों ने 'कतम आत्मा' इस स्थल में आत्मा का ग्रहण किया है वैसे ही उपसंहार में तादात्म्य को देखते हुए उपक्रम में आये 'सत्' शब्द का अर्थ आत्मा ही करना चाहिए । और जो आप ने कहा था कि उपक्रम में आत्म शब्द का श्रवण न होने के कारण आत्मा अर्थ ग्रहण करना ठीक नहीं है, उसका क्या समाधान है ? इस पर हम कहते हैं कि सत् शब्द का आत्मा अर्थ लेना ही युक्तियुक्त है क्योंकि 'जिसके सुनने, मनन करने और जान लेने पर अश्रुत श्रुत हो जाता है, अमत मत और अविज्ञात विज्ञात हो जाता है' इस वाक्य के द्वारा एकविज्ञान से सर्वविज्ञान का निश्चयकर उसी का बोध कराने के लिए 'सदेव' इत्यादि प्रसङ्ग प्रारम्भ किया गया है । वह प्रसङ्ग 'सत्' शब्द का अर्थ कराने पर ही सम्पन्न होगा अन्यथा जो यह मुख्य आत्मा सर्वाधिष्ठान है वह विज्ञात नहीं हुआ तो सर्वविज्ञान भी नहीं हो सकेगा । वैसे ही उत्पत्ति से पूर्व जीव का एकत्वावधारण 'आत्म' शब्द से ही किया गया है । सुषुप्तावस्था में उस परमात्मस्वभाव की प्राप्ति का कथन, प्रश्न उत्थापनपूर्वक बारम्बार 'तत्त्वमसि' इस महावाक्य द्वारा 'तत्-त्वम्' पदार्थ का एकत्वावधारण इत्यादि ये सब कुछ आत्मा-परमात्मा के तादात्म्यबोध के लिए ही बतलाये जाते हैं, न कि तादात्म्य उपासना के लिए । उपक्रम में आत्मत्व का संकीर्तन या अनात्मत्व का संकीर्तन नहीं है, वह उपक्रम तो सामान्यरूप से बतलाया गया है जो वाक्यशेषगत

---

१. अवधारणाम् । २. आत्मानात्मसाधारण्यम् । ३. साधारण्यमपि । ४. आकाशपद इति पाठान्तरम् ।

९. कार्याख्यानाधिकरणम् (सू० १८)

अनग्नबुद्ध्याचमने विधेये बुद्धिरेव वा । उभे अपि विधीयेते द्वयोरत्र श्रुतत्वतः ॥
स्मृतेराचमन प्राप्तं प्रायत्यार्थमनूद्य तत् । अनग्नतामतिः प्राणविदोऽपूर्वा विधीयते ॥

विरुध्यते विशेषाकाङ्क्षित्वात्सामान्यस्य । सच्छब्दार्थोऽपि च पर्यालोच्यमानो न मुख्यादात्मनोऽन्यः सम्भवत्य[1]तोऽन्यस्य वस्तुजातस्यारम्भणशब्दादिभ्योऽनृतत्वोपपत्तेः । आम्नानवैषम्यमपि नावश्यमर्थवैषम्यमावहति । आहर पात्रं पात्रमाहरेत्येवमादिष्वर्थ-साम्येऽपि [2]तद्दर्शनात् । तस्मादेवंजातीयकेषु वाक्येषु प्रतिपादनप्रकारभेदेऽपि प्रतिपाद्यार्था-भेद इति सिद्धम् ॥१७॥

पदस्य व्यक्तिवाचित्वाद्व्यक्तिश्च बाधायोग्या चिदात्मवेति न वाजिछन्दोगयोरुपक्रमवैषम्यमित्याह—सच्छब्देति । **वैषम्यमुपेत्याप्याह**—आम्नानेति । **वाजिवाक्ये त्वमर्थस्य तदर्थपर्यन्तस्य लक्ष्यस्य प्रतिपादनं छान्दोग्यवाक्ये तु तदर्थस्य त्वमर्थपर्यन्तस्य प्रतिपादनमिति प्रकारभेदेऽपि वाक्यार्थैक्या-द्विद्यैक्यमिति फलितमाह**—तस्मादिति ॥१७॥

विशेष के साथ विरुद्ध नहीं पड़ता है क्योंकि सामान्य को विशेष की आकांक्षा सदा रहती है । विचार करने पर '**सत्**' शब्द का अर्थ भी मुख्य आत्मा से भिन्न नहीं है, अतः अन्य वस्तुमात्र को आरम्भण शब्दादि के द्वारा अनृतत्व के कथन से आम्नानवैषम्य भी अर्थवैषम्य का साधक अवश्य नहीं हो सकता । '**आहर पात्रम् पात्रमाहर**' इन प्रयोगों में अर्थ की समानता रहने पर भी पाठवैषम्य देखा जाता है । अतः ऐसे वाक्यों में प्रतिपादनप्रकार का भेद रहने पर भी जीव-ब्रह्म का ऐक्य अर्थ जो वेदान्त का प्रतिपाद्य है उसका अभेद ही रहता है, यह सिद्ध हुआ ॥१७॥

९. कार्याख्यानाधिकरण

१. **सङ्गति**—जैसे पूर्व अधिकरण में उपसंहार वाक्यानुसार संदिग्ध '**सत्**' शब्द से प्रारम्भ किया गया वाक्य आत्मपरक है, वैसे ही '**आचामेत**' इस वाक्यशेष के बल से '**आचामन्ति**' इस वर्तमान लकार से कही गयी संदिग्ध विधि में विधित्व का निर्णय कर लेना चाहिए इस प्रकार पूर्व अधिकरण के निर्णय को दृष्टान्त बनाकर इसका उत्थापन हुआ है ।

२. **विषय**—भोजन से पूर्व और पश्चात् किये जाने वाले आचमन का विचार इस अधिकरण का विषय है ।

३. **संशय**—छान्दोग्य तथा वाजसनेयक में कहा है कि '**तस्मादेवंविदशिष्यन्नाचामेत्, अशित्वा चाचामेत् । एतमेव तदनग्नं कुरुते**' (अतः प्राणोपासक भोजन से पूर्व और पश्चात् आचमन करे, इस प्रकार वह उपासक प्राण को अनग्न करता है) । यहाँ पर आचमन और प्राण में अनग्नता का चिन्तन, ऐसे दो अर्थ प्रतीत होते हैं । दोनों का विधान करने पर वाक्यभेद हो जायेगा और एक का विधान मानने पर सन्देह होता है कि क्या आचमन विधेय है अथवा अनग्नताचिन्तन विधेय है ?

४. **पूर्वपक्ष**—जब दोनों का विधान सुना जा रहा है तब आचमन तथा प्राण का अनग्नता-चिन्तन, दोनों को ही विधेय मानना चाहिए ।

५. **सिद्धान्त**—'अप्राप्त अर्थ में ही शास्त्र सार्थक माना जाता है' इस न्याय से '**द्विजो नित्यमुप-स्पृशेत्**' इस स्मृतिवाक्य द्वारा सभी अनुष्ठान में शुद्धि के लिए आचमन तो प्राप्त ही है, उसी का यहाँ

---

१. आत्मनः सकाशात् । २. आम्नानवैषम्यस्य ।

(३७७) कार्याख्यानादपूर्वम् ॥१८॥

छन्दोगा वाजसनेयिनश्च प्राणसंवादे श्वादिमर्याद प्राणस्यान्नमाम्नाय तस्यैवापो वास आमनन्ति। अनन्तरं च छन्दोगा आमनन्ति—'तस्माद्वा एतदशिष्यन्तः पुरस्ताच्चोपरिष्टाच्चाद्भिः परिदधति' (छा० ५-२-२) इति। वाजसनेयिनस्त्वामनन्ति—'तद्विद्वांसः श्रोत्रिया अशिष्यन्त आचामन्त्यशित्वाचामन्त्येतमेव तदनमनग्नं कुर्वन्तो मन्यन्ते' (बृ० ६-१-१४), 'तस्मादेवंविदशिष्यन्नाचामेदशित्वा चाचामेदेतमेव तदनमनग्नं कुरुते' इति। तत्र त्वाचमनमनग्नताचिन्तनं च प्राणस्य प्रतीयते तत्किमुभयमपि विधीयत उताचमनमेवोतानग्नताचिन्तनमेवेति विचार्यते। किं तावत्प्राप्तमुभयमपि विधीयत इति।

कार्याख्यानादपूर्वम्। 'मे किमन्नं किं वासः' इति प्राणेन पृष्टा वागादयः ऊचुः, 'यदिदं किंचाश्वभ्य आकृमिभ्यस्तत्तेऽन्नमापो वासः' इति सर्वं प्राणिभिर्भुज्यमानं यदिदं प्रसिद्धं श्वादिपर्यन्तमन्नं तत्प्राणस्य तथान्नमाप आच्छादनमित्युपासकेन चिन्तनीयमित्यर्थः। शाखाद्वयेऽप्यविशेषश्रुतिमुक्त्वा विशेषश्रुतिभेदमाह—अनन्तर चेति। तस्मादरां प्राणवस्त्रत्वादशिष्यन्तोऽशनं कुर्वन्तः श्रोत्रिया एतत्कुर्वन्ति। किं तत्, भोजनात्पूर्वमूर्ध्वं चाचामन्तीति यत्तदद्भिः प्राणं परिदधत्याच्छादयन्तीत्यर्थः। पूर्वोत्तराचमनसंबन्धिनीष्वप्सु प्राणवासस्त्वचिन्तनरूपमनग्नताध्यानं कार्यमिति भावः। तत् तस्मादित्युक्तार्थं यतः पूर्वं विद्वांसोऽशनात्प्रागूर्ध्वं चाचामन्त एतमेवान्नं प्राणं तत्तेनाचमनेनानग्नमाच्छादितं कुर्वन्तो मन्यन्ते चिन्तयन्ति, तस्मादेवंविदिदानींतनोऽप्युपासक एवं कुर्यादिति वाजिश्रुत्यर्थः। अत्रोभयोरप्यपूर्वत्वात्संशयमाह—तत्किमिति। सदिग्धसदुपक्रमस्य वाक्यशेषान्निर्णं यवदाचामन्तीति पदस्य विधित्वसंदेहे आचामेदिति वाक्यशेषाद्विधित्वनिर्णय इति दृष्टान्तसंगत्या पूर्वपक्षमाह—किं तावदिति। ज्ञानसाधनोपासनाङ्गविधिविचारात्पादसङ्गतिर्बोध्या। पूर्वपक्षे प्राणविद्याङ्गत्वेनापूर्वाचमनं विहित-

पर अनुवादकर प्राणोपासना में अनग्नताचिन्तन का विधान किया गया है। आचमन पूर्व से प्राप्त है, उसका अनुवादकर प्राणोपासक के लिए अपूर्व अनग्नताचिन्तनमात्र का विधान करना अभीष्ट है, अतः दोनों विधेय नहीं है।

कार्याख्यानादपूर्वम् (ललिता)

छन्दोग तथा वाजसनेयि शाखावाले प्राण संवाद प्रसङ्ग में प्राण के अन्न कुत्ते तक बतला देने के बाद उसी प्राण का वस्त्र जल को कहते हैं, यहाँ तक दोनों की सहमति है। तत्पश्चात् छन्दोग शाखावाले बतलाते हैं कि 'इसीलिए भोजनारम्भ से पूर्व और पश्चात् जल के द्वारा प्राण को आच्छादित करते हैं।' वाजसनेयि शाखावाले कहते हैं कि 'श्रोत्रिय प्राण उपासक खाते समय और खाने के बाद आचमन करते हैं ऐसा करके वे मानते है कि हम इसी प्राण को अनग्न करते हैं अर्थात् वस्त्र दे रहे हैं।' 'इसीलिए यह उपासक खाना चाहता है तब और खाने के बाद भी आचमन करे, ऐसा करने से इस प्राण को वह अनग्न करता है अर्थात् वस्त्र से युक्त करता है।' यहाँ पर यह विचार करना आवश्यक हो जाता है कि आचमन और अनग्नताचिन्तन जो प्राण के विषय में प्रतीत होते हैं, क्या उक्त वाक्यों से दोनों का विधान है या केवल आचमन का अथवा केवल अनग्नताचिन्तन का ? ऐसा संशय होने पर पूर्वपक्ष का कहना है कि दोनों ही अर्थ का बोध होने के कारण दोनों का विधान यहाँ

१. अपां प्राणस्य वस्त्रत्वादित्यर्थः।

कुतः ? —उभयस्याप्यवगम्यमानत्वात् । उभयमपि चैतदपूर्वत्वाद्विध्यर्हम् । अथवाचमनमेव विधीयते विस्पष्टा हि तस्मिन्विधिविभक्तिस्तस्मादेवंविदशिष्यन्नाचामेदशित्वा चाचामेदिति । तस्यैव स्तुत्यर्थमनग्नतासङ्कीर्तनमिति ।

एवं प्राप्ते ब्रूमः—नाचमनस्य विधेयत्वमुपपद्यते कार्याख्यानात् । प्राप्तमेव हीदं कार्यत्वेनाचमनं प्रायत्यार्थं[२] स्मृतिप्रसिद्धम[१]न्वाख्यायते । नन्वियं श्रुतिस्तस्याः स्मृतेः मूलं स्यात् । नेत्युच्यते । विषयनानात्वात् । सामान्यविषया हि स्मृतिः पुरुषमात्रसम्बद्धं [२]प्रायत्यार्थमाचमनं प्रापयति । श्रुतिस्तु प्राणविद्याप्रकरणपठिता तद्विषयमेवाचमनं विदधती विदध्यात् । नच भिन्नविषययोः श्रुतिस्मृत्योर्मूलमूलिभावोऽवकल्पते । नचेयं श्रुतिः प्राण-

---

मन्यत्रोपसंहर्तव्यमिति फलं, सिद्धान्ते तस्याविधेयत्वान्नाङ्गत्वेनोपसंहार इति विवेकः । उभयविधाने वाक्यभेदः स्यादित्यरुच्या पक्षान्तरमाह—अथवेति । प्रशस्तं हीदमाचमनं यस्मादनेन प्राणमनग्नं मन्यन्त इति स्तुतिः ।

प्रसिद्धानुवादेनाप्रसिद्धं विधेयमिति न्यायेन सिद्धान्तयति—एवमिति । प्रयतस्य प्रयत्नवतो भावः प्रायत्यं शुद्धिस्तदर्थमित्यर्थः । स्मृत्या शुद्ध्यर्थं कार्यत्वेन [३]विहितसकलकर्माङ्गतया प्राप्ताचमनानुवादेनापूर्वमनग्नताध्यानमेव विधीयत इति सूत्रार्थः । स्मार्तमाचमनं श्रुत्या नानूद्यते किं त्वनया श्रुत्या विहितं स्मृत्यानूद्यत इति शङ्कते—नन्विति । श्रुतिस्मृत्योरनयोर्न मूलमूलिभावो भिन्नविषयत्वादिति परिहरति—नेति । 'द्विजो नित्यमुपस्पृशेत्' इत्याद्या स्मृतिः । [४]आचमनान्तरविधिमुपेत्य मूलमूलित्वं निरस्तं, संप्रति विधिरसिद्ध इत्याह—नचेयं श्रुतिरिति । अत एवेति । आचमनविध्यभावादेवेत्यर्थः । अप्सु

पर किया गया है क्योंकि दोनों ही अपूर्व होने के कारण विधान के योग्य हैं अथवा आचमन का ही विधान यहाँ पर मानना चाहिए क्योंकि उसी अर्थबोध के लिए विस्पष्ट विभक्ति यहाँ पर दीखती हैं। अतः 'ऐसा उपासक खाना चाहता है तब और खाकर भी आचमन करे' इस वाक्य द्वारा उसी आचमन की स्तुति के लिए अनग्नताचिन्तन कहा गया है।

ऐसा पूर्वपक्ष प्राप्त होने पर हम सिद्धान्ती कहते हैं कि इस स्थल में प्राप्त-आचमन का आख्यान होने के कारण उस आचमन में विधेयत्व सिद्ध नहीं होता क्योंकि कर्तव्यरूप से आचमन शुद्धि के लिए स्मृति में प्रसिद्ध ही है। 'द्विजो नित्यमुपस्पृशेत्' इस स्मृतिवाक्य द्वारा सभी कार्यों के आरम्भ में आचमन का विधान किया जा चुका है, उसी विहित आचमन का अनुवादकर उक्त श्रुति द्वारा उसमें अनग्नता चिन्तन का विधान किया गया है। शङ्का—यह श्रुति उस स्मृति का मूल है, न कि श्रुति का मूल स्मृति है। श्रुति से विहित का स्मृति से अनुवाद तो उचित होता है किन्तु स्मृति से विहित का अनुवाद श्रुति करने लग जाय, यह युक्तियुक्त नहीं जान पड़ता। समाधान—भिन्न विषय होने के कारण उक्त श्रुति-स्मृति में मूल-मूलीभाव नहीं है। 'द्विज सदा सभी कार्यों के आरम्भ में आचमन करे' यह स्मृति सामान्य विषयक है जो पुरुषमात्र से सम्बद्ध शुद्धि के लिए आचमन बतलाती है, किन्तु प्राण उपासना प्रकरण में पढ़ी गयी श्रुति उस शुद्ध्यर्थ आचमन में ही केवल अनग्नताचिन्तन कहती है। इस प्रकार भिन्नविषयक श्रुति-स्मृति में मूलमूली-भाव की कल्पना नहीं कर सकते। यह श्रुति जो प्राण उपासना प्रकरण में

---

१. श्रुत्याऽनूद्यत इत्यर्थः । २. शुद्ध्यर्थम् । ३. आचमने विहिते सति । ४. इतरकर्माङ्गभूताचमनादन्यत्प्राणविषयमाचमनमाचमनांतरं तद्विधायिकेयं श्रुतिरित्यभ्युपेत्येत्यर्थः ।

विद्यासंयोग्यपूर्वमाचमनं विधास्यतीति शक्यमाश्रयितुम्। [१]पूर्वस्यैव पुरुषमात्रसंयोगिन आचमनस्येह[२] प्रत्यभिज्ञायमानत्वात्। अत एव च नोभयविधानम्। उभयविधाने च वाक्यं भिद्येत। तस्मात्प्राप्तमेवाशिशिषतामशितवतां चो[३]भयत आचमनमनूद्य एतमेव 'तदनमनग्नं कुर्वन्तो मन्यते' (बृ० ६-१-१४) इति प्राणस्यानग्नताकरणसङ्कल्पोऽनेन वाक्येनाचमनोयास्वप्सु प्राणविद्यासम्बन्धित्वेनापूर्व उपदिश्यते। न चायमनग्नतावाद आचमनस्तुत्यर्थ इति न्याय्यम्। आचमनस्याविधेयत्वात्। स्वयं चानग्नतासङ्कल्पस्य विधेयत्वप्रतीतेः। न चैवं सत्येकस्याचमनस्योभयार्थताऽभ्युपगता भवति प्रायत्यार्थता परिधानार्थता चेति। क्रियान्तरत्वाभ्युपगमात्। [४]क्रियान्तरमेव ह्याचमनं नाम प्रायत्यार्थं पुरुषस्याभ्युपगम्यते तदीयासु[५] त्वप्सु वासः सङ्कल्पनं नाम [६]क्रियान्तरमेव परिधानार्थं प्राणस्याभ्युपगम्यत इत्यनवद्यम्। अपिच 'यदिदं किंचाश्वभ्य आ कृमिभ्य आ कीटपतंगेभ्यस्तत्तेऽन्नम्' (बृ०६-१-१४) इत्यत्र तावन्न सर्वान्नाभ्यवहारश्चोद्यत इति शक्यं वक्तुम्, अशब्दत्वादशक्यत्वाच्च। सर्वं तु प्राणस्यान्नमितीयमन्नदृष्टिश्चोद्यते तत्साहचर्याच्चापो वास इत्यत्रापि नापामाचमनं

प्राणवासस्त्वध्यानाख्यः सकल्पः प्राणविद्याङ्गत्वेन विधीयत इत्याह—तस्मादिति। स्वयं चेति अपूर्वत्वादित्यर्थः। शुद्ध्यर्थं विनियुक्तस्याचमनस्य प्राणाच्छादनार्थत्वं विरुद्धमित्याशङ्क्याह—न चैवं सतीति। आचमनस्याच्छादनार्थत्वमसिद्धमित्यर्थः। किंच यथा पूर्ववाक्ये प्राणस्यान्नध्यानमङ्गं विहितं तथात्राप्सु वासोध्यानं विधीयते अन्यथाचमनविधौ पूर्वत्र ध्यानविधिरुत्तरत्र क्रियाविधिरित्यर्धवैशसं स्यादित्याह—अपिचेति। भक्षयेदिति शब्दाभावाच्छ्वाद्यन्नस्य सर्वस्य मनुष्येणोपासकेन भोक्तुमशक्यत्वाच्च न

कही गयी है वह अपूर्व आचमन का विधान करेगी, ऐसा नहीं कह सकते क्योंकि पुरुषमात्र के साथ सम्बन्ध रखने वाले स्मृतिविहित पूर्वआचमन की ही इस श्रुति में प्रत्यभिज्ञा होती है। इसीलिए आचमन और अनग्नताचिन्तन, दोनों का विधान श्रुति से नहीं कह सकते। उभयविधान मानने पर वाक्यभेद भी होने लग जायेगा। अतः भोजन के इच्छुक और भोजन किये हुए, दोनों के लिए प्राप्त आचमन का अनुवादकर 'उसी प्राण को अनग्न करने वाले माने जाते हैं' इस वाक्य के द्वारा प्राण को अनग्न करने का संकल्प उस प्राण उपासना के साथ सम्बन्ध रखने वाले आचमनीय जल में अपूर्व अर्थ का उपदेश किया जाता है। यह अनग्नताकथन आचमनस्तुति के लिए अर्थवाद मानना भी ठीक नहीं है क्योंकि इस श्रुतिवाक्य में आचमन विधेय है ही नहीं, स्वयं अनग्नतासंकल्प में ही विधेयत्व प्रतीत होता है। इस प्रकार एक ही आचमन में उभयार्थता नहीं मानी जा रही है, शुद्ध्यर्थता और परिधानार्थता ये दोनों भिन्न क्रिया मानी गयी है। आचमन भिन्न क्रिया है जो पुरुष की शुद्धि के लिए मानी जाती है; उस आचमन प्रयोजन की सिद्धि के लिए जल में वस्त्रसंकल्प, यह भिन्न क्रिया है जो प्राण के परिधानार्थ मानी जाती है, यह निर्दुष्ट पक्ष है। और 'जो यह कुत्ते, कीड़े एवं कीट-पतंग के लिए अन्न प्रसिद्ध हैं वे सब उस प्राण के अन्न हैं' इस वाक्य में सर्वान्नभक्षण का विधान नहीं है क्योंकि भक्षयेत ऐसा शब्द वहाँ पर नहीं है और न उपासक मनुष्य सभी अन्न को खा सकता है, किन्तु ये सब प्राण के अन्न हैं, ऐसी दृष्टि कर सकता है। उस साहचर्य से यह मान सकते

१. स्मृतिविहितस्यैव। २. श्रुतौ। ३. आदावन्ते च। ४. बाह्यं हस्तक्रियारूपम्। ५. आचमनार्थासु। ६. आन्तर मानसव्यापाररूपम्।

चोद्यते प्रसिद्धास्वेव त्वाचमनीयास्वप्सु परिधानदृष्टिश्चोद्यत इति युक्तम् । न ह्यर्धवैशसं सम्भवति । अपिचाचामन्तीति वर्तमानापदेशित्वान्नायं शब्दो विधिक्षमः । ननु मन्यन्त इत्यपि समानं वर्तमानापदेशित्वम् । सत्यमेवमेतत् । अवश्यविधेये त्वन्यतरस्मिन्वासः कार्यख्यानादपां वासःसंकल्पनमेवापूर्वं विधीयते नाचमनं पूर्ववद्धि तदित्युपपादितम् ।

यदप्युक्तं विस्पष्टा चाचमने विधिविभक्तिरिति तदपि [1]पूर्ववत्त्वेनैवाचमनस्य प्रत्युक्तम् । अत एवाचमनस्याविधित्सितत्वादेतमेव तदनमनग्नं कुर्वन्तो मन्यन्त इत्यत्रैव काण्वाः पर्यवस्यन्ति नामनन्ति तस्मादेवंविदित्यादि । तस्मान्माध्यंदिनानामपि पाठ आचमनानुवादेनैवंवित्त्वमेव [2]प्रकृतप्राणवासोविधित्वं विधीयत इति प्रतिपत्तव्यम् । योऽप्ययमभ्युपगमः क्वचिदाचमनं विधीयते क्वचिद्वासोविज्ञानमिति सोऽपि न साधुः । आपो वास इत्यादि—

पूर्ववाक्ये क्रियाविधिरित्यर्थः । इतश्चाचमनमत्र न विधेयमित्याह—अपिचेति । अनग्नं मन्यन्त इत्यत्र वासस्त्वध्यानमपि न विधेयं दोषसाम्यादिति शङ्कते—नन्विति । उभयोरप्यनुवादत्वे वैफल्यादवश्यमेकानुवादेनैकं विधेयं तच्च विधेयं वासोध्यानमेव वासःकार्यख्यानत्वस्याख्यानादपूर्वत्वाच्चेति समाधानार्थः । पूर्ववदिति स्मृत्या प्राप्तमित्यर्थः ।

आचामेदिति न विधिः किंतु विष्णुरुपांशु यष्टव्य इतिवदनुवाद इत्यत्र लिङ्गमाह—अत एवेति । तस्मादेवंविदशिष्यन्नाचामेदशित्वा चाचामेदिति वाक्यस्याविधित्वे काण्वैरपठनं लिङ्गमित्यर्थः । तर्हि पाठबलान्माध्यन्दिने आचमनविधिः काण्वे ध्यानविधिरिति कस्यचिन्मतं निराकरोति । योऽपीति ॥१८॥

हैं कि 'जल उसका वस्त्र है' इस वाक्य में भी उस जल में अपूर्व आचमन का विधान नहीं मान सकते, किन्तु स्मृतिविहित जल में ही परिधानदृष्टि का विधान करती है, ऐसा मानना उचित है । अर्धवैशस कहना भी सम्भव नहीं है । 'आचामन्ति' ऐसा वर्तमान उपदेश होने के कारण भी यह शब्द विधान करने में समर्थ नहीं है । शङ्का—'अनग्नं मन्यन्ते' इस क्रिया में भी वर्तमान उपदेश तो समान ही है । समाधान—यह कहना आप का सत्य है पर किसी एक में विधेयत्व मानना आवश्यक है । अतः स्मृतिविहित आचमनीय जल में वस्त्रसंकल्प ही अपूर्व वस्तु है जिसका विधान उक्त श्रुति से किया गया है, आचमन का विधान नहीं है यह पहले भी बतलाया जा चुका है ।

और जो आप ने कहा था कि 'आचामेत' इस क्रियावाचक आचमन पद में विधि विभक्ति विस्पष्ट भासती है, यह आक्षेप भी पूर्वरीति से आचमन के विषय में निरस्त हो जाता है । अतः आचमन का विधान करना अभीष्ट न होने के कारण 'एतमेव तदनमनग्नं कुर्वन्तो मन्यन्ते' (इसी प्राण को अनग्न करने वाले वे उपासक माने जाते हैं) इस अर्थ में ही काण्व शाखावाले विश्राम लेते हैं, 'तस्मादेवं वेत्ति' इत्यादि वाक्य में नहीं पढ़ते हैं और इसीलिए माध्यन्दिन शाखावालों के भी पाठ में आचमन अनुवाद के द्वारा एवंवित्त्व ही प्रकृत प्राणों में वस्त्रसंकल्प का विधान किया गया है, ऐसा समझना चाहिए । और यह जो मानते हैं कि कहीं पर आचमन का विधान किया गया है और कहीं पर वस्त्रपरिधानसंकल्प का विधान किया गया है, ऐसा अर्थ करना भी ठीक नहीं है क्योंकि 'आपोवासः'

---

१. अनुवादत्वेनैव । २. एवंवित्त्वमेवाह प्रकृतेति ।

१०. समानाधिकरणम् (सू० १९)

(३७८) समान एवं चाभेदात् ॥१९॥

शाण्डिल्यविद्या काण्वानां द्विविधैकविधाऽथवा। द्विरुक्तेरेकशाखायां द्वैविध्यमिति गम्यते ॥
एका मनोमयत्वादिप्रत्यभिज्ञानतो भवेत्। विद्याया विधिरेकत्र स्यादन्यत्र गुणे विधिः ॥

काया वाक्यप्रवृत्तेः सर्वत्रैकरूप्यात्। तस्माद्वासोविज्ञानमेवेह विधीयते नाचमनमिति न्याय्यम् ॥१८॥

वाजसनेयिशाखायामग्निरहस्ये शाण्डिल्यनामाङ्किता विद्याविज्ञाता तत्र च गुणाः श्रूयन्ते 'स आत्मानमुपासीत मनोमयं प्राणशरीरं भारूपम्' इत्येवमादयः। तस्यामेव शाखायां

समान एवं चाभेदात्। **शाण्डिल्येन दृष्टा तन्नाम्नाऽङ्किता, अन्तर्हृदयेव्रीह्यादिवत्सूक्ष्मस्तिष्ठतीत्यर्थः।**

(जल वस्त्र है) ऐसी वाक्यप्रवृत्ति सर्वत्र एकरूप ही देखी गयी है। इसलिए जल में वस्त्रपरिधानसंकल्प ही यहाँ पर विहित है, आचमन का विधान नहीं है, ऐसा मानना न्यायसङ्गत है ॥१८॥

१०. समानाधिकरण

१. **सङ्गति**—पूर्व अधिकरण में स्मृतिप्रसिद्ध आचमन का अनुवादकर अनग्नताचिन्तनमात्र को विधेय कहा गया था, अब एक ही शाखा में अध्येता और वेदिता का भेदाभाव होने से पौनरुक्ति का परिहार नहीं कर सकते। अतः विप्रकृष्टदेशस्थ वाक्य में से एक को विधायक और दूसरे को अनुवादक कहना उचित नहीं होगा। ऐसी स्थिति में स्वप्रदेशस्थ गुणों से विशिष्ट विद्या का विधान मानना उचित है, ऐसी प्रत्युदाहरण सङ्गति के कारण यह अधिकरण प्रारम्भ होता है।

२. **विषय**—वाजसनेयक के अग्निरहस्य में **'स आत्मानमुपासीत'** इस वाक्य से शाण्डिल्यविद्या प्रतीत होती है, उसी शाखा के बृहदारण्यक में **'मनोमयोऽयं पुरुषो भाः सत्यः'** ऐसा पाठ मिलता है। इन दोनों में प्रतिपादित विद्या के भेदाभेद का विचार इस अधिकरण का विषय है।

३. **संशय**—क्या दोनों स्थलों में विद्या एक है और गुणों का उपसंहार होता है, ऐसा माना जाय अथवा विद्या का भेद एवं गुणों का अनुपसंहार माना जाय? ऐसा संशय होता है।

४. **पूर्वपक्ष**—विप्रकृष्टदेशस्थ होने के कारण दोनों स्थलों में विद्या एक नहीं है और समान गुणों का पाठ होने से गुणोपसंहार भी अनावश्यक है।

५. **सिद्धान्त**—जैसे भिन्न शाखाओं में विद्या का अभेद और गुणों का उपसंहार होता है ऐसे ही एक शाखा में भी विद्या का एकत्व और गुणों का उपसंहार मानना ही उचित है। समान गुणों का पाठ देखकर पुनरुक्ति की आशङ्का न करे, एकत्र विद्या का विधानकर अन्यत्र उसका अनुवाद करते हुए सत्यत्वादि गुणों का विधान मानना उचित ही है। **'अग्निहोत्रं जुहोति'** इस वाक्य से विहित होम का अनुवादकर **'दध्ना जुहोति'** इस वाक्य द्वारा दधि गुणमात्र का विधान जिस प्रकार मानते हैं, वैसे ही यहाँ सिद्धान्त में एक ही शाण्डिल्यविद्या है,दो नहीं। एक स्थान पर उपासना का विधान है तथा दूसरे स्थान पर विहित उपासना के गुणमात्र का विधान है।

समान एवं चाभेदात्(ललिता)

वाजसनेय शाखा के अग्नि रहस्य में शाण्डिल्य नाम से जो विद्या विख्यात है उसमें 'वह मनोमय प्राणमय तथा भारूप आत्मा की उपासना करे' इत्यादि गुण सुने जाते हैं। उसी शाखा के बृहदारण्यक में

बृहदारण्यके पुनः पठ्यते—'मनोमयोऽयं पुरुषो भाःसत्यस्तस्मिन्नन्तर्हृदये यथा व्रीहिर्वा यवो वा स एष सर्वस्येशानः सर्वस्याधिपतिः सर्वमिदं प्रशास्ति यदिदं किंच' (बृ० ५-६-१) इति। तत्र संशयः—किमियमेका विद्याग्निरहस्यबृहदारण्यकयोर्गुणोपसंहारश्चोत द्वे इमे विद्ये गुणानुपसंहारश्चेति। किं तावत्प्राप्तम्। विद्याभेदो गुणव्यवस्था चेति। कुतः? पौनरुक्त्यप्रसङ्गात्। भिन्नासु हि शाखास्वध्येतृवेदितृभेदात्पौनरुक्त्यपरिहारमालोच्य विद्यैकत्वमध्यवसायैकत्रा[1]तिरिक्ता गुणा इतरत्रोपसंह्रियन्ते प्राणसंवादादिष्विवत्युक्तम्। एकस्यां पुनः शाखायामध्येतृवेदितृभेदाभावादशक्यपरिहारे पौनरुक्त्ये न विप्रकृष्टदेशस्थैका विद्या भवितुमर्हति। न चात्रैकमाम्नानं विद्याविधानार्थमपरं गुणविधानार्थमिति विभागः सम्भवति। तदा ह्य[2]तिरिक्ता एव गुणा इतरत्रेतरत्र चाम्नायेरन् 'असमानाः। समाना अपि तूभयत्राम्नायन्ते मनोमयत्वादयः। तस्मान्नान्योन्यं गुणोपसंहार इति।

अभ्यासप्रत्यभिज्ञानाभ्यां संशयमाह—तत्रेति। गुणानुपसंहारोपसंहारौ पूर्वोत्तरपक्षयोः फलम्। पूर्वत्र प्राप्तावमनानुवादेनानन्यताध्यानविधिरुक्तः। इह त्वेकशाखायां विप्रकृष्टदेशस्थ वाक्ययोरेकस्य विधित्वमन्यस्यानुवादत्वमित्यनिश्चयाद्द्वयोरपि विद्याविधित्वमिति प्रत्युदाहरणेन पूर्वपक्षयति—किं तावदिति। यत्पुनरुक्तं, तद्विद्यान्तरमिति न व्याप्तिः प्राणसंवाद्यादिविद्यासु व्यभिचारादित्याशङ्क्य शाखाभेदे पुनरुक्तिरसिद्धेरयुक्तमित्याह—भिन्नास्विति। यथाऽग्निहोत्रवाक्ये कर्मविधिः, 'दध्ना जुहोति' इति वाक्ये गुणविधिस्तथात्राप्यस्तु न विद्याभेद इत्याशङ्क्याह—नचात्रैकमिति। उक्तगुणानां पुनरुक्तिर्वृथा स्यादतोऽभ्यासाद्विद्याभेदः [4]प्रयाजभेदवदिति भावः।

पाठ मिलता है कि 'यह पुरुष मनोमय है, भारूप एवं सत्य है। वह हृदय में है, जैसे व्रीहि अथवा जो सूक्ष्म है ऐसा वह पुरुष है, वही पुरुष सम्पूर्ण जगत् का शासक है और सबका अधिपति है। यह जो कुछ भी स्थावर-जङ्गम संसार है सभी का शासन वही पुरुष करता है' इत्यादि। वहाँ अभ्यास एवं प्रत्यभिज्ञा के कारण यह संशय होता है कि अग्निरहस्य एवं बृहदारण्यक में क्या यह एक ही विद्या है और परस्पर गुणों का उपसंहार नहीं होता। इस स्थिति में क्या निर्णय लेना चाहिए। इस पर पूर्वपक्ष का कहना है कि यह विद्या एक नहीं है और गुणों का उपसंहार न होने के कारण गुणव्यवस्था भी है अर्थात् जिस प्रसङ्ग में जितने गुण पढ़े गये हैं उन्हीं का चिन्तन वहाँ करना चाहिए, अन्यथा पुनरुक्ति का प्रसङ्ग आ जायेगा क्योंकि भिन्न शाखाओं में अध्येता एवं वेदिता का भेद रहने पर पौनरुक्त्यपरिहार को आलोचनाकर विद्यैकत्व का निश्चय किया जाता है और प्राणसम्वादादि में जैसे एक स्थान पर पढ़े गये गुणों का उपसंहार अन्यत्र होता है वैसे ही यहाँ भी होने लग जायेगा। एक शाखा में अध्येता और उपासक का भेद न रहने पर समान गुणों का पाठ करते समय जब पुनरुक्ति आती है तब उसका वारण करना अशक्य हो जाता है। ऐसी स्थिति में दूर देश में पढ़ी गयी विद्या एक नहीं हो सकती। अतः अग्नि रहस्य एवं बृहदारण्यक में से एक स्थान पर उपासनाविधान के लिए पाठ है और दूसरे स्थान पर गुण-विधान के लिए पाठ है, ऐसा विभाग करना सम्भव नहीं है। उस स्थिति में गुण पृथक्-पृथक् स्थानों में भिन्न ही पढ़े जायेंगे, समान गुण नहीं; किन्तु यहाँ पर उभयत्र मनोमयत्वादि समान गुण भी पढ़े जाते हैं, अतः अन्योन्य गुणों का उपसंहार मानना ठीक नहीं है।

१. अधिका विलक्षणा असमाना इति यावत्। २. विलक्षणाः। ३. अतिरिक्तपदार्थमाह असमाना इति। ४. समिधो यजति तनूनपातं यजतीत्यादिवत्।

एवं प्राप्ते ब्रूमहे—यथा भिन्नासु शाखासु विद्यैकत्वं गुणोपसंहारश्च भवत्येवमेकस्यामपि शाखायां भवितुमर्हति । उपास्याभेदात् । तदेव हि ब्रह्म मनोमयत्वादिगुणकमुभयत्राप्युपास्यमभिन्नं प्रत्यभिजानीमहे । उपास्यं च रूपं विद्यायाः । नच विद्यमाने रूपाभेदे विद्याभेदमध्यवसातुं शक्नुमः । नापि विद्याभेदे गुणव्यवस्थानम् । ननु पौनरुक्त्यप्रसङ्गाद्विद्याभेदोऽध्यवसितः । नेत्युच्यते । अर्थविभागोपपत्तेः । [1]एकं ह्याम्नानं विद्याविधानार्थम[2]परं गुणविधानार्थमिति न किंचिन्नोपपद्यते । नन्वेवं सति यदपठितमग्निरहस्ये तदेव बृहदारण्यके पठितव्यम् 'स एष सर्वस्येशानः' इत्यादि । यत्तु पठितमेव मनोमय इत्यादि तन्न पठितव्यम् । नैष दोषः । तद्बलेनैव प्रदेशान्तरपठितविद्याप्रत्यभिज्ञानात् । समानगुणाम्नानेन हि विप्रकृष्टदेशां शाण्डिल्यविद्यां प्रत्यभिज्ञाप्य तस्यामीशानत्वाद्युपदिश्यते । अन्यथा हि कथं तस्यामयं गुणविधिरभिधीयते । अपि चाप्राप्तांशो[3]पदेशेनार्थवति वाक्ये संजाते प्राप्तांशपरामर्शस्य नित्यानुवादतयाऽप्युपपद्यमानत्वान्न तद्बलेन प्रत्यभिज्ञोपोहितुं शक्यते । तस्मादत्र समानायामपि शाखायां विद्यैकत्वं गुणोपसंहारश्चेत्युपपन्नम् ॥१९॥

उक्तगुणोक्तिर्न वृथा कतिपयगुणविशिष्टोपास्याभेदप्रत्यभिज्ञानार्थत्वादत उपास्यरूपाभेदाद्भिन्नशाखास्विव समानशाखायामपि विद्यैक्यमिति सिद्धान्तसूत्रं योजयति—यथेति । सौत्रश्चकारोऽप्यर्थो व्याख्यातः । यत्र बहवो गुणाः श्रुतास्तत्र प्रधानविधिरन्यत्र तदनुवादेन गुणविधिरिति निश्चयादग्निरहस्ये प्रधानविधिवदुत्तरत्र गुणविधिरिति भावः ॥१९॥

ऐसा पूर्वपक्ष होने पर हम सिद्धान्ती कहते हैं कि जैसे भिन्न शाखाओं में उपासना एक होती है और गुणों का उपसंहार भी होता है, ऐसे ही उपास्य का भेद न रहने पर एक शाखा में भी उपासना का एकत्व और गुणों का उपसंहार मानना चाहिए क्योंकि यहाँ दोनों ही स्थल में मनोमयत्वादि गुणविशिष्ट वही एक ब्रह्म उपास्य है, ऐसी प्रत्यभिज्ञा हम करते हैं । उपासना का रूप उपास्य ही होता है, उपास्यरूप के एक रहने पर उपासना में भेद का निश्चय हम नहीं कर सकते हैं और न उपासना का भेद सिद्ध हो जाने पर गुणों की व्यवस्था ही हो सकती है । शङ्का—पौनरुक्त्यप्रसङ्ग के भय से उपासना में भेद का निश्चय होता है । समाधान—ऐसा कहना ठीक नहीं क्योंकि एक पाठ उपासनाविधान के लिए और दूसरा गुणविधान के लिए है, ऐसा विभाग मान लेने पर कोई अनुपपत्ति नहीं रह जाती है । शङ्का—तब तो जो अग्निरहस्य में नहीं पढ़ गये थे उन्हीं 'स एष सर्वस्येशानः' इत्यादि गुणों का ही पाठ बृहदारण्यक में करना चाहिए था और जो मनोमयत्वादि पढ़े जा चुके हैं उनका पाठ नहीं करना चाहिए था । समाधान—यह दोष नहीं है क्योंकि समान गुणों के पाठ से ही देशान्तरपठित विद्या की प्रत्यभिज्ञा होती है । समान गुणों के पाठ के कारण दूरस्थ शाण्डिल्यविद्या की प्रत्यभिज्ञाकर उसमें ईशानत्वादि का उपदेश किया जाता है, अन्यथा उस शाण्डिल्यविद्या में ईशानत्वादि गुणों का विधान कैसे किया जा सकता । इसके अतिरिक्त अप्राप्तांश के उपदेश के कारण वाक्य के सार्थक हो जाने पर प्राप्तांश का परामर्श नित्यानुवादरूप है, ऐसा मानने में कोई भी आपत्ति नहीं है; उसके आधार पर प्रत्यभिज्ञा की उपेक्षा नहीं कर सकते । अतः यहाँ पर समान शाखा में भी शाण्डिल्यविद्या एक है और गुणों का उपसंहार होता है, यह सिद्ध हुआ ॥१९॥

---

१. अग्निरहस्य एवम् । २. बृहदारण्यकएवम् । ३. सर्वेशानत्वादि ।

११. सम्बन्धाधिकरणम् (सू० २०-२२)

(३७९) सम्बन्धादेवमन्यत्रापि ॥२०॥

संहारः स्याद्व्यवस्था वा नाम्नोरहरहं त्विति । विद्यैकत्वेन संहारः स्यादध्यात्माधिदैवयोः ॥
तस्योपनिषदित्येवं भिन्नस्थानत्वदर्शनात् । स्थितासीनगुरूपास्त्योरिव नाम्नोर्व्यवस्थितिः ॥

बृहदारण्यके 'सत्यं ब्रह्म' (५-५-१) इत्युपक्रम्य 'तद्यत्तत्सत्यमसौ स आदित्यो य एष एतस्मिन्मण्डले पुरुषो यश्चायं दक्षिणेऽक्षन्पुरुषः' (बृ० ५-५-२) इति तस्यैव सत्यस्य ब्रह्मणो-

---

सम्बन्धादेवमन्यत्रापि । **सद्भूतत्रयं त्यद्वाय्वाकाशात्मकं, सत्यं परोक्षभूतात्मकं हिरण्यगर्भाख्यं ब्रह्मोपक्रम्य, तदुक्तं यत्सत्यं तत् स योऽसावादित्यः किं मण्डलं न तत्र स्थाने पुरुषः करणात्मकः स एवाध्यात्ममक्षिस्थानस्थ इत्युपदिश्य 'तस्य भूरिति शिरो भुव इति बाहुः स्वरिति पादौ' इति व्याहृतिरूपं शरीरमुक्त्वा द्वे उपनिषदौ रहस्यदेवतानामनी उपदिश्येते तस्यादित्यमण्डलस्थस्याहरिति**

---

११. सम्बन्धाधिकरण

१. **सङ्गति**—एक शाखा के अग्निरहस्य और बृहदारण्यक में एक वाक्य से विद्या का विधान और दूसरे वाक्य से विहित विद्या का अनुवादकर गुणमात्र का विधान जैसे पिछले अधिकरण में कहा गया, वैसे ही सत्यविद्या के एक होने पर 'अहः' और 'अहम्' ऐसे दो नामों का अनुष्ठान कर लेना चाहिए; ऐसी दृष्टान्त सङ्गति पूर्व के साथ इसकी है।

२. **विषय**—बृहदारण्यक की सत्यविद्या इस अधिकरण का विचारणीय विषय है।

३. **संशय**—**'सत्यं ब्रह्म'** बृहदारण्यक की इस सत्यविद्या में अधिदैवदृष्टि से 'अहः' इस नाम का और अध्यात्मदृष्टि से **'अहम्'** इस नाम का ध्यान का उपदेश किया गया है। वहाँ सन्देह होता है कि दोनों स्थलों में विद्या के एक होने पर दोनों नामों का चिन्तन करना चाहिए अथवा एक-एक नाम का ?

४. **पूर्वपक्ष**—जैसे शाण्डिल्यविद्या में विभागपूर्वक पढ़े जाने पर भी एक विद्या सिद्ध हो जाने के कारण गुणों का उपसंहार माना है, वैसे ही एक विद्या से सम्बन्ध रखने के कारण 'अहः' और 'अहम्' इन दोनों नामों का अनुसन्धान करना चाहिए।

५. **सिद्धान्त**—आधिदैविक के लिए **'तस्योपनिषदहः'** इस नाम का और आध्यात्मिक सत्यविद्या में **'तस्योपनिषदहम्'** इस नामविशेष का उपदेश किया गया है। अतः वेद्यवस्तु सत्य ब्रह्म के एक होने पर भी स्थानविशेष में पृथक्-पृथक् नाम का पाठ होने से दोनों स्थानों पर दोनों नामों का चिन्तन नहीं करना चाहिए। जिस प्रकार लोक में गुरु के एक होने पर भी गुरु के खड़े रहने और बैठ जाने पर पृथक्-पृथक् रीति से उपासना का विधान है वैसे ही यहाँ भी व्यवस्थापूर्वक दोनों नामों का चिन्तन करना चाहिए।

सम्बन्धादेवमन्यत्रापि (ललिता)

बृहदारण्यक उपनिषद् में सद्रूप पृथ्वी, जल, तेज एवं त्यद्रूप वायु तथा आकाशात्मक परोक्षभूत हिरण्यगर्भाख्य ब्रह्म का प्रसङ्ग **'सत्यं ब्रह्म'** इस वाक्य से प्रारम्भकर 'वह जो सत्य है वही आदित्य है और जो उस मण्डल में पुरुष है एवं जो यह दक्षिण नेत्र में पुरुष है' इस वाक्य द्वारा उसी सत्य

ऽधिदैवतमध्यात्मं चायतनविशेषमुपदिश्य व्याहृतिशरीरत्वं च संपाद्य द्वे उपनिषदावुपदिश्येते । तस्योपनिषदहरित्यधिदैवतम् । तस्योपनिषदहमित्यध्यात्मम् । तत्र संशयः—किमविभागेनैवोभे अप्युपनिषदावुभयत्रानुसंधातव्ये उत विभागेनैकाधिदैवतमेकाध्यात्ममिति ।

तत्र सूत्रेणैवोपक्रमते—

यथा शाण्डिल्यविद्यायां विभागेनाप्यधीतायां गुणोपसंहार उक्त एवमन्यत्राप्येवंजातीयके विषये भवितुमर्हति । एकविद्याभिसम्बन्धात् । एका हीयं सत्यविद्याऽधिदैवमाध्यात्मं चाधीता । उपक्रमाभेदाद्व्यतिषक्तपाठाच्च । कथं तस्यामुदितो धर्मस्तस्यामेव न स्यात् । यो ह्याचार्ये कश्चिदनुगमनादिराचारश्चोदितः स ग्रामगतेऽरण्यगते च तुल्यवदेव भवति । तस्मादुभयोरप्युपनिषदोरुभयत्र प्राप्तिरिति ।।२०।।

एवं प्राप्ते प्रतिविधत्ते—

नाम प्रकाशकत्वात्तस्याक्षिस्थस्याहमिति नाम प्रत्यक्त्वादिति । इदं नामद्वयं विषयस्तत्र नामिनः सत्याख्यस्य ब्रह्मण एकत्वात्स्थानभेदोक्तेश्च संशयमाह—तत्रेति । पूर्वपक्षे प्रतिस्थानं नामद्वयानुष्ठानं सिद्धान्ते यथाश्रुत्यैकैकनामानुष्ठानमिति फलम् ।

दृष्टान्तसंगत्या पूर्वपक्षसूत्रं व्याचष्टे—यथेति । यथा विद्यैक्याद्गुणोपसंहार[1] उक्त एवमन्यत्राप्येकविद्यायामुपसंहारो भवितुमर्हतीत्यर्थः । सत्यं ब्रह्मेत्युपक्रमाभेदस्तावेतावक्ष्यादित्यपुरुषावन्योन्यस्मिन्प्रतिष्ठितौ, आदित्यरश्मीनां चक्षुषि चक्षुषश्चादित्ये प्रतिष्ठानादिति व्यतिषक्तपाठो मिथः संश्लेषपाठस्ताभ्यां विद्यैक्यसिद्धिः । विद्यैक्येऽपि किं स्यात्तत्राह—कथमिति । विद्यैक्येऽपि स्थानभेदादुपनिषदोरसंकरः स्यादित्याशङ्क्यां दृष्टान्तेन परिहरति—यो हीति ।।२०।।

ब्रह्म के अधिदैवत और आयतनविशेष का उपदेशकर व्याहृति-शरीर का वर्णन करने के बाद उसके दो रहस्यपूर्ण नामों का कथन है । उनमें से आदित्यमण्डलस्थ पुरुष का रहस्यमय नाम 'अहः' है जिसे अधिदैवत कहते हैं और उसी का रहस्यमय अध्यात्म में 'अहम्' नाम है । वहाँ पर संशय होता है कि विभाग किये बिना ही क्या दोनों ही रहस्यमय नामों का दोनों स्थानों में चिन्तन करना चाहिए अथवा विभागपूर्वक एक नाम का अधिदैव में और दूसरे नाम का अध्यात्म में चिन्तन करना चाहिए ।

ऐसा संशय होने पर अग्रिम सूत्र से ही पूर्वपक्ष करते हैं—

जैसे शाण्डिल्य विद्या विभागपूर्वक पढ़े जाने पर भी अन्योन्य गुणों का उपसंहार कहा गया था, वैसे ही ऐसे प्रसङ्ग पर अन्यत्र भी एक विद्या का सम्बन्ध होने के कारण दोनों नामों का अनुसन्धान दोनों ही स्थानों में होना चाहिए क्योंकि सत्यविद्या के उपक्रम का अधिदेव एवं अध्यात्म आयतन में अभेद है और दोनों का परस्पर संश्लेष पाठ भी देखा जाता है । ऐसी स्थिति में उसी सत्यविद्या में कहे गये धर्म का उसमें ही अनुष्ठान क्यों न हो क्योंकि आचार्य के सम्बन्ध में जो भी कोई अनुगमादि आचारविहित होता है वह आचार्य के ग्राम में जाने पर अथवा अरण्य में रहने पर एक सा ही होता है । ऐसे ही सत्य ब्रह्म के अधिदेव और अध्यात्मसम्बन्धी दोनों ही नामों का अनुष्ठान समान रूप से होना चाहिए इसीलिए उक्त 'अहः' और 'अहम्' रहस्यपूर्ण दोनों नामों का अनुसन्धान दोनों स्थानों में प्राप्त है ।।२०।।

ऐसा पूर्वपक्ष प्राप्त होने पर सिद्धान्ती समाधान देता है—

१. गुणानाम् ।

(३८०) न वा विशेषात् ॥२१॥

नैवोभयोरुभयत्र प्राप्तिः । कस्मात् ? विशेषात् । उपासनस्थानविशेषोपनिबन्धादित्यर्थः । कथं स्थानविशेषोपनिबन्ध इत्युच्यते—'य एष एतस्मिन्मण्डले पुरुषः'(बृ० ५-५-३) इति ह्याधिदैविकं पुरुषं प्रकृत्य तस्योपनिषदहरिति श्रावयति । 'योऽयं दक्षिणेऽक्षन्पुरुषः' (बृ० ५-५-४) इति ह्याध्यात्मिकं पुरुषं प्रकृत्य तस्योपनिषदहमिति । तस्येति चैतत्संनिहितावलम्बनं सर्वनाम तस्मादायतनविशेषव्यपाश्रयेणैवेते उपनिषदावुपदिश्येते । कुतः ? उभयोरुभयत्र प्राप्तिः ।

नन्वेक एवायमधिदैवतमध्यात्मं च पुरुषः, एकस्यैव सत्यस्य ब्रह्मण आयतनद्वयप्रतिपादनात् । सत्यमेवमेतत् । एकस्याऽपि त्ववस्थाविशेषोपादानेनैवोपनिषद्विशेषोपदेशात्तदवस्थस्यैव सा भवितुमर्हति । अस्ति चायं दृष्टान्तः सत्यप्याचार्यस्वरूपानपाये यदाचार्यस्यासीनस्यानुवर्तनमुक्तं न तत्तिष्ठतो भवति । यच्च तिष्ठत उक्तं न तदासीनस्येति । ग्रामारण्ययो-

नाम्यैक्यात् नामसंकरो युक्तः, तथा चाक्षस्थोऽहरिति नामवान् सत्यब्रह्मत्वादादित्यस्थवदिति प्राप्ते सिद्धान्तसूत्रं योजयति—नवेति । नाम्नोरुपासनस्थानविशिष्टसंबन्धित्वादित्यर्थः । तस्योपनिषदहरहमिति च वाक्यद्वयेन तच्छब्दपरामृष्टयोः संनिहितस्थानविशिष्टयोः पुरुषयोर्नामसम्बन्धपरेणोपसंहारानुमानं बाध्यमिति भावः ।

विशेष्यैक्यान्नामसंकर इत्याशङ्क्य स्थानभेदेन विशिष्टपुरुषभेदान्नामव्यवस्थामाह—नन्वित्यादिना । विशिष्टसंबन्धे दृष्टान्तमाह—अस्तीति । प्रतिदृष्टान्तस्य स्वरूपसंबन्धित्वाद्विशिष्टे ध्येये प्रकृते दृष्टान्तत्वं नास्तीत्याह—ग्रामेति ॥२१॥

न वा विशेषात् (ललिता)

उक्त दोनों नामों का अनुष्ठान दोनों स्थानों में प्राप्त नहीं है क्योंकि ये नाम उपासनास्थानविशेष से सम्बद्ध हैं । स्थानविशेष से सम्बद्ध वे नाम किस प्रकार हैं ? ऐसा प्रश्न होने पर 'जो यह आदित्यमण्डल में पुरुष है' इस वाक्य द्वारा आधिदैविक पुरुष का प्रसङ्ग प्रारम्भकर श्रुति उसका रहस्यमय नाम 'अहः' बतलाती है और 'जो यह दक्षिण नेत्र में पुरुष है' इस वाक्य से आध्यात्मिक पुरुष का प्रसङ्ग प्रारम्भकर श्रुति ने उसका रहस्यमय नाम 'अहम्' कहा है क्योंकि 'तस्य' यह सर्वनाम सन्निहित का आलम्बन करता है । इसलिए आयतनविशेष का आश्रय करने के कारण ये दोनों ही औपनिषद् नाम जो कहे गये हैं उनकी प्राप्ति दोनों ही स्थानों में की जायेगी ।

शङ्का—अध्यात्म और अधिदैवत यह पुरुष तो एक ही है, उस एक ही सत्य ब्रह्म के आयतन दो बतलाये गये हैं, इतने मात्र से भेद कैसे कह रहे हैं । समाधान—इस प्रकार आप का यह कहना ठीक ही है, पर एक की अवस्थाविशेष होने से ही रहस्यमय नाम पृथक्-पृथक् हो जायेंगे । उसी ब्रह्म के ये दोनों नाम अवस्थाविशेष से सम्बद्ध हैं । इस विषय में यह दृष्टान्त है कि आचार्य का स्वरूप एक रहने पर भी बैठे हुए आचार्य का अनुवर्तन जिस प्रकार करने के लिए कहा गया है वैसा उनके उठने पर नहीं कहा है और खड़े हुए आचार्य के साथ अनुवर्तन का जो विधान है वह बैठने पर नहीं किया जाता । और जो आप ने—ग्राम तथा अरण्य में रहने पर आचार्य के स्वरूप का परिवर्तन नहीं

१. उभयत्रेति शेषः । २. अध्यात्माद्यवस्था । ३. उपनिषत् । ४. तस्य स्वरूपोपाधावुक्तत्वाद्युक्तं तुल्यत्वमिह तु विशिष्टोपाधावुक्तेर्व्यवस्थेत्यर्थः ।

१२. सम्भृत्यधिकरम् (सू० २३)

(३८१) दर्शयति च ॥२२॥

आहार्या वा न वान्यत्र संभृत्यादिविभूतयः । आहार्या ब्रह्मधर्मत्वाच्छाण्डिल्यादाववारणात् ॥
असाधारणधर्माणां प्रत्यभिज्ञाऽत्र नास्त्यतः । अनाहार्या ब्रह्ममात्रसम्बन्धोऽतिप्रमञ्जकः ॥

स्त्वाचार्यस्वरूपानपायात्त्स्वरूपानुबद्धस्य च धर्मस्य ग्रामारण्यकृतविशेषाभावादुभयत्र तुल्यवद्भाव इत्ययदृष्टान्तः सः । तस्माद्व्यवस्थाऽनयोरुपनिषदोः ॥२१॥

अपि चैवंजातीयकानां धर्माणां व्यवस्थितिलिङ्गदर्शनं भवति—'तस्यैतस्य तदेव रूपं यदमुष्यरूपं यावमुष्य गेष्णौ तौ गेष्णौ यन्नामतन्नाम' (छा० १-७-५) इति । कथमस्य लिङ्गत्वमिति तदुच्यते, अक्ष्यादित्यस्थानभेदभिन्नान्धर्मानन्योन्यस्मिन्ननुपसंहार्यान्पश्यन्निहातिदेशेनादित्यपुरुषगतान्रूपादीनक्षिपुरुष उपसंहरति—'तस्यैतस्य तदेव रूपम्' (छा० १-७-५) इत्यादिना । तस्माद्व्यवस्थिते एवैते उपनिषदाविति निर्णयः ॥२२॥

उक्तनामव्यवस्थायामतिदेशो लिङ्गमित्याह—दर्शयति चेति । विद्यैक्यादेवोपसंहारसिद्धावतिदेशो वृथा स्यात्तस्मादेकविद्यायामपि स्थानभेदेनोक्तगुणानां विनातिदेशमनुपसंहार इति सिद्धम् ॥२२॥

होता, अतः स्वरूपानुबद्ध धर्म ग्राम तथा अरण्य में एक जैसा ही होता है, वहाँ कोई भेद नहीं रहता—इस दृष्टान्त के आधार पर अधिदेव और अध्यात्म आयतन में उपास्य ब्रह्म के दोनों नामों का अनुसन्धान बतलाया था, वह दृष्टान्त यहाँ पर अनुरूप नहीं है। अतः दोनों ही रहस्यमय नामों का अनुसन्धान व्यवस्थापूर्वक ही होना चाहिए, जैसा हम कह आये हैं ॥२१॥

दर्शयति च (ललिता)

इसके अतिरिक्त ऐसे धर्मों की व्यवस्था का परिचायक शास्त्रवचन है। 'उसका अध्यात्म में जो रूप है वही अधिदेव में है और जो पर्व अधिदेव में हैं वे ही अध्यात्म में हैं, जो नाम उसका है वही नाम इसका है।' यह शास्त्र वचन उक्त व्यवस्था का परिचायक है। शङ्का—इस वचन में परिचायकत्व कैसे है। समाधान—नेत्र और आदित्य स्थानभेद से परस्पर भिन्न, उपसंहार के अयोग्य धर्मों को देखते हुए श्रुति अतिदेश द्वारा आदित्यपुरुषगत रूपादि का उपसंहार अक्षिपुरुष में 'उसका वही नाम है' इस वाक्य द्वारा बतलाती है। अतः 'अहः' और 'अहम्' ये दोनों रहस्यपूर्ण नाम व्यवस्थापूर्वक ही अनुष्ठेय हैं; दोनों का दोनों ही स्थानों में अनुसन्धान नहीं करना चाहिए, यह निश्चित हो गया ॥२२॥

१२. संभृत्यधिकरण

१. **सङ्गति**—पूर्व अधिकरण के साथ इस अधिकरण की अतिदेश सङ्गति है।

२. **विषय**—राणायनीयों के खिलकाण्ड में सम्भृत्यादि विभूति पढ़ी गयी है और शाण्डिल्यादि, दहरादि विद्या में आध्यात्मिक हृदयान्तरवर्ती ब्रह्म उपास्यरूप से सुना जाता है; इसी का विचार इस अधिकरण में किया गया है।

३. **संशय**—सम्भृत्यादि विभूति अन्यत्र आहार्य (उपसंहार्य) है या नहीं ?

---

१. आचार्य । २. गमनाद्धस्य ।

(३८२) सम्भृतिद्युव्याप्त्यपि चातः ॥२३॥

'ब्रह्मज्येष्ठा वीर्या सम्भृतानि ब्रह्माग्रे ज्येष्ठं दिवमाततान' इत्येवं राणायनीयानां[1] खिलेषु वीर्यसम्भृतिद्युनिवेशप्रभृतयो ब्रह्मणो विभूतयः पठ्यन्ते । तेषामेव चोपनिषदि शाण्डिल्यविद्या प्रभृतयो ब्रह्मविद्याः पठ्यन्ते । तासु ब्रह्मविद्यासु ता ब्रह्मविभूतय उपसंह्रियेरन्न वेति विचारणायां ब्रह्मसम्बन्धादुपसंहारप्राप्तावेवं पठति ।

सम्भृतिद्युव्याप्तिप्रभृतयो विभूतयः शाण्डिल्यविद्याप्रभृतिषु नोपसंहर्तव्याः । अत एव

संभृतिद्युव्याप्त्यपि चातः । ब्रह्मैव ज्येष्ठं कारणं येषां तानि ब्रह्मज्येष्ठानि, निलोपश्छान्दसः, वीर्याणि पराक्रमविशेषा आकाशोत्पादनादयः, तानि च वीर्याणि संभृतानि निर्विघ्नं समृद्धानि, सर्वनियन्तुः कार्ये विघ्नकर्तुरसत्त्वात् । तच्च ज्येष्ठं ब्रह्माग्रे देवाद्युत्पत्तेः प्रागेव दिवं स्वर्गमाततान व्याप्तवत्सदा सर्वव्यापकमित्यर्थः । सर्वप्राथम्यं स्पर्धानर्हत्वमिति वाक्यशेषस्था गुणाः प्रभृतिपदग्राह्याः । खिलेष्विति । विधिनिषेधशून्यवाक्येष्वित्यर्थः । ब्रह्मसंबन्धाद्विद्याभेदभानाच्च संशयमाह—नास्त्विति । अनारभ्याधीतब्रह्मविभूतीनां ब्रह्मसबन्धेन सर्वब्रह्मविद्यासु प्रत्यभिज्ञानादुपसंहार इति पूर्वपक्षः ।

सिद्धान्तमाह—संभृतीति । संभृतिश्च द्युव्याप्तिश्च संभृतिद्युव्याप्ति तदपि सर्वत्र नोपसंहर्तव्यमुपदिष्टयोरिव[2] व्यवस्थापकविशेषयोगादिति सूत्रयोजना ।

---

४. पूर्वपक्ष—ब्रह्म एक है, अतः सम्भृत्यादि गुणों का उपसंहार शाण्डिल्य एवं दहरादि विद्या में सर्वत्र होना चाहिए ।

५. सिद्धान्त—सम्भृत्यादि गुणों में से जब एक भी गुण शाण्डिल्यादि विद्या में नहीं देखा जाता है तो फिर विद्यैकत्व की प्रत्यभिज्ञा कैसे होगी और गुणों का उपसंहार भी कैसे हो सकेगा । ब्रह्म एक है, इतने मात्र से गुणों का उपसंहार मानेंगे तो अतिप्रसङ्ग होने लग जायेगा । अतः सम्भृत्यादि गुणों का उपसंहार नहीं है ।

संभृतिद्युव्याप्त्यपि चातः (ललिता)

'जिन गुणों का कारण ब्रह्म है उन्हें ब्रह्मज्येष्ठा कहा गया है, आकाशादि की उत्पत्ति उसके पराक्रमविशेष हैं जिसे वीर्य पद से कहा गया है; ये सभी गुण ब्रह्म के साथ सम्बद्ध हैं । ('ज्येष्ठा' और 'वीर्या' पद में 'नि' लोप छान्दस माना गया है ।) सर्वनियन्ता के कार्य में विघ्नकर्ता नहीं है इसीलिए उन्हें संभृत्ति कहते हैं । वह ब्रह्म देवादि की उत्पत्ति से पूर्व ही स्वर्ग में व्याप्त था क्योंकि वह सदा सर्वव्यापक है । (सर्वप्रथम होने के कारण उसके साथ कोई स्पर्धा नहीं रख सकता, ऐसे वाक्यशेषस्थ गुणों का ग्रहण प्रभृति पद से कर लेना चाहिए ।) इस प्रकार राणायनीय शाखा वालों के विधिनिषेधशून्य वाक्यों में वीर्य, संभृति, द्युलोकव्याप्ति आदि ब्रह्म की विभूतियाँ पढ़ी गयी हैं । और उन्हीं के उपनिषद् में शाण्डिल्यविद्यादि ब्रह्मविद्यायें भी पढ़ी जाती हैं । उन ब्रह्म उपासनाओं में खिलकाण्डोक्त ब्रह्मविभूति का उपसंहार करना चाहिए या नहीं, ऐसे विचार का प्रसङ्ग आने पर ब्रह्म से सम्बन्धित होने के कारण उपसंहार की प्राप्ति जब पूर्वपक्ष ने कही तब यह सूत्र कहते हैं कि—

सम्भृति द्युलोकव्याप्ति आदि विभूतियाँ शाण्डिल्यविद्या में उपसंहृत नहीं की जायेंगी क्योंकि उनका

---

१. राणायनीयानाम् । २. दहरोपकोशलादयः प्रभृतिपदग्राह्याः ।

चायतनविशेषयोगात् । तथाहि शाण्डिल्यविद्यायां हृदयायतनत्वं ब्रह्मण उक्तम्—'एष म आत्माऽन्तर्हृदये' (छा० ३-१४-३) इति । तद्वदेव दहरविद्यायामपि 'दहरं पुण्डरीकं वेश्म दहरोऽस्मिन्नन्तराकाशः' (छा० ८-१-१) इति उपकोसलविद्यायां त्वक्ष्यायतनत्वम् 'य एषोऽक्षिणि पुरुषो दृश्यते' (छा० ४-१५-१) इति । एवं तत्र तत्र तत्तदाध्यात्मिकमायतनमेतासु विद्यासु प्रतीयते । आधिदैविक्यस्त्वेता विभूतयः सम्भृतिद्युव्याप्तिप्रभृतयस्तासां कुत एतासु प्राप्तिः ।

नन्वेतास्वप्याधिदैविक्यो विभूतयः श्रूयन्ते—'ज्यायान्दिवो ज्यायानेभ्यो लोकेभ्यः' (छा० ३-१४-३), 'एष उ एव भामनी[1]रेष हि सर्वेषु लोकेषु भाति' (छा० ४-१५-४) 'यावान्वा अयमाकाशस्तावानेषोऽन्तर्हृदय आकाश उभे अस्मिन्द्यावापृथिवी अन्तरेव समाहिते' (छा० ८-१-३) इत्येवमाद्याः । सन्ति [2]चान्या आयतनविशेषहीना अपीह ब्रह्मविद्याः षोडशकलाद्याः । सत्यमेवमेतत् । तथाप्यत्र विद्यते विशेषः सम्भृत्याद्यनुपसंहारहेतुः ।

आध्यात्मिकायतनविशेषयुक्तासु विद्यास्वाधिदैविकविभूतीनां प्रत्यभिज्ञाने हेत्वभावान्न प्राप्तिरित्युक्ते हेतुं शङ्कते—नन्वेतास्विति । आधिदैविकत्वसाम्यादाध्यात्मिकायतनहीनत्वसाम्याद्वा तत्तद्विद्यासु संभृत्यादिनां प्राप्तिरिति शङ्कार्थः । उक्तहेतुद्वयं न गुणप्रापकमाधिदैविकविद्यानां शाण्डिल्यदहरादीनामायतनहीनविद्यानां च मिथोगुणसांकर्यप्रसङ्गात्, तस्मात् कतिपयसमानगुणविशिष्टोपास्यरूपैक्यं विद्यैक्यमावहद्गुणप्राप्तिहेतुस्तदभावान्न प्राप्तिरिति परिहरति—सत्यमित्यादिना । स्थानविशिष्टभेदान्नान्नोर्व्यवस्थावत्संभृत्यादिगुणविशिष्टस्य ब्रह्मणः शाण्डिल्यादिविद्योक्तगुणविशिष्टब्रह्मणश्च

सम्बन्ध आयतनविशेष के साथ है । 'यह मेरी आत्मा हृदय के भीतर है' इस वाक्य द्वारा शाण्डिल्य विद्या में ब्रह्म का आयतन हृदय कहा गया है । वैसे ही दहरविद्या में भी 'हृदय के भीतर एक छोटा सा कमल है, उसके भीतर छोटा सा आकाश है' इस वाक्य द्वारा आयतनविशेष का वर्णन है । किन्तु उपकोसलविद्या में 'जो यह नेत्र के भीतर पुरुष दिखाई पड़ता है' इस वाक्य द्वारा ब्रह्म का आयतन नेत्र को कहा है । इस प्रकार स्थल-स्थल पर इन विद्याओं में आध्यात्मिक आयतन प्रतीत होता है किन्तु सम्भृति द्युलोकव्याप्ति आदि विभूतियां आधिदैविक हैं, उनकी प्राप्ति अध्यात्म उपासना में कैसे हो सकती है ।

पूर्वपक्ष—इन आध्यात्मिक उपासनाओं में भी 'वह परमात्मा द्युलोक से बड़ा है और इन लोकों से भी बड़ा है', 'क्योंकि वह सभी भूतों में प्रकाश देता है इसलिए उसे प्रकाश कहते हैं', 'जितना बड़ा यह बाह्य आकाश है उतना ही हृदय के भीतर भी आकाश है, इसी में द्युलोक और पृथ्वीलोक समाहित हैं' इनवाक्यों से आधिदैविक विभूतियाँ बतलायी गयी हैं, कुछ षोडशकलादि ब्रह्मविद्यायें आयतनविशेषशून्य भी हैं । ऐसी स्थिति में एकत्र पठित विभूतियों का उपसंहार अन्यत्र ब्रह्मविद्या में होना उचित ही है । सिद्धान्त—आधिदैविकत्व और आध्यात्मिक आयतनहीनत्व की समानता रहने पर भी सम्भृति आदि गुणों के अनुपसंहार का कुछ विशेष कारण यहाँ पर है । समान गुणों के पाठ से दूरस्थ विद्या की उपस्थिति होने पर भी दूरस्थ गुणों का उपसंहार करना युक्तिसङ्गत है । किन्तु शाण्डिल्यादि वाक्यविषयक सम्भृत्यादि विभूति परस्पर भिन्न रूप होने के कारण प्रदेशान्तरवर्ती विद्या के प्रत्युपस्थापक

---

१. एष उ एवेत्यादेरर्थः 'स्वयमेवाह वेद एष ही'ति । २. राणायनीया नामेव खिलेषु ।

१३. पुरुषविद्याधिकरणम् (सू० २४)

पुंविद्यैका विभिन्ना वा तैत्तिरीयकताण्डिनोः । मरणावभृथत्वादिसाम्यादेकेति गम्यते ॥
बहुना रूपभेदेन किंचित्साम्यस्य बाधनात् । न विद्यैक्यं तैत्तिरीये ब्रह्मविद्याप्रशंसनात् ॥

समानगुणाम्नानेन हि प्रत्युपस्थापितासु विप्रकृष्टदेशास्वपि विद्यासु विप्रकृष्टदेशा गुणा उपसंह्रियेरन्निति युक्तम् । सम्भृत्यादयस्तु शाण्डिल्यादिवाक्यगोचराश्च मनोमयत्वादयो गुणाः परस्परव्यावृत्तस्वरूपत्वान्न प्रदेशान्तरवर्तिविद्याप्रत्युपस्थापनक्षमाः । नच ब्रह्मसम्बन्धमात्रेण प्रदेशान्तरवर्तिविद्याप्रत्युपस्थापनमित्युच्यते विद्याभेदेऽपि तदुपपत्तेः । एकमपि हि ब्रह्म विभूतिभेदैरनेकधोपास्यत इति स्थितिः । परोवरीयस्त्वादिवद्भेददर्शनात् । तस्माद्वीर्य-सम्भृत्यादीनां शाण्डिल्यविद्याविष्वनुपसंहार इति ॥२३॥

मिथो भेदेन रूपभेदात्सभृत्यादीनां नोपसहार इत्युक्तन्यायातिदेशत्वादस्य न संगत्याद्यपेक्षा यथैकस्मि-न्नुद्गीथे परोवरीयस्त्वादि¹गुणोपास्तेर्हिरण्यश्म²श्रुत्वाद्युपास्तिर्भिद्यते तथैकस्मिन्नपि ब्रह्मणि विद्याभेदो-³पपत्तेः ब्रह्मप्रत्यभिज्ञा न गुणप्रापिकेत्याह—परोवरीयस्त्वादिवदिति । **तस्मात्संभृत्यादिगुणविशिष्टविद्या-न्तरविधिरिति सिद्धम् ॥२३॥**

नहीं हो सकते । ब्रह्म के साथ सम्बन्धमात्र से प्रदेशान्तरवर्ती विद्या का प्रत्युपस्थापन कहना उचित नहीं है क्योंकि उपासना भिन्न रहने पर भी ब्रह्मसम्बन्ध हो जाता है । एक ब्रह्म भी अनेक विभूतिभेद के कारण अनेक प्रकार से उपास्य देखा गया है; जैसे एक उद्गीथविद्या में परोवरीयस्त्वादि गुण उपासना से हिरण्यश्मश्रुत्वादि उपासना भिन्न ही मानी जाती है, वैसे ही एक ब्रह्म में भी विद्याभेद से ब्रह्म-प्रत्यभिज्ञा गुणों का प्रापक नहीं हो सकती । अतः वीर्य, सम्भृत्यादि विभूतियों का उपसंहार शाण्डिल्य-विद्या में नहीं हो सकता है ॥२३॥

१३. पुरुषविद्याधिकरण

१. **सङ्गति**—इस प्रकार असाधारण गुणों की प्रत्यभिज्ञा न होने के कारण सम्भृत्यादि गुणों से विशिष्ट विद्या में भेद पिछले अधिकरण में कहा गया था, फिर भी असाधारण मरणावभृथ गुणों से विशिष्ट पुरुष और यज्ञ के एकत्व की प्रत्यभिज्ञा होने से यहाँ पर विद्या में एकत्व मानना चाहिए; ऐसी प्रत्युदाहरण सङ्गति पिछले अधिकरण के साथ इसकी है ।

१. **विषय**—ताण्डि और पैङ्गि रहस्य ब्राह्मण के पुरुष यज्ञ का विचार इस अधिकरण में किया गया है ।

३. **संशय**—तैत्तिरीयक और ताण्डि में पुरुषविद्या एक है अथवा भिन्न है ।

४. **पूर्वपक्ष**—'यन्मरणं तदवभृथः' 'मरणमेवावभृथः' इन दोनों ही स्थलों में मरणत्वभृथत्वादि की समानता होने से विद्या एक है ।

५. **सिद्धान्त**—वेद्यरूप का बहुधा भेद होने के कारण किञ्चित् साम्य बाधित हो जायेगा, अतः ताण्डि और पैङ्गि की पुरुषविद्या एक नहीं है । इसीलिए विद्या के भेद से शाखान्तरीय पठित पुरुष-विद्या के धर्म आशीर्मन्त्रादि को तैत्तिरीयक में प्राप्ति नहीं है, अतः विद्यैकत्व की शङ्का भी यहाँ नहीं करनी चाहिए ।

---

१. वाजसनेयिशाखास्थशाण्डिल्यविद्यायां यथा । २. तदवयवे ओंकारे । ३. तद्गुण विशिष्टात्मोपास्तेः । ४. तद्विशिष्टात्मोपास्तिः । ५. गुणभेदात् ।

(३८३) पुरुषविद्यायामिव चेतरेषामनाम्नानात् ।।२४।।

अस्ति ताण्डिनां पैङ्गिनां च रहस्यब्राह्मणे पुरुषविद्या । तत्र पुरुषो यज्ञः कल्पितः । तदीयमायुस्त्रेधा विभज्य सवनत्रयं कल्पितम् । अशिशिषादीनि च दीक्षादिभावेन कल्पितानि । अन्ये च धर्मास्तत्र समधिगता आशीर्मन्त्रप्रयोगादयः । तैत्तिरीयका अपि कंचित्पुरुषयज्ञं कल्पयन्ति—'तस्यैवं विदुषो यज्ञस्यात्मा यजमानः श्रद्धा पत्नी' (ना० उ० ८०) इत्येतेनानुवाकेन । तत्र संशयः—किं य इतरत्रोक्ताः पुरुषयज्ञस्य धर्मास्ते तैत्तिरीयकेषूपसंहर्तव्याः किंवा नोसंपहर्तव्या इति । पुरुषयज्ञत्वाविशेषादुपसंहारप्राप्तावाचक्ष्महे—नोपसंहर्तव्या इति । कस्मात् ? तद्रूपप्रत्यभिज्ञानाभावात् । तदाहाचार्यः—पुरुषविद्यायामिवेति ।

पुरुषविद्यायां छान्दोग्यस्थां विद्यामाह—अस्तीति । 'पुरुषो वाव यज्ञस्तस्य यानि चतुर्विंशति वर्षाणि तत्प्रातःसवनमथ यानि चतुश्चत्वारिंशद्वर्षाणि तन्माध्यन्दिनं सवनमथ यान्यष्टाचत्वारिंशद्वर्षाणि तत्तृतीयं सवनम्' इति प्रसिद्धयज्ञसाम्यार्थं सवनत्रयं कल्पितं, 'स यदशिशिषति यत्पिपासति यन्न रमते ता दीक्षा अथ यदश्नाति यत्पिबति यद्रमते ता उपसदः अथ यद्धसति यज्जक्षति यन्मैथुनं चरति तानि स्तुतशस्त्राणि अथ यत्तपोदानादि सा दक्षिणा मरणमेवावभृथः, वस्वादिरूपा मे प्राणा इदं सवनत्रयं यावदायुरनुसंतनुते' इत्याशीः, 'अक्षितमस्यच्युतमसि प्राणसंशितमसि' इति मन्त्रत्रयप्रयोगः । षोडशाधिकशतवर्षजीवित्वं फलमिति दर्शितम् । संशयार्थं शाखान्तरीयपुरुषविद्यामाह—तैत्तिरीयका इति । अत्र विदुषो यज्ञस्येति षष्ठ्योः सामानाधिकरण्यवैयधिकरण्यानिश्चयात्संशयमाह—तत्रेति । उपसंहारानुपसंहारावेव फलम् । पूर्वत्रासाधारणगुणप्रत्यभिज्ञानाभावात्सभृत्यादौ विद्याभेद उक्तः । इह त्वसाधारणमरणावभृथगुणविशिष्टपुरुषयज्ञरूपैक्यप्रत्यभिज्ञानाद्विद्यैक्यमिति प्रत्युदाहरणेन प्राप्ते सिद्धान्तयति—नोपसंहर्तव्या इति । तस्यैवं विदुषो यज्ञस्यात्मा यजमानः श्रद्धा पत्नी शरीरमिध्ममुरो वेदिर्लोमानि बर्हिर्वेदः शिखा हृदयं यूपः काम आज्यं मन्युः पशुस्तपोऽग्निर्दमः शमयिता दक्षिणा वाग्घोता प्राण उद्गाता चक्षुरध्वर्युर्मनो ब्रह्मा' इति बहुतरधर्मवैलक्षण्यान्न रूपैक्यप्रत्यभिज्ञेत्यर्थः । वेदः कुशमुष्टिः शमयिता दमो दक्षिणेत्यन्वयः ।

पुरुषविद्यायामिव चेतरेषामनाम्नानात् (ललिता)

ताण्डि एवं पैङ्गी शाखावालों के रहस्यब्राह्मण में पुरुषविद्या कही गयी है, उसमें पुरुष को यज्ञ कहा है और उसकी आयु को तीन भागों में विभक्तकर सवनत्रय की कल्पना की गयी है । अशिशिषति और पिपासति (खाने की इच्छा और पीने की इच्छा) को दीक्षा के रूप में माना है । वहाँ पर आशीर्मन्त्रप्रयोग आदि अन्य धर्म भी देखे जाते हैं । तैत्तिरीय शाखावाले भी किसी पुरुषयज्ञ की कल्पना करते हैं—'उस विद्वान् उपासक के यज्ञ का यजमान आत्मा है, श्रद्धा पत्नी है ।' इस अनुवाक द्वारा पुरुषयज्ञ की कल्पना प्रतीत होती है । वहाँ पर संशय होता है कि क्या अन्यत्र कहे गये पुरुषयज्ञ के धर्म तैत्तिरीय शाखा के पुरुषयज्ञ में उपसंहरणीय है या नहीं । इस पर पूर्वपक्ष का कहना है कि जब पुरुषयज्ञ एक है तो गुणों का उपसंहार प्राप्त ही है । सिद्धान्ती—ऐसे स्थल पर गुणों का उपसंहार हम नहीं मानते क्योंकि वहाँ पर रूपप्रत्यभिज्ञा का अभाव है । इसी बात को अग्रिम सूत्र से भगवान् वेदव्यास कहते हैं—

---

१. तांडिपैंगिरहस्य ब्राह्मणे । २. उपासना । ३. यज्ञान्तर्गतंाल्पेष्टयः । ४. स्तुतिकरणमंत्राः । ५. यज्ञावसानम् ।

यथैकेषां शाखिनां ताण्डिनां पैङ्गिनां च पुरुषविद्यायामाम्नानं नैवमितरेषां तैत्तिरीयाणामाम्नानमस्ति। तेषां हीतरविलक्षणमेव यज्ञसम्पादनं दृश्यते पत्नीयजमानवेदवेदिबर्हिर्यूपाज्यपशुऋत्विगाद्यनुक्रमणात्। यदपि सवनसम्पादनं तदपीतरविलक्षणमेव 'यत्प्रातर्मध्यंदिनं सायं च तानि सवनानि' (ना०उ० ८) इति। यदपि किंचिन्मरणावभृथत्वादिसाम्यं तदप्यल्पीयस्त्वाद्भूयसा वैलक्षण्येनाभिभूयमानं न प्रत्यभिज्ञापनक्षमम्। नच तैत्तिरीयके पुरुषस्य यज्ञत्वं श्रूयते। विदुषो यज्ञस्येति हि न चैते समानाधिकरणे षष्ठ्यौ विद्वानेव यो यज्ञस्तस्येति। नहि पुरुषस्य मुख्यं यज्ञत्वमस्ति। व्यधिकरणे त्वेते षष्ठ्यौ विदुषो यो यज्ञस्तस्येति। भवति हि पुरुषस्य मुख्यो यज्ञसम्बन्धः। सत्यां च गतौ मुख्य एवार्थ आश्रयितव्यो न भाक्तः। आत्मा यजमान इति च यजमानत्वं पुरुषस्य निर्ब्रुवन्वैयधिकरण्येनैवास्य यज्ञसम्बन्धं दर्शयति। अपिच तस्यैवंविदुष इति सिद्धवदनुवादश्रुतौ सत्यां पुरुषस्य यज्ञभावमात्मादीनां च

किंच छान्दोग्ये त्रिधाविभक्तायुषि सवनत्वकल्पना, अत्र तु सायंकालादाविति वैरूप्यमाह—यदपीति। यन्मरणं तदवभृथो यदश्नाति तदुपसद इति तित्तिरिश्रुतौसारूप्यमपि भातीत्यत आह—यदपि किंचिदिति। गजोष्ट्रयोश्चतुष्पात्त्वसारूप्यवदिदं सारूप्यं नैक्यप्रयोजकमित्यर्थः। किंच छान्दोग्ये पुरुषयज्ञयोरैक्यं श्रुतमत्र तु भेद इति वैरूप्यान्तरमाह—नचेति। यद्यपि निषादस्थपतिन्यायेन सामानाधिकरण्यं षष्ठ्योर्युक्तं तथाप्यप्रसिद्धैक्यकल्पनागौरवाद्यज्ञस्यात्मेति भेदोक्तेरेकस्यैव यज्ञत्वयजमानत्वविरोधादात्मविदो यो यज्ञः प्रसिद्धस्तस्येति वैयधिकरण्यमेव युक्तम्। किंच विद्वत्संबन्धियज्ञरूपविशेष्यानुवादेन विद्वदङ्गैरङ्गसंपद्विधावेकवाक्यता प्रतीयते तस्यां सत्यां विशेष्यस्याङ्गानां च पृथग्विधिवादिनस्तव वाक्यभेददोषः स्यादित्यर्थः। किंच सत्यादिभ्यो न्यास एवापरे च यदिति संन्यास-

जैसे एक शाखा ताण्डी और पङ्गी की पुरुषविद्या में पाठ है वैसा पाठ दूसरी तैत्तिरीय शाखावालों के यहाँ नहीं देखा जाता। उनका यज्ञसम्पादन विलक्षण ही देखा जाता है—पत्नी, यजमान, कुशमुष्टिरूप वेद, वेदी, बर्हि, यूप, घृत, पशु, ऋत्विज् आदि का क्रमशः पाठ मिलता है। जो सवनसम्पादन है वह भी 'सायं, प्रातः और माध्यन्दिन, ऐसे तीन सवन हैं' इस वाक्य द्वारा अन्यों की अपेक्षा विलक्षण ही बतलाया गया है। और जो मरणरूप अवभृथत्वादि सामान्य दीखता है वह भी अत्यन्त अल्प होने के कारण अधिक विलक्षणता से अभिभूत होकर प्रत्यभिज्ञा कराने में सक्षम नहीं है। साथ ही, तैत्तिरीयक में पुरुष में यज्ञत्व भी नहीं सुना जाता है। 'विदुषो यज्ञस्य' इन दोनों पदों में षष्ठी सामानाधिकरण्य में नहीं है अर्थात् 'विद्वान् ही जो यज्ञ है उसका' ऐसा अर्थ उस वाक्य का नहीं कर सकते क्योंकि पुरुष में मुख्य यज्ञत्व नहीं है। उक्त दोनों पदों में व्यधिकरण षष्ठी है अर्थात् 'विद्वान् का जो यज्ञ, उसकी आत्मा यजमान और श्रद्धा यजमानी है' ऐसा अर्थ करना उचित होगा। पुरुष का यज्ञ के साथ सम्बन्ध मुख्यरूप से माना जाता है; ऐसी गति के रहते-रहते मुख्य अर्थ ही मानना चाहिए, गौण नहीं। 'आत्मा यजमान है' इस वाक्य के द्वारा पुरुष में यजमानत्व बतलाते हुए श्रुति वैयधिकरण्यरूप से पुरुष के साथ यज्ञ के सम्बन्ध को दर्शाती है। इसके अतिरिक्त 'तस्यैवं विदुषः' इस वाक्य में

१. तैत्तिरीयाणाम्। २. तांड्यादि। ३. तैत्तिरीयके। ४. तांड्यादि। ५. विदुष इति कर्तरि षष्ठी तत्कर्तृको यो यज्ञः। ६. एकवाक्यतायामिति शेषः। ७. निषादस्थपतीत्यत्र समानाधिकरणानुरोधे न कर्मधारय एव कृतो मीमांसकैः।

१४. वेधाद्यधिकरणम् (सू० २५)

वेधमन्त्रप्रवर्ग्यादि विद्याङ्गमथवा नतु । विद्यासंनिधिपाठेन विद्याङ्गे मन्त्रकर्मणी ॥
लिङ्गेनान्यत्र मन्त्रणां वाक्येनापि च कर्मणाम् । विनियोगात्संनिधिस्तु बाध्योऽतो नाङ्गता तयोः ।

यजमानादिभावं प्रतिपित्समानस्य वाक्यभेदः स्यात् । अपिच ससंन्यासामात्मविद्यां पुरस्तादुपदिश्यानन्तरं तस्यैवंविदुष इत्याद्यनुक्रमणं पश्यन्तः पूर्वशेष एवैष आम्नायो न स्वतन्त्र इति प्रतीमः । तथाचैकमेव फलमुभयोरप्यनुवाकयोरुपलभामहे 'ब्रह्मणो महिमानमाप्नोति' (ना० उ० ८०) इति । इतरेषां त्वनन्यशेषः पुरुषविद्याम्नायः । आयुरभिवृद्धिफलो ह्यसौ 'स ह—षोडशं वर्षशतं जीवति य एवं वेद' (छा० ३-१६-७) इति समभिव्याहारात् । तस्माच्छाखान्तराधीतानां पुरुषविद्याधर्माणामाशीर्मन्त्रादीनामप्राप्तिस्तैत्तिरीयके ॥२४॥

मुक्त्वा सर्वः सर्वमिदं जगदित्येवं तमात्मानं ज्ञात्वा भूयो न मृत्युमुपयाति विद्वानिति संन्याससाध्यात्मविद्यां पुरस्तात्प्राजापत्यानुवाके उपदिश्यानन्तरानुवाके तस्यैवं विदुष इत्युक्तात्मविद्यानुवादेन प्रशंसार्थत्वेन, तच्छेषतया यज्ञसंपत्तिः क्रियते फलैक्यश्रुतेः, छन्दोगानां तु स्वतन्त्रविद्याविधिरित्याह—अपिच ससंन्यासामिति । चिन्ताफलमाह—तस्मादिति ॥२४॥

निर्विवाद की भाँति अनुवादक श्रुति के रहते-रहते पुरुष में यज्ञभाव एवं आत्मादि में यजमानादिभाव के प्रतिपादक वाक्य में वाक्यभेद होने लग जायेगा । यह भी स्मरण रहे कि इससे पूर्व संन्याससहित आत्मविद्या का उपदेश किया जा चुका है, इसके बाद 'तस्यैव विदुषः' इत्यादि वाक्य द्वारा क्रमशः प्रतिपादन को देखते हुए इस पाठ को पूर्व का शेष ही मानते हैं, स्वतन्त्र नहीं मानते । और दोनों अनुवाकों का 'ऐसा समझनेवाला ब्रह्म की महिमा को प्राप्त कर लेता है' ऐसा एक ही फल हम देखते हैं । अन्य शाखावालों के यहाँ पुरुषविद्या का पाठ अनन्यशेष है, उसका फल आयु की वृद्धि है जिसे 'ऐसा चिन्तन करने वाला एक सौ सोलह वर्ष जीवित रहता है' इस वाक्य द्वारा समभिव्याहार होने के कारण पुरुष की आयुवृद्धि ही इस उपासना का फल कहा गया है । अतः आशीर्मन्त्रादि पुरुषविद्या के धर्म जो शाखान्तर में पठित है उनकी प्राप्ति तैत्तिरीयकविद्या में सर्वथा नहीं है, यह सिद्ध हुआ ॥२४॥

१४ वेधाद्यधिकरण

१. **सङ्गति**—जैसे आत्मविद्या के सन्निहित होने से पुरुष यज्ञ आत्मविद्या का शेष माना गया है, ऐसे ही सन्निहित होने के कारण मन्त्र और कर्म को भी तत् तद् विद्या का शेष मानना चाहिए; ऐसी दृष्टान्त सङ्गति के कारण यह अधिकरण प्रारम्भ किया जाता है ।

२. **विषय**—विद्या के समीपवर्ती वेधादि मन्त्र और प्रवर्ग्यादि कर्म इस अधिकरण का विचारणीय विषय है ।

३. **संशय**—क्या आथर्वणिकों के उपनिषदारम्भ में सर्वं प्रविध्य '**हृदयं प्रविध्य**' इत्यादि आभिचारिक मन्त्र और काण्वों के उपनिषदारम्भ में पढ़ा गया प्रवर्ग्यादि कर्म विद्या के अङ्ग हैं या नहीं ?

---

१. छदोगानाम् । २. स्वतन्त्रः ।

(३८४) वेधाद्यर्थभेदात् ॥२५॥

अस्त्याथर्वणिकानामुपनिषदारम्भे मन्त्रसमाम्नायः—'सर्वं प्रविध्य हृदयं प्रविध्य धमनीः प्रवृज्य शिरोऽभिप्रवृज्य त्रिधा विपृक्तः' इत्यादिः। ताण्डिनाम्—'देव सवितः प्रसुव यज्ञम्' इत्यादिः। शाठ्यायनिनाम्—'श्वेताश्वो हरितनीलोऽसि' इत्यादिः। कठानां तैत्तिरीयाणां च—'शं नो मित्रः शं वरुणः' (तै० १-१-१) इत्यादिः। वाजसनेयिनां तूपनिषदारम्भे प्रवर्ग्यब्राह्मणं पठ्यते—'देवा ह वै सत्रं निषेदुः' इत्यादि। कौषीतकिनामप्यग्निष्टोमब्राह्मणम्—'ब्रह्म वा अग्निष्टोमो ब्रह्मैव तदहर्ब्रह्मणैव ते ब्रह्मोपयन्ति

वेधाद्यर्थभेदात्। देवतामभिचारकर्ता प्रार्थयते—सर्वमिति। हे देवते, मद्रिपोः सर्वमङ्गं प्रविध्य विदारय विशेषतश्च हृदयं भिन्धि धमनीः [1]शिराः प्रवृंजय त्रोटय शिरश्चाभितो नाशय, एवं त्रिधा विपृक्तो विश्लिष्टो भवतु मे शत्रुरित्यर्थः। हे देव सवितः, यज्ञं तत्पतिं च प्रसुव निर्वर्तयेत्यर्थः। उच्चैःश्रवाः श्वेतोऽश्वो यस्येन्द्रस्य स त्वं हरिततृणवन्नीलोऽसीत्यर्थः। नोऽस्माकं शं सुखकरो भवत्वित्यर्थः। अग्निष्टोमो ब्रह्मैव स यस्मिन्नहनि क्रियते तदपि ब्रह्म तस्माद्य एतदहःसाध्यं कर्मोपयन्त्यनु-

---

४. पूर्वपक्ष—विद्याप्रधान उपनिषद् ग्रन्थ के समीप में पढ़े जाने के कारण वेधादि मन्त्र और प्रवर्ग्यादि कर्म को विद्या का अङ्ग मानना चाहिए।

५. सिद्धान्त—लिङ्ग प्रमाण से मन्त्रों का विनियोग आभिचारिक कर्म में हो चुका है और वाक्य प्रमाण से प्रवर्ग्यादि कर्म का विनियोग अग्निष्टोम में हो चुका है, अतः लिङ्ग और वाक्य प्रमाण सन्निधिरूप प्रकरण प्रमाण से बलवान होने के कारण वेधादि मन्त्र और प्रवर्ग्यादि कर्म को विद्या का अङ्ग नहीं मान सकते।

वेधाद्यर्थभेदात् (ललिता)

आथर्वणिकों के उपनिषदारम्भ में अभिचार करनेवाला देवता से प्रार्थना करता है—'हे देवता! मेरे शत्रु के सम्पूर्ण अङ्गों को फाड़ डालो, विशेष रूप से हृदय को वेध डालो, उसकी नसों को तोड़ डालो और उसके शिर को सभी ओर से नाश कर डालो। इस प्रकार तीन भागों में विभक्त मेरा शत्रु नष्ट हो जाय' इत्यादि मन्त्रपाठ मिलता है। ताण्डी शाखावालों के यहाँ वह पाठ इस प्रकार है—'हे सविता देव! यज्ञ और यज्ञपति को आप सम्पन्न कर दो' इत्यादि। शाठ्यायनी शाखावालों के यहाँ कहा है—'उच्चैश्रवा श्वेत अश्व जिस इन्द्र के पास है वह इन्द्रदेव तुम हरित तृण की भाँति नील हो जाओ' इत्यादि। कठ एवं तैत्तिरीय शाखावालों के यहाँ 'मित्र देवता हमें सुखकारक हो और वरुण देवता भी हमें सुखकारक हो' ऐसा पाठ देखा जाता है। किन्तु वाजसनेयी शाखावालों के उपनिषदारम्भ में प्रवर्ग्यब्राह्मण का पाठ है—देवताओं ने एक बार सत्र किया था' इत्यादि। उसी प्रकार कौषीतकि शाखावालों के यहाँ भी 'निःसन्देह अग्निष्टोम ब्रह्मस्वरूप ही है, उसका अनुष्ठान जिस दिन करता है वह भी ब्रह्म ही है। अतः जो भी यजमान इस साध्यकर्म का अनुष्ठान करते हैं वे ब्रह्मसाधन के द्वारा ब्रह्म को प्राप्त कर जाते हैं अर्थात् वे क्रमशः अमृतत्व प्राप्त कर लेते हैं।' इस

---

१. नाडयः।

तेऽमृतत्वमाप्नुवन्ति' य एतदहुरुपयन्ति इति । किमिमे सर्वे प्रविध्यादयो मन्त्राः प्रवर्ग्यादीनि च कर्माणि विद्यासूपसंह्रियेरन्किंवा नोपसंह्रियेरन्निति मीमांसामहे ।

किं तावन्नः प्रतिभाति । उपसंहार एवैषां विद्यास्विति । कुतः ? विद्याप्रधानानामुपनिषद्ग्रन्थानां समीपे पाठात् । नन्वेषां विद्यार्थतया विधानं नोपलभामहे । बाढम् । अनुपलभमाना अपि त्वनुमास्यामहे संनिधिसामर्थ्यात् । नहि संनिधेरर्थवत्त्वे सम्भवत्यकस्मादसावनाश्रयितुं युक्तः । ननु नैषां मन्त्राणां विद्याविषयं किंचित्सामर्थ्यं पश्यामः । कथं च प्रवर्ग्यादीनि कर्माण्यन्यार्थत्वेनैव विनियुक्तानि सन्ति विद्यार्थत्वेनापि प्रतिपद्येमहीति । नैष दोषः । सामर्थ्यं तावन्मन्त्राणां विद्याविषयमपि किंचिच्छक्यं कल्पयितुं, हृदयादिसंकीर्तनात् । हृदयादीनि हि प्रायेणोपासनेष्वायतनादिभावेनोपदिष्टानि तद्द्वारेण च

तिष्ठन्ति ते ब्रह्मणैव साधनेन ब्रह्मोपयन्ति ते च क्रमेणामृतत्वमाप्नुवन्तीति योजना । मन्त्रादिषु तत्तदुपनिषद्विद्याशेषत्वे प्रमाणभावाभावाभ्यां संशयमाह—किमिति । फलं पूर्ववत् ।

ननु तेषां शेषत्वे मानाभावान्नोपसंहार इति शङ्कते—नन्वेषामिति । मन्त्रादयस्तत्तद्विद्याशेषाः फलवद्विद्यासंनिहितत्वात्तैत्तिरीयकगतपुरुषयज्ञवदिति समाधत्ते—बाढमिति । तथाच दृष्टान्तसंगतिः । सिद्धान्तिपक्षे सनिधिवैयर्थ्यं बाधकमाह—नहीति । अफलमन्त्रादीनां फलवच्छेषत्वबोधनं संनिधेरर्थवत्त्वं तत्संभवे सत्यकस्मादर्थशून्यत्वेनासौ संनिधिराश्रयितुं नहि युक्त इत्यर्थः । नञ्पाठेत्वकस्माद्धेतुं विनाऽसावर्थो नाश्रयितुं नहि युक्त इत्यर्थः । ननु मन्त्राणां विद्यासमवेतार्थप्रकाशनसामर्थ्याभावान्न विद्याशेषत्वमिति शङ्कते—नन्विति । पुरस्तादुपसदां प्रवर्ग्येण प्रचरन्तीति वाक्येन प्रवर्ग्यस्य क्रतुशेषत्वं श्रुतं, अग्निष्टोमादेश्च तत्तद्वाक्येन स्वर्गाद्यर्थत्वमतो न विद्यार्थत्वमित्याह—कथं चेति । मन्त्राणां विद्यासमवेतहृदयनाड्यादिप्रकाशकत्वमस्तीत्याह—नैष इति । उपास्तिषु मन्त्रप्रयोगः क्वापि

वाक्य द्वारा अग्निष्टोमब्राह्मण कहा गया है । क्या इन 'प्रविध्य' इत्यादि सभी मन्त्रों का और प्रवर्ग्यादि सभी कर्मों का विद्या में उपसंहार करना चाहिए या नहीं, ऐसा हम यहाँ पर विचार करते हैं ।

इस पर पूर्वपक्ष का कहना है कि पूर्वोक्त मन्त्रों एवं कर्मों का उपसंहार विद्या में करना चाहिए, ऐसा हमें प्रतिभासित होता है क्योंकि उक्त सभी पाठ विद्याप्रधान उपनिषद् ग्रन्थ के समीप में मिलते हैं । शङ्का—हम इन सभी मन्त्रों और कर्मों का विद्यार्थरूप से विधान नहीं देखते हैं । समाधान—ठीक है, न देखते हुए भी सन्निधि के सामर्थ्य से हम अनुमान कर सकते हैं क्योंकि इस प्रकार सन्निधि की सार्थकता जब सम्भव है तो अकस्मात् उसका आश्रय न लेना युक्तियुक्त नहीं है । शङ्का—इन मन्त्रों का सामर्थ्य हम विद्या के विषय में कुछ भी नहीं देखते हैं । प्रवर्ग्य कर्म यज्ञशेष सुना गया है और अग्निष्टोम आदि तत्रस्थ वाक्य द्वारा स्वर्गार्थ है, अतः वे विद्या के लिए नहीं हैं । जब प्रवर्ग्यादि कर्म अन्यार्थरूप से ही विनियुक्त हो चुके हैं तो उपासना के लिए भी उनका उपयोग हम कैसे समझ सकते हैं । समाधान—यह कोई दोष नहीं है । विद्या के विषय में भी मन्त्रों के सामर्थ्य की कल्पना हम कर सकते है क्योंकि मन्त्र में हृदयादि का वर्णन भी है । उपासना में प्रायशः हृदयादि का उपदेश

हृदयं प्रविध्येत्येवंजातीयकानां मन्त्राणामुपपन्नमुपासनाङ्गत्वम् । दृष्टश्चोपासनेष्वपि मन्त्रविनियोगः 'भूः प्रपद्येऽमुनामुनामुना' (छा० ३-१५-३) इत्येवमादिः । तथा प्रवर्ग्यादीनां कर्मणामन्यत्रापि विनियुक्तानां सतामविरुद्धो विद्यासु विनियोगो वाजपेय इव बृहस्पतिसवस्येति ।

एवं प्राप्ते ब्रूमः––नैषामुपसंहारो विद्यास्विति । कस्मात् ? वेधाद्यर्थभेदात् । हृदयं प्रविध्येत्येवंजातीयकानां हि मन्त्राणां येऽर्थाः हृदयवेधादयो भिन्नाः, अनभिसम्बद्धास्त

न दृष्ट इत्यत आह––दृष्टश्चेति । पुत्रस्य दीर्घायुष्यार्थं छान्दोग्ये त्रैलोक्यस्य कोशत्वेनोपास्तिरुक्ता तत्र पितुरयं प्रार्थनामन्त्रः । तत्रामुनेति पुत्रस्य त्रिर्नाम गृह्णाति अमुना पुत्रेण सह भूरितीमं लोकममुं च प्रपद्ये न मे पुत्रवियोगः स्यादित्यर्थः । तत्तद्वाक्येनान्यत्र विनियुक्तानामपि कर्मणां संनिधिना विद्यासु विनियोगो न विरुध्यत इत्यत्र दृष्टान्तमाह––वाजपेय इति । 'ब्रह्मवर्चसकामो बृहस्पतिसवेन यजेत' इति वाक्येन ब्रह्मवर्चसफले विनियुक्तस्यापि बृहस्पतिसवस्य 'वाजपेयेनेष्ट्वा बृहस्पतिसवेन यजेत' इति वाजपेयप्रकरणस्थवाक्येन वाजपेयोत्तराङ्गतया विनियोगवदविरोध इत्यर्थः । यद्यप्येकेन वाक्येन प्रकरणान्तरस्यबृहस्पतिसवस्य प्रत्यभिज्ञानमङ्गत्वविधानं च कर्तुमयुक्तं वाक्यभेदप्रसङ्गादतो मासाग्निहोत्रवत्कर्मान्तरमेव बृहस्पतिसवाख्यमङ्गतया विधीयत इति न विनियुक्तस्य विनियोग इति भट्टगुरुतन्त्रद्वयसिद्ध, तथापि यथा नित्याग्निहोत्रस्याश्वमेधप्रकरणे वाम्यतस्यैतां रात्रिमग्निहोत्रं जुहोतीति नाम्ना प्रत्यभिज्ञा, वाक्येन विधानम् यथा वा दर्शपूर्णमासविकृतीष्टावाज्यभागौ यजतीत्येकस्मिन्वाक्ये प्रकृतिस्थाज्यभागयोः पदेन प्रत्यभिज्ञानं वाक्येन विधानं तथात्रापि बृहस्पतिसवपदेन प्रत्यभिज्ञानं वाक्येनाङ्गताविधानं किं न स्यात्, न च साध्यभावार्थविधायकाख्यातपरतन्त्रं नामपदं सिद्धकर्मप्रत्यभिज्ञाक्षममिति वाच्यं, सिद्धस्याप्यङ्गतया पुनः साध्यत्वसंभवेऽन्यथासिद्धाख्यातस्यैव प्रसिद्धार्थकानामपारतन्त्र्योपपत्तेः । न चैवं सति कुण्डपायिसत्रेऽप्यङ्गत्वेन नित्याग्निहोत्रस्यैव विधिः स्यादिति वाच्यं, इष्टत्वात् । नच पूर्वतन्त्रविरोधः उत्तरतन्त्रस्य बलीयस्त्वात् । पूर्वतन्त्रस्य स्वतन्त्रपरतन्त्रभावनाभेदे तात्पर्याच्च । तस्मादेकस्यैव बृहस्पतिनामकस्य धात्वर्थस्य ब्रह्मवर्चसे विनियुक्तस्यापि वाजपेयाङ्गतया विनियोग इति भगवत्पादतात्पर्यम् । अस्ति च विनियुक्तस्य विनियोगे सर्वसंमतमुदाहरणं खादिरत्वादिकं तस्य क्रतौ विनियुक्तस्य वीर्यादिफलेऽपि विनियोगात् ।

तथा मन्त्रकर्मणामन्यत्र विनियुक्तानां विद्याशेषत्वमिति प्राप्ते सिद्धान्तयति––नैषामित्यादिना ।

आयतनरूप से किया गया है इसलिए **'हृदयं प्रविध्य'** इत्यादि मन्त्रों में उपासनादि का अङ्गत्व सिद्ध हो जाता है क्योंकि **'भूः प्रपद्येऽमुनामुनामुना'** इस वाक्य द्वारा उपासना में भी मन्त्र का विनियोग देखा गया है । वैसे ही क्रत्वर्थ विनियुक्त प्रवर्ग्यादि कर्मों का विद्या में विनियोग बतलाना उसी प्रकार अविरुद्ध है जैसे ब्रह्मवर्चस् फल में विनियुक्त बृहस्पतिसव का **'वाजपेयेनेष्ट्वा बृहस्पतिसवेन यजेत'** इस वाजपेय प्रकरणस्थ वाक्य द्वारा वाजपेय के उत्तराङ्गरूप से बृहस्पतिसव का विनियोग विरुद्ध नहीं है, ऐसा हम पूर्वपक्षी मानते हैं।

ऐसा पूर्वपक्ष प्राप्त होने पर हम सिद्धान्ती कहते हैं कि इन मन्त्रों और कर्मों का उपसंहार विद्या में नहीं करना चाहिए क्योंकि **'हृदयं प्रविध्य'** इत्यादि मन्त्रों का जो हृदयवेधादि भिन्न अर्थ हैं

उपनिषदुदिताभिर्विद्याभिः तेषां न ताभिः संगन्तुं सामर्थ्यमस्ति ।। ननु हृदयस्योपासनेष्व-प्युपयोगात् तद्‌द्वारक उपसनासम्बन्ध उपन्यस्तः । नेत्युच्यते । हृदयमात्रसङ्कीर्तनस्य ह्येव-मुपयोगः । कथंचिदुत्प्रेक्ष्येत, नच हृदयमात्रमत्र मन्त्रार्थः । हृदयं प्रविध्य धमनीः प्रवृज्जये-त्येवंजातीयको हि न सकलो मन्त्रार्थो विद्याभिरभिसम्बध्यते । आभिचारिकविषयो ह्येषो-ऽर्थस्तस्मादाभिचारिकेण कर्मणा सर्वं प्रविध्येत्येतस्य मन्त्रस्याभिसम्बन्धः । तथा 'देव सवितः प्रसुव यज्ञम्' इत्यस्य यज्ञप्रसवलिङ्गत्वाद्यज्ञेन कर्मणाभिसम्बन्धः । तद्विशेषसम्बन्धस्तु प्रमाणान्तरादनुसर्तव्यः । एवमन्येषामपि मन्त्राणां केषांचिल्लिङ्गेन केषांचिद्वचनेन केषांचि-त्प्रमाणान्तरेणेत्येवमर्थान्तरेषु विनियुक्तानां रहस्यपठितानामपि सतां न संनिधिमात्रेण विद्याशेषत्वोपपत्तिः । दुर्बलो हि संनिधिः श्रुत्यादिभ्य इत्युक्तं प्रथमे तन्त्रे 'श्रुतिलिङ्ग-

विद्यासु हृदयादिसबन्धेऽपि वेधाद्यर्थानामसंबन्धात्कृत्स्नमन्त्रार्थानामभिचारादिसम्बन्धलिङ्गेन संनि-धेर्बलीयसाऽभिचारादावेव मन्त्राणां विनियोग इत्यर्थः । 'देव सवितः प्रसुव' इति प्रदक्षिणतोऽग्नि पर्युक्षेदिति वाक्यादग्निपर्युक्षणे 'सावित्रं जुहोति कर्मणः पुरस्तात्सवने सवने जुहोति' इति वाक्या-द्वाजपेये कर्मविशेषे संबन्धोऽस्य मन्त्रस्येत्याह—तद्विशेषेति । उक्तन्यायं श्वेताश्व इत्यादिष्वतिदिशति —एवमन्येषामिति । प्रमाणान्तरं प्रकरणादिकम् । ननु लिङ्गादिभिरन्यत्र विनियुक्तानामपि संनिधिना विद्यास्वपि विनियोगोऽस्त्वविरोधादित्युक्तं, तत्राह—दुर्बलो हीति । समवाये समानविषयत्वेन द्वयो-र्विरोधे, परस्य दौर्बल्यं, कुतः अर्थविप्रकर्षात्, स्वार्थबोधने परस्य पूर्वव्यवधानेन प्रवृत्तेरित्यर्थः । अयमा-शयः—एकत्र विनियुक्तस्य निराकाङ्क्षत्वादन्यत्र विनियोगो विरुद्ध एव परंतु विनियोजकप्रमाणयोः सम-बलत्वेऽन्यतरविनियोगत्यागायोगादगत्याकाङ्क्षोत्पादनेन विनियुक्तविनियोगः स्वीक्रियते 'यथा खादिरो यूपो भवति', 'खादिरं वीर्यकामस्य यूपं कुर्यात्' इति वाक्याभ्यां क्रतौ विनियुक्तस्य खादिरत्वस्य-वीर्यफले विनियोगः । यत्र तु प्रमाणयोरतुल्यत्वं तत्र न स्वीक्रियते प्रबलप्रमाणेन दुर्बलविनियोग-बाधात् । यथा 'कदाचनस्तरोरसि' इत्यस्या ऋच ऐन्द्र्या गार्हपत्यमुपतिष्ठत इति तृतीयाविभक्तिः

वे उपनिषद् में कही गयी विद्या के साथ सम्बन्ध नहीं रखते हैं इसीलिए उन मन्त्रों का तत्रोक्त विद्याओं के साथ सामर्थ्यबोध नहीं होता है। शङ्का—उपासनाओं में हृदय का उपयोग होने से हृदय द्वारा इन मन्त्रों का सम्बन्ध उपासना के साथ बतलाया गया है। समाधान—ऐसा कहना ठीक नहीं। हृदय-मात्र संकीर्तन का कथञ्चित् इस प्रकार उपयोग की कल्पना भले ही की जाय, पर यहां पर हृदयमात्र इस मन्त्र का अर्थ नहीं है। 'हृदयं प्रविध्य धमनीः प्रवृज्य' इत्यादि सम्पूर्ण मन्त्रार्थ उपासना के साथ सम्बन्ध नहीं रखता है, यह मन्त्रार्थ आभिचारिक कर्म के साथ सम्बन्ध रखता है, अतः आभिचारिक कर्म के द्वारा 'सर्वं प्रविध्य' इस मन्त्र का सम्बन्ध मानना ही उचित होगा। वैसे ही 'देव सवितः प्रसुव यज्ञम्' इस मन्त्र में यज्ञनिर्वर्तन-लिङ्ग को देखते हुए यज्ञकर्म के साथ इसका सम्बन्ध प्रतीत होता है, विशेष सम्बन्ध तो प्रमाणान्तर से समझना पड़ेगा। इस प्रकार किन्हीं अन्य मन्त्रों का भी लिङ्ग प्रमाण से, वचन प्रमाण से और प्रमाणान्तर से अर्थान्तर में विनियोग सिद्ध हो जाने पर उनके उपनिषद् में पढ़े जाने पर भी सन्निधिमात्र से विद्या का शेष नहीं मान सकते। सन्निधि का अर्थ प्रकरण होता है जो श्रुत्यादि प्रमाणों की अपेक्षा दुर्बल कहा गया है। 'श्रुति, लिङ्ग, वाक्य, प्रकरण,

१. भो इन्द्र कदाचिदपि घातको न भवसि किं त्वाहुतिं दत्तवते यजमानाय प्रीयसे इति मन्त्रार्थः।

वाक्यप्रकरणस्थानसमाख्यानां समवाये पारदौर्बल्यमर्थविप्रकर्षात्' (जै० सू० ३-३-१३) इत्यत्र । तथा कर्मणामपि प्रवर्ग्यादीनामन्यत्र विनियुक्तानां न विद्याशेषत्वोपपत्तिः । न ह्येषां विद्याविधिः सहैकार्थ्यं किंचिदस्ति । वाजपेये तु बृहस्पतिसवस्य स्पष्टं विनियोगान्तरम्—'वाजपेयेनेष्ट्वा बृहस्पतिसवेन यजेत' इति । अपि चैकोऽयं प्रवर्ग्यः सकृदुत्पन्नो

श्रुत्यान्यनिरपेक्षया गार्हपत्योपस्थानशेषत्वबोधिकया ऐन्द्रप्रकाशनसामर्थ्यरूपलिङ्गप्राप्तमिन्द्रशेषत्वं बाध्यते । लिङ्गं हि न साक्षाच्छेषत्वं बोधयति किंत्विन्द्रप्रकाशनमात्रं करोति, तेन च लिङ्गेनानेन मन्त्रेण इन्द्र उपस्थापयितव्य इति श्रुतिः कल्पनीया, तया शेषत्वबोध इति श्रुतिव्यवधानेन शेषत्वबोधकं लिङ्गं झटिति स्वार्थबोधकश्रुत्या बाध्यम् । तथा लिङ्गेन वाक्यं बाध्यं यथा 'स्योनं ते सदनं करोमि घृतस्य धारया सुशेवं कल्पयामि', 'तस्मिन्सीदामृते प्रतितिष्ठ व्रीहीणां मेध सुमनस्यमानः' इति मन्त्रभागयोः प्रत्येकं सदनकरणे पुरोडाशासादने च तत्प्रकाशनसामर्थ्यलिङ्गेन श्रुतिद्वारा विनियोगे सति प्रतीतमेकवाक्यत्वं बाध्यते, तस्य कृत्स्नेऽपि मन्त्रे सदनकरणप्रकाशनसामर्थ्यं पुरोडाशासादनप्रकाशनसामर्थ्यं च लिङ्गं कल्पयित्वा श्रुतिकल्पनयोभयत्र कृत्स्नमन्त्रविनियोगबोधने द्वाभ्यां लिङ्गश्रुतिभ्यां व्यवधानेन श्रुत्येकव्यवहितक्लृप्तलिङ्गाद् दुर्बलत्वात् । नच सामर्थ्यं न कल्प्यमिति वाच्यं, असमर्थस्य विनियोगायोगात्, अत एव गङ्गापदस्य तीरबोधविनियोगे लक्षणारूपं सामर्थ्यं कल्प्यते । तथा वाक्येन प्रकरणं बाध्यं यथा साह्नप्रकरणाम्नातद्वादशोपसत्तां द्वादशाहीनस्येति वाक्येनाहीनाङ्गत्वबोधकेन प्रकरणप्राप्तसाह्नाङ्गत्वबाधादुत्कर्षः । प्रधानस्याङ्गाकाङ्क्षारूपं प्रकरणं तस्याङ्गप्रधानवाक्यैकवाक्यतासामर्थ्यश्रुतिभिः कल्प्यमानाभिः स्वार्थविनियोगप्रमितौ व्यवधानेनाङ्गसामर्थ्यश्रुत्योर्द्वयोः कल्पकवाक्याद्दुर्बलत्वात् । तथा प्रकरणेन सन्निधिर्बाध्यः । यथा राजसूयप्रकरणेन तदन्तर्गताभिषेचनीयाख्यसोमयागविशेषसंनिधिपाठप्राप्तं शुनःशेपोपाख्यानादेरभिषेचनीयशेषत्वं बाधित्वा कृत्स्नराजसूयशेषत्वमापादितं संनिधेः प्रकरणादिकल्पकत्वेन क्लृप्तप्रकरणाद्दुर्बलत्वात् तथा संनिधिना समाख्या बाध्यते । तथाहि—पौरोडाशिकसमाख्याके काण्डे आग्नेयपुरोडाशादिकर्मणां क्रमेण मन्त्रा आम्नातास्तत्र दधिपयोरूपसान्नाय्यसन्निधौ 'शुन्धध्वं दैव्याय कर्मणे' इति मन्त्र आम्नातस्तत्र समाख्याबलेनास्य मन्त्रस्य पुरोडाशपात्रशुन्धनशेषत्वं प्राप्तं सन्निधिना बाधित्वा सान्नाय्यपात्रशुन्धनशेषत्वमापाद्यते । पुरोडाशसंबन्धिकाण्डं पौरोडाशिकमिति पौरुषसमाख्यायाः काण्डान्तर्गतमन्त्रस्य पुरोडाशसंबन्धसामान्यबोधकत्वेऽपि शेषशेषिभावरूपविनियोगबोधकत्वे संनिध्याद्यपेक्षत्वेन दुर्बलत्वादिति । एवं विरोधे सति श्रुतिर्बाधिकैव समाख्या बाध्यैव, मध्यस्थानां तु चतुर्णां पूर्वबाध्यत्वं परबाधकत्वं चेति श्रुतिलिङ्गसूत्रार्थः । तस्माल्लिङ्गादिनान्यत्र विनियुक्तानां मन्त्राणां दुर्बलसंनिधिना न विद्यासु विनियोग इति सिद्धम् । तथा कर्मणामिति । कर्मणां विद्योपकारकत्वे ताभिः सहैकफलत्वे च मानं किंचिन्नास्ती-

---

स्थान और समाख्या का समान विषय में समवाय होने पर अर्थविप्रकर्ष के कारण पर पर में दौर्बल्य माना जाता है' पूर्व मीमांसा के इस सूत्र में उत्तरोत्तर प्रमाण को पूर्व की अपेक्षा दुर्बल कहा है। वैसे ही अन्यत्र विनियुक्त प्रवर्ग्यादि कर्मों में भी विद्याशेषत्व सन्निधिमात्र से सिद्ध नहीं होता क्योंकि विद्या के साथ इन प्रवर्ग्य कर्मों का कुछ भी एकार्थत्व नहीं है। बृहस्पतिसव का वाजपेय में स्पष्ट विनियोग सुना जाता है। 'वाजपेयेनेष्ट्वा बृहस्पतिसवेन यजेत' इस श्रुति के द्वारा ब्रह्मवर्चस फल में विनियुक्त बृहस्पतियज्ञ का पुनः वाजपेययज्ञ में विनियोग बतलाना युक्तियुक्त ही है, किन्तु यहाँ पर

१५. हान्यधिकरणम् (सू० २६)

उपायनमनाहार्यं हानायाह्रियतेऽथवा । अश्रुतत्वादनाक्षेपाद्विद्याभेदाच्च नाहृतिः ।
विद्याभेदेऽप्यर्थवाद आहार्यः स्तुतिसाम्यतः । हानस्य प्रत्यभिज्ञानादेकविशादिवादवत् ।।

बलीयसा प्रमाणेनान्यत्र विनियुक्तो न दुर्बलेन प्रमाणेनान्यत्रापि विनियोगमर्हति । अगृह्यमाणविशेषत्वे हि प्रमाणयोरेतदेवं स्यान्न तु बलवदबलवतोः प्रमाणयोरगृह्यमाणविशेषता सम्भवति बलवदबलवत्त्वविशेषादेव । तस्मादेवंजातीयकानां मन्त्राणां कर्मणां वा न संनिधिपाठमात्रेण विद्याशेषत्वमाशङ्कितव्यम् । अरण्यानुवचनत्वादिधर्मसामान्यात्तु संनिधिपाठ इति संतोष्टव्यम् ।।२५।।

स्पर्थः । अपि चेत्युक्तार्थम् । ननु तर्हि वेधादिवाक्यानामुपनिषद्भिः सह पाठस्य का गतिस्तामाह—अरण्येति । तस्माद्वेधादिमन्त्रकर्मणां विद्यास्वनुपसंहार इति सिद्धम् ।।२५।।

वह बात नहीं है। इसके अतिरिक्त यह प्रवर्ग्य एक है जो अभी-अभी उत्पन्न हुआ है एवं बलवान प्रमाण से अन्यत्र विनियुक्त हो चुका है, ऐसी स्थिति में दुर्बल सन्निधि प्रमाण से अन्यत्र भी उसका विनियोग नहीं हो सकता। जहाँ दो प्रमाणों में विशेष का ग्रहण नहीं होता वहाँ पर ही उक्त रीति से निर्णय लिया जा सकता है, किन्तु एक बलवान और दूसरे दुर्बल प्रमाणों में विशेषभाव का ग्रहण न होने पर पूर्वपक्षी का कहा हुआ प्रकार सम्भव नहीं है क्योंकि बलवत्ता और अबलवत्ताविशेष का ग्रहण यहाँ हो ही जाता है। अतः ऐसे मन्त्रों और कर्मों के सन्निधिपाठमात्र से विद्याशेषत्व की आशङ्का नहीं करनी चाहिए, किन्तु अरण्यानुवचनत्वादि धर्मसामान्य के कारण सन्निधिपाठ सफल हो जाता है। इसलिए वेधादि मन्त्र और प्रवर्ग्यादि कर्मों का उपसंहार विद्या में नहीं करना चाहिए, बस इस निर्णय को मानकर सन्तोष रखना चाहिए ।।२५।।

१५. हान्यधिकरण
(प्रथम वर्णक)

१. **सङ्गति**—पिछले अधिकरण में विद्यासन्निहित भी मन्त्रों का, अनावश्यक होने से, उपासना में उपसंहार नहीं बतलाया गया था; वैसे ही अनावश्यक होने से हान की सन्निधि में पढ़े गये उपादान को भी हान का अङ्ग नहीं मानना चाहिए अर्थात् उपादान के बिना भी हान का होना सम्भव है। अतः उपादान का उपसंहार अनावश्यक है, ऐसी दृष्टान्त सङ्गति के कारण यह अधिकरण प्रारम्भ होता है।

२. **विषय**—इस अधिकरण में ज्ञानी के पुण्यपापादि कर्मों के हानोपादान पर विचार किया गया है।

३. **संशय**—शाट्यायनी में कहा गया है कि 'ज्ञानी के पुत्रस्थानीय सभी प्राणी उसके वित्तस्थानीय कर्म को यथायोग्य ग्रहण कर लेते हैं।' ताण्डी में कहा है कि 'जैसे घोड़ा अपने शरीर के रोयें को झाड़ देता है और जैसे राहु के मुख से चन्द्रमा मुक्त हो जाता है ऐसे ही ज्ञानी सम्पूर्ण पुण्य-पाप को छोड़ देता है।' उसी प्रकार आथर्वणिकों ने कहा है कि 'उस समय ज्ञानी पुण्य-पाप दोनों का परित्यागकर, भावीजन्म के कारण से रहित हो परमसाम्य को प्राप्त करता है।' यहाँ पर सन्देह होता है कि ज्ञानी के पुण्य-पाप का हान एवं उपादान सभी स्थलों पर समानरूप से होता है या नहीं होता ?

(३८५) हानौ तूपायनशब्दशेषत्वात्कुशाच्छन्दःस्तुत्युपगानवत्तदुक्तम् ॥२६॥

विधूननं चालनं स्याद्धानं वा चालनं भवेत् । दोधूयन्ते ध्वजाग्राणीत्यादौ चालनदर्शनात् ।
हानमेव भवेद्वाक्यशेषेऽन्योपायनश्रवात् । कर्त्रा न ह्यपरित्यक्तमन्यः स्वीकर्तुमर्हति ।

अस्ति ताण्डिनां श्रुतिः—'अश्व इव रोमाणि विधूय पापं चन्द्र इव राहोर्मुखात्प्रमुच्य धूत्वा शरीरमकृतं कृतात्मा ब्रह्मलोकमभिसम्भवामि' (छा० ८-१३-१) इति । तथाथर्वणिकानाम् 'तथा विद्वान्नामरूपाद्विमुक्तः परात्परं पुरुषमुपैति दिव्यम्' (मु० ३-२-८) इति ।

हानौ तूक्तम् । यथा अश्वो रजोयुक्तानि जीर्णरोमाणि त्यक्त्वा निर्मलो भवति तथाहमपि पापं विधूय कृतात्मा निर्मलीकृतचित्तः सन् यथा वा राहुग्रस्तश्चन्द्रो राहुमुखात्प्रमुच्य स्पष्टो भवति तथा शरीरं धूत्वा त्यक्त्वा देहाभिमानान्मुक्तः सन्नकृतं कूटस्थ ब्रह्मात्मकं लोकं अभि प्रत्यक्त्वेन संभवामीत्यर्थः । यथा नद्यः समुद्रं प्राप्य नामरूपे त्यजन्ति तथा विद्वानित्यर्थः । निरञ्जनः 'शुद्धः साम्यं ब्रह्म,

४. **पूर्वपक्ष**—अश्रुत होने से, आक्षेप अनावश्यक होने के कारण और विद्या के भेद से सर्वत्र हानोपादान का उपसंहार नहीं होता ।

५. **सिद्धान्त**—विद्याभेद होने पर भी स्तुति की समानता के कारण अर्थवाद के रूप में उपसंहार करना चाहिए क्योंकि हान की प्रत्यभिज्ञा तो सर्वत्र होती ही है । इसीलिए अर्थवाद होने पर भी उपादान उपसंहार के योग्य है ।

(द्वितीय वर्णक)

१. **सङ्गति**—पहले विद्या की सन्निधि में पढ़े गये मन्त्रादि को जैसे अकिञ्चित्कर कहा था, वैसे ही विधूनन शब्द उपायन शब्द की सन्निधि में अप्रयोजक होने से अकिञ्चित्कर है; ऐसी दृष्टान्त सङ्गति पिछले अधिकरण के साथ इसकी है ।

२. **विषय**—विधूनन शब्द के अर्थ का विचार इस अधिकरण में किया गया है ।

३. **संशय**—क्या विधूनन शब्द का अर्थ चालन है अथवा हान है ?

४. **पूर्वपक्ष—'दोधूयन्ते ध्वजाग्राणि'** इस वाक्य में धूञ् धातु का अर्थ चालन होने से विधूनन का अर्थ चालन ही मानना चाहिए ।

५. **सिद्धान्त**—विधूनन शब्द का अर्थ हान ही करना चाहिए क्योंकि वाक्यशेष में अन्य के द्वारा उसका ग्रहण करना सुना गया है । जब तक कोई त्याग नहीं करता तो उसका ग्रहण दूसरा कैसे कर सकता है । अतः विधूनन शब्द का अर्थ त्याग ही करना चाहिए ।

हानौ तूपायनशब्दशेषत्वात् कुशाच्छन्दः स्तुत्युपगानवत्तदुक्तम् (ललिता)

प्रथम वर्णक—ताण्डी शाखावालों की श्रुति है कि 'जैसे धूलधूसरित जीर्ण रोम को अश्व त्यागकर निर्मल हो जाता है वैसे ही मैं भी पाप को छोड़कर कृतार्थ हो जाऊँगा और जैसे राहुग्रस्त चन्द्रमा राहु के मुख से छूटकर स्पष्ट भासित होता है ऐसे ही शरीर को छोड़कर देहाभिमान से मुक्त हुआ नित्यब्रह्मात्मक लोक को प्रत्यगात्मरूप से प्राप्त कर जाऊँगा ।' वैसे ही आथर्वणिकों की श्रुति है कि 'जैसे नदियाँ समुद्र को प्राप्तकर अपने नाम-रूप को छोड़ बैठती हैं वैसे ही विद्वान् पुण्य-पाप को

१. असंगः ।

तथा [1]शाट्यायनिनः पठन्ति 'तस्य पुत्रा दायमुपयन्ति सुहृदः साधुकृत्यां द्विषन्त पापकृत्याम्' इति । तथैव कौषीतकिनः 'तत्सुकृतदुष्कृते विधूनुते तस्य प्रिया ज्ञातयः सुकृतमुपयन्त्यप्रिया दुष्कृतम्' (कौ० १-४) इति । तदिह [2]क्वचित्सुकृतदुष्कृतयोर्हानं श्रूयते [3]क्वचित्त[4]योरेव विभागेन प्रियैरप्रियैश्चोपायनं [5]क्वचित्तूभयमपि हानमुपायनं च तद्यत्रोभयं श्रूयते तत्र तावन्न किंचिद्वक्तव्यमस्ति । यत्राप्युपायनमेव श्रूयते न हानं तत्राप्यर्थादेव हानं संनिपतति । अन्यै-रात्मीययोः सुकृतदुष्कृतयोरुपेयमानयोरावश्यकत्वात्तद्धानस्य । यत्र तु हानमेव श्रूयते नोपायनं तत्रोपायनं संनिपतेद्वा न वेति विचिकित्सायामश्रवणादसंनिपातः । [6]विद्यान्तरगोचरत्वाच्च [7]शाखान्तरीयस्य श्रवणस्य । अपिचात्मकर्तृकं सुकृतदुष्कृतयोर्हानं परकर्तृकं तूपायनं तयोर-सत्यावश्यकभावे कथं हानेनोपायनमाक्षिप्येत । तस्मादसंनिपातो हानादुपायनस्येति ।

तस्य मृतस्य विदुषः, दायं धनं, तत्तेन 'विद्याबलेन सुकृतदुष्कृते त्यजतीत्यर्थः । उपायनं ग्रहणं तस्य त्यागपूर्वकत्वात्, अत्यक्तयोर्ग्रहणायोगात्त्यागोऽर्थादायाति । यत्र तु त्याग एव श्रुतः तत्र हानोपा-यनयोः सहभावस्यावश्यकत्वानावश्यकत्वाभ्यां संशयमाह—यत्र त्विति । अत्र पूर्वपक्षे स्तुतिप्रकर्षा-सिद्धिः सिद्धान्ते तत्सिद्धिरिति फलम् । यद्यपि ताण्ड्याथर्वणश्रुत्योर्निर्गुणविद्यार्थयोः कर्महानमेव श्रुतं नोपायनं तथापि कौषीतकिश्रुतौ पर्यङ्कस्थसगुणब्रह्मविद्यायामुपायनं श्रुतमत्रोपसंहर्तव्यमित्याशङ्क्य विद्याभेदान्नोपसंहार इत्याह—विद्यान्तरेति ।

छोड़कर शुद्ध हो परमसाम्य ब्रह्म को प्राप्त कर जाता है। उसी प्रकार शाठ्यायिनी शाखावाले कहते हैं कि 'उस मृतात्मा विद्वान् के धन को पुत्र ले लेते हैं, उसके पुण्यकर्म को सुहृद और पापकर्म को द्वेषी प्राप्त करते हैं ।' वैसे ही कौषीतकी शाखावाले कहते हैं कि 'विद्याके बल से वह ज्ञानी पुण्य-पाप को त्याग देता है, उसके प्रियजन पुण्य को लेते हैं और अप्रियजन पाप को लेते हैं ।' इस प्रकार इन श्रुतियों में कहीं पर पुण्य-पाप का हान सुना जाता है; कहीं पर दोनों में से विभागपूर्वक प्रिय एवं अप्रियजन एक-एक को ग्रहण करते हैं, ऐसा कहा गया है और कहीं-कहीं पर हान एवं उपादान दोनों ही सुने जाते हैं। इनमें से जहाँ पर दोनों ही सुने जाते हैं वहाँ पर कुछ भी कहना आवश्यक नहीं है। जहाँ पर उपायन ही सुना जाता है, हान नहीं; वहाँ भी अर्थतः हान आ ही जाता है क्योंकि अपने उपेय पुण्य-पाप का हान होने पर किसी अन्य के द्वारा ग्रहण करना आवश्यक समझा जाता है। किन्तु जहाँ पर केवल हान ही सुना जाता है वहाँ पर भी उपायन आता है या नहीं आता है ? ऐसा संशय होने पर पूर्वपक्ष का कहना है कि ऐसे स्थल पर उपायन का श्रवण न होने के कारण और शाखान्तरीय श्रवण अन्य उपासना के साथ सम्बद्ध होने के कारण उपायन की प्राप्ति नहीं होती। इसके अतिरिक्त पुण्य-पाप का त्याग स्वयं करता है किन्तु ग्रहण दूसरों से होता है, इन दोनों का सम्बन्ध आवश्यक न होने पर हान से उपादान का आक्षेप कैसे हो सकेगा। अतः केवल पुण्य-पाप के हान स्थल में उपादान का सम्बन्ध नहीं होता।

---

१. अत्र ताण्डिश्रुतिरथर्वश्रुतिश्च निर्गुणविद्यापरा शाटी कौषीतकी च सगुणपरेति विवेकः । २. आद्ययोः श्रुत्योः । ३. तृतीय श्रुतौ । ४. सुकृतदुष्कृतयोः । ५. चतुर्थश्रुतौ ६. सगुणविद्याविषयत्वात् । ७. कौषीतकी । ८. उपासना ।

अस्यां प्राप्तौ पठति हानौ त्विति । हानौ त्वेतस्यां केवलायामपि श्रूयमाणायामुपायनं संनिपतितुमर्हति । तच्छेषत्वात् । हानशब्दशेषो ह्युपायनशब्दः समधिगतः कौषीतकिरहस्ये । तस्मादन्यत्र केवलहानशब्दश्रवणेऽप्युपायनानुवृत्तिः । यदुक्तमश्रवणाद्विद्यान्तरगोचरत्वादनावश्यकत्वाच्चासंनिपात इति तदुच्यते । भवेदेषा व्यवस्थोक्तिर्यद्यनुष्ठेयं किञ्चिदन्यत्र श्रुतमन्यत्र निनीष्येत । न त्विह हानमुपायनं वाऽनुष्ठेयत्वेन संकीर्त्यते विद्यास्तुत्यर्थं त्वनयोः संकीर्तनम् । इत्थं महाभागा विद्या यत्सामर्थ्यादस्य विदुषः सुकृतदुष्कृते संसारकारणभूते विधूयेते ते चास्य सुहृद्द्विषत्सु निविशेते इति । स्तुत्यर्थे चास्मिन्संकीर्तने हानानन्तरभावित्वेनोपायनस्य क्वचिच्छ्रुतत्वादन्यत्रापि हानश्रुतावुपायनानुवृत्तिं मन्यते स्तुतिप्रकर्षलाभाय । प्रसिद्धा चार्थवादान्तरापेक्षार्थवादान्तरप्रवृत्तिः —'एकविंशो वा इतोऽसावादित्यः' (छा० २-१०-५) इत्येवमादिषु । कथं ह्येहैकविं-

---

किंच यथा मन्त्रकर्मणामनावश्यकत्वाद्विद्यास्वनुपसंहार उक्तः तथा परैरुपादानं विनापि हानसंभवेनोपादानस्यानावश्यकत्वान्न प्राप्तिरिति दृष्टान्तसंगत्या प्राप्ते सिद्धान्तयति—हानौ त्वित्यादिना । उपायनशब्दस्य शेषत्वाद्धानशब्देनापेक्षितत्वादिति सूत्रार्थः । अश्वरोमदृष्टान्तेन विधूतयोः पुण्यपापयोः परत्रावस्थानसापेक्षत्वात्परैरुपादानं वाच्यमिति भावः । विद्याभेदे गुणानुपसंहार इति व्यवस्थाऽनुष्ठानविषया न स्तुतिविषयेत्याह—तदुच्यते इति । मन्यते सूत्रकार इत्यर्थः । ननु श्रुतहानार्थवादेनापि स्तुतिसिद्धौ किमर्थमुपायनार्थवाद आनीयते, तत्राह—स्तुतिप्रकर्षलाभायेति । नन्वर्थवादस्य विधिना संबन्धः प्रसिद्धो नार्थवादान्तरेणेत्यत आह—प्रसिद्धा चेति । इतो भूलोकादित्यर्थः । हेमन्तशिशिरयोरैक्यात्पञ्चर्तवः । यज्ञस्य पुरुषरूपकल्पनायां सेन्द्रियत्वाय त्रिष्टुभौ भवत इत्युक्तं बह्वृचब्राह्मणे, तत्र त्रिष्टुभश्छन्दोमात्रत्वात्कथमिन्द्रियत्वकल्पनेत्याकाङ्क्षायां यजुर्वाक्यं संवाद्यत इत्यर्थः ।

ऐसा पूर्वपक्ष होने पर सिद्धान्त की ओर से सूत्रपाठ करते हैं कि केवलहानश्रवणस्थल में भी उपादान होता ही है क्योंकि उपायन शब्द हान शब्द का शेष है, ऐसा कौषीतकि उपनिषद् से जाना जाता है। अतः कौषीतकी से भिन्न स्थल में केवल हान शब्द का श्रवण होने पर भी उपादान की अनुवृत्ति कर लेनी चाहिए। और जो पूर्वपक्षी ने कहा था कि ऐसे स्थल में उपायन का श्रवण न होने, विद्यान्तर के साथ सम्बद्ध होने और अनावश्यक होने के कारण उपादान का सन्निपात नहीं होता, इस पर सिद्धान्ती का कहना है कि यदि अन्यत्र सुने गये किसी अनुष्ठेय को अन्यत्र ले जाना अभीष्ट होता तो ऐसी व्यवस्था बनाई जा सकती थी; किन्तु यहाँ पर हान अथवा उपादान अनुष्ठेयरूप से नहीं कहे गये हैं, इन दोनों का कथन तो उपनिषद् में विद्या की स्तुति के लिए है अर्थात् यह महाभागा विद्या ऐसी है कि जिसके सामर्थ्य से इस ज्ञानी के संसारकारणभूत पुण्य-पाप नष्ट हो जाते हैं और वे इसके सुहृद् एवं द्वेषी में प्रवेश कर जाते हैं। स्तुति के लिए बतलाये गये इस हान-उपादान का निष्कर्ष यह निकलता है कि यदि हान के पश्चात् होनेवाले उपादान का कहीं भी श्रवण हुआ हो तो उससे अन्यत्र भी केवलहानश्रुति में उपादान की अनुवृत्ति मानते हैं, इससे ब्रह्मविद्या की स्तुति में प्रकर्ष आ जाता है। अर्थवादान्तर की अपेक्षा अर्थवादान्तर की प्रसिद्धि 'निःसन्देह वह आदित्य भूलोक से ऊपर इक्कीस संख्यावाला है' इन स्थलों में देखी गयी है। शङ्का—आदित्य की इक्कीस संख्या कैसे कह

शतादित्यस्याभिधीयेतानपेक्ष्यमाणेऽर्थवादान्तरे 'द्वादश मासाः पञ्चर्तवस्त्रय इमे लोका असावादित्य एकविंशः, इत्येतस्मिन्। तथा 'त्रिष्टुभौ भवतः सेन्द्रियत्वाय' इत्येवमादिवादेषु 'इन्द्रियं वै त्रिष्टुप्' इत्येवमाद्यर्थवादान्तरापेक्षा दृश्यते। विद्यास्तुत्यर्थत्वाच्चास्योपायनवादस्य कथमन्यदीये सुकृतदुष्कृते अन्यैरुपेयेते इति नातीवाभिनिवेष्टव्यम्। उपायनशब्दशेषत्वादिति [1]हेतौ तु शब्दं समुच्चारयन्स्तुत्यर्थमेव हानावुपायनानुवृत्तिं सूचयति। गुणोपसंहारविवक्षायां ह्यु पायनार्थस्यैव हानावनुवृत्तिं ब्रूयात्। तस्माद्गुणोपसंहारविचारप्रसङ्गेन स्तुत्युपसंहारप्रदर्शनार्थमिदं सूत्रम्। कुशाछन्दःस्तुत्युपगानवदित्युपमोपादानम्। तद्यथा

नन्वमूर्तयोः पुण्यपापयोः उपादानस्यासंभवादनुपसंहार इत्यत आह—विद्यास्तुत्यर्थत्वाच्चेति। विद्वन्निष्ठयोरेव तयोः फलं परे प्राप्नुवन्ति विद्यासामर्थ्यादित्युपयन्तिपदेनोच्यत इत्यर्थः। नन्वन्यनिष्ठकर्मणोरन्यत्र फलसंचारः कथम्। ननु वचनबलादिति चेत्, न, फलमुपयन्तीत्यश्रुतेः। नच यथा पुत्रकृतश्राद्धस्य पितृषु फलं तथात्रेति वाच्यं, [2]यस्य फलमुद्दिश्य यत्कर्म विहितं [3]तस्य तत्फलमिति न्यायेन पितृणां तृप्त्युद्देशेन कृतकर्मणो व्यधिकरणफलत्वेऽपि विदुषः कर्मकालेऽनुद्दिष्टव्यधिकरणफलायोगात्। किंच विदुषो देहपाते कर्मणोऽसत्त्वाच्च[4]वज्जीवं विद्वत्सेवकस्य तद्द्वेषिणो वा फलं स्यादित्यत आह—नातीवाभिनिवेष्टव्यमिति। विद्वत्सेवाद्वेषाभ्यां विद्वन्निष्ठपुण्यपापतुल्ये पुण्यपापे सेवकद्वेषिणोर्जायेते जातयोः फलतः स्वीकार उपायनमिति परिहारस्य सुलभत्वादनाग्रह इत्यर्थः। उपायनादेः स्तुतित्वे लिङ्गमाह—उपायनेति। [5]उपायनविवक्षायामु[6]पायनस्यैवोपसंहारं सूत्रकारो ब्रूयादतः शब्दस्य [7]तं ब्रुवन्स्तुतिं सूचयतीत्यर्थः। विद्याविचारात्मके पादे स्तुतिविचारस्य का संगतिरित्यत आह—तस्मादिति। शाखान्तरस्थो विशेषः शाखान्तरेऽपि ग्राह्य इत्यत्र दृष्टान्तमाह—कुशेति। कुशा उद्गातॄणां

रहे हैं। समाधान—निरपेक्ष अर्थवादान्तर में द्वादश मास, हेमन्त और शिशिर को एक मानकर पाँच ऋतु, भूरादि तीनों लोक और वह आदित्य; इन सभी को मिलाकर इक्कीस संख्या होती है। वैसे ही यज्ञ की पुरुषरूप से कल्पना करने पर उस यज्ञ में 'सेन्द्रियत्व के लिए दो त्रिष्टुभ माने जाते हैं' ऐसा बह्वृच ब्राह्मण में भ 'इन्द्रियं वै त्रिष्टुप्' इत्यादि वाक्य द्वारा एक अर्थवाद को दूसरे अर्थवाद की अपेक्षा देखी जाती है। साथ ही यह उपायनवाद विद्यास्तुति के लिए कहा गया है अन्यथा दूसरे के पुण्य-पाप को दूसरा कैसे ग्रहण कर सकता है, इस सम्बन्ध में अधिक अभिनिवेश (आग्रह) नहीं करना चाहिए। 'उपायनशब्दशेषत्वात्' इस हेतु को 'तु' शब्द का उच्चारण करते हुए स्तुति के लिए ही माना है अर्थात् हान प्रसङ्ग में उपायन का अनुवर्तन करना चाहिए, इस बात को यह श्रुति सूचित कर रही है। गुणोपसंहार की विवक्षा मानने पर उपायन अर्थ की ही अनुवृत्ति हान प्रसङ्ग में करना चाहिए, अतः गुणोपसंहार विचार प्रसङ्ग में स्तुति के उपसंहारप्रदर्शन के लिए यह सूत्र रचा गया है इसलिए विद्याविचारात्मक पाद में स्तुतिविचार की सङ्गति क्या है, यह प्रश्न नहीं होता। शाखान्तरस्थ-विशेष शाखान्तर में भी ग्रहण करना चाहिए, इस सम्बन्ध में सूत्रकार ने चार दृष्टान्त दिए हैं। १. भाल्लवि शाखा में कहा गया है कि उद्गाता को स्तोत्रगणनार्थ काष्ठ को बनी हुई शलाका होती है, उन शलाकाओं से यजमान प्रार्थना करता है कि 'हे वानस्पत्य कुशा! आप मेरी रक्षा करें।'

१. हेताविति पाठः हेतोरिति पाठे तु घटकत्वं षष्ठ्यर्थः। दिति च शब्द समुच्चारयन्निति पाठान्तरम्। २. पित्रादेः। ३. पित्रादेः। ४. न तु मरणानंतरम्। ५. तदर्थविवक्षया। ६. तदर्थस्यैव। ७. उपसंहारम्।

भाल्लविनाम्—'कुशा वानस्पत्याः स्थ ता मा पात' इत्येतस्मिन्निगमे कुशानामविशेषेण वनस्पतियोनित्वेन श्रवणे शाट्यायनिनामौदुम्बराः कुशा इति विशेषवचनादौदुम्बर्यः कुशा आश्रीयन्ते । यथाच क्वचिद्देवासुरच्छन्दसामविशेषेण पौर्वापर्यप्रसङ्गे 'देवच्छन्दांसि पूर्वाणि' इति पैङ्ग्याम्नायात्प्रतीयन्ते । यथाच षोडशिस्तोत्रे केषांचित्कालाविशेषप्राप्तौ 'समयाध्युषिते सूर्ये' इत्याचश्रुतेः कालविशेषप्रतिपत्तिः । यथैव चाविशेषेणोपगानं केचित्समामनन्ति विशेषेण भाल्लविनः । यथैतेषु कुशादिषु श्रुत्यन्तरगतविशेषान्वय एवं हानावप्युपायनान्वय इत्यर्थः । श्रुत्यन्तरकृतं हि विशेषं श्रुत्यन्तरेऽनभ्युपगच्छतः सर्वत्रैव

स्तोत्रगणनार्थाः शलाका दारुमय्यः, भो कुशाः, यूयं वानस्पत्याः वनस्थमहावृक्षो वनस्पतिः तत्प्रभवाः स्थ ता इत्थंभूता यूयं मा पात मां रक्षतेति यजमानप्रार्थना । अत्र ता इति स्त्रीलिङ्गनिर्देशादौदुम्बर्य इति 'भाष्याच्च शलाकासु कुशाशब्दस्य स्त्रीत्वं मन्तव्यं दर्भविषयस्य न स्त्रीत्वं, अस्त्री कुशमित्यनुशासनात् । छन्दोदृष्टान्तं व्याचष्टे—यथाचेति । नवाक्षराणि छन्दांसि आसुराण्यन्यानि दैवानि तेषां क्वचिच्छन्दोभिः स्तुवत इत्यत्राविशेषप्राप्तौ पैङ्गिवाक्याद्विशेषग्रह इत्यर्थः । स्तुतिं विवृणोति—यथेति । अतिरात्रे षोडशिनो ग्रहस्याङ्गभूतं स्तोत्रं कदेति छन्दोगादीनामाकाङ्क्षायामुदयसमयाविष्टे सूर्ये षोडशिनः स्तोत्रमित्याचश्रुतेः कालविशेषग्रह इत्यर्थः । ऋत्वोऽध्येयत इत्याचार्याः । उपगानं विभजते—यथेति । 'ऋत्विज उपगायन्ति' इत्यविशेषश्रुतेः 'नाध्वर्युरुपगायति' इति श्रुत्यन्तरादध्वर्युभिन्ना ऋत्विज उपगायन्तीति विशेषग्रह इत्यर्थः । ननु कुशादिवाक्यानामपि किमिति विशेषश्रुत्यन्तरैकवाक्यताऽभ्युपगम्यते, तत्राह—श्रुत्यन्तरकृतं हीति । सामान्यविशेषयोरेकवाक्यतारूपायां गतौ सत्यां वाक्यभेदं कृत्वा नाध्वर्युरिति निषेधादविशेषश्रुतेश्चाध्वर्युरुपगायति नोपगायति चेत्येवं सर्वत्र विकल्पो न युक्तः, व्रीहियवयोस्त्वगत्या विकल्प आश्रित इत्यर्थः । विकल्पस्यान्याय्यत्वमष्टदोषदुष्टत्वात् । तथाहि—

दर्भवाचक कुशा शब्द पुल्लिङ्ग होता है किन्तु यहाँ पर औदुम्बर्यः कुशा शब्द का प्रयोग होने के कारण स्त्रीलिङ्ग भी माना गया है । इस निगमवाक्य में अविशेषरूप से भाल्लवि शाखा में वनस्थ महावृक्ष से निर्मित शलाका कही गयी है, किन्तु शाट्यायिनो शाखा में औदुम्बराः कुशाः ऐसा विशेष वचन होने के कारण उदुम्बर काष्ठ की बनी हुई कुशा मानी जाती है । २ और जैसे कहीं-कहीं पर देव एवं असुर छन्दों का अविशेषरूप से पौर्वापर्य का प्रसङ्ग बतलाया गया है किन्तु 'देवच्छन्दांसि पूर्वाणि' इस पैङ्गि पाठ के आधार पर देव छन्द का प्रयोग पहले होता है । ३. जैसे अतिरात्र में षोडशी पात्र के अङ्गभूत स्तोत्र का गान किस समय करना चाहिए, ऐसा कालविशेष नहीं बतलाया गया है किन्तु 'समयाध्युषिते सूर्ये' (आधे सूर्य के अस्त होने पर) षोडशी स्तोत्र का गान करना चाहिए, ऐसा आचश्रुति के आधार पर निश्चित होता है । ४. और जिस प्रकार 'ऋत्विज उपगायन्ति' इस श्रुति में सभी ऋत्विजों के उपगान का सामान्यतः वर्णन है किन्तु 'नाध्वर्युरुपगायति' इस भाल्लवि श्रुतिविशेष के आधार पर अध्वर्यु से भिन्न ऋत्विज के द्वारा उपगान का निश्चय होता है । इस प्रकार इन कुशादियों में श्रुत्यन्तरगतविशेष का अन्वय होता है ऐसे ही हान में भी उपादान का अन्वय करना चाहिए । एक श्रुति में कहे गये विशेष को श्रुत्यन्तर में न मानने पर सर्वत्र ही विकल्प होने लग जायेगा जो गति के रहते-रहते उचित नहीं होगा क्योंकि विकल्प अष्टदोषग्रस्त होता है । 'व्रीहिभि-

१. शाबर ।

विकल्पः स्यात् । स चान्याय्यः सत्यां गतौ । तदुक्तं द्वादशलक्षण्याम्—'अपि तु वाक्यशेषत्वादितरपर्युदासः स्यात्प्रतिषेधे विकल्पः स्यात्' (जै० १०-८-१५) इति ।

अथ वैतास्वेव विधूननश्रुतिष्वेतेन सूत्रेणैतच्चिन्तयितव्यम् । किमनेन विधूननवचनेन

यदि व्रीहिवाक्यमाश्रीयते तदा यववाक्यस्येष्टप्रामाण्यत्यागः, अनिष्टाप्रामाण्यस्वीकारः, कदाचिद्यववाक्याश्रयणे त्यक्तप्रामाण्यस्वीकारः, स्वीकृताप्रामाण्यत्यागश्चेत्येकस्मिन्यववाक्ये चत्वारो दोषा भवन्ति । एवं व्रीहिवाक्येऽपि चत्वारो दोषा इत्येवं दुष्टविकल्पपरिहाराय भिन्नशाखाश्रुत्योरप्येकवाक्यता जैमिनिसंमतेत्याह—तदुक्तमिति । ज्योतिष्टोमप्रकरणे 'दीक्षितो न जुहोति,' इति श्रुतं 'यावज्जीवमग्निहोत्रं जुहुयात्' इति चान्यत्र श्रुतं, तत्र यदि नदीक्षितवाक्यं होमप्रतिषेधकं स्यात्तदा क्रत्वर्थत्वान्निषेधोऽनुष्ठेयः, यावज्जीवविधिना होमो वानुष्ठेय इति विकल्पः स्यात्, स चान्याय्यः । अपि तु यावज्जीववाक्यं प्रति नदीक्षितवाक्यस्य शेषत्वान्नकार इतरपर्युदासार्थकः स्याद्दीक्षितान्यलक्षकः स्यात्, न होमप्रतिषेधकः, तस्माददीक्षितो यावज्जीवं जुहुयादित्येकवाक्यतेति नदीक्षिताधिकरणसिद्धान्तसूत्रार्थः । अत्र भगवत्पादैः सूत्रमेव पठितं, मिश्रस्तु पर्युदासाधिकरणसिद्धान्तसूत्रं 'अपि तु वाक्यशेषः स्यादन्याय्यत्वाद्विकल्पस्य विधीनामेकदेशः स्यात्' इति स्थितमत्रार्थतः पठितमित्युक्तं तच्चिन्त्यम् । सूत्रार्थस्तु यज्ञमात्रे ये यजामहे इति प्रयोक्तव्यमिति श्रुतं, नानुयाजेषु ये यजामहं करोतीत्यऽपि श्रुतं, तत्र नकारस्य निषेधकत्वेऽप्यतिरात्रे षोडशिग्रहणाग्रहणयोरिवानुयाजेषु यज्ञत्वाविशेषात्प्रयोक्तव्यं निषेधान्न प्रयोक्तव्यमिति विकल्पः स्यात्, तस्यान्याय्यत्वात् येयजामहविधेरेव नानुयाजवाक्यमेकदेशः स्यात्, पर्युदासवृत्त्या विधिवाक्यशेषः स्यादिति यावत् । तथा चानुयाजभिन्नेषु यागेषु ये यजामह इति प्रयोक्तव्यमित्येकवाक्यतेति ।

वर्णकान्तरमाह—अथ वेति । पूर्वत्र विधूननं कर्महानिरिति सिद्धवत्कृत्य उपायनोपसंहार उक्तः, अत्र सैव साध्यत इति भेदः । उभयत्र लक्षणासाम्यात्संशयमाह—किमिति । विधूननस्य हि फलद्वयम-

---

यजेत यवैर्वा यजेत' इस स्थल में व्रीहिवाक्य का आश्रय करने पर यववाक्यनिष्ठ प्रामाण्य का त्याग होता है, अनिष्ट अप्रामाण्य को मानना पड़ता है। और कदाचित् यववाक्य के आश्रयण में त्यक्त-प्रामाण्य को स्वीकार करना पड़ता है, स्वीकृत अप्रामाण्य का त्याग भी करना पड़ता है। इस प्रकार यववाक्य में चार दोष आते हैं। ऐसे ही व्रीहिवाक्य में भी चार दोष आते हैं। इस दुष्टविकल्पपरिहार के लिए भिन्नशाखीय श्रुतियों में भी जैमिनि महर्षि ने पूर्वमीमांसा में एकवाक्यता मानी है। ज्योतिष्टोम प्रकरण में 'दीक्षितो न जुहोति' ऐसा सुना जाता है और अन्यत्र 'यावज्जीवमग्निहोत्रं जुहुयात्' ऐसा सुना जाता है। वहाँ पर दीक्षितवाक्य यदि होमप्रतिषेधक न माना जाय तो क्रत्वर्थ होने के कारण निषेध भी अनुष्ठेय होगा अथवा यावज्जीवनविधि के आधार पर होम भी अनुष्ठेय होगा। इस प्रकार विकल्प अष्टदोषग्रस्त होने के कारण न्यायसङ्गत नहीं है। अतः यावज्जीववाक्य के प्रति दीक्षितवाक्य शेष होने के कारण तत्रस्थ न कार इतरपर्युदास के लिए है जो दीक्षित से भिन्न अर्थ का लक्षक है, होमप्रतिषेधक नहीं है। अतः अदीक्षित यजमान यावज्जीवन होम करें, ऐसी एकवाक्यता मीमांसा दर्शन के 'नदीक्षिताधिकरण' में सिद्धान्त पक्ष से कही गयी है जिस सिद्धान्त सूत्र का पाठ भगवान् भाष्यकार ने यहाँ कर रखा है।

द्वितीय वर्णक—अथवा इन्हीं विधूनन श्रुतियों के आधार पर इस सूत्र से यहाँ विचार करना चाहिए कि इस विधूननवाक्य के द्वारा पुण्य-पाप का त्याग बतलाया जाता है या अर्थान्तर (चालन),

सुकृतदुष्कृतयोर्हानमभिधीयते किं वाऽर्थान्तरमिति । तत्र चैवं प्रापयितव्यम् । न हानं विधूननमभिधीयते किंवाऽर्थान्तरमिति । तत्र चैवं प्रापयितव्यम् । न हानं विधूननमभिधीयते 'धूञ् कम्पने' इति स्मरणात् । दोधूयन्ते ध्वजाग्राणीति च वायुना चाल्यमानेषु ध्वजाग्रेषु प्रयोगदर्शनात् । तस्माच्चालनं विधूननमभिधीयते । चालनं तु सुकृतदुष्कृतयोः कंचित्कालं फलप्रतिबन्धनादित्येवं प्रापय्य प्रतिवक्तव्यम् ।

हानावेवैष विधूननऽशब्दोवर्तितुमर्हति । उपायनशब्दशेषत्वात् । नहि 'परपरिग्रहभूतयोः सुकृतदुष्कृतयोरप्रहीणयोः परैरुपायनं सम्भवति । यद्यपीदं परकीययोः सुकृतदुष्कृतयोः परैरुपायनं नाञ्जसं सम्भाव्यते तथापि तत्संकीर्तनात्तावत्तदानुगुण्येन हानमेव विधूननं नामेति निर्णेतुं शक्यते । क्वचिदपि चेदं विधूननसंनिधावुपायनं श्रूयमाणं कुशाच्छन्दःस्तुत्युपगानवद्विधूननश्रुत्या सर्वत्रापेक्षमाणं सार्वत्रिकं निर्णयकारणं संपद्यते । नच

श्वरोमादिषु दृष्टं पूर्वस्वभावात् च्युतिरन्यत्र संक्रान्तिश्चेति । तत्र सक्रान्तिरूपहानिर्लक्षणीया किंवा च्युतिरिति संशयार्थः । तत्र विधूननशब्दस्य कम्पनं मुख्यार्थ इति तावत्सर्वसंमतम् । तच्चामूर्तयोः पुण्यपापयोर्न संभवति । अतस्तयोर्यः स्वभावः फलदातृत्वशक्तिस्ततश्चालनं विद्यया प्रतिबन्धाच्च्युतिः सा लक्षणीया न हानिरमूर्तयोरन्यत्र संक्रान्त्ययोगादन्यसापेक्षत्वाच्चेति पूर्वपक्षार्थः ।

सिद्धान्तयति—हानावेवेति । यदि च्युतिमात्रं लक्ष्यं तदोपयन्तीत्यनन्वितं स्यात् । नच यत्र धुनोतेरुपायनशब्दसांनिध्यं तत्र हानिर्लक्ष्यते न केवलधुनोतेर्हानिश्चान्यत्र विदुषः सेवकादौ तुल्यकर्मसंक्रान्तिरिति नासंभव इति वाच्यं, केवलधुनोतेरपि मुख्यार्थासंभवेनान्यत्र लक्ष्यतया बुद्धिस्थहानिलक्षणाया एव युक्तत्वादिति भावः । उपायनस्यामुख्यत्वान्न क्वापि हानिलक्षणाबीजत्वमिति शङ्कित्वा पुण्यपापयोः फलतः स्वीकारात्मकमुपायनं हानिं विनानुपपन्नं सल्लक्षणानिर्णायकमिति परिहरति—यद्यपीत्यादिना । यथान्यत्रश्रुतमौदुम्बरत्वादिकं कुशादिनिर्णायकं तथेदमुपायनं विधूननस्य हानत्वे निश्चायकमित्याह—क्वचिदपीति । विधूननं मुख्यं किमिति नोच्यते, तत्राह—नचेति । तथापि हानं

ऐसा सन्देह होने पर पूर्वपक्ष में कहा गया है कि 'धूञ् कम्पने' इस पाणिनी स्मृति के आधार पर विधूनन शब्द का त्याग अर्थ नहीं है और वायु से चलाये गये ध्वजा के अग्रभाग के लिए **'दोधूयन्ते ध्वजाग्राणि'** ऐसा प्रयोग देखा जाता है, अतः विधूनन शब्द का अर्थ चालन करना चाहिए । यहाँ पर सुकृत-दुष्कृत का कुछ काल तक फल प्रतिबद्ध हो जाने के कारण चालन अर्थ घटता भी है ।

ऐसा पूर्वपक्ष होने पर सिद्धान्त की ओर से यह सूत्र कहा गया है कि हान अर्थ में ही विधूनन शब्द का प्रयोग यहाँ पर उचित प्रतीत होता है क्योंकि यह उपायन शब्द का शेष है । दूसरे के परिगृहीत पुण्य-पाप त्यागे बिना दूसरे के द्वारा उनका ग्रहण किया जाना सम्भव नहीं है । यद्यपि परकीय पुण्य-पाप त्यागे बिना दूसरों से ग्रहण करना सरलतया सम्भव नहीं है तथापि श्रुति में कहे जाने के कारण तदनुरूप हान ही विधूनन शब्द का अर्थ निश्चित किया जाता है । और कहीं पर विधूनन शब्द की सन्निधि में उपायन सुना भी जाता है; कुशा, छन्द, स्तुति और उपगान की भाँति विधूनन श्रुति से सर्वत्र अपेक्षा रखने वाला सार्वत्रिक निर्णयकारण सिद्ध होता है । साथ ही ध्वजा के अग्र की भाँति पुण्य-पाप का मुख्य अर्थ चालन सम्भव भी नहीं है क्योंकि

१. विद्वत् ।

१६. साम्परायाधिकरणम् (सू० २७-२८)

कर्मत्यागो मार्गमध्ये यदि वा मरणात्पुरा । उत्तीर्य विरजां त्यागस्तथा कौषीतकिश्रुतेः ।
कर्मप्राप्यफलाभावान्मध्ये साधनवर्जनात् । ताण्डिश्रुतेः पुरात्यागो बाध्यः कौषीतकिक्रमः ।

चालनं ध्वजाग्रवत्सुकृतदुष्कृतयोर्मुख्यं सम्भवति । अद्रव्यत्वात् । अश्वश्च रोमाणि विधून्वानस्त्यजन्रजः सहैव 'तेन रोमाण्यपि जीर्णानि शातयति 'अश्व इव रोमाणि विधूय पापम्' (छा० ८-१३-१) इति च ब्राह्मणम् । अनेकार्थत्वाभ्युपगमाच्च धातूनां नस्मरण विरोधः । तदुक्तमिति व्याख्यातम् ॥२६॥

कथं लक्ष्यत इत्याशङ्क्य मुख्यसंबन्धादित्याह—अश्वश्चेति । **अनुपपत्तिसंबन्धौ लक्षणाबीजरूपावुक्त्वा लक्षकं पदं निर्दिशति**—अश्व इवेति । **विधूयेति पदं दृष्टान्ते** हानपर्यन्तं **सद्दार्ष्टान्तिकेऽपि** हानलक्षक-**मित्यर्थः । यद्वा हानवाचकमेवास्तु न च धूञ् कम्पन इति धातुपाठविरोधस्तस्योपलक्षणत्वार्थत्वादित्याह**—अनेकेति । शाखान्तरस्थमुपायनं विधूननस्य हानत्वनिश्चायकमित्यत्र जैमिनिसूत्रं तदुक्तमिति गृहीतं **पूर्वं व्याख्यातमित्यर्थः । एवं विधूननस्य हानित्वसिद्धेः केवलहानावुपायनोपसंहार इति सिद्धम् ॥२६॥**

द्रव्य का चालन होता है, तद्भिन्न का नहीं। पुण्य-पाप द्रव्य नहीं है जिसका चालन सम्भव हो। घोड़ा जब अपने रोंयें को कँपाता है तो उससे धूल के सहित ही जीर्ण-शीर्ण रोंयें को भी भूमि पर गिरा देता है, इसीलिए तो **'अश्व इव रोमाणि विधूय पापम्'** ऐसा ब्राह्मणवचन है। **'धूञ् कम्पने'** इस पाणिनि स्मृति के साथ कोई विरोध इसलिए भी नहीं है क्योंकि धातु अनेकार्थक माने गये हैं। **'तदुक्तम्'** इस सूत्रांश का व्याख्यान प्रथम वर्णक में किया जा चुका है। इस प्रकार विधूनन शब्द का अर्थ हान निश्चित हो जाने पर केवल हान स्थल में भी उपादान का उपसंहार करना चाहिए, यह सिद्ध हुआ ॥२६॥

१६. साम्परायाधिकरण

१. **सङ्गति**—यदि विद्या कर्मनाश का हेतु होती तो केवल हानश्रवणस्थल में भी उपायन का उपसंहार किया जा सकता था, पर अभी तक विद्या में कर्मनाशहेतुत्व की सिद्धि नहीं हो सकी है; इस प्रकार आक्षेप होने पर यह अधिकरण प्रारम्भ करते हैं, इसलिए पूर्व अधिकरण के साथ इसकी आक्षेप सङ्गति है।

२. **विषय**—विद्यासामर्थ्य का विचार इस अधिकरण का विषय है।

३. **संशय**—पर्यङ्क विद्या में पर्यङ्क उपासक के लिए सुकृतादि का विधूनन सुना जाता है, क्या वह विरजा नदी सन्तरण के बाद आधे मार्ग में होता है अथवा देहत्याग से पूर्वकाल में होता है?

४. **पूर्वपक्ष**—**'स आगच्छति विरजां नदीं तां मनसैवात्येति तत्सुकृतदुष्कृते विधूनुते'** (वह ब्रह्मलोक का यात्री विरजा नदी के पास आता है और उसे मन से ही पार कर जाता है, तत्पश्चात् वहाँ पर वह पुण्य-पाप को छोड़ देता है) इस श्रुति के आधार पर विरजा नदी सन्तरण के बाद ही पुण्य-पाप का परित्याग वह यात्री करता है।

५. **सिद्धान्त**—ब्रह्मलोक मार्ग के मध्य में ब्रह्मप्राप्ति से भिन्न पुण्य-पाप के द्वारा प्राप्तव्य कोई फल नहीं दीखता है, फिर भला उन पुण्य-पापों को विरजानदीपर्यन्त वह ब्रह्मलोकयात्री निरर्थक क्यों

१. रजसा।

(३८६) सांपराये तर्तव्याभावात्तथा ह्यन्ये ॥२७॥

देवयानेन पथा पर्यङ्कस्थं ब्रह्माभिप्रस्थितस्य अध्वनि सुकृतदुष्कृतयोर्वियोगं कौषीतकिनः पर्यङ्कविद्यायामामनन्ति 'स एतं देवयानं पन्थानमासाद्याग्निलोकमागच्छति' (कौ० १-३) इत्युपक्रम्य 'स आगच्छति विरजां नदीं तां मनसैवात्येति तत्सुकृतदुष्कृते विधूनुते' (कौ० १-४) इति । तत्किं यथाश्रुत अध्वन्येव वियोगवचनं प्रतिपत्तव्यमाहोस्विदादावेव देहादपसर्पण इति विचारणायां श्रुति प्रामाण्याद्यथाश्रुतप्रतिपत्तिप्रसक्तौ पठति सांपराय इति । सांपराये गमन एव देहादपसर्पण इदं विद्यासामर्थ्यात्सुकृतदुष्कृतहानं भवतीति प्रतिजानीते । हेतुं चाचष्टे तर्तव्याभावादिति । नहि विदुषः संपरेतस्य विद्यया ब्रह्म संप्रेप्सतोऽन्तराले सुकृतदुष्कृताभ्यां

साम्पराये अन्ये । अध्वनि अर्धमार्गे । पूर्वोक्त विधूननस्य हानत्वमुपजीव्य हानस्य नदीतरणानन्तर्यश्रुतेरश्व इव रोमाणीत्यादौ देहत्यागात्प्राक्का लत्वश्रुतेश्च संशयमाह—तत्किमिति । ब्रह्मलोकमार्गमध्ये विरजाख्यां नदीमत्येति तत्सुकृतदुष्कृते विधूनुते इत्यत्र तदिति सर्वनामश्रुत्यास्तेनेत्यर्थतया संनिहितनदीतरणस्य कर्महानिहेतुत्वोक्तेरर्धपथे कर्मक्षय इति पूर्वपक्षः । तत्र विद्यायाः कर्मक्षयहेतुत्वासिद्धिः पूर्वपक्षे, सिद्धान्ते तत्सिद्धिरिति मत्वा सिद्धान्तयति—सांपराय इति । मरणात्प्रागित्यर्थः । संपरेतस्य मृतस्य कंचित्कालं कर्मसत्त्वे फलाभावाद्देवयानमार्गप्रवेशायोगाच्चादावेव क्षय इत्यर्थः ।

ले जायेगा । साथ ही, मरण से पूर्व जिस पुण्य-पाप का परित्याग कर चुका है उनके, मार्ग के मध्य में, पुनः परित्याग का साधन भी सम्भव नहीं है । उस समय उसका स्थूल शरीर नहीं है जिससे कि किसी साधन का अनुष्ठान कर सके । यदि कहो कि मरण से पूर्व पुण्य-पाप के त्यागने में प्रमाण नहीं दीखता है, तो ऐसा कहना ठीक नहीं क्योंकि **'अश्व इव रोमाणि विधूय पापम्'** यह ताण्डिश्रुति ही उक्त विषय में प्रमाण है, अतः उक्त श्रुति से नदीसन्तरण के बाद पुण्य-पाप का परित्यागरूप कर्म कौषीतकि श्रुति ने जो बतलाया है उसका बाध समझना चाहिए । इसलिए मरण से पूर्व ही उपास्य का साक्षात्कार हो जाने पर पुण्य-पाप का परित्याग निश्चित होता है ।

साम्पराये तर्तव्याभावात्तथाह्यन्ये (ललिता)

पर्यङ्कविद्या में कौषीतकि शाखावाले, देवयान मार्ग से पर्यङ्कस्थ ब्रह्म की ओर प्रस्थान करने वाला उपासक मार्ग के मध्य में पुण्य-पाप का परित्याग करता है, ऐसा कहते हैं । वहाँ पर 'वह उपासक इस देवयान मार्ग को प्राप्तकर अग्नि लोक में जाता है' यहां से प्रसङ्ग प्रारम्भकर 'वह विरजा नदी को मन से ही पार कर जाता है, तत्पश्चात् पुण्य-पाप का परित्याग करता है' ऐसा कहा है । यहाँ पर ऐसा संशय होता है कि यथाश्रुत मार्ग के मध्य में पुण्य-पाप का परित्याग मानना चाहिए अथवा देहत्याग से पूर्व प्रारम्भ में ही पुण्य-पाप का परित्याग मानना चाहिए । ऐसा विचार होने पर पूर्वपक्ष का कहना है कि श्रुतिप्रामाण्य के आधार पर यथाश्रुत अर्थ लेना ही उचित है अर्थात् विरजा नदी सन्तरण के बाद ब्रह्मलोक का यात्री पुण्य-पाप का परित्याग करता है । ऐसा पूर्वपक्ष होने पर सिद्धान्त पक्ष से अग्रिम सूत्र कहा गया है कि देह से अपसर्पण करते समय यह ब्रह्म-उपासक विद्यासामर्थ्य से पुण्य-पाप का परित्याग कर डालता है, ऐसी प्रतिज्ञा के बाद सूत्रांश हेतुवाचक वाक्य से तर्तव्याभावात् का अर्थ होता है—कर्तव्याभावात् । विद्या से ब्रह्मभाव प्राप्त करने वाले मृत मुमुक्षु का अन्तराल में पुण्य-पाप से कुछ प्राप्तव्य नहीं है जिसके लिए कुछ क्षण पुण्य-पाप को बनाये रखने की कल्पना की

१. उपासकः । २. कर्मसत्त्वे चेति शेषः ।

(३८७) छन्दत उभयाविरोधात् ॥२८॥

किंचित्प्राप्तव्यमस्ति यदर्थं कतिचित्क्षणानक्षीणे ते [1]कल्प्येयाताम् । [2]विद्याविरुद्धफलत्वात्तु विद्यासामर्थ्येन [3]तयोः क्षयः [4]स च यदैव विद्या फलाभिमुखी तदैव [5]भवितुमर्हति । तस्मात्प्रागेव सन्नयं सुकृतदुष्कृतक्षयः पश्चात्पठ्यते । तथा ह्यन्येऽपि शाखिनस्ताण्डिनः शाट्यायनिनश्च प्रागवस्थायामेव सुकृतदुष्कृतहानमामनन्ति 'अश्व इव रोमाणि विधूय पापम्' (छा० ८-१३-१) इति, तस्य पुत्रा दायमुपयन्ति सुहृदः साधुकृत्यां द्विषन्तः पापकृत्याम्' इति च ॥२७॥

यदि च देहादपसृप्तस्य देवयानेन पथा प्रस्थितस्यार्धपथे सुकृतदुष्कृतक्षयोऽभ्युपगम्येत । ततः पतिते देहे यमनियमविद्याभ्यासात्मकस्य सुकृतदुष्कृतक्षयहेतोः पुरुषप्रयत्नस्येच्छातोऽनुष्ठानानुपपत्तेरनुपपत्तिरेव तद्धेतुकस्य सुकृतदुष्कृतक्षयस्य स्यात् । तस्मात्[6]पूर्वमेव साधका-

---

क्षयहेतोर्विद्याया मध्येमार्गमसत्त्वाच्चेत्याह—विद्याविरुद्धेति । नदीतरणानन्तरपाठस्तु बाध्यः, अर्थविरोधादित्याह—तस्मादिति । तदिति सर्वनाम्नापि प्रकृतविद्यैवोच्यत इति भावः ॥२७॥

किंच मृतस्य छन्दतो यथाकामं विद्यानुष्ठानानुपपत्तेरुभयोर्विद्याकर्मक्षययोः श्रुतौ हेतुफलभावो विरुध्यते । किंच सति पुष्कलहेतौ न कार्यविलम्ब इति न्यायोपेतताण्ड्यादिश्रुतिविरोधस्तव स्याद-

---

जाय किन्तु विद्याविरुद्ध फल होने के कारण विद्यासामर्थ्य से पुण्य पाप का क्षय उसी समय हो जाता है जब वह विद्या के फल की प्राप्ति के लिए ब्रह्मलोक की ओर उन्मुख होता है । अतः पुण्य-पाप का क्षय देहत्याग से पूर्व ही हो जाता है, श्रुति केवल उसे पश्चात् पढ़ती है । ऐसा ही ताण्डि और शाट्यायिनी शाखावाले देहत्याग से पूर्वावस्था में ही पुण्य-पाप का क्षय मानते हैं कि 'अश्व जिस प्रकार रोयें को झाड़ देता है, ऐसे ही ज्ञानी पाप को नष्ट कर डालता है ।' और 'उस मृत ज्ञानी पुरुष की सम्पत्ति पुत्र लेते हैं, सुहृद पुण्यकर्म को और द्वेषी पापकर्म को लेते हैं ॥२७॥

छन्दत उभयाविरोधात् (ललिता)

यदि देह त्यागकर गये हुए देवयान मार्ग से ब्रह्मलोक की ओर प्रस्थान करने वाले का मध्य मार्ग में पुण्य-पाप का क्षय होना स्वीकार करोगे तो देह त्यागने के बाद पुण्य-पाप क्षय के कारण यम-नियम-विद्याभ्यासरूप पुरुषप्रयत्न इच्छापूर्वक होना सम्भव नहीं है, ऐसी स्थिति में पुण्य-पाप का क्षय भी नहीं हो सकेगा । अतः देहत्याग से पूर्व ही साधकावस्था में स्वेच्छा से यम-नियमादि का अनुष्ठान कर सकेगा और उसके फलस्वरूप पुण्य-पाप का हान भी देहत्याग से पूर्व ही मानना चाहिए । इस प्रकार पुण्यपापक्षय का निमित्त विद्याभ्यास है और पुण्य-पाप का क्षय नैमित्तिक है, इस निमित्त एवं नैमित्तिक कार्य को बतलाने वाली ताण्डि एवं शाठ्यायिनी श्रुति को

---

१. ते सुकृतदुष्कृते किंचित्कालं न क्षीणे स्थिते कल्प्येयातामित्यन्वयः । २. विद्याविरुद्धेति सुकृतदुष्कृतयोः इति शेषः । ३. सुकृतदुष्कृतयोः । ४. क्षयः । ५. भवितुमर्हतीति अनाकृतपापस्य देवयानेन यथा गमनायोगाज्जीवत एव विदुषो विद्यासामर्थ्यात्पापहानमित्यर्थः । ६. मरणात् ।

१७. गतेरर्थवत्त्वाधिकरणम् (सू० २६-३०)

(३८८) गतेरर्थवत्त्वमुभयथाऽन्यथा हि विरोधः ॥२९॥

उपास्तिबोधयोर्मार्गः समो यद्वा व्यवस्थितः । सम एवोत्तरो मार्ग एतयोः कर्महानवत् ।
देशान्तरफलप्राप्त्यै युक्तो मार्ग उपास्तिषु । आरोग्यवद्बोधफलं तेन मार्गो व्यवस्थितः ।

वस्थायां छन्दतोऽनुष्ठानं तस्य स्यात् । तत्पूर्वकं च सुकृतदुष्कृतहानमिति द्रष्टव्यम् । एवं निमित्तनैमित्तिकयोरुपपत्तिस्ताण्डि[1]शाट्यायनि[2]श्रुत्योश्च[3] संगतिरिति ॥२८॥

क्वचित्पुण्यपापहानसंनिधौ देवयानः पन्थाः श्रूयते क्वचिन्न । तत्र संशयः— किं हानाव-

---

स्मत्पक्षे त्वविरोध इत्याह—छन्दत इति । **तस्मात्कर्महानस्य विद्याफलत्वात्केवलहानावुपायनोपसंहारो विद्यास्तुतय इति सिद्धम् ॥२८॥**

गतेरर्थवत्त्वम् **क्वचित्सगुणविद्यायां मार्गः श्रूयते निर्गुणविद्यायां न श्रूयते । [4]तत्र हानसंनिधौ**

सङ्गति भी युक्तियुक्त सिद्ध होती है । इसीलिए कर्मक्षय विद्या का फल होने से केवल हान स्थल में भी उपादान का उपसंहार विद्यास्तुति के लिए सिद्ध हो गया, ऐसा मानना चाहिए ॥२८॥

१५. गतेरर्थवत्त्वाधिकरण

१. **सङ्गति**—विद्या से कर्महान विषय प्रासङ्गिक था जिसे बतला देने के बाद, जिस प्रकार हान की सन्निधि में कहीं-कहीं पर सुने गये उपायन का सर्वत्र उपसंहार बतला दिया गया वैसे ही हान की सन्निधि में सुने गये क्वचित्क देवयान मार्ग का सर्वत्र उपसंहार करना चाहिए, ऐसी दृष्टान्त सङ्गति के कारण यह अधिकरण प्रारम्भ करते हैं ।

२. **विषय**—देवयान मार्ग के उपसंहार स्थल का विचार इस अधिकरण का विषय है ।

३. **संशय**—उपासना और ज्ञानमार्ग दोनों ही में देवयान मार्ग की व्यवस्था है अथवा केवल उपासना में ही है ?

४. **पूर्वपक्ष**—देवयान मार्ग सगुण ब्रह्म उपासक और निर्गुण ब्रह्मज्ञानी दोनों के लिए समान रूप से बतलाया गया है । जैसे पुण्य-पाप कर्म का हान दोनों के लिए समान है, ऐसे ही देवयान मार्ग भी दोनों के लिए तुल्य ही है ।

५. **सिद्धान्त**—उपासना से ब्रह्मलोक फल प्राप्त होता है जो देशान्तरवर्ती है, अतः वहाँ पर देवयान मार्ग की आवश्यकता है । किन्तु रोगनिवृत्ति की भाँति ब्रह्मज्ञान का फल अविद्यानिवृत्तिमात्र है, वहाँ मार्ग का कोई प्रयोजन नहीं है । अतः उपासक के लिए ही देवयान मार्ग है, ब्रह्मज्ञानी के लिए नहीं; ऐसी व्यवस्था समझनी चाहिए ।

गतेरर्थवत्त्वमुभयथाऽन्यथा हि विरोधः (ललिता)

सगुणविद्या में मार्ग सुना जाता है, निर्गुण में नहीं । सगुणविद्या में भी पुण्य-पाप के हान की सन्निधि में देवयान मार्ग कहीं पर सुना जाता है और कहीं पर नहीं । वहाँ यह संशय होता है कि

---

१. अश्व इव रोमाणीत्यादि । २. तस्य पुत्रा दायमुपयंतीत्यादि । ३. अविरोधः । ४. सगुणविद्यायाम् ।

(३८९) उपपन्नस्तल्लक्षणार्थोपलब्धेर्लोकवत् ॥३०॥

विशेषेणैव देवयानः पन्थाः संनिपतेदुत विभागेन क्वचित्संनिपतेत्क्वचिन्नेति। यथा तावद्धानाविशेषेणैवोपायनानुवृत्तिरुक्तैवं देवयानानुवृत्तिरपि भवितुमर्हतीत्यस्यां प्राप्तावाचक्ष्महे।

गतेर्देवयानस्य पथोऽर्थवत्त्वमुभयथा विभागेन भवितुमर्हति क्वचिदर्थवती गतिः। क्वचिन्नेति नाविशेषेण। अन्यथा ह्यविशेषेणैवैतस्यां गतावङ्गीक्रियमाणायां विरोधः स्यात्। 'पुण्यपापे विधूय निरञ्जनः परमं साम्यमुपैति' (मु० ३-१-३) इत्यस्यां श्रुतौ देशान्तरप्रापणी गतिर्विरुध्येत। कथं हि निरञ्जनोऽगन्ता देशान्तरं गच्छेत्। गन्तव्यं च परमं साम्यं न देशान्तरप्राप्त्यायत्तमित्यानर्थक्यमेवात्र गतेर्मन्यामहे ॥२९॥

उपपन्नश्चायमुभयथाभावः क्वचिदर्थवती गतिः क्वचिन्नेति। तल्लक्षणार्थोपलब्धेः। गति[1]कारणभूतो ह्यर्थः पर्यङ्कविद्यादिषु सगुणेषूपासनेषूपलभ्यते। तत्र हि पर्यङ्कारोहणं

मार्गस्य [2]श्रुतत्वाद[3]नपेक्षितत्वाच्च संशये दृष्टान्तसंगत्या पूर्वपक्षमाह—यथा तावदिति। उपायनवन्मार्गस्यापि क्वचिच्छ्रुतत्वात्सर्वत्रोपसंहार इत्यर्थः। अत्र निर्गुणविदोऽपि मुक्त्यर्थं मार्गापेक्षा पूर्वपक्षे, सिद्धान्ते त्वनपेक्षेति फलम्।

देशादिव्यवहितवस्तुप्राप्तौ मार्गस्यापेक्षेतिन्यायानुगृहीतश्रुतिविरोधान्नोपसंहार इति सिद्धान्तः। निरञ्जनोऽसङ्गः, साम्यं ब्रह्म ॥२९॥

ननु तर्हि सगुणविद्यायामपि मार्गो व्यर्थं इत्यत आह—उपपन्न इति। सा गतिर्लक्षणं कारणं यस्यार्थस्य स तल्लक्षणार्थः ॥३०॥

हानश्रवणस्थल में अविशेषरूप से ही देवयान मार्ग का सन्निपात होगा अथवा विभागपूर्वक कहीं होगा और कहीं नहीं होगा। इस पर पूर्वपक्ष का कहना है कि हानश्रवणस्थल में अविशेषरूप से ही उपादान की अनुवृत्ति जैसी बतलायी गयी है ऐसे ही देवयान मार्ग की अनुवृत्ति भी होनी चाहिए।

ऐसा प्रसङ्ग उपस्थित होने पर हम सिद्धान्ती कहते हैं की देवयान मार्ग की सार्थकता में दोनों ही बात है अर्थात कहीं पर गति अर्थवती है और कहीं नहीं है, इसलिए अविशेषरूप से देवयान मार्ग का उपसंहार सर्वत्र नहीं होगा। अन्यथा अविशेषरूप से इस गति को उपासना का अङ्ग मानने पर विरोध होने लग जायेगा। 'विद्वान् पुण्य-पाप को छोड़कर असंग हो परम साम्यब्रह्म को प्राप्त करता है' इस श्रुति में देशान्तर प्राप्त कराने वाली गति विरुद्ध हो जायेगी क्योंकि मायारहित, असंग, गतिशून्य आत्मा देशान्तर को कैसे प्राप्त करेगा; उसका गन्तव्य तो परम साम्य ब्रह्म ही है, वह देशान्तरप्राप्ति के आधीन नहीं है। ऐसी स्थिति में वहाँ पर हम मार्ग को निरथक मानते हैं ॥२९॥

उपपन्नस्तल्लक्षणार्थोपलब्धेर्लोकवत् (ललिता)

तब तो सगुणविद्या में भी मार्ग निरर्थक ही होने लग जायेगा, इस आक्षेप का समाधान अग्रिम सूत्र से करते हैं कि गति के विषय में उभयथाभाव युक्तियुक्त है। कहीं पर गति अर्थवती है क्योंकि

---

१. फलभूत इति फलित कथनम्। २. श्रुतत्वादिति हानाविशेषेण सन्निपतेदिति प्रतिभाति। ३ अनपेक्षितत्वाच्चेति-निर्गुणविद्यायामिति शेषः विभागेनैव विपतेत् इति प्रतिभातीति भावः।

१८. अनियमाधिकरणम् (सू० ३१)

मार्गः श्रुतस्थलेष्वेव सर्वोपास्तिषु वा भवेत्। श्रुतेष्वेव प्रकरणात् द्विःपाठोऽस्य वृथान्यथा।
प्रोक्तो विद्यान्तरे मार्गो ये चेम इति वाक्यतः। तेन बाध्यं प्रकरणं द्विःपाठश्चिन्तनाय हि

पर्यङ्कस्थेन ब्रह्मणा संवदनं विशिष्टगन्धादिप्राप्तिश्चेत्येवमादि बहु देशान्तरप्राप्त्यायत्तं फलं श्रूयते तत्रार्थवती गतिः। नहि सम्यग्दर्शने तल्लक्षणार्थोपलब्धिरस्ति। न ह्यात्मैकत्वदर्शिनामाप्तकामानामिहैव दग्धाशेषक्लेशबीजानामारब्धभोगकर्माशयक्षपणव्यतिरेकेणापेक्षितव्यं किंचिदस्ति तत्रानर्थिका गतिः। लोकवच्चैष विभागो द्रष्टव्यो यथा लोके ग्रामप्राप्तौ देशान्तरप्रापणः पन्था अपेक्ष्यते नारोग्यप्राप्तावेवमिहापीति। भूयश्चैनं विभागं चतुर्थाध्याये निपुणतरमुपपादयिष्यामः ॥३०॥

उसके फलस्वरूप गन्तव्य की प्राप्ति होती है। सगुण उपासना पर्यङ्कविद्यादि में गति का प्रयोजन दीखता है क्योंकि अर्चिरादि मार्ग से चलकर ब्रह्मलोक में वह मुमुक्षु पर्यङ्कारोहण करता है और पर्यङ्कस्थ ब्रह्मा के साथ संवाद करता है एवं विशिष्ट गन्धप्रादि की प्राप्ति भी करता है, ऐसे देशान्तरप्राप्ति के आधीन अनेकों फल सुने जाते हैं; वहाँ पर गति सार्थक है, किन्तु तत्त्वज्ञान हो जाने पर उसके फल विदेहकैवल्यप्राप्ति के लिए गति की कोई आवश्यकता नहीं रहती। आत्मैकत्वदर्शी आप्तकाम पुरुष का तो जीवनदशा में ही अशेषक्लेशबीज का दाह हो जाता है, उनके लिए प्रारब्धभोग देनेवाला कर्मसंस्कार क्षय के अतिरिक्त किसी की भी अपेक्षा नहीं रखता, केवल प्रारब्धकर्मक्षय की ही अपेक्षा होती है। अतः उस जीवनमुक्त तत्त्ववेत्ता की विदेहकैवल्यप्राप्ति के लिए गति अनर्थक ही मानी जायेगी। जैसे लोक में ग्रामप्राप्ति के लिए देशान्तरप्राप्ति करानेवाला मार्ग अपेक्षित होता है किन्तु आरोग्यप्राप्ति के लिए नहीं ऐसे ही यहां भी ब्रह्मलोकप्राप्ति के लिए मार्ग की अपेक्षा है, विदेहकैवल्यप्राप्ति के लिए नहीं। इस विभाग का हम चतुर्थ अध्याय में पुनः निपुणतर उपपादन करेंगे ॥३०॥

१८ अनियमाधिकरण

१. **सङ्गति**—इस प्रकार जैसे सगुणविद्या में मार्ग की सार्थकता है, निर्गुणविद्या में नहीं; वैसे ही सगुणविद्या में भी कहीं मार्ग सुना जाता है, कहीं नहीं सुना जाता है। ऐसी स्थिति में इसकी व्यवस्था होनी चाहिए, अतः पूर्व अधिकरण के साथ इसकी दृष्टान्त सङ्गति है।

२. **विषय**—इस अधिकरण में सभी सगुण उपासनाओं में मार्ग की आवश्यकता पर विचार किया गया है।

३. **संशय**—छान्दोग्य की पञ्चाग्निविद्या और उपकोसलविद्या में देवयान मार्ग पढ़ा गया है, किन्तु शाण्डिल्य और वैश्वानर विद्या में देवयान मार्ग नहीं पढ़ा गया है। ऐसी स्थिति में यह सन्देह होता है कि यथाश्रुतस्थल में ही मार्ग का नियम है अथवा अश्रुतस्थल में भी मार्ग का उपसंहार करना चाहिए?

४. **पूर्वपक्ष**—यदि सभी सगुणविद्याओं में मार्ग का उपसंहार करना अभीष्ट होता तो एक स्थान पर मार्ग का पाठ रहने मात्र से ही सर्वत्र उपसंहार सम्भव था. दो विद्या में मार्ग का पाठ निरर्थक हो जाता। अतः यथाश्रुतस्थल में ही मार्ग का चिन्तन करना चाहिए, सर्वत्र नहीं।

(३६०) अनियमः सर्वासामविरोधः शब्दानुमानाभ्याम् ॥३१॥

सगुणासु विद्यासु गतिरर्थवती न निर्गुणायां परमात्मविद्यायामित्युक्तम् । सगुणास्वपि विद्यासु काासुचिद्गतिः श्रूयते 'यथा पर्यङ्कविद्यायामुपकोसलविद्यायां पञ्चाग्निविद्यायां दहरविद्यायाम्' इति । नान्यासु 'यथा मधुविद्यायां शाण्डिल्यविद्यायां षोडशकलविद्यायां वैश्वानरविद्यायाम्' इति । तत्र संशयः—किं यास्वेवंषा गतिः श्रूयते तास्वेव नियम्येतोतानियमेन सर्वाभिरेवंवजातीयकाभिर्विद्याभिरभिसम्बध्येतेति । किं तावत्प्राप्तं नियम इति । यत्रैव श्रूयते तत्रैव भवितुमर्हति प्रकरणस्य नियामकत्वात् । यद्यन्यत्र श्रूयमाणाऽपि गतिर्विद्यान्तरं गच्छेच्छ्रुत्यादीनां प्रामाण्यं हीयेत, सर्वस्य सर्वार्थत्वप्रसङ्गात् । अपि चार्चिरादिकैकैव गतिरुपकोसलविद्यायां पञ्चाग्निविद्यायां च तुल्यवत्पठ्यते, तत्सर्वार्थत्वेऽनर्थकं पुनर्वचनं स्यात् । तस्मान्नियम इति ।

अनियमः सर्वासां । अत्रार्च्यर्चिरादिमार्ग एव विषयस्तत्र विद्याविशेषप्रकरणाद्[१]विशेषश्रुतेश्च[२] संशये पूर्वपक्षमाह—किं तावदिति । सगुणनिर्गुणविद्यासु मार्गस्य भावाभावव्यवस्थावत्सगुणास्वपि व्यवस्थेति दृष्टान्तेन 'प्राप्तौ सिद्धान्ते व्यवस्थापवादात्' संगतिर्नियमोऽनियम उभयत्र फलम् । नियमे प्रकरणमुक्त्वा पुनरुक्ति लिङ्गमाह—अपिचेति । एकत्रोक्तगतेरन्यत्र प्राप्तौ पुनरुक्तिर्वृथा स्यादित्यर्थः ।

५. सिद्धान्त—पञ्चाग्निविद्या-वाक्यशेष में उसके उपासक के लिए उत्तरमार्ग बतलाती हुई श्रुति ने अन्य विद्या के उपासकों के लिए भी कण्ठतः अर्चिरादि (देवयान) मार्ग का कथन किया है अर्थात् 'जो इस प्रकार उपासना करते हैं और जो अरण्य में रहकर श्रद्धा एवं तप की उपासना करते हैं वे सभी अर्चि को प्राप्त करते हैं' इस मार्गप्रतिपादक वाक्य से प्रकरण को बाध लेना चाहिए : उपास्य के गुणों का चिन्तन करते समय उपासना के फल की प्राप्ति के लिए मार्ग का चिन्तन भी अनिवार्य कहा गया है, अतः सभी सगुण उपासनाओं में देवयान मार्ग का उपसंहार करना चाहिए ।

अनियमः सर्वासामविरोधः शब्दानुमानाभ्याम् (ललिता)

सगुण विद्या में गति सार्थक है, निर्गुण ब्रह्मविद्या में नहीं, ऐसा पिछले अधिकरण में बतलाया गया था । सगुण विद्या में भी किसी में गति सुनी जाती है—जैसे पर्यङ्क विद्या पञ्चाग्निविद्या, उपकोसल विद्या और दहर विद्या में; किन्तु मधु विद्या, शाण्डिल्य विद्या, षोडशकलविद्या और वैश्वानर विद्या में गति का श्रवण नहीं है । अतः वहाँ पर संशय होता है कि क्या जिन विद्याओं में गति सुनी जाती है उन्हीं में उनका नियमतः सम्बन्ध होता है अथवा ऐसी समस्त सगुण विद्याओं के साथ नियम के बिना ही गति का सम्बन्ध होता है । इस पर पूर्वपक्ष का कहना है कि नियमपूर्वक गति का सम्बन्ध मानना चाहिए अर्थात् जहाँ गति सुनी जाती है वहीं पर उसका विनियोग होता है क्योंकि प्रकरण उसका नियामक है । यदि अन्यत्र सुनी गयी गति का उपसंहार विद्यान्तर में किया जायेगा तो श्रुत्यादि का प्रामाण्य नष्ट हो जायेगा, उस स्थिति में सभी सबके लिए होने लग जायेंगे । इसके अतिरिक्त एक ही अर्चिरादि मार्ग उपकोसल विद्या और पर्यङ्क विद्या में एक जैसा बतलाया गया है, यदि इसे सर्वार्थ मानेंगे तो पुनर्वचन अनर्थक हो जायेगा । अतः नियम मानना ही उचित होगा ।

१. आदिना लिंगादिपरिग्रहः । २. तद्य इत्थं विदुरिति वक्ष्यमाणविशेषश्रुतेः । ३. पूर्वपक्षः । ४. बाधादिकोति शेषः ।

एवं प्राप्ते पठति—अनियम इति । सर्वासामेवाभ्युदयप्राप्तिफलानां सगुणानां विद्यानामविशेषेणैषा देवयानाख्या गतिर्भवितुमर्हति। नन्वनियमाभ्युपगमे प्रकरणविरोधः उक्तः। नैषोऽस्ति विरोधः । शब्दानुमानाभ्यां श्रुतिस्मृतिभ्यामित्यर्थः । तथाहि श्रुतिः—'तद्य इत्थं विदुः' (छा० ५-१०-१) इति पञ्चाग्निविद्यावतां देवयानं पन्थानमवतारयन्ती 'ये चेमेऽरण्ये श्रद्धा तप इत्युपासते' (छा० ५-१०-१) इति विद्यान्तरशीलिनामपि पञ्चाग्निविद्याविद्भिः समानमार्गतां गमयति । कथं पुनरवगम्यते विद्यान्तरशीलिनामियं गतिरिति । ननु श्रद्धातपःपरायणानामेव स्यात्तन्मात्रश्रवणात् । नैष दोषः । नहि केवलाभ्यां श्रद्धातपोभ्यामन्तरेण विद्याबलमेषा गतिर्लभ्यते 'विद्यया तदारहोन्ति यत्र कामाः परागताः । न तत्र दक्षिणा यन्ति नाविद्वांसस्तपस्विनः' इति श्रुत्यन्तरात् । तस्मादिह श्रद्धातपोभ्यां विद्यान्तरोपलक्षणम्

वाजसनेयिनस्तु पञ्चाग्निविद्याधिकारेऽधीयते—'य एवमेतद्विदुर्ये चामी अरण्ये श्रद्धां

सिद्धान्तयति—सर्वासामिति । अभ्युदयो ब्रह्मलोकः । अविशेषश्रुत्यादिना प्रकरणबाधो न दोष इत्याह—नैष इति । तत्तत्र अधिकृतानां मध्ये य इत्थं पञ्चाग्नीन्विदुर्ये चामी अरण्ये श्रद्धातप इत्युपासते श्रद्धातपउपलक्षितं ब्रह्म ध्यायन्ति तेऽर्चिषमभिसंभवन्तीत्यन्वयः। ननु श्रद्धातपोमात्रश्रुतेस्ताभ्यामेवार्चिरादिगमनं स्यान्न वैश्वानरादिविद्याशीलानामिति शङ्कते—कथं पुनरिति । अविदुषां गतिनिषेधाच्छ्रद्धातपःशब्दाभ्यां तत्साध्यब्रह्मविद्यालक्षणेति परिहरति—नैष दोष इति। तत् ब्रह्मलोकस्थानं, परागताः परावृत्ताः, कामक्रोधदोषा न सन्तीति यावत् । दक्षिणाः केवलकर्मिणस्तपस्विनोऽप्यविद्वांसो न गच्छन्तीत्यर्थः ।

लक्षणादोषहीनं वाक्यमाह—वाजसनेयिनस्त्विति। किंच विद्याकर्मलक्षणमार्गद्वयभ्रष्टानामधोगति-

---

ऐसा पूर्वपक्ष प्राप्त होने पर सिद्धान्ती कहता है कि अभ्युदयप्राप्ति फलवाली सभी सगुण विद्याओं में अविशेषरूप से देवयाननामक मार्ग का होना उपयुक्त है। शङ्का—नियम न मानने पर प्रकरण का विरोध होगा, ऐसा हम कह आये हैं। समाधान—यह विरोध नहीं है क्योंकि श्रुति-स्मृति से ऐसा ही सिद्ध होता है, तदनुसार 'जो इस प्रकार पञ्चाग्नि विद्या की उपासना करते हैं' वे देवयान मार्ग प्राप्त करते हैं 'और जो अरण्य में रहकर श्रद्धा एवं तप की उपासना करते हैं' इन वाक्यों से श्रुति विद्यान्तरशील का भी पञ्चाग्नि विद्या के समान ही देवयान मार्ग का अनुसरण कराती है । शङ्का—विद्यान्तर का अनुसरण करने वालों के लिए यह गति-श्रुति है, ऐसा आप को किस प्रकार जान पड़ा। प्रत्युत श्रद्धा और तप के पारायण के लिए ही, तन्मात्रश्रवण होने के कारण, यह देवयान मार्ग मानना चाहिए । समाधान—यह कोई दोष नहीं है क्योंकि विद्याबल के बिना केवल श्रद्धा और तप से यह गति प्राप्त नहीं होती इसीलिए विद्या से उस ब्रह्मलोक स्थान को प्राप्त करते हैं जहाँ कामक्रोधादि दोष नहीं हैं। वहाँ दक्षिणायन मार्ग से चलनेवाले केवल कर्मी और उपासनारहित तपस्वी नहीं जाते और न विद्याहीन तपस्वी हो जाते हैं' ऐसा अन्य श्रुति कहती है। अतः यहाँ श्रद्धा और तप विद्यान्तर का उपलक्षण है।

वाजसनेय शाखावाले पञ्चाग्निविद्याप्रसङ्ग में कहते हैं कि 'जो इस प्रकार इस पञ्चाग्नि विद्या

सत्यमुपासते' (बृ० ६-२-१५) इति । तत्र श्रद्धालवो ये सत्यं ब्रह्मोपासत इति व्याख्येयम् । सत्यशब्दस्य ब्रह्मण्यसकृत्प्रयुक्तत्वात् । पञ्चाग्निविद्याविदां चेत्थंवित्तयैवोपात्तत्वाद्विद्यान्तरपरायणानामेवैतदुपादानं न्याय्यम् । 'अथ य एतौ पन्थानौ न विदुस्ते कीटाः पतङ्गा यदिदं दन्दशूकम्' (बृ० ६-२-१६) इति च मार्गद्वयभ्रष्टानां कष्टामधोगतिं गमयन्ती श्रुतिर्देवयानपितृयाणयोरेवैं नानन्तर्भावयति । तत्रापि विद्याविशेषादेषां देवयानप्रतिपत्तिः । स्मृतिरपि—'शुक्लकृष्णे गती ह्येते जगतः शाश्वते मते । एकया यात्यनावृत्तिमन्ययावर्तते पुनः' (गी० ८-२६) इति । यत्पुनर्देवयानस्य पथो द्विराम्नानमुपकोसलविद्यायां पञ्चाग्निविद्यायां च तदुभयत्राप्यनुचिन्तनार्थम् । तस्मादनियमः ॥३१॥

श्रुतेः वैश्वनराद्युपासकानामर्चिरादिमार्गप्राप्तिरित्याह—अथ य एताविति । दन्दशूकः सर्पः । किञ्च 'अग्निर्ज्योतिरहः शुक्लः षण्मासा उत्तरायणम् । तत्र प्रयाता गच्छन्ति ब्रह्म ब्रह्मविदो जनाः' इत्यविशेषेणोपासकानामर्चिरादिगतिमुक्त्वोपसंहारस्मृतेश्च तेषां तत्प्राप्तिरित्याह—स्मृतिरिति । शुक्ला गतिरर्चिरादिका, कृष्णा धूमादिका, जगतो विद्याकर्माधिकृतस्य, शाश्वते ध्रुवे संमते । तत्रैकया शुक्लया पुनरावृत्तिवर्जं कार्यं ब्रह्म गच्छति; अन्यया स्वर्गं गत्वा पुनरायातीत्यर्थः । पुनरुक्तिदोषं दूषयति—यत्पुनरिति । यत्र तत्र मार्गश्रुतिरन्वहं मार्गचिन्तनार्थं, प्रकरणेन मार्गध्यानस्य विद्याङ्गत्वावगमात् । तथा च वक्ष्यति सूत्रकारः—'तच्छेषगत्यनुस्मृतियोगाच्च' इति । येषां न श्रुतौ मार्गस्ते मार्गध्यानं विनापि विद्यासामर्थ्यान्मार्गं लभन्त इति ज्ञापनार्था पुनरुक्तिरित्यर्थः । तस्मात्सर्वोपासनासु प्रतीकभिन्नास्वर्चिरादिप्राप्तिरिति सिद्धम् ॥३१॥

की उपासना करते हैं और जो साधक अरण्य में रहकर श्रद्धा एवं सत्य की उपासना करते हैं ।' इस श्रुति में जो श्रद्धालु सत्य-ब्रह्म की उपासना करते हैं, ऐसी व्याख्या कर लेनी चाहिए क्योंकि सत्य शब्द का प्रयोग ब्रह्म अर्थ में अनेक बार हो चुका है । पञ्चाग्नि विद्या के उपासकों के लिए इत्थंवित् शब्द से पहले कहा जा चुका है, अतः इस श्रुति में सत्य शब्द से विद्यान्तर के पारायण का ही उपादान करना उचित होगा । और 'जो इन उत्तरायण-दक्षिणायन मार्ग के अधिकारी नहीं हैं वे कीट, पतङ्ग, डँसनेवाले सर्प आदि योनियों में जाते हैं' इस श्रुति द्वारा उक्त दोनों मार्गों से भ्रष्ट कष्टप्रद गति बतलाने वाली श्रुति देवयान एवं पितृयान मार्ग में ही अन्य सभी सगुण उपासकों का अन्तर्भाव करती है । वहाँ पर भी विद्याविशेष के फलस्वरूप इन उपासकों का देवयान (मार्ग) की ही प्राप्ति होती है । 'संसार में शुक्ल एवं कृष्ण मार्ग, ये दोनों ही शाश्वत माने गये हैं । उनमें से एक शुक्ल मार्ग से जाने वाले लौटते नहीं हैं और दूसरे कृष्ण मार्ग से जाने वाले पुनः लौट आते हैं ।' ऐसा गीता स्मृति भी कहती है । और जो देवयान अर्चिरादि मार्ग का उपकोसल विद्या एवं पञ्चाग्नि विद्या में दो बार पाठ किया गया है वह अनावश्यक नहीं है, किन्तु उन दोनों ही विद्याओं के उपासकों के मार्गचिन्तन के लिए पाठ किया गया है अन्य सगुण ब्रह्म के उपासकों को मार्गचिन्तन नहीं करना पड़ता । अतः प्रतीकभिन्न सभी उपासनाओं में नियम के बिना ही अर्चिरादि मार्ग की प्राप्ति होती है, यह सिद्ध हुआ ॥३१॥

१. उपासकान् । २. मार्गद्वयमध्येपि । ३. ब्र० सू० ४-२-१७ ।

१९. यावदधिकाराधिकरणम् (सू० ३२)

(३९१) यावदधिकारमवस्थितिराधिकारिकाणाम् ॥३२॥

ब्रह्मतत्त्वविदां मुक्तिः पाक्षिकी नियताऽथवा । पाक्षिक्यपान्तरतमःप्रभृतेर्जन्मकीर्तनात् ॥
नानादेहोपभोक्तव्यमीशोपास्तिफलं बुधाः । मुक्त्वाधिकारिपुरुषा मुच्यन्ते नियता ततः ॥

विदुषो वर्तमानदेहपातानन्तरं देहान्तरमुत्पद्यते न वेति चिन्त्यते—ननु विद्यायाः साधनभूतायाः संपत्तौ कैवल्यनिर्वृतिः स्यान्न वेति। नेयं चिन्तोपपद्यते। नहि पाकसाधनसम्प-

---

यावदधिकारम् । निर्गुणविद्यायां गतिर्व्यर्था मुक्तिफलत्वात्, सगुणविद्यासु सर्वत्रार्थवती ब्रह्मलोकफलत्वादिति व्यवस्था कृता, सा न युक्ता, तत्त्वज्ञानिनामपीतिहासादौ पुनर्जन्मदर्शनेन ज्ञानस्य मुक्तिफलत्वाभावादित्याक्षेपात्संगतिः। ज्ञानिनां पुनर्जन्मदर्शनं संशयबीजं भाष्ये दर्शितम्। पूर्वपक्षे ज्ञानान्मुक्तिश्रुतीनां ज्ञानस्तुतिमात्रत्वेन ज्ञानस्य मुक्तिफलत्वाभावे सति ब्रह्मलोकफलत्वाविशेषादर्चिरादिमार्गोप-

---

१९. यावदधिकाराधिकरण

१. सङ्गति—निर्गुण ब्रह्मविद्या का फल मोक्ष है इसलिए उसमें मार्ग व्यर्थ ही है, ऐसा कहना ठीक नहीं क्योंकि इतिहासादि में कुछ ब्रह्मज्ञानियों की भी देहान्तर उत्पत्ति देखी जाती है। अतः निर्गुण ब्रह्मविद्या को मोक्ष का साधन कहना ठीक नहीं है, इस प्रकार आक्षेप होने पर यह अधिकरण प्रारम्भ किया जाता है। अतः पूर्व अधिकरण के साथ इसकी आक्षेप सङ्गति है।

२. विषय—निर्गुण ब्रह्मविद्या की फलप्राप्ति के लिए देवयान मार्ग की आवश्यकता पर इस अधिकरण में विचार किया जाता है।

३. संशय—ब्रह्मज्ञानियों की मुक्ति वैकल्पिक है अथवा निश्चित है ?

४. पूर्वपक्ष—पुराणों में अपान्तरतमानामक वेदप्रवर्तक आचार्य विष्णु की आज्ञा से द्वापर के अन्त में कृष्णद्वैपायनरूप से शरीर धारण करते देखे जाते हैं। वैसे ही सनत्कुमार स्कन्धरूप से उमा-महेश्वर के घर में जन्म लेते हैं। इसी प्रकार वसिष्ठादि तत्त्वज्ञानी होते हुए भी कहीं शाप से, कहीं स्वेच्छा से भी शरीर धारण करते देखे जाते हैं। इससे निर्गुणब्रह्मज्ञानियों की मुक्ति वैकल्पिक सिद्ध होती है।

५. सिद्धान्त—पूर्वपक्षी ने जिन पुरुषों का उदाहरण दिया है वे सब जगन्निर्वाहक अधिकारी माने जाते हैं जिन्होंने पूर्वकल्प में महान् तपश्चर्या द्वारा ईश्वर की उपासनाकर इस कल्प में नानादेह से उपभोगयोग्य अधिकारपद को प्राप्त किये हैं, यह उनके प्रारब्ध है, इस प्रारब्ध के क्षीण होने पर वे भी मुक्त हो जायेंगे। अनारब्ध कर्मों का नाश तत्त्वज्ञान से हो जाता है और प्रारब्ध कर्म का नाश भोग से होता है, तत्पश्चात् निर्गुणब्रह्मज्ञानी की मुक्ति सुनिश्चित ही होती है।

यावदाधिकारमवस्थितिराधिकारिकाणाम् (ललिता)

निर्गुण विद्या में गति अनावश्यक है क्योंकि उसका फल मोक्ष है, किन्तु सगुण विद्या में सर्वत्र गति की सार्थकता है क्योंकि उनका फल ब्रह्मलोक की प्राप्ति है; ऐसी व्यवस्था इससे पहले दी जा चुकी है। इस पर यह प्रश्न होता है कि विद्वान् का वर्तमान देह छोड़ने के बाद देहान्तर उत्पन्न होता है या नहीं। शङ्का—साधनरूप विद्या की प्राप्ति हो जाने पर मोक्ष मिलता है या नहीं, यह चिन्ता

तावोदनो भवेन्न वेति चिन्ता सम्भवति नापि भुञ्जानस्तृप्येन्न वेति चिन्त्यते। उपपन्ना त्वियं चिन्ता ब्रह्मविदामपि केषांचिदितिहासपुराणयोर्देहान्तरोत्पत्तिदर्शनात्। तथा ह्यपान्तरतमा नाम वेदाचार्यः पुराणर्षिर्विष्णुनियोगात्कलिद्वापरयोः संधौ कृष्णद्वैपायनः संबभूवेति स्मरन्ति। वसिष्ठश्च ब्रह्मणो मानसः पुत्रः सन्निमिशापादपगतपूर्वदेहः पुनर्ब्रह्मादेशान्मित्रावरुणाभ्यां संबभूवेति। भृग्वादीनामपि ब्रह्मण एव मानसपुत्राणां वारुणे यज्ञे पुनरुत्पत्तिः श्रूयते। सनत्कुमारोऽपि ब्रह्मण एव मानसः पुत्रः स्वयं रुद्राय वरप्रदानात्स्कन्दत्वेन प्रादुर्बभूव। एवमेव दक्षनारदप्रभृतीनां भूयसी देहान्तरोत्पत्तिः कथ्यते तेन तेन निमित्तेन स्मृतौ। श्रुतावपि मन्त्रार्थवादयोः प्रायेणोपलभ्यते। ते च केचित्पतिते पूर्वदेहे देहान्तरमाददते, केचित्तु स्थित एव तस्मिन्योगैश्वर्यवशादनेकदेहादानन्यायेन। सर्वे चैते समधिगतसकलवेदार्थाः स्मर्यन्ते। तदेतेषां देहान्तरोत्पत्तिदर्शनात्प्राप्तं ब्रह्मविद्यायाः पाक्षिकं मोक्षहेतुत्वमहेतुत्वं वेति।

अत उत्तरमुच्यते, न। तेषामपान्तरतमःप्रभृतीनां वेदप्रवर्तनादिषु लोकस्थितिहेतुष्व-

---

संहारः फलं, सिद्धान्ते तूक्तव्यवस्थासिद्धिरिति विवेकः। श्रुतावपीति। मेधातिथेर्मेषेतिमन्त्रे इन्द्रस्य मेषजन्मोपलभ्यते। वसिष्ठ उर्वशीपुत्रो जात इत्येवमर्थो बह्वृचार्थवाद इत्यर्थः। पाक्षिकमित्यापाततः। अहेतुत्वमेवेति पूर्वपक्षः।

ज्ञानस्य मुक्त्यहेतुत्वं नेति सिद्धान्तयति–ते चेति। लोकव्यवस्थासु स्वामित्वमधिकारः, तत्प्रापकं

बनती ही नहीं है। इस प्रकार की चिन्ता तो वैसे ही है जैसे कोई कहता हो कि पाक के साधन सम्पन्न हो जाने पर भात पकता है या नहीं और भोजन करनेवाला तृप्त होता है या नहीं, ऐसी चिन्ता अनावश्यक है। समाधान—उक्त चिन्ता युक्तियुक्त सिद्ध होती है क्योंकि कुछ ब्रह्मज्ञानियों की भी देहान्तर की उत्पत्ति इतिहास पुराणादि में देखी जाती है। एक वेदाचार्य, पुराण के प्रवक्ता अपान्तरतम नाम के ऋषि हुए हैं, विष्णु की आज्ञा से कलियुग और द्वापर की सन्धि में कृष्णद्वैपायनरूप से प्रकट हुए; ऐसा स्मृति में सुना जाता है। ब्रह्मा के मानस पुत्र होते हुए भी वसिष्ठ निमि के शाप से पूर्वदेह का परित्यागकर पुनः ब्रह्मा के आदेश से मित्रा एवं वरुण द्वारा जन्म ग्रहण किए। ब्रह्मा के ही मानस पुत्र भृगु आदि भी वारुण यज्ञ में पुनः उत्पन्न हुए, ऐसी स्मृति है। ब्रह्मा के ही मानस पुत्र सनत्कुमार भी स्वय रुद्र को वरप्रदान के कारण स्कन्द रूप से प्रकट हुए। ऐसे ही दक्ष, नारदादि की भी देहान्तर उत्पत्ति की अनेकों कथायें भिन्न-भिन्न निमित्त से स्मृति में मिलती हैं। श्रुति में भी मन्त्र तथा अर्थवाद में प्रायशः ऐसा ही सुना जाता है। उनमें से कुछ तो पूर्वदेह का परित्याग करने पर देहान्तर ग्रहण करते हैं और कुछ उस देह में रहते हुए ही योग-ऐश्वर्य के कारण अनेकदेहकरणन्याय से देहान्तर ग्रहण करते हैं। ये सब के सब सकल वेदार्थ के तत्त्व को जाननेवाले सुने जाते हैं। ऐसी स्थिति में इनको देहान्तर उत्पत्ति देखने के कारण ब्रह्मविद्या का फल पाक्षिक जान पड़ता है अर्थात् ब्रह्मविद्या में मोक्षहेतुत्व है अथवा अहेतुत्व है, ऐसा संशय होता है।

सिद्धान्ती इसका उत्तर देता है कि ज्ञान में मुक्ति के अहेतुत्व की शङ्का ठीक नहीं है। अपान्तरतम आदि आचार्यों को वेदप्रवर्तन एवं लोकस्थिति के लिए अधिकार दिया गया था, इसलिए उन अधिकारों

धिकारेषु नियुक्तानामधिकारतन्त्रत्वात्स्थितेः । यथासौ भगवान्सविता सहस्रयुगपर्यन्तं जगतोऽधिकारं चरित्वा तदवसान उदयास्तमयवर्जितं कैवल्यमनुभवति, 'अथ तत ऊर्ध्व उदेत्य नैवोदेता नास्तमेतैकल एव मध्ये स्थाता' (छा० ३-११-१) इति श्रुतेः । यथा च वर्तमाना ब्रह्मविदः प्रारब्धभोगक्षये कैवल्यमनुभवन्ति । 'तस्य तावदेव चिरं यावन्न विमोक्ष्येऽथ सम्पत्स्ये' (छा० ६-१४-२) इति श्रुतेः । एवमपान्तरतमःप्रभृतयोऽपीश्वराः परमेश्वरेण तेषु तेष्वधिकारेषु नियुक्ताः सन्तः सत्यपि सम्यग्दर्शने कैवल्यहेतावक्षीणकर्माणो यावदधिकारमवतिष्ठन्ते । तदवसाने चापवृज्यन्त इत्यविरुद्धम् । सकृत्प्रवृत्तमेव हि तेऽधिकार फलदानाय कर्माशयमतिवाहयन्तः स्वातन्त्र्येणैव गृहादिव गृहान्तरमन्यमन्यं देहं संचरन्तः स्वाधिकारनिर्वर्तनायापरिमुषितस्मृतय एव देहेन्द्रियप्रकृतिवशित्वान्निर्माय

प्रारब्धं यावदस्ति तावत्कालं जीवन्मुक्तत्वेनाधिकारिकाणामवस्थितिः, प्रारब्धक्षये प्रतिबन्धकाभावाद्विदेहकैवल्यमित्यत्र मानमाह—अथेति । अथ प्रारब्धक्षयानन्तरम् । ततः पश्चादूर्ध्वो विलक्षणः केवलः ब्रह्मस्वरूपः सन् उदेत्योद्गम्य देहं त्यक्त्वेति यावत् । एकल एव अद्वितीयः, मध्ये उदासीनात्मकस्वरूपे तिष्ठतीत्यर्थः । ननु ज्ञानिनामपि जन्मान्तरं चेत्कथं मुक्तिरित्यत आह—सकृत्प्रवृत्तमिति । यदि ज्ञानिनां प्रारब्धातिरिक्तकर्माधीनं जन्मान्तरं स्यात्तदा ज्ञानान्मुक्त्यभावः स्यात् । नैतदस्ति । किंतु बहुजन्मफलाय सकृदुद्भूतं प्रारब्धं ते क्षपयन्ति, जन्मग्रहणेऽपि ज्ञानयोगबलान्न शोचन्ति प्रारब्धसमाप्तौ मुच्यन्त इत्यर्थः । [1]ज्ञानिनां जन्मान्तरस्य पूर्वजन्महेतुप्रारब्धाधीनतायामलुप्तस्मृतित्वं हेतुः । यो ह्यजातिस्मरत्वे सति कर्मान्तराधीनजन्मान्तरवान् स लुप्तस्मृतिरिति व्याप्तेः । [2]ज्ञानिषु [3]व्यापकाभावाद्विशिष्टव्याप्याभावसिद्धिः । ननु तेषां जातिस्मरत्वादलुप्तस्मृतित्वमन्यथासिद्धमित्यत आह—

में नियुक्त उन ऋषियों का जीवन अधिकार के अधीन रहा है । जैसे यह सूर्य भगवान् सहस्रयुगपर्यन्त जगत् के अधिकार को चलाने के बाद उसकी समाप्ति में उदय एवं अस्त से रहित कैवल्य का अनुभव करते हैं, ऐसा 'प्रारब्धक्षयान्तर केवल ब्रह्मस्वरूप हो, देह का त्याग करके, अकेले अद्वितीयरूप हो, उदासीन आत्मस्वरूप में सूर्य स्थित हो जाते हैं' श्रुति कहती है । जैसे वर्तमान ब्रह्मज्ञानी प्रारब्धभोग के क्षय होने पर 'उसे विदेह कैवल्य प्राप्त करने में उतनी ही देर है जब तक प्रारब्धभोग समाप्त नहीं होता, प्रारब्धभोग समाप्त होते ही वह विदेहकैवल्य को प्राप्त करता है' इस श्रुति के अनुसार विदेहकैवल्य का अनुभव करते हैं । ऐसे ही अपान्तरतम आदि ऋषि भी ईश्वरकोटि के हैं जो विश्वनियन्ता परमात्मा के द्वारा उन-उन अधिकारों में नियुक्त किये गये हैं, वे सभी मोक्ष के हेतु तत्त्वज्ञान से सम्पन्न होते हुए भी भोगप्रद कर्म के क्षय न होने के कारण अपने अधिकारपर्यन्त बने रहते हैं और उस अधिकार के समाप्त होते ही वे मुक्त हो जाते हैं, ऐसा मानने में कोई विरोध नहीं है । उनका प्रारब्ध अनेक जन्म दिलाने वाला होता है, इसलिए अधिकारफल देने के लिए वे एक बार प्रवृत्त कर्मसंस्कार का अतिवहन करते हुए एक शरीर से दूसरे शरीर में वैसे ही चले जाते हैं जैसे गृहस्वामी स्वेच्छापूर्वक एक घर से दूसरे घर में चला जाता है; उनकी अपने अधिकार को सम्पन्न करने के लिए स्मृति लुप्त नहीं होती है; वे देह, इन्द्रिय और उसके कारण प्रकृति को अपने आधीनकर

---

१ आधिकारिकाख्यानाम् । आधिकारिकजन्मान्तरं पूर्वजन्महेतुप्रारब्धकर्माधीनं जातिस्मरभिन्नत्वे सति अलुप्तस्मृतित्वात् व्यतिरेकेऽस्मदादिजीववत् । २. आधिकारिकेषु । ३. अलुप्तस्मृतित्वाभावाभावात् ।

देहान्युगपत्क्रमेण वाधितिष्ठन्ति । न चैते जातिस्मरा इत्युच्यन्ते 'त[1] एवैते' इति स्मृतिप्रसिद्धेः। यथा हि 'सुलभा नाम ब्रह्मवादिनी जनकेन विवदितुकामाऽव्युदस्य स्वयं देहं जानकं देहमाविश्य व्युद्य तेन पश्चात्स्वमेव देहमाविवेश' इति स्मर्यते। यदि ह्यु[2]पयुक्ते सकृत्प्रवृत्ते कर्मणि कर्मान्तरं देहान्तरारम्भकारणमाविर्भवेत्ततोऽन्यदप्यदग्धबीजं कर्मान्तरं तद्वदेव प्रसज्येतेति ब्रह्मविद्यायाः पाक्षिकं मोक्षहेतुत्वमहेतुत्वं वाशङ्क्येत, न त्वियमाशङ्का युक्ता, ज्ञानात्कर्मबीजदाहस्य श्रु[3]तिस्मृतिप्रसिद्धत्वात्। तथाहि श्रुतिः—'भिद्यते हृदयग्रन्थिश्छिद्यन्ते सर्वसंशयाः। क्षीयन्ते चास्य कर्माणि तस्मिन्दृष्टे परावरे' (मु० २-२-८) इति। 'स्मृतिलम्भे सर्वग्रन्थीनां विप्रमोक्षः' (छा० ७-२६-२) इति चैवमाद्या। स्मृतिरपि—'यथैधांसि समिद्धोऽग्निर्भस्मसात्कुरुतेऽर्जुन। ज्ञानाग्निः सर्वकर्माणि भस्मसात्कुरुते तथा' (गी० ४-३७),

---

न चैत इति। तथाच तेषामजातिस्मरत्वरूपविशेषणे सति 'विशेष्याभावादेव विशिष्टाभावसिद्धिरित्यर्थः। पूर्वदेहनामप्रत्यभिज्ञानहीनाः परतन्त्राः साभिमाना जातिस्मराः, आधिकारिकास्तु पूर्वनामानः स्वतन्त्रा निरभिमाना इति वैषम्यम्। तेन जनकेन सह व्युद्य विवादं कृत्वेत्यर्थः। विदुषः प्रारब्धातिरिक्तकर्माभावान्न बन्धः। निमित्ताभावे नैमित्तिकाभाव इति न्यायानुगृहीतानां ज्ञानान्मुक्तिश्रुतीनां न स्तुतिमात्रत्वमितीममर्थमुपपादयति—यदि ह्युपयुक्त इत्यादिना। श्रुतिस्मृत्युक्तार्थे युक्तिमप्याह—

अनेक शरीर का निर्माण एक साथ अथवा क्रमशः करके अधिष्ठित रहते हैं। इन्हें जातिस्मर नहीं कहा जा सकता क्योंकि इनके विषय में 'वे ही ये हैं' ऐसा प्रत्यभिज्ञा प्रसिद्ध है। जातिस्मर पुरुष तो पूर्वदेह और नाम की प्रत्यभिज्ञा से हीन, परतन्त्र और अभिमानवाले होते हैं; किन्तु कारक पुरुष पूर्वनाम वाले, स्वतन्त्र और निरभिमान होते हैं, ऐसा जातिस्मर एवं कारक पुरुष में भेद है। जैसे जनक के साथ विवाद करने की इच्छावाली सुलभा नाम की एक ब्रह्मवादिनी अपने देह का परित्यागकर जनक के देह में प्रवेश कर जाती है और जनक के साथ विवाद करने के पश्चात् पुनः अपने शरीर में आकर प्रविष्ट हो जाती है' ऐसा स्मृति में कहा गया है। यदि सकृत्प्रवृत्त कर्म का भोग होने पर देहान्तरारम्भककारण कर्मान्तर का आविर्भाव हो तो बीज दग्ध न होने के कारण उसी प्रकार अन्य कर्म का भी शेष रहना माना जायेगा, ऐसी स्थिति में ब्रह्मविद्या मोक्ष का कारण पाक्षिक मानी जायेगी अथवा कारण ही नहीं मानी जायेगी, ऐसी शङ्का कर सकते थे; किन्तु ऐसी शङ्का का उत्थापन ठीक नहीं है क्योंकि ज्ञान से कर्मबीज का दाह होना श्रुति एवं स्मृति में प्रसिद्ध है। 'उस परतत्त्व का साक्षात्कार हो जाने पर हृदयस्थ अन्योऽन्याध्यासरूप ग्रन्थि नष्ट हो जाती है, सारे संशय मिट जाते हैं और उस तत्त्वज्ञानी के प्रारब्धातिरिक्त सभी सञ्चित कर्म नष्ट हो जाते हैं।' और 'तत्त्वबोध हो जाने पर सभी ग्रन्थियों का सर्वथा नाश हो जाता है' ये सब श्रुतियाँ है। उसी प्रकार 'हे अर्जुन ! जैसे प्रदीप्त अग्नि काष्ठ को भस्म कर डालती है वैसे ही ज्ञानाग्नि प्रारब्धातिरिक्त सभी सञ्चित कर्मों को भस्म कर देती है।' और 'जैसे अग्नि से भुने हुए बीज पुनः उगते नहीं हैं वैसे ही ज्ञानाग्नि

---

१. त एवैत इति तन्नामान एवेत्यर्थः पूर्वजन्मनि यस्य यन्नाम जन्मान्तरेपि तस्य तदेव नामजातिस्मरास्तु तन्नामभाजो न भवन्तीति वैषम्यम्। २. उपक्षीणे सति। ३. व्यापकाभावादित्यर्थः।

'बीजान्यग्न्युपदग्धानि न रोहन्ति यथा पुनः। ज्ञानदग्धैस्तथा क्लेशैर्नात्मा सम्पद्यते पुनः' इति चैवमाद्या। न चाविद्यादिक्लेशदाहे सति क्लेशबीजस्य कर्माशयस्यैकदेशदाह एकदेशप्ररोहश्चेत्युपपद्यते, न ह्यग्निदग्धस्य शालिबीजस्यैकदेशप्ररोहो दृश्यते। प्रवृत्तफलस्य तु कर्माशयस्य मुक्तेषोरिव वेगक्षयान्निवृत्तिः। 'तस्य तावदेव चिरम्' (छा० ६-१४-२) इति शरीरपातावधि क्षेपकरणात्। तस्मादुपपन्ना यावदधिकारमाधिकारिकाणामवस्थितिः। नच ज्ञानफलस्यानैकान्तिकता। तथाच श्रुतिरविशेषेणैव सर्वेषां ज्ञानान्मोक्षं दर्शयति 'तद्यो यो देवानां प्रत्यबुध्यत स एव तदभवत्तथर्षीणां तथा मनुष्याणाम्' (बृ० १-४-१०) इति। ज्ञानान्तरेषु[1] चैश्वर्यादिफलेष्वासक्ताः स्युर्महर्षयः। ते पश्चादैश्वर्यक्षयदर्शनेन निर्विण्णाः परमात्मज्ञाने परिनिष्ठाय कैवल्यं प्रापुरित्युपपद्यते। 'ब्रह्मणा सह ते सर्वे सम्प्राप्ते प्रतिसञ्चरे। परस्यान्ते कृतात्मानः प्रविशन्ति परं पदम्' इति स्मरणात्। प्रत्यक्षफलत्वाच्च ज्ञानस्य फलविरहाशङ्कानुपपत्तिः। कर्मफले हि स्वर्गादावनुभवानारूढे

न चाविद्येति। विद्यया क्लेशदाहात्तत्कार्यकर्मक्षयश्चेत्तर्हि प्रारब्धस्य कथं स्थितिः, तत्राह—प्रवृत्तफलस्येति। विदुषो देहपातावधिश्रुतेरनुभवाच्च ज्ञानस्यावरकाज्ञानांशनिवर्तकस्य प्रारब्धविक्षेपस्थित्यनुकूलाज्ञानांशनिवर्तनसामर्थ्याभावसिद्धेर्भोगेनैव प्रारब्धक्षय इति भावः। ज्ञानिनामाधिकारिकत्वं कथमित्याशङ्क्य ज्ञानात्प्राक्कृतोपासनादिवशादित्याह— ज्ञानान्तरेषु चेति। प्रतिसंचरो महाप्रलयः, परस्य

से दग्ध अविद्यादि क्लेशों के कारण जीवात्मा पुनः शरीर नहीं धारण करता है' ये सब स्मृतियाँ भी हैं। अविद्याक्लेश के दग्ध हो जाने पर क्लेशबीज कर्मसंस्कार का एकभाग जल जाता है और एकभाग पुनः जन्म देता है, ऐसी कल्पना ठीक नहीं है क्योंकि अग्नि से दग्ध शालिबीज का एकदेश अंकुरित होता हुआ नहीं दीखता है। किन्तु जो कर्मसंस्कार फल देने के लिए उन्मुख हो चुका है उसकी निवृत्ति तो छोड़े हुए बाण की भाँति वेग के क्षय होने पर ही हो सकती, इसीलिए तो 'तस्य तावदेव चिरम्' इस श्रुतिवाक्य से शरीरपात की प्रतीक्षा विदेहकैवल्य के लिए बतलायी गयी है। अतः कारक पुरुषों की स्थिति अपने अधिकारसमाप्तिपर्यन्त बनी रहती है। ऐसी स्थिति में ज्ञान के फल में अनैकान्तिकता नहीं कह सकते, इसीलिए समानरूप से ही श्रुति सभी के लिए ज्ञान से मोक्ष बतलाती है-'देवताओं में से जिसने आत्मस्वरूप ब्रह्म को जाना वह ब्रह्म हो गया, वैसे ही ऋषियों और मनुष्यों में भी ब्रह्मतत्त्वदर्शी पुरुष ब्रह्मभाव को प्राप्त कर गया।' किन्तु जो महर्षि ऐश्वर्यादि फल देनेवाली अन्य उपासनाओं में आसक्त हैं वे बाद में ऐश्वर्यक्षय देखने के कारण खिन्न हो जाते हैं और विरक्त हो परमात्मज्ञान में निष्ठा प्राप्तकर कैवल्य को प्राप्त कर चुके हैं, ऐसा कहना युक्तियुक्त है क्योंकि उपासना के फलस्वरूप ब्रह्मलोक गये हुए उपासक महाप्रलय आने पर हिरण्यगर्भ का अधिकार समाप्त होते ही वे कृतात्मा पुरुष ब्रह्मा के साथ-साथ परम पद में प्रविष्ट हो जाते हैं' ऐसा स्मृतिवाक्य है। ज्ञान का फल प्रत्यक्ष होने के कारण उसके फलाभाव की शङ्का अनुचित है क्योंकि अनुभव में न आनेवाले स्वर्गादिरूप कर्मफल में कदाचित् शङ्का हो सकती है कि स्वर्ग मिलेगा या नहीं,

१. तत्त्वज्ञानादितरेषूपासनेषु।

२०. अक्षरध्यधिकरणम् (सू० ३३)

निषेधानामसंहारः संहारो वा न संहृतिः । आनन्दादिवदात्मत्वं नैषां संभाव्यते यतः ।
श्रुतानामश्रुतानां च निषेधानां समायतः । आत्मलक्षणता तस्माद्वाढर्यायास्तूपसंहृतिः ॥

स्यादपि कदाचिदाशङ्का भवेद्वा न वेति । अनुभवारूढं तु ज्ञानफलम् 'यत्साक्षादपरोक्षाद्ब्रह्म' (बृ० ३-४-१) इति श्रुतेः, 'तत्त्वमसि' (छा० ६-८-७) इति च सिद्धवदुपदेशात् । नहि 'तत्त्वमसि' इत्यस्य वाक्यस्यार्थस्तत्त्वं मृतो भविष्यसीत्येवं शक्यः परिणेतुं । 'तद्धैतत्पश्यन्नृषिर्वामदेवः प्रतिपेदेऽहं मनुरभवं सूर्यश्च' (बृ० १-४-१०) इति च सम्यग्दर्शनकालमेव तत्फलं सर्वात्मत्वं दर्शयति । तस्मादैकान्तिकी विदुषः कैवल्यसिद्धिः॥३२॥

हिरण्यगर्भस्य, अधिकारान्ते साक्षात्कृतात्मानो मुच्यन्ते इत्यर्थः । ब्रह्मभावफलस्यापि भाविस्वमाशंक्य तत्त्वमसीति श्रुतिबाधमाह—नहीति । तस्मान्निर्गुणविद्यायां मार्गानुपसहार इति सिद्धम् ॥३२॥

किन्तु अनुभवारूढ़ ज्ञान के फल के विषय में उक्त शङ्का नहीं बनती क्योंकि ब्रह्मतत्त्व साधननिरपेक्ष अपरोक्ष है' ऐसा श्रुति कहती है और **'तत्त्वमसि'** इस श्रुति ने निर्विवादरूप से तत्-त्वम् पदार्थ का ऐक्य स्वीकार किया है। **'तत्त्वमसि'** इस वाक्य का अर्थ, तू मरकर ब्रह्म होगा, ऐसा कोई कर नहीं सकता। इसीलिए तो आत्मतत्त्वदर्शी वामदेव ऋषि ने ऐसा अनुभव किया था कि मैं ही सर्गारम्भ में मनु और सूर्य हुआ था' यह श्रुति तत्त्वदर्शनकाल में ही उसका फल सर्वात्मभाव बतलाती है। अतः ज्ञानी को मोक्ष की प्राप्ति निर्विवाद सिद्ध है, इसीलिए निर्गुण विद्या में मार्ग के उपसंहार की कोई आवश्यकता नहीं है ॥३२॥

२०. अक्षरध्यधिकरण

१. **सङ्गति**—जैसे धनुष से निकला हुआ बाण अपना काम करके ही रहता है ऐसे ही आधिकारिक पुरुषों के प्रारब्धकर्मवेग से ही देहान्तर की उत्पत्ति होती है, उसमें सञ्चित कर्म को कारण नहीं कहा गया है। उसी प्रकार जहाँ पर जितनी निषेधश्रुतियाँ हैं उन्हीं से उपलक्षणविधया सर्वद्वैतनिषेध सिद्ध हो जायेगा, शाखान्तरीय निषेधों को ब्रह्मबोध का हेतु नहीं मानना चाहिए; ऐसी दृष्टान्त सङ्गति के कारण यह अधिकरण प्रारम्भ किया गया है।

२. **विषय**—निषेध श्रुतियों के उपसंहारस्थल पर इस अधिकरण में विचार किया गया है।

३. **संशय**—सर्वत्रपठित निषेधश्रुति की यथास्थान व्यवस्था होनी चाहिए अथवा सर्वत्र सभी निषेधश्रुतियों का उपसंहार होना चाहिए ?

४. **पूर्वपक्ष**—**'अस्थूलमनण्वह्रस्वम्'** इत्यादि वाक्य द्वारा गार्गीब्राह्मण में और **'अशब्दमस्पर्शमरूपमव्ययम्'** इत्यादि वाक्य द्वारा कठ श्रुति में जो निषेध करके ब्रह्मावबोध कराया गया है ऐसे ही अन्य श्रुतियाँ भी हैं। इन सभी निषेधश्रुतियों के सर्वत्र उपसहार का कोई प्रयोजन न होने के कारण जहाँ पर जितना निषेध है उसी से उपलक्षणतया सकलद्वैत का निषेध हो जायेगा। अन्यत्र पठित द्वैतनिषेधश्रुति का उपसंहार अन्यत्र निष्प्रयोजन ही है क्योंकि वे आनन्दादि के समान ब्रह्मस्वरूप नहीं हैं।

५. **सिद्धान्त**—निषेधश्रुतियाँ श्रुत हों अथवा अश्रुत हों, सभी एक जैसी हैं। अतः आत्मबोध की दृढ़ता के लिए द्वैतनिषेधश्रुतियों का उपसंहार सर्वत्र होना चाहिए।

(३९२) अक्षरधियां त्ववरोधः सामान्यतद्भावाभ्या-मौपसदवत्तदुक्तम् ॥३३।

वाजसनेयके श्रूयते—'एतद्वै तदक्षरं गार्गि ब्राह्मणा अभिवदन्त्यस्थूलमनण्वह्रस्वमदीर्घमलोहितमस्नेहम्' (बृ० ३-८-८) इत्यादि। तथाथर्वणे श्रूयते—'अथ परा यया तदक्षरमधिगम्यते यत्तदद्रेश्यमग्राह्यमगोत्रमवर्णम्' (मु० १-१-५) इत्यादि। तथैवान्यत्रापि विशेषनिराकरणद्वारेणाक्षरं परं ब्रह्म श्राव्यते। तत्र च क्वचित्केचिदतिरिक्ता विशेषाः प्रतिषिध्यन्ते। तासां विशेषप्रतिषेधबुद्धीनां किं सर्वासां सर्वत्र प्राप्तिरुत व्यवस्थेति संशये श्रुतिविभागाद्व्यवस्थाप्राप्तावुच्यते—अक्षरविषयास्तु विशेषप्रतिषेधबुद्धयः सर्वाः सर्वत्रावरोद्धव्याः, सामान्यतद्भावाभ्याम्—समानो हि सर्वत्र विशेषनिराकरणरूपो ब्रह्मप्रतिपादनप्रकारः। तदेव च हि सर्वत्र प्रतिपाद्यं ब्रह्माभिन्नं प्रत्यभिज्ञायते। तत्र किमित्यन्यत्र श्रुता बुद्धयोऽन्यत्र न स्युः। तथाच 'आनन्दादयः प्रधानस्य' (ब्र० सू० ३-३-११) इत्यत्र

अक्षरधियाम्। अत्राक्षरब्रह्म[1]प्रमापका निषेधशब्दा विषयाः, तेषु यत्र यावन्तः श्रुतास्तत्र तावतामशेषद्वैतनिषेधकत्वसंभवासंभवाभ्यां संशयमाह—तासामिति। यथा निर्गुणविद्यायां मार्गस्यानपेक्षितत्वादनुपसंहारस्तथा श्रुतनिषेधानामुपलक्षणतया सर्वद्वैतनिषेधसंभवाच्छाखान्तरीयनिषेधशब्दानामनपेक्षितत्वादनुपसंहार इति दृष्टान्तेन पूर्वपक्षस्तत्र लाघवं फलम्। सिद्धान्ते तु दोषद्वयाभावः फलम्। तथाहि—यदि श्रुतशब्दैरश्रुतनिषेधा लक्ष्यन्ते तदा लक्षणादोषः, यदि न लक्ष्यन्ते तदा सर्वद्वैतनिषेधासिद्धेर्निर्विशेषप्रमित्यभावदोष इति विवेकः। अक्षरे धर्मिणि द्वैतनिषेधधियोऽक्षरधियस्तद्धेतवः शब्दा इति यावत्, तासामवरोध उपसंहार इति सूत्रयोजना। शेषिब्रह्मणः सर्वशाखासु भावात्

अक्षरधियां त्ववरोधः सामान्यतद्भावाभ्यामौपसदवत्तदुक्तम् (ललिता)

वाजसनेयक में 'हे गार्गी! इसी अक्षर को ब्राह्मण लोग अस्थूल, अनणु, अह्रस्व, अदीर्घ, अलोहित, अस्नेह कहते हैं' इत्यादि सुना जाता है। उसी प्रकार आथर्वण में 'अब पराविद्या कही जायेगी जिससे उस अक्षर का अधिगम होता है जो वह अक्षर अदृश्य, अग्राह्य, अगोत्र और अवर्ण है' ऐसा सुना जाता है। वैसे ही अन्य श्रुतियों में भी विशेष के निराकरण द्वारा अक्षरपदवाच्य परब्रह्म का श्रवण होता है। उनमें कहीं-कहीं पर कुछ अतिरिक्त विशेष का भी निषेध किया गया है। ऐसी स्थिति में उन सभी विशेषप्रतिषेधबुद्धि को सर्वत्र प्राप्ति होती है अथवा इसकी व्यवस्था है अर्थात् सभी निषेधों का सर्वत्र चिन्तन करना चाहिए या जितने निषेध जहां बतलाये गये हैं उतने का ही चिन्तन करना चाहिए, ऐसा संशय होने पर पूर्वपक्ष की ओर से श्रुतिविभाग को देखते हुए व्यवस्था की प्राप्ति बतलायी गयी है। किन्तु सिद्धान्त पक्ष से कहा गया है कि अक्षरब्रह्म के ज्ञान के लिए सभी विशेषप्रतिषेध बुद्धि का सर्वत्र उपसंहार करना चाहिए क्योंकि सर्वत्र विशेषनिराकरणरूप ब्रह्मप्रतिपादनप्रकार समान ही है और वही प्रतिपाद्य ब्रह्म सर्वत्र अभिन्नरूप से प्रत्यभिज्ञात होता है। इस स्थिति में अन्यत्र सुनी गयी निषेधबुद्धि का उपसंहार अन्यत्र क्यों नहीं होगा, ऐसा ही व्याख्यान 'आनन्दादयः

---

१. प्रमाजनकाः।

व्याख्यातम् । तत्र विधिरूपाणि विशेषणानि चिन्तितानीह प्रतिषेधरूपाणीति विशेषः प्रपञ्चार्थश्चायं चिन्ताभेदः । औपसदवदिति निदर्शनम् । यथा जामदग्न्येऽहीने पुरोडाशिनीषूपसत्सु चोदितासु पुरोडाशप्रदानमन्त्राणाम् । 'अग्नेर्वेर्होत्रं वेरध्वरम्' इत्येवमादीनामुद्गातृवेदोत्पन्नानामप्यध्वर्युभिरभिसम्बन्धो भवति । अध्वर्युकर्तृकत्वात्पुरोडाशप्रदानस्य, प्रधानतन्त्रत्वाच्चाङ्गानाम् । एवमिहाप्यक्षरतन्त्रत्वात्तद्विशेषणानां यत्र क्वचिदप्युत्पन्नानाम-

तत्प्रमितेः समानत्वाच्छेषाणामुपसंहार इति चेत्तर्हि न्यायसाम्यात्पुनरुक्तितावदवश्यमित्यत आह— विशेषप्रपञ्चार्थ इति । आनन्दादीनां स्वरूपत्वादस्तूपसंहारः निषेधानामनात्मत्वाद[१]नन्त्याच्चा[२]नुपसंहार इत्यधिकाशङ्कायां तेषामनात्मत्वेऽपि निर्विशेष[३]ब्रह्मप्रमित्यर्थत्वादविद्यातज्जनिषेधत्वेन [४]संग्रहसिद्धेश्च निरपेक्षास्थूलानणुवाक्यस्थतया क्लृप्तनिषेधशब्दानामन्यत्रश्रुतनिषेधवाक्यैकवाक्यतयोपसंहार इति चिन्ता युक्तेत्यर्थः । अन्यत्र श्रुतशेषाणामन्यत्रस्थशेषिसंबन्धे दृष्टान्तं व्याचष्टे—यथेति । 'जमदग्निः पुष्टिकाम[५]श्चतूरात्रेणायजत' इत्युपक्रम्य विहितो जमदग्निना कृतो जामदग्न्यः, अहीनश्चतूरात्रः क्रतुस्तस्मिन्पुरोडाशिन्य उपसदो भवन्तीति पुरोडाशसाध्या इष्टयस्तैत्तिरीयके विहिताः, तासामध्वर्युकर्तृकत्वात्सामवेदोत्पन्नमन्त्राणां [६]तासु विनियोगादध्व[७]र्युणैव प्रयोगो नोद्गात्रेत्यर्थः । वेर्वेगणस्य होत्रं अध्वरं च कर्माग्नेस्त्वत एवेत्यग्न्यामन्त्रणमन्त्रार्थः । उत्पत्तिविधिर्गुणः फलापेक्षत्वादुत्पन्नस्य फले विनियोगविधिर्मुख्यः सफलत्वात् । तथाच मन्त्राणामुद्गातृवेदोत्पन्नत्वादुद्गात्रा प्रयोगः, विनियोगविधिनाध्वर्युणा प्रयोग इति गुणमुख्ययोर्व्यतिक्रमे विरोधे सति मुख्येन बलीयसा मन्त्रात्मकवेदस्याध्वर्युणा संयोग उत्पत्तेर्विनियोगार्थत्वादिति जैमिनिसूत्रार्थः । यद्यपि शाबरभाष्ये वारवन्तीयादिसाम्नामुच्चैःस्वरकसामवेदोत्पन्नत्वादाधानाङ्गत्वेनोच्चैः [८]स्वरप्रयोगः 'य एवं विद्वान्वारवन्तीयं गायति यज्ञायज्ञीयं गायति वामदेव्यं गायति' इत्याधाने तेषां विनियोगविधिना [९]याजुषेण याजुषस्योपांशुस्वरस्य [१०]प्रयोग इति गुणमुख्ययोर्विरोधे सत्युत्पत्तेर्विनियोगार्थत्वान्मुख्यविनियोगबलेन साम्नां यजुर्वेदस्वरसंयोग इति सूत्रं व्याख्यातं, तथापि न्यायसाम्यादौपसदमन्त्राः सूत्रविषयत्वेनोदाहृता इत्यविरोधः ॥३३॥

प्रधानस्य' इस सूत्र का किया जा चुका है । वहाँ पर विधिरूप विशेषणों की चिन्ता की गयी है और यहाँ पर निषेधरूप विशेषणों की चिन्ता की जाती है, इस प्रकार यह विशेषविस्तार के लिए चिन्ताभेद है । 'औपसदवत्' यह दृष्टान्त दिया गया है । जैसे जमदग्नि द्वारा अनुष्ठान किये गये चार रात्रियों में पूर्ण होने वाले अहीननामक सोमयाग में विहित पुरोडाशयुक्त उपसद इष्टियों में 'हे अग्ने ! देवताओं का होत्र और अध्वर कर्म तुमसे हो सम्पन्न होता है' इत्यादि उद्गाता के वेद में उत्पन्न हुए पुरोडाशप्रधान मन्त्रों का भी अध्वर्यु के साथ सम्बन्ध होता है क्योंकि पुरोडाशप्रदान का कर्ता अध्वर्यु कहा गया है और अङ्ग सदा प्रधान के आधीन ही होते हैं । ऐसे ही यहाँ पर भी अक्षर-ब्रह्म के आधीन होने के कारण उसके निषेधविशेषण जहाँ कहीं भी उत्पन्न हुए हों उनका सर्वत्र अक्षर-ब्रह्म के

१. सामवेदः । २. आनन्त्याच्चेति निषेध्यानन्त्येनेत्यादौ शेषः । ३. अनुपसंहार इति-उक्तहेतुभ्यां उपसंहारायोगात्किंचिन्निषेधेनान्यलक्षणायां च श्रुतेनैवेष्टसिद्धेरिति भावः । ४. लक्षणयेति शेषः । ५. संग्रहसिद्धेश्चेति निषेध्य द्वैतस्य भू-भूतभौतिकत्वादिरूपस्य मितत्वेन तत्रापि मितिमिति सिद्धेरिति भावः । ६. एतन्नामधेयेन क्रतुना । ७. उदगात्रा प्रयोगे प्राप्ते । ८. अध्वर्युप्रदानकपुरोडाशयुक्तासु । ९. प्राप्त इति शेषः । १०. यजुर्वेदीयेन विधिना । ११. प्राप्त इति पूर्ववत् ।

२१. इयदधिकरणम् (सू० ३४)

(३६३) इयदामननात् ॥३४॥

पिबन्तौ द्वा सुपर्णेति द्वे विद्ये अथर्वकता । भोक्तारौ भोक्त्रभोक्तारावितिः विद्ये उभे इमे ।
पिबन्तौ भोक्त्रभोक्तारावित्युक्तं हि समन्वये । इयत्ताप्रत्यभिज्ञानाद्विद्यैका मन्त्रयोर्द्वयोः ॥

क्षरेण सर्वत्राभिसम्बन्ध इत्यर्थः । तदुक्तं प्रथमे काण्डे—'गुणमुख्यव्यतिक्रमे तदर्थत्वान्मुख्येन वेदसंयोगः (जै० सू० ३-३-८) इत्यत्र ॥३३॥

'द्वा[1] सुपर्णा सयुजा सखाया समानं [2]वृक्षं परिषस्वजाते। तयोरन्यः [3]पिप्पलं स्वाद्वत्त्यन-श्नन्नन्यो [5]अभिचाकशीति' (मु० ३-११) इत्यध्यात्माधिकारे मन्त्रमाथर्वणिकाः श्वेताश्वतराश्च

साथ सम्बन्ध माना जायेगा। ऐसा ही प्रथम काण्ड-जैमिनि दर्शन में कहा गया है कि 'गुण और मुख्य का विरोध होने पर मन्त्ररूप वेद का बलवान, मुख्य अध्वर्यु के साथ संयोग होता है क्योंकि उत्पत्ति और स्थिति विनियोग के लिए होती है।' यद्यपि शाबरभाष्य में इस सूत्र का व्याख्यान कुछ अन्य प्रकार से किया गया है फिर भी न्याय तुल्य होने के कारण औपसद मन्त्र सूत्र के विषयरूप से उदाहृत किये गये हैं, ऐसा करने में कोई विरोध नहीं है ॥३३॥

२१. इयदधिकरण

१. सङ्गति—पहले प्रतिपाद्य ब्रह्म की प्रत्यभिज्ञा होने के कारण सर्वत्र निर्गुण ब्रह्मविद्या एक ही है, इसलिए निषधश्रुतियों का सर्वत्र उपसंहार कहा गया था; किन्तु इस अधिकरण में प्रतिपाद्य वस्तु का भेद होने से विद्या भिन्न है, इस प्रकार प्रत्युदाहरण सङ्गति के कारण यह अधिकरण प्रारम्भ करते हैं।

२. विषय—मुण्डक तथा कठ श्रुति में कही गयी ब्रह्मविद्या के भेदाभेद पर इस अधिकरण में विचार किया गया है।

३. संशय—**'द्वा सुपर्णा सयुजा सखाया'** इस मुण्डक श्रुति तथा **'ऋतं पिबन्तौ सुकृतस्य लोके'** इस कठ श्रुति में बतलायी गयी विद्या एक है अथवा भिन्न है?

४. पूर्वपक्ष—एक स्थान पर एक भोक्ता और दूसरे स्थान पर दो भोक्ता बतलाये गये हैं, इस इस प्रकार भेद देखे जाने के कारण विद्या भिन्न है।

५. सिद्धान्त—प्रथमाध्याय-द्वितीय पाद के तृतीय अधिकरण में **'पिबन्तौ'** शब्द जीव एवं ब्रह्मपरक होने से उसका भोक्ता और अभोक्ता अर्थ किया गया है, अतः वेद्यवस्तु में भेद नहीं है और द्वित्व संख्या की प्रत्यभिज्ञा उभयत्र समानरूप से होती है, इसलिए उक्त दोनों स्थलों में विद्या एक ही है।

इयदामननात् (ललिता)

'सुन्दर पंखवाले', नियम्यनियामकभाववाले और सदा साथ ही रहने वाले शरीरनामक वृक्ष पर दो पक्षी रहते हैं, उनमें से एक स्वादिष्ट फल का उपभोग करता है और दूसरा फलभोग न करता हुआ केवल उसे प्रकाश देता रहता है' ऐसा अध्यात्मप्रसङ्ग में आथर्वणिक और श्वेताश्वतर

१. सुपर्णौ शोभमानपतनौ वृक्षाश्रयणादिश्रवणेन पक्षिसामान्यात्सुपर्णावित्यर्थः सयुजौ सहैव सर्वदा युक्तौ सखायौ समानाख्यानौ समानाभिव्यक्तिकारणौ सतौ समानमविशेषमुपलब्ध्यधिष्ठान तयैक वृक्ष वृक्षमिवोच्छेदसामान्य च्छरीरं वृक्षं परिषस्वजाते परिष्वक्तवंतौ । २. शरीरम् । ३. क्षेत्रज्ञः । ४. कर्मफलम् । ५. ईश्वरः । ६. प्रेरयति ।

पठन्ति । तथा कठाः—'ऋतं पिबन्तौ सुकृतस्य लोके गुहां प्रविष्टौ परमे परार्धे । छायातपौ ब्रह्मविदो वदन्ति पञ्चाग्नयो ये च त्रिणाचिकेताः' (३-१) इति । किमत्र विद्यैकत्वमुत विद्यानानात्वमिति संशयः । किं तावत्प्राप्तं विद्यानानात्वमिति । कुतः ?—विशेषदर्शनात् । द्वा सुपर्णेत्यत्र ह्येकस्य भोक्तृत्वं दृश्यते, एकस्य चाभोक्तृत्वं ऋतं पिबन्तावित्यत्रोभयोरपि भोक्तृत्वमेव दृश्यते, तद्वेद्यरूपं भिद्यमानं विद्यां भिन्द्यादित्येवं प्राप्ते ब्रवीति, विद्यैकत्वमिति ।

कुतः ? यतः उभयोरप्येतयोर्मन्त्रयोरियत्तापरिच्छिन्नं[1] द्वित्वोपेतं वेद्यरूपमभिन्नमामनन्ति । ननु दर्शितो रूपभेदः । नेत्युच्यते । 'उभावप्येतौ मन्त्रौ जीवद्वितीयमीश्वरं प्रतिपादयतो नार्थान्तरम्[2], 'द्वा सुपर्णा' इत्यत्र तावत् 'अनश्नन्नन्यो अभिचाकशीति' इत्यशनायाद्यतीतः परमात्मा प्रतिपाद्यते, वाक्यशेषेऽपि च स एव प्रतिपाद्यमानो दृश्यते ।

इयदामननात् । मन्त्रद्वयेऽपि प्रतिपादनप्रकारभेदात् ज्ञेयैक्यभानाच्च संशयमाह—किमत्रेति । ऋतपानवाक्ये 'अक्षरं ब्रह्म यत्परम्' इति गुणाः श्रुताः, सुपर्णवाक्येऽनश्नत्वादयस्तेषां मिथोऽनुपसंहार इति पूर्वपक्षफलं, सिद्धान्ते तूपसंसारिब्रह्मस्वरूपवाक्यार्थैक्यादुपसंहार इति विवेकः ।

अस्तु वेद्यैक्यादक्षरधियामुपसंहारः । इह नु वेद्यभेदान्नोपसंहार इति प्रत्युदाहरणेन पूर्वपक्षः । नन्वयं गुहाधिकरणे निरस्त इति चेत्, सत्यं, किंतु पिबत्पदस्य मुख्यार्थत्वाय स्वतः कल्पनया च पानकृत्याश्रयौ बुद्धिजीवौ पिबन्तौ ग्राह्यौ, सुपर्णौ तु जीवेश्वरावित्यधिकाशङ्कायां मन्त्रद्वयेऽपि द्विवचनशब्दसामान्यादौत्पत्तिकद्वित्वविशिष्टतया तुल्यवस्तुद्वयप्रत्यभिज्ञानस्य बाधकाभावात्प्रकरणाद्यनुग्रहाच्च जीवानुवादेनासंसारिब्रह्मणि मन्त्रद्वयतात्पर्यमिति प्रपञ्चार्थमिदं सूत्रमिति भावः ।।३४।।

वाले पाठ करते हैं। वैसे ही 'अपने कर्म के फल को भोगने वाले छाया और आतप के समान परस्पर विलक्षण स्वभाववाले दो तत्त्व शरीरस्थ बुद्धिरूपी गुहा के भीतर प्रकृष्ट ब्रह्मस्थान में प्रविष्ट है ऐसा ब्रह्मवादी लोग कहते हैं जिन्होंने पञ्चाग्नि की उपासना की है और नाचिकेत अग्नि का तीन बार चयन किया है' ऐसा कठ शाखावाले कहते हैं। यहाँ पर यह संशय होता है कि दोनों मन्त्रों में बतलायी गयी विद्या एक है अथवा भिन्न है। इस पर पूर्वपक्ष कहता है कि विद्या नाना है क्योंकि 'द्वा सुपर्णा' इस मन्त्र में एक भोक्ता और एक अभोक्ता देखा जाता है, किन्तु 'ऋतं पिबन्तौ' इस मन्त्र में दोनों में ही भोक्तृत्व दीखता है। अतः वेद्यरूप भिन्न होने पर विद्या भी भिन्न ही मानी जायेगी।

ऐसा पूर्वपक्ष होने पर सिद्धान्ती कहता है कि दोनों स्थानों में विद्या एक है क्योंकि इन दोनों ही मन्त्रों में द्वित्वरूप इयत्ता से परिच्छिन्न वेद्य का रूप अभिन्न बतलाते हैं। शङ्का—वेद्य का रूपभेद तो हम दिखला चुके हैं। समाधान—ऐसा कहना ठीक नहीं है क्योंकि ये दोनों ही मन्त्र जीव से भिन्न द्वितीय ईश्वर को बतलाते हैं, अर्थान्तर को नहीं। 'द्वा सुपर्णा' इस मन्त्र में 'जीव से भिन्न दूसरा परमात्मा भोग न करता हुआ केवल भोगनेवाले जीव को प्रकाश देता रहता है' इत्यादि द्वारा परमात्मा क्षुधा से अतीत बतलाया गया है। इसके वाक्यशेष में भी वही परमात्मा प्रतिपाद्यरूप से

---

१. इयत्तापरिच्छिन्नमित्येतदेव व्याचष्टे द्वित्वेति । २. जीवम् । ३. जीवानुवादेन तद्याथार्थ्यं परमात्मतत्त्वं प्रतिपाद्यमित्येतदाथर्वणादिमंत्रे साधयति द्वासुपर्णेति ।

२२. अन्तरत्वाधिकरणम् (सू० ३५-३६)

विद्याभेदोऽथ विद्यैक्यं स्यादुषस्तकहोलयोः । समानस्य द्विराम्नानाद्विद्याभेदः प्रतीयते ॥
सर्वान्तरत्वमुभयोरस्ति विद्यैकता ततः । शङ्काविशेषनुत्यै द्विः पाठस्तत्त्वमसीतिवत् ॥

'जुष्टं यदा पश्यत्यन्यमीशमस्य महिमानम्' (श्वे० ४-७) इति । 'ऋतं पिबन्तौ' इत्यत्र तु जीवे पिबत्यशनायाद्यतीतः परमात्मापि तत्साहचर्याच्छत्रिन्यायेन पिबतीत्युपचर्यते । परमात्मप्रकरणं ह्येतत् 'अन्यत्र धर्मादन्यत्राधर्मात्' (क० २-१४) इत्युपक्रमात् । तद्विषय एव [1]चात्रापि वाक्यशेषो भवति 'यः [2]सेतुरीजानानामक्षरं ब्रह्म यत्परम्' (क०३-२) इति । 'गुहां प्रविष्टावात्मानौ हि' (ब्र० सू० १-२-११) इत्यत्र चैतत्प्रपञ्चितम् । तस्मान्नास्ति वेद्यभेदस्तस्माच्च विद्यैकत्वम् । अपिच त्रिष्वप्येतेषु वेदान्तेषु पौर्वापर्यालोचने परमात्मविद्यैवावगम्यते तादात्म्यविवक्षयैव जीवोपादानं नार्थान्तरविवक्षया । नच परमात्मविद्यायां भेदाभेदविचारावतारोऽस्तीत्युक्तम् । तस्मात्प्रपञ्चार्थ एवैष योगः । तस्माच्चाधिकधर्मोपसंहार इति ॥३४॥

दीखता है—'जब यह जीव अनेक योगमार्गों से उपासित, देहादि से भिन्न ईश्वर को और उसकी महिमा को देखता है तब वह शोकरहित हो जाता है' इत्यादि । किन्तु **'ऋतं पिबन्तौ'** इस मन्त्र में जीव के फलभोग करने पर क्षुधादि से अतीत परमात्मा भी साहचर्य के कारण छत्रिन्याय से पान करनेवाला कह दिया गया है जो औपचारिक है क्योंकि यह प्रकरण परमात्मा का है—'जो धर्म से भिन्न और अधर्म से भिन्न है' यहाँ से प्रसङ्ग प्रारम्भकर उस विषय में ही यहाँ भी वाक्यशेष है कि 'जो यज्ञादि कर्म करने वाले यजमान का सेतु है और जो परब्रह्म अक्षररूप है ।' यही बात **'गुहां प्रविष्टावात्मानौ हि'** इस सूत्र की व्याख्या में विस्तार से कह आये हैं । अतः दोनों ही मन्त्रों में वेद्य का भेद नहीं है और इसलिए विद्या एक ही है । इसके अतिरिक्त इन तीनो वेदान्तवाक्यों पर पौर्वापर्य का विचार करने से परमात्मविद्या हो जान पड़ती है । परमात्मा के साथ जीव का तादात्म्य बतलाने की इच्छा से ही जीव का उपादान किया गया है, अर्थान्तर बतलाने की इच्छा से नहीं । और परमात्मविद्या में जीव-ब्रह्म के भेदाभेद के विचार का प्रसङ्ग नहीं आता है, ऐसा हम पहले कह आये हैं । अतः विस्तार के लिए ही यह प्रसङ्ग आया है और इसीलिए अधिक धर्म का उपसंहार दोनों ही मन्त्रों में करना चाहिए । दोनों ही स्थलों में तुल्यवस्तुद्वय के प्रत्यभिज्ञान का बाधक कोई नहीं दीखता और प्रकरण अनुग्राहक होने से सार्वजनीन अनुभवसिद्ध जीव का अनुवादकर संसारधर्म से अतीत परब्रह्म को बतलाने में मन्त्रद्वय का तात्पर्य है, यह सिद्ध हुआ ॥३४॥

२२. अन्तराधिकरण

१. सङ्गति—पिछले अधिकरण में **'पिबन्तौ'** इस पद को लाक्षणिक मानकर दोनों ही मन्त्रों में भोक्ता और अभोक्ता अर्थ कर लेने से विद्या एक ही सिद्ध की गयी थी, पर यहाँ अर्थ का अभेद होने पर भी विद्या एक इसलिए नहीं मानी जायेगी क्योंकि पुनरावृत्ति देखी जाती है; इस प्रकार की प्रत्युदाहरण सङ्गति के कारण यह अधिकरण प्रारम्भ किया गया है ।

---

१. काठकेपि । २. ईजानानां यजमानानां कर्मिणां पापतरणार्थत्वात्सेतुरिव सेतुरित्यर्थः ।

(३९४) अन्तरा भूतग्रामवत्स्वात्मनः ॥३५॥

'यत्साक्षादपरोक्षाद्ब्रह्म य आत्मा सर्वान्तरः' (बृ० ३-४-१—३-५-१) इत्येवं द्विरुषस्ति-कहोलप्रश्नयोर्नैरन्तर्येण वाजसनेयिनः समामनन्ति । तत्र संशयः—विद्यैकत्वं वा स्याद्विद्यानानात्वं वेति । किं तावत्प्राप्तम् ? विद्यानानात्वमिति, कुत ? अभ्याससामर्थ्यात् । अन्यथा ह्यन्यूनानतिरिक्तार्थं द्विराम्नानमनर्थकमेव स्यात् । तस्माद्यथाभ्यासात्कर्मभेद एवमभ्यासाद्विद्याभेद इति ।

एवं प्राप्ते प्रत्याह—[2]अन्तराम्नानाविशेषात्स्वात्मनो विद्यैकत्वमिति । सर्वान्तरो हि

अन्तरा भूतग्रामवत्स्वात्मनः । घटादिकं चिद्विषयत्वेनापरोक्षम्, ब्रह्म तु साक्षादविषयत्वेनापरोक्षमिति, प्रथमार्थे पञ्चमी । अत्र श्रुतावा[3]त्मधर्मोऽपरोक्षत्वं ब्रह्मण्युक्तं, ब्रह्मधर्मः सर्वान्तरत्वमात्मन्युक्तं, तेन तयोरैक्यं दृढीकृतं मन्तव्यं, तन्मे व्याचक्ष्वेत्यु[4]षस्तिप्रश्ने याज्ञवल्क्येन प्राणादिप्रेरको दृष्ट्यादिसाक्षी प्रतिपादितः । तथैव 'यदेव साक्षादपरोक्षाद्ब्रह्म य आत्मा सर्वान्तरस्तन्मे व्याचक्ष्व' इति कहोलप्रश्नेऽशनायाद्यतीतः प्रतिपादितः । तत्र ब्राह्मणद्वयेऽपि प्रश्नादभ्यासात्सर्वान्तरत्वप्रत्यभिज्ञानाच्च संशये [5]मन्त्रयोर्वेद्यैक्यादस्तु विद्यैक्यं, इह तु ब्राह्मणयोर्वेद्यैक्येऽपि अभ्यासाद्विद्याभेदः, यजत्यभ्यासात्प्रयाजभेदवदिति प्रत्युदाहरणेन पूर्वपक्षः, तत्र मिथो धर्मानुपसंहारः फलं, सिद्धान्ते तूपसंहार इति विवेकः ।

---

२. **विषय**—बृहदारण्यक के उषस्त और कहोल ब्राह्मण में प्रतिपादित विद्या के भेदाभेद पर इस अधिकरण में विचार किया गया है ।

३. **संशय**—क्या उषस्त और कहोल ब्राह्मण में प्रतिपादित विद्या एक है अथवा भिन्न है ?

४. **पूर्वपक्ष**—'यत्साक्षादपरोक्षाद् ब्रह्म', 'य आत्मा सर्वान्तरः' ऐसा दो बार पाठ एक ही वाजसनेय शाखा के उषस्त एवं कहोल ब्राह्मण में आया है, अतः पुनरुक्तिपरिहार के लिए इन दोनों स्थानों में विद्या भिन्न माननी चाहिए ।

५. **सिद्धान्त**—दोनों स्थानों में सर्वान्तरत्व समानरूप से कहा गया है, अतः वेद्यवस्तु का अभेद होने के कारण विद्या एक है । विशेष शङ्का की निवृत्ति के लिए दो बार पाठ वैसे ही किया गया है जैसे 'तत्त्वमसि' महावाक्य का पाठ नौ बार किया गया है ।

अन्तरा भूतग्रामवत्स्वात्मनः (ललिता)

'जो साक्षात् अपरोक्ष ब्रह्म है' और 'जो सर्वान्तर आत्मा है' ऐसा बृहदारण्यक के उषस्त एवं कहोल के प्रश्नों में दो बार, एक के बाद दूसरा, एक जैसा पाठ मिलता है । वहाँ पर संशय होता है कि उक्त दोनों ब्राह्मणों में विद्या एक है अथवा भिन्न है । इस पर पूर्वपक्ष में कहा गया है कि विद्या भिन्न है क्योंकि प्रश्न की पुनरावृत्ति दीखती है । यदि भिन्न विद्या नहीं होती तो ज्यों का त्यों एक जैसा दो बार पाठ अनर्थक ही हो जाता । अतः अभ्यास के भेद से जिस प्रकार कर्म में भेद माना गया है ऐसे ही अभ्यास के कारण यहाँ पर विद्या में भेद ही मानना उचित है ।

ऐसा पूर्वपक्ष होने पर सिद्धान्त में कहा गया है कि अन्तरात्मा एक जैसा होने के कारण दोनों ब्राह्मण में एक ही विद्या है क्योंकि सर्वान्तर अपना स्वरूप दोनों ही स्थलों पर समान रूप से पूछा

---

१. उशस्त इति पाठः साधुः । २. पूर्वसूत्रस्थमामननादिति पदमिहानुषक्तमित्यंगीकृत्य स्वात्मनोऽन्तराम्नानाविशेषादित्युक्तं तदेव स्फुटयतिसर्वान्तरेति । ३. त्वं पदार्थधर्मः । ४. उषस्त इति पाठः । ५. द्वा सुपर्णा ऋतं पिबंतावित्यनयोः ।

(३६५) अन्यथा भेदानुपपत्तिरिति चेन्नोपदेशान्तरवत् ॥३६॥

स्वात्मोभयत्राप्यविशिष्टः पृच्छ्यते च प्रत्युच्यते च। नहि द्वावात्मानावेकस्मिन्देहे सर्वान्तरौ संभवतः। तदा ह्येकस्याञ्जसं सर्वान्तरत्वमवकल्प्येत। एकस्य तु भूतग्रामवन्नैव सर्वान्तरत्वं स्यात्। यथा च पञ्चभूतसमूहे देहे पृथिव्या आपोऽन्तरा अद्भ्यस्तेजोऽन्तरमिति सत्यप्यापेक्षिकेऽन्तरत्वे नैव मुख्यं सर्वान्तरत्वं भवति तथेहापीत्यर्थः। अथ वा भूतग्रामवदिति श्रुत्यन्तरं निदर्शयति। यथा—'एको देवः सर्वभूतेषु गूढः सर्वव्यापी सर्वभूतान्तरात्मा' (श्वे० ६-११) इत्यस्मिन्मन्त्रे समस्तेषु भूतग्रामेष्वेक एव सर्वान्तर आत्माम्नायते, एवमनयोरपि ब्राह्मणयोरित्यर्थः। तस्माद्वेद्यैकत्वाद्विद्यैकत्वमिति ॥३५॥

अथ यदुक्तमनभ्युपगम्यमाने विद्याभेदे आम्नानभेदानुपपत्तिरिति तत्परिहर्तव्यम्। अत्रोच्यते—नायं दोषः। उपदेशान्तरवदुपपत्तेः। यथा ताण्डिनामुपनिषदि षष्ठे प्रपाठके—'स आत्मा तत्त्वमसि श्वेतकेतो' (छा० ६-८-७) इति नवकृत्वोऽप्युपदेशे न विद्याभेदो भवत्येवमिहापि भविष्यति। कथं च नवकृत्वोऽप्युपदेशे विद्याभेदो न, भवति? उपक्रमोप-

---

द्वयोः सर्वान्तरत्वानुपपत्त्या तावद्ब्राह्मणयोरेकवस्तुपरत्वं सिद्धम्। तथाच वेद्यैक्यान्निर्गुणविद्यैक्ये न विवादः ॥३५॥

ननु अन्यथा विद्यैक्याङ्गीकारे अभ्यासानुपपत्तिरिति चेदुच्यते—स एवाभ्यासः कर्मभेदको यो निरर्थकः, इह तूषस्तिब्राह्मणोक्तात्मन एवाशनायाद्यत्ययरूपविशेषकथनार्थत्वादभ्यासोऽन्यथासिद्धो न विद्याभेदक इति समुदायार्थः ॥३६॥

गया है और प्रतिउत्तर भी एक जैसा है। इसके अतिरिक्त एक शरीर में दो सर्वान्तर आत्मा का रहना सम्भव भी नहीं है, उस स्थिति में एक में मुख्य सर्वान्तरत्व की कल्पना करनी पड़ेगी और दूसरे में भूतग्राम की भाँति सर्वान्तरत्व गौण हो जायेगा। जैसे पञ्चभूतसमुदाय में पृथ्वी के भीतर जल और जल के भीतर तेज माना जाता है, इस प्रकार एक की अपेक्षा दूसरे को अन्तर मानने पर भी उनमें मुख्य सर्वान्तरत्व नहीं है, ऐसे ही यहाँ भी दोनों में मुख्य सर्वान्तरत्व नहीं माना जा सकता। अथवा '**भूतग्रामवत्**' इस वाक्य से सूत्रकार दूसरी श्रुति को दिखलाते हैं कि जिस प्रकार 'सभी भूतों में एक ही परमात्मदेव छिपा हुआ, सर्वव्यापक एवं सवभूतान्तरात्मा है', इस मन्त्र में समस्त भूतसमुदाय में एक ही सर्वान्तर आत्मा कहा जाता है, ऐसे ही उषस्त एवं कहोल ब्राह्मण में भी सर्वान्तर आत्मा एक ही बतलाना इष्ट है। इसलिए वेद्य के एक होने से दोनों में विद्या भी एक हो है ॥३५॥

अन्यथा भेदानुपपत्तिरिति चेन्नोपदेशान्तरवत् (ललिता)

और जो आप ने कहा था कि विद्या का भेद न मानने पर पाठभेद असङ्गत हो जायेगा, इस आक्षेप का परिहार करना है। अतः इस पर हमें कहना है कि यह दोष नहीं है। जैसे ताण्डिब्राह्मण के उपनिषद् में षष्ठ प्रपाठ में '**स आत्मा तत्त्वमसि श्वेतकेतो**' इस वाक्य के नौ बार उपदेश होने पर भी विद्या का भेद नहीं है, वैसे ही यहाँ पर भी अभ्यास के कारण विद्या में भेद नहीं

---

१. तथापि कथं ब्राह्मणयोरैक्यार्थ्यं तत्राह न हीति। २. द्वयोः सर्वान्तरत्वायुक्तं रुपैभ्य सिद्धे विद्यैक्यमित्यर्थः, कथं पुनर्द्वयोः सर्वान्तरत्वानुपपत्तिर्मनोमयत्वादिवदुपपत्तेस्तत्राह-तदाहीति।

२३. व्यतिहाराधिकरणम् (सू० ३७)

व्यतिहारे स्वात्मरव्योरेकधा धीरुत द्विधा। वस्त्वैक्यादेकधैक्यस्य दाढर्याय व्यतिहारगीः।
ऐक्येऽपि व्यतिहारोक्त्या धीर्द्वेधेशस्य जीवता। युक्तोपास्त्यै वाचनिकी मूर्तिवद्दाढर्यमार्थिकम्॥

संहाराभ्यामेकार्थतावगमात्। 'भूय एव मा भगवान्विज्ञापयतु' (छा० ६-५-४) इति चैकस्यैवार्थस्य पुनः पुनः प्रतिपिपादयिषितव्यत्वेनो[1] पक्षेपात्? आशङ्कान्तरनिराकरणेन चासकृदुपदेशोपपत्तेः। एवमिहापि प्रश्नरूपाभेदात्। 'अतोऽन्यदार्तम्' (बृ० ३-४-२–३-५-२) इति च परिसमाप्त्यविशेषादुपक्रमोपसंहारौ तावदेकार्थविषयौ दृश्येते। 'यदेव साक्षादपरोक्षाद्ब्रह्म' (बृ० ३-५-१) इति द्वितीये प्रश्न एवकारं प्रयुञ्जानः पूर्वप्रश्नगतमेवार्थमुत्तरत्रानुकृष्यमाणं दर्शयति। पूर्वस्मिंश्च ब्राह्मणे कार्यकरणव्यतिरिक्तस्यात्मनः सद्भावः कथ्यते, उत्तरस्मिंस्तु तस्यैवाशनायादिसंसारधर्मातीतत्वं कथ्यते इत्येकार्थतोपपत्तिः। तस्मादेका विद्येति ॥३६॥

जायेगा। उपक्रम-उपसंहार से एकार्थता का बोध होने के कारण नौ बार उपदेश किये जाने पर भी जैसे छान्दोग्य में विद्या का भेद नहीं होता, वैसे ही **'भूय एव मा भगवान् विज्ञापयतु'** इस एकार्थक-वाक्य का पुनः पुनः प्रतिपादन करने के इच्छा से आक्षेप उठाकर अन्य शङ्काओं के निराकरणपूर्वक अनेक बार उपदेश करना युक्तियुक्त है। ऐसे ही यहाँ भी प्रश्नरूप के अभेद होने और 'अतोऽन्यदार्तम्' (इस आत्मा से भिन्न सब तुच्छ हैं) इस परिसमाप्ति की समानता के कारण उपक्रम–उपसंहार एकार्थक देखे जाते हैं। **'यदेव साक्षादपरोक्षाद् ब्रह्म'** इस दूसरे प्रश्न में भी एवकार का प्रयोग करते हुए पूर्वप्रश्नगत अर्थ का ही उत्तरप्रश्न में आकर्षण श्रुति बतलाती है। अन्तर इतना ही है कि पूर्व उषस्त ब्राह्मण में कार्य-कारण से भिन्न आत्मा का सद्भाव बतलाया गया है और तदुत्तर कहोल ब्राह्मण में उसी आत्मा को क्षुधा–पिपासादि संसारधर्म से अतीत कहा गया है, इस प्रकार दोनों में एकार्थता की सिद्धि होती है। अतएव विद्या एक है ॥३६॥

२३. व्यतिहाराधिकरण

१. **सङ्गति**—पिछले अधिकरण में विद्या के एक होने पर भी अभ्यास आदरार्थ बतलाया गया था। वैसे ही जीव एवं ईश्वर के परस्पर विशेषण-विशेष्यभावरूप व्यतिहार उपदेश आदरार्थ होने के कारण ऐतरेयक में विद्या एक माननी चाहिए। इस प्रकार दृष्टान्त सङ्गति के कारण यह अधिकरण प्रारम्भ किया गया है।

२. **विषय**—ऐतरेयक श्रुति में आये हुए व्यतिहार पर इस अधिकरण में विचार किया गया है।

३. **संशय**—**'तद्योऽहं सोऽसौ योऽसौ सोऽहम्'** ऐसा आदित्य पुरुष के प्रसङ्ग में पाठ मिलता है इससे यह संशय होता है कि यहाँ पर व्यतिहाररूपा मनोवृत्ति दो प्रकार की बनानी चाहिए अथवा एक ही प्रकार की?

४, **पूर्वपक्ष**—वस्तु अभिन्न होने के कारण एक प्रकार की ही मनोवृत्ति बनानी चाहिए, व्यतिहार तो केवल दृढ़ता के लिए कहा गया है।

---

१. स्थापनात्।

(३९६) व्यतिहारो विंशिषन्ति हीतरवत् ॥३७॥

यथा—'तद्योऽहं सोऽसौ योऽसौ सोऽहम्' इत्यादित्यपुरुषं प्रकृत्यैतरेयिणः समामनन्ति, तथा जाबालाः 'त्वं वा अहमस्मि भगवो देवतेऽहं वै त्वमसि' इति। तत्र संशयः—किमिह व्यतिहारेणोभयरूपा मतिः कर्तव्योतैकरूप्यैवेति। [1]एकरूप्यैवेति तावदाह। न ह्यत्रात्मन ईश्वरेणैकत्वं मुक्त्वान्यत्किंचिच्चिन्तयितव्यमस्ति। यदि चैवं चिन्तयितव्यो विशेषः परिकल्प्येत संसारिणश्चेश्वरात्मत्वमीश्वरस्य संसार्यात्मत्वमिति। तत्र संसारिणस्तावदीश्वरात्मत्व उत्कर्षो भवेदीश्वरस्य तु संसार्यात्मत्वे निकर्षः कृतः स्यात्। तस्मादैकरूप्यमेव मतेः। व्यतिहाराम्नायस्त्वेकत्वदृढीकारार्थ इति।

एवं प्राप्ते प्रत्याह—व्यतिहारोऽयमाध्यानायाम्नायते। इतरवत्। यथेतरे गुणाः सर्वात्मत्वप्रभृतय आध्यानायाम्नायन्ते तद्वत्। तथाहि विंशिषन्ति समाम्नातार उभयोच्चारणेन [2]'त्वमहमस्म्यहं च त्वमसि' इति। [3]तच्चोभयरूपायां मतौ कर्तव्यायामर्थवद्भवति। अन्यथा

व्यतिहारः। जीवेशयोर्मिथो विशेषणविशेष्यभावो व्यतिहारः, 'तस्य श्रुतत्वात्, उत्कृष्टदृष्टिर्निकृष्टे कृता फलवतीति न्यायाच्च संशये जीवे ईश्वरत्वमतिरेव कार्या उक्तन्यायात्, व्यतिहारश्रुतिस्तु तस्या एव दृढीकरणार्थत्वेनाभ्यासवदन्यथासिद्धेति दृष्टान्तेन पूर्वपक्षः। तत्र लाघवं फलं, सिद्धान्ते तु श्रुत्यर्थवत्त्वमिति विवेकः।

एकेनैव त्वमहमस्मीत्युच्चारणेनैकत्वमतेः कृतत्वादहं त्वमसि इति वृथा स्यादित्यर्थः। उक्तदोषं

---

५. सिद्धान्त—वस्तु के एक होने पर भी व्यतिहारकथन होने से उपास्यविषयक बुद्धि दो प्रकार से करनी चाहिए। जैसे चतुर्भुज आदि मूर्तियों का चिन्तन भिन्न-भिन्न प्रकार से किया जाता है, ऐसे ही यहाँ भी भिन्न प्रकार से चिन्तन करना चाहिए, दार्ढ्य तो अर्थतः सिद्ध हो जायेगा।

व्यतिहारो विंशिषन्ति हीतरवत् (ललिता)

आदित्य पुरुष का प्रसङ्ग प्रारम्भकर 'जो मैं हूँ वही वह है और जो वह है वह मैं हूँ' इस वाक्य का पाठ ऐतरेय शाखावाले करते हैं। वैसे ही जाबाल शाखावाले 'भगवन! हे देवता! जो तू है वही मैं हूँ और जो मैं हूँ वही तुम हो' ऐसा पढ़ते हैं। वहाँ पर संशय होता है कि जीव-ईश्वर के परस्पर विशेषण विशेष्यभावरूप (व्यतिहाररूपा) उभयप्रकार का बुद्धि करनी चाहिए अथवा एकरूपा ही करनी चाहिए। इस पर पूर्वपक्षी एकरूपा ही बुद्धि मानता है क्योंकि जीवात्मा के साथ ईश्वर के एकत्व को छोड़कर और कुछ भी चिन्तनयोग्य नहीं है। यदि चिन्तनीयविशेष की कल्पना करोगे तो संसारी जीव में ईश्वरात्मत्व और ईश्वर में संसारीरूपत्व आने पर, निःसन्देह संसारी जीव का ईश्वर मानने पर उसका उत्कर्ष बढ़ेगा, किन्तु ईश्वर को संसारी मानने पर ईश्वर में न्यूनता आ जायेगा; अतः एकरूपता ही बुद्धि में होनी चाहिए, व्यतिहार पाठ तो एकत्व को दृढ़ करने के लिए आया है।

ऐसा पूर्वपक्ष होने पर सिद्धान्ती प्रत्युत्तर देता है कि यह व्यतिहार पाठ अच्छी प्रकार से ध्यान करने के लिए किया गया है। जैसे सर्वात्मत्वादि अन्य गुण ध्यान के लिए पढ़े जाते हैं वैसे ही व्यतिहार पाठ भी ध्यान के लिए करते हैं। वेद के विद्वान् दोनों ही प्रकार से उच्चारणपूर्वक 'त्वमहमस्म्यहं च

---

१. त्वमहमस्मीत्येवरूपैव नान्या। २. विशेषेणोभयाम्नानम्। ३. व्यतिहारस्य।

२४. सत्याद्यधिकरणम् (सू० ३८)

द्वे सत्यविद्ये एका वा यक्षरव्यादिवाक्ययोः । फलभेदादुभे लोकजयात्पापहतेः पृथक् ।
प्रकृताकर्षणादेका पापघातोऽङ्गधीफलम् । अर्थवादोऽथवा मुख्यो युक्तोऽधिकृतिकल्पकः ।।

हीदं विशेषेणोभयाम्नानमनर्थकं स्यात् । एकेनैव कृतत्वात् । ननूभयाम्नानस्यार्थविशेषे परिकल्प्यमाने देवतायाः संसार्यात्मत्वापत्तेर्निकर्षः प्रसज्येतेत्युक्तम् । नैष दोषः । ऐकात्म्यस्यैवानेन प्रकारेणानुचिन्त्यमानत्वात् । नन्वेवं सति स एवैकत्वदृढीकार आपद्येत । न वयमेकत्वदृढीकारं वारयामः किं तर्हि व्यतिहारेणेह द्विरूपा मतिः कर्तव्या वचनप्रामाण्यान्नैकरूपेत्येतावदुपपादयामः । फलतस्त्वेकत्वमपि दृढीभवति । यथाध्यानार्थेऽपि सत्यकामादिगुणोपदेशे तद्गुण ईश्वरः प्रसिध्यति तद्वत् । तस्मादयमाध्यातव्यो व्यतिहारः समाने च विषय उपसंहर्तव्यो भवतीति ।।३७।।

स्मारयति—नन्विति । संदिग्धेऽर्थे न्यायः सावकाशः, इह तु श्रुतत्वादन्योन्यात्मत्वं ध्येयं, **ब्रह्मणि मनोमयत्वादिवज्जीवात्मत्वस्य ध्यानार्थमारोपेऽपि निकर्षप्रसक्त्यभावादिति परिहरति**—नैष दोष इति । **ब्रह्मणि निकर्षं हित्वा जीवतादात्म्यध्याने मदुक्तमेवागतमिति शङ्कते**—नन्वेवमिति । **मतेर्द्विरूपत्वं त्वदनुक्तमस्माभिरुच्यते ध्यानपरं वाक्यमिदमेकत्वं तु मानान्तराविरोधात्सिध्यतीति समाधत्ते**—न वयमिति । **अहंग्रहोपास्तिष्वयं व्यतिहार उपसंहर्तव्य इत्याह**—तस्मादिति ।।३७।।

त्वमसि' ऐसा विशेषण लगाया करते हैं। यह पाठ उभयरूपा बुद्धिवृत्ति करने पर ही सार्थक होता है, अन्यथा विशेषरूप से यह पाठ जो किया गया है वह अनर्थक हो जायेगा क्योंकि एक प्रकार के चिन्तन से ही प्रयोजन सिद्ध हो जाता है। शङ्का—उभयपाठ का प्रयोजनविशेष मानने पर देवता में संसारीरूपत्व आ जाने के कारण न्यूनता आ जायेगी, ऐसा हमने कहा था। समाधान—यह कोई दोष नहीं है क्योंकि इस प्रकरण द्वारा एकात्मता का ही चिन्तन बतलाया गया है। शङ्का—तब तो वही एकत्व दृढ़ करना प्रयोजन आप ने भी बतलाया। समाधान—हम एकत्वदृढ़करण प्रयोजन का निषेध नहीं करते हैं; किन्तु व्यतिहाररूप से हो वचन प्रमाण के आधार पर द्विरूपा बुद्धि करनी चाहिए, एकरूपा नहीं, ऐसा हम बतलाते हैं। फलतः एकत्व भी दृढ़ होता है। जैसे ध्यान के लिए सत्यकामत्वादि गुणों का उपदेश करने पर भी उन गुणों से प्रसिद्ध ईश्वर हो जाता है वैसे ही दो प्रकार से बुद्धि बनाने पर भी जीव-ईश्वर में एकत्व दृढ़ होती ही है। अतः अहंग्रह उपासनाओं में पढ़ा गया यह व्यतिहार जो ध्यातव्य है उसका उपसंहार करना ही चाहिए ।।३७।।

२४. सत्याद्यधिकरण

१. **सङ्गति**—पिछले अधिकरण में जीव-ब्रह्म के व्यतिहार के उपदेशभेद के कारण दो प्रकार की मनोवृत्ति बनाने के लिए कहा था, ऐसे ही यहाँ भी '**जयतीमाँल्लोकान्**' और '**हन्ति पाप्मानम्**' इन श्रुतियों में लोकजय और पापहननरूप फलकथन से विद्या में भेद सिद्ध होता है; इस प्रकार दृष्टान्त सङ्गति के कारण यह अधिकरण प्रारम्भ किया जाता है।

२. **विषय**—अधिदैव और अध्यात्म स्थल के भेद से सत्यविद्या के भेदाभेद पर इस अधिकरण में विचार किया गया है।

(३९७) सैव हि सत्यादयः ॥३८॥

'स यो हैतं महद्यक्षं प्रथमजं वेद सत्यं ब्रह्म' (बृ० ५-४-१) इत्यादिना वाजसनेयके सत्यविद्यां [1]सनामाक्षरोपासनां विधायानन्तरमाम्नायते—'तद्यत्तत्सत्यमसौ स आदित्यो य एष एतस्मिन्मण्डले पुरुषो यश्चायं दक्षिणेऽक्षन्पुरुषः' (बृ० ५-५-२) इत्यादि । तत्र संशयः—किं द्वे एते सत्यविद्ये किंवैकैवेति । द्वे इति तावत्प्राप्तम् । भेदेन हि फलसंयोगो भवति 'जयतीमाँल्लोकान्' (बृ० ५-४-१) इति पुरस्तात् 'हन्ति पाप्मानं जहाति च' (बृ० ५-५-३-४) इत्युपरिष्टात् । प्रकृताकर्षणं तूपास्यैकत्वादिति ।

सैव हि सत्यादयः । स यः कश्चिदधिकारी महद्व्यापकं यक्षं पूज्यं भौतिकेषु प्रथमजमेतत्सच्च त्यच्चेति सत्यं ब्रह्म हिरण्यगर्भाख्यं वेदोपास्ते तस्य लोकजयः फलमित्यर्थः । सत्यमिति नाम त्र्यक्षरं सत्यमिति, तत्र प्रथमोत्तमे अक्षरे सत्यं, मध्यस्थमक्षरमनृतमुभयतः सत्येन संपुटितत्वात्सत्यप्रायमेव भवतीति नामाक्षरोपासना सत्यविद्याङ्गत्वेनोक्ता । यत्तत्पूर्वप्रकृतं हृदयाख्यं तत्संप्रयुक्तयक्षत्वादिगुणकं, सोऽसावादित्यमण्डलेऽक्षिणि च पुरुषस्तस्याहरित्यहमिति च नामद्वयज्ञानात्पापक्षयः फलमित्यर्थः । अत्र पूर्वोत्तरवाक्ययोः फलभेदश्रुतेः प्रकृताकर्षणाच्च संशयमाह—तत्रेति । पूर्वपक्षे गुणानां व्यवस्थयानुष्ठानं, सिद्धान्ते त्वनुष्ठानैक्यमिति फलम् । यथा जीवेशयोरन्योऽन्यात्मत्व प्रति[2]श्रुतिभेदाद्द्वैरूप्यमुक्तं, तथात्र फलश्रुतिभेदाद्विद्याभेद इति दृष्टान्तेन पूर्वपक्षयति—द्वे इति ।

---

३. **संशय**—वाजसनेयक में सत्यविद्या विधान के पश्चात् आदित्य मण्डल और दक्षिण नेत्र में जिस सत्यपुरुष की उपासना कही गयी है, इन दोनों स्थलों में उपास्य सत्यपुरुष एक है अथवा भिन्न है ?

४. **पूर्वपक्ष**—फलभेद के कारण विद्या भिन्न माननी पड़ेगी, चाहे उपास्य एक ही हो ।

५. **सिद्धान्त**—सत्यविद्या एक ही है क्योंकि उपास्य हिरण्यगर्भ दोनों स्थानों में अभिन्न है, फलभेद तो अङ्गोपासना का है उसे अर्थवाद भी माना जा सकता है, मुख्य फल हिरण्यगर्भ की प्राप्ति है, वह एक ही है । अतः सत्यविद्या एक होने के कारण सत्यादि गुणों का उपसंहार एक ही सत्यब्रह्म में करना चाहिए ।

सैव हि सत्यादयः (ललिता)

'वह जो कोई अधिकारी भौतिकों में प्रथम उत्पन्न व्यापक अजन्मा पुरुष की उपासना सत्य ब्रह्म इस रूप में करता है' इस वाक्य से वाजसनेयक में नामाक्षरसहित सत्यविद्या का विधानकर बाद में पढ़ते हैं कि 'जो वह सत्य है वह आदित्य है, जो आदित्य मण्डल में पुरुष है और जो यह दक्षिण नेत्र में पुरुष है ।' वहाँ पर संशय होता है कि ये सत्य विद्यायें दो हैं अथवा एक ही है । इस पर पूर्वपक्षी कहता है कि फलसम्बन्ध भिन्न होने के कारण यह विद्या दो है । 'वह इन लोकों पर विजय प्राप्त करता है' ऐसा पहले कहा गया है और बाद में कहा है कि 'जो इस प्रकार उपासना करता है वह पाप को छोड़ देता है ।' यहाँ पर प्रसङ्गागत पदार्थ का आकर्षण उपास्य की एकता के कारण से किया गया है । अतः विद्या भिन्न है ।

---

१. नामघटकाक्षरोपासनाविशिष्टाम् । २. श्रवण ।

एवं प्राप्ते ब्रूमः—एकैवेयं सत्यविद्येति । कुतः ?—'तद्यत्तत्सत्यम्' (बृ० ५-५-२) इति प्रकृताकर्षणात् । ननु विद्याभेदेऽपि प्रकृताकर्षणमुपास्यैकत्वाद्युपपद्यत इत्युक्तम् । नैतदेवम् । यत्र नु विस्पष्टात्कारणान्तराद्विद्याभेदः प्रतीयते तत्रैतदेवं स्यात् । अत्र तूभयथा संभवे तद्यत्तत्सत्यमिति प्रकृताकर्षणात्पूर्वविद्यासंबद्धमेव सत्यमुत्तरत्राकृष्यत इत्येकविद्यात्वनिश्चयः । यत्पुनरुक्तं फलान्तरश्रवणाद्विद्यान्तरमिति । अत्रोच्यते—तस्योपनिषदहरहमिति चाङ्गान्तरोपदेशस्य स्तावकत्वमिदं फलान्तरश्रवणमित्यदोषः । अपि चार्थवादादेव फले कल्पयितव्ये सति विद्यैकत्वे चावयवेषु श्रूयमाणानि बहून्यपि फलान्यवयविन्यामेव विद्यायामुपसंहर्तव्यानि भवन्ति । तस्मात्सैवेयमेका सत्यविद्या तेन 'तेन विशेषेणोपेताऽऽम्नायतेत्यतः सर्व एव सत्यादयो गुणा एकस्मिन्नेव प्रयोगे उपसंहर्तव्याः ।

विशेष्यब्रह्ममात्राकर्षणमयुक्तं, तद्यत्तदिति सर्वनामभिः पूर्वोक्तगुणविशिष्टं ब्रह्म आकृष्यादित्याक्षिस्थानादिगुणविधानात्, तथाच वाक्यादेव विद्यैक्यसिद्धिरिति सिद्धान्तयति—एकैवेति । यथा दहरशाण्डिल्यविद्ययोर्ब्रह्मैक्यप्रत्यभिज्ञानमात्रं तथात्र नेत्याह—नैतदिति । कारणान्तरं प्रकरणभेदादिकम् । एवं विद्याभेदेऽप्येतदुपास्यैक्यज्ञानं स्यादत्र तूभयथा संभवे विद्यैक्यनानात्वसंशये सत्यमित्युपास्यरूपैक्यज्ञानाद्विद्यैक्यनिश्चय इत्यक्षरार्थः । असत्यपवादकारणे रूपैक्याद्विद्यैक्योत्सर्गसिद्धिर्न च फलभेदादपवादः । अङ्गफलश्रुतेः स्तुतिमात्रतया फलमेवासिद्धिरित्याह—यत्पुनरित्यादिना । किंच यत्र प्रधानविधावेवंकाम इति फलं श्रुतं, तत्र प्रधानफलेनैवाङ्गानां फलाकांङ्क्षानिवृत्तेरङ्गे फलश्रुतेः स्तुतिमात्रत्वं, इह तु प्रथमजं सत्यं ब्रह्मेति वेदेति प्रधानविद्याविधिस्थत्वं लोकजयफलस्याभ्युपेत्यास्माभिर्नामरूपाङ्गस्य फलश्रुतेः स्तुतित्वमुक्तम् । वस्तुतस्तु प्रधानविधावप्येवंकामपदाभावाद्रात्रिसत्रन्यायेन फले कल्पनीये सति प्रधाने तदङ्गे वा यत्किंचित्फलं श्रुतं तस्य सर्वस्यापि श्रुतत्वाविशेषाज्जातेष्टिफलन्यायेन समुच्चित्यैकप्रधानफलत्वकल्पनात्फलमेवोऽसिद्ध इत्याह—अपिचेति । सूत्रं योजयति—तस्मादिति ।

ऐसा पूर्वपक्ष होने पर हम सिद्धान्ती कहते हैं कि यह सत्यविद्या एक ही है क्योंकि 'जो वह सत्य है' इस वाक्य द्वारा प्रकृत पदार्थ का ही आकर्षण किया गया है । शङ्का—विद्या में भेद मानने पर भी उपास्य की एकता के कारण प्रकृत पदार्थ का आकर्षण उचित है, ऐसा हमने कहा था । समाधान—ऐसा कहना ठीक नहीं क्योंकि विस्पष्ट कारणान्तर से जहाँ विद्या में भेद भासता है वहाँ ऐसा ही होता है किन्तु जहाँ उभयथा सम्भव है वहाँ पर 'तद्यत्तत्सत्यम्' इस वाक्य द्वारा प्रकृत आकर्षण से विद्यासम्बद्ध सत्य का ही आगे आकर्षण होता है, इससे विद्या में एकत्व निश्चित होता है । और जो आपने कहा था कि फलान्तरश्रवण होने के कारण विद्या भिन्न है, उस पर हमारा कहना है कि 'इस पुरुष का रहस्यमय नाम अहः और अहम् है' इस अङ्गान्तर का उपदेश स्तावकमात्र है जो फलान्तर के रूप में सुना जाता है, अतः यह कोई दोष नहीं है । इसके अतिरिक्त अर्थवाद के आधार पर ही फल की कल्पना करने पर विद्यैकत्व की सिद्धि होती है, उस स्थिति में अवयव में सुने गये अनेकों फल अवयवी विद्या में ही उपसंहार के योग्य मानते हैं । अतः वही एक सत्यविद्या है जिसे भिन्न-भिन्न विशेषणों से युक्त बतलाया गया है, इसलिए सभी सत्यादि गुणों का उपसंहार एक प्रयोग में कर लेना चाहिए ।

१. दहरशाण्डिल्यविद्ययोरिव । २. विशिष्टाकर्षणं विशेष्यब्रह्ममात्राकर्षणमित्युभयथा । ३. महद्यक्षत्वादि । ४. अनुष्ठाने । ५. महद्यक्षत्वादि । ६. अपवादकारणम् । ७. अहरहमितिनामात्मकाङ्गस्येत्यर्थः ।

२५. कामाद्यधिकाराधिकरणम् (सू० ३९)

असंहृतिः संहृतिर्वा व्योम्नोर्दहरहार्दयोः उपास्यज्ञेयभेदेन तद्गुणानामसंहृतिः ।
उपास्त्यै क्वचिदन्यत्र स्तुतये चास्तु संहृतिः । दहराकाश आत्मैव हृदाकाशोऽपि नेतरः ॥

केचित्पुनरस्मिन्सूत्र इदं च वाजसनेयकमक्ष्यादित्यपुरुषविषयं वाक्यं, छान्दोग्ये च— 'अथ य एषोऽन्तरादित्ये हिरण्मयः पुरुषो दृश्यते' (छा० १-६-६) अथ 'य एषोऽन्तरक्षिणि पुरुषो दृश्यते' (छा० ४-१५-१) इत्युदाहृत्य सैवेयमक्ष्यादित्यपुरुषविषया विद्योभयत्रैकवेति कृत्वा सत्यादीन्गुणान्वाजसनेयिभ्यश्छन्दोगानामुपसंहार्यान्मन्यन्ते। तन्न साधु लक्ष्यते । छान्दोग्ये हि ज्योतिष्टोमकर्मसम्बन्धिनीयमुद्गीथव्यपाश्रया विद्या विज्ञायते । तत्र ह्यादि-मध्यावसानेषु हि कर्मसम्बन्धिचिह्नानि भवन्ति 'इयमेवर्गग्निः साम' (छा० १-६-१) इत्यु-पक्रमे, 'तस्यर्क् च साम च गेष्णौ तस्मादुद्गीथः' (छा० १-६-८) इति मध्ये, 'य एवं विद्वान्साम गायति' (छा० १-७-९) इत्युपसंहारे । नैवं वाजसनेयके किंचित्कर्मसम्बन्धि चिह्नमस्ति । तत्र प्रक्रमभेदाद्विद्याभेदे सति गुणव्यवस्थैव युक्तेति ॥३८॥

एकदेशिव्याख्यामुद्भाव्य दूषयति—केचिदित्यादिना । छान्दोग्ये **कर्माङ्गोद्गीथे** हिरण्मयपुरुष-दृष्टिरित्यत्र लिङ्गमाह—तत्रेति । पृथिव्यग्न्यात्मना दृष्टे ऋक्सामे गेष्णौ, तस्मादृक्सामगेष्णत्वात्, पुरुष उद्गीथ इत्येवं विद्वानुद्गाता कर्मफलसमृद्धिसमर्थ इति श्रुत्यर्थः । सत्यविद्या तु न कर्माङ्गाश्रितेत्याह —नैवमिति । अङ्गविद्यातः स्वतन्त्रहिरण्यगर्भविद्याया भेदान्न गुणोपसंहार इत्यर्थः ॥३८॥

कुछ एकदेशी एकसूत्र में अक्षि और आदित्य पुरुषविषयक वाजसनेक वाक्य और छान्दोग्य में 'जो आदित्य के भीतर हिरण्मय पुरुष दिखाई पड़ता है' और 'जो नेत्र में यह पुरुष दीखता है' इत्यादि का उदाहरण देकर वही यह नेत्र और आदित्य पुरुषविषयक विद्या उभयत्र एक ही है, ऐसा मानकर वाजसनेयियों के सत्यादि गुणों को छन्दोग शाखावालों के लिए उपसंहार के योग्य मानते हैं। पर यह ठीक नहीं जान पड़ता क्योंकि छान्दोग्य में ज्योतिष्टोमकर्मसम्बन्धी उद्गीथाश्रित यह विद्या जान पड़ती है, वहाँ आदि, मध्य और अन्त में—'यह पृथ्वी ऋक् है और अग्नि साम है' ऐसा प्रारम्भ में 'उसके ऋक् और साम पूर्व हैं इसलिए वह उद्गीथ है' ऐसा मध्य में और 'जो इस प्रकार जानकर सामगान करता है' ऐसा अन्त में—कर्मसम्बन्धी चिह्न दीखते हैं, किन्तु वाजसनेयक में कोई कर्मसम्बन्धी चिह्न नहीं दीखते। इसीलिए वहाँ पर प्रक्रमभेद के कारण विद्या में भेद सिद्ध हो जाने पर गुणों की व्यवस्था मानना उचित ही है ॥३८॥

२५. कामाद्यधिकाराधिकरण

सङ्गति—पिछले अधिकरण में **'यद्यत्तत्सत्यम्'** इस वाक्य द्वारा प्रसङ्गागत पदार्थ का आकर्षण होने से उपास्यरूप का अभेद सिद्ध हुआ था, इसीलिए अधिदेव एवं अध्यात्म मण्डल में सत्यादि गुणों का उपसंहार कहा गया है; किन्तु यहाँ पर कहीं कहीं आकाश को उपास्य कहा और कहीं आकाशा-श्रित को ज्ञेय बतलाया गया है। इस प्रकार उपास्य के रूप भिन्न होने से गुणों का उपसंहार अभीष्ट नहीं है, ऐसी प्रत्युदाहरण सङ्गति पूर्व अधिकरण के साथ इसकी है।

२. **विषय**—आकाश एवं तदाश्रित विद्या के वेद्यवस्तु पर इस अधिकरण में विचार किया गया है।

(३९०) कामादीतरत्र तत्र चायतनादिभ्यः ॥३९॥

'अथ यदिदमस्मिन्[1]ब्रह्मपुरे [2]दहरं पुण्डरीकं वेश्म दहरोऽस्मिन्नन्तराकाशः'(छा० ८-१-१) इति प्रस्तुत्य छन्दोगा अधीयते—'एष आत्माऽपहतपाप्मा विजरो विमृत्युर्विशोको विजिघत्सोऽपिपासः सत्यकामः सत्यसंकल्पः' (छा० ८-१-४) इत्यादि । तथा वाजसनेयिनः 'स वा एष महानज आत्मा योऽयं विज्ञानमयः [3]प्राणेषु य एषोऽन्तर्हृदय आकाशस्तस्मिञ्छेते सर्वस्य वशी' (बृ० ४-४-२२) इत्यादि । तत्र विद्यैकत्वं परस्परगुणयोगश्च किं वा नेति संशये विद्यैकत्वमिति ।

कामादीतरत्र । '[4]सगुणनिर्गुणविद्ययोः श्रुताः सत्यकामादयो वशित्वादयश्च गुणा मिथ उपसंहर्तव्या न वेत्युपसंहारस्य फलभावाभावाभ्यां संदेहे सत्यविद्याया एकत्वाद्गुणसांकर्येऽप्यत्र विद्ययोः सगुणनिर्गुण-

---

३. संशय—छान्दोग्य की दहर विद्या में अपहतपाप्मत्वादि गुण पढ़े गये हैं और वाजसनेय के हार्दविद्या में सर्ववशित्वादि गुण पढ़े गये हैं, इन दोनों स्थलों में हार्दविद्या भिन्न है अथवा अभिन्न है ? अभिन्न होने पर भी गुणों का उपसंहार होना चाहिए अथवा नहीं ?

४. पूर्वपक्ष—उक्त दोनों श्रुतियों में विद्या भिन्न होने के कारण गुणों का उपसंहार नहीं होना चाहिए क्योंकि एकत्र दहराकाश उपास्य है और अन्यत्र हार्दब्रह्म ज्ञेय है ।

५. सिद्धान्त—छान्दोग्य में पठित सत्यकामत्वादि गुणों का वाजसनेयक में और वाजसनेयक में पढ़े गये सर्ववशित्वादि गुणों का उपसंहार करना चाहिए क्योंकि हृदय आयतन, वेद्यवस्तु ब्रह्म, ब्रह्म का सेतुत्व और लोकासम्भेदरूप प्रयोजन इत्यादि दोनों स्थलों पर समानरूप से देखे जाते हैं । एकत्र सगुण उपासना और अन्यत्र निर्गुण उपासना का भेद होने पर भी यहाँ पर विद्या में भेद नहीं है क्योंकि गुणों का उपसंहार यहाँ उपासना के लिए नहीं अपितु स्तुति के लिये कह रहे हैं ।

कामादीतरत्र तत्र चायतनादिभ्यः

'इस मानवदेहरूप ब्रह्मपुर में एक छोटा सा हृदयकमल स्थान है, उसमें एक छोटा सा आकाश है' ऐसा प्रसङ्ग प्रारम्भ करके छन्दोग शाखावालों ने उसमें 'यह आत्मा निष्पाप, जरारहित, मृत्युरहित, शोकशून्य, क्षुधापिपासा से मुक्त, सत्यकाम एवं सत्यसंकल्प है' इस वाक्य के द्वारा सत्यकामादि गुण बतलाया है । वैसे ही वाजसनेयी शाखावाले 'निःसन्देह वही यह आत्मा महान् अजन्मा है जो प्राणों के मध्य विज्ञानमय है, यह हृदय के भीतर जो आकाश है उसमें सोता है, वह सबको अपने आधीन किये बैठा है' इस वाक्य द्वारा वशित्वादि गुण उस हृदयस्थ आकाश के बतलाये गये हैं । वहाँ पर संशय होता है कि क्या दोनों ही स्थलों में एक विद्या है और इनके गुणों का परस्पर सम्बन्ध होता है अथवा भिन्न है और गुणों का उपसंहार नहीं होता । इस पर पूर्वपक्षी का कहना है कि एक स्थल पर दहराकाश उपास्य है और अन्यत्र हार्दब्रह्म ज्ञेय है अतः विद्या भिन्न होने के कारण परस्पर गुणों का उपसंहार नहीं करना चाहिए ।

---

१. शरीरे । २. अल्पम् । ३. प्राणव्यतिरिक्तः । ४. सगुणा छांदोग्यस्थाः निर्गुण। अन्या ।

तत्रेवमुच्यते—कामादीति सत्यकामादीत्यर्थः। यथा देवदत्तो दत्तः सत्यभामा भामेति। यदेतच्छान्दोग्ये हृदयाकाशस्य सत्यकामत्वादिगुणजातमुपलभ्यते तदितरत्र वाजसनेयके 'स वा एष महानज आत्मा' इत्यत्र संबध्येत। यच्च वाजसनेयके वशित्वाद्युपलभ्यते तदपीतरत्र च्छान्दोग्ये 'एष आत्माऽपहतपाप्मा' (छा० ८-१-५) इत्यत्र सबध्यते। कुतः ?—आयतनादिसामान्यात्। समानं ह्युभयत्राऽपि हृदयमायतनं समानश्च वेद्य ईश्वरः, समान च तस्य सेतुत्वं लोकासंभेदप्रयोजनमित्येवमादि बहुतर सामान्यं दृश्यते। ननु विशेषोऽपि दृश्यते छान्दोग्ये हृदयाकाशस्य गुणयोगो वाजसनेयके त्वाकाशाश्रयस्य ब्रह्मणः, इति। न, 'दहर उत्तरेभ्यः' (ब्र० सू० १-३-१४), इत्यत्र च्छान्दोग्येऽप्याकाशशब्दं ब्रह्मैवेति प्रतिष्ठापितत्वात्। अयं त्वत्र विद्यते विशेषः, सगुणा हि ब्रह्मविद्या छान्दोग्ये उपदिश्यते 'अथ य इहात्मानमनुविद्य व्रजन्त्येतांश्च सत्यान्कामान्' (छा० ८-१-६) इत्यात्मवत्कामानामपि वेद्यत्वश्रवणात्। वाजसनेयके तु निर्गुणमेव परं ब्रह्मोपदिश्यमानं दृश्यते 'अत ऊर्ध्वं विमोक्षाय ब्रूहि' (बृ० ४-३-१४), 'असङ्गो ह्ययं पुरुषः' (बृ० ४-३-१५) इत्यादिप्रश्नप्रतिवचनसमन्वयात्। वशित्वादि तु तत्स्तुत्यर्थमेव गुणजातं वाजसनेयके संकीर्त्यते। तथा चोपरिष्टात् 'स एष नेति नेत्यात्मा' (बृ० ३-९-२६) इत्यादिना निर्गुण-

---

रूपभेदेन भेदान्निर्गुणविद्यायां गुणोपसंहारस्य फलाभावाच्चानुपसंहार इति बहिरेव प्राप्ते सिद्धान्तयति—तत्रेदमित्यादिना। एवं विद्याभेदे स्फुटे कथं गुणोपसंहारः, तत्राह—

ऐसा पूर्वपक्ष होने पर सिद्धान्ती कहते हैं कि दोनों ही स्थलों में एक ही विद्या है। श्रुति में आये हुये सत्यकामादि के लिए सूत्र में कामादि शब्द का प्रयोग उसी प्रकार किया गया है जैसे लोक में देवदत्त को दत्त और सत्यभामा को भामा भी कहते हैं। अतः छान्दोग्य में हृदयाकाश के लिए जो सत्यकामत्वादि गुणसमुदाय दीखते हैं उनका उपसंहार **'स वा एष महानज आत्मा'** इस बृहदारण्यक में कहे गये आत्मा के साथ होता है। और जो वाजसनेयक में वशित्वादि गुण दीखते हैं उनका सम्बन्ध **'एष आत्माऽपहतपाप्मा'** इस छान्दोग्य में कही गयी विद्या के साथ होता है क्योंकि आयतन आदि समान ही दोनों स्थलों में दीख पड़ते हैं। दोनों ही उपनिषदों में हृदय आयतन एक जैसा कहा गया है और वेद्य ईश्वर भी समान ही है, उसे लोक मर्यादा की रक्षारूप प्रयोजनवाला होने के कारण सेतु भी कहा गया है; ऐसे ही अनेकों सादृश्य दोनों में दीखते हैं। शङ्का—छान्दोग्य में हृदयाकाश के लिए कुछ विशेष गुणयोग भी दीखता है, वैसे ही बृहदारण्यक के आकाशाश्रय ब्रह्म में भी कुछ विशेष गुण दिखाई पड़ते हैं; अतः दोनों में सर्वथा सादृश्य नहीं है। समाधान—यह शङ्का ठीक नहीं क्योंकि **'दहर उत्तरेभ्यः'** इस सूत्र की व्याख्या में सिद्धान्त किया गया है कि छान्दोग्य में भी आकाश शब्द ब्रह्मवाचक ही है। किन्तु यहाँ पर यह भेद अवश्य है कि छान्दोग्य में सगुण ब्रह्मविद्या का उपदेश है, उसमें 'जो इस मानवशरीर में आत्मा को तथा इन सत्यकामनाओं को जानकर परलोकगामी होते हैं' इस वाक्य द्वारा आत्मा की भाँति कामादि में भी वेद्यत्व सुना जाता है; किन्तु वाजसनेयक में निर्गुण परब्रह्म का ही उपदेश है, वहाँ पर 'इसके आगे मोक्ष के लिए ही आप हमें पुनः उपदेश करें' 'क्योंकि यह पुरुष असङ्ग है' इत्यादि प्रश्नोत्तर का समन्वय होने के कारण वशित्वादि गुणसमुदाय बृहदारण्यक में इस निर्गुण विद्या की स्तुति के लिए ही कहे गये हैं। इसीलिए **'स एष नेति नेत्यात्मा'** इत्यादि वाक्य द्वारा निर्गुण ब्रह्म में ही उपसंहार किया गया है। उस निर्गुण और सगुण ब्रह्म का

२६. आदराधिकरणम् (सू० ४४)

(३६६) आदरादलोपः ॥४०॥

न लुप्यते लुप्यते वा प्राणाहुतिरभोजने । न लुप्यतेऽतिथेः पूर्वं भुञ्जीतेत्यादरोक्तितः ।
भुज्यर्थान्नोपजीवित्वात्तल्लोपे लोप इष्यते । भुक्तिपक्षे पूर्वभुक्त्यावादरोऽप्युपपद्यते ॥

मेव ब्रह्मोपसंहरति । गुणवतस्तु ब्रह्मण एकत्वाद्विभूतिप्रदर्शनायायं गुणोपसंहारः सूत्रितो नोपासनायेति द्रष्टव्यम् ॥३९॥

छान्दोग्ये वैश्वानरविद्यां प्रकृत्य श्रूयते—'तद्यद्भक्तं प्रथममागच्छेत्तद्धोमीयं स यां प्रथमामाहुतिं जुहुयात्तां जुहुयात्प्राणाय स्वाहा' (छा० ५-१९-१) इत्यादि । तत्र पञ्च

गुणवतस्त्विति । भिन्नविद्यास्थानामपि गुणानामायतनादिसाम्येन निर्गुणस्थले बुद्धिस्थानां स्तुत्यर्थमुपसंहारो युक्तः, ज्ञानस्तुतिप्रकर्षस्याकाङ्क्षितत्वात्, यत्र क्वचिद्दृष्टगुणैः स्तुतेः कर्तुं योग्यत्वात् । यद्यपि सगुणस्थसत्यकामादिषु निर्गुणस्थगुणा अन्तर्भूता एव तथापि नोपसंहारोक्तेर्वैयर्थ्यं निर्गुणस्ताबकत्वेन श्रुतगुणानामन्यत्राप्यध्येयत्वमिति शङ्कानिरासेनान्तर्भावदार्ढ्यार्थत्वादित्यनवद्यम् ॥३९॥

एकत्व होने के कारण निर्गुण ब्रह्मविद्या में विभूतिप्रदर्शन के लिए यह गुणोपसंहार बतलाया गया है, उपासना के लिए नहीं, ऐसा समझना चाहिए ॥३९॥

२६. आदराधिकरण

१. **सङ्गति**—जैसे पिछले अधिकरण में सगुण और निर्गुण विद्या का भेद होने पर भी गुणोपसंहार स्तुति के लिये कहा गया था, वैसे ही भोजन के लोप होने पर भी पूर्वभोजन की स्तुति के लिए प्राणाग्निहोत्र का अलोप मानना चाहिए; इस प्रकार पूर्व के साथ इसकी दृष्टान्त सङ्गति है ।

२. **विषय**—प्राणाग्निहोत्र के लोप एवं अलोप का विचार इस अधिकरण का विषय है ।

३. **संशय**—छान्दोग्य की वैश्वानर विद्या में प्राणाग्निहोत्र सुना जाता है, क्या भोजन के लोप होने पर प्राणाग्निहोत्र का लोप होता है अथवा नहीं होता है ?

पूर्वपक्ष—**'पूर्वोऽतिथिभ्योऽश्नीयात्'** इस श्रुति में अतिथि भोजन से पूर्व अग्निहोत्र का विधान होने के कारण भोजन के लोप होने पर भी प्राणाग्निहोत्र का लोप नहीं होना चाहिए ।

५. **सिद्धान्त**—**'तद्यद् भक्तं प्रथमागच्छेत् तद्धोमीयम्'** इस श्रुति से भोजन के निमित्त उपस्थित भात से ही प्राणाग्निहोत्र बतलाया गया है, अतः किसी कारण से भोजन का लोप होने पर प्राणाग्निहोत्र का लोप ही रहेगा । भोजन पक्ष में आदरवचन प्राणाग्निहोत्र के प्राथम्यविधान के लिए कहा गया है ।

आदरादलोपः (ललिता)

छान्दोग्य में वैश्वानर विद्या का प्रसङ्ग प्रारम्भकर सुना जाता है कि 'भोजन के समय जो अन्न पहले आवे उसका हवन करें । वह भोक्ता जो प्रथम आहुति देवे तो उसे, **प्राणाय स्वाहा**, इस मन्त्र को बोलकर मुख में अन्न डालना चाहिए ।' इस वाक्य द्वारा वहाँ पर पञ्च प्राणाहुतियों का विधान है

प्राणाहुतयो विहिताः। तासु च परस्तादग्निहोत्रशब्दः प्रयुक्तः 'य एतदेवं विद्वानग्निहोत्रं जुहोति' (छा० ५-२४-२) इति, 'यथेह क्षुधिता बाला मातरं पर्युपासते। एवं सर्वाणि भूतान्यग्निहोत्रमुपासते' (छा० ५-२४-५) इति च। तत्रेदं विचार्यते—किं भोजनलोपे लोपः प्राणाग्निहोत्रस्योतालोपः इति। तद्यद्भक्तमिति भक्तागमनसंयोगश्रवणाद्भक्तागमनस्य च भोजनार्थत्वाद्भोजनलोपे लोपः प्राणाग्निहोत्रस्येति। एवं प्राप्ते न लुप्येतेति तावदाह। कस्मात् ? आदरात्। तथाहि वैश्वानरविद्यायामेव जाबालानां श्रुतिः 'पूर्वोऽतिथिभ्योऽश्नीयात्। यथा ह वै स्वयमहुत्वाऽग्निहोत्रं परस्य जुहुयादेवं तत्' इत्यतिथिभोजनस्य प्राथम्यं निन्दित्वा स्वामिभोजनं प्रथमं प्रापयन्तो प्राणाग्निहोत्रे आदरं करोति। या हि न प्राथम्यलोपं सहते नतरां सा प्राथम्यवतोऽग्निहोत्रस्यलोपं सहेतेति मन्यते। ननु

'प्राचीनशाल औपमन्यवः' (छा० ५-११-१) इत्यस्यामाख्यायिकायां व्यस्तस्य समस्तस्य च वैश्वानरस्योपासनं श्रूयते । व्यस्तोपासनं तावत् 'औपमन्यवकं त्वमात्मानमुपास्से, इति, ''दिवमेव भगवो राजन्निति होवाचैष वै सुतेजा आत्मा वैश्वानरो यं त्वमात्मानमुपास्से' (छा०५-१२१) इत्यादि । तथा समस्तोपासनमपि 'तस्य ह वा एतस्यात्मनो वैश्वानरस्य मूर्धैव सुतेजाश्चक्षुर्विश्वरूपः प्राणः पृथग्वर्त्मात्मा संदेहो बहुलो बस्तिरेव रयिः पृथिव्येव पादौ' (छा० ५-१८-२) इत्यादि । तत्र संशयः—किमिहोभयथाप्युपासनं स्याद्व्यस्तस्य

भूम्नः क्रतुवत् । द्युलोकादित्यादिषु प्रत्येकं वैश्वानरत्वोपास्तिर्व्यस्तोपास्तिस्तदवयव्युपास्तिः समस्तोपास्तिरिति भेदः । आख्यायिका पूर्वमेव व्याख्याता । अत्रोभयत्र विधिफलयोः श्रवणादेकवाक्यत्वोपपत्तेश्च संशयमाह—तत्रेति । ''सैव हि सत्यादयः' इत्यत्र तद्यत्तत्सत्यमिति प्रकृताकर्षाद्धिद्यैक्यमुक्तं तद्वदत्रैक्यहेत्वभावादगतार्थत्वं मत्वा पूर्वत्रोद्गीथादिश्रुत्या संनिधिबाधेनोद्गीथाद्युपास्तीनां सर्वशाखासूपसंहारवद्व्यस्तोपास्तीनां विधिश्रुतेः फलश्रवणस्य च समस्तोपास्तिसंनिधिप्राप्तं स्तुत्यर्थत्वं बाधित्वा तद्विधेयत्वमिति पूर्वपक्षमाह—प्रत्यवयवमिति । फलानुक्तौ पूर्वोत्तरपक्षसिद्धिरेव फलं मन्तव्यम् । सुतं

---

५. सिद्धान्त—उपक्रम और उपसंहार के द्वारा समस्त उपासना का ही चिन्तन निश्चित होता है, व्यस्त उपासनाओं का फलप्रतिपादन समस्त उपासनाओं की स्तुति के लिए किया गया है । साथ ही, व्यस्त उपासना की निन्दा भी की गयी है । जैसे दर्शपूर्णमासादि याग में अङ्ग के सहित प्रधान का अनुष्ठान बतलाना अभीष्ट है, प्रयाजादि का नहीं; ऐसे ही वैश्वानर विद्या में भी समस्त उपासना का प्रतिपादन ही अभीष्ट है. व्यस्त उपासना का नहीं ।

भूम्नः क्रतुवज्ज्यायस्त्वं तथा हि दर्शयति (ललिता)

'प्राचीनशाल औपमन्यवः' इत्यादि छान्दोग्य श्रुति की इस आख्यायिका में वैश्वानर की उपासना समस्त तथा व्यस्तरूप से सुनी जाती है । उनमें 'हे औपमन्यव ! तुम किस आत्मा की उपासना करते हो ? इस प्रश्न के उत्तर में प्राचीनशाल ने कहा कि मैं द्युलोक को वैश्वानर मानकर उपासना करता हूँ । उसके इस उत्तर को सुनकर राजा कैकय ने कहा कि जिस आत्मा को वैश्वानर मानकर तुम उपासना करते हो, निःसन्देह यह आत्मा सुतेजारूप है ।' इस वाक्य से व्यस्त उपासना बतलायी गयी है और 'उसी इस वैश्वानर आत्मा का सुतेजा मूर्धारूप है, विश्वरूप चक्षु है, पृथक् पृथक् मार्ग से चलने वाली हवा प्राण है, विस्तृत आकाश उसका धड़ है, अन्न का कारण जल उसका मूत्राशय है और पृथ्वी ही उसके पाद हैं ।' इस वाक्य द्वारा समस्त उपासना भी बतलायी गयी है । वहाँ पर संशय होता है कि इस प्रसङ्ग में विहित समस्त एवं व्यस्त उपासना का दोनों ही प्रकार से अनुष्ठान

---

१. द्युलोकमेव । २. शोभन तेजो यस्य सोऽयं सुतेजा इति प्रसिद्धो वैश्वानर आत्मा पंचमात्मनोऽवयवभूतत्वादात्मानमात्मैकदेशमुपास्से । अस्या श्रुतेः कृत्स्नव्याख्यानं तु वैश्वानरः साधारणशब्दविशेषात् १-२-२४ । इत्यत्र द्रष्टव्यम् । ३. वे.सू. ३-३-३८ ।

समस्तस्य चोत समस्तस्यैवेति ? किं तावत्प्राप्तम् । प्रत्यवयवं सुतेजःप्रभृतिषूपास्स इति क्रियापदश्रवणात् 'तस्मात्तव सुतं प्रसुतमासुतं कुले दृश्यते' (छा० ५-१२-१) इत्यादिफलभेदश्रवणाच्च व्यस्तान्यप्युपासनानि स्युरिति प्राप्तम् ।

ततोऽभिधीयते——भूम्नः पदार्थोपचयात्मकस्य समस्तस्य वैश्वानरोपासनस्य ज्यायस्त्वं प्राधान्यमस्मिन्वाक्ये विवक्षितं भवितुमर्हति, न प्रत्येकमवयवोपासनानामपि । क्रतुवत् । यथा क्रतुषु दर्शपूर्णमासप्रभृतिषु सामस्त्येन साङ्गप्रधानप्रयोग एवैको विवक्ष्यते न व्यस्तानामपि प्रयोगः प्रयाजादीनाम् । नाप्येकदेशाङ्गयुक्तस्य प्रधानस्य तद्वत् । कुत एतद्भूमैव ज्यायानिति । तथा हि श्रुतिर्भूम्नो ज्यायस्त्वं दर्शयति एकवाक्यत्वावगमात् । एकं हीदं वाक्यं वैश्वानरविद्याविषयं पौर्वापर्यालोचनात्प्रतीयते । तथा हि——प्राचीनशालप्रभृतय उद्दालकावसानाः षडृषयो वैश्वानरविद्यायां परिनिष्ठामप्रतिपद्यमाना अश्वपतिं कैकेयं राजानमभ्याजग्मुरित्युपक्रम्यैकैकस्यर्षेरुपास्यं द्युप्रभृतीनामेकैकं श्रावयित्वा 'मूर्धा त्वेष आत्मन इति होवाच' (छा० ५-१२-२) इत्यादिना मूर्धादिभावं तेषां विदधाति । 'मूर्धा ते

खण्डितं, सोमद्रव्यं तस्यैव प्रसुतत्वमासमन्तात् सुतत्वमवस्थाभेदः सोमयागसंपत्तिस्तव कुले दृश्यत इति यावत् ।

आत्मनो वैश्वानरस्य मूर्धैव सुतेजा इति वाक्यप्रकरणाभ्यां व्यस्तोपास्तीनां समस्तोपास्त्यन्तर्भावेन प्रयाजदर्शवदेकप्रयोगत्वे सिद्धे प्रधानतदङ्गफलानामर्थवादगतानामेकप्रधानफलतयोपसंहाराद्वाक्यभेदो न युक्त इति सिद्धान्त्याशयः ।

करना चाहिए या केवल समस्त उपासना का ही अनुष्ठान करना चाहिए । ऐसा संशय होने पर पूर्वपक्ष में कहा गया है कि सुतेजा इत्यादि प्रति अवयवों में 'उपास्से' इस क्रियापद का श्रवण होने से और 'इसलिए तुम्हारे कुल में सुत, प्रसुत और आसुत देखा जाता है' इत्यादि वाक्य से फलभेदका श्रवण होने से व्यस्त उपासना का भी अनुष्ठान करना चाहिए ।

ऐसा पूर्वपक्ष प्राप्त होने पर सिद्धान्ती की ओर से यह सूत्र कहा गया है कि पदार्थ उपचयात्मक समस्त वैश्वानर उपासना का प्राधान्य बतलाना इस वाक्य में अभीष्ट है, न कि प्रत्येक अवयवों की उपासना में भी । जैसे दर्शपूर्णमास आदि यागों में समस्त रूप से अङ्गों के सहित एक प्रधान का ही प्रयोग बतलाना अभीष्ट है वहाँ व्यस्त प्रयाजादि का भी अनुष्ठान बतलाना अभीष्ट नहीं है और न एकदेशरूप अङ्ग से युक्त प्रधान को बतलाना अभीष्ट है वैसे ही समस्त वैश्वानर की उपासना बतलाना ही छान्दोग्य की वैश्वानर विद्या में अभीष्ट है क्योंकि समस्त उपासना श्रेष्ठ मानी जाती है । एकवाक्यता के बोध से श्रुति समस्त उपासना को ही श्रेष्ठ बतलाती है । इस प्रसङ्ग के पूर्वापर की आलोचना करने पर वैश्वानरविद्याविषयक यह एक वाक्य जान पड़ता है, उसी में इसकी एकवाक्यता है । प्राचीनशाल से लेकर उद्दालकपर्यन्त छः ऋषि वैश्वानर विद्या में परिनिष्ठा न प्राप्त करने के कारण राजा अश्वपति कैकय के पास गये, यहाँ से इस प्रसङ्ग को प्रारम्भकर उनमें से एक एक ऋषि के उपास्य द्युलोकादि को सुन लेने के बाद अश्वपति कैकय ने उन्हें 'यह तो वैश्वानर आत्मा का शिर है, ऐसा कहा' इत्यादि वाक्य द्वारा श्रुति उसके उपास्यविशेष को मूर्धादिरूप ही बतलाती है

१. सर्वलोकादिषु अन्नादनं प्रधानफलम् । सुतप्रसुतादि अंगफलम् ।

व्यपतिष्यद्यन्मां नागमिष्यः' (छा० ५-१२-२) इत्यादिना च व्यस्तोपासनमपवदति। पुनश्च व्यस्तोपासनं व्यावर्त्य समस्तोपासनमेवानुवर्त्य 'स सर्वेषु लोकेषु सर्वेषु भूतेषु सर्वेष्वात्मस्वन्नमत्ति' (छा० ५-१८-१)इति भूमाश्रयमेव फलं दर्शयति। यत्तु प्रत्येकं सुतेजःप्रभृतिषु फलभेदश्रवणं तदेवं [1]सत्यङ्गफलानि प्रधान [2]एवाभ्युपगतानीति द्रष्टव्यम्। तथोपास्स इत्यपि प्रत्यवयवमाख्यातश्रवणं पराभिप्रायानुवादार्थं न व्यस्तोपासनविधानार्थम्। तस्मात्समस्तोपासनपक्ष एव श्रेयानिति।

केचित्त्वत्र समस्तोपासनपक्षं ज्यायांसं प्रतिष्ठाप्य ज्यायस्त्ववचनादेव किल व्यस्तोपासन पक्षमपि सूत्रकारोऽनुमन्यत इति कथयन्ति। तदयुक्तम्। एकवाक्यतावगतौ सत्यां वाक्यभेदकल्पनस्यान्याय्यत्वात्। 'मूर्धा ते व्यपतिष्यत्, (छा० ५-१२-२) इति चैवमादिनिन्दावचनविरोधात्। स्पष्टे [3]चोपसंहारस्थे समस्तोपासनावगमे तदभावस्य पूर्वपक्षे वक्तुमशक्यत्वात्। सौत्रस्य च ज्यायस्त्ववचनस्य प्रमाणवत्त्वाभिप्रायेणाप्युपपद्यमानत्वात्॥५७॥

एकदेशिव्याख्यामनूद्य दूषयति—केचिदिति। यद्युभययोपासनं सिद्धान्तस्तर्हि व्यस्तोपासनमेवेति पूर्वपक्षो वक्तव्यः, स च न संभवतीत्याह—स्पष्टे चेति। कथं तर्हि सूत्रे ज्यायस्त्वोक्तिस्तत्राह—सौत्रस्येति। व्यस्तोपास्तीनामप्रामाणिकत्वद्योतनार्थं तदुक्तिरिति भावः॥५७॥

और साथ ही साथ 'यदि तुम मेरे पास नहीं आये होते तो तुम्हारा शिर गिर जाता' इत्यादि वाक्य द्वारा व्यस्त उपासना की निन्दा भी करती है। तत्पश्चात् व्यस्त उपासना को छोड़कर समस्त उपासना का ही अनुवर्तनकर 'वह सभी लोकों में, सभी भूतों में और सभी आत्माओं में अन्न का भक्षण करता है' इस वाक्य से भूमाश्रित ही फल को श्रुति दिखलाती है। और जो सुतेजः इत्यादि में प्रत्येक उपासना का फल सुना गया है वह भी इस प्रकार अङ्गफल प्रधान के ही माने गये हैं, ऐसा समझना चाहिए। वैसे ही 'उपास्से' यह प्रति अवयव सुना गया आख्यात भी दूसरे के अभिप्राय के अनुवाद के लिए कहा गया है, व्यस्त उपासनाविधान के लिए नहीं कहा गया है। अतः समस्त उपासना पक्ष ही श्रेष्ठ है।

कुछ लोग यहाँ पर, समस्त उपासना पक्ष को श्रेष्ठ प्रतिष्ठापितकर ज्यायस्त्व वाक्य से ही व्यस्त उपासना पक्ष को भी सूत्रकार ने माना है, ऐसा कहते हैं, वह कथन ठीक नहीं है क्योंकि एकवाक्यता अवगत हो जाने पर वाक्यभेद की कल्पना न्यायसङ्गत नहीं है। साथ ही 'तेरा मूर्धा गिर जाता' इस वाक्य के द्वारा निन्दावचन का 'केचित्' के मत में विरोध भी आने लग जायेगा। और उपसंहारस्थ समस्त उपासना पक्ष का स्पष्टीकरण हो जाने पर पुनः उसके अभाव को पूर्वपक्ष में कहना शक्य नहीं है। सूत्र में ज्यायस्त्वकथन प्रमाणत्व के अभिप्राय से भी युक्तिसङ्गत हो सकता है अर्थात् वह व्यस्त उपासना में अप्रमाणिकत्व बतलाने के लिए कहा गया है। इसलिए समस्त उपासना में एकवाक्यता होने के कारण वही श्रेष्ठ है॥७॥

---

१. एक वाक्यत्वावगमे सति। २. अभ्युच्चिनोतीति पाठान्तरम्। ३. उपसंहारस्येति पाठान्तरम्।

३३. शब्दभेदाधिकरणम् (सू० ५८)

(४१७) नाना शब्दादिभेदात् ॥५८॥

न भिन्ना उत भिद्यन्ते शाण्डिल्यदहरादयः। समस्तोपासनश्रैष्ठ्याद्ब्रह्मैक्यादप्यभिन्नता।
कृत्स्नोपास्तेरशक्यत्वाद्गुणैर्ब्रह्म पृथक्कृतम्। दहरादीनि भिद्यन्ते पृथक्पृथगुपक्रमात्॥

पूर्वस्मिन्नधिकरणे सत्यामपि सुतेजःप्रभृतीनां फलभेदश्रुतौ समस्तोपासनं ज्याय इत्युक्तम्। अतः प्राप्ता बुद्धिरन्यान्यपि भिन्नश्रुतीन्युपासनानि समस्योपाशिष्यन्त इति। अपिच नैव वेद्याभेदे विद्याभेदो विज्ञातुं शक्यते। वेद्यं हि रूपं विद्याया द्रव्यदैवतमिव यागस्य। वेद्यश्चैक एवेश्वरः श्रुतिनानात्वेऽप्यवगम्यते 'मनोमयः प्राणशरीरः' (छा० ३-१४-२),

नाना शब्दादिभेदात्। शाण्डिल्यादिब्रह्मविद्यैका नाना वा तथा संवर्गादिप्राणविद्यैका नाना वेति '**रूपैक्यभावाभावाभ्यां संशये दृष्टान्तसंगत्या पूर्वपक्षमाह—पूर्वस्मिन्निति। रूपैक्याच्च विद्यैक्यमित्याह—अपिचेति। विद्यैक्यं चेदेकश्रुत्युक्तविद्यायाः श्रुत्यन्तरेऽप्युक्तिर्वृथेत्यत आह**—श्रुतिनानात्वमपीति।

३३. शब्दभेदाधिकरण

१. सङ्गति—जिस प्रकार व्यस्त उपासनाओं में विधिश्रुति के होते हुए भी पहले समस्त उपासना को श्रेष्ठ कहा था, उसी प्रकार वेद्यवस्तु का अभेद रहने पर प्रत्येक में विधि के रहते हुए भी समस्त उपासना को श्रेष्ठ नहीं कह सकते; अतः विधि के भेद से उपासना में भी भेद माना गया है, इस प्रकार पूर्व अधिकरण के साथ इसकी दृष्टान्त सङ्गति है।

२. विषय—सगुणब्रह्मविषयक शाण्डिल्यादि विद्या और प्राणादि विद्या के भेदाभेद का इस अधिकरण में विचार किया गया है।

३. संशय—क्या सगुणब्रह्मविषयक शाण्डिल्यादि विद्या और प्राणादि विद्या अभिन्न हैं या भिन्न हैं?

४. पूर्वपक्ष—समस्त उपासना श्रेष्ठ मानी गयी है और उसका विषय ब्रह्म भी एक है, इसीलिए ये सब सगुणब्रह्मविषयक विद्यायें अभिन्न मानी जायेंगी।

५. सिद्धान्त—वेद्य से अभेद रहने पर भी यहाँ पर विद्या भिन्न-भिन्न ही है क्योंकि सभी विद्याओं का अनुष्ठान शक्य नहीं है और गुणों के कारण ब्रह्म का स्वरूप भी पृथक्-पृथक् हो जाता है। अतः वेद्य का अभेद रहने पर भी अनुबन्ध गुण के भेद से वेद्यवस्तु में भी भेद आ जाता है, इसीलिए ये उपासनायें भिन्न भिन्न ही हैं।

नाना शब्दादिभेदात् (ललिता)

पूर्व अधिकरण में सुतेजः इत्यादि उपासनाओं के फलविशेष के सुने जाने पर भी समस्त उपासना श्रेष्ठ है, यह कहा गया था। अतः भिन्न श्रुति में कही गयी अन्यान्य उपासनायें भी समस्तरूप से अनुष्ठित हो सकती हैं, यह प्रसङ्ग प्राप्त हो जाता है। इसके अतिरिक्त वेद्यवस्तु का अभेद रहने पर उपासना को भिन्न नहीं समझ सकते हैं। जैसे याग के भेद बतलाने वाले द्रव्य और देवता हुआ करते हैं वैसे ही उपासना का रूप वेद्य होता है। श्रुति के नाना रहने पर भी 'परमेश्वर मनोमय है और

१. वेद्यैक्येत्यर्थः।

'कं ब्रह्म खं ब्रह्म' (छा० ४-१०-५), 'सत्यकामः सत्यसंकल्पः' (छा० ८-१-५) इत्येवमादिषु। तथा 'एक एव प्राणः', 'प्राणो वाव संवर्गः' (छा० ४-३-३), 'प्राणो वाव ज्येष्ठश्च श्रेष्ठश्च' (छा० ५-१-१), 'प्राणो ह पिता प्राणो माता' (छा० ७-१५-१) इत्येवमादिषु। वेद्यैकत्वाच्च विद्यैकत्वम् श्रुतम्, श्रुतिनानात्वमप्यस्मिन्पक्षे गुणान्तरपरत्वान्नानर्थकम्। तस्मात्स्वपरशाखाविहितमेकवेद्यव्यपाश्रयं गुणजातमुपसंहर्तव्यं विद्याकार्त्स्न्यायेति।

एवं प्राप्ते प्रतिपाद्यते नानेति। वेद्याभेदेऽप्येवजातीयका विद्या भिन्ना भवितुमर्हति। कुतः? —शब्दादिभेदात्। भवति हि शब्दभेदः 'वेद' 'उपासीत' 'स क्रतुं कुर्वीत' (छा० ३१४-१) इत्येवमादिः। शब्दभेदश्च कर्मभेदहेतुः समधिगतः पुरस्ताच्छब्दान्तरे कर्मभेदः कृतानुबन्धत्वादिति। आदिग्रहणाद्गुणादयोऽपि यथासम्भवं भेदहेतवो योजयितव्याः। ननु वेदेत्यादिषु शब्दभेद एवावगम्यते न यजतीत्यादिवदर्थभेदः सर्वेषामेवैषां मनोवृत्त्यर्थ-

---

पूर्वपक्षफलमाह—तस्मादिति।

सिद्धान्ते तु गुणानुपसंहार इति मत्वा सूत्रं योजयति—वेद्याभेदेऽपीति। ननु भिन्न[1]भावार्थवाचकशब्दः शब्दान्तरं यथा 'यजति ददाति जुहोति' इति तस्मिञ्शब्दभेदे कर्मशब्दितवि[2]ध्यर्थभावनाया भेदो युक्तस्तस्याः कृतानुबन्धत्वाद्भेदेन स्वीकृतविषयत्वाद्भावार्थभेदादिति यावत्। प्रकृते तु वेदोपासीतेत्यादिशब्दार्थो[3]पास्तेर्यागदानहोमवत्स्वतो भेदाभावात्सिद्धगुणकब्रह्मण एकत्वेन विषयतोऽपि भेदाभावात्कथमुपास्तिभेद इति शङ्कते—नन्विति। अत्र सूत्रे शब्दभेदोऽभ्युच्चयमात्रतयोक्तः, विद्यानानात्वे

प्राण शरीरवाला है', 'ब्रह्म सुखरूप है और ब्रह्म आकाश के समान व्यापक है' 'परमेश्वर सत्यकाम और सत्यसंकल्प है' इन सभी श्रुतियों में वेद्य ईश्वर एक ही जाना जाता है। वैसे ही 'प्राणपदवाच्य ईश्वर एक ही है', 'निःसन्देह प्राण ही संवर्ग है', 'इसमें कोई सन्देह नहीं है कि प्राण सबसे ज्येष्ठ और श्रेष्ठ है', 'प्राण ही पिता है प्राण ही माता है' इन वाक्यों में भी ईश्वर एक ही जाना जाता है। वेद्य के एक होने से विद्या एक है, इस पक्ष में श्रुतियों का नानात्व भी अनर्थक नहीं है, वह गुणान्तरबोधक है। अतः स्वशाखा एवं परशाखाविहित एक वेद्य के आश्रित सकल गुणों का उपसंहार विद्या की सम्पूर्णता के लिए कर लेना चाहिए।

ऐसा पूर्वपक्ष होने पर इस सूत्र से सूत्रकार कहते हैं कि वेद्य के एक रहने पर भी इस प्रकार की उपासनाओं को भिन्न ही माननी चाहिए क्योंकि 'वेद', 'उपासीत', 'स क्रतुं कुर्वीत' इत्यादि श्रुतियों में शब्दादि का भेद देखा जाता है। शब्दभेद कर्मभेद का हेतु पहले जाना जा चुका है, शब्दान्तर में कर्मभेद अनुबन्ध के कारण माना ही जाता है। सूत्रस्थ 'आदि' शब्द से, यथासम्भव गुणादि भी उपासनाभेद के कारण है, ऐसी योजना कर लेनी चाहिए। पूर्वपक्ष—'वेद' इत्यादि वाक्यों में केवल शब्दभेद ही जाना जाता है, 'यजति' 'जुहोति' इत्यादि की भाँति उनमें अर्थभेद नहीं है क्योंकि उन

---

१. एको विद्यागुणविधिरितरे गुणविधय इति भावः। २. पूर्वतन्त्रे। ३. भावार्थो यागदानहोमादिरूपः। ४. शाब्द्यादिभावना। ५. मानसक्रियारूपायाः।

त्वाभेदात् । अर्थान्तरासम्भवाच्च । तत्कथं शब्दभेदाद्विद्याभेद इति । नैष दोषः । मनोवृत्त्यर्थत्वाभेदेऽप्यनुबन्धभेदाद्वेद्यभेदे सति विद्याभेदोपपत्तेः । एकस्यापीश्वरस्योपा[१]स्यस्य प्रतिप्रकरणं व्यावृत्ता गुणाः [२]शिष्यन्ते । तथैकस्यापि प्राणस्य तत्र तत्रोपास्यस्याभेदेऽप्यन्यादृग्गुणोऽन्यत्रोपासितव्योऽन्यादृग्गुणश्चान्यत्रेत्येवमनुबन्धभेदाद् वेद्यभेदे सति विद्याभेदो विज्ञायते । न चात्रैको विद्याविधिरितरे गुणविधय इति शक्यं वक्तुम् । विनिगमनायां हेत्वभावात् । अनेकत्वाच्च प्रतिप्रकरणं गुणानां प्राप्तविद्यानुवादेन गुणविधानानुपपत्तेः । न चास्मिन्पक्षे समानाः सन्तः सत्यकामादयो गुणा [४]असकृच्छ्रावयितव्याः । प्रतिप्रकरणं चेदंकामेनेदमुपासितव्यमिदंकामेन चेदमिति नैराकाङ्क्ष्यावगमान्नैकवाक्यतापत्तिः । न चात्र

सम्यग्घेतवस्त्वादिपदोपात्ता गुणादय एव । तथा हि सिद्धस्यापि गुणस्य कार्यान्वयितया कार्यत्वमस्ति । यथा आरुण्यादिगुणानां क्रयणभावनान्वयितया कार्यत्वं तथाच तत्तत्प्रकरणेषूत्पत्तिशिष्टैरुपास्तिभावनान्वयितया साध्यैस्तत्तद्गुणैर्विशिष्टतयोपास्यरूपभेदादुपासनाभेदः । यथा छत्रचामरादिगुणभेदेन राजोपास्तिभेदः, यथा वामिक्षावाजिनगुणभेदेन यागभेदस्तद्वत् । तथा प्रतिविद्य फलसंयोगभेदाद्दहरशाण्डिल्यादिसमाख्याभेदाद्भेद इति समाधत्ते—नैष दोष इत्यादिना । यदुक्तं श्रुतिनानात्वं गुणान्तरविध्यर्थमिति तन्नेत्याह—न चात्रैक इति । किंच प्राप्तविद्यानुवादेनाप्राप्तानेकगुणविधाने वाक्यभेदः स्यादित्याह—अनेकत्वाच्चेति । किंच विद्यैक्यपक्षे गुणानां पुनरुक्तिर्वृ[६]था, नच [५]प्रत्यभिज्ञानार्था ब्रह्मैक्यादेव तत्सिद्धेः, विद्यानानात्वपक्षे तु गुणानामप्राप्तेः [३]सा प्राप्त्यर्थेत्याह—न चास्मिन्पक्ष इति । फलभेदाच्चोदनैक्याभावात्सर्वगुणध्यानस्याशक्यत्वाच्च विद्या नानेत्याह—प्रतिप्रकरणं चेत्यादिना ।

'वेद' 'उपासीत' इत्यादि क्रियाओं में मनोवृत्तिरूप अर्थ तो समान ही रहता है, उनमें अर्थान्तर मानना सम्भव भी नहीं है । ऐसी स्थिति में शब्दभेद से उपासना में भेद कैसे माना जा सकता है । सिद्धान्ती—यह दोष नहीं है । मनोवृत्तिरूप अर्थ के एक रहने पर भी अनुबन्ध के भेद से वेद्य में भेद आता है, फिर तो उपासना में भेद सिद्ध ही हो जायेगा । उपास्य एक ईश्वर के भी प्रत्येक प्रकरण में गुण पृथक्-पृथक् देखे जाते हैं । वैसे ही एक उपास्य प्राण के भिन्न-भिन्न उपास्यगुणों का भिन्न-भिन्न स्थानों में भेद देखा जाता है । अतः अनुबन्ध के भेद से वेद्य में भेद आता है, तत्पश्चात् उपासना में भी भेद निश्चित हो जाता है । एक वाक्य विद्या का विधान करता है और दूसरे गुणविधायक हैं, विनिगमकाभाव के कारण ऐसा नहीं कह सकते । प्रतिप्रकरण में अनेक गुण होने से पहले से विहित विद्या का अनुवाद कर गुणमात्र का विधान कहना भी युक्तिसंगत नहीं है । और इस पक्ष में 'सत्यकामादि' गुण समान होते हुए पुनः पुनः श्रवण कराना भी युक्ति नहीं है । इस कामनावाले को इसकी उपासना करनी चाहिए, और इस कामनावाले को इसकी उपासना करनी चाहिए, इस प्रकार नैराकांक्ष्य का बोध होता है, अतः इनमें एकवाक्यता नहीं आती है । वैश्वानर विद्या की भाँति समस्त का विधान यहाँ पर नहीं है जिसके बल से प्रतिप्रकरणवर्ती अवयव उपासनाओं की एकवाक्यता मान सकें । वेद्य के एक होने पर विद्या एक मानी जाती है, यह प्रतिज्ञा सर्वत्र निरंकुश है; ऐसी स्थिति में समस्त गुणों के उपसंहार की प्रतिज्ञा नहीं कर सकते । इसलिए सूत्रकार ने ठीक ही कहा है कि शब्दादि के भेद से उपासनायें भिन्न-भिन्न हैं । विद्या में भेद के सिद्ध

१. गुणसम्बन्ध । २. उपास्यत्यर्थमिति पाठान्तरम् । ३. उपदिश्यन्ते । ४. पुनः पुनः वैयर्थ्यादिति भावः । ५. सेयं विद्येति प्रत्यभिज्ञार्था । ६. पुनरुक्तिः ।

३४. विकल्पाधिकरणम् (सू० ५६)

(४१८) विकल्पोऽविशिष्टफलत्वात् ॥५६॥

अहंग्रहेष्वनियमो विकल्पनियमोऽथवा । नियामकस्याभावेन यथाकाम्य प्रतीयताम् ।
ईशसाक्षात्कृतेस्त्वेकविद्ययैव प्रसिद्धितः । अन्यानर्थक्यविक्षेपौ विकल्पस्य नियामकौ ॥

वैश्वानरविद्यायामिव समस्तचोदनाऽपरास्ति यद्बलेन प्रतिप्रकरणवर्तीन्यवयवोपासनानि भूत्वैकवाक्यतामियुः । वेद्यैकत्वनिमित्ते च विद्यैकत्वे सर्वत्र निरङ्कुशे प्रतिज्ञायमाने समस्तगुणोपसंहारोऽशक्यः प्रतिज्ञायेत । तस्मात्सुष्ठूच्यते नाना शब्दादिभेदादिति । स्थिते चैतस्मिन्नधिकरणे सर्ववेदान्तप्रत्ययमित्यादि द्रष्टव्यम् ॥५८॥

स्थिते विद्याभेदे विचार्यते । किमासामिच्छया समुच्चयो विकल्पो वा स्यात् । अथवा

दहरध्यातुः सर्वेषु लोकेषु कामचारो भवति वैश्वानरध्याता सर्वत्रान्नमत्तीत्यादिफलभेद इत्यर्थः । ननु विद्यानानात्वे सिद्धे पश्चाद्दहरादिविद्या प्रतिवेदान्तमेकाऽनेका वेति चिन्तोचिता तत्कथमादौ सा कृतेत्यत आह—स्थिते चेति । विद्यानानात्वाधिकरणं पादादावेव संगतमत्र प्रासङ्गिकमिति भावः ॥५८॥

विकल्पः । विद्यानां स्वरूपमुक्त्वाऽनुष्ठानप्रकारोऽत्र निरूप्यत इत्युपजीव्यत्वसंगतिमाह—स्थित इति । विद्यास्त्रिविधाः अहंग्रहास्तटस्था अङ्गाश्रिताश्चेति । तत्राहंग्रहविद्यासु यथाकाम्य-

---

हो जाने पर दहरादि विद्या प्रतिवेदान्त एक है अथवा अनेक है, यह चिन्ता उचित होती, फिर भला प्रारम्भ में इसकी चिन्ता कैसे की गयी; इस प्रश्न का उत्तर यह है कि इस अधिकरण के पश्चात् ही **'सर्ववेदान्तप्रत्ययम्'** इत्यादि अधिकरणों की सङ्गति लगानी चाहिए । तात्पय यह है कि **'विद्यानानात्वाधिकरण'** इस पाद के प्रारम्भ में हो कहना था जिसे प्रसङ्गवश यहाँ कहा है, ऐसा समझना चाहिए ॥५८॥

३४. विकल्पाधिकरण

१. सङ्गति—पूर्व अधिकरण के साथ इस अधिकरण की हेतु-हेतुमद्भाव सङ्गति है ।

१. विषय—अहंग्रह उपासना में विकल्प एवं समुच्चय के अनुष्ठान पर इस अधिकरण में विचार किया गया है ।

३. संशय—क्या अपनी इच्छा से उपासक सगुणब्रह्मविद्या का अनुष्ठान समुच्चयरूप में करेगा अथवा विकल्परूप में ?

४. पूर्वपक्ष—नियामक के अभाव में उपासक इनका यथेच्छ अनुष्ठान कर सकता है ।

५. सिद्धान्त—इन विद्याओं का अनुष्ठान विकल्प से ही करना चाहिए, समुच्चयरूप में नहीं क्योंकि उपास्य का साक्षात्काररूप फल सभी का समान रूप से बतलाया गया है । अतः समुच्चय अनुष्ठान विक्षेपकारक और अनावश्यक होने के कारण साक्षात्कारपर्यन्त एक ही उपासना करनी चाहिए ।

विकल्पोऽविशिष्टफलत्वात् (ललिता)

विद्याओं का स्वरूप बतलाकर अब अनुष्ठानप्रकार बतलाते हैं । अहंग्रह, तटस्थ एवं अङ्गाश्रित

---

४. प्रकृतपादादौ ।

विकल्प एव नियमेनेति । तत्र स्थितत्वात्तावद्विद्याभेदस्य न समुच्चयनियमे किंचित्कारणमस्ति । ननु भिन्नानामप्यग्निहोत्रदर्शपूर्णमासादीनां समुच्चयनियमो दृश्यते । नैष दोषः । नित्यताश्रुतिर्हि तत्र कारणं नैवं विद्यानां काचिन्नित्यताश्रुतिरस्ति । तस्मान्न समुच्चयनियमः । नापि विकल्पनियमः । विद्यान्तराधिकृतस्य विद्यान्तराप्रतिषेधात् । पारिशेष्याद्याथाकाम्यमापद्यते । नन्वविशिष्टफलत्वादासां विकल्पो न्याय्यः । तथा हि—'मनोमयः प्राणशरीरः' (छा० ३-१४-२), 'कं ब्रह्म खं ब्रह्म (छा० ४-१०-५), 'सत्यकामः सत्यसंकल्पः' (छा० ८-१-५) इत्येवमाद्यास्तुल्यवदीश्वरप्राप्तिफला लक्ष्यन्ते । नैष दोषः । समानफलेष्वपि स्वर्गादिसाधनेषु कर्मसु याथाकाम्यदर्शनात् । तस्माद्याथाकाम्यप्राप्तावुच्यते विकल्प एवासां भवितुमर्हति न समुच्चयः । कस्मात् ? अविशिष्टफलत्वात् । अविशिष्टं ह्यासां फलमुपास्यविषयसाक्षात्करणम् । एकेन चोपासनेन साक्षात्कृत उपास्ये विषय ईश्वरादौ द्वितीयमनर्थकम् । अपि चासम्भवः एव साक्षात्करणस्य समुच्चयपक्षे चित्त-

---

विकल्पयोर्विद्यानानात्वसाम्यात्संशयमाह—किमिति । पूर्वपक्षे यथेच्छमनुष्ठानमित्यनियमः सिद्धान्ते विकल्पेनानुष्ठानमिति नियम इति फलभेदः । तत्रानियमं साधयति—तत्र स्थितत्वादित्यादिना । एकपुरोडाशफलत्वाद्यथा व्रीहियवयोर्विकल्पस्तथा विकल्पनियम एवासां विद्यानां न्याय्यः, तुल्यफलत्वात् । नच फलभूयस्त्वार्थिनः काम्यकर्मसमुच्चयोऽपि दृष्ट इति वाच्यम्, ईश्वरसाक्षात्कारात्परं फलभेदेऽप्यासामहंग्रहोपास्तीनां साक्षात्कारात्मकफलस्य तुल्यत्वात्, तस्य चैकया कृतत्वे अन्यस्याः कृत्य-

---

—ऐसी तीन प्रकार की उपासनायें बतलायी गयी हैं, क्या इनका स्वेच्छा से या विकल्प से अनुष्ठान होना चाहिए अथवा इनका नियमपूर्वक विकल्प से ही अनुष्ठान होना चाहिए। विद्याभेद निश्चित हो जाने पर समुच्चयनियम में कोई कारण यहाँ नहीं दीखता है। शङ्का—अग्निहोत्र, दर्शपूर्णमासादि भिन्न कर्मों का भी समुच्चयनियम दीखता ही है। समाधान—यह कोई दोष नहीं है क्योंकि वहाँ पर नित्यताश्रुति ही कारण है, पर ऐसी उपासनाओं में कोई नित्यताश्रुति नहीं है; अतः समुच्चयनियम नहीं है और न विकल्प का ही नियम है। एक विद्या में अधिकृत पुरुष का विद्यान्तर में निषेध तो है नहीं, परिशेषन्याय से अधिकारी यथेच्छ उनका अनुष्ठान कर सकता है। शङ्का—सब का फल समान होने के कारण इनका विकल्प से अनुष्ठान करना ही उचित है क्योंकि **'मनोमयः प्राणशरीरः'** **'कं ब्रह्म खं ब्रह्म'**, **'सत्यकामः सत्यसंकल्पः'** इत्यादि ईश्वरप्राप्ति फल बतलाने वाली ये सब श्रुतियाँ एक जैसी जान पड़ती हैं। समाधान—यह दोष नहीं है। समानफलवाले स्वर्गादि के साधन कर्मों में साधक की इच्छा पर आश्रित उनका अनुष्ठान देखा जाता है। इसलिए काम्य उपासना की यथेच्छ प्राप्ति होने पर इनका विकल्प से अनुष्ठान करना ही सिद्धान्त में माना गया है, समुच्चय नहीं क्योंकि सभी उपासनाओं का फल तुल्य बतलाया गया है। उपास्यविषय का साक्षात्कार करना इन सभी उपासनाओं का समान फल बतलाया गया है, ऐसी स्थिति में एक उपासना से उपास्यविषय ईश्वरादि का साक्षात्कार हो जाने पर दूसरे का अनुष्ठान अनर्थक ही है। इसके अतिरिक्त समुच्चय पक्ष में

३५. काम्याधिकरणम् (सू० ६०)

प्रतीकेषु विकल्पः स्याद्याथाकाम्येन वा मतिः । अहंग्रहेष्विवैतेषु साक्षात्कृत्यै विकल्पनम् ।
देवो भूत्वेतिवन्नात्र काचित्साक्षात्कृतो मितिः । याथाकाम्यमतोऽमीषां समुच्चयविकल्पयोः ।।

विक्षेपहेतुत्वात् । साक्षात्करणसाध्यं च विद्याफलं दर्शयन्ति श्रुतयः—'यस्य स्यादद्धा न विचिकित्सास्ति' (छा० ३-१४-४) इति, 'देवो भूत्वा देवानप्येति' (बृ० ४-१-२)इति चैवमाद्याः । स्मृतयश्च—'सदा तद्भावभावितः'(८-६)इत्येवमाद्याः । तस्मादविशिष्टफलानां विद्यानामन्यतमामादाय तत्परः स्याद्यावदुपास्यविषयसाक्षात्कारणेन तत्फलं प्राप्त-मिति ।।५६।।

भावाच्चित्तविक्षेपकतया तद्विद्याकृतत्वाच्चेति सिद्धान्तभाष्यार्थः । मास्तु साक्षात्कार इत्यत आह—साक्षात्करणसाध्यं चेति । यस्य पुंसः, अद्धा ईश्वरोऽहमिति साक्षात्कारः स्याद्विचिकित्सा च नास्ति अहमीश्वरो न वेति, तस्यैवेश्वरप्राप्तिरित्यर्थः । जीवन्नेव भावनया देवत्वं साक्षात्कृत्य देहपातोत्तर-कालं देवान्प्राप्नोति इति श्रुत्यन्तरार्थः । अहंग्रहाणामनुष्ठानप्रकारमुपसंहरति—तस्मादिति ।।५६।।

चित्तविक्षेप होते रहने के कारण उपास्य का साक्षात्कार सम्भव भी नहीं है । साक्षात्कार ही विद्या का फल है, ऐसा 'जिस पुरुष को मैं ईश्वर हूँ, ऐसा साक्षात्कार हो गया उसे मैं ईश्वर हूँ या नहीं, ऐसा संशय नहीं होता', 'देव होकर देव में लीन होता है' ये सब श्रुतियाँ कहती हैं । उसी प्रकार 'सदा तद्-भावभावितः' इत्यादि स्मृतियाँ भी बतलाती हैं । अतः समानफलवाली उपासनाओं में से किसी एक उपासना को लेकर उपास्यविषय के साक्षात्कार के लिए तत्पर हो जाना चाहिए, तभी उसका साक्षात्काररूप फल प्राप्त होगा ।।५६।।

३५. काम्याधिकरण

१. सङ्गति—पहले अहंग्रह उपासनाओं का अनुष्ठान विकल्प से कहा गया था, वैसे ही उपासनत्वसामान्य को देखते हुए प्रतीक उपासनाओं का भी क्यों नहीं विकल्प से ही अनुष्ठान माना जाय; इस प्रकार आक्षेप होने पर इस अधिकरण का उत्थापन हुआ है ।

२: विषय—'नाम ब्रह्मेत्युपास्ते' (छा० ७-१-५) इत्यादि वाक्यों से कही गयी प्रतीक उपासनाओं के विकल्प और समुच्चय का विचार इस अधिकरण में किया गया है ।

३. संशय—क्या प्रतीक उपासनायें विकल्प से की जांय अथवा उपासक के इच्छानुरूप विकल्प या समुच्चय माना जाय ?

४. पूर्वपक्ष—साक्षात्कार फलवाली अहंग्रह उपासनाओं की भाँति इन प्रतीक उपासनाओं में भी विकल्प ही मानना चाहिए ।

५. सिद्धान्त—क्रिया की भाँति अदृष्ट द्वारा फल का जनक होने के कारण इन प्रतीक उपासनाओं का फल इष्ट का साक्षात्कार करना नहीं है, ये तो काम्य उपासनायें हैं । अतः उपासक की इच्छानुसार विकल्प या समुच्चय, दोनों ही प्रकार से ये प्रतीक उपासनायें की जा सकती हैं ।

३६. यथाश्रयभावाधिकरणम् (सू० ६१-६६)

(४१६) काम्यास्तु यथाकामं समुच्चीयेरन्न वा पूर्वहेत्वभावात् ।।६०।।

समुच्चयोऽङ्गबद्धेषु याथाकाम्येन वा मतिः । समुच्चितत्वादङ्गानां तद्बद्धेषु समुच्चयः ।
ग्रहं गृहीत्वा स्तोत्रस्यारम्भ इत्यादिवन्न हि । श्रूयते सहभावोऽत्र याथाकाम्यं ततो भवेत् ।।

अविशिष्टफलत्वादित्यस्य प्रत्युदाहरणम् । यासु पुनः काम्यासु विद्यासु 'स य एतमेवं वायुं दिशां वत्सं वेद न पुत्ररोदं रोदिति' (छा० ३-१५-२), 'स यो नाम ब्रह्मेत्युपास्ते यावन्नाम्नोगतं तत्रास्य यथाकामचारो भवति' (छा० ७-१-५) इति चैवमाद्यासु क्रियावददृष्टेनात्मनात्मीयं तत्तत् फलं साधयन्तीषु साक्षात्करणापेक्षा नास्ति । ता यथाकामं समुच्चीयेरन्न वा समुच्चीयेरन्पूर्वहेत्वभावात् । पूर्वस्याविशिष्टफलत्वादित्यस्य विकल्पहेतोरभावात् ।।६०।।

काम्यास्तु । तटस्थोपास्त्योऽत्र विषयस्तासु किं विकल्प उत यथाकाममनुष्ठानमिति पूर्ववत्संशये सत्युपास्तित्वाविशेषादहंग्रहवद्विकल्प इति प्राप्तावपवादं सिद्धान्तयति—अविशिष्टेति । स यः कश्चिदेतं वायुमेव गोत्वेन कल्पितानां दिशां वत्सं वेदोपास्ते नासौ पुत्रमरणनिमित्तं रोदनं रोदिति लभते नित्यमेव जीवत्पुत्रो भवतीत्यर्थः । अहंग्रहदृष्टान्ते साक्षात्कारद्वारत्वमुपाधिरिति भावः ।।६०।।

काम्यास्तु यथाकामं समुच्चीयेरन्न वा पूर्वहेत्वभावात् (ललिता)

पिछले अधिकरण में समानफलवाली उपासनाओं का अनुष्ठानप्रकार बतलाया गया, उसका प्रत्युदाहरणरूप यह अधिकरण है कि 'जो दिशा के वत्सरूप इस वायु की इस प्रकार उपासना करता है वह पुत्रवियोगजनित रुदन नहीं करता', 'जो नाम में ब्रह्मदृष्टि करता है उस साधक को वहाँ तक यथेच्छविचरणरूप फल प्राप्त होता है जहाँ तक नाम की गति है' इन श्रुतियों के द्वारा विहित जिन सकाम उपासनाओं में क्रिया की भाँति अदृष्टरूप से ही अपना फल देने की क्षमता है, उनमें साक्षात्कार की अपेक्षा नहीं है । उनका अनुष्ठान उपासक यथेच्छ समुच्चयरूप से करे अथवा समुच्चयरूप से न करे क्योंकि पूर्व की भाँति साक्षात्काररूप फल तो यहाँ है नहीं अर्थात् अविशिष्टफलत्वरूप पूर्वोक्त विकल्प के कारण का यहाँ पर अभाव है ।।६०।।

३६. यथाश्रयभावाधिकरण

१. **सङ्गति**—पहले जिस प्रकार स्वतन्त्र होने के कारण प्रतीक उपासनाओं का अनुष्ठान यथेच्छ कहा था, अङ्गाश्रित उपासना वैसी स्वतन्त्र नहीं है किन्तु अङ्गतन्त्र है; इस प्रकार पूर्व अधिकरण के साथ इसकी प्रत्युदाहरण सङ्गति है ।

२. **विषय**—वेदत्रयविहित कर्माङ्ग उद्गीथाश्रित विद्याओं के समुच्चय और विकल्प पर इस अधिकरण में विचार किया गया है ।

३. **संशय**—क्या कर्माङ्ग उद्गीथाश्रित वेदत्रयविहित उपासनाओं का अनुष्ठान समुच्चयरूप में किया जाय अथवा विकल्परूप में ?

(४२०) अङ्गेषु यथाश्रयभावः ॥६१॥
(४२१) शिष्टेश्च ॥६२॥

कर्माङ्गेषूद्गीथादिषु य आश्रिताः प्रत्यया वेदत्रयविहिताः किं ते समुच्चीयेरन्किंवा यथाकामं स्युरिति संशये यथाश्रयभाव इत्याह । यथैवेषामाश्रयाः स्तोत्रादयः सम्भूय भवन्त्येवं प्रत्यया अपि । आश्रयतन्त्रत्वात्प्रत्ययानाम् ॥६१॥

यथा चाश्रयाः स्तोत्रादयस्त्रिषु वेदेषु शिष्यन्त एवमाश्रिता अपि प्रत्ययाः नोपदेशकृतोऽपि कश्चिद्विशेषोऽङ्गानां तदाश्रयाणां च प्रत्ययानामित्यर्थः ॥६२॥

संप्रत्यङ्गावबद्धोपास्तीनामनुष्ठानक्रमं वक्तुं पूर्वपक्षयति—अङ्गेष्विति । अङ्गाश्रितत्वात्सफलत्वाच्च, संशयमाह—किमिति । यथा क्रत्वनुष्ठाने तदाश्रिताङ्गानां समुच्चित्यानुष्ठाननियमस्तथाङ्गानुष्ठाने तदाश्रितोपास्तीनां तन्नियम इति सूत्रार्थः । ननु तन्निर्धारणानियम इत्यत्राङ्गाश्रितानां गोदोहनवदनङ्गत्वमुक्तं, तत्कथमनङ्गानामङ्गवत्समुच्चयं शङ्कतेत्युच्यते । अङ्गान्यनुष्ठापयन्प्रयोगविधिर्यद्युपासनानि नानुष्ठापयेत्तर्हि तेषां तदाश्रितत्वं व्यर्थमिति मन्वानस्य शङ्केति भावः ॥६१॥

तर्हि गोदोहनस्यापि समुच्चयः स्यादित्यत आह—शिष्टेश्चेति । शिष्टिः शासनं विधानमिति यावत् । विहितत्वाविशेषात्समुच्चयोऽङ्गवदित्यर्थः । गोदोहनस्य तु नानुष्ठाननियमः, चमसस्थाने विहितत्वात्तन्नियमे चमसविधिवैयर्थ्यात् । उपासनानां तु कस्यचिदङ्गस्य स्थाने विहितत्वमिति समुच्चयनियमो न विरुध्यत इति भावः ॥६२॥

---

४. पूर्वपक्ष—अङ्गावबद्ध उपासनाओं का अनुष्ठान समुच्चयरूप में ही करनो चाहिए । जैसे याग के अङ्गों का अनुष्ठान समुच्चयरूप में किया जाता है, वैसे ही अङ्गाश्रित उपासनाओं का अनुष्ठान भी समुच्चयरूप में करना चाहिए क्योंकि ये भी अपने आश्रय के आधीन हैं ।

५. सिद्धान्त—अङ्गों की भाँति अङ्गाश्रित उपासनाओं में सहभाव का नियम नहीं है । अतः 'ग्रहं गृहीत्वा चमसं वोन्नीय स्तोत्रमुपाकुर्यात् स्तुतमनुशंसति' इत्यादि वाक्य में ग्रह, स्तोत्र और शंसनादि का जैसे पौर्वापर्य निश्चित रहने के कारण सहभाव सुना जाता है, प्रतीक उपासनाओं में वैसा पौर्वापर्य सहभाव नियत न रहने के कारण उसका अनुष्ठान साधक की इच्छा पर आधारित है, वह यथेच्छ विकल्प या समुच्चयरूप में उन उपासनाओं का अनुष्ठान कर सकता है ।

अङ्गेषु यथाश्रयभावः (ललिता)

अब अङ्गावबद्ध उपासनाओं का अनुष्ठानक्रम बतलाने के लिए पहले चार सूत्रों द्वारा पूर्वपक्ष करने जा रहे है । ये उपासनायें अङ्गाश्रित हैं और इनका फल भी बतलाया गया है । अतः उद्गीथादि कर्माङ्ग के आश्रित जो प्रत्यय वेदत्रयी में विहित है, उनका अनुष्ठान समुच्चयपूर्वक करना चाहिए अथवा यथेच्छ करना चाहिए, ऐसा संशय होने पर इनके सम्बन्ध में पूर्वपक्षी ने कहा है कि जैसे इनके आश्रित स्तोत्रादि मिलाकर प्रयोग किये जाते हैं ऐसे ही ये उपासनायें भी एक साथ की जा सकती हैं क्योंकि उपासना आश्रयाधीन होती है ॥६१॥

शिष्टेश्च (ललिता)

जैसे तीनों वेदों में कर्माश्रित स्तोत्र पढ़े गये हैं, ऐसे ही ये उपासनायें भी कर्माश्रित ही मानी गयी हैं । इनके उपदेश में कोई अन्तर नहीं है, अतः अङ्ग और अङ्गाश्रित प्रत्ययों का उपदेश एक जैसा ही है ॥६२॥

(४२२) समाहारात् ॥६३॥
(४२३) गुणसाधारण्यश्रुतेश्च ॥६४॥

'होतृषदनाद्धैवापि दुरुद्गीथमनुसमाहरति' (छा० १-५-५) इति च प्रणवोद्गीथैकत्वविज्ञानमाहात्म्यादुद्गाता स्वकर्मण्युत्पन्नं क्षतं हौत्रात्कर्मणः प्रतिसमादधातीति ब्रुवन्वेदान्तरोदितस्य प्रत्ययस्य वेदान्तरोदितपदार्थसम्बन्धसामान्यात्सर्ववेदोदितप्रत्ययोपसंहारं सूचयतीति लिङ्गदर्शनम् ॥६३॥

विद्यागुणं च विद्याश्रयं सन्तमोंकारं वेदत्रयसाधारणं श्रावयति—'तेनेयं त्रयीविद्या वर्तते 'ओमित्याश्रावयत्योमिति शंसत्योमित्युद्गायति' (छा० १-१-९) इति च। ततश्चाश्रयसाधारण्यादाश्रितसाधारण्यमिति लिङ्गदर्शनमेव। अथवा गुणसाधारण्यश्रुतेश्चेति।

समुच्चये लिङ्गम्—समाहारादिति। 'ऋग्वेदिनां यः प्रणवः स सामवेदिनामुद्गीथः' इति छान्दोग्ये प्रणवोद्गीथयोरैक्यध्यानविधिरस्ति, तस्य फलार्थवादो होतृषदनादि त्यादिः। होतुः शंसनस्थलवाचिना होतृषदनशब्देन शंसनं लक्ष्यते। उद्गाता स्वरादिप्रमादाद्दुष्टमप्युद्गीथं सम्यक्कृताद्धोतृशंसनादनुसमाहरत्येव निर्दोषं करोत्येव किल, शंस्यमानप्रणवेन स्वोयोद्गीथस्यैक्यध्यानबलादित्यर्थः। ततः किं तत्राह—इति ब्रुवन्निति। सामवेदस्योद्गीथध्यानस्य ऋग्वेदोक्तप्रणवसंबन्धो यो दृष्टः स एवाङ्गानां सर्ववेदान्तविहितोपास्तिसमुच्चये लिङ्गं प्रणवरूपपदार्थस्योपास्तीनां च वेदान्तरोक्तत्वसादृश्याद्वेदान्तरोक्ताङ्गसंबन्धस्यापि समानत्वादित्यर्थः ॥६३॥

ॐकारस्य ध्येयस्य साधारण्यादपि तदाश्रितध्यानानां समुच्चित्यानुष्ठानं गम्यत इति लिङ्गान्तरमाह—गुणेति। तेनोङ्कारेण, वेदत्रयोक्तं कर्म प्रवर्तत इत्यर्थः। अन्वयमुखेनोक्तमेवार्थं व्यतिरेकतोऽपि व्याचष्टे—अथवेति ॥६४॥

समाहारात् (ललिता)

समुच्चय अनुष्ठान में एक ज्ञापक लिङ्ग अग्रिम सूत्र से भी देते हैं कि 'ऋग्वेदियों का जो प्रणव है वह सामवेदियों का उद्गीथ है' इस छान्दोग्य वाक्य में प्रणव एवं उद्गीथ का अभिन्न रूप से ध्यान का विधान किया गया है, उसका फल अर्थवाद के रूप में बतलाया गया है कि 'शंसनस्थलवाची होतृषदन में बैठे हुए ऋग्वेदीय होता सामवेदीय उद्गाता के स्वर आदि प्रमाद के कारण से दुष्ट उद्गान को भी निर्दोष बना देता है।' यह प्रणव और उद्गीथ की अभिन्न उपासना का माहात्म्य है, इससे सामवेदीय उद्गाता अपने कर्म में उत्पन्न क्षति को होता के कर्म से समाधान कर लेता है, ऐसा बतलाते हुए यह श्रुति वाक्य एक वेदान्त में कही गयी उपासना का अन्य वेदान्त में कथित पदार्थ-सम्बन्धसामान्य होने के कारण सभी वेदों में बतलायी गयी उपासनाओं के उपसंहार को सूचित करता है। अतः यह लिङ्गदर्शन उक्त उपासनाओं के समुच्चय अनुष्ठान में ज्ञापक है ॥६३॥

गुणसाधारण्यश्रुतेश्च (ललिता)

उपासना के गुण और उपासना के आश्रयरूप में ॐकार को तीनों वेदों में एक जैसा बतलाते हैं, इसीलिए 'इसे त्रयीविद्या कहते हैं अतएव ॐ इस मन्त्र का उच्चारणकर ऋग्वेदीय (अध्वर्यु) अन्य ऋत्विजों को आदेश देता हैं, ॐ इस मन्त्र का उच्चारणकर यजुर्वेदीय (होता) उनका शंसन करता है और ॐ इस मन्त्र का उच्चारणकर सामवेदीय (उद्गाता) ऋत्विज् गान करता है। अतः ॐकाररूप

(४२४) न वा तत्सहभावाश्रुतेः ॥६५॥

यदीमे कर्मगुणा उद्‌गीथादयः सर्वे सर्वप्रयोगसाधारणा न स्युर्न स्यात्ततस्तदाश्रयाणां प्रत्ययानां सहभावः। ते तूद्‌गीथादयः सर्वाङ्गग्राहिणा प्रयोगवचनेन सर्वे सर्वप्रयोगसाधारणाः श्राव्यन्ते। ततश्चाश्रयसहभावात्प्रत्ययसहभाव इति ॥६४॥

न वेति पक्षव्यावर्तनम्। न यथाश्रयभाव आश्रितानामुपासनानां भवितुमर्हति। कुतः ? तत्सहभावाश्रुतेः। यथा हि त्रिवेदीविहितानामङ्गानां स्तोत्रादीनां सहभावः श्रूयते— 'ग्रहं वा गृहीत्वा चमसं वोन्नीय स्तोत्रमुपाकरोति स्तोत्रमनुशंसति प्रस्तोतः सामगाय होतरेतद्यज' इत्यादिना। नैवमुपासनानां सहभावश्रुतिरस्ति। ननु प्रयोगवचन एषां सहभावं प्रापयेत्। नेति ब्रूमः—पुरुषार्थत्वादुपासनानाम्। प्रयोगवचनो हि क्रत्वर्थानामुद्‌गीथादीनां सहभावं प्रापयेत्। उद्‌गीथाद्युपासनानि तु क्रत्वङ्गाश्रयाण्यपि गोदोहनादिवत्पुरुषार्थानीत्यवोचाम 'पृथग्घ्यप्रतिबन्धः फलम्' (ब्र० सू० ३-३-४२) इत्यत्र। अयमेव चोपदेशाश्रयो विशेषोऽङ्गानां तदालम्बनानां चोपासनानां यदेकेषां क्रत्वर्थत्वमेकेषां पुरुषार्थत्वमिति। परं च लिङ्गद्वयमकारणमुपासनसहभावस्य श्रुतिन्यायाभावात्।

फलेच्छाया अनियमादुपास्त्यनियम एवमुक्तः, अङ्गवत्समुच्चयनियमेमानाभावादिति सिद्धान्तयति–न वेति। प्रयोगविधिः खलु साङ्गप्रधानानुष्ठाननियामको न त्वनङ्गानां संग्राहक इत्याह— नेति ब्रूम इति। विमतोपास्तयः क्रतौ न समुच्चित्यानुष्ठेयाः, भिन्नफलत्वाद्‌गोदोहनवदिति भावः। शिष्टेश्चेत्युक्तं निरस्यति—अयमेवेति। समाहाराद्‌गुणसाधारण्यश्रुतेश्चेत्युक्तं लिङ्गद्वयमपि मानान्तरा प्राप्तस्य द्योतकं न स्वयं साधकमर्थवादस्थत्वादित्याह—परं चेति। गुणसाधारण्यसूत्रस्य द्वितीयां

आश्रयसाधारण्य के आश्रित उपासनाओं में भी साधारण्य है, इस बात का ज्ञापक उक्त श्रुति को समझना चाहिए। अथवा गुणसाधारण्य का श्रवण होने के कारण भी इनका समुच्चय अनुष्ठान होना उचित ही है। यदि ये सभी कर्म के गुण उद्‌गीथादि सर्वप्रयोगसाधारण न माने जाँय तो तदाश्रित सहप्रत्ययों का सहभाव नहीं रह जायेगा किन्तु वे उद्‌गीथादि सर्वाङ्गग्राही प्रयोगवचन के द्वारा सर्वप्रयोगसाधारण सुने जाते हैं इसलिए आश्रयसहभाव के कारण उपासना का भी सहभाव होना उचित ही है ॥६४॥

न वा तत्सहभावाश्रुतेः (ललिता)

ऐसा पूर्वपक्ष होने पर सिद्धान्ती कहता है कि समुच्चयनियम में कोई प्रमाण नहीं मिलता। सूत्र में 'न वा' अव्यय पूर्वपक्ष की व्यावृत्ति के लिए है अर्थात् अङ्गाश्रित उपासनाओं का यथाश्रयभाव नहीं कह सकते क्योंकि सहभाव बतलानेवाली कोई श्रुति नहीं है। जैसे यज्ञपात्र को ग्रहणकर या चमसपात्र को उठाकर स्तोत्रगान करता है, स्तुत का अनुशंसन करता है, हे प्रस्तोता ! सामगान करो, हे होता ! इसका याग करो' इस वाक्य द्वारा तीनों वेदों में विहित स्तोत्रादि अङ्गों का सहभाव सुना जाता है, वैसी उपासनाओं की सहभावबोधक श्रुति नहीं है। शङ्का—प्रयोगवचन ही इनके सहभाव का बोधक है। समाधान—हम इसे नहीं मानते हैं क्योंकि उपासनायें पुरुषार्थ हैं और प्रयोगवचन तो क्रत्वर्थ उद्‌गीथादि का सहभाव बतलाता है। उद्‌गीथादि उपासनायें क्रत्वङ्गाश्रित होती हुई भी गोदोहन आदि की भाँति पुरुषार्थ ही हैं, क्रत्वर्थ नहीं हैं, ऐसा हम 'पृथग्घ्यप्रतिबन्धः फलम्' इस सूत्र की व्याख्या में कह आये हैं। स्तोत्रादि अङ्गों और तदाश्रित कर्माङ्ग उपासनाओं में बस यही भेद है

(४२५) दर्शनाच्च ॥६६॥

नच प्रतिप्रयोगमाश्रयकात्स्न्योपसंहारादाश्रितानामपि तथात्वं विज्ञातुं शक्यम् । अतत्प्रयुक्तत्वादुपासनानाम् । आश्रयतन्त्राण्यपि ह्युपासनानि काममाश्रयाभावे माभूवन्न त्वाश्रयसहभावे सहभावनियममर्हन्ति तत्सहभावाश्रुतेरेव । तस्माद्यथाकाममेवोपासनान्यनुष्ठीयेरन् ॥६५॥

दर्शयति च श्रुतिरसहभावं प्रत्ययानाम्—'एवंविद्ध वै ब्रह्मा यज्ञं यजमानं सर्वांश्च ऋत्विजोऽभिरक्षति' (छा० ४-१७-१०) इति । सर्वप्रत्ययोपसंहारे हि 'सर्वे सर्वविदः' इति न विज्ञानवता ब्रह्मणा परिपाल्यत्वमितरेषां संकीर्त्येत । तस्माद्यथाकाममुपासनानां समुच्चयो विकल्पो वेति ॥६६॥

इति श्रीमच्छङ्करभगवत्पादकृतौ शारीरकमीमांसाभाष्ये
तृतीयाध्यायस्य तृतीयः पादः ॥३॥

व्याख्यां दूषयति—न चेति । तत्प्रयुक्तत्वाभावे तदाश्रितत्वं कथमित्यत आह—आश्रयेति । इदमेव तेषां अङ्गाश्रितत्वं यदङ्गाभावे सत्यसत्त्वं न त्वङ्गव्यापकत्वमित्यर्थः ॥६५॥

किंच विदुषां ब्रह्मणान्येषामृत्विजां पाल्यत्ववचनान्न सर्वोपास्तीनां सहप्रयोग इत्याह—दर्शनाच्चेति । ऋग्वेदादिविहिताङ्गलोपे व्याहृतिहोमप्रायश्चित्तादिविज्ञानवत्त्वमेवंवित्त्वं ब्रह्मण इत्यर्थः ॥६६॥

इति श्रीमत्परमहंसपरिव्राजकाचार्यश्रीगोविन्दानन्दभगवत्पादकृतौ
श्रीमच्छारीरकमीमांसाव्याख्यायां भाष्यरत्नप्रभायां
तृतीयाध्यायस्य तृतीयः पादः ॥३॥

कि एक क्रत्वर्थ है, दूसरा पुरुषार्थ है । किन्तु श्रुति और युक्ति के अभाव में उक्त दोनों ही लिङ्ग उपासना सहभाव के कारण नहीं बनते हैं । और प्रत्येक प्रयोग में आश्रय के पूर्णरूप से उपसंहार के कारण आश्रित उपासनाओं में भी वैसा नहीं समझ सकते क्योंकि उपासना तत्प्रयुक्त नहीं है । आश्रयाधीन उपासनायें भी चाहे आश्रय के अभाव में न हों, किन्तु आश्रयसहभाव रहने पर उपासनाओं का सहभावनियम नहीं है क्योंकि कर्म के साथ उपासनाओं का सहभाव बतलाने वाला कोई श्रुतिवाक्य नहीं है । अतः ऐसी उपासनाओं का अनुष्ठान यथेच्छ करना चाहिए ॥६५॥

दर्शनाच्च (ललिता)

'निःसन्देह ऐसा विद्वान् ब्रह्मा यज्ञ, यजमान और सभी ऋत्विजों की सभी ओर से रक्षा करता है' इस वाक्य द्वारा श्रुति उपासनाओं का असहभाव बतलाती है क्योंकि सभी उपासनाओं का सर्वत्र अनुष्ठान मानने पर सभी सर्ववित् हो जायेंगे, ऐसी स्थिति में विद्वान् ब्रह्मा द्वारा दूसरों की रक्षा की बात कैसे कही जा सकेगी । अतः उपासनाओं का अनुष्ठान इच्छानुसार समुच्चय अथवा विकल्प से भी करना चाहिए, यह निश्चित हुआ ॥६६॥

इस प्रकार ब्रह्मसूत्र शाङ्करभाष्य तृतीयाध्याय तृतीय पाद की
श्रीकैलासपीठाधीश्वर आचार्य महामण्डलेश्वर
श्रीमत्स्वामी विद्यानन्द गिरिजी महाराज
द्वारा रचित ललिता व्याख्या
सम्पूर्ण हुई ।

तृतीयाऽध्याये चतुर्थः पादः

१. पुरुषार्थाधिकरणम् (सू० १-७)

(४२६) पुरुषार्थोऽतः शब्दादिति बादरायणः ॥१॥

क्रत्वर्थमात्मविज्ञानं स्वतन्त्रं वात्मनो यतः । देहातिरेकमज्ञात्वा न कुर्यात्क्रतुं ततः ।
नाद्वैतधीः कर्महेतुर्हन्ति प्रत्युत कर्म सा । आचारो लोकसंग्राही स्वतन्त्रा ब्रह्मधीस्ततः ॥

अथेदानीमौपनिषदमात्मज्ञानं किमधिकारिद्वारेण कर्मण्येवानुप्रविशत्याहोस्वित्स्वतन्त्रमेव

कर्माङ्गविद्याप्रसङ्गाद्ब्रह्मज्ञानस्य कर्माङ्गत्वमाशङ्क्याह—पुरुषार्थोऽतः शब्दादिति बादरायणः। पूर्वपादे परापरविद्यानां गुणोपसंहारोक्त्या स्वरूपं निश्चितमस्मिन्पादे तासां कर्मानङ्गतया पुरुषार्थहेतुत्वं निरूप्यते । ततोऽङ्गाकांक्षायां यज्ञादीनि बहिरङ्गाणि शमादीन्यन्तरङ्गाणि च निरूप्यन्त इत्येकविद्याविषयत्वं पादयोः संगतिः । तत्रादौ तत्त्वज्ञानं विषयीकृत्य वादिविप्रतिपत्त्या संशयमाह—अथेति । पूर्वपक्षे ज्ञानकर्मणोरङ्गाङ्गित्वेन समुच्चयः । सिद्धान्ते केवलज्ञानान्मुक्तिरिति फलभेदः ।

तृतीय अध्याय चतुर्थ पाद

इस चतुर्थ पाद में निर्गुणब्रह्मविद्या के अन्तरङ्ग–बहिरङ्ग साधनों का विचार किया गया है । इससे पूर्व पर और अपर विद्यामें गुणों के उपसंहारनिरूपण द्वारा फल का निश्चय किया जा चुका है । यहाँ पर कर्मनिरपेक्ष उन उपासनाओं में ही पुरुषार्थसाधनत्व के निरूपणार्थ बहिरङ्ग यज्ञादि और अन्तरङ्ग शमदमादि एवं श्रवणादि साधनों का निरूपण किया जाता है । ऐसी एकविद्याविषयत्वरूप सङ्गति के कारण चतुर्थ पाद को प्रारम्भ कर रहे हैं ।

१. पुरुषार्थाधिकरण

१. सङ्गति—कर्माङ्ग विद्या के प्रसङ्ग को लेकर ब्रह्मज्ञान में कर्माङ्गत्व का प्रश्न उठाकर समाधान देने के लिए यह अधिकरण प्रारम्भ होता है, इसलिए पूर्व अधिकरण के साथ इसकी प्रसङ्ग सङ्गति है ।

२. विषय—इस अधिकरण में औपनिषद आत्मज्ञान का विचार किया गया है ।

३. संशय—क्या आत्मज्ञान कर्ता द्वारा कर्म में प्रवेशकर पुरुषार्थ का साधक है अथवा स्वतन्त्र ही पुरुषार्थ का साधन है ?

४. पूर्वपक्ष—देहातिरिक्त आत्मा को माने तथा जाने बिना कोई भी यागादि कर्म नहीं करता, अतः आत्मज्ञान कर्म के अङ्गरूप में पुरुषार्थ का साधक माना गया है ।

५. सिद्धान्त—इस स्वतन्त्र औपनिषद आत्मज्ञान से मोक्ष मिलता है, यह आत्मज्ञान अपना फल मोक्ष देने में कर्मादि की अपेक्षा नहीं रखता । अद्वैत आत्मज्ञान कर्म का हेतु नहीं है, प्रत्युत वह कर्म का निवर्तक ही है । ज्ञान की उत्पत्ति में कर्म और उपासना सहायक हो सकते हैं, किन्तु उत्पन्न आत्मज्ञान स्वतन्त्र ही मोक्ष देने में समर्थ है । ब्रह्मज्ञानियों द्वारा यागादि कर्मों का अनुष्ठान लोकसंग्रहार्थ किया जाता है, वह ज्ञान का उपकारक नहीं है ।

पुरुषार्थोऽतः शब्दादिति बादरायणः (ललिता)

यहाँ पर औपनिषद आत्मज्ञान क्या अधिकारी द्वारा कर्म में ही प्रवेश करता है अथवा स्वतन्त्र ही पुरुषार्थ का साधन है, ऐसी मीमांसा होने पर पहले सिद्धान्तनिरूपण द्वारा प्रसङ्ग प्रारम्भ किया

(४२७) शेषत्वात्पुरुषार्थवादो यथाऽन्येष्विति जैमिनिः ॥२॥

पुरुषार्थसाधनं भवतीति मीमांसमानः सिद्धान्तेनैव तावदुपक्रमते 'पुरुषार्थोऽतः' इति । अस्माद्वेदान्तविहितादात्मज्ञानात्स्वतन्त्रात्पुरुषार्थः सिध्यतीति बादरायण आचार्यो मन्यते । कुत एतदवगम्यते शब्दादित्याह । तथा हि—'तरति शोकमात्मवित्' (छा० ७-१-३), 'स यो ह वै तत्परमं ब्रह्म वेद ब्रह्मैव भवति' (मु० ३-२-९), 'ब्रह्मविदाप्नोति परम्' (तै० २-१-१), 'आचार्यवान्पुरुषो वेद तस्य तावदेव चिरं यावन्न विमोक्ष्येऽथ संपत्स्ये' (छा० ६-१४-२) इति । 'य आत्माऽपहतपाप्मा' (छा० ८-७-१) इत्युपक्रम्य 'सर्वांश्च लोकानाप्नोति सर्वांश्च कामान्यस्तमात्मानमनुविद्य विजानाति' (छा० ८-७-१) इति । 'आत्मा वा अरे द्रष्टव्यः' (बृ० ४-५-६) इत्युपक्रम्य 'एतावदरे खल्वमृतत्वम्' (बृ० ४-५-१५) इत्येवंजातीयका श्रुतिः केवलायाः विद्यायाः पुरुषार्थहेतुत्वं श्रावयति ॥१॥

अथात्र परः प्रत्यवतिष्ठते—

कर्तृत्वेनात्मनः कर्मशेषत्वात्तद्विज्ञानमपि व्रीहिप्रोक्षणादिवद्विषयद्वारेण कर्मसम्बध्ये-

---

'य आत्मेति' प्रजापत्युक्तब्रह्मविद्यायां लोकादिकं सगुणविद्याफलं मोक्षानन्देऽन्तर्भावाभिप्रायेणोक्तमिति मन्तव्यम् ॥१॥

एवं सिद्धान्तमुपक्रम्य पूर्वपक्षयति—शेषत्वादिति । सूत्रेऽर्थवादपदमावर्तनीयम् । ज्ञानात्पुरुषार्थवादोऽर्थवाद इत्यर्थः । ज्ञानं कर्माङ्गम्, अफलत्वे सति कर्मशेषाश्रयत्वात्प्रोक्षणपर्णमयीत्वादिवदिति भावः । तत्त्वनिर्णयार्थं गुरुशिष्ययोः कथावादोऽयमिति ज्ञापनार्थं जैमिनिग्रहणम् । अङ्गिफलेनाङ्गभूत आत्मा-

---

गया है कि इस वेदान्तविहित स्वतन्त्र आत्मज्ञान से परमपुरुषार्थ सिद्ध होता है, ऐसा बादरायण आचार्य मानते हैं क्योंकि 'आत्मज्ञानी शोकोपलक्षित समस्त संसार को पार कर जाता है', 'निःसन्देह जो उस परब्रह्म को जानता है वह ब्रह्म ही हो जाता है', 'ब्रह्मज्ञानी परतत्त्व को प्राप्त कर लेता है' ,आचार्यवान् पुरुष तत्त्व को जानता है, उस ब्रह्मज्ञानी को विदेहकैवल्य प्राप्त करने में प्रारब्धक्षय होने तक का ही विलम्ब है, प्रारब्ध क्षय होते ही कैवल्य को प्राप्त कर लेता है' 'जो आत्मा है वह पाप से सर्वथा मुक्त है' इन वाक्यों द्वारा प्रसङ्ग प्रारम्भकर 'वह आत्मवित् पुरुष सभी लोकों को और सभी भोगों को प्राप्त कर लेता हैं, जो उस आत्मा को आचार्य से जानकर अपरोक्ष कर लेता है' निःसन्देह, अरे मैत्रेयि ! आत्मा ही दर्शनयोग्य है' इन वाक्यों से उपक्रम करके अन्त में कहा है कि 'अरे मैत्रेयि ! अमरत्व का साधन बस इतना ही है' इस प्रकार की श्रुतियाँ केवल आत्मज्ञान में मोक्षसाधनत्व दिखलाती है ॥१॥

शेषत्वात्पुरुषार्थवादो यथाऽन्येष्विति जैमिनिः (ललिता)

इस पर पूर्वपक्षी शङ्का करता है कर्ता होने के कारण आत्मा कर्म का शेष है । अतः पुरोडाश द्रव्य का अङ्ग बीहियवादि का प्रोक्षण जैसे कर्माङ्ग है, ऐसे ही आत्मज्ञान भी कर्माङ्ग है । विषय

वेत्यतस्तस्मिन्नवगतप्रयोजन आत्मज्ञाने या फलश्रुतिः सार्थवाद इति जैमिनिराचार्यो मन्यते । यथान्येषु [1]द्रव्यसंस्कारकर्मसु 'यस्य पर्णमयी जुहूर्भवति न स पापं श्लोकं शृणोति । यदाङ्क्ते चक्षुरेव भ्रातृव्यस्य वृङ्क्ते । यत्प्रयाजानुयाजा इज्यन्ते वर्म वा एतद्यज्ञस्य क्रियते वर्म यजमानस्य भ्रातृव्याभिभूत्यै' इत्येवंजातीयका फलश्रुतिरर्थवादः । तद्वत् । कथं पुनरस्यानारभ्याधीतस्यात्मज्ञानस्य प्रकरणादीनामन्यतमेनापि हेतुना विना क्रतुप्रवेश आशङ्क्यते । कर्तृद्वारेण वाक्यात्तद्विज्ञानस्य क्रतुसम्बन्ध इति चेत् । न, वाक्याद्विनियोगानुपपत्तेः । अव्यभिचारिणा हि केनचिद्द्वारेणानारभ्याधीतानामपि वाक्यनिमित्तः क्रतुसम्बन्धोऽवकल्पते । कर्ता तु व्यभिचारि द्वारं लौकिकवैदिककर्मसाधारण्यात् । तस्मान्न तद्द्वारेणात्मज्ञानस्य क्रतुसम्बन्धसिद्धिरिति । न, [2]व्यतिरेकविज्ञानस्य वैदिकेभ्यः कर्मभ्योऽन्यत्रानुपयोगात् । नहि देहव्यतिरिक्तात्मविज्ञानं लौकिकेषु कर्मसूपयुज्यते । सर्वथा दृष्टार्थप्रवृत्त्युपपत्तेः । वैदिकेषु तु

वगतप्रयोजनस्तदाश्रये तत्संस्कारके ज्ञाने फलश्रुतिरर्थवाद इत्यत्र दृष्टान्तः—यथेति । पर्णमयी द्रव्यं, यजमानस्याञ्जनं संस्कारः, प्रयाजादीनि कर्माणि तेष्वित्यर्थः । वर्म कवचम् । आत्मज्ञानं न कर्माङ्गं मानाभावादिति सिद्धान्ती शङ्कते—कथमिति । पूर्वपक्ष्याह—कर्त्रिति । युक्तो ह्यनारभ्याधीतायाः पर्णताया जुहूद्वारेण वाक्यात्क्रत्वङ्गभावो जुह्वाः क्रतुव्याप्यतया क्रतूपस्थापकत्वात्, न तथात्मविज्ञानस्य 'आत्मा द्रष्टव्यः' इतिवाक्यात्क्रतुसंबन्ध उपपद्यते, आत्मनः क्रतुव्याप्त्यभावादिति सिद्धान्ती दूषयति—नेति । देहभिन्नत्वेन ज्ञातात्मनः क्रतुव्याप्यत्वमप्यस्तीति पूर्वपक्षी समाधत्ते—न व्यतिरेकेति । सर्वथेति ।

द्वारा आत्मज्ञान कर्मसम्बन्धी हो है । इसलिए आत्मज्ञान का प्रयोजन अवगत हो जाने पर जो आत्मज्ञान की फलश्रुति है वह तो अर्थवादरूप है, ऐसा जैमिनि आचार्य मानते हैं । जैसे 'जिसकी जुहू पलास की होती है वह यजमान पापसमुदाय को स्पर्श नहीं करता', 'यज्ञानुष्ठान के समय यजमान जब आँखों में अञ्जन लगाता है तो उससे उसके शत्रु की आँख फूट जाती है', प्रयाज और अनुयाज के अनुष्ठान जो करते हैं वह यज्ञ और यजमान के लिए कवच का काम करता है और उससे उसके शत्रु का पराभव भी हो जाता है' इन श्रुतियों द्वारा जो द्रव्यसंस्कार और कर्म में फल सुना गया है वह अर्थवाद है, वैसे ही आत्मज्ञानप्रसङ्ग में भी फलश्रुति अर्थवाद है । शङ्का—आत्मज्ञान किसी कर्म के प्रसङ्ग में नहीं कहा गया है, ऐसी स्थिति में प्रकरण आदि में से किसी एक हेतु के विना ही याग में आत्मज्ञान के प्रवेश की आशङ्का कैसे करते हो । समाधान—यह शङ्का ठीक नहीं क्योंकि आत्मज्ञान वाक्य प्रमाण से कर्ता द्वारा यज्ञ के साथ सम्बद्ध हो सकता है, अन्यथा नहीं । शङ्का—वाक्यविनियोग की अनुपपत्ति होने के कारण पूर्वपक्षी का यह समाधान ठीक नहीं है क्योंकि अव्यभिचारी किसी माध्यम से ही अनारभ्य-अधीत वेदान्त का भी याग के साथ सम्बन्ध कराने वाला वाक्य प्रमाण निमित्त बन सकता है, किन्तु कर्ता द्वारा व्यभिचारी है, क्योंकि वह लौकिक वैदिक सभी कर्मों में साधारण है । अतः कर्ता द्वारा आत्मज्ञान का यज्ञ के साथ सम्बन्ध सिद्ध नहीं होता । समाधान—देह से भिन्न आत्मा का ज्ञान वैदिक कर्म को छोड़कर अन्यत्र उपयुक्त नहीं होता है क्योंकि आत्मा देह से भिन्न है । ऐसा आत्मज्ञान किसी लौकिक कर्म में उपयोगी नहीं जान पड़ता है, दृष्ट अर्थ में

---

१. द्रव्यसंस्कारकर्मसु परार्थत्वात् । फलश्रुतिरर्थवादः स्यात् ।। २. देहव्यतिरिक्तात्मज्ञानस्य ।

(४२८) आचारदर्शनात् ॥३॥

देहपातोत्तरकालफलेषु देहव्यतिरिक्तात्मविज्ञानमन्तरेण प्रवृत्तिर्नोपपद्यत इत्युपयुज्यते व्यतिरेकविज्ञानम्। नन्वपहतपाप्मत्वादिविशेषणादसंसार्यात्मविषयमौपनिषदं दर्शनं न प्रवृत्त्यङ्गं स्यात्। न। प्रियादिसंसूचितस्य संसारिण एवात्मनो द्रष्टव्यत्वेनोपदेशात्। अपहतपाप्मत्वादि विशेषणं तु स्तुत्यर्थं भविष्यति। ननु तत्र तत्र प्रसाधितमेतदधि[1]कमसंसारि ब्रह्म जगत्कारणं तदेव च संसारिण आत्मनः पारमार्थिकं स्वरूपमुपनिषत्सूपदिश्यत इति। सत्यं प्रसाधितं तस्यैव तु स्थूणानिखननवत्फलद्वारेणाक्षेपसमाधाने क्रियेते दार्ढ्याय ॥२॥

'जनको ह वैदेहो बहुदक्षिणेन यज्ञेनेजे' (बृ० ३-१-१), 'यक्ष्यमाणो वै भगवन्तोऽहमस्मि' (छा० ५-११-५) इत्येवमादीनि ब्रह्मविदामप्यन्यपरेषु वाक्येषु कर्मसम्बन्धदर्शनानि भवन्ति। तथोद्दालकादीनामपि पुत्रानुशासनादिदर्शनाद्गार्हस्थ्यसम्बन्धोऽवगम्यते। केवला-

---

देहात्मत्वेनापीत्यर्थः। देहाभिन्नकर्तृज्ञानस्याङ्गत्वेऽप्यकर्तृब्रह्मात्मज्ञानस्य नाङ्गत्वमिति शङ्कते—नन्वपहतेति। यस्यार्थे जायादिकं प्रियं भोग्यं स आत्मा द्रष्टव्य इति भोग्यलिङ्गेन सूचितभोक्तृभिन्नमकर्तृस्वरूपं नास्तीति समाध्यर्थः। जन्मादिसूत्रमारभ्य साधितं स्वरूपं कथं नास्तीति शङ्कते—नन्विति। स्वरूपज्ञानं वेदान्तानां फलं, तस्य क्रत्वर्थत्वपुरुषार्थत्वविचारेण दार्ढ्यं क्रियत इत्याह—सत्यमिति ॥२॥

ब्रह्मविदां कर्माचारदर्शनं ब्रह्मविद्यायाः कर्माङ्गत्वे लिङ्गमित्याह—आचारेति। ईजे यागं कृतवानित्यर्थः। हे भगवन्त इति ब्राह्मणान्संबोध्य ब्रह्मवित्कैकेयराजो ब्रूते अहं यक्ष्यमाणो यागं करिष्यमाणोऽस्मि वसन्त्वत्र भगवन्त इत्यर्थः। अन्यपरेष्विति विद्याविधिपरेष्वित्यर्थः। अल्पायासं मुक्ते-

---

प्रवृत्ति तो देहात्मज्ञान से भी हो जाती है। किन्तु देहपात के बाद होने वाले वैदिक फल में देह से व्यतिरिक्त आत्मज्ञान के बिना प्रवृत्ति बनती ही नहीं है, अतः देहभिन्न आत्मज्ञान वैदिक कर्मानुष्ठान में उपयोगी होता है। शङ्का—आत्मा अपहतपाप है, ऐसा विशेषण आत्मा का दिया गया है, इससे संसारधर्म से रहित आत्मा को बतलाने वाला औपनिषद दर्शन कर्म में प्रवृत्ति का अङ्ग नहीं हो सकता। समाधान—ऐसा कहना ठीक नहीं क्योंकि प्रियादिसंसूचित संसारी आत्मा का ही द्रष्टव्यरूप से उपदेश किया गया है, अपहतपाप्मत्वादि विशेषण तो केवल स्तुति के लिए है। शङ्का—उपनिषद् में स्थल-स्थल पर इस असंसारी ब्रह्मस्वरूप आत्मा को जगत् का कारण बतलाया गया है और वही संसारी जीवात्मा का पारमार्थिक स्वरूप उपनिषदों में कहा जाता है। समाधान—ठीक है, ऐसा ही सिद्ध किया गया है, किन्तु स्थूणानिखननन्याय की भाँति फल के माध्यम से उसी को दृढ़ करने के लिए शङ्का—समाधान किये गये हैं। अतः प्रतिपाद्य तत्त्व तो संसारी आत्मा ही है जिसका उपयोग वैदिक कर्मानुष्ठान में होता है ॥२॥

आचारदर्शनात् (ललिता)

'विदेहराज जनक ने विस्तृत दक्षिणावाले यज्ञ से यजन किया था', 'हे भगवन! मैं यज्ञ करने वाला हूँ' ये वाक्य ब्रह्मज्ञानियों को भी कर्मबोधक वाक्य में कर्म से सम्बन्धित बतलाते हैं। वैसे ही उद्दालक आदि ऋषियों को भी पुत्रादि को अनुशासन करते श्रुति ने देखा है, इससे उन ब्रह्मज्ञानियों

---

१. अधिकरणं सप्तम्यर्थः। २. अन्यत्।

(४२९) तच्छ्रुतेः ॥४॥
(४३०) समन्वारम्भणात् ॥५॥
(४३१) तद्वतो विधानात् ॥६॥

च्चेज्ज्ञानात्पुरषार्थसिद्धिः स्यात्किमर्थमनेकायाससमन्वितानि कर्माणि ते कुर्युः । 'अ'र्के चेन्मधु विन्देत किमर्थं पर्वतं व्रजेत्' इति न्यायात् ॥३॥

'यदेव विद्यया करोति श्रद्धयोपनिषदा तदेव वीर्यवत्तरं भवति' (छा० १-१-१०) इति च कर्मशेषत्वश्रवणाद्विद्यायाः न केवलायाः पुरुषार्थहेतुत्वम् ॥४॥

'तं विद्याकर्मणी समन्वारभेते' (बृ० ४-४-२) इति च विद्याकर्मणोः फलारम्भे ²सहकारित्वदर्शनान्न स्वातन्त्र्यं विद्यायाः ॥५॥

'आचार्यकुलाद्वेदमधीत्य यथाविधानं गुरोः कर्मातिशेषेणाभिसमावृत्य कुटुम्बे शुचौ देशे स्वाध्यायमधीयानः' (छा० ८-१५-१) इति चैवंजातीयका श्रुतिः समस्तवेदार्थविज्ञानवतः

रुपायं ज्ञानं लब्ध्वा बहुायासं कर्म न कुर्युरित्यत्र दृष्टान्तमाह—अक्व इति । समीप इत्यर्थः । अर्क इति पाठेऽप्ययमेवार्थः ॥३॥

ब्रह्मविद्यायाः कर्माङ्गत्वे तृतीया श्रुतिरप्यस्तीत्याह—तच्छ्रुतेरिति ॥४॥

लिङ्गान्तरमाह—समिति । तं परलोकं गच्छन्तं विद्याकर्मणी अनुगच्छत इत्यर्थः ॥५॥

गुरोः शुश्रूषारूपं कर्म कुर्वन्नतिशेषेणावशिष्टेन कालेन यथाविधानं वेदमधीत्यानन्तरमाचार्यस्य

का गार्हस्थ के साथ सम्बन्ध जान पड़ता है । ऐसी स्थिति में यदि केवल ज्ञान से मोक्ष की सिद्धि होती तो वे ब्रह्मज्ञानी अनेक परिश्रम से सम्पन्न होने वाले कर्मों को क्यों करते । घर के कोने यदि मधु मिलता हो तो मधु के लिए पर्वत पर क्यों जाने लग जाय, इस लौकिक न्याय से भी यही अर्थ सिद्ध होता है कि केवल ब्रह्मज्ञान से मोक्ष नहीं मिलता, किन्तु कर्मसमन्वित ब्रह्मज्ञान से मोक्ष मिलता है ॥३॥

तच्छ्रुतेः (ललिता)

विद्या में कर्माङ्गत्व केवल लिङ्ग प्रमाण से ही सिद्ध नहीं होता किन्तु 'जब विद्यासहित श्रद्धा एवं औपनिषद ज्ञानपूर्वक कर्म करता है, तब वह कर्म अधिक शक्तिशाली हो जाता है' इस तृतीयाश्रुति से भी विद्या में कर्मशेषत्व सिद्ध होता है । अतः केवल विद्या मोक्ष का साधन नहीं है ॥४॥

समन्वारम्भणात् (ललिता)

१. सङ्गति—पिछले अधिकरण में अनुष्ठेय साम्यश्रुति होने के कारण संन्यास आश्रम को विधेय कहा था, वैसे ही यहाँ पर रसतमत्वादि अङ्गाश्रित होने के कारण 'इयमेव जुहूरादित्यः' इत्यादि श्रुति स्तुतिमात्र के लिए है; इस प्रकार पूर्व अधिकरण के साथ इसकी दृष्टान्त सङ्गति है ।

१. मृतभार्यः । २. विचर्षणं विचक्षणं योग्यमिति यावत् भूयात् । ३. मधुमत्तमाऽतिशयेन मधुरभाषिणीत्यर्थः । ४. भूरि विश्रुवं व्यश्रवमडभावश्छांदसः झटिति श्रोता भूयासमित्यर्थः आत्मज्ञानयोग्यः कार्यकारणसंघातोऽस्त्विति वाक्यार्थः ।

(४४६) स्तुतिमात्रमुपादानादिति चेन्नापूर्वत्वात् ॥२१॥

'स एष रसानां रसतमः परमः परार्ध्योऽष्टमो यदुद्गीथः' (छा० १-१-३), 'इयमेवर्गग्निः साम' (छा० १-६-१), 'अयं वाव लोक एषोऽग्निश्चितः। तदिदमेवोक्थमियमेव पृथिवी' इत्येवंजातीयकाः श्रुतयः किमुद्गीथादेः स्तुत्यर्था आहोस्विदुपासनाविध्यर्था इत्यस्मिन्संशये स्तुत्यर्था इति युक्तम्। उद्गीथादीनि कर्माङ्गान्युपादाय श्रवणात्। यथा—'इयमेव जुहूरादित्यः कूर्मः स्वर्गो लोक आहवनीयः' इत्याद्या जुह्वादिस्तुत्यर्थास्तद्वदिति चेत्। नेत्याह। नहि स्तुतिमात्रमासां श्रुतीनां प्रयोजनं युक्तमपूर्वत्वात्। विध्यर्थतायां ह्यपूर्वोऽर्थो

स्तुतिमात्रं। पृथिव्योषधिपुरुषवागृक्साम्नां सप्तानां रसानां रसतमोऽष्टम उद्गीथावयव ॐकारः परमः परमात्मप्रतीकत्वात्परस्य ब्रह्मणोऽर्धं स्थानं तदर्हतीति परार्ध्य इत्यर्थः। आसु श्रुतिष्वङ्गोपादानादपूर्वार्थत्वाच्च संशयमाह—किमिति। ययानुष्ठेयगार्हस्थ्यसाम्यश्रुतेः पारिव्राज्यस्यानुष्ठेयत्वं तद्वदासां श्रुतीनां जुह्वादिस्तुतिश्रुतिसाम्यात्स्तुतित्वमिति पूर्वपक्षयति—स्तुत्यर्था इति। जुहूरियमेव पृथिवीति स्तूयते। चयनस्थः कूर्म आदित्य इति। आहवनीयः स्वर्गलोक इति स्तुतिः। तयोद्गीथादीनां रसतमत्वादिगुणैः स्तुतिरित्यर्थः। स्तुतिलक्षणातो वरं विधिकल्पनमनुष्ठानफललाभादिति सिद्धान्तयति —नहि स्तुतीति। पूर्वपक्षे त्वननुष्ठानं फलं सिद्धान्ते त्वनुष्ठानं फलमिति मन्तव्यम्। स्तावकत्वेनार्थ-

२. विषय—इस अधिकरण में उद्गीथ आदि उपासना का विचार किया गया है।

३. संशय—'रसों में सर्वश्रेष्ठ रस यह है, जो अष्टम उद्गीथ है' इस वाक्य द्वारा उद्गीथ उपासनाओं में कर्माङ्ग उद्गीथ की स्तुति की गयी है अथवा गुण का विधान है?

४. पूर्वपक्ष—'इयमेव जुहूरादित्यः कूर्मः स्वर्गो लोक आहवनीय' इस वाक्य द्वारा जुहू आदि की स्तुति की भाँति रसतमत्वादि वाक्य भी कर्माङ्ग उद्गीथ की स्तुति के लिए आया है।

५. सिद्धान्त—भिन्न प्रकरणस्थ होने से अङ्गविधि के साथ एकवाक्यता नहीं है 'उपासीत' इस वाक्य से उपासना का विधान किया गया है, उस विधि की सन्निधि में रसतमत्वादि गुण चिन्तन के लिए विहित है, वह स्तुतिमात्र नहीं है।

स्तुतिमात्रमुपानादिति चेन्नापूर्वत्वात् (ललिता)

'पृथ्वी, जल, ओषधि, पुरुष, वाणी, ऋक् और साम; इन सात रसों का श्रेष्ठ अष्टम रस उद्गीथावयव ॐकार परमात्मा का प्रतीक होने के कारण उसकी उपलब्धि का श्रेष्ठ स्थान है, इसीलिए उसको परार्ध्य कहते हैं।' 'यह पृथ्वी ही ऋक् है, अग्नि साम है और यह लोक अग्निचित् है', 'यही उक्थ है, जो यह पृथ्वी है' ऐसी श्रुतियाँ छान्दोग्य उपनिषद् में मिलती हैं। क्या ये उद्गीथ कर्म की स्तुति के लिए है अथवा उपासना विधान के लिए है, ऐसा संशय होने पर कर्माङ्ग उद्गीथादि को लेकर यह प्रसङ्ग सुने जाने के कारण इसे स्तुत्यर्थक मानना ही उचित होगा। जैसे 'यह पृथ्वी ही जुहू है, नेत्रगत कूर्म आदित्य है और आहवनीय अग्नि स्वर्गलोक है' इत्यादि श्रुतियाँ जुह्वादि की स्तुति के लिए है, वैसे ही जुह्वादि की स्तुति के लिए ही यह प्रसङ्ग आया है? ऐसा पूर्वपक्ष होने पर सिद्धान्ती कहते हैं कि इन श्रुतियों का प्रयोजन स्तुतिमात्र कहना ठीक नहीं है, क्योंकि ये अपूर्व हैं।

१. फलवदज्ञातोपासितविधायकत्वसम्भवात्। २. अज्ञातोऽर्थः। ३. उद्गीथाद्यङ्गोपादानादित्यर्थः।

(४४७) भावशब्दाच्च ॥२२॥

विहितो भवति स्तुत्यर्थतायां त्वानर्थक्यमेव स्यात् । विधायकस्य हि शब्दस्य वाक्यशेषभावं प्रतिपद्यमाना स्तुतिरुपयुज्यत इत्युक्तम् 'विधिना त्वेकवाक्यत्वात्स्तुत्यर्थेन विधीनां स्युः' इत्यत्र । 'प्रदेशान्तरविहितानां तूद्गीथादीनामियं प्रदेशान्तरपठिता स्तुतिर्वाक्यशेषभावमप्रतिपद्यमानानर्थिकैव स्यात् । इयमेव जुहूरित्यादि तु विधिसंनिधावेवाम्नातमिति वैषम्यम् । तस्माद्विध्यर्था एवंजातीयकाः श्रुतयः ॥२१॥

'उद्गीथमुपासीत' (छा० १-१-१), 'सामोपासीत' (छा० २-२-१), 'अहमुक्थमस्मीति विद्यात्' इत्यादयश्च विस्पष्टा विधिशब्दाः श्रूयन्ते ते च स्तुतिमात्रप्रयोजनतायां व्याहन्येरन् । तथा च न्यायविदां स्मरणम्—'कुर्यात्क्रियेत कर्तव्यं भवेत्स्यादिति पञ्चमम् । एतत्स्यात्सर्ववेदेषु नियतं विधिलक्षणम्' इति लिङाद्यर्थो विधिरिति मन्यमानास्त एवं स्मरन्ति ।

वरत्वं किं न स्यादित्यत आह—विधायकस्येति । युक्तमियमेव जुहूरित्यादिश्रुतीनां फलवज्जुह्वादिविधिप्रकरणस्थतया स्तावकत्वेनार्थवत्वं; रसतमादिश्रुतीनां तु क्रत्वङ्गविधिप्रकरणस्थत्वाभावात्फलवदपूर्वोपास्तिविधायकत्वमेव युक्तं क्रत्वन्तरश्रुतिवदिति भावः ॥२१॥

किंचात्र विधिकल्प्य इति कृत्वाचिन्तयोक्तं वस्तुतस्तु न कल्प्यः क्लृप्तत्वादित्याह—भावेति । न चैवमुपासनाविधिस्तावकत्वं रसतमादिश्रुतीनामिति सांप्रतम् । विध्यपेक्षितविषयार्थकत्वसंभवे स्तुतिलक्षणायोगादिति भावः देवो मदिष्टं कुर्यादिति प्रार्थनादावपि लिङादिप्रयोगादुपासीतेत्यादिशब्दानां कथं विधिपरत्वनिश्चय इत्यत आह—तथा चेति । एतल्लिङादिकं वेदेषूत्सर्गतो नियमेनेष्टसाधनत्वाख्यविधेर्लक्षणं ज्ञापकं स्यात् । उपपदादिबाधके त्वन्यार्थपरमित्यर्थः । तदिदमाह—लिङादिति । नव श्लोके पञ्चममित्युक्तेः पञ्चपदानामेव विधिलक्षणत्वं नोपासीतेत्यादीनामिति भ्रमितव्यम् । क्रियासामान्यवाचिनां कृभ्वस्तीनामुदाहरणेन सर्वधातूपरक्तलिङादीनां 'विधिलक्षणत्वस्य विवक्षितत्वात्-

---

विध्यर्थता मानने पर अपूर्वार्थ विहित माना जाता है, स्तुत्यर्थ मानने पर तो इसमें आनर्थक्य आ जायेगा क्योंकि विधायक शब्द के वाक्यशेषभाव को प्राप्त कराने वाली स्तुति उपयुक्त होती है। मीमांसा दर्शन में ऐसा कहा है कि 'विधि के साथ अर्थवाद वाक्य की एकवाक्यता होने के कारण विधि की स्तुतिरूप में वे उपयुक्त होते हैं।' अन्य प्रदेश में विहित उद्गीथ की प्रदेशान्तरपठित स्तुति वाक्यशेषत्व का न प्राप्त करती हुई अनर्थक ही हो जायेगी। 'इयमेव जुहूः' इत्यादि वाक्य तो विधिसन्निधि में पढ़े गये हैं, उनका उदाहरण यहाँ पर विषम माना जायेगा। अतः ऐसी श्रुतियाँ तो विधायक ही होती हैं ॥२१॥

भावशब्दाच्च (ललिता)

'उद्गीथ की उपासना करे', 'साम की उपासना करे', 'मैं उक्थ हूँ, ऐसा जाने' इत्यादि विस्पष्ट विधिशब्द सुनायी पड़ते है, यदि इनका प्रयोजन स्तुतिमात्र मानोगे तो ये व्याहृत हो जायेंगे। न्यायवित् पुरुषों का स्मरण है कि 'कुर्यात्, क्रियेत, कर्तव्यम्, भवेत् और स्यात्; ये पाँचों सभी वेदों में निश्चित विधिरूप से माने गये हैं।' इस वाक्य में लिङादि का अर्थ विधि मानने वाले विद्वान् ऐसा

---

१. पूर्वकाण्ड। २. उपासनाकाण्ड। ३. जोतिष्टोमादि विधि। ४. ज्ञापकत्वस्य।

४. पारिप्लवाधिकरणम् (सू० २३-२४)

पारिप्लवार्थमाख्यानं किं वा विद्यास्तुतिः स्तुतेः । ज्यायोऽनुष्ठानशेषत्व तेन पारिप्लवार्थता ।
मनुर्वैवस्वतो राजेत्येवं तत्र विशेषणात् । अत्र विद्यैकवाक्यत्वभावाद्विद्यास्तुतिर्भवेत् ।।

प्रतिप्रकरणं च फलानि श्राव्यन्ते—'आपयिता ह वै कामानां भवति' (छा० १-१-७), 'एष ह्येव कामागानस्येष्टे' (छा० १-७-९), 'कल्पन्ते हास्मै लोका ऊर्ध्वाश्चावृताश्च' (छा० २-२-३) इत्यादीनि । तस्मादप्युपासनविधानार्था उद्गीथादिश्रुतयः ।।२२।।

पञ्चमपदं तूक्तापेक्षया श्लोकपूरणार्थं मृत्युर्धावति पञ्चम इतिवत् । यद्यपि डुकृञ् करण इति धातोरेव [1]करणशब्दितभावनाख्यक्रियासामान्यवाचित्वं नेतरयोर्धात्वो र्भू सत्तायामस् भुवीत्यर्थान्तरोक्तेः । तथापि जन्माख्यभवनस्य तत्फलस्यास्तित्वस्य च प्रयोज्यनिष्ठस्य प्रयोजकव्यापारात्मकभावनाव्याप्तत्वात्तयोः क्रियासामान्यवाचित्वव्यवहारः । तत्र कुर्यादिति [2]प्रकृत्यर्थभावनाख्यातेनानूद्यते यथा द्वाविति प्रयोगे प्रकृत्यर्थो द्वित्वं प्रत्ययेनानूद्यते । तद्वल्लिङा च [3]तस्या इष्टसाधनत्वाख्यविधिर्बोध्यते । कर्ता तु तयाक्षिप्यत इत्याक्षिप्तकर्तृका भावनोदाहृता । तथा क्रियेतेत्यत्रापि प्रकृतिप्रत्ययाथौ व्याख्यातौ । कर्मात्र प्राधान्येनाक्षिप्यत इत्याक्षिप्तकर्मिका भावनोदाहृता । आख्यातानां कर्त्रादिकारके शक्त्यभावात्कर्तृकर्मणोराक्षेप एवेति मीमांसकमतम् । कर्तव्यमिति कृत्यप्रत्ययेन कर्मकारकमुच्यते । तस्योपसर्जनत्वेन प्रकृत्या भावनोक्तेति भेदः । तथा दण्डी भवेत् भूयेत दण्डिना भवितव्यमित्युदाहर्तव्यम् । तथा स्याद्भूयेत भवितव्यमित्यस्तिधातोरप्युदाहरणं द्रष्टव्यम् । अस्तेर्भूरादेशात् । एतद्धातुत्रयोपरक्तलिङादिभिः सर्वधात्वर्थोपरक्तभावनागतेष्टसाधनत्वरूपो विधिरेक एवोच्यते । धातूनां प्रत्ययानां कर्त्रादिकारकाणां च भेदेऽपि विधिभेदो नास्तीति ज्ञापनार्थं प्रतिधातूदाहरणत्रयं दर्शितमिति सर्वमवदातम् । एवं सूत्रे भावो विधिरिति व्याख्याय चशब्दात्फलमिति व्याचष्टे—प्रतिप्रकरणं चेति । एष ऋत्विगुपासकः कामागानस्य गानेन फलसंपादनस्येष्टे समर्थ इत्यर्थः । एवमङ्गाश्रितविद्या अपि स्वतन्त्रफलाः किमु वक्तव्यमनङ्गात्मविद्यायाः स्वातन्त्र्यमिति । आत्मविद्यास्वातन्त्र्ये चिन्ताया अस्याः पर्यवसानात्पादसंगतिर्बोध्या ।।२२।।

स्मरण करते हैं, अतः इस वाक्य में विधि का भाव है। वैसे ही 'उद्गाथ उपासक ऋत्विज् यजमान की सम्पूर्ण कामनाओं को प्राप्त कराने वाला हो जाता है', 'यह ऋत्विग् गान के द्वारा इष्ट फल की प्राप्ति करा देता है', 'उस उपासक को ऊपर और नीचे के लोक प्राप्त हो जाते हैं' इत्यादि वाक्य प्रत्येक प्रकरण में फल बतला रहे हैं। अतः उद्गीथादि श्रुतियाँ उपासनाविधान के लिए ही हैं ।।२२।।

४. पारिप्लवाधिकरण

१. सङ्गति—पहले जैसे उद्गीथादि की स्तुति की अपेक्षा से उपास्य विषय को सम्पर्क मानने में श्रेष्ठत्व कहा गया था, वैसे ही उपनिषद् में आयी हुई आख्यायिकाओं को भी विद्या की स्तुति मानने की अपेक्षा पारिप्लवशेष मानना श्रेष्ठ होगा; इस प्रकार पूर्व अधिकरण के साथ इसकी दृष्टान्त सङ्गति है।

२. विषय—उपनिषद् के अन्तर्गत आयी हुई आख्यायिकाओं का विचार इस अधिकरण में किया गया है।

३. संशय—याज्ञवल्क्य की दो पत्नीयाँ थी—मैत्रेयी और कात्यायनी इत्यादि वाक्य से वेदान्त में पढ़े गये आख्यान क्या पारिप्लवार्थ हैं अथवा सन्निहित विद्या की स्तुति के लिए है ?

१. उभयविधभावनाख्यक्रिया । २. आर्थीभावना । ३. शाब्दीभावनायाः प्राप्ताप्राप्त विवेकन्यायेन शाब्दीभावनामनूद्य तत्रेष्टसाधनत्वाख्यविधिर्बोध्यत इत्यर्थः ।

(४४८) पारिप्लवार्थ इति चेन्न विशेषितत्वात् ॥२३॥

'अथ ह याज्ञवल्क्यस्य द्वे भार्ये बभूवतुर्मैत्रेयी च कात्यायनी च' (बृ० ४-५-१), 'प्रतर्दनो ह वै दैवोदासिरिन्द्रस्य प्रियं धामोपजगाम' (कौषी० ३-१), 'जानश्रुतिर्ह पौत्रायणः श्रद्धादेयो बहुदायी बहुपाक्य आस' (छा०४-१-१) इत्येवमादिषु वेदान्तपठितेष्वाख्यानेषु संशयः—किमिमानि पारिप्लवप्रयोगार्थान्याहोस्वित्संनिहितविद्याप्रतिपत्त्यर्थानीति। पारिप्लवार्था इमा आख्यानश्रुतयः। आख्यानसामान्यात्। आख्यानप्रयोगस्य च पारिप्लवे चोदितत्वात्। ततश्च विद्याप्रधानत्वं वेदान्तानां न स्यात्, मन्त्रवत्प्रयोगशेषत्वादिति चेत्। तन्न। कस्मात्? विशेषितत्वात्। 'पारिप्लवमाचक्षीत' इति हि प्रकृत्य

पारिप्लवार्थाः। अश्वमेधे पुत्रादिपरिवृताय राज्ञे पारिप्लवमाचक्षीतेति नानाविधाख्यानकथनात्मकः पारिप्लवप्रयोगो विहितः। तथाच वेदान्तस्थकथानामाख्यानत्वसामान्याद्विद्यासंनिधानाच्च संशयमाह—किमिति। पूर्वं स्तुत्यपेक्षया विधिर्ज्यायाननुष्ठानलाभादित्युक्तम्। तद्वैव कथानां न विद्यास्तावकत्वं पारिप्लवानुष्ठानलाभादिति पूर्वपक्षः। तत्र फलमाह—ततश्चेति। यथा देवस्य त्वा सवितुरित्यादि मन्त्रे कस्यचित्पदस्य प्रयोगसमवेतार्थतया शेषस्य प्रयोगाङ्गत्वं तथा वेदान्तस्थकथानां प्रयोगशेषत्वम्। तदेकवाक्यतया सर्ववेदान्तानां कर्मशेषत्वान्न विद्याप्राधान्यमित्यर्थः। कथानां गुरुशिष्यसमाचारप्रदर्शनेन बुद्धिसौकर्यद्वारा संनिहितविद्याशेषत्वं सामर्थ्यलिङ्गादतो विद्याप्राधान्यमिति फलं मत्वा सिद्धान्तयति—तन्नेत्यादिना। अश्वमेधे प्रथमेऽहनि मनुर्वैवस्वत इति कथां ब्रूयाद्द्वितीयेऽहनि यमो

४. पूर्वपक्ष—आख्यानसामान्य को देखते हुए सभी आख्यानों को पारिप्लवार्थ ही मानना चाहिए जो अनुष्ठेय विद्या के शेषरूप में माने जायँगे।

५. सिद्धान्त—प्रथम दिन 'मनुर्वैवस्वतो राजा' द्वितीय दिन 'यमो वैवस्वतो राजा' इन विशेष आख्यानों को पारिप्लवार्थ होने के कारण कर्म का शेष मान सकते हैं, किन्तु औपनिषद आख्यानों को कर्म का शेष नहीं मान सकते। अतः सन्निहित विद्या की स्तुति के लिए ये आख्यान आये हैं, इसलिए विद्या के साथ इनकी एकवाक्यता लक्षित होती है। इससे ये विद्या के स्तावक माने जाते हैं।

पारिप्लवार्था इति चेन्न अविशेषितत्वात् (ललिता)

'मैत्रेयी और कात्यायनी नाम की दो पत्नियाँ याज्ञवल्क्य की थीं', 'दिवोदास का पुत्र प्रतर्दन अपने युद्ध और पौरुष से इन्द्र के प्रियधाम में पहुँच गया', 'जानश्रुति पौत्रायण श्रद्धालु, बहुत दानी और बहुत पाकशाली था' वेदान्तपठित इन आख्यायिकाओं के विषय में सन्देह होता है कि ये पारिप्लव प्रयोग के लिए हैं अथवा सन्निहित विद्या की स्तुति के लिए हैं। इस पर पूर्वपक्षी ने इन आख्यान श्रुतियों को पारिप्लवार्थ ही माना है क्योंकि आख्यान तो सभी एक जैसे होते हैं और पारिप्लव में आख्यानप्रयोग का विधान किया गया है। ऐसी स्थिति में जैसे मन्त्र कर्म का शेष होता है, ऐसे ही ये आख्यान भी कर्म के शेष ही हैं। अतः वेदान्त में विद्या की प्रधानता नहीं है। सिद्धान्ती कहता है कि पूर्वपक्षी का उक्त कथन ठीक नहीं है क्योंकि 'पारिप्लवमाचक्षीत इस अश्वमेधप्रसङ्ग में परिवारजनों से समवेत

१. स्तावकत्वेन तद्धेतूनि। २. कथा।

(४४९) तथा चैकवाक्यतोपबन्धात् ॥२४॥

'मनुर्वैवस्वतो राजा' इत्येवमादीनि कानिचिदेवाख्यानानि तत्र [1]विशेष्यन्ते। आख्यानसामान्याच्चेत्सर्वगृहीतिः स्यादनर्थकमेवेदं विशेषणं भवेत्। तस्मान्न पारिप्लवार्था एता आख्यानश्रुतयः ॥२३॥

असति च पारिप्लवार्थत्व आख्यानानां संनिहितविद्याप्रतिपादनोपयोगितैव न्याय्या। एकवाक्यतोपबन्धात्। तथा हि तत्र तत्र संनिहिताभिर्विद्याभिरेकवाक्यता दृश्यते प्ररोचनोपयोगात्प्रतिपत्तिसौकर्योपयोगाच्च। मैत्रेयीब्राह्मणे तावत्—'आत्मा वा अरे द्रष्टव्यः' (बृ०४-५-६) इत्याद्यया विद्ययैकवाक्यता दृश्यते। प्रातर्दनेऽपि 'प्राणोऽस्मि प्रज्ञात्मा' इत्याद्यया। जानश्रुतिरित्यत्रापि 'वायुर्वाव संवर्गः' (छा०४-३-१) इत्याद्यया। यथा च 'स आत्मनो वपामुदखिदत्' इत्येवमादीनां कर्मश्रुतिगतानामाख्यानानां संनिहितविधिस्तुत्यर्थता तद्वत्। तस्मान्न पारिप्लवार्थत्वम् ॥२४॥

वैवस्वत इति तृतीयेऽहनि वरुण आदित्य इति वाक्यशेषे कथानां विशिष्योक्तत्वादुपक्रमस्य संकोचो युक्त इति भावः ॥२३॥

क्व तर्हि कथानां विनियोग इत्याशङ्क्य संनिधानाद्विद्यास्वित्याह—तथा चेति। प्ररोचनं प्रीतिजननं स प्रजापतिर्वपामुदखिदत् होमायोद्धृतवानित्यस्य 'प्राजापत्यमजन्तुपरमालभेतेति विधिशेषत्वं एवमन्येषां तत्तद्विधिशेषत्वं द्रष्टव्यम् ॥२४॥

राजा को प्रथम दिन 'मनुर्वैवस्वतो राजा' इत्यादि कुछ कथा सुनायी जाती है, दूसरे दिन 'यमो वैवस्वतः' और तीसरे दिन 'वरुण आदित्यः' इत्यादि कुछ आख्यानविशेष ही वाक्यशेष के रूप में सुने गये हैं। यदि सभी आख्यानों को सामान्य मानोगे तो उस स्थिति में सभी वेदोक्त कथाओं का संग्रह हो जायेगा, फिर तो 'पारिप्लमाचक्षीत' इस प्रसङ्ग में जिन कथाओं की चर्चायें की गयी है, वे अनर्थक ही हो जायेंगी। अतः ये वेदान्तोक्त कथायें पारिप्लवार्थक नहीं हैं ॥२३॥

तथा चैकवाक्यतोपबन्धात् (ललिता)

पारिप्लवार्थ न मानने पर इन कथाओं का अपने प्रकरण में पठित विद्या के प्रतिपादन के लिए ही मानना उचित होगा क्योंकि ऐसा मानने पर एकवाक्यता हो जाती है, इसीलिए उन-उन स्थलों में कही गयी विद्या के साथ इन कथाओं की एकवाक्यता भी दीखती है। कथा के व्याज से गुरुशिष्य-संवादरूप में विद्या का उपदेश होने पर उसमें रुचि उत्पन्न होती है और बोध में सौकर्य भी आ जाता है। अतः मैत्रेयी ब्राह्मण में 'आत्मा वा अरे द्रष्टव्यः' इस वाक्य से विहित विद्या के साथ उस कथा की एकवाक्यता दीखती है। प्रातर्दन ब्राह्मण में भी 'प्राणोऽस्मि प्रज्ञात्मा' इस वाक्य से विहित विद्या के साथ उस कथा की एकवाक्यता और 'जानश्रुतिः' इस प्रसङ्ग की भी 'वायुर्वाव संवर्गः' इस वाक्य से विहित संवर्ग विद्या के साथ एकवाक्यता देखी जाती है। जैसे पशुयाग की प्रशंसा के लिए 'प्रजापति ने अपनी वपा (चर्बी) का उत्खात किया था' इत्यादि कर्मश्रुतिगत आख्यानों को सन्निहित विहित पशुयाग की स्तुति के लिए मानते हैं, वैसे ही उपनिषद् में कही गयी विद्या की स्तुति के लिए तत्तद् स्थानों में आख्यायिकायें आयी हैं, इसलिए वे पारिप्लवार्थ नहीं हैं ॥२४॥

---

१. विशिष्योपदिश्यन्ते।

(४५०) अत एव चाग्नीन्धनाद्यनपेक्षा ॥२५॥

५. अग्नीन्धनाद्यधिकरणम् (सू० २५)

आत्मबोधः फले कर्मापेक्षो नो वा ह्यपेक्षते । अङ्गिनोऽङ्गेष्वपेक्षायाः प्रयाजादिषु दर्शनात् ।

अविद्यातमसोर्ध्वंस्तौ दृष्टं हि ज्ञानदीपयोः । नैरपेक्ष्यं ततोऽत्रापि विद्या कर्मानपेक्षिणी ॥

'पुरुषार्थोऽतः शब्दात्' (ब्र० सू० ३-४-१) इत्येतद्व्यवहितमपि संभवादत इति परा-

---

एवमाद्याधिकरणप्रमेयं विद्यास्वातन्त्र्यमधिकरणत्रयेण दृढीकृत्याद्याधिकरणस्य फलमाह—अत एव चेति । ब्रह्मविद्या स्वफले मोक्षे जनयितव्ये सहकारित्वेन कर्माण्यपेक्षते न वेति वादिविवादात्संशये 'तेनैति ब्रह्मवित्पुण्यकृत्तैजस इत्यादिश्रुत्या ज्ञानकर्मसमुच्चयेन मोक्षप्राप्तिकथनादपेक्षत इति प्राप्ते विद्याया मुक्तिहेतुत्वादविद्यानिवृत्त्याख्यमुक्तौ न कर्मापेक्षेति सिद्धान्तयति—पुरुषार्थ इति । अग्नीन्धन- पदेन तत्साध्यकर्माणि लक्ष्यन्ते । 'पुण्यकृत्तैजसः शुद्धसत्त्वो ब्रह्मविद्भूत्वा तेन वेदेनेनैति ब्रह्म प्राप्नोति'

---

५. अग्नीन्धनाद्यधिकरण

१. **सङ्गति**—औपनिषद आख्यानों को जैसे विद्या का अङ्ग कहा, वैसे ही कर्मों को भी विद्या का अङ्ग मानना चाहिए; इस प्रकार की दृष्टान्त सङ्गति के कारण यह अधिकरण प्रारम्भ किया गया है।

२. **विषय**—इस अधिकरण में विद्या में अग्निहोत्रादि कर्मों की आवश्यकता का विचार किया गया है।

३. **संशय**—क्या ब्रह्मविद्या अपना फल मोक्ष देने के लिए कर्म की अपेक्षा करती है, या नहीं करती ?

४. **पूर्वपक्ष**—अङ्गी को जैसे प्रयाजादि अङ्ग की अपेक्षा होती है, वैसे ही ब्रह्मज्ञानरूप अङ्गी को अपने अङ्गभूत कर्मों की भी अपेक्षा होती ही है।

५. **सिद्धान्त**—तम का नाश करने में जैसे दीपक स्वतन्त्र है, वैसे ही अविद्या का नाश करने में ज्ञान भी स्वतन्त्र है। अतः ब्रह्मविद्या अपना फल मोक्ष देने में कर्म की अपेक्षा नहीं रखती है, उसमें वह स्वतन्त्र है।

अत एव चाग्नीन्धनाद्यनपेक्षा (ललिता)

इस प्रकार आद्य अधिकरण के प्रतिपाद्य विषय विद्यास्वातन्त्र्य को पिछले तीन अधिकरणों द्वारा दृढ़ कर देने के बाद अब आद्य अधिकरण का फल अग्रिम सूत्र से बतलाते हैं। 'पुरुषार्थतोऽतः शब्दात्' इत्यादि सूत्र का विषय व्यवहित रहने पर भी इस सूत्र में 'अतः' शब्द से उसी का परामर्श होता है। ब्रह्मविद्या स्वतन्त्र मोक्ष का कारण होने से विद्या द्वारा मोक्षसिद्धि के लिए अग्नीन्धनादि आश्रम कर्म की अपेक्षा नहीं होती है, इस आद्य अधिकरण के फल का ही उपसंहार कुछ अधिक बात बतलाने की इच्छा से करते हैं अर्थात् मोक्ष के लिए कर्मों की अपेक्षा न रहने पर भी चित्तशुद्धि द्वारा

---

१. ज्ञानेन ब्रह्मैति । २. शुद्धसत्त्वः ।

६. सर्वापेक्षाधिकरणम् (सू० २६-२७)

(४५१) सर्वापेक्षा च यज्ञादिश्रुतेरश्ववत् ॥२६॥

उत्पत्तावनपेक्षेयमुत कर्माण्यपेक्षते । फले यथानपेक्षैवमुत्पत्तावनपेक्षता ।
यज्ञशान्त्यादिसापेक्ष विद्याजन्म श्रुतिद्वयात् । हलेऽनपेक्षितोऽप्यश्वो रथे यद्वदपेक्ष्यते ॥

मृश्यते । अत एव च विद्यायाः पुरुषार्थहेतुत्वादग्नीन्धनादीन्याश्रमकर्माणि विद्यया स्वार्थसिद्धौ नापेक्षितव्यानीत्याद्यस्यैवाधिकरणस्य फलमुपसंहरत्यधिकविवक्षया ॥२५॥

इदमिदानीं चिन्त्यते किं विद्याया अत्यन्तमेवानपेक्षाश्रमकर्मणामुतास्ति काचिदपेक्षेति ।

इति श्रुतिर्व्याख्येयेति भावः । मुक्तावेव कर्मणामसामर्थ्यादनपेक्षा विद्यायां त्वस्ति चित्तशुद्धिद्वारा तेषामपेक्षेत्यधिकं वक्तुमयमुपसंहार इत्युपसंहारसूत्रस्य फलमाह—अधिकेति ॥२५॥

अधिकमाह—सर्वापेक्षा । यथा 'प्रमाफलत्वाद्'विद्यानिवृत्तौ कर्मानपेक्षा तथा प्रमात्वाद्विद्यायामपि 'प्रमाकरणमात्रसाध्यायां नास्ति कर्मापेक्षेति पूर्वपक्षः । तत्र विद्यार्थं कर्मानुष्ठानासिद्धिः फलं । सिद्धान्ते तत्सिद्धिरिति भेदः । अत्र विविदिषायामीष्यमाणज्ञाने वा यज्ञादीनां कर्मणां हेतुत्वमपूर्वत्वाद्वि'धीयते । प्रमाया अप्युत्पत्तिप्रतिबन्धकदुरितक्षयाख्यशुद्धिद्वारा कर्मसाध्यत्वसंभवात् । न च पारम्पर्ये तृतीयाश्रुतिविरोधः ज्वालाद्वारा पाम्पर्येऽपि काष्ठैः पचतीति प्रयोगात्, द्वारस्याव्यवधायकत्वात् । न च शुद्धेर्द्वारत्वे मानाभावः । 'ज्ञानमुत्पद्यते पुंसां क्षयात्पापस्य कर्मणः । कषाये कर्मभिः पक्वे ततो ज्ञानं प्रवर्तते' इति स्मृतेः । 'अविद्यया मृत्युं तीर्त्वा विद्ययामृतमश्नुते' इत्यादि श्रुत्या कर्मणा पापनिवृत्तौ ज्ञानेन मुक्त्यभिधानाच्चेति सिद्धान्तयति—इदमिति ।

विद्या में उनकी अपेक्षा है, ऐसा कुछ अधिक अर्थ बतलाने के लिए उपसंहार सूत्र का फल बतलाते हैं ॥२५॥

६. सर्वापेक्षाधिकरण

१. सङ्गति—पहले कहा था कि जैसे ब्रह्मविद्या अपना फल मोक्ष देने में कर्मों की अपेक्षा नहीं रखती है, वैसे ही अपनी उत्पत्ति में भी ब्रह्मविद्या कर्मों की अपेक्षा नहीं रखेगी; इस प्रकार की दृष्टान्त सङ्गति के कारण यह अधिकरण प्रारम्भ किया जाता है।

२. विषय—ब्रह्मविद्या के लिए यागादि कर्मों की स्थिति का विचार इस अधिकरण में किया गया है।

३. संशय—क्या ब्रह्मविद्या अपनी उत्पत्ति में स्वाश्रम कर्म की अपेक्षा रखती है, अथवा नहीं ?

४. पूर्वपक्ष—अपने फल मोक्ष को देने में ब्रह्मविद्या जैसे कर्मनिरपेक्ष है, वैसे ही अपनी उत्पत्ति में भी वह कर्मनिरपेक्ष ही है।

५. सिद्धान्त—ब्रह्मविद्या अपनी उत्पत्ति में यागादि बाह्यकर्म और शम-दमादि आभ्यन्तर कर्म की अपेक्षा रखती है, क्योंकि श्रुति और स्मृति इसमें प्रमाण है। हल खींचने में अश्व की अपेक्षा नहीं भी हो, किन्तु रथ खींचने में उसकी अपेक्षा होती ही है; वैसे ही ब्रह्मविद्या अपना फल देने में भले ही कर्मनिरपेक्ष हो, किन्तु अपनी उत्पत्ति में यागादि कर्मों की और शमादि साधनों की भी अपेक्षा रखती ही है।

सर्वापेक्षा च यज्ञादिश्रुतेरश्ववत् (ललिता)

पूर्वोक्त अधिक अर्थ अग्रिम सूत्र से कहते हैं कि अब यह विचार किया जाता है कि क्या विद्या

---

१. सम्यक्ज्ञान । २. तदात्मके फले । ३. साकारणमहावाक्यमात्रसाध्यतत्त्वज्ञाने । ४. विविदिषावाक्येनेति शेषः ।

तत्रात एवाग्नीन्धनादीन्याश्रमकर्माणि विद्याया स्वार्थसिद्धौ नापेक्ष्यन्त एवमत्यन्तमेवानपेक्षयां प्राप्तायामिदमुच्यते सर्वापेक्षा चेति । अपेक्षते च विद्या सर्वाण्याश्रमकर्माणि नात्यन्तमनपेक्षैव ।

ननु विरुद्धमिदं वचनमपेक्षते चाश्रमकर्माणि विद्या नापेक्षते चेति । नेति ब्रूमः । उत्पन्ना हि विद्या फलसिद्धिं प्रति न किंचिदन्यदपेक्षत उत्पत्तिं प्रति त्वपेक्षते । कुतः ?—यज्ञादिश्रुतेः । तथाहि श्रुतिः—'तमेतं वेदानुवचनेन ब्राह्मणा विविदिषन्ति यज्ञेन दानेन तपसाऽनाशकेन'(बृ० ४-४-२२) इति यज्ञादीनां विद्यासाधनभाव दर्शयति । विविदिषासंयोगाच्चैषामुत्पत्तिसाधनभावोऽवसीयते । 'अथ यद्यज्ञ इत्याचक्षते ब्रह्मचर्यमेव तत्' (छा० ८-५-१) इत्यत्र च विद्यासाधनभूतस्य ब्रह्मचर्यस्य यज्ञादिभिः संस्तवाद्यज्ञादीनामपि हि साधनभावः सूच्यते । 'सर्वे वेदा यत्पदमामनन्ति तपांसि सर्वाणि च यद्वदन्ति । यदिच्छन्तो ब्रह्मचर्यं चरन्ति तत्ते पदं संग्रहेण ब्रवीमि' (कठ० २-१५) इत्येवमाद्या च श्रुतिराश्रमकर्मणां विद्यासाधनभावं सूचयति । स्मृतिरपि—'कषायपक्तिः कर्माणि ज्ञानं तु परमा गतिः ।

नन्वत्र विविदिषन्तीति पञ्चमलकारेण विविदिषां भावयेयुरिति सनर्थेच्छव भाव्यतया भाति । तां 'विषयसौन्दर्यलभ्यतयोल्लङ्घ्य वेदनं चेद्भाव्यमुच्यते तर्हि वेदनमप्युल्लङ्घ्य तत्फलं मोक्ष एव कर्मभिर्भाव्यः किं न स्यादित्यत आह—विविदिषासंयोगाच्चेति । इष्यमाणतया विद्यायाः शब्दतः फलत्वभानादश्रुतमोक्षो न फलमन्यथा काष्ठैः पचतीत्यत्रापि काष्ठानां पाकफलतृप्तिहेतुत्वप्रसङ्गादिति भावः । कर्मणां ज्ञानार्थत्वे लिङ्गवाक्यान्याह—अथेत्यादिना । कश्चिद्वेदभागः साक्षाद्ब्रह्माख्यं पदं ब्रूते । कश्चित् ज्ञानार्थकर्मद्वारेति मत्वा सर्वे वेदान्ता इत्युक्तम् । स्पष्टमन्यत् ।।२६।।

को आश्रम कर्मों की सर्वथा अपेक्षा नहीं है अथवा कुछ अपेक्षा है । पूर्वोक्त सूत्र से अग्नीन्धनादि आश्रम कर्मों की अपेक्षा विद्या को स्वार्थसिद्धि के लिए सर्वथा नहीं है, इस प्रकार अत्यन्त अनपेक्षा प्राप्त होने पर यह सूत्र कहते है कि विद्या सभी आश्रम कर्मों की अपेक्षा रखती है, अर्थात् विद्या को आश्रम कर्मों की अत्यन्त अनपेक्षा नहीं है ।

शङ्का—पहले कहा गया था कि विद्या आश्रम कर्मों की अपेक्षा नहीं रखती है, अब विद्या आश्रम कर्मों की अपेक्षा रखती है, यह कथन परस्पर विरुद्ध है । समाधान—हम ऐसा नहीं कहते हैं । हम तो कहते हैं कि उत्पन्न विद्या फलसिद्धि के लिए किसी अन्य की अपेक्षा नहीं रखती है, किन्तु उत्पत्ति के लिए तो अपेक्षा रखती ही है क्योंकि 'उस आत्मा को ब्रह्मजिज्ञासु ब्राह्मण वेदानुवचन, यज्ञ, दान, तप और उपवास के द्वारा जानना चाहते है' यह श्रुति यज्ञादि को विद्या का साधन बतलाती है । विविदिषा के साथ सम्बन्ध होने के कारण यज्ञादि में विद्या उत्पत्ति के प्रति साधनत्व निश्चित हो जाता है । 'जिसे यज्ञ इस नाम से कहते हैं, वह ब्रह्मचर्य ही तो है' इस श्रुति में विद्यासाधनरूप ब्रह्मचर्य में यज्ञादि के द्वारा संस्तवन दिखलाते हुए यज्ञादि में भी विद्यासाधनत्व सूचित हो रहा है । ऐसे ही 'साक्षात् या परम्परा से सभी वेद जिस पद को बतलाते हैं, सभी तप जिसे कहते हैं और जिसकी प्राप्ति की इच्छा रखने वाले कठोर ब्रह्मचर्य का पालन करते हैं, उस पद को मैं संक्षेप में कहता हूँ, वह है ॐ' इत्यादि श्रुति भी आश्रम कर्म को विद्या का साधन सूचित करती है । 'कर्म कषायपाक में

---

१. शब्दसौन्दर्यः ।

(४५२) शमदमाद्युपेतः स्यात्तथापि तु तद्विधेस्तदङ्गतया तेषामवश्यानुष्ठेयत्वात् ॥२७॥

कषाये कर्मभिः पक्वे ततो ज्ञानं प्रवर्तते' इत्येवमाद्या । अश्ववदिति योग्यतानिदर्शनम् । यथा च योग्यतावशेनाश्वो न लाङ्गलाकर्षणे युज्यते रथचर्यायां तु युज्यते । एवमाश्रमकर्माणि विद्यया फलसिद्धौ नापेक्ष्यन्त उत्पत्तौ चापेक्ष्यन्त इति ॥२६॥

यदि कश्चिन्मन्येत यज्ञादीनां विद्यासाधनभावो न न्याय्यो विध्यभावात् । 'यज्ञेन विविदिषन्ति' इत्येवंजातीयका हि श्रुतिरनुवादस्वरूपा विद्याभिष्टवपरा । न यज्ञादिविधिपरा । इत्थं महाभागा विद्या यद्यज्ञादिभिरेवैतामवाप्तुमिच्छन्तीति । तथापि तु शमदमाद्युपेतः स्याद्विद्यार्थी 'तस्मादेवंविच्छान्तो दान्त उपरतस्तितिक्षुः समाहितो भूत्वात्मन्येवात्मानं पश्यति' (बृ० ४-४-२३) इति विद्यासाधनत्वेन शमदमादीनां विधानाद्विहितानां चावश्यानुष्ठेयत्वात् ।

एवं विद्योत्पत्तौ बहिरङ्गाणि कर्माण्युक्त्वान्तरङ्गाण्याह—शमेति । विद्यास्तुत्यर्थत्वेनैकवाक्यत्वसंभवे वर्तमानोक्तिभङ्गेन विधिकल्पनमयुक्तं विद्यावाक्याद्भेदप्रसङ्गात् । अतस्तत्त्वमसीति शब्दमात्रलभ्या विद्येति पराभिप्रायमनूद्याङ्गीकरोति—तथापि त्विति । शमादेरावश्यकत्वान्न शब्दमात्रलभ्या विद्येत्यर्थः ।

हेतु है, पर ज्ञान परमगति का साधन है । इसलिए सत्कर्मानुष्ठान के द्वारा पाप के धुले जाने पर ज्ञान प्रवृत्त होता है ।' इत्यादि स्मृति भी इसी बात को कह रही है । 'अश्ववत्' इस पद के द्वारा श्रुति में योग्यता बतलायी गयी है । जैसे योग्यता के कारण घोड़ा हल खींचने में नहीं लगाया जाता किन्तु रथ खींचने में लगाया जाता है, ऐसे ही विद्या से फलप्राप्ति में आश्रम कर्म की अपेक्षा नहीं होती किन्तु विद्या की उत्पत्ति में उनकी अपेक्षा रहती है ॥२६॥

शमदमाद्युपेतः स्यात्तथापि तु तद्विधेस्तदङ्गतया तेषामवश्यानुष्ठेयत्वात् (ललिता)

यदि कोई मानता हो कि इस वाक्य में विधि न रहने के कारण यज्ञादि को विद्या का साधन मानना उचित नहीं है, अतः 'यज्ञेन विविदिषन्ति' इत्यादि श्रुति अनुवादस्वरूपा है, जो केवल विद्या की स्तुति कर रही है, यज्ञादि की विधायिका नहीं है, जिसका तात्पर्य होना है कि यह ब्रह्मविद्या इतनी भाग्यशालिनी है, जिसे यज्ञादि साधनों के द्वारा साधक प्राप्त करना चाहते हैं ? फिर भी शमदमादि साधनों से युक्त तो विद्यार्थी को होना ही चाहिए, इसीलिए 'ऐसा विवेकशील व्यक्ति शान्त, दान्त, उपरत, तितिक्षु एवं समाहित होकर अपने अन्तःकरण में ही आत्मा को देखता है' इस वाक्य से शमदमादि को विद्या के साधनरूप से बतलाया गया है और विहित साधन अवश्य अनुष्ठेय होते हैं ।

---

१. श्रद्धावित्तोभूत्वेति माध्यन्दिनानां पाठः २. तत्त्वमसीत्यादि ।

नन्वत्रापि शमाद्युपेतो भूत्वा पश्यतीति वर्तमानापदेश उपलभ्यते न विधिः । नेति ब्रूमः । तस्मादिति प्रकृतप्रशंसापरिग्रहाद्विधित्वप्रतीतेः । पश्येदिति च माध्यंदिना विस्पष्टमेव विधिमधीयते । तस्माद्यज्ञाद्यनपेक्षायामपि शमादीन्यपेक्षितव्यानि । यज्ञादीन्यपि त्वपेक्षितव्यानीति यज्ञादिश्रुतेरेव । ननूक्तं 'यज्ञादिभिर्विविदिषन्ती'त्यत्र न विधिरुपलभ्यत इति । सत्यमुक्तं तथापि त्वपूर्वत्वात्संयोगस्य विधिः परिकल्प्यते । न ह्ययं यज्ञादीनां विविदिषासंयोगः पूर्वं प्राप्तो येनानूद्येत । 'तस्मात्पूषा प्रपिष्टभागोऽदन्तको हि' इत्येवमादिष्वश्रुतविधिकेष्वपि वाक्येष्वपूर्वत्वाद्विधिं परिकल्प्य पौष्णं पेषणं विकृतौ प्रतीयेतेत्यादि-

यस्मादेवंविन्न लिप्यते कर्मणा पापकेन तस्मादेव विद्यार्थी शमाद्युपेतो भूत्वा विचारयेदिति विधिर्गम्यत इत्याह—नेति ब्रूम इति । अत्रोपरतपदेन संन्यास उक्तस्तस्य श्रवणाङ्गत्वमते शमादिविशिष्टश्रवणमत्र विधीयते । यदि तु 'लोकमिच्छन्तः प्रव्रजन्ति', 'ज्ञानं पुरस्कृत्य संन्यसेत्' इत्यादि श्रुतिस्मृतिषु फलवत्त्वेनोत्पन्नसंन्यासस्याङ्गत्वायोगात्, श्रोतव्य इति विहितश्रवणानुवादेनानेकशमादिविधाने वाक्यभेदापातात्, पश्येदिति च प्रकृत्या श्रवणलक्षणादोषाच्च संन्यासो न श्रवणस्याङ्गं किंतु ततः प्रागनुष्ठेयत्वेऽपि श्रवणवज्ज्ञानार्थ इति मतं तदा शमादिसमुच्चयेन ज्ञानं भावयेदिति ज्ञानार्थं शमादिसमुच्चयविधिरित्यनवद्यम् । यः पूर्वं यज्ञादिश्रुतेः स्तुत्यर्थत्वाङ्गीकारः आपाततो गुडजिह्विकान्यायेन शमादिस्वीकारार्थं कृतस्तमिदानीं त्यजति—यज्ञादीन्यपीति । यज्ञादीनां विद्यासाधनत्वरूपसंयोगस्यापूर्वत्वादवान्तरवाक्यभेदेन विधिः स्वीक्रियते । [1]ब्रह्मविद्यावाक्येन महावाक्यैकवाक्यता चेत्यर्थः । परमप्रकरणेऽप्यवान्तरविधिरित्यत्र पूर्वतन्त्रसंमतिमाह—तस्मात्पूषेति । दर्शपूर्णमासप्रकरणे श्रुतं पूषा प्रपिष्टभाग इति । तत्र पूषा देवता पिष्टभागो वा दर्शपूर्णमासयोर्नास्ति । अतः समासात्प्रतीतस्य कालत्रयानवमृष्टस्य द्रव्यदेवतासंबन्धस्याविनाभावेन यागविध्युपस्थापकत्वात् प्रयोगज्ञानाय विधिपदमध्याहृत्य प्रकरणादुत्कर्षेण पूषोद्देशेन पिष्टभागः कर्तव्य इति विकृतौ संबन्धः । 'पौष्णं पेषणमिति

शङ्का—यहाँ पर शमादि से युक्त साधक देखता है, ऐसा वर्तमान लट् लकार का प्रयोग दीखता है, विधि नहीं दीखती है । समाधान—ऐसा कहना हम ठीक नहीं मानते क्योंकि 'तस्मात्' यह पद प्रकृत विद्या की प्रशंसा के लिए है, अतः इसमें विधित्व प्रतीत होता है । माध्यंदिन शाखावालों ने तो 'पश्येत्' इस पद में विस्पष्ट विधि का पाठ किया है । अतः विद्या की उत्पत्ति में चाहे यज्ञादि की अपेक्षा नहीं भी हो, फिर भी शमादि साधनों की अपेक्षा तो है ही । सत्य पूछो तो यज्ञादि श्रुति से ही यज्ञादि साधनों की भी अपेक्षा माननी चाहिए । शङ्का—'यज्ञादिभिर्विविदिषन्ति' इस वाक्य में विधि नहीं दीखती है, ऐसा हम कह आये हैं । समाधान—कहा तो ठीक है किन्तु अपूर्व होने के कारण संयोग में विधि की कल्पना की जाती है क्योंकि यज्ञादि का विविदिषा के साथ इससे पूर्व सम्बन्ध प्राप्त नहीं है, जिससे कि इस वाक्य द्वारा उसका अनुवाद किया जाय । दर्शपूर्णमास प्रकरण में 'तस्मात् पूषा' इत्यादि सुना गया है अर्थात् 'पूषादेव प्रपिष्ट द्रव्य (सत्तू) का भागीदार है क्योंकि वह बिना दाँत का है' ऐसे वाक्य में जिसमें विधि नहीं सुनी गयी है, उन वाक्यों में भी अपूर्व होने के कारण विधि की कल्पनाकर विकृति याग में पूषा देवता के लिए सत्तू की प्रतीति होती है, ऐसा

१. विविदिषया सह यज्ञादिसंयोगस्य । २. श्रवणात् । ३. संन्यासस्य ४. संन्यासः । ५. तत्रमतीत्यादिना ।
६. पौष्णं पेषणं विकृतौ प्रतीयेताचोदनात्प्रकृतौ (जै० सू० ३-३-३४) ।

७. सर्वान्नानुमत्यधिकरणम् (सू० २८-३०)

सर्वाशनविधि: प्राणविदोऽनुज्ञायवापदि । अपूर्वत्वेन सर्वान्नभुक्तिर्घ्यातुर्विधीयते ।
श्वाद्यन्नभोजनाशक्तेः शास्त्राच्चाभोज्यवारणम् । आपदि प्राणरक्षार्थमेवानुज्ञायतेऽखिलम् ॥

विचार: प्रथमे तन्त्रे प्रवर्तितः । तथा चोक्तम् 'विधिर्वा धारणवत्'(ब्र० सू० ३-४-२०) इति । स्मृतिष्वपि भगवद्गीताद्यास्वनभिसंधाय फलमनुष्ठितानि यज्ञादीनि मुमुक्षोर्ज्ञानसाधनानि भवन्तीति प्रपञ्चितम् । तस्माद्यज्ञादीनि शमदमादीनि च यथाश्रमं सर्वाण्येवाश्रमकर्माणि विद्योत्पत्तावपेक्षितव्यानि । तत्राप्येवंविदिति विद्यासंयोगात्प्रत्यासन्नानि विद्यासाधनानि शमादीनि विविदिषासंयोगात्तु [1]बाह्यतराणि यज्ञादीनीति विवेक्तव्यम् ॥२७॥

सूत्रे विचारितमित्यर्थः । 'स्वकर्मणा तमभ्यर्च्य सिद्धिं विन्दति मानवः' इत्याद्याः स्मृतयः । कर्मणां ज्ञानहेतुत्वे शमादिवद्यावज्ज्ञानोदयमनुवृत्तिः स्यात्तथा च संन्यासाभाव इत्यत आह—तत्रापीति । दृष्टविक्षेपनिवृत्तिद्वारा शमादीनां ज्ञानार्थत्वादनुवृत्तिर्न कर्मणामदृष्टद्वारा ज्ञानार्थत्वादिति भावः ॥२७॥

पूर्वमीमांसा में कहा गया है। और 'विधिर्वा धारणवत्' इस सूत्र में सूत्रकार ने भी ऐसे स्थल पर विधि स्वीकार की है। भगवद्गीतादि स्मृतियों में भी फल की इच्छा न रखकर मुमुक्षु द्वारा अनुष्ठित यज्ञादि ज्ञान के साधन हो जाते हैं, ऐसा विस्तार से कहा गया है। अतः आश्रमानुसार यज्ञादि और शमदमादि सभी आश्रम कर्म विद्या की उत्पत्ति में अपेक्षित हैं। वहाँ पर भी 'एवंवित्' ऐसा शब्द होने से विद्या के साथ सम्बन्ध रखने के कारण उसके निकटवर्ती शमादि साधन विद्या के लिए हैं और विविदिषा के साथ सम्बन्ध रखने के कारण यज्ञादि बाह्य साधन विद्या के प्रति उपकारक हैं अर्थात् विद्या की उत्पत्ति में शमादि अन्तरङ्ग साधन है और विविदिषा के साथ सम्बन्ध रखने के कारण यज्ञादि बहिरङ्ग साधन है, ऐसा विवेक कर लेना चाहिए ॥२७॥

७. सर्वान्नानुमत्यधिकरण

१. **सङ्गति**—पहले जैसे '**विविदिषन्ति**' इस वर्तमान क्रिया में भी पञ्चम लकार की कल्पनाकर विधि मानी गयी थी, वैसे ही 'इस प्राणोपासक के लिए कुछ भी अभक्ष्य नहीं है' इस वर्तमान लकार में अपूर्वता को देखते हुए क्यों नहीं विधि की कल्पना की जाय, ऐसी आक्षेप सङ्गति के कारण यह अधिकरण प्रारम्भ किया गया है।

२. **विषय**—इस अधिकरण में प्राणोपासक के लिए भक्ष्याभक्ष्य का विचार किया गया है।

३. **संशय**—विद्या के अङ्गरूप में जैसे शमदमादि विहित है, क्या वैसे ही प्राण उपासक के लिए सर्वान्नभक्षण का विधान है अथवा वैसा वाक्य स्तुत्यर्थ है ?

४. **पूर्वपक्ष**—आपत्तिकाल में अपूर्वरूप से प्राण उपासक के लिए सर्वान्नभक्षण का विधान ही है।

५. **सिद्धान्त**—विधायक शब्द का अभाव होने के कारण प्राणोपासक के लिए सर्वान्नभक्षण की अनुज्ञा नहीं है और न मनुष्य के लिए श्वादि अन्नभक्षण सम्भव ही है। शास्त्र ने तो अभक्ष्यभक्षण का निषेध भी किया है। आपत्तिकाल में प्राणरक्षा के लिए तो सभी को जैसा तैसा अन्न खाने की अनुज्ञा दे दी है, उससे प्राणोपासक के लिए सर्वान्नभक्षण कि विधि नहीं मान सकते।

१. बाह्यानीतराणीति पाठान्तरम् ।

(४५३) सर्वान्नानुमतिश्च प्राणात्यये तद्दर्शनात् ॥२८॥

प्राणसंवादे श्रूयते छन्दोगानाम्—'न ह वा एवंविदि किंचनानन्नं भवति' (छा० ५-२-१) इति । तथा वाजसनेयिनाम्—'न ह वा अस्यानन्नं जग्धं भवति नानन्नं प्रतिगृहीतम्' (बृ० ६-१-१४) इति । सर्वमेवास्यादनीयमेव भवतीत्यर्थः । किमिदं सर्वान्नानुज्ञानं शमादिवद्विद्याङ्गं विधीयत उत स्तुत्यर्थं संकीर्त्यत इति संशये विधिरिति तावत् प्राप्तम् । तथाहि—प्रवृत्तिविशेषकर उपदेशो भवत्यतः प्राणविद्यासंनिधानात्तदङ्गत्वेनेयं नियमनिवृत्तिरुपदिश्यते । नन्वेवं सति भक्ष्याभक्ष्यविभागशास्त्रव्याघातः स्यात् । नैष दोषः । सामान्यविशेषभावाद्बाधोपपत्तेः । यथा प्राणिहिंसाप्रतिषेधस्य पशुसंज्ञपनविधिना बाधः । यथा च 'न कांचन परिहरेत्तद्व्रतम्' (छा० २-१३-२) इत्यनेन वामदेव्यविद्याविषयेण सर्वस्त्र्यपरिहारवचनेन तत्सामान्यविषयं गम्यागम्यविभागशास्त्रं बाध्यते, एवमनेनापि प्राणविद्याविषयेण सर्वान्नभक्षणवचनेन भक्ष्याभक्ष्यविभागशास्त्रं बाध्येतेति ।

सर्वान्नानुमतिः । एवंविदि प्राणस्यान्नं सर्वमिति ध्यानवतीत्यर्थः । जग्धं भक्षितम् । 'अपूर्वत्वाद्विध्यश्रुतेश्च संशयः । अपूर्वत्वाद्यज्ञादिवद्विधिः कल्प्य इति पूर्वपक्षयति—विधिरिति । अत्र भक्ष्याभक्ष्यनियमत्यागस्य विद्याङ्गत्वसिद्धिः फलं सिद्धान्ते तु विद्यास्तुतिरिति विवेकः । न कलञ्जं भक्षयेदिति शास्त्रं प्राणविद्व्यतिरिक्तविषयम् ।

सर्वान्नानुमतिश्च प्राणात्यये तद्दर्शनात् (ललिता)

'प्राण के सभी अन्न हैं, ऐसा ध्यान करने वालों के लिए कुछ भी अभक्ष्य नहीं है' ऐसा छन्दोग शाखावालों के प्राणसंवाद में सुना जाता है । वैसे ही वाजसनेयि शाखावालों के प्राणसंवाद में भी सुना जाता है कि 'प्राण उपासक के द्वारा खाया गया कुछ भी अनन्न नहीं है, उसके द्वारा प्रतिगृहीत अभक्ष्य भी भक्ष्य ही है'–इन वाक्यों द्वारा प्राण उपासक के लिए सब कुछ भक्ष्य ही जान पड़ता है । यहाँ पर संशय होता है कि जैसे विद्या के अङ्गरूप से शमादि साधन का विधान किया गया है, ऐसे ही सर्वान्नभक्षण की अनुज्ञा का विधान है अथवा प्राण उपासना की स्तुति की गयी है । इस पर पूर्वपक्षी का कहना है कि उक्त वाक्य द्वारा सर्वान्नभक्षण का विधान ही है, क्योंकि उपदेश प्रवृत्तिविशेष का कारण होता है । अतः प्राणविद्या की सन्निधि में उसके अङ्गरूप से नियमवृत्ति का उपदेश यह श्रुति कर रही है । शङ्का—इस प्रकार मानने पर भक्ष्याभक्ष्यविभागशास्त्र का व्याघात होने लग जायेगा । समाधान—यह दोष देना ठीक नहीं । सामान्यविशेषरूप से बाध सिद्ध हो जायेगा । जैसे 'किसी प्राणी की हिंसा न करे' इस निषेधशास्त्र का 'अग्निसोमीय पशु का आलभन करे' इस वाक्य द्वारा पशुसंज्ञपन विधि से बाध हो जाता है । और जैसे 'समागमार्थी आयी हुई किसी स्त्री का परित्याग न करे' इस वाक्य द्वारा वामदेवविद्या के विषय सभी स्त्रियों के अपरिहारवचन से गम्यागम्यविभागविषयक सामान्यशास्त्र का बाध हो जाता है । ऐसे ही प्राणविद्यासम्बन्धी सर्वान्नभक्षण बतलाने वाले इस वाक्य से भी भक्ष्याभक्ष्यविभागशास्त्र बाधित हो जायेगा ।

---

१. विधिः । २. भक्ष्याभक्ष्यनियमनिवृत्तिः । ३. इतरप्रमाणैरज्ञातत्वात् ।

एवं प्राप्ते ब्रूमः—नेदं सर्वान्नानुज्ञानं विधीयत इति। न ह्यत्र विधायकः शब्द उपलभ्यते 'न ह वा एवंविदि किंचनानन्नं भवति' (छा० ५-२-१) इति वर्तमानापदेशात्। न चासत्यामपि विधिप्रतीतौ [1]प्रवृत्तिविशेषकरत्वलोभेनैव विधिरभ्युपगन्तुं शक्यते। अपिच श्वादिमर्यादं प्राणस्यान्नमित्युक्त्वेदमुच्यते 'नैवंविदः किंचिदनन्नं भवति' इति। नच श्वादिमर्यादमन्नं मानुषेण देहेनोपभोक्तुं शक्यते। शक्यते तु प्राणस्यान्नमिदं सर्वमिति विचिन्तयितुम्। तस्मात्प्राणान्न[2]विज्ञानप्रशंसार्थोऽयमर्थवादो न सर्वान्नानुज्ञानविधिः। तद्दर्शयति 'सर्वान्नानुमतिश्च प्राणात्यये' इति। एतदुक्तं भवति—प्राणात्यय एव हि परस्यामापदि सर्वमन्नमदनीयत्वेनाभ्यनुज्ञायते तद्दर्शनात्। तथाहि श्रुतिश्चाक्रायणस्यर्षेः कष्टायामवस्थायामभक्ष्यभक्षणे प्रवृत्तिं दर्शयति—'मटचीहतेषु कुरुषु' (छा० १-१०-१) इत्यस्मिन्ब्राह्मणे। 'चाक्रायणः किलर्षिरापद्गत इभ्येन सामिखादितान्कुलमाषांश्चखाद।

यथा [3]ग्राम्यकर्मणि वामदेव्यसामोपासकव्यतिरिक्तविषयं परस्त्रीनिषेधशास्त्रं तद्वदिति प्राप्ते सिद्धान्तं सूत्राद्बहिरेव दर्शयति—नेदमिति। प्राणविद्याविधिसंनिधेरशक्यत्वाच्च स्तुतिरेव न विधिः कल्प्यः। निषेधशास्त्रविरोधात् क्लृप्तो हि विधिः सामान्यशास्त्रबाधको ननु कल्प्य इति भावः। स्वस्थस्य प्राणविदो न सर्वान्नानुमतिरित्यत्र लिङ्गं वदन् सूत्रं योजयति—तद्दर्शयतीति। मटच्यो रक्तक्षुद्रपक्षिणस्तैर्हतेषु कुरुदेशस्थसस्येषु दुर्भिक्षे जाते बालया सह जायया मुनिर्देशान्तरं गच्छन्निभ्यग्रामे स्थितवानिभ्यो हस्तिपालकस्तेन सामिखादितानर्धभक्षितान् कुत्सितमाषान् याचयित्वा भक्षितवान्। इभ्येन जलं गृहाणेत्युक्ते सत्युच्छिष्टं बमे पीतं स्यादिति प्रतिषिध्य माषाः किं नोच्छिष्टा इतीभ्येनोक्ते सति माषभक्षणे जलत्यागे च कारणमुवाच। अन्नांशे मम आपदस्ति। जलपानं तु स्वेच्छातस्तडागादौ लभ्यत इति माषान् खादित्वावशिष्टाञ्जायायै दत्तवान्। सा चानापगता पत्युरापदं ज्ञात्वा माषान्संरक्ष्य प्रातस्तस्मै ददौ। स च तान् खादित्वा राज्ञो यज्ञं गत्वा प्रस्तोत्रादीनाक्षिप्य प्राणादिकां

ऐसा पूर्वपक्ष होने पर हम सिद्धान्ती कहते हैं कि यह सर्वान्नभक्षण अनुज्ञा का विधान नहीं है क्योंकि यहाँ पर विधायक कोई शब्द नहीं दीखता, केवल 'न ह वा एवंविदि किंचनानन्नं भवति' इस वाक्य में वर्तमान उपदेश ही तो है। विधि की प्रतीति न होने पर भी प्रवृत्तिविशेष कराने के लोभ से विधि नहीं मान सकते हो। साथ ही कुत्ते आदि तक प्राण के अन्न हैं, ऐसा कहने के बाद यह कहा गया है कि 'ऐसे उपासक का कुछ भी अनन्न नहीं है।' ऐसी स्थिति में कुत्तेपर्यन्त प्राणी के अन्न मनुष्यशरीर से नहीं खा सकते। हाँ, प्राण का यह सब अन्न है, ऐसा चिन्तन तो कर सकते हैं। अतः प्राणान्नविज्ञान की प्रशंसा के लिए यह अर्थवाद है, सर्वान्नभक्षण की अनुमति का विधायक नहीं है। ऐसा ही श्रुति कहती भी है कि 'प्राण संकट में आने पर सर्वान्नभक्षण की अनुमति दी गयी है' अर्थात् किसी बड़ी आपत्ति के आने पर प्राण संकट में पड़ गया हो तो भक्ष्यरूप से सभी अन्न खाने की अनुज्ञा देखी जाती है। चाक्रायण ऋषि को कष्टावस्था में अभक्ष्यभक्षण में प्रवृत्त होते श्रुति में देखते हैं—टिड्डीदल से आहत कुरुक्षेत्र' इत्यादि ब्राह्मण में उषस्त चाक्रायण ऋषि जब संकट में पड़ गया था

---

१. अनुष्ठानविशेषलाभलोभेन। २. उपासन। ३. मैथुनकर्मणि।

(४५४) अबाधाच्च ॥२९॥

(४५५) अपिच स्मर्यते ॥३०॥

अनुपानं तु तदीयमुच्छिष्टदोषात्प्रत्याचचक्षे, कारणं चात्रोवाच 'न वा अजीविष्यमिमानखादन्' (छा० १-१०-४) इति, 'कामो म उदपानम्' (छा० १-१०-४) इति च। पुनश्चोत्तरेद्युस्तानेव स्वपरोच्छिष्टान्पर्युषितान्कुल्माषान्भक्षयांबभूवेति। तदेतदुच्छिष्टोच्छिष्टपर्युषितभक्षणं दर्शयन्त्याः श्रुतेराशयातिशयो लक्ष्यते प्राणात्ययप्रसङ्गे प्राणसंधारणायाभक्ष्यमपि भक्षयितव्यमिति। स्वस्थावस्थायां तु तन्न कर्तव्यं विद्यावतापीत्यनुपानप्रत्याख्यानाद्गम्यते। तस्मादर्थवादो 'न ह वा एवंविदि' (छा० ५-२-१) इत्येवमादिः ॥२८॥

एवंच सत्याहारशुद्धौ सत्त्वशुद्धिरित्येवमादि भक्ष्याभक्ष्यविभागशास्त्रमबाधितं भविष्यति ॥२९॥

अपि चापदि सर्वान्नभक्षणमपि स्मर्यते विदुषोऽविदुषश्चाविशेषण—'जीवितात्ययमापन्नो योऽन्नमत्ति यतस्ततः। लिप्यते न स पापेन पद्मपत्रमिवाम्भसा' इति। तथा 'मद्यं नित्यं

प्रास्तावादिदेवतामुपदिश्य धनं प्राप्य स्थित इति भावः। अत्रोच्छिष्टभक्षणजलत्यागात्मकशिष्टाचारलिङ्गाच्छ्रौतादनापदि विदुषाप्यभक्ष्यं न भक्षणीयमिति सूच्यत इति भावः ॥२८॥ ॥२९॥

सुरापानेनापि जीवमाशङ्क्य कदापि तन्न कार्यमित्याह—तथा मद्यं नित्यं ब्राह्मण इति। वर्जयेत्-

---

तब उसने महावत के आधे खाये हुए कुत्सित उड़द को खाया, पर उसका जल नहीं पिया, उच्छिष्ट होने के कारण जल का परित्याग कर दिया। जब महावत ने कारण पूछा कि जल क्यों नहीं पीते हो तो उषस्त ऋषि ने कहा कि 'इन उड़दों को मैं नहीं खाता तो मर जाता, पर जल तो मुझे यथेच्छ प्राप्त है।' पुनः दूसरे दिन महावत के एवं अपने जूठे बासी उड़द को ऋषि ने खाया। इस प्रकार परोच्छिष्ट, स्वोच्छिष्ट और बासी उड़द का भक्षण बतलाने वाली श्रुति का ऐसा कुछ गम्भीर आशय लक्षित होता है कि प्राण के संकट का प्रसङ्ग आने पर प्राणरक्षा के लिए अभक्ष्य भी भक्षण किया जा सकता है। किन्तु स्वस्थावस्था में उपासक को भी वैसा नहीं करना चाहिए, ऐसा उक्त जलपान के निषेध से अवगत होता है। अतः 'न ह वा एवंविदि' यह वाक्य अर्थवाद है ॥२८॥

अबाधाच्च (ललिता)

ऐसा मानने पर 'आहारशुद्धौ सत्त्वशुद्धि' इत्यादि भक्ष्याभक्ष्यविभाजक शास्त्र बाधित नहीं होता ॥२९॥

अपि च स्मर्यते (ललिता)

इसके अतिरिक्त आपत्तिकाल में उपासक और अनुपासक सभी के लिए सामान्यरूप से 'जीवन के संकट में आया हुआ पुरुष जहाँ कहीं से प्राप्त अन्न को खाता है, वह पाप से वैसे ही लिप्त नहीं होता जैसे जल से कमलपत्र लिप्त नहीं होता' इस स्मृतिवाक्य से कहा गया है। किन्तु ब्राह्मण के लिए मद्यपान का सर्वथा निषेध है। मदिरा पीनेवाले ब्राह्मण के ऊपर गरम-गरम मदिरा छिड़कने

८. आश्रमकर्माधिकरणम् (सू० ३२-३५)

(४४६) शब्दश्चातोऽकामकारे ॥३१॥

विद्यार्थमाश्रमार्थं च द्विःप्रयोगोऽथवा सकृत् । प्रयोजनविभेदेन प्रयोगोऽपि विभिद्यते ।
श्राद्धार्थभुक्त्या तृप्तिः स्याद्विद्यार्थेनाश्रमस्तथा । अनित्यनित्यसंयोग उक्तिभ्यां खादिरेमतः ॥

ब्राह्मणः', 'सुरापस्य ब्राह्मणस्योष्णामासिञ्चेयुः', 'सुरापाः कृमयो भवन्त्यभक्ष्यभक्षणात्' इति च स्मर्यते वर्जनमनन्नस्य ॥३०॥

शब्दश्चानन्नस्य प्रतिषेधकः कामकारनिवृत्तिप्रयोजनः काठकानां संहितायां श्रूयते—'तस्माद्ब्राह्मणः सुरां न पिबेत्' इति । 'सोऽपि 'न ह वा एवंविदि' (छा० ५-२-१) इत्यस्यार्थवादत्वादुपपन्नतरो भवति । तस्मादेवंजातीयका अर्थवादा न विधय इति ॥३१॥

इति शेषः । कुत इत्याशङ्क्य मरणान्तप्रायश्चित्तविधानादित्याह—सुरापस्येति । उष्णामतितप्तां सुरामिति शेषः । इतश्च सा न पेयेत्याह—सुरापा इति ॥३०॥

उदाहृतस्मृतीनां मूलश्रुतिमाह—शब्दश्चेति । कामकारो यथेष्टप्रवृत्तिः सोऽपि निषेधोऽपि उपपन्नतरो भवति । न ह वा एवंविदीत्यस्यार्थवादत्वात् । यद्ययमपि विधिः स्यात्तर्हि विहितप्रतिषिद्धत्वात्षोडशिग्रहणाग्रहणवत्सुरापाने विकल्पः स्यात्स च सर्वस्मृतिभिः शिष्टाचारेण च विरुद्ध इति तात्पर्यार्थः ॥३१॥

के लिए कहा गया है । मद्यपी एवं अभक्ष्यभक्षण करने वाले ब्राह्मण मरने पर कीड़े बनते हैं' ऐसा अभक्ष्य का वर्जन भी स्मृति शास्त्र में किया गया है ॥३०॥

शब्दश्चातोऽकामकारे (ललिता)

अभक्ष्य का निषेधक, यथेच्छाचार का निवर्तक शब्द कठों की संहिता में सुना जाता है—'इसलिए ब्राह्मण मदिरापान न करे' इत्यादि । वह भी 'न ह वा एवंविदि' इस वाक्य में अर्थवाद होने के कारण युक्तियुक्त हो जाता है। इसलिए ऐसे श्रुतिवाक्य केवल अर्थवाद हैं, विधि नहीं हैं ॥३१॥

८ आश्रमकर्माधिकरण

१. **सङ्गति**—जिस प्रकार शास्त्रान्तर के साथ विरोध आने के कारण सर्वान्नत्ववचन स्तुति के लिए है, वैसे ही **'यावज्जीवमग्निहोत्रं जुहोति'** इस नित्यत्वश्रुति के साथ विरोध आने के कारण यागादि को विद्या का साधन बतलाने वाला वचन भी स्तावकमात्र है; इस प्रकार पूर्व अधिकरण के साथ इसको दृष्टान्त सङ्गति है ।

२. **विषय**—आश्रमकर्मों की स्थिति का विचार इस अधिकरण में किया गया है ।

३. **संशय**—विविदिषावाक्य में यज्ञादि आश्रमकर्म का विधान विद्या के लिए है अथवा आश्रमधर्मपालन के लिए है ?

४. **पूर्वपक्ष**—विविदिषावाक्य द्वारा विहित यागादि कर्मों का अनुष्ठान दो बार करने से आश्रमधर्म की रक्षा और विद्या की प्राप्ति, दोनों ही हो जायेगी ।

---

१. श्रौतनिषेधोपि ।

(४५७) विहितत्वाच्चाश्रमकर्मापि ॥३२॥

'सर्वापेक्षा च—' (ब्र० सू० ३-४-२६) इत्यत्राश्रमकर्मणां विद्यासाधनत्वमवधारितम्। इदानीं तु किममुमुक्षोरप्याश्रममात्रनिष्ठस्य विद्यामकामयमानस्य तान्यनुष्ठेयान्युताहो नेति चिन्त्यते। तत्र 'तमेतं वेदानुवचनेन ब्राह्मणा विविदिषन्ति' (बृ० ४-४-२२) इत्यादिनाश्रमकर्मणां विद्यासाधनत्वेन विहितत्वाद्विद्यामनिच्छतः फलान्तरं कामयमानस्य नित्यान्यननुष्ठेयानि । अथ तस्याप्यनुष्ठेयानि न तर्ह्येषां विद्यासाधनत्वं नित्यानित्यसंयोगविरोधादिति। अस्यां प्राप्तौ पठति—आश्रममात्रनिष्ठस्याप्य-

---

विहितत्वाच्चाश्रमकर्मापि । नित्याग्निहोत्रादिकर्मसु 'विहितत्वाद्विनियुक्त'विनियोगविरोधाच्च संशये शास्त्रान्तरविरोधात्सर्वान्नत्वोक्तेः स्तुतित्ववन्नित्य'विनियुक्तत्वश्रुतिविरोधाद्विविदिषायां विनियोगश्रुतेः स्तुतित्वमिति पूर्वपक्षमाह—तत्रेति । ज्ञानकामनयानुष्ठाने कर्मणामनित्यत्वमनावश्यकत्वम्। तस्या अनित्यत्वाद्यावज्जीवादिविधिना तु नित्यत्वं चेति 'विरुद्धधर्मद्वयापाताद्विविदिषाश्रुतेः स्तुतित्वमिति फलं पूर्वपक्षे। सिद्धान्ते तूभयथानुष्ठान फलम् ॥३२॥

---

५. सिद्धान्त—पितरों की तृप्ति के लिए श्राद्ध में ब्राह्मण भोजन करता है, उससे उस ब्राह्मण की भी तृप्ति हो जाती है; वैसे ही विद्या के लिए अनुष्ठित कर्मों से आश्रमधर्म भी सिद्ध हो जाता है। ऐसी स्थिति में यागादि का अनुष्ठान दो बार करने की आवश्यकता नहीं है। आश्रमधर्मपालन के लिए यागादि का अनुष्ठान नित्यकर्म है और विद्या के अङ्गरूप से अनुष्ठान काम्यकर्म है, जो उभयविध यज्ञादि का अनुष्ठान एक बार करने से ही पूर्ण हो जायेगा। जैसे खदिर काष्ठ का यूप बनाने पर याग की सिद्धि होती है और वीर्यकाम भी सिद्ध होता है, दो वचन के बल से एक ही खदिर यूप में नित्यत्व और काम्यत्व दोनों ही हैं; वैसे ही विविदिषावाक्य में विहित यागादि का अनुष्ठान एक बार करने से ही उक्त दोनों प्रयोजन सिद्ध हो जायेंगे।

विहितत्वाच्चाश्रमकर्मापि (ललिता)

नित्य अग्निहोत्र से भिन्न अपूर्व यज्ञादि विविदिषा में उपयुक्त होते हैं, यह बात अग्रिम सूत्र से बतलाते हैं। 'सर्वापेक्षा च' सूत्र में आश्रम से सम्बन्धित कर्मों को विद्या का साधन बतलाया जा चुका है। किन्तु जो मुमुक्षु नहीं हैं, आश्रममात्र में निष्ठा रखते हैं, उपासक भी नहीं हैं, ऐसे व्यक्ति को उन यज्ञादि कर्मों का अनुष्ठान करना चाहिए या नहीं, इसी का विचार इस अधिकरण में किया गया है। इस पर पूर्वपक्ष का कहना है कि 'उस आत्मा को वेदानुवचन द्वारा ब्राह्मण जानना चाहते हैं' इस वाक्य द्वारा विद्या के साधनरूप में आश्रमकर्म का विधान किया गया है, अतः विद्या न चाहने वाले एवं फलान्तर की इच्छा रखने वाले व्यक्ति को यज्ञादि कर्मों का अनुष्ठान नहीं करना चाहिए। यदि उस व्यक्ति से भी यज्ञादि कर्मों को अनुष्ठेय माना जायेगा तो उनमें विद्यासाधनत्व नहीं रह जायेगा, ऐसी स्थिति में नित्यानित्यसंयोग का विरोध भी होने लग जायेगा। ऐसा पूर्वपक्ष प्राप्त होने पर सिद्धान्त की ओर से यह सूत्र कहा जाता है कि आश्रममात्रनिष्ठ अमुमुक्षु को भी सदा उक्त

---

१. विद्यार्थत्वस्य विहितत्वादित्यर्थः विद्यामनिच्छतो नानुष्ठेयानीति भावः। २. विरोधाच्चेति तामनिच्छतोपि अनुष्ठेयानीति भावः । ३. यावज्जीवश्रुतिविरोधादित्यर्थः । ४. एकत्रैवावश्यकत्वानावश्यकत्वरूपेत्यादौ शेषः।

(४५८) सहकारित्वेन च ॥३३॥

मुमुक्षोः कर्तव्यान्येव नित्यानि कर्माणि 'यावज्जीवमग्निहोत्रं जुहोति' इत्यादिना विहितत्वात्। नहि वचनस्यातिभारो नाम कश्चिदस्ति ॥३२॥

अथ यदुक्तं नैवं सति विद्यासाधनत्वमेषां स्यादित्यत उत्तरं पठति--

विद्यासहकारीणि चैतानि स्युर्विहितत्वादेव 'तमेतं वेदानुवचनेन ब्राह्मणा विविदिषन्ति' (बृ० ४-४-२२) इत्यादिना। तदुक्तम्--'सर्वापेक्षा च यज्ञादिश्रुतेरश्ववत्' (ब्र० सू० ३-४-२६) इति। न चेदं विद्यासहकारित्ववचनमाश्रमकर्मणां प्रयाजादिवद्विद्याफलविषयं मन्तव्यम्। अविधिलक्षणत्वाद्विद्यायाः। असाध्यत्वाच्च विद्याफलस्य। विधिलक्षणं हि साधनं दर्शपूर्णमासादि स्वर्गफलसिषाधयिषया सहकारिसाधनान्तरमपेक्षते नैव विद्या। तथा चोक्तं 'अत एव चाग्नीन्धनाद्यनपेक्षा' (ब्र० सू० ३-४-२५) इति। तस्मादुत्पत्तिसाधनत्व एवैषां सहकारित्ववाचोयुक्तिः। न चात्र नित्यानित्यसंयोगविरोध आशङ्क्यः, कर्माभेदेऽपि संयोगभेदात्। नित्यो ह्येकः संयोगो यावज्जीवादिवाक्यकल्पितो न तस्य विद्याफलत्वम्।

सह मिलित्वा शुद्धिद्वारा विद्यां कुर्वन्तीति सहकारीणि कर्माणि। तेषां भावस्तत्त्वं तेनेत्यर्थः। विद्यया सह फलकारित्वं सहकारिशब्दात्प्राप्तं निरस्यति—न चेदमिति। विद्याया अविहितत्वान्नाङ्गापेक्षास्ति। अतो विहितानि कर्माणि अविहिताया विद्याया न सहकार्यङ्गानि मोक्षस्यासाध्यत्वाच्च न कर्मणां सहकारित्वसंभव इत्यर्थः। तुल्यबलश्रुतिद्वयेन विनियोगपृथक्त्वं संयोगभेदस्ततो न विरोधः। कामनाया

कर्मों का अनुष्ठान करते ही रहना चाहिए क्योंकि 'यावज्जीवमग्निहोत्रं जुहोति' इत्यादि वाक्य से उसका विधान जीवनमात्र की इच्छा रखने वाले के लिए किया गया है। शास्त्र के लिए कोई गौरव नहीं है, वह लोककल्याण के लिए कुछ भी कह सकता है ॥३२॥

और जो आप ने कहा था कि यदि मुमुक्षु से भिन्न व्यक्ति द्वारा भी इन यज्ञादि कर्मों को अनुष्ठेय मानोगे तो उनमें विद्यासाधनत्व नहीं रह जायेगा, इसका उत्तर अग्रिम सूत्र से देते हैं कि—

सहकारित्वेन च (ललिता)

इन कर्मों को विद्या के सहकारीरूप में 'तमेतं वेदानुवचनेन ब्राह्मणा विविदिषन्ति' इत्यादि वाक्य से विधान किया गया है। इसी को 'सर्वापेक्षा च यज्ञादिश्रुतेरश्ववत्' इस सूत्र से सूत्रकार ने कहा है। आश्रमकर्मों में विद्यासहकारित्व बतलानेवाला उक्त वचन प्रयाजादि की भाँति विद्या के फल को विषय करता है, ऐसा नहीं मानना चाहिए क्योंकि विद्या विधिरूप नहीं है और विद्या का फल मोक्ष साध्य नहीं है। दर्शपूर्णमासादि विधिरूप साधन स्वर्गफल की सिद्धि के लिए सहकारी साधनान्तर की अपेक्षा करता है, पर विद्या ऐसी नहीं है, यह बात 'अतएव चाग्नीन्धनाद्यनपेक्षा' इस सूत्र से कही जा चुकी है। इसलिए यागादि कर्मों को केवल विद्या की उत्पत्ति में सहकारी कहा है, इसमें दैनिक अग्निहोत्रादि कर्म नित्य हैं, एवं फलान्तर के साधन होने से यागादि अनित्य हैं। अतः नित्य और अनित्य कर्म का संयोग एक अधिकारी में होने लग जायेगा, ऐसी शङ्का नहीं करनी चाहिए क्योंकि कर्म का अभेद होने पर भी सम्बन्ध का भेद है। यावज्जीवादि वाक्य से कहा गया एक

१. अचोदनारूपत्वात्।

(४५९) सर्वथापि त एवोभयलिङ्गात् ॥३४॥

अनित्यस्त्वपरः संयोगः 'तमेतं वेदानुवचनेन' (बृ० ४-४-२२) इत्यादिवाक्यकल्पितस्तस्य विद्याफलत्वम् । यथैकस्यापि खादिरत्वस्य नित्येन सयोगेन क्रत्वर्थत्वमनित्येन संयोगेन पुरुषार्थत्वं तद्वत् ॥३३॥

सर्वथाप्याश्रमकर्मत्वपक्षे विद्यासहकारित्वपक्षे च त एवाग्निहोत्रादयो धर्मा अनुष्ठेयाः । त एवेत्यवधारयन्नाचार्यः किं निवर्तयति । कर्मभेदशङ्कामिति ब्रूमः । यथा कुण्डपायिनामयने 'मासमग्निहोत्रं जुह्वति' इत्यत्र 'नित्यादग्निहोत्रात्कर्मान्तरमुपदिश्यते नैवमिह कर्मभेदोऽस्तीत्यर्थः । कुतः?—उभयलिङ्गात् । श्रुतिलिङ्गात्स्मृतिलिङ्गाच्च । श्रुतिलिङ्गं तावत् 'तमेतं वेदानुवचनेन ब्राह्मणा विविदिषन्ति'(बृ० ४-४-२२) इति सिद्धवदुत्पन्नरूपाण्येव यज्ञादीनि विविदिषायां विनियुङ्क्ते न तु जुह्वतीत्यादिवदपूर्वमेषां रूपमुत्पादयतीति । स्मृति-

---

अनित्यत्वेऽपि कर्मणां नानित्यत्वं नित्यविधिना प्रयोगस्य नित्यत्वात् । सत्यां कामनायां काम्यप्रयोगेणैव नित्यत्वसिद्धेर्न कश्चिद्विरोधः । इदं च 'एकस्य तूभयत्वे संयोगपृथक्त्वम्' इति सूत्रे चिन्तितम् यथा 'खादिरो यूपो भवति' इति श्रुत्या खादिरत्वस्य क्रत्वर्थता खादिरं वीर्यकामस्येति श्रुत्या पुरुषार्थता चेति । अतः सति वाक्यद्वये विनियुक्तविनियोगो न विरुध्यत इत्यर्थः ॥३३॥

ननु नित्याग्निहोत्रादिभ्यो भिन्ना एवापूर्वयज्ञादयो विविदिषायां विनियुज्यन्तां तत्र कुतो विनियुक्तविनियोगस्तत्राह—सर्वथापीति । नित्यत्वे काम्यत्वे चेत्यर्थः । कुण्डपायिनामयने मासमग्निहोत्रं जुह्वतीत्याख्यातस्य साध्यहोमवाचित्वात्तदेकार्थकाग्निहोत्रपदस्य व्यवहितसिद्धाग्निहोत्रपरामर्शकत्वायोगान्मासगुणविशिष्टं कर्मान्तरं विधीयत इति युक्तमिह तु यज्ञेनेत्यादि सुबन्तानामाख्यातेनैकार्थत्वा-

---

कर्मसम्बन्ध नित्य है, उसका फल विद्या नहीं है; किन्तु 'तमेतं वेदानुवचनेन ब्राह्मणाविविदिषन्ति' इस वाक्य के द्वारा कहा गया दूसरा कर्मसम्बन्ध अनित्य है, उसका फल विद्या की प्राप्ति है । जैसे एक ही खदिर का 'खादिरो यूपो भवति' इस वाक्य में संयोग नित्य है, जो क्रत्वर्थ है और 'खादिरं वीर्यकामस्य' इस वाक्य द्वारा अनित्य संयोग कहा गया है जो पुरुषार्थ माना जाता है, वैसे ही कर्मों में अभेद रहने पर भी संयोग का भेद होने के कारण उभयार्थता है ॥३३॥

सर्वथापि त एवोभयलिङ्गात् (ललिता)

ही प्रधानरूप से अनुष्ठेय हैं। ऐसी स्थिति में समस्त बालचर्या उसमें मानोगे तो ज्ञानाभ्यास ही सम्भव नहीं होगा। अतः बालक का आन्तरिकभावविशेष ही ग्रहण करना चाहिए, वही अर्थ बाल्य पद का करना चाहिए क्योंकि उसकी इन्द्रियां प्रौढ़ नहीं है जिससे कि उसमें साधारणजन-सुलभ कामादि की कल्पना कर सकें। यही बात सूत्रकार इस सूत्र से कहते हैं कि ज्ञान, अध्ययन, धार्मिकत्वादि रूप में अपने को ख्यापित न करता हुआ दम्भ, दर्पादिशून्य होकर रहे। जैसे इन्द्रियों में प्रौढ़ता न आने के कारण बालक दूसरों के समक्ष अपने को ख्यापित नहीं करता, वैसे ही ज्ञानी भी दूसरों के समक्ष अपने को ख्यापित न करे। इस प्रकार बाल्य पद का अर्थ करने पर इस वाक्य का प्रधान-उपकारी अर्थ सिद्ध हो जाता है। 'जो अपने को न सन्त समझता है, न असन्त समझता है, न अश्रुत और न बहुश्रुत समझता है, न शोभन आचारवाला और न अशोभन आचारवाला ही समझता है वही ब्राह्मण है। गोपनीय धर्म का आश्रय लिया हुआ विद्वान् अज्ञात चरित्र का आचरण करे; वह अन्धे, जड़ एवं गूंगे की भांति अव्यक्त लिङ्ग और अव्यक्त आचारवाला होकर पृथ्वी में विचरण करे।' ऐसा स्मृतिकारों ने भी कहा है॥५०॥

१६. ऐहिकाधिकरण

१. **सङ्गति**—संन्यास से लेकर बाल्यपर्यन्त साधनों को बतला देने के बाद तत्साध्य विद्योत्पत्ति के विचार के लिए हेतुहेतुमद्भाव सङ्गति के कारण यह अधिकरण प्रारम्भ हुआ है।

२. **विषय**—श्रवणादि में विद्यासाधनत्व की सिद्धि पर इस अधिकरण में विचार किया गया है।

३. **संशय**—क्या श्रवणादि के अनुष्ठान से इसी जन्म में ज्ञान की उत्पत्ति होती है अथवा जन्मान्तर में?

४. **पूर्वपक्ष**—**'इहैव मे विद्याजायताम्'** इस कामना से ज्ञान के साधन श्रवणादि में प्रवृत्ति देखी जाती है, अतः विद्योत्पत्ति ऐहिक ही है।

५. **सिद्धान्त**—प्रतिबन्ध के न रहने पर श्रवणादि के अनुष्ठान से इस जन्म में ज्ञान उत्पन्न होता है, किन्तु प्रतिबन्ध रहने पर जन्मान्तर में भी ज्ञान की उत्पत्ति सम्भव है **'अन्यथा श्रवणायापि बहुभिर्यो न लभ्यः'** इत्यादि शास्त्र असङ्गत हो जायेंगे। वामदेवादि को मातृगर्भ में ही ज्ञान होना सुना जाता है, अतः श्रवणादि के द्वारा इस जन्म में और जन्मान्तर में भी ज्ञान का होना सम्भव है।

(४७६) ऐहिकमप्यप्रस्तुतप्रतिबन्धे तद्दर्शनात् ॥५१॥

'सर्वापेक्षा च यज्ञादिश्रुतेरश्ववत्' (ब्र० सू० ३-४-२६) इत्यत आरभ्योच्चावचं विद्यासाधनमवधारितं तत्फलं विद्या सिध्यन्ती किमिहैव जन्मनि सिध्यत्युत कदाचिदमुत्रापीति चिन्त्यते। किं तावत्प्राप्तम्। इहैवेति, किं कारणम्। श्रवणादिपूर्विका हि विद्या। न च कश्चिदमुत्र मे विद्या जायतामित्यभिसंधाय श्रवणादिषु प्रवर्तते। समान एव तु जन्मनि विद्याजन्माभिसंधायैतेषु प्रवर्तमानो दृश्यते। यज्ञादीन्यपि श्रवणादिद्वारेणैव विद्यां जनयन्ति प्रमाणजन्यत्वाद्विद्यायाः। तस्मादैहिकमेव विद्याजन्मेति।

एवं प्राप्ते वदामः—ऐहिकं विद्याजन्म भवत्यसति प्रस्तुतप्रतिबन्ध इति। एतदुक्तं भवति—यदा प्रक्रान्तस्य विद्यासाधनस्य कश्चित्प्रतिबन्धो न क्रियत उपस्थितविपाकेन

ऐहिकमपि संन्यासादिबाल्यान्तं साधनजातमुक्त्वा तत्साध्यविद्याजन्म विचार्यत इति संगतिं वदन् साधनस्य द्विधा फलसंभवात्संशयमाह—सर्वेत्यादिना। कारीरीष्टिवदैहिकफलत्वनियमः श्रवणादीनामिति पूर्वपक्षमाह—किंतावदिति। नन्वामुष्मिकफलकयज्ञादिसाध्यविद्यायाः कथमैहिकत्वनियम इत्यत आह—यज्ञादीन्यपीति। शुद्धिद्वारा यज्ञादिभिः श्रवणादिषु साक्षाद्विद्याहेतुषु घटितेषु विद्याविलम्बो न युक्तः। दृश्यते च विलम्बः। अतः श्रवणादेर्विद्याहेतुत्वमसिद्धमिति पूर्वपक्षे फलम्।

प्रतिबन्धकवशाद्विलम्बेऽपि हेतुत्वसिद्धिरिति सिद्धान्ते फलं मत्वा चित्रादिवदनियतफलं श्रवणादिकमिति सिद्धान्तयति—एवमिति। ननु प्रारब्धकर्मविशेषेण श्रवणादिफलप्रतिबन्धः किमिति क्रियते

ऐहिकमप्यप्रस्तुतप्रतिबन्धे तद्दर्शनात् (ललिता)

'सर्वापेक्षा च यज्ञादि श्रुतेः' यहाँ से प्रारम्भकर ज्ञान के सभी छोटे-बड़े[1] साधनों को बतलाया, अब उसके फल मोक्ष को सिद्ध करने वाली विद्या क्या इसी जन्म में प्राप्त होती है अथवा कदाचित् देहान्तर के बाद परलोक में भी प्राप्त होती है, ऐसा विचार यहाँ किया जाता है। इस पर पूर्वपक्ष का कहना है कि मोक्ष का साधन विद्या इस जन्म मे ही प्राप्त होती है क्योंकि विद्या का साधन श्रवणादि ऐहिक ही है। मरने के बाद मुझे विद्या प्राप्त हो, इस अभिप्राय से कोई भी श्रवणादि साधनों में प्रवृत्त नहीं होता; किन्तु इसी जन्म में मुझे विद्या प्राप्त हो, इस अभिप्राय से ही उसके साधन श्रवणादि में प्रवृत्त होते देखा जाता है। यज्ञादि बहिरङ्ग साधन भी श्रवणादि के द्वारा विद्या को उत्पन्न करते हैं क्योंकि विद्या प्रमाणजन्य होती है, कर्मजन्य नहीं। अतः विद्या की उत्पत्ति इसी जन्म में होती है।

ऐसा पूर्वपक्ष होने पर हम सिद्धान्ती कहते हैं कि प्रस्तुत प्रतिबन्ध के न रहने पर विद्या की उत्पत्ति ऐहिक होती है, किन्तु प्रतिबन्ध के रहने पर विद्या आमुष्मिक भी होती है अर्थात् प्रारम्भ-विद्यासाधन में किसी उपस्थित फलप्रद कर्मान्तर के द्वारा प्रतिबन्ध न उत्पन्न हुआ हो तो विद्या इसी जन्म में उत्पन्न होती है किन्तु जब प्रतिबन्ध आ जाता है, तब विद्या लोकान्तर एवं कालान्तर में भी

---

१. उच्चावचमन्तरङ्गबहिरङ्गाख्यम्।

कर्मान्तरेण तदैहैव विद्योत्पद्यते, यदा तु खलु तत्प्रतिबन्धः क्रियते तदाऽमुत्रेति। उपस्थितविपाकत्वं च कर्मणो देशकालनिमित्तोपनिपाताद्भवति। यानि चैकस्य कर्मणो विपाचकानि देशकालनिमित्तानि तान्येवान्यस्यापीति न नियन्तुं शक्यते। यतो विरुद्धफलान्यपि कर्माणि भवन्ति। शास्त्रमप्यस्य कर्मण इदं फलं भवतीत्येतावति पर्यवसितं न देशकालनिमित्तविशेषमपि संकीर्तयति। साधनवीर्यविशेषात्त्वतीन्द्रिया कस्यचिच्छक्तिराविर्भवति सा प्रतिबद्धा परस्य तिष्ठति। न चाविशेषेण विद्यायामभिसंधिर्नोत्पद्यत इहामुत्र वा मे विद्या जायतामित्यभिसंधेर्निरङ्कुशत्वात्। श्रवणादिद्वारेणापि विद्योत्पद्यमाना प्रतिबन्धक्षयापेक्षयैवोत्पद्यते। तथा च श्रुतिर्दुर्बोधत्वमात्मनो दर्शयति—'श्रवणायापि बहुभिर्यो न लभ्यः शृण्वन्तोऽपि बहवो यं न विद्युः। आश्चर्योवक्ता कुशलोऽस्य लब्धाश्चर्यो ज्ञाता कुशलानुशिष्टः' (क० २·७) इति। गर्भस्थ एव च वामदेवः प्रतिपेदे ब्रह्मभावमिति वदन्तो

श्रवणादिमेव कर्मविपाकप्रतिबन्धः किं न स्यादित्यत आह—उपस्थितविपाकत्वं चेति। देशादिमहिम्ना कर्माणि विपच्यन्त इत्यर्थः। तेन श्रवणादिकमेव किमिति न विपच्यते, तत्राह—यानि चेति। विपाचकत्वं फलोन्मुखत्वहेतुत्वम्। ननु तर्हि श्रवणादिविपाचकदेशादिकं कीदृशमित्यत आह—शास्त्रमपीति। फलबलाद्देशादिज्ञानमिति भावः। तथापि कर्मणैव श्रवणादिप्रतिबन्धो न वैपरीत्यमित्यत्र को हेतुस्तमाह—स धनेति। प्रतिबन्धकत्वशक्तिरपि फलबलाज्ज्ञातव्येति भावः। प्रतिबन्धकसद्भावे श्रौतं स्मार्तं च लिङ्गमाह—तथा चेत्यादिना। शृण्वन्तोऽपि न विद्युरित्युक्तेः प्रतिबन्धसिद्धिः। आत्मनो यथावद्वक्ताप्याश्चर्यः अद्भुतवत् कश्चिदेव भवति। तिष्ठतु लब्धासाक्षात्कारवान्, परोक्षतो ज्ञाताप्याश्चर्यः। कुशलेनाचार्येणानुशिष्टोऽपीत्यर्थः ॥५१॥

उत्पन्न होती है। देश, काल एवं निमित्त के कारण कर्म में उपस्थितविपाकत्व आता है, जिसे प्रतिबन्ध कहते हैं। एक ही कर्म के जो देश, काल निमित्त विपाचक होते हैं, वे हो अन्य कर्म के भी हों, ऐसा नियम नहीं किया जा सकता क्योंकि कर्म विरुद्धफल देनेवाले भी होते हैं। शास्त्र तो इतना कहकर ही विराम ले लेता है कि इस कर्म का फल यह है। इस कर्म का फल अमुक देश में, अमुक काल में, अमुक निमित्त से भी प्राप्त होगा; ऐसा शास्त्र नहीं कहता। साधनशक्तिविशेष के कारण किसी कर्म की अतीन्द्रिय शक्ति प्रकट होती है तो दूसरे की प्रतिबद्ध पड़ी रहती है। विद्या में सभी का अभिप्राय एक जैसा नहीं होता है कि मुझे इसी जन्म में विद्या हो अथवा परजन्म में विद्या हो क्योंकि सभी का अभिप्राय निरङ्कुश होता है। श्रवणादि साधनों के द्वारा भी उत्पन्न होने वाली विद्या प्रतिबन्धक्षय की अपेक्षा रखती ही है, इसलिए श्रुति आत्मा को दुर्बोध बतलाती है कि 'बहुतों को यह आत्मा सुनने के लिए सुलभ नहीं है, सुनने वालों में भी बहुत से इसे नहीं समझ पाते। इस आत्मा का वक्ता भी अद्भुत होता है और इस आत्मा का लब्धा जिज्ञासु भी आश्चर्यमय होता है, जो कुशल आचार्य से अनुशिष्ट हो आत्मा को जानता है।', 'ऋषि वामदेव मातृगर्भ में रहते हुए ही ब्रह्मभाव को प्राप्त कर गये थे' ऐसा कहने वाली श्रुति यह बतला रही है कि जन्मान्तरीयसंचित

१७. मुक्तिफलानियमाधिकरणम् (सू० ५२)

मुक्तिः सातिशया नो वा फलत्वाद्ब्रह्मलोकवत् । स्वर्गवच्च नृभेदेन मुक्तिः सातिशयैव हि ।
ब्रह्मैव मुक्तिर्न ब्रह्म क्वचित्सातिशयं श्रुतम् । अत एकविधा मुक्तिर्वेधसो मनुजस्य वा ॥

जन्मान्तरसंचितात्साधनाज्जन्मान्तरे विद्योत्पत्तिं दर्शयति । नहि गर्भस्थस्यैवैहिकं किंचित् साधनं संभाव्यते । स्मृतावपि—'अप्राप्य योगसंसिद्धिं कां गतिं कृष्ण गच्छति' (गी० ६-३७) इत्यर्जुनेन पृष्टो भगवान्वासुदेवः 'नहि कल्याणकृत्कश्चिद्दुर्गतिं तात गच्छति' (गी० ६-४०) इत्युक्त्वा पुनस्तस्य पुण्यलोकप्राप्तिं साधुकुले सम्भूतिं चाभिधायानन्तरम् 'तत्र तं बुद्धिसंयोगं लभते पौर्वदेहिकम्' (गी० ६-४३) इत्यादिना 'अनेकजन्मसंसिद्धस्ततो याति परां गतिम्' (गी०६-४५)इत्यन्तेनैतदेव दर्शयति । तस्मादैहिकमामुष्मिकं वा विद्याजन्म प्रतिबन्धक्षयापेक्षयेति स्थितम् ॥५१॥

साधन से भी जन्मान्तर में विद्या की उत्पत्ति होती है क्योंकि गर्भ में रहने वाले व्यक्ति में किसी ऐहिक साधन की सम्भावना नहीं रहती । इसीलिए गीता में भी 'हे कृष्ण ! योग की संसिद्धि को न प्राप्तकर योगभ्रष्ट किस गति को प्राप्त करता है ?' ऐसा अर्जुन के पूछने पर भगवान् श्रीकृष्ण ने कहा है कि 'हे तात ! कल्याणकर्म करने वाला कोई भी साधक दुर्गति को प्राप्त नहीं होता ।' ऐसा कहने के पश्चात् उस योगभ्रष्ट को पुण्यलोकप्राप्ति और साधुकुल में जन्म बतलाया है, तत्पश्चात् उस साधुकुल में उस योगभ्रष्ट को पूर्वदेहिक बुद्धिसंयोग प्राप्त हो जाता है' यहाँ से लेकर 'अनेकजन्मसंसिद्ध पुरुष परागति को प्राप्त करता है' यहाँ तक के वाक्यों द्वारा भगवान् श्रीकृष्ण उक्त अर्थ को ही बतलाते हैं । अतः विद्या का जन्म ऐहिक और प्रतिबन्धक्षय की अपेक्षा से आमुष्मिक भी होता है, यह निश्चित हो गया ॥५१॥

१७. मुक्तिफलानियमाधिकरण

१. **सङ्गति**—जैसे साधनों के उत्कर्ष और अपकर्ष से उसके फल विद्या में उत्कर्ष-अपकर्ष देखे जाते हैं, वैसे हो विद्या के फल मोक्ष में भो कुछ उत्कर्षादि विशेष नियम मानना चाहिए; ऐसी दृष्टान्त सङ्गति के कारण यह अधिकरण प्रारम्भ किया गया है ।

२. **विषय**—ज्ञानसाध्य मुक्ति पर इस अधिकरण में विचार किया गया है ।

३. **संशय**—क्या विद्या की भांति मुक्ति में भी विशेषनियम है अथवा नहीं ?

४. **पूर्वपक्ष**—साधनसामर्थ्यविशेष के कारण जैसे ज्ञान में वैशिष्ट्य आता है, वैसे ही विद्या के फल मोक्ष में भी विशेष नियम मानना चाहिए । अतः स्वर्गादि की भाँति मुक्ति भी सातिशय ही है ।

५. **सिद्धान्त**—मुक्ति ब्रह्मस्वरूप ही है, ब्रह्म कहीं भी सातिशय नहीं सुना गया है । अतः चतुर्मुख ब्रह्मा अथवा मनुष्य की मुक्ति एक जैसी ही होती है, उस मुक्ति में कोई भेद नहीं है ।

(४७७) एवं मुक्तिफलानियमस्तदवस्थाव-धृतेस्तदवस्थावधृतेः ॥५२॥

यथा मुमुक्षोर्विद्यासाधनावलम्बिनः साधनवीर्यविशेषाद्विद्यालक्षणे फल ऐहिकामुष्मिकफलत्वकृतो विशेषप्रतिनियमो दृष्टः। एवं मुक्तिलक्षणेऽप्युत्कर्षापकर्षकृतः कश्चिद्विशेषप्रतिनियमः स्यादित्याशङ्क्याह—एवं मुक्तिफलानियम इति। न खलु मुक्तिफले कश्चिदेवंभूतो विशेषप्रतिनियम आशङ्कितव्यः। कुतः? तदवस्थावधृतेः। मुक्त्यवस्था हि सर्ववेदान्तेष्वेकरूपैवावधार्यते। ब्रह्मैव हि मुक्त्यवस्था, न च ब्रह्मणोऽनेकाकारयोगोऽस्ति। एकलिङ्गत्वावधारणात्। 'अस्थूलमनणु' (बृ० ३-८-८), 'स एष नेति नेत्यात्मा' (बृ० ३-९-२६), 'यत्र नान्यत्पश्यति' (छा० ७-२४-१), 'ब्रह्मैवेदममृतं पुरस्तात्' (मु० २-२-११), 'इदं सर्वं यदयमात्मा' (बृ० २-४-६), 'स वा एष महानज आत्माऽजरोऽमृतोऽमरोऽभयो ब्रह्म' (बृ० ४-४-२५), 'यत्र त्वस्य सर्वमात्मैवाभूत्तत्केन कं पश्येत्' (बृ० ४-५-१९) इत्यादिश्रुतिभ्यः।

अपि च विद्यासाधनं स्ववीर्यविशेषात्स्वफल एव विद्यायां कंचिदतिशयमासञ्जयेन्न विद्या-

---

असति प्रारब्धकर्मप्रतिबन्धे श्रवणादिनेहैव विद्योदयः यज्ञादिभिः संचितपापप्रतिबन्धस्य निरस्तत्वात्। सति तु भोगेन तन्निरासादमुत्रेति विद्याया ऐहिकामुष्मिकत्वविशेषनियम उक्तस्तद्वत्तत्फलेऽपि मोक्षे कश्चिदुत्कर्षादिविशेषः स्यादित्यत आह—एवं मुक्तिफलानियमस्तदवस्थावधृतेस्तदवस्थावधृतेः। मुक्तिरत्र विषयः। तस्यां विद्यावद्विशेषनियमोऽस्ति न वेति फलस्योभयथासम्भवात्संशये पूर्वपक्षमाह—यथेति। मुक्तिः सविशेषा, फलत्वाद्विद्यावदतः कर्मसाध्या मुक्तिरिति फलम्। सिद्धान्ते तु निर्विशेषत्वावधारणश्रुतिबाधितमनुमानमतो ज्ञानैकलभ्या मुक्तिरिति फलम्।

किंच श्रवणादितारतम्याद्विद्यायां कंचिदतिशयमङ्गीकृत्य विद्यालभ्यमुक्तौ नातिशय इत्याह—अपिच विद्यासाधनमिति। ननु ब्रह्मणो नित्यसिद्धत्वादविद्यानिवृत्तेश्चान्यत्वे द्वैतापत्तेः, अनन्यत्वे

एवं मुक्तिफलानियमस्तदवस्थावधृतेस्तदवस्थावधृतेः (ललिता)

ब्रह्मविद्यासाधन में संलग्न मुमुक्षु के साधनशक्तिविशेष के कारण उसके फल विद्या में ऐहिक और आमुष्मिकफलत्व विशेषरूप से प्रतिनियत देखा गया है अर्थात् साधन के उत्कर्ष होने पर ऐहिक फल और अपकर्ष रहने पर आमुष्मिकविद्यारूप फल देखा गया है। ऐसे ही विद्या के फल मोक्ष में उत्कर्ष और अपकर्ष कुछ विशेष रहेगा तो, इस आशङ्का का समाधान अग्रिम सूत्र से दिया गया है कि विद्या के फल मोक्ष में इस प्रकार विशेष की आशङ्का नहीं रखनी चाहिए क्योंकि सभी श्रुतियों में मुक्ति अवस्था एक जैसी ही निश्चित् की गयी है। ब्रह्म ही मुक्तावस्था है, उस ब्रह्म में अनेकाकार नहीं है, वह तो 'स्थूल नहीं, सूक्ष्म नहीं', 'वह आत्मा यह नहीं, यह नहीं', 'जहाँ दूसरे को देखता नहीं', 'यह अमृतस्वरूप ब्रह्म ही सामने है', 'यह सब कुछ आत्मा ही तो है', 'वही यह महान् आत्मा अजर अमर अमृत अभय ब्रह्मस्वरूप है', 'जहाँ इस ज्ञानी का सब कुछ आत्मा ही हो गया वहाँ कौन किससे किसको देखे' इत्यादि श्रुतियों से एकरूप ही निश्चित हुआ है।

इसके अतिरिक्त ब्रह्मविद्या के साधन अपनी शक्तिविशेष के कारण अपने फल विद्या में ही कुछ

फले मुक्तौ । तद्धयसाध्यं नित्यसिद्धस्वभावभूतमेव विद्ययाधिगम्यत इत्यसकृदवादिष्म । न च 'तस्यामप्युत्कर्षनिकर्षात्मकोऽतिशय उपपद्यते निकृष्टाया विद्यात्वाभावादुत्कृष्टैव हि विद्या भवति । तस्मात्तस्यां चिराचिरोत्पत्तिस्वरूपोऽतिशयो भवन्भवेत् । न तु मुक्तौ कश्चिदतिशयसम्भवोऽस्ति । विद्याभेदाभावादपि तत्फलभेदनियमाभावः कर्मफलवत् । नहि मुक्तिसाधनभूताया विद्यायाः कर्मणामिव भेदोऽस्तीति । सगुणासु तु विद्यासु—'मनोमयः प्राणशरीरः' (छा० ३-१४-२) इत्याद्यासु गुणावापोद्वापवशाद्भेदोपपत्तौ सत्यामुपपद्यते यथास्वं

चासाध्यत्वात्किं विद्याफलमित्यत आह—तद्धीति । विद्ययाभिव्यक्तत्वेन ब्रह्मानन्द एव मुख्यफलमभिव्यक्तिरविद्यानिवृत्तिरानन्दस्वरूपस्फूर्तिप्रतिबन्धकाभावतया विद्यया साध्यते सा चानिर्वाच्येति न द्वैतापत्तिः । अन्ये तु सा ब्रह्मानन्देत्याहुः । नच साध्यत्वानुपपत्तेस्तत्र विद्यावैयर्थ्यमिति वाच्यम् । यदभावे यदभावस्तत्तत्साध्यमिति ज्ञानात्सर्वो लोकः प्रवर्तते । तथाच विद्याया अभावे ब्रह्मस्वरूपमुक्तेरभावोऽनर्थरूपा अविद्यैवास्ति । अस्या अविद्याया एव मुक्तिर्नास्तीतिव्यवहारविषयत्वेन मुख्यभावत्वात् । तथा च विद्यां विना मुक्तिर्नास्तीति निश्चयाद्विद्यामुपादत्ते । विद्योदये च स्वतःसिद्धनित्यनिवृत्तानर्थस्वप्रकाशब्रह्मानन्दात्मनावतिष्ठत इत्यनवद्यम् । सम्प्रति विद्यायामतिशयाङ्गीकारं त्यजति—न चेति । एकरूपे 'विषये प्रमायां तारतम्यानुपपत्तिरित्यर्थः । कथं तर्हि पूर्वाधिकरणे विद्याया विशेष उक्तः तत्राह—तस्मादिति । सत्यामपि सामग्र्यां ज्ञाने विलम्ब उक्तो न तारतम्यमित्यर्थः । तर्हि सत्यपि ज्ञाने मुक्तौ विलम्बः किं न स्यादित्यत आह—न त्विति । वायत्राविप्रतिबन्धाद्दीपोत्पत्तिविलम्बेऽप्युत्पन्ने तमोनिवृत्तिविलम्बादर्शनात्सति ज्ञाने नाननिवृत्तौ 'विलम्ब इति भावः । किंच कर्मणामुपासनानां च गुणभेदेन तारतम्यात्फलतारतम्यं युक्तम् । निर्गुणविद्यायास्त्वेकरूपत्वात्तत्फलैकरूप्यमित्याह—विद्याभेदेत्यादिना । स्मृतौ कस्यचिन्निर्गुणविद इत्यर्थः । तस्माद्विद्यासमकालैव मुक्तिरिति सिद्धम् ॥५२॥

इति श्रीमत्परमहंसपरिव्राजकाचार्यश्रीगोविन्दानन्दभगवत्पादकृतौ
शारीरिकव्याख्यायां भाष्यरत्नप्रभायां
तृतीयस्याध्यायस्य चतुर्थः पादः ॥४॥

विशेष का आधान करेगा, न कि विद्या के फल मोक्ष में क्योंकि मोक्षब्रह्मस्वरूप है, वह साध्य नहीं हैं, अपितु नित्यसिद्धस्वभावरूप ही है । विद्या से तो उसका अधिगममात्र होता है, ऐसा हम अनेक बार कह आये हैं । सत्य पूछो तो विद्या में भी उत्कर्ष-अपकर्षरूप अतिशय नहीं है क्योंकि विद्या उत्कृष्ट ही होती है, निकृष्ट में विद्यात्व नहीं कहा जा सकता । पूर्वाधिकरण मे जो विद्या में विशेष कहा गया था वह केवल चिर और अचिर उत्पत्तिस्वरूप को लेकर कहा गया था, किन्तु मुक्ति में कोई अतिशय सम्भव हो नहीं है । कर्म में भेद होने के कारण जैसे फल में भेद नहीं हो जाता है वैसा विद्या के फल में भेद नहीं है क्योंकि विद्या में जब भेद ही नहीं है, तब भला उसके फल मोक्ष में भेद कहाँ से आयेगा । कर्मों में जैसे भेद है, वैसे मोक्षसाधनरूप विद्या में भेद नहीं है । 'मनोमयः शरीरः' इत्यादि सगुणविद्या में गुणों के अवाप-उद्वाप के कारण कर्मफल की भाँति फलभेदनियम हो सकता है क्योंकि भेद का साधकलिङ्ग देखा गया है । जो उपासक

१. विद्यायाम् । २. अविद्यानिवृत्तिः । ३. प्रमाविषये एकरूपे सति । ४. प्रारब्धकर्मणां प्रतिबन्धकत्वात् ।

फलभेदनियमः कर्मफलवत् । तथा च लिङ्गदर्शनम्—'तं यथायथोपासते तदेव भवति' इति । नैवं निर्गुणायां विद्यायां, गुणाभावात् । तथा च स्मृतिः—'नहि गतिरधिकास्ति कस्यचित्सति हि गुणे प्रवदन्त्यतुल्यताम्' इति तदवस्थावधृतेस्तदवस्थावधृतेरिति पदाभ्यासोऽध्यायपरिसमाप्तिं द्योतयति ॥५२॥

इति श्रीमच्छङ्करभगवत्पादकृतौ शारीरकमीमांसाभाष्ये
तृतीयाध्यायस्य चतुर्थः पादः ॥४॥ इति साधनाख्योऽध्यायः ॥

उस परमेश्वर की जिस-जिस प्रकार से उपासना करते हैं, वह वही हो जाते हैं ।' पर निर्गुण विद्या में गुण न होने के कारण फलभेद का नियम नहीं रहता, ऐसा ही 'ब्रह्म की प्राप्ति में भेद है ही नहीं क्योंकि गुण रहने पर ही भेद की कल्पना विद्वान् लोग करते हैं ।' अतः निर्गुण उपासक की गति एक सी होती है, उसमें न्यूनाधिकभाव नहीं है ।' जिसे 'तदवस्थावधृतेः' इस सूत्रांश से कहा गया है। इस पद की पुनरावृत्ति अध्यायसमाप्ति का द्योतक है । अतः मुक्ति निरतिशय होने के कारण कर्मसाध्य नहीं है, ऐसा इस पाद के प्रारम्भिक अधिकरण द्वारा जो कहा गया था वह निर्विवाद सिद्ध हुआ ॥५२॥

इस प्रकार ब्रह्मसूत्र शाङ्करभाष्य तृतीयाध्याय तृतीय पाद की
श्री कैलास पीठाधीश्वर आचार्य महामण्डलेश्वर
श्रीमत्स्वामी विद्यानन्दगिरिजी महाराज
द्वारा रचित ललिता व्याख्या
सम्पूर्ण हुई ।



॥ श्रीमदभिनवचन्द्रेश्वरो विजयतेतराम् ॥

॥ श्रीबादरायणविरचितम् ॥

॥ ब्रह्मसूत्रम् ॥

॥ सटिप्पणशाङ्करभाष्यरत्नप्रभाललिताख्याख्यायुतम् ॥

अथ चतुर्थोऽध्यायः

॥ प्रथमः पादः ॥

१. आवृत्त्यधिकरणम् (सूत्र० १-२)

श्रवणाद्याः सकृत्कार्या आवर्त्या वा सकृद्यतः । शास्त्रार्थस्तावता सिध्येत्प्रयाजादौ सकृत्कृतेः ।
आवर्त्या दर्शनान्तास्ते तण्डुलान्तावघातवत् । दृष्टेऽत्र सम्भवत्यर्थे नादृष्टं कल्प्यते बुधैः ॥

भाष्यरत्नप्रभा

यज्ज्ञानाज्जीवतो मुक्तिरुत्क्रान्तिगतिवर्जिता ।
लभ्यते तत्परं ब्रह्म रामनामास्मि निर्भयम् ॥

॥ दिशन्तु शं मे गुरुपादपांसवः ॥

॥ चतुर्थोऽध्याय प्रथम पाद ॥

ललिताख्या व्याख्या

तृतीय अध्याय में परापरविद्याविषयक साधनों का विचार प्रायशः हो चुका है। अब इस चतुर्थ अध्याय में फलसम्बन्धी विचार किया जायेगा और प्रसङ्गवश कुछ साधनों का भी चिन्तन किया जायेगा। उनमें से पहले कुछ अधिकरणों द्वारा साधनाश्रित विचार इसलिए हम करेंगे क्योंकि साधनसम्बन्धी विचार करना कुछ शेष रह गया था। यह चतुर्थ अध्याय सगुण एवं निर्गुण विद्या के फलविशेषनिर्णय के लिए कहा गया है, उसके प्रथम पाद में जीवनमुक्ति का निरूपण है। पिछले अध्याय में परापरविद्यारूप साधन वैराग्य के सहित तत्त्वंपदार्थशोधनपूर्वक प्रायशः बतला दिया गया, अब इस अध्याय में उसके फल को बतलाने के लिए कार्यकारणभाव सङ्गति के कारण यह अध्याय प्रारम्भ होता है।

१. आवृत्त्यधिकरण

१. सङ्गति—पिछले अधिकरण में जैसे मोक्ष में विशेष का अभाव कहा गया, वैसे ही उसके साधन श्रवणादि में भी विशेषाभाव क्यों न माना जाय; इस प्रकार की दृष्टान्त सङ्गति के कारण यह अधिकरण प्रारम्भ किया जाता है।

(४७८) आवृत्तिरसकृदुपदेशात् ॥१॥

तृतीयेऽध्याये परापरासु विद्यासु साधनाश्रयो[1] विचारः प्रायेणात्यगात् । अथेह चतुर्थेऽध्याये[2] फलाश्रय आगमिष्यति । प्रसङ्गागतं चान्यदपि किंचिच्चिन्तयिष्यते । प्रथमं तावत्कतिभिश्चिदधिकरणैः साधनाश्रयविचारशेषमेवानुसरामः ।

'आत्मा वा अरे द्रष्टव्यः श्रोतव्यो मन्तव्यो निदिध्यासितव्यः' (बृ० ४-५-६), 'तमेव धीरो विज्ञाय प्रज्ञां कुर्वीत' (बृ० ४-४-२१), 'सोऽन्वेष्टव्यः स विजिज्ञासितव्यः (छा० ८-७-१) इति चैवमादिश्रवणेषु संशयः—किं सकृत्प्रत्ययः कर्तव्य आहोस्विदावृत्त्येति । किं तावत्प्राप्तं सकृत्प्रत्ययः स्यात्प्रयाजादिवत् । तावता शास्त्रस्य कृतार्थत्वात् । अश्रूयमाणायां

ॐ । आवृत्तिरसकृदुपदेशात् । साधनं निरूप्य फलं निरूप्यत इत्यध्याययोर्हेतुफलभावं संगतिमाह—तृतीय इति । फलप्रसङ्गेनोत्क्रान्तिरर्चिरादिमार्गश्च विचार्यत इत्याह—प्रसङ्गेति । पूर्वं साक्षादेव श्रुत्युक्तं संन्यासादि साधनं चिन्तितं, संप्रति फलार्थापत्तिगम्यमावृत्त्यादिकमद्यादिलेपाधिकरणात्प्राक् चिन्त्यते, तदारभ्य जीवन्मुक्तिस्ततो द्वितीयपादे उत्क्रान्तिस्तृतीये अर्चिरादिमार्गस्य गन्तव्यस्य च निर्णयश्चतुर्थे ज्ञानोपासनयोः फलनिर्णय इति पादार्थविवेकः ।

आद्याधिकरणस्य श्रवणादिसाधनं विषयमनूद्य द्वेधानुष्ठानदर्शनात्संशयमाह—आत्मा वा इति । श्रौतात्मधीसाधनफलविचारात्मकत्वात्सर्वाधिकरणानां श्रुतिशास्त्राध्यायसंगतय उक्ताः । तत्तत्पदार्थसंबन्धात्तत्तत्पादसङ्गतिः । मोक्षे विशेषाभावबच्छ्रवणादावावृत्तिविशेषो नास्तीति दृष्टान्तलक्षणावान्तरसंगत्या पूर्वपक्षमाह—किं तावदिति । अत्र पूर्वपक्षे श्रवणादेः प्रयाजवददृष्टार्थत्वात्सकृदनुष्ठानं

२. विषय—इस अधिकरण में ब्रह्मज्ञान के साधन श्रवणादि का विचार किया गया है ।

३. संशय—क्या श्रवणादि जीवन में एक ही बार करना चाहिए अथवा बार-बार करना चाहिए ?

४. पूर्वपक्ष—प्रयाजादि जिस प्रकार अदृष्टार्थ हैं ऐसे ही श्रवणादि भी अदृष्टार्थ मान लेने पर एक बार ही उनका अनुष्ठान करना चाहिए, इतने मात्र से शास्त्र का प्रयोजन सिद्ध हो जाता है ।

५. सिद्धान्त—तण्डुल अवघात का फल त्वक्‌विमोक जिस प्रकार दृष्ट होता है, ऐसे ही श्रवणादि का फल तत्त्वसाक्षात्कार भी दृष्ट ही है । अतः तत्त्वसाक्षात्कारपर्यन्त श्रवणादि का अनुष्ठान बार-बार करते रहना चाहिए । यहाँ पर दृष्ट फल सम्भव है इसलिए विद्वान् लोग अदृष्टफल की कल्पना नहीं करते हैं ।

आवृत्तिरसकृदुपदेशात् (ललिता)

'अरे मैत्रेयि ! निःसन्देह आत्मा दर्शन के योग्य है, श्रवण, मनन और निदिध्यासन के योग्य है', 'बुद्धिमान धीर पुरुष उस आत्मा को पहले परोक्षरूप से जानकर पुनः साक्षात्कार करे', 'वह आत्मा अन्वेषण के योग्य है और विशेष जिज्ञासा के भी योग्य है' ऐसे ही अन्य श्रवणादि बतलाने वाले वाक्यों में भी संशय होता है कि क्या आत्मा का श्रवणादि एक ही बार करना चाहिए अथवा उसकी आवृत्ति करनी चाहिए । इस पर पूर्वपक्षी का कहना है कि जैसे प्रधान यज्ञ के अङ्ग प्रयाजादि का एक बार अनुष्ठान कर लेने से शास्त्र कृतार्थ हो जाता है वैसे ही विद्या के साधन श्रवणादि का अनुष्ठान

१. साधनमाश्रयो विषयो यस्य विचारस्य सोयं साधनाश्रयो विचारः । २. फलविषयः ।

ह्यावृत्तौ क्रियमाणायामशास्त्रार्थः कृतो भवेत् । नन्वसकृदुपदेशा उदाहृताः 'श्रोतव्यो मन्तव्यो निदिध्यासितव्यः' इत्येवमादयः । एवमपि यावच्छब्दमावर्तयेत्सकृच्छ्रवणं सकृन्मननं सकृन्निदिध्यासनं चेति नातिरिक्तम् । सकृदुपदेशेषु तु वेदोपासीतेत्येवमादिष्वनावृत्तिरिति ।

एवं प्राप्ते ब्रूमः—प्रत्ययावृत्तिः कर्तव्या । कुतः ?—असकृदुपदेशात् 'श्रोतव्यो मन्तव्यो निदिध्यासितव्यः' इत्येवंजातीयको ह्यसकृदुपदेशः प्रत्ययावृत्तिं सूचयति । ननूक्तं यावच्छब्दमेवावर्तयेन्नाधिकमिति । न । दर्शनपर्यवसितत्वादेषाम् । दर्शनपर्यवसानानि हि श्रवणादीन्यावर्त्यमानानि दृष्टार्थानि भवन्ति । यथाऽवघातादीनि तण्डुलादिनिष्पत्तिपर्यवसानानि तद्वत् ।

अपि चोपासनं निदिध्यासनं चेत्यन्तर्णीतावृत्तिगुणैव क्रियाऽभिधीयते । तथाहि—

फलं, सिद्धान्ते त्ववघातवद्दृष्टार्थत्वाद्यावत्फलमावृत्तिरिति भेदः । असकृदुपदेशान्यथानुपपत्त्या साधनावृत्तौ शास्त्रस्य तात्पर्यमिति शङ्कते—नन्वसकृदिति ।

श्रवणादीनां समुच्चयासिध्यर्थत्वेनासकृदुक्तेरन्यथोपपत्तेर्नावृत्तौ तात्पर्यमित्याह—एवमपीति । सगुणसाक्षात्कारसाधनेष्वप्यनावृत्तिमाह—सकृदिति । यद्यप्यसकृदुपदेश आवृत्तिसमुच्चययोरन्यतरसूचकत्वेनान्यथासिद्धः, तथापि दृष्टे संभवत्यदृष्टमात्रकल्पनानुपपत्तेः श्रवणादेरावृत्तिद्वारा साक्षात्कारफलस्य षड्जादौ दृष्टत्वादसकृदुक्तिरावृत्तिं सूचयति दृष्टार्थत्वादिति न्यायानुग्रहादित्याह—न दर्शनपर्यवसानत्वादिति ।

ध्यानस्य त्वावृत्तेर्वेदोपासीतेति शब्दे श्रुतत्वान्न केवलार्थिकत्वमित्याह—अपि चेति । अस्त्युपासितशब्द-

---

एक बार कर लेने पर भी शास्त्र सार्थक हो जायेगा । श्रुति में आवृत्ति जब सुनी जाती है तो ऐसी स्थिति में आवृत्ति करने पर अशास्त्रीय कृत्य माना जायेगा । शङ्का—'श्रोतव्यो मन्तव्यो निदिध्यासितव्यः' ये सब असकृत् उपदेश के उदाहरण दिये जा चुके हैं । समाधान—फिर भी जितना सुना जाता है तदनुसार एक बार श्रवण, एक बार मनन और एक बार निदिध्यासन कर लेना चाहिए, इससे अधिक करने की आवश्यकता नहीं है । किन्तु 'वेद' 'उपासीत' इत्यादि सकृत् उपदेशस्थल में आवृत्ति नहीं ही करनी चाहिए ।

ऐसा पूर्वपक्ष प्राप्त होने पर हम सिद्धान्ती कहते हैं कि श्रवणादि की आवृत्ति करनी चाहिए क्योंकि 'श्रोतव्यो मन्तव्यो निदिध्यासितव्यः' ऐसा असकृत् उपदेश प्रत्यावर्तन की सूचना दे रहा है । शङ्का—हम कह आये हैं कि जहाँ जितना सुना गया है वहाँ पर उतनी ही आवृत्ति करे, अधिक आवृत्ति करने की आवश्यकता नहीं है । समाधान—ऐसा कहना ठीक नहीं क्योंकि श्रवणादि की पूर्णता आत्मसाक्षात्कार होने पर ही होती है । जैसे 'व्रीहीन् अवहन्ति' इस वाक्य द्वारा विहित व्रीहि अवघात त्वकविमोक एवं तण्डुलनिष्पन्न होने तक किया जाता है क्योंकि अवघात दृष्टार्थ है, वैसे ही श्रवणादि भी दृष्टार्थ है जिसकी पूर्णता आत्मसाक्षात्कार होने पर ही होती है । अतः आत्मसाक्षात्कारपर्यन्त श्रवण, मनन और निदिध्यासन करते रहना चाहिए ।

इसके अतिरिक्त उपासन और निदिध्यासन अन्तर्निहित आवृत्ति गुणवाली क्रिया को ही तो

(४७९) लिङ्गाच्च ॥२॥

लोके गुरुमुपास्ते राजानमुपास्त इति च यस्तात्पर्येण गुर्वादीननुवर्तते स एवमुच्यते। तथा ध्यायति प्रोषितनाथा पतिमिति या निरन्तरस्मरणा पतिं प्रतिसोत्कण्ठा सैवमभिधीयते। विद्युपास्त्योश्च वेदान्तेष्वव्यतिरेकेण प्रयोगो दृश्यते। क्वचिद्विदिनोपक्रम्योपासिनोपसंहरति यथा—'यस्तद्वेद यत्स वेद स मयैतदुक्तः' (छा० ४-१-४) इत्यत्र 'अनु म एतां भगवो देवतां शाधि यां देवतामुपास्से' (छा० ५-२-२) इति। क्वचिच्चोपासिनोपक्रम्य विदिनोपसंहरति यथा—मनो ब्रह्मेत्युपासीत' (छा० ३-१८-१) इत्यत्र 'भाति च तपति च कीर्त्या यशसा ब्रह्मवर्चसेन य एवं वेद' (छा० ३-१८-३) इति। तस्मात्सकृदुपदेशेऽप्यावृत्तिसिद्धिः। असकृदुपदेशस्त्वावृत्तेः सूचकः ॥१॥

लिङ्गमपि प्रत्ययावृत्तिं प्रत्याययति। तथा ह्युद्गीथविज्ञानं प्रस्तुत्य 'आदित्य

स्यावृत्तिवाचित्वं तथापि वेदेतिशब्दोक्तवेदनेष्वहंग्रहेषु कथमावृत्तिसिद्धिरित्यत आह—विद्युपास्त्योश्चेति। शब्दयोरेकार्थत्वमुदाहरति—क्वचिदिति। स रैक्वो यद्वेद तत्प्राणतत्त्वं रैक्वादन्योऽपि यः कश्चिद्वेद तत्फले सर्वमन्तर्भवतीत्येतदुक्ते इत्थं मयोत्कृष्टत्वेन स रैक्व उक्त इति हंस प्रति हंसान्तरवचनं, तच्छ्रुत्वा रैक्वं गत्वोवाच जानश्रुतिः, हे भगवः, एतां रैक्वविदितां देवतां मेऽनुशाधि मह्यमुपदिशेत्यर्थः। एवं सगुणनिर्गुणसाक्षात्कारसाधनध्यानस्यावृत्तिः श्रौती चार्थसिद्धा च दृष्टार्थत्वात्, श्रवणमननयोस्त्वसकृदुपदेशादर्थसिद्धैवावृत्तिरिति विशेषः ॥१॥

आदित्यस्यैकस्यैवोद्गीथे संपाद्योपासनान्मम त्वमेक एव पुत्रोऽसीति कौषीतकिः पुत्रमुवाच,

---

कहते हैं। लोक में—गुरु की उपासना करता है, राजा की उपासना करता है—ऐसा कहा जाता है, वहाँ जो तत्परतापूर्वक गुरु आदि का अनुवर्तन करता है उसके लिए ही ऐसा लोकव्यवहार देखा जाता है। वैसे ही जिसका पति प्रवास में चला गया हो वह प्रोषितनाथा स्त्री पति का ध्यान करती है, ऐसा प्रयोग तभी होता है जब वह स्त्री पति का उत्कंठापूर्वक निरन्तर स्मरण करती है। 'विदि' और 'उपास्ति' क्रिया का प्रयोग वेदान्त में एक ही अर्थ में किया गया है। कहीं पर विदि से प्रसङ्ग प्रारम्भकर उपास्ति से उपसंहार करते हैं, जैसे छान्दोग्य में 'जो उसे जानता है जिसे वह रैक्व जानता है उसके विषय में भी मैंने फल बतला दिया अर्थात् रैक्व के समान ही वह भी कृतनामक पासे के सदृश हो जाता है' इस वाक्य में विदि से प्रसङ्ग प्रारम्भकर 'हे भगवन्! जिस देवता की उपासना आप करते हैं उसी का उपदेश मेरे लिए करें' इस वाक्य द्वारा उपास्ति क्रिया से उपसंहार किया गया है। कहीं पर उपास्ति से प्रसङ्ग प्रारम्भकर विदि क्रिया से उपसंहार करते हैं, जैसे 'ब्रह्मदृष्टि से मन की उपासना करे' इस वाक्य में उपास्ति से प्रसङ्ग प्रारम्भ किया और 'वह उपासक यश, कीर्ति से भासमान होता है एवं ब्रह्मतेज से भी युक्त होता है जो इसे इस रूप में जानता है' इस वाक्य द्वारा विदि से उपसंहार करते हैं। अतः सकृत् उपदेशस्थल में भी आवृत्ति की सिद्धि होती है। श्रवण एवं मनन का जहाँ असकृत् उपदेश है वहाँ तो अर्थतः आवृत्ति सिद्ध ही है, वह असकृत् उपदेश आवृत्ति का सूचक भी है ॥१॥

लिङ्गाच्च (ललिता)

अर्थज्ञापक लिङ्ग भी प्रत्यावृत्ति का बोध कराता है, इसीलिए छान्दोग्य में 'आदित्य उद्गीथ है

उद्गीथः' (छा० १-५-१) इत्येतदेकपुत्रतादोषेणापोद्य 'रश्मींस्त्वं पर्यावर्तयात्' (छा० १-५-२) इति रश्मिबहुत्वविज्ञानं बहुपुत्रतायै विदधत्सिद्धवत्प्रत्ययावृत्तिं दर्शयति। तस्मात्तत्सामान्यात्सर्वप्रत्ययेष्वावृत्तिसिद्धिः।

अत्राह—भवतु नाम साध्यफलेषु प्रत्ययेष्वावृत्तिः। तेष्वावृत्तिसाध्यस्यातिशयस्य सम्भवात्। यस्तु परब्रह्मविषयः प्रत्ययो नित्यशुद्धबुद्धमुक्तस्वभावमेवात्मभूतं परं ब्रह्म समर्पयति तत्र किमर्थावृत्तिरिति। सकृच्छ्रुतौ च ब्रह्मात्मत्वप्रतीत्यनुपपत्तेरावृत्त्यभ्युपगम इति चेत्। न। आवृत्तावपि तदनुपपत्तेः। यदि हि 'तत्त्वमसि' (छा० ६-८-७) इत्येवंजातीयकं वाक्यं सकृच्छ्रूयमाणं ब्रह्मात्मत्वप्रतीतिं नोत्पादयेत्ततस्तदेवावर्त्यमानमुत्पादयिष्यतीति का प्रत्याशा स्यात्। अथोच्येत न केवलं वाक्यं कंचिदर्थं साक्षात्कर्तुं शक्नोत्यतो युक्त्यपेक्षं वाक्यमनुभावयिष्यति ब्रह्मात्मत्वमिति। तथाऽप्यावृत्त्यानर्थक्यमेव। साऽपि हि

अतस्त्वं तथा मा कृथाः किंतु बहून् रश्मीनादित्यं च पर्यावर्तयतात् पृथगावर्तयस्वेत्यर्थः। तलोपश्छान्दसः। अत्र पर्यावृत्तिशब्दात्सिद्धवदुद्गीथध्यानस्यावृत्तिरुक्ता ततो ध्यानत्वसामान्यात्फलपर्यन्तत्वसामान्याद्वा लिङ्गात्सर्वत्र श्रवणमननध्यानेष्वावृत्तिसिद्धिरित्याह—लिङ्गाच्चेति।

एवं तावत्सगुणनिर्गुणसाक्षात्कारसाधनेष्वावृत्तिरुक्ता तत्र सगुणध्यानादेरावृत्तिमङ्गीकृत्य निर्गुणश्रवणादिष्वावृत्तिमाक्षिपति—अत्राहेत्यादिना। वाक्यं निर्गुणसाक्षात्कारजनने शक्तं न वा, आद्ये सकृच्छ्रुतवाक्यात्साक्षात्कारसिद्धेरावृत्तिर्वृथेत्युक्त्वा द्वितीयं शङ्कते—सकृदिति। अशक्तस्यावृत्तावपि फलानुपपत्तिरित्याह—नेति। तथापीति। स्वतोऽशक्तस्य युक्तिसाहित्याच्छक्तावपीत्यर्थः। वाक्ययुक्तिभ्यां

इस वाक्य द्वारा उद्गीथ उपासना का प्रसङ्ग प्रारम्भकर (उद्गीथ में आदित्यदृष्टि का परित्याग करने के लिए कौषातकि ने अपने पुत्र से कहा—क्योंकि मैंने उद्गीथ में आदित्यदृष्टि की थी इसी से तुम मेरे एक ही पुत्र हुए हो) इस एकपुत्रतादोष के कारण उद्गीथ में आदित्यदृष्टि का निषेधकर 'तुम आदित्य और रश्मियों का भेदरूप से चिन्तन करो' इस प्रकार रश्मिबहुत्व उपासना बहुपुत्रता के लिए कही गयी है, वह निर्विवाद अन्य स्थलों में भी प्रत्ययावृत्ति को बतलाती है। इसलिए तदनुसार सभी उपासनाओं में पुनः पुनः आवृत्ति की सिद्धि हो जाती है।

पूर्वपक्ष—साध्यरूप फलवाली उपासनाओं में आवृत्ति इसलिए मानते हैं क्योंकि उनमें आवृत्ति करने से अतिशय का होना सम्भव है, किन्तु जो परब्रह्मविषयक उपासना करता है वह नित्यशुद्धबुद्धमुक्तस्वभाव आत्मस्वरूप परब्रह्म को बतलाता है, वहाँ आवृत्ति की क्या आवश्यकता है। यदि कहो कि एक बार सुनने पर ब्रह्मात्मत्व का बोध न होने के कारण वहाँ आवृत्त मानी गयी है, तो ऐसा कहना ठीक नहीं क्योंकि आवृत्ति करने पर भी ब्रह्मात्मत्व का बोध नहीं हो सकेगा। यदि एक बार सुना हुआ 'तत्त्वमसि' इत्यादि महावाक्य ब्रह्मात्मत्व बोध को उत्पन्न न कर सका तो वही वाक्य बार-बार सुने जाने पर ब्रह्मात्मत्व बोध करायेगा, यह आशा कैसे की जा सकती है। इस पर यदि कोई कहे कि केवल वाक्य किसी अर्थ का साक्षात्कार नहीं करा सकता, अतः युक्तिसापेक्ष वाक्य ब्रह्मात्मत्व का बोध करा देगा; फिर भी आवृत्ति अनर्थक ही मानी जायेगी क्योंकि वह युक्ति भी एक बार ही प्रवृत्त होकर अपने विषय का बोध करा देगी, श्रवणावृत्ति तब भी निरर्थक ही है। इस पर यदि कहो

युक्तिः सकृत्प्रवृत्तैव स्वमर्थमनुभावयिष्यति । अथापि स्याद्युक्त्या वाक्येन च सामान्यविषयमेव विज्ञानं क्रियते न विशेषविषयम् । यथास्ति मे हृदये शूलमित्यतो वाक्याद्गात्रकम्पादिलिङ्गाच्च शूलसद्भावसामान्यमेव परः प्रतिपद्यते न विशेषमनुभवति यथा स एव शूली । विशेषानुभवाच्चाविद्याया निवर्तकस्ततस्तदर्थावृत्तिरिति चेत् । न । असकृदपि तावन्मात्रे क्रियमाणे विशेषविज्ञानोत्पत्त्यसम्भवात् । न हि सकृत्प्रयुक्ताभ्यां शास्त्रयुक्तिभ्यामनवगतो विशेषः शतकृत्वोऽपि प्रयुज्यमानाभ्यामवगन्तुं शक्यते । तस्माद्यदि शास्त्रयुक्तिभ्यां विशेषः प्रतिपाद्यते यदि वा सामान्यमेवोभयथापि सकृत्प्रवृत्ते एव ते स्वकार्यं कुरुत इत्यावृत्त्यनुपयोगः । न च सकृत्प्रयुक्ते शास्त्रयुक्ती कस्यचिदप्यनुभवं नोत्पादयत इति शक्यते नियन्तुं विचित्रप्रज्ञत्वात्प्रतिपत्तॄणाम् । अपि चानेकांशोपेते लौकिके पदार्थे सामान्यविशेषवत्येकनावधानेनैकमंशमवधारयत्यपरेणापरमिति स्यादप्यभ्यासोपयोगो यथा दीर्घप्रपाठकग्रहणादिषु । न तु निर्विशेषे ब्रह्मणि सामान्यविशेषरहिते चैतन्यमात्रात्मके प्रमोत्पत्तावभ्यासापेक्षा युक्तेति ।

परोक्षज्ञाने जातेऽप्यपरोक्षज्ञानार्थमावृत्तिरिति शङ्कते–अथापि स्यादिति । तयोः परोक्षज्ञानहेतुत्वस्वाभाव्यादावृत्तावपि न साक्षात्कारः स्यादिति परिहरति–नासकृदपीति । यदि तयोः साक्षात्कारसामर्थ्यं यदि वा परोक्षज्ञानसामर्थ्यमुभयथाप्यावृत्त्यनपेक्षेत्याह—तस्मादिति । प्रमामेवंविधत्यादप्यावृत्त्यनियम इत्याह—न चेति । प्रमेयस्यानंशत्वाच्च 'तथेत्याह—अपि चेति । द्विविधो ह्यधिकारी स्यात्कश्चिज्जन्मान्तराभ्यासान्निरस्तसमस्तासंभावनादिप्रतिबन्धः कश्चित्तु प्रतिबन्धवानिति ।

कि युक्ति और वाक्य दोनों मिलकर सामान्यविषय का ही ज्ञान कराते हैं, विशेष का नहीं । जैसे किसी ने कहा कि मेरे हृदय में पीड़ा है और उसी समय उसके शरीर को काँपते भी देख रहे हैं, तो उस वाक्य से और गात्रकम्पनादि लिङ्ग से दूसरा व्यक्ति उसके हृदय में होने वाली पीड़ा के सद्भावसामान्य को ही जानता है, वह विशेष अनुभव नहीं करता जैसा कि वह पीड़ित व्यक्ति विशेष का अनुभव करता है । अतः प्रत्ययावर्तन अविद्या का निवर्तक है इसलिए आवृत्ति करनी चाहिए, तो ऐसा कहना ठीक नहीं क्योंकि पहले की भाँति द्वितीयादि आवृत्ति में भी उतना ही ज्ञान होगा, विशेषज्ञान का होना तब भी सम्भव नहीं है । एक बार प्रयुक्त हुए शास्त्र एवं युक्ति से यदि विशेष अर्थ का बोध नहीं हुआ तो सौ बार उनके प्रयोग करने पर भी विशेषबोध नहीं ही होगा । अतः यदि शास्त्र और युक्ति से विशेष बोध होता हो अथवा यदि सामान्य ही बोध होता हो, दोनों ही प्रकार से एक बार प्रयुक्त शास्त्र एवं युक्ति ही अपने विषय के बोधरूप कार्य को कर देंगे; उस स्थिति में आवृत्ति का कोई उपयोग नहीं है । साथ ही यह भी नियम नहीं लगाया जा सकता कि एक बार प्रयोग किया गया शास्त्र एवं युक्ति किसी अर्थ का बोध नहीं करायेंगे क्योंकि श्रोताओं की बुद्धि विचित्र होती है । जहाँ लौकिक पदार्थ प्रमेय वस्तु अनेक अंशवाले हों और सामान्य विशेषधर्म से युक्त हो, वहाँ एक बार के उपदेश से एक अंश का बोध होता हो और दूसरी बार उपदेश से दूसरे अंश का बोध होता है, ऐसी स्थिति में अभ्यास का उपयोग हो जाता है, जैसे बृहत् अध्याय, खण्ड आदि के बोध में कई बार आवर्तन की आवश्यकता होती है । किन्तु ब्रह्म सामान्यविशेषभाव से रहित, निर्विशेष, चैतन्यमात्रस्वरूप है, तद्विषयक प्रमा उत्पत्ति के लिए पुनरावृत्ति की कोई अपेक्षा नहीं होती ।

१. आवृत्त्यनियमः

अत्रोच्यते—अवेदावृत्त्यानर्थक्यं तं प्रति यस्तत्त्वमसीति सकृदुक्तमेव ब्रह्मात्मत्वमनुभवितुं शक्नुयात्। यस्तु न शक्नोति तं प्रत्युपयुज्यत एवावृत्तिः। तथाहि छान्दोग्ये 'तत्त्वमसि श्वेतकेतो' (छा० ६-८-७)इत्युपदिश्य 'भूय एव मा भगवान्विज्ञापयतु' (छा० ६-८-७) इति पुनः पुनः परिचोद्यमानस्तत्तदाशङ्काकारणं निराकृत्य तत्त्वमसीत्येवासकृदुपदिशति। तथा च 'श्रोतव्यो मन्तव्यो निदिध्यासितव्यः' (बृ० ४-५-६) इत्यादि दर्शितम्। ननूक्तं सकृच्छ्रुतं चेत्तत्त्वमसिवाक्यं स्वमर्थमनुभावयितुं न शक्नोति तत आवर्त्यमानमपि नैव शक्ष्यतीति। नैष दोषः। नहि दृष्टेऽनुपपन्नं नाम। दृश्यन्ते हि सकृच्छ्रुताद्वाक्यान्मन्दप्रतीतं वाक्यार्थमावर्तयन्तस्तत्तदाभासव्युदासेन सम्यक्प्रतिपद्यमानाः। अपि च तत्त्वमसीत्येतद्वाक्यं त्वंपदार्थस्य तत्पदार्थभावमाचष्टे। तत्पदेन च प्रकृतं सद्ब्रह्मेक्षितृ जगतो जन्मादिकारणमभिधीयते 'सत्यं ज्ञानमनन्तं ब्रह्म' (तै० २-१-१), 'विज्ञानमानन्दं ब्रह्म' (बृ० ३-९-२८), 'अदृष्टं द्रष्टृ' (बृ० ३-८-११), 'अविज्ञातं विज्ञातृ' (बृ० ३-८-११),

---

तत्राद्यं प्रत्यावृत्तेरानर्थक्यमिष्टं, द्वितीयस्य तु प्रतिबन्धनिरासाय तदपेक्षेति समाधत्ते—अत्रोच्यत इति। आवृत्तेः प्रतिबन्धनिरासार्थत्वे लिङ्गमाह—तथा हीति। यथा षड्जादिस्वरभेदसाक्षात्कारशक्तमपि श्रोत्रमभ्यासमपेक्षते तथा ब्रह्मात्मसाक्षात्कारशक्तं वाक्यं तदपेक्षमित्यनुभवमाश्रित्याह—नहि दृष्टेऽनुपपन्नं नामेति। तत्त्वंपदलक्ष्यार्थस्य दुर्बोधत्वादज्ञानप्रयुक्तसंशयादिप्रतिबन्धसंभवात्तद्ध्वंसायावृत्तिरेष्टव्येति वाच्यलक्ष्यविवेकपूर्वकमाह—अपि चेत्यादिना।

इस पर सिद्धान्ती कहता है कि उस विद्यार्थी के लिए आवृत्ति अनर्थक हो सकती है जो 'तत्त्वमसि' वाक्य को एक बार सुनकर ब्रह्मात्मत्व का अनुभव कर सकता है, किन्तु जो वैसा नहीं कर सकता उस व्यक्ति के लिए आवृत्ति का उपयोग है ही। इसीलिए तो छान्दोग्य उपनिषद में 'हे श्वेतकेतु! तू ब्रह्म है।' इस वाक्य से उपदेश कर देने पर बार-बार श्वेतकेतु कहता है कि 'आप मुझे फिर से उस तत्त्व का बोध करावें' ऐसा बार-बार पूछने पर पूछने वाले की शङ्का के कारण को मिटाते हुए 'तत्त्वमसि' इस महावाक्य का उपदेश आचार्य अनेक बार करते हैं। वैसा ही 'श्रोतव्यो मन्तव्यो निदिध्यासितव्य.' इत्यादि स्थल में भी बतलाया गया है। पूर्वपक्षी—मैं कह चुका हूँ कि एक बार कहा गया 'तत्त्वमसि' महावाक्य यदि अपने अर्थ का बोध नहीं कराता है तो आवृत्ति करने पर भी उक्त वाक्य अपने अर्थ का बोध नहीं ही करायेगा। सिद्धान्ती- यह दोष नहीं हैं क्योंकि प्रत्यक्ष विषय में असङ्गति कुछ दीखती नहीं है अर्थात् एक बार सुने हुए वाक्य से मंदबुद्धि को वाक्यार्थबोध न होने पर पुनः-पुनः आवर्तन करने पर उन उन अर्थाभासों[1] को दूर करते हुए सम्यक् ज्ञान होते देखा गया है। साथ ही 'तत्त्वमसि' यह वाक्य 'त्वम्' पदार्थ जीव में 'तत्' पदार्थ ब्रह्मभाव का उपदेश करता है और 'तत्' पद से प्रकृत सद्ब्रह्म, सङ्कल्प करने वाले, जगत् के जन्मादि कारण को ही कहा जाता है जो 'ब्रह्म सत्य, ज्ञान एवं परिच्छेदशून्य है', 'ब्रह्म चैतन्य आनन्दरूप है', 'ब्रह्म देखा नहीं जा सकता किन्तु सबका द्रष्टा है,' 'वह जाना नहीं जा सकता किन्तु सबका जानने वाला है'

---

१. शंकाभास।

'अजमजरममरम्', 'अस्थूलमनण्वह्रस्वमदीर्घम्' (बृ० ३·८-८) इत्यादिशास्त्रप्रसिद्धम्। तत्राजादिशब्दैर्जन्मादयो भावविकारा निवर्तिताः। अस्थूलादिशब्दैश्च स्थौल्यादयो द्रव्यधर्माः। विज्ञानादिशब्दैश्च चैतन्यप्रकाशात्मकत्वमुक्तम्। एष व्यावृत्तसर्वसंसारधर्मकोऽनुभवात्मको ब्रह्मसंज्ञकस्तत्पदार्थो वेदान्ताभियुक्तानां प्रसिद्धः। तथा त्वंपदार्थोऽपि प्रत्यगात्मा श्रोता देहादारभ्य प्रत्यगात्मतया सम्भाव्यमानश्चैतन्यपर्यन्तत्वेनावधारितः। तत्र येषामेतौ पदार्थावज्ञानसंशयविपर्ययप्रतिबद्धौ तेषां तत्त्वमसीत्येतद्वाक्यं स्वार्थे प्रमां नोत्पादयितुं शक्नोति पदार्थज्ञानपूर्वकत्वाद्वाक्यार्थज्ञानस्येत्यतस्तान्प्रत्येष्टव्यः पदार्थविवेकप्रयोजनः शास्त्रयुक्त्यभ्यासः।

यद्यपि च प्रतिपत्तव्य आत्मा निरंशस्तथाप्यध्यारोपितं तस्मिन्बह्वंशत्वं देहेन्द्रियमनोबुद्धिविषयवेदनादिलक्षणं तत्रैकेनावधानेनैकमंशमपोहत्यापरेणापरमिति युज्यते तत्र क्रमवती प्रतिपत्तिः। तत्तु पूर्वरूपमेवात्मप्रतिपत्तेः। येषां पुनर्निपुणमतीनां नाज्ञानसंशयविपर्ययलक्षणः पदार्थविषयः प्रतिबन्धोऽस्ति ते शक्नुवन्ति सकृदुक्तमेव तत्त्वमसिवाक्यार्थमनुभवि-

---

यदुक्तमनंशत्वात्प्रमेयस्यावृत्त्यानर्थक्यमिति, तत्राह—यद्यपीति। आरोपितांशनिरासाय न मे देहो नेन्द्रियमित्यभ्यासो युक्त इत्यर्थः। वाक्यार्थज्ञाने सति कथमभ्यासनियमः, प्रमाणज्ञानस्याभ्यासायोगाज्ज्ञानिनः श्रवणादिनियमायोगाच्चेत्यत आह—तत्त्विति। ज्ञानात्प्रागेव श्रवणादिव्यापारनियमनं क्रियत इत्यर्थः। अधिकं शङ्कितुमुक्तमनुवदति—येषामिति। अधिकं शङ्कते—सत्यमिति। दुःखित्व-

---

'ब्रह्म जन्म, जरा, मरण से रहित है', 'वह स्थूल, सूक्ष्म, ह्रस्व एवं दीर्घ भी नहीं है' इत्यादि शास्त्रों में प्रसिद्ध है। वहाँ पर अजादि शब्दों से उत्पत्ति आदि भावविकार निवृत्त किये गये है, अस्थूलादि शब्दों से स्थूलतादि द्रव्यधर्म निवृत्त किये गये हैं एवं विज्ञानादि शब्दों द्वारा जगत्कारण में चैतन्यप्रकाशात्मकत्व कहा गया है। अतः समस्त संसारधर्म से रहित अनुभवस्वरूप ब्रह्मनामक यह 'तत्' पदार्थ वेदान्तविद् पुरुषों में प्रसिद्ध है। वैसे हो 'त्वम्' पदार्थ भी प्रत्यगात्मा है जो श्रोता के देह से लेकर प्रत्यगात्मरूप से सम्भाव्यमान है जिसे चैतन्यरूप से निर्धारित किया गया है। वहाँ पर जिन मंदबुद्धि जिज्ञासुओं को ये दोनों 'तत्-त्वम्' पदार्थ अज्ञान एवं तज्जन्य संशय-विपर्यय से प्रतिबद्ध है अर्थात् पूर्णरूपेण अवगत नहीं है उन्हें 'तत्त्वमसि' यह महावाक्य अपने प्रतिपाद्य जीव-ब्रह्म के ऐक्य अर्थ में यथार्थबोध उत्पन्न नहीं करा सकता क्योंकि पदार्थज्ञानपूर्वक ही वाक्यार्थज्ञान हुआ करता है। अतः ऐसे मन्दबुद्धि जिज्ञासुओं के लिए शास्त्रश्रवण एवं युक्ति का अभ्यास पदार्थबोध कराने के लिए इष्ट ही है।

यद्यपि ज्ञातव्य आत्मा निरंश है फिर भी उसमें देह, इन्द्रियाँ, मन, बुद्धि एवं विषयवेदनादि अनेकों अंश कल्पित हैं; उन कल्पित अंशों में से एक के निश्चय से एक मिट जाता है, दूसरे के निश्चय से दूसरा अंश मिटता है, इस प्रकार वहाँ क्रमशः बोध होता है। किन्तु ये सब यथार्थ आत्मबोध से पूर्व ही होते हैं। इतने पर भी जिन निपुण बुद्धिमानों में अज्ञान एवं तज्जनित संशयविपर्ययरूप पदार्थविषयक प्रतिबन्ध नहीं है वे तो एक बार कहे जाने पर ही 'तत्त्वमसि' वाक्यार्थ का अनुभव कर

तुमिति तान्प्रत्यावृत्त्यानर्थक्यमिष्टमेव । सकृदुत्पन्नैव ह्यात्मप्रतिपत्तिरविद्यां निवर्तयतीति नात्र कश्चिदपि क्रमोऽभ्युपगम्यते । सत्यमेवं युज्येत यदि कस्यचिदेवं प्रतिपत्तिर्भवेत् । बलवती ह्यात्मनो दुःखित्वादिप्रतिपत्तिः । अतो न दुःखित्वाद्यभावं कश्चित्प्रतिपद्यत इति चेत् । न । देहाद्यभिमानवद्दुःखित्वाद्यभिमानस्य मिथ्याभिमानत्वोपपत्तेः । प्रत्यक्षं हि देहे छिद्यमाने दह्यमाने वाऽहं छिद्ये दह्य इति च मिथ्याभिमानो दृष्टः । तथा बाह्यतरेष्वपि पुत्रमित्रादिषु संतप्यमानेष्वहमेव संतप्य इत्यध्यारोपो दृष्टः । तथा दुःखित्वाद्यभिमानोऽपि स्यात् । देहादिवदेव चैतन्याद्बहिरुपलभ्यमानत्वाद्दुःखित्वादीनां सुषुप्तादिषु चाननुवृत्तेः । चैतन्यस्य तु सुषुप्तेऽप्यनुवृत्तिमामनन्ति 'यद्वै तन्न पश्यति पश्यन्वै तन्न पश्यति' (बृ० ३-४-२३) इत्यादिना । तस्मात्सर्वदुःखविनिर्मुक्तैकचैतन्यात्मकोऽहमित्येष आत्मानुभवः । न चैवमात्मानमनुभवतः किंचिदन्यत्कृत्यमवशिष्यते । तथा च श्रुतिः—'किं प्रजया करिष्यामो येषां नोऽयमात्मायं लोकः' (बृ० ४-४-२२) इत्यात्मविदः कर्तव्याभावं दर्शयति । स्मृतिरपि—'यस्त्वात्मरतिरेव स्यादात्मतृप्तश्च मानवः । आत्मन्येव च संतुष्टस्तस्य कार्यं न विद्यते' (गी० ३-१७) इति । यस्य तु नैषोऽनुभवो द्रागिव जायते तं प्रत्यनुभवार्थं

प्रत्यक्षविरोधाद्वाक्यादैक्यधीर्नोदेतीत्यर्थः । प्रत्यक्षस्य भ्रान्तित्वादविरोध इत्याह—नेत्यादिना दुःखादयो नात्मधर्माः दृश्यत्वाद्देहादिवत्, नाप्यात्मस्वरूपाः आत्मनि सत्यप्यननुवृत्तित्वाद्व्यतिरेकेण चैतन्यवदित्यर्थः । निर्दुःखे चिदात्मनि दुःखादिधियो भ्रान्तित्वाद्वाक्यार्थानुभवो न विरुध्यत इत्याह—तस्मादिति । अनुभवे जातेऽप्यावृत्त्याद्यनुष्ठानं किं न स्यादित्यत आह—न चैवमिति । रतिः कामः

लेते हैं, उनके लिए बार-बार श्रवणादि का आवर्तन हमें भी अनर्थक ही प्रतीत होता है क्योंकि एक बार उत्पन्न आत्मबोध ही अविद्या को निवृत्त कर डालता है, यहाँ पर कोई क्रम नहीं माना जाता है। शङ्का—पर ऐसा बोध किसी को हो जाय तो श्रवणादि के प्रत्ययावर्तन को अनावश्यक कहना ठीक ही होगा किन्तु आत्मा में दुःखित्व आदि की प्रतीति बलवती है, अतः कोई भी दुःखित्वादि का अभाव आत्मा में नहीं समझ सकता। समाधान—ऐसा यदि कोई कहता हो तो ऐसा कहना ठीक नहीं क्योंकि जैसे देहादि में आत्माभिमान मिथ्या है वैसे ही दुःखित्वादि अभिमान को भी मिथ्या ही माना है। देह के कटने-जलने पर मैं ही कट गया, मैं ही जल गया, ऐसा मिथ्याभिमान प्रत्यक्ष देखा गया है। वैसे ही अत्यन्त बाह्य मित्र-पुत्रादि के संतप्त होने पर भी मैं ही संतप्त हो रहा हूँ, ऐसा अध्यारोप भी देखा गया है। ठीक ऐसे ही देहादि की भाँति दुःखित्वादि अभिमान भी होता है क्योंकि दुःखित्वादि में भी चैतन्य से बहिष्ट्व ही अनुभव होता है। सुषुप्ति, मूर्च्छादि अवस्था में दुःखित्वादि की अनुवृत्ति भी नहीं होती, पर सुषुप्त पुरुष में भी 'वह जो सुषुप्ति में नहीं देखता है, निःसन्देह उस अवस्था में वह देखता हुआ ही नहीं देखता' इत्यादि वाक्य द्वारा चैतन्य का अनुवर्तन तो श्रुति बतलाती ही है। अतः सम्पूर्ण दुःखों से सर्वथा मुक्त एक चैतन्यस्वरूप मैं हूँ यही आत्म अनुभव है और ऐसे आत्मज्ञानी के लिए कोई कर्तव्य शेष नहीं रह जाता। ऐसा ही 'हम प्रजा लेकर क्या करेंगे जब हमें यह आत्मलोक ही सम्पादित करना है' यह श्रुति भी आत्मज्ञानी के लिए कर्तव्याभाव बतलाती है। 'जो आत्मा में ही रति रखता है और जो मनुष्य आत्मतृप्त है तथा आत्मा में ही सन्तुष्ट है उसके लिए कोई कर्तव्य

२. आत्मत्वोपासनाधिकरणम् (सू० ३)

ज्ञात्रा स्वान्यतया ब्रह्म ग्राह्यमात्मतयाथवा । अन्यत्वेन विजानीयद्दुःख्यदुःखिविरोधतः ।
औपाधिको विरोधोऽत आत्मत्वेनैव गृह्यताम् । गृह्णन्त्येवं महावाक्यैः स्वशिष्यान्ग्राहयन्ति च ।।

एवावृत्त्यभ्युपगमः । तत्रापि न तत्त्वमसिवाक्यार्थात्प्रच्याव्यावृत्तौ प्रवर्तयेत् । नहि वरघाताय कन्यामुद्वाहयन्ति । नियुक्तस्य चास्मिन्नधिकृतोऽहं कर्ता मयेदं कर्तव्यमित्यवश्यं ब्रह्मप्रत्ययाद्विपरीतप्रत्यय उत्पद्यते । यस्तु स्वयमेव मन्दमतिरप्रतिभानात्तं वाक्यार्थं जिहासेत्तस्यैतस्मिन्नेव वाक्यार्थे स्थिरीकार आवृत्त्यादिवाचोयुक्त्याभ्युपेयते । तस्मात्परब्रह्मविषयेऽपि प्रत्यये तदुपायोपदेशेष्वावृत्तिसिद्धिः ।।२।।

आत्मकामतया तृप्तिर्विषयतृष्णाक्षयः तेन संतोषे आत्मानन्दानुभव इति भेदः । नन्वावृत्तौ नियोगात्प्रवृत्तिर्वाच्या तथा च नियुक्तत्वबुद्धेरकर्त्रात्मधीर्न स्यादित्यत आह—तत्रापीति । आवृत्त्यभ्युपगमेऽप्यकर्ताहमित्यनुभवात्प्रच्याव्य गुरुरन्यो वा नियोगान्न प्रवर्तयेदुक्तदोषादित्यर्थः । कथं तर्हि प्रवृत्तिरित्यत आह—यस्त्विति । अप्रतिभानादसंभावनादिनेत्यर्थः । शिष्यबुद्ध्यनुसारेण श्रोतव्यादिवचोभिः प्रधानसिद्ध्यर्थमावृत्त्यादौ प्रवर्तयेदित्यर्थः ।।२।।

नहीं है ।' ऐसा गाता स्मृति भी कहती है । पर जिसे ऐसा अनुभव सहज में नहीं होता है उसके लिए वैसा ही अनुभवार्थ श्रवणादि का आवर्तन माना गया है । वहाँ पर भी 'तत्त्वमसि' वाक्य का अर्थ जो ब्रह्मात्मैक्यस्थिति है, उससे दूर हटाकर श्रवणादि की आवृत्ति में श्रुति प्रवृत्त नहीं करायेगी क्योंकि वर को मारने के लिए कन्या का ब्याह नहीं करते हैं । जो इस आत्मस्थिति से दूर है वही श्रवणादि के आवर्तन में अधिकृत है । मैं श्रवणादि का कर्ता हूँ और मेरे लिए ये कर्तव्य हैं, ऐसे भाववाले को ब्रह्मबोध से भिन्न प्रकार का बोध अवश्य उत्पन्न होता ही है । परन्तु जो स्वयं ही मन्दमति है एवं असम्भावनादि के कारण यथार्थबोध न होने से ब्रह्मात्मैक्यस्थिति का छोड़ना चाहता है उसी को इस वाक्यार्थ में स्थिर करने के लिए श्रवणादि की आवृत्ति का कथन युक्तिपूर्वक किया गया है अतः परब्रह्मविषयक बोध के लिए भी उसके साधनरूप उपदेशों में आवृत्ति की सिद्धि हो जाती है ।।२।।

२. आत्मत्वोपासनाधिकरण

१. **सङ्गति**—ब्रह्मात्मैक्य के निश्चित होने पर उसके साक्षात्कार के लिए श्रवणादि की आवृत्ति सार्थक हो सकता है, किन्तु ब्रह्म और आत्मा की एकता ही सिद्ध नहीं है; ऐसी आक्षेप सङ्गति के कारण यह अधिकरण प्रारम्भ किया गया है ।

२. **विषय**—इस अधिकरण में श्रवणादि आवृत्ति के प्रकार पर विचार किया गया है ।

३. **संशय**—क्या श्रवणादि की आवृत्ति के समय अहंभाव से स्वात्मत्वेन ब्रह्म का चिन्तन करना चाहिए अथवा भिन्नत्वेन चिन्तन करना चाहिए ।

४. **पूर्वपक्ष**—मुमुक्षु साधक को ब्रह्म का चिन्तन भिन्नत्वेन करना चाहिए क्योंकि जीव और ब्रह्म सर्वज्ञत्व-अल्पज्ञत्व, सुखित्व और दुःखित्वादि विरुद्ध धर्म के आश्रित हैं । नाहं ईश्वरः इस प्रत्यक्ष से भी विरोध आता है ।

(४८०) आत्मेति तूपगच्छन्ति ग्राहयन्ति च ॥३॥

यः शास्त्रोक्तविशेषणः परमात्मा स किमहमिति ग्रहीतव्यः किं वा मदन्य इत्येतद्विचारयति। कथं पुनरात्मशब्दे प्रत्यगात्मविषये श्रूयमाणे संशय इति। उच्यते—अयमात्मशब्दो मुख्यः शक्यतेऽभ्युपगन्तुं सति जीवेश्वरयोरभेदसम्भव इतरथा तु गौणोऽयमभ्युपगन्तव्य इति मन्यते। किं तावत्प्राप्तं नाहमिति ग्राह्यः। न ह्यपहतपाप्मत्वादिगुणो विपरीतगुणत्वेन शक्यते ग्रहीतुं विपरीतगुणो वाऽपहतपाप्मत्वादिगुणत्वेन। अपहतपाप्मत्वादिगुणश्च परमेश्वरस्तद्विपरीतगुणस्तु शारीरः। ईश्वरस्य च संसार्यात्मत्व ईश्वराभावप्रसङ्गः। ततः शास्त्रानर्थक्यम्। संसारिणोऽपीश्वरात्मत्वेऽधिकार्यभावाच्छास्त्रानर्थक्यमेव। प्रत्यक्षादि-

---

आत्मेति तूपगच्छन्ति ग्राहयन्ति च। पूर्वत्र ध्यानादेरावृत्तिरुक्ता तामुपजीव्य तत्त्वज्ञानार्थं ध्यानावृत्तिकाले किमहं ब्रह्मेति ध्यातव्यमुत मत्स्वामीश्वर इत्यैक्यभेदमानाभ्यां संशयमाह—य इति। शब्दादेवप्रमित इत्यादावयमात्मा ब्रह्मेत्याद्यभेदश्रुतिभिरैक्यनिर्णयात्संशयमाक्षिपति—कथमिति। भेदश्रुत्यनुग्रहाद्भेदप्रत्यक्षादिप्राबल्यमालम्ब्य संशय इत्याह—उच्यत इति! अभेदश्रुतीनां गौणत्वमुख्यत्वे उभयत्र फलं, यद्यप्ययं प्रत्यक्षादिविरोधपरिहारो द्वितीयाध्याय[1]संगतस्तथाप्यैक्यश्रुतेरविरुद्धत्वनिश्चयस्य समाधावन्तरङ्गत्वादिह संगतिः। विरुद्धयोरैक्यदृष्टिरसिद्धेत्याह—नाहमिति। किंच किमीश्वरस्य जीवमात्रत्वमैक्यं जीवस्येश्वरमात्रत्वं वेति विकल्प्य क्रमेण दूषयति—ईश्वरस्य चेत्यादिना। एकत्व-

---

५. सिद्धान्त—पूर्वपक्षी के द्वारा कहा गया विरोध औपाधिक है, अतः ब्रह्म का चिन्तन आत्मत्वेन करना चाहिए, इसीलिए महावाक्य द्वारा आचार्य अपने शिष्यों को जीव-ब्रह्म का अभेद रूप से उपदेश करते हैं। विरुद्धधर्माश्रयत्व औपाधिक है और प्रत्यक्ष मिथ्याभेद को विषय करता है, अतः जीव और ब्रह्म का अभेद पारमार्थिक होने के कारण अभेदभाव से ही ब्रह्म चिन्तनीत है।

आत्मेति तूपगच्छन्ति ग्राहयन्ति च (ललिता)

शास्त्रोक्त विशेषणवाला जो परमात्मा है उसे आत्मत्वेन ग्रहण करना चाहिए अथवा मुझसे भिन्न मेरा स्वामी वह परमेश्वर है, इस रूप में चिन्तन करना चाहिए; इसी का विचार इस अधिकरण में किया गया है। शङ्का—प्रत्यगात्मविषयक आत्म शब्द जब श्रुति में आया है तो फिर आप को इस विषय में संशय कैसे हो रहा है। समाधान—जीव-ईश्वर का अभेद सम्भव हो तो यह आत्म शब्द मुख्यार्थक माना जा सकता है, नहीं तो यह आत्म शब्द गौणार्थक ही मानना चाहिए, ऐसी विद्वानों की मान्यता है। इस पर पूर्वपक्ष का कहना है कि मैं ईश्वर नहीं हूँ, इसी रूप में चिन्तन करना चाहिए क्योंकि पुण्य-पापादि से रहित परमेश्वर विपरीत गुणवाला कैसे माना जा सकता है अथवा विपरीत पुण्य-पापादि गुणवाला जीव पुण्य-पापादि से रहितरूप में कैसे ग्रहण किया जा सकता है। परमेश्वर पुण्य-पापादि से रहित है, किन्तु जीव उससे विपरीत है। साथ ही ईश्वर को जीवरूप मानने पर ईश्वराभाव का प्रसङ्ग आ जायेगा जिससे शास्त्र में आनर्थक्य आ जायेगा और संसारी

---

१. तस्याविरोधाध्यायत्वात्।

विरोधश्च। अन्यत्वेऽपि तादात्म्यदर्शनं शास्त्रात्कर्तव्यं प्रतिमादिष्विव विष्ण्वादिदर्शनमिति चेत्काममेवं भवतु। न तु संसारिणो मुख्य आत्मेश्वर इत्येतन्नः प्रापयितव्यमिति।

एवं प्राप्ते ब्रूमः—आत्मेत्येव परमेश्वरः प्रतिपत्तव्यः। तथाहि परमेश्वरप्रक्रियायां जाबाला आत्मत्वेनैवैतमुपगच्छन्ति—'त्वं वा अहमस्मि भगवो देवतेऽहं वै त्वमसि देवते' इति। तथाऽन्येऽपि 'अहं ब्रह्मास्मि' इत्येवमादय आत्मत्वोपगमा द्रष्टव्याः। ग्राहयन्ति चात्मत्वेनेश्वरं वेदान्तवाक्यानि 'एष त आत्मा सर्वान्तरः' (बृ० ३-४-१), 'एष त आत्माऽन्तर्याम्यमृतः' (बृ० ३-७-३), 'तत्सत्यं स आत्मा तत्त्वमसि' (छा० ६-८-७) इत्येवमादीनि। यदुक्तं प्रतीकदर्शनमिदं विष्णुप्रतिमान्यायेन भविष्यतीति तदयुक्तं गौणत्वप्रसङ्गात्। वाक्यवैरूप्याच्च। 'यत्र हि प्रतीकदृष्टिरभिप्रेयते सकृदेव तत्र वचनं भवति। यथा—'मनो ब्रह्म' (छा० ३-१८-१), 'आदित्यो ब्रह्म' (छा० ३-१९-१) इत्यादि। इह पुनस्त्वमहमस्म्यहं च त्वमसीत्याह, अतः प्रतीकश्रुतिवैरूप्यादभेदप्रतिपत्तिः। भेददृष्ट्य-

श्रुतिप्रामाण्यादैक्यध्यानं कार्यमिति शङ्कते—अन्यत्वेऽपीति। एकत्वध्यानमस्मदिष्टमेव। एकत्वं तु नास्तीत्याह—काममिति।

अभेदश्रुतीनां फलवदपूर्वार्थतात्पर्येण गौणत्वायोगाद्भेदश्रुतीनां कल्पितभेदानुवादित्वात्प्रत्यक्षादेरपि तद्विषयत्वाद्बिम्बप्रतिबिम्बयोरिव विरुद्धधर्माणां मिथ्यात्वान्मुख्यमैक्यमिति सिद्धान्तयति—एवमित्यादिना। ईश्वरस्य जीवत्वं न प्रतिपाद्यं येनेश्वराभावः स्यात्किन्तु जीवस्येश्वरत्वम्। न चैवमधिकार्य-

जीव में भी ईश्वरात्मत्व स्वीकार करने पर अविकारी न रह जाने के कारण शास्त्र में आनर्थक्य आयेगा ही, प्रत्यक्षादि प्रमाणों के साथ विरोध भी आयेगा। शङ्का—जीव और ईश्वर में भेद रहने पर भी शास्त्रप्रामाण्य के आधार पर अभेदचिन्तन वैसे ही करना चाहिए जैसे प्रतिमादि और विष्णु आदि में भेद रहने पर भी शास्त्र प्रमाण के आधार पर प्रतिमादि में विष्णु आदि दृष्टि करते हैं। समाधान—ऐसा हो सकता था किन्तु संसारी की मुख्य आत्मा ईश्वर है नहीं, ऐसा हमें बोध कराया गया है।

इस प्रकार का पूर्वपक्ष होने पर हम सिद्धान्ती कहते हैं कि आत्मरूप से ही परमेश्वर का चिन्तन करना क्योंकि परमेश्वर के प्रकरण में 'हे भगवन्! हे देवता! जो तुम हो वह मैं हूँ और जो मैं हूँ वही तुम हो' इस वाक्य द्वारा जाबाल शाखावालों ने आत्मरूप से ही परमेश्वर को माना है। वैसे ही अन्य शाखावाले भी 'मैं ब्रह्म हूँ' इत्यादि वाक्य द्वारा आत्मरूप से ही ब्रह्म को स्वीकार है। इस प्रकार 'यह तेरी आत्मा सर्वान्तर है', 'यह तेरी आत्मा अन्तर्यामी अमृत है', 'वह सत्य है, वह आत्मा है, वह तू है' इत्यादि वेदान्तवाक्य ईश्वर का आत्मरूप से ही बोध कराते हैं। और जो आप ने कहा था कि यह प्रतीकदर्शन है जो प्रतिमा में विष्णुदृष्टि करने की भांति हो जायेगा, ऐसा कहना ठीक नहीं क्योंकि उस स्थिति में गौणत्व का प्रसङ्ग आ जायेगा और वाक्य में वैरूप्य भी आयेगा। जहाँ प्रतीक दृष्टि बतलाना अभीष्ट हो वहाँ 'मनो ब्रह्म', 'आदित्यो ब्रह्म' इत्यादि एक ही बार कहा जाता है, किन्तु यहाँ पर 'तू मैं हूँ और मैं तुम हो' इस प्रकार पुनः पुनः कहा है, अतः प्रतीकश्रुति की अपेक्षा

१. वैरूप्यमेवाह यत्रेति।

पवादाच्च । 'तथाहि—'अथ योऽन्यां देवतामुपास्तेऽन्योऽसावन्योहमस्मीति न स वेद' (बृ० १-४-१०) 'मृत्योः स मृत्युमाप्नोति य इह नानेव पश्यति' (बृ० ४-४-१९- कठ ० ४-१०), 'सर्वं तं परादाद्योऽन्यत्रात्मनः सर्वं वेदम्' (बृ० ४-५-७) इत्येवमाद्या भूयसी श्रुतिर्भेददर्शनमपवदति । यत्तूक्तं न विरुद्धगुणयोरन्योन्यात्मत्वसम्भव इति । नायं दोषः । विरुद्धगुणताया मिथ्यात्वोपपत्तेः । यत्पुनरुक्तमीश्वराभावप्रसङ्ग इति । तदसत् । शास्त्रप्रामाण्यादनभ्युपगमाच्च । न हीश्वरस्य संसार्यात्मत्वं प्रतिपाद्यत इत्यभ्युपगच्छामः किं तर्हि संसारिणः संसारित्वापोहेनेश्वरात्मत्वं प्रतिपिपादयिषितमिति । एवं च सत्यद्वैतेश्वरस्यापहतपाप्मत्वादिगुणता विपरीतगुणता त्वितरस्य मिथ्येति व्यवतिष्ठते । यदप्युक्तमधिकार्यभावः प्रत्यक्षादिविरोधश्चेति । तदप्यसत् । प्राक्प्रबोधात्संसारित्वाभ्युपगमात् । तद्विषयत्वाच्च प्रत्यक्षादिव्यवहारस्य । 'यत्र त्वस्य सर्वमात्मैवाभूत्तत्केन कं पश्येत्' (बृ० २-४-१४) इत्यादिना हि प्रबोधे प्रत्यक्षाद्यभावं दर्शयति । प्रत्यक्षाद्यभावे श्रुतेरप्यभावप्रसङ्ग इति चेत् । न । इष्टत्वात् । 'अत्र पिताऽपिता भवति' (बृ० ४-३-२२) इत्युपक्रम्य 'वेदा

भावः : एकत्वप्रबोधात्प्रागधिकारिभेदाङ्गीकारादित्याह—यत्पुनरुक्तमित्यादिना । वेदसत्यत्वश्रद्धालुः शङ्कते—प्रत्यक्षाद्यभाव इति । वर्णेषु क्रमस्वरयोरभावादुपलब्धध्वनिस्थयोरारोपो वाच्यस्तथा चारोपितक्रमस्वरविशिष्टवर्णात्मकवेदस्य मिथ्यात्वं दुर्वार, वादिनां सत्यत्वाग्रहस्त्वविद्याविजृम्भित इति वेदसत्यत्वाभावो न दोष इत्याह—नेति । अविद्यामाक्षिपति—कस्येति । प्रश्नलिङ्गेन त्वय्येव तस्याः सिद्धेस्त्वदाक्षेपानुपपत्तिरित्याह—यस्त्वमिति । अज्ञानमूलत्वात्प्रश्नादेरिति भावः । सर्वज्ञाभिन्ने मयि

विलक्षण होने के कारण एवं भेददृष्टि की निन्दा होने के कारण भी अभेदबोध कराना ही अभीष्ट है। इसीलिए तो 'जो देवता को भेददृष्टि से उपासना करता है कि वह भिन्न है और मैं भिन्न हूँ वह अज्ञानी परमार्थ तत्त्व को नहीं जानता ऐसा उपासक मृत्यु से मृत्यु को प्राप्त करता है जो अज्ञान के कारण जीव-ईश्वर में नानात्व सा देखता है', 'उस भेददृष्टिवाले का पराभव हो जाता है जो आत्मा से अन्य सबको भिन्न समझता है' ऐसी अनेक श्रुतियाँ भेददर्शन की निन्दा करती हैं। और जो आप ने कहा कि विरुद्ध गुण वाले जीव और ईश्वर में परस्पर आत्मत्व सम्भव नहीं है इत्यादि, यह दोष

हमारे अभेदपक्ष में नहीं है क्योंकि विरुद्ध गुण में मिथ्यात्व सिद्ध हो चुका है। अभेद पक्ष में ईश्वराभावप्रसङ्ग दोष देना भी ठीक नहीं है क्योंकि हम अभेद शास्त्रप्रमाण के आधार पर मानते हैं और भेद को स्वीकार नहीं करते। अभेद मानने पर ईश्वर में संसारित्व आ जाता है, ऐसा हम नहीं मानते; किन्तु हमें संसारी जीव से संसारित्व को हटाकर ईश्वरात्मत्व बतलाना अभीष्ट है। इस प्रकार अद्वैत ईश्वर में अपहतपाप्मत्वादि गुण है, किन्तु विपरीत गुण ईश्वर में आविद्यक होने के कारण मिथ्या है, यह सिद्धान्त है। अद्वैत पक्ष में अधिकारी का अभाव और प्रत्यक्षादि दोष जो दिया था वह दोष देना भी ठीक नहीं क्योंकि तत्त्वज्ञान से पहले जीव में संसारित्व माना गया है और वही प्रत्यक्षादि व्यवहार का विषय है। 'जहाँ इस ज्ञानी की दृष्टि में सब कुछ आत्मा ही हो गया वहाँ कौन किससे किसको देखे' इत्यादि वाक्य द्वारा तत्त्वज्ञान हो जाने पर प्रत्यक्षादि का अभाव ही श्रुति बतलाती हैं।

१. अपवादमेवाह तथा हीति । २. प्रबोधे ।

३. प्रतीकाधिकरणम् (सू० ४)

(४८१) न प्रतीके नहि सः ॥४॥

प्रतीकेऽहंदृष्टिरस्ति न वा ब्रह्माविभेदतः । जीवप्रतीकयोर्ब्रह्मद्वाराहंदृष्टिरिष्यते ।
प्रतीकत्वोपासकत्वहानिर्ब्रह्मैक्यवीक्षणे । अवीक्षणे तु भिन्नत्वान्नास्त्यहंदृष्टियोग्यता ॥

अवेदाः' (बृ० ४-३-२२) इति वचनादिष्यत एवास्माभिः श्रुतेरप्यभावः प्रबोधे । कस्य पुनरयमप्रबोध इति चेत् । यस्त्वं पृच्छसि तस्य त इति वदामः । नन्वहमीश्वर एवोक्तः श्रुत्या, यद्येवं प्रतिबुद्धोऽसि नास्ति कस्यचिदप्रबोधः । योऽपि दोषश्चोद्यते कैश्चिदविद्यया किलात्मनः सद्वितीयत्वादद्वैतानुपपत्तिरिति सोऽप्येतेन प्रत्युक्तः । तस्मादात्मन्येवेश्वरे मनो दधीत ॥३॥

'मनो ब्रह्मेत्युपासीतेत्यध्यात्ममथाधिदैवतमाकाशो ब्रह्मेति' (छा० ३-१८-१), तथा

कथमज्ञानमिति शङ्कते—नन्विति । अभेदज्ञानात्प्राक् चिन्मात्रस्य तवैवाज्ञानाश्रयत्वमनुभवसिद्धाज्ञानस्यापलापायोगात् । ज्ञाने त्वनिर्वाच्यस्य तस्य बाधान्नाश्रयापेक्षेत्याह—यद्येवमिति । अनिर्वाच्यत्वेन दोषान्तरमपि निरस्तमित्याह—योऽपीति ॥३॥

न प्रतीके नहि सः । उभयथा ध्यानसंभवात्संशयः । यथा ब्रह्मण्य[1]भेदसत्त्वा[2]दहंग्रह[3] उक्त एवं प्रतीकेष्वपि ब्रह्मविकारतया जीवाभिन्नब्रह्माभिन्नत्वाज्जीवाभेदसत्त्वेनाहंग्रहः कार्य इति दृष्टान्तेन पूर्वपक्षः । [3]अत्र प्रतीकोपास्तीनामहंग्रहोपास्तिभिरविशेषः ।

शङ्का—प्रत्यक्षादि के न रहने पर श्रुति का भी अभावप्रसङ्ग आ जायेगा अर्थात् श्रोत्र और शब्द के अभाव में भला श्रुति अपने अर्थ का बोध कैसे करा सकती है। समाधान—इष्ट होने के कारण हमारे पक्ष में यह दोष नहीं दे सकते क्योंकि 'यहाँ पर पिता अपिता हो जाता है' इस वाक्य से प्रसङ्ग प्रारम्भकर 'वेद अवेद हो जाते हैं' इस वाक्य द्वारा तत्त्वज्ञान हो जाने पर श्रुति का भी अभाव हमें इष्ट ही है। यह अज्ञान किसमें है, यदि ऐसा पूछो तो हम कहेंगे जो तुम पूछते हो उसी में यह अज्ञान है। यदि कहो कि मैं ईश्वर ही हूँ क्योंकि श्रुति कहती है, ऐसा श्रुति से प्रतिबुद्ध हो गये हो तो यह अज्ञान किसी में नहीं है। और जो भी कोई अविद्या से आत्मा में सद्वितीयत्व आ जाने के कारण अद्वैत की असिद्धि दोष देता है वह दोष भी इसी उत्तर से दूर हो गया। अतः आत्मरूप ईश्वर में ही मन को लगाना चाहिए, यह निश्चित हो गया ॥३॥

३. प्रतीकाधिकरण

१. सङ्गति—जैसे जीव-ब्रह्म का अभेद होने के कारण 'अहं ब्रह्मास्मि' इस रूप में ही ब्रह्म का ध्यान करना पिछले अधिकरण में कहा गया है, वैसे ही ब्रह्म का विकार होने के कारण मन आदि प्रतीक भी ब्रह्मरूप हैं, अतः उनका चिन्तन भी ब्रह्मरूप से ही करना चाहिए; ऐसी दृष्टान्त सङ्गति पूर्व अधिकरण के साथ इसकी है।

२. विषय—प्रतीकोपासना इस अधिकरण का विचारणीय विषय है।

३. संशय—क्या मन आदि प्रतीकों में अहंदृष्टि करनी चाहिए अथवा नहीं ?

---

१. जीवस्य । २. पूर्वाधिकरणे । ३. पूर्वपक्षे ।

'आदित्यो ब्रह्मेत्यादेशः' (छा० ३-१९-१), 'स यो नाम ब्रह्मेत्युपास्ते' (छा० ७-१-५) इत्येवमादिषु प्रतीकोपासनेषु संशयः—किं तेष्वप्यात्मग्रहः कर्तव्यो न वेति। किं तावत्प्राप्तं? तेष्वप्यात्मग्रह एव युक्तः। कस्मात्? ब्रह्मणः श्रुतिष्वात्मत्वेन प्रसिद्धत्वात्प्रतीकानामपि ब्रह्मविकारत्वाद्ब्रह्मत्वे सत्यात्मत्वोपपत्तेरिति।

एवं प्राप्ते ब्रूमः—न प्रतीकेष्वात्ममतिं बध्नीयात्। नहि स उपासकः प्रतीकानि व्यस्तान्यात्मत्वेनाकलयेत्। यत्पुनर्ब्रह्मविकारत्वात्प्रतीकानां ब्रह्मत्वं ततश्चात्मत्वमिति। तदसत्। प्रतीकाभावप्रसङ्गात्।[1] विकारस्वरूपोपमर्देन हि नामादिजातस्य ब्रह्मत्वमेवाश्रितं भवति। स्वरूपोपमर्दे च नामादीनां कुतः प्रतीकत्वमात्मग्रहो वा। नच ब्रह्मण आत्मत्वात् ब्रह्मदृष्ट्युपदेशेष्वात्मदृष्टिः कल्प्या। कर्तृत्वाद्यनिराकरणात्। कर्तृत्वादिसर्वसंसारधर्मनिराकरणे हि ब्रह्मण आत्मत्वोपदेशः। तदनिराकरणेन चोपासनविधानम्। अतश्चो-

सिद्धान्ते तु विशेषसिद्धिरिति फलम्। एतदारभ्याधिकरणत्रयस्य प्रासङ्गिकी पादसङ्गतिः, ब्रह्मैक्यध्यानप्रसङ्गागतत्वादिति विवेकः। किं प्रतीकेष्वात्मत्वानुभवबलादहंग्रह उत वस्तुतो जीवाभेदसत्त्वात। नाद्य इत्याह—नहि स इति। नानुभवतीत्यर्थः। द्वितीयमप्यसिध्या दूषयति—यत्पुनरिति। विकारस्य ब्रह्मणा स्वरूपैक्यायोगाद्बाधेनैक्यं वाच्यं प्रतीकबाधे चोपास्तिविधिर्न स्यादित्यर्थः। किंच कर्तृत्वाद्यबाधेनोपास्तिविधिप्रवृत्तिर्वाच्याबाधे तदयोगात्। तथा च बाधमूलब्रह्मैक्यज्ञानं द्वारीकृत्य प्रतीकेष्वहंग्रहोपास्तिकल्पना न युक्ता, बाधविरोधादित्याह—नच ब्रह्मण इति। अतो जीवप्रतीकयोः स्वरूपभेदादहंग्रहे विध्यश्रवणाच्च नाहंग्रह इति फलितमाह—अतश्चेति। यथा रुचक-

४. पूर्वपक्ष—'मनो ब्रह्मेत्युपासीत' इत्यादि प्रतीकों में अहंदृष्टि करनी चाहिए क्योंकि जीव और प्रतीक ब्रह्म द्वारा अभिन्न हो ही जाते हैं।

५. सिद्धान्त—ब्रह्म और आत्मा का अभेददर्शन होने पर प्रतीक में प्रतीकत्व और उपासक में उपासकत्व समाप्त हो जाता है, किन्तु ब्रह्मदर्शन से पूर्व जीव और प्रतीक में भेद रहने के कारण अहंदृष्टि की योग्यता ही उसमें नहीं है। अतः प्रतीक में अहंभाव नहीं करना चाहिए।

न प्रतीके न हि सः (ललिता)

'अध्यात्म में ब्रह्मदृष्टि से मन की उपासना करे और अधिदैव में ब्रह्मदृष्टि से आकाश की उपासना करे' ऐसा कहा है वैसे ही 'आदित्य में ब्रह्मदृष्टि करे, यह आदेश है' एवं 'जो ब्रह्मदृष्टि से नाम की उपासना करता है' इत्यादि प्रतीक उपासनाओं में संशय होता है कि क्या प्रतीकों को भी आत्मदृष्टि से ग्रहण करना चाहिए अथवा नहीं। इस पर पूर्वपक्ष कहता है कि प्रतीकों में भी आत्मदृष्टि करना उचित ही है क्योंकि श्रुति में सर्वात्मरूप से ही ब्रह्म की प्रसिद्धि है। प्रतीक भी ब्रह्म के विकार होने के कारण ब्रह्मस्वरूप ही हैं, अतः उनमें भी आत्मबुद्धि करना युक्तिसङ्गत है।

ऐसा पूर्वपक्ष प्राप्त होने पर हम सिद्धान्ती कहते हैं कि प्रतीकों में आत्मबुद्धि नहीं करनी चाहिए क्योंकि वह उपासक पृथक्-पृथक् प्रतीकों का आत्मरूप से आकलन नहीं कर सकता। और जो आप ने कहा कि ब्रह्म का विकार होने से प्रतीकों में भी ब्रह्मत्व है इसलिए उनमें आत्मदृष्टि करना

१. प्रतीकानां स्वतो जडत्वेनाभेदाख्यमुख्यसमानाधिकरण्याभावाद योऽयं स्थाणुः स पुमानितिवद्बाधसमानाधिकरणमेव वाच्यं तथा च प्रतीकाभावप्रसंगस्तमेवोपपादयति विकारेत्यादिना।

४. ब्रह्मदृष्ट्यधिकरणम् (सू० ५)

किमन्यधीर्ब्रह्मणि स्यादन्यस्मिन्ब्रह्मधीरुत । अन्यदृष्टयोपासनीयं ब्रह्मात्र फलदत्वतः।
उत्कर्षेतिपरत्वाभ्यां ब्रह्मदृष्टयान्यचिन्तनम् । अन्योपास्त्या फलं दत्ते ब्रह्मातिथ्याद्युपास्तिवत् ।

पासकस्य प्रतीकैः समत्वादात्मग्रहो नोपपद्यते । नहि रुचकस्वस्तिकयोरितरेतरात्मत्वमस्ति । सुवर्णात्मत्वेनैव तु ब्रह्मात्मत्वेनैकत्वे प्रतीकाभावप्रसङ्गमवोचाम । अतो न प्रतीकेष्वात्मदृष्टिः क्रियते ॥४॥

स्वस्तिकयोः सुवर्णात्मनैक्येऽपि मिथोनैक्यं तथा जीवप्रतीकयोः ब्रह्मात्मनैक्येऽपि भेदः समः । यदि च [1]धर्मिव्यतिरेकेण [2]तयोरभावनिश्चयाद्वस्त्वैक्यं तदोपासनोच्छेद उक्त इत्यर्थः ॥४॥

उचित ही है, ऐसा कहना ठीक नहीं क्योंकि इस स्थिति में प्रतीकाभाव का प्रसङ्ग आ जायेगा। विकार के स्वरूप नष्ट हो जाने से नामादि समुदाय में ब्रह्मत्व ही शेष रहता है, स्वरूप के उपमर्दन हो जाने पर नामादि में प्रतीकत्व कैसे रहेगा और उसमें आत्मबुद्धि भी कैसे की जा सकेगी। शङ्का—ब्रह्म सबकी आत्मा है, अतः ब्रह्मदृष्टि के उपदेशों में आत्मदृष्टि की कल्पना कर लेनी चाहिए। समाधान—इस प्रकार कल्पना करने पर कर्तृत्वादि का निराकरण न होने से ब्रह्मदृष्टि भी कैसे हो सकती है। अतः कर्तृत्वादि समस्त संसारधर्मों के निराकरण करने से ही ब्रह्म में आत्मत्व उपदेश सम्भव होता है, कर्तृत्वादि के निराकरण न करने से उपासना का विधान माना जाता है; उस स्थिति में उपासक की प्रतीकों के साथ समता रहने के कारण आत्मग्रह नहीं बनता है अर्थात् उपासक और प्रतीक दोनों ही ब्रह्म में कल्पित हैं। सभी कल्पित वस्तु का अधिष्ठान के साथ एकत्व तो होता है, परस्पर एकत्व नहीं होता। सोने के बने हुए रुचक और स्वस्तिक आभूषणों में परस्परात्मत्व नहीं होता है, स्वर्णरूप से तो दोनों एक हैं; वैसे ही ब्रह्मरूप से सभी एक है, उस दृष्टि से सबमें एकत्व मानने पर प्रतीकाभाव का प्रसङ्ग हम बतला चुके हैं। अतः प्रतीकों में आत्मदृष्टि नहीं की जाती है ॥४॥

४. ब्रह्मदृष्ट्यधिकरण

१. **सङ्गति**—पूर्वोक्त प्रतीक उपासनाओं में ही कुछ अन्य बात का विचार करना भी अभीष्ट है, अतः पूर्व अधिकरण के साथ इस अधिकरण का एकविषयत्व सङ्गति है।

२. **विषय**—इस अधिकरण में भी पूर्वोक्त प्रतीक उपासनाओं पर ही विचार किया गया है।

३. **संशय**—क्या ब्रह्म में प्रतीकदृष्टि करनी चाहिए या प्रतीक में ब्रह्मदृष्टि करनी चाहिए?

४. **पूर्वपक्ष**—प्रतीकदृष्टि से उपासना किये जाने पर ब्रह्म फल देता है, अतः प्रतीकदृष्टि से ब्रह्म की उपासना करनी चाहिए।

५. **सिद्धान्त**—निकृष्ट में उत्कृष्टदृष्टि करनी चाहिए, इस लौकिक न्याय की अपेक्षा रखते हुए ब्रह्मदृष्टि से प्रतीक की उपासना करनी चाहिए; ऐसा करने पर निकृष्ट का उत्कर्ष बढ़ाता है, अन्यथा प्रत्यवाय का प्रसङ्ग आ जायेगा। अतिथि आदि की उपासना ब्रह्मदृष्टि से करने पर जैसे ब्रह्म फल देता है, वैसे ही ब्रह्मदृष्टि से प्रतीक की उपासना करने पर भी ब्रह्म ही फल देगा क्योंकि वह सर्वाध्यक्ष है।

---

१. ब्रह्म। २. जीव प्रतीकयोः।

(४८२) ब्रह्मदृष्टिरुत्कर्षात् ॥५॥

तेष्वेवोदाहरणेष्वन्यः संशयः—किमादित्यादिदृष्टयो ब्रह्मण्यध्यसितव्याः किंवा ब्रह्मदृष्टिरादित्यादिष्विति। कुतः संशय?—सामानाधिकरण्ये कारणानवधारणात्। अत्र हि ब्रह्मशब्दस्यादित्यादिशब्दैः सामानाधिकरण्यमुपलभ्यते। आदित्यो ब्रह्म, प्राणो ब्रह्म, विद्युद्ब्रह्मेत्यादिसमानविभक्तिनिर्देशात्। न चात्राञ्जसं[1] सामानाधिकरण्यमवकल्पते। अर्थान्तरवचनत्वाद्ब्रह्मादित्यादिशब्दानाम्। नहि भवति गौरश्व इति सामानाधिकरण्यम्। ननु प्रकृतिविकारभावाद्ब्रह्मादित्यादीनां मृच्छरावादिवत्सामानाधिकरण्यं स्यात्। नेत्युच्यते। विकारप्रविलयो ह्येव प्रकृतिसामानाधिकरण्यात्स्यात्। ततश्च प्रतीकाभावप्रसङ्गमवोचाम। परमात्मवाक्यं चेदं तदानीं स्यात्ततश्चोपासनाधिकारो बाध्येत। परिमितविकारोपादानं च व्यर्थम्। तस्माद्ब्राह्मणोऽग्निर्वैश्वानर इत्यादिवदन्यतरत्रान्यदृष्टयध्यासे सति क्व[2] किंदृष्टिरध्यस्यतामिति संशयः। तत्रानियमो नियमकारिणः शास्त्रस्याभावादित्येवं प्राप्तम्।

ब्रह्मदृष्टिरुत्कर्षात्। एकविषयत्व संगतिः। प्रश्नपूर्वकं संशयबीजमाह—कुत इत्यादिना। सामानाधिकरण्यं श्रुतं तन्न तावन्मुख्यं, ब्रह्मविकारयोर्गवाश्वयोरिवाभेदायोगात्। नापि प्रकृतिविकारभावनिबन्धनं, वाक्यस्य विकारबाधेन ब्रह्मपरत्वापातात्। न चेष्टापत्तिः। नाम ब्रह्मेत्युपासीतेति विधिश्रुतिविरोधात्, परिमितनामग्रहणानर्थक्यापाताच्च। ब्रह्मपरत्वे सर्वं ब्रह्मेति वक्तव्यत्वात्। अतः परिशेषादध्यास एव सामानाधिकरण्यकारणम्, अध्यासे च नियामकाभावात्संशय इत्यर्थः।

ब्रह्मदृष्टिरुत्कर्षात् (ललिता)

पूर्वोक्त उदाहरणों में ही कुछ अन्य संशय भी उत्पन्न होता है कि क्या ब्रह्म में आदित्यादि दृष्टि करनी चाहिए अथवा आदित्य में ब्रह्मदृष्टि करनी चाहिए। यहाँ पर यह संशय हो क्यों होता है? 'आदित्यो ब्रह्म', प्राणो ब्रह्म', 'विद्युत ब्रह्म' इत्यादि वाक्यों में समान विभक्ति द्वारा निर्देश होने के कारण समानाधिकरण्य है, इस समानाधिकरण्य का कारण क्या है, यह निश्चय नहीं होता। यहाँ पर उक्त उदाहरणों में ब्रह्म शब्द का आदित्यादि शब्द के साथ सामानाधिकरण्य दीखता है, किन्तु उसके कारण का निर्णय नहीं हो पाता। शङ्का—उक्त उदाहरणों में समानाधिकरण्य असङ्गत नहीं कह सकते, वह तो किसी दूसरे ही अर्थ को कह रहा है। समाधान—ब्रह्म और आदित्यादि शब्दों में वैसे ही समानाधिकरण्य नहीं हो सकता है जैसे गो अश्व है, ऐसा कहना असङ्गत है अर्थात् यहाँ पर मुख्य सामानाधिकरण्य नहीं है। मृद्घटः इत्यादि की भाँति ब्रह्म और आदित्यादि में प्रकृतिविकारभाव से सामानाधिकरण्य माना जाय तो ऐसा कहना भी ठीक नहीं है क्योंकि उस स्थिति में विकार का विलय हो जायेगा और प्रतीकाभाव का प्रसङ्ग आ जायेगा, ऐसा हम कह आये हैं। साथ ही उस समय यह परमात्मबोधक वाक्य ही माना जायेगा और उपासनाधिकार बाधित होने लग जायेगा एवं कुछ परिमित विकार का ग्रहण करना भी व्यर्थ होगा। अतः 'ब्राह्मणोऽग्निः वैश्वानरः' इत्यादि की भाँति एक में अन्य दृष्टि का अध्यास स्वीकार करने पर कहाँ पर किस दृष्टि का अध्यास किया जाय, यह संशय बना ही रहेगा क्योंकि वहाँ पर नियामक शास्त्र के अभाव में

---

१. वास्तवम्। २. कुत्र कस्याध्यास इत्यत्र।

अथ वाऽऽदित्यादिदृष्टय एव ब्रह्मणि कर्तव्या इत्येवं प्राप्तम्। एवं ह्यादित्यादिदृष्टिभिर्ब्रह्मोपासितं भवति ब्रह्मोपासनं च फलवदिति शास्त्रमर्यादा। तस्मान्न ब्रह्मदृष्टिरादित्यादिष्वति।

एवं प्राप्ते ब्रूमः—ब्रह्मदृष्टिरेवादित्यादिषु स्यादिति। कस्मात्? उत्कर्षात्। एवमुत्कर्षेणादित्यादयो दृष्टा भवन्ति। उत्कृष्टदृष्टेस्तेष्वध्यासात्। तथाच लौकिको न्यायोऽनुगतो भवति। उत्कृष्टदृष्टिर्हि निकृष्टेऽध्यसितव्येति लौकिको न्यायः। यथा राजदृष्टिः [1]क्षत्तरि। [2]स चानुसर्तव्यः। विपर्यये प्रत्यवायप्रसङ्गात्। नहि क्षत्तृदृष्टिपरिगृहीतो राजा निकर्षं नीयमानः श्रेयसे स्यात्। ननु शास्त्रप्रामाण्यादनाशङ्कनीयोऽत्र प्रत्यवायप्रसङ्गो, नच लौकिकेन न्यायेन शास्त्रीया दृष्टिर्नियन्तुं युक्तेति। अत्रोच्यते—निर्धारिते शास्त्रार्थ एतदेवं स्यात्। संदिग्धे तु तस्मिंस्तन्निर्णयं प्रति लौकिकोऽपि न्याय आश्रीयमाणो न विरुध्यते। [3]तेन चोत्कृष्टदृष्ट्यध्यासे शास्त्रार्थेऽवधार्यमाणे निकृष्टदृष्टिमध्यस्यन्प्रत्यवेयादिति

उत्कृष्टनिकृष्टयोर्निकृष्टमप्यु[3]पास्यं [4]फलवत्त्वादिति न्यायो नियामक इत्यरुचेराह—अथवेति। [5]अत्र विकारदृष्टिभिर्ब्रह्मोपासितसिद्धिः फलम्।

सिद्धान्ते तु विकारदृष्ट्या ब्रह्मण उपास्यत्वे निकर्षप्राप्तौ सत्यां फलवत्त्वासिद्धेर्विकारा एवोत्कृष्टब्रह्मदृष्ट्योपास्या इति फलम्। किंच लौकिक[6]न्यायाविरुद्धार्थसंभवे विरुद्धार्थो न ग्राह्यः प्रत्यवायप्रसङ्गात्। किंच प्रथमश्रुतानामादित्यादिपदानामसंजातविरोधितया मुख्यार्थत्वग्रहो न्याय्यः, ब्रह्मशब्दे च दृष्टिलक्षणाग्रहः, तथा चादित्यादयो ब्रह्मदृष्ट्योपास्या इत्येष वाक्यार्थ इत्याह—

नियम तो बन ही नहीं सकता। अथवा ब्रह्म में आदित्यदृष्टि करनी चाहिए, यह पक्ष समीचीन प्रतीत होता है क्योंकि आदित्यादि दृष्टि से ब्रह्म की उपासना तब मान ली जायेगी। ब्रह्म उपासना फलवती होती है, यह शास्त्रमर्यादा भी है। अतः आदित्यादि में ब्रह्मदृष्टि नहीं करनी चाहिए।

ऐसा पूर्वपक्ष प्राप्त होने पर हम सिद्धान्ती कहते हैं कि आदित्यादि में ब्रह्मदृष्टि ही करनी चाहिए क्योंकि ऐसा करने पर आदित्यादि में उत्कर्ष बढ़ेगा। उत्कृष्ट दृष्टि से आदित्यादि का ध्यान करने पर यह लौकिक न्याय अनुगत हो जाता है कि निकृष्ट में उत्कृष्ट दृष्टि करनी चाहिए। जैसे मन्त्री में राजदृष्टि करने से मन्त्री का उत्कर्ष बढ़ता है और वह फलप्रद भी होता है, उसके विपरीत करने पर अपराध होने लग जायेगा। राजा में मन्त्री दृष्टि करने पर राजा निकृष्टभाव को प्राप्त करेगा, उस स्थिति में वह कल्याण का कारण नहीं बन सकता। शङ्का—शास्त्रप्रामाण्य के आधार पर यहाँ शङ्का का कोई स्थान नहीं है जिससे प्रत्यवाय का प्रसङ्ग आवे क्योंकि लौकिक न्याय से शास्त्रीयदृष्टि का नियमन करना ठीक नहीं है। समाधान—इस पर सिद्धान्ती कहता है कि शास्त्रतात्पर्य निश्चित हो जाने पर आप का पूर्वोक्त कथन सुसङ्गत हो सकता था किन्तु उक्त संदिग्ध विषय में निर्णय के लिए लौकिक न्याय का भी आश्रय ग्रहण करना विरुद्ध नहीं है। इससे उत्कृष्ट दृष्टि निकृष्ट में करने पर फल मिलता है, उसके विपरीत उत्कृष्ट में निकृष्ट दृष्टि करने पर प्रत्यवाय लगेगा, ऐसा कहना

१. नियंता प्राजिता यंता सूतः क्षत्ता च सारथिरित्यमरः। २. स च सुतो राजदृष्ट्यानुसर्तव्यः। ३. प्रतीकत्वेन ग्राह्यमित्यर्थः। ४. राजादिवदिति पूरणीयम्। ५. पूर्वपक्षे। ६. न्यायेन।

श्लिष्यते । प्राथम्याच्चादित्यादिशब्दानां मुख्यार्थत्वमविरोधाद्ग्रहीतव्यम् । तैः स्वार्थवृत्तिभिरवरुद्धायां बुद्धौ पश्चादवतरतो ब्रह्मशब्दस्य मुख्यया वृत्त्या सामानाधिकरण्यासम्भवाद्ब्रह्मदृष्टिविधानार्थतैवावतिष्ठते । इति परत्वादपि ब्रह्मशब्दस्यैष एवार्थो न्याय्यः । तथाहि 'ब्रह्मेत्यादेशः', 'ब्रह्मेत्युपासीत', 'ब्रह्मेत्युपास्ते' इति च सर्वत्रेति परं ब्रह्मशब्दमुच्चारयति शुद्धांस्त्वादित्यादिशब्दान् । ततश्च यथा शुक्तिकां रजतमिति प्रत्येतीत्यत्र शुक्तिवचन एव शुक्तिकाशब्दो रजतशब्दस्तु रजतप्रतीतिलक्षणार्थः । प्रत्येत्येव हि केवलं रजतमिति न तु तत्र रजतमस्ति । एवमत्राप्यादित्यादीन्ब्रह्मेति प्रतीयादिति गम्यते । वाक्यशेषोऽपि च द्वितीयानिर्देशेनादित्यादीनेवोपास्तिक्रियया व्याप्यमानान्दर्शयति—'स य एतमेवं विद्वानादित्यं ब्रह्मेत्युपास्ते' (छा० ३-१९-४), 'यो वाचं ब्रह्मेत्युपास्ते' (छा० ७-२-२), 'यः संकल्पं ब्रह्मेत्युपास्ते' (छा० ७-४-३) इति च ।

यत्तूक्तं ब्रह्मोपासनमेवात्रादरणीयं फलत्वायेति । तदयुक्तम् । उक्तेन न्यायेनादित्या-

---

प्राथम्याच्चेति । ब्रह्मशब्दस्यैव दृष्टयर्थत्वे हेत्वन्तरमाह—इतिपरत्वादिति । इतिशब्द शिरस्कः शब्दः समभिव्याहृतक्रियालक्षक इति लोके प्रसिद्धमित्यर्थः । द्वितीयाश्रुतेश्चादित्यादीनामेवोपास्तिकर्मत्वमित्याह—वाक्यशेषोऽपीति ।

उत्कृष्टमेवोपास्यमिति न्यायमुक्तमनुवदति—यत्तूक्तमिति । द्वितीयेतिश्रुतिभ्यां लौकिकन्याया-

---

युक्तियुक्त ही हैं। आदित्यादि प्रतीकों में ब्रह्मदृष्टि ही करनी चाहिए, इस अर्थ में एक हेतु यह भी है कि आदित्यादि शब्द प्रथम होने के कारण निर्विरोध मुख्यार्थरूप से ग्रहण करना चाहिए। जब अपने अर्थ से युक्त आदित्यादि शब्द मन में बैठ जायेगा तो फिर पश्चाद्भावी ब्रह्मशब्द मुख्यार्थक नहीं हो सकता इसलिए आदित्य और ब्रह्म में समानाधिकरण्य सम्भव न होने के कारण ब्रह्म दृष्टि-विधान के लिए ही ब्रह्म शब्द शेष रहता है। ब्रह्म शब्द के आगे इति शब्द होने से भी यही अर्थ ग्रहण करना उचित होगा क्योंकि 'ब्रह्मेत्यादेशः', 'ब्रह्मेत्युपासीत', ब्रह्मेत्युपास्ते' इन सभी श्रुतिवाक्यों में इतिपरक ब्रह्म शब्द का उच्चारण श्रुति करती है, किन्तु आदित्यादि शुद्ध शब्द का ही उच्चारण करती है। इसीलिए जैसे लोक में शुक्तिका को रजत समझता है इस लौकिक शुक्तिवचन में भी शुक्तिका शब्द मुख्यार्थक है; रजत शब्द तो रजतप्रतीति का बोधक, अध्यासार्थ का सूचक है अर्थात् रजत केवल प्रतीत ही होता है, वास्तव में वहाँ पर रजत नहीं है। ऐसे ही यहाँ भी आदित्यादि को ब्रह्मरूप से जाने, ऐसा अर्थ जान पड़ता है। वाक्यशेष भी द्वितीया विभक्तिनिर्देश द्वारा उपासना क्रिया का कर्म आदित्यादि को ही बतलाता है। 'इस प्रकार जानने वाला वह विद्वान् आदित्य में ब्रह्मदृष्टि करता है', 'जो वाणी की उपासना ब्रह्मदृष्टि से करता है' 'जो ब्रह्मदृष्टि से संकल्प की उपासना करता है' इन सभी श्रुतियों में उपासना क्रिया से व्याप्य आदित्यादि को ही समझना चाहिए।

और जो पूर्वपक्षी ने कहा था कि फलप्रद होने के कारण ब्रह्म उपासना ही यहाँ पर आदरणीय है, वह कथन ठीक नहीं है क्योंकि उक्त लौकिक न्याय से आदित्यादि में ही उपास्यत्व जान पड़ता है।

५. आदित्यादिमत्यधिकरणम् (सू० ६)

(४८३) आदित्यादिमतयश्चाङ्ग उपपत्तेः ॥६॥

आदित्यादावङ्गदृष्टिरङ्गे रव्यादिधीरुत । नोत्कर्षो ब्रह्मजत्वेन द्वयोस्तेनैच्छिकी मतिः ।
आदित्यादिधियाङ्गानां संस्कारे कर्मणः फले । युज्यतेऽतिशयस्तस्मादङ्गेष्वर्कादिदृष्टयः ॥

दीनामेवोपास्यत्वावगमात् । फलं त्वतिथ्याद्युपासन इव आदित्याद्युपासनेऽपि ब्रह्मैव दास्यति सर्वाध्यक्षत्वात् । वर्णितं चैतत् 'फलमत उपपत्तेः' (ब्र० सू० ३-२-३८) इत्यत्र । ईदृशं चात्र ब्रह्मण उपास्यत्वं यत्प्रतीकेषु तद्दृष्टयध्यारोपणं प्रतिमादिष्विव विष्णवादीनाम् ॥५॥

'य एवासौ तपति तमुद्गीथमुपासीत' (छा० १-३-१), 'लोकेषु पञ्चविधं सामोपा-

---

च्चोक्तन्यायबाध इत्याह—तदिति । **ब्रह्मणोऽनुपास्यत्वे कथं फलदातृत्वं, तत्राह**—फलं त्विति । **किञ्च 'यद्दृष्ट्या विकारस्योत्कर्षः तस्य ब्रह्मणो विशेषणत्वेऽप्युपास्यत्वं चास्तीत्याह**—ईदृशं चेति ॥५॥

आदित्यादि । **पृथिव्यग्न्यन्तरीक्षादित्यद्युसंज्ञेषु लोकेषु हिंकारप्रस्तावोद्गीथप्रतीहारनिधनैरंशैः पञ्चांशं साम, तैरेवादिरिति उपद्रव इति च भक्तिद्वयाधिकैः सप्तांशं सामेति भेदः । अत्र विशेषा-**

अतिथि की उपासना में जैसे परमेश्वर फल देता है, वैसे ही आदित्यादि उपासना में भी फल तो ब्रह्म ही देगा क्योंकि वह सार्वाध्यक्ष है, यह बात 'फलमत उपपत्तेः' इस सूत्र में हम कह आये हैं । अतः इस प्रकार यहाँ पर जैसे प्रतिमा में विष्णुदृष्टि का आरोप करना अभीष्ट है, वैसे ही आदित्यादि प्रतीकों में ब्रह्मदृष्टि का आरोप करना अभीष्ट है; यही यहाँ पर ब्रह्म में उपास्यत्व है, यह अर्थ निश्चित हुआ ॥५॥

५. आदित्यादिमत्यधिकरण

१. **सङ्गति**—जैसे सम्पूर्ण जगत् का कारण होने से और अपहतपाप्मत्वादि गुणों के साथ सम्बन्ध होने से ब्रह्म आदित्यादि प्रतीक की अपेक्षा उत्कृष्ट है, वैसे ही सिद्ध आदित्यादि की अपेक्षा साध्यरूप उद्गीथादि फल देने में उत्कृष्ट है; अतः पूर्वोत्तर अधिकरणों में दृष्टान्त सङ्गति है ।

२. **विषय**—छान्दोग्य उपनिषद् में कही उद्गीथादि उपासनायें इस अधिकरण के विचारणीय विषय हैं ।

३. **संशय**—क्या आदित्यादि में उद्गीथ दृष्टि करनी चाहिए या उद्गीथादि में आदित्यादिदृष्टि करनी चाहिए ?

४. **पूर्वपक्ष**—आदित्य और उद्गीथ दोनों ही ब्रह्मजन्य है, अतः इनमें उत्कर्षापकर्षभाव नहीं है, इसलिए उपासक अपनी इच्छानुसार कर सकता है ।

५. **सिद्धान्त**—आदित्यादिदृष्टि से उद्गीथ अङ्ग का संस्कार हो जाने पर उसमें अतिशय आ जाता है और उद्गीथ कर्माङ्ग भी है तथा कर्म से फलप्राप्ति प्रसिद्ध ही है । अत. उद्गीथादि अङ्गों में आदित्यादिदृष्टि करना ही युक्तियुक्त है ।

आदित्यादिमतयश्चाङ्ग उपपत्तेः

'जो यह सामने तप रहा है उस उद्गीथ की उपासना करे' 'लोक में पञ्चविध साम की उपासना

---

१. ब्रह्म । २. भक्तिभिः ।

सीत' (छा० २-२-१), 'वाचि सप्तविधं सामोपासीत' (छा० २-८-१), 'इयमेवर्गग्निः साम' (छा० १-६-१) इत्येवमादिष्वङ्गावबद्धेषूपासनेषु संशयः। किमादित्यादिषूद्गीथादिदृष्टयो विधीयन्ते किंवोद्गीथादिष्वेवादित्यादिदृष्टय इति। तत्रानियमो नियमकारणाभावादिति प्राप्तम्। नह्यत्र ब्रह्मणा इव कस्यचिदुत्कर्षविशेषोऽवधार्यते 'ब्रह्म हि समस्तजगत्कारणत्वादपहतपाप्मत्वादिगुणयोगाच्चादित्यादिभ्य उत्कृष्टमिति शक्यमवधारयितुं न त्वादित्योद्गीथादीनां विकारत्वाविशेषात्किंचिदुत्कर्षविशेषावधारणे कारणमस्ति। अथवा नियमेनोद्गीथादिमतय आदित्यादिष्वध्यस्येरन्। कस्मात्? कर्मात्मकत्वादुद्गीथादीनां कर्मणश्च फलप्राप्तिप्रसिद्धेः। उद्गीथादिमतिभिरुपास्यमाना आदित्यादयः कर्मात्मकाः सन्तः फलहेतवो भविष्यन्ति। तथाच 'इयमेवर्गग्निः साम' (छा० १-६-१) इत्यत्र 'तदेतदेतस्यामृच्यध्यूढं साम' (छा० १-६-१) इत्यृक्शब्देन पृथिवीं निर्दिशति सामशब्देनाग्निं तच्च पृथिव्यग्न्योर्ऋक्सामदृष्टिचिकीर्षायामवकल्पते न ऋक्सामयोः

ज्ञानात्संशयः। पूर्ववदुत्कर्षानवधारणादनियम इति प्रत्युदाहरणेन पूर्वपक्षमाह—तत्रेति। सिद्धरूपादित्यादिभ्यः कर्मरूपोद्गीथादीनां फलसंनिकर्षेणोत्कर्षाद्ब्रह्मवद्विशेषणत्वे नियम इति दृष्टान्तेन मुख्यं पूर्वपक्षमाह—अथवेति। तत्तत्पक्षसिद्धिरेव पूर्वोत्तरपक्षफलं मन्तव्यम्। किंचानङ्गेष्वेवाङ्गदृष्टिरित्यत्र तेष्वङ्गवाचिपदप्रयोगं लिङ्गमाह—तथाचेयमेवेति। तदेतदग्न्याख्यं साम एतस्यां पृथवीरूपायामृच्यध्यूढमुपरिस्थितमित्यर्थः। ऋचि सामवत्पृथिव्यामग्निर्दृश्यते, अतः साम्यात्पृथिव्येवर्गग्निः सामेति ध्यानं विहितं, तत्र यदि ऋक्सामात्मकयोः कर्माङ्गयोः पृथिव्यग्निदृष्टिः स्यात्, तदा पृथिव्यग्न्यो-

करे' 'वाणी में सप्तविध साम की उपासना करे' 'यह पृथ्वी ही ऋक् है और अग्नि साम है' इन अङ्गावबद्ध उपासनाओं के सम्बन्ध में संशय होता है कि आदित्यादि में उद्गीथादिदृष्टि का विधान है अथवा उद्गीथादि ? आदित्यादि दृष्टि का विधान है। इस पर पूर्वपक्ष का कहना है कि नियम का कारण न होने से अनियम ही मानना चाहिए। यहां पर जैसे ब्रह्म में उत्कर्ष पहले कहा गया था वैसा इनमें से किसी में भी उत्कर्षविशेष का निश्चय नहीं होता है। ब्रह्म समस्त जगत् का कारण होने और अपहतपाप्मत्वादि गुणों से युक्त होने के कारण आदित्यादि की अपेक्षा उत्कृष्ट है, ऐसा निश्चय कर सकते हैं; किन्तु आदित्य एवं उद्गीथादि में विकारत्व समान रहने के कारण उत्कर्षविशेष का निर्णायक कोई कारण नहीं है जिससे किसी एक में उत्कर्षनिश्चय होने पर पूर्वोक्त अधिकरणानुसार निकृष्ट में उत्कृष्ट दृष्टि का निर्णय किया जा सके। अथवा आदित्यादि सिद्ध वस्तु है एवं कर्म होने के कारण उद्गीथादि साध्यवस्तु है, इसलिए आदित्यादि में नियम से ही उद्गीथादिदृष्टि करनी चाहिए क्योंकि कर्म से फल की प्राप्ति होना प्रसिद्ध ही है। उद्गीथादि कर्मात्मक होने के कारण उद्गीथादिदृष्टि से आदित्यादि की उपासना करने पर आदित्यादि कर्मात्मक हो जायेंगे और वे फल के हेतु बन जायेंगे। वैसे ही 'यह पृथ्वी ही ऋक् है और अग्नि साम है' इसमें पार्थिवादि ईंधन से अग्नि की उपलब्धि होती है इसीलिए यहां पर 'ऋक् मन्त्र में आरूढ़ होकर साम गाया जाता है' इस प्रकार ऋक् शब्द से पृथ्वी का और साम शब्द से अग्नि का निर्देश श्रुति करती पृथ्वी में ऋक्दृष्टि और अग्नि में सामदृष्टि के विधान में लौकिक प्रमाण भी है, किन्तु ऋक् में पृथ्वी और साम में अग्निदृष्टि करने में कोई लोकप्रमाण नहीं है। सूत में राजदृष्टि करने से राज

पृथिव्यग्निदृष्टिचिकीर्षायाम्। क्षत्तरि हि राजदृष्टिकरणाद्राजशब्द उपचर्यते न राजनि क्षत्तृशब्दः। अपि च 'लोकेषु पञ्चविधं सामोपासीत' (छा० २-२-१) इत्यधिकरणनिर्देशाल्लोकेषु सामाध्यसितव्यमिति प्रतीयते। 'एतद्गायत्रं प्राणेषु प्रोतम्' (छा० २-११-१) इति चैतदेव दर्शयति। प्रथमनिर्दिष्टेषु चादित्यादिषु चरमनिर्दिष्टं ब्रह्माध्यस्तम्। 'आदित्यो ब्रह्मेत्यादेशः' (छा० ३-१९-१) इत्यादिषु। प्रथमनिर्दिष्टाश्च पृथिव्यादयश्चरमनिर्दिष्टा हिंकारादयः 'पृथिवी हिंकारः' (छा० २-२-१) इत्यादिश्रुतिषु। अतोऽनङ्गेष्वादित्यादिष्वङ्गमतिनिक्षेप इति।

एवं प्राप्ते ब्रूमः—आदित्यादिमतय एवाङ्गेषूद्गीथादिषु क्षिप्येरन्। कुतः? उपपत्तेः। उपपद्यते ह्येवमपूर्वसंनिकर्षादादित्यादिमतिभिः संस्क्रियमाणेषूद्गीथादिषु कर्मसमृद्धिः। 'यदेव विद्यया करोति श्रद्धयोपनिषदा तदेव वीर्यवत्तरं भवति' (छा० १-१-१०) इति च विद्यायाः कर्मसमृद्धिहेतुत्वं दर्शयति। भवतु कर्मसमृद्धिफलेष्वेवं स्वतन्त्र-

---

क्षत्रसामपदप्रयोगो न स्यादित्यत्र दृष्टान्तमाह—क्षत्तरीति। अतः प्रयोगान्यथानुपपत्त्या पृथिव्यग्न्योक्षत्रसामदृष्टिरित्यर्थः। विषयसप्तम्या चैवमेवेत्याह—अपिचेति। गायत्रसंज्ञं साम। किंच पूर्वाधिकरणसिद्धान्तन्यायेनाप्येवमित्याह—प्रथमेति।

अनङ्गबुद्ध्याङ्गान्युपास्यानीति सिद्धान्तयति—एवमिति। उपास्तीनां हि कर्मसमृद्धिः फलं श्रूयते, सा च ताभिरङ्गेषु संस्क्रियमाणेषूपपद्यते, अङ्गानां समृद्ध्यनुकूलप्रकृतकर्मापूर्वजनकत्वादित्यर्थः। ननु यत्रोपास्तीनां प्रकृतकर्मापूर्वसंनिकृष्टाङ्गद्वारापेक्षं फलं श्रुतं तत्र फलोपपत्तयेऽङ्गानामुपास्यत्वं भवतु तदनपेक्षलोकादिफलेषु तूपासनेषु कथमुपास्यविवेक इति शङ्कते—भवत्विति।

शब्द गौणार्थक हो जाता है, किन्तु राजा में सूतदृष्टि करने से क्षत्तृ शब्द गौणार्थक नहीं होता। इसके अतिरिक्त 'लोकेषु पञ्चविधंसामोपासीत' इस वाक्य द्वारा अधिकरणनिर्देश होने के कारण लोक में सामदृष्टि करनी चाहिए, ऐसा ही 'प्राणों में यह गायत्र ओत-प्रोत है' यह श्रुति भी बतलाती है। प्रथमनिर्दिष्ट आदित्यादि में 'आदित्यो ब्रह्म' इत्यादि स्थल में जैसे ब्रह्म का अध्यास बतलाया जा चुका है, वैसे ही प्रथमनिर्दिष्ट पृथिव्यादि में 'पृथिवी हिंकारः' इत्यादि श्रुतियों द्वारा चरमनिर्दिष्ट हिंकारादिदृष्टि करनी चाहिए। अतः आदित्यादि अङ्ग नहीं है, उनमें अङ्ग का अध्यास करना चाहिए।

ऐसा पूर्वपक्ष प्राप्त होने पर हम सिद्धान्ती कहते हैं कि उद्गीथादि अङ्गों में आदित्यादि दृष्टि ही करनी चाहिए क्योंकि इस प्रकार अलौकिकसन्निकर्ष के कारण आदित्यादि बुद्धि द्वारा उद्गीथादि के संस्कार किये जाने पर कर्म की समृद्धि होती है। यही बात 'जब उपासना, श्रद्धा एवं रहस्यज्ञानपूर्वक कर्म करता है तब वह कर्म शक्तिशाली हो जाता है' इस वाक्य द्वारा श्रुति उपासना को कर्मसमृद्धि का कारण बतलाती है। शङ्का—जहाँ उपासना से कर्म में समृद्धिरूप फल प्राप्त होना कहा गया है वहाँ जैसा आप कहते हैं वैसा ही मान लेना चाहिए, किन्तु 'जो इस प्रकार जानने वाला उपासक लोक में पञ्चविध साम की उपासना करता है' इन स्वतन्त्र फलवाली उपासनाओं में पूर्वोक्त युक्ति कैसे बन सकेगी।

---

१. स्थापनम्। २. अपूर्वसन्निकर्षादिति अपूर्वजनकत्वादित्यर्थः अङ्गानामिति शेषः।

फलेषु नु कथम् 'य एतदेवं विद्वाँल्लोकेषु पञ्चविधं सामोपास्ते' (छा० २-२-३) इत्यादिषु। तेष्वप्यधिकृताधिकारात्प्रकृतापूर्वसंनिकर्षेणैव फलकल्पना युक्ता गोदोहनादिनियमवत्। फलात्मकत्वाच्चादित्यादीनामुद्गीथादिभ्यः कर्मात्मकेभ्य उत्कर्षोपपत्तिः। आदित्यादिप्राप्तिलक्षणं हि कर्मफलं शिष्यते श्रुतिषु। अपिच 'ओमित्येतदक्षरमुद्गीथमुपासीत' (छा० १-१-१), 'खल्वेतस्यैवाक्षरस्योपव्याख्यानं भवति' (छा० १-१-१०) इति चोद्गीथमेवोपास्यत्वेनोपक्रम्यादित्यादिमतीर्विदधाति।

यत्तूक्तमुद्गीथादिमतिभिरुपास्यमाना आदित्यादयः कर्मभूयं गत्वा फलं करिष्यन्तीति। तदयुक्तम्। स्वयमेवोपासनस्य कर्मत्वात्फलवत्त्वोपपत्तेः। आदित्यादिभावेनापि च दृश्यमानामुद्गीथानां कर्मात्मकत्वानपायात्। 'तदेतदेतस्यामृच्यध्यूढं साम' (छा०१-६-१) इति तु लाक्षणिक एव पृथिव्यग्न्योर्ऋक्सामशब्दप्रयोगः। लक्षणा च यथासम्भवं संनिकृष्टेन

यथ। स्वतन्त्रपशुफलस्यापि गोदोहनस्य अङ्गद्वारापेक्षयैव फलमिष्टं तद्वल्लोकादिफलेषूपासनेष्वपि कर्मापूर्वाङ्गद्वारैव फलकल्पना युक्ता, कर्माधिकृतस्यैवाङ्गाश्रितोपासनेष्वधिकारात्, अतोऽङ्गानामेवोपास्यत्वमिति समाधत्ते—तेष्वपीति। उत्कर्षानवधारणादनियम इत्युक्तं निरस्यति—फलात्मेति। उपक्रमबलाच्चाङ्गमुपास्यमित्याह—अपिचेति। रसतमत्वादिगुणाद्युपसंहरानमित्यर्थः।

द्वितीयं पूर्वपक्षं दूषयति—यत्तूक्तमित्यादिना। कर्मभूयं कर्मात्मकत्वं प्राप्येत्यर्थः। सिद्धादित्याद्यात्मना कर्मणा दृष्टौ कर्मत्वहानिः स्यादित्यत आह—आदित्यादिभावेनेति। माणवकेऽग्निदृष्टिवदुद्गीथादिष्वादित्यादिधियां गौणत्वान्न कर्मत्वाभिभावकत्वमित्यङ्गेष्वनङ्गत्वधीरविरुद्धेत्याशयः। प्रयोगानुपपत्तिमुक्तां निरस्यति—तदेतदिति। लक्षणाबीजं संबन्धमाह—लक्षणा चेति। गङ्गायां घोष इत्यत्र

समाधान—अधिकृत का अधिकार होने के कारण प्रकृत अलौकिकसन्निकर्ष से ही स्वतन्त्र फलशाली उपासनाओं में भी फल की कल्पना युक्त ही है, जैसे 'चमसेन अपप्रणयेत गोदोहनेन पशुकामः' इस कर्मविधायक वाक्य में चमस पात्र द्वारा जलाहरण करने वाला यजमान ही पशुकाम हो जाने पर गोदोहन पात्र से जलाहरण का अधिकारी माना जाता है। इसके अतिरिक्त आदित्यादि फलात्मक होने के कारण कर्मरूप उद्गीथादि की अपेक्षा श्रेष्ठ हैं, इसलिए निकृष्ट उद्गीथादि में उत्कृष्ट आदित्यादि दृष्टि करना युक्तियुक्त एवं फलप्रद है क्योंकि श्रुतियों में कर्म का फल आदित्यादि की प्राप्ति बतलाया जाता है। उपक्रम के बल से भी उद्गीथादि अङ्ग ही उपास्य है क्योंकि 'ॐ' इस अक्षररूप उद्गीथ की उपासना करे' और इसी अक्षर का उपव्याख्यान रसतमत्वादि गुणों के वर्णन द्वारा आगे किया गया है' इत्यादि वाक्य द्वारा उपास्यरूप से उद्गीथ का प्रसङ्ग प्रारम्भकर आदित्यादृष्टि का विधान श्रुति करती है।

और जो आप ने कहा था कि उद्गीथादिदृष्टि से आदित्यादि की उपासना करने पर वे कर्मरूप बनकर फल देंगे, तो ऐसा कहना ठीक नहीं है क्योंकि उपासना तो स्वयं ही कर्मरूप होने से फलवती है ही। साथ ही आदित्यादिदृष्टि से देखे जाने पर उद्गीथादि में कर्मरूपता मिट नहीं जाती है। 'वह यह अग्निनामक साम इस पृथ्वीसंज्ञक ऋक् में अधिष्ठित है' यह पृथ्वी एवं अग्नि में ऋक् तथा साम शब्द का प्रयोग तो लाक्षणिक ही समझा जाय। लक्षणा यथासम्भव सन्निकृष्ट अथवा

विप्रकृष्टेन वा स्वार्थसम्बन्धेन प्रवर्तते। तत्र यद्यप्यृक्सामयोः पृथिव्यग्निदृष्टिचिकीर्षा तथापि प्रसिद्धयोर्ऋक्सामयोर्भेदेनानुकीर्तनात्पृथिव्यग्न्योश्च संनिधानात्तयोरेवैष ऋक्सामशब्दप्रयोग ऋक्सामसम्बन्धादिति निश्चीयते। क्षत्तृशब्दोऽपि हि कुतश्चित्कारणाद्राजानमुपसर्पन्न निवारयितुं पार्यते। 'इयमेवर्क्' (छा० १-६-१) इति च यथाक्षरन्यासमृच एव पृथिवीत्वमवधारयति। पृथिव्या ह्यृक्त्वेऽवधार्यमाण इयमृगेवेत्यक्षरन्यासः स्यात्।

'य एवं विद्वान्साम गायति' (छा० १-७-७) इति चाङ्गाश्रयमेव विज्ञानमुपसंहरति न पृथिव्याद्याश्रयम्। तथा 'लोकेषु पञ्चविधं सामोपासीत' (छा० २-२-१) इति यद्यपि

संनिकृष्टसंयोगसंबन्धेन तीरलक्षणा, अग्निर्माणवक इत्यत्राग्निनिष्ठशुचित्वादिगुणवत्त्वरूपपरम्परासंबन्धेन लक्षणा दृष्टा, तथा चात्र ऋक्सामयोः पृथिव्यग्निदृष्टिपक्षेऽपि ऋक्सामपदाभ्यां स्ववाच्यार्थद्रष्टव्यतारूपपरम्परासंबन्धेन पृथिव्यग्निलक्षणा युक्तेत्यर्थः। ननु प्रतीकवाचिपदस्य ध्येये अर्थे लक्षणा न युक्ता, क्षत्तृपदस्य राजन्यप्रयोगादिति शङ्कते—तत्र यद्यपीति। तथापि ऋक्सामसंबन्धात्पृथिव्यग्न्योरेवैतस्यामृच्यध्यूढं सामेत्येष ऋक्सामपदप्रयोग इत्यन्वयः। ननु मुख्यार्थ एव न कुतो गृह्यते, तत्राह—प्रसिद्धयोरिति। तस्मादृच्यध्यूढं सामेति मुख्ययोः पृथगुक्तेस्तदेतस्यामित्यत्रापि तयोर्ग्रहे पुनरुक्तिः स्यात्, अतः प्रतीकाभेददृष्ट्या पृथिव्यग्न्योः प्रतीकसंनिधानात्तयोरेव प्रतीकपदप्रयोगः कृतस्तदभेददार्ढ्यायेत्यर्थः। तर्हि क्षत्तृशब्दोऽपि राजनि स्यादित्यत आह—क्षत्त्रिति। स्थितप्रयोगस्य निमित्तं किमपि वाच्यं न तु निमित्तमस्तीति प्रयोग आपाद्य इति भावः। क्षत्ता सूतः, तस्य कार्यं रथचर्यादि यदा राजैव करोति तदा क्षत्तृशब्दो राजन्यप्यस्तीत्यक्षरार्थः। ऋगादावेव पृथिव्यादिदृष्टिरित्यत्र हेत्वन्तरमाह—इयमिति।

सप्तम्या लोकानामुपास्यत्वमुक्तं निरस्यति—तथा लोकेष्विति। सामात्मना लोकानुपासीतेति द्वितीयासप्तम्योर्भङ्गस्त्वया कार्यस्ततो वरं लोकात्मना सामोपासीतेति सप्तमीमात्रभङ्ग इत्यर्थः।

विप्रकृष्ट स्वार्थसम्बन्ध के कारण ही प्रवृत्त होती है। ऐसा ही 'गङ्गायां घोषः' 'अग्निर्माणवकः' इत्यादि स्थल में देखा गया है। वहाँ पर यद्यपि ऋक् में पृथ्वीदृष्टि और साम में अग्निदृष्टि करनी इष्ट है, तथापि ऋक् और साम प्रसिद्ध हैं एवं उनसे पृथक् रूप में पृथ्वी और अग्नि का अनुकथन भी हो चुका है; अतः सन्निधान के कारण पृथ्वी और अग्नि में ही ऋक्-साम शब्द का प्रयोग हुआ है क्योंकि ऋक्-साम का सम्बन्ध भी वहाँ दीखता है। क्षत्ता शब्द का अर्थ सूत होता है जो रथचर्या का काम करता है, वह काम यदि राजा कर रहा हो तो राजा में भी क्षत्तृ शब्द का प्रयोग करने पर उसका वारण नहीं हो सकता। 'इयमेवर्क्' यह अक्षरन्यास ऋचा में ही पृथ्वीत्व का निश्चय कराता है। यदि पृथ्वी में ऋक्त्वरूपता का निश्चय कराना हो तो इयं ऋगेव, ऐसा अक्षरन्यास होना चाहिए; किन्तु ऐसा प्रयोग नहीं दीखता है। अतः ऋगादि में ही पृथिव्यादिदृष्टि करनी चाहिए, ऐसा निर्णय लेने में अक्षरन्यास हेतु दिया गया है।

'जो इस प्रकार जानने वाला विद्वान् साम का गान करता है' इस वाक्य द्वारा अङ्गाश्रित ही उपासना का उपसंहार देखा जाता है, पृथिव्यादि के आश्रित उपासना का उपसंहार नहीं दीखता है। वैसे ही 'लोकों में पञ्चविध साम की उपासना करे' इस श्रुति में यद्यपि सप्तमी विभक्ति से लोकों का निर्देश है, इससे आपाततः प्रतीत होता है कि लोक में सामदृष्टि का विधान किया है; फिर भी

सप्तमीनिर्दिष्टा लोकास्तथापि साम्न्येव तेऽध्यस्येरन्द्वितीयानिर्देशेन साम्न उपास्यत्वावगमात् । सामनि हि लोकेष्वध्यस्यमानेषु साम लोकात्मनोपासितं भवति । अन्यथा पुनर्लोकाः सामात्मनोपासिताः स्युः । एतेन 'एतद्गायत्रं प्राणेषु प्रोतम्' (छा० २-११-१) इत्यादि व्याख्यातम् । यत्रापि तुल्यो द्वितीयानिर्देशः—'अथ खल्वमुमादित्यं सप्तविधं सामोपासीत' (छा० २-९-१) इति तत्रापि 'समस्तस्य खलु साम्न उपासनं साधु' (छा० २-१-१), 'इति तु पञ्चविधस्य' (छा० २-७-२), 'अथ सप्तविधस्य' (छा० २-८-१) इति च साम्न एवोपास्यत्वोपक्रमात्तस्मिन्नेवादित्याद्यध्यासः । एतस्मादेव च साम्न उपास्यत्वावगमात् 'पृथिवी हिंकारः' (छा० २-२-१) इत्यादिनिर्देशविपर्ययेऽपि हिंकारादिष्वेव पृथिव्यादिदृष्टिः । तस्मादनङ्गाश्रया आदित्यादिमतयोऽङ्गेषूद्गीथादिषु क्षिप्येरन्निति सिद्धम् ॥६॥

एतेनेति एकविभक्तिभङ्गलाघवेन प्राणात्मना गायत्रं सामोपास्यमिति व्याख्यातमित्यर्थः । ननु विभक्तिसाम्ये कथं निर्णयस्तत्राह—यत्रापीति । 'साम्न उपासनं साधु' इत्युपक्रम्य पृथिवी हिङ्कार इत्यादिना हिङ्कारादिपञ्चावयवस्य साम्न उपासनमुक्त्वा 'इति तु पञ्चविधस्योपासनम्' इत्युपसंहृत्य, अथेति सप्तविधस्य साम्न उपासनं प्रक्रम्य प्रपञ्चितमतः साम्न एवोपास्यत्वमित्यर्थः । यदुक्तं प्राथम्यात्पृथिव्यादेरुपास्यत्वमिति, तत्राह—एतस्मादेवेति यद्यपि हिङ्कारोद्देशेन पृथिवीत्वविधेरुद्देश्यस्य प्रथमनिर्देशो वाच्यस्तथाप्युक्तन्यायबलाद्व्यत्ययो ग्राह्य इत्यर्थः ॥६॥

साम में ही लोकदृष्टि करनी चाहिए क्योंकि साम पद में द्वितीया विभक्ति दीखता है जिससे साम में उपास्यत्व का बोध होता है । साम में लोकदृष्टि करने पर लोकरूप से साम की उपासना मानी जायेगी; इसके विपरीत करने पर सामरूप से लोक की उपासना कही जायेगी, इसमें पञ्चमी एवं द्वितीया दोनों विभक्ति अनुपयुक्त हो जाती है । और सिद्धान्त पक्ष में साम पद में द्वितीया विभक्ति यथाश्रुत अर्थ को कहती है किन्तु लोक पद में सप्तमी विभक्ति का प्रयोग तृतीया के अर्थ में किया गया है । अतः एकविभक्तिभङ्गरूप लाघव सिद्धान्त पक्ष में है और पूर्वपक्ष में दोनों ही विभक्तियों के भङ्ग का प्रसङ्ग आता है । इसी लाघव-गौरव के कारण 'प्राण में यह गायत्र साम ओत-प्रोत है' इस श्रुतिवाक्य का अर्थ भी व्याख्यात हो जाता है अर्थात् प्राणरूप से गायत्र साम की उपासना करे । और जहाँ भी द्वितीया का समान निर्देश है, जैसे 'अथ खल्वमुमादित्यं सप्तविधं सामोपासीत' इस वाक्य में आदित्य तथा साम दोनों ही पदों में द्वितीया विभक्ति का निर्देश एक सा है, वहाँ पर भी 'समस्तस्य खलु साम्न उपासनं साधु', 'इति तु पञ्चविधस्य', 'अथ सप्तविधस्य' इन वाक्यों द्वारा साम में ही उपास्यत्व का प्रसङ्ग प्रारम्भ करते हैं । इस उपक्रम से साम में ही आदित्यदृष्टि का विधान किया गया है, इससे भी साम में ही उपास्यत्व का बोध होता है । 'पृथिवी हिंकारः' इस श्रुति में प्रथमनिर्दिष्ट पृथिवी पद है और चरमनिर्दिष्ट हिंकार पद है, इससे आपाततः पृथ्वी में हिंकारदृष्टि का विधान सा जान पड़ता है, ऐसा निर्देशविपर्यय रहने पर भी हिंकारादि सामभक्तियों में ही पृथिव्यादिदृष्टि का विधान समझना चाहिए, ऐसे निर्णय में उक्त न्याय का बल प्राप्त होता है । अतः आदित्यादि अङ्गाश्रित नहीं हैं और उद्गीथादि अङ्गाश्रित हैं, इसीलिए उद्गीथादि अङ्गों में आदित्यादिदृष्टि ही करनी चाहिए, यह अर्थ निश्चित हुआ ॥६॥

६. आसीनाधिकरणम् (सू० ७-१०)

(४८४) आसीनः सम्भवात् ॥७॥

नास्त्यासनस्य नियम उपास्तावुत विद्यते । न देहस्थितिसापेक्षं मनोऽतो नियमो नहि ।
शयनोत्थानगमनैर्विक्षेपस्यानिवारणात् । धीसमाधानहेतुत्वात्परिशिष्यत आसनम् ॥

कर्माङ्गसम्बद्धेषु तावदुपासनेषु कर्मतन्त्रत्वान्नासनादिचिन्ता नापि सम्यग्दर्शने वस्तुतन्त्रत्वाद्विज्ञानस्य । इतरेषु तूपासनेषु किमनियमेन तिष्ठन्नासीनः शयानो वा प्रवर्तेतोत नियमेनासीन एवेति चिन्तयति । तत्र मानसत्वादुपासनस्यानियमः शरीरस्थितेरिति ।

एवं प्राप्ते ब्रवीति—आसीन एवोपासीतेति । कुतः ? सम्भवात् । उपासनं नाम

आसीनः संभवात् । **कर्मण उत्थितेनोपविष्टेन वानेकधानुष्ठानदर्शनात्संशयः कर्माङ्गाश्रितोपासनानामासननियमानपेक्षणानामनुष्ठानप्रकार उक्तस्तद्वदङ्गानाश्रितोपासनेष्वप्यनियम इति पूर्वपक्षयति—** तत्रेति । **अत्रासनाभ्यासासिद्धिः ।**

सिद्धान्ते तु मनोदेहयोर्भिन्नत्वेऽपि देहचाञ्चल्ये मनसोऽनवस्थानस्य अनुभवसिद्धत्वान्मनोव्यापारेषु-

---

६. आसीनाधिकरण

१. **सङ्गति**—अङ्गाश्रित उपासना की भाँति अङ्ग अनाश्रित उपासनाओं में भी आसन का नियम नहीं है, इसलिए पूर्व अधिकरण के साथ इसकी दृष्टान्त सङ्गति है।

२. **विषय**—इस अधिकरण में उपासना के समय आसननियम पर विचार किया गया है।

३. **संशय**—क्या जो कर्माङ्ग उपासनायें नहीं हैं अपितु स्वतन्त्र हैं; ऐसी उपासनायें बैठे-बैठे, खड़े रहकर अथवा लेटकर किसी भी प्रकार से कर सकते हैं या नियमपूर्वक बैठ करके ही कर सकते हैं।

४. **पूर्वपक्ष**—मानस व्यापार होने के कारण उपासना में शरीरस्थिति का कोई नियम नहीं है, साधक अपनी इच्छानुसार ऐसी उपासनायें कर सकते हैं।

५. **सिद्धान्त**—सोकर या लेटकर उपासना करने से निद्रा आने की आशङ्का रहेगी, खड़े-खड़े या चलते हुए उपासना करने पर विक्षेप होता रहेगा, अतः बैठकर ही उपासना करनी चाहिए, उसी में मन की स्थिरता रहेगी।

आसीनः सम्भवात् (ललिता)

कर्म के अधीन होने से कर्माङ्ग उपासनाओं में आसनादि की चिन्ता आवश्यक नहीं है और ज्ञान के वस्तुतन्त्र होने के कारण तत्त्वज्ञान और उसके साधनानुष्ठान में भी आसनादि का विचार आवश्यक नहीं है, किन्तु इससे भिन्न उपासनाओं में क्या नियम के बिना ही स्वेच्छा से खड़े रहकर, बैठकर अथवा लेटकर उपासना में प्रवृत्त हो सकता है अथवा नियम से बैठ करके ही उपासना कर सकता है, ऐसे विचार का प्रसङ्ग जब उपस्थित हुआ तब पूर्वपक्ष का कहना है कि मानसव्यापार होने के कारण शरीरस्थिति का कोई नियम नहीं है।

ऐसा कहने पर सिद्धान्ती कहता है कि बैठकर ही उपासना करे क्योंकि तैलधारावत् एक समान

(४८५) ध्यानाच्च ॥८॥

(४८६) अचलत्वं चापेक्ष्य ॥९॥

[1]समानप्रत्ययप्रवाहकरणं नच तद्गच्छतो धावतो वा सम्भवति गत्यादीनां चित्तविक्षेपकत्वात्। तिष्ठतोऽपि देहधारणे व्यापृतं मनो न सूक्ष्मवस्तुनिरीक्षणक्षमं भवति। शयानस्याप्यकस्मादेवं निद्रयाभिभूयेत। आसीनस्य त्वेवंजातीयको भूयान्दोषः सुपरिहर इति सम्भवति तस्योपासनम् ॥७॥

अपिच ध्यायत्यर्थ एष यत्समानप्रत्ययप्रवाहकरणम्। ध्यायतिश्च प्रशिथिलाङ्गचेष्टेषु प्रतिष्ठितदृष्टिष्वेकविषयाक्षिप्तचित्तेषूपचर्यमाणो दृश्यते ध्यायति बको ध्यायति प्रोषितबन्धुरिति आसीनस्यानायासो भवति। तस्मादप्यासीनकर्मोपासनम् ॥८॥

अपिच 'ध्यायतीव पृथिवी' (छा० ७-६-१) इत्यत्र पृथिव्यादिष्वचलत्वमेवापेक्ष्य ध्यायतिवादो भवति तच्च लिङ्गमुपासनस्यासीनकर्मत्वे ॥९॥

उपासनेषु देहस्थैर्यार्थमासननियमापेक्षेति फलभेदः। तिष्ठत उत्थितस्य ॥७॥

किच ध्यातार आसीना एव स्युः ध्यायतिशब्दार्हत्वाद्बकादिवदित्याह—ध्यनाच्चेति ॥८॥

अत्रैव श्रौतं दृष्टान्तमाह—अचलत्वं चेति ॥९॥

मनोवृत्ति के प्रवाह को उपासना कहते हैं, वह उपासना चलते हुए या दौड़ते हुए में होना सम्भव नहीं है क्योंकि गति और धावन चित्तविक्षेप का कारण बन जाते हैं। खड़े रहने पर भी देह को सँभालने में ही मन लगा रहेगा, सूक्ष्मवस्तु के निरीक्षण में सक्षम नहीं हो सकता है। लेटा हुआ व्यक्ति भी अकस्मात् ही निद्रा से अभिभूत हो जाता है, अतः लेटा हुआ व्यक्ति भी उपासना में सफल नहीं हो सकता है। परिशेषतः बैठकर उपासना करने वाले में पूर्वोक्त सभी दोषों का परिहार हो जाता है, अतः बैठकर ही उपासना करना सम्भव है ॥७॥

ध्यानाच्च (ललिता)

समानप्रत्ययप्रवाहरूप उपासना ध्यान का पर्याय भी मानी जाती है। अङ्गचेष्ठायें अत्यन्त शिथिल हों, नेत्रवृत्ति किसी एक लक्ष्य पर टिकी हुई हो और चित्त किसी एक विषय में लगा हुआ हो तभी, ध्यान करता है, ऐसा प्रयोग होते देखा जाता है। इस स्थिति में बैठे हुए बक को देखकर लोग कहते हैं कि बक ध्यान कर रहा है, जिसका परिवार प्रवास में गया हो ऐसे व्यक्ति को देखकर कहते हैं कि प्रोषितबन्धु ध्यान कर रहा है। इस प्रकार बैठे हुए व्यक्ति में अनायश ध्यान शब्द का व्यवहार हो जाता है, इससे अर्थतः सिद्ध हो जाता है कि बैठे हुए का ही कर्म उपासना है। यहाँ पर एक अनुमान भी निकल आता है कि बैठे हुए को ही ध्याता कहें, क्योंकि उक्त रीति से ध्यायति शब्द का प्रयोग उन्हीं में उचित होता है, जैसे बकादि का अचल स्थिर देखकर ध्यान करता है, ऐसा प्रयोग किया जाता है ॥८॥

अचलत्वं चापेक्ष्य (ललिता)

इसी विषय में श्रौत दृष्टान्त भी कहते हैं कि 'पृथ्वी ध्यान करती सी जान पड़ती है' इस श्रुति

---

१. सजातीय।

७. एकाग्रताधिकरणम् (सू० ११)

(४८७) स्मरन्ति च ॥१०॥

(४८८) यत्रैकाग्रता तत्राविशेषात् ॥११॥

दिग्देशकालनियमो विद्यतेऽथ न विद्यते । विद्यते वैदिकत्वेन कर्मस्वेतस्य दर्शनात् ।
एकाग्रस्याविशेषेण दिगादिर्न नियम्यते । मनोऽनुकूल इत्युक्तेर्दृष्टार्थं देशभाषणम् ॥

स्मरन्त्यपि च शिष्टा उपासनाङ्गत्वेनासनम्—'शुचौ देशे प्रतिष्ठाप्य स्थिरमासनमात्मनः' (गी० ६-११) इत्यादिना। अत एव पद्मकादीनामासनविशेषाणामुपदेशो योगशास्त्रे ॥१०॥

दिग्देशकालेषु संशयः—किमस्ति कश्चिन्नियमो नास्ति वेति । प्रायेण वैदिकेष्वारम्भेषु

बाह्यस्य शारीरस्य चासनस्य स्मरणान्नियम इत्याह—स्मरन्ति चेति ॥१०॥
यत्रैकाग्रता तत्राविशेषात् । तेष्वेवाङ्गानाश्रितोपासनेषु प्राच्यादिदिशि तीर्थादिदेशे प्रदोषादिकाले नियमोऽस्ति न वेत्युभयथासंभवात्संशयः । एकविषयत्वं संगतिरुपास्तीनां विहितत्वाद्यागादिवदस्ति

में पृथिव्यादि को अचल देखकर ही 'ध्यायति' शब्द का प्रयोग किया गया है और यहाँ, उपासना बैठे हुए का कर्म है, इस अर्थ का ज्ञापक है ॥९॥

स्मरन्ति च (ललिता)

'पवित्र देश में अपने आसन को स्थिर करके बैठे' इस स्मृतिवाक्य से शिष्ट पुरुष उपासना के अङ्गरूप से आसन को भी बतलाते हैं। इसीलिए योगशास्त्र में पद्मासनादि आसनविशेष का उपदेश भी किया गया है, ऐसा सिद्ध हो जाता है ॥१०॥

७. एकाग्रताधिकरण

१. सङ्गति—स्वतन्त्र उपासनाओं में जिस प्रकार आसन का नियम पिछले अधिकरण में कहा गया है, वैसे ही उनमें दिगादि का भी नियम क्यों न माना जाय; इस प्रकार पूर्वाधिकरण के साथ इसकी आक्षेप सङ्गति है।

२. विषय—अङ्ग अनाश्रित उपासनाओं में दिगादि नियम का विचार इस अधिकरण में किया गया है।

३. संशय—क्या पूर्वोक्त उपासनाओं में आसन की भाँति दिगादि का नियम है या नहीं ?

४. पूर्वपक्ष—प्रायशः वैदिक अनुष्ठानों में दिशा और काल का नियम देखा जाता है, अतः अङ्गानवबद्ध उपासनाओं में दिगादि का नियम होना ही चाहिए।

५. सिद्धान्त—जिस देश और काल में मन की एकाग्रता सुलभ हो ऐसे देश एवं काल में उक्त उपासनाओं का अनुष्ठान करना चाहिए। इसीलिए तो श्वेताश्वतर उपनिषद् में '**मनोनुकूले न तु चक्षुपीडने**' ऐसा कहा गया है, अतः अङ्गानवबद्ध उपासनाओं में दिशा एवं काल का नियम नहीं है।

यत्रैकाग्रता तत्राविशेषात् (ललिता)

अङ्गानाश्रित उपासनाओं के सम्बन्ध में दिक्, देश और काल के नियम का विचार करना भी

दिगादिनियमदर्शनात्स्यादिहापि कश्चिन्नियम इति यस्य मतिस्तं प्रत्याह दिग्देशकालेष्वर्थलक्षण एव नियमः । यत्रैवास्य दिशि देशे काले वा मनसः सौकर्येणैकाग्रता भवति तत्रैवोपासीत प्राचीदिक्पूर्वाह्णप्राचीनप्रवणादिवद्विशेषाश्रवणात् । एकाग्रताया इष्टायाः सर्वत्राविशेषात् । ननु विशेषमपि केचिदामनन्ति—'समे शुचौ शर्करावह्निवालुकाविवर्जिते शब्दजलाश्रयादिभिः मनोऽनुकूले न तु चक्षुःपीडने गुहानिवाताश्रयणे प्रयोजयेत्' (श्वे० २-१०) इति यथेति । उच्यते—सत्यमस्त्येवंजातीयको नियमः । सति त्वेतस्मिंस्तद्गतेषु विशेषेष्वनियम इति सुहृद्भूत्वाचार्य आचष्टे । 'मनोऽनुकूले' इति चैषा श्रुतिर्यत्रैकाग्रता तत्रैवेत्येतदेव दर्शयति ॥११॥

दिगादि नियम इति पूर्वपक्षः । अत्र दिगादिष्वादरः फलं, सिद्धान्ते त्वनादरः । ध्येये चित्तैकाग्र्यस्य प्राधान्यात्प्रधानाक्षिप्तदेशादिग्रहणस्योचितत्वादिति विवेकः । अर्थलक्षण एवेति । ऐकाग्र्यफललिङ्गक एवेत्यर्थः । प्राचीनप्रवणे प्राग्देशे निम्नस्थाने वैश्वदेवं कुर्यादितिवदत्र दिगादिविशेषो न श्रूयते अतोऽनुमानमप्रयोजकमिति भावः । विशेषाश्रवणमसिद्धमिति शङ्कते —ननु विशेषमपीति । शर्कराः सूक्ष्मपाषाणाः । जलाश्रयवर्जनं शीतनिवृत्त्यर्थम् । चक्षुःपीडनो मशकः । वाचनिकं समदेशादिनियममङ्गीकृत्य चित्तैकाग्र्यविरुद्धेषु देशादिगतेषु प्राचीनप्रवणत्वादिष्वनादर इति सुहृद्भावेन सूत्रकृदुपदिशति । देशाद्याग्रहे चित्तविक्षेपात्समाधिभङ्गः स्यात्स मा भूदिति ॥११॥

आवश्यक है । क्या ऐसी उपासनायें दिशा, देश और काल से सम्बन्धित हैं अथवा नहीं क्योंकि प्रायशः सभी वैदिक कार्यों में दिगादि का नियम देखा गया है । अतः यहाँ पर भी नियम है, ऐसा जिन लोगों का निश्चय है उनका खण्डन करते हैं कि दिशा, देश एवं काल में प्रयोजन ही नियम है अर्थात् जिस देश में, जिस दिशा में और जिस काल में सरलता से मन में एकाग्रता आवे उसी में उपासना करनी चाहिए । पूर्व दिशा, पूर्वाह्ण काल, निम्न प्रदेश इत्यादि जैसे कर्मानुष्ठान के लिए सुने जाते हैं वैसा उपासना के लिए नहीं सुना जाता; एकाग्रता ही इष्ट है जो सर्वत्र अविशेषरूप से देखा जाता है । शङ्का—कुछ लोग दिगादि विशेष भी बतलाते हैं, जैसे—'समतल भूमि, पवित्र देश, सूक्ष्मपाषाणरूप शर्करा से रहित, अग्नि, बालुका, शब्दकोलाहल, जलाश्रयादि से विवर्जित, नेत्र को पीड़ा न देने वाले, मनोनुकूल गुहा तथा निवात स्थान में बैठकर मन को समाहित करे ।' समाधान—इस प्रकार का नियम ठीक है, किन्तु इस नियम के अन्तर्गत विशेष नियम का अभाव ही ऋषियों को इष्ट है इसीलिए सुहृद्भाव से आचार्य अनियम ही कहते हैं और इसीलिए श्रुति ने भी 'मनोनुकूले' ऐसा कहा है जिसका अभिप्राय है कि जहाँ पर चित्त की एकाग्रता हो वहीं पर ही साधना करनी चाहिए; देशादि का आग्रह करने पर चित्तविक्षेप के कारण समाधिभङ्ग न हो, ऐसा विशेष ध्यान रखने की बात है ॥११॥

८. आप्रायणाधिकरणम् (सू० १२)

(४८९) आप्रायणात्तत्रापि हि दृष्टम् ॥१२॥

उपास्तीनां यावदिच्छमावृत्तिः स्यादुतामृति । उपास्त्यर्थाभिनिष्पत्तेर्यावदिच्छं न तूपरि ।
अन्त्यप्रत्ययतो जन्म भाव्यतस्तत्प्रसिद्धये । आमृत्यावर्तनं न्याय्यं सदातद्भाववाक्यतः ॥

आवृत्तिः सर्वोपासनेष्वादर्तव्येति स्थितमाद्येऽधिकरणे । तत्र यानि तावत्सम्यग्दर्शनार्थान्युपासनानि तान्यवघातादिवत्कार्यपर्यवसानानीति ज्ञातमेवैषामावृत्तिपरिमाणम् । नहि सम्यग्दर्शने कार्ये निष्पन्ने यत्नान्तरं किंचिच्छासितुं शक्यम् । अनियोज्यब्रह्मात्मत्वप्रतिपत्तेः शास्त्रस्याविषयत्वात् । यानि [1]पुनरभ्युदयफलानि तेष्वेषा चिन्ता, किं कियन्तंचित्कालं प्रत्ययमावर्त्योपरमेदुत यावज्जीवमावर्तयेदिति । किं तावत्प्राप्तम् ? कियन्तंचित्कालं

आप्रायणात् । व्यवहितेनास्य संबन्धमाह—आवृत्तिरिति । अनियोज्ये ब्रह्मण्यात्मत्वप्रतिपत्तिर्यस्य तस्य विदुष इत्यर्थः । अहंग्रहोपासनेष्वनुष्ठानस्योभयथादृष्टेः संशयमाह—यानि पुनरिति । यथा दिगादि-

८. आप्रायणाधिकरण

१. सङ्गति—पूर्वोक्त रीति से उपासनाओं में दिगादि नियम न होने की भाँति उपासना में आवृत्ति का श्रवण भी नहीं है, अतः जीवनपर्यन्त उसका आवर्तन आवश्यक नहीं है; इस प्रकार पूर्व अधिकरण के साथ इसकी दृष्टान्त सङ्गति है।

२. विषय—इस अधिकरण में उपासना के आवर्तन पर विचार किया गया है।

३. संशय—कादाचित्क प्रत्ययाभ्यास अदृष्ट द्वारा उपास्यसाक्षात्कार का हेतु है अथवा निरन्तर प्रत्ययाभ्यास उपास्यसाक्षात्कार का कारण है ?

४. पूर्वपक्ष—अहंग्रह उपासनाओं का कुछ काल अभ्यास करके विराम दे देवें।

५. सिद्धान्त—जीवन के अन्तिम क्षण तक अहंग्रह उपासना का अनुष्ठान करते रहना चाहिए क्योंकि श्रुति एवं स्मृति में मरणकाल में भी ऐसे चिन्तनों को बनाये रखने का उपदेश किया गया है। 'स यावत्क्रतुरयमस्माल्लोकात्प्रैति' ऐसी श्रुति और 'यं यं वापि स्मरन्भावं त्यजत्यन्ते कलेवरम्' इस स्मृति से उपास्यप्रत्यय का अनुवर्तन देखा जाता है। अतः आमरण अहंग्रह उपासना करते रहना चाहिए।

आ प्रायणात्तत्रापि हि दृष्टम् (ललिता)

सभी उपासनाओं में आवृत्ति को आदर देने के लिए कहा है, ऐसा इस पाद के प्रथम अधिकरण में निश्चित हो चुका है। उनमें तत्त्वज्ञान की साधनभूत उपासनायें जो भी हैं वे तण्डुलनिष्पत्त्यर्थ अवघात की भाँति कार्यपर्यवसायी हैं, अतः उनमें आवृत्ति का परिणाम निश्चित ही है क्योंकि सम्यग्दर्शन कार्य सिद्ध करने में यत्नान्तर का उपदेश करना शक्य नहीं है। अनियोज्य ब्रह्मरूप आत्मा का बोध हो जाने पर वह तत्त्वज्ञानी शास्त्र का विषय नहीं रहता, इसीलिए शास्त्र का अङ्कुश भी उसके ऊपर नहीं रहता है। किन्तु जो अभ्युदयफलक उपासनायें हैं उनके सम्बन्ध में यह विचार करना आवश्यक हो जाता है कि कुछ समय तक अभ्यास करने के बाद उस उपासना को छोड़ देना चाहिए अथवा जीवनपर्यन्त करते रहना चाहिए। इस पर पूर्वपक्ष का कहना है कि कुछ काल तक ऐसी

१. तत्तल्लोकप्रापकाणि सगुणोपासनानीति यावत् ।

प्रत्ययमभ्यस्योत्सृजेदावृत्तिविशिष्टस्योपासनशब्दार्थस्य कृतत्वादिति ।

एवं प्राप्ते ब्रूमः––आप्रायणादेवावर्तयेत्प्रत्ययम् । अन्त्यप्रत्ययवशाददृष्टफलप्राप्तेः । कर्माण्यपि हि जन्मान्तरोपभोग्यं फलमारभमाणानि तदनुरूपं भावनाविज्ञानं प्रायणकाल आक्षिपन्ति, 'सविज्ञानो भवति सविज्ञानमेवान्ववक्रामति', 'यच्चित्तस्तेनैष प्राणमायाति', 'प्राणस्तेजसा युक्तः सहात्मना यथासङ्कल्पितं लोकं नयति' इति चैवमादिश्रुतिभ्यः । तृणजलूकानिदर्शनाच्च । प्रत्ययास्त्वेते स्वरूपानुवृत्तिं मुक्त्वा किमन्यत्प्रायणकालभावि भावनाविज्ञानमपेक्षेरन् ! तस्माद्ये प्रतिपत्तव्यफलभावनात्मकाः प्रत्ययास्तेषामाप्रायणादावृत्तिः । तथा च श्रुतिः—'स यावत्क्रतुरयमस्माल्लोकात्प्रैति' इति प्रायणकालेऽपि प्रत्ययानुवृत्तिं दर्शयति ।

नियमस्याविधेरनादरस्तद्वदामरणमुपस्यावृत्तेरविधानादनियम इति पूर्वपक्षः ।

मरणपर्यन्तमावृत्तिरिति सिद्धान्तयति––एवमिति । उपास्तीनां कर्मणां चान्त्यकाले प्राप्तव्यफलस्फूर्तिद्वारा फलहेतुत्वे मानमाह—सविज्ञान इति । 'भावनामयं विज्ञानं फलस्फुरण तेन सहितः सविज्ञानो विज्ञानस्फुरितफल विज्ञानमित्यर्थः । यस्मिँल्लोके चित्तं संकल्पोऽस्येति यच्चित्तस्तेन सङ्कल्पितेन लोकेन सह फलस्फूर्त्यनन्तरं मनः प्राणे लीयते इति यावत् । तेज उदानः । आत्मा जीवः । जलौकादृष्टान्तश्रुतेश्च भाविफलस्फूर्तिरस्तीत्यर्थः । अस्त्वेवमन्त्यफल विज्ञान कर्मणामिवादृष्टद्वारोपास्तीनां ततः कुत आमरणमावृत्तिरित्यत आह—प्रत्ययास्त्विति । उपास्तिप्रत्ययानां धारावाहिकतया स्वरूपानिवृत्तिरेवान्त्यं विज्ञानं, न त्वदृष्टद्वारकमन्यदपेक्षितं सर्वभावानामेव स्वसमानजातीयद्वारानपेक्षतया

उपासनाओं का अभ्यास करने के बाद उसका परित्याग कर देना चाहिए । आवृत्तिविशिष्ट ही उपासना शब्द का अर्थ है जिसका अभ्यास कुछ काल करने पर कृतार्थ हो जाता है ।

ऐसा पूर्वपक्ष होने पर हम सिद्धान्ती कहते हैं कि अन्तिम प्रत्यय के अनुसार अदृष्ट फल प्राप्त होता है, अतः मरणपर्यन्त उसका अभ्यास करना चाहिए । जन्मान्तर में उपभोग करने योग्य फल को देने वाले कर्म भी अपने अनुरूप संस्कारजन्य विज्ञान की प्रयाणकाल में अपेक्षा रखते हैं इसीलिए अन्तिम क्षण में शरीर त्याग करते समय जैसा स्फुरण होता है उसके अनुरूप ही जीव को शरीर एवं भोग्यवस्तु की प्राप्ति होती है । ऐसा ही 'शरीर त्याग करते समय जीव विज्ञानयुक्त हो जाता है, सविज्ञान फल को ही ग्रहण करता है', 'मरणासन्न व्यक्ति के चित्त में जो स्फुरण होता है उसके अनुसार वह प्राण में लीन होता है, प्राण तेज से युक्त हो जीव के साथ संकल्पित लोक को प्राप्त कराता है' इन श्रुतियों से सिद्ध होता है । तृणजलूका के दृष्टान्त से भी भावीफल अन्तिम स्फुरण के अनुरूप ही प्राप्त होता है । ये सब प्रत्यय स्वरूपावृत्ति को छोड़कर प्रायणकालभावी किस अन्य भावना विज्ञान को बतलायेंगे अर्थात् ये भावीफल देने वाले अन्तिम स्फुरण को ही बतला रहे हैं । अतः प्राप्तव्य फलभावनानुरूप जो अन्तिम प्रत्यय होते हैं उनके लिए यह आवश्यक हो जाता है कि मरणपर्यन्त अभ्यास बनाये रखे । ऐसा ही 'जीव अपने संकल्पानुरूप इस लोक से प्रस्थान करता है' इस वाक्य द्वारा श्रुति प्रायणकाल में भी प्रत्ययानुवर्तन को बतलाती है ।

---

१. वासना ।

६. तदधिगमाधिकरणम् (सू० १३)

(४६०) तदधिगम उत्तरपूर्वाघयोरश्लेषविनाशौ तद्व्यपदेशात् ॥१३॥

ज्ञानिनः पापलेपोऽस्ति नास्ति वाऽनुपभोगतः। अनाश इति शास्त्रेषु घोषाल्लेपोऽस्य विद्यते।
अकर्त्रात्मधिया वस्तुमहिम्नैव न लिप्यते। अश्लेषनाशावप्युक्तावज्ञे घोषस्तु सार्थकः॥

स्मृतिरपि—'यं यं वाऽपि स्मरन्भावं त्यजत्यन्ते कलेवरम्। तं तमेवैति कौन्तेय सदा तद्भावभावितः' (गी० ८-६) इति, 'प्रयाणकाले मनसाऽचलेन' (गी० ८-१०) इति च। 'सोऽन्तवेलायामेतत्त्रयं प्रतिपद्येत' इति च मरणवेलायामपि कर्तव्यशेषं श्रावयति॥१२॥

गतस्तृतीयशेषः। अथेदानीं ब्रह्मविद्याफलं प्रति चिन्ता प्रतायते। ब्रह्माधिगमे सति

प्रत्ययानां प्रत्ययान्तरापेक्षायोगात्, कर्मणां तु दृष्टद्वारान्त्यधीफलत्वानुपपत्तेः अदृष्टद्वारकल्पनेति भावः। क्रतुर्ध्यानम्। उपासक एतत्त्रयम् 'अक्षितमसि', 'अच्युतमसि' 'प्राणसंशितमसि' इति मन्त्रत्रयं मरणकालेऽपि स्मरेदित्यर्थः॥१२॥

यथोपासकानां यावज्जीवं कर्तव्यमस्ति न तथात्मविदामिति कर्मक्षयलक्षणां जीवन्मुक्तिमाह—तदधिगम इति। ज्ञानसाधनेषु फलाधिक्यार्थं फलाध्यायेऽपि साधनविचारः कृतः, संप्रति फलाध्यायस्था फलचिन्ता क्रियत इत्याह—गत इति। कर्मणां फलान्तत्वशास्त्राज्ज्ञाननाश्यत्वशास्त्राच्च संशयः,

---

'अन्त समय जिस-जिस पदार्थ का स्मरण करता हुआ जीव शरीरत्याग करता है उस-उस को ही प्राप्त करता है, हे कौन्तेय! क्योंकि वह सदा तद्भाव से भावित रहता है।' 'मरण के समय अचल मन से अपने ध्येय का चिन्तन करे' ये स्मृति भी ऐसा ही कहती हैं। 'वह उपासक मरते समय अक्षितमसि, अच्युतमसि, प्राणसंशितमसि—इन तीनों मन्त्रों का स्मरण करे' इस वाक्य द्वारा भी श्रुति उपासक के लिए मरणवेला में कर्तव्यशेष बतलाती है॥१२॥

६ तदधिगमाधिकरण

१. **सङ्गति**—उपासकों की भाँति ज्ञानियों के लिए कर्तव्य का निर्देश नहीं है, ऐसी प्रत्युदाहरण सङ्गति के कारण यह अधिकरण प्रारम्भ किया जा रहा है।

२. **विषय**—ज्ञानियों के पुण्यपापसंश्लेष का विचार इस अधिकरण में किया गया है।

३. **संशय**—ब्रह्मज्ञान हो जाने पर पूर्वोत्तर पाप के संश्लेष और विनाश होते हैं या नहीं?

४. **पूर्वपक्ष**—'नाभुक्तं क्षीयते कर्म कल्पकोटिशतैरपि' (भोगे बिना कर्म नष्ट नहीं होता, सौ कल्प बीत जाने पर भी) इस स्मृतिवाक्यानुसार भोगे बिना पापकर्म का क्षय नहीं होता, ऐसी प्रसिद्धि होने के कारण ज्ञानियों में भी पापकर्म का लेप होता ही है।

५. **सिद्धान्त**—ब्रह्मज्ञान हो जाने पर ज्ञान के उपरान्त किए हुए पाप का असंश्लेष होता है और ज्ञान से पूर्व इस जन्म में अथवा जन्मान्तर में सञ्चित पाप का विनाश हो जाता है। 'नाश नहीं होता' यह उद्घोष तो अज्ञानियों के लिए सार्थक है। अकर्ता आत्मबुद्धि से और आत्मस्वरूप की महिमा से भी ज्ञानी में पाप कर्म का लेप सम्भव नहीं है।

तदधिगम उत्तरपूर्वाघयोरश्लेषविनाशौ तद्व्यपदेशात्

फलाध्याय में भी अब तक आठ अधिकरणों द्वारा साधनों का विचार किया गया जिससे ज्ञानसाधनों में फलाधिक्य की सिद्धि हो, अब ब्रह्मविद्या के फल पर विचार किया जाता है। ब्रह्म-

तद्विपरीतफलं दुरितं क्षीयते न क्षीयते वेति संशयः। किं तावत्प्राप्तम् ? फलार्थत्वात्कर्मणः फलमदत्त्वा न सम्भाव्यते क्षयः। फलदायिनो ह्यस्य शक्तिः श्रुत्या समधिगता। यदि तदन्तरेणैव फलोपभोगमपवृज्येत श्रुति 'कदर्थिता स्यात्[1]। स्मरन्ति च 'नहि[2] कर्म क्षीयते' इति। नन्वेव सति प्रायश्चित्तोपदेशोऽनर्थकः प्राप्नोति। नैष दोषः। प्रायश्चित्तानां नैमित्तिकत्वोपपत्तेर्गृहदाहेष्ट्यादिवत्। अपिच प्रायश्चित्तानां दोषसंयोगेन विधानाद्भवेदपि दोषक्षपणार्थता, न त्वेवं ब्रह्मविद्यायां विधानमस्ति। नन्वनभ्युपगम्यमाने ब्रह्मविदः कर्मक्षये तत्फलस्यावश्यंभोक्तव्यत्वादनिर्मोक्षः स्यात्। नेत्युच्यते। देशकालनिमित्तापेक्षो मोक्षः

पूर्वपक्षे ज्ञानिनोऽपि संचितपापभोगानन्तरं मुक्तिः, सिद्धान्ते तु ज्ञानसमकालं पापनाशाज्जीवन्मुक्तिरिति फलम्। न हिंस्यादित्यादिनिषेधश्रुत्या दुरितादृष्टस्य दुःखदायिनी शक्तिरधिगता। 'नाभुक्तं क्षीयते कर्म' इति च स्मरन्ति। अतः फलान्तमेव पापं न मध्ये नश्यतीति पूर्वपक्षः। ननु तर्हि तन्नाशार्थं प्रायश्चित्तविधिर्न स्यादिति चेत्। न। यथा आहिताग्नेर्गृहदाहे निमित्ते सति 'अग्नये क्षामवते पुरोडाशमष्टाकपालं निर्वपेत्' इति इष्टिविधिस्तद्वद्दोषे निमित्तमात्रे सति प्रायश्चित्तविधेर्दोषनाशार्थत्वासिद्धेः। ननु विषम उपन्यासः, युक्तं गृहदाहस्य सिद्धत्वादयोग्यत्वाच्चाफलतया निमित्तमात्रत्वं दोषवान्प्रायश्चित्तं कुर्यादित्यत्र तु मलिनः स्नायादितिवद्दोषपदस्य निवृत्तिद्वारा फलपरत्वसंभवात् 'तरति ब्रह्महत्यां योऽश्वमेधेन यजते' इति प्रायश्चित्तात्पापनिवृत्तिश्रुतेश्चायुक्तं प्रायश्चित्तस्य नैमित्तिकत्वमित्यत आह— अपि चेति। ज्ञानस्य दोषनाशार्थतया विधानं नास्ति 'क्षीयन्ते चास्य कर्माणि' इत्यादेर्ज्ञानस्तावकमात्रत्वा-

ज्ञान हो जाने पर उसके विपरीत फल देने वाला पाप कर्म नष्ट हो जाता है या नहीं। कर्म फल देकरके ही नष्ट होता है या ज्ञान से कर्म नष्ट हो जाता है, ऐसे द्विविध शास्त्र को देखकर संशय होना स्वाभाविक है। इस पर पूर्वपक्ष का कहना है कि कर्म फल के लिए होता है, अतः फल दिये बिना कर्मों का क्षय होना सम्भव नहीं है। श्रुति से कर्मों में फल देने वाली शक्ति का निश्चय होता है, ऐसी स्थिति में यदि फलोपभोग के बिना ही कर्म का नाश माना जायेगा तो श्रुति कदर्थित हो जायेगी। 'फलभोग के बिना कर्म नष्ट नहीं होते' ऐसा महाभारत में भी कहा गया है। **शङ्का**—तब तो प्रायश्चित्त का उपदेश ही व्यर्थ पड़ जायेगा। **समाधान**—यह दोष देना ठीक नहीं। गृहदाह के निमित्त जैसे आहिताग्नि व्यक्ति को अग्नि की शान्ति के लिए अष्टाकपाल पुरोडाश का निर्वाप करना पड़ता है ऐसे ही प्रायश्चित्त में नैमित्तिकत्व माना गया है, अतः उसमें आनर्थक्य नहीं आता। इसके अतिरिक्त दोष के कारण प्रायश्चित का विधान होने से दोषनाश के लिए उसे मान भी लिया जाय, किन्तु ब्रह्मविद्या का विधान पापक्षयार्थ नहीं है जिससे कि ब्रह्मविद्या से पाप का क्षय माना जा सके। 'क्षीयन्ते चास्य कर्माणि' यह श्रुति तो ज्ञान को स्तुतिमात्र के लिए है। **शङ्का**—ब्रह्मज्ञानी के कर्म का क्षय न मानने पर उसका भोग ब्रह्मज्ञानी को अवश्य करना ही पड़ेगा, ऐसी स्थिति में मोक्षाभाव का प्रसङ्ग आ जायेगा। **समाधान**—ऐसा कहना ठीक नहीं। कर्मफल की भाँति मोक्ष भी देशान्तर

१. पीडिता स्यात्। २. कर्माणि क्षीयन्ते इति पाठांतरम्।

कर्मफलवद्भविष्यति । तस्मान्न ब्रह्माधिगमे दुरितनिवृत्तिरिति ।

एवं प्राप्ते ब्रूमः——तदधिगमे ब्रह्माधिगमे सत्युत्तरपूर्वयोरघयोरश्लेषविनाशौ भवतः उत्तरस्याश्लेषः पूर्वस्य विनाशः। कस्मात् ? तद्व्यपदेशात् । तथाहि ब्रह्मविद्याप्रक्रियायां सम्भाव्यमानसम्बन्धस्यागामिनो दुरितस्यानभिसम्बन्धं [1]विदुषो व्यपदिशति–'यथा पुष्करपलाश आपो न श्लिष्यन्त एवमेवंविदि पापं कर्म न श्लिष्यते' (छा० ४-१४-३) इति । तथा विनाशमपि पूर्वोपचितस्य दुरितस्य व्यपदिशति—'तद्यथेषीकातूलमग्नौ [2]प्रोतं प्रदूयेतैवं हास्य सर्वे पाप्मानः प्रदूयन्ते' (छा० ५-२४-३) इति । अयमपरः कर्मक्षयव्यपदेशो भवति–'भिद्यते हृदयग्रन्थिश्छिद्यन्ते सर्वसंशयाः । क्षीयन्ते चास्य कर्माणि तस्मिन्दृष्टे परावरे' (मु० २-२-८) इति ।

यदुक्तमनुपभुक्तफलस्य कर्मणः क्षयकल्पनायां शास्त्रं कदर्थितं स्यादिति । नैष दोषः । नहि वयं कर्मणः फलदायिनीं शक्तिमवजानीमहे विद्यत एव सा, सा तु विद्यादिना

विरयर्थः । कर्मभोगानन्तरं देशकालान्तरे मोक्षो भविष्यति शास्त्रप्रामाण्यादित्याह–नेत्युच्यत इति ।

ज्ञानात्कर्मक्षयस्यापूर्वत्वान्मानान्तराविरुद्धत्वाच्च तत्परानेकवाक्यानां स्तावकत्वायोगात्तस्यास्तित्वमिति सिद्धान्तयति–एवमित्यादिना । पापक्रियातोऽपूर्वानुत्पत्तिरश्लेषः । सगुणब्रह्मविद्यायां व्यपदेशमुक्त्वा निर्गुणायां तमाह—अयमपर इति ।

परोक्तं दूषयति–यदुक्तमित्यादिना । विधिनिषेधशास्त्रं 'नाभुक्तं क्षीयते' इत्यादि, स्मृतिश्च

एवं कालान्तर निमित्त की अपेक्षा रखेगा जो कर्मफलभोग के बाद ही मिलेगा। अतः ब्रह्मविद्या प्राप्त हो जाने पर पाप की निवृत्ति नहीं होती है।

ऐसा पूर्वपक्ष प्राप्त होने हम सिद्धान्ती कहते हैं कि ब्रह्मज्ञान होने पर सञ्चित पाप का नाश और आगामी पाप का असंश्लेष होता है। ऐसा ही ब्रह्मविद्या प्रसङ्ग में ज्ञानी के लिए आगामी पाप-सम्बन्ध का अभाव 'जैसे कमलपत्र पर जल संश्लिष्ट नहीं होते, ऐसे ही ब्रह्मज्ञानी में पाप कर्म का लेप नहीं होता' इस वाक्य द्वारा श्रुति बतलाती है। वैसे ही 'जिस प्रकार अग्नि में डाली हुई सरकण्डे की रुई तत्काल जल जाती है, ऐसे ही इस ज्ञानी के सभी पाप नष्ट हो जाते हैं' इस वाक्य के द्वारा श्रुति पूर्वसञ्चित पाप का नाश भी कहती है। इस प्रकार सगुण ब्रह्मविद्या में कर्मक्षय बतलाकर अग्रिम भाष्य से निर्गुणविद्या में भी कर्मक्षय का व्यपदेश करते हैं कि 'इस ज्ञानी के हृदय में रहने वाली अन्योन्याध्यासरूप ग्रन्थि नष्ट हो जाती है, इसके सभी संशय मिट जाते हैं और कर्म भी नष्ट हो जाते हैं जब उस परावर का साक्षात्कार कर लेता है।

और जो आप ने कहा था कि भोगे बिना कर्म का क्षय मानसे पर शास्त्र कदर्थित हो जायेगा, यह दोष देना ठीक नहीं है क्योंकि हम कर्म में फल देने वाली शक्ति की अवज्ञा नहीं करते हैं, वसी शक्ति तो कर्म में है ही; किन्तु विद्यादि कारणान्तर से वह शक्ति प्रतिबद्ध हो जाती है, ऐसा हम कहते हैं। कर्मफलबोधक शास्त्र शक्तिसद्भावमात्र को बतलाता है, प्रतिबन्ध और प्रतिबन्धाभाव को नहीं कहता है। 'कर्म नष्ट नहीं होता है' ऐसा स्मृतिवाक्य भी औत्सर्गिक है, इसका अर्थ है कि भोग के

१. उपासकस्य । २. प्रक्षिप्तम् । ३. अग्निर्हिमस्य भेषजमितिवन्न प्रमाणांतरसिद्धम् । ४. आदित्यो यूपः यजमानः प्रस्तर इत्यादिवन्न प्रमाणांतरविरुद्धम् ।

कारणान्तरेण प्रतिबध्यत इति वदामः । शक्तिसद्भावमात्रे च शास्त्रं व्याप्रियते न प्रतिबन्धाप्रतिबन्धयोरपि । नहि कर्म क्षीयत इत्येतदपि स्मरणमौत्सर्गिकं नहि भोगादृते कर्म क्षीयते तदर्थत्वादिति । इष्यत एव तु प्रायश्चित्तादिना दुरितस्य क्षयः 'सर्वं पाप्मानं तरति', 'तरति ब्रह्महत्यां योऽश्वमेधेन यजते य उ चैनमेवं वेद' इत्यादिश्रुतिस्मृतिभ्यः ।

यत्तूक्तं नैमित्तिकानि प्रायश्चित्तानि भविष्यन्तीति । तदसत् । दोषसंयोगेन चोद्यमानानामेषां दोष[१]निर्घातफलसंभवे फलान्तरकल्पनानुपपत्तेः ।

यत्पुनरेतदुक्तं न प्रायश्चित्तवद्दोषक्षयोद्देशेन विद्याविधानमस्तीति । अत्र ब्रूमः—सगुणासु तावद्विद्यासु विद्यत एव विधानम् । तासु च वाक्यशेष ऐश्वर्यप्राप्तिः पापनिवृत्तिश्च विद्यावत उच्यते तयोश्चाविवक्षाकारणं नास्तीत्यतः पाप्मप्रहाणपूर्वकैश्वर्यप्राप्तिस्तासां फलमिति निश्चीयते । निर्गुणायां तु विद्यायां यद्यपि विधानं नास्ति तथाप्यकर्त्रात्मत्वबोधात्कर्मप्रदाहसिद्धिः । अश्लेष [२]इति चागामिषु कर्मसु कर्तृत्वमेव न प्रतिपद्यते ब्रह्मविदिति [३]दर्शयति । अतिक्रान्तेषु तु यद्यपि मिथ्या[४]ज्ञानात्कर्तृत्वं प्रतिपेद इव तथापि विद्यासामर्थ्यान्मिथ्याज्ञाननिवृत्तेस्तान्यपि प्रविलीयन्त इत्याह—विनाश इति । पूर्वसिद्ध-

---

कर्मणः फलशक्तौ प्रमाणमतः शक्तस्यापि कुतश्चि[५]न्नाशाङ्गीकारेण शास्त्रविरोध इत्यर्थः ।

तत्त्वज्ञानमात्मन्यशेषदुरितनाशकं तन्मूलाध्यासबाधकत्वात्स्वप्नदुरितमूलकर्तृत्वाध्यासबाधकजाग्रद्बोधवदित्याह—तथाप्यकर्त्रात्मबोधादिति । [६]श्रुतार्थमेव युक्त्या द्रढयति—अश्लेष इति चेति । मूलाध्यासानुत्पत्तेः पापस्याश्लेषः, तन्नाशात्तद्विनाश इत्यर्थः । अध्यासाभावे विद्वदनुभवमाह—पूर्वेति ।

बिना कर्म नष्ट नहीं होता । पर प्रायश्चित्तादि से पाप का क्षय होना इष्ट ही है, इसीलिए तो 'जो अश्वमेध यज्ञ द्वारा यजन करता है और जो अश्वमेध की उपासना करता है वह सम्पूर्ण पापों को तर जाता है, ब्रह्महत्या पाप से भी छूट जाता है' ऐसा श्रुति-स्मृति कहती है । और जो आप ने कहा ने कहा कि प्रायश्चित्त नैमित्तिक माने जायेंगे, तो यह कहना ठीक नहीं है । दोष के कारण विधान किये गए प्रायश्चित्त को दोषापनयन फल सम्भव होने पर वहाँ फलान्तर की कल्पना नहीं बनती है ।

और जो आप ने कहा था कि प्रायश्चित्त की भाँति विद्या का विधान दोषनाश के उद्देश्य से नहीं किया गया है, इस पर हम कहते हैं कि सगुण उपासनाओं में विधान विद्यमान ही है और उनके वाक्यशेष में ऐश्वर्य की प्राप्ति एवं उपासक के लिए पापनिवृत्ति भी कही गयी है, उन दोनों की अविवक्षा का कोई कारण नहीं है; अतः पापनाशपूर्वक ऐश्वर्यप्राप्ति उन उपासनाओं का फल है, ऐसा निश्चत होता है । किन्तु निर्गुण विद्या में यद्यपि विधान नहीं है फिर भी अकर्ता आत्मतत्त्व के बोध से कर्म का दाह तो होता है । आगामी कर्मों में कर्तृत्व ही नहीं है, इसीलिए ज्ञानी का उसमें असंश्लेष श्रुति बतलाती है । हाँ, अतीत कर्मों में मिथ्याज्ञान के कारण यद्यपि कर्तृत्व प्राप्त थे फिर भी ब्रह्मविद्यासामर्थ्य से मिथ्याज्ञान की निवृत्ति हो जाने के कारण ब्रह्मज्ञानी के वे अतीत कर्म भी नष्ट हो जाते हैं जिसे सूत्रकार ने 'विनाशः' इस सूत्रांश से कहा है । भूत, भविष्यत्, एवं वतमान तीनों काल में मिथ्याज्ञान से प्रसिद्ध कर्तृत्व-भोक्तृत्व स्वरूप था, उसके विपरीत अकर्ता-अभोक्ता स्वरूप ब्रह्म मैं हूँ, अतः इससे पूर्व भी मैं कर्ता-भोक्ता नहीं था, आज नहीं हूँ, भविष्य में भी मैं नहीं रहूँगा,

---

१. निह्नुति । २. इति पदेनेत्यर्थः । ३. सूत्रकारः ४. अज्ञावस्थायाम् । ५. प्रतिबद्धत्वांगी । ६. सूत्रे इति शेषः ।

१०. इतरासंश्लेषाधिकरणम् (सू० १४)

(४६१)इतरस्याप्येवमसंश्लेषः पाते तु ॥१४॥

पुण्येन लिप्यते नो वा लिप्यतेऽस्य श्रुतत्वतः । नहि श्रौतेन पुण्येन श्रौतं ज्ञानं विरुध्यते ।
अश्लेषो वस्तुसामर्थ्यात्समानः पुण्यपापयोः । श्रुतं पुण्यं पापतया तरणं च समं श्रुतम् ॥

कर्तृत्वभोक्तृत्वविपरीतं हि त्रिष्वपि कालेष्वकर्तृत्वाभोक्तृत्वस्वरूपं ब्रह्माहमस्मि नेतः पूर्वमपि कर्ता भोक्ता वाहमासं नेदानीं नापि भविष्यत्काल इति ब्रह्मविदवगच्छति । एवमेव च मोक्ष उपपद्यते । अन्यथा ह्यनादिकालप्रवृत्तानां कर्मणां क्षयाभावे मोक्षाभावः स्यात् । नच देशकालनिमित्तापेक्षो मोक्षः कर्मफलवद्भवितुमर्हति । अनित्यत्वप्रसङ्गात् । परोक्षत्वानुपपत्तेश्च ज्ञानफलस्य । तस्माद्ब्रह्माधिगमे दुरितक्षय इति स्थितम् ॥१३॥

पूर्वस्मिन्नधिकरणे बन्धहेतोरघस्य स्वाभाविकस्याश्लेषविनाशौ ज्ञाननिमित्तौ शास्त्र-

---

मोक्षशास्त्रबलाच्च ज्ञानात्कर्मक्षयसिद्धिरित्याह—एवमेवेति । ज्ञानात्कर्मक्षये सत्येवेत्यर्थः । मोक्षस्य कर्मफलसाम्यमुक्तं निरस्यति—नचेति ॥१३॥

इतरस्यापि तु— । अतिदेशत्वान्न संगत्याद्यपेक्षा । ज्ञानात्पुण्यं क्षीयते न वेति पूर्ववत्संदेहे ज्ञानं

ऐसा ब्रह्मज्ञानी समझता है । मोक्ष का स्वरूप ऐसा ही है जिसे वह प्राप्त कर चुका है । यदि ऐसा नहीं मानोगे तो अनादि काल से प्रवृत्त कर्मों का क्षय न होने पर मोक्षाभाव का प्रसङ्ग आ जायेगा । कर्मफल की भाँति मोक्ष को देश-काल-निमित्त की अपेक्षा कहना ठीक नहीं क्योंकि देश-काल-निमित्त की अपेक्षा वाले मोक्ष में अनित्यत्व का प्रसङ्ग आ जायेगा और ज्ञान के फल मोक्ष में परोक्षत्व मानना भी ठीक नहीं । अतः ब्रह्मज्ञान होने पर पाप का क्षय होता ही है, यह निश्चित हो गया ॥१३॥

१०. इतरासंश्लेषाधिकरण

१. **सङ्गति**—जैसे ब्रह्मज्ञानियों के पूर्वपाप का विनाश और आगामी पाप का असंश्लेष कहा गया था, वैसे पुण्य का नहीं हो सकता क्योंकि श्रौत विज्ञान के साथ श्रुतिविहित पुण्यकर्म का विरोध नहीं है; इस प्रकार प्रत्युदाहरण सङ्गति के कारण यह अधिकरण प्रारम्भ किया जाता है ।

२. **विषय**—ज्ञानियों के पुण्य-पाप के संश्लेष-विनाश का विचार इस अधिकरण में किया गया है ।

३. **संशय**—क्या ज्ञानी का आगामी पुण्य के साथ असंश्लेष तथा उनके सञ्चित पुण्य का विनाश होता है या नहीं ?

४. **पूर्वपक्ष**—श्रौत पुण्य का श्रौत ब्रह्मज्ञान के साथ में कोई विरोध नहीं है, अतः ज्ञानी के सञ्चित पुण्य एवं आगामी पुण्य बने रहते हैं ।

५. **सिद्धान्त**—वस्तुसामर्थ्य के कारण पुण्य एवं पाप की स्थिति एक समान ही है, अतः ज्ञानी के पाप की भाँति सञ्चित पुण्य का भी नाश हो जाता है और आगामी पुण्य-पाप का असंश्लेष रहता है । पुनर्जन्म एवं भोग का कारण होने से पुण्य भी पाप ही कहा गया है, अतः पाप की भाँति पुण्य को भी तत्त्वज्ञानी तर जाता है, ऐसा श्रुति ने कहा है ।

व्यपदेशान्निरूपितौ । धर्मस्य पुनः शास्त्रीयत्वाच्छास्त्रीयेण ज्ञानेनाविरोध इत्याशङ्क्य तन्निराकरणाय पूर्वाधिकरणन्यायातिदेशः क्रियते ।

इतरस्यापि पुण्यस्य कर्मण एवमघवदसंश्लेषो विनाशश्च ज्ञानवतो भवतः । कुतः—? तस्यापि स्वफलहेतुत्वेन ज्ञानफलप्रतिबन्धित्वप्रसङ्गात् । 'उभे उ हैवैष एते तरति' (बृ० ४-४-२२) इत्यादिश्रुतिषु च दुष्कृतवत्सुकृतस्यापि प्रणाशव्यपदेशात् । अकर्त्रात्मत्व-बोधनिमित्तस्य च कर्मक्षयस्य सुकृतदुष्कृतयोस्तुल्यत्वात् । 'क्षीयन्ते चास्य कर्माणि' (मु० २-२-८) इति चाविशेषश्रुतेः यत्रापि केवल एव पाप्मशब्दो दृश्यते तत्रापि तेनैव पुण्य-मप्याकलितमिति द्रष्टव्यम् । ज्ञानफलापेक्षया पुण्यस्य निकृष्टफलत्वात् । अस्ति च श्रुतौ पुण्येऽपि पाप्मशब्दः 'नैनं सेतुमहोरात्रे तरतः' (छा० ८-४-१) इत्यत्र सह दुष्कृतेन सुकृत-मप्यनुक्रम्य सर्वे पाप्मानोऽतो निवर्तन्त इत्यविशेषेणैव प्रकृते पुण्ये पाप्मशब्दप्रयोगात् ।

तु न पुण्यनाशकं शास्त्रीयत्वात्पुण्यवदित्यधिकाशङ्कामुक्त्वातिदेशं व्याचष्टे—धर्मस्येत्यादिना ।

ज्ञानं पुण्यनाशकं 'तन्मूलाविद्याघातित्वादिति न्यायोपेतागमबाधितमनुमानमिति भावः । ननु क्षीयन्ते चेत्यविशेषश्रुतिः पापविषया सर्वं पाप्मानं तरतीति विशेषश्रुतेरित्यत आह—यत्रापि केवल

इतरस्याप्येवमसंश्लेषः पाते तु (ललिता)

पिछले अधिकरण में बन्ध के कारण स्वाभाविक पाप का ज्ञान से असंश्लेष एवं विनाश शास्त्र उपदेशानुसार बतलाया गया था । क्योंकि ज्ञान शास्त्रीय था, बन्धनहेतु पुण्य-पाप स्वाभाविक थे इसीलिए शास्त्रीय ज्ञान से स्वाभाविक बन्धनहेतु पुण्य-पाप का नाश कहना युक्तियुक्त है । पर शास्त्रीय ज्ञान से शास्त्रीय धर्म का विरोध नहीं है जिससे पाप की भाँति पुण्य का नाश ज्ञान द्वारा माना जा सके, ऐसी शङ्का होने पर उसके निराकरण के लिए पूर्वाधिकरण न्याय का अतिदेश इस अधिकरण में किया जाता है,

पाप से भिन्न पुण्य कर्म का भी पाप की भाँति ही ज्ञानियों के साथ असंश्लेष और विनाश होता है क्योंकि पुण्य कर्म को भी अपने फल का अवश्यकारण मानने पर ज्ञान-फल मोक्ष में प्रतिबन्धित्व का प्रसङ्ग आ जायेगा अर्थात् पुण्यकर्म यदि अपना फल अवश्यमेव देता ही रहेगा । तो उस स्थिति में ज्ञान का फल मोक्ष प्रतिबद्ध हो जायेगा । 'निःसन्देह यह ज्ञानी पुण्य-पाप दोनों को तर जाता है' इत्यादि श्रुतियों में दुष्कर्म की भाँति ज्ञानियों के सुकर्म का भी नाश बतलाया है । अकर्ता आत्मा का बोध हो जाने पर, जो कर्मक्षय का निमित्त है, उसमें पुण्य-पाप दोनों समान ही हैं, इसीलिए 'ज्ञानी के कर्म नष्ट हो जाते हैं' यह श्रुति अविशेषरूप से ज्ञान द्वारा सभी कर्मों का क्षय बतलाती है । जहाँ भी केवल पाप शब्द पढ़ा गया है वहाँ पर भी पाप शब्द से ही पुण्य का भी ग्रहण हो जाता है क्योंकि ज्ञानफल की अपेक्षा से पापफल की भाँति पुण्यफल भी निकृष्ट माना गया है, ऐसा समझना चाहिए । 'इस मोक्षरूप सेतुस्वरूप आत्मा को दिन-रात स्पर्श नहीं करते' इस श्रुति में पुण्य अर्थ में भी पाप शब्द का प्रयोग हुआ है । यहाँ पर पाप के साथ पुण्य का अनुक्रमणकर ज्ञानी के निकट से सभी पाप निवृत्त

---

१. स्वप्नपुण्यमूलाविद्याघातिजाग्रद्बोधवत् ।

११ अनारब्धाकार्याधिकरणम् (सू० १५)

(४९२) अनारब्धकार्ये एव तु पूर्वे तदवधेः ॥१५॥

आरब्धे नश्यतो नो वा सञ्चिते इव नश्यत । उभयत्राप्यकर्तृत्वतद्बोधो सदृशो खलु ।
आदेहपातसंसारश्रुतेरनुभवादपि । इषुचक्रादिदृष्टान्तान्नैवारब्धे विनश्यतः ।

पाते त्विति । तुशब्दोऽवधारणार्थः । एवं धर्माधर्मयोर्बन्धहेत्वोर्विद्यासामर्थ्यादश्लेषविनाशसिद्धेरवश्यंभाविनो विदुषः शरीरपाते मुक्तिरित्यवधारयति ॥१४॥

पूर्वयोरधिकरणयोर्ज्ञाननिमित्तः सुकृतदुष्कृतयोर्विनाशोऽवधारितः स किमविशेषेणारब्धकार्ययोरनारब्धकार्ययोश्च भवत्युत विशेषेणानारब्धकार्ययोरेवेति विचार्यते । तत्र 'उभे उ हैवैष एते तरति' (बृ० ४-४-२२) इत्येवमादिश्रुतिष्वविशेषश्रवणादविशेषेणैव क्षय इति ।

इति । पापपुण्यक्षयपराधिकरणद्वयस्य फलमाह—पाते त्विति ॥१४॥

अनारब्धकार्य एव तु । उक्तकर्मक्षयं विषयीकृत्य क्षीयन्ते चेत्यविशेषश्रुतेस्तस्य तावदेव चिरमिति श्रुतेश्च संशयमाह—पूर्वयोरिति । जीवन्मुक्त्यसिद्धिस्तत्सिद्धिश्चेत्युभयत्र फलम् । पूर्वसिद्धान्तन्यायेन पूर्वपक्षप्राप्तौ उक्तोत्सर्गतः कर्मक्षतिः प्रारब्धान्यकर्मविषयेत्यपवादं सिद्धान्तयति—एवमिति ।

हो जाते हैं, ऐसा अविशेषरूप से ही प्रसङ्गागत पुण्य में पाप शब्द का प्रयोग होता है। सूत्र के 'पाते तु' इस वाक्य में आया हुआ 'तु' शब्द अवधारणार्थक है। इस प्रकार बन्धन के कारण पुण्य-पाप का ब्रह्मविद्यासामर्थ्य से अश्लेष एवं विनाश हो जाने पर ज्ञानी को प्रारब्धक्षय होते ही मुक्ति अवश्यम्भावी है, ऐसा निश्चित हो जाता है ॥१४॥

११. अनारब्धाधिकरण

१. सङ्गति—ज्ञान के कारण से पुण्य-पाप का विनाश पिछले अधिकरणों में बतलाया गया, वह प्रारब्धकर्म से भिन्न का ही होता है; इस प्रकार उत्सर्गापवाद सङ्गति के कारण यह अधिकरण प्रारम्भ किया जाता है।

२. विषय—ज्ञानियों के आरब्ध पुण्य-पाप का विचार इस अधिकरण में किया गया है।

३. संशय—क्या ज्ञानियों के प्रारब्ध कर्म भी तत्त्वज्ञान से नष्ट हो जाते हैं या नहीं ?

४. पूर्वपक्ष—सञ्चित कर्म की भाँति प्रारब्ध कर्म का भी नाश बतलाना उचित है क्योंकि पूर्व की भाँति अकर्ता आत्मा का बोध ज्ञानी को यहाँ भी है ही।

५. सिद्धान्त—'उस ज्ञानी का विदेहकैवल्य प्राप्त करने में उतनी ही देर है जितनी देर तक प्रारब्ध कर्म का क्षय नहीं हो जाता' इस देहपातपर्यन्त संसारश्रुति एवं अनुभव से भी यह सिद्ध होता है कि ज्ञानी के आरब्ध पुण्य-पाप भोग से नष्ट होते हैं, ज्ञान से नहीं। इस विषय में छोड़े हुए बाण एवं कुलालचक्र का उदाहरण भी दिया जाता है कि जैसे छोड़ा हुआ बाण अपना काम करके गिर जाता है और कुलाल से चलाया हुआ चक्र कुछ क्षण तक चलता रहता है, ऐसे ही ब्रह्मज्ञान के पश्चात् भी प्रारब्ध कर्म सुख-दुःखादि फल देते रहते हैं।

अनारब्धकार्ये एव तु पूर्वे तदवधेः (ललिता)

पिछले दो अधिकरणों में ज्ञान से पुण्य-पाप का विनाश निश्चित किया गया। क्या वह नाश सामान्यतः आरब्ध कार्य एवं अनारब्ध कार्य; पुण्यपाप दोनों का ही होता है अथवा विशेषरूप से अनारब्ध

एवं प्राप्ते प्रत्याह—अनारब्धकार्ये एव त्विति । अप्रवृत्तफले एव पूर्वे जन्मान्तरसंचिते अस्मिन्नपि च जन्मनि प्राग्ज्ञानोत्पत्तेः संचिते सुकृतदुष्कृते ज्ञानाधिगमात्क्षीयेते न त्वारब्धकार्ये सामिभुक्तफले याभ्यामेतद् ब्रह्मज्ञानायतनं जन्म निर्मितम् । कुत एतत्?—'तस्य तावदेव चिरं यावन्न विमोक्ष्येऽथ संपत्स्ये' (छा० ६-१४-२) इति शरीरपातावधिकरणात् 'क्षेमप्राप्तेः इतरथा हि ज्ञानादशेषकर्मक्षये सति स्थितिहेत्वभावाज्ज्ञानप्राप्त्यनन्तरमेव क्षेममश्नुवीत तत्र शरीरपातप्रतीक्षां नाचक्षीत ।

ननु वस्तुबलेनैवायमकर्त्रात्मावबोधः कर्माणि क्षपयन्कथं कानिचित्क्षपयेत्कानिचिच्चोपेक्षेत । नहि समानेऽग्निबीजसंपर्के केषांचिद्बीजशक्तिः क्षीयते केषांचिन्न क्षीयत इति शक्यमङ्गीकर्तुमिति । उच्यते—न तावदनाश्रित्यारब्धकार्यं कर्माशयं ज्ञानोत्पत्तिरुपपद्यते । आश्रिते च तस्मिन्कुलालचक्रवत्प्रवृत्तवेगस्यान्तराले प्रतिबन्धासम्भवाद्भवति वेगक्षयप्रतिपालनम् ।

सामिशब्दोऽर्धवाचकः । प्रारब्धाद्यावन्न विमुच्यते तावानेव विलम्बस्तन्मोक्षे ब्रह्म संपद्यत इति श्रुत्यर्थः । देहपातावधिलिङ्गात्तत्त्वविदां याज्ञवल्क्यादीनां देहधारणश्रुतिस्मृतिलिङ्गाच्च प्रारब्धकर्मणस्तत्त्वज्ञानं प्रति हेतुत्वेनोपजीव्यत्वाच्च प्राबल्यसिद्धेस्तत्प्रतिबद्धं तत्त्वज्ञानं तत्सिद्ध्यर्थमविद्यांश विक्षेपशक्त्यात्मकं विहायावरकाविद्यांश नाशयतीत्याह—

कार्य (सञ्चित कार्य) वाले पुण्य-पाप का ही तत्त्वज्ञान से विनाश होता है, ऐसा विचार यहाँ पर उपस्थित हुआ है । इस पर 'यह ज्ञानी दोनों को तर जाता है' ऐसी श्रुतियों में अविशेष का श्रवण होने से अविशेष रूप से ही सञ्चित एवं प्रारब्ध सभी कर्मों का क्षय मान लेना चाहिए, ऐसा पूर्वपक्ष होने पर सूत्रकार कहते हैं कि ज्ञान से सञ्चित कर्मों का ही नाश होता है । जो जन्मान्तरसञ्चित पुण्य-पाप फल देने के लिए प्रवृत्त नहीं हुए हैं एवं इस जन्म में भी ज्ञानोत्पत्ति से पूर्व पुण्य-पाप किए जा चुके हैं, इन सभी को सञ्चित कर्म कहते हैं । ये सञ्चित पुण्य-पाप ज्ञान होते ही नष्ट हो जाते हैं । किन्तु जिन पुण्य-पाप कर्मों से ब्रह्मज्ञान का आयतन यह जन्म हुआ है जिसका आधा फल भोगा जा चुका है, ऐसे प्रारब्धकर्मस्वरूप पुण्य-पाप का ब्रह्मज्ञान से नाश नहीं होता क्योंकि 'ज्ञानी को विदेहकैवल्य प्राप्त करने में प्रारब्धक्षय की अपेक्षा होती है, प्रारब्धभोग समाप्त होते ही ज्ञानी विदेहकैवल्य को प्राप्त कर लेता है' इस श्रुति में विदेहकैवल्यप्राप्ति के लिए शरीरपात की सीमा बतलायी गयी है । यदि ऐसा नहीं मानोगे तो ज्ञान से सम्पूर्ण कर्मों का क्षय मानने पर जीवन का कोई हेतु न रहने के कारण ज्ञान होते ही विदेह कैवल्य प्राप्त कर लेगा, वहाँ पर विदेहकैवल्य की प्राप्ति के लिए शरीरपात की प्रतीक्षा बतलाना नहीं बनेगा ।

शङ्का—ब्रह्मरूप वस्तु के सामर्थ्य से यह अकर्ता आत्मबोध कर्मों का नाश करने वाला है, फिर भला वह आत्मज्ञान कुछ कर्मों को नष्ट करेगा और कुछ की उपेक्षा कर डालेगा, यह कैसे सम्भव है । समानरूप से अग्नि और बीज का सम्पर्क होने पर कुछ बीज की अंकुर उत्पादनशक्ति नष्ट हो जाती है और कुछ की नष्ट नहीं होती है, ऐसा किस प्रकार माना जा सकता है? **समाधान**—सिद्धान्ती

---

१. विदेहकैवल्यप्राप्तेः । २. शरीरम् ।

१२. अग्निहोत्राद्यधिकरणम् (सू० १६-१७)

नश्येन्नो वाग्निहोत्रादि नित्यं कर्म विनश्यति । यतोऽयं वस्तुमहिमा न क्वचित्प्रतिहन्यते ।
अनुषक्तफलांशस्य नाशेऽप्यन्यो न नश्यति । विद्यायामुपयुक्तात्वाद्भाव्यश्लेषस्तु काम्यवत् ।।

अकर्त्रात्मबोधोऽपि हि मिथ्याज्ञानबाधनेन कर्माण्युच्छिनत्ति । बाधितमपि तु मिथ्याज्ञानं द्विचन्द्रविज्ञानवत्संस्कारवशात्कंचित्कालमनुवर्तत एव । अपिच 'नैवात्र विवदितव्यं ब्रह्मविदः कंचित्कालं शरीरं ध्रियते न वा ध्रियते इति । 'कथं ह्येकस्य स्वहृदयप्रत्ययं ब्रह्मवेदनं देहधारणं चापरेण प्रतिक्षेप्तुं शक्येत । 'श्रुतिस्मृतिषु च स्थितप्रज्ञलक्षणनिर्देशेनैतदेव निरुच्यते । 'तस्मादनारब्धकार्ययोरेव सुकृतदुष्कृतयोर्विद्यासामर्थ्यात्क्षय इति निर्णयः ।।१५।।

उच्यते न तावदिति । **विक्षेपकाविद्यालेश एव तत्संस्कारः । शिष्यान्प्रति जीवन्मुक्तो स्वानुभवमाह**—अपिच नैवेति ।।१५।।

कहता है कि जिस कर्मसंस्कार ने फल देना प्रारम्भ कर दिया है उस आरब्धकार्य कर्मसंस्कार का आश्रय लिए बिना ज्ञान की उत्पत्ति होती ही नहीं और उसका आश्रय लेने पर प्रारब्धवेगक्षय की प्रतीक्षा वैसे ही करनी होती है जैसे कुम्हार के द्वारा चलाया गया चक्र तभी शान्त होता है जब उसका वेग मिट जाता है, बीच में प्रतिबन्ध का होना सम्भव नहीं है । अकर्ता आत्मबोध भी मिथ्याज्ञान को बाधने के बाद सञ्चित कर्मों को नष्ट करता है, बाधित मिथ्याज्ञान भी द्विचन्द्रादि ज्ञान की भाँति संस्कारवशात् कुछ क्षण बना ही रहता है । प्रारब्धक्षय होते ही तत्त्वज्ञान के द्वारा बाधित मिथ्याज्ञान सदा के लिए शान्त हो जाता है ।

इसके अतिरिक्त इस सम्बन्ध में विवाद नहीं करना चाहिए कि ब्रह्मज्ञानी का शरीर कुछ काल रहता है या नहीं रहता क्योंकि एक ही ब्रह्मज्ञानी के हृदय में रहने वाला ब्रह्मज्ञान ब्रह्म का बोध कराता है और देहधारण भी कराता है, इस पर दूसरे पुरुष का आक्षेप कैसे हो सकता है । श्रुति-स्मृति में स्थितप्रज्ञ का लक्षण बतलाकर यही कहा गया है कि ब्रह्मज्ञानी प्रारब्धक्षय होने तक लोककल्याण के लिए उपदेश करता रहता है । अतः सञ्चित पुण्य-पाप का ही ब्रह्मविद्यासामर्थ्य से क्षय होता है, प्रारब्ध का नहीं; ऐसा निर्णय हुआ ।।१५।।

१२. अग्निहोत्राद्यधिकरण

१. सङ्गति—इससे पूर्व अनारब्ध सभी कर्म तत्त्वज्ञान द्वारा उत्सर्गतः नष्ट हो जाता है ऐसा कहा गया है, किन्तु नित्य-नैमित्तिक कर्म से अतिरिक्त अनारब्ध कर्म के विषय में ही यह बात कही गयी है; ऐसे उत्सर्गापवाद सङ्गति के कारण इस अधिकरण को प्रारम्भ करते हैं ।

२. विषय—ज्ञान से पूर्व किये गए नित्य-नैमित्तिक कर्मों का विचार इस अधिकरण का विषय है ।

३. संशय—क्या अग्निहोत्रादि नित्य कर्म ज्ञान से नष्ट हो जाते है या नहीं ?

४. पूर्वपक्ष—ज्ञान से पूर्व इस जन्म अथवा जन्मान्तर में किया गया नित्य कर्म भी काम्य कर्म की भाँति अकर्ता आत्मवस्तु के बोध से नष्ट हो जाता है ।

---

१. जीवन्मुक्तो । २. विवादायोगे हेतुमाह कथं हीत्यादिना । ३. प्रमाणवत्त्वादपि जीवनमुक्तिः स्वीकार्येत्याह श्रुतिः ।
४. उक्तमुत्सर्गापवादमुपसंहरति तस्मादिति ।

(४९३) अग्निहोत्रादि तु तत्कार्यायैव तद्दर्शनात् ॥१६॥

पुण्यस्याप्यश्लेषविनाशयोरघन्यायोऽतिदिष्टः सोऽतिदेशः सर्वपुण्यविषय इत्याशङ्क्य प्रतिवक्ति—अग्निहोत्रादि त्विति। तुशब्द आशङ्कामपनुदति। यन्नित्यं कर्म वैदिकमग्निहोत्रादि तत्तत्कार्यायैव भवति ज्ञानस्य यत्कार्यं तदेवास्यापि कार्यमित्यर्थः। कुतः? 'तमेतं वेदानुवचनेन ब्राह्मणा विविदिषन्ति यज्ञेन दानेन' (बृ० ४-४-२२) इत्यादिदर्शनात्। ननु ज्ञानकर्मणोर्विलक्षणकार्यत्वात्कार्यैकत्वानुपपत्तिः। नैष दोषः। ज्वरमरणकार्ययोरपि दधिविषयोर्गुडमन्त्रसंयुक्तयोस्तृप्तिपुष्टिकार्यदर्शनात्। तद्वत्कर्मणोऽपि ज्ञानसंयुक्तस्य मोक्षकार्यत्वोपपत्तेः। नन्वनारभ्यो मोक्षः कथमस्य कर्मकार्यत्वमुच्यते। नैष दोषः। आरादुपकारकत्वात्कर्मणः। ज्ञानस्यैव हि प्रापकं सत्कर्म प्रणाड्या मोक्षकारणमित्युपचर्यते। अतः एव

अग्निहोत्रादि तु। नित्यं नैमित्तिकं कर्म ज्ञानान्नश्यति न वेति संदेहे उभे पुण्यपापे तरतीत्यविशेषश्रुतेर्नश्यतीत्याशङ्क्योत्तरस्याऽपीत्युक्तातिदेशस्य नित्याद्यतिरिक्तकाम्यपुण्यविषयत्वेनात्रापवादं सिद्धान्तयति—पुण्यस्येत्यादिना। अत्र पूर्वपक्षे ज्ञानार्थं नित्याद्यनुष्ठानासिद्धिः पङ्कक्षालनन्यायात्, सिद्धान्ते तु ज्ञानोत्पत्त्यर्थत्वात्तत्सिद्धिरिति विवेकः। अत्र भाष्ये ज्ञानकर्मणोः साक्षादेककार्यत्वं परमतेनोक्त्वा साक्षात्पारम्पर्याभ्यां मोक्षहेतुत्वं स्वमतमुक्तमिति मन्तव्यम्—अत एवेति। ज्ञानादूर्ध्वं कर्माभावात्पूर्व-

---

५. सिद्धान्त—नित्य कर्म के दो अंश हैं, एक अंश प्रधानरूप से चित्त को शुद्ध करता है और दूसरा अंश स्वर्गादि फल देता है। उनमें स्वर्गादि फलप्रद अंश ही तत्त्वज्ञान से नष्ट होता है, दूसरा चित्तशुद्धिप्रद अंश ब्रह्मज्ञान का उपकारक होने से नष्ट नहीं होता। ज्ञान के पश्चात् होने वाले नित्य कर्म का असंश्लेष काम्य कर्म ही होता है। लोक में भोग से क्षीण होने वाले व्रीहि आदि को नष्ट मानते हैं।

अग्निहोत्रादि तु तत्कार्यायैव तद्दर्शनात् (ललिता)

पाप की भाँति तत्त्वज्ञानी के पुण्य का भी असंश्लेष एवं विनाश होता है, ऐसा अतिदेश पिछले अधिकरण में किया गया था। वह अतिदेश सभी पुण्यों के सम्बन्ध में है, ऐसी शङ्का मन में रखकर सूत्रकार उसका उत्तर अग्रिम सूत्र से देते हैं। 'अग्निहोत्रादि तु' इस सूत्र में आया हुआ 'तु' शब्द आशङ्का की व्यावृत्ति करता है कि जो नित्य अग्निहोत्रादि वैदिक धर्म हैं वे तो ज्ञान के कार्य के लिए ही है क्योंकि उनका अनुष्ठान तत्त्वज्ञान का सहायक है। ऐसा ही 'उस आत्मा को स्वाध्याय द्वारा ब्राह्मण जानना चाहते हैं, यज्ञानुष्ठान, दान, तप और उपवास से उस आत्मा को जानना चाहते हैं' इत्यादि स्थलों में देखा गया है। पूर्वपक्षी—ज्ञान एवं कर्म के कार्य भिन्न-भिन्न होते हैं, इन दोनों के कार्य एक कहना ठीक नहीं है अर्थात् ज्ञान एवं वैदिक नित्य कर्म मोक्ष के कारण हैं, ऐसा कहना ठीक नहीं है। सिद्धान्ती—यह कोई दोष नहीं हैं। दधि ज्वर का कारण और विष मरण का कारण है फिर भी गुड़संयुक्त दधिभक्षण से तृप्ति होती है और मन्त्रसंयुक्त विषभक्षण से पुष्टिकार्य होते देखा गया है, वैसे ही ज्ञानसंयुक्त कर्म में भी मोक्षकार्यत्व कहना असङ्गत नहीं है। पूर्वपक्षी—मोक्ष अनारम्भणीय है, उसे कर्म का कार्य कैसे कह रहे हैं। सिद्धान्ती—यह दोष नहीं है। हम कर्म को मोक्ष का आरात उपकारक (बहिरङ्ग साधन) मानते हैं, वैदिक नित्य कर्म अन्तःशुद्धि द्वारा ज्ञान का ही प्रापक है। इस प्रकार परम्परया मोक्ष के कारण उस कर्म को औपचारिक दृष्टि से माना गया है, इसीलिए

(४६४) अतोऽन्यापि ह्येकेषामुभयोः ॥१७॥

चातिक्रान्तविषयमेतत्कार्यैकत्वाभिधानम् । नहि ब्रह्मविद आगाम्यग्निहोत्रादि सम्भवति । [१]अनियोज्यब्रह्मात्मत्वप्रतिपत्तेः शास्त्रस्याविषयत्वात् । सगुणासु तु विद्यासु कर्तृत्वानतिवृत्तेः सम्भवत्यागाम्यप्यग्निहोत्रादि । [२]तस्यापि निरभिसंधिनः कार्यान्तराभावाद्विद्यासंगत्युपपत्तिः ॥१६॥

किंविषयं पुनरिदमश्लेषविनाशवचनं किंविषयं वाऽदो विनियोगवचनमेकेषां शाखिनाम् 'तस्य पुत्रा दायमुपयन्ति सुहृदः साधुकृत्यां द्विषन्तः पापकृत्याम्' इति । अत उत्तरं पठति—

अतोऽग्निहोत्रादेर्नित्यात्कर्मणोऽन्यापि ह्यस्ति साधुकृत्या या फलमभिसंधाय क्रियते तस्या एष विनियोग उक्त एकेषां शाखिनाम् 'सुहृदः साधुकृत्यामुपयन्ति' इति । तस्या एव चेवमघवदश्लेषविनाशनिरूपणमितरस्याप्येवमश्लेष इति । तथा एवं जातीयकस्य काम्यस्य कर्मणो विद्यां प्रत्यनुपकारकत्वे [३]सम्प्रतिपत्तिरुभयोरपि जैमिनिबादरायणयोराचार्ययोः ॥१७॥

कर्मविषयमित्यर्थः । निर्गुणविद्यायाः कर्मसाहित्यं तृप्तिं प्रति भोजनस्य लाङ्गलेनेव दर्शितं, संप्रति सगुणविद्यापरत्वेन सूत्रस्या[४]ऽञ्जस्यमाह—सगुणास्विति ॥१६॥

उत्तरसूत्रार्थं गृह्णाति—किमित्यादिना । यत्प्रारब्धादन्यत्काम्यं पुण्यं पापं च तदेव विद्वत्सुहृद्द्विषतोः स्वसमानजातीयं कर्म जनयति स्वयं च ज्ञानान्नश्यतीति भावः ॥१७॥

पिछले अधिकरण मे ज्ञान तथा नित्य वैदिक कर्म में कार्यैकत्व कहा गया था । ब्रह्मज्ञानी का आगामी अग्निहोत्रादि सम्भव नहीं है । अनियोज्य ब्रह्म को आत्मरूप से जान लेने के कारण वह शास्त्र का विषय नहीं है । किन्तु सगुण उपासनाओं में कर्तृत्व बना रहता है, इसीलिए सगुण ब्रह्म उपासक आगामी अग्निहोत्रादि कर्म कर सकते हैं । वह सगुण उपासक भी निष्कामभाव से अग्निहोत्रादि का अनुष्ठान करे तो उसका फल अन्य न होने के कारण विद्या के साथ सम्बद्ध हो जाता है ॥१६॥

अतोऽन्यापि ह्येकेषामुभयोः (ललिता)

यह अश्लेषविनाशवचन किसे बतला रहा है और वह विनियोगवचन किसे बतलाता है ? इस प्रश्न का उत्तर अग्रिम सूत्र से दिया जाता है । 'जीवनमुक्त तत्त्वज्ञानी के धनादि के भागीदार उसके पुत्र एवं शिष्य हो जाते हैं, उसके शुभ कर्म के भागीदार सुहृद् होते हैं और उसके पाप कर्म के भागीदार द्वेषी होते हैं' ऐसा कुछ शाखा वालों ने कहा है, इस पर जो अभी पूर्वोक्त शङ्का उठाई गयी है उसका उत्तर भगवान् बादरायण देते हैं कि नित्य अग्निहोत्रादि कर्म मे भिन्न भी शुभ कर्म हैं जिनका अनुष्ठान फलाकांक्षापूर्वक पुरुष करता है । ऐसे कर्मों का ही यह विनियोग एक शाखावालों ने बतलाया है कि 'ज्ञानी के शुभ कर्म के भागीदार उसके सुहृद् होते हैं । ' इसीलिए पाप की भाँति उसके पुण्य का अश्लेष और विनाश इतरस्याप्येवमश्लेषः' इस वाक्य से किया गया है । इस प्रकार सकाम कर्म विद्या का उपकारक नहीं है, इस सम्बन्ध में जैमिनि और बादरायण दोनों ही आचार्यों की सहमति है ॥१७॥

---

१. अनियोज्येब्रह्मण्यात्मत्व प्रतिपत्तिर्यस्य तस्य विदुष इत्यर्थः । २. कर्मणः । ३. सम्मतिः । ४. वास्तवत्वम् ।

१३. विद्याज्ञानसाधनत्वाधिकरणम् (सू० १८)

(४९५) यदेव विद्ययेति हि ॥१८॥

किमङ्गोपास्तिसंयुक्तमेव विद्योपयोग्युत । केवलं वा प्रशस्तत्वात्सोपास्त्येवोपयुज्यते ।
केवलं वीर्यवद्विद्यासंयुक्तं वीर्यवत्तरम् । इति श्रुतेस्तारतम्यादुभयं ज्ञानसाधनम् ॥

समधिगतमेतदनन्तराधिकरणे नित्यमग्निहोत्रादिकं कर्म मुमुक्षुणा मोक्षप्रयोजनोद्देशेन कृतमुपात्तदुरितक्षयहेतुत्वद्वारेण सत्त्वशुद्धिकारणतां प्रतिपद्यमानं मोक्षप्रयोजनब्रह्माधिगमनिमित्तत्वेन ब्रह्मविद्यया सहैककार्यं भवतीति । तत्राग्निहोत्रादि कर्माङ्गव्यपाश्रयविद्यासंयुक्त केवल चास्ति । 'य एवं विद्वान्यजति', 'य एवं विद्वाञ्जुहोति,' 'य एवं विद्वाञ्छंसति', 'य एवं विद्वान्गायति', 'तस्मादेवंविदमेव ब्रह्माणं कुर्वीत नानेवंविदं' (छा० ४-१७-१०), 'तेनोभौ कुरुतो यश्चैतदेवं वेद यश्च न वेद' (छा० १-१-१०) इत्यादिवचनेभ्यो विद्यासंयुक्तमस्ति केवलमप्यस्ति । तत्रेदं विचार्यते—किं विद्यासंयुक्तमेवाग्निहोत्रादिकं कर्म मुमुक्षोर्विद्याहेतुत्वेन तया सहैककार्यत्वं प्रतिपद्यते न केवलमुत विद्यासंयुक्तं केवलं चाविशेषेणेति । कुतः

यदेव विद्ययेति हि । उक्तनित्यादिकं विषयमुपजीव्य सबीज संशयमुक्त्वा पूर्वपक्षमाह—

१३. विद्याज्ञानसाधनाधिकरण

१. सङ्गति—नित्यादि कर्म के विषय में कुछ और भी विचार करना है, अतः एकविषयत्व सङ्गति के कारण इस अधिकरण को कहा गया है।

२. विषय—उपासनायुक्त नित्यादि कर्म का विचार इस अधिकरण में किया गया है।

३. संशय—क्या अङ्ग उपासना के सहित कर्म विद्योपयोगी है अथवा केवल कर्म भी ?

४. पूर्वपक्ष—प्रशस्त होने के कारण उपासनासहित कर्म विद्योपयोगी होता है. केवल कर्म नहीं।

५. सिद्धान्त—'यदेव विद्यया करोति श्रद्धयोपनिषदा तदेव वीर्यवत्तरं भवति' इस श्रुति के अनुसार उपासनासहित कर्म में अतिशय बतलाने वाली श्रुति ने उपासनारहित कर्म को भी विद्योत्पत्ति में उपकारक माना है, अतः सोपासन और निरुपासन दोनों ही कर्म विद्या के साधन हैं।

यदेव विद्ययेति हि (ललिता)

पिछले अधिकरण में अच्छी प्रकार से समाधान किया गया कि मुमुक्षु मोक्षप्रयोजन के उद्देश्य से अग्निहोत्रादि कर्म करता है, वह कर्म पापक्षय द्वारा अन्तःशुद्धि का कारण बनकर मोक्षप्रयोजन के साधन ब्रह्मज्ञान के प्रति निमित्त बन जाता है, इसीलिए ब्रह्मविद्या के साथ ऐसे कर्म को एक कार्य मोक्ष का उत्पादक मानते हैं। यहाँ यह प्रश्न होता है कि अग्निहोत्रादि कर्म अङ्गाश्रित उपासना से युक्त हो ब्रह्मज्ञान का उपकारक है अथवा केवल अग्निहोत्रादि कर्म ब्रह्मज्ञान का उक्त रीति से उपकारक है। 'जो इस प्रकार जानने वाला याग करता है, होम करता है और इस प्रकार विद्वान् शंसन करता है एवं उद्गान करता है, इसीलिए ऐसे विद्वान् को ही ब्रह्मा का पद देवें, दूसरे का नहीं।' 'इससे दोनों ही कर्म करते हैं, जो ऐसी उपासना करता है और जो ऐसी उपासना नहीं करता' इत्यादि श्रुतिवाक्यों से उपासनासंयुक्त कर्म और केवल कर्म, दोनों ही ब्रह्मविद्या के उपकारक हैं। यहाँ पर यह विचार उत्पन्न होता है कि क्या उपासनायुक्त ही अग्निहोत्रादि कर्म मुमुक्षु के ज्ञान का कारण है, अतः उपासना के साथ एककार्यत्व को कर्म प्राप्त करता है, केवल कर्म नहीं अथवा अविशेषरूप से

संशय:?—'तमेतमात्मानं यज्ञेन विविदिषन्ति' इति यज्ञादीनामविशेषेणात्मवेदनाङ्गत्वेन श्रवणात्। विद्यासंयुक्तस्य चाग्निहोत्रादेर्विशिष्टत्वावगमात्। किं तावत्प्राप्तं, ? विद्यासंयुक्तमेव कर्माग्निहोत्राद्यात्मविद्याशेषत्वं प्रतिपद्यते न विद्याहीनम्। विद्योपेतस्य विशिष्टत्वावगमाद्विद्याविहीनात्। 'यदहरेव जुहोति तदहः पुनर्मृत्युमपजयत्येवं विद्वान्' इत्यादिश्रुतिभ्यः। 'बुद्ध्या युक्तो यया पार्थ कर्मबन्धं प्रहास्यसि' (गी० २-३९),।'दूरेण ह्यवरं कर्म बुद्धियोगाद्धनंजय' (गी० २-४९) इत्यादिस्मृतिभ्यश्चेति।

एवं प्राप्ते प्रतिपद्यते—यदेव विद्ययेति हि। सत्यमेतत्। विद्यासंयुक्तं कर्माग्निहोत्रादिकं विद्याविहीनात्कर्मणोऽग्निहोत्राद्विशिष्टं विद्वानिव ब्राह्मणो विद्याविहीनाद्ब्राह्मणात्। तथापि नात्यन्तमनपेक्षं विद्याविहीनं कर्माग्निहोत्रादिकम्। कस्मात्? 'तमेतमात्मानं यज्ञेन विविदिषन्ति' इत्यविशेषेणाग्निहोत्रादेर्विद्याहेतुत्वेन श्रुतत्वात्। ननु विद्यासंयुक्तस्याग्निहोत्रादेर्विद्याविहीनाद्विशिष्टत्वावगमाद्विद्याविहीनमग्निहोत्राद्यात्मविद्याहेतुत्वे नानपेक्षमेवेति युक्तम्। नैतदेवम्। 'विद्यासहायस्याग्निहोत्रादेर्विद्यानिमित्तेन सामर्थ्यातिशयेन

विद्यासंयुक्तमेवेति। अत्र पूर्वपक्षे कर्माङ्गोपास्तिहीनकर्मणो ज्ञानार्थत्वासिद्धिः, सिद्धान्ते तत्सिद्धिरिति भेदः। भवतु विद्याविशिष्टस्य कर्मणो ज्ञानं प्रति शीघ्रकारित्वाख्यः कश्चिदतिशयो विद्यासामर्थ्यात्। नैतावता केवलस्य वैयर्थ्यं विविदिषाश्रुतिविरोधात्। नच तत्र श्रुतौ यज्ञादिशब्दानां

उपासनायुक्त और केवल कर्म भी मोक्ष के साधन ब्रह्मविद्या का उपकारक है। यह संशय क्यों होता है? 'इस आत्मा को यज्ञानुष्ठान द्वारा ब्राह्मण जानना चाहते हैं' इस वाक्य द्वारा यज्ञादि कर्मों का अविशेषरूप से आत्मज्ञान के अङ्गरूप से श्रवण होता है, उपासनासंयुक्त अग्निहोत्रादि कर्म में वैशिष्ट्य का बोध होता है। इसलिए यह सन्देह होता है कि विद्यासयुक्त ही अग्निहोत्रादि कर्म आत्मज्ञान का अङ्ग है या विद्याहीन कर्म ज्ञान का अङ्ग है। उपासनाहीन कर्म की अपेक्षा उपासनायुक्त कर्म में 'जिस दिन होम करता है उसी दिन पुनर्मृत्यु को ऐसा उपासक जीत लेता है' इत्यादि श्रुतियों से उपासनाहीन कर्म की अपेक्षा उपासनायुक्त कर्म में वैशिष्ट्य का बोध होता है। हे अर्जुन! जिस बुद्धि से युक्त हो तू कर्मबन्धन को त्याग देगा (उसे मैं बतलाऊँगा)' 'हे धनंजय! बुद्धियोग की अपेक्षा केवल कर्म अत्यन्त तुच्छ माना गया है' इत्यादि स्मृतिवाक्यों से भी ऐसा ही अर्थ प्रतीत होता है।

ऐसा पूर्वपक्ष प्राप्त होने पर सिद्धान्ती कहता है कि उपासना के सहित किया हुआ कर्म अधिक फलप्रद होता है, ऐसा जो कहा वह ठीक ही है। अतः उपासनारहित कर्म की अपेक्षा उपासनासहित कर्म श्रेष्ठ हैं, इसीलिए अग्निहोत्रादि कर्म के वैशिष्ट्य को जानने वाला ब्राह्मण उपासनाहीन ब्राह्मण की अपेक्षा श्रेष्ठ सा कहा गया है। फिर भी उपासनारहित अग्निहोत्रादि कर्म सर्वथा अनपेक्ष्य नहीं हैं क्योंकि 'इस आत्मा को यज्ञ द्वारा ब्राह्मण जानना चाहते हैं' इस श्रुति में अविशेषरूप से अग्निहोत्रादि कर्म को भी विद्या का कारण माना है। पूर्वपक्ष—विद्यासहित अग्निहोत्रादि कर्म में विद्याहीन कर्म की अपेक्षा वैशिष्ट्य का बोध होने से उपासनाहीन अग्निहोत्रादि आत्मज्ञान के कारणरूप से

१. एतत्संग्रहं विवृणोति।

१४. इतरक्षपणाधिकरणम् (सू० १९)

बहुजन्मप्रदारब्धयुक्तानां नास्त्युतास्ति मुक् । विद्यालोपे कृतं कर्म फलदं तेन नास्ति मुक् ।
प्रारब्धं भोजयेदेव न तु विद्यां विलोपयेत् । सुप्तबुद्धवदश्लेषतादवस्थ्यात्कुतो न मुक् ॥

योगाद्वात्मज्ञानं प्रति कश्चित्कारणत्वातिशयो भविष्यति न तथा विद्याविहीनस्येति युक्तं कल्पयितुम् । न तु 'यज्ञेन विविदिषन्ति' इत्यत्राविशेषेणात्मज्ञानाङ्गत्वेन श्रुतस्याग्निहोत्रादेरनङ्गत्वं शक्यमभ्युपगन्तुम् । तथाहि श्रुतिः—'यदेव विद्यया करोति श्रद्धयोपनिषदा तदेव वीर्यवत्तरं भवति' (छा० १-१-१०) इति विद्यासंयुक्तस्य कर्मणोऽग्निहोत्रादेर्वीर्यवत्तरत्वाभिधानेन स्वकार्यं प्रति कंचिदतिशयं ब्रुवाणा विद्याविहीनस्य तस्यैव तत्प्रयोजनं प्रति वीर्यवत्त्वं दर्शयति । कर्मणश्च वीर्यवत्त्वं तद्यत्²स्वप्रयोजनसाधनप्रसहत्वम् । तस्माद्विद्यासंयुक्तं नित्यमग्निहोत्रादि विद्याविहीनं¹चोभयमपि मुमुक्षुणा मोक्षप्रयोजनोद्देशेनेह जन्मनि जन्मान्तरे च प्राग्ज्ञानोत्पत्तेः कृतं यत्तद्यथासामर्थ्यं ब्रह्माधिगमप्रतिबन्धकारणोपात्तदुरितक्षयहेतुत्वद्वारेण ब्रह्माधिगमकारणत्वं प्रतिपद्यमानं श्रवणमननश्रद्धाध्यानतात्पर्याद्यन्तरङ्गकारणापेक्षं ब्रह्मविद्यया सहैककार्यं भवतीति स्थितम् ॥१८॥

विद्योपेतकर्मपरतया संकोचो युक्तः । हि यतः । 'यदेव विद्यया' इति श्रुतिः केवलस्याऽपि वीर्यवत्त्वं गमयतीति सिद्धान्तग्रन्थार्थः ॥१८॥

अपेक्षित नहीं है, ऐसा मानना ही युक्तियुक्त है । **सिद्धान्त**—ऐसा मानना ठीक नहीं क्योंकि विद्यासहित अग्निहोत्रादि में ब्रह्मज्ञान का निमित्त होने से सामर्थ्य अतिशय जान पड़ता है, इससे आत्मज्ञान के प्रति उसमें कोई करणत्व अतिशय हो जायेगा ! वैसा अतिशय विद्याविहीन कर्म में नहीं है, ऐसी कल्पना कर सकते हैं । किन्तु **'यज्ञेन विविदिषन्ति'** इस श्रुति द्वारा अविशेषरूप से आत्मज्ञान का अङ्ग जब अग्निहोत्रादि सुना जा चुका है तो उसमें अङ्गत्वाभाव नहीं मान सकते, इसीलिए तो 'जब उपसना के सहित, श्रद्धा और रहस्यज्ञानपूर्वक कर्म करता है तब वही कर्म अधिक शक्तिशाली हो जाता है' इस वाक्य द्वारा श्रुति उपासनासहित अग्निहोत्रादि कर्म में अतिशय सामर्थ्य का अभिधान करके अपने कार्य के प्रति किंचित् अतिशय बतलाती हुई उपासनाहीन उसी अग्निहोत्रादि कर्म में आत्मज्ञान के प्रति वीर्यवत्त्व तो बतलाती ही है । कर्म में वीर्यवत्ता यही है जो अपने प्रयोजन सिद्ध कर सकता है । अतः उपासनासहित अग्निहोत्रादियुक्त कर्म और उपासनारहित उक्त कर्म दोनों ही प्रकार से मोक्षप्रयोजन के उद्देश्य से मुमुक्षु द्वारा ज्ञान उत्पत्ति से पूर्व इस जन्म में अथवा जन्मान्तर में जब किया जाता है तब वह शक्ति के अनुसार ब्रह्मज्ञान के प्रतिबन्धक पाप को क्षीणकर ब्रह्मज्ञान का कारण बन जाता है; फिर तो श्रवण, मनन, श्रद्धापूर्वक ध्यान की तत्परता जो ब्रह्मज्ञान के अन्तरङ्ग कारण हैं, उनकी अपेक्षाकर ब्रह्म उपासना के साथ मोक्षरूप एक फल अग्निहोत्रादि नित्य कर्म देता है, यह निश्चित हो गया ॥१८॥

१४. इतरक्षपणाधिकरण

१. सङ्गति—सञ्चित कर्म की भाँति आरब्ध कर्म का तत्वज्ञान से क्षय क्यों नहीं मानते, ऐसा आक्षेप होने पर यह अधिकरण प्रारम्भ किया गया है ।

---

१. कर्म । २. स्वप्रयोजनसाधकत्वमिति पाठांतरम् ।

(४९६) भोगेन त्वितरे क्षपयित्वा सम्पद्यते ॥१९॥

अनारब्धकार्ययोः पुण्यपापयोर्विद्यासामर्थ्यात्क्षय उक्तः। इतरे त्वारब्धकार्ये पुण्यपापे उपभोगेन क्षपयित्वा ब्रह्म सम्पद्यते 'तस्य तावदेव चिरं यावन्न विमोक्ष्येऽथ सम्पत्स्ये' (छा० ६-१४-२) इति 'ब्रह्मैव सन्ब्रह्माप्येति' इति चैवमादिश्रुतिभ्यः। ननु सत्यपि सम्यग्दर्शने यथा प्राग्देहपाताद्भेददर्शनं द्विचन्द्रदर्शनन्यायेनानुवृत्तमेवं पश्चादप्यनुवर्तेत। न निमित्ताभावात्। उपभोगेन शेष[1]क्षपणं हि तत्रानुवृत्तिनिमित्त न च तादृशमत्र किंचिदस्ति। नन्वपरः

भोगेन त्वितरे क्षपयित्वा संपद्यते। तत्त्वविदत्र विषयः, स किं प्रारब्धक्षयानन्तरं संसरत्युत नेति निमित्तभावाभावाभ्यां सशये सिद्धान्तमुपक्रमते—अनारब्धेति। अनारब्धकर्मणः क्षयोक्तावार-ब्धस्य कथ क्षय इत्याकाङ्क्षायामस्योत्थानात्सङ्गतिः। पूवपक्ष विदेहकैवल्यासिद्धिः सिद्धान्ते तत्सि-द्धिरिति भेदः। देहपातोत्तरमपि तत्त्ववित्ससरति संसारयोग्यत्वाद्यथा देहपातात्पूर्वमित्यनारब्धाधि-करणदृष्टान्तेन पूवपक्षमाह—नन्विति। भोगनिमित्तकर्माभावाद्वैत्वसिद्धिः। यत्तु संचितं कर्मान्तरं

२. विषय—प्रारब्ध कर्म के क्षय का विचार इस अधिकरण में किया गया है।

३. संशय—क्या तत्त्वज्ञानी भी प्रारब्धक्षय के पश्चात् जन्म ग्रहण करता है या नहीं ?

४. पूर्वपक्ष—तत्त्वज्ञान के पश्चात् जैसे उसका शरीर बना रहता है, वैसे ही देहपात के पश्चात् तत्त्वज्ञ का संसार बना ही रहेगा।

५. सिद्धान्त—प्रारब्ध केवल भोग देता है, विद्या का लोप नहीं करता है। इस प्रकार प्रारब्ध पुण्य-पाप कर्मों का नाश भोग से कर लेने के बाद तत्त्वज्ञ पुरुष विदेहकैवल्य को प्राप्त करता है। मरणाव्यवधानमात्र से विद्या का लोप वैसे ही नहीं होता जैसे सुषुप्ति व्यवधान के कारण विद्या का लोप नहीं होता। विद्या के उदय हो जाने पर ज्ञानी के द्वारा किये गये अनेक आगामी कर्म उसे स्पर्श नहीं करते, यह बात गुणोपसंहार पाद में कही जा चुकी है।

भोगेन त्वितरे क्षपयित्वा सम्पद्यते (ललिता)

सञ्चित पुण्य-पाप का ब्रह्मविद्यासामर्थ्य से क्षय बतलाया गया, किन्तु उससे भिन्न आरब्ध पुण्य-पाप को भोग से समाप्तकर मुमुक्षु विदेहकैवल्यरूप ब्रह्म को प्राप्त करता है, ऐसा 'उस तत्त्ववित् पुरुष को विदेहकैवल्य प्राप्त करने में इतना ही विलम्ब है जब तक उसका आरब्ध कर्म नष्ट नहीं हो जाता। भोग से प्रारब्धक्षय होते ही वह ज्ञानी विदेहकैवल्य को प्राप्त कर लेता है।', 'ब्रह्मज्ञानी जीवित दशा में भी ब्रह्म ही है, वह प्रारब्ध समाप्त होते ही निर्विशेष ब्रह्म को प्राप्त कर लेता है।' इन श्रुतियों से सिद्ध होता है। शङ्का—तत्त्वज्ञान हो जाने पर भी जैसे देहपात से पूर्व द्विचन्द्रदर्शन न्याय से जब ज्ञानी का भेददर्शन बना रहता है तो ऐसे ही देहपात के बाद भी भेददर्शन बना ही रहेगा। समाधान—ऐसा कहना ठीक नहीं क्योंकि अब भेददर्शन अनुवर्तन का निमित्त नहीं रह गया है। वहाँ पर भेददर्शनानुवर्तन का निमित्त प्रारब्धभोग का शेष रहना ही है जो देहपात के बाद वैसा कोई निमित्त नहीं रह गया है जिससे देहपात के बाद ज्ञानी में भेददर्शन अनुवर्तन का बना रहना माना जाय। शङ्का—कुछ अन्य कर्मसंस्कार नूतन भोग का आरम्भ कर सकता है। समाधान—ऐसा

१. क्षपण स्थिति।

कर्माशयोऽभिनवमुपभोगमारप्स्यते । न । [1]तस्य दग्धबीजत्वात् । मिथ्याज्ञानावष्टम्भं हि कर्मान्तरं देहपात उपभोगान्तरमारभते तच्च मिथ्याज्ञानं सम्यग्ज्ञानेन दग्धमित्यतः साध्वेतदारब्धकार्यक्षये विदुषः कैवल्यमवश्यं भवतीति । १९॥

इति श्रीमच्छङ्करभगवत्पादकृतौ शारीरकमीमांसाभाष्ये
चतुर्थाध्यायस्य प्रथम पादः ॥१॥

तन्न निमित्तं फलस्य, दग्धमूलत्वात् । अविद्यादयो हि क्लेशाः कर्मणस्तत्फलस्य च मूलम् । तदुक्तं योगशास्त्रे 'क्लेशमूलः कर्माशयः सति मूले तद्विपाकः' इति । तच्च मूलं ज्ञानाग्निना दग्धमिति कुतः पुनः संसारस्तस्माद्देहपाते कैवल्यमिति सिद्धम् ॥१९॥

इति श्रीमत्परमहंसपरिव्राजकाचार्यश्रीगोविन्दानन्दभगवत्पादकृतौ
श्रीमच्छारीरकमीमांसाव्याख्यायां भाष्यरत्नप्रभायां
चतुर्थाध्यायस्य प्रथमः पादः ॥१॥

कहना ठीक नहीं क्योंकि ऐसे कर्मसंस्कार ज्ञानाग्नि से दग्धबीज हो चुके हैं । मिथ्याज्ञान से सहकृत कर्मान्तर देहपात के बाद उपभोगान्तर को उत्पन्न करते हैं, वह मिथ्याज्ञान सम्यग्ज्ञान से दग्ध हो चुका है । अतः यह मानना सर्वथा उचित है कि प्रारब्धकार्य के क्षय हो जाने पर ब्रह्मज्ञानी विदेहकैवल्य निश्चित ही प्राप्त करता है ॥१९॥

[चतुर्थ अध्याय-प्रथम पाद समाप्त]

श्रीमत्परमहंसपरिव्राजकाचार्य यतीन्द्रकुलतिलक कैलासपीठाधीश्वर
ब्रह्माचार्य महामण्डलेश्वर श्रीमत्स्वामी विद्यानन्द गिरि
द्वारा विरचित ब्रह्मसूत्रशाङ्करभाष्य चतुर्थाध्याय
प्रथमपाद की ललिता व्याख्या समाप्त हुई ।

---

१. कर्माशयस्य ।

।। चतुर्थोऽध्यायः द्वितीयः पादः ।।

१. वागाधिकरणम् (सू० १-२)

(४६७) वाङ्मनसि दर्शनाच्छब्दाच्च ।।१।।

वागादीनां स्वरूपेण वृत्त्या वा मानसे लयः । श्रुतिर्वाङ्मनसीत्याह स्वरूपविलयस्ततः ।
न लीयतेऽनुपादाने कार्यं वृत्तिस्तु लीयते । वह्निवृत्तेर्जले शान्तेर्वाक्शब्दो वृत्तिलक्षकः ।।

अथापरासु विद्यासु फलप्राप्तये देवयानं पन्थानमवतारयिष्यन्प्रथमं तावद्यथाशास्त्रमुत्क्रान्तिक्रममन्वाचष्टे[1] । समाना हि विद्वदविदुषोरुत्क्रान्तिरिति वक्ष्यति । अस्ति प्रायण-

---

वाङ्मनसि दर्शनाच्छब्दाच्च । ज्ञानफलोक्त्यनन्तरमुपासनफलं ब्रह्मलोकस्थं वक्तव्यं तच्चार्चिरादिमार्गप्राप्यं, मार्गप्राप्तिश्चोत्क्रान्तिसाध्या तस्मादुपास्तिफलाक्षिप्तोत्क्रान्तिपादस्यास्त्यध्यायसङ्गतिः । युक्तं चास्य पूर्वपादानन्तर्यं ज्ञानफलोक्त्यनन्तरं वक्तव्योपास्तिफलेनाक्षिप्तत्वादित्याह—अथेति ।

द्वितीय पाद

प्रथम पाद में तत्त्वज्ञान से अज्ञान की निवृत्ति हो जाने के बाद जीवनमुक्ति के विरुद्ध सञ्चित कर्मों की निवृत्ति कही गयी थी और भोग से प्रारब्ध कर्म के क्षय होने पर विदेहकैवल्य भी सामान्यतः परापर विद्या के फलरूप में बतलाया गया था । अब अपर विद्या से प्रारब्धक्षय के पश्चात् होने वाले मोक्ष में कुछ विशेष बतलाने के लिए आगे के तीन पाद प्रारम्भ किये जा रहे हैं । सामान्यनिरूपण विशेषनिरूपण का कारण होता है, अतः प्रथम पाद के साथ अग्रिम तीन पादों की सामान्यविशेषभाव सङ्गति है । उनमें भी उत्क्रान्ति आदि में विशेष अर्थ बतलाने के लिए यह दूसरा पाद है ।

१. वागाधिकरण

१. सङ्गति—पादान्तर होने के कारण पूर्व अधिकरण के साथ इस अधिकरण की सङ्गति बतलाना आवश्यक नहीं है ।

२. विषय—'अस्य सोम्य ! पुरुषस्य प्रयतो वाङ्मनसि सम्पद्यते' इस श्रुति अंश का विचार इस अधिकरण में किया गया है ।

३. संशय—क्या वागादि का मन में स्वरूपतः लय होता है या वृत्तितः ?

तानि परे तथा ह्याह । पूर्वत्र गतिनिषेधेन विद्वत्कलानां प्राणादीनामत्रैव लय उक्तः । तमुपजीव्य 'स किं तत्तत्कलाप्रकृतिषु पृथिव्यादिषु स्यादुत परमात्मनीति श्रुतिद्वयदर्शनात्संशयः कार्यः । तत्र साक्षात्प्रकृतौ विकारलय इति न्यायानुगृहीतया 'गताः कलाः' इति श्रुत्या पूर्वपक्षमप्रे वदन्नादौ सिद्धान्तमाह—तानीति । यथा नद्यः समुद्रं प्राप्य लीयन्ते एवमेवास्य परितः सर्वत्र ब्रह्मद्रष्टुरिमाः प्राणश्रद्धाद्याः पुरुषायणाः पुरुषे कल्पिताः पुरुषमेव ज्ञेयं प्राप्य लयं गच्छन्तीत्यर्थः । मनःप्राणयोरेकीकरणेन कलानां पञ्चदशत्वम् । प्रतिष्ठा इति द्वितीयाबहुवचनम् स्वस्य प्रकृतीः पृथिव्याद्या इत्यर्थः । वस्तुगत्या विद्वद्दृष्ट्या परमात्मनि कलालयेऽपि लोकदृष्ट्या प्रतिष्ठासु लयोक्तिरविरुद्धा । तथाच कलाः स्वप्रकृतिषु विलाप्य 'ताभिः सह पुरुषे लीयन्ते इति श्रुतिद्वयतात्पर्यम् ॥१५॥

---

४. पूर्वपक्ष—'गताः कलाः पञ्चदश प्रतिष्ठाः' इस श्रुति के आधार पर अपने-अपने कारणों में ही वागादि का लय मानना चाहिए ।

५. सिद्धान्त—नदी का लय जैसे सागर में होता है, वैसे ही ज्ञानियों की दृष्टि से उनके प्राणों का विलय परमात्मा में होता है । व्यवहारदृष्टि से कलाओं का विलय अपने-अपने उपादान कारण में शास्त्र ने बतलाया है ।

तानि परे तथा ह्याह (ललिता)

ब्रह्मज्ञानी के प्राणपदवाच्य वे इन्द्रियाँ और भूत परमात्मा में लीन हो जाते हैं क्योंकि 'जैसे नदियाँ समुद्र में लीन हो जाती हैं ऐसे ही ज्ञानी की सोलह कलायें जो पुरुष में कल्पित हैं वे ज्ञेय पुरुष को प्राप्तकर अस्त हो जाती हैं' यह श्रुति ऐसा ही कहती है । शङ्का—ज्ञानियों की पञ्चदश कलायें अपनी प्रकृति में प्रतिष्ठित होती हैं' यह दूसरी श्रुति ज्ञानी के विषय में परमात्मा से अन्यत्र भी कलाओं का प्रलय बतलाती है । इस श्रुति में मन और प्राण को एक मानकर पञ्चदश कला कही गयी है, वस्तुतः कलायें प्राणश्रद्धादि सोलह हैं । समाधान—यह श्रुति व्यवहार की अपेक्षाकर पार्थिवादि कलाओं का अपनी प्रकृति पृथिव्यादि में ही लीन होना कह रही है किन्तु दूसरी श्रुति ज्ञानी के ज्ञान की अपेक्षाकर ब्रह्मवित् पुरुष के सम्पूर्ण कलासमुदाय का ब्रह्म में ही लीन होना बतलाती है । अतः ब्रह्मज्ञानी की कलायें अपनी प्रकृति में लीन होने के पश्चात् प्रकृति के सहित पुरुष में लीन होती हैं, ऐसा दोनों श्रुतियों का तात्पर्य होने से कोई दोष नहीं है ॥१५॥

---

१. एवमेवास्येति श्रुतिः । २. लयः । ३. स्वप्रकृतिभिः ।

८. अविभागाधिकरणम् (सू०–१६)

(५१२) अविभागो वचनात् ॥१६॥

तल्लयः शक्तिशेषेण निःशेषेणाथवात्मनि । शक्तिशेषेण युक्तोऽसावज्ञानिष्वेतदीक्षणात् ।
नामरूपविभेदोक्तेर्निःशेषेणैव तल्लयः । अज्ञे जन्मान्तरार्थं तु शक्तिशेषत्वमिष्यते ॥

स पुनर्विदुषः कलाप्रलयः किमितरेषामिव सावशेषो भवत्याहोस्विन्निरवशेष इति । तत्र प्रलयसामान्याच्छक्त्यवशेषताप्रसक्तौ ब्रवीति–अविभागापत्तिरेवेति । कुतः ?वचनात् । तथा हि कलाप्रलयमुक्त्वा वक्ति–'भिद्येते तासां नामरूपे पुरुष इत्येवं प्रोच्यते स एषोऽकलोऽमृतो भवति' (प्र० ६-५) इति । अविद्यानिमित्तानां च कलानां न विद्यानिमित्ते प्रलये सावशेषत्वोपपत्तिः । तस्मादविभाग एवेति ॥१६॥

अविभागो वचनात् । उक्तलयमुपजीव्य लयस्य द्वैधादर्शनात्संशयमाह—स पुनरिति । मुक्त्यसिद्धिस्तत्सिद्धिश्चेत्युभयत्र फलम् । अवशेषो मूलकारणे शक्त्यात्मना स्थितिः । पुनर्जन्मयोग्यतेति यावत् । विमतः कलालयः सावशेषः, कलालयत्वात्सुषुप्तिवदिति पूर्वपक्षः । विमतो निरवशेषः, विद्याकृतत्वाद्रज्ज्वा विद्यया सर्पलयवदिति युक्त्युपेतश्रुत्या सिद्धान्तयति—ब्रवीतीति । नामरूपे शक्त्यात्मके अपि भिद्येते इत्यर्थः ॥१६॥

---

८. अविभागाधिकरण

१. सङ्गति—पूर्वोक्त विद्वत् कलाओं के सम्बन्ध में कुछ अन्य बातों का विचार करने के लिए यह अधिकरण प्रारम्भ हुआ है, इस प्रकार पूर्वोत्तर अधिकरणों की एकविषयत्व सङ्गति है ।

२. विषय—ज्ञानियों की कलाओं के विलय का विचार इस अधिकरण का विषय है ।

३. संशय—क्या अज्ञानियों की भाँति ज्ञानियों को भी कलाओं का विलय सावशेष होता है या निरवशेष ?

४. पूर्वपक्ष—अज्ञानियों की भाँति ज्ञानियों की कलाओं का विलय भी सावशेष ही होता है ।

५. सिद्धान्त—'भिद्येते तासां नामरूपे' इस श्रुति के आधार पर संसार के कारण षोडश कलाओं का विलय ज्ञानियों का निरवशेष होता है, किन्तु अज्ञानियों का जन्मान्तरप्राप्ति के लिए सावशेष विलय माना गया है ।

अविभागो वचनात् (ललिता)

विद्वानों की कला का लय क्या अज्ञानियों की भाँति सावशेष होता है अथवा निरवशेष होता है, ऐसा संशय होने पर पूर्वपक्ष में प्रलयसादृश्य के कारण सावशेष ही कलालय माना गया है । इस पर सिद्धान्ती कहता है कि कलाओं का परमात्मा के साथ अविभाग ही होता है अर्थात् कलाओं का निरवशेष लय होता है क्योंकि कलालय बतलाने के बाद 'कलाओं के नाम-रूप नष्ट हो जाते हैं, उस समय पुरुष नाम से ही व्यवहार होता है, वह पुरुष कलारहित एवं अमृत है' इस वाक्य के द्वारा अविद्यानिमित्तक कलाओं का विद्यानिमित्त प्रलयप्रसङ्ग आने पर सावशेष लय मानना युक्तियुक्त नहीं है । अतः कलाओं का लय निरवशेष होने के कारण उनका अपने अधिष्ठानरूप ब्रह्म के साथ विभाग नहीं रह जाता ॥१६॥

६. तदोकोऽधिकरणम् (सू०—१७)

(५१३) तदोकोऽग्रज्वलनं तत्प्रकाशितद्वारो विद्यासामर्थ्या-त्तच्छेषगत्यनुस्मृतियोगाच्च हार्दानुगृहीतः शताधिकया ॥१७॥

अविशेषो विशेषो वा स्यादुत्क्रान्तेरुपासितुः । हृत्प्रद्योतनसाम्योक्तेरविशेषोऽन्यनिर्गमात् ।
मूर्धन्ययैव नाड्यासौ व्रजेन्नाडीविचिन्तनात् । विद्यासामर्थ्यतश्चापि विशेषोऽस्त्यन्यदर्शनात् ॥

समाप्ता प्रासङ्गिकी परविद्यागता चिन्ता । संप्रति त्वपरविद्याविषयामेव चिन्तामनुवर्तयति । समाना चासृत्युपक्रमाद्विद्वदविदुषोरुत्क्रान्तिरित्युक्तं तमिदानीं सृत्युपक्रमं दर्शयति । 'तस्योपसंहृतवागादिकलापस्योच्चिक्रमिषतो विज्ञानात्मन ओक आयतनं

तदोकोग्रज्वलनम् । सृतेर्मार्गस्योपक्रमो नाडीप्रवेशनियमस्त वक्तुं सूत्रभागस्य तत्द्वाराऽधिकरणविषयमाह—तस्येति । स मुमूर्षुस्तेजोमात्रा इन्द्रियाणि । तस्य हृदयस्याग्रं नाडीमुखं तस्य ज्वलनं भाविफलस्फुरणं 'प्रद्योताख्यम् । चक्षुष्टो वेत्यनियमश्रुतेस्तयोर्ध्वमायन्निति विशेषश्रुतेश्च संशयः—किमुपासकोऽप्यनुपासकवत् येन केनचिद्द्वारेण निर्गच्छति उत मूर्धन्यनाड्यैवेति । अत्र पूर्वपक्षे विद्याकृतातिशयासिद्धिः, सिद्धान्ते तत्सिद्धिरिति विवेकः । वचनादविभागवदनियम इति प्राप्ते सिद्धान्त-

६. तदोकोऽधिकरण

१. सङ्गति—जैसे सगुण ब्रह्मोपासकों की उत्क्रान्ति देवयान मार्गारम्भपर्यन्त होती है, वैसे ही मार्गारम्भ में भी हृदय का प्रद्योतनादि समान ही सुना जाता है; इस प्रकार की दृष्टान्त सङ्गति के कारण यह अधिकरण प्रारम्भ किया जाता है।

२. विषय—अज्ञानी और सगुणब्रह्मोपासक दोनों के प्राणों का उत्क्रमण भिन्न प्रकार से इस अधिकरण में बतलाया गया है।

३. संशय—क्या सगुण ब्रह्मोपासक और अज्ञानी का मूर्धादि स्थान से प्राण उत्क्रमण एक जैसा होता है अथवा भिन्न प्रकार से होता है ?

४. पूर्वपक्ष—हृदयप्रद्योतन आदि सभी के एक जैसे होते हैं, अतः अज्ञानी और सगुण ब्रह्मोपासक के प्राण उत्क्रमण में कोई भेद नहीं है।

५. सिद्धान्त—सगुण उपासक को नाड़ी का चिन्तन करने के लिए कहा गया है। अतः विद्यासामर्थ्य रहने के कारण वह सगुण ब्रह्मोपासक मूर्धा नाड़ी से ही निकलता है, अन्य प्राणी दूसरे-दूसरे मार्ग से निकलते हैं।

तदोकोऽग्रज्वलनं तत्प्रकाशितद्वारो विद्यासामर्थ्यात्तच्छेषगत्यनुस्मृतियोगाच्च हार्दानुगृहीतः शताधिकया (ललिता)

परविद्यासम्बन्धी प्रासङ्गिकी चिन्ता समाप्त हो गयी, अब अपरविद्याविषयक ही चिन्ता का अनुवर्तन करते हैं। ज्ञानी और अज्ञानी की उत्क्रान्ति मार्ग के उपक्रम से पूर्व तुल्य ही होती हैं, ऐसा कहा जा चुका है। अब उस मार्ग-उपक्रम को अग्रिम सूत्र से बतलाते हैं। 'जिस जीव के वागादि

१. अदृष्टाक्षिप्तप्रतिपत्तव्यज्ञानं प्रद्योतनम् ।

हृदयम् 'स एतास्तेजोमात्राः समभ्याददानो हृदयमेवान्ववक्रामति' इति श्रुतेः । तदग्रप्रज्वलन[1]पूर्विका चक्षुरादिस्थानापादाना चोत्क्रान्तिः श्रूयते—'तस्य हैतस्य हृदयस्याग्रं प्रद्योतते तेन प्रद्योतेनैष आत्मा निष्क्रामति चक्षुष्टो वा मूर्ध्नो वाऽन्येभ्यो वा शरीरदेशेभ्यः' (बृ० ४-४-२) इति । सा किमनियमेनैव विद्वदविदुषोर्भवत्यथास्ति कश्चिद्विदुषो विशेषनियम इति विचिकित्सायां श्रुत्यविशेषादनियमप्राप्तावाचष्टे—समानेऽपि हि विद्वदविदुषोर्हृदयाग्रप्रद्योतने तत्प्रकाशितद्वारत्वे च मूर्धस्थानादेव विद्वान्निष्क्रामति स्थानान्तरेभ्यस्त्वितरे । कुतः ? विद्यासामर्थ्यात् । यदि विद्वानपीतरवद्यतः कुतश्चिद्देहदेशादुत्क्रामेन्नैवोत्कृष्टं लोकं लभेत । तत्रानर्थिकैव विद्यास्यात् । तच्छेषगत्यनुस्मृतियोगाच्च । विद्याशेषभूता च मूर्धन्यनाडीसंबद्धा गतिरनुशीलयितव्या विद्याविशेषेषु विहिता तामभ्यस्यंस्तयैव प्रतिष्ठत इति युक्तम् । तस्माद्धृदयालयेन ब्रह्मणा समुपासितेनानुगृहीतस्तद्भावं समापन्नो विद्वान्मूर्धन्ययैव शताधिकया शतादतिरिक्तयैकशततम्या नाड्या

यति—आचष्ट इति । येन केनचिन्मार्गेण निर्गतस्याऽपि ब्रह्मलोकप्राप्तौ विद्याशेषत्वेन मार्गानुस्मृतिविधेः केवलादृष्टार्थत्वं स्यादतोऽन्वहं स्मृतेनैव मार्गेण गमनं युक्तमिति भावः । हार्दं ब्रह्म । विश्वङ् नानाविधा अन्या नाड्योऽन्येषामित्यर्थः । सुषुम्नाख्या नाडी हृदयात् निर्गता दक्षि[2]णताजुकण्ठान्त-

कलासमुदाय का उपसंहार हो चुका है और जो इस देह से उत्क्रमण करना चाहता है उस चेतन जीवात्मा का हृदय आयतन तेजोमात्रा को लेकर अपने गोलक में हुआ जाता है' ऐसी श्रुति है । उसका अग्रभाग प्रज्वलित हो उठता है क्योंकि 'उस हृदय का अग्रभाग प्रज्वलित होता है, उसके प्रज्वलित होने से यह जीवात्मा चक्षु, मूर्धा या शरीर के अन्य किसी देश से निकल जाता है' इस श्रुति में अग्रज्वलनपूर्वक चक्षुरादि के द्वारा जीवात्मा की उत्क्रान्ति सुनी जाती है। वह उत्क्रान्ति, क्या ज्ञानी और अज्ञानी अर्थात् उपासक और अनुपासक इन दोनों की, नियम के बिना ही होती है अथवा उपासकों के लिए कुछ विशेष नियम है; ऐसा संशय होने पर श्रुति के अविशेष होने से अनियम की प्राप्ति होने पर सिद्धान्ती कहता है कि विद्वान् और अविद्वान् दोनों के हृदय के अग्रभाग का प्रद्योतन और उससे नाड़ी आदि द्वार का प्रकाश तुल्य होने पर भी उपासक जीव मूर्धस्थान से ही निकलता है, किन्तु दूसरे अनुपासक जीव अन्य स्थानों से निकलते हैं क्योंकि विद्यासामर्थ्य से ऐसा होना उचित है। यदि उपासक भी अनुपासक की भांति जिस किसी देहदेश से उत्क्रमण करेगा तो वह उत्कृष्ट लोक को प्राप्त न कर सकेगा। ऐसी स्थिति में वहां पर विद्या अनर्थक हो हो जायेगी। साथ ही उपासकों को ब्रह्मलोकप्राप्ति के अङ्गभूत गति का अनुस्मरण भी कहा गया है। उपासना के अङ्गभूत मूर्धन्य नाड़ी से सम्बन्धित गति का अनुशीलन करना चाहिए, ऐसा विधान विद्याविशेष में किया गया है। उस गति का अभ्यास करने वाला उस मार्ग से ही गन्तव्य स्थान में प्रतिष्ठा प्राप्त करता है, ऐसा मानना युक्तिसङ्गत है। अतः हृदयस्थ परमात्मा की जब अच्छी प्रकार से उपासना की जाती है तब उस परमात्मा से अनुगृहीत उपासक परमात्मभाव को प्राप्तकर सौ से अतिरिक्त एकशततम मूर्धा नाड़ी से ही निष्क्रमण करता है, दूसरे अनुपासक अन्य नाड़ियों से निकलते हैं। ऐसा ही हार्दविद्या का प्रसङ्ग प्रारम्भकर 'हृदय में एक सौ एक प्रधान नाड़ियां हैं, उनमें से एक

१. हृदयाग्रनाडीमुखज्वलनपूर्विका । २. दक्षिणाक्षीति पाठोपि क्वचित् ।

१०. रश्म्यधिकरणम् (सू० १८-१९)

(५१४) रश्म्यनुसारी ॥१८॥

अहन्येव मृतो रश्मिं याति निश्यपि वा निशि। सूर्यरश्मेरभावेन मृतोऽहन्येव याति तम्।
यावद्देहं रश्मिनाड्योर्योगो ग्रीष्मक्षपास्वपि। देहदाहश्छ्रुतत्वाच्च रश्मीन्निश्यपि यात्यसौ।

निष्कामतीतराभिरितरे। तथाहि हार्दविद्यां प्रकृत्य समामनन्ति—'शतं चैका च हृदयस्य नाड्यस्तासां मूर्धानमभिनिःसृतैका। तयोर्ध्वमायन्नमृतत्वमेति विष्वङ्ङन्या उत्क्रमणे भवन्ति' (छा० ८-६-६) इति ॥१७॥

अस्ति हार्दविद्या—'अथ यदिदमस्मिन्ब्रह्मपुरे दहरं पुण्डरीकं वेश्म' (छा० ८-१-१) इत्युपक्रम्य विहिता। तत्प्रक्रियायाम् 'अथ या एता हृदयस्य नाड्यः' (छा० ८-६-१) इत्युपक्रम्य सप्रपञ्चं नाडीरश्मिसम्बन्धमुक्त्वोक्तम् 'अथ यत्रैतस्माच्छरीरादुत्क्रामत्यथैतैरेव

स्तननासिकामध्यभित्तिद्वारा ब्रह्मरन्ध्रं प्राप्ता सूर्यरश्मिरेकीकृता ब्रह्मलोकमार्ग उपासकस्येति स्थितम् ॥१७॥

रश्म्यनुसारी। प्रकरणशोधनपूर्वकमुपासकस्य रश्म्यनुसारित्वं विषयमाह—अस्तीत्यादिना।

नाड़ी सीधी मूर्धा की ओर गयी हुई है, उस नाड़ी से उत्क्रमण करने वाला उपासक आपेक्षिक अमरत्व को प्राप्त करता है। शेष नाड़ियाँ नाना गति को देने वाली केवल उत्क्रमण में कारण होती हैं।' यह श्रुति कहती है ॥१७॥

१०. रश्म्यधिकरण

१. सङ्गति—पूर्व अधिकरण में कहे गये नाड़ीसम्बद्ध रश्मियों को उपजीव्य बनाकर कुछ अन्य विचार करने के लिए उपजीव्योपजीवकभाव सङ्गति के कारण यह अधिकरण प्रारम्भ किया गया है।

२. विषय—इस अधिकरण में मरण के पश्चात् उपासक की होने वाली गति का विचार किया गया है।

३. संशय—क्या दिन में ही मरा हुआ सूर्यरश्मियों को प्राप्त करता है या रात्रि में मरा हुआ भी ?

४. पूर्वपक्ष—रात्रि के समय सूर्यरश्मि का अभाव होने के कारण दिन में मरा हुआ जीव ही सूर्यरश्मियों को प्राप्त करता है, रात्रि में मरा हुआ नहीं।

५. सिद्धान्त—रश्मि और नाड़ी का सम्बन्ध जीवनपर्यन्त बना रहता है। ग्रीष्म काल की रात्रि में भी देहपात का अनुभव होता है। श्रुति भी अहोरात्र जीवात्मा का रश्मि से सम्बन्ध बतलाती है, अतः रात्रि में मरा हुआ उपासक भी सूर्यरश्मियों को प्राप्त कर ही लेता है।

रश्म्यनुसारी (ललिता)

'इस शरीर के भीतर छोटा सा आकाश है' इस वाक्य द्वारा हार्दविद्या बतलायी है। इस ब्रह्मपुर मानवदेह में छोटा सा हृदयकमल है जिसमें छोटा सा आकाश है' इस वाक्य से प्रसङ्ग प्रारम्भकर हार्दविद्या का विधान किया गया है। उस प्रकरण में 'जो ये हृदय में नाड़ियाँ हैं यही

(५१५) निशि नेति चेन्न सम्बन्धस्य यावद्देहभावित्वाद्दर्शयति च ॥१९॥

रश्मिभिरूर्ध्वमाक्रमते' (छा० ८-६-५) इति । पुनश्चोक्तम् 'तयोर्ध्वमायन्नमृतत्वमेति' (छा० ८-६-६) इति । तस्माच्छताधिकया नाड्या निष्क्रामन्रश्म्यनुसारी निष्क्रामतीति गम्यते । [1]तत्किमविशेषेणैवाहनि रात्रौ वा म्रियमाणस्य रश्म्यनुसारित्वमाहोस्विदहन्येवेति संशये सत्यविशेषश्रवणादविशेषेणैव तावद्रश्म्यनुसारीति प्रतिज्ञायते ॥१८॥

अस्त्यहनि नाडीरश्मिसम्बन्ध इत्यहनि मृतस्य स्याद्रश्म्यनुसारित्वं रात्रौ तु प्रेतस्य न स्यात् । नाडीरश्मिसम्बन्धविच्छेदादिति चेन्न । नाडीरश्मिसम्बन्धस्य यावद्देहभावित्वात् । यावद्देहभावी हि शिराकिरणसम्पर्कः । दर्शयति चैतमर्थं श्रुतिः—अमुष्मादादित्यात्प्रतायन्ते ता आसु नाडीषु सृप्ता आभ्यो नाडीभ्यः प्रतायन्ते तेऽमुष्मिन्नादित्ये

अथ प्रारब्धान्ते एतदुत्क्रमणं यदा स्यादथ तदा एतैरेव नाडीसंबद्धैः रश्मिभिरुत्क्रामतीत्यर्थः । अत्र संबन्धस्य कालविशेषाश्रवणाद्रात्रौ रश्म्यभावाच्च संशयमाह—तत्किमिति । पूर्वोक्तनाडीसंबद्धरश्मीनामत्रोपजीव्यत्वात्संगतिः । पूर्वपक्षे रात्रौ [2]मृतस्य रश्मिप्राप्त्यर्थं सूर्योदयप्रतीक्षाऽस्ति, सिद्धान्ते नास्तीति मत्वा सिद्धान्तं प्रतिजानीते—अविशेषेणेति ॥१८॥

पूर्वपक्षबीजमुपन्यस्य दूषयति—निशीत्यादिना । शिरा नाड्यः प्रतायन्ते विस्तृता भवन्ति सृप्ताः संबद्धाः । श्रुतसंबन्धस्य रात्रौ सत्त्वे युक्तिमाह—निदाघेति । तर्हि हेमन्तादिरात्रिष्वौष्ण्योपलब्धिः

से प्रसङ्ग प्रारम्भकर नाड़ीरश्मिसम्बन्ध विस्तारपूर्वक कहने के बाद कहा है कि 'जिस समय इस शरीर से जीव निकलता है उस समय इन रश्मियों के द्वारा ही ऊपर जाता है' इत्यादि । पुनः 'उस मूर्धा नाड़ी से उत्क्रमण करने वाला अमरत्व प्राप्त करता है' इस वाक्य द्वारा कहा गया है । इन सब श्रुतियों को देखते हुए यह संशय होता है कि शताधिक नाड़ी से निष्क्रमण करने वाला रश्म्यनुसारी जीव जब निकलता है तब वह अविशेषरूप से दिन में अथवा रात्रि में मरा हुआ व्यक्ति रश्मि का अनुसरण करता है अथवा दिन में ही मरने वाला व्यक्ति रश्मियों का अनुसरण करता है । ऐसा संशय होने पर अविशेषश्रवण होने के कारण अविशेषरूप से ही जीव सूर्यरश्मियों का अनुसरण करता है, ऐसी सिद्धान्ती की प्रतिज्ञा है ॥१८॥

निशि नेति चेन्न सम्बन्धस्य यावद्देहभावित्वाद्दर्शयति च (ललिता)

दिन में ही नाड़ी-रश्मि का सम्बन्ध रहता है, इसलिए दिन में मरे हुए को रश्मि अनुसरण हो जायेगा; किन्तु रात्रि में मरे हुए जीव को रश्मि अनुसरण प्राप्त नहीं हो सकता क्योंकि रात्रि के समय नाड़ी और रश्मि के सम्बन्ध का विच्छेद हो जाता हैं, ऐसा यदि पूर्वपक्षी कहता हो तो सिद्धान्ती कहते हैं कि यह कथन ठीक नहीं क्योंकि नाड़ी और सूर्यरश्मि का सम्बन्ध जब तक देह है तब तक बना ही रहता है । इसी अर्थ को 'उस आदित्य से निकलकर रश्मियाँ इन नाड़ियों में प्रविष्ट हो जाती हैं और इन नाड़ियों से निकली हुई रश्मियाँ उस आदित्य में प्रविष्ट हो जाती हैं' इस वाक्य द्वारा श्रुति बतलाती है । ग्रीष्म काल में रात्रि के समय भी किरणों की अनुवृत्ति उपलब्ध

---

१. रश्म्यनुसारित्वम् । २. मरणोन्मुखस्य ।

सृप्ताः' (छा० ८-६-२) इति । निदाघसमये च निशास्वपि किरणानुवृत्तिरुपलभ्यते प्रतापादिकार्यदर्शनात् । स्तोकानुवृत्तेस्तु दुर्लक्ष्यत्वमृत्वन्तररजनीषु शैशिरेष्विव दुर्दिनेषु । 'अहरेवैतद्रात्रौ दधाति' इति चैतदेव दर्शयति । यदि च रात्रौ प्रेतो विनैव रश्म्यनुसारेणोर्ध्वमाक्रमेत रश्म्यनुसारानर्थक्यं भवेत् । न ह्येतद्विशिष्याधीयते यो दिवा प्रैति स रश्मीनपेक्ष्योर्ध्वमाक्रमते यस्तु रात्रौ सोऽनपेक्ष्यैवेति । अथ तु विद्वानपि रात्रिप्रायणापराधमात्रेण नोर्ध्वमाक्रमेत पाक्षिकफला विद्येत्यप्रवृत्तिरेव तस्यां स्यात् । मृत्युकालानियमात् । अथापि रात्रावुपरतोऽहरागममुदीक्षेत । अहरागमेऽप्यस्य कदाचिद्रश्मिसंबन्धार्हं शरीरं स्याद्दाहकादिसंपर्कात् । 'स यावत्क्षिप्येन्मनस्तावदादित्यं गच्छति' (छा० ८-६-५) इति च श्रुतिरनुदीक्षां दर्शयति । तस्मात्तदविशेषेणैवेदं रात्रिदिवं रश्म्यनुसारित्वम् ॥१९॥

स्यादित्यत आह—स्तोकेति । सविता रात्रावप्यहर्दधातीति धारणाभिधानं स्तोकरश्म्यनुवृत्त्यभिप्रायमेवेत्यर्थः । किंच यदि रात्रौ मृतस्य रश्मियोगं विनैवोर्ध्वगतिः स्यात्तदा रश्मिश्रुतेर्दिवामृतविषयतया संकोचः स्यादूर्ध्वगत्यभावे च विद्यायामप्रवृत्तिः स्यात् । नच प्रतीक्षयोर्ध्वगतिरिति वाच्यं, रश्म्युदयात्प्रागेवेहदाहे आदित्यप्रतीक्षावैयर्थ्यापातादप्रतीक्षाश्रुतिविरोधाच्च । तस्माद्यदाकदाचिन्मृतस्य रश्मिप्राप्त्या झटिति ब्रह्मलोकप्राप्तिरिति ॥१९॥

होती है क्योंकि प्रतापादि कार्य देखे जाते हैं। दिन की अपेक्षा रात्रि में ताप कम रहने के कारण ताप दुर्लक्ष्य दीखता है, उसी प्रकार अन्य शिशिरादि ऋतुओं में अथवा दुर्दिन में जैसे सूर्य का ताप स्पष्ट अनुभव नहीं होता ऐसे ही रात्रि के समय सूर्य का ताप स्पष्ट नहीं भासता; अस्तित्व तो उसका रात्रि में भी विद्यमान रहता ही है। 'रात्रि में भी दिन ही प्रतीत होता है' यह श्रुति भी इसी बात को बतलाती है। यदि रात्रि में मरा हुआ जीव रश्मि अनुसरण के बिना ही ऊर्ध्व आक्रमण कर ले तो फिर रश्मि का अनुसरण निरर्थक हो जायेगा। इसके अतिरिक्त जो दिन में मरता है वह रश्मि की अपेक्षा करके ऊर्ध्वलोक में जाता है किन्तु जो रात्रि में मरता है वह रश्मि की अपेक्षा किये बिना ही ऊर्ध्वलोक में चला जाता है, ऐसा विशेष पाठ कहीं नहीं मिलता है। इसलिए रात्रि में मरणरूप अपराध के कारण ऊर्ध्वलोक नहीं जायेगा तो उपासना पाक्षिक फलवाली हो जायेगी, इस स्थिति में लोगों की प्रवृत्ति उपासना में नहीं हो सकेगी क्योंकि मरणकाल कोई निश्चित नहीं है कि उपासक दिन में ही मरेगा और अनुपासक रात्रि में ही मरेंगे। यदि कहो कि रात्रि में मरा हुआ व्यक्ति सूर्यरश्मि अनुसरण के लिए अर्थात् सूर्योदय की प्रतीक्षा करता रहेगा तो यह भी कहा जा सकता है कि दिन में भी उसका कदाचित् रश्मिसम्बन्धयोग्य शरीर तब होगा जब दाहसंस्कार होगा। श्रुति तो 'जितनी देर से में मन आदित्यलोक में पहुँचता है इतने ही समय में यह उपासक आदित्यलोक पहुँच जाता है' इस वाक्य द्वारा प्रतीक्षा का अभाव ही बतलाती है। अतः अविशेषरूप से ही रात्रि एवं दिन में मरा हुआ उपासक सूर्यरश्मियों का अनुसरण करता ही है॥१९॥

१. यद्रात्रौ तापो दृश्यतेऽहरेव तद्रात्रौ सविता दधातीति श्रुत्यर्थः।

११. दक्षिणायनाधिकरणम् (सू० २०-२१)

(५१६) अतश्चायनेऽपि दक्षिणे ॥२०॥

अयने दक्षिणे मृत्वा धीफलं नैत्यथैति वा । नैत्युत्तरायणाध्वोक्तेर्भीष्मस्यापि प्रतीक्षणात् ।
आतिवाहिकदेवोक्तेर्वरख्यात्यै प्रतीक्षणात् । फलैकान्त्याच्च विद्यायाः फलं प्राप्नोत्युपासकः ॥

अत एव चोदीक्षानुपपत्तेरपाक्षिकफलत्वाच्च विद्याया अनियतकालत्वाच्च मृत्योर्दक्षिणायनेऽपि म्रियमाणो विद्वान्प्राप्नोत्येव विद्याफलम् । उत्तरायणमरणप्राशस्त्यप्रसिद्धेर्भीष्मस्य च प्रतीक्षादर्शनात् 'आपूर्यमाणपक्षाद्यान्ष-

---

एवं दक्षिणायने मृतो विद्वन्विद्याफलमाप्नोति न वेति विद्याया नित्यवत्फलश्रुतेरुत्तरायणप्राशस्त्यशास्त्राच्च संदेहे पूर्वोक्तहेतूनतिदिशति—अतश्चायनेऽपि दक्षिणे । पूर्वपक्षमाशङ्क्यापनुदति—

---

११. दक्षिणायनाधिकरण

१. सङ्गति—पूर्वोक्त न्याय का अतिदेश होने के कारण इस अधिकरण की सङ्गति पृथक् नहीं है अर्थात् उपजीव्य-उपजीवकभाव सङ्गति ही है।

२. विषय—उपासक के मरने पर होने वाली गति का विचार इस अधिकरण में किया गया है।

३. संशय—क्या दक्षिणायन में मरा हुआ उपासक उपासना का फल प्राप्त करता है अथवा नहीं ?

४. पूर्वपक्ष—दक्षिणायन में मरे हुए उपासक को उपासना का फल ब्रह्मलोक प्राप्त नहीं होता, इसीलिए श्रुति-स्मृति में उपासक के लिए उत्तरायण मार्ग कहा गया है। विद्या को फलप्राप्ति के लिए भीष्म पितामह ने भी उत्तरायण की प्रतीक्षा की थी।

५. सिद्धान्त—उत्तरायण शब्द से काल अर्थ बतलाना अभीष्ट नहीं है किन्तु आतिवाहिक देवता अर्थ बतलाना अभीष्ट है। भीष्म पितामह ने पितृप्रसाद से लब्ध स्वच्छन्दमरण वरदान को प्रसिद्धि के लिए उत्तरायण की प्रतीक्षा की थी। अतः विद्या का फल ऐकान्तिक है जिसे उपासक प्राप्त करता ही है। अतएव दक्षिणायन में मरा हुआ भी सगुण ब्रह्म उपासक विद्या का फल प्राप्त कर ही लेता है।

अतश्चायनेऽपि दक्षिणे (ललिता)

विद्या का फल श्रुति ने नित्य कहा है और शास्त्रों में उत्तरायण मार्ग की प्रशंसा भी की गयी है, अतः दक्षिणायन में मरा हुआ विद्वान् विद्या का फल प्राप्त करता है या नहीं, ऐसा सन्देह होने पर अग्रिम सूत्र से पूर्वोक्त हेतुओं का अतिदेश करते हैं। ज्ञानी में उत्तरायण को प्रतीक्षा नहीं बनती है, विद्या का फल पाक्षिक भी नहीं है एवं मृत्यु का काल निश्चित नहीं है, अतः दक्षिणायन में मरा हुआ विद्वान् भी विद्या का फल प्राप्त करता ही है। उत्तरायण मरण को प्रशंसा प्रसिद्ध है, भीष्म ने भी उसकी प्रतीक्षा की थी और 'शुक्ल पक्ष एवं उत्तरायण के छः मास में मरने वाला देवयान मार्ग से ब्रह्मलोक जाता है' ऐसी शङ्का का समाधान इस सूत्र से सूत्रकार देते हैं।

उत्तरायण की प्राशस्त्यप्रसिद्धि अज्ञानी के लिए है, भीष्म में उत्तरायण की प्रतीक्षा आचार-

(५१७) योगिनः प्रति च स्मर्यते स्मार्ते चैते ॥२१॥

डुवङ्केति मासांस्तान्' (छा० ४-१५-५) इति च श्रुतेरपेक्षितव्यमुत्तरायणमितीमामाशङ्कामनेन सूत्रेणापनुदति। प्राशस्त्यप्रसिद्धिरविद्वद्विषया। भीष्मस्य प्रतिपालनमाचारप्रतिपालनार्थं पितृप्रसादलब्धस्वच्छन्दमृत्युताख्यापनार्थं च। श्रुतेस्त्वर्थं वक्ष्यति 'आतिवाहिकास्तल्लिङ्गात्' (ब्र० सू० ४-३-४) इति ॥२०॥

ननु च—'यत्र काले त्वनावृत्तिमावृत्तिं चैव योगिनः। प्रयाता यान्ति तं कालं वक्ष्यामि भरतर्षभ' (गी० ८-२३) इति कालप्राधान्येनोपक्रम्याहरादिकालविशेषः स्मृतावपुनरावृत्तये नियमितः कथं रात्रौ दक्षिणायने वा प्रयातोऽनावृत्तिं यायादिति। अत्रोच्यते—

योगिनः प्रति चायमहरादिकालयोगोऽनावृत्तये स्मर्यते। स्मार्ते चैते योगसांख्ये न श्रौते। अतो विषयभेदात्प्रमाणाविशेषाच्च नास्य स्मार्तस्य कालविनियोगस्य श्रौतेषु विज्ञानेष्ववतारः। ननु—'अग्निर्ज्योतिरहः शुक्लः षण्मासा उत्तरायणम्'। धूमो रात्रि-

---

उत्तरायणंत्यादिना। अज्ञानामुत्तरायणे दैवान्मरणं चेत्प्रशस्तमित्यभिज्ञाभिवचनरूपाचारपरिपालनार्थं भीष्मस्य प्रतीक्षा। षण्मासानिति श्रुतिस्तूत्तरायणदेवतापरेति वक्ष्यते। तथाच देवतायाः सदा सत्त्वाद्विद्यया दक्षिणायनकालेऽपितत्प्राप्तिरविरुद्धेति भावः ॥२०॥

स्मृतिबलात्कालप्राधान्यं शङ्कते—ननु चेति। श्रौतदहराद्युपासकस्यास्माभिः कालानपेक्षोक्ता, स्मार्तयोगिनां तु कालपेक्षा स्मृतावुच्यत इत्यविरोधमाह—योगिन इति। योगी दहराद्युपासक एव स्मृत्युक्तः किं न स्यादित्यत आह—स्मार्ते चेति। भगवदाराधनबुद्ध्याऽनुष्ठितं कर्म योगः 'अनाश्रितः कर्मफलं कार्यं कर्म करोति यः। स संन्यासी च योगी च' इति स्मृतेः। धारणापूर्वकोऽकर्तृत्वानुभवः सांख्यं, 'इन्द्रियाणीन्द्रियार्थेषु वर्तन्त इति धारयन्' इति स्मृतेः। ननु श्रुतिस्मृत्योर्भिन्नार्थत्वमयुक्तं

परिपालनार्थ भी थी और पिता के आशीर्वाद से प्राप्त स्वच्छन्दमरणज्ञापनार्थ भी थी। श्रुति का तात्पर्य 'आतिवाहिकास्तल्लिङ्गात्' इस सूत्र द्वारा बतलायेंगे। अतः दक्षिणायन में मरा हुआ भी विद्वान् विद्या का फल प्राप्त करता ही है ॥२०॥

'जिस काल में प्रस्थान करने वाले योगी अनावृत्ति और आवृत्ति को प्राप्त करते हैं, हे अर्जुन! उस काल को मैं कहूँगा' इस वाक्य के द्वारा प्रधान रूप से प्रसङ्ग प्रारम्भकर गीता स्मृति में अहरादि कालविशेष अनावृत्ति के लिए निश्चित किया गया है, फिर भला रात्रि अथवा दक्षिणायन में प्रस्थान करने वाला पुरुष अनावृत्ति को कैसे प्राप्त करेगा; इस शङ्का का समाधान अग्रिम सूत्र से करते हैं—

योगिनः प्रति च स्मर्यते स्मार्ते चैते (ललिता)

यह अहरादि काल का मोक्ष के लिए विनियोग योगियों के प्रति कहा गया है और ये योग तथा सांख्य स्मार्त मार्ग हैं, श्रौत नहीं हैं। अतः विषयभेद से और प्रमाणविशेष के कारण श्रौत विज्ञान में इस स्मार्त कालविनियोग का अवतरण नहीं होगा। 'अग्नि, ज्योति, दिन, शुक्ल पक्ष और उत्तरायण के छः मास तथा धूम, रात्रि, कृष्ण पक्ष और दक्षिणायन के छः मास' ये स्मृति में कथित होने पर

स्तथा कृष्णः षण्मासा दक्षिणायनम्' (गी० ८-२४।२५) इति च श्रौतावेतौ देवयान-पितृयाणौ प्रत्यभिज्ञायेते स्मृतावपीति । उच्यते–'तं कालं वक्ष्यामि' (गी० ८-२३) इति स्मृतौ कालप्रतिज्ञानाद्विरोधमाशङ्क्य परिहार उक्तः । यदा पुनः स्मृतावप्यग्न्याद्या देवता एवातिवाहिक्यो गृह्यन्ते तदा न कश्चिद्विरोध इति ॥२१॥

इति श्रीमच्छङ्करभगवत्पादकृतौ शारीरकमीमांसाभाष्ये
चतुर्थाध्यायस्य द्वितीयः पादः ॥२॥

प्रत्यभिज्ञाविरोधादिति शङ्कते—नन्वग्निरिति । कालाग्रहिणं प्रति भिन्नार्थत्वमुक्तम् । यदि तु श्रौतार्थप्रत्यभिज्ञया कालशब्दो देवतापरस्तर्ह्यैकार्थ्यमेवेति समाध्यर्थः । तस्माद्विद्यासामर्थ्यात्सर्वदैव दिष्टंगतस्य उपासकस्य फलप्राप्तिरिति सिद्धम् ॥२१॥

इति श्रीमत्परमहंसपरिव्राजकाचार्यश्रीगोविन्दानन्दभगवत्पादकृतौ
श्रीमच्छारीरकमीमांसाव्याख्यायां भाष्यरत्नप्रभायां
चतुर्थाध्यायस्य द्वितीयः पादः ॥२॥

भी श्रौत देवयान एवं पितृयान की प्रत्यभिज्ञा कराते हैं । अतः 'तं कालं वक्ष्यामि' इस स्मृति में काल की प्रतिज्ञा होने के कारण विरोध की आशङ्का करके यह परिहार कहा गया है और जब स्मृति में भी अग्न्यादि देवता आतिवाहिक लिए जाते हैं तब कोई विरोध नहीं आता । ऐसी स्थिति में विरोध न रहने के कारण विद्या के सामर्थ्य से सदैव दिवंगत उपासक फल प्राप्त करता ही है, यह सिद्ध हो गया ॥२१॥

[द्वितयो पाद समाप्त]

श्रीमत्परमहंसपरिव्राजकाचार्य यतीन्द्रकुलतिलक कैलासपीठाधीश्वर
दशमाचार्य महामण्डलेश्वर श्रीमत्स्वामी विद्यानन्दगिरि
द्वारा विरचित ब्रह्मसूत्रशाङ्करभाष्य चतुर्थाध्याय
द्वितीयपाद की ललिता व्याख्या समाप्त हुई ।

चतुर्थाध्यायस्य तृतीयः पादः

१. अर्चिराद्यधिकरणम् (सू-१)

(५१८) अर्चिरादिना तत्प्रथितेः ॥१॥

नानाविधो ब्रह्मलोकमार्गो यद्वार्चिरादिकः । नानाविधः स्याद्विद्यासु वर्णनादन्यथान्यथा ।
एक एवार्चिरादिः स्यान्नानाश्रुत्युक्तपर्वकः । यतः पञ्चाग्निविद्यायां विद्यान्तरवतां श्रुतः ॥

आसृत्युपक्रमात्समानोत्क्रान्तिरित्युक्तम् । सृतिस्तु श्रुत्यन्तरेष्वनेकधा श्रूयते । नाडीरश्मिसम्बन्धेनैका 'अथैतैरेव रश्मिभिरूर्ध्व आक्रमते' (छा० ८·६·५) इति । अर्चिरादिकैका 'तेऽर्चिषमभिसम्भवन्त्यर्चिषोऽहः' (बृ० ६·२·१५) इति । 'स एतं देवयानं पन्थानमासाद्याग्निलोकमागच्छति' (कौ० १·३) इत्यन्या । 'यदा वै पुरुषोऽस्माल्लोकात्प्रैति स

एवमुत्क्रान्तिं निरूप्य तत्साध्यं मार्गं गन्तव्यं च निरूपयितुं पादमारभते—अर्चिरादिना तत्प्रथितेः । वृत्तानुवादपूर्वकमाद्याधिकरणस्य विषयं मार्गमाह—आसृतीति । विरजा विरजसः निष्पापा इत्यर्थः । 'श्रुतिविप्रतिपत्त्या संशयः । पूर्वं यदाकदाचिन्मृतस्यापि फलप्राप्तिरुक्ता तद्वदेन

॥ चतुर्थ अध्याय-तृतीय पाद ॥

द्वितीय पाद में उत्क्रान्ति का निरूपणकर अब तत्साध्य मार्ग और गन्तव्यस्थान को बतलाने के लिए हेतुहेतुमद्भाव सङ्गति के कारण इस तृतीय पाद को प्रारम्भ करते हैं।

१. अर्चिराद्यधिकरण

१. सङ्गति—जब कभी भी मरा हुआ व्यक्ति जैसे विद्या का फल प्राप्त कर लेता है, वैसे ही जिस किसी मार्ग से गया हुआ व्यक्ति विद्या का फल प्राप्त कर लेगा; ऐसी दृष्टान्त सङ्गति के कारण यह अधिकरण प्रारम्भ किया जाता है।

२. विषय—इस अधिकरण में सगुण उपासक के अर्चिरादि मार्ग का विचार किया गया है।

३. संशय—ब्रह्मलोकप्राप्ति का मार्ग भिन्न भिन्न है अथवा अनेक विशेषणों से युक्त एक ही मार्ग है ?

४. पूर्वपक्ष—भिन्न प्रकरण में पढ़े जाने के कारण और भिन्न उपासना के अङ्ग होने से ब्रह्मलोकप्राप्ति के मार्ग नाना हैं।

५. सिद्धान्त—अनेक श्रुतियों में कहा गया अर्चिरादि मार्ग एक ही है क्योंकि पञ्चाग्नि विद्या और कुछ अन्य विद्याओं में यह मार्ग सुना गया है। अतः ब्रह्मलोकप्राप्ति का अर्चिरादि मार्ग एक ही है।

अर्चिरादिना तत्प्रथितेः (ललिता)

मार्गारम्भ से पूर्व सभी की उत्क्रान्ति एक जैसी होती है, किन्तु श्रुतियों में मार्ग अनेक प्रकार का सुना जाता है। 'इन रश्मियों के सहारे जीव ऊर्ध्वलोक में जाता है' इस श्रुति के द्वारा रश्मि से सम्बन्धित नाड़ी एक मार्ग है, 'वे सभी अर्चि को प्राप्त करते हैं, अर्चि से दिन को प्राप्त करते हैं ऐसा एक अर्चिरादि मार्ग कहा गया है, 'वह देवयान मार्ग को प्राप्तकर अग्निलोक में जाता है' इस श्रुति

---

१ श्रुतिकर्तृकविप्रतिपत्त्या ।

वायुमागच्छति' (बृ० ५-१०-१) इत्यपरा। 'सूर्यद्वारेण ते विरजाः प्रयान्ति' (मु० १-२-११) इति चापरा। तत्र संशयः—किं परस्परं भिन्ना एताः सृतयः किं वकैवानेकविशेषणेति। तत्र प्राप्तं तावद्भिन्ना एताः सृतय इति। भिन्नप्रकरणत्वात्। भिन्नोपासनाशेषत्वाच्च। अपि च 'अथैतैरेव रश्मिभिः' (छा० ८-६-५) इत्यवधारणमर्चिराद्यपेक्षायामुपरुध्येत। त्वरावचनं च पीड्येत 'स यावत्क्षिप्येन्मनस्तावदादित्यं गच्छति' (छा० ८-६-५) इति। तस्मादन्योन्यभिन्ना एवैते पन्थान इति एवं प्राप्तेऽभिदध्महे—? अर्चिरादिनेति। सर्वो ब्रह्म प्रेप्सुरर्चिरादिनैवाध्वना रंहतीति प्रतिजानीमहे। कुतः?—तत्प्रथितेः। प्रथितो ह्येष मार्गः सर्वेषां विदुषाम्। [1]तथाहि पञ्चाग्निविद्याप्रकरणे 'येऽवामी अरण्ये श्रद्धां सत्यमुपासते' (बृ० ६-२-१५) इति [2]विद्यान्तरशीलिनामप्यर्चिरादिका सृतिः श्राव्यते। स्यादेतत्। यासु विद्यासु न काचिद्गतिरुच्यते तास्वियमर्चिरादिकोपतिष्ठतां

केनचिन्मार्गेण गतिरिति पूर्वपक्षफल विकल्पः, सिद्धान्ते मार्गैक्यमिति विवेकः। उपासनाभेदात्तच्छेषत्वेन ध्येयानां मार्गाणां भेदः, एवकाराच्च। किञ्च मार्गभेदे सत्यस्मादयं मार्गस्त्वरया प्रापक इति युक्तं न मार्गैक्य इत्यर्थः।

उपासनाभेदेऽप्युपास्यब्रह्मैक्यवन्मार्गैक्यमविरुद्धमिति सिद्धान्तयति—एवमिति। तस्य मार्गस्य प्रसिद्धत्वादिति हेत्वर्थः। ये चेत्यविशेषश्रुतिरश्रुतगतिविद्याविषयेति मार्गभेदं शङ्कते—स्यादेतदिति। एकस्यैव मार्गस्यानेकान्यग्न्यादीनि विशेषणानीत्युक्ते लाघवान्न मार्गभेदः प्रत्यभिज्ञानाच्चेति समाधयर्थः। गन्तव्यैक्यं विवृणोति—तथा हीति। परावनो दीर्घायुषो हिरण्यगर्भस्य

से अन्य मार्ग कहा गया है। 'जब पुरुष इस लोक से प्रस्थान करता है तब वह वायु को प्राप्त करता है' इस श्रुति से अन्य मार्ग कहा गया है और 'वे निष्पाप पुरुष सूर्यद्वार से प्रस्थान करते हैं' इस श्रुति से अन्य ही मार्ग बतलाया गया है। अतः यहाँ पर संशय होता है कि ये परस्पर भिन्न मार्ग हैं अथवा अनेक विशेषणवाला एक ही मार्ग है। इस पर पूर्वपक्षी का कहना है कि ये भिन्न-भिन्न प्रकरण में स्थित होने के कारण और भिन्न उपासना के अङ्ग होने के कारण भिन्न-भिन्न मार्ग हैं। इसके अतिरिक्त 'अथैतैरेव रश्मिभिः' इस श्रुति में अवधारणार्थक 'एव' पद अर्चिरादि की अपेक्षा करने पर उपरुद्ध हो जायेगा और 'जितनी देर में मन आदित्य लोक में पहुँचता हो उतनी देर में वह उपासक आदित्य लोक में पहुँच जाता है' इस श्रुति के द्वारा कथित त्वरावचन भी पीड़ित होने लग जायेगा। अतः ये सभी मार्ग परस्पर भिन्न ही हैं।

ऐसा पूर्वपक्ष होने पर हम सिद्धान्ती कहते हैं कि सभी ब्रह्मप्रेप्सु पुरुष अर्चिरादि मार्ग से हो जाते हैं, ऐसी हमारी प्रतिज्ञा है क्योंकि यह मार्ग सभी उपासकों के लिए खुला हुआ है। इसीलिए पञ्चाग्नि विद्या के प्रसङ्ग में 'ये सभी जंगल में श्रद्धा और तप की उपासना करते हैं' इस वाक्य द्वारा अन्य उपासना करने वालों के लिए भी अर्चिरादि मार्ग सुना जाता है। शङ्का—जिन उपासनाओं में कोई मार्ग नहीं कहा गया है उन्हीं में अर्चिरादि मार्ग उपस्थित होगा, पर जिन उपासनाओं में भिन्न-भिन्न मार्ग सुना जाता है उनमें अर्चिरादि का आश्रयण क्यों किया जायेगा?

१. पंचाग्निविदामेव तेऽर्चिषमभिसंभवन्तीत्यर्चिरादिगतेः श्रुतत्वात्कुतः सर्वेषामिति विशेषण तत्राह तथा हीति।

२. विद्यांतरेति ये चेत्यविशेषश्रुत्या प्रकरणं बाध्यमिति भावः।

यासु त्वन्या श्राव्यते तासु किमित्यर्चिराद्याश्रयणमिति । अत्रोच्यते—भवेदेतदेवं यद्यत्यन्तभिन्ना एवैताः सृतयः स्युः । एकैव त्वेषा सृतिरनेकविशेषणा ब्रह्मलोकप्रपदनी क्वचित्केनचिद्विशेषणेनोपलक्षितेति वदामः । सर्वत्रैकदेशप्रत्यभिज्ञानादितरेतरविशेषणविशेष्यभावोपपत्तेः । प्रकरणभेदेऽपि हि विद्यैकत्वे भवतीतरेतरविशेषणोपसंहारवद्गतिविशेषणानामप्युपसंहारः । विद्याभेदेऽपि तु गत्येकदेशप्रत्यभिज्ञानाद्गन्तव्याभेदाच्च गत्यभेद एव । तथाहि 'ते तेषु ब्रह्मलोकेषु पराः परावतो वसन्ति' (बृ० ६-२-१५), 'तस्मिन्वसन्ति शाश्वतीः समाः' (बृ० ५-१०-१), 'सा या ब्रह्मणो जितिर्या व्युष्टिस्तां जितिं जयति तां व्युष्टिं व्यश्नुते' (कौ० १-४), 'तद्य एवैतं ब्रह्मलोकं ब्रह्मचर्येणानुविन्दति' (छा० ८-४-३) इति च तत्र तत्र तदेवैकं फलं ब्रह्मलोकप्राप्तिलक्षणं प्रदर्श्यते । यत्त्वेतैरेवेत्यवधारणमर्चिराद्याश्रयणे न स्यादिति । नैष दोषः । रश्मिप्राप्तिपरत्वादस्य । न ह्येक एवशब्दो रश्मींश्च प्रापयितुमर्हत्यर्चिरादींश्च व्यावर्तयितुम् । तस्माद्रश्मिसंबन्ध

परा दीर्घाः समाः संवत्सरान्वसन्ति कार्यब्रह्मणो या जिति सर्वत्र जयः, व्युष्टिर्व्याप्तिस्तां लभत इत्यर्थः । एवं गन्तव्यैक्यवत्प्रत्यभिज्ञया मार्गैक्यनिश्चयात्प्रकरणभेदोऽप्रयोजक इत्युक्तं संप्रत्येवकारस्त्वरावचनयोगतिमाह—यत्त्वित्यादिना । रात्रौ स्पष्टरश्म्यभावाद्विदुषो रश्म्ययोगप्राप्तौ तन्निरासार्थमेवकारो नान्यव्यावृत्त्यर्थः । यथा लौकिकमार्गे विलम्बस्तथा अर्चिरादौ नेति त्वरावचनोपपत्ति-

समाधान—यदि ये सभी मार्ग अत्यन्त भिन्न हों तो ऐसा हो, किन्तु अनेक विशेषणों से युक्त ब्रह्मलोक का प्रापक एक ही मार्ग कहीं पर किसी विशेषण से उपलक्षित होता है, ऐसा हम कहते हैं क्योंकि एकदेश की सर्वत्र प्रत्यभिज्ञा होने से ये परस्पर विशेषणविशेष्यभाव को प्राप्त कर जाते हैं। प्रकरण भिन्न रहने पर भी विद्या एक रहने पर जैसे परस्पर विशेषणों का उपसंहार गुणोपसंहार पाद में बतलाया गया, वैसे ही यहाँ पर भी मार्ग के विशेषणों का उपसंहार सर्वत्र कर लेना चाहिए। इसलिए विद्याभेद रहने पर भी गति के एकदेश की प्रत्यभिज्ञा होने से और गन्तव्य ब्रह्मलोक के अभिन्न होने से गति का भी अभेद ही माना जायेगा । 'वे सभी हिरण्यगर्भ के उन ब्रह्मलोकों में दीर्घकाल तक वास करते हैं', 'उसमें अनन्त वर्षों तक अर्थात् ब्रह्मा के अनेक कल्पों तक निवास करता है' 'वही ब्रह्मा की विजय है, उस ब्रह्मा की सृष्टि, जिति और व्यष्टि को प्राप्त करता है' और 'जो इस ब्रह्मलोक को ब्रह्मचर्य से जीत लेते हैं' इस प्रकार इन श्रुतिवाक्यों द्वारा ब्रह्मलोकप्राप्तिरूप फल एक ही दिखलाया गया है। और जो 'एतैरेव' यह अवधारण अर्चिरादि मार्ग का आश्रय लेने पर अनुपयुक्त हो जायेगा, ऐसा कहा था ? यह कोई दोष नहीं है, यह तो रश्मिप्राप्ति को बतलाना है क्योंकि एक ही 'एव' शब्द रश्मि की प्राप्ति और अर्चिरादि की व्यावृत्ति दोनों बात नहीं कह सकती है। अतः यह अवधारणार्थक 'एव' पद केवल रश्मिसम्बन्ध को कहता है, अर्चिरादि की व्यावृति नहीं

१. एकदेशेनादित्यादि विशेषणेन विशेष्यी भूतायाः सृतेः प्रत्यभिज्ञानादित्यर्थः । २. यत्तु भिन्नप्रकरणस्थत्वात् भिन्ना गतय इति तत्र प्रकरणभेदमात्रादेव गतिभेदो विद्याभेदाद्वा नाद्य इत्याह प्रकरणेति । ३. भवतीत्यस्योपसंहार इत्यत्रान्वयः । ४. न द्वितीय इत्याह विद्येति । ५ ब्रह्मविदः । ६. ब्रह्मलोके । ७. कस्यैतत्फलमित्याह—तद्य इति तत्र तत्राधिकृतानां मध्ये ये के विद्ब्रह्मचर्यादि साधनेन ब्रह्मोपासते ते पुनरेते ब्रह्म लभन्त इत्यर्थः । ८. उक्तश्रुतीनां तात्पर्यमाह तत्र तत्रेति ।

२. वाय्वधिकरणम् (सू० २)

संनिवेशयितुं वयुरत्राशक्योऽथ शक्यते । न शक्यो वायुलोकस्य श्रुतक्रमविवर्जनात् ।
वायुश्छिद्राद्विनिष्क्रम्य स आदित्यं व्रजेदिति । श्रुतेरर्वाग्रवेर्वायुर्देवलोकस्ततोऽप्यधः ॥

एवायमवधार्यत इति द्रष्टव्यम् । त्वरावचनं त्वर्चिराद्यपेक्षायामपि गन्तव्यान्तरापेक्षया शैघ्र्यार्थत्वान्नोपरुध्यते । यथा 'निमिषमात्रेणात्रागम्यत इति । अपि च 'अथैतयोः पथोर्न कतरेण च न' (छा० ५-१०-८) इति मार्गद्वयभ्रष्टानां कष्टं तृतीयं स्थानमाचक्षाणा पितृयाणव्यतिरिक्तमेकमेव देवयानमर्चिरादिपर्वाणं पन्थानं प्रथयति । भूयांस्यर्चिरादिसृतौ मार्गपर्वाण्यल्पीयांसि त्वन्यत्र । भूयसां चानुगुण्येनाल्पीयसां नयनं न्याय्यमित्यतोऽप्यर्चिरादिना तत्प्रथितेरित्युक्तम् ॥१॥

रित्यर्थः । मार्गैक्ये लिङ्गमाह—अपि चेति । शुभमार्गबाहुल्ये तृतीयस्थानोक्तिर्न स्यादिति भावः । 'उत्तरमार्गैक्येऽप्यर्चिरादिनेति विशेषणे को हेतुरित्यत आह—भूयांसीति । १॥

करता, ऐसा समझना चाहिए । वैसे ही अर्चिरादि की अपेक्षा करने पर भी अन्य गन्तव्य की अपेक्षा से त्वरावचन शीघ्रता को बतलाता है, वह भी उपरुद्ध नहीं होता । जैसे लौकिक मार्ग में विलम्ब होता है वैसा अर्चिरादि में विलम्ब नहीं होता, निमिषमात्र में वहाँ पहुँच जाता है । इस प्रकार त्वरावचन की सङ्गति भी बैठ जाती है । इसके अतिरिक्त 'इन दोनों मार्गों में से किसी एक मार्ग से जो नहीं जाता' इस वाक्य द्वारा दोनों मार्गों से भ्रष्ट पापियों के लिए तीसरा कष्टकारक मार्ग बतलाने वाली श्रुति पितृयान से भिन्न एक ही अर्चिरादि विशेषणविशिष्ट मार्ग को बतलाती है । अर्चिरादि श्रुति में मार्गपर्व बहुत हों और अन्यत्र अल्प हों तो अल्प पर्वस्थान में अधिक गुणों का आनयन करना उचित है, इस युक्ति से भी अर्चिरादि मार्ग से ब्रह्मलोक की प्राप्ति प्रसिद्ध हो जाती है, यह सिद्ध हुआ ॥१॥

२. वाय्वधिकरण

१. सङ्गति—इस प्रकार जैसे सर्वत्र अर्चिरादि एकदेश की प्रत्यभिज्ञा होने के कारण ब्रह्मलोक-प्राप्ति का मार्ग एक ही है, वैसे ही अग्नि के पश्चात् वायु की प्रत्यभिज्ञा होने के कारण अग्नि के बाद ही वायु का निर्देश करना चाहिए; ऐसी दृष्टान्त सङ्गति के कारण इस अधिकरण को प्रारम्भ करते हैं ।

२. विषय—इस अधिकरण में अर्चिरादि मार्ग में पढ़े गये लोकों का विचार किया गया है ।

३. संशय—अर्चिरादि मार्ग में वायु का सन्निवेश होता है या नहीं ?

४. पूर्वपक्ष—श्रौतक्रम न होने के कारण अर्चिरादि मार्ग में वायुलोक का सन्निवेश नहीं हो सकता ।

५. सिद्धान्त—संवत्सर से पर और आदित्य से पूर्व वायु का सन्निवेश सम्भव है क्योंकि 'वायुछिद्र से निकलकर वह उपासक आदित्यलोक में जाता है' ऐसी श्रुति है ।

१. निमेषोक्षिपलकः । २. श्रुतिः । ३. सोपानकम् । ४. अल्पपर्वणा मार्गेण गंतव्यप्राप्तिसंभवे बहुपर्वमार्गोपदेशो व्यर्थः स्यात्प्रेक्षावतस्तत्राप्रवृत्तेरतो भूयसां पर्वणामनुरोधेनाल्पीयसां तदनुप्रवेश एवयुक्तो बहूनामनुग्रहस्य न्याय्यत्वादित्यर्थः मार्गैक्ये जघन्यविकल्पशंकापि न वक्तुमपीत्युक्तम् । ५. देवयानमार्ग ।

(५१९) वायुमब्दादविशेषविशेषाभ्याम् ॥२॥

केन पुनः [1]संनिवेशविशेषेण गतिविशेषणानामितरेतरविशेषणविशेष्यभाव इति तदेतत्सुहृद्भूत्वाचार्यो ग्रथयति । 'स एतं देवयानं पन्थानमापद्याग्निलोकमागच्छति स वायुलोकं स वरुणलोकं स इन्द्रलोकं स प्रजापतिलोकं स ब्रह्मलोकम्' (कौ० १-३) इति कौषीतकिनां देवयानः पन्थाः पठ्यते । तत्रार्चिरग्निलोकशब्दौ तावदेकार्थौ ज्वलनवचनत्वादिति नात्र संनिवेशक्रमः क्वचिदन्वेष्यः । वायुस्त्वर्चिरादौ वर्त्मनि न श्रुतः कतमस्मिन्स्थाने निवेशयितव्य इति । उच्यते—'तेऽर्चिषमेवाभिसम्भवन्त्यर्चिषोऽहरह्न आपूर्यमाणपक्षमापूर्यमाणपक्षाद्यान्षडुदङ्ङेति मासांस्तान् । मासेभ्यः संवत्सरं संवत्सरादादित्यम्' (छा० ५-१०-१,२) इत्यत्र संवत्सरात्पराञ्चमादित्यादर्वाञ्चं वायुमभिसम्भवन्ति । कस्मात् । अविशेषविशेषाभ्याम् । तथाहि—'स वायुलोकम्' (कौ० १-३) इत्यत्राविशेषोपदिष्टस्य वायोः श्रुत्यन्तरे विशेषोपदेशो दृश्यते 'यदा वै पुरुषोऽस्माल्लोकात्प्रैति स वायुमागच्छति तस्मै स तत्र विजिहीते यथा रथचक्रस्य खं तेन स ऊर्ध्वमाक्रमते स

उक्तं मार्गस्यैक्यमुपजीव्य पूर्वक्रममाह—वायुमब्दात् । अर्चिरादिभ्यस्मादयमनन्तर इति क्रमेण विशेषणविशेष्यभाव उच्यत इत्यधिकरणस्य तात्पर्यमुक्त्वा विषयमाह—स एतमिति । अत्राग्न्यनन्तरं पठितो वायुर्विषयः । स किं अर्चिरात्मकाग्नेरनन्तरमुत संवत्सरात्पर इति [2]पाठाद्वक्ष्यमाणविशेषश्रुतेश्च संशये सिद्धान्तमेवोपक्रमते उच्यत इति । पुरुषः उपासकोऽस्माल्लोकाद्देहात्प्रैति निर्गच्छति तस्मै

वायुमब्दादविशेषविशेषाभ्याम् (ललिता)

मार्गविशेषणों का परस्पर विशेषणविशेष्यभाव किस सन्निवेशविशेष के आधार पर माना गया है, इस प्रश्न का उत्तर सुहृद् बनकर आचार्य बादरायण बतलाते हैं । 'वह उपासक देह त्यागकर देवयान मार्ग प्राप्त करने के बाद अग्निलोक में आता है, वह वायुलोक में आता है, वह वरुणलोक में आता है, वह इन्द्रलोक में आता है' इस कौषीतकि शाखा के उपनिषद् में देवयान मार्ग कहा गया है। वहाँ पर अर्चि और अग्निलोक शब्द ज्वलनवाचक होने के कारण एकार्थक है अतः उन दोनों में किसी सन्निवेषक्रम अन्वेषण की आवश्यकता नहीं है । किन्तु अर्चिरादि मार्ग में जहाँ वायु अश्रुत है, उसे किस स्थान पर सन्निविष्ट करना चाहिए, ऐसी आकांक्षा होने पर कहते हैं कि 'वे उपासक अर्चि को प्राप्त करते हैं, अर्चि से दिन को, दिन से शुक्ल पक्ष को, शुक्ल पक्ष से उत्तरायण के छः मास को प्राप्त करते हैं, उत्तरायण छः मास से संवत्सर को और संवत्सर के बाद आदित्य को प्राप्त करते हैं' इस श्रुति के अनुसार संवत्सर से ऊपर और आदित्य से नीचे वायुलोक में उपासक जाते हैं, ऐसा अविशेष और विशेष हेतु के आधार पर मानना पड़ता है क्योंकि 'वह वायुलोक को प्राप्त करता है' यहाँ पर वायु अविशेषरूप से उपदिष्ट है, उसी वायु का 'निःसन्देह जब पुरुष इस लोक से प्रस्थान करता है तब वह वायु को प्राप्त करता है' वह वायु देवता उस उपासक के लिए मार्ग दे देते हैं । जैसे रथचक्र में छिद्र होता है वैसे ही वायु में छिद्र हो जाता है, उस छिद्र के द्वारा उपासक ऊर्ध्वलोक में जाता है, पुनः वह आदित्य को प्राप्त करता है' इस अन्य श्रुति में विशेषरूप से उपदेश देखा जाता है । अतः

१. सन्निवेशः संस्थितिः । २. पाठादिति कौषीतकावग्न्यनंतरपाठात् यदा वै पुरुष इति वक्ष्यमाणश्रुतेश्चेत्यर्थः ।

आदित्यमागच्छति' (बृ० ५-१०-१) इति । एतस्मादादित्याद्वायोः पूर्वत्वदर्शनाद्विशेषाद-ब्दादित्ययोरन्तराले वायुर्निवेशयितव्यः । कस्मात्पुनरग्नेः परत्वदर्शनाद्विशेषादर्चिषोऽनन्तरं वायुर्न निवेश्यते । नैषोऽस्ति विशेष इति वदामः । ननूदाहृता श्रुतिः—'स एतं देवयानं पन्थानमापद्याग्निलोकमागच्छति स वायुलोकं स वरुणलोकम्' (कौषी० १-३) इति । उच्यते—केवलोऽत्र पाठः पौर्वापर्येणावस्थितो नात्र क्रमवचनः कश्चिच्छब्दोऽस्ति । पदार्थोपदर्शनमात्रं ह्यत्र क्रियते एतमेतं चागच्छतीति । इतरत्र पुनर्वायुप्रत्तेन रथचक्रमात्रेण छिद्रेणोर्ध्वमाक्रम्यादित्यमागच्छतीत्यवगम्यते क्रमः । तस्मात्सूक्तमविशेषविशेषाभ्यामिति । वाजसनेयिनस्तु 'मासेभ्यो देवलोकं देवलोकादादित्यम्' (बृ० ६-२-१५) इति समामनन्ति । तत्रादित्यानन्तर्याय देवलोकाद्वायुमभिसंभवेयुः । वायुमब्दादिति तु छन्दोगश्रुत्यपेक्षयोक्तम् । छान्दोग्यवाजसनेयकयोस्त्वे[1]कत्र देवलोको न विद्यते [2]परत्र संवत्सरः ।

प्राप्ताय पुरुषाय स वायुस्तत्र स्वात्मनि विजिहीते छिद्रं करोति, तेन वायुदत्तेन रथचक्रछिद्रतुल्येन द्वारेणोर्ध्वमादित्यं गच्छतीति श्रुत्यर्थः । इदानीं पूर्वपक्षमाह—कस्मात्पुनरिति । पाठबलादर्चिषोऽनन्तरो वायुरित्यर्थः । कौषीतकिनां पाठमात्रं, न क्रमविशेषवाची कश्चिच्छब्दोऽस्ति । काण्वानां तु तेनेत्यूर्ध्वमिति च शब्दाभ्यां क्रमनिश्चयात्पाठबाध इति सिद्धान्तार्थः । अस्त्वर्चिरादिमार्गे छान्दोग्यस्थे संवत्सरपाठाद्वायोरब्दात्परत्वं, वाजिश्रुतिस्थे तु संवत्सरस्याश्रुतेः कथमब्दात्परो वायुरित्यत आह—वाजेति । तर्हि देवलोकाद्वायुमिति सूत्रं स्यादित्यत आह—वायुमब्दादिति त्विति । संवत्सरस्य मासावयवित्वान्मासानन्तर्यं संवत्सरात्परो देवलोकस्ततः परो वायुर्वायोः पर आदित्य इति श्रुतिद्वये क्रमो निष्पन्नः । तेनेति तृतीयाश्रुत्या वायोरादित्यपूर्वत्वावगमादिति, सूत्रे तु वायुपदं देवलोकपूर्वकवायुपरमिति स्थितम् ॥२॥

आदित्य से वायु में पूर्वत्वविशेष देखने के कारण संवत्सर और आदित्य के मध्य में वायु का निवेश मानना चाहिए । शङ्का—पूर्वोक्त कौषीतकि श्रुति में अग्नि से परत्वविशेषदर्शन वायु में होना है, इस आधार पर अग्नि के अनन्तर वायु का निवेश क्यों नहीं किया जाता है । समाधान—हम इसे कोई विशेष नहीं मानते । शङ्का—'वह इस देवयान मार्ग को प्राप्तकर अग्निलोक में आता है, वह वायुलोक में आता है' ऐसी श्रुति भी उदाहृत है । समाधान—यहाँ पर केवल पाठमात्र है जो पौर्वापर्यरूप से अवस्थित है, क्रमबोधक कोई शब्द नहीं है । इस-इस लोक में वह उपासक जाता है, ऐसा पदार्थ उपदर्शनमात्र ही इस श्रुति में है । किन्तु अन्य श्रुति में वायुप्रदत्त रथचक्र छिद्रमात्र से उपासक ऊपर जाकर आदित्य लोक में पहुँचता है, ऐसा क्रम भी जान पड़ता है । इसीलिए आचार्य बादरायण ने 'अविशेषविशेषाभ्याम्' इस सूत्रभाग से वायु के लिए उक्त व्यवस्था की है किन्तु वाजसनेयी शाखावाले 'मास से देवलोक और देवलोक से आदित्यलोक' का पाठ करते हैं, इसलिए वहाँ पर आदित्य के अनन्तर देवलोक से पर वायु को कहते हैं । 'वायुमब्दात्' यह सूत्रभाग तो छान्दोग्य श्रुति की अपेक्षा करके कहा गया है । छान्दोग्य और वाजसनेयक में से एक स्थान में देवलोक नहीं है और दूसरे में संवत्सर नहीं है, अतः वहाँ पर दोनों श्रुतियों की प्रतीति से दोनों स्थानों में दोनों का ग्रथन कर लेना

१. छान्दोग्ये । २. बृहदारण्यके । ३. शंकाग्रंथार्थः ।

३. तडिदधिकरणम् (सू—३)

(५२०) तडितोऽधि वरुणः सम्बन्धात् ॥३॥

वरुणादेः संनिवेशो नास्ति तत्राथ विद्यते। नास्ति वायोरिवैतस्य व्यवस्थाश्रुत्यभावतः।
विद्युत्सम्बन्धिवृष्टिस्थनीरस्याधिपतित्वतः। वरुणो विद्युतस्तूर्ध्वं तत इन्द्रप्रजापती॥

तत्र श्रुतिद्वयप्रत्ययादुभावप्युभयत्र ग्रथयितव्यौ। तत्रापि माससंबन्धात्संवत्सरः [१]पूर्वः [२]पश्चिमो देवलोक इति विवेक्तव्यम् ॥२॥

'आदित्याच्चन्द्रमसं चन्द्रमसो विद्युतम् (छा० ४-१५-५) इत्यस्या विद्युत उपरिष्टात्स वरुणलोकमित्ययं वरुणः सम्बध्यते। अस्ति हि सम्बन्धो विद्युद्वरुणयोः। 'यदा हि विशाला विद्युतस्तीव्रस्तनितनिर्घोषा जीमूतोदरेषु प्रनृत्यन्त्यथापः प्रपतन्ति। विद्योतते स्तनयति

एवं कौषीतकिभिरग्न्यनन्तरं पठितस्य वायोः स्थानमुक्त्वा वाय्वनन्तरं पठितस्य वरुणस्यार्चिरादिमार्गे स्थानमाह—तडितोऽधि वरुणः सबन्धात। पठितो वरुणादिर्मार्गपर्वत्वेन संबध्यते न वेति सदेहेऽर्चिषोऽहरित्यादि पञ्चम्यार्ऽचिरादीनां क्रमेण मार्गपर्वतया बद्धत्वाद्वायोरिव स्थानविशेषश्रुत्यभावादलब्धस्थानो वरुणादिर्न संबध्यत इति प्राप्ते सिद्धान्तमाह—आदित्यादिति। अपां विद्युत्कार्यत्वेन संबन्धे मानमाह—विद्योतत इति। [३]वरुणस्याब्द्वारा विद्युत्संबन्धात् 'आगन्तुकानामन्ते निवेशः'

चाहिए। उनमें भी मास से सम्बद्ध होने के कारण पहले संवत्सर और तत्पश्चात् देवलोक का सन्निवेश करना चाहिए।।२।।

३. तडिदधिकरण

१. **सङ्गति**—मान लिया कि स्थानविशेष सुने जाने के कारण अर्चिरादि मार्ग का पर्व वायुलोक है, फिर भी वरुणादि का स्थानविशेष न सुने जाने के कारण इस देवयान मार्ग में उनका सम्बन्ध कैसे हो सकेगा; ऐसी प्रत्युदाहरण सङ्गति के कारण यह अधिकरण प्रारम्भ करते हैं।

२. **विषय**—देवयान मार्ग में वरुणादि लोक के सन्निवेश का विचार इस अधिकरण में किया गया है।

३. **संशय**—इस अर्चिरादि मार्ग में वरुणादि लोक का सन्निवेश हो सकता है या नहीं?

४. **पूर्वपक्ष**—वायु के समान वरुणादि लोक की व्यवस्थापकश्रुति न होने के कारण यहाँ पर उनका सन्निवेश सम्भव नहीं है।

५. **सिद्धान्त**—विद्युतसम्बन्धी वृष्टि में स्थित जल का अधिपति वरुण है, अतः विद्युतलोक से पर वरुणादि का सन्निवेश उचित है। आगन्तुकों का अन्त में सन्निवेश न्यायसङ्गत है।

तडितोऽधि वरुणः सम्बन्धात् (ललिता)

'आदित्य से चन्द्रलोक और चन्द्र से विद्युतलोक' इस श्रुति के आधार पर विद्युत के पश्चात् उपासक वरुण लोक में जाता है क्योंकि वरुण जलाभिमानी देव है और विद्युत जल का कार्य है, इसलिए विद्युत और वरुण का सम्बन्ध है। जब बिजली से विशाल तीव्र निर्घोष होते हैं जो बादलों के मध्य नृत्य करने लग जाते हैं तब जल बरसता है। 'बिजली चमकती है, बादल गरजते हैं और

१. देवलोकात्। २. संवत्सरात्। ३. विद्युतोऽप्कारणत्वं वरुणस्य च जलाधिपतित्वमिति तथाच विद्युतो वरुणेन सह स्वकार्याधिपतित्वाख्यस्तस्य तथा च स्वैकिकरकारणत्वाख्यः संसर्ग इति।

४. आतिवाहिकधिकारम् (सू० ४-६)

(४२१) आतिवाहिकास्तल्लिङ्गात् ।।४।।

मार्गचिह्नं भोगभूर्वा नेतारो वार्चिरादयः । आद्यौ स्यातां मार्गचिह्नसारूप्याल्लोकशब्दतः ।
अन्ते गमयतीत्युक्तेर्नेतारस्तेषु चेदृशः । निर्देशोऽस्त्यत्र लोकाख्या तन्निव.सिजनान्प्रति ।।

वर्षिष्यति वा' (छा० ७-११-१) इति च ब्राह्मणम् । अपां चाधिपतिर्वरुण इति श्रुति-स्मृतिप्रसिद्धिः वरुणादधीन्द्रप्रजापती स्थानान्तराभावात्पाठसामर्थ्याच्च । आन्तुकत्वादपि वरुणादीनामन्त एव निवेशो वंशेषिकस्थानाभावाद्विद्युत्वान्त्यार्ऽचिरादौ वर्त्मनि ।।३।।

तेष्वेवार्चिरादिषु संशयः—किमेतानि मार्गचिह्नान्युत भोगभूमयोऽथवा नेतारो गन्तृणामिति । तत्र मार्गलक्षणभूता अर्चिरादय इति तावत्प्राप्तम् । तत्स्वरूपत्वादुपदेशस्य । यथा

इति न्यायाच्च विद्युदानन्तर्ये सति यथापाठमिन्द्रप्रजापत्योः क्रम इत्यर्थः ।।३।।

एवमर्चिरादीनां क्रमं निरूप्य स्वरूपं निरूपयति—आतिवाहिकास्तल्लिङ्गादिति। चिह्ननिर्देश-साम्याल्लोकशब्दान्नेतृत्वलिङ्गाच्च संशयः । आद्यपक्षद्वयं पूर्वपक्षः । अर्चिरादयो विद्युदन्ताश्चेतना

वर्षा होने लग जाती है' इस प्रकार जल का अधिपति वरुण श्रुति-स्मृति में प्रसिद्ध ही है । वरुण से परे इन्द्र और प्रजापति का स्थान मानना उचित होगा क्योंकि अन्य स्थान का अभाव है और पाठ-सामर्थ्य से एवं आगन्तुकत्व के कारण भी वरुणादि का अन्त में ही निवेश करना उचित होगा । विशेष स्थानाभाव के कारण अर्चिरादि मार्ग में विद्युत का स्थान अन्त में ही होना चाहिए । 'आगन्तुकानामन्ते निवेशः' इस न्याय से भी उक्त क्रम को मानना उचित होगा ।।३।।

४. आतिवाहिकाधिकरण

१. सङ्गति—इस प्रकार अर्चिरादि का क्रम बतलाने के बाद अब उनके स्वरूप का विचार किया जायेगा । सम्बन्धित विद्युत से पर वरुणादि का सन्निवेश होना चाहिए, ऐसा कहा गया; वैसे ही सादृश्यसम्बन्ध के कारण अर्चिरादि को मार्गचिह्न क्यों नहीं माना जाय, इस आक्षेप का समाधान इस अधिकरण द्वारा किया गया है ।

२. विषय—अनुशासक अथवा लोकश्रुति के मुख्यत्व का विचार इस अधिकरण में किया गया है ।

३. संशय—अर्चिरादि मार्ग के चिह्न हैं, भोगभूमि हैं अथवा आतिवाहिक नेता हैं ?

४. पूर्वपक्ष—मार्गचिह्न के सदृश होने के कारण वे मार्गचिह्न हैं अथवा लोक शब्द का प्रयोग होने के कारण वे भोगभूमि हैं, ये आतिवाहिक नेता नहीं हैं ।

५. सिद्धान्त—'स एतान्ब्रह्म गमयति' ऐसा अन्त में सुने जाने के कारण अमानव पुरुष जिस प्रकार नेता निश्चित जान पड़ता है, उसके सहचर होने के कारण अर्चिरादि भी आतिवाहिक देवता जान पड़ते हैं । आतिवाहिक देवताओं के लिए वे भोगभूमि भले ही हों, किन्तु ब्रह्मलोकयात्रा के लिए वे भोगभूमि नहीं हैं । अतः अर्चिरादि आतिवाहिक देवता ही हैं ।

आतिवाहिकास्तल्लिङ्गात (ललिता)

उन अर्चिरादि मार्गों के सम्बन्ध में यह संशय होता है कि ये मार्ग के चिह्न हैं या भोगभूमि हैं अथवा जाने वाले जीव के अतिवाहक हैं । इस पर पूर्वपक्ष का कहना है कि अर्चिरादि मार्ग के चिह्न

१. मार्गलक्षणस्वरूपत्वात् ।

हि लोके कश्चिद्ग्रामं नगरं वा 'प्रतिष्ठासमानोऽनुशिष्यते गच्छेतस्त्वममुं गिरिं ततो न्यग्रोधं ततो नदीं ततो ग्रामं ततो नगरं वा प्राप्स्यसीत्येवमिहाप्यर्चिषोऽहरह्न आपूर्यमाणपक्षमित्याद्याह। अथवा भोगभूमय इति प्राप्तम्। तथाहि—लोकशब्देनाग्न्यादीननुबन्धाति अग्निलोकमागच्छति' (कौ० १·३) इत्यादि। लोकशब्दश्च प्राणिनां भोगायतनेषु भाष्यते—'मनुष्यलोकः पितृलोको देवलोकः' (बृ० १·५·१६) इति च। तथा च ब्राह्मणम्—अहोरात्रेषु ते लोकेषु सज्जन्ते' इत्यादि। तस्मान्नातिवाहिका अर्चिरादयः। अचेतनत्वादप्येतेषामातिवाहिकत्वानुपपत्तिः। चेतना हि लोके राजनियुक्ताः पुरुषा दुर्गेषु मार्गेष्वतिवाह्यानतिवाहयन्तीति।

एवं प्राप्ते ब्रूमः—आतिवाहिका एवैते भवितुमर्हन्ति। कुतः? तल्लिङ्गात्। तथाहि 'चन्द्रमसो विद्युतं तत्पुरुषोऽमानवः स एतान्ब्रह्म गमयति' (छा० ४·१५·५) इति सिद्धवद्गमयितृत्वं दर्शयति। 'यावद्वचनं वाचनिकमिति न्यायात्, 'तद्वचनं तद्विषयमेवोपक्षीणमिति चेत्। न। प्राप्तमानवत्वनिवृत्ति-

नेतारश्चामानवपुरुषेण नेत्रा सह पठितत्वादिति सिद्धान्तयति—एवमित्यादिना। यथाश्रुत्यमानवस्यास्तु नेतृत्वं नार्चिरादीनामिति शङ्कते—तद्वचनमिति। पुरुषस्यामानवत्वं नेतृत्वं चेत्युभयपरत्वे वाक्यभेदः स्यादतोऽर्चिरादिपर्वनेतार एव मानवाः प्रकृताः प्रकरणबलाद्विद्युदनन्तरं मानवस्य नेतुः प्राप्तौ प्रकरणप्राप्तनेतृत्वानुवादेनामानवत्वमेकमेव प्रतिपाद्यत इति वक्तव्यमित्याह—नेति। नेतृप्रकरणात-

हैं क्योंकि उसी रूप में व्यपदेश देखा जाता है। जैसे लोक में कोई ग्राम या नगर की ओर प्रस्थान करने वाला हो तो उसे उपदेश करते हैं कि तुम यहाँ से अमुक पर्वत के पास जाओ, उसके आगे वट वृक्ष के पास जाओ, तत्पश्चात् नदी के पास जाओ एवं तदनन्तर ग्राम अथवा नगर को प्राप्त कर जाओगे। ऐसे ही यहाँ पर भी 'अर्चि से दिन को, दिन से शुक्ल पक्ष को' ऐसा वाक्य कहा गया है। अथवा ये अर्चिरादि भोगभूमि हैं क्योंकि 'अग्निलोकमागच्छति' इत्यादि श्रुति लोक शब्द के द्वारा अग्न्यादि को बांधती है। प्राणियों के भोगायतन के रूप में ही 'मनुष्यलोकः पितृलोको देवलोकः' इस प्रकार लोक शब्द का प्रयोग होता है। ऐसा ही 'अहोरात्र उन लोकों में सृष्टि होती है' यह ब्राह्मण-वाक्य है। अतः अर्चिरादि अतिवाहक नहीं हैं। अचेतन होने के कारण भी इनमें अतिवाहिकत्व सिद्ध नहीं होता। लोक में राजा से नियुक्त चेतन पुरुष ही दुर्गम मार्गों में चलने वाले लोगों का अतिवहन करते हैं।

ऐसा पूर्वपक्ष प्राप्त होने पर हम सिद्धान्ती कहते हैं कि ये अर्चिरादि अतिवाहिक ही होने चाहिए क्योंकि 'चन्द्रमा से विद्युत और वहाँ से अमानव पुरुष उन उपासकों को ब्रह्म के पास पहुंचाता है' यह श्रुति अर्चिरादि में भी निःसन्दिग्ध गमयितृत्व को बतलाती है। शङ्का—जितना वाचनिक शब्द हो, उतना ही उस विषय का बोधक होता है; उसके आधार पर अन्य में कल्पना ठीक नहीं है। समाधान—ऐसा कहना ठीक नहीं। अमानव विशेषण प्राप्तमानवत्वनिवृत्तिमात्रपरक है। यदि अर्चिरादि में अतिवाहिक पुरुष प्राप्त हैं तो वे मानव हैं, उनकी निवृत्ति के लिए विद्युतलोक के बाद

१. प्रस्थानं कुर्वाणः। २. अमानवपुरुषस्य विद्युदादावातिवाहिकत्वदृष्टेरर्चिरादिनामपि तदुन्नेयमित्यर्थः। ३. विद्युदादावमानवपुरुषकर्तृकमातिवाहिकत्ववचनममानवपुरुषविषय एवोपक्षीणमित्यत्र युक्तिमाह यावद्वचनमिति।

(५२२) उभयव्यामोहात्तत्सिद्धेः ॥५॥

परत्वाद्विशेषणस्य । यद्यर्चिरादिषु पुरुषा गमयितारः प्राप्तास्ते च मानवास्ततो युक्तं तन्निवृत्त्यर्थं पुरुषविशेषणममानव इति ॥४॥

ननु तल्लिङ्गमात्रमगमकं न्यायाभावात् । नैष दोषः ।

ये तावदर्चिरादिमार्गगास्ते देहवियोगात्संपिण्डितकरणग्रामा इत्यस्वतन्त्रा अर्चिरादीनामप्यचेतनत्वादस्वातन्त्र्यमित्यतोऽर्चिराद्यभिमानिनश्चेतना देवताविशेषा अतियात्रायां नियुक्ता इति गम्यते । लोकेऽपि हि मत्तमूर्च्छितादयः संपिण्डितकरणाः परप्रयुक्तवर्त्मानो भवन्ति । अनवस्थितत्वादप्यर्चिरादीनां न मार्गलक्षणत्वोपपत्तिः । न हि रात्रौ प्रेतस्याहःस्वरूपाभिसंभव उपपद्यते । न च प्रतिपालनमस्तीत्युक्तं पुरस्तात् । ध्रुवत्वात्तु देवतात्मनां नायं दोषो भवति । अर्चिरादिशब्दता चैषामर्चिराद्यभिमानादुपपद्यते 'अर्चिषोऽहः'

ङ्गीकारे त्वमानवः पुरुषो गमयतीति वाक्य भिद्येत अमानवत्ववन्नेतृत्वास्याप्यप्राप्तेरिति भावः ॥४॥

नेतृत्वानुवादलिङ्गस्यानुग्राहकन्यायपरं सूत्रं गृह्णाति—नन्विति । यद्यनेतारोऽचेतना एवार्चिरादयस्तर्हि मार्गतद्गन्त्रोरुभयोरपि व्यामोहादज्ञत्वादूर्ध्वगतिर्न स्यादतः स्वयं प्रयत्नशून्यश्चेतनान्तरेण नेय इति लौकिकन्यायानुग्रहात्तत्सिद्धेर्नेतृत्वसिद्धेरुक्तलिङ्गं न्यायोपेतमिति सूत्रार्थः । पूर्वपक्षद्वयं दूषयति—अनवस्थितत्वादित्यादिना । अर्चिरहरादीनामस्थिरत्वाद्रात्र्यादौ मृतस्य प्रतीक्षा नास्तीत्युक्तत्वाच्च न मार्गचिह्नत्वं भोग्यत्वं वा, देवतात्वे त्वस्थिरत्वदोषो नास्तीत्यर्थः । यत्तूपदेशस्वारस्याच्चिह्नत्वं भातीति, तत्राह—अर्चिषोऽहरिति । चिह्नत्वनेतृत्वसंशयाच्च वाक्यशेषा-

---

अतिवाहक पुरुष में अमानव पुरुष विशेषण युक्त ही है अर्थात् विद्युतलोकपर्यन्त अतिवहन करने वाले मानव पुरुष हैं, वे मानव विद्युतलोक के आगे नहीं जाते हैं; वहाँ से अमानव पुरुष उपासकों को ब्रह्मलोक में पहुँचाता है ॥४॥

न्याय के अभाव से लिङ्गमात्र गमक नहीं होता ? ऐसा संशय होने पर कहते हैं—

उभयव्यामोहात्तत्सिद्धेः (ललिता)

जो अर्चिरादि मार्ग में जाने वाले उपासक हैं वे स्थूल देह के अभाव में संपिण्डितकरणग्राम हैं, इसलिए अस्वतन्त्र हैं । उस स्थिति में अचेतन होने के कारण अर्चिरादि में भी अस्वतन्त्रता मानी जाय तो अचेतन-अचेतन का वहन कैसे कर सकेगा, इसलिए अर्चिरादि अभिमानी चेतनदेवताविशेष उस उत्कृष्ट यात्रा में अतिवाहकरूप से नियुक्त किए गये हैं, ऐसा जान पड़ता है । लोक में भी मतवाले और मूर्च्छाग्रस्त व्यक्ति के इन्द्रियसमुदाय पिण्डीभूत हो जाते हैं, उस स्थिति में वे मार्ग में दूसरों से प्रेरित होकर ले जाये जाते हैं । इसके अतिरिक्त अर्चिरादि में स्थिरत्व न रहने के कारण भी वे मार्ग के चिह्न नहीं बन सकते क्योंकि रात्रि में मरे हुए का दिन के साथ सम्बन्ध सम्भव नहीं है और रात्रि में मरने वाला दिनागम की प्रतीक्षा नहीं करता है, ऐसा हम पहले कह आये हैं । देवता ध्रुव होते हैं, अतः अर्चिरादि को अतिवाहक देवता मानने पर यह दोष नहीं रहता । उन देवताओं को अर्चिरादि में अभिमान रहने के कारण अर्चिरादि शब्द का प्रयोग उनमें होता है ।

(छा० ४-१५-५-५-१०-१) इत्यादिनिर्देशस्त्वातिवाहिकत्वेऽपि न विरुध्यते। अर्चिषा हेतुनाऽहरभिसम्भवति, अह्ना हेतुनापूर्यमाणपक्षमिति। तथा च लोके प्रसिद्धेष्वप्यातिवाहिकेष्वेवंजातीयक उपदेशो दृश्यते, गच्छ त्वमितो बलवर्माणं ततो जयसिंहं ततः कृष्णगुप्तमिति। अपि चोपक्रमे 'तेऽर्चिरभिसंभवन्ति' (बृ० ६-२-१५) इति संबन्धमात्रमुक्तं न संबन्धविशेषः कश्चित्। उपसंहारे तु 'स एतान्ब्रह्म गमयति' (छा०-४-१५-६) इति संबन्धविशेषोऽतिवाह्यातिवाहकत्वलक्षण उक्तस्तेन स एवोपक्रमेऽपीति निर्धार्यते। संपिण्डितकरणत्वादेव च गन्तॄणां न तत्रोपभोगसंभवः। लोकशब्दस्त्वनुपभुञ्जानेष्वपि गन्तृषु गमयितुं शक्यते। अन्येषां तल्लोकवासिनां भोगभूमित्वात्। अतोऽग्निस्वामिकं लोकं प्राप्तोऽग्निनाऽतिवाह्यते वायुस्वामिकंलोकं प्राप्तोवायुनेति योजयितव्यम् ॥५॥

कथं पुनरातिवाहिकत्वपक्षे वरुणादिषु तत्सम्भवः। विद्युतो ह्यधि वरुणादय उपक्षिप्ता विद्युतस्त्वनन्तरमा ब्रह्मप्राप्तेरमानवस्यैव पुरुषस्य गमयितृत्वं श्रुतमिति। अत उत्तरं पठति—

निर्णय इत्याह—अपिचेति। यदुक्तं लोकशब्दाद्भोगत्वमिति तत्रेत्याह—संपिण्डितेति। ॥५॥

सूत्रान्तरं गृह्णाति—कथं पुनरिति अमानवो विद्युल्लोकमागतो वद्युतस्तेनेत्यर्थः श्रुतौ तु

'अर्चि के बाद दिन को प्राप्त करता है' इत्यादि निर्देश आतिवाहिक पक्ष में भी विरुद्ध नहीं होगा। अर्चिरादि हेतु के कारण दिन के साथ उस उपासक का सम्बन्ध हो जाता है, पुनः दिनरूप हेतु के कारण वह उपासक शुक्ल पक्ष को प्राप्त कर जाता है। वैसे ही लोकप्रसिद्ध आतिवाहिक अर्थ में भी इस प्रकार का उपदेश देखा जाता है कि तू यहाँ से बलवर्मा के पास जा, वहाँ से जयसिंह के पास जा और तत्पश्चात् कृष्णगुप्त के पास जा। इसके अतिरिक्त उपक्रम में 'वे उपासक अर्चि को प्राप्त करते हैं' इस वाक्य द्वारा सम्बन्धमात्र कहा गया है, कोई सम्बन्धविशेष नहीं बतलाया गया है; किन्तु उपसंहार में 'वह अमानव पुरुष इन उपासकों को ब्रह्म के पास पहुँचा देता है' इस वाक्य द्वारा अतिवाह्य-अतिवाहकरूप सम्बन्धविशेष कहा गया है, इसीलिए उपक्रम में भी उसी का निर्धारण होता है। सपिण्डितकरणग्राम होने के कारण ही उन उपासकों को वहाँ का भोग होना सम्भव नहीं है। भोग न करने वाले गन्ता में भी लोक शब्द का प्रयोग होता है क्योंकि उस लोक में निवास करने वाले अन्य प्राणियों का भोगस्थान तो वह है ही। अतः अग्नि स्वामी वाले लोक में गया हुआ पुरुष अग्नि के द्वारा अतिवहन कराया जाता है और वायु स्वामी वाले लोक में गया हुआ व्यक्ति वायु के द्वारा अतिवहन कराया जाता है अर्थात् अग्निस्वामिक लोक को अग्नि द्वारा प्राप्त करता है और वायुस्वामिक लोक को वायु द्वारा प्राप्त करता है, ऐसा समझना चाहिए ॥५॥

आतिवाहिकत्व पक्ष में भी वरुणादि में आतिवाहिकत्व कैसे सम्भव हो सकेगा क्योंकि विद्युत के बाद वरुणादि का पाठ मिलता है, परन्तु विद्युत लोक के अनन्तर ब्रह्मलोकप्राप्तिपर्यन्त अमानव पुरुष में ही गमयितृत्व सुना गया है? इस प्रश्न का उत्तर अग्रिम सूत्र से देते हैं—

५. कार्याधिकरणम (सू० ७-१४)

(५२३) वैद्युतेनैव ततस्तच्छ्रुतेः ॥६॥

(५२४) कार्यं बादरिरस्य गत्युपपत्तेः ॥७॥

परं ब्रह्माथ वा कार्यमुदङ्मार्गेण गम्यते । मुख्यत्वादमृतत्वोक्तेर्गम्यते परमेव तत् ।
कार्यं स्याद्गतियोग्यत्वात्परस्मिंस्तदसम्भवात् । सामीप्याद्ब्रह्मशब्दोक्तिरमृतत्वं क्रमाद्भवेत् ।।

ततो विद्युदभिसम्भवनादूर्ध्वं विद्युदनन्तरवर्तिनैवामानवेन पुरुषेण वरुणलोकादिष्वतिवाह्यमाना ब्रह्मलोकं गच्छन्तीत्यवगन्तव्यम् । 'तान्वैद्युतात्पुरुषोऽमानवः स एत्य ब्रह्मलोकं गमयति' इति तस्यैव गमयितृत्वश्रुतेः । वरुणादयस्तु तस्यैवाप्रतिबन्धकरणेन साहाय्यानुष्ठानेन वा केनचिदनुग्राहका इत्यवगन्तव्यम् । तस्मात्साधूक्तमातिवाहिका देवतात्मानोऽर्चिरादय इति ।।६।।

'स एनान्ब्रह्म गमयति' (छा० ४-१५-५) इत्यत्र विचिकित्स्यते—किं कार्यमपरं ब्रह्म

वैद्युताल्लोकादित्यर्थः । श्रुत्या वरुणादीनां नेतृत्वाभावेऽप्यनुग्राहकत्वेन मार्गान्तर्भाव इति भावः ।।६।।

एवं मार्गं निरूप्य गन्तव्यं चिन्तयति—कार्यं बादरिरस्य गत्युपपत्तेः । परं ब्रह्म गन्तव्यमिति

वैद्युतेनैव ततस्तच्छ्रुतेः (ललिता)

उस विद्युत लोक में पहुँचने के बाद विद्युत अनन्तरवर्ती अमानव पुरुष से ही वरुण लोकादि में अतिवाह्यमान उपासक ब्रह्मलोक को प्राप्त करता है, ऐसा समझना चाहिए क्योंकि 'विद्युत लोक में आये उन उपासकों को अमानव पुरुष ब्रह्मलोक पहुँचाता है' इस वाक्य द्वारा अमानव पुरुष में ही आतिवाहिकत्व सुना गया है। वरुणादि तो उसी अमानव पुरुष के अप्रतिबन्धक होने के कारण अथवा सहायक होने के कारण अनुग्राहक माने गये हैं, ऐसा समझना चाहिए। अतः ठीक ही कहा है कि अर्चिरादि आतिवाहिक देवतात्मा हैं ।।६।।

५. कार्याधिकरण

१. सङ्गति—इस प्रकार गति का निरूपण करने के बाद गन्तव्य का निरूपण होने के कारण पूर्वापर अधिकरण की हेतुहेतुमद्भाव सङ्गति है ।

२. विषय—इस अधिकरण में देवयान मार्ग से प्राप्त होने वाले गन्तव्य के स्वरूप का विचार किया गया है ।

३. संशय—अर्चिरादि मार्ग से उपासक परब्रह्म को प्राप्त करता है अथवा अपरब्रह्म को ?

४. पूर्वपक्ष——मुख्य अमृतत्व का कथन होने के कारण उन उपासकों को परब्रह्म की ही प्राप्ति होती है ।

५. सिद्धान्त—गति के योग्य होने से कार्यब्रह्म को ही उपासक प्राप्त करते हैं, परब्रह्मप्राप्ति के लिए गति की आवश्यकता नहीं है । परब्रह्म के समीप होने से हिरण्यगर्भ को भी ब्रह्म शब्द से कहा गया है, अमरत्व की प्राप्ति क्रमशः होती है ।

कार्यं बादरिरस्य गत्युपपत्तेः (ललिता)

इस प्रकार मार्ग का निरूपण करने के पश्चात् अब गन्तव्य का विचार करते हैं । 'वह अमानव

(५२५) विशेषितत्वाच्च ॥८॥

गमयत्याहोस्वित्परमेवाविकृतं मुख्यं ब्रह्मेति । कुतः संशयः ? ब्रह्मशब्दप्रयोगाद्गतिश्रुतेश्च । तत्र कार्यमेव सगुणमपरं ब्रह्मैनान्गमयत्यमानवः पुरुष इति बादरिराचार्यो मन्यते । कुतः? अस्य गत्युपपत्तेः । अस्य हि कार्यब्रह्मणो गन्तव्यत्वमुपपद्यते प्रदेशवत्त्वात् । न तु परस्मिन्ब्रह्मणि गन्तृत्वं गन्तव्यत्वं गतिर्वाऽवकल्पते । सर्वगतत्वात्प्रत्यगात्मत्वाच्च गन्तृणाम् ॥७॥

'ब्रह्मलोकान्गमयति ते तेषु ब्रह्मलोकेषु पराः परावतो वसन्ति' (बृ० ६-२-१५) इति च श्रुत्यन्तरे विशेषितत्वात्कार्यब्रह्मविषयैव गतिरिति गम्यते । नहि बहुवचनेन विशेषणं परस्मिन्ब्रह्मण्यवकल्पते । कार्ये त्ववस्थाभेदोपपत्तेः संभवति बहुवचनम् । लोकश्रुतिरपि विकारगोचरायामेव संनिवेशविशिष्टायां भोगभूमावाञ्जसी[1] । गौणी त्वन्यत्र 'ब्रह्मैव लोक एष सम्राट्' इत्यादिषु । अधिकरणाधिकर्तव्यनिर्देशोऽपि परस्मिन्ब्रह्मण्यनाञ्जसः[2] स्यात् ।

पूर्वपक्षे मार्गस्य मुक्त्यर्थता कार्यं ब्रह्मेति सिद्धान्ते भोगार्थतेति मत्वा प्रथमं सिद्धान्तमाह—तत्र कार्यमेवेति । सर्वगतस्यापि प्रदेशान्तरविशिष्टत्वेनाकाशस्य गन्तव्यत्वं दृष्टं, ब्रह्मणस्तु प्रत्यक्त्वान्न कथमपि गन्तव्यतेत्यर्थः ॥७॥

ब्रह्मलोकेष्विति बहुवचनलोकशब्दाधारसप्तमीश्रुतिभिर्गन्तव्यस्य परस्माद्व्यावृत्तत्वाच्च न परं गन्तव्यमित्याह—विशेषितत्वाच्चेति । परब्रह्मणि भोग्यत्वोपचाराद्गौणी लोकश्रुतिरित्यर्थः । नपुंसकब्रह्मशब्देन कारणवाचिना कार्यं लक्ष्यते गन्तव्यत्वन्यायोपेतबहुवचनाद्यनेकश्रुत्यनुग्रहाय । न चाना-

---

पुरुष विद्युत लोक में आये हुए उपासकों को ब्रह्मलोक में ले जाता है, ऐसा कहा गया है । इस पर सन्देह होता है कि जिस ब्रह्म के पास अमानव पुरुष ले जाता है वह अपरब्रह्म है अथवा शुद्ध परब्रह्म ही है । ब्रह्म शब्द का प्रयोग होने के कारण और साथ ही गतिश्रवण के कारण यह संशय होना स्वाभाविक है । इस पर सर्वप्रथम सिद्धान्त पक्ष से कहा गया है कि अमानव पुरुष इन उपासकों को कार्यब्रह्म के पास ही पहुँचाता है, ऐसा बादरि आचार्य मानते हैं क्योंकि गति की सङ्गति इस प्रकार मानने पर ही बैठती है, प्रदेशवाला होने के कारण उसी कार्यब्रह्म में गन्तव्यत्व भी सिद्ध होता है । सर्वव्यापक एवं गन्ता का प्रत्यगात्मा होने के कारण परब्रह्म में गन्तृत्व, गन्तव्यत्व अथवा गति का होना सम्भव नहीं हैं ॥७॥

विशेषितत्वाच्च (ललिता)

'ब्रह्मलोकों को प्राप्त कराता है, वे उपासक उन लोकों में अनेक वर्षों तक वास करते हैं' ऐसा श्रुत्यन्तर में बहुवचन से लोक को विशेषित किये जाने के कारण गति कार्यब्रह्मविषयक ही है, ऐसा जान पड़ता है क्योंकि परब्रह्म में बहुवचन विशेषण घटता नहीं हैं । किन्तु कार्यब्रह्म में अवस्था-भेद के कारण बहुवचन विशेषण सम्भव हो जाता है । लोकश्रुति में भी सन्निवेशविशिष्ट, विकार-विषय भोगभूमि में ही घटती है, परब्रह्म में तो लोक शब्द का गौण प्रयोग मानना पड़ेगा । ऐसा ही

---

१. तात्त्विकी । २. तात्त्विकः ।

(५२६) सामीप्यात्तु तद्व्यपदेशः ।।९।।

तस्मात्कार्यविषयमेवेदं नयनम् ।।८।।

ननु कार्यविषयेऽपि ब्रह्मशब्दो नोपपद्यते समन्वये[1] हि समस्तस्य जगतो जन्मादिकारणं ब्रह्मेति स्थापितमिति । अत्रोच्यते—

तुशब्द आशङ्काव्यावृत्त्यर्थः । परब्रह्मसामीप्यादपरस्य ब्रह्मणस्तस्मिन्नपि ब्रह्मशब्दप्रयोगो न विरुध्यते । परमेव हि ब्रह्म विशुद्धोपाधिसंबन्धं क्वचित्कैश्चिद्विकारधर्मैर्मनोमयत्वादिभिरुपासनायोपदिश्यमानमपरमिति स्थितिः ।।९।।

ननु कार्यप्राप्तावनावृत्तिश्रवणं न घटते । नहि परस्माद्ब्रह्मणोऽन्यत्र क्वचिन्नित्यतां संभावयन्ति । दर्शयति च देवयानेन पथा प्रस्थितानामनावृत्तिम् 'एतेन प्रतिपद्यमाना इमं मानवमावर्तं नावर्तन्ते' (छा० ४-१५-६) इति तेषामिह न पुनरावृत्तिरस्ति 'तयोर्ध्वमायन्नमृतत्वमेति' (छा० ८-६-६ क० ६-१६) इति चेत् । अत्र ब्रूमः—

वृत्तिलिङ्गात्परस्य गन्तव्यता, क्रममुक्त्या लिङ्गस्यान्यथासिद्धेरिति भावः ।।८।।

प्रतिसंचरो महाप्रलयः, तस्मिन्प्राप्ते परस्य हिरण्यगर्भस्यान्ते समष्टिलिङ्गशरीररूपविकारावसाने ब्रह्मलोकनिवासिनः कृतात्मानः शुद्धधियस्तत्रोत्पन्नसम्यग्धियः सर्वे ब्रह्मणा मुच्यमानेन सह परं

'हे सम्राट ! ब्रह्म ही यह लोक है' इत्यादि श्रुतियां में देखा गया है । आधार-आधेय निर्देश भी परब्रह्म में सरलता से घटता नहीं । अतः उपासकों का अमानव पुरुष द्वारा यह नयन कार्यब्रह्मविषयक ही है ।।८।।

शङ्का—कार्यविषय में भी ब्रह्म शब्द का प्रयोग अयुक्त ही है क्योंकि समन्वयाध्याय में समस्त जगत् के जन्मादि का कारण ब्रह्म है, ऐसा निश्चित किया जा चुका है । इसका समाधान सिद्धान्ती अग्रिम सूत्र से देते हैं—

सामीप्यात्तु तद्व्यपदेशः (ललिता)

समाधान—सूत्र में आया हुआ 'तु' शब्द आशङ्काव्यावृत्ति के लिए है । अपरब्रह्म में परब्रह्म का सामीप्य होने के कारण कार्यब्रह्म में भी ब्रह्म शब्द का प्रयोग होना विरुद्ध नहीं है क्योंकि विशुद्ध उपाधिसम्बन्ध हो जाने पर परब्रह्म ही कहीं कहीं विकारनिष्ठ कुछ मनोमयत्वादि धर्मों के कारण उपासना के लिए उपदिश्यमान होने पर अपरब्रह्म कहा गया है, यह वस्तुस्थिति है ।।९।।

शङ्का—कार्यब्रह्म की प्राप्ति मानने अनावृत्तिश्रवण घटना नहीं है क्योंकि परब्रह्म से अतिरिक्त कहीं भी नित्यता सम्भव नहीं है । किन्तु श्रुति 'इस देवयान मार्ग से गये हुए उपासक इस मानव आवर्त में लौटते नहीं हैं' इस वाक्य द्वारा देवयान मार्ग से प्रस्थान करने वाले को अनावृत्ति दिखलाती है । ऐसा ही 'ब्रह्मलोक में गये हुए उपासकों को मर्त्यलोक में पुनरावृत्ति नहीं होती', 'मूर्धा नाड़ी से ऊपर गया हुआ जीव अमरत्व को प्राप्त करता है' ये सब श्रुतियां भी कहती हैं । इस पर हम सिद्धान्ती कहते हैं—

---

१. तन्नामकेऽध्याये ।

(५२७) कार्यात्यये तदध्यक्षेण सहातः परमभिधानात् ॥१०॥

(५२८) स्मृतेश्च ॥११॥

(५२९) परं जैमिनिर्मुख्यत्वात् ॥१२॥

कार्यब्रह्मलोकप्रलयप्रत्युपस्थाने सति तत्रैवोत्पन्नसम्यग्दर्शनाः सन्तस्तदध्यक्षेण हिरण्यगर्भेण सहातः परं परिशुद्धं विष्णोः परमं पदं प्रतिपद्यन्त इति । इत्थं क्रममुक्तिरनावृत्त्यादिश्रुत्यभिधानेभ्योऽभ्युपगन्तव्या । न ह्यञ्जसैव गतिपूर्विका परप्राप्तिः संभवतीत्युपपादितम् ॥१०॥

स्मृतिरप्येतमर्थमनुजानाति—'ब्रह्मणा सह ते सर्वे संप्राप्ते प्रतिसंचरे । परस्यान्ते कृतात्मानः प्रविशन्ति परं पदम्' इति । तस्मात्कार्यब्रह्मविषया गतिः श्रूयत इति सिद्धान्तः ॥११॥

कं पुनः पूर्वपक्षमाशङ्क्यायं सिद्धान्तः प्रतिष्ठापितः 'कार्यं बादरिः' (ब्र० सू० ४-३-७) इत्यादिनेति । स इदानीं सूत्रैरेवोपदर्श्यते—

जैमिनिस्त्वाचार्यः 'स एनान्ब्रह्म गमयति' (छा० ४-१५-६) इत्यत्र परमेव ब्रह्म प्रापयतीति मन्यते । कुतः? मुख्यत्वात् । परं हि ब्रह्म ब्रह्मशब्दस्य मुख्यमालम्बनं गौणमपरं मुख्यगौणयोश्च मुख्ये संप्रत्ययो भवति ॥१२॥

पदं प्रविशन्तीति योजना । एवं सिद्धान्तमुक्त्वा तेन निरस्तं पूर्वपक्षमाह—कं पुनरित्यादिना ॥ ९ ॥ १० ॥ ११ ॥ १२ ॥

कार्यात्यये तदध्यक्षेण सहातः परमभिधानात् (ललिता)

समाधान—कार्यब्रह्मलोक का प्रलय हो जाने पर वहाँ रहने वाले उपासकों को तत्त्वज्ञान हो जाता है इसलिए वे वहाँ के अध्यक्ष हिरण्यगर्भ के साथ ही ब्रह्मलोक से विष्णु के परम पद अत्यन्त परिशुद्ध ब्रह्म को प्राप्त कर जाते हैं। इस प्रकार अनावृत्ति आदि श्रुति के कथन से क्रममुक्ति माननी चाहिए क्योंकि परब्रह्म की प्राप्ति गतिपूर्वक मानना उचित नहीं है, ऐसा हम कह आये हैं ॥१०॥

स्मृतेश्च (ललिता)

इसी अर्थ का अनुमोदन 'प्रलयकाल उपस्थित होने पर ब्रह्मलोकनिवासी सभी कृतात्मा उपासक हिरण्यगर्भ का अन्त हो जाने पर उस ब्रह्मा के साथ परम पद में प्रवेश कर जाते हैं' यह स्मृति भी करती है। अतः कार्यब्रह्मविषयक गति सुनी जाती है, परब्रह्मविषयक नहीं; ऐसा सिद्धान्त है ॥११॥

'कार्यं बादरिः' इत्यादि वाक्यों से जो सिद्धान्त प्रतिष्ठापित किया, यह सिद्धान्त किस पूर्वपक्ष की आशङ्का से प्रतिष्ठापित किया है, उस पूर्वपक्ष को ही अब अग्रिम सूत्रों से दिखलाते हैं—

परं जैमिनिर्मुख्यत्वात् (ललिता)

'स एनान्ब्रह्म गमयति' इस श्रुति में जैमिनि आचार्य मानते हैं कि इन ब्रह्म उपासकों को अमानव पुरुष परब्रह्म को ही प्राप्त कराता है क्योंकि परब्रह्म ही ब्रह्म शब्द का मुख्य अर्थ है, अपरब्रह्म तो गौण अर्थ है। मुख्य और गौण का प्रसङ्ग उपस्थित होने पर मुख्य अर्थ को स्वीकार करना ही उचित है ॥१२॥

(५३०) दर्शनाच्च ॥१३॥

(५३१) न च कार्ये प्रतिपत्त्यभिसंधिः ॥१४॥

'तयोर्ध्वमायन्नमृतत्वमेति' (छा० ८-६-६ क० ६-१६) इति च गतिपूर्वकममृतत्वं दर्शयति । अमृतत्वं च परस्मिन्ब्रह्मण्युपपद्यते न कार्ये, विनाशित्वात्कार्यस्य । 'अथ यत्रान्यत्पश्यति तदल्पं तन्मर्त्यम्' (छा० ७-२४-१) इति प्रवचनात् । परविषयैव चैषा गतिः कठवल्लीषु पठ्यते । न हि तत्र विद्यान्तरप्रक्रमोऽस्ति 'अन्यत्र धर्मादन्यत्राधर्मात्' (क० २-१४) इति परस्यैव ब्रह्मणः प्रक्रान्तत्वात् ॥१३॥

अपि च 'प्रजापतेः सभां वेश्म प्रपद्ये' (छा० ८-१४-१) इति नायं कार्यविषयः प्रतिपत्त्यभिसंधिः 'नामरूपयोर्निर्वहिता ते यदन्तरा तद्ब्रह्म' (छा० ८-१४-१) इति कार्यविलक्षणस्य परस्यैव ब्रह्मणः प्रकृतत्वात् । 'यशोऽहं भवामि ब्राह्मणानाम्' (छा० ८-१४-१) इति च सर्वात्मत्वेनोपक्रमणात् । 'न तस्य प्रतिमा अस्ति यस्य नाम महद्यशः' (श्वे० ४-१९) इति च परस्यैव ब्रह्मणो यशोनामत्वप्रसिद्धेः । सा चेयं वेश्मप्रतिपत्तिर्गतिपूर्विका हार्दविद्याया-

---

दहरविद्यायां कठवल्लीषु परब्रह्मप्रकरणे च तयोर्ध्वमायन्निति गतिर्दर्शिता ॥१३॥

एवं ब्रह्मश्रुत्यमृतत्वलिङ्गाभ्यां प्रकरणाच्च परविषया गतिरित्युक्तं, सम्प्रति प्रजापतेः सभां वेश्म प्राप्नुयामिति उपासकस्य मरणकाले कार्यप्राप्तिसंकल्पश्रुतेर्न परं गन्तव्यमिति शङ्कां निरस्यति— न च कार्य इति । परस्य प्रकृतत्वात्, यशःपदस्य परमात्मनामत्वप्रसिद्ध्या यशःपदेनात्मोक्तिः । यश एवाआत्मा ब्राह्मणानामहं भवामि, तथा राज्ञां यशो विशां यश इति सार्वात्म्यलिङ्गाच्च परप्राप्तिसंकल्पयमित्यर्थः । अस्तु वेश्मप्रतिपत्तीच्छा परब्रह्म विषया तथापि सा कथं गतिपूर्विका स्यादित्यत आह— सा चेति । तत्तत्र ब्रह्मलोके विद्याविहीनेनापराजिता पूरस्ति ब्रह्मणो हिरण्यगर्भस्य तेनैव प्रभुणा

दर्शनाच्च (ललिता)

'उस मूर्धा नाड़ी से ऊपर की ओर जाने वाला साधक अमरत्व प्राप्त करता है' यह श्रुति गति-पूर्वक अमरत्व बतलाती है । वह अमरत्व परब्रह्म में ही घटता है, कार्यब्रह्म में नहीं क्योंकि वह विनाशी है ऐसा 'जो भेद देखता है वह परिच्छिन्न है और मरणशील है' इस श्रुतिवाक्य से सिद्ध होता है । कठवल्ली उपनिषद् में परब्रह्मविषयक यह गति पढ़ी गयी है, वहाँ पर अन्य विद्या का प्रसङ्ग नहीं है क्योंकि 'जो धर्म से भिन्न है और अधर्म से भिन्न है' इस श्रुतिवाक्य द्वारा परब्रह्म का ही प्रकरण प्रारम्भ किया गया है ॥१३॥

न च कार्ये प्रतिपत्त्यभिसंधिः (ललिता)

इसके अतिरिक्त 'मैं प्रजापति के सभागार को प्राप्त करूँ' यह श्रुति कार्यब्रह्म विषयक प्रतिपत्ति की अभिसंधि नहीं बतलाती है क्योंकि 'जो नाम रूप का निर्वाहक है और ये नाम-रूप जिसके भीतर हैं' इस वाक्य द्वारा कार्यब्रह्म से विलक्षण परब्रह्म का प्रसङ्ग दीखता है । 'ब्राह्मणों में मैं यशस्वी होऊँ' इस वाक्य द्वारा सर्वात्मरूप से प्रसङ्ग प्रारम्भकर 'जिसका नाम महत् यश है उसकी तुलना नहीं' इस वाक्य से परब्रह्म मे ही यशोनामत्व की प्रसिद्धि है । प्रजापति के सभागार की प्राप्ति 'प्रजापति का वह अपराजित नगर है जिस हिरण्मय नगर का निर्माण प्रभु ने स्वयं ही किया है' इस

मुदिता 'तदपराजिता पूर्ब्रह्मणः प्रभुविमितं हिरण्मयम्' (छा० ८-५-३) इत्यत्र । पदेरपि च गत्यर्थत्वान्मार्गापेक्षाऽवसीयते । तस्मात्परब्रह्मविषया गतिश्रुतय इति पक्षान्तरम् । तावेतौ द्वौ पक्षावाचार्येण सूत्रितौ गत्युपपत्त्यादिभिरेको मुख्यत्वादिभिरपरः । तत्र गत्युपपत्त्यादयः प्रभवन्ति मुख्यत्वादीनामासयितुं न तु मुख्यत्वादयो गत्युपपत्त्यादीनित्याद्य एव सिद्धान्तो व्याख्यातो द्वितीयः पूर्वपक्षः ।

न ह्यसत्यपि सम्भवे मुख्यस्यैवार्थस्य ग्रहणमिति कश्चिदाज्ञापयिता विद्यते । परविद्याप्रकरणेऽपि च तत्स्तुत्यर्थं विद्यान्तराश्रयगत्यनुकीर्तनमुपपद्यते 'विष्वङ्ङन्या उत्क्रमणे भवन्ति' (छा० ८-६-६) इतिवत् । 'प्रजापतेः सभां वेश्म प्रपद्ये' (छा० ८-१४-१) इति तु

विमितं निर्मितं हिरण्मयं वेश्मास्ति तत्प्रतिपद्यते विद्वानिति दहरविद्यायां गतिपूर्विका वेश्मप्राप्तिरुक्ता । तेन परब्रह्मण्यपि वेश्मप्रतिपत्तिशब्दसामान्याद्गतिपूर्वकत्वं तस्याः सिध्यतीत्यर्थः । किञ्च पद गताविति धातुपाठाद्वेश्म प्रपद्ये इत्यत्र मार्गापेक्षा भातीत्याह—पदेरपीति । पूर्वपक्षमुपसंहरति—तस्मादिति । आद्य एव सिद्धान्तपक्ष इति दृढीकर्तुमुपक्रमते—ताविति ।

ब्रह्मशब्दमुख्यत्वादिहेतूनामाभासत्वं स्फुटयति—न हीति । गन्तव्यत्वस्य ब्रह्मलोकेष्विति बहुवचनादेः संकल्पादेव गन्धादिदिव्यभोगश्रुतेश्च परब्रह्मण्यसंभवान्मुख्यार्थत्याग इत्यर्थः । यद्यप्येतद्वै सत्यकाम परं चापरं च ब्रह्मेत्यादिश्रुतिषु प्रयोगसाम्याद् ब्रह्मशब्द उभयत्र रूढतया मुख्य एव तथापि पूर्णे परस्मिन्नवयवार्थस्य निरतिशयमहत्त्वस्य लाभादपरब्रह्मण्यमुख्य इत्यङ्गीकृतमिति मन्तव्यम् । यदुक्तं कठवल्लीषु प्रकरणबलाद्गतिः परविषयेति, तत्राह—परेति । यथा विद्यासंबद्धसुषुम्नास्तुत्यर्थं तदसंबद्धनाड्यन्तरकीर्तनं तथा परविद्यास्तुत्यर्थं तत्प्रकरणेऽप्यपरविद्याश्रयगतिकीर्तनं युज्यते, गतिं विनापि हि परविद्या निरतिशयफला तस्यां त्वपरविद्याफलं गतिसाध्यमन्तर्भवतीति स्तुतिलाभादित्यर्थः । यदप्युक्तं प्राप्तिसंकल्पोऽपि प्रकृतपरविषय इति तत्रेत्याह—प्रजापतेरिति । प्रजापतिसभावेश्मश्रुति-

---

श्रुति में कथित हार्दविद्याप्रसङ्ग में गतिपूर्वक बतलायी गयी है । 'पद' धातु भी गत्यर्थक होने से मार्ग को अपेक्षा रखता है । अतः गतिश्रुतियाँ परब्रह्म को विषय करती हैं, ऐसा पूर्वपक्ष है । इन दोनों पक्षों को आचार्य बादरायण ने सूत्रित किया है जिनमें गति की उपपत्ति आदि हेतुओं से सिद्धान्त पक्ष कहा गया है और मुख्यत्व आदि हेतुओं से पूर्वपक्ष बतलाया गया है । उनमें मुख्यत्व आदि हेतुओं को आभासित करने के लिए गति-उपपत्ति आदि हेतु समर्थ है, न कि मुख्यत्वादि हेतु गति-उपपत्त्यादि हेतु को आभासित कर सकेंगे इसलिए सिद्धान्त पक्ष की व्याख्या पहले की गयी और दूसरा पूर्वपक्ष माना गया ।

सम्भव न होने पर भी मुख्यार्थ का ही ग्रहण करना चाहिए, यह कोई राजाज्ञा नहीं है । परविद्या के प्रसङ्ग में भी उसकी स्तुति के लिए अपर विद्या के आश्रित गति का संकीर्तन वैसे ही युक्तियुक्त हो जाता है जैसे कठोपनिषद् में 'विष्वङ्ङन्या उत्क्रमणे भवन्ति' इस वाक्य द्वारा परविद्या के प्रसङ्ग में गति का वर्णन मिलता है । 'मैं प्रजापति के सभागार को प्राप्त होऊँ' इस श्रुति में

पूर्ववाक्यविच्छेदेन कार्येऽपि प्रतिपत्त्यभिसंनिधिर्न विरुध्यते। सगुणेऽपि च ब्रह्मणि सर्वात्मत्वसङ्कीर्तनं सर्वकर्मा सर्वकाम इत्यादिवदवकल्पते। तस्मादपरविषया एव गतिश्रुतयः।

केचित्पुनः पूर्वाणि पूर्वपक्षसूत्राणि भवन्त्युत्तराणि सिद्धान्तसूत्राणीत्येतां व्यवस्थामनुरुध्यमानाः परविषया एव गतिश्रुतीः प्रतिष्ठापयन्ति तदनुपपन्नं गन्तव्यत्वानुपपत्तेर्ब्रह्मणः। यत्सर्वगतं सर्वान्तरं सर्वात्मकं च परं ब्रह्म 'आकाशवत्सर्वगतश्च नित्यः', 'यत्साक्षादपरोक्षाद्ब्रह्म' (बृ० ३-४-१), 'य आत्मा सर्वान्तरः' (बृ० ३-४-१), 'आत्मैवेदं सर्वम्' (छा० ७-२५२-), 'ब्रह्मैवेदं विश्वमिदं वरिष्ठम्' (मु० २-२-११) इत्यादिश्रुतिनिर्धारितविशेषं तस्य गन्तव्यता न कदाचिदप्युपपद्यते। न हि गतमेव गम्यते। अन्यो ह्यन्यद्गच्छतीति प्रसिद्धं लोके। ननु लोके गतस्यापि गन्तव्यता देशान्तरविशिष्टा दृष्टा। यथा पृथिवीस्थ एव पृथिवीं देशान्तरद्वारेण गच्छतीति। तथानन्यत्वेऽपि बालस्य कालान्तरविशिष्टं वार्धकं स्वात्मभूतमेव गन्तव्यं दृष्टं तद्वद्ब्रह्मणोऽपि सर्वशक्त्युपेतत्वात्कथञ्चिद्गन्त-

भिस्तत्संघातात्मकवाक्येन च प्रकरणं बाध्यं, यशोऽहमिति सार्वात्म्य तूपासनार्थमपरब्रह्मण्युपयुज्यत इत्यर्थः। स्वपक्षमुक्त्वापरमतं दूषयति—केचिदित्यादिना। सर्वगतस्य स्वात्मभूतस्यापि ब्रह्मणः ससारदेशाद्देशान्तरेण तत्कालात्कालान्तरेण विशिष्टतया गन्तव्यत्वं स्यादिति पृथिवीवयोदृष्टान्ताभ्यां शङ्कते—नन्विति। यत्तं विनैव प्राप्तमनन्यत्वम्, अवस्थातद्वतोरभेदात्स्वात्मभूतत्वम्। ननु युक्तं भूवयसोः प्राप्तयोरपि देशान्तरकालान्तरविशिष्टत्वेन गन्तव्यत्वं तयोर्गन्तृभिन्नत्वात् ब्रह्मणस्तु गन्तृभिन्नत्वात्, कथं गन्तव्यत्वं तत्राह—सर्वशक्तीति। या प्राप्ता भूः सा न गन्तव्या यच्च गन्तव्यं देशान्तरं तत्त्वप्राप्तमिति कुतः प्राप्तस्य गन्तव्यता वयसोऽपि कालान्तरेऽभिव्यक्तिमात्रं न गन्तव्यत्वमिति वस्तुगतिः। अङ्गीकृत्य विशिष्टभूवयसोर्गन्तव्यत्वं परब्रह्मणो देशकालविशिष्टत्वाभावान्न

वाक्यभेद द्वारा कार्यब्रह्म में प्रतिपत्ति की अभिसन्धि विरुद्ध नहीं। सगुण ब्रह्म में भी सर्वात्मत्व का संकीर्तन 'सर्वकर्मा सर्वकामः' इत्यादि की भाँति हो सकता है। अतः गतिश्रुतियाँ अपर ब्रह्म को ही विषय करती हैं।

कुछ लोग पूर्वपक्ष सूत्र को पहले मानते हैं और सिद्धान्त को बाद में कहते हैं, इस व्यवस्था के अनुरूप गतिश्रुति को परब्रह्मविषयक ही प्रतिष्ठापित करते हैं। किन्तु यह कथन युक्तिसङ्गत नहीं है क्योंकि परब्रह्म में गन्तव्यत्व की सिद्धि नहीं होती। 'जो सर्वव्यापक, सर्वान्तर, सर्वात्मक परब्रह्म है', 'आकाश की भाँति सर्वव्यापक और नित्य है', 'जो साक्षात् अपरोक्ष ब्रह्म है', जो आत्मा सर्वान्तर है,' 'यह सब आत्मा ही है' 'यह सम्पूर्ण विश्व वरिष्ठ ब्रह्म ही है' इन श्रुतियों से विशेष निश्चित हो चुका, अतः प्रकार से भी गन्तव्यता घटती नहीं। प्राप्त को कोई प्राप्त नहीं करता; लोक में दूसरा ही दूसरे को प्राप्त करता है, यह प्रसिद्ध है। शङ्का—लोक में प्राप्त में भी देशान्तरविशिष्ट में गन्तव्यता देखी गयी है। जैसे पृथ्वी में रहने वाला व्यक्ति देशान्तर पृथ्वी को प्राप्त करता है और जैसे बालक एक होते हुए भी वह कालान्तरविशिष्ट अपने ही वार्धक्य को गन्तव्य मानता देखा गया है अर्थात् बाल्यावस्था और वृद्धावस्था में वह व्यक्ति एक ही है फिर भी उसे ऐसा कहते देखा गया है कि अब मैं वृद्ध हो गया हूँ, ऐसे ही सर्वशक्तियुक्त होने के कारण ब्रह्म में भी कथञ्चित गन्तव्यता घट सकती है। समाधान—ऐसा मानना ठीक नहीं क्योंकि परब्रह्म में 'ब्रह्म कलारहित, क्रियारहित, शान्त, निर्दोष

ण्यता स्यादिति। न, प्रतिषिद्धसर्वविशेषत्वाद्ब्रह्मणः। 'निष्कलं निष्क्रियं शान्तं निरवद्यं निरञ्जनम्' (श्वे० ६-१९) 'अस्थूलमनण्वह्रस्वमदीर्घम्' (बृ० ३-८-८) 'सबाह्याभ्यन्तरो ह्यजः' (मु० २-१-२) 'स वा एष महाजन आत्माऽजरोऽमरोऽमृतोऽभयो ब्रह्म' (बृ० ४-४-२५) 'स एष नेति नेत्यात्मा' (बृ० ३-६-२६) इत्यादिश्रुतिस्मृतिन्यायेभ्यो न देशकालादिविशेषयोगः परमात्मनि कल्पयितुं शक्यते, येन भूप्रदेशवयोवस्थान्यायेनास्य गन्तव्यता स्यात्। भूवयसोस्तु प्रदेशावस्थादिविशेषयोगादुपपद्यते देशकालविशिष्टा गन्तव्यता। जगदुत्पत्तिस्थितिप्रलयहेतुत्वश्रुतेरनेकशक्तित्वं ब्रह्मण इति चेत्। न, विशेषनिराकरणश्रुतीनामनन्यार्थत्वात्।

उत्पत्त्यादिश्रुतीनामपि समानमनन्यार्थत्वमिति चेत्। न, तासामेकत्वप्रतिपादनपरत्वात्। मृदादिदृष्टान्तैर्हि सतो ब्रह्मण एकस्य सत्यत्वं विकारस्य चानृतत्वं प्रतिपादयच्छास्त्रं नोत्पत्त्यादिपरं भवितुमर्हति। कस्मात्पुनरुत्पत्त्यादिश्रुतीनां विशेषनिराकरणश्रुतिशेषत्वं न पुनरितरशेषत्वमितरासामिति। उच्यते—विशेषनिराकरणश्रुतीनां निराकाङ्क्षार्थत्वात्। न ह्यात्मन एकत्वनित्यत्वशुद्धत्वाद्यवगतौ सत्यां भूयः काचिदाका-

---

कथंचिदपि गन्तव्यतेत्याह—नेत्यादिना। 'अनादिमत्परं ब्रह्म' इत्याद्या स्मृतिः दृश्यविशेषस्य दृशि कल्पितत्वाद् दृगात्मनो निर्विशेषतेति न्यायः। सगुणमेव ब्रह्म सूत्रात्मापेक्षया परं गन्तव्यम् निर्विशेषं तु नास्त्येवेति शङ्कते—जगदुत्पत्तीति। किं निर्विशेषस्यासत्त्वं मानाभावात्सविशेषश्रुतिविरोधाद्वा। नाद्य इत्याह—नेति।

द्वितीयं शङ्कते—उत्पत्त्यादीति। सविशेषश्रुतीनां निर्विशेषश्रुतिशेषत्वान्न विरोध इत्याह—नेति। निर्विशेषश्रुतीनामेव सविशेषश्रुतिशेषत्वं किं न स्यादित्याह—कस्मादीति। तासां स्वार्थे फलवत्त्वेन निराकाङ्क्षत्वाच्छेषिता विशेषश्रुतीनां स्वफलत्वा ऽशेषविशेषसमर्पणादिद्वारेण शेषत्वं फलवत्संनिधावफलं तदङ्गमिति न्यायादित्याह—उच्यत इत्यादिना। न केवलं न्यायाच्छेषता किंतु श्रुत्यापीत्याह—

और निरंजन है', 'ब्रह्म स्थूल नहीं, सूक्ष्म नहीं, ह्रस्व नहीं, दीर्घ नहीं', 'वह अजन्मा ब्रह्म बाहर-भीतर सर्वत्र है', 'निःसन्देह वह अजन्मा आत्मा अजर, अमर, अमृत और अभय ब्रह्मस्वरूप है', 'वह यह नहीं, यह नहीं' इत्यादि श्रुति, स्मृति एवं युक्ति से देशकालादिविशेष का सम्बन्ध नहीं कह सकते हैं जिससे भू-प्रदेश और वय-अवस्था न्याय को लेकर उस परब्रह्म में गन्तव्यता मान सकें। भू एवं वय में प्रदेश तथा अवस्थादिविशेष के सम्बन्ध से देशकालविशिष्ट गन्तव्यता घट जाती है। शङ्का—जगदुत्पत्ति, स्थिति एवं प्रलयहेतुत्व श्रुति के आधार पर ब्रह्म को अनेक शक्तिवाला माना जा सकता है। समाधान—विशेषनिराकरणश्रुति अनन्यार्थक है, इसलिए उक्त शङ्का की सम्भावना नहीं है। शङ्का—उत्पत्त्यादि श्रुति भी निराकरणश्रुति की भाँति अनन्यार्थक है। समाधान—ऐसा कहना ठीक नहीं है क्योंकि विशेषनिराकरणश्रुति एकत्व का प्रतिपादन करती है, मृदादि दृष्टान्तों द्वारा एक सद्ब्रह्म में सत्यत्व एवं विकार में अनृतत्वप्रतिपादक शास्त्र उत्पत्त्यादिबोधक नहीं हो सकता।

शङ्का—उत्पत्ति आदि श्रुतियों को विशेषनिराकरणश्रुति का अङ्ग क्यों मानते हो, निराकरणश्रुति को ही उत्पत्त्यादिश्रुति का अङ्ग क्यों नहीं मानते। समाधान—विशेषनिराकरण श्रुतियाँ निराकांक्षार्थक हैं क्योंकि आत्मा एक, नित्य और शुद्ध अवगत हो जाने पर फिर कभी कोई आकांक्षा उत्पन्न

ङ्क्षोपजायते पुरुषार्थसमाप्तिबुद्ध्युपपत्तेः 'तत्र को मोहः कः शोक एकत्वमनुपश्यतः' (ई० ७), 'अभयं वै जनक प्राप्तोऽसि' (बृ० ४-२-४), 'विद्वान्न बिभेति कुतश्चन' 'एतं ह वाव न तपति किमहं साधु नाकरवं किमहं पापमकरवम्' (तै० २-९-१) इत्यादिश्रुतिभ्यः। तथैव च विदुषां तुष्टयनुभवादिदर्शनात्। विकारानृताभिसंध्यपवादाच्च 'मृत्योः स मृत्युमाप्नोति य इह नानेव पश्यति' (क० २-१-१०) इति, अतो न विशेषनिराकरणश्रुतीनामन्यशेषत्वमवगन्तुं शक्यते। नैवमुत्पत्त्यादिश्रुतीनां निराकाङ्क्षार्थप्रतिपादनसामर्थ्यमस्ति। प्रत्यक्षं तु तासामन्यार्थत्वं समनुगम्यते। तथाहि 'तत्रैतच्छुङ्गमुत्पतितं सोम्य विजानीहि नेदममूलं भविष्यति' (छा० ६-८-३) इत्युपन्यस्योदर्के सत एवैकस्य जगन्मूलस्य विज्ञेयत्वं दर्शयति। 'यतो वा इमानि भूतानि जायन्ते। येन जातानि जीवन्ति। यत्प्रयन्त्यभिसंविशन्ति। तद्विजिज्ञासस्व। तद्ब्रह्म' (तै० ३-१-१) इति च। एवमुत्पत्त्यादिश्रुतीनामैकात्म्यावगमपरत्वान्नानेकशक्तियोगो ब्रह्मणः। अतश्च गन्तव्यत्वानुपपत्तिः। 'न तस्य

प्रत्यक्ष त्विति। तत्र मूलकारणे ब्रह्मण्येतच्छुङ्गं जगदात्मकं कार्यमुत्पन्नमित्युपक्रम्य तेन शुङ्गेन सन्मूलमन्विच्छेत्युपसंहारे सत एव ज्ञेयत्वमुक्तं छान्दोग्ये। तथा तैत्तरीयकेऽपि जगज्जन्माद्यनुवादेन ब्रह्मण एव ज्ञेयत्वं दर्शितमतः सृष्टिश्रुतीनां श्रुत्यैव निर्विशेषधीशेषता भातीत्यर्थः। एवं ब्रह्मणो निर्विशेषत्वान्न गन्तव्यतेति फलितमाह—एवमिति। स्पष्टनिषेधाच्च परस्य न गन्तव्यतेत्याह—न तस्येति।

नहीं होती क्योंकि उस समय पुरुषार्थ की समाप्ति हो जाती है। 'वहाँ क्या मोह और क्या शोक जब एकत्व को देख लेता है', 'हे जनक ! निःसन्देह अब तुम अभय को प्राप्त कर गये हो', 'विद्वान् किसी से भयभीत नहीं होता', 'इस ज्ञानी को पुण्य-पाप संतप्त नहीं करते कि मैंने पुण्य क्यों किया और पाप क्यों किया' इन सभी श्रुतियों में पुरुषार्थसमाप्ति का ज्ञान उत्पन्न हो जाने पर ज्ञानी में कृतकृत्यता भासने लग जाती है। वैसा ही विद्वानों में तुष्टि का अनुभव देखा जाता है और विकारजगत् में अभिसन्धि की निन्दा भी देखी जाती है—'वह मृत्यु को प्राप्त करता है जो यहाँ भेद देखता है।' अतः विशेषनिराकरणबोधक श्रुतियों में अन्यशेषत्व नहीं जान पड़ता है। उत्पत्ति आदि श्रुतियों में ऐसा निराकांक्षार्थत्वप्रतिपादनसामर्थ्य नहीं है, किन्तु उनमें अन्यशेषत्व का ही बोध होता है। 'हे सोम्य ! इस उत्पन्न हुए कार्य के कारण को विशेषरूप से जानो क्योंकि कोई भी कार्य बिना कारण के हो नहीं सकता' ऐसा प्रसङ्ग प्रारम्भकर अन्त में एक ही सत् जगत् मूल में विज्ञेयत्व श्रुति बतलाती है कि जानने योग्य पदार्थ जगत् का परमकारण एक अद्वय आत्मा ही है। 'जिस कारण से सभी भूत उत्पन्न होते है, उत्पन्न होकर जिससे जीवित रहते हैं और अन्त में जिसमें विलीन होते हैं उसे विशेषरूप से जानो, वह ब्रह्म है' यह वाक्य भी जगत् के मूल कारण ब्रह्म को ही विज्ञेय बतलाता है। इस प्रकार उत्पत्त्यादिश्रुति में एकात्मता का बोध होने के कारण ब्रह्म में परमार्थतः अनेक शक्ति का योग मानना ठीक नहीं है, इसीलिए उसमें गन्तव्यत्व सिद्ध नहीं होता। 'तत्त्वज्ञानी के प्राण शरीरान्तर-

प्राणा उत्क्रामन्ति ब्रह्मैव सन्ब्रह्माप्येति' (बृ० ४-४-६) इति च परस्मिन्ब्रह्मणि गतिं निवारयति । तद्व्याख्यातम् 'स्पष्टो ह्येकेषाम्' (ब्र० सू० ४-२-१३) इत्यत्र ।

गतिकल्पनायां च गन्ता जीवो गन्तव्यस्य ब्रह्मणोऽवयवो विकारो वान्यो वा ततः स्यात् । अत्यन्ततादात्म्ये गमनानुपपत्तेः । यद्येवं ततः किं स्यात् ? उच्यते । यद्येकदेशस्तेनैकदेशिनो नित्यप्राप्तत्वान्न पुनर्ब्रह्मगमनमुपपद्यते । एकदेशैकदेशित्वकल्पना च ब्रह्मण्यनुपपन्ना निरवयवत्वप्रसिद्धेः । विकारपक्षेऽप्येतत्तुल्यं विकारेणापि विकारिणो नित्यप्राप्तत्वात् । नहि घटो मृदात्मतां परित्यज्यावतिष्ठते परित्यागे वाऽभावप्राप्तेः । विकारावयवपक्षयोश्च तद्वतः स्थिरत्वाद्ब्रह्मणः संसारगमनमप्यनवक्लृप्तम् । अथान्य एव जीवो ब्रह्मणः । सोऽणुर्व्यापी मध्यमपरिमाणो वा भवितुमर्हति । व्यापित्वे गमनानुपपत्तिः । मध्यमपरिमाणत्वे । चानित्यत्वप्रसङ्गः । अणुत्वे कृत्स्नशरीरवेदनानुपपत्तिः । प्रतिषिद्धे

एवं गन्तव्यालोचनया गतिं निरस्य गन्त्रालोचनयापि निरस्यति—गतिकल्पनायां चेत्यादिना । भेदाभेदेन द्वौ कल्पावत्यन्तभेदस्तृतीयः कल्पः । नन्वत्यन्ताभेदकल्पः किमिति नोक्तः, तत्राह—अत्यन्तेति । कल्पत्रये किं दूषणमिति पृच्छति—यद्येवमिति । कल्पद्वयेऽपि दोषान्तरमाह—विकारावयपक्षयोश्चेति । विकारावयवरूपजीवविशिष्टस्य ब्रह्मणः स्थिरत्वाज्जीवानां गत्यागती न स्याताम् । नह्यचलातिस्थूलपाषाणस्थयोर्मण्डूकपाषाणावयवयोश्चलनमस्तीत्यर्थः । अस्माकं त्वज्ञानात्कल्पितोपाधिभिर्गत्यागतिविभ्रम इति भावः । तृतीयकल्पमनूद्य विकल्प्य दूषयति—अथेत्यादिना । अभेदश्रुति-

ग्रहण के लिए शरीर से नहीं निकलते हैं, वह ता जीते जो ब्रह्म होता हुआ ब्रह्म में ही लीन हो जाता है' इस वाक्य के द्वारा यह श्रुति ब्रह्म में गति का निषेध करती है । उसी का व्याख्यान 'स्पष्ट ह्येकेषाम्' इस सूत्र से किया गया है ।

परब्रह्म में गति की कल्पना करने पर गन्ता-जीव गन्तव्य-ब्रह्म का अवयव है, विकार है या उससे भिन्न वस्तु है क्योंकि अत्यन्त तादात्म्य रहने पर गमन की सिद्धि बन नहीं सकती । उक्त तीनों विकल्पों में क्या दोष है, ऐसी जिज्ञासा होने पर सिद्धान्ती कहते हैं कि यदि जीव ब्रह्म का एकदेश है तो उस जीव के साथ एकदेशी ब्रह्म का नित्यसम्बन्ध प्राप्त ही है, पुनः ब्रह्म के प्रति गमन नहीं बनता । साथ ही निरवयव होने के कारण ब्रह्म में एकदेशीकल्पना बनती भी नहीं । विकार पक्ष में भी यह दोष समान ही है, विकार के साथ भी विकारी का नित्यसम्बन्ध है । मृत्तिका का विकार घट मृद्रूपता को छोड़कर कभी रह नहीं सकता और मृद्रूपता का परित्याग करने पर घट का अस्तित्व ही नहीं रहेगा । विकार और अवयव पक्ष में एक यह भी दोष आयेगा कि विकार एवं अवयववाले ब्रह्म में स्थिरत्व रहने के कारण संसारगमन भी नहीं सिद्ध होता है । अचल अतिस्थूल पाषाण में बने हुए मण्डूक एवं पाषाण के अवयव में चलन हो ही नहीं सकता । हमारे पक्ष में अज्ञान से कल्पित उपाधियों के द्वारा गति एवं आगति का भ्रम हो सकता है । तृतीय कल्प के अनुसार ब्रह्म से जीव को भिन्न मानने पर यह प्रश्न होता है कि वह जीव अणुपरिमाण है, विभुपरिमाण है अथवा मध्यमपरिमाण है । विभुपरिमाण मानने पर गमन सिद्ध नहीं होता, मध्यमपरिमाण मानने पर जीव में अनित्यत्व का प्रसङ्ग आ जायेगा और अणुपरिमाण मानने पर भी सम्पूर्णशरीरव्यापीवेदना की सिद्धि होने लग जायेगी । साथ ही अणुत्व एवं मध्यमपरिमाण पक्ष का

चाणुत्वमध्यमपरिमाणत्वे विस्तरेण पुरस्तात् । परस्माच्चान्यत्वे जीवस्य 'तत्त्वमसि' (छा० ६-८-७) इत्यादिशास्त्रबाधप्रसङ्गः । विकारावयवपक्षयोरपि समानोऽयं दोषः । विकारावयवयोस्तद्वतोऽनन्यत्वाददोष इति चेत् ।

न । मुख्यैकत्वानुपपत्तेः । सर्वेष्वेतेषु पक्षेष्वनिर्मोक्षप्रसङ्गः । संसार्यात्मत्वानिवृत्तेः । निवृत्तौ वा स्वरूपनाशप्रसङ्गः । ब्रह्मात्मत्वानभ्युपगमाच्च ।

यत्तु कैश्चिज्जल्प्यते नित्यानि नैमित्तिकानि कर्माण्यनुष्ठीयन्ते प्रत्यवायानुत्पत्तये काम्यानि प्रतिषिद्धानि च परिह्रियन्ते स्वर्गनरकानवाप्तये सांप्रतदेहोपभोग्यानि च कर्माण्युपभोगेनैव क्षप्यन्त इत्यतो वर्तमानदेहपातादूर्ध्वं देहान्तरप्रतिसंधानकारणाभावात्स्वरूपावस्थानलक्षणं कैवल्यं विनापि ब्रह्मात्मतयैवंवृत्तस्य सेत्स्यतीति । तदसत् । प्रमाणाभावात् । न ह्येतच्छास्त्रेण केनचित्प्रतिपादितं मोक्षार्थीत्थं समाचरेदिति । स्वमनीषया त्वेतत्तर्कितं यस्मात्कर्मनिमित्तः संसारस्तस्मान्निमित्ताभावान्न भविष्यतीति ।

विरोधरूपो दोषो मम नास्तीति भेदाभेदवाद्याह—विकारावयवयोरिति ।

भिन्नयोरभेदो मुख्यो न युक्तो विरोधादिति परिहरति—नेति । किंच पक्षत्रयमप्ययुक्तं संसारित्वस्य तात्त्विकजीवभावस्य नाशे तात्त्विकजीवस्वरूपनाशप्रसङ्गात् । नचास्माभिरिव त्वया ब्रह्मात्मत्वं जीवस्य तात्त्विकरूपमङ्गीकृतं यदस्य संसारनाशेऽपि न नश्येदित्याह—सर्वेष्विति ।

ननु किं ब्रह्मत्वेन, संसाराभावः किल मोक्षः स च कर्माभावमात्रेण सेत्स्यतीति कर्मजडानां मतमुद्भाव्य निरस्यति—यत्त्वित्यादिना । तदिति । एवंवृत्त मोक्षहेतुरित्यस्मिन्नर्थे मानाभावादित्यर्थः ।

विस्तार से पहले निराकरण किया जा चुका है । इसके अतिरिक्त परमात्मा से जीव को भिन्न मानने पर 'तत्त्वमसि' इत्यादि शास्त्र का बाधप्रसङ्ग भी आ जायेगा । विकार एवं अवयव पक्ष में भी शास्त्रबाध दोष समान ही है । शङ्का—विकार एवं अवयव पक्ष में विकारी और अवयवी के साथ उनका अभेद होने के कारण अभेदश्रुतिबाधरूप दोष नहीं है । समाधान—ऐसा कहना ठीक नहीं क्योंकि मुख्य एकत्व की सिद्धि विकार तथा अवयव पक्ष में नहीं हो सकती । इन सभी पक्षों में संसारीपन की निवृत्ति न होने के कारण मोक्षाभाव का प्रसङ्ग आयेगा ही अथवा संसारीरूपत्व की निवृत्ति होने पर जीव के स्वरूप का नाश होने क्योंकि नित्य-नैमित्तिक कर्मों के साथ उनका विरोध नहीं है । विरोध रहने पर ही नाश्यनाशकभाव होता है, जन्मान्तरीय सञ्चित पुण्य कर्मों का नित्य-नैमित्तिक कर्म के साथ विरोध है ही नहीं क्योंकि दोनों में शुद्धिरूपत्व एक जैसा है । अशुद्धरूप होने के कारण विरोध होने से नित्य नैमित्तिक कर्मानुष्ठान द्वारा सञ्चित पाप कर्म का नाश तो हो सकता है, किन्तु इतने मात्र से देहान्तरग्रहण के निमित्त का अभाव सिद्ध नहीं होता । देहान्तरग्रहण का निमित्त पुण्यकर्म तो विद्यमान ही है, साथ ही समस्त पाप का भी पूर्णरूप से नाश होना नहीं जान पड़ता है । और नित्य-नैमित्तिक कर्म के अनुष्ठान से प्रत्यवाय की अनुत्पत्तिमात्र होती है, ऐसा मानने में प्रमाण नहीं है । अनुनिष्पादी फलान्तर का होना भी सम्भव है, ऐसा आपस्तम्ब स्मृति

न चैतत्तर्कयितुमपि शक्यते निमित्ताभावस्य दुर्ज्ञानत्वात् । बहूनि हि कर्माणि जात्यन्तरसंचितानीष्टानिष्टविपाकान्येकैकस्य जन्तोः सम्भाव्यन्ते । तेषां विरुद्धफलानां युगपदुपभोगासम्भवात्कानिचिल्लब्धावसराणीदं जन्म निर्मिमते कानिचित्तु देशकालनिमित्तप्रतीक्षाण्यासत इत्यतस्तेषामवशिष्टानां सांप्रतेनोपभोगेन क्षपणासम्भवान्न यथावर्णितचरितस्यापि वर्तमानदेहपाते देहान्तरनिमित्ताभावः शक्यते निश्चेतुम् । कर्मशेषसद्भावसिद्धिश्च 'तद्य इह रमणीयचरणास्ततः शेषेण' इत्यादिश्रुतिस्मृतिभ्यः ।

स्यादेतत् । नित्यनैमित्तिकानि तेषां क्षेपकाणि भविष्यन्तीति । तन्न । विरोधाभावात् । सति हि विरोधे क्षेप्यक्षेपकभावो भवति । नच जन्मान्तरसंचितानां सुकृतानां नित्यनैमित्तिकैरस्ति विरोधः । शुद्धिरूपत्वाविशेषात् । दुरितानां त्वशुद्धिरूपत्वात्सति विरोधे भवतु क्षपणं न तु तावता देहान्तरनिमित्ताभावसिद्धिः । सुकृतनिमित्तत्वोपपत्तेः । दुश्चरितस्याप्यशेषक्षपणानवगमात् । नच नित्यनैमित्तिकानुष्ठानात्प्रत्यवायानुत्पत्तिमात्रं

तर्क एव मानमित्यत आह—न चैतत्तर्कयितुमिति । ननु तवाप्येतत्तर्कमात्रमेकस्मिञ्जन्मन्यनेकविरुद्धफलानां कर्मणां भोगायोगादस्त्यवशिष्टं कर्म जन्मान्तरस्य निमित्तमित्याशङ्क्य तत्र मानमाह—कर्मशेषसद्भावसिद्धिश्चेति। सन्त्वनारब्धफलानि पुण्यपापानि तेषां नित्याद्यनुष्ठानेन क्षयान्न जन्मान्तरमिति शङ्कते—

स्यादेतदिति । पुण्येन पुण्यस्य न नाशः अविरोधादन्यथाऽतिप्रसङ्गात् । पापस्यापि सर्वात्मना पुण्यनाश्यत्वे मानं नास्तीति संचितपुण्यपापाभ्यां जन्मान्तरं दुर्वारमित्याह—तन्नेत्यादिना । क्रियमाणनित्यादिनापि जन्म स्यात्, कर्मणा पितृलोक इत्यविशेषश्रुतेः, स्मृतेश्चेत्याह—नच नित्येति । प्रत्य-

कहती है—'जैसे फल के लिए आम्रवृक्ष के लगाने पर छाया और गन्ध भी उत्पन्न होते ही हैं ऐसे ही धर्मानुष्ठान के पीछे अर्थ उत्पन्न होते ही हैं।' साथ ही तत्त्वज्ञान के अभाव में काम्य एवं निषिद्ध कर्म का सर्वथा वर्जन कह भी नहीं सकते। जन्म और मरण के अन्तराल में कोई भी व्यक्ति तत्त्वज्ञान के बिना यह दावा नहीं कर सकता कि मैंने काम्य तथा निषिद्ध कर्म का सर्वथा परित्याग कर दिया है। अत्यन्त निपुणता से कर्म करने पर भी अपराध का संशय होता रहता है, अतः जन्मान्तर के निमित्त के अभाव को जानना अत्यन्त कठिन है। ज्ञानगम्य ब्रह्मात्मत्व को न मानने पर अग्नि में औष्ण्य स्वभाव की भाँति कर्तृत्व-भोक्तृत्व स्वभाववाले आत्मा में मोक्ष की आकांक्षा भी नहीं कर सकते क्योंकि स्वभाव अपरिहार्य माना जाता है। शङ्का—कर्तृत्वादिरूप कार्य आत्मा का स्वभाव नहीं है किन्तु उसकी शक्ति है, इस प्रकार शक्ति के रहने पर भी कार्य का परिहार हो जाने के कारण मोक्ष सिद्ध हो जायेगा। समाधान—ऐसा मानना भी ठीक नहीं है क्योंकि शक्ति के रहते-रहते कार्य उत्पत्ति का वारण कठिन ही है। लग जायेगा क्योंकि जीव को ब्रह्मस्वरूप आप मानते नहीं हैं।

जो भी कोई ऐसा कहते हैं कि प्रत्यवाय की अनुत्पत्ति के लिए नित्य-नैमित्तिक कर्म का अनुष्ठान किया जाता है, काम्य एवं निषिद्ध कर्म का परित्याग कर दिया जाता है और वर्तमान देह से भोगने योग्य कर्म तो भोग से ही क्षीण हो जाते हैं; अतः वर्तमान देहपात के पश्चात् देहान्तरप्राप्ति का कारण न रह जाने से स्वरूपावस्थानरूप मोक्ष, उक्त रीति से कर्म करने वाले का, ब्रह्मज्ञान के बिना भी सिद्ध हो जायेगा। ऐसा कहना ठीक नहीं है क्योंकि इसमें कोई प्रमाण नहीं है। किसी शास्त्र में ऐसा प्रतिपादन नहीं किया गया है कि मोक्षार्थी इस प्रकार से आचरण करे। अपनी बुद्धि से आप

न पुनः फलान्तरोत्पत्तिरिति प्रमाणमस्ति फलान्तरस्याप्यनुनिष्पादिनः संभवात्। स्मरति ह्यापस्तम्बः—'तद्यथाम्रे फलार्थे निर्मिते छायागन्धावनूत्पद्येते एवं धर्मं चर्यमाणमर्था अनूत्पद्यन्ते' इति। न चासति सम्यग्दर्शने सर्वात्मना काम्यप्रतिषिद्धवर्जनं जन्मप्रायणान्तराले केनचित्प्रतिज्ञातुं शक्यम्। सुनिपुणानामपि सूक्ष्मापराधदर्शनात्। संशयितव्यं तु भवति तथापि निमित्ताभावस्य दुर्ज्ञानत्वमेव। न चानभ्युपगम्यमाने ज्ञानगम्ये ब्रह्मात्मत्वे कर्तृत्वभोक्तृत्वस्वभावस्यात्मनः कैवल्यमाकाङ्क्षितुं शक्यम्। अग्न्यौष्ण्यवत्स्वभावस्यापरिहार्यत्वात्। स्यादेतत्। कर्तृत्वभोक्तृत्वं कार्यमनर्थो न तच्छक्तिस्तेन शक्त्यवस्थानेऽपि कार्यपरिहारादुपपन्नो मोक्ष इति। तच्च न। शक्तिसद्भावे कार्यप्रसवस्य दुर्निवारत्वात्। अथापि स्यान्न केवला शक्तिः कार्यमारभतेऽनपेक्ष्यान्यानि निमित्तानि। अतः एकाकिनी सा स्थितापि नापराध्यतीति। तच्च न। निमित्तानामपि शक्तिलक्षणेन सम्बन्धेन नित्यसम्बद्धत्वात्। तस्मात्कर्तृत्वभोक्तृत्वस्वभावे सत्यात्मन्यसत्यां विद्यागम्यायां ब्रह्मात्मतायां न कथंचन मोक्षं प्रत्याशास्ति। श्रुतिश्च—'नान्यः पन्था विद्यतेऽयनाय' (श्वे० ३-८) इति ज्ञानादनिरासार्थं नित्याद्याचारे सत्यनु पश्चात्फलान्तरं निष्पद्यत इत्यत्र दृष्टान्तः। तद्यथेति। निर्मिते आरोपिते सतीत्यर्थः। तथापि काम्यादिकर्मसत्तानिश्चयो नास्त्यत आह—संशयितव्यं त्विति। ज्ञानं विना देहपाते मोक्ष एवेति निश्चयालाभात्स्वत्पक्षे क्षतिरिति भावः। ब्रह्मभिन्नस्य जीवस्य कर्तृत्वादिस्वभावस्य मोक्षाशापि न युक्तेत्याह—नचेति। कर्तृत्वादिरूपं कार्यं न स्वभावः किंतु तच्छक्तिरिति शङ्कते—स्यादेतदिति। कार्यगम्यायाः शक्तेः कार्यस्यात्यन्तानुत्पादे सत्त्वमयुक्तमतः शक्तिसत्त्वे तद्विषयस्य कार्यस्यादृष्टदेशकालादिनिमित्तानां चात्मना शक्तिद्वारा नित्यसंबद्धत्वान्मोक्षो न स्यादिति

ने ऐसी कल्पना की है कि जब संसार कर्मनिमित्तक है तो निमित्ताभावदशा में संसार नहीं रहेगा। पर ऐसा कल्पना कर नहीं सकते क्योंकि निमित्ताभाव को जानना बड़ा ही कठिन है। जन्मान्तरीय सञ्चित कर्म अनेकों इष्टानिष्ट फलवाले एक-एक जीव के सम्भव हैं, उन विरुद्ध फलवाले सभी कर्मो का एक साथ उपभोग होना सम्भव नहीं है, कुछ कर्म समय पाकर इस जन्म का निर्माण करेंगे और कुछ कर्म देशकालनिमित्त की प्रतीक्षा करते हुए बैठे रहेंगे, अतः उन अवशिष्ट सभी कर्मों का वर्तमानकालिक उपभोग से नाश होना सम्भव नहीं है। जैसा आप ने वर्णन किया है तदनुसार भी वर्तमान देहपात होने पर देहान्तरनिमित्त का अभाव हो जाता है, ऐसा निश्चय नहीं कर सकते क्योंकि 'इनमें से यहाँ पर रमणीय आचरण वाले रमणीय योनि को प्राप्त करते हैं', 'उससे अवशिष्ट कर्म के द्वारा शरीर प्राप्त करते हैं' इस श्रुति-स्मृति से कर्मशेष का सद्भाव ही सिद्ध होता है।

शङ्का—उन शेष कर्मों के नाशक नित्य-नैमित्तिक कर्म हो जायेंगे। **समाधान**—ऐसा कहना भी ठीक नहीं है **शङ्का**—ऐसा माना जा सकता है कि निमित्त की अपेक्षा बिना केवल शक्ति कार्य आरम्भ नहीं करती है, अतः एकाकी शक्ति के रहने पर भी कोई दोष नहीं है। **समाधान**—ऐसा मानना ठीक नहीं क्योंकि शक्ति के रहने पर उसके विषय कार्य और अदृष्ट देशकालादि निमित्त को भी शक्तिरूप सम्बन्ध से नित्यसम्बद्ध ही माना गया है। इसलिए कर्तृत्व-भोक्तृत्व स्वभाव वाले आत्मा के रहने पर ब्रह्मविद्यागम्य ब्रह्मरूपता के अभाव में कभी भी मोक्ष की आशा नहीं की जा सकती है। इसीलिए 'नान्यः पन्थाः विद्यतेऽयनाय' इस वाक्य द्वारा श्रुति भी ज्ञान से भिन्न मोक्षमार्ग का

दन्यं मोक्षमार्गं वारयति। परस्मादनन्यत्वेऽपि जीवस्य सर्वव्यवहारलोपप्रसङ्गः। प्रत्यक्षादिप्रमाणाप्रवृत्तेरिति चेत्। न। प्राक्प्रबोधात्स्वप्नव्यवहारवत्तदुपपत्तेः। शास्त्रं च 'यत्र हि द्वैतमिव भवति तदितर इतरं पश्यति' (बृ० २-४-१४; ४-५-१५) इत्यादिनाऽप्रबुद्धविषये प्रत्यक्षादिव्यवहारमुक्त्वा पुनः प्रबुद्धविषये 'यत्र त्वस्य सर्वमात्मैवाभूत्तत्केन कं पश्येत्' (बृ० २-४-१४, ४-५-१४) इत्यादिना तदभावं दर्शयति। तदेवं परब्रह्मविदो गन्तव्यादिविज्ञानस्य बाधितत्वान्न कथंचन गतिरुपपादयितुं शक्या।

किंविषयाः पुनर्गतिश्रुतय इति। उच्यते—सगुणविद्याविषया भविष्यन्ति। तथाहि क्वचित्पञ्चाग्निविद्यां प्रकृत्य गतिरुच्यते क्वचित्पर्यङ्कविद्यां क्वचिद्वैश्वानरविद्याम्। यत्रापि ब्रह्म प्रकृत्य गतिरुच्यते यथा 'प्राणो ब्रह्म कं ब्रह्म खं ब्रह्म' (छा० ४-१०-५) इति 'अथ यदिदमस्मिन्ब्रह्मपुरे दहरं पुण्डरीकं वेश्म' (छा० ८-१-१) इति च तत्रापि वामनीत्वादिभिः सत्यकामादिभिश्च गुणैः सगुणस्यैवोपास्यत्वात्संभवति गतिः। न क्वचित्परब्रह्मविषया गतिः श्राव्यते यथा गतिप्रतिषेधः श्रावितः 'न तस्य प्राणा उत्क्रामन्ति' (बृ० ४-४-६) इति। 'ब्रह्मविदाप्नोति परम्' (तै० २-१-१) इत्यादिषु तु सत्यप्याप्नोतेर्गत्यर्थत्वे वर्णितेन न्यायेन देशान्तरप्राप्त्यसंभवात्स्वरूपप्रतिपत्तिरेवेयमविद्याध्यारोपि-

---

परिहरति—तच्चेत्यादिना। मोक्षसिद्ध्यर्थं जीवस्य ब्रह्मत्वाङ्गीकारे संसारानुपपत्तिमाशङ्क्याज्ञानाद्युपपत्तिमसकृदुक्तां स्मारयति—परस्मादित्यादिना। प्रासङ्गिकं परिहृत्य परमं प्रकृतमुपसंहरति—तदेवमिति।

ननु परविद्यायामप्याप्नोतिपदेन गतिः श्रुतेत्यत आह—ब्रह्मविदाप्नोतीति।

प्रतिषेध करती है। शङ्का—परमात्मा से जीव को अभिन्न मानने पर भी प्रत्यक्षादि प्रमाणों की प्रवृत्ति न होने पर सभी व्यवहार के लोप का प्रसङ्ग आ जायेगा। समाधान—ऐसा कहना ठीक नहीं। ज्ञान होने से पूर्व स्वप्नव्यवहार की भाँति सभी व्यवहार सिद्ध हो जाते हैं, इसीलिए 'जहाँ द्वैत की भाँति होता है वहाँ दूसरा दूसरे को देखता है' इत्यादि वाक्य द्वारा शास्त्र अज्ञानदशा में प्रत्यक्षादि व्यवहार को बतलाकर पुनः ज्ञानदशा में 'जहाँ इस ज्ञानी का सब कुछ आत्मा ही हो गया वहाँ किससे किसको देखे' इत्यादि वाक्य द्वारा व्यवहाराभाव दिखलाता है। जिस प्रकार गन्तव्यत्वादिविज्ञान के बाधित हो जाने से किसी प्रकार उसमें गति का उपपादन नहीं किया जा सकता।

शङ्का—फिर गतिश्रुति किसे विषय करती है। समाधान—गतिश्रुति सगुण विद्या को विषय करेगी। ऐसा ही पञ्चाग्नि विद्याप्रसङ्ग में कहीं गति बतलायी है, कहीं पर्यङ्कविद्या में और कहीं वैश्वानर विद्या में गति का उपदेश है। यहाँ भी ब्रह्म का प्रसङ्ग प्रारम्भ करके गति कही गयी है, जैसे 'प्राण ब्रह्म है, सुख ब्रह्म है, आकाश ब्रह्म है' और 'इस मानवशरीररूप ब्रह्मपुर में जो छोटा सा हृदयकमल है' इन सन्दर्भों द्वारा जो गति कही गयी है वहाँ भी वामनित्वादि एवं सत्यकामत्वादि गुणों के द्वारा सगुण ब्रह्म के उपास्य होने से गति सम्भव हो जाती है। किन्तु परब्रह्मविषयक गति कहीं भी नहीं सुनी जाती। उस प्रसङ्ग में जैसे 'न तस्य प्राणा उत्क्रामन्ति', 'ब्रह्मज्ञानी पर को प्राप्त कर लेता है' इत्यादि स्थलों में तो गत्यर्थक आप्नोति क्रिया के रहने पर भी पूर्वोक्त न्याय से देशान्तरप्राप्ति का होना असम्भव हो जाता है, इसलिए यह स्वरूपबोध ही अविद्या से कल्पित नाम-

तनामरूपप्रविलयापेक्षयाऽभिधीयते 'ब्रह्मैव सन्ब्रह्माप्येति' (बृ० ४·४·६) इत्यादिवदिति द्रष्टव्यम् ।

अपिच परविषया गतिर्व्याख्यायमाना प्ररोचनाय वा स्यादनुचिन्तनाय वा । तत्र प्ररोचनं तावद्ब्रह्मविदो न गत्युक्त्या क्रियते । स्वसंवेद्येनैवाव्यवहितेन विद्यासमर्पितेन स्वास्थ्येन तत्सिद्धेः । न च नित्यसिद्धनिःश्रेयसनिवेदनस्यासाध्यफलस्य विज्ञानस्य गत्यनुचिन्तने काचिदपेक्षोपपद्यते । तस्मादपरब्रह्मविषया गतिः । तत्र परापरब्रह्मविवेकानवधारणेनापरस्मिन्ब्रह्मणि वर्तमाना गतिश्रुतयः परस्मिन्नध्यारोप्यन्ते । किं द्वे ब्रह्मणी परमपरं चेति । बाढं द्वे 'एतद्वै सत्यकाम परं चापरं च ब्रह्म यदोंकारः' (प्र० ५·२) इत्यादिदर्शनात् । किं पुनः परं ब्रह्म किमपरमिति । उच्यते । यत्राविद्याकृतनामरूपादिविशेषप्रतिषेधादस्थूलादिशब्दैर्ब्रह्मोपदिश्यते तत्परम् । तदेव यत्र नामरूपादिविशेषेण केनचिद्विशिष्टमुपासनायोपदिश्यते 'मनोमयः प्राणशरीरो भारूपः' (छा० ३·१४·२) इत्यादिशब्दैस्तदपरम् । नन्वेवमद्वितीयश्रुतिरुपरुध्येत । न । अविद्याकृतनामरूपोपाधिकतया परिहृतत्वात् । तस्य चापरब्रह्मोपासनस्य तत्संनिधौ श्रूयमाणम् 'स यदि पितृ-

---

वैफल्याच्च गतेर्न परविषयत्वमित्याह-अपिचेति । अनुचिन्तनपक्ष प्रत्याह—न च नित्यसिद्धेति । कथं तर्हि क्वचित्परविषयत्वं गतेरुक्तमित्याशङ्क्य भ्रान्त्येत्याह—तत्र परापरेति । प्रश्नपूर्वकं परापरब्रह्मविभागं वदन्नपरब्रह्मणि गतेरर्थवत्त्वमाह—किं द्वे इत्यादिना । व्यापिनो जीवस्य कथं गतिस्तत्राह —सर्वगतत्वेऽपीति ॥१४॥

रूप प्रपञ्च के विलय की अपेक्षा से गतिप्रतिषेधक शब्द द्वारा कहा गया है । 'ज्ञानी ब्रह्म होता हुआ ही ब्रह्म को प्राप्त करता है' इस श्रुति में भी गति का अभाव ही समझना चाहिए ।

इसके अतिरिक्त व्याख्यायमान परब्रह्मविषयक गति ब्रह्मज्ञान में रुचि परिवर्धन के लिए गयी है अथवा चिन्तन के लिए ? उनमें गति के कथन से ब्रह्मज्ञानी में प्ररोचन तो नहीं किया जा सकता क्योंकि अव्यवहित, विद्यासमर्पित, स्वसंवेद्य स्वरूपनिष्ठा से ही ब्रह्मज्ञान में प्रवृत्ति सिद्ध हो चुकी है और नित्यसिद्ध मोक्ष का ज्ञान जो सिद्धफल विज्ञानरूप है उसमें गति के चिन्तन के लिए किसी की भी अपेक्षा सिद्ध नहीं होती । अतः गति सगुणब्रह्मविषयक ही है । वहाँ पर पर एवं अपर ब्रह्म का विवेक न होने से अपर ब्रह्म में प्रवृत्त होने वाली गतिश्रुतियाँ परब्रह्म में अध्यारोपित हो जाती हैं । शङ्का—क्या पर और अपर ब्रह्म दो हैं ? समाधान—अवश्य ब्रह्म दो हैं क्योंकि 'हे सत्यकाम ! जो यह ॐकार है यही पर और अपर ब्रह्मस्वरूप है' इस श्रुति द्वारा ऐसा ही कहा गया है । शङ्का—पर ब्रह्म और अपर ब्रह्म क्या वस्तु है ? समाधान—जहाँ पर अविद्याकृत नामरूपादि विशेष के प्रतिषेध द्वारा अस्थूलादि शब्दों से ब्रह्म का व्यपदेश किया है वह पर ब्रह्म है और जहाँ पर उपासना के लिए उसी पर ब्रह्म को किसी नामरूपादि विशेष से विशिष्टकर 'मनोमयः प्राणशरीरो भारूपः' इत्यादि शब्दों से बतलाया गया है वह अपर ब्रह्म है । शङ्का—इस प्रकार दो ब्रह्म मानने पर अद्वैतश्रुति का उपरोध हो जायेगा । समाधान—अविद्याकृत नाम-रूप उपाधि को लेकर दो ब्रह्म का कथन होने के कारण ऐसे आक्षेपों का परिहार किया जा चुका है । और उस अपर ब्रह्म उपासना के प्रसङ्ग में सुने गये 'वह यदि पितृलोक की कामना करता है' इत्यादि वाक्य द्वारा सांसारिकऐश्वर्यरूप संसारविषयक

६. अप्रतीकालम्बनाधिकरणम् (सू० १५-१६)

(५३२) अप्रतीकालम्बनान्नयतीति बादरायण उभयथाऽदोषात्तत्क्रतुश्च ॥१५॥

प्रतीकोपासकान्ब्रह्मलोकं नयति वा न वा । अविशेषश्रुतेरेतान्ब्रह्मोपासकवन्नयेत् ।
ब्रह्मक्रतोरभावेन प्रतीकार्हफलश्रवात् । न तान्नयति पञ्चाग्निविदो नयति तच्छ्रुतेः ॥

लोककामो भवति' (छा० ८-२-१) इत्यादि जगदैश्वर्यलक्षणं संसारगोचरमेव फलं भवति। अनिवर्तितत्वादविद्यायाः । तस्य च देशविशेषावबद्धत्वात्तत्प्राप्त्यर्थं गमनमविरुद्धम् । सर्वगतत्वेऽपि चात्मन आकाशस्येव घटादिगमने बुद्ध्याद्युपाधिगमने गमनप्रसिद्धिरित्यवादिष्म 'तद्गुणसारत्वात्' (ब्र० सू० २-३-२९) इत्यत्र । तस्मात् 'कार्यं बादरिः' (ब्र० सू० ४-३-७) इत्येष एव स्थितः पक्षः । 'परं जैमिनिः' (ब्र० सू० ४-३-१२) इति तु पक्षान्तरप्रतिभानमात्रप्रदर्शनं प्रज्ञाविकासनायेति द्रष्टव्यम् ॥१४॥

स्थितमेतत्कार्यविषया गतिर्न परविषयेति । इदमिदानीं संदिह्यते किं सर्वान्विकारालम्ब-

एवं गन्तव्यं निरूप्य गन्तॄन्निर्धारयति—अप्रतीकेति । 'स एवंनान् ब्रह्म गमयति' इत्यविशेषश्रुतेः

ही फल सुना जाता है क्योंकि अभी तक उसकी अविद्या की निवृत्ति नहीं हो पायी है। देशविशेष से बँधे रहने के कारण उस अपरब्रह्म उपासक को अपने उपास्य की प्राप्ति के लिए गति मानना विरुद्ध नहीं है। जैसे आकाश घटादि की गति से गतिवाला प्रतीत होता है, ऐसे ही व्यापक होने पर भी बुद्ध्यादि उपाधि के गमन में आत्मा में गति की प्रसिद्धि है; ऐसा हम 'तद्गुणसारत्वात्' इस सूत्र मे कह आये है। अतः 'कार्यं बादरिः' यही पक्ष स्थिर रहा। 'परं जैमिनिः' इस पक्षान्तर में प्रज्ञाविकास के लिए प्रतिपादनमात्र का प्रदर्शन है, ऐसा समझना चाहिए ॥१४॥

६. अप्रतीकालम्बनाधिकरण

१. सङ्गति—इस प्रकार गन्तव्यविशेष बतलाने के बाद गन्ताविशेष को बतलाने के लिए गन्तृगन्तव्यभाव सङ्गति के कारण यह अधिकरण प्रारम्भ किया गया है।

२. विषय—ब्रह्मलोक प्राप्त करने वाले अधिकारी का विचार इस अधिकरण में किया गया है।

३. संशय—प्रतीक उपासक ब्रह्मलोक प्राप्त करते हैं या नहीं।

४. पूर्वपक्ष—नियामक न होने के कारण सभी उपासक सामान्यरूप से ब्रह्मलोक प्राप्त करते ही हैं।

५ सिद्धान्त—प्रतीक उपासक के लिए योग्य फल पृथक् पढ़ा गया है। वे ब्रह्म उपासक नहीं होते, अतः वे ब्रह्मलोक प्राप्त नहीं करते। श्रुति के बल से केवल पञ्चाग्नि विद्या के उपासक ही ब्रह्मलोक प्राप्त करते हैं, अन्य प्रतीक उपासक नहीं।

अप्रतीकालम्बनान्नयतीति बादरायण उभयथादोषात्तत्क्रतुश्च (ललिता)

इस प्रकार गन्तव्य का निरूपण कर गन्ता के स्वरूप का अवधारण अग्रिम सूत्र से किया जाता है। गति कार्यब्रह्म में है, परब्रह्म में नहीं है, यह निश्चित हो गया। अब यहाँ पर सन्देह होता है

नानविशेषेणैवामानवः पुरुषः प्रापयति ब्रह्मलोकमुत कांश्चिदेवेति । किं तावत्प्राप्तं ? सर्वेषामेवैषां विदुषामन्यत्र परस्माद्ब्रह्मणो गतिः स्यात् । तथाहि—'अनियमः सर्वासाम्—' (ब्र० सू० ३-३-३१) इत्यत्राविशेषेणैवषा विद्यान्तरेष्ववतारितेति ।

एवं प्राप्ते प्रत्याह––अप्रतीकालम्बनानिति । प्रतीकालम्बनान्वर्जयित्वा सर्वानन्यान्विकारालम्बनान्नयति ब्रह्मलोकमिति बादरायण आचार्यो मन्यते । न ह्येवमुभयथाभावाभ्युपगमे कश्चिद्दोषोऽस्ति । अनियमन्यायस्य प्रतीकव्यतिरिक्तेष्वप्युपासनेषूपपत्तेः । तत्क्रतुश्चास्योभयथाभावस्य समर्थको हेतुर्द्रष्टव्यः । यो हि ब्रह्मक्रतुः स ब्राह्ममैश्वर्यमासीदेदिति श्लिष्यते 'तं यथा यथोपासते तदेव भवति' इति श्रुतेः । न तु प्रतीकेषु ब्रह्मक्रतुत्वमस्ति प्रतीकप्रधानत्वादुपासनस्य । नन्वब्रह्मक्रतुरपि ब्रह्म गच्छतीति श्रूयते यथा पञ्चाग्निविद्यायाम् 'स एनान्ब्रह्म गमयति' (छा० ४-१५-५) इति भवतु यत्रैवमाहत्यवाद उप-

---

तत्क्रतुन्यायाच्च । संशयमाह—इदमिति । अनियमाधिकरणे तत्त्वविदोऽन्यत्र सर्वोपासकानां मार्गोपसंहार उक्तः, इदानीमप्रतीकोपासकानामेव मार्गो न सर्वेषां विकारोपासकानामित्युभयथाभावोक्तौ पूर्वोक्तविरोधः स्यात् तस्मादुपासकमात्रस्योत्तरमार्गसिद्धिरिति पूर्वपक्षफलं ।

सिद्धान्ते तूभयथाभावसिद्धिः । अदोषादिति सूत्रे पदच्छेदः, अविरोधादित्यर्थः । अनियमः सर्वासामिति सूत्रे सर्वशब्दस्य प्रतीकोपासकान्यपरत्वादिति भावः । यद्यपि प्रतीकध्यायिनां वितृयाणतृतीयस्थानयोरप्रवेशादर्चिरादिमार्गो वाच्यस्तथापि तेषां विद्युत्पर्यन्तमेव गमनमस्तु, न ब्रह्मप्राप्तिर्ब्रह्मक्रतुत्वाभावात् । यो यद् ध्यायति स तत्प्राप्नोति हि तत्क्रतुन्यायः श्रुतिमूलः । प्रतीकेषु च नामादिषु ध्येयेषु ब्रह्मणो गुणत्वात्, न ब्रह्मध्यायित्वमस्ति । अस्य च न्यायस्य पञ्चाग्निविद्यायामाहत्यवादात्

कि विकारालम्बन करने वाले सभी उपासकों को अमानव पुरुष समानरूप से ही ब्रह्मलोक पहुँचाता है अथवा कुछ ही उपासकों को पहुँचाता है । इस पर पूर्वपक्ष का कहना है कि इन सभी उपासकों को परब्रह्म से भिन्न अपर ब्रह्म की प्राप्ति होती है । ऐसा ही 'अनियमः सर्वासाम्' इस सूत्र द्वारा अन्य उपासनाओं में अविशेषरूप से गति का अवतरण हुआ है ।

इस पर सिद्धान्ती कहता है कि प्रतीक उपासनाओं को छोड़कर अन्य सभी विकारालम्बन करने वाले उपासकों को अमानव पुरुष ब्रह्मलोक पहुँचाता है, ऐसा बादरायण आचार्य मानते हैं । प्रतीकभिन्न उपासनाओं में भी अनियमन्याय की सङ्गति बन जाती है । जो जिसका ध्यान करता है वह उसे प्राप्त करता है; यह क्रतुन्याय है । यह न्याय इस उभयथाभाव का समर्थककारण है, ऐसा मानना चाहिए । जो ब्रह्म का उपासक है वह ब्राह्म ऐश्वर्य को प्राप्त करेगा, ऐसा 'उस परमेश्वर की जिस प्रकार की उपासना करते हैं वे वैसे ही हो जाते हैं' इस श्रुति से सिद्ध होता है । नामादि प्रतीक उपास्य में ब्रह्मक्रतुत्व नहीं है, उस उपासना में तो प्रतीक की ही प्रधानता है । शङ्का—जैसे पञ्चाग्नि विद्या में अमानव पुरुष उन पञ्चाग्नि विद्या के उपासकों को ब्रह्म के पास पहुँचा देता है, ऐसा कहा गया है, इससे यह सिद्ध होता है कि जो ब्रह्मक्रतु नहीं है वह भी ब्रह्म के पास जाता है । समाधान—जहाँ पर ऐसा अपवाद दीखता है वहाँ वैसा ही हो पर इसके अभाव में तो औत्सर्गिक तत्क्रतुन्याय से ब्रह्मोपासकों को ही ब्रह्म की प्राप्ति होती है, दूसरों को नहीं; ऐसा जान पड़ता है ।

(५३३) विशेषं च दर्शयति ॥१६॥

लभ्यते तदभावे त्वौत्सर्गिकेण तत्क्रतुन्यायेन ब्रह्मक्रतूनामेव तत्प्राप्तिर्नेतरेषामिति गम्यते ॥१५॥

नामादिषु प्रतीकोपासनेषु पूर्वस्मात्पूर्वस्मात्फलविशेषमुत्तरस्मिन्नुत्तरस्मिन्नुपासने दर्शयति—'यावन्नाम्नो गतं तत्रास्य यथाकामचारो भवति' (छा० ७-१-५), 'वाग्वाव नाम्नो भूयसी' (छा० ७-२-१), 'यावद्वाचो गतं तत्रास्य यथाकामचारो भवति' (छा० ७-२-२), 'मनो वाव वाचो भूयः' (छा० ७-३-१) इत्यादिना । स चायं फलविशेषः प्रतीकतन्त्रत्वादुपासनानामुपपद्यते । ब्रह्मतन्त्रत्वे तु ब्रह्मणोऽविशिष्टत्वात्कथं फलविशेषः स्यात् । तस्मान्न प्रतीकालम्बनानामितरैस्तुल्यफलत्वमिति ॥१६॥

इति श्रीमच्छङ्करभगवत्पादकृतौ शारीरकमीमांसाभाष्ये
चतुर्थाध्यायस्य तृतीयः पादः ॥३॥

प्रत्यक्षवचनाद्बाध इष्ट इति सूत्रभाष्यार्थः ॥१५॥

किंच प्रतीकतारतम्येन फलतारतम्यश्रुतेर्न प्रतीकध्यायिनां ब्रह्मप्राप्तिरित्याह—विशेष चेति । तस्मादसति वचने ब्रह्मध्यायिन एव ब्रह्मगन्तार इति सिद्धम् ॥१६॥

इति श्रीमत्परमहंसपरिव्राजकाचार्यश्रीगोविन्दानन्दभगवत्पादकृतौ
श्रीमच्छारीरकमीमांसाव्याख्यायां भाष्यरत्नप्रभायां
चतुर्थाध्यायस्य तृतीयः पादः ॥३॥

इसलिए पञ्चाग्नि विद्या में आहुत्यवाद के आधार पर प्रत्यक्ष श्रुतिवाक्य से इस क्रतुन्याय का बाध होना इष्ट ही है ॥१५॥

विशेषं च दर्शयति (ललिता)

नामादि प्रतीक उपासनाओं में 'जहाँ तक नाम की गति है वहाँ तक नामोपासक का यथेच्छ विचरण होता है', 'वाणी नाम से श्रेष्ठ है', 'जहाँ तक वाणी की गति है वहाँ तक वाणी के उपासक का यथेच्छ विचरण होता है', 'वाणी से श्रेष्ठ मन है' इत्यादि वाक्य द्वारा पूर्व-पूर्व की अपेक्षा उत्तर-उत्तर उपासना में श्रुति फलविशेष बतलाती है और यह फलविशेष प्रतीकाधीन होने के कारण उन उपासनाओं में घटता है । किन्तु ब्रह्मतन्त्र उपासना में ब्रह्म के अविशिष्ट होने के कारण फलविशेष कैसे हो सकेगा । अतः प्रतीक उपासनाओं का अन्य उपासनाओं के समान फल नहीं माना जा सकता है । इसीलिए वचनविशेष न रहने पर ब्रह्म उपासक ही ब्रह्म को प्राप्त करते हैं, यह सिद्ध हो गया ॥१६॥

इस प्रकार श्रीमत्परमहंसपरिव्राजकाचार्य यतीन्द्रकुलतिलक कैलासपीठाधीश्वर
दशमाचार्य महामण्डलेश्वर श्रीमत्स्वामी विद्यानन्दगिरि
द्वारा विरचित ब्रह्मसूत्रशाङ्करभाष्य चतुर्थाध्याय
तृतीयपाद की ललिता व्याख्या समाप्त हुई ।

चतुर्थाध्यायस्य चतुर्थः पादः

१. संपद्याविर्भावाधिकरणम् (सू० १–३)

(५३४) संपद्याविर्भावः स्वेनशब्दात् ॥१॥

नाकवन्नूतनं मुक्तिरूपं यद्वा पुरातनम् । अभिनिष्पत्तिवचनात्फलत्वादपि नूतनम् ।
स्वेन रूपेणेति वाक्ये स्वशब्दात्तत्पुरातनम् । आविर्भावोऽभिनिष्पत्तिः फलं चाज्ञानहानितः ॥

'एवमेवैष[1] सम्प्रसादोऽस्माच्छरीरात्समुत्थाय परं ज्योतिरुपसंपद्य स्वेन रूपेणाभिनिष्पद्यत' इति श्रूयते । तत्र संशयः—किं देवलोकाद्युपभोगस्थानेष्विव'गन्तुकेन केनचिद्वि-

पूर्वपादे ब्रह्मोपासकानां कार्यब्रह्मप्राप्तिरुक्ता, सम्प्रति तेषामैश्वर्यविशेषं ब्राह्मलौकिकं पादस्योत्तरार्द्धेन प्रपञ्चयिष्यन्नादावभ्यर्हितपरविद्याप्राप्यं निर्विशेषब्रह्मभावमाह—संपद्याविर्भावः स्वेनशब्दात् । निर्गुणविद्याफलवाक्यमुदाहृत्य स्वशब्दस्य स्वीयागन्तुकरूपस्वात्मरूपवाचित्वाभ्यां संशयमाह–एवमिति। पूर्वपक्षे मोक्षस्य स्वर्गादविशेषः, सिद्धान्ते विशेष इति फलं, तत्र मोक्ष आगन्तुकः, फलत्वात्स्वर्गवदिति

चतुर्थ अध्याय–चतुर्थ पाद

तृतीय पाद में सगुण उपासना के फलोपयोगी गति, गन्तव्य और गन्ताविशेष का विचार किया गया। अब निर्गुण ब्रह्म उपासकों के ब्रह्मभाव का आविर्भाव और सगुण ब्रह्म उपासकों के हिरण्यगर्भतुल्य भोग की प्राप्ति बतलाने के लिए यह चतुर्थ पाद प्रारम्भ किया जाता है।

१. सम्पद्याविर्भावाधिकरण

१. **सङ्गति**—पादान्तर होने के कारण पूर्व अधिकरण के साथ इसकी सङ्गति अपेक्षित नहीं है।

२. **विषय**—इस अधिकरण में स्वर्ग एवं मोक्ष की समानता-असमानता पर विचार किया गया है।

३. **संशय**—स्वर्ग के समान मोक्ष भी कोई नूतनावस्था जीव को प्राप्त होती है अथवा पुरातन अवस्था प्राप्त होती है ?

४. **पूर्वपक्ष**—'एष सम्प्रसादः' इस श्रुतिवचन के आधार पर स्वर्ग के समान मोक्ष में भी फलत्व तुल्य होने के कारण मोक्ष कोई नूतन अवस्था ही है।

५. **सिद्धान्त**—'स्वेन रूपेणाभिनिष्पद्यते' इस श्रुतिवाक्य के द्वारा विशेषित पूर्व अवस्था ही मुमुक्षु को प्राप्त होती है। वहाँ पर अज्ञान के नाश हो जाने पर स्वरूपाविर्भाव ही फल है, अन्य कुछ भी नहीं है।

पिछले पाद में ब्रह्म उपासकों को कार्यब्रह्म की प्राप्ति कही गयी, अब इस चतुर्थ पाद के उत्तरार्द्ध से इन्हीं के लिए ब्रह्मलोकसम्बन्धी ऐश्वर्यविशेष का विस्तार बतलाने के लिए पहले अभीष्ट परविद्या से प्राप्य निर्विशेषब्रह्मभाव को अग्रिम सूत्र से कहते हैं——

सम्पद्याविर्भावः स्वेनशब्दात् (ललिता)

'ऐसे ही यह जीव इस शरीर से ऊपर उठकर परज्योति को प्राप्त कर लेने के बाद अपने रूप से अभिनिष्पन्न हो जाता है इस श्रुतिवाक्योक्त विषय में सन्देह होता है कि देवलोकादि उपभोगस्थान

१. (छा० ८-१२-२) २. जीवः । ३. उपासनावललभ्येनोपास्य सारूप्यविशेषेण: ।

शेषेणाभिनिष्पद्यत आहोस्विदात्ममात्रेणेति । किं तावत्प्राप्तम् ? स्थानान्तरेष्विवागन्तुकेन केनचिद्रूपेणाभिनिष्पत्तिः स्यात् । मोक्षस्यापि फलत्वप्रसिद्धेः । अभिनिष्पद्यत इति चोत्पत्तिपर्यायत्वात् । स्वरूपमात्रेण चेदभिनिष्पत्तिः पूर्वास्वप्यवस्थासु स्वरूपानपायाद्विभाव्येत । तस्माद्विशेषेण केनचिदभिनिष्पद्यत इति ।

एवं प्राप्ते ब्रूमः—केवलेनैवात्मनाविर्भवति न धर्मान्तरेणेति । कुतः ? स्वेन रूपेणाभिनिष्पद्यत इति स्वशब्दात् । अन्यथा हि स्वशब्देनेति विशेषणमनवक्लृप्तं स्यात् । नन्वात्मीयाभिप्रायः स्वशब्दो भविष्यति । न । तस्यावचनीयत्वात् । येनैव हि केनचिद्रूपेणाभिनिष्पद्यते तस्यैवात्मीयत्वोपपत्तेः स्वेनेति विशेषणमनर्थकं स्यात् । आत्मवचनतायां त्वर्थवत्केवलेनैवात्मरूपेणाभिनिष्पद्यते नागन्तुकेनापररूपेणापोति ।।१।।

कः पुनर्विशेषः पूर्वास्ववस्थास्विह च स्वरूपानपायसाम्ये सतीत्यत आह—

न्यायोपेतयाभिनिष्पत्तिश्रुत्या पूर्वपक्षमाह—किमित्यादिना ।

स्वशब्दश्रुतिबाधितो न्यायः अभिनिष्पत्तिश्च साक्षात्कारवृत्त्यभिप्राया बन्धध्वंसजन्मन्यौपचारिक्येवेति मत्वा सिद्धान्तयति—एवमिति । मोक्षस्य फलत्वेन प्राप्तागन्तुकत्वनिरासार्थः स्वशब्द इति युक्तं, स्वीयवाचित्वेऽनर्थकानुवादः स्यादित्यर्थः ।।१।।

सूत्रान्तरं गृह्णाति—कः पुनरिति । जागरिते ह्यान्ध्यादिदेहधर्मवान्भवति स्वप्ने तु हत इव केन-

---

में जैसे किसी आगन्तुकविशेष से जीव अभिनिष्पन्न हो जाता है, ऐसे ही ब्रह्मलोक में भी होता है अथवा केवल आत्मस्वरूप से अभिष्पिन्न होकर जीव रहता है । इस पर पूर्वपक्षी का कहना है कि स्वर्गादिस्थानों की भाँति किसी आगन्तुक रूपविशेष से ब्रह्मलोक में भी ब्रह्मोपासक की निष्पत्ति होती है क्योंकि स्वर्ग और मोक्ष में फलत्व प्रसिद्ध है और 'अभिनिष्पद्यते' यह क्रिया उत्पत्ति का पर्याय मानी जाती है । यदि स्वरूपमात्र से भी अभिनिष्पत्ति मानी जाय तो पूर्व अवस्थाओं में भी स्वरूप का अपाय न होने के कारण अभिनिष्पत्ति औपचारिक मानी जायेगी । अतः किसी विशेष रूप से ही अभिनिष्पत्ति होती है ।

ऐसा पूर्वपक्ष होने पर हम सिद्धान्ती कहते हैं कि केवल आत्मरूप से ही ब्रह्म उपासक का आविर्भाव होता है, धर्मान्तर से नहीं । इसीलिए 'स्वेन रूपेणाभिनिष्पद्यते' इस श्रुति में 'स्व' शब्द का प्रयोग किया गया है, अन्यथा 'स्व' शब्द से विशेषण देना असङ्गत हो जायेगा । शङ्का—'स्व' शब्द आत्मीय अभिप्राय से कहा गया है । समाधान—तब तो 'स्व' शब्द कहने की आवश्यकता ही नहीं है क्योंकि जिस किसी रूप से अभिनिष्पत्ति होगी वही उसका आत्मीय माना जायेगा, ऐसी स्थिति में 'स्वेन' यह विशेषण देना अनर्थक हो जायेगा । किन्तु 'स्व' शब्द को आत्मीयवाची माना जाय तो केवल आत्मरूप से ही अभिनिष्पत्ति होती है, अन्य किसी आगन्तुक से नहीं; ऐसा मानने पर 'स्व' विशेषण सार्थक हो जायेगा ।।१।।

पूर्वावस्था में कौन सा विशेष है जो यहाँ पर भी स्वरूपानपाय साम्य होने पर बना रहता है, इसका समाधान अग्रिम सूत्र से करते हैं—

(५३५) मुक्तः प्रतिज्ञानात् ॥२॥

योऽत्राभिनिष्पद्यत इत्युक्तः स सर्वबन्धविनिर्मुक्तः शुद्धेनैवात्मनाऽवतिष्ठते । पूर्वत्र त्वन्धो भवत्यपि रोदितीव विनाशमेवापीतो भवतीति चावस्थात्रयकलुषितेनात्मने'त्ययं विशेषः । कथं पुनरवगम्यते मुक्तोऽयमिदानीं भवतीति ? प्रतिज्ञानादित्याह । तथाहि 'एतं त्वेव ते भूयोऽनुव्याख्यास्यामि' (छा० ८-९-३, ८-१०-४, ८-११-३) इत्यवस्थात्रयदोषविहीनमात्मानं व्याख्येयत्वेन प्रतिज्ञाय '²अशरीरं वाव सन्तं न प्रियाप्रिये स्पृशतः' (छा० ८-१२-१) इति चोपन्यस्य 'स्वेन रूपेणाभिनिष्पद्यते स उत्तमः पुरुषः' (छा० ८-१२-३) इति चोपसंहरति । तथाख्यायिकोपक्रमेऽपि 'य आत्माऽपहतपाप्मा' (छा० ८-७-१) इत्यादि मुक्तात्मविषयमेव प्रतिज्ञानम् । फलत्वप्रसिद्धिरपि मोक्षस्य बन्धनिवृत्तिमात्रापेक्षा नापूर्वोपजननापेक्षा । यदप्यभिनिष्पद्यत इत्युत्पत्तिपर्यायत्वं तदपि पूर्वावस्थापेक्षं यथा रोगनिवृत्तावरोगोऽभिनिष्पद्यत इति तद्वत् । तस्माददोषः ॥२॥

चित् । अपि च पुत्रादिनाशाद्रोदितीव भवति, सुषुप्तौ तु विशेषाज्ञानाद्विनष्ट इवेति, बन्धदशायां कलुषितात्मना तिष्ठति मोक्षे तु विगलिताखिलदुःख परितः प्रद्योतमानपूर्णानन्दात्मनावतिष्ठत इति महान् विशेष इत्यर्थः ॥२॥

मुक्तः प्रतिज्ञानात् (ललिता)

यहाँ पर 'अभिनिष्पद्यते' इस वाक्य से जिसे कहा गया है वह सभी बन्धनों से सर्वथा मुक्त, शुद्ध आत्मरूप से ही अवस्थित रहता है । पहले तो जाग्रदवस्था में अन्धा रहता है फिर स्वप्नावस्था में रोता हुआ सा सुषुप्ति में विनाश को प्राप्त होता है, इन अवस्थात्रय से कलुषित आत्मरूप से जान पड़ता है; बस यही विशेष है । इस समय यह मुक्त हो गया, यह कैसे जान पड़ता है ? इस प्रश्न का उत्तर 'प्रतिज्ञानात्' इस सूत्रांश से दिया गया है इसीलिए 'इसी को मैं तुझे फिर से बतलाऊँगा' इत्यादि वाक्य द्वारा अवस्थात्रयदोष से रहित आत्मा को व्याख्येयरूप से प्रतिज्ञा करके शरीराभिमानरहित पुरुष का इष्ट-अनिष्ट स्पर्श नहीं करते' इस वाक्य द्वारा उपन्यासकर 'स्वेन रूपेणाभिनिष्पद्यते स उत्तमः पुरुषः' इस वाक्य से उपसंहार करते हैं । उसी प्रकार आख्यायिका के आरम्भ में भी 'जो आत्मा है वह पाप से रहित है' इस वाक्य द्वारा मुक्तात्माविषयक ही प्रतिज्ञा है । फलत्व की प्रसिद्धि भी मोक्ष में बन्धननिवृत्तिमात्र की अपेक्षा से होती है, न कि अपूर्व उपजनन की अपेक्षा से । और जो 'अभिनिष्पद्यते' इस क्रिया में उत्पत्तिपर्यायित्व कहा था वह भी पूर्वावस्था की अपेक्षा कर ही रहा है जैसे रोग की निवृत्ति हो जाने पर निरोग हो गया, ऐसा मानते हैं; ऐसे ही बन्धननिवृत्तिमात्र की अपेक्षा से मोक्ष में फलत्व की सिद्धि की गयी है, अतः कोई दोष नहीं है ॥२॥

---

१ अवतिष्ठते इत्यनुषङ्गः । २. शरीरत्रयासंस्पृष्टम् ।

२. अविभागेन दृष्टत्वाधिकरणम् (सू० ४)

(५३६) आत्मा प्रकरणात् ॥३॥

मुक्तरूपादब्रह्म भिन्नमभिन्नं वाथ भिद्यते । संपद्य ज्योतिरित्येवं कर्मकर्तृभिदोक्तितः ।
अभिनिष्पन्नरूपस्य स उत्तमपुमानिति । ब्रह्मत्वोक्तेरभिन्नं तद्भेदोक्तिरुपचारतः ॥

कथं पुनर्मुक्त इत्युच्यते—यावता 'परं ज्योतिरुपसंपद्य' (छा० ८-१२-३) इति कार्यगोचरमेवैनं श्रावयति । ज्योतिःशब्दस्य भौतिके ज्योतिषि रूढत्वात् । न चानतिवृत्तो विकारविषयात्कश्चिन्मुक्तो भवितुमर्हति । विकारस्यार्तत्व¹प्रसिद्धेरिति । नैष दोषः । यत आत्मैवात्र ज्योतिःशब्देनावेद्यते प्रकरणात् 'य आत्माऽपहतपाप्मा विजरो विमृत्युः' (छा० ८-७-१) इति हि प्रकृते परस्मिन्नात्मनि नाकस्माद्भौतिकं ज्योतिः शक्यं ग्रहीतुम् । प्रकृतहानाप्रकृतप्रक्रियाप्रसङ्गात् । ज्योतिःशब्दस्त्वात्मन्यपि दृश्यते 'तद्देवा ज्योतिषां ज्योतिः' (बृ० ४-४-१६) इति । प्रपञ्चितं चैतत् 'ज्योतिर्दर्शनात्' (ब्र० सू० १-३-४०) इत्यत्र ॥३॥

कार्यगोचरमिति । कार्य ज्योतिःप्राप्तमित्यर्थः । कार्य प्राप्तोऽपि मुक्तः किं न स्यादित्यत आह—न चानतिवृत्त इति ॥३॥

आत्मा प्रकरणात् (ललिता)

शङ्का—'जब परज्योति को प्राप्त करता है' इस वाक्य द्वारा इस कार्यज्योति को ही श्रुति बतला रही है तो फिर यह पुरुष मुक्त है, यह कैसे कह रहे हो क्योंकि ज्योति शब्द भौतिक ज्योति में रूढ़ है। विकारविषय का अतिक्रमण किये बिना कोई भी विमुक्त नहीं कहला सकता क्योंकि विकार में आतत्व प्रसिद्ध है। **समाधान**—यह दोष नहीं है क्योंकि प्रकरण को देखते हुए यहां पर ज्योति शब्द से आत्मा को ही कहा गया है।' 'जो आत्मा है वह पापरहित, जरारहित और मृत्यु से रहित है' इस वाक्य द्वारा प्रसंगागत परमात्मा में अकस्मात् भौतिक ज्योति का ग्रहण नहीं हो सकता, अन्यथा प्रकृत की हानि और अप्रकृत कथा का प्रसंग आने लग जायगा। 'देवता लोग उसकी ज्योतियों की ज्योतिरूप में उपासना करते है' इस श्रुति के अनुसार आत्मा में भी 'ज्योतिः' शब्द का प्रयोग देखा जाता है। इसका विस्तृत वर्णन 'ज्योतिर्दर्शनात्' इस सूत्र में कर आये हैं ॥३॥

२. अविभागेन दृष्टत्वाधिकरण

१. **सङ्गति**—ब्रह्म उपासकों को अविशेषरूप से परज्योति की प्राप्ति पहले बतला दी गयी, अब उसी में कुछ अन्य बातों का विचार करने के लिए उपजीव्योपजीवकभाव सङ्गति के कारण यह अधिकरण प्रारम्भ किया जाता है।

२. **विषय**—मोक्षावस्था में जीव का ब्रह्म के साथ अत्यन्त भेदाभेद का विचार इस अधिकरण में किया गया है।

३. **संशय**—क्या अपने रूप से अभिनिष्पन्न जीव मोक्षकाल में ब्रह्म के साथ भिन्न होकर रहता है अथवा अभिन्न हो जाता है ?

४. **पूर्वपक्ष**—'पर ज्योति को प्राप्तकर' इस श्रुतिवाक्य में कर्तृकर्मरूप भेद का कथन होने से मुक्तावस्था में भी जीव ब्रह्म से भिन्न ही रहता है।

---

१ विनाशग्रस्तत्व।

(५३७) अविभागेन दृष्टत्वात् ॥४॥

परं ज्योतिरुपसंपद्य स्वेन रूपेणाभिनिष्पद्यते यः स किं परस्मादात्मनः पृथगेव भवत्युताविभागेनैवावतिष्ठत इति वीक्षायाम् 'स तत्र पर्येति' (८-१२-३) इत्यधिकरणाधिकर्तव्यनिर्देशात् 'ज्योतिरुपसंपद्य' (छा० ८-१२-३) इति च कर्तृकर्मनिर्देशाद्भेदेनैवावस्थानमिति यस्य मतिस्तं व्युत्पादयत्यविभक्त एव परेणात्मना मुक्तोऽवतिष्ठते। कुतः? दृष्टत्वात्। तथा हि 'तत्त्वमसि' (छा० ६-८-७), 'अहं ब्रह्मास्मि' (बृ० १-४-१०), 'यत्र नान्यत्पश्यति' (छा० ७-२४-१), 'न तु तद्द्वितीयमस्ति ततोऽन्यद्विभक्तं यत्पश्येत्' (बृ० ४-३-२३) इत्येवमादीनि वाक्यान्यविभागेनैव परमात्मानं दर्शयन्ति। यथादर्शनमेव च फलं युक्तं तत्क्रतुन्यायात्। 'यथोदकं शुद्धे शुद्धमासिक्तं तादृगेव भवति। एवं मुनेर्विजानत आत्मा भवति गौतम' (क० ४-१५) इति चैवमादीनि मुक्तस्वरूपनिरूपणपराणि वाक्यान्यविभागमेव दर्शयन्ति, नदीसमुद्रादिनिदर्शनानि च। भेदनिर्देशस्त्वभेदेऽप्युपपद्यते। 'स भगवः कस्मिन्प्रतिष्ठित इति स्वे महिम्नि' (छा० ७-२४-१) इति 'आत्मरतिरात्मक्रीडः' (छा० ७-२५-२) इति चैवमादिदर्शनात् ॥४॥

अविभागेन दृष्टत्वात्। स्वरूपस्थितमुक्तमुपजीव्य वाविविवादात् ब्रह्मभेदाभेदसंशये सत्यत्यन्तभेदं पूर्वपक्षमुक्त्वा सिद्धान्तमाह—यस्येति ॥४॥

---

५. सिद्धान्त— मोक्षकाल में अभिनिष्पन्न जीव को उत्तम पुरुष कहा गया है, इससे मोक्षावस्था में जीव और ब्रह्म का अभेद मानना ही उचित है, भेदकथन तो उपचारमात्र है।

अविभागेन दृष्टत्वात् (ललिता)

परम ज्योति को प्राप्तकर अपने रूप से जो अभिनिष्पन्न होता है वह क्या परमात्मा से पृथक् ही रहता है अथवा अपृथक् होकर रहता है, ऐसी जिज्ञासा होने पर 'वह पुरुष ब्रह्मलोक में सर्वत्र जाता है' इस श्रुति में आधार-आधेय भाव का निर्देश होने से और 'ज्योति को प्राप्तकर' इस श्रुति में कर्ता-कर्म का निर्देश होने से भेदरूप में ही अवस्थान होता है, ऐसा जिसका आग्रह है उसे प्रकृत सूत्र के द्वारा यथार्थबोध कराते हैं कि मुक्त आत्मा परमात्मा में अभिन्न हो जाता है क्योंकि 'तत्त्वमसि', 'अहं ब्रह्मास्मि', 'यत्र नान्यत्पश्यति', 'न तु तद्द्वितीयमस्ति ततोऽन्यद्विभक्तं यत्पश्येत्' ये सभी श्रुतिवाक्य अविभागरूप से ही परमात्मा का बतलाते हैं। तत्क्रतुन्याय के अनुसार दर्शन के अनुरूप ही फल मानना उचित होगा। 'जैसे शुद्ध जल में डाला हुआ शुद्ध जल एक हो जाता है, हे गौतम ! ऐसे ही तत्त्वज्ञानी की आत्मा ब्रह्म के साथ अभिन्न हो जाती है' मुक्त आत्मा के स्वरूप को बतलाने वाले ये श्रुतिवाक्य और नदीसमुद्रादि दृष्टान्त, ये सभी मोक्षकाल में परमात्मा से जीव का अभिन्न होना ही बतलाते हैं। अभेद में भी भेदनिर्देश औपचारिक रूप से किया जा सकता है क्योंकि 'हे भगवन् ! वह किसमें प्रतिष्ठित है ? (इस प्रश्न के उत्तर में) वह अपनी महिमा में प्रतिष्ठित है' इस वाक्य के द्वारा और 'ज्ञानी आत्मरति और आत्मक्रीड होकर रहता है' इत्यादि वाक्य के द्वारा भी ऐसा ही बतलाया गया है ॥४॥

---

१. भूमा।

३. ब्राह्माधिकरणम् (सू० ५-७)

(५३८) ब्राह्मेण जैमिनिरुपन्यासादिभ्यः ॥५॥

क्रमेण युगपद्वास्य सविशेषाविशेषते । विरुद्धत्वात्कालभेदाद्व्यवस्था श्रुतयोस्तयोः ।
मुक्तामुक्तदृशोर्भेदाद्व्यवस्था संभवे सति । अविरुद्धं यौगपद्यमश्रुतं क्रमकल्पनम् ॥

स्थितमेतत् 'स्वेन रूपेण' (छा० ८-३-४) इत्यत्रात्ममात्ररूपेणाभिनिष्पद्यते नागन्तुकेनापररूपेणेति। अधुना तु तद्विशेषबुभुत्सायामभिधीयते स्वमस्य रूपं ब्राह्ममपहतपाप्मत्वादिसत्यसंकल्पत्वावसानं तथा सर्वज्ञत्वं सर्वेश्वरत्वं च तेन स्वरूपेणाभिनिष्पद्यत इति जैमिनिराचार्यो मन्यते । कुतः ? उपन्यासादिभ्यस्तथात्वावगमात् । तथा हि—'य आत्माऽपहतपाप्मा' (छा० ८-७-१) इत्यादिना 'सत्यकामः सत्यसंकल्पः' (छा० ८-७-१) इत्येव-

ब्राह्मेण जैमिनिः । उक्तं ब्रह्मस्वरूपमुपजीव्य स किं सत्येन सर्वज्ञत्वादिधर्मेण युक्तस्तिष्ठति उत धर्मस्य शशशृङ्गवदसत्त्वात्केवलचिन्मात्रात्मना तिष्ठति किं वा वस्तुतश्चिन्मात्रोऽपि जीवान्तरव्यवहारदृष्ट्या कल्पितसर्वज्ञत्वादिमानिति मुनिविप्रतिपत्तेः संशये सत्याद्यं पूर्वपक्षमाह—अधुनेत्यादिना । तत्तत्पक्षसिद्धिरेव फलं द्रष्टव्यम् । सोऽन्वेष्टव्य इतिविध्यर्थं उद्देशो य आत्मेत्यादिरुपन्यास-

३. ब्राह्माधिकरण

१. सङ्गति—पहले कहे गये ब्रह्म से अभिन्न मुक्त पुरुष को उपजीव्य बनाकर कुछ अन्य बातों का विचार करने के लिए उपजीव्योपजीवकभाव सङ्गति के कारण यह अधिकरण कहा गया है ।

२. विषय—पूर्वोत्तर पक्ष में अपने-अपने पक्ष की सिद्धि ही इस अधिकरण में बतलायी गयी है ।

३. संशय—क्या ब्रह्मभाव से सम्पन्न जीव ब्रह्म के सर्वज्ञत्वादि धर्म से भी युक्त हो जाता है या चिन्मात्ररूप से अथवा उभयरूप से स्थित रहता है ?

४. पूर्वपक्ष—आचार्य जैमिनि के मतानुसार मोक्षावस्था में जीव ब्रह्म के सर्वज्ञत्वादि धर्म से युक्त हो जाता है तथा आचार्य औडुलोमि के मतानुसार मोक्षकाल में जीव चिन्मात्ररूप से अवस्थित रहता है ।

५. सिद्धान्त—पारमार्थिक चैतन्यमात्रस्वरूप मानने पर भी सर्वज्ञत्वादि ब्राह्मभाव व्यावहारिक दृष्टि से जीव में हो सकता है । अतः आचार्य बादरायण के मत से मुक्तात्मा में सप्रपञ्चत्व और निष्प्रपञ्चत्व, उभयधर्म का विरोध नहीं है क्योंकि सर्वज्ञत्वादि सभी धर्म कल्पित हैं ।

ब्राह्मेण जैमिनिरुपन्यासादिभ्यः (ललिता)

'स्वेन रूपेण' इस श्रुति में केवल आत्मस्वरूप से ज्ञानी मोक्षकाल में अवस्थित रहता है, किसी आगन्तुक से नहीं, यह बात पिछले अधिकरण में निश्चित हो चुकी है । किन्तु अब इस सम्बन्ध में विशेष जानने की इच्छा होने पर यह कहा जाता है कि इस जीव का अपना स्वरूप अपहतपाप्मत्वादि से लेकर सत्यसंकल्पत्वपर्यन्त ब्राह्मरूप है जिसमें सर्वज्ञत्व, सर्वेश्वरत्व भी निहित है; उसी अपने रूप से मोक्षकाल में जीव रहता है, ऐसा जैमिनि आचार्य मानते हैं क्योंकि उपन्यासादि से ऐसा ही अवगत होता है । 'यह आत्मा पापरहित है' यहाँ से प्रसङ्ग प्रारम्भकर 'आत्मा सत्यकाम एवं सत्यसंकल्प है'

१. उपन्यासेन ब्रह्मणः सप्रपञ्चत्वसिद्धिं विवृणोति तथा हीति उपन्यासो नामोद्देशः स चान्यत्र ज्ञातस्यान्यविधानायानुवादः ।

(५३९) चितितन्मात्रेण तदात्मकत्वादित्यौडुलोमिः ॥६॥

मन्तेनोपन्यासेनैवमात्मकतामात्मनो बोधयति । तथा 'स तत्र पर्येति जक्षत्क्रीडन्रममाणः' (छा० ८-१२-३) इत्यैश्वर्यरूपमावेदयति । 'तस्य सर्वेषु लोकेषु कामचारो भवति' (छा० ७-२५-२) इति च । 'सर्वज्ञः सर्वेश्वरः' इत्यादिव्यपदेशाश्चैवमुपपन्ना भविष्यन्तीति ॥५॥

यद्यप्यपहतपाप्मत्वादयो भेदेनैव धर्मा निर्दिश्यन्ते तथापि शब्दविकल्पजा एवैते । पाप्मादिनिवृत्तिमात्रं हि तत्र गम्यते । चैतन्यमेव त्वस्यात्मनः स्वरूपमिति तन्मात्रेण स्वरूपेणाभिनिष्पत्तिर्युक्ता । तथा च श्रुतिः—'एवं वा अरेऽयमात्मानन्तरोऽबाह्यः कृत्स्नः प्रज्ञानघन एव' (बृ० ४-५-१३) इत्येवंजातीयकाऽनुगृहीता भविष्यति । सत्यकामत्वादयस्तु यद्यपि वस्तुस्वरूपेणैव धर्मा उच्यन्ते सत्याः कामा अस्येति, तथाप्युपाधिसंबन्धाधीनत्वात्तेषां न चैतन्यवत्स्वरूपत्वसंभवः, अनेकाकारत्वप्रतिषेधात् । प्रतिषिद्धं हि

शब्दार्थः । आदिपदाद्विधिव्यपदेशग्रहः । तत्राज्ञातज्ञापको विधिस्तमाह—तथा स तत्रेति । सर्वज्ञ इत्यादिस्तु व्यपदेशोऽयं हि नोद्गः विध्यभावान्नापि विधिः सिद्धवन्निर्देशादित्यर्थः ॥५॥

सत्यत्वादिधर्माणां सत्यत्व दूषणमत्यन्तासत्पक्षमाह—चितितन्मात्रेणेति । चितिश्चैतन्य, 'शब्दज्ञानाद्यो विकल्पोऽसन्तस्तथ्यस्तज्जाः अत्यन्तमसन्त इति यावत् । असत्स्वभावरूपधर्माणामसत्त्वं भावधर्माणां तु सत्त्वमित्याशङ्क्य तेषामप्यौपाधिकत्वादसत्त्वमित्याह—सत्यकामेति । चिन्मात्रे

यहाँ तक के उपन्यास द्वारा आत्मा में इस प्रकार का ही बोध श्रुति कराती है । वैसे ही 'वह मुक्त पुरुष वहाँ पर स्वच्छन्दता से विचरण करता है, खाते हुए, क्रीड़ा करते हुए रमण करता रहता है' इस वाक्य के द्वारा श्रुति ऐश्वर्यरूप का बोध कराती है । 'उस मुक्तात्मा का सभी लोकों में यथेच्छ विचरण होता है' और 'वह सर्वज्ञ तथा सर्वेश्वर है' इत्यादि व्यपदेश भी उक्त पक्ष को मानने पर ही युक्तियुक्त होंगे ॥५॥

चितितन्मात्रेण तदात्मकत्वादित्यौडुलोमिः (ललिता)

यद्यपि अपहतपाप्मत्वादि धर्म भेदरूप से ही बतलाये गये हैं फिर भी 'शब्दज्ञानानुपाती वस्तुशून्यो विकल्पः' इस परिभाषा के अनुसार वे अपहतपाप्मत्वादि धर्म अत्यन्त असत् हैं जो आत्मा में पाप्मत्वादिनिवृत्तिमात्र करते हैं, ऐसा वहाँ पर समझा जाता है । आत्मा का स्वरूप तो चैतन्यमात्र ही है, तन्मात्रस्वरूप से मोक्षकाल में मुक्तात्मा की अभिनिष्पत्ति मानना उचित होगा । 'अरे मैत्रेयि ! निःसन्देह यह आत्मा बाह्य एवं आभ्यन्तरभावशून्य सम्पूर्ण प्रज्ञानघन ही है' इस प्रकार की श्रुति भी उक्त सिद्धान्त पक्ष मानने पर अनुगृहीत हो जायेगी । सत्यकामत्वादि धर्म भी यद्यपि वस्तुस्वरूप ही कहे गये हैं अर्थात् जिसका काम सत्य है उसे सत्यकाम कहा जाता है ऐसी व्युत्पत्ति जब करते हैं तो सत्यकामत्वादि आत्मस्वरूप ही सिद्ध होते हैं, फिर भी उपाधिसम्बन्धाधीन होने के कारण चैतन्य की भाँति इन्हें स्वरूपत्व कहना सम्भव नहीं है क्योंकि अनेकाकारत्व का 'न स्थानतोऽपि परस्योभय-

---

१. आदिशब्दार्थं विधिं दर्शयति तथेति । २. आदिशब्देनैवोक्तं व्यपदेशमाह—सर्वज्ञ इति । ३. विधेयान्तररहितत्वेनानुद्देश्यस्य प्रतिपाद्यत्वेनाविधेयस्य च सिद्धवदभिधानं व्यपदेशः । ४. तत्त्वमस्यादि ।

(५४०) एवमप्युपन्यासात्पूर्वभावादविरोधं बादरायणः ॥७॥

ब्रह्मणोऽनेकाकारत्वम् 'न स्थानतोऽपि परस्योभयलिङ्गम् (ब्र० सू० ३-२-११) इत्यत्र। अत एव च जक्षणादिसंकीर्तनमपि दुःखाभावमात्राभिप्रायं स्तुत्यर्थमात्मरतिरित्यादिवत्। नहि मुख्यान्येव रतिक्रीडामिथुनान्यात्मनि शक्यन्ते वर्णयितुं द्वितीयविषयत्वात्तेषाम्। तस्मान्निरस्ताशेषप्रपञ्चेन प्रसन्नेनाव्यपदेश्येन बोधात्मनाऽभिनिष्पद्यत इत्यौडुलोमिराचार्यो मन्यते ॥६॥

एवमपि पारमार्थिकचैतन्यमात्रस्वरूपाभ्युपगमेऽपि व्यवहारापेक्षया पूर्वस्याप्युपन्यासादिभ्योऽवगतस्य ब्राह्मस्यैश्वर्यरूपस्याप्रत्याख्यानादविरोधं बादरायण आचार्यो मन्यते ॥७॥

मुक्ते जक्षणादिश्रुतिः कथं तत्राह—अत एव चेति। सर्वधर्मनिषेधादेवेत्यर्थः ॥६॥

धर्माणां सत्यत्वमत्यन्तासत्त्वं चेति पक्षद्वयमयुक्तम्। अद्वैतश्रुतीनां सर्वज्ञत्वादिश्रुतिव्यवहारयोश्च बाधापातादतस्तृतीयपक्षः श्रेयानिति सिद्धान्तयति—एवमपीति। अत्र केचिन्मुह्यन्ति—अखण्डचिन्मात्रज्ञानान्मुक्तस्याज्ञानाभावात्कुत आज्ञानिकधर्मयोग इति, ते इत्थं बोधनीयाः। ये ईश्वरधर्मास्त एव चिदात्मनि मुक्ते जीवान्तरैर्व्यवह्रियन्ते इति। न च मूलाविद्यायास्तन्नाशे कुतो जीवान्तरमिति वाच्यं, न वयं तन्नाशे जीवान्तरव्यवहारं ब्रूमः, किंतु तदंशनाशेनांशान्तरस्थाध्यात्मिकशरीरद्वयाभिमानिनो मुक्तावंशान्तरोपाधिका जीवा व्यवहर्तार इति वदामः। तर्हि नानाविद्यापक्ष एव कुतो नाद्रियते जीवभेदस्यावश्यकत्वादिति चेत्। न। प्रकृतिनानात्वं प्रतिजीवं प्रपञ्चभेद इत्याद्यप्रामाणिकानेकार्थगौरवादिति सर्ववृद्धसंमत एकविद्यापक्ष एव श्रेयान् अंशभेदेन च बन्धमुक्तिव्यवस्थेति संक्षेपः ॥७॥

लिङ्गम्' इस सूत्र की व्याख्या में निषेध कर दिया गया है। इसीलिए जक्षणादि का कथन भी दुःखाभावमात्र के अभिप्राय से आत्मरति इत्यादि की भाँति स्तुति के लिए है क्योंकि रति, क्रीड़ा और मिथुन दूसरे को विषय करता है, वह केवल आत्मा में होना सम्भव नहीं है। अतः जिसमें समस्त प्रपञ्च का निषेध हो गया है, जो शब्द से बतलाया नहीं जा सकता और जो बोधस्वरूप एवं विशुद्ध है, इसी रूप में मोक्षकाल में मुक्त आत्मा को अभिनिष्पत्ति होती है, ऐसा औडुलोमि आचार्य मानते हैं ॥६॥

एवमप्युपन्यासात् पूर्वभावादविरोधं बादरायणः (ललिता)

इस प्रकार पारमर्थिक चतन्यमात्र स्वरूप मान लेने पर भी व्यावहारिक दृष्टि से उपन्यासादि हेतुओं द्वारा जैमिनि आचार्य ने ब्राह्म ऐश्वर्य का बोध पहले कराया था उसका प्रत्याख्यान न होने के कारण बादरायण आचार्य दोनों पक्षों में विरोधाभाव मानते हैं अर्थात् व्यावहारिक दृष्टि से जैमिनि का कथन है और पारमार्थिक दृष्टि से औडुलोमि का कथन है, ऐसा बादरायण आचार्य मानते हैं ॥७॥

४. संकल्पाधिकरणम् (सू० ८-९)

(५४१) सङ्कल्पादेव तु तच्छ्रुतेः ॥८॥

भोग्यसृष्टावस्ति बाह्यो हेतुः सकल्प एव वा । आशामोदकवैषम्याद्धेतुर्बाह्योऽस्ति लोकवत् ।
सङ्कल्पादेव पितर इति श्रुत्यावधारणात् । संकल्प एव हेतुः स्याद्वैषम्य चानुचिन्तनात् ॥

हार्दविद्यायां श्रूयते––'स यदि पितृलोककामो भवति सङ्कल्पादेवास्य पितरः समुत्तिष्ठन्ति' (छा० ८-२-१) इत्यादि । तत्र संशयः––किं सङ्कल्प एव केवलः पित्रादिसमुत्थाने हेतुरुत निमित्तान्तरसहित इति । तत्र सत्यपि सङ्कल्पादेवेति श्रवणे लोकवन्निमित्तान्तरापेक्षता युक्ता । यथा लोकेऽस्मदादीनां सङ्कल्पाद् गमनादिभ्यश्च हेतुभ्यः पित्रादिसम्पत्तिर्भवत्येवं मुक्तस्यापि स्यात् । एवं दृष्टविपरीतं न कल्पितं भविष्यति । सङ्कल्पा-

---

एवं परविद्याफलमुक्तमिदानीमपरविद्याफलं प्रपञ्चयति—संकल्पादेव तु तच्छ्रुतेः । एवकारस्यायोगान्ययोगव्यवच्छेदसाधारण्यात्संशयः, ब्रह्मलोकं गतस्योपासकस्य संकल्पो यत्नान्तरसापेक्षः,

---

४. संकल्पाधिकरण

१. सङ्गति—मुक्तात्मा में व्यावहारिक दृष्टि से सप्रपञ्चत्व और तात्त्विक दृष्टि से निष्प्रपञ्चत्व पिछले अधिकरण में कहा गया, किन्तु इस अधिकरण में संकल्प से भिन्न साधनों का भाव और अभाव आपाततः एक उपाधि में मान लेने पर भी लौकिक अनुमान से श्रुति का बाध नहीं हो सकता; ऐसी प्रत्युदाहरण सङ्गति के कारण यह अधिकरण प्रारम्भ किया जाता है ।

२. विषय—मोक्षकाल में आत्मा से अतिरिक्त भोग के साधन का विचार इस अधिकरण में किया गया है ।

३. संशय—ब्रह्मलोक में स्थित उपासक के पास पित्रादि की प्राप्ति में संकल्प ही एकमात्र साधन है अथवा अन्य साधन भी हैं ?

४. पूर्वपक्ष—भोग प्रयत्नसापेक्ष ही होते हैं, आशामोदक की भाँति संकल्पमात्र से नहीं । इस लौकिक अनुमान से यत्नान्तरसापेक्ष संकल्प से ब्रह्मलोक में विभूति की प्राप्ति माननी चाहिए ।

५. सिद्धान्त—'संकल्पादेवास्य पितरः समुत्तिष्ठन्ति' इस अवधारणार्थक एवकारयुक्त श्रुति से ब्रह्मलोक में स्थित जीव को तत्रस्थ भोग की प्राप्ति संकल्पमात्र से ही होती है । अतः लौकिक अनुमान से संकल्पातिरिक्त साधनों की कल्पना उचित नहीं है ।

संकल्पादेव तु तच्छ्रुतेः (ललिता)

इस प्रकार परविद्या का फल बतलाया गया, अब अपर विद्या का फल बतलाते हैं । 'वह ब्रह्मलोक गया हुआ उपासक यदि पितृलोक की कामना करता है तो संकल्प करते ही उसके पितर उपस्थित हो जाते हैं' ऐसा हार्दविद्य प्रसङ्ग में सुना जाता है । वहाँ पर संशय होता है कि पित्रादिसमुत्थान का कारण केवल संकल्प ही है अथवा निमित्तान्तरसहित संकल्प है । यह ठीक है कि 'संकल्पादेव' इस पद में एवकार सुना गया है, फिर भी लोक की भाँति निमित्तान्तर की अपेक्षाकर ही संकल्प से पित्रादि की उपस्थित मानना उचित है । जैसे लोक में हम लोगों को पित्रादि की प्राप्ति संकल्पपूर्वक गमनादि क्रिया से होती है, ऐसे ही ब्रह्मलोक गये मुक्तात्मा के विषय में भी समझना चाहिए; ऐसा मानने पर प्रत्यक्षविरुद्ध कल्पना नहीं मानी जायेगी । 'संकल्पादेव' इस पद में एवकार

(५४२) अत एव चानन्याधिपतिः ॥९॥

देवेति तु राज्ञ इव सङ्कल्पितार्थसिद्धिकरीं साधनान्तरसामग्रीं सुलभामपेक्ष्योच्यते । न च सङ्कल्पमात्रसमुत्थानाः पित्रादयो मनोरथविजृम्भितवच्चलत्वात्पुष्कलं भोगं समर्पयितुं पर्याप्ताः स्युरिति ।

एवं प्राप्ते ब्रूमः—सङ्कल्पादेव तु केवलात्पित्रादिसमुत्थानमिति । कुतः ? तच्छ्रुतेः । 'सङ्कल्पादेवास्य पितरः समुत्तिष्ठन्ति' (छा० ८·२·१) इत्यादिका हि श्रुतिर्निमित्तान्तरापेक्षायां पीड्येत । निमित्तान्तरमपि तु यदि सङ्कल्पानुविधाय्येव स्याद्भवतु न तु प्रयत्नान्तरसंपाद्यं निमित्तान्तरमिष्यते । प्राक्तत्संपत्तेर्वन्ध्यसंकल्पत्वप्रसङ्गात् । न च श्रुत्यवगम्येऽर्थे लोकवदिति सामान्यतो दृष्टं क्रमते । संकल्पबलादेव चैषां यावत्प्रयोजनं स्थैर्योपपत्तिः । प्राकृतसंकल्पविलक्षणत्वान्मुक्तसंकल्पस्य ॥८॥

अत एव चावन्ध्यसंकल्पत्वादनन्याधिपतिर्विद्वान्भवति नास्यान्योऽधिपतिर्भवतीत्यर्थः ।

भोगसामग्रीसंकल्पत्वादस्मदादिसंकल्पवत् । न चवकारविरोधः संकल्पेन सामग्र्या अयोगव्यवच्छेदेन सौलभ्यार्थत्वात्, यत्नानङ्गीकारे भोगपुष्ट्यसिद्धेश्चेति पूर्वपक्षार्थः । अत्र लोकवृत्तानुसरणं फलं, सिद्धान्ते तु विद्याबलेन संकल्पस्यैव भोगपुष्टिकरत्वसिद्धिरिति भेदः । किंच यदि भोगसंकल्पानन्तरमपि यत्नान्तरसाध्यनिमित्तापेक्षा स्यात्तर्हि निमित्तप्राप्तेः प्राग्जातसंकल्पस्य [1]वन्ध्यत्वं स्याद्भोगे विलम्बात्ततः सत्यसंकल्पश्रुतेर्न यत्नान्तरापेक्षेत्याह—निमित्तान्तरमपि त्विति ॥८॥

नन्वाश्वराधीनस्य विदुषः कथं संकल्पमात्राद्भोगसिद्धिस्तत्राह—अत एवेति । ईश्वरधर्म एव

तो साधनान्तरसामग्री सुलभ की अपेक्षा से कहा गया है, जैसे राजा को संकल्पमात्र से अर्थ की सिद्धि होती है; ऐसा लोक में कहा जाता है । इसमें एवकार अयोगव्यवच्छेदार्थक होने के कारण सौलभ्य बतलाने के लिए है । और संकल्पमात्र से उपस्थित पित्रादि मनोराज्य से उपस्थित राज्यादि की भाँति चञ्चल होने के कारण पुष्कल भोग को प्राप्त नहीं करा सकते ।

इस प्रकार पूर्वपक्ष प्राप्त होने पर हम सिद्धान्ती कहते हैं कि केवल संकल्प से ही ब्रह्मलोक में पित्रादि का समुत्थान होता है क्योंकि 'सकल्पादेवास्य पितरः समुत्तिष्ठन्ति' ऐसा श्रुति है । यदि संकल्प से अतिरिक्त अन्य निमित्त को भी अपेक्षा पित्रादि की उपस्थिति के लिए मानोगे तो एवकारयुक्त श्रुति पीडित होने लग जायेगी । यदि निमित्तान्तर भी संकल्पानुकूल ही माना जाय तो ऐसा मान सकते हो, किन्तु अन्य प्रयत्न से सम्पाद्य निमित्तान्तर मानना इष्ट नहीं है क्योंकि ब्रह्मलोकप्राप्ति से पूर्व उसमें बन्ध्यसंकल्पत्व का प्रसङ्ग आ जायेगा । श्रुतिगम्य अर्थ में लोक की भाँति सामान्यतः दृष्टानुमान की गति नहीं होती । संकल्प के बल से ही उनके सभी प्रयोजन की स्थिरता हो जायेगी । मुक्त पुरुष का संकल्प प्राकृत पुरुष के संकल्प से विलक्षण होता है, अतः उसके संकल्प की तुलना प्राकृत पुरुष के संकल्प से नहीं कर सकते ॥८॥

अत एव चानन्याधिपतिः (ललिता)

इसीलिए उस मुक्त आत्मा में अबन्ध्यसंकल्प होने के कारण उसका ब्रह्मलोक में कोई दूसरा अधिपति नहीं होता, अतएव वह उपासक अनन्याधिपति माना जाता जाता है । प्राकृत पुरुष

---

१. मोघत्वं निष्फलत्वमिति यावत् ।

५. अभावाधिकरणम् (सू० १०-१४)

(५४३) अभावं बादरिराह ह्येवम् ॥१०॥

व्यवस्थितावेच्छिकौ वा भावाभावौ तनोर्यत: । विरुद्धौ तेन पुंभेदावुभौ स्यातां व्यवस्थितौ ।
एकस्मिन्नपि पुंस्येतावैच्छिकौ कालभेदत: । अविरोधात्स्वप्नजाग्रद्भोगवद्युज्यते द्विधा ॥

न हि प्राकृतोऽपि सकलयत्नन्यस्वामिकत्वमात्मन: सत्यां गतौ संकल्पयति । श्रुतिश्चैतद्दर्शयति—'अथ य इहात्मानमनुविद्य व्रजन्त्येतांश्च सत्यान्कामांस्तेषां सर्वेषु लोकेषु कामचारो भवति' (छा० ८·१·६) इति ॥९॥

'संकल्पादेवास्य पितरः समुत्तिष्ठन्ति' (छा० ८·२·१) इत्यादिश्रुतेर्मनस्तावत्संकल्प-

---

विधुष्याविर्भूत इति न संकल्पभङ्ग इति भाव: ॥९॥

एवकारवन्मनसेति विशेषणेनान्ययोगव्यवच्छेदाद्देहाद्यभाव इति पूर्वपक्षयति—अभावं बादरिराह ह्येवम् । अत्रापि वादिविवादात्संशय:, तत्र देहादयो न सन्त्येव सदा सन्त्येवेति वा पक्षद्वयं पूर्वपक्ष: ।

भी जहाँ तक सम्भव हो अपने को अन्यस्वामित्व का संकल्प नहीं करता । 'जो इस लोक में आत्मा को जानकर इन संकल्पित सत्यकामों को प्राप्त करता है उनका सभी लोकों में यथेच्छ विचरण होता है' यह श्रुति भी उक्त अर्थ को बतलाती है । अत: सत्यसंकल्पश्रुति यत्नान्तर की अपेक्षा नहीं बतलाती ॥९॥

५. अभावाधिकरण

१. सङ्गति—पिछले अधिकरण में 'संकल्पादेव' इस श्रुति में एवकार अवधारण के कारण उपासकों का साधनान्तरनिरपेक्ष विभूति कही गया थी, ऐसे ही यहाँ भी 'मनसा' यह विशेषण अन्ययोगव्यवच्छेदक होने के कारण अवधारणार्थक है । अत: उपासक के देहादि का अभाव क्यों न माना जाय, ऐसी आक्षेप सङ्गति के कारण यह अधिकरण प्रारम्भ किया गया है ।

२. विषय—'संकल्पादेव' इस अवधारणार्थक श्रुति का विचार इस अधिकरण में किया गया है ।

३. संशय—क्या प्राप्त ऐश्वर्य ब्रह्मलोक गये उपासक पुरुष के शरीर, इन्द्रियादि होते हैं या नहीं होते ?

४. पूर्वपक्ष—आशामोदक से विलक्षण होने के कारण ब्रह्मलोक गये उन उपासकों को शरीरादि बाह्यसाधन भी होते हैं । जैसे लोक में भोगसुख प्राप्त करने के लिए शरीर और इन्द्रियों की अपेक्षा होती है, ऐसे ही ब्रह्मलोकवासियों को भी शरीरादि की अपेक्षा होती ही है ।

५. सिद्धान्त—'संकल्पादेवास्य पितरः समुत्तिष्ठन्ति' इस अवधारणार्थक श्रुति के बल से ब्रह्मलोक गये उपासकों के पास संकल्प के लिए केवल मन रहता है, अन्य साधनों की आवश्यकता नहीं रहती । बादरि आचार्य के मत से देहादि का अभाव कहा गया है और जैमिनि के मत से देहादि भी माना है, पर बादरायण ने दोनों ही पक्षों का समर्थन किया है । देहादि के अभाव में स्वप्न के समान और भाव में जाग्रत् के समान उनका भोग होता है ।

अभावं बादरिराह ह्येवम् (ललिता)

'संकल्पादेवास्य पितरः समुत्तिष्ठन्ति' इस श्रुति से संकल्प का साधन मन तो सिद्ध हो गया जो ब्रह्मलोक गये हुए उपासक के पास रहता है, किन्तु प्राप्तैश्वर्य उस उपासक के शरीर और इन्द्रियाँ

(५४४) भावं जैमिनिर्विकल्पामननात् ॥११॥

साधनं सिद्धम् । शरीरेन्द्रियाणि पुनः प्राप्तैश्वर्यस्य विदुषः सन्ति न वा सन्तीति समीक्ष्यते । तत्र बादरिस्तावदाचार्यः शरीरस्येन्द्रियाणां चाभावं महीयमानस्य विदुषो मन्यते । कस्मात् ? एवं ह्याहाम्नायः 'मनसैतान्कामान्पश्यन्रमते' (छा० ८-१२-५)), 'य एते ब्रह्मलोके' (छा० ८-१३-१) इति । यदि मनसा शरीरेन्द्रियैश्च विहरेन्मनसेति विशेषणं न स्यात् । तस्मादभावः शरीरेन्द्रियाणां मोक्षे ॥१०॥

जैमिनिस्त्वाचार्यो मनोवच्छरीरस्यापि सेन्द्रियस्य भावं मुक्तं प्रति मन्यते । यतः 'स एकधा भवति त्रिधा भवति' (छा० ७-२६-२) इत्यादिनाऽनेकधाभावविकल्पमामनन्ति । न ह्यनेकविधता विनाशरीरभेदेनाञ्जसी[1] स्यात् । यद्यपि निर्गुणायां भूमविद्यायामय-मनेकधाभावविकल्पः पठ्यते तथापि विद्यमानमेवेदं सगुणावस्थायामैश्वर्यं भूमविद्या-स्तुतये संकीर्त्यत इत्यतः सगुणविद्याफलभावेनोपतिष्ठत इति ॥११॥

उच्यते—

कालभेदेनेच्छया सन्ति न सन्ति चेति सिद्धान्तपक्षो द्रष्टव्यः । फलं तु तत्तच्छ्रुतेर्मुख्यत्वमिति विवेकः ॥ १० ॥ ११ ॥

रहते हैं या नहीं, इस पर विचार किया जाता है । इस सम्बन्ध में महिमायुक्त उन उपासक के पास शरीर और इन्द्रियों का अभाव आचार्य बादरि मानते हैं । ऐसा ही 'मनसैतान् कामान् पश्यन् रमते', 'य एते ब्रह्मलोके' ये श्रुतियाँ केवल मन की स्थिति को कहती हैं । यदि मन, शरीर एवं इन्द्रियों के सहित वह मुक्तात्मा ब्रह्मलोक में विचरण करता हो तो 'मनसा' यह विशेषण नहीं दिया जाता । अतः आपेक्षिक ब्रह्मलोकरूप मोक्ष में शरीर एवं इन्द्रियों का अभाव ही निश्चित होता है ॥१०॥

भावं जैमिनिर्विकल्पामननात् (ललिता)

किन्तु मन की भाँति इन्द्रियों के सहित मुक्त आत्मा के शरीर का भी अस्तित्व जैमिनि आचार्य मानते है क्योंकि 'वह उपासक एकरूप हो जाता है, तीन रूपवाला हो जाता है' इत्यादि वाक्य द्वारा अनेकधाभाव का विकल्प श्रुतियाँ बतलाती हैं । शरीरभेद के बिना अनेकविधता सहज में नहीं आ सकती है । यद्यपि अनेकधाभाव में यह विकल्प निर्गुण भूमविद्या में कहा गया है फिर भी वहाँ होता हुआ सगुणावस्था में उक्त ऐश्वर्य का यह कथन भूमविद्या की स्तुति के लिए किया गया है । अतः सगुणविद्या के फलरूप से उक्त ऐश्वर्य उस मुक्तात्मा को प्राप्त होता है, ऐसा कहना उचित है ॥११॥

१. तात्विकी ।

(५४५) द्वादशाहवदुभयविधं बादरायणोऽतः ॥१२॥

(५४६) तन्वभावे सन्ध्यवदुपपत्तेः ॥१३॥

(५४७) भावे जाग्रद्वत् ॥१४॥

बादरायणः पुनराचार्योऽत एवोभयलिङ्गश्रुतिदर्शनादुभयविधत्वं साधु मन्यते यदा सशरीरतां सङ्कल्पयति तदा सशरीरो भवति यदा त्वशरीरतां तदाऽशरीर इति । सत्यसङ्कल्पत्वात् । सङ्कल्पवैचित्र्याच्च । द्वादशाहवत् । यथा द्वादशाहः सत्रमहीनश्च भवति । उभयलिङ्गश्रुतिदर्शनादेवमिदमपीति ॥१२॥

यदा तनोः सेन्द्रियस्य शरीरस्याभावस्तदा यथा सन्ध्ये स्थाने शरीरेन्द्रियविषयेष्वविद्यमानेष्वप्युपलब्धिमात्रा एव पित्रादिकामा भवन्त्येवं मोक्षेऽपि स्युरेवं ह्येतदुपपद्यते ॥१३॥

भावे पुनस्तनोर्यथा जागरिते विद्यमाना एव पित्रादिकामा भवन्त्येव मुक्तस्याप्युपपद्यते ॥१४॥

द्वादशाहवदिति । य एवं विद्वांसः सत्रमुपयन्ति इत्युपायिचोदनानन्यत्वश्रुतेर्द्वादशाहस्य सत्रत्वं, आसतेति चोपयन्तीति वाचोवितत्वं सत्रलक्षणमिति स्थितिः । तथा द्वादशाहेन प्रजाकाम याजयेदिति यजतिचोदनादर्शनान्नियतकर्तृकत्वावगमेन द्विरात्रादिवदहीनत्वं चेत्यर्थः ॥ १२ ॥ १३ ॥ १४ ॥

द्वादशाहवदुभयविधं बादरायणोऽतः (ललिता)

उभयलिङ्गश्रुति को देखते हुए आचार्य बादरायण उभयविधत्व को उचित मानते हैं अर्थात् जब वह मुक्तात्मा सशरीरता का संकल्प करता है तब शरीरयुक्त हो जाता है और जब अशरीरता का संकल्प करता है तो शरीररहित हो जाता है क्योंकि वह सत्यसंकल्प है और संकल्प में विचित्रता रहती ही है। जैसे उभयलिङ्गश्रुति को देखते हुए द्वादशाह याग को सत्र एवं अहीन उभयरूप मानते है, वैसे ही उभयलिङ्गश्रुति के कारण उस मुक्तात्मा में उभयरूपत्व मानना विरुद्ध नहीं है ॥१२॥

तन्वभावे सन्ध्यवदुपपत्तेः (ललिता)

किन्तु जब इन्द्रियों के सहित शरीर नहीं रहता तब स्वप्नस्थान की भाँति शरीर, इन्द्रिय एवं विषय के न रहने पर भी उपलब्धिमात्र में ही पित्रादि भोग रहते हैं ऐसे ही मोक्ष में भी समझना चाहिए। इस प्रकार शरीर-इन्द्रियों के अभाव में स्वप्न की भाँति ब्रह्मलोक गये हुए उस मुक्तात्मा को भोग होता रहता है ॥१३॥

भावे जाग्रद्वत् (ललिता)

शरीर के रहने पर जैसे जाग्रत् में विद्यमान ही पित्रादि भोग होते हैं, ऐसे ही मुक्तात्मा को भी ब्रह्मलोक में शरीर और इन्द्रियों के रहने पर पित्रादि की प्राप्ति से भोग होते है ॥१४॥

६. प्रदीपाधिकरणम् (सू० १५-१६)

(५४८) प्रदीपवदावेशस्तथा हि दर्शयति ॥१५॥

निरात्मनोऽनेकदेहाः सात्मका वा निरात्मकाः । अभेदादात्ममनसोरेकस्मिन्नेव वर्तनात् ।
एकस्मान्मनसोऽन्यानि मनांसि स्युः प्रदीपवत् । आत्मभिस्तदवच्छिन्नैः सात्मकाः स्युस्त्रिवेत्यतः ।

'भावं जैमिनिर्विकल्पामननात्' (ब्र० सू० ४-४-११) इत्यत्र सशरीरत्वं मुक्तस्योक्तम् । तत्र त्रिधाभावादिष्वनेकशरीरसर्गे किं निरात्मकानि शरीराणि दारुयन्त्राणीव सृज्यन्ते किंवा सात्मकान्यस्मदादिशरीरवदिति भवति वीक्षा । तत्र चात्ममनसोर्भेदानुपपत्तेरेकेन शरीरेण योगादितराणि शरीराणि निरात्मकानीति । एवं प्राप्ते प्रतिपद्यते—प्रदीपवदावेश इति । यथा प्रदीपएकोऽनेकप्रदीपभावमापद्यते विकारशक्तियोगात् । एवमेकोऽपि

प्रदीपवदावेशः । संकल्पमात्रान्निर्मितदेहानुपजीव्य तेषु भयथादर्शनात्संशयमाह—भावमिति । अनादिलिङ्गशरीरस्यैकस्मिन्नेव शरीरे भावान्निर्मितानेकदेहेषु भोगासिद्धिः पूर्वपक्षफलं, सिद्धान्ते तत्सिद्धिरिति मत्वा सूत्रं व्याचष्टे—यथेत्यादिना । स एकधा त्रिधा पञ्चधेत्यादिश्रुत्या विदुष एवानेकधा-

---

६. प्रदीपाधिकरण

१. सङ्गति—जब संकल्पमात्र से ही सृष्टि हो सकती है तो फिर शरीर की क्या आवश्यकता, अतः शरीरादि के अभाव में ब्रह्मलोक गये जीव को भोग हो नहीं सकता; इस प्रकार की आक्षेप सङ्गति के कारण यह अधिकरण प्रारम्भ किया गया है ।

२. विषय—इस अधिकरण में ब्रह्मलोकवासी जीव के स्वरूप का विचार किया गया है ।

३. संशय—क्या ब्रह्मलोकस्थ उपासक के द्वारा रचे गये शरीर दारुयन्त्र की भाँति निरात्मक होते हैं अथवा अस्मदादि शरीरों की भाँति सात्मक होते हैं ।

४. पूर्वपक्ष—आत्मा और मन का भेद न होने के कारण एक शरीर सजीव होता है, उसी से भोग होता है और शेष सभी शरीर निर्जीव होते हैं ।

५. सिद्धान्त—प्रदीप की भाँति एक ही मन उपासनासामर्थ्य से सभी शरीरों में भोग कर लेता है । जैसे एक प्रदीप अनेक प्रदीपों को प्रज्वलित कर देता है, वैसे ही एक ही मन अनेक मनों में चेतना भर देता है; इसीलिए 'स एकधा भवति त्रिधा भवति' ऐसी श्रुति कही गयी है ।

प्रदीपवदावेशस्तथा हि दर्शयति (ललिता)

'भावं जैमिनिर्विकल्पामननात्' इस सूत्र के व्याख्यान में मुक्तात्मा को सशरीर कहा गया है । वहाँ पर त्रिधाभावादि अनेक शरीर के उत्पन्न होने पर वे सभी शरीर दारुयन्त्र की भाँति निर्जीव उत्पन्न होते हैं अथवा शरीर की भाँति सजीव होते हैं, ऐसी जिज्ञासा होती है । वहाँ पर आत्मा और मन में भेद मानना अयुक्त होने के कारण एक शरीर के साथ जीव का सम्बन्ध रहता है, पर अन्य सभी शरीर निर्जीव रहते हैं ।

ऐसा पूर्वपक्ष होने पर सिद्धान्ती कहता है जैसे एक दीपक विकारशक्ति के सम्बन्ध से अनेक दीपभाव को प्राप्त कर जाता है, ऐसे ही मुक्तात्मा उपासक ऐश्वर्य के बल से अनेक भाव को प्राप्तकर

सन्विद्वानैश्वर्ययोगादनेकभावमापद्य सर्वाणि शरीराण्याविशति । कुतः ? तथाहि दर्शयति शास्त्रमेकस्यानेकभावम्—'स एकधा भवति त्रिधा भवति पञ्चधा सप्तधा नवधा' (छा० (७-२६-२) इत्यादि । नैतद्दारुयन्त्रोपमाभ्युपगमेऽवकल्पते नापि जीवान्तरावेशे । नच निरात्मकानां शरीराणां प्रवृत्तिः सम्भवति । यत्त्वात्ममनसोर्भेदानुपपत्तेरनेकशरीरयोगासम्भव इति । नैष दोषः । एकमनोनुवर्तीनि समनस्कान्येवापराणि शरीराणि सत्यसङ्कल्पत्वात्स्रक्ष्यति । सृष्टेषु च तेषूपाधिभेदादात्मनोऽपि भेदेनाधिष्ठातृत्वं योक्ष्यते । एषैव च योगशास्त्रेषु योगिनामनेकशरीरयोगप्रक्रिया ॥१५॥

कथं पुनर्मुक्तस्यानेकशरीरावेशादिलक्षणमैश्वर्यमभ्युपगम्यते यावता 'तत्केन कं विजा-

---

भाव उक्तः । विद्वांस्तु न देहो नापि चिन्मात्रः । किंतु लिङ्गोपहितात्मा । नच तस्य लिङ्गभेदं विनाऽनेकत्वं संभवति । अतः श्रुतिबलादेकस्यैवानादिलिङ्गस्यानेकदेहेषु प्रवेशेन भेद एष्टव्यः । यद्यपि मूलप्रदीपस्य वर्त्यन्तरेषूत्पन्नदीपानां चात्यन्तभेदोऽस्ति लिङ्गस्य तु देहभेदकृतो भेदो न स्वतः, स्वतो लिङ्गभेदे तदुपहितजीवभेदादनुसंधानानुपपत्तेः । आगन्तुकानेकलिङ्गसृष्टावसत्कार्यवादापाताच्च । तथापि प्रदीपत्वजात्यैक्येन व्यक्त्यैक्यारोपात् दृष्टान्तदार्ष्टान्तिकयोः साम्यं द्रष्टव्यम् । तथाच यथा प्रदीपोऽनेकवर्तिषु प्रविशति एवं विद्यायोगबलाद्विद्वल्लिङ्गस्य व्यापित्वादनेकदेहेषु युगपदावेश इति सूत्रार्थः । विदुषोऽनेकधात्वं श्रुतमन्यथा न घटत इत्याह—नैतदिति । इतश्च सात्मकत्वमित्याह—न च निरात्मकानामिति । यदनादि मन एकदेहस्थं तदनुसारीणि देहान्तरस्थानि मनांसि भवन्ति [2]तदवस्थानां तन्नियम्यत्वसंभवादिति । अत्र योगशास्त्रसंमतिमाह—एषैवेति । निर्माणचित्तान्यस्मितामात्रात्प्रवृत्तिभेदे प्रयोजकं चित्तमेकमनेकेषामिति हि भगवत्पतञ्जलिना सूत्रितम् । योगिनोऽभिमानमात्रान्निर्माणचित्तानि निर्माणदेहेषु भवन्ति, तेषां नियामकमनादिचित्तमित्यर्थः ॥१५॥

उत्तरसूत्रव्यावर्त्यशङ्कामाह—कथं पुनरिति । सलिलवत्सलिलः, स्वच्छ इत्यर्थः । न तु तद्द्वितीय-

---

सभी शरीरों को सजीव बना देता है। ऐसा ही 'स एकधा भवति त्रिधा भवति पञ्चधा भवति सप्तधा नवधा' इत्यादि शास्त्रवचन एक को अनेक भाव होना बतलाता है। यह श्रुतिवचन दारुयन्त्र की उपमा मानने पर सुसंगत नहीं होता है और न दूसरे शरीर में जीवान्तर का प्रवेश मानने पर युक्तिसंगत होता है। और जो आत्मा एवं मन में भेद मानना असङ्गत होने के कारण अनेक शरीर के साथ जीव का सम्बन्ध कहना असम्भव आप ने कहा था, यह कोई दोष नहीं है। एक मन का ही अनुवर्तन करने वाले समनस्क अनेकों अन्य शरीरों का सत्यसंकल्प के बल से वह मुक्तात्मा बना लेगा। इस प्रकार शरीर और इन्द्रिय आदि के बन जाने पर उपाधि भेद से आत्मा में भी भेदपूर्वक अधिष्ठातृत्व युक्तियुक्त हो जायेगा। योगशास्त्र में योगियों के अनेक शरीरों के साथ सम्बन्ध की ऐसी ही प्रक्रिया बतलायी गयी है जिसे महर्षि पतञ्जलि ने अपने योगसूत्र में कहा है ॥१५॥

मुक्तात्मा का अनेकशरीरावेशादिरूप ऐश्वर्य आप कैसे मानते हैं जब कि 'वहाँ पर किससे किसको

---

१. अनेकधात्वम् । २. अनादिमनः ।

(५४६) स्वाप्ययसम्पत्त्योरन्यतरापेक्षमाविष्कृतं हि ॥१६॥

